Punjab Files
ਪੰਜਾਬੀ ਸਨਾਤਨੀ ਦੀ ਆਵਾਜ਼



YEAR 1987

गिद्दड़बाहा के निकट दम्पति व अटवाल में बिजली कर्मी की हत्या

जालन्धर में 83 व लुधियाना में 77 हज़ार रु. लूटे

इंका नेता सहित 3 व्यक्ति गोलियों से घायल

अमृतसर में 2 खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 1 जनवरी (यू.पी.आ.): पंजाब में नए वर्ष की शुरूआत आज संदिग्ध आतंकवादियों की ओर से एक दम्पति सहित 3 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या किए जाने, एक इंका नेता सहित 3 व्यक्तियों को घायल किए जाने तथा दो स्थानों पर लगभग 1 लाख 60 हज़ार रुपए लूटे जाने की वारदातों के साथ हुई ।

तरनतारन के नरकी बाजार क्षेत्र में कल रात एक व्यक्ति की हत्या की गई ।

जालन्धर में आतंकवादियों ने 83 हजार रुपए तथा लुधियाना में 77 हजार रुपए लूट लिए ।

रायकोट बस स्टैंड पर एक इंका नेता व उसके साथी को गोली मार कर घायल कर दिया गया ।

जल्लोवाल में एक दुकानदार आतंकवादियों की फायरिंग से सख्त घायल हो गया ।

धारीवाल के निकट अटवाल में एक बिजली कर्मी की हत्या कर दी गई ।

अमृतसर पुलिस ने 2 खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जो कि कई हत्याओं व डकैतियों में वांछित हैं

दुकानदार पर हमला

होशियारपुर (अश्विनी, प्रथम्न, सूद): आज प्रातः 10 बजे के लगभग यहां से 20 किलोमीटर दूर जल्लोवाल खुर्द गांव में दो सशस्त्र उग्रवादियों ने एक दुकानदार श्री तरसेम लाल को गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । श्री तरसेम लाल, जो रोजाना होशियारपुर से जल्लोवाल खुर्द जाते हैं, ने आज प्रातः जैसे ही अपनी दुकान खोली थी कि वहां दो उग्रवादी आए तथा उन्होंने श्री तरसेम लाल से मोबिल आयल मांगा । जब श्री तरसेम लाल मोबिल आयल लेने अन्दर गए तो एक उग्रवादी ने उन्हें 3 गोलियां मारीं जो उनके बाजू व छाती में लगीं ।

श्री तरसेम लाल को सिविल अस्पताल होशियारपुर में दाखिल कराया गया जहां से उन्हें सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना भेज दिया गया । वहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जाती है ।

कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि श्री तरसेम लाल को 11 बजे होशियारपुर सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया लेकिन एक बजे तक कोई भी पुलिस कर्मी उनका बयान लेने नहीं आया है । दोनों हमलावर जाते हुए कह गए अब तो बच गए हो, तुम्हें फिर देख लिया जाएगा ।

स्कूटर छीन लिया

आज सुबह 7¼ बजे के करीब यहां से 18 किलो मीटर बाड़ियांकला के निकट दो नौजवान उग्रवादियों ने एक व्यक्ति पवन कुमार से पिस्तौल की नोक पर उसका बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.जी.आई. 3282 छीन लिया । पवन कुमार की पत्नी भी उसके साथ थी परन्तु उग्रवादियों ने स्कूटर छीनने के बाद उनसे और कुछ नहीं लूटा ।

बिजली कर्मी की हत्या

गुरदासपुर से 'विनोद गुप्ता' की खबर है कि आज प्रातः 10½ बजे के लगभग दो उग्रवादियों ने मौजा अटवाल के निकट एक व्यक्ति नन्द किशोर सफ़जपुरा की गोली मार कर हत्या कर दी । नन्द किशोर बिजली बोर्ड का कर्मचारी था तथा साइकल पर अपने गांव से बटाला आ रहा था । जब वह मौजा अटवाल के निकट पहुंचा तो वहां खड़े दो पगड़ीधारी युवकों ने, जो संदिग्ध उग्रवादी थे, उस पर दो फायर किए जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई । वारदात के बाद उग्रवादी फरार हो गए ।

बटाला में कर्फ्यू जारी

बटाला (कोछड़) : बटाला में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कर्फ्यू आगामी आदेशों तक के लिए जारी ।

नगर में आज कहीं से किसी भी अप्रिय घटना होने का समाचार नहीं मिला है । शहर में सुरक्षा बल व पुलिस काफी बड़ी संख्या में तैनात है । एस.पी. डिटैक्टिव श्री सुमेधसिंह सैनी व एस.डी.एम. श्री कुलवन्त सिंह स्थिति नियंत्रित रखने के लिए लगातार स्थिति का जायजा ले रहे हैं ।

कल बुधवार को सायं चार बजे निकटवर्ती गांव खानीवाल के निकट दो अज्ञात उग्रवादियों ने फ़ायरिंग करके बिजली बोर्ड के जूनियर इंजीनियर श्री सरदारी लाल व ड्राइवर नारायण दास की हत्या कर दी थी । इन उग्रवादियों ने दो जूनियर इंजीनियरों श्री साहब दयाल व श्री देवेन्द्र कुमार को भी गम्भीर रूप से घायल कर दिया । दोनों घायल जूनियर इंजीनियरों को अमृतसर भेजा गया है । श्री साहबदयाल एटक के प्रधान हैं ।

बटाला में प्रशासन ने कल प्रातः 7 बजे तक कर्फ्यू बढ़ा दिया है ।

ड्राइवर का शव गांव भेज गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक ड्राइवर नारायणदास का शव उनके जिला होशियारपुर में स्थित गांव में अन्तिम संस्कार के लिए भेज दिया गया । श्री सरदारी लाल का शव बटाला लाया गया । जहां अपराह्न में उनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इन लोगों पर उस समय फायरिंग की गई जबकि वे फ्लाइंग स्क्वैड की जीप में किसी गांव में चैकिंग के बाद लौट रहे थे ।

स्ट्रीट लाइट बंद

उल्लेखनीय है कि गत रात्रि में कर्फ्यू के दौरान शहर की सभी स्ट्रीट लाइटें बंद रहीं । कर्फ्यू की घोषणा करने के लिए लोक सम्पर्क विभाग का कोई भी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित नहीं था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



बटाला में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों की उग्रवादियों द्वारा हत्या बिजली बोर्ड कर्मियों ने वीरवार को प्रदर्शन किया ।

बिजली कर्मियों की ... विरोध स्वरूप शोक सभा

जालंधर, 1 जनवरी : कल बटाला के निकट आतंकवादियों के हाथों मारे गये बिजली कर्मियों की हत्या के विरोध स्वरूप बिजली विभाग के कर्मचारियों ने आज जालंधर शहर के बाजारों में शांति मार्च किया । इस मार्च में लगभग एक हजार कर्मचारियों ने भाग लिया । इससे पूर्व इन कर्मचारियों ने मृतक इंजीनियर श्री बलदेव कौशल के नेतृत्व में मृतक कर्मियों की आत्मिक शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा । बाद में एक शोक रैली का आयोजन किया गया जिसको श्री दिलबाग सिंह, श्री कुंदन सिंह भीमा, श्री यशपाल चड्ढा, श्री केवल कृष्ण, श्री जगदीश चंद, श्री चरण कमलजीत सिंह, श्री अमरजीत राय तथा श्री एच.एस. मिन्हास ने संबोधित किया । सभी वक्ताओं ने इस हत्याकांड की कड़ी आलोचना की तथा मांग की कि शहीद बिजली कर्मियों को, पुलिस के समान, सहायता दी जाए तथा उनके बच्चों को नौकरियां देने के बारे में एक आम सर्कुलर जारी किया जाए ।

फगवाड़ा से कोछड़ के अनुसार कल बटाला के निकट बिजली कर्मियों की हत्या पर विरोध प्रकट करने के लिये आज बिजली विभाग के कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाए । कर्मियों की एक बैठक में मांग की गई कि कर्मियों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए तथा बटाला के निकट मरने वाले बिजली कर्मियों के परिवारों को एक-एक लाख रुपये की सहायता दी जाए ।

बटाला से कोछड़ के अनुसार इस हत्याकांड के विरोध में आज बटाला तहसील क्षेत्र में बिजली बोर्ड के सभी कर्मचारियों ने हड़ताल की ।

धारीवाल क्षेत्र में आज एक सहायक लाइनमैन श्री नंद किशोर की उग्रवादियों द्वारा हत्या किये जाने पर रोष प्रकट करते हुये बिजली कर्मचारियों ने धारीवाल थाने के समक्ष धरना दिया ।

जिला गुरदासपुर बिजली बोर्ड कर्मचारी फैडरेशन के अध्यक्ष श्री दौलत राम व स्थानीय अध्यक्ष श्री वीर सिंह ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि बिजली बोर्ड कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था न की गई तो सभी विद्युत कर्मचारी अनिश्चितकालीन

140 गुरुद्वारों का प्रबंध शिरोमणि कमेटी ने सम्भाला

अमृतसर, 1 जनवरी (पी.टू.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंजाब में 140 और ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण गुरुद्वारों का प्रबंध आज से अपने हाथ में ले लिया है । अभी तक इन गुरुद्वारों का प्रबंध स्थानीय कमेटियों के हाथ में था । यह कदम सिख गुरुद्वारा कानून, 1925 में गत नवम्बर में एक अध्यादेश द्वारा किए गए संशोधन से सम्भव हुआ है । इस अध्यादेश से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अधिकार क्षेत्र में विस्तार हुआ है ।

इससे अब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ऐसी स्थानीय प्रबंधक कमेटियों को हटा सकती है जिनकी सकल आय 25 हजार रुपए से अधिक नहीं है । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी इन स्थानीय कमेटियों के स्थान पर समितियां मनोनीत कर सकती है ।

इन नए आदेशों में जो महत्वपूर्ण गुरुद्वारे प्रभावित होंगे उनमें बाबा बकाला, गोइंदवाल साहब, खंभकीर साहब, भट्ठा साहब तथा माछीवाड़ा गुरुद्वारा आदि शामिल हैं ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के एक प्रवक्ता ने बताया कि कमेटी द्वारा हाथ में लिए गए उक्त गुरुद्वारों का प्रबंध सम्भालने के लिए विशेष स्टाफ भेज दिया गया है ।

इन गुरुद्वारों की प्रबंध समितियों का मनोनयन शीघ्र ही शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा किया जाएगा ।

पुलिस प्रयासों से अपराधों में कमी

चंडीगढ़, 1 जनवरी (वि.प्र.): वर्ष 1986 में चंडीगढ़ पुलिस ने 1510 मामले दर्ज किए जबकि वर्ष 1985 में यह संख्या 1767 थी जोकि वर्ष 1986 की अपेक्षा 257 मामले अधिक हैं । चंडीगढ़ पुलिस ने यह लक्ष्य, अपनी गश्त बढ़ा कर तथा उचित छानबीन करने के परिणामस्वरूप प्राप्त किया है । इसके अतिरिक्त चंडीगढ़ पुलिस ने सामान्य लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई जेबतराशी, लड़कियों को छेड़ने आदि की घटनाओं

राज नारायण की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि

वाराणसी, 1 जनवरी (भाषा): प्रख्यात | अनेक घरों में लोगों ने आज उपवास रखकर दिवंगत

दम्पति, बिजली कर्मी की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस के ही कुछ सहायक सब इंस्पैक्टरों ने अपनी जीपों पर लाऊड स्पीकर लगा कर रात्रि में कर्फ्यू की घोषणा की ।

बटाला नगर में आज सभी शिक्षण संस्थान, सरकारी दफ्तर, बैंक आदि बंद रहे । बस व रेल यातायात सामान्य रूप से चल रहा था ।

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रधान श्री अशोक व भाजपा अध्यक्ष श्री बलदेव मित्र कांसरा ने इस हत्या कांड की निंदा करते हुए पंजाब में सैनिक कार्यवाही किए जाने तथा बरनाला सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग की । कम्युनिस्ट नेता श्री करतार सिंह दालम तथा मार्क्सी नेता श्री रणबीर सिंह विर्क ने भी इस जघन्य हत्या कांड की निंदा की ।

अमृतसर के गुरु तेग बहादर अस्पताल में बिजली बोर्ड के दोनों घायल जूनियर इंजीनियरों साहिब दयाल और देवेन्द्र कुमार की स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती है । साहिब दयाल के दाहिने गाल पर और देवेन्द्र कुमार के सिर के दाएं भाग पर गोली लगी है । उन दोनों ने बताया कि उनका फ्लाइंग स्क्वैड दीवानवाली ग्राम से लौट रहा था । उस ग्राम में बिजली की चोरी की खबर मिली थी । रास्ते में उग्रवादियों ने उनकी जीप रोकी थी और एस.डी.ओ. सुरजीत सिंह तथा सिपाही मंगल सिंह को नीचे उतर जाने को कहा । इसके बाद उग्रवादियों ने गोलियां चला दीं । खतरा देख कर एक जूनियर इंजीनियर भारत भूषण वहां से भाग निकले। पर सरदारी लाल व नारायण दास मारे गए । नारायण दास विभाग में चपरासी थे जो ड्राइवर के न होने के कारण जीप चला रहे थे । उग्रवादियों ने .45 बोर के रिवाल्वर से गोलियां चलाईं ।

लाश मिली

प्रै.यू. के अनुसार आज बटाला सब डिविजन के गांव गिल्लां के निकट खेत में से एक लाश मिली । मृतक उसी गांव का बताया जाता है । पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है ।

77 हजार रुपए छीने

लुधियाना (प्रदीप): आज बाद दोपहर 12.15 बजे के लगभग पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के परिसर में विश्वविद्यालय के ज्योलोजी विभाग के दो क्लर्कों से पिस्तौल की नोक पर 77000 रुपए छीन लिए गए ।

बताया जाता है कि दोनों क्लर्क राजकुमार और हरजीत सिंह वेतनों की अदायगी के लिए विश्वविद्यालय परिसर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से 77000 रुपए निकलवा कर जब पैदल चलते हुए होस्टल नम्बर 6 के पास पहुंचे तो दो व्यक्तियों ने, जिनमें से एक पगड़ीधारी था, पिस्तौल दिखा कर उनसे 77000 रुपए की राशि वाला लिफाफा छीन लिया और फरार हो गए । लुटेरे घटनास्थल पर पैदल ही आए और पैदल ही वहां से भागे । पी.यू.टी.ए. के प्रधान हरिसिंह बराड़ ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों को पकड़ने की मांग की है ।

उल्लेखनीय बात यह है कि जिन कर्मचारियों से रुपया लूटा गया उन्होंने कोई शोर नहीं मचाया ।

लुधियाना से 34 किलो मीटर दर रायकोट बस स्टैंड पर आज तड़के तीन आतंकवादियों ने एक वृद्ध कांग्रेस (इ) नेता श्री केवल कृष्ण तथा उनके सहायक श्री परमजीत को गोली मार कर घायल कर दिया । आतंकवादी पैदल ही आए तथा हमला करके फरार हो गए । हमले के समय दोनों व्यक्ति बस अड्डे पर खड़े थे तथा उन पर दो या तीन गोलियां चलाई गईं । दोनों घायलों को लुधियाना के ब्राऊन मैमोरियल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है । श्री केवल कृष्ण जिला कांग्रेस (इ) के भूतपूर्व महासचिव तथा समाचार पत्र विक्रेता हैं ।

पति, पत्नी की हत्या

फरीदकोट (प्रै.ट्र.): गिदड़बाहा पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत दलआ गांव में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने आज प्रातः सात बजे के लगभग एक दम्पति की उनके फार्म हाऊस पर गोली मार कर हत्या कर दी । हमलावर फरार होने में सफल हो गए । मृतक गुरचरण सिंह तथा उसकी पत्नी बताए गए हैं ।

पैट्रोल पम्प लूटा

जालन्धर में जी.टी. रोड पर एक सिनेमा घर के पास स्थित पैट्रोल पम्प से 2 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने 2418 रु. लूट लिए ।

जालन्धर में लूट

जालन्धर (क): आज प्रातः पौने ग्यारह बजे के लगभग स्थानीय कपूरथला रोड स्थित उपमंडल बिजली बोर्ड कार्यालय में तीन सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा 83195 रुपए लूट कर ले जाने का समाचार मिला है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन उग्रवादी युवक स्कूटर पर आए जिनमें से दो अन्दर चले गए और कैशियर से पिस्तौल की नोक पर सारा कैश हवाले कर देने को कहा तथा दूसरे ने सभी कर्मियों को अपनी सीटों पर बैठे रहने को कहा । उनका तीसरा साथी स्कूटर स्टार्ट किए बाहर खड़ा रहा ।

कैशियर से उपरोक्त राशि छीन ले जाने के बाद तीनों उसी स्कूटर पर फरार हो गए । पुलिस डिवीजन एक ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है ।

डकैती की सूचना मिलने पर पुलिस तथा बिजली बोर्ड के उच्च अधिकारी मौका पर पहुंच गए थे । चारों ओर अलर्ट भी दे दिया गया ।

बिजली बोर्ड सूत्रों के अनुसार 81077 रुपए एक थैले में थे जिसे कैशियर पटेल चौक स्थित स्टेट बैंक आफ पटियाला में जमा कराने के लिए जाने ही वाला था जबकि 2118 रुपए काउंटर पर आज ही बिलों के वसूल किए गए थे । उग्रवादी 2118 रुपए भी थैले में डलवा कर फरार हो गए ।

बताया जाता है कि तीनों लुटेरे पहले स्कूटर पर बैठे कपूरथला की ओर गए मगर शायद सुरक्षा बलों या पुलिस पर नजर पड़ने के बाद वह वापिस मुड़े और शायद [illegible] बाद उनका [illegible] न.न.अ. थे तथा सलेटे

गैंद हत्या

जालन्ध [illegible] आर.पी. गैंद [illegible] गए दो आतंक [illegible] को कल एस [illegible] उनका 9 ज [illegible] लिया । पुलि [illegible] पूछताछ आ

दोहरी सब

भटिंडा [illegible] कौमी ने आज [illegible] पावर के मो [illegible] करने पर 1 म [illegible] से प्रभावी हो [illegible] बजे बंद कर

43800

आज स [illegible] निवासी संज [illegible] रु. लूट लिए

2 आतंक

पटियाल [illegible] आतंकवादी [illegible] नाभा थाना [illegible] सिंह बल्द ज [illegible] सिंह । कल [illegible] निकाल कर [illegible] संबंधित थान [illegible] फरार होने [illegible] उनकी खोज

रात 7.3

फिरोज [illegible] स्वर्ण सिंह ने

गवर्नमैंट आफ इंडिया टैक्सट-बुक्स प्रैस

चंडीगढ़-160002

मैनेजर, गवर्नमैंट आफ इंडिया टैक्सट-बुक्स प्रैस, इंडस्ट्रीयल एरिया, चंडीगढ़-160002 द्वारा वर्ष 1987-88 के लिए रद्दी कागज, रील कोर और मोनो-स्पूल पेपर के विक्रय हेतु 21.1.1987 को सायं 3 बजे तक मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं । धरोहर राशि 2500 रुपए है । निविदा पत्रक निःशुल्क प्राप्य हैं । और विवरणों के लिए 7 जनवरी, 1987 का इंडियन ट्रेड जर्नल और बाद के संस्करणों को देखें ।

JD/dap/637/58/86

गुमशुदा की तलाश



श्री सुरेंद्र नाथ, उम्र 47 वर्ष, रंग सांवला, कद 5 फुट 6 इंच, जिस्म पतला दिनांक 26.12.86 से लापता है । कृपया निम्न पते पर सूचित करें

द्वारा 851/1, कैंप मार्केट, अम्बाला शहर

फोन : 58592.

क्लासीफाइड विज्ञापन

चिकित्सा

चेहरे पर कील, मुहांसे, छाइयां, सफेद दाग, बालों का झड़ना, चमड़ी रोग, मोटापा, पेशाब रोग, स्त्रियों-मर्दों के रोग का अचूक ईलाज, रोग विवरण लिखें/ज्ञान वर्धक पुस्तक (नर-नारी) मुफ्त मगवाएं । मिलें या लिखें : प्रकाश क्लिनिक, 7-D, हाल बाजार, अमृतसर-143006.

व्यापार

गोबर गैस स्टोव तथा हर प्रकार का गैस का सामान सस्ता खरीदें । Rajesh Appliance, Roopa Mistri Street, Ludhiana. Phone : 25946.

हकलाना

हकलाना, तुतलाना सफल ईलाज तजुर्बा 22 साल, होमकोर्स प्रत्येक इतवार लीजिए । पब्लिक

भूल सुधार

The advertisement dated 20.7.86 in Punjab Kesari should be read after deletion of words "under the direction of Reserve Bank of India". Asaid General Finance & Investment Co. Ltd., Batala.

पोल्ट्री

National Egg Co-ordination Committee Delhi Egg rate for 1.1.87 Rs. 61/- per 100 eggs. With trays.

तीर्थ यात्रा

डीलक्स बस 4 जनवरी चिन्तपूर्णी, ज्वालाजी, गंगासागर, नेपाल, जगन्नाथपुरी, हरिद्वार (35 तीर्थ) किराया वापसी 650/-, दूसरी बस की बुकिंग शुरू, सीटें बुक करवाएं । सुमित ट्रैवल्स, सामने माई बीनी,

ANNUAL CLEARA
SALE
SUNDAY OPEN
From 2.1.1987
of export surplus &
Knitwear in Marino Wool

Punjabi Sarkari

...केसरी जालंधर, 2 जनवरी, 1987

...हत्या

...पैक्टरों ने अपनी ...रात्रि में कर्फ्यू की

...शिक्षण संस्थान, ...हे । बस व रेल ...था ।

...न श्री अशोक व ...संसरा ने इस हत्या ...सैनिक कार्यवाही ...को बर्खास्त किए ...श्री करतार सिंह ...र सिंह विर्क ने भी ...वे ।

...इंडिया ...प्रेस ...02

...फ इंडिया ...ल एरिया, ...र्ष 1987- ...ल कोर और ...विक्रय हेतु ...3 बजे तक ...हैं । धरोहर ...तविया पत्रक ...रणों के लिए ...न ट्रेड जर्नल ...।

अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में बिजली बोर्ड के दोनों घायल जूनियर इंजीनियरों साहिब दयाल और देवेन्द्र कुमार की स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती है । साहिब दयाल के दाहिने गाल पर और देवेन्द्र कुमार के सिर के दाएं भाग पर गोली लगी है । उन दोनों ने बताया कि उनका फ्लाइंग स्क्वैड दीवानवाली ग्राम से लौट रहा था । उस ग्राम में बिजली की चोरी की खबर मिली थी । रास्ते में उग्रवादियों ने उनकी जीप रोकी थी और एस.डी.ओ. सुरजीत सिंह तथा सिपाही मंगल सिंह को नीचे उतर जाने को कहा । इसके बाद उग्रवादियों ने गोलियां चला दीं । खतरा देख कर एक जूनियर इंजीनियर भारत भूषण वहां से भाग निकले। पर सरदारी लाल व नारायण दास मारे गए । नारायण दास विभाग में चपरासी थे जो ड्राइवर के न होने के कारण जीप चला रहे थे । उग्रवादियों ने .45 बोर के रिवाल्वर से गोलियां चलाईं ।

लाश मिली

प्रै.यू. के अनुसार आज बटाला सब डिविजन के गांव गिल्लां के निकट खेत में से एक लाश मिली । मृतक उसी गांव का बताया जाता है । पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है ।

77 हजार रुपए छीने

लुधियाना (प्रदीप): आज बाद दोपहर 12.15 बजे के लगभग पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के परिसर में विश्वविद्यालय के ज्योलोजी विभाग के दो क्लर्कों से पिस्तौल की नोक पर 77000 रुपए छीन लिए गए ।

बताया जाता है कि दोनों क्लर्क राजकुमार और हरजीत सिंह वेतनों की अदायगी के लिए विश्वविद्यालय परिसर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से 77000 रुपए निकलवा कर जब पैदल चलते हुए होस्टल नम्बर 6 के पास पहुंचे तो दो व्यक्तियों ने, जिनमें से एक पगड़ीधारी था, पिस्तौल दिखा कर उनसे 77000 रुपए की राशि वाला लिफाफा छीन लिया और फरार हो गए । लुटेरे घटनास्थल पर पैदल ही आए और पैदल ही वहां से भागे । पी.यू.टी.ए. के प्रधान हरिसिंह बराड़ ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों को पकड़ने की मांग की है ।

उल्लेखनीय बात यह है कि जिन कर्मचारियों से रुपया लूटा गया उन्होंने कोई शोर नहीं मचाया ।

लुधियाना से 34 किलो मीटर दूर रायकोट बस स्टैंड पर आज तड़के तीन आतंकवादियों ने एक वृद्ध कांग्रेस (इ) नेता श्री केवल कृष्ण तथा उनके सहायक श्री परमजीत को गोली मार कर घायल कर दिया । आतंकवादी पैदल ही आए तथा हमला करके फरार हो गए । हमले के समय दोनों व्यक्ति बस अड्डे पर खड़े थे तथा उन पर दो या तीन गोलियां चलाई गईं । दोनों घायलों को लुधियाना के ब्राऊन मैमोरियल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है । श्री केवल कृष्ण जिला कांग्रेस (इ) के भूतपूर्व महासचिव तथा समाचार पत्र विक्रेता हैं ।

पति, पत्नी की हत्या

फरीदकोट (प्रै.ट्र.): गिदड़बाहा पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत दलुआ गांव में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने आज प्रातः सात बजे के लगभग एक दम्पति की उनके फार्म हाऊस पर गोली मार कर हत्या कर दी । हमलावर फरार होने में सफल हो गए । मृतक गुरचरण सिंह तथा उसकी पत्नी बताए गए हैं ।

पैट्रोल पम्प लूटा

जालन्धर में जी.टी. रोड पर एक सिनेमा घर के पास स्थित पैट्रोल पम्प से 2 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने 2418 रु. लूट लिए ।

जालन्धर में लूट

जालन्धर (क): आज प्रातः पौने ग्यारह बजे के लगभग स्थानीय कपूरथला रोड स्थित उपमंडल बिजली बोर्ड कार्यालय में तीन सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा 83195 रुपए लूट कर ले जाने का समाचार मिला है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन उग्रवादी युवक स्कूटर पर आए जिनमें से दो अन्दर चले गए और कैशियर से पिस्तौल की नोक पर सारा कैश हवाले कर देने को कहा तथा दूसरे ने सभी कर्मियों को अपनी सीटों पर बैठे रहने को कहा । उनका तीसरा साथी स्कूटर स्टार्ट किए बाहर खड़ा रहा ।

कैशियर से उपरोक्त राशि छीन ले जाने के बाद तीनों उसी स्कूटर पर फरार हो गए । पुलिस डिवीजन एक ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है ।

डकैती की सूचना मिलने पर पुलिस तथा बिजली बोर्ड के उच्च अधिकारी मौका पर पहुंच गए थे । चारों ओर अलर्ट भी दे दिया गया ।

बिजली बोर्ड सूत्रों के अनुसार 81077 रुपए एक थैले में थे जिसे कैशियर पटेल चौक स्थित स्टेट बैंक आफ पटियाला में जमा कराने के लिए जाने ही वाला था जबकि 2118 रुपए काउंटर पर आज ही बिलों के वसूल किए गए थे । उग्रवादी 2118 रुपए भी थैले में डलवा कर फरार हो गए ।

बताया जाता है कि तीनों लुटेरे पहले स्कूटर पर बैठे कपूरथला की ओर गए मगर शायद सुरक्षा बलों या पुलिस पर नजर पड़ने के बाद वह वापिस मुड़े और शायद बस्ती मिट्ठू की ओर चले गए । उसके बाद उनका पता नहीं चल सका ।

न.न.अ. के अनुसार तीनों उग्रवादी पगड़ीधारी थे तथा सलेटी रंग के स्कूटर पर आए थे ।

गैंद हत्या कांड में दो का रिमांड

जालन्धर पुलिस ने अतिरिक्त सैशन जज श्री आर.पी. गैंद की हत्या के सम्बन्ध में गिरफ्तार किए गए दो आतंकवादियों सतनाम सिंह व रणजीत सिंह को कल एस.डी.एम. की अदालत में पेश करके उनका 9 जनवरी तक पुलिस रिमांड प्राप्त कर लिया । पुलिस इन्हें नाभा जेल से लाई थी । इनसे पूछताछ आरम्भ कर दी गई है ।

दोहरी सवारी पर पाबंदी

भटिंडा (यू.न्यू.): जिला मैजिस्ट्रेट श्री जे.एस. कौमी ने आज एक आदेश द्वारा जिला में 3.5 हार्स पावर के मोटर साइकलों पर दो पुरुषों के सवारी करने पर 1 मार्च तक पाबंदी लगा दी । आदेश कल से प्रभावी होगा । उन्होंने सभी दुकानें सायं 7.30 बजे बंद करने का भी आदेश दिया है ।

43800 लूटे

आज सायं पटियाला के नानुमल मोहल्ले के निवासी संजय कुमार से 2 उग्रवादियों ने 43800 रु. लूट लिए ।

2 आतंकवादी फरार

पटियाला (भूषण): अमृतसर जिला के 2 आतंकवादी आज प्रातः यहां से 25 किलोमीटर दूर नाभा थाना से भाग निकले । यह हैं : अमरजीत सिंह वल्द जसवंत सिंह तथा गुरमीत सिंह वल्द नारंग सिंह । कल शाम नाभा जेल से 5 आतंकवादी निकाल कर नाभा थाना में रखे गये थे ताकि उन्हें संबंधित थानों की पुलिस के हवाले किया जा सके । फरार होने वाले कैदी उन्हीं में शामिल थे । पुलिस उनकी खोज कर रही है ।

रात 7.30 बजे के बाद बसें बंद

फिरोजपुर (धीमान): अतिरिक्त जिलाधीश स्वर्ण सिंह ने आदेश जारी किया है कि जिला में सभी

गुमशुदा की तलाश



श्री सुरेंद्र नाथ, उम्र 47 वर्ष, रंग सांवला, कद 5 फुट 6 इंच, जिस्म पतला दिनांक 26.12.86 से लापता है । कृपया निम्न पते पर सूचित करें :

द्वारा 851/1, कैथ माजरी, अम्बाला शहर
फोन : 58592.

...फाइड विज्ञापन

...सफेद दाग, बालों ..., पेशाब रोग, ...ज, रोग विवरण ...मुफ्त मंगवाएं । ...-D, हाल बाजार,

...का गैस का सामान ...ance, Roopa ...na. Phone :

भूल सुधार

The advertisement dated 20.7.86 in Punjab Kesari should be read after deletion of words "under the direction of Reserve Bank of India". Asaid General Finance & Investment Co. Ltd., Batala.

पोल्ट्री

National Egg Co-ordination Committee Delhi Egg rate for 1.1.87 Rs. 61/- per 100 eggs. With trays.

तीर्थ यात्रा

डीलक्स बस 4 जनवरी चिन्तपूर्णी, ज्वालाजी, गंगासागर, नेपाल, जगन्नाथपुरी, हरिद्वार (35 तीर्थ)

ANNUAL CLEARANCE

SALE

SUNDAY OPEN

From 2.1.1987 onwards

of export surplus & choicest

Punjab Sanjeevani

गिद्दड़बाहा के निकट दम्पति व अटवाल में बिजली कर्मी की हत्या

जालन्धर में 83 व लुधियाना में 77 हज़ार रु. लूटे

इंका नेता सहित 3 व्यक्ति गोलियों से घायल

अमृतसर में 2 खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 1 जनवरी (यू.पी.आ.): पंजाब में नए वर्ष की शुरूआत आज संदिग्ध आतंकवादियों की ओर से एक दम्पति सहित 3 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या किए जाने, एक इंका नेता सहित 3 व्यक्तियों को घायल किए जाने तथा दो स्थानों पर लगभग 1 लाख 60 हजार रुपए लूटे जाने की वारदातों के साथ हुई ।

तरनतारन के नूरदी बाजार क्षेत्र में कल रात एक व्यक्ति की हत्या की गई ।

जालन्धर में आतंकवादियों ने 83 हजार रुपए तथा लुधियाना में 77 हजार रुपए लूट लिए ।

रायकोट बस स्टैंड पर एक इंका नेता व उसके साथी को गोली मार कर घायल कर दिया गया ।

जल्लोवाल में एक दुकानदार आतंकवादियों की फायरिंग से सख्त घायल हो गया ।

धारीवाल के निकट अटवाल में एक बिजली कर्मी की हत्या कर दी गई ।

अमृतसर पुलिस ने 2 खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जो कि कई हत्याओं व डकैतियों में वांछित हैं ।

दुकानदार पर हमला

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न, सुद): आज प्रातः 10 बजे के लगभग यहां से 20 किलोमीटर दूर जल्लोवाल खुर्द गांव में दो सशस्त्र उग्रवादियों ने एक दुकानदार श्री तरसेम लाल को गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । श्री तरसेम लाल, जो रोजाना होशियारपुर से जल्लोवाल खुर्द जाते हैं, ने आज प्रातः जैसे ही अपनी दुकान खोली थी कि वहां दो उग्रवादी आए तथा उन्होंने श्री तरसेम लाल से मोबिल आयल मांगा । जब श्री तरसेम लाल मोबिल आयल लेने अन्दर गए तो एक उग्रवादी ने उन्हें 3 गोलियां मारीं जो उनके बाजू व छाती में लगीं ।

श्री तरसेम लाल को सिविल अस्पताल होशियारपुर में दाखिल कराया गया जहां से उन्हें सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना भेज दिया गया । वहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जाती है ।

कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि श्री तरसेम लाल को 11 बजे होशियारपुर सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया लेकिन एक बजे तक कोई भी पुलिस कर्मी उनका बयान लेने नहीं आया है । दोनों हमलावर जाते हुए कह गए अब तो बच गए हो, तुम्हें फिर देख लिया जाएगा ।

स्कूटर छीन लिया

आज सुबह 7¼ बजे के करीब यहां से 18 किलो मीटर बाड़ियांकलां के निकट दो नौजवान उग्रवादियों ने एक व्यक्ति पवन कुमार से पिस्तौल की नोक पर उसका बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.जी.आई. 3282 छीन लिया । पवन कुमार की पत्नी भी उसके साथ थी परन्तु उग्रवादियों ने स्कूटर छीनने के बाद उनसे और कुछ नहीं लूटा ।

बिजली कर्मी की हत्या

गुरदासपुर से 'विनोद गुप्ता' की खबर है कि आज प्रातः 10½ बजे के लगभग दो उग्रवादियों ने मौजा अटवाल के निकट एक व्यक्ति नन्द किशोर सज्जपुरा की गोली मार कर हत्या कर दी । नन्द किशोर बिजली बोर्ड का कर्मचारी था तथा साइकल पर अपने गांव से बटाला आ रहा था । जब वह मौजा अटवाल के निकट पहुंचा तो वहां खड़े दो पगड़ीधारी युवकों ने, जो संदिग्ध उग्रवादी थे, उस पर दो फायर किए जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई । वारदात के बाद उग्रवादी फरार हो गए ।

बटाला में कर्फ्यू जारी

बटाला (कोछड़) : बटाला में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कर्फ्यू आगामी आदेशों तक के लिए जारी है ।

नगर में आज कहीं से किसी भी अप्रिय घटना होने का समाचार नहीं मिला है । शहर में सुरक्षा बल व पुलिस काफी बड़ी संख्या में तैनात है । एस.पी. डिटैक्टिव श्री सुमेधसिंह सैनी व एस.डी.एम. श्री कुलवन्त सिंह स्थिति नियंत्रित रखने के लिए लगातार स्थिति का जायजा ले रहे हैं ।

कल बुधवार को सायं चार बजे निकटवर्ती गांव दवानीवाल के निकट दो अज्ञात उग्रवादियों ने फायरिंग करके बिजली बोर्ड के जूनियर इंजीनियर श्री सरदारी लाल व ड्राइवर नारायण दास की हत्या कर दी थी । इन उग्रवादियों ने दो जूनियर इंजीनियरों श्री साहब दयाल व श्री देवेन्द्र कुमार को भी गम्भीर रूप से घायल कर दिया । दोनों घायल जूनियर इंजीनियरों को अमृतसर भेजा गया है । श्री साहबदयाल एटक के प्रधान हैं ।

बटाला में प्रशासन ने कल प्रातः 7 बजे तक कर्फ्यू बढ़ा दिया है ।

ड्राइवर का शव गांव भेज गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक ड्राइवर नारायणदास का शव उनके जिला होशियारपुर में स्थित गांव में अन्तिम संस्कार के लिए भेज दिया गया । श्री सरदारी लाल का शव बटाला लाया गया । जहां अपरान्ह में उनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इन लोगों पर उस समय फायरिंग की गई जबकि वे फ्लाइंग स्क्वैड की जीप में किसी गांव में चैकिंग के बाद लौट रहे थे ।

स्ट्रीट लाइट बंद

उल्लेखनीय है कि गत रात्रि में कर्फ्यू के दौरान शहर की सभी स्ट्रीट लाइटें बंद रहीं । कर्फ्यू की घोषणा करने के लिए लोक सम्पर्क विभाग का कोई भी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित नहीं था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)





बटाला में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों की उग्रवादियों द्वारा हत्या के विरोध में बिजली बोर्ड कर्मियों ने वीरवार को प्रदर्शन किया ।

बिजली कर्मियों की विरोध स्वरूप शोक सभा

जालंधर, 1 जनवरी : कल बटाला के निकट आतंकवादियों के हाथों मारे गये बिजली कर्मियों की हत्या के विरोध स्वरूप बिजली विभाग के कर्मचारियों ने आज जालंधर शहर के बाजारों में शांति मार्च किया । इस मार्च में लगभग एक हजार कर्मचारियों ने भाग लिया । इससे पूर्व इन कर्मचारियों ने मुख्य इंजीनियर श्री बलदेव कौशल के नेतृत्व में मृतक कर्मियों की आत्मिक शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा । बाद में एक शोक रैली का आयोजन किया गया जिसको श्री दिलबाग सिंह, श्री कुंदन सिंह चीमा, श्री यशपाल चड्ढा, श्री केवल कृष्ण, श्री जगदीश चंद्र, श्री चरण कमलजीत सिंह, श्री अमरजीत राय तथा श्री एच.एस. मिन्हास ने संबोधित किया । सभी वक्ताओं ने इस हत्याकांड की कड़ी आलोचना की तथा मांग की कि शहीद बिजली कर्मियों को, पुलिस के समान, सहायता दी जाए तथा उनके बच्चों को नौकरियां देने के बारे में एक आम सर्कलर जारी किया जाए ।

फगवाड़ा से कौड़ा के अनुसार कल बटाला के निकट बिजली कर्मियों की हत्या पर विरोध प्रकट करने के लिये आज बिजली विभाग के कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाए । कर्मियों की एक बैठक में मांग की गई कि कर्मियों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए तथा बटाला के निकट मरने वाले बिजली कर्मियों के परिवारों को एक-एक लाख रुपये की सहायता दी जाए ।

बटाला से कोछड़ के अनुसार इस हत्याकांड के विरोध में आज बटाला तहसील क्षेत्र में बिजली बोर्ड के सभी कर्मचारियों ने हड़ताल की ।

धारीवाल क्षेत्र में आज एक सहायक लाइनमैन श्री नंद किशोर की उग्रवादियों द्वारा हत्या किये जाने पर रोष प्रकट करते हुये बिजली कर्मचारियों ने धारीवाल थाने के समक्ष धरना दिया ।

ज़िला गुरदासपुर बिजली बोर्ड कर्मचारी फैडरेशन के अध्यक्ष श्री दौलत राम व स्थानीय अध्यक्ष श्री वीर सिंह ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि बिजली बोर्ड कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था न की गई तो सभी विद्युत कर्मचारी अनिश्चितकालीन

की और बिजली क
आश्वासन मांगा ।
धारीवाल में चार
यातायात अवरुद्ध
जनवरी को गुरदास
दी ।

पठानकोट से
बिजली बोर्ड पठान
आज बटाला में बि
सरदारी लाल तथा
हत्या करने के विरो
के नेता धन्ना राम
शहर में जलूस
एस.डी.एम. को ज्ञा
द्वारा बिजली कर्मिय
बिजली कर्मियों की
बिजली बंद रही ।

गुरदास
एक

गुरदासपुर, 1
सीमावर्ती गुरदासपु
आतंकवादी हिंसा में
घायल हुए ।

ज़िला पुलिस प्र
बताया कि इसके अल
हैड कांस्टेबलों की
सहायक पुलिस उप

उन्होंने कहा कि
तीन आतंकवादी मारे
को पकड़ा गया । अ
27 रिवाल्वर, 35

140 गुरुद्वारों का प्रबन्ध शिरोमणि कमेटी ने सम्भाला

अमृतसर, 1 जनवरी (प्रै.ट्र.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंजाब में 140 और ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण गुरुद्वारों का प्रबंध आज से अपने हाथ में ले लिया है । अभी तक इन गुरुद्वारों का प्रबंध स्थानीय कमेटियों के हाथ में था । यह कदम सिख गुरुद्वारा कानून, 1925 में गत नवम्बर में एक अध्यादेश द्वारा किए गए संशोधन से सम्भव हुआ है । इस अध्यादेश से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अधिकार क्षेत्र में विस्तार हुआ है ।

इससे अब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ऐसी स्थानीय प्रबंधक कमेटियों को हटा सकती है जिनकी सकल आय 25 हजार रुपए से अधिक नहीं है । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी इन स्थानीय कमेटियों के स्थान पर समितियां मनोनीत कर सकती है ।

इन नए आदेशों से जो महत्वपूर्ण गुरुद्वारे प्रभावित होंगे उनमें बाबा बकाला, गोइंदवाल साहब, चमकौर साहब, भट्ठा साहब तथा माछीवाड़ा गुरुद्वारा आदि शामिल हैं ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के एक प्रवक्ता ने बताया कि कमेटी द्वारा हाथ में लिए गए उक्त गुरुद्वारों का प्रबंध सम्भालने के लिए विशेष स्टाफ भेज दिया गया है ।

इन गुरुद्वारों की प्रबंध समितियों का मनोनयन शीघ्र ही शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा किया जाएगा ।

पुलिस प्रयासों से अपराधों में कमी

चंडीगढ़, 1 जनवरी (वि.प्र.): वर्ष 1986 में चंडीगढ़ पुलिस ने 1510 मामले दर्ज किए जबकि वर्ष 1985 में यह संख्या 1767 थी जोकि वर्ष 1986 की अपेक्षा 257 मामले अधिक हैं । चंडीगढ़ पुलिस ने यह लक्ष्य, अपनी गश्त बढ़ा कर तथा उचित छानबीन करने के परिणामस्वरूप प्राप्त किया है । इसके अतिरिक्त चंडीगढ़ पुलिस ने सामान्य लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई जेबतराशी, लड़कियों को छेड़ने आदि की घटनाओं को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण पग उठाए हैं ।

पुलिस के इन प्रयासों के परिणामस्वरूप चोरी

राज नारायण की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि

वाराणसी, 1 जनवरी (भाषा): प्रख्यात समाजवादी नेता लोकबंधु राजनारायण का अंतिम

अनेक घरों में लोगों ने आज उपवास रखकर दिवंगत नेता के प्रति अपनी श्रद्धांजलि दी । तमाम लोग और

Punjabi Sanstan

वर्ष 22 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 203
शनिवार, 3 जनवरी, 1987 तदनुसार, 20 पौष, 2043 मूल्य 70 पैसे, विमान द्वारा 80 पैसे

राधा इनर्जीनियर्ज़
262-सपाट रोड, अम्बाला शहर

कुख्यात आतंकवादी रोशन लाल बैरागी हथकड़ी समेत फरार

वार्डर की हत्या करके भाग रहे आतंकवादियों पर नाभा जेल में बी.एस.एफ. की फायरिंग : 1 मरा, 2 घायल

बटाला के निकट दुकानदार की हत्या : नगर में कर्फ्यू खत्म

चंडीगढ़, 2 जनवरी (यू., प्रे., वा.): आज काफी सवेरे नाभा जेल से फरार होने की कोशिश में 8 आतंकवादियों ने एक वार्डर की हत्या कर दी जबकि बी.एस.एफ. ने भागते हुए आतंकवादियों पर गोली चलाई जिससे एक आतंकवादी मारा गया ।

कुख्यात आतंकवादी रोशन लाल बैरागी ब्यास के निकट हथकड़ी सहित पुलिस हिरासत से भाग निकला ।

तीन स्थानों पर अज्ञात व्यक्तियों ने 11530 रुपए लूट लिए ।

बटाला के निकट एक दकानदार की हत्या कर दी गई जबकि एक कांग्रेसी के परिवार की हत्या का प्रयास किया गया । बटाला में बुधवार रात से लागू कर्फ्यू आज समाप्त कर दिया गया ।

बैरागी फरार

अमृतसर (सोनी, भाषा): दुर्दांत आतंकवादी रोशन लाल बैरागी कल अमृतसर जिले में ब्यास के निकट पुलिस हिरासत से भागने में सफल हो गया । उसे बुलेट प्रूफ कार में कड़े पुलिस पहरे में दिल्ली से अमृतसर ले जाया जा रहा था ।

बैरागी ने शौच जाने का बहाना किया तथा जब पुलिस द्वारा उसे शौच के लिए ले जाया जा रहा था तो उसने हथकड़ी पहने ही ब्यास के पुल के निकट छलांग लगा दी और फरार हो गया । अभी तक उसे गिरफ्तार करने के सभी प्रयास असफल सिद्ध हुए हैं ।

बैरागी को कुछ संगीन मामलों में पूछताछ के लिए बैरोवाल पुलिस स्टेशन के एस.एच.ओ. पुलिस निरीक्षक ओंकार सिंह के नेतृत्व में कड़े पुलिस पहरे में ले जाया जा रहा था ।

दिल्ली की मुख्य मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट मंजू गोयल ने गत 31 दिसम्बर को बैरागी को अमृतसर ले जाने की अनुमति दी थी । बैरागी को आज अमृतसर के मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर वापस दिल्ली तिहाड़ जेल ले जाया जाना था ।

इससे पूर्व भी बैरागी गत जनवरी में गुरदासपुर जेल से फरार हुआ था । इसके बाद उसे गत मास दिल्ली में गिरफ्तार किया गया था । पुलिस को उसकी 26 संगीन मामलों में तलाश थी । पुलिस द्वारा उसके विरुद्ध एक और मामला दर्ज किया गया है ।

बैरागी के फरार होने से गत बारह घंटों में पुलिस हिरासत से भागने वाले आतंकवादियों की संख्या तीन हो गई है ।

सूत्रों ने बताया कि जब रोशन लाल बैरागी शौच के लिए गया तो एक कांस्टेबल भी उसके साथ था लेकिन बैरागी उसे चकमा देकर सड़क के किनारे वृक्षों के झुंड में लुप्त हो गया । उसको ले जा रही कार के साथ पुलिस की एक जीप भी थी लेकिन यह पता नहीं चल सका कि पुलिस पार्टी में कुल कितने लोग थे ।

बैरोवाल निवासी बैरागी को गत मास उत्तरी दिल्ली में एक सिनेमा हाल के बाहर गिरफ्तार किया गया था । उसके विरुद्ध केसों में एक केस शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के तत्कालीन प्रधान श्री काबुल सिंह की हत्या के प्रयास का था ।

बैरागी दलबीर सिंह बिल्ला का साथी है जो एक समुदाय के लगभग सौ व्यक्तियों की हत्या के लिए जिम्मेदार था । दलबीर सिंह एक मुठभेड़ में मारा गया था । उसका तथा बैरागी का वैरोवाल, तरनतारन, खडूर साहब व झब्बाल क्षेत्र में बड़ा आतंक था तथा इन क्षेत्रों से एक समुदाय के लोगों के पलायन का यही कारण था ।

जेल से भागने का विफल प्रयास

पटियाला (भूषण सरहिन्दी): सीमा सुरक्षा बल के सिपाहियों ने आज नाभा की ज़िला जेल से 8 कुख्यात आतंकवादियों द्वारा भागने की कोशिश नाकाम बना दी । सुरक्षा प्रबंधों की दृष्टि से पंजाब की सर्वाधिक सुरक्षित समझी जाने वाली नाभा जेल में लगभग 300 आतंकवादी रखे गये हैं ।

यहां प्राप्त सूचना के अनुसार आठ आतंकवादियों ने जेल वार्डर गुरचरण सिंह को पकड़ लिया तथा उसी की पगड़ी से उसका गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी । बाद में वे बाहरी दीवार की तरफ भागे ताकि इसको पार करके भाग सकें । उन्हें देख कर सीमा सुरक्षा बल के सिपाहियों ने गोली चला दी तथा उन्हें काबू कर लिया । इस प्रक्रिया में एक बर्खास्त पुलिस कांस्टेबल बलविंदर सिंह जो कि हत्या, लूट आदि की अनेक वारदातों में संलिप्त है, घायल हो गया । कुछ समय पहले बलविंदर सिंह अपने साथियों के साथ उस समय पुलिस हिरासत से भाग निकला था जबकि उन्हें फिरोजपुर ले जाया जा रहा था । बाद में उसे पकड़ लिया गया था ।

यू.एन.यू. के अनुसार आतंकवादियों ने वार्डर की हत्या के बाद उसकी जेब से बैरक की चाबी निकाली, दीवार में एक छेद किया तथा जेल के अंदर बने गुरुद्वारा के पीछे से जेल की अंदरूनी दीवार पर चढ़ गये । इसी बीच जेल का अलार्म बज गया और आतंकवादी बाहरी दीवार फांदने से पहले ही धर लिये गये ।

1 मरा

बाद में बलविंदर सिंह गोलियों के घावों की ताव न लाते हुये दम तोड़ गया । 2 अन्य घायल आतंकवादियों प्रेम सिंह (गांव दौन ज़िला पटियाला)

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बिज... ने...

गुरदासपुर, ... बिजली बोर्ड के ... द्वारा उनके तीन ... विरुद्ध आज का ... यातायात ठप्प कि...

इससे पूर्व उ... और बाद में न... जिलाधीश को ... अतिरिक्त यह भी ... शिकायत केंद्रों प... करने की मांग की ... क्षेत्रों में बिजली ... की मांग की ।

बटाला (यू. ... कर्मचारियों ने ... कर्मचारियों की ह... में एक दिन की ह... मोहन सिंह और ... उग्रवादियों की ... परिवारों को पुलि... उनके परिवार के ... की । बोर्ड के ल... बटाला में एक रै... ज्ञापन दिया ।

जांच की मांग

बटाला से ... कर्मचारी संघ के ...

श्रीनगर में मौसम का सबसे ठण्डा दिन : डल झील का पानी जम गया

चंडीगढ़, 2 जनवरी (यू. न्यू.): पश्चिमोत्तर भारत में आजशीतलहरकेकारण ठंड का प्रकोप जारी रहा । श्रीनगर में 'डल झील' का पानी जम गया ।

श्रीनगर में आज का न्यूनतम तापमान-8 डिग्री रिकार्ड किया गया जोकि सामान्य से 6 डिग्री कम था । आज प्रातः श्रीनगर का तापमान-8 डिग्री हो जाने से विश्व प्रसिद्ध डल झील का पानी जम गया जिसके कारण शिकारे वाले शिकारों का रास्ता बनाने के लिए बर्फ काटते हुए देखे गए । आज का दिन श्रीनगर में इस मौसम का सबसे ठंडा दिन था ।

हिमाचल प्रदेश में मनाली राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा । मनाली में आज का न्यूनतम तापमान -3 डिग्री रहा। इसके अतिरिक्त कुल्लू घाटी में भन्तर में तापमान 0.3 डिग्री रहा जबकि शिमला का तापमान 1.8 डिग्री रिकार्ड किया गया ।

पंजाब में अमृतसर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा । यहां के लोगों को 1.1 डिग्री तापमान का सामना करना पड़ा । अमृतसर के अतिरिक्त कपूरथला में तापमान 2.8 डिग्री रहा तथा अमृतसर के बाद कपूरथला राज्य का दूसरे नम्बर का ठंडा स्थान रहा । पठानकोट तथा हलवाड़ा में तापमान 4 डिग्री रहा ।

चंडीगढ़ का अधिकतम तापमान जोकि कल 20.3 डिग्री था आज कम होकर 19.2 डिग्री रह गया जबकि इस शहर का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री रिकार्ड किया गया ।

हरियाणा में गुड़गांव का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री रहा जबकि हिसार और अम्बाला में न्यूनतम तापमान क्रमशः 4.1 डिग्री तथा 6.3 डिग्री रिकार्ड किया गया ।

दिल्ली तथा इसके आसपास के क्षेत्रों का मौसम काफी ठंडा रहा । पालम में आज का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तथा सफदरजंग का न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री रहा ।

दिल्ली अकाली दल द्वारा पंजाब में हत्याओं की निंदा

नई दिल्ली, 2 जनवरी (वार्ता, भाषा, चावला): दिल्ली अकाली दल (लौंगोवाल गुट) ने पंजाब के मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला के नेतृत्व में पूरी आस्था प्रकट की है और पार्टी के अध्यक्ष के रूप में उनके प्रति विश्वास व्यक्त किया है ।

कल शाम यहां दल की कार्यकारिणी समिति की बैठक में दल ने पंजाब में आतंकवादियों द्वारा की जाने वाली हत्याओं की कड़ी निंदा की और वहां शांति बनाए रखने तथा साम्प्रदायिक सद्भाव बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर शांति समिति गठित करने का

पुलिस की आतंकवादियों

पंजाब में उग्रवाद को दब... निजी स्वार्थों को त्यागना...

रानियां, 2 जनवरी (संजय अरोड़ा): देश की अखंडता के लिए जितना खालिस्तान का नारा घातक है, उतना ही गोरखालैंड व हिन्द राष्ट्र का नारा भी घातक है । आज अमरीका व पाकिस्तान का एक ही मकसद है कि भारत किसी तरह से कमज़ोर हो । उक्त शब्द कम्युनिस्ट नेता का. सतपाल डांग ने सिरसा के भगत सिंह चौक में आयोजित एक विशाल सभा को सम्बोधित करते हुए कहे ।

कम्युनिस्ट नेता श्री डांग ने कहा कि आज जो कुछ पंजाब में हो रहा है, सारे देश के नागरिक उससे चिंतित हैं । कुछ विदेशी ताकतें खालिस्तान के नाम पर पंजाब में आतंकवाद हो हवा दे रही हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब समस्या पैदा करने व इसे उलझाने में इंका का सबसे बड़ा हाथ है जिसने भिंडरांवाला जैसे लोगों को पैदा करके... की कोशिश की ज... बना । श्री डांग ने ... हरियाणा में चौ. देव... सत्ता हथियाने का ...

का. डांग ने क... करने के लिए केन्द्र ... हरियाणा दोनों को ... कहा कि अधिकतर ... का विरोध करते हैं ... नहीं मिलता, जिससे ...

श्री डांग ने खु... कहा कि इस हत्या... सिंह एक अकाली म... भी पुलिस द्वारा पक... दबाव के कारण रिह... को दबाने के लिए ... होगा ।



ब्रह्म... देते ...

नई दिल्ली, 2...

Punjabi Sarai.com

वर्ष 22 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 203
शनिवार, 3 जनवरी, 1987 तदनुसार, 20 पौष, 2043 मूल्य 70 पैसे, विमान द्वारा 80 पैसे

राधा इनजिनीयर्ज
262-सपाट रोड, अम्बाला शहर

रक्षा सूत्रों के अ
इन तोपों को काफी
अत्याधुनिक तोपों क
तकनीकी जानकारी
का एक दल भी भा

कुख्यात आतंकवादी रोशन लाल बैरागी हथकड़ी समेत फरार

वार्डर की हत्या करके भाग रहे आतंकवादियों पर नाभा जेल में बी.एस.एफ. की फायरिंग : 1 मरा, 2 घायल

बटाला के निकट दुकानदार की हत्या : नगर में कर्फ्यू खत्म

चंडीगढ़, 2 जनवरी (यू., प्रै., वा.): आज काफी सवेरे नाभा जेल से फरार होने की कोशिश में 8 आतंकवादियों ने एक वार्डर की हत्या कर दी जबकि बी.एस.एफ. ने भागते हुए आतंकवादियों पर गोली चलाई जिससे एक आतंकवादी मारा गया ।

कुख्यात आतंकवादी रोशन लाल बैरागी ब्यास के निकट हथकड़ी सहित पुलिस हिरासत से भाग निकला ।

तीन स्थानों पर अज्ञात व्यक्तियों ने 11530 रुपए लूट लिए ।

बटाला के निकट एक दुकानदार की हत्या कर दी गई जबकि एक कांग्रेसी के परिवार की हत्या का प्रयास किया गया । बटाला में बुधवार रात से लागू कर्फ्यू आज समाप्त कर दिया गया ।

बैरागी फरार

अमृतसर (सोनी, भाषा): दुर्दांत आतंकवादी रोशन लाल बैरागी कल अमृतसर ज़िले में ब्यास के निकट पुलिस हिरासत से भागने में सफल हो गया । उसे बुलेट प्रूफ कार में कड़े पुलिस पहरे में दिल्ली से अमृतसर ले जाया जा रहा था ।

बैरागी ने शौच जाने का बहाना किया तथा जब पुलिस द्वारा उसे शौच के लिए ले जाया जा रहा था तो उसने हथकड़ी पहने ही ब्यास के पुल के निकट छलांग लगा दी और फरार हो गया । अभी तक उसे गिरफ्तार करने के सभी प्रयास असफल सिद्ध हुए हैं ।

बैरागी को कुछ संगीन मामलों में पूछताछ के लिए वैरोवाल पुलिस स्टेशन के एस.एच.ओ. पुलिस निरीक्षक ओंकार सिंह के नेतृत्व में कड़े पुलिस पहरे में ले जाया जा रहा था ।

दिल्ली की मुख्य मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट मंजू गोयल ने गत 31 दिसम्बर को बैरागी को अमृतसर ले जाने की अनुमति दी थी । बैरागी को आज अमृतसर के मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर वापस दिल्ली तिहाड़ जेल ले जाया जाना था ।

इससे पूर्व भी बैरागी गत जनवरी में गुरदासपुर जेल से फरार हुआ था । इसके बाद उसे गत मास दिल्ली में गिरफ्तार किया गया था । पुलिस को उसकी 26 संगीन मामलों में तलाश थी । पुलिस द्वारा उसके विरुद्ध एक और मामला दर्ज किया गया है ।

बैरागी के फरार होने से गत बारह घंटों में पुलिस हिरासत से भागने वाले आतंकवादियों की संख्या तीन हो गई है ।

सूत्रों ने बताया कि जब रोशन लाल बैरागी शौच के लिए गया तो एक कांस्टेबल भी उसके साथ था लेकिन बैरागी उसे चकमा देकर सड़क के किनारे वृक्षों के झुंड में लुप्त हो गया । उसको ले जा रही कार के साथ पुलिस की एक जीप भी थी लेकिन यह पता नहीं चल सका कि पुलिस पार्टी में कुल कितने लोग थे ।

वैरोवाल निवासी बैरागी को गत मास उत्तरी दिल्ली में एक सिनेमा हाल के बाहर गिरफ्तार किया गया था । उसके विरुद्ध केसों में एक केस शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के तत्कालीन प्रधान श्री काबुल सिंह की हत्या के प्रयास का था ।

बैरागी दलबीर सिंह बिल्ला का साथी है जो एक समुदाय के लगभग सौ व्यक्तियों की हत्या के लिए जिम्मेदार था । दलबीर सिंह एक मुठभेड़ में मारा गया था । उसका तथा बैरागी का वैरोवाल, तरनतारन, खडूर साहब व झब्बाल क्षेत्र में बड़ा आतंक था तथा इन क्षेत्रों से एक समुदाय के लोगों के पलायन का यही कारण था ।

जेल से भागने का विफल प्रयास

पटियाला (भूषण सरहिन्दी): सीमा सुरक्षा बल के सिपाहियों ने आज नाभा की ज़िला जेल से 8 कुख्यात आतंकवादियों द्वारा भागने की कोशिश नाकाम बना दी । सुरक्षा प्रबंधों की दृष्टि से पंजाब की सर्वाधिक सुरक्षित समझी जाने वाली नाभा जेल में लगभग 300 आतंकवादी रखे गये हैं ।

यहां प्राप्त सूचना के अनुसार आठ आतंकवादियों ने जेल वार्डर गुरचरण सिंह को पकड़ लिया तथा उसी की पगड़ी से उसका गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी । बाद में वे बाहरी दीवार की तरफ भागे ताकि इसको पार करके भाग सकें । उन्हें देख कर सीमा सुरक्षा बल के सिपाहियों ने गोली चला दी तथा उन्हें काबू कर लिया । इस प्रक्रिया में एक बर्खास्त पुलिस कांस्टेबल बलविंदर सिंह जो कि हत्या, लूट आदि की अनेक वारदातों में संलिप्त है, घायल हो गया । कुछ समय पहले बलविंदर सिंह अपने साथियों के साथ उस समय पुलिस हिरासत से भाग निकला था जबकि उन्हें फिरोज़पुर ले जाया जा रहा था । बाद में उसे पकड़ लिया गया था ।

यू.न्यू. के अनुसार आतंकवादियों ने वार्डर की हत्या के बाद उसकी जेब से बैरक की चाबी निकाली, दीवार में एक छेद किया तथा जेल के अंदर बने गुरुद्वारा के पीछे से जेल की अंदरूनी दीवार पर चढ़ गये । इसी बीच जेल का अलार्म बज गया और आतंकवादी बाहरी दीवार फांदने से पहले ही धर लिये गये ।

1 मरा

बाद में बलविंदर सिंह गोलियों के घावों की ताव न लाते हुये दम तोड़ गया । 2 अन्य घायल आतंकवादियों प्रेम सिंह (गांव दौन ज़िला पटियाला)

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बिजली ने या रो

गुरदासपुर, 2
बिजली बोर्ड के कर्म
द्वारा उनके तीन सा
विरुद्ध आज काहनूव
यातायात ठप्प किया

इससे पूर्व उन्होंने
और बाद में नगर
जिलाधीश को दिए
अतिरिक्त यह भी मां
शिकायत केंद्रों पर स्थ
करने की मांग की ।
क्षेत्रों में बिजली अधिक
की मांग की ।

बटाला (यू.): पंज
कर्मचारियों ने बुधवा
कर्मचारियों की हत्याओं
में एक दिन की हड़ताल
मोहन सिंह और दौलत
उग्रवादियों की हिंसा
परिवारों को पुलिस प
उनके परिवार के एक स
की । बोर्ड के लगभग
बटाला में एक रैली की
ज्ञापन दिया ।

जांच की मांग

बटाला से 'कोछड़
कर्मचारी संघ के प्रधान
(शेष

श्रीनगर में मौसम का सबसे ठण्डा दिन : डल झील का पानी जम गया

चंडीगढ़, 2 जनवरी (यू. न्यू.): पश्चिमोत्तर भारत में आज शीतलहर के कारण ठंड का प्रकोप जारी रहा । श्रीनगर में 'डल झील' का पानी जम गया ।

श्रीनगर में आज का न्यूनतम तापमान-8 डिग्री रिकार्ड किया गया जोकि सामान्य से 6 डिग्री कम था । आज प्रातः श्रीनगर का तापमान-8 डिग्री हो जाने से विश्व प्रसिद्ध डल झील का पानी जम गया जिसके कारण शिकारे वाले शिकारों का रास्ता बनाने के लिए बर्फ काटते हुए देखे गए । आज का दिन श्रीनगर में इस मौसम का सबसे ठंडा दिन था ।

हिमाचल प्रदेश में मनाली राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा । मनाली में आज का न्यूनतम तापमान -3 डिग्री रहा। इसके अतिरिक्त कुल्लू घाटी में भुन्तर में तापमान 0.3 डिग्री रहा जबकि शिमला का तापमान 1.8 डिग्री रिकार्ड किया गया ।

पंजाब में अमृतसर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा । यहां के लोगों को 1.1 डिग्री तापमान का सामना करना पड़ा । अमृतसर के अतिरिक्त कपूरथला में तापमान 2.8 डिग्री रहा तथा अमृतसर के बाद कपूरथला राज्य का दूसरे नम्बर का ठंडा स्थान रहा । पठानकोट तथा हलवाड़ा में तापमान 4 डिग्री रहा ।

चंडीगढ़ का अधिकतम तापमान जोकि कल 20.3 डिग्री था आज कम होकर 19.2 डिग्री रह गया जबकि इस शहर का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री रिकार्ड किया गया ।

हरियाणा में गुड़गांव का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री रहा जबकि हिसार और अम्बाला में न्यूनतम तापमान क्रमशः 4.1 डिग्री तथा 6.3 डिग्री रिकार्ड किया गया ।

दिल्ली तथा इसके आसपास के क्षेत्रों का मौसम काफी ठंडा रहा । पालम में आज का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तथा सफदरजंग का न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री रहा ।

दिल्ली अकाली दल द्वारा पंजाब में हत्याओं की निंदा

नई दिल्ली, 2 जनवरी (वार्ता, भाषा, चावला): दिल्ली अकाली दल (लौंगोवाल गुट) ने पंजाब के मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला के नेतृत्व में पूरी आस्था प्रकट की है और पार्टी के अध्यक्ष के रूप में उनके प्रति विश्वास व्यक्त किया है ।

कल शाम यहां दल की कार्यकारिणी समिति की बैठक में दल ने पंजाब में आतंकवादियों द्वारा की जाने वाली हत्याओं की कड़ी निंदा की और वहां शांति बनाए रखने तथा साम्प्रदायिक सद्भाव बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर शांति समिति गठित करने का फैसला किया । बैठक की अध्यक्षता दिल्ली अकाली दल के अध्यक्ष जत्थेदार ओंकार सिंह थापर ने की ।

श्री थापर ने दिल्ली सिख गुरद्वारा प्रबंधक कमेटी की कार्यप्रणाली की आलोचना की ओर कहा कि पिछले दिनों राजधानी में गुरुद्वारा बंगला साहिब के सामने हुई हिंसक घटनाओं के लिए कमेटी की कार्य प्रणाली ही जिम्मेवार है ।

नाभा जेल कांड की मैजिस्ट्रेटी जांच

पटियाला, 2 जनवरी (भूषण सरहिंदी): जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.के. सिन्हा ने नाभा जेल की घटना में मैजिस्ट्रेट द्वारा जांच कराए जाने का आदेश दिया

पुलिस की आतंकवादियों से सहानुभूति

फिरोजाबाद, 2 जनवरी (वि.प्र.): अमृतसर से पलायन करके आए एक परिवार के मुखिया का कहना है कि पंजाब पुलिस की आतंकवादियों से सहानुभूति होने के कारण पंजाब में आतंक का दमन नहीं हो रहा है।

अमृतसर में रहने वाले श्री बुलंदी राम शर्मा, जो कि अब दुंदिया में रह रहे हैं, का कथन है कि सहानुभूति के कारण ही आतंकवादी घटना के बाद फरार हो जाते हैं । उनके विचार में यदि अन्य राज्यों की पुलिस पंजाब में तैनात कर दी जाए तो पंजाब में स्थिति सुधर सकती है । उन्होंने सिखों से आह्वान

पंजाब में उग्रवाद को दबाने निजी स्वार्थों को त्यागना हो

रानियां, 2 जनवरी (संजय अरोड़ा): देश की अखंडता के लिए जितना खालिस्तान का नारा घातक है, उतना ही गोरखालैंड व हिन्दू राष्ट्र का नारा भी घातक है । आज अमरीका व पाकिस्तान का एक ही मकसद है कि भारत किसी तरह से कमज़ोर हो । उक्त शब्द कम्युनिस्ट नेता का. सतपाल डांग ने सिरसा के भगत सिंह चौक में आयोजित एक विशाल सभा को सम्बोधित करते हुए कहे ।

कम्युनिस्ट नेता श्री डांग ने कहा कि आज जो कुछ पंजाब में हो रहा है, सारे देश के नागरिक उससे चिंतित हैं । कुछ विदेशी ताकतें खालिस्तान के नाम पर पंजाब में आतंकवाद हो हवा दे रही हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब समस्या पैदा करने व इसे उलझाने में इंका का सबसे बड़ा हाथ है जिसने भिंडरांवाला जैसे लोगों को पैदा करके अपन
की कोशिश की जो बाद
बना । श्री डांग ने पंजाब
हरियाणा में चौ. देवी लाल
सत्ता हथियाने का आरोप

का. डांग ने कहा कि
करने के लिए केन्द्र सरका
हरियाणा दोनों को बराब
कहा कि अधिकतर ग्रामी
का विरोध करते हैं परन्तु
नहीं मिलता, जिससे उनक

श्री डांग ने खुड्डा हत्या
कहा कि इस हत्याकांड क
सिंह एक अकाली मंत्री के
भी पुलिस द्वारा पकड़ा गया
दबाव के कारण रिहा हो ग
को दबाने के लिए निजी स
होगा ।



जिला संगरूर के गांव गीदड़यानी में शुक्रवार को शरीर गंज [illegible]

ब्रह्मपुर देते थे,

नई दिल्ली, 2 जनवरी
अनुसार अमृतसर जिले
सी.आर.पी. की कथित ज्या
को शरण देने वाले ग्राम के
जानबूझ कर फैलाई और त
प्रचारित किया ।

इस ग्राम में तस्कर व
और वहां तैनात सी.आर.पी
समर्थक तत्व वहां से हट
सी.आर.पी. की वजह से उग्र
तेज नहीं कर पा रहे थे ।

सुविज्ञ सूत्रों के अनु

Punjabi Sanatan

पर 'भयावह' रही है ।

श्री अडवानी ने कहा कि जनवरी 1985 में संसद में राष्ट्रपति के भाषण में चुनाव सुधार का वायदा किया गया था । इसके बाद भी सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया । उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपने निहित स्वार्थों के कारण चुनाव सुधार नहीं कर रही है । उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के शासनकाल के दौरान हुए चुनावों में अधिक भ्रष्टाचार का सहारा लिया गया और पहले की अपेक्षा अधिक धन खर्च हुआ ।

उन्होंने प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा पश्चिमी बंगाल और जम्मू-कश्मीर को ठीक चुनावों से पहले वित्तीय सहायता देने की घोषणा की आलोचना की ।

उन्होंने कहा कि भारत को अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखना चाहिए ताकि देश को सुरक्षा प्रदान की जा सके और पाकिस्तान की परमाणु क्षमता के बारे में मिली रिपोर्टों का जवाब दिया जा सके ।

श्री अडवानी ने कहा कि देश की अर्थ-व्यवस्था निरंतर बिगड़ती जा रही है । पिछले तीन सालों में खाद्यान्न उत्पादन में हम जरा भी प्रगति नहीं कर सके हैं, साथ ही वित्तीय कप्रबंध के कारण मुद्रा स्फीति और व्यापारिक घाटे में वृद्धि हई है ।

आटोमोबाइल और दूर संचार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के प्रवेश की अनुमति के मामले पर उन्होंने सरकार की आलोचना की ।

उन्होंने कहा कि सरकार ने विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से पांच वर्ष पूर्व जो ऋण लिया था, उसी के परिणामस्वरूप देश में अतिरिक्त करों का दबाव, मूल्य वृद्धि, विदशी मुद्रा की खराब स्थिति और रुपए के अवमल्यन की स्थितियां पैदा हो गई हैं । भाजपा अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी ने आज दश की अखंडता पर बोलते हुए कई बार प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को उद्धृत किया । श्री अडवानी ने कहा कि मैं पं. नेहरू का बहुत बड़ा आलोचक रहा हूं पर अक्तूबर 1961 में कांग्रेस के मदुरै अधिवेशन में उनके भाषण को पढ़ कर मैंने अपने विचार कुछ बदले हैं । उन्होंने कहा कि यह भाषण उन्होंने भारत सरकार के एक प्रकाशन में हाल ही में पढ़ा ।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि नेहरू जी ने अपने इस भाषण में कहा था कि भारतवर्ष एक महान और पवित्र भूमि है, जो युगों से हमें एक सूत्र में बांधे है ।

श्री अडवानी ने कहा कि श्री नेहरू ने कहीं भी अपने भाषण में हिन्द शब्द का उल्लेख नहीं किया था परन्तु युगों पुरानी हिन्दू अस्मिता एवं संस्कृति को उन्होंने राष्ट्र की मुख्यधारा एवं राष्ट्रीयता का पर्याय माना था । जो भी इस मुख्यधारा को कमजोर करता वह राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने का कार्य करता है ।

उन्होंने कहा कि डा. ऐनी बेसेन्ट ने कहा था कि भारत में युगों से अनेक धर्मों एवं नस्लों के लोग आते-जाते रहे हैं परन्तु भारत 'भारत' ही रहा है किन्तु जिस दिन हिन्दू धर्म यहां से समाप्त हो जाएगा भारत भी 'भारत' नहीं रहेगा ।

भाजपा ने 1980 के पार्टी के संविधान में शोधन किए हैं जिनके अनुसार अब कोई भी क्ति दो बार से अधिक बार भाजपा का अध्यक्ष नहीं बन सकेगा । एक बार पार्टी का सदस्य बनने के बाद आजीवन या निष्कासन तक पार्टी का सदस्य

बैरागी फरार

(पृष्ठ 1 का शेष)

तथा काला सिंह (ज़िला अमृतसर) की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

यू.एन.आई. के अनुसार काला सिंह को जेल स्टाफ ने बुरी तरह पीटा । एक अन्य आतंकवादी रन सिंह भी घायल हुआ लेकिन उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

पिछले बारह घंटे में संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास करने की यह नाभा में दूसरी घटना है । कल रात दो संदिग्ध आतंकवादी अमरजीत सिंह तथा गुरमीत सिंह पुलिस हिरासत से भागने में सफल हो गये थे ।

एक अन्य सूचना के अनुसार इन आतंकवादियों ने अपने कमरे की दीवार की कुछ ईंटें निकाल लीं और 7 आतंकवादी उसमें से रेंग कर बाहर निकल गए जबकि आठवां आतंकवादी अंदर ही रहा । बाहर निकलने वाले सातों आतंकवादी बरामदे के निकट छुप कर खड़े हो गए जबकि अंदर से आठवां आतंकवादी पानी-पानी चिल्लाने लगा । जब वार्डर गुरचरण सिंह उनके कमरे के निकट गया तो सातों उस पर टूट पड़े और उसे मौत के घाट उतार दिया । इसके बाद आठों आतंकवादी पगड़ियों को बांध कर बनाई गई रस्सी की मदद से अंदरूनी दीवार फांद गए ।

हमारे संवाददाता ने नाभा जेल का दौरा करके खबर दी है कि उग्रवादी भागने का षड्यंत्र पिछले कई सप्ताह से तैयार कर रहे थे । कल रात उन्होंने बैरेक नम्बर-7 के सेल नम्बर 10 की दीवार तोड़ी उनमें से 2 सेल के बरांडे में आए और छिप गए, जब जेल वार्डन गुरचरण सिंह वहां से निकले तो सेल के अंदर के उग्रवादियों ने उससे पानी मांगा, जब वार्डन अंदर आया तो छिपे हुए दोनों उग्रवादियों ने उस पर हमला कर दिया और एक ने उसका मुंह दाब लिया जबकि दूसरे ने अपनी पगड़ी से उसका गला घोंट दिया । इसके बाद सभी उग्रवादी बाहर आए और पगड़ियों से थालियों आदि को बांध कर सीढ़ी सी बनाई तथा अंदर की दीवार फांद कर बाहरी दीवार की तरफ आए । तभी जेल के बाहरी कोने पर खड़े बी.एस.एफ. के जवानों ने उन्हें देख लिया और खतरे का सायरन बजा दिया । जब उग्रवादी भागते ही रहे और चेतावनी देने पर भी नहीं रुके तो बी.एस.एफ. ने गोलियां चला दीं । तब तक जेल स्टाफ भी वहां पहुंच गया । बलविन्दर सिंह गोलियां लगने से घायल हो गया जिसकी दोपहर बाद मृत्यु हो गई । राम सिंह और काला सिंह के अलावा जिन उग्रवादियों को चोटें आईं उनमें तरसेम सिंह, खजान सिंह, कुलवंत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, बलविन्दर सिंह (दूसरा) तथा मेजर सिंह शामिल हैं ।

शाम को पंजाब के महानिरीक्षक जेल ने घटना स्थल का दौरा किया । जेल में 345 उग्रवादी हैं । वहां और बी.एस.एफ. तैनात की जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था भी और कड़ी की जा रही है ।

कर्फ्यू हटा लिया गया

बटाला (कोछड़): बटाला में 33 घंटों से लागू कर्फ्यू आज प्रातः सात बजे अधिकारियों द्वारा उठा लिया गया । 31 दिसम्बर को यहां समीप में ही दो

हत्या का प्रयास

'चौधरी' की सूचना है कि गत रात्रि यहां से 7 किलो मीटर दूर मौजा केटला शरीफ में ब्लाक कांग्रेस (इ) के प्रधान राजकमार जोशी व उनके परिवार की उग्रवादियों की ओर से हत्या करने की कोशिश नाकाम बना दी गई । बताया जाता है कि स्टेनगन से लैस 5 उग्रवादी दीवार फांदकर श्री जोशी के घर में दाखिल हो गए । वह वार करने वाले थे कि श्री जोशी के सैनिक भाई ने करीब पड़ी दराती उठाकर स्टेनगन वाले उग्रवादी पर वार किया जिससे उसकी मैगज़ीन गिर गई । दूसरे उग्रवादी घबरा कर भाग गए ।

शराब के ठेकेदार को लूटा

'संघी' ने चंडीगढ़ से सूचना दी है कि ...व धनास स्थित शराब के ठेके के मालिक से स्कूटर पर सवार दो नवयुवकों ने कल रात रिवाल्वर की नोक पर 5530 रुपए लूट लिए, वे शराब की 7 बोतलें भी उठा ले गए । जाने से पहले वे ठेका मालिक को ठेका में बंद करके बाहर से कंडी लगा गए । एक घंटे बाद एक ग्राहक ने आकर कंडी खोलकर मालिक को बाहर निकाला और पुलिस को सूचित किया गया ।

वी.सी.आर. छीन लिया

फगवाड़ा (यू.न्यू.): गत रात फगवाड़ा-बंगा रोड पर मंडाली रेलवे फाटक पर तीन कार सवारों ने एक व्यक्ति से एक वी.सी.आर., एक रंगीन टैलीविजन तथा 5 वीडियो कैसेटें छीन लीं ।

इलैक्ट्रानिक्स वस्तुएं किराए पर देने वाली एक स्थानीय दुकान का कर्मचारी बलजिदर सिंह तथा एक व्यक्ति निर्मल सिंह जिसने उक्त वस्तुएं किराए पर ली थीं, रिक्शा में जा रहे थे कि एक ब्राउन एम्बैसेडर कार में सवार तीन व्यक्तियों ने उन्हें घेर लिया । यह बहाना करते हुए कि निर्मल सिंह सामान लाने में लेट हो गया है, उन्होंने उसे सामान कार में डालने के लिए कहा । वस्तुएं कार में डालने के बाद निर्मल सिंह भी उनके साथ कार में बैठ गया । जब बलजिदर सिंह कार में बैठने लगा तो उन्होंने उसे परे धकेल दिया तथा तेजी से कार भगा ले गए । समझा जाता है कि यह डकैती ठग निर्मल सिंह की मिली-भगत से की गई ।

बालियां छीनीं

एक अन्य घटना में गत रात्रि हरगोबिंदपुर नगर के निकट एक स्त्री से दो युवकों ने उसकी कानों की बालियां छीन लीं ।

स्कूटर छीना

दोराहा : यहां से 20 किलो मीटर दूर दूम के पुल पर दो कथित आतंकवादियों ने एक व्यक्ति देव सिंह से उसका स्कूटर पी.ए.एम. 6863 छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

'जोशी' की सूचना है कि छीने हुए स्कूटर पर सवार आतंकवादी पायल के निकटवर्ती गांव मकसूदड़ां गए तथा वहां एक जमींदार के शस्त्र छीनने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे ।

फल विक्रेता लुटा

लुधियाना (धीमान): यहां गंदा नाला के निकट शिवाजी नगर में एक फल विक्रेता जसवन्त सिंह से तीन युवकों ने 3,300 रुपए छीन लिए । कहा

जसबीर सिंह रो
संधु के विरुद्ध
अनुमति

नई दिल्ली, 2 जनव
मैजिस्ट्रेट मंजु गोयल ने
प्रार्थना अस्वीकार कर
स्टूडैंट्स फैडरेशन के प्र
देशद्रोह के आरोपों से
अदालत ने कहा कि पहल
सारे प्रमाण पेश किए ज

मिस गोयल ने स्व
जसबीर सिंह रोडे का, जि
को पाकिस्तान के गुरु
उत्तेजक और पृथकतावा
न्यायिक रिमांड 15 ज
अदालत ने अपने आदेश
कहा है कि फैडरेशन के
सचिव हरमिन्दर सिंह
इस्तगासा ने प्रकट नहीं
भिंडरांवाले के एक निक
भाई है ।

जसबीर सिंह को आ
गई । जसबीर को अदा
सागर जेल से लाया गया
जेल में लगी । अदालत
अभियुक्त भिंडरांवाले
और आडियो टेपों की, ज
का उस पर आरोप है, प्र

सिन्ध मंत्रिमंड

कराची, 2 जनवरी (
प्रांत के मंत्रिमंडल ने करा
सप्ताह बाद कल त्याग
186 व्यक्ति मारे गये

रायटर के अनुसार
संवाद समिति ए.पी.पी.
इस्तीफा इसलिये दिया
गौस अली शाह नया मंत्रि

सी. आर.
लगाए गए अ

अमृतसर, 2 जनव
प्रतिनिधि सभा पंजाब के
नेतृत्व में एक पांच सदस्
यश पाल, पं. रामतीर्थ,
लाल भी थे, ब्रह्मपुरा
अमृतसर पहुंचे । इन
ब्रह्मपुरा गांव में आतंक
आर. पी. एफ. के विरुद्ध
सी.आर.पी.एफ. के ऊप
पवित्र बीड को जलाया है,
यह तो आतंकवादियों की
बुजुर्ग (जिसने अपना नाम
कहीं) ने बताया कि उग्रवा
आते हैं, हमसे स्टेनगनों
हम करें तो क्या करें ।

Punjabi Sansar.net

हैं । भाजपा अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी ने आज देश की अखंडता पर बोलते हुए कई बार प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को उद्धृत किया । श्री अडवानी ने कहा कि मैं पं. नेहरू का बहुत बड़ा आलोचक रहा हूं पर अगस्त 1961 में कांग्रेस के मदुरै अधिवेशन में उनके भाषण को पढ़ कर मैंने अपने विचार कुछ बदले हैं । उन्होंने कहा कि यह भाषण उन्होंने भारत सरकार के एक प्रकाशन में हाल ही में पढ़ा ।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि नेहरू जी ने अपने इस भाषण में कहा था कि भारतवर्ष एक महान और पवित्र भूमि है, जो युगों से हमें एक सूत्र में बांधे है ।

श्री अडवानी ने कहा कि श्री नेहरू ने कहीं भी अपने भाषण में हिन्दू शब्द का उल्लेख नहीं किया था परन्तु युगों पुरानी हिन्दू अस्मिता एवं संस्कृति को उन्होंने राष्ट्र की मुख्यधारा एवं राष्ट्रीयता का पर्याय माना था । जो भी इस मुख्यधारा को कमजोर करता है वह राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने का कार्य करता है ।

उन्होंने कहा कि डा. एनी बेसेन्ट ने कहा था कि भारत में युगों से अनेक धर्मों एवं नस्लों के लोग आते-जाते रहे हैं परन्तु भारत 'भारत' ही रहा है लेकिन जिस दिन हिन्दू धर्म यहां से समाप्त हो जाएगा भारत भी 'भारत' नहीं रहेगा ।

भाजपा ने 1980 के पार्टी के संविधान में संशोधन किए हैं जिनके अनुसार अब कोई भी व्यक्ति दो बार से अधिक बार भाजपा का अध्यक्ष नहीं बन सकेगा । एक बार पार्टी का सदस्य बनने वाला आजीवन या निष्कासन तक पार्टी का सदस्य बना रहेगा ।



अपील

नामदेव मन्दिर की तीसरी मंजिल बनाने हेतु प्रत्येक श्रद्धालु से प्रार्थना है कि इस पुण्य कार्य के लिए यथाशक्ति दान देकर नामदेव जी का आशीर्वाद प्राप्त करें ।

उनमें से 2 सेल के बरांडे में आए और छिप गए, जब जेल वार्डन गुरचरण सिंह वहां से निकले तो सेल के अंदर के उग्रवादियों ने उससे पानी मांगा, जब वार्डन अंदर आया तो छिपे हुए दोनों उग्रवादियों ने उस पर हमला कर दिया और एक ने उसका मुंह दाब लिया जबकि दूसरे ने अपनी पगड़ी से उसका गला घोंट दिया । इसके बाद सभी उग्रवादी बाहर आए और पगड़ियों से थालियां आदि को बांध कर सीढ़ी सी बनाई तथा अंदर की दीवार फांद कर बाहरी दीवार की तरफ आए । तभी जेल के बाहरी कोने पर खड़े बी.एस.एफ. के जवानों ने उन्हें देख लिया और खतरे का सायरन बजा दिया । जब उग्रवादी भागते ही रहे और चेतावनी देने पर भी नहीं रुके तो बी.एस.एफ. ने गोलियां चला दीं । तब तक जेल स्टाफ भी वहां पहुंच गया । बलविन्दर सिंह गोलियां लगने से घायल हो गया जिसकी दोपहर बाद मृत्यु हो गई । राम सिंह और काला सिंह के अलावा जिन उग्रवादियों को चोटें आई उनमें तरसेम सिंह, खजान सिंह, कुलवंत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, बलविन्दर सिंह (दूसरा) तथा मेजर सिंह शामिल हैं ।

शाम को पंजाब के महानिरीक्षक जेल ने घटना स्थल का दौरा किया । जेल में 345 उग्रवादी हैं । वहां और बी.एस.एफ. तैनात की जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था भी और कड़ी की जा रही है ।

कर्फ्यू हटा लिया गया

बटाला (कोछड़): बटाला में 33 घंटों से लागू कर्फ्यू आज प्रातः सात बजे अधिकारियों द्वारा उठा लिया गया । 31 दिसम्बर को यहां समीप में ही दो आतंकवादियों ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक जूनियर इंजीनियर और एक ड्राइवर की गोली मारकर हत्या कर दी थी । उसके बाद कर्फ्यू लगाया गया था । अधिकारियों के अनुसार यहां स्थिति अब नियंत्रण में है । किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है ।

दुकानदार को लूटा

पुलिस ने जानकारी दी है कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात श्रीहरगोबिंदपुर पुलिस थाना के तहत हरचोवाल गांव में एक पंसारी की दुकान से 2700 रुपया लूट लिया ।

भाषा के अनुसार सब डिवीज़नल मैजिस्ट्रेट कुलवन्त सिंह ने बताया कि कर्फ्यू हटाए जाने के बाद सभी दफ्तरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, दुकानों आदि में सामान्य रूप से काम हुआ ।

दुकानदार की हत्या

गुरदासपुर ज़िला के तलवंडी विर्क गांव में कल रात कुछ व्यक्तियों ने एक दुकानदार रत्नचन्द की तेजधार वाले हथियार से हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार दुकानदार पर उस समय हमला किया गया जब वह सो रहा था । पुलिस ने इस सम्बन्ध में मामला दर्ज कर लिया है ।

पाबंदी : ज़िला प्रशासन द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार सैनिक रंग, चिन्ह अथवा आकार से मिलते-जुलते वाहन चलाने पर, ज़िले भर में 27 फरवरी तक पाबंदी रहेगी ।

अकाली नेता बरी

गत 29 तथा 30 दिसम्बर को पंजाब बंद के दौरान गिरफ्तार बादल अकाली दल के नेता लखबीर सिंह ढिल्लों तथा अन्य 24 व्यक्तियों को एस.डी.एम. कोर्ट ने बरी कर दिया है ।

शर्तिया इलाज

एम्बैसेडर कार में सवार तीन व्यक्तियों ने उन्हें घेर लिया । यह बहाना करते हुए कि निर्मल सिंह सामान लाने में लेट हो गया है, उन्होंने उसे सामान कार में डालने के लिए कहा । वस्तुएं कार में डालने के बाद निर्मल सिंह भी उनके साथ कार में बैठ गया । जब बलजिंदर सिंह कार में बैठने लगा तो उन्होंने उसे परे धकेल दिया तथा तेजी से कार भगा ले गए । समझा जाता है कि यह डकैती ठग निर्मल सिंह की मिली-भगत से की गई ।

बालियां छीनीं

एक अन्य घटना में गत रात्रि हरगोबिंदपुर नगर के निकट एक स्त्री से दो युवकों ने उसकी कानों की बालियां छीन लीं ।

स्कूटर छीना

दोराहा : यहां से 20 किलो मीटर दूर दूम के पुल पर दो कथित आतंकवादियों ने एक व्यक्ति देव सिंह से उसका स्कूटर पी.ए.एम. 6863 छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

'जोशी' की सूचना है कि छीने हुए स्कूटर पर सवार आतंकवादी पायल के निकटवर्ती गांव मकसूदड़ां गए तथा वहां एक जमींदार के शस्त्र छीनने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे ।

फल विक्रेता लूटा

लुधियाना (धीमान): यहां गंदा नाला के निकट शिवाजी नगर में एक फल विक्रेता जसवन्त सिंह से तीन युवकों ने 3,300 रुपए छीन लिए । कहा जाता है कि इन युवकों में से दो केशधारी व एक गैर केशधारी था । उन्होंने जसवन्त सिंह को रोक कर तेजधार हथियारों से हमला किया और नकदी लूटकर फरार हो गए । पुलिस जांच कर रही है ।

प्रतिबंध

'नर्बदा' के अनुसार रोपड़ के अतिरिक्त जिलाधीश सर्वेश कौशल ने एक आदेश जारी करके धारा 144 के अंतर्गत ज़िला में सार्वजनिक स्थानों पर आग्नेयास्त्र लेकर चलने पर पाबंदी लगा दी है, जो 1 फरवरी तक जारी रहेगी । एक अन्य आदेश द्वारा ज़िला में जलूस निकालने, भाषण देने, नारे लगाने, 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के एक जगह इकट्ठे होने तथा धरना देने पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो 5 फरवरी तक लागू रहेगा ।

संगरूर जिले के ग्राम बनारसी के पास रौनकी नामक व्यक्ति से 3 उग्रवादियों ने 3 हज़ार रु. नकद व स्कूटर छीन लिया ।

मोगा के सदर पुलिस थाना क्षेत्र की पुलिस ने लुधियाना के जगतार सिंह को घालकलां ग्राम से उग्रवाद विरोधी कानून में गिरफ्तार कर लिया ।

कल रात्रि अमृतसर के सरहाली क्षेत्र के एक ग्राम में 5 उग्रवादियों ने रिटायर्ड सब इंस्पैक्टर अवतार सिंह के घर में घुस कर एक 12 बोर की बंदूक, 40 कारतूस, 15 हज़ार के आभूषण लूट लिए ।

कुलदीप कौर का रिमांड 7 दिन बढ़ा

नई दिल्ली, 2 जनवरी (प्रे.ट्र.): केन्या में जन्मी ब्रिटिश नागरिक कुलदीप कौर जिस पर भारत तथा विदेशों में उग्रवादियों के साथ कथित सम्बंधों के कारण आतंकवाद विरोधी कानून के तहत जम्मू-कश्मीर में मुकद्दमा चलाया जाना है, का न्यायिक रिमांड 7 दिन और बढ़ा दिया गया है । दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर दूसरी बार ऐसा किया

सिन्ध मंत्रिम

कराची, 2 जनव
प्रांत के मंत्रिमंडल ने व
सप्ताह बाद कल त्या
186 व्यक्ति मारे ग

रायटर के अनु
संवाद समिति ए.पी.पी
इस्तीफा इसलिये दिय
गौस अली शाह नया

सी. आर.

लगाए गए

अमृतसर, 2 ज
प्रतिनिधि सभा पंजाब
नेतृत्व में एक पांच स
यश पाल, पं. रामती
लाल भी थे, ब्रह्मपु
अमृतसर पहुंचे ।
ब्रह्मपुरा गांव में आ
आर.पी.एफ. के वि
सी.आर.पी.एफ. के
पवित्र बीड को जलाया
यह तो आतंकवादियों
बुजुर्ग (जिसने अपना न
कहीं) ने बताया कि उग्र
आते हैं, हमसे स्टेनगन
हम करें तो क्या करें
बताया कि आतंकवा
लोगों ने सी. आर. पी
हैं । अगर सी. आर. प
तो हमारा क्या होगा,

सरपंच

(पृष्ठ

एक पूरी गलत व
कि सी.आर.पी. की
गई । वस्तुतः दो दि
लेकिन यह मृत्यु दिल
सी.आर.पी. ने छुआ त

घटना की जांच क
25 घरों का दौरा
पूछताछ की है । सिप
केवल एक महिला ने
लगाया है । सारी व
बदनाम करने को घड़ी

पाक-

शस्त्र

जम्मू, 2 जनव
पुलिस ने कल रात ए
गिरफ्तार कर पाकिस्
गिरोह का पर्दाफाश क
जासूसी गिरोह का मुख्
सियालकोट के ढिंगा इ
प्रवक्ता ने आज यह जान
नागरिक को जम्मू की बि
अवस्था में घूमते हुए पु
गिरफ्तार किया था । इ
और यह सियालकोट व
बताया कि इसके पास से
मात्रा में गोला-बारूद औ

Punjabi Sahara.in

अधीक्षक, हैड वार्डर तथा वार्डर को बहाल किया जाएगा परन्तु उन्हें दूसरी जेल में स्थानांतरित कर दिया जाएगा ।

3. जेल के वार्डर स्टाफ की शक्ति बढ़ाई जाएगी । (आज नाभा जेल में 30 नए वार्डरों ने कार्यभार सम्हाला ।)

4.वार्डरों को आश्वासन दिया गया कि उनसे आठ घंटे की ड्यूटी ली जाएगी ।

5.ड्यूटी के समय किसी वार्डर की मृत्यु हो जाने पर उसके परिवार को पुलिस के अनुसार सहायता दी जाएगी । जेल महानिरीक्षक ने वार्डरों को आश्वासन दिया कि वह इस मांग के सम्बन्ध में राज्य सरकार से सिफारिश करेंगे ।

एक बात यह भी पता चली है कि जेल के केंद्रीय 'टावर' पर पहले एक शस्त्र रहित वार्डर पहरे पर

पंजाब से बाहर किसी जेल में भेजा जाना ... पर कार्यालय की 'लालफीताशाही' के कारण वे अभी तक इसी जेल में हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

द्विविधा में है । सी.आर.पी. जवानों के विरुद्ध आगे कार्रवाई का सी.आर.पी. अधिकारियों द्वारा विरोध किए जाने की सम्भावना है । गृह मंत्रालय के अधिकारी भी आगे और कार्रवाई के पक्ष में नहीं हैं ।

चूंकि श्री बरनाला सी.आर.पी. जवानों की

सयोजक श्री प्रेम चंद गुप्ता ने बताया कि प्रदेश भर में सभी गैर सरकारी स्कूलों ने अपनी प्रबंध समितियों के निर्णयों के अनुसार आज हड़ताल की तथा विद्यालयों के अनुदान में की गई कटौती का विरोध किया ।

श्री गुप्ता ने बताया कि यदि सरकार ने स्कूलों की प्रबंध समितियों तथा अध्यापकों की मांग को स्वीकार नहीं किया तो वे प्रदेश भर में सत्याग्रह प्रारम्भ कर देंगे तथा सभी स्कूलों में अध्यापक एक दिन की भूखहड़ताल करेंगे ।

उन्होंने बताया कि विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों की मांग है कि पंजाब अनुदान नियमावाली के अनुसार दिल्ली के समान ही नियमित रूप से विद्यालयों को अनुदान दिए जाएं । इसके अतिरिक्त

जिला भर के मान्य ... रही । उनकी ... अविलम्ब दिए ... अपने-अपने स्कूलों

उग्रव... 50 ...

अजमेर, 5 ज... की नसीराबाद छ... बंदनबाड़ा के बीहा... 28 व 29 दिस... डैटोनेटर रहस्यम... आशंका व्य... विस्फोटक साम... सरकारी इमारतें... एक डैटोनेट...

...मपात से जनजीवन ...स सेवाएं ठप्प

तापमान रहा ।

शिमला में आज घने बादल छाए रहे तथा बजरी गिरी । अन्य निचले क्षेत्रों से वर्षा होने के समाचार मिले हैं ।

अमृतसर नगर व आसपास के क्षेत्रों में भी आज प्रातः से रुक-रुक कर वर्षा होती रही । सारा ही क्षेत्र भारी शीत की चपेट में है ।

सड़क दुर्घटना में मृत्यु

फगवाड़ा से 'अ' के अनुसार आज प्रातः गांव भुल्लाराई में वर्षा के कारण हुई फिसलन से एक स्कूटर के फिसल कर एक बस की लपेट में आ जाने से स्कूटर चालक राज कुमार की मौका पर ही मृत्यु हो गई । मृतक लुधियाना पुलिस का कर्मचारी बताया जाता है ।

फिरोजपुर में भी आज वर्षा होने से शीत बढ़ गई ।

चंडीगढ़ से प्राप्त समाचारों के अनुसार आज चंडीगढ़ से लेह के लिए विमान खराब मौसम के कारण साढ़े तीन घंटे विलम्ब से उड़ान भर सका ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)





उग्रवादियों ने सोमवार को जालन्धर के बांसावाला बाजार में सतीश कुमार नामक दुकानदार को गोलियां मार कर घायल कर दिया । (नीचे) ईंटों के घेरे में दुकान के बाहर खून से लथपथ जमीन । (छाया : कपूर)

लायलपुरी जी कहते हैं – खालिस्तान किसी ने नहीं मांगा, केवल अखबारें....

अमृतसर, 5 जनवरी (डोगरा): पंजाब के राजस्व राज्य मंत्री श्री तारा सिंह लायलपुरी ने कहा है कि हिंदू और सिख दोनों एक ही मां के बेटे हैं । इन्हें दुनिया की कोई भी शक्ति अलग नहीं कर सकती तथा खालिस्तान की मांग किसी सिख ने नहीं की ।

श्री लायलपुरी गत दिवस युवा मंच के कार्यकर्त्ताओं की बैठक में भाषण दे रहे थे । उन्होंने कहा है कि सारा भारत अपना देश है । हमें इसकी एकता तथा अखंडता के लिए सब कुछ करना चाहिए । उन्होंने कहा कि खालिस्तान की मांग किसी सिख ने नहीं की । इसका केवल अखबारों में ही प्रचार है । बैठक में युवा मंच के संरक्षक श्री सुरेंद्र जीत डोगरा ने कहा कि संत लौंगोवाल ने देश की एकता तथा अखंडता के लिए बलिदान दिया था । अकालियों ने उनके जन्म दिवस समारोह पर किसी अन्य समुदाय को आमंत्रित न करके केवल सिखों के एक धड़े का नेता बनने का प्रयास किया है, जबकि संत जी ने समूह देश हित के लिए बलिदान दिया था ।

इसके बाद श्री लायलपुरी ने बाबा जीवन सिंह के शहीदी समारोह में बाल्मीकि मंदिर हाथीगेट में एक भाषण दिया तथा मंदिर के निर्माण के लिए बीस हजार रुपए अपने फंड से देने की घोषणा की । समारोह में श्री निहाल चंद चीदा तथा श्री रोशन लाल पाहवा ने भी भाषण दिए ।

KA...
आप...
रेट...
मोती...
रसगु...
गुला...
काल...
पती...
पती...
पिस्...
परम...
मला...
मला...
बीक...
शक...
बर्फ...
बर्फ...
सिन...
नोट...
KAY's

उग्रवादियों द्वारा इंका नेता सहित दो लोगों की हत्यायें, एक घायल

चंडीगढ़, 5 जनवरी (वार्ता, पंकेस): उग्रवादियों ने कल सायं फिरोजपुर के ग्राम शेरखान में एक इंका नेता डाक्टर देवी दयाल की, लुधियाना के रकबा ग्राम में आज करनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्याएं कीं तथा आज ही जालन्धर में एक रेस्टोरैंट मालिक को गोली मारकर घायल कर दिया ।

लुधियाना ज़िले में हत्या

आज लुधियाना ज़िले के रकबा ग्राम में दो उग्रवादियों ने करनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । उग्रवादी वहां करनैल सिंह के घर में जबरदस्ती घुसे पर महिलाओं द्वारा शोर मचाए जाने पर साइकल पर भागे । करनैल सिंह ने स्कूटर पर उनका पीछा किया तो उग्रवादियों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी ।

अमृतसर के झब्बाल क्षेत्र में एक घर से 70 हजार रुपए की नकदी जेवर लूटे गए तथा गुरुद्वारा विवेकसर में जमीन में दबे कारतूस बरामद हुए ।

कपूरथला पुलिस ने सुलतानपुर लोधी के निकट चार व्यक्तियों की हत्या का षड्यंत्र रचने के आरोप में गांव के सरपंच व उसके भतीजे को गिरफ्तार कर लिया । तलवंडी चौधरियां में एक डेरे से 15 हजार रुपए लूटे गए ।

जालन्धर में फायरिंग

जालन्धर (क.) आज प्रातः दस बजे के लगभग स्थानीय बांसांवाले बाज़ार में दो अज्ञात सशस्त्र युवकों, जो आतंकवादी समझे जाते हैं, ने स्टैण्डर्ड रिफ्रैशमैंट के मालिक सतीश गुप्ता को गोली मार दी और फरार हो गए ।

सतीश गुप्ता को गोली बाएं बाजू में लगी जिसका सिविल अस्पताल में आपरेशन किया गया । घायल के अनुसार वह इसलिए बच गया कि वह एकदम कुछ झुक गया । उसके पास भी पिस्तौल है मगर उसके निकालने से पहले ही दोनों हमलावर साथ की छोटी गली के रास्ते फरार होने में सफल हो गए ।

दुकान के नौकरों के अनुसार दोनों उग्रवादी पैदल दुकान पर आए और चाय तथा डबल रोटी के साथ आमलेट का आर्डर दिया और अन्दर के बड़े कमरे में पीछे के कोने पर बैठ गए । जब आमलेट व चाय आ गई तो थोड़ा-सा आमलेट व एकाध टुकड़ा डबल रोटी का खाया और चाय पी । फिर बाकी के डबल रोटी पीस तथा आमलेट छोड़ कर बाहर दुकान के थड़े पर आ गए और वहां से चार-पांच फुट दूर खड़े सतीश कुमार पर गोली चला दी ।

सतीश कुमार के अनुसार उसे कुछ समय पूर्व धमकीपूर्ण पत्र भी मिला था जिसकी सूचना उसने अधिकारियों को दे दी थी और डी.सी. को गनमैन देने का आवेदन भी दिया था मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई ।

सूचना मिलने के कुछ ही मिनट में पुलिस इंस्पैक्टर अमरीक सिंह बाजवा फोर्स के साथ मौका पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी । केस रजिस्टर कर लिया गया है ।

एक अन्य समाचार में कहा गया है कि सतीश कुमार पर उस समय गोली चलाई गई जब उसने दोनों आतंकवादियों से चाय के पैसे मांगे । सतीश कुमार के बाजू में गोली लगी है । इस सूचना में कहा गया है कि आतंकवादी स्कूटर पर फरार हुए । पुलिस ने सतीश कुमार गुप्ता की दशा खतरे से बाहर बताई है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

झब्बाल क्षेत्र में 70 हज़ार की नकदी व ज़ेवर लूटे : ज़मीन में दबे कारतूस मिले : पाक जासूस बंदी : हत्या के मामले में सरपंच गिरफ्तार

...OSIERY GOODS
...E

पी.ए.पी. का तम्बू जला, एक लाख की क्षति

चंडीगढ़, 5 जनवरी (वि.प्र.): आज यहां 10 मंजिला सिविल सचिवालय, पंजाब के भवन के पीछे एक तम्बू में आग लगने से लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हो गया । इस तम्बू में पी.ए.पी. के जवान रहते हैं, जिनकी ड्यूटी सचिवालय में

GRAND EXHIBITION SALE
AT L...

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

डाक्टर की हत्या

फिरोजपुर (बागी, धीमान, सुनील) : स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों ने यहां से 12 कि.मी. दूर जिले के शेरखान गांव में एक स्थानीय कांग्रेस (इ) नेता डा. देवी दयाल की कल शाम गोली मार कर हत्या कर दी ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री आर.एस. चालिहा ने आज यहां बताया कि एक आतंकवादी डाक्टर के निवास पर स्वयं को रोगी बताते हुए दबाई लेने के बहाने घुस गया और डाक्टर दयाल पर स्टेनगन से गोली चला दी । डाक्टर दयाल ने वहीं दम तोड़ दिया । हत्या के बाद आतंकवादी स्कूटर पर बाहर इंतजार कर रहे अपने साथी के साथ फरार हो गया । उन्होंने बताया पुलिस ने इलाके को घेर कर हमलावरों की खोज शुरू कर दी है ।

पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर आध घंटा बाद पहुंचे । डाक्टर देवी दयाल इस जिला के तीसरे डाक्टर हैं जो उग्रवादियों की गोलियों का शिकार हुए हैं । सबसे पहले पत्रकार श्री सतपाल बागी के लड़के डाक्टर अनिल बागी की तथा उसके बाद फाजिल्का के डाक्टर आर.एल. गम्बर की हत्या की गई थी । जिला इंका प्रधान श्री गुरनैब सिंह बराड़ ने कहा कि सुरजीत सिंह बरनाला को गद्दी पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं रहा क्योंकि वह निर्दोषों की प्राण रक्षा में विफल रहे हैं । उन्होंने कांग्रेस (इ) उच्च कमान से मांग की कि वह सामयिक पग उठाते हुए बरनाला सरकार का समर्थन वापस ले और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करे ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि डाक्टर देवी दयाल कुछ महीने पूर्व भयभीत होकर गांव छोड़ कर चले गए थे लेकिन स्थिति में सुधार देखकर वह गांव लौट आए थे ।

कपड़ा व्यापारी लुटा

मोगा (प.के.स.): दो अज्ञात साइकल सवारों ने गत सायं मोगा-अमृतसर बाईपास पर एक कपड़ा व्यापारी से नकदी व उसकी कलाई घड़ी छीन ली । उन्होंने उसे लाठियों से मारपीट भी की ।

शस्त्र विक्रेताओं को आदेश

भटिंडा (ग.): जिला मैजिस्ट्रेट श्री जे.एस. कौमी ने आज जिला के शस्त्र विक्रेताओं को आदेश जारी किया कि वे उनके पास नए आने वाले शस्त्रों व गोली-सिक्के के बारे में 24 घंटे के अंदर-अंदर उन्हें सूचना दें । आदेश के अंतर्गत उन्हें हथियारों व गोली-सिक्के की बिक्री के बारे में साप्ताहिक रिपोर्ट देनी होगी जिसमें उन लाइसैंसियों के बारे में जानकारी भी शामिल है जिन्हें बिक्री की गई होगी । आदेश जो कि 7 जनवरी से लागू होगा, तीन मार्च तक लागू रहेगा ।

डाक घर लूटा

दो कथित आतंकवादियों ने लुधियाना जिले के जगरांव के निकट हेलोवाल गांव के एक उप डाक घर के कर्मचारियों को पिस्तौल दिखा कर बीस हजार रुपए लूट लिए । आतंकवादियों ने कर्मियों को डाक घर में बंद कर दिया और पैदल ही फरार हो गए ।

अमृतसर में स्कूटर छीना

दो युवकों ने अमृतसर शहर की हंसली वाली सड़क पर पिस्तौल दिखा कर आज दोपहर बाद एक स्कूटर छीन लिया ।

स्कूटर छीनने वाले बंदी

बस्सी पठानां (रुपाल): स्थानीय पुलिस ने एक छीने गए स्कूटर समेत काबू किए गए दो युवकों, जो कि सिख छात्र संघ के सदस्य बताए जाते हैं, को आगे पूछताछ के लिए माई की सरां पटियाला में स्थित सी.आई.ए. स्टाफ के सुपुर्द कर दिया है । बताया गया है कि यहां का कपड़ा व्यापारी जिसकी शहर के मध्य में दुकान है, गांवों से उगाही करके वापस घर जा रहा था कि रास्ते में गांव बूड़ और अब्दुल्लापुर के मध्य दो युवकों ने उसे रोका तथा बस्सी पठानां जाने की इच्छा प्रकट की । थोड़ी दूर जाकर उन्होंने व्यापारी राजेन्द्र कुमार को स्कूटर रोकने के लिए कहा तथा उसे स्कूटर उनके हवाले करने को कहा । जब राजेन्द्र कुमार ने प्रतिरोध किया तो उनमें से एक ने पिस्तौल निकाल लिया जो चल न सका । उन्होंने पिस्तौल उसके सिर पर दे मारा और स्कूटर लेकर बस्सी पठानां की ओर फरार हो गए । रास्ते में अब्दुल्लापुर गांव के लोगों की ओर से चलाए जा रहे लंगर के कारण सड़क पर जाते हुए उनके स्कूटर के नीचे एक बच्चा कुचला गया और वे दोनों खुद भी इस दुर्घटना में घायल हो गए । गांव वालों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी । राजेन्द्र कुमार ने बताया कि लुटेरों ने उससे सिर्फ स्कूटर छीना जबकि उसके पास उस समय काफी रुपए भी थे ।

इन युवकों ने मौजा बडला कोटला थाना खन्ना के एक व्यक्ति से मोपेड छीनने की बात भी स्वीकार की ।

सरपंच व भतीजा गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): एस.पी. श्री के.एल. लेखी ने बताया कि थाना सुलतानपुर लोधी के गांव जब्बो सुधार में गत दिनों आतंकवादियों ने गोलियां मारकर एक स्त्री समेत चार व्यक्तियों की निर्मम हत्या कर दी थीं तथा एक व्यक्ति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था । 27 दिसम्बर को दर्ज हुए केस में पुलिस ने हत्याओं का षड्यंत्र रचने के संबंध आरोप में गांव जब्बो सुधार के सरपंच प्यारा सिंह तथा उसके भतीजे बलबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । इन दोनों ने पुलिस को बताया कि मृतक जगत सिंह ने सांझी जमला मालकान जमीन निहंग प्रमुख बाबा अमरीक सिंह को दे दी थी । वह तथा गांव वाले इसके पक्ष में नहीं थे । सरपंच प्यारा सिंह गांव सरूवाल में आतंकवादियों के हाथों कई माह पहले मारे जा चुके एक पुलिस थानेदार की जमीन बोता है । वहां उसने कथित आतंकवादियों संतोख सिंह उर्फ सुक्खा, बोहड़ सिंह तथा बलदेव सिंह उर्फ देवा से सम्पर्क पैदा करके जगत सिंह तथा उसके परिवार को समाप्त करने का षड्यंत्र रचा । वारदात से एक रात पहले तीनों आतंकवादी सरपंच के घर जो कि गांव से बाहर है, आ गए और दूसरे दिन बलबीर सिंह को भेजकर सरूवाल से सरपंच प्यारा सिंह को बुलाया और बोहड़ सिंह ने पत्र लिखा । फिर रात को मृतक शीशम सिंह को साथ लेकर जगत सिंह का दरवाजा खुलवाया तथा जगत सिंह, उसकी पत्नी किशन कौर, लड़के सुखदेव सिंह तथा साथ लाए गए शीशम सिंह की गोलियां मारकर निर्मम हत्या कर दी तथा एक लड़के सतबिंदर पाल सिंह को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । मृतक जगत सिंह के दो लड़के निहंग प्रमुख बाबा अमरीक सिंह के साथ जोड़ मेला फतेहगढ़ साहब गए हुए थे । इन दोनों से पूछताछ जारी है ।

15 हजार रुपए लूटे

एक अन्य सूचना के अनुसार गत रात्रि थाना सुलतानपुर लोधी के अंतर्गत गांव तलवंडी चौधरियां में एक डेरे से चार सशस्त्र व्यक्तियों ने 15 हजार रुपए लूट लिए । सशस्त्र लुटेरों ने फरार होने से पहले डेरे के पुजारी तथा उसके चेलों को बुरी तरह मारपीट की । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया ।

70 हजार की डकैती

अमृतसर (सोनी): पुलिस ने आज बताया कि 7 अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात इस जिला में थाना झब्बाल के गांव पधारी में एक व्यक्ति अर्जुन सिंह के घर से पिस्तौल की नोक पर 70,000 रुपए की नकदी व जेवर लूट लिए । लुटेरे आधी रात के समय घर में घुसे और नकदी व जेवर लेकर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया । लेकिन अभी तक इस सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

दबा गोली-सिक्का मिला

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री इजहार आलम ने आज बताया कि अमृतसर पुलिस ने गुरुद्वारा विवेकसर में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के क्वार्टरों के निकट खाली जगह से जमीन के अन्दर से काफी मात्रा में कारामद तथा चले हुए कारतूस बरामद किए । यह कारतूस जमीन के दो फुट नीचे दबे हुए थे । इनमें एस.एल.आर. के 175 कारामद कारतूस तथा 12 बोर के चले हुए कारतूसों के खोल शामिल हैं जिनका वजन आधा किलो था । पुलिस ने इस सम्बन्ध में और जानकारी देने से इन्कार कर दिया ।

पाकिस्तानी गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): डेरा बाबा नानक सैक्टर से सीमा सुरक्षा बल ने एक पाकिस्तानी मकबूल अहमद को उस समय पकड़ा जबकि वह सीमा पार करके भारत में दाखिल हो रहा था । वह पाक सेना का भूतपूर्व कर्मचारी है । उससे पूछताछ जारी है ।

गहरा षड्यंत्र

खन्ना (पूर्ण चन्द): पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के महासचिव श्री शमशेर सिंह दलो ने एक बयान में कहा कि जिस तरह दो खतरनाक आतंकवादी रोशन लाल अरोड़ा और मनजीत सिंह भिंडी पुलिस की हिरासत से भाग गए हैं और जिस तरह नाभा जेल से आतंकवादियों ने फरार होने की कोशिश की, इन सब के पीछे कोई गहरा षड्यंत्र है । पुलिस की सहानुभूति के बगैर ऐसी बातें नहीं हो सकतीं । पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरियों को इसकी जांच करानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी बातें दोहराई न जा सकें । उन्होंने कहा कि पुलिस में 'काली भेड़ों' का पता लगाकर उन्हें निकाला जाए ।

टैलीफोन की तारें काट दीं

फगवाड़ा (कौड़ा): ज्ञात हुआ है कि नवांशहर और राहों के मध्य रेलवे लाइन के साथ-साथ टैलीफोन की तारें गत रात उग्रवादियों ने काट दीं । उन्होंने दो जगह से 16 तारें काटीं । रेलवे अधिकारियों ने राहों थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है । बताया जाता है कि इन तारों के काटे जाने के बाद वैकल्पिक प्रबन्ध करके रेल सेवा बेरोक-टोक जारी रखी गई । इसी बीच रेलवे के लगभग 100 कर्मचारी संचार प्रणाली को बहाल करने के लिए सक्रिय हैं ।

सिपाही बंदी

होशियारपुर नगर पुलिस ने यातायात ड्यूटी पर तैनात पंजाब पुलिस के एक सिपाही रघुबीर सिंह को कल रात गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से 100 ग्राम अफीम बरामद की गई ।

इंदिरावादियों का सम्मेलन आज

नई दिल्ली, 5 जनवरी: भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री प्रणव मुखर्जी के नेतृत्व में "इंदिरावादी कांग्रेसजनों" का एक दिन का राष्ट्रीय सम्मेलन कल यहां होगा ।

इस सम्मेलन में नए राजनीतिक दल के गठन की घोषणा की सम्भावना है । साथ ही नए दल के अध्यक्ष का नाम भी कल घोषित होगा ।

श्री मुखर्जी द्वारा बुलाए गए इस सम्मेलन में कर्नाटक के भूतपूर्व मुख्यमंत्री आर. गुंडूराव, भूतपूर्व राज्यपाल प्रकाश मेहरोत्रा, भूतपूर्व सांसद एफ. एस. खान और श्री श्याम सुन्दर महापात्र सहित अनेक ऐसे नेताओं के भाग लेने की आशा है, जो कांग्रेस (इ) से निकाले जा चुके हैं ।

कांग्रेस (इ) की कार्यकारिणी के सदस्य कमलापति त्रिपाठी ने इंदिरा समर्थकों द्वारा कांग्रेस (इ) कार्यकर्ताओं का अखिल भारतीय सम्मेलन बुलाने को अनुचित बताया है ।

विस्फोटों में द्रमुक का हाथ

मद्रास, 5 जनवरी : तमिलनाड के मुख्यमंत्री एम.जी. रामचन्द्रन ने कहा है कि राज्य में पिछले माह हुई बम विस्फोट और अन्य वारदातों की जांच से पता चला है कि उनमें विपक्षी द्रमुक पार्टी के कार्यकर्ताओं का हाथ था ।

संशोधन

4.1.87 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 8 पर प्रकाशित हिमाचल वीकली लाटरी के 14वें ड्रा के परिणाम के नीचे यह पंक्तियां भी पढ़ी जाएं : "टिप्पणी : छपाई में किसी भी गलती के लिए यह निदेशालय उत्तरदायी न होगा । शुद्धता के लिए राज्य गजट देखें ।

To Whom so Ever It May Concern

We have to inform that four (4) Sales Tax Declaration Forms S.T. XXII no. (1) C-166093 (2) C-166094 (3) C-166095 (4) C-166096 issued by M/s. Siri Ram Davinder Kumar, Mandi, Nawanshahar in our favour (M/s. Seth Sales (P.) Ltd., Amritsar) have been lost in Postal Transit. If any one finds the same, may return to us and he will be suitably rewarded or if any one missusing it, he will be doing so at his risk and likely to be prosecuted.

Seth Sales (P) Ltd.,
Bazar Ghanta Ghar,
Amritsar.

क्लासीफाइड विज्ञापन

व्यापार

लाटरी

तमिल उग्र
मैं नहीं झु

न्यूयार्क, 5 जनवरी (ए.पी.): श्री राष्ट्रपति जूलियस जयवर्धने ने कहा है कि अहिंसा में विश्वास है, परन्तु वह उ आतंकवादियों के समक्ष नहीं झुकेंगे, जो श्र उत्तरी भाग में एक पृथक राज्य बनाना च

'न्यूज वीक' पत्रिका के बारह जनवरी लिए दी गई भेंटवार्ता में उन्होंने कहा है कि के प्रति मेरी आस्था में कोई परिवर्तन नहीं परन्तु पृथकतावादियों की न तो अहिंसा में है और न ही लोकतंत्र में ।"

उन्होंने यह भी कहा कि "इसी आतंकवाद भड़कता है और विशेषत: हमा किसी छोटे देश में तो अहिंसा में विश्वास किसी व्यक्ति को क्या करना चाहिए ? या आतंकवादी हमलों के समक्ष झुक जाना चा राजकीय हिंसा का सहारा लेना चाहिए ।

श्री जयवर्धने ने यह भी कहा कि "भार को तमिलनाड से उनके देश में आतंकवा हथियारों का आना रोकने के लिए क चाहिएं । यदि भारत कदम उठाएगा तो स बहुत शीघ्र सुलझ जाएगी ।"

श्री जयवर्धने ने कहा कि प्रांतीय परि के तहत उन्होंने उत्तरी और पूर्वी प्रांतो स्वायत्तता देने का प्रस्ताव किया है पृथकतावादी दोनों प्रांतों को मिलाना चाह ऐसा नहीं करेंगे ।

650 नागरिक लापता

बट्टिकलोआ (वार्ता): श्रीलंका सैनिकों द्वारा मई 1984 के बाद से गिरफ्त व्यक्ति लापता हैं । यह जानकारी बट्टिक नागरिक समिति ने दी है । नागरिक

समझौता टूटा, पुनः च

सूनाम, 5 जनवरी (नागपाल): गुरु आपरेटर यूनियन बारे एक सप्ताह पहले ज हुआ था वह चकनाचूर हो गया है और 5 अध्यक्ष मंडल को तोड़कर 10 जनवरी को चुनाव कराया जा रहा है ।

बसु भी राजीव के
दार्जिलिंग जाएंगे

कलकत्ता, 5 जनवरी : प. बंगाल के श्री ज्योति बसु ने इस आशय का संकेत दिय माह के तीसरे सप्ताह में दार्जिलिंग स्थित माउंटेनियरिंग इंस्ट्रीच्यूट के स्थापना स दौरान वह भी प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जाएंगे । वह वीरवार को नई दिल्ली में भ के साथ 'गोरखालैंड' मामले पर विच करेंगे । प्रधानमंत्री के दार्जिलिंग दौरे की भी वहीं अंतिम रूप दिया जाएगा । सी.पी.एम. पोलित ब्यरो की बैठक में भाग जा रहे हैं । श्री बसु ने कहा कि आंदोलन बारे सभी दस्तावेज प्रधानमंत्री इसलिए उन्हें ताजा रिपोर्ट भेजने का को नहीं है । उन्होंने कहा कि दार्जिलिंग प्रशासनिक परिवर्तन लाए जाएंगे ।

कुलदीप जम्मू लाई

जम्मू, 5 जनवरी (स.): केन्या में जन नागरिक कुलदीप कौर को कड़े सुरक्षा प्रब दिल्ली से यहां लाया गया । भारत और दुर्दांत उग्रवादियों के साथ कथित सम्बंधों के उसके विरुद्ध उग्रवाद निरोधक कानून केस दर्ज है ।

कुलदीप कौर के विरुद्ध आरोप है कि में वह कु. मुक्ता एडवोकेट के जाली नाम और पैंथर्ज पार्टी के प्रधान भीम सिंह के उसने दो दर्दांत उग्रवादियों हरदेव सिं नागरिक) और डा. परमजीत सिंह से सैं भेंट की और इन दोनों ने जम्मू क्षेत्र धर्मस्थानों और सैनिक अड्डों को उड़ाने रचा था ।

इंका हाईकमान हरियाणा विधानस
के चुनाव जून में कराने पर सहम

चंडीगढ़, 5 जनवरी (सागर) : पता चला है कि इंका हाईकमान हरियाणा विधानसभा के चुनाव जून में कराने के विचार से सहमत है । वर्तमान

प्रधानमंत्री की जनसभा में पांच लाख लो होंगे । श्री सर्जेवाला ने 2 जनवरी को जी इंका व इंका विधायकों की संयुक्त बैठक में

punjabkesari

आदमपुर के गांव में आतंकवादियों द्वारा दुकानदार की हत्या

बनूड़ में दो लाशें मिलीं, चंडीगढ़ के मंदिर में हथगोला फैंका गया, बटाला में बी.एस.एफ. की वर्दीधारी लोगों द्वारा डकैती

चपरासी की हत्या : सीमा सुरक्षा बल का इंस्पैक्टर मृत पाया गया

चंडीगढ़, 6 जनवरी (वार्ता, पंकेस): संदिग्ध आतंकवादियों ने गत रात थाना आदमपुर के गांव धीरोवाल में एक दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी ।

अमृतसर के खालड़ा सीमा क्षेत्र में बी.एस.एफ. का एक इंस्पैक्टर मृत पाया गया ।

बनूड़ क्षेत्र में दो हिन्दू युवकों की लाशें पाई गईं ।

बटाला में बी.एस.एफ. की वर्दियां पहने तीन व्यक्तियों ने एक घर से नकदी व ज़ेवर लूट लिए ।

नरोट जैमल सिंह में मार्कफैड के एक चपरासी की हत्या की गई ।

आज रात्रि चंडीगढ़ के एक मंदिर में हथ गोला फैंक कर वहां कीर्तन में शामिल लोगों की हत्या का प्रयास किया ।

दुकानदार की हत्या

जालन्धर (क) : गत रात सात बजे के लगभग आदमपुर थाना के गांव धीरोवाल में चार आतंकवादियों ने एक बाल्मीकि दकानदार खुशी राम की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए ।

यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार खुशी राम ने अपने घर में दकान भी बना रखी है और वह दुकान में ही बैठा था कि चार उग्रवादी आए जिनमें से एक ने पुलिस हवालदार की वर्दी पहनी हुई थी और अन्य सादा कपड़ों में थे । एक ने खुशी राम को आवाज़ दी जब वह ज़रा उठा तो दूसरे आतंकवादी ने उसे गोली मार दी ।

जाते हुए वह एक चिट्ठी छोड़ गए जो खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से लिखी गई थी और जिसमें लिखा गया बताया गया है कि उसे पुलिस टाऊट होने की सज़ा दी गई है ।

सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी यहां से मौका पर चले गए । केस रजिस्टर करके जांच शुरू कर दी गई है ।

न.न.ए. के अनुसार आतंकवादी सफेद रंग की फिएट कार में आए । उन्होंने खुशी राम से गांव के किसी व्यक्ति के घर का पता पूछा और वह इसी बहाने उसे अपने साथ ले गए । वह उन्हें पुलिस वाले समझ कर उनके साथ चला गया । गांव से कुछ फासले पर बाहर खेतों के निकट उन्होंने उस पर गोलियां चलाईं और कार में फरार हो गए । फरार होते समय उन्होंने खालिस्तान के नारे लगाए ।

उल्लेखनीय है कि गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों द्वारा ज़िला जालन्धर में की गई यह दूसरी घटना है । कल उन्होंने बांसांवाला बाज़ार जालन्धर में एक रैस्टोरैंट मालिक को गोली मारकर घायल कर दिया था ।

एक सूचना के अनुसार उग्रवादी पुलिस वर्दी में थे ।

हिन्दू युवकों की लाशें मिलीं

पटियाला (भूषण सरहिंदी): कल इस ज़िला के थाना बनूड़ क्षेत्र में दो हिन्दू युवकों की लाशें मिलीं जिनकी पहचान नहीं हो सकी । इनमें से एक लाश यहां से 40 किलो मीटर दर मेन रोड पर पड़ी मिली । उसके शरीर के कुछ हिस्से काटे हुए थे । ऐसा संदेह है कि कोई व्यक्ति एक वाहन में लाश लेकर आया तथा उसे मेन रोड पर फैंक गया । नगर पालिका बनूड़ ने इस लावारिस लाश का अन्तिम संस्कार करा दिया । दूसरी लाश इसी थाना के पवाला गांव में मिली जिस पर तेज़धार हथियारों के निशान थे । इसका संस्कार पवाला ग्राम पंचायत ने कराया । पुलिस जांच कर रही है ।

लुधियाना (धीमान): आतंकवादी अवतार सिंह उर्फ काला जिसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हज़ार रुपए का इनाम रखा गया था, को पुलिस डिवीज़न नम्बर दो यहां लाई है । उसको पिछले दिनों दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था । वह अन्य मामलों के अलावा 8 मार्च 1984 को मिल्लर गंज में साइकल मार्केट के निकट हुए बम विस्फोट में भी संलिप्त था ।

सशस्त्र युवकों द्वारा डाका

बटाला (कोछड़): गत रात स्थानीय डेरा रोड पर स्थित घनी आबादी वाले क्षेत्र मोहन नगर में बलविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर डाका पड़ने का समाचार है । थाना सदर बटाला में लिखाई गई रिपोर्ट के अनुसार रात दो बजे के लगभग तीन व्यक्तियों ने बलविंदर सिंह के मकान का दरवाजा खटखटाया । पूछने पर उन्होंने कहा कि वे बी.एस.एफ. के जवान हैं तथा उन्हें मकान की तलाशी लेनी है । दरवाज़ा खोलने पर ये तीनों सशस्त्र युवक, जिन्होंने बी.एस.एफ. जैसी जर्सियां पहन रखी थीं, घर में से एक सोने की चेन, तीन अगूठियां, चूड़ियां एवं 1500 रुपए नकद लेकर फरार हो गए । पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । (शेष पृष्ठ 6 पर)



धीरोवाल का बाल्मीकि नेता खुशी राम, जिसकी कल रात आतंकवादियों ने हत्या कर दी । चित्र में लाश को देख कर विलाप करते हुए संगे-सम्बन्धी । (इन्सैट) खुशी राम (छाया : प्यारे लाल)

चौथे दिन भी श्रीनगर को विमान सेवा बंद रही. उत्तर भारत में शीत का प्रकोप जारी

चंडीगढ़, 6 जनवरी : खराब मौसम के कारण श्रीनगर आज निरन्तर चौथे दिन शेष भारत से विमान सेवा से कटा रहा । जम्मू-कश्मीर व हिमाचल के ऊंचे क्षेत्रों में ताजा हिमपात और पंजाब व चंडीगढ़ में छिटपुट वर्षा से उत्तर भारत में शीत का प्रकोप जारी रहा ।

ईंडियन एयर लायन्ज की दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू, श्रीनगर उड़ानें खराब मौसम के कारण जम्मू से आगे नहीं जा पाईं । पूरी कश्मीर घाटी, गत 48 घंटों में हिमपात के कारण अत्याधिक सर्दी की लपेट में आ गई ।

हिमाचल के सीमावर्ती जिलों किन्नौर व लाहौल-स्पीति, पांगी और धौलाधार तथा जम्मू-कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र और कश्मीर घाटी में गत 24 घंटों में पुनः हिमपात हुआ और शीत लहर चली ।

उत्तर भारत में दरास सबसे अधिक ठंडा स्थान रहा । वहां तापमान शून्य 32 डिग्री जबकि लेह में शून्य 16 डिग्री रिकार्ड किया गया । मनाली में न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री रहा और आज प्रातः तक 20.6 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड की गई ।

भुंतर, धर्मशाला, चम्बा, हमीरपुर और ऊना में भी गत 24 घंटे में वर्षा होने के समाचार हैं ।

पूरी कांगड़ा घाटी शीत की चपेट में है । धौलाधार रेंज में गत दो दिन में भारी हिमपात और वर्षा हुई । पहाड़ी क्षेत्रों मे आकाश बादलों से ढंका रहा जबकि पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के अधिकांश भागों में दिन के समय बादल छाए रहे ।

चंडीगढ़ में तापमान कल के 7 डिग्री के मुकाबले आज 9.2 डिग्री और प्रातः तक 0.2 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड की गई । दिन भर आकाश बादलों से ढंका रहा । अमृतसर, अम्बाला और पठानकोट में भी वर्षा होने के समाचार हैं । अम्बाला में 0.2, अमृतसर में 4.4 और पठानकोट में 4.2 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड की गई ।

अमृतसर पंजाब का सबसे अधिक ठंडा स्थान रहा । वहां कम से कम तापमान 3.9 डिग्री और कपूरथला में 4.3 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया ।

सफदर जंग और पालम में आज प्रातः तक क्रमशः 0.4 और 0.3 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड की गई ।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी 40 घंटों में

पाकिस्तान को अवाक्स की सप्लाई में कोई अड़चन नहीं

न्यूयार्क, 6 जनवरी : अमरीकी रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान को ई-3 ए अवाक्स विमान या अन्य उन्नत टोही प्रणाली उपलब्ध करने में अमरीका की कोई शर्त या अड़चन नहीं है । प्रवक्ता ने कहा कि इस्लामाबाद सरकार के अवाक्स देने के विरुद्ध किसी निषेध या शर्त की उन्हें जानकारी नहीं है । दोनों देशों में इस

लेने की कोशिश कर रहा है लेकिन तेल की कीमतों में गिरावट की वजह से उनकी भी अर्थ-व्यवस्था पर दबाव पड़ रहा है जिससे पाकिस्तान को अरब देशों से धन जुटाने में अधिक सफलता नहीं मिली है ।

पाकिस्तान की योजना है कि कुछ धन का वह

कंधा ... कहा,



डा. देवी दास (बाएं), (दाएं) बेटी मां के ग...

फिरोज़पुर, 6 ज... कांकवाला के 40 व... अंतिम संस्कार के लि... डा. देवी दास की शव... लकीरें थीं । कई हिन...

डाक्टर का 13 ... ज़मीन पर पीट रहे थे ... लिए बिना आवाज़ रो... सारा दृश्य इतना मार्मि... समय को कोस रही थी... वह कह रही थी, "जब... बता कर टालमटोल ... हमारे 'डैडी' को मार ... मेरे भाइयों के सिर प...

शून्य की ओर देख... अपने गांव संधीर (रा... वहां लोगों को कैसे छ... उजाड़ कर देनी पड़ी ... साहिब को मार कर उ... उनके घिनौने उद्देश्य ...

परे गांव में उस ... युवकों ने गमगीन ह...

सिख दे... कलंक ...

नई दिल्ली, 6 ज... अर्जुन सिंह ने सिखों के द... सिंह को देश की महान ... की एक बेमिसाल हस्ती ... उन्होंने ऐसा काम कर... परिस्थितियों में असम्भ...

श्री अर्जुन सिंह ... छुआ-छूत तथा ऊंच-नी... भावना जगा कर ऐसा स... सिंह की सबसे बड़ी उप... मज़हबों, जातियों और व... मिला ।

श्री गुरु गोबिन्द सिं...

अध्यापक आंदोलन तेज़ कर... 11 को संघर्ष समिति की...

लुधियाना, 6 जनवरी (नेपाल): पंजाब के मान्यता प्राप्त, अनुदान प्राप्त लगभग 450 प्राइवेट स्कूलों की संघर्ष समिति की बैठक 11 जनवरी को श्री नौहरियामल जैन माडल स्कूल, लुधियाना में 11 बजे हो रही है जिसमें इन स्कूलों की अनुदान-राशियों में भारी कटौती किये जाने तथा

जाए तथा अन्य मां... जाएं ।

उन्होंने पंजाब के मु... दिलाया कि सितम्बर 198... अकाली दल के प्रधान के... लुधियानों को निराश कि...

Punjabi Sahit.com

पर्यटकों के मनोरंजन तथा सांस्कृतिक
म्परांओं को उजागर करने के लिए जोधपर रेलवे
शन पर विभिन्न गाड़ियों के आगमन के समय
भिन्न प्रकार के गायन, भजन और वाद्य यंत्रों के
ीत प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है ।

इसके लिए यहां रेलवे पुल के नीचे साऊंड प्रूफ
ा का निर्माण किया जा रहा है जिसकी खिड़कियां
शे की होंगी । उससे पर्यटक कलाकारों के
र्यक्रम प्रत्यक्ष भी देख सकेंगे ।

नाक

आपरेशन से बचो ! पुराना जुकाम, नज़ला,
ींकों का ज्यादा आना, नाक में हड्डी या
स्सा बढ़ जाना, सांस फूलना, नाक बंद रहना,
ले की स्थायी खराबी के लिए 'तीन पीढ़ियों
बिना आपरेशन–शर्तिया मुजरबे
ाज । अनेक प्रशंसात्मक पत्र मौजूद हैं ।
स्तुत लिखें :

भगत जी का शफाखाना नाक,
6/29, वैस्ट पटेल नगर,
नई दिल्ली–110008.

Phone : 560730

PREMIER PULVERISER

(पिसाई मशीन)

ल्दी, मसाले, मिर्च, चावल छिलका,
ोयला, कैमीकल्स, बेसन, तम्बाकू,
टरी, सैपरेटर आदि महीन पीसने
ी उत्तम मशीन । 2 H.P. से 80
.P. तक बाल मिल, मिक्सर भी
तते हैं :

म्पर्क करें :

शिमियर इंजीनियरिंग वर्क्स,
/23, गली नं. 7, न्यू रोहतक रोड,
नई दिल्ली–110005

R LEASE/SALE

duction Farnace for
gots and Alloy Steel
ected Load Available
in U.P. Financed By
I Subsidy, Sales Tax

ari, Jalandhar.

आदमपुर में हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

बाद का समाचार है कि पुलिस ने इस घटना के बारे में पूछताछ के लिये तीन व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

स्कूटर बरामद

थाना सदर के इंस्पैक्टर गुरपाल सिंह ने बताया है कि पुलिस ने गांव टडयाला नत के एक खेत में से एक स्कूटर नं. पी.बी.ओ. 5449 बरामद किया है । यह स्कूटर गत 4 दिसम्बर को गुरमेल सिंह नामक व्यक्ति से आलीवाल क्षेत्र में से छीना गया था ।

इंस्पैक्टर मृत पाया गया

अमृतसर (सोनी): बी.एस.एफ. का इंस्पैक्टर सरदार सिंह आज प्रातः यहां से 45 किलोमीटर दूर खालड़ा सैक्टर में मृत पाया गया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि उसने आत्म-हत्या की है ।

बी.एस.एफ. के सूत्रों ने भी इसे आत्म-हत्या का मामला बताया है । मृतक भिखीविंड यूनिट से संबंधित था । उसने प्रातः 6.50 बजे अपनी ही स्टेनगन से खुद को गोली मारी ।

सिखों को लूटने वालों को चेतावनी

एक अन्य सूचना के अनुसार भूमिगत उग्रवादी संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स ने आज उन लोगों को चेतावनी दी जो कि सिखों के घरों से हथियार छीनने व अन्य लूट की वारदातें कर रहे हैं । एक बयान में 'चीफ जनरल' लाभ सिंह ने लोगों से कहा कि वह ऐसे तत्वों के विरुद्ध मज़बूती से डट जाएं जो कि केन्द्रीय सरकार के इशारे पर इस तरह की कार्रवाइयां कर रहे हैं ।

बंदूक छीनी

तीन अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने कल रात थाना मजीठा के गांव जगदेव कलां में राम सिंह नामक व्यक्ति से उसकी लाइसैंसी बंदूक छीन ली ।

दुकान जला दी

गत रात्रि जिला फिरोज़पुर के वाजिदपुर गांव में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक कपड़े की दुकान को आग लगा दी । दुकान पूरी तरह जल गई ।

चपरासी की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि यहां से 50 किलोमीटर दूर नरोट जैमल सिंह में मार्कफैड के एक चपरासी की उसके दफ्तर में चाकू मार कर हत्या कर दी गई जबकि वह सो रहा था । ज़िला पुलिस चीफ श्री जे.पी. विरदी ने कहा कि चौकीदार की मौत का पता आज प्रातः चला जब एक अन्य कर्मचारी दफ्तर में आया तथा चपरासी को चारपाई पर मृत पाया । श्री विरदी ने इस हत्या में आतंकवादियों का हाथ होने की सम्भावना रद्द कर दी ।

दोहरी सवारी की आंशिक अनुमति

इसी बीच ज़िला गुरदासपुर में पाकिस्तान की सीमा के साथ 300 मीटर के क्षेत्र में सूर्यास्त से सूर्योदय तक कर्फ्यू की अवधि 6 फरवरी तक बढ़ा दी गई है । जिलाधीश श्री पवार ने स्कूटरों, मोपेडों व 3.5 हार्स पावर से कम शक्ति वाले मोटर साइकलों पर दो पुरुषों के सवारी करने पर प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक रोक हटा दी है ।

राजद्रोह का केस दर्ज

कल यहां गुरुपर्व के जलूस में कुछ नौजवान



आदमपुर के निकट गांव बीरोवाल के बाहर वह स्थान, जहां गांव के दुकानदार खुशी राम की उग्रवादियों ने गत रात्रि गोलियां मार कर हत्या कर दी । (छाया : प्यारे लाल)

इंदिरावादी

(पृष्ठ 3 का शेष)

में चल रही कांग्रेस (इ) की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए नई पार्टी का 16 सूत्री कार्यक्रम पेश किया गया ।

इस प्रारूप में मुख्य रूप से महात्मा गांधी के शांति व अहिंसा के आदर्शों के प्रति पुनः समर्पण कृषि को आर्थिक नियोजन का मुख्य आधार बनाने, भूमिहीनों के हित के लिए भूमि सुधारों को लागू करने व हर परिवार में एक व्यक्ति को रोजगार की गारंटी देने की बात कही गई है ।

इसके अतिरिक्त उत्पादन व वितरण के सामाजिक स्वामित्व तथा सभी सार्वजनिक उपक्रमों व विकास कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी तथा प्रबंध में श्रमिकों की भागीदारी का संकल्प भी व्यक्त किया गया है ।

पंजाब इंका का काम सिर्फ अकालियों को खुश करना

श्री मुखर्जी ने पंजाब, असम, मिज़ोरम तथा कश्मीर समझौतों की कड़ी आलोचना की और कहा कि इससे पार्टी के कार्यकर्त्ता पशोपेश में पड़ गए हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का काम केवल अकालियों को खुश करने के लिए साम्प्रदायिक नीतियों को लागू करना रह गया है और अब वह राजनीतिक दृष्टि से संदर्भहीन हो चुकी है ।

श्री मुखर्जी ने कहा कि सबसे अधिक खेदजनक बात यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी का दरवाज़ा उन लोगों के लिए खोल दिया है जिन्होंने संकट के समय पार्टी छोड़ दी थी ।

नवगठित पार्टी ने सभी समविचारक शक्तियों से संयुक्त होकर इंका का राष्ट्रीय विकल्प बनाने का आह्वान किया ।

भूतपूर्व केंद्रीय वित्तमंत्री प्रणव मुखर्जी ने

बंधुआ मज़दूर रिहा कराए जाएं

चंडीगढ़, 6 जनवरी (सागर): पंजाब के मुख्य सचिव से अनुरोध किया गया है कि कपूरथला ज़िला के शकूरपुर गांव के सरदारी लाल आनन्द के कब्जे से बंधुआ मज़दूर रिहा कराए जाएं । चंडीगढ़ के एक वकील रघबीर चौधरी ने मुख्य सचिव के नाम लिखे एक पत्र में बंधुआ मज़दूरों की विस्तार से चर्चा की है । पत्र में कहा गया कि कपूरथला के ज़िला मैजिस्ट्रेट से अनुरोध करने के बावजूद भी इन बंधुआ मज़दूरों को रिहा नहीं कराया जा सका ।

पंजाबियों से आतंकवाद का डटकर सामना करने की अपील

पटियाला, 6 जनवरी (भूषण): पंजाब के गृह राज्यमंत्री कैप्टन कंवलजीत सिंह ने पंजाबियों से अपील की है कि वे आतंकवाद रूपी चुनौती का डटकर सामना करें ।

आज यहां से 70 किलो मीटर दूर डेरा बस्सी ब्लाक के गांव रानी माजरा में एक धार्मिक सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिख धर्म निर्दोष लोगों की हत्याओं की आज्ञा नहीं देता है । उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से कहा कि वे आज गुरु गोबिन्द सिंह जी के जन्म दिवस पर यह शपथ लें कि वे निर्दोष लोगों की हत्याएं नहीं होने देंगे ।

टपरीवास महासंघ द्वारा आमरण अनशन का निर्णय

लुधियाना, 6 जनवरी (धीमान): कल यहां से आठ किलो मीटर दूर तलवंडी कलां में हुई अखिल भारतीय टपरीवास एवं विमुक्त जाति महासंघ की एक बैठक में फरवरी के महीने से दिल्ली तथा चंडीगढ़ में एक साथ आमरण अनशन शुरू करने का फैसला किया गया ।

दरभंग

पटना, 6
विशेष दस्ता
सरगर्मी से त

दरभंगा
पिछले माह
25 लाख रु

सरकारी
पड़ौसी राज्यों
जा रही है ।

भूतपूर्व
30

गुवाहाटी
सत्र न्यायाधी
महानिदेशक
सम्पत्ति में से
कुर्की का आदे

सी.बी.आ
मार कर 20
की थी और इ
थे ।

श्री पाठक
हैं । दिसम्बर
सरकार बनने
पद से हटा दि

होशिया
सिक्यो

होशियारपु
है कि पंजाब स
हाई सिक्योरिटी
पंजाब में संगरू
हैं जहां खतरना
बताया गया है कि
भयंकर आतंकव
अब होशियारप
सुरक्षित किया ग
आज एक सरका

वारंट

चंडीगढ़, 6
आफिसर दीदार
से लपता अपनी
हरियाणा हाईको
उजागर सिंह ने
दिया । याचिक
लगाया है कि उ
कालेज से अनिल
उठा ले गया ।
कुमार को भी 8
दिया ।

करुणानि

मद्रास, 6 ज
एम.जी. रामचंद्रन
करुणानिधि को रा
नैतिक जिम्मेदारी
संविधान के कुछ

Punjabi Sanatani

नई दिल्ली–110005

LEASE/SALE

duction Farnace for
ots and Alloy Steel
ected Load Available
n U.P. Financed By
Subsidy, Sales Tax

ari, Jalandhar.



त्रा
पी.-247001.

विज्ञापन

शैड बिकाऊ

(समेपुर) में 4500 वर्ग फुट में बना हुआ
ड बिजली मोटर समेत, कीमत दो लाख ।
C.O. 167, 34-C, चंडीगढ़ । (22/JD)

नाम परिवर्तन

rwinder Kaur wife of S.
Singh resident of H.No. B-18
6/2, Gokal Nagar, Hoshiarpur
ged my name to Tavinder Kaur.

हकलाना

/तुतलाना लाईलाज नहीं है । औषधि व
पक्का इलाज करवाएं–आदर्श स्पीकिंग
ाजपुल, हिसार (हरियाणा) ।
(JD)

तुतलाना सफल इलाज तजुर्बा 22
र्स प्रत्येक इतवार लीजिए । पब्लिक
च्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।
(JDC)

कम्प्यूटर

Batch Starting 9.1.87 for
Courses in Advanced Basic
=Fortran on I.B.M. PC/XT Sai
Centre (1st Floor Dr. Lal
Bazar, Amritsar.

रोज़गार

चपरासी की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि यहां से 50 किलोमीटर दूर नरोट जैमल सिंह में मार्कफैड के एक चपरासी की उसके दफ्तर में चाकू मार कर हत्या कर दी गई जबकि वह सो रहा था । ज़िला पुलिस चीफ श्री जे.पी. विरदी ने कहा कि चौकीदार की मौत का पता आज प्रातः चला जब एक अन्य कर्मचारी दफ्तर में आया तथा चपरासी को चारपाई पर मृत पाया । श्री विरदी ने इस हत्या में आतंकवादियों का हाथ होने की सम्भावना रद्द कर दी ।

दोहरी सवारी की आंशिक अनुमति

इसी बीच ज़िला गुरदासपुर में पाकिस्तान की सीमा के साथ 300 मीटर के क्षेत्र में सूर्यास्त से सूर्योदय तक कर्फ्यू की अवधि 6 फरवरी तक बढ़ा दी गई है । जिलाधीश श्री पवार ने स्कूटरों, मोपेडों व 3.5 हार्स पावर से कम शक्ति वाले मोटर साइकलों पर दो पुरुषों के सवारी करने पर प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक रोक हटा दी है ।

राजद्रोह का केस दर्ज

कल यहां गुरुपर्व के जलूस में कुछ नौजवान खालिस्तान व भिंडरांवाले के पक्ष में नारे लगाते रहे । पुलिस ने निकटवर्ती गांव पाहड़ा के एक नौजवान पिंकी व 10 अन्य युवकों के विरुद्ध राजद्रोह का मुकद्दमा दर्ज कर लिया है । कल जलूस के दौरान एक रिक्शा पर लाऊड स्पीकर फिट करके ग्रह युवक पुलिस की मौजूदगी में नारे लगाते रहे । यह युवक नंगी तलवारें भी लहरा रहे थे । परन्तु उस समय पुलिस मौन दर्शक बनी रही ।

डाक्टर को गोली मारी

फगवाड़ा (अ.): आज सायं 7 बजे फगवाड़ा रेलवे स्टेशन के पास दो उग्रवादियों ने डाक्टर हरबिलास को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया व उनका स्कूटर छीन लिया । डाक्टर हरबिलास जब स्कूटर पर जा रहे थे तब स्टेशन चौक पर उन्हें रोका गया व निकट से गोली मार दी गई । उनकी हालत गम्भीर है ।

भानोकी ग्राम का रहने वाला डाक्टर हरबिलास टिब्बी ग्राम में प्रैक्टिस करता था ।

बाद में डाक्टर हरबिलास को लुधियाना अस्पताल भेज दिया गया ।

मंदिर में हथ गोला फैंका

चंडीगढ़ से 'संपी' के अनुसार आज रात्रि लगभग 8 बजे दो उग्रवादियों ने सैक्टर 20 में गुग्गा मढ़ी के मंदिर में एच.ई. 36 हथ गोला फैंक कर वहां कीर्तन कर रहे लोगों की हत्या का प्रयास किया । हथ गोला ढोलक बजा रहे व्यक्ति के हाथ में लगा पर धुआं निकलने के बावजूद वह फटा नहीं ।

हथ गोला फैंके जाने के साथ ही कुछ लोगों ने बाहर आकर दोनों उग्रवादियों का पीछा किया पर दोनों साइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए ।

बैरागी कांड : बरनाला ने रिबैरियो से रिपोर्ट मांगी

चंडीगढ़, 6 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने उग्रवादी रोशन लाल बैरागी तथा मंजीत सिंह भिंडी के पुलिस हिरासत से फरार होने के बारे में पुलिस महानिर्देशक जे.एफ. रिबैरियो से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है ।

व विकास कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी तथा प्रबंध में श्रमिकों की भागीदारी का संकल्प भी व्यक्त किया गया है ।

पंजाब इंका का काम सिर्फ अकालियों को खुश करना

श्री मुखर्जी ने पंजाब, असम, मिज़ोरम तथा कश्मीर समझौतों की कड़ी आलोचना की और कहा कि इससे पार्टी के कार्यकर्त्ता पशोपेश में पड़ गए हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का काम केवल अकालियों को खुश करने के लिए साम्प्रदायिक नीतियों को लागू करना रह गया है और अब वह राजनीतिक दृष्टि से सेंदरहीन हो चुकी है ।

श्री मुखर्जी ने कहा कि सबसे अधिक खेदजनक बात यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी का दरवाज़ा उन लोगों के लिए खोल दिया है जिन्होंने संकट के समय पार्टी छोड़ दी थी ।

नवगठित पार्टी ने सभी समविचारक शक्तियों से संयुक्त होकर इंका का राष्ट्रीय विकल्प बनाने का आह्वान किया ।

भूतपूर्व केंद्रीय वित्तमंत्री प्रणव मुखर्जी ने सम्मेलन में अपने अध्यक्षीय भाषण में कांग्रेस पार्टी और उसके सिद्धांतों को नष्ट करने के लिए कांग्रेस (इ) तथा केंद्र सरकार के नेतृत्व पर कड़ा प्रहार किया और कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं का आह्वान किया कि वे देश तथा पार्टी को बचाने के लिए आगे आएं । उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों द्वारा कांग्रेस के सिद्धांतों को नष्ट करने तथा पार्टी को खत्म करने के प्रयासों के कारण कार्यकर्त्ताओं के इस सम्मेलन का आयोजन आवश्यक हो गया था ताकि वे स्थिति पर विचार कर कांग्रेस और देश को बचाने के लिए कदम उठाएं ।

श्री मुखर्जी ने अपने भाषण में कांग्रेस (इ) अध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम नहीं लिया किन्तु उनकी बातों से साफ था कि उनका सीधा संकेत प्रधानमंत्री की ओर था ।

श्री मुखर्जी ने कहा कि कांग्रेस संगठन के शिखर पर बैठे लोगों का काम सरकार और उसके बाहर काम करने वाले लोगों को बदलना रह गया है और कोई नहीं जानता कि वह अपने पद पर कितने दिन तक रहेगा । कांग्रेस कार्यसमिति की सामान्य बैठकें नहीं होतीं और कांग्रेस महासमिति से सरकार को दिशा-निर्देश देने के लिए नहीं कहा जाता ।

घोषणा में यह आरोप भी लगाया गया है कि श्री गांधी, श्रीमती गांधी के समाजवाद के रास्ते से हट गए हैं और वह बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को प्रोत्साहन दे रहे हैं और बुनियादी उद्योगों को निजी उद्योग-फर्मों के हवाले कर रहे हैं ।

घोषणा का समर्थन कांग्रेस (इ) से निष्कासित प. बंगाल के नेता डा. शिशिर बोस और वरिष्ठ कांग्रेस (इ) नेता कमलापति त्रिपाठी के पुत्र मायापति त्रिपाठी ने किया ।

3 मरे

दार्जिलिंग, 6 जनवरी (वार्ता): पुलिस और गोरखा नैशनल लिबरेशन फ्रंट के कार्यकर्त्ताओं के बीच आज सवह पास के पैसोक चाय बागान में हुई मुठभेड़ में सी.आर.पी. के एक जवान सहित तीन लोग मारे गए तथा कई अन्य घायल हो गए । फ्रंट के 5000 लोगों की भीड़ ने वहां थाने पर हमला किया था ।

डटकर सामना करने की अपील

आतंकवादियों द्वारा आई.जी. (जेल) टी.सी. कटोच की चंडीगढ़ में हत्या

दो स्कूटर सवार घटना के बाद फरार होने में सफल : कमांडो फोर्स ने जिम्मेदारी ली

केन्द्र द्वारा पंजाब को हत्यारे तुरन्त पकड़ने के निर्देश

चंडीगढ़, 10 जनवरी (वार्ता, प.क.स.): पंजाब के जेल महानिरीक्षक (नियम) श्री टी.सी. कटोच की आज प्रातः यहां सैक्टर-35 में उनके निवास स्थान के पास ही 2 आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । श्री कटोच राष्ट्रपति शासन तथा अकालियों के धर्मयुद्ध मोर्चा के दौरान महानिरीक्षक (जेल) रहे । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हत्यारों ने लगभग 10.40 बजे श्री कटोच की हत्या करने से पहले उन पर नज़र रखी हुई थी । अकाली दल के सितम्बर 1985 में सत्ता में आने के बाद श्री कटोच को आफिसर-आन स्पैशल ड्यूटी (जेल) नियुक्त किया गया था ।

केंद्र ने पंजाब सरकार को श्री कटोच के हत्यारों का पता लगाने का निर्देश दिया है ।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्री कटोच के सिर में तीन गोलियां लगीं । उन्हें पी.जी.आई. ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि आतंकवादियों ने श्री कटोच पर उस समय गोलियां चलाईं जब वह सैक्टर-35 की मार्कीट से सब्ज़ी आदि खरीद कर लौट रहे थे । हमलावर बहुमंज़िले सरकारी मकानों के पीछे गली में प्रतीक्षा करते देखे गये जहां पंजाब के अन्य कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी रहते हैं ।

श्री कटोच की पत्नी जो कि थर्ड फ्लोर पर अपनी बालकनी में बैठी थीं, ने दो हमलावरों को देख लिया था । कहा जाता है कि उन्होंने अपने पति को आवाज़ भी दी । कि इतने में एक आतंकवादी ने रिवाल्वर निकाल लिया । श्री कटोच ने भागने की कोशिश की परन्तु आतंकवादियों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी और बच कर भाग निकले । घटना के समय श्री कटोच के साथ कोई नहीं था । अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उनके साथ कोई सुरक्षा गार्ड नहीं था ।

हमलावरों ने श्री कटोच पर आध दर्जन गोलियां चलाईं जिनमें से तीन उन्हें लगीं । वह पहली गोली लगते ही गिर गये थे ।

श्री कटोच इस वर्ष अक्तूबर में रिटायर होने वाले थे । श्री कटोच के गिर जाने के बाद भी हमलावरों ने फायरिंग जारी रखी । श्री कटोच अपने पीछे पत्नी, दो लड़कियां व एक लड़का छोड़ गए हैं । अधिकारिक सूत्रों ने कहा कि संदेह है कि आतंकवादियों ने स्वचालित हथियार से फायरिंग की ।

घटनास्थल पर श्री कटोच द्वारा खरीदी गई सब्ज़ियां बिखरी हुई थीं । सरकारी मकानों के निकट जहां श्री कटोच रहते थे, सी.आर.पी. का एक दस्ता तैनात था लेकिन आतंकवादी दूसरे रास्ते से फरार हो गये ।

इस घटना के बाद चंडीगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ सिविल व पुलिस अधिकारियों की एक बैठक हुई । चंडीगढ़ पुलिस के सूत्रों ने कहा कि पंजाब पुलिस ने चंडीगढ़ पुलिस को यह सूचित नहीं किया था कि श्री कटोच का नाम उग्रवादियों की 'हिट लिस्ट' में है । चंडीगढ़ पुलिस ने श्री कटोच को कोई सुरक्षा गार्ड प्रदान नहीं किया था ।

चंडीगढ़ पुलिस के सूत्रों ने कहा कि उन्हें आशंका है कि हत्यारे मोहाली (पंजाब) में ठहरे थे । मोहाली चंडीगढ़ के बाहर स्थित है और सैक्टर-35 के निकट है जहां श्री कटोच रहते थे ।

जिम्मेदारी ली

तथाकथित खालिस्तानी कमांडो फोर्स का घटनास्थल पर छोड़ा हुआ एक पत्र मिला है जिसमें श्री कटोच की हत्या की जिम्मेदारी कबूल की गई है । इसमें कहा गया है कि श्री कटोच ने अपने कार्यकाल में जेलों में बंद सिख युवकों के साथ अन्याय किया था । पत्र पर किसी 'जनरल लाभ सिंह' के हस्ताक्षर हैं और इसमें चेतावनी दी गई है कि सिखों से अन्याय करने वाले अन्य अधिकारियों का भी यही हश्र होगा ।

लाभ सिंह नामक एक व्यक्ति ने घटना के कुछ देर बाद टैलीफोन पर बताया कि यह कार्य हरजिंदर सिंह उर्फ जिंदा का है । उसने चेतावनी दी कि यदि खालिस्तानी कमांडो फोर्स के स्वयंभू जनरल तरसेम सिंह कोहाड़ा तथा मनबीर सिंह को 26 जनवरी तक रिहा न किया गया अथवा उन्हें यातनाएं दी गईं या पंजाब से बाहर की जेल में ले जाया गया तो इससे भी जोरदार कार्रवाई की जाएगी ।

उसने कहा कि खालिस्तानी कमांडो फोर्स की गतिविधियों में बाधा डालने वाले पुलिस अधिकारियों का यही हश्र होगा ।

आज घटना के समय उनकी पत्नी पूजा कर रही थीं । श्री कटोच की दो पुत्रियां तथा एक पुत्र है । एक पुत्री एम.ए. में, दूसरी पुत्री बी.ए. में तथा सबसे छोटा पुत्र राकेश बी.ए. द्वितीय वर्ष में पढ़ रहे हैं ।

श्री कटोच के एक छोटे भाई की, जो सीमा सुरक्षा बल में उपकमांडेंट थे, 1971 में मृत्यु हो गई थी । उनके एक और भाई राजिंद्र कटोच धर्मशाला में नागरिक आपूर्ति निगम के क्षेत्रीय प्रबन्धक हैं ।

चंडीगढ़ के आई.जी. पुलिस श्री ओहरी ने बताया कि पुलिस ने हत्यारों की खोज के लिए जबरदस्त कार्रवाई शुरू की है । पुलिस किन्हीं अन्य थ्यूरियों पर भी कार्रवाई कर रही है । श्री ओहरी ने बताया कि दो स्कूटर सवार आतंकवादी श्री कटोच के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

कटोच हत्याकांड



(1) चंडीगढ़ के सैक्टर 35 की वह गली जहां से उग्रवादियों ने आकर श्री कटोच को गोली मारी, घेरे में वह स्थान जहां श्री कटोच सब्ज़ी का झोला फेंक कर भागे, (2) गोलियां लगने पर श्री कटोच तीर द्वारा चिन्हित स्थान पर गिरे, (3) पुलिस द्वारा लाए गए खोजी कुत्ते, (4) कटोच परिवार के सदस्य विलाप करते हुए ।

(छाया : पुरी)

मुझे संकट से उबारो : बरनाला द्वारा राजीव से कुछ रियायतें देने का अनुरोध

नई दिल्ली, 10 जनवरी (चावला): पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने श्री राजीव गांधी से अनुरोध किया कि वह उनकी मांगें तुरन्त स्वीकार कर लें ताकि वह (बरनाला) अपनी पार्टी को 14 जनवरी की बैठक में संतुष्ट करा सकें । उल्लेखनीय है कि 14 जनवरी की बैठक में अकाली दल (ल) ने पंजाब समझौते के क्रियान्वयन की मांग को लेकर संघर्ष के कार्यक्रम पर विचार करने की घोषणा कर रखी है ।

श्री बरनाला जो वीरवार से प्रधानमंत्री से मिलने का प्रयास कर रहे थे, आज प्रातः कुछ देर के लिये समय निकाल पाए । मुलाकात के तुरन्त बाद श्री बरनाला वापस चंडीगढ़ लौट गए । वह सम्भवतः 11 जनवरी को पुनः श्री गांधी से मुलाकात करके बातचीत करेंगे ।

श्री बरनाला अपनी पार्टी में ही परेशानी महसूस कर रहे हैं । उन्हें डर है कि यदि उन्होंने समय पर कुछ नहीं किया तो उन्हें और भी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा । जब अकाली दल (ल) ने सरकार को अल्टीमेटम दिया था, उस समय श्री बरनाला उस बैठक में उपस्थित नहीं थे परन्तु केंद्र इस अधिवेशन के पीछे जो व्यक्ति हैं, उनसे अवगत है ।

श्री बरनाला ने श्री गांधी से अनुरोध किया कि वह इस समय बहुत उत्पीड़न में फंसे हैं और आशा व्यक्त की कि केंद्र उन्हें इस स्थिति से उबारने में सहायता देगा । यदि केंद्र कांडेयर के नज़रबंदों को तुरन्त रिहा न भी करे तो निर्दोष लोगों को रिहा कर देने से ही श्री बरनाला को कुछ राहत मिलेगी । पंजाब सरकार ने पहले ही कांडेयर में नज़रबंद 90 लोगों की सूची बना रखी है जिन्हें तुरन्त रिहा किया जा सकता है ।

पंजाब समझौते के क्रियान्वयन के संबंध में पंजाब सरकार पहले ही कुछ कदम उठा चुकी है । इसमें सभी राजनीतिक बंदियों की रिहाई, चंडीगढ़ का हस्तांतरण, रावी-व्यास जल विवाद का न्यायाधिकरण को सौंपा जाना, सीमा विवाद के लिए आयोग का गठन तथा केंद्रीय सेवाओं में पंजाब के युवकों की भर्ती शामिल है । इसके अतिरिक्त पंजाब सरकार ने पंजाब में उग्रवादियों से निपटने के लिए केंद्र से अतिरिक्त अर्धसैनिक बलों की मांग की है ।

संभावना है परन्तु श्री बरनाला इस बात पर बल दे रहे हैं कि केंद्र को गणतंत्र दिवस पर चंडीगढ़ पंजाब के हवाले कर देना चाहिए । पंजाब समझौते के अनुसार गत गणतंत्र दिवस पर चंडीगढ़ पंजाब को और पंजाब के हिन्दी भाषी क्षेत्र हरियाणा को दिये जाने थे ।

श्री बरनाला प्रधानमंत्री से इन दो मुद्दों पर ही बातचीत कर पाए, ब्रह्मपुरा घटना के बारे कोई बात नहीं हुई । उच्च सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की ।

श्री बरनाला को आशंका है कि जनवरी में 'माघी दिवस' समारोह के अवसर पर जब वह अपनी पार्टी को आगामी कार्यक्रम देंगे तो उन्हें न केवल पंजाब समझौते के क्रियान्वयन बल्कि सुरक्षा बलों के नज़रबंद उग्रवादियों से व्यवहार, दो दर्जन

बूटा सिंह को प्रभावी

नई दिल्ली , 10 जनवरी
बूटा सिंह ने पंजाब के मुख्यम
बरनाला और पुलिस महानिदेशक
से कहा है कि वे पंजाब में हत्याओं
रोकने के लिए कारगर कदम उठ
श्री बूटा सिंह ने पंजाब के
शंकर रे से भी फोन पर ब
आतंकवादी गतिविधियों में बढ़ोत्त
व्यक्त की ।
गृहमंत्री ने श्री कटोच की हत्
व्यक्त किया और उनके परिवा
संवेदना व्यक्त की ।
उन्होंने कल मारे गए दस व्य
के प्रति भी अपनी सहानुभूति व्य
श्री बूटा सिंह ने दो बच्चों की
'जघन्य' बताया और कहा कि
इसकी भारी कीमत चुकानी पड़े
कि बच्चों ने हाथ जोड़ कर जिंदगी
लेकिन उन्हें घटनों पर खड़े रहन
गोली मार दी गई । उल्लेखनी
परिवार के छः सदस्यों की हत्या
ये दोनों बच्चे मृतकों में शामिल

गृहमंत्रालय हिला

'चावला' के अनुसार चंडीग
हत्या ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को
कर रख दिया है । गृह मंत्रालय न
निर्देश दिए हैं कि श्री कटोच के
और उग्रवाद रोकने में कोई कस
गृह सचिव श्री सी.जी. सौ

देवी लाल शपथ

चंडीगढ़, 10 जनवरी (प
लोकदल के अध्यक्ष श्री देवी लाल
15 महीनों के बाद प्रदेश विधान
की शपथ ग्रहण की । वह 25
को मेहम क्षेत्र से उपचुनाव में लोक
निर्वाचित हुए थे लेकिन
राजीव-लौंगोवाल समझौते के वि
प्रकट करते हुए विधानसभा के
शपथ ग्रहण नहीं की थी ।
हरियाणा विधानसभा के अध्य
ने आज अपनी सरकारी कोठी की
को सदस्यता की शपथ हिन्दी
अवसर पर लोकदल से सम्बन्ध रख
वकील जिनमें सर्वश्री जगपाल सिंह
सिंह मलिक, गुलाब सिंह जैन
उपस्थित थे ।
श्री देवी झाल को शपथ दिला
11 बजे प्रारम्भ हुआ और लगभग
में यह कार्रवाई पूर्ण हो गई ।
विधानसभा सचिवालय के कर्मचारी
विधानसभा की सदस्यता की
तुरन्त बाद सम्बाददाताओं से बातच
देवी लाल ने मांग की कि वर्तमान
तत्काल भंग कर दिया जाए तथा प्रदे
शीघ्रातिशीघ्र नया जनादेश लिया ज
श्री देवी लाल ने वर्तमान मुख
लाल और भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री भज
आलोचना करते हुए विचार प्रकट कि
इंका नेताओं ने हरियाणा के हित बे
श्री देवी लाल ने विचार प्रकट
अनुभव करता हूं कि मेरे चुनाव क्षेत्र
पिछले 15 महीनों से प्रदेश विधा
प्रतिनिधित्व के हरी है । मैं सारा
लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए ल
उन्होंने कहा कि मेरे राजनीतिक प्र
नहीं कह सकेंगे कि मुझे भारत के
भरोसा नहीं है ।
श्री देवी लाल ने कहा कि मैं और
समिति राजीव-लौंगोवाल समझौते क
और 9 के विरुद्ध आखरी दम तक ल
हरियाणा को न्याय प्राप्त हो सके ।
उन्होंने कहा कि हरियाणा की
रावी-व्यास नदियों से 48 लाख ए
दिया जाए ।

पंजाब सरकार को स

बरतनी होगी : र

कलकत्ता, 10 जनवरी (वार्ता
राजीव गांधी ने आज रात्रि कहा कि प
को राज्य में उग्रवादियों से निपटने में
बरतनी होगी । उनसे पत्रकारों

© RAG REKHA FEATURES PVT LTD ET.

Punjabi Sanatan

छापे मार कर 15 लोगों को हिरासत में लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार इनमें कुछ संदिग्ध उग्रवादी भी हैं ।

श्री रिबैरियो कल इसी तरह की बैठकें जालंधर में भी करेंगे ।



(1) जिला जेल गुरदासपुर का मुख्य द्वार, (2) जेल का वह कमरा जिसमें उग्रवादियों ने सेंध लगाई, (3) कमरे के अंदर का दृश्य व सेंध लगाने में प्रयुक्त बर्तन, (4) हरजिंदर सिंह उर्फ जिंदा से पकड़ा गया बलविंदर कुमार के नाम का फर्जी परिचय पत्र, (5) हरजिंदर सिंह, (6) मनदीप सिंह, (7) गुरेंद्र सिंह उर्फ पिंका, (8) बरजिंदर जीत सिंह उर्फ कुक्कू, (9) गुरविंदर कौर ।

सी.आर.पी. की टुकड़ी पर घात लगाकर हमला, सब-इंस्पैक्टर व नायक की हत्याएं

सुरक्षा बलों द्वारा खालिस्तान कमांडो फोर्स मुख्यालय का सफाया, 5 बंदी : गुरदासपुर सैंट्रल जेल को तोड़ कर तीन कैदियों द्वारा भागने की कोशिश विफल : रैय्या के निकट डीलक्स ट्रेन को उलटाने का प्रयास : राजीव की हत्या के प्रयास के षड्यंत्र का अभियुक्त शेर सिंह गिरफ्तार : पाक घुसपैठिया बंदी

चंडीगढ़, 10 जनवरी (प.क.स., वार्ता): आज रात्रि अमृतसर जिले के ग्राम झब्बाल क्षेत्र के ग्राम थेह ब्राह्मणा में 5 उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला करके सी.आर.पी. की 48वीं बटालियन की गश्ती टुकड़ी के सब इंस्पैक्टर बंता राम तथा नायक बी.के. राय की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने स्वचालित शस्त्रों से फायरिंग की जिससे सी.आर.पी. की टुकड़ी का वायरलैस सैट नष्ट हो गया और उसका जिला मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया ।

गुरदासपुर सैंट्रल जेल के वार्डनों ने गत रात्रि उम्रकैद की सजा काट रहे तीन बंदियों के जेल से भागने के प्रयासों को विफल कर दिया । पुलिस ने तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के मुख्यालय को भी नष्ट करने का दावा किया है । यह तथाकथित मुख्यालय गुरदासपुर जिले के बटाला उपमंडल के बहादुर हुसैन गांव में स्थित था । इस प्रकार पुलिस को दुर्दांत उग्रवादी अवतार सिंह रूपोवाली के गिरोह के मुख्यालय को समाप्त करने में सफलता मिली है । बीरवार की रात्रि में सीमा सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में इस गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा बड़ी संख्या में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किए गए थे । डेरा बाबानानक क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक पाकिस्तानी को कल रात भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास करते हुए गिरफ्तार कर लिया ।

गत रात्रि में रैया रेलवे स्टेशन के निकट बम्बई से अमृतसर जा रही 25 अप-डीलक्स ट्रेन के चालक दल की सतर्कता से एक भीषण रेल दुर्घटना टल गई । रेलवे के सूत्रों के अनुसार इस ट्रेन के चालक दल ने इस मुख्य रेल मार्ग पर स्टील के क्रेट रखे हुए देखे । चालक दल ने तत्काल गाड़ी को घटना स्थल से पहले ही रोक दिया ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

मौसमी साबुन

Examinations are at Hand
What will you buy ?
A Cinema Ticket
Or

Punjabi Sahaj

2 कारतूस लूट लिए ।
बाल बची
अप डीलक्स ट्रेन कल रात
लोमीटर दूर रैय्या के निकट
बाल-बाल बच गई । यह ट्रेन
रही थी ।
बताया कि शसरती तत्वों ने
डाल दिए थे । गाड़ी रात 8
रैय्या की ओर पहुंचने वाली
स्थिति भांप कर झटके से ब्रेक
भीषण दुर्घटना टल गई ।
समय पूर्व पायलट इंजन के
ही तोड़फोड़ का प्रयास किया
दौरान किसी भी ट्रेन के आने
पर पायलट इंजन पटरी से

यलट इंजन के ड्राइवर ने
पड़ा नहीं देखा तथा संदेह है
ही क्रेट वहां पर रखे गए

मृतसर के निकट गाड़ी
स है । उल्लेखनीय है कि
नपुरा के निकट रेल मार्ग
मिले थे ।
प्रयास का अभियुक्त

धी की हत्या के असफल
क्त संदिग्ध आतंकवादी
गिरफ्तार कर लिया है ।
बताया कि शेर सिंह को
तार किया गया । यह
हमले की साजिश में

अक्तूबर को दिल्ली में
के सिलसिले में मुख्य
हत पांच व्यक्ति पहले
।
बंदी
पुलिस अधीक्षक श्री
बताया कि पुलिस ने गत
दौरान एक खतरनाक
गिरफ्तार किया है ।
का नाम सूबा सिंह है
का रहने वाला है ।
ौर का एक रिवाल्वर
है । इस उग्रवादी ने
ान बताया कि उसने
साथ कई डाके डाले
को अमृतसर की
जीत सिंह के घर में
क साथी बंटा ने वहां
पी.डिटैक्टिव व श्री
लिए उसकी कार पर
ग में उग्रवादी बंटा
फल हो गए थे ।
पने गिरोह के साथ
ठी से चार राइफलें
पिक राइफलें, एक







पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे शनिवार को तरनतारन जिला अमृतसर के गांव तुड़ तथा मुगल चक में हुए हत्याकांडों का घटनास्थल देखने के लिए उक्त गांवों में गए । (1) राज्यपाल श्री रे डी.आई.जी. श्री पी.सी. डोगरा, अमृतसर के जिलाधीश श्री रमेश इंद्र और अन्य अधिकारियों के साथ गांव मुगल चक में घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए । (2) घटनास्थल के निकट पंजाब पुलिस के जवान खड़े नजर आ रहे हैं । (3) गांव तुड़ का वह स्थान, जहां हत्याएं हुईं । खून बिखरा हुआ नजर आ रहा है । (छाया : ओम भंडारी)

निर्दोषों की हत्याएं हर कीमत पर बंद होनी चाहिएं : रे

अमृतसर, 10 जनवरी (सोनी) : पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस.रे आज विमान द्वारा राजा

उनकी पत्नी श्रीमती माया रे भी थीं जोकि वहां

कटोच की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

घर आए और घर के बाहर प्रतीक्षा करने लगे । स्कूटर के ड्राइवर ने हैल्मेट पहनी हुई थी जबकि पीछे बैठने वाले ने पगड़ी बांध रखी थी । घटना के समय श्री कटोच पैदल ही घर को आ रहे थे । श्री ओहरी के अनुसार श्री कटोच के सिर, छाती व कंधे में एक-एक गोली लगी ।

रास्ते सील

चंडीगढ़ पुलिस ने बाहर जाने के सभी रास्ते सील कर दिए हैं । बाहर जाने वाले सभी वाहनों की जांच की जा रही है । शहर में आने वाले वाहनों पर भी नज़र रखी जा रही है । श्री ओहरी ने कहा कि पुलिस कंट्रोल रूम को खबर दिए जाने में विलम्ब से सम्भवतः हत्यारों को भाग निकलने में मदद मिली । उन्होंने कहा कि पुलिस कंट्रोल रूम को घटना के 10 मिनट बाद सूचना दी गई ।

क्षेत्र निवासियों से पुलिस को हत्यारों के हुलिए तथा उनके स्कूटर के रंग के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली । बहुत से लोग घटना के समय मकानों की छतों पर धूप सेंक रहे थे । श्री कटोच हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में गालमपुर में रहने वाले थे । उन्हें आतंकवादियों द्वारा हत्या की धमकियां दी गई थीं ।

पड़ोसी राज्यों, पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश की पुलिस को सतर्क कर दिया गया है ताकि हत्यारों को इन राज्यों में प्रवेश पाने से रोका जा सके ।

दोहरी सवारी पर पाबंदी

वारदात के कुछ ही घंटों बाद चंडीगढ़ में दिन के समय स्कूटर पर दूसरी पुरुष सवारी बिठाने पर पुनः पाबंदी लगा दी गई है । दिन में स्कूटर आदि पर दूसरी पुरुष सवारी बिठाने पर लगाए गए प्रतिबंधों में दो मास पूर्व छूट दी गई थी ।

आतंकवादियों ने चंडीगढ़ में असाधारण सुरक्षा प्रबन्धों के बावजूद आज वारदात की हालांकि शहर में स्थानीय पुलिस, पंजाब व हरियाणा के पुलिस गार्डों के अतिरिक्त सी.आर.पी. की 25 कम्पनियां भी तैनात हैं ।

बरनाला ने बैठक बुलाई

पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने श्री कटोच की हत्या के तुरंत बाद वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक बुलाई जिसमें गृह राज्यमंत्री श्री कंवलजीत सिंह, मुख्य सचिव श्री पी.एच. वैष्णव, गृह सचिव श्री ओझा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए ।

अन्त्येष्टि आज

श्री कटोच के परिवार को एक लाख रुपए की एक्सग्रेशिया ग्रांट देने का फैसला किया गया । उनकी पत्नी को श्री कटोच के रिटायर होने की तिथि तक पूरा वेतन मिलेगा । श्री कटोच का कल पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

रे द्वारा विचार-विमर्श

चंडीगढ़ के प्रशासक श्री एस.एस. रे ने चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों से कानून व्यवस्था की स्थिति पर विचार-विमर्श किया ।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे आज शाम

खान बाद
प्रवे

इस्लामाबाद,
खान अब्दुल गफ्फा
पर प्रतिबंध लगा दि
वली खां तथा परिव
भी 90 दिनों का प्र

बादशाह खान
सिंध तहरीक के
जन्मदिवस समारोह
यात्रा करने वाले थे

8 व्यक्ति

पटना, 10 जन
जिले के श्याम पहाड़
अपराधियों ने हमला
हत्या कर दी । विश
के अनुसार अपराधि
को मार डाला था अ
लिया था । बाद में
गए ।

अधिकारी
विरुद्ध थ

संगरूर, 10 जन
के लगभग टैक्सी चाल
स्थानीय पुलिस स्टेशन
तथा यातायात रोक दि

इस सम्बन्ध में
स्थानीय लोक सम्पक
अधिकारी ने बरनाला
टैक्सी किराए पर ली त
कर लिया परन्तु किसी
रात बरनाला में ही
आकर टैक्सी चालक
मांगे । थोड़े वाद-विव
अधिकारी को गुस्सा आ
में पकड़ी छड़ी से चाल
चालक को घायलावस्था
गया है ।



Punjab State Archives







ा अमृतसर के गांव तुड़ तथा
ांवों में गए । (1) राज्यपाल
ी श्री रमेश इंद्र और अन्य
रते हुए । (2) घटनास्थल
ांव तुड़ का वह स्थान, जहां
(छाया : ओम भंडारी)

र कीमत
ईएं : रे

कटोच की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

घर आए और घर के बाहर प्रतीक्षा करने लगे । स्कूटर के ड्राइवर ने हैल्मेट पहनी हुई थी जबकि पीछे बठने वाले ने पगड़ी बांध रखी थी । घटना के समय श्री कटोच पैदल ही घर को आ रहे थे । श्री ओहरी के अनुसार श्री कटोच के सिर, छाती व कंधे में एक-एक गोली लगी ।

रास्ते सील

चंडीगढ़ पुलिस ने बाहर जाने के सभी रास्ते सील कर दिए हैं । बाहर जाने वाले सभी वाहनों की जांच की जा रही है । शहर में आने वाले वाहनों पर भी नजर रखी जा रही है । श्री ओहरी ने कहा कि पुलिस कंट्रोल रूम को खबर दिए जाने में विलम्ब से सम्भवतः हत्यारों को भाग निकलने में मदद मिली । उन्होंने कहा कि पुलिस कंट्रोल रूम को घटना के 10 मिनट बाद सूचना दी गई ।

क्षेत्र निवासियों से पुलिस को हत्यारों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली । बहुत से लोग घटना के समय मकानों की छतों पर धूप सेंक रहे थे । श्री कटोच हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में पालमपुर में रहने वाले थे । उन्हें आतंकवादियों द्वारा हत्या की धमकियां दी गई थीं ।

पड़ोसी राज्यों, पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश की पुलिस को सतर्क कर दिया गया है ताकि हत्यारों को इन राज्यों में प्रवेश पाने से रोका जा सके ।

दोहरी सवारी पर पाबंदी

आज रात के कुछ ही घंटों बाद चंडीगढ़ में दिन के समय स्कूटर पर दूसरी पुरुष सवारी बिठाने पर पुनः पाबंदी लगा दी गई है । दिन में स्कूटर आदि पर दूसरी पुरुष सवारी बिठाने पर लगाए गए प्रतिबंधों में दो मास पूर्व छूट दी गई थी ।

आतंकवादियों ने चंडीगढ़ में असाधारण सुरक्षा प्रबन्धों के बावजूद आज वारदात की हालांकि शहर में स्थानीय पुलिस, पंजाब व हरियाणा के पुलिस गार्डों के अतिरिक्त सी.आर.पी. की 25 कम्पनियां भी तैनात हैं ।

बरनाला ने बैठक बुलाई

पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने श्री कटोच की हत्या के तुरंत बाद वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक बुलाई जिसमें गृह राज्यमंत्री श्री कंवलजीत सिंह, मुख्य सचिव श्री पी.एच. वैणाव, गृह सचिव श्री ओझा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए ।

अन्त्येष्टि आज

श्री कटोच के परिवार को एक लाख रुपए की एक्सग्रेशिया ग्रांट देने का फैसला किया गया । उनकी पत्नी को श्री कटोच के रिटायर होने की तिथि तक पूरा वेतन मिलेगा । श्री कटोच का कल पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

रे द्वारा विचार-विमर्श

चंडीगढ़ के प्रशासक श्री एस.एस. रे ने चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों से कानून व्यवस्था की स्थिति पर विचार-विमर्श किया ।

खान बादशाह
प्रवेश प

इस्लामाबाद, 10 ज
खान अब्दुल गफ्फार खां
पर प्रतिबंध लगा दिया गय
वली खां तथा परिवार के
भी 90 दिनों का प्रतिबंध

बादशाह खान आगा
सिंध तहरीक के संस्था
जन्मदिवस समारोह में भा
यात्रा करने वाले थे ।

8 व्यक्तिय

पटना, 10 जनवरी (
जिले के श्याम पहाड़ गांव
अपराधियों ने हमला कर
हत्या कर दी । विश्वसनी
के अनुसार अपराधियों ने
को मार डाला था और दो
लिया था । बाद में अपहृ
गए ।

अधिकारी के
विरुद्ध थाने

संगरूर, 10 जनवरी
के लगभग टैक्सी चालकों
स्थानीय पुलिस स्टेशन का
तथा यातायात रोक दिया

इस सम्बन्ध में प्राप्
स्थानीय लोक सम्पर्क क
अधिकारी ने बरनाला जाने
टैक्सी किराए पर ली तथा
कर लिया परन्तु किसी कार
रात बरनाला में ही रहन
आकर टैक्सी चालक ने र
मांगे । थोड़े बाद-विवाद
अधिकारी को गुस्सा आ ग
में पकड़ी छड़ी से चालक
चालक को घायलावस्था में
गया है ।



Punjabi Tribune





जला अमृतसर के गांव तुड़ तथा
त गांवों में गए । (1) राज्यपाल
धीश श्री रमेश इंद्र और अन्य
ग करते हुए । (2) घटनास्थल
) गांव तुड़ का वह स्थान, जहां
(छाया : ओम भंडारी)

हर कीमत
हिएं : रे

श्रीमती माया रे भी थीं जोकि वहां
ों से संवेदना प्रकट करने गईं ।
ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि
की ओर से निर्दोष लोगों की हत्या की
टियों या उनके नेताओं की ओर से
न्दा होनी चाहिए, वह नहीं हो रही ।
की कि मैं अपनी जान खतरे में डाल
जगह जाऊंगा जहां निर्दोषों की हत्या
ादियों की ओर से यह हत्याएं बहुत
कृत्य है जहां नौजवान लड़कियों को
या हालांकि वे रहम की भीख मांगती
खबारों में छपा है । मुगल चक में
र तोड़-फोड़ करने के बाद तीन
त्या करके उनकी लाशें जला दी

ा कि सरकार की सर्वोत्तम कोशिशों
ब में निर्दोषों की हत्याएं जारी हैं ।
पर बंद होनी चाहिएं । इसके लिए
ने जरूरी हों, उठाने चाहिए ताकि
से शांति व समृद्धि लौट आए ।
की इन कार्रवाइयों के कारण सारी
म हो रही है हालांकि आतंकवादियों
सिख दोनों मारे जा रहे हैं तथा उनकी
हानि हो रही है ।

800 मरे

) जनवरी : बर्मा के सैनिकों और
ोहियों के बीच पिछले आठ सप्ताह में
लगभग 800 व्यक्ति मारे गए हैं ।

रनाला का आग्रह
(पृष्ठ 3 का शेष)

सके ।

दोहरी सवारी पर पाबंदी

वारदात के कुछ ही घंटों बाद चंडीगढ़ में दिन के समय स्कूटर पर दूसरी पुरुष सवारी बिठाने पर पुनः पाबंदी लगा दी गई है । दिन में स्कूटर आदि पर दूसरी पुरुष सवारी बिठाने पर लगाए गए प्रतिबंधों में दो मास पूर्व छूट दी गई थी ।

आतंकवादियों ने चंडीगढ़ में असाधारण सुरक्षा प्रबन्धों के बावजूद आज वारदात की हालांकि शहर में स्थानीय पुलिस, पंजाब व हरियाणा के पुलिस गार्डों के अतिरिक्त सी.आर.पी. की 25 कम्पनियां भी तैनात हैं ।

बरनाला ने बैठक बुलाई

पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने श्री कटोच की हत्या के तुरंत बाद वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक बुलाई जिसमें गृह राज्यमंत्री श्री कंवलजीत सिंह, मुख्य सचिव श्री पी.एच. वैष्णव, गृह सचिव श्री ओझा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए ।

अन्त्येष्टि आज

श्री कटोच के परिवार को एक लाख रुपए की एक्सग्रेशिया ग्रांट देने का फैसला किया गया । उनकी पत्नी को श्री कटोच के रिटायर होने की तिथि तक पूरा वेतन मिलेगा । श्री कटोच का कल पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

रे द्वारा विचार-विमर्श

चंडीगढ़ के प्रशासक श्री एस.एस. रे ने चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों से कानून व्यवस्था की स्थिति पर विचार-विमर्श किया ।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे आज शाम श्री कटोच के घर गए और उनके परिवार से संवेदना व्यक्त की ।

पंजाब इकाई द्वारा निंदा

पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के महासचिव डाक्टर केवल कृष्ण ने आई.जी. (जेल) श्री टी.सी. कटोच की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की है । उन्होंने कहा कि कल जिला अमृतसर में 11 हत्याओं तथा आज श्री कटोच की हत्या से पता चलता है कि हत्याओं का सिलसिला जारी है । उन्होंने स्थिति को बिगड़ने से बचाने के लिए केंद्र से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की ।

उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा की जा रही हत्याओं और पंजाब से सी.आर.पी. की वापसी की मांग से केवल यह संकेत मिलता है कि पंजाब आतंकवादियों के चंगुल में फंसता जा रहा है ।

एकता को चुनौती

पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह ने कल अमृतसर में हुई हत्याओं की निंदा करते हुए एक बयान में पुलिस के महानिदेशक से कहा कि वे अपराधियों का पता लगाने में कोई प्रयत्न शेष न रखें । श्री बेअंत सिंह ने पंजाब से सी.आर.पी.एफ. की वापसी की मांग को अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण, अवांछित तथा दायित्वहीन बताया । उन्होंने कहा कि यह 'कुटिल मांग' देश की एकता और अखंडता के लिए एक चुनौती है । उन्होंने कहा कि ऐसी मांग से उग्रवादियों और अन्य राष्ट्र विरोधी तत्वों को ही प्रोत्साहन मिलेगा ।

पंजाब में भी पर्यटन उद्योग घोषित होने की संभावना

चंडीगढ़, 10 जनवरी (वि.प्र.): हरियाणा की

इस सम्बन्ध में प्राप्त जान
स्थानीय लोक सम्पर्क कार्यालय
अधिकारी ने बरनाला जाने के लि
टैक्सी किराए पर ली तथा 170
कर लिया परन्तु किसी कारणवश
रात बरनाला में ही रहना पड़
आकर टैक्सी चालक ने रात ठह
मांगे । थोड़े वाद-विवाद के प
अधिकारी को गुस्सा आ गया त
में पकड़ी छड़ी से चालक की व
चालक को घायलावस्था में अस्प
गया है ।



जालंधर में शनिवार को
महिला फुटबाल प्रतियोगि
कपूरथला के मध्य भिड़ंत

जालंधर, लुधिय

लुधियाना, 10 जनवरी
लड़कों व लुधियाना की
साफटबाल प्रतियोगिता
किया ।

लड़कों के फाइनल म
लुधियाना को तथा लड़कि
लुधियान ने फरीदकोट
जिलाधीश श्री के.आर. ल
इनाम वितरित किए ।

गोहाटी वन

गोहाटी, 10 ज
भ्रमणकारी श्रीलंका की
दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रि
जाएगा । कानपुर में
दिवसीय श्रीलंका ने जी

हरियाणा ने 1

नई दिल्ली, 10 ज
तीन दिवसीय उत्तर क्षेत्र
प्रतियोगिता के तीसरे

Punjabi Sanatani

ाइसैंसी बंदूक व 12 कारतूस लूट लिए ।

ीलक्स ट्रेन बाल-बाल बची

जालंधर : 25-अप डीलक्स ट्रेन कल रात ालंधर से 42 किलोमीटर दूर रैय्या के निकट र्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गई । यह ट्रेन म्बई से अमृतसर आ रही थी ।

रेलवे सूत्रों ने आज बताया कि शरारती तत्वों ने टरी पर लोहे के क्रेट डाल दिए थे । गाड़ी रात 8 जे के आसपास जैसे ही रैय्या की ओर पहुंचने वाली ी कि चालक दल ने स्थिति भांप कर झटके से ब्रेक गाए तथा इस प्रकार भीषण दुर्घटना टल गई ।

सूत्रों ने कहा कि कुछ समय पूर्व पायलट इंजन के टरी से गुजरने के बाद ही तोड़फोड़ का प्रयास किया या । पंजाब में रात के दौरान किसी भी ट्रेन के आने पूर्व एहतियात के तौर पर पायलट इंजन पटरी से जरता है ।

सूत्रों ने अनुसार पायलट इंजन के ड्राइवर ने टरी पर कोई अवरोध पड़ा नहीं देखा तथा संदेह है क इंजन गुजरने के बाद ही क्रेट वहां पर रखे गए ।

गत 15 दिन में अमृतसर के निकट गाड़ी लटाने का यह दूसरा प्रयास है । उल्लेखनीय है कि त 25 दिसम्बर को हुसैनपुरा के निकट रेल मार्ग र छः विस्फोटक रखे हुए मिले थे ।

जीव की हत्या के प्रयास का अभियुक्त दी

प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के असफल ास की साजिश के अभियुक्त संदिग्ध आतंकवादी र सिंह को सुरक्षा बल ने गिरफ्तार कर लिया है ।

सरकारी सूत्रों ने यहां बताया कि शेर सिंह को ल रात अमृतसर में गिरफ्तार किया गया । यह क्ति प्रधानमंत्री पर हुए हमले की साजिश में छित छठा व्यक्ति था ।

श्री राजीव गांधी पर दो अक्तूबर को दिल्ली में जघाट पर हमले के प्रयास के सिलसिले में मुख्य भियुक्त करमजीत सिंह सहित पांच व्यक्ति पहले गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

ग्रवादी मलकीयत सिंह बंदी

कपूरथला (शर्मा) : पुलिस अधीक्षक श्री एल. लेखी ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने गत त मुंडी मोड़ पर नाका के दौरान एक खतरनाक ग्रवादी मलकीयत सिंह को गिरफ्तार किया है । लकीयत सिंह, जिसके बाप का नाम सूबा सिंह है र आबाद नगर अमृतसर का रहने वाला है । लस ने उसके कब्जे से 32 बोर का एक रिवाल्वर र छः गोलियां बरामद की हैं । इस उग्रवादी ने लस को प्रारंभिक जांच के दौरान बताया कि उसने ने गिरोह के चार साथियों के साथ कई डाके डाले । गत 8 दिसम्बर 1986 को अमृतसर की शी कालोनी में डाक्टर दलजीत सिंह के घर में का डालने आए और उसके एक साथी बंटा ने वहां ानक आए अमृतसर के एस.पी. डिटैक्टिव व श्री जीत सिंह की हत्या करने के लिए उसकी कार पर र किए और जवाबी फायरिंग में उग्रवादी बंटा ा गया, शेष सभी भागने में सफल हो गए थे ।

अगस्त 1986 में उसने अपने गिरोह के साथ







पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे शनिवार को तरनतारन जिला अमृतसर के गांव तुड़ तथा मुगल चक में हुए हत्याकांडों का घटनास्थल देखने के लिए उक्त गांवों में गए । (1) राज्यपाल श्री रे डी.आई.जी. श्री पी.सी. डोगरा, अमृतसर के जिलाधीश श्री रमेश इंद्र और अन्य अधिकारियों के साथ गांव मुगल चक में घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए । (2) घटनास्थल के निकट पंजाब पुलिस के जवान खड़े नजर आ रहे हैं । (3) गांव तुड़ का वह स्थान, जहां हत्याएं हुईं । खून बिखरा हुआ नजर आ रहा है । (छाया : ओम भंडारी)

निर्दोषों की हत्याएं हर कीमत पर बंद होनी चाहिएं : रे

कट

(पृ

घर आए और घर
स्कूटर के ड्राइवर ने
बठने वाले ने पगड़ी
श्री कटोच पैदल ही
के अनुसार श्री क
एक-एक गोली लग

रास्ते सील

चंडीगढ़ पुलिस
सील कर दिए हैं ।
जांच की जा रही है
भी नज़र रखी जा
पुलिस कंट्रोल रूम
सम्भवतः हत्यारों
मिली । उन्होंने
घटना के 10 मिनट

क्षेत्र निवासियों
तथा उनके स्कूटर
नहीं मिली । बहुत
की छतों पर धूप सेंक
प्रदेश के जिला कांग
थे । उन्हें आतंकवा
गई थीं ।

पड़ोसी राज्यों,
प्रदेश की पुलिस को
हत्यारों को इन राज
सके ।

दोहरी सवारी प

वारदात के कुछ
समय स्कूटर पर दूस
पाबंदी लगा दी गई
दूसरी पुरुष सवारी
दो मास पूर्व छूट दी

आतंकवादियों ने
प्रबन्धों के बावजूद
में स्थानीय पुलिस,
गार्डों के अतिरिक्त
भी तैनात हैं ।

बरनाला ने बैठक

पंजाब के मुख्यमं
श्री कटोच की ह
अधिकारियों की ए
राज्यमंत्री श्री कंवल
पी.एच. वैष्णव, गृह
पुलिस अधिकारी शा

अन्त्येष्टि आज

श्री कटोच के प
एक्सग्रेशिया ग्रांट दे
उनकी पत्नी को श्री क
तक पूरा वेतन मिलेग
पुलिस सम्मान के
जाएगा ।

रे द्वारा विचार-वि

चंडीगढ़ के प्रशास
के वरिष्ठ अधिकारियों
पर विचार-विमर्श कि

Punjabi Samatani

सी.आर.पी. पर हमला

(पृष्ठ 3 का शेष)

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार सुरक्षा बलों ने कादियां में खतरनाक आतंकवादी अवतार सिंह रूपोवाली के गिरोह के मुख्यालय पर गुरुवार की रात को छापा मार कर इसके पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया तथा बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया । पुलिस ने इस तरह तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के मुख्यालय को नष्ट करने का दावा किया है ।

गुरदासपुर जिला के पुलिस प्रमुख जे.पी. विरदी ने आज सम्वाददाताओं को बताया कि सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने छापा मार कर छः राइफलें, तीन रिवाल्वर, दो पिस्तौल, एक हथगोला और 54 कारतूस बरामद किए ।

उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने गुरुवार की रात को सीमा सुरक्षा बल के कादियां स्थित पूछताछ केंद्र पर हमला कर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं । यह पूछताछ केंद्र डी.ए.वी. स्कूल भवन में स्थित है । सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग के बाद उग्रवादी गिरोह के 5 सदस्यों को पकड़ लिया गया । इस मुठभेड़ में उग्रवादियों ने 57 राऊंड गोलियां चलाईं ।

श्री विरदी ने बताया कि इन पांच आतंकवादियों में उग्रवादियों को हथियार पहुंचाने वाली एक महिला भी शामिल है । तीस सदस्यों के इस गिरोह के दस सदस्य पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं और दो मारे जा चुके हैं ।

मृतकों में से एक वरयाम सिंह पर एक लाख रुपए का इनाम था । इतने ही रुपयों का पुरस्कार रूपोवाली पर भी है, पर वह अब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है ।

श्री विरदी ने कहा कि दस और व्यक्तियों को जिनमें दो महिलाएं हैं, सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार किया है । उन्होंने बताया कि पांच अभियुक्तों में से एक बलकार सिंह को अहादर सैन गांव के एक डेरा से गिरफ्तार किया गया जो आतंकवादियों का मुख्यालय था । यहां से कुछ हथियार और गोली-बारूद भी बरामद हुए ।

श्री विरदी ने बताया कि इस गिरोह के 21 सदस्य सक्रिय आतंकवादी थे और 9 उनकी सहायता करने वाले । गिरोह की तीन महिला सदस्यों में से एक गुरबिंदर कौर गुरुवार को गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में से एक है ।

उन्होंने बताया कि हरजिंदर सिंह जिंदा ने पूछताछ के दौरान दावा किया कि गिरोह का नेता वही है न कि रूपोवाली । यह जिंदा गुजरात जेल से फरार जिंदा नहीं है ।

श्री विरदी ने बताया कि इस गिरोह ने गोलाबारी के 21 मामलों में 40 लोगों की हत्या की है तथा विभिन्न व्यक्तियों से 21 हथियार छीने हैं ।

उन्होंने बताया कि इसी गिरोह ने मातेवाल गांव में निजी पुलिस के गश्ती दल पर हमला किया था लाइसैंसी बंदूक व 12 कारतूस लूट लिए ।

डीलक्स ट्रेन बाल-बाल बची

जालंधर : 25-अप डीलक्स ट्रेन कल रात जालंधर से 42 किलोमीटर दूर रैय्या के निकट दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गई । यह ट्रेन बम्बई से अमृतसर आ रही थी ।

रेलवे सूत्रों ने आज बताया कि शासरती तत्वों ने पटरी पर लोहे के क्रेट डाल दिए थे । गाड़ी रात 8 बजे के आसपास जैसे ही रैय्या की ओर पहुंचने वाली थी कि चालक दल ने स्थिति भांप कर झटके से ब्रेक लगाए तथा इस प्रकार भीषण दुर्घटना टल गई ।

सूत्रों ने कहा कि कुछ समय पूर्व पायलट इंजन के पटरी से गुजरने के बाद ही तोड़फोड़ का प्रयास किया गया । पंजाब में रात के दौरान किसी भी ट्रेन के आने से पूर्व एहतियात के तौर पर पायलट इंजन पटरी से गुजरता है ।

सूत्रों ने अनुसार पायलट इंजन के ड्राइवर ने पटरी पर कोई अवरोध पड़ा नहीं देखा तथा संदेह है कि इंजन गुजरने के बाद ही क्रेट वहां पर रखे गए थे ।

गत 15 दिन में अमृतसर के निकट गाड़ी उलटाने का यह दूसरा प्रयास है । उल्लेखनीय है कि गत 25 दिसम्बर को हुसैनपुरा के निकट रेल मार्ग पर छः विस्फोटक रखे हुए मिले थे ।

राजीव की हत्या के प्रयास का अभियुक्त बंदी

प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के असफल प्रयास की साजिश के अभियुक्त संदिग्ध आतंकवादी शेर सिंह को सुरक्षा बल ने गिरफ्तार कर लिया है ।

सरकारी सूत्रों ने यहां बताया कि शेर सिंह को कल रात अमृतसर में गिरफ्तार किया गया । यह व्यक्ति प्रधानमंत्री पर हुए हमले की साजिश में वांछित छठा व्यक्ति था ।

श्री राजीव गांधी पर दो अक्तूबर को दिल्ली में राजघाट पर हमले के प्रयास के सिलसिले में मुख्य अभियुक्त करमजीत सिंह सहित पांच व्यक्ति पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

उग्रवादी मलकीयत सिंह बंदी

कपूरथला (शर्मा) : पुलिस अधीक्षक श्री के.एल. लेखी ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने गत रात मंडी मोड़ पर नाका के दौरान एक खतरनाक उग्रवादी मलकीयत सिंह को गिरफ्तार किया है । मलकीयत सिंह, जिसके बाप का नाम सूबा सिंह है और आबाद नगर अमृतसर का रहने वाला है । पुलिस ने उसके कब्जे से 32 बोर का एक रिवाल्वर और छः गोलियां बरामद की हैं । इस उग्रवादी ने पुलिस को प्रारंभिक जांच के दौरान बताया कि उसने अपने गिरोह के चार साथियों के साथ कई डाके डाले हैं । गत 8 दिसम्बर 1986 को अमृतसर की जोशी कालोनी में डाक्टर दलजीत सिंह के घर में डाका डालने आए और उसके एक साथी बंटा ने वहां अचानक आए अमृतसर के एस.पी. डिटैक्टिव व श्री सुरजीत सिंह की हत्या करने के लिए उसकी कार पर







पंजाब के राज्यपाल
मुगल चक में हुए
श्री रे डी.आई.जी
अधिकारियों के सा
के निकट पंजाब
हत्याएं हुईं । खू

निर्दो

Punjab Satlaj

बलकार सिंह को अहादर सैन गांव के एक डेरा से गिरफ्तार किया गया जो आतंकवादियों का मुख्यालय था । यहां से कुछ हथियार और गोली-बारूद भी बरामद हुए ।

श्री विरदी ने बताया कि इस गिरोह के 21 सदस्य सक्रिय आतंकवादी थे और 9 उनकी सहायता करने वाले । गिरोह की तीन महिला सदस्यों में से एक गुरविंदर कौर गुरुवार को गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में से एक है ।

उन्होंने बताया कि हरजिंदर सिंह जिंदा ने पूछताछ के दौरान दावा किया कि गिरोह का नेता वही है न कि रूपोवाली । यह जिंदा गुजरात जेल से फरार जिंदा नहीं है ।

श्री विरदी ने बताया कि इस गिरोह ने गोलाबारी के 21 मामलों में 40 लोगों की हत्या की है तथा विभिन्न व्यक्तियों से 21 हथियार छीने हैं ।

उन्होंने बताया कि इसी गिरोह ने मातेवाल गांव में रिजर्व पुलिस के गश्ती दल पर हमला किया था जिसमें दोनों पक्ष से एक-एक व्यक्ति मारा गया था । इसी हमले में आतंकवादी गश्ती दल से एक स्वचालित बंदूक भी छीन कर भाग गए थे । इसी गिरोह पर गुरदासपुर में तीन बिजली कर्मचारियों और एक हैड कांस्टेबल की हत्या करने का आरोप है । इसी गिरोह ने अमृतसर के बलाबावा गांव में एक ही परिवार के छह सदस्यों की हत्या कर दी थी ।

कुख्यात आतंकवादी हरजिंदर सिंह जिंदा ने स्वीकार किया है कि मुक्तसर हत्याकांड में भी इसी गिरोह का हाथ था ।

'खालिस्तान' मुख्यालय

श्री विरदी ने बताया कि तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का मुख्यालय गुरदासपुर जिले के बटाला उपमंडल के बहादुर हुसैन गांव में था । उन्होंने कहा कि पुलिस ने मुख्यालय और उसके आसपास के 30 गांवों में भी छापा मारा ।

जिस मकान में मुख्यालय चलाया जा रहा था वह दो आतंकवादियों का था । ये दोनों आतंकवादी गरिन्दर सिंह उर्फ पिंका और बलजिंदर सिंह उर्फ कुक भाई हैं । एक महिला सहित दोनों आतंकवादी भाइयों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है । डेरा बाबा नानक इलाके में शामपुर गांव के हरजिंदर सिंह जिंदा और मनदीप सिंह और गुरविंदर कौर को भी गिरफ्तार किया गया है । गुरविंदर कौर तथाकथित "खालिस्तान आर्म्ड फोर्सेस" का अपने आप को जनरल बताने वाले तरसेम सिंह की रिश्तेदार है ।

महिला उग्रवादी

श्री विरदी ने बताया कि यह पहला मौका है जब पता चला है कि तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स में कुछ महिलाएं भी हैं। गुरविंदर कौर को संदेशवाहक के रूप में इस्तेमाल किया जाता था । दो अन्य महिलाएं भी गिरफ्तार की गई हैं, लेकिन श्री विरदी ने उनकी पहचान बताने से इन्कार किया है । श्री विरदी ने बताया कि विभिन्न गांवों में मारे गए छापों में बंदी बनाए गए 10 लोगों से पूछताछ जारी है ।

एक अन्य समाचार के अनुसार श्री विरदी ने बताया कि उग्रवादियों का गिरोह कादियां के निकट गांव धारीवाल थिंड को पैदल ही आ रहा था । सीमा सुरक्षा बल के जवानों को देखते ही उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । एक घंटे की मुठभेड़ के बाद सीमा सुरक्षा बल के घटना स्थल से 303 बोर के 42 कारतूस, 36 बोर के 15 खाली कारतूस बरामद किए । श्री विरदी ने बताया कि मुठभेड़ के अभियुक्त करमजीत सिंह सहित पांच व्यक्ति पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

उग्रवादी मलकीयत सिंह बंदी

कपूरथला (शर्मा) : पुलिस अधीक्षक श्री के.एल. लेखी ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने गत रात मुंडी मोड़ पर नाका के दौरान एक खतरनाक उग्रवादी मलकीयत सिंह को गिरफ्तार किया है । मलकीयत सिंह, जिसके बाप का नाम सूबा सिंह है और आबाद नगर अमृतसर का रहने वाला है । पुलिस ने उसके कब्जे से 32 बोर का एक रिवाल्वर और छः गोलियां बरामद की हैं । इस उग्रवादी ने पुलिस को प्रारंभिक जांच के दौरान बताया कि उसने अपने गिरोह के चार साथियों के साथ कई डाके डाले हैं । गत 8 दिसम्बर 1986 को अमृतसर की जोशी कालोनी में डाक्टर दलजीत सिंह के घर में डाका डालने आए और उसके एक साथी बंटा ने वहां अचानक आए अमृतसर के एस.पी. डिटैक्टिव व श्री सुरजीत सिंह की हत्या करने के लिए उसकी कार पर फायर किए और जवाबी फायरिंग में उग्रवादी बंटा मारा गया, शेष सभी भागने में सफल हो गए थे ।

अगस्त 1986 में उसने अपने गिरोह के साथ बसंत एवेन्यू अमृतसर में एक कोठी से चार राइफलें जिनमें दो जर्मन की बनी टैलीस्कोपिक राइफलें, एक रिवाल्वर, एक रेडार टैलीविजन, एक वी.सी.आर., सोने के आभूषण, नकदी और एक फीएट कार लूटे थे ।

ग्रीन एवेन्यू अमृतसर के डाक्टर अमरजीत सिंह के घर से एक वी.सी.आर. एक टेप रिकार्डर लूटा था । इंटरनैशनल होटल अमृतसर के निकट स्थित वर्मा सैनेटरी की दुकान से नकदी लूटी थी । मोहन इंटरनैशनल होटल अमृतसर के निकट से पिस्तौल की नोक पर एक कार छीनी थी । पुलिस का कहना है कि सरगर्मी से जांच हो रही है और कई नए रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

ठिकानों का पता

श्री लेखी ने बताया कि पुलिस ने उग्रवादियों के ठिकानों का पता लगाने और उग्रवादियों को पकड़ने के लिए थाना सदर कपूरथला के गांव संडमोझा और थाना सुल्तानपुर लोधी के गांव आही कलां को रात के वक्त घेरे में लेकर घर-घर की तलाशी के दौरान 17 संदिग्ध उग्रवादियों को हिरासत में लिया है और उनके बारे में पड़ताल की जा रही है । सुलतानपुर लोधी के क्षेत्र में आतंक फैलाने वाले उग्रवादी बूहड़ सिंह और बलविंदर सिंह उर्फ दीपा आही कलां के रहने वाले हैं ।

कपूरथला से प्राप्त समाचार के अनुसार पांच सदस्यीय पंथक कमेटी के सदस्य धन्ना सिंह का 31 जनवरी तक न्यायिक रिमांड ले लिया गया है । उल्लेखनीय है कि पंथक कमेटी ने दरबार साहिब अमृतसर से 'खालिस्तान' की घोषणा की थी । धन्ना सिंह को दयालपुर के निकट गत 14 दिसम्बर को गिरफ्तार किया गया था ।

स्कूटर मिला

फगवाड़ा से खोसला ने खबर दी है कि यहां गत 6 जनवरी को उग्रवादियों द्वारा भानोकी के जिस डाक्टर रामबिलास को गोलियां मार कर घायल कर दिया था और जिसका स्कूटर उग्रवादी उड़ा ले गए थे, के बारे में पता चला है कि यह स्कूटर कल शूगर मिल के निकट पड़ा मिल गया है । यह भी बताया गया है कि डाक्टर की हालत अभी खतरे में है । जो गोली उसके गले में फंस गई है अभी तक निकाली नहीं जा सकी ।

गैस एजैंसी में चोरी

Punjab Sanad

आतंकवादियों ने तरनतारन में चार महिलाओं की हत्या के बाद शव जला दिए

संगल सोहल के निकट कांस्टेबल की हत्या : जमालवाला में टीचर को गोली मार दी

राजीव पर हमले बारे एक और उग्रवादी नरेन्द्र उर्फ काला छहरटा में गिरफ्तार

मुक्तसर हत्याकांड में प्रयुक्त कार्बाइन सहित गुरदेव काबू

'ए' श्रेणी का उग्रवादी अनोख सिंह डेलों में गिरफ्तार, संगल सोहल से करनैल सिंह बंदी, कारतूस बरामद

चंडीगढ़, 12 जनवरी (पंकेस, ना.): जिला अमृतसर के कस्बा तरनतारन के मोहल्ला गुरु का महू में 8 उग्रवादियों ने 4 महिलाओं की हत्या करके शवों को घर में ही जला दिया । हत्याकांड की ज़िम्मेदारी कुख्यात आतंकवादी रणजीत सिंह राणा ने अपने ऊपर ली है । इसी दौरान प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के प्रयास के सम्बन्ध में छहर्टा पुलिस ने नरिंदर सिंह उर्फ काला को पकड़ा है ।

जालन्धर से 8 किलो मीटर दूर गांव संगल सोहल के निकट आज उग्रवादियों ने एक कांस्टेबल निर्मल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बाद में संगल सोहल में छापा मारकर पुलिस ने करनैल सिंह नामक उग्रवादी को गिरफ्तार करके बड़ी संख्या में कारतूस बरामद कर लिए ।

लुधियाना पुलिस ने 'ए' श्रेणी के आतंकवादी अनोख सिंह, जो कई हत्या कांडों में वांछित था और उसके सिर पर एक लाख रु. का इनाम था, को डेलों गांव से गिरफ्तार कर लिया ।

मोगा सब डिवीजन के जमालवाला गांव में उग्रवादियों ने एक टीचर को गोली मार कर गम्भीर घायल कर दिया । इसी बीच कल आयुर्वेदिक कालेज से 2.65 लाख रुपए लूटने की ज़िम्मेदारी 'केसरी कमांडो फोर्स' ने ली है ।

भटिंडा ज़िला के गांव बेहियानीवाला में स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा को लूटने में विफल रहने के बाद भागे दो उग्रवादियों हरदर्शन और दर्शन को संगत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।

कुख्यात आतंकवादी अवतार सिंह रूपेवाला के साथी गुरदेव सिंह (जिला फरीदकोट) को बटाला के निकट नाकेबंदी के दौरान गिरफ्तार करके उससे वह कार्बाइन बरामद कर ली गई है, जो मुक्तसर हत्याकांड में प्रयुक्त की गई थी । इसी ज़िला में एक और उग्रवादी अमरजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है ।

फगवाड़ा में उग्रवादियों ने एक फाइनैंस कम्पनी के कर्मचारी से 10652 रुपए छीन लिए । सेहली गांव में उग्रवादियों ने एक ठेके को लूटा ।

आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के आह्वान पर आज पंजाब के कई स्थानों के शिक्षण संस्थान बंद रहे । गुरदासपुर ज़िले के सभी कालेज, पालीटैक्नीक, आई.टी.आई. आदि बंद रहे । जालन्धर के आई.टी.आई व मेहरचन्द पालीटैक्नीक, तलवाड़ा के तीनों कालेज व आई.टी.आई., नकोदर के गुरुनानक नैशनल कालेज में भी हड़ताल रही ।

अनोख सिंह गिरफ्तार

'ए' श्रेणी के उग्रवादी अनोख सिंह, जिसके सिर पर एक लाख रुपए का इनाम था, को आज तड़के ज़िला लुधियाना के गांव डेलों में छापा मार कर गिरफ्तार कर लिया गया । 'बब्बर खालसा' से सम्बद्ध अनोख सिंह कई हत्याओं, दिल्ली के बम विस्फोटों (1985) तथा आप्रेशन ब्लू स्टार के दौरान भारत के विरुद्ध पत्र छेड़ने जैसे कई मामलों में वांछित था । वह दिल्ली में ए.एस. नारंग के साथ रहता था, जिसे बम विस्फोटों के सम्बन्ध में पहले ही पकड़ा जा चुका है ।

पुलिस महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो के अनुसार उससे एक राइफल, एल.एम.जी. सहित विभिन्न बोर के 500 कारतूस और चार कि.ग्रा. विस्फोटक सामग्री बरामद की गई । अनोख सिंह अमृतसर के गांव वड़िंग सुवा सिंह का रहने वाला है । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान अनोख सिंह ने फिरोज़पुर में ग्रंथी की हत्या, 1981 में जालन्धर तथा तरनतारन, 1982 में पट्टी के गोली कांडों, लुधियाना के एस.एस.पी. पांडे पर हमले तथा पंजाब नागरिक सचिवालय के गोली कांड में शामिल होना स्वीकार किया है । इस गोली कांड में एक आई.ए.एस. अधिकारी का भाई मारा गया था ।

श्री रिबैरो ने कहा कि अनोख सिंह आप्रेशन ब्लू स्टार के पहले अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के अध्यक्ष भाई अमरीक सिंह के काफी निकट रहा है ।

हत्या

कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने कल लुधियाना में ढंडारी कलां गांव के निकट एक व्यक्ति की तेज धार के हथियारों से हत्या कर दी । उसका शव आज प्रातः रेलवे लाइन से बरामद किया गया । अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

लुधियाना में कल रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक मकान पर धावा बोल कर चार व्यक्तियों को चाकुओं से मार कर घायल कर दिया । घायल व्यक्तियों के नाम श्री मोती लाल, उसकी पत्नी श्रीमती शांकुतला तथा किरायादार तीर्थ राम तथा दादूनाथ बताए गए हैं । हमले के समय चारों व्यक्ति सो रहे थे ।

4 चौहलाओं की हत्या

अमृतसर (अ.सो.): ज़िला अमृतसर के कस्बा तरनतारन में आठ आतंकवादियों के एक गिरोह ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में उग्रवाद के विरुद्ध कार्यवाही में विलम्ब के परिणाम गम्भीर होंगे : वाजपेयी

साम्बा, 12 जनवरी (स.): भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी है कि पंजाब में प्रभावपूर्ण कार्यवाही करने का समय हाथ से निकलता जा रहा है तथा प्रदेश में उग्रवाद से निपटने में जितना अधिक विलम्ब होगा, उसके उतने ही गम्भीर परिणाम होंगे ।

यहां रामलीला ग्राऊंड में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित हुए श्री वाजपेयी ने कहा कि जब तक पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू नहीं किया जाता तथा वहां सीमावर्ती ज़िलों में सेना की सहायता नहीं ली जाती तब तक पंजाब में उग्रवादी हावी रहेंगे ।

उग्रवादियों से बातचीत गलत

उन्होंने कुछ क्षेत्रों द्वारा दिए जा रहे इस सुझाव की आलोचना की कि उग्रवादियों से बातचीत की जाए ।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के तत्वों से तब तक कोई बात नहीं की जानी चाहिए जब तक कि वे हिंसा व अलगाववाद की बातें कहना बंद नहीं कर देते ।

श्री वाजपेयी ने कहा कि संविधान की धारा 370 की अस्थायी व्यवस्था को अब भी जारी रखने का दुष्परिणाम यह हुआ है कि इस प्रकार की मांग देश के अन्य भागों से भी उठने लगी है ।

इंका और नैशनल कांफ्रैंस के मध्य गठजोड़ की आलोचना करते हुए श्री वाजपेयी ने कहा कि डा. फारूक अब्दुल्ला इतने ही अच्छे थे तो 1984 में उन्हें देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताकर क्यों सत्ता से हटाया गया था ?

आर्थिक नीतियों की आलोचना

भाजपा नेता ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों की कड़ी आलोचना की । उन्होंने कहा कि आज देश की अर्थ व्यवस्था गम्भीर संकट के दौर से गुज़र रही है तथा बहुराष्ट्रीय कम्पनियों व विदेशी कम्पनियों को देश में आमंत्रित किए जाने से देश के छोटे उद्योगों पर कुप्रभाव पड़ रहा है ।

श्री वाजपेयी ने इस बात पर खेद प्रकट किया कि स्वतंत्रता के 40 वर्षों के बाद भी देश में बेरोज़गारी गम्भीर रूप से बढ़ रही है । लोगों की मूल आवश्यकताएं अभी भी पूरी नहीं हो पा रही हैं । राष्ट्र विरोधी तत्व दिनों-दिन ज़ोर पकड़ते जा रहे हैं ।

पार्टी के प्रदेश महासचिव श्री चमन लाल गप्ता को जम्मू क्षेत्र के हितों की रक्षा तथा राष्ट्र विरोधी व अलगाववादी तत्वों का मुकाबला करने के लिए यह वोट दिए थे ।

प्रदेश सचिव श्री सतपाल खजूरिया ने बताया कि गत वर्षा ऋतु में बाढ़ व वर्षा से पीड़ितों को सहायता दिए जाने के भारी-भरकम आश्वासनों के बावजूद अभी तक लोगों को सहायता नहीं मिल पाई है । उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि जो लोग कस्टोडियन के मकानों में रह रहे हैं उन्हें यह कह कर सहायता नहीं दी जा रही है कि सहायता कस्टोडियन विभाग को दी जाएगी । इससे स्थिति वह बन गई है कि इन मकानों में रहने वाले लोग अभी भी बेघर हैं ।

राजकुमार एडवर्ड का 'शाही नौसेना से त्यागपत्र

लंदन, 12 जनवरी (ए.पी.): ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के सब से छोटे पुत्र राज कुमार एडवर्ड ने शाही नौसेना से त्यागपत्र दे दिया है । श्री एडवर्ड चार महीने से नौ सेना अधिकारी का प्रशिक्षण ले रहे थे ।

बकिंघम पैलेस द्वारा आज जारी वक्तव्य के अनुसार 22 वर्षीय राजकुमार एडवर्ड इस नौकरी को अपना व्यवसाय बनाना नहीं चाहते हैं । वक्तव्य में उनकी भावी योजना या त्यागपत्र देने के कारणों का उल्लेख नहीं है ।

इराडी ट्रिब्यूनल कुछ भी निर्णय दे, हमें मान्य नहीं : अमरेन्द्र

चंडीगढ़, 12 जनवरी (वि.प्र.): बागी अकाली दल ने रावी-व्यास नदी के पानी का झगड़ा निपटाने वाले इराडी ट्रिब्यूनल का सम्भावित निर्णय मानने से इन्कार कर दिया है । गत दिवस यहां बागी अकाली विधायकों, सांसदों, ज़िला जत्थेदारों और कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक में इस बारे में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि हम नदी जल के मामले पर खामोश नहीं बैठ सकते । अच्छा हो यदि इस बारे अब तक जितनी बैठकें व अन्तर्राज्यीय समझौते हुए हैं, वे सभी रद्द कर दिए जाएं ।

कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि माघी के मेले पर 14 जनवरी को उनकी पार्टी भी मुक्तसर में कांफ्रैंस करेगी । वहां पता चल जाएगा कि सिख जनता हमारे साथ है या श्री बरनाला के साथ । उन्होंने समाचारपत्रों से अपील की कि वे अकाल तख्त के नए जत्थेदार को श्री रागी न लिखा करें । उन्होंने कहा कि सी.आर.पी. की बटालियन 29 कराने के लिए जो प्रोटैस्ट धरने दिए गए, वे सफल रहे ।



तरनतारन के
उसकी दो लड़
में 4 महिलाओं



कपूरथला रोड पर

रे, दिल्ली

चंडीगढ़, 12 ज
श्री सिद्धार्थ शंकर रे त
बरनाला आज अचानक
रे दोपहर में व श्री बरन
अकाली दल (लौंगोवा
मुक्तसर में माघी मेले
कार्यक्रम घोषित किए
यात्रा अत्यन्त महत्वपू
श्री बरनाला के सा
सिंह भी दिल्ली गये हैं
श्री सुरजीत

Punjabi Tribune Archive



तरनतारन के क्षेत्र गरु का खुह में उग्रवादियों ने फायरिंग करके चार महिलाओं की हत्या कर दी और उनके शवों को जला दिया । (1 से 4 नं. के चित्रों में) क्रमशः महेन्द्र कौर (मालकिन), उसकी दो लड़कियों गगनदीप और जीवन, रानो (किरायेदार) के जले हुए शव । (5, 6) परिवार के शोकग्रस्त सदस्य, (7) मकान में आग लगने से कमरे के गार्डर भी गिर गए, (8) इस कमरे में 4 महिलाओं की हत्या करके आग लगाई गई, (9) मकान का मलबा गिरा हुआ दिखाई दे रहा है । (10) पोस्टमार्टम हाऊस के बाहर भीड़ दिखाई दे रही है । (छाया : ओम भंडारी)



कपूरथला रोड पर स्थित गांव संगल सोहल के निकट एक कांस्टेबल निर्मल सिंह की उग्रवादियों ने सोमवार को हत्या कर दी । निर्मल सिंह की विधवा और माता विलाप करती हुई (छाया : कपूर)

रे, बरनाला दिल्ली रवाना

चंडीगढ़, 12 जनवरी : पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे तथा मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला आज अचानक दिल्ली रवाना हो गए । श्री रे दोपहर में व श्री बरनाला आज रात्रि दिल्ली गए । अकाली दल (लौंगोवाल) द्वारा 14 जनवरी को मुक्तसर में माघी मेले के अवसर पर नया मोर्चा कार्यक्रम घोषित किए जाने की धमकी के कारण यह यात्रा अत्यन्त महत्वपूर्ण हो गई है ।

जोधपुर जेल के नजरबंदों की रिहाई बारे फैसला किसी भी क्षण, पंजाब में हत्याएं बढ़ने की आशंका

नई दिल्ली, 12 जनवरी (जी.एस. चावला): सरकार के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के आरोप में जोधपुर जेल में नजरबंद लोगों की रिहाई के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला के आग्रह पर केन्द्र सरकार द्वारा किसी भी क्षण निर्णय लिए जाने की आशा है ।

केन्द्र सरकार को राज्य में हिंसक वारदातें बढ़ने की पूरी आशंका है और पंजाब सरकार को भी इस बारे में सूचित कर दिया गया है । तीन दिन पूर्व पंजाब के पुलिस, महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो व पंजाब के गृह सचिव को दिल्ली बुलाकर उनसे भी स्थिति से निपटने के बारे में बातचीत की गई थी । दिन पहले दिल्ली पहुंच गया जबकि शेष दो रविवार प्रातः दिल्ली पहुंचे ।

इन तीनों से सी.बी.आई. ने पूछताछ की कि कहीं भारत में किसी केस में संलिप्त तो नहीं । जनरल वैद्य की हत्या में संलिप्त दो व्यक्ति पहले ही

तरनतारन में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

मोहल्ला गुरु का खूह में स्थित एक घर में घुस कर 4 महिलाओं की हत्या करके शवों को कमरे में ही जला दिया ।

यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात को दो बजे के करीब 8 आतंकवादियों ने स्व. सूबेदार शमशेर सिंह के घर में घुस कर उसकी विधवा महिंदर कौर (45), दो बेटियों गगनदीप (14) और जीवन प्रकाश (16) तथा उनकी किराएदार महिला रानो की गोलियां मार कर हत्या कर दी और बाद में शवों पर मिट्टी का तेल डाल कर शवों को आग लगा दी । इस घटना के सम्बन्ध में पुलिस थाना तरनतारन में रानो के पति गुलजार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है । घटनास्थल से पुलिस को एक हस्तलिखित पर्चा भी मिला है, जो कथित आतंकवादी रणजीत सिंह उर्फ राणा ने लिखा है । पर्चे में उसने महिलाओं की हत्या की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए कहा है कि पुलिस मुखबिरों का यही हाल होगा । पुलिस सूत्रों के अनुसार रणजीत सिंह राणा के छोटे भाई हरप्रीत सिंह उर्फ 'टिंपू' के साथ उसका एक अन्य साथी सुरजीत सिंह और एक महिला काफी देर से लापता हैं और राणा को शक है कि यह लोग मारे जा चुके हैं । राणा को इस बात का भी शक था कि उसके भाई और साथियों को उक्त महिलाओं ने पकड़वा दिया है । अभी तक पुलिस यह बताने में असमर्थ है कि घटना के समय घर में कोई पुरुष था या नहीं ।

तरनतारन से 'पाल' के अनुसार उग्रवादियों ने रात लगभग 2.30 बजे घर की घंटी बजाई । जीवन जो अपनी माता महिंदर कौर के पास सो रही थी, किराएदार गुलजार सिंह की पत्नी रानी को साथ लेकर दरवाजा खोलने गई । स्टेनगन और पिस्तौल थामे उग्रवादी उन्हें दबोच कर महिंदर कौर के कमरे में आए । वहां महिंदर कौर और छोटी बेटी गगनदीप सो रही थीं । उग्रवादियों ने चारों को गोलियों से छलनी कर दिया और शवों को आग लगा दी । महिंदर कौर अध्यापिका थी । गुलजार सिंह, जो मेहनत मजदूरी करता है, की टांग टूटी हुई है । उग्रवादी गोलियां चलाते हुए भाग निकले । प्रातः सूचना मिलते ही उपपुलिस कप्तान नरिंदरपाल सिंह, ए.एस.पी. श्री गोयल और उपमंडल अधिकारी बलबीर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे । पुलिस ने वहां से चले हुए कारतूस बरामद किए, महिंदर कौर की एक बेटी चंडीगढ़ गई हुई थी, इसलिए वह बच गई । मृतका की सब से बड़ी लड़की हरप्रीत सैनिक अस्पताल में कैप्टन डाक्टर है । इस कैप्टन डाक्टर की छोटी बहन अमनप्रीत कौर के पति सुरजीत सिंह की ठरू गांव में उग्रवादियों ने कुछ देर पहले हत्या कर दी थी । उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले पुलिस ने महिंदर कौर के घर से कुछ उग्रवादियों को भी पकड़ा था । पुलिस और सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर ली है और कई गांवों में छापे मारे जा रहे हैं लेकिन अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है ।

प्रधानमंत्री पर हमले बारे एक बंदी

छहटां पुलिस ने कल सायं 20-21 वर्षीय युवक नरिंदर सिंह उर्फ काला को प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर 2 अक्तूबर को राजघाट पर हुए हमले के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर लिया । नरिंदर जिला संगरूर के गांव बढ़बढ़ थाना धनौरा का निवासी है । नरिंदर से पुलिस पूछताछ कर रही है ताकि इस केस में संलिप्त अन्य लोगों का पता लगाया जा सके ।

आतंकवादियों को भगा दिया

कल सायं जिला अमृतसर के लोपोके थानांतर्गत गांव ऊबा लक्खा सिंह में कुंदन लाल के घर से पिस्तौल की नोक पर 12 बोर की बंदूक छीनने आए 4 उग्रवादियों को गांव वालों ने भगा दिया । कुंदन लाल का शोर सुनकर उनके पड़ौसी ने छत पर चढ़कर गांव वालों को सावधान कर दिया । इस पर गांव वाले लाइसैंसशुदा हथियार लेकर मुकाबले पर उतर आए । दोनों ओर से गोलियों का आदान-प्रदान हुआ । चारों उग्रवादी भागने पर मजबूर हो गए । किसी के मरने का समाचार नहीं है ।

कांस्टेबल की हत्या

जालन्धर (क): आज प्रातः 8 बजे के लगभग दो स्कूटर सवार सशस्त्र उग्रवादियों ने यहां से 8 कि.मी. दूर गांव संगल सोहल के निकट एक कांस्टेबल निर्मल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए । वह वर्दी के थे । प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्मल सिंह साइकल पर अपने गांव धैरामझा से ड्यूटी के लिए जालन्धर शहर आ रहा था कि संगल सोहल गांव से थोड़ा आगे आने पर दो स्कूटर सवार युवकों ने उसे चार गोलियां मारीं जिनमें से एक कनपटी व एक गर्दन में लगी ।

निर्मल सिंह मौके पर दम तोड़ गया । सूचना मिलने पर उच्च पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए । उनके अनुसार निर्मल सिंह को .455 बोर के रिवाल्वर से गोलियां मारी गई हैं । मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद वह उसके परिवार के हवाले कर दिया गया ।

कांस्टेबल निर्मल सिंह इससे पहले अपराध जांच शाखा में था, जहां कई गिरफ्तार आतंकवादियों से पूछताछ करने में वह भी शरीक था । आज कल वह डी.एस.पी. का अर्दली था । अपराध जांच शाखा के एक अन्य कांस्टेबल नायक काला राम की भी गत 26 नवम्बर को इसी तरह हत्या कर दी गई थी ।

पंथक कमेटी का सदस्य धन्ना सिंह, जो आज कल हिरासत में है, भी खैरा मझा गांव का रहने वाला है ।

उग्रवादी गिरफ्तार

एक एजेंसी की सूचना है कि सी.आई.ए. स्टाफ ने संगल सोहल गांव में छापा मारकर एक उग्रवादी करनैल सिंह को गिरफ्तार कर लिया । छापा मारने वाले दल ने करनैल सिंह के घर से एल.एम.जी. के 176 कारतूस .455 बोर के 22 और .45 बोर के 100 कारतूस बरामद किए । निर्मल सिंह उग्रवादियों की हिटलिस्ट में था ।

10 हजार रुपए छीने

फगवाड़ा (अ): आज प्रातः स्थानीय ओरिएंटल बैंक आफ कामर्स के सामने दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक फाइनैंस कम्पनी के एक कर्मचारी जसविंदर पाल उर्फ राजू से 10,652 रुपए की राशि छीन ली व फरार हो गए । बताया जाता है कि राजू बैंक में रुपए जमा करवाने आया था । ज्यों ही वह बैंक में प्रवेश करने लगा, दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर राशि छीन ली व पैदल ही भाग निकले । स्थानीय पुलिस ने इस संदर्भ में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है । 'वार्ता' का कहना है कि राजू से 15000 रुपए छीने गए ।

ठेका लूटा, कुत्ते को गोली मारी

एक अन्य घटना कल रात मेहली गांव के निकट हुई, जहां दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक ठेके से 1700 रुपए और 4 बोतलें लूट लीं । ठेके में बैठे एक कुत्ते को भौंकने पर उग्रवादियों ने गोली मार दी और भाग निकले । प्रातः पुलिस ने .32 बोर का एक खाली कारतूस बरामद किया और पास ही कुत्ता घायलावस्था में पड़ा था ।

टीचर को घायल कर दिया

दो आतंकवादियों ने आज सुबह फरीदकोट जिले के मोगा सब डिवीजन में जमालवाला के निकट एक शिक्षक को गोली मार कर घायल कर दिया । आतंकवादी फरार हो गए । आधिकारिक समाचारों के अनुसार शिक्षक मोगा के दहा हूर गांव का रहने वाला था तथा जमालवाला जा रहा था जहां हाल ही में उसकी नियुक्ति हुई थी । शिक्षक गम्भीर रूप से घायल हुआ है ।

'केसरी कमांडो फोर्स'

कल मोगा में आयुर्वेदिक कालेज में 2.65 लाख रु. लूटने की जिम्मेदारी नए उग्रवादी संगठन 'केसरी कमांडो फोर्स' ने अपने ऊपर ली है । इस आशय की सूचना एक सी.आर.पी.एफ. की गश्ती पार्टी को मिले एक स्कूटर से जानकारी मिली है, जो वारदात के लिए प्रयुक्त किया गया था ।

बंदूक छीन ली

बाघापुराना थानांतर्गत गांव रोडे के एक घर से दो उग्रवादियों ने एक बंदूक लूट ली ।

पैट्रोल पम्प लूटा, स्कूटर छीना

फिरोजपुर (कामरेड): कल रात स्थानीय इंका विधायक बाल मुकंद के पैट्रोल पम्प से दो उग्रवादियों ने, जिन्होंने कम्बल लपेट रखे थे, पिस्तौल की नोक पर एक युवक से बजाज स्कूटर नं. पी.ए.एफ. 7971 तथा पैट्रोल पम्प के कैशियर से 883 रुपए छीन लिए । पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर ली है । बाद में यह स्कूटर फिरोजपुर-जीरा सड़क पर पड़ा मिल गया ।

'धीमान' के अनुसार फिरोजपुर छावनी में एक रेडियो डीलर से पिस्तौल की नोक पर उसका बी.सी.आर. छीन लिया गया ।

चंडीगढ़ पुलिस ने भी निषेधाज्ञा लागू करके 60 दिन के लिए शस्त्र आदि लेकर चलने पर रोक लागू कर दी है । सिनेमा हालों में कैमरा, लंच बाक्स, ट्रांजिस्टर, पर्स आदि लेकर जाने पर भी रोक लगा दी गई है ।

चुंगी क्लर्क से 85 रु. लूटे

मोहाली (नबंदा): खरड़-कुराली सड़क पर स्थित एक चुंगी के क्लर्क को धमका कर स्कूटर पर सवार दो युवकों ने उससे 85 रुपए लूट लिए ।

ठेका लूटने का प्रयास

कुछ उग्रवादियों ने यहां के एक गांव में स्थित देसी शराब का ठेका लूटने का प्रयास किया ।

बैंक लूटने आए दो उग्रवादी बंदी

भटिंडा (राही): संगत पुलिस ने दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से कुछ हथियार बरामद किए हैं । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार आतंकवादी रामा मंडी का हरदर्शन सिंह तथा गोनियाना का दर्शन सिंह है । उनके पास से दो पिस्तौल, कारतूस तथा एक चोरी का स्कूटर बरामद किए गए हैं । समझा जाता है कि ये दोनों लूटमार तथा डकैतियों की कई वारदातों में शामिल हैं । इन्हें गांव नन्दगढ़ के निकट गिरफ्तार किया गया । उन्होंने बेहियानीबाल में स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा को लूटने का भी प्रयास किया था । इन लोगों ने मैनेजर से पिस्तौल की नोक पर स्ट्रांग रूम की एक चाबी ले ली, लेकिन कैशियर के वहां न होने के कारण दूसरी चाबी न मिल सकी और स्ट्रांग रूम न खुला । इस पर उग्रवादी मैनेजर का स्कूटर ले भागे, लेकिन नन्दगढ़ के पास पकड़ लिए गए ।

NAVYUG (INDIA) LIMITED
Requires

1. **QUALITY CONTROL ENGINEERS** : B.Sc./M.Sc./Chemistry or Physics preferably with some experience in a rubber based Industrial Unit.
2. **TECHNICAL TRAINEES** : Fresh Chemistry or Physics graduates—Decent stipend.
3. **MECHANCIAL DIPLOMA HOLDERS** : For training in the machine shop.

Apply immediately to :

Manager-Administration
NAVYUG (INDIA) LIMITED,
BYE PASS, G.T. ROAD, JALANDHAR CITY-144 004.

कार्यालय, एग्जैक्टिव इंजीनियर,
कंस्ट्रक्शन डिवीजन नं. 2, पी.डब्ल्यू.डी.
बी.एंड आर. ब्रांच, पटियाला

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना नं. 76, **तिथि : 30.12.86**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा पंजाब के राज्यपाल की ओर से पी.डब्ल्यू.डी., बी.एंड आर. ब्रांच के स्वीकृत ठेकेदारों और श्रम व निर्माण सहकारी संस्थाओं, ईंट-भट्ठा मालिकों से, निम्न कार्यों के लिए, अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दो रुपए चुकाने पर प्राप्य निर्धारित प्रपत्र पर, मोहरबंद आइटम रेट निविदाएं आमंत्रित हैं, जो **27.1.87** को सायं 3 बजे प्राप्त की जाएंगी और अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसी समय ठेकेदारों या उनके अधिकृत एजैंटों और डी.सी. पटियाला/एस.डी.एम. पटियाला/जिला एवं खाद्य आपूर्ति-नियंत्रक पटियाला या उनके सामने खोली जाएंगी, जो उपस्थित होना चाहेंगे ।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	समय सीमा
(1)	प्रथम श्रेणी की ईंटें 9"x4.3/8" x 2.11/16", कार्य स्थल पर इकट्ठी करना, सैलाइन डिपाजिट्स और सैंड कोल्डिड से रहित अच्छी मिट्टी से बनाई गई ईंटें वाइट्रीफाई होने के बिना पकाई गई			

मिलिटरी इंजीनियर सर्विसिज

Punjabi Sanatani

तिथि : 30.12.86

से पी.डब्ल्यू.डी., बी.एंड आर. ब्रांच के
ों, ईंट-भट्ठा मालिकों से, निम्न कार्यों के
पर प्राप्य निर्धारित प्रपत्र पर, मोहरबंद
को सायं 3 बजे प्राप्त की जाएंगी और
अधिकृत एजैंटों और डी.सी. पटियाला/
ंत्रक पटियाला या उनके सामने खोली

धरोहर राशि	समय सीमा

2000/- 2 मास
2000/- 2 मास

डपाजिट एटकाल रसीद के रूप में
वीजन नं. 2 पी.डब्ल्यू.डी. बी.एंड
था निविदा रद्द कर दी जाएगी ।
ोकार्य न होंगी ।
करने पर ही जारी किए जाएंगे ।
जा सकती हैं ।
है, तो निविदाएं अगले कार्य दिवस

जारी नहीं किया जाएगा ।

(एम.आर. सिंगल)
एग्जैक्टिव इंजीनियर,
कंस्ट्र. डिवीज़न नं. 2,
एंड आर. ब्रांच, पटियाला

विज्ञापन

चिकित्सा

कील, मुहांसे, छाइयां, सफेद दाग, बालों
वमड़ी रोग, मोटापा, पेशाब रोग,
रोग का अचूक ईलाज, रोग विवरण
कि पस्तक (नर-नारी) मुफ्त मंगवाएं ।
: प्रकाश क्लिनिक, 7-D, हाल बाज़ार,
3006.

प्लाट बिकाऊ

शहर में हमारे सहयोग से आसान किस्तों
लाट खरीदिए । स्वयं मिलें : बग्गा एंड
सर्विस (रजि.), कचहरी रोड, अम्बाला
47).

ा-सुलतानपुर कोच फैक्टरी रोड पर 3
बार दीवारी, 5 H.P. ट्यूबवैल सहित ।
ी अत: दुकानों के लिए उपलब्ध । एक
p Cum Flat नई दाना मंडी, कपूरथला
डक वाला खुला हुआ । मिलें : कपूर एंड
ं डीलर, 189, आदर्श नगर, जालंधर ।
38.

शिक्षा

वीं मैट्रिक करें, दसवीं बिना गैप इंटर या
रने हेतु तुरन्त मिलें/लिखें—राष्ट्रीय डिग्री
ी सब्ज़ी मंडी, हिसार-125001.

ास इंटर, दसवीं पास बी.ए. फरवरी में
। गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI,

ी प्रकार का मैडिकल कोर्स या मैडिकल
रवाने से पूर्व मुफ्त सलाह लें । मैडिकल
56, कुतुब रोड, देहली-6, फोन :

मध्यमा साहित्यरत्न, वैद्यविशारद,

उपलब्ध करना । आकलन—8 लाख रुपए ।
धरोहर राशि—9500 रुपए । विवरणों के
लिए 14.1.87 का इंडियन ट्रेड जर्नल देखें ।

davp/688/2110/86

मिलिटरी इंजीनियर सर्विसिज

एम.ई.एस., कमांडर वर्क्स इंजीनियर्ज, 5239 मार्फत 56 ए.पी.ओ. द्वारा निम्न के लिए समुचित श्रेणी के ठेकेदारों से आइटम नं. 1 के लिए 20.1.87 को, आइटम नं. 2 के लिए 25.1.87 को आवेदनपत्र आमंत्रित हैं । (1) पठानकोट में एन्सीलरीज़ उपलब्ध करना (पैरा II), आकलन : 5.50 लाख रुपए, धरोहर राशि : 8250 रुपए । (2) बसोली/जंगलोट में अफसरों/जे.सी.ओ/ओ.आर्ज के लिए रिहायशी स्थान में फ्लाई प्रूफिंग उपलब्ध करना (जाब नं. पी-37/86-87), विवरणों के लिए 14.1.87 का इंडियन ट्रेड जर्नल देखें ।

(davp/683/2086/86 Ad-III/8.1.87)

रिक्त स्थान

एक प्रतिष्ठित पंजाब सरकार-उद्यम द्वारा चंडीगढ़ में अपने कार्यालय के लिए टैलीफोन आप्रेटर के एक पद के लिए, निम्न योग्यताएं रखने वाले उम्मीदवार से प्रार्थना पत्र आमंत्रित हैं :

योग्यताएं : बी.ए. बी.एस.सी., बी. काम अथवा समकक्ष—सरकारी या राज्य सरकार प्रतिष्ठान में पी.बी.एक्स, आप्रेटर के कम से कम एक वर्ष के अनुभव सहित, मैट्रिक स्तर तक पंजाबी का ज्ञान ।

वेतनमान : 400-10-450/15-525/15-600 रुपए +25 रुपए विशेष वेतन और नियमानुसार भत्ते ।

आयु : 35 वर्ष, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों के लिए पांच वर्ष तक कम की जा सकती है ।

पद अनुसूचित जातियों/जनजातियों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं । योग्य उम्मीदवार, इस विज्ञापन के प्रकाशन के 10 दिनों के अंदर-अंदर अपने पूर्ण विवरण देते हुए, सादे कागज़ पर आवेदन करें :

बाक्स नं. 380, पंजाब केसरी, जालंधर ।

आतंकवादी से वह कार्बाइन प्राप्त करली है, जिसका उपयोग गत वर्ष 25 जुलाई को मुक्तसर के निकट 13 बस यात्रियों की हत्या के लिए किया गया था । जिला पुलिस अधीक्षक बे.पी. विरदी ने बताया कि कार्बाइन फरीदकोट जिले के रमियाना गांव के गुरदेव सिंह से बरामद की गई । बताया जाता है कि कुख्यात आतंकवादी अवतार सिंह रूपेवाली का निकट सहयोगी गुरदेव सिंह यह जानकारी मिलने पर गुरदासपुर आया था कि कुख्यात आतंकवादी हरजिंदर सिंह उर्फ जिंदा को सीमा सुरक्षा बल ने गिरफ्तार कर लिया है । आतंकवादियों के लिए शस्त्रास्त्र लाने-ले जाने वाली महिला आतंकवादी गुरिंदर कौर ने स्वीकार किया है कि बचन सिंह से छीनी इस कार्बाइन का उपयोग जिंदा ने उक्त नरसंहार में किया था । जिंदा एवं गुरिंदर कौर उन पांच आतंकवादियों में शामिल हैं, जिन्हें सीमा सुरक्षा बल ने गिरफ्तार किया है ।

कल एक अदालत ने जिंदा व तीन अन्य का पुलिस रिमांड 4 फरवरी तथा गुरविंदर कौर का 25 जनवरी तक बढ़ा दिया है । 4 जनवरी को अलीवाल के निकट गुरमेज सिंह से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर, छीनने वाले अमरजीत सिंह (मराढ़) को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।

गोली मारी

तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने आज दोपहर बटाला के निकट घुम्मन गांव में लखविंदर सिंह नामक व्यक्ति को गोली मार कर बुरी तरह घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार लखविंदर सिंह पर गोलियां उस समय चलाई जब वह साइकल पर गांव की ओर जा रहा था । हमलावर पैदल ही आए थे तथा वारदात के बाद लखविंदर सिंह की साइकल लेकर फरार हो गए ।

एक अन्य घटना में दो सशस्त्र संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से 6 हजार रुपए लूट लिए ।

रोडे नज़रबंद

होशियारपुर जेल में कैद हरचरण सिंह रोडे को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) में नजरबंद कर लिया गया है । उसकी नजरबंदी के आदेश फरीदकोट पुलिस ने तामील किए । जरनैल सिंह भिंडरांवाला का भाई और जोगेन्द्र सिंह का लड़का हरचरण सिंह रोडे पुनाइटेड अकाली दल की तदर्थ समिति का सदस्य है ।

राइफल छीन ली

दसूहा (शावर): 3 उग्रवादियों ने कल रात गांव मसीत पालकोट में मनोहर सिंह से उसकी 12 बोर की लाइसैंसशुदा राइफल छीन ली । पुलिस वर्दी में आए उग्रवादियों ने उससे कहा कि टांडा में कोई घटना हो गई है, इसलिए वह अपनी राइफल साथ ले चलें । इन्कार करने पर पिस्तौल दिखाते हुए उग्रवादियों ने मनोहर सिंह की राइफल छीन ली ।

दो स्कूटर छीने

लुधियाना (बा.): दो सशस्त्र आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर लुधियाना में दो व्यक्तियों से उनके स्कूटर छीन लिए । यह वारदात नगर में शनिवार की रात संगीत सिनेमा हाल के बाहर हुई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिए हैं ।

पटियाला में कालेज दो दिन के लिए बंद

पटियाला (भ.): सिख छात्र संघ द्वारा दिए गए बंद के आह्वान के दृष्टिगत जिला मैजिस्ट्रेट ने स्थानीय कालेज दो दिन के लिए बंद रखने के आदेश दे दिए हैं । इन दिनों में होने वाली परीक्षाएं भी

बजाते हुए कचहरी पहुं
भेंट किया ।

बताया जाता है कि
हुए थे उन पर लिखा थ
किया जाए, हिंदू सिख
बनन ना दियांगे । यह
प्रतिनिधिमंडल ने श्री
जिलाधीश को दिया

फगवाड़ा से कौ
आज यहां सुरक्षा सं
मंडिया के नेतृत्व में
पेश किया क्योंकि एस
प्रतिनिधिमंडल में शा
थाल बजा रहे थे ।

सुनाम से नागप
सुरक्षा समिति
प्रदर्शनकारियों ने श्री
एस.डी.एम. को पेश
शामिल लोग शंख
गए । वे नारे लगा
हाथों से कुचलने के

दसूहा से झावर
नेतृत्व में राष्ट्रीय
तहसीलदार को एक
कि निर्दोषों की हत
मुकेरियां में श्री जी
सुरक्षा समिति की

पठानकोट से
सुरक्षा समिति के व
एस.डी.एम. को ज्ञा
को समाप्त करने
शर्मा ने कहा कि ह
लड़ने नहीं देंगे ।
तक यह पग प्रभा
अमृतसर में बलिद

पटियाला से
समिति की ओर से
जिला प्रशासन को
उग्रवादियों से बच
प्रभावी पग उठा
आंदोलन शुरू क
समाज चौक से ज
तक गया लेकिन
आज्ञा न दी । ज
आकर लिया ।
सरकारी नौकरिय
को रोका जाए ।
के समर्थकों को
पंजाब का दौरा क
बहाल किया जा

राजपुरा में
विरोध प्रदर्शन

लुधियाना,
फिरोज़पुर, भटि
आज उग्रवाद
बर्करों ने ज़िला

राष्ट्रीय सु
कृष्ण शर्मा की
कहा गया है
नर-संहार रोक
कोई ठोस पग न
आंदोलन करेंगे
करने के लिए

Punjabi Sartaj

उग्रवादियों द्वारा दो महंतों सहित छः लोगों की हत्यायें

पंजाब में कई जगह लूटपाट, लोगों को गोली मार कर घायल करने की वारदातें

गुरदासपुर में हथियार लूटने वाला गिरोह काबू

चंडीगढ़, 14 जनवरी (वार्ता): उग्रवादियों ने पंजाब में 2 महंतों सहित 6 लोगों की हत्याएं कर दीं ।

उग्रवादियों ने डेरा बाबा नानक (गुरदासपुर) थाना क्षेत्र के ग्राम मंगिया में एक युवक की, फरीदकोट के ग्राम कौकियां में एक धर्म प्रचारक महंत मोहन दास की, इसी जिले के ग्राम कोट सखियां में एक डेरे के महंत की हत्या कर दी । कल गुरदासपुर जिले में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए होमगार्ड के जवान गुरमीत सिंह से पूछताछ के आधार पर जिले में हथियार लूटने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया ।

2 हत्याएं

आज रात्रि अमृतसर के पट्टी पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम भागोपुर में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 2 लोगों की हत्या कर दी और 4 को घायल कर दिया ।

मृतकों के नाम महेंद्र सिंह (45) व उसका भतीजा अजीत सिंह (22) बताए गए हैं । बताया जाता है कि पांच उग्रवादी ग्राम में पंजाब बिजली बोर्ड के स्टाफ क्वार्टरों में घुस आए और अंधाधुंध फायरिंग कर दी । महेंद्र सिंह घटनास्थल पर ही मारा गया जबकि अजीत सिंह अस्पताल ले जाए जाते समय दम तोड़ गया । घायलों में से दो के नाम गुरबख्श सिंह व सुखवंत सिंह बताए गए हैं ।

आज रात्रि अमृतसर के सुल्तानविंड रोड स्थित एक शराब के ठेके से उग्रवादियों ने 2900 रुपए लूट लिए ।

जालंधर के आदमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तेहपुर में आज रात्रि एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई व तीन को घायल कर दिया गया ।

युवक की हत्या

गुरदासपुर (विनोद, कोछड़): डेरा बाबा नानक थानांतर्गत गांव मंगियां में दो अज्ञात युवकों ने गोलियां मारकर एक युवक राज कुमार की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रातः लगभग 6 बजे उग्रवादी राज कुमार के घर आए और दरवाज़ा खटखटाया । ज्यों ही राज कुमार ने दरवाज़ा खोला उग्रवादियों ने उसे गोली मार दी और पैदल ही भाग निकले । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । एक सूचना के अनुसार मृतक की शिनाख्त विजय कुमार के रूप में हुई है ।

'वार्ता' का कहना है कि राज कुमार की हत्या उस समय की गई जब वह नित्य कर्म से निवृत्त होने जा रहा था । पुलिस ने दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ।

हथियार लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश

बटाला सदर की पुलिस ने गुरमीत सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके हथियार लूटने वाले पांच सदस्यों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है ।

गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री विरदी ने आज बटाला में बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान इस व्यक्ति ने, जिसे कल गिरफ्तार किया गया था, स्वीकार किया है कि इन्होंने अन्य लूटमार की घटनाओं के अतिरिक्त गांव पंजग्राहियां के बचन सिंह, संदलपुरा के निर्मल सिंह तथा अपने ही गांव दहिया के मेहर सिंह से उनकी 12 बोर की तीन दोनाली बंदूकें तथा दस कारतूस छीने थे ।

श्री विरदी ने बताया कि गुरमीत अपने 6 साथियों के साथ गांव में डकैती के उद्देश्य से घुसा था, लेकिन ग्रामीणों द्वारा शोर मचाए जाने पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उनका पीछा किया और संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करके इसके कब्जे से बचन सिंह की दोनाली बंदूक, एक 303 बोर की पिस्तौल तथा सात खाली कारतूस बरामद किए गए हैं । यह बंदूक दोनों ओर से काटकर छोटी की हुई थी ।

मुंह पर तेजाब फैंक दिया

उन्होंने बताया कि इसे गांव भंभोई के पास उस

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में प्राइवेट स्कूल आज बन्द

लुधियाना, 14 जनवरी (नेपाल): पंजाब के मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों की ग्रांटों में भारी कटौती कर देने के परिणामस्वरूप तथा लायबिलिटी लागू करने के कारण अधिकांश स्कूल भारी वित्तीय संकट में घिर गये हैं और इनके अध्यापक फाकाकशी करने पर बाध्य हो गए हैं, क्योंकि बहुत से अध्यापकों को या तो वेतन नहीं मिले हैं या बहुत कम मिले हैं । इससे अध्यापक अपना आंदोलन तेज़ करने पर मजबूर हो गए हैं । यह जानकारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक श्री प्रेम चन्द गुप्ता, एडवोकेट ने दी । अतः 15 जनवरी को पंजाब भर के सभी 450 प्राइवेट स्कूल एक दिन की हड़ताल करेंगे और ज़िला अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम का एक मांग पत्र पेश करेंगे, परन्तु जहां धारा 144 लागू होगी वहां मांग पत्र तो अवश्य दिए जाएंगे मगर धारा 144 का उल्लंघन नहीं किया जाएगा ।

मुख्यमंत्री के नाम इस मांग पत्र में लिखा गया है कि पंजाब के लगभग 450 हाई और हायर सैकेंडरी मान्यता प्राप्त स्कूलों, जिनमें लगभग दस हज़ार टीचर्स तथा दो हज़ार नान-टीचिंग स्टाफ काम करता है, की ग्रांटों में कटौती के कारण स्कूल भारी माली संकट में पड़ गए हैं और अनेक टीचरों को पिछले छः मास से वेतन नहीं मिला है । कटौती खत्म की जाए और लायबिलिटी क्लाज़ खत्म की जाए आदि मांगें दर्ज की गई हैं ।

श्री प्रेम चन्द गुप्ता तथा शेर सिंह ने चेतावनी दी कि यदि 22 जनवरी तक उनकी मांगें स्वीकार न की गईं तो 23 जनवरी से स्कूल अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे जिसकी ज़िम्मेदारी पंजाब सरकार पर होगी ।

अक

कार

नज़रबंदों

पंजाब

मुक्तसर, 14
मुख्यमंत्री सुरजीत
उन्होंने पंजाब सम
नई दिल्ली में चर्चा
के निमंत्रण को स्व

श्री बरनाला
अपने पार्टी के प्रस्त
को स्थगित कर
समझौते के त्वरित
सिख कैदियों की
था । श्री बर
(लौंगोवाल) के अ

श्री बरनाला
के अवसर पर ए
करते हुए की ।

प्रधानमंत्री
बरनाला अपने
सूचना देंगे ।



मुक्तसर में माघी मेले पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह

बादल गुट द्वारा संघर्ष कार्यक्रम की घोषणा 10 फरवरी तक स्थगित

मुक्तसर, 14 जनवरी (पंकेस, दर्दी): अकाली दल (बादल) ने अपनी मांगें मनवाने के लिए संघर्ष कार्यक्रम की घोषणा दस फरवरी तक टाल दी है ।

माघी के अवसर पर आज यहां पार्टी के एक सम्मेलन में यह निर्णय किया गया । संघर्ष कार्यक्रम से सम्बन्धित सभी निर्णय दस फरवरी को अमृतसर में होने वाले विश्व सिख सम्मेलन में किए जाएंगे।

सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि पंजाब और सिखों के हितों के लिए संघर्ष कर रहे सभी सिख संगठनों की एकता के लिए 'समान कार्यक्रम' तैयार किया जाना चाहिए ।

बादल गुट के कार्यवाहक अध्यक्ष गुरदेव सिंह की अध्यक्षता में हुए सम्मेलन में नदी जल वितरण के लिए स्थापित इराडी आयोग को पूर्णतः अस्वीकार करने की घोषणा करते हुए कहा गया कि इस आयोग से पंजाब को न्याय मिलने की आशा नहीं है ।

सम्मेलन में भूतपूर्व मंत्री श्री सुखदेव सिंह ढींढसा, शिरोमणि कमेटी के महासचिव श्री मल्ल सिंह घुम्मन, श्री मनिन्दर सिंह बराड़ तथा श्री अजीत सिंह आदि कई नेता शामिल थे ।

सम्मेलन में कहा गया है कि बरनाला सरकार केंद्र की कठपुतली है तथा इसका हश्र भी श्री लछमन सिंह तथा जी.एम. शाह की सरकार जैसा ही होगा । श्री बरनाला तो मात्र आदेशों का पालन कर रहे हैं तथा ये आदेश इनको केंद्र की ओर से जारी किए जाते हैं ।

सम्मेलन में आठ प्रस्ताव पास किए गए जिनमें जोधपुर के कैदियों सहित सभी कैदियों को रिहा करना, पुलिस मुकाबले बंद करने, बह्मपुरा कांड की जांच करवाना, श्री रिबैरो तथा सी.आर.पी. को पंजाब से भेजना, जेलों में बंद युवकों को अन्य राज्यों में भेजने से रोका जाना, सेम से हुई क्षति की पूर्ति देना तथा ऋण माफ करना शामिल है ।

सम्मेलन के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत के दौरान दल के कार्यवाहक प्रधान श्री गुरदेव सिंह बादल ने कहा कि उनकी पार्टी की केंद्र से कोई बातचीत नहीं चल रही तथा जब तक बादल, टोहरा, सुखजिन्दर सिंह तथा अन्य नेता रिहा नहीं किए जाते हैं केंद्र से कोई बातचीत नहीं की जाएगी ।

भविष्य में युद्ध क्षेत्र कहीं अधिक वि

नई दिल्ली, 14 जनवरी (वार्ता): थल सेनाध्यक्ष जनरल सुन्दरजी ने कहा है कि भविष्य में युद्ध क्षेत्र पहले से कहीं अधिक विशाल होगा, सेनाओं का

समय विकेंद्रीयकरण नहीं हो रहा है ।

थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि हर स्तर पर नेतृत्व के

स्तर पर नेतृत्व की
विश्वास है कि यह

Punjabi Sanatan

क्त की किन्तु रीगन प्रशासन पर इसका
र नहीं हुआ ।

ीकी विशेषज्ञों की रिपोर्टों और वहां के
ंगठन सी. आई. ए. तथा प्रचार माध्यमों के
ाकिस्तान परमाणु बम बना लेने के निकट
है । खबर है कि वह अमरीका को उसके
ाले विमान पी-3 को अपने सैनिक अड्डों
ं की सुविधा देने के लिए भी राजी हो गया

बदले पाकिस्तान अमरीका से इन टोही
रा एकत्र सूचनाओं का आदान-प्रदान
स सबसे भारत की सुरक्षा के लिए भारी
हो गया है । वैसे पाकिस्तान ने अमरीका
विमानों को अपने यहां सुविधा देने की
ंडन किया है । चीन से पाकिस्तान का
भारत के विरुद्ध ही माना जाएगा । चीन
न को हथियार दिए हैं और दोनों देशों के
ु सहयोग की भी खबर है ।

तख्त की छत पर लैंटर

र, 14 जनवरी (पंकेस): दमदमी
अनुसार अकाल तख्त की प्रथम छत पर
नवरी को पड़ेगा ।

पाक ने परमाणु बम

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्तान को नहीं सौंपे जाएंगे लेकिन चयन
अमरीका सरकार उस विमान प्रणाली
ता देगी जो भारत के लिये कम से कम
।

ल प्रदेश को राज्य का दर्जा देने के बाद
ाये गये आरोपों के बारे में भेंटकर्ता ने
के बीजिंग और वाशिंगटन के गठजोड़
प्रति चीन के रवैये पर क्या प्रभाव
वैंकटेश्वरन ने जवाब दिया मुझे
क वां चुंग क्षेत्र में चीनी घुसपैठ जैसी
मरीका समर्थन नहीं करता ।

ई

सूचना

ाई के लिये मोहरबंद निविदाएं

ये
ई
,
,
ं
ं

= 18 मी.टन
(अनुमानतः)
= 18 मी.टन
(अनुमानतः)
7

.87 सायं 3 बजे तक
पए



माघी मेले पर मुक्तसर में आयोजित अकाली दल (बादल) के सम्मेलन का एक दृश्य । (छाया : ओम)

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

समय गिरफ्तार किया गया, जब यह किसी के घर में लूटपाट के उद्देश्य से जा रहा था । वहां के लोगों ने इस पर कोई तेजाबी वस्तु फैंकी, जिससे इसका चेहरा तथा आंखें जल गईं । इसे अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

श्री विरदी ने बताया कि यह व्यक्ति होमगार्ड का "जवान" है तथा बटाला के थाना सदर में तैनात था । वह तथा उसके साथी लूटने के समय अपनी वर्दी पहनते थे तथा अपने-आपको बी.एस.एफ. के जवान बताते थे । थाना बटाला सदर के इंस्पैक्टर ने बताया है कि गुरमीत सिंह का एक भाई लखविंदर सिंह इस समय जोधपुर जेल में बंद है । इसके साथियों की तलाश के लिए छापे जारी हैं । कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने होमगार्ड के अधिकारियों से मांग की है कि होमगार्ड जवानों की 'स्क्रीनिंग' कराई जाए ।

नई दिल्ली की एक अन्य सूचना के अनुसार गुरमीत बी.एस.एफ. के जवानों की गोली से घायल हो गया । इस गिरोह के अन्य सदस्य छिंदा (शेखर), देवी सिंह (दयालगढ़), निर्मल सिंह (सेंदलपुर) तथा मीर सिंह (दहिया) हैं ।

34 बंगला देशी, एक पाकिस्तानी बंदी

अमृतसर सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने डेराबाबा नानक क्षेत्र के बोप कस्सोवाल से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करते हुए पाकिस्तानी नागरिक गुलाम यासीन (डेरा गाजी खान) को पकड़ लिया । बी.एस.एफ. की नाका पार्टियों ने सीमा पर काहनगढ़ क्षेत्र में संदिग्धावस्था में घूम रहे 34 बंगला देशियों को पकड़ लिया । इन्हें कल घरिंडा पुलिस को सौंप दिया गया ।

धर्म-प्रचारक की हत्या

फरीदकोट जिला के कौंकियां गांव में कल रात 4-5 उग्रवादियों ने एक धर्म प्रचारक संत मोहन दास की उसके 'डेरे' में गोलियां मार कर हत्या कर दी । उग्रवादी निकल भागने में सफल हो गए । पुलिस और सुरक्षा बलों ने क्षेत्र को घेरे में ले लिया है और हत्यारों को पकड़ने के लिए खोजबीन जारी है ।

महंत, चेले पर फायरिंग

बाघापुराना से 'मित्तल' के अनुसार गत रात लगभग 8 बजे उग्रवादियों ने गांव कोट सखियां में एक गुरुद्वारे के महंत और उसके चेले को गोलियां मार कर गम्भीर घायल कर दिया। बताया जाता है कि उस समय दोनों पूजा-पाठ में लगे हुए थे । अंधाधुंध फायरिंग करने के बाद उग्रवादी भाग निकले । दोनों घायलों को गम्भीरावस्था में फरीदकोट के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस जांच कर रही है । महंत की बाद में मृत्यु हो गई ।

5 उग्रवादी गिरफ्तार

अमृतसर (वार्ता): पुलिस ने कल रात नगर से पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इन लोगों से पूछताछ की जा रही है ।

अमृतसर पुलिस एक उग्रवादी बलजीत सिंह से पूछताछ कर रही है ।

निहंग गिरफ्तार

अमृतसर के सुल्तानविंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने जौड़ा ग्राम के निहंग पूरन सिंह को गिरफ्तार कर लिया, जिसने पुल पर तैनात सी.आर.पी. की टुकड़ी पर तलवारों से हमला किया था ।

कल रात्रि अमृतसर के सदर क्षेत्र के ग्राम थिंड में दो गुटों में विवाद के दौरान गोली चली जिसमें एक घायल बलविन्दर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।

लुधियाना की एक सूचना के अनुसार जगरांव में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

पंजाब पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए खूंखार आतंकवादी अनोख सिंह को दिल्ली ले जाया जा रहा है ।

दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में 1985 में हुए ट्रांजिस्टर बम विस्फोटों में अनोख सिंह का हाथ बताया जाता है ।

पुलिस ने उसे लुधियाना जिले में सोमवार को गिरफ्तार किया था । उसके पास से 500 जीवित कारतूस बरामद हुए थे ।

2300 रु. और घड़ी छीन ली

लुधियाना से धीमान की सूचना है कि गुरुहरसहाय का एक युवक विजय कुमार आज प्रातः अशोक नगर की ओर जा रहा था कि कम्बल लपेटे हुए चार व्यक्ति उसे रास्ते में मिले जिन्होंने उससे 2300 रुपए नकद और घड़ी छीन ली ।

ठेका लूटा

फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात यहां से दस किलोमीटर दूर गांव घुड़का में दो मोटर साइकल सवार पीली पगड़ी वाले सिख युवकों ने शराब का ठेका लूट लिया । उग्रवादियों ने पिस्तोल की नोक पर ठेका से 1100 रु. नकद और दोनों कर्मचारियों सोमदत्त और संतोख सिंह से उनकी घड़ियां उतरवा लीं और फरार हो गए ।

4-5 संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में

फगवाड़ा से खोसला की सूचना है कि दो दिन पूर्व स्थानीय ओरिएंटल बैंक आफ कामर्स से तीन



निविदा सूचना
नं. 2/87

अधोलिखित मैटीरियल की सप्लाई के लिए प्रतिष्ठित निर्माताओं/सप्लायरों से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं ।

Punjabi Sanatani

जमानत पर रिहा
नजरबंद है इसके
दिया गया ।

कांस्टेबलों के

होशियारपुर
पुलिस ने कांस्टे
गुरमुख, हरचरण
और हैडकांस्टेबल
सेवा अनुकरण क
है । ये पुलिस क
हाजिर थे ।

पंजाब के
रिबैरो ने जालंधर
अधिकारियों तथ
साथ आज जालध

कपूरथला,
प्रातः 8 से सायं 6
दी है । 3.5 हर
में प्रातः 6.30
सवारी की छूट दे

केंद्र धार्मिक

नई दिल्ली
बढ़ते हुए धार्मि
और उसने इससे
प्रयास करने को

इस बीच के
शहाबुद्दीन द्वा
समारोहों का बहि
भी की है ।

गृह मंत्रालय
आह्वान का देश
पड़ा है और इस
नहीं है ।

केंद्र ने इस
कट्टरवादिता को
स्थिति पर लगात
सरकारों को नि
लगातार निगाह
करें ।

जनवरी को यहा
के इलावा जोध
सैनिकों के पुनर्व

वैसे केन्द्र अ
आतंकवादियों औ
करना मुश्किल
कानून के अनुसा
पंजाब से केन्द्रीय
दल के एक गुट

बातचीत में
बदले हरियाणा
शिनाख्त के लिए
में भी बातचीत

प्रधानमंत्री ने
है कि वह व्यस्त
मसलों पर उनसे

प्रधानमंत्री
अर्जुन सिंह, औ
तथा रक्षा राज
बरनाला तथा

को शहीदी जत्था भेजेगी

अन्य कालेजों में भी हड़ताल

उग्रवादियों द्वारा कर्नल, भाजपा नेता के बाडी गार्ड सहित चार लोगों की हत्याएं

घड़ियाला में कर्नल की भाभी की भी हत्या, भाई, भतीजी घायल, करतारपुर के बाजार में फ़ायरिंग

8 घुसपैठिये मारे गये, कई उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 15 जनवरी (पं.के.स., वार्ता): उग्रवादियों ने कल रात्रि अमृतसर जिले के पट्टी क्षेत्र के ग्राम घड़ियाला में लैफ्टिनैंट कर्नल संत सिंह भुल्लर, उनकी भाभी कुलवंत कौर की हत्या कर दी, आज भारतीय जनता पार्टी की गुरदासपुर इकाई के अध्यक्ष रोशन लाल की हत्या का प्रयास किया व उनके बाडीगार्ड की हत्या करके उसकी स्टेनगन छीन ले गए तथा एक व्यक्ति को घायल कर दिया तथा आज रात्रि ही करतारपुर के बाजार में फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी व कई को घायल कर दिया ।

कल सीमा क्षेत्र में विभिन्न मुठभेड़ों में 8 घुसपैठिए मारे गए ।

भाजपा नेता की हत्या का प्रयास, बाडीगार्ड की हत्या

गुरदासपुर से मिली खबरों के अनुसार आज रात्रि उग्रवादियों ने भाजपा अध्यक्ष रोशन लाल की हत्या का प्रयास किया । रोशन लाल बाल-बाल बच गए पर उनका बाडीगार्ड नवधारी मारा गया व वहां से जा रहे एक अन्य प्रेम कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए । उग्रवादी फरार होते समय बाडीगार्ड की स्टेनगन भी छीन ले गए । यह घटना रात्रि आठ बजे बहरामपुर रोड पर हुई जब भाजपा नेता अपने अंगरक्षक के साथ घर जा रहे थे ।

महिला सहित दो की हत्या

अमृतसर (पंकेस): सशस्त्र आतंकवादियों के एक दल ने यहां से 55 किलो मीटर दूर पट्टी क्षेत्र के घड़ियाला गांव में कल रात लैफ्टिनैंट कर्नल संत सिंह भुल्लर की गोली मारकर हत्या कर दी । श्री भुल्लर कर्नाटक में बेलगांव के सैनिक प्रशिक्षण स्कूल में कार्यरत थे ।

हमलावरों ने श्री भुल्लर के भाई की पत्नी कुलवन्त कौर (35 वर्ष) की भी हत्या कर दी । उनका भाई हरबंस सिंह (40 वर्ष) दिल्ली पुलिस के सेवानिवृत्त सहायक उपनिरीक्षक हैं भी इस घटना में गम्भीर घायल हुए हैं । घटना में उनकी 17 वर्षीया पुत्री कंवलजीत कौर भी बुरी तरह घायल हुई है ।

अवतार सिंह ब्रह्मा के 'तत्त खालसा' आतंकवादी गिरोह ने इन हत्याओं की ज़िम्मेदारी ली है । ब्रह्मा की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित है । गिरोह द्वारा घटनास्थल पर छोड़े गए एक पर्चे में कहा गया है कि लैफ्टिनैंट कर्नल भुल्लर को आप्रेशन करने की सज़ा दी गई है । श्री भुल्लर एक महीने का अवकाश लेकर अपने माता-पिता और भाइयों के साथ गांव में रह रहे थे । उन्हें 17 जनवरी को काम पर वापत लौटना था । श्री भुल्लर की पत्नी, दो पुत्रों, बूढ़े पिता, भाइयों और परिवार के अन्य सदस्यों ने छिपकर अपनी जान बचाई ।

गुरु तेग बहादुर अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में भर्ती श्री हरबंस सिंह के अनुसार आतंकवादियों ने चालीस मिनट तक गोलीबारी की । इससे पांच दुधारू मवेशी भी घायल हो गए ।

श्री हरबंस सिंह ने बताया कि उनका भाई और परिवार के सभी सदस्य टैलीविज़न कार्यक्रम देख रहे थे । आतंकवादियों ने मकान को घेर लिया और चारों तरफ से हमला किया । उन्होंने बंद दरवाज़े में आग लगा दी और दरवाज़ा तोड़कर संत सिंह पर बहुत करीब से गोलियां दाग कर उनकी हत्या कर दी । श्री हरबंस सिंह की पत्नी अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ गई । श्री हरबंस सिंह के अनुसार वे दिल्ली पुलिस में विशेष प्रशिक्षक थे । वे प्रधानमंत्री और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों के सुरक्षा कर्मियों और कमांडों को विशेष प्रशिक्षण देते थे । 1985 में सेवानिवृत्त होकर वे अपने खेतों की देखभाल के लिए गांव में बस गए ।

उन्होंने कहा कि उनके परिवार का कोई दुश्मन नहीं था और उन्हें अब तक किसी से कोई धमकी भी नहीं मिली थी । उनके भाई संत सिंह दो साल बाद छुट्टियों पर अपने घर आए थे और 17 जनवरी को लौटने वाले थे । उन्होंने बताया कि हमलावरों ने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए । आतंकवादियों ने वारदात के दौरान ऊंची आवाज़ से कहा कि कर्नल संत सिंह ने आप्रेशन ब्लू स्टार में धार्मिक स्थल पर हमला किया था, इसीलिए उसके परिवार को यह सज़ा दी जा रही है ।

श्री हरबंस सिंह के दाएं टखने और पेट पर गोली लगी है । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों जैसे—लाइट मशीनगन, स्टेनगन, पिस्तौलों और रिवाल्वरों का इस्तेमाल किया । उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि पुलिस और सुरक्षा बल उनकी मदद के लिए वहां नहीं पहुंचे यद्यपि पुलिस और सुरक्षा सैनिकों की चौकियां और दस्ते गांव में ही तैनात थे । उन्होंने इस बात पर भी देख व्यक्त किया कि गांव की डिस्पैंसरी में डिस्पैंसर की कोई व्यवस्था नहीं थी । डिस्पैंसरी के आप्रेशन कक्ष की चाबियां उपलब्ध न होने के कारण उन्हें प्राथमिक चिकित्सा के लिए पट्टी ले जाया गया ।

उनकी 17 वर्षीय बेटी कंवलजीत कौर के दाएं बाज़ू पर गोली लगी है । वह इस हादसे से अब तक स्तब्ध है । कंवलजीत कौर ने रुंधे गले से बताया कि आतंकवादियों ने उसकी मां और ताऊ को बेदर्दी से मार डाला ।

7 घुसपैठिए मारे गए

भारत-पाकिस्तान सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के साथ हुई चार मुठभेड़ों में सात घुसपैठिए मारे गये और एक को पकड़ लिया गया । खेमकरण क्षेत्र की मियांवाली चौकी के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे 6 व्यक्तियों को सुरक्षा सैनिकों ने ललकारा । इस

(शेष पृष्ठ 6 पर)

चीन ने पाक द्वारा दिए गए साईचिन क्षेत्र में रेखांकन का काम शुरू कर दिया

जम्मू, 15 जनवरी : भारतीय सेना ने लद्दाख के सीमावर्ती साईचिन ग्लेशियर की निगरानी और कठोर कर दी है । उक्त कार्रवाई यह समाचार मिलने पर की गई कि पाकिस्तान ने अधिकृत उत्तरी कश्मीर के कई क्षेत्र चीन के लिये छोड़ दिये हैं और चीन ने उनके रेखांकन का काम शुरू कर दिया है ।

उत्तरी कमान के मुख्य कमांडर लै. जनरल ए.के. हांडू ने आज यहां बताया कि भारतीय सैनिक इंदिरा कोल क्षेत्र पर विशेष नज़र रखे हुए हैं । यह क्षेत्र कराकोरम पर्वत शृंखला के ठीक सामने है, जो पाकिस्तान ने चीन को दे दिया है ।

सेना दिवस पर आयोजित एक स्वागत समारोह में पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुये उन्होंने कहा कि चीन द्वारा रेखांकन का काम शुरू कर देने का अभी पक्का प्रमाण नहीं मिला है । उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में चीन और पाकिस्तान के बीच गठजोड़ की काफी सम्भावनाएं हो सकती हैं ।

पाकिस्तान ने भारत के कड़े विरोध को नज़रन्दाज करते हुये इंदिरा कोल के उत्तर में स्थित यह क्षेत्र चीन को दे दिया ।

श्री हांडू ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने गत एक वर्ष के दौरान इस ग्लेशियर पट्टी में अपनी स्थिति बहुत मज़बूत कर ली है और इस क्षेत्र के मुख्य सीमांत मार्गों और वाटर शैड पर पूरी तरह हमारा नियंत्रण है । कुछ छोटे-छोटे ग्लेशियर पाकिस्तान के कब्ज़े में ज़रूर हैं । पाकिस्तान का दावा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा इन स्थानों से पूर्व की ओर होनी चाहिए । पाकिस्तानी दावों को रद्द करते हुए जनरल हांडू ने कहा कि यदि हम पाकिस्तान का दावा मान लेते हैं तो सामरिक महत्व वाले इस ग्लेशियर का अधिकांश भाग पाकिस्तान या चीन के हाथों में चला जाएगा । श्री हांडू ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा वाटर शैड के साथ-साथ उत्तर की ओर जानी चाहिए ।

वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ अन्य सैक्टरों की हालत के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भारतीय सुरक्षा बल इन पर अपना कब्जा जमाए हुए है। गोलीबारी तो यहां होती रहती है परंतु यह कोई चिन्ता का विषय नहीं है ।

इससे पूर्व मौलाना आजाद स्पोर्ट्स स्टेडियम में सैनिकों को सम्बोधित करते हुए जनरल हांडू ने कहा साईचिन ग्लेशियर से भारतीय सेना को खदेड़ने का

मनजीत सिंह व संधु के विरुद्ध सी.बी.आई. केस वापस लेने लगी

नई दिल्ली, 15 जनवरी (वार्ता): भिंडरांवाले के भतीजे और उग्रवादियों द्वारा चुने गए अकाल तख्त के 'चीफ' जसबीर सिंह रोडे का आज मुख्य

गई । इससे पूर्व जांच अधिकारी ने अभियुक्त को आरोप पत्र की कापियां और अन्य दस्तावेज दिए ।

इसी बीच सी.बी.आई. ने आल इंडिया सिख





...रिंग से घायल हुए व्यक्तियों को गुरु तेग ... । (1) हरबंस सिंह, (2) हरबंस सिंह ...न के बाहर घायलों के सम्बन्धी परेशान (छाया : ओम भंडारी)





...मोहन लाल, (5) राजीव । (छाया : कपूर)

...के लिये ...: रिबैरो

...भाई में झगड़ा नहीं होता । ये दोनों परस्पर ...क्कर होकर काम कर रहे हैं । एक अन्य ...के उत्तर में श्री रिबैरो ने कहा कि जो लोग ... काम कर रहे हैं, उन्हें पुरस्कार दिये जा रहे ...उनसे पूछा गया कि कई लोग डर के मारे आगे ...ा रहे । खुड्डा-बस कांड के अभियुक्तों की ...ख्त तक करने से संकोच करते हैं । उत्तर में ...ने कहा कि हमारे सामने कई व्यावहारिक ...इयां तो होती हैं, परन्तु ऐसा नहीं हो सकता कि ...विक अपराधी दंड से बच जाए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

...रा पंजाब ...य मंत्रणाएं

...ाने में सुरक्षा बलों की असफलता पर असंतोष ... किया है । केंद्र सरकार का यह दृढ़ मत है कि ...वाद की रोकथाम के लिए राज्य प्रशासन को ...तम उपाए करना चाहिए । इसके लिए हर ... सहायता देने की इच्छा भी उन्होंने जाहिर की

...धानमंत्री राजीव गांधी श्री बरनाला को अभी ...ी दिन पहले लिख चुके हैं कि केंद्र सरकार ... में आतंकवादियों की तेजी से बढ़ती हुई ...ओं से अधिक चिंतित है, क्योंकि आतंकवादियों ... उन्हीं सुरक्षा कर्मियों तथा नागरिकों को अपनी ...ों का निशाना बनाना शुरू किया है जो पुलिस ...द करते हैं ।

...आप्रेशन ब्लू स्टार' में शामिल सेना के ...नैंट कर्नल भुल्लर की अमृतसर में आज ...वादियों द्वारा हत्या किए जाने की घटना पर ...में दुःख व्यक्त किया गया ।

Punjabi Sanjaji

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

पर घुसपैठिए गोलियां चलाने लगे । जवाब में सुरक्षा सैनिकों ने भी गोलियां चलाई जिससे चार घुसपैठिए मारे गए और दो अन्य पाकिस्तान भाग निकले ।

इसी क्षेत्र में एक इसी तरह की मुठभेड़ में एक घुसपैठिया मारा गया । रानीके क्षेत्र में एक अन्य मुठभेड़ में दो घुसपैठिए मारे गए और एक भाग निकला । एक घुसपैठिया घरिंडा क्षेत्र में पकड़ लिया गया ।

भागूपुरा हत्याकांड में 2 बंदी

अमृतसर से 'विप्र' के अनुसार कल शाम 7 बजे पट्टी थानांतर्गत गांव भागूपुरा में कुछ उग्रवादियों की फायरिंग से दो व्यक्तियों महेंद्र सिंह तथा अजीत सिंह की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई थी तथा गुरबख्श सिंह और सुखवंत सिंह घायल हो गये थे । इस हत्याकांड की सूचना मिलते ही सी.आर.पी. के जवान गांव में पहुंच गए तथा दो व्यक्तियों पाल सिंह व जसपाल सिंह को इस संबंध में गिरफ्तार कर लिया । यह दोनों ही सगे भाई हैं ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का दौरा करने के बाद बताया कि यह हत्याकांड ग्रामीणों के दो दलों में हुये आपसी झगड़े के कारण हुआ । यह उग्रवादियों की कार्यवाही नहीं है ।

कम्पनी कमांडर की जीप पर फायरिंग

अमृतसर में मिली एक सूचना के अनुसार गत रात्रि में लगभग 10 बजे सी.आर.पी. के कम्पनी कमांडर की जीप,जो अटारी मुख्यालय की ओर जा रही थी, पर थाना घरिंडा से लगभग 2 किलोमीटर दूर छिपे हुये उग्रवादियों ने फायरिंग की । जब सी.आर.पी. के जवानों ने जवाबी फायरिंग की तो हमलावर उग्रवादी भाग निकले । इस हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

उग्रवादी बंदी : पिस्तौल बरामद

सी.आर.पी. के एक दल ने आज प्रातः अमृतसर से बाहर सुल्तान विंड क्षेत्र में गंदा नाला के निकट से एक उग्रवादी जसवंत सिंह को पकड़ लिया । यह व्यक्ति थाना मेहता का रहने वाला है । एक अन्य समाचार के अनुसार इस उग्रवादी का नाम जर्मन सिंह है । उसके कब्जे से 12 बोर का एक भरा हुआ पिस्तौल व 455 बोर का एक कारतूस भी बरामद किया गया है । उसके साथ एक और उग्रवादी सुखविन्दर सिंह (बग्गा) भी था जो भागने में सफल हो गया ।

स्पेनी पिस्तौल सहित बंदी

सुरक्षा बलों ने पुतली घर क्षेत्र में 2 व्यक्तियों सुरेंद्र सिंह तथा मस्सा सिंह को गिरफ्तार कर लिया तथा उनके पास से एक 7.6 बोर का स्पेन में बना पिस्तौल एक भरी हुई मैगजीन सहित बरामद किया है ।

यह अभियुक्त एक तिपहिया वाहन से उस समय कूद कर भाग निकले जबकि पुलिस ने उस वाहन को जांच के लिये रोका । सुरक्षा बल के जवानों ने उनका पीछा किया तथा उन्हें पकड़ लिया । यह दोनों ही बटाला क्षेत्र के रहने वाले हैं । इन दोनों से पूछताछ की जा रही है ।

सुरक्षा बलों ने गुमटाला पुल के पास भी 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

2 स्कूटर छीने

होशियारपुर से प्रद्युम्न ने समाचार दिया है कि यहां से 30 किलोमीटर दूर गांव सम्बली के निकट तीन अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर नवांशहर से समुद्रां आ रहे दो व्यक्तियों जीवन कुमार और मदन लाल से उनके बजाज चेतक स्कूटर छीन लिये तथा फरार हो गये । उनके स्कूटरों के नम्बर पी.ए.पी. 2090 तथा पी.जे. क्यू. 9641 हैं ।

उग्रवादी गिरफ्तार

रोपड़ (वर्दी): रोपड़ पुलिस ने इसी जिला के एक उग्रवादी को, जो एक 5 सदस्यीय उग्रवादी गिरोह का सदस्य है, को गिरफ्तार कर लिया है । उसने गुरुद्वारा भट्ठा साहब के मैनेजर लाभ सिंह की हत्या, किशन सिंह गर्ग, अमरीक सिंह निरंकारी और अकाली दल के प्रैस सचिव अमरीक सिंह पर हमलों में संलिप्तता स्वीकार की है । तलवाड़ा बैंक डकैती में भी इसी गिरोह का हाथ था । इस गिरोह के अन्य सदस्यों तथा इन्हें आश्रय देने वालों को भी शीघ्र गिरफ्तार किये जाने की संभावना है ।

महिला को लूटा

फगवाड़ा से प्राप्त समाचारों के अनुसार 2 सशस्त्र लुटेरों ने आज दोपहर में वहां सतनामपुरा बस्ती में एक घर में घुस कर एक महिला नसीब कौर से उसकी सोने की बालियां तथा कुछ नकदी लूट ली ।

बंदूक छीनी

बटाला (को.): गत रात दस बजे के लगभग थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव चौड़े-मदरा में चार सशस्त्र अज्ञात युवकों ने, कश्मीर सिंह नामक एक व्यक्ति से उसकी 12 बोर की दोनाली बंदूक तथा चार कारतूस छीन लिए ।

15 हज़ार लूटे

इसी थाना के अंतर्गत गांव सक्खोवाला में गत रात 11 बजे के लगभग छः सशस्त्र अज्ञात व्यक्तियों ने एक 'राईस शैलर' से 15 हज़ार रुपये लूट लिये तथा फरार हो गये ।

सोना लूटा

एक अन्य घटना में गांव भम्बोई के चरण दास नामक व्यक्ति के घर से दो अज्ञात युवक 44 ग्राम सोना तथा 1100 रुपए नगद लेकर फरार हो गए ।

अफीम तस्कर

बटाला में मिली खबरों के अनुसार पुलिस ने ऐसे दो कथित अफ़ीम तस्करों को गिरफ्तार करने का दावा किया है जो पाकिस्तानी तस्करों के साथ मिलकर इस कार्य में लगे हुए थे । पुलिस सूत्रों ने बताया कि महेंद्र सिंह और जोगेंद्र सिंह के दो पाकिस्तानी साथियों को पहले ही पुलिस ने पकड़ लिया ।

हथियार तस्कर पकड़ा गया

गुरदासपुर से मिले एक अन्य समाचार के अनुसार पुलिस ने कल जिस एक हथियार तस्कर स्वर्ण सिंह को गिरफ्तार किया था उसे पूछताछ के लिए अमृतसर जांच केंद्र में भेज दिया है । बताया जाता है कि वह पहले एक बैंक में गनमैन था ।

करतारपुर में फायरिंग, 1 मरा

जालंधर (कौल): जी.टी. रोड पर स्थित निकटवर्ती कस्बे करतारपुर के बाजार बानियां में आज सायं 7 बजे के लगभग दो उग्रवादियों ने स्वचालित शस्त्रों से अंधाधुंध फायरिंग करके प्रवीण कुमार अग्रवाल की हत्या कर दी और रिपन जैन (जैन मैडीकोज), सतपाल, डाक्टर जीतेंद्र शर्मा (नीरज मैडीकल हाल व संयोजक सेवा समिति दल), पत्रकार भगत मोहन लाल को घायल कर दिया । उग्रवादी पैदल आए और पैदल ही भाग गए । घायलों को मेटाडोर में सिविल अस्पताल जालंधर लाया गया ।

करतारपुर से 'साहनी' की सूचना है कि उग्रवादियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रधान डाक्टर जितेन्द्र की दुकान पर अचानक गोली चलानी शुरू कर दी । एक गोली वहां खड़े पत्रकार भगत मोहन लाल और डाक्टर जितेन्द्र को भी लगी । फायरिंग होते ही मार्केट में भगदड़ मच गई । तीन अन्य व्यक्तियों को भी गोलियां लगीं । इनमें सतपाल सब्जी वाला और विमल जैन शामिल हैं ।

वारदात के काफी देर बाद तक भी पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची । उत्तेजित भीड़ ने पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन किया ।

वार्ता के अनुसार जितेन्द्र कुमार करतारपुर राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के नेता हैं । करतारपुर में पिछले कई महीनों से दो समुदायों में तनाव चल रहा है । सभी हताहत एक ही समुदाय के हैं ।

एक सूचना के अनुसार उग्रवादी किशनगढ़ होते हुए पठानकोट की ओर फरार हो गए ।

कार छीन ली

लुधियाना में संदिग्ध उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर किचलू नगर के निकट एक व्यक्ति से रिमांड दे दिया ।

फिरोजपुर से [illegible] ने मोगा के तरसेम [illegible] उसका स्कूटर पी.[illegible]

बाघापुराना से [illegible] ने मेरी मस्तफा ग्राम [illegible] को गोली मार कर [illegible]

जम्मू (सच्चर) [illegible] बल के जवानों की [illegible] जबकि उसका सार्थ

तमिल [illegible] प्रस्ता

श्रीलंका, 15 छापामारों ने श्रीलंक [illegible] वार्ता के प्रस्ताव को

प्रधानमंत्री [illegible]

(पृ

संचार मंत्री अर्जुन [illegible] सम्भावना है । श्री [illegible] तत्कालीन राज्यपाल [illegible] हस्ताक्षर कराने में [illegible]

पंजाब सरकार [illegible] समस्या से निपटने के [illegible] के अलावा चंडीगढ़ [illegible] करने, पंजाब व ह [illegible] निपटाने तथा जोधपुर [illegible] रिहाई की मांग कर [illegible]

श्री बरनाला सौ [illegible] निपटाने पर ज्यादा [illegible] दल का बादल गुट [illegible] स्टूडैंटस फैडरेशन [illegible] भावनाओं का लाभ [illegible]

चंडीगढ़ के ब [illegible] एकड़ भूमि देने में दे [illegible] चंडीगढ़ के हस्तांतर [illegible]

केंद्र सरकार ने [illegible] न्यायमूर्ति डी.ए. दे [illegible] आयोग भी गठित कि [illegible] पंजाब सरकार उसे [illegible]

पंजाब और हरि [illegible] मामले को सुलझाने [illegible] अभी अपनी रिपोर्ट प्र [illegible] महीने के अंत तक स [illegible]

एक ही बैठक सम

'चावला' के अ [illegible] बरनाला ने गत दिव [illegible] प्रधानमंत्री से बातची [illegible] स्थगित मामलों पर च [illegible] लगे परन्तु प्राप्त सं [illegible] एक दिन से अधिक [illegible] शनिवार केरल जा [illegible] उसकी सम्भावना अ [illegible]

इसी बीच पता [illegible] शुभचिंतक पंजाब [illegible] जोधपुर के नजरबंदों [illegible] होने वाली इस बात [illegible] बनाने के भरसक प्र [illegible]

क्लासीफाइड विज्ञापन

रजिस्ट्रेशन

Registration open for New Session, Classes Nursery to Matric. Limited Seats. Gupta Model High School, 72, Club Road, Civil Lines, Ludhiana.

साड़ियां

कढ़ाई की मशहूर दुकान–टंडन आर्ट्स, चौक बाज़ार कलां, जालंधर । फोन-74248.

हकलाना

हकलाना/तुतलाना लाइलाज नहीं है । आयोध व सर्जरी के बगैर पक्का इलाज करवाएं : आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाज़पुल, हिसार (हरियाणा) ।

UDI

आवश्यकता

Wanted Ex-Servicemen Security Guards, Supervisors, Driver, Lady Searcher. Apply Managing Director Ex-Servicemen Carewell Security Limited, 1201/22-B, Chandigarh.

Wanted One Female Typist cum clerk contact : Neera Industries, 14, New Market, Adda Hoshiarpur, Jalandhar City. Tel. : 79259.

Ex-Servicemen Security Guards for duties in Panchkula and Parwanoo. Age below 50 years. Army Service Seven Years. Salary Rs. 450/- plus extra duty allowances total Rs. 650/- to 700/-. Contact immediately The Associates (Security & Services), SCO-1131, Sector

पोल्ट्री

National Egg Co-ordination Committee Delhi Egg rate for 15.1.87 53/- per 100 eggs. Without trays.

प्लाट बिक्री

अम्बाला शहर नरेश विहार में 7/8 मरले के प्लाट बिकाऊ । 55/- प्रति वर्ग गज़ । स्वयं मिलें : दीप प्रापर्टी डीलर्ज, जैन कालेज रोड, अम्बाला शहर ।

चिकित्सा

चेहरे पर कील, मुहांसे, छाइयां, सफेद दाग, बालों का झड़ना, चमड़ी रोग, मोटापा, पेशाब रोग, स्त्रियों-मर्दों के रोग का अचूक ईलाज, रोग विवरण लिखें/ज्ञान वर्धक पुस्तक (नर-नारी) मुफ्त मंगवाएं । मिलें या लिखें : प्रकाश क्लिनिक, 7-D, हाल बाज़ार, अमृतसर-143006.

रोज़गार

बैंक, वायुसेना, रेलवे में नौकरी के इच्छुक, 10 रुपये मनिआर्डर भेज कर गाइडैंस, प्रास्पैक्टस फार्म मंगवाएं । नैशनल कालेज आफ सर्विस, समाना-132101. (करनाल) ।

UDCI

ज़मीन-जायदाद

निज़ामुद्दीन-गाज़ियाबाद हाइवे पर दिल्ली महानगर योजना के अंतर्गत, यू.पी. बार्डर के साथ, फ्री-होल्ड कालोनी कपिल विहार में 200, 400, 800 गज़ के प्लाट 70/- रुपए प्रति गज से खरीदें । पक्की रजिस्ट्री दाखिल-खारिज, मीठा पानी, आबादी के

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का **पवन कुमार**, उम्र 13 साल, कद 4'-5", रंग साफ, बाल गहरे काले, चमकदार हिन्दी - पंजाबी बोलता है, 16.12.86 से कुर्ता - पजामा

Punjabi Sahaani

वर्ष 22 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 217
शनिवार, 17 जनवरी, 1987 तदनुसार, 4 माघ, 2043 मूल्य 70 पैसे, विमान द्वारा 80 पैसे

PHONE : 78905
MFD.BY:
JULKA & COMPANY
JALANDHAR
JALANDHAR
KAREEM PURA
LUDHIANA.

मत्तेनंगल में हत्या, करतारपुर में ट्रैफिक जाम, पुलिस लाठीचार्ज

थाने पर प्रदर्शन के बाद करतारपुर का एस.एच.ओ. लाइन हाजिर, बी.एस.एफ. तैनात

कई जगह लूटपाट, लुधियाना में बम का आतंक

चंडीगढ़, 16 जनवरी (वार्ता, पंकेस): करतारपुर में कल रात उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग के विरुद्ध रोष स्वरूप आज नगर में पूर्ण हड़ताल रही । जी. टी. रोड पर ट्रैफिक जाम करने वालों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया ।

एक हत्या

अमृतसर से 'अशोक सोनी' के अनुसार आज सायं सात बजे मत्तेनंगल में कुछ उग्रवादियों ने फायरिंग करके नरेन्द्र पाल की हत्या कर दी ।

2 घायल सी. एम. सी. में

जालन्धर (क): गत सायं लगभग सवा सात बजे निकट के कस्बा करतारपुर के मेन बाजार में उग्रवादियों ने राष्ट्रीय सरक्षा समिति, करतारपुर के मुखिया डा. जितेंद्र शर्मा की हत्या करने के प्रयास में उनकी दकान पर गोलियां चलाने के बाद फरार होते हुए रास्ते में गोलियां चलाते जाने से एक युवक प्रवीण कुमार अग्रवाल की मृत्यु हो जाने के अतिरिक्त छह व्यक्ति घायल हुए थे. उनमें से सतपाल तथा विपन जैन को सी. एम. सी. अस्पताल, लुधियाना भेज दिया गया जबकि अन्य चार घायल जितेंद्र शर्मा, भगत मोहन लाल पत्रकार, श्री राजीव व श्री राजेंद्र कुमार सिविल अस्पताल जालन्धर में उपचाराधीन हैं । इनमें से डा. शर्मा तथा भगत मोहन लाल के शरीर से अभी गोलियां निकाली जानी हैं क्योंकि रात को किए गए आप्रेशन से गोलियां निकल नहीं पाई थीं ।

गत रात की घटना के बाद सारे कस्बा में सनसनी एवं रोष फैल गया और वहां के एस. एच. ओ. व पुलिस के रवैये के प्रति नागरिकों की क्रुद्ध भीड़ ने प्रदर्शन शुरू कर दिए थे और जी. टी. रोड पर ट्रैफिक भी जाम कर दिया जो तीन घंटे के बाद डिप्टी कमिश्नर जालन्धर के दखल देने पर उठा लिया गया था ।

क्रुद्ध नागरिकों की मांग है कि करतारपुर के एस. एच. ओ. को न केवल निलम्बित किया जाए बल्कि गिरफ्तार किया जाए क्योंकि इस गोली कांड के पीछे उसका हाथ काम करता है ।

लोगों का आरोप है कि इस एस. एच. ओ. ने गत 30 दिसम्बर के अखिल भारतीय सिख छात्र संघ द्वारा घोषित पंजाब बंद के दौरान करतारपुर में नंगी तलवारों से जलूस निकालने वाले युवकों के विरुद्ध कोई कार्रवाई न की थी बल्कि जब नागरिकों का प्रतिनिधिमंडल थाना में डा. जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में उसे मिलने गया था तो उसने डा. जितेंद्र शर्मा को बुरा-भला कहा था । उसके बाद डा. जितेंद्र ने एक पत्र द्वारा पुलिस निदेशक, डी. आई. जी. जालन्धर रेंज को सूचित कर दिया था कि इस एस. एच. ओ. का रोल उग्रवादी समर्थक है । उसमें यह आरोप भी लगाया गया था कि इस एस. एच. ओ. ने सिख छात्र संघ के युवकों को तभी कहा था कि यदि डा. शर्मा को करतारपुर से हटा दो तो उनका रास्ता साफ हो जाएगा ।

पूर्ण हड़ताल

करतारपुर में आज गोलीकांड के विरुद्ध पूर्ण हड़ताल रही तथा नागरिकों ने प्रदर्शन किया और ट्रैफिक भी जाम किया ।

लाठीचार्ज

ब्रेकिंग की सूचना है कि सड़क पर यातायात बहाल करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया तथा लाठीचार्ज किया । करतारपुर में स्थिति तनावपूर्ण है । जालन्धर से बी. एस. एफ. और अतिरिक्त पुलिस फोर्स करतारपुर भेज दी गई है । करतारपुर के कई हिस्सों में पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन हो रहे हैं ।

डा. जितेंद्र शर्मा ने यहां सिविल अस्पताल में बताया कि कल सायं घटना के समय दो युवक आए । उनमें से एक दकान के कोने पर नीचे खड़ा रहा जबकि दसरा युवक जिसने सिर पर पगड़ी आदि नहीं बांध रखी थी और उसकी दाढ़ी खुली थी, काला कम्बल ओढ़े दकान के थड़े पर चढ़ा और डा. शर्मा से एबिल की गोलियां देने को कहा । उसने अपने बाएं हाथ से दवाई लिखा कागज पकड़ाया और दायां हाथ कम्बल में रखा हुआ था । जब डा. शर्मा दवाई देने लगे तो उसने कम्बल में से ही रिवाल्वर निकाला और डा. शर्मा पर एक के बाद दसरा फायर किया । इससे डा. शर्मा के कंधे के निकट दो गोलियां लगीं । मगर उस समय दकान पर मौजद भगत मोहन लाल ने फायर करने वाले युवक को जोर से धक्का दिया, जिससे वह नीचे गिर गया । तब भगत मोहन लाल ने उसको पांव से पकड़ने की कोशिश की मगर तब तक उसने सम्भल कर उन पर गोली चला दी, जो उनके कंधे पर लगी और फिर वह दोनों उग्रवादी पैदल बानियां बाज़ार की ओर निकल गए । भगत मोहन लाल घायल अवस्था में भी शोर मचाते पीछे दौड़े । इस पर अनेक लोग उग्रवादियों के पीछे दौड़े ।

उग्रवादी भी जाते-जाते फायरिंग करते गए, जिससे प्रवीण कमार के माथे, गले आदि में तीन गोलियां लगीं और उसकी वहीं मृत्यु हो गई जबकि चार अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए ।

बताया गया है कि फायरिंग के तरन्त बाद एक व्यक्ति थाना सूचना देने गया तो एस. एच. ओ. एक कार में चलने को तैयार था, मगर सूचना मिल जाने के बावजद उसने उग्रवादियों का लोगों के बताए रास्ते पर पीछा नहीं किया ।

इस घटना बारे लोगों ने बताया कि घटना से कुछ

(शेष पृष्ठ 8 पर)





(1) करतारपुर में वीरवार को उग्रवादियों के हाथों मारा गया प्रवीण
मेन बाज़ार जहां गोलीकांड हुआ, (4) गुरदासपुर में भाजपा नेता

'अभी अवाक्स समझौता नहीं हुआ !'

वाशिंगटन, 16 जनवरी (वार्ता): अमरीकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा है कि अमरीका की बोइंग कम्पनी और पाकिस्तान सरकार ने अवाक्स विमानों की खरीद के लिए न तो किसी पर हस्ताक्षर किए हैं और न ही ऐसे किसी समझौते पर हस्ताक्षर होने को हैं । अधिकारी ने कहा कि वह पहले ही बता चुके हैं कि पाकिस्तान को अवाक्स विमान दिए जाने के बारे में अभी कोई फैसला नहीं हो पाया है ।

उन्होंने कहा कि ऐसे किसी सौदे के होने से पहले सरकार की कार्यकारी शाखा से इसे मंजूरी मिलनी चाहिए और कांग्रेस से उसकी पुष्टि आवश्यक है । अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान को अवाक्स विमान बेचे जाने के बारे में अभी तक दोनों बातों में से एक भी नहीं हुई हैं ।

उल्लेखनीय है कि अमरीका की बोइंग कम्पनी और पाकिस्तान के बीच अवाक्स विमानों की खरीद के लिए होने वाले विचार-विमर्श में कभी भी यह नहीं कहा गया कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत से रीगन प्रशासन सम्बद्ध हैं ।

खरीदार के कम्पनी के साथ विचार-विमर्श होने तथा सौदे के बारे में सहमति हो जाने के बाद ही इसे सरकारों की कार्यकारी शाखा के पास मंजूरी के लिए भेजा जाता है तथा उसके बाद कांग्रेस उसकी पुष्टि करती है ।

हालांकि औपचारिक प्रणाली यह है लेकिन कार्यकारी शाखा की प्रत्यक्ष या परोक्ष मंजूरी के बिना अवाक्स जैसे संवेदनशील सौदे पर किसी दूसरे देश तथा सम्बन्धित कम्पनी के बीच विचार-विमर्श नहीं हो सकता है ।

यह पता नहीं चल पा रहा है कि ऐसी कोई मंजूरी दी गई थी या नहीं । लेकिन एक वरिष्ठ अमरीकी अधिकारी ने साफ-साफ कहा था कि अमरीका की दृष्टि में पाकिस्तान को अवाक्स विमानों की जरूरत है तथा कहा था कि पाकिस्तान बोइंग कम्पनी द्वारा निर्मित इ 3ए खरीदे जाने का इच्छुक है ।

पंजाब बारे उच्च

नई दिल्ली, 16 जनवरी (वार्ता): पंजाब समस्या पर गहराई से विचार करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हा राव के नेतृत्व में तीन सदस्यीय मंत्रिमंडलीय उच्च स्तरीय समिति गठित कर दी गई है जिसमें गृहमंत्री बटा सिंह, संचार मंत्री अर्जुन सिंह शामिल हैं । समिति के गठन का निर्णय आज प्रधानमंत्री व उनके मंत्रिमंडलीय साथियों द्वारा पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला व वित्तमंत्री बलवंत सिंह के साथ कई बार काफी देर तक उच्च स्तरीय परामर्श के बाद लिया गया । श्री बरनाला एक घंटे तक राजनीति प्रस्तावों पर चर्चा की

पार्टी सूत्रों ने सु साथ भेंट में कुछ मुद्दे लेकिन उन पर विस्ता बरनाला केंद्र सरकार बात करते रहे ।

प्राप्त सूचनाओं सरकारें चंडीगढ़ पंजा

पंजाब एक बूचड़खाना बन चुका है : हिन्दू-सिख एक हैं, दो नहीं : रे

भटिंडा, 16 जनवरी (ग्रोवर): पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने कहा है कि पंजाब एक बूचड़खाना बन चुका है । निर्दोष लोगों की हत्याओं में यह राज्य सबसे आगे है । श्री रे आज रामपुराफूल में एक अस्पताल की आधारशिला रख रहे थे । उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद धीरे-धीरे समाप्त होगा । गुमराह नौजवान रक्तपात कर रहे हैं । उनका कोई धर्म नहीं । ये लोग सिख गुरुओं की शिक्षाओं को नजरअंदाज कर रहे हैं । श्री गुरु गोबिन्द सिंह ने दुनिया भर के पीड़ितों की सहायता का बीड़ा उठाया, मगर उग्रवादी इस शिक्षा के विपरीत चल रहे हैं । गुरु तेगबहादुर ने हिन्दुओं की रक्षा के लिए अपना शीश दे दिया था, परन्तु आतंकवादियों ने उनकी याद में कायम किए गए दिल्ली के गुरुद्वारा शीशगंज को भी नहीं बख्शा । इन गुंडों ने अब औरतों और बच्चों की भी हत्याएं करनी शुरू कर दी हैं । हद यह है कि हाथ जोड़ कर प्राणों की भीख मांगने वालों को भी इन लोगों ने माफ नहीं किया । यह मारकाट अवश्य समाप्त होगी । लोग संगठित होकर रहें ।

राज्यपाल महोदय ने अपने भाषण में कहा, हिन्दू-सिख एक हैं, दो नहीं । दोनों एक ही माता-पिता की सन्तान हैं । इन्हें कोई एक-दूसरे से जुदा नहीं कर सकता । उन्होंने कहा कि यदि पंजाब आतंकवादियों का शिकार न होता तो आज यह प्रदेश कैलिफोर्निया के मुकाबले पर खड़ा हो सकता था । पंजाब में प्रगति के विस्तृत अवसर मौजद हैं । उन्होंने अन्य प्रदेशों के उद्योगपतियों को यहां आकर कारखाने लगाने का परामर्श दिया ।

मानोचाहल ने 2 सरबत खालसा

अमृतसर, 16 जनवरी (वार्ता): पंथक कमेटी के एक भूतपूर्व सदस्य तथा उग्रवादियों द्वारा नियुक्त अकाल तख्त के 'कार्यवाहक जत्थेदार' गुरबचन सिंह मानोचाहल ने 26 जनवरी 1987 को स्वर्ण मंदिर परिसर में स्थित अकाल तख्त पर विशेष 'सरबत खालसा' सम्मेलन बुलाया है । दमदमी टकसाल के प्रवक्ता अजायब सिंह ने मानोचाहल की ओर से पत्रकारों को आज यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि अकाल तख्त के जत्थेदार और स्वर्ण मंदिर के मुख्य ग्रंथी की नई नियुक्ति के वास्ते पुरानी सिख परम्पराओं के अंतर्गत यह सरबत खालसा बुलाया गया है । उन्होंने यह भी कहा कि सरबत खालसा दमदमा साहब और केशगढ़ साहब तख्तों के जत्थेदारों की नियुक्ति भी करेगा । उन्होंने सभी सिख संगठनों और सम्प्रदायों से 26 जनवरी के इस सरबत खालसा में भाग लेने की अपील की जहां उक्त नियुक्तियों की पुष्टि की

श्री मानोचाहल सरबत खालसा को अ के अन्य पवित्र तख्तों अधिकार है ।

पुरानी सिख परम्प मानोचाहल ने कहा कि कमरे में बैठ कर इस त अधिकार नहीं है ।

ज्ञातव्य है कि शि कमेटी ने हाल ही में प्रो. तख्त के कार्यवाहक जत्थे स्वर्ण मंदिर के कार्यवा नियुक्त किया है ।

इस बीच अखिल भा निर्वाचित कार्यवाहक अ कार्यवाहक जत्थेदार भा द्वारा 26 जनवरी को सर स्वागत किया है ।

गत वर्ष 26 जन सरबत खालसा सम्मेल खालसा गत वर्ष 13 अप्रै थे ।एक अन्य समाचार दर्शन सिंह तथा भाई पु अकाल तख्त का कार्य

हरमिंदर संधू, अमरजीत चावला, हरिन्दर काहलों, राजेन्द्र सिंह, विरसा सिंह फैडरेशन से निष्कासित

अमृतसर, 16 जनवरी (पंकेस): जोधपुर जेल में नज़रबंद हरमिन्दर सिंह संधू तथा चार अन्य

फैडरेशन की चंडीगढ़ शाखा का प्रधान नियुक्त किया गया ।

बैठक में सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के पुनर्गठन में मंजीत सिंह को आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन

Punjabi Sahadan

MFD.BY: JULKA & COMPANY JALANDHAR PHONE : 78905
BAZAR SHERMIAN JALANDHAR CITY. KAREEM PURA BZ. LUDHIANA. Bansanwala, Amritsar. Ph.:41683
(Panjab University) SUPER PUBLICATIONS JALANDHAR-144008
डा. बलविंद्र सिंह वालिया (पट्टी वाले), पट्टी (अमृतसर)


1


2



3


4


5

(1) करतारपुर में वीरवार को उग्रवादियों के हाथों मारा गया प्रवीण कुमार अग्रवाल, (2) श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के समय विलाप करते हुए प्रवीण कुमार की वृद्धा माता, (3) करतारपुर का मेन बाज़ार जहां गोलीकांड हुआ, (4) गुरदासपुर में भाजपा नेता रोशन लाल का गनमैन मायाधारी (35), जिसकी हत्या करके उग्रवादी स्टेनगन ले गए, (5) इसी घटना में घायल प्रेम कुमार । (छाया : साहनी, कपूर, गुप्ता)

पंजाब बारे उच्च स्तरीय मंत्रिमंडलीय समिति गठित

नई दिल्ली, 16 जनवरी (वार्ता): पंजाब समस्या पर गहराई से विचार करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हा राव के नेतृत्व में तीन सदस्यीय मंत्रिमंडलीय उच्च स्तरीय समिति गठित कर दी गई है जिसमें गृहमंत्री बूटा सिंह, संचार मंत्री अर्जुन सिंह शामिल हैं । समिति के गठन का निर्णय आज प्रधानमंत्री व उनके मंत्रिमंडलीय साथियों द्वारा पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला व वित्तमंत्री बलवंत सिंह के साथ कई बार काफी देर तक उच्च स्तरीय परामर्श के बाद लिया गया । श्री बरनाला ने इस उच्च स्तरीय समिति से एक घंटे तक राजनीतिक व प्रशासनिक स्तर के ठोस प्रस्तावों पर चर्चा की ।

पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया है कि प्रधानमंत्री के साथ भेंट में कुछ मुद्दों पर सिद्धांततः सहमति हो गई लेकिन उन पर विस्तार से बातचीत करने के लिए श्री बरनाला केंद्र सरकार के तीन मंत्रियों से देर रात तक बात करते रहे ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार केंद्र व पंजाब सरकारें चंडीगढ़ पंजाब को देने, चंडीगढ़ के बदले पंजाब की भूमि हरियाणा को देने, रावी व्यास नदियों के जल के बंटवारे सहित पंजाब समझौते की शेष रह गई धाराएं लागू करने को संयुक्त कदम उठाएंगे ।

श्री गांधी और श्री बरनाला के बीच अपरान्ह में लगभग एक घंटा बातचीत के बाद श्री बरनाला ने मानव संसाधन विकास मंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव के नेतृत्व में अधिकृत केंद्रीय मंत्रियों के साथ लगभग दो घंटे विचार-विमर्श किया ।

श्री बरनाला और वित्त मंत्री श्री बलवंत सिंह ने पत्रकारों से मिलने से इंकार कर दिया । कपूरथला हाउस, जहां श्री बरनाला डेरा डाले हुए हैं, में पत्रकारों को जाने की अनुमति नहीं दी गई । आधिकारिक सूत्रों ने अभी वार्ता की प्रगति का कोई संकेत नहीं दिया ।

जी.एस. चावला के अनुसार जोधपुर जेल के कैदियों के बारे में प्रधानमंत्री ने श्री बरनाला से कहा आतंकवाद के प्रतिकार के लिए उठाए जाने वाले कदम भी शामिल हैं । "इस बात पर जोर दिया गया कि आतंकवादी तत्वों के खिलाफ लड़ाई में ठोस परिणाम जल्दी हासिल किए जाने चाहिए ।"

प्रवक्ता ने बातचीत का सार देते हुए कहा कि दोनों ओर से प्रयास था कि उग्रवाद से निपटने की दिशा में ठोस प्रगति हासिल करने के उपाय किए जाएं क्योंकि उसके बिना राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करना सम्भव नहीं है ।

श्री बरनाला और वरिष्ठ केंद्रीय नेताओं के बीच

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मानोचाहल ने 26 को

पंजाब में 26

Punjabi Sanatani

उच्च न्यायालय द्वारा कुरैशी कमेटी की रिपोर्ट सील करने के आदेश

जम्मू, 15 जनवरी (पंकेस): राज्य उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री

कोहरे से विमान, रेल सेवा में आज भी बाधा

चंडीगढ़, 15 जनवरी (पंकेस): पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में वर्षा अथवा भारी हिमपात के

युवक सिक्के और कीलें निगल गया

बेसिया (इटली) 15

103 वर्ष ने जन्म

उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

ही मिनट पूर्व एक जीप सब्ज़ी मंडी के पास आकर रुकी थी, जिसमें से एक महिला उतर कर डा. शर्मा की दुकान तक गई और वहां से ही लौट गई । ऐसा अनुमान है कि वह युवती घटना से पूर्व स्थान का जायजा लेने आई थी और उसके तुरन्त बाद दो उग्रवादियों ने आकर डा. शर्मा पर हमला किया ।

डा. शर्मा ने बताया कि उन्हें आठ-नौ मास के दौरान आधी दर्जन धमकी भरे पत्र आ चुके हैं । इस बारे में उन्होंने पहला पत्र आने पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी ।

उन्होंने यह भी बताया कि गत 30 दिसम्बर को एस. एच. ओ. के रुख को देखते हुए उन्होंने 5 जनवरी को डी. आई. जी. रेंज श्री पी. सी. डोगरा को मिल कर सारी स्थिति एस. एच. ओ. के रवैया और अपने जीवन को खतरा से अवगत करा दिया था । इस बारे में राज्यपाल व पुलिस महानिदेशक को भी सूचित कर दिया था ।

डा. शर्मा ने बताया कि 6 जनवरी को जालन्धर के पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने इस बारे में जो वक्तव्य दिया था, उसके प्रकाशन पर अकाली दल (ब) के स्थानीय नेता श्री रंजीत सिंह ने कुछ लोगों के साथ आकर उन पर दबाव डाला था कि उन्होंने उनके दल के लोगों के उग्रवादी होने बारे जो आरोप अपनी शिकायत में लगाए हैं, उनका लिखित खंडन करें मगर उन्होंने बताया था कि उन्होंने शिकायत में किसी का विशेष उल्लेख किया ही नहीं, इसलिए खंडन का प्रश्न नहीं उठता ।

डा. शर्मा ने यह भी बताया कि इसके बाद रंजीत सिंह ने यह कहा कि दोनों पक्ष मिल बैठें और कस्बा में शांति बनाए रखने बारे निश्चय करें तब तक गत 11 जनवरी को सायं 4 बजे सुरक्षा समिति के कुछ लोग पहुंचे और वहीं रंजीत सिंह बीस-पच्चीस व्यक्ति लेकर पहुंचा । डा. शर्मा के अनुसार वहां कस्बा में शांति बनाए रखने बारे कोई भी बातचीत इन लोगों ने नहीं की, केवल धमकी भरे ढंग से शिकायत का खंडन करने पर ज़ोर देते रहे । तब यह तय हुआ कि 14 जनवरी बुधवार को उन्हें शिकायत की कापी दिखा दी जाएगी । मगर वह लोग बुधवार को उनके पास नहीं आए और कल वीरवार को यह घटना हो गई ।

3 दिन पूर्व सूचना दी थी

करतारपुर में जाने पर पता चला कि डा. शर्मा ने तीन दिन पूर्व पुलिस को सूचित किया था कि उन्होंने दो संदिग्ध व्यक्तियों को अपनी दुकान के निकट देखा और कि उन्हें सुरक्षा दी जाए मगर पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया ।

लोगों ने यह भी बताया कि जब डा. शर्मा का पार्टनर एस. एच. ओ. को सूचित करने थाने पहुंचा तो वह कार में बजाए घटनास्थल की ओर आने के दूसरी दिशा में चला गया जबकि बाज़ार के लोगों ने उग्रवादियों का काफी दूर तक पीछा किया ।

लोगों ने यह भी बताया कि आज पुलिस ने जो खोजी कुत्ते मंगवाए, वह श्मशान भूमि के अंदर तक जाकर फिर निकट के स्कूल तक गए । उसके बाद वह आगे नहीं जा पाए, जिससे अनुमान है कि हमलावर इधर से गुजर कर अंधेरे में गायब हो गए ।

थाने के बाहर प्रदर्शन

वहां यह भी बताया गया है कि आज प्रातः भी क्रुद्ध भीड़ ने थाने के बाहर प्रदर्शन किया और जी. टी. रोड़ पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम किया । वह मांग कर रहे थे कि इस हत्याकांड के पीछे काम कर रहे एस. एच. ओ. को गिरफ्तार किया जाए ।

इस अवसर पर डी. आई. जी. श्री डोगरा ने लोगों के प्रतिनिधियों को विश्वास दिलाया कि आज सायं तक एस. एच. ओ. बारे कार्रवाई से उन्हें सूचित किया

जनसत्ता

के चण्डीगढ़ संस्करण के लिए

आवश्यकता है :

हिन्दी टाईपिस्ट

फोटो टाईप सैटिंग कम्पयूटरों पर काम करने हेतु

योग्यता व अनुभव :

1. कम से कम बी. ए. पास हों, हिन्दी में बी. ए. को प्राथमिकता ।
2. हिन्दी का पूर्ण ज्ञान हो । टाईपिंग (हिन्दी) में अच्छी स्पीड हो । अंग्रेजी का भी उचित ज्ञान होना आवश्यक है ।
3. जो उम्मीदवार पहले कम्पयूटरों पर काम कर चुके हों उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी ।

वेतन :

योग्यता अनुसार उचित वेतन का स्केल दिया जाएगा ।

मशीन मैन

(आफसैट व रोटरी प्रिटिंग मशीनों के लिए)

Punjabi Samachar

डा. ब्रह्म दत्त जी का पांचवां पुण्य स्मृति दिवस



हमारे पूज्य **डा. ब्रह्म दत्त जी** जो हमें दिल की गहराइयों से मुहब्बत करते थे, आज के दिन 17.1.82 को हम से बिछुड़ कर परमपिता परमात्मा में लीन हो गए लेकिन उनके सिद्धांत, भाईचारा और मानवीय मूल्य हमें आज भी हर महान् से महान् कार्य में उत्साह देने के लिए मौजूद हैं । उनके पुण्य स्मृति दिवस पर हम श्रद्धा के फूल उनके चरणों में भेंट करते हैं और प्रण करते हैं कि उनके बताए हुए सिद्धांतों का अनुसरण करेंगे ।

डा. शशी राज शर्मा (पुत्र) — श्री अमृत शर्मा (दामाद)
डा. राकेश शर्मा (पुत्र) — श्री दीपक शर्मा (दामाद)

मै. भुल्ला राम ब्रह्म दत्त कैमिस्ट, फिल्लौर फोन-103.
मै. न्यू इंडिया ट्रेडर्ज़, फिल्लौर फोन-233.

आतंकवादियों द्वारा इंका नेता की गोली मार कर हत्या

करतारपुर में हड़ताल जारी : थानेदार को गिरफ्तार करने की मांग

अमृतसर में व्यापारी से 1 लाख रुपये लूटे

चंडीगढ़, 17 जनवरी (वार्ता, पंकेस): गत 24 घंटों में पंजाब में 2 व्यक्तियों की हत्या की गई । इनमें एक इंका नेता शामिल है ।

करतारपुर में गोलीकांड के विरुद्ध दूसरेदिन भी हड़ताल रही । संघर्ष समिति का कहना है कि थानेदार दिलबाग सिंह को गिरफ्तार किये जाने तक हड़ताल जारी रहेगी ।

अमृतसर में एक व्यापारी से एक लाख रुपया लूट लिया गया ।

पुलिस ने 'बी' श्रेणी के एक आतंकवादी सहित 12 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है ।

गिरफ्तारी की मांग

करतारपुर (देवदत्त): आज यहां करतारपुर संघर्ष समिति की बैठक हुई, जिसमें निर्णय किया गया कि जब तक एस. एच. ओ. दिलबाग सिंह को गिरफ्तार नहीं किया जाता, नगर में हड़ताल जारी रहेगी । इस मांग को लेकर करतारपुर के नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल डी. आई. जी. जालन्धर रेंज से मिलेगा । करतारपुर शिवसेना के प्रधान अमृत लाल ने कहा है कि शिवसेना इस आंदोलन का पूरा समर्थन करती है ।

आज दूसरे दिन भी गोलीकांड के विरुद्ध नगर में पूर्ण हड़ताल रही ।

जय किशन का बयान

गत रात पंजाब राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के संयोजक जय किशन सैनी ने पत्रकारों को बताया कि जब तक करतारपुर हत्याकांड में संलिप्त थानेदार दिलबाग सिंह को गिरफ्तार नहीं किया जाता, आंदोलन जारी रहेगा । करतारपुर के नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए हम आंदोलन जारी रखेंगे और मुझे इसके लिए प्राणों की आहुति भी देनी पड़ी तो दूंगा । इस सिलसिले में श्री सुभाष वालिया की अध्यक्षता में संघर्ष समिति बना दी गई है। जो निर्णय संघर्ष समिति करेगी, उसका समर्थन किया जाएगा ।

सरकारी तौर पर करतारपुर में स्थिति नियंत्रण में बताई गई है ।

स्कूटर, नकदी छीनी

जालन्धर (वार्ता): गत रात्रि थाना शाहकोट के अंतर्गत लोहियां के करीब नवांपिंड में पिस्तौल की नोक पर तीन सशस्त्र युवकों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर, एक हजार रुपए और एक घड़ी छीन ली । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है परन्तु कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

इंका नेता की हत्या

फिरोज़पुर (सुनील कामरेड): आज प्रातः लगभग 9.40 बजे ज़िला फिरोज़पुर के गांव धलखुर्द के इंका अध्यक्ष केवल सिंह की तीन आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार केवल सिंह फिरोज़पुर छावनी स्थित स्कूल में अपने बच्चों को छोड़ कर, अपने स्कूटर पर, गांव वापस आ रहा था कि गांव लुमड़ीवाला के निकट तीन आतंकवादियों ने उस पर गोलियां चला दीं । अस्पताल के सूत्रों के अनुसार केवल सिंह को सात गोलियां लगीं । एक अन्य जानकारी के अनुसार

(शेष पृष्ठ 10 पर)



शनिवार की प्रातः फगवाड़ा-गोराया के मध्य एक मैटाडोर व ए
हुई टक्कर में एक महिला व एक बच्चे सहित 5 व्यक्तियों की घ
पर ही मृत्यु हो गई तथा एक दर्जन अन्य लोग घायल हो गए ।
(1) दुर्घटनाग्रस्त मैटाडोर, (2) ट्रक तथा (3, 4, 5 व 6) दुर्घट
व्यक्ति । (छाया : कौड़ा,

बरनाला व केन्द्रीय नेताओं की वार्ता में विशेष प्रगति नहीं : बलवंत

नई दिल्ली, 17 जनवरी (वार्ता): पंजाब के वित्तमंत्री बलवंत सिंह के अनुसार मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला और शीर्षस्थ केंद्रीय नेताओं के बीच कल की बातचीत में कोई विशेष प्रगति नहीं हुई, जिसका मुख्य कारण केंद्र का रुख है ।

श्री बलवंत सिंह ने आज यहां कहा कि बातचीत के दौरान पंजाब समस्या से संबंधित सभी मुद्दों पर विचार हुआ, लेकिन यह मुख्य रूप से राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर केंद्रित थी ।

श्री बलवंत सिंह ने, जो प्रधानमंत्री द्वारा प्राधिकृत तीन मंत्रियों के साथ श्री बरनाला की बातचीत के दौरान उपस्थित थे, कहा, "हमने इस बात पर बल दिया कि राज्य में कानून और व्यवस्था की समस्या पिछले कुछ वर्षों में हुई राजनीतिक उथल-पुथल का परिणाम है और इसे राजनीतिक स्तर पर पहल से ही हल किया जा सकता है ।"

श्री बलवंत सिंह ने कहा कि बातचीत के अगले दौर के बारे में अभी कोई निर्णय नहीं हुआ और यह सर्वथा केंद्र के रुख पर निर्भर करेगा । पंजाब के नेताओं ने बातचीत में यह भी स्पष्ट कर दिया कि राज्य में आतंकवाद की समस्या का समाधान सिख समुदाय के समर्थन और उन तीन मुख्य मांगों पर ठोस निर्णय से ही हो सकता है, जिन्हें अकाली नेतृत्व लगातार उठा रहा है । ये हैं : जोधपुर जेल में बंद लोगों की रिहाई, भगौड़े सैनिकों के शेष मामलों को निपटाना और नवम्बर 84 दंगों के लिए दोषी लोगों को दंडित करना ।

विमान अपहर्त्ताओं की अर्जी पर निर्णय सुरक्षित

अजमेर, 17 जनवरी : विशेष अदालत के जज श्री एस.डी. गोदारा ने कल विमान अपहर्त्ताओं की अर्जी पर दोनों पक्षों की दलीलें सुन कर अपना निर्णय सुरक्षित रखा । अर्जी में कहा गया था कि जेल में विमान अपहर्त्ताओं को हाल ही में पीटने वाले अधिकारियों के विरुद्ध केस दर्ज किया जाए ।

अचंभा !

सीहोर (म.प्र.), 17 जनवरी (वा.) : सीहोर के एक दुकानदार गोपाल पटवा अचंभे में हैं कि पति-पत्नी दोनों का परिवार नियोजन आपरेशन करा लिए जाने के बाद भी उनकी पत्नी फिर गर्भवती हैं ।

श्री पटवा ने 28 दिसम्बर 1980 को शासकीय अस्पताल सीहोर में अपनी नसबंदी कराई थी । मगर डेढ़ वर्ष बाद उनकी पत्नी श्रीमती राधाबाई को गर्भ रह गया । 18 सितम्बर 1982 को पेथालाजिकल परीक्षण से प्रमाणित हुआ कि श्री पटवा की नसबंदी ठीक नहीं हुई थी ।

इसके बाद राधाबाई ने अक्तूबर 1982 में यहां जिला चिकित्सालय में गर्भपात करवा कर नलबंदी करवा ली ।

मगर दम्पति को एक स्त्री रोग विशेषज्ञ ने बताया कि श्रीमती राधाबाई पुनः गर्भवती हैं तो उन्हें बेहद अचंभा हुआ ।

पति-पत्नी दोनों की नसबंदी तथा नलबंदी के बावजूद गर्भधारण की इस असामान्य घटना से सीहोर का डाक्टर समुदाय भी चकित है । एक स्थानीय चिकित्सक डा. बी. दत्ता का कहना है कि यह अत्यन्त असामान्य और अकल्पनीय है, क्योंकि नलबंदी कभी असफल नहीं होती ।

काठमंडू में भारत-पाक विदेश मंत्रियों में 'उपयोगी' वार्ता

काठमंडू, 17 जनवरी (वार्ता): भारत तथा पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने आज यहां विभिन्न द्विपक्षीय मसलों पर लाभदायक बातचीत की ।

भारत के विदेश मंत्री नारायण दत्त तिवारी तथा पाकिस्तान के विदेश मंत्री साहबजादा याकूब खां दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (दक्षेस) के सचिवालय के उद्घाटन के सिलसिले में यहां आए थे ।

दक्षेस सचिवालय के उद्घाटन के बाद बैंकाक रवाना होने से पूर्व पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा कि श्री तिवारी के साथ उनकी वार्ता बहुत 'उपयोगी' रही ।

बातचीत के दौरान दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के विदेश सचिवों की हाल में हुई बातचीत के परिप्रेक्ष्य में भारत-पाकिस्तान संबंधों में प्रगति की समीक्षा की ।

खसरे से 90

भार... विदे...

नई दिल्ली, अधिकृत सूत्रों के एजेंसियों विशेष बी. ने अपनी गति स्तरीय सरकारी क्षेत्र की राजनीति शक्तियों की बढ़ की घटनाओं, कट्टरवाद में वृ अन्य पड़ोसी देश विदेशी एजेंसियों को बढ़ा दिया है लाख विदेशी आते रजिस्टर्ड विदेशी के शहरी शामिल लिए यहां रह रहे

अधिकारियों को परेशानी में डा का पता लगाना स पेचीदा हो गई है

पंजाब समस्या के हल के लिए हिन्दुओं की

Punjabi Sahani

ट जाने से तीन महिलाओं, दो बच्चों, दूल्हा और
हन सहित 15 व्यक्ति घायल हो गए ।
स्थानीय बगा रोड पर एक कार-टक्कर में तीन
क्ति घायल हो गए । उन्हें स्थानीय सिविल
पताल में भर्ती कराया गया है ।



करते हैं :

: रु० 28 लाख से अधिक

त : 70 प्रतिशत से अधिक

धक अवसर

पर आयकर की कटौती नहीं

प. 3 बजे शिलांग में
4वें ड्रा के परिणाम :

633

respective series)
1-938730 KN-625230
1-551907 KN-215112
1-466078 KN-771684
1-940285 KN-908313
1-301470 KN-506911
ticket numbers ending with

1-76512 KN-22355
ticket numbers ending with

365 62837 12099 67037 84407
ticket numbers ending with

051 21188 44499 06591 84932
076 23464 51857 29878 80661
et numbers ending with last four

35 3362 3338 6685 5304
et numbers ending with last four

76 9562 4044 5177 1017
62 3452 0642 3852 2119
et numbers ending with last three

0 695 768 885 932
625 782 832 960

आतंकवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

हमलावरों ने केवल सिंह का स्कूटर ले जाने का भी प्रयास किया परन्तु स्टार्ट न हो सकने के कारण वे इसे वहीं छोड़ गए तथा रास्ते में एक अन्य व्यक्ति का स्कूटर छीन कर फरार हो गए ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं परन्तु अभी तक किसी गिरफ्तारी की सूचना नहीं है । युवा इंका नेता राजेंद्र शर्मा तथा इंटक प्रधान केशव त्रिपाठी ने इस हत्या की निंदा करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की है ।

दुकानदार घायल

गत रात्रि जिला फिरोजपुर में गांव नूरपुर माछीवाला में दो संदिग्ध व्यक्तियों ने एक दुकानदार अशोक कुमार पर गोली चलाकर उसे घायल कर दिया । अभियुक्त वारदात के बाद एक कार में फरार हो गए । घायल को गम्भीर दशा में फरीदकोट के एक अस्पताल में दाखिल कराया गया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी ।

गौतम रिहा

फगवाड़ा (खोसला): राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पटियाला के नेता आशुतोष गौतम, जो नासा के अंतर्गत फगवाड़ा सब जेल में नज़रबंद थे, के विरुद्ध लगाया गया 'नासा' वापस ले लिया गया । उसे आज यहां जेल से रिहा कर दिया गया ।

ट्रक चुरा लिया

मोगा (सर्व): गत रात्रि यहां की अनाज मंडी से कुछ अज्ञात व्यक्ति खाद से भरा ट्रक चुरा कर ले गए । पुलिस ने कहा कि ट्रक उस समय चुराया गया जबकि ड्राइवर व कंडक्टर खाना खा रहे थे ।

होशियारपुर में बैठक

होशियारपुर (अश्विनी, मुद्गल): राष्ट्रीय सुरक्षा समिति होशियारपुर की बैठक गत रात श्री विजय कुमार की अध्यक्षता में हुई । बैठक में मांग की गई कि करतारपुर हत्याकांड के अभियुक्तों को अविलम्ब गिरफ्तार किया जाए । इस तरह करतारपुर के एस. एच. ओ. की आतंकवादियों से मिलीभगत की छानबीन करके उसके विरुद्ध उग्रवादियों की सहायता करने के आरोप में मुकद्दमा चलाया जाए । यह मांग भी की गई कि इस कांड में घायल होने वालों को बीस-बीस हज़ार रुपए और मरने वालों के आश्रितों को एक-एक लाख रुपए अनुदान दिया जाए । बैठक में इस बात पर दुख व्यक्त किया गया कि समिति की बार-बार चेतावनी के बावजूद जिला अधिकारियों ने शहरियों के जानमाल की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया ।

स्कूटर छीना

होशियारपुर से 22 किलोमीटर दूर जागलियाना के निकट 2 सशस्त्र उग्रवादियों ने गांव के सरपंच और जिला कांग्रेस (इ) के महासचिव सोहन सिंह से उनका स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए ।

जिंदा का साथी गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद गुप्ता): पुलिस ने खतरनाक आतंकवादी हरजिंदर सिंह जिंदा के एक साथी को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से कई हथियार बरामद किए हैं । पुलिस डीएसपी खिरड़ी ने बताया करके उससे एक देसी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किए गए ।

ज़िम्मेदारी ली

खालिस्तान कमांडो फोर्स ने नरेंद्र पाल शर्मा की हत्या की ज़िम्मेदारी लेते हुए कहा कि उसे पुलिस का मुखबर होने की सज़ा दी गई है ।

पुलिस ने हत्यारों की तलाश में कुछ स्थानों पर छापे मारे लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी ।

1 लाख रुपये लूटे

आज अमृतसर की चावल मंडी में एक घी की दुकान से दो आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर लगभग 1 लाख रुपया लूट कर फरार हो गये । प्राप्त विवरण के अनुसार बाद दोपहर चावल मंडी में मैसर्ज़ अमर दास चमन लाल की दुकान पर दो आतंकवादी आये । उन्होंने पिस्तौल निकाल लिये व दुकान का शटर गिरा दिया । इसके बाद उन्होंने दुकान की गद्दी पर पड़ा एक थैला जिस में लगभग 1 लाख रुपये की नगदी थी, उनके हवाले करने के लिये कहा । थैला लेकर वे बड़े आराम से चले गये ।

बताया जाता है कि यह राशि अभी कोई व्यापारी उक्त दुकान पर लेकर आया ही था और दुकान में इस रकम की अदायगी के लिये बैठा हुआ था । आतंकवादियों की आयु 22 से 24 वर्ष के बीच बताई जाती है । बताया जाता है कि दुकान पर आया व्यापारी जो अमृतसर का ही रहने वाला है, इतना घबरा गया कि आतंकवादियों के जाने के बाद वह स्वयं भी दुकान से चला गया ।

अंतिम समाचार मिलने तक घटना के संबंध में पुलिस रिपोर्ट इसलिये दर्ज नहीं कराई गई क्योंकि जिस व्यापारी की रकम लूटी गई है, वह स्वयं ही पुलिस को उपलब्ध नहीं हो रहा था । पुलिस घटना स्थल पर वारदात के बारे में जांच कर रही है ।

एक दर्जन आतंकवादी गिरफ्तार

अमृतसर पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में एस.एस.पी. श्री इजहार आलम ने बताया कि अमृतसर जिला में एक दर्जन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया है जिनमें कुछ खतरनाक आतंकवादी भी शामिल हैं, जो कि संगीन वारदातों की तैयारी में थे परंतु उन्हें समय पर गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए हैं । इनमें साहब सिंह उर्फ सा हबा आफ पक्खोके से 32 बोर का पिस्तौल और गोलियां मिलीं, सकतर सिंह उर्फ सत्ता आफ पंडोरी गोला से 12 बोर का पिस्तौल और छः गोलियां मिलीं, स्वर्ण सिंह आफ सलतानविंड से 303 की पिस्तौल व दो गोलियां मिलीं, स्वर्ण सिंह पुत्र अजीत सिंह रख शेख से 12 बोर का पिस्तौल व सात गोलियां, अवतार सिंह उर्फ तारी आफ बंडाला से एक 32 बोर का रिवाल्वर, दो गोलियां, दो बारह बोर के पिस्तौल व 13 गोलियां, एक 303 की पिस्तौल व दो गोलियां तथा एक 38 बोर का रिवाल्वर व एक गोली बरामद की गई ।

खतरनाक आतंकवादियों के इस गिरोह ने जिला अमृतसर में गत दिनों भी 14 हत्याएं व डकैतियां डालने का अपराध स्वीकार किया है । इनके अलावा एक आतंकवादी सुखबीर सिंह उर्फ सुक्खा को भी गिरफ्तार किया गया जो कि पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त है । उसने एक हत्या के बारे में

पथराव किया था ।

इसी बीच निकटवर्ती गांवों से संदेह के आधार पर पकड़े गए सिख छात्र संघ और बादल अकाली दल के 14 सदस्यों को पूछताछ के बाद आज रिहा कर दिया गया ।

थानेदार के विरुद्ध जांच

अधिकारियों ने करतारपुर के थानेदार का तबादला करने के साथ ही शहरियों द्वारा उसके विरुद्ध लगाए गए आरोपों की जांच करने का भी विश्वास दिलाया है । यह जांच एक पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई है ।

मोगा : चन्द्रबाबा ग्राम में एक शराब का ठेका जला दिया गया ।

कोटे (फरीदकोट) में सरपंच व उसके पुत्र की हत्या व दर्जनों डकैतियों के मामले में वांछित मादी मुस्तफा ग्राम के भिन्दर सिंह उर्फ भेंडा को गिरफ्तार कर लिया गया जिसके पास से पिस्तौल बरामद हुई । उसके पिता ने पुलिस में शिकायत की थी कि उसके पास स्टेनगन है ।

जालंधर नगर के माडल टाऊन और गुरु तेग बहादुर नगर में स्कूटर छीने जाने की कल शाम दो घटनाएं हुईं । माडल टाऊन में छीना गया स्कूटर बाद में बरामद कर लिया गया । लेकिन तेग बहादुर नगर में छीने गए स्कूटर पर लुटेरे भाग खड़े हुए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

दिल्ली का मिशन लाभकारी रहा : बरनाला

चंडीगढ़, 17 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने कहा है कि राजीव-लौंगोवाल समझौता लागू कराने के लिए उनका दिल्ली का मिशन काफी लाभकारी रहा है । नई दिल्ली से वापसी पर आज यहां उन्होंने बताया कि मैंने प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के साथ कई मामलों पर विचार-विमर्श किया है ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री बरनाला ने कहा कि स्वास्थ्य ठीक होने के बाद मैं आगामी सप्ताह पुनः नई दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री और उनके साथी मंत्रियों से पंजाब समझौता लागू कराने बारे बातचीत करूंगा । उन्होंने कहा कि मायूस होने की जरूरत नहीं ।

'वार्ता' के अनुसार श्री बरनाला ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ उनकी बातचीत पंजाब समझौते पर अमल तथा आतंकवाद को दबाने की आवश्यकता पर केंद्रित रही ।

श्री बरनाला ने कहा कि जोधपुर जेल में कैद पंजाब के लोगों की रिहाई की बात पर प्रधानमंत्री ने रुचि दिखाई । पंजाब समझौता के क्रियान्वयन में विलम्ब के लिए प्रधानमंत्री भी चिंतित थे ।

बालकनाथ मंदिर का प्रबन्ध ट्रस्ट ने सम्भाला

हमीरपुर, 17 जनवरी (शेखर): यहां से 40 किलोमीटर दूर दयूट सिद्ध में स्थित अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के बाबा बालक नाथ मंदिर का पूर्ण प्रबंध बड़सर सब डिविज़नल मैजिस्ट्रेट श्री करतार सिंह राणा की अध्यक्षता में गठित ट्रस्ट ने कल से सम्भाल लिया है । इससे पूर्व इस मंदिर का प्रबंध महंत शिव

केंद्रीय टीम का उ

चंडीगढ़, 17
उच्च स्तरीय टीम
के लिए पंजाब क
व्यापारियों और उ
वित्तमंत्री के संयुक्
टीम के नेता हैं ।
व्यापार को गत व
जायजा लेगी । टी
23 जनवरी को
सदस्यों में कई बैंक

अनोख सि अदालत

नई दिल्ली,
आतंकवादी अनोख
की अदालत में पे
1985 में हुए ट्र
इंस्पैक्टर की ही
मुख्य मैट्रोपो
अदालत में पेश
अनोख सिंह
मैनेजर अमृतसर
पुलिस ने गत सप्त
था । उसके सिर
घोषित था ।
गिरफ्तारी के
पिस्तौल और कम
गये । उसके पास
हुए । इसमें रसा
के काम आता है
मई 1985 में
87 लोगों की जा
गम्भीर रूप से घा
पुलिस सूत्रों ने
ट्रांजिस्टर बम ध
सामने आ सकते
सश्री मंज
मैट्रोपोलिटन मैजि
दिल्ली पुलिस क
इंस्पैक्टर को सौं
पूछताछ के बाद
सके ।
इससे पूर्व इं
बताया कि कदाचि
हत्याओं का बदल
बम षड्यंत्र पीछे
था ।
ट्रांजिस्टर बम
खिलाफ मुकद्दमा
वकील, एक ग्रंथी
फैडरेशन का ए

अनोख सिंह दो

लुधियाना (
को आज यहां दो
किया गया । चा

Punjab Archive

1 KM-466078 KN-771684
4 KM-940285 KN-908313
7 KM-301470 KN-506911

ch (All ticket numbers ending with eries).

3 KM-76512 KN-22355

ch (All ticket numbers ending with

41 90865 62837 12099 67037 84407

ch (All ticket numbers ending with

57 78051 21188 44499 06591 84932
1 59076 23464 51857 29878 80661

ll ticket numbers ending with last four

2 4635 3362 3338 6685 5304

l ticket numbers ending with last four

7 0576 9562 4044 5177 1017
1 9062 3452 0642 3852 2119

l ticket numbers ending with last three

3 570 695 768 885 932
3 551 625 782 832 960

ticket numbers ending with last three

7 555 606 775 889 909

oils
ya :

KM-567179 KN-444472

KM-566064 KN-659062
KM-831107 KN-210025
KM-789806 KN-833623
KM-832107 KN-659514
KM-442464 KN-198139

टिकट रु. 1/- मात्र

आधिकारिक गज़ट से चैक कर लें ।

मुख्य कार्यालय : 14-15/एफ, कनाट प्लेस
लिप : 331-5554, 331-5559,
1424.

देशक लाटरीज़, मेघालय सरकार, शिलांग
टरी' शिलांग

औरत और आदमी कैसे बने
First Love Story of Man and Woman
6th Last Week : Mini Chand-Ludhiana.

ADAM AND EVE
Daily 4 shows 10 A.M., 1 P.M., 4 P.M., 7 P.M.
Next Programme :
Jyoti-Jalandhar City.
From
God Son Movies, Second Floor, Partap Road, Jalandhar.

SPECIAL : Fit For The Audience Consisting of Medical Profession.

विजय कुमार की अध्यक्षता में हुई । बैठक में मांग की गई कि करतारपुर हत्याकांड के अभियुक्तों को अविलम्ब गिरफ्तार किया जाए । इस तरह करतारपुर के एस. एच. ओ. की आतंकवादियों से मिलीभगत की छानबीन करके उसके विरुद्ध उग्रवादियों की सहायता करने के आरोप में मुकद्दमा चलाया जाए । यह मांग भी की गई कि इस कांड में घायल होने वालों को बीस-बीस हज़ार रुपए और मरने वालों के आश्रितों को एक-एक लाख रुपए अनुदान दिया जाए । बैठक में इस बात पर दुख व्यक्त किया गया कि समिति की बार-बार चेतावनी के बावजूद जिला अधिकारियों ने शहरियों के जानमाल की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया ।

स्कूटर छीना

होशियारपुर से 22 किलोमीटर दूर जांगलियाना के निकट 2 सशस्त्र उग्रवादियों ने गांव के सरपंच और जिला कांग्रेस (इ) के महासचिव सोहन सिंह से उनका स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए ।

जिंदा का साथी गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद गुप्ता): पुलिस ने खतरनाक आतंकवादी हरजिंदर सिंह जिंदा के एक साथी को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से कई हथियार बरामद किए हैं । पुलिस चीफ श्री विरदी ने बताया कि इस व्यक्ति का नाम सतनाम सिंह उर्फ सत्ता है । वह जिंदा के गांव का ही रहने वाला है । उससे एक 38 बोर का रिवाल्वर, 10 कारतूस, एक दोनाली बंदूक और एक एच.ई. 36 हथगोला बरामद किया गया ।

साइकल की टोकरी में हथगोले

उन्होंने कहा कि 15 जनवरी को भाजपा नेता श्री रोशन लाल के गनमैन की हत्या करने के बाद जो उग्रवादी अपना साइकल छोड़ गए थे, उसकी टोकरी में से दो एच.ई. 36 हथगोले बरामद हुए हैं ।

मत्तेनंगल में हत्या

अमृतसर (सोनी) जिला अमृतसर के गांव मत्तेनंगल थाना में अजनाला में गत रात साढ़े 7 बजे के लगभग दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति नरेंद्र पाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बताया जाता है कि मत्तेनंगल में दो आतंकवादी अमरनाथ के घर में गए और उन्होंने दरवाजा खटखटा कर अमरनाथ के बारे में पूछा । जब घर से उन्हें उसके घर में न होने के बारे में बताया गया तो उन्होंने नरेंद्र पाल के बारे में पूछा । नरेंद्र पाल की पत्नी ने अभी नरेंद्र पाल के घर में न होने के सम्बन्ध में बताया ही था कि नरेंद्र पाल ने घर से बाहर निकल कर भागने की कोशिश की । इसी दौरान एक आतंकवादी ने नरेंद्र पाल पर 303 की राइफल से गोली चलाई । गोली लगने से वह वहीं गिर गया और दम तोड़ गया । सूचनाओं में कहा गया था कि नरेंद्र पाल को इससे पहले कई धमकीपूर्ण पत्र भी मिल चुके थे ।

एक अन्य सूचना में इसे आपसी शत्रुता का परिणाम बताया गया है । पुलिस का कहना है कि गांव के एक व्यक्ति ने, जिसकी मृतक के साथ दुश्मनी थी, आतंकवादियों के हाथों उसकी हत्या करा दी । मृतक की पत्नी ने एफ. आई. आर. में एक व्यक्ति का नाम लिखवाया है, जिसकी तलाश की जा रही है ।

पिस्तौल बरामद

गत रात्रि थाना जंडियाला के अंतर्गत एक व्यक्ति को शस्त्रास्त्र कानून के अंतर्गत गिरफ्तार

ने बताया कि अमृतसर जिला में एक दर्जन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया है जिनमें कुछ खतरनाक आतंकवादी भी शामिल हैं, जो कि संगीन वारदातों की तैयारी में थे परंतु उन्हें समय पर गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए हैं । इनमें साहब सिंह उर्फ साहबा आफ पक्खोके से 32 बोर का पिस्तौल और गोलियां मिलीं, सकत्तर सिंह उर्फ सत्ता आफ पंडोरी गोला से 12 बोर का पिस्तौल और छः गोलियां मिलीं, स्वर्ण सिंह आफ सुलतानविंड से 303 की पिस्तौल व दो गोलियां मिलीं, स्वर्ण सिंह पुत्र अजीत सिंह रख शेख से 12 बोर का पिस्तौल व सात गोलियां, अवतार सिंह उर्फ तारी आफ बंडाला से एक 32 बोर का रिवाल्वर, दो गोलियां, दो बारह बोर के पिस्तौल व 13 गोलियां, एक 303 की पिस्तौल व दो गोलियां तथा एक 38 बोर का रिवाल्वर व एक गोली बरामद की गई ।

खतरनाक आतंकवादियों के इस गिरोह ने जिला अमृतसर में गत दिनों भी 14 हत्याएं व डकैतियां डालने का अपराध स्वीकार किया है । इनके अलावा एक आतंकवादी सुखबीर सिंह उर्फ सुक्खा को भी गिरफ्तार किया गया जो कि पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त है । उसने एक हत्या के बारे में सुराग दिया है । उससे 303 का पिस्तौल व दो गोलियां बरामद की गई । दो आतंकवादियों सुरेंद्र सिंह तरागढ़ (थाना बटाला) और मस्सा सिंह को भी गिरफ्तार किया गया । उनसे स्पेन का बना हुआ एक पिस्तौल बरामद किया गया । उन्हें ठीक उस समय काबू किया गया जबकि वह किसी बड़े आदमी की हत्या करने की तैयारी में थे । एक अन्य आतंकवादी गुरदेव सिंह आफ सरू (थाना फगवाड़ा) को पकड़ा गया जो कि पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त है । इनके अलावा गुरनाम सिंह आफ घनश्यामपुर (थाना मेहता) को पकड़ा गया और उससे 455 बोर का देसी रिवाल्वर बरामद हुआ । उसने तीन वारदातों के बारे में इकबाल किया है । दो अन्य आतंकवादियों जसपाल सिंह उर्फ बघेर सिंह गांव इब्बन थाना सदर और हरेंद्रपाल सिंह आफ फत्तू खेला थाना कत्थूनंगल को गिरफ्तार किया गया जबकि वह किसी जगह दबे हुए हथियार निकालने के लिए जा रहे थे । उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें दो आतंकवादी सत्ता और पंदी, जोकि तरनतारन के रहने वाले हैं, सिख स्टूडैंट्स के दफ्तर दरबार साहब से ले गए थे और उन्हें कहा गया था कि वे या तो हत्याएं करें या उन्हें मार डाला जाएगा ।

एस.एस.पी. ने यह भी बताया कि सात सशस्त्र आतंकवादी जिनमें से पांच के पास पिस्तौल और दो के पास स्टेनगनें थीं, होशियां के एक जमींदार गुरचरण सिंह के घर में घुसकर उसे जान से मारने की धमकी देकर उसका 455 बोर का रिवाल्वर व सात कारतूस ले गए ।

'पी.के.एस.' के अनुसार अमृतसर पुलिस की प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जसपाल सिंह और हरेंद्र सिंह ने स्वीकार किया कि उनके दो साथी सत्ता और पंदी आफ तरनतारन दरबार साहिब परिसर में स्थित सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के दफ्तर में गए थे और संदेह है कि उन्हें मार डाला गया है ।

करतारपुर में से गुज़रने वाली जी.टी. रोड पर आज वाहन यातायात निर्विघ्न रूप से चलता रहा । कल नागरिकों ने दो बार सड़क पर धरना देकर यातायात ठप्प किया था और गुज़रने वाले वाहनों पर

एक प्रश्न के उत्तर में श्री ब
स्वास्थ्य ठीक होने के बाद मैं आ
नई दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री
मंत्रियों से पंजाब समझौता लागू क
करूंगा । उन्होंने कहा कि मायू
नहीं ।

'वार्ता' के अनुसार श्री बरन
प्रधानमंत्री के साथ उनकी बातची
पर अमल तथा आतंकवाद
आवश्यकता पर केंद्रित रही ।

श्री बरनाला ने कहा कि जो
पंजाब के लोगों की रिहाई की बात
रुचि दिखाई । पंजाब समझौता
बिलम्ब के लिए प्रधानमंत्री भी चि

बालकनाथ मंदिर
ट्रस्ट ने सम्भ

हमीरपुर, 17 जनवरी (शेख
किलोमीटर दूर ट्यूट सिद्ध में
ख्याति के बाबा बालक नाथ मंदि
बड़सर सब डिविज़नल मैजिस्ट्रेट
राणा की अध्यक्षता में गठित ट्रस्ट ने
लिया है । इससे पूर्व इस मंदिर का
गिर के नियंत्रण में निजी लोगों द्वा
था ।

जिलाधीश श्री अशीश कुमार
उक्त जानकारी देते हुए बताया कि
को इस ट्रस्ट का उपाध्यक्ष मनोनीत
ट्रस्ट में 22 सरकारी व गैर सरक
जिलाधीश श्री देव स्वयं हिमाच
पब्लिक रिलीजस इंस्टीच्यूशन्स एं
के अंतर्गत कमिश्नर नियुक्त किये

बाबा बालक नाथ मंदिर प्रदे
प्रमुख मंदिरों में से एक है जिन्हें न
ट्रस्टों के प्रबंध के अंतर्गत लाया ग

बाबा बालक नाथ मंदिर, ए
एक हाई स्कूल, एक संस्कृत
औषधालय, बड़ी संख्या में सरायों
है । इसके अलावा बाबा बालक
मुफ्त लंगर भी चलाया जाता है ।

जिलाधीश ने बताया कि यह
प्रबंध तथा अन्य सभी धर्मार्थ का
करेगा ।

पंज
स
430-10-450/15-
स्केल में फार्मासिस्ट (होम्यो
1. योग्यताएं :
(i) मैट्रिक ।
(ii) सरकारी डिस्पैंसरी/
का दो वर्ष का अनु
अधीन फार्मासिस्ट/
2. आयु : 1.1.87
3. इस पद के लिये अ
1987 है ।
4. विज्ञापन की अन्य

यूरोसिल

Punjabi Sahit Academy

आतंकवादियों द्वारा इंका नेता की गोली मार कर हत्या

करतारपुर में हड़ताल जारी : थानेदार को गिरफ्तार करने की मांग

अमृतसर में व्यापारी से 1 लाख रुपये लूटे

चंडीगढ़, 17 जनवरी (वार्ता, पंकेस): गत 24 घंटों में पंजाब में 2 व्यक्तियों की हत्या की गई । इनमें एक इंका नेता शामिल है ।

करतारपुर में गोलीकांड के विरुद्ध दूसरे दिन भी हड़ताल रही । संघर्ष समिति का कहना है कि थानेदार दिलबाग सिंह को गिरफ्तार किये जाने तक हड़ताल जारी रहेगी ।

अमृतसर में एक व्यापारी से एक लाख रुपया लूट लिया गया ।

पुलिस ने 'बी' श्रेणी के एक आतंकवादी सहित 12 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है ।

गिरफ्तारी की मांग

करतारपुर (देवदत्त): आज यहां करतारपुर संघर्ष समिति की बैठक हुई, जिसमें निर्णय किया गया कि जब तक एस. एच. ओ. दिलबाग सिंह को गिरफ्तार नहीं किया जाता, नगर में हड़ताल जारी रहेगी । इस मांग को लेकर करतारपुर के नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल डी. आई. जी. जालन्धर रेंज से मिलेगा । करतारपुर शिवसेना के प्रधान अमृत लाल ने कहा है कि शिवसेना इस आंदोलन का पूरा समर्थन करती है ।

आज दूसरे दिन भी गोलीकांड के विरुद्ध नगर में पूर्ण हड़ताल रही ।

जय किशन का बयान

गत रात पंजाब राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के संयोजक जय किशन सैनी ने पत्रकारों को बताया कि जब तक करतारपुर हत्याकांड में संलिप्त थानेदार दिलबाग सिंह को गिरफ्तार नहीं किया जाता, आंदोलन जारी रहेगा । करतारपुर के नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए हम आंदोलन जारी रखेंगे और मुझे इसके लिए प्राणों की आहुति भी देनी पड़ी तो दूंगा । इस सिलसिले में श्री सुभाष खलिस्त की अध्यक्षता में संघर्ष समिति बना दी गई है। जो निर्णय संघर्ष समिति करेगी, उसका समर्थन किया जाएगा ।

सरकारी तौर पर करतारपुर में स्थिति नियंत्रण में बताई गई है ।

स्कूटर, नकदी छीनी

जालन्धर (वार्ता): गत रात्रि थाना शाहकोट के अंतर्गत लोहियां के करीब नवांपिंड में पिस्तौल की नोक पर तीन सशस्त्र युवकों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर, एक हजार रुपए और एक घड़ी छीन ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है परन्तु कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

इंका नेता की हत्या

फिरोजपुर (सुनील कामरेड): आज प्रातः लगभग 9.40 बजे जिला फिरोजपुर के गांव चलखुर्द के इंका अध्यक्ष केवल सिंह की तीन आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार केवल सिंह फिरोजपुर छावनी स्थित स्कूल में अपने बच्चों को छोड़ कर, अपने स्कूटर पर, गांव लौट रहा था कि गांव लुमडीवाला के निकट तीन आतंकवादियों ने उस पर गोलियां चला दीं । अस्पताल के सूत्रों के अनुसार केवल सिंह को सात गोलियां लगीं । एक अन्य जानकारी के अनुसार

(शेष पृष्ठ 10 पर)



शनिवार की प्रा
हुई टक्कर में एक
पर ही मृत्यु हो
(1) दुर्घटनाग्रस
व्यक्ति ।

बरनाला व केन्द्रीय नेताओं की वार्ता में विशेष प्रगति नहीं : बलवंत

नई दिल्ली, 17 जनवरी (वार्ता): पंजाब के वित्तमंत्री बलवंत सिंह के अनुसार मुख्यमंत्री सरजीत सिंह बरनाला और शीर्षस्थ केंद्रीय नेताओं के बीच कल की बातचीत में कोई विशेष प्रगति नहीं हुई, जिसका मुख्य कारण केंद्र का 'रुख' है ।

श्री बलवंत सिंह ने आज यहां कहा कि बातचीत के दौरान पंजाब समस्या से संबंधित सभी मुद्दों पर विचार हुआ, लेकिन यह मुख्य रूप से राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर केंद्रित थी ।

श्री बलवंत सिंह ने, जो प्रधानमंत्री द्वारा प्राधिकृत तीन मंत्रियों के साथ श्री बरनाला की बातचीत के दौरान उपस्थित थे, कहा, "हमने इस बात पर बल दिया कि राज्य में कानून और व्यवस्था की समस्या पिछले कुछ वर्षों में हुई राजनीतिक उथल-पुथल का परिणाम है और इसे राजनीतिक स्तर पर पहल से ही हल किया जा सकता है ।"

श्री बलवंत सिंह ने कहा कि बातचीत के अगले दौर के बारे में अभी कोई निर्णय नहीं हुआ और यह सर्वथा केंद्र के रुख पर निर्भर करेगा । पंजाब के नेताओं ने बातचीत में यह भी स्पष्ट कर दिया कि राज्य में आतंकवाद की समस्या का समाधान सिख समुदाय के समर्थन और उन तीन मुख्य मांगों पर ठोस निर्णय से ही हो सकता है, जिन्हें अकाली नेतृत्व लगातार उठा रहा है । ये हैं : जोधपुर जेल में बंद लोगों की रिहाई, भगौड़े सैनिकों के शेष मामलों को निपटाना और नवम्बर 84 दंगों के लिए दोषी लोगों को दंडित करना ।

काठमंडू में भारत-पाक विदेश मंत्रियों में 'उपयोगी' वार्ता

काठमंडू, 17 जनवरी (वार्ता): भारत तथा पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने आज यहां विभिन्न द्विपक्षीय मसलों पर लाभदायक बातचीत की ।

भारत के विदेश मंत्री नारायण दत्त तिवारी तथा पाकिस्तान के विदेश मंत्री साहबजादा याकूब खां दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (दक्षेस) के सचिवालय के उद्घाटन के सिलसिले में यहां आए थे ।

दक्षेस सचिवालय के उद्घाटन के बाद बैंकाक रवाना होने से पूर्व पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा कि श्री तिवारी के साथ उनकी वार्ता बहुत 'उपयोगी' रही ।

बातचीत के दौरान दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के विदेश सचिवों की हाल में हुई बातचीत के परिप्रेक्ष्य में भारत-पाकिस्तान संबंधों में प्रगति की समीक्षा की ।

श्री याकूब ने एक सवाल के जवाब में कहा कि उनका देश अफगानिस्तान समस्या के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रयास कर रहा है । उन्होंने कहा कि वह इस वर्ष फरवरी में जेनेवा में होने वाली बातचीत के अगले दौर की प्रतीक्षा कर रहे हैं ।

श्री याकूब ने कहा कि पाकिस्तान बातचीत में 'रचनात्मक' रवैया अपनाना चाहता है । विशेषतः मास्को द्वारा नए प्रयासों की घोषणा के मद्दे नजर पाकिस्तान बातचीत में रचनात्मक रुख का इच्छुक है ।

उन्होंने कहा कि संकेत बहुत अच्छे हैं और उम्मीद है कि बातचीत के दौरान इन्हें क्रियान्वित किया जा सकेगा ।

भारत, बंगला देश और नेपाल के विदेश मंत्रियों ने भी तीनों देशों के लाभ के लिए नदी-जल उपयोग

विमान अपहर्त्ताओं की अर्जी पर निर्णय सुरक्षित

अजमेर, 17 जनवरी : विशेष अदालत के जज श्री एस.डी. गोदारा ने कल विमान अपहर्त्ताओं की अर्जी पर दोनों पक्षों की दलीलें सुन कर अपना निर्णय सुरक्षित रखा । अर्जी में कहा गया था कि जेल में विमान अपहर्त्ताओं को हाल ही में पीटने वाले अधिकारियों के विरुद्ध केस दर्ज किया जाए ।

खसरे से 90 बच्चे मरे

जम्मू, 17 जनवरी (वार्ता): लद्दाख के कारगिल जिले सांको इलाके में पिछले चार दिनों में खसरे की बीमारी से 90 से अधिक बच्चों की मृत्यु हो गई है । सूत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर में पहली बार खसरे से इतने बच्चों की मौत हुई है हालांकि खसरा इतनी घातक बीमारी नहीं मानी जाती ।

अधिकारियों के अनुसार भारतीय वायुसेना के हैलीकाप्टरों से चिकित्सकों के दल प्रभावित क्षेत्रों को रवाना किये गये हैं क्योंकि खराब मौसम के कारण श्रीनगर-लेह मार्ग बंद पड़ा है ।

डाक्टर निलम्बित

पंजाब समस्या के हल क

नई दिल्ली, 17 जनवरी : पंजाब समस्या के हल के लिए ज़रूरी है कि वहां सिखों के प्रत्येक गुट के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जाए चाहे वे हिंसा की राह पर चल रहे गुमराह सिख युवक ही क्यों न हों । विभिन्न गांधीवादी संस्थाओं द्वारा समस्या पर आयोजित सम्मेलन में अनेक विद्वानों और गांधीवादी कार्यकर्त्ताओं ने यह विचार व्यक्त किया ।

दो दिन का यह सम्मेलन आज सुबह गांधी शांति प्रतिष्ठान में आरंभ हुआ । इसमें बाबा आम्टे, श्री बी.जी. वर्गीज, श्री ठाकुर दास, श्री रंगनाथ दिवाकर, श्री सिद्धराज ढड्ढा, श्री राजेंद्र सच्चर, श्री प्रताप सिंह गिल, यू.पी. के विधायक तीरथ सिंह, डा. सुशीला नैयर, श्री राजीव वोरा, श्री सुरेंद्र मोहन, श्री कुलदीप नैयर,

समझ

ने कहा कि खालिस्त
उभार रही है । उन्हों
ने प्रस्ताव पारित कर
है । उन्होंने आरोप
को बांटने के लिए इ
भगौड़ों को सेना
श्री गिल ने मांग
महीने के भीतर ही प
चलाए जाने चाहिएं
किया जाना चाहिए

Punjabi Sanjan





इदन पुरस्कारों में यह दूसरा उच्चतम
पुरस्कार में दिया जाने वाला पदक
standard silver) से बना होता है तथा
होता है । इसके एक ओर पांच
बना होता है तथा दूसरी ओर
महावीर चक्र' लिखा होता
कमल के दो फूल बने होते



शनिवार की प्रात: फगवाड़ा-गोराया के मध्य एक मैटाडोर व एक ट्रक में हुई टक्कर में एक महिला व एक बच्चे सहित 5 व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा एक दर्जन अन्य लोग घायल हो गए। चित्रों में (1) दुर्घटनाग्रस्त मैटाडोर, (2) ट्रक तथा (3, 4, 5 व 6) दुर्घटना में मृत व्यक्ति । (छाया : कीड़ा, अल्पना)

अचंभा !

सीहोर (म.प्र.), 17 जनवरी (वा.) : सीहोर के एक दुकानदार गोपाल पटवा अचंभे में हैं कि पति-पत्नी दोनों का परिवार नियोजन आपरेशन करा लिए जाने के बाद भी उनकी पत्नी फिर गर्भवती हैं ।

श्री पटवा ने 28 दिसम्बर 1980 को शासकीय अस्पताल सीहोर में अपनी नसबंदी कराई थी । मगर डेढ़ वर्ष बाद उनकी पत्नी श्रीमती राधाबाई को गर्भ रह गया । 18 सितम्बर 1982 को पेथालाजिकल परीक्षण से प्रमाणित हुआ कि श्री पटवा की नसबंदी ठीक नहीं हुई थी ।

इसके बाद राधाबाई ने अक्तूबर 1982 में यहां जिला चिकित्सालय में गर्भपात करवा कर नलबंदी करवा ली ।

भारत में सी.आई.ए., के.जी.बी. व अन्य विदेशी गुप्तचर एजैंसियों की गतिविधियां बढ़ीं

नई दिल्ली, 17 जनवरी (कुलदीप नैयर): अधिकृत सूत्रों के अनुसार भारत में विदेशी गुप्तचर एजैंसियों विशेष रूप से सी. आई. ए. तथा के. जी. बी. ने अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं । एक उच्च स्तरीय सरकारी समीक्षा के अनुसार दक्षिण एशियाई क्षेत्र की राजनीतिक व सुरक्षा गतिविधियों में बढ़ी शक्तियों की बढ़ती रुचि, पश्चिम एशिया के देशों की घटनाओं, सभी मुस्लिम देशों में धार्मिक कट्टरवाद में वृद्धि और ईरान, अफगानिस्तान व अन्य पड़ोसी देशों की घटनाओं ने हमारे देश को विदेशी एजैंसियों से विध्वंसक कार्रवाइयों के खतरे

विभिन्न कार्यों के लिए रजिस्टर करवा रहे हैं । कई अपने आपको धार्मिक समुदायों के नेता या फर्जी धार्मिक ग्रुपों के सदस्य बताते हैं । सरकार के अनुसार कई जासूस पत्रकारों और अनुसंधानकर्त्ताओं के वेष में आते हैं । पहली श्रेणी के बारे में सरकार असहाय अनुभव करती है जबकि दूसरी के बारे में नई नीति यह है कि ऐसे विषयों पर शोध के लिए

चाको ग्रुप का

विदेशियों को प्रोत्साहन न दिया जाए जिनके राजनीतिक प्रभाव हों या जिनके लिए ऐसे लोगों को संवेदनशील क्षेत्रों में जाना पड़ता हो । तथापि इससे वास्तविक अमरीकी स्कालर नाराज़ हैं, जिन्हें केवल शक के आधर पर ही बाहर रखा जा रहा है । जापानी रैड आर्मी, इटालियन रैड ब्रिगेड और पश्चिम जर्मनी रैड आर्मी जैसे विदेशी आतंकवादी ग्रुप भी हैं । यह ग्रुप कई बार अपनी योजनाएं बनाने और उन्हें कार्यरूप देने के लिए भारत की धरती का प्रयोग करते हैं और सरकार उनकी गतिविधियों को

Punjabi Sanjha

ट कार्पोरेशन
वीज़न, कुल्लू

म सूचना

के अंतर्गत आने वाले सेराज और
न्ध में, 1987 रेंज़न-सीज़न के
ाइड डिपुओं पर डिलीवरी के लिए
87 को सुबह 11 बजे डिवीज़नल
ट वर्किंग डिवीज़न, मंडी (हि.प्र.) के

धरोहर राशि के रूप में वसूल की

स्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा
ज़नल मैनेजर, हि.प्र. स्टेट फ़ारैस्ट
लेने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं ।

हस्त.
(एस.सी. गुप्ता) आईएफएस
डिवीज़नल मैनेजर,
स्टेट फ़ारैस्ट कार्पोरेशन लि.,
र्किंग डिवीज़न, कुल्लू (हि.प्र.)

ं.न.प. जैसलमेर वृत्त, जैसलमेर
.)

सूचना

दाएं पंजीकृत ठेकेदारों तथा मशीनों से
क इकाईयों से सागरमल गोपा शाखा पर
विधि से मिट्टी की पक्की टाइलें बनाने एवं
विदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 1.1.87 से
जारी रहेगी । उपरोक्त निविदाएं निम्न
.87 को सायं 4 बजे प्राप्त की जाकर उसी
ोली जाएंगी ।
ते है :

	कार्य पूर्ण करने की अवधि	धरोहर राशि (लाखों में)	निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि
)			
4	5	6	

उग्रवादियों द्वारा दो पुलिस कर्मियों समेत 9 की हत्या

अमृतसर के हुसैनपुरा क्षेत्र व गुमानपुरा गांव में घर-घर तलाशी, लुधियाना में कर्फ्यू में ढील

जालंधर में छात्र, फिल्लौर में पूर्व नगरपिता गोली का शिकार

चंडीगढ़, 21 जनवरी (वार्ता, नि.स.): संदिग्ध उग्रवादियों ने विगत 24 घंटों में कम से कम नौ व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी जिनमें दो पुलिस कर्मी, एक छात्र, एक भूतपूर्व नगरपिता और कांग्रेस वर्कर भी था । एक रिटायर्ड डी.एस.पी. को गोली मार कर सख्त घायल कर दिया गया ।

सुरक्षा बलों ने तीन महिलाओं समेत 16 संदिग्ध उग्रवादी गिरफ्तार किए हैं ।

लुधियाना में आज पहली बार कर्फ्यू में 4 घंटे की ढील दी गई ।

अमृतसर के मोहल्ला हुसैनपुरा और गांव गुमानपुरा में सरक्षा बलों ने अघोषित कर्फ्यू लगाकर घर-घर तलाशी ली और दो संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में लिए उग्रवादियों ने कल अमृतसर जिला के लोपोके थानांतर्गत गांव कोहला के किसान स्वर्ण सिंह की हत्या कर दी ।

संगरूर जिला के रजिया और डेहला गांवों में 2 व्यक्तियों की हत्याएं किए जाने की सूचना है ।

गुरदासपुर के थाना दीनानगर के अंतर्गत गांव गाधियां में उग्रवादियों ने एक स्कूल अध्यापक की हत्या कर दी तथा एक अन्य को घायल कर दिया ।

दो उग्रवादियों ने आज रात जिला गुरदासपुर के थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव बोलेवाल के निकट गुरदासपुर पुलिस के हैडकांस्टेबल हरपाल सिंह और कांस्टेबल सच्चा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

फिल्लौर में आज रात कांग्रेस वर्कर ओम प्रकाश की हत्या कर दी गई । वह भूतपूर्व नगरपिता था ।

जालंधर में आज रात एक युवक रोहित गुप्ता की हत्या कर दी गई ।

थाना धारीवाल में तीन उग्रवादियों ने एक व्यक्ति ज्ञान सिंह की हत्या कर दी ।

पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के आह्वान पर डा. राजेश की हत्या के विरोध में आज भी हड़ताल जारी रही ।

मौजा म्यातपुर रुड़की में उग्रवादियों ने एक सेवानिवृत्त डी.एस.पी. गुरदयाल सिंह को गोलियां मार कर गम्भीर घायल कर दिया ।

अमृतसर (हि.स.): चार सशस्त्र आतंकवादियों ने कल अमृतसर जिले के लोपोके क्षेत्र के कोहला गांव में अधेड़ उम्र के किसान स्वर्ण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । स्वर्ण सिंह वारदात के समय अपने ट्यूबवैल पर था । स्टेनगन से लैस आतंकवादियों ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ज. दर्शन सिंह धार्मिक मामलों तक ही सीमित रहें : मार्क्सियों की अपील

जालंधर, 21 जनवरी : मार्क्सी कम्युनिस्ट पार्टी ने तथाकथित पंथक एकता के नाम पर अकाल तख्त के कार्यकारी जत्थेदार दर्शन सिंह के राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप पर चिंता व्यक्त की है ।

पार्टी की कल यहां श्री सरबन सिंह चीमा की अध्यक्षता में सम्पन्न द्विदिवसीय बैठक में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया गया, जिसे पार्टी के कार्यकारी सचिव श्री गुरचरण सिंह रंधावा ने आज यहां जारी किया ।

प्रस्ताव में कहा गया है कि ऐसे हस्तक्षेप से केवल खालिस्तानी उग्रवादी ही सुदृढ़ होंगे : समिति ने कहा कि वे उग्रवादी और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की निंदा करें ।

समिति ने, यह दोहराते हुए कि केंद्र द्वारा पंजाब समझौता लागू न किए जाने से मामला उलझा, केंद्र से आग्रह किया कि वह मुख्यमंत्री श्री बलवंत सिंह के साथ वर्तमान वार्ता में सकारात्मक परिणाम लाने के लिए आवश्यक राजनीतिक पहल करें ।

समिति ने राष्ट्रीय एकता के लिए पंजाब में स्थिति को अधिक से अधिक खतरनाक बताते हुए कहा है कि निर्दोष लोगों की हत्याओं ने लोगों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न कर दी है । समिति ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (इ) के महामंत्री श्री





जिला गुरदासपुर के चीमा खुर्द और किशनकोट गांवों में

Punjab Sanatan

अमृतसर (हि.स.): चार सशस्त्र आतंकवादियों ने कल अमृतसर जिले के लोपोके क्षेत्र के कोहला गांव में अधेड़ उम्र के किसान स्वर्ण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । स्वर्ण सिंह बारदात के समय अपने ट्यूबवैल पर था । स्टेनगन से लैस आतंकवादियों ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

विमान सेवाएं भी कुछ हद तक प्रभावित हुई हैं ।

प्रवक्ता के अनुसार पूर्वी भारत में कोयला, अस्पताल, पैट्रोलियम तथा कपड़ा क्षेत्र में काम प्रभावित हुआ लेकिन अन्य भागों में हड़ताल का प्रभाव नगण्य रहा ।

किया है कि राजीव-लौंगोवाल समझौते की कई महत्वपूर्ण मदें अभी लम्बित पड़ी हैं और उन पर अमल नहीं किया गया । समझौते की कुछ मदों पर अमल कराने की प्रक्रिया हो चुकी है, परन्तु जो मदें पंजाब सरकार से सम्बन्ध रखती हैं, उन पर अमल

सम्बोधित करते हुए श्री बरनाला ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को कल के पत्रकार सम्मेलन में मेरी ईमानदारी पर शक करने जैसे शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए था, और मैं प्रधानमंत्री के बारे में इस प्रकार के शब्दों का इस्तेमाल नहीं करूंगा । अपने लगभग 60 मिनट के पत्रकार सम्मेलन में राजीव-लौंगोवाल समझौते को लागू करने के बारे में एक-एक मद का पोस्ट-मार्टम करते हुए श्री बरनाला ने कहा कि श्री राजीव गांधी या उनकी ओर से गठित तीन सदस्यीय समिति से अगली बैठक की कोई तिथि अभी तक तय नहीं हुई । वैसे हम 23 जनवरी को योजना आयोग से मिलने के लिए नई दिल्ली जा रहे हैं ।

श्री बरनाला ने कहा कि हरियाणा विधान सभा



जिला गुरदासपुर के चीमा खुर्द और किशनकोट गांवों में मंगलवार को उग्रवादियों की गोलियों से घायल (1) राम लुभाया, (2) नरेश कुमार, (3) लक्खा सिंह सभी घायल अमृतसर अस्पताल में उपचाराधीन हैं (4) जालंधर में मारा गया युवक रोहित । (छाया : भंडारी, कपूर)

जम्मू-कश्मीर में क्षेत्र ह

नई दिल्ली, 21 जनवरी (वार्ता): रक्षा विशेषज्ञों का मत है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में क्षेत्रीय लाभ के लिए भारत पर आकस्मिक हमले की तैयारी में लगा हो सकता है । रक्षा विशेषज्ञों की यह धारणा भारत-पाक सीमा पर पाकिस्तानी सेना की 16 डिविजनों के जमाव को देखते हुए बनी है । यह सेना वहां अभ्यास के लिए आई थी किन्तु अभी वहीं जमी हुई है ।

रक्षा विशेषज्ञों का ख्याल है कि पाकिस्तान सम्भवतः भारत द्वारा मैदानी क्षेत्रों में अचानक हमले के भय से जम्मू-कश्मीर में थोड़े समय की लड़ाई में कुछ क्षेत्र हथियाने की सोच रहा हो लेकिन इसके परिणामों के बारे में उसकी धारणा भ्रामक हो सकती है ।

आतंकवाद को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा : राजीव

जींद, 21 जनवरी (हि.स.): प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने आज अत्यंत स्पष्ट शब्दों में कहा कि आतंकवाद को किसी भी कीमत पर अब और सहन नहीं किया जाएगा । उन्होंने कहा कि भारत किसी बाहरी देश अथवा शक्ति के सामने नहीं झुकेगा ।

श्री राजीव गांधी आज यहां एक विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि उग्रवाद की जड़ें पड़ोसी देशों में हैं ।

प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि समाज विरोधी तथा राष्ट्र विरोधी शक्तियों को सिर नहीं उठाने दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि देश की एकता व अखंडता हर कीमत पर बनाए रखी जाएगी ।

तेल शोधक कारखाना

श्री गांधी ने बताया कि केंद्र सरकार ने करनाल में एक तेल शोधक कारखाने की स्थापना के फैसला

श्री राजीव गांधी ने खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि के लिए हरियाणा के किसानों की सराहना की । उन्होंने कहा कि सरकार इस बात का प्रयास करेगी कि कृषि उत्पादन में प्रयुक्त सामग्री के मूल्यों को कम किया जाए जिससे कि निर्धन लोगों को खाद्यान्न सस्ते मूल्यों पर मिले ।

प्रधानमंत्री ने जनता से साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने तथा देश को शक्तिशाली बनाने की अपील की और कहा कि 'सर्वधर्म समभाव' हमारी सबसे बड़ी ताकत है । अतः इसी भावना को और मजबूत करने की जरूरत है ।

उन्होंने कहा कि भारत अपने हजारों साल के इतिहास में कभी मजबूत हुआ तो कभी कमजोर । उसका समय कभी बहुत अच्छा था तो कभी बहुत खराब । कभी वह आजाद रहा तो कभी गुलाम ।

हौसले बुलंद करने वाली सिद्ध हुई । लोगों को लाने के लिए इंका ने अपने साधनों का पूरा उपयोग किया ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा कि कुछ देश आतंकवादियों को उकसा कर देश में अव्यवस्था फैलाने का प्रयास कर रहे हैं । ऐसे देश नहीं चाहते कि भारत अपने पैरों पर खड़ा हो । "हम किसी के सामने झुकते नहीं हैं, इस कारण हमपर दबाव डाला जा रहा है । जब-जब देश ने आगे बढ़ने के प्रयास किए हैं, तब-तब यह दबाव बढ़ा है ।" उन्होंने कहा कि भारत के सामने एकता और अखंडता का सवाल पहले है । इसे बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

श्री गांधी ने अपने बीस मिनट के भाषण में स्पष्ट

हुए जाएं ।

प्रधानमंत्री ने मंच पर मुख्यमंत्री बंसी लाल को अपनी इच्छा बताई । पूरे मार्ग का मानचित्र भी मंगाया गया । वहीं विचार-विमर्श भी हुआ । इसके बाद मुख्यमंत्री ने अन्य अधिकारियों से मंच के नीचे जाकर विचार-विमर्श किया । न जाने क्या बातचीत हुई । इसके बाद प्रधानमंत्री का सड़क से जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया ।

बाद में प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि "हम मोटर से घूमकर देखना चाहते थे कि राज्य में विकास के नाम पर क्या हो रहा है । मुख्यमंत्री तो हमें विकास की जानकारी देते रहते हैं, लेकिन हम यह सब अपनी आंखों से देखना चाहते थे । श्री गांधी ने कहा कि इस बहाने वह लोगों से मिलकर बातचीत भी करना चाहते थे । लेकिन अब वहां

Punjabi Sanatani



पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

उस पर हमला कर दिया । स्वर्ण सिंह के बेटे द्वारा पुलिस में दर्ज की गई रिपोर्ट के अनुसार हमलावरों ने उनके पिता की हत्या से पहले आरोप लगाया था कि उन्होंने एक आतंकवादी के संबंध में पुलिस को सूचना दी थी ।

'अ.सो.' के अनुसार उग्रवादियों ने स्वर्ण सिंह की हत्या के बाद उसके घर वालों ने बताया कि यह हत्या इसलिए की गई है क्योंकि ढाई वर्ष पहले स्वर्ण सिंह ने अपने बेटे जसपाल सिंह उर्फ पप्पू को सुरक्षा बलों के हाथों मरवा डाला था । इन उग्रवादियों में से एक के पास स्टेनगन और शेष के पास पिस्तौलें थीं ।

अघोषित कर्फ्यू के दौरान तलाशियां

पुलिस और सुरक्षा बलों ने आज तड़के हसैनपुरा क्षेत्र में घर-घर तलाशी ली । तलाशी लेने के लिए क्षेत्र में 'अघोषित कर्फ्यू' लागू कर दिया गया था । इस दौरान दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया । ऐसी ही छानबीन गुमानपुरा गांव में भी की गई, लेकिन किसी को हिरासत में नहीं लिया गया ।

6 हिरासत में

इस बीच पुलिस के अनुसार कल रात स्वर्ण मंदिर के निकट आधा दर्जन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया । उनसे पूछताछ की जा रही है ।

तीन घायल खतरे से बाहर

सशस्त्र उग्रवादियों ने गुरदासपुर जिला के हरगोबिंदपुर थाना क्षेत्र में कल रात गोलीबारी की दो वारदातों में तीन लोगों को जख्मी किया । तीनों घायलों को अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल किया गया है । अस्पताल सूत्रों ने इनके नाम नरेश कुमार (20), लक्खा सिंह (18) और राम लुभाया (50) बताए हैं ।

प्राप्त सूचनानुसार नरेश कुमार और लक्खा सिंह को तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने श्री हरगोबिंदपुर थाना के किशन मोट गांव में कल रात गोलियां मार कर जख्मी किया जबकि 50 वर्षीय श्री राम लुभाया को इसी थाना क्षेत्र के चीमा खुड्डी गांव में गोली मारी गई । सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

राम लुभाया जिसकी बाजू में गोलियां लगी हैं, ने बताया कि मंगलवार की शाम को जब वह और उसका बेटा चीमा खुड्डी स्थित अपनी दुकान में बैठे थे तो 22-23 वर्ष के एक युवक ने उन पर गोलियां चलाईं । बाप-बेटे ने इस उग्रवादी को पकड़ लिया । इस उग्रवादी ने अपने और साथी को सहायता के लिए बुलाया । दूसरे उग्रवादी को देखते ही बाप-बेटे ने उग्रवादी को पिस्तौल सहित छोड़ दिया और दुकान में घुस कर शटर गिरा लिया । उग्रवादी वहां से भाग निकले । बेटे ने घायल बाप को अस्पताल पहुंचाया ।

हरगोबिंदपुर थाना के गांव किशन कोट में घायल होने वाले नरेश कुमार के गले के नीचे तथा लक्खा सिंह के पेट में गोली लगी है । यह दोनों हरिजन हैं । यह दोनों मनोहर लाल, जिसकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, की करियाना की दुकान से सामान खरीद रहे थे । जैकेट पहने एक उग्रवादी ने मनोहर लाल पर गोलियां चलाईं और वह

दिन का वेतन देने की घोषणा की । बाद में एक शिष्टमंडल ने सिविल सर्जन से मिल कर मृतक के परिवार को उसकी सेवानिवृत्ति तक पूरा वेतनमान दिए जाने की मांग की और ग्रामीण क्षेत्रों में जाने वाले डाक्टरों की सुरक्षा प्रबन्ध करने की अपील की । सिविल सर्जन और वरिष्ठ डाक्टरों ने भी एक दिन का वेतन देने की घोषणा की ।

वित्तमंत्री पद
का उद्योगपति
उन्होंने आरोप
पड़वा रहे थे,
भारतीयों के
होती । "कांग्रे
श्री बाजपे
लालडेंगा के स
इससे त्रिपुरा
प्रोत्साहन मिल
ही नहीं, बल्कि
गुजरात सीमा प
अलावा बड़ी म
देश में लाये ज
घुसपैठ जारी है
लिये यह बहुत
श्री बाजपेयी
भी दिन-ब-दिन
इक्कीसवीं सदी
तकनीकी का अ
उन्होंने कहा कि
खिलाफ नहीं है,
किया जाना चाहि
परिस्थितियों के
लगाया कि ऐसी
रहा है जो देश म
किया जा रहा है
उसे विदेशों में ही
श्री बाजपेयी
चुनाव अन्य राज्
कहा कि इराडी ति
ऐसे संकेत हैं कि
घटाया गया तो
जाएगी । उन्हों
अंतर्गत ट्रिब्यूनलो
पर बाध्य होंगे ।
पंजाब में आतंक
सैनिक बलों की स
हरिद्वार : श्री
और लौंगोवाल के
भावना के अनुरूप
समस्या देश की ए
बन गई है । श्री
जनसभा को संबोधि
पाकिस्तान से मिल

सरबत ख
देने वालों
पर तल

अमृतसर, 1 प
(गुरजीत गट्ट) ने अ
अपील की है कि क
समक्ष सजा सुनाने
जिन्होंने 'सरबत ख
चुनौती दी है ।

फैडरेशन के म
उपाध्यक्ष जगदीश
लोगों पर सत्ता के
विज्ञप्ति में कहा ग
सर्वोत्तम सत्ता है
आलोचना करने

ग्रांट में क

जालन्धर, 1
विद्यार्थी परिषद
श्री जितेन्द्र ब्याल
मान्यता प्राप्त स्क
आंदोलन व हड़त
चिन्ता व्यक्त क
स्कूलों को दी
दुर्भाग्यपूर्ण व अ
वापिस लेने की म
श्री ब्याला ने
द्वारा अचानक हड़
बताया । उन्होंने
उनकी भी उचि

फगवाड़ा में शिवसेना-पुलिस टकराव के बाद अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू

ठंडे गांव में ज़मींदार की हत्या, पट्टी के एस.डी.ओ. कार्यालय की सेफ तोड़ कर 22 हज़ार रु. लूटे, सरपंच की हत्या में 2 गिरफ्तार

बटाला, मुल्लांपुर की 2 बैंक डकैतियों में 3 लाख रु. लूट लिए

चंडीगढ़, 2 फरवरी (वार्ता): फगवाड़ा के पुराने शहर के इलाकों में आज अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया गया । गांधी चौक इलाके में पुलिस तथा हिन्दू शिव सेना के कार्यकर्त्ताओं के बीच हुई झड़प के बाद कर्फ्यू लागू किया गया । पुजारी शंकर दास की हत्या के सम्बन्ध में दो व्यक्ति पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए हैं ।

अमृतसर जिले ठंडे गांव में एक जमींदार की कल रात हत्या कर दी गई जबकि पट्टी के एस. डी. ओ. कार्यालय की सेफ तोड़ कर उग्रवादी 22 हजार रुपए ले भागे ।

बटाला चीनी मिल के प्रांगण में स्थित राज्य सहकारी बैंक से उग्रवादी 2,48,385 रुपए लूट ले गए ।

मुल्लांपुर के गुरु तेग बहादुर कालेज में स्थित बैंक से उग्रवादियों ने लगभग 45 हज़ार रुपए लूट लिए ।

फ़गवाड़ा में कर्फ्यू

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा, रोशन लाल खोसला, सतीश मेहरा): कल शाम यहां उग्रवादियों की फायरिंग से मंदिर काली माता के पुजारी की मौत और दो लोगों के घायल होने की घटना के बाद शहर में गड़बड़ और तनाव के कारण अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है ।

इससे पहले सब्ज़ी मंडी में सुबह दुकानें बंद कराने के दौरान साम्प्रदायिक तनाव हो गया । उस में आध घण्टा तक दोनों ओर से पथराव होता रहा । इस दौरान किसी ओर से चार गोलियां भी चलाई गईं ।

बाद में गांधी चौक में हिंदू शिव सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के वर्करों और पुलिस में टकराव हो गया । पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी । इस अवसर पर पुलिस की ओर से हवाई फायरिंग भी की गई ।

एक एजैंसी के अनुसार कुछ युवकों ने एक दुकान पर पड़ी सब्जियां उठा कर फैंक दीं । कुछ ही देर बाद अकाली दल (बादल) के एक नेता अजायब सिंह संधा पार्टी के चालीस अन्य कार्यकर्त्ताओं के साथ वहां पहुंचे गए । दोनों समुदायों ने एक-दूसरे पर जम कर पथराव किया । इसके बाद गांधी चौक तथा कुछ अन्य स्थानों पर भी दोनों समुदायों के बीच पथराव आरम्भ हो गया ।

शहर में फैले आतंक और बार-बार की झड़पों के दृष्टिगत कपूरथला जिला के जिलाधीश कंवर गुलवंत सिंह ने फगवाड़ा के अंदरूनी शहर में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया । शहर में पुलिस और सी.आर.पी. की गश्त जारी है । उग्रवादियों के हाथों मारे गए पुजारी शंकर दास की लाश का पोस्टमार्टम आज यहां डाक्टर नरेंद्र पाल सिंह मक्कड़ ने किया । पोस्टमार्टम के अनुसार शंकर को एक गोली सिर में लगी, जो आर-पार हो गई । दूसरी गोली बाएं बाजू में लगी और आर-पार हो गई ।

सब्ज़ी मंडी में भिड़ंत

उग्रवादियों की कल की घटना के विरुद्ध आज फगवाडा बंद के आह्वान के संदर्भ में कुछ युवक जब सब्ज़ी मंडी में कुछ दुकानें बंद कराने के लिए प्रयत्नशील थे, तो दूसरे सम्प्रदाय के कुछ दुकानदारों से उनका झगड़ा हो गया । बात बढ़ जाने से दोनों ओर के लोगों में पथराव शुरू हो गया जो आधे घंटे तक जारी रहा । इसी दौरान किसी ने चार हवाई फायर भी कर दिए । साम्प्रदायिक दंगे भड़कने की खबर मिलते ही जालंधर क्षेत्र के डी.आई.जी. श्री पूर्ण चंद डोगरा, कपूरथला के जिलाधीश कंवर गुलवंत सिंह और एस.एस.पी. श्री सुदर्शन लेखी समेत उच्चाधिकारी फगवाड़ा पहुंच गए ।

मृत शरीर का जलूस

मृतक शंकर दास का शव जब बाहर लाया गया तो वहां भारी संख्या में उत्तेजित लोगों की नारेबाजी से तनाव बढ़ गया । इस अवसर पर हिंदू शिव सेना के अध्यक्ष मंडल के सदस्य श्री रमाकांत जलोटा ने घोषणा की कि हम मृतक शरीर के अंतिम संस्कार से पहले शहर में उसका जलूस निकालेंगे । मगर प्रशासन ने इस प्रस्ताव को मानने से इन्कार कर दिया और कहा कि आप लोग वायदा कर चुके हैं कि मृतक शरीर सीधा काली माता के मंदिर में ले जाया जाएगा और वहां से अंतिम संस्कार के लिए पुजारी के हिमाचल स्थित गांव भेज दिया जाएगा ।

पुलिस से टकराव

हालात बेकाबू होते ही वहां मौजूद युवकों और पुलिस में टकराव हो गया । पुलिस ने उत्तेजित युवकों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी गई, जो 15 मिनट जारी रही । पुलिस ने इस दौरान हवाई फायर भी किए । एक अनुमान के अनुसार लगभग एक दर्जन गोलियां चलाई गईं । पुलिस की ओर से भीड़ को तितर-बितर करने के अभियान में वहां मौजूद 25-30 साइकल चकनाचूर हो गए । आस-पास की दुकानों और रेहड़ियों का सामान भी खराब हो गया । इस अवसर पर आध दर्जन युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया । कुछ देर के बाद पुजारी का मृतक शरीर काली माता के मंदिर में ले जाया गया । यह दिन के लगभग एक बजे की बात है । जब लाश मंदिर में ले जाई गई तो पुलिस और सी.आर.पी. ने मंदिर को चारों ओर से घेर लिया । उत्तेजित भीड़ की मांग थी कि पहले बंदी बनाए गए युवकों को रिहा किया जाए, तब हम लाश को अंतिम संस्कार के लिए उसके गांव भेजेंगे ।

बाद में शांति कमेटी के प्रधान डाक्टर देसराज शर्मा के हस्तक्षेप से इस समस्या को हल कर लिया गया । पुलिस ने तीन युवकों को रिहा कर दिया । फिर सी.आर.पी. के साथ मृतक शरीर एक टैम्पो द्वारा पुजारी के गांव हिमाचल को भेज दिया गया । यहां से कई लोग मृतक शरीर के साथ गए हैं । नगर में भारी तनाव पाया जाता है । (शेष पृष्ठ 8 पर)

राज्यपाल अध्यापकों की मांगें स्वीकार करने की सरकार से सिफारिश करेंगे

लुधियाना, 2 फरवरी (जोशी): पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने आज यहां मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल अध्यापकों के शिष्टमंडल को आश्वासन दिया कि वह लायबिलिटी क्लाज़ खत्म करने आदि सम्बन्धी उनकी मांगों को स्वीकार करने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री से सिफारिश करेंगे ।

उन्होंने कहा कि जब वह स्वयं पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने प्राईवेट स्कूलों के लिए 100 प्रतिशत ग्रांट स्वीकार कर रखी थी ।

शिष्टमंडल के नेता श्री प्रेम चन्द गुप्ता ने राज्यपाल को एक ज्ञापन दिया जिसमें कहा गया था कि 10 हज़ार अध्यापक और हज़ारों नान-टीचिंग कर्मचारियों तथा हज़ारों छात्रों का भविष्य पंजाब सरकार के रवैये के कारण धूमिल हो रहा है । उनमें बेचैनी बढ़ने से कानून-व्यवस्था की समस्या भी पैदा हो सकती है ।

'धीमान' के अनुसार शिष्टमंडल ने राज्यपाल का ध्यान इस ओर दिलाया कि पंजाब सरकार ने स्कूलों से पिछले 20 सालों की वसूलियां भी शुरू कर दी हैं । राज्यपाल ने कहा कि जब सरकार 95 प्रतिशत ग्रांट देती थी और प्रबंध समिति 5 प्रतिशत हिस्सा डालती थी तब अध्यापकों को वेतन थोड़ा दिया जाता था लेकिन रिकार्ड में ज्यादा रकम की अदायगी दिखाई जाती थी । शिष्टमंडल ने कहा कि ऐसी कोई बातचीत नहीं और न इसका कोई प्रमाण है ।

जालन्धर से 'क' के अनुसार पंजाब राज्य मान्यता प्राप्त स्कूल अध्यापक संघ के कार्यकारी महासचिव श्री सुदर्शन शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला जो कि इस समय शिक्षा विभाग को भी कार्य सम्भाले हुए हैं, से अपील की है कि वह अब भी स्थिति को सम्भालें और मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू की गई लायबिलिटी क्लाज़ वापिस लेकर रिलीज़ की गई ग्रांट में से काटी गई राशि अनुदान के भाग के रूप में तुरन्त रिलीज करें तथा पैंशन, ग्रैच्युटी, छुट्टियों के नियम आदि की अध्यापकों की अन्य मांगों को स्वीकार करें ।

श्री शर्मा ने आज यहां एक भेंट में कहा कि कल के राज्य स्तरीय सम्मेलन में सरकार के साथ अध्यापकों व प्रबन्धकों के संयुक्त संघर्ष के अधीन सीधी कार्रवाई शुरू किए जाने को अभी दो दिन बाकी हैं और मुख्यमंत्री अब भी स्वयं अपने किए वादों को पूरा करने के पग उठाएं ।

श्री शर्मा ने श्री बरनाला का ध्यान इस ओर दिलाया है कि उन्होंने अकाली दल के प्रधान के नाते 16 सितम्बर, 1985 को लिखित रूप में उपरोक्त सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था और गत 20 अक्तूबर को मुख्यमंत्री के नाते इन मांगों को पूरा करने का विश्वास दिलाया था ।

श्री शर्मा ने कहा कि मान्यता प्राप्त स्कूलों के अध्यापक व प्रबन्धक अब किसी भी आश्वासन पर आंदोलन वापिस नहीं लेंगे । उनका आंदोलन तब तक चलेगा जब तक उपरोक्त मांगों को प्रशासनिक आदेशों द्वारा लागू करने की कार्रवाई नहीं की जाएगी ।

श्री शर्मा ने राज्य सरकार का ध्यान पुनः इस ओर दिलाया कि लायबिलिटी की क्लाज़ न दिल्ली पैटर्न में है और न उसके आधार पर पंजाब में अनुदान व्यवस्था लागू करने बारे बनाए गए नियमों में ।

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने जिन बुनियादी असूलों पर 1967 में दिल्ली पैटर्न पर अनुदान व्यवस्था लागू करने का निर्णय किया था, लायबिलिटी क्लाज़ उनकी ही हत्या करती है । यह व्यवस्था सरकार ने सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के कर्मियों के वेतनमानों व सेवा शर्तों में बराबरी लाने के लिए लागू की थी किन्तु उपरोक्त लायबिलिटी क्लाज़ लागू करने से इन स्कूलों के बंद हो जाने का डर पैदा हो गया हैजिससे वेतन लेने वाले अध्यापक बेकार ही हो जाएंगे ।

श्री शर्मा ने ग्रैच्युटी तथा पैंशन की मांग की औचित्य की चर्चा करते हुए कहा कि एक तो यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, पश्चिमी बंगाल, आसाम और (शेष पृष्ठ 8 पर)

रिपोर्ट समझौते के विरुद्ध हुई तो स्वीकार नहीं करेंगे : बरनाला

चंडीगढ़, 2 फरवरी (वि.प्र.): अकाली दल (ल) के अध्यक्ष श्री सुरजीत सिंह बरनाला और महासचिव श्री हरभजन सिंह संधु ने यह बात स्पष्ट की है कि यदि इराडी ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट राजीव-लौंगोवाल समझौते की भावना के विरुद्ध हुई तो अकाली दल और पंजाब सरकार उसे नहीं मानेगी ।

आज यहां अलग-अलग तौर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री श्री बरनाला ने कहा कि वह इराडी ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि मैंने हाल ही में नई दिल्ली जा कर प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी से लगभग डेढ़ घंटे तक बातचीत की । मैंने उनसे कहा कि हरियाणा विधानसभा के चुनाव आ रहे हैं इसलिए कोई ऐसी बात नहीं होनी चाहिए जो पंजाब के हितों को ठेस पहुंचाती हो । आधी रात के समय हुई श्री गांधी से बातचीत के दौरान मैंने राजीव-लौंगोवाल समझौते के क्रियान्वयन और कानून-व्यवस्था की स्थिति के बारे विस्तृत बातचीत की ।

ट्रिब्यूनल की सम्भावित रिपोर्ट को क्या सुप्रीमकोर्ट में चुनौती देगी ? उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से दो ही महत्वपूर्ण मामले क्षेत्रीय और पानी के हैं । वैंकटरमैय्या आयोग ने भी अपने कार्य क्षेत्र से बाहर जा कर रिपोर्ट दी थी जिसे हमने स्वीकार नहीं किया । बलवंत सिंह ने विचार व्यक्त किया कि राजीव-लौंगोवाल समझौता न्याय का दस्तावेज है । हम चाहते हैं कि हरियाणा और राजस्थान को भी न्याय मिले । उन्होंने उग्रवादियों को निमंत्रण दिया कि वे अपने हथियार अकाल तख्त के जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह को दे दें तो उस स्थिति में उनके साथ सत्ता का बंटवारा किया जा सकता है ।

संत-महात्माओं द्वारा सद्

चंडीगढ़, 2 फरवरी (सागर): विश्व हिन्दू परिषद् की देखरेख में हिन्दुओं के सभी सम्प्रदायों के संत महात्मा 28 फरवरी से हरिद्वार से सद्भावना यात्रा शुरू करेंगे जो 9 मार्च को अमृतसर जाकर समाप्त होगी । पंजाब के सभी वर्गों में शांति व सद्भावना स्थापित करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही इस यात्रा में विभिन्न स्थानों से लगभग 10 लाख लोग हिस्सा लेंगे ।

राष्ट्रीय सद्भावना यात्रा के संयोजक स्वामी सत्य मित्रानंद और विश्व हिन्दू परिषद् के महामंत्री श्री अशोक सिंहल ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पंजाब के हालत सामान्य करने का काम केवल राजनीतिज्ञों व राजनीतिक पार्टियों का ही नहीं है, संत म बनाने में अपना

स्वामी मि मंदिर के संस्थाप यात्रा के दौरान और उन संगठ जो उग्रवादी स अकाल तख्त जत्थेदार जो मुलाकात कर एक प्रश्न अकाल तख्त के सुझाव से सहमत विरुद्ध हिन्दुओं पत्र जारी करना की स्थिति प सद्भावना-यात्रा कि इसमें मध्य राजस्थान इत्यादि हिस्सा लेंगे । उ इस यात्रा में हिस्

चिकन नेक क्षेत्र के पास पाक टैंकों की गति-विधियां तेज : सीमा क्षेत्र में रुक-रुक कर गोलीबारी

पलायन कर रहे हैं लेकिन वे पलायन मुख्यतः

Punjabi Sahitya



(1) रविवार को उग्रवादियों ने फगवाड़ा में काली माता मंदिर के पुजारी शंकर दास की हत्या कर दी, (2) क्रुद्ध लोगो ने थाने का घेराव कर लिया, (3) पोस्टमार्टम के बाद बड़ी संख्या में लोग शव काली माता मंदिर लेकर गए, (4) शिव सेना, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के वर्करों और पुलिस के बीच टकराव और पथराव हुआ, (5) तनाव और गड़बड़ के दृष्टिगत नगर में कर्फ्यू लगा दिया गया ।

(छाया : कौड़ा, अल्पना)

Punjabi Sanatani

प्रधानमंत्री की जल्दबाजी से कार चालक घायल

नई दिल्ली, 2 फरवरी (स. मेल): बताया जाता है कि गत दिवस प्रधानमंत्री के सुरक्षा काफिले की जो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी उसका कारण प्रधानमंत्री की जल्दबाजी थी । यह भी बताया जाता है कि उस दिन प्रधानमंत्री अत्यंत जल्दबाजी में राजघाट की ओर अपनी मर्सिडीज गाड़ी में जा रहे थे कि अकबर रोड पर एक घुमाव पर उनकी गाड़ी को रोकना पड़ा । इसी वजह से पीछे आ रही सुरक्षा दस्ते की गाड़ी के ड्राइवर को भी गाड़ी रोकनी पड़ी और प्रधानमंत्री की कार से टक्कर बचाने के लिए उस गाड़ी के ड्राइवर ने फुटपाथ से गाड़ी टकरा दी जिससे उस गाड़ी का चालक घायल हो गया ।

बताया जाता है कि प्रधानमंत्री उस दिन राष्ट्रपति से पहले राजघाट पहुंचने की जल्दी में थे क्योंकि शिष्टाचारवश उन्हें वहां जल्दी पहुंचना

बलिदानी जत्थे द्वारा सिख समुदाय को उग्रवाद के विरुद्ध मैदान में उतरने की अपील

बटाला, 2 फरवरी (चौधरी): गत शाम राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के बलिदानी जत्थे का बटाला पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया । हजारों की संख्या में स्त्री व पुरुष नेहरू गेट के बाहर इकट्ठे होकर लगभग दो घंटे इस जत्थे की प्रतीक्षा करते रहे । नेहरू गेट से जत्थे को जलूस के रूप में मंदिर पूर्णानन्द ले जाया गया, जहां एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के संयोजक श्री जय किशन शर्मा ने कहा कि हमारा जत्था पंजाब, हरियाणा की जनता को जागृत करता हुआ केंद्र सरकार को इस बात के लिए मजबूर करेगा कि पंजाब में निर्दोष लोगों की हत्याओं को रोकने के का कोई भी धर्म नहीं है । उन्होंने कहा कि उन्हें भी जनसभाएं करके सुरक्षा समिति का यह नारा लगाना चाहिए कि 'हिन्दू व सिख को लड़ने नहीं देना, सन् 1947 बनन नहीं देना ।' श्री शर्मा ने कहा कि बरनाला सरकार मुट्ठी भर उग्रवादियों को काबू करने में विफल रही है । उन्होंने अल्पसंख्यकों से अपील की कि वह पलायन करके अन्य राज्यों में जाएं । श्री शर्मा ने कहा कि पंजाब में शांति कायम करने के लिए अगर उन्हें आंदोलन को देश के दूसरे भागों में भी चलाना पड़ा तो वह इससे परहेज नहीं करेंगे । उन्होंने बताया कि हिमाचल में समिति के यूनिट का गठन कर दिया गया है और जम्मू-कश्मीर पंथक सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की । उन्होंने जनता से अपील की उग्रवाद को मिटाने के लिए एकजुट हो जाएं । स्थानीय राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की ओर से श्री जय कृष्ण शर्मा को इस अवसर पर 5100 रुपए की थैली भी भेंट की गई । आज इस बलिदानी जत्थे को हजारों की संख्या में नर-नारियों ने विदाई दी । आज यह जत्था धारीवाल, गुरदासपुर के लिए रवाना हो गया जहां से कल बहरामपुर, दीनानगर, पठानकोट के लिए रवाना होगा ।

राष्ट्रीय आवास नीति



'हरिजन बाबा' मोहन लाल, जिनकी गत रात उग्रवादियों ने हस्तीवाला गांव के निकट हत्या कर दी । मृतक जालन्धर का रहने वाला था । वह अपने पीछे विधवा मां, पत्नी और 4 बच्चे छोड़ गया है । (छाया : कामरेड)

शिवसेना पुलिस टकराव

(पृष्ठ 3 का शेष)

डोगरा का पत्रकार सम्मेलन

जालंधर क्षेत्र के डी.आई.जी. श्री पूर्ण चंद डोगरा ने आज यहां पत्रकार सम्मेलन में बताया कि पुलिस ने भीड़ पर हल्का लाठीचार्ज किया है और आंसू गैस के केवल 12 गोले छोड़े हैं, ताकि हिंद शिव सेना, राष्ट्रीय सरक्षा समिति और सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के बीच भिड़त को रोका जा सके । डी.आई.जी. ने आरोप लगाया कि प्रबंधकों ने हम से वायदा किया था कि मंदिर काली माता से मृतक शरीर सीधा पुजारी के गांव रवाना कर दिया जाएगा, मगर वक्त आने पर उन्होंने रूट बदलने की कोशिश की तो उन्हें तितर-बितर करने के लिए कार्रवाई की गई । डी.आई.जी. ने कहा कि शहर में तनाव है, मगर हालात काबू में हैं ।

जालन्धर रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक, कपूरथला के उपायुक्त और जिला पुलिस प्रमुख ने शिवसेना के नेताओं से कहा कि वे शव को हिमाचल प्रदेश में महाकालेश्वर ले जाकर विसर्जित कर दें, ताकि पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार शिव सेना के नेताओं को रिहा करने में सहूलियत हो सके ।

आवागमन रुका

संघर्ष के बाद चंडीगढ़ जाने वाले वाहनों का आवागमन रोक दिया गया । पहले वाहन श्री हरगोबिन्द नगर हो कर जा रहे थे । पुलिस के अनुसार पथराव के कारण 10 व्यक्ति घायल हुए हैं ।

और पकड़े जाएंगे

इस घटना के संदर्भ में कल जो उग्रवादी कर्मजीत सिंह स्कूटर सहित गिरफ्तार कर लिया गया था की निशानदेही पर पुलिस अब उसके साथी की तलाश सरगर्मी से कर रही है । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

शायद आज ढील मिले

'कौड़ा' के अनुसार सी.आर.पी. के आई.जी. श्री के.पी.एस. गिल ने आज बाद दोपहर नगर का दौरा किया तथा सी.आर.पी. व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की तथा कानून-व्यवस्था प्रत्येक मूल्य पर कायम रखने पर बल दिया । सी.आर.पी. के अधिकारियों से उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक भेदभाव से संकोच किया जाए । यहां शांति कमेटी की बैठक भी हुई । शांति कमेटी ने जिलाधिकारियों पर बल दिया कि लोगों की कठिनाइयों के दृष्टिगत कल कर्फ्यू में कुछ ढील दी जाए । बैठक में उपस्थित एस.पी. श्री सुदर्शन लेखी ने विश्वास दिलाया कि वे जिला मैजिस्ट्रेट के साथ परामर्श करके कल प्रातः नौ बज से दो घंटे की ढील दिलवाने का प्रयत्न करेंगे ।

'टांगड़ी' के अनुसार सुरक्षा समिति के संयोजक श्री महेश ने लाठीचार्ज को नृशंस करार दिया और न्यायिक जांच करवाने की मांग की । उन्होंने कहा कि हमारे तीस वर्कर घायल हो गए और तीन रणजीत कुमार, प्रदीप कुमार और संजीव कुमार लापता हैं ।

स्कूल कालेज बंद

कपूरथला के जिलाधीश ने एक आदेश द्वारा फगवाड़ा उपमंडल के स्कूल और कालेज तीन फरवरी को बंद रखने की घोषणा की है ।

रिमांड

कपूरथला से 'शर्मा' के अनुसार स्थानीय गवर्नमैंट कालेज की आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के प्रधान तलविन्दर सिंह पाल का पुलिस को 7 फरवरी तक रिमांड मिल गया । उसे गत दिवस स्टेट गुरुद्वारा से रिवाल्वर समेत गिरफ्तार किया गया था । गिरफ्तारी से पूर्व उसने गोलियां चलाई थीं ।

दो उग्रवादी बंदी

जिला कपूरथला के गांव दयालपुर में उग्रवादियों के हाथों सरपंच दर्शन लाल की हत्या और एक व्यक्ति रेशम सिंह को घायल होने की घटना के संदर्भ में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है । यह घटना दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में हुई थी । एस.एस.पी. श्री लेखी ने बताया कि उग्रवादी गुरदेव सिंह लखनपुर और दमन सिंह दयालपुर को गिरफ्तार किया गया है । उनके कब्जे से 32 बोर का पिस्तौल और छः कारतूस बरामद किए गए हैं ।

ट्रैफिक रोका

जालन्धर का समाचार है कि वहां लायलपुर खालसा कालेज के छात्रों ने कालेज के पास जी.टी. रोड पर दो घंटे ट्रैफिक रोका और हरियाणा की बसों के पहियों से हवा निकाल दी तथा शीशे तोड़ दिए । वे होशियारपुर जिले में दो कालेज छात्रों की गिरफ्तारी पर प्रोटैस्ट कर रहे थे ।

2.50 लाख रु. लूटे

बटाला (फो.): दो संदिग्ध उग्रवादियों ने आज बटाला स्थित चीनी मिल के परिसर में राज्य सहकारी बैंक की शाखा से ढाई लाख रुपए लूट लिए । सरकारी सूत्रों के अनुसार आतंकवादी साइकल पर आए और उन्होंने कैशियर को पिस्तौल दिखा कर उससे रुपए सौंपने को कहा । आतंकवादी बाद में लूटे हुए 2,48,385 रुपए सहित भाग गए । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

आतंकवादी साइकल पर आए थे । वे करीब साढ़े ग्यारह बजे बैंक परिसर में घुसे और खजांची प्रेम लाल पर रिवाल्वर तान दिया । बिना गोली चलाए वे रकम लूट कर फरार हो गए । पुलिस के अनुसार घटना के दौरान कोई हताहत नहीं हुआ । पुलिस ने बताया कि बैंक की शाखा से पिछले साल दस मार्च को आतंकवादियों ने 50 हज़ार रुपए लूट लिए थे ।

एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी, डी.एस.पी. हरजीत सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए । 4 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । श्री हरजीत सिंह ने कहा कि इस केस का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं मिला । लूटी गई राशि खाते में मेल नहीं खाती, इसलिए इस केस में घपलेबाज़ी की सम्भावना को भी रद्द नहीं किया जा सकता ।

ठेका लूटा

पटियाला (भ.): 4 उग्रवादियों ने कल सायं भादसों थाना के गांव अजनौदा कला से देसी शराब के सेल्समैन बलविंदर सिंह से बंदूक की नोक पर 1600 रुपए लूट लिए । नए फोर्ड ट्रैक्टर पर आए उग्रवादियों ने 4 फायर किए और अजनौदा कलां गांव की ओर भाग गए ।

तेज धार हथियार से घायल किया

फरीदकोट से बलकरण के अनुसार गत रात यहां से 15 किलोमीटर दूर कस्बा मुदकी में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने केवल कृष्ण नामक व्यक्ति से उसकी घड़ी, अंगूठी, साइकल तथा नकदी छीन ली तथा उसे तेजधार हथियार से घायल कर दिया । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है । घटना के समय केवल कृष्ण अपने भट्ठे से घर लौट रहा था ।

अंतिम शो पर रोक

फरीदकोट जिला में सभी सिनेमा घरों में अंतिम शो दिखाने पर रोक लगा दी गई है । जिलाधीश भूपिन्दर सिंह संधु के आदेश के तहत स्कूटर, मोटर साइकल आदि पर दूसरी व्यस्क सवारी बिठाने पर लगाया प्रतिबन्ध भी 26 फरवरी तक बढ़ा दिया है । जिलाधीश ने सभी स्वस्थ युवकों द्वारा रेलवे लाइनों, नहरों, सिंचाई कूओं तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर दिन-रात पहरा दिए जाने सम्बन्धी आदेश भी जारी किए हैं । यह आदेश तोड़-फोड़ की आशंका के कारण जारी किए गए हैं ।

रात को चौपहिया वाहन चलाने पर रोक

होशियारपुर (अश्विनी): जिला मैजिस्ट्रेट एम.एस. कैले ने सायं 8 से प्रातः 5.30 बजे तक कारें, ट्रकों, मैटाडोरों और अन्य चौपहिया वाहन चलाने पर 31 मार्च तक पाबंदी लगा दी है । हथियार लेकर चलने, जलसे, जलूस और नारेबाजी पर पाबंदी भी 31 मार्च तक जारी रहेगी । तेजाब, ईंटें, पत्थर आदि घरों में इकट्ठे करने तथा कारों पर लाल बत्तियां लगाने पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया गया है ।

बैंक से 45 हज़ार लूटे

लुधियाना (नेपाल): यहां से 15 किलोमीटर दूर मुल्लांपुर में गुरु तेग बहादुर कालेज स्थित बैंक आफ इंडिया की शाखा से 4 उग्रवादियों ने 45 हज़ार रुपए लूट लिए । बताया जाता है कि उग्रवादी दो स्कूटरों पर बैंक आफ इंडिया की शाखा में आए । 3 बैंक के अंदर चले गए । उग्रवादियों ने आते ही टैलीफोन के तार काटे और दो फायर किए । वहां से 45 हजार रुपए लूट कर वह भाग निकले । पुलिस ने केस दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है ।

जमींदार की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): जिला मुख्यालय से प्राप्त एक जानकारी के अनुसार थाना सदर के गांव ठंडे में एक जमींदार हरभजन सिंह को कल रात 8 बजे 4 सशस्त्र लोगों ने गोलियां मार कर मार डाला । कहा जाता है कि उसने कुछ समय पूर्व एक हत्याकांड में गवाही दी थी । पुलिस का दावा है कि यह निजी दुश्मनी की घटना है । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है ।

एस.डी.ओ. का सेफ टूटा, 22 हजार रु. चोरी

पट्टी में एस.डी.ओ. बलविंदर सिंह के कार्यालय में उग्रवादी सेफ तोड़ कर 22158 रु. लूट ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

ट्रैफिक जाम

आज प्रातः खालसा कालेज की सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन इकाई के सदस्यों ने जी.टी. रोड पर 2 घंटे तक ट्रैफिक जाम किया । वह दो छात्रों सतबीर सिंह और दविंदर की गिरफ्तारी और उग्रवादी निशान सिंह की पुलिस मुठभेड़ में मृत्यु के विरुद्ध रोष व्यक्त कर रहे थे । छात्रों ने रैली की और जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया । धरना शांतिपूर्वक खत्म हो गया ।

बन्दूक लूटी

'अशोक' के अनुसार जंडियाला गुरु के गांव खनेरा में 4 उग्रवादियों ने एक जमींदार शमशेर सिंह की बन्दूक लूट ली ।

25000 की नकदी, जेवर, कपड़े लूटे

थाना झब्बाल के गांव बुच्छड़कलां में रात 9.30 बजे आधा दर्जन सशस्त्र उग्रवादी एक व्यक्ति नंद लाल के घर में घुस गए । गोलियां चला कर आतंक पैदा करने के बाद वह 25 हजार रुपए की नकदी, जेवर, कीमती कपड़े, आदि लूट कर ले गए ।

बंदूक व राइफल छीन ली

इसी जिले के मजीठा थाने के अधीन बलकलां गांव में तीन हथियार बंद व्यक्तियों ने एक मकान में कल रात जबरन घुस कर पांच कारतूसों सहित 12 बोर की एक बंदूक लूट ली । पुलिस ने कहा कि ये लोग इस व्यक्ति को सुरक्षा योजना के तहत दी गई सरकारी राइफल और 100 कारतूस भी छीन ले गए ।

उग्रवादियों की गोली से डाक्टर घायल

आज शाम अमृतसर जिले के गांव भिवंडा देवी में डाक्टर कलदीप सिंह बेदी को उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । उस पर उसके क्लिनिक में 3 उग्रवादियों ने गोली चलाई । डाक्टर बेदी को गम्भीर हालत में अमृतसर के गुरुतेग बहादुर अस्पताल में दाखिल किया गया है । उसके चेहरे पर गोलियां लगी हैं ।

आज फिरोज़पुर—कल भटिंडा

सनटैक्स



खदा की बनाई हुई खाकी, रंग-बिरंगी, कढ़वी, मीठी, तुरश, फीकी, कसैली, रसीली, चमकीली, नशीली, दुनिया में रंग-बिरंगी, उल्टी-सीधी, टेढ़ी-मेढ़ी, अमीर व गरीब शक्लें, सूरतें, मूरतें, देख कर भी आपके दिल में हल न चले, हलचल न हो सके, तो फिर मेरे पास ज़रूर आओ । सनटैक्स खिलाऊंगा । दुनिया में ऊंच-नीच रब ने क्यों रखी है, इसका सब हाल सुनाऊंगा । बस, आपके आने ही की ज़रूरत है । रियायती कीमत 153/-, 322/-, 412/- रुपए है ।

फिरोज़पुर : आज 3.2.87—ग्रीन होटल, कचहरी के पास ।
भटिंडा : कल 4.2.87—पैलेस होटल, रेलवे स्टेशन के पास ।
पटियाला : परसों—5.2.87—ग्रीन होटल, माल रोड ।
चंडीगढ़ : 6.2.87, बस अड्डे के सामने, जालन्धर होटल।
दिल्ली में हमारे दोनों दवाखानों पर हर रोज मिलता है । डाक से भी भेजा जाता है ।
1. हकीम अर्जुन सिंह उप्पल, 2- रोशन आरा रोड, दिल्ली—7
2. डाक्टर बलबीर उप्पल, आदर्श नगर बस स्टाप, जी.टी. करनाल रोड, दिल्ली—33

'WANTED'

CARGO MOTORS LIMITED, 40-G.T. Road, Jalandhar City, require the following personel for their office at Jalandhar.

TYPIST : Having good command of English and speed of 40 w.p.m.

ACCOUNTS CLERK : Having three years experience in book writing.

Apply in your own handwriting stating present salary drawn and minimum salary expected.



सार्वजनिक सूचना

श्री मदन मोहन पियन, पंजाब मैंटल अस्पताल, अमृतसर, अपनी ड्यूटी से तिथि 27.6.86 से अनुपस्थित चला आ रहा है । इसको इसके घर के पक्के पते पर रजिस्टर्ड पत्र नं. ई.सी.3/3253, तिथि 16.7.86 द्वारा ड्यूटी पर उपस्थित होने को कहा गया था, पर यह पत्र डाक विभाग की ओर से वापस आ गया, जिस पर लिखा था "पत्र वापस किया जाता है, क्योंकि कर्मचारी का कुछ पता नहीं है।" तिथि 11.9.86 को प्रसिद्ध अखबारों द्वारा नोटिस दिया गया था कि कर्मचारी 20 दिनों के अंदर-अंदर ड्यूटी पर हाजिर हो, लेकिन वह हाजिर नहीं हुआ । उसने छुट्टी में वृद्धि करने के लिए पहली टैलिग्राम जालन्धर से, दूसरी फगवाड़ा और तीसरी नवांशहर से भेजी जिसमें भेजने वाले का पता नहीं था । एक रजिस्टर्ड पत्र नं. 5514, तिथि 17.11.86 द्वारा दोबारा उसके दूसरे पते पर, जो कि उसकी निजी फाइल में से मिला, उसको इक्वायरी पर आने के लिए कहा गया, पर यह पत्र वापस आ



गुरु तेग बहादुर नैशनल कालेज, मुल्लापुर दाखा की ब
उग्रवादी सोमवार को 45000 रुपए लूट कर ले गए

दूर मुल्लांपुर में गुरु तेग बहादुर कालेज स्थित बैंक आफ इंडिया की शाखा से 4 उग्रवादियों ने 45 हज़ार रुपए लूट लिए । बताया जाता है कि उग्रवादी दो स्कूटरों पर बैंक आफ इंडिया की शाखा में आए । 3 बैंक के अंदर चले गए । उग्रवादियों ने आते ही टैलीफोन के तार काटे और दो फायर किए । वहां से 45 हजार रुपए लूट कर वह भाग निकले । पुलिस ने केस दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है ।

Punjab Digital Library



गत रात उग्रवादियों ने हस्तीवाला गांव के निकट हत्या कर था । वह अपने पीछे विधवा मां, पत्नी और 4 बच्चे छोड़ (छाया : कामरेड)

सिंह स्कूटर सहित गिरफ्तार कर लिया गया था की निशानदेही पर पुलिस अब उसके साथी की तलाश सरगर्मी से कर रही है । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

शायद आज ढील मिले

'कींड़ा' के अनुसार सी.आर.पी. के आई.जी. श्री के.पी.एस. गिल ने आज बाद दोपहर नगर का दौरा किया तथा सी.आर.पी. व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की तथा कानून-व्यवस्था प्रत्येक मूल्य पर कायम रखने पर बल दिया । सी.आर.पी. के अधिकारियों से उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक भेदभाव से संकोच किया जाए । यहां शांति कमेटी की बैठक भी हुई । शांति कमेटी ने जिलाधिकारियों पर बल दिया कि लोगों की कठिनाइयों के दृष्टिगत कल कर्फ्यू में कुछ ढील दी जाए । बैठक में उपस्थित एस.पी. श्री सुदर्शन लेखी ने विश्वास दिलाया कि वे जिला मैजिस्ट्रेट के साथ परामर्श करके कल प्रातः नौ बज से दो घंटे की ढील दिलवाने का प्रयत्न करेंगे ।

'टांगड़ी' के अनुसार सुरक्षा समिति के संयोजक श्री महेश ने लाठीचार्ज को नृशंस करार दिया और न्यायिक जांच करवाने की मांग की । उन्होंने कहा कि हमारे तीस वर्कर घायल हो गए और तीन रणजीत कुमार, प्रदीप कुमार और संजीव कुमार लापता हैं ।

स्कूल कालेज बंद

कपूरथला के जिलाधीश ने एक आदेश द्वारा फगवाड़ा उपमंडल के स्कूल और कालेज तीन फरवरी को बंद रखने की घोषणा की है ।

रिमांड

कपूरथला से 'शर्मा' के अनुसार स्थानीय गवर्नमैंट कालेज की आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के प्रधान तलविन्दर सिंह पाल का पुलिस को 7 फरवरी तक रिमांड मिल गया । उसे गत दिवस स्टेट गुरुद्वारा से रिवाल्वर समेत गिरफ्तार किया गया था । गिरफ्तारी से पूर्व उसने गोलियां चलाई थीं ।

दो उग्रवादी बंदी

जिला कपूरथला के गांव दयालपुर में उग्रवादियों के हाथों सरपंच दर्शन लाल की हत्या और एक व्यक्ति रेशम सिंह को घायल होने की

'WANTED'

CARGO MOTORS LIMITED, 40-G.T. Road, Jalandhar City, require the following personel for their office at Jalandhar.

TYPIST : Having good command of English and speed of 40 w.p.m.

ACCOUNTS CLERK : Having three years experience in book writing.

Apply in your own handwriting stating present salary drawn and minimum salary expected.

keman's

e Baked Freshness

ईनामों का परिणाम

42

69 (ii) 83744

21 (ii) 491626 (iii) 693118

घटना के संदर्भ में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है । यह घटना दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में हुई थी । एस.एस.पी. श्री लेखी ने बताया कि उग्रवादी गुरदेव सिंह लखनपुर और दमन सिंह दयालपुर को गिरफ्तार किया गया है । उनके कब्जे से 32 बोर का पिस्तौल और छः कारतूस बरामद किए गए हैं ।

ट्रैफिक रोका

जालन्धर का समाचार है कि वहां लायलपुर खालसा कालेज के छात्रों ने कालेज के पास जी.टी. रोड पर दो घंटे ट्रैफिक रोका और हरियाणा की बसों के पहियों से हवा निकाल दी तथा शीशे तोड़ दिए । वे होशियारपुर जिले में दो कालेज छात्रों की गिरफ्तारी पर प्रोटैस्ट कर रहे थे ।

2.50 लाख रु. लूटे

बटाला (को.): दो संदिग्ध उग्रवादियों ने आज बटाला स्थित चीनी मिल के परिसर में राज्य सहकारी बैंक की शाखा से ढाई लाख रुपए लूट लिए । सरकारी सूत्रों के अनुसार आतंकवादी साइकल पर आए और उन्होंने कैशियर को पिस्तौल दिखा कर उससे रुपए सौंपने को कहा । आतंकवादी बाद में लूटे हुए 2,48,385 रुपए सहित भाग गए । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

आतंकवादी साइकल पर आए थे । वे करीब साढ़े ग्यारह बजे बैंक परिसर में घुसे और खजांची प्रेम लाल पर रिवाल्वर तान दिया । बिना गोली चलाए वे रकम लूट कर फरार हो गए । पुलिस के अनुसार घटना के दौरान कोई हताहत नहीं हुआ । पुलिस ने बताया कि बैंक की शाखा से पिछले साल दस मार्च को आतंकवादियों ने 50 हज़ार रुपए लूट लिए थे ।

एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी, डी.एस.पी. हरजीत सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए । 4 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । श्री हरजीत सिंह ने कहा कि इस केस का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं मिला । लूटी गई राशि खाते में मेल नहीं खाती, इसलिए इस केस में घपलेबाज़ी की सम्भावना को भी रद्द नहीं किया जा सकता ।

ठेका लूटा

पटियाला (भू.): 4 उग्रवादियों ने कल सायं भादसों थाना के गांव अजनौदा कला से देसी शराब के सेल्समैन जसविंदर सिंह से बंदूक की नोक पर 1600 रुपए लूट लिए । नए फोर्ड ट्रैक्टर पर आए उग्रवादियों ने 4 फायर किए और अजनौदा कला गांव की ओर भाग गए ।

तेज धार हथियार से घायल किया

फरीदकोट से बलकरण के अनुसार गत रात यहां से 15 किलोमीटर दूर कस्बा मुदकी में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने केवल कृष्ण नामक व्यक्ति से उसकी घड़ी, अंगूठी, साइकल तथा नकदी छीन ली तथा उसे तेजधार हथियार से घायल कर दिया । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है । घटना के समय केवल कृष्ण अपने भट्ठे से घर लौट रहा था ।

अंतिम शो पर रोक

फरीदकोट जिला में सभी सिनेमा घरों में अंतिम शो दिखाने पर रोक लगा दी गई है । जिलाधीश भूपिन्दर सिंह संधु के आदेश के तहत स्कूटर, मोटर साइकल आदि पर दूसरी व्यस्क सवारी बिठाने पर लगाया प्रतिबन्ध भी 26 फरवरी तक बढ़ा दिया है । जिलाधीश ने सभी स्वस्थ युवकों द्वारा रेलवे लाइनों, नहरों, सिंचाई कूओं तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर दिनरात पहरा दिए जाने सम्बन्धी आदेश भी जारी किए हैं । यह आदेश तोड़-फोड़ की आशंका के कारण जारी किए गए हैं ।

रात को चौपहिया वाहन चलाने पर रोक

होशियारपुर (अश्विनी): जिला मैजिस्ट्रेट एम.एस. कैले ने सायं 8 से प्रातः 5.30 बजे तक कारें, ट्रकों, मैटाडोरों और अन्य चौपहिया वाहन चलाने पर 31 मार्च तक पाबंदी लगा दी है । हथियार लेकर चलने, जलसे, जलूस और नारेबाजी पर पाबंदी भी 31 मार्च तक जारी रहेगी । तेजाब, ईंटें, पत्थर आदि घरों में इकट्ठे करने तथा कारों पर लाल बत्तियां लगाने पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया गया है ।

बैंक से 45 हजार लूटे

लुधियाना (नेपाल): यहां से 15 किलोमीटर



गुरु तेग बहादुर नैशनल कालेज, मुल्लापुर दाखा की बैंक आफ इंडिया की शाखा, जहां से चार उग्रवादी सोमवार को 45000 रुपए लूट कर ले गए । (छाया : कम्बोज)

दूर मुल्लांपुर में गुरु तेग बहादुर कालेज स्थित बैंक आफ इंडिया की शाखा से 4 उग्रवादियों ने 45 हज़ार रुपए लूट लिए । बताया जाता है कि उग्रवादी दो स्कूटरों पर बैंक आफ इंडिया की शाखा में आए । 3 बैंक के अंदर चले गए । उग्रवादियों ने आते ही टैलीफोन के तार काटे और दो फायर किए । वहां से 45 हजार रुपए लूट कर वह भाग निकले । पुलिस ने केस दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है ।

जमींदार की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): जिला मुख्यालय से प्राप्त एक जानकारी के अनुसार थाना सदर के गांव ठंडे में एक जमींदार हरभजन सिंह को कल रात 8 बजे 4 सशस्त्र लोगों ने गोलियां मार कर मार डाला । कहा जाता है कि उसने कुछ समय पूर्व एक हत्याकांड में गवाही दी थी । पुलिस का दावा है कि यह निजी दुश्मनी की घटना है । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है ।

एस.डी.ओ. का सेफ टूटा, 22 हजार रु. चोरी

पट्टी में एस.डी.ओ. बलविंदर सिंह के कार्यालय में उग्रवादी सेफ तोड़ कर 22158 रु. लूट ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

ट्रैफिक जाम

आज प्रातः खालसा कालेज की सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन इकाई के सदस्यों ने जी.टी. रोड पर 2 घंटे तक ट्रैफिक जाम किया । वह दो छात्रों सतबीर सिंह और दविंदर की गिरफ्तारी और उग्रवादी निशान सिंह की पुलिस मुठभेड़ में मृत्यु के विरुद्ध रोष व्यक्त कर रहे थे । छात्रों ने रैली की और जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया । धरना शांतिपूर्वक खत्म हो गया ।

बन्दूक लूटी

'अशोक' के अनुसार जंडियाला गुरु के गांव खनेरा में 4 उग्रवादियों ने एक जमींदार शमशेर सिंह की बन्दूक लूट ली ।

25000 की नकदी, जेवर, कपड़े लूटे

थाना झब्बाल के गांव बुच्छड़कलां में रात 9.30 बजे आधा दर्जन सशस्त्र उग्रवादी एक व्यक्ति नंद लाल के घर में घुस गए । गोलियां चला कर आतंक पैदा करने के बाद वह 25 हजार रुपए की नकदी, जेवर, कीमती कपड़े, आदि लूट कर ले गए ।

बंदूक व राइफल छीन ली

इसी जिले के मजीठा थाने के अधीन बलकलां गांव में तीन हथियार बंद व्यक्तियों ने एक मकान में कल रात जबरन घुस कर पांच कारतूसों सहित 12 बोर की एक बंदूक लूट ली । पुलिस ने कहा कि ये लोग इस व्यक्ति को सुरक्षा योजना के तहत दी गई सरकारी राइफल और 100 कारतूस भी छीन ले गए ।

उग्रवादियों की गोली से डाक्टर घायल

आज शाम अमृतसर जिले के गांव भिंडा देवी में डाक्टर कुलदीप सिंह बेदी को उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । उस पर उसके क्लिनिक में 3 उग्रवादियों ने गोली चलाई । डाक्टर बेदी को गम्भीर हालत में अमृतसर के गुरुतेग बहादुर अस्पताल में दाखिल किया गया है । उसके चेहरे पर गोलियां लगी हैं ।

रे कृषि विश्वविद्यालय में हो रहे कार्य से प्रभावित

लुधियाना, 2 फरवरी (धी.): पंजाब के राज्यपाल श्री रे, जो कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं, ने आज 4 घंटे तक विश्वविद्यालय के कार्यकलाप को देखा । वह विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान कार्य से अत्यन्त प्रभावित हुए । उन्होंने बताया कि वह इस मास फिर यहां आएंगे ।

पाक टैंकों की गतिविधियां

(पृष्ठ 3 का शेष)

सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों ने राज्य सरकार से किसी प्रकार की आपातस्थिति में सम्भावित हानि के मुआवजे के लिए गारंटी की मांग की है ।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री आर.एस. चिब, श्री बेली राम तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी इन क्षेत्रों की जनता को इस बात के लिए मना रहे हैं कि वे अपना घर बार छोड़ कर न जाएं ।

मंत्रिमंडल द्वारा बैठक

जम्मू और कश्मीर मंत्रिमंडल ने जम्मू जिले और कठुआ सीमा क्षेत्र के लोगों के गांव छोड़ कर भागने की वजह से उत्पन्न स्थिति के बारे में आज विचार-विमर्श किया ।

मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि सीमा क्षेत्र के गांव छोड़ कर भागने वाले लोगों के लिए शिविर स्थापित करने तथा उन पर होने वाले अन्य खर्चे से राज्य सरकार पर करीब 10 करोड़ रुपए का भार पड़ेगा ।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले पांच दिन में काफी बड़ी संख्या में लोग अपने गांव छोड़ कर भागे हैं । सिर्फ परगवाल क्षेत्र से तीस हजार लोग पलायन करके गए हैं ।

मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला ने घोषणा की है कि अगर सीमा पर सैनिक जमाव जल्दी समाप्त नहीं हुआ तो उस स्थिति में राज्य सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों से लोगों को अन्य स्थानों पर ले जाने के लिए एक आपात् योजना तैयार की है । मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने केंद्र से इसके लिए 10 करोड़ रुपए की सहायता की मांग की है ।

मुख्यमंत्री जल्दबाजी में बुलाए गए सम्वाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि वे जम्मू क्षेत्र से इस प्रकार के सामूहिक पलायन से अत्यन्त चिंतित हैं ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों को खाली कराने का यह कार्य पाकिस्तान द्वारा अपने क्षेत्रों में की जा रही कार्रवाई के कारण किया जा रहा है । पाकिस्तान द्वारा अपने क्षेत्र में 5 किलोमीटर ग्रामीण क्षेत्र खाली कराए जा रहे हैं जिससे कि वह वहां अपनी फौजों का जमाव कर सके । इसके लिए पाकिस्तानी अधिकारी विशेष रेल गाड़ियां चला रहे हैं ।

मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि राज्य सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों के लिए जो योजनाएं बनाई हैं, वह कुछ वरिष्ठ मंत्रियों द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के बारे में दी गई रिपोर्ट के बाद बनाई गई हैं ।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया है कि पिछले 5 दिनों में सीमा क्षेत्र से 5 लाख लोग सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए हैं ।

भाजपा का यह अनुमान जम्मू-कश्मीर भाजपा के अध्यक्ष श्री बलदेव सिंह, महा सचिव श्री चमन लाल गुप्ता और सचिव सतपाल खजूरिया द्वारा दी गई रिपोर्ट पर आधारित है । इन नेताओं ने गत दिनों सीमा क्षेत्र का दौरा किया था ।

श्री बलदेव सिंह के अनुसार सरकार सीमावर्ती क्षेत्र में लोगों में विश्वास व सुरक्षा की भावना पैदा करने में विफल रही है ।

श्री डावरा का नया वेतनमान

होशियारपुर, 2 फरवरी (अश्विनी): पंजाब सरकार ने 1967 ग्रुप के आई.ए.एस. अधिकारी श्री एस. डावरा, जो आजकल केंद्र में डैपुटेशन पर हैं, को सीनियर टाइम स्केल में तरक्की दे दी है जो 27 मार्च 1984 से लागू समझी जाएगी ।

सार्वजनिक सूचना

श्री मदन मोहन पियन, पंजाब मैंटल अस्पताल, अमृतसर, अपनी ड्यूटी से तिथि 27.6.86 से अनुपस्थित चला आ रहा है । इसको इसके घर के पक्के पते पर रजिस्टर्ड पत्र नं. ई.सी.3/3253, तिथि 16.7.86 द्वारा ड्यूटी पर उपस्थित होने को कहा गया था, पर यह पत्र डाक विभाग की ओर से वापस आ गया, जिस पर लिखा था "पत्र वापस किया जाता है, क्योंकि कर्मचारी का कुछ पता नहीं है।" तिथि 11.9.86 को प्रसिद्ध अखबारों द्वारा नोटिस दिया गया था कि कर्मचारी 20 दिनों के अंदर-अंदर ड्यूटी पर हाजिर हो, लेकिन वह हाजिर नहीं हुआ । उसने छुट्टी में वृद्धि करने के लिए पहली टैलिग्राम जालन्धर से, दूसरी फगवाड़ा और तीसरी नवांशहर से भेजी जिसमें भेजने वाले का पता नहीं था । एक रजिस्टर्ड पत्र नं. 5514, तिथि 17.11.86 द्वारा दोबारा उसके दूसरे पते पर, जो कि उसकी निजी फाइल में से मिला, उसको इंक्वायरी पर आने के लिए कहा गया, पर यह पत्र वापस आ गया, जिस पर डाक विभाग की ओर से लिखा गया था कि "कर्मचारी इस पते पर नहीं है ।" इस से यह सिद्ध होता है कि वह ड्यूटी पर हाजिर नहीं होना चाहता और इस अस्पताल में काम करने का इच्छुक नहीं है ।

उसको इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि वह 30 दिनों के अन्दर-अन्दर इस दफ्तर में इंक्वायरी के लिए उपस्थित हो नहीं तो उसकी सेवाएं बिना किसी और नोटिस के जिस तिथि से वह ड्यूटी से अनुपस्थित है, समाप्त समझी जाएंगी ।

(एच.एल.शर्मा)
मैडिकल सुपरिंटैंडैंट,
पंजाब मैंटल अस्पताल, अमृतसर

PR/ 69/21.1.87

भटिंडा इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट, भटिंडा

फ्री-होल्ड-आधार पर
स्थल पेश करता है

अल्पकालिक निविदा नं. 3/1986-87

चीफ कन्ज़र्वेटर आफ सायल्स पंजाब, चंडीगढ

निम्न प्रकार स्टोर्ज़ की आपूर्ति के लिए मोहर





शंकर दास की हत्या की गई है और (नीचे)
(छाया : कौड़ा, अल्पपत्र)

दयालपुरा में दुकानदार की हत्या, फगवाड़ा पूर्णतः शांत : कर्फ़्यू में ढील

लुधियाना में तीन घायल : अमृतसर में घायल व्यक्ति ने 2 उग्रवादी पकड़े : एक और काबू

7 कुख्यात आतंकवादी बंदी, 2 बैंक डकैतियों के प्रयास

चंडीगढ़, 3 फरवरी (ह.स., वा.): भटिंडा के गांव दयालपुरा में उग्रवादियों ने एक दुकानदार की हत्या कर दी ।

लुधियाना के मनेवाली में 3 व्यक्तियों, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय की कैंटीन के ठेकेदार को उग्रवादियों ने घायल कर दिया । किचलू नगर में पुलिस और सुरक्षा बलों ने घर-घर तलाशियां लीं ।

जालन्धर की नई कचहरी में अदालत के एक कमरे में रिकार्ड को आग लगा दी गई ।

बस्सी दौलत खां में बैंक लूटने की विफल कोशिश की गई ।

जिला गुरदासपुर के 8 और गांवों में रात्रि कर्फ़्यू लगा दिया गया है ।

अमृतसर के थाना रामबाग में उग्रवादियों के चाकू से घायल शम्भू नाथ ने लोगों की सहायता से 2 उग्रवादी धर दबोचे । तरनतारन क्षेत्र में कार से भाग रहा एक व्यक्ति सुरक्षा बलों की गोलियों से घायल हो गया और उसके दो साथी भाग गए ।

थाना मजीठा के सैंसरा गांव में सतर्क गार्ड ने पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने से बचा लिया, जबकि बल्टोहा क्षेत्र के गांव चीमा खुर्द में गुरनाम सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया गया ।

कर्फ़्यू में ढील

फगवाड़ा (कौड़ा, खोसला): स्थिति में सुधार होने पर अधिकारियों ने औद्योगिक नगर फगवाड़ा के कर्फ़्यू में आज 9 घंटे की ढील दी । सारे पुराने शहर में कल भिड़ंत के बाद कर्फ़्यू लगा दिया गया था । कल की भिड़तों में बैंकड़ों लोग घायल हो गए ।

आज प्रातः 9 बजे से 3 घंटे की ढील की घोषणा कर दी गई । शांति रहने पर इसमें दो बार 3-3 घंटे की वृद्धि कर दी गई । कल की घटनाओं के बाद नगर में कोई अप्रिय घटना होने की सूचना नहीं है ।

एस. डी. एम. कंवलजीत सिंह ने बताया कि एहतियात के तौर पर कर्फ़्यू सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक जारी रहेगा ।

शिक्षण संस्थाएं बंद

उन्होंने बताया कि फगवाड़ा सब डिवीजन की सभी शिक्षण संस्थाएं आज की तरह कल भी बंद रहेंगी ।

यद्यपि नगर में तनाव जैसी कोई चीज़ नहीं थी, फिर भी बाज़ारों में भीड़ कम रही क्योंकि आसपास के क्षेत्रों से यहां हजारों की संख्या में खरीदारी करने के लिए आने वालों को कर्फ़्यू में ढील की सूचना नहीं थी । पुलिस और सुरक्षा बलों की गश्त काफी तेज कर दी गई है । जिलाधीश कंवर गुलवंत सिंह और जिला पुलिस चीफ के. एल. लेखी जो कल से यहां डेरा डाले हुए हैं, सारी स्थिति पर कड़ी नज़र रखे हुए हैं ।

हिमाचल प्रदेश की तहसील देहरा, जिला कांगड़ा के गांव कालेश्वर महादेव में मृत पुजारी शंकर दास का व्यास नदी में देह विसर्जन कर दिया गया । यह बात शव के साथ गए सी. आर. पी. एफ. के 10 जवानों ने यहां लौट कर बताई ।

चाकू खा कर भी 2 उग्रवादी पकड़े

अमृतसर (वार्ता): संदिग्ध उग्रवादियों ने रामानंद बाग क्षेत्र में एक व्यक्ति शंभू नाथ को चाकू घोंप दिया, लेकिन घायलावस्था में ही उसने पास से गुज़रने वाले लोगों की सहायता से दोनों को धर-दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया ।

7800 रु. लूटे

3 उग्रवादियों ने हंसलीवाला बाज़ार में एक दुकानदार सरवानत सिंह से कल रात 7800 रु. और साईकल लूट ली ।

ग्रंथी के हत्यारे गिरफ्तार

पुलिस ने जिला अमृतसर के गांव बंडाला के एक ग्रंथी की हत्या और कई लूटमारों, रहजनियों की घटनाओं में कथित रूप से संलिप्त सात व्यक्तियों के एक गिरोह को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने कहा है कि उनके कब्जे से तीन रिवाल्वर, एक पिस्तौल, एक चोरी का स्कूटर बरामद किए गए हैं । उनकी बादल कलां के सच्चा सिंह, घनियां के बेट के जीत सिंह, बंडाला के निर्मल सिंह उर्फ निम्मा, घनश्यामपुर के हरजीत सिंह, अमृतसर के हरमिंद्र सिंह, भवन सिंह और केवल सिंह के रूप में ज़िनाख्त की गई है । उनसे पूछताछ की जा रही है ।

गोली मार कर घायल कर दिया

बल्टोहा थाना के गांव चीमा खुर्द में अज्ञात व्यक्तियों ने गुरनाम सिंह नामक व्यक्ति को गोलियां मार कर घायल कर दिया, पुलिस का कहना है कि यह आपसी रंजिश का मामला है ।

बैंक डकैती का प्रयास

मजीठा क्षेत्र में सतर्क गार्ड ने पंजाब नैशनल बैंक की सैंसरा शाखा को लूटने से बचा लिया । उसे 3 व्यक्तियों पर शक हो गया । जब उसने गोली चलाई तो उग्रवादी भी जवाबी फायरिंग करते हुए भाग निकले । थाना मेहता के गांव सरदेवों में उग्रवादी नरिंदर सिंह के घर से 12000 रुपए नकद, गहने तथा एक 12 बोर की दोनाली बंदूक लूट ले गए ।

बसें रात्रि को चलाने पर प्रतिबंध

जिला अमृतसर के अधिकारियों ने आज पुनः जिले में बसें सायं साढ़े 6 से प्रातः साढ़े पांच बजे तक चलने पर एक अप्रैल तक प्रतिबंधित लगा दिया ।

दुकानें साढ़े 6 बजे बंद होंगी

एक अन्य आदेश द्वारा दुकानदारों को उनको अपनी दुकानें बंद करने में आधे घंटे की छूट दे दी गई । अब वे अपनी दुकानें सायं 6 बजे की बजाय साढ़े 6 बजे बंद किया करेंगे । रेस्तराओं, ढाबों और अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया ।

बहमपुरा रिहा

संयुक्त अकाली दल के महासचिव रंजीत सिंह

(शेष पृष्ठ 8 पर)

आक्रमण की तैयारियां?

ा ।

संवाददाताओं ने रानिया गांव के सरपंच श्री न सिंह और उनके भाई को कुछ सामान के साथ टर से जाते हुए देखा । यह पूछे जाने पर कि क्या गांव छोड़कर जा रहे हैं, सरपंच ने बताया कि वह गांव नहीं छोड़ रहे हैं केवल सामानों को ही त्र सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं ।

बदमपुरा ग्राम के बयोवृद्ध नाथा सिंह और धारा ने संवाददाताओं को बताया कि उन्हें किसी बात डर नहीं है । हम दो लड़ाइयां पहले ही देख चुके ।

इसी गांव के हरबंस सिंह ने बताया कि वह नी पत्नी और बच्चों को एहतियात के रूप में गांव टा रहा है ।

इस बीच डेरा बाबा नानक सैक्टर से दो दर्जन गांवों के लोगों के सुरक्षित स्थानों की ओर जाने का समाचार मिला है ।

बताया जाता है कि पाकिस्तानी सेना बंकर व खाइयां खोदने के साथ-साथ पुंछ के पहाड़ी क्षेत्रों में अपना भारी तोपखाना भी ले आई है ।

नवीनतम सूचनाओं के अनुसार पाकिस्तानी सेना ने पुंछ सैक्टर में हमारी अग्रिम चौकी सलहोत्री पर फायरिंग की । भारतीय जवानों ने भी इस गोलीबारी का जवाब दिया । इस क्षेत्र में छः घंटों से गोलीबारी जारी थी । हमारे क्षेत्र में किसी के हताहत होने का समाचार नहीं मिला है ।

जम्मू-कश्मीर भाजपा के सचिव श्री कुलदीप राज गुप्ता ने सीमावर्ती पुंछ तथा राजौरी क्षेत्रों का दौरा करने के बाद आज यहां संवाददाताओं को बताया कि सीमा पार पाक सेना की भारी गतिविधियों के बावजूद भारतीय सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों का मनोबल बहुत ऊंचा है । उन्होंने कहा कि जम्मू क्षेत्र में सीमावर्ती क्षेत्रों से इतनी बड़ी संख्या में लोगों द्वारा पलायन नहीं किया जा रहा है जितना कि पहले बताया जा रहा था ।

श्री गुप्ता ने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान के किसी भी प्रकार के आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब देने की पूरी क्षमता रखती है । उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीण सेना को पूरा सहयोग दे रहे

ं के अध्यापक 5 फ़्तारियां देंगे

न अध्यापक सत्याग्रह में शामिल होने के लिए वले हैं ।

संघर्ष समिति के संयोजक श्री प्रेम चंद गुप्ता ने या कि 4 फरवरी को लुधियाना के जैन गर्ल्स र सैकेंडरी स्कूल में राज्य भर के प्राईवेट स्कूलों

रिबैरो व पंजाब सरकार में तनाव दिनों-दिन बढ़ने लगा

होशियारपुर, 3 फरवरी (प्रद्युम्न): कुछ उत्तरदायी क्षेत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि पंजाब मंत्रिमंडल और पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरो में परस्पर तनाव गत कुछ समय से और बढ़ता जा रहा है ।

कुछ दूसरे क्षेत्रों का कहना है कि गत दिनों छः ज़िलों में जब कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए थे, तब पंजाब सरकार की एक न चली थी । इस मामले में श्री रिबैरो ही हावी रहे । इसके अतिरिक्त यह कहना उस समय और बढ़ गई

Punjab Archive

दुकानदार की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

ब्रह्मपुरा को कल रात कपूरथला जेल से रिहा कर दिया गया है । यह जानकारी आज पार्टी कार्यालय ने दी । ब्रह्मपुरा को गत एक नवम्बर को स्वर्ण मंदिर परिसर में मंजी साहेब के दीवान हाल में पार्टी के समारोह में भाग लेने के बाद स्वर्ण मंदिर के बाहर गिरफ्तार किया गया है । बाद में उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में रखा गया । ब्रह्मपुरा के भतीजे जसवंत सिंह को भी रिहा कर दिया गया ।

कार भगाने वाला घायल, 2 फरार

तरनतारन से 'पाल' के अनुसार कल रात रसूलपुर नहर पर सी.आर.पी. ने मारुति वैन पी.सी.सी. 5363 को रोकने की कोशिश की तो इसमें सवार लोगों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाते हुये पीछा करके इसे मुरादपुर के निकट पकड़ लिया । अंधेरे का लाभ उठाते हुये 2 उग्रवादी भाग निकले जबकि ड्राईवर पिंदी गांव के बलविंदर सिंह को पकड़ लिया गया । उसकी टांग में छर्रे लगे थे । उसे यहां सिविल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । बलविंदर के बारे में बताया जाता है कि उसके उग्रवादियों और तस्करों के साथ संबंध हैं । पुलिस ने केस दर्ज करके वैन कब्जे में ले ली है ।

शैलर पर फायरिंग

गत रात तरनतारन क्षेत्र में ही सरहाली रोड पर स्थित एक शैलर पर कुछ संदिग्ध लोगों ने फायरिंग की लेकिन दूसरी तरफ से आ रही गश्ती पुलिस टुकड़ी को देख कर भाग निकले । कोई क्षति होने की सूचना नहीं मिली है ।

दुकानदार की हत्या

भटिंडा (वार्ता) : भटिंडा से बीस किलोमीटर दूर दयालपुर पुलिस थाना क्षेत्र के कौरसिंहवाला गांव में कल रात चार संदिग्ध आतंकवादियों ने एक दुकानदार श्याम लाल की गोली मार कर हत्या कर दी । अधिकृत सूचना के अनुसार आतंकवादी पैदल ही आए और श्याम लाल को गोली मार दी । उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । आतंकवादी फरार हो गए । आतंकवादी श्याम लाल की 12 बोर की बंदूक, 5 कारतूस और 11000 रु. भी ले भागे । पुलिस ने तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच कर खोजी कुत्तों की सहायता भी प्राप्त की ।

स्कूटर छीना

दो उग्रवादियों ने कल रात भटिंडा में पिस्तौल की नोक पर अमरीक सिंह नामक व्यक्ति का स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

दो को घायल कर दिया

लुधियाना (धीमान): माछीवाड़ा के निकट मनेवाली गांव में दो व्यक्तियों ने तेजधार शस्त्रों के साथ तीन व्यक्तियों प्रीतम सिंह, परमजीत सिंह और चरणजीत सिंह पर हमला करके उन्हें घायल कर दिया । घायलों को सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । अभियुक्त फरार हैं ।

कैंटीन के ठेकेदार को गोली मार दी

कल रात पंजाब कृषि विश्वविद्यालय की कैंटीन के ठेकेदार गुलजार सिंह को उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । पैदल आए दो उग्रवादियों ने गुलजार सिंह को सारी राशि सौंपने को कहा । इंकार करने पर उन्होंने गुलजार सिंह को गोली मार दी और 335 रु. लेकर भाग गए । घायल को दयानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

घर-घर की तलाशियां

किचलू नगर लुधियाना में पुलिस इन दिनों घर-घर की तलाशियां ले रही है । उल्लेखनीय है कि गत कुछ दिनों में किचलू नगर और निकटवर्ती बस्तियों में उग्रवादियों द्वारा कारों और स्कूटरों के छीनने की कई घटनाएं हो चुकी हैं ।

होटल, ढाबे बंद होने का समय

लुधियाना के मैजिस्ट्रेट द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार होटल और ढाबे रात्रि दस बजे और शराब के ठेके नौ बजे बंद होने के सम्बन्ध में जारी आदेश में दो अप्रैल तक वृद्धि कर दी गई है ।

बैंक लूटने की नाकाम कोशिश

होशियारपुर (प्रद्युम्न): गत रात्रि बस्सी दौलत खां में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने की कोशिश असफल बना दी गई । बताया जाता है कि कुछ हमलावरों ने बैंक के चार तालों में से तीन ताले तोड़ लिए, चौथा ताला तोड़ने की कोशिश वे कर रहे थे कि निकटवर्ती मकान के लोग जाग पड़े और कई कुत्ते भी उनके पीछे पड़ गए, जिससे डर कर अभियुक्त फरार हो गए । घटनास्थल से पुलिस को जूतों का एक जोड़ा और एक थैला मिला है । बैंक के मैनेजर श्री अबरोल ने बताया कि पुलिस को इस घटना की सूचना दे दी गई है ।

बैंक कर्मचारियों द्वारा हड़ताल

बटाला (कोछड़): आज गुरदासपुर सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक की बटाला तहसील की सभी 17 शाखाओं के कर्मचारियों ने प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक पुलिस व्यवहार के विरुद्ध दो घंटे की रोष हड़ताल रखी ।

इस बैंक के कर्मचारियों ने बताया कि कल दो फरवरी को शुगर मिल स्थित बैंक की ब्रांच में से 2 लाख 48 हजार 385 रुपए दो अज्ञात युवक स्टेनगन व रिवाल्वर के बल पर लूट कर ले गए थे लेकिन पुलिस अधिकारियों ने उनकी खोजबीन व पीछा करने के स्थान पर कर्मचारियों से ही पूछताछ आरम्भ कर दी । यहां उल्लेखनीय है कि जब कल पुलिस थाना सदर के क्षेत्र में उपरोक्त बैंक डकैती हुई तो पुलिस के किसी भी वाहन में पैट्रोल नहीं था । पुलिस इंस्पैक्टर श्री गुरपाल सिंह निजी मोटर साइकिल पर भागदौड़ करते रहे, क्योंकि बटाला के पैट्रोल पम्पों के बकाए लगभग सात लाख के बिल अभी तक पंजाब सरकार ने नहीं दिए और अब वह सरकारी वाहनों में उधार पैट्रोल नहीं डालते । अभी तक इस बैंक डकैती के सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी ।

आठ और गांवों में रात्रि कर्फ्यू

गुरदासपुर (विनोद): जिला मैजिस्ट्रेट श्री आर.पी.एस. पवार ने अपने एक आदेश अनुसार सीमा पर स्थित गांव कन्नू पनमा, मोथी, चरक, मराडा, सुल्तानी, हरदोशनी, किला नथा सिंह में भी रात्रि कर्फ्यू 24 फरवरी तक लगा दिया है । आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कर्फ्यू शाम सात बजे से सुबह छः बजे तक रहेगा मगर कर्फ्यू गांव के अन्दर लागू नहीं होगा।मगर इस समय में कोई भी गांव से बाहर नहीं जा सकेगा और बाहर से गांव के अन्दर नहीं जा सकेगा ।

जिंदा जलाने की धमकी

खरड़ (शशि): निकटवर्ती गांव माजरा के सरपंच राम सिंह को खालिस्तानी मुक्तिसेना के प्रकाशित पैड पर एक धमकी भरा पत्र मिला है, जिसमें कहा गया है कि यदि उसने चार फरवरी को अमृतसर बस स्टैंड पर दस हजार रुपए न पहुंचाए तो उनको उनके गांव में जिंदा जला दिया जाएगा । पत्र में लिखा है कि उसने अमृतपान कर रखा है, फिर भी शराब पीता है, जो एक पाप है, इसलिए यह राशि उन पर तनखाह के रूप में लगाई गई है । श्री राम सिंह ने बताया है कि लिफाफे पर चंडीगढ़ की मोहर लगी हुई है तथा पत्र के साथ दो रुपए का आधा नोट भी निशानी के रूप में भेजा गया है, जिसके दूसरे भाग को दिखा कर अमृतसर बस स्टैंड पर, जहां बसों वाले पर्ची कटवाते हैं, उनका आदमी पैसे ले जाएगा । पत्र में लिखा है कि यदि पैसे न भेजे गए या पुलिस को सूचना दी गई या शराब न छोड़ी तो वह तैयार रहे । पत्र के अंत में हस्ताक्षरों के स्थान पर बाहुक्म भाई अरूड़ सिंह लिखा है । पत्र में लिखा है कि यदि उसने शराब न छोड़ी तथा कौम के जुझारू सिखों के लिए 10000 रुपए भेज दिए तो भविष्य में संगठन द्वारा उसकी पूरी सहायता की जाएगी ।

रोपड़ में गोली से सुनार घायल

आज रात रोपड़ में एक सुनार जगमोहन कुमार को दो संदिग्ध उग्रवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया । उस पर गोली उस समय चलाई गई जब वह दुकान बंद करके घर लौट रहा था और अपने घर से 100 गज दूर था । आतंकवादी उसकी नकदी वाला थैला छीनकर भाग गए । जगमोहन कुमार को पी.जी.आई. चंडीगढ़ ले जाया गया है । उसके चेहरे पर गोली का घाव है और उसकी हालत गम्भीर है ।

शस्त्र ले जाने पर पाबंदी

मोगा (यू.): जिला फरीदकोट के मैजिस्ट्रेट ने जिले में आग्नेय शस्त्र, गोली सिक्का, विस्फोटक पदार्थ और ज्वलनशील पदार्थ, तेजधार शस्त्र (लाठियों, खंजरों सहित) ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है । यह आदेश 21 फरवरी तक लागू रहेगा ।

अदालत के रिकार्ड को आग लगा दी

जालंधर (क): आज तड़के किसी अज्ञात व्यक्ति ने स्थानीय नई कचहरी में श्री जोगा सिंह की अदालत के कमरे में पड़े रिकार्ड को आग लगा दी, मगर वह अधिक फैल न सकी और बहुत थोड़ा रिकार्ड जला, जिसका जायज़ा लिया जा रहा है ।

मौका पर पूछताछ से पता चला है कि आग लगाने वाले ने कमरे के पिछले दरवाजे के ऊपरी भाग में लगा एक शीशा तोड़ कर अन्दर की चिटकनी खोली और फिर अन्दर दाखिल होकर जल्दी-जल्दी में कुछ नीचे खुले पड़े रिकार्ड को और तीन अल्मारियों, जिन्हें ताले लगे थे, के सुराखों से मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी और स्वयं फरार हो गया ।

आग लगने का पता नौ बजे के लगभग ही लगा । हालांकि इस परिसर में चौकीदार भी है और स्वीपर भी काम करने आते हैं । चौकीदार का कहना है कि उसे इसका पता नहीं चला ।

अभी यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आग लगाने के पीछे क्या उद्देश्य हो सकता है । पुलिस ने केस रजिस्टर करके जांच शुरू कर दी है ।

स्कूटर छीन लिया

आज दोपहर भोगपुर थाना के गांव बहराम के निकट दो सशस्त्र उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया ।

रहस्यमय युवती

करतारपुर (देव) : करतारपुर गोली कांड के एक घायल डा. जतिन्दर शर्मा, जो राष्ट्रीय सुरक्षा समिति, करतारपुर के कन्वीनर भी हैं और सिविल अस्पताल जालंधर में उपचाराधीन हैं, को देखने के लिए एक रहस्यमय युवती अस्पताल गई। डा. शर्मा का कहना है कि इस युवती को उग्रवादियों ने भेजा है क्योंकि 15 जनवरी को इस कांड से पहले भी एक महिला डाक्टर की दुकान पर आई थी ।

खोखे लूट लिए

फिल्लौर (भाखड़ी): गत रात नूरमहल रोड व जी.टी. रोड पर स्थित सिग्रेट-पान के दो खोखे लूट लिए गए । पुलिस सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि गत रात नौ बजे के करीब नूरमहल रोड के बस स्टैंड में स्थित तिलक राज धर्मपाल के खोखे के ताले तोड़ कर 2500 रु. के सिग्रेट लूट लिए । जी.टी. रोड पर कुलदीप पान फरोश के खोखे में भी उसी रात 1200 रु. के सिग्रेट चोरी कर लिए गए । पुलिस को सूचित करने पर जांच आरम्भ कर दी गई व चौकीदार को हिरासत में ले लिया गया ।

ज़िया पुनः मार्शल-ला लगाने के प्रयास में !

नई दिल्ली, 3 फरवरी (वार्ता): पाकिस्तान की विपक्षी नेता कुमारी बेनज़ीर भुट्टो ने कहा है कि राष्ट्रपति ज़िया उल हक देश में पुनः मार्शल-ला लगाने का प्रयास कर रहे हैं । सुश्री भुट्टो ने कहा कि जनरल ज़िया मार्शल ला थोपने में अगर कामयाब हो जाते हैं तो इसका स्पष्ट अर्थ यह होगा कि वह विपक्षी पार्टियों को बताना चाहते हैं कि समस्या का कोई राजनीतिक समाधान नहीं है ।

कराची में दंगे जारी

इस्लामाबाद, 3 फरवरी : कराची के औरंगी क्षेत्र में पिछले तीन दिनों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों में 9 व्यक्ति मारे गए और लगभग 100 घायल हो गए । क्षेत्र में तनाव बना हुआ है ।

अध्यापक गिरफ्तारियां देंगे

(पृष्ठ 3 का शेष)

जालन्धर (क): पंजाब राज्य मान्यता प्राप्त स्कूल अध्यापक संघ के एक प्रवक्ता ने आज यहां एक भेंट में राज्यपाल श्री एस.एस. रे के इस वक्तव्य का स्वागत किया है कि वह मान्यता प्राप्त स्कूलों के अध्यापकों व प्रबन्धकों की लायबिलिटी क्लाज वापिस लेने तथा अन्य मांगों को स्वीकार करने के लिए मुख्यमंत्री से सिफारिश करेंगे । किन्तु प्रवक्ता ने इस बात पर खेद एवं हैरानी प्रगट की है कि श्री रे ने गत तीन मास से विशेष रूप में चल रहे रोष आंदोलन का नोटिस क्यों नहीं लिया जबकि उन्हीं के शब्दों में वह एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने अपने शासनकाल में पश्चिमी बंगाल में 95% अनुदान पर कोई कटौती लगाने की [illegible] कर दिया था ।

प्रवक्ता ने श्री रे का ध्यान पंजाब के प्राईवेट अध्यापकों के साथ [illegible]

हुकमनामा जारी

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुख्यमंत्री श्री बरनाला को पद से हटाना है । यदि वह उनके आदेश का पालन न करें तो उन्हें सिख पंथ से खारिज कर दिया जाएगा ।

श्री बरनाला हैड ग्रंथियों की कार्रवाई पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे ।

अन्य अकाली गुटों के नेताओं ने भी टिप्पणी नहीं की ।

हुकमनामे में कहा गया है कि अकाली दल न केवल एक राजनीतिक पार्टी है बल्कि यह सिख पंथ का संगठन भी है । यह सिखों का गौरव बढ़ाने और मानव कल्याण के लिए अस्तित्व में आया है । पिछले कुछ समय से राजनीतिक स्थिति और पार्टी में स्वार्थी तत्वों की कार्रवाईयों के कारण पार्टी कई गुटों में बंट गई जिससे उसकी ताकत घटी है जो सभी सिखों के लिए चिंता का विषय है । उसी के कारण सभी अकाली गुटों के नेताओं से त्यागपत्र देने को कहा गया है ।

आज की बैठक मुख्य ग्रंथियों द्वारा अकाली दल के विभिन्न गुटों के नेताओं से कई दिन तक की गई मुलाकातों का परिणाम था । मुख्य ग्रंथियों ने संयुक्त अकाली दल के अध्यक्ष बाबा जोगिन्दर सिंह, पूर्व अकाली दल (तलवंडी) के नेता जगदेव सिंह तलवंडी, अकाली दल (बादल) के कार्यवाहक अध्यक्ष गुरदेव सिंह, बादल और सत्तारूढ़ अकाली दल के कुछ नेताओं से मुलाकात की थी ।

मुख्य ग्रंथियों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य अकाली दलों में एकता लाना है । अकाली सरकार में हस्तक्षेप करने का उनका कोई इरादा नहीं है ।

हुकमनामे में कहा गया है कि पांच हैड ग्रंथियों की पुनः बैठक होगी जिसमें अकाली दल को नया स्वरूप दिया जाएगा । इस समय सभी अकाली दल भंग माने जाएंगे ।

हैड ग्रंथियों से आज पत्रकारों ने अनेक प्रश्न किए लेकिन उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया ।

विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि हैड ग्रंथी एक फार्मूला तैयार कर रहे हैं जिसके तहत सभी गुटों के नेताओं पर आधारित एक प्रीजिडियम बना दी जाएगी । एक प्रस्ताव नजरबंद भूतपूर्व आई.पी.एस. अधिकारी सिमरनजीत सिंह मान को अकाली दल का प्रधान बनाना है । इस घटनाक्रम का अकाली राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ने की संभावना है । हो सकता है कि पंजाब में अकाली सरकार में भी परिवर्तन हो ।

अमरीका द्वारा वर्ष का पहला परमाणु विस्फोट

लासबेगास (नेवादा), 3 फरवरी (ए.पी.): अमरीका ने आज नेवादा रेगिस्तान में वर्ष 1987 का पहला परमाणु विस्फोट किया । इस विस्फोट के साथ ही सोवियत संघ द्वारा 18 माह पूर्व लागू परमाणु परिक्षण रोक का वायदा समाप्त हो जाएगा ।

रिजर्व बैंक की टीम अमृतसर में

अमृतसर, 3 फरवरी (डोगरा): रिजर्व बैंक की टीम अमृतसर में आई जिसने अमृतसर के उद्योग पतियों की कठिनाईयां सुनीं । पेंट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल श्री गोकुल चंद तथा स. गुरशरण सिंह के नेतृत्व में टीम से मिला और ज्ञापन देकर मांग की गई कि अमृतसर जिला दंगा पीड़ित होने के कारण सरकार यहां केंद्रीय सेल टैक्स हटा दे तथा बिना ब्याज के कर्जे दिए जाएं । उन्होंने कहा कि यहां पर बाहर से कोई व्यापारी नहीं आ रहा । इसी प्रकार राईस शैलर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल श्री अशोक कुमार सच्चदेवा के नेतृत्व में मिला ।

भारत-पाक वार्ता

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रवक्ता ने इस प्रश्न का उत्तर देने से इन्कार कर दिया कि क्या सेनाओं की सीमा से वापसी की योजना तैयार की जा रही है । उसने कहा, कल तक प्रतीक्षा करें ।'

पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के इस्लामाबाद लौटने के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल कल इस्लामाबाद लौटेगा ।

बातचीत का आज चौथा दिन है । निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बातचीत दो दिन 31 जनवरी और एक फरवरी को चलनी थी ।

दो दिन की बातचीत के बाद इसे एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया था लेकिन कल इसे एक और दिन के लिए बढ़ाने की घोषणा की गई ।

पाकिस्तान के विदेश सचिव श्री [illegible] के प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली पहुंचा था ।

अब तक बातचीत के कई दौर हो चुके हैं ।

SALE SALE SALE
Discount 10% to 50%
On ZODIAC TIES
Monga Stores
M.M. Malvia Road, Amritsar.
Dogra/Asr.

Punjabi Sanjali

हैड कांस्टेबल समेत चार की हत्या : ग्रंथी, युवक का शव मिला

दो घायल : 70 हजार से अधिक लूटे : सी.पी.आई. नेता की हत्या का प्रयास : अमृतसर में 3 काबू

पटियाला के निकट पुलिस भिड़ंत के बाद 4 बंदी

चंडीगढ़, 4 फरवरी (ह.स., वा.): जिला रोपड़ के गांव सोहना में 2 उग्रवादियों ने एक करियाना व्यापारी अशोक कुमार की हत्या कर दी जबकि एक ज्यूलर जगमोहन सिंह चावला को घायल करके नकदी और आभूषण वाला बैग छीन कर ले गए ।

कलानौर के बडाला गांव में भी आतंकवादियों ने एक करियाना विक्रेता रघुबीर दास को मार डाला ।

थाना गोराया के गांव अनीर में उग्रवादियों ने महेन्द्र सिंह को मार दिया जबकि थाना नवांशहर के बेगोवाल गांव के निकट एक ग्रंथी का शव बरामद हुआ है । एक युवक का कटा हुआ शव ढंडारी रेलवे स्टेशन के पास मिला है ।

जालन्धर छावनी में आज शाम एक पुलिस हैड कांस्टेबल सुभाष चन्द्र की उग्रवादियों ने गोली से हत्या कर दी ।

पटियाला के निकट बमनन गांव के बाहर डेढ़ घंटे तक मुठभेड़ के बाद लूटमार हत्या करने जा रहे चार उग्रवादी पकड़े गए जबकि धनौला के पैट्रोल पम्प मालिक से 41,500 रु. लूट लिए गए ।

फरीदकोट जिला के रौंता गांव में उग्रवादियों द्वारा सी.पी.आई. नेता सगंर सिंह की हत्या का प्रयास विफल हो गया जबकि मोगा के मोठवाली गांव में एक व्यक्ति से 31 हजार रु. लूट लिए गए ।

अमृतसर जिला में बईपुई गांव में एक दुकानदार नरेश कुमार को उग्रवादियों ने घायल कर दिया जबकि विभिन्न भागों में उग्रवादी हथियारों सहित पकड़े गए ।

करियाना विक्रेता की हत्या

सोहना (संघी, नर्बदा): जिला रोपड़ के गांव सोहना में दो उग्रवादियों ने एक 24 वर्षीय करियाना विक्रेता अशोक कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी और दुकान पर पड़ी नकदी लूट ली । पटियाला रेंज के डी.आई.जी. शेर जंग बहादर आहरी ने पत्रकारों को बताया कि कल रात आठ बजे जब इस गांव में बिजली फेल हो गई तो दो उग्रवादी अशोक कुमार की दकान पर आए और 12 बोर की पिस्तौल से उसे गोली मार कर नकदी लूट ले गए । लगभग 15-20 मिनट बाद बिजली आने पर कुछ ग्राहक दुकान पर गए और अशोक कुमार का शव पड़ा देखा । शोर मचाने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची । श्री आहरी का कहना है कि यह हत्या सम्भवतः लूटपाट के उद्देश्य से की गई है । हत्यारे पैदल ही अंधेरे में भाग गए । घटनास्थल से कारतूसों का एक खाली खोल भी मिला है । गांव वालों ने बताया कि उन्होंने गोली की आवाज सुनी, मगर वह समझे कि बिजली का कोई फ्यूज उड़ा है । अशोक की मां करतार देवी के अनुसार उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी । जब वह घर से दुकान पर गया था तो उसकी जेब में लगभग एक हजार रु. था, जो बाद में नहीं मिल सका ।

सोहना थाना के इंचार्ज इंस्पैक्टर करनैल सिंह के अनुसार अभी तक हत्यारों की शिनाख्त नहीं हो सकी क्योंकि कोई भी गांव वासी घटना के बारे में नहीं बता सका । खरड़ के डी.एस.पी. ने बताया कि घटनास्थल पर भारी भीड़ इकट्ठी हो जाने के कारण खोजी कुत्तों का फायदा भी नहीं उठाया जा सका । अशोक की तीन साल पहले शादी हुई थी और उसकी डेढ़ साल की लड़की है । सोहना और सांदड़ा गांवों के दुकानदारों ने हड़ताल कर दी और महिलाओं ने चूल्हे नहीं जलाए ।

स्वर्णकार घायल

एक अन्य वारदात में कुछ बदमाशों ने रोपड़ में ही जगमोहन सिंह चावला नामक स्वर्णकार को दुकान में ही गोली मार कर बरी तरह घायल कर दिया । ये बदमाश बैग में रखी नकदी तथा स्वर्णाभूषण आदि लेकर फरार हो गए ।

बंद के अनुसार आज रोपड़ के दुकानदारों ने दोनों घटनाओं के विरोध में हड़ताल की और एक शिष्टमंडल ने जिलाधिकारियों से मिल कर व्यापारी समुदाय को पूर्ण सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

चुनाव में पंजाब-समस्या का राजनीतिक लाभ उठाना पाप : शर्मा

अमृतसर, 4 फरवरी (डोगरा): अखिल भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री श्री कृष्ण लाल शर्मा ने प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने पंजाब समस्या का राजनीतिक लाभ हरियाणा के चुनाव में उठाने का प्रयास किया तो यह सब से बड़ा राष्ट्रीय पाप होगा ।

श्री शर्मा यहां पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को हरियाणा के चुनाव से पहले चंडीगढ़ तथा पानी मामले का निपटारा करना चाहिए । उन्होंने कहा कि अगर पंजाब में बेगुनाहों की हत्याओं की रोकथाम शीघ्र न की गई तो हालात इतने अनियंत्रित हो जाएंगे, जिनको सेना भी न सम्भाल सकेगी । उन्होंने कहा कि जितना लेट एक्शन हो रहा है, उतनी पंजाब की हानि हो रही है । जब श्री दरबार साहब काम्पलैक्स में डी.आई.जी. श्री अटवाल की हत्या की गई थी, यदि उसी समय सरकार सख्ती से कदम उठाती तो सैनिक कार्रवाई करने की जरूरत नहीं पड़ती लेकिन अगर अब सरकार ने सीमा पर सुरक्षा पट्टी न बनाई तो हालात खराब होंगे ।

श्री शर्मा ने कहा कि लोग पंजाब में हिंसक घटनाओं से तंग हैं । लोगों के पंजाब से पलायन करने के जिम्मेदार राजीव गांधी हैं ।

जब श्री शर्मा से पूछा गया कि यह कहां तक सच है कि पंजाब समस्या को राजनीतिक दलों ने दुकानदारी बना लिया है तो श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वोट की राजनीति से ऊपर उठकर काम कर रही है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को पंजाब यात्रा करनी चाहिए क्योंकि यहां प्रतिदिन निर्दोषों की हत्याएं हो रही हैं । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री यदि पंजाब में सद्भावना यात्रा करें तो भाजपा न केवल इसका समर्थन करेगी, बल्कि उसमें शामिल भी होगी ।

विश्व सिख संगठन का आवेदन खारिज

संयुक्त राष्ट्र, 4 फरवरी : संयुक्त राष्ट्र सचिवालय ने विश्व सिख संगठन के आर्थिक एवं सामाजिक परिषद में जगह मांगने के आवेदन को खारिज कर दिया । आर्थिक एवं सामाजिक परिषद अब तक करीब 700 ऐसे गैर सरकारी संगठनों को सदस्यता दे चुकी है, जिन्होंने सामाजिक, सांस्कृतिक और मानव अधिकारों के क्षेत्र में दक्षता हासिल कर ली है ।

अलगाववादी सिखों द्वारा बनाए गए विश्व सिख संगठन ने गत वर्ष परिषद में सलाहकार का दर्जा देने संबंधी एक आवेदन किया था, जिसका संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन ने विरोध किया था । आर्थिक एवं सामाजिक परिषद के अधिकारी ने बताया कि आवेदन खारिज किए जाने के संबध में हाल ही में एक पत्र विश्व सिख संगठन को भेजा जा चुका है । पत्र में कहा गया है कि संघ सदस्यता के लिए कायदे-कानूनों पर खरा नहीं उतरता ।

द्रमुक के 72 सदस्यों को कैद

तिरुनेलवैली, 4 फरवरी : मुख्य न्यायिक

धमाके में 1 मरा, 2 घायल

शिमला, 4 फरवरी : यहां प्राप्त एक सूचना के अनुसार डल्हौजी के निकट नौनी खड्ड पर आज हुए एक विस्फोट में एक श्रमिक मौके पर मारा गया और दो अन्य घायल हो गए । मृतक की हरि सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । जबकि घायलों के नाम संसार चंद और देव राज हैं । कहा जाता है कि विस्फोटक उपकरण पठानकोट में चक्की खड्ड से एक ट्रक में लाई गई रेत में दबा हुआ था ।

राजस्थान सीमा पर पाक सेना का भारी जमाव

जयपुर, 4 फरवरी : राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले से लगी पाकिस्तानी सीमा पर पाक सेना का बड़े पैमाने पर जमाव होने के समाचार मिले हैं ।

सीमा पर बसे लोगों के अनुसार पाकिस्तान में सेना की भारी हलचल दिखाई दे रही है । बताया

सेनाओं की वापसी शुरू, में समझौते के बाद पग



अशोक कुमार की कुछ क कुमार का खून बिखरा (छाया : पुरी)





हैंडकांस्टेबल सुभाष हीं सुभाष को गोली मारी (छाया : प्यारे लाल)

Punjab Sahapedia

पंजाब में 4 हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादियों को पकड़ने की मांग की ।

रोपड़ के अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट सर्वेश कौशल ने जलूस निकालने, भाषण देने, नारे लगाने और 4 से अधिक लोगों के जमा होने पर पाबंदी लगा दी है ।

बंदूक न देने पर हत्या

जालन्धर (क): आज प्रातः आठ बजे थाना गोराया के गांव अनीर में दो अज्ञात स्कूटर सवारों ने एक व्यक्ति महेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और अपने सफ़ेद रंग के स्कूटर पर फ़रार हो गए ।

प्राप्त विवरण के अनुसार दो सत्रह-अठारह वर्ष के युवक,जिनमें से एक क्लीन शेवन था, महेन्द्र सिंह के घर पर आए और गोली मारकर फ़रार हो गए । एक अन्य सूत्र के अनुसार उन्होंने उससे लाइसैंसी बंदूक मांगी और आनाकानी किए जाने पर उसे गोली मार दी ।

गोराया पुलिस ने सूचना मिलने पर अलर्ट जारी कर दिया । उच्च पुलिस अधिकारी भी मौका पर पहुंच गए ।

एक सूचना में कहा गया है कि महेन्द्र सिंह का शव गांव के बाहर एक खेत से बरामद हुआ । पुलिस के अनुसार हत्यारे उसके घर पहुंचे तो उसके बेटे ने उन्हें बताया कि महेन्द्र सिंह गांव के बाहर खेत में हैं और वह उन्हें खेत की ओर ले गया । वास्तव में महेन्द्र सिंह घर के अन्दर ही था । उसने इन लोगों का पीछा किया और उग्रवादी के साथ गुत्थम-गुत्था हो गया । दूसरे उग्रवादी ने वहीं पर गोली मारकर महेन्द्र सिंह की हत्या कर दी, जबकि उसका बेटा भागने में सफल हो गया । बाद में हत्यारे भी स्कूटर पर बैठकर फरार हो गए ।

जालन्धर छावनी में हैड कांस्टेबल की हत्या

जालन्धर का समाचार है कि संदिग्ध उग्रवादियों ने आज शाम जालन्धर छावनी क्षेत्र में पुलिस हैंड कांस्टेबल सुभाष चन्द्र की गोली से हत्या कर दी ।

पुलिस का कहना है कि मृतक पुलिस लाईन से अपने घर को जा रहा था जब उस पर हमला किया गया । उसे तुरंत यहां सिविल अस्पताल में लाया गया, जहां वह दम तोड़ गया । हत्यारे भाग गए ।

'प्यारे' के अनुसार सुभाष चंद्र पर गोली रामामंडी क्षेत्र में उसके घर के सामने स्थित एक डाक्टर की दुकान के साथ लगती गली में चलाई गई । सुभाष चंद्र घर से ड्यूटी पर पुलिस लाईन जाने को तैयार होकर निकला और रोज के क्रम के अनुसार डाक्टर से मिलने उसकी दुकान पर गया । उससे मिल कर वह दुकान के साथ वाली गली में पेशाब करने गया जहां दो उग्रवादियों ने उसपर गोली चला दी और पैदल श्मशानघाट की ओर फरार हो गए ।

मृतक के दो बच्चे 9 और 3 वर्ष के हैं । मृतक की आयु लगभग 35 वर्ष है । गत वर्ष जब वह कांस्टेबल के तौर पर थाना सदर जालन्धर में मुंशी था उस समय उसने बडिंग गांव में एक रिक्शा चालक की हत्या करके ट्रक में सवार हो रहे उग्रवादियों को मोटर साइकिल पर पीछा करके पकड़ा था । उसके बाद उसे हैडकांस्टेबल बना दिया गया था । उग्रवादियों की गिरफ्तारी के बाद से उसे धमकी भरे फोन आने शुरू हो गए थे लेकिन उसके लिए कोई विशेष सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई । आज कल वह पुलिस लाइन में तैनात था । बताया जाता है कि मृतक के एक भाई की गत वर्ष फरवरी में दुबई में मौत हो गई थी ।

ग्रंथी का शव मिला

पुलिस ने ज़िले में नवांशहर थाने के अन्तर्गत बेगोवाल गांव के निकट से आज रात एक युवक का शव बरामद किया है । बताया जाता है कि मृतक खोजेवाल गांव का ग्रंथी था । मृतक के सिर पर तेज़धार हथियार की चोट के निशान हैं । पुलिस ने इस घटना में आतंकवादियों का हाथ होने से इन्कार किया है ।

दो टुकड़ों में शव मिला

लुधियाना : लगभग 22 वर्ष के एक युवक का शव दो टुकड़ों में आज ढंडारी रेलवे स्टेशन के निकट लाइनों पर पड़ा मिला है । अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हुई है । पुलिस जांच कर रही है ।

करियाना विक्रेता की हत्या

बटाला (कोछड़): गत रात यहां से 20 किलो मीटर दूर थाना कलानौर के गांव बडाला बांगर में तीन उग्रवादियों ने करियाना विक्रेता रघुबीर दास की हत्या कर दी । गुरदासपुर के एस.एस.पी. के अनुसार इस सम्बन्ध में 6 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।

एस.एस.पी. ने बताया कि दो फरवरी को शगर मिल क्षेत्र में सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक में हुई डकैती के मामले में दो लोगों की शिनाख्त कर ली गई है और पुलिस उनकी तलाश में छापे मार रही है । उन्होंने बताया कि बी.एस.एफ़. और पुलिस का असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान जारी है । उक्त डकैती में अवतार सिंह रूपेवाली के गिरोह का हाथ बताया जाता है ।

आतंकवादी गतिविधियों से प्रभावित बटाला सब-डिवीजन के गांवों में आतंकवादियों को उनके ठिकानों से निकाल बाहर करने के लिए सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस का खोज अभियान कल रात भी जारी रहा । पुलिस सूत्रों ने कहा कि अब तक 32 गांवों में आतंकवादियों की खोजबीन की जा चुकी है । तलाशी के दौरान ज़ब्त किए गए हथियारों और गिरफ्तार किए गए लोगों की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है ।

शिक्षकों की हड़ताल

ज़िला के 1900 प्राइमरी, मिडल, हाई तथा हायर सैकेंडरी सरकारी स्कूलों के 8000 शिक्षकों ने शिक्षकों की हत्याओं के विरुद्ध तथा समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने, उग्रवादियों के हाथों हत्या हो जाने पर पुलिस ढांचे पर मुआवज़ा दिए जाने आदि मांगों को लेकर आज प्रोटैस्ट हड़ताल की । शिक्षकों ने पठानकोट, गुरदासपुर और बटाला में शांति मार्च तथा रैलियां कीं । इसके अलावा सभी स्कूल दोपहर तीन बजे बंद करने की भी मांग की गई ताकि सभी शिक्षक अंधेरा होने से पहले घर पहुंच सकें ।

राइफल लूट ली

गुरदासपुर (वा.): तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने चक मैहमा गांव के पलविंदर सिंह से पिस्तौल की नोक पर एक राइफल और दस कारतूस लूट लिए । .410 बोर की राइफल पलविंदर सिंह को ग्राम सुरक्षा योजना के तहत दी गई थी ।

मुठभेड़ के बाद 4 उग्रवादी पकड़े गए

पटियाला (भूषण): पुलिस ने बमनन गांव के

REQUIRED FOR IMMEDIATE EMPLOYMENT,
Diploma holders Mechanical/Science Graduates with Non-Medical background in a company of repute.
Experience no bar. Good starting salary.
Apply to :—
M/S.P.K. KAPOOR CHEMICALS,
69, Bhandari Bridge, Amritsar.
Auth. Stockists for : **Ion Exchange (I) Ltd.**

RMP (सरकारी मान्य) रजिस्ट्रेशन करवायें !
मैट्रिक/वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न पास RMP सरकारी रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु शीघ्र स्वयं मिलें । प्रवेश मार्गदर्शन : B.A./B.Com./B.Sc. (Direct)/B.Ed./LL.B (3 years last chance).Professional/OT/JBT. Prospectus Rs. 10/- by MO.
SWAMI VIVEKANAND COLLEGE,
1810/Sector 22-B, Chandigarh.

हर माह 5 ता. से 15 ता. तक करनाल व पानीपत मिलें

Punjabi Sahitani

पंजाब में 4 हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादियों को पकड़ने की मांग की ।

रोपड़ के अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट सर्वेश कौशल ने जलूस निकालने, भाषण देने, नारे लगाने और 4 से अधिक लोगों के जमा होने पर पाबंदी लगा दी है ।

बंदूक न देने पर हत्या

जालन्धर (क): आज प्रातः आठ बजे थाना गोराया के गांव अनीर में दो अज्ञात स्कूटर सवारों ने एक व्यक्ति महेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और अपने सफ़ेद रंग के स्कूटर पर फ़रार हो गए ।

प्राप्त विवरण के अनुसार दो सत्रह-अठारह वर्ष के युवक,जिनमें से एक क्लीन शेवन था, महेन्द्र सिंह के घर पर आए और गोली मारकर फ़रार हो गए । एक अन्य सूत्र के अनुसार उन्होंने उससे लाइसैंसी बंदूक मांगी और आनाकानी किए जाने पर उसे गोली मार दी ।

गोराया पुलिस ने सूचना मिलने पर अलर्ट जारी कर दिया । उच्च पुलिस अधिकारी भी मौका पर पहुंच गए ।

एक सूचना में कहा गया है कि महेन्द्र सिंह का शव गांव के बाहर एक खेत से बरामद हुआ । पुलिस के अनुसार हत्यारे उसके घर पहुंचे तो उसके बेटे ने उन्हें बताया कि महेन्द्र सिंह गांव के बाहर खेत में हैं और वह उन्हें खेत की ओर ले गया । वास्तव में महेन्द्र सिंह घर के अन्दर ही था । उसने इन लोगों का पीछा किया और उग्रवादी के साथ गुत्थम-गुत्था हो गया । दूसरे उग्रवादी ने वहीं पर गोली मारकर महेन्द्र सिंह की हत्या कर दी, जबकि उसका बेटा भागने में सफल हो गया । बाद में हत्यारे भी स्कूटर पर बैठकर फरार हो गए ।

जालन्धर छावनी में हैड कांस्टेबल की हत्या

जालन्धर का समाचार है कि संदिग्ध उग्रवादियों ने आज शाम जालन्धर छावनी क्षेत्र में पुलिस हैंड कांस्टेबल सुभाष चन्द्र की गोली से हत्या कर दी ।

पुलिस का कहना है कि मृतक पुलिस लाईन से अपने घर को जा रहा था जब उस पर हमला किया गया । उसे तुरंत यहां सिविल अस्पताल में लाया गया, जहां वह दम तोड़ गया । हत्यारे भाग गए ।

'प्यारे' के अनुसार सुभाष चंद्र पर गोली रामामंडी क्षेत्र में उसके घर के सामने स्थित एक डाक्टर की दुकान के साथ लगती गली में चलाई गई । सुभाष चंद्र घर से ड्यूटी पर पुलिस लाइन जाने को तैयार होकर निकला और रोज के क्रम के अनुसार डाक्टर से मिलने उसकी दुकान पर गया । उससे मिल कर वह दुकान के साथ वाली गली में पेशाब करने गया जहां दो उग्रवादियों ने उसपर गोली चला दी और पैदल श्मशानघाट की ओर फरार हो गए ।

मृतक के दो बच्चे 9 और 3 वर्ष के हैं । मृतक की आयु लगभग 35 वर्ष है । गत वर्ष जब वह कांस्टेबल के तौर पर थाना सदर जालन्धर में मुंशी था उस समय उसने बडिंग गांव में एक रिक्शा चालक की हत्या करके ट्रक में सवार हो रहे उग्रवादियों को मोटर साइकिल पर पीछा करके पकड़ा था । उसके बाद उसे हैडकांस्टेबल बना दिया गया था । उग्रवादियों की गिरफ्तारी के बाद से उसे धमकी भरे फोन आने शुरू हो गए थे लेकिन उसके लिए कोई विशेष सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई । आज कल वह पुलिस लाइन में तैनात था । बताया जाता है कि मृतक के एक भाई की गत वर्ष फरवरी में दुबई में मौत हो गई थी ।

ग्रंथी का शव मिला

पुलिस ने ज़िले में नवांशहर थाने के अन्तर्गत बेगोवाल गांव के निकट से आज रात एक युवक का शव बरामद किया है । बताया जाता है कि मृतक खोजेवाल गांव का ग्रंथी था । मृतक के सिर पर तेज़धार हथियार की चोट के निशान हैं । पुलिस ने इस घटना में आतंकवादियों का हाथ होने से इन्कार किया है ।

दो टुकड़ों में शव मिला

लुधियाना : लगभग 22 वर्ष के एक युवक का शव दो टुकड़ों में आज ढंडारी रेलवे स्टेशन के निकट लाइनों पर पड़ा मिला है । अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हुई है । पुलिस जांच कर रही है ।

करियाना विक्रेता की हत्या

बटाला (कोछड़): गत रात यहां से 20 किलो मीटर दूर थाना कलानौर के गांव बडाला बांगर में तीन उग्रवादियों ने करियाना विक्रेता रघबीर दास की हत्या कर दी । गुरदासपुर के एस.एस.पी. के अनुसार इस सम्बन्ध में 6 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।

एस.एस.पी. ने बताया कि दो फरवरी को शगर मिल क्षेत्र में सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक में हुई डकैती के मामले में दो लोगों की शिनाख्त कर ली गई है और पुलिस उनकी तलाश में छापे मार रही है । उन्होंने बताया कि बी.एस.एफ़. और पुलिस का असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान जारी है । उक्त डकैती में अवतार सिंह रूपेवाली के गिरोह का हाथ बताया जाता है ।

आतंकवादी गतिविधियों से प्रभावित बटाला सब-डिवीजन के गांवों में आतंकवादियों को उनके ठिकानों से निकाल बाहर करने के लिए सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस का खोज अभियान कल रात भी जारी रहा । पुलिस सूत्रों ने कहा कि अब तक 32 गांवों में आतंकवादियों की खोजबीन की जा चुकी है । तलाशी के दौरान ज़ब्त किए गए हथियारों और गिरफ्तार किए गए लोगों की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है ।

शिक्षकों की हड़ताल

ज़िला के 1900 प्राइमरी, मिडल, हाई तथा हायर सैकेंडरी सरकारी स्कूलों के 8000 शिक्षकों ने शिक्षकों की हत्याओं के विरुद्ध तथा समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने, उग्रवादियों के हाथों हत्या हो जाने पर पुलिस द्वारा मुआवज़ा दिए जाने आदि मांगों को लेकर आज प्रोटैस्ट हड़ताल की । शिक्षकों ने पठानकोट, गुरदासपुर और बटाला में शांति मार्च तथा रैलियां कीं । इसके अलावा सभी स्कूल दोपहर तीन बजे बंद करने की भी मांग की गई ताकि सभी शिक्षक अंधेरा होने से पहले घर पहुंच सकें ।

राइफल लूट ली

गुरदासपुर (वा.): तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने चक मैहमा गांव के पलविंदर सिंह से पिस्तौल की नोक पर एक राइफल और दस कारतूस लूट लिए । .410 बोर की राइफल पलविंदर सिंह को ग्राम सुरक्षा योजना के तहत दी गई थी ।

मुठभेड़ के बाद 4 उग्रवादी पकड़े गए

पटियाला (भूषण): पुलिस ने बमनन गांव के निकट मामूली मुठभेड़ के बाद आज चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षक गरइकबाल सिंह भुल्लर ने बताया कि ये आतंकवादी ज़िले में संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे । पुलिस और सुरक्षा बल ने विशेष नाकाबंदी की थी । पुलिस की गश्ती टुकड़ी ने सुबह लगभग साढ़े पांच बजे बमनन गांव के निकट बिना नम्बर की एक कार को रुकने का संकेत दिया, परन्तु कार रुकी नहीं । यह कार कुछ दूर जाकर खराब हो गई, तो कार में सवार व्यक्ति निकट के गन्ने के खेत में छिप गए । इसी खेत में आतंकवादियों ने पुलिस पर गोलियां चलाईं, जिस कारण सुरक्षा बल ने भी जवाबी कार्रवाई की । यह मुठभेड़ लगभग डेढ़ घंटे चली । इस दौरान आतंकवादियों के कारतूस आदि खत्म हो गए तथा वे आत्म-समर्पण के लिए मजबूर हो गए । पुलिस को इनके पास से 12 बोर की दो बंदूकें, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

इन व्यक्तियों के नाम मेजर सिंह, सुखवंत सिंह, सुरजीत सिंह तथा राज कुमार बताए गए हैं । ये सभी हरियाणा के रहने वाले हैं । पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने शराब की दुकान एवं एक पैट्रोल लूटने तथा एक नेता की हत्या करने की योजना बनाई थी । आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की गई कार चंडीगढ़ में हरियाणा कैडर के आई.ए.एस. अधिकारी की थी । इस कार को चुराया गया था ।

41.5 हजार रु. लूटे

दो संदिग्ध आतंकवादियों ने संगरूर में धनौला के पैट्रोल पम्प के मालिक जनकराज से आज 41,500 रुपए लूट लिए । जनकराज पैट्रोल टैंकर के लिए यह रकम बैंक में जमा करने जा रहे थे । उन्होंने जनकराज को रविदास मंदिर के पास पकड़ लिया और स्कूटर सवार लुटेरे लूट की रकम के साथ फरार हो गए ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

किसी व्यक्ति को लूटने जा रहे 2 उग्रवादियों जगतार सिंह और निर्मल सिंह निम्मा (मोरिंडा) को जिला पुलिस ने बस्सी पठानां के निकट गिरफ्तार कर लिया ।

कर्फ्यू में ढील

फगवाड़ा (वार्ता) : औद्योगिक कस्बे फगवाड़ा में अधिकारियों ने कर्फ्यू में आज सवेरे 6 बजे से 12 घंटे की ढील दी । पिछले 24 घंटे में कस्बे के किसी भी हिस्से से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है । ऐहतियात के तौर पर कस्बे में आज लगातार दूसरे दिन भी शिक्षण संस्थान बंद रहे । सब-डिवीजनल मैजिस्ट्रेट ने कहा कि कस्बे में स्थिति शांतिपूर्ण है लेकिन कुछ समय तक अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात रखा जाएगा । फगवाड़ा में कर्फ्यू गत सोमवार को हुए संघर्ष के बाद लगाया गया । इस संघर्ष में अनेक लोगों को चोटें आई थीं । वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर कड़ी नज़र रखे हुए हैं ।

आज शिक्षण संस्थाएं खुलेंगी

इसी बीच जिलाधिकारियों ने कहा है कि कल से सभी शिक्षण संस्थान खुल जाएंगे ।

दुकानदार घायल

अमृतसर (वा.) : 3 उग्रवादियों ने वैरोवाल थाना के गांव वईपुई में एक दुकानदार नरेश कुमार सदस्यों ने फ़ायरिंग करके उन्हें भगा दिया । सरकारी सूचनाओं के अनुसार सम्भवतः यह वही उग्रवादी थे, जिन्होंने 2 फरवरी को भटिंडा जिला के कौर सिंह वाला गांव में एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी । 3 व्यक्तियों को अपने घर के बाहर संदिग्धावस्था में घूमते देखकर विधायक के घर से फ़ायरिंग की गई, जिस पर तीनों उग्रवादी भाग निकले । जिला पुलिस चीफ राजन गुप्ता भी गांव में गए ।

एक सूचना के अनुसार कौरसिंहवाला कांड के सम्बन्ध में 4 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । बताया जाता है कि उग्रवादी शाम लाल की हत्या के बाद उसके सगे भाई हरभगवान की रौंता गांव में हत्या करने गए थे जो एक कत्ल केस में प्रत्यक्षदर्शी गवाह है । इस सूचना के अनुसार रौंता में हरभगवान और उग्रवादियों के बीच फायरिंग हुई लेकिन कोई घायल नहीं हुआ ।

31 हजार रु. लूटे

मोगा सदर पुलिस थाना क्षेत्र के मोठांवाली गांव में हुई एक अन्य घटना में पिस्तौलों से लैस दो लुटेरों ने दूध इकट्ठा करने वाले प्रीतम सिंह से 31,000 रुपए छीन लिए । उस पर आक्रमण उस समय किया गया, जब वह मोगा दुग्ध संयंत्र से धन एकत्रित करके लौट रहा था ।

हरियाणा में चुनाव अन्य राज्यों के साथ कराने की मांग

नई दिल्ली, 4 फरवरी (वि.): लोकदल के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज यहां मुख्य चुनाव आयुक्त से मिल कर हरियाणा के चुनाव भी अन्य राज्यों के चुनावों के साथ कराने का अनुरोध किया ।

प्रतिनिधि मंडल में लोकदल के महासचिव शरद यादव, कार्यकारी अध्यक्ष डा. चंद्र भान, सचिव के.सी. त्यागी तथा हरियाणा संघर्ष समिति के सचिव रण सिंह मान शामिल थे ।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को उपरोक्त आशय का एक ज्ञापन दिया ।

राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र किसी भी डाकघर से भुनाए जा सकेंगे

नई दिल्ली, 4 फरवरी (वार्ता): वित्तमंत्रालय ने आज स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र किसी भी डाक घर से भुनाए जा सकते हैं । इसके लिए धारक को शिनाख्ती स्लिप पेश करनी होगी । यह स्पष्टीकरण इन शिकायतों के बाद जारी किया गया है कि कई डाकघर शिनाख्ती स्लिपों के प्रस्तुत करने पर भी इनका भुगतान करने से इन्कार करते हैं ।

250 करोड़ के कर-मुक्त रेलवे बांड

नई दिल्ली, 4 फरवरी (वार्ता): भारतीय रेलवे दो मार्च को 250 करोड़ रुपए के कर मुक्त रेल बांड बिक्री के लिए जारी कर रहा है ।

सूत्रों के अनुसार रेल विकास कार्यों के लिए गत दिसम्बर में गठित रेल वित्त निगम द्वारा जारी इन बांडों पर 10 प्रतिशत ब्याज मिलेगा । यह बांड सम्पत्ति-कर और ब्याज-आयकर से मुक्त होंगे ।

REQUIRED FOR IMMEDIATE EMPLOYMENT,
Diploma holders Mechanical/Science Graduates with Non-Medical background in a company of repute. Experience no bar. Good starting salary.
Apply to :—
M/S.P.K. KAPOOR CHEMICALS,
69, Bhandari Bridge, Amritsar.
Auth. Stockists for : **Ion Exchange (I) Ltd.**

RMP (सरकारी मान्य) रजिस्ट्रेशन करवायें !
मैट्रिक/वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न पास RMP सरकारी रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु शीघ्र स्वयं मिलें । प्रवेश मार्गदर्शन : B.A./B.Com./B.Sc. (Direct)/B.Ed./LL.B (3 years last chance).Professional/OT/JBT. Prospectus Rs. 10/- by MO.
SWAMI VIVEKANAND COLLEGE,
1810/Sector 22-B, Chandigarh.

स्त्री पुरुष तथा बच्चों के लिए उपयोगी है।
रिको-रब


सर्दी-ज़ुकाम व खांसी के लिए नाक के ऊपर और गले के आसपास, छाती और पीठ पर मलिए।
राज केमिकल्स का उत्कृष्ट उत्पादन

हर माह 5 ता. से 15 ता. तक करनाल व पानीपत मिलें
"सुखमय जीवन व अच्छे स्वास्थ्य के लिए सम्पर्क करें"

डा. आनन्द (अम्बाला वाले)
पुरुषों व स्त्रियों के जटिल रोगों के माहिर जिनके इलाज से हज़ारों निराश स्त्री व पुरुष सफल जीवन व्यतीत कर रहे हैं । आप भी आज ही मिलकर अपनी निराशा को आशा में बदलें ।
शाखा आफिस :
1. करनाल : आनन्द क्लीनिक, बस स्टैंड के सामने रोगी हर माह 5 ता. से 15 ता. तक सुबह 9 बजे से 1 बजे तक मिलें ।
2. पानीपत : आनन्द क्लीनिक, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड
रोगी हर माह 5 ता. से 15 ता. तक सायं 4 बजे से 8 बजे तक मिलें ।

Punjabi Sanam

...बिलिटी क्लाज' समाप्त करना
...या है । अध्यापकों को पैंशन तथा
... स्वीकार कर लिया गया है । इस
...ब कमेटी का गठन किया जाएगा
...तथा अध्यापकों को अन्य राज्यों के
...न तथा ग्रैच्यूटी दी जाएगी ।
...क्ताओं ने कहा है कि वे हड़ताल के
...र अधिक समय पढ़ाएंगे ताकि छात्रों
...ने अध्यापकों से अपील की कि वे
...वापिस ले लें, जिसे अध्यापकों के
...ीकार कर लिया ।
...ता प्राप्त स्कूल अध्यापक संघ के
...ह और महामंत्री श्री के.के. टंडन ने
...षणा की कि यूनियन का पंजाब
...ता हो जाने के कारण स्कूलों की
...त्म कर दी गई ... अब कल 6
... से सभी स्कूल खुल जाएंगे और
...नः शुरू हो जाएगी । उन्होंने इ...
...का धन्यवाद किया है ।

हैं ।

गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने श्री अडवानी को बताया कि उनकी पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह
(शेष पृष्ठ 6 पर)

श्री बरनाला ने नवगठित अकाली दल को अकाली दल और पंजाब सरकार के विरुद्ध एक 'इकट्ठ' करार दिया । एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत

सदस्यीय समिति स्वर्ण मन्दिर परिसर में नहीं जा सकी क्योंकि न तो शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी और न ही जत्थेदार उन्हें संरक्षण प्रदान कर सका ।

ढिल्लों की छोड़ किसी और मंत्री को त्यागप...
मिला है ।

उन्होंने कहा कि हो सकता है कि सिंह सा...
ने कुछ ताकतों के दबाव में आकर यह फैसल...
हो । उन्होंने कहा कि आज अमृतसर में ...
हुआ है उससे पैदा स्थिति पर विचार के लिए ...
कल 6 फरवरी को बाद दोपहर 3 बजे अका...
की कार्यकारिणी की बैठक बुलाई है । य...
खेदपूर्ण है कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधि...
(शेष पृष्ठ 6 पर)

तलवंडी चौधरियां रोड पर निरंकारी की हत्या

चंडीगढ़, 5 फरवरी (ह.स., वा.): सुल्तानपुर लोधी से 30 किलोमीटर दूर तलवंडी चौधरियां को जाने वाली सड़क पर आज प्रातः उग्रवादियों ने प्रमुख निरंकारी नेता नाजर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी और उनकी रिवाल्वर ले गए ।

जालंधर के गुरु तेगबहादुर नगर और अर्बन एस्टेट क्षेत्रों की नाकेबंदी करके सुरक्षा बलों ने घर-घर तलाशी ली और 30 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया ।

इसी दौरान कल जालंधर के रामामंडी क्षेत्र में उग्रवादियों के हाथों मारे गए हैडकांस्टेबल सुभाष चंद्र की आज काकीपिंड में पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ अन्त्येष्टि कर दी गई ।

फगवाड़ा में आज दिन का कर्फ्यू समाप्त कर दिया गया और सभी शिक्षण संस्थाएं सामान्य रूप से खुलीं ।

निरंकारी की हत्या, दो हिरासत में

कपूरथला (शर्मा): यहां से 30 कि.मी. दूर सुल्तानपुर लोधी से तलवंडी चौधरियां जाने वाली सड़क पर स्थित पैट्रोल पम्प के निकट आज प्रातः लगभग साढ़े सात बजे साइकलों पर सवार दो आतंकवादियों ने 60 वर्षीय निरंकारी श्री नाजर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उनका 32 वर्ष का छः गोलियों से भरा हुआ लाइसैंसी रिवाल्वर भी ले गए । एस.पी. श्री के.एल. लेखी ने बताया कि मृतक नाजर सिंह अपने गांव अदालत चक से हर रोज दूध लेने निकटवर्ती एक कुएं पर जाता था । आज भी वह दूध लेकर वापिस गांव की ओर जा रहा था कि पैट्रोल पम्प के निकट साइकलों पर सवार दो आतंकवादियों ने उसकी गर्दन में गोली मार कर हत्या कर दी और मृतक का रिवाल्वर लेकर भाग गए । सूचना मिलते ही सुल्तानपुर लोधी पुलिस तथा एस.पी. श्री लेखी घटनास्थल पर पहुंच गए । इलाके की नाकेबंदी कर ली गई है । श्री लेखी ने बताया कि 1978 में अमृतसर में बैसाखी पर हुए निरंकारी कांड में प्रमुख बाबा गुरबचन सिंह के साथ मृतक नाजर सिंह भी अभियुक्त था । सुल्तानपुर लोधी पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है । एक सूचना के अनुसार पुलिस ने दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

स्कूटर छिन गया

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): आज प्रातः लगभग सवा दस बजे यहां से 25 किलोमीटर दूर गांव चक नरपाल के पास दो उग्रवादियों ने पिस्तौल दिखाकर एक व्यक्ति राम आसरा से उसका बजाज चेतक स्कूटर नं. 7321 पी.ओ. छीन लिया और भाग गए । राम आसरा माहलपुर से जेजों जा रहा था । माहलपुर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

तलाशियां

जालंधर (न.न.ए.): पंजाब पुलिस व सुरक्षा दस्तों (सी.आर.पी.) ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में आज सुबह 5 बजे से लेकर प्रातः दस बजे तक माडल टाऊन के साथ लगती गुरु तेगबहादुर कालोनी और अर्बन एस्टेट के क्षेत्रों की घेराबंदी करके तलाशियां लीं और इस मध्य लगभग 30 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए पुलिस ने हिरासत में लिया । उक्त क्षेत्रों की घेराबंदी और तलाशियों की
(शेष पृष्ठ 6 पर)



दरबार साहिब परिसर अमृतसर में बीर... सिंह साहिबान की बैठक सायं पांच बजे करने के बाद शुरू हुई । मनजीत सिंह प... सिंह साहिबान बैठे दिखाई दे रहे

...दीय समिति में शहाबुद्दीन की आलोचना

...5 फरवरी (वार्ता): बाबरी मस्जिद ...गतंत्र दिवस बहिष्कार के आह्वान ...त मामलों को लेकर आज जनता ...बुद्दीन की गृह मंत्रालय से सम्बद्ध ...र समिति की बैठक में कड़ी सैयद शहाबुद्दीन ने स्वयं अन्य ...सला पर बोलने का अवसर उस ...न्होंने गृहमंत्री श्री बूटा सिंह से पूछा ...ाने के बावजूद बाबरी मस्जिद का ...र्यसूची में शामिल क्यों नहीं किया

...ने उन्हें बार-बार बताया कि सारा ...में विचाराधीन होने के कारण उसे ...मिल नहीं किया जा सकता था ...हीन अपनी बात पर अड़े रहे और ...ी नोंक-झोंक हुई ।

...ीन को हल्का सा समर्थन देने वालों ...के सुलेमान सेठ और लोकदल के ...ह शामिल थे । लेकिन भारतीय ...लाल कृष्ण अडवानी, मार्क्सवादी ...थ चैटर्जी, कांग्रेस (इ) के जाफर ...मधन ने सैयद शहाबुद्दीन की कड़ी

गोरखालैंड राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चे के अध्यक्ष सुभाष घीसिंग के साथ हुई बातचीत और मोर्चे द्वारा अपना आंदोलन दो महीने स्थगित रखने की घोषणा के बारे में भी समिति को जानकारी दी । श्री बूटा सिंह ने कहा कि घीसिंग को देश में रह रहे नेपालियों का एकमात्र प्रतिनिधि मानने का कोई सवाल ही नहीं है ।

गृहमंत्री ने कहा कि इस मामले को लेकर पश्चिम बंगाल के विभाजन का भी कोई सवाल नहीं है । कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए केंद्र राज्य को पूरी सहायता देता रहा है ।

सदस्यों ने गृहमंत्री का ध्यान देश में साम्प्रदायिक स्थिति की ओर दिलाया और कहा कि तनाव कम करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं । गृहमंत्री ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है और राज्यों को आवश्यकतानुसार सभी संभव सहायता दी जा रही है ।

श्री बूटा सिंह ने त्रिपुरा में उग्रवादियों की गतिविधियों से निपटने के लिए उठाए गए कदमों की भी जानकारी समिति को दी ।

विभिन्न दुर्घटनाओं में पांच मरे

श्रीआनंदपुर साहिब, 5 फरवरी (ज्ञान): गत शाम इस क्षेत्र में हुई तीन विभिन्न दुर्घटनाओं में पांच व्यक्ति मारे गए तथा छः घायल हो गए । पहली दुर्घटना गांव माणके के निकट हुई जहां एक बारात की बस के एक ट्रक से टकरा जाने से दो व्यक्ति मारे गए तथा छः घायल हो गए ।

थिरेज के निकट एक ट्रक तथा स्कूटर की टक्कर में दोनों स्कूटर सवार युवकों की मृत्यु हो गई । एक अन्य दुर्घटना में एक ट्रक ने एक साइकिल सवार को कुचल दिया ।

पंजाब के 55 प्र.श. मंत्री उग्रवादियों के साथ-शर्मा

दसूहा, 5 फरवरी (झावर): जहां से 15 किलो मीटर दूर मुकेरियां में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के बलिदानी जत्थे का कल दोपहर हजारों नर-नारियों व शहर की धार्मिक संस्थाओं द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया । औरतों द्वारा जत्थे के कन्धीनर ने जत्थे का स्वागत किया । स्वागतकर्त्ताओं में विश्व हिन्दू परिषद के उत्तरी भारत के प्रधान महंत राम प्रकाश भी शामिल थे । श्री शर्मा ने आर्य समाज मन्दिर में एक भारी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगर जहां खालिस्तान बनाने की डमटाल, हिमाचल प्रदेश में बलिदानी जत्थे का बड़ा स्वागत किया गया । श्री जयकिशन शर्मा ने कहा कि बलिदानी जत्थे का मुख्य उद्देश्य पंजाब से आतंकवाद का सफाया करवाना है, ताकि निर्दोषों की हत्याएं न हों । उन्होंने कहा कि अगर हम यह कार्य

एकता प्रया...
गुट ने विफर...

अमृतसर, 5 फरवरी : सत्तारूढ़ अकाली अकाली गुटों में एकता के प्रयास को असफल के लिए गुरजीत सिंह वाले सिख छात्र संघ क ठहराया है ।

पंजाब के वित्तमंत्री बलवन्त सिंह उपसमिति के छः अन्य सदस्यों ने यहां सर्कट में सम्बाददाताओं से कहा कि गुरजीत गुट ने मुख्य ग्रंथियों से मिलकर एकीकृत अकाली सवाल पर स्पष्टीकरण देने से रोका है ।

श्री गुरजीत सिंह और सिख छात्र महासचिव स्वर्ण सिंह खालसा ने आज उपसमिति के कुछ सदस्यों को स्वर्ण मन्दिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी क्योंकि उन्हें पि...

Punjab Sangam

निरंकारी की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

कारंबाई में लगभग 2500 पंजाब पुलिस व सी.आर.पी. के जवान शामिल थे। तलाशियों के दौरान सारा यातायात और लोगों का आना-जाना तक बंद कर दिया गया था। पुलिस सूत्रों ने अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है कि तलाशी के दौरान उन्हें कोई अवैध हथियार या आतंकवादी हाथ लगे हैं या नहीं।

सुभाष चंद्र की अन्त्येष्टि

पुलिस लाइन के एक हैडकांस्टेबल और अतिरिक्त मंत्री सुभाष चंद्र का आज उनके पैतृक गांव काकी पिंड में पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्हें कल रात रामा मंडी क्षेत्र में दो आतंकवादियों ने गोली मार दी थी। वह पाकिस्तान से प्रशिक्षण प्राप्त दो आतंकवादी गरेंद सिंह और कुलविंदर सिंह को पीछा करके गिरफ्तार किए जाने के मामले में मुख्य गवाह था। उन दोनों आतंकवादियों को जालंधर पुलिस ने दिसम्बर 1985 में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि सुभाष चंद्र का नाम आतंकवादियों की हिट लिस्ट में था। हाल ही में उन्हें पनाह करके हैड कांस्टेबल बनाया गया था।

कर्फ्यू समाप्त

फगवाड़ा (लिलसा बोड़ा): यहां मंदिर के पुजारी की हत्या के बाद बिगड़े हालात बड़ी तेजी से सामान्य होते जा रहे हैं और प्रशासन ने कर्फ्यू समाप्त कर दिया है। आज कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। आज से तमाम स्कूल और कालेज भी खुल गए हैं। नगर में कोई तनाव नहीं है, फिर भी महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बल नजर रखे हुए हैं। विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेताओं ने लोगों को साम्प्रदायिक सद्भावना और शांति बनाए रखने की अपील की है।

20 रिहा

भटिंडा में हिरासत में लिए गए मिस छात्र संघ और एस.एफ.आई. के 20 कार्यकर्त्ताओं को आज छोड़ दिया गया।

आतंकवादी गिरफ्तार

तरनतारन से पाल के अनुसार उप पुलिस कप्तान श्री नरिन्दर पाल सिंह के निर्देश में गत रात पुलिस ने गांव मुरादपुर के निकट नाकाबंदी करके गांव कूला के निवासी जसबीर सिंह उर्फ जस्सा को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से पुलिस ने एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं।

प्रारंभिक पूछताछ के दौरान जसबीर सिंह ने हत्या तथा लूटमार की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इसने स्वीकार किया है कि बीरा तथा बिल्ला, जो इस समय पुलिस हिरासत में हैं, के साथ मिल कर इन्होंने पिछले वर्ष पट्टी के निकट एक बस कंडक्टर से 700 रुपए छीने थे, गांव जंडोके के एक ईंटों के भट्ठे से इसने 800 रुपए छीने थे। इसके अतिरिक्त इसने सरहाली के जोगा सिंह नामक व्यक्ति के घर से नकदी तथा आभूषण भी लूटे थे। जसबीर सिंह ने गांव बाठ के ईंटों के भट्ठे पर दो व्यक्तियों की तथा गांव थवां में भी उसने एक व्यक्ति की हत्या की थी।

धमकीपूर्ण पत्र

इस दौरान स्थानीय कुछ लोगों को धमकीपूर्ण पत्र तथा फोन मिल रहे हैं। इन धमकियों में एक निश्चित रकम की मांग की गई है तथा ऐसा न करने की सूरत में हत्या की धमकी दी जाती है।

2 रिवाल्वर बरामद

चंडीगढ़, 5 फरवरी (संघी): स्थानीय पुलिस ने यहां के सैक्टर 10 में एक युवक परमजीत सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 व 32 बोर के दो रिवाल्वर बरामद किए हैं।

पाक में

इस्लामाबाद
आतंकवादियों की
होता है कि पाकि
हुई हैं।

एक तरफ भ
पर तनाव कम क
उधर पाक की रा
उप-राष्ट्रीयतावाद
दक्षिण पंथियों ने
नेताओं के कुछ ब

ऐसे नेताओं
खान अब्दुल गफ्फा
भुट्टो, श्री अलतफ
शामिल हैं।

जमात के स
नेताओं की गतिवि
इनके विरुद्ध का
लियाकत बलोच ने
था कि वह भारत
तथा करांची के दं
था।

इसके प्रत्यु
हमीद जतोई ने कह
सूबों के सभी लोग
बंगालियों को गद्दार
बलोचों को भी गद्दा
प्रयास किया जा रह

चरण सिंह में सक्रिय

उन्नाव, 5
महामंत्री श्री अजीत
अध्यक्ष चौधरी चर
जाने के बाद भी सम
भाग नहीं ले सकेंगे

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

रजिस्ट्रेशन

सरकारी बोर्ड पटना से RMP रजिस्ट्रेशन हेतु प्रमाणपत्रों सहित मिलें। मैट्रिक बी.एस., बी. कॉम। अंतिम तिथि 15.2.87. गांधी वैटेरिनरी कालेज, नज़दीक लक्ष्मी सिनेमा, यमुनानगर।

कम्प्यूटर

Next Batch Starting 9.2.87 for Computer Courses in BASIC *COBOL *FORTRAN from 9.2.87. Sa Computer Centre, Hall Bazar, Amritsar.

पोल्ट्री

National Egg Co-ordination Committee Delhi egg rate for 5.2.87 Rs. 40/- per 100 eggs without trays.

आभूषण

चांदी साजवाद पायल, शकतला चैन की मशहूर दुकान–अब्दुलमल वीरभान सर्राफ, अटारी बाज़ार, जालंधर।

चिकित्सा

चेहरे पर कील, मुंहासे, छाइयां, सफेद दाग, बालों का झड़ना, चमड़ी रोग, मोटापा, पेशाब रोग, स्त्रियों-मर्दों के रोग का अचूक इलाज, रोग विवरण लिखें/ज्ञान वर्धक पुस्तक (नर-नारी) मुफ्त मंगवाएं। मिलें या लिखें :प्रकाश क्लीनिक, 7-D, हाल बाज़ार, अमृतसर-143006.

प्रवेश सूचना

Admission opens for JBT (Two years Matriculate eligible) (OT // LT (A)



दिन की है। सनटैक्स रियायती कीमत 153/
चंडीगढ़ :आज 6
जालंधर होटल।
लुधियाना :कल
घंटाघर से रेल लक
जालन्धर : परसों
पुरानी कचहरी के
अमृतसर :9.2.87
भंडारी पुल।

Punjabi Sahara

पुलिस अधीक्षक के सम्बन्धी सहित 3 की हत्या : सवा लाख रुपये लूटे

अमर शहीद भगत सिंह की बहन समेत कई घायल : बटाला में दुकान को आग लगा दी

घायल उग्रवादी चल बसा, दो अन्य भी मुठभेड़ में मरे

चंडीगढ़, 7 फरवरी (ह.स., वा.): थाना भोगपुर के गांव तलवंडी आबदार में उग्रवादियों ने आज रात जालंधर के एस.एस.पी. के रिश्तेदार 82 वर्षीय जमींदार बख्तावर सिंह की हत्या कर दी, जबकि उसकी पुत्रवधू गुरदेव कौर और शहीदे-आजम भगत सिंह की सबसे छोटी बहन श्रीमती शकुंतला को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

जालंधर जिला के ही चौगावां गांव में पिस्तौल लूटने आए उग्रवादियों ने गोली चला कर एक युवक कुलबीर सिंह को गम्भीर रूपसे घायल कर दिया ।

बलाचौर की जीनत पेपर मिल के कैशियर अशोक कुमार की हत्या करके आतंकवादी लगभग सवा लाख रु. लूट ले गए जबकि मिल की कार ताजेवाल के मंड क्षेत्र से बरामद हो गई है ।

मोगा में मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया घायल उग्रवादी जगतार सिंह उर्फ जग्गा आज लुधियाना में चल बसा ।

अमृतसर जिला के गांव फजलपुर में उग्रवादियों ने एक जमींदार को मार डाला जबकि मल्लियां गांव के बाहर सी.आर.पी. की गश्ती टुकड़ी पर हमला करने वाले उग्रवादियों में से एक मारा गया जबकि तीन अन्य भाग निकले। अमृतसर के बाजार ढोलन दास में उग्रवादियों ने एक सुनार को गोली मार कर जख्मी कर दिया ।

थाना बल्टोहा के रत्तोके गांव में एक उग्रवादी सी.आर.पी. के साथ मुकाबले में मारा गया ।

1 मरा, 2 घायल

जालन्धर (क) : गत आधी रात के बाद थाना भोगपुर के गांव तलवंडी आबदार में कुछ उग्रवादियों ने एक 82 वर्षीय जमींदार श्री बख्तावर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी, जबकि उसकी बहू श्रीमती गुरदेव कौर तथा उसकी माता श्रीमती शकुन्तला को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । दोनों घायलों को आज प्रातः सात बजे सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उनकी हालत खतरे में बताई गई है । श्री बख्तावर सिंह एस.एस.पी. जालन्धर श्री बी.एस. संधु के निकट के सम्बन्धी बताए गए हैं ।

श्रीमती शकुन्तला शहीद भगत सिंह की सब से छोटी बहन हैं । प्राप्त विवरण के अनुसार श्री बख्तावर सिंह अपने ट्यूबवैल पर बने रिहायशी मकान में रहते थे । गत दो दिन से उनकी बहू गुरदेव कौर की माता श्रीमती शकुन्तला अपनी लड़की को मिलने कालूवाल गांव से आई हुई थी । घर में इन तीनों के अलावा एक नौकर भी था, जबकि श्री बख्तावर सिंह की पत्नी श्रीमती सुरजीत कौर गत रात गांव से बाहर थी । उग्रवादी आधी रात के बाद आए और दरवाजा खटखटाया । दरवाजा खुलने पर वह अन्दर चले गए और उपरोक्त तीनों को सिर पर गोलियां मार कर फ़रार हो गए ।

रात-भर इस घटना का किसी को पता नहीं चला । प्रातः 6 बजे गांव के लोगों को पता चला तो वह इन तीनों को ट्रैक्टर ट्राली में यहां सिविल अस्पताल में ले आए । पुलिस को भी प्रातः 7 बजे के बाद ही सूचना मिल पाई बताई गई है । उच्च पुलिस अधिकारी तुरन्त यहां से तलवंडी आबदार मौके पर जांच के लिए चले गए ।

अभी तक यह निश्चित नहीं हो पाया कि यह घटना उग्रवादी है या निजी शत्रुता की किन्तु मृतक के कुछ सम्बन्धियों ने इसे निजी दुश्मनी का नतीजा बताया है । पुलिस ने इसे उग्रवादी घटना मानने से इंकार कर दिया ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जहां श्रीमती गुरदेव कौर और उसकी माता श्रीमती शकुन्तला देवी को 12 बोर के कारतूस मार कर घायल किया गया, वहां श्री बख्तावर सिंह को किसी लोहे या लकड़ी की मोटी वस्तु से सिर व छाती आदि में चोटें मारी गईं ।

पुलिस के अनुसार तीन व्यक्तियों के घर में

(शेष पृष्ठ 12 पर)



(1) जालन्धर के पुलिस अधीक्षक के सम्बन्धी बख्तावर सिंह, जिन को भोगपुर में गोली मार कर हत्या कर दी, (2) अमर शहीद भगत देवी तथा (3) बख्तावर सिंह की पुत्र वधु गुरदेव कौर जो गो (4) बलाचौर की जीनत पेपर मिल का कैशियर अशोक शर्मा उग्रवादी सवा लाख रु. लूट ले गए, (5) घटनास्थल पर बिखरा खून, उग्रवादी भागे और ताजेवाला के मंड क्षेत्र में इसे छोड़ गए, (7) जीन



अमृतसर का बैजनाथ जिसे ढोलन दास बाज़ार में उग्रवादियों ने घायल

सिंह साहिबान द्वारा बरनाला अकाली दल की अपील रद्द

अमृतसर, 7 फरवरी (ह.स.): पांच सिंह साहिबान ने आज लोंगोवाल अकाली दल की उस अपील को अस्वीकार कर दिया है, जिसमें उनसे आग्रह किया गया था कि वे विभिन्न अकाली दलों को भंग कर एक नए 'शिरोमणि अकाली दल' के गठन के बारे में लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार करें ।

अकाली दल भंग नहीं किए

आज यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पांचों सिंह साहिबान ने, जिनका नेतृत्व अकाल तख्त के जत्थेदार श्री दर्शन सिंह कर रहे थे, कहा कि "उन्होंने विभिन्न अकाली दलों को भंग नहीं किया है ।"

उन्होंने कहा कि उन्होंने तो विभिन्न अकाली धड़ों में आनंदपुर साहिब प्रस्तावों के अनुरूप एकता लाने के लिए निर्णय लिया था ।

उन्होंने कहा कि उन्होंने तो शिरोमणि अकाली दल का मार्ग दर्शन करने वाले नेताओं को ही बदला है ।

सिंह साहिबान ने कहा कि सत्तारूढ़ अकाली दल ने कल चंडीगढ़ में अपनी बैठक में जिस प्रकार के 'संदेह' प्रकट किए थे, वह बेबुनियाद हैं । अतः

अकाल तख्त के हकमनामा का उल्लंघन कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि वर्तमान अकाली सरकार ने आनंदपुर साहिब प्रस्ताव को चुनाव प्रचार का आधार बनाया था और इसी आधार पर वह सत्ता में आई थी । लेकिन आज वही नेता अकाली दल के संविधान को 'राष्ट्र विरोधी और पृथकतावादी' बता रहे हैं । उनकी राय में ये नेता पंथ और देश के प्रति वफ़ादार नहीं हैं ।

उन्होंने दोहराया कि अकाल तख्त का फैसला राष्ट्रविरोधी नहीं बल्कि सिख पंथ की मर्यादा बनाए रखने के लिए है ।

'बिप्र' के अनुसार आज दरबार साहब परिसर में संवाददाता सम्मेलन को अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह खालसा के अलावा दरबार साहब के

(शेष पृष्ठ 12 पर)

छोटी सी बात

रंगा

कांग्रेस अशक्त होती जा रही है । एक दिन इसका अस्तित्व

गोरखों के लिए अलग राज

दार्जिलिंग, 7 फरवरी : प्रधानमंत्री श्री राजीव

की कोई गारंटी दी जा सकती है । उन्होंने कहा कि

मुख्यमंत्री ने इनकी पू

Punjabi Bhawan

सहित
ये लूटे
आग लगा दी
ड़ में मरे

लिस को भी प्रातः 7 बजे के
ताई गई है । उच्च पुलिस
ल्वंडी आबदार मौका पर

चत नहीं हो पाया कि यह
शत्रुता की किन्तु मृतक के
निजी दश्मनी का नतीजा
उग्रवादी घटना मानने से

कि जहां श्रीमती गुरदेव
मती शकुन्तला देवी को
र घायल किया गया, वहां
लोहे या लकड़ी की मोटी
में चोटें मारी गईं ।
न व्यक्तियों के घर में
12 पर)

रनाला
न रद्द

का उल्लंघन कर रहे
न अकाली सरकार ने
चुनाव प्रचार का आधार
र पर वह सत्ता में आई
नेता अकाली दल के
और पृथकतावादी' बता
ा पंथ और देश के प्रति

काल तख्त का फैसला
पंथ की मर्यादा बनाए

दरबार साहब परिसर में
काल तख्त के जत्थेदार
लावा दरबार साहब के
2 पर)



(1) जालन्धर के पुलिस अधीक्षक के सम्बन्धी बख्तावर सिंह, जिनकी उग्रवादियों ने शनिवार को भोगपुर में गोली मार कर हत्या कर दी, (2) अमर शहीद भगत सिंह की बहन शकुन्तला देवी तथा (3) बख्तावर सिंह की पुत्र वधु गुरदेव कौर जो गोलियों से घायल हो गईं, (4) बलाचौर की जीनत पेपर मिल का कैशियर अशोक शर्मा जिसकी हत्या करके उग्रवादी सवा लाख रु. लूट ले गए, (5) घटनास्थल पर बिखरा खून, (6) मिल की कार जिसमें उग्रवादी भागे और तरजाला के मंड क्षेत्र में इसे छोड़ गए, (7) जीनत पेपर मिल का दृश्य ।
(छाया : कपूर, प्रद्युम्न)



अमृतसर का बैजनाथ जिसे ढोलन दास बाज़ार में उग्रवादियों ने घायल कर दिया (छाया :भंडारी)

Punjabi Sanatani

इं
स
हैडग्र
सिंह

चंडीगढ़, 7
विधायक दल की
ने देश की एकत
मुख्यमंत्री श्री सु
साहसिक स्टैंड क
यदि बरनाला
विरोधी शक्तियां
दृढ़ रही तो इंका

आज यहां एक
कि उग्रवादियों के
अकाली दल के ब
षड़यंत्र है । उन्हें
बल्कि पंजाब के
खतरनाक है ।
धर्म निरपेक्ष
पृथकतावादियों

अकाली
पंथक क

चंडीगढ़, 7
(लौंगोवाल) के
सदस्य तथा जिला
हंगामी बैठक में पा
तख्त के जत्थेदार
किया गया कि वह
बयान के बारे में
बताएं ताकि सभी
सकें ।

प्रस्ताव में क
बयान अकाल तख्त
इसलिए वक्त का
खालसा इसके बा
करें ।

प्रस्ताव में प्रो

खों के लिए अलग राज्य नहीं : र

प्रधानमंत्री श्री राजीव । की कोई गारंटी दी जा सकती है । उन्होंने कहा कि । प्रधानमंत्री ने दिल्ली

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रवेश करने का पता चला है, जिन्होंने पहले श्री बख्तावर सिंह पर हमला किया और जब दोनों महिलाओं ने शोर मचाने की कोशिश की तो उन्हें गोली मार दी गई ।

श्री बख्तावर सिंह के शव का पोस्टमार्टम कर उसे उसके परिवार के हवाले कर दिया गया ।

गोली मार कर घायल कर दिया

गत रात 8.30 बजे के लगभग निकट के गांव चौगावां में चार उग्रवादियों ने महेन्द्र सिंह के 18 वर्षीय लड़के कुलबीर सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया और फ़रार हो गए । कुलबीर सिंह को रात ही सिविल अस्पताल जालन्धर में दाखिल कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार महेन्द्र सिंह का परिवार अपने घर के एक कमरे में टी.वी. देख रहा था कि अनुमानित चार व्यक्तियों ने घर में प्रवेश कर उस कमरे का दरवाज़ा बाहर से कुंडा लगा कर बंद कर दिया और खिड़की में लगी जाली में से आवाज़ देकर कहा कि वह अपना पिस्तौल उनके हवाले कर दें ।

जब घर के लोगों ने हलचल की और ज़ोर-ज़ोर से पूछा कि वह कौन हैं और साथ ही कुलबीर सिंह खिड़की में से झांकने के लिए उठा तो बाहर से गोली चला दी गई, जो कुलबीर के सिर में लगी । इसके बाद कथित उग्रवादी फ़रार हो गए । पुलिस ने केस रजिस्टर कर जांच शुरू कर दी है ।

एक सूचना में कहा गया है कि उत्तम सिंह, एक निहंग संतोख सिंह और नौकर कुलबीर सिंह घर में बैठे टी.वी. देख रहे थे । गली में इकट्ठे उग्रवादियों ने कमरे की जाली में से उत्तम सिंह को अपना रिवाल्वर उनके हवाले करने को कहा । इस पर निहंग सिंह ने कुलबीर को उसका बर्छा लाने के लिए कहा । इससे पहले कि निहंग उग्रवादियों पर हमला करता, जाली में से सब कुछ देख रहे उग्रवादियों ने गोली चला दी, जो कुलबीर को लगी और भाग निकले । कुलबीर की दशा नाज़क है ।

घायल उग्रवादी चल बसा

मोगा (ह.स.): यहां एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए गए घायल आतंकवादी जगतार सिंह उर्फ़ जग्ग की कल रात लुधियाना के अस्पताल में मृत्यु हो गई । यह सूचना आज पुलिस सूत्रों ने दी । 'बी' श्रेणी के आतंकवादी जगतार सिंह का शव पोस्ट मार्टम के लिए यहां लाया गया है ।

छापे

इस बीच पुलिस ने बाघापुराना सब-डिवीजन के छः गांवों में आतंकवादियों की तलाश का अभियान चलाया, लेकिन अभी तक न तो कोई आतंकवादी पकड़ा गया है और न ही हथियार बरामद हुए ।

जमींदार की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): थाना वैरोवाल क्षेत्र के गांव फ़ज़लपुर के एक जमींदार धर्म सिंह की चार उग्रवादियों ने उनके घर में घुस कर हत्या कर दी । अभी यह पता नहीं चल सका कि धर्म सिंह की हत्या निजी दुश्मनी के कारण की गई है या इसमें उग्रवादियों का हाथ है ।

धर्म सिंह की हत्या की जिम्मेदारी 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के स्वयंभू चीफ लाभ सिंह ने अपने ऊपर ली है ।

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा

आज प्रातः 5.30 बजे के लगभग थाना जंडियाला के निकट भल्लियां के बाहर गश्त कर रही सी.आर.पी.एफ. की एक पार्टी पर उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला कर दिया । जवाबी फ़ायरिंग से उग्रवादी मारा गया जबकि तीन अन्य भाग निकले । 25-26 वर्ष के मृत उग्रवादी से एक राईफल और तीन गोलियां बरामद हुई हैं ।

गोली मार कर घायल कर दिया

आज दोपहर डेढ़ बजे अमृतसर के आंतरिक क्षेत्र बाज़ार ढोलन दास में एक सुनार बैजनाथ(55) को दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर लूटना चाहा । इस पर बैजनाथ दुकान से निकल कर भागने लगा तो उग्रवादियों ने उस पर गोली चला दी, जो उसके गले के नीचे लगी । इतनी देर में बाजार में शोर मच गया और उग्रवादी गोलियां चलाते हुए भाग निकले । बैजनाथ को यहां सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

बसें चलने पर प्रतिबंध

अमृतसर के ज़िला मैजिस्ट्रेट ने सायं 6 से प्रातः 6 बजे तक ज़िला में बसें चलने पर प्रतिबंध लगा दिया है । यह पाबंदी 20 फरवरी तक जारी रहेगी ।

उग्रवादी मरा

जिला अमृतसर के वल्टोहा थानांतर्गत गांव रत्तौके में आज तीसरे पहर उग्रवादियों और सी.आर.पी. के बीच मठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । बताया जाता है कि सी.आर.पी. की एक पार्टी यह सूचना मिलने पर कि एक दर्दांत उग्रवादी मुचल गांव से रत्तोके गई एक बारात के साथ है, गांव में गई । जब सी.आर.पी. वहां उग्रवादी को तलाश कर रही थी तो दो संदिग्ध उग्रवादियों ने सी.आर.पी. पर गोली चला दी । इस पर सी.आर.पी. ने जवाबी फायरिंग की जिससे एक उग्रवादी मारा गया जबकि दूसरा भाग गया ।

मृत उग्रवादी से एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस मिले ।

स्कूटर छीना

होशियारपुर (अश्विनी): निकटवर्ती गांव जलोवाल के निकट तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने डाक्टर रोशन लाल का स्कूटर पी.ए.ओ. 414 पिस्तौल की नोक पर छीन लिया और फ़रार हो गए । सूचना मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

मोहाली (नर्बदा): तीन अज्ञात लोगों ने यहां के गांव भैणी में एक ठेके से 1800 रुपए और 10 बोतलें शराब लूट ली । बताया जाता है कि लुटेरे पैदल आए और फ़रार हो गए ।

स्कूटर छीना

फगवाड़ा से अशोक कौड़ा ने खबर दी है कि निकटवर्ती गांव कोटरानी में दो संदिग्ध युवकों ने एक व्यक्ति सुरजीत सिंह से उसका स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन लिया और अंधेरे में ग़ायब हो गए ।

लोहा चुरा लिया : फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव चाचोकी के एक कारखाने से 7 मन कच्चा लोहा चुरा लिया गया है । थाना सदर ने इस बारे रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

मिल के कैशियर की हत्या, 1.25 रु. छीने

बलाचौर (सुभाष, जोशी): आज स्थानीय ज़ीनत पेपर मिल्स के कैशियर अशोक शर्मा की उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । उससे लगभग सवा लाख रुपए छीन लिए । उग्रवादी मिल की वह कार भी ले गए जिस पर कैशियर बैंक से कैश लेकर वापिस आ रहा था । इस संदर्भ में बताया गया है कि ज़ीनत पेपर मिल्स का कैशियर अशोक शर्मा स्टेट बैंक आफ़ पटियाला आसरू ब्रांच से एक लाख से अधिक रकम निकलवा कर कार पर वापिस मिल की ओर आ रहा था कि मिल के निकट ही कार को दो उग्रवादियों ने रोका । इन युवकों ने पूछा कि मिल का खज़ांची कहां है । अशोक ने जब कहा कि मैं ही खज़ांची हूं, तो उग्रवादियों ने उस पर गोली चला दी । कार ड्राइवर यह देख कर भाग गया, बाद में उग्रवादी कार सहित कैश का बैग उड़ा ले गए ।

यह भी पता चला है कि खज़ांची मिल के एक लाख रुपए के अतिरिक्त कुछ कर्मचारियों का वेतन भी निकलवा कर लाया था । आक्रमणकारी उग्रवादी 22-23 साल की आय के थे । उनमें से एक के पास पिस्तौल था और दूसरे के पास स्टेनगन थी ।

कार बरामद

सूचना मिलते ही पुलिस और सी.आर.पी. घटनास्थल पर पहुंच गई । बताया जाता है कि घटना के 30-40 मिनट के बाद पेपर मिल की कार सी.एच.डब्ल्यू. 5354 घटनास्थल से 8 कि.मी. दूर ताजेवाला के मंड में बरामद कर ली गई । पुलिस और सी.आर.पी. ने ताजेवाला मंड को घेर लिया है ।

हमारे सम्वाददाता प्रद्युम्न ने घटनास्थल से लौटने के बाद बताया कि घटना के बाद मृतक अशोक शर्मा की लाश रोपड़ लाई गई । जहां पोस्ट मार्टम के बाद उसे उसके अभिभावकों के हवाले कर दिया गया । घटना के संदर्भ में बताया गया है कि कार जब मिल से 200 गज दूर रह गई तो सड़क पर खड़े दो सिख युवकों ने कार रुकवा ली । उग्रवादियों ने जब अशोक कुमार पर गोलियां चलाईं तो कार का शीशा टूट गया और गोली उनके सिर पर लगी । पुलिस ने इस सम्बन्ध में चार युवकों को हिरासत में लिया है । आस-पड़ोस के लोगों ने बताया कि खजांची के हत्यारे दो-तीन दिन से इधर चक्कर लगा रहे थे ।

बैंक के मैनेजर ने बताया कि मृतक मथुरा (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था । वह बलाचौर के निकट तोना में रहता था । उसका एक दो वर्ष का बच्चा भी है । यह भी बताया गया है कि खजांची प्रायः हर रोज बैंक से कैश लेने जाया करता था । हर रोज सुरक्षा गार्ड उसके साथ जाता था । मगर आज वह बिना सुरक्षा गार्ड से गया और मारा गया । ड्राइवर परमजीत सिंह उग्रवादियों को देखते ही फरार हो गया था ।

पैट्रोल पंप लूटा

पुलिस सूत्रों के अनुसार दो स्कूटर सवार युवकों ने गत रात गोराया पुलिस थानांतर्गत गांव चक देसराज में एक पैट्रोल पंप से आठ सौ रुपए लूट लिए ।

दुकान को आग लगा दी

बटाला (ह.स.): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात यहां जिलागढ़ मार्केट में एक दुकान को आग लगा दी । दमकल कर्मचारियों ने आग पर फ़ौरन काबू पा लिया ।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और इस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है ।

24 हिरासत में

कपूरथला (शर्मा): पुलिस अधीक्षक श्री के.एल. लेखी ने आज यहां बताया कि पुलिस ने चार देहात में घर-घर की तलाशी लेने के बाद 24 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया । पुलिस और सी.आर.पी.एफ. ने शहर की नाकाबंदी करके मोटर गाड़ियों की पूरी तरह चैकिंग की ।

35 वर्ष बाद महिला की श्रवण शक्ति लौटी

अचेन (प. जर्मनी), 7 फरवरी (डी.पी.ए.): यहां की एक महिला पैंतीस वर्ष के बाद पुनः सुनने लगी है । यह चमत्कार यहां के एक चिकित्सालय में डाक्टरों द्वारा किए गए आपरेशन से घटित हुआ है ।

अलग गोरखा राज्य नहीं

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिल बैठ कर विचार-विमर्श कर सकते हैं ।"

यह पूछे जाने पर कि क्या गोरखा आंदोलन पंजाब के समान गंभीर है, प्रधानमंत्री ने कहा कि "सवाल आकार का नहीं । इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गोरखा समस्या को बातचीत के ज़रिए सुलझाया जा सकता है ।"

राजीव ने हिटलर की दूरबीन से हिमालय को देखा

दार्जीलिंग, 7 फरवरी (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज ऐतिहासिक महत्व की दूरबीन से कंचनजंगा और हिमालय क्षेत्र की अन्य ऊंची चोटियों को देखा ।

जर्मनी में बनी यह दूरबीन नाजी नेता हिटलर की सम्पत्ति थी, जिसे, उन्होंने 20वीं सदी के शुरू में नेपाल नरेश राणा को भेंट किया था । बाद में नेपाल नरेश ने इसे भारतीय पर्वतारोहण संस्थान को भेंट में दे दिया था जिसे एवरैस्ट विजेता तेनजिंग नोर्गे ने स्थापित किया था ।

आसमान साफ होने के कारण हिममंडित चोटियों की बांध लेने वाली छटा देखने में प्रधानमंत्री को कोई अड़चन नहीं पड़ी । संस्थान के प्रधानाचार्य कर्नल अमित राय ने श्री गांधी को हिमालय की पहाड़ियों की चोटियों की जानकारी दी ।

दर्शन सिंह को चुनौती

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री सिंह ने श्री बरनाला से अपील की कि वह अकाल तख्त के कठपुतली ग्रंथियों के आगे घुटने नहीं टेकें और पंजाब की कानून व्यवस्था को सुधारने में कठोरता एवं दृढ़ता से कदम उठाएं । उन्होंने ग्रंथियों द्वारा उग्रवादी सिमरन जीत सिंह को अकाली दल का अध्यक्ष बनाने के निर्णय की आलोचना करते हुये कहा कि इससे सम्पूर्ण सिख पंथ को क्षति पहुंचेगी, इसकी कल्पना ये ग्रंथी नहीं कर रहे हैं उसके लिये इतिहास इन्हें कभी माफ नहीं करेगा ।

5 लाख रुपए की मारफीन बरामद

बम्बई, 7 फरवरी (वार्ता): केन्या के दो नागरिकों को यहां सहार हवाई अड्डे पर कल गिरफ्तार किया गया क्योंकि वे अपने सूटकेसों के तलों में मारफीन छुपा कर लाए थे । बरामद मारफीन की कीमत लगभग पांच लाख रुपए है ।

सिपाही द्वारा 2 सिपाहियों की हत्या

अहमदाबाद, 7 फरवरी : शहर के शाहीबाग इलाके में चम्पुरा मोहल्ले में राज्य रिजर्व पुलिस के एक कांस्टेबल ने अपने दो साथी कांस्टेबलों की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या का कारण अभी ज्ञात नहीं हुआ है ।

सिंह साहिबान द्वारा अपील रद्द

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुख्यग्रंथी ज्ञानी पूरन सिंह, केशगढ़ साहब के जत्थेदार भाई शविंदर सिंह, दमदमा साहब के जत्थेदार भाई जसवंत सिंह तथा अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी भाई कश्मीर सिंह ने संबोधित किया । उन्होंने कहा कि श्री बरनाला ने केंद्र सरकार की कठपुतली बनकर अकाल तख्त का आदेश नहीं माना ।

सिंह साहिबान ने इन आरोपों को भी निराधार बताया कि वह उग्रवादियों के प्रभाव में हैं । उन्होंने कहा कि उन्होंने अकाली विधायकों तथा सांसदों से कल शाम पांच बजे तक 'एकीकृत अकाली दल' को मान्यता देने को कहा है न कि उनसे त्यागपत्र मांगे हैं ।

सत्तारूढ़ अकाली दल द्वारा अपनी बैठक में पारित प्रस्तावों में जो संदेह उठाए गए थे उनका स्पष्टीकरण देते हुए सिंह साहिबान ने कहा कि उन्होंने श्री बरनाला को पार्टी को भंग करने के लिए नहीं कहा था बल्कि उनसे यह कहा था कि जब तक

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का सुभाष चन्द्र, उम्र 33 वर्ष, कद 5 फुट 6 इंच, गहरे रंग की पैंट, क्रीम रंग की शर्ट, ब्लयू लाइन कोट पहने हुए, फ्रैंच कट दाढ़ी, 26 जनवरी 1987, को सुबह 7 बजे से गुम है । पढ़े तो खुद चला आए । घर वाले बहुत परेशान हैं । सूचना देने वाले को अलावा खर्च 500 रुपए शुक्राना दिया जाएगा ।

टेक चन्द, मकान नं. 92,
कृष्णा कालोनी, लाहौरी गेट, पटियाला

Punjabi Sanatani

पंजाब में न्यायिक मैजिस्ट्रेट, डी.एस.पी., 2 उग्रवादियों समेत 8 मरे

रैय्या में डी.एस.पी. हरपाल सिंह और बेटे की उनके घर में हत्या, दूसरा बेटा सख्त घायल

जालन्धर के जोधसिंहवाला गांव में श्रमिक की हत्या कर भाग रहा उग्रवादी मारा गया

मोगा में भरी अदालत में मैजिस्ट्रेट एच. आर. कौशिक को गोली मार दी गई

'शहीदे-आज़म भगत सिंह की घायल भांजी दम तोड़ गई, अरूढ़ सिंह की गिरफ़्तारी की पुष्टि, बिजली कार्यालय से 20 हज़ार लूटे

चंडीगढ़, 9 फरवरी (ह.स., वा.): पंजाब में कल रात और आज तड़के एक न्यायिक मैजिस्ट्रेट, पुलिस के डी.एस.पी. और दो आतंकवादियों सहित 8 व्यक्ति मारे गए ।

शहीदे आजम भगत सिंह की भांजी श्रीमती गरदेव कौर की आज सुबह लुधियाना के अस्तपाल में मत्यु हो गई । वह गत शुक्रवार को आतंकवादियों की गोलियों से घायल हो गई थी ।

पुलिस के डी.एस.पी. 50 वर्षीय हरपाल सिंह और उनके पुत्र गुरमीत सिंह की कल रात बब्बर खालसा के आतंकवादियों ने अमृतसर जिले के रैया में गोली मार कर हत्या कर दी । उनका 16 वर्षीय छोटा लड़का भूपिंद सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया । श्री हरपाल सिंह बाबा बकाला में तैनात थे । उग्रवादियों की शिनाख्त हो गई है । दसूहा के गांव रामपर बडला के बिजली बोर्ड कर्यालय में 20 हजार रुपए लूट लिए गए ।

मोगा के प्रथम श्रेणी न्यायिक मैजिस्ट्रेट श्री एच.आर. कौशिक की उग्रवादियों ने अदालत के कमरे में घुस कर हत्या कर दी ।

अमृतसर जिले के कोट बुड्ढा गांव के पास कल रात सरक्षा बल के साथ मुठभेड में एक आतंकवादी मारा गया ।

जालन्धर जिले के जोधसिंहवाला गांव के पास दो आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश के मजदूरों की एक टोली पर गोली चलाई । एक मजदूर मारा गया । मजदूरों ने उनका पीछा किया और एक आतंकवादी को पकड़ने के बाद उसे पीट-पीट कर मार डाला ।

इस बीच पंजाब पुलिस के महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो ने आज बताया कि पुलिस और सुरक्षा बल ने परे राज्य में महिम छेड़ दी है । उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में एक दर्जन से ज्यादा कुख्यात आतंकवादी और 40 अन्य गिरफ्तार हुए हैं ।

पुलिस ने आज तड़के लुधियाना के पास लाढोबाल रेलवे स्टेशन पर पटरी के पास बम जैसी दो चीजें बरामद कीं । विस्फोटक विशेषज्ञों को बुला लिया गया है ।

धुरी थाना के समुंदगढ़ चन्ना गांव की हरिजन बस्ती में मोटर साईकल सवार चार उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि 3 अन्य को गम्भीर घायल कर दिया ।

डी.एस.पी. और बेटे की हत्या

अमृतसर (अ.सो): पंजाब पुलिस के एक उप-अधीक्षक हरपाल सिंह और उनके पत्र गुरमीत सिंह की कुछ आतंकवादियों ने अमृतसर जिले के रैय्या स्थित उनके सरकारी निवास पर गोलियों से हत्या कर दी । पुलिस अधिकारी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनका पत्र अमृतसर के एक अस्पताल में चल बसा । श्री सिंह का एक और पत्र भी इस हमले में घायल हो गया, लेकिन प्राप्त समाचारों के अनुसार उनकी दशा खतरे से बाहर है ।

जालन्धर क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक पी.सी. डोगरा आज सुबह घटनास्थल के लिए रवाना हो गए ।

कल रात लगभग साढ़े 12 बजे 6 उग्रवादी अमृतसर-जालन्धर राजकीय मार्ग पर स्थित श्री हरपाल सिंह के घर गए । निकट से लकड़ी की एक सीढ़ी उठा कर उन्होंने श्री हरपाल सिंह के पड़ोस में बने एक कच्चे मकान के साथ लगा ली । 4 उग्रवादी सीढ़ी द्वारा छत पर चले गए जबकि एक अन्य ने छोटी दीवार फांदी और मकान में घस गया । उग्रवादियों ने चौबारे में सो रहे श्री हरपाल सिंह और उनके बेटे पर खिड़की में से थामसन गन और स्टेनगनों द्वारा गोलियों की बौछार कर दी । इसी दौरान एक आतंकवादी ने इस कमरे के बाईं ओर बने बरामदे में सो रहे श्री हरपाल सिंह के बड़े बेटे गुरमीत सिंह को गम्भीर घायल कर दिया । यह सारी कार्रवाई केवल 2 मिनट तक चली । आतंकवादी उसी सीढ़ी के सहारे नीचे उतरे और भाग निकले ।

उग्रवादियों द्वारा चलाई गई गोलियां श्री हरपाल सिंह के सिर और छाती में लगीं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । उनके छोटे बेटे 16 वर्षीय भूपेंद की बाईं टांग में गोली लगी है । गुरमीत की छाती और ऊपरी हिस्से में गोलियां लगीं और उसने यहां अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

घायल होने के बावजूद साहस

श्री हरपाल सिंह के बड़े लड़के गुरमीत ने घायल होने के बावजूद बड़ी हिम्मत से काम लिया और उग्रवादियों के जाने के बाद पिता के शयन कक्ष से होता हुआ साथ वाले कमरे में गया जहां उसकी 21 वर्षीय बहन भीनी सो रही थी । उसने बहन ने लेकर पानी पिया और बाकिस पिता के शयन कक्ष में आकर टैलीफोन द्वारा व्यास थाने को सूचना दी । पुलिस आध घंटे में घटनास्थल पर पहुंच गई । घायल गुरमीत और भूपेंद्र सिंह को रात 2 बजे अमृतसर अस्पताल पहुंचाया गया । अस्पताल में गुरमीत ने दम तोड़ दिया ।

हमलावरों की शिनाख्त

बताया जाता है कि यह उग्रवादी बब्बर खालसा से सम्बद्ध थे और इनकी शिनाख्त हो चुकी है । पुलिस और सी.आर.पी. की 16 कम्पनियां निकटवर्ती क्षेत्र की छानबीन कर रही हैं, लेकिन अभी तक घटना में सलिप्त कोई उग्रवादी नहीं पकड़ा गया । घटनास्थल पर जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. पी.सी. डोगरा, सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. एस.एस. विर्क तथा अमृतसर के एस.एस.पी. इज़हार आलम के अलावा कई वरिष्ठ अधिकारी जांच कर रहे हैं ।

श्री हरपाल सिंह की छोटी बेटी भीनी, जो बी.ए.बी.एड. है, ने करुण क्रंदन करते हुए बताया कि वह घर में अपने पिता और दो भाइयों के साथ थी जबकि उसकी माता श्रीमती परमजीत कौर सुनाम के उनके पैतृक गांव में ज़मीन की देखरेख करती हैं । उसने बताया कि उसके पिता इस घर में गत अढ़ाई वर्ष से रहते थे । वह एक महीना पहले ही सुनाम से यहां आई थी, जबकि उसका भाई गुरमीत एक दिन पहले ही सुनाम से उनके पास आया था और पुलिस में वायरलैस ट्रेनिंग पर जाने की तैयारी में था ।उनके 3 भाई और दो बहनें थीं । एक बड़ा भाई और बड़ी बहन शादी-शुदा हैं ।

रैय्या कैनाल रैस्ट हाऊस, जहां से उग्रवादियों की तलाश के अभियान का सचालन हो रहा है, में उपस्थित श्री डोगरा ने बताया कि इस घटना में बब्बर खालसा का हाथ है । उन्होंने कहा कि बब्बर खालसा के अधिकांश सदस्य पुलिस की हिरासत में हैं, जबकि इसके कुछ बौखलाए हुए अन्य सदस्यों ने यह कृत्य किया है ताकि पुलिस को हतोत्साहित किया जा सके । 6 उग्रवादियों के नामों से ब्यास थाना में केस दर्ज कर लिया गया है । उन्होंने इनके नाम बताने से इन्कार कर दिया । एस.एस.पी. इज़हार आलम ने बताया कि उग्रवादियों ने इस घटना में एफ.सी.-61 थामसन सब-मशीनगन, 9 एम.एम. स्टेनगन और 32 बोर के रिवाल्वर का प्रयोग किया । घटनास्थल से इन हथियारों के 40 खोल बरामद हुए हैं । उन्होंने कहा कि उग्रवादियों का हमला बहुत योजनाबद्ध था । सम्भवतः उन्हें यह भी मालूम था कि श्री हरपाल सिंह किस चारपाई पर सोए हैं और उनका सिर किस ओर है तथा उनके बेटे कहां सोए हुए हैं। उग्रवादियों नेश्री हरपाल सिंह के सिर को ही निशाना बनाया ।.श्री हरपाल सिंह ने कोई भी सुरक्षा गार्ड लेने से इन्कार कर रखा था और उनका कहना था कि "उनकी मौत को कोई भी सुरक्षा नहीं रोक सकेगी ।" श्री आलम ने बताया कि कुछ समय पहले श्री हरपाल सिंह को बब्बर खालसा वालों ने जान से मारने की धमकी दी थी । उन्होंने बताया कि पुलिस और सुरक्षा बल आधे घंटे के अन्दर घटनास्थल पर पहुंच गए, लेकिन उग्रवादियों के पास भागने के लिए यही समय काफी था । श्री हरपाल सिंह सोते समय सिरहाने स्टेनगन और दोनाली रखते थे, लेकिन उन्हें अपने हथियार उठाने का मौका ही नहीं मिला । पड़ोसियों ने बताया कि उन्होंने रात को कुछ आवाजें सुनीं थीं, लेकिन वह समझे कि कोई दुकानदार अपना सामान उथल-पुथल कर रहा है ।

'प्रेम मेहरा' के अनसार रैय्या सी.आर.पी.एफ. के डिप्टी सैक्टर कमांडैंट श्री रावत ने बताया कि घटना से कुछ समय पहले ही सी.आर.पी. एफ. की टुकड़ी बस स्टैंड से रैस्ट हाऊस की तरफ गई थी । इसी दौरान उग्रवादियों ने यह घटना कर दी । कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है । बताया जाता है कि श्री हरपाल सिंह का कुछ समय पहले तबादला हो गया था, लेकिन उन्होंने अभी चार्ज नहीं छोड़ा था । श्री हरपाल सिंह की विशेष सुरक्षा गार्द रात को उनके निवास पर नहीं रहती थी ।

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के कई राजनीतिक नेता घटनास्थल पर पहुंच गए, इनमें जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल, जत्थेदार सोहन सिंह जलाल उस्मान तथा नोटीफाइड एरिया कमेटी के प्रधान अमरीक सिंह भी शामिल थे ।

उग्रवादी मरा

अमृतसर जिले के कोट बुड्ढाधाई गांव में रात साढ़े ग्यारह बजे के लगभग एक आतंकवादी सुरक्षा कर्मियों की गोली से मारा गया । गांव में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल और पुलिस के एक गश्ती दल ने दो आतंकवादियों से ठहरने को कहा । जब वे लोग नहीं

(शेष पृष्ठ 8 पर)



अब बरनाला जानें या अकाल तख्त, हम अकाल तख्त से टक्कर नहीं लेंगे : संधू

चंडीगढ़, 9 फरवरी (वि.प्र.): पंजाब के कृषिमंत्री श्री हरभजन सिंह संधू ने घोषणा की है कि वह पार्टी प्रधान श्री बरनाला के निर्देश पर अकाली दल (लौं) की मेंबरशिप अकाल तख्त के जत्थेदार को नतमस्तक होंगे तथा वह जो भी आदेश देंगे, हम उसके पाबंद होंगे । यदि इस बात को श्री बरनाला नहीं मानते तो यह उनकी मर्जी है, अब इस बारे श्री बरनाला जानें या अकाल तख्त, हम अकाल तख्त से

हमारी पार्टी अब भी कायम है, संधू ने अधिकार का अतिक्रमण किया : बरनाला

चंडीगढ़, 9 फरवरी (वि.प्र.): पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने घोषणा की है कि अकाली दल (ल) अब भी कायम है । इस पार्टी

करके यह घोषणा की कि मैं अकाली दल (ल) को अकाल तख्त के सुपुर्द कर आया हूं ।

श्री बरनाला ने कहा कि श्री संधू को सिंह

Punjab Sanatani

पंजाब में न्यायिक मैजिस्ट्रेट, डी.एस.पी., 2 उग्रवादियों समेत 8 मरे

रैय्या में डी.एस.पी. हरपाल सिंह और बेटे की उनके घर में हत्या, दूसरा बेटा सख्त घायल

जालन्धर के जोधसिंहवाला गांव में श्रमिक की हत्या कर भाग रहा उग्रवादी मारा गया

मोगा में भरी अदालत में मैजिस्ट्रेट एच. आर. कौशिक को गोली मार दी गई

शहीदे-आज़म भगत सिंह की घायल भांजी दम तोड़ गई, अरूढ़ सिंह की गिरफ़्तारी की पुष्टि, बिजली कार्यालय से 20 हज़ार लूटे

चंडीगढ़, 9 फरवरी (ह.स., वा.): पंजाब में कल रात और आज तड़के एक न्यायिक मैजिस्ट्रेट, पुलिस के डी.एस.पी. और दो आतंकवादियों सहित 8 व्यक्ति मारे गए ।

शहीद आज़म भगत सिंह की भांजी श्रीमती गुरदेव कौर की आज सुबह लुधियाना के अस्पताल में मृत्यु हो गई । वह गत शुक्रवार को आतंकवादियों की गोलियों से घायल हो गई थी ।

पुलिस के डी.एस.पी. 50 वर्षीय हरपाल सिंह और उनके पुत्र गुरमीत सिंह की कल रात बब्बर खालसा के आतंकवादियों ने अमृतसर जिले के रैया में गोली मार कर हत्या कर दी । उनका 16 वर्षीय छोटा लड़का भूपिंदर सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया । श्री हरपाल सिंह बाबा बकाला में तैनात थे । उग्रवादियों की शिनाख्त हो गई है । दसूहा के गांव रामपुर चड़ला के बिजली बोर्ड कार्यालय से 20 हजार रुपए लूट लिए गए ।

मोगा के प्रथम श्रेणी न्यायिक मैजिस्ट्रेट श्री एच.आर. कौशिक की उग्रवादियों ने अदालत के कमरे में घुस कर हत्या कर दी ।

अमृतसर जिले के कोट बुड्ढा गांव के पास कल रात सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया ।

जालन्धर जिले के जोधसिंहवाला गांव के पास दो आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश के मजदूरों की एक टोली पर गोली चलाई । एक मजदूर मारा गया । मजदूरों ने उनका पीछा किया और एक आतंकवादी को पकड़ने के बाद उसे पीट-पीट कर मार डाला ।

इस बीच पंजाब पुलिस के महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो ने आज बताया कि पुलिस और सुरक्षा बल ने पूरे राज्य में महिम छेड़ दी है । उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में एक दर्जन से ज्यादा कथित आतंकवादी और 40 अन्य गिरफ्तार हुए हैं ।

पुलिस ने आज तड़के लुधियाना के पास लाढोवाल रेलवे स्टेशन पर पटरी के पास बम जैसी दो चीजें बरामद कीं । विस्फोटक विशेषज्ञों को बुला लिया गया है ।

धूरी थाना के समुंदगढ़ चन्ना गांव की हरिजन बस्ती में मोटर साईकल सवार चार उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि 3 अन्य को गम्भीर घायल कर दिया ।

डी.एस.पी. और बेटे की हत्या

अमृतसर (अ.सो): पंजाब पुलिस के एक उप-अधीक्षक हरपाल सिंह और उनके पुत्र गुरमीत सिंह की कुछ आतंकवादियों ने अमृतसर जिले के रैया स्थित उनके सरकारी निवास पर गोलियों से हत्या कर दी । पुलिस अधिकारी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनका पुत्र अमृतसर के एक अस्पताल में चल बसा । श्री सिंह का एक और पुत्र भी इस हमले में घायल हो गया, लेकिन प्राप्त समाचारों के अनुसार उनकी दशा खतरे से बाहर है ।

जालन्धर क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक पी.सी. डोगरा आज सुबह घटनास्थल के लिए रवाना हो गए ।

कल रात लगभग साढ़े 12 बजे 6 उग्रवादी अमृतसर-जालन्धर राजकीय मार्ग पर स्थित श्री हरपाल सिंह के घर गए । निकट से लकड़ी की एक सीढ़ी उठा कर उन्होंने श्री हरपाल सिंह के पड़ौस में बने एक कच्चे मकान के साथ लगा ली । 4 उग्रवादी सीढ़ी द्वारा छत पर चले गए जबकि एक अन्य ने छोटी दीवार फांदी और मकान में घुस गया । उग्रवादियों ने चौबारे में सो रहे श्री हरपाल सिंह और उनके बेटे पर सिड़की में से बामसन गन और स्टेनगनों द्वारा गोलियों की बौछार कर दी । इसी दौरान एक आतंकवादी ने इस कमरे के बाहर बने बरामदे में सो रहे श्री हरपाल सिंह के बड़े बेटे गुरमीत सिंह को गम्भीर घायल कर दिया । यह सारी कारवाई केवल 2 मिनट तक चली । आतंकवादी उसी सीढ़ी के सहारे नीचे उतरे और भाग निकले ।

उग्रवादियों द्वारा चलाई गई गोलियां श्री हरपाल सिंह के सिर और छाती में लगीं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । उनके छोटे बेटे 16 वर्षीय भूपेंद्र की बाईं टांग में गोली लगी है । गुरमीत की छाती और ऊपरी हिस्से में गोलियां लगीं और उसने यहां अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

घायल होने के बावजूद साहस

श्री हरपाल सिंह के बड़े लड़के गुरमीत ने घायल होने के बावजूद बड़ी हिम्मत से काम लिया और उग्रवादियों के जाने के बाद पिता के शयन कक्ष में होता हुआ साथ वाले कमरे में गया, जहां उसकी 21 वर्षीय बहन भोनी सो रही थी । उसने बहन को लेकर पानी पिया और वापिस पिता के शयन कक्ष में आकर टैलीफोन द्वारा व्यास थाने को सूचना दी । पुलिस आधे घंटे में घटनास्थल पर पहुंच गई । घायल गुरमीत और भूपेंद्र सिंह को रात 2 बजे अमृतसर असपताल पहुंचाया गया । अस्पताल में गुरमीत ने दम तोड़ दिया ।

हमलावरों की शिनाख्त

बताया जाता है कि यह उग्रवादी बब्बर खालसा से सम्बद्ध थे और इनकी शिनाख्त हो चुकी है । पुलिस और सी.आर.पी. की 16 कम्पनियां निकटवर्ती क्षेत्र की छानबीन कर रही हैं, लेकिन अभी तक घटना में संलिप्त कोई उग्रवादी नहीं पकड़ा गया । घटनास्थल पर जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. पी.सी. डोगरा, सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. एस.एस. विर्क तथा अमृतसर के एस.एस.पी. इज़हार आलम के अलावा कई वरिष्ठ अधिकारी जांच कर रहे हैं ।

श्री हरपाल सिंह की छोटी बेटी भोली, जो बी.ए.बी.एड. है, ने करुण क्रंदन करते हुए बताया कि वह घर में अपने पिता और दो भाइयों के साथ थी जबकि उसकी माता श्रीमती परमजीत कौर सुनाम के उनके पैतृक गांव में ज़मीन की देखरेख करती हैं । उसने बताया कि उसके पिता इस घर में गत अढ़ाई वर्ष से रहते थे । वह एक महीना पहले ही सुनाम से यहां आई थी, जबकि उसका भाई गुरमीत एक दिन पहले ही सुनाम से उनके पास आया था और पुलिस में वायरलैस ट्रेनिंग पर जाने की तैयारी में था । उनके 3 भाई और दो बहनें थीं । एक बड़ा भाई और बड़ी बहन शादी-शुदा हैं ।

रैय्या कैनाल रैस्ट हाऊस, जहां से उग्रवादियों की तलाश के अभियान का संचालन हो रहा है, में उपस्थित श्री डोगरा ने बताया कि इस घटना में बब्बर खालसा का हाथ है । उन्होंने कहा कि बब्बर खालसा के अधिकांश सदस्य पुलिस की हिरासत में हैं, जबकि इसके कुछ बौखलाए हुए अन्य सदस्यों ने यह कृत्य किया है ताकि पुलिस को हतोत्साहित किया जा सके । 6 उग्रवादियों के नामों से व्यास थाना में केस दर्ज कर लिया गया है । उन्होंने इनके नाम बताने से इन्कार कर दिया । एस.एस.पी. इज़हार आलम ने बताया कि उग्रवादियों ने इस घटना में एफ.सी.-61 थामसन सब-मशीनगन, 9 एम.एम. स्टेनगन और 32 बोर के रिवाल्वर का प्रयोग किया । घटनास्थल से इन हथियारों के 40 खोल बरामद हुए हैं । उन्होंने कहा कि उग्रवादियों का हमला बहुत योजनाबद्ध था । सम्भवतः उन्हें यह भी मालूम था कि श्री हरपाल सिंह किस चारपाई पर सोए हैं और उनका सिर किस ओर है तथा उनके बेटे कहां सोए हुए हैं। उग्रवादियों ने श्री हरपाल सिंह के सिर को ही निशाना बनाया । श्री हरपाल सिंह ने कोई भी सुरक्षा गार्ड लेने से इन्कार कर रखा था और उनका कहना था कि "उनकी मौत को कोई भी सुरक्षा नहीं रोक सकेगी ।" श्री आलम ने बताया कि कुछ समय पहले श्री हरपाल सिंह को बब्बर खालसा वालों ने जान से मारने की धमकी दी थी । उन्होंने बताया कि पुलिस और सुरक्षा बल आधे घंटे के अन्दर घटनास्थल पर पहुंच गए, लेकिन उग्रवादियों के पास भागने के लिए यही समय काफी था । श्री हरपाल सिंह सोते समय सिरहाने स्टेनगन और दोनाली रखते थे, लेकिन उन्हें अपने हथियार उठाने का मौका ही नहीं मिला । पड़ोसियों ने बताया कि उन्होंने रात को कुछ आवाज़ें सुनी थीं, लेकिन वह समझे कि कोई दुकानदार अपना सामान उथल-पुथल कर रहा है ।

'प्रेम मेहरा' के अनुसार रैय्या सी.आर.पी.एफ. के डिप्टी सैक्टर कमांडैंट श्री रावत ने बताया कि घटना से कुछ समय पहले ही सी.आर.पी. एफ. की टुकड़ी बस स्टैंड से रैस्ट हाऊस की तरफ़ गई थी । इसी दौरान उग्रवादियों ने यह घटना कर दी । कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है । बताया जाता है कि श्री हरपाल सिंह का कुछ समय पहले तबादला हो गया था, लेकिन उन्होंने अभी चार्ज नहीं छोड़ा था । श्री हरपाल सिंह की विशेष सुरक्षा गार्द रात को उनके निवास पर नहीं रहती थी ।

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के कई राजनीतिक नेता घटनास्थल पर पहुंच गए, इनमें जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल, जत्थेदार सोहन सिंह जलाल उस्मान तथा नोटीफाइड एरिया कमेटी के प्रधान अमरीक सिंह भी शामिल थे ।

उग्रवादी मरा

अमृतसर जिले के कोट बुड्ढाधाई गांव में रात साढ़े ग्यारह बजे के लगभग एक आतंकवादी सुरक्षा कर्मियों की गोली से मारा गया । गांव में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल और पुलिस के एक गश्ती दल ने दो आतंकवादियों से ठहरने को कहा । जब वे लोग नहीं

(शेष पृष्ठ 8 पर)



अब बरनाला जानें या अकाल तख्त, हम अकाल तख्त से टक्कर नहीं लेंगे : संधू

चंडीगढ़, 9 फरवरी (वि.प्र.): पंजाब के कृषिमंत्री श्री हरभजन सिंह संधू ने घोषणा की है कि वह पार्टी प्रधान श्री बरनाला के निर्देश पर अकाली दल (लौं.) की सेवाएं अकाल तख्त के जत्थेदार को सौंप आए हैं । अब प्रो. दर्शन सिंह संयुक्त अकाली दल का जो नतमस्तक होंगे तथा वह जो भी आदेश देंगे, हम उसके पाबंद होंगे । यदि इस बात को श्री बरनाला नहीं मानते तो यह उनकी मर्जी है, अब इस बारे श्री बरनाला जानें या अकाल तख्त, हम अकाल तख्त से टक्कर नहीं लेंगे ।

हमारी पार्टी अब भी कायम है, संधू ने अधिकार का अतिक्रमण किया : बरनाला

चंडीगढ़, 9 फरवरी (वि.प्र.): पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने घोषणा की है कि अकाली दल (ल) अब भी कायम है । इस पार्टी को करके यह घोषणा की कि मैं अकाली दल (ल) को अकाल तख्त के सुपुर्द कर आया हूं ।

Punjabi Sanatani

गरमीत सिंह को गम्भीर घायल कर दिया । यह सारी कार्रवाई केवल 2 मिनट तक चली । आतंकवादी उसी सीढ़ी के सहारे नीचे उतरे और भाग निकले ।

उग्रवादियों के जाने के बाद पिता के शयन कक्ष से होता हुआ साथ वाले कमरे में गया,जहां उसकी 21 वर्षीय बहन भोली सो रही थी । उसने बहन से लेकर पानी पिया और वापिस पिता के शयन कक्ष में

निकटवर्ती क्षेत्र की छानबीन कर रही है, लेकिन अभी तक घटना में संलिप्त कोई उग्रवादी नहीं पकड़ा गया । घटनास्थल पर जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. पी.सी. डोगरा, सी.आर.पी.एफ. के

अढ़ाई वर्ष से रहते थे । वह एक महीना पहले ही सुनाम से यहां आई थी,जबकि उसका भाई गुरमीत एक दिन पहले ही सुनाम से उनके पास आया था और पुलिस में वायरलैस ट्रेनिंग पर जाने की तैयारी में







रविवार की रात को रैय्या में डी.एस.पी. हरपाल सिंह और उनके बेटे की हत्या कर दी जबकि दूसरे बेटे को गम्भीर घायल कर दिया । (1) श्री हरपाल सिंह के पड़ौस वाले मकान पर सीढ़ी लगा कर उग्रवादी उनके घर में घुसे । (2) कमरे में पड़ा खून से सना वह बैड,जिस पर श्री हरपाल सिंह (इनसैट) को गोली मारी गई । (3) छोटे बेटे भूपेंद्र का खून से लथपथ बिस्तर । (4) बड़े बेटे गरमीत की चारपाई । (5) आतंक और दुःख से गुमसुम बैठी हरपाल सिंह की बेटी और रिश्तेदार । (6) वरिष्ठ अकाली नेता जीवन सिंह उमरानंगल सहित कई राजनीतिक नेता घटनास्थल पर पहुंचे । (7) श्री हरपाल सिंह का शव, (8) गुरमीत का शव. (9) अस्पताल में उपचाराधीन भूपेंद्र के पास उसकी मां । *(छाया : रिखी, भंडारी)*

बरनाला तनखाइया घोषित : कल अकाल तख्त पर पेशी का आदेश

अमृतसर, 9 फरवरी (वार्ता, ह.स.): पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला को अकाल तख्त के हुकमनामे का उल्लंघन करने के आरोप में 5 मुख्य ग्रंथियों ने आज 'तनखाइया' घोषित कर दिया ।

इस प्रकार मुख्यग्रंथियों और श्री बरनाला के बीच टकराव चरम शिखर पर पहुंच गया । श्री बरनाला द्वारा त्यागपत्र देने से और सत्तारूढ़ अकाली दल को भंग करने से इन्कार के एक दिन बाद यह कार्रवाई हुई है ।

कहा कि श्री संधू ने अकाल तख्त की सर्वोच्चता स्वीकार कर ली थी ।

अपने पत्र में श्री बरनाला ने अकाली दल (लौंगो.) की सेवाओं की अकाल तख्त को सशर्त

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanj

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

रुके तो पुलिस ने गोली चला दी, जिससे एक आतंकवादी मारा गया । उसका दूसरा साथी निकल भागा । मृतक से एक 12 बोर का पिस्तौल और कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

अरूड़ सिंह गिरफ्तार

पुलिस ने 'ए' श्रेणी के कख्यात आतंकवादी अरूड़ सिंह को पकड़ लिया है । जिला पुलिस प्रमुख मोहम्मद इज़हार आलम ने आज अमृतसर में यह जानकारी दी ।

श्री आलम ने कहा कि पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ़ की जा रही संयक्त कार्रवाई की यह एक और बड़ी उपलब्धि है । उन्होंने यह बताने से इंकार कर दिया कि अरूड़ सिंह को कहां पकड़ा गया । अरूड़ सिंह पर एक लाख रुपए का इनाम था । वह गत तीस नवम्बर को होशियारपर में हुए खड्डा बस कांड का मुख्य अभियुक्त है । अरूड़ सिंह गत 29 अप्रैल को स्वर्ण मंदिर परिसर से खालिस्तान की घोषणा करने वाली पांच सदस्यीय पंथक समिति का सदस्य है । बाद में समिति के अन्य सदस्यों से मतभेद होने पर उसे हटा दिया गया । वह भूमिगत संगठन खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का 'जनरल' बन गया । इस संगठन का एक जनरल शेर सिंह 'शेर' मारा गया, जबकि एक अन्य जनरल 'सरदूल सिंह' को गत शनिवार को पुलिस ने स्तोकें में एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया ।

सिख छात्र संघ की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि अरूड़ सिंह को उसके बसंत एवैन्यू स्थित ससुराल में गिरफ्तार किया गया । अरूड़ सिंह गुरदासपुर जिला के जलाल गांव का रहने वाला है ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार

पुलिस ने अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र बेरका से 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । इनकी शिनाख्त इस प्रकार की गई है – जागीर सिंह व सतकार सिंह (बल्ला), बलविन्दर सिंह (दीनानगर), पृथी सिंह (नरोट जैमल सिंह), सेवा सिंह (बुताला) और मंजीत सिंह (मानोचाहल) ।

स्पिनिंग मिल लूटने का प्रयास : एक बंदी

अमृतसर में पुरानी जेल रोड पर स्थित एक स्पिनिंग मिल में तीन उग्रवादियों द्वारा डाका डालने के एक प्रयास को सी.आर.पी. के एक गश्ती दल ने विफल कर दिया । एक आतंकवादी को पकड़ लिया गया जबकि उसके दो साथी भागने में सफल हो गए । पकड़े गए उग्रवादी से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं । प्राप्त सूचना के अनुसार आज अपरान्ह में 2.30 बजे कपूर स्पिनिंग मिल में उक्त तीनों आतंकवादी घुसे । मिल में शोर मच जाने पर पास ही गुजर रहे सी.आर.पी. के एक गश्ती दल ने घेरा डाल दिया तथा उग्रवादियों का पीछा करके उनमें से एक को पकड़ लिया । उससे उसके 2 अन्य साथियों के बारे में पूछताछ जारी है ।

हरिजन बस्ती में हत्या

संगरूर (गर्ग): धूरी थानांतर्गत गांव समुंदगढ़ चन्ना में कल रात लगभग 8 बजे मोटर साइकल सवार चार उग्रवादियों ने हरिजन बस्ती में घुस कर एक व्यक्ति काला सिंह की हत्या कर दी जबकि 3 अन्य को गम्भीर रूप से घायल करके अंधेरे में भाग निकले । पुलिस के अनुसार हत्यारों की शिनाख्त अलीपुर के रंजिदर सिंह, बिल्ला, जस्सी और प्रीतम सिंह के रूप में हुई है । अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी ।

मैजिस्ट्रेट की हत्या

मोगा (बंसल): आज प्रातः 11 बजे यहां कचहरी में न्यायिक मैजिस्ट्रेट एच.आर. कौशिक की एक अज्ञात पगड़ीधारी युवक ने गोली मार कर हत्या कर दी और फरार हो गया ।

बताया जाता है कि 11 और 11.10 बजे के बीच जब श्री कौशिक की अदालत लगी हुई थी और वह एक व्यक्ति डा. जेतवाल का बयान लेखनीबद्ध कर रहे थे कि एक अज्ञात व्यक्ति अदालत के कमरे में आया । आते ही उसने मैजिस्ट्रेट पर गोली चला दी । श्री कौशिक ने उठ कर भागने की कोशिश की, लेकिन इसी बीच हमलावर ने दूसरी गोली चला दी जिससे श्री कौशिक गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई । बताया जाता है कि एक गोली उनके सिर पर लगी जबकि दूसरी दिल में से आर पार हो गई । घटना के समय कमरा-अदालत में सरकारी वकील श्री उप्पल, अदालत के रीडर श्री गरमेल सिंह, रमेश सूद रीडर, पुलिस नायब कोर्ट सुखदेव सिंह और नायब कोर्ट सुरेन्द्र सिंह मौजूद थे ।

श्री कौशिक चंडीगढ़ के रहने वाले थे । उनका परिवार वहीं है । उनकी उम्र 40-42 वर्ष के लगभग थी । पोस्टमार्टम के बाद उनका शव चंडीगढ़ ले जाया गया है । यहां से कुछ मैजिस्ट्रेट भी शव के साथ गए हैं ।

ए.एस.आई. घायल

बताया जाता है कि हत्यारा जब अदालत के कमरे से निकला तो ए.एस.आई. महेन्द्र प्रताप से उसका सामना हो गया । ए.एस.आई. ने सर्विस रिवाल्वर से उस पर गोली चलानी चाही, लेकिन हत्यारे ने गोली चला कर उसे भी घायल कर दिया । हाथ घायल हो जाने के बावजूद ए.एस.आई. ने गोली चलाई, लेकिन निशाना चूक गया । हत्यारा पैदल ही आया और पैदल ही फ़रार हो गया ।

इस घटना के बारे में पुलिस कई थ्यिरों पर काम कर रही है । पुलिस का ख्याल है कि हमलावर यद्यपि अदालत के कमरे में अकेला आया, लेकिन उसके कुछ और साथी भी बाहर उसकी प्रतीक्षा में खड़े रहे होंगे । कचहरी के अहाते में या कमरा-अदालत के बाहर सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी । सी.आर.पी. वाले कभी-कभी गश्त करते रहते थे ।

धमकी-भरा पत्र

बताया जाता है कि लगभग दो मास पूर्व श्री कौशिक को उग्रवादियों का एक धमकी-भरा पत्र मिला था, जो उन्होंने सैशन जज फरीदकोट की मार्फ़त जिला पुलिस चीफ़ को भिजवा दिया था । वहां से यह पत्र वापस एस.डी.एम. मोगा को इस निर्देश के साथ मिला था कि मैजिस्ट्रेट की सुरक्षा का प्रबन्ध किया जाए लेकिन अदालत के कमरे में या उनके आवास पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई ।

श्री कौशिक उग्रवादियों के रिमांड के केस निपटाते थे और उनके इकबाली बयान दर्ज करने की जिम्मेदारी भी उनकी थी ।

कौशिक का अन्तिम संस्कार आज

चंडीगढ़ (संघी): मोगा के न्यायिक मैजिस्ट्रेट श्री एच.आर. कौशिक, जिनकी आज प्रातः आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, का शव पोस्ट मार्टम के पश्चात आज शाम चंडीगढ़ के 22 सैक्टर स्थित उनके निवास स्थान पर लाया गया । श्री कौशिक का शव यहां पहुंचते ही उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश, वकील तथा अन्य न्यायिक अधिकारी उनके निवास पर पहुंचे । श्री कौशिक का अन्तिम संस्कार कल प्रातः 10.30 बजे यहां किया जाएगा ।

हड़ताल

श्री कौशिक की हत्या के विरोध में पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय, बार एसोसिएशन तथा जिला न्यायालय बार एसोसिएशन चंडीगढ़ ने कल अदालतों में हड़ताल रखने का निर्णय लिया है । वकीलों की हड़ताल के दृष्टिगत पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किए गए हरियाणा के 'एडवोकेट जनरल' श्री मनमोहन सिंह तेजाहन का, कल होने वाला, शपथ ग्रहण कार्यक्रम निलम्बित कर दिया गया है । अब वह 11 फरवरी को प्रातः दस बजे शपथ लेंगे ।

दशमेश रैजीमैंट ने ज़िम्मेदारी ली

मोगा (सर्वमित्र): आज प्रातः मोगा में न्यायिक मैजिस्ट्रेट की हत्या के बाद एक व्यक्ति ने जो स्वयं को गरजंत सिंह बद्धनीसिंहवाला बता रहा था, दावा किया कि यह हत्या सिख दशमेश रैजीमैंट ने की है जिसका मुख्यालय आनन्दपुर साहब में है । उसने यह बात इस सम्वाददाता को टैलीफोन करके कही ।

मज़दूर, उग्रवादी मरा

जालन्धर जिला के जोध सिंह वाला गांव में मारे गए लोगों के नाम गोपी चन्द और दर्शन सिंह हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी दर्शन सिंह (22) मानसिक तौर पर असंतुलित था । उसने दो बार आत्महत्या की कोशिश भी की थी । वह पास के यूसुफपुर गांव का रहने वाला था तथा 12 बोर की बंदूक लेकर इस गांव में पहुंचा था ।

गोपी चन्द ने अपनी झोंपड़ी से बाहर आकर दर्शन सिंह को वहां से चले जाने को कहा, लेकिन आरोप है कि उसने गोली चला दी, जिससे गोपी चन्द घायल हो गया । गोपी चन्द ने बाद में एक अस्पताल में दम तोड़ दिया । सूत्रों के अनुसार बंदूक चलने की आवाज़ पर अनेक मज़दूर वहां पहुंच गए और उन्होंने पीट-पीट कर दर्शन सिंह को मार डाला ।

भगत सिंह की भांजी चल बसी

लुधियाना (धी.): शहीद भगत सिंह की भांजी श्रीमती गुरदेव कौर की आज सुबह यहां स्थानीय अस्पताल में मृत्यु हो गई । गत शुक्रवार को तलवंडी में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने उन पर गोली चला कर उन्हें घायल कर दिया था । श्रीमती गुरदेव कौर के अंतिम संस्कार के लिए उनका शव उनके गांव ले जाया जाएगा ।

जालन्धर से प्राप्त सूचना के अनुसार शुक्रवार को आतंकवादी हमले में श्रीमती कौर की मां और भगत सिंह की बहन श्रीमती शकुन्तला देवी भी गम्भीर रूप से घायल हुई थीं । जालन्धर अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत में सुधार आ रहा है ।

गुरुद्वारा की सराए की तलाशी

'मुसाफ़िर' के अनुसार गुरुद्वारा आलमगीर मंजी साहिब के मैनेजर मेजर सिंह ने बताया कि गत रात्रि पुलिस दो बार गुरुद्वारा परिसर में दाखिल हुई । पहले रात 12.30 बजे और फिर तड़के 3 बजे पुलिस ने सराए के कमरों की तलाशी ली । पुलिस को कोई आपत्तिजनक चीज़ नहीं मिली और न ही वह वहां से कुछ लेकर गई ।

रेल लाईन पर 'बम जैसी वस्तु'

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): आज प्रातः फगवाड़ा-लुधियाना रेलवे सैक्शन पर लौढ़वाल रेलवे स्टेशन के निकट लाइनों पर दो बम जैसी वस्तुएं मिलने से इस सैक्शन पर लगभग एक घंटा 'अप' और 'डाऊन' गाड़ियों का आना-जाना बंद रहा । इन संदिग्ध वस्तुओं का पता चलते ही लौढ़वाला के स्टेशन मास्टर करतार चन्द और रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पैक्टर रणबीर सिंह ने दिल्ली जा रही 'डीलक्स' गाड़ी को फिल्लौर तथा पुरानी अमृतसर-लुधियाना एक्सप्रैस को गोराया में रुकवा दिया । बाद में विशेषज्ञों द्वारा जांच करने पर पता चला कि ये संदिग्ध वस्तुएं 2-3 इंच के बैटरी के टुकड़े थे । यातायात रुकने के कारण सैंकड़ों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा ।

इस दौरान आज प्रातः ब्यास रेलवे स्टेशन के पास एक इंजन के पटड़ी से उतर जाने से जालन्धर-अमृतसर मार्ग पर लगभग आधा घंटा यातायात रुका रहा ।

लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार सिगनल के पास रेल पटरी के दोनों तरफ बैटरी के दो खाली खोल पड़े थे । उन्हें सिगनल से तार द्वारा जोड़ा हुआ था, दोनों खोल सिगनल से अलग करके कब्ज़े में लिए ।

कार छीन ली

खोसला के अनुसार गत रात्रि यहां से दस किलो मीटर दूर जी.टी. रोड पर चहेड़ू के निकट 3 सशस्त्र उग्रवादियों ने लुधियाना के एक व्यक्ति हरपाल सिंह से उसकी कार नं. डी.आई.जी. 2575 छीन ली और फ़रार हो गए । थाना सदर फगवाड़ा ने केस दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर दी है । अभी तक कार या अभियुक्तों का कोई सुराग नहीं मिला ।

बिल्ला गिरफ्तार

होशियारपर (प्रद्युम्न): विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि पुलिस ने जगजीत सिंह उर्फ़ बिल्ला नामक एक युवक को टांडा के इलाके से गिरफ्तार किया है । उसके बारे में यह जांच की जा रही है कि वह किन-किन वारदातों में संलिप्त है । पुलिस इसके बारे में एकदम खामोश है ।

20000 रुपया लूट लिया

आज बाद दोपहर अढ़ाई-तीन बजे होशियारपुर से 60 किलो मीटर दूर गांव रामपुर बडला (दसूहा उपमंडल) में दो स्कूटर सवार युवक पंजाब बिजली बोर्ड के कार्यालय में आए और खज़ांची से 20000 रुपए छीनकर फरार हो गए । खज़ांची कार्यालय में बैठा था और उसके हैंड बैग में यह धन था । एक युवक के पास स्टेनगन थी तथा दूसरे के पास पिस्तौल । रुपया छीनने के बाद दोनों युवक महिलांवाल गांव की ओर भाग गए ।

घर-घर की तलाशी

अश्विनी के अनुसार विदित हुआ है कि पंजाब पुलिस, सी.आर.पी. और बी.एस.एफ. के जवानों ने बलाचौर के निकट ताजेवाल मंड में घर-घर की तलाशी ली । इस क्षेत्र के एक डेरे की तलाशी भी ली तथा पूछताछ की गई । इस तलाशी का कार्य होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री सुभाष जैन के नेतृत्व में किया गया । बताया जाता है कि तलाशी का कार्य 10-12 घंटे जारी रहा तथा कई संदिग्ध व्यक्तियों को रिहासत में ले लिया गया । उल्लेखनीय है कि ज़ीनत पेपर मिल के खज़ांची की कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी थी । इस बात का संदेह किया जाता है कि वारदात के बाद उग्रवादी इस क्षेत्र की ओर भाग गए थे ।

छात्र हड़ताल

आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन की प्रीज़ीडियम के सदस्य चमकौर सिंह रोडे के आह्वान पर अमृतसर के खालसा कालेज, पट्टी के आई.टी.आई., जालन्धर के आई.टी. आई., फरीदकोट के बृजेन्द्रा कालेज, सुल्तानपुर लोधी के स्कूलों, कालेजों, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना के पांचों कालेजों में छात्रों ने हड़ताल की और कई जगह ट्रैफ़िक रोका । लुधियाना वि.वि. के पांचों कालेजों के छात्रों ने परीक्षाओं का बहिष्कार किया ।

स्पोर्ट्स कालेज, जालन्धर के छात्रों ने एक सहपाठी की अपहरण केस में गिरफ्तारी के विरोध में जालन्धर-कपूरथला सड़क पर ट्रैफ़िक रोका, लेकिन अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिए जाने पर कि पूछताछ में निर्दोष साबित होने पर इस छात्र को छोड़ दिया जाएगा, ट्रैफ़िक बहाल हो गया ।

पटियाला (भूषण): फैडरेशन के आह्वान पर आज स्थानीय आई.टी.आई. और माता गुजरी कालेज फतेहगढ़ साहिब (सरहंद) में हड़ताल रही ।

गुलज़ारी लाल नन्दा के कपड़े चोरी

अहमदाबाद, 9 फरवरी (वार्ता): भूतपूर्व प्रधानमन्त्री श्री गुलज़ारी लाल नंदा के खादी के कपड़े गत रात्रि यहां उनके निवास स्थान से चोरी हो गए । श्री नंदा के पोते ने आज इस आशय की रपट पुलिस के पास दर्ज कराई । कपड़ों का मूल्य लगभग दो सौ रुपए बताया जाता है ।

बरनाला तनखाईया घोषित
(पृष्ठ 3 का शेष)

पेशकश की थी ।

श्री अविनाशी सिंह ने स्वर्ण मन्दिर प पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि श्र दरबार साहिब के मुख्य ग्रंथी पूर्ण सिंह से पर बातचीत में कहा, "अकाल तख्त के नि पालन न करने में मैं श्री बरनाला के साथ न मैं अकाल तख्त के साथ हूं ।"

श्री अविनाशी सिंह ने कहा कि श्री अकाल तख्त की अथारिटी में पूर्ण विश्वा किया है ।

मुख्यग्रंथियों ने संसार भर में सिख स निर्देश दिया है कि वे तब तक श्री बरनाल संबंध न रखें जब तक अकाल तख्त से अगल जारी नहीं हो जाता । उन्होंने यह निर्देश भ कि सिख संगतें श्री बरनाला को कोई सहयो उन्होंने कहा कि जो लोग इस हुकमनामे व करंगे उन्हें वाहे गुरु का आशीर्वाद प्राप्त हुकमनामे में कहा गया है कि श्री बरनाला आरोपों में 'तनखाहिया' करार दिया ग उन्होंने कहा कि श्री बरनाला ने गत वी शाम पांच बजे तक अकाली दल (लौंगो अध्यक्ष पद से इस्तीफा न देकर अकाल तख्त हुकमनामे का उल्लंघन किया ।

हुकमनामे में श्री बरनाला को एव घमंडपूर्ण, अपमानजनक और असंयत' बय करके अकाली दलों में एकता लाने के आ उल्लंघन करके मुख्य ग्रंथियों का अपमान दोषी ठहराया गया है ।

हुकमनामे में श्री बरनाला को वायदे अपने संदेशवाहक (हरभजन सिंह संधु) द्वा गए वायदे से मुकरने का दोषी भी ठहराया और कहा गया कि ऐसा करके उन्होंने अका के साथ विश्वासघात किया है ।

इसमें कहा गया है कि श्री बरनाला अक द्वारा सभी अकाली धड़े भंग किए जाने के हु के बावजूद स्वयं को अकाली दल (लौंगोव प्रधान कहलवाने के भी दोषी हैं । हुकमनामे गया कि ऐसा दावा करके न सिर्फ श्री बर अकाल तख्त की अवमानना की है अपितु एकता' के लिए ग्रंथियों के प्रयासों पर गह लगाई है । हुकमनामे में श्री बरनाला को "पंथ में तनाव, फूट और पेचीदगी" पैदा करने दोषी ठहराया गया ।

हुकमनामे पर अकाल तख्त के प्रोफैसर दर्शन सिंह, दरबार साहब के मु ज्ञानी पूर्ण सिंह, आनन्दपुर साहब के मुख्य ग्र सविंदर सिंह, दमदमा साहब के मुख्य ग्रंथ जसवन्त सिंह और अकाल तख्त के मुख्य ग्र कश्मीर सिंह ने हस्ताक्षर किए हैं ।

पंथ से बहिष्कृत होंगे

पंजाब के मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरन अकाल तख्त की कथित अवज्ञाकरने के आरोप पंथ से बहिष्कृत किया जा सकता है ।

अकाल तख्त की परम्पराओं के अनुसार कार्रवाई धार्मिक बहिष्कार होगी । इस केन्द्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह और बुड्ढा दल बाबा संता सिंह को सिख धर्म से बहिष्कृत कि चुका है ।

24 लाख का सो पकड़ा गया

काठमांडू, 9 फरवरी : नेपाल अधिकारियों ने कल त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय अड्डे से नौ किलो 300 ग्राम सोना जब्त लिया । भारतीय मुद्रा में इसकी कीमत 24 रुपए है ।

यह सोना रायल नेपाल एयरलाइन्स के से आने वाले विमान में यात्री सीट के नीचे छि था ।

पिछले एक महीने में हवाई अड्डे से अधिकारियों ने 200 किलो ग्राम से अधि जब्त किया है ।

भविष्य निधि कानून संशोधन होगा

नई दिल्ली, 9 फरवरी : सरकार क भविष्य निधि कानून को अधिक प्रभावशाली के लिए इसमें संशोधन करने जा रही है ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज यहां इस कानून जाने वाले संशोधनों पर विचार किया ।

बैठक में अन्य बातों के अलावा मिजोर अरुणाचल प्रदेश में राज्यपालों की नियुक्ति विचार किया गया ।

प्रधानमंत्री ने आज श्री एल.के. झा के स बातचीत की जो कि कुछ अर्सा पहले तक प्रशासन सुधार आयोग के अध्यक्ष थे । श्री जिनके पास वित्त मंत्रालय भी है, बजट को रूप देने के लिए वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधि से बातचीत जारी रखे हुए हैं ।

APPEAR IN 1987

RMP (PATNA) Practice Valid
LL.B. (Rajasthan/Kanpur)
B.Ed. (GHV/Annamali)
B.A./B.Com/B.Sc.
(Patna/Ossmania)
INTER—(Patna/Bombay)
OT/JBT—(GHV Allahabad)
Prospectus Rs. 10/- by M.O.
OR Contact Personally upto
20.2.87
Sonepat Degree College,
403/Sector-14, Sonepat
(Haryana)

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा पी.एच. इंजीनियरिंग विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन, चंडी स्वीकृत ठेकेदारों/फर्मों से, निम्न कार्यों के लिए निर्धारित प्रपत्र पर मोहरबंद अ रेट निविदाएं पुनः आमंत्रित हैं, जो एग्जैक्टिव इंजीनियर पी.एच. डिवीजन

Punjab Sahib

खरी ने सिंह साहिबान से
र की अपील की ।
ार सत्तारूढ़ अकाली दल
ौती को स्वीकार करने की

ल
ी मंत्रियों ने मुख्य ग्रंथियों
लेने तथा सभी मामले
के प्रतिनिधियों को एक
ी अपील की है । उन्होंने
ख्त से किसी भी प्रकार के
तथा उसके अधिकार को
करनेवाले मंत्री हैं : श्री
लीप सिंह पांधी, कैप्टन
हजीरा तथा श्री बलदेव

ओं ने भी सिंह साहिबान से

ा अनुरोध
ज यहां पंजाब कांग्रेस (इ)
बाकू और पंजाब भाजपा
षी ने मुख्यमंत्री की कोठी
ट की । पता चला है कि
रनाला से अनुरोध किया
म पर सिंह साहिबान के
पंजाब विधानसभा के
ांग्रेस (इ) और भाजपा
कांग्रेस (इ) के 31 और

3 पर)

मोगा के न्यायिक मैजिस्ट्रेट श्री एच. आर. कौशिक की मंगलवार को चंडीगढ़ में राजकीय सम्मान से अन्त्येष्टि कर दी गई । (बाएं) पंजाब, हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एच.एन. सेठ शव पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए । (दाएं) श्री कौशिक का बड़ा बेटा चिता को अग्नि देते हुए । (छाया : पुरी)

क्लार्क ने आज यहां प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी ।

पुलिस महानिरीक्षक मांगट के बेटे सहित चार हत्यायें

पटियाला में साइकल सवार राहगीर : गुरदासपुर में एक धर्म प्रचारक की हत्या

भटिंडा-धूरी रेलवे सैक्शन पर टैलीफोन की तारें कटी मिलीं : बैंक से दो बंदूकें चोरी

तरसिक्का में अध्यापक की हत्या के बाद तनाव, दुर्दांत उग्रवादी राणा गिरफ्तार

चंडीगढ़, 10 फरवरी (ह.स., वा.): उग्रवादियों ने आज प्रातः पटियाला में पंजाब सशस्त्र पुलिस के महानिरीक्षक श्री डी.एस. मांगट के बेटे डा. मंजीत सिंह मांगट की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसके साथ ही पास ही साइकिल पर जा रहा एक राहगीर भी गोलियों का शिकार हो गया ।

थाना मेहता के गांव तरसिक्का में पुलिस वर्दीधारी उग्रवादियों द्वारा एक स्कूल टीचर अजीत सिंह की हत्या किए जाने पर क्षेत्र में तनाव के दृष्टिगत भारी पुलिस और सुरक्षा बल मंगाए गए हैं । घटना की मैजिस्ट्रेटी जांच का आदेश दे दिया गया है । गुरदासपुर के नरपुर गांव में आज एक धर्म प्रचारक अजीत सिंह की हत्या कर दी । बाबा बकाला में डी.एस.पी. हरपाल सिंह और उनके बेटे, जिनकी परसों रात रैया में हत्या कर दी गई थी, की आज सुनाम में पुलिस सम्मान से अंत्येष्टि कर दी गई ।

फतेहगढ़ चूड़ियां में उग्रवादी लखबीर सिंह को तथा जंडियाला पुलिस ने उपिंदर सिंह को राष्ट्रद्रोह के केस में गिरफ्तार किया है ।

भटिंडा जिला के चौके गांव में एक बैंक से उग्रवादी 2 बन्दूकें लूट ले गए जबकि भटिंडा-धूरी रेलवे सैक्शन टैलीफोन की तारें काट दी गई ।

फिरोज़पुर जिला में सुरक्षा बलों ने 2 उग्रवादी पकड़े हैं, जिनमें से एक 'ए' श्रेणी का दुर्दांत उग्रवादी है ।

आई.जी. के बेटे की हत्या

पटियाला (भूषण): पंजाब सशस्त्र पुलिस के महानिरीक्षक (आप्रेशन्ज़) श्री डी.एस. मांगट के 28 वर्षीय बेटे डा. मंजीत सिंह की दो मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने आज प्रातः 8.30 बजे बस स्टैंड ब्लौक के निकट गोली मार कर हत्या कर दी । पास ही साइकल पर जा रहे 50 वर्षीय मिस्त्री रामचन्द (केशधारी) को भी गोलियां लगीं और उसने दम तोड़ दिया । हत्यारे राजपुरा की ओर भाग गए ।

एस.एस.पी. गुरइकबाल सिंह भुल्लर ने कहा कि हत्यारे डा. मांगट का बहादुरगढ़ किले से पीछा कर रहे थे । डा. मांगट वहां पी.ए.पी. के रैस्ट हाऊस में अस्थायी रूप से रहते थे । उनका हाल ही में यहां तबादला हुआ था । उग्रवादियों ने 445 बोर की रिवाल्वर से 3 गोलियां चलाईं । दो गोलियां उनके बाजू में और एक बाईं आंख में लगी । यद्यपि यह क्षेत्र भीड़भाड़ वाला है, फिर भी उग्रवादी निकल भागने में सफल हो गए । श्री भुल्लर ने कहा कि पुलिस मिनटों में ही घटनास्थल पर पहुंच गई लेकिन किसी ने हत्यारों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी । क्षेत्र की नाकाबंदी करके हत्यारों की खोज शुरू कर दी गई है । डा. मांगट घटना के समय अपनी मारुति कार में जा रहे थे । यद्यपि उन्हें भी गनमैन मिला हुआ था, लेकिन आज वह उनके साथ नहीं था ।

डा. मांगट की शादी को अभी एक साल भी नहीं हुआ था । उनकी पत्नी यहां राजेंद्रा अस्पताल में 'हाऊस जॉब' कर रही है । पंजाब के मुख्य सचिव पी.एच. वैष्णव तुरन्त अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक डा. मांगट दम तोड़ चुके थे । श्री भुल्लर के अनुसार चंडीगढ़ से पुलिस वैन मिनटों में घटनास्थल पर पहुंच गई थी । डा. मांगट को तुरन्त वैन में अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया । आई.जी. डी.एस. मांगट को लम्बे समय से उग्रवादियों के धमकी-भरे पत्र मिल रहे थे।

अंत्येष्टि आज जालन्धर में

पोस्टमार्टम के बाद शव जालन्धर भेज दिया गया, जहां कल उनकी अंत्येष्टि की जाएगी । इस अवसर पर राज्यपाल एस.एस. रे भी उपस्थित होंगे । पंजाब पुलिस महानिदेशक श्री के.एफ. रिबैरो ने अस्पताल पहुंच कर डा. मांगट के शव पर पुष्पांजलि अर्पित की ।

पता चला है कि उग्रवादियों को डा. मांगट पर गोलियां चलाते देखकर मिस्त्री राम चन्द ने सहायता के लिए पुकारना शुरू कर दिया, इस पर उग्रवादियों ने उसे भी गोली मार दी ।

जिला पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन ने एक आपात बैठक में इस हत्या की निंदा की । आज मैडिकल कालेज बंद रहा । बाद में डाक्टरों ने नगर में एक मौन जलूस निकाला और डाक्टरों को पूर्ण सुरक्षा उपलब्ध कराने बारे जिलाधीश को एक ज्ञापन दिया ।

'पंथक कमेटी' ने जिम्मेदारी ली

एक अज्ञात व्यक्ति ने आज चंडीगढ़ में फोन करके कहा कि डा. मांगट की हत्या की जिम्मेवारी 'पंथक कमेटी' अपने ऊपर लेती है । फोन जो सम्भवतः किसी दूसरे शहर से किया गया था, पर बताया गया कि सितम्बर 1981 में चंदोकलां (हरियाणा) में "गुरुग्रंथ साहिब की प्रतियों" के अपमान का श्री मांगट से बदला ले लिया गया है ।

अकाली विधायकों को धमकी

फोन-कर्ता ने कहा कि पंजाब के अकाली विधायक यदि 'खालिस्तान' के लक्ष्य के लिए काम नहीं करेंगे तो उनके साथ भी यही व्यवहार किया जाएगा । 'पंथक कमेटी' ने गत अप्रैल में 'खालिस्तान' की घोषणा की थी, जिसके बाद फ्रांस परिसर में गई थी । इसी बात को लेकर अकाली दल दो फाड़ हो गया था ।

कमांडो फ़ोर्स ने भी जिम्मेवारी ली

'खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स' ने भी अमृतसर में एक खबर एजैंसी के कार्यालय में फोन करके इस हत्या कांड की जिम्मेवारी ली है ।

'बब्बर खालासा' और 'खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स' ने भी इस हत्या कांड की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है । (शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब के उग्रवादियों को ...ने पर रोक नहीं लगाएगा

री : कनाडा के विदेश
ज यहां स्पष्ट किया कि
ग्रवादियों को कथित रूप
के लिए अपने कानून में
।
कहा कि उनके देश में
धन के आने-जाने पर
इसे नियमित करने की
मतलब कनाडा के
छीनना होगा ।
नि संधि पर हस्ताक्षर

करने के तीन दिन बाद श्री क्लार्क ने आज कहा कि कनाडा के लोगों को अपने अधिकारों के तहत उपलब्ध संरक्षण कायम रहेगा । उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ यह करेगी कि गैर-कानूनी काम करने वालों से निपटे ।

उन्होंने यह स्पष्ट किया कि सरकार का यह प्रयास है कि कनाडा के सिख मूल के 150,000 लोगों के बीच उग्रवादी तत्वों को कानून की इस खामी का नाजायज लाभ नहीं उठाने दिया जाए ।

श्री क्लार्क यहां एक सप्ताह के दौरे पर आए हुए हैं । उन्होंने कहा कि कनाडा और भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त व्यवस्था की है । यह व्यवस्था प्रत्यावर्तन संधि में की गई है । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को धन की पूर्ति पर नियंत्रण करना सिर्फ सैद्धांतिक मामला नहीं है, बल्कि इसकी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

न्यायाधीश कौशिक का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार : जजों द्वारा सामूहिक अवकाश, वकीलों द्वारा हड़ताल

चंडीगढ़, 10 फरवरी (संघी, हस.): जिला मैजिस्ट्रेट श्री हंस राज कौशिक जिनकी कल जिला फरीदकोट में मोगा में उनकी अदालत में एक उग्रवादी ने हत्या कर दी थी, का आज प्रातः यहां पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

श्री कौशिक के पार्थिव शरीर पर राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे की ओर से उनके ए. डी. सी. ने फूलों के हार चढ़ाए । पंजाब तथा हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन तथा पंजाब भाजपा के महासचिव श्री हिताभिलाषी ने भी श्री कौशिक के पार्थिव शरीर पर पुष्पहार चढ़ाए ।

श्री कौशिक के अंतिम संस्कार के अवसर पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, चंडीगढ़ के न्यायिक अधिकारी तथा श्री कौशिक के परिवार के लोग तथा अन्य निकटवर्ती रिश्तेदार मौजूद थे ।

श्री कौशिक की हत्या पर रोष प्रकट करने व न्यायिक अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए तात्कालिक कदम उठाए जाने की मांग को लेकर पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के वकीलों तथा पंजाब व चंडीगढ़ के जिला न्यायालयों में आज वकीलों ने एक दिन की हड़ताल की ।

ज्यूडिशियल आफीसर्स एसोसिएशन पंजाब के आह्वान पर आज राज्य भर में न्यायिक अधिकारी भी अपनी अदालतों में नहीं गए ।

श्री कौशिक के शव को कल शाम मोगा से यहां लाया गया था । आज प्रातः उनके शव को जलूस के रूप में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया ।

पंजाब के गृह राज्यमंत्री कैप्टन कंवलजीत सिंह भी उनके अंतिम संस्कार के अवसर पर उपस्थित थे ।

कैप्टन कंवलजीत ने घोषणा की कि श्री कौशिक के बड़े पुत्र श्री रवींद्र कौशिक की पंजाब सरकार की ओर से पंजाब सिविल सर्विस में नियुक्ति की जाएगी । कैप्टन कंवल जीत सिंह ने पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री ए. एन. सेठ को भी उक्त जानकारी दी । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनकी सेवा निवृत्ति के समय तक उनके परिवार को पूरा वेतन व अन्य आर्थिक सहायता प्रदान करेगी ।

न्यायिक अधिकारी आज अवकाश लेंगे

इसी बीच पी. सी. एस. (ज्यूडिशियल शाखा) आफीसर्स एसोसिएशन पंजाब की आज यहां हुई बैठक में श्री कौशिक की हत्या पर रोष प्रकट करने के लिए दो दिन का सामूहिक आकस्मिक अवकाश

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सरकार, सुरक्षा बल और जनता मिल कर आतंकवादियों के लिए आतंक पैदा कर दें : जयकिशन शर्मा

जालन्धर, 10 फरवरी (क): राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब का 101 सदस्यों का बलिदानी जत्था जो एक फरवरी को अमृतसर से समिति के संयोजक

सिखों के बीच मां-बेटे का रिश्ता है । हिन्दू समाज में से ही सिख पंथ का जन्म हुआ है और ऐसे पवित्र रिश्ते को कोई भी मुल्ला दिन और पिता कभी न रहते

सभी गुरुधामों के खुले दर्शन दिद्वार व सेवा सम्भाल का मौका उसे मिले । उन्होंने पूछा कि क्या श्री

दो प्रशिक्षणार्थी चाहिएं

पंजाब केसरी जालन्धर के लिए पत्रकारिता में रुचि रखने वाले दो प्रशिक्षणार्थियों की ज़रूरत है । प्रार्थी का हिन्दी या संस्कृत विषय के साथ स्नातक होना अनिवार्य है अंग्रेज़ी, पंजाबी से हिन्दी में अनुवाद करने, स्वतंत्र रूप से समाचार बनाने की योग्यता के साथ-साथ आफ़सैट की कापी जोड़ने का अनुभव होना भी ज़रूरी है । —सम्पादक

Punjabi Sanstha

मांगट के बेटे की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

डा. मांगट आजकल राजेन्द्रा अस्पताल में कार्यरत थे । आई.जी. मांगट जालन्धर के पी.ए.पी. मुख्यालय में तैनात थे । लगभग चार वर्ष पूर्व, जब वह पटियाला रेंज के डी.आई.जी. थे, तब उनके कार्यालय में बम विस्फोट हुआ था, लेकिन वह बाल-बाल बच गए थे ।

पुलिस ने यद्यपि क्षेत्र की नाकेबंदी का दावा किया है, लेकिन अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई ।

निंदा, क्षोभ

पंजाब हिंदू शिव सेना की प्रिजीडियम के सदस्य रमेश भारद्वाज ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में डा. मांगट की हत्या पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि हाल ही में इस प्रकार की यह तीसरी घटना है, जिससे पता चलता है कि जिला प्रशासन कितना खोखला है । उन्होंने जिला प्रशासन की ओवरहालिंग किए जाने की मांग की । पुलिस प्रशासन में फेरबदल के लिए उन्होंने पुलिस महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो से भी आग्रह किया है ।

'क' के अनुसार डा. एम.एस. मांगट का शव आज सायं 6.15 बजे पटियाला से जालंधर पहुंचा, जिसे स्वर्गीय के पिता श्री डी.एस. मांगट की पी.ए.पी. स्थित कोठी में रखा गया, जहां से कल 11 फरवरी को स्वर्गीय की अर्थी प्रातः 11 बजे उठेगी । मृतक का संस्कार दादा मोटर गैरेज, जी.टी. रोड के निकट श्मशान घाट पर किया जाएगा ।

शव लाने के लिए स्वयं श्री मांगट तथा उनके परिवार के सदस्य, कुछ पुलिस अधिकारी गए थे । डा. मांगट का विवाह अभी एक साल पूर्व ही हुआ बताया गया । उनकी युवा विधवा पत्नी, दुखी माता तथा बहन का विलाप सभी उपस्थितजनों के लिए असह्य था ।

जब शव पी.ए.पी. लाइन पहुंचा, तब डी.आई.जी. जालंधर रेंज श्री पी.सी. डोगरा, अतिरिक्त डी.आई.जी. श्री सिद्दीकी, डी.आई.जी. श्री सुदर्शन लेखी, डी.आई.जी. आपरेशन श्री सी.पी.एस. सिंह, अतिरिक्त एस.पी. जालंधर श्री गोपाल दास, एस.पी. डिटैक्टिव श्री स्वर्ण सिंह, एस.पी. आपरेशन श्री शर्मा, लेबर कोर्ट के प्रीजाइडिंग आफिसर श्री चड्ढा, प्रमुख नागरिक श्री मेहताब सिंह, करतारपुर के प्रमुख व्यापारी श्री गुरदयाल, पी.ए.पी. के अनेक उच्च अधिकारी उपस्थित थे । कैप्टन अमरेंद्र सिंह भी शोक प्रगट करने के लिए श्री मांगट की कोठी पहुंचे ।

दोनों उग्रवादियों ने यह रहस्योद्घाटन किया है कि उन्होंने शिव रात्रि के दिन यानी आज हिन्दुओं और एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की हत्या की योजना बनाई थी ताकि हिन्दुओं में आतंक फैलाया जा सके । तरसेम सिंह उर्फ़ दिलेर सिंह ने यह भी रहस्योद्घाटन किया है कि श्री दरबार साहब में पी.ए.पी. और अन्य कई विभागों के जाली शिनाख्ती कार्ड हैं, जोकि वारदातें करने के लिए जाने वालों को अपने बचाव के लिए दिए जाते हैं ।

रिवाल्वर छीन लिया

रसूलपुर में 22 फरवरी की शाम को लगभग साढ़े 8 बजे रिवाल्वरों से लैस चार कथित उग्रवादी युवक श्री अजीत सिंह के मकान में दाखिल होकर रिवाल्वर की नोक पर उसका 32 बोर का लायसैंसी रिवाल्वर 4 गोलियों सहित छीन कर ले गए । पुलिस के अनुसार श्री अजीत सिंह का मकान बाहर खेतों में है । चार उग्रवादी रिवाल्वर छीन कर ले जाते हुये सबको समाप्त करने की धमकी दे गये । इस घटना की सूचना 23 फरवरी को प्रात: थाना सदर पुलिस को दी गई । पुलिस अधिकारी खोजी कुत्तों के साथ मौके पर गये, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला । कथित उग्रवादी पैदल आए और पैदल ही चले गए ।

घर वालों को घायल करके लूट लिया

फगवाड़ा (खासला): कल रात्रि यहां से दो कि.मी. दूर होशियारपुर रोड पर गांव हाजीपुर में लगभग एक दर्जन सशस्त्र अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक परिवार के कुछ सदस्यों पर तेज़ हथियारों से हमला करके उनका घरेलू सामान लेकर फ़रार होने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि रात्रि लगभग एक बजे गांव हाजीपुर में नानक सिंह नामक व्यक्ति के मकान में लगभग दर्जन अज्ञात व्यक्तियों ने घुसकर नानक सिंह व उसकी पत्नी मोहिन्द्र कौर व अन्य सदस्यों को तेज़ हथियारों से सख्त घायल करके लगभग 50 हज़ार रुपए का घरेलू सामान, जिसमें आभूषण व नगदी भी शामिल है, लेकर टैम्पुओं में लादकर फरार हो गए । घायलों को स्थानीय एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल करवाया गया है, उनकी हालत गम्भीर बताई जाती है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

शिवरात्रि पर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और हिन्दुओं की हत्या करने की योजना थी : दरबार साहब में कई विभागों के छद्म शिनाख्ती कार्ड हैं ताकि जो भी उग्रवादी हत्या करने जाए, वह उस शिनाख्ती कार्ड के कारण बच निकले : विरसा सिंह हत्या की योजना बनाता था : ये दोनों खजाला के साथी हैं ।

लाइन पर कटा शव मिला

स्थानीय रेलवे पुलिस को आज फगवाड़ा-बंगा रेलवे लाइन पर एक कटी हुई लाश मिली । रेलवे पुलिस ने लाश पर कब्ज़ा करके केस दर्ज करलिया है और जांच शुरू कर दी है ।

2 उग्रवादी गिरफ़्तार

होशियारपर (अश्विनी): गढ़शंकर पुलिस ने 2 उग्रवादियों हरजिंद्र सिंह उर्फ़ भिंडा गांव मोरांवाली और रेशम सिंह बेदी गांव कितना को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से 12 बोर का एक पिस्तौल, 5 कारतूस, 38 बोर का रिवाल्वर और 4 कारतूस बरामद किए हैं । यह जानकारी यहां एक पुलिस प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि ये उग्रवादी कार्य समय से पुलिस को वांछित थे । उन्होंने 15 स्कूटर छीने और कई शराब के ठेके लूटे । उन्होंने यह रहस्योद्घाटन भी किया है कि उन्होंने अपने एक साथी सोढी की एक शराब के ठेके पर हत्या कर दी थी, वह टोटो मजारा का रहने वाला था । पुलिस ने दोनों का शारीरिक रिमांड लेकर उनसे पूछताछ शुरू दी है ।

स्कूटर छीन लिया

प्रद्युम्न, अश्विनी के अनुसार होशियारपुर से 60 किलो मीटर दूर थाना बलाचौर में रक्कड़ा ढाहां के स्थान पर तीन अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति बलिहार सिंह से उसका स्कूटर नं. पी.जे.डी. 1664 छीन लिया और फरार हो गए ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बलवंत सिंह राजनीतिक चालों के माहि
रहें : पहले भी कई कलाबाज़ियां लगा

चंडीगढ़, 26 फरवरी (वि.प्र.): एकीकृत अकाली दल के महासचिव श्री सुखदेव सिंह ढींढसा ने रहस्योद्घाटन किया है कि वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह ने पंजाब का मुख्यमंत्री बनने के लिए सबसे पहले अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह से प्रार्थना की थी । उन्होंने कहा था कि जैसे भी हो सके वह पंथक एकता की घोषणा करें क्योंकि केंद्र सरकार इसे तारपीडो कर सकती है ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि श्री बलवंत सिंह ने एक अवसर पर प्रो. दर्शन सिंह से कहा था कि यदि वह शीघ्र पंथक एकता की घोषणा करें तो यह उनका (बलवंत सिंह का) आश्वासन है कि श्री बरनाला अकाली दल (ला.) की अध्यक्षता से त्यागपत्र देंगे और यदि उन्होंने अध्यक्ष पद न छोड़ा तो वह स्वयं अढ़ाई दर्जन विधायकों सहित दल से अलग हो जाएंगे । अब श्री बलवंत सिंह बहाने बना कर टालमटोल कर रहे हैं ।

श्री ढींढसा ने कहा कि एक अवसर पर तो श्री बलवंत सिंह तथा उनके कुछ साथी मंत्रियों ने अकाली विधायक दल में एकता कराने की बात कही थी, परंतु सिंह साहिबान ने यह कह कर ऐसा नहीं किया कि यह पूरी तरह से संवैधानिक मामला है, और उन्होंने पंथक दायरे में सीमित रहते हुए संगठनात्मक एकता को ही प्राथमिकता दी ।

श्री ढींढसा ने विपक्षी दलों, केंद्र सरकार और सिंह साहिबान से अपील की कि वे श्री बलवंत सिंह की राजनीतिक चालों से सचेत रहें । यह पहला अवसर नहीं, इससे पूर्व भी श्री बलवंत सिंह अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए कई बार 'कलाबाज़ियां' लगा चुके हैं । श्री ढींढसा का कहना है कि कम से कम इस बार सभी को बलवंत सिंह से सचेत रहना चाहिए । उनका कहना है कि सिखों का धर्म और राजनीति अलग-अलग नहीं हो सकती है । अकाल तख्त सारे सिख पंथ की एकता का प्रतीक है ।

श्री ढींढसा ने देश-भर की विपक्षी पार्टियों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री श्री गांधी की राजनीतिक हरकतों से सचेत रहें क्योंकि श्री गांधी इस बार फिर सिखों को बदनाम करके चुनाव जीतना चाहते हैं । उन्होंने कहा कि जो लोग प्रो. दर्शन सिंह

चम्बा जेल से भागे कैदी पुलिस की सक्रियता से पुन: पकड़े गये

धर्मशाला, 26 फरवरी (वेद भूषण): चम्बा सब-जेल से चार विचाराधीन कैदियों के भाग

चारों विचाराधीन कैदियों को पुन: पकड़ने की कहानी भी उतनी ही दिलचस्प है । इन चार कैदियों में से एक गोरखा बताया जाता है । वह

ा नज़रबंदों की रिहाई की मांग
ोक्षाओं के बहिष्कार की धमकी

आल इंडिया सिख की प्रिज़ीडियम के ा तदर्थ पैनल के हां एक संवाददाता रकार ने जोधपुर ंद सिख नेताओं व ड़ सिख सैनिकों को से शुरू होने वाले की परीक्षाएं पहले ोने देगा और यदि फिर इन परीक्षाओं सीपल तथा अन्य रकार की शह पर ीदार न बनें । सी ने ऐसा किया तो

: कई
मारोह
सर पर विशेष रूप

उसके परिणामों का स्वयं जिम्मेदार होगा ।

दोनों नेताओं ने झूठे पुलिस मुकाबले में युवकों की हत्याओं का आरोप लगाते हुए कहा कि इन्हें बंद कराने के लिए सिख स्टुडैंट्स फ़ैडरेशन की 18 मार्च को रोडे गांव में श्री जगजीत सिंह रोडे की पहली बरसी के अवसर पर आयोजित की जा रही प्रसभा में विशेष एक्शन की घोषणा की जाएगी । इस प्रसभा में अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह तथा अन्य चारों मुख्यग्रंथी और देश व विदेश में काम कर रहे सहयोगी संगठनों के नेताओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है ।

उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सिख छात्र संघ के दोनों गुटों को एक करने की कोशिशें हो रही हैं और इस बारे में अकाल तख्त के जत्थेदार जो भी निर्णय लेंगे, उनका गुट उसे स्वीकार करेगा ।

उन्होंने बताया कि सात मार्च को जालंधर के लायलपुर खालसा कालेज में जिला जालंधर की संगठनात्मक रैली की जा रही है ।

केरल कांग्रेस दोफाड़

तिरुअनन्तपुरम, 26 फरवरी (वार्ता): सत्तारूढ़ संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे का एक प्रमुख घटक, केरल कांग्रेस आज दोफाड़ हो गया ।

पार्टी का विभाजन पी.जे. जोजफ और के.एम.

Punjab Archive

बारात

(वार्ता): महाशिव
ाज अनोखी शिव
समें काशी का
र हो उठी ।
भगवान शंकर के
वेशभूषा में भजन
ते चल रहे थे ।
ग और ठंडाई छाने

देव (दारानगर) से
पर आकर खत्म
मंदिर से चोरी गये
ुशी में इस बारात
था ।

ष)

कतारें लगी थीं ।
र पर उपवास रखा
, शहद तथा फल
ना की । चंडीगढ़
न्दिरों में शिव रात्रि
।
का दिन 'ऋषि बोध
।
क शिव रात्रि मनाई
ं ने आज विभिन्न
ूजा की तथा व्रत
र्तन होता रहा ।
ई स्थानों पर लंगर

ं नगर निगम के
रेज और पलम्बर
-सिंह भाईचारे के
न बाबू संत राम ने
। हरीश शरण ने
न भी हुआ ।

र वहां ऐतिहासिक
ड़ालओं ने भगवान
मों ने शिवपुराण व
की । नगर में
डारे का आयोजन

ां विभिन्न स्थानों
उत्साह से मनाया
पर शिव बाड़ी में
आ है । शहर में
बालन्धर रोड पर
और पौंचे बहाला
से मनाई गई ।
की गई ।

में शिवरात्रि पर्व
ुओं ने बड़ी संख्या
की पूजा की तथा
गा माता मन्दिर,
पंडिता, शिवाला
शहर के लगभग
त्रि उत्सव बड़े
व मन्दिरों में शिव
पूजा होती रही ।
ाइयां में विशेष
ओं का तांता लगा
समाजों में ऋषि
को शहर के सभी
में दीपमाला की

नगर के मंदिरों में
ल्हापूर्वक तथा
मंदिरों को खूब
मंदिरों में जाकर

प बस स्टैंड पर
र्तन का आयोजन
इस बस स्टैंड के

ऋषि बोधोत्सव पर यज्ञ

आर्य समाज माडल टाऊन जालंधर में ऋषि बोधोत्सव के उपलक्ष में चार दिवसीय महायज्ञ आज प्रातः आरम्भ हुआ, जिसकी पूर्णाहुति एक मार्च को प्रातः 7.30 से 10 बजे तक सम्पन्न होगी ।

लैक्चरारों के नारे—छात्रों की तालियां

तरनतारन, 26 फरवरी : स्थानीय सरकारी कालेज में कार्यरत स्थायी व तदर्थ लैक्चरारों ने गत दिवस आल इंडिया फैडरेशन आफ यूनिवर्सिटी एंड कालेज टीचर्स आर्गेनाइज़ेशन के आह्वान पर हड़ताल की और अपनी मांगों का ज्ञापन एस.डी.एम. को दिया । इसका दिलचस्प पहलू यह रहा कि जब लैक्चरार कालेज से जलूस के रूप ज्ञापन देने के लिए गए तो वहां छात्र-छात्राओं ने लैक्चरारों के नारों के साथ-साथ तालियां बजाईं । लैक्चरारों का नेतृत्व प्रोफैसर गोंदल ने किया । प्रोफैसर चीमा ने सदस्यता शुल्क देने के बावजूद हड़ताल में हिस्सा नहीं लिया जबकि मैडम मीनाक्षी ने तदर्थ लैक्चरारों की स्थानीय इकाई की प्रतिनिधि होने के बावजूद नेतृत्व करने से इन्कार किया यद्यपि वह हड़ताल में शामिल हुईं ।

तार कर्मचारी फरवरी का वेतन नहीं लेंगे

चंडीगढ़, 26 फरवरी : पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के तार कर्मचारियों ने वेतन दिवस पर फरवरी मास का वेतन लेने से इंकार करने का फैसला किया है । सभी केंद्रों पर प्रदर्शन तथा रैलियां आयोजित की जाएंगी । यह पग सरकार द्वारा परामर्श के बिना एस.एफ.टी. प्रणाली लागू करने के विरोध में उठाया जा रहा है । इसे लागू किए जाने का कर्मचारियों की सेवा क्षमता तथा भविष्य पर असर पड़ेगा । कर्मचारियों की मांग है कि वर्तमान प्रणाली की त्रुटियां दूर की जाएं ।

थाने पर हमला, 2 सिपाहियों की हत्या कर शस्त्र लूटे

दार्जिलिंग, 26 फरवरी (वार्ता): सरकारी सूत्रों के अनुसार गोरखा लिबरेशन फ्रंट ने गत सप्ताह मिरिक पुलिस थाने पर हमला करके जिन 7 सिपाहियों का अपहरण किया था, उनमें से दो की तो निश्चित रूप से हत्या कर दी गई है जबकि तीसरे के भाग्य का पता नहीं चला है । चार अपहृत सिपाही नेपाल होते हुए लौट आए है । फ्रंट के वर्करों ने थाने से 6 मस्कटे, एक 9 एम एम की पिस्तौल, 38 बोर के तीन रिवाल्वर, थ्री नाट थ्री की तीन राइफलें, एक दुनाली व दो एक नाली बंदूकें व भारी मात्रा में कारतूस भी लूटे थे ।

राजनीतिक दलों को कंपनियों द्वारा चंदा 'व्यावसायिक खर्च' माना जाए

नई दिल्ली, 26 फरवरी (वार्ता): पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली वाणिज्य एवं उद्योग मंडल ने बजट से पूर्व सरकार को सुझाव दिया है कि कंपनियों द्वारा राजनीतिक दलों को दिया गया चंदा उनका 'व्यावसायिक खर्च' माना जाए ।

मंडल ने सरकार को भेजे गए सुझावों में कहा है कि हाल ही में कम्पनी कानून में संशोधन करके राजनीतिक पार्टियों को चंदे की अनुमति दी गई है । इसके अनुरूप आयकर कानूनों में संशोधन किया जाना चाहिए ताकि राजनीतिक चंदे को खर्च मान कर कम्पनी की आय में से घटाया जा सके ।

सरकार को मंडल ने यह सुझाव भी दिया है कि आयकर से छूट की सीमा 18 हजार रुपए वार्षिक से बढ़ा कर 25 हजार कर दी जाए । प्रारंभिक आयकर की दर भी 25 प्रतिशत से घटा कर 20 प्रतिशत करने की मांग की गई है ।

बलात्कार में 4 को सजा

दरभंगा, 26 फरवरी : अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) जनार्दन प्रसाद यादव ने एक लड़की के अपहरण एवं उसके साथ बलात्कार के आरोप में चार व्यक्तियों को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है ।

चंद मांजरा के गनमैन द्वारा

सेखड़ी के भाई की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

बलिहार सिंह के अनुसार वह अपने भाई सोहना सिंह के पास तीसरे भाई परविंद्र, जो उक्त गांव में बैंक में काम करता है, को देर होने के कारण लेने गए थे । लगभग साढ़े सात बजे जब वह वापस अपने गांव गुलपुर को लौट रहे थे तो एक युवक ने उसे रोका, दूसरा तथा तीसरा भी आगे आ गए और पिस्तौल निकालकर स्कूटर उनके हवाले करने के लिए कहा । स्कूटर छीन कर वे दौलतपुर की ओर भाग गए ।

वी.सी.आर. छीन लिया

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' के अनुसार स्थानीय मुहल्ला टिब्बा साहिब से तीन व्यक्ति तेजेन्द्र सिंह नामक एक दुकानदार का वी.सी.आर. छीन कर भाग गए । इनमें से एक ग्राहक बन कर किराए पर वी.सी.आर. लेने दुकान पर आया था । दुकानदार ने अपने आदमी को वी.सी.आर. देकर उसी साथ भेज दिया । रास्ते में उसके दो और साथी भी आ गए, जिन्होंने दुकानदार के आदमी को मारे डालने की धमकी देकर वी.सी.आर. छीन लिया । पुलिस को सूचित कर दिया गया है ।

आतंकवादी, शरण देने वाले 3 गिरफ़्तार

गुरदासपुर (विनोद): ज़िला पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के अभियोग में तीन व्यक्तियों को तथा एक आतंकवादी को गिरफ़्तार किया है । ज़िला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि बटाला सदर के गांव भुल्लर निवासी अजीत सिंह, गणेशा सिंह और गुरमुख सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के अभियोग में गिरफ्तार किया गया है और इन तीनों ने स्वीकार किया है कि कई खतरनाक आतंकवादी समय-समय पर इनके पास आकर ठहरते थे । श्री विरदी ने बताया कि गांव रामनगर के एक आतंकवादी हरप्रीत सिंह कोभी गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से 38 बोर का रिवाल्वर भी बरामद हुआ है । इनसे पूछताछ जारी है ।



नानक सिंह, जिसे फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव हाजीपुर में संदिग्ध उग्रवादियों ने घायल कर दिया । (छाया : कौड़ा, अल्पना)

दो वाहन छीने

अमृतसर : पुलिस के अनुसार गत रात्रि जिले के विभिन्न भागों में सशस्त्र व्यक्तियों ने 2 व्यक्तियों से उनके वाहन छीने लिए । फतेहगढ़ चूड़ियां रोड पर दो सशस्त्र युवकों ने एक व्यक्ति हरदयाल सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया, जब वह अपने घर गांव काला अफ़गाना में जा रहा था । दूसरी घटना में अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने थाना अजनाला के गांव खेमपुर में एक व्यक्ति से उसका मोटर साइकिल छीन लिया और भाग गए ।

उग्रवादियों का मुकाबला करते घायल

थाना सदर अमृतसर की पुलिस के अनुसार गत रात्रि गांव खानकोट में तीन व्यक्ति एक ग्रामीण अजीत सिंह के घर में घुस गए, वहां चली गोलियों से अजीत सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया । पुलिस ने कहा है कि जब संदिग्ध उग्रवादी घर में घुसे, अजायब सिंह ने उसे जफ्फा मार लिया और उसके बड़े लड़के ने अपनी लाइसैंसी बंदूक के साथ उस पर गोली चलाई । थोड़ी-सी गोलियां चलने के बाद उग्रवादी भाग गए ।

गांव में हत्या

अमृतसर पुलिस के अनुसार गत रात्रि थाना बल्टोहा के गांव सरैन बल्टोहा में एक व्यक्ति जसविंद्र सिंह की उसी गांव के दो सशस्त्र भाइयों ने हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार यह व्यक्तिगत शत्रुता का मामला है, मृतक ने कुछ समय पूर्व हत्यारों के विरुद्ध एक केस में गवाही दी थी । हत्यारे बाद में स्कूटर पर फरार हो गए । उसका भाई दर्शन सिंह घायल हो गया ।

गत रात्रि बल्टोहा थाना जिला अमृतसर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

राइफलें छीन लीं

बाघापुराना : कल रात बाघापुराना से छः किलोमीटर दूर एक गांव में 4 सशस्त्र व्यक्तियों ने तीन जमींदारों इंद्र सिंह, मेहर सिंह और सरवन सिंह के घरों में बलात घुसकर पिस्तौल की नोक पर तीन राइफलें तथा दस कारतूस छीन लिए । घटना का पता लगने पर गांव के लोगों ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया परन्तु वे भागने में सफल हो गए । उन्होंने भागते हुए भी फायरिंग की । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

दो स्कूटर छीने

लुधियाना : जिला लुधियाना के जगरांव के क्षेत्र में गांव बहादुरके में आज एक स्कूटर छीने जाने की घटना हुई, लुधियाना जिला में समराला-साहीवाड़ा रोड पर भी आज प्रातः बंदूक की नोक पर एक स्कूटर छीन लिया गया ।

पैट्रोल पम्प लूटा

लुधियाना से 'मुसाफिर' के अनुसार कल रात्रि जगरांव में एक पैट्रोल पम्प से एक बंदूक और एक राइफल लूट लिए जाने की सूचना मिली है । प्राप्त सूचना के अनुसार चार व्यक्ति, जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी, पैट्रोल पम्प पर आए और बंदूक की नोक पर पैट्रोल पम्प से 10 हजार रुपया लूट लिया । इसके साथ ही पैट्रोल पम्प के मालिक से उसका पिस्तौल और राईफल भी छीन ली । पैट्रोल पम्प के बाहर एक ट्रक खड़ा था, जिसे वे ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

राष्ट्रपति द्वारा चरण सिंह की प्रशंसा

गाजियाबाद, 26 फरवरी (वार्ता): राष्ट्रपति जैल सिंह ने कहा कि लोकदल नेता चौधरी चरण सिंह ने स्वतन्त्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । राजनीतिक विचारधारा ने श्री चरण सिंह और श्री जैल सिंह को अलग कर दिया लेकिन देशभक्ति, दलगत राजनीति से ऊपर है ।

श्री जैल सिंह मोदी नगर के निकट पतला ग्राम में चौधरी चरण सिंह ग्रामोद्योग एवं प्रावैधिक संस्थान का शिलान्यास कर रहे थे । श्री जैल सिंह ने कहा कि यदि चौधरी चरण सिंह शिलान्यास समारोह में उपस्थित हो पाते तो उन्हें बहुत प्रसन्नता होती ।

शिलान्यास समारोह के अवसर पर हुई जनसभा में हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री देवी लाल और लोकदल नेता एवं श्री चरण सिंह के पुत्र अजीत सिंह भी मौजूद थे ।

अखिल भारतीय लघु समाचार पत्र सम्पादक सम्मेलन के महासचिव प्रमोद आर्य ने राष्ट्रपति से संसद द्वारा पास किए गए (संशोधन) विधेयक पर अपनी सहमति नहीं देने का अनुरोध किया है ।

नकली शराब से 6 मरे

कोयम्बटूर, 26 फरवरी : नकली शराब पीने से छः लोगों की मृत्यु होने का समाचार है ।

1.70 लाख वर्ष पूर्व अंतरिक्ष में विस्फोट हुआ था

लास एंजल्स, 26 फरवरी (एपी): खगोलविदों को करीब एक लाख सत्तर हज़ार साल पहले हुए विस्फोट की जानकारी अब मिली है ।



प्राचीन शिव मंदिर गुड़ मंडी जालन्धर में वीरवार वैष्णो माता तथा सरस्वती माता की प्रतिमाएं प्रति



लायलपुर खालसा कालेज फार वीमैन जालन्धर फैडरेशन की ओर से शहीदी दिवस मनाया गया । भाई को अकाल तख्त के मुख्यग्रन्थी ज्ञानी

ऋण चुकाने से इंकारी पर गिरफ्तार

ढाका, 26 फरवरी (ए.पी.): बंगला देश

रस्म पगड़ी-रि

हम शोक सहित आपको सूचि
श्रीमती राजा देवी, पत्नी स्वर्गीय ल
13.2.87 को लुधियाना में स्वर्ग
रविवार 1.3.87 को दोपहर 12 ब
उनके निवास स्थान-अग्रवाल स्ट्रीट,
होगी ।

शोकग्रस्त

प्रेम नाथ अग्रवाल
मै. कस्तूरी लाल हर लाल
लुधियाना

रस्म कि

अत्यन्त शोक एवं दुख के सा
सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय
श्री मोहिन्द्र नाथ अग्रवाल (एडवोकेट
12.2.87 को स्वर्ग सिधार गये हैं
रस्म किरया 27 फरवरी 198
(शुक्रवार) 388, आदर्श नगर, मे
रोड, जालंधर में 1 बजे से 2 ब
दोपहर तक होगी ।

—: शोकाकुल
श्रीम
डा

राम पाल
कुलदीप चंद } (भाई)
पुष्प कुमार
विनोद अग्र

आभार प्रदर्शन

हम भारी संख्या में अपने रिश्तेदारों और मित्रों के प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने मैसर्ज़ कस्तूरी लाल हर लाल, कोल

Punjabi Sanstam

13049 हत्याएं, 3398 बलात्कार

श्री चिदम्बरम के अनुसार मार्च 1986 के बाद

देश में गत वर्ष औसतन प्रतिदिन दो से अधिक महिलाओं की हत्या दहेज के कारण की गई ।

1986 के दस महीनों में सब से अधिक 386 महिलाओं की दहेज के कारण जान ली गई ।

और विपुरा सहित छह राज्यों एवं दो केन्द्र शासित प्रदेशों में नवम्बर तक दहेज के कारण कोई मौत नहीं हुई ।



पुजारी की हत्या, बब्बर खालसा का एक उग्रवादी मरा, 2 काबू

जिला अमृतसर के गांव मत्तेनंगल में शव मिला, जौड़ा गांव में 11 संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

इंका विधायक के भाई अजय सेखड़ी की अंत्येष्टि

चंडीगढ़, 27 फरवरी (नि.स.,बा.): गुरदासपुर जिला में गत दिनों सीमा सुरक्षा बल के साथ 3 विभिन्न मुठभेड़ों में बब्बर खालसा का एक आतंकवादी करम सिंह मारा गया, 2 उग्रवादी जस्सा मसीह और जसबीर सिंह पकड़े गए जबकि तीसरी मुठभेड़ में दर्दांत उग्रवादी बलजीत सिंह खड्डा बस हत्याकांड में प्रयुक्त कार्बाईन, जिस पर 'शेर सिंह शेर' लिखा था, छोड़ कर भाग निकला ।

पंजाब के इंका विधायक श्री अश्वनी सेखड़ी के बड़े भाई अजय सेखड़ी, जिनको कल देहरादून-सहारनपुर रोड पर घायल कर दिया गया था और वायुसेना के विमान द्वारा दिल्ली ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई थी, का आज बटाला में अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

अमृतसर के मत्तेनंगल गांव के निकट एक शव बरामद हुआ है जबकि सरहाली क्षेत्र में जौड़ा गांव में 11 संदिग्ध व्यक्तियों को आतंकवाद एवं तोड़फोड़ निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है ।

मोगा सब डिवीजन के गांव दौलतपुरा नीवा में कल रात उग्रवादियों ने एक पुजारी भोला राम को गम्भीर घायल कर दिया, जिसकी अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई । इसी सब डिवीजन के गांव मंदर से 3 किसानों से 3 राईफलें छीन ली गईं ।

3 मुठभेड़ें, एक मरा, 2 काबू

बटाला (कोछड़, बा.): सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ कल रात गुरदासपुर जिला में 2 विभिन्न मुठभेड़ों में एक उग्रवादी मारा गया जबकि 2 अन्य को भारी परिणाम में गोलाबारूद के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री पी. सी. डोगरा ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल ने तीसरी मुठभेड़ में 2 मैगजीनों, 80 राऊंड गोलियों सहित 9 एम.एम. की एक कार्बाईन बरामद की । यह मुठभेड़ डेरा बाबा नानक थानांतर्गत गांव बल में बुधवार की रात को हुई थी ।

मृत उग्रवादी की शिनाख्त 'बब्बर खालसा' संगठन के सदस्य करम सिंह के रूप में हुई है जो कि बटाला के निकट गांव कोट फत्सी का रहने वाला था । वह अपने साथियों के साथ जा रहा था । कादियां थाना के गांव लोहचक्क के निकट सीमा सुरक्षा बल की नाका पार्टी ने इन्हें ललकारा तो उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । मुठभेड़ में करम सिंह मारा गया और उसके 2 साथी हथियार छोड़ कर भाग निकले । घटनास्थल से 38 बोर का रिवाल्वर, 303 कैलिबर पिस्तौल तथा 4 खाली कारतूस बरामद किए गए । श्री डोगरा ने बताया कि मृतक 4 गोली कांडों जिनमें एक हैड कांस्टेबल सहित 6 व्यक्ति मारे गए थे, के अलावा विभिन्न डकैतियों और शस्त्र आदि लूटने में वांछित था । करम सिंह ने गत वर्ष 1 दिसम्बर को बटाला थाना सदर के निकट हैड कांस्टेबल जोगिन्दर सिंह की हत्या कर दी थी । उसने 30 दिसम्बर को एक दोधी कश्मीरा सिंह की हत्या की थी और सुलक्खन सिंह को घायल कर दिया था । 11 दिसम्बर को उसने दयालगढ़ के निकट एक स्कूल टीचर पूरन सिंह को मार डाला था । वह उग्रवादियों द्वारा बटाला नगर के घेराव के दौरान 23 मार्च को 3 कार सवारों की हत्या में भी वांछित था ।

बटाला-अमृतसर सड़क पर कल रात गांव शेखपुरा के निकट बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ के बाद पकड़े गए 2 उग्रवादियों की शिनाख्त बब्बर खालसा के सदस्यों जस्सा मसीह और जसबीर सिंह के रूप में हुई है । इनसे 32 बोर का रिवाल्वर, 303 कैलिबर पिस्तौल, 4 खाली तथा एक जीवित कारतूस बरामद किया गया । श्री डोगरा ने बताया कि यह मुठभेड़ उस समय हुई जब मजीठा (अमृतसर) से छीने गए एक स्कूटर पर सवार होकर दोनों उग्रवादी जा रहे थे और सीमा सुरक्षा बल द्वारा इशारा किए जाने के बावजूद नहीं रुके । स्कूटर के टायर में गोली लगने से दोनों उग्रवादी गिर गए और पकड़े गए । जसबीर सिंह ने गत 15 मार्च को तारगढ़ गांव के पटवारी राम चंद की हत्या करने और जस्सा मसीह के साथ मिल कर कई डकैतियां करने की वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है ।

तीसरी मुठभेड़ बुधवार की रात को डेरा बाबा नानक थानांतर्गत गांव बल के निकट हुई जब बी.एस.एफ. की नाका पार्टी ने एक युवक को रुकने के लिए कहा । बाद में पता चला कि वह दर्दांत उग्रवादी बलजीत सिंह उर्फ बिट्टू है जो 'खालिस्तान आर्मड फोर्स' के स्वयंभू महानिदेशक कंवलजीत सिंह उर्फ कम्बा का साथी था । बलजीत सिंह घटनास्थल पर एक कार्बाईन और कुछ कारतूस छोड़ कर भाग निकला । इस कार्बाईन पर "शेर सिंह शेर" लिखा था जो सम्भवतः 30 नवम्बर को जिला होशियारपुर के गांव खुड्डा के निकट 22 बस यात्रियों की नृशंस हत्या में प्रयुक्त की गई थी । कंवलजीत सिंह की गत 8 फरवरी को अमृतसर पुलिस के साथ मुठभेड़ में मृत्यु हो गई थी ।

सेखड़ी की अंत्येष्टि

आज बाद दोपहर 32 वर्षीय श्री अजय सेखड़ी का अंतिम संस्कार कर दिया गया । मृतक प्रसिद्ध उद्योगपति व इंका नेता स्वर्गीय श्री विश्व मित्र सेखड़ी के बड़े बेटे व इंका विधायक व फाऊंडरीमैन एसोसिएशन के चेयरमैन श्री अश्विनी सेखड़ी के बड़े भाई थे ।

सेखड़ी परिवार के लिए पिछले कुछ महीनों में यह दूसरी बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण घटना है । पहले 28 जुलाई 1985 को श्री विश्व मित्र सेखड़ी का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था अब युवा अजय सेखड़ी की हत्या कर दी गई ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री अजय सेखड़ी कुछ दिन पूर्व अपने दो नन्हें बच्चों 8 वर्षीय पारूल व 5 वर्षीय पल्लवी के देहरादून स्थित कानवेंट स्कूल में प्रवेश के लिए गए थे । 24 फरवरी को सायं 6.30 पर वह टैक्सी द्वारा सहारनपुर के लिए चले । जिस टैक्सी पर वह सवार हुए उसमें 4 यात्री पहले मौजूद थे । देहरादून से सहारनपुर के राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित क्षेत्र छटमलपर के निकट टैक्सी में सवार दो यात्रियों में से एक ने उन्हें व अन्य को लूटने की नियत से पिस्तौल निकाल कर, सब को नीचे उतार लिया व जो कुछ उनके पास है उन्हें दे देने के लिए कहा । तभी सड़क पर एक ट्रक व जीप आती दिखाई दी, पिस्तौलधारी ने 12 बोर के पिस्तौल से फायर कर दिया जो श्री सेखड़ी की छाती में लगा । लुटेरे भाग गए ।

टैक्सी चालक व अन्य दो यात्री जो व्यापारी बताए जाते हैं, गम्भीर घायल अजय को टैक्सी में डाल कर सहारनपुर पुलिस थाने व फिर अस्पताल लेकर गए ।

सेखड़ी परिवार को इस दर्घटना की सूचना

(शेष पृष्ठ 8 पर)

दर्शन सिंह की उपस्थिति में खालिस्तान के नारे

अमृतसर, 27 फरवरी : स्थानीय खालसा कालेज में आज आयोजित एक शहीदी सम्मेलन में अकाल तख्त के कार्यकारी मुख्यग्रंथी प्रो. दर्शन सिंह रागी और दो अन्य सिख हैडग्रंथियों ने भाग लिया । शहीदी सम्मेलन का आयोजन आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के दो धड़ों ने हाल ही में पुलिस सिख पंथ की एकता पर बल दिया । सम्मेलन में पास किए एक प्रस्ताव में केंद्र द्वारा सिख युवकों पर किए जा रहे अत्याचारों की निन्दा की गई । सम्मेलन में कुछ विधवाओं ने उस समय बहिष्कार कर किया जबकि उन्हें बोलने की अनुमति न दी गई ।

के प्रयास में षी घोषित

नाडा की निजी यात्रा पर आए थे । उस समय नकुवर में उनकी कार पर इन चारों ने हमला किया । श्री सिद्धू को सीने और दाहिनी बांह में चोट ई थी ।

फिर एक बार

पेंट बेल्जियम, 27 फरवरी (ए.पी.): बेल्जियम की 27 वर्षीय महिला ने दूसरी बार चार बच्चों को एक साथ जन्म दिया है ।

पेंट अस्पताल सूत्रों के अनुसार श्रीमती एनेके डीन हावरमेट इससे पहले भी दो जुड़वां बच्चों और फिर अगली बार चार बच्चों को एक साथ जन्म दे चुकी है । कुल मिला कर अब उनके नौ बच्चे हैं । उनके एक बच्चे की मृत्यु हो गई थी ।

गतिविधियों का नया केन्द्र बना

भेंक है और इसमें हस्तक्षेप करना मेरा अधिकार । उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यग्रंथियों ल स्टार आप्रेशन के बाद ज्ञानी जैल सिंह तथा सिंह को अकाल तख्त पर पेश होने का हुकम था, इसलिए नहीं कि वे एक राजनीतिक संस्था सम्बद्ध थे बल्कि इसलिए कि वे सिख थे और होंने अपने धर्म को अपमानित किए जाने से रोका

घुसपैठिए मरे

तर में बताया कि गत वर्ष के अंत तक 2049 किस्तानी देश में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे ।

उन्होंने बताया कि उनके अतिरिक्त 1743 किस्तानी नागरिक लापता बताए गए हैं जिनका लगाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं ।

श्री चिदम्बरम के अनुसार सबसे अधिक 340 पाकिस्तानी उत्तर प्रदेश में हैं और लापता वालों की संख्या वहीं सर्वाधिक 594 है । इस धि के दौरान देश में कुल 20,738 पाकिस्तानी रिक रह रहे थे ।

नहीं था । श्रीमती गांधी को भी हम दोषी समझते थे लेकिन उन्हें नहीं बुलाया गया क्योंकि वह सिख नहीं थीं ।

जत्थेदार प्रो. रागी ने कहा कि सिख समुदाय तथा अकाली धड़ों द्वारा बार-बार अनुरोध किए जाने पर ही उन्होंने इसमें हस्तक्षेप किया था ताकि दल में एकता कायम हो सके । उन्होंने कहा कि वह पूर्ण एकता हो जाने के बाद हस्तक्षेप करना बंद कर देंगे । यह पूछे जाने पर कि यदि उनका उद्देश्य पंथक एकता ही था तो बरनाला धड़े की बात क्यों न सुनी गई, उन्होंने कहा कि किसी धड़े की सुनवाई किए जाने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता । उन्होंने न तो बरनाला धड़े से तथा न ही किसी अन्य धड़े से कोई स्पष्टीकरण चाहा था । उन्होंने तो केवल विभिन्न अकाली दलों को भंग करने तथा पदाधिकारियों को त्यागपत्र देने के लिए ही कहा था । मेरा अनुमान है कि जब एक दूसरे के विरुद्ध दोषारोपण होता रहेगा, एकता नहीं हो सकेगी । मैंने सभी धड़ों को कुर्बानी की भावना का प्रदर्शन करने को कहा था । श्री बरनाला ने गत वर्ष ऐसी पेशकश बार-बार की थी । मैंने शिरोमणि अकाली दल को नहीं तोड़ा जिसने कि चुनाव लड़ा और जीता था तथा मैंने न ही

Punjab Sangam

उग्रवादियों द्वारा हत्यायें

(पृष्ठ 1 का शेष)

अगले दिन बुधवार बाद दोपहर मिली और हड़कम्प मच गया । जब परिवार के लोग सहारनपुर अस्पताल पहुंचे तो घायल की दशा अत्यन्त चिन्तनीय थी व डाक्टरों ने उपचार की ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया था ।

अगले दिन वीरवार 26 फरवरी को श्री अश्विनी सेखड़ी ने अपने निकट रिश्तेदार व हमदर्द इंका सांसद श्री रघुनन्दन लाल भाटिया के माध्यम से वायुसेना के विशेष विमान का प्रबन्ध किया और दिल्ली अस्पताल के लिए उड़े लेकिन दिल्ली के निकट ही श्री अजय सेखड़ी की विमान में मृत्य हो गई ।

गोली से घायल श्री अजय सेखड़ी लगातार 40 घंटे जूझते रहे । उन्हें छाती पर 30-35 छर्रे लगे थे, यदि सहारनपुर अस्पताल के डाक्टरों ने उचित प्रकार से देखभाल की होती, तो उनकी जान बच सकती थी ।

मृतक अपने पीछे माता, तीन भाई, युवा विधवा, 8व 5 वर्षीय दो बच्चे छोड़ गए हैं ।

आज संस्कार के समय जिला गुरदासपुर के सभी वर्गों के लोग व राजनैतिक पार्टियों के नेता उपस्थित थे । देश के विभिन्न भागों से उन्हें शोक संदेश मिले हैं ।

आज जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री पर्ण चंद डोगरा, गरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी, एस.पी. (डी) श्री समेध सिंह सैनी भी उनके परिवार से संवेदना व्यक्त करने गए । रस्म चौथा व रस्म किरया कल शनिवार 28 फरवरी को उनके निवास सेखड़ी हाऊस बटाला में दोपहर 2 बजे होगी ।

पुजारी की हत्या

मोगा (ज्ञान): कल रात मोगा सब डिवीजन (फरीदकोट जिला) के गांव दौलतपुरा नीवां में 4 उग्रवादियों की गोलियों से गम्भीर रूप से घायल पुजारी भोला नाथ की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई ।

3 राइफलें छीन लीं

कल रात तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने मंदिर गांव के 3 किसानों नाहर सिंह, सरवन सिंह और इंद्र सिंह से पिस्तौल की नोक पर 3 राइफलें छीन लीं । पुलिस के अनुसार मोटर साइकिलों पर भागे इन उग्रवादियों का गांव वालों ने पीछा किया, लेकिन वह अंधेरे में भाग निकले उग्रवादियों ने भागते समय गोलियां चलाईं, लेकिन लोग बाल-बाल बच गए ।

प्रतिबंध

जिला फरीदकोट के अधिकारियों ने आग्नेयास्त्र, विस्फोटक तथा ज्वलनशील पदार्थ, तेज धार हथियार लेकर चलने पर 23 मार्च तक पाबंदी बढ़ा दी ।

लूटी रकम बरामद, उग्रवादी गिरफ्तार

मोगा (बंसल): आज प्रातः यहां से कुछ किलोमीटर दूर पत्तों हीरा सिंह गांव में 3 सशस्त्र उग्रवादी बिजली बोर्ड के कार्यालय से 20 हजार रुपए लूट ले गए । भटिंडा जिला की सीमा पर कोड़े सिंह वाला के पास सी.आर.पी. और बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी ने उग्रवादियों को रोका और वहां दोनों पक्षों में मुठभेड़ हुई जिसके दौरान एक उग्रवादी पकड़ा गया लेकिन 2 अन्य हीरो होंडा मोटर साइकल पर फरार हो गये । मोटर साइकल भी उन्होंने बिजली कार्यालय से छीना था । लूटी गई रकम बरामद हो गई । गिरफ्तार उग्रवादी से स्टेनगन, 30 गोलियां, 32 बोर का एक रिवाल्वर तथा 30 कारतूस बरामद हुए । फरार उग्रवादियों की तलाश जारी है ।

डा. बरजिन्दर का भोग

फरीदकोट (जिन्दल): डा. बरजिन्दर सिंह जिनकी गत दिनों उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, की रस्म भोग पी.एस.एम.एस. डाक्टर्स एसोसिएशन ने उनके पैतृक गांव समाधवाही में की । इस अवसर पर अन्य जिलों से डाक्टर व वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

उग्रवादी पकड़ा गया

धुरी (सिंगला): 3 उग्रवादी कल रात स्टेट बैंक आफ पटियाला की खनौरी शाखा के प्रबन्धक श्री संत राम के घर में घुस गए । 2 उग्रवादी छत पर जा चढ़े । आहट सुनकर घर के लोग चौकने हो गए और एक उग्रवादी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया । 2 उग्रवादी भाग निकले ।

11 संदिग्ध गिरफ्तार

अमृतसर (ह.स): यहां सरहाली क्षेत्र के जौड़ा गांव में कल रात 11 संदिग्ध व्यक्तियों को आतंकवाद और तोड़फोड़ की कार्रवाई निरोधक कानून की धारा 3 और 4 के तहत गिरफ्तार किया गया । पुलिस के अनुसार ये लोग राज्य में गड़बड़ी फैलाने की योजना बना रहे थे । इनके नाम दविन्दर सिंह, तलविन्दर सिंह, सितारा सिंह, जागीर सिंह, सुच्चा सिंह गुरान सिंह, सुरजीत सिंह, सरदूल सिंह, कर्म सिंह और जरनैल सिंह हैं ।

केस दर्ज

इसी बीच कत्थुनंगल पुलिस ने पंजाब नैशनल बैंक के उन निलम्बित कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जिन पर कल बैंक के कागजात जलाने का आरोप है ।

शव बरामद

सुरक्षा बलों ने कल रात अजनाला थाना के गांव मत्तेनंगल के निकट एक शव बरामद किया है जिसकी गला काट कर हत्या की गई है ।

मकान मालिक गिरफ्तार

अमृतसर में आज रात पुलिस ने विश्वविद्यालय कैम्पस के पीछे की एक कालोनी से एक मकान मालिक सुखदेव सिंह को गिरफ्तार किया क्योंकि उसने अपने मकान में रहने वाले दो किराएदार युवकों के बारे में पुलिस को सूचना नहीं दी थी । सूचना देना अनिवार्य बनाने का आदेश 20 फरवरी को दिया गया था ।

रहस्यमय जीप

करतारपुर (साहनी): गत सायं करीब 7.30 बजे एक जीप जोकि अमृतसर की ओर से आ रही थी, जीप पर कोई नम्बर प्लेट नजर नहीं आ रही थी, जी.टी. रोड पर रहस्यमयी ढंग से घूमती देखी गई । इस जीप में तीन बन्दूकधारी बैठे हुए थे । यह जीप आगे जाकर सनम सिनेमा के पास से मुड़ गई तथा गणु की बगीची के पास जा कर थोड़ी देर रुक कर फिर आगे किशनगढ़ की ओर चली गई । यहां यह बात वर्णन योग्य हैं कि कुछ दिन हुए इसी रोड पर दो स्कूटर सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्थानीय पुलिस पर गोली चलाई गई थी तथा गत दिवस इसी सड़क पर स्थित गांव काला वाहिया में दो आतंकवादियों द्वारा एक शराब का ठेका लूट लिया गया है । लोगों ने मांग की है कि पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा एक नाका जी.टी. रोड पर और एक शहर के अंदर चौकों पर पुलिस की गश्ती टुकड़ियां तैनात की जाएं ।

पिस्तौल दिखा कर लूट लिया

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' के अनुसार आज शाम 7.30 बजे जालन्धर रोड पर एक दुकानदार सतीश कुमार बिल्ला को पिस्तौल दिखा कर एक व्यक्ति ने 20 हजार रुपए, सोने की अंगूठी और घड़ी लूट ली । दुकानदार दुकान का शटर बंद करके काम कर रहा था कि लुटेरे ने चीनी खरीदने के बहाने शटर खुलवाया और अंदर आकर पिस्तौल दिखा कर उसे लूट लिया ।

खाद्य तेलों के मूल्य बढ़े

नई दिल्ली, 27 फरवरी : खेद और नागरिक पूर्ति मंत्री एच. के. एल. भगत ने आज राज्यसभा में बताया कि हाल के महीनों के दौरान देशी खाद्य तेलों के मूल्यों में भारी वृद्धि हुई है ।

सर्वदलीय सम्मेलन में पंजाब समस्या पर विचार होगा

चंडीगढ़, 27 फरवरी (वि.प्र.): लोक सम्पर्क मंत्री नत्था सिंह दालम और सत्तारूढ़ अकाली दल के महासचिव मंजीत सिंह खैरा ने कहा है कि मार्च को यहां पी.जी.आई. आडीटोरियम में होने वाले सर्वदलीय सम्मेलन में पंजाब की समस्याओं के सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा । इस सम्मेलन में केवल मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को ही आमंत्रित किया गया है । इनके अलावा समाज के सभी वर्गों के लोग टीचर, डाक्टर, वकील और राजनीतिक दलों के वर्कर भी इसमें शामिल हो सकेंगे । उन्होंने कहा कि यह जनसभा नहीं होगी बल्कि एक तरह से सैमीनार होगा । इसका एक ही सत्र प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री बरनाला करेंगे ।

इस सम्मेलन को राष्ट्रीय एकता परिषद का समर्थन भी प्राप्त है । उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सम्मेलन में भगवत झा आजाद (इंका) पियुष तिरके (आर.एस.पी.), इंद्रजीत गुप्ता (सी.पी.आई.), डा. बलदेव प्रकाश (भाजपा), हरकिशन सिंह सुरजीत (मार्क्सी पार्टी), जी.आर. मट्टू (नैका), पी. कलातिवेलू (अन्नाद्रमक), सुरिन्दर मोहन (जनता पार्टी), दिनेश गोस्वामी और नगन सैकिया (असम गण परिषद) को आमंत्रित किया गया है ।

इसी बीच पता चला है कि जनता पार्टी नेतृत्व कोशिश कर रहा है कि इस सम्मेलन में एकीकृत अकाली दल के प्रतिनिधियों को भी शामिल होने का निमंत्रण दिया जाए ताकि पंजाब की समस्या बारे वह भी अपने विचार प्रकट कर सकें ।

फगवाड़ा से तांगड़ी के अनुसार प्रथम मार्च को मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई सर्वदलीय मीटिंग में संयुक्त अकाली दल के भी आमंत्रित किए जाने की सम्भावना है । ऐसा समझा जाता है कि यह पग केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा श्री बरनाला को दिए गए सुझाव के बाद उठाया जा रहा है ।

हल्के लड़ाकू विमान में स्वदेशी कल पुर्जे लगेंगे

नई दिल्ली, 27 फरवरी (वार्ता, ह.स.): रक्षा राज्यमंत्री श्री अरुण सिंह ने आज लोकसभा में बताया कि हल्के लड़ाकू विमान (एल.सी.ए.) कार्यक्रम के परामर्शदाताओं के बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

श्री अरुण सिंह ने श्री सत्येन्द्र नारायण सिन्हा तथा जितेन्द्र प्रसाद को बताया कि परामर्शदाता कोई भी हो, हल्के लड़ाकू विमान के स्वदेशी कल पुर्जे यथावत रहेंगे ।

3600 उम्मीदवार

नई दिल्ली, 27 फरवरी : जम्मू-कश्मीर, केरल और प. बंगाल विधानसभा चुनावों के साथ तीन लोकसभा उपचुनावों और आठ विधानसभा उपचुनावों के लिए आज नामांकन वापसी के आखिरी दिन करीब 3600 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं ।

जिला जालन्धर में दोपहिया वाहनों पर डबल सवारी की कल से छूट

जालन्धर, 27 फरवरी : जिला जालन्धर में 3.5 अश्व शक्ति से कम के सभी प्रकार के दोपहिया वाहनों पर दो पुरुष सवारों के बैठने पर लगी पाबंदी को रविवार, 1 मार्च से हटा लिया गया है, अब दोपहिया वाहनों पर प्रातः 6 से रात्रि 10 बजे तक दोहरी सवारी की जा सकेगी । यह आदेश 30 अप्रैल तक लागू रहेगा । रात्रि 10 से प्रातः 6 बजे तक दोपहिया वाहन चलाने पर पाबंदी लगी रहेगी । इसके अतिरिक्त चार से अधिक लोगों के एकत्र होने, जलूस निकालने, सभाएं करने, लाऊडस्पीकर बजाने, नारे लगाने पर पाबंदी तथा पहले से लगी कुछ अन्य पाबंदियों की अवधि भी 30 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है । सिनेमा रात्रि साढ़े नौ बजे और दुकानें रात्रि 7.45 बजे और ढाबे, रेस्तरां आदि रात्रि 10 बजे तक बंद करने का आदेश जारी किया गया है ।

नाभा व संगरूर की जेलों में 16 वर्ष से कम आयु के 8 बच्चे

चंडीगढ़, 27 फरवरी (संधी): पंजाब के भूतपूर्व कृषि मंत्री श्री बलविंदर सिंह की ओर से पंजाब की जेलों में शिश् एक्ट के उल्लंघन के आरोप की सच्चाई जानने के लिए पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस श्री प्रितपाल सिंह द्वारा गठित दो वकीलों की समिति ने आज अपनी रिपोर्ट अदालत में पेश कर दी है ।

श्री रोशन लाल व श्री नरेन्द्र सिंह पर आधारित इस दो सदस्यीय समिति ने अपनी 9 पृष्ठों की रिपोर्ट में बताया है कि नाभा व संगरूर की जेलों जहां कुल मिलाकर 450 दर्दात उग्रवादी रखे गए हैं, में 16 वर्ष से कम आयु के 8 बच्चे पाए गए हैं ।

आर्थिक समिति की बैठक

नई दिल्ली, 27 फरवरी (वार्ता): केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की आज यहां बैठक बुलाई गई । बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने की ।

जनस्वास्थ्य-विभाग का सीवरेज बोर्ड में विलय फिलहाल टल गया

होशियारपुर, 27 फरवरी (प्रद्युम्न): अत्यन्त सुविज्ञ सूत्रों से पता चला है कि पंजाब के मुख्य सचिव के नेतृत्व में विभिन्न सचिवों की एक समिति ने यह फैसला किया गया है कि फिलहाल जनस्वास्थ्य विभाग का सीवरेज बोर्ड में विलय न किया जाए । यह प्रश्न इसलिए उठा था कि विलय से विभाग को जो 22 करोड़ रुपया मिलता है, उससे बीमा निगम 44 करोड़ रुपया ऋण देने को तैयार हो जाएगा । बाद में जब बीमा निगम सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी कि उन्होंने पंजाब सरकार को कुल 50 करोड़ रु. देने हैं और यह पंजाब सरकार का काम है कि वह इस राशि में से किस विभाग को कितनी राशि देती है । इस समय जन स्वास्थ्य को केवल साढ़े तीन करोड़ रुपया ही मिलता है । यदि दोनों का विलय हो जाता है तो चीफ इंजीनियर पांच की बजाए तीन और प्रिंजाइडिंग इंजीनियर 12 की बजाए नौ रह जाएंगे । इस तरह बर्कर्रों की छंटनी होगी । यह कटौती कम से कम 14% होगी । इसलिए फिलहाल विलय की स्कीम रोक दी गई ।

पुलिस ने लूट लिया

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

रोज़गार

रेलवे में क्लर्कों की भर्ती, योग्यता मैट्रिक, फार्म प्रास्पैक्टस वास्ते 10 रुपए मनिआर्डर भेजें । Bright Careers, Samalkha (Karnal).

किराए पर

दुकान 12' x24' मेन सदर बाज़ार, जालंधर छावनी में किराए पर खाली । मिलें : गणेश क्लाथ हाऊस, जालंधर छावनी ।

पोल्ट्री

National Egg Co-ordination Committee Delhi egg rate for 27.2.87 Rs. 38/- per 100 eggs without trays.

बिकाऊ

Plots Kothis in Urban Estate, Jalandhar. Contact : Capoor & Company Property Dealers, 189, Adarshnagar Jalandhar. Phone : 73788.

चिकित्सा

भरपूर तंदरुस्ती, सुस्त मिलें । पेशाबी बीमारियां इलाज 150 रुपए । Dawakhana Dr. Hari Chand Multani (Behind Bus Stand), Panipat.

(JDI)

दवाचार द्वारा R.M.P./Pharmacist/ डाक्टर बनने हेतु परामर्श लें । P.M.T. Medical College and Hospital, Daldali Road, Patna-800004.

(JDI)

टेलरिंग

Bhasin Bros., first floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar. Phone : 43554 for Gent's Suits, Safari and Shirts.

आवश्यकता

Accountant, Time office incharge, steno typist (either sex), persons knowing ESI, P.F. central excise matters and can join immediately will be preferred good salary assured. Please contact personally within seven days. Hansa Tools & Forgings Pvt. Ltd., Basti Danishmandan, Jalandhar.

DAV Centenary Public School, Una (H.P.). (Managed by the DAV College Managing Committee N. Delhi) Wanted (i) Trained graduates to teach Science, Maths, English, Commerce, Social Studies (ii) P.T.I. (iii) Nursery Trained graduate (iv) Clerk. Salary according to qualifications. Preference will be given to those who (i) have good command of English (ii) have studied in English medium schools (iii) have good hand-writing. (iv) Can organise atleast one co-curricular activity. Apply to the Manager C/o Dayanand Model Sr. Sec. School,

आरम्भिक आरक्षण
कार्यालय/दुकानें
तेज रफ्तार से बिकाऊ व्यापारिक केन्द्र
श्री राम हाउस
एक और उपलब्धी
आश्रम चौक (फ्लाई ओवर के समीप) मथुरा रोड,
बुकिंग लिंक चुका है
मूल्य संशोधन विचारणीय

Punjabi Sahat.com

...की मांग
...ड़ा नोटिस

...स्तान के मामले पर सतर्क
...ने अभी तक खुल्लमखुल्ला
...मर्थन नहीं किया । वह
...लाग करने को बात करते
...को प्रो. दर्शन सिंह खालसा
...सिक गुरुद्वारा आलमगीर
...काल तख्त से श्री बरनाला
...किए गए हुकमनामे और
...को अवगत कराएंगे ।

...क दल की
...कल

...री (वि.प्र.): कांग्रेस (इ)
...क दो मार्च को यहां प्रातः
...है जिसमें राज्य की नवीन
...ाब के हालात सुधारने के
...क्शन प्लान पर विचार

...हिमाचल में
...ण सुविधाएं
...इच्छुक

...री : यूनियन बैंक आफ
...देशक श्री एम.य. किनी ने
...सचिव श्री पी.के. भट्ट से
...विशेष रूप से औद्योगिक
...रण बढ़ाने की उत्कंठा को
...ने हि.प्र. राज्य उद्योग
...ो बी.डी. थापर से भी भेंट
...चल प्रदेश में औद्योगिक
...त करने की योजनाओं पर
... विश्वास दिलाया कि
...हिमाचल प्रदेश में उद्योग
...निगम के साथ तालमेल
...ी योजनाएं और प्रोजैक्ट
...पूर्व एक बैंकर-ग्राहक
...ा गया जिसमें लगभग
...ा । बैंक के एग्जीक्यूटिव
...शाल ग्राहक सेवा के लिए
...ों की जानकारी दी तथा
...ों की उपयुक्त कठिनाइयों
...किया जाएगा । यह भी
...ब लेन-देन के लिए टैलर
...अवसर पर डिप्टी जनरल
...टा और रिजनल मैनेजर
...स्थत थे ।



अमृतसर में घी मंडी गेट के पास उग्रवादियों ने शनिवार को कांग्रेसी नेता कामरेड करतार चन्द की फायरिंग करके हत्या कर दी । (1) कामरेड करतार चन्द का शव (इन्सैट में उनका फोटो) । (2) घायल श्री ए.एस. बेदी, जो कामरेड करतार चन्द के पास बैठे थे (3) घटनास्थल पर बिखरा रक्त । (4) पुलिस और सी.आर.पी. के जवान व लोगों की भीड़ घटनास्थल पर दिखाई दे रही है । (5) मृतक व घायल के सम्बन्धी और विभिन्न पार्टियों के नेता शोकग्रस्त दिखाई दे रहे हैं ।

(छाया : रवि भड़ारी)

माकन और अर्जुन दास के दो हत्यारे अमरीका चले गए

नई दिल्ली, 28 फरवरी : कांग्रेस नेता ललित माकन और अर्जुन दास की हत्या में शरीक आतंकवादी गिरोह के सदस्य अमरीका में बस गए हैं । उच्च पदस्थ सूत्रों ने आज यह जानकारी दी । उसने बताया कि भारतीय पुलिस को उसके ठौर-ठिकानों का विवरण मिल गया है । सूत्रों ने बताया कि उनके प्रत्यार्पण के लिए प्रयास जारी है । इस सिलसिले में अमरीका सरकार को इनके काम करने के क्षेत्रों की जानकारी दी गई है ।

सूत्रों ने बताया कि फरवरी और मार्च 1986 में फर्जी पासपोर्ट पर अमरीका भागने वालों में रणजीत सिंह उर्फ कुक्की और सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खी भी शामिल थे । सांसद ललित माकन की हत्या में शामिल पांच हत्यारों में ये दोनों भी हैं ।

इनमें हरजिंदर सिंह उर्फ मथुरा सिंह त... दलजीत सिंह उर्फ बिट्टू के भी शामिल होने का स... है ।

सूत्रों ने बताया कि इन दो हत्याओं, दिल्ली बम्बई और अहमदाबाद में पड़ी अनेक डकैतियों तथा पूने में भूतपूर्व थलसेनाध्यक्ष जनरल अ... श्रीधर वैद्य हत्याकांड में इन पांचों के शामिल होने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं ।

आतंकवाद विरोधी कानून के तहत लगभग पंद्रह मामलों की संयुक्त रूप से तहकीकात कर... वाले केंद्रीय जांच ब्यूरो तथा दिल्ली पुलिस द्वारा शी... ही इन व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पत्र दाखिल किए जाने की संभावना है । प्रत्यार्पण के लि... अभियोग पत्र दायर करना जरूरी है ।

सूत्रों ने बताया कि कुक्की ने यशपाल कश्यप... रूप में यात्रा की, जबकि सुक्खी जसविंदर कौ... नामक महिला के साथ श्रीमती एवं श्री सुभाष ... के रूप में भागा । यशपाल कश्यप को पासपो... बेचने के आरोप में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है । समझा जाता है कि ये तीनों आतंकवादी चुन्नी सिंह मीता नामक व्यक्ति के साथ मिशीगन के ...

आज पंजाब पहुंचेगा

(क) विश्व हिंदू परिषद ...संतों व धार्मिक नेताओं ... राष्ट्रीय सद्भावना यात्रा ...बस्सी पहुंचकर पंजाब में ...पंजाब के 38 छोटे-बड़े ...हर कर प्रसभाओं में भाग ...ी अमृतसर में प्रातः 11

चार मार्च को फिरोजपुर प्रातः 9.30, जीरा अप. 1.30, तरनतारन सायं 4.00 बजे, पांच मार्च को जंडियाला गुरु प्रातः 8.30, रैया 10.00, कपूरथला 11.30, करतारपुर अप. 2.30, जालंधर सायं 4.00, छः मार्च को फगवाड़ा प्रातः 8.30, बंगा 10.30, नवांशहर 11.30, गढ़शंकर सायं 3.30, होशियारपुर 5.00, सात

रेडियो, जैल सिंह ...

नई दिल्ली, 2... ...ह ने आज रेडियो ... ...ते हुए कहा कि ये ... ...निए वक्त निकाल ... ...कार्यक्रम भी क्यों न...

हथियार ... करने

गुरदासपुर, 2... ...के पुलिस अधीक्ष... ...कि स्थानीय पुलि... ...व्यक्तियों को पक... ...जबरात तथा क... ...विरदी ने बताया कि ... ...जाकर हथियार ... ...आभूषण उन्होंने ... ...बाबा नानक के ...

नई ऑटो...

नई दिल्ली, ...गांधी ने आज लो... ...ही ऑटोमोबाइल ... ...करेगी ताकि न... ...स्वदेशीकरण व...

गुरुद्वारा ...

अमृतसर, ...न्यायिक आयोग ... ...सुबह राजपुरा ... ...दिल की धड़क... ...की खबर मिल... ...समिति के सारे

किस्सा

मंडी गो... ...बेचारा नगर... ...लाख रुपये ... ...विचार था कि... ...पास इतनी ब... ...रुपयों पर न... ...हाथों में उ... ...कर आया है ... ...लेकिन ... ...नगर पालिक... ...कर दिया । ... ...पंजाब ... ...नगरपालिक... ...था । प्रबन्... ...ही खर्च कर... ...को कहां ल... ...बिल्कुल बा...

सूत्रों ने कह... ...आदि की सू...

Punjabi Sanatan

सी.आर.पी. के अधिकारी, निरंकारी नेता सहित 11 लोगों की हत्याएं

चाटीविंड में धर्मस्थल के पास भिड़ंत में तीन नागरिक भी मरे, दो भाइयों की भी हत्याएं

मुठभेड़ों में एक घुसपैठिया व दो उग्रवादी मरे

चंडीगढ़, 1 मार्च (वार्ता, ह.स): आज रात्रि अमृतसर के चाटीविंड क्षेत्र में सी.आर.पी. की एक चौकी पर एक धर्म स्थल से उग्रवादियों ने हमला करके सी.आर.पी. के एक कम्पनी कमांडर व तीन नागरिकों की हत्या कर दी व एक दर्जन से अधिक को घायल कर दिया । ईस्टमोहन नगर आबादी में संदिग्ध आतंकवादियों ने दो सगे भाइयों की हत्या कर दी ।अमृतसर जिले के खेमकरण सैक्टर में आज तड़के बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया ।

गत रात्रि थाना नूरमहल के ग्राम नत्थेवाल में उग्रवादियों ने एक घर में घुसकर वहां के निरंकारी प्रमुख सहित चार लोगों की हत्या कर दी ।

संदिग्ध आतंकवादियों ने गत रात पटियाला में एक व्यक्ति की छुरा घोंप कर हत्या कर दी ।

जिला होशियारपुर में बस्सी कलां में चार आतंकवादियों ने बादल अकाली दल की नेता विनोद चड्ढा के भाई के घर पर फ़ायरिंग की ।

मोगा में पुलिस ने 3 कट्टर आतंकवादियों को तथा अमृतसर में चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया ।

ज़िला गुरदासपुर में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए ।

4 की हत्या

जालंधर (क.): गत रात थाना नूरमहल के गांव नत्थेवाल में चार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति कर्मचंद के घर में दीवार फांद कर घुसने के बाद उस समय अंधाधुंध फायरिंग की जब कुछ लोग वहां टी.वी. देख रहे थे । इस गोलीबारी से कर्मचंद, उसका लड़का महेंद्र पाल, मखन लाल सुपुत्र अर्जुन राम तथा गेलू सुपुत्र रुलिया राम मौका पर ही मारे गए जब कि कर्मचंद की पत्नी श्रीमती चन्नो, उसका लड़का दर्शन राम, दर्शन राम का लड़का मनजीत तथा महेन्द्र पाल का लड़का राजकुमार उर्फ़ घुल्ला गम्भीर रूप से घायल हो गए । चारों घायलों को रात 11 बजे यहां सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां चन्नो, जिसके बाजू तथा टांग में गोली लगी है, को छोड़कर अन्य तीनों का आज आप्रेशन किया गया और उनकी हालत गम्भीर बताई गई है ।

अस्पताल में मौजूद गांव वालों के अनुसार

(शेष पृष्ठ 8 पर)



(1) नूरमहल थानांतर्गत गांव नत्थेवाल में शनिवार रात को एक घर में टी.वी. देख रहे लोगों पर उग्रवादियों की फ़ायरिंग से मरे 4 लोगों के शव वडाला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद वारिसों को सौंपे जा रहे हैं । (2) संतप्त परिवार से संवेदना प्रकट करते हुए लोग । (3) पटियाला में शनिवार को उग्रवादियों का शिकार हुए सतपाल का शव ।

(छाया : कपूर, भूषण)

भारत से प्रत्यावर्तन संधि की सम्भावना से

भारत व पाक सेन
बारे समझौता, हस्ता

इस्लामाबाद, 1 मार्च (ह.स., वार्ता): तीन दिन की बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान सीमा से अपनी फौजों की क्षेत्रवार वापसी का दूसरा चरण शुरू करने पर राज़ी हो गए हैं । इस बारे में कल सुबह एक समझौते पर हस्ताक्षर होने की सम्भावना है । इससे पूरी सरहद पर अमन कायम करने में मदद मिलेगी ।

अधिकारी इस समझौते के स्वरूप के बारे में खामोश हैं । उन्होंने यह नहीं बताया कि किस तारीख को और किस क्षेत्र से सैनिक वापसी शुरू होगी, परन्तु उन्होंने यह जरूर स्वीकार किया कि बातचीत में काफी प्रगति हो चुकी है, जिसके परिणाम स्वरूप कल समझौता होने की सम्भावना है ।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल कल शाम नई दिल्ली लौट जाएगा ।

पता चला है कि सैनिक वापसी के दूसरे चरण में राजस्थान क्षेत्र को भी शामिल किया गया है । लेकिन, भारतीय सैनिक अभ्यास 'ब्रासटैक' इससे अप्रभावित रहेगा । यह दो सप्ताह से कम समय में पूरा होगा और म
आशा है ।

भारतीय प्र
गोंसाल्वेज आज प
खां जूनेजो से मिले
जूनेजो को भारती
संदेश दिया ।

भारतीय प्रति
विमान द्वारा लाहौ
एयर लाइन्स की
प्रस्थान करेगा ।

गत तीन दिन
शकरगढ़ से कच्छ
के विभिन्न पहलुओं

कल जिस समझ
यह स्पष्ट किया ज
वापसी किन तारीख

चार फरवरी
(शे

जातीय विवाद के मामले
श्रीलंका में सम्बन्धों की प

कोलम्बो, 1 मार्च (वार्ता): श्रीलंका की जातीय समस्या को सुलझाने के सवाल पर भारत और श्रीलंका के विचारों में काफी मतभेद होने के कारण दोनों देशों के सम्बन्धों में अब पहले जैसी प्रगाढ़ता नहीं रही ।

गत माह भारतीय संसद में श्रीलंका सरकार के रवैये की आलोचना की गई और श्रीलंका के अखबारों में भारत की छवि धूमिल की गई । इसके अलावा दोनों देशों ने एक-दूसरे को संदेश भेजे और तीखी प्रतिक्रियाएं जाहिर कीं ।

संघर्ष में 21 मरे

जाफना के समाचार पत्रों ने लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम का हवाला देते हुए लिखा है कि कादूवान की कार्रवाई में 15 सैनिक तथा तीन उग्रवादी और 3 नागरिक मारे गए तथा 25 नागरिक घायल हुए । इसके अलावा एक अस्पताल, एक स्कूल तथा दो मन्दिरों सहित कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए ।

लिबरेशन टाइ
कादूवान तथा तेल्ल
परिवार अपने घर छ
सूचनाओं के अनुस
बाट्टिकालोआ जिले
दौरान कल तीन सी
ईलम द्वारा जारी विज्ञ
सशस्त्र वाहन और
पहुंची ।

निमंत्रण स्वीकार

श्रीलंका फ्रीडम प
नेता सिरीमावो भंडा
मामले पर विचार-वि
निमंत्रण स्वीकार कर

पालाली सैनिक
शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित
में ईलम के तीन कार्यक
जो कल शाम देर त
विमानों का भी प्रयोग

पाक द्वारा परमाणु ब
जाने से भारत चिं

नई दिल्ली, 1 मार्च (ह.स.): सरकारी सूत्रों ने आज यहां पाकिस्तान द्वारा परमाणु बम बना लेने संबंधी खबर पर गहरी चिन्ता व्यक्त की है । पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक के हवाले से यह खबर छपी है ।

सूत्रों ने कहा कि इससे भारत का यह आरोप सही साबित होता है कि पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम 'युद्धोन्मुख' है ।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रमों के वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान ने पत्रकार कुलदीप नैयर को एक भेंट के दौरान कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है और अगर उसके अस्तित्व के लिए कोई खतरा पैदा हुआ तो वह इसका इस्तेमाल करेगा ।

लंदन (वार्ता): इस्लामाबाद में अमरीका के भूतपूर्व राजदूत डिआए हिन्टन ने गत महीने इन तथ्यों पर गहरी चिन्ता व्यक्त की थी कि पाकिस्तान सैन्य प्रयोग के लिए परमाणु अनुसंधान कर रहा है ।

उसका महत्वपूर्ण प्रभ
पाकिस्तान को सहाय
मतलब यह होगा कि
तक भी नहीं बेच सके

अमरीका द्वारा

वाशिंगटन : अ
हॉकहीड पी–3 ओरि
देने वाली किस्म बेच
कर दिया है ।

पाकिस्तान ने जा
प्रौद्योगिकी पाने की
सरकार द्वारा नहीं दि

देश क

Punjab Sampadan

आतंकवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादी पैदल ही आते और वापिस भागते देखे गए । इस घटना की सूचना फोन पर पहले बंडाला में एक फैक्टरी में दी गई जिसके गोरखे ने थाना गोराया में फोन किया । इस पर चारों ओर वायरलैस द्वारा नाकाबंदी पार्टियां चौकस कर दी गईं । गोराया व फिल्लौर से पुलिस फ़ोर्स के अतिरिक्त जालन्धर से उच्च पुलिस अधिकारी भी रात नत्थेवाल पहुंच गए । घायलों ने बताया कि महेन्द्र पाल गांव का निरंकारी प्रमुख था और अपने घर में प्रायः सत्संग आयोजित करता रहता । सम्भव है, इस कारण यह हत्या कांड आतंकवादियों ने किया हो ।

पुलिस ने वहां से काफी संख्या में गोलियों के खोल इकट्ठे किए । अनुमान है कि या तो दो-तीन आतंकवादियों ने एक साथ.9 एम.एम. व .455 बोर की गोलियां बरसाईं या स्टेनगन से गोलीबारी की गई । यह भी बताया गया है कि एक घायल एक आतंकवादी से गुत्थमगुत्था भी हो गया मगर उसे गोलियां लगने से उसकी पकड़ ढीली हो गई और आतंकवादी स्वयं को छुड़ाने में सफल हो गया ।

न.न.ए. के अनुसार अस्पताल में दाखिल मृतक कर्मचन्द की पत्नी चन्नो देवी ने बताया कि रात लगभग साढ़े सात बजे हम सभी लोग दूरदर्शन पर खबरें सुन रहे थे तो अचानक चार व्यक्ति दीवार फांद कर अन्दर आए जिनके पास स्टेनगनें व पिस्तौल थे और उन्होंने आते ही अंधाधुंध गोलियां चला कर मेरे पति कर्मचन्द, मेरे बेटे महेन्द्र पाल की हत्या कर दी, मेरे देवर मखन लाल ने उनमें से एक को जफ्फा मार कर पकड़ लिया परन्तु पीछे से अन्य तीन में से किसी एक ने उस पर भी गोलियां चला दीं और वह भी मौका पर मारा गया जबकि गेलराम को भी वहां बैठे को गोलियां मार दी गईं । ये गोलियां मृतकों के मुंह, गले व छाती में मारी गईं ।

इस दौरान जब हमने शोर मचाया और अपनी जान बचाने के लिए भागे तो उन्होंने हम पर भी गोलियां चलाईं । वे लगभग 15 मिनट वहां पर गोलियां चलाते रहे और उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति की लाश को उठा-उठा कर देखा और बाद में फरार हो गए ।

उसने यह भी बताया कि हमलावरों ने अपने चेहरे ढके हुए थे और एक-दूसरे से इशारे से बातचीत कर रहे थे ।

उक्त महिला के अनुसार हमें रात को लगभग डेढ़ बजे जालंधर सिविल अस्पताल लाया गया । चन्नो देवी के हाथ व टांग में दो गोलियां लगीं, राजकुमार की टांग में एक गोली लगी, मंजीत के पेट में एक गोली लगी और दर्शन लाल की गर्दन में एक गोली लगी । उसकी हालत गंभीर बताई जाती है । मृतक व सभी घायल हरिजन हैं ।

फिल्लौर से 'भास्कड़ी' की सूचना है कि घटनास्थल पर सूचना पाते ही डी.एस.पी. अपार सिंह बाजवा पुलिस फोर्स लेकर पहुंचे व आतंकवादियों का पीछा किया लेकिन आतंकवादी भाग कर गेहूं के खेत में छिप गए व अंधेरे का लाभ उठाते हुए भागने में सफल हो गए ।

जिलाधीश श्री एस.सी. अग्रवाल, एस.डी.एम. श्री जगजीत सिंह तथा डी.आई.जी. श्री पी.सी. डोगरा भी मौका पर पहुंचे तथा मृतकों के परिवारों से सहानुभूति प्रकट करते हुए उन्हें बीस-बीस हजार रुपए का अनुदान देने तथा घायलों को रैडक्रास सोसायटी की ओर से मुफ्त डाक्टरी सहायता देने की घोषणा की ।

सी.आर.पी. अधिकारी मरा

अमृतसर : आज रात्रि अमृतसर के चाटीविंड क्षेत्र में एक धर्मस्थल से उग्रवादियों द्वारा सी.आर.पी. की तीसरी बटालियन की चौकी पर हमला किया गया और उसके बाद काफी देर तक उग्रवादियों व सुरक्षा बलों में मुठभेड़ें हुईं । उग्रवादियों के हमले से सी.आर.पी. के कम्पनी कमांडर जगतनारायण सिंह व तीन सिविलियनों—अमरजीत सिंह, मुख्तयार सिंह तथा एक अन्य की मृत्यु हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जिनमें से 6 की हालत गम्भीर है । घायलों में अमृतसर के सिटी डी.एस.पी. जयदेव सुमन का गनमैन परमजीत सिंह तथा ड्राइवर व दो बच्चे भी शामिल हैं । सिटी डी.एस.पी. घटना की सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस बल लेकर वहां पहुंचे थे जब उन पर उग्रवादियों ने फायरिंग की ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुरक्षा बलों ने बाद में धर्मस्थल में प्रविष्ट होकर बहुत से लोगों को हिरासत में ले लिया । क्षेत्र को पूरी तरह सील कर दिया गया है ।

घायलों में से कुछ की शिनाख्त हो गई है । ये हैं: जगमीत सिंह (5), रिक्शा चालक हज़ूरा सिंह (30), मंजीत सिंह (25), जोगेन्द्र सिंह (28), मछली विक्रेता अमरनाथ काला (30), भू.पू. सैनिक जोगेन्द्र सिंह (40), बख्शी राम (48), रघबीर सिंह (45), सतपाल (11) ।

पुलिस के अनुसार पहले एक धर्म स्थल के पास अपनी चौकी से जीप में जा रही सी.आर.पी. टुकड़ी पर उग्रवादियों ने फायरिंग की । अधिकांश घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ा ।

भू.पू. सैनिक जोगेन्द्र सिंह ने बताया कि वह धर्म स्थल के पास सड़क पार अपने खोखे में सो रहा था जब फायरिंग शुरू हुई । सी.आर.पी. वालों ने उससे वह जगह खाली करके उनके साथ सुरक्षित स्थानों पर चलने को कहा । जब वह जीप पर बैठ रहा था तभी उसे गोली लगी । रिक्शा चालक हज़ूरा सिंह ने बताया कि उसे गोली तब लगी जब वह सवारियों की प्रतीक्षा कर रहा था । 5 वर्षीय जगमीत सिंह के पिता ने बताया कि उसके स्कूटर के आगे जगमीत बैठा था और वे लोग धर्मस्थल से अपने घर जा रहे थे । उसकी पत्नी व बेटी स्कूटर पर पीछे बैठे थे । तभी एक गोली उसके पुत्र की बांह में आकर लगी ।

अस्पताल में घायलों के उपचार के लिए और डाक्टर तत्काल बुलाये गये । अस्पताल के एमरजैंसी वार्ड में बहुत ही कारुणिक दृश्य था जहां सभी ओर चीख-पुकार मची हुई थी और सर्वत्र रक्त फैला हुआ था । वहां मृतकों व घायलों के विलाप कर रहे परिजन व सशस्त्र सुरक्षा कर्मी एकत्र थे । एस.एस.पी. मोहम्मद इजहार आलम व सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे व घायलों के निःशुल्क उपचार के निर्देश दिये ।

डी.एस.पी. श्री सुमन ने बताया कि वे निश्चित रूप से यह नहीं कह सकते कि पहले फायरिंग कहां से हुई पर उनका विश्वास है कि फायरिंग या तो धर्मस्थल से या उसके पास स्थित उन घरों से हुई जहां ट्रांसपोर्ट कम्पनियों के आफिस हैं । ये ट्रांसपोर्ट कम्पनियां पंजाब के एक भूतपूर्व मंत्री की हैं । वहां की भी तलाशियां ली गईं और 9-10 लोग

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

तीर्थ यात्रा

नेपाल, पशुपतिनाथ, अयोध्या, नैमीशारण्य आदि वीडियो कोच बस द्वारा, प्रस्थान 13.3.87, वापसी 23.3.87, किराया 600/-, दूसरी यात्रा रामेश्वरम, कन्या कुमारी द्वारिकापुरी 29 तीर्थ, प्रस्थान 14.4.87, वापसी 15.5.87, मिलें : डा. रूप कुमार शर्मा, सब्ज़ी मंडी, कुरुक्षेत्र, फोन : 1048.

प्रवेश सूचना

C.A.I.I.B. (Part I) Classes are in progress. Secular College, Nakodar Chowk, Jalandhar.

सार्वजनिक सूचना

मेरा लड़का देवेंद्र पाल 6 माह से गुम है । इसके साथ लेन-देन करने के हम जिम्मेवार न होंगे । गिरधारी लाल, मकान नं. 1088, कैम्प यमुनानगर ।

Life Insurance Corporation of India. Notice having been given of the loss of Policy No. 22889110 on the life of Sh. Satish Kumar Jain issued by Branch Office, Jalandhar-I. Duplicate Policy will be issued unless objection is lodged with us within one month from this date. Place, Jalandhar. Date : 28.2.87. Branch Manager, Branch Office, Jalandhar-V.

टेलरिंग

Bhasin & Co., First floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amrtisar. Phone : 43554, for Gents Suits, Safari and Shirts.

मेडिकल

पत्राचार द्वारा R.M.P./ Pharmacist/ डाक्टर बनने हेतु परामर्श लें । P.M.T. Medical College and Hospital, Daldali Road, Patna-800004. (JD)

होटल/रैस्टोरैंट

Hotel Kalpna, The Mall, Hoshiarpur, Phone : 2033. Enjoy in new year the way you like. Kalpna for Taste and Prestige.

किराए पर

3 दुकानें (21'x9½') जगाधरी रोड पर, निकट लोकल बस-स्टैंड महेश नगर अम्बाला छावनी में किराए के लिये खाली, मिलें : हज़ारा सिंह, 391-ए, (छबियाना) महेश नगर, अम्बाला छावनी । फोन : 22783.

बिकाऊ/लीज पर



Punjabi Sanjha

में ले लिया । क्षेत्र को पूरी तरह सील कर दिया गया है ।

घायलों में से कुछ की शिनाख्त हो गई है । ये हैं: जगमीत सिंह (5), रिक्शा चालक हजूरा सिंह (30), मंजीत सिंह (25), जोगेन्द्र सिंह (28), मछली विक्रेता अमरनाथ काला (30), भू.पू. सैनिक जोगेन्द्र सिंह (40), बख्शी राम (48), रघबीर सिंह (45), सतपाल (11) ।

पुलिस के अनुसार पहले एक धर्म स्थल के पास अपनी चौकी से जीप में जा रही सी.आर.पी. टुकड़ी पर उग्रवादियों ने फायरिंग की । अधिकांश घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ा ।

भू.पू. सैनिक जोगेन्द्र सिंह ने बताया कि वह धर्म स्थल के पास सड़क पार अपने खोखे में सो रहा था जब फायरिंग शुरू हुई । सी.आर.पी. वालों ने उससे वह जगह खाली करके उनके साथ सुरक्षित स्थानों पर चलने को कहा । जब वह जीप पर बैठ रहा था तभी उसे गोली लगी । रिक्शा चालक हजूरा सिंह ने बताया कि उसे गोली तब लगी जब वह सवारियों की प्रतीक्षा कर रहा था । 5 वर्षीय जगमीत सिंह के पिता ने बताया कि उसके स्कूटर के आगे जगमीत बैठा था और वे लोग धर्मस्थल से अपने घर जा रहे थे । उसकी पत्नी व बेटी स्कूटर पर पीछे बैठे थे । तभी एक गोली उसके पुत्र की बांह में आकर लगी ।

अस्पताल में घायलों के उपचार के लिए और डाक्टर तत्काल बुलाये गये । अस्पताल के एमरजैंसी वार्ड में बहुत ही कारुणिक दृश्य था जहां सभी ओर चीख-पुकार मची हुई थी और सर्वत्र रक्त फैला हुआ था । वहां मृतकों व घायलों के विलाप कर रहे परिजन व सशस्त्र सुरक्षा कर्मी एकत्र थे । एस.एस.पी. मोहम्मद इजहार आलम व सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे व घायलों के निःशुल्क उपचार के निर्देश दिये ।

डी.एस.पी. श्री सुमन ने बताया कि वे निश्चित रूप से यह नहीं कह सकते कि पहले फायरिंग कहां से हुई पर उनका विश्वास है कि फायरिंग या तो धर्मस्थल से या उसके पास स्थित उन घरों से हुई जहां ट्रांसपोर्ट कम्पनियों के आफिस हैं । **ये ट्रांसपोर्ट कम्पनियां पंजाब के एक भूमू. मंत्री की हैं** । वहां की भी तलाशियां ली गईं और 9-10 लोग गिरफ्तार किये गये ।

दो बच्चों की हत्या

अमृतसर (दीपक शर्मा): आज यहां ईस्ट मोहन नगर के भीड़भाड़ वाले बाजार में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने किरपानें मार कर दो बच्चों की हत्या कर दी । बताया जाता है कि दोपहर बाद लगभग साढ़े तीन बजे कुछ अज्ञात व्यक्ति ईस्ट मोहन नगर स्थित एक मकान में घुसे और एक कमरे में बैठे 11 वर्षीय भूपिन्दर सिंह उर्फ भोला और 13 वर्षीय कुलविंदर सिंह उर्फ किल्ला की किरपानें मार कर हत्या कर दी । दोनों मृत बच्चों का बाप सरदूल सिंह राजगीरी का काम करता है और दिहाड़ी कमाने के लिए घर से बाहर गया हुआ था तथा बच्चों की मां गुरुद्वारा शहीदां में माथा टेकने गई हुई थी । तीसरे भाई पप्पू ने डबल बैड के नीचे घुस कर अपनी जान बचाई । हत्यारों के चले जाने के बाद उसने जब अपने भाइयों को मरा पाया तो वह बेहोश हो गया । चौथा भाई जो चाय के लिए कुछ सामान लेने बाजार गया हुआ था, वह भी जब लौटा और उसने अपने भाइयों को मृत पाया तो वह भी बेहोश होकर गिर पड़ा । दोनों बेहोश बच्चों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है जहां एक की हालत गम्भीर बताई जाती है । बताया जाता है कि सरदूल सिंह का पांचवां बेटा काम पर गया हुआ था ।

सूचित किए जाने पर थाना बी. डिवीजन से पुलिस आधे घंटे में और कोतवाली से 40 मिनट बाद घटनास्थल पर पहुंची । दो सौ गज की दूरी पर बैठी सी.आर.पी. की एक टुकड़ी भी हरकत में नहीं आई । सी.आर.पी. का एक ट्रक जवानों को लेकर मेन रोड से गुजरा तो लोगों ने उन्हें घटना का ब्यौरा दिया, मगर वे भी हरकत में नहीं आए ।

हमलावर अपनी किरपान वहीं छोड़ गए जो कुलविंदर के गले में फंसी हुई थी ।

एक समाचार एजैंसी के अनुसार मृतकों के नाम कमलजीत सिंह और सतनाम सिंह थे और उनकी आयु क्रमशः 17 और 15 वर्ष थी । दोनों की जब संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा हत्या की गई वे घर में बैठे टी.वी. प्रोग्राम देख रहे थे । उनके मां-बाप उस समय घर में नहीं थे ।

4 संदिग्ध गिरफ्तार

अमृतसर : अमृतसर ज़िले के ब्यास क्षेत्र से कल रात पुलिस ने चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनसे कुछ हथियार बरामद किए हैं ।

गिरफ्तार लोग चीताकलां गांव के कुलदीप सिंह और जगतार सिंह, अमृतसर का अजीत सिंह और नवांशहर का तलमिन्दर सिंह हैं । इन लोगों को आतंकवाद और तोड़-फोड़ की कार्रवाई निरोधक कानून की धारा तीन और चार के तहत गिरफ्तार किया गया है ।

कुलदीप सिंह से एक 32 बोर का रिवाल्वर और छः कारतूस तथा अजीत सिंह से 303 बोर का पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद हुए हैं ।

महिला को लूट लिया

'सोनी' के अनुसार गत रात्रि अमृतसर ज़िला के गांव दयालांवाला में तीन सशस्त्र आतंकवादी एक महिला के घर में घुसकर उसे धमका कर छः तोले सोने के गहने तथा 1075 रुपए नकद लूट कर ले गए । थाना वेरोवाल में केस दर्ज हो गया है ।

आतंकवादियों से गुत्थमगुत्था

गत रात्रि थाना अजनाला के गांव कोट सिद्धू में संदिग्ध आतंकवादी एक घर में घुस गए । एक व्यक्ति जसमेल सिंह उनके साथ गुत्थमगुत्था हो गया और गोली लगने से घायल हो गया । आतंकवादी हवा में कुछ गोलियां चलाने के बाद फरार हो गए ।

करतार चन्द की अंत्येष्टि

अमृतसर के भूतपूर्व नगरपिता श्री करतार चन्द की आज अंत्येष्टि कर दी गई । उनकी कल संदिग्ध आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी । अंत्येष्टि के समय बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे जिनमें विधान सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री बृजभूषण मेहरा, इंका विधायक श्री दरबारी लाल तथा ज़िला इंका प्रधान श्री पृथी पाल सिंह उल्लेखनीय हैं ।

गांव में फायरिंग

ज़िला अमृतसर के गांव मेहदी कलां में गत रात 4 आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग की गई, लेकिन किसी के घायल होने की सूचना नहीं है । बताया जाता है कि रात 12.30 बजे के करीब चार सशस्त्र आतंकवादी करतार सिंह नामक व्यक्ति के घर में जबरदस्ती घुसे और उससे उसकी लाइसैंसशुदा 12 बोर की दोनाली बंदूक मांगी । करतार सिंह के प्रतिरोध करने पर घर के अन्य लोग भी जाग गए और शोर मच जाने पर आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी तथा बंदूक लूटे बगैर ही भागने पर विवश हो गये ।

घुसपैठिया मरा

आज तड़के अमृतसर ज़िले के खेमकरण सैक्टर में 6 घुसपैठिये भारतीय क्षेत्र में घुस रहे थे जब बी.एस.एफ. ने उन्हें चुनौती दी । जवाब में उन्होंने गोली चला दी । बी.एस.एफ. द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से एक घुसपैठिया मारा गया व 5 वापस पाकिस्तान लौट गए ।

रत्तन खुर्द चौकी के पास भारतीय क्षेत्र में घुसने वाले 10 घुसपैठिये पकड़ लिए गए ।

खेमकरण सैक्टर की मियांवाली चौकी के पास पाक भागने की कोशिश कर रहे 5 बंगलादेशियों को पकड़ लिया गया ।

भिड़ंतों में दो आतंकवादी मरे

गत रात्रि ज़िला गुरदासपुर में सीमा सुरक्षा बल के साथ दो अलग-अलग भिड़ंतों में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए । पुलिस ने बताया कि उनकी लाशों के निकट चार .12 के पिस्तौल, एक स्टेनगन तथा विभिन्न कैलिबर के 75 कारतूस बरामद हुए ।

गुरदासपुर (विनोद): एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी के अनुसार [illegible] के निकट दो मुठभेड़ों में दो उग्रवादी 26-27 फरवरी की मध्य रात्रि को मारे गए थे, 28 फरवरी को रात्रि को नहीं ।

आतंकवादियों को शरण

इसी बीच पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में [illegible] व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । जिससे गत 24 घंटों के दौरान बटाला सब डिवीजन में इस आरोप में पकड़े गए व्यक्तियों की संख्या सात हो गई है । यह जानकारी डी.एस.पी. हरजीत सिंह ने दी ।

3 डकैत गिरफ्तार

बटाला पुलिस ने एक डकैती के मामले में तीन व्यक्तियों को पकड़ा है और उनसे 25 हज़ार रुपए मूल्य के जेवरात बरामद किए हैं । इनमें अटवाल गांव का कुकी मसीह तथा दड्ड गांव के वीरा और मुख्तार शामिल हैं । उनसे दो देसी पिस्तौलें भी बरामद हुई हैं ।

उग्रवादी लुधियाना, पटियाला में दाखिल

खन्ना (पूर्व): एक पुलिस अधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए रहस्योद्घाटन किया कि सीमांत ज़िलों में इन दिनों पुलिस व सुरक्षा बलों की जबरदस्त चैकिंग हो रही है, जिससे आतंकवादियों में भगदड़ मच गई है । उस पुलिस अधिकारी ने बताया कि उग्रवादी अपने ठिकानों को छोड़कर ज़िला लुधियाना, पटियाला और रोपड़ की ओर जा रहे हैं । इन ज़िलों में पुलिस अब काफी चौकस हो गई है ।

बस्सी कलां में फायरिंग

होशियारपुर से अश्विनी कपूर की सूचना है कि यहां से 15 किलोमीटर दूर बस्सी कलां में चार उग्रवादियों की ओर से सुदर्शन चड्ढा (आढ़ती) के घर पर फायरिंग किए जाने का समाचार मिला है । डी.एस.पी. श्री हरचरण सिंह गिल ने बताया कि उग्रवादी एक टैम्पो पर सवार होकर उक्त गांव में आए । उन्होंने पहले कई हवाई फायर किए । फिर चड्ढा के दरवाजे पर गोलियां चलाईं । मगर कोई घायल न हुआ । वहां से वापिस जाते हुए भी उग्रवादी गोलियां चलाते गए । सुदर्शन चड्ढा बादल अकाली दल की नेता विनोद चड्ढा के भाई हैं । उन्हें पहले भी कई धमकीपूर्ण पत्र मिल चुके हैं । एक पत्र में उनसे एक लाख रुपए भी मांगे गए थे ।

कुछ दिन पहले गांव चेलेवाल के निकट एक चौपहिया जिसका नम्बर पी.ए.पी. 5157 है चोरी हो गया, जिसका मालिक योग राज राजपूत है । इस बात का पता लगाया जा रहा है कि कहीं उग्रवादियों ने चड्ढा के घर पर घटना के लिए यही स्कूटर प्रयुक्त न किया हो ।

भागते हुए संदिग्ध आतंकवादियों में से एक अपनी पगड़ी तथा अंगोछा वहीं छोड़ गया । तथापि वे निकटवर्ती गांव बजरोरी से एक व्यक्ति योगराज को फ़ोर व्हीलर ले गए ।

कालेज छात्र गिरफ्तार

सिटी पुलिस ने स्थानीय एच.ई.एच. मैडीकल कालेज के एक छात्र रुतिन्दर सिंह को आतंकवादी कार्रवाइयां निरोधक कानून की धारा 3-4 के अंतर्गत गिरफ्तार किया है । पुलिस के अनुसार उसके विरुद्ध यह सूचना मिली थी कि वह बमों आदि के जरिए होशियारपुर में एक सम्प्रदाय के लोगों को हानि पहुंचाने की योजना बना रहा है । उससे पूछताछ के दौरान कई वारदातों का पता लगने की सम्भावना है ।

पुलिस अधिकारियों की बैठक

फगवाड़ा (कौड़ा): जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस श्री पी.सी. डोगरा ने आज यहां रैस्ट हाऊस में जालन्धर व कपूरथला के पुलिस व सी.आर.पी. अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई । जालन्धर के एस.एस.पी. श्री संधु, एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह, सी.आर.पी. के कमांडैंट श्री रीतेश चंद्र, फिल्लौर के डी.एस.पी. श्री अपार सिंह और अन्य अधिकारी इसमें शामिल हुए जिसमें नूरमहल के निकट मौजा नत्थेवाल में हुई 4 हत्याओं के बारे में विचार-विमर्श किया गया । श्री डोगरा ने हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार किए जाने के कड़े निर्देश दिए । उन्हें यकीन दिलाया गया कि हत्यारों की तलाश में कई पुलिस पार्टियां सरगर्म हैं । श्री डोगरा ने कहा कि कानून व्यवस्था हर कीमत पर कायम रखी जाएगी । उक्त घटना के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं ।

बंगा के ग्राम सनामा फराला के सतपाल से दो लोग आज सायं 5.30 बजे उसका स्कूटर छीन ले गए ।

40 हज़ार रुपए लूटे

पटियाला (भूषण): आज बाद दोपहर यहां सनौरी गेट अनाज मंडी के निकट स्थानीय गुड़ मंडी के किरयाना व्यापारी बृज मोहन से दो अज्ञात युवकों ने 40 हजार रुपया छीन लिया जबकि व्यापारी देवीगढ़ मंडी से वसूली करके स्कूटर पर वापस आ रहा था । लुटेरों ने केसरी पगड़ियां बांध रखी थीं और सफेद रंग के प्रिया स्कूटर पर सवार थे जिसका नम्बर 7116 था । लूटने के बाद हमलावर बलबेरा मंडी की ओर फरार हो गए ।

दोहरी सवारी पर रोक बढ़ी

कपूरथला (शर्मा): कपूरथला में सभी प्रकार के दोपहिया वाहनों पर दोहरी सवारी तथा 3.5 हार्स पावर के मोटर साइकल चलाने पर पाबंदी 31 मार्च तक बढ़ा दी गई है । सरकारी आदेशों के अनुसार 3.5 हार्स पावर से कम शक्ति के दोपहिया वाहनों पर इकहरी सवारी प्रातः 6.30 से सायं 7.30 बजे तक की जा सकेगी । आग्नेय व घातक हथियार लेकर चलने, हथियार, गोली बारूद तथा विस्फोटक सामग्री की बिक्री या भंडारण, पांच या इससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने, जलूसों, जनसभाओं, उत्तेजक नारों, लाऊडस्पीकर और ब्यास व इसकी सहायक नदियों में नौकाएं चलाने इत्यादि पर लगाई गई पाबंदियां भी मार्च के अंत तक बढ़ा दी गई हैं ।

शराब के ठेके, खाने-पीने की दुकानें, पान की दुकानें, ढाबे व रैस्टोरैंट रात 9 बजे बंद होंगे जबकि शेष सभी दुकानें शाम सात बजे बंद होंगी ।

3 कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार

मोगा (सर्व): पुलिस ने आज बताया कि तीन कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे हथियार व कारतूस पकड़े गए हैं । इनमें से दो जसवन्त सिंह सिधवां और कश्मीरा सिंह कैथल को कल सायं एक पुलिस पार्टी ने पीछा करके पकड़ा । वे पंजाब और हरियाणा के कैथल क्षेत्र में लूट व छीना-झपटी की कई वारदातों में वांछित थे । उनसे दो पिस्तौल व आधी दर्जन कारतूस बरामद किए गए । तीसरे आतंकवादी को गत सायं फार्मेसी कालेज के निकट गिरफ्तार किया गया । उससे .12 के पिस्तौल सहित कुछ कारतूस भी बरामद हुए ।

गावस्कर पुरस्कृत

पटना, 1 मार्च : बिहार सरकार ने विश्व प्रसिद्ध सलामी बल्लेबाज सुनील मनोहर गावस्कर को आज 51 हजार रुपये का चैक प्रदान किया । गावस्कर यहां बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के रजत जयन्ती समारोह पर एक सीमित ओवर प्रदर्शनी मैच खेलने आए थे । गावस्कर को यह चैक बिहार के खेल मंत्री श्री अर्जुन सिंह शाह ने प्रदान किया ।

अर्जुन सिंह बरनाला से मिले

चंडीगढ़, 1 मार्च (ह.स.): केन्द्रीय संचार मंत्री श्री अर्जुन सिंह ने आज पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला से उनके निवास पर भेंट की ।

भार
सत्तार के बीच स
पखवाड़े में सैनि
हुआ । इसमें रा
लाख भारतीय औ
अभी यह स्प
के तहत रावी-चि
सीमा से सैनिकों
नहीं । दोनों देश
दिल्ली में गत माह
समझौता हुआ
गलियारे से सैनिक
गत 19 फरवरी
पाकिस्तान के
ने कहा है कि अब
पाकिस्तानी क्षेत्र में
बिना चुनौती के स
भारत-पाकि
ने तनाव को समाप
संतोष व्यक्त किय
प्रगति हो रही है
भारत सरका
अभ्यास देखने के
को उन्होंने एक
बताया ।

सिंह साहिब
लाएं, हु

पटियाला, 1
गृहमंत्री कैप्टन
लौंगोवाल सिख प्र
सिंह बरनाला के
करने का फतवा
किलो मीटर दूर
जनसमुदाय को
श्रोताओं को याद
सदैव सर्वोच्च रह
सिंह रागी ने श्री ब
करने का अवसर
हुकमनामा जारी
साहिबान विभिन्न
लाएं, हुकमनामों
संगत ने सर्वसम्म
शिरोमणि अकाली
बरनाला के विरुद्ध

40 भू
चुना

श्रीनगर, 1
विधानसभा के चु
विधायक पुनः चुना
कांफ्रैंस के, 9 कां
कांफ्रैंस का और एक

मान विधान

चंडीगढ़, 1 मार्च
पंजाब विधान सभा
गया है । वह श्री प्रत
कुछ मास पूर्व निधन
पर श्री बी.बी. सहगल
करते रहे हैं ।

बलवन्त सिंह
बरनाला

चंडीगढ़, 1 मार्च
श्री बलवन्त सिंह के ल
समारोह में विभिन्न रा
सहित सैंकड़ों लोगों ने भ
राज्यपाल श्री एस.एस
सिंह बरनाला, जम्मू-क
फारूक अब्दुल्ला, केन्द्र
सिंह ढिल्लों और श्री अ

शुभ

अमृतसर, 1 मार्च
सामाजिक कार्यकर्त्ता श्री
श्री केशव का शुभ विवा
बृज लाल शर्मा के साथ
से सम्पन्न हुआ । इ
नागरिक उपस्थित थे
दम्पति को आशीर्वाद दि


DIGJAM
SUITINGS FOR THE CONNOISSEUR

Anand COOLER
(GUARANTEE 1 YEAR)
MFR.-KRISHNA EXPORT CORPN.
528-R, Model Town
YAMUNA NAGAR, PH. : 25251.
A.K. ARTS
WANTED DEALERS

आज चंडीगढ़, कल यमुनानगर
सनटैक्स

इस्तेमाल करने वालों का दिल-ब-दिमाग मजबूत होता है तो सारा जिस्म खुशियों की रागिनी गाता है । सिर्फ एक कोर्स सनटैक्स इस्तेमाल कीजिए, आप भी खुश रहिए दूसरों को भी खुश रखिए, शर्म को छोड़िए । शर्म औरतों का गहना है । जल्द तशरीफ लाइए । हमने तो इतना ही आपसे कहना है । कीमत 153/-, 322/-, 412/- रुपए है ।
चंडीगढ़ : आज 2.3.87—बस अड्डे के सामने, जालंधर होटल ।
यमुनानगर : कल 3.3.87—पैलेस होटल, लक्ष्मी सिनेमा के पास ।
पटियाला : परसों 4.3.87—ग्रीन होटल ।
भटिंडा : 5.3.87—पैलेस होटल, रेलवे स्टेशन के पास ।
दिल्ली में हमारे दोनों दवाखानों पर हर रोज मिलता है । डाक से भी भेजा जाता है ।
1. हकीम अर्जुन सिंह उप्पल, 2, रोशनआरा रोड, दिल्ली-7.
2. डाक्टर बलबीर उप्पल, आदर्श नगर, बस स्टाप, जी.टी. करनाल रोड, दिल्ली-33.

Sexiest Film of 1987
OPERATION (A) ATLANTIS

English Colour. Strictly for Adults Only.
भारी रश : सीमा-जालंधर में रोज़ाना 4 शो.
(Release : Friends film Distributors)

शांति सभा

डा. जे. किशोर पी.एच.डी.
अग्रवाल हंसी-खुशी से मुस्कराते हु
को बम्बई में इस संसार से महान प्र
उनकी आत्मा आनंदपूर्वक वि
उनका जीवन मनुष्यों की भलाई
शांति सभा का आयोजन पारब्र
हरिद्वार में 6.3.87 को सायं तीन
सतीश नाथ (दामाद) शां
चंद्र प्रकाश
मनमोहनी सुपुत्रियां मनमो
शील मोहनी रवि


3 अप्रैल से सर्कट भर में
निर्माता निर्देशक रमेश बहल का
अपने अपने
(रंगदार)
संगीत : आर.डी. बर्मन


गंगा की बंदूक कोई तराज़ू नहीं, इसकी गोलियां तोल कर नहीं चलतीं
हिदायत : आर.पी. स्वामी
मान-मर्यादा
संगीत : उषा खन्ना
भारी रश : फ्रैंड्ज़-जालंधर, चांद और सांथ, मिनी शकुंतला-जम्मू, मालवा-पटियाला रचना-फरीदाबाद और अबोहर ।
निर्देशक : डी. राजिन्द्रा बाबू
संगीत : भप्पी लहरी
PYAR KAR

Punjabi Sanatan

दल के चुनाव
ह पर बहुगुणा
ट का कब्जा

ल्ली, 2 मार्च (वार्ता): चुनाव आयोग द्वारा दल के चुनाव चिन्ह 'हल जोतता हुआ आवंटित करने के अधिकार के प्रश्न पर र्यवाहक अध्यक्ष हेमवती नन्दन बहुगुणा वीकार कर लेने से जहां बहुगुणा गुट का ढ़ा है, वहीं अजीत सिंह गुट को गहरा चा है ।

ल के महासचिव बुद्धप्रिय मौर्य ने आज ा कि आयोग ने चुनाव चिन्ह आवंटित श्री बहुगुणा के अधिकार को श्री सत्य नवीय के उस पत्र के आधार पर स्वीकार जिसे उन्होंने आयोग को 1986 के हीने में लिखा था ।

ग के इस निर्णय का तत्काल प्रभाव यह हरिद्वार संसदीय उपचुनाव में अजीत सिंह त्याशी विमला राकेश का चुनाव चिन्ह है ।

दल के महासचिव बुद्धप्रिय मौर्य ने बताया ने जम्मू-कश्मीर में 10, केरल में 2 वम बंगाल में 22 सीटों पर चुनाव लड़ने दल प्रत्याशियों को पार्टी का चुनाव चिन्ह र्णय किया है ।

बीच जयपुर से मिली खबर के अनुसार के 27 लोकदल विधायकों को अपने पक्ष के लिए दोनों गुटों ने हस्ताक्षर अभियान शुरू है ।

गुट के हस्ताक्षर अभियान का नेतृत्व पार्टी थान शाखा के अध्यक्ष नाथूराम मिर्धा और का नेतृत्व भूतपूर्व सांसद दौलत राम सारण

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में आतंकवादियों ने 2 बैंक लूटे : 5 व्यक्ति मरे

ज़िला संगरूर में साम्प्रदायिक दंगे भड़काने का षड्यंत्र अनावृत्त

पुलिस वर्दियों में आतंकवादियों ने हथियार लूटे

चंडीगढ़, 2 मार्च (वार्ता, ह.स.): पिछले 24 घंटों में पंजाब में आतंकवादियों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि अमृतसर में सी.आर.पी. व आतंकवादियों के मध्य हुई फायरिंग का एक घायल दम तोड़ गया ।

अमृतसर व जालन्धर जिलों में 2 बैंकों से 62,000 रुपए लूट लिए गए ।

अमृतसर में 3, मोगा में 1 तथा भवानीगढ़ में 4 संदिग्ध आतंकवादी पकड़े गए ।

जिला लुधियाना में एक युवक की लाश मिली ।

जिला कपूरथला में पुलिस की वर्दियां पहने 6 आतंकवादियों ने 3 बन्दूकें, एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस लूट लिए ।

जिला संगरूर पुलिस ने साम्प्रदायिक दंगे भड़काने तथा प्रमुख व्यक्तियों की हत्या करने का उग्रवादियों का षड्यंत्र नाकाम बना दिया ।

बैंक लूट लिया

जालन्धर (क. वार्ता): तीन स्कूटर सवार सशस्त्र युवकों ने आज बाद दोपहर थाना नवांशहर के गांव गरचा में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 5718 रुपए लूट लिए । पुलिस सूत्रों के अनुसार लुटेरे कोई गोली चलाए बगैर फरार हो गए ।

पुलिस ने बताया कि बैंक का मैनेजर गनमैन के साथ एक अन्य बैंक से रुपया लाने गया था । आतंकवादियों ने उनके वापस आने से पूर्व ही अपनी कार्रवाई कर दी ।

संदिग्ध गिरफ्तार

'न.न.ए.' के अनुसार थाना फिल्लौर की पुलिस ने हरजिन्दर सिंह नामक एक युवक को शस्त्रास्त्र कानून के अधीन गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक 12 बोर का देसी पिस्तौल व 2 गोलियां बरामद की ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना फिल्लौर की पुलिस ने यह गिरफ्तारी नाकाबंदी के दौरान उस समय की जब उक्त युवक संदिग्ध अवस्था में वहां घूम रहा था । जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की आशा है ।

मृतकों की संख्या 5 हुई

अमृतसर (सोनी): गत रात अमृतसर के क्षेत्र चाटीविंड गेट, जो कि गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह के निकट है, में सी.आर.पी.एफ. तथा आतंकवादियों के मध्य हुई फायरिंग से सी.आर.पी.एफ. के एक इंस्पैक्टर समेत 5 व्यक्ति गोलियां लगने से मारे गए हैं । एक घायल रघबीर सिंह (50) आज प्रातः घावों को सहन न करते हुए दम तोड़ गया ।

घटनास्थल से प्राप्त विवरण में कहा गया कि चाटीविंड गेट के बाहर जहां भूतपूर्व कृषि मंत्री श्री हरभजन सिंह संधु की ट्रांसपोर्ट कम्पनी का कार्यालय है, के समीप ही सी.आर.पी. अधिकारी सूबेदार इंस्पैक्टर जगत नारायण सिंह पर किसी अज्ञात स्थान से गोली चलाई गई जो उनके जबड़े के निचले हिस्से में जा घुसी तथा वह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए । उनकी आयु लगभग 50 वर्ष बताई जाती है । अपने अधिकारी को इस तरह मरते देख कर सी.आर.पी. के जवानों ने गोली की दिशा की ओर गोलियां चलाईं तथा यह क्रम रात सवा आठ बजे तक चला । इसी दौरान सी.आर.पी. कर्मी अपने अधिकारी को उठा कर अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । घटना की सूचना पाकर सी.आर.पी. तथा पुलिस की कुमक घटनास्थल पर पहुंची । बताया जाता है कि रात करीब 9.45 पर पुनः सी.आर.पी. की एक टुकड़ी पर आतंकवादियों ने तीन ओर से गोलीबारी की जिसके उत्तर में सी.आर.पी. ने भी फायरिंग की । यह फायरिंग 20 मिनट चली । घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौका पर जा पहुंचे । आतंकवादियों और सी.आर.पी. के मध्य इस फायरिंग में कुल दस व्यक्ति घायल हुए । घायलों में डी.एस.पी. श्री जयदेव सुमन का ड्राइवर परमजीत सिंह भी शामिल है । (शेष पृष्ठ 8 पर)









क राहतों व माडवैट लागू होने से 45 उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें घटीं

न, डिब्बाबंद दूध, कॉफी, कन्फैक्शनरी, बिस्कुट, जैम, टूथब्रश, कंघे, रिफाइंड आयल, फ्रिज आदि सस्ते

Punjab Sanatan



रविवार की रात को अमृतसर के चाटीविंड चौक में एक धर्मस्थल के पास उग्रवादियों के हमले में हताहत लोग । (1) मृतक रघुबीर सिंह, (2) घायल सिपाही परमजीत सिंह, (3) घायल जोगेंद्र सिंह, (4) घायल अमरनाथ, (5) घायल जोगेंद्र सिंह नम्बर दो, (6) घायल मनजीत सिंह, (7) घायल सतपाल, (8) घायल मिट्ठू, (9) घायल बख्शी राम, (10) गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जिसके निकट चाटीविंड गेट पर यह घटना हुई, (11) अमृतसर के एस.एस.पी. इजहार आलम, डी.आई.जी. पी.सी. डोगरा व सी.आर.पी. के डी.आई.जी. एस.एस. विर्क घटनास्थल पर, (12) सी.आर.पी. की चौकी जहां कमांडेंट जगत नारायण सिंह को गोली मारी गई, (13) घटनास्थल पर फैला खून ।
(छाया : रवि भंडारी)

राजस्थान, रणकच्छ, सिंध सीमा से सेनाओं की वापसी बारे भारत-पाक समझौ

राजस्थान में भारतीय सैनिक अभ्यास अप्रभावित, 16 मार्च के बाद पंजाब सीमा से सेनाएं ह

इस्लामाबाद, 2 मार्च (वार्ता): भारत तथा पाकिस्तान ने आज राजस्थान, सिंध तथा कच्छ के रण क्षेत्रों से सेनाएं हटाने का समझौता किया किन्तु

मार्च के बाद सेनाएं हटेंगी वे पंजाब सीमा से लगे हैं ।

भारत के विदेश मंत्रालय में सचिव अल्फ्रेड गोंसाल्वीज और पाकिस्तान के विदेश सचिव

समझौते में कहा गया है कि सीमाओं से सैनिक हटाने का काम धीरे-धीरे किया जाएगा तथा दोनों देशों के सैनिक अभियान (आप्रेशन) महानिदेशकों

सैनिकों की वापसी के लिए पाक प्रतिनि मंडल सम्भवत: अगले महीने भारत जाएगा

राष्ट्रपति का एक विशेष जैट विमान भार

एकीकृत अकाली दल का

सर्वदलीय कार्य योजना में

'शामिल होने से इन्कार

नई दिल्ली, 2 मार्च : 'एकीकृत' अकाली दल ने पंजाब में आतंकवादियों के खिलाफ जनमत जागृत करने के लिए सर्वदलीय कार्य योजना में शामिल होने की केंद्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह की अपील को ठुकरा दिया है ।

दल ने कहा है कि जब तक उसके शीर्ष नेताओं को रिहा नहीं किया जाता तब तक दल ऐसी किसी भी योजना में शामिल नहीं होगा । गृहमंत्री को लिखे गए एक पत्र में अकाली दल (बादल गुट) के संसदीय दल के नेता भाई शमिंदर सिंह ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि दल के नेताओं को बिना किसी सुनवाई के हिरासत में रखा गया है । दल के अनुसार जब तक श्री प्रकाश सिंह बादल जैसे नेताओं को, जिन्हें जनता का विश्वास प्राप्त है, इस योजना में शामिल नहीं किया जाता तब तक इस योजना से अपेक्षित नतीजा नहीं निकल सकता ।

गृहमंत्री ने भाई शमिंदर सिंह को गत शनिवार को एक पत्र लिखा था जिसमें उनसे आग्रह किया गया था कि वे पंजाब में सर्वदलीय कार्य योजना में भाग लेने के लिए पांच सदस्यीय दल भेजें ।

अपने जवाब में भाई शमिंदर सिंह ने लिखा कि दल के नेताओं की बिना शर्त रिहाई से न सिर्फ जनता की भावनाएं शांत होंगी बल्कि पंजाब की पेचीदा समस्या का हल ढूंढने में भी मदद मिलेगी ।

उन्होंने सुझाव दिया कि पंजाब के युवकों और अकाली दल की शिकायतों को दूर करने के लिए सरकार को कदम उठाना चाहिए ।

जी.एस. चावला के अनुसार बाद में भाई शमिंदर सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी पंजाब में शांति स्थापित करने के लिए अन्य सभी वर्गों का साथ देना पसंद करेगी लेकिन इससे पूर्व कटुता और तनाव पैदा करने वाले बुनियादी कारण दूर किए जाने चाहिए । एकीकृत अकाली दल के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान समेत सभी नेता और जोधपुर जेल में नजरबंदों को रिहा किया जाए और सेना के भगोड़ों का पुनर्वास किया जाए ।

संघर्ष में बार्डर रोड टास्क फो

के 9 जवान मरे

ऐजल, 2 मार्च (वार्ता): ऐजल से लगभग 6 किलो मीटर दूर सैतुआल में स्थानीय लोगों के स हुए संघर्ष में बार्डर रोड टास्क फो (बी.आर.टी.एफ.) के नौ कर्मचारी मारे गए तथा 7 कर्मचारी घायल हो गए ।

सूत्रों के अनुसार आठ हजार लोगों की क्रुद्ध भी ने ऐजल–चम्पाई रोड पर स्थित बी.आर.टी.एफ. शिविर को घेर लिया । एक युवक बी.आर.टी.एफ. कर्मियों द्वारा कथित रूप से हमले का बदला लेने की गरज से लोगों में क्र भड़का ।

पंजाब का बजट 20 को

चंडीगढ़, 2 मार्च : पंजाब के वित्तमंत्री बलवंत सिंह आगामी 20 मार्च को विधानसभा में राज्य बजट पेश करेंगे । बजट अधिवेशन 11 मार्च आरम्भ होगा और 30 मार्च तक चलेगा ।

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

अस्पताल में पहुंचे घायलों के नाम इस प्रकार हैं : मिट्ठू (5), श्रीमती कुलवन्त कौर, मनजीत सिंह (25), बख्शी राम (50), हजूरा सिंह (35), अमरनाथ (55), जोगेन्द्र सिंह (30), सतपाल (12), जोगेन्द्र सिंह (46)।

मृतकों के नाम इस प्रकार हैं : मख्तार सिंह (35), रघुबीर सिंह (50), अमरजीत सिंह (36), जगत नारायण तथा एक अज्ञात युवक।

आज सुबह घटनास्थल का दौरा करने पर इस सम्वाददाता ने एस.एस.पी. अमृतसर श्री इजहार आलम और डी.आई.जी. सी.आर.पी.एफ. श्री विर्क को घटनास्थल पर संधु ट्रांसपोर्ट कम्पनी के कार्यालय के सामने खड़ी एक बस पी.जे.ई. 6551 का निरीक्षण करते हुए पाया जिसके कई शीशे गोलियां लगने से चूर-चूर हो गए थे। चाटीविंड चौक का सारा क्षेत्र सी.आर.पी. ने घेरे में लिया हुआ था और अधिकतर दुकानें बंद थीं। क्षेत्र निवासी काफी सहमे हुए थे। आज प्रातः सी.आर.पी. की विभिन्न टकड़ियों ने क्षेत्र की घेराबंदी करके आवासीय स्थलों की तलाशी ली तथा कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लिया परन्तु एस.एस.पी. ने इससे अनभिज्ञता प्रकट की। जिन क्षेत्रों की तलाशी ली गई उनमें लक्ष्मणसर, चाटीविंड चौक तथा चनन सिंह कालोनी शामिल हैं। वार्ता के अनुसार सुरक्षा बलों तथा पुलिस ने एक धर्मस्थल की भी तलाशी ली।

कल रात हुई फायरिंग में दो घायलों मंजीत सिंह व जोगेन्द्र सिंह को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई जबकि 7 अन्य व्यक्तियों की हालत गम्भीर है।

पुलिस का मत है कि कल रात चाटीविंड क्षेत्र में जो भिड़त हुई उसमें 4-5 आतंकवादियों ने चाटीविंड गेट के करीब स्थित सी.आर.पी. की चौकी को निशाना बना कर फायरिंग की। आज यहां एस.एस.पी. कार्यालय में सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क, सी.आर.पी.एफ. के आई.जी. श्री के.पी.एस. गिल, डी.आई.जी. श्री पी.सी. डोगरा व अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इजहार आलम द्वारा की गई संयुक्त प्रैस कांफ्रैंस में श्री पी.सी. डोगरा ने बताया कि गत रात्रि 8.45 पर सी.आर.पी. की थर्ड बटालियन की 'एन' कम्पनी के कमांडर श्री जगत नारायण सिंह गुरुद्वारा शहीदां के निकट स्थित सी.आर.पी. चौकी का निरीक्षण कर रहे थे तो कुछ आतंकवादियों ने उन पर किसी ऊंचे स्थान से फायरिंग की जिससे एक गोली उनकी गर्दन में लगी और वह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए।

श्री डोगरा ने बताया कि इसके बाद सी.आर.पी. की चौकी पर कई ओर से आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की जिस पर जवानों ने भी गोलियां चलाईं। गोलियों की आवाज सुनकर डी.एस.पी. पंजाब पुलिस श्री जयदेव समरा जो कि निकट ही ड्यूटी पर तैनात थे, तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और आतंकवादियों ने उन पर भी फायरिंग की जिससे उनका गनमैन परमजीत सिंह घायल हो गया।

उधर एकीकृत अकाली दल के विभिन्न नेताओं ने आरोप लगाया है कि कल रात्रि पुलिस गुरुद्वारा शहीदां में प्रविष्ट हुई और सुरक्षा बलों ने गुरुद्वारा पर अंधाधुंध फायरिंग की। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति से दुर्घटनावश चली गोली से जे.एन. सिंह की मृत्यु हो गई तो सी.आर.पी. ने अंधाधुंध फायरिंग की। उन्होंने घटना की न्यायिक जांच की मांग की।

इस घटना के विरोध में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के वर्करों ने जालन्धर के आई.टी.आई., मेहरचन्द पालीटैक्नीक, नकोदर के गुरुनानक कालेज (ब्वाय), गुरु नानक कालेज (गर्ल्स), डी.ए.वी. कालेजों में हड़ताल की। नकोदर के छात्रों ने नत्थेवाल ग्राम में उग्रवादियों द्वारा निरंकारी परिवार की हत्या के मामले में फैडरेशन के वर्करों की गिरफ्तारी के विरुद्ध नकोदर-जालन्धर रोड पर एक घंटे तक ट्रैफिक जाम रखा।

अमृतसर के बेरका क्षेत्र के प्रीतम सिंह से चार उग्रवादियों ने नकदी, अंगूठी, घड़ी आदि छीन ली।

गांव सुग्गा में हत्या

आज प्रातः जिला अमृतसर के गांव सुग्गा थाना भिखीविंड में दो पिस्तौलधारी आतंकवादियों ने एक व्यक्ति चिरंजी लाल की हत्या कर दी। आतंकवादियों ने उस पर तीन गोलियां चलाईं जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हुआ। अस्पताल लेजाए जाते समय उसकी मृत्यु हो गई। खबरों के अनुसार वह शौच के लिए खेत को जा रहा था।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि मृतक चिरंजी लाल पंजाब पुलिस के एक हैड कांस्टेबल का भाई था जिसकी अमृतसर में आप्रेशन ब्लू स्टार से पहले के दिनों में हत्या कर दी गई थी

3 आतंकवादी गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि थाना सदर तरनतारन के गांव शेख चक के निकट नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। यह हैं अमरीक सिंह, अरूड़ सिंह तथा धर्म सिंह।

हिरासत से फरार

अमृतसर के कत्थूनंगल क्षेत्र में अपने घर में आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार नरेन्द्र सिंह उस समय पुलिस हिरासत से फरार हो गया जब उसे थाने लाया जा रहा था।

एक और बैंक लूट लिया

पुलिस ने बताया कि तीन आतंकवादियों ने जिला अमृतसर में गांव जलालेडा में पंजाब एंड सिंध बैंक ग्राहक के मोटर साइकल पर बैठ कर फरार हो गए।

लुधियाना में लाश मिली

लुधियाना (धीमान): गत दिवस यहां से 8 किलो मीटर दूर लुधियाना-धूरी रेलवे लाइन पर गिल रेलवे स्टेशन के करीब एक 29 वर्षीय हिन्दू की लाश पड़ी मिली। ऐसा लगता है कि हत्या करके लाश रेलवे लाइन पर फैंक दी गई। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है।

लुधियाना में जिलाधीश ने सभी बसों के रात्रि साढ़े छः तथा प्रातः छः बजे की अवधि के दौरान आवागमन पर रोक लगा दी है। यह रोक तीन अप्रैल तक जारी रहेगी।

मृतकों के परिवारों को अनुदान

फिल्लौर (भाखड़ी): गत दिवस नूरमहल के निकट निरंकारी परिवार के सदस्यों के कत्ल कांड के बारे में एस.डी.एम. जगजीत सिंह ने बताया कि मृतकों के परिवारों को 20-20 हजार की अनुदान राशि के इलावा मृतक महेन्द्र पाल के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी के अतिरिक्त 20,000 रुपए का ऋण भी दिया जाएगा। मृतक गेहल राम, जो पी.ए.पी. में कार्यरत था व पांच बच्चियों का पिता था, की विधवा को पी.ए.पी. में ही चतुर्थ श्रेणी की नौकरी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जब गत रात सूचना पाकर गांव नत्थेवाल में पहुंचे तो सारा गांव डर के मारे सहमा हुआ था व गांव के सभी लोगों ने अपने घरों के दरवाजे बंद किए हुए थे जबकि मृतकों के परिवार के अन्य सदस्य जोर-जोर से चीख रहे थे।

उन्होंने बताया कि गोलियां, माऊजर, स्टेनगन व पिस्तौल से चलाई गई थीं व घटनास्थल पर खून ही खून बिखरा पड़ा था। पुलिस सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि मृतक मखन लाल ने जिस उग्रवादी को पकड़ा था व एक अन्य उग्रवादी के साथी ने उसको जब गोली मारी तो जफ्फे में जकड़े उग्रवादी को भी गोली लगी व उसका खून काफी दूर तक बहता गया जोकि घटनास्थल पर देखा गया। इस सारे केस का संचालन डी.आई.जी. श्री पी.सी. डोगरा कर रहे हैं व कुत्ता स्क्वैड भी लाया गया जो पास के गेहूं के खेतों तक ही गया।

होशियारपुर में छापे

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): आज यहां एस.पी. ब्रजेन्द्र सिंह मान ने पत्रकारों को बताया कि गत सप्ताह जिला होशियारपुर में विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर पुलिस ने 50 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया था जिनमें से सिर्फ 3 को गिरफ्तार किया गया है जबकि शेष को छोड़ दिया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में सुखदेव सिंह भी शामिल है जिसका सम्बन्ध सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन से है। इस व्यक्ति के विरुद्ध आतंकवाद उन्मूलन कानून के अन्तर्गत कपूरथला में पहले ही केस दर्ज है लेकिन वह फरार था। उन्होंने बताया कि जिला में पिछले दिनों हुई वारदातों के सिलसिले में दसूहा के गांवों में छापे मारे गए थे। कई लोग हिरासत में लिए गए हैं। होशियारपुर के कच्चा टोबा, प्रेमगढ़ व अन्य कई मुहल्लों में भी तलाशियां ली गईं परन्तु कोई गिरफ्तारी नहीं की गई।

फैडरेशन के वर्कर गिरफ्तार

जिला के कई स्थानों पर पुलिस ने आज प्रातः छापे मार कर सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के 25 वर्करों को गिरफ्तार कर लिया है। एस.एस.पी. श्री सुभाष



नूरमहल थानान्तर्गत गांव नत्थेवाल में गत दिवस उग्रवादियों की फायरिंग से घायल (1) चरणजीत कौर, (2) राज कुमार और (3) मंजीत कुमार जो जालंधर अस्पताल में उपचाराधीन हैं। (छाया : कपूर)

सिख छात्र संघ का कार्यकर्त्ता गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): स्थानीय थाना सदर पुलिस ने सिख छात्र महासंघ (मंजीत गुट) के स्थानीय प्रचार सचिव कुलवन्त सिंह गांव गिल्लांवाली को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने आज दी। कुख्यात उग्रवादी अवतार सिंह रूपेवाली तथा हरजिन्दर सिंह जिन्दा (गुजरात पुलिस द्वारा वांछित जिन्दा नहीं) को शरण देने में अमरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

बैंक लुटेरे बंदी

बी.एस.एफ. ने आज उन तीन आतंकवादियों को पकड़ लिया जिन्होंने गुरदासपुर जिले में भाट हीरासिंहबाला गांव स्थित पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड के कार्यालय से बाईस हजार रुपए लूट लिए थे।

बी.एस.एफ. की एक विज्ञप्ति के अनुसार उनके पास से एक नौ एम.एम. मशीन कार्बाईन और एक विदेशी रिवाल्वर भी बरामद हुए हैं।

इन तीनों को बाद में दयालपुर पुलिस को सौंप दिया गया।

स्कूटर छीना

जालन्धर से 'न.न.ए.' की सूचना के अनुसार आज यहां बंगा के गांवों बर्ज कंधाली और चक बिल्गा के मध्य दो कथित उग्रवादियों द्वारा चरण दास नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर पी.ए.सी. 1517 छीन लिया गया। अभियुक्त भागने में सफल हो गए।

बब्बर खालसा ने जिम्मेदारी ली

जालंधर : इस जिले के नूरमहल थाना क्षेत्र में नथेवाल गांव में एक निरंकारी नेता के परिवार के चार व्यक्तियों की हत्या की जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने ली है। इन व्यक्तियों को कल गोली मार दी गई थी।

स्वयं को 'बब्बर खालसा' का सक्रिय कार्यकर्त्ता बताने वाले एक व्यक्ति सुखदेव सिंह ने टैलीफोन पर यह सूचना दी।

साम्प्रदायिक दंगों की साजिश नाकाम

संगरूर (योगेश): जिला पुलिस ने आज तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार करके साम्प्रदायिक दंगे भड़काने की साजिश नाकाम कर दी है। इन व्यक्तियों के पास से 12 बोर की एक रायफल, 315 बोर की एक रायफल, 315 बोर के दो पिस्तौल, 12 बोर के दो पिस्तौल, 315 बोर के 12 कारतूस, 12 बोर के 10 कारतूस, 32 बोर के 10 कारतूस, 12 बोर के 10 खाली खोल, 315 बोर के 10 खाली खोल, 32 बोर के 10 खाली खोल, 12 बोर के 10 देसी कारतूस, 315 बोर के 10 देसी कारतूस, 32 बोर के 10 देसी कारतूस, 12 बोर के 10 देसी खोल, 315 बोर के 10 देसी खोल, 32 बोर के 10 देसी

अमृतसर के कत्थूनंगल क्षेत्र में अपने घर में आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार नरेन्द्र सिंह उस समय पुलिस हिरासत से फरार हो गया जब उसे थाने लाया जा रहा था ।

एक और बैंक लूट लिया

पुलिस ने बताया कि तीन आतंकवादियों ने जिला अमृतसर में गांव चक्खेड़ा में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 57,000 रुपए तथा एक मोटर साइकल लूट लिया । आतंकवादियों ने स्टाफ के 5 व्यक्तियों को एक कमरे में बंद कर दिया तथा एक

सार्वजनिक सूचना

हमारा लड़का संजीव कुमार उर्फ गोरा, उम्र 20 साल, बुरी संगत में है और हमारे कंट्रोल से बाहर है तथा हमारे घर से बिना हमारी मर्जी के कहीं चला गया है । इसलिए हमने उसे अपनी सारी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है । अब उसका हमसे और हमारे कारोबार से कोई ताल्लुक नहीं है (ऐसा उसने हमें लिख कर भी दिया हुआ है) और न ही हम उसके किसी लेन-देन या कृत्य के जिम्मेदार हैं और न ही होंगे ।

सुरिंद्र कुमार सुपुत्र श्री हंसराज,
निर्मला कुमारी पत्नी श्री सुरिंद्र कुमार,
कोठी नं. 6-A, दयानंद नगर,
लारैंस रोड, अमृतसर ।

हैं । होशियारपुर के कच्चा टोबा, प्रेमगढ़ व अन्य कई मुहल्लों में भी तलाशियां ली गईं परन्तु कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

फैडरेशन के वर्कर गिरफ्तार

जिला के कई स्थानों पर पुलिस ने आज प्रातः छापे मार कर सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के 25 वर्करों को गिरफ्तार कर लिया है । एस.एस.पी. श्री सुभाष जैन ने बताया कि ये गिरफ्तारियां शांति भंग की आशंका में धारा 107/51 के अन्तर्गत की गईं । छापे अभी जारी हैं ।

गोली चली

फगवाड़ा (सोसला): कल रात यहां से पांच किलो मीटर दूर किरपालपुर कालोनी में तीन अज्ञात व्यक्ति, जो कि मोटर साइकल पर सवार थे, एक मकान का दरवाजा खोल कर उसमें दाखिल हुए । घर के मालिक ने उनकी तरफ गोली चला दी जिससे तीनों मोटर साइकल पर सवार होकर अंधेरे में लुप्त हो गए ।

पुलिस वर्दियों में लूट

कपूरथला (शर्मा): सुलतानपुर लोधी थाना के दो गांवों से गत दो रातों के दौरान 6 संदिग्ध आतंकवादी 12 बोर की तीन बंदूकें, एक 32 बोर का रिवाल्वर, 42 कारतूस छीन ले गए । इन लोगों ने ग्रामीणों को धमकाने के लिए अंधाधुंध फायरिंग भी की तथा असला लेकर पैदल ही चले गए । एक सूचना के अनुसार गत रात्रि 10 बजे पुलिस वर्दियों में तीन आतंकवादियों ने मौजा परमजीतपुर में ज्ञान सिंह का दरवाजा खुलवाया । इनमें से 2 के पास रिवाल्वर तथा एक के पास दोनाली बंदूक थी । तीनों ने घर में घुस कर लाईसैंसी दोनाली 12 बोर की बंदूक, 6 कारतूस उठा लिए । तथा घर से 4 ताले सोने के जेवर, 1150 रुपए नकद व दो घड़ियां लूट लीं । फिर ज्ञान सिंह को साथ लेकर महेन्द्र सिंह के मकान की ओर गए । वहां तीन और आतंकवादी उनके साथ मिल गए । इन सभी की आयु 25-30 वर्ष के मध्य बताई जाती है । आवाज लगाने पर महेन्द्र सिंह दरवाजा खोल कर बाहर आया तो इन आतंकवादियों ने उसको मारपीट की । इस पर उसके लड़के ने 12 बोर की एक दोनाली बन्दूक, 15 कारतूस व 32 बोर का रिवाल्वर 15 गोलियों सहित उनके हवाले कर दिया तो आतंकवादी फायर करते हुए असला लेकर चले गए । महेन्द्र सिंह के पास यह असला लाईसैंसी था । इससे एक रात पहले मौजा भरोवाल में सुखा सिंह नामक व्यक्ति के घर से एक दोनाली बन्दूक 6 कारतूसों सहित लूट लिए जाने की खबर है । एस.पी. श्री लेखी खोजी कुत्तों के साथ मौका पर गए ।

घर-घर तलाशी

कपूरथला पुलिस ने सी.आर.पी. के साथ गांवों को घेरा डाल कर घर-घर की तलाशी लेकर 12 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया ।

कपूरथला पुलिस ने मौजा भगवानपुर के निकट बेईं से एक लावारिस गली-सड़ी लाश बरामद की ।

अधिकार बढ़े

'संघी' ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि शहर में कानून-व्यवस्था कायम रखने तथा शांति भंग करने के आरोप में किसी भी व्यक्ति को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत नजरबंद करने के जिलाधीश को दिए गए अधिकार चंडीगढ़ प्रशासन ने एक अधि सूचना द्वारा 3 मास के लिए बढ़ा दिए हैं ।

स्कूटर छीना

खालसा ने ली है । इन व्यक्तियों को कल गोली मार दी गई थी ।

स्वयं को 'बब्बर खालसा' का सक्रिय कार्यकर्त्ता बताने वाले एक व्यक्ति सुखदेव सिंह ने टैलीफोन पर यह सूचना दी ।

साम्प्रदायिक दंगों की साजिश नाकाम

संगरूर (गोयल): जिला पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन तथा एक अन्य उग्रवादी गुट की बरनाला, संगरूर तथा भवानीगढ़ में साम्प्रदायिक दंगे भड़काने तथा प्रमुख व्यक्तियों की हत्या की साजिश नाकाम बनाने का दावा किया है । जिला पुलिस चीफ श्री परमजीत सिंह संधु ने बताया कि इन लोगों ने जिला में विभिन्न स्थानों पर बैठकें की थीं तथा अपनी 'कार्वाई योजना' तैयार की थी लेकिन पुलिस को इसकी भनक मिल गई तथा उसने भवानीगढ़ से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । श्री संधु ने इनके नाम नरदेव सिंह, रणजीत सिंह, जगीर सिंह (सभी भिवानीगढ़ निवासी), तथा राम सिंह (बलियाल गांव) बताए । उन्हें एस.डी.एम. श्री सोमनाथ होशियारपुरी की अदालत में पेश किया गया जिन्होंने उनका 23 मार्च तक न्यायिक रिमांड दे दिया ।

खालिस्तानी नारे

सूत्रों के अनुसार इन लोगों ने जिन्हें धनौला तथा बरनाला में रखा गया है, गिरफ्तारी के समय खालिस्तान समर्थक और मुख्यमंत्री बरनाला विरोधी नारे लगाए । श्री संधु ने कहा कि जिला में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और सभी थानों को रैड अलर्ट जारी करके दिन-रात गश्त जारी रखने का निर्देश दिया गया है ।

परीक्षाएं स्थगित

शिमला, 2 मार्च (खजूरिया): जिला बिलासपुर के जुखाला परीक्षा केंद्र से कुछ शरारतियों द्वारा ताला तोड़ कर प्रश्न-पत्र चोरी कर लिए जाने के दृष्टिगत 8वीं, दसवीं और ग्यारहवीं के पेपर अनिश्चितकाल तक स्थगित कर दिए गए हैं । स्कूल शिक्षा बोर्ड के एक प्रवक्ता के अनुसार परीक्षाओं की संशोधित 'डेटशीट' जारी की जाएगी ।

3 कार सवारों की हत्या

मुजफ्फरपुर, 2 मार्च: गत रात्रि मुजफ्फरपुर-पूसा रोड पर कार सवार लोगों ने एक दूसरी कार में जा रहे तीन लोगों की हत्या कर दी ।

यूथ इंका नेता की हत्या

जमशेदपुर, 2 मार्च : सिंह भूमि जिले के यूथ इंका नेता राम लाल लोहार की कुछ लोगों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

वडाला द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती

चंडीगढ़, 2 मार्च (संघी): अकाली विधायक (बादल गुट) कुलदीप सिंह वडाला ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में आज दायर एक याचिका में रासुका के अंतर्गत अपनी गिरफ्तारी और जालन्धर से मध्य प्रदेश की सागर जेल में भेजे जाने को चुनौती दी है । श्री वडाला को गत 2 दिसम्बर को उनके गांव से गिरफ्तार किया गया था ।

याचिका में आरोप लगाया गया कि राजनीतिक कारणों से उन्हें गिरफ्तार किया गया क्यों कि वह श्री

...ार, कल पटियाला
...नेस
...को इधर-उधर कैमिस्टों के पास हरगिज़ तलाश न करो । सीधे मेरे पास आओ और सनटैक्स ले जाओ । यह फौरन रंग जमाता है । तभी तो इस ने हर मर्द के मन में अपना कदम जमाया है । यह मर्दों के हर किस्म के नक्स जड़ से खत्म कर देता है और ...दरुस्त व तवाना बनाए रखता
...53/-, 322/-, 412/-
...3.87—पैलेस होटल, लक्ष्मी
...37—ग्रीन होटल ।
...87—पैलेस होटल, रेलवे
...—ग्रीन होटल, कचहरी के
...ारे दोनों दवाखानों पर हर रोज़ भेजा जाता है ।
...प्पल, 2, रोशनआरा रोड, ...ल्ली-7.
...प्पल, आदर्श नगर बस स्टाप, ...ा रोड, दिल्ली-33.

...XAMINATION NOTICE
...of Bihar Pradesh shiksha prishad will be held on
...xam of Varanasey Sanskrit Vishawidayalya,
...be held on 2.4.87.
...equired to Collect their roll numbers from the college
...0.3.87 to 15.3.87 between 10 A.M. to 12 Noon.
...entre for Punjab is our college.
...BIND SINGH COLLEGE OF EDUCATION,
Garha, Jalandhar City.

...रसा निवासियों के लिए खुशखबरी
सिरसा : बुधवार—4.3.87
वीरवार—5.3.87
शनिवार—6.3.87
...नए सरदार गैस्ट हाऊस, सुभाष चौक में मरीज़ों को ...हब राज दवाखाना वाले आप पहुंच रहे हैं । मरीज ...दा उठाएं । सेहत व नई खुशियां, असली जीवन का ...ई । बवासीर, गर्मी, पेशाब जलन का इलाज ।

राज दवाखाना (रजि.),
(जालंधर वाले)
...ज़ मिलें : ताज सिनेमा बिल्डिंग में | लुधियाना हर रविवार—बस स्टैंड के सामने होटल के. प्रीत में मिलें ।

...सीफ़ाइड विज्ञापन
...ना
...(एडवोकेट) 42 साल, मेरे
बिकाऊ
VCR-Video, Camera, T.V., Other

खबरी



ज़ों को
मरीज़
न का
र ।

विवार—बस स्टैंड के सामने
के. प्रीत में मिलें ।

ज्ञापन

बिकाऊ

, Camera, T.V., Other
s. Contact Telephone :
Nagar, Jalandhar City.

.वी. सीखें

lor/VCR/TV, ट्रांजिस्टर,
मैन, ड्राईविंग हैवी ट्रक,
C बार-बैंडर, प्लम्बर, वैल्डिंग,
र्स, रिहायश उपलब्ध, दाखले हेतु
आई.टी. कालेज, ※232, डिफैंस
ौक खालसा कालेज, जालंधर
मेन गेट, अंदर बस स्टैंड,

पोल्ट्री

ni egg rate for 2.3.87 Rs.
trays. NECC Suggested
5.40 per Dozen.

शिक्षा

कारी मान्यता) वैद्यविशारद/
करें । मैट्रिक बिना आठवीं के ।
द, B.Ed./JBT/OT इसी वर्ष
युर्वेदरत्न एक वर्ष में BAMS
Personally between 8
परीक्षा केंद्र हमारा कालेज । गुरु
गढ़ा, जालंधर शहर ।

ट्रिक, मैट्रिक फेल इंटर, मैट्रिक पास
शारद, आयुर्वेदरत्न करके RMP
ल में गारंटी से करें । गांधी
न, नज़दीक लक्ष्मी सिनेमा,

जिस्ट्रेशन करवाओ, मैट्रिक,
र्वेदरत्न पास बिहार बोर्ड से
ो । हाईकोर्ट के फैसले मुताबिक
—रजिंदरा डिग्री कालेज, मख,

ovt. R.M.P. Doctor within
with service charges Rs.
us Rs. 6. Nehru College,
Ambala City.
(JD)

पास यह असली लाइसेंसी था । इससे एक रात पहले मौजा भरोवाल में सुखा सिंह नामक व्यक्ति के घर से एक दोनाली बन्दूक 6 कारतूसों सहित लूट लिए जाने की खबर है । एस.पी. श्री लेखी खोजी कुत्तों के साथ मौका पर गए ।

घर-घर तलाशी

कपूरथला पुलिस ने सी.आर.पी. के साथ गांवों को घेरा डाल कर घर-घर की तलाशी लेकर 12 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया ।

कपूरथला पुलिस ने मौजा भगवानपुर के निकट बेईं से एक लावारिस गली-सड़ी लाश बरामद की ।

अधिकार बढ़े

'संघी' ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि शहर में कानून-व्यवस्था कायम रखने तथा शांति भंग करने के आरोप में किसी भी व्यक्ति को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत नजरबंद करने के जिलाधीश को दिए गए अधिकार चंडीगढ़ प्रशासन ने एक अधि सूचना द्वारा 3 मास के लिए बढ़ा दिए हैं ।

स्कूटर छीना

मोगा (सर्व मित्र): गत रात्रि यहां इंदिरा कालोनी के निकट स्टेट बैंक आफ पटियाला के एक कर्मचारी अमरजीत सिंह से दो संदिग्ध आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन कर फरार हो गए ।

आतंकवादी गिरफ्तार

इसी बीच पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान मोगा नगर के बाहरी क्षेत्र में एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया । उससे एक विदेशी रिवाल्वर मिला ।

ठेका लूटा

गत रात्रि संदिग्ध आतंकवादी जिला फरीदकोट के गांव फंजूगराई में एक शराब के ठेके में दाखिल हो गए । उन्होंने शराब की एक सौ से ज्यादा बोतलें तोड़ दीं तथा नकदी उठा कर ले गए । कहा जाता है कि उन्होंने ठेकेदार को धमकी दी कि यदि उसने यह धंधा बंद न किया तो खतरनाक परिणाम होंगे ।

रोडे में हत्या

कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने फरीदकोट जिले में बाघापुराना पुलिस थाने के अंतर्गत रोडे गांव में कल रात एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

गांव रोडे में मरने वाले का नाम इंद्र सिंह बताया गया है ।

भट्ठा मालिक की हत्या

आज शाम संदिग्ध आतंकवादियों ने फरीदकोट ज़िला में मुक्तसर में एक ईंटों के भट्ठे के मालिक शिवराम की गोली मारकर हत्या करदी । पुलिस ने बताया कि हत्यारे ईंटें खरीदने के बहाने भट्ठे पर गए तथा बहुत नज़दीक से शिवराम को गोली मार दी । शिवराम को तुरन्त अस्पताल ले जाया गया । जहां उसकी मृत्यु हो गई । सीमा सुरक्षा बल ने क्षेत्र को घेरे में ले लिया है ।

गोली मार कर घायल

गत रात बटाला के खंडा खोला मुहल्ला में दो युवकों ने फायर करके एक 18 वर्षीय युवक तिलक राज को घायल कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह व्यक्तिगत शत्रुता का मामला है और तिलक राज को, जो कि मामूली जख्मी हुआ था, उपचार के बाद घर भेज दिया गया है ।

मुजफ्फरपुर,
मुजफ्फरपुर-पूसा
दूसरी कार में जा

यूथ इंक

जमशेदपुर,
इंका नेता राम ला
मार कर हत्या क

वडाला द्वार

व

चंडीगढ़, 2
(बादल गुट) कुल
हरियाणा हाईकोर्ट
रासुका के अंतर्गत
से मध्य प्रदेश की
दी है । श्री वडाल
गांव से गिरफ्तार

याचिका में अ
कारणों से उन्हें गि
बरनाला और श्री
आरोप लगाया गय
बिस्तर इत्यादि न
भार 15 किलो
सुनवाई कल होगी

एच.एम.टी. के

पंजाब व ह
एच.एन. सेठ अ
आधारित एक
कर्मचारियों की य
जारी किया है । य
जून को हरियाणा
होने के कारण फै
एक दिन का आव
कर रही है ।

पंजाब सरकार

जस्टिस एस.
सहगल पर आधा
पंजाब के कार्यालय
और 81 अन्य
विसंगतियां दूर क
सरकार और अन्य
किया है ।

कर्नाटक और के



THE EME
केवल

6 मा
बड़े

Punjabi Sanatani



(ऊपर) मंगलवार प्रातः जालंधर में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों के हाथों मारे प्रोफ़ैसर एस.के. सहगल (इन्सैट) का शव,(मध्य में) श्री सहगल का खून से लथपथ देह के पास बिलाप कर रही उनकी धर्म पत्नी,(नीचे) श्री सहगल के शोकाकुल सगे-संबंधी । (छाया : कपूर)

(1) आई.जी. सी.आर.पी., (6) डी.आई.जी. पुलिस श्री पी.सी. डोगरा और (7) डी.सी. अमृतसर श्री रमेश इंद्र सिंह पुष्पांजलियां अर्पित करते हुये और गुरुद्वारा शहीदां के बाहर उग्रवादियों की फ़ायरिंग से मरे दो व्यक्ति, (8) मुख्तयार सिंह और (9) अमरजीत सिंह । (छाया : ओम भंडारी)

करते हुए । (5) आई.जी. सी.आर.पी., (6) डी.आई.जी. पुलिस श्री पी.सी. डोगरा और (7) डी.सी. अमृतसर श्री रमेश इंद्र सिंह पुष्पांजलियां अर्पित करते हुये और गुरुद्वारा शहीदां के बाहर उग्रवादियों की फ़ायरिंग से मरे दो व्यक्ति, (8) मुख्तयार सिंह और (9) अमरजीत सिंह । (छाया : ओम भंडारी)

द्वारा निकाले हैं । महिला को बच्चा न होने पर उसकी जांच के लिए यह आप्रेशन किया गया था ।

उग्रवादियों द्वारा पंजाब में प्रोफ़ैसर व भाजपा वर्करों सहित 3 लोगों की निर्मम हत्या

चंडीगढ़, 3 मार्च (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज जालंधर में डी.ए.वी. कालेज के एक प्रोफैसर एस.के.सहगल की निर्मम हत्या कर दी जिसके विरोध में जालंधर के कालेजों में आज हड़ताल रही । विभिन्न शिक्षक व छात्र संगठनों ने कल बुधवार पंजाब व चंडीगढ़ के सभी शिक्षण संस्थानों में हड़ताल का तथा जालन्धर बंद का आह्वान किया है । उनकी हत्या की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स ने ली है ।

जालंधर के ही नूरमहल क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक धर्म स्थल पर डकैती डाली ।

लुधियाना के जगरांव में उग्रवादियों ने आज अपरान्ह दो भाजपा वर्करों की हत्या कर दी

पंजाब में सुरक्षा बलों ने 26 संदिग्ध उग्रवादी गिरफ्तार किए हैं ।

फगवाड़ा के पास उग्रवादियों ने एक कोआपरेटिव सोसाइटी लूटने का प्रयास किया और बंदूक छीन ले गये । फगवाड़ा में ही एक शराब ठेके से 30 हज़ार रुपए लूट ले गए । कपूरथला में उग्रवादियों का एक नया गिरोह सक्रिय होने की सूचना मिली है । कपूरथला की एक प्राईवेट ट्रांसपोर्ट कम्पनी के कंडक्टर से 1900 रुपये लूट लिये गये ।

अमृतसर के मुंडा पिंड में एक उग्रवादी सुरक्षा बलों के एक जवान से राइफल छीनने के प्रयास में मारा गया । चाटीविंड के पास एक मार्च की रात्रि को उग्रवादियों द्वारा सी.आर.पी. टुकड़ी पर की गई फायरिंग में घायल एक सिपाही की आज अस्पताल में मृत्यु हो गई । अब तक इस कांड में 6 लोगों की मृत्यु हो चुकी है ।

कल रात्रि चौक मेहता क्षेत्र में एक बंदूक छीनी गई व एक ड्राइवर को गोली मार कर घायल कर दिया गया ।

बी.एस.एफ. ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के सैकेंड-इन-कमांड मोहिन्दर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है ।

प्रो. सहगल की हत्या

जालन्धर (क., वार्ता, ह.स.): आज प्रातः 8.30 बजे के लगभग दो स्कूटर सवार पगड़ीधारी उग्रवादियों ने डी.ए.वी. कालेज के प्राणी विज्ञान के प्राध्यापक तथा पी.आर.ओ. प्रो.एस.के. सहगल की माडल टाऊन रोड पर मिल्क बार चौक से 100 गज़ मिशन अस्पताल चौक की ओर उस समय गोलियां मार कर हत्या कर दी जब वह माडल टाऊन स्थित अपनी कोठी नं. 505 से कालेज को जा रहे थे । 42 वर्षीय प्रो. सहगल को तीन गोलियां सिर में, एक छाती में तथा एक पेट में लगी और उनकी मौका पर ही मृत्यु हो गई । हत्यारे गोलियां मारने के बाद मिशन चौक की ओर दौड़ गए ।

विभिन्न सूत्रों से मिले विवरण के अनुसार हत्यारे श्री सहगल का उनके घर से ही पीछा कर रहे थे और मिलक बार चौक पार करते ही वह तेज़ी से श्री सहगल के बाईं ओर से उनके बराबर पहुंच गए और उनके स्कूटर को रोका तथा साथ ही रिवाल्वर से गोलियां बरसा दीं । तीन गोलियां सिर के बाएं भाग में लगीं और पेट व छाती में गोलियां उस समय लगी जब वह गिर गए । पेट में गोली बाईं ओर लगी जो तिरछी चीर करती दाईं ओर पसलियों तक जा पहुंची, जबकि छाती में लगी गोली दाएं ओर लगी और बाएं ओर दिल के निचले भाग में जा पहुंची । सूचना अनुसार पोस्टमार्टम करने पर पांच गोलियां निकाली गईं, जो .445 बोर की बताई जाती हैं ।

घटना के बाद पुलिस व सी.आर.पी. वहां पहुंच गई । नगर के सभी पुलिस नाके चौक सील कर दिए गए ।

शव को तुरन्त सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डी.ए.वी. कालेज के प्राध्यापक व अन्य कर्मचारी और छात्रों के अतिरिक्त नागरिकों का तांता लग गया । पुलिस ने स्थिति की नज़ाकत को समझते हुए तुरन्त पोस्टमार्टम करवाया और शव परिवार के हवाले कर दिया, जिसमें उनकी बिलखती, बिलाप करती युवा पत्नी, उनकी 14 वर्षीया लड़की तथा 7 वर्षीय लड़का, उनकी वृद्धा माता तथा अन्य सम्बन्धी शामिल थे ।

इस दहद घटना का समाचार मिलते ही युवकों में रोष फैल गया और अनेक युवक, जिनमें शिवसेना के समर्थक थे, शिक्षा संस्थाएं बंद कराने चले गए । इस बीच पंजाब व चंडीगढ़ कालेज टीचर्ज़ यूनियन की जिला ईकाई ने सभी कालेजों में काम ठप्प व काल दी और सभी कालेजों के अध्यापक मृतक के घर पहुंचने शुरू हो गए । नगर में सभी डी.ए.वी. कालेज, स्कूल, टैक्नीकल इंस्टीच्यूट व मेहर चंद पालीटैक्निक तुरन्त शोक में बंद कर दिए ।

जालन्धर बंद आज

हिन्दू शिव सेना के नेता इरविन खन्ना ने तथ आल इंडिया हिन्दू स्टूडैंट्स फैडरेशन ने कल बुधवार को जालन्धर बंद का आह्वान किया है ।

स्थानीय लायलपुर खालसा कालेज में प्र. सहगल की हत्या का समाचार मिलते ही प्रिंसीपल श्री हर नरिन्दर सिंह, स्टाफ़ तथा छात्रों ने एक शोक सभा में एक प्रस्ताव द्वारा गहरा शोक व्यक्त किया ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

जालन्धर में प्रोफ़ैसर सुशील सहगल की हत्या के विरुद्ध पंजाब, चंडीगढ़ के शिक्षण संस्थानों में हड़ताल आज : जगरांव में आतंकवादियों की फ़ायरिंग से 2 मरे : चाटीविंड कांड का एक और घायल चल बसा, खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का सैकेंड-इन-कमांड मोहिन्दर सिंह गिरफ़्तार : मुठभेड़ में उग्रवादी मरा

दर्शन सिंह उग्रवादी है : उमरानंगल

लुधियाना, 3 मार्च (धीमान): राष्ट्रीय सद्भावना यात्रा का आज यहां पहुंचने पर भारी स्वागत किया गया । सिविल लाईस दंडी स्वामी मंदिर के बाहर एक भारी समारोह को सम्बोधित करते हुए बरनाला अकाली दल के उपप्रधान श्री जीवन सिंह उमरानंगल ने हिंदुओं विशेष कर पंजाबियों को अपील की कि उग्रवाद का डट कर विरोध करें अगर ऐसा न किया गया तो ऐसा प्रतीत होगा कि हम उन के हाथों में खेल रहे हैं और खालिस्तान के गठन को निकट ला रहे हैं । उन्होंने प्रोफैसर दर्शन सिंह पर खालिस्तानी होने का आरोप लगाया । अकाली लीडर ने कहा कि श्री बरनाला ने आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर रखी है । जनता उनको डट कर समर्थन दे । वह बहादरी से लड़ रहे हैं । उन्होंने श्री बरनाला के स्टैंड का समर्थन करने पर प्रतिपक्ष का धन्यवाद किया ।

उन्होंने कहा कि प्रोफैसर दर्शन सिंह कहता है कि वह खालिस्तानी नहीं है, अगर यह सच है तो वह यह बताए कि उसकी और दसवें सिंह साहिबान की उपस्थिति में खालिस्तान का प्रस्ताव कैसे पास हुआ । जत्थेदार उमरानंगल ने घोषणा की कि वह खुले आम यह कहते हैं कि प्रो. दर्शन सिंह उग्रवादी है अन्यथा 700 से लेकर एक हज़ार तक निर्दोषों की हत्या न होती जिनमें हिंदू, सिख, स्त्रियां, पुरुष व बच्चे शामिल हैं । प्रो. दर्शन सिंह का यह दावा भी गलत है कि वह सच्चे सिख हैं । यदि ऐसा है तो वह हत्यारों के विरुद्ध व हत्याएं रोकने के लिए हुकमनामा जारी क्यों नहीं करते ।

विज्ञप्ति में आतंकवादियों के नाम पटियाला का मोहिंदर सिंह उर्फ भिन्डी, हरदीप सिंह उर्फ हरदीपिन्दर उर्फ गोला, हारुवाल गांव का सुलखन सिंह तथा बाग पुराना थानांतर्गत थाथी भाई गांव का बलदेव सिंह बताए गए हैं ।

यहां प्राप्त सूचना के मुताबिक मोहिंदर सिंह और हरदीप सिंह को डेरा बाबा नानक मार्ग पर किला लाल सिंह पर बी.एस.एफ. की टुकड़ी ने सोमवार की रात में पकड़ा था ।

राइफल ले गये

जिला अमृतसर के गांव कल्हा थाना सदर तरनतारन में दो आतंकवादी जरनैल सिंह के घर में घुस कर उसकी 315 बोर की राइफल छीन कर ले गए ।

एक अन्य घटना में थाना पट्टी के गांव समरा में कुछ आतंकवादी मेजर सिंह नामक व्यक्ति के घर से उसकी 12 बोर की बंदूक, नकदी व सोने के जेवर ले गए ।

निंदा

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की अमृतसर इकाई के प्रधान बलदेव चावला ने प्रोफैसर एस.के. सहगल की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सरकार से मांग की कि श्री सहगल के परिवार को कम से कम एक लाख रुपए की सहायता राशि दी जाए ।

अटैची में पिस्तौल बरामद

जंडियालागुरु से भारती की सूचना है कि बटाला से तरनतारन जा रही पंजाब रोडवेज की बस जब बंडाला पहुंची तो उसमें यात्रा कर रहे दोनों जवानों को एक तीसरे नौजवान ने लाल रंग की अटैची दी । बस को जब सड़क पर नाकाबंदी करने वाले सी.आर.पी. दस्ते ने रोका और तलाशी ली तो लाल अटैची में से इटली का बना हुआ एक पिस्तौल बरामद हुआ । सी.आर.पी. ने अटैची वाले नौजवान सतिन्द्र सिंह उर्फ भोला को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसके दो साथी फरार होने में कामयाब हो गए । भोला ने स्वीकार किया कि उसने छः-सात हत्याएं की हैं ।

मोटर साइकल छोड़कर भाग गए

सी.आर.पी. की गश्ती पार्टी जो डीहेकलां की तरफ जा रही थी कि उसने मोटर साइकल पर जा रहे

उन्होंने आरोप लगाया ग्रंथियों ने आतंकवादियों सलाहकारों के बहकावे में आ घोषित किया और उनकी बातें

उन्होंने कहा कि धर्म की ऐसे लोगों के कारण ही अकाल गरिमा धूमिल हुई है ।

भ्रष्टाचार रोकने
(पृष्ठ 3 का

नई परिभाषा में सार्वजनि करते हुये कहा गया कि कानू का निबाह करने के लिये क सेवक माना जाएगा ।

भ्रष्ट अधिकारियों के मा की सिफारिश की गई है उनमे सम्पत्ति को जब्त करना भी जब्त करने का अधिकार सर

पिछले साल सी.बी.आ खिलाफ असरदार मुहिम चल फीसदी मामलों में भ्रष्ट अधि

इस साल जनवरी में सी. अधिकारियों को भ्रष्टाचार इनमें बेंगलूर स्थित आया संयुक्त मुख्य नियंत्रक, तेल आयोग देहरादून के दो महा प्राकृतिक गैस आयोग, बम्ब शामिल हैं ।

सूत्रों के अनुसार, तेल आयोग के अधिकारियों ने कु कथित सांठगांठ के बाद आ हज़ार रुपये का चूना लगाय

हिन्दुस्तान तांबा निग प्रबंधक (वाणिज्यिक) को प्राईवेट कम्पनियों के सा सिलसिले में पकड़ा ।

इनके अलावा स्टेट बैं के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, कलकत्ता के उप प्रबंधक औ अधिकारी के खिलाफ भी म

भिडंत ट
(पृष्ठ 3 क

होने की प्रतीक्षा करते रहे । तो बरनाला अकाली दल व धड़े को स्टेज बना कर मीटि विरोधी धड़े वाले गुरुद्वारा विरुद्ध नारेबाज़ी करते रहे

बच्चे पैदा क

सिंगापुर, 4 मार्च : बच्चों का नारा देने वाली अपनी जनसंख्या नीति ब लोगों से कहना शुरू किया पैदा करते जाओ ।

रायटर के अनुसार स कि तीन या उससे अधिक सकते हैं जितने का लालन-

सरकार ने अधिक बच तरह की प्रोत्साहन सुविध है ।

Punjabi Sanatan

श्वास

ाजीव

म्प्रदायिक
अपील

। उनका कहना था कि
के अल्पसंख्यक वर्ग में
ाष्ट्र की मुख्यधारा में

ी राजनीतिक दलों से
ता को आधार बना कर
ससे समाज तथा देश के
ारा उत्पन्न होने की

ी कि कोई राजनीतिक
क अल्पसंख्यक वर्ग को
तिक लाभ के लिए
ने कहा कि बाद में ऐसे
ाष्ट्र की मुख्य धारा में
जाएगा ।

बन्ध में पंजाब और
आंदोलन के मामलों में
उल्लेख करते हुए इन
नाला और श्री जोति
की और उन्हें बधाई

नाला ने आतंकवादी
खाया जबकि श्री बस
धारा में लाने के लिए
वेश छोड़ दिया ।

के सम्बन्ध में कहा कि
ाना चाहते थे, लेकिन
प्रक्रिया पर असर पड़ा

स दिलाया कि भारत
ह से सक्षम है ।

द के बारे में उन्होंने
रीके से बातचीत के
दिनों देशों की प्रवीन
बन्धों में इसका ध्यान

मिल समस्या के बारे
तिपूर्ण तरीके से ही
होंने कहा कि हाल ही
हीं हुई है, लेकिन कम





डी.ए.वी. कालेज जालन्धर के (1) प्रो. एस.के. सहगल, जिनकी मंगलवार को उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, का आज अंतिम संस्कार कर दिया गया, (2) बिलखती पत्नी और सगे सम्बन्धी, (3) प्रो. सहगल के मृत शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए डी.ए.वी. कालेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान श्री डी.डी. सूद, (4) एच.एम.वी., जालन्धर की प्रिंसीपल कु. कमला खन्ना, (5) डी.ए.वी. कालेज, जालन्धर के प्रिंसीपल आर.एस. शर्मा, (6) के.आर.एम. कालेज, नकोदर के प्रिंसीपल डी.आर. गुप्ता, (7) पंजाब, चंडीगढ़ कालेज टीचर्स यूनियन के नेता दिलबाग सिंह, वी.के. तिवारी, (8) नान टीचिंग स्टाफ़ की ओर से श्री प्रेम सागर तथा (9) राज्यपाल की ओर से ए.डी.सी. दरबारा सिंह गुरु (छाया : कपूर)

(ऊपर) स्कूल टीचर राम रतन, जिनकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (नीचे) बिलखता परिवार । (छाया : गर्ग)

Punjab Sampatani

नकोदर में टीचर की हत्या से भारी तनाव : छुरेबाज़ी की घटनाओं में 7 घायल

चंडीगढ़, 4 मार्च (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने आज प्रातः नकोदर के निकट एक स्कूल टीचर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

ज़िला कपूरथला तथा ज़िला पटियाला में दो बैंकों से एक लाख 68 हज़ार रुपए लूट लिए गए जबकि ज़िला अमृतसर में एक बैंक लूटने का प्रयास किया गया ।

जालंधर में आज डी.ए.वी. कालेज के प्रोफैसर अर्थी उनके निवास स्थान 505, माडल टाऊन से उठाई गई जिसके साथ सैंकड़ों शोकग्रस्त महिला-पुरुष चल रहे थे ।

उनकी चिता को अग्नि दिखाने से पूर्व पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे की ओर से ए.डी.सी. जालंधर श्री डी.एस. गुरु ने उनके शव पर फूलमाला चढ़ाई । इसके अतिरिक्त डी.ए.वी. कालेज प्रबंधक समिति की ओर से समिति के प्रधान डी.डी. परमार के नाम उल्लेखनीय हैं ।

सभी कालेज बंद

प्रो. सहगल की हत्या के विरुद्ध रोष प्रकट करने के लिए पंजाब व चंडीगढ़ कालेज टीचर्ज यूनियन की काल पर राज्य भर में प्राइवेट कालेजों में हड़ताल रही ।

जालंधर में यूनियन ने डिप्टी कमिश्नर के सुरक्षा को सुनिश्चित बनाना प्रशासन का अनिवार्य कर्त्तव्य है । ज्ञापन में प्रो. सहगल के परिवार को सरकारी कर्मियों के परिवारों के बराबर मुआवजा देने की मांग की गई है ।

बाद में श्री तिवाड़ी ने बताया कि यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल एक-दो दिन में चंडीगढ़ जाकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, चीफ सैक्रेटरी व होम सैक्रेटरी से मिलेगा और कालेजों में सुरक्षा व्यवस्था करने की बजे उन के निवास स्थान पर होगी ।

5 संदिग्ध हिरासत में

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' की सूचना है कि पुलिस ने 5 संदिग्ध व्यक्तियों को पीछा करके चब्बेवाल में हिरासत में लिया है । पुलिस को सूचना मिली है कि संदिग्ध व्यक्ति बस द्वारा गढ़शंकर की ओर जा रहे हैं । पुलिस ने अपनी गाड़ी में पीछा करके उन्हें चब्बेवाल के निकट पकड़ लिया । इसके बाद

...न्रत ...टल, (आन्ध्र प्रदेश सरकार)
...लक्ष्मी
...ना वीकली
...परेशान को 5.3.87 को दोपहर बाद 2.30
...आंध्र प्रदेश सरकार) द्वारा प्रायोजित,
...निकाला ...
...0/- D-324521
...1st Prize No. in all other series)
...(On all tkts ending with last 5
24521
...(On all tkts ending with last 4
4521
...(On all tkts ending with last 3
521
...-each (On all tkts ending with
1
...3.87 को।
...जिन्हें मिला लें
...अपने पुरस्कारों के लिए दावा करें।
...टर प्राइज़, 17, होटल कांटीनैंटल,
...सरकार
...टरी
...3 लाख
(सभी प्रोत्साहनों सहित)
...78वें ड्रा के परिणाम :
...0,000/-
...231721
...gts. 31721
...ts. 1721

पंजाब में आतंकवादियों द्वारा इंका वर्कर सहित 6 व्यक्तियों की हत्या

नकोदर में दूसरे दिन भी हड़ताल, तनाव : राम रत्न की अंत्येष्टि कर दी गई

हरगोबिन्दपुर में लोगों ने उग्रवादी को मार डाला

चंडीगढ़, 5 मार्च (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में आतंकवादियों ने 6 व्यक्तियों को हत्या कर दी जबकि एक उग्रवादी को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला ।

नकोदर में आज दूसरे दिन भी अधिकांश दुकानें बंद रहीं तथा स्थिति तनावपूर्ण है ।

फगवाड़ा के निकट पलाही में एक बैंक लूटने को नाकाम कोशिश की गई । दम्पति की हत्या के विरुद्ध दुकानें बंद करा रहे शिव सेना वर्करों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया ।

मोगा मार्केट कमेटी के खजांची को गोली मारकर घायल करके आतंकवादी नकदी व उसका स्कूटर छीनकर ले गए ।

रोपड़ में सत्तारूढ़ अकाली दल के एक नेता को तीन आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया ।

हैड मास्टर की हत्या

होशियारपुर से अश्विनी कपूर और प्रद्युम्न के अनुसार यहां से लगभग 25 किलो मीटर दूर गांव पालदी के निकट दो उग्रवादियों ने खालसा हाई स्कूल के मुख्याध्यापक श्री रवेल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि श्री रवेल सिंह अपने स्कूटर पर अपने गांव भाम से पालदी को आ रहे थे कि स्कूल से थोड़ी दूर दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उनका स्कूटर नं. पी.डी.ओ. 7416 छीन लिया और उसके बाद उन्हें गोली मार कर हत्या कर दी । उसके बाद दोनों उग्रवादी उसी स्कूटर पर सवार होकर फरार होने में सफल हो गए । सूचना मिलने पर होशियारपुर के पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । माहलपुर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । मृतक रवेल सिंह अपने गांव के सरपंच और होशियारपुर जिला प्राइवेट स्कूल टीचर यूनियन के प्रधान थे ।

रुपए लूटे

कल रात स्थानीय जगतपुरा महल्ला में दो उग्रवादी एक मकान में घुस गए और प्रोफेसर रमेश कुमार की पत्नी श्रीमती शीला शर्मा से पिस्तौल की नोक पर 2450 रुपए नकद और अढ़ाई तोले सोने के कड़े छीन कर फरार होने में सफल हो गए । यह घटना रात लगभग आठ बजे की है । उग्रवादी पैदल आए और पैदल ही भाग गए ।

आठ गोलियां लगीं

हैडमास्टर की धर्म बहन ने मौजा गोंदपुर में बताया कि हमने उन्हें कहा था कि रास्ता बदल कर स्कूल जाया करें । कुछ अर्से से उन्हें धमकीपूर्ण पत्र मिल रहे थे । लगता है कि उन्हें पुल पर गोलियां मारी गईं । पुल से 200 गज दूर तक खून गिरा हुआ पाया गया । ऐसा प्रतीत होता है कि गोलियां लगने के बाद हैडमास्टर गोंदपुर की तरफ दौड़ा और गड्ढे में गिर कर दम तोड़ गया । उसकी छाती में सात और पीठ पर एक गोली लगी । उसने अपने स्कूल में अखंड पाठ रखवाया हुआ था जिसका भोग कल पड़ेगा । यह भी पता चला है कि गत दिवस 9वीं कक्षा को पढ़ाते हुए हैडमास्टर ने कहा था कि यदि मैं जीवित रहा तो दसवीं कक्षा को भी मैं ही पढ़ाऊंगा । कल जिला भर में प्राइवेट स्कूल बंद रखने का फैसला किया गया है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)



(1) होशियारपुर जिले का गोंदपुर का पुल जहां रवेल सिंह पर पहली गोली चलाई गई, (2) रवेल सिंह की पत्नी व परिवार भाम ग्राम में विलाप करते हुए, (3) रवेल सिंह का शव, (4) रवेल सिंह का एक पुराना चित्र, (5) वह स्थान जहां शव मिला । (छाया : 1 से 5 : प्रद्युम्न), (6) फगवाड़ा के पास ढड्डे ग्राम का सरपंच निर्मल सिंह व (7) उसकी पत्नी जिसकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (छाया : 6, 7 : कौड़ा, अल्पना), (8) तरनतारन में घायल बलजीत सिंह । (छाया : पाल) (9) तरनतारन अस्पताल में मारा गया महंत वीर सिंह, (10) घायल गुरेन्द्र सिंह, (11) तरजिन्दर सिंह । (छाया : पंजाब केसरी)

तहसील स्तर पर संयुक्त संघर्ष समितियां बनाने का निर्णय

अमृतसर, 5 मार्च : यहां आज हुई एक सर्वदलीय बैठक में पंजाब में आतंकवाद के विरुद्ध लड़ने और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के संयुक्त संघर्ष कार्यक्रम का सर्वसम्मति से स्वागत किया गया । बैठक में मांग की गई कि राजीव-लौंगोवाल समझौता पूर्णतया लागू किया जाए जिससे कि राज्य में आतंकवाद के विरुद्ध लड़ने का उचित वातावरण तैयार किया जा सके ।

बैठक में शहरी तथा देहाती कांग्रेस (इ) कमेटियों के अध्यक्षों तथा महामंत्रियों के अतिरिक्त शिरोमणि अकाली दल लौंगोवाल, कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

बैठक में राज्य में निरंतर हो रही निर्दोष व्यक्तियों की हत्याओं पर गंभीर चिन्ता प्रकट की गई और मांग की गई कि सरकार इन्हें रोकने के लिए प्रभावशाली पग उठाए । सभी छः राजनीतिक दलों ने राज्य की ग्रामीण तथा शहरी जनता को राज्य के सम्मुख पेश महत्वपूर्ण प्रश्नों से अवगत कराने के लिए अभियान चलाने का फैसला किया है ।

जालन्धर (ह.स.) : आज यहां हुई एक सर्वदलीय बैठक में लुधियाना में रविवार को होने वाली सर्वदलीय सभा के लिए स्वयंसेवक जुटाने की योजना को अंतिम रूप दिया गया । लुधियाना की सर्वदलीय प्रसभा उग्रवाद के खिलाफ कार्रवाई योजना के अंतर्गत आयोजित की जा रही है ।

खटकड़ कलां में सर्वदलीप प्रसभा बारे एक सर्वदलीय बैठक 10 मार्च को होगी । आज की बैठक में अकाली दल (ल) के जगदीश सिंह, इंका के दर्शन सिंह, राम लाल चिट्टी, सी.पी.एम. के राजेन्द्र सिंह, तारा सिंह, सी.पी.आई. के चांद फतेहपुरी व जोगेंद्र दयाल, भाजपा के राजेन्द्र सेन और सुरेन्द्र मुगई शामिल हुए ।

शिव सेना-जत्थे पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और मारपीट : 20 व्यक्ति हिरासत में

फगवाड़ा, 5 मार्च (खोसला): आज साढ़े 12 | व्यक्तियों को हिरासत में रखा हुआ है । जत्थे में

जालन्धर में आतंकवादी गिरोह सक्रिय

जालन्धर, 5 मार्च (न.न.ए.): जिले में गत कुछ दिनों से खतरनाक आतंकवादियों का गिरोह सक्रिय है और वे पुलिस की आंखों में धूल झोंक अपनी कार्रवाई जारी रखे हुए हैं ।

पता चला है कि ये गिरोह तीन भिन्न-भिन्न कारों में शहर व उसके आसपास के क्षेत्रों में घूम रहे हैं तथा पुलिस की चौकसी उनके सामने नाकारा

देश धर्म का नाता है, भारत ह...

जालंधर, 5 मार्च (क): हरिद्वार से अमृतसर तक विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित विभिन्न सम्प्रदायों व पंथों के संतों व धार्मिक नेताओं पर आधारित राष्ट्रीय सद्भावना यात्रा आज सायं चार बजे जब कपूरथला से पटेल चौक में पहुंची तो उसका नगर में हजारों नर-नारियों ने बड़े उल्लास व उत्साह से स्वागत किया । जत्थे का नेतृत्व स्वामी वामदेव जी, स्वामी सत्य मित्रानंद जी तथा विश्व हिंदू परिषद

पटेल चौक में तथा रास्ते में जिन प्रमुख नागरिकों ने जत्थे का स्वागत किया और जलूस में चले उनमें विधायक श्री ओम प्रकाश दत्त, पूर्व नगरपालिका सदस्य श्री वेद प्रकाश कपूर व डा. राजेंद्र सेन, प्रमुख उद्योगपति श्री सुरिंदर मुरगई, श्री डी.पी. सहगल एडवोकेट, श्री बी.के. खुल्लर, श्री अविनाश चड्ढा आदि के नाम उल्लेखनीय हैं । विश्व हिंदू परिषद के नेता श्री राम रथपाल कालिया

परिपूर्णानंद जी, स्वामी परमानंद जी, स्वामी विश्वेषतीर्थ जी, स्वामी माधवाचार्य जी कुरुपी (कर्नाटक), स्वामी लक्षमानंद जी (उड़ीसा), स्वामी शांति स्वरूप जी (उज्जैन), स्वामी रामदास जी (वृन्दावन), संत जगदीश सिंह जी नामधारी, संत सरायन सिंह जी आल इंडिया लव-कुश दल शामिल थे ।

आश्रमों, मठों, मंदिर... माता और नहीं बटेगी... ने भारत के टुकड़े कि... महाराज ने बताया कि... औरतें विधवा हो गई... हिन्दू परिषद को सो... की कि कल साधु...

भिलाई... के दो पु...

रायपुर, 5 मा... में कल पंजाब से अ... बल पर भारतीय ... लूटने का प्रयास बैंक... विफल हो गया ।

एक स्कूटर मैक... चार सिख युवक ... इनमें पंजाब पुलिस...

पुलिस लुटेरों ... रही है । गिरफ्तार ... पिस्तौल और कुछ ...

पुलिस उप मह... रात भिलाई में संवा... गए डकैतों में से ... बलविन्दर सिंह अ... सिंह कपूरथला जिले...

पुलिस के अनुस... से बैंक पहुंचे थे । ... रिवाल्वर था, बैंक के... उसके तीन अन्य सा...

इन चारों ने बै... ग्राहकों को एक क... कैशियर से चैस्ट खो... चैस्ट की चाबी नहीं ... वहां खींच लाए मग... कैशियर के पास है ...

इसी बीच बैंक क... किसी तरह बाहर ...

दुर्घटना में ... के नौ...

नासिक, 5 ... किलोमीटर दूर सोन... मैटाडोर के दुर्घटना... परिवार के नौ सदस्य... गम्भीर रूप से घायल...

सत्तना जिले का... उर्स में शामिल होने ...

आतंकवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

दम्पति की हत्या

फगवाड़ा (खोसला, कौड़ा): फगवाड़ा सदर पुलिस थाना क्षेत्र के ढड्डे गांव में आज तड़के दो संदिग्ध आतंकवादियों ने एक महिला समेत दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । हत्यारे स्कूटर पर आए थे । वे सीधे निर्मल सिंह के घर में घुसे । फिर उन्होंने निर्मल सिंह और उसकी पत्नी जगीर कौर पर गोलियां चलाईं । दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया । पुलिस ने बताया कि उपद्रवी वारदात करने के बाद भाग निकले । पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए ।

प्राप्त समाचार के अनुसार निर्मल सिंह गांव का भूतपूर्व सरपंच कांग्रेस (इ) का सक्रिय कार्यकर्त्ता था । उपद्रवियों ने निर्मल सिंह से हथियार मांगे । निर्मल सिंह ने कहा कि उसने अपने हथियार पुलिस



समानिया गेट पटियाला स्थित स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा जहां से 3 उग्रवादियों ने गत दिवस 76365 रु. लूट लिए । (छाया : भूषण)

के सुपुर्द कर दिए हैं । इस पर उग्रवादियों ने निर्मल सिंह और उसकी पत्नी पर गोलियां चला दीं ।

वार्ता के अनुसार पुलिस को इस दोहरे हत्या कांड का पता उसी समय चला जब फगवाड़ा के इंका विधायक श्री जोगेन्द्र सिंह मान तथा स्थानीय युथ इंका महासचिव श्री मित्तल ने इसकी फोन पर थाने में सूचना दी ।

बैंक लूटने की कोशिश

फगवाड़ा के निकट पलाही गांव में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात पंजाब तथा सिंध बैंक की स्थानीय शाखा को लूटने का असफल प्रयास किया । लुटेरे बैंक के ताले तोड़ने में तो सफल हो गए परन्तु तिजोरी नहीं तोड़ सके ।

अधिकांश दुकानें बंद, स्कूटर बरामद

नकोदर (गगन): नकोदर के समीप गांव हुसैनपुर में कल स्थानीय एक स्कूल के अध्यापक श्री रामरत्न की आतंकवादियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में नकोदर में उत्पन्न हुए तनाव के कारण अधिकांश दुकानें आज भी बंद रहीं परन्तु एक समुदाय के दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोलीं और कुछ अन्य दुकानदारों ने आधे शटर उठा कर सारा दिन कारोबार किया । कल की घटनाओं में जो नौ लोग घायल हो गए थे, उनमें से 6 लोगों को सिविल अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है । शहर में जबरदस्त गश्त जारी है । सुरक्षा बल पूरी तरह जगह-जगह तैनात हैं । किसी भी समुदाय के लोगों को कहीं भी इकट्ठा नहीं होने दिया जा रहा । रात देर गए स्थानीय देवी तालाब मन्दिर से शिव सेना के नेताओं व वर्करों को पुलिस ने मन्दिर में जाकर गिरफ्तार किया, जिसके कारण लोगों में रोष पाया जा रहा है । आतंकवादियों द्वारा मास्टर रामरत्न का छीना हुआ स्कूटर यहां के स्थानीय कालेज के निकट कल शाम को पुलिस को मिल गया है । मृतक टीचर का संस्कार उनके गांव हेरां में कर दिया गया है जहां दोनों समुदायों के लोग शामिल हुए । स्थानीय सभी सरकारी दफ्तरों, बैंकों में सामान्य रूप से काम हुआ ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार हिन्द शिव सेना के नेताओं सहित कुल 47 लोगों को हिरासत में लिया गया है । गैर सरकारी रिपोर्टों के अनुसार करीब एक सौ व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

• सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने नगर की विभिन्न आबादियों में छापे मारे तथा कल की घटनाओं में कथित रूप से संलिप्त लोगों को घसीट कर बाहर निकाला ।

रासुका में 3 गिरफ्तार

धूरी (सिंगला): पुलिस ने सरकार विरोधी तथा खालिस्तान समर्थक नारे लगा रहे तीन व्यक्तियों को रासुका के अन्तर्गत गिरफ्तार किया है । पुलिस ने सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन भवानीगढ़ के प्रधान गुरजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया है ।

भटिंडा के गांव में हत्या

भटिंडा (ग्रोवर): भटिंडा जिले में संगत पुलिस थाना क्षेत्र के खेरी भट्टा गांव में एक सरपंच की कल रात दो सशस्त्र व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी । आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस हत्या का कारण कथित आपसी रंजिश है । सरपंच बलवीर सिंह की हत्या गांव के ही दो व्यक्तियों ने की । हत्यारे फरार हो गए हैं ।

शव मिला

मृतक का नाम बनवारी लाल है तथा वह जिला होशियारपुर के थाना हरयाना के गांव कहड़ी का रहने वाला था । उसके बैग में एक होमगार्ड की वर्दी तथा अन्य कपड़े भी मिले ।

शव को पोस्ट-मार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया । पुलिस ने इस हत्या में आतंकवादियों का हाथ होने की किसी भी सम्भावना से इन्कार किया है ।

खड़ांची को घायल कर दिया

मोगा (बांसल): मार्केट कमेटी मोगा के खड़ांची इन्द्रपाल सिंह, जो कि स्थानीय बैंक से स्कूटर पर रुपए लेकर आ रहा था, को नई अनाज मंडी तथा मार्केट कमेटी कार्यालय के निकट दो साइकल सवार युवकों ने गोली मार दी तथा स्कूटर व नकदी लेकर भाग गए । वे अपना साइकल वहीं छोड़ गए । इन्द्रपाल सिंह की हालत गम्भीर बताई जाती है और उसे लुधियाना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

अभी यह पता नहीं चल सका कि लूटी गई रकम कितनी थी ।

उग्रवादी को मार डाला

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि श्री हरगोबिन्दपुर थाने के अन्तर्गत गांव लड्डामंडा में गांव वासियों ने एक आतंकवादी को पीट-पीट कर मार डाला । पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. बिरदी ने आज यहां बताया कि गत रात्रि साढ़े बारह बजे इस गांव में चार उग्रवादी आए । गांव वालों ने उन्हें देख लिया और देखते ही शोर मचा दिया । इस पर वे उग्रवादी भाग खड़े हुए, परन्तु गांववासियों ने पीछा करके एक को पकड़ लिया और इतना पीटा कि उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । अन्य तीन भागने में सफल हो गए । मारे गए उग्रवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

अस्पताल में फायरिंग, 1 मरा

अमृतसर (अशोक सोनी): आज दोपहर दो बजे तरनतारन के अस्पताल में तीन-चार आतंकवादियों द्वारा फायरिंग करने से एक व्यक्ति मारा गया जबकि दो अन्य घायल हो गए । यहां प्राप्त सूचना में कहा गया है कि आज सुबह 6.30 बजे जिला अमृतसर के कस्बा तरनतारन में स्थित गली जसवन्त सिंह में दो आतंकवादी जिनमें एक केशधारी तथा दूसरा केश रहित था, महंत वीर सिंह के घर आए और उन्होंने उसका दरवाजा खटखटाया । वीर सिंह के छोटे लड़के बलजीत सिंह ने दरवाजा खोला तो आतंकवादियों ने उसे, उसके भाई अमरजीत सिंह के बारे में पूछा । बलजीत सिंह के अनभिज्ञता प्रकट करने पर केशधारी आतंकवादी ने अपनी ओढ़नी से पिस्तौल वाला हाथ बाहर निकाला तथा उस पर फायर किया, जो उसकी छाती के बाईं ओर ऊपरी हिस्से में लगा । आतंकवादी बलजीत सिंह को घायल करने के बाद भाग निकलने में सफल हो गए ।

बताया जाता है कि घायल बलजीत सिंह को अस्पताल में दाखिल कराया गया । बाद में आज दोपहर दो बजे के लगभग जब महन्त के कुछ युवक बलजीत सिंह का हाल-चाल पूछने अस्पताल गए तो उसी दौरान वहां 3-4 अज्ञात व्यक्ति घुसे तथा उन्होंने हाल-चाल पूछने आए युवकों पर फायरिंग की जिससे बलजीत सिंह का पिता महंत वीर सिंह (60), उसका चेला महंत ज्ञान सिंह, गरिंदर सिंह उर्फ गिंदी तथा तरजिंदर सिंह घायल हो गए । इन तीनों घायलों को अमृतसर सिविल अस्पताल में ज्यों हाल पूछने गए थे तो कुछ अज्ञात व्यक्ति कमरे में घुसे तथा उन्होंने कमरे में घुसते ही पीछे से फायरिंग की । तरजिंदर सिंह के अनुसार इस फायरिंग के बाद बलजीत सिंह तथा मुहल्ले का एक युवक मंगा जो बलजीत का हाल पूछने आया था, अस्पताल से भाग निकले । उसने बताया कि उन दोनों का अभी तक कुछ पता नहीं है ।

महंत वीर सिंह का एक और बेटा अमरजीत सिंह 'बी' श्रेणी का आतंकवादी है ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार

ज़िला अमृतसर के थाना लोंपोके के अन्तर्गत गांव चुचकवाल में गत सायं सुरक्षा बलों द्वारा लगाए गए नाके के दौरान नाका पार्टी ने चार संदिग्ध आतंकवादियों को हथियारों तथा लूटे हुए माल समेत गिरफ्तार किया । नाका पार्टी ने उनकी ओर आते हुए चार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का संकेत दिया । रुकने की बजाए इन संदिग्ध व्यक्तियों ने पोजीशनें लेकर नाका पार्टी पर फायरिंग की । बाद में यह चारों काबू कर लिए गए ।

पकड़े गए व्यक्तियों में कश्मीरा सिंह, सुरजीत सिंह, करनैल सिंह तथा मेहां सिंह शामिल हैं । यह चारों लोपोके थाना में ही गांव ककड़ के रहने वाले हैं । तलाशी के दौरान इन आतंकवादियों के कब्जे से एक 12 बोर की दोनाली बंदूक व उसके तीन कारतूस तथा एक 12 बोर की ही पिस्तौल व उसका एक कारतूस बरामद हुए हैं । इसके अलावा इन लुटेरे आतंकवादियों से 8-10 किलो चाय पत्ती, लगभग 20 किलो चीनी तथा दो कनस्तर घी भी बरामद हुआ । इनसे पूछताछ जारी है ।

नकदी छीनी

डिलवां से 'गुरां दित्ता' के अनुसार थाना ब्यास के गांव उमरानंगल के निकट दो अज्ञात व्यक्तियों ने विनोद कुमार चड्ढा नामक व्यक्ति से 350 रुपए छीन लिए । ज्ञात हुआ है कि विनोद कुमार अपने स्कूटर पर कहीं जा रहा था कि फाटक के निकट पहुंचने पर दो व्यक्तियों ने उसे रोका तथा नकदी छीन कर उसे छुरा मार कर घायल कर दिया और फरार हो गए । उसे घायलवास्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

अमृतसर की एक सूचना के अनुसार गत 24 घंटों में 3 पाक घुसपैठियों सहित 12 लोग सीमा पर पकड़े गए । तीन पाक घुसपैठिए काहनगढ़ चौकी के पास भारत आते हुए, सात खेमकरण में, 2 राजा ताल के पास पाक जाते समय पकड़े गए ।

रोपड़ (वार्ता): तीन अतंकवादियों ने भागोमाजरा गांव में सत्तारूढ़ अकाली दल के एक नेता जोगिंद्र सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । आतंकवादियों ने पहले उस पर छुरे से हमला किया था । उसे नाजुक हालात में पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दाखिल कराया गया है ।

शाम साढ़े छः बजे के लगभग गढ़शंकर के निकट गांव पुरहीरां में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति बख्तावर सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए ।

शराब के ठेके

परिणामों

भटिंडा, 5 मार्च (स्टूडैंट्स फैडरेशन त कार्यकर्त्ताओं ने आगामी लेने वालों को गम्भीर प गांव मानसा में लाऊड कहा गया है कि यदि कि उसकी हत्या कर दी घोषणाएं भुच्चो क्षेत्र के तथा मुहब्बत आदि में

इसके अतिरिक्त जरदा आदि की बेच पर हुआ है कि लगभग एक घोषणाएं की गई हैं । क में नाइयों को धमकी देते काम बंद कर दें अथवा

बीड़ी तथा सिगरेट कि इन धमकियों से उन अतः अब वे बिना लाभ इन धमकियों से जहां परेशान हैं वहां कुछ गृह कि उनके पतियों को मिलेगा ।

भूमि अधिग्रहण

चंडीगढ़, 5 मार्च लुधियाना के ज़िला तथा वर्षों के लिए लुधियान अधिग्रहण ट्रिब्यूनल क है । इसी तरह कपूर न्यायाधीश को कपूरथल है ।

भारत ह

(पृष्ठ 3

सिंह उमरानंगल ने वामदेव ने कहा कि गोलि हो सकती है तथा न ही हत्याओं से कोई समस्या लोगों से आपसी सद्भा की ।

इस अवसर पर श्री मिल कर रहने की अपील अपील की कि वे देश क

समारोह में श्री भाजपा नेता श्री सोहन चेयरमैन आदि भी उप

2 उग्रवा

गाजियाबाद, 5 मा विभूति राय के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर में पंजाब गए हैं । उनसे दो अवै पासपोर्टों में जो पते दर्ज पुलिस पार्टी पंजाब गई

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

बिकाऊ

एक बहुत अच्छी हालत में चालू गैंत्रा फैक्टरी बिकाऊ है । मैसर्ज कम्बोज पेपर बोर्ड मिल्ज़, एलनाबाद (सिरसा) ।

पोल्ट्री

NECC Delhi egg rate for 5.3.87 Rs. 39/- without trays. NECC Suggested Retail Price Rs. 5.52 per Dozen.

टेलरिंग

Bhasin Bros., first floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar. Phone : 43554 for Gent's Suits, Safari and Shirts.

शिक्षा

R.M.P. (सरकारी मान्य) रजिस्ट्रेशन/ B.A./B.Com./B.Sc., (डायरैक्टर)/वैद्यविशारद आयर्वेदरत्न (मार्च में स्पैशल परीक्षा) जे.बी.टी./ ओ.टी./बी.एड. (पत्राचार)/LL.B. (3 वर्षीय Professional). Prospectus Rs. 10/- by M.O. सोनीपत डिग्री कालेज, 403/सैक्टर-14, सोनीपत (हरियाणा) ।

RMP (सरकारी मान्य) वैद्यविशारद, आयर्वेदरत्न (मैट्रिक पास) मार्च 87 में विशेष परीक्षा/ B.A./B.Com./B.Sc. (Direct after Prep Inter/LL.B. (Professional)/B.Ed. (Recognised). Prospectus Rs. 10/- by M.O. : स्वामी विवेकानंद कालेज, 1810/22-बी, चंडीगढ़ ।

मैट्रिक, इंटर, बी.ए., वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न, RMP गारंटिड अप्रैल 87 में करें । गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

बिना आठवीं मैट्रिक, मैट्रिक फेल इंटर, मैट्रिक पास बी.ए. करें । वैद्यविशारद, आयर्वेदरत्न करके RMP बनें । परीक्षा अप्रैल में गारंटी से करें । गांधी मैमोरियल कालेज, नज़दीक लक्ष्मी सिनेमा, यमुनानगर ।

R.M.P. (Patna), वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न Direct B.A./B.Com. in one sitting

कार बिकाऊ

Show Room White Maruti for sale. Contact Lilly, 4, Model Town, Jalandhar. Phone 2600.

रोज़गार

10 पास, 16-25 वर्षीय लड़के नेवी, एयरफोर्स, बैंकों तथा रेलवे पोस्टों का फार्म प्रास्पैक्टस 10 रु. मनिआर्डर भेज कर मंगवाएं । Nehru College, Chhota Bazar, Ambala City.

चिकित्सा

आयुर्वेदिक चमत्कार । हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत और तंदरुस्ती हासिल करके आनंदमयी जीवन व्यतीत करें डाक्टर सत्यपाल बहल, चौक निमवाला, लुधियाना-141008

केवल एक पड़िया से सुनी बवासीर के मुफ्त ईलाज हेतु पधारें/लिखें । यादी वाले स्वयं मिलें । फैन्सी ज्यूलर्स, संतपुरा, यमुनानगर ।

आवश्यकता

पैकों के काम के लिए हैल्परों व कारीगरों की आवश्यकता है । हरसन इण्डस्ट्रीज़, 229, ईस्ट मोहन नगर, अमृतसर, फोन : 31327.

सुपरवाईज़र फार मशीन शॉप, वैल्डिंग शॉप, फाऊंडरी, शीट मैटल शॉप, कम-से-कम 5 वर्ष का तजुर्बा । शीघ्र मिलें : मित्तल पैट्रन्ज, 26 सोडल नगर, जालंधर ।

वनस्पति मिलों की Wastage (Spent Earth) मिट्टी से साबुन बनाना अथवा सोप स्टाक से नरोल साबुन बनाने का काम बिल्कुल फ्री सीखने के लिए सम्पर्क करें : शिव शक्ति सोप एंड जनरल मिल्ज़, बस्ती जोधेवाल, लुधियाना । फोन : 37066.

Required for an agency house at Ludhiana : One technical sales representative. Qualification B.Sc. (Non Medical). One Accounts clerk. Qualification Higher Secondary with one year experience. Only Ludhiana based candidates should apply with in 7 days, stating salary expected to : Box 131, Punjab Kesari, Jalandhar.

CONDOLENCE MEET

It is to inform that a meeting of **P Manufacturers Association** is being held o 7.3.87 at 3 P.M. in the Hall of Quality Marking C

Punjabi Sahitya.com

ज्ञापन

कार बिकाऊ

oom White Maruti for sale. r. 4, Model Town, Jalandhar.

रोज़गार

1 6-25 वर्षीय लड़के नेवी, एयरफोर्स, पोस्टों का फार्म प्राप्तपटस 10 रु. कर मंगवाएं । Nehru Colege, ar, Ambala City.

चिकित्सा

चमत्कार । हमारी अपनी तैयार रुश सेहत और तंदरुस्ती हासिल करके न व्यतीत करें । डाक्टर सत्यपाल वाला, लुधियाना-141008

ड़िया से खुनी बवासीर के मुफ्त इलाज । बादी वाले स्वय मिलें । फैन्सी यमनानगर ।

आवश्यकता

काम के लिए हैल्परों व कारीगरों की । हरसन इण्डस्ट्रीज, 229, ईस्ट तसर, फोन : 31327.

र्ज फार मशीन शॉप, वैल्डिर शॉप, मैटल शॉप, कम-से-कम 5 वर्ष का मिलें : मित्तल पैट्रन्ज, 26 गोडल ।

मिलों की Wastage (Spent से साबुन बनाना अथवा सोप स्टाक से ाने का काम बिल्कल फ्री सीखने के लिए शिव शक्ति सोप एंड जनरल मिल्ज, लुधियाना । फोन : 37066.

ed for an agency house at One technical sales represen- ification B.Sc. (Non Medical). nts clerk. Qualification Higher with one year experience. Only ased candidates should apply s, stating salary expected to : unjab Kesari, Jalandhar.

d an experienced Accounts- clerk. See personally at M/s Processors, Near Central Jail, Amritsar.

d Stenographer with 5 erience. Handsome salary ly immediately : Post Box No. lhar.

हेमियर

युग की शुरूआत रिवारिक एवं हंसी के

पूरे परिवार के साथ देखने योग्य सुपर हिट फिल्म

धन

Sexiest Film of 1987

OPERATION (A) ATLANTIS

English Colour. Strictly for Adults Only.



आज से : मित्तल-सोनीपत रोजाना 3 शो

(Release : Friends film Distributors)



GRAND GALA OPENING FROM Today At Aarti- Ludhiana. Daily 4 Shows 10 A.M., 1, 4 & 7 P.M.

LADY FOOTBALL

AN EXPLOSION FOR MATCH LOVERS. MODI MOVIES RELEASE Ph.: 78444/3700

उग्रवादी को मार डाला

गुरदासपुर (बिनोद): गत रात्रि श्री हरगोबिन्दपुर थाने के अन्तर्गत गांव लड्डा मुंडा में गांव वासियों ने एक आतंकवादी को पीट-पीट कर मार डाला । पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. बिरदी ने आज यहां बताया कि गत रात्रि साढ़े बारह बजे इस गांव में चार उग्रवादी आए । गांव वालों ने उन्हें देख लिया और देखते ही शोर मचा दिया । इस पर वे उग्रवादी भाग खड़े हुए, परन्तु गांववासियों ने पीछा करके एक को पकड़ लिया और इतना पीटा कि उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । अन्य तीन भागने में सफल हो गए । मारे गए उग्रवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

अस्पताल में फायरिंग, 1 मरा

अमृतसर (अशोक सोनी): आज दोपहर दो बजे तरनतारन के अस्पताल में तीन-चार आतंकवादियों द्वारा फायरिंग करने से एक व्यक्ति मारा गया जबकि दो अन्य घायल हो गए । यहां प्राप्त सूचना में कहा गया है कि आज सुबह 6.30 बजे ज़िला अमृतसर के कस्बा तरनतारन में स्थित गली जसवन्त सिंह में दो आतंकवादी जिनमें एक केशधारी तथा दूसरा केस रहित था, महंत वीर सिंह के घर आए और उन्होंने उसका दरवाजा खटखटाया । वीर सिंह के छोटे लड़के बलजीत सिंह ने दरवाजा खोला तो आतंकवादियों ने उसे, उसके भाई अमरजीत सिंह के बारे में पूछा । बलजीत सिंह के अनभिज्ञता प्रकट करने पर केशधारी आतंकवादी ने अपनी ओढ़नी से पिस्तौल वाला हाथ बाहर निकाला तथा उस पर फायर किया, जो उसकी छाती के बाईं ओर ऊपरी हिस्से में लगा । आतंकवादी बलजीत सिंह को घायल करने के बाद भाग निकलने में सफल हो गए ।

बताया जाता है कि घायल बलजीत सिंह को अस्पताल में दाखिल कराया गया । बाद में आज दोपहर दो बजे के लगभग जब महल्ले के कुछ युवक बलजीत सिंह का हाल-चाल पूछने अस्पताल गए तो उसी दौरान वहां 3-4 अज्ञात व्यक्ति घुसे तथा उन्होंने हाल-चाल पूछने आए युवकों पर फायरिंग की जिससे बलजीत सिंह का पिता महंत वीर सिंह (60), उसका चेला महंत ज्ञान सिंह, गुरिंदर सिंह उर्फ गिंदी तथा तरजिंदर सिंह घायल हो गए । इन तीनों घायलों को अमृतसर सिविल अस्पताल में ज्यों ही लाया गया, महंत वीर सिंह घावों को सहन न करते हुए दम तोड़ गया । गुरिंदर सिंह जिसके चेहरे में गोलियां लगी हैं, की दशा चिंताजनक है तथा वह बेहोश पड़ा है । तरजिंदर सिंह के दाएं कूल्हे में गोली लगी है । उसकी दशा खतरे से बाहर है । तरजिंदर सिंह के अनुसार वह और महल्ले के कुछ युवक जब तरनतारन अस्पताल में बलजीत सिंह का

पकड़े गए व्यक्तियों में कश्मीर सिंह, सुरजीत सिंह, करनैल सिंह तथा मेहां सिंह शामिल हैं । यह चारों लोपोके थाना में ही गांव ककड़ के रहने वाले हैं । तलाशी के दौरान इन आतंकवादियों के कब्जे से एक 12 बोर की दोनाली बंदक व उसके तीन कारतूस तथा एक 12 बोर की ही पिस्तौल व उसका एक कारतूस बरामद हुए हैं । इसके अलावा इन लुटेरे आतंकवादियों से 8-10 किलो चाय पत्ती, लगभग 20 किलो चीनी तथा दो कनस्तर घी भी बरामद हुआ । इनसे पूछताछ जारी है ।

नकदी छीनी

ढिलवां से 'गुरां दित्ता' के अनुसार थाना ब्यास के गांव उमरानंगल के निकट दो अज्ञात व्यक्तियों ने विनोद कुमार चड्ढा नामक व्यक्ति से 350 रुपए छीन लिए । ज्ञात हुआ है कि विनोद कुमार अपने स्कूटर पर कहीं जा रहा था कि फाटक के निकट पहुंचने पर दो व्यक्तियों ने उसे रोका तथा नकदी छीन कर उसे छुरा मार कर घायल कर दिया और फरार हो गए । उसे घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

अमृतसर की एक सूचना के अनुसार गत 24 घंटों में 3 पाक घुसपैठियों सहित 12 लोग सीमा पर पकड़े गए । तीन पाक घुसपैठिए काहनगढ़ चौकी के पास भारत आते हुए, सात खेमकरण में, 2 राजा ताल के पास पाक जाते समय पकड़े गए ।

रोपड़ (वार्ता): तीन आतंकवादियों ने भागोमाजरा गांव में सत्तारूढ़ अकाली दल के एक नेता जोगेंद्र सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । आतंकवादियों ने पहले उस पर छुरे से हमला किया था । उसे नाज़ुक हालात में पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दाखिल कराया गया है ।

शाम साढ़े छः बजे के लगभग गढ़शंकर के निकट गांव पुर हीरां में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति बख्तावर सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए ।

भूमि अधि

चंडीगढ़, ... लुधियाना के ज़ि... वर्षों के लिए ... अधिग्रहण ट्रिब्... है । इसी तए... न्यायाधीश के... है ।

सिंह उमरानंग... बामदेव ने कत... हो सकती है ... हत्याओं से को... लोगों से आपस... की ।

इस अवस... मिल कर रहने... अपील की कि...

समारोह... भाजपा नेता ... चेयरमैन आदि...

2 ...

गाजियाबा... विभूति राय को... गढ़मुक्तेश्वर ... गए हैं । उन्... पासपोर्टों में वो... पुलिस पार्टी प...

CONDOLENCE M...

It is to inform that a meeting ... **Manufacturers Association** is being ... 7.3.87 at 3 P.M. in the Hall of Quality Mar... Goods), Industrial Area, Jalandhar to co... untimely demise of our worthy General Se...



RAS...

With ... sorrow we ... **Sudesh K...** his heaven... February 1... will be per... 1987, Sun... 2.30 P.M. ... (Near Ch... Jalandhar ...

PIPE FITTINGS MANUFA... ASSOCIATION (R... Jalandhar-4...

Punjabi Sm...

रू होने से
प्रो. दर्शन
से पंजाब
ा यात्रा के
न सिंह ने
था अपितु
में आतिथ्य
ने यह भी
ोजित की
ास प्रकट
नकी वार्ता

ए स्वामी
र्षों के दो
पाटने की
बाद इस
त्वों की
द अगले
यह ठीक
रत है और
तो कल
तब तक
क यहां के
आपसी
संदर्भ में
को देखा
हार्द तथा

उन्होंने कहा कि धर्म तथा धर्माचार्यों का इस देश में सदैव वर्चस्व रहा है । यहां धर्म को वर्गीय अथवा जातीय पूजा-पद्धति आदि नहीं माना गया । धर्म नैतिक मूल्यों का पुंज स्रोत रहा है और सदैव यहां के लोगों के जीवन में नैतिक मूल्य स्थापित करने का माध्यम रहा है । आज भी यह धर्माचार्य इसी धर्म

दिया जाना चाहिए कि वह किसी राजनीतिक पद पर है । किसी राजनीतिज्ञ को भी किसी धर्म स्थान में एक साधारण नागरिक के नाते नम्रभाव से जाने की मनोवृत्ति बनानी चाहिए और इन स्थानों व धर्मभावनाओं का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए । इसी में देश का हित है ।

विश्व हिन्दू परिषद के सैक्रेटरी जनरल श्री

परम्परागत एकता तथा सांझी संस्कृति व ऐतिहासिक धरोहर को प्रस्तुत कर रही है ।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा के इसी उद्देश्य के कारण पंजाब में उन्हें भारी सहयोग मिला है और पंजाब सरकार की ओर से भी इसमें कोई रुकावट नहीं डाली गई बल्कि मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने प्राचीन परम्परा के अनुसार महात्माओं

छोटे-बड़े कस्बों व नगरों में जा चुकी है और इतने ही और स्थानों पर जाएगी । अनुमान है कि इस यात्रा से 50 लाख तक लोग सम्पर्कित होंगे । इस दौरान लोगों ने इस यात्रा के प्रति अद्वितीय उत्साह दिखाया है । यात्रा के दौरान विशेषकर छोटे कस्बों में बड़ी संख्या में सिख बंधु स्वागत के लिए आए । यात्रा में

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ज़िला रोपड़ में आतंकवादियों द्वारा आर.एस.एस. के दो वर्करों की हत्या

चंडीगढ़, 6 मार्च (वार्ता, ह.स.): दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने आज प्रातः रोपड़ में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

जंडियाला क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी पकड़ा गया । छीना बिधि चंद के निकट भी एक उग्रवादी पकड़ा गया ।

खड़ूर साहिब के निकट एक व्यक्ति को घायल करके उसका स्कूटर छीन लिया गया ।

बटाला के धर्मकोट ग्राम में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

नकोदर में तीसरे दिन भी एक समुदाय के दुकानदारों ने हड़ताल की ।

थर्मल कालोनी में हत्या

रोपड़ (दर्दी): आज प्रातः दस बजे के लगभग जी.टी.पी. कालोनी में 132 के.वी. सब-स्टेशन के निकट आतंकवादियों ने रोशन ग्रोवर की हत्या कर दी । श्री ग्रोवर इंजीनियर थे तथा कालोनी के शापिंग सैंटर में किरयाने की दुकान भी चलाते थे ।

एक अन्य सूचना में मृतक का नाम दर्शन लाल बताया गया है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार रोशन लाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्त्ता था । उसकी मृत्यु अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में हुई ।

टीचर की हत्या

रोपड़ जिला में ही एक अन्य वारदात में दो आतंकवादियों ने एक और आर.एस.एस. वर्कर ललित कुमार की बोर माजरा के निकट गोली मार कर हत्या कर दी । ललित कुमार स्कूल टीचर था । उसकी हत्या उस समय की गई जब कि वह शाम को अपने घर कुराली लौट रहा था । उसकी

घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

खरड़ के शशि के अनुसार मृतक टीचर ललित की हत्या करने वाले आतंकवादी पैदल आए तथा टीचर का हीरो होंडा मोटर साइकल साथ ले गए ।

रोपड़ से बैंस के अनुसार श्री ग्रोवर को आठ गोलियां लगीं । आतंकवादियों में एक पगड़ी धारी था । श्री ग्रोवर की हत्या के विरोध में रोपड़ थर्मल प्लांट के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया तथा पंजाब पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की ।

बाजार बंद हो गए

महेंद्र जैन के अनुसार रोपड़ थर्मल प्लांट के कर्मचारी श्री रोशन लाल ग्रोवर की दो उग्रवादियों के हाथों जघन्य हत्या होने के बाद नगर की अधिकांश दुकानें तुरंत बंद हो गईं तथा रोपड़ थर्मल प्लांट के सभी कार्यालय बंद हो गए । स्थानीय धार्मिक, सामाजिक एवं व्यापारिक संस्थानों की एक विशाल रोष एवं शोक सभा में श्री ग्रोवर की हत्या की निंदा करते हुए वक्ताओं जिनमें भूतपूर्व विधायक श्री मदन मोहन मित्तल, विश्व हिन्दू परिषद के श्री रोशन लाल चक्कड़, सनातन धर्म सभा के श्री राम कृष्ण शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्री प्रेम कालड़ा, प्रमुख सिख नेता श्री धर्म सिंह साहनी, नामधारी संत श्री केहर सिंह, व्यापार मंडल रोपड़ के प्रधान श्री दर्शन लाल सर्राफ, कांग्रेस के सैक्रेटरी श्री सुन्दर सिंह तथा श्री ओम प्रकाश जैन आदि ने सरकार से पुलिस की सक्रियता बढ़ाने की मांग की । सभा में आठ मार्च को रोपड़ के सभी व्यापारिक संस्थान, बाजार, स्कूल एवं सरकारी कार्यालय बंद करने का आह्वान किया ।

थर्मल प्लांट कर्मचारी संघ ने भी श्री ग्रोवर की हत्या की घोर निंदा की तथा सरकार से मांग की है कि कर्मचारियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए तथा श्री ग्रोवर के आश्रितों को कम से कम एक लाख रुपए तथा परिवारों में से एक को उनके स्थान पर नौकरी दी जाए ।

नकोदर में तनाव जारी

नकोदर (गगन, वार्ता): स्कूल टीचर श्री रामरत्न की हत्या के विरुद्ध तथा चार मार्च को नगर में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 47 लोगों की रिहाई की मांग के समर्थन में एक समुदाय के दुकानदारों ने तीसरे दिन भी हड़ताल की तथापि दूसरे समुदाय के सदस्यों ने हड़ताल नहीं की । नगर में स्थिति नियंत्रण में है लेकिन तनावपूर्ण बताई गई है ।

कल यहां नगर में प्रमुख हिंदू शहरियों ने एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह और एस.डी.एम. से भेंट की तथा शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने का विश्वास दिलाया । इन शहरियों में श्री वीरेंद्र एडवोकेट, श्री कृष्ण कुमार, पंडित नरेंद्र नाथ, डाक्टर बी.के. नैयर, डाक्टर सुरज खुल्लर, बलदेव मित्र आदि शामिल थे । इन लोगों ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि शिवसेना के जो 47 वर्कर तथा नेता मंदिर में से गिरफ्तार किए गए थे, उन्हें रिहा किया जाए ताकि नगर में शांति प्रयास सफल हो सकें । अधिकारियों ने गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों

(शेष पृष्ठ 10 पर)

से पंजाब समस्या हल नहीं हो सकती : शत्रु

): फिल्म
समाचारों
में आ रहे
लोग यही
प' से आए
कल क्या
नहीं बता

कार्यक्रम के
ए शत्रुघ्न
से काफी
कार सुनील
बारे एक
विचार में
नहीं होगी
त न हो ।
ताया गया
उन्हें इस
ा नहीं ।
ार यात्रा
सका कोई
अपने यहां

आने के मिशन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह जींद में अपने किसी मित्र के भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए आए थे तथा साथ ही चंडीगढ़ आ गए । उन्होंने इस बात को दोहराया कि उनकी चंडीगढ़ यात्रा का राजनीति में शामिल होने से कोई संबंध नहीं है । अपनी लगभग एक घंटे की प्रैस कांफ्रैंस में शत्रुघ्न सिंहा ने कहा कि आज मैंने यहां आकर अपने जीवन का नया इतिहास लिख लिया है । उन्होंने कहा कि मैं अब तक देश भर की किसी भी प्रैस क्लब में नहीं गया । प्रैस क्लब में जाकर पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देने का भारत में मेरा यह पहला मौका है । उन्होंने कहा कि मैं अब तक केवल एक बार पाकिस्तान जाकर कराची की प्रैस क्लब में ही पत्रकारों से मिला हूं ।

अपनी पाकिस्तान यात्रा के बारे में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि मैं अब तक 5 बार पाकिस्तान गया हूं जिसमें दो बार मुझे वहां के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक ने आमंत्रित किया । उन्होंने कहा कि जनरल जिया उल हक से उनकी निजी मित्रता है । उन्होंने कहा कि उनकी बेटी जेन मेरी प्रशंसिका है तथा अंतिम बार मुझे उसकी शादी में जाना पड़ा । अपनी पाकिस्तान यात्रा के अनुभव बताते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी प्रैस ने मुझे भारत के 'सांस्कृतिं राजदूत' की उपाधि दे डाली । पाकिस्तान के फिल्म उद्योग के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वहां कलाकार तो बहुत हैं लेकिन फिल्म उद्योग सीमित संसाधनों और सैंसरशिप को लेकर अभी दबा हुआ है, जबकि नाटक (ड्रामा) के मामले में पाकिस्तान हम से कहीं आगे है ।

जब एक पत्रकार ने उनसे पूछा कि यदि जनरल जिया उल हक उनके निजी मित्र हैं तो क्या भारत के प्रधानमंत्री ने कभी दोनों देशों के संबंधों को सुधारने के लिए उनकी मदद मांगी ? तो शत्रुघ्न सिंहा ने कहा—'काश मदद मांगी होती ।'

पंजाब समस्या को हल करने में कोई मदद किए जाने के बारे में पूछे जाने पर शत्रुघ्न सिंहा ने कहा कि मैं तो कलाकार हूं । मुझे निर्देशन चाहिए । यदि मुझे कोई सही निर्देशन देगा तो मैं इस समस्या को हल करने में अपनी पूरी सेवा देने को तैयार हूं । समस्या का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा—"मैं दोषी को ही दोषी नहीं मानता, मेरे ख्याल में निर्दोष भी दोषी हैं । अब मेरे इस जवाब का मतलब आप स्वयं निकाल लें ।"

फिल्मी कलाकारों के राजनीति में आने के बारे में पूछे जाने पर शत्रुघ्न सिंहा ने कहा कि कलाकारों और राजनीतिज्ञों में कोई अंतर नहीं । दोनों को ही अभिनय करना पड़ता है । मेरे ख्याल में राजनीतिज्ञ अब फिल्म में ज्यादा आ रहे हैं अतः फिल्म कलाकारों को राजनीतिक में भागना पड़ रहा है । जब उनसे पूछा गया कि आप राजनीति में क्यों नहीं आ रहे तो



उन्होंने कहा कि मुझे दंगे-फसाद सिर्फ पर्दे तक ही अच्छे लगते हैं, अपने जीवन में मैं हमेशा शांति-प्रेमी रहा हूं । अपनी कुछ फिल्में 'फ्लाप' हो जाने के बारे में प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने कहा—मुझे 'जीरो से हीरो' बनाने में जिन लोगों का हाथ है, कई बार उनके लिए कुछ घटिया रोल भी करने में मैं नहीं हिचकिचाता ।'

उन्होंने कहा कि मैं गरीब लोगों के इलाज के लिए शुरू किए गए अभियान से पीछे नहीं हटूंगा चाहे उसमें मुझे कुछ आ 'चाल ही क्यों न चलनी पड़े ।

घर में अधर्म क्यों ?
गल का खुला पत्र

खुली दल । को गुमराह करके गलत रास्ते पर डालना और उनके





(1) सद्
ले रहा नि
में शामिल
और पीछे

स्व
मु

जालंध
नेता सत्यप
द्वारा बरन
कठपुतलियो
प्रयासों को
जुट हो जाने
पंजाब
आयोजित
धार्मिक नेत
का माध्यम
मुख्यम

2296 सैनिक
बहाल, पुनर्वासित

चंडीगढ़, 6 मार्च (ह.स.): पंजाब के मुख्यमंत्री । बहाल कर

Punjab Sampati

गुरुद्वारे से उग्रवादी बंदी

नई दिल्ली, 6 मार्च : दिल्ली पुलिस ने एक गुरुद्वारे से संदिग्ध आतंकवादी अमी लाल उर्फ जगजीत सिंह को आज गिरफ्तार किया है ।

दक्षिण दिल्ली के पुलिस उपाध्यक्ष मैक्सेवल परेरा ने बताया कि अमीलाल से पूछताछ जारी है।

आतंकवादियों द्वारा हत्या
(पृष्ठ 1 का शेष)

को रिहा करने में असमर्थता प्रकट करते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में जिलाधीश से बात करके ही कोई फैसला करना सम्भव होगा ।

अधिकारियों ने यह भी कहा कि यदि हिंसा में घायल हुए लोग दूसरों के साथ राजीनामा कर लें तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है । शहरियों ने आरोप लगाया कि कुछ गिरफ्तार व्यक्तियों की पुलिस ने पिटाई भी की है । इसी बीच गिरफ्तार युवकों में से 46 को जालंधर व लुधियाना की जेलों में तबदील किया गया है जबकि एक व्यक्ति अभी यहीं है ।

शहर में बैंकों व सरकारी कार्यालयों में सामान्य काम हुआ । बस यातायात भी सामान्य रहा ।

शिवसेना की बैठक

आज शाम तक नकोदर में 40 प्रतिशत दुकानें खुल गई थीं । शाम को शिव सेना की एक बैठक श्री पवन की अध्यक्षता में हुई जिसमें उग्रवादियों के हाथों मारे गए मास्टर राम रत्न को श्रद्धांजलि भेंट की गई । एक प्रस्ताव में मांग की गई कि श्री रमेश चंद्र उर्फ खान, किरणदीप धीर व अन्य वर्करों के विरुद्ध मुकद्दमे वापस लिए जाएं अन्यथा शिवसेना बर्कर आंदोलन करेगी ।

चार आतंकवादी गिरफ़्तार

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): गढ़शंकर पुलिस ने गत सायं तीन उग्रवादियों सुखदेव सिंह, चरणजीत सिंह और मोहन लाल को गिरफ्तार करके इनसे स्कूटर नम्बर पी.बी.ओ. 6940, 303 और 12 बोर के दो पिस्तौल और कई कारतूस बरामद किए हैं । उन्होंने कल सायं साढ़े छः बजे रायपुर गुजरां के निकट भू.पू. सरपंच बख्तावर सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया था । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बख्तावर सिंह ने वारदात के फ़ौरन बाद मोटर साइकिलों पर सवार पुलिस के गश्त दस्ते को सूचना दे दी थी, चनांचे गश्ती दस्ते के साथ ही बख्तावर सिंह भी उग्रवादियों का पीछा करने में शामिल हो गया । जीवनपुर के निकट तीन उग्रवादी नज़र आए । एक ने पुलिस पर गोली चलाने की कोशिश की, मगर गोली चल न सकी । गश्ती दस्ते ने तीनों को दबोच लिया । पता चला है कि इनकी गिरफ्तारी से कई वारदातों का रहस्योद्घाटन होने की आशा है । होशियारपुर से प्रद्युम्न की सूचना के अनुसार पुलिस ने चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । चौथे का नाम लखविन्दर सिंह है ।

उग्रवादियों के विरुद्ध संयुक्त अभियान के लिए बैठक

होशियारपुर (अश्विनी): जालंधर, होशियारपुर और कपूरथला जिलों के थानों के एस.एच.ओ. की मीटिंग यहां एस.एस.पी. होशियारपुर श्री सुभाष चंद्र जैन की अध्यक्षता में हुई जिसमें इन जिलों में उग्रवादियों के विरुद्ध पुलिस के संयुक्त अभियान के बारे में विचार किया गया और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

घायल करके स्कूटर छीना

अमृतसर (सोनी): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने खडूर साहिब के निकट कल रात गुरमुख सिंह नामक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया । वारदात के समय गुरमुख सिंह स्कूटर पर अपने घर जा रहा था । उसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल किया गया है ।

मुठभेड़ के बाद आतंकवादी बंदी

पुलिस और सुरक्षा बलों ने कल रात जंडियाला क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई के दौरान मुठभेड़ के बाद एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया । इसका नाम अवतार सिंह बताया गया है । यह आतंकवादी होशियारपुर के दसूहा क्षेत्र के चंगर गांव का निवासी है । इसके पास से 12 बोर की एक पिस्तौल तथा तीन कारतूस बरामद हुए ।

पुलिस ने इस इलाके में संदिग्ध अवस्था में दो व्यक्तियों को देखा था । चुनौती देने पर इन व्यक्तियों ने गोलियां चलाना शुरू कर दिया । सुरक्षा बलों के साथ हुई मामूली मुठभेड़ के बाद अवतार सिंह पकड़ा गया जबकि उसका एक अन्य साथी बचकर निकल गया ।

काला गिरफ़्तार

पुलिस ने कल रात छीना बिधि चंद गांव के निकट एक संदिग्ध आतंकवादी को 12 बोर के पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया । पुलिस ने उसका नाम काला बताया है तथा वह अजनाला का निवासी है ।

पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान सराय संतराम निवासी धर्म सिंह से नौ एमएम रिवाल्वर के 25 कारतूस तथा सैल्फ लोडिंग राइफल का एक कारतूस बरामद किया । उसके खिलाफ शस्त्रास्त्र कानून के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है ।

बंदूक छीन ली

इसी बीच कल रात थाना मजीठा के अंतर्गत गांव जगदेव कलां में तीन सशस्त्र युवक एक व्यक्ति हरभजन सिंह के घर में दाखिल होकर पिस्तौल की नोक पर उसकी 12 बोर की दोनाली बंदूक तथा कुछ कारतूस ले गए ।

घुसपैठिया मरा

अमृतसर में मियांवाल क्षेत्र में कल रात्रि बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया ।

पुलिस और सुरक्षा बल ने अमृतसर शहर के एक सिनेमा घर में छापा मारकर पूछताछ के लिए सात व्यक्तियों को पकड़ा है ।

अमृतसर के सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित एक थ्री स्टार होटल में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने एक कार मालिक की कार छीन ली ।

इसी बीच सुरक्षा बल ने अमृतसर में तीन और संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम मुख्त्यार सिंह, अजीत सिंह और नरिंदर सिंह बताए गए हैं ।

पुलिस ने बताया कि हरसा छीना गांव के मुख्त्यार सिंह और अजीत सिंह को चोरी की मोटर साइकल के साथ गिरफ्तार किया गया । इनके पास से दो पिस्तौल बरामद हुई हैं ।

मानोचहल के नरिन्द्र सिंह को तरनतारन नगर के नूरदी के पास से संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए पकड़ा गया ।

जालंधर के नूरमहल क्षेत्र में दो अज्ञात व्यक्तियों ने रविंद्र सिंह के घर से एक रिवाल्वर तथा नौ कारतूस लूट लिए ।

हत्या

बटाला (ह.स.): कल रात्रि बटाला सदर के ग्राम धर्मकोट में कुछ लोगों ने बेअंत सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । वह घटना के समय शौचादि से निवृत्त होने खेतों में गया था ।

गुरदासपुर पुलिस ने एक डकैत गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5000 रुपए बरामद किए । जिला पुलिस प्रमुख जे.पी. विरदी ने इन डाकुओं के नाम जगदीश सिंह और सतबिन्दर सिंह बताए हैं । ये दोनों डेरा बाबा नानक थाना क्षेत्र के निवासी हैं । इस गिरोह के तीन अन्य सदस्यों कुकी, मुडा और अजीत सिंह को दो पिस्तौल तथा लूट के जेवर और 25 हजार रुपए के साथ पकड़ा जा चुका है ।

पुलिस ने आज लुधियाना जिले के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में अचानक मारे गए छापे में अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ के एक दर्जन से भी अधिक कार्यकर्त्ताओं को गिरफ्तार किया । सरकारी सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई शांति भंग होने की आशंका से की गई है ।

स्कूटर छीना

जालन्धर (क): गत सायं पौने आठ बजे के लगभग स्थानीय मिलाप चौक स्थित इंडियन कलर लैब के श्री कुलभूषण का हरे रंग का बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.ए.क्यू. 9140 उस समय उड़ा लिया गया जब वह दुकान बंद करके पिछले दरवाजे से निकल कर सड़क पर आए ।

जालंधर जिले के नूरमहल थाना क्षेत्र के तलवां ग्राम में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने हरभिंदर सिंह से एक रिवाल्वर व 19 गोलियां छीन लीं ।

मकान में धमाका

राजपुरा (मासूम): आज प्रातः राजपुरा टाऊनशिप में गोबिंद दास के मकान नम्बर 1226 में भारी धमाका हुआ जिससे खिड़कियां और दरवाज़े टूट कर गिर गए । लोगों ने समझा कि कोई बम विस्फोट हुआ है ।

हत्या की ज़िम्मेदारी

फगवाड़ा (खोसला, कौड़ा): यहां के निकटवर्ती गांव कुंडे में एक भू.पू. सरपंच निर्मल सिंह और उसकी पत्नी जगीर कौर की उग्रवादियों के हाथों कल हुई हत्या की ज़िम्मेदारी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने अपने ऊपर ले ली है । गत दिवस इस सम्बन्ध में हमारे प्रतिनिधि को फोन पर यह बात कही गई है ।

छात्रों में तनाव

स्थानीय गुरुनानक कालेज में आज दोनों सम्प्रदायों के छात्रों के दो ग्रुपों में टकराव होने लगा था । पुलिस के सामयिक हस्तक्षेप से हालात पर काबू पा लिया गया । इस समाचार से नगर में आतंक और तनाव छा गया है । दोनों सम्प्रदायों के छात्रों के धार्मिक स्थानों में जमा होने की भी सूचना है । इन हालात के दृष्टिगत गुरुनानक कालेज के प्रबन्धकों ने कल शनिवार को कालेज बंद रखने का फैसला किया है ।

सत्यपाल डांग
(पृष्ठ 1 का शेष)

है, वह वास्तव में देश की स्वायत्तता, स्वतंत्रता तथा स्वालम्बन के संरक्षण का संघर्ष है, जिसे तबाह करने के लिए साम्राज्ञी ताकतें कई तरह की चालें चल रही हैं । रैली को पंजाब भाकपा के सचिव श्री प्यारा सिंह दियोसी ने भी सम्बोधित किया और कहा कि पंजाब तथा देश में धर्म और राजनीति को मिल कर चलने की नीति के खतरनाक परिणाम निकल रहे हैं । उन्होंने धर्म व राजनीति को एक दूसरे से अलग करने के प्रभावी पग उठाने पर ज़ोर दिया ।

इन नेताओं ने उग्रवाद के विरुद्ध राज्य में शुरू सर्वदलीय अभियान की चर्चा करते हुए लोगों से अपील की कि आठ मार्च को लुधियाना में तथा 23 मार्च को खटकड़ कलां में होने वाली सर्वदलीय प्रसभाओं में ज़ोर-शोर से शामिल हों ।

रैली के बाद नगर में एक शांति मार्च आयोजित किया गया ।

शत्रुघ्न सिन्हा
(पृष्ठ 1 का शेष)

हुई बातचीत बिहारी भाषा में बता कर पत्रकारों को खुश किया ।

अंत में शत्रुघ्न सिंहा ने दो दिन पूर्व पटियाला में एक प्रैस फोटोग्राफर की पिटाई का ज़िक्र करते हुए कहा कि मैं अधिकारियों से अपील करता हूं कि वे पत्रकारों का सम्मान करें । उन्होंने कहा कि यदि मैं कभी राजनीति में आया तो इस बारे में पहले ध्यान दूंगा ।

इस मौका पर क्लब की ओर से श्री सिंहा को एक

कोई सिख मुझे हानि नहीं पहुंचाएगा : सुनील दत्त

ग्वालियर, 6 मार्च : इंका सांसद श्री सुनील दत्त ने आज शिवपुरी जिले के सुभाष नगर स्थान पर कहा कि कोई भी सिख मुझे या किसी अन्य व्यक्ति को जो दरबार साहिब में प्रार्थना करना चाहता है, हानि नहीं पहुंचाएगा या हानि पहुंचाने की नहीं सोचेगा ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स द्वारा उन्हें हत्या की धमकी बारे समाचार पर टिप्पणी करते हुए श्री दत्त ने कहा मैं महाशांति पद यात्रा पर हूं और किसी भी चरण में मझे हिंसा की आशंका नहीं है । अभी तक कोई धमकी भरा पत्र नहीं मिला है ।

उमरानंगल
(पृष्ठ 1 का शेष)

महत्व को कम करने का प्रयास नहीं किया ?

अकाली दल के 22 लाख सदस्य, जिन्होंने अकाली दल (ल) की वफ़ादारी के शपथ पत्र भरे हुए हैं, उनके प्रण तोड़ने का प्रयत्न करके और एक गैर अकाली की वफ़ादारी का आदेश देकर आपने कौन सा पुण्य का काम किया है ?

श्री उमरानंगल ने पत्र में सिंह साहिबान से पूछा है कि आप पवित्र स्थानों—गुरुद्वारों के मंचों और धर्म प्रचार के बहाने तथा हर ओर से भ्रामक प्रचार करके सिखों में आपसी लड़ाई का माहौल बना रहे हो, क्या यह गुरु ग्रंथ साहब का उपदेश है और सिखों का सच्चा धर्म है ? उन्होंने कहा कि पत्र में यह जो सब कुछ कहा गया है, यह सब आप दोनों सिंह साहिबान अपनी आंखों से देखते व कानों से सुनते रहे हैं, परन्तु आपने इन गलत बातों को रोकने के लिए, निर्दोष लोगों की हत्याएं बंद करने के लिए तथा गुरु ग्रंथ साहब के उपदेशानुसार मानवता के हित में न पहले और न अब सही दिशा दी ।

जत्थेदार उमरानंगल ने सिंह साहिबान से कहा है कि धर्म का प्रयोग न्याय, दया, प्रेम और प्यार, सभी से अच्छा व्यवहार, पुण्य-पाप का निर्णय करके, समाज के प्रत्येक वर्ग में सच्चाई का बोलबाला करके राजनीति को पवित्र रखने के लिए होता है न कि धर्म के पवित्र शब्द के दुरुपयोग करके राजनीति को उलझाने के लिए । उन्होंने सिंह साहिबान से कहा है कि वे उनके इस खुले पत्र के प्रत्येक शब्द का उत्तर दें ।

पाक सेना द्वारा फायरिंग

जम्मू, 6 मार्च (स.): कल रात्रि पाक सेनाओं ने पुंछ जिले के सोकर, दर्रा बनियाल, ढल्लां में भारतीय चौकियों पर फायरिंग की जिस पर भारतीय सैनिकों ने भी फायरिंग की ।

सत्यमित्रानंद
(पृष्ठ 1 का शेष)

शामिल 550 से अधिक धर्माचार्यों व संतों ने नानकसर के गुरुद्वारा तथा तरनतारन के दरबार साहिब में श्री गुरुग्रंथ साहिब को मत्था टेका । नानकसर गुरुद्वारा में तो सभी महात्माओं को सरोपे भेंट किए गए ।

भारी स्वागत

होशियारपुर से अश्विनी की सूचना के अनुसार सद्भावना यात्रा के नगर में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया । विभिन्न संस्थाओं, धार्मिक नेताओं ने यात्रा में भाग लिया । जगह-जगह बड़े-बड़े द्वार लगाए गए थे । जयघोष से गगन गूंज रहा था ।

गुमराह युवकों से बातचीत के लिए तैयार

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): ब्रह्म कुंड से अमृत कुंड, हरिद्वार से अमृतसर तक विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सद्भावना यात्रा के अध्यक्ष स्वामी वामदेव व संयोजक स्वामी सत्यमित्रानन्द ने पंजाब के गुमराह सिख नौजवानों को आमंत्रित किया है कि वे अपनी शिकायतें व गिले-शिकवे हमें बतायें । उन्होंने वायदा किया कि वे उनकी कठिनाइयां दूर कराने के लिए आवाज बुलन्द करेंगे । आज प्रातः राष्ट्रीय सद्भावना यात्रा के फगवाड़ा पहुंचने पर स्थानीय लोहा मंडी चौक में आयोजित एक विशाल जन सम्मेलन में उन्होंने इन गुमराह नौजवानों पर असर रखने वाले संगठनों व नागरिकों से अपील की कि वे गुमराह व हिंसा का मार्ग अपनाने वाले नौजवानों से हमारी भेंट की व्यवस्था करें ताकि उनका उचित मार्ग दर्शन किया

बवासीर व गुदचीर (FISSURE)
का कुछ ही मिन्टों में सफल इलाज
भगन्दर (FISTULA-in-ano) का भी बिना आप्रेशन सफल इलाज
डाः गुप्ता बवासीर अस्पताल

Punjabi Sahatari

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार, 8 मार्च, 1987 तदनुसार, 25 फाल्गुन, 2043

है जिसमें उन संशोधनों का उल्लेख है जिनको उन्होंने सरकार को सुझाव दिया है । सरकार और उनके मध्य इन सुझावों पर विचार-विमर्श होता रहा है ।

विधेयक पर समझौते की सम्भावना लगभग

प्रेस विज्ञप्ति जारी
इसमें जरूरी स
प्रधानमंत्री ने राष्ट्र
का मौखिक आ
राष्ट्रपति ने श्री पा

पुलिस पार्टी पर फ़ायरिंग के बाद सुरक्षा बल दरबार साहब परिसर में दाखिल

1 सिपाही मरा, 3 घायल : कमरा नम्बर 47 में ले जाकर पुलिसकर्मी को यातनाएं दी जा रही थीं

उग्रवादियों द्वारा फरीदकोट के गांव में एक व्यक्ति की हत्या

चंडीगढ़, 7 मार्च (वार्ता, ह.स.): आज सुबह दरबार साहब अमृतसर की परिक्रमा के एक कमरे में से आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में चार पुलिस कर्मी घायल हुए जिनमें से एक की अस्पताल में मृत्यु हो गई । इस घटना के बाद पुलिस व सुरक्षा बल परिसर में दाखिल हो गए तथा लगभग एक दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया । आतंकवादियों ने कथित रूप से एक पुलिस कर्मी का अपहरण करके उसे यातनाएं दी थीं ।

फरीदकोट जिला में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

नकोदर में एक समुदाय के दुकानदारों ने आज चौथे दिन भी दुकानें बंद रखीं ।

सुरक्षा बल अंदर गए

अमृतसर (अशोक सोनी): आज प्रातः 11.20 पर दरबार साहब परिक्रमा के कमरा नंबर 47 के बाहर कुछ आतंकवादियों द्वारा एक पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग किये जाने से पंजाब पुलिस के तीन कर्मचारी घायल हो गये जिनमें से दो की हालत चिन्ताजनक है । घटना की सूचना पाकर पुलिस तथा सुरक्षा बल दरबार साहब परिक्रमा में प्रवेश कर गए तथा हमलावर आतंकवादियों की तलाश में परिक्रमा के कमरों तथा सरायों की तलाशियां लीं । करीब एक दर्जन युवकों को दरबार साहब से हिरासत में लिये जाने की सूचना है ।

टार्चर कक्ष

अमृतसर, 7 मार्च : पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि दरबार साहब परिसर के कमरा नम्बर 47 को आतंकवादियों ने 'टार्चर कक्ष' बना रखा है । पुलिस अधिकारी पत्रकारों को कमरे के अंदर ले गए और एक केबिन की ओर संकेत किया जिसे 'टार्चर केबिन' कहा जाता है । वहां काटे हुए बालों का ढेर, कुछ लोहे की छड़ें व लाठियां भी पड़ी थीं । वहां कुछ बिस्तर, रज़ाइयां व कम्बल भी थे ।

सुबह 11.30 बजे के लगभग ज्यों ही दरबार साहब के अंदर गोली चलने की आवाज़ें आईं तो घंटा घर चौक की ओर तैनात सुरक्षा बल चौकस हो गये तथा मोर्चे सम्भाल लिये । घटना की सूचना पाकर पुलिस तथा सुरक्षा बलों के कई जवान दरबार साहब की ओर कूच कर गए । एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम के अलावा सी.आर.पी.एफ. के कई अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए । गोलियां चलने तथा पुलिस फोर्स के अचानक आ धमकने से घंटाघर क्षेत्र की सारी दकानें बंद हो गईं तथा वातावरण काफी तनावपूर्ण हो गया । आतंकवादियों द्वारा गोली चलाए जाने से जो तीन पुलिस कर्मी घायल हुये हैं उनमें कांस्टेबल लखविन्दर सिंह (21 वर्ष) की कनपटी व सिर में गोली लगी है तथा हैड कांस्टेबल सुखदेव सिंह (26 वर्ष) के दायें कान के पीछे सिर में गोली लगी है । उसके बाज़ू में भी गोली लगी है । इन दोनों घायल पुलिस कर्मियों की हालत चिन्ताजनक है । एक अन्य पुलिस कर्मी सुच्चा सिंह भी घायल हुआ है जिसके सिर में किसी ठोस वस्तु के मारे जाने से घाव हुआ है ।

एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने बताया कि सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि दरबार साहब के अंदर कुछ आतंकवादी एक पुलिस कर्मी, जो स्वर्ण मंदिर में गया था, की पिटाई कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि सिटी कोतवाली से एक पुलिस टुकड़ी इस बात की सच्चाई मालूम करने के लिये सादे वस्त्रों में दरबार साहब में गई तो आतंकवादियों ने कमरा नम्बर 47 के अंदर से फायरिंग की जिससे दो पुलिस कर्मी घायल हो गये तथा हमलावर कमरे से भाग निकलने में सफल हो गये । आम लोगों को घंटाघर चौक से लगभग 200 गज दूर ही रोका जा रहा था जबकि सुरक्षा बल मोर्चे सम्भाले हुये थे ।

जब यह संवाददाता सुबह 12.30 बजे के करीब वहां पहुंचा तो एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम सादे वस्त्रों में घटनास्थल का निरीक्षण कर रहे थे । अन्य कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी वहां पहुंचे हुये थे । परे क्षेत्र में दकानें बंद थीं और वातावरण तनावपूर्ण था । पुलिस या सुरक्षा बलों का कोई भी अधिकारी किसी प्रश्न का उत्तर देने को तैयार नहीं था ।

दरबार साहब के निकट तैनात एक अधिकारी ने बताया कि गत रात पुलिस बल सादा वस्त्रों में अकाल रैस्ट हाऊस के कमरा नंबर 51 की तलाशी लेने के लिये गये थे लेकिन वहां से उनके कुछ भी हाथ नहीं लगा । आज सुबह सम्भवतः उसी घटना का बदला लेने के लिये ही एक पुलिस कर्मी को आतंकवादी पकड़ कर ले गए तथा उसकी पिटाई करने लगे । घटना की सूचना मिलने पर डी.एस.पी. के नेतृत्व में पुलिस टुकड़ी को वहां भेजा गया ।

बताया जाता है कि डी.एस.पी. ने पहले अपने दो आदमी परिक्रमा में भेजे जो कि सादा वस्त्रों में थे । जैसे ही यह पुलिस कर्मी कमरे के दरवाज़ा पर पहुंचे तो उन पर अंधाधुंध फायरिंग की गई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जब अपने दो आदमियों के घायल होने की सूचना मिली तो तुरन्त पुलिस को अंदर भेज कर दोनों घायल पुलिस कर्मियों को वहां से उठाया गया तथा हमलावरों की तलाश में दरबार साहब के इर्द-गिर्द का सारा क्षेत्र 'सील' करके तलाशियां लेकर करीब एक दर्जन युवकों को हिरासत में लिया गया । बताया जाता है कि पुलिस फोर्स के अंदर दाखिल होने से पूर्व एक अन्य पुलिस कर्मी भी गोलियां चलने का कारण जानने के लिये अंदर गया जिसे आतंकवादियों ने पकड़ कर उसके सिर पर पिस्तौल का हत्था दे मारा जिससे वह घायल होकर वहीं गिर गया ।

दोपहर 1.45 तक तलाशियों का सिलसिला पूर्ण हो जाने के बाद आम लोगों को दरबार साहब में दाखिल होने की अनुमति दे दी गई ।

सुरक्षा बल बाहर निकले

एक एजैंसी की खबर है कि सुरक्षा बल बाद दोपहर स्वर्ण मंदिर से बाहर निकल गये । यह जानकारी डी.आई.जी. जालंधर रेंज श्री पी.सी. डोगरा ने दी । उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल परिक्रमा में कुछ आतंकवादियों द्वारा चार पुलिस कर्मियों पर फायरिंग की घटना के बाद अंदर दाखिल हुए थे । (शेष पृष्ठ 10 पर)





*अमृतसर के दर
परिक्रमा में कम
परिक्रमा में रक*

शिरोमणि कमेटी द्वारा उग्रवादियों के आगे आत्म-समर्पण : कंवलजीत

चंडीगढ़, 7 मार्च : पंजाब सरकार ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी पर स्वर्ण मंदिर के भीतर उग्रवादियों के सामने पूरी तरह आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया है तथा कहा है कि सरकार इस समस्या के कानूनी पहलुओं पर विचार कर रही है ।

अमृतसर में स्वर्ण मंदिर में आज प्रातः की घटनाओं का अधिकृत विवरण देते हुए पंजाब के गृह राज्यमंत्री कैप्टन कंवलजीत सिंह ने कहा कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी स्वर्ण मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के प्राथमिक कर्त्तव्य को निभाने में असफल रही है तथा आतंकवादियों को कमरे तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है ।

अमृतसर की घटनाओं के परिप्रेक्ष में स्थिति का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला की अध्यक्षता में हुई पुलिस तथा असैनिक अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कैप्टन कंवलजीत सिंह ने कहा कि स्वर्ण मंदिर की पवित्रता आतंकवादियों द्वारा भंग की गई है ।

उन्होंने कहा कि यह विश्वास नहीं किया जा सकता कि कमरा नम्बर 47 में यातना पा रहे सिख युवक की चीखें गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के कानों तक नहीं पहुंचीं ।

कैप्टन कंवलजीत सिंह ने अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह से अपना सारा ध्यान मंदिर में शांति तथा पवित्र वातावरण पैदा करने पर लगाने तथा इस प्रकार के कांड की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने का आग्रह किया ।

उन्होंने कहा कि संविधान के धर्मनिरपेक्ष के सिद्धांत तथा गुरुद्वारा कानून के कारण सरकार इस मामले में सीधा हस्तक्षेप नहीं कर सकती परन्तु हम समस्या के कानूनी पहलू तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के दायित्व की छानबीन कर रहे हैं ।

केंद्र और पंजाब सरकार दोनों ने इस घटना को गम्भीरता से लिया है तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति पर स्वर्ण मंदिर परिसर के अंदर उग्रवादी तत्वों के सामने 'घुटने-टेकने' का आरोप लगाया है । उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रबन्धक समिति स्वर्ण मंदिर की पवित्रता को कायम रखने के अपने कर्त्तव्य में पूरी तरह असफल रही है ।

अमृतसर : शिरोमणि कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री हरेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया है कि स्वर्ण मंदिर परिसर में आज हुई घटना के लिए पुलिस ही पूरी तरह जिम्मेदार है । यदि पुलिस को सूचना थी कि परिसर में कोई घटना हुई है तो उन्हें पहले शिरोमणि कमेटी के अधिकारियों को सूचित करना चाहिए था और तब कुछ भी नहीं होता । उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने जानबूझ कर स्वर्ण मंदिर को अपवित्र किया तथा पुलिस ने कल रात्रि भी अकाल रैस्ट हाऊस और सरायों की तलाशी लेकर कुछ लोग गिरफ्तार किए ।

जालन्धर (वार्ता): आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (गुरजीत) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में आरोप लगाया गया कि आज की पुलिस कार्रवाई में कई लोग मारे गए ।

राजीव का हैलीकाप्टर उड़ान के दौरान खराब, सुरक्षित उतार लिया गया

कन्नानूर, 7 मार्च : प्रधानमंत्री राजीव गांधी भारतीय वायु सेना के जिस हैलीकाप्टर से केरल का एक दिवसीय चुनाव दौरा कर रहे हैं, उसे यांत्रिक खराबी के कारण यहां नज़दीक ही उतार लिया गया ।

प्रधानमंत्री राज्य के मुख्यमंत्री के. करुणाकरन सहित इस हैलीकाप्टर में थे । कुछ सरकारी अधिकारी और पत्रकार भी उनके साथ यात्रा कर रहे थे । अधिकारियों को वापिस लाने के लिए एक विमान कन्नानूर भेजा गया है ।

हैलीकाप्टरों के चालकों को उतरने के लिए कहा गया और उन्हें दोबारा इसमें प्रवेश की इजाज़त नहीं दी गई ।

एक विशेषज्ञ दल आज शाम यहां आ रहा है । यह इस बात की जांच करेगा कि हैलीकाप्टर में खराबी कैसे पैदा हुई ।

सुरक्षा कर्मियों ने हैलीकाप्टर पर घेरा डाल दिया है । जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, किसी को इसमें प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा । प्रधानमंत्री के दल में यात्रा कर रहे एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी । इस व्यवधान के बावजूद प्रधानमंत्री ने अपना चुनाव दौरा जारी रखा । वह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी जगह गए ।

नई दिल्ली से प्राप्त समाचार के अनुसार रक्षा मंत्रालय ने इस एम.आई. 8 हैलीकाप्टर में गड़बड़ी के कारणों की जांच का आदेश दिया है ।

वायु सेना मुख्यालय के इंजीनियरिंग निदेशक एयर वाईस मार्शल के.सी. शर्मा इस जांच दल के प्रमुख हैं । तीन अन्य इंजीनियर भी इस दल में शामिल किए गए हैं । ये सभी एम.आई. 8 हैलीकाप्टर की विभिन्न प्रणालियों के विशेषज्ञ हैं ।

'गावस्कर द ग्रेट' का महान् मील पत्थर

अहमदाबाद, 7 मार्च (वार्ता): लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर आज 58 रन बनाने के साथ ही टैस्ट क्रिकेट में दस हजार रन बनाने वाला विश्व का

पाकिस्तान के खिलाफ चौथे टैस्ट मैच का तीसरा दिन स्थानीय क्रिकेट दर्शकों के लिए यादगार बन गया है क्योंकि वे इस मैच के प्रत्यक्षदर्शी हैं ।

इंगलैंड के ज्याफ बायकाट का टैस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर का रिकार्ड तोड़ा था ।



Punjabi Sahitya.com

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति से मिलकर उन्हें इस आशय का मौखिक आश्वासन भी देना था । यद्यपि राष्ट्रपति ने श्री पायलट द्वारा प्रस्तावित समझौते को

उन्होंने भी बहुत आश्वासन दिए कि सरकार राष्ट्रपति द्वारा दिए गए सुझावों के प्रकाश में विधेयक में संशोधन करेगी लेकिन इस बीच राष्ट्रपति

तत्कालीन राष्ट्रपति डाक्टर राजेंद्र प्रसाद ने उस समय के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को पत्र लिख कर उन्हें जल्दबाजी में हिन्दू कोड बिल पास करने के

अर्थ किसी व्यक्ति द्वारा अपने विचार-प्रभावी ढंग से व्यक्त करना है । जब राष्ट्रपति ने यह बिल सरकार

(शेष पृष्ठ 10 पर)



अमृतसर के दरबार साहब परिसर में उग्रवादियों की फ़ायरिंग से घायल (1) सच्चा सिंह, (2) मृत सुखदेव सिंह, (3) घायल लखविन्दर सिंह, (4) दरशनी ड्योढ़ी की सीढ़ियों पर रक्त के धब्बे, (5) परिक्रमा में कमरा नम्बर 47 के बाहर रक्त, (6) दरबार साहब परिसर में प्रविष्ट होती पुलिस, (7) उग्रवादियों द्वारा फ़ायरिंग किए जाते ही कार सेवा कर रहे श्रद्धालु बजरी फेंक कर भाग गए, (8) परिक्रमा में रक्त तथा पहरा दे रहे सुरक्षा बल ।

(छाया : ओम भंडारी)

जहां सरकार विफल होती है, वहां धार्मिक नेता सफल होंगे : यात्रा के बाद भी अपना मिशन जारी रखेंगे : महंत

होशियारपुर, 7 मार्च (अश्विनी, प्रद्युम्न): विश्व हिंदू परिषद् के उपप्रधान महंत राम प्रकाश

करना चाहिए । उन्होंने कहा कि यात्रा के बाद भी इसके सदस्य अपना मिशन जारी रखेंगे । उन्होंने

और गरमी दिखाई जाती है । उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक लोग

मिलने वाला, लोगों को शस्त्र उठाने की प्रेरणा दी

(पृष्ठ 3 का शेष)

डोगरा का बयान

श्री डोगरा, जो कि जालंधर से यहां पहुंचे थे, ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि पुलिस पार्टी यह सूचना मिलने के बाद सादा वस्त्रों में वहां गई थी कि एक पुलिस कर्मी देवेंद्र जीत सिंह, जोकि धारीवाल,गुरदासपुर से स्वर्ण मंदिर के दर्शन करने आया था, को कुछ आतंकवादियों ने बंदी बना रखा है तथा उसे 'टार्चर' कर रहे हैं । उन्होंने इस बात का खंडन किया कि पुलिस पार्टी उसे 'बचाने' के लिये अंदर गई तथा कहा कि पुलिस पार्टी निहत्थी थी और उसके साथ दरबार साहब के अधिकारी भी थे ।

श्री डोगरा ने यह भी कहा कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने परिसर के किसी भी हिस्से में किसी भी कमरे की तलाशी नहीं ली ।

घायल पुलिस कर्मचारी सच्चा सिंह ने अस्पताल में पत्रकारों को बताया कि उस पर तथा उसके सहयोगियों पर क्रुद्ध युवकों की भीड़ ने हमला किया, जो कि लंगर की ओर से आ रहे थे । सच्चा सिंह ने कहा कि भीड़ में से किसी ने उस पर गोली चलाई जिससे वह तत्काल गिर गया । फिर वह उठा और परिसर से बाहर आकर सुरक्षा बलों को सूचना दी ।

कांस्टेबल देवेंद्र सिंह को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है क्योंकि एक गोली सिर्फ उसके माथे को छूती हुई निकल गई थी ।

आतंकवादियों की शरणस्थली

शाम को सिटी कोतवाली में एक प्रैस कांफ्रैंस को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज हमारे निहत्थे व सादा कपड़ों में परिक्रमा में गए आदमियों पर गोलियां चलाए जाने से सिद्ध हो गया है कि दरबार साहब परिसर आतंकवादियों की शरणस्थली है और उन आतंकवादियों के पास काफी घातक हथियार हैं । श्री इजहार आलम ने कहा कि ज्ञानी राम सिंह, जो कि परिक्रमा के इंचार्ज हैं, दरबार साहब से बाहर आए लेकिन उन्होंने बंदी बनाए गए पुलिस कर्मी को छुड़ाने में कोई मदद देने में असमर्थता प्रकट की । बाद में पुलिस ने एक जत्थेदार जगतार सिंह से सम्पर्क स्थापित किया तथा पुलिस पार्टी के साथ होने के लिए उनका सहयोग लिया गया ।

श्री आलम ने बताया कि अंदर दाखिल हुई पुलिस व सुरक्षा बलों ने कमरा नम्बर 47 में बंदी रखे गए पुलिस-कर्मी को बाहर निकाला, जिसे आतंकवादियों द्वारा रात भर पीटे जाने के कारण काफी घाव आए हुए थे । इसके अलावा उसकी टांग पर शीशे से जख्म करके उसमें नमक व मिर्चें भर कर उसे यातनाएं दी गईं और आतंकवादी उससे कहते रहे कि वह पुलिस का मुखबर है ।

श्री आलम ने कहा कि क्योंकि आतंकवादियों को दरबार साहब से निकल भागने के लिए पुलिस व सुरक्षा बलों के पहुंचने से पूर्व काफी समय मिल चुका था,अत: दरबार साहब के अंदर से किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है । उन्होंने कहा कि सिर्फ पांच युवकों को दरबार साहब के बाहर से संदिग्ध परिस्थितियों में जाते देख कर हिरासत में लिया गया है । उन्होंने बताया कि जिस पुलिस कर्मी को बचाने के लिए पुलिस को यह कदम उठाना पड़ा है उसने अपने परिचय में बताया है कि वह जिला गुरदासपुर के थाना धारीवाल का कांस्टेबल नम्बर 239 है और उसका नाम देवेंद्र जीत सिंह है ।

श्री आलम ने बताया कि परिक्रमा में घायल हुए चार पुलिस कर्मियों में से हैड कांस्टेबल सुखदेव सिंह की आज शाम अस्पताल में मृत्यु हो गई जबकि लखविंदर सिंह व सच्चा सिंह की हालत चिंताजनक है । उन्होंने कहा कि गुरिंदर सिंह कांस्टेबल शारीरिक तौर पर मज़बूत होने के कारण आतंकवादी का रिवाल्वर वाला हाथ झटक कर फ़ायर से बचने में सफल हो गया । श्री आलम ने बताया कि पुलिस को कमरा नम्बर 47 में से 87 कारतूस 303 के तथा 26 कारतूस खाली 9 एम.एम. के मिले ।

श्री आलम ने बताया कि कमरे में से नमक और मिर्चें भी बरामद हुई हैं जिनका इस्तेमाल लोगों को यातनाएं देने के लिए किया जाता था । पांच सदस्यीय पंथक कमेटी का कुछ साहित्य भी वहां से बरामद हुआ ।

उन्होंने कहा कि यह कमरा हाल ही में बनाई गई खालिस्तान आर्मी का मुख्यालय था और 'बी' श्रेणी के वांछित आतंकवादी मलकीयत सिंह व कारज सिंह इसके मुखिया हैं ।

उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि उन्होंने गत मास इस कमरे को 'टार्चर कक्ष' के रूप में इस्तेमाल किए जाने के बारे में अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह को एक पत्र लिखा था । उन्होंने कहा कि प्रो. दर्शन सिंह ने अपने उत्तर में इस आरोप का खंडन करते हुए उन्हें भविष्य में ऐसे 'झूठे आरोप' लगाने से बाज़ रहने के लिए कहा है ।

यह पूछने पर कि जब पुलिस के पास ठोस सबूत था कि कमरा नम्बर 47 में ऐसे तत्व हैं तो पुलिस ने बिना तैयारी के वहां क्यों प्रवेश किया, श्री आलम ने कहा कि हम सोच भी नहीं सकते थे कि दरबार साहब जैसे पावन स्थल के अंदर श्रद्धालुओं की भांति सादा वस्त्रों में गए निहत्थे पुलिस कर्मियों पर भी निर्ममतापूर्वक फ़ायरिंग की जाएगी ।

केस दर्ज

श्री आलम ने बताया कि पुलिस ने दरबार साहब में हुई घटना के संबंध में केस दर्ज कर लिया है तथा जांच जारी है ।

एक सूचना के अनुसार दरबार साहब परिसर में हुई हिंसा 6 घंटे तक जारी रही ।

श्री आलम ने कहा कि कांस्टेबल देवेंद्रजीत सिंह 'अमृतधारी' है तथा उसने 6 इंच की कृपाण धारण कर रखी है ।

इस घटना की जिम्मेदारी बंदा सिंह बहादुर कमांडो फोर्स ने ली है ।



कौर सिंह वाला ज़िला भटिंडा के स्वर्गीय श्री शाम लाल (24 वर्षीय) की विधवा श्रीमती कांता अपने 2 बच्चों के साथ जिनका अब कोई भी सहारा नहीं रहा । श्री शाम लाल की गत 2 फरवरी को उग्रवादियों ने उसके घर में दाखिल होकर बड़ी निर्ममता से हत्या कर दी थी । अब यह बेसहारा स्त्री अपने मासूम बच्चों के साथ अपने बूढ़े पिता के पास मौजा भगतुआना में रह रही है ।

गैर सरकारी सूत्रों के अनुसार पुलिस ने इस घटना के बाद वहां से 40 लोग पकड़े हैं ।

समझा जाता है कि आतंकवादियों ने यह कार्रवाई कल लुधियाना में होने वाली सर्वदलीय बैठक के पूर्व लोगों को आतंकित करने के उद्देश्य से की ।

निहंग गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस ने 1984 से भगौड़े आतंकवादी को गिरफ्तार करने का दावा किया है । जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि धारीवाल पुलिस ने बीती रात नाकाबंदी के दौरान आतंकवादी कुलदीप सिंह उर्फ निहंग निवासी गांव टलवाना को गिरफ्तार कर उससे एक 303 बोर का पिस्तौल तथा तीन कारतूस बरामद किये हैं । श्री विरदी ने बताया कि कुलदीप सिंह 1984 में एक व्यक्ति की हत्या करने तथा दो भिन्न-भिन्न वारदातों में दो व्यक्तियों को घायल करने के केस में वांछित था और इसे भगौड़ा घोषित किया जा चुका था, इससे पूछताछ जारी है ।

लाश मिली

श्री विरदी ने आगे बताया कि धारीवाल थाने के अंतर्गत गांव खान-मालिक के बाहिर खेतों में जमीन के नीचे दबी एक 45 वर्षीय व्यक्ति की लाश उस समय बरामद हुई जब गांव की कुछ औरतें खेत से मिट्टी खोद रही थीं । मृतक की पहचान नहीं हो सकी है । पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर संस्कार कर दिया है ।

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 16 किलोमीटर दूर मौजा पट्टी से महेंद्र सिंह और लखबीर सिंह नामक दो व्यक्तियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया । ज्ञात हुआ है कि पुलिस ने एक बिल्लू नाम लड़के को हिरासत में लिया था । उसके कहने पर ही उक्त दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया । यद्यपि पुलिस इस संबंध में मौन है परन्तु ज्ञात हुआ है कि उनके कब्ज़े से काफी हथियार मिले हैं ।

एक-एक लाख रुपया दिया जाए

आज यहां टीचरों की एक रैली में हाल ही में जिला जालंधर में उग्रवादियों द्वारा दो टीचरों की हत्या किये जाने की निंदा करते हुये सरकार से मांग की गई कि अभियुक्तों को तुरन्त गिरफ्तार किया जाए । पंजाब सरकार से मरने वालों के परिवारों को बुधसिंहवाला में हत्या

मोगा (सर्व): फरीदकोट जिले में चार संदिग्ध आतंकवादियों ने बाघापराना थाने के अंतर्गत बुधसिंहवाला गांव में आज एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी मृतक की लाइसैंसी बंदूक भी छीन ले गए । मृतक का नाम महेंद्र सिंह है । उसने अपनी बंदूक आतंकवादियों के हवाले करने से इन्कार कर दिया था । इस पर आतंकवादियों ने उसे गोली मार दी ।

नकोदर (गगन): नकोदर में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है । एक समुदाय के दुकानदारों ने आज चौथे दिन भी दुकानें आंशिक रूप में बंद रखीं । बैंकों और सरकारी कार्यालयों में पहले की तरह काम हुआ । दूसरे समुदायों के दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोलीं । वे बंद में शामिल नहीं हुए ।

प्रमुख नागरिकों का प्रतिनिधिमंडल आज राज्य के वित्त मंत्री श्री बलवंत सिंह से मिला और उन्हें शहर की स्थिति से अवगत कराया । हिन्दू शिव सेना की नकोदर शाखा के अध्यक्ष रमेश चंद्र और पंजाब शिवसेना के महासचिव किरण धीर सहित अन्य गिरफ्तार लोगों को जालन्धर जेल भेज दिया गया है । वहां उन्हें 18 मार्च तक न्यायिक हिरासत में रखा जाएगा ।

स्कूटर छीन लिया

जालन्धर : दो संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात करतारपुर थाना क्षेत्र के डुगरी गांव के रछपाल सिंह से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन लिया ।

आज तड़के अवैध रूप से सीमा पार कर पाकिस्तान में घुसने का प्रयास कर रहे 41 लोगों को अमृतसर के कोहनगढ़ क्षेत्र में बी.एस.एफ. ने गिरफ्तार कर लिया ।

खरड़, रोपड़ में हड़ताल

दो आर.एस.एस. वर्करों दर्शन लाल व हरबंस लाल की हत्या के विरोध में आज खरड़ व रोपड़ में पूर्ण हड़ताल रही । आज दोनों की अंत्येष्टि कर दी गई । जैन के अनुसार हरबंस लाल की हत्या करने वाले उग्रवादी वहां एक पत्र छोड़ गए थे जिसमें हत्या की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स ने ली है ।

घायल दम तोड़ गया

भटिंडा में पिछले वीरवार को एक गोलीकांड की वारदात में जख्मी व्यक्ति रुलदू सिंह ने जिसे राजिंद्रा अस्पताल पटियाला लाया गया था आज अस्पताल में दम तोड़ गया ।

राजीव हत्या षड्यंत्र में 200 गवाह पेश होंगे

नई दिल्ली, 7 मार्च : प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर पिछले वर्ष दो अक्तूबर को राजघाट पर हुए असफल हमले के मुख्य अभियुक्त करमजीत सिंह तथा पांच अन्य के विरुद्ध आतंकवादी साजिश के मामले में अभियोजन पक्ष 200 से अधिक गवाह पेश करेगा ।

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने सत्र न्यायाधीश बी.एन. चतुर्वेदी की विशेष अदालत में गवाहों की सूची पेश कर दी है । इस सूची को अभी गोपनीय रखा गया है ।

75 शिव सेना कार्यकर्त्ता रिहा

फगवाड़ा, 7 मार्च (अशोक कौड़ा): यहां हिन्दू शिवसेना के सत्याग्रह के सम्बन्ध में कल जो 80 कार्यकर्त्ता गिरफ्तार किए गए थे, उनमें से पांच को छोड़ कर शेष 75 की रिहाई के आदेश जारी कर दिए गए हैं ।

पंजाब प्रवर्त्तक उपाध्याय श्रमण श्री फूल चंद्र जी महाराज की
पावन पुण्य स्मृति में

कर्नाटक और केरल में 'दबर्थ' के रिकार्ड मात



Punjabi Sanjati

स्थिति में पाकिस्तान को सहायता बंद करने की कोई धमकी नहीं दी है । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम जारी रहेगा चाहे इसके लिये हमें कितनी ही कुर्बानियां क्यों न देनी पड़ें । हम किसी से डरेंगे नहीं । (शेष पृष्ठ 10 पर)

के अध्यक्ष जार्ज फर्नांडीज करेंगे जोकि पार्टी के अंदर मेनका विरोधी लाबी का नेतृत्व कर रहे हैं । मेनका विरोधी ग्रुप ने तो यहां तक धमकी दे डाली है कि यदि पार्टी प्रधान श्री चंद्र शेखर ने मेनका के पार्टी में प्रवेश का विरोध नहीं किया तो वे उनका घेराव करेंगे ।

जार्ज फर्नांडीज और युवा जनता के नेताओं का कहना है कि उन्हें मेनका गांधी स्वीकार्य नहीं है क्योंकि आपात स्थिति के दौरान उनकी व उनके पति संजय गांधी की भूमिका अच्छी नहीं रही । युवा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

होगी ।

नई ईशापुर राईफल में एक बार घोड़ा दबाने से एक बार में तीन गोलियां चलती हैं । हल्की होने के कारण इस राईफल से विशेष कर कम वायु दाब वाले

(शेष पृष्ठ 10 पर)

उग्रवादियों द्वारा सी.आर.पी. की चौकी पर हमला : अधिकारी की हत्या

चंडीगढ़, 8 मार्च (वार्ता, हस): गत 24 घंटों में आतंकवादियों ने सी.आर.पी. के एक नायक की हत्या कर दी जबकि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया ।

मोगा के गांव में आतंकवादियों ने एक दुकानदार को गोली मार कर घायल कर दिया ।

नकोदर में एक समुदाय के दुकानदारों की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही । शिव सेना के नेताओं रमेश चोपड़ा और किरण धीर को रासुका के अंतर्गत नज़रबंद किया गया है ।

वेरका में एक कैमिस्ट को लूट कर भाग रहे तीन आतंकवादियों को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

सी.आर.पी. अधिकारी की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): गत रात अमृतसर जिला के गांव वेरका में सी.आर.पी.एफ. की चौकी पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फायरिंग किये जाने से सी.आर.पी. के एक अधिकारी की मृत्यु हो गई । जिला मुख्यालय में मिली सूचना के अनुसार गत रात करीब 12.30 बजे वेरका के गवर्नमैंट हाई स्कूल में स्थित सी.आर.पी. की चौकी पर कुछ आतंकवादियों (जिनकी संख्या ज्ञात नहीं हो सकी) ने नायक राम देव पांडे पर उस समय फायरिंग की जब वे अपनी चौकी पर जवानों की चैकिंग कर रहे थे । सी.आर.पी. के जवानों ने जवाब में आतंकवादियों पर फायरिंग की लेकिन हमलावर बच कर भागने में सफल हो गये । इसके बाद सी.आर.पी. के जवानों ने इर्द-गिर्द के क्षेत्र की छानबीन की लेकिन यह व्यर्थ रही । नायक पांडे को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ।

आतंकवादी मारा गया

गत रात्रि गांव सूरविंड थाना भिखीविंड में सी.आर.पी.एफ. और पंजाब पुलिस की नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि

सूरविंड में सुरक्षा बलों से भिड़ंत में आतंकवादी मारा गया : नकोदर के 2 शिव सेना नेता रासुका में नज़रबंद

उसका एक साथी भाग जाने में सफल हो गया । मृत आतंकवादी के कब्जे से पुलिस ने एक बंदूक व कुछ कारतूस बरामद किये ।

सूचनाओं के अनुसार पुलिस व सी.आर.पी. ने गांव सूरविंड में नाका लगाया हुआ था । इसी दौरान उन्होंने दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में अपनी ओर आते देखा ।

नाका पार्टी ने उन्हें रुकने का संकेत किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी जिस पर सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की । मृत आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

स्कूटर छीन लिया

ढंड कसेल क्षेत्र के करीब एक व्यक्ति विजय कुमार से दो स्टेनगन तथा पिस्तौलधारी आतंकवादी उसका स्कूटर छीन ले गये । विजय कुमार ने पुलिस को रपट दी है कि उसके स्कूटर का रंग सफेद तथा नम्बर पी.ए.ई. 5653 है ।

ग्रामीण को घायल किया

जिला अमृतसर के गांव सुग्गा थाना भिखीविंड में लगभग एक दर्जन सशस्त्र आतंकवादियों ने एक 60 वर्षीय ग्रामीण सज्जन सिंह पर हमला करके उसे घायल कर दिया । उसे अमृतसर के अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उसके चेहरे पर काफी घाव आये हैं । यह आतंकवादी उसके घर में घुस कर तलाशी लेते रहे । जब कुछ न मिला तो जाते हुये उसे बंदूक का बट मार कर घायल कर गए ।

आतंकवादी पकड़े गये

गत रात्रि वेरका में एक कैमिस्ट को लूट कर भाग रहे आतंकवादियों में से पुलिस ने दो को पकड़ लिया जबकि उनका एक साथी भागने में सफल हो गया । मिली जानकारी के अनुसार सायं 6 बजे के लगभग वेरका में एक कैमिस्ट विजय कुमार की दुकान पर तीन आतंकवादी आए और पिस्तौल की नोक पर कैश उनके हवाले करने को कहा । इस पर कैमिस्ट ने कैश बाक्स उनके हवाले कर दिया । आतंकवादी उसमें से 105 रुपये निकाल कर चलते बने । कहा जाता है कि इसके बाद विजय कुमार ने शोर मचा दिया जिस पर लोगों ने दो आतंकवादियों को काबू कर लिया जबकि उनका तीसरा साथी भाग निकला । पकड़े गये आतंकवादियों की शिनाख्त अजीत सिंह गांव शहजादा निवासी तथा कश्मीर सिंह भल्लोवाल के रूप में हुई है । भाग जाने वाले आतंकवादी का नाम हरेंद्र सिंह उर्फ फौजी बताया गया है । पकड़े गये आतंकवादियों से एक खिलौना पिस्तौल बरामद हुई एक एजेंसी ने खबर दी है कि तीन आतंकवादी काबू किये गये ।

सुखदेव सिंह की अंत्येष्टि

पुलिस कांस्टेबल सुखदेव सिंह, जिसकी कल स्वर्ण मंदिर परिक्रमा में आतंकवादियों ने गोलियां चला कर हत्या कर दी थी, का आज बाद दोपहर यहां पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस मौका पर उपस्थित थे ।

दुकानदार पर फायरिंग

मोगा (बांसल): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने

(शेष पृष्ठ 10 पर)

PunjabSaral.com

सी.आर.पी. अधिकारी की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

कल रात पटवारगंज गांव में एक दुकानदार को गोली मार कर घायल कर दिया । घायल व्यक्ति का नाम भीमसेन बताया गया है । पुलिस के अनुसार भीमसेन पर हमला उस समय किया गया जब वह साइकल पर अपने घर लौट रहा था । हमलावरों ने उसे रुकने को कहा । उसके न रुकने पर उन्होंने उसे गोली मार दी ।

हड़ताल जारी

जालन्धर (न.न.ए.): नकोदर में चार मार्च को एक स्कूल शिक्षक की हत्या के विरोध में आज पांचवें दिन भी एक समुदाय के लोगों ने कारोबार बंद रखा ।

रासुका में बंदी

इसी बीच जिला प्रशासन ने बताया कि हिन्दू शिव सेना की नकोदर इकाई के अध्यक्ष रमेश चोपड़ा तथा पंजाब हिन्दू शिव सेना के महासचिव किरण धीर को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत नजरबंद किया गया है । इन दोनों नेताओं को 45 व्यक्तियों के साथ नकोदर गोली कांड के बाद गिरफ्तार किया गया था ।

पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि जालन्धर के सब डिवीजनल मैजिस्ट्रेट ने सभी व्यक्तियों को 18 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है । इन्हें लुधियाना की सैंट्रल जेल भेज दिया गया है ।

इसी बीच शिव सेना के कार्यकर्त्ताओं की गिरफ्तारी के लिए छापे जारी हैं । दूसरी ओर शांति समिति ने पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए गिरफ्तार शिव सेना वर्करों को रिहा करने की मांग की है ताकि शहर से तनाव खत्म हो सके ।

शांति समिति के सदस्यों हरबंस टक्कर, भजन लाल मट्टू तथा विजय कुमार अरोड़ा ने जिला प्रशासन से निर्दोष लोगों की रिहाई व उन पर बनाए गए केस वापस लेने की मांग की । उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन शांति समिति से बातचीत करे और गिरफ्तार लोगों को रिहा करे तो शहर में स्थिति सामान्य हो सकती है ।

एक अपुष्ट सूचना के अनुसार पुलिस ने मास्टर राम रत्न की हत्या के सम्बन्ध में दो संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है ।

स्कूटर, नकदी लूटी

होशियारपुर (अविनाश सूद): कल रात पौने आठ बजे दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर सुभाष नगर के निकट फोटोग्राफर अमरीक सिंह का स्कूटर नम्बर पी.बी.सी. 4600, कैमरा, फ्लैश, दो हजार रुपए नकद और कपड़े छीन लिए और फरार हो गए । घटना के अनुसार अमरीक सिंह सैकरी रामगढ़ से फोटो खींच कर अपने गांव डगाला जा रहा था कि रास्ते में दो युवकों ने उसे रोका और फिर पिस्तौल निकाल कर तमाम चीजें उनके हवाले कर देने को कहा । अमरीक सिंह दोआबा स्टूडियो रेलवे रोड होशियारपुर में काम करता है ।

बाघा पुराना से 'ज्ञान मित्तल' के अनुसार आज बाद दोपहर गांव कोटला मेहर सिंह वाला में तीन आतंकवादियों ने गोली चला कर सोम सिंह नामक व्यक्ति को घायल कर दिया । सोम सिंह खेतों से अपने घर लौट रहा था कि रास्ते में साइकिल सवार तीन आतंकवादियों ने उसे घेर लिया तथा गोली मार कर घायल कर दिया । उसे घायलावस्था में स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी दशा गंभीर बताई गई है । ज्ञात हुआ है कि हमले से पूर्व सोम सिंह की आतंकवादियों से हाथापाई भी हुई थी । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

टांडा में कार छीन ली

प्रद्युम्न की सूचना है कि आज सुबह संदिग्ध आतंकवादियों ने थाना टांडा के मौजा कंग माई के एक व्यक्ति सतनाम सिंह की कार छीन ली । बताया जाता है कि वह कार द्वारा मौजा खुनखुन गोबिंदपुर के निकट जा रहा था ।

रिवाल्वर छीन लिया

फगवाड़ा से खोसला की सूचना है कि आज प्रातः लगभग साढ़े नौ बजे यहां से 6 किलो मीटर दूर बी.टी. रोड पर चहेड़ू के निकट मौजा हरदासपुर में वहां के सरपंच त्रिलोक सिंह के मकान पर स्कूटर सवार उग्रवादी आए और उनमें से एक मकान के बाहर खड़ा रहा, दूसरे ने अन्दर दाखिल हो कर त्रिलोक सिंह पर पिस्तौल तान कर उससे रिवाल्वर उसके हवाले करने को कहा । त्रिलोक सिंह ने भयभीत होकर रिवाल्वर उसे दे दिया । इसके बाद उग्रवादी फरार हो गए ।

दो पुलिस कर्मी मरे

बम्बई, 8 मार्च (ह.स.): सैंट्रल रेलवे की एक गाड़ी के नीचे आ जाने से दो पुलिस कर्मचारियों की मृत्यु हो गई । वे एक बैग चुराने वाले गिरोह का पीछा कर रहे थे ।

मधुमक्खियों का हमला

ग्वालियर, 8 मार्च (वार्ता): महाशांति पद यात्री इंका सांसद सुनील दत्त के यात्रा दल पर आज यहां से 15 किलो मीटर दूर मधुमक्खियों द्वारा हमला किए जाने से कई लोग घायल हो गए । दुर्घटना में यू.एन.आई. के संवाददाता भारत भूषण नागपाल गम्भीर रूप से घायल हैं और उन्हें अस्पताल में दाखिल कराना पड़ा ।

ईंट भट्ठा श्रमिकों के वेतन बढ़े

जालंधर, 8 मार्च (क): जिला भट्ठा मालिक एसोसिएशन, जालंधर तथा लाल झंडा पंजाब भट्ठा मजदूर यूनियन की जिला इकाई के बीच समझौते के परिणामस्वरूप भट्ठा मजदूरों की उजरतों में वृद्धि कर दी गई है । जिसके अनुसार पथेरे को बिना कमीशन प्रति हजार ईंट के लिए 38.44 रु. व टाइलों के लिए 42.89 रुपए, भराई के लिए 14.80 रुपए, निकासी के लिए 12.80 रुपए मजदरी मिलेगी जबकि अन्य श्रेणी के श्रमिकों की मजदूरी में भी 15% की वृद्धि की गई है ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

Punjabi Kesari



राष्ट्रीय सर्व धर्म सद्भाव यात्रा जत्थे के सदस्य सोमवार को अमृतसर के (1) दुर्गियाना मंदिर और (2) दरबार साहब में मत्था टेकने गये जहां उन्हें सरोपे भेंट किये गये, (3) श्री निर्मल स्वामी आश्रम अमृतसर के अध्यक्ष श्री रा न यादव व अन्य ने उनका स्वागत किया व (4) महिलाओं ने आरती उतारी, (5) जत्थे के सदस्य अकाल तख्त के जत्थेदार दर्शन सिंह से दर्शनी ड्योढी में मिले, (6) और उनसे बातचीत की, (7) सद्भावना यात्रा में शामिल निहंग, (8) सिख संगतें जत्थे के सदस्यों से बातचीत करते हुए । (छाया : ओम भंडारी)

पंजाब में हिंसा की घटनाओं में 3 मरे : 2 घुसपैठी मारे गये

नकोदर में आंशिक हड़ताल जारी : मल्ही का पुलिस रिमांड : गुरदासपुर में 2 खतरनाक आतंकवादियों सहित 5 बंदी

चंडीगढ़, 9 मार्च (वार्ता, ह.स.): तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने कल रात ज़िला अमृतसर में एक किसान की गोली मार कर हत्या कर दी ।

खालड़ा सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में दो पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए ।

ज़िला कपूरथला के गांव में एक व्यक्ति की हत्या करके तीन अन्य को घायल कर दिया गया ।

उग्रवादियों ने भटिंडा के एक ग्राम में एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

नकोदर में गिरफ्तार सिख छात्र संघ के नेता परमजीत सिंह मल्ही का 13 मार्च तक पुलिस रिमांड अदालत ने दिया है ।

किसान की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने कल रात 45 वर्षीय किसान सुखबीर सिंह की उसके खेत में ही गोली मार कर हत्या कर दी । यह घटना यहां राजासांसी हवाई अड्डे से 12 किलो मीटर दूर हुई । पुलिस सूत्रों ने बताया कि हमलावर प्वाइंट 315 बोर की राइफल लेकर आए । उन्होंने सुखबीर सिंह पर गोलियों की बौछार कर दी । उसे छः गोलियां लगीं और उसने वहीं दम तोड़ दिया ।

हमलावरों में से एक पुलिस वर्दी पहने था । 315 बोर की राइफल के कई खाली कारतूस घटनास्थल से बरामद हुए हैं । मृतक के चचेरे भाई लखविंदर सिंह की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

दो घुसपैठिये मरे

सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने गत रात पुलिस थाना खालड़ा के तहत कसेल के निकट दो पाकिस्तानी घुसपैठियों को अपनी गोलियों से ढेर कर दिया । पुलिस ने आज बताया कि ये घुसपैठिये सीमा पार करके भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते समय मारे गए ।

पुलिस के अनुसार तीन घुसपैठियों को जब सीमा सुरक्षा बल के जवानों की एक टुकड़ी ने चुनौती दी तो इन घुसपैठियों ने जवानों पर गोलियां चलाईं । बदले में जवानों ने भी गोलियां चलाईं जिनसे दो घुसपैठिये मारे गए जबकि तीसरा वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गया ।

2 खतरनाक उग्रवादी गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद गुप्ता): ज़िला पुलिस ने दो खतरनाक उग्रवादियों तथा एक अन्य व्यक्ति को उग्रवादियों को पनाह देने तथा दो अन्य व्यक्तियों को लूटमार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है । ज़िला पुलिस चीफ श्री जे.पी. विरदी ने आज यहां बताया कि कल कादियां पुलिस ने एक खतरनाक उग्रवादी भूपेन्द्र सिंह निवासी हरदोवाल को गिरफ्तार किया है । बताया जाता है कि भूपेन्द्र सिंह 26 फरवरी को कादियां के निकट मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादी कर्म सिंह निवासी कोटला फत्ती, जिसका सम्बन्ध बब्बर खालसा से था, का खास आदमी है ।

श्री विरदी ने बताया कि उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में पुलिस ने बटाला निवासी गुरदीप सिंह बाजवा को गिरफ्तार किया है । उस पर भी आरोप है कि एक दिसम्बर 1986 को बटाला बस स्टैंड के करीब उग्रवादियों ने सी.आई.ए. स्टाफ के हवालदार जोगेन्द्र सिंह की हत्या कर दी थी तो अभियुक्त ने हत्यारे को अपने घर में शरण दी थी । उसने यह स्वीकार किया कि कई अन्य आतंकवादी भी उसके घर में छुपा करते थे ।

वार्ता के अनुसार गुरदीप प्रतिबंधित बब्बर खालसा संगठन से सक्रिय तौर पर सम्बद्ध था । सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार गुरदीप आतंकवादी गतिविधियों के लिए बब्बर खालसा गुट के लोगों को आश्रय दिया करता था । पूछताछ के दौरान उसने बताया कि बब्बर खालसा के सरगना का नाम सुखविंदर सिंह उर्फ मास्टर जी है । पंजाब में पिछले कुछ दिनों में इस गुट के लोगों ने कम से कम दस व्यक्तियों की हत्या की तथा अनेक लोगों को घायल किया ।

श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि बटाला पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में बटाला निवासी गुरजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया । श्री विरदी के अनुसार गुरजीत सिंह के पास प्रमुख आतंकवादी अवतार सिंह रूपोवाली, गुरिन्द्र सिंह व हरजिंदर सिंह जिंदा (गुजरात से भागने वाला नहीं) आदि शरण लेते थे ।

दोहरी सवारी की अनुमति

ज़िला मैजिस्ट्रेट श्री आर.पी.एस. पवार ने अपने एक आदेश अनुसार ज़िला भर में 3.5 क्षमता से कम मोटर साइकल, स्कूटर पर औरतों तथा बच्चों को दोहरी सवारी के रूप में छूट सुबह 6 बजे से शाम 8 बजे तक की दी है और नगर पालिका सीमा के अन्दर सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक पुरुषों को दोहरी सवारी की इजाजत होगी ।

एक अन्य आदेश में बस सेवा रात नौ बजे से सुबह पांच बजे तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं । यह दोनों आदेश पांच मई तक लागू रहेंगे ।

श्री विरदी ने कहा कि गुरदासपुर के निकट मसीत और खटीबा गांवों से स्थानीय पुलिस ने मनोहर मसीह और मुखा मसीह को गिरफ्तार कर उनसे लूटे गए 500 रुपए तथा एक हाथ घड़ी बरामद की । अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ज़िले में अनेक बार लूटपाट की है ।

फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): स्थानीय थाना सदर पुलिस ने गांव पुराना पिंड के एक युवक लखविंदर सिंह 'बिल्ला' से एक 12 बोर की पिस्तौल व एक कारतूस बरामद करके उसे गिरफ्तार किया है । श्री हरजीत सिंह डी.एस.पी. बटाला के अनुसार गिरफ्तार युवक ने 12 अगस्त को अपने ही गांव के एक भट्ठा मालिक श्री तिलक राज पर फायरिंग करके उसे गम्भीर घायल कर दिया था । वह पुलिस को वांछित था ।

भट्ठल गिरफ्तार

धूरी (सिंगल): संगरूर पुलिस ने बादल गुट के नेता गुरबचन सिंह भट्ठल को धारा 124 के अन्तर्गत गिरफ्तार किया है । इस प्रकार गिरफ्तार किए गए नेताओं की संख्या 14 हो गई है ।

चार गिरफ्तार

सुनाम (नागपाल): ज़िला संगरूर के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ने बताया कि थाना दड़बा के मौजा शादी हरी के अमरजीत सिंह और मग्घर सिंह के अलावा, थाना लहरागागा के मौजा फतेहगढ़ के जत्थेदार गुरबचन सिंह व खुशहाल सिंह को उग्रवाद निरोधक कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया है । यह चारों एकीकृत अकाली दल से सम्बन्धित हैं ।

छठे दिन भी हड़ताल

नकोदर (गगन): आज छठे दिन भी नकोदर शहर के एक समुदाय के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और मांग की कि जो 47 बर्कर हिन्दू शिव सेना के पकड़े गए हैं उन्हें रिहा कर दिया जाए । आज शहर में एक समुदाय की शत-प्रतिशत व दूसरे समुदाय की 20 प्रतिशत दुकानें खुलीं, कुल मिलाकर 50 प्रतिशत दुकानें खुलीं । कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे रेहड़ियां लगा कर सामान बेचा । नगर में शिव सेना के जिन वर्करों व नेताओं पर संगीन केस बनाए गए हैं उनके सम्बन्ध में काफी क्षोभ पाया जा रहा है । इसी दौरान स्थानीय शिव सेना की तरफ से एक छोटा इश्तहार शहर में दुकानें न खोलने और हिन्दुओं में एकता बनाए रखने के लिए जारी किया गया है । किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा बल पूरी तरह सक्रिय हैं । शहर में सरकारी दफ्तर, बैंक, स्कूल व कालेज सामान्य रूप से खुले हैं । बसें भी चल रही हैं ।

भगदड़ मची

आज दोपहर के दो बजे के करीब शहर की हर सड़क पर इतनी भगदड़ मच गई कि बहुत से राहगीरों व दुकानदारों को मुश्किल का सामना करना पड़ा । कुछ राहगीरों को भागते हुए देखा गया और उन्होंने दो किलो मीटर की दूरी तक जाकर सांस ली । यह अफवाह फैल गई थी कि शहर की किसी सड़क पर कोई हिंसक घटना हो गई है और वहां गोली भी चल गई है । बस अड्डा तुरन्त खाली होने लग गया । सब खुली दुकानें एक दम बंद हो गईं । पुलिस तुरन्त ही हरकत में आ गई । दस मिनट के अन्दर-अन्दर सब लोगों ने सुख की सांस ली, जब यह पता चला कि शहर में कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई ।

कर्मचारी नेता पर हमला

कल रात नकोदर की धागा मिल के कर्मचारी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

एस.वाई.एल. के लिए 126 करोड़

नई दिल्ली, 9 मार्च (ह.स., वा.): चालू वित्त वर्ष के लिए 4025.09 करोड़ रु. की अनूपूरक मांगों की तीसरी किस्त, जो आज लोकसभा में पेश की गई का मुख्याकर्षण सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर के लिए 126 करोड़, योजना और गैर योजना राहतों के लिए 252 करोड़ तथा ब्याज अदायगियों के लिए 800 करोड़ रु. का प्रावधान है ।

प्राप्तियों और वसूलियों को हिसाब में लेने के बाद 1986-87 के लिए शुद्ध अतिरिक्त खर्च की राशि 3192 करोड़ 72 लाख रु. होगी ।

अनुदान मांगों की कुल राशि में से 2906.92 करोड़ रु. राजस्व खाते की, 84.87 करोड़ रु. पूंजी खाते की तथा 1033.30 करोड़ रु. उधार और अग्रिम के रूप में शामिल है । कुल राशि में 582.56 करोड़ रु. योजना और 3443.53 करोड़ रु. गैर योजना खर्च है ।

प्राकृतिक विपदाओं से राहत के लिए राज्यों को 252.87 करोड़ रु. देने का प्रावधान है । सूखा राहत के लिए राजस्थान को अनाज के रूप में 57 करोड़ रु. दिए गए हैं । केंद्रीय पुलिस बलों पर अतिरिक्त खर्च के लिए 206.97 करोड़ रु. की अनुदान मांग रखी गई है ।

गैर योजना खर्च में रक्षा सेवाओं के लिए 444.48 करोड़ रु., डाक सेवाओं के लिए 124.40 करोड़ रु. और ब्याज अदायगी के लिए 800 करोड़ रु. दिखाए गए हैं । दिल्ली तथा अंडेमान-निकोबार पुलिस के लिए 81.82 करोड़ रु. का गैर योजना खर्च शामिल किया गया है ।

भूसी बिजली संयंत्र के लिए 10 करोड़

खर्च की अन्य मदें हैं—झलकेरी (जिला पटियाला) में चावल की भूसी पर आधारित दस मैगावाट के बिजली संयंत्र की स्थापना में पचास प्रतिशत लागत खर्च के रूप में दस करोड़ रुपए और विशाखापत्तनम इस्पात परियोजना के लिए 9.30 करोड़ रुपए ।

बम्बई में गंदी बस्तियों के सुधार के लिए पांच करोड़ की व्यवस्था की गई है । सरकारी उपक्रमों को दी जाने वाली सहायता में भारतीय नौवहन ऋण और निवेश कम्पनी को 15 करोड़ रु. उधार, तेल और प्राकृतिक निगम आयोग को 9.91 करोड़ रु और हिन्दुस्तान लेटेक्स लिमिटेड को 4.52 करोड़ रुपए के प्रमुख प्रावधान शामिल हैं । इसके अलावा चौथे वेतन आयोग की सिफारिशों के कारण खर्च राशि का विवरण भी सभा पटल पर रखे गए दस्तावेजों में दिया गया है ।

राजस्थान में भुखमरी से मौतें

जयपुर, 9 मार्च : राजस्थान विधानसभा में आज अकालग्रस्त क्षेत्रों में भुखमरी और बिमारियों से भारी संख्या में लोगों के मरने का आरोप लगाते हुए विपक्षी दल के अनेक सदस्यों ने क्षोभ व्यक्त किया ।

सदस्यों का आरोप था कि पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, उदयपुर, डूंगरपुर आदि सीमावर्ती क्षेत्रों में लोग भूख के कारण कुपोषण के शिकार होते जा रहे हैं जिससे उल्टी, दस्त तथा बुखार आदि से उनकी मृत्यु हो रही है । उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोगों को रोजगार और भोजन दिलाने में असमर्थ है । अभावग्रस्त क्षेत्रों में लोगों को पौष्टिक आहार और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं ।

परिणाम घोषित करने के आदेश

चंडीगढ़, 9 मार्च (संघी): न्यायाधीश श्री एस.एस. कंग ने तकनीकी शिक्षा निदेशालय हरियाणा के रजिस्ट्रार को आदेश दिए हैं कि 'डिप्लोमा इन फार्मेसी द्वितीय भाग के उन 36 उम्मीदवारों के परिणाम घोषित किए जाएं जिन्होंने पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार दिसम्बर 1986 में परीक्षा दी थी । याचिकाकर्त्ताओं के वकील श्री राम लाल गुप्ता ने कहा था कि याचिकाकर्त्ताओं ने जनवरी 1984 में शुरू हुए कोर्स में दाखिला लिया था परन्तु रजिस्ट्रार ने उन्हें दिसम्बर में द्वितीय भाग की परीक्षा में बैठने से इसलिए अयोग्य करार दे दिया था क्योंकि यह परीक्षा 'रि-अपीयर' उम्मीदवारों के लिए थी । न्यायाधीश ने अपने निर्णय में कहा है कि यद्यपि यह कोर्स 'फार्मेसी कौंसिल आफ इंडिया' के अधीन है अतः हरियाणा के तकनीकी शिक्षा बोर्ड को यह निर्णय करने का हक नहीं कि सत्र कब शुरू होता है ।

अकाली सांसद के चुनाव को चुनौती सम्बन्धी याचिका में दिलचस्प मोड़

चंडीगढ़, 9 मार्च (संघी): पंजाब के लुधियाना संसदीय हल्के से अकाली दल की टिकट पर चुने गए श्री मेवा सिंह गिल के चुनाव को इंका के स्वर्गीय नेता श्री जोगिन्द्र पाल पांडे ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए जो याचिका दायर की थी, उसकी सुनवाई दिलचस्प रूप धारण कर गई है । इस याचिका को लेकर एक नया कानूनी प्रश्न खड़ा हो गया है ।

में कहा गया कि कुछ रद्द वोट श्री गिल के पक्ष में गिने गए यदि वे वोट निकाल दिए जाएं तो वह श्री गिल से आगे हो जाएंगे ।

वर्तमान कानून के अनुसार यदि याचिकाकर्ता की सुनवाई के दौरान मृत्य हो जाती है तो उस हल्के का कोई भी मतदाता याचिका की सुनवाई जारी रखने की अपील कर सकता है । इस कानून के अनुसार हल्के के दो मतदाताओं श्री सतपाल और सतनाम सिंह ने

Snowhite winter wear

पंजाब में हिंसा
(पृष्ठ 3 का शेष)

नेता कामरेड कश्मीरा सिंह पर कातिलाना हमला करने की चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कोशिश की गई । कामरेड कश्मीरा सिंह स्थानीय धागा मिल में शाम की ड्यूटी पर काम करते हैं । बीमार होने के कारण वह छुट्टी लेकर अपने गांव औलख को जा रहे थे । जब वह गांव मांडवाल के समीप पहुंचे तो चार अज्ञात आदमियों, जिनमें से दो ने मुंह ढापे हुए थे तथा दो मुंह नंगे ही थे, ने उन पर हमला किया । यह घटना रात करीब साढ़े आठ बजे हुई । चारों अज्ञात आदमियों ने उनकी बहुत मारपीट की तथा जब वह शोर मचा रहे थे तो कुछ मांहवाल गांव के लोग उस तरफ दौड़े तो लोगों को आते देखकर चारों आदमी भाग खड़े हुए । कामरेड कश्मीरा सिंह को बेहोशी की हालत में गांव में लाया गया । मिल के वर्करों में इस घटना पर बहुत रोष है । इसी बीच सीटू की जिला जालन्धर इकाई के जनरल सैक्रेटरी कामरेड राममूर्ति सिंह व सैक्रेटरी कामरेड वीरेन्द्र कुमार ने इस घटना पर तीव्र रोष व्यक्त किया है ।

कालेज बंद रहे

कल नकोदर के निकट मल्हियां कलां में गिरफ्तार किए गए सिख छात्र संघ के नेता परमजीत सिंह मल्ही का अदालत ने 13 मार्च तक पुलिस रिमांड दिया है । मल्ही की गिरफ्तारी के विरुद्ध सिख छात्र संघ द्वारा की गई हड़ताल की अपील के दृष्टिगत डी.ए.वी. कालेज तथा गुरु नानक देव कालेज नकोदर की प्रबंध समितियों ने आज अपने कालेज बंद कर दिए ।

बैंक का सायरन बज उठा

फिल्लौर (भाखड़ी): सिंडीकेट बैंक की स्थानीय शाखा में गत सायं उस समय भगदड़ मच गई जब उसका एमरजैंसी सायरन बजने लगा । बैंक में ताले लगे हुए थे । अचानक सायरन बजने पर निकटवर्ती दुकानदार भागे व किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचित कर दिया । सूचना पाते ही थानाध्यक्ष श्री एन.एस. गिल ने भारी पुलिस फोर्स लेकर बैंक के मैनेजर को घर से बुलाया गया । मैनेजर ने डरते-डरते ताला खोला व साथ में पुलिस बैंक में प्रविष्ट हुई लेकिन कुछ भी न मिला । बाद में पता चला कि सायरन में तकनीकी खराबी के कारण ऐसा हुआ । इसी बैंक में पिछले दिनों रात को चोरों ने खिड़की तोड़ कर बैंक को लूटने का प्रत्यन किया था लेकिन कैश बाक्स का ताला तोड़ने में चोर असफल रहे व बैंक गार्ड की राइफल व नौ कारतूस चोर ले गए थे ।

फगवाड़ा में स्थिति सुधरी

फगवाड़ा (खोसला): दो दिन से शहर में तनाव के कारण हालात काफी नाजुक हो गए थे और कारोबार बंद हो गया था लेकिन अब हालत बेहतर हो गई है तथा दोनों सम्प्रदायों के लोगों की दुकानें खुल गई हैं । शांति समिति ने भी शहर के सभी वर्गों में अपील की कि वह आपसी भाईचारा बनाए रखें और शांति कायम रखें ।

गोली से घायल

पटियाला (भूषण): गत रात्रि आठ बजे के करीब यहां के महल्ला धोबी घाट में दो साइकल सवार अज्ञात व्यक्तियों ने राजकुमार पुत्र देसराज को गोली मारकर घायल कर दिया । उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया । वारदात के बाद अभियुक्त भाग गए ।

कपूरथला ज़िला में हत्या

कपूरथला (रघुनाथ शर्मा): सुलतानपुर लोधी के मौजा फरीद सराय में गत रात्रि पांच सशस्त्र व्यक्तियों ने एक घर का दरवाजा खुलवाकर दरवाजा खोलने आए बलकार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी जब कि उसके भाई तारा सिंह, मां प्यारो तथा बहन शरण कौर को सख्त घायल कर दिया । पुलिस ने पांच व्यक्तियों छिंदर सिंह उर्फ भोला मौजा सरूपवाल, कुलदीप सिंह उर्फ अमली मौजा सरूपवाल, अमरीक सिंह मौजा सरूपवाल, बीरा उर्फ सूरांवाला मौजा आलीकलां तथा एक अन्य (नाम मालूम नहीं हो सका) के विरुद्ध केस रजिस्टर कर लिया है ।

पुलिस के अनुसार इनमें अवैध शराब के धंधे में 500 रुपए के लेन-देन पर झगड़ा था । तीनों घायल सिविल अस्पताल सुलतानपुर लोधी में दाखिल हैं । मृतक के बाप केहर सिंह ने बताया कि रात को चार रिवाल्वर व बंदूकों से लैस सिख नौजवानों ने रात दस बजे आवाज देकर उनका दरवाजा खुलवाया तथा दरवाजा खोलने वाले बलकार सिंह को गोली मार दी । इसके बाद दूसरे दरवाजे से भाग रहे परिवार के अन्य सदस्यों पर उन्होंने गोलियां बरसाईं जिससे दो औरतों समेत 3 लोग घायल हुए । इसके लड़के तारा सिंह ने गांव से लाइसैंसी बंदूक लेकर फायर किए तो हमलावर गोलियां चलाते हुए भाग निकले । पुलिस के अनुसार घटनास्थल से 12 बोर और 315 बोर के 10 चल हुए कारतूस बरामद हुए । मृतक बलकार सिंह ने अपनी पत्नी को भी छोड़ा हुआ था ।

दो सिपाही कपूरथला के

गत दिनों मध्य प्रदेश के भिलाई शहर में बैंक डकैती का असफल प्रयास करने पर पकड़े गए चार नौजवानों में जो दो पुलिस कांस्टेबल शामिल हैं, वे भूपेन्द्र सिंह और परमजीत सिंह हैं । दोनों ज़िला कपूरथला के हैं तथा छुट्टी पर जाने के बाद वापस नहीं आए । ज्ञात हुआ है कि कुछ अर्सा पहले हुई पुलिस भर्ती में यह ज़िला अमृतसर से भर्ती हुए थे । भूपेन्द्र सिंह थाना सदर कपूरथला से 27 फरवरी को तार कांस्टेबल परमजीत सिंह 25 फरवरी को पुलिस लाइन फिरोजपुर से छुट्टी पर गया था ।

स्कूटर छीना

जालन्धर (वार्ता): गत रात्रि इस ज़िला के थाना नवांशहर के अन्तर्गत गांव जब्बोवाल के निकट दो स्कूटर सवारों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने अमृत लाल नामक व्यक्ति की रपट पर केस दर्ज कर लिया ।

उग्रवादियों से मुठभेड़

मोगा (डी.एन. बांसल): यहां से 5-6 किलो मीटर दूर मौजा नवांपिंड के नज़दीक नहर के पुल के पास पुलिस, बी.एस.एफ. व सी.आर.पी. के जवानों की उग्रवादियों से मुठभेड़ हो गई जिसमें दोनों तरफ से गोलियां चलीं । तीन में से एक उग्रवादी हरमेल सिंह ही पकड़ा गया । उसके साथी भाग गए । पुलिस व सुरक्षा बलों ने तीन-चार गांवों को घेर लिया तथा घर-घर की तलाशी लेनी शुरू कर दी ।

बम विस्फोट

बाघापुराना की सूचना है कि वहां जैल सिंह मार्केट के निकट छप्पर के पास कड़ा-कर्कट के ढेर में से कागज तथा प्लास्टिक की चीजें इकट्ठी करने वाले बच्चों ने ग्लूकोज की एक बोतल उठाई तो वह धमाके से फट गई जिससे चार बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए । प्रारम्भिक चिकित्सा के बाद उन्हें लुधियाना भेज दिया गया ।

रुपए छीने

मोगा के मेन बाजार में गत रात बेदी एंड कम्पनी के अंग्रेजी शराब के ठेके से तीन सशस्त्र आतंकवादी 41 सौ रुपए छीन कर ले गए । वे पैदल आए और पैदल ही चले गए ।

कई हिरासत में

होशियारपुर (प्रद्युम्न): ज़िला में अलग-अलग स्थानों पर मारे गए छापों में पुलिस ने यूथ अकाली दल (बादल गुट) के कुछ वर्करों को हिरासत में लिया । इनमें हरबंस सिंह भी शामिल है । अभी और गिरफ्तारियां सम्भावित हैं ।

छीना स्कूटर बरामद

बलाचौर (सुभाष जोशी): तीन संदिग्ध युवकों ने यहां से बीस किलोमीटर दूर चंदपुर रुड़की में परस राम के लड़के गुरमेल चंद से उसका स्कूटर पी.जे.डी. 1113 छीन लिया और फरार हो गए । गढ़शंकर पुलिस ने केस दर्ज कर के जांच शुरू कर दी और बलाचौर व नवांशहर पुलिस को सतर्क कर दिया । भाग रहे उग्रवादियों पर पुलिस ने जैनपुर के निकट गोली चलाई जहां वे छीना हुआ स्कूटर छोड़कर खेतों में घुस गए । पुलिस ने उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस, सीमा सुरक्षा बल तथा सी.आर.पी. ने गांव जैनपुर को सभी ओर से घेर लिया तथा उग्रवादियों से दो स्कूटर बरामद किए ।

शिक्षा संस्थान बंद

रोपड़ (वार्ता): आगामी होला मोहल्ला समारोहों के दृष्टिगत आनंदपुर साहब सब डिविजन में सभी शिक्षा संस्थान दस से चौदह मार्च तक बंद कर दिए गए हैं । जहां परीक्षाएं हो रही हैं वह पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही चलती रहेंगी । रोपड़ के अतिरिक्त जिलाधीश श्री सर्वेश कौशल ने एक प्रैस बयान में कहा कि यह कदम 'स्कूली बच्चों की सुरक्षा' की जरूरत को सामने रख कर किया गया है ।

मृतक दर्शन लाल था

जगरांव में तीन मार्च को दो व्यक्तियों यशपाल और दर्शन लाल की हत्या कर दी गई थी । पंजाब केसरी के चार मार्च के अंक में प्रकाशित समाचार में दूसरे मृतक का नाम गलती से सतपाल लिखा गया था । वास्तव में मृत दर्शन लाल की हुई थी ।

आतंकवादी जमानत पर रिहा

संयी की चंडीगढ़ से सूचना है कि अम्बाला में दो पुलिस अधिकारियों शिव सिंह तथा एस. सिंह की हत्या के आरोप में गिरफ्तार तीन आतंकवादियों कुलदीप सिंह, दविंदर सिंह तथा मोहेंद्र सिंह को आज पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री प्रितपाल सिंह ने जमानत पर रिहा कर दिया । अभियुक्तों के वकील महेंद्र सिंह ने कहा था कि यद्यपि यह हत्या 1984 में हुई थी परन्तु अभी तक मुकद्दमा शुरू नहीं किया गया था ।

धमकी भरे पत्र

धूरी (स): कुछ अज्ञात व्यक्तियों की ओर से धूरी के निकटवर्ती गांवों में एक वर्ग के लोगों को धमकी भरे पत्र लिखे गए हैं । पुलिस जांच कर रही है ।

गोली से घायल

लुधियाना (धीमान): यहां इंडस्ट्रीयल एरिया में एक व्यक्ति गोपाल सिंह को 3 अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात गोली मार कर घायल कर दिया । उसे अस्पताल में दाखिल किया गया है ।

मैजिस्ट्रेटी जांच

अमृतसर के उपायुक्त रमेश इन्द्र सिंह ने गत सप्ताह मंडा पिंड में मुठभेड़ में उग्रवादी बलविंदर सिंह की मृत्यु की मैजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं ।

इस बीच बटाला की खबर है कि अमृतसर जिले के अब्दल गांव के प्रेम सिंह की हत्या के अभियुक्त राकेश शर्मा ने तीन अन्य लोगों के साथ पुलिस के सामने आत्म सर्म्पण कर दिया है । राकेश शर्मा हिन्द शिव सेना की बटाला शाखा के अध्यक्ष हैं जबकि अन्य तीनों उसके कार्यकर्त्ता हैं । प्रेम सिंह पिछले 6 दिसम्बर को चकरी बाजार में अनियंत्रित भीड़ की पिटाई से मर गया था ।

डेरा बाबा नानक पुलिस ने चोला साहब उत्सव में भड़काऊ व पृथकतावादी भाषण देने में अजीत सिंह (गुरदासपर), अजीत सिंह (भगाना महारावाल) अर्जन सिंह (हासवाल) को गिरफ्तार कर लिया ।

स्वामी सत्य मित्रानंद को 51000 रुपए की थैली

अमृतसर, 9 मार्च (कमलेश): विश्व हिंदू परिषद् पंजाब के प्रधान श्री गदाधर राव यादव ने सदभावना यात्रा के संयोजक स्वामी सत्य मित्रानंद को अमृतसर की जनता की ओर से 51000 रुपए की थैली भेंट की । स्वामी जी ने वह थैली हिंदू विश्व परिषद् के महामंत्री श्री अशोक सिंगल को दे दी और आशा व्यक्त की कि यह धन देश में सद्भावना और एकता पैदा करने पर व्यय किया जाएगा ।

नैकां (फा) व मुस्लिम मोर्चा में संघर्ष, कई घायल

श्रीनगर, 9 मार्च (वार्ता): आज दलाल मोहल्ला में नैकां (फा) तथा मुस्लिम मोर्चा के वर्करों में संघर्ष हो जाने से कई लोग घायल हो गए । पुलिस ने लाठीचार्ज किया व अश्रुगैस छोड़ी ।

जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स

कमांडर, 49-बी.आर.टी.एफ. जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स, मार्फत 56 ए.पी.ओ. द्वारा स्वीकृत (एम.ई.एस./सी.पी.डब्ल्यू.डी./पी.डब्ल्यू.डी.(रेलवे) ठेकेदारों से, राजस्थान के जिलों—श्रीगंगानगर/बीकानेर/जोधपुर में 101 आर.सी.सी. के अधीन सड़कों पर नाल कंकर, ईंटों, स्टोन मैटल आफ साइजिज, स्टोन स्क्रीनिंग 10 एम.एम., विभिन्न आकार का स्टोन चिप्स, रेत और जलाने की लकड़ी सप्लाई और स्टैकिंग के लिए निविदा दस्तावेजों के निर्गमन के लिए 23.3.87 को या पहले आवेदन पत्र आमंत्रित हैं । अनुबंध के 4 मास के लिए चलने की सम्भावना है । अनुमानित लागत 9 लाख रुपए । और विवरणों के लिए 14.3.87 का इंडियन ट्रेड जर्नल देखें ।

davp/700/206/86 Ad-II/3.3.87

बार्डर रोड्ज़ टास्क फोर्स

बकायों का भुगतान

69-रोड कंस्ट्रक्शन कम्पनी (जी.आर.ई.एफ.) के अधीन, 8 जनवरी 83 से जुलाई 85 के दौरान चक्की-धार सड़क पर, दैनिक वेतन पर रखे गए कर्मचारियों के वेतनों के बकाए, दरों के पुनरीक्षण के कारण, देय हैं । जिन कर्मचारियों ने उक्त बकाए प्राप्त नहीं किए हैं, वे इस प्रकाशन की तिथि से 3 महीनों के अंदर-अंदर 69-रोड कंस्ट्रक्शन कम्पनी (जी.आर.ई.एफ.) को सम्पर्क करें । बोली-तिथि की

हिमालय फर्टिलाइज़र्ज़ लिमिटिड,

मंझोली, नालागढ़, ज़िला सोलन (हि.प्र.)

निम्नलिखित बैरज की आपूर्ति के लिए रजिस्टर्ड डाक द्वारा मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं, जो इस कार्यालय में 19.3.87 को या पहले, 100 रुपए प्रत्येक (अप्रतिदेय) चुकाने पर 14.3.87 तक प्राप्य निर्धारित प्रपत्र पर, पहुंच जानी

Punjab Sahadri

पंजाब में सी.आई.डी. सब-इंस्पैक्टर सहित 4 व्यक्तियों की हत्या

कुख्यात आतंकवादी कारज सिंह व तीन अन्य गिरफ़्तार किये गये

सीमा सुरक्षा बल से मुठभेड़ में उग्रवादी मरा

चंडीगढ़, 10 मार्च (वार्ता, ह.स.) : आतंकवादियों ने आज प्रातः जालन्धर में एक सी.आई.डी. सब-इंस्पैक्टर महेन्द्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

मोगा सब डिवीज़न के गांव बुट्टर कलां में एक दुकानदार की हत्या कर दी गई ।

बटाला के निकट एक ईंट भट्ठा पर 3 व्यक्तियों को घायल करके भाग रहे उग्रवादियों में से एक सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

उग्रवादियों ने अमृतसर के जंडियाला क्षेत्र में एक स्कूटर सवार की व चौक मेहता क्षेत्र में एक अन्य स्कूटर सवार की हत्या कर दी ।

अमृतसर पुलिस ने कुख्यात आतंकवादी कारज सिंह सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया । कारज सिंह खुब्बन हत्याकांड में वांछित था ।

सी.आई.डी. इंस्पैक्टर की हत्या

जालन्धर (क): आज प्रातः 9 बजे यहां गढ़ा रोड पर दो उग्रवादियों ने सी.आई.डी. में काम कर रहे सब-इंस्पैक्टर श्री महेन्द्र सिंह की गन्ना फार्म के गेट पर उस समय गोलियां मारकर हत्या कर दी जब वह गढ़ा से लगती आबादी जसवन्त नगर स्थित अपने घर से ड्यूटी के लिए दफ्तर जा रहे थे ।

विभिन्न सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो युवक, जिनमें से शायद एक पगड़ीधारी और दूसरा बगैर पगड़ी था, सड़क किनारे खड़े थे और उन्होंने श्री महेन्द्र सिंह को पहले ठहरने का इशारा किया और उनका स्कूटर धीमा होने पर शायद फायर भी किए, जो उन्हें नहीं लगे ।

इस पर महेन्द्र सिंह ने अपना स्कूटर तेजी से गन्ना फार्म के दफ्तर वाले गेट की ओर मोड़ा, जो गेट में प्रवेश करते ही गिर गया जिस पर महेन्द्र सिंह उठ कर ग्राऊंड की ओर भागने लगे कि दोनों युवक भी अन्दर ही आ गए ।

तब महेन्द्र सिंह एक युवक से गुत्थम-गुत्था भी हो गए मगर दूसरे उग्रवादी ने उन पर गोलियां चला दीं,जो उसके सिर व पेट में लगीं ।

अभी तक यह पता नहीं चल सका कि कितने गोली स्कूटर गिरते ही उन्हें लगी या सभी गुत्थम-गुत्था होने के बाद,किन्तु वह गेट वाले रास्ते से कोई बीस फुट परे ग्राऊंड में गिरे जहां खून का छप्पर लगा देखा गया, और वहीं दम तोड़ गए ।

दोनों उग्रवादी उसी ग्राऊंड का पैदल पार करके भागे । कोई यह नहीं बता सका कि वह बाद में किसी स्कूटर आदि पर आगे गए या पैदल ही,किन्तु वह गन्ना फार्म के पिछली ओर भाग गए जो रास्ता मोता सिंह नगर, बरयाम नगर आदि की ओर जाता है ।

उनकी धर्म पत्नी, जो एक सरकारी डिस्पैंसरी में नर्स हैं, वह भी उनके पीछे ही मोपेड पर आ रही थीं, ने अपने पति को पहचान लिया । कुछ दूर एक सी.आर.पी. का नाका था, वहां सूचना पहुंचने पर तैनात जवान घटनास्थल पर आ गए, उच्च पुलिस अधिकारी श्री गोपाल दास, डी.एस.पी. डिटैक्टिव श्री बराड़, एस.पी. डिटैक्टिव श्री स्वर्ण सिंह भी पहुंच गए । महेन्द्र सिंह को तुरन्त सिविल अस्पताल ले जाया गया,जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया । पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में भाग-दौड़ शुरू कर दी मगर कुछ देर बीत जाने के कारण दोषी कहीं छिप जाने में सफल हो गए ।

बताया जाता है कि महेन्द्र सिंह कुछ सप्ताह से अकाली राजनीति सम्बन्धी मामलों से सम्बद्ध हुए थे जिनमें सिख छात्र संघ तथा उग्रवादियों के गुट भी आते हैं । अभी यह पता किया जाना है कि यह किस उग्रवादी गुट का काम है ।

महेन्द्र सिंह 'नित नेमी' बताए गए हैं । वह रोज़ गुरुग्रंथ साहिब का पाठ आदि किया करते थे । उनकी पत्नी भी विलाप करते हुए कह रही थी कि "ओह (स्वयं) नित पूजा करदे रहे पर तू (परमात्मा) वी धोखा दित्ता ।" महेन्द्र सिंह निस्संतान थे ।

कुछ देर बाद डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री पी.सी. डोगरा अस्पताल आए फिर घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक के घर भी शोक प्रकट करने गए । उन्होंने एस.एस.पी. कार्यालय में पुलिस अधिकारियों से विचार-विमर्श किया और जांच बारे निर्देश दिए ।

डिप्टी कमिश्नर श्री एस.सी. अग्रवाल भी अस्पताल तथा मृतक के घर गए । महेन्द्र सिंह का

(शेष पृष्ठ 8 पर)



जालन्धर में उग्रवादी गतिविधियों की निगरानी के इंचार्ज सी.आई में उस स्थान का, जहां सब-इंस्पैक्टर को गोली मारी गई, निरीक्ष सिंह की अंत्येष्टि के अवसर पर पुष्पमाला अर्पित करते हुए (5) के पास ग्राम जैतो सुरजा में एक ईंट भट्ठे पर फ़ायरिंग करके

उग्रवादी गुदा मैथुन के आदी

अमृतसर, 10 मार्च (ह.स.): जिला पुलिस अधीक्षक मुहम्मद इज़हार आलम ने बताया कि उग्रवादियों से पूछताछ पर पाया गया कि उग्रवादियों में गुदा मैथुन की आदत आम है और उनमें 10 से 15 प्रतिशत यौन रोगी हैं ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री आलम ने बताया कि 15 से 16 वर्ष के युवकों को गुदा मैथुन के गर्त में ले जाया जाता है और बाद में उन्हें उग्रवादी गतिविधियों के लिए विवश किया जाता है ।

जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि युवकों के उग्रवाद की ओर झुकने के तीन कारण हैं । प्रथम श्रेणी उनकी है जो खालिस्तान की प्राप्ति के लिए इस ओर बढ़ते हैं । इनकी संख्या दस प्रतिशत है । दूसरी श्रेणी के 50 प्रतिशत वे हैं जो 'एडवैन्चर' और 'थ्रिल' से तथा तीसरी श्रेणी के 40 प्रतिशत वे हैं जो पैसे के लालच में इस ओर उन्मुख होते हैं । उग्रवादी डकैतियों से शुरू होकर हत्याओं में संलिप्त होते हैं और फिर डर के कारण इस जंजाल से बाहर नहीं निकल पाते ।

श्री आलम ने कहा कि शिनाख्त हो जाने के बाद 90 प्रतिशत उग्रवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया । अधिकांश उग्रवादी मैट्रिक या इससे भी कम पढ़े हैं ।

नैकां-मुस्लिम मोर्चे में भिड़न्त : पथराव, आंसूगैस, लाठीचार्ज

श्रीनगर, 10 मार्च : नैशनल कांफ्रैंस (फारूक) और मुस्लिम युनाइटेड फ्रंट के समर्थकों के बीच कल शाम दलाल मोहल्ले में संघर्ष में चार पुलिस कर्मी तथा दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए ।

गड़बड़ी उस समय शुरू हुई जब दोनों गुटों ने एक दूसरे के बैनर और झंडे हटाने शुरू किए । मुस्लिम युनाइटेड फ्रंट के कार्यकर्त्ताओं ने नैशनल कांफ्रैंस के मुख्यालय मुजाहिद मंजिल पर पत्थर फैंके ।

संघर्षरत गुटों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया लेकिन इसमें सफलता न मिलने पर पुलिस ने बाद में अश्रुगैस छोड़ी । इसके बाद प्रत्युत्तर में दोनों संघर्षरत गुटों ने पुलिस पर पथराव किया व 4 पुलिस कर्मियों को घायल कर दिया ।

मुस्लिम युनाइटेड फ्रंट तथा नैशनल कांफ्रैंस (फारूक) के कार्यकर्त्ताओं के मध्य टांकीपरा, शाह मोहल्ला, जलडगर तथा संगराया, बरनाला जिले में झड़पें होने का समाचार मिला है ।

टांकीपरा तथा संगरामा में फ़ारूक नैंका की प्रचार जीपों पर मुस्लिम युनाइटेड फ्रंट के समर्थकों ने हमला किया । पथराव के कारण फारूक नैंका के

रुपए के मूल्य में

लोकदल हरियाणा में पं

चंडीगढ़, 10 मार्च (वार्ता, ह.स., परवाना): हरियाणा के मुख्यमंत्री बंसी लाल ने लोकदल पर आरोप लगाया कि वह राज्य में 'पंजाब जैसी स्थिति' उत्पन्न करने के इरादे से लोगों को उकसा रहा है ।

मुख्यमंत्री ने यहां सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि लोकदल की राजनीति 'जातिवाद' पर आधारित है और उसका संघर्ष किसी सिद्धांत की बजाए कुर्सी के लिए है ।"

श्री बंसी लाल ने कहा कि उनकी सरकार सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर परियोजना के तीव्र क्रियान्वयन के लिए ठोस दृष्टिकोण अपना कर जनता की भलाई के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है ।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्हें पंजाब के मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला का एक पत्र मिला है, जिसमें यह आश्वासन दिया गया है कि यह परियोजना इस वर्ष दिसम्बर तक पूरी हो जाएगी । उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 20 मार्च से हर रोज हरियाणा के 600 सरपंचों और पंचों को परियोजना के निरीक्षण के लिए उसके निर्माण कार्य स्थल पर ले जाया जाएगा ।

श्री बंसी लाल ने कहा कि राज्य विधानसभा के चुनाव निर्धारित स विधानसभा का क रहा है ।

विपक्ष का उद्

लोकदल के तीसी आलोचना जनता के सामने कोई ठोस कार्यक्र उद्देश्य किसी त हरियाणा के लोग

उन्होंने कहा जनसभाओं में ला वोट देगा ?

श्री बंसी लाल सम्पर्क नहर और लड़ेगी ।

मुख्य चुनाव

श्री बंसी ला सम्भावित तिथि इन्कार करते हुए ही यह तिथि तय हस्तक्षेप नहीं करें

उन्होंने इस हस्तक्षेप की चर्चा देवी लाल ने सयु जाकर उन्हें गम्भी कहा था कि भवि (देवी लाल) होंगे

राज्य को कें

बाबरी मस्जिद विवाद के समाधान के लिए वार्ता जारी रखने का फ़ैसला

नई दिल्ली, 10 मार्च (वार्ता): रामजन्म भूमि बनाम बाबरी मस्जिद विवाद पर हिन्दू और मुस्लिम दोनों ही पक्षों के नेताओं में आज हुए विचार-विमर्श होगा । इन नेताओं ने इस बात पर भी सहमति व्यक्त की कि हिन्दू और मुस्लिम नेताओं में यदि ऐसा कोई समझौता हो जाता है तो वह रामजन्म भूमि

Punjabi Sanjani



जालन्धर में उग्रवादी गतिविधियों की निगरानी के इंचार्ज सी. आई. डी. सब-इंस्पैक्टर महेंद्र सिंह की मंगलवार प्रातः उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । चित्र में (1) सब-इंस्पैक्टर महेंद्र सिंह का शव, (2) गढ़ा रोड पर स्थित गन्ना फ़ार्म में उस स्थान का, जहां सब-इंस्पैक्टर को गोली मारी गई, निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारी, (3) महेंद्र सिंह की बिलखती पत्नी, (4) गन्ना फ़ार्म जहां महेंद्र सिंह की हत्या की गई, उसका स्कूटर रास्ते में गिरा पड़ा है : (छाया : कपूर) । महेंद्र सिंह की अंत्येष्टि के अवसर पर पुष्पमाला अर्पित करते हुए (5) जालन्धर के उपायुक्त एस. सी. अग्रवाल, (6) पुलिस अधिकारी गुरबचन जगत तथा (7) जालन्धर रेंज के डी. आई. जी. पी. सी. डोगरा : (छाया : प्यारे) । उग्रवादियों ने बटाला के पास ग्राम जैतो सुरजा में एक ईंट भट्ठे पर फ़ायरिंग करके दो लोगों, (8) भट्ठा मालिक सुदेश कुमार तथा (9) बनवारी लाल को घायल कर दिया । (छाया : कोछड़)

Punjab Sahitya

लोकदल हरियाणा में पंजाब जैसे हालात पैदा करना चाहता है : बंसी

चंडीगढ़, 10 मार्च (वार्ता, ह.स., परवाना): हरियाणा के मुख्यमंत्री बंसी लाल ने लोकदल पर आरोप लगाया कि वह राज्य में 'पंजाब जैसी स्थिति' उत्पन्न करने के इरादे से लोगों को उकसा रहा है ।

मुख्यमंत्री ने यहां सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि लोकदल की राजनीति 'जातिवाद' पर आधारित है और उसका संघर्ष किसी सिद्धांत की बजाए कुर्सी के लिए है ।"

श्री बंसी लाल ने कहा कि उनकी सरकार सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर परियोजना के तीव्र क्रियान्वयन के लिए ठोस दृष्टिकोण अपना कर जनता की भलाई के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है ।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्हें पंजाब के मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला का एक पत्र मिला है, जिसमें यह आश्वासन दिया गया है कि यह परियोजना इस वर्ष दिसम्बर तक पूरी हो जाएगी । उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 20 मार्च से हर रोज हरियाणा के 600 सरपंचों और पंचों को परियोजना के निरीक्षण के लिए उसके निर्माण कार्य स्थल पर ले जाया जाएगा ।

श्री बंसी लाल ने कहा कि राज्य विधानसभा के चुनाव निर्धारित समय के अंदर करा दिए जाएंगे । विधानसभा का कार्यकाल 23 जून को समाप्त हो रहा है ।

विपक्ष का उद्देश्य सत्ता हथियाना

लोकदल के नेता तथा अन्य विपक्षी दलों की तीखी आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के सामने रखने के लिए इन पार्टियों के पास कोई ठोस कार्यक्रम नहीं है । उनका एकमात्र उद्देश्य किसी तरह सत्ता हथिया लेना है, मगर हरियाणा के लोग इन्हें मुंह तोड़ जवाब देंगे ।

उन्होंने कहा कि शहरों को लूटने वालों और जनसभाओं में लाठियां लेकर आने वालों को कौन वोट देगा ?

श्री बंसी लाल ने कहा कि इंका राज्य का विकास, सम्पर्क नहर और क्षेत्रीय विवाद के मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी ।

मुख्य चुनाव आयुक्त के ही अधिकार

श्री बंसी लाल ने हरियाणा विधानसभा की सम्भावित तिथि के बारे में कोई टिप्पणी करने से इन्कार करते हुए कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त को जब वह उसके बदले 70 हज़ार एकड़ भूमि हरियाणा को देगा ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समय आने पर चंडीगढ़ के बदले हरियाणा की नई राजधानी केंद्र सरकार अपने खर्च पर बना कर देगी ।

विपक्ष क्या हित करेगा ?

एक प्रश्न के उत्तर में श्री बंसी लाल ने कहा कि लोकदल में फूट से इंका का कोई सम्बन्ध नहीं । यह उस पार्टी की आंतरिक राजनीति है । उन्होंने कहा कि जो विपक्ष 15 मास से विधानसभा का बाईकाट किए हुए है वह लोगों का हित क्या देखेगा ?

चौधरी बंसी लाल ने दावा किया कि कालका से पठानकोट तक का अर्द्ध पहाड़ी क्षेत्र हिन्दी भाषी है और फिर पठानकोट तक 'निरन्तरता' की समस्या भी नहीं । वह चंडीगढ़ के बदले 70 हजार एकड़ भूमि हरियाणा को दिए जाने बारे पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री बंसी लाल ने कहा कि राजीव-लौंगोवाल समझौता की धारा 7.4 के अंतर्गत तो आयोग अभी बनाया जाना है, जिसने

'अवाक्स' विरोधी प्रदर्शनों से भारत सरकार का कोई सम्बन्ध नहीं

न्यूयार्क, 10 मार्च : विदेशमंत्री नारायण दत्त तिवारी ने आज यहां कहा कि पाकिस्तान को अमरीकी अवाक्स विमानों की सप्लाई के विरुद्ध अमरीका में भारतीय समुदाय द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन से भारत सरकार का कोई सम्बन्ध नहीं है ।

श्री तिवारी यहां भारतीय समुदाय के नेताओं से बात कर रहे थे । उन्होंने कहा कि हालांकि भारत का ऐसे किसी आंदोलन से सीधा संपर्क नहीं है लेकिन वह इस बात से खुश हैं कि समुदाय ऐसा आंदोलन चला रहा है ।

पाकिस्तान के कुछ समाचारपत्रों ने आरोप लगाया था कि भारतीय समुदाय भारत सरकार की शह पर यह आंदोलन चला रहा है । श्री तिवारी ने की शिनाख्त करनी है ।

'अवाक्स' के मुकाबले पर 'एस्वाक'

नई दिल्ली, 10 मार्च (वार्ता): पाकिस्तान द्वारा अमरीका से मांगी गई विमान निगरानी एवं नियंत्रण प्रणाली 'अवाक्स' के जवाब में भारत में 'एस्वाक' नामक प्रणाली तैयार की जा रही है ।

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार एयर बोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल (एस्वाक) यानी विमान में लगी निगरानी पूर्व- चेतावनी और वायु युद्ध नियंत्रक प्रणाली विकसित करने के लिये नई दिल्ली में 'एस्वाक' संगठन का गठन किया गया है ।

पाकिस्तान को अमरीका से यह अत्याधुनिक प्रणाली मिलने की सम्भावना देखते हुये एस्वाक संगठन बेंगलूर स्थित एरोनॉटिक्स डिवैल्पमैंट एस्टेबलिशमैंट तथा एस्वाक के लिये विशेष रूप से गठित एरोनाटिक्स डिवैल्पमैंट एजैंसी के माध्यम से भारतीय वायु सीमा की रक्षा की तैयारी कर रहा है ।

भारतीय रक्षा विशेषज्ञ इसलिये चिन्तित हैं कि पाकिस्तान अमरीका से इं.-3 सेंटरी या इस्से कम प्रभावशाली ई-2 अवाक्स प्रणाली मिलते ही पाक सीमा पर स्थित 13से अधिक भारतीय वायुसैनिक

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

गांव पोस्टार्टम के बाद परिवार के हवाले कर दिया गया ।

'वात' के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हत्यारे बड़े आराम से टहलते हुए माडल टाऊन की ओर जाने वाली कच्ची सड़क पर चले गए । लोगों ने अरोप लगाया है कि एक राहगीर ने जब सी.आर.पी. वालों को घटना की सूचना दी तो उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की ।

अंतिम संस्कार

'न.न.ा.' के अनुसार आज प्रात: संदिग्ध उग्रवादियों की गोली से मारे गए सी.आई.डी. के सब इंस्पैक्टर श्री महेन्द्र सिंह का गढ़स्थित श्मशानघाट में पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । उनकी चिता को छोटे भाई द्वारा अग्नि दी गई । इस अवसर पर मृतक की विधवा तीर्थ कौर उनकी मां व अन्य संबंधी भी उपस्थित थे । इस अवसर पर जिलाधीश श्री एस.सी. अग्रवाल आई.जी.सीआई.डी. गुरबचन सगत, जालन्धर क्षेत्र के डी.आई.जी. श्री पर्ण चंद शेगरा के अतिरिक्त अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे । इससे पूर्व उक्त अधिकारियों ने मृतक के शरीर पर पुष्प चढ़ा कर अपनी श्रद्धांजलि भेंट की । बाद में पुलिस की एक टुकड़ी द्वारा हथियार उल्टे करके मृतक को सलामी दी गई ।

एक लाख का सामान लूटा

फिल्लौर (भाखड़ी): पिछली रात यहां के निकटवर्ती गांव खैरा व शाहपुर में लुटेरों द्वारा एक लाख का सामान लूटने की सूचना मिली है । पुलिस सूत्रों से ज्ञात हुआ कि 8-10 व्यक्ति गत मध्य रात्रि गांव खैरा में किसी वाहन पर सवार होकर आए व संतों में स्थित संतोख सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस गए उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों को धमकाया तथा चाबियां मांगी । चाबियां प्राप्त करने के पश्चात घर के सभी सदस्यों को कमरे में बंद कर दिया व 10-11 तोले सोना, अयातित स्टीरियो व टेप रिकार्डर, 2 कैमरे, नकदी 3500 रुपए लूटे गए जिसकी कुल राशि 55000 रुपए के करीब बनती है ।

संतोख सिंह के घर को लूटने के पश्चात लुटेरे गांव शाहपुर जो खैरा से केवल एक किलो मीटर है, मोहन सिंह के घर जा घुसे । वे मोहन सिंह के लड़कों को मारपीट करते रहे व पूछते रहे कि सामान कहां है ? इस प्रकार लुटेरे 45000 रुपए का सामान लूटने में सफल हो गए जिसमें सोना व नकदी भी शामिल है एस.एच.ओ. नाहर सिंह गिल ने बताया कि लुटेरे जाती बार एक वोट भूल गए जिसमें जालन्धर के एक डाक्टर पाल की पर्ची मिली है ।

कत्ता स्क्वैड भी मंगवाया गया है । उन्होंने बताया कि इसी गिरोह ने जालन्धर के निकट नूरपर व फगवाड़ा के निकट हाजीपुर में भी डाके डाले हैं ।

बैंक लूटने का प्रयास

एक अन्य सूचना के अनुसार सैल्ल को-आपरेटिव बैंक मुठड्डा बुर्द की शाखा को तीन संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा लूटने का प्रयास किया गया लेकिन बैंक कर्मचारियों ने लुटेरों को देखते ही ताला लगा लिया तथा लुटेरे भागने में सफल हो गए । पुलिस सूचना मिलने के पश्चात् बैंक में गई लेकिन तब तक लुटेरे भाग चुके थे ।

6 गिरफ्तार

फगवाड़ा (कौड़ा): आज प्रात: 5 बजे पुलिस ने स्थानीय रामगढ़िया पालिटैक्निक कालेज होस्टल पर छापा मार कर इ.भा. सिख छात्र महासंघ के स्थानीय संयोजक मनजीत सिंह और 5 अन्य छात्रों को हिरासत में ले लिया । इनमें मनजिन्दर सिंह, हरमिन्दर सिंह, गुरिन्दर सिंह, दविन्दर सिंह और पृथपाल सिंह शामिल हैं । पुलिस को संदेह है कि पंजाब के विभिन स्थानों पर हिंसा की हुई घटनाओं में उनका प्रत्यक्ष या परोक्ष हाथ है । उनके कब्जे से कपड़े के आपत्तिजनक बैनर मिले हैं । दूसरी ओर एकीकृत अकाली दल के सर्वश्री अजायब सिंह, सत्यसिंह शेरा और सिख महासंघ के श्री सतिन्दर सिंह, गरदर्शन सिंह इत्यादि नेताओं ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने होस्टल के पास वाले गुरुद्वारे में दाखिल होकर छात्रों को हिरासत में ले लिया है । एक को कालेज कैंटीन से और कुछ को होस्टल से पकड़ा है । उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि आज सायं तक उन्हें रिहा न किया गया तो महासंघ की ओर से सीधी कार्रवाई की जाएगी जिसकी सारी जिम्मेवारी पुलिस और सरकार पर होगी ।

इस बीच आज सवा दस बजे महासंघ के कार्यकर्ताओं ने गढ़ा जी.टी. रोड पर शुगर मिल के पास ट्रैफिक जाम कर दिया जो डेढ़ घंटे तक जारी रहा । पुलिस और सी.आर.पी. के स्थानीय अधिकारी भारी फोर्स के साथ वहां पहुंचे और उन्हें न्याय का विश्वास दिला कर ट्रैफिक बहाल करवाया ।

पता चला है कि हिरासत में लिए गए व्यक्तियों से पूछताछ के लिए जालन्धर लाया गया है । महासंघ के कार्यकर्ताओं ने फगवाड़ा के सभी रामगढ़िया शिक्षा संस्थाओं में हड़ताल करवा दी है ।

ठेका लूटा

शाहकोट से चोपड़ा के अनुसार कल शाम 6½ बजे के लगभग गांव रूपेवाल में तीन नकाबपोश उग्रवादियों ने, जो स्कूटर पर आए थे शराब के ठेका के कारिंदे बलबीर चन्द को पिस्तौल दिखाकर 900 रुपए छीन लिए तथा फरार हो गए । स्कूटर की नम्बर प्लेट पर उन्होंने कागज चिपका रखा था ।

हड़ताल जारी

नकोदर (गगर): आज नकोदर में एक समुदाय के दुकानदारों की हड़ताल 7वें दिन में दाखिल हो गई । शहर की बड़ी मार्केट तहसील बाजार तथा छोटा चौक बाजार में एक ही समुदाय के लोगों ने दुकानें खोलीं । शहर की बाकी सड़कों पर पहले की तरह चहल-पहल शुरू हो गई है । शहर की बाहरी सड़कों पर दोनों समुदायों के दुकानदारों ने अपने कारोबार शुरू कर दिए हैं । सरकार गिरफ्तार किए गए लोगों को छोड़ने का कोई इरादा नहीं रखती ।

आज हिन्दू संगठनों की एक हंगामी बैठक हुई जिसमें वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई । शहरियों ने अधिकारियों पर पक्षपात का आरोप लगाया । तहसील बाजार में शिवसेना के स्वयं सेवकों के नेतृत्व में महिलाओं का जुलूस निकला तो दुकानें बंद हो गईं । यह स्वयं सेवक दुकानदारों को दुकानें बंद करने के लिए कह रहे थे । जुलूस के बाद अधिकांश बाजार वीरान दिखाई दे रहे थे ।

दुकानदार की हत्या

मोगा (बांसल, राजमित्र): कथित आतंकवादियों ने गत रात मोगा सब डिवीजन के बट्टरकलां नामक गांव में एक दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि दुकानदार बोला सिंह जब अपनी दुकान में बैठा हुआ था तो साइकलों पर सवार तीन आतंकवादी वहां पहुंचे । उन्होंने दुकानदार पर पिस्तौलों से गोलियां दागीं और फरार हो गए । इस क्षेत्र को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है ।

इस बीच गश्त के दौरान गत रात मोगा सब डिवीजन में बाघापुराना पुलिस द्वारा 'बी' श्रेणी के एक आतंकवादी को बंदी बना लिए जाने की भी सूचना मिली है । आतंकवादी के बारे में ब्यौरा तत्काल प्राप्त नहीं हो सका ।

रोडे की बरसी

इसी बीच फरीदकोट जिला सिख छात्र महासंघ ने जगजीत सिंह रोडे की पहली बरसी को शहीद दिवस के रूप में मनाने की योजना बनाई है । रोडे जरनैल सिंह भिंडरांवाले का भाई था ।

महासंघ के एक प्रवक्ता के अनुसार रोडे की बरसी पर 18 मार्च को उसके गांव रोडे में एक सभा आयोजित की जाएगी । उस दिन उसकी पत्नी को भी सम्मानित किय जाएगा । प्रवक्ता के अनुसार अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह और अन्य मुख्य ग्रंथियों के भी सभा में आने की सम्भावना है ।

उग्रवादी मारा गया

बटाला (कोछड़): आज बटाला-जालन्धर रोड पर यहां से 12 किलो मीटर दूर गांव जैतो-सरजा में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में दो उग्रवादियों में से एक मारा गया । यह उग्रवादी एक ईंट भट्टा मालिक सहित दो व्यक्तियों को घायल करने के बाद भाग रहे थे ।

डी.एस.पी. श्री हरजीत सिंह ने घटनास्थल से वापसी पर पत्रकारों को बताया कि सीमा सुरक्षा बल के जवान अभी भी क्षेत्र की छानबीन कर रहे हैं ताकि उसके दूसरे साथी की तलाश की जा सके । घटनास्थल से 5 खाली कारतूस मिले हैं ।

मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादी की शिनाख्त उसका नकदी वाला थैला छीन कर ले गए । थैले में लगभग चार हजार रुपए थे ।

जूनियर इंजीनियर, कैशियर को लूटा

सुनाम (नागपाल): उपली रोड पर दो युवकों ने बंदूक की नोक पर बिजली बोर्ड के जूनियर इंजीनियर तथा उसके सहयोगी यज्ञदत्त कैशियर को, जो संगरूर से उपली अपने दफ्तर की ओर जा रहे थे, रास्ते में रोक कर उनसे 19096 रुपए छीन लिए । इसके अलावा एक स्कूटर सवार सतपाल गर्ग को सख्त घायल करके उसका स्कूटर पी.सी.पी. 1912 छीन कर फरार हो गए । एस.पी. हैड क्वार्टर ने बताया कि नाकाबंदी करके अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी गई है ।

स्कूटर छीनने वाले पकड़े गए

एक अन्य घटना में आज प्रात: 11 बजे अरुण कुमार नामक व्यक्ति से दो संदिग्ध उग्रवादी उसका स्कूटर, 2070 रुपए नकद व घड़ी छीनकर फरार हो गए लेकिन अरुण कुमार के शोर मचाने पर लोगों ने उनका पीछा किया तथा उन्हें खेतों में घेर कर पकड़ लिया । बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया । इनमें से एक का नाम गुरमेल सिंह तथा दूसरे का सर्वजीत सिंह बताया गया है । दोनों गांव अलाल थाना शेरपुर के हैं ।

हथियारों की बिक्री पर पाबंदी

भटिंडा के जिला मैजिस्ट्रेट ने जिला में हथियारों व गोली सिक्का की बिक्री पर आज से प्रतिबंध लगा दिया । एक आदेश में उन्होंने कहा कि कोई भी डीलर लाईसैंसधारी व्यक्ति को 10 से ज्यादा कारतूस नहीं बेचेगा । डीलरों को आदेश दिया गया है कि वे अपने स्टाक के बारे में अधिकारियों को नियमित रूप से सूचना दिया करें ।

बंदूक छीन ली

अमृतसर (अशोक सोनी): तीन अज्ञात व्यक्ति शहर के बाहरी गांव फतेहपुर के निवासी दलीप सिंह के घर से एक दोनाली बंदूक ले गए । गत रात्रि ही कैरों के निकट लोका गांव में स्टेट बैंक आफ इंडिया की बांच से कुछ अज्ञात व्यक्ति 12 बोर की बंदूक, 27 कारतूस व दो साइकल उठा कर ले गए ।

रुपए व नकदी लूटी

कल रात थाना चौक मेहता के गांव माटीके में श्रीमती राजेन्द्र कौर के मकान से चार संदिग्ध आतंकवादी 5700 रुपए व कुछ कीमती सामान छीन कर ले गए ।

कारज सिंह गिरफ्तार

अमृतसर पुलिस ने गांव खब्बन में 8 हत्याएं करने वाले तीन आतंकवादियों में से एक कुख्यात आतंकवादी कारज सिंह निवासी गांव भरे कोहने थाना खेमकरण को गत दिवस पकड़ा है और एक रंगरूट फौजी अवतार सिंह जिला होशियारपुर निवासी को गिरफ्तार किया, जिसने कई डाके डाले तथा हत्याएं की हैं । दो अन्य आतंकवादियों रेशम सिंह निवासी गांव चुहाला व बलकार सिंह निवासी गांव रूड़ेआसल को भारी गोली-सिक्के सहित गिरफ्तार किया गया ।

आज शाम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री इजहार आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अमृतसर पुलिस ने कुख्यात आतंकवादी कारज सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है जिसने चार महीने पहले अमृतसर जिला के गांव खब्बन में अपने दो अन्य साथियों सहित फायरिंग करके 8 निर्दोष व्यक्तियों को मौत के घाट उतार दिया था तथा कई

बताया कि यह नहीं, बल्कि वि

उन्होंने कह संबंधित है तथा दिया गया है । आतंकवादियों से 303 की राइफ पिस्तौल व उस

श्री आलम महीने में तीन नौ एक कुलदीप सिं सुखविंदर सिंह उन्होंने बताया कुछ दिन पहले उक्त दोनों युवक निर्ममता पूर्वक गए । इस पर डाक्टर द्वारा य संभव नहीं, उन अमृतसर के बा

उन्होंने कह यह भी बताया कि की गई क्योंकि श जनवरी में पुलि पुलिस के पास पकड़वाया था

श्री आलम अन्य युवक की है । गुमशुदा (अजनाला) है शिरोमणि गुरुद्वा तथा वह गत मा परीक्षाएं देने के से उसका कुछ संभव है कि पुलि की हो ।

दो की हत्याएं

अमृतसर से अपराह्न चौक मे उग्रवादियों ने म कुलवंत सिंह क मल्लूवाल ग्राम हरभजन सिंह य एक उग्रवादी स मिला है जिसमें हत्या इसलिए क सिंह खंगी गत जिसमें उग्रवादी पर ही मृत्यु हो

दूसरी घटन मुशलग्राम जा साइकिल सवार

प्रकाश ए

बं.एस.एफ भारत-पाक सी किए ।

स्कूटर छीना

राहों (भाग मध्य एक भट्ठे किया स्कूटर छी युवक एक ही 20-25 वर्ष

Punjab Kesari

गुमशुदा



मेरा लड़का धीरज शर्मा उर्फ धीरू, उम्र 13 –14 साल, कद 4½ फुट, रंग साफ, लम्बी नाक, बड़े कान, सिल्क ने जीन की पैंट, चैक कमीज, वूल्ली और काली जैकट तथा एक्शन के बूट पहने हुए हैं, 2.3.1987 शाम 4.15 बजे से घर से लापता है, जिस किसी को

बजे के लगभग गांव रूपवाल में तीन नकाबपोश उग्रवादियों ने, जो स्कूटर पर आए थे, शराब के ठेका के कारिंदे बलबीर चन्द को पिस्तौल दिखाकर 900 रुपए छीन लिए तथा फरार हो गए । स्कूटर की

...ुमशुदा



..., उम्र 13-14 साल, कद ...कान, जिस ने जीन की पैंट, ...या एक्शन के बूट पहने हुए ...ो लापता है, जिस किसी को ...लिस स्टेशन पर इतलाह ...इनाम दिया जाएगा ।

...नं. F-6, लिंक रोड, जम्मू (जे एंड के)

...इड विज्ञापन

तीर्थ यात्रा

आरामदायक बस द्वारा काठमांडू, नेपाल, पशुपतिनाथ यात्रा प्रस्थान 13.3.87, वापसी 23.3.87, किराया 600/-, शीघ्र मिलें । डा. रूप कुमार शर्मा, सब्जी मंडी, कुरुक्षेत्र, फोन : 1048.

हकलाना

हकलाना/तुतलाना लाईलाज नहीं है । औषधि व सर्जरी के बगैर पक्का ईलाज करवाएं । आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाज़पुल, हिसार (हरियाणा) । 20 J.D.

नीलामी

मत्स्य सहकारी सभा द्वारा पौंग बांध जलाशय धमेटा की 1987-88 हेतु नीलामी 20 मार्च 1987 को 11 बजे धमेटा में होगी । बोलीदाता को 5 हज़ार रुपए मौका पर जमा करवाने होंगे । सफल बोलीदाता को 24 घंटों में 40 हजार रुपए जमा करवाने होंगे । बाकी शर्तें मौका पर सुनाई जाएंगी : मिलखी राम प्रधान ।

गुमशुदा

हमारी फ़र्म के S.T. XXII फ़ार्म नम्बर 806101 से 806500 शेरपुर रोड पर गिर गए । सूचना देने वाले को 200/- रुपए इनाम दिया जाएगा : महेंद्र पाल जैन, चित्रा इण्डस्ट्रीज़, 243, शेरपुर रोड, लुधियाना । फोन : 22212, 36372.

प्रवेश सूचना

Registration for admission open upto 16th March. Classes Pre-Nursery to Matric. Limited seats. Gupta Model High School, 72, Club Road, Civil Lines, Ludhiana.

टी.वी. सीखें

VCR/Colour TV, इलैक्ट्रीशियन, ड्राइविंग कार, ट्रक, RCC बार बैंडर, प्लम्बर, कारपैंटर और वैल्डिंग कोर्स, रिहायश मुफ्त । मिलें : नैशनल इंजीनियरिंग कालेज, भारत नगर, सामने दर्पण स्टुडियो, लुधियाना । फोन : 31437; सामने मेन गेट बस स्टैंड, अमृतसर और खन्ना; 184, मोता सिंह नगर, जालंधर ।

आवश्यकता

बटाला (कोछड़): आज बटाला-जालन्धर रोड पर यहां से 12 किलो मीटर दूर गांव जैतो-सरजा में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में दो उग्रवादियों में से एक मारा गया । यह उग्रवादी एक ईंट भट्टा मालिक सहित दो व्यक्तियों को घायल करने के बाद भाग रहे थे ।

डी.एस.पी. श्री हरजीत सिंह ने घटनास्थल से वापसी पर पत्रकारों को बताया कि सीमा सुरक्षा बल के जवान अभी भी क्षेत्र की छानबीन कर रहे हैं ताकि उसके दूसरे साथी की तलाश की जा सके । घटनास्थल से 5 खाली कारतूस मिले हैं ।

मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादी की शिनाख्त गुरिंदर सिंह गांव नौशहरा पुन्नुआं के रूप में हुई है तथा वह खालसा कालेज अमृतसर का छात्र था ।

इसी बीच ईंट भट्ठा मालिक सुदेश कुमार को गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर में दाखिल कराया गया है ।

इससे पूर्व साइकल पर सवार होकर आए दो आतंकवादियों ने एक ईंट भट्ठे पर दो व्यक्तियों को गोली मारकर घायल कर दिया । दोनों घायलों को स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां ईंट भट्ठा मालिक सुदेश कुमार कांसरा की हालत गम्भीर बताई गई है । उसकी छाती में गोली लगी थी ।

डाक्टरों का कहना है कि दूसरा व्यक्ति बनवारी लाल खतरे से बाहर है । बनवारी लाल भी उसी ईंट भट्ठे पर काम करता था । उसके बाजू पर दो गोलियां लगी हैं ।

अस्पताल में भर्ती भट्ठा मालिक श्री सुदेश कुमार ने बताया कि आतंकवादी आज प्रातः उनके भट्ठे पर आए और ईंटों की कीमतें पूछने लगे । फिर दोनों दस मिनट बाद आने के लिए कह कर चल दिए लेकिन तभी उनमें से एक ने उनकी छाती पर पिस्तौल रख दी । उन्होंने कहा कि इसके पहले कि वह आतंकवादी को पकड़कर पिस्तौल छीन पाते उसने गोली चला दी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गोली की आवाज सुनकर लगभग तीन भट्ठा मजदूर वहां आ गए और वे आतंकवादियों पर टूट पड़े लेकिन दूसरे आतंकवादी ने भी गोली चला दी जिससे एक मजदूर घायल हो गया ।

श्री सुदेश कुमार ने बताया कि पिछले महीने भी दो आतंकवादियों के मांगने पर उन्होंने 'शांति खरीदने के लिए' दस हज़ार रुपए दे दिए थे लेकिन इस बार फिर तीस हजार रुपए मांगने पर उन्होंने सीमा सुरक्षा बल को सूचित कर दिया था ।

गत वर्ष सुदेश कुमार के बड़े भाई तिलक राज को भी आतंकवादियों ने पुरानापिंड गांव में उनके ईंट भट्ठे पर गोली मारकर घायल कर दिया था । बटाला पुलिस ने गत वर्ष हुई इस घटना के सम्बन्ध में कल ही लखविंदर सिंह को गिरफ्तार किया था ।

'चौधरी' के अनुसार दो मजदूर स्वर्ण सिंह व बनवारी लाल घायल हुए ।

नकदी वाला थैला छीना

कपूरथला (शर्मा): ज्ञात हुआ है कि गत सायं सुलतानपुर लोधी में लगभग आठ बजे दुकान बंद करके अपने घर को मुहल्ला खिंदड़ां जा रहे एक दुकानदार से दो अज्ञात युवक पिस्तौल की नोक पर रंगरूट फौजी अवतार सिंह ज़िला होशियारपुर निवासी को गिरफ्तार किया, जिसने कई डाके डाले तथा हत्याएं की हैं । दो अन्य आतंकवादियों रेशम सिंह निवासी गांव चुटाला व बलकार सिंह निवासी गांव रूड़ेआसल को भारी गोली-सिक्के सहित गिरफ्तार किया गया ।

आज शाम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री इज़हार आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अमृतसर पुलिस ने कुख्यात आतंकवादी कारज सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है जिसने चार महीने पहले अमृतसर ज़िला के गांव खुब्बन में अपने दो अन्य साथियों सहित फायरिंग करके 8 निर्दोष व्यक्तियों को मौत के घाट उतार दिया था तथा कई अन्य को घायल कर दिया था । श्री आलम ने बताया कि उसके दो साथियों, जो कि अमृतसर के ही रहने वाले हैं, की भी पहचान हो गई है । उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस सरगर्म है ।

एस.एस.पी. ने बताया कि पकड़ा गया आतंकवादी कारज सिंह कुछ अर्सा पहले एक हत्या कांड में पकड़े जाने के बाद पुलिस को कसमें उठाकर विश्वास दिलाकर गया था कि वह अब किसी आतंकवादी गतिविधि में हिस्सा नहीं लेगा अतः उसे शांतिपूर्ण जीवन बिताने की अनुमति दी जाए । उन्होंने बताया कि उसकी बातों पर विश्वास करते हुए उसे छोड़ दिया गया था लेकिन इस 'माफी' के बाद भी वह खुब्बन गांव में हत्या कांड में संलिप्त हुआ ।

श्री आलम ने बताया कि अमृतसर ज़िला की जंडियाला पुलिस ने एक रंगरूट फौजी अवतार सिंह को गिरफ्तार किया जिसने प्रारम्भिक पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसने कुछ डाके डाले हैं तथा गांव भैनी ब्राह्मणां में एक दुकानदार को गोली मार कर घायल किया था । उसने यह भी बताया कि उसने 10-12 दिन पहले ही थाना जंडियाला के गांव रसूलपुर में एक व्यक्ति की हत्या की । उन्होंने बताया कि रंगरूट फौजी से पूछताछ के दौरान जो रहस्योद्घाटन हुए हैं, वह काफी चौंका देने वाले हैं ।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने यह भी बताया कि विभिन्न आतंकवादी गुटों के युवक 'दरबार साहब में घूमते रहते हैं और वे यह ताड़ रखते हैं कि कब कोई रंगरूट सिख युवक फौजी दरबार साहब में फौज से दो या तीन महीने की छुट्टी लेकर आता है और ऐसे व्यक्ति के मिलते ही उसे प्रलोभन देकर अपने साथ ले जाते हैं । फिर उसे सिखों से ज्यादतियों की कहानियां सुना कर उसकी 'दिमागी धुलाई' करते हैं और जब वे इसमें सफल हो जाते हैं तो फिर उसे डकैती डालने के लिये कहते हैं जिसके बाद वे उससे हत्या करवाते हैं । इस तरह से जब उस रंगरूट फौजी की छुट्टी, खत्म होने को होती है तो उसे उसकी ड्यूटी पर चले जाने देते हैं । श्री आलम ने बताया कि इसी संदर्भ में अन्य पकड़े गये आतंकवादियों से पूछताछ किये जाने पर इसमें सच्चाई पाई गई है और जांच में पाया गया है कि 7 से 8 रंगरूट फौजियों से कत्ल व डकैती की वारदातें करवाई गई हैं । श्री आलम ने बताया कि जांच के अनुसार अब तक खालिस्तान कमांडो फोर्स ने दो फौजी रंगरूटों को प्रलोभन देकर हत्या व डकैतियां करवाई हैं । बब्बर खालसा ने तीन फौजियों से तथा खालिस्तान आर्मी ने तीन रंगरूट फौजियों से हत्याओं व डकैतियों की वारदातें करवाई हैं । श्री आलम ने

दूसरी घटना में जंडियाला क्षेत्र में घेरी मंडी से मुशल ग्राम जा रहे स्कूटर सवार प्रकाश चन्द की दो साइकिल सवार उग्रवादियों ने हत्या कर दी ।

प्रकाश एक ईंट भट्ठे का मालिक था ।

बी.एस.एफ. ने अमृतसर जिले के अटारी में भारत-पाक सीमा पर 28 पाक घुसपैठिए गिरफ्तार किए ।

स्कूटर छीना

राहों (भागड़ा): गत दिवस गांव कंग व भारटा के मध्य एक भट्ठे वाले से तीन सशस्त्र युवकों ने उनका प्रिया स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए । तीनों युवक एक ही सम्प्रदाय के थे और उनकी उम्र 20-25 वर्ष के मध्य थी ।

जालंधर से न.न.अ. के अनुसार अलावलपुर के पास दो उग्रवादियों ने राकेश अग्रवाल से उसका स्कूटर छीन लिया ।

राष्ट्रीय नेता मैदान में

जम्मू, 10 मार्च (स.): जम्मू-कश्मीर विधान सभा के चुनावों की तिथियां ज्यों-ज्यों निकट आती जा रही हैं त्यों-त्यों राष्ट्रीय दलों के राष्ट्रीय स्तर के व प्रादेशिक स्तर के नेता चुनाव प्रचार के लिए यहां आने लगे हैं ।

इंका के अनेक नेता जिनमें अखिल भारतीय इंका की महासचिव श्रीमती नजमा हेपतुल्ला, केन्द्रीय मंत्री श्री राजेश पायलट, श्री गुलाम नबी आजाद, हिमाचल की इंका नेता मेजर कृष्णा मोहिनी आदि इस समय यहां पहुंच चुके हैं ।

रक्षामंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, संचारमंत्री श्री अर्जुन सिंह कल यहां पहुंच रहे हैं । वे कल यहां अनेक चुनाव सभाओं को सम्बोधित करेंगे । कल यहां इंका की सब से बड़ी चुनाव सभा होगी ।

भाजपा के नेताओं और वर्करों ने भी अपना चुनाव प्रचार आरम्भ कर दिया है । श्री केदार नाथ साहनी, श्री मदन लाल खुराना यहां पहले ही पहुंच चुके हैं । वाहनों इत्यादि में यद्यपि भाजपा इंका का मुकाबला नहीं कर सकती परन्तु उसके पास वर्कर अधिक हैं । आगामी कुछ दिनों में जनता पार्टी के श्री चन्द्रशेखर और श्री राम कृष्ण हेगड़े सहित अन्य प्रमुख नेताओं द्वारा भी यहां प्रचार शुरू किए जाने की सम्भावना है ।

इंका-नैकां के प्रत्याशियों को भाजपा का कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है जबकि कुछ स्थानों पर इंका-नैकां विद्रोही ही उनके लिए समस्या बने हुए हैं ।

प्राप्त सूचना के अनुसार डाक्टर कर्ण सिंह को इंका में शामिल करके जम्मू क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए तैनात किया जा सकता है ।

प्रदेश भाजपा के महासचिव श्री चमन लाल गुप्ता ने वोटरों से इंका-नैकां द्वारा सरकारी मशीनरी प्रयोग करने के लिए उन्हें पराजय के रूप में सजा देने की अपील की है । उन्होंने डाक्टर फारूक अब्दुल्ला के निष्पक्ष चुनाव कराए जाने के दावे को चुनौती देते हुए प्रश्न किया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्राप्त हैलीकाप्टर का दुरुपयोग कहां की निष्पक्षता है ?

गावस्कर को दस हजा... गई । सदन की कार्र... स्थगित होने से पूर्व श्री ... गावस्कर ने दस हजा... बताया है । उन्होंने क... गावस्कर को बधाई ... थपथपा कर श्री सुर्जे... किया ।

अलविदाई रात्रि-भो...

स्पीकर श्री तारा ... सदस्यों को अलविदा... विधानसभा का भाज... अनिश्चितकाल के ... रात्रि-भोज में मुख्यमंत्री ... मंत्री, वरिष्ठ सरकारी ... विधानसभा के स्पीकर ... शामिल हुए ।

मैंने वादा पूरा किया...

श्री तारा सिंह ने ... अनिश्चितकाल के लि... कि मैंने स्पीकर का प... रहने का वादा किया था, ... का प्रयास किया ।

विपक्ष की अनुपस्थि... तारा सिंह ने कहा कि आ... उन्हें सत्तारूढ़ पार्टी के ... रहा हूं । उन्होंने कहा ... रहकर हरियाणा की ज... कितना फायदा किया, ... विधानसभा के स्टाफ ... किया । इससे पूर्व श्री ... कार्रवाई सुचारू रूप से ... धन्यवाद किया ।

श्री लछमन सिंह ने ... ओर से स्पीकर का ध... सदन में ठहाके गूंज उठे ... के बावजूद स्पीकर ने ...

ऋण देने का अधिक...

सदन ने श्री सुर्जेव... संकल्प को भी स्वीकार... बोर्ड को अधिकतम 60... का सरकार को अधिक...

सदन ने पंजाब ... संशोधन) को पास क... पुलिस अफसर को एक... कार्य करने से रोक ... संशोधन के जरिये हरि... छूट अप्रैल 1984 से ... दिए जाने की घोषणा ... क्लास (ऋण) तथ पंजा... हरियाणा के संशोधन ... इससे पूर्व सदन ने 21... लेखानुदान पारित कर ...

अमरीका म...

(पृष्ठ ...

श्री हुसैन ने एक स... पुष्टि की थी कि पाकि... वैज्ञानिक डा. अब्दुल... पत्रकार कुलदीप नैयर ... इंटरव्यू दिया था ।

इस भेंटवार्ता ने इस...

दूर संचार विभाग

...लीकोम पैंशनरों के लिए पैंशन अदालत

Punjabi Sanatani

पंजाब में उग्रवादियों द्वारा 4 हत्याएं : अमृतसर में छात्रों व पुलिस में फ़ायरिंग

पथराव से 11 पुलिस-कर्मी तथा कालेज प्रिंसीपल घायल

बहराम में बिजली बोर्ड अधिकारी गोली से घायल

चंडीगढ़, 11 मार्च (वार्ता, हस.): पंजाब में उग्रवादियों ने गत 24 घंटों के दौरान 4 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी तथा दो अन्य को घायल कर दिया, जिनमें एक निरंकारी भी शामिल है ।

अमृतसर में कालेज छात्रों तथा पुलिस के मध्य फ़ायरिंग हुई । छात्रों ने पुलिस पर पथराव किया तथा एक बस को जला दिया ।

आज रात्रि तरनतारन के चौक भान सिंह के पास चार उग्रवादियों ने एक युवक राजकुमार की गोली मार कर हत्या कर दी घटना के समय वह दूध लेकर घर जा रहा था । आज रात्रि ही तरनतारन के दरबार साहब गुरुद्वारा के पास दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

अमृतसर (अशोक सोनी): आज यहां खालसा कालेज के छात्रों की अनियंत्रित भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवाई फ़ायरिंग की । इससे पहले पुलिस ने इन छात्रों को तितर-बितर करने के लिए कई बार लाठीचार्ज किया और अश्रुगैस छोड़ी । इन छात्रों ने कालेज परिसर के बाहर जी.टी. रोड पर यातायात अवरुद्ध किया था । यह छात्र कल बटाला में कालेज के एक छात्र गुरिंदर सिंह की कथित हत्या के विरुद्ध रोष प्रकट कर रहे थे । यह छात्र सुरक्षा बलों से भिड़त में मारा गया था । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक डी.एस.पी. के नेतृत्व में जब पुलिस पार्टी यातायात खुलवाने गई तो छात्रों ने उस पर हमला किया पथराव से 11 पुलिस कर्मी घायल हो गए । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छात्रों ने ज़बरदस्त पथराव के अलावा साइ-फूंक भी की और सुरक्षा बलों पर एसिड बल्ब फैंके ।

बाद में उन्होंने पंजाब रोडवेज की एक बस का चौगावां रोड से अपहरण कर लिया और उसे कालेज परिसर में ले आए । यात्रियों को बस से उतारने के बाद उन्होंने बस को आग लगा दी । तीन फ़ायर ब्रिगेड गाड़ियों की आग बुझाने की कोशिशों के बावजूद बस पूर्णतया जल गई ।

तरनतारन में हत्या

आज रात्रि तरनतारन के चौक भान सिंह के पास चार उग्रवादियों ने एक युवक राजकुमार की गोली मार कर हत्या कर दी घटना के समय वह दूध लेकर घर जा रहा था ।

शाम को एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि खालसा कालेज के छात्रों ने आज प्रातः किसी पूर्व घोषणा के बगैर अचानक हड़ताल कर दी तथा कक्षाएं छोड़कर बाहर आ गए । सूचना मिलते ही सी.आर.पी. की दो पलटनें व 30-35 सशस्त्र पुलिस कर्मी वहां भेज दिए गए । श्री आलम ने बताया कि पुलिस के पहुंचते ही छात्रों ने उन पर पथराव शुरू कर दिया । छात्रों ने पत्थर कालेज की दीवार के साथ ईंटें लगाकर जमा किए हुए थे । उन्होंने कहा कि इन सभी कार्रवाइयों के दौरान पुलिस खामोश रही तथा छात्रों के पथराव का कोई उत्तर नहीं दिया । इसके बाद पुलिस को उत्तेजित करने के लिए एक छात्र ने खालसा कालेज से संलग्न प्राइवेट बिल्डिंग की छत पर से तीन फ़ायर किए परन्तु यह गोलियां किसी को नहीं लगीं । यह छात्र पुलिस को उत्तेजित करने पर पूरी तरह उतारू थे और चाहते थे कि उनकी अपनी अथवा पुलिस की गोली से कोई छात्र अथवा छात्रा घायल हो जाए, जिससे हालात खराब हों तथा होने वाली परीक्षाओं को पीछे डाला जा सके । इसके विपरीत पुलिस ने फ़ायरिंग करते समय इस बात की सावधानी बरती कि गोली किसी छात्र को न लगे ।

प्रिंसीपल भी घायल

श्री आलम ने इस बात का खंडन किया कि छात्रों ने यातायात को रोका था । श्री आलम ने कहा कि कुछ छात्रों ने निशाना बांध कर कालेज के प्रिंसीपल श्री गुरबख्श सिंह शेरगिल पर पत्थर फैंके, जिससे वह घायल हो गए । श्री शेरगिल छात्रों को पत्थर फैंकने से मना कर रहे थे । उन्होंने बताया कि छात्रों के पथराव से सी.आर.पी. के एक वाहन के शीशे टूटे हैं, जबकि कुछ शहरी मामूली घायल हुए । इस घटना के सम्बन्ध में थाना सदर में केस दर्ज कर लिया गया है ।

दूसरी ओर सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन (गरजीत धड़ा) के नेता कुलदीप सिंह काहलों ने बताया कि खालसा कालेज में आज की यह हड़ताल तथा प्रदर्शन नौशहरा पन्नुआं के छात्र की मारे जाने तथा अन्य को गिरफ्तार किए जाने के विरुद्ध था ।

इसी बीच सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन ने आज खालसा कालेज में पुलिस फ़ायरिंग के विरोध में कल 12 मार्च को शहर के कालेजों व आई.टी.आई. में हड़ताल का आह्वान किया ।

14 मार्च तक बंद

स्थानीय खालसा कालेज की प्रबंध समिति की ओर से खालसा कालेज, इसके प्रांगण में स्थित बी.एड. कालेज व खालसा कालेज फ़ार विमैन को आगामी 14 मार्च तक बंद रखने के आदेश दिये गए हैं । यह जानकारी कालेज के एक प्रवक्ता ने सायंकाल फोन पर दी ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)





अमृतसर में स्वर्ण मंदिर परिसर में अकाल तख्त की तीसरी मंज़िल (ऊपर) और श्रद्धालुओं की भारी संख्या सिरों पर कंक्रीट-बजरी

देवी लाल ने अजीत सिंह के समर्थन बा

करनाल, 11 मार्च (पुनम दत्त): हरियाणा लोकदल के प्रधान श्री देवी लाल ने पार्टी में वर्चस्व के लिए चल रहे संघर्ष में कार्यवाहक प्रधान अजीत सिंह को समर्थन देने की राजस्थान के वयोवृद्ध लोकदल नेता कुम्भा राम आर्य की अपील ठुकरा दी है । पुष्ट समाचारों के अनुसार श्री आर्य ने तीन दिन पूर्व करनाल लेक में श्री देवी लाल और बिहार के लोकदल नेता कर्पूरी ठाकुर से भेंट की थी । श्री देवी लाल और श्री ठाकुर लेक कम्पलैक्स में ठहरे हुए थे ।

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार श्री देवी लाल ने श्री आर्य को, जो कि कभी उनके नज़दीकी मित्र रहे हैं, सलाह दी कि वे अजीत सिंह को समझाएं कि इस समय वे लोकदल में फूट न डालें क्योंकि हरियाणा में चुनाव होने वाले हैं ।

श्री देवी लाल ने श्री आर्य को बताया कि वह पूरी तरह पार्टी में एकता के हक में हैं, लेकिन बहुगुणा के खिलाफ़ लड़ाई में वह अजीत सिंह का समर्थन कर दिया, इन पर जातिवाद होने का लांछन लग जाएगा । इसके साथ ही हरियाणा में अपने आपको सभी जातियों के नेता के रूप में पेश करने के उनके प्रयत्नों पर भी पानी फिर जाएगा । इससे पहले श्री देवी लाल सिर्फ़ जाट नेता के रूप में जाने जाते रहे हैं,

लेकिन पिछले दो बनियां तथा पिछ रहे हैं । श्री अजी को इन वर्गों के म सकता है ।

देवी लाल के सलाह दी है कि य स्तर के नेता के रू एच.एन. बहुगुणा अपने साथ रखना उनकी पार्टी के दबाव पड़ रहा है करें । दबाव डा

उग्रवादी बन्दी

जबलपुर, 11 मार्च : रेलवे पुलिस ने कटनी रेलवे स्टेशन पर 26 वर्षीय एक आतंकवादी को आज गिरफ्तार किया है । रेलवे पुलिस के प्रवक्ता ने यहां बताया कि संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए इस युवक को गिरफ्तार किया गया । संदेह है कि यह युवक पंजाब की अनेक आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था । इस युवक से पुलिस की पूछताछ जारी है ।

लुधियाना में भूमि विवाद पर फायरिंग; निहंग, सी.आर.पी. जवान सहित 3 मरे

लुधियाना, 11 मार्च (धीमान, मुसाफिर): आज रात्रि शिमलापुरी क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर

लेकर मौके पर गया । दूसरे पक्ष ने विवादास्पद

प्रधानमंत्री की उदासीनता से है कि उन्हें पंजाब की चिन्ता न

नई दिल्ली, 11 मार्च (वि.प्र.): राष्ट्रीय सुरक्षा

जत्था आपके पा

Punjabi Gamadan.com

क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर

आर.पी. की चौकी पर हमला किए

फा फायरिंग हुई जिसमें तीन लोग

ों में एक निहंग, एक सी.आर.पी.

इकी शामिल है ।

है कि शिमलापुरी क्षेत्र में एक

ा पुराना झगड़ा चल रहा है । कुछ

इस स्थान पर छापा मार कर एक

क्ति गिरफ्तार कर लिए थे, जो

हैं । आज पुलिस ने इस पर कब्जा

और प्लाट पर कब्जिज लोगों को

। इस के बाद निहंगों ने इकट्ठे

त सी.आर.पी. की चौकी पर धावा

ठभेड़ में चली गोलियों से एक

न, एक निहंग व एक लड़की की

ड़की का नाम हरविंदर कौर बताया

के अनुसार आज एक पक्ष पुलिस को

न ने 96 भारतीय

छुआरे पकड़े

1 मार्च (वार्ता): ग्यारह नौकाओं में

तीय मछुआरों को पाकिस्तान के

ठन ने शनिवार को गिरफ्तार कर

खिलाफ पाकिस्तानी जल क्षेत्र में

आरोप है ।

ह घोषणा की गई इन मछुआरों पर

न्होंने पाकिस्तानी क्षेत्र में 9500

यां पकड़ीं ।

च नौकाओं में सवार 64 नाविकों

ल क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में

लया गया था । उन नाविकों के

कार्रवाई की जाने वाली है ।

वापसी का

म जारी

11 मार्च : पाकिस्तानी विदेश

स्थान पर गुरु ग्रंथ साहब का प्रकाश कर दिया था, जिसे पर सम्मान के साथ वहां से हटा कर दूसरे स्थान पर रख दिया गया । भारी पुलिस बल उच्चाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गई है ।

इंका वर्कर की हत्या

नेल्लोर, 11 मार्च : बिन्जामूर मंडल के थिम्मानैदुपल्ये में एक कांग्रेस कार्यकर्त्ता की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई ।

दिल्ली में है, परन्तु प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अभी तक उसे मुलाकात का समय नहीं दिया । समिति के संयोजक श्री जयकृष्ण शर्मा ने सात मार्च को तार तथा पत्र भेज कर सूचित किया था कि बलिदानी

प्रधानमंत्री पंजाब में प्रभावी पग उठाएं और दौरा करें ।

श्री जय कृष्ण शर्मा ने इस बात पर दु किया है कि श्री गांधी ने अभी तक जत्थे को मु का समय नहीं दिया । आज यहां जारी एक में उन्होंने कहा कि चाहिए तो यह था कि श्र स्वयं बलिदानी जत्थे को मिलने आते जो कि प सद्भावना एवं लोगों में आत्म विश्वास की जगाता हुआ दिल्ली आया है ।

श्री शर्मा ने अपने वक्तव्य में प्रश्न किय प्रधानमंत्री राष्ट्र भक्त पंजाबियों से क्या यह कि वे बिना मौत मरते रहें और देश के प्रधान पता भी न चले ? लगभग दो सौ स्थानों से हो देश भक्तों का यह जत्था श्री गांधी से पंजाब म की गारंटी लेने आया है । प्रधानमंत्री की उदा से ऐसा आभास होता है कि उन्हें पंजाब की नहीं, परन्तु हम पक्का निश्चय करके आए उनसे अपनी बात कह कर ही दम लेंगे, अ उनसे बड़ी सरकार जनता के दरबार खटखटाएंगे । उन्हें साथ आए उन भाइय बहनों के मुंह से उनकी गाथाएं भी सुनवाएंगे गोलियां लगी हैं ।

वक्तव्य में कहा गया है कि राष्ट्रीय समिति ने पंजाब, हरियाणा, दिल्ली के सैकड़ों गुरुद्वारों तथा चौराहों पर एकत्र हुए हजारों लोगों का जो भरोसा पाया है, उसे हर हालत बढ़ाया जाएगा ।



दसूहा के निकट गुरुद्वारा टाहली साहब के निकट हरभजन सिंह की उग्रवादियों ने हत्या कर दी (1) हरभजन सिंह जिसे गोली मारी गई, (2) वह जगह जहां गोली मारी गई, (3) गुरुद्वारा टाहली साहब, जिसके वह प्रधान थे और जिसके बिल्कुल निकट उन्हें गोली मारी गई, (4) विलाप करती हुई हरभजन सिंह की पत्नी बहन और अन्य औरतें, (5) हरभजन सिंह की दो छोटी बच्चियां, (6) अंतिम संस्कार के समय सगे-सम्बन्धी और अन्य लोग । *(छाया : प्रद्युम्न)*

दर्शन सिंह–अमरेंद्र मुलाक

चंडीगढ़, 11 मार्च (सागर): कैप्टन सिंह ने आज जीरकपुर में अकाल तख्त के ज प्रोफैसर दर्शन सिंह से महत्वपूर्ण मामल बातचीत की । दोनों में लगभग 30 मिन राज्य की राजनीतिक स्थिति पर बातचीत हु

त्रिपुरा के कुछ क्ष

अशांत घोषित

अगरतला, 11 मार्च (वार्ता): त्रिपुरा सर प्रतिबंधित ट्राईबल नैशनल वालंटियर (टी.ए के उग्रवादियों से कारगर ढंग से निपटने के लि

पाकिस्तान हाइड्रोजन बम भी बना रहा है ?

नई दिल्ली, 11 मार्च (वार्ता): पाकिस्तान के वैज्ञानिक डा. अब्दुल कादिर खान का बम बनाने संबंधी बयान जितना विवादास्पद हो गया है उससे जाने के बाद उनका महत्व एकाएक बढ़ गया ।

लंदन स्थित 'अरब एट डेज' पत्रिका ने 23 जून 1979 के अंक में एक लेख प्रकाशित किया था, जिसका शीर्षक था "किस तरह पाकिस्तान ने दुनिया

पाकिस्तान को तीन करोड़ डालर की सहायता दी थी । अक्तूबर 1978 में लीबिया के उप प्रधानमंत्री अब्दुल जालोद पाकिस्तान यात्रा पर गये और उसी समय इस सहायता की उन्होंने घोषणा

Punjabi Sanatan

पंजाब में दो हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

ज़िम्मेदारी ली

यूनीवार्ता के अमृतसर कार्यालय में आज प्रातः "खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स" के प्रमुख जनरल लाभ सिंह ने फोन करके राजा सांसी में गत आठ मार्च को सुखबीर सिंह की हत्या की ज़िम्मेदारी ली है । 'फ़ोर्स' के प्रमुख ने कहा कि सुखबीर सिंह की हत्या इसलिये की गई क्योंकि वह कई गुरुद्वारों में पुलिस प्रवेश के लिये ज़िम्मेदार था तथा उसने पांच सिखों को गिरफ्तार कराया था ।

बिमल खालसा को रिहा करो वरना....

'फ़ोर्स' के प्रमुख ने पंजाब पुलिस को भी चेतावनी दी कि यदि नवगठित महिला अकाली दल की अध्यक्ष बिमल कौर खालसा को कल तक रिहा नहीं किया गया तो इसके गम्भीर परिणाम होंगे । उसने कहा कि यदि रिहाई में और देर हुई तो नतीजों की ज़िम्मेदारी केंद्र सरकार पर होगी ।

बंदूक छीन ली

रैय्या से जसपाल के अनुसार गांव रसूलपर कलां में चार सशस्त्र आतंकवादियों ने नम्बरदार त्रिलोक सिंह के घर में दाखिल होकर उसकी दोनाली बंदूक व 20 कारतूस छीन लिए ।

बस से निकाल कर हत्या

तरनतारन (पाल): आज बाद दोपहर 3 बजे के लगभग शहबाज़पुर से तरनतारन जा रही माझा ट्रांसपोर्ट कम्पनी की एक बस में सवार दो आतंकवादियों ने, जोकि हथियारबंद थे, एक समुदाय के यात्री को बाहर निकाल लिया तथा उसे निकटवर्ती खेतों में घसीटते हुए ले गए । वहां उन्होंने गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी । बस का नम्बर पी.जे.ई. 8097 है और इसे उस समय गरमेज सिंह नामक ड्राइवर चला रहा था । सूचना मिलते ही पुलिस व अर्ध सैनिक बल वहां पहुंचे तथा उन्होंने सारे क्षेत्र को घेरे में ले लिया,परन्तु अभी तक कोई अभियुक्त पकड़ा नहीं जा सका ।

आतंकवादियों ने आज अमृतसर जिले में मनोचाहल गांव के बस से उतार कर जिस व्यक्ति की हत्या की उसका नाम शाम सिंह बताया गया है ।

घटनास्थल से लौटने के बाद एस.पी. हैडक्वार्टर सुरेश अरोड़ा ने बताया कि मरने वाला जाट सिख था । वह भिखीविंड थाना के गांव सुरविंड का निवासी था । उसका जमीन के झगड़े में एक मुकद्दमा भी चल रहा था ।

ग्रामीण को लूट लिया

धूरी (सिंगला): गत रात दो अज्ञात व्यक्तियों ने गांव बुगरा के काश सिंह से पिस्तौल की नोक पर 250 रुपए तथा कुछ अन्य सामान छीन लिया जबकि वह अपने घर लौट रहा था । उसने थाना धूरी में रिपोर्ट दर्ज करा दी है ।

गोली चला कर बी.सी.आर. छीना

पटियाला (भूषण): गत रात लगभग नौ बजे दो अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने एक वीडियो कैसेट शाप के कर्मचारी रामचन्द्र पर गोली चलाकर उसे घायल कर दिया जबकि वह किसी जगह बी.सी.आर. लगाने के लिए जा रहा था । उसके पेट में गोली लगी है । उसे राजेन्द्रा अस्पताल ले जाया गया,जहां आप्रेशन करके उसके शरीर से गोली निकाल दी गई । हमलावर बी.सी.आर. छीन कर भाग गए ।

एस.डी.ओ. पर फ़ायरिंग

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): आज प्रातः लगभग सवा सात बजे यहां से दस किलो मीटर दूर गांव बहराम में तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक एस.डी.ओ. हरबंस सिंह चावला को गोलियां मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि आज प्रातः इन अभियुक्तों ने उपरोक्त एस.डी.ओ. की कोठी की घंटी बजाई व घंटी की आवाज़ सुनकर श्री चावला, जो लॉन में सैर कर रहे थे, बाहर निकले व इन आगंतुकों को बिजली बोर्ड के कोई उपभोक्ता समझ कर आने का कारण पूछा, परन्तु अभियुक्तों ने तत्काल गोलियों की बौछार आरम्भ कर दी । श्री चावला के पेट, कंधे व हाथ में तीन गोलियां लगी हैं व लहूलुहान हालत में उन्हें सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया,जहां उनकी हालत नाज़ुक बताई जाती है । 53 वर्षीय श्री चावला सम्भवतः निरंकारी समुदाय से सम्बन्धित थे । बंगा पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । इस संदर्भ में कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है ।

ज़मानत हो गई

खोसला के अनुसार फगवाड़ा में प्रथम फरवरी को महंत शंकरदास की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए अभियुक्त कर्मजीत सिंह को आज जिला सत्र न्यायाधीश कपूरथला ने दस हजार रुपए की जमानत पर रिहा करने का आदेश दे दिया ।

दुकानें खोलने की अपील

नकोदर (गगन): नकोदर में आज हड़ताल आठवें दिन में दाखिल हो गई है । कल ही शिव सेना ने अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया था तथा क्रमिक भूखहड़ताल रखने की भी घोषणा की थी, परन्तु इस घोषणा को देखते हुए शहर के व्यापार मंडल ने एक हंगामी बैठक बुलाकर शहर को पहले सामान्य बनाने के लिए प्रस्ताव रखा । बैठक में शहरी हिन्दू व कुछ सिख दुकानदारों ने भी भाग लिया, जिनके नाम हैं सर्वश्री गरबचन सिंह धीमान, डाक्टर नरेन्द्र सिंह, गुरदीप सिंह पापी, डाक्टर बी.के. नैयर, बी.एन. पत्त, वकील, कृष्ण कुमार खट्टड़ एडवोकेट, शाम लाल कोहली, अमृतसरिया राम पंडित भूषण, डाक्टर खुल्लर । अनेकों प्रमुख हिन्दू शहरी भी उपस्थित थे ।

आंदोलन स्थगित

बैठक में यह भी कहा गया कि यदि स्थिति सामान्य होने के बाद भी अधिकारियों ने शहर से पकड़े गए व्यक्तियों को न छोड़ा तो आठ दिन के बाद सभी शहर निवासी कोई कार्यक्रम तय करेंगे । शिव सेना ने अपना भूखहड़ताल कार्यक्रम कल तक स्थगित किया है ।

स्कूटर छीना

फिरोज़पुर (धीमान): थाना मल्लांवाला के गांव हरदलेर सिंह के प्यारा सिंह से गत रात्रि दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर पी.ए.आर. 5206 छीन लिया ।

बिजली कर्मियों की हड़ताल

कल संगरूर-उपली रोड पर बिजली बोर्ड के एक जूनियर इंजीनियर सतपाल पर हमले के विरोध में आज संगरूर डिवीजन बिजली बोर्ड कर्मचारियों ने 'कलम छोड़' तथा 'यंत्र छोड़' हड़ताल की । कर्मचारियों ने एक रैली करके बिजली कर्मियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने तथा हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग की ।

गुरुद्वारा प्रधान की हत्या

होशियारपुर (प्रधुम्न, अश्विनी): यहां से 25 किलो मीटर दूर टांडा के निकट मनक कलां के गुरुद्वारा टाहली साहब के प्रधान श्री हरभजन सिंह को रात 9-10 बजे के लगभग कुछ अज्ञात लोगों की ओर से गोली चला कर हत्या करने की रिपोर्ट मिली है । बताया जाता है कि आतंकवादी उनकी हत्या करने के बाद बड़े आराम से वहां से भागने में सफल हो गए ।

गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के मैनेजर श्री शीतल सिंह ने बताया कि इस गुरुद्वारा पर पहले निहंगों के तरणा दल का कब्ज़ा था । दो अप्रैल 1986 को सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन, दमदमी टकसाल और बाबा अकाली दल के वर्करों ने इस पर ज़बरदस्ती कब्ज़ा कर लिया ।

इसके बाद क्षेत्र निवासियों की एक प्रबन्ध समिति कायम हुई और गुरुद्वारा उसके हवाले कर दिया गया । अब यह गुरुद्वारा उस कमेटी के पास था और उसके प्रधान श्री हरभजन सिंह बनाए गए थे । श्री हरभजन सिंह को उस वक्त गोलियां मारी गई जब वह रात के वक्त खेतों में पेशाब आदि के लिए गए हुए थे । स्वर्गीय मृतककलां के ही रहने वाले थे । टांडा पुलिस ने शस्त्रास्त्र कानून की धारा 25/54/59 और 302 के अधीन मुकद्दमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । शव को पोस्ट मार्टम के बाद दसूहा अस्पताल में भेज दिया गया है ।

हमारे संवाददाता ने टाहली साहब गुरुद्वारा में जाकर जो सूचना भेजी है,उसमें कहा गया है कि मृत हरभजन सिंह कल रात गुरुद्वारा में ही था क्योंकि वहां का ग्रंथी बूटा सिंह अपने गांव सोपिया चला गया था । जब श्री हरभजन सिंह गुरुग्रंथ साहिब का पाठ करने के बाद पेशाबादि के लिये खेतों में चला गया, उसी दौरान तीन व्यक्ति साइकलों पर सवार होकर आए । आते ही उन्होंने लंगर तैयार कर रहे भैया सीता राम, जो आठ-दस वर्षों से वहां सेवा करता है और अब अमृतधारी हो चुका है, से पूछा कि प्रधान कहां है । जब उसने कुछ बताने से इन्कार किया तो उन्होंने बन्दूक की नाली उसकी कनपटी पर रख दी । गांव के लोगों के अनुसार फिर उसने बताया कि प्रधान बाहिर खेतों में गया हुआ है और अभी वापिस आने वाला है । इस पर वह तीनों गुरुद्वारा के बाहिर खड़े हो कर प्रतीक्षा करने लगे । जब श्री हरभजन सिंह उनके निकट पहुंचे तो पहले उन्होंने सतश्री अकाल बुलाई और फिर मामूली झड़प के बाद एक ने पीछे से उसको गोली मार दी जो उसकी छाती से होकर निकल गई और वे वहीं पर ढेर हो गए । उसके बाद अभियुक्त भाग गए । श्री सीता राम मृतक के घर पहुंचे, जो वहां से दो-तीन फर्लांग पर है । उन्होंने काफी देर तक घर का दरवाज़ा खटखटाया मगर किसी ने न खोला । इस पर वह पड़ोसियों के घर गए और उनको सारी घटना की सूचना दी । रात साढ़े दस बजे तक वहां कोई न पहुंचा । फिर 50-60 लोग इकट्ठे होकर घटनास्थल पर गये । इसके बाद लोग टांडा थाना में चले गये । मगर एक घंटे तक दस्तक देने पर थाने का दरवाज़ा खुल सका और पुलिस 4 बजे तड़के वहां पहुंची । एक व्यक्ति ने बताया कि गांव में अत्याधिक आतंक फैला हुआ है, यहां तक कि लाश उठाने के लिये कोई अपनी ट्राली देने को तैयार नहीं था । फिर मिन्नत आदि करने पर दो ट्रालियां आईं । पोस्टमार्टम के बाद लाश वारिसों के हवाले कर दी गई । मृतक का एक लड़का 17 साल का है,जो घर नहीं रहता । दो छोटी बच्चियां हैं—एक की उम्र 5 वर्ष और दूसरी की अढ़ाई वर्ष है । पता चला है कि पुलिस को जरनैल सिंह का खोल मिल गया है,जो उस पर चलाया गया था ।

अकाली नेता को गोली मारी

चंडीगढ़ से संघी के अनुसार आज सायं सैक्टर 26 में दो उग्रवादियों ने चमकौर साहब से यहां आए एक अकाली यूथ लीडर राजेंद्र सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । चंडीगढ़ के एस.एस.पी. आर.के. नियोगी के अनुसार सायं पांच बजे राजेंद्र सिंह जब किसी काम से सैक्टर 26 गए और वहां कार से उतर कर लघुशंका करने लगे तो मोटर साइकल सवार दो उग्रवादियों ने उन पर गोली चला दी । उन्हें पी.जी.आई. में भरती कराया गया है ।

बाद में यूथ अकाली लीडर राजेन्द्र सिंह को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई ।

इस बीच अमृतसर पुलिस ने एक अकाली विधायक डा. रत्न सिंह, हरि सिंह आरेवाला तथा सतनाम सिंह संधु के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 124 ए और 506 के तहत सिविल लाइन थाने में देशद्रोह का एक मामला दर्ज किया है । सतनाम सिंह संधु बर्खास्त मंत्री हरभजन सिंह संधु के छोटे भाई हैं जबकि अन्य दो एस.जी.पी.सी. के सदस्य हैं ।

जालंधर से आठ कि.मी. दूर प्रतापपुरा गांव में करीब आठ हथियारबंद डकैतों ने एक किसान प्यारा सिंह के घर से कल रात एक दोनाली बंदूक और बीस हजार रुपए मूल्य के आभूषण के अलावा अन्य कीमती सामान लूट लिया ।

अमृतसर के छावनी क्षेत्र में दो आतंकवादियों ने इंडियन एक्सप्रैस के भूतपूर्व संवाददाता राहुल कुलदीप बेदी से कल रात आठ सौ रुपए छीन लिए ।

दो कथित आतंकवादियों ने जो पुलिस वर्दी में थे, फिरोजपुर जिले के हदीवाला गांव में संता सिंह नाम के एक व्यक्ति से उनकी दोनाली बंदूक और कुछ कारतूस लूट लिए । उग्रवादी संता सिंह के घर में उसकी बंदूक की जांच का बहाना बनाकर घुसे और बंदूक हाथ में आते ही उसे लेकर फरार हो गए ।

लुधियाना के पायल थाना क्षेत्र के ग्राम गदरी में अवतार सिंह नामक उग्रवादी पकड़ा गया जिसने कई डकैतियां डाली थीं । उसके दो साथी भी पकड़ लिए गए ।

तरनतारन के रसूलपुर ग्राम में कुछ उग्रवादी त्रिलोक सिंह से उसकी 12 बोर की बंदूक छीन ले गए ।

ब्यास थाना क्षेत्र के बटाला ग्राम के जोरावर सिंह से उग्रवादियों ने एक रिवाल्वर तथा 32 कारतूस छीन लिए ।

सुनाम में दो उग्रवादियों ने एक व्यापारी से 4440 रुपए छीन लिए ।

बटाला की सूचना के अनुसार गत आठ दिसम्बर को चकरी बाजार में एक व्यक्ति को पीट-पीट कर हत्या करने के आरोप में शिव सेना के राकेश शर्मा व अश्विनी कुमार, सुभाष चंद्र तथा अशोक कुमार को 25 मार्च तक जूडिशियल रिमांड में भेज दिया गया ।





बुधवार को अमृतसर के खालसा कालेज के पास (बाएं) छात्रों ने एक बस जला दी तथा (दाएं) खालसा कालेज के बाहर पथराव से बिखरे ईंट-पत्थर ।

यूनिवर्सिटी में गोली चलाने
सभा स्पीकर का बेटा गि

चंडीगढ़, 11 मार्च (संघी, ह.स.): गत 24 घंटे के दौरान शहर में हुई तीन वारदातों में तीन लोग मारे गए जबकि आज दोपहर पंजाब यूनिवर्सिटी में दो गुटों के बीच हुए झगड़े में गोली चल जाने पर वहां तनाव पैदा हो गया है ।

चंडीगढ़ के एस.एस.पी. श्री आर.के. नियोगी के अनुसार आज दोपहर यूनिवर्सिटी परिसर में छात्रों के बहादर और ढिल्लों गुट में किसी बात पर झगड़ा हो जाने से बहादर गुट में से किसी ने दूसरे गुट के छात्रों पर गोलियां चला दीं,यद्यपि इससे कोई घायल नहीं हुआ ।

यूनिवर्सिटी में गोली चलने की घटना में पुलिस ने भाग दौड़ करके हरियाणा विधानसभा के स्पीकर श्री तारा सिंह के पुत्र कमलजीत सिंह और उसके गनमैन जसबीर सिंह सहित जगजीत सिंह, प्रदीप चंद व बलजिन्दर सिंह को धारा 307, 507 व शस्त्र एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया ।

पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के कब्ज़े से दो लाईसैंसी रिवाल्वर बरामद किए । अभी तक दोनों गुटों में हुए झगड़े का कारण पता नहीं चल सका । गोली चलते ही ढिल्लों गुट के छात्र डर कर भाग गए ।

श्री नियोगी ने बताया कि जिन 5 लोगों को इस घटना में गिरफ्तार किया गया, उनमें से कोई भी यूनिवर्सिटी का छात्र नहीं है । ये सभी 'युवा समारोह' देखने गए थे । कानून प्रभाग आडिटोरियम के निकट जसबीर सिंह ने हवा में गोली चलाई । इससे पूर्व क
किसी ने क्षति पहुंचाई थी
पुलिस ने गिरफ्तार
बरामद की हैं ।
पुलिस इस मामले
की भी तलाश कर रही
पुलिस अभी तक
है । बहादर गुट का
सिंह भी बाद में पकड़

खालसा की

नई दिल्ली, 11
संबंधित मामलों की सु
अदालत ने आज कुख्या
खालसा की जमानत की

अभियोग है कि 1
सरकारी इमारतें बम से
इसका प्रमुख हाथ था

39 जगह
दो जगह

हैदराबाद, 11 म
मंडल चुनावों के मतद
मतपेटियां छीनने तथा
17 मंडलों में 39 के
दिया गया । पुलिस ने द
भागते हुए लोगों पर गो

वाजपेयी

नई दिल्ली, 11 मा
नेता अटल बिहारी
आप्रेशन आज अखिल
में किया गया । उनके
था जिसे आप्रेशन करव
प्रधानमंत्री राजीव गांधी

कारंत

जबलपुर, 11 मा
न्यायालय ने आज मंच
नोटिस जारी कर उनसे
कांड के संबंध में उन
गवाहों द्वारा बयान दर्ज
स्वीकार कर ली जाए

दर्शकदीर्घा
गई, सद

भोपाल, 11 मा
विधानसभा में उस
कार्रवाई काफी देर
दर्शकदीर्घा से किसी
विधायक अशोक बाल
वाले, डिप्टी रजिस्ट्रार
के कार्यालय के बाब
गिरफ्तार कर लिया ग
साईं के नकली हस्ता
उसने यह कदम इसी
माह से वेतन नहीं मि

सभी चमचे एक जैसे होंगे

वाशिंगटन, 11 मार्च (ए.पी.): सारे संसार के अमरीकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में चांदी के छुरी-कांटे और चमच बदलने पर रीगन सरकार 20 लाख डालर खर्च करना चाहती है । उद्देश्य यह है कि सभी दूतावासों में एक ही प्रकार की चांदी की कटलरी हो ।

अमरीकी प्रतिनिधि सभा की सरकारी कामकाज समिति के अध्यक्ष ब्रूक्स का कहना है कि डेढ़ लाख छुरी-कांटे और चमच बदलने में काफी गड़बड़ी का डर है । समिति आज सरकार से पूछेगी कि घाटे के बजट और अमरीकी राजनयिकों की सुरक्षा पर खर्च हो रहे करोड़ों डालरों को देखते हुए छुरी-कांटे और चमच बदलने की क्या ज़रूरत है ।

योगी के साथ कोई सम्बन्ध नहीं

जालन्धर, 11 मार्च : आज समाचार पत्रों में

कन्या महाविद्यालय
टांडा रोड, जालंधर

दीक्षांत समारोह और पुरानी छात्राएं-दिवस

कालेज का वार्षिक दीक्षांत-समारोह 19 मार्च, 1987 को सुबह 10.30 बजे होगा । अनिवार्य रिहर्सल 17 मार्च, 1987 को अप. 1.30 बजे होगी ।

डा. एस.एस. बल वाइस चांसलर गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर, दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे ।

वर्ष 1984-85 और 1985-86 की कालेज की सभी ग्रैजुएटों और पोस्ट ग्रैजुएटों को कालेज-परिसर में रिहर्सल और दीक्षांत-समारोह में भाग लेना चाहिए ।

पुरानी-छात्राएं-दिवस, 17 मार्च 1987 को सायं 3.30 बजे मनाया जाएगा । सभी पुरानी छात्राओं को उसमें भाग लेने का सादर निमंत्रण दिया जाता है ।

डा. (श्रीमती) मंजु मेहता
प्रिंसीपल

परिणाम

अरुणाचल प्रदेश सरकार

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

ड्राइविंग सीखें

34 सालों का तजुर्बा रखने वाले teacher से

गुमशुदा

VIP brief-case containing offical papers was lost on 6.3.87 at Ludhiana

87

चावला, जो
इन आगंतुकों
झ कर आने
ने तत्काल
श्री चावला के
व लहलूहान
लुधियाना ले
बताई जाती,
तः निरंकारी
स ने केस दर्ज
संदर्भ में कोई

प्रथम फरवरी
के आरोप में
सिंह को आज
स हजार रुपए
रा दे दिया ।

आज हड़ताल





बुधवार को अमृतसर के खालसा कालेज के पास (बाएं) छात्रों ने एक बस जला दी तथा (दाएं) खालसा कालेज के बाहर छात्रों द्वारा पुलिस पर पथराव से बिखरे ईंट-पत्थर । (छाया : ओम भंडारी)

Punjabi Sanatani

दिया गया । अब यह गुरुद्वारा उस कमेटी के पास था और उसके प्रधान श्री हरभजन सिंह बनाए गए थे । श्री हरभजन सिंह को उस वक्त गोलियां मारी गईं जब वह रात के वक्त खेतों में पेशाब आदि के लिए गए हुए थे । स्वर्णीय मुख्यकलां के ही रहने वाले

यूनिवर्सिटी में गोली चलाने पर विधान सभा स्पीकर का बेटा गिरफ्तार

धर्म को राजनीति से अलग रखने के लिए अकाल तख्त का निर्माण हुआ : बेअंत

बरनाला, 11 मार्च (सिंधवानी) : पंजाब प्रदेश कांग्रेस के प्रधान श्री बेअंत सिंह ने कहा कि धर्म और राजनीति को अलग-अलग करने का प्रश्न इस समय मुख्य बन गया है । यहां सात दिवसीय प्रशिक्षण-शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले पाकिस्तान और फिर ईरान में धर्म और राजनीति को इकट्ठा किया गया, इसका परिणाम सबके सामने है । उन्होंने कहा कि अकालियों के अलग-अलग धड़े सत्ता प्राप्त करने के लिए लड़ रहे हैं, परन्तु यह सम्भव नहीं कि हरेक हर समय राजगद्दी पर रह सके । जब राजगद्दी न हो, उस समय भी देश के हित, अखंडता और एकता को मुख्य रखना चाहिए ।

श्री बेअंत सिंह ने कहा कि एक सिख के नाते वह चाहते हैं कि हरिमंदिर साहब की पवित्रता बनी रहे, परन्तु वहां बार-बार ऐसे हालात पैदा किए जाते हैं जिससे सुरक्षा बलों को अन्दर प्रवेश करना पड़ता

पेशा

इस्ला
अनेक राज
जिले में तीन
बताया कि
है ।

सूत्रों
आदिवासी
किया ।

सेवा
करने

जम्म
में एक भू
एक याचि
किसी व्या
होने पर
वह कानू

याचि

पंजाब में उग्रवादियों द्वारा इंका नेता सहित 4 व्यक्तियों की हत्या

गढ़शंकर में आतंकवादी पुलिस हिरासत से फ़रार : फरीदकोट में तीन पकड़े

ज़िला होशियारपुर में 3 स्कूल भवनों को आग

चंडीगढ़, 12 मार्च (वार्ता, ह.स.): आज दोपहर अमृतसर में उग्रवादियों ने एक इंका वर्कर की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि शाम को जिले के भिक्खीविंड थाना क्षेत्र के ग्राम भालेर में दो पैदल उग्रवादियों ने दुकान बंद कर रहे एक दुकानदार बलदेव राज की हत्या कर दी । आज रात्रि ही इसी जिले के चक सिकन्दर ग्राम में एक दुकानदार कुलवंत राय की भी हत्या कर दी गई ।

फरीदकोट पुलिस ने प्रीतम सिंह सहित तीन उग्रवादी पकड़े जबकि गढ़शंकर में एक उग्रवादी पुलिस हिरासत से फरार हो गया । सामाना पुलिस ने चार उग्रवादी गिरफ्तार किए ।

होशियारपुर जिले में छुरेबाजी की घटनाएं हुईं व तीन स्कूल भवन जला दिए गए । बाघा पुराना में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई । नकोदर में शिव सेना वर्करों ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया ।

तीन खूंखार आतंकवादी गिरफ्तार

मोगा (बांसल, सर्व): कल रात फरीदकोट जिला में तीन खूंखार आतंकवादियों को बंदी बना लिए जाने की सूचना मिली है । रिपोर्टों में कहा गया है कि इनमें 'ए' श्रेणी का आतंकवादी प्रीतम सिंह भी शामिल है, जिसे केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के जवानों ने बंदी बनाया है । बताया जाता है कि प्रीतम सिंह की हाल ही में हुई अनेक आतंकवादी वारदातों के सिलसिले में तलाश थी । वह आप्रेशन ब्लू स्टार के बाद लगभग दो साल तक जेल में रहा था ।

दो अन्य आतंकवादियों को चड़िक गांव के निकट बाघापुराना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान पकड़ा । इनमें से एक का नाम सरबन सिंह और दूसरे का छिन्दर सिंह बताया गया है । उनके पास से देसी पिस्तौल और पांच कारतूस व एक स्कूटर भी बरामद हुआ है ।

भट्ठे से तीन हज़ार रुपए लूटे

बाघापुराना (मि.): गत सायं यहां से तीन किलोमीटर दूर निहालसिंहवाला रोड पर दो सशस्त्र आतंकवादियों ने एक ईंटों के भट्ठा से पिस्तौल की नोक पर तीन हज़ार रुपए लूट लिए । स्कूटर पर फरार होते हुए वे भट्ठे का टैलीफोन भी उठाकर ले गए ।

बाघापुराना के निकट हत्या

बाघापुराना से चार किलोमीटर दूर गांव कालेके में कुछ व्यक्तियों ने मेजर सिंह नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी जबकि वह खेतों से घर की ओर जा रहा था । बताया जाता है कि यह हत्या आपसी झगड़े का परिणाम है । जमीन के मामले पर यह झगड़ा काफी देर से चला आ रहा था । इस सम्बन्ध में पांच व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं ।

उग्रवादी फ़रार

होशियारपुर (अश्विनी): गढ़शंकर पुलिस थाना से एक उग्रवादी रघुवीर सिंह उर्फ़ सुखदेव सिंह पुलिस को चकमा देकर फ़रार होने में सफल हो गया । पुलिस ने उसको थाना गढ़शंकर के निकट मौजा चंदपुर रुड़की के एक व्यक्ति ज्ञान चंद से स्कूटर छीनने के आरोप में गिरफ्तार किया था । वह कल सुबह हवालात से भाग निकला । एस.एस.पी. होशियारपुर श्री सुभाष जैन ने बताया कि पुलिस अभियुक्त को दोबारा गिरफ्तार करने के लिए पूरी सरगर्मी से काम कर रही है । कई पुलिस पार्टियां उसकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों को भेजी गई हैं । उन्होंने बताया कि जिन कर्मचारियों की लापरवाही से अभियुक्त फ़रार हुआ है, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है । एक हैड कांस्टेबल, एक कांस्टेबल तथा एक होमगार्ड के विरुद्ध धारा 223, 224 के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया गया है । अभियुक्त बहलो माजरा नवांशहर का रहने वाला बताया जाता है ।

तीन स्कूलों को आग लगा दी

गत दिवस कुछ आतंकवादियों ने होशियारपुर से 15 किलोमीटर दूर शामचौरासी के एस.डी. हाई स्कूल के स्टोर में आग लगा दी, जिससे बहुत सा सामान भस्म हो गया । गवर्नमैंट प्राइमरी स्कूल शामचौरासी के एक कमरे को भी आग लगा दी गई । एक अन्य सूचना के अनुसार निकटवर्ती गांव पंडोरी में भी उग्रवादियों ने गवर्नमैंट प्राइमरी स्कूल में आग लगा दी जिससे काफी रिकार्ड जल गया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

घर में घुस कर हमला

प्रद्युम्न के अनुसार गत रात्रि माडल टाऊन के निकटवर्ती मुहल्ला में हंगामा हो गया जबकि अज्ञात व्यक्तियों ने कंवर सर्वजीत सिंह के घर में आकर घुसे, उसकी मां कमला देवी तथा उसके नौकर कृष्ण चंद को घायल कर दिया । तीनों को अस्पताल पहुंचा दिया गया ।

सर्वजीत सिंह के अनुसार वह अपने घर पर था कि रात साढ़े सात बजे और आठ बजे के मध्य बाहर से घंटी बजी । जब वह अपने आंगन में आया तो बाहर तीन नवयुवक खड़े थे, जिन्होंने चादरें ओढ़ रखी थीं । उन्होंने उसे कहा कि वह दरवाज़ा खोले । उसने उन्हें बताया कि दरवाज़े को ताला लगा हुआ है अतः वे लोग दरवाज़े के साथ की दीवार फांदकर अंदर आ गए तथा उसको पिस्तौल दिखाकर अंदर चलने को कहा । जब वे कमरे के दरवाज़े के निकट पहुंचे तो उसने अनुमान लगाया कि उनके पिस्तौल नकली हैं, अतः वह उनमें से एक पर झपट पड़ा । इतने में उसका नौकर भी आ गया तथा उसने भी उसको काबू कर लिया । इसी बीच अभियुक्त के दो साथी अंदर आए तथा उन्होंने सर्वजीत, उसकी मां तथा नौकर पर हिमला कर दिया । सर्वजीत सिंह को चाक से सात घाव आए । बताया जाता है कि सर्वजीत पहले ट्रैवल एजैंट था तथा अब दो वर्ष से काम छोड़ चुका है । पुलिस जांच कर रही है ।

स्कूटर चोरी

गत रात जालंधर रोड से एक व्यक्ति का स्कूटर उड़ा लिया गया । स्कूटर मालिक गुरबख्श सिंह के अनुसार उसका लड़का स्कूटर लेकर माल लेने गया था तथा हलवाई की दुकान में दाखिल हुआ ही था कि देखते ही देखते स्कूटर गायब कर लिया गया ।

सिग्रेट विक्रेताओं, नाइयों की दुकानें बंद

संगरूर (गर्ग): गांव लौंगोवाल में कुछ व्यक्तियों ने सिग्रेट विक्रेताओं और नाइयों की दुकानें ज़बरदस्ती बंद करवा दी हैं । यहां पहुंची सूचनाओं के अनुसार

(शेष पृष्ठ 6 पर)







(ऊपर) उग्रवादियों ने बुधवार की रात को होशियारपुर के एक घर नौकर कृष्ण चंद, वह घर जहां हमला किया गया । (नीचे बाएं) राजकुमार (दाएं) वह स्थान जहां राज कुमार की हत्या की गई है

बजट बहस में शेरो-शायरी

नई दिल्ली, 12 मार्च (वार्ता): लोकसभा में कांग्रेस (इ) सांसद और भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री भगवत झा आज़ाद ने आज आम बजट की तारीफ में चर्चा के दौरान कविता और शेरो-शायरी के पुल बांध दिए ।

श्री आज़ाद ने कहा कि देश के नियोजित विकास पर आम सहमति होनी चाहिए :

सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी ख्वाहिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए,
मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही,
हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए ।

उन्होंने 21वीं सदी में जाने की चर्चा की और कहा :

"जब आज मेरे सामने है, रास्ता इतना पड़ा,
जब तक न मंज़िल पा सकूं, मुझको कहां विराम है,
चलना हमारा काम है ।"

अकाली दल साम्प्रदायिक पार्टी नहीं : बरनाला

चंडीगढ़, 12 मार्च (वि.प्र.): मुख्यमंत्री श्री बरनाला ने विचार प्रकट किया है कि मेरी सरकार को पंथक सरकार कहना कोई बुरी बात नहीं । आज यहां राज्य विधान सभा में एक असरकारी प्रस्ताव पर बहस के दौरान कांग्रेस (इ) सदस्य डा. केवल कृष्ण की ओर से उठाई गई आपत्ति का जवाब देते हुए श्री बरनाला ने दलील दी कि जब अकाली दल अपना चुनाव अभियान चलाता है तो अकाली प्रत्याशियों को प्रायः पंथक उम्मीदवार कहा जाता है । उन्होंने कहा कि सरकार चाहे अकाली दल की है, परन्तु इसमें हिन्दू और मुसलमान मंत्री भी हैं । अकाली दल साम्प्रदायिक पार्टी नहीं, यह पंजाबियों की पार्टी है ।

सरकार द्वारा आयकर से छूट की सीमा बढ़ाने से इन्कार

नई दिल्ली, 12 मार्च : वित्त राज्यमंत्री श्री जनार्दन पुजारी ने आज राज्यसभा में कहा कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में आयकर से छूट की सीमा बढ़ाना सम्भव नहीं है ।

संसद के दोनों सदनों में बजट पर चल रही चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्षी दल के अनेक सदस्यों ने मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए आयकर से छूट की सीमा बढ़ाने की मांग की थी ।

राज्यसभा में चल रही चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए श्री पुजारी ने कहा कि बजट में सभी वर्गों के हितों को ध्यान रखा गया है । अठारह हजार रुपए तक की वार्षिक आय को आयकर से छूट । दस हजार रुपए तक की अन्य छूट के अलावा बीमा, भविष्य निधि आदि पर छः हजार रुपए तक की रियायत का भी प्रावधान है ।

लोकसभा में वित्त राज्यमंत्री बी.के. गाधवी ने चर्चा में हस्तक्षेप किया । उन्होंने कहा कि बजट के घाटे का देश की अर्थ व्यवस्था पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा । उन्होंने दावा किया कि बजट के बाद कुछ चीजों की कीमतों में गिरावट आई है और भविष्य में कुछ और वस्तुओं की कीमतों में कमी आने की आशा है ।

श्री गधवी ने आरोप लगाया कि भारत पर बुलाई गई इस तीसरी बैठक में सदस्यों ने सार्वजनिक क्षेत्र को और मजबूत आधार प्रदान करने और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार की उपयुक्त व्यवस्था करने पर जोर दिया । बैठक की अध्यक्षता संसदीय दल के उपनेता प्रो. एन.जी. रंगा ने की ।

चर्चा में भाग लेते हुए श्री एन.के.पी. साल्वे ने कहा कि कम्पनियों द्वारा दिए गए लाभांश पर स्रोत पर ही तीस से पैंतीस प्रतिशत कर काट लिया जाए और शेयरधारियों को लाभांश पर कर से मुक्त रखा जाए । इससे आयकर आदि से जल्दी परेशान हो जाने वाली ग्रामीण सम्पन्न वर्ग भी शेयरों में पूंजी लगाने के लिए प्रोत्साहित होंगे ।

वयस्क फिल्में सप्ताह में दो बार

नई दिल्ली, 12 मार्च : सूचना मंत्री अजीत पांजा ने बताया कि दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, बंगलौर व लखनऊ के दूरदर्शन केंद्र प्रति सप्ताह दो वयस्क फिल्में रात्रि 11.30 बजे प्रसारित करेंगे ।

शिरोमणि कमेटी ने होला-मुहल्ला पर बरनाला अकाली दल को प्रसभा की अनुमति न दी

नैकां पथर

श्रीनगर, 12
जम्मू-कश्मीर में श्री
आज पुलिस को
मुस्लिम यूनाइटेड फ्र
रहे समर्थकों को ति

होली के लोकसभा

नई दिल्ली,
कांग्रेस (इ) के कई
होली पर्व के अगर
'छुट्टी' रखी जाए
यह मांग कांग्रे
की ।

अर्जुन सिं सभा

जम्मू, 12 मा
मंत्री अर्जुन सिंह द्वा
की पहली बड़ी जन
कुछ स्थानीय नेताओं
कराने के लिए भाष
मोहिनी ने भाषण
लोग उठकर जाने
अर्जुन सिंह ने स
प्रधानमंत्री राजीव
समझौता की राज
फारूक अब्दुल्ला के
पंजाब व मिजोरम
चाहिए क्योंकि इन
आने शुरू हो गए हैं
सिंह बरनाला देश
तैयार हो गए हैं

Punjabi Tribune



(ऊपर) उग्रवादियों ने बुधवार की रात को होशियारपुर के एक घर में घुस कर 3 व्यक्तियों को चाकुओं से घायल कर दिया । (बाएं से दाएं) घायल महिला कमला देवी, उसका बेटा सर्बजीत सिंह, नौकर कृष्ण चंद, वह घर जहां हमला किया गया । (नीचे बाएं) तरनतारन के मानोचाहल गांव के पास गत दिवस बस से उतार कर मारा गया वृद्ध शाम सिंह, (मध्य) तरनतारन में मारा गया राजकुमार (दाएं) वह स्थान जहां राज कुमार की हत्या की गई है ।

(छाया : प्रद्युम्न, पाल)

Punjabi Sanath

बजट बहस में शेरो-शायरी

नई दिल्ली, 12 मार्च (वार्ता): लोकसभा में कांग्रेस (इ) सांसद और भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री भगवत झा आज़ाद ने आज आम बजट की तारीफ में चर्चा के दौरान कविता और शेरो-शायरी के पुल बांध दिए ।

श्री आजाद ने कहा कि देश के नियोजित विकास पर आम सहमति होनी चाहिए ।

नैकां व मुस्लिम मोर्चे के समर्थकों में झड़पों व पथराव से 30 घायल : पुलिस द्वारा फ़ायरिंग

श्रीनगर, 12 मार्च (वार्ता, ह.स.): जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र में गोलियां चलानी पड़ीं । पुलिस ने तीन चक्र गोलियां चलाईं । यह घटना उक्त क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले

अहमद ने इस बात का खंडन किया कि पुलिस ने फ़ायरिंग की है ।

प्रसभा के लिए स्थान दिया जा रहा है । सिख छात्र महासंघ भी अपनी अलग स्टेज लगा रहा है । बताया जाता है कि ऐसा प्रो. दर्शन सिंह की आज्ञा से किया जा रहा है । छात्र महासंघ अपनी स्टेज उसी स्थान पर लगा रहा है जहां गत वर्ष पुलिस की फायरिंग से 11 लोग मारे गए थे । गत वर्ष महासंघ ने श्री बरनाला को न बोलने देने की घोषणा की थी और श्री बरनाला के पहुंचने पर महासंघ ने उनका घेराव करने की कोशिश की थी, जिस पर पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी थी । पांचों सिंह साहिबान 15 मार्च को आनन्दपुर साहब पहुंच रहे हैं । वे धार्मिक और अन्य समारोह को सम्बोधित करेंगे । एकीकृत अकाली दल इस स्टेज का इस्तेमाल करेगा ।

होला-महल्ला सिखों का महत्वपूर्ण इकट्ठ है । कुछ वर्ष पूर्व तक कांग्रेस की ओर से भी जहां प्रसभा की जाती थी, परन्तु हालात खराब होने के कारण यह क्रम बन्द हो गया । इस वर्ष अगर अकाली दल (लौंगोवाल) भी यहां अपनी स्टेज लगाने में विफल रहा तो यह प्रथम अवसर होगा कि सत्तारूढ़ अकाली दल की प्रसभा नहीं हुई । मैनेजर श्री नरेन्द्र सिंह ने कहा कि मेले की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं । 15 मार्च को कवि दरबार और 16 मार्च को कीर्तन का आयोजन होगा ।

अतिरिक्त जिलाधीश ने 14 से 16 मार्च तक आनन्दपुर साहब में और 11 से 14 मार्च तक कीरतपुर साहब में शराब के सभी ठेके बंद करने का आदेश दिया है । जिलाधीश ने अधिकारियों से मीटिंग की और मेले के प्रबन्ध की समीक्षा की ।

बैंक डकैतियों में पंजाब अव्वल

नई दिल्ली, 12 मार्च : आज लोकसभा में बताया गया कि 1 जनवरी 1984 से 28फरवरी 1987 के बीच देश में 271 बैंक डकैतियों में 12.78 करोड़ रु. लूटे गए । इनमें पहला नम्बर पंजाब का रहा जहां 70 बैंक डकैतियों में 6.51 करोड़ रु. लूटे गए ।

एस.डी.एम. श्री एन.एस. कलसी को मेला-अधिकारी नियुक्त किया गया है । नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है और 6 प्राथमिक चिकित्सा तथा 6 हैजा के टीके लगाने के केंद्र खोले जा रहे हैं । विशेष बसें चलाने का प्रबन्ध भी किया जा रहा है ।

सरकार में बराबरी की हिस्सेदारी मिलेगी । 1983 व उसके बाद जम्मू में भेदभाव किए जाने की शिकायतें थीं पर अब जम्मू से इंका प्रत्याशियों को जिताकर जनता अपनी यह शिकायतें दूर कर सकती है ।



वीरवार को अमृतसर में उग्रवादियों ने प्रमुख कांग्रेसी नेता श्री गुलशन अरोड़ा की हत्या कर दी । (1) श्री गुलशन अरोड़ा (इन्सैट) का शव, (2) श्री अरोड़ा की पत्नी व अन्य सम्बन्धी हृदय द्रावक विलाप करते हुए । (3) हत्या के बाद विरोध स्वरूप बाजार बंद कर दिए गए, (4) श्री अरोड़ा जिस दुकान के अंदर बैठे, वहां लगा रक्त का ढेर, (5) पुलिस कर्मी चौक चितपरणी में लोगों की भीड़ को हटाते हुए, (6-7) राजनीतिक दलों, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के नेता व मृतक के मित्र सम्बन्धी शोकग्रस्त दिखाई दे रहे हैं । (छाया : भंडारी)

नई दिल्ली, 12 मार्च (जी.एस. चावला): वरिष्ठ इंका नेताओं ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी को रिपोर्ट दी है कि उग्रवादियों के नियंत्रण वाले हैडग्रंथियों द्वारा दी जा रही चुनौतियों का सामना करने में पंजाब का शासक अकाली दल उतना सक्रिय नहीं है जितना कि होना चाहिए ।

लुधियाना की सर्वदलीय रैली में भाग लेने गई इंका नेताओं की धारणा है कि उग्रवाद के खिलाफ शासक अकाली दल पूरे मन से जनमत नहीं तैयार कर रहा है । रैली में भाग लेने वाले नवल किशोर शर्मा ने लिखित रिपोर्ट भी प्रधानमंत्री को दी है जिसमें कहा गया है कि हालांकि उग्रवाद के खिलाफ जनमत तैयार करने में हिन्दुओं और सिखों ने काफी उत्साह दिखाया है परन्तु अकाली नेतृत्व ही उत्साह नहीं दिखा रहा है ।

पता चला है कि इंका, सी.पी.आई. व सी.पी.एम. ने रैली को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । शासक अकाली दल की भूमिका तो इस शासक अकाली में उपस्थित थे

उधर अक ने जो अमृत प्र खतरनाक परि गुमराह कर स अकाली दल क भूमिका निभानी

चुनाव भी विम

नई दिल्ली, पार्टी के अनुसार सहमत है कि च दलों को भी उन्हें कराया जाए जिन कराया जाता है

बरनाला सरकार की डग ने उग्रवादियों के हौसले

बरनाला, 12 मार्च (सिधवानी): भूतपूर्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस (इ) की महासचिव श्रीमती राजिन्द्र कौर भट्ठल ने कहा कि अधिकतर जनता यह महसूस करती है कि शांति के बिना किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता । वह यहां प्रदेश कांग्रेस (इ) के सदस्य जिला संगरूर कांग्रेस महासचिव पंडित सोमदत्त के पिता श्री आसा राम के श्रद्धांजलि समारोह में एकत्रित समूह को सम्बोधित कर रही थीं । उन्होंने कहा कि माता भागो की तरह, माताओं-बहिनों को अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध उठना चाहिए ताकि पंजाबियों का आपसी भाईचारा बना रहे ।

मार्क्सी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता श्री सम्पूर्ण सिंह धौला ने कहा कि अगर केंद्रीय सरकार अपने तुच्छ राजनीतिक हितों से ऊपर उठ कर पंजाब की समस्या का समाधान कर ऐसी बातों को रु सुधर सकती है बरुशी तीर्थ सिंह नहीं है, यह यहां

कांग्रेस (इ) निहालसिंहवाला डगमगाती नीति शक्तियों के हे (लौंगोवाल) को स्टैंड लेकर चल प्रधान शाम लाल श्रद्धांजलि भेंट क जनसमूह में अ

र हाऊस' में श्रद्धालु के पैर चीर कर नमक डालने की सिंह साहिबान ने निन्दा क्यों नहीं की

पंजाब

इस प्रस्ताव पर लगभग 4 घंटे तक गर्मागर्म

कि हाल ही में अकाल तख्त की उच्च परम्पराओं का

Punjab Sentinel

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

बीस के लगभग युवक नंगी तलवारें लेकर बाजार में आए और दुकानदारों को धमकी दी कि वे 31 मार्च तक अपना व्यवसाय बदल लें । उन्होंने ज़बरदस्ती चंदे भी एकत्र किए । जिला में कई स्थानों से ऐसी खबरें मिली हैं । पुलिस ऐसी घटनाओं पर कोई कार्रवाई नहीं करती ।

दो आतंकवादी बंदी

धूरी में पुलिस ने दो आतंकवादियों गुरमेल सिंह व सर्वजीत सिंह को गिरफ्तार किया ।

कालेज बंद

बटाला (कोछड़): कल खालसा कालेज अमृतसर के छात्रों द्वारा किए गए उपद्रव के दृष्टिगत आज बटाला प्रशासन ने आई.टी.आई., पालिटैक्निक और अन्य चारों कालेजों को बंद करने के आदेश दे दिए । किसी प्रकार की घटना की सूचना नहीं है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दस मार्च को गांव जैतो सरजा में भट्ठा मालिक सुदेश कुमार कांसरा और एक मज़दूर को गोली मार कर घायल करने वाले और बाद में मुठभेड़ में मारे जाने वाले युवक गुरबिंदर सिंह के बारे में पता चला है कि वह आजकल स्थानीय गुरुनानक कालेज में बी.ए. का छात्र था । वह निकटवर्ती गांव मलिकपुर में रहता था । उसके पिता किरपाल सिंह की कुछ समय पूर्व जिला अमृतसर के गांव नौशहरा पन्नुआं में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी । उस समय वह खालसा कालेज अमृतसर का छात्र था ।

सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के उपप्रधान भाई स्वर्ण सिंह जवंदा, जिला गुरदासपुर ईकाई के प्रधान अजीत सिंह कदियां ने एक प्रैस विज्ञप्ति द्वारा बिमल खालसा की रिहाई की मांग की है और फैडरेशन वर्करों की गिरफ्तारियों की निन्दा करते हुए कहा कि ऐसा करने से पंजाब का वातारण और बिगड़ेगा । उन्होंने आगे कहा है कि फैडरेशन की ओर से होला-मोहल्ला पर आनंदपुर साहिब में अवश्य आयोजन किया जाएगा ।

इंका वर्कर की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): आज दोपहर 12.30 बजे अमृतसर के बीचों-बीच स्थित चौक चितपूर्णी में तीन आतंकवादियों द्वारा गुलशन कुमार नामक कांग्रेसी कार्यकर्त्ता की उसकी दुकान में गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । सूचना के अनुसार आतंकवादी 55 वर्षीय गुलशन कुमार की दुकान पर आए तथा उनमें से एक ने गुलशन कुमार पर तीन फायर किए जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

इस गोलीकांड से क्षेत्र में आतंक फैल गया तथा तुरंत दुकानदारों ने भयभीत होकर दुकानें बंद कर दीं । गुलशन कुमार पार्टी का क्षेत्रीय प्रधान था । वह चीनी का कारोबार करता था । गोलियां लगने के बाद कुछ लोगों ने उसे उठाकर अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

चितपूर्णी चौक जहां यह घटना हुई, पर सी.आर.पी. तैनात रहती है । आज ड्यूटी पर तैनात सी.आर.पी. जवान जैसे ही कुछ देर के लिए चौक से हटे, आतंकवादियों ने मौका देखकर वारदात कर दी । गुलशन कुमार देवी वाली गली का निवासी था ।

हत्यारों को पकड़ने के लिए पुलिस और सी.आर.पी. ने क्षेत्र व इर्द-गिर्द के इलाकों बाजार लोहारां व लछमनसर चौक की घेराबंदी की हुई है परन्तु अभी तक किसी अपराधी के पकड़े जाने की सूचना नहीं है ।

एक एजैंसी की खबर है कि गुलशन कुमार की हत्या की जिम्मेदारी तथाकथित 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' ने ली है ।

पुलिस ने बताया कि गुलशन कुमार की हत्या करने वाले दो अभियुक्तों ने चेहरे ढांप रखे थे । श्री गुलशन कुमार को दो गोलियां लगीं । एक सिर में तथा दूसरी दिल में ।

श्री गुलशन कुमार के शोक संतप्त परिवार में उनकी पत्नी तथा तीन बच्चे हैं । मृतक के बड़े भाई सरदार किशन सिंह ने कहा कि चितपूर्णी चौक के एक मंदिर में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस एक सप्ताह पूर्व हटा ली गई थी ।

इस हत्याकांड के बाद लगभग तीन-चार सौ व्यक्ति गुरु तेग बहादर अस्पताल में इकट्ठे हो गए लेकिन वे शांतिपूर्वक तितर-बितर हो गए ।

तलाशियां

तरनतारन (पाल): यहां के एक व्यक्ति राजकुमार की हत्या के अभियुक्तों की तलाश के लिए गत रात्रि अर्द्धसैनिक बलों ने दरबार साहब तरनतारन में दाखिल होकर परिक्रमा, लंगर व सराए आदि भवनों की तलाशियां लीं । पुलिस ने दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है परन्तु उनके नाम नहीं बताए ।

इसी बीच राज कुमार की लाश का पोस्टपार्टम कराकर लाश उसके परिवार वालों के हवाले कर दी गई । राज कुमार एक डिप्लोमा होल्डर था । अध्यापक यूनियन नेता श्री दर्शन सिंह ने उसकी हत्या की निंदा करते हुए उसके परिवार को एक लाख रुपए दिए जाने की मांग की ।

स्कूटर छीना

गत रात्रि अमृतसर में माल रोड के निकट दो सशस्त्र युवकों ने एक व्यक्ति अश्विनी कुमार से उसका स्कूटर छीन लिया ।

कालेज आज खुलेगा

खालसा कालेज फार विमेन अमृतसर कल 13 मार्च को फिर खुलेगा । यह घोषणा आज कालेज के प्रिंसीपल ने की । कल कालेज में हिंसा के कारण लड़कों व लड़कियों के खालसा कालेज 14 मार्च तक के लिए बंद किए गए थे ।

नवांशहर, फगवाड़ा में तनाव

जालंधर (वार्ता): कल नवांशहर में लोगों के दो ग्रुपों के मध्य हुई भिड़ंत के परिणामस्वरूप आज कस्बा में तनाव व्याप्त रहा । इस भिड़ंत में पांच युवक घायल हुए थे तथा भीड़ के पथराव से सिविल अस्पताल की इमारत को नुक्सान पहुंचा था ।

दूसरे उपमंडलीय नगर नकोदर में भी स्थिति तनावपूर्ण रही जहां एक समुदाय के लोगों की आंशिक हड़ताल नौवें दिन में प्रवेश कर गई । यह लोग वहां गिरफ्तार किए गए 47 व्यक्तियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं ।

नवांशहर में बाजार खुले थे लेकिन प्रशासन ने कालेज एक आदेश द्वारा बंद कर दिए थे क्योंकि सिख छात्र संघ ने फगवाड़ा में अपने छः कार्यकर्त्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में स्थानीय आर्य कालेज में जबरदस्ती हड़ताल करा दी थी ।

कल नवांशहर में गड़बड़ उस समय शुरू हुई जब फैडरेशन के लगभग तीस कार्यकर्त्ताओं ने कालेज में हड़ताल कराने के बाद चंडीगढ़ जाने वाली सड़क पर यातायात अवरुद्ध कर दिया । उनके खालिस्तान समर्थक व अन्य आपत्तिजनक नारों से उत्तेजित होकर दूसरे समुदाय के लोग भी वहां इकट्ठे हो गए । यातायात अवरोध तथा नारेबाजी लगभग आधा घंटा जारी रही । बाद में दोनों ग्रुपों के मध्य तलवारों, लाठियों तथा पत्थरों से लड़ाई हुई । आखिरकार सी.आर.पी. ने आकर उन्हें तितर-बितर किया ।

कल की गड़बड़ के बाद शिवसेना वर्करों के एक गुट ने जालंधर के जिलाधीश श्री एस.सी. अग्रवाल का घेराव किया जोकि वहां गए हुए थे । गड़बड़ की आशंका को देखते हुए श्री अग्रवाल ने आज कालेज बंद रखने का आदेश दे दिया ।

धरना, भूखहड़ताल शुरू

'क' के अनुसार हिन्दू शिवसेना नकोदर की ओर से आज नकोदर में दो महिलाओं समेत सात व्यक्तियों का जत्था 24 घंटे की क्रमिक भूखहड़ताल पर बैठ गया । इस जत्थे को स्वामी मती राम जी ने आशीर्वाद दिया ।

हिंदू शिवसेना नकोदर के उपप्रधान श्री पवन गिल के अनुसार यह भूखहड़ताल गत सप्ताह एक अध्यापक श्री राम रतन की उग्रवादियों द्वारा हत्या के बाद पुलिस द्वारा शिवसेना के 47 समर्थकों को गिरफ्तार करने और आश्वासन दिए जाने के बावजूद उन्हें रिहा न करने पर रोष प्रकट करने तथा हत्यारों व नकोदर में गड़बड़ के दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग मनवाने के लिए शुरू की गई है ।

भूखहड़ताल से पूर्व शिवसेना कार्यकर्त्ताओं तथा सैंकड़ों नगर निवासियों की एक बैठक हुई जिसे स्वामी मती राम जी, श्री विजय खन्ना उपप्रधान शिवसेना अमृतसर आदि ने सम्बोधित किया । बैठक की अध्यक्षता हिन्दू शिवसेना पंजाब के अध्यक्षीय मंडल के सदस्य श्री प्रेम नाथ ने की ।

इस बैठक में एक प्रस्ताव द्वारा 47 कार्यकर्त्ता रिहा करने तथा अन्य मांगें पूरी करने की मांग करते हुए संकल्प किया कि मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा ।

श्री विजय खन्ना ने चेतावनी दी कि यदि पांच दिन के अंदर उनकी मांगें न मानी गईं तो सेना कठोर पग उठाने पर बाध्य होगी ।

इसी बीच शांति समिति की अपील को ठुकराते हुए शिवसेना वर्करों ने नकोदर में धरना और क्रमिक भूखहड़ताल शुरू कर दी । सात कार्यकर्त्ताओं के पहले जत्थे में दो स्त्रियां भी शामिल हैं ।

आतंकवादी से स्कूटर बरामद

लुधियाना पुलिस ने एक आतंकवादी अवतार सिंह उर्फ गोनी को गिरफ्तार किया । उससे एक चोरीशुदा स्कूटर बरामद किया गया ।

बरनाला द्वारा निन्दा

मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने चंडीगढ़ में एक बयान में श्री गुलशन कुमार की निर्मम हत्या की कड़े शब्दों में निन्दा की । उन्होंने दुखी परिवार के सदस्यों के साथ हार्दिक सम्वेदना प्रकट की ।

पंजाब प्रदेश इंका के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह, महासचिव सेवा राम अरोड़ा ने इस हत्या की निन्दा करते हुए इसे कायरतापूर्ण बताया तथा पंजाब के लोगों विशेष कर अमृतसर के शहरियों से अपील की कि वे समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी व पृथकतावादी तत्वों की ऐसी नि
हों ।

श्री गुलशन
थे ।

चार उग्रवादी

सामाना (वम
गिरफ्तार किया
आढ़ती को गत
बलविन्दर सिंह,
कश्मीरा सिंह ।
डेढ़ लाख रुपए लू
एक देसी पिस्तौल

संदिग्ध पकड़ा

बाबा बकाला
ड्रेन के निकट महे
को संदेह के आरो
32 बोर का एक
किए गए ।

भटिंडा : पंजा
वाले 10 बंगला दे
है । जिला पुलिस
यह जानकारी देते
देशियों के पास
राजस्थान के अज
केंद्र सरकार ने प
विदेशियों के प्रवेश

पंजाब में सु
संबंधी

कपूरथला, 1
और सांसद सुनील
संदेश लेकर पद य
पंजाब में दाखिल हो
में ठहरेगा । यह ज
सेवादल के संयोज
कि श्री सुनील दत्त
बैठक 17 मार्च क
उनकी पंजाब यात्रा

नूरूल
उपराष्ट्र

नई दिल्ली, 1
के राज्यपाल श्री नू
बनाए जाने के लि

राजनीतिक
उपराष्ट्रपति में से
बनाए जाने की प
किसी मुसलमान
उपराष्ट्रपति बनाय

यहां राजनीति
उपराष्ट्रपति श्री वे
बनाने के बारे में ग
है ।

आगामी ग
कटौती

पटियाला, 12
की गर्मियों में पंजा
होगी । आज पत्रक
बिजली बोर्ड के चेय

EMPLOYMENT IN SULTANATE OF OMAN

The following categories of Manpower are urgently needed by one of our clients in Sultanate of Oman for a period of 2 years contract :—

(1) ELECTRICAL ENGINEERS... 03 Nos.
(Degree holders with sufficient Experienced preferred)

(2) CIVIL ENGINEER... 01 No.
(Degree holder with sufficient Experienced preferred)

(3) LAND SURVEYORS... 02 Nos.
(4) ACCOUNTANT... 01 No.
(5) STENO TYPIST... 01 No.
(6) DRAUGHTS MAN CIVIL ...01 No.
(7) OVERHEAD LINE FOREMEN... 03 Nos.
(8) OVERHEAD LINEMEN ...06 Nos.
(9) MASONS

बी.एल. इण्डस्ट्रीज़

जयपुर/भोपाल

कीटनाशक दवाओं के निर्माता को

Punjabi Sadan

बरनाला विघटनकारी

ाध्यक्ष श्री जीवन सिंह

सूत्रों को जोड़ने के लिए एक मंच पर एकत्र हुए हैं ।"

इस सभा को सम्बोधित करने वाले अन्य नेताओं में श्री अजीत सिंह मान (इंका), श्री हरजिंदर सिंह (भाजपा), श्री हरभजन सिंह (कम्युनिस्ट) तथा श्री राजेश्वर सिंह (मार्क्सी) प्रमुख थे ।

यह इस जिले में उग्रवादियों के विरुद्ध जनमत जागृत करने के लिए दूसरी सर्वदलीय जनसभा थी । इससे पूर्व दस मार्च को तरनतारन में एक जनसभा हुई थी ।

फगवाड़ा में फायरिंग, एक घायल

फगवाड़ा, 13 मार्च (खोसला): आज शाम लगभग पौने सात बजे दो स्कूटर सवार युवकों ने, जिन्होंने पटके बांधे हुए थे, देस राज खांड वाले पर फायरिंग शुरू कर दी । उन्होंने तीन गोलियां चलाईं, एक गोली देस राज की टांग पर और दूसरी कमर पर लगी । जब उग्रवादी फरार होने लगे तो एक सब्जी बेचने वाले सरदार जी ने एक उग्रवादी को पकड़ लिया और दोनों गत्थम-गत्था हो गए । इसी बीच उग्रवादी सरदार जी के कब्जे से निकल कर भाग खड़ा हुआ और स्कूटर पर जा चढ़ा और दोनों फरार हो गए । गोलियों की आवाज सुनकर बाजार तुरंत बंद हो गए और लोग अस्पताल में एकत्रित हो गए । घायल देस राज की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

हस्तांतरण के बारे में भी बातचीत हुई ।

पंजाब सरकार के सूत्रों के अनुसार श्री बरनाला ने राज्य में आतंकवादियों के खिलाफ हाल में छेड़े गए

(शेष पृष्ठ 8 पर)

हत्या कर दी ।

जिला रोपड़ में बहरामपुर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

तथा जबानी 'नितनेम' कर सकते हैं ।

स्कूटर छीनने पर गिरफ्तार

'संघी' की चंडीगढ़ से सूचना है कि स्थानीय पुलिस ने गत रात यहां सैक्टर 20 में 19 वर्षीय



शुक्रवार को अमृतसर में उग्रवादियों द्वारा मारे गये (1) डाक्टर प्रदीप कुमार, (2) सी.आर.पी. के डी.आई.जी. एस.एस. विर्क सर्कुलर रोड स्थित घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, (3) हत्या जिस कमरे में हुई वहां बिखरा खून, (4) पत्नी, परिवार के अन्य शोकग्रस्त सदस्य तथा (5) अन्य शोकाकुल लोग । (छाया : ओम भंडारी)

Punjabi Sanatani

की
ी टली

दर नहीं आने देंगे ।
कि सी.बी.आई. का
कैती की जांच कर रहा
र आएं । इसके बाद
सफल रहने पर ये
ए कि वे आकर बताते
आतंकवादी
नमैन से उसकी बंदूक
की । बताया गया है
यह बंदूक उसने कभी
अनुसार उसका प्रयोग

के बारे सी.बी.आई.
ताल कर रहा है तथा
न कर्मियों से पूछताछ
लियों के निशानों के
ों मिला है ।

500 में से 200 करोड़ रों की जेबों में चला गया ?

रुपया खर्च नहीं किया
उच्चाधिकारियों और
ा पंजाब सरकार की

40 अधिकारियों ने
सा लिया और इसकी
ीने दी । विशेष सूत्रों
पर करोड़ों रुपए के
ी जाली फर्मों द्वारा
रके बने हैं और उन
है । जो ठेकेदार इस
ने में आएंगे, उनके
बिल बनवा कर 85
और 15 प्रतिशत
ार, जिनके पास कुछ
पैसे नहीं थे, उन्होंने
ने हैं ।

ा-पड़ताल करने पर

पता चला है कि कुछ ठेकेदार अधिकारी से मिलीभुगत करके एक काम के लिए या किसी चीज की सप्लाई के लिए तीन-तीन कोटेशन देते, जिसमें जाली दो फ़र्मों पर रेट बहुत ज्यादा लिख देते और जिस फर्म के नाम पर आर्डर प्राप्त करते, उस पर मनचाहा रेट भर लेते और लाभ से अधिकारी के साथ आधा-आधा हिस्सा होता । यह भी पता चला है कि थीन डैम में लोहे का सरिया जहां से खरीदा जाता, वह केवल कागजों में होता और रुपए का भुगतान कर 85 प्रतिशत रुपया अधिकारी खाते और 15 प्रतिशत बेचने वाला ।

कई फर्में 'अदृश्य'

सतर्कता विभाग अब पठानकोट, जालन्धर, अमृतसर, गुरदासपुर तथा कुछ अन्य शहरों में उन फर्मों की जांच कर रहा है, जिनको भुगतान किया गया मगर इन फर्मों का कहीं नामों-निशान नहीं मिल रहा । सतर्कता विभाग द्वारा करोड़ों रुपयों का स्कैंडल पकड़ा जा चुका है परन्तु कोई भी अधिकारी इस बारे कुछ नहीं बता रहा ।

माफ़ी मांग लेने के बाद गुरदेव सिंह बादल का नि

(प्र.): आज पंजाब
ण पर तीन दिवसीय
ई । बहस में भाग
धायक दल के नेता

संसाधन मिलें ।

नए कर अमीरों पर

प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में कमज़ोर और निम्न मध्यम वर्गीय लोगों को 595 करोड़ रुपए की

उन्होंने कहा कि कर चोरों के खिलाफ सरकारी सख्ती में लेशमात्र ढील नहीं आएगी । छापे, तलाशियां और जुर्माने जारी रहेंगे । सरकार छोटे करदाताओं के स्थान पर बड़े कर चोरों पर ज्यादा

होगी । यह कटौती योजना खर्च तथा उत्पादक गैर-योजना मदों में नहीं की जाएगी ।

उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र के इस मूल चिन्तन को बदला जा रहा है कि ग्रामीण विकास या



अमृतसर के ग्राम चक सिकन्दर में वीरवार की रात्रि को उग्रवादियों द्वारा मारे गये दुकानदार (बाएं) कुलवंत राय का शव तथा (दाएं) उसके परिवार के सदस्य विलाप करते हुये । (छाया : पाल)

आत्मनिर्भर हो सके ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुरक्षा सेनाओं के खर्च में कोई कटौती नहीं की जाएगी लेकिन यह देखा जाएगा कि उन्हें दी गई राशि का उपयोग ठीक हो । श्री गांधी ने कहा कि देश के पड़ौस में तथा विश्व के अन्य भागों में भारत विरोधी सभी ताकतें देश पर जबरदस्त दबाव डाल रही हैं । इस स्थिति में हमारी सुरक्षा सेनाएं ही देश की आर्थिक और राजनीतिक स्वतंत्रता की रक्षा करने में सक्षम हैं ।

उन्होंने कहा कि यदि देश की सुरक्षा को कोई नया खतरा उत्पन्न हो गया तो सरकार सेनाओं को और मजबूत करने के लिए रक्षा कर लगा सकती है । दीर्घकालीन वित्त नीति में करों के स्थायित्व की बात कही गई है लेकिन संकटकाल में रक्षा कर लगाने का प्रावधान भी किया गया है ।

श्री गांधी ने चर्चा के दौरान उठाई गई इस बात को स्वीकार किया कि देश की सुरक्षा पर किए जा रहे खर्च के प्रबन्ध में सुधार की गुंजाइश है । उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित करेगी कि सुरक्षा सेनाएं देश के संसाधनों का श्रेष्ठतम संभव उपयोग करें ।

नकली ग्लिसरीन से 5 मौतें

पटना, 13 मार्च : पटना मैडिकल कालेज अस्पताल के सूत्रों के अनुसार पिछले दो दिनों में अस्पताल में नकली ग्लिसरीन से पांच मौतें हुई हैं । यह ग्लिसरीन आंख के रोगियों तथा अन्य रोगियों को खिलाई गई थी ।

पंजाब में मैडिकल छात्र सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : 2 कारें छीनी गईं

चंडीगढ़, 13 मार्च (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में एक मैडिकल छात्र की हत्या कर दी गई, दो कारें छीन ली गईं ।

मृत प्रदीप कुमार अमृतसर मैडिकल कालेज में एम.बी.बी.एस. अंतिम वर्ष का छात्र था ।

कल उग्रवादियों के हाथों मारे गए इंका नेता गुलशन कुमार की आज अन्त्येष्टि कर दी गई । इस हत्याकांड के संबंध में पुलिस ने तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

उग्रवादियों का एक नया संगठन अस्तित्व में आया है जिसका नाम 'खालिस्तान रिजर्व फोर्स' है ।

गत रात्रि जिला अमृतसर के गांव चकसिकंदर में आतंकवादियों ने एक दुकानदार कुलवन्त राय की हत्या कर दी ।

जिला रोपड़ में बहरामपुर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

नया उग्रवादी संगठन

मोगा (वार्ता): 'खालिस्तान रिजर्व फोर्स' नामक एक नया उग्रवादी संगठन अस्तित्व में आया है जिसका मुख्यालय राजस्थान में गंगानगर के निकट बुड्ढा जोहड़ में है । इस आशय के पोस्टर शहर में उग्रवादियों की ओर से लगाए गए थे । बुधवार को लगाए गए इन पोस्टरों को सुरक्षा बलों ने उतार दिया है । इनमें कहा गया कि बघेल सिंह को नए संगठन का 'डायरैक्टर जनरल' जोध सिंह को 'चीफ जनरल', जरनैल सिंह को 'लैफ्टीनेंट जनरल' और राजेन्द्र सिंह को 'चीफ सैक्रेटरी' बनाया गया है । पोस्टरों में कहा गया कि संगठन केवल उन्हीं सिखों को भर्ती करेगा जो अमृतधारी हैं, बाल नहीं काटते तथा जबानी 'नितनेम' कर सकते हैं ।

स्कूटर छीनने पर गिरफ्तार

'संघी' की चंडीगढ़ से सूचना है कि स्थानीय पुलिस ने गत रात वहां सैक्टर 20 में 19 वर्षीय अमरजीत सिंह साहनी को एक स्कूटर छीन कर फरार होने का प्रयास करते हुए गिरफ्तार कर लिया ।

एस.एस.पी. श्री आर. के नियोगी के अनुसार यह युवक मोहाली का रहने वाला है । पहले उसने एक कार छीनने का प्रयास किया लेकिन सफलता न मिलने पर स्कूटर छीन कर ही भागने का प्रयास किया जिसे वहां उपस्थित लोगों और पुलिस ने भाग दौड़ करके गिरफ्तार कर लिया ।

पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्तौल भी बरामद किया है जिसकी सहायता से वह लोगों को डरा रहा था । श्री नियोगी ने बताया कि इस युवक की गिरफ्तारी में सहायता करने वालों को सम्मानित किया जाएगा ।

एकीकृत अकाली दल पर आरोप

नकोदर (गगन): पंजाब हिन्दू शिव सेना के अध्यक्ष मंडल के सदस्य प्रेमनाथ ने आज यहां देवी तालाब में एक प्रैस कान्फ्रैंस बुलाई जिसमें सेना के उपप्रधान श्री विजय खन्ना, नकोदर के कार्यवाहक प्रधान श्री पवन मित्तल व दर्शन लाल भी उपस्थित थे । इसमें इन नेताओं ने कहा कि एकीकृत अकाली दल के सदस्य नकोदर के हिन्दुओं में अकारण ही उत्तेजना पैदा कर रहे हैं तथा बरनाला सरकार के विरुद्ध प्रचार कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि इस तरह के उदाहरण बटाला, फगवाड़ा व नवांशहर में भी देखने में आए हैं । उन्होंने मांग की कि शिवसेना के नेताओं जगदीश तांगड़ी, एस.के. सरबाल, रमाकांत जलोटा, पवन शर्मा, सुनील वालिया, रमेश खान व किरणदीप आदि को रिहा किया जाए । इससे पंजाब का वातावरण ठीक करने में मदद मिलेगी ।

उन्होंने नकोदर प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि हमारे वर्करों को डराने-धमकाने का सिलसिला जारी रहा तो शिव सेना कड़े पग उठाएगी । उन्होंने कहा कि नकोदर में हड़ताल जारी रहेगी परन्तु भुखहड़ताल पांच दिन ही चलेगी । शिव सेना वर्करों की रिहाई तक संघर्ष चलता रहेगा । हमारा झगड़ा केवल प्रशासन के साथ है किसी अन्य पार्टी के साथ नहीं ।

एक और जत्था भूख हड़ताल पर बैठा

आज दो स्त्रियों सहित शिव सेना का एक और जत्था भुख हड़ताल पर बैठा । जत्थे को बाबा मोनी ने आशीर्वाद दिया । इसी बीच नगर में आंशिक हड़ताल 10वें दिन में प्रविष्ट हो गई है । उन्होंने कहा कि 15 मार्च को एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री, राज्यपाल तथा डी.जी. पुलिस को शहर की स्थिति के बारे में जानकारी देने के लिए मिलेगा ।

मार्क्सवादी नेता नकोदर में

आज मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य समिति के कार्यवाहक सचिव गुरचरण सिंह रंधावा व राज्य समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र सिंह सरीह ने नकोदर का दौरा करने के बाद कहा कि शिव सेना द्वारा 'बंद' के लगातार आह्वान के कारण शहर के हालात खराब करने की जिम्मेदारी उन्हीं पर है । उन्होंने शहर में आपसी भाईचारा बनाए रखने की ज़रूरत पर जोर दिया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



राष्ट्रपति के पत्र के प्रकाशन पर गोयनका के आवास पर छापा

नई दिल्ली, 13 मार्च (वार्ता): केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) के अधिकारियों ने आज रात इंडियन एक्सप्रैस समूह समाचार पत्र के मालिक रामनाथ

दी ।

श्री गोयनका के निवास सूत्रों के मुताबिक परिवार के किसी भी सदस्य को टैलीफोन करने की

Punjabi Sahaj.in

। राशि जमा होने के छह माह
ना दी जाएगी ।

वार्ज

य मंत्री महेंद्र सिंह साइयांवाला ने
री लाल, ब्रह्म मोहिन्दरा और
के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब
ल सीवरेज के लिए 8 शहरों के
ल किया जा रहा है, वह माफ नहीं
। पंजाब सरकार इसके लिए
उसने विश्व बैंक को ऋण की
। इंका सदस्यों ने मांग की कि
ज के लिए अलग-अलग दरें
। श्री साइयांवाला ने कहा कि जो
कुल नाममात्र हैं । कानूनी तौर
को यह चार्जिज़ समाप्त करने का
है । यह विश्व बैंक का ऋण है,
स करना है । जब इंका सदस्यों
नों को अलग-अलग करने की
यांवाला ने इस पर गौर करने का

र मुख्यमंत्री बरनाला ने हस्तक्षेप
क्योंकि इस मामले पर इंका
रोधी वक्तव्य दिए हैं, इसीलिए
फैसला कर लें, सरकार फिर कोई
न स्वास्थ्य मंत्री शशपाल सिंह ने
भाग को जलापूर्ति और सीवरेज
कोई फैसला नहीं किया गया, इस
वारियों में कोई चिन्ता नहीं होनी
पा के मास्टर मोहन लाल के
का जवाब दे रहे थे । श्री
कहा कि एक समिति ने सुझाव
था, लेकिन सरकार ने फैसला
ति बहाल रखी जाए ।

स की मांग

तुरन्त बाद कई इंका सदस्यों ने
हत्याओं और विशेष रूप से
ता गुलशन कुमार की हत्या के
पर बहस की मांग की । श्री
ा कि गुलशन कुमार की दिन-
ड़े-बैठे हत्या कर दी गई थी ।
मुख्यमंत्री बरनाला इस बारे
श्री ओम प्रकाश गुप्ता और श्री
ी बरनाला से कहा कि वह एक
त्रिमंडल से क्यों नहीं निकालते,
छप रही हैं कि वह अमृतसर से
से छुड़ा कर ले आए हैं । श्री
ी के लड़के पर उग्रवादियों से
है । क्या इस तरह का मंत्री
है । डा. केवल कृष्ण ने कहा
नाओं की कद्र करते हुए श्री
ना चाहिए । उन्होंने भी इस
ना चाहा । स्पीकर सुरजीत
कि सदस्य राज्यपाल के भाषण
मामला उठा सकते हैं । इस
ला ने कहा कि राज्यपाल के
हो चुकी है और मुझे इसका
ग-अलग घटनाओं के बारे में
होगा लेकिन यदि कोई सदस्य
बारे में पूछना चाहता है तो मैं
। आज बयान देना सम्भव

4 करोड़ का
दान पास

व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार हुआ है ।

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 1 का शेष)

मारुति कार व अन्य सामान लूटा

जालन्धर (वार्ता): स्टेनगन और रिवाल्वरों से लैस सात कथित आतंकवादी कल रात ज़िले के नवांशहर पुलिस थाने के अन्तर्गत गढ़ी फतेह खान गांव के एक अमीर किसान के घर से एक राइफल, एक रिवाल्वर, कुछ कारतूस तथा एक मारुति कार ले गए । आज यहां प्राप्त पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादियों ने किसान महेन्द्र सिंह बहल के परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया और उनकी कार और जिन अन्य वाहनों पर वे यहां आए थे, भाग गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

न.न.स. के अनुसार आतंकवादियों ने महेन्द्र सिंह व उसके परिवार के सभी सदस्यों को एक कमरे में बंद कर दिया । बाद में पड़ोसियों ने दरवाजा खोलकर उन्हें निकाला ।

हज़ारों का माल लूटा

देर से मिली जानकारी के अनुसार 10-11 मार्च की रात को आधी दर्जन उग्रवादी एक ट्रक पर थाना सदर के गांव गद्दोवाली में महंगा सिंह उप्पल के घर आए और सभी घर वालों को शस्त्रों की नोक पर एक कमरे में बंद करके हज़ारों रुपए का माल लूटकर एक ट्रक में फरार हो गए ।

थाना सदर में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार लुटेरे महंगा सिंह के पोते कुलदीप सिंह का ब्रिटिश पासपोर्ट, 25000 रुपए नकद, हज़ारों रुपए के गहने, 15 बिस्तरे, दस हजार रुपए का एक ड्राफ्ट तथा एक चैक बुक लूट ले गए । अभी तक भी लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला ।

उग्रवादी मरा

फिल्लौर (भाखड़ी): आज सायं अपरा के पास सुरक्षा बलों व उग्रवादियों में हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया व दो गिरफ्तार कर लिये गये ।

'वार्ता' के अनुसार यह मुठभेड़ लोहगढ़ के पास हुई । मृत उग्रवादी बिट्टा उर्फ दुखिया गोराया का रहने वाला था । पकड़े गए उग्रवादियों के नाम रुड़का ग्राम के मल्कियत सिंह तथा रंजीत सिंह हैं । बताया जाता है कि शाम को 6 बजे पुलिस और सी.आर.पी. की टीम मैटाडोर में जा रही थी जब सामने से एक स्कूटर पर आ रहे तीन युवकों को देखा । सुरक्षा बलों ने उन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने गोली चला दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोली चलाई जिसमें बिट्टा मारा गया ।

'न.न.अ.' के अनुसार उग्रवादियों को जब रुकने को कहा गया तो वे पहले स्कूटरों पर भागे तो सुरक्षा बलों ने मैटाडोर में पीछा किया । तब उग्रवादियों ने गोली चलाई ।

छात्र की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने आज यहां एक मैडिकल छात्र प्रदीप कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रदीप कुमार जब कालेज जा रहे थे, तब रिवाल्वर से लैस दो आतंकवादियों ने उन पर गोली चला दी । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । हमलावरों में से एक के पास तलवार भी थी । दोनों हमलावर वारदात के बाद फरार हो गए । प्रदीप कुमार अमृतसर मैडिकल कालेज में अन्तिम वर्ष का छात्र था ।

3 हिरासत में

प्रयत्न करते हैं । ब
को गिराने के लिए व
हैं । यदि इतना जो
लेकर केंद्र सरकार
आपके साथ होता
राजनीतिक उद्देश्य
है । लेकिन यह आ
दर्शन सिंह से अपील
धारण कर चुकी
उलझाएं । उन्होंने
को राजनीति में आ
अकाल तख्त साहिब
न चलाएं, बल्कि
मैदान में उतरें ।

ट्रेन मे

फगवाड़ा, 13
स्टेशन के आऊटर
वाली 2-ए.जे.एल.
दोपहर जी.आर.पी.
राइफल से गोली चल
उतर कर गार्ड के पा
आकर रेलवे कंट्रोल
सी.आर.पी. के वरिष
ट्रेन आधा घंटा लेट
पता चला कि सुभाष
एस्कोर्ट पार्टी का सद
जालन्धर में उतार
रेलवे पुलिस के डि
शर्मा को सौंप दी गई
हो गया ।

शरा

जालंधर, 13
रोड पर रेलवे फाटक
ठेके से चार अज्ञात
रात्रि दो बजे पहले
ठेके के सामने एक
नौकर नरेश सोता
नौकर को उठा कर
वह ठेके का कर्मचारी
में तीन और लोग अ
चौकीदार को बांध
नकदी लेकर भाग ग

आत्मिक

होशियारपुर,
टैक्सटाइल मिल्ज
होशियारपुर के प्र
निदेशक, स्टाफ और
चीफ एग्जीक्यूटिव
सुपुत्र श्री राज कुमा
पर गहरा दुःख व्यक्
की आत्मिक शांति
करके प्रभु से सहगल
सहन करने का साह
गई ।

लड़कियों व
गलों में

लुधियाना, 13
कृषि विश्वविद्यालय
होस्टल के बाहर चा
सबक सिखाया ।

Punjabi Sanjaan

लेखानुदान पास

दल्ली, 13 मार्च (वार्ता): लोकसभा ने आज 88 के लिए 42211.4 करोड़ रुपए का पारित कर दिया ।

87-88 के आम बजट पर हुई चर्चा पर राजीव गांधी के उत्तर के बाद लेखानुदान गया ।

योग (लेखानुदान) विधेयक में संचित कोष 987-88 के कुछ समय के लिए धन का प्रावधान है ।

ने 31 मार्च, 1985 को समाप्त हुए र्ष के लिए 58,59,95,210 रुपए के विधेयक 1987 को भी स्वीकृति प्रदान

शन करवाएं

/alid for Practice) रजिस्ट्रेशन
n./B.Sc. (Direct)/LL.B (3
ce)/Inter/Matric. Sure

4, सोनीपत (हरियाणा) ।

OTICE
CAL INSTITUTE
HOSPITAL
angrur)
ic/Equivalent Eligible.
New Delhi.

D
OURSES
ne
ons are required
E
loma programmes in
pplications are based on
developed at Cambridge-
with practicals at
tres

R SYSTEMS
Ph: 3608.
: 20386.
n.
ODA • LUCKNOW
HOPAL • HYDERABAD

था ।

3 हिरासत में

कांग्रेस (इ) नेता गुलशन कुमार की हत्या के सिलसिले में पुलिस ने तीन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है । पुलिस ने आज बताया कि इनके अलावा अजनाला और घरेंडा से भी दो अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है तथा उनसे एक-एक पिस्तौल और कुछ खाली कारतूस बरामद किए गए हैं । पुलिस ने उनके नाम गुरदीप सिंह और दिलबाग सिंह बताए हैं । श्री कुमार की कल कथित आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी ।

इंका नेता गुलशन कुमार अरोड़ा का आज सुबह यहां अन्तिम संस्कार कर दिया गया । श्री अरोड़ा की अंत्येष्टि के समय पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (इ) के अध्यक्ष श्री बेअन्त सिंह, महासचिव सेवाराम, विधायक दरबारी लाल, ज़िला कांग्रेस (इ) अध्यक्ष पृथीपाल सिंह तथा सैंकड़ों नगरवासी उपस्थित थे ।

अमृतसर में गत 15 नवम्बर को रासुका में गिरफ्तार किए गए आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के सचिव दविंदर सिंह की नजरबंदी समाप्त किए जाने के बाद उसे कल सायं जमानत पर रिहा कर दिया गया ।

कार छीन ली

इस बीच एक अन्य घटना में तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने आज सुबह जैतोवाल के निकट एक स्थानीय व्यवसायी अरुण अबरोल की कार छीन ली । श्री अबरोल बटाला से लौट रहे थे । पुलिस के अनुसार लुटेरों ने श्री अबरोल को रोका और पिस्तौल दिखाकर कार से नीचे उतरने को कहा । लुटेरे बाद में कार लेकर भाग निकले ।

कालेज बंद रहे

नवांशहर में आज दूसरे दिन भी कालेज बंद रहे जबकि बाज़ार खुले थे ।

दुकानदार की हत्या

तरनतारन, (पाल): कल रात गांव चक सिकंदर में दुकानदार कुलवंत राय की हत्या के बारे में और ब्यौरा मिला है । कुलवंत राय गांव में किरयाना की दुकान करता था । कल रात वह 7 बजे के लगभग दुकान बंद कर रहा था कि आतंकवादी साइकलों पर वहां आए तथा फ़ायरिंग करके उसकी हत्या कर दी । मृतक अपने पीछे विधवा पत्नी, एक लड़का व एक लड़की छोड़ गया है ।

एक की हत्या

रोपड़ (बैंस) : यहां के निकटवर्ती गांव बहरामपुर जिमींदारा में आज दोपहर बाद तीन अज्ञात लोगों ने फ़ायरिंग करके राजन सिंह की हत्या कर दी जबकि निरंकारी जरनैल सिंह फ़ायरिंग से गम्भीर रूप से घायल हो गया । जरनैल सिंह को पी.जी.आई. में दाखिल कराया गया है । बताया जाता है कि तीनों व्यक्ति घर में दाखिल हुए और फ़ायरिंग करके भाग गए । सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई । जरनैल सिंह 13 अप्रैल, 1978 को अमृतसर में हुए झगड़े में संलिप्त था ।

गोली मार कर घायल

पटियाला, (भूषण): यहां सरहंदी गेट के निकट दो उग्रवादियों ने 41 वर्षीय देव राज को गोली मार कर घायल कर दिया । उग्रवादियों ने पहले श्री देव राज से बिशन नगर का रास्ता पूछा । रास्ता बताने

कृषि विश्ववि
हॉस्टल के बा
सबक सिखाय



सुपर
Result of D
8th Draw
p.m. at
Itanagar b
Arunachal
supervision
1st Prize
2
2nd Prize (9
On all tkts. en
Prize.
3rd Prize (9
On all tkts. end
Prize.
4th Prize (90
On all tkts. endi
Prize.
5th Prize (90
On all tkts. endi
Prize.
6th Prize (90
On all tkts. endi
Prize.
7th Prize (200
On all tkts.
descending nos.
6
Next Dra
कृपया परिणाम अधि
आर्गेनाइज़िंग ए
सी-89 साउथ एक्स
सचिव, डोन्यी-प
अरुणाचल प्रदेश-7
डीलक्स डर्बी स
डीलक्स डर्बी वी
परिणाम आल इंडिया रेडि
रात 9.15

B.N.T. Films
Nirmal Anand
प्रकाश मेहरा और अमिताभ बच्चन

Punjabi Gaziani

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार, 15 मार्च, 1987 तदनुसार, 2 चैत्र, 2043

स्थानांतरित करने को फिलहाल कोई योजना नहीं है ।

श्री वर्मा ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने भी

शुरू हो रहा है प्रमाण के तौर पर जाएंगी ।

पंजाब में एक परिवार के 3 सदस्यों सहित 7 लोगों की हत्या

फिल्लौर के निकट पुलिस से मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : 2 गिरफ़्तार

आतंकवादी स्वर्ण मंदिर से भागे : नकोदर में हड़ताल

चंडीगढ़, 14 मार्च (वार्ता, हस): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 7 व्यक्तियों की हत्या की गई जबकि एक संदिग्ध आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

प्राप्त सूचनानुसार पुलिस कार्रवाई के भय से बहुत से आतंकवादी स्वर्ण मंदिर अमृतसर से भाग गये हैं ।

डेरा बाबा नानक में गत दिनों आतंकवादियों के हाथों घायल सरपंच दम तोड़ गया ।

नकोदर में आज लगभग पूर्ण हड़ताल रही ।

पटियाला में आज खालसा कालेज के निकट एक बोरी में बंद लाश पुलिस ने बरामद की ।

बाप मरा, बेटा घायल

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): कल रात पौने 12 बजे यहां जी.टी. रोड पर स्थित रवीन्द्र मोटर गैरेज के मालिक रमेश चंद्र मल्हन (आयु 48 वर्ष) की दो संदिग्ध व्यक्तियों ने गोली मार कर हत्या कर दी जबकि उसका बेटा रवीन्द्र कुमार सख्त घायल हो गया ।

बताया जाता है कि रमेश चंद्र मल्हन टैलीविज़न कार्यक्रम को देखने के बाद पेशाब करने के लिये अपने कमरे से बाहर निकला तो दो नौजवानों ने, जिनकी आयु 20-22 वर्ष के लगभग थी तथा जिन्होंने अपने सिरों पर कपड़े बांधे हुए थे, उसे गोली मार दी जो रमेश चंद्र की छाती और पेट के मध्य वाले हिस्से में लगी । मल्हन के शोर मचाने पर उनके दोनों बेटे रवीन्द्र कुमार और अश्विनी कुमार व उनकी बेटी रेणु भी कमरे से बाहर आ गई । रवीन्द्र कुमार एक आतंकवादी के साथ गुत्थमगुत्था हो गया और यह क्रम लगभग 5 मिनट चलता रहा । इस दौरान रवीन्द्र कुमार ने आतंकवादी के कपड़े फाड़ डाले तथा उसका सफेद रंग का एक स्वैटर, नीले रंग की कमीज़ तथा सिर पर बंधा कपड़ा उतर गये और रवीन्द्र कुमार के हाथों में आ गये लेकिन दूसरे आतंकवादी ने रवीन्द्र कुमार को गोली मार दी जो उसकी छाती में लगी ।

रवीन्द्र कुमार को गोली मारने के बाद आतंकवादी ने छत से नीचे छलांग लगा दी । लहू-लुहान हालत में रवीन्द्र कुमार ने भी उसके पीछे ही छत से नीचे छलांग मार दी परन्तु अभियुक्त फरार होने में सफल हो गये ।

तत्काल ही घायल बाप-बेटे को फगवाड़ा से सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना ले जाया गया, परन्तु रमेश चंद्र मल्हन की सी.एम.सी. अस्पताल के गेट के बाहर ही मृत्यु हो गई । रवीन्द्र कुमार को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री पी.सी. डोगरा, एस.पी. आप्रेशन्ज श्री अरनेजा अन्य उच्चाधिकारियों के साथ मौका पर पहुंचे । खोजी कुत्ते भी मंगवाए गये परन्तु अभियुक्तों का सुराग लगाने में कोई सफलता नहीं मिली । रमेश मल्हन के शोक में आज फगवाड़ा में सभी मोटर गैरेज बंद रहे । आज सिविल अस्पताल फगवाड़ा में रमेश मल्हन की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिवार को सौंप दी गई तथा बंगा रोड श्मशानघाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया । रवीन्द्र कुमार की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । पुलिस ने इस वारदात के संबंध में 3 लड़कों को हिरासत में ले लिया है ।

वार्ता के अनुसार पुलिस ने आज बताया कि आतंकवादी एक विदेशी रिवाल्वर वहीं छोड़ गये । रमेश चंद्र के पुत्र रवीन्द्र कुमार को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई ।

पुलिस का अनुमान है कि आतंकवादी डकैती डालने आये थे, परन्तु जब उनका मुकाबला किया गया तो उन्होंने गोली चला दी ।

नगर में पांच घंटों से भी कम अवधि में ही गोली चलाए जाने की यह दूसरी घटना थी । कल सायंकाल सात बजे के लगभग दो आतंकवादियों ने गुड मंडी में एक व्यक्ति को उसकी दुकान में ही गोली मार कर घायल कर दिया था । घायल दुकानदार देसराज को उपचार के लिये सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना भेजा गया ।

स्थानीय कांग्रेस (इ) विधायक जोगिंद्र सिंह मान और फगवाड़ा राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के संयोजक महेश कुमार ने इन वारदातों की निंदा की है ।

डोगरा द्वारा स्थिति का जायज़ा

एक अन्य सूचना के अनुसार डी. आई. जी. श्री पी. सी. डोगरा ने आज फगवाड़ा में पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों के उच्चाधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की । पत्रकारों से बातचीत में श्री डोगरा ने कहा कि आतंकवादी घटनाओं के परिणामस्वरूप साम्प्रदायिक घटनाएं होने से रोकने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है । उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था एजेंसियों को हिंसक घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार लोगों को पकड़ने में मज़बूती तथा निष्पक्षता से काम लेने का निर्देश दिया गया है । संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की गश्त तेज़ की जा रही है ।

इसी बीच गत रात्रि फ़ायरिंग में घायल हुए देस राज का आज लुधियाना के अस्पताल में आप्रेशन करके उसके पेट में से गोली निकाल दी गई ।

पुलिस ने हाल ही में एसिड फैंकने की घटनाओं के सम्बन्ध में मुख्य अभियुक्त दानी को गिरफ्तार किया है ।

सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन (गुरजीत गुट) फगवाड़ा के प्रधान मंजीत सिंह को आतंकवादी विरोधी कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया ।

तीन की हत्या

फरीदकोट के निकट गांव बघीना में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तेज़ धार हथियारों से एक व्यक्ति बचित्तर सिंह, उसकी पत्नी व मां की हत्या कर दी । यह घटना आधी रात के समय हुई । पुलिस ने दावा किया कि यह आतंकवादी वारदात नहीं है बल्कि ज़मीन के झगड़े का नतीजा है ।

आतंकवादी पकड़ा गया

फरीदकोट पुलिस ने आज गांव रानियां के नहर के पुल पर एक संदिग्ध आतंकवादी गुरमेल सिंह को गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से चोरी किया हुआ एक स्कूटर बरामद हुआ ।

डेरे के महंत की हत्या

बाघापुराना से मित्तल के अनुसार गत रात यहां से पांच किलोमीटर दूर डेरा मिगाहा (लंगियाना) में लगभग आठ सशस्त्र आतंकवादियों ने डेरे के महंत मंगत राम की गोली मार कर हत्या कर दी तथा लगभग 50 हजार रुपए मूल्य का सोना व पांच हजार रुपए की नकदी लूटकर ले गए । आतंकवादी

(शेष पृष्ठ 12 पर)





फगवाड़ा में शुक्रवार रात को उग्रवादियों द्वारा एक व्यक्ति रमेश च
कर दिया गया । (चित्रों में) (1) रमेश चन्द्र का शव । (2) वह
हो गया, लेकिन वे उसे घायल करके भाग निकले । (3) घायल

शिव सेना द्वारा अध्यक्ष म

जालन्धर, 14 मार्च (क): हिन्दू शिव सेना पंजाब के संगठनात्मक ढांचे को अधिक सक्रिय तथा व्यापक आधार वाला बनाने की दृष्टि से सेना की प्रीजीडियम भंग कर दी गई है और बाकायदा कार्यकारिणी गठित की गई है जिसके प्रधान फगवाड़ा जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अधीन नज़रबंद श्री जगदीश तांगड़ी बनाए गए हैं ।

प्रीज़ीडियम भंग कर कार्य समिति बनाने का निर्णय कल उस समय फगवाड़ा जेल में लिया गया जब श्री कृष्ण महाजन, श्री प्रेम नाथ, श्री सुरिन्द्र डोगरा, श्री तेजपाल साथी हाल ही में गिरफ्तार श्री रमाकांत जलोटा को जेल में मिलने गए और श्री जलोटा के अतिरिक्त श्री तांगड़ी तथा श्री सुनील दत्त वालिया आदि से विचार-विमर्श किया ।

यह जानकारी देते हुए श्री तेजपाल साथी, जो कि नई कार्य समिति में महासचिव बनाए गए हैं, ने बताया कि उपरोक्त पुनर्गठन बारे मालेरकोटला जेल में नज़रबंद श्री पवन शर्मा व श्री एस.के. सरवाल तथा पटियाला के श्री रमेश भारद्वाज की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है ।

नई कार्य समिति के अन्य पदाधिकारी इस प्रकार हैं : वरिष्ठ उपप्रधान श्री रमाकांत जलोटा, उपप्रधान श्री सुरिन्द्र डोगरा, श्री कृष्ण महाजन व श्री प्रेम नाथ, संयुक्त स
लाल शर्मा व श्री
एडवाइज़र श्री एस.के
कैशियर का पद भी स
तेजपाल साथी व श्री

श्री साथी ने
हिमाचल प्रदेश, चंड
आधारित क्षेत्र की भी
गई जिसके प्रधान श्री
उपप्रधान श्री आनंद
देवगण (हरियाणा),
(पंजाब) व श्री अनि
सचिव डा. गुलशन (
श्री आर.एल. पंज वा
हैं । इनके अतिरिक्त
दीवान चन्द तूफ़ान, श्
पं. रूप लाल प्रचारक

श्री साथी ने का
वक्तव्य जारी किया,
हिन्दू शिव सेना का
उग्रवाद, राज्य के अल्प
भेदभाव के विरुद्ध संघ
रक्षा करना है ।

धर्म व्यक्तिगत मामला, इसे राजनीति से न जोड़ा जाए

नई दिल्ली, 14 मार्च : यहां आयोजित एक विचार गोष्ठी में अनेक वक्ताओं ने कहा कि धर्म एक व्यक्तिगत मसला है । इसे राजनीति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए । ये वक्ता 'धर्म, राजनीति और प्रैस' विषय पर आयोजित गोष्ठी में विचार व्यक्त कर रहे थे । इसका आयोजन अखिल भारतीय समाचार पत्र सम्पादक सम्मेलन ने किया था । सम्मेलन के अध्यक्ष और सांसद विश्व बंधु गुप्ता ने कहा है कि वर्तमान संदर्भ में धर्म को राजनीति से जोड़ना घातक होगा । वह गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे । उन्होंने कहा कि हाल ही में लोगों का इस बारे में जो नज़रिया बदला है वह राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा है । इस गोष्ठी में अनेक बुद्धिजीवी, पत्रकारों और साहित्यकारों ने अपने विचार व्यक्त किए । सभी की राय थी कि धर्म को राजनीति से जोड़ना गलत है ।

श्री गुप्ता ने कहा कि सभी सम्प्रदायों को एक स्वर में इसका विरोध करना चाहिए । उन्होंने प्रश्न किया कि इस स्तर पर 'मीडिया' को क्या करना चाहिए । क्या उसे खाली एक रिपोर्टर की तरह जो कुछ हो रहा है देखकर लिख देना चाहिए अथवा उद्देश्यपूर्ण और सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ?

उन्होंने कहा कि इस बारे में सबको मिलकर विचार करना है । यह ऐसा मुद्दा है जिस पर जल्द निर्णय किया जाना चाहिए ।

भारतीय प्रैस परिषद के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए.एन. सेन ने कहा कि धर्म के नाम पर राजनेता आम जनता का शोषण कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि समाज को बदलने में राजनीति, धर्म और प्रैस की महत्वपूर्ण भूमिका है ।

भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने कहा कि गांधी जी हमेशा मानते थे कि धर्म को राष्ट्रीय एकता और अखंडता में योगदान करना चाहिए । वह धर्म को राजनीति के साथ मिलाने के खिलाफ थे । सांसद श्री जगजीत सिंह अरोड़ा ने पंजाब समझौते का उल्लेख किया और राजीव-लोंगोवाल समझौते को जल्द लागू करने की मांग की ।

जाने-माने उपन्यासकार मुल्क राज आनंद ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि धर्म को राजनीति के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए । विचार गोष्ठी में संसद सदस्य दिग्विजय सिंह, भूतपूर्व सूचना-प्रसारण सचिव एस.एस. गिल, आनंद बाजार पत्रिका के ब्यूरो प्रमुख सी.एस. पंडित, अंग्रेजी दैनिक प्रेट्रियट के संपादक आर.के. मिश्रा सहित अनेक वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए ।

दिनेश अचानक कोलम्बो पहुंचे

कोलम्बो, 14 मार्च (वार्ता): भूतपूर्व विदेशमंत्री दिनेश सिंह आज यहां एक विशेष विमान से अचानक आ पहुंचे ।

भारतीय उच्चायोग के सूत्रों ने इस बारे में कुछ नहीं कहा लेकिन श्रीलंका सरकार के सूत्रों ने कहा कि वे प्रधानमंत्री राजीव गांधी के विशेष दूत के रूप में आए हैं ।

पता चला है कि पिछले 24 घंटे में श्रीलंका ने भारत से मध्यस्थता प्रयासों को पुनः शुरू करने के लिए कई बार सम्पर्क किया, जिसके फलस्वरूप श्री सिंह गए हैं ।

जाफना में तमिल नागरिकों के खिलाफ सैनिक कार्रवाई और आर्थिक नाकेबंदी समाप्त करने के आग्रह को श्रीलंका द्वारा ठुकरा देने के बाद भारत ने मध्यस्थता प्रयास छोड़ दिए थे ।

गोयनका के सलाह
सूचनाएं विदेशी गुप्त

नई दिल्ली, 14 मार्च (वार्ता): केंद्रीय जांच ब्यूरो ने कहा है कि उसे प्राप्त सूचनाओं के अनुसार श्री राम नाथ गोयनका के सलाहकार गुरुमूर्ति का सम्पर्क कुछ विदेशी गुप्तचर संस्थाओं से है और सरकारी फाइलों की महत्वपूर्ण सूचनाएं उन्हें दी जा रही हैं । गुरुमूर्ति को मद्रास में गिरफ्तार कर रिमांड ले लिया गया । उन्हें दिल्ली की अदालत में पेश किया जाएगा ।

बम्बई में गुरुमूर्ति के साझीदार चार्टर्ड अकाऊंटैंट जानकी रमन को भी गिरफ्तार कर लिया गया और विशेष विमान से दिल्ली लाया गया ।

ब्यूरो ने सरकारी गोपनीयता कानून के तहत श्री एस. गुरुमूर्ति और अन्यों के खिलाफ 16 दिसम्बर, 1986 को दर्ज मामले के संबंध में श्री रामनाथ गोयनका के घर पर कल तलाशी ली ।

श्री गुरुमूर्ति और उनके सहयोगियों के बम्बई और मद्रास स्थित घरों की तलाशी लेने के आदेश भी जारी किए गए थे । ब्यूरो द्वारा आज जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री गोयनका के कमरे को छोड़कर अन्य सभी कमरों की तलाशी ली गई और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए गए जिन्हें आज अदालत में पेश किया गया ।

यह मामला रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड [illegible]
मामले दर्ज किए गए हैं
पिछले वर्ष 21 दिसम्
और उनके यहां से रि
देने के मामले में विभि
नकलें बरामद की गई

सूत्रों के अनुसार
सुन्दर नगर स्थित गैस
सिलसिले में ली गई थी
दिल्ली के ड्यूटी मैजि
अदालत में कल रात

राजीव ज़ैल कर लें

मद्रास, 14 मार्च
डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी
राजीव गांधी को राष्ट्रप
सुलह के लिये कोशिश

डा. स्वामी ने यहां
प्रधानमंत्री और राष्ट्रप
मैत्री-पूर्ण संबंध कायम

उन्होंने कहा कि

हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र की अधिकृत भाषा बनाने के प्रयत्नों में कोई सफलता नहीं

नई दिल्ली, 14 मार्च (कुलदीप नैयर): संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी को अधिकृत भाषा का दर्जा दिलाने के भारत सरकार के प्रयास को कोई सफलता नहीं मिल

प्रयास किया है । फिर भी विदेश मंत्रालय ने विदेश स्थित सभी भारतीय किसानों को एक परिपत्र भेजा है, जिसमें उनसे कहा गया है कि वे विदेशों में जाने वाले

का उल्लंघन होगा कि हिन्दी के प्रत्येक दस्तावेज का अंग्रेजी अनुवाद भी होगा । स्पष्टतः प्रधान मंत्री द्वारा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.जी.आर. को दिये गये

प्रसाद वर्मा ने स्पष्ट कहा है कि इस मुकदमे को स्थानीय न्यायालय परिसर से केंद्रीय जेल परिसर में स्थानांतरित करने को फिलहाल कोई योजना नहीं है ।

श्री वर्मा ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने भी

ज्ञातव्य है कि मान का मुकद्दमा 23 मार्च से यहां शुरू हो रहा है । सरकारी पक्ष द्वारा आरोप के प्रमाण के तौर पर कुछ गवाहियां भी प्रस्तुत की जाएंगी ।

संदिग्ध कागजात बरामद किए थे । सुनील दत्त ने प्रस्तुत जब्ती पत्र के अनुसार 'मान के पास से' एक रजिस्टर प्राप्त हुआ, जिसमें मान द्वारा अमृतसर का इतिहास अंग्रेजी में लिखा जा रहा था । इस इतिहास

एमनेस्टी इंटरनेशनल द्वारा लिखी एक अन्य नोट बुक जिसमें अंग्रेजी शब्दों की परिभाषा एवं उनका अर्थ है । राष्ट्रपति को भेजे गए अपने त्यागपत्र की

ई 3

हत्या

गिरफ़्तार

हड़ताल

के परिवार को सौंप दी गई
वाट पर उसका अंतिम
रवीन्द्र कुमार की हालत
ती है । पुलिस ने इस
ड़कों को हिरासत में ले

लिस ने आज बताया कि
रवाल्वर वहीं छोड़ गये ।
कुमार को उपचार के बाद
गई ।
है कि आतंकवादी डकैती
ब उनका मुकाबला किया
ा दी ।
भी कम अवधि में ही गोली
दूसरी घटना थी । कल
गभग दो आतंकवादियों ने
ो उसकी दुकान में ही गोली
ा था । घायल दुकानदार
लिये सी.एम.सी. अस्पताल

विधायक जोगेंद्र सिंह मान
सुरक्षा समिति के संयोजक
दातों की निंदा की है ।

का जायज़ा

अनुसार डी. आई. जी. श्री
फगवाड़ा में पुलिस व अर्द्ध



फगवाड़ा में शुक्रवार रात को उग्रवादियों द्वारा एक व्यक्ति रमेश चन्द्र की उनके घर में हत्या कर दी गई,जबकि उनके लड़के रवीन्द्र को घायल कर दिया गया । (चित्रों में) (1) रमेश चन्द्र का शव । (2) वह स्थान जहां हत्या की गई । मृतक का लड़का हमलावरों से यहां गुत्थम-गुत्था हो गया, लेकिन वे उसे घायल करके भाग निकले । (3) घायल रवीन्द्र । (4) मृतक का शोकाकुल परिवार । (छाया : अशोक कौड़ा)

शिव सेना द्वारा अध्यक्ष मंडल भंग : नई कार्यकारिणी

जालन्धर, 14 मार्च (क): हिन्दू शिव सेना पंजाब के संगठनात्मक ढांचे को अधिक सक्रिय तथा व्यापक आधार वाला बनाने की दृष्टि से सेना की प्रीज़ीडियम भंग कर दी गई है और बाकायदा

प्रेम नाथ, संयुक्त सचिव श्री किरण धीर, श्री मदन लाल शर्मा व श्री सुनील दत्त वालिया, लीगल एडवाइज़र श्री एस.के. सरवाल । श्री कृष्ण महाजन कैशियर का पद भी सम्भालेंगे जबकि महासचिव श्री तेजपाल साथी व श्री रमेश भारद्वाज होंगे ।

श्री साथी ने कहा कि हिन्दू शिव सेना राज्य की परिस्थिति से जूझने के अतिरिक्त देश की अखंडता व एकता के संरक्षण के लिए सभी विघटनकारी तत्वों के विरुद्ध संघर्ष करने को भी वचनबद्ध है ।

वक्तव्य में हिन्दू शिव सेना के नेताओं की

इंका द्वारा
महाभियोग व

नरसिम्हा राव द्वारा राष्ट्रपति व प्र

नई दिल्ली, 14 मार्च (वि.स.): राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच उत्पन्न विवाद कोई गम्भीर मोड़ लेने वाला है । समझा जाता है कि इंका संसदीय दल का युवा वर्ग हाई कमान पर राष्ट्रपति जैल सिंह के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए जोर डाल रहा है ।

बताया जाता है कि आज केंद्र के कुछ युवा मंत्रियों ने इस संबंध में विधि विशेषज्ञों से परामर्श शुरू कर दिया ।

देश के संविधान के अनुसार संविधान का उल्लंघन करने, नैतिक पतन, राष्ट्रहित के विरुद्ध

आई.ए.एस. को अन्य सेवाओं से बेहतर वेतन

नई दिल्ली, 14 मार्च : चौथे वेतन आयोग की रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार द्वारा घोषित नए वेतनमानों में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) के अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा और अन्य ग्रुप 'ए' के पदाधिकारियों के मुकाबले कुछ ज्यादा तरजीह दी गई है । सरकार ने गजट अधिसूचना के जरिए इस आशय की घोषणा की । यह नए वेतनमान एक जनवरी 1986 से लागू माने जाएंगे । जनवरी से मार्च तक की बकाया राशि कर्मचारियों की साधारण भविष्यनिधि खाते में जमा की जाएगी ।

महंगाई को रोकने की जरूरत को देखते हुए सरकार ने आशा व्यक्त की है कि इस नए फैसले के तहत ग्रुप 'ए' और अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी मार्च के बाद वेतन की बकाया राशि स्वेच्छा से अपने केंद्रीय भविष्यनिधि खाते में जमा करा देंगे ।

Punjabi Sanatan



गत दिवस फिल्लौर के पास पीछा करके सी.आर.पी. द्वारा पकड़े गए दो संदिग्ध उग्रवादी मल्कियत सिंह (दाएं) और रणजीत सिंह (बाएं) ।

पंजाब में 7 हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

जाते हुए 9 एम.एम. की एक स्टेनगन, एक रिवाल्वर तथा 50 कारतूस वहां छोड़ गए ।

मंगत राम की पत्नी ने बताया कि आतंकवादियों ने घर में घुसकर परिवार के अन्य सदस्यों के हाथ खड़े करवा कर मुंह दूसरी ओर करके खड़े होने पर विवश किया तथा ऐसा न करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी । तीन आतंकवादी घर, जो कि डेरे के निकट ही है, के दरवाजे पर खड़े हो गए । उन्होंने घर के सभी ट्रंकों के ताले तोड़ डाले व सामान बिखरा दिया । इस तरह सोना और नकदी जो भी हाथ लगी, लूट ली ।

महंत की वृद्धा माता ने हाथ जोड़कर उनसे अपने बेटे की जान बख्शने की प्रार्थना की लेकिन आतंकवादी नहीं पसीजे । वारदात के बाद आतंकवादी आध घंटे तक वहां खड़े हवाई फायर करते रहे । वे स्टेनगनों से लैस थे । महंत को दो गोलियां लगीं । पुलिस ने वह हथियार, जो कि आतंकवादी वहां छोड़ गए, पगड़ी व चादर भी कब्जे में ले ली है । सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए ।

घायल कर दिया

बाघापुराना से 9 किलोमीटर दूर गांव समालसर में तीन आतंकवादियों ने एक हरिजन हरी सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । बताया जाता है कि हरी सिंह अपने घर के आगे खड़ा सिगरेट पी रहा था । उक्त आतंकवादियों ने, जो कि वहां से गुजर रहे थे, उसके सिगरेट पीने पर आपत्ति की । इस पर उनमें झगड़ा हो गया तथा उन्होंने उस पर गोली चला दी । उसे सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल कराया गया जहां उसकी दशा गम्भीर है ।

दर्जी घायल

पटियाला से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दो आतंकवादियों ने कल रात सरहिंदी गेट के निकट देव राज नामक एक दर्जी को गोली मार कर घायल कर दिया । हमलावरों ने उसे किसी स्थान का पता पूछने के लिए रोका तथा हमला कर दिया ।

इसी बीच लुधियाना में जिला प्रशासन ने लाऊडस्पीकर के उपयोग तथा मोटर साइकलों पर पीला रंग करने पर आगामी 13 मई तक रोक लगा दी है ।

चुंगी लूट ली

खरड़ (शशि): कल रात 4 अज्ञात व्यक्तियों ने खरड़-बंडाला रोड पर एक चुंगी लूट ली । लुटेरे 83 रुपये ले गए ।

सरपंच गिरफ्तार

स्थानीय पुलिस ने एकीकृत अकाली दल के सक्रिय कार्यकर्त्ता व गांव बस्सियां के सरपंच कुलदीप सिंह बस्सियां को एहतियात के तौर पर गिरफ्तार कर लिया । उन्हें एस.डी.एम. ने 20 मार्च तक न्यायिक रिमांड देकर पटियाला भेज दिया ।

एक गिरफ्तार

होशियारपुर (प्रद्युम्न) : थाना सदर पुलिस ने करीबी गांव पट्टी के एक नौजवान मनजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । उससे एक पिस्तौल मिला । उसकी गिरफ्तारी नाकाबंदी के दौरान की गई । उससे पूछताछ जारी है ।

आतंकवादी भाग गए

अमृतसर (वार्ता): पुलिस कार्रवाई के भय से काफी बड़ी संख्या में आतंकवादी स्वर्ण मंदिर परिसर से भाग गए हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार पंथक समिति की सलाह पर भागने वाले आतंकवादियों में अनेक खूंखार आतंकवादी भी शामिल हैं ।

पुलिस सूत्रों का मानना है कि सात मार्च को एक पुलिस कर्मी को छुड़ाने के लिये अर्ध सैन्य बलों के साथ स्वर्ण मंदिर में पुलिस के प्रवेश से पंथक समिति को यह बात समझ में आ गई है कि जरूरत पड़ने पर पुलिस कभी भी स्वर्ण मंदिर परिसर में आ सकती है ।

पुलिस अधिकारियों का कुछ आतंकवादियों से की गई पूछताछ के आधार पर कहना है कि सौ के लगभग आतंकवादी, जिनमें 'ए' श्रेणी के आतंकवादी भी शामिल हैं, दिन में स्वर्ण मंदिर में रहते थे तथा आतंकवाद की योजना तैयार करते थे । तीस से चालीस आतंकवादी इसी उद्देश्य से परिसर में रात में रुकते थे ।

पुलिस ने पिछले एक माह में पचास से अधिक आतंकवादियों को स्वर्ण मंदिर परिसर के निकट से जाते या आते गिरफ्तार किया है । पुलिस का कहना है कि परिसर के इर्द-गिर्द रहने वाले व्यापारियों को 10 से 25 हज़ार रुपये तक की मांग करने वाले धमकी भरे खत मिले हैं ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

अमृतसर में गत रात तीन संदिग्ध आतंकवादियों को बंदी बना लिया गया । पुलिस ने आज यह जानकारी दी और बताया कि लोपोके पुलिस ने पंडोरी गांव के संतोख सिंह को गिरफ्तार करके उसके पास से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किये ।

सरहाली पुलिस ने आतंकवाद-विरोधी अधिनियम के तहत दो आतंकवादियों को बंदी बनाया है । इन्हें गत रात 'खालिस्तान समर्थक' और राष्ट्र विरोधी नारे लगाने पर गिरफ्तार किया गया ।

कार छीनी

इस बीच कल रात दो सशस्त्र युवकों ने यहां क्रिस्टल चौक के निकट एक व्यक्ति नरेंद्र कुमार से उसकी मारुति कार छीन ली ।

मुंशा सिंह का पोता

गोराया से 'सीरा' की सूचना है कि मारे गए कथित आतंकवादी बिट्टा उर्फ बुखिया का असली नाम राजेश्वर राज सिंह है । उसकी आयु 18 वर्ष है तथा वह 10वीं कक्षा का विद्यार्थी था । बिट्टा पंजाब के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी मुंशा सिंह का पोता था । उसका बाप डबई गया हुआ है जबकि मां डेरा बड़भाग सिंह गई हुई है । उसकी मां को लेने लोग गए हैं परन्तु वह अभी तक नहीं मिल सकी । उसके बारे से टैलीफोन पर संपर्क कायम किया गया तथा वह कल 15 मार्च को आ रहा है । उसके आने पर बिट्टा का अंतिम संस्कार किया जाएगा । एस.डी.एम., डी.एस.पी. स्थिति का जायजा लेकर चले गए हैं । डी.आई.जी. श्री डोगरा भी घटनास्थल देखने गए ।

बिट्टे की लाश यहां पोस्टमार्टम के पश्चात वारिसों को सौंप दी गई । पकड़े गये व्यक्तियों के नाम मलकीयत सिंह पुत्र उजागर सिंह वासी रुड़का खुर्द, रणजीत सिंह पुत्र गुरमुख सिंह वासी रुड़का खुर्द । सूचना मिलते ही एस.पी. गोपाल दास व डी.एस.पी. अपार सिंह बाजवा घटनास्थल पर पहुंचे । इन तीनों से एक चेतक स्कूटर नं. पी.ए.जे. 1215 भी मिला है ।

घायल सरपंच की मृत्यु

बटाला से 'कोछड़ के अनुसार पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना डेरा बाबा नानक के गांव भोलेके के सरपंच श्री पृथीपाल सिंह की कल पी.जी.आई. चंडीगढ़ में मृत्यु हो गई । आज उनका अंतिम संस्कार उनके गांव में कर दिया गया ।

उल्लेखनीय है कि गत 4 मार्च को दो अज्ञात युवकों ने उन पर फायरिंग करके उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया था ।

तीन गिरफ्तार

जिला गुरदासपुर आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मंजीत ग्रुप) के प्रधान अजीत सिंह कंदिया समेत तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है । ये गिरफ्तारियां कुछ दिन पहले जिला के एक गुरुद्वारा में किए गए आपत्तिजनक भाषणों के सिलसिले में की गई हैं । अन्य दो उग्रवादियों के नाम गज्जन सिंह तथा प्यारा सिंह बताए जाते हैं ।

नकोदर में हड़ताल

जालंधर (वार्ता): उपमंडलीय नगर नकोदर में आज लगभग पूर्ण हड़ताल रही । इसी बीच शिव सेना के 47 वर्करों की रिहाई के लिये सेना की नकोदर इकाई द्वारा शुरू किया गया आंदोलन 11वें दिन में दाखिल हो गया । कार्यकर्त्ताओं का धरना व भूखहड़ताल आज तीसरे दिन भी जारी रही । इससे पूर्व सेना के करीब 30 कार्यकर्त्ता, जिनमें अधिकांश स्त्रियां थीं, मौन जलूस के रूप में शहर में से गुजरे तथा दुकानदारों से दुकानें बंद करने का अनुरोध किया ताकि प्रशासन को उनकी मांग मानने पर बाध्य किया जा सके ।

शिव सेना नेताओं ने आज एक संयुक्त बयान में सरकार से मांग की कि वह हिन्दुओं के विरुद्ध भेदभाव समाप्त करे तथा जेलों में बंद सभी शिव सेना नेताओं व कार्यकर्त्ताओं को रिहा करे ।

रिवाल्वर छीना

मोगा (सर्ब): गत रात्रि निकटवर्ती गांव रोडे लंडे में 5 सशस्त्र व्यक्ति एक सरकारी कर्मचारी के घर में दाखिल हो गये तथा उसका रिवाल्वर व कारतूस छीन कर ले गए । इनमें से एक स्टेनगन से लैस था ।

हथियारों सहित चार गिरफ्तार

नकोदर (मनोज शर्मा): सी.आई.ए. स्टाफ नकोदर के इंचार्ज विजय कुमार शर्मा ने आज यहां बताया कि उन्होंने लोहियां के नजदीक चार राहजनों से भारी मात्रा में हथियार पकड़े हैं । श्री शर्मा ने बताया कि उक्त राहजनों से रिवाल्वर, तीन पिस्तौल तीन पिस्तौलें जिनमें एक 12 बोर, दो 9 एम.एम. और कुछ कारतूस बरामद किए गए । पुलिस ने सारा सामान जब्त करके अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है ।

स्कूटर छिना

जालन्धर (ल.न.पु.): आज सायं थाना सदर जालन्धर के गांव सलेमपुर के निकट बलराम नामक एक युवक से उसका स्कूटर पी.ए.सी. 1784 दो संदिग्ध उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । वह जालन्धर से अपने गांव जा रहा था ।

अखिल भारतीय सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन की होशियारपुर जिला इकाई के अध्यक्ष भूपिन्दर सिंह उर्फ काडी को अमृतसर पुलिस ने आज दोपहर यहां बस अड्डे से गिरफ्तार कर लिया ।

अमृतसर के ही वेरोवाल क्षेत्र के ठक्कू चक ग्राम में रतन सिंह के घर से चार उग्रवादियों ने एक लाइसैंसी 12 बोर की बन्दूक तथा 5 कारतूस लूट लिए ।

कार छीन ली

लुधियाना (धीमान): आज रात्रि यहां की एक पोश कालोनी के क्षेत्र में माल रोड पर मनजीत सिंह नामक एक व्यक्ति से 2 संदिग्ध उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसकी कार छीन ली ।

गुरु हरगोबिन्द सिंह और मीरी-पीरी

चंडीगढ़, 14 मार्च : कल पंजाब विधानसभा में एकीकृत अकाली विधायक दल से सम्बद्ध विधायक कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि सिखों का धर्म और राजनीति अलग-अलग नहीं हो सकते क्योंकि यह बात श्री गुरु हरगोबिन्द सिंह के पीरी और मीरी के सिद्धांत पर आधारित है । शनिवार को इस सम्बन्ध में प्रकाशित समाचार में प्रैस की भूल से श्री गुरु हरगोबिन्द सिंह के स्थान पर श्री गुरु गोबिन्द सिंह छप गया है ।

शोकसभा आज

जालन्धर, 14 मार्च (क): राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जालन्धर के प्रौढ़ वर्ग के प्रमुख श्री दनी चन्द थापर, जिनका 11 मार्च की रात को देहांत हो गया था, को श्रद्धांजलियां भेंट करने के लिए संघ की ओर से कल 15 मार्च को प्रातः 8.30 बजे संघ के कार्यालय पीली कोठी में एक शोकसभा आयोजित की जाएगी ।

मंडी में टी.वी. ट्रांसमीटर का उद्घाटन

शिमला, 14 मार्च : हिमाचल प्रदेश में स्थापित कम शक्ति के चौथे टैलीविजन ट्रांसमीटर का उद्घाटन आज मंडी में केंद्रीय योजना राज्य मंत्री श्री सुख राम ने किया । इस टैलीविजन केंद्र की स्थापना से प्रदेश की 60 प्रतिशत जनता दिल्ली तथा जालन्धर दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों को देख सकेगी ।

इस अवसर पर श्री सुखराम ने हिमाचल प्रदेश में दूरदर्शन ट्रांसमीटरों की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के प्रति आभार प्रकट किया । उन्होंने कहा कि बिलासपुर, धर्मशाला, हमीरपुर, चम्बा, कल्पा, केलांग व ऊना में सातवीं योजना में ट्रांसमीटर लगाए जाएंगे ।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से जनजातीय क्षेत्रों में दूरदर्शन के विस्तार को प्राथमिकता देने के लिए सम्पर्क किया जा रहा है ।

राजीव ने संविधान का उल्लंघन किया

कोझीकोड, 14 मार्च : भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने संविधान की धारा 78 का उल्लंघन किया है ।

इस धारा में प्रावधान है कि राष्ट्रपति को देश में हो रही हर महत्वपूर्ण घटना के सम्बन्ध में जानकारी दी जाती रहे ।

वे बेचारे क्या करें ?

बुडापेस्ट, 14 मार्च (डी.पी.ए.): हंगरी में, जहां शौच के उपरांत शरीर की सफाई के लिए पानी के बजाए टायलेट पेपर का इस्तेमाल किया जाता है, टायलेट पेपर का भारी अभाव उत्पन्न हो गया है और नागरिक परेशान हैं कि अब वे क्या करें ? हंगरी में टायलेट पेपर आयात किया जाता था पर अब आयात पर रोक लगा दी गई है ।

बरनाला ने जिला जत्थेदारों की बैठक बुलाई

चंडीगढ़, 14 मार्च (ह.स.): पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने आज यहां सर्वदलीय बैठक और उसके तुरंत बात जिला व सर्कल जत्थेदारों की बैठक बुलाई । सर्वदलीय बैठक में इंका, सी.पी.आई., सी.पी.आई. (एम), भाजपा और रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने भाग लिया ।

बाद में श्री बरनाला ने बताया कि बैठकों में 23 मार्च को शहीद भगत सिंह के जन्म स्थान खटकड़ कलां, जिला जालंधर में होने वाली सर्वदलीय बैठक में अधिक से अधिक लोग लाने का फैसला किया गया । इसके अतिरिक्त उग्रवादियों के विरुद्ध जनमत तैयार करने के लिए जिला व तहसील मुख्यालयों पर बैठकें आयोजित करने का भी निर्णय किया गया ।

श्री बरनाला ने बताया कि सर्वदलीय बैठकों के अतिरिक्त अकाली दल (ल) उग्रवादियों के विरुद्ध तहसील व सर्कल स्तर पर बैठकें आयोजित करके सिखों को तैयार करेगा । उन्होंने उग्रवादियों के विरुद्ध लड़ाई अपना प्रथम काम बताया और कहा कि 31 मार्च को बजट सत्र के बाद मंत्री अपने हल्कों में जाकर लोगों को संगठित करेंगे ।

होला-मुहल्ला पर सम्मेलन नहीं होगा

चंडीगढ़, 14 मार्च (वि.प्र.): सत्तारूढ़ अकाली दल ने इस बार होला-मुहल्ला पर 14-15 मार्च को आनंदपुर साहब में सम्मेलन न करने का फैसला किया है । यह फैसला तनावपूर्ण हालात के दृष्टिगत किया गया है । आज यहां जिला जत्थेदारों की बैठक में उक्त फैसला किया गया । अब सत्तारूढ़ अकाली दल 23 मार्च को हुसैनीवाला में होने वाले सर्वदलीय सम्मेलन की बढ़-चढ़ कर तैयारी करेगा । इसके दृष्टिगत अकाली जत्थेदारों की होशियारपुर, जालन्धर व फिरोजपुर में 15 और 16 मार्च को बैठकें बुलाई गई हैं ।

छोटे और बड़े स्टेशनों पर सुपरहिट होने के बाद
पहले दिन का ग्रास : 9410.00
ADAM AND EVE
(English) (Eastman Color)
भारी रश :
स्वर्ण-जम्मू ।
(Th. Vijay Hora, Jalandhar)

PARIS में बनी English Sex Bomb हिन्दुस्तान में पहली बार (U) Certificate से पास कर दी गई, सिंगापुर, बैंकाक का Sex Storm एक तरफ और पैरिस चैम्पियन एक तरफ
Eastman Color
भारी रश :
रोजाना 4 शो
नाज-जालंधर
20 तारीख से :
Chandigarh and Ludhiana. A 'Must See' Picture for Students).


विजय लक्ष्मी पिक्चर्ज़
डायरैक्टर के. भय्या
प्रोड्यूसर श्रीकांत नाहटा
संगीत : भप्पी लहरी
मजाल
MAJAAL
(रंगदार)
3 अप्रैल से सर्कट भर में
सितारे : जतिन्दर, श्रीदेवी, जयप्रदा, कादर खां, प्रेम चोपड़ा, मुराद, असरानी, महमूद ।
(रूपाली इंटरप्राइज़िज़)

50वां शानदार बिन
मिनी चांद-लुधियाना 4 शो
10, 1, 4, रात 7 बजे
पंजाब में सिल्वर जुबली मनाने के बाद
पिया का गांव


4
4था सप्ताह :
मिड्डी शिंगार-लुधियाना
रीजैंट-अमृतसर
अनुभव
सितारे : पद्मिनी कोल्हापुरे,

जल्द आ रहा है
नया बकरा
NAYA BAKRA

Punjab Sahatabi

उग्रवादियों द्वारा अकाली विधायक और एक डेरे के महंत की हत्या

कार में जा रहे विधायक अमरजीत सिंह पर स्कूटर सवार आतंकवादियों द्वारा गोली-वर्षा

अमृतसर क्षेत्र में 7 उग्रवादी गिरफ़्तार : कई जगह छीना-झपटी

चंडीगढ़, 15 मार्च (वार्ता, ह.स., नि.स.): उग्रवादियों ने विगत 24 घंटों में सत्तारूढ़ अकाली दल के एक विधायक अमरजीत सिंह और एक डेरे के महंत समेत 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक व्यक्ति को गोली से घायल कर दिया । परसों रात भी एक डेरे के महंत की हत्या की गई थी ।

उग्रवादियों ने कुछ हथियार लूट लिए । स्कूटर छीनने की एक घटना भी हुई । इस बीच एक व्यापारी अरुण अबरोल से छीनी गई मारुति कार बटाला के पास खेतों से बरामद हो गई ।

7 उग्रवादी बंदी बना लिए गए । इनमें अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ (गुरजीत गुट) की होशियारपुर ईकाई का प्रधान भी है ।

इसी बीच नकोदर आज लगभग पूर्ण बंद रहा ।

हिन्द शिव सेना के नेताओं ने आज जालन्धर में दावा किया कि नकोदर की स्थिति को सुलझाने के लिए मुख्यमंत्री श्री बरनाला ने उन्हें मंगलवार को चंडीगढ़ में बातचीत के लिए बुलाया है ।

अकाली विधायक की हत्या

लुधियाना : ज़िला लुधियाना में समराला के निकटस्थ गहलेवाल गांव के पास दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने सत्तारूढ़ अकाली दल के विधायक अमरजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । सरकारी सूचना के अनुसार यह गोली कांड बाद दोपहर दो बजे हुआ, जब श्री अमरजीत सिंह गहलेबाल गांव को जा रहे थे । उन्हें तुरन्त समराला अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया । वह विधान सभा के लिए समराला क्षेत्र से चुने गए थे ।

अमरजीत सिंह अपनी मारुति कार में जा रहे थे जब दो स्कूटर सवार उनकी कार के बराबर आ गए और उन्होंने चलते स्कूटर से गोलियां चलाईं ।

वह आतंकवादियों द्वारा मारे जाने वाले सत्तारूढ़ अकाली दल के पहले विधायक हैं । इससे पूर्व एक इका विधायक संत सिंह गिल की अमृतसर ज़िले के ब्यास नगर में हत्या कर दी गई थी । 1936 में जन्मे श्री अमरजीत सिंह अकाली आंदोलनों में 18 बार जेल गए थे । विधायक चुने जाने से पूर्व वह अकाली जत्था समराला के महासचिव थे । उनकी अंत्येष्टि कल होगी ।

श्री अमरजीत सिंह के साथ कार में जा रहा एक अन्य व्यक्ति आतंकवादियों की गोलियों से घायल हो गया । उसे अस्पताल में दाखिल किया गया है ।

हाथ देकर कार रुकवाई थी

लुधियाना से मुसाफिर के अनुसार श्री अमरजीत सिंह बहतोलपुर से एक रस्म भोग में भाग लेने के बाद एम्बैसडर कार में एक सरपंच दर्शन सिंह के साथ लौट रहे थे । कार वे स्वयं चला रहे थे । समराला के निकट एक उग्रवादी सड़क पर कपड़े की बुक्कल मारे खड़ा था, दूसरा उससे कुछ अंतर पर स्कूटर के निकट था । बुक्कल वाले उग्रवादी ने हाथ देकर कार रुकवाई । जैसे ही कार रुकी, उसने बुक्कल से स्टेनगन निकाली और फायरिंग करनी शुरू कर दी । श्री अमरजीत सिंह मौके पर ही ढेर हो गए जबकि उनके साथ बैठे सरपंच ने झुक कर जान बचाई । वैसे वह भी फायरिंग से घायल हो गया, फिर भी वह स्वयं कार चला कर अस्पताल पहुंचा ।

श्री अमरजीत सिंह उन सत्तारूढ़ अकाली दल के विधायकों में से थे जिनके नामों की सूची अकाल तख्त द्वारा 19 फरवरी को जारी की गई

(शेष पृष्ठ 10 पर)





अकाली विधायक श्री अमरजीत सिंह की रविवार को समराला के निकटस्थ गांव गहलेबाल के पास आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी (चित्रों में) (1) श्री अमरजीत सिंह (इनसैट) का शव, (2) वह स्थान जहां हत्या की गई, (3) श्री अमरजीत सिंह के परिवार की बिलखती हुई महिलाएं, (4) मृतक का बड़ा लड़का चरणजीत सिंह तथा अन्य लोग पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर लेने की प्रतीक्षा में ।

(छाया : काम्बोज)

जब सहनशीलता की देश का हाथ उठेगा

जालन्धर, 15 मार्च (क.) : प्रसिद्ध पत्रकार तथा अखबार टैलीग्राफ (कलकत्ता) के सम्पादक श्री एम.जे. अकबर ने आज यहां हिन्द समाचार पत्र समूह भवन में हिन्द समाचार शहीद परिवार फंड में से उग्रवाद पीड़ित परिवारों को सहायता के वितरण संबंधी समारोह में मुख्यातिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए उग्रवादियों व अलगाववादियों का स्मरण कराया कि यह ठीक है कि भारत के लोगों में सहनशीलता बहुत है और इसी कारण वह अभी उनकी हिंसक व देशघातक कार्रवाइयों को सहन करते जा रहे हैं लेकिन जब सहनशीलता की सीमा टूटी और इनके विरुद्ध हाथ उठा तो केवल पंजाब के लोगों का ही नहीं, पूरे देश का हाथ उठेगा और वह कहीं नज़र न आएंगे ।

श्री अकबर ने कहा कि उग्रवादी समझ लें कि आज का भारत 1947 का भारत नहीं जब यहां एक तीसरी ताकत थी और उसने यहां की राजनीति तथा कुछ राजनीतिक लोगों का इस्तेमाल कर देश का बटवारा सम्भव बना दिया । तब स्वतंत्र भारत का परिकल्पनों हो रही थी । मगर आज भारत अपने अस्तित्व की पूर्ण अनुभूति रखता है । इसलिए यह उग्रवादी भूलते हैं कि अब यहां तीसरी फोर्स नहीं । जो हमारे निर्णयों तथा किस्मत पर हावी हो सकती हो । कश्मीर से कन्या कुमारी तक और बर्मा की सीमा से सौराष्ट्र तक के भारतीय एक ही धड़कन का अनुभव करते हैं ।

श्री अकबर ने कहा कि इस सारी जीवंत व शक्तिशाली एकता के बावजूद वह बहुत सीमा तक आघात-प्रत्याघात सहने की हिम्मत रखते हैं किन्तु ऐसी ही हिम्मत देश की रक्षा करने की भी उनके पास है । उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी दलों के लोग गांव-गांव जाकर यह संदेश लोगों को दे दें कि पूरा देश उनके साथ है ।

श्री अकबर ने कहा कि सच तो यह है कि 1947 में मज़हब के नाम पर बना देश 1971 में टूट गया । जबकि विभिन्नताओं से मंडित भारत न केवल एक ईकाई बन सुदृढ़ रूप में खड़ा है बल्कि उसने खूब प्रगति भी की है जिसका उदाहरण स्वयं पंजाब रहा है । मगर कुछ देश के अन्दर तथा बाहर के दुश्मनों को प्रगति करता व शक्तिशाली बनता भारत बरदाश्त नहीं हुआ जिसके कारण 1971 से ही उसे कमजोर व खंडित करने की साजिशें शुरू हो गई थीं ।

श्री अकबर ने कहा कि आज पंजाब के सिखों को कुछ शिकायतें होने की चर्चा है । यह बात ठीक भी होंगी कि गत पांच वर्षों में कुछ शिकायतें पैदा हो गई होंगी । किन्तु 1971 तक तो सिखों के बारे में कोई सोच नहीं सकता था कि वह किसी शिकायत का शिकार हैं या वह किसी शिकायत पर इतने बेजार हैं । तब तो सिख भारत के प्रथम श्रेणी के नागरिक के रूप में मान्यता रखता था । किन्तु न मालूम क्यों 1971 के कुछ ही मास बाद कुछ लोगों को आनन्दपुर-साहिब का प्रस्ताव पारित करने की ज़रूरत अनुभव हुई । वास्तव में यह सब किसी गहरी साजिश से प्रेरित पग था जो आज उग्रवाद व अलगाववाद के रूप में फलीभूत हुआ नजर आता है । उन्होंने कहा कि भारत का दिल बड़ा है । यहां के लोग मिल कर चलने की प्रवृत्ति रखते हैं । किसी अल्पसंख्यक या अलगाववादी पर जल्दी से हाथ नहीं उठाते मगर जब यहां हाथ उठेगा तो सारे हिन्दुस्तान का हाथ उठेगा । सोचता हूं कि परमात्मा हमें बर्दाश्त करने की और हिम्मत दे क्योंकि एक बार हाथ उठा तो फिर वह कुछ करके ही रुकेगा ।





हिन्द समाचार अकबर एक (नीचे) सहाय

आज के सम 545000 रुप वितरित किए ग अनुसार आज वि रुपए दान के 6721772 वितरित किए जा पास अब कुल 1 से 27 परिवारों अगले समारोह

ज़ैल सिंह ने राजीव का असली चेहरा सामने ला दिया है : चंद्रशेखर

नई दिल्ली, 15 मार्च (वार्ता): जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री चन्द्र शेखर ने सभी विपक्षी दलों और राष्ट्र के प्रबुद्ध लोगों से अपील की है कि वे राष्ट्रपति द्वारा अपने पत्र में प्रधानमंत्री के विरुद्ध लगाए गए

चेहरे को तो राष्ट्र के सामने रखा ही है, उनके चरित्र की वास्तविकता का भी पर्दाफ़ाश किया है ।

जनता पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने पत्र में जो कुछ कहा है उस पर संसद को विचार

गावस्कर राज्यसभा के लिए मनोनीत होंगे ?

लंदन, 15 मार्च : 'संडे टाइम्स' के अनुसार भारत के सुप्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी सुनील गावस्कर को क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद राज्यसभा के लिए सदस्य मनोनीत किए जाने की सम्भावना है ।

अखबार के अनुसार कांग्रेस (इ) के कई प्रमुख सदस्यों ने श्री गावस्कर को राज्यसभा के लिए

जम्मू-कश्मीर के कई चु मुख्य मुकाबले 2 उम्म

जम्मू, 15 मार्च (स.): जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लगभग सभी चुनाव क्षेत्रों में अनेक उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं लेकिन धीरे-धीरे करके अब विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में स्वाभाविक रूप से

जम्मू शहर मुख्य मुकाबला गुप्ता तथा इंका हालांकि अन्य आकर्षित करने

Punjabi Sahadat

कहा कि यह धमकियां उन्हें गुरुओं तथा गुरुग्रंथ साहिब के बताए सच्चे मार्ग से हटा नहीं सकतीं । उन्होंने कहा कि वह इन धमकियों से डर कर सच का मार्ग छोड़ने वाले नहीं । उन्होंने सिंह साहिबान से भी कहा कि वह गुरुग्रंथ साहिब के दर्शाए मार्ग पर चलें । उन्होंने सभी दलों से कहा कि वह गांव-गांव जाएं और लोगों के दिलों से डर दूर करें ।

अमृतसर के भाकपा नेता श्री हरभजन सिंह ने कहा कि आम व्यक्ति अभी भी मन का नेक है और उग्रवादी हिंसा का विरोधी है किंतु डर के मारे वह आवाज उठाने से बचता है । उन्होंने कहा कि आम आदमी को मैदान में उतारे बगैर उग्रवादियों को पछाड़ना सम्भव नहीं और उसे मैदान में उतारने के लिए उसका डर दूर करना जरूरी है । इसके लिए सभी दलों को अपना अभियान और व्यापक बनाना चाहिए । उन्होंने कहा कि उग्रवादियों द्वारा गुरुद्वारों से जो भ्रामक प्रचार गांवों में किया जा रहा है, उसे भी बेनकाब करने के लिए गांव के लोगों तक सच्ची बात पहुंचानी जरूरी है ।

भाकपा नेता श्री भगत सिंह बिलगा ने पंजाब समस्या को हल करने बारे केंद्र की कारगुजारी को असंतोषजनक बताया मगर साथ ही कहा कि सरकारें अपना फर्ज पूरा करें या न करें, हमें तो पंजाब में लगी आग बुझाने के प्रयास करने ही हैं । उन्होंने सभी दलों से आग्रह किया कि वह सांझे एक्शन में अधूरे दिल से शामिल न होकर जी जान से शामिल हों और गांव-गांव में जाकर जन शक्ति लगाएं ।

फंड कमेटी के सदस्य पं. मोहन लाल ने मुख्य अतिथि तथा अन्य उपस्थित जनों का धन्यवाद किया और उग्रवाद के विरुद्ध मिल कर काम करने का आह्वान किया ।

बलवंत सिंह...
(पृष्ठ 3 का शेष)

समिति श्री हरचन्द सिंह लौंगोवाल के नेतृत्व में कायम की थी, लेकिन वर्तमान जत्थेदार ने इस बारे दोनों पक्षों से कोई बातचीत नहीं की ।

उनका ध्यान कैप्टन अमरेन्द्र सिंह के उस वक्तव्य की ओर दिलाया गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि श्री बलवन्त सिंह पंथक एकता के अभियान को तारपीडो कर रहे हैं । इसके उत्तर में वित्तमंत्री ने कहा कि कैप्टन अमरेन्द्र सिंह निराशा की स्थिति में इस प्रकार के व्यर्थ वक्तव्य दे रहे हैं ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अकाली दल खालिस्तान की मांग का विरोध करता है और जो पृथकतावादी है लेकिन आनंदपुर साहिब प्रस्ताव को क्रियान्वित रूप देना हमारा लक्ष्य है ।

श्री बलवन्त सिंह ने कहा कि 23 मार्च को खटकड़ कलां में की जा रही सर्वदलीय प्रसभा के सम्बन्ध में अकाली दल (लौंगोवाल) इका और दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों के नेताओं के साथ बातचीत की गई है । उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में 3 लाख लोगों के शामिल होने की सम्भावना है ।

वित्तमंत्री से पूछा गया कि यदि प्रोफैसर दर्शन सिंह उन्हें बुलाएंगे तो क्या वे उसके सामने उपस्थित होंगे । उन्होंने कहा कि इस समय यह प्रश्न सबद्ध नहीं है ।

वित्तमंत्री ने स्पष्ट किया कि दरबार साहिब अकाली दल की एक धर्म निरपेक्ष श्रेणी है । अकाली सरकार में हिन्दू और मुसलमान भी शामिल हैं । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पंजाब में साझा सरकार बनाने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं

अकाली विधायक की हत्या...
(पृष्ठ 3 का शेष)

थी । वह 20 फरवरी को लौंगोवाल गांव में आयोजित सिख सम्मेलन में भी शामिल हुए थे । इस सम्मेलन ने मुख्यग्रंथियों के सभी फैसले रद्द कर दिए थे । श्री अमरजीत सिंह 23 मार्च को खटकड़कलां में होने वाले सर्वदलीय सम्मेलन के लिए समर्थन जुटाने में व्यस्त थे।

उनकी हत्या की सूचना मिलने के कुछ ही देर बाद चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने वरिष्ठ सिविल तथा पुलिस अधिकारियों से ताजा स्थिति पर मंत्रणा की ।

श्री अमरजीत सिंह की मृत्यु से पंजाब विधानसभा की प्रभावी सदस्य संख्या 113 रह गई है तथा सदन में सत्तारूढ़ अकाली दल के 46 सदस्य रह गए हैं ।

मुख्यमंत्री श्री बरनाला, वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह और लोक सम्पर्क मंत्री श्री नत्था सिंह दालम ने श्री अमरजीत सिंह की हत्या की निंदा की है । श्री बरनाला ने कहा कि श्री अमरजीत सिंह उनकी पार्टी के वफादार लोगों के विरुद्ध निरंतर चलाए जा रहे घृणा प्रचार अभियान का शिकार हुए हैं । यह दुख की बात है कि जिस व्यक्ति ने इतनी कुर्बानियां की हैं, उसका अंत इस प्रकार हो । कई अन्य अकाली नेताओं ने भी इस हत्या की निंदा की है ।

यह हत्याकांड उन दिनों में हुआ है जब विधानसभा सत्र चल रहा है और होला मुहल्ला मेले में एक दिन रहता है ।

लोग इसका जवाब देंगे

पटियाला (भाषण): पंजाब के सुमाब कल्याण राज्य मंत्री श्री दलीप सिंह पांधी ने श्री अमरजीत सिंह की हत्या की निन्दा की और कहा कि पंजाब के लोग उग्रवादियों के विरुद्ध एकजुट होकर इसका जवाब देंगे । उन्होंने कहा कि सच्चाई और राष्ट्रीय अखंडता के समर्थक मृत नेता के प्रति यही सही श्रद्धांजलि होगी ।

डेरे के महंत की हत्या

बंगा (खोसला): आज प्रातः साढ़े दस बजे के लगभग यहां से पांच किलो मीटर दूर पिट्ठी मटवाली के प्रसिद्ध शिव मन्दिर के इंचार्ज महंत गंगाधर आनन्द पर्वत को तीन उग्रवादियों ने गोली से मार डाला । उनकी आयु 65 वर्ष थी । बताया जाता है कि तीन सिख युवक स्कूटर पर सवार होकर वहां आए और खिड़की को कुल्हाड़ी से तोड़ कर अन्दर दाखिल हो गए । अन्दर घुसते ही उन्होंने महंत पर तीन-चार गोलियां चला दीं,जिससे वह वहीं दम तोड़ गए ।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी । बताया जाता है कि पुलिस एक घंटा के बाद पहुंची । पुलिस ने सारे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है ।

बताया जाता है कि डेरे के अन्दर जाने से पूर्व आतंकवादियों ने मेन गेट के बाहर गुड़ बना रहे नौकर से गुड़ खाया । तीन आतंकवादियों में से एक मोटर साइकल स्टार्ट रख कर बाहर खड़ा रहा और दूसरा गेट के पास बाहर खड़ा रहा । तीसरे ने अन्दर जाकर छोटे दरवाज़े से कमरे में गोली चलाई । "बचाओ, बचाओ" की आवाज़ें सुनकर एक नौकर भागा आया । आतंकवादी ने उसे पकड़ कर भूसे वाले कमरे में बंद कर दिया और फिर महंत के कमरे की तलाशी लेनी शुरू कर दी । भूसे वाले कमरे के



विकास कालोनी पटियाला का टेलर मास्टर 49 वर्षीय देवराज, जिसे शुक्रवार की रात्रि को सरहंदी गेट के निकट दो उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । अब वह राजेंद्रा अस्पताल में इलाज करवा रहा है ।

रहा । 47 लोगों की रिहाई की मांग के लिए हिंदू शिव सेना का आंदोलन आज 12वें दिन में दाखिल हो गया । शिव सेना के कार्यकर्त्ताओं द्वारा धरना और अनशन आज चौथे दिन भी जारी रहा । इससे पूर्व 25 महिलाओं ने, जिनके सिरों पर काली पट्टियां बंधी थीं, गिरफ्तारियों के विरुद्ध प्रोटैस्ट के तौर पर जलूस निकाला ।

वार्ता निमंत्रण

शिव सेना के महासचिव श्री तेज पाल साथी और उपप्रधान श्री कृष्ण महाजन ने देवी तालाब मंदिर में एक बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि उनकी मांगें मंगलवार तक पूरी न की गईं तो उस दिन से आंदोलन तेज़ कर दिया जाएगा । उन्होंने दावा किया कि सेना के नेताओं को मुख्यमंत्री श्री बरनाला ने मंगलवार को बातचीत के लिए चंडीगढ़ आने का निमंत्रण दिया है ।

सेना के नेताओं ने डिप्टी कमिश्नर श्री एस.सी. अग्रवाल से, जिन्होंने सी.आर.पी. के एक असिस्टैंट कमांडैंट की मार्फत संदेश भेजा था, मिलने से इंकार कर दिया ।

इसी बीच एकीकृत अकाली दल के नेताओं ने एक स्थानीय गुरुद्वारे में बैठक करके प्रशासन से आग्रह किया कि गिरफ्तार लोगों को रिहा न किया जाए ।

मारुति कार बरामद

बटाला : पुलिस ने बोपाराय गांव के निकट कल रात खेतों में से एक मारुति कार बरामद की है । यह कार गत बारह मार्च को जैथीवाल गांव में दो पिस्तौलधारी व्यक्तियों ने अरुण अबरोल नामक एक व्यापारी से छीनी थी ।

फगवाड़ा में होली के अवसर पर हुए झगड़ों में लगभग दो दर्जन व्यक्तियों को मामूली चोटें आई हैं । कल होला-मोहल्ला के अवसर पर आनंदपुर साहिब तथा अन्य स्थानों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है ।

पीला रंग करने पर रोक

लुधियाना (धीमान): अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट डी.एस. कपूर ने धारा 144 के अंतर्गत जिला लुधियाना में मोटर साइकलों को लोगों द्वारा पीला रंग किए जाने और लाऊडस्पीकर बजाने पर 13 मई तक रोक लगा दी है ।

फगवाड़ा में तलाशियां

फगवाड़ा के सतनामपुरा क्षेत्र में पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों ने आतंकवादियों की तलाश में कल रात घर-घर तलाशी ली । वहां शांति बनाए रखने

जम्मू-क...
(पृष्ठ

जम्मू छावनी, गरोटा, रियासी तथा उम्मीदवारों के मध्य

जम्मू क्षेत्र में 2 हैं । मतदाताओं के सम्भावना है कि ल जमानतें जब्त हो सक

निर्दलीय प्रत्याश उम्मीदवारों की ही होंगी ।

विपक्षी क्षेत्रों ने इ कुछ ग्रुपों के प्रत्याशी को ही हानि पहुंचाएंगे

जाति और समुदा

'हस' के अनुस सीमावर्ती पंछ, राजौ हार-जीत और समुदा पुंछ-राजौरी क्षेत्र के नैशनल कांफ्रैंस और बैंक गूजर समुदाय क

ज़ैल सिंह-र... संजीव रेड्...

अनंतपुर (आंध्र) राष्ट्रपति नीलम संजी राष्ट्रपति और प्रधान "गहरी चिंता" का वि अपने घर में सम्बादद कहा कि वह इस समस्य कर रहे हैं । जिस क करना ठीक नहीं होगा इस समस्या के समाधा

साथी क... गोली...

पटियाला, 15 पुलिस कांस्टेबल, डी. ड्यूटी पर था, ने गार्ड सिंह पर दो फायर कि बच गया । सुरेन्द्र सि है । बताया जाता है हाजिर था, जब वह अ कि वह गैर-हाजिर क बुरा मनाया और गोली हैं कि सुरेन्द्र सिंह शर



Punjab Sanatan

र्ग की जा रही सर्वदलीय प्रसभा के
ली दल (लौंगोवाल) इंका और दोनों
यों के नेताओं के साथ बातचीत की
ा कहा कि इस सम्मेलन में 3 लाख
होने की सम्भावना है ।
पूछा गया कि यदि प्रोफैसर दर्शन
गे तो क्या वे उसके सामने उपस्थित
कहा कि इस समय यह प्रश्न सबद्ध

स्पष्ट किया कि दरबार साहिब
एक धर्म निरपेक्ष श्रेणी है । अकाली
और मुसलमान भी शामिल हैं ।
तिर में उन्होंने कहा कि पंजाब में
बनाने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं

से पूर्व एक सर्वदलीय बैठक हुई ।

उग्रवादी अलग-थलग हो

क): पंजाब के वित्त मंत्री श्री बलवन्त
आशा व्यक्त की कि राज्य में सभी
प्रसभाओं का जो सिलसिला शुरू
ग्रवादी अलग-थलग पड़ जाएंगे ।
23 मार्च को शहीद-ए-आजम
गांव खटकड़कलां में होने वाली
तैयारी के लिए बुलाई गई बैठक
ताओं से वार्ता कर रहे थे । इस
र्ग के प्रमुख नेता शामिल हुए थे ।
ने दावा किया कि उपरोक्त रैली
हुई ग्रामीण रैलियों में सब से बड़ी

सिंह ने कहा कि खटकड़कलां की
वतंत्रता के लिए हुए संग्राम जैसी
स से लोगों में साहस पैदा होगा ।

हो गए

कि आज अकाली विधायक श्री
हत्या इस बात का संकेत है कि
रैली के प्रभाव से मायूस होकर
र वे हमारे इरादों को कमजोर

र्ति

सिंह ने कहा कि इस रैली की
क सात सदस्यों की उपसमिति
के संयोजक श्री सर्वण सिंह,
व सर्वश्री स्वर्ण राम (भाजपा),
रहाल विधायक (अकाली), श्री
ायक, श्री राजेन्द्र सिंह सरोंह
फतहपुरी (माकपा) व श्री मोता
ारगंज बैंक होंगे ।

दल द्वारा उग्रवादियों की

ी दल के नेता श्री अमरेन्द्र सिंह
तव्य बारे में पूछे जाने पर श्री
ा कि यदि उनका दल देश की
रखता है और उसकी नीतियां
ई तो फिर वे अकाली दल में ही
। उन्होंने यह भी कहा कि
सर्वदलीय रैलियों में शामिल
बकि उसे बाकायदा आमंत्रित
भी कहा कि जहां सभी दल
कर रहे हैं, एकीकृत अकाली
र रहा ।

क गतिविधियां

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी । बताया जाता है कि पुलिस एक घंटा के बाद पहुंची । पुलिस ने सारे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है ।

बताया जाता है कि डेरे के अन्दर जाने से पूर्व आतंकवादियों ने मेन गेट के बाहर गुड़ बना रहे नौकर से गुड़ खाया । तीन आतंकवादियों में से एक मोटर साइकल स्टार्ट रख कर बाहर खड़ा रहा और दूसरा गेट के पास बाहर खड़ा रहा । तीसरे ने अन्दर जाकर छोटे दरवाज़े से कमरे में गोली चलाई । "बचाओ, बचाओ" की आवाज़ें सुनकर एक नौकर भागा आया । आतंकवादी ने उसे पकड़ कर भूसे वाले कमरे में बंद कर दिया और फिर महंत के कमरे की तलाशी लेनी शुरू कर दी । भूसे वाले कमरे के दरवाज़े पर कुंडी नहीं थी । नौकर छलांग लगाकर बाहर भागा । आतंकवादी ने उस पर भी गोली चला दी,मगर वह बच गया । पुलिस ने बताया कि महंत की छाती में गोली के 9 छर्रे लगे थे । पुलिस का ख्याल है कि गोली 32 बोर की थी । हत्या के बाद तीनों हमलावर बंजों की ओर भाग गए । बताया जाता है कि मन्दिर 500 वर्ष पुराना है,जिसका निर्माण सम्राट अकबर ने कराया था ।

एक घायल

एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने बाघापुराना थानांतर्गत समालसर में एक व्यक्ति हरि सिंह के घर में घुस कर उसे गोली मार कर घायल कर दिया और उसकी दोनाली बंदूक ले उड़े ।

7 आतंकवादी गिरफ्तार

अमृतसर (वार्ता): पुलिस ने ज़िले में पिछले 24 घंटों के दौरान सात कथित आतंकवादियों को बंदी बनाया है । इनमें अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ (गुरजीत गुट) की होशियारपुर ईकाई का अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह उर्फ़ कण्डी भी है । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि उसे इससे पहले साल रैय्या के निकट मोहकम सिंह के साथ बंदी बनाया था । जब ये दोनों रैय्या के निकट आनन्दपुर साहब में 'होला मोहल्ला' समारोह में भाग लेने जा रहे थे । बाद में उसे ज़मानत पर रिहा कर दिया गया था ।

चौक मेहता पुलिस ने तरसिक्का ग्राम के निकट एक पुल पर नाकाबंदी के दौरान चार कथित आतंकवादियों को बंदी बना कर 38 बोर का एक रिवाल्वर, बारह बोर का एक पिस्तौल, दो तलवारें और एक दर्जन कारतूस उनके पास से बरामद किए ।

पुलिस ने इनके नाम जरनैलसिंह (कोटराज़दान ग्राम), नत्था सिंह (जसपाल) और जतिन्दर सिंह एवं संदीप सिंह (दोनों तरसिक्का ग्राम) बताए हैं। वैरोवाल पुलिस ने जनरैल सिंह उर्फ़ जामी को बंदी बनाकर उसके पास से आठ कारतस बरामद किए हैं । ब्यास पुलिस ने सैरी ग्राम के निकट फिरोज़पुर के रहने वाले बलदेव सिंह को खालिस्तान समर्थक और राष्ट्र विरोधी नारे लगाने के आरोप में बंदी बनाया है ।

बंदूक व ज़ेवर लूटे

चौक मेहता थाना क्षेत्र के गांव धरदेह में एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह से कुछ अज्ञात सशस्त्र युवकों ने उसकी 12 बोर की बंदूक और ज़ेवर छीन लिए ।

स्कूटर छीना

जालंधर : कल शाम जालंधर सदर थाना क्षेत्र के गांव सलीमपत के निकट दो व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति बलराम कुमार से उसका स्कूटर और 316 रुपए छीन लिए,पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

लगभग दो दर्जन व्यक्तियों को मामूली चोटें आई हैं । कल होला-मोहल्ला के अवसर पर आनंदपुर साहिब तथा अन्य स्थानों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है ।

पीला रंग करने पर रोक

लुधियाना (धीमान): अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट डी.एस. कपूर ने धारा 144 के अंतर्गत जिला लुधियाना में मोटर साइकलों को लोगों द्वारा पीला रंग किए जाने और लाऊडस्पीकर बजाने पर 13 मई तक रोक लगा दी है ।

फगवाड़ा में तलाशियां

फगवाड़ा के सतनामपुरा क्षेत्र में पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों ने आतंकवादियों की तलाश में कल रात घर-घर तलाशी ली । वहां शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस भेजी गई है ।

मान की रिहाई की अपील

एकीकृत अकाली दल के महासचिव रणजीत सिंह ब्रह्मपुरा ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी तथा राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे से भागलपुर जेल में बंद दल के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान की रिहा करने की अपील की है ।

एक वक्तव्य में उन्होंने कहा कि श्री मान के विरुद्ध दर्ज राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का केस झूठा है तथा कहा कि उन्हें भारत के संविधान में पूर्ण निष्ठा है । उन्होंने कहा कि मान का स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है तथा उनकी चिकित्सा की उचित व्यवस्था नहीं की गई है ।

जिलाधीशों के तबादलों की सम्भावना

चंडीगढ़, 15 मार्च (वि.प्र.): पंजाब में लगभग आधा दर्जन जिलाधीशों के तबादले किए जाने की सम्भावना है । इस सम्बन्ध में अमृतसर के श्री रमेश इन्द्र सिंह, लुधियाना के श्री के.आर. लखनपाल और पटियाला के श्री एस.के. सिन्हा का नाम विशेष रूप से लिया जा रहा है ।

पता चला है कि लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक श्री डी.एस. जसपाल को सम्भवतः लुधियाना का जिलाधीश लगाया जाएगा । श्री लखपाल डायरैक्टर इंडस्ट्री पंजाब का पद प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं । यह पद श्री अमरजीत सिंह के प्रथम मार्च को सेवा निवृत्त हो जाने से रिक्त हुआ है ।

अमृतसर के जिलाधीश श्री रमेश इन्द्र सिंह की लगभग गत तीन वर्ष से इस नाज़ुक ज़िला में शानदार कारगुज़ारी के दृष्टिगत उनका कैडर बंगाल से बदलकर पंजाब कर दिया गया है । इसलिए सम्भव है कि उन्हें किसी महत्वपूर्ण पद पर लगाया जाए ।

3 भाषाओं में भाषण

कोचीन, 15 मार्च (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपने चुनाव अभियान के दौरान आज एक निर्वाचन क्षेत्र में तीन भाषाओं में भाषण किया ।

श्री गांधी ने मलयालम में अभिवादन से भाषण शुरू किया फिर अंग्रेजी में बोले तथा वहां मौजूद लोगों के अनुरोध पर अन्ततः हिन्दी में भाषण किया ।

सम्पर्क नहर के विरुद्ध संघर्ष का निर्णय



पंजाब के राज्य
लुधियाना में रा
अध्यक्षता करते
(नीचे) उपस्थिति

हिंसा

हैदराबाद, 15
अनंतपुर जिलों में दो
आंध्र प्रदेश में कल हु
संख्या अब बढ़कर स

जुनेजो

इस्लामाबाद,
प्रधानमंत्री मुहम्मद
शुरू में ब्रिटेन और बै
के नेताओं से व्याप्क

मुस्लिम संग

वर्कर

श्रीनगर, 15
'मुस्लिम संयुक्त
समर्थकों को यहां गि
पुलिस के एक प्रवक्
छः लोग यात्रा कर र
पर बारह बोर की ब
जंजीरें और कुछ
हुए ।

गाड़ी के नीचे

फगवाड़ा, 15
किलोमीटर दूर फि
लुधियाना को जा र
एक युवक मारा गय
लाईन पार कर रहा

अधिवेशन

फगवाड़ा, 15
यूनिवर्सिटी एंड काले
11वां वार्षिक अधि
अहमदाबाद में हो रह

निहंग सिंहो

चंडीगढ़, 15 म
में होला महल्ला के म
सिंहों का जलूस निक

Punjab Sahapedia

ली के प्रभाव से मायूस होकर
वे हमारे इरादों को कमजोर

ते

ह ने कहा कि इस रैली की
सात सदस्यों की उपसमिति
के संयोजक श्री सर्वण सिंह,
सर्वश्री स्वर्णा राम (भाजपा),
हाल विधायक (अकाली), श्री
क, श्री राजेन्द्र सिंह सरोंह
तहपुरी (माकपा) व श्री मोता
रगेज बैंक होंगे ।

दल द्वारा उग्रवादियों की

दल के नेता श्री अमरेन्द्र सिंह
व्य बारे में पूछे जाने पर श्री
कि यदि उनका दल देश की
खता है और उसकी नीतियां
तो फिर वे अकाली दल में ही
। उन्होंने यह भी कहा कि
सर्वदलीय रैलियों में शामिल
कि उसे बाकायदा आमंत्रित
ी कहा कि जहां सभी दल
कर रहे हैं, एकीकृत अकाली
र रहा ।

क गतिविधियां

6 टन जी.वी.
वाहन जारी

ार्च : टाटा इंजीनियरिंग एंड
(टैल्को) ने अपने हल्के
टाटा 608 सीरिज 6 टन
के नाम से जाना जाता है, को
अवसर पर हुए एक पत्रकार
एस. मूलगावकर ने कहा कि
है और इसे विशेष रूप से
के अनुरूप बनाया गया है
ाहक को उसके पैसे का पूर्ण
25000 किलोमीटर दूरी
किया गया ।

माइक्रोवेव पर
सम्पन्न

ार्च : आर.एफ. माइक्रोवेव
7) पर एक द्विदिवसीय गोष्ठी
न हुई । इसमें आर.एफ.
ल ही में की गई उन्नति पर
। माडूलेशन विश्लेषण,
ोनोटरिंग रिसीवर प्रणाली,
डिड इंजीनियरिंग और अन्य
गहन चर्चा हुई । हेलैट/
या और ब्ल्यू स्टार ने अपने
आयोजन ब्ल्यू स्टार और
या गया और हैदराबाद,
हुई ।

ज़मीनों पर रहा कर दिया गया था ।

चौक मैहता पुलिस ने तरसिक्का ग्राम के निकट एक पुल पर नाकाबंदी के दौरान चार कथित आतंकवादियों को बंदी बना कर 38 बोर का एक रिवाल्वर, बारह बोर का एक पिस्तौल, दो तलवारें और एक दर्जन कारतूस उनके पास से बरामद किए ।

पुलिस ने इनके नाम जरनैलसिंह (कोटराज़दान ग्राम), नत्था सिंह (जसपाल) और जतिन्दर सिंह एवं संदीप सिंह (दोनों तरसिक्का ग्राम) बताए हैं। वैरोवाल पुलिस ने जनरैल सिंह उर्फ़ जामी को बंदी बनाकर उसके पास से आठ कारतस बरामद किए हैं । व्यास पुलिस ने सैरी ग्राम के निकट फिरोज़पुर के रहने वाले बलदेव सिंह को खालिस्तान समर्थक और राष्ट्र विरोधी नारे लगाने के आरोप में बंदी बनाया है ।

बंदूक व ज़ेवर लूटे

चौक मैहता थाना क्षेत्र के गांव धरदेह में एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह से कुछ अज्ञात सशस्त्र युवकों ने उसकी 12 बोर की बंदूक और ज़ेवर छीन लिए ।

स्कूटर छीना

जालंधर : कल शाम जालंधर सदर थाना क्षेत्र के गांव सलीमपत के निकट दो व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति बलराम कुमार से उसका स्कूटर और 316 रुपए छीन लिए, पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

उग्रवादी की मौत की जांच

फिल्लौर (भाखड़ी): गत दिवस लोहगढ़ के निकट मुकाबले में मरा गोराया का राजेश्वर राज सिंह उर्फ़ बिट्टा स्वतंत्रता सेनानी मुन्शा सिंह का पुत्र था । मुन्शा सिंह दुबई गया हुआ है । आज यहां 50-60 के करीब एस.एस.एफ.आई. के सदस्य पोस्टमार्टम के पश्चात् बिट्टे की लाश लेने के लिए आए व स्थानीय रेस्ट हाऊस में जहां ए.डी.सी. श्री दरबारा सिंह गुरु, डी.आई.जी. श्री पी.सी. डोगरा व डी.एस.पी. श्री अपार सिंह बाजवा व एस.डी.एम. फिल्लौर थे, नारेबाज़ी की । उन्होंने गिरफ्तार मुल्कीयत सिंह व रणजीत सिंह को तुरंत रिहा करने की मांग की । उन्होंने बिट्टे की मौत की मैजिस्ट्रेटी जांच करने की मांग की । अंततः श्री दरबारा सिंह गुरु ने सभी सदस्यों को आश्वासन दिया कि बिट्टे की मौत की मैजिस्ट्रेटी जांच के आदेश जिलाधीश श्री एस.सी. अग्रवाल द्वारा आज ही जारी कर दिए जाएंगे व दोनों गिरफ्तार युवकों को जांच-पड़ताल के पश्चात् छोड़ दिया जाएगा । पता चला है कि एस.डी.एम. श्री जगजीत सिंह को इस कांड की जांच का कार्यभार सम्भाल दिया गया है व जांच आरम्भ कर दी गई है । एस.डी.एम. जगजीत सिंह ने बताया कि गोराया में शांति है ।

गोराया से 'सेहरा' के अनुसार मृत आतंकवादी बिट्टा की अंत्येष्टि आज वहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कर दी गई । शव यात्रा के दौरान पुलिस और सी.आर.पी. के विरुद्ध और खालिस्तान के पक्ष में नारेबाज़ी की गई ।

नकोदर में मुकम्मल बंद

जालंधर में प्राप्त सूचना के अनुसार नकोदर आज दूसरे दिन भी लगभग मुकम्मल तौर पर बंद

निदेशक श्री डी.एस. ज
लुधियाना का जिलाधीश
लख पाल डायरैक्टर इंडस्ट्री
करने का प्रयास कर रहे हैं
सिंह के प्रथम मार्च को सेवा
हुआ है ।

अमृतसर के जिलाधीश
लगभग गत तीन वर्ष से इस न
कारगुजारी के दृष्टिगत उ
बदलकर पंजाब कर दिया ग
है कि उन्हें किसी महत्वपूर्ण

3 भाषाओं

कोचीन, 15 मार्च
राजीव गांधी ने अपने चुना
आज एक निर्वाचन क्षेत्र में
किया ।

श्री गांधी ने मलयाल
भाषण शुरू किया फिर अंग्रे
मौजूद लोगों के अनुरोध पर
भाषण किया ।

सम्पर्क नहर के
का नि

चंडीगढ़, 15 मार्च (सं
हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज
नेतृत्व वाले पंजाब स्वायत्त
सतलुज-यमुना सम्पर्क नह
संघर्ष का निर्णय किया है
अवैध बताते हुए मोर्चा ने म
शुरू करने का फैसला किया


BOTTLE CO
WATER CO
COM
Mfd. by :-
HI-Tech Refri
By-Pass, G.T. R
Rajpura.

लड़की बेटी भी है, बहन भी है, बीवी भी, मां भी, वक्त के मुताबिक उसे यह रूप लेना पड़ता है पेश करते हैं
'राधिका फिल्मस'



Punjabi Sahitani

पंजाब में भाजपा नेता, निरंकारी सहित 11 लोगों की हत्याएं

पाक घुसपैठिया मारा गया, पंजाब भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य शम्भू प्रसाद की पटियाला में हत्या

पटियाला में कर्फ्यू, देखते ही गोली मारने के आदेश

चंडीगढ़, 17 मार्च (वार्ता. हस) : पिछले 48 घंटों के दौरान पंजाब में संदिग्ध आतंकवादियों ने11 व्यक्तियों की हत्या कर दी । इनमें से 5 हत्याएं जिला अमृतसर में हुईं ।

पटियाला में उग्रवादियों ने भाजपा नेता श्री शम्भू प्रसाद की हत्या कर दी जिसके बाद भारी हिंसा हुई । प्रशासन ने उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश देकर अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया । भाजपा ने कल बुधवार को हड़ताल का आह्वान किया है ।

मोगा में एक दुकानदार व एक निरंकारी नेता की हत्याएं कर दी गईं । कपूरथला में एक रिटायर्ड ए.एस.आई. की हत्या कर दी गई ।

अमृतसर पुलिस ने खुड्डा बस हत्या कांड की योजना तैयार करने वाले आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया ।

फगवाड़ा के गांव भल्लाराई में एक निहंग तथा एक लड़की की हत्या की गई ।

जिला अमृतसर में 5 हत्याएं

अमृतसर (अशोक सोनी) : अमृतसर जिले में पिछले 36 घंटे के दौरान संदिग्ध आतंकवादियों ने पांच व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 2 अन्य को घायल कर दिया जबकि सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों तथा एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया ।

6th Prize (upto 3,00,000 Prizes) Rs. 7/- each (Last 1 digit) 9

ATTRACTIVE SELLER'S BONUS : Bonus of Rs. 25/- on the Prizes of Rs. 500/- & Rs. 50/- and Bonus of Rs. 10/- on each prize of Rs. 10/-.

राजकीय गजट देखें । (फोन : चंडीगढ़-28576, दिल्ली : 311999) ।

आगामी ड्रा चंडीगढ़ में 25.3.1987 को अप. 3.00 बजे ।

निदेशक, हरियाणा स्टेट लाटरीज़, चंडीगढ़ ।

हमारी अन्य स्कीमें : महालक्ष्मी सोमवार को, श्रीगणेश रविवार को, बृहस्पति बृहस्पतिवार को और हरिओ३म शुक्रवार को ।

Punjab Samachar

...टी पर

...11वें ड्रा के परिणाम :
JDS-217819

JDU-787768

...st 5 digits)	17819
...st 4 digits)	7819
...ast 3 digits)	819
... (Last 1 digit)	9

...ls. 25/- on the Prizes of Rs. ...each prize of Rs. 10/-.
...6, दिल्ली : 311999) ।
...अप. **3.00 बजे** ।
...चंडीगढ़ ।
...ार को, बृहस्पति बृहस्पतिवार को और ...।

...विज्ञापन

मशीनरी

...क्वालिटी की शार्ट ब्लास्टिंग मशीनरी तथा ...के स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध । निर्माता : ...ास्टिक एंड इंजीनियरिंग वर्क्स, 149- ... निकट दोआबा चौक, जालंधर ।

रोज़गार

...स 16-26 वर्षीय लड़के-लड़कियां बैंक, ...लवे की पोस्टों के फ़ार्म प्रास्पैक्टस वास्ते 10 ... मनीआर्डर भेजें । नैशनल कालेज, ...32101. (करनाल) । (JDC)

सूचना

...वरी डिग्री कालेज (अम्बाला) के पीड़ित ...हत्वपूर्ण बैठक 22 मार्च को रैहन (तहसील ... होगी । संबंधित पहुंचें । पीड़ित छात्र ...ान : धर्मपाल शास्त्री, महासचिव : सतीश ... (नूरपुर), कांगड़ा ।

शिक्षा

...आठवीं मैट्रिक, दसवीं इसी साल इंटर करें । ...र डायरैक्ट बी.ए. करें । मैडिकल कोर्स ...M.P. डाक्टर बनें—राष्ट्रीय डिग्री कालेज, ...ो मंडी, हिसार-125001.

... पास इसी वर्ष इंटर करके B.A. II अप्रैल ... । वैद्यविशारद करके डाक्टर बनें — राजा ...ज, पीछे ITI, यमुनानगर । (JD)

जायदाद

...1000 रु. पहले देकर बाकी 200 रु. ...आसान किस्तों में फ्री-होल्ड रिहायशी प्लाट ...े स्टेशन के पास दिल्ली के नज़दीक बृज ...रन्त कब्ज़ा लेवें । धीर एंड कम्पनी, विक्रांत ...ौड़ हाऊस, लुधियाना, फोन : 33933, ...पर्टीज़, Jaina बिल्डिंग, जी.टी. रोड, ...दिल्ली-32.

...king open. Centrally Located ...howroom, godown in Dehra Dun ...ft. & 5000 sq. ft. Contact : Anand ...ses, Dispensary Road, Dehra Dun ...23, Moti Bazar, Dehra Dun. Ph. : ...23338.

व्यापक निंदा

'परवाना' ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि पंजाब के श्रममंत्री श्री प्रेम गुप्ता ने भाजपा नेता श्री शम्भू प्रसाद की हत्या की तीव्र निंदा करते हुए उनके शोक संतप्त परिवार से हार्दिक सहानुभूति प्रकट की । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने श्री शम्भू प्रसाद की हत्या करके हमारे समाज को एक नई चुनौती दी है ।

जनता पार्टी पंजाब के अध्यक्ष श्री कृपाल सिंह एम.एल.ए. ने भी इस हत्या की निंदा की ।

जालन्धर में पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष श्री स्वर्णा राम और पार्टी के युवा नेता श्री मनोरंजन कालिया ने श्री शम्भू प्रसाद की हत्या की निंदा की और बरनाला सरकार से मांग की कि वह आतंकवाद को लौह हाथों से कुचल दे वरना भाजपा बरनाला सरकार को बर्खास्त करने की पुनः मांग करने पर मजबूर होगी ।

आमरण अनशन

नकोदर : शिव सेना के 47 वर्करों की बिना शर्त रिहाई के लिए आज पंजाब हिंदू शिव सेना के एक कार्यकर्त्ता ने आमरण अनशन शुरू कर दिया । इसी बीच नगर में आंशिक हड़ताल 14वें दिन भी जारी रही । आज देवी तालाब मन्दिर में 7 कार्यकर्त्ताओं के जत्थे ने क्रमिक धरना शुरू किया जिनमें दो स्त्रियां शामिल हैं ।

इसी बीच एस.डी.एम. ने सेना के 47 कार्यकर्त्ताओं के मामले की सुनवाई की अगली तारीख 27 मार्च निश्चित की है ।

मृत उग्रवादी निम्मा था

बटाला (कोछड़): गत 27 फरवरी को स्थानीय थाना सदर के अंतर्गत गांव सरूपवाली के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त हो गई है । यह जानकारी देते हुए जिला गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि इसकी शिनाख्त गांव कोटलीफ़स्सी के निर्मल सिंह के रूप में हुई है, जो इसके एक साथी ने तस्वीर देख कर की है । श्री विरदी ने बताया कि मृतक बब्बर खालसा से संबंधित था । उसने अपने साथियों के साथ अनेक हत्याएं की थीं —1 दिसम्बर, 1986 को थाना सदर के निकट हवलदार जोगिंदर सिंह की हत्या की थी । 30 दिसम्बर को गांव दयालगढ़ के कश्मीरा सिंह की हत्या और सुलक्खन सिंह को घायल किया था । 11 दिसम्बर को इसी गांव के निकट मा. पूर्ण सिंह की हत्या की थी । 23 मार्च, 86 को अमृतसर से एक कार में आ रहे तीन लोगों की हत्या की थी । इस के अलावा वह अन्य बहुत-सी वारदातों में वांछित था । उसके कब्ज़े से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए थे । इसका एक साथी धर्म सिंह 26 फरवरी को सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत में कादियां के निकट मारा गया था ।

श्री विरदी ने यह भी बताया कि जिला गुरदासपुर पुलिस ने तीन संदिग्ध युवकों सतनाम सिंह, सुरिंदर सिंह और ध्यान सिंह को गिरफ्तार किया है । इनसे पूछताछ की जा रही है । कई वारदातों के भेद खुलने की सम्भावना है ।

डाक्टर की हत्या

आज संदिग्ध आतंकवादियों ने थाना कलानौर के गांव देरगवार की डिस्पैंसरी के मैडिकल अफसर डाक्टर सतीश कुमार शर्मा की गोली मार कर हत्या

लोक नि... कार्य कुश...

होशियारपु... कि यहां से 65... 18 लाख की ल... सीढ़ी बिखरनी ... लोक निर्माण ... 1987 को कि... बताया कि बरस... सम्भावना नहीं... बिखर जाएगी ... से मिलने जा र...

ग्रामीणों...

होशियारपु... किलो मीटर दू... सात-आठ स... पठानकोट-जाल... बताया जाता है... पकड़ कर ले ग...

जेल क्ल...

होशियारपु... जेल ने होशिया... होशियारपुर से ... करके उनको ... पंजाब में अपन... किसी उच्चाधि... हो । सूचनानु... फरवरी 198... गया था । उस... दरखास्त की प... 6 मार्च को अप... जिसकी आज ... जवाबी दावा ... आई.जी. ने स्व... इसकी जानका...

झारख...

नई दिल्ली... वरिष्ठ कम्युनि... झारखंडे राय ... आठ बजे डा. ... देहांत हो गया ... परिवार में उन...

लड़...

सो...

...का

धर्मेंद्र का पैग़ाम देशवासियों के नाम

Punjabi Sanatani

शिव सेना प्रधान सहित तीन लोगों की हत्याएं, कई घायल

पटियाला में कर्फ्यू में ढील के दौरान हिंसा, छुरेबाजी, करतारपुर में व्यापारी को गोली मारी

बब्बर खालसा का चीफ रणजीत सिंह मारा गया

चंडीगढ़, 19 मार्च (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने पंजाब में नवांशहर के शिव सेना प्रधान, अमृतसर जिले में एक बख्तिस हवलदार तथा एक महंत की हत्या कर दी जबकि बब्बर खालसा का चीफ रणजीत सिंह तरसिक्का मठभेड़ में मारा गया । जालंधर में उग्रवादियों ने कई जगह लूटपाट की, नकोदर में एक धर्मस्थल में विस्फोट किया, बटाला के एक ग्राम में जगराते में फायरिंग करके दो लोग घायल कर दिए व करतारपुर में एक कपड़ा विक्रेता को गोली मार कर घायल कर दिया ।

पटियाला में आज पुराने क्षेत्र में कर्फ्यू में दी गई ढील के दौरान किरपान से किए गए हमलों में 5 व्यक्ति घायल हो गए जिसके बाद ढील वापस ले ली गई ।

शिव सेना प्रधान की हत्या

नवां शहर (शर्मा): आज सायं 7.15 बजे यहां नेहरू गेट के निकट सलौह चौक में साइकल पर जा रहे स्थानीय शिव सेना के अध्यक्ष मूलराज उर्फ अयोध्या प्रसाद की स्कूटर सवार तीन उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक सूचना के अनुसार अयोध्या प्रसाद स्कूटर पर जा रहे थे और उग्रवादी उनका स्कूटर भी ले गए ।

तनाव

अयोध्या प्रसाद को नवांशहर अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । नगर में भारी तनाव व्याप्त है ।

नवांशहर तहसील के बाहर शिव सेना के उत्तेजित वर्करों ने कुछ खोखे जला दिए तथा अस्पताल के बाहर सरकार व पुलिस विरोधी नारे लगाते हुए धरना दिया ।

'ह.स.' के अनुसार जालंधर से सी.आर.पी. की एक कम्पनी नवांशहर भेज दी गई है । यह जानकारी जालंधर रेंज के डी.आई.जी. पी.सी. डोगरा ने दी ।

जालन्धर से 'न.न.अ.' के अनुसार अयोध्या प्रसाद को गोली तब मारी गई जब वे दुकान बंद करके घर जा रहे थे । नवांशहर में अन्य स्थानों से अतिरिक्त पुलिस बल मंगाए गए हैं ।

छात्र घायल

उग्रवादियों ने जालंधर के सदर थाना क्षेत्र के ग्राम शमीपुर में एक घर में घुसकर प्री-मैडीकल कक्षा के एक छात्र को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

पता चला है कि तीन स्कूटर सवार उग्रवादी सतीश कुमार के घर आए और उसे गोली मार कर चले गए ।

3 मरे

अमृतसर (अशोक सोनी): गत 24 घंटों में अमृतसर जिला में एक आतंकवादी तथा एक पुलिस हवालदार समेत तीन व्यक्ति गोलियों का निशाना बने जबकि एक महिला के घर में घुस कर आतंकवादी उसका लाइसैंसशुदा पिस्तौल छीन ले गए । एक मारुति वैन चोरी होने का भी समाचार है ।

बब्बर खालसा का चीफ मारा गया

अमृतसर के तरनतारन क्षेत्र में शेरों गांव के निकट आज पुलिस तथा सुरक्षा बल की नाका पार्टी से मुठभेड़ में एक कुख्यात आतंकवादी तरसिक्का का रणजीत सिंह मारा गया । अमृतसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुहम्मद इजहार आलम ने बताया कि रणजीत सिंह बब्बर खालसा गुट का प्रमुख था । उसके सिर पर 50 हजार रुपए का इनाम था । पुलिस की सूचना के अनुसार रणजीत सिंह स्वर्ण मंदिर परिसर में रामदास सराय के कमरा नम्बर 144 से अपनी गतिविधियों का संचालन करता था ।

श्री आलम ने बताया कि बब्बर खालसा गुट पिछले नौ मास के दौरान 30 हत्याओं के लिए जिम्मेदार है । रणजीत सिंह सीमा सुरक्षा बल की नाका पार्टी के चार जवानों तथा एक पुलिस उपधीक्षक हरपाल सिंह की हत्याओं के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार है ।

उन्होंने कहा कि यह रणजीत सिंह की पुलिस तथा सुरक्षा बल से पहली तथा अंतिम मुठभेड़ थी ।

श्री आलम ने ब्यौरा देते हुए बताया कि मुठभेड़ शेरों गांव में एक चीनी मिल के पास उस समय हुई जब पुलिस तथा सुरक्षा बलों की नाका पार्टी द्वारा पांच संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का संकेत किए जाने पर उन्होंने गोली चला दी । दोनों ओर से लगभग 15 मिनट तक गोलियां चलीं, जिसमें रणजीत मारा गया । शेष चार व्यक्ति फरार होने में सफल हो गए ।

पुलिस ने मुठभेड़ के बाद रणजीत सिंह का शव बरामद किया । उसके पास से एक 45 बोर का रिवाल्वर बरामद किया गया । यह रिवाल्वर एक पुलिस अधिकारी से छीना गया था । रिवाल्वर से दो गोलियां चलाई गई थीं तथा शेष चार उसी में थीं । घटनास्थल से बारह बोर के रिवाल्वर, नौ मिलीमीटर के कारतूस तथा 315 गोलियों के खोल आदि मिले हैं । इससे पता चलता है कि गिरोह के पास कई प्रकार के हथियार थे ।

श्री आलम ने कहा कि नौशहरा पन्नुआं में एक महंत मलूक सिंह की हत्या मानोचहल गिरोह के लोगों द्वारा किए जाने का संदेह है । मानोचहल मलूक सिंह को धमकी भरे पत्र भेज कर कह रहा था कि वह अपने डेरे की जमीन उसके गिरोह को दे दे ।

बख्तिस पुलिस कांस्टेबल मुख्तियार सिंह की हत्या के सम्बन्ध में श्री आलम ने कहा कि उसको तस्करी के आरोप में पिछले वर्ष नौकरी से बख्तिस किया गया था ।

अब सुखवन्त सिंह जब्बोवाल के बब्बर खालसा का चीफ बनने की सम्भावना है

महंत की हत्या

जिला मुख्यालय में पहुंची एक अन्य सूचना के अनुसार आज सुबह जिला अमृतसर के ही उसमान थाना सरहाली के निकट एक समाधि पर रह-रहे महंत मलूक सिंह को तीन अज्ञात आतंकवादी गोली मार कर भाग गए । मलूक सिंह जोकि जिला फिरोजपुर के गांव कोट ईसाखां का रहने वाला है, घटनास्थल पर ही मर गया । यह घटना आज प्रातः साढ़े 6 बजे की बताई गई है ।

तरनतारन से 'पाल' के अनुसार महंत मलूक सिंह की हत्या के अभियुक्त नामजद कर लिए गए हैं, परन्तु जांच को गुप्त रखने के लिए पुलिस ने इनके नाम बताने से इंकार कर दिया है ।

हवालदार मारा गया

जिला अमृतसर के गांव जंडियाला थाना जंडियाला गुरु में आज सुबह 3 स्कूटर सवार आतंकवादियों द्वारा पंजाब पुलिस के एक बरतर्फ शुदा हवालदार मुख्तार सिंह दशमेश नगर निवासी की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । सूचना में कहा गया है कि तीन आतंकवादी मुख्तार सिंह के घर में आए तथा उसे बाहर बुला कर गोलियां मार कर स्कूटर पर सवार होकर भाग निकले ।

महिला से रिवाल्वर छीना

जंडियाला गुरु के ही क्षेत्र दशमेश नगर में एक महिला प्रकाश कौर के घर में दाखिल होकर 2 आतंकवादी उसका लाइसैंसशुदा 32 बोर का रिवाल्वर छीन ले गए । घटना के समय प्रकाश कौर घर में अकेली थी ।

मारुति वैन चोरी

अमृतसर नगर से गत रात एक मारुति वैन पी.सी.ए. 1981 के चोरी होने का समाचार मिला है । वैन के मालिक का नाम देवी दास बताया गया है ।

प्रोफैसर हिरासत में

खालसा कालेज अमृतसर के प्रिंसीपल श्री गुरबख्श सिंह शेरगिल ने बताया कि पुलिस उनके कालेज के एक प्रोफैसर बलजिंदर सिंह को उनके घर से छापा मार कर पकड़ कर ले गई है । कालेज

(शेष पृष्ठ 8 पर)







(1) भाजपा नेता शम्भू प्रसाद की हत्या के बाद हुई गड़बड़ के दृश्य धर्मपाल, जिन्हें बीरवार को करतारपुर में गोली मार कर घायल कर हवलदार मुख्तयार सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी, (7)

एड्स की औषधि तैयार

न्यूयार्क, 19 मार्च : अमरीकी औषधि निर्माता ब्रिस्टल मेयर्स ने एड्स के खिलाफ एक शक्तिशाली टीका इजाद करने का दावा किया है और वह इस माह सरकार से इसका मानव पर परीक्षण करने की अनुमति प्रदान करने की मांग करेगा ।

ब्रिस्टल मेयर्स ने कल कहा कि इस नवनिर्मित औषधि के परीक्षण के लिये वे दो हफ्ते के अन्दर खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औपचारिक इजाजत ले लेगें । वैज्ञानिकों का कहना है कि इस महामारी एड्स को रोकने की एकमात्र उम्मीद एक कारगर औषधि का निर्माण है ।

बंगाल का विकास अवरुद्ध होने की जिम्मेदारी वाम मोर्चा सरकार पर

कृष्णानगर (पश्चिम बंगाल), 19 मार्च (वार्ता) : कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने पश्चिम बंगाल के सामाजिक-आर्थिक विकास की खराब स्थिति के लिए सत्तारूढ़ वामपंथी मोर्चे को जिम्मेदार ठहराया है ।

पश्चिम बंगाल चुनाव के तीसरे चरण के दूसरे दिन आज आयोजित बैठक में श्री गांधी ने कहा कि मार्क्सवादी सरकार द्वारा ठीक प्रकार से काम नहीं करना इस बात से सिद्ध होता है कि उन्हें शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए दिए गए 93 करोड़ रुपए का इस्तेमाल ही नहीं किया गया ।

उन्होंने कहा कि हालांकि केंद्र द्वारा शरणार्थियों के लिए दिया गया ऋण वापस नहीं लिया गया लेकिन फिर भी वे आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं ।

एक भारी भीड़ में उस समय हर्ष ध्वनि गूंज गई जब प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में अंत में बंगला में नारा बोला 'बंगलार जुवाक तफान हानो, लाल दारजेय आघात हानो' जिसका अर्थ है बंगाल के युवको तूफान जैसा लाओ और लाल दरवाजे पर आघात करो ।

अप्रैल के लिए 7.52 लाख

खतरन

□ बागी अक

चंडीगढ़, 19
के मुख्यमंत्री सुर
तख्त साहिब के
राजनीति से दूर
सफेद चोगे पर रा
कहा कि अकाल
खराब न किया
साहिब से टक्कर
देने का कोई इरा
विरुद्ध लड़ रहे हैं

आज यहां प
भाषण बारे धन्य
का जवाब देते हु
विशेष रूप से प्र
को आड़े हाथों लि
शुरू से ही पंथक

'ह.स.' के
अकालियों पर
भाषण देते हैं, जि
को बढ़ावा मिलत
कि "यह खतरन
इससे तुम्हारे सम
नष्ट हो जाएगा
और पंजाब में बो
श्री बरनाला ने
सांसद श्री शामि
पंजाब में उग्रवाद
अपनाई जानी चा
दौर में नक्सलिय
गई थी । उन्हों
ददौत उग्रवादिय
और कहा है कि
में शामिल हो जा
कि "यहां बैठे तो
लेकिन आपका ने
रहा है । क्या आ

15 दिसम्बर

अंतरिम राहत, डी.ए. की 2 किस्तें वेतनायोग के विचाराधीन : बरनाला

चंडीगढ़, 19 मार्च (वि.प्र.): आज पंजाब विधानसभा में प्रश्न काल के दौरान पंचायत घरों में लगाए जाने वाली दीवार घड़ियों की खरीद के मामले पर पंचायत मंत्री बलदेव सिंह खाला और एकीकृत अकाली दल के बलविंदर सिंह भंडर के बीच

सदन की जांच समिति बनाने की पेशकश कर दी और श्री खाला खामोश हो गए ।

इससे पूर्व अन्य प्रश्नों के उत्तर देते हुए श्री खाला ने कहा कि सरकार ने सभी पंचायतों से

निर्दोषों को 'फ़र्ज़ी मुठभेड़ों' में न मारने के निर्देश

चंडीगढ़, 19 मार्च (ह.स.वा.) : पंजाब प्रशासन ने सुरक्षा बलों और पुलिस को सख्त निर्देश दिए हैं कि बेकसूर लोगों को 'फ़र्ज़ी मुठभेड़' में न मारा जाए ।

Punjabi Sonatan

तीन

ायल

को गोली मारी

रा गया

ा संदेह है । मानोचहल
रे पत्र भेज कर कह रहा था
न उसके गिरोह को दे दे ।
टेबल मुख्तियार सिंह की
आलम ने कहा कि उसको
ले वर्ष नौकरी से बर्खास्त

ब्बोवाल के बब्बर खालसा
बना है ।

हुंची एक अन्य सूचना के
अमृतसर के ही उसमान
एक समाधि पर रह-रहे
अज्ञात आतंकवादी गोली
लूक सिंह जोकि ज़िला
साखां का रहने वाला है,
। यह घटना आज प्रातः
है ।

के अनुसार महंत मलूक
नामज़द कर लिए गए हैं,
के लिए पुलिस ने इनके
श्या है ।

गांव जंडियाला थाना
सुबह 3 स्कूटर सवार
पुलिस के एक बरतर्फ
दशमेश नगर निवासी
कर दी गई । सूचना में
वादी मुख्तार सिंह के घर
कर गोलियां मार कर
ा निकले ।

ना

व दशमेश नगर में एक
र में दाखिल होकर 2
सशुदा 32 बोर का
ना के समय प्रकाश कौर

रात एक मारुति वैन
ोंने का समाचार मिला
देवी दास बताया गया









(1) भाजपा नेता शम्भू प्रसाद की हत्या के बाद हुई गड़बड़ के दृष्टिगत गत दिवस पटियाला में लगे कर्फ्यू के दौरान सुनसान पड़े बाजार, (2) गड़बड़ के दौरान जलाई गई जूतों की दुकान, (3) विभिन्न दलों के आह्वान पर लुधियाना बंद का दृश्य, (4) श्री धर्मपाल, जिन्हें वीरवार को करतारपुर में गोली मार कर घायल कर दिया गया, (5) जिला गुरदासपुर के गांव डेढ़गवार की डिस्पैंसरी में गत दिवस उग्रवादियों के हाथों मारे गए डा. सतीश शर्मा का शव, (6) वीरवार को उग्रवादियों ने अमृतसर में बर्खास्त हवलदार मुख्तयार सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी, (7) मृतक का शोक संतप्त परिवार ।

(छाया : भूषण, कांबोज, कपूर, विनोद रवि)

एड्स की औषधि तैयार

न्यूयार्क, 19 मार्च : अमरीकी औषधि निर्माता ब्रिस्टल मेयर्स ने एड्स के खिलाफ एक शक्तिशाली टीका इजाद करने का दावा किया है और वह इस माह सरकार से इसका मानव पर परीक्षण करने की अनुमति प्रदान करने की मांग करेगा ।

ब्रिस्टल मेयर्स ने कल कहा कि इस नवनिर्मित औषधि के परीक्षण के लिये वे दो हफ्ते के अन्दर खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औपचारिक इजाजत ले लेगें । वैज्ञानिकों का कहना है कि इस महामारी एड्स को रोकने की एकमात्र उम्मीद एक कारगर औषधि का निर्माण है ।

बंगाल का विकास अवरुद्ध होने की जिम्मेदारी वाम मोर्चा सरकार पर

कृष्णानगर (पश्चिम बंगाल), 19 मार्च (वार्ता) : कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने पश्चिम बंगाल के सामाजिक-आर्थिक विकास की खराब स्थिति के लिए सत्तारूढ़ वामपंथी मोर्चे को जिम्मेदार ठहराया है ।

पश्चिम बंगाल चुनाव के तीसरे चरण के दूसरे दिन आज आयोजित बैठक में श्री गांधी ने कहा कि

खतरनाक राजनीतिक खेल बंद करो वरना पंजाब समेत सभी खत्म हो जाएंगे : बरनाला

□ बागी अकाली दिल्ली में अलग और पंजाब में अलग बोलियां बोलते हैं: बादल, अमरेन्द्र पंथक एकता के विरोधी; □ मेरी लड़ाई जारी रहेगी, चाहे उग्रवादी परिसर के अन्दर ही क्यों न हो !

चंडीगढ़, 19 मार्च (एन.एस. परवाना): पंजाब के मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार को सुझाव दिया है कि वह राजनीति से दूर रहें । कहीं ऐसा न हो कि उनके सफेद चोगे पर राजनीति के छींटे पड़ जाएं । उन्होंने कहा कि अकाल तख्त की पवित्र परम्पराओं को खराब न किया जाए । हमारा श्री अकाल तख्त साहिब से टक्कर लेने या इसकी अथार्टी को चुनौती देने का कोई इरादा नहीं । हम तो आतंकवाद के विरुद्ध लड़ रहे हैं ।

आज यहां पंजाब विधानसभा में राज्यपाल के भाषण बारे धन्यवाद प्रस्ताव पर तीन दिवसीय बहस का जवाब देते हुए एकीकृत अकाली दल के नेताओं, विशेष रूप से प्रकाश सिंह बादल और अमरेंद्र सिंह को आड़े हाथों लिया और आरोप लगाया कि यह लोग शुरू से ही पंथक एकता का विरोध करते रहे हैं ।

'ह.स.' के अनुसार श्री बरनाला ने बागी अकालियों पर आरोप लगाया कि वह भड़काऊ भाषण देते हैं, जिनसे हत्याओं और हिंसक घटनाओं को बढ़ावा मिलता है । उन्होंने इन नेताओं से कहा कि "यह खतरनाक राजनीतिक खेल बंद करो । हैडग्रंथियों के सामने शर्तें पेश करने वाले इन दोनों नेताओं को पंथ से खारिज किया जाना चाहिए ।

अकाल तख्त के ऊपर तथाकथित पांच सदस्यीय पंथक कमेटी के गठन की आलोचना करते हुए श्री बरनाला ने कहा कि इन्हीं लोगों ने सिंह साहिबान पर कुछ निर्णय लेने के लिए दबाव डाला । किसी को भी राजनीतिक स्वार्थों के लिए अकाल तख्त के दुरुपयोग की अनुमति नहीं दी जा सकती ।

श्री बरनाला ने कहा कि उग्रवादी गतिविधियों के बावजूद राज्य ने प्रगति की है । राज्य में 30 मैगावाट क्षमता का एक सौर ऊर्जा प्रोजैक्ट 90 करोड़ रु. की लागत से स्थापित किया जाएगा ।

'वार्ता' के अनुसार श्री बरनाला ने कहा कि उनकी लड़ाई उग्रवाद के विरुद्ध है, चाहे यह उग्रवादी दरबार साहिब परिसर में ही क्यों न हों । उन्होंने कहा कि आनंदपुर साहब में आयोजित सरबत खालसा ने उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए थे कि धर्मस्थानों से ऐसे तत्वों को निकाल बाहर करें । उन्होंने कहा कि उग्रवादियों से सहमे बागी अकाली और शिरोमणि कमेटी परिसर में हो रही गतिविधियों के मूकदर्शक बने हुए हैं ।

श्री बरनाला ने कहा कि बागी अकाली गुट के नेता (अमरेंद्र सिंह) सदा महत्वपूर्ण अवसरों पर अनुपस्थित रहते हैं, चाहे यह मुख्यमंत्री द्वारा बहस का जवाब हो और या उग्रवाद की निंदा करने का अवसर ।

डेढ़ घंटे के भाषण के दौरान श्री बरनाला ने बार-बार कहा कि धक्के देकर पंथ से निकालने वाला गुरु साहिब का पंथ नहीं हो सकता, वह किसी और का होगा । मेजों की थपथपाहट के दौरान श्री बरनाला ने कहा कि अकाल तख्त के जत्थेदार ने किसी सिख को सिखी से खारिज नहीं किया, यह मार तो मेरे जैसे गरीब सिख पर पड़ी है । उन्होंने कहा कि कभी भी राजनीतिक हुकमनामा श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ने जारी नहीं किया । जत्थेदार हमेशा किसी काबिल व्यक्ति को विभिन्न सिख समुदायों के साथ विचार-विमर्श के बाद शिरोमणि कमेटी नियुक्त करती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया ।

श्री बरनाला के अनुसार कुछ समय पूर्व 5 सिंह साहिबान की नियुक्ति जल्दी में की गई अकाल तख्त का जत्थेदार हमेशा राजनीति से दू रहा है । श्री बरनाला के भाषण के बाद सदन ध्वनिमत से धन्यवाद प्रस्ताव पास कर दिया और इ संबंध में भाजपा के श्री मोहन लाल का संशोधन रद्द कर दिया ।

श्री बरनाला ने उग्रवादियों और उनके समर्थकों से कहा कि वह ऐसा कोई काम न करें, जिससे सिख धर्म का दायरा संकुचित होता हो । पंजाब से बाहर तख्त श्री पटना साहिब और तख्त श्री हजूर साहिब नांदेड़ का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि हमें इनको भी नहीं भूलना चाहिए । उन्होंने कहा कि

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सत्रावसान

चंडीगढ़, 19 मार्च (सागर): हरियाणा विधानसभा का सत्रावसान कर दिया गया है । इस संबंध में राज्यपाल एस.एम.एच. बर्नी ने आज यहां

Punjabi Sanatan

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्टाफ की एक विशेष बैठक में बलजिंदर सिंह की गिरफ्तारी पर चिंता प्रकट की गई व उसे रिहा करने की मांग की गई ।

स्कूटर छीना

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): यहां से 20 किलो मीटर मौज़ा भाम के निकट हैड मास्टर बलबीर सिंह से 2 उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर स्कूटर नम्बर पी.टी.एच. 6310 छीन लिया । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने संकेत देकर उन्हें रोका और स्कूटर छीन कर मौज़ा जलोवाल की तरफ भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

डाक्टर हड़ताल करेंगे

होशियारपुर के पी.सी. एम.एस. डाक्टर 20 मार्च को पूर्ण हड़ताल करेंगे । अस्पतालों में एमरजैंसी वार्डों में भी काम नहीं होगा । डाक्टरों की एसोसिएशन के सचिव तेज पाल सिंह ने कहा कि यह हड़ताल गुरदासपुर के डाक्टर सतीश शर्मा की हत्या के विरुद्ध प्रोटैस्ट के तौर पर की जा रही है ।

गांव में ड्यूटी नहीं देंगे

उन्होंने यह भी कहा कि यदि डाक्टरों के लिए सुरक्षा प्रबन्ध न किए गए तो कोई भी डाक्टर गांव में ड्यूटी देने नहीं जाएगा । रोज़ाना हैड क्वार्टर में ही हाजिरी लगाई जाएगी ।

पिस्तौल सहित गिरफ्तार

संगरूर (गोयल): पुलिस ने इस ज़िला के गांव सेहना के राज सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । उससे 315 बोर का पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

पत्नी की हत्या, पति घायल

बुधवार की रात को ज़िला संगरूर के गांव भदौड़ में एक हरिजन महिला की हत्या कर दी गई जबकि उसके पति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया । पुलिस के अनुसार अभियुक्तों के नाम बलबीर सिंह, मेजर सिंह, गिंदर सिंह व कालू मज़हबी हैं जोकि सभी उसी गांव के रहने वाले हैं । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी ।

कर्फ्यू में ढील

पटियाला (भूषण सरहिंदी): आज यहां ज़िलाधिकारियों ने पटियाला नगर की कानून-व्यवस्था की हालत की समीक्षा की । बैठक में डी.आई.जी. पटियाला रेंज श्री एस.जे.बी. ओहरी भी शामिल हुए । स्थिति निमंत्रण में होने के दृष्टिगत आज पुराने शहर में कर्फ्यू वाले क्षेत्रों में दोपहर बाद 2 बजे से 4 बजे तक दो घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई ताकि लोग आवश्यक वस्तुएं खरीद सकें । तथापि किसी किस्म के वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी गई । सिर्फ खाने-पीने के सामान तथा दवाइयों की दुकानें खोलने की ही अनुमति दी गई ।

प्रातः तीन घंटे तक समाचारपत्रों के हाकरों तथा दूध विक्रेताओं को नगर में अखबार तथा दूध बांटने की अनुमति दी गई । कल नगर में समाचारपत्र बांटने की अनुमति नहीं दी गई थी । आज शहर के बाहरी क्षेत्रों तथा नई कालोनियों में कर्फ्यू समाप्त कर दिया गया । तथापि पुराने शहर में कर्फ्यू कल तक जारी रहेगा ।

किरपान से 5 घायल

कर्फ्यू में ढील के दौरान पुराने शहर में बाद दोपहर अदालत बाज़ार में किरपानों से हमला करके 5 व्यक्तियों को घायल कर दिया गया । घायलों को तुरन्त राजेन्द्रा अस्पताल ले जाया गया । 60 वर्षीय मुलख राज की हालत गम्भीर है । उसके पेट में घाव आए हैं । अन्य घायलों में रमेश कुमार, दिनेश वर्मा, राज तथा भूषण कुमार शामिल हैं । कर्फ्यू में ढील के दौरान यह लोग ज़रूरी वस्तुएं खरीदने के लिए बाज़ार गए थे जहां इन पर हमला किया गया । इन घटनाओं के कारण कर्फ्यू में ढील एक घंटे बाद ही वापस ले ली गई ।

हिन्दू समिति के अध्यक्ष श्री रमेश भारद्वाज ने इस हमले की निंदा की तथा इन घटनाओं के लिए पुलिस को ज़िम्मेदार ठहराया तथा कहा कि प्रशासन विफल होकर रह गया है । उन्होंने पंजाब सरकार से मांग की कि वह स्थानीय प्रशासन को तबदील करे क्योंकि यह पटियाला में शांति व्यवस्था कायम करने में बुरी तरह नाकाम रहा है ।

बाद में ज़िला मैजिस्ट्रेट ने पुराने नगर में कर्फ्यू 22 मार्च प्रातः 8 बजे तक बढ़ा दिया । इस दौरान शिक्षा संस्थाएं बंद रहेंगी और पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं भी नहीं होंगी ।

सुराग मिलने का दावा

इसी बीच ज़िला पुलिस चीफ श्री जी.आई.एस. भुल्लर ने दावा किया है कि पुलिस को भाजपा नेता श्री शम्भू प्रसाद की हत्या के अभियुक्तों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं । उन्होंने बताया कि श्री शम्भू प्रसाद को दो गनमैन उपलब्ध कराए गए थे तथा उनके लिए सुरक्षा प्रबन्ध विधायकों से भी ज्यादा थे । दुर्भाग्यवश श्री शम्भू प्रसाद ने उसी शाम गनमैन जोगा सिंह को किसी निजी काम पर भेज दिया । जोगा सिंह को चार्जशीट किया गया है क्योंकि उसको सुरक्षा की ड्यूटी से हटना नहीं चाहिए था । उन्होंने कहा कि अतिविशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा पर तैयार सभी गनमैनों को निर्देश जारी किया गया है कि वे निजी कार्य के लिए जाने का आदेश न माने तथा सिर्फ सुरक्षा ड्यूटी पर रहें ।

आज की हिंसक घटनाओं के बारे में श्री भुल्लर ने कहा कि एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि अन्यों को भी पकड़ लिया जाएगा । उन्होंने बताया कि मुलखराज को छोड़कर शेष घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है । 60 वर्षीय मुलखराज मेरठ से अपनी लड़की को मिलने आया हुआ था ।

गोली चली

आज त्रिपुरी टाऊनशिप में उस समय सनसनी फैल गई जबकि मलकीयत सिंह नामक व्यक्ति ने अपने पिता तारा सिंह की बंदूक से अपने मित्र जसवंत सिंह पर गोली चला दी । दोनों मित्र क्रिकेट खेलने के मामले पर लड़ पड़े और मलकीयत सिंह अपने घर से जाकर अपने बाप की बंदूक ले आया और गोली चला कर जसवंत सिंह को घायल कर दिया । उसे तुरन्त अस्पताल ले जाया गया । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

गोदाम में आग

आज सरहिंद रोड पटियाला स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में आग लग गई जिससे वहां धान का ढेर और कुछ बारदाना जल गया । नगर पालिका की दो आग बुझाने वाली गाड़ियों ने आग पर नियंत्रण किया ।

परीक्षायें रद्द

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की आज होने वाली परीक्षाएं पटियाला में रद्द कर दी गईं तथापि सैंट्रल बोर्ड आफ सैकेंडरी एजुकेशन की परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हुईं । अधिकारियों ने छात्रों को उनके मुहल्लों से पुलिस सुरक्षा में सरकारी बसों में ले जाने का प्रबन्ध किया था ।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार नगर में सभी मकान मालिकों से अपने किराएदारों का विवरण तीन दिन के भीतर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं । इस अवधि के बाद संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ने के लिए घर-घर की तलाशी ली जाएगी ।

डाक्टरों द्वारा हड़ताल

गुरदासपुर : कल थाना डेरा बाबा नानक के गांव में डाक्टर सतीश शर्मा की उग्रवादियों द्वारा हत्या के विरोध में आज गुरदासपुर में सरकारी डाक्टरों ने हड़ताल कर दी । हड़ताल का आह्वान पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन ने किया था । सिविल अस्पताल में एक शोक सभा हुई जिसमें डाक्टरों के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रबन्ध करने की सरकार से मांग की गई । बैठक में मृतक के परिवार को एक लाख रुपए एक्सग्रेशिया अनुदान देने की भी मांग की गई ।

शरण देने पर गिरफ्तार

'विनोद' के अनुसार एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि कलानौर पुलिस ने मौज़ा दोस्तपुर के एक व्यक्ति शिंगारा सिंह को गिरफ्तार किया है । उस पर आतंकवादियों के साथ संबंध रखने और उन्हें शरण देने का अभियोग है ।

करतारपुर में फ़ायरिंग

करतारपुर से 'साहनी' के अनुसार आज बाद दोपहर तीन बजे के करीब स्थानीय मेन बाज़ार में कुछ आतंकवादियों ने गोली चला कर भूतपूर्व म्युनिसिपल कमिश्नर श्री धर्मपाल बजाज को घायल कर दिया तथा भाग निकले ।

प्राप्त विवरण के अनुसार श्री बजाज बाज़ार में एक दुकान पर आए तो आतंकवादियों ने उन पर गोली चला दी तथा थोड़ी ही दूर खड़े एक स्कूटर पर भाग निकले । श्री बजाज को जालन्धर सिविल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

'क' के अनुसार श्री धर्मपाल को 4 गोलियां लगीं । आतंकवादी उनकी दुकान पर आए तथा आते ही दुकान के दोनों दरवाजों से गोलियां चलाईं । कुछ लोगों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए ।

जगराते में फ़ायरिंग

बटाला (कोछड़): कल रात आधी रात के करीब थाना सदर बटाला के गांव अदोवाली में एक धार्मिक समारोह में दो आतंकवादियों द्वारा गोली चला दिए जाने से दो व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए । पुलिस सूत्रों ने घायलों के नाम जगीर सिंह व कर्म सिंह बताए हैं । उन पर उस समय गोली चलाई गई जबकि वे 'जगराते' में बैठे थे । उन्हें स्थानीय अस्पताल में दाखिल करा दिया गया । जहां उनकी दशा गम्भीर बताई गई है । पुलिस और बी.एस.एफ. क्षेत्र में हमलावरों की खोज कर रही है ।

नकदी, कीमती सामान लूटा

थाना सदर के ही गांव नसीरपुर में एक किसान के घर से तीन सशस्त्र आतंकवादी 35,000 रुपए मूल्य की नकदी व कीमती सामान उठा कर ले गए । किसान महंगा सिंह ने बताया कि आतंकवादी 10 हजार रुपए नकद, एक वी.सी.पी., दो कैमरे, दो टेप रिकार्डर, 7 घड़ियां, तीन बिजली की प्रैसें व अन्य सामान ले गए ।

6 हिरासत में

दोनों घायलों की हालत बिगड़ जाने के कारण उन्हें गुरुतेग बहादुर अस्पताल अमृतसर ले जाया गया । सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने पर लगभग 50 लोग भयभीत होकर भागे और गांव के सभी लोगों ने घरों के दरवाजे बंद कर लिए । पुलिस ने 6 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

जायदाद

सिर्फ 1000 रु. पहले देकर बाकी 200 रु. महीने की आसान किस्तों में फ्री-होल्ड रिहायशी प्लाट लोनी रेलवे स्टेशन के पास दिल्ली के नज़दीक बृज विहार में तुरन्त कब्ज़ा लेवें । धीर एंड कम्पनी, विक्रांत होटल, भदौड़ हाऊस, लुधियाना, फोन : 33933, विकास प्रापर्टीज़, Jaina बिल्डिंग, जी.टी. रोड, शाहदरा, दिल्ली-32.

टेलरिंग

Bhasin Bros., First Floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar. Phone : 43554 for Gent's Suits, Safari and Shirts.

शिक्षा

B.Ed. (Recognised) पत्राचार (केवल महिलाओं हेतु) अनुसूचित/जनजाति 10%, ग्रामीण महिलाओं 20%; अपंग 5%, सैनिक विधवाओं हेतु 5% सीटें आरक्षित । अंतिम तिथि निकट । प्रासपैक्टस 10 रु. । लोक भारती महाविद्यालय, गुरुनानक मार्कीट, यमुनानगर ।

मैट्रिक, इंटर, बी.ए., वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न, RMP गारंटिड अप्रैल 87 में करें । गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

RMP (सरकारी मान्य) रजिस्ट्रेशन, B.A./B.Com./B.Sc. (डायरैक्ट), वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न (मार्च में स्पैशल परीक्षा) जे.बी.टी./ओ.टी./बी.एड. (पत्राचार)/LL.B., (3 वर्षीय Professional). Prospectus Rs. 10/- by M.O. : सोनीपत डिग्री कालेज, 403/सैक्टर-14, सोनीपत (हरियाणा) । (JD)

R.M.P. (Patna), वैद्यविशारद, आयुर्वेद रत्न, Direct B.A./B.Com./Final After XIth (Osmania University) Contact : Kirti College, Kailash Cinema Chowk, Ludhiana.

Become Govt. R.M.P. Doctor within 15 days. Fee with service charges Rs. 800. Prospectus Rs. 8, Nehru College, Chhota Bazar, Ambala City. (JD)

बिना आठवीं मैट्रिक, दसवीं इसी साल इंटर करें । मैट्रिक/इंटर डायरैक्ट बी.ए. करें । मैडिकल कोर्स करके R.M.P. डाक्टर बनें—राष्ट्रीय डिग्री कालेज, पुरानी सब्ज़ी मंडी, हिसार-125001.

मैट्रिक पास इसी वर्ष इंटर करके B.A. II अप्रैल 88 में करें । वैद्यविशारद करके डाक्टर बनें — राजा डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर । (JD)

तीर्थ यात्रा

रामनवमी के अवसर पर अयोध्या, हरिद्वार, इलाहाबाद, मथुरा, वृंदावन आदि । किराया डीलक्स बस 550/-, रवानगी 5 अप्रैल, मिलें : हंसा सिंह, 62-बाज़ार रामबाग, अमृतसर, फोन : 32748; राज देवी मंदिर, चौक निमवाला, लुधियाना ।

व्यापार

चंडीगढ़ के नज़दीक पंजाब में केवल 7.50 रुपये वर्गगज़ प्लाट खरीदो । सफेदा लगा कर 7 साल में 30 रुपये वर्ग गज़ बेचो । सम्पर्क करें : लैंड एंड इंडस्ट्रीयल ब्यूरो, 1233 फेस-5 मोहाली (रोपड़) ।

पोल्ट्री

NECC Delhi egg rate for 19.3.87 Rs. 48/- without trays. NECC Suggested Retail Price Rs. 6.60/- per Dozen.

हकलाना

हकलाना/तुतलाना लाइलाज नहीं है । औषधि व सर्जरी के बगैर पक्का इलाज करवाएं । आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाजपुल, हिसार (हरियाणा) । (JD)

हकलाना, तुतलाना सफल इलाज, तजुर्बा 22 साल, होमकोर्स प्रत्येक इतवार लीजिए । पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

चिकित्सा

आयुर्वेदिक चमत्कार । हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत और तंदरुस्ती हासिल करके आनंदमयी जीवन व्यतीत करें । डाक्टर सत्यपाल बहल, चौक निमवाला, लुधियाना-141008.

फैक्टरी बिकाऊ

कर्नाटक स्टेट के एक बड़े शहर में कम्पलीट चल रही बैल्ट कन्वेयर फैक्टरी बिकाऊ है । जो पार्टी 6 लाख रुपया खर्च कर सके, कृपया वही लिखें । बाक्स 308, पंजाब केसरी, जालंधर ।

वाईकन कम्बाईन अच्छी हालत में बिकाऊ है, सम्पर्क करें : हिन्दुस्तान टायर, रादौर रोड, यमुनानगर, हरियाणा । फोन : 26466.

आवश्यकता

काम करने वाले लड़कों, प्रिंटर, फोटोग्राफर की ज़रूरत है । मिलें : India Color Lab., Milap Chowk, Jalandhar. 73763.

एक अकाऊंटेंट कम्पनी ला जानता है, जूनियर व सीनियर कैमिस्ट, क्लर्क, टाईपिस्ट जो पत्र लिखने में निपुण हों, टैलीफोन आप्रेटर लड़की, दिल्ली व दूसरे शहरों में सेल प्रतिनिधि चाहिएं, 10 दिनों में लिखें या मिलें : कोहेनूर पेन्ट्स, (प्रा.) लि., छहर्टा ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का जसवंत सिंह, उम्र 14 साल, कद 4'-6", रंग गोरा, कोका कोला शर्ट और खाकी पैंट व चप्पल पहने 7.3.87 को 7 बजे सायं से गुम है । पहुंचाने वाले को 500 रु. शुक्राना दिया जाएगा । यदि जसवंत खुद पढ़े तो फ़ौरन वापिस आ जाए, उसके दादा जी उसे लेने आए हैं ।

कमर सिंह,
मकान नं. 9094, गली नं. 35, निकट फौजी दी चक्की, कोट मंगल सिंह, लुधियाना ।

प्यार करके देखो
गोविंदा मंदाकिनी ओम

आज से :—
सायन पायल-जालंधर
रोज़ाना 4 शो
ONE MAN WITH COURAGE MAKES AN ARMY

मेरी ज़िंदगी की सबसे बेहतरीन फिल्म, जो अब पेश है नई तबदीलियों के साथ—राज कपूर
ऐ भाई ज़रा देख के चलो...
जीना यहां, मरना यहां इसके

चम्बल का शेर अब आपके शहर में
डैनी खतरनाक रोल में
चम्बल का

आज से :
रचना-फरीदाबाद
क़यामत

जनता की मांग पर
सरपंच
(पंजाबी

सामान तथा दवाइयों की दुकानें खोलने की ही अनुमति दी गई ।

प्रातः तीन घंटे तक समाचारपत्रों के हाकरों तथा दूध विक्रेताओं को नगर में अखबार तथा दूध बांटने की अनुमति दी गई । कल नगर में समाचारपत्र बांटने की अनुमति नहीं दी गई थी । आज शहर के बाहरी क्षेत्रों तथा नई कालोनियों में कर्फ्यू समाप्त कर दिया गया । तथापि पुराने शहर में कर्फ्यू कल तक जारी रहेगा ।

किरपान से 5 घायल

कर्फ्यू में ढील के दौरान पुराने शहर में बाद दोपहर अदालत बाजार में किरपानों से हमला करके 5 व्यक्तियों को घायल कर दिया गया । घायलों को तुरन्त राजेन्द्रा अस्पताल ले जाया गया । 60 वर्षीय मुलखराज की हालत गम्भीर है । उसके पेट में घाव आए हैं । अन्य घायलों में रमेश कुमार, दिनेश वर्मा, राज तथा भूषण कुमार शामिल हैं । कर्फ्यू में ढील के दौरान यह लोग जरूरी वस्तुएं खरीदने के लिए बाजार गए थे जहां इन पर हमला किया गया । इन घटनाओं के कारण कर्फ्यू में ढील एक घंटे बाद ही वापस ले ली गई ।

हिन्दू समिति के अध्यक्ष श्री रमेश भारद्वाज ने इस हमले की निंदा की तथा इन घटनाओं के लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहराया तथा कहा कि प्रशासन बिफल होकर रह गया है । उन्होंने पंजाब सरकार से मांग की कि वह स्थानीय प्रशासन को तबदील करे क्योंकि यह पटियाला में शांति व्यवस्था कायम करने में बुरी तरह नाकाम रहा है ।

बाद में ज़िला मैजिस्ट्रेट ने पुराने नगर में कर्फ्यू 22 मार्च प्रातः 8 बजे तक बढ़ा दिया । इस दौरान शिक्षा संस्थाएं बंद रहेंगी और पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं भी नहीं होंगी ।

सुराग मिलने का दावा

इसी बीच ज़िला पुलिस चीफ़ श्री जी.आई.एस. भुल्लर ने दावा किया है कि पुलिस को भाजपा नेता श्री शम्भू प्रसाद की हत्या के अभियुक्तों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं । उन्होंने बताया कि श्री शम्भू प्रसाद को दी गनमैन उपलब्ध कराए गए थे तथा उनके लिए सुरक्षा प्रबन्ध विधायकों से भी ज्यादा थे । दुर्भाग्यवश श्री शम्भू प्रसाद ने उसी शाम गनमैन जोगा सिंह को किसी निजी काम पर भेज दिया । जोगा सिंह को चार्जशीट किया गया है क्योंकि उसको सुरक्षा की ड्यूटी से हटना नहीं चाहिए था । उन्होंने कहा कि अतिविशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा पर तैयार सभी गनमैनों को निर्देश जारी किया गया है कि वे निजी कार्य के लिए जाने का आदेश न माने तथा सिर्फ सुरक्षा ड्यूटी पर रहें ।

आज की हिंसक घटनाओं के बारे में श्री भुल्लर ने कहा कि एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि अन्यों को भी पकड़ लिया जाएगा । उन्होंने बताया कि मुलखराज को छोड़कर शेष घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है । 60 वर्षीय मुलखराज मेरठ से अपनी लड़की को मिलने आया हुआ था ।

गोली चली

आज त्रिपुरी टाऊनशिप में उस समय सनसनी फैल गई जबकि मलकीयत सिंह नामक व्यक्ति ने अपने पिता तारा सिंह की बंदूक से अपने मित्र जसवंत सिंह पर गोली चला दी । दोनों मित्र क्रिकेट खेल के मामले पर लड़ पड़े और मलकीयत सिंह अपने घर से जाकर अपने बाप की बंदूक ले आया और गोली चला कर जसवंत सिंह को घायल कर दिया । उसे तुरन्त अस्पताल ले जाया गया । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का जसवंत सिंह, उम्र 14 साल, कद 4'-6", रंग गोरा, कोका कोला शर्ट और खाकी पैंट व चप्पल पहने 7.3.87 को 7 बजे सायं से गुम है । पहुंचाने वाले को 500 रु. शुक्राना दिया जाएगा । यदि जसवंत खुद पढ़े तो फ़ौरन वापिस आ जाए, उसके दादा जी उसे लेने आए हैं ।

कमर सिंह,
मकान नं. 9094, गली नं. 35, निकट फौजी दी चक्की, कोट मंगल सिंह, लुधियाना ।

गोदाम में आग

आज सरहिंद रोड पटियाला स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में आग लग गई जिससे वहां धान का ढेर और कुछ बारदाना जल गया । नगर पालिका की दो आग बुझाने वाली गाड़ियों ने आग पर नियंत्रण किया ।

परीक्षायें रद्द

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की आज होने वाली परीक्षाएं पटियाला में रद्द कर दी गईं तथापि सैंट्रल बोर्ड आफ सैकेंडरी एजुकेशन की परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हुईं । अधिकारियों ने छात्रों को उनके मुहल्लों से पुलिस सुरक्षा में सरकारी बसों में ले जाने का प्रबन्ध किया था ।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार नगर में सभी मकान मालिकों से अपने किराएदारों का विवरण तीन दिन के भीतर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं । इस अवधि के बाद संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ने के लिए घर-घर की तलाशी ली जाएगी ।

डाक्टरों द्वारा हड़ताल

गुरदासपुर : कल थाना डेरा बाबा नानक के गांव में डाक्टर सतीश शर्मा की उग्रवादियों द्वारा हत्या के विरोध में आज गुरदासपुर में सरकारी डाक्टरों ने हड़ताल कर दी । हड़ताल का आह्वान पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन ने किया था । सिविल अस्पताल में एक शोक सभा हुई जिसमें डाक्टरों के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रबन्ध करने की सरकार से मांग की गई । बैठक में मृतक के परिवार को एक लाख रुपए एक्सग्रेशिया अनुदान देने की भी मांग की गई ।

शरण देने पर गिरफ्तार

'विनोद' के अनुसार एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि कलानौर पुलिस ने मौजा दोस्तपुर के एक व्यक्ति शिंगारा सिंह को गिरफ्तार किया है । उस पर आतंकवादियों के साथ संबंध रखने और उन्हें शरण देने का अभियोग है ।

करतारपुर में फ़ायरिंग

करतारपुर से 'साहनी' के अनुसार आज बाद दोपहर तीन बजे के करीब स्थानीय मेन बाजार में कुछ आतंकवादियों ने गोली चला कर भूतपूर्व म्युनिसिपल कमिश्नर श्री धर्मपाल बजाज को घायल कर दिया तथा भाग निकले ।

प्राप्त विवरण के अनुसार श्री बजाज बाज़ार में एक दुकान पर आए तो आतंकवादियों ने उन पर गोली चला दी तथा थोड़ी ही दूर खड़े एक स्कूटर पर भाग निकले । श्री बजाज को जालन्धर सिविल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

'क' के अनुसार श्री धर्मपाल को 4 गोलियां लगीं । आतंकवादी उनकी दुकान पर आए तथा आते ही दुकान के दोनों दरवाजों से गोलियां चलाईं । कुछ लोगों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए ।

जगराते में फ़ायरिंग

बटाला (कोछड़): कल रात आधी रात के करीब थाना सदर बटाला के गांव अदोवाली में एक धार्मिक समारोह में दो आतंकवादियों द्वारा गोली चला दिए जाने से दो व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए । पुलिस सूत्रों ने घायलों के नाम जगीर सिंह व कर्म सिंह बताए हैं । उन पर उस समय गोली चलाई गई जबकि वे 'जगराते' में बैठे थे । उन्हें स्थानीय अस्पताल में दाखिल करा दिया गया । जहां उनकी दशा गम्भीर बताई गई है । पुलिस और बी.एस.एफ. क्षेत्र में हमलावरों की खोज कर रही है ।

नकदी, कीमती सामान लूटा

थाना सदर के ही गांव नसीरपुर में एक किसान के घर से तीन सशस्त्र आतंकवादी 35,000 रुपए मूल्य की नकदी व कीमती सामान उठा कर ले गए । किसान महंगा सिंह ने बताया कि आतंकवादी 10 हजार रुपए नकद, एक वी.सी.पी., दो कैमरे, दो टेप रिकार्डर, 7 घड़ियां, तीन बिजली की प्रैसें व अन्य सामान ले गए ।

6 हिरासत में

दोनों घायलों की हालत बिगड़ जाने के कारण उन्हें गुरुतेग बहादुर अस्पताल अमृतसर ले जाया गया । सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने पर लगभग 50 लोग भयभीत होकर भागे और गांव के सभी लोगों ने घरों के दरवाजे बंद कर लिए । पुलिस ने 6 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया ।

उग्गी में डाका

नकोदर (गगन): नकोदर-कपूरथला मार्ग पर यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव उग्गी के एक किसान धर्म सिंह के घर पर रात पौने बारह बजे डाका पड़ने का समाचार मिला है । डाकू एक फोर व्हीलर में आए जिनकी गिनती 9 के करीब थी । सभी डाकुओं ने अपने मुंह ढांपे हुए थे । बताया जाता है कि डाकुओं ने सबसे पहले श्री धर्म सिंह के बड़े लड़के श्री बलदेव सिंह को दबोचा, जोकि पेशाब करने के लिए घर से बाहर आया था । डाकुओं ने उसको एक तरफ हाथ-पांव बांध कर बैठा दिया और उससे घर के बाकी सदस्यों का पता करके घर में दाखिल हो गए । आंगन में सो रहे धर्म सिंह के दूसरे लड़के सुखदेव सिंह को उन्होंने जगाया तथा घर के बाकी सदस्यों का पता किया । जब उसने कुछ मुकाबला करने की कोशिश की तो एक डाकू ने उस पर गोली चला दी,जो उसकी टांग में लगी । बाद में उन्होंने घर के कमरों के अंदर सोए हुए सदस्यों को बाहर दरवाजे खोल कर आने के लिए कहा तो अंदर के किसी सदस्य ने भी उनको दरवाज़ा नहीं खोला । इस पर डाकुओं ने सभी दरवाजे तोड़ दिए और अंदर कमरों में चले गए । वहां से श्री धर्म सिंह के तीसरे बेटे चरणजीत सिंह को घसीट कर बाहर निकाला गया और तेज़ हथियारों से उसको जख्मी कर दिया । बाद में उन्होंने घर की तमाम औरतों से उनके कानों की बालियां, जोकि 3 तोले के करीब थीं, 1 तोले सोने का हार, 1 सोने की अंगूठी, 2 सीकों की घड़ियां व उस वक्त घर में पड़ा 600 रुपया भी छीन लिया । उस वक्त चरणजीत ने गांव के लोगों को मदद के लिए आवाजें लगाईं मगर घर गांव से दूर खेतों में होने के कारण लोग मदद पर पहुंचने में कुछ लेट हो गए । इतने में डाकुओं ने धर्म सिंह को खूब मारपीट की और तीन-चार हवाई फायर करते हुए वहां से फरार होने में सफल हो गए । घायलों को तुरन्त नकोदर व लुधियाना के अस्पतालों में पहुंचाया गया । पुलिस सवेरे पांच बजे घायलों का पता करने के लिए आई । पुलिस ने केस दर्ज करके घटना की जांच शुरू कर दी है । सुखदेव सिंह की हालत गम्भीर होने के कारण उसे सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल कराया गया ।

सातवीं घटना

जिले में सक्रिय डकैतों द्वारा पिछले दिनों में डाले गए डाके की यह सातवीं घटना है । इसी प्रकार की डकैती व लूटपाट की घटनाओं की सूचना गधोवाली, पतारा, प्रतापड़ा, लटेरा खुर्द तथा गढ़ी फतेह खान गांवों से भी मिली है । सूत्रों ने बताया कि लगभग सभी घटनाओं में डकैतों ने भागते समय एक ही प्रकार के वाहन का प्रयोग किया ।

शराब के ठेके लूटे

नकोदर थाना के अंतर्गत गांव चक कलां में रात पौने आठ बजे के करीब तीन स्कूटर सवारों ने शराब के ठेके के कर्मचारी रेशम सिंह से दो पेटियां शराब व 1800 रुपए नकद छीन लेने की खबर मिली है और ठेके के कर्मचारी के इलावा भी दो उसी गांव के लोगों को मारपीट करने का समाचार भी मिला है । इनमें से एक अमृत सिंह भी है जिसको राईफल की नाली मार कर जख्मी कर दिया गया । उसके तुरन्त बाद गांव शंकर के शराब के ठेके के कर्मचारी को तीन स्कूटर सवारों ने ठेके का द्वार खोलने के लिए कहा । द्वार न खोले जाने पर उसके कर्मचारी सुरजीत सिंह निवासी गांव बीर पिंड को गोली मार कर जख्मी कर दिया । घायलों को तुरन्त नकोदर के सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया ।

नकोदर में विस्फोट

गत दो दिनों से शहर में साधारण व शक्तिशाली किस्म के 4 विस्फोट हो चुके हैं । पहले दो विस्फोट एक रात को हुए और आज रात को फिर दो विस्फोट हुए, इनमें से एक विस्फोट सुबह 6-10 पर स्थानीय सब्जी मंडी के एक दुकानदार श्री राम लाल की दीवार के साथ हुआ जिसके कारण जबरदस्त धमाका हुआ तथा दुकान की दीवार व दरवाजों को कुछ नुक्सान पहुंचने का समाचार मिला है । उल्लेखनीय है कि सब्जी मंडी के नजदीक ही देवी तालाब मंदिर है जहां से शिव सेना द्वारा अपना संघर्ष चलाया जा रहा है । शहर में इस प्रकार के वातावरण से काफी आतंक पाया जा रहा है । नागिरकों ने रात को पुलिस गश्त तेज करने की मांग भी की है ।

आमरण अनशन दूसरे दिन में

नकोदर में शिव सेना वर्करों की रिहाई के लिए इन्द्रजीत रत्ती का आमरण अनशन दूसरे दिन में दाखिल हो गया । उधर लगातार भूख हड़ताल का कार्यक्रम नौवें दिन में दाखिल हो गया है । भूख हड़ताली जत्थे में दो औरतों सहित कुल सात सदस्य हैं ।

युवक की लाश मिली

जलालाबाद (राकेश मलिक): आज प्रातः पुरानी कमेटी ग्राऊंड में एक 20-22 वर्षीय युवक की लाश मिली । जब प्रातः मार्केट कमेटी के सचिव सो कर उठे तो उन्होंने लाश देखी । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी । पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह उग्रवाद का मामला नहीं अपितु निजी शत्रता का केस प्रतीत होता है । मृतक का नाम पम्मी बताया जाता है ।

रिवाल्वर छीना

जालन्धर (वार्ता): आज प्रातः थाना नूरमहल क्षेत्र में गांव दादोआल में एक व्यक्ति गुरबिन्दर सिंह से 2 स्कूटर सवार उग्रवादी .32 का रिवाल्वर तथा 12 कारतूस छीन कर फरार हो गए । लुटेरों के स्कूटर पर कोई नम्बर प्लेट नहीं थी ।

दुकान, दो घरों को लूटा

कपूरथला (शर्मा): विलम्ब से प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार की रात को जिला के इब्बन गांव में 7-8 सशस्त्र डाकुओं ने एक दुकान तथा दो घरों को लूट लिया । डाका एक फोर व्हीलर में आए और 65 बोरे सीमैंट, नकदी, सोने के जेवर व अन्य कीमती वस्तुएं ले गए ।

फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव में एक ईंटों के भट्ठे के अकाऊंटैंट से तीन आतंकवादियों ने 300 रुपए छीन लिए ।

40 हज़ार लूटे

फगवाड़ा (खोसला): गत रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक फाईनैंस कम्पनी से 40,000 रुपए लूट लिए । तथापि एक निकटवर्ती दुकान से चोरी किया गया कुछ सामान कुछ दूरी पर पड़ा मिल गया ।

लुधियाना में 'आंशिक बंद'

लुधियाना (वार्ता): अकाली विधायक श्री अमरजीत सिंह और भाजपा नेता श्री शम्भू प्रसाद की हत्या के विरुद्ध बंद के सर्वदलीय आह्वान का प्रभाव आंशिक रहा । दुकानदारों ने प्रातः दुकानें बंद रखीं लेकिन आधे घंटे बाद खोल लीं ।

'मुसाफिर' के अनुसार लुधियाना में सभी बड़े बाजार चौड़ा बाजार, कुतब बाजार, सर्राफा बाजार, गुड़ मंडी, साबुन बाजार, केसर गंज बाजार, घास मंडी व अन्य मार्किटें बंद रहीं जबकि छोटे बाजार फील्डगंज, करीमपुरा, आदि खुले रहे । सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध थे । कोई अप्रिय घटना नहीं हुई ।

2 ज़िंदा दबे

कुरुक्षेत्र, 19 मार्च—सिरसामा ग्राम में एक कुएं की दीवार धंस जाने से बीरू राम और निर्मल सिंह की मृत्यु हो गई ।



Punjab Archive

बजट में मुख्य रूप से कृषि, सिंचाई और ऊर्जा सैक्टर को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन पर कुल योजना राशि का 77% खर्च होगा । केवल ऊर्जा

डालर यह शुल्क अपने खरीद मूल्य में शामिल करके आगे बेचेगा या इसे किसी उत्पादन के लिए देगा ।

वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में कुछ रियायतों

बाजार में लाकर बेचे जाने वाले कृषि उत्पाद पर एक प्रतिशत शुल्क लगाने का जनता पर नाममात्र प्रभाव पड़ेगा । इसका अधिक प्रभाव तो उन सरकारी

पंजाब में 3 और हत्याएं, पटियाला में कर्फ्यू में ढील नहीं

चंडीगढ़, 20 मार्च (वा., ह.स., नि.स.): पटियाला के पुराने शहर में कल हुई छुरेबाज़ी की घटनाओं के बाद आज कर्फ़्यू में ढील नहीं दी गई ।

अमृतसर के फतेहगढ़ थानांतर्गत गिलवालीगांव में अज्ञात हत्यारों ने एक व्यक्ति भगवान दास की कल रात गोली मार कर हत्या कर दी ।

बलाचौर के पास आज रात दो हत्याएं कर दी गई ।

नवांशहर आज लगभग पूरी तरह बद रहा । शिव सेना के नेता अयोध्या प्रसाद का आज तीसरे पहर ज़बरदस्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

अमृतसर (अ.सो.): फतेहगढ़ थानांतर्गत गांव गिलवाली में कल सायं लगभग पौने आठ बजे 2 उग्रवादियों ने एक दुकानदार भगवान दास की उसकी दुकान पर हत्या कर दी और भाग निकले । भगवान दास ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया ।

तथाकथित खालिस्तान सिक्योरिटी फ़ोर्स के स्वयंभू जनरल ज्ञानी जागीर सिंह ने भगवान दास की हत्या की ज़िम्मेवारी लेते हुए यहां वार्ता ब्यूरो को टैलीफोन पर बताया कि दुकानदार की इसलिए हत्या की गई है क्योंकि वह सिगरेट और तम्बाकू बेचा करता था ।

पुलिस बेझिझक कार्रवाई करेगी

'वार्ता' के अनुसार स्वर्ण मंदिर में यदि सात मार्च जैसी घटना दुबारा हुई तो पुलिस बिना किसी झिझक के मंदिर में प्रवेश करेगी । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी अब भी स्वर्ण मंदिर परिसर को अपने छिपने के स्थान के रूप में उपयोग कर रहे हैं, किन्तु पुलिस बल की कमी के कारण वहां हर समय होने वाली घटनाओं को रोकना सम्भव नहीं हो पाता ।

सूत्रों ने कहा कि अधिकतर पुलिस अति विशिष्ट व्यक्तियों और उच्च अधिकारियों के यहां नियुक्त है, जिससे सामान्य जनता की सुरक्षा की ज़रूरतें पूरी नहीं हो पातीं ।

स्वर्ण मंदिर परिसर के चारों तरफ तैनात सुरक्षा बल के जवान अपनी ड्यूटी अंच्छे ढंग से कर रहे हैं, जिससे परिसर में आतंकवादियों की गतिविधियां नियंत्रित हैं । स्वर्ण मंदिर परिसर के भीतर की गतिविधियों के बारे में निश्चित सूचना मिलने पर भी वहां सुरक्षा बलों को भेजने में कम से कम आधे घंटे का समय लग जाता है और आतंकवादियों के लिए इतना समय गलियों से होकर निकल भागने के लिए काफ़ी है । इसके अतिरिक्त वे परिसर से बाहर

(शेष पृष्ठ 12 पर)

उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि केंद्रीय योजनायोग ने पंजाब सरकार को सुझाव दिया था कि वह 75 करोड़ रुपए के कर लगाए जिसके लिए हम तैयार नहीं हुए ।। उन्होंने कहाकि 40 करोड़ रुपए के अतिरिक्त साधन जुटाने को 'जनता पर कर' नहीं कहा जा सकता । जब एक पत्रकार ने पूछा कि 'नए साल के दौरान बस किराया तो नहीं बढ़ाया जाएगा' तो वित्त मंत्री ने कहा, 'मैं इस बारे इस स्थिति में कोई आश्वासन नहीं दे सकता ।"

उन्होंने कहा कि नए फार्मूले के अनुसार मोटर वाहनों पर जो एक मुश्त यात्री कर लगाया जा रहा है, उसका जनता पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा क्योंकि बस किराया या यात्री कर नहीं बढ़ाया गया ।

श्री बलवन्त सिंह ने दावा किया कि नए तरीके से यात्री कर की चोरी काफी रुक जाएगी । बस यात्रियों को अब एक टिकट जारी की जाएगी । इससे जनता को इंस्पैक्टरी राज से भी छुटकारा मिल सकेगा । क्योंकि बस मालिक से 80 प्र.श. भरी सीटों के आधार पर एक मुश्त यात्री कर लिया जाएगा । उन्होंने कहा कि बस वाले अब जितनी चाहें ओवर लोडिंग कर सकते हैं ।

श्री बलवन्त सिंह ने कहा कि कृषि उत्पाद पर एक प्र.श. शुल्क खरीदार से वसूल किया जाएगा,







पटियाला में कर्फ़्यू में ढील के दौरान हुए रक्तपात में अनेक व्यक्ति घायल हो गए । (ऊपर बाएं) मेरठ से अपनी बेटी को मिलने आए साठ वर्षीय श्री मुलख राज, जिन्हें कृपाण से घायल कर दिया गया । इनकी हालत चिंताजनक है, (अन्य चित्रों में) कृपाणों से घायल अन्य व्यक्ति. इस प्रकार हैं : सर्वश्री दिनेश वर्मा, रमेश कुमार, राज कुमार और भूषण कुमार । (छाया : भूषण




(ऊपर) सी.आर.पी. के साथ मुठभेड़ में गत दिवस अमृतसर जिला गांव सैरो के निकट मारा गया बब्बर खालसा चीफ़ उग्रवादी रणजीत सिंह । (नीचे) इसी जिला के उस्मां गांव के निकट डेरा बाबा हैसियाना में उग्रवादियों के हाथों मारा गया महंत मलूक सिंह । (छाया : पाल)

धार्मिक दुरुपयोग

जम्मू, 20 मार्च
राजीव गांधी ने चेताव
के नाम पर अस्थिरता
धर्म के दुरुपयोग क
जाएगी ।

आज यहां एक ज
प्रधानमंत्री ने कहा कि
सभी को स्वतंत्रता
दुरुपयोग साम्प्रदायिव
करने के लिए नहीं
कहा कि सरकार सा
लगाने में प्रभावपूर्ण क
से आग्रह किया कि व
हाथ मजबूत करे ।

उन्होंने इस सीमा
मज़बूत सरकार के ग
कहा देश की सीमा
संस्थागत राजनीति
कराने के लिए प्रदे
अत्यावश्यक है ।

श्री गांधी ने किसी
कहा कि साम्प्रदायिक
जम्मू-क्षेत्र में गठबंधन
से आग्रह किया कि इ
जानी चाहिए । यह व
गठबंधन को मजबूत

परेड ग्राऊंड में
उन्होंने इंका व नैकां
पृष्ठ भूमि का उल्लेख
पार्टियों में आपसी प्रति
की-सी स्थिति पैदा ह
विकास कार्य कुप्रभावि
समझौता होने के कार
सरकार के अवसर उप
का द्रुत विकास होगा ।

उन्होंने कहा कि इ
कारण कुछ निहित स्व
पर अब वह धीरे-धीरे

प्रधानमंत्री ने आ
गठबंधन की सरकार क
प्रशासन में से भ्रष्टाचा
समस्या का समाधान नि
रोजगार प्राप्त होगा ।

इससे पूर्व जनसभ
जम्मू-कश्मीर के मुख्य
घोषणा की कि साम्प्रदा
दमन किया जाएगा ।
बिल्कुल गलत है कि क
उन्होंने कहा कि वास्त
समस्याओं का समाधान

संकीर्ण दलीय लाभ के लिए राजीव पंजाब समस्या को उलझा रहे हैं : चन

नई दिल्ली, 20 मार्च (वार्ता): जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री चंद्र शेखर ने पंजाब के सम्बन्ध में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की भूमिका को अदूरदर्शिता पूर्ण बताया है और कहा है कि वह इस समस्या को उलझाए रखना चाहते हैं ताकि संकीर्ण

परस्पर विचार-विमर्श एक दूसरे से आग्रह और समझौते के लिए समुचित वातावरण तैयार करने से ही सम्भव है ।

उन्होंने कहा कि यह काम आसान नहीं है और इसे थोड़े समय में पूरा भी नहीं किया जा सकता ।

उन्होंने कहा कि पंजाब की समस्या धर्म के आधार पर कुछ मांगों, नदी जल के बटवारे या भूक्षेत्र के हस्तांतरण तक सीमित नहीं है । यह एक मानवीय समस्या बन चुकी है और समूचे समाज की

नवम्बर 1984 के दंगे के उत्तरदायी लोगों का पता लगा कर उन्हें तुरन्त दंड देने, जोधपुर या अन्य स्थानों पर बंद लोगों पर मुकद्दमा चलाने या उन्हें रिहा करने, सेना के भगोड़ों को सेना में या दूसरी

यातना और कष्टों से ग्रस
बच्चे विधिवत आरोप
बंद हैं ।

उन्होंने कहा कि

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

आने के लिए कार सेवा की पोशाक और गाड़ियां इस्तेमाल करते हैं । सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा बल आतंकवादियों की चुनौती का सामना करने के लिए परी तरह तैयार है ।

आभूषण लूटे

3 सशस्त्र उग्रवादियों ने आज दोपहर हुसैनपुरा आबादी में एक दुकान से 3000 रु. के आभूषण लूट लिए ।

बैंक के खज़ांची से 40000 रु. छीने

कपरथला (रघुनाथ शर्मा): आज दोपहर 11 बजे सुल्तानपुर लोधी सब-डिवीजन के गांव जब्बोसुधार के निकट दो स्कूटर सवार सशस्त्र आतंकवादियों ने कपरथला, फिरोज़पुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की परमजीतपुर शाखा के खज़ांची से 40 हजार रुपए लूट लिए और फ़रार हो गए । बताया जाता है कि खज़ांची केवल राम गनमैन कश्मीर सिंह घुम्मन के साथ पंजाब नैशनल बैंक सुल्तानपुर लोधी से 40 हजार रुपए निकलवा कर स्कूटर पर अपनी शाखा परमजीतपुर को जा रहा था कि रास्ते में बिना नम्बर के स्कूटर पर सवार उग्रवादियों ने उनको घेर लिया । एक उग्रवादी के पास स्टेनगन तथा दूसरे के पास रिवाल्वर था । फिर उन्होंने हथियारों की नोक पर रुपया और बंदूक छीन लिए। थोड़ी दूर जाकर बंदूक तो फैंक दी, लेकिन रुपया लेकर सुल्तानपुर लोधी की ओर फ़रार हो गए । उच्च पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

करतारपुर (देवदत्त): गत दिवस पिस्तौलों से लैस जिन आतंकवादियों ने करतारपुर के आर्य बाज़ार चौक में भूतपूर्व नगर पालिक सदस्य श्री धर्म पाल की दुकान पर फ़ायरिंग करके उनको गम्भीर रूप से घायल किया था, फ़ायरिंग करने से पहले दूध पीने के बहाने एक हलवाई की दुकान के बाहर खड़े थे। आतंकवादी जब फ़ायरिंग कर रहे थे तो छत से उन पर ईंटें फैंकी गईं, जिससे घबरा कर आतंकवादी गंगसर बाज़ार की ओर भागे । कुछ दूरी पर उनका एक साथी स्कूटर लिए खड़ा था । स्कूटर पर सवार होकर वे किशनगढ़ की तरफ भाग गए । यह भी पता चला है कि 8 आतंकवादी करतारपुर के कई हिस्सों में वारदातें करने के लिए चार स्कूटरों पर आए थे । यह भी कहा जाता है कि गंगसर बाज़ार में खड़े उग्रवादी ने खेसी ओढ़ रखी थी, जिसके नीचे स्टेनगन थी । यह बात वर्णन योग्य है कि गोलियां लगने के बावजूद श्री धर्म पाल बजाज ने उग्रवादियों को पकड़ने की कोशिश की, पर गम्भीर रूप से घायल होने के कारण वह उन्हें पकड़ने में असफल रहे । फ़ायरिंग की सूचना मिलते ही सी.आर.पी. और पंजाब पुलिस के जवान घटनास्थल पर पहुंचे, पर आतंकवादी तब तक फ़रार हो चुके थे । फ़ायरिंग की सूचना मिलते ही करतारपुर के तमाम बाज़ार बंद हो गए । धर्म पाल की गोलियां निकाल दी गई हैं तथा हालत खतरे से बाहर है ।

4 हिरासत में

'साहनी' के अनुसार पुलिस ने इस संबंध में आज खोजी कुत्ते मंगवाए, जो घटना वाले स्थान से लेकर शीतला मंदिर तक ही गए क्योंकि शीतला मंदिर के पास से ही वह स्कूटर पर भाग निकले थे । इस संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस ने चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने बेबले विदेशी पिस्तौलों का प्रयोग किया है । घटना वाले स्थान से दो .55 कारतूस पुलिस ने बरामद किए हैं । लोगों ने मांग की है कि पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा शहर के अंदर चौकों पर पुलिस की गश्ती टुकड़ियां तैनात की जाएं ।

धूत के हत्यारे मनोनीत

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने मार्क्सी पार्टी के नेता श्री चन्नन सिंह धूत की हत्या के संबंध में दो अभियुक्तों को मनोनीत कर लिया है । उनकी गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है और आशा है, वे कुछ दिनों में पकड़े जाएंगे । प्रवक्ता ने बताया कि खड्डा बस हत्याकांड में वांछित एक आतंकवादी मस्कीन, जिसे कुछ दिन पूर्व अमृतसर पुलिस ने गिरफ्तार किया था, से होशियारपुर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है । उससे पूछा गया कि गढ़शंकर में पकड़े गए आतंकवादियों में कुछ पुलिस कर्मी सम्मिलित होने का भी चर्चा है तो प्रवक्ता ने उत्तर दिया कि इस संबंध में जांच की जा रही है ।

नवांशहर बंद रहा

जालन्धर : हिन्द शिव सेना के नेता अयोध्या प्रसाद की हत्या के विरोध में जालन्धर जिले के नवांशहर नगर में आज पूर्ण बंद रहा । श्री प्रसाद की आतंकवादियों ने कल गोली मार कर हत्या कर दी थी । नगर में वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गश्त लगा रहे हैं । कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है ।

इसी दौरान सदर थाना के गांव सम्मीपुर में उग्रवादियों के हाथों घायल हुए सतीश कुमार को गम्भीरावस्था में पी.जी.आई. स्थानांतरित कर दिया गया है ।

राहों (भागड़ा): हिन्द शिव सेना महिला विंग की प्रधान श्रीमती सरोजबाला ने एक बयान द्वारा नवांशहर शिव सेना के प्रधान की हत्या की निन्दा की है । उन्होंने जिलाधीश व उपमंडलाधिकारी से अपील की है कि वे क्षेत्र में शांति व आपसी भाईचारे के लिए कोई कदम उठाएं । उन्होंने कहा कि पंजाब के हिन्दू-सिख भाई-भाई हैं ।

स्कूल कालेज बन्द

जिला मैजिस्ट्रेट एस.पी. अग्रवाल ने कल नवांशहर सबडिवीजन की पालिका सीमाओं के अंदर सभी स्कूल और कालेज बंद रखने के आदेश दिए, वहां परीक्षाएं नियमित रूप से होंगी ।

हड़ताल रही

नवांशहर (शर्मा) : हिन्द शिव सेना के नेता की हत्या के विरुद्ध आज नगर में प्रोटैस्ट हड़ताल रही । नगर में भारी तनाव के कारण भारी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई है ।

अयोध्या प्रसाद की अंत्येष्टि

बलाचौर (सुभाष): गत दिवस नवांशहर में उग्रवादियों द्वारा मारे गए शिव सेना नेता श्री अयोध्या प्रसाद की आज यहां हजारों लोगों की उपस्थिति में अंत्येष्टि कर दी गई । इस अवसर पर शिव सेना की प्रीजिडियम के सदस्य श्री सुरेन्द्र डोगरा, श्री तेजपाल साथी, श्री प्रेम कुमार और श्री अश्विनी कुमार भी उपस्थित थे । अंतिम संस्कार से पूर्व शिव सेना के नेताओं ने घोषणा कर दी कि जब तक जिलाधीश नहीं पहुंचते, अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा । जब जिलाधीश वहां पहुंचे तो उन्हें एक ज्ञापन देकर मांग की गई कि नवांशहर के डी.एस.पी. और एस.एम.ओ., श्री बिर्क को मुअत्तिल किया जाए ।

उन्होंने यह भी मांग की कि श्री अयोध्या प्रसाद की विधवा को एक लाख रुपए का अनुदान दिया जाए । जिलाधीश ने 20 हजार रुपए अनुदान देने, सरकारी नौकरी देने और बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने की घोषणा की ।

अंतिम संस्कार भारी सुरक्षा प्रबन्ध में किया गया । पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी भी हुई ।

आज बन्द

नवांशहर में कल को भी बन्द का आयोजन करने का आह्वान किया गया ।

दो हत्यायें

बलाचौर से सुभाष जोशी की सूचना है कि आज रात बलाचौर से छः किलोमीटर दूर गांव बछौड़ी में संदिग्ध उग्रवादियों ने, जो लाल रंग की मारुति कार और स्कूटर पर सवार थे, होशियारपुर मिल्कफैड के उपाध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह और मौजोवाल गांव के सरपंच श्री सरेंद्र सिंह उर्फ छिंदा की गोली मार कर हत्या कर दी । ये दोनों व्यक्ति बलाचौर में आयोजित सर्वदलीय शांति रैली में भाग लेने के बाद वापस अपने घरों को जा रहे थे । महेंद्र सिंह का शव मिल गया है लेकिन सुरेंद्र सिंह के शव का अभी अता-पता नहीं है । पुलिस और सुरक्षा बलों ने सारे इलाके की नाकाबंदी करके हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है ।

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' के अनुसार सुरेन्द्र सिंह उर्फ छिंदा यूथ अकाली सर्कल जत्था बलाचौर का जत्थेदार था ।

महेन्द्र सिंह स्कूटर पर पीछे बैठा था जबकि सुरेन्द्र सिंह स्कूटर चला रहा था । महेन्द्र सिंह के शव से 20 गज दूर स्कूटर मिला । पुलिस का ख्याल है कि सुरेन्द्र सिंह शायद बच गया हो और छुप गया है । घटना स्थल पर जो एक ग्राऊंड है, खेल रहे लड़कों का कहना है कि गोलियां सुरेन्द्र सिंह और महेन्द्र सिंह दोनों को लगीं । इसलिए हो सकता है कि हमलावर सुरेन्द्र सिंह को घायल या मृत अवस्था में साथ ही ले गए हों ।

घायल निरंकारी मुखिया की मृत्यु

रोपड़ (जैन) : जिला रोपड़ के निरंकारी मुखिया अमरीक सिंह का आज यहां देहांत हो गया । श्री अमरीक सिंह को 31 दिसम्बर, 1986 को भरी दोपहरी में उग्रवादियों ने गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था । इस पर पहले उन्हें इलाज के लिए पी.जी.आई. चंडीगढ़ और फिर राजेन्द्रा अस्पताल पटियाला में ले जाया गया था । 18 मार्च को उन्हें राजेन्द्रा अस्पताल से दशा शोचनीय होने पर रोपड़ में उनके घर में भेज दिया गया था, आज दोपहर अढ़ाई बजे उनका देहांत हो गया । पोस्ट मार्टम के बाद उनकी अंत्येष्टि नहर सरहंद एवं नंगल हाईडल चैनल के मध्य में स्थित श्मशान भूमि में कर दी गई । शव यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया ।

चोरी की राईफ़ल सहित उग्रवादी काबू

मोगा : पुलिस और केंद्रीय रिज़र्व पुलिस के जवानों ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार करके उसके पास से गत माह मोगा के एक वकील के घर से चुराई गई विदेशी राईफल बरामद कर ली है । पुलिस ने आतंकवादी को 18 मार्च को न्यू ग्रेन मार्केट से पकड़ा । पूछताछ के दौरान उसने बताया कि यह राईफल वकील के नौकर ने उसे दी थी ।

धमकी देने वालों की पिटाई

भटिंडा (ग्रोवर): कल यहां नई बस्ती क्षेत्र में एक ज्योतिषी के घर में घुस कर उसकी किताबें फाड़ने और 31 तारीख तक शहर छोड़ने की धमकियां देने वाले 2 युवकों को क्षेत्र के लोगों ने पकड़ कर खूब पीटा । इन युवकों ने जिला कचहरी के बाहर बैठे 2 ज्योतिषियों को भी धमकियां दी थीं ।

स्कूटर छीना

फिरोज़पुर (धीमान): अबोहर के पुरुषोत्तम से गांव बल्लूआना के निकट कल रात उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर चेतक स्कूटर नं. डी.ई.एम. 7733 छीन लिया ।

बटाला (को.): गत रात 3 बजे के लगभग बटाला–जालन्धर सड़क पर थाना सदर बटाला के गांव नत्त के पास दिल्ली से गुरदासपुर जा रहे एक ट्रक नं. डी.ई.जी. 1993 के आगे एक अन्य ट्रक आगे खड़ा करके छः सात सशस्त्र लुटेरों ने ट्रक चालक भूपेन्द्र सिंह से 2800 रुपए नगद छीन लिए व 13 हजार रुपए मूल्य के ट्रक के दो टायर उतार लिए । लुटेरे ट्रक में लदे सामान में से भारी मूल्य का सामान भी अपने ट्रक में लाद कर फ़रार हो गए । थाना सदर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र व मेहता–अमृतसर सड़क पर इस प्रकार ट्रकों में से सामान लूटने की घटनाएं आम हो गई हैं और लुटेरे ट्रक पर ही आकर ट्रकों को लूटते हैं ।

गत दिनों भी इसी प्रकार छः सात लुटेरों ने मेहता–अमृतसर मार्ग पर शहतीरियों से भरे एक ट्रक के सभी टायर उतार लिए थे व सभी शहतीरियां अपने ट्रक में ले गए थे ।

कॉपर वायर चोरी

18-19 मार्च की रात को बटाला सदर के गांव संगरावां में बिजली बोर्ड के एक ट्रांसफ़ार्मर से लगभग 25 हजार रुपए की 'कॉपर वायर' चोरी कर ली गई ।

हड़ताल जारी

गरदासपुर जिले में सरकारी डाक्टरों ने आज दूसरे दिन भी अपनी हड़ताल जारी रखी । डाक्टर संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा जिले में 18 मार्च को एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डा. सतीश शर्मा की हत्या का विरोध कर रहे थे । इसके पूर्व एक शोक सभा में हत्या की कड़ी निंदा की गई । पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन, पंजाब के आह्वान पर आज पटियाला में भी डाक्टरों ने हड़ताल की ।

कर्फ़्यू में ढील नहीं

पटियाला (भूषण): कल रात हुई छुरेबाज़ी की घटनाओं को छोड़कर आज पटियाला में शांति रही । आज पुराने शहर में कर्फ़्यू में कोई ढील नहीं दी गई ।

कल हुई घटना के सिलसिले में 46 व्यक्तियों को पकड़ा गया है । पुराने शहर में 22 मार्च की सुबह तक कर्फ़्यू जारी रहेगा । कर्फ़्यू वाले इलाकों में आज दूध विक्रताओं तथा अखबार बेचने वालों को जाने की अनुमति दी गई । सैंट्रल बोर्ड की सैकेंडरी परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रों को घर से परीक्षा केंद्र तथा वापस घर भेजा गया । कर्फ़्यू लगने के बाद से आज पहली बार सफ़ाई कर्मचारियों को सफ़ाई कार्य के लिए इस क्षेत्र में भेजा गया ।

इसी दौरान जिला मैजिस्ट्रेट एस.के. सिन्हा ने जिला-भर में प्रातः छः से सायं 7.30 बजे तक हर प्रकार के दोपहिया वाहनों पर दोहरी सवारी करने का प्रतिबंध 31 मार्च तक बढ़ा दिया है । शेष अवधि में दोपहिया वाहन बिल्कुल नहीं चल सकेंगे । यह पाबंदी अप्रैल के अंत तक लागू रहेगी । मर्दाना दोहरी सवारी की छूट बारे सभी पास भी रद्द कर दिए गए हैं ।

गत रात्रि 9.30 बजे यहां मोहल्ला चबूतरा जट्टां में कृपाणबाज़ी की एक और घटना हुई, जब एक 30 वर्षीय युवक रमेश कुमार को कृपाण से तीन घाव पहुंचाए गए । उसे चिंताजनक स्थिति में राजेंद्रा अस्पताल ले जाया गया । इस घटना के साथ कल दोपहर उपरांत से कृपाणबाज़ी की घटनाओं की संख्या 6 हो गई है ।

इसी मध्य श्री राम कमार गोयल, प्रधान पटियाला भाजपा नगर शाखा ने यह संगीन आरोप लगाया है कि कल दोपहर-उपरांत जब अदालत बाजार में कृपाणबाज़ी की घटनाएं हुईं तो पंजाब पुलिस के सिपाही वहां मौजूद थे । उन्होंने आक्रामकों को पकड़ने की अपेक्षा चुप्पी साधे रखी । उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि वह पुलिस की सक्रीनिंग करवाए और प्रबन्ध का ओवरहाल करे ताकि लोगों में विश्वास बहाल हो ।

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने अपनी बैठक में प्रस्ताव पास करके श्री शम्भू प्रसाद की हत्या की न्यायिक जांच करवाए जाने की मांग की ।

आज लगभग तीन हज़ार लोगों ने राजपुरा रोड श्मशानघाट पर श्री शम्भू प्रसाद की अस्थियां एकत्रित कीं ।

प्रतिबंध

लुधियाना (वार्ता): सिख छात्र संघ की स्थानीय इकाई ने जिला में सिगरेट, बीड़ी तथा तम्बाकू की बिक्री पर 'रोक' लगा दी है और धमकी दी है कि इस 'प्रतिबंध' का उल्लंघन करने वाला अपनी तथा अपने परिवार की जान जोखिम में डालेगा ।

स्कूटर छीना

लुधियाना के खुड्के गांव के निकट उग्रवादियों ने कल रात एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

पाकिस्तानियों में भारत के परमाणु हमले का डर

इस्लामाबाद, 20 मार्च : पचास प्रतिशत पाकिस्तानियों को डर है कि यदि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध होता है तो भारत परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा । एक पाकिस्तानी सर्वेक्षण के हवाले से यह जानकारी दी गई है । यह सर्वेक्षण कल यहां प्रकाशित किया गया । सर्वेक्षण के अनुसार 13 प्रतिशत पाकिस्तानियों का विचार है कि भारत परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेगा जबकि 37 प्रतिशत लोगों ने अपना मत व्यक्त नहीं किया ।

यह सर्वेक्षण पाकिस्तान की एक सर्वेक्षण संस्था (गैलप पाकिस्तानी) ने किया । यह सर्वेक्षण दो हजार लोगों के बीच किया गया । सर्वेक्षण चुने हुए 75 शहरी इलाकों और 100 सौ गांवों में किया गया ।

रिपोर्ट के अनुसार परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का डर नौजवानों के बीच अधिक है । तीस वर्ष से कम उम्र के 54 प्रतिशत और साठ साल के ऊपर के 48 प्रतिशत लोगों ने मत व्यक्त किया है कि अगर युद्ध होता है तो भारत परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा ।

डायरैक्टोरेट जनरल बार्डर रोड्स

कमांडर 38 बीआरटीएफ़, बिल्डिंग नं. 3301, सैक्टर 32-डी, चंडीगढ़ निम्न कार्यों के लिए निविदा दस्तावेज़ जारी करने के लिए 23.3.87 तक या पूर्व आवेदनपत्र आमंत्रित करते हैं : (क) 507 ईएस एंड एससी, हाल्लोमाजरा, चंडीगढ़/अम्बाला से एम.टी. रोड पर किसी स्थान पर स्टोर्स का रखरखाव/परिवहन । अनु. व्यय 2.12 लाख रु., धरोहर राशि 5,000/- रुपए । (ख) चंडीगढ़/अम्बाला से डी.के. रोड पर किसी स्थान पर स्टोर्स का रखरखाव/परिवहन । अनु. व्यय 0.50 लाख रु., धरोहर राशि 500/- रुपए ।

अधिक विवरणों के लिए 'इंडियन ट्रेड जर्नल' देखें ।

davp 700/213/86

संशोधन

20.3.87 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 2 पर प्रकाशित कामधेनु लाटरी के 396वें ड्रा के परिणाम में 7वां पुरस्कार में 081 की बजाए 080 पढ़ें ।

हर माह 21 से 3 तक
अम्बाला व कुरुक्षेत्र मिलें



डा. आनंद
(अम्बाला वाले)
निराश क्यों ?
खुशियां ही खुशियां
हैड आफ़िस –
अम्बाला शहर : आनंद क्लीनिक, जगाधरी गेट, हर माह 21 से 3 तक, सायं 4 बजे से 8 बजे तक ।

–: ब्रांचें :–

1. कुरुक्षेत्र : आनंद क्लीनिक, रेलवे रोड, गोल बैंक के पास । हर माह 21 से 3 तक, सुबह 9 बजे से 1 बजे तक ।
2. करनाल : आनंद क्लीनिक, बस स्टैंड के सामने । हर माह 5 से 15 तक, सुबह 9 बजे से 1 बजे तक ।
3. पानीपत : आनंद क्लीनिक, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, हर माह 5 से 15 तक, सायं 4 बजे से 8 बजे तक ।
नोट : पत्र-व्यवहार केवल हैड आफ़िस अम्बाला शहर के पते पर करें ।

(शेष आई)

परिणाम

अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत

डीलक्स डर्बी

सुपर वीकली

Result of Delux Durby Super Weekly.
9th Draw Held on 20.3.87 at 2.30 p.m. at D.P. Vidhya Bhawan, Itanagar by Donyi-Polo Mission, Arunachal Pradesh under the supervision of judges.

1st Prize : (1)
Rs. 5 LAKHS
E-166532

2nd Prize (9) Rs. 5,000/- each
On all tkts. ending on last 5 digits of 1st Prize.
66532

3rd Prize (90) Rs. 500/- each
On all tkts. ending on last 4 digits of 1st Prize.
6532

4th Prize (900) Rs. 50/- each
On all tkts. ending on last 3 digits of 1st Prize.

S1537/H

vaishnav
सुपररिफाइन्ड, क्रिस्टल क्लियर

Punjabi Gallery

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार, 22 मार्च, 1987 तदनुसार, 9 चैत्र, 2043

श्री बलवंत सिंह ने कर-ढांचे में सुधार के लिए जो नया ढंग अपनाया है, उसमें वह अपनी जादूगरी से पिछले दरवाजे से राज्य सरकार की आय में दगनी वृद्धि करना चाहते हैं । कृषि उत्पादन की बिक्री पर एक प्रतिशत शुल्क लगाने का जो प्रस्ताव नए बजट

श्री बलवंत सिंह अनुभव करते हैं कि एक तो इससे करों की चोरी रुक जाएगी, दूसरे लोगों को इंस्पैक्टरी राज से छुटकारा मिल जाएगा । सरकार की ओर से अपनाए गए नए तरीके से ट्रांसपोर्ट तथा आबकारी एवं कराधान विभागों से सम्बद्ध

गुरदासपुर में प्रमुख पुलों, नेताओं व पुलिस अधिकारियों के मकान उड़ा देने का षड्यंत्र

गिरोह का सरगना पकड़ा गया : अकाली नेता की लाश कार में मिली

जालन्धर के पास शराब ठेकेदार की हत्या, पटियाला में छुरेबाजी में 5 बंदी

चंडीगढ़, 21 मार्च (वार्ता, हस) : कल रात उग्रवादियों के हाथों मारे गये अकाली दल यूथ विंग के नेता सुरेंद्र सिंह की लाश आज नवांशहर-राहों रोड पर छोड़ी गई एक कार में से बरामद हुई ।

गुरदासपुर पुलिस ने जिले के प्रमुख पुलों, राजनीतिक नेताओं व पुलिस अधिकारियों के घरों को बिस्फोटकों से उड़ाने की योजना बनाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करने का दावा किया है । गिरोह के सरगना सुरेंद्र पाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया,जो कि पंजाब बिजली बोर्ड का कर्मचारी है ।

नवांशहर में आज दूसरे दिन भी पूर्ण हड़ताल रही ।

अमृतसर के बाहरी क्षेत्र में एक लावारिस लाश मिली ।

पटियाला में वीरवार की छुरेजनी की घटनाओं के संबंध में 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है ।

उधर नकोदर में शिव सेना कार्यकर्त्ता इंद्रजीत रत्ती का आमरण अनशन चौथे दिन में दाखिल हो गया और उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया है । 7 कार्यकर्त्ताओं का क्रमिक धरना व भूखहड़ताल 10वें दिन में दाखिल हो गई ।

शराब ठेकेदार की हत्या

उग्रवादियों ने आज रात्रि जालंधर के हीरापुर ग्राम के पास शराब ठेके के मालिक मल्लियत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी व उसका शव जालंदर-कपूरथला रेलवे लाइन पर फैंक दिया ।

पुलिस ने मल्लियत सिंह का शव उसके भाई तथा मीरपुर के सरपंच ज्ञान सिंह द्वारा दी गई सूचना पर बरामद किया ।

कार में लाश मिली

होशियारपुर (सूद, अश्विनी): यूथ अकाली दल (लौंगोवाल) बलाचौर सर्कल के प्रधान श्री सुरेंद्र सिंह उर्फ छिंदा की लाश शहबाजपुर-राहों सड़क पर खड़ी लाल रंग की एक मारुति कार में से बरामद हुई है । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने यह कार कहीं से छीनी हुई थी । इस कार पर सवार होकर आतंकवादियों ने महेंद्र सिंह और सुरेंद्र सिंह पर गोलियां चलाईं । महेंद्र सिंह की आतंकवादियों



थे, शरीर पर घावों के निशान देखकर पता चल जाता था कि उसको बहुत बुरी तरह नोंचा गया है । उसके सारे कपड़े अण्डरवीयर के सिवाय उतारे गए थे । यह कार 12.3.87 को राहों के निकट फतेहपुर गढ़ी के महेंद्र सिंह के घर में डाका डालकर अन्य कीमती सामान के साथ लूटी गई थी । घटनास्थल पर कटारिया और हरबंससिंह ने बताया कि पुलिस थाना नवांशहर को सवा सात बजे केस का पता चल गया था परन्तु कोई वरिष्ठ अधिकारी तीन बजे बाद दोपहर तक वहां नहीं पहुंचा था । एस.एच.ओ. ने बताया कि उंगलियों के निशानों के विशेषज्ञों को बुलाया गया है । कार के अंदर अगली सीट से गुरमुखी लिपि में लिखा एक पत्र मिला जो खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से है । सुरेंद्र सिंह का कोई बच्चा नहीं है, महेंद्र सिंह के एक लड़का और तीन लड़कियां हैं ।

श्री सुरेन्द्र पाल सिंह के शव के पास से पंजाबी में हाथ से लिखा खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पुर्जा मिला है । उस पर लिखा है कि पुलिस मुखबिरों का यही अंजाम होगा ।

श्री सुरेन्द्र पाल सिंह और श्री महेंद्र सिंह की आज उनके गांव में अंत्येष्टि कर दी गई । पंजाब के सहकारिता मंत्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा तथा अकाली विधायक जगदीश कौर व कांग्रेस (इ) विधायक सरवन राम भी अंत्येष्टि में उपस्थित थे ।

नवांशहर में पूर्ण हड़ताल

नवांशहर (शर्मा): शिव सेना के प्रधान श्री अयोध्या प्रसाद की अस्थियां आज प्रातः सी.आर.पी. की सुरक्षा में चुनी गईं, शहर में दूसरे दिन भी हड़ताल रही । कल अंतिम संस्कार से पहले डी.सी. जालंधर को एक मांग पत्र दिया गया,जिसमें मृतक के परिवार को एक लाख रुपये की सहायता, उसकी विधवा को सरकारी नौकरी, हत्यारों को जल्द पकड़ने तथा सिविल अस्पताल के डाक्टर विर्क व डी.एस.पी. नवांशहर को निलम्बित करने की मांग की गई थी ।

शिवसेना के वर्करों व महिलाओं ने आज नकोदर व नवांशहर में जलूस निकाले । नकोदर में उन्होंने मौन जलूस निकाला जिससे वहां दुकानें कुछ देर के लिए बंद हो गईं ।

नवांशहर में लाल चौक से रैस्ट हाऊस तक 100 से अधिक महिलाओं ने जलूस निकाल कर



(1) अमृतसर
कत्याल और
शोकाकुल सद

प्रधा
अपने

नई दिल्ली,
प्रधानमंत्री राजीव
को कम करने के लि
न किया तो राष्ट्रपति
संदेश के रूप में सं
प्रधानमंत्री को लि
जैल सिंह को लिखे
रहा है क्योंकि इसमे
का कोई उल्लेख न
इस बात को सुनिश्चि
पद पर दोषारोपण त
कि अब तक उन प
हैं । अब तक उनक
इस बारे सरकार
सार्वजनिक विवाद
संसद से सम्पर्क क
86(2) के अंतर्गत

Punjabi Sanatani

पटियाला में वीरवार की छुरेबाज़ी की घटनाओं के संबंध में 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है ।

उधर नकोदर में शिव सेना कार्यकर्ता इंद्रजीत रत्ती का आमरण अनशन चौथे दिन में दाखिल हो गया और उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया है । 7 कार्यकर्ताओं का क्रमिक धरना व भूखहड़ताल 10वें दिन में दाखिल हो गई ।

शराब ठेकेदार की हत्या

उग्रवादियों ने आज रात्रि जालंधर के हीरापर ग्राम के पास शराब ठेके के मालिक मलकियत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी व उसका शव जालंदर-कपूरथला रेलवे लाइन पर फैंक दिया ।

पुलिस ने मलकियत सिंह का शव उसके भाई तथा मीरपुर के सरपंच ज्ञान सिंह द्वारा दी गई सूचना पर बरामद किया ।

कार में लाश मिली

होशियारपुर (सूद, अश्विनी): यूथ अकाली दल (लौंगोवाल) बलाचौर सर्कल के प्रधान श्री सुरेंद्र सिंह उर्फ छिंदा की लाश शहबाजपुर-राहों सड़क पर खड़ी लाल रंग की एक मारुति कार में से बरामद हुई है । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने यह कार कहीं से छीनी हुई थी । इस कार पर सवार होकर आतंकवादियों ने महेंद्र सिंह और सुरेंद्र सिंह पर गोलियां चलाई । महेंद्र सिंह की आतंकवादियों ने मौज़ा बच्छोंवाल जिला होशियारपुर के करीब ही गोलियां मार कर हत्या कर दी थी,जबकि सरेंद्र सिंह की लाश इस कार में से बाद में बरामद हुई है ।

पुलिस इस बात का भी सुराग लगाने की कोशिश कर रही है कि यह कार कहां से चुराई गई थी । महेंद्र सिंह मिल्क प्लांट को दूध की सप्लाई करने वाली मिल्क प्रोड्यूसर्ज कोआपरेटिव सोसायटी का उपाध्यक्ष था । उसको तीन गोलियां लगीं जो 9 एम.एम. की थीं । उसकी लाश का गढ़शंकर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया । एस.एस.पी. होशियारपुर श्री सुभाष चंद्र की निगरानी में अतिरिक्त एस.पी. बजेंद्र सिंह मान, बलाचौर के डी.एस.पी., बलाचौर व गढ़शंकर की पुलिस व सी.आर.पी. व बी.एस.एफ. के दस्तों ने आतंकवादियों की गिरफ्तार के लिये कई जगह छापे मारे,लेकिन कहीं से कोई सुराग नहीं मिला ।

सुरेंद्र सिंह छिंदा,जो कि पहले नक्सली आंदोलन में काफ़ी देर सक्रिय रहा था, आजकल पंजाब के सहकारिता मंत्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा के काफ़ी निकट बताया जाता है । जिलाधीश श्री एम.एस. कैले भी आज बलाचौर गये तथा दोनों मृतकों के घरों में जाकर उनके परिवार वालों के साथ सहानुभूति प्रकट की व उन्हें 20-20 हज़ार रुपये अनुदान देने की घोषणा की । महेंद्र सिंह मजोवाल माजरा का रहने वाला था ।



शुक्रवार की रात्रि को बलाचौर थाना क्षेत्र के ग्राम बछौड़ी के पास मारुति कार सवार उग्रवादियों ने यूथ अकाली नेता सुरेन्द्र सिंह व उनके साथी महेन्द्र सिंह की हत्या कर दी और सुरेन्द्र सिंह का शव कार में डाल कर ले गये जो शनिवार को एक सुनसान जगह खड़ी मारुति कार में मिला । (1) कार में पड़ा सुरेन्द्र सिंह का शव, (2) वह मारुति कार जिसमें शव मिला, (3) महेन्द्र सिंह का शव व इनसैट महेन्द्र सिंह का पुराना फोटो, (4) घटनास्थल के पास एक वृक्ष पर गोली लगने का निशान, (5) वह स्थान जहां महेन्द्र सिंह का शव मिला, (6) गोली मारे जाने के समय सुरेन्द्र सिंह इसी स्कूटर पर सवार था, (7) सुरेन्द्र सिंह का बिलखता परिवार, (8) महेन्द्र सिंह का बिलखता परिवार ।

(छपा : प्रद्युम्न सिंह)

हमारे सम्वाददाता श्री प्रद्युम्न सिंह ने सुरेंद्र सिंह और महेंद्र सिंह की हत्या के बाद बछौड़ी जाकर घटनास्थल का दौरा किया । दोनों कल चंडीगढ़ से वापस आए थे और बलाचौर में सर्वदलीय बैठक में भाग लेने रुके थे । बैठक के उपरान्त छः लोग अपने-अपने वाहनों पर बलाचौर से एक साथ रवाना हुए । इनमें श्री रामकृष्ण कटारिया विधायक, हरबंस सिंह प्रधान मार्केट कमेटी बलाचौर, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह व उनके दो अन्य साथी शामिल थे । सभी का प्रोग्राम मौजोवाल मजारा जाने का था । यदि सभी इकट्ठे चलते रहते तो निश्चय ही सभी मारे जाते । इनमें से श्री कटारिया तो सभाना गांव में रह गए, हरबंस सिंह और एक अन्य व्यक्ति जाडली चले गए जबकि सुरेंद्र और महेंद्र एक अन्य साथी के साथ स्कूटर नम्बर पी.ए.सी. 983 पर सवार होकर अपने गांव मौजोवाल मुजारा की ओर चल दिए । रात को तीसरे साथी को मौजा बछौड़ी में उतार दिया । अभी वहां से एक फर्लांग ही गए थे कि लाल रंग की एक मारुति कार जिसकी नम्बर प्लेट नहीं थी, वहां खड़ी थी । एक और स्कूटर भी इनका पीछा करता रहा जिसके संकेत पर कार वालों ने उन्हें रोक लिया । यह भी सूचना मिली है कि कार वालों में भी एक व्यक्ति उनका परिचित था । सुरेंद्र भी स्कूटर से उतरा ही था कि हमलावर चारों ओर से उस पर झपट पड़े और उसे कार में धकेल दिया । जब महेंद्र सिंह उसकी मदद पर आया तो उसे गोली मार कर वहीं ढेर कर दिया गया । इसके बाद वह कच्चे रास्ते से गढ़शंकर-बलाचौर रोड पर आ गए । गांव वालों ने बताया कि यह कार लगातार वहां दो दिन से घूमती देखी गई थी । कल उन्होंने सुरेंद्र का इंतजार करने का अच्छा बहाना बनाया जबकि कार को लेकर बच्चों से धक्का लगवाते रहे कि यह खराब है । शिरोमणि कमेटी के भू.पू. सदस्य श्री सहोंगड़ा ने बताया कि यह कार कल चार बार बलाचौर में देखी गई । सुरेंद्र सिंह के चचेरे भाई ने बताया कि ये लोग कल दूसरे गांव करावा में उसके पास भी गए थे । वे वहां बैंक में काम करता है । उन्होंने सुरेंद्र सिंह के बारे पूछा था कि वह कहां है । वहां से हमलावर नवांशहर से 15 किलोमीटर दूर शहबाजपुर के निकट पहुंचे । कार को वहीं वीरान जगह पर खड़ा किया और सुरेंद्र सिंह को मारने के बाद फरार हो गए । सरेंद्र के हाथ बन्धे हुए थे ।

श्री सुरेन्द्र पाल सिंह के शव के पास से पंजाबी में हाथ से लिखा खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पुर्जा मिला है । उस पर लिखा है कि पुलिस मुखबिरों का यही अंजाम होगा ।

श्री सुरेन्द्र पाल सिंह और श्री महेंद्र सिंह की आज उनके गांव में अंत्येष्टि कर दी गई । पंजाब के सहकारिता मंत्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा तथा अकाली विधायक जगदीश कौर व कांग्रेस (इ) विधायक सरवन राम भी अंत्येष्टि में उपस्थित थे ।

नवांशहर में पूर्ण हड़ताल

नवांशहर (शर्मा): शिव सेना के प्रधान श्री अयोध्या प्रसाद की अस्थियां आज प्रातः सी.आर.पी. की सुरक्षा में चुनी गईं, शहर में दूसरे दिन भी हड़ताल रही । कल अंतिम संस्कार से पहले डी.सी. जालंधर को एक मांग पत्र दिया गया,जिसमें मृतक के परिवार को एक लाख रुपये की सहायता, उसकी विधवा को सरकारी नौकरी, हत्यारों को जल्द पकड़ने तथा सिविल अस्पताल के डाक्टर विर्क व डी.एस.पी. नवांशहर को निलम्बित करने की मांग की गई थी ।

शिवसेना के वर्करों व महिलाओं ने आज नकोदर व नवांशहर में जलूस निकाले । नकोदर में उन्होंने मौन जलूस निकाला जिससे वहां दुकानें कुछ देर के लिए बंद हो गईं ।

नवांशहर में लाल चौक से रैस्ट हाऊस तक 100 से अधिक महिलाओं ने जलूस निकाल कर सहकारिता मंत्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा को ज्ञापन देकर अयोध्या प्रसाद के परिजनों को एक लाख रु. का अनुदान दिए जाने की मांग की । नवांशहर में 24 मार्च तक सभी स्कूल, कालेज, आई.टी.आई. बंद रहेंगे पर मैट्रिक की परीक्षाएं होंगी ।

4 स्कूटर तैयार थे

करतारपुर (देवदत्त): गत दिनों पिस्तौलों से लैस जिन आतंकवादियों ने करतारपुर के श्री धर्म पाल बजाज पर फ़ायरिंग करके उनको घायल किया था, इस सिलसिला में रहस्योद्घाटन हुआ है कि फ़ायरिंग करने वाले आतंकवादियों के साथियों ने करतारपुर के अन्य बाज़ारों में चार स्कूटर स्टार्ट करके रखे हुये थे ताकि फ़ायरिंग के बाद वे जिस तरफ भी भाग कर जाएं उसी तरफ से ही उनको स्कूटरों पर बिठा कर भगा दिया जाए । पुलिस ने इस फ़ायरिंग के संबंध में

(शेष पृष्ठ 12 पर)

ज्ञानी ज़ैल सिंह आज भटिंडा आएंगे

भटिंडा, 21 मार्च (ह.स.): राष्ट्रपति श्री ज़ैल सिंह कल भटिंडा के निजी दौरे पर आएंगे । सरकारी सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति अपनी बड़ी लड़की के आवास पर गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ के भोग में भाग लेने के लिए आ रहे हैं । इन सूत्रों ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति का भटिंडा में पर्यटन राज्य मंत्री श्री कस्तूरी लाल द्वारा स्वागत किया जाएगा ।

(1) अमृतसर के गांव गलव कत्याल और (3) श्री दश शोकाकुल सदस्य ।

प्रधानमं अपने पत्र

नई दिल्ली, 21 मार्च (न प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने राष्ट्र को कम करने के लिये की गई क न किया तो राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिं संदेश के रूप में संसद को भेज प्रधानमंत्री को लिखा था । प्र ज़ैल सिंह को लिखे गये पत्र को रहा है क्योंकि इसमें राष्ट्रपति द्व का कोई उल्लेख नहीं किया गय इस बात को सुनिश्चित बनाना च पद पर दोषारोपण तथा हमले न कि अब तक उन पर तथा उन हैं । अब तक उनकी कोशिशों इस बारे सरकार को सूचित न सार्वजनिक विवाद का विषय न संसद से सम्पर्क कर सकते हैं 86(2) के अंतर्गत राष्ट्रपति को

बादल धड़े और सम

सुनाम, 21 मार्च (नागपाल विधानसभा सदस्य देशद्रोही औ हैं । इनको अपने देहात में न तो सभाएं करने की अनुमति दी जा देहात में बलात् घुसने की कोशि रोड़े और पत्थर बरसाए जाएं शहीद हरचंद सिंह लौंगोवाल के कह कर सम्मानित करते हैं । खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री श्री बलदेव से 17 किलोमीटर दूर सोलरघरा के कार्यालय की आधारशिला रख भवन पर 13 लाख 84 हजार इस अवसर पर अकाली प्रसभा की कमेटी के अध्यक्ष जत्थेदार कश्म श्री मान ने इस अवसर पर क्रशरों काम करते हुए घायल और अपा में एक लाख 54 हजार रुपए व किए । अपना भाषण जारी रख कहा कि बादल धड़ा अकाल तख हुआ है । अकाल तख्त का सम्म करते हैं चाहे वे कांग्रेस, कम्यूनि पार्टी में शामिल क्यों न हों, प गोलियों के जोर से अकाल तख्त है जिसे स्वतंत्र कराने की जरूर

3 ट्रेनें आज

जालंधर, 21 मार्च : उत्तर के अनुसार 205 अप/20 एक्सप्रैस, 3 जे.एच., 6 जे.एच.

वोट देने से पहले ज़रा सोचिए !

* कांग्रेस (इ) और नैशनल कांफ्रैंस के नापाक

राजधानी एक्सप्रैस को दुर्घटना

इलाहाबाद, 21 मार्च (वार्ता): कलकत्ता से दिल्ली जाने वाली 101-अप राजधानी एक्सप्रैस ट्रेन आज तड़के इलाहाबाद जंक्शन के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई ।

ड्राफ़्टों, चैकों पर बैंक सर्विस चार्जिज़ में 50 प्रतिशत कटौती

Punjabi Sarlatani

ोह का सरगना पकड़ा गया : अकाली नेता की लाश कार में मिली

जालन्धर के पास शराब ठेकेदार की हत्या, पटियाला में छुरेबाजी में 5 बं



शुक्रवार की रात्रि को बलाचौर थाना क्षेत्र के ग्राम बछौड़ी के पास मारुति कार सवार उग्रवादियों ने यूथ अकाली नेता सुरेन्द्र सिंह व उनके साथी महेन्द्र सिंह की हत्या कर दी और सुरेन्द्र सिंह का शव कार में डाल कर ले गये जो शनिवार को एक सुनसान जगह खड़ी मारुति कार में मिला । (1) कार में पड़ा सुरेन्द्र सिंह का शव, (2) वह मारुति कार जिसमें शव मिला, (3) महेन्द्र सिंह का शव व इनसैट महेन्द्र सिंह का पुराना फोटो, (4) घटनास्थल के पास एक वृक्ष पर गोली लगने का निशान, (5) वह स्थान जहां महेन्द्र सिंह का शव मिला, (6) गोली मारे जाने के समय सुरेन्द्र सिंह इसी स्कूटर पर सवार था, (7) सुरेन्द्र सिंह का बिलखता परिवार, (8) महेन्द्र सिंह का बिलखता परिवार ।

(छाया : प्रद्युम्न सिंह)

21 मार्च (वार्ता, हस) : कल रात
हाथों मारे गये अकाली दल यूथ विंग
सिंह की लाश आज नवांशहर-राहों
गई एक कार में से बरामद हुई ।
र पुलिस ने ज़िले के प्रमुख पुलों,
ताओं व पुलिस अधिकारियों के घरों को
उड़ाने की योजना बनाने वाले एक
दाफाश करने का दावा किया है ।
ाना सुरेंद्र पाल सिंह को गिरफ्तार कर
कि पंजाब बिजली बोर्ड का कर्मचारी

में आज दूसरे दिन भी पूर्ण हड़ताल

के बाहरी क्षेत्र में एक लावारिस लाश

में वीरवार की छुरेबाज़ी की घटनाओं
व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया

ादर में शिव सेना कार्यकर्त्ता इंद्रजीत
ण अनशन चौथे दिन में दाखिल हो
का स्वास्थ्य बिगड़ गया है । 7
क क्रमिक धरना व भूखहड़ताल 10वें
हो गई ।

ार की हत्या

ों ने आज रात्रि जालंधर के हीरापुर
राब ठेके के मालिक मलकियत सिंह
कर हत्या कर दी व उसका शव
बला रेलवे लाइन पर फैंक दिया ।

लकियत सिंह का शव उसके भाई
सरपंच ज्ञान सिंह द्वारा दी गई सूचना
श ।

मिली

र (सुद, अश्विनी): यूथ अकाली दल
चौर सर्कल के प्रधान श्री सुरेंद्र सिंह
लाश शहबाज़पुर-राहों सड़क पर
ो एक मारुति कार में से बरामद हुई
ों के अनुसार आतंकवादियों ने यह
नी हुई थी । इस कार पर सवार
दियों ने महेंद्र सिंह और सुरेंद्र सिंह
ई । महेंद्र सिंह की आतंकवादियों
ल जिला होशियारपुर के करीब ही
हत्या कर दी थी,जबकि सुरेंद्र सिंह
र में से बाद में बरामद हुई है ।
बात का भी सुराग लगाने की
है कि यह कार कहां से चुराई गई
मिल्क प्लांट को दूध की सप्लाई
क प्रोड्यूसर्ज़ कोआपरेटिव सोसायटी
। उसको तीन गोलियां लगीं जो 9
। उसकी लाश का गढ़शंकर
में पोस्टमार्टम किया गया ।
शियारपुर श्री सुभाष चंद्र की
रिक्त एस.पी. बजेंद्र सिंह मान,
स.पी.; बलाचौर व गढ़शंकर की
पी. व बी.एस.एफ. के दस्तों ने
गिरफ्तार के लिये कई जगह छापे
ई कोई सुराग नहीं मिला ।

हमारे सम्वाददाता श्री प्रद्युम्न सिंह ने सुरेंद्र सिंह और महेंद्र सिंह की हत्या के बाद बछौड़ी जाकर घटनास्थल का दौरा किया । दोनों कल चंडीगढ़ से वापस आए थे और बलाचौर में सर्वदलीय बैठक में भाग लेने रुके थे । बैठक के उपरान्त छः लोग चले गए जबकि सुरेंद्र और महेंद्र एक अन्य साथी के साथ स्कूटर नम्बर पी.ए.सी. 983 पर सवार होकर अपने गांव मौजोवाल मजारा की ओर चल दिए । रात को तीसरे साथी को मौजा बछौड़ी में उतार दिया । अभी वहां से एक फर्लांग ही गए थे कि मार कर वहीं ढेर कर दिया गया । इसके बाद वह कच्चे रास्ते से गढ़शंकर-बलाचौर रोड पर आ गए । गांव वालों ने बताया कि यह कार लगातार वहां दो दिन से घूमती देखी गई थी । कल उन्होंने सुरेंद्र का इंतज़ार करने का अच्छा बहाना बनाया

थे, शरीर पर घावों के निशान देखकर
जाता था कि उसको बहुत बुरी तरह नोंचा
उसके सारे कपड़े अण्डरवीयर के सिवाय
थे । यह कार 12.3.87 को राहों के
फतेहपुर गढ़ी के महेंद्र सिंह के घर में डाका
अन्य कीमती सामान के साथ लूटी गई
घटनास्थल पर कटारिया और हरबंससिंह ने
कि पुलिस थाना नवांशहर को सवा सात बजे
पता चल गया था परन्तु कोई वरिष्ठ अधिक
बजे बाद दोपहर तक वहां नहीं पहुंचा
एस.एच.ओ. ने बताया कि उंगलियों के निशा
विशेषज्ञों को बलाया गया है । कार के अंदर
सीट से गुरुमुखी लिपि में लिखा एक पत्र मि
खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से है । स
का कोई बच्चा नहीं है, महेंद्र सिंह के एक लड़
तीन लड़कियां हैं ।

श्री सुरेन्द्र पाल सिंह के शव के पास से पु
हाथ से लिखा खालिस्तान कमांडो फोर्स का
मिला है । उस पर लिखा है कि पुलिस मुखि
यही अंजाम होगा ।

श्री सुरेन्द्र पाल सिंह और श्री महेंद्र सिंह
उनके गांव में अंत्येष्टि कर दी गई । पं
सहकारिता मंत्री प्रेम सिंह चन्दमाजरा तथा
विधायक जगदीश कौर व कांग्रेस (इ) कि
सरवन राम भी अंत्येष्टि में उपस्थित थे ।

नवांशहर में पूर्ण हड़ताल

नवांशहर (शर्मा): शिव सेना के प्रध
अयोध्या प्रसाद की अस्थियां आज प्रातः सी.
की सुरक्षा में चुनी गईं, शहर में दूसरे
हड़ताल रही । कल अंतिम संस्कार से पहले
जालंधर को एक मांग पत्र दिया गया,जिसमें
परिवार को एक लाख रुपये की सहायता,
विधवा को सरकारी नौकरी, हत्यारों
पकड़ने तथा सिविल अस्पताल के डाक्टर
डी.एस.पी. नवांशहर को निलम्बित करने
की गई थी ।

शिवसेना के वर्करों व महिलाओं ने
नकोदर व नवांशहर में जलूस निकाले । नव
उन्होंने मौन जलूस निकाला जिससे वहां
कुछ देर के लिए बंद हो गईं ।

नवांशहर में लाल चौक से रैस्ट हाउ
100 से अधिक महिलाओं ने जलूस निका
सहकारिता मंत्री प्रेम सिंह चन्दमाजरा को
देकर अयोध्या प्रसाद के परिजनों को एक ल
का अनुदान दिए जाने की मांग की । नवांश
24 मार्च तक सभी स्कूल, कालेज, आई.टी
बंद रहेंगे पर मैट्रिक की परीक्षाएं होंगी ।

4 स्कूटर तैयार थे

करतारपुर (दिवदत्त): गत दिनों पिस्तौलों
जिन आतंकवादियों ने करतारपुर के श्री धर्म
बजाज पर फ़ायरिंग करके उनको घायल किय
इस सिलसिला में रहस्योद्घाटन हुआ है कि फ़ा
करने वाले आतंकवादियों के साथियों ने करता
के अन्य बाज़ारों में चार स्कूटर स्टार्ट करके रख
थे ताकि फ़ायरिंग के बाद वे जिस तरफ भी भाग
जाएं उसी तरफ से ही उनको स्कूटरों पर बिठा
भगा दिया जाए । पुलिस ने इस फ़ायरिंग के सब

(शेष पृष्ठ 12 पर)

ज्ञानी जैल सिंह आ

Punjabi Sanatani

इससे करों की चोरी रुके जाएगी, दूसरे लोगों को इन्स्पैक्टरी राज से छुटकारा मिल जाएगा । सरकार की ओर से अपनाए गए नए तरीके से ट्रांस्पोर्ट तथा आबकारी एवं कराधान विभागों में सम्बद्ध

में अंग्रेजी और देसी शराब के ठेके नीलाम हुए हैं, उनसे लगभग छः करोड़ रुपए की आय गत वर्ष की अपेक्षा अधिक हुई है । इन जिलों में अमृतसर, फरीदकोट, फिरोज़पुर आदि शामिल हैं । दिलचस्प

प्रसिद्ध है, के कई सीमांत क्षेत्रों में भी किसी ने नीलामी में भाग नहीं लिया, मगर सरकार ने फैसला किया है कि शराब के ठेके इन क्षेत्रों में अवश्य नीलाम किए जाएं चाहे ये कुख्यात स्मगलरों को ही क्यों न देने

वर्ष के लिए जो आबकारी नीति तैयार की है, उसमें पंजाब सरकार के हस्तक्षेप पर कुछ संशोधन किए जाने की सम्भावना है । पता चला है कि पंजाब के

(शेष पृष्ठ 12 पर)

ा पुलिस
ा षड्यंत्र

ाला में छुरेबाजी में 5 बंदी

, शरीर पर घावों के निशान देखकर पता चल ाता था कि उसको बहुत बुरी तरह नोंचा गया है । सके सारे कपड़े अण्डरवीयर के सिवाय उतारे गए । यह कार 12.3.87 को राहों के निकट तेहपुर गढ़ी के महेंद्र सिंह के घर में डाका डालकर न्य कीमती सामान के साथ लूटी गई थी । टनास्थल पर कटारिया और हरबंससिंह ने बताया क पुलिस थाना नवांशहर को सवा सात बजे केस का ता चल गया था परन्तु कोई वरिष्ठ अधिकारी तीन जे बाद दोपहर तक वहां नहीं पहुंचा था । स.एच.ओ. ने बताया कि उंगलियों के निशानों के वशेषज्ञों को बुलाया गया है । कार के अंदर अगली ीट से गुरुमुखी लिपि में लिखा एक पत्र मिला जो ालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से है । सुरेंद्र सिंह ा कोई बच्चा नहीं है, महेंद्र सिंह के एक लड़का और ीन लड़कियां हैं ।

श्री सुरेन्द्र पाल सिंह के शव के पास से पंजाबी में ाथ से लिखा खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पर्जा मला है । उस पर लिखा है कि पुलिस मुखबिरों का ही अंजाम होगा ।

श्री सुरेन्द्र पाल सिंह और श्री महेंद्र सिंह की आज उनके गांव में अंत्येष्टि कर दी गई । पंजाब के सहकारिता मंत्री प्रेम सिंह चन्दमाजरा तथा अकाली विधायक जगदीश कौर व कांग्रेस (ई) विधायक



(1) अमृतसर के गांव गेलवाली में उग्रवादियों द्वारा मारे गए श्री भगवानदास शर्मा (छाया : ओम भंडारी), (2) जगराओं में मारे गए श्री यशपाल कत्याल और (3) श्री दर्शन लाल के पुराने चित्र, (4) नवांशहर में मारे गए श्री अयोध्या प्रसाद, (5) अयोध्या प्रसाद के परिवार के कुछ शोकाकुल सदस्य । (छाया : शर्मा)

प्रधानमंत्री ने स्थिति न सम्भाली तो राष्ट्रपति अपने पत्र को संदेश रूप में संसद को भेजेंगे ?

है कि वह विधायकों के बारे में या वैसे भी संसद के । बहुत रुष्ट हैं, मामले को यहीं पर खत्म नहीं होने

Punjabi Sanatani

पुल उड़ाने का षड्यंत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों की तलाश में कई जगह छापे मारे । पुलिस की कई पार्टियों ने करतारपुर के इर्द-गिर्द के गांवों में छापे मारे । एक सूचना के अनुसार सी.आई.ए. स्टाफ़ जालंधर ने थाना करतारपुर के गांव कालवां आदि के कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी ।

सी.आर.पी. की गश्त तेज़

करतारपुर में सी.आर.पी. की ओर से गश्त तेज़ कर दी गई है । सी.आर.पी. के जवान दिन-रात गश्त करते हैं । धर्म स्थानों पर भी कड़ा प्रबंध किया गया है ।

5 गिरफ्तार

पटियाला (भूषण सरहिंदी): वीरवार को यहां कर्फ़्यू में ढील के दौरान अदालत बाज़ार में हुई छुरेज़नी की वारदातों में संलिप्त 5 व्यक्तियों को धारा 307 तथा आतंकवादी निरोधक कानून की धाराओं 3/4 के अंतर्गत गिरफ़्तार किया गया है । एस.एस.पी. श्री गुरइकबाल सिंह भुल्लर के अनुसार गिरफ्तार किये गये लोगों में राघोमाजरा मुहल्ला का जौनी सिंह, इसी मुहल्ले का परमजीत सिंह उर्फ़ छंटी, तेलीवाड़ा मुहल्ले का बाबू सिंह उर्फ़ सतपाल, इसी मुहल्ले का दीपक तथा पीली सड़क क्षेत्र का गुरचरण उर्फ़ पप्प शामिल हैं । श्री भुल्लर ने बताया कि तीन और व्यक्ति भी इन केसों में संलिप्त हैं जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा । उन्होंने कहा कि 65 व्यक्तियों को धारा 107/151 के अंतर्गत हिरासत में लिया गया है । जौनी सिंह से एक लम्बा चाक़ू बरामद हुआ है । श्री भुल्लर ने बताया कि नगर में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है ।

दूध का वितरण

जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.के. सिंह ने आज बताया कि पुराने शहर के कर्फ़्यू वाले इलाकों में वाटर सप्लाई तथा दूध के वितरण के पर्याप्त प्रबंध किये गये हैं । समाचारपत्र बेचने वाले हॉकरों को पूरी सुविधाएं दी गई हैं ।

मंगलवार की शाम को भाजपा नेता श्री शम्भू प्रसाद की हत्या के बाद हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि पुलिस को साढ़फूंक तथा दुकानों की लूट की 7 शिकायतें मिली हैं । पड़ताल पर पाया गया कि केवल दो दुकानों को आग लगाई गई ।

गैर ज़िम्मेदाराना पत्रकारिता

ज़िला मैजिस्ट्रेट ने आज कुछ स्थानीय अखबारों में छुरेज़नी की घटनाओं में घायल होने वाले मुलखराज की मृत्यु हो जाने की खबर छपने पर आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि मुलखराज जीवित है तथा उसकी हालत सुधर रही है । श्री सिंहा ने इस खबर के छपने को गैर ज़िम्मेदाराना पत्रकारिता बताया ।

इसी बीच इंका विधायक श्री ब्रह्म महेंद्र ने पटियाला की जनता से शांत रहने तथा एकता बनाये रखने की अपील की है और कहा है कि वे नगर में गड़बड़ करने पर उतारू समाज विरोधी तत्वों के इरादे नाकाम बना दें । उन्होंने वीरवार को कर्फ़्यू में ढील के दौरान हुई हिंसा पर खेद व्यक्त किया । उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन वास्तविक अपराधियों को पकड़ने में विफल रहा है, जो कि साम्प्रदायिक गड़बड़ पैदा करने पर आमादा हैं । पुलिस द्वारा 'निरोधक पगों' के तौर पर अंधाधुंध गिरफ्तारियों का उल्लेख करते हुये श्री ब्रह्म महेंद्र ने कहा कि निर्दोषों को हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिए ।

इसी बीच पुलिस ने त्रिपुरी टाऊनशिप में हुई फायरिंग की घटना के संबंध में केस दर्ज कर लिया है । इस घटना में मलकीयत सिंह ने जसवंत सिंह पर अपने बाप तारा सिंह की बंदूक से गोली चला दी थी । पुलिस सूत्रों ने कहा कि तारा सिंह के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी क्योंकि उसकी बंदूक फायरिंग में इस्तेमाल हुई थी ।

कर्फ़्यू बढ़ा

ज़िला मैजिस्ट्रेट ने पटियाला नगर में कर्फ़्यू की अवधि 24 मार्च प्रातः 8 बजे तक बढ़ा दी है । श्री एस.के. सिंहा ने कहा कि स्थिति परे तौर पर नियंत्रण में है । यह बताया गया कि स्टेट बैंक आफ पटियाला की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगी ।

कर्फ़्यू में ढील नहीं

पटियाला में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुये आज कर्फ़्यू में कोई ढील नहीं दी गई ।

फायरिंग में 1 घायल

संगरूर (गोयल): ज़िला संगरूर के गांव भैणी जस्सा में गत रात गोली चल गई जिसमें करनैल सिंह नामक व्यक्ति घायल हो गया । उसे गम्भीर अवस्था में सिविल अस्पताल संगरूर में दाखिल करा दिया गया । सूत्रों के अनुसार उसी गांव के धर्म सिंह ने अपने बिना लाइसैंस के पिस्तौल से करनैल सिंह पर गोली चला दी ।

गिरोह का नेता गिरफ्तार

गुरदासपुर से 'विनोद' के अनुसार ज़िला गुरदासपुर पुलिस ने पुल, उच्च पुलिस अधिकारियों के आवास तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को विस्फोटकों से उड़ाने की योजना बनाने वाले एक गिरोह के नेता को गिरफ्तार करने का दावा किया है ।

ज़िला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. विरदी ने बताया है कि पुलिस ने गांव धोदके के निवासी सुरेंद्र पाल सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से पहाड़ उड़ाने वाली सात विस्फोटक छड़ें, दो डैटोनेटर तथा भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है । उन्होंने बताया कि यह व्यक्ति कस्बा नौशहरा मज्जा सिंह में पंजाब बिजली बोर्ड का कर्मी है । इस गिरोह के सभी सदस्यों की शिनाख्त हो गई है । पूछताछ के दौरान सुरेंद्र पाल सिंह ने अपने सभी साथियों के नाम व पते बता दिये हैं जिनकी तलाश में छापे मारे जा रहे हैं ।

श्री विरदी ने यह बताने से इन्कार कर दिया कि इस गिरोह को विस्फोटक सामग्री कहां से प्राप्त होती थी । उन्होंने बताया कि इस गिरोह का गठन कुछ महीने पहले ही हुआ है तथा इसकी ज़िला गुरदासपुर में पुलों, उच्च पुलिस अधिकारियों के आवास आदि को उड़ाने की योजना थी ।

एक गिरफ़्तार

गत रात कादियां पुलिस ने नाके के दौरान तलवंडी चुंगला निवासी बीर सिंह उर्फ़ बीटा को गिरफ्तार किया है । यह जानकारी देते हुये ज़िला पुलिस प्रमुख श्री विरदी ने बताया कि इसके कब्ज़े से एक 12 बोर का पिस्तौल तथा चार कारतूस बरामद हुये हैं ।

रूपेबाली गिरोह का सदस्य

इसी बीच गत रात्रि ज़िला गुरदासपुर के गांव मढ़ा तथा डडीपुर में दो नाकाबंदियों में पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों ने दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जिनमें 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' का एक कार्यकर्ता भी शामिल है । इनके नाम बलजीत सिंह उर्फ़ बिट्टू गांव बल तथा कुलविंदर सिंह गांव कलानौर हैं। एस.एस.पी. श्री विरदी ने बताया कि बलजीत सिंह उर्फ़ बिट्टू 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' से संबंध रखता है तथा अवतार सिंह रूपेबाल के गिरोह का सदस्य है ।

श्री विरदी ने बताया कि कुलविंदर सिंह गत 4 नवम्बर को गांव अगवां के निकट हैडकांस्टेबल अनोख सिंह की हत्या में वांछित है । पुलिस ने 303 के दो पिस्तौल व 4 कारतूस उनसे बरामद किये । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये एक अन्य आतंकवादी सुरेंद्र पाल सिंह की रेलवे लाइन उड़ाने की भी योजना थी ।

लावारिस लाश

अमृतसर (अशोक सोनी): पुलिस ने यहां से 7 किलोमीटर दूर गांव दोबुर्जी के पास एक 22-23 वर्षीय सिख युवक की लाश बरामद की । उसके शरीर कर गोली का घाव है । पुलिस इस लाश की पहचान नहीं कर सकी लेकिन आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (गुरजीत ग्रुप) के अनुसार यह लाश निशान सिंह निवासी गांव मक्कोवाल थाना अजनाला ज़िला अमृतसर की है ।

अमृतसर से प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस ने आज सुल्तानविंड इलाके के एक धार्मिक स्थल से तीन युवकों तलविंदर सिंह, बलबीर सिंह, कुलदीप सिंह को आतंकवादी कानून के तहत गिरफ्तार किया । ये युवक इस धार्मिक स्थल के भीतर तथाकथित खालिस्तान के निर्माण के बारे में सभा कर रहे थे ।

हत्यारे नामज़द

फगवाड़ा (खोसला) : 5-6 दिन पूर्व यहां से 3 किलोमीटर दूर गांव भुल्लर राई में एक निहंग जीत सिंह व उसकी 17 वर्षीया लड़की जोगेंद्र कौर की कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी थी । थाना सदर पुलिस ने अभियुक्तों को नामज़द कर लिया है । पुलिस ने भारी फोर्स के साथ कई जगह छापे भी मारे, परन्तु अभी तक अभियुक्त पकड़े नहीं गये । पुलिस ने दावा किया कि अभियुक्त किसी भी समय पकड़े जा सकते हैं ।

एक अन्य सूचना के अनुसार आज बाद दोपहर दोसांझ कलां सड़क पर ईंटों के भट्ठे के एक कर्मचारी से 2 स्कूटर सवार आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर 465 रुपए लूट लिये ।

ठेका लूट कर जलाया

कपूरथला (द) : आज पौने बारह बजे चार सशस्त्र उग्रवादियों ने आधी खुई के पास स्थित शराब ठेके से 2500 रु. लूट लिए व डेढ़ सौ शराब की बोतलें तोड़ कर ठेके को आग लगा दी तथा हवाई फायरिंग की । वे खालिस्तानी नारे लगा रहे थे । वे वहां दो पत्र छोड़ गए । एक में धमकी दी गई है कि ठेके लेने वालों को सजा दी जाएगी । दूसरे पत्र में लिखा है कि ठेके लेने वालों की हिटलिस्ट तैयार करने को दो लोगों की ड्यूटी लगा दी गई है ।

उग्रवादियों ने कपूरथला रोड पर चुगांवा स्थित शराब ठेके से भी 3500 रु. लूट लिये ।

4 उग्रवादियों का पुलिस रिमांड

मोहाली (नवांदा): खरड़ के इलाका मैजिस्ट्रेट श्री बी.एस. सिद्धू ने मोहाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये 4 उग्रवादियों मंजीत सिंह, हरविंदर सिंह, दलजीत सिंह व सुखदीप सिंह को 24 मार्च तक पुलिस रिमांड दे दिया ।

राजीव के व्यवहार से देश की अखंडता खतरे में पड़ी —बसु

कलकत्ता, 21 मार्च (वार्ता): पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु ने आज कहा कि प्रधानमंत्री के अनुचित व्यवहार से देश की एकता, अखंडता के लिए खतरा पैदा हो गया है ।

उन्होंने स्थानीय प्रैस क्लब के प्रैस से मिलिए कार्यक्रम में इस राज्य के चुनाव दौरे के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा दी गई इस सलाह का कि उन्हें (श्री बसु) अब आराम करना चाहिए, उल्लेख कर कहा कि वह देखेंगे कि उनके अवकाश ग्रहण से पहले प्रधानमंत्री स्वयं चले जाएं । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अहंकार की सारी सीमाएं पार कर चुके हैं और दुर्भाग्य से उसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ रहा है । उन्होंने कहा कि वह संविधान से ऊपर उठने का प्रयास कर रहे हैं ।

पाक ने अणु-बम बनाने का इरादा छोड़ा : ज़िया

इस्लामाबाद, 21 मार्च (डी.पी.ए.): पाकिस्तान के राष्ट्रपति ज़िया-उल-हक ने आज यहां घोषणा की कि पाकिस्तान ने एक पक्षीय तौर पर ही परमाणु बम बनाने का विचार त्याग दिया है ।

पाकिस्तान परमाणु बम ऊर्जा आयोग द्वारा 'विकास के लिए परमाणु' विषय पर आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए श्री ज़िया ने कहा कि पाकिस्तान ने गैर-शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली परमाणु टैक्नालोजी का जानबूझ कर और एकपक्षीय तौर पर बहिष्कार किया है ।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने परमाणु बम नहीं बनाया है और न ही उसके पास ऐसा कोई बम है तथा न ही यह बम बनाने का वह इरादा रखता है । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान परमाणु बम बनाए जाने की खबर बिल्कुल झूठी तथा पूरी तरह मनगढ़ंत है ।

उन्होंने कहा कि परमाणु अस्त्रों से छोटे देशों की सुरक्षा भावना नहीं बढ़ती । समारोह में अमरीकी राजदूत डीन हिंटन भी उपस्थित थे, जिन्होंने हाल ही में कहा था कि अमरीका पाकिस्तान को परमाणु बम बनाने से रोकने में असफल रहा है ।

प्रेक्षकों की राय है कि जनरल ज़िया ने अमरीका से मिलने वाली 4.02 अरब डालर की प्रस्तावित आर्थिक और सैनिक सहायता का रास्ता साफ करने के लिए ही आज का बयान दिया ।

भोपाल में होमगार्ड सिपाही की हत्या

भोपाल, 21 मार्च (वार्ता): पुराने भोपाल शहर में जहां स्थिति कल से लागू 48 घंटे के कर्फ़्यू के बाद तेजी से सुधर रही थी आज दोपहर बाद शाहजहांनाबाद क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा गुप्ती और फरसे से किए गए हमले के फलस्वरूप होमगार्ड के एक सिपाही की मृत्यु हो गई । शहर के अन्य हिस्सों में स्थिति पुलिस सूत्रों के अनुसार नियंत्रण में बताई गई है ।

परीक्षा अधिकारी हटाए गए

तरनतारन, 21 मार्च (पाल): पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के दौरान अपनी ड्यूटी नियमानुसार न देने के कारण जिला अमृतसर के परीक्षा केन्द्रों में से एक सैंटर सुप्रिंटैंडैंटों, दो डिप्टी सुप्रिंटैंडैंटों तथा पांच सुपरवाइजरों को हटा दिया गया है ।

जिला अमृतसर के शिक्षा अधिकारी (स्कूल), जो कि जिला परीक्षाओं के कंट्रोलर भी हैं, ने बताया है कि जिले में 158 परीक्षा केंद्रों के लिए 15 उड़न दस्ते बनाए गए हैं जो प्रत्येक केंद्र में कम से कम छः बार जाकर जांच करेंगे । उन्होंने परीक्षाओं में ड्यूटी दे रहे अध्यापकों से कहा कि वे नियमानुसार अपनी ड्यूटी दें अन्यथा दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने से भी संकोच नहीं किया जाएगा ।

दूसरी तरफ इस पत्र प्रेषक ने तरनतारन के निकटवर्ती, ठरु, कोट धर्मचन्द कलां, बाबा बुड्ढा, सूरसिंह, भिखीविंड आदि डेढ़ दर्जन स्थानों का दौरा करके पाया कि इन स्थानों पर परीक्षा स्टाफ को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । केंद्रों पर परीक्षार्थियों से अधिक उनके 'सहायक' आते हैं । बच्चों के माता-पिता भी बच्चों की खूब 'सहायता' करते देखे गए । यह भी सुनने में आया है कि बच्चों के माता-पिता निगरानी सदस्यों के साथ 'दोस्ती' निकाल कर अपने मकसद हल करते हैं तथा शाम को "मैत्रीभाव" भी बढ़ाया जाता है ।

क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों के कारण निगरानी सदस्य नकल मारने से किसी को नहीं रोकते हैं । फलस्वरूप नकल छूत के रोग की तरह फैल रही है ।

विस्फोटक मिले

मद्रास, 21 मार्च (वार्ता): बम विस्फोट के कारण हुई राकफोर्ट एक्सप्रैस ट्रेन दुर्घटना के लिये एक तमिल अलगाववादी गुट तमिलनाडु लिबरेशन आर्मी को ज़िम्मेदार पाया गया है ।

गत रविवार को अदीपलूर के निकट मरुदरैयारुपुल पर बम विस्फोट हो जाने से राकफोर्ट एक्सप्रैस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिससे 25 व्यक्ति मारे गये थे ।

पुलिस महानिरीक्षक (अपराध) श्री के.के. राजशेखरन नायर ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि इस गुट के एक सक्रिय सदस्य को आज वाल्लम में गिरफ्तार किया गया ।

राज्य के तीन ज़िलों के कुछ इलाकों में पिछले पांच वर्षों से यह गुट सक्रिय है । अपनी मांगों पर ध्यान आकृष्ट कराने के लिये गुट के लोगों ने यह बम विस्फोट किया था । इन लोगों की मांगों में तमिलनाडु तथा 'खालिस्तान' को भारत से अलग किया जाना शामिल है ।

10 बोरे विस्फोटक मिले

तिरुचिरापल्ली का एक समाचार है कि पुलिस ने कल तंजावर से वेदारण्यम जा रही एक बस के यात्री से 10 बोरे भी जिलेटिन (विस्फोटक) पकड़ी । उक्त यात्री और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

एयर इंडिया के 45 चालक निलंबित

बम्बई, 21 मार्च : एयर इंडिया के विमान चालक दल के अब तक 45 सदस्यों को 'सामान्य' कार्य करने से इंकार करने पर निलम्बित किया जा चुका है जबकि एयर इंडिया ने विमान चालक संघ ने निलम्बन आदेश के विरोध में अपना आंदोलन तेज कर दिया है । निलम्बित लोगों में महिलाएं भी शामिल हैं ।



जुल्म और तशद्दद के खिलाफ एक नई और निराली तरज की 'जंग', जिसमें कानून का सहारा लेने वाले मुजरिमों को सबक सिखा देने वाली सजा । कौन किस-किस ग्रुप में है, देखें—

जनता की ज़ोरदार मांग पर

भगवान दादा

9वां शानदार सप्ताह : मिनी चांद-लुधियाना रोज़ाना 4 शो

लक्ष्मण शाहबादी पेश करते हैं

'गंगा किनारे मोरा गांव' और

सी.पी.डब्ल्यू.डी. मा

एजैक्टिव इंजीनियर, माधोपुर सैंट्रल इं

माधोपर (पंजाब) द्वारा राजासांसी एयरपोर्ट अम

टैक और डिस्परसल एरिया पर लाइटस उ

डा. अब्दुल्ला के पास लगातार रही और 1982 में उनके निधन से रिक्त हुई । 1983 में हुए चुनाव में डा. अब्दुल्ला ने कांग्रेस (इ) प्रतिद्वंद्वी को भारी बहुमत से हरा कर यह सीट जीती । इस बार उनका मुकाबला मुस्लिम संयुक्त मोर्चे के उम्मीदवार से है । मोर्चे के निकटवर्ती सूत्र भी स्वीकार करते हैं कि डा. अब्दुल्ला की विजय सुनिश्चित है ।

श्री काबुल सिंह ने कहा कि उग्रवादी तत्वों ने दरबार साहब परिसर पर कब्जा कर रखा है और शिरोमणि कमेटी इन तत्वों पर नियंत्रण करने में असफल रही है । वास्तव में शिरोमणि कमेटी उन लोगों के हाथ में खेल रही है । उन्होंने कहा कि बजट सत्र के लिए उपयुक्त वातावरण नहीं है क्योंकि बहत

(शेष पृष्ठ 10 पर)

वाला बजट सैशन शांति से गुजर जाने की संभावना है क्योंकि सत्तारूढ़ अकाली दल ने इस अवसर पर श्री गुरचरण सिंह टोहरा, जो रासुका के अंतर्गत मध्य प्रदेश की रायपुर जेल में नजरबंद हैं, के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश न करने का फैसला किया है ।

नहीं हैं तथा उनके द्वारा अपनी कार्य प्रणाली में बदलाव लाने की सम्भावना बहुत कम है ।

बहुत से लोग यह मानने को तैयार नहीं हुए कि टावर आयोग की रिपोर्ट की आलोचना को मद्देनज़र रख कर वे अपनी कार्य प्रणाली में सुधार करने में सक्षम होंगे ।

कपूरथला में निरंकारी की हत्या : वल्टोहा में उग्रवादी मरा

चंडीगढ़, 22 मार्च (वार्ता, हस): आतंकवादियों ने आज कपूरथला में एक निरंकारी की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि उसके भतीजे को घायल कर दिया ।

जिला अमृतसर में वल्टोहा के पास एक संदिग्ध उग्रवादी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया ।

हिसार में रतिया के निकट उग्रवादियों ने हरियाणा रोडवेज के एक कंडक्टर से 1500 रुपए छीन लिए ।

फरीदकोट जिला में मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया । राज्य में चार आतंकवादी पकड़े गए ।

मोगा के निकट एक व्यक्ति से 69,750 रुपए छीने गए ।

अन्य कई स्थानों पर भी छीना-झपटी की वारदातें होने की सूचनाएं मिली हैं ।

निरंकारी की हत्या

कपूरथला (शर्मा): यहां से तीन किलोमीटर दूर कपूरथला-ओजला सड़क पर आज प्रातः लगभग पौने दस बसे तीन स्कूटर सवार सशस्त्र आतंकवादियों ने एक प्रमुख निरंकारी सरदार अविनाशी सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी तथा उसके भतीजे गुरदेव सिंह को घायल कर दिया । हत्यारे मृतक का 32 बोर का रिवाल्वर, सात गोलियां छीनकर स्कूटर पर गांव ओजला की ओर भाग गए ।

बताया जाता है कि श्री अविनाशी सिंह का नाम उग्रवादियों की हिट लिस्ट पर था और उग्रवादी चार-पांच वर्षों से उनके पीछे लगे हुए थे । मृतक मौजा ओजला के निकट अपने फार्म व पोल्ट्री फार्म में रहता था । उसका सरकारी गनमैन 20 मार्च शाम को उससे पूछ कर कहीं गया था । आज सुबह ओजला सड़क पर दो उग्रवादी साइकलों पर घूम रहे थे । मृतक का भतीजा पैदल कपूरथला की ओर आ रहा था कि उससे नज़दीक से दो उग्रवादी साइकल पर गांव ओजला की ओर गए । पीछे से अविनाशी सिंह आकर अपने भतीजे को साइकल के पीछे बिठा रहा था कि साइकल वाले दोनों उग्रवादी साइकल कहीं छोड़कर स्कूटर पर वहां आए तथा गुरदेव सिंह के कथनानुसार उन्होंने गालियां निकालते हुए अविनाशी सिंह पर फायरिंग शुरू कर दी । एक गोली गुरदेव सिंह के हाथ में लगी तथा दोनों स्कूटर सवार उग्रवादियों के साथ उनका तीसरा साथी, जोकि पीछे साइकल पर था, वहां साइकल छोड़ कर उनके साथ स्कूटर पर सवार हो गया । तीनों उग्रवादी स्कूटर पर बैठकर गांव ओजला की ओर भाग गए ।

गुरदेव सिंह के अनुसार वे एक पत्र वहां छोड़ गए थे परन्तु बाद में वह पत्र वहां नहीं मिला ।

अविनाशी सिंह कपूरथला में निरंकारी सत्संग में शामिल होने के लिए आ रहा था और पीछे आ रही उसके छोटे भाई की पत्नी को उग्रवादियों ने घर वापस जाने के लिए कहा और वह वापस चली गई ।

पुलिस के अनुसार थामसन गन से पांच फायर किए गए तथा खाली खोल पुलिस ने कब्जे में ले लिए हैं । सूचना मिलते ही एस.पी. व अन्य अधिकारी मौका पर पहुंचे । खोजी कुत्ते भी मंगवाए गए परन्तु कोई सुराग नहीं मिला ।

आतंकवादी गिरफ्तार

मुलोट (गोयल): एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता ने बताया कि कुछ आतंकवादियों को सदर पुलिस मलोट ने हथियारों सहित पकड़ा है । आगे जांच जारी है ।

भोला सिंह पकड़ा गया

मोगा (बांसल): पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने कल रात एक मुठभेड़ के बाद भोला सिंह नामक एक आतंकवादी को पकड़ा । जिला पुलिस अधीक्षक राजन गुप्ता ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दूसरा व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया । दोनों आतंकवादी फरीदकोट जिले के बाघापुराना थाने के घोलिया कलां गांव में देखे गए । पुलिस के ललकारने पर उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं ।

69 हज़ार रुपए लूटे

उन्होंने कहा कि थोड़ी दे के संघर्ष के बाद रोडे गांव के भोला सिंह को पकड़ लिया गया । उसके पास से एक डबल बैरल बंदूक तथा दो कारतूस बरामद किए गए । इसी बीच स्कूटर सवार दो व्यक्तियों ने कल शाम कोकारीकलां गांव के बन्त सिंह नामक व्यक्ति से रिवाल्वर दिखाकर 69,750 रुपए लूट लिए । बन्त सिंह यह रकम मोगा दूध संयंत्र से लेकर जा रहा था ।

मोगा के निकट 69 हज़ार रुपये छीने : राज्य में 4 उग्रवादी बंदी : कई स्थानों पर नकदी, हथियार लूटे

आतंकवादी मारा गया

अमृतसर (अशोक सोनी): सुरक्षा बल के जवानों से वल्टोहा क्षेत्र में आज प्रातः हुई मुठभेड़ में एक कथित आतंकवादी मारा गया । पुलिस ने वारदात के स्थान से 12 बोर की एक बंदूक तथा गोलियां बरामद करने की सूचना भी दी है । आतंकवादी की शिनाख्त फिलहाल नहीं हो सकी है ।

पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि बाद में मृत आतंकवादी का पुलिस ने अन्तिम संस्कार कर दिया ।

तरनतारन की सूचना है कि गत रात गांव भल्लर के अर्जुन सिंह से तीन अज्ञात व्यक्ति 12 बोर की बंदूक छीन कर ले गए ।

अमृतसर में 3 पकड़े

अमृतसर पुलिस ने तीन कथित आतंकवादियों को कल रात गिरफ्तार किया जबकि इसी अवधि में तीन सशस्त्र व्यक्ति एक घर से 25 तोले सोने के आभूषण और दस हजार रुपए लूट ले गए। पुलिस ने गिरफ्तारियों की सूचना देते हुए आज बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों से एक पिस्तौल तथा दस गोलियां बरामद हुई हैं । पुलिस के अनुसार ये व्यक्ति राष्ट्र विरोधी नारे लगा रहे थे कि उन्हें गश्ती पुलिस दल ने गिरफ्तार कर लिया । आभूषण और नकदी लूटे जाने की घटना अजनाला थाना क्षेत्र के चक कमाल खान गांव में भूपेन्द्र सिंह के घर हुई ।

अमृतसर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन आतंकवादियों के नाम गुरमीत सिंह, गुरदीप सिंह तथा कमलजीत सिंह हैं ।

विलम्ब से प्राप्त एक समाचार के अनुसार दो दिन पूर्व थाना लोपोके के अन्तर्गत गांव पत्तरी के एक निवासी को दो आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया ।

एक अन्य सूचना के अनुसार 5 सशस्त्र व्यक्ति गत रात्रि भिखीविंड में एक व्यक्ति से उसकी 315 बोर की राइफल, एक 12 बोर की दुनाली बंदूक तथा स्कूटर छीन ले गए ।

ठेके को आग लगा दी

बोराहा (आनन्द): यहां से 20 कि.मी. दूर गांव धनारस में कल रात किसी ने देसी शराब के ठेके को आग लगा दी जिससे 2250 मि. लिटर शराब और 400 रुपए की नगदी जल गई ।

धमकी

जंडियाली गांव के एक दुकानदार गोपाल दास को 'कमांडो फोर्स' ने धमकी दी है कि यदि उसने सिग्रेट, तम्बाकू आदि बेचना बंद न किया तो उसे सबक सिखाया जाएगा । अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई ।

कंडक्टर को लूट लिया

हिसार (नांदवाल): यहां से 65 किलो मीटर दूर रतिया के निकट कल तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने हरियाणा रोडवेज की एक बस के कंडक्टर से 1500 रुपए लूट लिए ।

बस कंडक्टर द्वारा पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार एक मोड़ पर बस की गति कम होने पर तीन युवकों ने उसका पैसों से भरा बस्ता छीन लिया तथा वे सोखी गांव के निकट फरार हो गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

स्कूटर बरामद

करतारपुर (साहनी): स्थानीय पुलिस की एक

(शेष पृष्ठ 10 पर)

कोर्ट फ़ीस समाप्त किए जाने का समर्थन

शिमला, 22 मार्च (वार्ता, खजूरिया): उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आर.एस. पाठक ने आम जनता के लिए न्याय पाना कम खर्चीला बनाने के लिए राज्यों द्वारा कोर्ट फ़ीस समाप्त किए जाने का समर्थन किया है ।

श्री पाठक ने कल संवाददाताओं से कहा कि अंततः उन्हें 'कोर्ट फीस' समाप्त करने के लिए राज्यों से अपील करनी होगी ।

उन्होंने कहा कि सभी को आसानी से न्याय सुलभ कराने के लिए सार्वजनिक हित सम्बन्धी मुकद्दमे तथा शिकायतों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है ।

श्री पाठक ने विश्वास व्यक्त किया कि न्यायालयों में रिक्तियों को भरने का मामला भी शीघ्र ही हल कर लिया जाएगा । उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर उपलब्ध श्रेष्ठ कुशल व्यक्तियों को नियुक्त करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि निःशुल्क कानूनी सहायता योजना काफी सफल हुई है और उच्चतम न्यायालय के काफी संख्या में वरिष्ठ वकील अपनी सेवाएं देने के लिए आगे आए हैं ।

उच्च न्यायालय में राज्य के बाहर का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने के सम्बन्ध में लिए गए निर्णय को लागू किए जाने के सम्बन्ध में श्री पाठक ने कहा कि अधिसंख्य राज्यों में यह लागू है तथा शेष राज्यों में इसके शीघ्र लागू हो जाने की आशा है । श्री पाठक ने कहा कि प्रशासनिक ट्रिब्यूनलों की शाखाएं निम्न स्तर पर होनी चाहिएं ।

...यों द्वारा अपनी, अपने परिवारों ...और कड़ी करने की मांग

...): आज यहां पंजाब ...की वार्षिक बैठक हुई, ...री, सत्र न्यायाधीश, ...दि शामिल हुए । ...के जिला एवं सत्र ...ने की ।

...प्रस्ताव द्वारा सरकार ...कार की ओर से ...लिए जो पग उठाए ...रिवारों की सुरक्षा के ...में मांग की गई कि ...र भी टैलीफ़ोन की ...सके अतिरिक्त सभी ...रटी से पर्णतया लैस ...लब्ध की जाएं तथा ...कार उपलब्ध की

...चहारियों में भी अभी ...ध नहीं किए गए । ...यक्त किया गया कि ...के सम्बन्ध में जो

कहा गया कि बीस वर्ष से अधिक की सेवा वाले न्यायाधिकारी पदोन्नति की प्रतीक्षा में बैठे हैं । उनमें भारी निराशा पाई जाती है ।

यह मांग भी की गई है कि सेवा शर्तों में परिवर्तन और वेतनमानों का पुनरीक्षण करने के लिए समयबद्ध घोषणा की जाए । वार्षिक स्थानांतरण मार्च की अपेक्षा 15 मई के बाद किए जाएं तथा ये स्थानांतरण कम से कम किए जाएं व स्थानांतरण के स्थानों पर न्यायिक अधिकारियों को गैस्ट हाऊस उपलब्ध किए जाएं ।

बैठक में पदाधिकारियों का चुनाव हुआ, जिसमें एच.एल. रणदेव चंडीगढ़ प्रधान, श्री एच.एस. बख्शी अमृतसर उपप्रधान, श्री एन.एस. सैनी अमृतसर कनिष्ठ उपप्रधान और श्री एम.एस. लुबाना पटियाला सचिव चुने गए ।

सर्वदलीय रैली के दृष्टिगत खटकड़ कलां में कड़े सुरक्षा प्रबन्ध

Leaders in the world of Fans
ORIENT

Punjabi Sanjhani

कपूरथला में निरंकारी....

(पृष्ठ 3 का शेष)

गश्ती टुकड़ी ने किशनगढ़ रोड पर गांव चीमा की पुली के समीप से एक स्कूटर अपने कब्जे में लिया है । बताया जाता है कि स्कूटर पर नं. पी.यू.एस. 8528 लिखा हुआ था । पुलिस को शक होने पर कि कहीं यह नम्बर जाली न लिखा हो, जब उस स्कूटर पर लिखे हुए नम्बर को खुर्चा गया तो उसके नीचे एक और नम्बर निकला । यह नम्बर था पी.यू.एस. 2905 । ऐसा बताया जाता है कि यह जालन्धर क्षेत्र के किसी व्यक्ति से छीना गया होगा ।

पिस्तौल सहित बंदी

होशियारपुर (अश्विनी): पुलिस ने एक संदिग्ध बलवंत सिंह उर्फ बीसा, जो राजा कलां गांव का रहने वाला है, को शस्त्र कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने उसके कब्जे से 12 बोर का एक पिस्तौल व 10 कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस के अनुसार लगभग दो-अढ़ाई बजे रात में पुलिस ने जब नाकाबंदी की हुई थी तो उसी दौरान यह व्यक्ति पकड़ा गया । उससे पूछताछ की जा रही है ।

कर्फ्यू में ढील

पटियाला (भूषण सरहिंदी): आज प्रातः पुराने शहर में कर्फ्यू में एक घंटे की ढील दी गई जो कि शांतिपूर्वक बीत गई । शहर के किसी भी भाग में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई । बाद दोपहर फिर कर्फ्यू में एक घंटे की ढील दी गई । नगर में 17 मार्च को भाजपा नेता श्री शम्भू प्रसाद की हत्या के बाद हुई हिंसक घटनाओं को देखते हुए कर्फ्यू लगाया गया था ।

जालन्धर के कस्बा नवांशहर में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांत है । वहां गत वीरवार को हिन्दू शिव सेना के स्थानीय अध्यक्ष की हत्या कर दी गई थी ।

नकोदर में शिव सेना के कार्यकर्त्ताओं की बिना शर्त रिहाई की मांग कर रहे शिव सेना के नेता इन्द्रजीत रत्ती के आमरण अनशन के पांचवें दिन उनकी हालत बिगड़ गई है ।

MARKET SURVEY REQUIRED URGENTLY

Heavy Earthmoving Sight Foreman
Heavy Duty Drivers (Muscat License Valid or Expired)
Transport Mechanics.
Heavy Duty Mechanics.
Plant Mechanic (Compactor/Cranes/Generators Etc.)
Scrapper Operators
Dozer Operators
Shovel Operators.
Grader Operators.
(With Gulf License any Country)

Contact : PROP.

UPLIFT TRAVELS,
DILKUSHA MARKET,
JALANDHAR CITY.
REGISTERATION NO.

DEALERS WANTED FOR

UNREPRESENTED CITIES ALL OVER INDIA

GOLDEN MIDGET

The only

SELF PRIMING GUNMETAL

DOMESTIC MONOBLOC PUMP SET











ज़िला होशियारपुर और ज़िला कपूरथला में 10-12 सशस्त्र डाकुओं ने गांवों के बाहर खेतों में स्थित मकानों में घुसकर उन्हें लूट लिया और घरों के सदस्यों को बुरी तरह मारपीट की । (1) डाकुओं की मारपीट से घायल रेशम सिंह, (2) अजमेर सिंह के घर की वह खिड़की, जिसमें से बंदूकें अन्दर करके परिवार के सदस्यों को विवश किया गया कि वे दरवाजा अन्दर से खोल दें । (3) रेशम सिंह का घर, जिसका एक-एक ट्रंक खोलकर सामान ले जाया गया। शेष कपड़े बिखरे पड़े हैं । (4) स्कूटर और मोटर साइकल, जो डाकू घर से उठाकर बाहर फैंक गए ।

(छाया : प्रद्युम्न)

2 पाक जासूस काबू

जम्मू, 22 मार्च (स): यहां एक होटल में जाली हिन्दू नामों से ठहरे 2 पाकिस्तानी जासूसों को पुलिस ने पकड़ा है । वास्तव में इनके नाम अशरफ और जुल्फिकार हैं और दोनों स्यालकोट क्षेत्र के रहने वाले हैं । दोनों ने प्रारम्भिक पूछताछ में स्वीकार किया है कि वह काफी लम्बे समय से पाकिस्तान की फील्ड इंटैलीजैंस यूनिट के लिए कार्यरत थे और कई नामों से राज्य में आ चुके हैं ।

Markfed

दी पंजाब स्टेट कोआप्रेटिव सप्लाई एंड मार्कीटिंग, फ़ैडरेशन लिमिटिड, चंडीगढ़

अल्प निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा पंजाब पी.डब्ल्यू.डी. बी. एंड आर., एम.ई.एस. रेलवे, सैंट्रल पी.डब्ल्यू.डी., चंडीगढ़ प्रशासन के स्वीकृत ठेकेदारों और सहकारी श्रम व निर्माण-संस्थाओं से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से 20 रुपये प्रत्येक चुकाने पर प्राप्य निर्धारित प्रपत्र पर, मोहरबंद प्रतिशत दर निविदाएं पुनः आमंत्रित हैं, जो **3.4.1987** को सायं **3 बजे** प्राप्त की जाएंगी और अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसी तिथि को सायं 3.30 बजे ठेकेदारों या उनके प्रतिनिधियों के सामने खोली जाएंगी, जो उपस्थित होना चाहेंगे ।

क्र.	कार्य का नाम	आकलन	धरोहर राशि	समय सीमा
1.	गव. कालेज गुरदासपुर में अतिरिक्त क्लास रूम/लैब.बनाना ।	10.00 लाख रु.	20,000/-	4 मास

Punjabi Sanata

छिड़काव के लिए पहले आंसू गैस के गोले छोड़े लेकिन इसका असर न होने पर पुलिस ने गोली चलाई । फायरिंग के हताहतों की संख्या का पता नहीं चल सका ।

पुलिस के अनुसार पथराव से गाड़ी का चालक घायल हो गया ।

कल होने वाले मतदान हेतु आवश्यक प्रबंध के लिए गए हैं ।

कुल पांच करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे । तीन राज्यों की 505 सीटों के लिए 3,239 उम्मीदवार मैदान में हैं ।

हैं । जम्मू-कश्मीर में 15,000 से अधिक पुलिस कर्मी और अर्धसैनिक बलों के जवान मतदान के दौरान विधि व्यवस्था का दायित्व सम्भालेंगे ।

पश्चिम बंगाल में केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों की

में हिंसा की व्यापक घटनाएं हुई है ।

सीमावर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर में 73 चुनाव क्षेत्रों में 510 उम्मीदवार हैं । वैसे राज्य

राज्य की कश्मी
सत्तारूढ़ नैशनल कां
मुस्लिम संयुक्त मोर्चे
का समूह है, जिसके
के रूप में चुनाव ल
आबादी को अपने
प्रयत्नशील है । य
पक्षधर है ।

दूसरी ओर सत्ता
और अलगाववाद को
रखा है । इसने राज्य
भरोसा दिलाया है,
प्रशस्त करेगी ।

राज्य के मुख्य
श्रीनगर के बाह्य अं
क्षेत्र से चुनाव लड़
शेख अब्दुल्ला के पा
उनके निधन से रिक्त
में डा. अब्दुल्ला ने
बहुमत से हरा कर या
मुकाबला मुस्लिम स
हैं । मोर्चे के निकटव
डा. अब्दुल्ला की वि



(1) कपूरथला के औजला फाटक से कुछ दूर आगे रविवार को उग्रवादियों ने निरंकारी अविनाशी सिंह (इनसैट) की हत्या कर दी । (2) उग्रवादी भागते समय अपना साइकिल घटना स्थल पर छोड़ गए । (3) श्री अविनाशी सिंह का बिलखता परिवार । (छाया : सुरिंदर)

(ऊपर) बलाचौर के युवा अकाली नेता सुरिन्दर सिंह (इनसैट), जिनकी उग्रवादियों ने गत दिवस हत्या कर दी थी, का अंतिम संस्कार किया गया । (नीचे) मृतक के सम्बन्धियों से संवेदना व्यक्त करते हुए सहकारिता मंत्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा । (छाया : जोशी)

Punjabi Sanatani

कपूर

चंडीगढ़, 22 म
ने आज कपूरथला
कर हत्या कर दी जब
दिया ।

जिला अमृतसर
उग्रवादी सुरक्षा बल

हिसार में रि
हरियाणा रोडवेज के
छीन लिए ।

फरीदकोट जि
आतंकवादी को गिरफ
आतंकवादी पकड़े ग

मोगा के निकट
छीने गए ।

अन्य कई स्थ
वारदातें होने की सू

निरंकारी की हत्य

कपूरथला (शम
कपूरथला-ओजला
पौने दस बजे
आतंकवादियों ने
अविनाशी सिंह की

हम अणु बम बनाने में सक्षम, भारत से युद्ध भी सम्भव : ज़िया

न्यूयार्क, 22 मार्च (वार्ता): पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक ने

चाहे तो कर सकते हैं । और अब पाकिस्तान के पास तकनीक है ।

टाइम पत्रिका ने कहा कि जनरल जिया ने सम्वाददाता को चकित करते हुए स्वीकार किया कि पाकिस्तान ने वास्तव में परमाणु बम बनाने की

पाकिस्तान में अपने हितों की जनदेखी नहीं कर सकता । 'मुझे यकीन है कि अमरीकी संसद सदस्य पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम के बजाय अपने देश

पंजाब, उत्तर पश्चिमी राज्यों के बैंकों की सुरक्षा का काम सी.आर.पी.एफ. सम्भालेगी

नई दिल्ली, 23 मार्च (जी.एस. चावला): पंजाब तथा उत्तर-पश्चिमी भारत के राष्ट्रीयकृत बैंकों की सुरक्षा का काम सी.आर.पी.एफ. को सौंपा जाएगा । इस आशय का निर्णय सरकार ने लिया है । सरकार ने इस मंतव्य के लिए 6 नई कम्पनियों के गठन का फैसला किया है । इन सीमांत राज्यों के बैंकों की सुरक्षा का काम सी.आर.पी.एफ. को सौंपने बारे प्रक्रिया तो उसी दिन शुरू हो गई थी, जिस दिन लुधियाना के बैंक से 5.7 करोड़ रु. लूटे गए थे ।

सरकार सी.आर.पी.एफ. में 30 नई बटालियनें जोड़ने की योजना को पहले ही स्वीकृति दे चुकी है । आगामी 3 वर्षों के दौरान हर वर्ष 10 नई बटालियनें गठित की जाएंगी । इस समय सी.आर.पी.एफ. की कुल 88 बटालियनें हैं । 2 अन्य बटालियनें नम्बर 15 और 17 वर्ष 1979 की हड़ताल के बाद खत्म कर दी गई थीं ।

सी.आर.पी. की पहली महिला बटालियन, जिसे इस समय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, अगले माह के शुरू में तैनात कर दी जाएगी । प्रधानमंत्री राजीव गांधी 30 मार्च को इस महिला बटालियन की पासिंग आऊट पैरेड की सलामी लेंगे । पंजाब के लिए सी.आर.पी.एफ. का ग्रुप सैंटर पिंजौर में खोले जाने को मंजूरी दी जा चुकी है । इस समय कुल 20 ग्रुप सैंटर हैं । प्रत्येक ग्रुप सैंटर के अधीन 4 बटालियनें हैं, जिनका पूरा रिकार्ड यह ग्रुप सैंटर रखते हैं । सी.आर.पी.एफ. की विस्तार योजना के अंतर्गत एक अतिरिक्त महानिदेशक का पद सृजित किया जा चुका है और इसके लिए 5 अधिकारियों के पैनल में से चयन किया जाएगा ।

बैंकों की सुरक्षा का काम शीघ्र ही सी.आर.पी.एफ. सम्भाल लेगी । अधिकारी इस बारे स्टेट बैंक अधिकारियों से बातचीत करने बम्बई जा चुके हैं । यद्यपि सी.आर.पी.एफ. के विस्तार की योजना स्वीकार की जा चुकी है, लेकिन इसकी शस्त्र प्रणाली को विकसित करने बारे अभी कोई फैसला नहीं किया गया ।

व्यक्ति की गवाही के आधार पर उस पर कोई मुकद्दमा नहीं चलाया जा सकेगा । भ्रष्टाचार के अभियोगी की गवाही केवल उसकी सम्पत्ति से ही ली जा सकेगी ।

प्रस्तावित कानून के अंतर्गत केंद्र सरकार, राज्य सरकार या संबंधित निकाय से अनुमति के बाद ही मुकद्दमा दायर किया जा सकेगा लेकिन इस प्रकार प्राप्त की गई अनुमति को तकनीकी आधार पर कोई चुनौती नहीं दी जा सकेगी ।

विधेयक में प्रावधान है कि भ्रष्टाचार या संदिग्ध सम्पत्ति होने पर जांच अधिकारी किसी का भी बैंक खाता देख सकेंगे । विशेष भ्रष्टाचार न्यायालयों द्वारा मुकद्दमे के दौरान दिए गए किसी आदेश के बारे में किसी न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त नहीं किया जा सकेगा ।

दिल्ली में विशेष पुलिस शाखा के इंस्पैक्टर और बम्बई, कलकत्ता, मद्रास में सहायक आयुक्त से निचले पदाधिकारी भ्रष्टाचार के मामले की जांच नहीं करेंगे । जांच अधिकारियों को बिना वारंट गिरफ्तारी के अधिकार दिए गए हैं । विधेयक में सजा के साथ जुर्माने का भी प्रावधान है । यह जुर्माना घूस या पकड़ी गई सम्पत्ति के अनुपात में होगा ।

पाक राष्ट्रीय दिवस परेड में विमान दुर्घटनाग्रस्त, ज़िया बाल-बाल बचे

इस्लामाबाद, 23 मार्च (वार्ता): आज यहां पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस की परेड के मौके पर पाक वायु सेना का एक विमान सलामी मंच से थोड़ी दूरी पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया । इस प्रकार राष्ट्रपति जनरल ज़िया उल हक तथा ज़िम्बाबवे के प्रधानमंत्री राबर्ट मुगाबे सहित अनेक विशिष्ट व्यक्ति बाल-बाल बच गए जो कि परेड देख रहे थे ।

प्रधानमंत्री श्री जुनेजो भी परेड देखने वालों में शामिल थे ।

विमान दुर्घटना में इसका चालक मारा गया । दुर्घटना परेड ग्राऊंड से कुछ ही दूर खुले क्षेत्र में हुई ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह विमान 12 मिराज विमानों की टुकड़ी में शामिल था । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विमान से एक बड़ा पक्षी टकरा गया था । किसी नागरिक के हताहत होने या सम्पत्ति को हानि पहुंचने का समाचार नहीं है ।

इस दुर्घटना के बावजूद परेड जारी रही ।

जनरल ज़िया ने अपने भाषण में 'किसी भी कीमत पर' इस्लामीकरण की प्रक्रिया जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में लोकतंत्र की स्थापना का श्रेय उन्हीं को है लेकिन कहा कि इस्लाम को लोकतंत्र के बाद दूसरे स्थान पर नहीं रखा जाएगा । उन्होंने अपने संक्षिप्त भाषण में देश के राजनीतिक संकट या सीमाओं की स्थिति का उल्लेख नहीं किया ।

परेड के मौके पर फ्लाई पास्ट का नेतृत्व अमरीका निर्मित एफ-16 विमानों ने किया । इसके अलावा पूमा हैलीकाप्टर, कैबरा गनशिप, नवीनतम अमरीकी टैंकों, स्टिंगर मिज़ाइल व भारी तोपखाने का भी प्रदर्शन किया गया ।

आश्वासन भी दिया कि पाकिस्तान सैन्य उद्देश्यों के लिए परमाणु परीक्षण नहीं करेगा । पत्रिका के अनुसार जनरल ज़िया की टिप्पणी पर लोगों ने आश्चर्य और नाराज़गी व्यक्त की है ।

टाइम पत्रिका के अनुसार जनरल ज़िया की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया स्वरूप पाकिस्तान में अमरीकी राजदूत डीन हिंटन ने कहा है कि राष्ट्रपति ज़िया की स्पष्टवादिता को वह एक अच्छी पहल मानते हैं, "क्योंकि अब हम कुछ अधिक तर्क संगत ढंग से इस मुद्दे पर बहस कर सकते हैं ।"

श्री हिंटन ने कहा कि "श्री ज़िया की स्वीकारोक्ति ने इस बारे में चल रही बहस का रुख ही बदल दिया है और मेरा विचार है कि अमरीकी कांग्रेस में अब इस सम्बन्ध में निपटना आसान रहेगा ।" उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अब इसी प्रश्न पर बहस होगी कि पाकिस्तान की परमाणु क्षमता के बावजूद उसे अमरीकी सहायता दी जानी चाहिए अथवा नहीं ।

अमरीका द्वारा टिप्पणी नहीं

पाकिस्तान द्वारा परमाणु हथियार बनाने की क्षमता स्वीकार करने के बावजूद अमरीका ने इस विषय पर टिप्पणी करने से आज इंकार कर दिया ।

पत्रिका के अ
कि अफगानिस्ता
सहायता पहुंचाने
और अफगानिस्त
मुकाबले के लि
आवश्यकता उ
पाकिस्तान को
सहायता मिलती

राष्ट्रपति ज़ि
अमरीकी सहायत



मोहम्मद इज़हार आलम

अमृतसर के पुलिस अधीक्षक इज़हार आलम की हत्या का षड्यंत्र अनावृत्त

चंडीगढ़, 23 मार्च (वा., ह.स., नि.स.): अमृतसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहम्मद इजहार आलम की हत्या के लिए विभिन्न उग्रवादियों द्वारा रचा गया षड्यंत्र अनावृत्त हुआ है । उग्रवादियों ने उनकी हत्या के लिए 4 तरह की योजनाएं बनाई थीं ।

अमृतसर की दाल मंडी में एक भाजपा वर्कर जीवन प्रकाश को उग्रवादियों ने गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

पटियाला में आज प्रातः 3 घंटे की कर्फ्यू में ढील के दौरान छुरेबाजी और मारपीट की 2 घटनाएं हुई, जिनमें 2 व्यक्ति घायल हो गए । कर्फ्यू की अवधि 26 मार्च प्रातः 8 बजे तक बढ़ा दी गई है ।

पुलिस ने पंजाब में पिछले 24 घंटों में जो 20 उग्रवादी गिरफ्तार किए हैं, उनमें 6 दुर्दांत उग्रवादी शामिल हैं । जालन्धर जिले में आज रात्रि एक चुंगी से 84850 रु. लूट लिए गए ।

सुरक्षा बलों ने फगवाड़ा के निकट डुमेली गांव से 4 संदिग्ध उग्रवादियों को पकड़ा है, जिनमें एक सिपाही और एक सिविल अस्पताल का कर्मचारी शामिल है ।

फरीदकोट पुलिस ने कोई बड़ी घटना करने की योजना बना रहे 3 दुर्दांत उग्रवादियों सहित 7 आतंकवादियों को पकड़ा है । इनमें एक सरपंच भी शामिल है ।

जिला गुरदासपुर में उग्रवादियों ने 2 बंदकें छीन लीं और पुलिस ने सिख छात्र संघ के एक पदाधिकारी को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में गिरफ्तार किया।

अमृतसर (ह.स.): पंजाब के प्रमुख आतंकवादी गिरोहों ने अमृतसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुहम्मद इजहार आलम की हत्या करने की विस्तृत योजना बनाई है ।

✲ विभिन्न उग्रवादी संगठन मासांत तक अमृतसर के पुलिस चीफ की हत्या करना चाहते थे ✲ अमृतसर में भाजपा वर्कर को घायल कर दिया ✲ फगवाड़ा में 4, जिला फरीदकोट में 3 दुर्दांत उग्रवादियों सहित 7 उग्रवादी गिरफ्तार ✲ जिला जालन्धर में चुंगी से 85 हजार लूटे ✲ पटियाला में कर्फ्यू में ढील के दौरान छुरेबाजी, मारपीट की घटनाएं ✲ नवविवाहित अनिवासी भारतीय की हत्या

आतंकवादी विरोधी कार्रवाइयों में श्री आलम द्वारा बरती गई सख्ती के कारण वह आतंकवादियों के लिए आतंक सिद्ध हुए हैं ।

पिछले दिनों गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से पूछताछ से पता चला है कि आतंकवादियों की हिटलिस्ट में पंजाब के पुलिस महानिदेशक जूलियो रिबैरो के बाद दूसरा नम्बर श्री आलम का ही है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तथाकथित खालिस्तान रिज़र्व फ़ोर्स तथा खालिस्तात कमांडो फ़ोर्स ने इस माह के अंत तक श्री आलम को समाप्त करने की योजना पर अमल करने की तैयारी पूरी कर ली है । आतंकवादी श्री आलम को अमृतसर क्षेत्र में अपनी गतिविधियां जारी रखने में एकमात्र बड़ी बाधा मानते हैं ।जिला अमृतसर आतंकवादियों का गढ़ है ।

उग्रवादी संगठन 'बब्बर खालसा' ने इस कार्य के लिए अभी तक कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है । इस संगठन का प्रमुख रणजीत सिंह तरसिक्का पिछले सप्ताह एक मुठभेड़ में मारा गया था ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान यह भी पता चला है कि आतंकवादियों ने अमृतसर जिले में आधी रात के बाद कोई बड़ी वारदात करने की योजना बनाई थी, ताकि श्री आलम यहां पहुंचने पर बाध्य हों । वहीं पर घात लगा कर उनकी हत्या की जाती । इस प्रकार की कार्रवाई में कम से कम आतंकवादियों के मारे जाने की सम्भावना थी ।

दूसरी योजना यह थी कि श्री आलम के सड़क पर जाते समय उन पर हमला किया जाए । आतंकवादी श्री आलम के काफिले के आगे तथा पीछे अपने वाहन लगा कर अंधाधुंध फ़ायरिंग तथा विस्फोट कर उनकी हत्या करना चाहते थे । श्री आलम भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही कहीं आते-जाते हैं । इस प्रकार की कार्रवाई में दोनों ओर बड़ी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatan

...वार्ता आज या कल

...ार्च (चवला): राष्ट्रपति ज्ञानी
...ी श्री गजीव गांधी में मतभेद
...गत एक या दो दिन में उनकी
...वना है । आज सायं तक इस
...रत नहीं की गई थी ।

...रात मद्रास जा रहे हैं और कल
...ो । दोनों की मंगलवार या
...क होने की सम्भावना है ।
...तुसार सत्तारूढ़ पार्टी के कुछ
... पक्षों को शांत कराने और
... के प्रयास कर रहे हैं ।
... प्रधानमंत्री भी यह विवाद
...चुक हैं और वह पूरे मामले पर
...ए राष्ट्रपति भवन जाने का बुरा
...य मामलों के मंत्री को पहले ही
... वह सदन में किसी भी सदस्य
... और उत्तेजित न होने को

...के सम्बन्ध में कई
...ासत में

...ार्च (म): यहां पंजाब नैशनल
...लाख रुपए लूटने की घटना के
...ई. ने पुलिस की सहायता से
...स्थानों पर छापे मार कर कई
...नया । अभी तक यह पता नहीं
... बारे कोई महत्वपूर्ण सुराग

...ट उत्पादन
...ा बढ़ेगी

...ार्च : नेपा नगर की नैशनल
...मिल की न्यूज प्रिंट उत्पादन
...टन से बढ़ा कर 88000 टन
... । इसके लिए 60 करोड़ रु.
...आधुनिकीकरण किया जा रहा

...र में इंका
...क गिरफ्तार

...ार्च (वार्ता): मध्य प्रदेश के
...क गणपत सिंह धुर्वे को एक
...चारी के साथ बलात्कार करने
...पाल पुलिस ने गिरफ्तार कर

...नुसार श्री धुर्वे तथा उनके दो
...के उन्होंने इस महिला के साथ
... बलात्कार किया ।

...को उसका मनपसंद जगह
...थ ही उसे पदोन्नत करवा देने
...वि धायक विश्राम गृह के अपने
...र तीनों व्यक्तियों ने उसके
।
...टू के लिए 15
...ौती मांगी गई

...सिंगला): बरनाला के मास्टर
...ी शिवदत्त उर्फ चिन्टू का गत
... कर लिया गया था, के घर के
... ही रात को किसी व्यक्ति ने

इज़हार आलम की हत्या का षड्यंत्र
(पृष्ठ 3 का शेष)

संख्या में लोगों के मरने की आशंका थी ।

तीसरी योजना बड़ी आसान थी । श्री आलम के अंगरक्षकों में से किसी एक को रिश्वत देकर उनके अभेद्य निवास पर ही उनकी हत्या करने की योजना थी । इस बारे में पुलिस को अपने विश्वस्त सूत्रों से पहले ही जानकारी मिल गई थी ।

अंतिम योजना पुलिस मुख्यालय में आत्मघाती दस्ता भेज कर हत्या करवाने की थी । इस कार्रवाई में मारे जाने वाले आतंकवादियों की संख्या अधिक होती । पुलिस ने अंतिम योजना की सम्भावनाओं को देखते हुए श्री आलम के कार्यालय पर भारी संख्या में पुलिस तथा सुरक्षा बल तैनात कर दिए ।

घायल कर दिया

'अ. सो.' के अनुसार आज प्रातः 10.15 बजे अमृतसर के भीतरी क्षेत्र दाल मंडी में चार पिस्तौलधारी उग्रवादियों ने गोलियां मार कर 28 वर्षीय भाजपा वर्कर जीवन प्रकाश को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उग्रवादी घटना के बाद भाग निकले ।

नगर पुलिस उपाधीक्षक श्री जय देव सुमन ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद बताया कि 18 और 20 वर्ष आयु के बीच 4 उग्रवादी जीवन प्रकाश की किरयाना की दुकान पर आए और आते ही उस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । एक गोली जीवन प्रकाश के बाएं कंधे में लगी । उसे घायल करने के बाद उग्रवादी आराम से चले गए । दाल मंडी में भीड़ होती है और सामान्यतः वहां से आराम से गुज़रना भी मुश्किल होता है, लेकिन क्षेत्र के लोगों ने उन्हें पकड़ने की भी कोई कोशिश नहीं की । श्री सुमन के अनुसार भागते समय एक उग्रवादी गिरा भी था, लेकिन उसे किसी ने नहीं पकड़ा । घटना के विरोध-स्वरूप क्षेत्र में लोगों ने दुकानें बंद कर दीं । अस्पताल में जीवन प्रकाश की दशा खतरे से बाहर है । भाजपा कार्यालय की एक सूचना के अनुसार जीवन प्रकाश भाजपा कार्यकर्ता है । थाना बी. डिवीजन में केस दर्ज कर लिया गया है । पुलिस ने घटनास्थल के निकट गली से 2 कारतूस बरामद किए हैं ।

'वार्ता' के अनुसार सुरक्षा बलों ने बाज़ार में आतंकवादियों का पीछा भी किया, लेकिन वह गलियों से होते हुए भाग निकले । पुलिस ने स्थिति नियंत्रण में बताई है । तथाकथित खालिस्तान रिज़र्व पुलिस ने 'वार्ता' कार्यालय को फोन करके इस घटना की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर ली है ।

रहस्यमय मारुति कार

अमृतसर (अशोक): आज अपरान्ह में एक बजे अमृतसर के भंडारी पुल पर एक मारुति कार उस पुलिस जीप को चकमा देकर भाग निकली, जो कि उसका पीछा कर रही थी । प्राप्त जानकारी के अनुसार एक आसमानी रंग की मारुति कार का एक पुलिस जीप पीछा कर रही थी । इस कार में एक ही व्यक्ति सवार था । बताया जाता है कि जब यह संदिग्ध मारुति कार भंडारी पुल से रेलवे रोड की ओर जाने लगी तो पीछा कर रही पुलिस जीप से उस पर गोलियां चलाईं । बताया जाता है कि एक गोली कार पर भी लगी, लेकिन कार चालक कार को भगा ले गया ।

7 उग्रवादी गिरफ़्तार

मोगा (ह.स.): फरीदकोट ज़िला पुलिस ने 3 दुर्दांत उग्रवादियों सहित 7 आतंकवादियों को पकड़ कर उनसे कुछ आधुनिक विदेशी हथियार और बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए । फिरोज़पुर रेंज के डी.आई.जी. दर्शन सिंह भोला ने आज यहां बताया कि पुलिस और सी.आर.पी.एफ. ने उग्रवादियों के शरणस्थलों पर संयुक्त रूप से छापे मार कर 3 दुर्दांत उग्रवादियों को पकड़ लिया । उस समय वह मलोट क्षेत्र में कोई बड़ा अपराध करने का षड्यंत्र रच रहे थे । उनसे दो दोनाली बंदूकें, एक देसी पिस्तौल और लगभग 250 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

मोगा सब-डिवीजन के धेलके गांव के लोगों ने एक दुकानदार की हत्या का प्रयास करने वाले तीन उग्रवादियों को साहस का परिचय देते हुए पकड़ लिया । ज्यों ही दुकानदार ने शोर मचाया और गांववासियों ने उग्रवादियों को ललकारा, तो वे भाग निकले । गांव वालों ने इनका दूर तक पीछा किया और इन्हें पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । इनकी शिनाख्त चनन सिंह, गुरनाम सिंह और गुरतैल सिंह के रूप में हुई है ।

निहालसिंहवाला पुलिस ने दीना साहिब गांव के सरपंच को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ़्तार किया है ।

4 उग्रवादी दबोच लिए, एक सिपाही

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): गत रात्रि सुरक्षा बलों ने फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव डुमेली से चार संदिग्ध आतंकवादियों को दबोच लिया, गिरफ्तारी के बाद की गई पूछताछ में उनमें से एक फगवाड़ा सब-जेल का कर्मचारी सिपाही पूर्ण सिंह व स्थानीय सिविल अस्पताल का एक कर्मचारी कुलदीप सिंह भी शामिल निकला । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह दोनों कल सायं गांव डुमेली में जा रहे थे कि कुछ गांव-वासियों ने उन्हें पहचान लिया व पीछा किया । इतने में सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी आ गई व गांव वालों के सहयोग से उन्हें दबोच लिया । सूत्रों के अनुसार विगत 16 मार्च को गांव डुमेली में लूटमार की विभिन्न चार घटनाओं में सम्भवतः दोनों अभियुक्त शामिल थे व कुछ ग्रामीणों ने गत सायं इन्हें पहचान लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार इन दोनों अभियुक्तों से कड़ी पूछताछ की जा रही है व अनेक सनसनीखेज़ रहस्योद्घाटन की सम्भावना है । पुलिस सूत्रों के अनुसार रविवार रात्रि ही को सुरक्षा बलों ने एक स्कूटर पर जा रहे दो अन्य संदिग्ध आतंकवादियों को दबोच लिया व उनके कब्ज़े से एक 38 बोर का रिवाल्वर व स्कूटर नम्बर पी.ए.एक्स. 98 बरामद कर कब्ज़े में ले लिया । पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्त बलबीर सिंह व अवतार सिंह ज़िला जालन्धर के गांव कालड़ा के रहने वाले पाए गए । पता चला है कि उक्त दोनों अभियुक्तों का किसी बड़े आतंकवादी गिरोह से सम्बन्ध था । पूछताछ के दौरान अनेक सनसनीखेज़ रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

स्कूटर छीन लिया

निकटवर्ती गांव चक हकीमां में कल रात दो सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बंदूकें छीनीं

बटाला (कोछड़): पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव सेखवां के एक व्यक्ति दलबीर सिंह के घर से तीन सशस्त्र उग्रवादी 12 बोर की दोनाली बंदूक व आपत्तिजनक गतिविधियों के आधार पर गिरफ्तार किया । इन तीनों में फ़ैडरेशन की राजपुरा शाखा के प्रधान जोगिन्दर सिंह, महासचिव सरबजीत सिंह तथा संयुक्त सचिव हरबिन्दर सिंह शामिल हैं ।

समाचार आधारहीन

पटियाला (भूषण): पटियाला हिन्दू शिव सेना के प्रधान श्री विजय कपूर ने जालन्धर के एक समाचारपत्र में प्रकाशित इस समाचार को बेबुनियाद बताया है कि मोहल्ला छप्पारबंदां में शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने आक्रमण करके कर्मजीत सिंह नामक एक व्यक्ति को घायल कर दिया । उन्होंने कहा कि शिव सेना का किसी ऐसी घटना से कोई सम्बन्ध नहीं और न ही शिव सेना हिंसा में विश्वास रखती है ।

घटना ही नहीं हुई

इसी मध्य सरकारी सूत्रों ने बताया है कि मोहल्ला छप्पारबंदां में आक्रमण की कोई घटना नहीं हुई और समाचार निराधार है ।

सरकारी सूत्रों ने इस बात पर बल दिया है कि अफ़वाहों को फैलने से रोका जाए और सम्वाददाता बिना तस्दीक किए कोई ऐसा समाचार प्रकाशित करने के लिए न भेजें, जिससे आपस में कड़वाहट उत्पन्न होती हो ।

मुलखराज की स्थिति में सुधार

इससे पूर्व कुछ स्थानीय समाचारपत्रों ने छुरेबाज़ी के घायल मेरठ के श्री मुलख राज बारे यह ग़लत समाचार प्रकाशित कर दिया था कि वह चल बसा है । यद्यपि वह जीवित है और उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है । इस समाचार का खंडन करने और स्थिति का स्पष्टीकरण करने हेतु जिला धीश श्री एस.के. सिन्हा और वरिष्ठ पुलिस कप्तान श्री गुरइकबाल सिंह भुल्लर को तुरन्त सम्वाददाता सम्मेलन बुलाना पड़ा था ।

चोरी हुआ स्कूटर बरामद

लुधियाना (जोशी): कल सायं लगभग छः बजे यहां सिविल लाईंस में दंडी स्वामी के साथ वाली एक कपड़े की दुकान के बाहर खड़े मालिक राकेश कुमार का चेतक स्कूटर नं. पी.ए.एल. 154 कोई व्यक्ति अचानक उठाकर ले गया । थाना डिवीज़न नं. 5 में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है, तत्काल ही इस संबंध में वायरलैस पर संदेश दे दिया गया । रात्रि तीन बजे सराभा नगर में कान्वैंट स्कूल के निकट जाते हुए स्कूटर पर दो सवारों को पुलिस ने संदेहाधार पर रोक लिया । वे स्कूटर के संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके । पुलिस ने स्कूटर कब्ज़े में लेकर आज प्रातः मालिक को सौंप दिया ।

राईस शैलर में लूटपाट

कपूरथला (शर्मा): यहां सुल्तानपुर सड़क पर रौनक भरे क्षेत्र में स्थित एक राईस शैलर मैसर्ज प्रकाश चंद करोड़ी मल में 21, 22 मार्च की रात्रि को लगभग 3 बजे 7-8 अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति, जो उग्रवादी समझे जाते हैं, शैलर की दीवार फांद कर अंदर दाखिल हो गए और दोनों चौकीदारों को काबू में करके मारपीट की । अभियुक्तों ने कार्यालय की चाबी लेकर दरवाजा खोला और टैलीफोन की तारें काट दीं । दोनों चौकीदारों में से एक को बाथरूम में और दूसरे को फ्लश में बंद कर दिया । दूसरे कमरे के शीशे तोड़ कर अंदर पड़ी लकड़ी की पेटी तोड़ कर उसमें से 2700 रुपए निकाल कर ले गए तथा एक घंटा राईस शैलर में रहे ।

सशस्त्र थे

शैलर मालिकों के अनुसार चौकीदारों ने बताया कि दो अभियुक्तों के पास रिवाल्वर और अन्य



सोमवार को अमृतसर में उग्रवादियों द्वारा फ़ायरिंग किए जाने से (1) घायल जीवन कुमार अस्पताल में, (2) जीवन कुमार के परिजन व क्षेत्र के लोग अस्पताल के बाहर खड़े हुए, (3) फ़ायरिंग कांड के बाद अस्पताल में हड़ताल हो गई, (4) वह दुकान जहां जीवन कुमार पर फ़ायरिंग की गई, (5) वह छोटी-सी गली, जहां से उग्रवादी फ़रार हुए

(छाया : चेचे रंडारी)

बलवंत सिंह के सम्बन्ध में खबरें
अवसरवादी फैला रहे हैं : सिंह

लुधियाना, 23 मार्च (मुसाफिर): अकाल तख्त के कार्यकारी जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह ने आज यहां एक भेंट में कहा कि वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह के विरुद्ध कार्रवाई करने से संबंधित जो खबरें छप रही हैं, वह भ्रामक हैं । ये खबरें अवसरवादी और साहिबान को अभी समय ही नहीं मिला उन्हें सब इकट्ठे होंगे तो विचार होगा । उसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम शीघ्र ही इकट्ठे होंगे ।

वोट डालने से पहले

को उसका मनपसंद जगह
थ ही उसे पदोन्नत करवा देने
विधायक विश्रामगृह के अपने
ौर तीनों व्यक्तियों ने उसके
।

टू के लिए 15
रौती मांगी गई

सिंगला): बरनाला के मास्टर
ते शिव दत्त उर्फ चिन्टू का गत
ा कर लिया गया था, के घर के
की रात को किसी व्यक्ति ने
दिया । पत्र में मास्टर प्यारे
ा कि वह भटिंडा जाने वाली
ी के शौचालय में 15 हज़ार
कर रख दें, उनका पोता घर

ैसा किया परन्तु न तो किसी ने
ी उसका पोता घर लौटा ।

ी डाक्टर व
कार भी

र्व (अशोक): यूं तो आज कल
ली पुलिस इंस्पैक्टर व नकली
ोगों को नागरिक पकड़ चुके
ई लोगों में नकली पत्रकार व
त्र फैशन जोरों पर है । इस
ही में किए विभिन्न शहरों में
ा कि आज कल कई मोटर
डाक्टर अथवा पत्रकार के
र टैलीफोन कनैक्शन भी ले
हाल ही में टैलीफोन विभाग
भी आरम्भ कर दी गई है ।

कारों के जत्थे
ज स्वागत

र्व : प्रसिद्ध शायर और इप्टा
ी के नेतृत्व में पंजाब के
आए लगभग 50 फिल्मी
र कवियों का कल 24 मार्च
कूल, 694, माडल टाऊन,
या जाएगा । कैफी आजमी
एकता के सम्बन्ध में भाषण

विद्यालय में
सैमीनार शुरू

मार्च : स्थानीय कन्या
शुरू हुए प्रथम राष्ट्रीय
रुनानकदेवविश्वविद्यालय
ो. पृथी पाल सिंह कपूर ने
ाल सिंह, डा. मिसेज काबा
ने शोधपूर्ण पत्र पढ़े । यह
जारी रहेगा ।

रहस्यमय मारुति कार

अमृतसर (अशोक): आज अपरान्ह में एक बजे अमृतसर के भंडारी पुल पर एक मारुति कार उस पुलिस जीप को चकमा देकर भाग निकली, जो कि उसका पीछा कर रही थी । प्राप्त जानकारी के अनुसार एक आसमानी रंग की मारुति कार का एक पुलिस जीप पीछा कर रही थी । इस कार में एक ही व्यक्ति सवार था । बताया जाता है कि जब यह संदिग्ध मारुति कार भंडारी पुल से रेलवे रोड की ओर जाने लगी तो पीछा कर रही पुलिस जीप से उस पर गोलियां चलाईं । बताया जाता है कि एक गोली कार पर भी लगी, लेकिन कार चालक कार को भगा ले गया ।

इस सम्बन्ध में एक रोचक तथ्य यह पता चला है कि यह घटना दोपहर एक बजे हुई, लेकिन पुलिस ने सायंकाल विभिन्न स्थानों पर मारुति कारों की जांच-पड़ताल का काम शाम पांच बजे के लगभग शुरू किया ।

गत रात थाना तरनतारन पुलिस स्टेशन के गांव भुल्लर में तीन सशस्त्र लोगों ने अर्जुन सिंह से उसकी 12 बोर की बन्दूक छीन ली ।

सराफ लुटा

जंडियाला गुरु (भारती): आज दोपहर पिस्तौलों से लैस चार उग्रवादी एक सराफ की दुकान से आभूषण लूट कर ले गए । बताया जाता है कि ये उग्रवादी चौड़ा बाजार में नरेश कुमार सराफ की दुकान में गए और आभूषण दिखाने के लिए कहा । उसने उन्हें ग्राहक समझकर आभूषण दिखाए । इसी मध्य एक उग्रवादी ने नरेश कुमार से कहा, 'अपने गले से सोने की चेन भी उतार कर दिखाओ ।' उसने उत्तर दिया कि यह नहीं उतर सकती, वैसे ही देख लो । इस पर एक उग्रवादी ने पिस्तौल निकालकर उसपर तान कर कहा, 'अब बता चेन उतरती है या नहीं ।' इसके बाद नरेश कुमार दुकान से बाजार में छलांग लगाकर दौड़ गया । उग्रवादी दुकान से छः जोड़े बालियां उठाकर ले गए । एक व्यक्ति सोने की बालियां बेचने के लिए आया हुआ था, उसकी बालियां भी उग्रवादी ले गए । उल्लेखनीय है कि पुलिस चौकी इस स्थान से केवल 25-30 गज दूर है, पुलिस बहुत देर से वहां पहुंची ।

अनिवासी भारतीय की हत्या

मोगा से प्राप्त समाचार के अनुसार दो संदिग्ध उग्रवादियों ने एक नवविवाहित अनिवासी भारतीय युवक की गांव मेहरी के निकट गोली मारकर हत्या कर दी । मृतक युवक इकबाल सिंह गत माह अमरीका से आया था और उसका हाल ही में विवाह हुआ था । बताया जाता है कि यह अपनी पत्नी के साथ एक निकटवर्ती गांव से अपने किसी रिश्तेदार से भेंट करके स्कूटर पर लौट रहा था । उग्रवादियों ने इकबाल सिंह की हत्या करने के बाद उसकी जेब से पर्स भी निकाल लिया । यह हत्यारे उसकी पत्नी से कीमती आभूषण भी लूटकर ले गए । उग्रवादी बाद में मृतक के स्कूटर पर बैठकर भाग गए । इकबाल सिंह की पत्नी इस हत्याकांड के बाद से अभी तक अचेत अवस्था में है ।

इस घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में अभियुक्तों की खोज शुरू कर दी है ।

किसी बड़े आतंकवादी गिरोह से सम्बन्ध था । पूछताछ के दौरान अनेक सनसनीखेज़ रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

स्कूटर छीन लिया

निकटवर्ती गांव चक हकीमां में कल रात दो सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बंदूकें छीनीं

बटाला (कोछड़): पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव सेखवां के एक व्यक्ति दलबीर सिंह के घर से तीन सशस्त्र उग्रवादी 12 बोर की दोनाली बंदूक व 6 कारतूस ले गए ।

एक अन्य घटना में गत रात थाना डेरा बाबा नानक के गांव दालम में तीन सशस्त्र युवकों ने श्रीमती हरबंस कौर के घर में घुसकर 600 रुपए नगद, एक सोने की अंगूठी व हार तथा 12 बोर की लाइसैंसशुदा बंदक लूट ली ।

एक गिरफ़्तार

गुरदासपुर के पुलिस चीफ श्री जे.पी. विरदी ने बताया है कि ज़िला पुलिस ने गांव गिलांवाली के एक युवक कुलवन्त सिंह को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया है । पुलिस के अनुसार यह ज़िला गुरदासपुर की आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन शाखा का प्रचार सचिव है ।

पिस्तौल दिखाकर स्कूटर छीना

अहमदगढ़ (पुरी): यहां से तीन किलो मीटर दर नहर सरहिन्द के किनारे दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से उसका स्कूटर नं. पी.ए.जे. 6989 तथा 240 रुपए नगद छीन लिए । चूहड़ सिंह नामक यह व्यक्ति यहां अपने एक मित्र से मिलने आया था तथा छीना गया स्कूटर भी वह लुधियाना से अपने एक दोस्त से मांग कर लाया था ।

होटलों पर छापे

लुधियाना (धीमान): कल रात नगर पुलिस ने यहां भद्रोड़ हाऊस में दो-तीन होटलों पर छापे मारे । पता चला है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि इन होटलों में उग्रवादी ठहरे हुए हैं । मगर पुलिस को छापों के दौरान कुछ भी नहीं मिला ।

ढील के दौरान छुरेबाज़ी

पटियाला (भू.): आज प्रातः दस बजे से एक बजे तक पटियाला शहर में कर्फ़्यू में दी गई ढील के दौरान छुरेबाज़ी तथा मारपीट की घटनाएं हुईं तथा एक कैमिस्ट की दुकान को क्षति पहुंचाई गई ।

प्रशासनाधिकारियों ने कर्फ़्यू की अवधि 26 मार्च प्रातः 8 बजे तक बढ़ा दी है ।

अरना बरना चौक में हुई छुरेबाज़ी की एक घटना में रत्नसिंह नामक व्यक्ति घायल हो गया जबकि (तवकली मोड़ क्षेत्र में) मारपीट की एक अन्य घटना में हरीश कुमार नामक व्यक्ति को कुछ शरारती लोगों ने घायल कर दिया । पुलिस सूचना के अनुसार शरारती तत्वों ने कुन्दन लाल कैमिस्ट की दुकान को भी क्षति पहुंचाई ।

भाजपा नेता श्री शम्भू प्रसाद की हत्या के बाद 18 मार्च को पालिका सीमा के अन्दर कर्फ़्यू लगा दिया गया था, जिसे कि बाद में कम करके पुराने शहर तक सीमित कर दिया गया था । अगले दिन दो घंटे की ढील एक घंटे में तबदील कर दी गई थी क्योंकि ढील के दौरान हिंसा भड़क उठी थी ।

कल प्रातः तथा शाम दी गई एक-एक घंटे की ढील शांतिपूर्ण रही थी ।

को लगभग 3 बजे 7-8 अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति, जो उग्रवादी समझे जाते हैं, शैलर की दीवार फांद कर अंदर दाखिल हो गए और दोनों चौकीदारों को काबू में करके मारपीट की । अभियुक्तों ने कार्यालय की चाबी लेकर दरवाजा खोला और टैलीफोन की तारें काट दीं । दोनों चौकीदारों में से एक को बाथरूम में और दूसरे को फ्लश में बंद कर दिया । दूसरे कमरे के शीशे तोड़ कर अंदर पड़ी लकड़ी की पेटी तोड़ कर उसमें से 2700 रुपए निकाल कर ले गए तथा एक घंटा राईस शैलर में रहे ।

सशस्त्र थे

शैलर मालिकों के अनुसार चौकीदारों ने बताया कि दो अभियुक्तों के पास रिवाल्वर और अन्य अभियुक्तों के पास दूसरे शस्त्र थे ।

पहले भी वारदात हुई थी

पुलिस को सूचना दे दी गई है । कुछ समय पूर्व चौकीदार को रात्रि के समय अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने दरवाजा खोलने के लिए कहा था और दरवाजा न खोलने पर पथराव करके वे धमकियां देते हुए भाग गए ।

गिरोह सरगर्म

इससे पूर्व यहां के एक राईस शैलर से यह गिरोह 29000 रुपए नगद, एक रिवाल्वर और दूसरे राईस शैलर से 5500 रुपए नकद लूट कर ले गया था । इसके अतिरिक्त दो फैक्टरियों के मालिकों की कोठियों में भी रात्रि को 3-4 घंटे सशस्त्र व्यक्ति रहे थे लेकिन उन्होंने भय व आतंकवाद के कारण पुलिस को सूचना नहीं दी थी । समझा जाता है कि यह गिरोह गत कुछ समय से सरगर्म है ।

चुंगी लूटी

जालन्धर जिले की परागपुर चुंगी चौकी से 3 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने 84850 रुपए लूट लिए । घटना के समय चुंगी मुहर्रिर वहां मौजूद था ।

पुलिस के अनुसार जालन्धर नगर निगम का सहायक कैशियर ओम प्रकाश विभिन्न चुंगियों से 84850 रुपए एकत्र करके कार में आ रहा था जब परागपुर चुंगी के पास तीन उग्रवादियों ने कार रोक ली और पिस्तौल की नोक पर उससे धन लूटकर फगवाड़ा की ओर फरार हो गए ।

भारत पर पाक हमले का प्रत्यक्ष खतरा

नई दिल्ली, 23 मार्च (वार्ता): लोकसभा में आज शून्यकाल के दौरान इंका सदस्य शांता राम नायक ने कहा कि भारत पर पाकिस्तान के हमले का प्रत्यक्ष खतरा मौजूद है ।

सुनील दत्त
(पृष्ठ 3 का शेष)

गणतंत्र दिवस पर बम्बई से रवाना हुआ था । काफिले में श्री दत्त की पुत्री प्रिया दत्त भी हैं । ऑफेले ने दिल्ली पहुंचने तक 52 दिन में 1400 किलोमीटर की दूरी तय की । बैसाखी के दिन 13 अप्रैल को इसके स्वर्ण मंदिर पहुंचने की सम्भावना है ।

अदालती नोटिस

न्यायालय श्री आर.के. गर्ग, सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, अम्बाला ।

विषय : तसदीक इंतकाल नं. 169 मौजा लोटां, तहसील अम्बाला वरासत श्री सुरजीत सिंह पुत्र श्री बख्तावर सिंह बहक, श्री जसमीर सिंह, 2. बहादुर सिंह, 3. दलबीर सिंह पुत्रगण स. सरबीत सिंह, 4. जसबीर कौर पुत्री सुरजीत सिंह, 5. श्रीमती सुरिन्दर कौर पत्नी सुरजीत सिंह मौजा लोटां, तहसील व जिला

नेशनल सीड्स कार्पोरेशन लि०
(भारत सरकार का सस्थान)

बलवंत सि
अवसरवा

लुधियाना, 23 मार्च (मुस
के कार्यकारी जत्थेदार प्रो. दर्श
एक भेंट में कहा कि वित्तमंत्री
विरुद्ध कार्रवाई करने से संबंधि
हैं, वह भ्रामक हैं । ये खब
सरकारवादी लोग छपवा रहे है
के मामले पर विचार करने

भारी ओलावृ
व्यक्तियों व

चंडीगढ़, 23 मार्च (ह.
दौरान चंडीगढ़, पंजाब, हरि
विभिन्न भागों में तेज गति से
पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जम्मू
पर तीसरे दिन निरन्तर हिम
गिर गया ।

मुक्तसर, (दर्दी
दर गिद्दड़बाहा में जबरदस्त
तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो
रेलवे कर्मी भी शामिल है ।

WHOM GOD
Late Makhan
all in tears on
prime of his
remembered
and brother.
Dilip

मौत एक वक्
आगे चलेंगे या
अत्यन्त दुख से
हमारे पुत्र प्रवीण कु
year Student
की प्रातः अज्ञात हत्
बना कर हमसे
किरया-पगड़ी 25.
से 3 बजे हमारे नि
(Tel
49, रा

बहुत ही दुखी
है कि हमारे पूजनीय

Punjabi Sanam

भाई साहब, जब तक वह खुद हैं तब तक किसी अन्य व्यक्ति की छवि वह कैसे बनने दे सकते हैं ।

रामचन्द्रन ने हवाई अड्डे पर उन्हें विदाई दी ।

प्रस्थान से पहले प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री श्री रामचन्द्रन से 15 मिनट बातचीत की । सरकारी सूत्रों ने बताया कि बातचीत श्रीलंका के तमिलों की समस्या और राज्य की सुखानस्थिति पर केन्द्रित थी ।



प्रख्यात शायर कैफी आजमी मंगलवार को जालन्धर में पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए । (बाएं से दाएं) हिन्द समाचार पत्र समूह के प्रधान सम्पादक श्री विजय कुमार चोपड़ा, श्री कैफी आज़मी, श्रीमती शौकत आज़मी तथा श्री तेरा सिंह चन्न । (छाया : कपूर)

उस समय भाषण कर रहे थे । वह स्वयं घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है ।

लाहौर में कल कई सभाएं आयोजित थीं । जिस पार्टी की सभा पर हमला हुआ, वह सरकार विरोधी है, लेकिन लोकतांत्रिक बहाली आंदोलन के गठजोड़ में यह शामिल नहीं हुई थी ।

हैड कांस्टेबल सहित 3 की हत्याएं, कई जगह लूटपाट

चंडीगढ़, 24 मार्च (वा.,ह.स.: उग्रवादियों ने आज रात्रि जालन्धर में एक हैड कांस्टेबल राजकुमार की हत्या कर दी जबकि इसी जिले के राहलोट थाना क्षेत्र के ग्राम खोटे में एक सरपंच की भी हत्या कर दी गई । कल रात्रि अमृतसर के मब्बात थाना के ग्राम ठंडक्सेल में एक डाक्टर चिरंजी लाल की हत्या कर दी गई

जिला गुरदासपुर के नासरके गांव में उग्रवादियों ने पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से आज 18195 रुपए, लुधियाना नगर निगम की फिरोजपुर रोड पर स्थित वर्गी से 9000 रुपए तथा बलचौर के निकट गाडला उपमंडल बिजली घर से 22663 रुपए लूट लिए ।

दसूहा के निकट गांव मेहर भटौनी में उग्रवादी सरपंच लखबीर सिंह की हत्या में विफल रहने के बाद अपनी दोनाली बंदूक छोड़कर भाग गया । पटियाला में छुरेबाजी से एक रिक्शाचालक घायल हो गया ।

श्री गंगानगर में भारत-पाक सीमा पर बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में तीन पाक घुसपैठिए मारे गए ।

डाक्टर की हत्या

अमृतसर (अ.सो): झब्बाल थनांतर्गत गांव ठंडक्सेल में गत रात 7 उग्रवदियों ने एक डा.एम.पी. डाक्टर चिरंजीलाल को गोलियां मार कर हत्या कर दी । इन उग्रवादियों में से 5 दुकान के बाहर रहे और 2 अंदर चले गये उन्होंने पिस्तौल से गोलियां चलानी शुरू कर दीं । डक्टर को तीन गोलियां लगीं । जब उक्त डाक्टर रात देर तक वापस घर न पहुंचा तो उसकी पत्नी ने गांववासियों को उसे ढूंढने के लिये भेजा । गांव वासी दुकान पर पहुंचे तो दुकान को बंद पाया । दरवाजा खोलने पर डा. चिरंजी लाल को मृत पाया गया । इसकी सूचना झब्बाल पुलिस को दी गई, जिसने केस दर्ज कर लिया है ।

2 आतंकवादी काबू

मजीठा पुलिस ने 2 आतंकवादियों मंजीत सिंह उर्फ मन्ना (पुतली घर) तथा सरताज सिंह को हथियारों सहित काबू किया है । पुलिस और सी.आर.पी. की संयुक्त नाका पार्टी ने गांव संगतपुरा के निकट स्कूटर पर जा रहे इन दोनों उग्रवादियों को रोक कर तलाशी ली और एक 32 बोर का रिवाल्वर तथा 4 कारतूस बरामद किए । उग्रवादियों ने खालिस्तानी नारे भी लगाए । इनसे बरामद स्कूटर का नम्बर पी.जे.ई.335 है ।

बैंक लूटा

गुरदासपुर (विनोद): आज यहां से 30 किलोमीटर दूर प्रातः 11.30 बजे थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव नासरके में दो अज्ञात पिस्तौल धारियों ने वहां की पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा से 18195 रुपये लूट लिये और बैंक मैनेजर के जावा मोटर साइकल नं. पी.बी.एन: 2965 पर फरार हो गये । बाद में पुलिस को यह मोटर साइकल गांव आलीवाल के पास मिला । पुलिस ने क्षेत्र की घेरा बंदी कर ली है ।

बंदूक छीनी

गत रात थाना धारीवाल के गांव घुम्मनकलां में दो सशस्त्र आतंकवादी इसी गांव केहर भजन सिंह के घर में घुस कर उसकी दोनाली बंदूक व 15 कारतूस ले गये ।

खोखा जला दिया

मोगा (स.): बाघापुराना थनांतर्गत गांव समालसर में कुछ अज्ञात लोगों ने एक कसाई के खोखे को आग लगा दी और उसे धमकियां दीं कि यदि वह गांव छोड़ कर न गया तो गम्भीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे ।



पटियाला में गत दिवस कर्फ्यू में ढील के दौरान छुरेबाजी और मारपीट की घटनाओं में घायल हुए (बाएं से दाएं) रमेश कुमार (मोहल्ला चबूतरा), रतन सिंह (लेटे हुए) तथा हरीश कुमार (तवक्कली मोड़) । (छाया : भूषण)

मेहर भटौनी में सरपंच की हत्या का प्रयास : पटियाला में छुरेबाजी : राजस्थान सीमा पर तीन पाक घुसपैठिए मरे : हथियार, स्कूटर छीने : कई उग्रवादी काबू

स्कूटर छीना

फगवाड़ा से खोसला ने सूचना दी है कि कल शाम स्कूटर पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों, जिनमें एक क्लीन शेवन था, ने जालन्धर से फगवाड़ा जाने वाले एक स्कूटर को गांव बोहानी के निकट छीन लिया । छीने गए स्कूटर का नम्बर पी.बी.टी. 9414 था और उस पर गांव जगियाला का एक व्यक्ति महेन्द्र सिंह और उसकी पत्नी सवार थे ।

'चोर' सिपाही

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 20 किलोमीटर दूर खनौड़ा और डबेली के दौरान हुए डाका के आरोप में वांछित एक पुलिस हैड कांस्टेबल को हिरासत में लिया गया है । विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि उक्त हैड कांस्टेबल शराब के नशे में डबेली जा रहा था । उसके साथ एक और भी व्यक्ति था, एक पेड़ के पास से गुजरते वक्त हैड कांस्टेबल ने कहा कि इस पेड़ के साथ बांधकर हमने कुछ लोगों को मारपीट की थी, वहां गांव के एक आदमी ने उसकी यह बात सुन ली । वह भाग कर गांव में पहुंचा । लोग वहां इकट्ठे हुए और हैड कांस्टेबल को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

हत्या का प्रयास

'अश्विनी कपूर' के अनुसार गत सायं लगभग साढ़े 7 बजे 4 सशस्त्र उग्रवादियों ने दसूहा के निकटवर्ती ग्राम मेहर भटौली में गांव के सरपंच श्री लखबीर सिंह के घर पर धावा बोल कर श्री लखबीर सिंह की हत्या की कोशिश की, लेकिन वह बाल-बाल बच गए ।

एक उग्रवादी ने 12 बोर की बन्दूक से श्री लखबीर सिंह पर गोली चलाई जो उन्हें नहीं लगी । श्री लखबीर सिंह ने एक उग्रवादी को जफ्फा मार कर पकड़ लिया, लेकिन वह जफ्फा छुड़ा कर अपने 3 अन्य साथियों के साथ भागने में कामयाब हो गया और भागते समय 12 बोर की दोनाली बन्दूक वहीं छोड़ गया । पुलिस ने धारा 382/511, 307 तथा शस्त्र एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

बिजली घर लूटा

बलाचौर (सुभाष): आज बाद दोपहर यहां से 9 किलो मीटर दूर गांव जाडला में उपमंडल बिजली घर के कैशियर से तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने 22663 रुपए छीन लिए । ज्ञात हुआ है कि 2.30 बजे के करीब जिस समय कैशियर नगदी गिन रहा था, उस समय तीन आतंकवादी आए और नगदी छीन कर नीले रंग के स्कूटर पर नहर की तरफ भाग गए । नवांशहर पुलिस ने क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली है ।

सी.आर.पी. ने 3 पकड़े

करतारपुर (देव): सी आर.पी. की गश्ती टुकड़ी ने 3 संदिग्ध उग्रवादियों को, जो बाजार में संदिग्धावस्था में घूम रहे थे, को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है । अब भी नगर में 3 संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं, जिससे नागरिकों में काफी आतंक व्याप्त है ।

चुंगी लूट ली

लुधियाना (ह.स.): दो उग्रवादियों ने कल रात फिरोजपुर रोड पर लुधियाना नगर निगम की एक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

LAST C
Closin
at only
G.T. Ro
premis
Chheh
Amrits
Don't m
this
Golden
Opport

Punjabi Sarkar





उग्रवादियों ने मंगलवार की रात्रि को जालन्धर में डी.ए.वी. कालेज के पास हैड कांस्टेबल राज कुमार (ऊपर) की हत्या कर दी । (नीचे) उसकी बिलखती पत्नी व अन्य । (छाया : प्यारे)





शाहकोट (जालन्धर) के पास उग्रवादियों द्वारा मारे गए सरपंच (इनसैट) बलदेव सिंह का शव तथा इर्द-गिर्द खड़े लोग (छाया : गगन)

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

चुगी से पिस्तौल की नोक पर 9000 रुपए लूट लिए और पैदल ही भाग गए ।

स्कूटर छीना

धीमान के अनुसार राहों रोड पर बस्ती जोधेवाल में एक बैंक क्लर्क से दो संदिग्ध आतंकवादियों ने उसका स्कूटर छीन लिया । इस क्षेत्र में पहले भी ऐसी ही दो वारदातें हाल में हो चुकी हैं ।

अविनाशी सिंह का अंतिम संस्कार

कपूरथला (शर्मा): यहां से 3 किलो मीटर दूर ओजला फाटक पर 22 मार्च को उग्रवादियों के हाथों मारे गए निरंकारी श्री अविनाशी सिंह का गत दिवस गांव ओजला में अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस मौका पर भारी संख्या में लोग मौजूद थे । पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के अनुसार श्री अविनाशी सिंह को 6 गोलियां लगी थीं । पुलिस सरगर्मी से जांच कर रही है ।

3 घुसपैठिए मरे

श्रीगंगानगर (ह.स.): यहां भारत-पाक सीमा पर भारत में प्रवेश करते हुए सीमा सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार यहां केसरी सिंहपुर गांव के पास गत मध्य रात्रि में पाकिस्तान की सीमा पर अवैध रूप से चार पाकिस्तानी भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे थे । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें ललकारा, जिस पर इन लोगों ने सीमा सुरक्षा बल पर गोली चलानी शुरू कर दी । इसके जवाब में बल के जवानों ने भी गोलियां चलाईं, जिससे घटनास्थल पर ही 3 व्यक्ति मारे गए, किन्तु चौथा व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठा कर पाकिस्तान सीमा में भागने में सफल हो गया ।

सरपंच की हत्या

जालन्धर (ह.स.): जालन्धर जिला के थाना शाहपुर के अंतर्गत गांव खोटे में आज 2 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने सरपंच बलदेव सिंह की हत्या कर दी । सरकारी खबरों के अनुसार उग्रवादी सरपंच की .455 बोर की रिवाल्वर लेकर फरार हो गए ।

नकोदर से 'गगन' ने सूचना दी है कि सरपंच बलदेव सिंह ने उग्रवादियों का बड़े साहस से मुकाबला किया और काफी देर तक यह गैंदम के खेत में गुत्थम-गुत्था होते रहे जिससे लगभग एक मरला फसल खराब हो गई । सरपंच ने अपना पिस्तौल छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन उग्रवादियों ने उनकी पेश न जाने दी । सरपंच एकीकृत अकाली दल का सरगर्म सदस्य था और बादल ग्रुप से संबंध रखता था । लाश पोस्टमार्टम के लिये नकोदर लाई गई है ।

सेना कार्यकर्त्ता की हालत गम्भीर

नकोदर से रत्त के अनुसार शिव सेना की ओर से मरण व्रत पर बैठे श्री इंद्रजीत रत्ती की दशा गम्भीर हो गई है । देवी तालाब मंदिर से शिव सेना ने अपील की है कि लोग अपने व्यवसाय बंद करके मंदिर में आएं । शिव सेना 36 गिरफ्तार कार्यकर्त्ताओं की रिहाई की मांग कर रही है ।

इस दौरान आज नकोदर में हड़ताल का प्रभाव कम रहा तथा बाजारों में चहल-पहल रही ।

छुरेबाजी

पटियाला (भूषण): कल रात 8.30 बजे राजपुरा रोड पर श्मशान घाट के निकट 2 युवकों ने एक रिक्शा चालक भान् प्रसाद को चाकू मार कर घायल कर दिया । हमलावर भाग निकले । भान् प्रसाद की बाजू में घाव आए हैं । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

कल की छुरेबाजी की घटनाओं में 2 और व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं । आज पटियाला के कर्फ्यू में कोई ढील नहीं दी गई ।

पैट्रोल पम्प लूटा

आज दोपहर पटियाला-राजपुरा सड़क पर 4 मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने एक पैट्रोल पम्प से 5200 रुपये लूट लिये ।

सभी चारों उग्रवादी पटियाला शहर से निकल गये । उन्हें कर्फ्यू लगा होने तथा दोहरी सवारी पर प्रतिबंध के बावजूद पुलिस ने नहीं रोका ।

जालन्धर में हत्या

जालन्धर (क): आज रात्रि 8.30 बजे के लगभग उग्रवादियों ने हैड कांस्टेबल राज कुमार की हत्या कर दी । वह पुलिस लाइन में वायरलैस आप्रेटर था और घटना के समय स्कूटर पर अपनी पत्नी के साथ भगत सिंह कालोनी जा रहा था । रेलवे फाटक के पास जब वह स्कूटर से उतरकर पैदल रेलवे लाइन पार कर रहा था, दो उग्रवादियों ने उसे गोली मार दी व उसका स्कूटर लेकर फरार हो गए । उसकी पत्नी बाल-बाल बच गई है ।

राज कुमार किशन लाल का इकलौता बेटा था । एक सूचना के अनुसार जब वह पत्नी के साथ दवा लेकर जा रहा था तो तीन उग्रवादियों ने उसे रोका । उसकी पत्नी ने बड़ी मिन्नतें कीं कि उसके पति को बख्श दिया जाए पर उग्रवादियों ने उसके सामने ही राज कुमार को गोली मार दी । यह घटना डी.ए.वी. कालेज स्वीमिंग पूल के पीछे हुई । बाद में सी.आर.पी. वहां पहुंची परन्तु वाहन में पैट्रोल न होने के कारण आगे पीछा न कर सकी ।

इज़हार आलम दुविधा में

चंडीगढ़, 24 मार्च (वि.प्र.): पता चला है कि अमृतसर के एस.एस.पी. मुहम्मद इज़हार आलम खान अभी तक दुविधा में पड़े हैं कि वह पद्मश्री अवार्ड प्राप्त करें या न । गत 26 जनवरी को राष्ट्रपति ने उन्हें पद्मश्री अवार्ड देने के लिये चुना था । पंजाब सरकार ने कई बार श्री आलम से कहा है कि वह इस बारे सूचना दें । 28 मार्च को राष्ट्रपति भवन में हो रहे समारोह में पद्मश्री व पद्म विभूषण जैसे सम्मान दिये जाने का कार्यक्रम बनाया गया है । पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो को इस समारोह में पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा ।

जलूस पर हमले में एक मरा

दार्जीलिंग, 24 मार्च : गोरखा नैशनल लिबरेशन फ्रंट के एक जलूस पर कल रात यहां सिदरोबोंग में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सशस्त्र कार्यकर्त्ताओं ने हमला कर दिया जिससे फ्रंट का एक समर्थक मारा गया और पांच अन्य घायल हो गए । यह जानकारी ज़िला मैजिस्ट्रेट डी.पी. पाटा ने दी है ।

उन्होंने बताया कि फ्रंट द्वारा कल मतदान का बहिष्कार करने के आह्वान की सफलता पर यह जलूस निकाला गया था ।

मोहन लाल

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री सिंह ने सुझाव दिया कि मंत्रिमंडल छोटा किया जाए इससे कार्यकुशलता बढ़ेगी, भ्रष्टाचार कम होगा और सरकारी रुपए की बचत होगी । भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए श्री इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि आज कल तीन तरह का भ्रष्टाचार हो रहा है । सरकारी भर्ती व पदोन्नति, कार्यकाल बढ़ाना और इसके अतिरिक्त विभाग वाले जो ठेके देते हैं उसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है ।

श्री इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि कुशल अधिकारियों के कार्यकाल में वृद्धि न करके उनकी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए उन्हें बोर्डों व निगमों या योजना आयोग में लिया जा सकता है । सत्तारूढ़ और एकीकृत अकाली दल के सदस्यों ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के चेयरमैन श्री एन.एस. बसन्त की सराहना की । श्री इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि खाद्य व आपूर्ति विभाग में जो भ्रष्टाचार है उसका कोई हल नजर नहीं आता ।

एकीकृत अकाली दल के सदस्य ने कहा कि लोगों को अच्छी बस सेवा उपलब्ध कराने के लिए यानी ट्रांसपोर्ट राष्ट्रीयकरण किया जाए इससे प्रतियोगिता होगी जिसका लाभ लोगों को मिलेगा । उन्होंने कहा कि एक अवसर पर श्री बलवन्त सिंह ने ऐसा मन बना भी लिया था परन्तु पता नहीं क्यों वह वहीं ठप्प रह गया । उन्होंने सुझाव दिया कि पंजाब ने अर्द्ध सैनिक बलों का सारा खर्च केन्द्र सरकार वहन करे ।

अन्य राज्यों से पलायन करके आए लोगों को बसाने का खर्च केन्द्र या राज्य सरकार करे । यदि इसके लिए राशि चाहिए तो वह बंगला देश कोष की तरह इकट्ठी की जा सकती है । उन्होंने सरकारी सेवाओं में सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 58 वर्ष से कम करके 55 वर्ष करने का प्रस्ताव रखा ।

एक आओ ! अनेक आओ !

लक्ष्मी लेडीज़ क्लब

और

पुलिस वैल्फेयर सैक्शन

आपको

बैसाखी मेला

पर आमंत्रित करते हैं, जो

लक्ष्मी लेडीज़ क्लब

में 28 और 29 मार्च, 1987 दोपहर 12 बजे से आगे तक लग रहा है

विशेष आकर्षण :

☆ खाद्य वस्तुओं के रंगा-रंग स्टाल ☆ मैरी-गो-राऊंड, ☆ तम्बोला और अन्य विभिन्न खेलें

चरणजीत कौर

मदर्शन मद

हरप्रीत प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की सम्भावना

रोपड़, 24 मार्च (बैंस): पंजाब के स्थानीय । साईंयांवाला ने मख्यमंत्री को हरप्रीत की गिरफ्तारी

Punjabi Sanatani

वामपंथी मोर्चा	196
इंका	34
मुस्लिम लीग व अन्य	2

नैशनल कांफ्रेंस और इंका के सफल गठजोड़ को सामने रख कर अब इसी प्रणाली को पंजाब में भी लागू करने के बारे में आपसी बातचीत करते सुनते

शक्तियां मजबूत होंगी, जो राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए साम्प्रदायिकता के विरुद्ध लड़ रही हैं ।

ष व पाकिस्तानी तटों की उचित वस्था के लिए यह आवश्यक भी है ।

श्री गांधी ने कांग्रेस जनों से कहा कि उन्हें चुनाव परिणामों से निराश या हताश होने की ज़रूरत नहीं

कट्टरपंथी व भ्रष्ट तत्वों नष्ट करेगी : फारूक

न भारतीय सेवाओं के लिये राज्य के युवकों करने के लिये उन्हें प्रशिक्षण देने की भी की जाएगी ।

गर दूरदर्शन केंद्र को दिये गये अपने एक उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक कट्टरपंथी तत्वों को प्रदेश में पुनः सिर नहीं उठाने गा । यह भेंटवार्ता दूरदर्शन द्वारा आज ि गई ।

हैल्मेट से गंजापन

स, 25 मार्च : क्या हैल्मेट पहनने से ते हैं और अंततोगत्वा आदमी गंजा हो ।

लनाडु विधानसभा में इस मसले पर दिलचस्प चर्चा हुई । राज्य में दुपहिया के लिए हैल्मेट पहनना अनिवार्य कर है ।

सवाल उपाध्यक्ष बी.पी. बाला म ने पेश किया । परिवहन मंत्री श्री ने कहा कि डाक्टरी राय के मुताबिक नने से तो बाल झड़ते हैं और न गंजापन ।

ने कहा, 'मुझे देखिए मैं हैल्मेट नहीं किन मेरे बाल इधर तेजी से झड़ रहे हैं रान हूं ।'

क्ष पी.एच. पंडियन ने, जो खुद भी गंजे हे हैं, चर्चा में हस्तक्षेप करना चाहा जब क के एक अन्य गंजे सदस्य श्री वेलु ने हुए चर्चा का सुखद अंत किया कि बुद्धिमता की निशानी होती है ।

दत्त के स्वागत के लिए इंका में होड़

त, 25 मार्च (सो.अ.): प्रसिद्ध फिल्म नील दत्त व उनके काफिले का 26 मार्च हासिक नगर में पहुंचने पर भव्य स्वागत ा । इस काफिले की अगवानी के लिए भन्न गुटों में होड़ लगी है ।

मोगा (स.): बाघापुराना पुलिस थाना के अंतर्गत गांव लंगियाना पुराना में गत दिवस आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फ़ैडरेशन के कार्यकर्त्ताओं ने कथित रूप से एक ग्रामीण पर कथित हमला कर दिया । बताया जाता है कि उक्त ग्रामीण शराब पिए हुए था । उसने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई । फैडरेशन के सदस्यों ने धमकी दी है कि जो भी व्यक्ति इस क्षेत्र में शराब तथा अन्य मादक वस्तुओं का सेवन करता हुआ पाया जाएगा, उसे क्षेत्र से निष्कासित कर दिया जाएगा ।

चेतावनी

इस बीच एकीकृत अकाली दल के नेता जोगेंद्र सिंह ने भी अदैध शराब बनाने वालों, बीड़ी, सिगरेट का व्यापार करने वालों, शराब के ठेकेदारों, बारबरों तथा लड़के-लड़कियों के विवाह में दहेज मांगने वालों को चेतावनी दी है कि वे अपने इस कार्य-व्यापार को बंद कर दें,अन्यथा इसके परिणामों के लिए वही ज़िम्मेदार होंगे ।

सम्वाददताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि फ़ैडरेशन के कार्यकर्त्ता किसी भी ग्रामीण को भी दहेज लेने-देने नहीं देंगे । किसी को भी गांव में मांस की दुकान नहीं खोलने दी जाएगी व किसी को भी जुआ नहीं खेलने दिया जाएगा ।

जोगेंद्र सिंह ने सभी से आग्रह किया कि वह आपसी भाईचारा बनाए रखें । उन्होंने कहा कि हिन्दू-सिख आपस में भाई-भाई हैं ।

लुटेरा गिरोह काबू

बटाला (कोछड़) : बटाला सिटी पुलिस ने लूटमार करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है । जिला गुरदासपुर के एस.पी. डिटैक्टिव श्री सुमेध सैनी और डी.एस.पी. हरजीत सिंह ने बताया कि इनके नाम अमरजीत सिंह (अल्लोवाल), जोगिंदर सिंह (कोटली मल्लियां), बलविंदर सिंह (कादराबाड़ा)हैं । इनसे 12 बोर के दो पिस्तौल बरामद हुए हैं । इन्होंने स्वीकार किया है कि गत दिवस एक व्यक्ति सेवा राम से इन्होंने मोपेड छीना था । इसके अलावा कई लूट की वारदातें की हैं । उक्त मोपेड इनके सरगना हरजिन्दर सिंह (तलवंडी झीदां)के पास है । उसके पास 315 बोर का पिस्तौल भी है ।

दो गिरफ्तार

सैनी ने बताया कि थाना सदर पुलिस ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो व्यक्तियों हरदयाल सिंह (जौड़ा संघा) और दलजीत सिंह (चाहल कलां) को गिरफ्तार किया है ।

शव बरामद

आज थाना श्री हरगोबिंदपुर पुलिस ने गांव हरपुरा के क्षेत्र से एक 35 वर्षीय युवक अजीत सिंह का शव बरामद किया है । युवक दो-तीन दिन से लापता था । डी.एस.पी. हरजीतसिंह ने बताया कि ज़मीन के झगड़े के कारण तेजधार हथियारों से हत्या की गई है । पुलिस ने इस सम्बन्ध में एक अभियुक्त मास्टर लखबीर सिंह को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है ।

राजपुरा (मासूम) : कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने यहां से आठ किलोमीटर दूर गांव लोचमा में पिस्तौल की नोक पर 6580 रुपए एक शराब के ठेका से लूट लिए । यह लोग एक कार में आए थे । उन्होंने शराब के खोखे को बाद में आग लगा दी ।

ओ३म्

माता चन्ननदेवी आर्य धर्मार्थ चिकित्सालय



की परामर्शदाता समिति, अधिकारियों, डाक्टरों एवं कर्मचारियों की ओर से चिकित्सालय के

संस्थापक प्रधान

प्रसिद्ध आर्य नेता

महाशय धर्मपाल जी,

मैनेजिंग डायरैक्टर, एम.डी.एच. (प्रा.) लि., नई दिल्ली के

64वें जन्म-दिवस के उपलक्ष्य में

हम सब हार्दिक बधाई देते हैं । इस अवसर पर

28.3.87 (शनिवार) सायं 7 बजे

चिकित्सालय प्रांगण, सी-1, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058. में आयोजित समारोह में

स्वामी आनंदबोध सरस्वती

उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

BELTEK

बेलटेक

ब्लैक एण्ड व्हाईट टी.वी.

9 प्रतिशत तक की छूट

समाधि



भगत राममूर्ति गुप्ता, लुधियाना

मैं भगत राममूर्ति गुप्ता सुपुत्र श्री लब्भू राम, मकान नं. 34/277 वासी राजेश नगर, हैबोवाल कलां, लुधियाना हल्फिया बयान करता हूं कि मैं पंजाब और भारत की एकता, शांति और अखंडता के लिए दिनांक 29मार्च शाम 5 बजे से लेकर 19 अप्रैल 1987 तक महामाई की आवाज़ पर तप,



कपूरथला के थाना ढिलवां के मौज़ा निहालगढ़ में गत रात तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने स. परसा सिंह के घर में दाखिल होकर गोली मार कर उसकी लड़की बलविन्दर कौर को घायल कर गए । घायल बलविन्दर कौर अस्पताल में चिकित्साधीन है । (छाया : शर्मा)



कपूरथला जिला के सब-डिवीजन सुल्तानपुर लोधी के मौजा टिब्बा मंडी के सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक का गनमैन गुरनाम सिंह जिसे 25 मार्च को सायं तीन उग्रवादी गोली मार कर घायल कर गए और गुरनाम सिंह तथा उसके साथी गनमैन जागीर सिंह की श्री नॉट श्री की भरी हुई राइफलें छीन कर ले गए थे । सिविल अस्पताल, कपूरथला में चिकित्साधीन गुरनाम सिंह गनमैन । (छाया : शर्मा)

दो ग्रंथियों की हत्या

जालंधर (वार्ता) : यहां से बीस किलोमीटर दूर भंगाला गांव स्थित गुरुद्वारा डेरा साहिब में दो ग्रंथियों की कल रात हत्या कर दी गई । पुलिस ने बताया कि ग्रंथियों का नाम बंता सिंह (अस्सी वर्ष) और सोहन सिंह (चालीस वर्ष) है तथा उन पर गुरुद्वारा में ही तेजधार वाले हथियारों से हमला किया गया ।

व्यक्तियों ने, जिनमें दो क्लीन शेवन तथा एक केशधारी था, एक घर में घुसकर गोली मारकर एक 24-25 वर्षीय विवाहिता बलविंदर कौर को घायल कर दिया जबकि दरवाजा बंद कर लेने पर वे फायर करते हुए भाग गए । घर के मालिक श्री मेहर सिंह ने बताया कि दो-तीन दिन पहले उसने अपना लाइसैंसशुदा 32 बोर का रिवाल्वर थाना ढिलवां में जमा करा दिया था । गत रात उसके घर के निकट गुरुद्वारा में अखंड पाठ होने के कारण घर का दरवाजा खुला था कि मुंह ढांपे तथा चादरें ओढ़े तीन युवक रात 11 बजे उनके घर आए तथा पिस्तौल की नोक पर रिवाल्वर मांगा । उन्होंने यह मानने से इंकार कर दिया कि रिवाल्वर थाना में जमा हो चुका है । बातचीत के दौरान घर के सभी सदस्य कमरे में चले गए और ससुराल से मायके आई लड़की बलविंदर कौर ने फौरन दरवाजा बंद किया तो बंदूक से उस पर फायर किया गया और गोली उसकी दाईं टांग में लगी । दरवाजा बंद कर लिए जाने पर उन्होंने और फायर किए तथा चले गए । उन्होंने बताया कि यह संदिग्ध उग्रवादी कार में आए थे । कार बाहर खेतों में खड़ी करके वे गांव में आए और फिर कार में ही सवार होकर चले गए । बलविंदर कौर का सिविल अस्पताल में आप्रेशन किया गया तथा डाक्टरों ने उसकी दशा खतरे से बाहर बताई है ।

स्कूटर सवार पकड़े गए

एस.पी. श्री के.एल. लेखी ने बताया कि गत रात्रि लगभग साढ़े तीन बजे थाना सदर फगवाड़ा के मौजा पांछट के निकट पुलिस ने स्कूटर सवार दो संदिग्ध उग्रवादियों बलबीर सिंह तथा अवतार सिंह को पकड़ कर बलबीर सिंह के कब्जे से एक 38 बोर का विदेशी रिवाल्वर तथा छः गोलियां बरामद कीं । यह दोनों स्कूटर नम्बर पी.ए.एक्स. 98 पर सवार थे । स्कूटर भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया । दोनों से पूछताछ की जा रही है ।

रहस्यमयी जीप

करतारपुर (देवदत्त): गत रात करतारपुर किशनगढ़ मार्ग पर एक रहस्यमयी जीप घूमती रही । इस जीप में हथियारों से लैस कई व्यक्ति सवार थे । कहा जाता है कि यह जीप इससे पहले भी इसी मार्ग पर घूमती देखी गई । यह जीप बगीची गरातू के करीब भी खड़ी रही । फिर यह किशनगढ़ की तरफ चली गई ।

खबर को जिसमें कहा गया है कि दरबार साहब परिसर से नरेंद्र सिंह नामक युवक की लाश मिली है, 'कपोल कल्पित' बताया । श्री अरोड़ा ने कहा कि इसमें संशय नहीं कि नरेंद्र सिंह निंदी दो दिन से लापता है लेकिन न तो दरबार साहब परिसर से पुलिस को कोई लाश मिली है तथा न ही ऐसी कोई सूचना है कि निंदी दरबार साहब के अंदर से ही गुम अथवा गायब हुआ है ।

लाश की पहचान नहीं

एक एजैंसी के अनुसार कल शाम दरबार साहब परिसर में जिस युवक की लाश मिली थी, उसे उसके रिश्तेदार पहचान नहीं सके । नरेंद्र सिंह निंदी की कथित रूप से कल प्रातः परिसर के अंदर हत्या करके लाश गटर में फैंक दी गई थी । पुलिस सूत्रों ने कहा कि जब तक एफ.आई.आर. दर्ज नहीं कराई जाती, वे कुछ नहीं कर सकते ।

एक अन्य एजैंसी के अनुसार नरेन्द्र सिंह निन्दी की कथित रूप से स्वर्ण मंदिर परिसर में उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी । आज उसके भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपहरण आदि का केस दर्ज कर लिया । एस.पी., सिटी सुरेश अरोड़ा ने बताया कि जांच कार्य प्रगति पर है पर अभी तक कोई सबूत या सुराग नहीं मिला है ।

बिजली बोर्ड का कार्यालय जलाया

तरनतारन (पाल): गत रात यहां से 12 किलोमीटर दूर सरहाली में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय को कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने आग लगा दी । यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार प्रातः साढ़े 11 तथा 12 बजे के मध्य कुछ आतंकवादी दीवार फांद कर कार्यालय के अंदर दाखल हुए । उस समय कार्यालय के अंदर असिस्टैंट लाइनमैन दुर्गादास तथा चपरासी हरपाल सिंह मौजूद था । आतंकवादियों ने अंदर दाखल होते ही इन दोनों को एक कमरे में बंद कर दिया । बाद में उन्होंने कार्यालय के सारे रिकार्ड को आग लगाकर जला दिया । उन्होंने कार्यालय में खड़ी एक मैटाडोर को भी जला डाला । आतंकवादियों ने कैश चैस्ट तोड़ने की भी कोशिश की लेकिन इसमें उन्हें सफलता नहीं मिल सकी । बताया जाता है कि उस समय चैस्ट में 58 रुपए थे ।

कर्फ्यू में ढील

पटियाला (भूषण): जिलाधिकारियों ने आज नगर में कर्फ्यू में प्रातः आठ बजे से सायं 6 बजे तक दस घंटे की ढील दी । नगर में 18 मार्च को भाजपा नेता श्री शम्भू प्रसाद की हत्या किए जाने के बाद कर्फ्यू लगाया गया था । ढील की अवधि में किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली ।

ज़िला कपूरथला में कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधियां

कपूरथला, 27 मार्च (शर्मा): थाना ढिलवां के मौजा जातिके के सरपंच, पंचायत के सदस्यों तथा देहात के अन्य लोगों ने बताया कि देहात में संदिग्ध व्यक्ति घूमते देखे जाते हैं, और दो दिन पहले रात को कुछ अज्ञात, संदिग्ध एवं सशस्त्र व्यक्ति एक घर से 12 बोर की बंदूक, 15-16 कारतूस छीन कर ले गए । उन्होंने जिलाधिकारियों को दरखास्त भी दी है कि देहात के गुरुद्वारा साहब, धर्मशाला 15-16 एकड़ भूमि के प्रबन्धक श्री हरनाम सिंह की मौत के बाद देहात की कमेटी ने प्रबन्ध सम्भाल लिया है,

जाखड़ के प्रस्ताव

नई दिल्ली

नेताओं ने लोकस
विरुद्ध अविश्वास
लिया है । स्था
नोटिस अगले स

स्वतंत्रता के
लोकसभा अध्य
की है ।

पहला प्रस्ता
था जो बहस के ब
श्री हकम सिंह
अनुमति नहीं
'जी.एस. ढिल्लों
था ।

इस्ती

चंडीगढ़, 27
से इस्तीफे का पत्र
कर्मचारी द्वारा उ
इस्तीफा स्वीकार
मोगा के गवर्नमैं
हैडमिस्ट्रेस श्रीमत
दायर अपनी याचि
याचिका में कहा
की सुविधा के लि
और उसे मोगा से
रहते हैं । उन्हें
अवकाश लेने प
और उनकी कार्फ
गई । जब उन्हों
यह कह कर रद्द
नहीं दे सकतीं ।
लिया पर बाद में
लिया ।

लेन-देन

कपूरथला,
लगभग साढ़े छः ब
मिल के सामने 5
गई जिससे एक म
गए । इन में त
उसका बेटा बलक
जाता है कि लखि
5500 रुपए लेने
साथ अर्जुन देव स
गर्मागर्मी के बाद प
ने छत पर चढ़ क
फायर किए । जिस
हो गया जबकि मा
को भी छर्रे लगे औ
घटनास्थल पर प
कर लिया जब
सतनाम सिंह और
उनका और अर्जुन

जब ज़रूरत

(

कहा कि यह मामल

Punjab Sanatani

...ो दहेज लेने-देने नहीं देंगे । किसी को भी गांव में
...ांस की दुकान नहीं खोलने दी जाएगी व किसी को
...ो जुआ नहीं खेलने दिया जाएगा ।

...मार्थ चिकित्सालय
...की परामर्शदाता समिति,
...धिकारियों, डाक्टरों एवं
...कर्मचारियों की ओर से
चिकित्सालय के
...संस्थापक प्रधान
...प्रसिद्ध आर्य नेता
...ाल जी,
...ग.) लि., नई दिल्ली के
...के उपलक्ष्य में
। इस अवसर पर
...सायं 7 बजे
..., नई दिल्ली-110058.
...रोह में
...सरस्वती
...प्रदान करेंगे।

BELTEK
...क
...ईट टी.वी.
...तक

समाधि



भगत राममूर्ति गुप्ता, लुधियाना

मैं भगत राममूर्ति गुप्ता सुपुत्र श्री लब्भू राम, मकान नं. 34/277 बासी राजेश नगर, हैबोवाल कलां, लुधियाना हल्फिया बयान करता हूं कि मैं पंजाब और भारत की एकता, शांति और अखंडता के लिए दिनांक 29मार्च शाम 5 बजे से लेकर 19 अप्रैल 1987 तक महामाई की आवाज़ पर तप, पूजा और पाठ करूंगा और इस बीच भक्ति करूंगा और कुछ भी नहीं खाऊंगा ताकि महामाई खुश होकर पंजाब पर कृपा करे और यहां आपसी भाईचारा की नींव और मज़बूत होवे ।



कपूरथला के थाना ढिलवां के मौजा निहालगढ़ में गत रात तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने स. परसा सिंह के घर में दाखिल होकर गोली मार कर उसकी लड़की बलविन्दर कौर को घायल कर गए । घायल बलविन्दर कौर अस्पताल में चिकित्साधीन है । (छाया : शर्मा)



कपूरथला जिला के सब-डिवीजन सुल्तानपुर लोधी के मौजा टिब्बा मुंडी के सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक का गनमैन गुरनाम सिंह जिसे 25 मार्च को सायं तीन उग्रवादी गोली मार कर घायल कर गए और गुरनाम सिंह तथा उसके साथी गनमैन जागीर सिंह की थ्री नॉट थ्री की भरी हुई राइफलें छीन कर ले गए थे । सिविल अस्पताल, कपूरथला में चिकित्साधीन गुरनाम सिंह गनमैन । (छाया : शर्मा)

दो ग्रंथियों की हत्या

जालंधर (वार्ता) : यहां से बीस किलोमीटर दर भंगाला गांव स्थित गुरुद्वारा डेरा साहिब में दो ग्रंथियों की कल रात हत्या कर दी गई । पुलिस ने बताया कि ग्रंथियों का नाम बंता सिंह (अस्सी वर्ष) और सोहन सिंह (चालीस वर्ष) है तथा उन पर गुरुद्वारा में ही तेजधार वाले हथियारों से हमला किया गया । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

बंता सिंह पबवां गांव के तथा सोहन सिंह नवांशहर क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले थे ।

लड़की को घायल कर दिया

कपूरथला (शर्मा): थाना ढिलवां के मौजा निहालगढ़ में गत रात्रि 11 बजे तीन अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने, जिनमें दो क्लीन शेवन तथा एक केशधारी था, एक घर में घुसकर गोली मारकर एक 24-25 वर्षीय विवाहिता बलविंदर कौर को घायल कर दिया जबकि दरवाजा बंद कर लेने पर वे फायर करते हुए भाग गए । घर के मालिक श्री मेहर सिंह ने बताया कि दो-तीन दिन पहले उसने अपना लाइसैंसशुदा 32 बोर का रिवाल्वर थाना ढिलवां में जमा करा दिया था । गत रात उसके घर के निकट गुरुद्वारा में अखंड पाठ होने के कारण घर का दरवाजा खुला था कि मुंह ढांपे तथा चादरें ओढ़े तीन युवक रात 11 बजे उनके घर आए तथा पिस्तौल की नोक पर रिवाल्वर मांगा । उन्होंने यह मानने से इंकार कर दिया कि रिवाल्वर थाना में जमा हो चुका है । बातचीत के दौरान घर के सभी सदस्य कमरे में चले गए और ससुराल से मायके आई लड़की बलविंदर कौर ने फौरन दरवाजा बंद किया तो बंदूक से उस पर फायर किया गया और गोली उसकी दाईं टांग में लगी । दरवाजा बंद कर लिए जाने पर उन्होंने और फायर किए तथा चले गए । उन्होंने बताया कि यह संदिग्ध उग्रवादी कार में आए थे । कार बाहर खेतों में खड़ी करके वे गांव में आए और फिर कार में ही सवार होकर चले गए । बलविंदर कौर का सिविल अस्पताल में आप्रेशन किया गया तथा डाक्टरों ने उसकी दशा खतरे से बाहर बताई है ।

स्कूटर सवार पकड़े गए

एस.पी. श्री के.एल. लेखी ने बताया कि गत रात्रि लगभग साढ़े तीन बजे थाना सदर फगवाड़ा के मौजा पांछट के निकट पुलिस ने स्कूटर सवार दो संदिग्ध उग्रवादियों बलबीर सिंह तथा अवतार सिंह को पकड़ कर बलबीर सिंह के कब्जे से एक 38 बोर का विदेशी रिवाल्वर तथा छ: गोलियां बरामद कीं । यह दोनों स्कूटर नम्बर पी.ए.एक्स. 98 पर सवार थे । स्कूटर भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया । दोनों से पूछताछ की जा रही है ।

रहस्यमयी जीप

करतारपुर (देवदत्त): गत रात करतारपुर किशनगढ़ मार्ग पर एक रहस्यमयी जीप घूमती रही । इस जीप में हथियारों से लैस कई व्यक्ति सवार थे । कहा जाता है कि यह जीप इससे पहले भी इसी मार्ग पर घूमती देखी गई । यह जीप बगीची गरातू के करीब भी खड़ी रही । फिर यह किशनगढ़ की तरफ चली गई ।

करतारपुर के कई सिगरेट विक्रेताओं ने आतंकवादियों की धमकियों से डर कर सिगरेट बेचने बंद कर दिए हैं ।

लाश बरामदगी कपोल कल्पित

अमृतसर (अशोक सोनी): एस.पी. सिटी श्री सुरेश अरोड़ा ने आज यहां समाचारपत्रों में छपी इस एक एजेंसी के अनुसार कल शाम दरबार साहब परिसर में जिस युवक की लाश मिली थी, उसे उसके रिश्तेदार पहचान नहीं सके । नरेंद्र सिंह निन्दी की कथित रूप से कल प्रात: परिसर के अंदर हत्या करके लाश गटर में फैंक दी गई थी । पुलिस सूत्रों ने कहा कि जब तक एफ.आई.आर. दर्ज नहीं कराई जाती, वे कुछ नहीं कर सकते ।

एक अन्य एजेंसी के अनुसार नरेन्द्र सिंह निन्दी की कथित रूप से स्वर्ण मंदिर परिसर में उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी । आज उसके भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपहरण आदि का केस दर्ज कर लिया । एस.पी., सिटी सुरेश अरोड़ा ने बताया कि जांच कार्य प्रगति पर है पर अभी तक कोई सबूत या सुराग नहीं मिला है ।

बिजली बोर्ड का कार्यालय जलाया

तरनतारन (पाल): गत रात यहां से 12 किलोमीटर दूर सरहाली में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय को कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने आग लगा दी । यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार प्रात: साढ़े 11 तथा 12 बजे के मध्य कुछ आतंकवादी दीवार फांद कर कार्यालय के अंदर दाखल हुए । उस समय कार्यालय के अंदर असिस्टैंट लाइनमैन दर्शनदास तथा चपरासी हरपाल सिंह मौजूद था । आतंकवादियों ने अंदर दाखल होते ही इन दोनों को एक कमरे में बंद कर दिया । बाद में उन्होंने कार्यालय के सारे रिकार्ड को आग लगाकर जला दिया । उन्होंने कार्यालय में खड़ी एक मैटाडोर को भी जला डाला । आतंकवादियों ने कैश चैस्ट तोड़ने की भी कोशिश की लेकिन इसमें उन्हें सफलता नहीं मिल सकी । बताया जाता है कि उस समय चैस्ट में 58 रुपए थे ।

कर्फ्यू में ढील

पटियाला (भूषण): जिलाधिकारियों ने आज नगर में कर्फ्यू में प्रात: आठ बजे से सायं 6 बजे तक दस घंटे की ढील दी । नगर में 18 मार्च को भाजपा नेता श्री शम्भू प्रसाद की हत्या किए जाने के बाद कर्फ्यू लगाया गया था । ढील की अवधि में किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली ।

ज़िला कपूरथला में कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधियां

कपूरथला, 27 मार्च (शर्मा): थाना ढिलवां के मौजा जांतिके के सरपंच, पंचायत के सदस्यों तथा देहात के अन्य लोगों ने बताया कि देहात में संदिग्ध व्यक्ति घूमते देखे जाते हैं, और दो दिन पहले रात को कुछ अज्ञात, संदिग्ध एवं सशस्त्र व्यक्ति एक घर से 12 बोर की बंदूक, 15-16 कारतूस छीन कर ले गए । उन्होंने जिलाधिकारियों को दरखास्त भी दी है कि देहात के गुरुद्वारा साहब, धर्मशाला 15-16 एकड़ भूमि के प्रबन्धक श्री हरनाम सिंह की मौत के बाद देहात की कमेटी ने प्रबन्ध सम्भाल लिया है, परन्तु एक व्यक्ति संदिग्ध आदमी के साथ देहात में आकर धमकियां देता है और यह संदेह भी व्यक्त किया गया है कि गुरुद्वारा साहब की दान की 15-16 एकड़ भूमि को कोई बेच न दे ।

सैंट्रल को-आप्रेटिव बैंक जालन्धर का चयन रिकार्ड 'सील'

चंडीगढ़, 27 मार्च (संधी): पंजाब व हरियाणा

टैक्सला की अद्वितीय शृंखला

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार, 29 मार्च, 1987 तदनुसार, 16 चैत्र, 2043

बब्बर खालसा के 2 आतंकवादी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मरे

नवांशहर के निकट ग्रन्थी, पटियाला के गांव में किसान की हत्या

पटियाला में दिन का कर्फ़्यू हटाया गया

चंडीगढ़, 28 मार्च (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में बब्बर खालसा के दो आतंकवादी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए । जिला पटियाला में एक किसान की तथा जालंधर में एक ग्रंथी की हत्या की गई । जिला कपूरथला में जीप सवार उग्रवादियों ने 5 घरों से आग्नेयास्त्र लूट लिए ।

पटियाला नगर के पुराने क्षेत्र में दिन का कर्फ्यू पूरी तरह समाप्त कर दिया गया ।

दिन का कर्फ़्यू समाप्त

पटियाला (भूषण): पटियाला के पुराने शहर में दिन का कर्फ्यू पूरी तरह उठा दिया गया है । नगर में सायं सात बजे से प्रातः सात बजे तक रात्रि कर्फ़्यू जारी रहेगा । नगर में कर्फ़्यू गत 17 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री शम्भू प्रसाद की हत्या के बाद लगाया गया था । 19 तथा 22 मार्च को कर्फ़्यू में ढील के दौरान छुरेबाज़ी तथा हिंसा की घटनाओं के बाद कर्फ़्यू 28 मार्च तक बढ़ा दिया गया था । कल 27 मार्च को कर्फ़्यू में प्रातः आठ बजे से दस घंटे की छूट दी गई थी ।

किसान की हत्या

पटियाला से 20 किलोमीटर दर गांव दीवान वाला में एक किसान करतार सिंह की उस समय हत्या कर दी गई, जबकि वह खेत में काम कर रहा था । बताया जाता है कि मृतक का अपने भाई के साथ सम्पत्ति का विवाद था तथा यही इस अपराध का कारण है । पुलिस जांच कर रही है ।

पैट्रोल पम्प लूटा

शाहकोट से 'चोपड़ा' की सूचना है कि दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर पैट्रोल पम्प से 500 रुपए लूट लिए ।

तीन दुकानों को आग

जगराओं (विजोग): कीरतपुर की रात को जगराओं से 15 किलोमीटर दर चौकीमान के निकट गांव सवादीकलां में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तीन दुकानों को आग लगा दी । इनमें से एक दुकान (खोखा) कुंदा सिंह की थी ।

ट्रैक्टर छीन लिया

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 40 किलोमीटर दूर मंड क्षेत्र में दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति बलजीत सिंह से उसका ज़ीटर ट्रैक्टर (पी.बी.एच. 5608) छीनने की सूचना मिली है । घटना के अनुसार बलजीत सिंह कल सायं मंड में अपने खेत में ट्रैक्टर चला रहा था कि दो व्यक्ति वहां आए जिनके पास स्टेनगनें थीं । उनमें से एक जिसने अपना नाम कुलदीप सिंह मुच्छ बताया, ने बलजीत सिंह को कहा कि उनके पास बहुत भारी शस्त्रास्त्र है, इसलिए उनको सड़क पुल तक छोड़ आए । जब बलजीत सिंह ने इंकार किया तो उन्होंने उसकी खूब पिटाई की और कहा कि वे उसे गोली भी मार सकते हैं । ऐसा इसलिए नहीं कर रहे कि वे उसका ट्रैक्टर इस्तेमाल करना चाहते हैं । इसके बाद वे ट्रैक्टर छीन कर चले गए, और धमकी दी कि यदि उसने शोर मचाया या पुलिस को सूचना दी तो उसे जीवित नहीं छोड़ेंगे । बलजीत सिंह के अनुसार उनके पास एक भरी हुई बोरी थी, जिसमें सम्भवतया शस्त्रास्त्र भरा हुआ था ।

यह घटना कल सायं की है, मगर बलजीत सिंह ने इसकी सूचना आज प्रातः थाना टांडा में आकर दी ।

कार छीनी

होशियारपुर में एक व्यक्ति से उसकी कार छीन लिए जाने का भी समाचार है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

रिबैरो और पंजाब पु
अधिकारी अलंकरण समा

नई दिल्ली, 28 मार्च (वार्ता): पंजाब के पुलिस महानिदेशक जूलियो फ्रांसिस रिबैरो और पंजाब पुलिस के चार अन्य अधिकारी आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह के हीरो रहे ।

अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठतम उपलब्धियों के लिए पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री उपाधि देने के आज आयोजित इस समारोह में पंजाब पुलिस के अधिकारियों के लिए सबसे ज्यादा जोर से और अधिकतम समय तक हर्ष ध्वनि की गई ।

राष्ट्रपति ज़ैल सिंह ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी, वरिष्ठ मंत्रियों और अन्य वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में सेवानिवृत्त सेनाध्यक्ष स्वर्गीय जनरल ए.एस. वैद्य, भारतीय व्यापार मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस, फिल्म निर्माता श्रीमती अपर्णा सेन, क्रिकेट खिलाड़ी दिलीप वेंगसरकर, शास्त्रीय संगीत गायिका किशोरी अमोनकर, पहलवान करतार सिंह और योजना आयोग के उपाध्यक्ष डा. मनमोहन सिंह को भी नागरिक अलंकरणों से सम्मानित किया गया ।

जब सन्नाटा छा गया

राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक दरबार हाल में उस समय सन्नाटा छा गया जब श्रीमती भानु वैद्य अपने स्वर्गीय पति जनरल ए.एस. वैद्य के लिए पद्म विभूषण प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ीं । भाव विह्वल जनसमूह को कुछ समय बाद हर्षध्वनि करने का ध्यान आया ।

आज के समारोह में राष्ट्रपति ने चार व्यक्तियों को पद्मविभूषण, 12 को पद्मभूषण और 32 को पद्मश्री की उपाधि से अलंकृत किया। राष्ट्रपति ने संस्कृत के 10 और अरबी एवं फारसी के दो-दो विद्वानों को भी सम्मान प्रमाणपत्र प्रदान किए ।

पद्म विभूष
प्रकार हैं : भूतप
कृषि वैज्ञानिक
सेवी श्रीमती
आयोग के उपा
सिंह ।

पद्मभूषण
प्रकार हैं : सा
चिकित्सक डा.
पुलिस महानिदेश
गायिका श्रीमत
संग्रहालय के नि
विश्वविद्यालय
रासायनिक इंजी
मोहम्मद यूनु
नालापट्ट बाल
निखिल रंजन ब
आर.डी. प्रधान,
बेंगलूर के निदेश
सेवा में वरिष्ठ

पद्मश्री उप
इस प्रकार हैं
अब्दुल सत्तार,
शास्त्री, फिल्म
अपर्णा सेन, प्र
शतरंज खिलाड़ी
चिकित्सक डा.
संस्थान के निदे
सुप्रसिद्ध क्रिकेट
भारतीय पुलिस
प्रसिद्ध हृदयरोग

प्रधानमंत्री ने अशोक सेन का इस्तीफ़ा
स्वीकृति के लिए राष्ट्रपति को भेज दिया

नई दिल्ली, 28 मार्च (वार्ता): विधि मंत्री अशोक सेन का इस्तीफा प्रधानमंत्री राजीव गांधी

बंगाल प्रदेश कांग्रेस (इ) अध्यक्ष प्रियरंजन दास मुंशी के इस्तीफे की कोई जानकारी नहीं है ।



Punjabi Sanatani

2 आतंकवादी मरे...
(पृष्ठ 3 का शेष)

ग्रंथी की हत्या

जालंधर (वार्ता): जालंधर जिले में नवांशहर पुलिस थाना क्षेत्र के माहल खुर्द गांव में आज तड़के कुछ आतंकवादियों ने एक ग्रंथी की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्रंथी की हत्या उसके डेरा में की गई । उसके सीने पर गोली लगी है । शव को सबसे पहले मृतक के शिष्यों ने आज सवेरे देखा ।

सूत्रों ने मृतक का नाम संत निरंजन सिंह बताया । उसकी उम्र लगभग 65 वर्ष थी । केस दर्ज कर लिया गया है ।

उल्लेखनीय है कि कल भी भंगाला के निकट दो ग्रंथियों की हत्या कर दी गई थी ।

प्रार्थना कर रहा था

प्राप्त समाचारों के अनुसार ग्रंथी की हत्या उस समय की गई जब वह अपने डेरे में प्रार्थना में लीन था । सवेरे जब भक्तगण डेरे में पहुंचे तो उन्होंने उसे मृत पाया । उसकी माला उसके हाथ में थी ।

पांच घरों से हथियार लूटे

कपूरथला (शर्मा): कपूरथला और सुलतानपुर लोधी सब-डिवीजन के तीन गांवों में गत रात्रि 6-7 सशस्त्र जीप सवार उग्रवादियों ने पांच घरों से पिस्तौल की नोक पर एक.32 बोर की रिवाल्वर, 16 कारतूस, एक .315 बोर की राइफ़ल, 25 कारतूस, 4 बंदकें, .32 बोर भारी मात्रा में कारतूसों सहित लूट लीं । बताया जाता है कि थाना सदर कपूरथला के गांव बानवाला में रात लगभग 11.30 बजे 6 नौजवान, जो कि मुंह ढांपे हुए तथा स्टेनगन, रिवाल्वर व राइफ़लों से लैस थे, सूबा सिंह के घर में दाखिल होकर उसका .32 बोर का रिवाल्वर व कारतूस, जगीर सिंह सरपंच से बंदूक व कारतूस छीन कर ले गए । मौजा बानवाला के निकटवर्ती थाना कोतवाली के गांव झल में एक भूतपूर्व पुलिस कांस्टेबल जबंद सिंह से 12 बोर की दुनाली बंदूक व गुरचरण सिंह से भी उसकी दुनाली बंदूक छीन ले गए । इसके अतिरिक्त थाना सुलतानपुर लोधी के गांव रणधीरपुर के लक्ष्मण सिंह से दुनाली बंदूक छीन ली गई । यह आतंकवादी सभी लोगों को 'सोध' देने की धमकी भी दे गए ।

यह भी ज्ञात हुआ है कि आतंकवादी सभी स्थानों पर संदेश छोड़ गए कि लोग चुपचाप सोये रहें और पुलिस को सवेरे ही सूचना दें । पुलिस ने सभी केस दर्ज कर लिए हैं ।

दो आतंकवादी मरे

अमृतसर (अशोक सोनी): आज सुबह थाना पट्टी के निकट कोट बुड्ढा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध आतंकवादी मारे गए । इन आतंकवादियों का संबंध बब्बर खालसा के साथ बताया जाता है । पंद्रह मिनट तक चली इस मुठभेड़ में दो अन्य आतंकवादी बच निकलने में सफल हो गए । पुलिस ने घटनास्थल से एक 12 बोर की बंदूक व एक 32 बोर का रिवाल्वर बरामद किया । मृत आतंकवादियों की पहचान नहीं हो सकी ।

पुलिस के अनुसार चार सशस्त्र युवकों को जब पंजाब पुलिस तथा सी.आर.पी. के एक संयुक्त नाका पर जांच के लिए रुकने को कहा गया तो उन्होंने रुकने की बजाए जवानों पर गोलियां चला दीं । सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी से इनमें से दो मौका पर ही मर गए जबकि दो अन्य भाग निकले ।

लुधियाना से धीमान मुसाफिर के अनुसार कल रात्रि ग्राम सवद्दी में उग्रवादियों ने रतन सिंह के घर में घुस कर उसकी पिस्तौल, बंदूक छीनने का प्रयास किया पर रतन सिंह ने गोली चला दी जिससे वे भाग निकले । बाद में उन्होंने एक झटकई की दुकान व एक खोखे को जला दिया ।

पिस्तौल न मिला

फगवाड़ा (कौड़ा) : तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने आज गांव दोसांझ कलां के निकट डाक्टर करतार सिंह के घर में दाखिल होकर उसका लाइसैंसशुदा पिस्तौल मांगा । पुलिस सूत्रों ने बताया कि डाक्टर करतार सिंह द्वारा उन्हें पिस्तौल थाने में जमा कराने की रसीद दिखा देने पर वे चले गए । जाते हुए वे धमकी दे गए कि रिवाल्वर मंगवा कर घर में रखो, वे उसको लेने के लिए किसी दिन आएंगे ।

7 गिरफ्तार

रोपड़ (दर्दी) : रोपड़ पुलिस ने आतंकवादी गतिविधियों के आरोप में दो गिरोहों के सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । पहला गिरोह संतोख सिंह, देवेन्द्र सिंह तथा राम बहादुर पर आधारित है । उनके कब्जे से दो देसी पिस्तौल तथा 5 कारतूस बरामद हुए । इन लोगोंने रोपड़ टाऊनशिप में एक सुनार तथा मेन रोड पर एक दुकानदार सतीश कुमार पर घातक हमला किया था । उन्होंने थाना कुरली क्षेत्र में डाका भी डाला था । दूसरा गिरोह मनजीत सिंह, हरबंदर सिंह, सुखदीप सिंह तथा दलजीत सिंह पर आधारित है । इस गिरोह से दो देसी पिस्तौल तथा काफी कारतूस मिले । इस गिरोह ने रोपड़ जिला में तीन तथा चंडीगढ़ में कई वारदातों में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की है । उन्होंने भागो माजरा गांव में एक टीचर जगीर सिंह पर घातक हमला किया था, मोहाली में लूटी थी । उनकी मोहाली में एक व्यक्ति से उसका विदेशी हथियार छीन कर और वारदातें करने की योजना भी थी । पुलिस ने दो और व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया जिनमें से एक के कब्जे से देसी रिवाल्वर मिला जबकि दूसरे ने स्कूटर चोरी की वारदातों में शामिल होना कबूल किया ।

रात्रि कर्फ्यू बढ़ा

गुरदासपुर (विनोद) : जिलाधीश श्री पवार ने आज तीन आदेश जारी किए जिनके जरिए जिला गुरदासपुर में भारत-पाक सीमा पर स्थित 70 गांवों में रात के कर्फ्यू की अवधि 26 अप्रैल तक बढ़ा दी गई । कर्फ्यू शाम 6 बजे से प्रात: 6 बजे तक होगा । पहले कर्फ्यू सायं 6.30 बजे से प्रात: 7.30 बजे तक लगता था । जिला भर में दुकानें सायं 7 बजे, ठेके 8.30 बजे रात तथा ढाबे रात 9 बजे बंद होंगे । यह समय 19 मई तक लागू रहेंगे । सार्वजनिक स्थानों पर घातक हथियार लेकर चलने, उनके भंडारण व बिक्री पर पाबंदी भी बढ़ा दी गई है ।

धमकी भरे पोस्टर

खरड़ से 'शशि' के अनुसार यहां के सिगरेट और तम्बाकू विक्रेताओं को खालिस्तान सुरक्षा बल की ओर से धमकी भरे पत्र मिले हैं जिनमें कहा गया है कि सिगरेट व तम्बाकू बेचना न छोड़ने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे । इसी तरह निकटवर्ती कई गांवों में ऐसी दुकानों के बाहर ये पोस्टर चिपकाए गए हैं ।

इन पोस्टरों में सिखों से कहा गया है कि यदि वे श्मशानों को पूजेंगे—जगराता कराएंगे, दहेज लेंगे या देंगे या शराब के ठेके खरीदेंगे तो उन्हें भी गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे । नाई और मीट विक्रेताओं को भी इसी तरह की धमकियां दी गई हैं ।

सर्वदलीय रैली की तैयारी के लिए बैठक

चंडीगढ़, 28 मार्च (वि.प्र.): अमृतसर में 13 अप्रैल को होने वाली सर्वदलीय रैली की तैयारी के लिए जिला होशियारपुर के मंत्रियों, सत्तारूढ़ अकाली दल के विधायकों, मार्कीट कमेटियों के चेयरमैनों व अन्य अकाली वर्करों की एक बैठक 2 अप्रैल को होशियारपुर में बुलाई गई है । इसी तरह की बैठक 3 अप्रैल को अमृतसर और 6 को

गु. ना. देव विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 10 अप्रैल से ही

अमृतसर, 28 मार्च (सोनी): गुरुनानक देव विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षायें (लिखित) निर्धारित तिथि 10 अप्रैल से ही आरम्भ हो रही हैं और छात्रों को रोल नम्बर भेजने का काम तेज कर दिया गया है । यह बात आज यहां विश्वविद्यालय अधिकारियों ने बताई । बताया गया है कि पहले निर्धारित डेटशीट के अनुसार थ्यूरी परीक्षाओं के बाद ही प्रैक्टीकल होने थे, परन्तु कालेजों के प्रिंसीपलों और उपकुलपति की गत दिवस हुई बैठक में प्रिंसीपलों की प्रार्थना पर अब आर्ट्स प्रैक्टीकल की परीक्षाएं थ्यूरी से पहले हो रही हैं जबकि साईंस प्रैक्टीकल थ्यूरी के बाद होंगे । इसके अलावा और कोई परिवर्तन नहीं किया गया ।

बैंक लूटने वाले उग्रवादियों से पूछताछ

बड़ौदा, 28 मार्च : अहमदाबाद में बैंक डकैती में गिरफ्तार पंजाब के 5 उग्रवादियों से पूछताछ करने के लिए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर के पुलिस दल यहां पहुंच रहे हैं । गिरफ्तार उग्रवादियों में से 2, जसमेल सिंह और मनजिन्दर सिंह के कई अन्य अपराधों में लिप्त होने की सम्भावना है । समझा जाता है कि इसी गिरोह ने कुछ दिन पूर्व बड़ौदा में भी बैंक लूटा था ।

वर्करों व प्रबन्धकों में संघर्ष, कई घायल

लुधियाना, 28 मार्च (म): यहां से 14 किलोमीटर जगियाना ग्राम में एक टायर फैक्टरी में आंदोलन कारी कामगरों और प्रबन्धकों के बीच संघर्ष हो जाने से कई लोग घायल हो गए । पुलिस ने वहां लाठीचार्ज भी किया ।

पता चला है कि वहां पिछले कई दिनों से आंदोलन चल रहा था । आज दोनों गुटों में संघर्ष हो गया । दोनों पक्षों ने लाठियों का उपयोग किया व पथराव किया । एक स्कूटर, एक मोपेड जला दी गई । एक कार भी क्षतिग्रस्त कर दी गई ।

कर्मचारियों के वेतन रूक जाने की सम्भावना

होशियारपुर, 28 मार्च (प्रद्युम्न): पंजाब सरकार ने कुछ विभागों के हिसाब-किताबों के हैड नम्बर तबदील कर दिए हैं, जिन विभागों के हैड तबदील किए गए हैं, उनको नए हैड से पैसे निकलवाने का अधिकारी नहीं दिया गया जिस कारण खजाना अधिकारियों ने सम्बद्ध विभागों के बिल पास करने से इन्कार कर दिया है, जिससे यह खतरा पैदा हो रहा है कि 31 मार्च तक जो रकम विभागों ने निकलवानी थी, उसका समय समाप्त हो जाएगा । सम्भव है, यदि कुछ दिन और रुपया निकलवाने का अधिकार न मिला तो वेतनों में विलम्ब हो जाए, शिक्षा-विभाग का हैड भी बदल दिया गया है । यदि यह अधिकार शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारियों को न मिला तो कम से कम 35 हजार अध्यापकों को वेतन न दिया जा सकेगा ।

सुनील दत्त अस्वस्थ

करनाल, 28 मार्च (वार्ता): सांसद व अभिनेता सुनील दत्त के अस्वस्थ हो जाने से बम्बई से अमृतसर तक की उनकी शांति पद यात्रा आज स्थगित कर दी गई ।

शांति यात्रा के प्रवक्ता कमल मक्कड़ ने यूनीवार्ता को बताया कि श्री दत्त ने आज सुबह करनाल पहुंचने से करीब 12 किलोमीटर पहले अस्वस्थता महसूस की जिससे उन्हें रास्ते में स्थित अपर्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

डाक्टरों ने उन्हें पूर्ण विश्राम की सलाह दी है ।

प्रवक्ता ने कहा कि इसके बावजूद श्री दत्त पूर्व

गुमशुदा



मेरा लड़का दविंद्र कुमार, उम्र 38 वर्ष, कद 5'-6", रंग गंदमी, 8.3.87 को घर से देहली गया था, परन्तु आज तक वह घर वापिस नहीं आया और न ही उसका कुछ पता चल रहा है । पता देने वाले को मुनासिब ईनाम दिया जाएगा । अगर दविन्द्र कुमार स्वयं पढ़े तो शीघ्र घर आ जाए, सारा परिवार बहुत परेशान है ।

किशन चंद अग्रवाल, V. & P.O. दुसांझकलां, तहसील फिल्लौर, ज़िला जालन्धर। फोन : 57

जरूरी संशोधन

भारतीय खाद्य निगम के गुरदासपुर जिला तिबड़ी रोड पर स्थित कार्यालय की एक निविदा सूचना पंजाब केसरी जालंधर के दिनांक 28.3.87 के पृष्ठ दो पर प्रकाशित हुई है, जिसमें निविदा दस्तावेज प्राप्त करने की तिथि 8.4.87 की जगह 3.4.87 पढ़ा जाए ।



'पिता जी वापिस आ जाओ'

मेरे पिता जी श्री राज कुमार शाही जिनका चित्र साथ दिया गया है, कुछ दिमागी परेशानी के कारण 20.1.87 से लापता हैं । उम्र 45 साल, कद 5½', रंग गंदमी । अगर किसी सज्जन को उनके बारे में कोई सूचना हो या मिलें तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें । यदि 'शाही' साहिब आप पढ़ें तो तुरन्त घर लौट आएं । मम्मी की हालत बहुत खराब है । सारा परिवार परेशान है ।

पता : चंद्र मोहन, गली नं. 7, गुरु नानक नगर, गुरबख्श कालोनी, पटियाला (पंजाब) ।

DAILY 6 P.M. ONWARDS





प्रताप अ... सहायता से... लगाया गय...

फिल्म सम्बन्...

जालन्... "कलयुग... और शका... रहा है । ... मीटिंग श्री... गोस्वामी ... प्रतिनिधिस... इस मीटिंग... सनातन... बाल्मीकि... हिन्दू मंच... का नाम... "कलयुग... सीता आदि... सीता मिल... नामों से ह... डालमिया... समिति के... उपर लि...

फिल्म... फिल्म का... रख दिया... बदल दिए... चली" जै... भावनाओं... एवं भ्रांतिय...

शिव... छत्रपति से... की । फिल्... है, अपने... दर्शाया गय... किया गया...

रिबैरो

चंडी... सूत्रों ने ब... जे.एफ. ... कि उनक... श्री रिबैरो... अधिकारी... होने वाले...

केंद्र... रिबैरो के... हालात ठी... एक प्रस्ता... के बाद वि... भेज दिया... निर्णय हो...

हाल... रिबैरो को... श्री रिबैरो... का सम्मा...

Punjab Sahan

आतंकवादियों द्वारा अकाली दल (ल) समर्थक सहित 4 व्यक्तियों की हत्या

अनेक स्थानों पर हथियार, नकदी, आभूषण लूटने की वारदातें

घनौर के निकट ठेका कर्मचारी गोली से घायल

चंडीगढ़, 29 मार्च (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में संदिग्ध आतंकवादियों ने अकाली दल (ल) के एक समर्थक सहित चार व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

कल रात जिला अमृतसर में थाना खानबाल के अंतर्गत गांव गुरमपुर में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सतवंत सिंह की उसके घर में गोली मार कर हत्या कर दी ।

संगरूर के गांव में 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

संदिग्ध आतंकवादियों ने इसी अवधि में पंजाब में अनेक स्थानों पर हथियार, नकदी तथा आभूषण भी लूटे ।

पटियाला के पुराने नगर में रात्रि कर्फ्यू आज 13वें दिन भी जारी रहा ।

अकाली समर्थक की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि यहां से 20 किलोमीटर दूर थाना कहनुवान के गांव गढ़लीपुर में तीन आतंकवादियों ने एक अकाली दल (लोंगोवाल) समर्थक की उसके घर में गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने मृतक का नाम अजीत सिंह बताया है जो कि गांव में अपनी आटे की चक्की पर आतंकवादियों के विरुद्ध प्रचार किया करता था । आतंकवादियों के हमले में इसका लड़का सतनाम सिंह बाल-बाल बच गया । यह आतंकवादी रात 10.30 बजे के करीब उनके घर आए थे । आतंकवादियों के पास स्टेनगन तथा रिवाल्वर थे ।

सतनाम सिंह ने पुलिस के पास दर्ज कराई गई रिपोर्ट में उसी गांव के कुलविंदर सिंह, कुलवंत सिंह तथा निकटवर्ती गांव शानोपुर के दर्शन सिंह पर अजीत सिंह की हत्या का आरोप लगाया है । ये तीनों फरार हैं । एक एजेंसी के अनुसार पुलिस ने दावा किया कि यह निजी शत्रुता का केस है तथा उसने हत्या के मामले में 4 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है । एफ. आई. आर. में एकीकृत अकाली दल के एक युवा नेता का नाम भी शामिल है ।

फैडरेशन नेता गिरफ्तार

राजपुरा (पटियाला): राजपुरा पुलिस ने यहां के सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के प्रधान जोगिन्दर सिंह पोपी को धारा 107 शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया । पुलिस के कथनानुसार वह लोगों को डरा-धमकाकर चंदा वसूल कर रहा था । उधर फैडरेशन के मंत्री सर्वजीत सिंह बब्बी ने आरोप लगाया है कि पुलिस फैडरेशन वर्करों को अवैध रूप से तंग करती है ।

दो की हत्या

संगरूर (ग.): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गत सायं यहां से 40 किलोमीटर दूर गांव हंडिया में दो व्यक्तियों की तेज धार हथियारों से हत्या कर दी । मरने वालों में एक बूढ़ी औरत शामिल है । दोनों लाशें एक किसान सुखदेव सिंह के खेत में खून से लथपथ पाई गई जिसने पुलिस को सूचित किया । जिला पुलिस चीफ श्री परमजीत सिंह ने बताया कि

(शेष पृष्ठ 10 पर)



नवांशहर के गांव माहलखुर्द के गत दिवस उग्रवादियों के हाथों मा

अकाली सरकार द्वारा अलग राष्ट्र की वकालत ?

अमृतसर, 29 मार्च (कमलेश): अखिल भारतीय भाजपा उपप्रधान डा. बलदेव प्रकाश ने कहा है कि सरकारिया आयोग के लिये अकाली सरकार द्वारा कथित रूप से तैयार ज्ञापन के प्रारूप से इसकी पृथकतावादी विचारधारा साफ झलकती है । इसमें कहा गया है कि भाषायी राज्यों का गठन केवल प्रशासनिक विखंडन ही नहीं बल्कि अलग-अलग राष्ट्रीयता वाले विभिन्न सांस्कृतिक ग्रुपों के लिये जानबूझ कर निर्मित 'होमलैंड' है । अकाली सरकार ने इस प्रकार भारत में बहु-राष्ट्रीय समाज की विचारधारा को पेश किया है और एक तरह से 'अलग राष्ट्र' की वकालत की है ।

डा. बलदेव प्रकाश ने कहा कि भारतीय समाज के लिये बहुराष्ट्रीय विचारधारा बहुत खतरनाक और विध्वंसक है । यदि भाषा ही अलग राष्ट्र का आधार है तो बंगला देश कभी प. बंगाल से अलग न होता और पंजाब का भाग अलग होकर पाकिस्तान में न जाता । यही बात धर्म पर लागू होती है । यदि ऐसा हो जाए तो सभी ईसाई देशों को मिला कर एक देश बनता, बंगला देश पाकिस्तान से कभी अलग नहीं

पंजाब में राजनीतिक अस्थिरता, टकराव की आशंका नहीं : राजीव

न्यूयार्क, 29 मार्च (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी को निकट भविष्य में पंजाब में राजनीतिक अस्थिरता और टकराव की स्थिति पैदा होने की आशंका नहीं है ।

श्री गांधी ने न्यूयार्क के एक साप्ताहिक न्यूजवीक को दी गई भेंट वार्ता में कहा 'कुछ वर्ष पूर्व हमें जरूर ऐसा लगता था ।'

जाने के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है ।

हाल ही के विधान सभाई चुनाव में इंका की पराजय के बारे में उन्होंने कहा इंका 100 वर्ष पुराना संगठन है जिसमें कुछ खामियां आ गई हैं । इन चुनावों से जो सबक मिला है, उससे निचले स्तर तक बेहतर कार्य करने में मदद मिलेगी । यही इन चुनावों का सबक है ।

प्रधानमंत्री ने कहा 'दो वर्ष पूर्व पंजाब में टकराव

...अपनी लकड़ी की टा

नई दिल्ली, 29 मार्च (वार्ता): दिल्ली की एक स्वयंसेवी संस्था, छीपीवाड़ा ज़ोन वेल्फेयर सोसायटी ने कल रात हास्य कवि सम्मेलन के ज़रिए 'एकता दिवस' मनाया । परेड मैदान में आयोजित-हास्य कवि सम्मेलन में काका हाथरसी, संतोष आनंद, अल्हड़ बीकानेरी, जैमिनी हरियाणवी, प्रवीण चौबे, रमेश गौड़, वीरेंद्र तरुण, पुरुषोत्तम प्रतीक, सुरेंद्र सार्थक, पुरुषोत्तम ब्रज आदि ने भाग लिया । इस अवसर पर संसद सदस्य जय प्रकाश अग्रवाल भी उपस्थित थे ।

हरिओम पंवार ने कटाक्ष किया ।

'राम जाने कौन सी लगी है देश को नज़र,
एक दिन ऐसा नहीं मिले नहीं बुरी खबर,
जो वतन की एकता बचा सके जुनून में,
देश की अखंडता हो बूंद-बूंद खून में,
ऐसी देश-भक्ति की अटूट प्यास चाहिए,
देश के लिए पटेल या सुभाष चाहिए ।

पंजाब की स्थिति का ज़िक्र डा. वीरेंद्र तरुण ने कुछ इस प्रकार किया :-

'जोरावर और फ़तेह सिंह की दीवारें शरमाईं,
कुछ आतंकवादियों ने पंजाब की नाव डुबाई,
हिंसा कू भड़कायो जनगण मन कू है तरसायो,
पंथ खालसा के माथे पै नाहक दाग लगायो,
दाग हटइयो भेद मिटाइयो,सबकू एक करइयो,
आग लगी पंजाब बदरा नाई बुझइयो

हिंसा की आग को रमेश गौड़ ने कुछ इस तरह

'यह क्या हुआ जो
हरे-भरिया आज सू
मैंने जिसे उजाड़ा
वह घर तो मेरे या

प्रदीप चौबे क
उन्होंने कहा...
'हर तरफ़ गोलमा
आपका क्या ख्याल
कल का 'भगुआ
आज भगवतदयाल
लोग मरते हैं तो
अपनी लकड़ी की

कवि सम्मेलन

केवल राम साथी क

शिमला, 29
दंडाधिकारी ने भूत
राम चौहान के बेटे
सहयोगी एम.एल.
रिमांड दे दिया ।
और रामपुर में
दस्तावेजों की कॉप
में कल गिरफ्तार
दस्तावेज उन केसों
चौहान और कुछ

Punjabi Sahapedia



नवाशहर के गांव माहलखुर्द के गत दिवस उग्रवादियों के हाथों मारा गया ग्रंथी निरंजन सिंह । (छाया : शर्मा)

...अपनी लकड़ी की टाल है साहब

नई दिल्ली, 29 मार्च (वार्ता): दिल्ली की एक स्वयंसेवी संस्था, छीपीवाड़ा जोन वेलफेयर सोसायटी

'यह क्या हुआ जो शहर यह जंगल सा लगे है,
हर दरिया आज सुन के दलदल सा लगे है,

दुनिया की कोई ताकत भा
टुकड़े नहीं कर सकती : ज़ै

सभी धर्मों के नेता आपस में मिल-बैठ कर समस्याओं

एक-दूसरे की गलतियां ढूंढते रहने से कुछ हा

नई दिल्ली, 29 मार्च (वा., ह.स.): राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने आज यहां कहा कि भारत पर हमला करने वाली हर शक्ति को यह समझ लेना चाहिए कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विखंडित नहीं कर सकती । आचार्य सुशील मुनि जी की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यहां आयोजित एक सैमीनार को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को इस बारे आश्वस्त हो जाना चाहिए कि भारत पर कोई भी हमला नहीं कर सकता । उन्होंने आशा व्यक्त की कि शांति और अहिंसा के रास्ते पर चलने वाले हमारे देश को परमाणु बम के प्रयोग की जरूरत नहीं पड़ेगी ।

राष्ट्रपति जैल सिंह ने सभी धर्मों के नेताओं से देने की आवश्यकता पर बल दिया ।

उन्होंने कहा कि कुछ शक्तियां लोगों को गुमराह करने पर तुली हुई हैं, लेकिन वह अपने कुप्रयासों में सफल नहीं होंगी । उन्होंने कहा कि भारत में विभिन्न सम्प्रदायों द्वारा शांतिपूर्वक मिल कर रहने की बहुत शानदार और पुरानी परम्परा है ।

उन्होंने कहा कि इस देश की जनता की आत्मशक्ति ही भारत की अखंडता की रक्षा कर सकती है ।

विचार गोष्ठी में मुनि नागराज जी और आचार्य सुशील मुनि उपस्थित थे ।

समाप्त करने
रहेगा ।
परमाणु यु
हुए उन्होंने क
कार्रवाई में लग
परमाणु युद्ध हो
ही पराजित ।

सरपंच
रचे ज
फगवाड़ा, 2

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

मृतकों की पहचान नहीं हो सकी । केस दर्ज कर लिया गया है तथा पूरे क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी गई है । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी ।

संदिग्ध उग्रवादी गिरफ़्तार

पठानकोट (गुप्ता): सदर पुलिस ने रणजीत नगर बांध के तीन ओवरसीयरों परगट सिंह, बलकार सिंह और कंवरजीत सिंह को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है कि कहीं वे उग्रवादी तो नहीं । पुलिस के अनुसार वे तीनों एक मोटर साइकिल पर बैठ कर जुगियाल कालोनी जा रहे थे । पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिये रोकना चाहा तो वे भाग निकले । पुलिस ने कार उनके पीछे लगा दी तो तीनों होस्टल में छिप गए, जिनमें से कंवरजीत सिंह पुलिस के हाथ लग गया । उसने पुलिस को धमकाया कि उनसे तो बरनाला भी डरता है। इस पर और पुलिस फ़ोर्स मंगवाई गई और होस्टल को घेर कर अन्य दोनों को भी काबू कर लिया गया । कहा जाता है कि यदि रणजीत सागर डैम पर काम करने वालों की जांच की जाए, इनमें उग्रवादी तत्व अवश्य मिलेंगे ।

डकैती

धारीवाल : गत रात्रि 7 सशस्त्र उग्रवादियों ने गांव जौहल नंगल के एक किसान के घर डाका डाला व 70 हज़ार रुपये के मूल्य के आभूषण व नकदी लेकर फ़रार हो गये । उग्रवादियों ने घर में दाखिल होकर धमकी दी कि सारा कीमती सामान उनको तुरन्त दे दिया जाए, नहीं तो सारे परिवार को गोलियों से उड़ा दिया जाएगा । इस पर परिवार के मुखिया ने अपने परिवार के बचाव के लिये खेतों में छिपाए आभूषण व नकदी दे दी ।

स्कूटर छीन लिया

मलोट (बहादर): मार्कीट कमेटी मलोट के चेयरमैन हकीकत सिंह का स्कूटर नम्बर पी.बी.एल. 8861 दो कथित आतंकवादियों ने छीन लिया । स्कूटर को बलराज सिंह चला रहा था तथा श्री हकीकत सिंह भी इस पर सवार थे ।

ठेका लूटा

कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मलोट से 15 किलोमीटर दूर महाराजवाला में शराब की दकान को लूट लिया तथा शराब की लगभग 150 बोतलें तोड़ डालीं ।

लोग फिर पलायन करने लगे

जंडियालागुरु (विजय भारती): जिस दिन से जंडियाला के रौनक वाले बाज़ार चौड़ा बाज़ार में भरी दोपहर में एक सराफ़ नरेश कुमार की दुकान पर डाका पड़ा था और डाकू लगभग 10 हज़ार का माल ले गये थे, उस दिन से ही बाज़ार में भय और आतंक का वातावरण बना हुआ है । लोग शाम 7 बजे ही दुकानें बंद करके जाने लगते हैं । उस दिन से ही पंजाब पुलिस और सुरक्षा बलों की गश्त भी बाज़ारों में सारा दिन होती रही है । परन्तु दूसरी ओर पंजाब में उग्रवादियों की गतिविधियों में दिन-प्रतिदिन वृद्धि होने के कारण पंजाब के अल्पमत समुदाय के लोगों में भय और आतंक भी बढ़ता जा रहा है, विशेषकर अमृतसर और गुरदासपुर जिलों में आये दिन लूटमार, हत्या, ठेकों को लूटने और जलाने तथा बंदूकें आदि छीनने की घटनाओं में वृद्धि के फलस्वरूप पंजाब के लोग फिर से पलायन करके जाने शुरू हो गये हैं । जंडियालागुरु से ही पिछले दिनों लाला साईंदास, श्री सतपाल, जगतार चंद, श्री अशोक कुमार सुपुत्र श्री शांति लाल, श्री भगवान दास, श्री मुलखराज एडवोकेट आदि हरियाणा के नगरों पंचकूला, सिरसा, पानीपत, हिसार तथा उत्तर प्रदेश और दिल्ली में चले गये हैं । बढ़ते हुये आतंकवाद के दृष्टिगत कुछ और परिवार भी जाने की सोच रहे हैं ।

घर में घुस कर लूट लिया

मोगा (वार्ता): कल रात जिला फ़रीदकोट की मोगा सब-डिवीजन के गांव तख्तूपुरा में तीन अज्ञात युवक एक व्यक्ति के घर में घुस गए तथा दो दर्जन कारतूस, 1200 रुपये तथा उसकी पत्नी की सोने की बालियां छीन कर ले गए ।

तीनों लुटेरों ने पहले तो उसके परे परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया, उस पर मिट्टी का तेल छिड़क दिया तथा उसे अपनी बंदूक देने के लिये कहा । उसने बताया कि वह अपनी बंदूक पुलिस के पास जमा करा चुका है तथा उसने इस संबंध में रसीद भी उन्हें दिखाई, तथापि लुटेरों ने फिर घर की तलाशी ली तथा कारतूस, नकदी व उसकी पत्नी की बालियां ले गए ।

मीट विक्रेताओं को धमकी

मोगा सब-डिवीज़न के अंतर्गत आने वाले गांवों में कई स्थानों पर तथा मोगा नगर में भी शनिवार को मीट विक्रेताओं ने अपनी दुकानें नहीं खोलीं । इसका कारण पंजाबी में हाथ से लिखे गये पोस्टर हैं, जो कि उनकी दकानों पर चिपकाए गये हैं । इनमें धमकी दी गई है कि यदि उन्होंने मीट बेचना बंद न किया तो उन्हें गम्भीर परिणाम भुगतने होंगे ।

एक एजैंसी की खबर के अनुसार मोगा सब-डिवीजन के विभिन्न क्षेत्रों में दो बारदातों में संदिग्ध उग्रवादी एक पिस्तौल, दो दुनाली बंदूकें, कुछ कारतूस व 25,000 रुपए मूल्य के आभूषण ले गए ।

विशेष नाकेबंदियां होंगी

फरीदकोट : फिरोज़पुर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.एस. मोही ने आतंकवादियों की गतिविधियों को रोकने के विभिन्न पगों के बारे में फरीदकोट के जिला पुलिस चीफ़ व अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ लम्बी मंत्रणा की । बैठक में निर्णय किया गया कि गश्त को तेज़ किया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष नाकेबंदियां की जाएं ।

ठेका कर्मचारी पर फ़ायरिंग

पटियाला (भूषण): गत रात्रि इस जिला के थाना घनौर के गांव सीलों में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने एक शराब के ठेके के कर्मचारी राज कुमार पर गोली चला कर उसे घायल कर दिया । इस ठेके का मालिक भान सिंह है । घटना के समय ठेके के तीन कर्मचारी राज कुमार, मदन लाल तथा ईशर दास ठेके के अंदर थे । राज कुमार को गोली लगी जबकि अन्य दो घायल नहीं हुए । फ़रार होने से पहले आतंकवादियों ने शराब की बोतलें तोड़ दीं । राज कुमार को स्थानीय राजेंद्रा अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

आज पटियाला में एक सर्वदलीय बैठक में भाजपा नेता श्री शम्भू प्रसाद की हत्या की निंदा की गई । पंजाब व्यापार मंडल के प्रधान श्री ओम प्रकाश लाम्बा ने बैठक की अध्यक्षता की । बैठक में मत व्यक्त किया गया कि यदि प्रशासन सतर्क रहता तो इस दखद घटना को रोका जा सकता था । बैठक में कहा गया कि स्थिति को सही ढंग से सम्भाला नहीं गया । कांग्रेस (इ), सी.पी.आई., सी.पी.एम., अकाली दल (ल) के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे । बैठक में पटियाला के नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की गई ।

रात्रि कर्फ़्यू

इसी बीच पुराने पटियाला नगर में रात के कर्फ़्यू में एक घंटे की कमी कर दी गई है । अब रात्रि कर्फ़्यू सायं 7 बजे से प्रात: 6 बजे तक लागू होगा ।

ठेका लूट लिया

कपूरथला (शर्मा): ज्ञात हुआ है कि गत रात्रि थाना सदर कपूरथला के काला संघियां सड़क पर स्थित गांव नत्थो चाहल में तीन रिवाल्वरों से लैस अज्ञात युवक देसी शराब के ठेका पर आए । नौकर को जगा कर ठेका खुलवाया तथा ठेका से 800 रुपए लूट कर लगभग 200 शराब की बोतलें तोड़ डालीं । वे ठेका को आग लगाने लगे थे कि माचिस भीगी होने के कारण जली नहीं । इस पर उग्रवादी धमकियां देते हुए चले गए । पुलिस को सूचना दे दी गई है ।

नकदी, हथियार लूटे

अमृतसर (वार्ता): पुलिस ने बताया कि गत रात्रि दो बारदातों में संदिग्ध उग्रवादी 5,000 रुपए, एक बंदूक, एक रिवाल्वर तथा 25 कारतूस ले गए ।

थाना अजनाला के गांव कीड़ियां में चार सशस्त्र व्यक्ति एक व्यक्ति महेन्द्र सिंह के घर में घुस कर उसका 32 बोर का रिवाल्वर तथा 10 कारतूस ले गए ।

दूसरी वारदात में तीन सशस्त्र युवक शहर के बाहर डैम गंज क्षेत्र में इंद्र सिंह के घर में ज़बरदस्ती दाखिल होकर 12 बोर की दनाली बंदूक, 15 कारतूस तथा 5 हजार रुपए छीन कर फरार हो गए ।

थाना बाबा बकाला के गांव कलचियां में एक ट्रक चालक से 15,000 रुपए छीन लिए गए । लुटेरे एक ट्रक में सवार थे ।

10 हजार लूटे

अमृतसर के राम दास थाना क्षेत्र के ग्राम घोड़ावाला में 7 उग्रवादियों ने हरी सिंह के घर में घुस कर उसकी 12 बोर की राईफल और 10 हजार रु. लूट लिए ।

उग्रवादी काबू

तरनतारन से 'पाल' के अनुसार पुलिस और

लड़का होगा या लड़की

आधुनिक टैक्नोलोजी द्वारा गर्भकाल के दौरान बच्चे के लिंग की जानकारी करवाएं ।

सेवाएं :

1. **CVS** : उत्तरी भारत में पहली बार, 8 से 11 हफ्ते के बीच ।
2. AMNIOCENTESIS & CHROMOSOMAL STUDIES : 16 से 20 हफ्ते के बीच ।
3. ULTRASOUND SCANNING : 16 से 20 हफ्ते के बीच ।

मोहि

अध

जम्मू, 29
निर्माण मंत्री औ
नेता गुलाम
विधानसभा के
कांग्रेस (इ) गठ
सूत्रों के अनुसार
करेंगे ।

अध्यक्ष पद

नैकां को एक

इसी बीच
अब्दुल गनी शा
विजयी घोषित
निकटतम प्रतिद्व
सुलतान को केव
किया । यह सी

इस सीट
विधानसभा में
61 सीटें जीत
24 सीटें मिली
था जिनमें से 2
सीट शोपियां
दूसरी सीट वांड
भारी हिमपात
यहां मतदान क
अधिकारी हैली
शोपियां में मत
मोर्चे के बीच पै
निर्णय दिए जा
जाएगा । संयु
भाजपा को 2

3 विधायक

इसी बीच
विधायकों ने,
परिषद के सभा
मुख्यमंत्री डा.
शामिल होने
मास्टर रोशन
टी.आर. अख
(खालिदा) के
सदस्यीय विधा

विधान परि

जम्मू-क

बैटरी

भोपाल,
इलैक्ट्रिकल्स
ने स्वदेशी प
बैटरी चालि

यह रेल
भिड छोटी रे
की छोटी रेल
लिए भारती
इंजनों के नि

एक
क्षमता 6

Punjabi Parivar

नकरी करवाएं ।

6 से 20 हफ्ते के बीच ।

क्ते के बीच ।
RS

TIC CLINIC
k Mission
r City.

ापन

पार
मशीन पर फालतू क्षमता
तक, लिखें– बाक्स 459,

शिक्षा
द मठ ढन मोहल्ला, जालंधर
होगा । इच्छुक व्यक्ति 15
मठ अधिष्ठाता से मिलें ।

टी
Bleaching Cream,
of Mask, All purpose
स्लीमिंग सैंटर की मशीनें
तां दी हट्टी, किला भंगियां,
तसर ।
/Kalka/32 JOCI

नाना
ाइलाज नहींहै । औषधि
इलाज करवाएं । आदेश
ुल, हिसार (हरियाणा) ।
UDI

कत्सा
शाब रोग, सुस्त तथा मायूस
1/- का टिकट भेज कर
री) मुफ्त मंगवाएं । प्रकाश
ार, अमृतसर-143006.

ग सीखें
ाइसैंस समेत), टैलीविजन,
कारपैंटर, बार-बैंडर और
मुफ्त । मिलें : नैशनल
बस स्टैंड, सामने होटल
न : 31437, सामने मेन
र खन्ना: 184, मोता सिंह

ाइसैंस समेत), टैलीविजन/
इलैक्ट्रीशियन, वायरमैन,
-बैंडर, प्लम्बर, वैल्डिंग,
ायश उपलब्ध, दाखले हेतु
टी. कालेज, ☆232, डिफैंस
खालसा कालेज, जालंधर
गेट, अंदर बस स्टैंड,

घोड़ावाला में 7 उग्रवादियों ने हरी सिंह के घर में घुस कर उसकी 12 बोर की राईफल और 10 हजार रु. लूट लिए ।

उग्रवादी काबू

तरनतारन से 'पाल' के अनुसार पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की नाका पार्टी की ओर से आज यहां एक संदिग्ध उग्रवादी लखबीर सिंह उर्फ बीरा को गिरफ्तार कर लिया गया । पूछताछ के दौरान उसने कई अपराधों में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार

अमृतसर पुलिस ने आज जिला के रंडियाला तथा तरनतारन क्षेत्रों में 5 वांछित उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने बताया कि उनके कब्जे से दो पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

पकड़े गए आतंकवादियों में गुरदयाल सिंह, मनजिंदर सिंह तथा बलदेव सिंह कई बड़ी डकैतियों तथा एक हत्या में वांछित थे जबकि हरदयाल सिंह व लखविंदर सिंह को कुछ अर्सा पहले एक स्कूल टीचर कृपाल सिंह की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया ।

4 पुलिस कर्मी निलम्बित

लुधियाना (वार्ता): कर्त्तव्य पालन में लापरवाही के आरोप में एक ए.एस.आई. सहित 4 पुलिस कर्मचारियों को निलम्बित कर दिया गया है । पुलिस सूत्रों ने आज कहा कि यह कार्रवाई शुक्रवार की रात को सी.एम.सी. अस्पताल चौक में तीन संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा ड्यूटी पर तैनात सी.आर.पी. तथा पुलिस को चकमा देकर भाग जाने की घटना के बाद की गई है ।

उस रात को ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने एक मारुति वैन को चैकिंग के लिए रोका था लेकिन कार में सवार लोग जोकि आतंकवादी बताए जाते हैं, कार को वहीं छोड़ कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए ।

4 खोखे जला दिए

होशियारपुर (प्रद्युम्न): मुकेरियां के निकट भंगाला अड्डा पर कल रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने लकड़ी के चार खोखों को आग लगा दी । एक व्यक्ति बचना राम का खोखा तो जल कर राख हो गया जबकि शेष तीनों खोखों को लोगों ने बचा लिया ।

खुड्डा कांड के अभियुक्त का रिमांड

'अश्विनी' के अनुसार पुलिस खुड्डा बस हत्याकांड के अभियुक्त मेजर सिंह जो कि पंजाब के एक मंत्री के पी.ए. का लड़का है, को होशियारपुर लाई तथा उसे अदालत में पेश करके पूछताछ के लिये उसका 1 अप्रैल तक शारीरिक रिमांड ले लिया ।

पैट्रोल पम्प लूट लिया

जालंधर : पुलिस ने बताया कि आज शाम कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने लाम्बड़ा में एक पैट्रोल पम्प से 2600 रुपये लूट लिये तथा फरार हो गये ।

पुलिस सूत्रों ने पैट्रोलपम्प का नाम महाराजा फिलिंग स्टेशन बताया है ।

भ्रष्टाचार में मेजर की दो वर्ष की सेवा 'खत्म'

चंडीगढ़, 29 मार्च (संधी): जनरल कोर्ट मार्शल ने सेना के एक मेजर अंजन मेहरा को भ्रष्टाचार में दोषी पाए जाने पर उसकी दो साल की सेवा 'समाप्त' कर दिए जाने के आदेश जारी कर दिए । मेजर

Punjab Sampada

की छोटी रेल ला
लिए भारतीय रे
इंजनों के निर्माण
एक विश
क्षमता 60
छोटी रेल लाइन
क्षमता केवल ती
रेल इंजन की चा
किलो मीटर है,

पृथकताव
दें

नई दिल्ली, 2
जाखड़ ने देश के
की समस्या पर
अलगाववाद की
जाना चाहिए ।

श्री जाखड़ ने
के 102वें वार्षि
आज यहां कहा कि
उसी को काटने की
जनता ऐसा नहीं

उन्होंने आर्य
सरस्वती द्वारा स
जिक्र करते हुए
स्वभाषा, स्वधर्म
उस पर चलकर
है ।

उनका मत थ
जरिए राष्ट्रीय ए
क्योंकि यह समूचे
भाषा है ।

सार्वदेशिक
स्वामी आनंद बो
दयानंद के आदर्श
सकता है ।

संगठन के म
वर्ष दिल्ली में हिंद
हिंदू धर्म में पुन:

खजु

कानपुर, 2
की धरोहर खजु
रहते बचाया ना
मंदिरों के जीव
अलौकिक कला
जाने का भय है

स्थानीय प
भ्रमण के दौरान
मूर्तियां क्षतिग्रस्त
पहुंच गई हैं जि
होती जा रही है

मंदिरों की
सौंदर्य की मूर्ति
की निर्मित है
काई लग गई है
जोगिनी मंदिर

कुख्यात आतंकवादी जिन्दा को उसके साथी पुलिस से छुड़ा ले गये

फगवाड़ा में दो ठेके जलाये गये : जालंधर में फ़ायरिंग से एक घायल : कई जगह लूटपाट

मेले में फ़ायरिंग से एक मरा : मुठभेड़ों में दो उग्रवादी मरे

चंडीगढ़, 30 मार्च (वार्ता, हस): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में सशस्त्र उग्रवादी 'ए' श्रेणी के खतरनाक आतंकवादी हरजिंदर सिंह जिंदा को पुलिस हिरासत से छुड़ाकर ले गए, दो अलग-अलग भिड़ंतों में दो आतंकवादी मारे गए ।

धनौला खुर्द में उग्रवादियों ने सरदारा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

फगवाड़ा क्षेत्र में सिग्रेट विक्रेताओं व नाइयों को एक महीने के अन्दर अपना धंधा बदल लेने अथवा गम्भीर परिणाम भुगतने की धमकियां मिली हैं ।

जालन्धर में एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया गया ।

बाघापराना के माही मुस्तफा ग्राम में उग्रवादियों द्वारा मेले में फायरिंग किए जाने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई ।

बटाला के पास उग्रवादियों ने एक व्यक्ति को घायल कर 1.16 लाख रु. लूट लिए ।

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): होशियारपुर जिला में आज पांच अलग-अलग वारदातों में दो स्कूटर छीने गए, टायरों की दुकान को आग लगाई गई । एक गांव में गोली चली तथा एक व्यक्ति से 28 सौ रुपए छीने गए । पहली वारदात यहां से 15 किलो मीटर दूर हंदोवाल गांव के करीब सतपाल नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर पी.ए.डब्ल्यू. 5221 छीन लिया गया । सतपाल अपने ससुराल माहिलपुर से अपने गांव पिपलांवाला आ रहा था कि हंदोवाल चो के करीब खड़े तीन अज्ञात व्यक्ति पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन कर भाग गए ।

स्कूटर छीनने की दूसरी वारदात पनाम गांव के करीब हुई । अशोक कुमार नामक युवक अपने स्कूटर नम्बर पी.बी.ओ. 7984 पर पेपर देकर साढ़े ग्यारह बजे लगभग घर लौट रहा था कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल दिखाकर उससे स्कूटर छीन लिया तथा फ़रार हो गए । आदमवाल में मैसर्ज महेन्द्रा टायर्स की दुकान पर पड़े टायरों को रात दो बजे आग लगा दी गई । खयाला बुलंदां के करीब चार व्यक्तियों ने रामलाल के भट्ठा पर जाकर उससे सारा कैश उनके हवाले कर देने को कहा । इतने में वहां बहुत से लोग इकट्ठे हो गए तथा उन्होंने दूर से पथराव करना शुरू कर दिया व शोर मचाना शुरू कर दिया । इस पर आतंकवादी घबरा गए और हवा में गोलियां चलाते हुए फ़रार हो गए । यह घटना कल बाद दोपहर सवा तीन बजे की है ।

मोगा (हस): फरीदकोट जिला में बाघापुराना पुलिस ने कल 2 युवकों जगतार सिंह और बलदेव सिंह (कालेके) को उग्रवादी गतिविधि निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया । दोनों ने यहां उग्रवादियों की ओर से ठेके वालों को धमकियां दी थीं । मोगा की एक अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है । इनकी गिरफ्तारी के विरुद्ध लगभग 100 नागरिकों ने अदालत के बाहर प्रदर्शन किया ।

दोनालियां लूटीं

कल सशस्त्र उग्रवादियों ने गांव वेरोके में .12 बोर की 2 बंदूकें लूट लीं और एक ठेका नष्ट कर दिया । एक बंदूक मेजर सिंह के और दूसरी गुरदीप सिंह के घर से लूटी गई ।

एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि इन दोनों के विरुद्ध अपने हथियार संभाल कर न रखने, मिलीभगत करके इन्हें उग्रवादियों को सौंपने और उन्हें शरण देने के आरोप में केस दर्ज किये है ।

जगराते से खींच कर हत्या

अमृतसर (ह.स.): पांच संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर जिला में छहर्टा थाने के अंतर्गत घुमानपुरा गांव में मनोहर सिंह नामक एक व्यक्ति को जगराते में से बाहर खींच कर गोली मार कर हत्या कर दी तथा एक अन्य व्यक्ति कुंदन सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादी युवक, जिनके मुंह ढंके हुये थे, सिखों द्वारा जगराते में भाग लेने का विरोध कर रहे थे । 'कमलेश' के अनुसार उग्रवादी स्टेनगन और पिस्तौलों से लैस थे । उन्होंने बूढ़ों और महिलाओं को एक तरफ कर दिया था ।

अविनाशी सिंह का पता न चला

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव अविनाशी सिंह और डा. बलदेव सिंह बराड़ का लाख कोशिशों के बावजूद कुछ पता नहीं चल पाया है । दो सचिव पिछले मंगलवार से रहस्यमय ढंग से लापता हैं । नगर पुलिस अधीक्षक सुरेश अरोड़ा ने बताया कि प्रबंधक कमेटी के कार ड्राईवर बंता सिंह के बयान के आधार पर पुलिस ने कल शाम एक मुकद्दमा दर्ज कर लिया है । मुकद्दमा भारतीय दंड संहिता की धारा 365 के अंतर्गत दर्ज किया गया है । बंता सिंह आखरी व्यक्ति था, जिसने दोनों पदाधिकारियों को तरनतारन इलाके की ओर एक अज्ञात फिएट कार में जाते देखा था । तरनतारन उग्रवादियों का गढ़ माना जाता है । गुप्तचर सूत्रों ने जानकारी दी है कि अविनाशी सिंह और डा. बराड़ 'धधवाली गेट' के पास उतरे थे जहां एक युवक उनका पहले से इंतज़ार कर रहा था ।

उन लोगों ने बंता सिंह से कार आगे ले जाने के लिये कहा । वे लोग उस युवक से अकेले में कुछ कहना चाहते थे । उसके बाद वे लापता हो गये ।

ड्राईवर ने पुलिस को बताया कि दोनों ने शहर के बाहरी रोड पर स्टाफ कार छोड़ दी थी तथा वे वहां से कुछ दूरी पर खड़ी एक फिएट कार की ओर चले गये थे । उन्होंने ड्राईवर से थोड़ी देर इंतज़ार करने के लिये कहा लेकिन जब वे 11 बजे रात तक नहीं आए तो ड्राईवर खाली कार लेकर वापस लौट आया ।

पुलिस ने बताया कि जानकार लोगों के साथ कहीं गये, क्योंकि जाने से पहले गाड़ी में बैठे व्यक्ति से हाथ मिलाया था ।

इस बीच स्वर्ण मंदिर परिसर में स्थित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यालय में उदासी छा गई है । इसका प्रमुख कारण यही है कि रात भर खोजने के बाद भी दोनों पदाधिकारियों से संबंध स्थापित नहीं हो सका ।

कमेटी सूत्रों के अनुसार डा. बराड़ जो कि गुरु राम दास अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक भी हैं, अपने साथ बुखार एवं रक्तचाप नापने का यंत्र भी ले गये हैं । इससे आशा व्यक्त की जा रही है कि किसी बीमार व्यक्ति का इलाज करवाने के लिये उग्रवादियों ने उनका अपहरण किया है ।

सूत्रों ने बताया कि यह बड़ी आश्चर्यजनक बात है कि डा. बराड़ और श्री अविनाशी सिंह ने न तो किसी सहकर्मी से बात की और न ही अपनी यात्रा के बारे में अपने परिवार वालों को कुछ बताया ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रांगण स्थित सभी कार्यालय अविनाशी सिंह के अचानक लापता हो जाने के विरोध में आज बंद रहे । प्रबन्धक कमेटी के लोगों को पहले लगा था कि डाक्टर बराड़ किसी मरीज को देखने गए हैं क्योंकि उनके साथ ब्लड प्रैशर मापने का यंत्र भी था लेकिन उन्हें शंका है कि वे आतंकवादियों द्वारा अपहृत कर लिए गए हैं ।

जालंधर रेंज के डी.आई.जी. अरुण चंद डोगरा आज सुबह यहां पहुंचे । उन्होंने कहा कि वे लोग अब भी विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रहे हैं ।

थाने में दर्ज कराई गई एफ.आई.आर. में कहा गया है कि अविनाशी सिंह को लेने के बाद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की कार अकाल तख्त के कार्यकारी जत्थेदार दर्शन सिंह रागी के निवास पर गई और फिर डा. बराड़ को लेने गुरु रामदास अस्पताल गई । यह अस्पताल प्रबन्धक कमेटी चलाती है ।

प्राथमिकी में बताया गया है कि कार में बैठा व्यक्ति लम्बा और स्वस्थ था तथा सफेद कुर्ता, पजामा और पटका पहने था जिसकी उम्र करीब 35 वर्ष होगी । बंता सिंह कार का नम्बर नहीं देख सका ।

इस बीच जालंधर से मिली खबर के अनुसार खालिस्तान समर्थक पंथक समिति और अखिल भारतीय सिख छात्र फैडरेशन (गुरजीत गुट) ने आज आरोप लगाया कि अविनाशी सिंह और डा. बलदेव सिंह बराड़ का पुलिस ने बरनाला सरकार की मर्जी से अपहरण किया है ।

दोनों की तरफ से लगभग एक जैसे बयान अलग-अलग जारी किए गए ।

कारण सिगरेट बे
कामकाज छोड़ चु
ओर से इस सम्बन्ध
कारण सरकार की

तनाव

एक स्थानीय ब
की शांति भंग की
विरोध में नवांशह
उत्पन्न हो गया ज
दुकानें बंद कर दी
200 व्यक्तियों ने
बलबीर सिंह नाम
प्रधान अयोध्या
गिरफ्तार किया
जिलाधिकारियों से
झड़प के बाद सिवि
खिड़कियां तोड़ने
कार्रवाई क्यों नहीं

प्लास्टिक की गो

जालन्धर में
नवांशहर में आल
के वर्करों की हि
लाठीचार्ज किया
चलाई । ये वर्कर
ट्रैफिक जाम किया
दी थी । नवांशह
बंद रहा । वे कु
कर रहे थे ।

एक अन्य सूच
दस बजे से सार्व
रहा । फैडरेशन
जिससे एक ए.एस
घायल हो गए ।

एक समुदाय
खालिस्तान समर्थक
भी दुकानें बंद करा

घायल करके स्व

नवांशहर से श
गांव भीन के निकट
को उग्रवादियों ने गो
तथा उसका स्कूट
बलबीर सिंह को अ
गया है ।

फ़ायरिंग का घा

मुक्तसर (दर्दी)
क्लर्क श्री कुंदन लाल
यहां कोटकपूरा रोड
करके गम्भीर रूप

punjabi samachar

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

बिकाऊ

किराए पर





बीरवार को अजीजपुर के पास पुलिस से मुठभेड़ में मारे गये तीन उग्रवादियों के शव जिनकी शिनाख नहीं हो सकी । (छाया : महेन्द्र पाल गुप्ता)

थीन बांध पूर्ण नहीं होगा तब तक नहर में हरियाणा के हिस्से का पानी चल ही नहीं सकता । थीन बांध वर्तमान गति से 1992 से पहले पूर्ण नहीं हो सकता तथापि 1992 से भी लेट हो सकता है ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री गुप्ता ने कहा कि सतलुज का पानी तो हरियाणा को मिल ही रहा है । परन्तु बरसात के मौसम के दौरान पानी में होने वाली

(शेष पृष्ठ 6 पर)

श्री हर्शमिन ने कहा कि उनकी एजेंसी की नियुक्ति का एक सरकारी पत्र भी दिया गया था । उन्होंने कहा कि उनकी एजेंसी को कई भारतीय समूहों के मामले की वित्तमंत्रालय द्वारा की जा रही आंपराधिक जांच-पड़ताल में सहायता करने को कहा गया था ।

उन्होंने कहा कि हमने पूरी आजादी से जांच-पड़ताल का काम किया और हमें किसी भी

काम अभी भी जारी है और उन्हें अनुबंध समाप्त करने संबंधी कोई है ।

उन्होंने भारतीय समाचार पत्रों पत्र को सरासर फर्जी बताया जिसमें फेयर फैक्स समूह के इंडियन एक्स समूह से भी संबंध थे ।

उन्होंने कहा कि कि यह फ एक्सप्रैस को बदनाम करने की

महंत सहित 3 लोगों की हत्या, परिसर में एक और शव मिला

चंडीगढ़, 3 अप्रैल (नि.स., वा. ह.स.): आतंकवादियों ने कल रात नवांशहर के निकट एक व्यक्ति गुरचरन सिंह की हत्या करके उसका स्कूटर छीन लिया । नवांशहर में आज दूसरे दिन भी हड़ताल रही और तनावपूर्ण शांति बनी रही । लांगेना में एक मेले में 25-30 व्यक्तियों द्वारा हवाई फ़ायरिंग किए जाने से आतंक फैल गया । चार यक्ति भीड़ ने पकड़ लिए । फगवाड़ा के निकट जगतपुर जट्टां के एक पुजारी को आज मार डाला।

अमृतसर के कत्थूनंगल थाना क्षेत्र के ग्राम तलवंडी दसौंधा सिंह तथा मांगे सराय पुल पर तीन उग्रवादियों की फायरिंग से सोहन लाल मारा गया व स्वर्ण कुमार शर्मा घायल हो गया ।

अमृतसर में स्वर्ण मंदिर परिसर से एक और व्यक्ति का शव बरामद हुआ है ।

फिल्लौर और लुधियाना में दो बैंकों को लूटने की नाकाम कोशिश की गई ।

कल रात मोहाली में उग्रवादियों के हाथों मारे गए एस.डी. हाई स्कूल चमकौर साहिब के प्रिंसीपल हरदेव शर्मा तथा सरना में मारे गए गनमैन का आज अंतिम संस्कार कर दिया गया । मंडी अहमदगढ़ के पास एक बस यात्री से 35 हजार रु. छीन लिए गए ।

राज्य में सिगरेटों, मांस, शराब आदि के एक दर्जन से अधिक खोखे और ठेके जला कर नष्ट कर दिए गए । गुरदासपर में 'अमृत प्रचार' समारोह के दौरान वस्सन सिंह और रूपेवाली द्वारा जारी पर्चे बांटे गए । समारोह में अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह भी उपस्थित थे ।

फतेहगढ़ चूड़ियां में कल शराब से लदा ट्रक जलाने की कोशिश की गई ।

अमृतसर से एक एजेंसी की सूचना के अनुसार आज सायं स्वर्ण मंदिर परिसर में गुरु राम दास सराय के पास एक 65 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ जिसे शिरोमणि कमेटी के अधिकारियों ने पुलिस को सौंप दिया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सोनिया भिवा चुनाव लड़ें

करनाल, 3 अप्रैल (गांधी, श इंका नेता प्रधानमंत्री राजीव गांधी सोनिया गांधी को भिवानी संस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़वाने हैं ।

अविनाशी का पता नह

अमृतसर, 3 अप्रैल (ह.स.): प्रबंधक कमेटी के सचिव श्री अ डाक्टर बलदेव सिंह बराड़ के लापता होने के बाद एक दिन और भी अभी उनका कोई सुराग नहीं गत मंगलवार सायं से लापता हैं

एस.पी. सिटी श्री सुरेश कहा कि पुलिस भरसक प्रयास के व्यक्ति को खोजने में असफल रही लापता होने के बाद इनमें से कि में देखने का दावा किया हो ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रब कार्यालय सचिव श्री भान सिंह ने कि शिरोमणि कमेटी के बहुत तरनतारन और गुरदासपर क्षेत्रों का भी कुछ परिणाम नहीं निकल

आज सायं शिरोमणि गुरुद्वार के बहुत से कर्मचारी जिलाधीश से मिले और दोनों लापता नेता किए जाने बारे ज्ञापन दिया । ज्ञाप गई कि दोनों नेताओं की तला स्थिति में निकलने वाले परि सरकार पर होगा । ज्ञापन में क सरकार के षड्यंत्र का परिणाम

श्री अविनाशी सिंह और व्यक्ति के साथ फिएट कार में थे । जाने से पूर्व वे शिरोमणि ड्राईवर को प्रतीक्षा के लिए क बजे तक प्रतीक्षा के बाद जब वे ओर ले जाए गए, वापस आ ग बताया कि यदि वर्तमान प्रया घर-घर शीघ्र ही खोज शुरू की

मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह नेताओं की खोज के लिए उठाए जिला प्रशासन से सम्पर्क किया

मुख्यग्रंथियों द्वारा निंदा

पांच मुख्य ग्रंथियों ने भी श्री अविनाशी सिंह और डाक्टर की निंदा की है ।











फगवाड़ा के निकट ग्राम चट्टपुर जट्टां में उग्रवादियों द्वारा मारा गया (1) एक डेरे का महंत व (2) महंत का डेरा (छाया : 1, 2 कौड़ा), (3) सरना चौक पठानकोट में उग्रवादियों द्वारा मारे गए गनमैन परमजीत व (4) एक अन्य शक्ति कुमार के शव (छाया : 3, 4 गुप्ता), (5) एस.डी. हाई स्कूल चमकौर साहब के हैडमास्टर तथा इंका नेता सरपंच हरदेव शर्मा जिनकी वीरवार को मोहाली में उग्रवादियों ने हत्या कर दी, एक पुराने चित्र में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ (छाया : नर्बदा)

Punjabi Sanatan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

कड़े सुरक्षा प्रबन्ध

नवांशहर में चल रहे तनाव के दृष्टिगत प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए हैं । गत सायं जिलाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों ने एक संयुक्त बैठक में हालात का जायजा लिया व शहर में प्रत्येक कीमत पर कानून व्यवस्था नियंत्रित रखने हेतु सतर्कता पग उठाने पर विचार-विमर्श किय । किसी सम्भावित अप्रिय घटनाओं के दृष्टिगत आज प्रातः फगवाड़ा से फायर ब्रिगेड नवांशहर भेजा गया ।

तनावपूर्ण शांति

उपमंडलीय नगर नवांशहर में आज दूसरे दिन भी हड़ताल रही और तनावपूर्ण शांति बनी रही । एक स्थानीय वकील और सिख छात्र संघ के कुछ सदस्यों की गिरफ्तारी के विरुद्ध कल एक समुदाय के लोगों ने स्थानीय पुलिस स्टेशन के बाहर छः घंटे धरना दिया था और चंडीगढ़ हाइवे पर ट्रैफिक बाम किया । 500 लोगों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज और प्लास्टिक की गोलियों का सहारा लेना पड़ा था । पथराव में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे और तीन बसों के शीशे टूट गए थे । जालन्धर बार एसोसिएशन और नवांशहर के वकीलों ने आज हड़ताल की । पुलिस का कहना है कि वकील बलबीर सिंह जीमा और सिख छात्र संघ के नेता को शिवसेना नेता अयोध्या प्रसाद की हत्या के सम्बन्ध में पूछताछ के लिए पकड़ा गया है । लोगों ने पुलिस की कार्रवाई को भेदभावपूर्ण करार देते हुए कहा कि 11 मार्च को जिलाधीश एस.पी. अग्रवाल का घेराव करने और सिविल अस्पताल पर पथराव करके शीशे तोड़ने वाले शिवसेना वर्करों के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की गई ? आज नगर में अधिकांश दुकानें बंद रहीं ।

सही इलाज किया गया

नकोदर (गगन): नकोदर के सी.एम.ओ. ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि सुखसागर महाजन, जिसे बेहोशी की अवस्था में पुलिस ने एक अप्रैल की रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, को पूरी डाक्टरी सहायता दी गई, लेकिन सिर में लगी गम्भीर चोट के कारण उसे बचाया नहीं जा सका । श्री महाजन की पहचान भी नहीं हो सकी थी, इसलिए उनके घर वालों को सूचित नहीं किया जा सका । जालन्धर के सिविल सर्जन ने जांच करके डाक्टरी सहायता को समुचित करार दिया । कल सी.एम.ओ. के निवास पर भीड़ द्वारा धावा बोले जाने के विरुद्ध सिविल अस्पताल में एमरजैंसी वार्ड को छोड़ कर शेष डाक्टरों ने हड़ताल की ।

जालंधर के सिविल सर्जन निधान सिंह ने इस

आरम्भ कर दिया है
चार अज्ञात नवयुव
पहनना बंद कर दें,
रहे । उन्होंने कह
जानते हैं । उक्त
किसी भी राजनीति
और कई वर्षों से स
हैं ।

मीट के खोखे ज

होशियारपुर (
दूर मौजा धोगरी में
दो खोखे जला दिए
इनमें एक खोखा म
दोनों खोखे पूरी तर
ओर पुलिस ने इस
हिरासत में ले लि
जसविंदर सिंह, दू
शामिल हैं । इ
पी.ए.टी. 5058
पकड़े गए । ज्ञात
से पकड़े गए जबकि
अन्य को आई.टी.
इस सम्बन्ध में
बताने को तैयार न
उनके कब्जे से दो
से जब सम्पर्क कि
ठीक है कि कुछ व
है, परन्तु इस चर
है ।

उधर सिख
तथा हरदीप सिंह
सिंह, जगजीत स
यदि उन पर ग
नोटिस लिया जा

होशियारपु
ने निषेधाज्ञा की
इस अवधि में
लगाने आदि पर
अन्य चार पहिए
प्रातः 5.30 ब

होशियारपु
12 वर्करों को
मैटाडोर, दो पिस
गई । इनमें म
जोहल का जमा

उग्रवादियों
दिए ।

हैड मास्टर

मोहाली (
साहिब के हैड

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार, 5 अप्रैल, 1987 तदनुसार, 23 चैत्र, 2044

सुविज्ञ सूत्रों से पता चला है कि श्री वेंकटरमन तथा श्री कुमार रविवार को नई दिल्ली से रवाना हो रहे हैं । चूंकि श्री हर्शमैन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि

अमृतसर के निकट निहंग की हत्या : 7 आतंकवादी मुठभेड़ के बाद भाग निकले

दसूहा में दो दर्जन खोखे जला दिये, कई जगह ठेके नष्ट, जालन्धर में डाकघर लूटा

अविनाशी, डाक्टर बराड़ का कोई सुराग नहीं मिला

चंडीगढ़, 4 अप्रैल (वार्ता, हस.): संदिग्ध आतंकवादियों ने गत 24 घंटों में पंजाब में एक निहंग की तलवार से हत्या कर दी,जबकि एक अन्य व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया ।

ज़िला होशियारपुर में दसूहा में दो दर्जन से अधिक खोखे जला दिए ।

जालन्धर ज़िला में एक डाकघर लूट लिया गया । ज़िला कपूरथला में सुलतानपुर लोधी में बम विस्फोट हुआ ।

उग्रवादियों द्वारा शराब, मांस तथा तम्बाकू विक्रेताओं के विरुद्ध अभियान जारी है तथा कई जगह ठेके लूटे गए ।

मोगा के निकट एक फार्म हाऊस पर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के बाद लगभग 7 उग्रवादी अपने एक घायल साथी समेत बच कर भाग निकले । फार्म हाऊस से पुलिस व सेना की वर्दियां मिलीं ।

पठानकोट के निकट गत दिनों मारे गए आतंकवादियों में एक पुलिस के सब-इंस्पैक्टर का लड़का शामिल था ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के सचिव अविनाशी सिंह तथा गुरु रामदास हस्पताल के चिकित्सा अधिकारी बलदेव सिंह बराड़ का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है ।

ये दोनों गत मंगलवार की शाम को रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए थे ।

डाकघर लूटा

जालन्धर (वार्ता): तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने आज बाद दोपहर यहां बूटा मंडी में एक उप-डाकघर से 4 हज़ार रुपए लूट लिए । स्कूटर सवार उग्रवादी वारदात के बाद भाग निकले । पुलिस केस दर्ज करके जांच कर रही है ।

गत रात्रि माडल टाऊन जालन्धर में एक दुकान में आग लग गई । दुकान के मालिक के अनुसार इसमें 65,000 रुपए की हानि होने का अनुमान है । पुलिस का ख्याल है कि यह आग बिजली के शार्ट सर्किट के कारण लगी ।

बम फैंका

कपूरथला (शर्मा): कपूरथला जिले के सुलतानपुर लोधी में कल रात कुछ अज्ञात व्यक्ति एक चिकित्सक लाल चन्द के मकान पर देसी बम फैंक कर भाग गए । बम विस्फोट से सम्पत्ति का नुक्सान होने या किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है । पुलिस का कहना है कि हमलावरों ने आतंक फैलाने के इरादे से मकान में एक पटाखा फैंका था ।

दुकानें खुलकर फिर बंद

नवांशहर (शर्मा): दो दिन के तनाव के बाद आज प्रातः शहर में दुकानें खुल गईं,परन्तु 11 बजे अचानक तनाव पैदा हो जाने से फिर बाज़ार बंद हो गए । यहां गुरुद्वारा सिंह सभा में बहुत से लोगों ने इकट्ठे होकर कल की गिरफ़्तारियों के विरुद्ध जलूस निकालने की कोशिश की । पुलिस तत्काल मौका पर पहुंच गई तथा उसने उत्तेजित लोगों पर हल्का लाठीचार्ज किया । इस पर वे लोग गुरुद्वारा के अन्दर चले गए । बाद में भारी पुलिस फ़ोर्स व उच्चाधिकारी मौका पर पहुंचे । एस.एच.ओ. ने कहा है कि पुलिस ने लाठीचार्ज नहीं किया । आज नवांशहर की चारों ओर से नाकाबंदी करके शहर में दूध नहीं पहुंचने दिया गया ।

'वार्ता' के अनुसार नवांशहर में एक समुदाय के दुकानदारों ने आज तीसरे दिन भी अपनी दुकानें बंद रखीं । वकील तीसरे दिन भी अपने सहयोगी बलबीर सिंह छीना की गिरफ्तारी के विरोध में अदालतों में नहीं गए । पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिख छात्र संघ के एक ग्रुप ने जलूस निकाला तथा आई.टी.आई. में हड़ताल करा दी । सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी लोगों का 13 अप्रैल तक न्यायिक रिमांड दिया गया है तथा उन्हें यहां सैंट्रल जेल में रखा गया है ।

हथियार लेकर चलने पर रोक

संगरूर (गर्ग): ज़िला मैजिस्ट्रेट संगरूर श्री पी. राम ने ज़िला-भर में धारा 144 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लेकर चलने पर रोक लगा दी है। यह आदेश 31 मई तक लागू रहेगा । ज़िला मैजिस्ट्रेट ने सभी शराब के ठेके, ढाबे तथा टी-स्टाल रात 9 बजे बंद करने का आदेश दिया है जबकि अन्य सभी व्यापारिक संस्थान रात 7.45 बजे बंद होंगे । सभी बसें प्रातः 6.30 बजे से शाम 6 बजे तक चलेंगी । उन्होंने सिनेमाओं के रात्रि शो बंद करने तथा रात को गांवों में गश्त के भी आदेश जारी किए हैं ।

शाहकोट (चोपड़ा): शराब के ठेकेदारों से पता चला है कि आज चौथे दिन भी मलसियां, रूपेवाल, लोहियां, मल्लियां,उग्गी, कंग साबू, शंकर,पुरहीरां, बुर्जियां, हिम्मतपुर, बाथा, बिलगा, तलवन, कोट बादल खां आदि में शराब के ठेके बंद रहे । शाहकोट में कई भयभीत दुकानदारों ने सिगरेट-बीड़ी बेचना बंद कर दिया है ।

उग्रवादी गिरफ्तार

थाना शाहकोट के एस.एच.ओ. जागीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने नाकाबंदी करके मौज़ा कांगना नहर के पुल पर एक उग्रवादी हरमेश सिंह को एक पिस्तौल समेत गिरफ्तार कर लिया । अभियुक्त ने शराब के कई ठेके तथा बैंक लूटने की जिम्मेदारी कबूल की है । तलवंडी माधो में एक तांगा पर फ़ायरिंग करके उसकी सवारियों को लूटने की भी उसने स्वीकारोक्ति की है ।

पुजारी का अन्तिम संस्कार

फगवाड़ा (खोसला): कल मौज़ा जगतपुर जट्टां

(शेष पृष्ठ 10 पर)

'हम लोकदल (ब) के साथ हैं' : 11 विधायकों ने विधानसभा के सचिव को पत्र लिखा

चंडीगढ़, 4 अप्रैल (सागर): हरियाणा विधानसभा के लोकदल के 12 विधायकों ने

के सचिव श्री जी.एल. बतरा को सूचना देने वालों के

एक उग्रवादी पुलिस हिरासत में मरा, एक शव मिला

पालमपुर, 4 अप्रैल : गत दिनों पालमपुर के पास एक टैक्सी चालक को गोली मार कर घायल करने में गिरफ्तार तीन उग्रवादियों में से एक की





(1) अमृतसर में ... लाल का शव, (3) ... घायल थाना बाबा ...

फारूक ... की घ...

जम्मू, 4 अप्रैल (वा... के मुख्यमंत्री फारूक अ... सरकार जमायते इस्लामी ... को अपने हाथ में लेगी ... विधानसभा में राज्यपाल ... के जवाब में यह घोषण... जमायते इस्लामी साम्प्र...



Punjabi Sanatani

सचिव श्री एस. वेंकटरमन तथा
भाग के नए निदेशक श्री अनिल कुमार
जाने तथा वहां एजेंसी के प्रतिनिधियों
निर्देश दिया गया है ।

ों से पता चला है कि श्री वेंकटरमन
रविवार को नई दिल्ली से रवाना हो
श्री हर्शमैन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि

प्रेस को इंटरव्यू देने बंद किए जाएं । इस विचार को इस तथ्य से बल मिलता है कि श्री कुमार भी वाशिंगटन जा रहे हैं । श्री हर्शमैन कह चुके हैं कि फ़ेयर फ़ैक्स के साथ अनुबंध इन्फोर्समेंट विभाग के भूतपूर्व निदेशक भूरे लाल ने किया था, अतः उसे रद्द करने अथवा निर्देशों में कोई संशोधन उनके उत्तराधिकारी द्वारा ही किया जा सकता है ।

गई । एक अधिकारी तो इससे इतना परेशान हो गया कि उसने नए निदेशक को एक पत्र लिख कर अपना तबादला कराने की इच्छा प्रकट की । लेकिन उसे विभाग के हित का वास्ता देकर मनाया गया । उधर श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि श्री भूरे लाल के हस्ताक्षरों वाले सभी दस्तावेज़ों का पता लगाया जाए । श्री कुमार ने निर्देश दिया है

राष्ट्रपति कार्रवाई करें

लोकदल के महासचिव डा. सुब्रमण्यम स्वामी ने आज यहां कहा 'फ़ेयर फ़ैक्स' मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रपति को शीघ्र समुचित कार्रवाई करनी चाहिए ।

उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री को उस बारे में अभी बहुत कुछ

गंगा का उद्गम स्थान
गया है ।

सुप्रीम कोर्ट जज

लोकदल के कार्य
बहुगुणा ने आज उ
न्यायाधीश आर.एस
(शेष

ा : 7
निकले
ाकघर लूटा
ीं मिला

र हथियार लेकर चलने पर रोक
श 31 मई तक लागू रहेगा ।
सभी शराब के ठेके, ढाबे तथा
जे बंद करने का आदेश दिया है
व्यापारिक संस्थान रात 7.45
ी बसें प्रातः 6.30 बजे से शाम
। उन्होंने सिनेमाओं के रात्रि शो
को गांवों में गश्त के भी आदेश

ड़ा): शराब के ठेकेदारों से पता
थे दिन भी मलसियां, रूपेवाल,
गी, कंग साबू, शंकर, पुरहीरां,
बाधा, बिलगा, तलवन, कोट
शराब के ठेके बंद रहे ।
भयभीत दुकानदारों ने
बंद कर दिया है ।

र
के एस.एच.ओ. जागीर सिंह के
ाकाबंदी करके मौज़ा कांगना
उग्रवादी हरमेश सिंह को एक
ार कर लिया । अभियुक्त ने
था बैंक लूटने की जिम्मेदारी
ंडी साधों में एक तांगा पर
सवारियों को लूटने की भी
है ।

संस्कार

): कल मौज़ा जगतपुर जट्टां
ठ 10 पर)



(1) अमृतसर में स्वर्ण मंदिर परिसर में गुरू रामदास सराय के बाहर से मिला शव, (2) कत्थू नंगल के पास उग्रवादियों द्वारा मारे गये सोहन लाल का शव, (3) उग्रवादियों के हाथों घायल सोहन लाल का भाई सरवन दास जो अस्पताल में उपचाराधीन है, (4) उग्रवादियों की गोली से घायल थाना बाबाबकाला के गांव रामदवाली के रिटायर्ड फौजी महेंद्र सिंह । *(छाया : ओम भंडारी)*

फारूक द्वारा जमायते इस्लामी के स्कूलों के अधिग्रहण की घोषणा, प्राईवेट स्कूलों की सहायता बंद होगी

जम्मू, 4 अप्रैल (वार्ता, सच्चर): जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि राज्य सरकार जमायते इस्लामी द्वारा संचालित सभी स्कूलों को अपने हाथ में लेगी । डाक्टर अब्दुल्ला ने राज्य विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा के जवाब में यह घोषणा की । उन्होंने कहा कि जमायते इस्लामी साम्प्रदायिक भावना को फैलाने में इन स्कूलों का उपयोग कर रही है । उन्होंने घोषणा की कि उनकी सरकार प्राइवेट स्कूलों को दी जाने वाली सहायता को बंद कर देगी और इससे बची धनराशि को सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधारने में इस्तेमाल किया जाएगा ।

डाक्टर अब्दुल्ला ने घोषणा की कि अब विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा भी निःशुल्क नहीं रहेगी । हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि गरीब छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी जबकि अन्य, खासकर अमीर छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए शुल्क देना होगा । उन्होंने कहा कि राज्य की राजधानी के सम्बन्ध में निर्णय लेने से पूर्व वह सभी सदस्यों से परामर्श करेंगे । उन्होंने कहा कि वह राज्य के तीनों क्षेत्रों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का समान विकास चाहते हैं । उन्होंने मुस्लिम यूनाइटेड फ्रंट को चेतावनी दी कि यदि उसने तोड़फोड़ की गतिविधियां जारी रखीं तो गंभीर परिणाम होंगे । उन्होंने कहा

अब्दुल रशीद ने मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के विरुद्ध भाजपा नेता चमन लाल गुप्ता के विशेषाधिकार प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया ।

श्री गुप्ता ने अपने प्रस्ताव में कहा कि मुख्यमंत्री ने कल रात दूरदर्शन से प्रसारित अपनी प्रैस कांफ्रैंस में कहा था कि श्रीनगर राज्य की स्थाई राजधानी होगी ।

कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ नेता रंगीला सिंह ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि राजधानी के बारे में अंतिम निर्णय लेने से पूर्व जम्मू के विधायकों से परामर्श करें ।

डाक्टरों की भर्ती

डाक्टर अब्दुल्ला ने कहा कि स्वास्थ्य व चिकित्सा सेवाओं में सुधार के दृष्टिगत डाक्टरों की कमी पूरी करने के लिए राज्य से बाहर के डाक्टर भर्ती किए जाएंगे और राज्य के मैडीकल कालेजों में दाखिला बढ़ाया जाने का प्रयास किया जाएगा ।



जाली
कांड में

चंडीगढ़, 4 अप्रै
पंजाब स्कूल शिक्षा
सर्टिफिकेट तैयार क
गिरोह के तीन सदस्
दावा किया है जबकि
तलाश कर रही है ।

एस.एस.पी. श्री
पुलिस को सूचना मिल
में कार्यरत एक चप
साथियों मंजीत सिंह
भगवान दास नामक
सर्टिफिकेट तैयार कर
को देने जा रहा है ।

पुलिस ने छानबी
जिस पर पुलिस ने
मुखतार सिंह व गुर
मंजीत सिंह के विरुद्ध
474 व 120-बी के

दूरदर्शन पर
फिल्

नई दिल्ली, 4 अ
को रात साढ़े ग्यारह
हिन्दी फीचर फिल्म

आज यहां जारी
अनुसार फीचर फिल्
मद्रास, बेंगलूर और
प्रसारित करेंगे ।

शबाना आजमी
अभिनेत्री का पुरस्कार
स्मिता पाटिल और कु

विज्ञप्ति के अनु
ग्यारह बजे अंग्रेजी
मारिया ब्रान' भी दिख

अज्ञेय



Punjabi Sanatani

निहंग की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

में मन्दिर के पुजारी राम बहादर की चार आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी । आज पोस्टमार्टम के बाद लाश गांव की पंचायत के हवाले कर दी गई । पंचायत ने उसका अन्तिम संस्कार कर दिया । पोस्टमार्टम द्वारा पुजारी के शरीर से दो गोलियां निकाली गईं जबकि दो गोलियां शरीर के आर-पार हो गई थी । पुलिस को गांव के खेत में कोई कारतूस नहीं मिला धारा 302 के अन्तर्गत केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है ।

बोर्ड मिटा दिए

आतंकवादियों की धमकियों के कारण फाजिल्का में लगभग डेढ़ दर्जन सिगरेट, बीड़ी व पान विक्रेताओं ने अपनी दुकानों के बोर्ड मिटा दिए हैं ।

धमकी-पूर्ण पोस्टर

आज फाजिल्का के कुछ निकटवर्ती गांवों में रात के समय पंजाबी में लिखे 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' की तरफ से पोस्टर लगाए गए जिन्हें पुलिस ने उतार कर अपने कब्जे में ले लिया ।

बताया जाता है कि पोस्टरों में सिगरेट विक्रेताओं, शराब के ठेकेदारों, मीट बेचने वालों व नाइयों को धमकी दी गई है कि वे सभी 14 अप्रैल वैशाखी के दिन से पहले अपना कारोबार बंद करदें कोई अन्य धंधा कर लें वर्ना उनको तथा उनके परिवार वालों को खत्म कर दिया जाएगा तथा दुकानों को जला दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी खुद होगी । पुलिस ने उच्च अधिकारियों को सूचना भेज दी है ।

पुलिस ने कहा कि फाजिल्का की सभी 17 शराब की दुकानों में सामान्य रूप से काम काज चल रहा है और इन दुकानों के आसपास वर्दी में और सादे कपड़ों में पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं । सिगरेट, मांस और गड्डियों की दुकानों को भी शाम सात बजे तक सुरक्षा प्रदान की जाएगी ।

देसी पिस्तौल बरामद

बटूरथला (शर्मा): कोतवाली पुलिस ने गांव बहक के एक व्यक्ति कुलवंत सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से 12 बोर की एक देसी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं ।

हुक्के छीन लिए

करतारपुर (देवदत): करतारपुर से पांच किलो मीटर दूर गांव भट्ठे में दो युवक साइकल पर आए तथा हुक्का पी रहे तथा उनको चेतावनी दें । इसके अलावा के ठेके पर जाकर कर दी जाए, अन्य उग्रवादियों के भ बेचने बंद कर दि

गांव वालों को

राजपुरा (भास बनूड़ के बड़े गांव वालों को भी धर्मा रहना है तो बीडी, दो, जिससे दुकानदा दिया है । धर्मा खालिस्तान कमांडो

नई पुलिस चौकि

मोगा (सर्व): वृद्धि के दृष्टिगत सम गांवों में नई पुलि सूचनाओं के अनु चढ़िक, ठठीवाला गई हैं । इसके अल डी.एस.पी. का नय पुराना उग्रवादियों

बंदूक ले गए

गत रात्रि तीन के गांव बैरोके में शे उसकी दनाली बंदू

एक दर्जन गिरफ्

जिला फरीदको कुछ दुकानों को क्षति लगभग एक दर्जन स पुलिस शराब तथा की कोशिश करने

कल यह सूचना में बाघा पुराना के वार्षिक समारोह में आने की आशा है,

पता चला है कि पर आये । उन्होंने जाएं या गोलियों चलने का समाचार

आज प्रातः मो धूड़कोट चढ़त सिंह ज़बरदस्त भिड़त बचकर निकलने में सूचना मिली थी कि हरदीप सिंह के फार्म सुरक्षा बलों ने वहां हुए फिरोज़पुर रेंज के ने बताया कि फार्म ह हुए एक उग्रवादी ने अपने साथियों को स दरवाज़े से भाग नि बलों के मध्य ज़बरद उग्रवादी घायल भी हो के साथ भाग निकल

Bukhara
Garden Bar-B-Que
Dum Pukht Cuisine
The 200-Year-Old Secret
of the Nawabs
FIRST TIME

Punjab Sonal.ni

सिपाही सहित चार लोगों की हत्यायें, फैडरेशन वर्करों की गिरफ्तारियां

जगह-जगह लूटपाट, फायरिंग की घटनायें, भाजपा वर्कर के अपहरण का प्रयास, कई उग्रवादी बंदी

दर्जनों शराब ठेके, सिगरेट आदि के खोखे जलाये गये

चंडीगढ़, 6 अप्रैल (वार्ता, ह.स., नि.स.): उग्रवादियों ने संगरूर जिले में एक सिपाही की, अमृतसर जिले में एक दम्पति की हत्या कर दी, पंजाब में कई जगह लूटपाट की, दर्जनों शराब के ठेके, मीट की दुकानें, पान, बीड़ी, सिगरेट के खोखे जला दिए, जालंधर जिले में एक शराब ठेके के कर्मचारी को गोली मार कर घायल कर दिया । विभिन्न जगहों से कई उग्रवादी गिरफ्तार भी किए गए अमलोह के निकट एक किसान की हत्या कर दी गई । उग्रवादियों ने कई जगह लोग भी घायल कर दिए तथा सम्पत्ति व शस्त्र आदि लूट लिए । लुधियाना में एक भाजपा वर्कर के अपहरण का प्रयास किया गया । एक कार व कई स्कूटर भी छीने गए ।

अमृतसर, कपूरथला, होशियारपुर, जालन्धर में शराब के ठेके, सिगरेट, बीड़ी के खोखे जलाने के आरोप में 80 से अधिक लोग गिरफ्तार किए गए हैं ।

खेमकरण सैक्टर में 52 घुसपैठिए कल रात्रि पकड़े गए जिन्हें बी.एस.एफ. ने पुलिस के हवाले कर दिया । ये भारत में प्रविष्ट हो रहे थे ।

फैडरेशन के 200 वर्कर बंदी

पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के दो सौ वर्करों को गिरफ्तार किया । पंजाब के पुलिस महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो ने आज यहां बताया कि शराब के ठेकों, सिगरेट आदि के खोखों पर हमले की घटनाओं के दृष्टिगत ये निरोधक गिरफ्तारियां की गई हैं । ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा । फैडरेशन के वर्करों की गिरफ्तारी का निर्णय आज राज्य के गृह विभाग द्वारा बुलाई गई उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया ।

कृषक की हत्या

अमलोह से भूषण सूद के अनुसार गत रात यहां से दो किलोमीटर दूर गांव मजरी धिचली में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक किसान नाजरसिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । घटना के समय वह अपने सांढू के साथ कमरे में बैठकर टी.वी. देख रहा था । उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । बाद में हमलावर हवाई फायर करते हुए फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है तथा दो व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

दम्पति की हत्या

अमृतसर : दो संदिग्ध आतंकवादियों ने आज तड़के घरिंडा पुलिस थानांतर्गत मालीवाल गांव में एक अधेड़ दम्पति लक्खा सिंह और हरबिंदर कौर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस के अनुसार हमलावर भागने में सफल हो गए ।

जिला पुलिस चीफ इज़हार आलम ने बताया कि जांच से पता चला है कि उग्रवादियों ने दम्पति को लूटना चाहा था और जब उन्होंने प्रतिरोध किया तो उन्हें गोली मार दी ।

गत रात्रि बागड़ियां ग्राम के पास चार उग्रवादियों ने संतोख सिंह व गुलजार सिंह को लूटने का प्रयास किया पर उन्होंने प्रतिरोध किया तथा शोर मचा दिया तो उग्रवादी भाग खड़े हुए । हाथापाई में संतोख सिंह व गुलजार सिंह को चोटें आई हैं ।

15000 लूटे

आज सायं अमृतसर में दो उग्रवादियों ने स्थानीय नगर निगम के पेयजल आपूर्ति विभाग के एक कर्मचारी से 15 हजार रुपए लूट लिए जो वह मुख्यालय में जमा करवाने जा रहा था ।

अमृतसर के पुलिस चीफ मोहम्मद इज़हार आलम खान ने बताया कि शराब के ठेके आदि बंद कराने में 7 उग्रवादियों अवतार सिंह, सविंदर सिंह, संतोख सिंह, मुख्तियार सिंह, अमरजीत सिंह, बलबीर सिंह व एक अन्य अवतार सिंह को गिरफ्तार कर लिया । इनमें से एक अवतार सिंह आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन की कपूरथला इकाई का जनरल सैक्रेटरी है । उसने इस क्षेत्र में कई डकैतियों व लूटपाट की वारदातें करने के आरोप स्वीकार किए हैं ।

अमृतसर के वेरोवाल थाना क्षेत्र के ग्राम मंडियाला निवासी मान सिंह से तीन उग्रवादियों ने उसकी 12 बोर की दनाली बंदूक छीन ली ।

बी.एस.एफ. ने खेमकरण सैक्टर में दो बंगला देशी नागरिकों को सीमा पार करते समय पकड़ लिया ।

राइफलें छीनीं

तरनतारन से 'पाल' के अनुसार गत रात गांव रसूलपुर में 10-11 आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति बख्शीश सिंह से उसकी राइफल छीन ली ।

बाद में इसी गांव के एक अन्य व्यक्ति जागीर सिंह की भी 315 बोर की राइफल इन्हीं आतंकवादियों ने छीनी ।

घायल कर दिया

गत रात थाना सदर तरनतारन के गांव

(शेष पृष्ठ 8 पर)

हिमाचल प्रदेश के डाक्टरों द्वारा सीधी कार्रवाई की चेतावनी

धर्मशाला, 6 अप्रैल (वेद): हिमाचल मैडीकल आफिसर्ज एसोसिएशन ने कल यहां डाक्टर के. एल. चड्ढा की अध्यक्षता में हुई अपनी बैठक में निर्णय किया कि यदि 20 अप्रैल से पहले उनकी मांगें स्वीकार न की गईं तो वे राज्यव्यापी 'सीधी कार्रवाई' शुरू कर देंगे । यह जानकारी एसोसिएशन के महासचिव डाक्टर एन. एल. कौंडल ने एक प्रैस विज्ञप्ति में दी । इस उद्देश्य के लिए राज्य व जिला स्तर पर संयुक्त संघर्ष समितियां बनाई गई हैं ।

डाक्टर कौंडल ने बताया कि संघर्ष के पहले चरण में 27 अप्रैल को सभी डाक्टर सामूहिक छुट्टी लेंगे । इसके बाद प्रदर्शन, रैलियां, गेट मीटिंगें तथा शांतिपूर्ण जलूस निकाले जाएंगे । 28 अप्रैल से सभी जिला अस्पतालों, प्राइमरी हैल्थ सैंटरों तथा सिविल डिस्पैंसरियों के डाक्टर अपने संस्थानों के बाहर बैठ कर आऊट पेशैंट डिपार्टमैंट के रोगियों को देखेंगे तथा यह कार्रवाई मांगें स्वीकार होने तक अनिश्चितकाल के लिए चलेगी । उन्होंने बताया कि सभी 1200 डाक्टर सीधी कार्रवाई में भाग लेंगे, जिनमें तदर्थ डाक्टर भी शामिल हैं ।

इंदिरा गांधी मैडीकल कालेज शिमला के जूनियर डाक्टरों ने भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है । मैडीकल कालेज टीचर्ज एसोसिएशन ने भी इस संघर्ष कार्यक्रम का समर्थन किया है । डाक्टरों में भारी रोष व्याप्त है, जो कि महसूस करते हैं कि सरकार उनसे अच्छा व्यवहार नहीं कर रही तथा समय-समय पर लिखित तथा ज़बानी आश्वासनों के बावजूद कुछ नहीं किया गया है ।

लोग स्वार्थी पड़ौसी देशों से सावधान रहें – जैल सिंह

तिरुपति, 6 अप्रैल (वार्ता): राष्ट्रपति जैल सिंह ने देशवासियों को कुछ स्वार्थी पड़ौसी देशों के मंसूबों से सावधान रहने को कहा है । वे आज यहां तिरुमाली तिरुपति देवस्थानम के नए भवन परिसर का उद्घाटन कर रहे थे । किसी भी देश का स्पष्ट तौर पर नाम नहीं लेते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि

राष्ट्रपति–प्रधानमंत्री विवाद बारे सुप्रीमकोर्ट में याचिका

नई दिल्ली,6 अप्रैल : लोकदल (इ) के उपाध्यक्ष श्री अजीत सिंह और श्री रशीद मसूद ने आज उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर



...ाग लगा दी गई । यह कार यक
(छाया : प्रद्युम्न)

संसदीय ...की मांग

...क यदि विपक्ष पूरी गम्भीरता से ...चाहता है तो न्यायिक जांच ही ... लेकिन विपक्ष यदि समझ रहा है ...लेकर सरकार के लिए परेशानी ...है तो विपक्ष के हाथ कुछ नहीं

...की गड़गड़ाहट के बीच कहा कि ...(इ) का कोई विकल्प नहीं है और ...जीव गांधी का कोई विकल्प नहीं

...कहा कि सरकार की ओर से दिए ...द्ध हैं और सच्चाई को इनका ... है । उन्होंने कहा कि यूं गंगी ...ोध से लंगड़ाकर चल रही है । ...लाने के काबिल नहीं है और इसे ...हिए ।

...कहा कि सरकार सदन में स्पष्ट ...यदि वह आयोग गठित करेगी तो ...तने समय में मिल जाएगी । ... आयोग अपनी सुनवाई बंद कमरे ...र्जी ने पूछा कि फेयरफैक्स ग्रुप की ... स्तर पर और किस उद्देश्य के ...र क्या ग्रुप ने अब तक सरकार को ... उन्होंने कहा कि यदि सरकार को ...रिपोर्ट मिली है तो उसने किसके ...है । (शेष पृष्ठ 8 पर)

...ेयों द्वारा अब सरकार के विरुद्ध नई ...: अर्थ व्यवस्था नष्ट करने का प्रयास

...अप्रैल (कोछड़): गत दिवस ...न रैजीमैंट के तथाकथित ...भाई महिताब सिंह, भाई कंवर ...ता भाई शमशेर सिंह ने ...सिख स्टूडैंट फैडरेशन तथा आतंकवादी संगठनों द्वारा जिला गुरदासपुर में शराब आदि की बिक्री पर ग्रामीण क्षेत्रों में रोक लगा कर अब नई योजना के

Punjab Sanjani

...नता पार्टी के श्री एस. जयपाल रेड्डी ने न्यायिक जांच का विरोध करते हुए कहा कि सरकार के इस फैसले का उद्देश्य समूचे मामले को लंबे समय तक टालना है । श्री रेड्डी ने सरकार को आगाह किया कि इस प्रकार के मामले न्यायपालिका को सौंपने के नतीजे खतरनाक हो सकते हैं ।

श्री रेड्डी ने कहा कि सरकार गोपनीयता कानून का सहारा लेकर जांच आयोग से कुछ जानकारी छिपा सकती है जबकि संसदीय समिति के काम में यह कानून बाधक नहीं बन सकता ।

उन्होंने और कम्युनिस्ट पार्टी के श्री इन्द्रजीत गुप्त ने कहा कि लोकतंत्र के उच्च आदर्शों की दुहाई देने वाले कांग्रेसजनों को संसदीय समिति की निष्पक्षता पर भरोसा करना चाहिए ।

श्री गुप्त ने इस बात का स्वागत किया कि संसद और बाहर दिन प्रतिदिन बढ़ रहे दबाव के बाद सरकार अब धीरे-धीरे जानकारी सामने ला रही है और आयोग के कार्यक्षेत्र की घोषणा कर दी गई है । लेकिन उनका कहना था कि एक-दो दिन में विपक्ष के सुझाव शामिल करने के लिए सरकार को आयोग का कार्यक्षेत्र बढ़ाने में लचीला दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ।

श्री गुप्त ने कहा कि 31 मार्च को प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत के प्रधान न्यायाधीश से सलाह-मशविरा कर एक न्यायाधीश की नियुक्ति की जाएगी लेकिन वित्त राज्यमंत्री ब्रह्मदत्त के वक्तव्य के अनुसार विधि मंत्री ने दो सदस्यीय आयोग गठित करने की सिफाशि की जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया । उन्होंने यह विरोधाभास स्पष्ट करने को कहा ।

बलि का बकरा

उन्होंने कहा कि एजेंसी नियुक्त करने के बारे में श्री ब्रह्मदत्त और श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के बयान परस्पर विरोधी हैं जिसे तत्काल स्पष्ट किया जाना चाहिए क्योंकि इससे ऐसा लग रहा है कि सिर्फ एक मंत्री को 'बलि का बकरा बनाया जा रहा है ।

कांग्रेस (इ) के श्री विपिन पाल दास ने कहा कि आयोग के गठन की घोषणा के बाद बहस निरर्थक हो गई है और विपक्ष को इस मामले पर सरकार के लिए राजनीतिक संकट पैदा करने के सपने नहीं देखने चाहिएं क्योंकि कांग्रेस (इ) पार्टी पूरी तरह एक है ।

कांग्रेस (इ) के श्री रघुनन्दन लाल भाटिया ने आरोप लगाया कि विपक्ष केवल सुर्खियों में आने के लिए यह विषय बार-बार उठा रहा है । उन्होंने न्यायिक जांच के निर्णय को सही ठहराते हुए कहा कि केवल इसी से सच्चाई सामने आ सकती है ।

असम गण परिषद के श्री दिनेश गोस्वामी ने कहा कि न्यायिक जांच की घोषणा से संसद के अधिकारों का हनन हुआ है । उन्होंने कहा कि संसद का जांच आयोग के निर्णयों को मानने के लिए बाध्य नहीं है ।

श्री गोस्वामी ने कहा कि यह एक राजनीतिक मामला है, इसे राजनीतिक स्तर पर ही निपटाया जाना चाहिए । न्याय पालिका को इसमें नहीं लाना

गुमशुदा की तलाश



...रा लड़का ...रकंवल जीत सिंह, उम्र 25 साल, रंग गंदमी, कद 5'-7", 28.3.87 से गुम है । पहुंचाने वाले को 500 ... शकाना

...आएगा ।

पंजाब सरकार को शराब से लगभग 200 करोड़ रुपए की प्रति वर्ष आय होती है और सुरक्षा प्रबन्धों पर 11 करोड़ प्रति माह के हिसाब से 132 करोड़ प्रति वर्ष खर्च होगा । सिख स्टुडैंट तथा आतंकवादियों द्वारा शराब तथा सिगरेट बीड़ी बंद करवाने का मुख्य उद्देश्य पंजाब सरकार को आर्थिक हानि पहुंचाना है ।

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

लागड़ियां में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने फकीर सिंह नामक व्यक्ति के दो लड़कों बलदेव सिंह व महेन्द्र सिंह को तेज़धार हथियारों से घायल कर दिया ।

धमकीपूर्ण पत्र मिला

खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के तरनतारन सर्कल के जत्थेदार गुरजीत सिंह उर्फ बिल्ला की ओर से एक धमकीपूर्ण पत्र मिला है ।

पत्र में कहा गया है कि 5 अप्रैल के बाद इस फोर्स द्वारा तरनतारन उपमंडल में तोड़-फोड़ की घटनाएं की जाएंगी तथा सभी घटनाओं का जिम्मा फोर्स लेती है ।

पत्र में शराब के ठेकेदारों को चेतावनी दी गई है कि वे शराब की बिक्री बंद कर दें, अन्यथा इसका परिणाम भुगतने को तैयार हो जाएं । तरनतारन के सिटी पुलिस इंस्पैक्टर को मिले पत्र में कहा गया है कि वह अपना बचाव कर ले तथा चुनौती दी गई है कि यदि उसमें दम है तो फोर्स पर हाथ डाले ।

अमृतसर के ग्राम खिल्चियां में उग्रवादियों ने शराब के दो ठेके जला दिए ।

थ्री व्हीलर छीना

बाबा बकाला से गुरादित्ता के अनुसार आज थाना ब्यास के गांव शेरों में कुछ व्यक्तियों ने एक व्यक्ति से उसका थ्री व्हीलर नम्बर पी.जे.डब्ल्यू. 4974 छीन लिया । बताया जाता है कि यह व्यक्ति गांव शेरों में एक सवारी लेकर आया था ।

आभूषण, नकदी लूटी

थाना जंडियाला गुरु के गांव झाड़ू नंगल में गत रात चार अज्ञात व्यक्तियों ने शमीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर दो तोले के आभूषण, दो हजार रुपए नकद, चार घड़ियां, स्टीरियो तथा 35 सूट लूट लिए । यह सामान उसने अपनी बेटी के विवाह के लिए बनाया था ।

सिपाही की हत्या

संगरूर से गोयल ने खबर दी है कि आज दोपहर बाद दो बजे यहां से लगभग पचास किलो मीटर दूर गांव खेड़ी में तीन उग्रवादियों ने पुलिस कांस्टेबल टिक्का सिंह की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों ने बताया कि टिक्का सिंह कांस्टेबल सी.आई.ए. स्टाफ संगरूर में तैनात था और कुछ समय से उग्रवादियों के मामलों की जांच कर रहा था । आज दोपहर बाद ज्योंही वह अपने घर से निकला बाहर प्रतीक्षा में खड़े तीन उग्रवादियों ने गोलियां मारकर उसे मार डाला । पुलिस अधीक्षक श्री परमजीत सिंह संधू और दूसरे सुरक्षा बल अधिकारी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए और क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली, लेकिन अपराधी भागने में सफल हो गए ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

एस.एस.पी. श्री संधू ने बताया कि ज़िला पुलिस ने दो संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है ।

...ने जमशेर में ...
में सो रहे दो क...
कोशिश की ...
स्टील के शटरो...
अंदर चली ग...
गए ।

'क' के अ...
चौक में लाल ...
शरारती तत्वों ...
को आग लगा दी...
नुक्सान हो गया...
मुंशी राम ने था...

इस संबंध ...
वालों का एक ...
डिप्टी कमिश्न...
करने को कहा ...
दिए ज्ञापन में क...
कारोबार कर गु...
जाने से उसको ...
उसके कारण ...
इसलिए उसे वि...

एक और घाय...

आज तड़के ...
गांव दरवेश में ...
एक किसान नि...
हथियार से घाय...
कर उसे चुप रख...
निरंजन सिंह क...
दाखिल कराया ग...
हैं ।

यहां अस्पत...
सम्बन्धियों ने ब...
बरामदे में सो रहे...
अलग सोए हुए थे...
कर पहले रिवाल्व...
एक कमरे में धक...
निरंजन सिंह को ...
को कहा और उस...
कोई रुपया-पैसा ...
उसे घायल कर थे...

गत रात्रि क...
थाना क्षेत्र के ग्रा...
साहब से तीन उग्र...
कर ले गए । गुरु...
बताया कि उग्रवा...
की एक बंदूक व ...
गए ।

उग्रवादियों ने ...
लोधी थाना क्षेत्र ...
उग्रवादियों ने मीट...

पति-पत्नी ने उ...

फगवाड़ा से ...
शाम छः बजे के ...
मीटर दूर गांव स...
ससुराल के गांव लो...
के साथ स्कूटर प...
चरंजीत सिंह को दो...
कर पिस्तौल की नो...
हमारे हवाले कर ...
चरंजीत सिंह ने क...
पिस्तौल वाले उग्र...
और फिर दोनों ...
उग्रवादी ने स्कूटर स...

Punjabi Sanatani

कांग्रेस (इ) के श्री विपिन पालदास ने कहा कि आयोग के गठन की घोषणा के बाद गृहस निरर्थक हो गई है और विपक्ष को इस मामले पर सरकार के लिए राजनीतिक संकट पैदा करने के सपने नहीं देखने चाहिएं क्योंकि कांग्रेस (इ) पार्टी पूर्ण तरह एक है ।

कांग्रेस (इ) के श्री रघुनन्दन लाल भाटिया ने आरोप लगाया कि विपक्ष केवल सुर्खियों में आने के लिए यह विषय बार-बार उठा रहा है । उन्होंने न्यायिक जांच के निर्णय को सही ठहराते हुए कहा कि केवल इसी से सच्चाई सामने आ सकती है ।

असम गण परिषद के श्री दिनेश गोस्वामी ने कहा कि न्यायिक जांच की घोषणा से संसद के अधिकारों का हनन हुआ है । उन्होंने कहा कि संसद इस जांच आयोग के निर्णयों को मानने के लिए बाध्य नहीं है ।

श्री गोस्वामी ने कहा कि यह एक राजनीतिक मामला है, इसे राजनीतिक स्तर पर ही निपटाया जाना चाहिए । न्याय पालिका को इसमें नहीं लाना

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का हरकंवल जीत सिंह, उम्र 25 साल, रंग गंदमी, कद 5'-7", 28.3.87 से गुम है । पहचान वाले को 500 रु. शुकराना अलावा सफर खर्च । यदि हरकंवल जीत सिंह खुद पढ़े तो फौरन वापिस आ जाए, उसे कुछ नहीं कहा जाएगा । सब घर वाले और माता-पिता बहुत परेशान हैं ।

गुरचरण सिंह सुपुत्र स. बड़ूढ़ा सिंह, गांव व डाकखाना धौंगड़ी, जिला जालन्धर

अदालती सूचना

ब-अदालत श्री ए.एम. कैवल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लुधियाना ।

शीर्षक मुकद्दमा : जसपाल सिंह सुपुत्र कर्म सिंह मकान नं. 160, कृपाल नगर, डाकघर जोधेवाल बस्ती निकट बुड्ढा नाला, लुधियाना ।

बनाम अमरजीत कौर

नोटिस बनाम : 1. अमरजीत कौर उर्फ महेंद्र कौर पत्नी जसपाल सिंह पुत्री भगत राम सुपुत्र निक्कू राम, सुपुत्र बुद्धिया रामनिवासी गांव मंडी मनवार, डाक घर कोठीपुरा, बिलासपुर ।

उक्त मुकद्दमे में अदालत को यह पूर्ण विश्वास हो चुका है कि मुद्दालय की सामान्य ढंग से सम्मन पर तामील होनी कठिन है, इसलिए दिनांक 9.4.87 को प्रातः 10 बजे की तारीख पेशी नियत करके इस विज्ञापन द्वारा मुद्दालय को विदित किया जाता है कि उक्त तिथि पर स्वयं अथवा वकील के माध्यम से अदालत में पेश हो, अन्यथा कार्रवाई एकपक्षीय अमल में लाई जाएगी ।

आज दिनांक 27.3.87 को मेरे हस्ताक्षरों और मोहर अदालत के साथ यह नोटिस जारी

व्यक्ति से उसका श्री व्हीलर नम्बर पी.जे.डब्ल्यू. 4974 छीन लिया । बताया जाता है कि यह व्यक्ति गांव शेरों में एक सवारी लेकर आया था ।

आभूषण, नकदी लूटी

थाना जंडियाला गुरु के गांव झाड़ू नंगल में गत रात चार अज्ञात व्यक्तियों ने शमीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर दो तोले के आभूषण, दो हजार रुपए नकद, चार घड़ियां, स्टीरियो तथा 35 सूट लूट लिए । यह सामान उसने अपनी बेटी के विवाह के लिए बनाया था ।

सिपाही की हत्या

संगरूर से गोबल ने खबर दी है कि आज दोपहर बाद दो बजे यहां से लगभग पचास किलो मीटर दूर गांव खेड़ी में तीन उग्रवादियों ने पुलिस कांस्टेबल टिक्का सिंह की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों ने बताया कि टिक्का सिंह कांस्टेबल सी.आई.ए. स्टाफ संगरूर में तैनात था और कुछ समय से उग्रवादियों के मामलों की जांच कर रहा था । आज दोपहर बाद ज्यों ही वह अपने घर से निकला बाहर प्रतीक्षा में खड़े तीन उग्रवादियों ने गोलियां मारकर उसे मार डाला । पुलिस अधीक्षक श्री परमजीत सिंह संघ और दूसरे सुरक्षा बल अधिकारी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए और क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली, लेकिन अपराधी भागने में सफल हो गए ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

एस.एस.पी. श्री संघ ने बताया कि जिला पुलिस ने दो संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । उनमें से एक जिला होशियारपुर के थाना मुकेरियां के गांव बेगोवाल का महेन्द्र पाल सिंह है । उसे थाना छीना की पुलिस ने पकड़ा है । उसके कब्जे से 12 बोर का पिस्तौल व दो कारतूस मिले हैं जबकि दूसरा सुमकौर सिंह है । वह हिम्मतपुर का रहने वाला है । उससे 315 बोर का देसी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं ।

बरनाला से सिंघवानी के अनुसार चीमा ग्राम में शराब के एक ठेके को उग्रवादियों ने आग लगा दी ।

रायकोट में भी एक खोखे को आग लगा दी गई है ।

उग्रवादियों ने पिछले 48 घंटों में मोगा क्षेत्र में दो स्थानों से एक कारबाइन तथा एक विदेशी पिस्तौल लूट ली ।

उग्रवादी बंदी

मोगा से 'ह.स., वार्ता, बंसल, बागी, धीमान' आदि कई संवाददाताओं के अनुसार पुलिस तथा बी.एस.एस.एफ. ने कल रात संयुक्त नाकाबंदी के दौरान फरीदकोट जिले के धरकोटकलां गांव में दो स्कूटर सवार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इनके नाम बलबीर सिंह तथा बलदेव सिंह बताए गए हैं

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजन गुप्ता ने बताया कि उनके पास से एक 455 बोर का रिवाल्वर, दो बंदूकें तथा 16 कारतूस बरामद किए गए हैं । पूछताछ के दौरान उन्होंने फरीदकोट तथा लुधियाना जिलों में हत्याओं, लूट तथा डकैती की कई वारदातों में शामिल होना कबूल किया है ।

श्री गुप्ता ने कहा कि मोगा उपमंडल में हुई दो वारदातों में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक काबाईन तथा एक विदेशी रिवाल्वर लूट लिया ।

जिलाधीश ने रात के समय स्कूटर और मोटर साइकिल के पीछे व्यस्क पुरुष सवारी बैठाने तथा सिनेमाघरों में अंतिम फिल्म शो पर पाबंदी 30

एक कमरे में ध
निरंजन सिंह को
को कहा और उ
कोई रुपया-पैसा
उसे घायल कर थ

गत रात्रि क
थाना क्षेत्र के ग्रा
साहब से तीन उ
कर ले गए । ग्र
बताया कि उग्रवा
की एक बंदूक व
गए ।

उग्रवादियों ने
लोधी थाना क्षेत्र
उग्रवादियों ने मीट

पति-पत्नी ने उ

फगवाड़ा से
शाम छः बजे के
मीटर दूर गांव स
ससुराल के गांव ल
के साथ स्कूटर प
चरंजीत सिंह को द
कर पिस्तौल की नो
हमारे हवाले कर
चरंजीत सिंह ने व
पिस्तौल वाले उग्र
और फिर दोनों
उग्रवादी ने स्कूटर
कर नहीं आया ।
पति की मदद कर
उग्रवादी से गुत्थम
चरंजीत और उसक
वह उग्रवादी जो
स्कूटर पर अपने सा
और उसकी पत्नी

फगवाड़ा में
विक्रेताओं की बैठ
सरकार द्वारा सुरक्ष
नहीं उठाने का फैस

जालन्धर के
ग्राम में कुलदीप सि
दास से उग्रवादियो
उनके स्कूटर छीन
सोढल के पास रेलवे
भी उनका स्कूटर

नवांशहर में स्थि

जालन्धर के उ
पूरी तरह सामान्य
गई । उग्रवादियों
मामले में एक वकी
वकीलों ने आज भी

करतारपुर से दे
स्कूल की दो शिक्षि
उग्रवादियों ने लूट
स्कूटर पर काला बक
स्कूटर सवार उग्रवा
उनका स्कूटर गिरा
शिक्षिकाओं को लूट
क्षेत्रों में शराब के ठेके

गत रात्रि डुगरी
ग्राम के पास दो स्कूट
स्कूटर छीन लिया ।

करतारपुर पोस्ट
नामक व्यक्ति के सि

Punjabi Sansthan

हवलदार, 3 महिलाओं सहित 8 हत्याएं : अनेकों कत्लों में वांछित 3 उग्रवादी बंदी

जालन्धर में हवलदार, अमृतसर व मंजुपुर में दम्पतियों, मौला वाहदपुर में प्रोफैसर और उसकी बहन, धारीवाल साईंया में ठेके के कारिंदे की हत्या

चंडीगढ़, 7 अप्रैल (वा., नि.स., ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि जालन्धर में पुलिस हवलदार महेन्द्र सिंह की हत्या कर दी व सिपाही बनवारी लाल को घायल कर दिया, अमृतसर के सुलतानविंड क्षेत्र में खालिस्तान कमांडो फोर्स के उग्रवादियों ने एक दम्पति की आज रात्रि हत्या कर दी, उग्रवादियों ने कल रात भी अमृतसर के गांव मंजुपरा में सुच्चा सिंह, उनकी पत्नी हरभजन कौर की गोली मार कर हत्या कर दी और उनके बेटे लखविन्दर सिंह को गम्भीर घायल कर दिया । उग्रवादी 20,000 रुपए नकद और आभूषण भी ले गए । बागड़ियां गांव में दो भाइयों संतोख सिंह और गुरबख्श सिंह को गम्भीर घायल कर दिया गया, इसके अतिरिक्त 26 घुसपैठी पकड़े गए हैं ।

जिला होशियारपुर में थाना गढ़शंकर के गांव मौजा वाहदपुर में बब्बर अकाली मैमोरियल खालसा कालेज के प्रोफैसर झलमल सिंह और उनकी बहन हरभजन कौर की हत्या कर दी और लकड़ी के कुछ खोखे जला दिए ।

फगवाड़ा-होशियारपुर रोड पर मुल्लाराई के निकट उग्रवादी एक टैक्सी छीन ले गए ।

जिला गुरदासपुर के गांव धारीवाल साईंयां में चार उग्रवादियों ने एक भू.पू. सैनिक और ठेके के कारिंदे ज्ञान सिंह की हत्या कर दी और ठेके को तोड़-फोड़ दिया ।

बाघापुराना पुलिस ने लगभग आधा दर्जन हत्याओं में वांछित दो उग्रवादियों सुखपाल सिंह और बलविंदर सिंह को गिरफ्तार करके हथियार और गोलियां बरामद की हैं ।

बाबा जोगेन्द्र सिंह, चमकौर सिंह रोडे तथा हरबंस सिंह जलाल आदि कई नेताओं के विरुद्ध आतंकवादी कानून के अन्तर्गत केस दर्ज किए हैं । फिरोजपुर पुलिस ने दुकानें बंद करने बारे धमकियां देने वाले दस व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इसके अलावा राज्य में विभिन्न स्थानों पर ठेके, खोखे आदि जलाने का क्रम जारी रहा ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ने बताया कि पुलिस ने आज अमृतसर में किसी जगह से 5 सदस्यीय पंथक कमेटी के एक सदस्य मलकीयत सिंह को गिरफ्तार कर लिया जो कि विभिन्न आतंकवादी कार्रवाइयों में वांछित था ।

मलकियत सिंह दमदमी टकसाल से सम्बद्ध है ।

श्री रिबैरो ने कहा कि मल्कियत सिंह की सही पहचान अभी नहीं की गई है । उन्होंने कहा कि मल्कियत सिंह वास्तव में उदय सिंह हो सकता है जिसकी पुलिस को सरगर्मी से तलाश है । उदय सिंह पर राज्य में हिंसा फैलाने के आरोप है ।

जालन्धर में फायरिंग, एक मरा

'कौल' के अनुसार आज रात्रि जालन्धर के आदर्श नगर चौक स्थित शराब के ठेके के बाहर दो पैदल उग्रवादियों ने हवलदार महेन्द्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और सिपाही बनवारी लाल को घायल कर दिया ।

डिवीजन नम्बर दो के हवलदार महेन्द्र सिंह व सिपाही बनवारी लाल की ड्यूटी आदर्श नगर चौक पर थी । गश्त के दौरान वे दोनों ठेके के सामने से गुजर रहे थे जब आदर्श नगर के बीच की गली से आए उग्रवादियों ने उनपर फायरिंग की। महेन्द्र सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई और बनवारी लाल ने जवाबी फायरिंग की पर कोई घायल नहीं हुआ । उग्रवादियों की तीन गोलियां बनवारी लाल को लगीं ।

दम्पति की हत्या

उग्रवादियों ने आज रात्रि अमृतसर के सुल्तानविंड क्षेत्र की अन्तर्यामी कालोनी में एक दम्पति की हत्या कर दी । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि ये पति-पत्नी पुलिस के मुखबिर थे ।

मृतकों के नाम सुरजीत सिंह (45) व उसकी पत्नी सर्बजीत कौर (40) हैं । दम्पति सिख चिन्हों-कड़ों और कंघों की दुकान चलाते थे । 'ह.स.' के कार्यालय में फोन करके खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस घटना की जिम्मेदारी ली व कहा कि यह दम्पति पुलिस का मुखबिर था ।

एक और दम्पति की हत्या

अमृतसर (अ.सो.): आतंकवादियों ने कल रात मजीठा पुलिस थाने के अंतर्गत मंजूपुरा गांव में सुच्चा सिंह (55) तथा उनकी पत्नी हरभजन कौर (50) की उनके फार्म पर गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने उनके अट्ठारह वर्षीय पुत्र लखविंदर सिंह, जिसने उग्रवादियों का प्रतिरोध करने की कोशिश की थी, को भी घायल कर दिया । लखविंदर सिंह को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । डाक्टरों के अनुसार उसकी हालत चिंताजनक है । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी बीस हजार रुपए तथा पांच हजार रुपए मूल्य के कुछ आभूषण भी ले गए ।

उग्रवादियों ने गोली नकदी और आभूषण न दिए जाने पर चलाई । उग्रवादियों को सुच्चा सिंह के पास पैसे पड़े होने की भनक मिली थी ।

दो भाई घायल

तरनतारन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बगाड़ियां गांव की एक घटना में कल रात तीन अज्ञात आतंकवादियों ने दो भाइयों संतोख सिंह और गुरबख्श सिंह को तलवार से गंभीर रूप से घायल कर दिया ।

बीस घुसपैठिए गिरफ्तार

एक अन्य घटना में सीमा सुरक्षा बल ने कल रात नौशहरा धल्ला चौकी के निकट अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार कर रहे बीस घुसपैठियों को गिरफ्तार कर उन्हें जिला पुलिस के हवाले कर दिया । पुलिस के अनुसार सभी घुसपैठिए बंगला देशी हैं जिनमें 12 पुरुष, पांच महिलाएं तथा दो बच्चे हैं । सात अन्य घुसपैठियों को खेमकरण सैक्टर में पाकिस्तान से घुसपैठ करते समय पकड़ा गया ।

बंदूक छीन ली

पुलिस ने बताया कि जंडियाला पुलिस थाने के अंतर्गत वाचिचरी गांव में पांच कथित आतंकवादियों ने गुरमेल सिंह और उसके भाई सुरजीत सिंह से उनकी बारह बोर की एक बंदूक छीन ली ।

बंदूक, आभू ण लूटे

तरनतारन पुलिस थाने के अंतर्गत गांव बग्गे में कल रात चार सशस्त्र व्यक्ति कश्मीर सिंह के घर में घुसकर उनकी बारह बोर की एक बंदूक और पांच हजार रुपए मूल्य के आभूषण लूट कर भाग गए ।

एकीकृत अकाली दल द्वारा समर्थन

अमृतसर में गत दिवस हुई बैठक में एकीकृत अकाली दल ने सिख छात्र संगठन द्वारा शराब, मीट, सिगरेट और नाइयों की दुकानें बंद कराए जाने के अभियान का समर्थन किया है ।

उग्रवादी बंदी

अमृतसर से कमलेश के अनुसार यहां से 20 किलो मीटर ऐतिहासिक स्थल चाबिण्डा देवी में गत दिवस दुर्गा अष्टमी के मेले में लोगों ने जगतार सिंह नामक एक व्यक्ति जो लोगों को धमकियां दे रहा था, को पुलिस के हवाले कर दिया । जगतार सिंह बैंक डकैतियों व लूट के मामलों में सम्बद्ध है । यह भी बताया गया है कि इसके कुछ साथी गत दिनों बेरका में पकड़े गए थे परन्तु कुछ राजनीतिक नेताओं ने उनको छुड़वा लिया था । अब पुनः उसकी रिहाई के लिए दबाव डाला जा रहा है । यह भी पता चला है कि जगतार सिंह को पकड़ने के लिए मध्य प्रदेश की पुलिस भी आई हुई है । उस पर ज़िला दुर्ग की एक महिला की हत्या का आरोप है ।

आग से शराब और नोट नष्ट

होशियारपुर से अविनाश सूद और अश्विनी के अनुसार कल रात जिला में तीसरी घटना दसूहा के पास एक गांव मंड भदेड़ में हुई जहां आतंकवादियों ने शराब के एक ठेके को आग लगा दी जिसमें 18 हजार की शराब नष्ट हो गई और दस हजार के करंसी नोट जलकर राख हो गए । आग रात 12 बजे लगाई गई ।

अध्यापक घायल कर दिया

एक अन्य घटना बलाचौर के पास मौजा काठगढ़ में हुई जहां राजकीय हाई स्कूल के अध्यापक श्री जे.आर. बांसल को आतंकवादियों ने गोलियां मारकर घायल कर दिया । उसे रोपड़ अस्पताल ले जाया गया जहां दशा अत्यंत चिन्ताजनक होने के कारण पी.जी.आई. चंडीगढ़ भेज दिया गया ।

प्रोफैसर और उसकी बहन की हत्या

जिला होशियारपुर में ही गढ़शंकर से पांच किलोमीटर दूर मौजा मौला बाहदपुर में रात आठ बजे कुछ आतंकवादियों ने गढ़शंकर के बब्बर अकाली मैमोरियल खालसा कालेज के प्रौफैसर श्री

(शेष पृष्ठ 8 पर)







होशियारपुर के
बहन हरभजन
जहां की तलाशी
(8) स्वर्ण सिंह

क्या

जालन्धर, 7 अ
टाइम्स' ने आज अप
प्रकाशित एक समा
गरुद्वारा प्रबन्धक
सैक्रेटरी श्री अविना
मैडीकल अस्पताल
डा. बलदेव सिंह बरा
हत्या कर दी गई ।
सिंह तथा श्री बराड़
गायब हो जाने के
अपहरणकर्त्ताओं ने
एक उच्च स्तरी
सिंह और डा. बराड़

'शम्भू प्रसाद के हत्यारे
सरगना और 2 अन्य उग्रवाद

पटियाला, 7 अप्रैल (भूषण): पुलिस ने भाजपा नेता शंभू प्रसाद की हत्या का मामला सुलझा लेने का दावा किया है । श्री शंभू प्रसाद की 17 मार्च को यहां हत्या कर दी गई थी ।

जिला के एस.एस.पी. श्री जी.आई.एस. भुल्लर ने आज पत्रकारों को बताया कि सन्नौरी गेट क्षेत्र में बीज तथा खाद के विक्रेता तथा छः सदस्यीय गिरोह के सरगना जागीर सिंह को इस सम्बन्ध में गिरफ्तार करके एक स्टेनगन बरामद कर ली है, जो स्व. शंभू प्रसाद के गनमैन भूपेंद्र सिंह से छीनी गई थी । इस हत्याकांड में संलिप्त दो अन्य व्यक्तियों छोट (पूनियां) तथा गुरमीत सिंह (गोपालपुर) को भी गिरफ्तार किया गया है । इस गिरोह के तीन अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिन्हें पकड़ने के लिए कई पुलिस पार्टियां भेजी गई हैं । श्री भुल्लर ने बताया

पिस्तौलधारी उग्रवा
गया और पिस्तौल
अपनी फटी हुई क
छोड़कर नंगे ही भा
हैडकांस्टेबल कस्तूरी
सिंह तैनात थे लो
अनुपस्थित थे । दो
जांच के आदेश दे दि

Punjabi Sa



होशियारपुर के गांव मौला वाहदपुर में सोमवार की रात्रि को उग्रवादियों ने प्रोफैसर झलमल सिंह और उनकी बहन की हत्या कर दी । चित्र में (बाएं से दाएं) (1) प्रो. झलमल सिंह, (2) उनकी बहन हरभजन कौर का शव, (3) वह चारपाई, जिस पर दोनों बहन-भाई बैठे थे और जहां उनकी हत्या की गई थी, (4) रसोई की दीवार पर लगे गोलियों के निशान, (5) झलमल सिंह का चौबारा, जहां की तलाशी ली गई और सामान तोड़फोड़ डाला गया, (6) झलमल सिंह की माता बीबी गुरबख्श कौर विलाप करती हुई, (7) रामदास की दुकान, जिसके बाहर बीड़ी सिगरेट जलाए गए, (8) स्वर्ण सिंह के मकान का कमरा, जिसकी तलाशी ली गई (छाया : प्रद्युम्न), (9) जिला संगरूर के गांव कैड़ा के हैडकांस्टेबल टेक सिंह का शव । (छाया : गर्ग)

क्या अविनाशी सिंह और डाक्टर बराड़ की हत्या कर दी गई है ?

जालन्धर, 7 अप्रैल : अंग्रेज़ी दैनिक 'हिन्दुस्तान टाइम्स' ने आज अपने प्रथम पृष्ठ में कालम 8 पर प्रकाशित एक समाचार में कहा है कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सहायक आफिस सैक्रेटरी श्री अविनाशी सिंह तथा गुरु राम दास मैडीकल अस्पताल अमृतसर के मैडीकल सुप्रिंटैंडैंट डा. बलदेव सिंह बराड़ की गत 31 मार्च की रात्रि में हत्या कर दी गई । सूत्रों के अनुसार श्री अविनाशी सिंह तथा श्री बराड़ की हत्या उनके रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने के कुछ ही घंटों के बाद उनके

किलोमीटर दूर गांव सबरावां में एक स्थान पर ले जाया गया । वहां कुछ घंटों के बाद ही दोनों की गोली मार कर हत्यारों ने हत्या कर दी । उल्लेखनीय है कि श्री अविनाशी सिंह और डा. बराड़ उस रात्रि में 8.30 बजे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की कार को मार्ग में छोड़ कर एक अन्य कार में गए थे ।

बताया जाता है कि डा. बराड़ तथा स्वर्ण मंदिर परिसर के प्रबन्ध के पूर्ण इंचार्ज श्री अविनाशी सिंह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एक वर्ष पूर्व

की जा रही है ।

बताया जाता है कि पांच सिंह साहिबान जिनमें अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह भी शामिल हैं, की नियुक्ति दमदमी टकसाल के नेताओं के कहने पर किए जाने व उस मामले में कथित सक्रिय भूमिका निभाने के कारण अविनाशी सिंह तथा डा. बराड़ की हत्या की गई है । उल्लेखनीय है कि दमदमी टकसाल के प्रमुख जरनैल सिंह भिंडरांवाला थे ।

हैं ।

प्राप्त गुप्त सूचना के अनुसार प्रतिद्वंद्वी उग्रवादी संगठन के खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के कुछ वरिष्ठ लोगों का पिछले दिनों अपहरण कर हत्या कर दी थी ।

खालिस्तान लिबरेशन फोर्स पिछले 6 माह से एक प्रकार से पृष्ठभूमि में सा पड़ गया था । इस अवधि में इसके अनेक सदस्य पुलिस मुकाबलों में मारे गए ।

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

झलमल सिंह और उनकी बहन हरभजन कौर को गोलियां मार कर मार दिया । हत्यारों ने गांव में घुसते ही पहले लकड़ी के कुछ खोखों को आग लगा दी और फिर गोलियों की आवाज से लोगों को भयभीत कर दिया । प्रोफैसर और उसकी बहन की हत्या की जानकारी गांव वालों को प्रातः मिली जिसकी सूचना लोगों ने प्रातः सात बजे गढ़शंकर पुलिस को दी । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । उग्रवादियों ने खालिस्तान और भिंडरांवाला समर्थक नारे भी लगाए ।

तीन-तीन के ग्रुपों में आए

'प्रद्युम्न' की सूचना है कि आतंकवादी तीन-तीन के ग्रुपों में आए और गांव वालों को चैलेंज करते, खालिस्तान के पक्ष में नारे लगाते और बड़ के पेड़ के नीचे भंगड़ा डालते रहे । आतंकवादियों का एक ग्रुप हरी राम की दुकान पर गया और कहा कि तुम्हारे पास बीड़ी-सिगरेट का जितना भी स्टॉक है, वह निकाल कर हमारे सामने जला दो । उसने ऐसा ही किया । एक अन्य व्यक्ति गांव में तम्बाकू खा रहा था, उसका मुंह खुलवाकर तम्बाकू निकलवाया और उसे मारपीट की । फिरवे एक व्यक्ति निर्मल सिंह के घर गए जिसके पास पिस्तौल होने की आशंका थी । उस समय घर में केवल नछत्तर कौर थी । वे दीवार फांदकर अंदर गए और सब ताले तोड़कर तलाशी ली ।

बंदूकें छीन लीं

कल रात होशियारपुर से चालीस किलोमीटर दूर थाना टांडा के मौजा टाहली के एक व्यक्ति मेला सिंह और निकटवर्ती एक और गांव के एक अन्य व्यक्ति धर्म सिंह से पिस्तौल की नोक पर उनकी लायसैंसशुदा बंदूकें छीन ली गईं । बताया जाता है कि तीन सशस्त्र व्यक्ति आए और पिस्तौल की नोक पर बन्दूकें छीन कर ले गए ।

हैडकांस्टेबल की हत्या कमांडो फोर्स ने की

संगरूर से 'गोयल' की सूचनानुसार गत सोमवार को हैडकांस्टेबल टेक सिंह की हत्या की जिम्मेदारी खालसा राज कमांडो फोर्स ने अपने ऊपर ली है । आज यहां बड़े डाकखाने के बाहर एक नोटिस बोर्ड पर इस सम्बन्ध में पंजाबी में एक पोस्टर चिपका पाया गया । कांस्टेबल का अन्तिम संस्कार उसके गांव खेड़ी में पूरे पुलिस सम्मान के साथ किया गया । एस.एस.पी. श्री सन्धू ने बताया कि मृतक पर उस दिन दो तरफ से हमला किया गया था ।

दो ठेके जलाए गए

थाना तपा के गांव ढिलवां में शराब के एक ठेके को आग लगा दी गई और बीस बोतलें तोड़ दी गईं । एक अन्य घटना में थाना सेन्हा के गांव चीमा में ठेके के भवन को आग लगा दी गई जिसमें सारा सामान नष्ट हो गया ।

दोनाली लूटी

जलालाबाद (मलिक): सीमांत गांव प्रभात सिंह वाला में गत रात तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने लाल सिंह नामक व्यक्ति की एक 12 बोर की दोनाली बंदूक तथा 14 कारतूस छीन लिए ।

ज्ञात हुआ है कि रात के समय दो नकाबपोश

तथा एक 'क्लीन
स्थित घर में घुसे
धमकी दी कि यदि
जाएगा । ये आ
अलावा 1400
इन्होंने यह भी ध
दी तो गम्भीर प

पुलिस में सू
किया । पुलिस
मामला है ।

ठेके के कारिंदे

बटाला से
श्रीहरगोबिंदपुर
चार अज्ञात यव
सिंह के घर में घु
कर दी । पुलिस
देसी शराब के ठे
का दरवाजा तोड़
दीं । ज्ञान सिंह
कारण की गई है
सतनाम सिंह बा
बाद शव मृतकों

शिव सेना नेत

बटाला हिन्द
और तीन अन्य
कुमार और अशि
रिहा कर दिया
अमृतसर) के एक
को चकरी बाजार
डाला था, की हत्य
था ।

ठेके को आग

दसूहा (ज्ञाव
उग्रवादियों ने अ
दी, जिससे लगभ
गई । मुकेरियां
शटर तोड़ कर
बोतल बीयर ले

2 उग्रवादी गि

मोगा (ह.स
सुरक्षा बल के
आतंकवादियों स
गिरफ्तार कर लि
.315 बोर की र
रिवाल्वर के अला
किए हैं । फरीद
सम्वाददाताओं
स्वीकार किया है
उनका हाथ था
कार्रवाइयों में भी

बाबा जोगेन्द्र

इस बीच बाब
तोड़-फोड़ गतिवि
जोगेन्द्र सिंह सहि
नेताओं और अधि
अनेक कार्यकर्त्ता
लिया है । इन लो
मार्च को रोडे में
फैलाने वाले भाषण

Punjab Kesari

पंजाब में 5 लोगों की हत्या : आतंकवादी भिड़न्त में मारा गया

जालन्धर के निकट चुंगी लूटी : अमृतसर में 'बी' श्रेणी उग्रवादी बंदी

सीमा पर 14 घुसपैठिये पकड़े गये

चंडीगढ़, 8 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों में पंजाब में एक आतंकवादी सहित 6 व्यक्ति मारे गए । कई खोखे जलाए गए, एक चुंगी लूटी गई । पुलिस से भिड़ंत के बाद दो आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । सिख छात्र संघ और अन्य उग्रवादी ग्रुपों की गिरफ्तारियां जारी रहीं तथा अब तक लगभग 400 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

अमृतसर के एस.एस.पी. ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दो उग्रवादियों में से एक राणा प्रताप सिंह का सम्बन्ध बब्बर खालसा के साथ है और वह 'बी' श्रेणी का आतंकवादी है । उसकी गिरफ्तारी के लिए इनाम भी रखा गया था ।

चुंगी लूटी

जालन्धर (क.): आज प्रातः सवा आठ बजे के लगभग यहां से दस किलो मीटर दूर जी.टी. रोड पर नगर निगम जालन्धर की परागपुर चुंगी से तीन उग्रवादियों द्वारा 21007 रुपए लूट ले जाने का समाचार मिला है । प्राप्त विवरण के अनुसार चुंगी कर्मचारी अभी इस कैश को निगम कार्यालय भेजने की तैयारी ही कर रहे थे कि तीन उग्रवादी एक हरे रंग के स्कूटर पर आए और उनमें से दो ने चुंगी के अन्दर दाखिल होकर पिस्तौल की नोक पर सारा कैश हवाले करने को कहा, जो डर के मारे उनके हवाले कर दिया गया ।

स्कूटर छीना

गत रात यहां आठ बजे के लगभग माडल टाउन से लगते क्षेत्र में मिठ्ठापुर चुंगी के निकट दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से उसका स्कूटर पी.ए. डब्ल्यू. 4899 छीन लिया और फरार हो गए । स्कूटर मालिक अपनी पत्नी के साथ घर को जा रहा था ।

खोखे जलाए

गत रात यहां से 40 कि.मी. दूर फगवाड़ा-नवांशहर रोड पर गांव बहराम में उग्रवादियों ने आधी दर्जन खोखे जला दिए, जिनमें एक मोची, एक नाई और एक साइकल मुरम्मत करने वाले का खोखा भी शामिल था ।

शव सम्बन्धियों को सौंपा

गत रात ही साढ़े सात बजे के लगभग स्थानीय आदर्श नगर के पार्क के बाहर कोने पर खड़े जिस 30 वर्षीय हैड-कांस्टेबल महेन्द्र सिंह की दो उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, उसका शव आज सिविल अस्पताल में पोस्ट-मार्टम के बाद उसकी बिलखती युवा पत्नी तथा अन्य रिश्तेदारों के हवाले कर दिया गया, जो उसे उसके पैतृक गांव मूड़ (निकट श्री हरगोबिन्दपुर) में अन्तिम संस्कार के लिए ले गए । महेन्द्र सिंह स्थानीय पुलिस डिवीजन 2 में तैनात था और पीले मोटर साइकल पर कांस्टेबल बनवारी लाल के साथ घटना से कुछ ही देर पहले वहां रेहड़ियों के निकट मोटर साइकल खड़ा करके आठ-दस फ़ुट के अन्तर पर एक जूस वाली रेहड़ी के निकट खड़े हो गया था । महेन्द्र सिंह अपनी युवा विधवा पत्नी के अतिरिक्त एक पोलियो का शिकार

(शेष पृष्ठ 6 पर)





पंजाब की महाशांति पद यात्रा पर सुनील दत्त और उनकी बेटी प्रिया हुए (ऊपर) रास्ते में ग्रामीण महिलाएं और बच्चे श्री दत्त को फूल-मा

लुधियाना बैंक डकैती में संलिप्त अधिकांश आतंकवादियों की पहचान

नई दिल्ली, 8 अप्रैल : सी. बी. आई. सूत्रों ने | द्वारा बदला लिए जाने के भय से बैंक कर्मचारियों

मंजीत सिंह, हरमिंदर संधू की रिहाई का आदेश

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (वार्ता): मुख्य मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट आर. एल. चुघ ने अखिल भारतीय सिख छात्र संघ ए. आई. एस. एस. एफ़. के अध्यक्ष और सचिव मंजीत सिंह और हरमिंदर सिंह संधू के खिलाफ़ राजद्रोह के एक मामले की कार्रवाई वापस

इस्तीफ़ा नहीं दे रहा : वी

बम्बई, 8 अप्रैल : रक्षामंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने

Punjabi Sarata.in

इस्तीफ़ा

हैदराबाद, 8 अप्रैल (वार्ता): आंध्र प्रदेश के क्षामंत्री ज. मुड्डु कृष्णमा नायडू ने आज मंडल से इस्तीफ़ा दे दिया । उन्होंने राज्य की स्कूल परीक्षा के गणित का पर्चा लीक होने की क जिम्मेदारी' महसूस करते हुए यह निर्णय है ।

मुख्यमंत्री नन्दमूरि तारक रामराव ने दाताओं को यहां बताया कि श्री नायडू ने अपना फ़ा उन्हें भेज दिया है और वह इसे स्वीकार कर ।

राड़ की हत्या की ती है : बरनाला

है । उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व जैसे ही न दोनों के लापता होने की सूचना मिली, तो सी दिन फौरन निर्देश दिया कि अमृतसर के स सफेद कपड़ों में पुलिस को भेजा जाए । लावा गुरुद्वारों के सेवादार भी भेजे जाएं और णि कमेटी के कर्मचारी भी जाएं । वर्दीधारी भी उस दिन अवश्य गई होगी, परन्तु सारे छानबीन करने के बावजूद इनका अभी तक ा नहीं चल सका ।

बरनाला ने बताया कि आज प्रातः पंजाब की बैठक हुई जिसमें यह फैसला किया धार्मिक और खैराती संस्थाओं के नाम जो उससे सम्बद्ध एक्ट में संशोधन किया जाए भूमि पर काबिज मुजारों को हटाया जा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

OTICE

eel Rolling Mills, Delhi
rs of the trade mark

H

of the said trade mark
es, bars, rounds, flats

r the aforementioned
reputation and has
ds.
ny mis-use of the
ting to falsification
ay dealt with through
y reference.

Hemant Singh
Advocate
CME COMPANY,
Mark Attorneys,
, Jaipur Estate,
izamuddin East,
DELHI-110013.

इससे पूर्व केंद्रीय जांच ब्यूरो के वकील ने अदालत से आग्रह किया कि फ़ैडरेशन के अध्यक्ष मंजीत सिंह और सचिव हरमिंदर सिंह संधू को रिहा कर दिया जाए क्योंकि उनके खिलाफ़ कोई सबूत नहीं मिला है ।

श्री चुघ ने अपने आदेश में व्यवस्था दी कि न्यायालय के लिए इस सम्बन्ध में ऐसा आदेश देना आवश्यक नहीं है क्योंकि केवल रोडे को ही मुकदमे के सम्बन्ध में सैशन सुपुर्द किया गया है ।

दिमाग में कभी नहीं आया । उन्होंने कहा कि सरकार में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहे लोगों की यह इच्छा पूरी नहीं हो सकती । मेरे इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता ।

उन्होंने भूतपूर्व विदेशमंत्री श्री दिनेश सिंह द्वारा लगाए गए इस आरोप को गलत करार दिया कि जब जनता सरकार के शासन काल में इंदिरा गांधी का 'शिकंजा कसा' जा रहा था उस समय वह (वी.पी. सिंह) लंदन भाग गए थे । उन्होंने कहा कि वह और उसके नेताओं का साथ दिया ।

उन्होंने श्री राजीव गांधी के नेतृत्व के प्रति वफादारी प्रकट की और आरोप लगाया कि फेयरफैक्स कांड एक विधिवत निर्वाचित सरकार को गिराने का एक सुनियोजित प्रयास है ।

उन्होंने कहा कि वह नहीं समझते कि उनका विभाग बदला जाना उन्हें सज़ा देने की कार्रवाई है । मैं महसूस करता हूं कि इस समय रक्षामंत्री का होना बहुत ज़रूरी है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

को 500 बसों का काफ़िला पंजाब लाने की अनुमति देने में विवशता प्रकट की । चुनाचे श्री संजय सिंह ने हालात के दृष्टिगत अपना पंजाब का दौरा स्थगित कर दिया ।

फगवाड़ा, (अशोक कौड़ा) : बम्बई से अमृतसर की महाशांति पदयात्रा कर रहे प्रख्यात फिल्म अभिनेता व इका सांसद सुनील दत्त ने अपने दृढ़ निश्चय को पुनः दोहराया है कि वे भारत के सीमावर्ती राज्य में हिंसक दौर बंद कराने हेतु अंतिम सांस तक प्रयत्नरत रहेंगे । आज प्रातः फिल्लौर से



(1) ज़िला होशियारपुर में थाना माहिलपुर के गांव बछोई में मंगलवार को आतंकवादियों द्वारा मारे गए भूतपूर्व नायब तहसीलदार श्री अमरनाथ, (2) इसी स्थान पर मारा गया ट्रैक्टर ड्राइवर गुरबख्श सिंह, (3) खून से लथपथ वह स्थान, जहां दुर्घटना हुई, (4) तहसीलदार श्री अमरनाथ के परिवार के सदस्य विलाप करते हुए, (5) विलाप करते हुए गुरबख्श सिंह के परिवार के सदस्य (छाया : 1 से 5 प्रद्युमन), (6) अमृतसर के ग्राम तेड़ाखुर्द में मारे गए सरपंच अजीत सिंह का शव, (7) उसका घायल साथी भजन सिंह, (8) सरपंच के परिवार के सदस्य, (9) गत रात्रि ऊधम सिंह नगर में मारे गए सुरजीत सिंह व (10) उनकी पत्नी सर्वजीत कौर तथा (11) उनके परिवार के बिलखते सदस्य ।

(छाया : 6-11 सभाष)

बलात् धर्म परिवर्तन, ठेके बंद कराने का अमरेंद्र सिंह द्वारा कड़ा विरोध

चंडीगढ़, 8 अप्रैल (ह.स.): एकीकृत अकाली दल विधायक दल के नेता कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने बलात् धर्म परिवर्तन का विरोध करते हुए इसे सिखी के विरुद्ध करार दिया । राज्य में जबरदस्ती ठेके बंद कराए जाने का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आंदोलन शांतिपूर्ण और सिख इतिहास में चलाए गए सुधार आंदोलनों के ढांचे के अनुरूप होना चाहिए । इस कार्य में हिंसक तरीकों का विरोध करने पर कुछ वर्गों द्वारा उनके प्रति व्यक्त तीव्र प्रतिक्रिया का उल्लेख करते हुए कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने कहा कि वह शराब, दहेज और बड़ी बारातों जैसी सामाजिक बुराइयां दूर करने के सुधार-आंदोलनों के समर्थक हैं, लेकिन यह शांतिपूर्ण होने चाहिएं ।

बलात् धर्म परिवर्तन के बारे में कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने कहा कि किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि नौवें गुरु श्री तेग बहादुर ने बलात् धर्म परिवर्तन के विरोध में अपनी जान कुर्बान कर दी थी । इसके अलावा औरंगज़ेब के आततायी शासन के विरुद्ध लड़ने के लिए ही खालसा सजाया गया था ।

कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने कहा कि सामाजिक हर प्रकार का सहयोग देने को तैयार हैं । उन्होंने इन आंदोलनों के संचालकों से अपील की कि वह हिंसा का रास्ता छोड़ कर शांति का रास्ता अपना लें और इस स्थिति में वह भी पूरे मन से इसमें शामिल हो जाएंगे । उन्होंने अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह से अपील की कि वह इसे शांतिपूर्ण आंदोलन बनाने का रास्ता सुझाएं क्योंकि मानव की प्रकृति ही बल प्रयोग के विरुद्ध प्रतिक्रिया दिखाना है । यदि लोगों पर चिरस्थायी प्रभाव डालना है तो यह बल प्रयोग से नहीं बल्कि सूझबूझ से ही सम्भव हो सकता है । सिखों ने सदा बल प्रयोग का विरोध किया है । बल प्रयोग वाले आंदोलन का प्रभाव केवल अल्पकालिक ही हो सकता है ।

☐ किसी भी ग़लत कदम पर अब मैं चुप नहीं रहूंगा ☐ हिंसा सिखी के विरुद्ध ☐ प्रो. दर्शन सिंह शांति का रास्ता दिखाएं

एकीकृत अकाली दल के नेता ने कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार तथा बरनाला सरकार के हर उन प्रयासों का विरोध किया है, जो अकाल तख्त की प्रभुसत्ता, सिख परम्पराओं, सिखों और पंजाब के हितों के खिलाफ थे लेकिन मैं हर उस प्रयास का विरोध करूंगा जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सिखों के हितों अथवा हमारे गुरुओं की शिक्षाओं के विरुद्ध होगी । उन्होंने कहा कि आततायी शासन के विरुद्ध लड़ने वाले सिखों ने नई दिल्ली के तानाशाही रवैये का भी विरोध किया है । इसके साथ ही वह बल प्रयोग का विरोध भी करेंगे क्योंकि वह पंजाब समस्या का बातचीत द्वारा हल ढूंढे जाने के पक्ष में हैं ।

उन्होंने कहा कि हम खालसा के उन्हीं सिद्धांतों के विरुद्ध जा रहे हैं, जिनके लिए आज तक हम लड़ते आए हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब में इस मसले पर चुप्पी साधे रहना राजनीतिक रूप से आवश्यक समझा जाता है, लेकिन मेरा असूल है कि सही बात को अवश्य कहना चाहिए और हर सच्चे सिख को ऐसा करना चाहिए । इसलिए 1984 में मैंने संसद की सीट छोड़ी थी और गत वर्ष पंजाब का मंत्रिपद । अब जिस बात को मैं गलत समझूंगा, राजनीतिक स्वार्थ की परवाह किए बिना उसके विरुद्ध बोलूंगा । "मैं बलात् धर्म परिवर्तन के विरुद्ध हूं, क्योंकि यह सिखी के विरुद्ध है और खालसा ने सदा इसके विरुद्ध लड़ाई की है । इस बारे चुप रहना, इसको समर्थन देने के बराबर होगा ।"

स्पिरिट पीने से 2 मरे

बम्बई, 8 अप्रैल (वार्ता): नागपुर की देवनगर बस्ती में स्पिरिट पीने से 2 व्यक्ति मर गए और 14 आंशिक रूप से अंधे हो गए हैं ।

पंजाब क्षे

नई दिल्ली, 8 अ
मंत्रियों और विधायक
आए हिन्दुओं को राज
और ठोस वित्तीय सहा
पंजाब के राजस्व रा
नेतृत्व में नौ-सदस्यीय
शरणार्थी शिविरों की
पंजाब सरकार के पु
की ।

सरकारी सूत्रों के
शरणार्थियों को रा
क्षेत्रों—राजपरा, पठान
जिलों में बसाने के लिए
कर दिल्ली आए 12
अमृतसर और गुरदा
सदस्यों की संख्या 86

प्रदर्शन

हिंदुओं के पुनर्वास
में शुरू हुई पहले दि
शरणार्थियों ने पुनर्वा
किया । प्रदर्शनकारि
अभी ठीक से पहचान
कि पिछले तीन महीन
अखिल भारतीय कांग्
आर.एल. भाटिया के
है । वार्ता 10 अप्रैल
प्रतिनिधिमंडल के ए
शरणार्थियों के लगभ
गए हैं क्योंकि या तो

फारूक

नई दिल्ली, 8
के मुख्यमंत्री डाक्टर
हाऊस में एक कम
बाल-बाल बच गए

डा. अब्दुल्ला क
व्यक्तियों के कमरे में
के लिए परसों रात 1
छत गिर पड़ी । ले
सचिव तत्काल कम
उन्हें कोई चोट नहीं

छत गिरने के तु
दी गई और पुलिस

Punjabi Sanatani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

तीन वर्षीय लड़का और एक वर्षीय लड़की पीछे छोड़ गया है ।

पुलिस तथा अन्य सूत्रों के अनुसार दो उग्रवादी एक स्कूटर पी.ए.डी. 1947 पर आए और स्कूटर एक आईस क्रीम वाली रेहड़ी के निकट खड़ा करके एक बैंच पर बैठ गए और सड़क पार खड़ी एक रेहड़ी से मिल्क बादाम की दो बोतलें मंगवा कर पीं । फिर उठकर हैड कांस्टेबल पर फ़ायरिंग कर दी,जिस पर महेन्द्र सिंह सड़क पर भागा । इस बीच उग्रवादियों ने कांस्टेबल बनवारी लाल पर भी गोलियां चला दीं । महेन्द्र सिंह को दो गोलियां उसके बाजू व छाती के दाईं ओर लगीं । छाती में लगी गोली बाएं ओर जाकर दिल में लगी और निकल गई जबकि बाज़ू वाली गोली अन्दर रह गई,जो आज पोस्ट-मार्टम करके निकाली गई । बनवारी लाल को दो गोलियां दोनों रानों में और एक टांग में लगी ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घायल होने के बावजूद महेन्द्र सिंह सड़क पार करके शराब के ठेका की ओर दौड़ा । यह भी बताया गया कि उसने अपनी स्टेनगन चलाने की कोशिश भी की, मगर वह चली नहीं । बनवारी लाल भी दौड़ा और उसने भी चौड़ी सड़क को दो हिस्सों में बांटने वाली पटड़ी की ओट में लेट कर उग्रवादियों पर अपनी बंदूक से पांच-छः फ़ायर किए,मगर वह अपना स्कूटर छोड़कर साथ लगती गली में भाग गए और थोड़ी दूर जाकर एक मोटर साइकल छीन कर फ़रार हो गए । यह मोटर साइकल आजकल पुरथला रोड पर ऊड्डी खई के निकट पड़ा पाया गया, जिसे पुलिस ने कब्जा में ले लिया ।

सूचना मिलने पर सी.आर.पी. के एस.पी. तथा अन्य अधिकारी तथा डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री पी.सी. डोगरा व एडीशनल डी.आई. जी. श्री सिद्दीकी, एस.एस.पी. श्री गोपाल दास, एस.पी. आप्रेशन श्री शर्मा तथा अन्य पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंचे तथा बाद में अस्पताल गए । रात को बस्ती मिठ्ठू, स्पोर्ट्स कालेज क्षेत्र तथा अन्य आसपास के अनेक गांवों में पुलिस दस्तों ने छापे मारे । कुछेक व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिए जाने का भी समाचार है ।

जो स्कूटर रेहड़ियों के पास खड़ा मिला, वह हल्के पीले रंग का बजाज चेतक है, मगर वह जालन्धर ज़िला का रजिस्टर्ड नहीं । इस स्कूटर के साथ एक हैलमेट भी लटका हुआ था । पुलिस कपूरथला ज़िला के अधिकारियों से पता लगा रही है कि क्या इस का नम्बर इस ज़िला का तो नहीं ? अभी तक दोषियों का सुराग नहीं मिला । पुलिस अधिकारियों का अनुमान है कि दोषी ठेका शराब पर फ़ायरिंग करने आए थे,मगर पुलिस वाले देखकर जो कि उग्रवादियों के आने के बाद वहां पहुंचे लगते थे, वह आशंकित हो गए और उन्होंने उन पर गोलियां चला दीं ।

कांस्टेबल बनवारी लाल का कल रात ही सिविल अस्पताल में आप्रेशन कर दिया गया था, जहां उसकी अवस्था खतरा से बाहर बताई गई है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस घटना में .455 या 9 एम.एम. की गोलियां इस्तेमाल की गई लगती हैं ।

आज आदर्श नगर चौक और ग़ैत नगर क्षेत्र में दो स्कूटर छीनने की घटनाएं हुईं ।

40 गिरफ्तार

सिंह तथा गुलाब सिं
बोर का पिस्तौल त
बरामद किए गए
पिस्तौल बरामद

जगराओं पुलि
नाकेबंदी के दौरा
गिरफ्तार करके उ
किया ।
सुनार को लूट

बाघापुराना से
नौ किलो मीटर
व्यक्तियों ने पिस्तौ
सिंह के घर से सात
तथा 7600 रुपए
माल की कुल कीम
है । प्राप्त जानका
बजे के लगभग 5
दरवाज़ा खटखटाय
दरवाज़ा खोलने पर
मुंह ढके हुए थे तथा
तथा सभी को जान
तरफ खड़ा कर दिया
घर की तलाशी ली
हो गए । पुलिस को
से वहां पहुंची । गां
पुलिस समय पर आ
थें,क्योंकि वे काफ़ी
महंत को मारपीट

इसी गांव में
व्यक्तियों ने एक डेरे
रात सख्त मारपीट
छीन कर फ़रार हो
आतंकवादी मारा

फरीदकोट ज़िल
कोटली अबलू में अ
कल रात एक पुलि
जिसके बाद दोनों अ
संदिग्ध आतंकवादी
हमलावर अंधेरे की
गए ।
ठेकेदार की हत्या

मोगा (स) : गांव
एक ठेकेदार की हत्य
है । बताया जाता है
अशोक कुमार गांव
कार में शराब लेकर
रात्रि जब वह शराब
व्यक्तियों, जिनके ना
सिंह बताए जाते हैं,
शराब लेकर पीते र
उन्होंने फायरिंग कर
रोक कर तलवार के स
दिया, अभियुक्त अंधे
निकले । पुलिस ने के
दो ठेके जलाए

बुढलाडा (नरेश
गांव कलेरियां तथा ध
जला दीं तथा किशनग
नष्ट कर दिया । बरेट
से बाहर फैंक कर आ

Punjabi Sahit

वर्ष 22 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 299
शनिवार, 11 अप्रैल, 1987 तदनुसार 29 चैत्र, 2044 मूल्य 70 पैसे, विमान द्वारा 80 पैसे

पंजाब में 8 हत्याएं : डाक्टर को गोली मार कर घायल कर दिया

कई जगह शराब के ठेकों को आग : लुधियाना में चुंगी लूटी

ठेके जलाने वालों पर पुलिस घात लगाएगी

चंडीगढ़, 10 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 8 व्यक्तियों की हत्या की गई, एक डाक्टर को गोली मार कर घायल कर दिया गया, एक चुंगी लूटी गई तथा कई स्थानों पर शराब के ठेके लूटे व जलाए गए ।

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस ने कहा है कि पुलिस शराब के ठेके जलाने वालों पर घात लगाएगी ।

कई स्थानों पर आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया ।

3 की हत्या

जालंधर से ह.स., वार्ता, क., न.न.अ. के अनुसार थाना आदमपुर के ग्राम जंडसिंहा में एक शराब के ठेके पर आज रात्रि 9.30 बजे स्कूटरों पर सवार कई उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके तीन लोगों की हत्या कर दी । मृतक ठेके के कर्मचारी थे ।

पता चला है कि उग्रवादी तीन स्कूटरों पर सवार थे । मृतकों के नाम अविनाश चंद्र, जितेन्द्र कुमार व कुन्दन लाल बताए गए हैं । कुन्दन लाल कारिंदा था और रामा मंडी का रहने वाला था । घटना के समय ठेके पर कई लोग बैठे थे । उग्रवादियों ने स्टेनगनों से गोलियां चलाईं ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस वाले पुलिस की एक मोटर गाड़ी तथा एक अन्य जीप में शवों को अस्पताल लाए । मृतकों की रिश्तेदार महिलाएं विलाप करती हुई साथ आईं ।

ग्रन्थी की हत्या

जालन्धर (क): गत रात सात बजे के लगभग दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने थाना सदर के गांव सेमी में एक 50 वर्षीय व्यक्ति सीता राम की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए । सीता राम का शव पोस्ट मार्टम के बाद उसके वारिसों के हवाले कर दिया गया । उसे 2 गोलियां एक छाती में और एक कनपटी में लगी थीं ।

एजैंसी की खबरों के अनुसार सीता राम गुरु रैविदास गुरुद्वारा का ग्रन्थी था ।

चौकीदार की हत्या

गत रात स्थानीय इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्टरी कैपशन्ज इंटर नैशनल में उसके चौकीदार गोरखा छबी लाल की कुछ व्यक्ति गला घोंट कर हत्या कर गए । प्राप्त विवरण के अनुसार चोरी करने की नियत से आए दोषियों ने चौकीदार को पहले रस्सों से बांध दिया और फिर गला घोंट दिया क्योंकि उसने शोर मचाने की कोशिश की थी ।

एक समाचार एजैंसी की खबर दी है कि चौकीदार की हत्या गोली मार करने गई । हत्यारे फैक्टरी का कुछ सामान भी ले गए ।

ठेके को आग

गत रात कुछ कथित उग्रवादियों ने नवांशहर थाना के कस्बा राहों के बस स्टैंड पर स्थित देसी शराब के एक ठेके को आग लगा दी, जिससे उसका फर्नीचर व शराब नष्ट हो गई । लगभग 38000 रुपए की क्षति की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है । वहीं अंग्रेजी शराब के ठेके को भी जलाने की असफल कोशिश का समाचार मिला है ।

मकान पर हमला

आज दोपहर जालन्धर की बस्ती बावा खेल में भाटिया बेकरी के साथ वाली गली में एक व्यक्ति रतन लाल के मकान पर एक दर्जन से अधिक सिख छात्र संघ के समर्थकों ने हमला कर दिया । आसपास के लोग शोर सुन कर उधर भागे और एक युवक को पकड़ लिया, जबकि अन्य भाग गए ।

पुलिस को तुरन्त सूचना दी गई । अभी विवरण की प्रतीक्षा है ।

सरपंच का घर लूटा

गत सायं 7 बजे जिला जालन्धर के थाना नूरमहल के गांव समराय के सरपंच श्री अमरजीत सिंह समरा जो एक फाइनैंसर हैं और प्राय: जालन्धर में रहते हैं, के घर में घुस कर तीन उग्रवादियों द्वारा उनकी माता की दोनों कानों की सोने की बालियां तथा एक सोने का कड़ा छीन ले जाने का समाचार मिला है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार इन तीनों ने पहले श्री समरा का लाइसैंस वाला रिवाल्वर देने के लिए कहा और जब श्री समरा की माता ने कहा कि श्री समरा तो बाहर गए हुए हैं और रिवाल्वर भी साथ ले गए हैं तो उन्होंने उसकी बालियां व कड़ा छीन लिया । जब बूढ़ी महिला का शोर सुना तो निकट रहने वाले पंच चरणजीत सिंह ने अपनी .315 बोर की बंदूक से तीन हवाई फायर किए, जिन्हें सुन कर दोषी अपना बजाज चेतक स्कूटर पी.यू.एक्स 8507 छोड़ कर फरार हो गए ।

रिवाल्वर छीना

गत रात थाना शाहकोट के गांव मलेवाल में तीन अज्ञात उग्रवादी एक व्यक्ति प्यारा सिंह के घर में घुस आए और उसे डरा कर उससे उसका लाइसैंसी रिवाल्वर लेकर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

स्कूटर छीना

एक अन्य घटना में जालन्धर में दोआबा चौक में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने वेद प्रकाश नामक व्यक्ति से स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

धमकी भरा पोस्टर

शाहकोट (चोपड़ा): आज यहां इंडियन ओवरसीज बैंक के बाहर तथा कथित खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से एक इश्तहार चिपकाया गया है जिसमें चेतावनी दी गई है कि शराब, सिगरेट व मीट का धंधा करने वाले कोई अन्य कारोबार कर लें अन्यथा उन्हें 'सोध' दिया जाएगा ।

हड़ताल

वाइन मर्चैंट्स एसोसिएशन के आह्वान पर आज जालन्धर में शराब के सभी ठेके अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए गए । ऐसा उन्हें सुरक्षा प्रदान करने में प्रशासन की विफलता के विरोध में किया गया । बुधवार की रात को बस्ती शेख में एक नाई की दुकान जलाए जाने के विरुद्ध रोष स्वरूप आज जालन्धर में नाइयों की दुकानें भी बंद रहीं ।

करतारपुर में ठेके बंद

करतारपुर (देवदत्त): करतारपुर में अंग्रेजी और देसी शराब के ठेके अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं क्योंकि उनकी सुरक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं है । जब तक सुरक्षा का प्रबन्ध नहीं हो जाता ठेके बंद रहेंगे ।

सरपंच की हत्या

प्र. के अनुसार होशियारपुर से 30 किलोमीटर दूर कोट फतूही के पास नहर के किनारे चेला दातापुर ग्राम के सरपंच कश्मीर सिंह की तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । कश्मीर सिंह की कोट फतूही में आढ़त की दुकान थी । वह दुकान बंद करके रात आठ बजे अपने गांव जा रहा था जब नहर के किनारे उग्रवादियों ने उसे रोक लिया और नहर के किनारे खड़ा करके उस पर गोलियां चलाईं । एक राहगीर ने घटना की सूचना पुलिस को दी ।

मीट की दुकानें खुलीं

'वार्ता' के अनुसार संवेदनशील स्थानों पर पुलिस तैनात किए जाने के फलस्वरूप होशियारपुर नगर में दो दिन की हड़ताल के बाद बूचड़खाना तथा मीट की दुकानें आज फिर खुल गईं । अधिकारियों ने दावा किया कि नगर में सभी शराब के ठेके खुले हैं ।

एक समाचार एजैंसी के अनुसार बुधवार को होशियारपुर के गढ़शंकर कस्बा में एक कालेज प्रोफैसर झलमन सिंह की हत्या की जिम्मेदारी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने ली है ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस ने चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है और एक व्यक्ति के विरुद्ध पंथक कमेटी के सदस्य बस्सन सिंह तथा अन्य उग्रवादियों को पनाह देने, वित्तीय सहायता देने आदि के आरोप में केस दर्ज किया है । एस.एस.पी. जे.पी. बिरदी ने बताया कि थाना सदर की पुलिस ने मौजा अलीबाल के पास नाकाबंदी करके बलजीत सिंह नामक आतंकवादी को जो कोहाली का रहने वाला है, गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 38 बोर का रिवाल्वर बरामद किया । मौजा ढंड के कथित उग्रवादी मनजीत सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है । पुलिस उसे गिरफ्तार करने गई लेकिन वह फरार हो गया । थाना हरगोबिन्दपुर पुलिस ने परमजीत सिंह उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया । उसके विरुद्ध सरकार के खिलाफ बगावत के लिए लोगों को उकसाने का आरोप है ।

डेरा बाबा नानक पुलिस ने आतंकवाद विरोधी कानून के अंतर्गत मौजा ढिलवां के बलदेव सिंह, स्वर्ण सिंह, कृपाल सिंह, मौजा धालीके के अवतार सिंह, राज सिंह, हरदोवाल के बलबीर सिंह, हीरा सिंह, मौजा धर्म कोट रंधावा के हरदेव सिंह को गिरफ्तार किया है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)







उग्रवादियों द्वारा शुक्रवार की रात्रि को जालन्धर जिले के आदमपुर सिंघा के शराब के ठेके पर मारे गए तीन व्यक्ति अविनाश चन्द्र, जि लाल ।

जम्मू-कश्मीर में नया दलबदल रोक विधेयक पारित

जम्मू, 10 अप्रैल (स.): जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने केंद्रीय दल बदल कानून के अनुरूप राज्य के दल बदल कानून में संशोधन करने के लिए आज एक विधेयक को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी ।

इस विधेयक में प्रदेश के संविधान में संशोधन करके दल बदल को प्रभावशाली ढंग से रोकने की व्यवस्था की गई है ।

इस बिल को कल विधिमंत्री ने सदन में प्रस्तुत किया था । विपक्ष इस विधेयक को प्रवर समिति को सौंपे जाने में सफल नहीं हो सका । उसके बाद इस पर सदन में चर्चा हुई ।

श्री गुलाम मोहम्मद मीर मुस्तफा सहित 4 निर्दलीय विधायकों ने इस विधेयक को प्रवर समिति को सौंपे जाने का प्रस्ताव पेश किया था ।

भाजपा सदस्य श्री चमन गुप्ता ने इस बिल पर आश्चर्य प्रकट किया तथा कहा कि प्रदेश में दो मुख्य दल जिनमें कांग्रेस भी शामिल है, बिगत में विधायकों की खरीद में संलिप्त रहे हैं तथा उन्होंने ही दल बदल को भारी प्रोत्साहन दिया है । उन्होंने कहा कि अब जब इन दोनों दलों ने ही आपस में गठबंधन कर लिया है तो फिर इस दल बदल रोक विधेयक को सदन में लाने की जल्दबाजी क्या थी ?

श्री मीर,सैयद अली शाह गिलानी (मुस्लिम यूनाईटेड फ्रंट) तथा ठाकर बलदेव सिंह (भाजपा) ने भी इस विधेयक को विधानसभा के अगले अधिवेशन तक प्रवर समिति को सौंपे जाने की मांग की, जससे कि इस विधेयक के सभी पहलुओं पर विचार किया जा सके लेकिन सत्तारूढ़ पक्ष ने उनके इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया ।

इस विधेयक पर चर्चा के दौरान सत्तारूढ़ दल व विपक्ष में गर्मागर्म वाक्-युद्ध भी हुआ । विपक्षी सदस्यों में भी इस मामले को लेकर झड़पें हुईं ।

भाजपा के सदस्यों ने दल बदल विधेयक का सैद्धांत रूप में समर्थन किया लेकिन मुस्लिम संयुक्त मोर्चे के श्री गिलानी ने इसका विरोध किया तथा कहा कि यह विधायकों की स्वतंत्रता को सीमित करता

जासूसी गिरोह अनावृत्त

चंडीगढ़, 10 अप्रैल (वार्ता): पंजाब पुलिस ने जिला फिरोजपुर में सक्रिय एक अन्तर्राष्ट्रीय जासूसी गिरोह को अनावृत्त करने का दावा किया है ।

प्राप्त अधिकृत सूचनाओं के अनुसार भारत-पाक सीमा पर फिरोजपुर सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जिनमें एक भारतीय तथा दूसरा पाकिस्तानी है । उन्हें राज्य पुलिस के हवाले कर दिया गया । पाकिस्तानी नागरिक से एक कैमरा तथा दो फिल्में बरामद की गईं । इनमें से एक एक्सपोज़ की गई फिल्म थी तथापि सूत्रिज सूत्रों ने कहा कि पकड़े गए दोनों व्यक्ति दोनों देशों में सक्रिय कुख्यात तस्कर हैं ।

देवी लाल का लोकदल 'भजन लाल कांग्रेस' से अधिक कुछ नहीं : दहिया

चंडीगढ़, 10 अप्रैल (सागर) : हरियाणा जनता पार्टी के प्रचार इंचार्ज डा. भीम सिंह दहिया ने लोकदल (ब.) हरियाणा के प्रधान देवी लाल और मुख्यमंत्री बंसी लाल की कटु आलोचना की । उन्होंने कहा कि देवी लाल का लोकदल और कुछ नहीं केवल 'भजन लाल कांग्रेस' है

इंका लोगों की वास्तविक समस्याएं हल नहीं कर सकी । उन्होंने कहा कि जहां तक बंसी लाल की बात है, वह भिवानी जिला के ही मुख्यमंत्री हैं । सरकारी सेवाओं में भर्ती करने वाली एजैंसियां मुख्यमंत्री के बेटे का सचिवालय बन कर रह गई

धर्म का दुरुपयोग कर को बरनाला बेनकाब

चंडीगढ़, 10 अप्रैल : पंजाब के मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला ने आज संकल्प किया कि उनकी सरकार राजनीति की खातिर धर्म का दुरुपयोग करने वालों को बेनकाब करने के लिए जनमत जागृत करेगी ।

श्री बरनाला ने आकाशवाणी जालंधर से राज्य की जनता के नाम एक संदेश में कहा कि कुछ तत्वों द्वारा शुरू किए गए तथाकथित सुधार आंदोलन से उनके नापाक इरादों पर पर्दा नहीं पड़ सकता ।

उन्होंने कहा कि ये तत्व मद्यपान की खिलाफत करते नहीं अघाते लेकिन आदमी के लहू से अपनी प्यास बुझाने से भी यह बाज नहीं आते । उन्होंने कहा कि मासूम और निर्दोष पंजाबियों की अंधाधुंध हत्या करने वालों को किसी भी सूरत में राज्य का हितैषी नहीं कहा जा सकता ।

श्री बरनाला ने खुद अपनी मिसाल देते हुए कहा कि हालांकि वे अमृतधारी सिख हैं लेकिन उन्होंने कभी भी नशीले पदार्थों तथा ऐसी ही अन्य बुराइयों का दामन नहीं पकड़ा जबकि ये तत्व ऐसा ही कर रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि अपने विचार लोगों पर जबरन थोपने के विरुद्ध लड़ाई करने के लिए ही गुरुओं ने सिख धर्म की स्थापना की थी । उन्होंने कहा कि अपने आदर्श और सिद्धांत दूसरों पर थोपने की कोशिश करने वाले व्यक्ति न सिर्फ गौरवपूर्ण सिख धर्म का मखौल उड़ा रहे हैं बल्कि इसकी पवित्रता से भी खिलवाड़ कर रहे हैं ।

नया मुगल

उन्होंने कहा कि ये तत्व वही काम कर रहे हैं जो गुरु के हत्यारे के पत्रों ने किया था । उन्होंने इन तत्वों को 'नया मुगल' करार दिया ।

श्री बरनाला ने कहा कि आज हालात इतने बिगड़ गए हैं कि आदमी का मांस खाने वाले ही धर्मग्रंथों की दुहाई दे खंजर हैं वे हाथ में जाप हैं । सिख धर्म का प्रचा लोग इसके आदर्शों को व्यवहार की एकमिसाल इन दरिंदों को देखकर क करेगा ।

मांस की दुकानें बंद करते हुए श्री बरनाला करने वाले लोग ही मांस फिर रहे हैं । यह लोग भीतर ही लोगों की नृश हमारे धार्मिक स्थानों विरुद्ध क्या किसी ने कभी सोची ।

श्री बरनाला ने कह लोगों के विरुद्ध अभियान कलंकित कर रहे हैं ।

ऐसा नहीं हुआ तो सिख लिए कभी माफ नहीं करें तत्वों की नस-नस में घृण है । शिरोमणि अकाली द मेरा धार्मिक कर्त्तव्य है औ मानवीय दायित्व है कि संस्कृति की शानदार रवा खिलाफ जोरदार संघर्ष छेड़ रक्षा करूं ।

उग्रवादी को कड़ी

अजमेर, 10 अप्रैल : प्यारे मोहन ने अमृतपाल को दस वर्ष की कठोर कै



Punjabi Sanjaani

अंक 299
80 पैसे

बाद ही पता चल सका कि वे हथियारों की खरीद में कमीशन के बारे में गठित जांच समिति के बारे में कुछ कह रहे हैं ।

अध्यक्ष ने बारम्बार उनसे कहा कि यदि वे विपक्ष की आदत बन गई है । अनेक बार सदस्यों से आग्रह किया गया है कि वे संसद के नियमों के अनुसार व्यवहार करें ताकि उनकी बात तो सुनी जा सके । श्री जाखड़ ने कहा कि इस प्रकार के यदि संसदीय प्रणाली का पालन किया जाए तो हर पक्ष की बात सुनना सम्भव है ।

सदस्यों के फिर भी शोर-शराबा करने पर टोकाटाकी में ऊंचे स्वर में कहा कि संसदीय लोक के बृहत्तर हित में विपक्ष को संयमित व्यवहार क चाहिए । संसद के नियमानुसार सरकार किसी

टर को
र दिया
में चुंगी लूटी
लगाएगी

रा कर उससे उसका लाइसैंसी रार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज

ना में जालन्धर में दोआबा चौक में यों ने बेद प्रकाश नामक व्यक्ति से । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया रफ्तारी नहीं की गई ।

स्टर

चोपड़ा): आज यहां इंडियन के बाहर तथा कथित खालिस्तान ओर से एक इश्तहार चिपकाया ावनी दी गई है कि शराब, सिगरेट रने वाले कोई अन्य कारोबार कर सोध' दिया जाएगा ।

स एसोसिएशन के आह्वान पर में शराब के सभी ठेके के लिए बंद कर दिए गए । ऐसा न करने में प्रशासन की विफलता के गया । बुधवार की रात को बस्ती ई की दुकान जलाए जाने के विरुद्ध जालन्धर में नाइयों की दुकानें भी

ठेके बंद

देवदत्त): करतारपुर में अंग्रेजी और के अनिश्चितकाल के लिए बंद कर क उनकी सुरक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं रक्षा का प्रबन्ध नहीं हो जाता ठेके

त्या

ार होशियारपुर से 30 किलोमीटर के पास नहर के किनारे चेला दातापुर कश्मीर सिंह की तीन स्कूटर सवार गोली मार कर हत्या कर दी । ो कोट फत्हीं में आढ़त की दकान बंद करके रात आठ बजे अपने गांव नहर के किनारे उग्रवादियों ने उसे नहर के किनारे खड़ा करके उस पर । एक राहगीर ने घटना की सूचना

नें खुलीं







उग्रवादियों द्वारा शुक्रवार की रात्रि को जालन्धर जिले के आदमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जंडू सिंघा के शराब के ठेके पर मारे गए तीन व्यक्ति अविनाश चन्द्र, जितेन्द्र कुमार और कुन्दन लाल । (छाया : कपूर)

धर्म का दुरुपयोग करने वालों को बरनाला बेनकाब करेंगे

चंडीगढ़, 10 अप्रैल : पंजाब के मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला ने आज संकल्प किया कि उनकी सरकार राजनीति की खातिर धर्म का दुरुपयोग करने वालों को बेनकाब करने के लिए जनमत जागृत करेगी ।

श्री बरनाला ने आकाशवाणी जालंधर से राज्य की जनता के नाम एक संदेश में कहा कि कुछ तत्वों धर्मग्रंथों की दुहाई दे रहे हैं और जिनके हाथों में खंजर हैं वे हाथ में जाप करनेवाली माला पहने होते हैं । सिख धर्म का प्रचार करने के लिए जरूरी है कि लोग इसके आदर्शों को अपनाएं और अच्छे मानवीय व्यवहार की एक मिसाल कायम करें । खून के प्यासे इन दरिंदों को देखकर कोई भी सिख बनना नहीं पसंद करेगा ।

उग्रवाद के विरुद्ध
तक लड़ाई जारी रहे
केन्द्र अगर समस्या हल करना चाहता है तो वह पंजाब
देश-विरोधी तत्व धर्म के

खरड़, 10 अप्रैल (शशि): पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने घोषणा की है कि उनकी सरकार आतंकवादियों के विरुद्ध आखिरी दम तक लड़ाई लड़ेगी और इसमें जीत हमारी होगी ।

आज यहां से पांच किलोमीटर दूर मोहाली में पंजाब कम्यूनिकेशन लिमिटिड की नई बिल्डिंग का उद्घाटन करते हुए उन्होंने यह आरोप लगाया कि कुछ तत्व पंजाब में देश के शत्रुओं द्वारा दी गई लाइन पर काम कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि ये तत्व धर्म के नाम पर कुछ न कुछ करते रहते हैं, जोकि सिख धर्म के लिए भी धब्बा है । उन्होंने विचार व्यक्त किया कि सिख धर्म सब का भला चाहने वाला है । उन्होंने कहा कि स्वर्गीय संत हरचंद सिंह लौंगोवाल देश की एकता, अखंडता व शांति के पुजारी थे लेकिन कुछ तत्वों ने इस बात को पसंद नहीं किया ।

श्री बरनाला ने अपना भाषण जारी रखते हुए कहा कि कोई भी सम्प्रदाय या वर्ग हिंसा के मार्ग पर चल कर सफल नहीं हुआ है । अपितु हर सम्प्रदाय या वर्ग जिसने भी उग्रवाद का रास्ता अपनाया है कुछ समय बाद वह असफल ही हुए हैं । श्री बरनाला ने केंद्र सरकार से मांग की है कि अगर वह पंजाब समस्या हल करना चाहती है तो उसे इस राज्य अधिक से अधिक उद्योग लगाने चाहिएं । पंजाब 'ए श्रेणी' का औद्योगिक पिछड़ा क्षेत्र घोषित जाए ।

उन्होंने इशारों ही इशारों में शिकायत की पंजाब की स्थिति के बारे में प्रैस कई बार घटना बढ़ा-चढ़ा कर पेश करता है, जिससे दूसरे राज्य लोग पंजाब में आने से घबराते हैं । मगर खुशी बात है कि जो लोग यहां आते हैं वे यहां से स होकर जाते हैं । उन्होंने दावा किया कि स्थिति खराब नहीं है जितनी बताई जाती है ।

इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री बलवंत सि कहा कि मोहाली को भारत की सिलिकोन

हाय रे गरीबी !

उदयपुर, 10 अप्रैल : गरीबी से तंग आकर एक 37 वर्षीय व्यक्ति कन्नागमटिया ने अपने चार बच्चों के सिर काट डाले और बाद में खुद फांसी लगा ली ।

यह घटना उदयपुर के निकटवर्ती गांव बोलियाबाल की है । मृतक अपने बच्चों का पेट भरने में असमर्थ था । उसने अपनी पत्नी को मंगलवार मैके भेज दिया और बाद में यह कांड किया ।

प्रस्तावित संघर्ष स्थगित

जालन्धर, 10 अप्रैल (क.): इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट (आई.टी.आई.) एम्प्लाइज यूनियन, पंजाब ने अपनी मांगों के समर्थन में 16 अप्रैल से शुरू किया जाने वाला संघर्ष 30 अप्रैल तक स्थगित कर दिया है ।

यह जानकारी देते हुए यूनियन के महासचिव श्री रमेश चन्द्र शर्मा ने आज यहां बताया कि संघर्ष स्थगित करने का कारण यह है कि एक तो औद्योगिक

जब पंजाब पुलिस कर्मियों
हवालात की हवा खानी प

अमृतसर, 10 अप्रैल (अशोक): आतंकव द्वारा पंजाब पुलिस की वर्दियां पहनकर अपराध करने की घटनाओं से पंजाब पुलि विश्वसनियता को गहरा आघात तो लगा ही बार वास्तविक पुलिस कर्मियों एवं अधिकारि भी बड़ी कठिनाइयां पेश आती हैं ।

ताजा मिली सूचनाओं के अनुसार पं दिल्ली गई पंजाब पुलिस की एक पार्टी को जो से एक आतंकवादी को लेने के लिए गई थी, कारण हवालात की हवा तक खानी पड़ी ।

इस घटना के सम्बन्ध में मिले विव अनुसार गत 8 अप्रैल को अमृतसर की एक पार्टी, जिसमें एक सब इंस्पैक्टर, एक सहाय इंस्पैक्टर, एक हवलदार तथा दो सिपाही थे, सवार होकर दिल्ली से एक आतंकवादी को लिए गई थी । बताया जाता है कि जब यह पुलिस पार्टी दिल्ली पहुंची तो दिल्ली पुलिस 'घेर' लिया । इस पुलिस दल ने दिल्ली पु अपने परिचय पत्र भी दिखाए लेकिन इसके उन्हें नहीं छोड़ा गया । दिल्ली पुलिस पंजाब की इस टुकड़ी को थाने ले गई तथा वहां उन्हें दिया ।

इसके बाद दिल्ली पुलिस ने पंजाब के पुलिस अधिकारियों से सम्पर्क किया । जब विश्वास हो गया कि यह पुलिस पार्टी वा पंजाब पुलिस की ही है और आतंकवादी नहीं उन्हें जाने दिया गया ।

Punjabi Sanatan

प्रताप सिंह द्वारा फेयर फैक्स मामले के सम्बन्ध में दिए गए वक्तव्यों पर चर्चा की

एक सौदे की जांच के उनके फैसले को लेकर पार्टी के

जालंधर, 11 अप्रैल, 1987

भारत में रहने वाले एक भारतीय को हथियारों के एक सौदे में सात प्रतिशत कमीशन मिला है । यह रकम लगभग 30 करोड़ रुपए बनती है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी और रक्षा मंत्रालय की यह निश्चित नीति है कि हथियारों के सौदों में बिचौलियों से बातचीत नहीं की जाएगी । इसीलिए सरकार ने इस मामले में जांच करवाई ।

अन्ना द्रमुक के श्री पी. कलेदयीवेल्लू की आपत्ति थी कि यह समिति रक्षा सचिव एस.के. भटनागर की अध्यक्षता में बनाई गई है जबकि सौदे के समय श्री भटनागर रक्षा मंत्रालय में ही अतिरिक्त सचिव थे ।

भूतपूर्व रक्षा उत्पादन राज्यमंत्री सी.पी.एन. सिंह ने व्यक्तिगत स्पष्टीकरण के तहत कहा कि सरकार ने 1980 में ही हथियारों के दलालों, एजैंटों और प्रतिनिधियों का रक्षा मंत्रालय में प्रवेश बंद कर दिया था । अध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ ने विपक्षी सदस्यों द्वारा इसके बाद भी हंगामा जारी रखने पर गहरा क्षोभ प्रकट किया और कहा कि रक्षामंत्री जो कहना चाहते थे, कह चुके । इस बारे में अब चर्चा रिपोर्ट आने पर ही हो सकेगी । इस विषय पर चर्चा कराने के लिए कई बार तो 20 से अधिक विपक्षी सदस्य एक साथ खड़े होकर चिल्ला रहे थे ।

इंका द्वारा तैयारियां शुरू

चंडीगढ़, 10 अप्रैल (सागर): इंका ने हरियाणा विधान सभा के आगामी चुनावों की ज़ोरशोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं । भारतीय यूथ इंका के निर्देश पर आज से हरियाणा में जनसम्पर्क अभियान शुरू किया गया है ।

TCS
ES;—COMPUTERS
GOVT. OF INDIA
the industry leader who has
rained over 95,000 students
0 training centres all over India
90 latest computers — approved by
ovt. of India
ecruited staff for over 100 companies
n the job training scheme
orrespondence course option
MPUTER SYSTEMS
JALANDHAR-144 001
ARH 160 031 Phone: 20386
LUDHIANA-141 002

ड विज्ञापन

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 1 का शेष)

सीमावर्ती गांवों में पाबंदी

गुरदासपुर जिले में पाकिस्तान से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में तीन सौ मीटर के अंदर नागरिकों के रात के समय आने-जाने पर पाबंदी लगा दी गई है । जिला मैजिस्ट्रेट ने धारा 144 के अंतर्गत यह आदेश जारी किए हैं । यह सात जून तक लागू रहेगा । इस बीच सोहल गांव में कल पुलिस ने दस से अधिक व्यक्तियों को दो खोखों में आग लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया ।

संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): थाना फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस ने बलविंदर सिंह नामक एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । इस युवक ने गत दो-तीन अप्रैल की रात को अपने साथियों के साथ धनिए के बांगर नामक गांव के व्यक्ति हरदेव सिंह फौजी के घर घुस कर उसकी बंदूक छीनने का असफल प्रयास किया था परंतु फौजी द्वारा विरोध करने तथा बाद में गोली चलाने से यह युवक घायल हो गया था ।

बंदूकें छीनीं

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव गर्गिया के बलदेव सिंह नामक व्यक्ति से तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने उसकी 12 बोर की लाइसैंसशुदा बंदूक तथा चार कारतूस छीन लिए ।

एक अन्य घटना में गांव झाजियां के मास्टर तृप्त सिंह के घर से कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने 12 बोर की बंदूक व छः कारतूस छीन लिए ।

नाइयों द्वारा दुकानें बंद

स्थानीय सभी नाइयों ने आतंकवादियों की धमकियों से डर कर अपनी दुकानें अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी हैं, जबकि मीट वालों की दुकानें गत दस दिनों से बंद पड़ी हैं ।

जबरी उगराही

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम तीन स्कूटरों पर सवार छः अज्ञात युवक स्थानीय लक्कड़ मंडी बाजार में दुकानदारों को धमका कर जबरी उगराही करने लगे, परंतु कुछ दुकानदारों द्वारा विरोध करने पर वे भाग गए ।

चुंगी लूटी

लुधियाना (जोशी): गत रात्रि फिरोज़पुर रोड पर स्थित नगर निगम की महसूल चुंगी लूटे जाने की सूचना मिली है । ज्ञात हुआ है कि आतंकवादी चुंगी से 5222 रुपए ले गए ।

घटना के अनुसार रात 11.30 बजे के लगभग 2 युवक जिनकी आयु 30-35 वर्ष थी, नीले रंग के बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.ए.जे. 6989 पर आए । एक के पास पिस्तौल तथा दूसरे के पास डबल बैरल बन्दूक थी । आतंकवादी रुपया लूट कर गांव अयाली कलां चले गए तथा शराब के ठेका को लूटा व बोलतें तोड़ डालीं । पुलिस ने उनका पीछा किया । अंततः वे धरीके गांव के पास स्कूटर छोड़ कर भाग गए । पुलिस ने स्कूटर की डिगी में से रुपए बरामद कर लिए । 'नेपाल' के अनुसार गत मास भी इसी चुंगी को लूटा गया था ।

खोखा जला, स्कूटर छीना

बरनाला से सिंधवानी के अनुसार गत रात्रि डेढ़ बजे यहां रायकोट रोड पर वीरेन्द्रा एग्रो कैमीकल खाद फैक्टरी के सामने मीट का एक खोखा जला दिया गया । थाना भदौड़ के गांव तलवंडी के निकट परमजीत सिंह से उसका स्कूटर दो अज्ञात व्यक्ति छीन कर ले गए लेकिन लुटेरे अपना स्कूटर छोड़ गए । इसके अतिरिक्त गांव बली बड़ग सिंह वाला में प्रीतम सिंह से 2 उग्रवादी उसकी 315 बोर की राइफल छीन कर ले गए ।

ठेका जलाया

मलोट (गोयल): जी.टी. रोड पर मुहल्ला अजीत नगर में कुछ लोगों ने शराब के ठेके को आग लगा दी । यहां के मीट विक्रेता हड़ताल पर हैं ।

रिवाल्वर, बन्दूक ले गए

मोगा (सर्व): तीन अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात सुखानन्द गांव के जगीर सिंह के घर में घुस कर उसका रिवाल्वर व कारतूस छीन लिए । एक अन्य घटना में कोटला मेहर सिंह वाला में एक किसान के घर से उग्रवादी इसकी डबल बैरल बन्दूक व कारतूस ले उड़े ।

50 गिरफ्तार

जिला फरीदकोट में इस सप्ताह के दौरान शराब और सिगरेट डीलरों को धमकियां देने पर सिख छात्र संघ के लगभग 50 वर्कर गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

मांगट मोगा में

पंजाब पुलिस के इंस्पैक्टर जनरल (आप्रेशन) श्री डी.एस. मांगट मोगा आये तथा उन्होंने पुलिस व अर्ध सैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारियों से उच्चस्तरीय मंत्रणा की ।

इसी बीच पंजाब सरकार ने बाघा पुराना के लिए एक नया डी.एस.पी. नियुक्त किया है जो कि बाघा पुराना तथा निहालसिंह वाला दोनों पुलिस थानों की देखरेख करेगा । क्षेत्र में एक नई पुलिस चौकी भी बनाई गई है । नए डी.एस.पी. बख्शीश सिंह चीमा ने कल कार्यभार सम्भाल लिया । पुलिस को शराब तथा मांस विक्रेताओं के विरुद्ध अभियान से निपटने के लिए भी सक्रिय किया गया है ।

बंदूकें, 25 हजार रुपए लूटे

जिला फरीदकोट में जैतो के निकट गांव जाखड़वाला में साइकल सवार सशस्त्र आतंकवादियों ने एक धर्मस्थान में घुसकर दो बंदूकें, 60 कारतूस तथा लगभग 25,000 रुपए नकद लूट लिए । प्रारम्भिक सूचना के अनुसार जब यह घटना हुई उस समय ग्रंथी कहीं बाहर गया हुआ था। लुटेरों ने इससे पहले धर्मस्थान में मौजूद 5-6 लोगों को एक कमरे में बंद कर दिया ।

एक और महंत की हत्या

उग्रवादियों ने कल रात्रि फरीदकोट जिले के बाघापुराना थाना क्षेत्र के ग्राम नंगल में एक धर्म स्थल के महंत की गोली मार कर हत्या कर दी और उसकी एक नाली बन्दूक भी ले गए ।

बंदूक छीन ली

मोगा (स.) आज प्रातः साढ़े 11 बजे दो अज्ञात युवकों ने नगर पुलिस के हवलदार जोगिंद सिंह के घर

वीरवार को छापे
को गिरफ्तार कि
गए । एस.एस.
जानकारी दी ।
आतंकवादी गांव

ट्रक आप्रेटर

तपा से ग
आतंकवादियों ने
मार कर हत्या
यू.पी. ले जा रहा
है । कहा जाता
लेकर भागने का
जाने के कारण

षड्यंत्रकारियों

फगवाड़ा (
को आज यहां 2
रिमांड पर रखने
शांतिमार्च के सद
सभा में भाग लेने
चलाने के षड्यंत्र
गया । उप न्या
आदेश जारी किय

घात लगाने का

उधर, जालंध
पी.सी. डोगरा ने
को शराब विरोध
पुलिस ने घात लग
संवाददाताओं को
गश्त के अलावा
पुलिस घात लगाए
पुलिस शीघ्र ही

कपूरथला
लेखी ने त्रिलोच
आतंकवादियों को
है । इन तीनों
मुठभेड़ में गिरफ्त
कि ये तीनों आतंक
की हत्या करने
मार्च में गड़बड़ी
उन्होंने कहा कि
लेने के आरोप में
गिरफ्तार किया

ठेका लूटा व ज

कपूरथला से
किलो मीटर दूर
समय चार अज्ञात
नकदी लूट कर पैट्रो
तथा धमकियां देते

डाक्टर घायल

अमृतसर (
रात यहां से 23
सरकारी कालोनी
को गोली मार कर
गम्भीर हालत में
कराया गया है ।

पुलिस के
डाक्टर के घर में
सदस्य टैलीविजन

Punjab Sampadan

है । संचारमंत्री श्री अर्जुन सिंह, मंत्री श्री भजन लाल जैसे वरिष्ठ इंका र भी कड़ी नज़र रखी जा रही है । श्री ह श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के सम्बन्धी

चंद्रास्वामी

पता चला है कि गुप्तचर एजेंसियां चन्द्रास्वामी की गतिविधियों पर भी कड़ी नज़र रखे हुए है । बताया जाता है कि चंद्रास्वामी का सम्बन्ध ईरान को

जिस सौदे की जांच के आदेश दिए थे, वह भारत सरकार तथा पश्चिमी जर्मनी के मध्य कुछ रक्षा उपकरणों के लिए हुआ था । यह समझौता 1981 में हुआ था तथा इसके अन्तर्गत वांछित सामग्री की

रही है बल्कि विदेशी मुद्रा कानून के उल्लंघन के मामले की जांच हो रही है । श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह अब वित्तमंत्री नहीं हैं तथा वह विदेशी मुद्रा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

की जांच बारे
वाब टाल गये

य सीमा क्यों नहीं निर्धारित की गई, श्री कहा कि "रक्षा मंत्री से पूछिये ।" दूसरी कारों की भरसक कोशिश के बावजूद रक्षा जांच के बारे में एक भी प्रश्न का उत्तर नहीं

से पूछा गया था कि क्या आपने यह जांच त्री से पूछ कर शुरू करवाई है । यह जांच वधि में हुए सौदों के बारे में होगी । जांच शेष सौदे के बारे में है या हाल ही में हुए सभी बारे में । जांच पूरी करने का समय क्यों त नहीं किया गया । रक्षा मंत्री ने हर सवाल ब में कहा कि उन्हें जो भी कहना है संसद में

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब में पिता-पुत्र सहित उग्रवादियों द्वारा तीन की हत्या

पूरे परिवार को एक कमरे में बंद करके घर को आग लगा दी

चंडीगढ़, 11 अप्रैल (ह.स., नि.स.): चार उग्रवादियों ने कल रात ज़िला अमृतसर के गांव झोंटोटी में पिता-पुत्र सहित 3 व्यक्तियों की गांव से बाहर ले जाकर खेतों में हत्या कर दी । इसकी जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने ली है ।

जौहल गांव में परिवार के सदस्यों को एक कमरे में बंद करके घर को आग लगा दी । मुकेरियां-तलवाड़ा सैक्शन पर जलाला गांव की रेल पटड़ी से आज एक शव बरामद किया गया । बाघापुराना के गांव मारी मुस्तगा में एक दुकानदार को उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया ।

राज्य के कई भागों में ठेके और खोखे जलाने का क्रम जारी रहा । कुछ ठेकेदारों ने हिम्मत करके कुछ युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

पिता, पुत्र सहित 3 की हत्या

अमृतसर (ह.स.): चार संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात झोटोटी गांव में एक पिता, पुत्र सहित तीन व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने आज यह जानकारी दी । मृतकों के नाम दीवान चन्द, उनका पुत्र अशोक कुमार और श्याम लाल बताये जाते हैं । पुलिस ने बताया कि हत्यारे उन व्यक्तियों को गांव से बाहर खेत में ले गए और वहां उनकी हत्या कर दी । खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने इस अपराध की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर ली है ।

'वि.प्र.' के अनुसार मारे गए तीनों व्यक्ति सिख बन चुके थे । उग्रवादियों, जिनके पास 12 बोर का रिवाल्वर और तीन राइफलें थीं, ने शाम सिंह के घर आकर असला मांगा । जब उसने कहा कि मेरे पास असला नहीं है तो वह उसे साथ वाले घर में ले गए, जो उसके चाचा दीवान चंद का था । उस समय दीवान चंद का बेटा अशोक भी घर में था । यह दोनों भी सिख बने हुए थे । उनसे भी असला न मिलने पर उग्रवादी तीनों को खींच कर खेतों में ले गए और उनकी हत्या कर दी । शव सारी रात वहीं पड़े रहे । कोई डर के मारे पुलिस के पास भी नहीं गया । प्रातः पुलिस जब गश्त पर निकली तो उसे घटना की सूचना दी गई ।

अमृतसर जिले के देहातों के अनेक व्यक्तियों ने पंजाब में शराब के ठेकों, तम्बाकू तथा मांस की दुकानें बंद कराने के लिए उग्रवादी तत्वों के अभियान का कड़ा विरोध किया है । विरोध करने वालों में तीन जत्थेदार भी हैं ।

यहां एक संयुक्त बयान में इन लोगों ने कहा कि इससे राज्य की आर्थिक स्थिति जर्जर हो जाएगी । उन्होंने कहा कि प्रत्येक सामाजिक बुराई को शांतिपूर्ण तरीकों से दूर किया जाना चाहिए, न कि हिंसा से ।

घर को आग लगा दी

इस बीच जंडियाला थानांतर्गत वडाला जौहल गांव में कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने पिछली रात एक दुकानदार राम लुभाया के घर में घुस कर पूरे परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया । उन लोगों ने सभी घरेलू चीजें निकाल कर घर को आग लगा दी । देर से प्राप्त सूचना के अनुसार सशस्त्र उग्रवादी करीब 4000 रुपए के सोने के आभूषण भी अपने साथ ले गए ।

बन्दूक लूटी

एक दूसरी घटना में झब्बाल क्षेत्र के जसमातपुर गांव में चार उग्रवादियों ने तेजा सिंह के घर से उसकी लाईसैंसी बन्दूक लूट ली । जंडियाला पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादियों को शरण देने के शक में हरभजन सिंह को गिरफ्तार किया है ।

स्कूटर छीना

जालन्धर (क): गत सायं थाना गोराया के गांव

(शेष पृष्ठ 10 पर)











पंजाब के लोग देश का और विभाजन न होने देंगे : बरनाला

बरनाला, 11 अप्रैल (ह.स., सिंधवानी): पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने कहा है कि राज्य के लोग देश का और विभाजन न होने देंगे । उन्होंने कहा कि हम भारत के बंटवारे की आज्ञा न देंगे, पंजाब देश की मुख्यधारा में शामिल ही रहेगा ।

यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव चन्ननवाल में आज 25 बिस्तरों के बलबीर मैमोरियल अस्पताल

अविनाशी सिंह और डाक्टर बराड़ की हत्या के भी समाचार मिल रहे हैं । शराब, सिगरेट आदि के विरुद्ध प्रचार एक अच्छी बात है लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि जो जब्री अभियान चलाया जा रहा है, उसके पीछे की भावना गंदी है । बलात धर्म परिवर्तन और धक्केशाही से अमृत छकाना गलत है । श्री गुरु गोबिन्द सिंह जीवन भर औरंगजेब के विरुद्ध इसी कारण लड़ते रहे । धर्म की रक्षा के लिए उनके बच्चों तक ने बलिदान दे दिए । आज कुछ

Punjabi Sanatani

भविष्य में संत लौंगोवाल की
एगी । एकीकृत अकाली दल
भी महसूस करता है कि संत
बीयत के राजनीतिज्ञ थे और
करने के लिये तैयार किया गया
संत लौंगोवाल की आलोचना
महत्ता दी जा रही है । अब
करने की सारी जिम्मेवारी श्री
त सिह पर आ पड़ी है ।
चला है कि सभी उग्रवादी
सिह पर पूरा भरोसा है ।
इस बात का रहस्योद्घाटन
सिह निकट भविष्य में एकीकृत
दस्यीय सलाहकार परिषद का
ला जत्थेदार भी मनोनीत कर
ों सिह साहिबान में बातचीत
की कोशिश की जा रही है कि
र प्रो. दर्शन सिह अन्य सिह
चार-विमर्श करने के बाद
रने बारे केंद्र के साथ सीधी
इससे पहले वह एकीकृत
ठनात्मक ढांचा खड़ा करना
सिह को कुछ लोगों ने सझाव
े सीधे रास्ते पर लाने के लिये
ो चंडीगढ़ में अकाली मंत्रियों
निश्चितकाल के लिये धरने
ानी की बात नहीं होगी, यदि
नेतृत्व स्वयं सिह साहिबान
ड 10 पर)

विश्वनाथ प्रताप सिह ने जांच का आदेश देने से पहले उनसे विचार-विमर्श किया था, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमारे (श्री गांधी और श्री सिह) बीच की बात है । यह पूछे जाने पर कि जांच परी करने के लिए किसी विशेष सौदे के बारे में हुये सभी सौदों के बारे में । जांच पूरी करने का समय क्यों निर्धारित नहीं किया गया । रक्षा मंत्री ने हर सवाल के जवाब में कहा कि उन्हें जो भी कहना है संसद में कहेंगे । (शेष पृष्ठ 10 पर)

चंडीगढ़, 11 अप्रैल (ह.स., नि.स.): चार उग्रवादियों ने कल रात ज़िला अमृतसर के गांव झोटोटी में पिता-पुत्र सहित 3 व्यक्तियों की गांव से बाहर ले जाकर खेतों में हत्या कर दी । इसकी जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने ली है ।

जौहल गांव में परिवार के सदस्यों को एक कमरे बंद करके घर को आग लगा दी मुकेरियां-तलवाड़ा सैक्शन पर जलाला गांव की पटड़ी से आज एक शव बरामद किया गया बाघापुराना के गांव मारीमुस्तगा में एक दकानद को उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया

राज्य के कई भागों में ठेके और खोखे जलाने क्रम जारी रहा । कुछ ठेकेदारों ने हिम्मत करके क युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया

पिता, पुत्र सहित 3 की हत्या

अमृतसर (ह.स.): चार संदिग्ध आतंकवादियों कल रात झोटोटी गांव में एक पिता, पुत्र सहित ती व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलि ने आज यह जानकारी दी । मृतकों के नाम दीवा चन्द्र, उनका पुत्र अशोक कुमार और श्याम लाल बताये जाते हैं । पुलिस ने बताया कि हत्यारे उ व्यक्तियों को गांव से बाहर खेत मेंले गए और व उनकी हत्या कर दी । खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स इस अपराध की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर ली है ।

'वि.प्र.' के अनुसार मारे गए तीनों व्यक्ति सिख बन चुके थे । उग्रवादियों, जिनके पास 12 बोर क रिवाल्वर और तीन राइफलें थीं, ने शाम सिह के घ आकर असला मांगा । जब उसने कहा कि मेरे पास असला नहीं है तो वह उसे साथ वाले घर में ले गए जो उसके चाचा दीवान चंद का था । उस समय दीवान चंद का बेटा अशोक भी घर में था । यह दोनों भी सिख बने हुए थे । उनसे भी असला न मिलने पर उग्रवादी तीनों को खींच कर खेतों में ले गए और उनकी हत्या कर दी । शव सारी रात वहीं पड़े रहे । कोई डर के मारे पुलिस के पास भी नहीं



आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एक मुकद्दमे के सिलसिले में कार्रवाई की मांग पर जोर देने के लिये एक समुदाय के दर्जनों लोगों ने थाने का घेराव किया । इसके बाद हुनमानगढ़ी चौराहे के निकट तीन-चार दुकानें जला दी गईं । कुछ दुकानों में लूटपाट भी हुई । दमकल दस्तों ने जल्दी पहुंच कर आग बुझाई । ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी तुरन्त मौके पर पहुंच गये इससे स्थिति काबू में हो गई ।

एक समुदाय के लोगों ने अपने नेताओं की गिरफ्तारी से क्षब्ध होकर आज फिर कोतवाली के घेराव की कोशिश की । जिलाधिकारी ने बताया कि एक स्थान पर रास्ता रोके जाने की भी शिका मिली है ।

सूत्रों ने बताया कि परसों रात भी नल से पा लेने के मसले पर विवाद हुआ था । बाद में दुकान में आग लगा दी गई थी । नल से पानी लेने झगड़ा दो महिलाओं की तू-तू, मैं-मैं के बाद हुआ था । संवेदनशील क्षेत्रों में सशस्त्र पुलिस टुकड़ी तैनात कर दी गई है और जिला प्रशासन स्थिति से निपटने के लिए हर तरह से सतर्क है

इसी बीच राम जन्म भूमि व बाबरी मस्ि

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में उग्रवादियों द्वारा 2 की हत्या, स्कूल मास्टर का अपहरण

62 तोले सोना, हथियारों के अतिरिक्त 65 हजार लूटे, जालंधर में एक घायल, दो दर्जन उग्रवादियों की गिरफ्तारी से कई गुत्थियां सुलझीं

चंडीगढ़, 16 अप्रैल (वा,ह.स., नि.स.): गुरदासपुर जिला के गांव ननोके में कल उग्रवादियों की गोलियों से घायल हुये बुआ सिंह ने आज अमृतसर के अस्पताल में दम तोड़ दिया । जंडियाला के मल्लियां गांव में उग्रवादियों ने बारात से लौट रहे एक व्यक्ति अमरीक सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । तरनतारन के गांव कलाह में एक सुनार के घर से 15,700 रुपए नकद, 62 तोले सोना और एक बंदूक लूट ली गई ।

कपूरथला पुलिस ने कोई घटना करने की योजना बना रहे 2 खतरनाक उग्रवादियों अमरजीत अम्बा और किरपाल सिंह पाला को गिरफ्तार करके बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किये हैं । एक सप्ताह में पकड़े गए 17 उग्रवादियों से बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुये हैं, और कई वारदातों की गुत्थियां सुलझ गई हैं ।

जालंधर पुलिस द्वारा आदमपुर के कथार के निकट पकड़े गये 3 उग्रवादियों से पूछताछ के आधार पर जालंधर जिला की लगभग आधा दर्जन वारदातों की गुत्थियां सुलझी हैं ।

मोगा के गांव तारेवाला में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी, नगर में एक डाक्टर की हत्या का प्रयास किया, मुक्तसर में एक ठेके के कारिंदे को घायल कर दिया, फिरोजपुर में एक व्यक्ति से 50 हजार रु. छीन लिये । जिला पुलिस ने 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके हथियार बरामद किये हैं । पंजाब पुलिस महानिदेशक ने वरिष्ठ पुलिस और जिला अधिकारियों के साथ मंत्रणा की ।

नाभा में आज आंशिक रूप से हड़ताल रही । नाभा और पटियाला में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है ।

जंडियालागुरु में एक मास्टर का उग्रवादी जीप में अपहरण करके ले गये ।

घायल चल बसा

अमृतसर (वार्ता): गुरदासपुर जिले के थाना कोहलवा के गांव ननोके में पांच आतंकवादियों की गोलियों से जख्मी हुये एक व्यक्ति बुआ सिंह ने आज प्रातः सिविल अस्पताल अमृतसर में दम तोड़ दिया । उसे कल तब गोली मारी गई थी, जब वह अपने नलकूप पर कार्यरत था ।

लूट

6 उग्रवादियों ने कल रात थाना तरनतारन के गांव कलाह में एक सुनार सुखदेव राज के घर में बंदूक की नोक पर 15,700 रु. नकद, 62 तोले सोना, कुछ चांदी और एक बंदूक छीन ली ।

राइफलों से लैस पांच कथित आतंकवादियों ने जिले के कमासके गांव में जयमल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में कल रात बलपूर्वक प्रवेश कर एक दोनाली बंदूक छीन ली । पुलिस ने इस संबंध में एक मुकद्दमा दर्ज कर लिया है ।

घायल कर दिया

पिस्तौलों से लैस पांच कथित आतंकवादियों ने इस जिले के जंडियाला थाना क्षेत्र के मलिया गांव में कल रात तीन व्यक्तियों पर गोली चला कर उनमें से एक को घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि ये तीनों व्यक्ति एक विवाह समारोह से लौट रहे थे । घायल हुये व्यक्ति अमरीक सिंह (28 वर्ष) को यहां के एक अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । अस्पताल के डाक्टरों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है । अमरीक सिंह के साथ के अन्य दो व्यक्तियों को कोई चोट नहीं पहुंची, क्योंकि आतंकवादियों ने जैसे ही गोलियां चलानी शुरू कीं, ये लोग भाग गए ।

एक एजैंसी की सूचना है कि अमरीक सिंह को गोली इसलिए मारी गई क्योंकि उसने बारातियों को शराब पिलाई ।

किरयाने की दुकान में आग

कल रात सरहाली में उग्रवादियों ने अशोक कुमार की किरयाने की दुकान को आग लगा दी, जिससे एक लाख रुपए का सामान जल गया ।

एक अन्य घटना में अमृतसर से 35 किलो मीटर दूर रैया कस्बे में आतंकवादियों ने कल रात नाइयों के तीन खोखों में आग लगा दी ।

धमकी भरे पोस्टर

जंडियालागुरु (भारती): नगर में खालिस्तान कमांडो फोर्स के भाई लाभ सिंह की ओर से 13 सूत्री

(शेष पृष्ठ 8 पर)

संभ्रांत परिवारों
ज़रूरी
गर्मि
PRINT तथ
की नई वैर
SUIT D
WEDDING
नया स्ट
दर्शनाभिलाषी :
गुरु बाजार, अम

अपना एक श्वेत पत्र जारी करेंगे और उसकी प्रति हैड ग्रंथियों को भेजेंगे । उन्होंने कहा कि पंजाब की स्थिति हल होने की अभी भी पूरी आशा है । वे दिल्ली लौटने से पूर्व हैड ग्रंथियों से फिर भेंट करेंगे ।

दृष्टिगत बरनाला सरकार को बरतर्फ करके राष्ट्रपति शासन लागू करने के बाद पंजाब में आप्रेशन 'ब्लू स्टार' जैसी एक और कार्रवाई कर सकता है । तथापि उन्होंने चेतावनी दी कि यह

श्री अमरेंद्र सिंह ने कहा कि सिख धर्म में हिंसा को कोई स्थान नहीं है और हम हिंसा में विश्वास नहीं रखते । उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि

(शेष पृष्ठ 8 पर)

करने के लिए 5 सूत्रीय फार्मूले पर बातचीत की पर्ण 'सिख पंथ' द्वारा सरकार से बात करने के लिए दर्शन सिंह अपने चार सूत्री फार्मूले को ही आधार बनाने पर

3 उग्रवादी बंदी

भोपाल, 16 अप्रैल (वार्ता): पुलिस ने यहां 20 मार्च को रंगपंचमी के जलूस पर और उसके बाद भी आए दिन बम फोड़ कर अशांति फैलाने का प्रयास करते रहने वाले तीन कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया है । उनसे विस्फोटक, रिवाल्वर, किरपानें, एयरगन बरामद हुई हैं ।

सूत्रों के अनुसार इन तीनों ने 17 मार्च को इतवारा में एक युवती पर रंग डालने की घटना से पैदा हुए तनाव के बाद रंगपंचमी के जलूस पर बम फैंक कर दंगे की स्थिति पैदा कर दी थी । इन्हीं लोगों ने बाद में आज़ाद मार्केट में दो मकानों पर भी बम फैंके थे । तीनों कल पकड़ लिए गए ।

रंगपंचमी वाली घटना के बाद शहर में कर्फ्यू लागू करना पड़ा था और होमगार्ड के एक सिपाही की हत्या कर दी गई थी ।

इमारत गिरने से 2 मरे

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (वार्ता): यहां मिन्टो रोड में बन रही एक इमारत के एक भाग के आज गिर जाने से दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई ।

अयोध्या में आगज़नी व

अयोध्या, 16 अप्रैल (वार्ता): अयोध्या में कल रात दो समुदायों में झड़प के बाद आगज़नी व लूटपाट की घटनाओं से तनाव पैदा हो गया । पुलिस ने दोनों पक्षों के 16 लोगों को गिरफ्तार किया है ।

सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में जनरल अलर्ट जारी कर दिया गया है ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एक मुकद्दमे के सिलसिले में कार्रवाई की मांग पर जोर देने के लिये एक समुदाय के दर्जनों लोगों ने थाने का घेराव किया । इसके बाद हुनमानगढ़ी चौराहे के निकट तीन-चार दुकानें जला दी गईं । कुछ दुकानों में लूटपाट भी हुई । दमकल दस्तों ने जल्दी पहुंच कर आग बुझाई । ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी तुरन्त मौके पर पहुंच गये इससे स्थिति काबू में हो गई ।

एक समुदाय के लोगों ने अपने नेताओं की गिरफ्तारी से क्षुब्ध होकर आज फिर कोतवाली के घेराव की कोशिश की । जिलाधिकारी ने बताया कि





जिला कपूरथला के सुप्रिंटैंडैंट पुलिस (1) श्री के.एल. लेखी अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ जिला कपूरथला की पुलिस द्वारा भारी मात्रा में पकड़े गए शस्त्रों का निरीक्षण करते हुए । (2) शस्त्रों का निकट से लिया गया एक चित्र । (छाया : सुरेन्द्र)

Punjab Sanatan

में उग्रवादियों द्वारा 2 की हत्या, स्कूल मास्टर का अपहरण

, हथियारों के अतिरिक्त 65 हजार लूटे, जालंधर में एक घायल, दो दर्जन उग्रवादियों की गिरफ्तारी से कई गुत्थियां सुलझीं

(वा.ह.स., नि.स.): के में कल उग्रवादियों सह ने आज अमृतसर या । जंडियाला के रात से लौट रहे एक

जालंधर पुलिस द्वारा आदमपुर के कठार के निकट पकड़े गये 3 उग्रवादियों से पूछताछ के आधार पर जालंधर जिला की लगभग आधा दर्जन वारदातों की गुत्थियां सुलझी हैं ।

मोगा के गांव तारेवाला में उग्रवादियों ने एक

जंडियालागुरु में एक मास्टर का उग्रवादी जीप में अपहरण करके ले गये ।

घायल चल बसा

अमृतसर (वार्ता): गुरदासपुर जिले के थाना

जिले के कमासके गांव में जयमल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में कल रात बलपूर्वक प्रवेश कर एक दोनाली बंदूक छीन ली । पुलिस ने इस संबंध में एक मुकद्दमा दर्ज कर लिया है ।

लोग भाग गए ।

एक एजैंसी की सूचना है कि अमरीक सिंह को गोली इसलिए मारी गई क्योंकि उसने बारातियों को शराब पिलाई ।

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

कार्यक्रम के धमकी भरे पोस्टर लगे पाए गए । सी.आर.पी. की गश्ती पार्टी इन पोस्टरों को उतार कर ले गई । जानकार सूत्रों से पता चला है कि इस प्रकार के पोस्टर आसपास के गांवों में भी लगे पाए गए ।

मास्टर का अपहरण

जंडियाला गुरु के विधायक के गांव छजलवड्डी में कुछ लोग, जो कि पुलिस की वर्दियां पहने हुए बताए जाते हैं एक अध्यापक एच.एस. बल को जबरदस्ती जीप में डालकर ले गए । जानकार सूत्रों से पता चला है कि 7-8 बजे के करीब एक जीप में सवार चन्द आदमी आए, उन्होंने मास्टर बल के मकान का दरवाजा खटखटाया । दरवाजा खुलने पर उन्होंने श्री बल के बारे में पूछा । उनके भाई ने बताया कि अन्दर ही हैं । तभी श्री बल भी बाहर आ गए । जीप में से एक आदमी ने कहा कि हमें आपसे जरूरी पूछताछ करनी है, आपको हमारे साथ थाने चलना होगा । बल के भाई ने कहा कि यदि हुक्म हो तो जरा सरपंच को बुला लिया जाए । तभी उनमें से एक ने कहा जल्दी जाकर बुला लाओ । जब वह सरपंच को बुलाने चला गया तो उन्होंने एच.एस. बल को जबरदस्ती उठाकर जीप में डाल लिया और फरार हो गए । बाद में घर वालों को पुलिस से जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि जंडियाला से कोई पुलिस नहीं आई । दूसरी ओर मास्टर बल का अभी तक कोई पता नहीं चल सका । श्री बल एक सरकारी स्कूल में अध्यापक हैं । इनके रिश्तेदार जंडियाला बी.डी.ओ. के कार्यालय में काम करते हैं ।

गोलियां चलाते चले गए

यहां से 3 कि.मी. दूर गांव बालिया में कल सायं चार सशस्त्र उग्रवादी एक दुकान पर आये और दुकानदार से सौदा देने को कहा । दुकान में 5-6 और ग्राहक भी थे । दुकानदार उनको सौदा आदि दे रहा था कि उनमें से एक ने पिस्तौल निकाल लिया । तभी दुकानदार ने दुकान का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया मगर दरवाजा उलट बंद हो गया । उग्रवादी बाहर से धक्के मारते रहे मगर अंदर खड़े ग्राहकों ने भी दरवाजे को जोर से पकड़े रखा । दरवाजा खुल न सका तो वह फायरिंग करते हुये वहां से चले गये । जानकार सूत्रों से पता चला है कि वह धमकियां देते गये कि इस प्रकार कब तक बच सकोगे ।

डाक्टर की हत्या का प्रयास

मोगा से 'आ' के अनुसार आज दोपहर प्रताप रोड पर वीरभान गुप्त नामक एक डाक्टर की हत्या का प्रयास विफल हो गया । बताया जाता है कि एक उग्रवादी डाक्टर की दुकान पर आया और उसे एक पत्र देकर इसे पढ़ने को कहा । जब डाक्टर ने उसे पत्र पढ़ कर सुनाने को कहा तो उग्रवादी ने पिस्तौल निकाल लिया । अन्य मरीजों द्वारा शोर मचाने पर उग्रवादी भाग निकला । पत्र में 50 हजार रुपये की मांग की गई थी ।

हत्या

'वा' के अनुसार मोगा सदर थाना के गांव तारेवाला में उग्रवादियों ने आज एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी और भाग निकाले ।

रिबैरो द्वारा विचार-विमर्श

पंजाब पुलिस के महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो ने मोगा में कल वरिष्ठ पुलिस और जिला अधिकारियों के साथ कानून और व्यवस्था की स्थिति पर विचार-विमर्श किया । बाघापराना में पिछले कुछ दिनों में आतंकवादियों की गतिविधियों में तेजी के कारण यह बैठक हुई । समझा जाता है कि श्री रिबैरो ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल को स्थिति से और कड़ाई से निपटने का आदेश दिया । इससे पूर्व ये धर्मकोट पुलिस थाने के फिरोजेवाल गांव गये । वहां उन्होंने कांस्टेबल मोहिन्दर के पिता और भाइयों की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त की । उसके पिता और दो भाइयों को आतंकवादियों ने बैसाखी के दिन गोली से उड़ा दिया था ।

50 हज़ार रु. लूटे

फिरोजपुर (बागी): 2 सशस्त्र उग्रवादियों ने कोट ईसेखां में अपने गांव जहानियां रिक्शा में जा रहे एक व्यक्ति सतनाम सिंह से कल सायं पिस्तौल की नोक पर 50 हजार रु. लूट लिये ।

सिग्रेट की दुकान में फैडरेशन-कार्यालय

मंडी गरहरसहाय में सिख छात्र संघ के सदस्यों ने एक सिग्रेट की दकान खाली करवा कर इसमें फैडरेशन का कार्यालय खोल दिया । इसके अलावा दिल्ली गेट चौक में कुछ सिग्रेट विक्रेताओं को धमकियां दिये जाने की भी सूचना है ।

फिरोजपुर में पुलिस ने कादाबोरे गांव के सेवा सिंह को सिग्रेट और बीड़ी बेचने वाले दुकानदारों को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । जिला

चंडीगढ़ पुलि

पंजाब पुलि
को उग्रवादियों त
तथा उग्रवादियों
गिरफ्तार कर लि
पंजाब पुलिस का
गया था । दिल
सिंह को पूछताछ
हाल ही में पक
सिपाहियों के बा

दो उग्रवादी ब

बंगा (खोसल
कर दो उग्रवादियों
है । दोनों उग्रवा
हैं ।

राजपुरा (प
युवक बलदेव सि
वालों को धमकान
कानून 1985
अदालत से रिमां
दिया है ।

दो खतरनाक

कपूरथला (
बताया कि एक
सुलतानपुर लोधी
साथ आज प्रातः
छापा मारकर दो
सिंह उर्फ अम्बा
पाला वासी सैय
कब्जा से दो राइफ
303 बोर, एक
12 बोर बंदूक त
बरामद किए हैं
उठा कर भागने
कहा कि पुलिस क
कि गांव बूलपुर म
अम्बा के ट्यूबवे
खतरनाक लूटमार
पुलिस ने प्रातः
अन्धकार का ला
कर लिए गए और
गए । दोनों पक
पूछताछ के दौरान
बैंक के दो गनमैन
सरकारी राइफलें
दमदमा साहब के
छीनी थी । दोनों
कब्जे से बरामद क
तीन आतंकवादियों
है । उन्हें गिरफ्त
रवाना कर दी
सनसनीखेज रहस्य

एक हफ्ते में 1

श्री लेखी ने ए
गत एक सप्ताह के
ने चौकसी से
आतंकवादियों कल
सिंह, हरिपाल सि
बलदेव राज सिंह
गुरदीप सिंह, ता
पलविंदर सिंह,
किरपाल सिंह, अ
उनके कब्जे से ए

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

देहली में 3 कम रेट पर थोक में अंडा लेने के लिए पधारिए : Progressive Poultry Farmers Association, Sector 19, Chandigarh.

NECC Delhi egg rate for 16.4.87 Rs. 36/- without trays. NECC Suggested Retail Price Rs. 5.20 per Dozen.

चिकित्सा

आयुर्वेदिक चमत्कार ! हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत और तंदरुस्ती हासिल करके आनंदमयी जीवन व्यतीत करें । डाक्टर सत्यपाल बहल, चौक निमवाला, लुधियाना-141008.

कील, मुहांसे, छाइयां, झड़ते बाल, गर्मी तथा पेशाब रोग, सुस्त तथा मायूस मर्द रोग विवरण लिख कर ज्ञानवर्धक पुस्तक (नर-नारी) मुफ्त मंगवाएं । प्रकाश क्लीनिक, D-7, हाल बाज़ार, अमृतसर-143006.

For Accurate Clinical tests Done by experienced M.D. Doctor, Visit Prem Clinical Laboratory, Adarsh Nagar, Mahavir Marg, Jalandhar.

शिक्षा

आठवीं फेल या नौवीं फेल शर्तिया गारंटी से मैट्रिक

वर्ष 22 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 306
शनिवार, 18 अप्रैल, 1987 तदनुसार 5 वैशाख, 2044 मूल्य 70 पैसे, विमान द्वारा 80 पैसे

कुछ समय से चल रहे घटनाचक्र की पृष्ठभूमि में इसके खंडन के बावजूद किसी को विश्वास नहीं होगा । अगर यह आरोप झूठा है तो स्वयं स्वीडन

विचार किया जाए
पास करके सरकार
भारतीयों के विदे

निहंग बाप, बेटे सहित 5 लोगों की हत्या, मुठभेड़ों में 1 उग्रवादी, 2 घुसपैठिए मरे

कांजली पुल पर एक उग्रवादी, सीमा पर 45 घुसपैठिए गिरफ़्तार, रिटायर्ड ब्रिगेडियर ने लूट का प्रयास विफल कर दिया, पटियाला शांत

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (ह.स.,वा., नि.स.): उग्रवादियों ने कल रात ज़िला जालंधर के गांव नसीरपुर में एक निहंग और उसके बेटे की हत्या कर दी, जबकि उसकी बेटी और पुत्र वधु को घायल कर दिया । ज़िला अमृतसर के मल्लोवाल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया, थाना रमदास के गांव मल्लोवाल में एक व्यक्ति रघुबीर सिंह, मुग़ल चक्क में गुरदेव सिंह की हत्या कर दी । खेमकरण क्षेत्र में घुसपैठ कर रहे 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा सुरक्षा बल के साथ मठभेड़ में मारे गए जबकि 45 घुसपैठिए गिरफ्तार किए गए ।

कपूरथला पुलिस ने कांजली पुल के पास एक उग्रवादी को पकड़ लिया ।

बाघापुराना के गांव भलूर के निकट खेतों में से एक शव मिला है, जिस पर गोलियों के निशान हैं ।

गुरदासपुर के गांव भम्बली में रिटायर्ड ब्रिगेडियर ने उग्रवादियों द्वारा शस्त्र लूटने का प्रयास विफल बना दिया । इस संबंध में सात उग्रवादियों की शिनाख्त हुई है । कल कुल्लियां गांव के जमींदार कश्मीर सिंह को घायल करने वाले दोनों उग्रवादियों की भी पहचान हो गई है और उनका साईकल बरामद हो गया है ।

पठानकोट के सत्यनारायण मंदिर के दो पुजारियों को घायल करके नकदी लूट ले गये और मंदिर खाली करने की धमकियां दे गए ।

राज्य में खोखे जलाने, हथियार आदि लूटने की कई वारदातें हुईं ।

पटियाला में स्थिति सामान्य हो गई है ।

उग्रवादी मुठभेड़ में मरा

'बाबा बकाला' से 'प्रेम मेहरा' के अनुसार गत रात 10.30 बजे यहां से 20 कि. मी. दर भल्लोवाल के निकट एक पुल पर पुलिस और सी.आर.पी.एफ. की एक संयुक्त नाका पार्टी ने स्कूटर सवार 3 आतंकवादियों को रुकने का इशारा किया । उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की । दस मिनट तक चली मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जबकि दो अन्य खालिस्तानी नारे लगाते हुए भाग गए । पुलिस ने घटनास्थल से एक बजाज प्रिया स्कूटर (बिना नम्बर), एक सिंगल बैरल राइफल, 355 बोर के कारतूस भी बरामद किए हैं । उग्रवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

आढ़ती की हत्या

अजनाला (ज्ञानी): यहां से 16 कि. मी. दूर थाना रमदास के गांव मालोवाल में तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने एक आढ़ती रघुवीर सिंह की हत्या कर दी । सायं 6 बजे रघुवीर सिंह के मकान में घुसकर उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । रघुवीर सिंह ने भी जवाबी फायरिंग की । रघुवीर को एक गोली छाती और दूसरी बाजू में लगी । अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

'वार्ता' के अनुसार उग्रवादी मृतक के खेतों में गुरुद्वारा बनाना चाहते थे, लेकिन वह इसके लिए तैयार नहीं था ।

हथियार छीने

थाना लोपोके के गांव कमासके गांव में उग्रवादी चंचल सिंह और गुरमेल सिंह से 12 बोर की दो बंदूकें भी ले गए । अजनाला के गांव भला पिंड के बलबीर सिंह से 315 बोर की राइफल और गांव ऊधो अलिख के धर्म सिंह से 32 बोर की पिस्तौल छीनी गई ।

खैरबल इलाके के वेइ पुई गांव में तीन संदिग्ध आतंकवादी फतेह सिंह के घर से एक बंदूक लेकर भाग गए । बसन्त एवेन्यू में दो संदिग्ध व्यक्तियों ने मनेजा सागर से उसकी मोटर साइकल छीन ली ।

एक व्यक्ति की हत्या

तरनतारन के गांव मुग़ल चक्क में कल रात चार उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने गुरदेव सिंह की हत्या उसके घर में घुस कर की ।

4 गिरफ्तार

इसी बीच सुरक्षा बल ने आतंकवादी तथा विघटनकारी गतिविधि (रोकथाम) कानून के तहत चार संदिग्ध व्यक्तियों को कल रात गिरफ्तार किया है ।

शहर पुलिस ने भिसीविंड के गुरनाम सिंह, पठानकोट में नानोवाल क्षेत्र के गरदीप सिंह और स्थानीय हाथी गेट के जसपाल सिंह को गिरफ्तार किया । चौथे व्यक्ति सकत्तर सिंह को तरनतारन पुलिस ने काडगिल गांव से गिरफ्तार किया । इसके पास से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

इस बीच पुलिस ने इसी बीच चार व्यक्तियों के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज किया है । इन व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज करने का कारण जनवरी माह में तरनतारन क्षेत्र के ऐतिहासिक दरबार साहब गुरुद्वारे में भड़काने वाला कथित भाषण देना था । इनके नाम गुरनाम सिंह, मोहिंदर सिंह, नोहर सिंह तथा अवतार सिंह हैं ।

2 घुसपैठिए मरे, 45 काबू

खेमकरण क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान सीमा पर कल रात सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में दो पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । इसके अलावा तीन अलग-अलग स्थानों से 45 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया । सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों ने आज बताया कि भारत की सीमा अवैध रूप से पार करते समय सीमा सुरक्षा बल द्वारा चुनौती दिए जाने पर चार घुसपैठियों ने गोलियां चलाईं । इस पर सुरक्षा बल के जवानों को भी गोली चलानी पड़ी, जिससे दो घुसपैठिए मारे गए । दो अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए । गिरफ्तार किए गए 45 घुसपैठियों में से 32 को अटारी क्षेत्र से पकड़ा गया जबकि 13 अन्य को खेमकरण क्षेत्र से पकड़ा गया । सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए लोगों में 29 पुरुष, छः महिलाएं और दस बच्चे हैं । इनमें अधिसंख्य बंगला देशी हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)





(1) ज़िला जाल
कलबिंदर कौर
आशुतोष गौतम
जलाया गया खो

दर्शन सिंह से मिल कर पंजाब समस्या के हल बारे कोई फार्मूला तैयार नहीं किया : दत्त

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (संधी): सांसद श्री सुनील दत्त ने आज यहां इन समाचारों को ग़लत बताया कि उन्होंने बम्बई से लेकर अमृतसर तक की अपनी महा-शांति पद यात्रा की समाप्ति पर अकाल तख्त के जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह से मिल कर पंजाब समस्या हल करने के बारे कोई फ़ार्मूला तैयार किया है ।

आज दोपहर बाद यहां प्रैस क्लब में 'प्रैस से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत श्री सुनील दत्त ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मैं तो पद यात्रा कर लोगों से पंजाब की समस्याओं के बारे उनके विचार जानने में लगा हूं । अभी मैं इस बारे अपनी राय व्यक्त नहीं कर सकता ।

श्री सुनील दत्त ने कहा कि मैं हर तरह के लोगों से मिल कर इस समस्या को हल करने बारे उनके विचार जानने में लगा हूं । यह काम पूरा हो जाने के बाद मैं अपनी रिपोर्ट तैयार करके केंद्र सरकार को भेजूंगा । उन द्वारा अपनी रिपोर्ट केंद्र को भेजने के बाद तैयार फ़ार्मूले को क्या पूरे अंक मिल जाएंगे, के उत्तर में श्री सुनील दत्त ने कहा कि इस बारे तो आप उस निरीक्षक से जाकर पूछें जिसने मेरे पेपर की जांच करनी है ।

हालात का शिकार

श्री दत्त ने समाचारपत्रों में प्रकाशित इस समाचार को भी गलत बताया कि अमृतसर से उनकी टैलीफोन पर श्री राजीव गांधी से कोई बात हुई है । उन्होंने कहा कि मैंने पद यात्रा सांसद या फिल्म अभिनेता के रूप में नहीं बल्कि देश के रोजाधार के रूप में की । उन्होंने कहा कि लोग जिन्हें उग्रवादी मानते हैं, मैं उन्हें हालात का शिकार मानता हूं जिन्हें बात चीत द्वारा सही रास्ते पर लाया जा सकता है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)





ज़ैल सि

धारवाड़, 17
मुख्यमंत्री श्री राम
राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल
और वर्षों के लिए देश

यहां कृषि विज्ञान
खंड का शिलान्यास
सम्बोधित करते हुए
सिंह भारत की राजनी
तथा कहा कि उनके
'संकट की स्थिति' से

राज्य की तीन
राष्ट्रपति का अभिभाषण
अर्थ यह स्पष्ट है कि
ज्यादा प्रेम प्रदर्शित
कार्यकाल समाप्त होने

राजद्रोह के मामले में
मुख्य अभियुक्त घो

Punjabi Sanchar

उग्रवादियों द्वारा हत्यायें

(पृष्ठ 1 का शेष)

तरनतारन क्षेत्र के गांव लालगुणा में कुछ उग्रवादी अजायब सिंह के घर से 20000 रु. के स्वर्णाभूषण और 5000 रु. नकद छीन ले गए ।

ठेका जला दिया

रैया (जसपाल): कल रात कुछ उग्रवादियों ने रैया में देसी शराब के एक ठेके को आग लगा दी, जिससे 7-8 हजार रुपए का नुक्सान हुआ । मालिक मकान का भी 14-15 हजार रुपए का नुक्सान हुआ है क्योंकि उसके मकान को क्षति पहुंची है ।

गांव छोड़ना पड़ा

जंडियाला गुरु (भारती): यहां से 3 किलोमीटर दर गांव मलियां थाना जंडियाला में कुछ नौजवानों ने गोलियां चला कर सरदार किशन सिंह के दोहते देवा सिंह को बुरी तरह से घायल कर दिया । देवा सिंह अपने साथियों के साथ एक स्थान पर बैठे शराब पी रहे थे कि नौजवानों ने उन्हें कहा कि शराब पीना बंद कर दो । देवा सिंह और उसके साथी जब वहां से खिसकने लगे तो उन पर गोलियां चला दी गईं जिससे देवा सिंह बुरी तरह घायल हो गया, उसे अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया । दूसरी घटना गांव बालिया थाना जंडियालागुरु में हुई । कुछ उग्रवादियों ने हंस राज दुकानदार और उसके भाई को गांव छोड़ने के लिए धमकियां देनी शुरू कर दीं । उन्हें कहा गया कि अगर गांव न छोड़ा तो तुम्हें सोध दिया जाएगा । दोनों भाई अपने-अपने परिवारों सहित जंडियालागुरु आ गए हैं । पिछले दिनों इन की दुकान पर कुछ अज्ञात नौजवानों ने हवाई फायरिंग भी की थी, जबकि यह अपनी दुकान बंद करके बचने में सफल हो गए थे ।

बाप-बेटे की हत्या, दो महिलाएं घायल

शाहकोट (चोपड़ा): गत रात डेढ़ बजे के लगभग थाना शाहकोट के गांव नसीरपुर में 6-7 उग्रवादियों ने निहंग दलबीर सिंह (45) और उसके बेटे करनैल सिंह उर्फ बग्गा (23) की हत्या कर दी । हमले में दलबीर सिंह की पुत्रवधू मनजीत कौर (18) और बेटी कलविंदर कौर (18) गम्भीर घायल हो गईं । उग्रवादी जाते समय नकदी और जेवर भी ले गये । यह परिवार दरिया के किनारे एक डेरे में रहता था ।

'गगन' के अनुसार घायलों को नकोदर के सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया । आधी रात को घर में पालतू कुत्तों ने भौंकना शुरू कर दिया । ज्योंही दलबीर सिंह यह देखने के लिए बाहर आए कि कौन है, हमलावरों ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । इतने में उनका बड़ा लड़का करनैल सिंह बाहर आया तो हमलावरों ने पहले उससे उनकी राईफल मांगी । इंकार करने पर उस पर भी गोलियां चलाई गईं । घर के बाकी सदस्य इस घटना को रोकते-रोकते जख्मी हो गए । बाद में दोनों घायलों दलबीर सिंह, करनैल सिंह के पूरे नाम पूछने पर हमलावरों ने उन पर और गोलियां चला कर मौका पर ही मार दिया । घटना के समय घर में से सोना, कुछ नकदी व घड़ियां भी हमलावर अपने साथ लूट कर ले गए । बताया गया है कि सभी हमलावर पैदल ही आए और पास ही बेईं में खड़ी एक किश्ती में सवार होकर पार चले गए।घटना के समय घर में कुल सात सदस्य थे । इस घटना की सूचना सुबह लोहियां पुलिस चौकी में आठ बजे दी गई । शाहकोट थाना इंचार्ज श्री जागीर सिंह तुरंत

किशनपुरा में धर
घटनास्थल पर पह
कि उस समय इ
मअत्तिल कर दिय
होशियारपुर रोड
लोगों ने धरना स

बीरेन्द्र की हाल

इसी दौरान वी
ने जालन्धर में घा
की हालत अस्पता

जालन्धर के
बाहर दो स्कूटर
पिस्तौल की नोक

रिवाल्वर, दोन

पांच संदिग्ध
थानांतर्गत कोट ब
धर्मवीर के यहां से
एक स्कूटर लेकर
यहां यह जानकारी
पिस्तौल से लैस
धमकी दी तथा
पुलिस ने मामला

एक पकड़ा गय

कपूरथला
नूरपुर राजपूतां
युवकों ने श्री प्र
पिस्तौल की नोक
और उस पर सव
के पुल पर सी
नाकाबंदी थी ।
युवक ट्रैक्टर से
को पुलिस ने पक
सिंह है । वह जि
रहने वाला है ।
पिस्तौल और प
उसके अन्य सा
उन्हें गिरफ्तार

एक एजैंसी
का नाम सुभेग
खालड़ा गांव का

मीट का खोख

गत रात मौ
कुछ अज्ञात व्य
लगता कबाड़ी क

कपूरथला
आठवें दिन भी

गिरोह बेनका

गुरदासपुर
आतंकवादियों
क्षेत्र में एक स
लाइसैंसी हथिय
नाइयों की दुक
बेनकाब किया
सैनी ने बताया कि
से काहनूवान
रिटायर्ड ब्रिगेडि
नाकाम कोशिश
के ही सबिन्दर
जबरदस्ती खा
पहले ही भागने
अनुसार इस गि

Punjab Kesari

सौंद में कथित घुस दिए जाने के
र ने खंडन किया है लेकिन पिछले
न रहे घटनाचक्र की पृष्ठभूमि में
बावजूद किसी को विश्वास नहीं
ह आरोप झूठा है तो स्वयं स्वीडन

सबूतदाताओं को यह विवरण देते हुए बताया कि पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक में इस मामले पर विचार किया जाएगा । कार्यकारिणी में एक प्रस्ताव पास करके सरकार से अनुरोध किया जाएगा कि सभी भारतीयों के विदेशी खातों की जांच कराई जाए,

लाल कृष्ण आडवानी की अध्यक्षता में हुई । पार्टी के संसदीय दल के नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी अस्वस्थ होने के कारण बैठक में नहीं आ सके । बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के कुल 110 सदस्यों में से 80 सदस्य उपस्थित थे ।

घटी हैं ··जिनके कारण सम्पूर्ण राजनीतिक परिप्रेक्ष्य तेज़ी से बदला है ।

इन घटनाओं में ईमानदार अधिकारी श्री वेंकटेश्वरन को विदेश सचिव पद से हटाने, वरिष्ठ

मन में अनेक संदेह उत्पन्न हुए हैं । पार्टी ने है कि अगर इस मामले में कोई गड़बड़ नहीं प्रधानमंत्री को तत्काल ऐसी उपयुक्त जांच क देने चाहिएं जिसकी निष्पक्षता सभी को स हो ।

(शेष पृष्ठ

हत्या, ए मरे

दिया, पटियाला शांत

धर्म सिंह से 32 बोर की पिस्तौल

के के वेइंपुई गांव में तीन संदिग्ध
सिंह के घर से एक बंदूक लेकर
त एवेन्यू में दो संदिग्ध व्यक्तियों ने
सकी मोटर साइकल छीन ली ।

हत्या

गांव मुगल चक्क में कल रात चार
क व्यक्ति की हत्या कर दी ।
देव सिंह की हत्या उसके घर में घुस

रक्षा बल ने आतंकवादी तथा
विधि (रोकथाम) कानून के तहत
क्तियों को कल रात गिरफ्तार किया

र ने भिखीविंड के गुरनाम सिंह,
ोवाल क्षेत्र के गुरदीप सिंह और
ट के जसपाल सिंह को गिरफ्तार
क्ति सकतर सिंह को तरनतारन
गांव से गिरफ्तार किया । इसके
ौल तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।
स ने इसी बीच चार व्यक्तियों के
का मामला दर्ज किया है । इन
द्ध मामला दर्ज करने का कारण
तरनतारन क्षेत्र के ऐतिहासिक
रुद्वारे में भड़काने वाला कथित
इनके नाम गुरनाम सिंह, मोहिंदर
तथा अवतार सिंह हैं ।

रे, 45 काबू

त्र में भारत-पाकिस्तान सीमा पर
रक्षा बल के साथ मुठभेड़ में दो
ठिए मारे गए । इसके अलावा
स्थानों से 45 अन्य को गिरफ्तार
सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों ने आज
की सीमा अवैध रूप से पार करते
ा बल द्वारा चुनौती दिए जाने पर
गोलियां चलाईं । इस पर सुरक्षा
भी गोली चलानी पड़ी, जिससे दो
ए । दो अन्य अंधेरे का लाभ
ए । गिरफ्तार किए गए 45
32 को अटारी क्षेत्र से पकड़ा गया
य को खेमकरण क्षेत्र से पकड़ा
ताया कि पकड़े गए लोगों में 29



(1) ज़िला जालन्धर के नसीरपुर गांव में उग्रवादियों के हाथों मारा गया निहंग दलबीर सिंह, (2) उसका बेटा करनैल सिंह, (3) घायल बेटी कुलबिंदर कौर और पत्रवधू मनजीत कौर, (4) पटियाला में छात्र गुटों की भिड़त में घायल आल इंडिया हिन्दू छात्र संघ का भू.पू. प्रधान आशुतोष गौतम, (5) सिख छात्र संघ के दो सदस्यों से तलवारों से गम्भीर घायल दुकानदार रामनाथ तथा (6) रैय्या में उग्रवादियों द्वारा जलाया गया खोखा ।

(छाया : रत्तू, भूषण, रिखी)

107 सिंहलिय का नरसंहार

कोलम्बो, 17 अप्रैल (वार्ता): दो वर्षों में की सबसे बर्बर घटना में आज तमिल उग्रवा पूर्वी श्रीलंका में बस और लारियों से 107 सि की हत्या कर दी, जबकि सैंट्रल हिल्स में एक उड़ाने की कोशिश कर दी ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने यहां क उग्रवादियों ने तीन सरकारी बसों और दो लारि मशीनगनों से त्रिकोमाली से 55 किलो मी त्रिकोमाल-कोलम्बो राष्ट्रीय राज मार्ग प दोपहर बाद हमला किया ।

प्रवक्ता ने बताया कि मरने वालों में महि बच्चे शामिल हैं । घायलों को विभिन्न अस्प भर्ती किया गया है ।

इस बीच खबर मिली है कि सेना विशेषज्ञों का एक दल यहां से 116 किलो मी कैन्डी भेजा गया है ताकि विक्टोरिया जला पास मिले पांच टाईम बमों को नाकारा बन सके ।

यह बांध द्वीप का सबसे बड़ा बांध है ब्रिटिश सहायता से बनाया गया है तथा दो चालू किया गया था ।

एक ओर तमिल छापामारों ने ऐसी कि घटनाओं से इंकार किया है, दूसरी ओर श्र सरकार ने एक पक्षीय युद्ध विराम तत्काल करने की घोषणा की है ।

सिंध में पुलिस कार्रवाई दौरान 170 व्यक्ति म

कराची, 17 अप्रैल : सिंध प्रांत में पिछ महीनों में पुलिस कार्रवाई के दौरान कम 170 व्यक्ति मारे गए ।

217 किलोग्राम हेरोइन, 200 कि अफीम, चार हजार किलोग्राम चरस तथा मैंड्र दो लाख गोलियों के साथ-साथ बड़ी मात्रा में ह बरामद किए गए ।

ज़ैल सिंह की सेवाओं की अभी कुछ और वर्षों के लिए देश को ज़रूरत : हेग

धारवाड़, 17 अप्रैल (वार्ता): कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री राम कृष्ण हेगड़े ने आज कहा कि राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिंह की सेवाओं की अभी कुछ और वर्षों के लिए देश को ज़रूरत है ।

यहां कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक खंड का शिलान्यास करने के बाद उपस्थिति को सम्बोधित करते हुए श्री हेगड़े ने कहा कि ज्ञानी ज़ैल सिंह भारत की राजनीति में एक 'उच्च व्यक्तित्व' हैं तथा कहा कि उनके लम्बे अनुभव की मदद से देश 'संकट की स्थिति' से उबर सकता है ।

राज्य की तीन दिन की यात्रा करने के लिए राष्ट्रपति का धन्यवाद करते हुए श्री हेगड़े ने कहा कि

ज़ैल द्वारा कोई टिप्पणी नहीं

राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिंह ने कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत में इस बात पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया कि क्या वह दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ेंगे । उन्होंने कहा, "इस प्रश्न पर वह इस समय कुछ नहीं कहना चाहते ।"

इंदिरा हत्या साजिश के 8 वर्ष पुराने केस का

किसानों का जीवन स्तर सुधारा जाए

एक अन्य एजैंसी के अनुसार राष्ट्रपति ने आज कहा कि हर सरकार का यह दायित्व है कि वह देश के किसानों का जीवन स्तर सुधारने के लिए विकास योजनाओं को प्राथमिकता दें । श्री ज़ैल सिंह यहां दूसरे कृषि विश्वविद्यालय का उद्घाटन कर रहे थे । उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों के लोगों की खुशहाली बढ़ने से देश की बहुमुखी खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होगा ।

राष्ट्रपति ने बताया कि ग्रामीण व्यक्तियों की आमदनी में वृद्धि से तैयार मालों की मांग बढ़ेगी । इससे औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा । गति रुक जाएगी । उन्होंने कहा कि देश के से सम्बद्ध हर व्यक्ति को यह बात ध्यान में पूर्ण समर्पण की भावना से काम करना चाहि

राष्ट्रपति ने कर्नाटक सरकार के क तारीफ़ की और कहा कि पिछले कुछ वर्षों में चहुमुखी विकास किया है । उन्होंने क कर्नाटक की प्रगति को वह पिछले कुछ उत्सुकता से देखते आ रहे हैं तथा विभिन्न सरकारी प्रयासों की सराहना की जानी च राष्ट्रपति ने कहा कि किसी को खुश करने के यह बातें नहीं कह रहे हैं । राष्ट्रपति ने किसी भी सरकार के अच्छे कार्यों की तारीफ़

Punjabi Sanatani

वर्ष 22 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 306
शनिवार, 18 अप्रैल, 1987 तदनुसार 5 वैशाख, 2044 मूल्य 70 पैसे, विमान द्वारा 80 पैसे

निहंग बाप, बेटे सहित 5 लोगों की हत्या, मुठभेड़ों में 1 उग्रवादी, 2 घुसपैठिए मरे

कांजली पुल पर एक उग्रवादी, सीमा पर 45 घुसपैठिए गिरफ़्तार, रिटायर्ड ब्रिगेडियर ने लूट का प्रयास विफल कर दिया, पटियाला शांत

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (ह.स.,वा., नि.स.): उग्रवादियों ने कल रात ज़िला जालंधर के गांव नसीरपुर में एक निहंग और उसके बेटे की हत्या कर दी, जबकि उसकी बेटी और पुत्र वधु को घायल कर दिया । ज़िला अमृतसर के मल्लोवाल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया, थाना रमदास के गांव मल्लोवाल में एक व्यक्ति रघुबीर सिंह, मुग़ल चक्क में गुरदेव सिंह की हत्या कर दी । खेमकरण क्षेत्र में घुसपैठ कर रहे 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए जबकि 45 घुसपैठिए गिरफ्तार किए गए ।

कपूरथला पुलिस ने कांजली पुल के पास एक उग्रवादी को पकड़ लिया ।

बाघापुराना के गांव भलूर के निकट खेतों में से एक शव मिला है, जिस पर गोलियों के निशान हैं ।

गुरदासपुर के गांव भुम्बली में रिटायर्ड ब्रिगेडियर ने उग्रवादियों द्वारा शस्त्र लूटने का प्रयास विफल बना दिया । इस संबंध में सात उग्रवादियों की शिनाख्त हुई है । कल कुल्लियां गांव के जमींदार कश्मीर सिंह को घायल करने वाले दोनों उग्रवादियों की भी पहचान हो गई है और उनका साईकल बरामद हो गया है ।

पठानकोट के सत्यनारायण मंदिर के दो पुजारियों को घायल करके नकदी लूट ले गये और मंदिर खाली करने की धमकियां दे गए ।

राज्य में खोखे जलाने, हथियार आदि लूटने की कई वारदातें हुईं ।

पटियाला में स्थिति सामान्य हो गई है ।

उग्रवादी मुठभेड़ में मरा

'बाबा बकाला' से 'प्रेम मेहरा' के अनुसार गत रात 10.30 बजे यहां से 20 कि. मी. दूर भल्लोवाल के निकट एक पुल पर पुलिस और सी.आर.पी.एफ. की एक संयुक्त नाका पार्टी ने स्कूटर सवार 3 आतंकवादियों को रुकने का इशारा किया । उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की । दस मिनट तक चली मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जबकि दो अन्य खालिस्तानी नारे लगाते हुए भाग गए । पुलिस ने घटनास्थल से एक बजाज प्रिया स्कूटर (बिना नम्बर), एक सिगल बैरल राइफल, 355 बोर के कारतूस भी बरामद किए हैं । उग्रवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

आढ़ती की हत्या

अजनाला (ज्ञानी): यहां से 16 कि. मी. दूर थाना रमदास के गांव मालोवाल में तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने एक आढ़ती रघुबीर सिंह की हत्या कर दी । सायं 6 बजे रघुबीर सिंह के मकान में घुसकर उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । रघुबीर सिंह ने भी जवाबी फायरिंग की । रघुबीर की एक गोली छाती और दूसरी बाजू में लगी । अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

'वार्ता' के अनुसार उग्रवादी मृतक के खेतों में गुरुद्वारा बनाना चाहते थे, लेकिन वह इसके लिए तैयार नहीं था ।

हथियार छीने

थाना [illegible] के गांव कमासके गांव में उग्रवादी चंचल सिंह और [illegible] सिंह से 12 बोर की दो बंदूकें भी ले गए । अजनाला के गांव भला पिंड के बलबीर सिंह से 315 बोर की राइफल और गांव ऊधो औलख के धर्म सिंह से 32 बोर की पिस्तौल छीनी गई ।

वैरोवल इलाके के वेइ पुई गांव में तीन संदिग्ध आतंकवादी फतेह सिंह के घर से एक बंदूक लेकर भाग गए । बसन्त एवेन्यू में दो संदिग्ध व्यक्तियों ने मुनेश सागर से उसकी मोटर साइकल छीन ली ।

एक व्यक्ति की हत्या

तरनतारन के गांव मुग़ल चक्क में कल रात चार उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने गुरदेव सिंह की हत्या उसके घर में घुस कर की ।

4 गिरफ्तार

इसी बीच सुरक्षा बल ने आतंकवादी तथा विघटनकारी गतिविधि (रोकथाम) कानून के तहत चार संदिग्ध व्यक्तियों को कल रात गिरफ्तार किया है ।

शहर पुलिस ने भिखीविंड के गुरनाम सिंह, पठानकोट में नानोवाल क्षेत्र के गुरदीप सिंह और स्थानीय हाथी गेट के जसपाल सिंह को गिरफ्तार किया । चौथे व्यक्ति सकत्तर सिंह को तरनतारन पुलिस ने काडगिल गांव से गिरफ्तार किया । इसके पास से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

इस बीच पुलिस ने इसी बीच चार व्यक्तियों के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज किया है । इन व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज करने का कारण जनवरी माह में तरनतारन क्षेत्र के ऐतिहासिक दरबार साहब गुरुद्वारे में भड़काने वाला कथित भाषण देना था । इनके नाम गुरनाम सिंह, मोहिंदर सिंह, नोहर सिंह तथा अवतार सिंह हैं ।

2 घुसपैठिए मरे, 45 काबू

खेमकरण क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान सीमा पर कल रात सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में दो पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । इसके अलावा तीन अलग-अलग स्थानों से 45 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया । सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों ने आज बताया कि भारत की सीमा अवैध रूप से पार करते समय सीमा सुरक्षा बल द्वारा चुनौती दिए जाने पर चार घुसपैठियों ने गोलियां चलाईं । इस पर सुरक्षा बल के जवानों को भी गोली चलानी पड़ी, जिससे दो घुसपैठिए मारे गए । दो अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए । गिरफ्तार किए गए 45 घुसपैठियों में से 32 को अटारी क्षेत्र से पकड़ा गया जबकि 13 अन्य को खेमकरण क्षेत्र से पकड़ा गया । सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए लोगों में 29 पुरुष, छः महिलाएं और दस बच्चे हैं । इनमें अधिसंख्य बंगला देशी हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

दर्शन सिंह से मिल कर पंजाब समस्या के हल बारे कोई फार्मूला तैयार नहीं किया : दत्त

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (संघी): सांसद श्री सुनील दत्त ने आज यहां इन समाचारों को ग़लत बताया कि उन्होंने बम्बई से लेकर अमृतसर तक की अपनी सहा-शांति पद यात्रा की समाप्ति पर अकाल तख्त के जत्थेदार प्रोफ़ैसर दर्शन सिंह से मिल कर पंजाब समस्या हल करने के बारे कोई फ़ार्मूला तैयार किया है ।

आज दोपहर बाद यहां प्रैस क्लब में 'प्रैस से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत श्री सुनील दत्त ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मैं तो पद यात्रा कर लोगों से पंजाब की समस्याओं के बारे उनके विचार जानने में लगा हूं । अभी मैं इस बारे अपनी राय व्यक्त नहीं कर सकता ।

श्री सुनील दत्त ने कहा कि मैं हर तरह के लोगों से मिल कर इस समस्या को हल करने बारे उनके विचार जानने में लगा हूं । यह काम पूरा हो जाने के बाद मैं अपनी रिपोर्ट तैयार करके केंद्र सरकार को भेजूंगा । उन द्वारा अपनी रिपोर्ट केंद्र को भेजने के बाद तैयार फ़ार्मूले को क्या पूरे अंक मिल जाएंगे, के उत्तर में श्री सुनील दत्त ने कहा कि इस बारे तो आप उस निरीक्षक से जाकर पूछें जिसने मेरे पेपर की जांच करनी है ।

हालात का शिकार

श्री दत्त ने समाचारपत्रों में प्रकाशित इस समाचार को भी गलत बताया कि अमृतसर से उनकी टैलीफोन पर श्री राजीव गांधी से कोई बात हुई है । उन्होंने कहा कि मैंने पद यात्रा सांसद या फिल्म अभिनेता के रूप में नहीं बल्कि देश के सेवादार के रूप में की । उन्होंने कहा कि लोग जिन्हें उग्रवादी मानते हैं, मैं उन्हें हालात का शिकार मानता हूं जिन्हें बातचीत द्वारा सही रास्ते पर लाया जा सकता है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)







राजदोह के मामले में मुख्य अभियुक्त घो

जोधपुर, 17 अप्रैल (ह.स., वार्ता): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष गुरचरण सिंह टोहरा को भारत देश के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के केस में पंजाब के 365 अन्य उग्रवादियों के साथ मुख्य अभियुक्त बनाया गया है । इन उग्रवादियों को आपरेशन ब्लू स्टार के दौरान गिरफ्तार किया गया

टोहरा को छः जून, 1984 को गिरफ्तार कर यहां जोधपुर जेल में रखा गया था । यहां उन्हें 19

पाक ब्रिटेन से

अप्रैल, 85 दिसम्बर, 86 जेल में रखा ग

श्री खेम घोषित करने

ज़ैल

धारवा मुख्यमंत्री श्री राष्ट्रपति ज्ञा और वर्षों के

यहां कृ खंड का शि सम्बोधित क सिंह भारत क तथा कहा कि 'संकट की सि

राज्य की राष्ट्रपति का अब यह स्पष्ट ज्यादा प्रेम कार्यकाल सम

Punjabi Sanatani

करने का प्रयास किया

के कामेंग डिवीजन

मध्य छुट-पुट टकराव की सम्भावनाएं हो सकती हैं । दोनोंदेशों के मध्य भारी टकराव होने की सम्भावना न होने का कारण यह समझा जाता है कि

समझने के 'मूड' में हैं ।

चीन को मुख्य रूप से नाराजगी इस बात पर है कि दोनों देशों के मध्य सीमा विवाद हल हुए बिना

मैकमोहन रेखा को स्वीकार करने को तो तैयार है लेकिन इसके साथ ही वह यह भी चाहता है कि भारत

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ल सिंह

रफ़्तार



न्दर सिंह बोनी



ाल सिंह

ान पकड़े गए अन्य
गांव रूमी के मास्टर
दर सिंह बोनी, गांव
लिस थाना डेलों के
ह, गांव गुज्जरवाल
ला का मनजिन्दर
का सरगना जनरैल
वंदर सिंह उर्फ बंटी
व निकला ।

अमृतसर के गांव लोपोके के निकट 5 लोगों की घर से बुला कर निर्मम हत्या

बाज़ू बांध कर मुंह में गोलियां मारीं : लाशों को ठुड्डे मारे : ललकारने पर भागे

मोगा, बलाचौर में दो लोग कत्ल, अकाली नेता घायल

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (ह.स., वि.प्र., वार्ता): पंजाब में हिंसा का तांडव जारी है । गत 24 घंटों में 5 और व्यक्ति मारे गए जिनमें एक ही परिवार के 4 सदस्य शामिल हैं । खोसों को आग लगाने और कुछ हथियार लूटे जाने के समाचार भी मिले हैं । शराब और सिगरेट विक्रेताओं को लूटने के आरोप में पांच युवक आतंकवाद विरोध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिए गए । गत रात अमृतसर जिले में गोली चलने की दो घटनाएं हुईं, जिसमें पांच व्यक्ति मारे गए और दो घायल हुए । पांच व्यक्तियों की मौत लोपोके थाना क्षेत्र के एक दरवर्ती गांव बनिया के में एक दर्जन आतंकवादियों के गिरोह द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी करने से हुई । मृतकों में तीन भाई और उसका चाचा भी शामिल है । आतंकवादी स्टेनगन, राइफलें और रिवाल्वरों से लैस थे । अपराध के बाद वे भाग निकले ।

एक अन्य घटना में पाखोके में दो भाइयों को उग्रवादियों ने घायल कर दिया ।

जालंधर के निकट संतोखपुरा में एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया गया जबकि विधिपुर के फाटक के निकट एक पैट्रोल पम्प से 20 हजार रु. लूट लिए गए ।

5 व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर (दीपक शर्मा, वि.प्र.) : यहां से 42 कि.मी. अजनाला तहसील में लोपोके थानांतर्गत गांव बनिए के में उग्रवादियों ने कल रात 8.30 बजे 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

एक ट्रक में सवार होकर करीब 10-11 उग्रवादी गांव में आए और सबसे पहले मृतकों के ताया कस्तूरी लाल के घर में गए, उसके नाम से आवाज लगाई परंतु 60 वर्षीय कस्तूरी लाल अमृतसर गया हुआ था । वह अपने भतीजे किशोरी लाल को अपने घर की हिफाज़त के लिए छोड़ गया था । दरवाजा खटखटाने पर किशोरी लाल ने दरवाजा खोला, पिस्तौल की नोक पर किशोरी लाल को हमलावर उसके चाचा बाल कृष्ण के घर ले गए और किशोरी लाल से आवाज दिलवाकर उसे घर से बाहर निकाला । इन दोनों को साथ लेकर हमलावर प्रेम पाल के घर में आ गए और बाल कृष्ण से आवाज लगवाई । प्रेम पाल, सुदर्शन कुमार और विजय कुमार तीनों बालकृष्ण के भी भतीजे लगते हैं और किशोरी लाल के चचेरे भाई । हमलावरों ने इन तीनों को खींच कर घर से बाहर निकालने की कोशिश की, परंत इस कोशिश में वह विजय कुमार को घर से बाहर निकालने में सफल रहे । घर के बाहर चौक में खड़े रेहड़े के साथ बांध दिया । प्रेम पाल और सुदर्शन कुमार की घर के आंगन में ही

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पी.जी.आई. की पांचवीं मंज़िल से रिबैरो पर गोली चलाने का षड्यंत्र रचा गया था

जयपुर, 18 अप्रैल : पंजाब के पुलिस महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो की हत्या के लिये अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी गिरोहों से मदद लेने की साजिश चल रही है । इस काम में विदेशों में बसे

जाते हैं । आत्मघाती दस्ते द्वारा भी रिबैरो को खत्म करने का विचार किया गया था ।

अमृतसर निवासी मनिन्दर सिंह पाकिस्तान, मनीला, कनाडा, नेपाल, इंगलैंड तथा अमरीका

उसे हिदायत मिली थी कि वह अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों से सम्पर्क कर यह योजना तैयार करे । खुफिया एजैंसियों के अनुसार मनिन्दर सिंह ऐसा पहला आतंकवादी है जिसने कैमिकल बम का

Punjabi Samtar

आंतरिम रूप दिया गया ।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में केंद्रीय मंत्रियों, कांग्रेस (इ) मुख्यमंत्रियों, प्रदेश

(शेष पृष्ठ 8 पर)

निकले जबकि पांचवें को बैंक के कामयों ने दबोच लिया । कर्मियों द्वारा पकड़ा गया यह लुटेरा तहसील जगरांव के गांव चक्कर निवासी महेन्द्र सिंह का लड़का रछपाल सिंह चीमा है ।

वाली एक ट्रांसपोर्टर है । पुलिस ने इस हिरासत में लेकर इस बात की पछताछ की थी कि इसने अपना मकान उस आतंकवादी गिरोह को क्यों बेचा ? यह

(शेष पृष्ठ 10 पर)

रिसर्च एनालाइसिस इंटैलीजैंसी ब्यूरो, सी.बी.आई. कस्टम, बी.एस.एफ., बी.आई. बार्डर इंटैलीजैंस सहित स्काटलैंड यार्ड वाले पूछताछ कर चुके हैं । संभावना यह भी है कि रायल कैनेडियन माउन्टेड पुलिस भी उससे पूछताछ करे । वैसे सी.बी.आई. का एक दल जल्दी ही इस संबंध मेंकनाडा जाने वाला है जो रायल कैनेडियन माउन्टेड पुलिस से मनिन्दर और उसके साथियों की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करेगा । भारतीय संसद भवन के षड्यंत्र का भंडाफोड़ रायल कैनेडियन माउन्टेड पुलिस ने ही किया था ।

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मनिन्दर ने खुफिया एजैंसी के समक्ष स्वीकार किया है कि रिबैरो की सख्ती से विदेशों में सक्रिय आतंकवादी संगठन काफी परेशान हैं । आतंकवादियों की जब भी कोई बैठक होती है, रिबैरो की चर्चा उसमें अवश्य होती है । मनिन्दर ने बताया कि रिबैरो को खत्म करने के लिये चंडीगढ़ स्थित पी.जी.आई. अस्पताल की पांचवीं मंजिल से गोली मारने की योजना तैयार की गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इस योजना को क्रियान्वित नहीं किया जा सका ।

आतंकवादी चाहते थे कि अस्पताल की पांचवीं मंजिल से लांग रेंज राइफल के जरिए गोली मारी जाए । रिबैरो का बंगला इस अस्पताल के पास ही है । एक योजना यह भी है कि रिबैरो जब कभी चर्च जाएं तब गोली दागी जाए । आतंकवादियों के पास इसकी सूचना रहती है कि रिबैरो चर्च किस समय



जिला अमृतसर के लोपोके थानांतर्गत गांव बनिएके में उग्रवादियों के हाथों मारे गए, (1) विजय कुमार, (2) सुदर्शन कुमार, (3) भू.पू. सरपंच बाल कृष्ण, (4) प्रेम कुमार, (5) किशोरी लाल, (6, 7) विलापी करती हुई महिलाएं, (8) घटनास्थल पर सुरक्षा कर्मी, (9, 10) खून के निशान दिखाते हुए ग्रामीण और पुलिस अधिकारी, (11) वह रेहड़ा जिसके साथ बांध कर विजय कुमार को मारा गया, (12) मृतकों के घर में जाती हुई महिलाएं, (13, 14) दीवारों पर गोलियों के निशान । (छाया : भंडारी)

बैटरियां रासायनिक जांच के लिए भेजी गईं

न्यूयार्क, 18 अप्रैल : न्यूयार्क हवाई अड्डे पर एयर इंडिया के जम्बो विमान में गत सोमवार को पाई गई बैटरियों को रासायनिक परीक्षण के लिए भेज दिया गया है । जानकार सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल जारी है । अभी तक कोई अभियोग पत्र दायर नहीं किया गया है और अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है ।

श्रीलंका में मृतकों करके सिंहलिय

कोलम्बो, 18 अप्रैल (वार्ता): श्रीलंका के पूर्वी इलाके में कल तीन बसों के यात्रियों के कत्लेआम की घटना में मृतकों की संख्या बढ़ कर 122 हो गई है । श्रीलंका के एक स्वतन्त्र समाचार पत्र ने मरने वालों की संख्या 130 बताई है । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि बस से लोगों को उतार कर तमिल और सिंहली यात्रियों को अलग-अलग कर दिया गया और फिर सिंहलियों को पंक्ति में खड़ा करके मशीनगन से गोलियां चला कर मार दिया गया ।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि नरसंहार में मारे गए व्यक्तियों के शवों को होबारना कनतलई तथा पोलोन्नारबा के अस्पतालों में रखा गया है तावि नरसंहार के प्रति लोगों में सम्भावित आक्रोश भड़कने न पाए । घायलों को कोलम्बो होबारन तथा अनुराधापुर के अस्पतालों में भेज दिया गय है ।

प्रवक्ता के अनुसार मृतकों में पुरुष, महिला

चंदूमाजरा ने उग्रवादियों को रिहा कराने के लिए टैलीफोन किए : रिबैरो

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (वार्ता): पंजाब के पुलिस महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो ने पुलिस के कामकाज में राज्य के एक कैबिनेट मंत्री के कथित हस्तक्षेप पर आपत्ति की है और कहा है कि इससे आतंकवाद के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान पर बुरा असर पड़ेगा । श्री रिबैरो ने एक भेंट में बताया कि होशियारपर और रोपड़ जिले में आतंकवादी गतिविधियों के लिये गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों

में तीन आतंकवादियों की गिरफ्तारी से काफी संभावित हत्याओं को रोकने में मदद मिली । इनके पास से एक मीडियम मशीनगन, दो लाइट मशीनगन, कई स्टेनगन और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद हुए ।

पंजाब पुलिस प्रमुख ने बताया कि इस गिरोह को सफल हो चुके हैं । बरामद साढ़ेतेरह लाख रुपये भी लुधियाना के एक बैंक से लूटे गये पांच करोड़ 70 लाख रुपए का अंश मात्र ही है ।

पाक से हथियार

पंजाब पुलिस प्रमुख ने कहा कि इन हथियारों की सप्लाई का बंदोबस्त फरीदकोट जिला के हथियारों

हथियारों पर रह गये शब्द उर्दू में लिखे हुये हैं । ए स्टेनगन पर किसी लाल मुहम्मद का नाम लिख हुआ है ।

पंजाब पुलिस प्रमुख ने कहा कि गत 14 अप्रै को जब सांसद श्री सुनील दत्त दरबार साहब परिस में गये तो अकाल तख्त के जत्थेदार प्रोफैसर दश सिंह ने स्टेनगनधारी पांच उग्रवादियों को उन सुरक्षा के लिये तैनात किया । पांचों उग्रवादियों

यह गिरोह चादरों के नीचे स्टेनगनें छिपाए श्री

प्रत्यावर्तन संधि के बावजूद जानबूझ कर देरी : उग्रवादियों ने बैंक से

Punjabi Sanjani

गांव लोपोके में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

गोली चलाकर हत्या कर दी । घर के अंदर के दरवाजे पर इस परिवार की महिलाएं चीखो पुकार करती रहीं,परंतु एक उग्रवादी ने पिस्तौल लेकर इन महिलाओं को रोके रखा । गांव के एक व्यक्ति के अनुसार सुदर्शन कुमार के मुंह में गोलियां मारी गईं । पहले गोलियां प्रेम पाल पर चलाई गईं । प्रेम पाल ने भागने की कोशिश की, परंतु हमलावरों के घेरे से बच नहीं पाया । हमलावरों ने किशोरी लाल और बाल कृष्ण को दीवार से एक सीध पर खड़े करके गोलियां सिरों में मारीं । हमलावर इस गांव में करीब एक घंटा घूमते रहे । बाद में गांव से दो किलोमीटर दूर हमलावर गुरदयाल सिंह के डेरे में गए परंतु गुरदयाल सिंह ने डेरे का दरवाजा खोलने के स्थान पर ऊपर से गोलियां चलाईं । पुलिस ने डेरे वाली घटना को गुरदयाल सिंह की ज़मीन के कारण आपसी दुश्मनी की संज्ञा दी है । गांव के लोगों के अनुसार हमलावरों ने पुलिस की वर्दियां पहनी हुई थीं । गांव में इतना आतंक छा गया कि रात भर कोई अपने घरों से बाहर नहीं निकला । इन परिवारों की चीखो पुकार से गांव के लोगों में काफी आतंक नज़र आ रहा था । सुबह सूर्य उदय होने के बाद गांव के सरपंच करतार सिंह ने नज़दीक पुलिस स्टेशन पर करीब 6.30 बजे सूचना दी ।

गांव के लोगों ने बताया कि 10 अप्रैल शुक्रवार को भी आतंकवादियों का एक दल गांव में आया था और गांव में शराब निकालने वालों की काफी पिटाई की थी । गांव के रजिंद्र सिंह सोढी, जो कि शराब निकालने का धंधा करता है, के घर के दरवाजे में काफ़ी गोलियां उस दिन चलाईं, वह घर से बाहर नहीं निकला । उसी दिन गांव के केहर सिंह मज़हबी, भूतपूर्व फौजी की एक राईफल भी घर से ले गए । जाती बार एक कंतिया को भी गोली मारी गई । आतंकवादी उसी दिन गांव वालों को चेतावनी देकर गए कि वह पूरे एक सप्ताह के बाद फिर इसी गांव में आएंगे और सबक सिखाया जाएगा । इस घटना के बारे में इलाका के थाना में सरपंच और गांव के निवासियों ने पुलिस को सूचना दी कि एक सप्ताह की चेतावनी है, गांव में पुलिस या केंद्रीय रिज़र्व पुलिस की टुकड़ी का प्रबन्ध ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए किया जाए । अगले दिन पुलिस गांव में आई पर चेतावनी से निपटने के लिए पुलिस ने गांव वालों की सुरक्षा का प्रबन्ध तक नहीं किया । केहर सिंह फौजी, जिसकी राईफल उग्रवादी 10 अप्रैल को ले गए थे, की रिपोर्ट भी दर्ज है । गांव के दोनों समुदायों के लोगों ने बताया कि उग्रवादी पांच बार पहले भी इस गांव में आकर धमकियां दे चके थे, पर पुलिस ने एक बार भी ग्रामीणों की सुरक्षा के बारे में नहीं सोचा । अब क्या लाभ इन गाड़ियों और बड़े-बड़े अफसरों के आने का ? 800 लोगों की आबादी के इस गांव में हिंदुओं के करीब दस घर हैं । कोई भी हिंदू इस गांव को छोड़ कर बाहर नहीं गया क्योंकि दोनों समुदायों में आपसी प्यार और एकता काफी मजबूत है । कई सिख समुदाय के लोगों की आंखों में आंसू देखे गए ।

मौत का साया इन ब्राह्मण परिवारों में चेतावनी के दिन पूरे होने से दो दिन पहले ही शुरू हो गया था । मृतकों के एक भाई जो चुगावां में हलवाई की दकान करता है,ने बताया कि 16 अप्रैल को मृतक विजय कुमार की तीन मास की लड़की बीमारी से दम तोड़ गई और दूसरे भाई का लड़का जो दो मास का था, वह 15 अप्रैल को दम तोड़ गया । मृतक प्रेम पाल अपने पीछे विधवा आशा रानी, दो लड़कियां और एक लड़का, सुदर्शन कुमार उर्फ बाऊ अपने पीछे सुदेश रानी पत्नी, दो लड़के और दो लड़कियां, विजय कुमार पत्नी वीना, एक लड़का, एक लड़की, बाल कृष्ण दो लड़के और लड़कियां, किशोरी लाल एक लड़का और विधवा छोड़ गया है । यह परिवार हलवाई और कियाने का काम करता था । घटनास्थल से करीब 15 कारतूस बरामद हुए हैं । हमलावरों ने स्टेनगन, 315 बोर, 7.62, एस.एल.आर. और 303 के हथियारों का प्रयोग किया ।

आज घटनास्थल पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस के आई.जी. के.पी.एस. गिल, डी.आई.जी. एस.एस. विर्क और एस.एस.पी. इजहार आलम करीब 9 बजे सुबह पहुंचे । इलाके की छानबीन की गई, परंतु कोई सुराग नहीं मिला । एस.एस.पी. ने बताया कि यह परिवार उग्रवादियों की सूची में नहीं था, बल्कि यह हत्याएं आतंक फैलाने के लिए की गईं । श्री आलम ने बताया कि हो सकता है कि इस हत्याकांड में मलकीयत सिंह अजनाले वाले का हाथ हो, क्योंकि उसके गिरोह में करीब 15 युवक हैं और यह क्षेत्र भी उसी का है । इसी गिरोह ने करीब चार दिन पहले झंझोटी गांव में एक ही समुदाय के दो व्यक्तियों की हत्याएं की थीं जिसमें एक व्यक्ति जिसका नाम शाम लाल था और वह सिख बन गया था, शामिल था । एस.एस.पी. ने यह भी बताया कि मलकीयत सिंह ने 13 अप्रैल को दरबार साहब में सुनील दत्त की सुरक्षा का प्रबन्ध स्वयं सम्भाला था । इस हत्याकांड से पास के कस्बा चुगांवां और लोपोके में सारे बाजार बंद रहे ।

बनिए के गांव के दो परिवार इस गोली कांड के बाद गांव छोड़ कर चले गए हैं ।

6 हिरासत में

'वार्ता' के अनुसार आई.जी. सी.आर.पी.एफ. के पी.एस. गिल, डी.आई.जी., जालंधर रेंज पी.सी. डोगरा, एस.एस.पी. इज़हार आलम घटनास्थल पर जांच कर रहे हैं । इस संबंध में लगभग आधा दर्जन व्यक्ति हिरासत में लिए गए हैं ।

दूसरी वारदात में चार आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन क्षेत्र के पाखोके गांव में दो भाईयों प्रेम कुमार और विजय कुमार को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । घायलों को अमृतसर में गुरु तेगबहादुर अस्पताल ले जाया गया । वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हो गये ।

कारबाइन छीनी

अमृतसर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार आज बाद दोपहर गांव सेरों के सरपंच पूर्ण सिंह से तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने उसकी लाइसैंसशुदा कारबाइन तथा दस कारतूस छीन लिए ।

इस दौरान आज शाम सरहाली क्षेत्र में एक धार्मिक स्थल के निकट बम जैसी कोई वस्तु पाई गई । पुलिस के अनुसार इस वस्तु को नष्ट करने के लिए बिस्फोटक विशेषज्ञ तुरन्त वहां भेजे गए ।

पाक घुसपैठियों का एक दल खेमकरणसीमा पर बी.एस.एफ. से मुठभेड़ के बाद वापस पाकिस्तान भाग गया । घटना कल रात्रि हुई । अटारी सैक्टर में दो जगह 8 घुसपैठिये पकड़े गए ।

जालन्धर में फायरिंग

जालन्धर से (क) के अनुसार आज रात्रि 8.30 बजे न्यू जवाहर नगर मार्किट में चोपड़ा राइस ब्रान कम्पनी में दो उग्रवादियों ने घुसकर फर्म के मालिक दर्शन लाल चोपड़ा को स्टेनगनों की नोक पर लूटने का प्रयास किया पर श्री चोपड़ा उनसे गुत्थमगुत्था हो गए । इसपर उग्रवादी उनके सिर पर स्टेनगन की मैगजीन से चोट करके मैगजीन चप्पलें, एक पगड़ी वहीं छोड़ कर फरार हो गए । स्टेनगन से चली एक गोली छत में लगी है ।

जालंधर (वि.सं.): आज सायं दो स्कूटर सवार उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर बिधिपुर के निकट एक पैट्रोल पम्प से 20000 रुपये लूट कर फरार हो गये । प्राप्त विवरण के अनुसार पहले दोनों उग्रवादियों ने पैट्रोल पम्प कर्मियों से रुपये देने को कहा और थोड़ी हिचकिचाहट देखने पर रिवाल्वर लहरा कर कैश को समेट लिया ।

गोली से घायल

आज तड़के पांच बजे के लगभग यहां रेरू बाईपास चौक के निकट संतोखपरा में एक दुकानदार इकबाल सिंह को अज्ञात व्यक्ति गोली मार कर फरार हो गये । प्राप्त जानकारी के अनुसार इकबाल सिंह जो किशनपुरा का रहने वाला है, जब प्रातः दुकान से पेशाब आदि करने निकला तो उसे गोली मारी गई । वह यहां सिविल अस्पताल में दाखिल है । उसकी हालत खतरे से बाहर है ।

लायलपुर खालसा स्कूल जालन्धर के बाहर उग्रवादी भजन नामक चाय वाले से 1500 रु. लूट कर ले गए । माडल टाऊन में ओमी ढाबे वाले से 182 रु. छीन कर ले गए ।

गत दिवस किशनपुरा चौक से जो नया स्कूटर छीना गया था, वह आज कपूरथला रोड स्थित आंधी खुई के पास मिल गया है ।

भैय्यों की पिटाई

करतारपुर (देवदत्त): करतारपुर से तीन किलोमीटर दूर किशनगढ़ रोड पर कुछ भैय्ये वृक्ष के नीचे बैठ कर बीड़ी पी रहे थे । दो स्कूटरों पर सवार चार युवक आए और बीड़ी पी रहे भैय्यों की पिटाई कर दी तथा धमकी दी कि खालिस्तान के अंदर बीड़ी पीने वालों को मार दिया जाएगा । जब यह स्कूटर सवार भैय्यों की पिटाई कर रहे थे तो कुछ और भैय्ये वहां पहुंच गए, जिन्हें देख कर स्कूटर सवार भाग गए ।

नाइयों के खोखे जलाए

फिल्लौर (भाखड़ी): निकटवर्ती गांव मुआई में नाइयों के खोखे जल कर राख हो गए । खोखों में एक मोची का सामान भी जल गया ।

पुलिस सक्रिय

पुलिस अधिकारी श्री एन.एस. गिल ने बताया कि सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस सतर्क कर दी गई है और 24 घंटे इलाके में गश्त लगाई जा रही है । गांवों में ठीकरी पहरे के लिए सभी सरपंचों को हुक्म दिया गया है । बैंकों की सुरक्षा के लिए भी विभिन्न दल तैनात किए जा रहे हैं । उन्होंने एक वक्तव्य में में कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को घूमते हुए पाए जाने पर पुलिस को फौरन सूचित किया जाए । उन्होंने लोगों से कहा कि वह खोखों के नीचे खाली जगह में मिट्टी या ईंटें लगवा दें ।

बंदूक और नकदी ले गए

गुरदासपुर (बिनोद): थाना कलानौर के गांव दूलोनंगल में कल रात बारह बजे के लगभग 7-8 सशस्त्र उग्रवादियों ने बड़ा हंगामा किया और खुले आम दनदनाते रहे । उन्होंने जागीर शाह, हरजिंदर सिंह और जोगेंद्र सिंह से तीन बंदूकें छीन लीं । एक व्यक्ति रत्न सिंह से 500 रुपए और उसके भाई से 3000 रुपए की लागत के आभूषण छीन कर फरार हो गए । वह गांव में अढ़ाई घंटे तक मनमानी करते रहे और फिर फायरिंग करते हुए गांव से चले गए ।

गुरदासपुर जिले में हुई दो अन्य घटनाओं में गांव जाबोवाल बांदियां के बलबीर सिंह तथा गांव अटवाल के प्रीतम सिंह से आतंकवादियों ने उनकी बंदूकें छीन लीं ।

दुकान जला दी

गुरदासपुर से नीं किलोमीटर दूर पनियाड़ में मेन रोड पर सिगरेट, बीड़ी और जूतों की दुकानों को आग लगा दी गई । इस संबंध में दीनानगर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

5 गिरफ्तार

भटिंडा : पुलिस ने कल यहां पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । ये लोग शराब और मांस की दुकानें खोलने के विरोध में अभियान चला रहे थे । सरकारी सूत्रों के अनुसार पांचों व्यक्तियों के खिलाफ आतंकवाद निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है ।

पिस्तौल सहित गिरफ्तार

धूरी (सिंगला): संगरूर पुलिस ने खिरहा गांव के बलदेव सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए हैं, जो उसने किसी 'काम' के लिए पास रखे हुए थे । पुलिस जांच कर रही है ।

दोनाली छीनी

बाघा पुराना से ज्ञान मित्तल के अनुसार गत रात यहां से 6 किलोमीटर दूर गांव कोटला मेहर सिंह वाला निवासी बलबीर सिंह के घर से तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसकी लाइसैंसशुदा दोनाली बंदूक छीन ली । लुटेरे पैदल ही आए थे तथा पैदल ही भाग गए ।

स्कूटर छीना

मोगा से आज़ाद के अनुसार आज बाद दोपहर मोगा में विजय कुमार नामक एक व्यक्ति से, दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके घर के सामने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर नं. पी.ए.ओ. 8919 छीन लिया ।

मोगा में हत्या

उग्रवादियों ने आज रात्रि मोगा के ग्राम मलूर में एक युवक की खेतों में हत्या कर दी । पुलिस ने गोलियों से छिदा शव बरामद कर लिया है ।

3 उग्रवादियों ने फरीदकोट के अजीतवाल ग्राम के पैट्रोल पम्प से 30 हजार रुपए लूट लिए । इससे पूर्व उन्होंने कालीचरन ग्राम से एक व्यक्ति का स्कूटर छीना । सिगरेट आदि के खोखे मालिकों को धमकी देने में दो व्यक्ति गिरफ्तार किए गए ।

एक और हत्या

बलाचौर से जोशी के अनुसार कल रात्रि रक्कनवेट ग्राम निवासी निरंजन सिंह की उग्रवादियों ने हत्या करके उनका शव बलाचौर-रोपड़ रोड पर फैंक दिया । वे लोहगढ़ ग्राम के नम्बरदार थे ।

मार्कीट कमेटी का चेयरमैन घायल

होशियारपुर से प्रद्युम्न के अनुसार यहां से 20 किलो मीटर दूर माहलपुर के निकट मार्कीट कमेटी के चेयरमैन और ज़िला अकाली जत्था होशियारपुर के जनरल सैक्रेटरी श्री नसीबसिंह को आज सायं साढ़े सात बजे दो उग्रवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया । वह गुरुद्वारा शहीदां से अपने घर गेंदोबाल जा रहे थे । गोली उनकी जांघ में लगी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

श्री गेंदोबाल के दो गोलियां पेट में भी लगीं । उनकी हालत गम्भीर होने के कारण पी.जी.आई. भेज दिया गया है ।

सिगरेट के पैकेट देख घायल कर दिया

अश्विनी के अनुसार 5 कि मी दूर गांव पर हीरां में महावीर स्पिनिंग मिल के दो कर्मचारियों को छुरे मारकर घायल कर दिया । दोनों कर्मचारी नवल किशोर वराज किशोर जोकि रयाना की दुकान भी करते हैं,की दकान पर रात साढ़े आठ बजे दो उग्रवादी आए और बीड़ी-सिगरेट बेचने बारे पूछा । दोनों कर्मचारियों ने कहा कि पहले बेचते थे अब नहीं । वहां सिगरेटों के कुछ पैकेट देख उग्रवादियों ने उन्हें छुरे मारकर घायल कर दिया ।

इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए गधों का जलूस

शिमोगा, 18 अप्रैल (वार्ता): गम्भीर सूखे ने कर्नाटक के ज़िला शिमोगा में गुरुपुरा गांव के लोगों को वर्षा के देवता को प्रसन्न करने के लिए गधों के गले में हार डालकर उनका जलूस निकालने पर बाध्य कर दिया । इस गांव तथा इसके इर्द-गिर्द के क्षेत्रों में पीने के पानी का जबरदस्त अभाव है तथा ग्रामीणों ने इस आशा के साथ यह पग उठाया कि वर्षा का देवता अपने आशीर्वाद की 'बरसात' कर देगा ।

वर्षा के देवता को प्रसन्न करने के लिए राज्य में सजाए हुए गधों का जलूस निकालने या दो गधों की शादी कराने की आम प्रथा प्रचलित है ।



प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी शनिवार को नई दिल्ली में इंका कार्यकारिणी की हुए ।

एक और युवती दहेज की बलि चढ़ी : सास-ननद गिरफ्तार

लुधियाना, 18 अप्रैल (जोशी) : यहां अग्र नगर की निवासी विवाहित लड़की प्रिया रानी की दहेज की बेदी पर कुर्बान हो जाने की सूचना मिली है । उसकी शादी केवल दो वर्ष पूर्व हुई थी और उसका एक छः मास का बच्चा भी है । पता चला है कि उसके ससुराल वाले उसे अपने मायके से रुपया लाने को कहते थे । उसने एक बार दस हजार रुपया लाकर भी दिया, परन्तु जब उसने पांच हजार रुपया और लाने की मांग को रद्द कर दिया तो उसे यातनाएं दी गईं । मारपीट में उसकी सास रेशमरानी, विवाहिता ननद आशु बाला, पति रोकश कुमार शामिल हैं, उसे इतना मारा गया कि वह बेहोश हो गई । तब उस पर मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी गई । जलने वाली लड़की ने मैजिस्ट्रेट के सामने अस्पताल में उक्त बयान दिया । बाद में उसकी 14 अप्रैल को सी.एम.सी. में मृत्यु हो गई । पुलिस ने केस दर्ज करके दो को गिरफ्तार कर लिया है किसी बहाने से अस्पताल मांग है कि उसे भी गिर जांच कर रही है ।

सड़क दुर्घट

जालन्धर, 18 अ आदमपुर के निकट अस के हादसा का शिकार मनजीत सिंह तथा अ कुमार गम्भीर रूप से घा यहां सिविल अस्पताल दोनों की हड्डियां टूटे क बताया गया है कि म होशियारपुर अखबार ले रजिन्दर कुमार ने आ चलने को कहा । आदम पहुंचे थे कि मैटाडोर की कुमार की हालत गम्भी

Bukhara
Garden Bar-B-Cue
Dum Pukht Cuisine

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का गिरीश मोहन वर्मा, आयु 18 वर्ष, 16.4.87 से गुम है । डिब्बेवाली कमीज़ ब्राऊन पैंट और चप्पल पहने हुये है । सूचना देने वाले या

RMP (सरकारी मान्य) *अंति
आर.एम.पी. (सरकारी मान्य) रजिस्ट्रेशन केवल 15 दिनों में पट करवाएं । वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न/प्रथमा/मध्यमा/उत्तमा/साहि विशेष परीक्षा में, परीक्षा केंद्र हमारा कालेज ।
प्रवेश सूचना (परीक्षाएं-1987

Punjabi Sanatani

पुजारी, विदेशी सहित 11 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 19 अप्रैल (वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान आतंकवादी हिंसा में 11 लोग मारे गए तथा कई अन्य घायल हो गए ।

ज़िला जालन्धर में नकोदर उपमंडल के गांव मंडियाला में ससुर और उसके दामाद, मोगा में स्विटज़रलैंड के एक नागरिक, ज़िला होशियारपुर के एक पुजारी व एक अज्ञात व्यक्ति तथा थाना मेहता के गांव खब्बे राजपूतां में एक दुकानदार की हत्या की गई आतंकवादियों ने भटिंडा ज़िले के दयालपुर पुलिस थाने के अकलियां गांव में कल रात एक हरिजन परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी । सरकार ने इसे भूमि विवाद का मामला बताया । जालन्धर में आज रात्रि एक शराब के ठेके के कारिंदे की हत्या कर दी गई ।

जालन्धर में हत्या

जालन्धर (न.न.अ., क., वार्ता): आज रात्रि जालन्धर के सदर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रामामंडी क्षेत्र में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक शराब ठेके पर फायरिंग करके ठेके के कारिंदे अरजीत सिंह की हत्या कर दी और रामलाल तथा एक अन्य को घायल कर दिया । रामलाल हिमाचल के मंडी का रहने वाला है ।

'वार्ता' के अनुसार मृतक का नाम हरजीत सिंह था व वह संसारपुर का रहने वाला था । रामलाल की हालत अस्पताल में गम्भीर बताई जाती है । ये दोनों इन्द्र मोहन के शराब के ठेके के कारिंदे थे । यह घटना रात्रि 8.45 बजे हुई है ।

लूटपाट की वारदातें

जालन्धर (वि.स.): गत तीन-चार दिन से जालन्धर नगर तथा जिला में लूटपाट व छीना-झपटी की वारदातों में काफी वृद्धि हुई है । आज तड़के स्थानीय माडल हाउस स्थित मिल्क बार के मालिक से दो स्कूटर सवार पिस्तौल की नोक पर 700 रुपए छीन कर ले गए । गत आधी रात के बाद भगवान महावीर मार्ग पर लाजपत नगर के पैट्रोल पम्प के सामने स्थित एक ठेका अंग्रेजी शराब के ठेके का शटर तोड़कर उग्रवादी चार हजार रुपए से अधिक नकदी और 9-10 हजार की शराब उठाकर ले गए ।

परसों रात लायलपुर खालसा स्कूल नकोदर रोड के बाहर एक चाय वाले से दो स्कूटर सवार पिस्तौल की नोक पर 180 रुपए और माडल टाऊन में ओमी के ढाबा से 182 रुपए छीन कर ले गए थे ।

इस बीच पता चला है कि तीन दिन पूर्व चौक किशनपुरा में एक युवक से गोली मारकर उसका स्कूटर छीनने की जो वारदात हुई थी, वह स्कूटर कपूरथला रोड पर अधी खुई के निकट पड़ा पाया गया । उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व आदर्श नगर में पार्क के निकट एक हैड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह की हत्या करने वाले उग्रवादी जो मोटर साइकल छीन कर फरार हुए थे, वह भी दूसरे दिन अधी खुई के निकट पड़ा मिला था । पुलिस अधिकारी इस बात का जायजा ले रहे हैं कि उस क्षेत्र में उग्रवादियों के पनाह लेने के कौन से स्थान हो सकते हैं ।

ससुर, दामाद की हत्या

नकोदर (गगन): नकोदर से दस किलो मीटर दूर गांव मंडियाला के दो व्यक्तियों श्री दूला (72) तथा श्री प्रभदयाल (45) की हथियारबंद उग्रवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । गांववासियों के अनुसार हत्यारों की गिनती 6 थी तथा वे पुलिस की वर्दी में थे । वह एक मोटर साइकल तथा स्कूटर पर सवार थे । उनमें से दो हत्यारे श्री दूला के घर में दीवार फांद कर प्रवेश कर गए तथा प्रभदयाल की माता को पिस्तौल की नोक पर उठाया और कहा कि कमरे का दरवाजा खुलवाओ । नजदीक ही श्री दूला सोए पड़े थे । जब उनकी आंख खुली तो उन्होंने पूछा दरवाजा क्यों खुला है । इतने में हत्यारों ने उनको गोली मार कर मौके पर ही मार दिया । इसके बाद दरवाजा खुलने पर श्री प्रभदयाल की भी गोलियां मारकर हत्या कर दी । इसके बाद उन्होंने शेष घर वालों से कहा आपके पास जो कुछ है हमें दे दें । वे उनसे 500 रुपया नगद तथा दो सोने की बालियां लेकर महतपुर की तरफ भाग गए । श्री दूला श्री प्रभदयाल के ससुर थे ।

दो राइफलें छीनीं

उग्रवादियों ने इसी गांव के निर्मल सिंह के घर से 315 बोर की राइफल तथा एक कारतूस छीन लिया । उन्होंने घर में मौजूद महिला से पूछा कि घर के आदमी कहां हैं । महिला ने कहा कि वे तो गन्ना लेकर मिल को गए हैं । उसने कहा कि आप हमारे भाई जैसे हैं, आप राइफल जरूर ले जाएं, परन्तु हमारे घर के किसी भी व्यक्ति की हत्या न करें और बाद में हमारी राइफल वापिस कर जाना ।

उग्रवादी श्री दर्शन सिंह के घर से 12 बोर की राइफल ले गए ।

'वार्ता' के अनुसार आतंकवादी सत्तारूढ़ अकाली दल के कार्यकर्ता जयमल सिंह को निशाना बनाना चाहते थे लेकिन घटना के समय वह घर पर नहीं थे । आतंकवादी जयमल सिंह के घर से उनकी लाइसैंसी बंदूक ले गए । निवासियों ने घटनाओं की सूचना केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को दी । सूचना मिलने पर बल के जवान घटना स्थल पर पहुंच गए । इसके बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई ।

नकोदर सब डिवीजन के गांव कलारा में चार उग्रवादियों द्वारा एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह के घर से पिस्तौल की नोक पर 12 बोर और एक डबल बैरल गन तथा क्रमशः इनके 25 व 35 कारतूस छीन ले जाने का समाचार मिला है । चारों उग्रवादी दो स्कूटरों पर आए थे और उन्हीं पर फरार हो गए ।

फगवाड़ा (खोसला): कल आधी रात के वक्त यहां से आठ किलो मीटर दूर फगवाड़ा-होशियारपुर रोड पर गांव रावलपिंडी में कुछ उग्रवादियों ने शराब के ठेके की छत फाड़ कर अन्दर दाखिल होकर बोतलें तोड़ दीं और जाती बार दुकान को आग लगा गए । हानि का अनुमान अभी तक नहीं लगाया गया ।

गंदम जला दी

यहां से पांच किलो मीटर दूर फगवाड़ा-होशियारपुर रोड पर स्थित गांव खाई में एक किसान की खेतों में पड़ी गंदम को आग लग गई । फायर ब्रिगेड ने बड़ी कठिनाई से आग पर काबू पाया । बहुत थोड़ी हानि हुई ।

पुजारी की हत्या

बलौचार (सुभाष): आज प्रातः निकटवर्ती गांव रकड़ा ढाह में जबरदस्त तनाव पैदा हो गया जब लोगों को पता चला कि इस गांव के 80 वर्षीय पुजारी श्री शांति गिरी का अज्ञात लोगों ने रात के वक्त किसी तेज धार हथियार से कत्ल कर दिया है । श्री गिरी का गांव में अत्यधिक मान-सम्मान था । उन्होंने गांव में पाठशाला, मन्दिर और सराय बनवाई थी । गांव के लोगों ने मुकद्दमा दर्ज करवा दिया है । पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर कत्ल की जांच शुरू कर दी है ।

एक और हत्या

एक अन्य वारदात में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने लोकगढ़ गांव में एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी । पुलिस को इस व्यक्ति का शव होशियारपुर-रोपड़ रोड पर मिला । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, छानबीन की जा रही है ।

गोली मार दी

होशियारपुर की एक सूचना के अनुसार कल रात माहिलपुर थाना के अंतर्गत गुरुद्वारा शहीदां के निकट साइकल पर जा रहे ज्वाला सिंह और उसके

(शेष पृष्ठ 8 पर)



उग्रवादियों द्वारा रविवार की रात्रि को जालन्धर के रामामंडी के शराब के ठेके पर की गई फायरिंग से मृत (ऊपर) अरजीत सिंह व घायल (नीचे) रामलाल । (छाया : कपूर)





(1) नकोदर स... पर वि...

लुधि... सम...

लुधियाना, 1... के अनुसार यहां इ... बैंक की शाखा में... सबसे बड़ी 5.70... बारे में अत्यन्त स... है । इस बैंक डके... को 4-5 सप्ताह... है ।

ज्ञात हुआ है...

फ़ेयरफ़ैक्स मामले की संसदीय समिति से जांच कराई जाए : नैयर

रांची, 19 अप्रैल (वार्ता): प्रख्यात पत्रकार श्री कुलदीप नैयर ने आज यहां कहा कि फेयरफैक्स प्रकरण तथा रक्षा उपकरणों की खरीद में दलाली के मामलों की जांच संसदीय समिति से कराई जाए।

उन्होंने कहा कि यह एजेंट इस वर्ष जनवरी में उसके घर पर सी.बी.आई. द्वारा मारे गए छापे के बाद देश से चला गया ।

एयर इंडिया विमानों के कड़े सुरक्षा प्रबन्ध

न्यूयार्क, 19 अप्रैल : न्यूयार्क से उड़ान भरने वाले एयर इंडिया विमानों के लिए सुरक्षा प्रबन्ध कठोर कर दिए गए हैं । पिछले सप्ताह विमान में बम मिलने की घटना की समीक्षा के बाद ये कदम उठाए गए हैं ।

एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज यह

कृपया धूम्रपान न ...

नई दिल्ली, 19 अप्रैल (वार्ता): "कृपया धूम्रपान न करें । धन्यवाद में इस तरह की पट्टिकाएं नजर आया करेंगी । ये पट्टिकाएं सम्भवतः सभ संगोष्ठियों में अन्ततः धूम्रपान पर प्रतिबंध के अभियान की शुरूआत हो अनुसार लोगों में तम्बाकू के सेवन की प्रवृत्ति को रोक नहीं पाने के कार... कदम इसी संदर्भ में उठाया जा रहा है ।

भारतीय निकिल्या अनुसंधान परिषद स्वास्थ्य संगठन को इस...

Punjabi Sansar



(1) नकोदर सब-डिवीजन के गांव मांडियाला में उग्रवादियों के हाथों मारा गया कंडू दुलो राम, (2) उसके दामाद प्रभ दयाल के शव पर बिलखते हुए परिवारजन, (3) ससुर-दामाद का घटनास्थल पर बिखरा खून, (4) जिला होशियारपुर के रकड़ा ढाहा मंदिर के पुजारी शांति गिरि का खून से लथपथ शरीर, (5) श्री शांति गिरि का मंदिर, (6) महंत का पुराना चित्र ।
(छाया : गगन, जोशी)

Punjabi Sanatani

लुधियाना बैंक डकैती में संलिप्त उग्रवादियों के उच्च राजनैतिक सम्पर्क : अभियुक्तों में से कई सम्पन्न परिवारों के युवक

लुधियाना, 19 अप्रैल (धीमान): जानकार सूत्रों के अनुसार यहां इंडस्ट्रियल एरिया में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा में गत 12 फरवरी को हुई देश की सबसे बड़ी 5.70 करोड़ रुपए की बैंक डकैती के बारे में अत्यन्त सनसनीखेज तथ्य प्रकाश में आए हैं । इस बैंक डकैती कांड के कुछ वांछित अभियुक्तों

मारुति कार का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसके अगले व पिछले शीशों पर 'प्रैस' लिखा हुआ है । बताया जाता है कि इस प्रकार ये उग्रवादी स्वयं को पत्रकार बता कर सुरक्षा बल के जवानों को आसानी से चकमा देने में सफल हो जाते हैं ।

यह भी बताया जाता है कि पुलिस को

बताया जाता है कि इस बैंक डकैती में संलिप्त अभियुक्तों में से जिन लोगों की पहचान हो गई है उनमें से कई अभियुक्तों के प्रभावशाली राजनीतिज्ञों से सम्पर्क हैं तथा वे अच्छे खाते-पीते घरों के हैं । इन अभियुक्तों में से एक सतनाम सिंह ने फील्डगंज लुधियाना क्षेत्र में 5-6 माह पूर्व एक मकान किराए पर ले रखा था । कथित उग्रवादी हरजिन्दर सिंह

जाता है कि सतनाम सिंह पंजाब बिजली बोर्ड के अमृतसर स्थित कार्यालय में पड़ी दस लाख रुपए की डकैती तथा लुधियाना में भारत नगर चौक में पंजाब नैशनल बैंक में पड़ी डकैती में भी संलिप्त था ।

हथियार पाकिस्तान से

कुछ जांच अधिकारियों का यह मत है कि बैंक डकैती के लिए आए अभियुक्तों के पास जो आधुनिक

पुजारी, विदेशी सहित 10 मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

भानजे सरबजीत सिंह पर गोली चला दी, जिससे ज्वाला सिंह घायल हो गया । उसे सिविल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । सरबजीत को कोई गोली नहीं लगी ।

परिवार के चार सदस्यों की हत्या

राम्पुराफूल (सरस्वती): कल रात्रि नौ बजे यहां से 40 किलोमीटर दूर गांव अकलिया, जो जिला भटिंडा में स्थित है, में दो उग्रवादियों ने एक मज़हबी सिख परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी । मृतकों के नाम हैं : नछत्तर सिंह, उसकी पत्नी सतो और आठ और दस वर्ष के लड़के । उग्रवादी पैदल आए थे और वारदात के बाद पैदल ही चले गए ।

घायल करके लूटा

'तजेंद्र' के अनुसार जिला भटिंडा में गांव बग्गा के निकट दो उग्रवादियों ने एक ईंट-भट्ठे के मालिक उग्रसेन को दो गोलियां मार कर घायल कर दिया और उसका मोटर साइकल नं. पी.बी.सी. 3926 लूट लिया । उसका बेटा बाल-बाल बच गया । घायल को भटिंडा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

बंदूक छीनी

भटिंडा छावनी थाना के लबारीसर गुरुद्वारा के महंत से कल रात उग्रवादी उसकी एक सिंगल बैरल बंदूक और कुछ कारतूस छीन ले गए ।

केस दर्ज

भटिंडा पुलिस ने 10 अप्रैल को यहां आयोजित एक सभा में खालिस्तानी नारे लगाने के संबंध में केस दर्ज किया है । इस सभा में अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह भी उपस्थित थे । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई ।

प्रयास विफल

मलोट (गोयल): स्थानीय बस स्टैंड के सामने कल रात कुछ लोगों ने एक ठेके को आग लगाने की कोशिश की, जिसे स्थानीय लोगों ने विफल बना दिया ।

विदेशी की हत्या

मोगा (बांसल): कल रात मोगा सब-डिवीजन के गांव तलवंडी दोसांझ के मग्घर सिंह के जमाई तथा स्विटज़रलैंड के नागरिक बलारसा रोलांडे की हत्या कर दी गई । वह 15 फरवरी को यहां आया था और उसकी शादी अमृतधारी मग्घर सिंह की बेटी पाल कौर के साथ यहीं हुई थी । वह अब मग्घर सिंह के बेटे सुरजीत सिंह के साथ मोगा की बस्ती गोडेवाला में रहते थे । दम्पति 29 अप्रैल को विदेश जाने वाले थे । पुलिस के अनुसार उग्रवादी सुरजीत सिंह के घर आए और सब कुछ हवाले करने को कहा । जब रोलांडे ने उस कमरे का दरवाजा खोला, जिसमें वह अपनी पत्नी के साथ सो रहा था, तो उग्रवादियों ने स्टेनगन के साथ उसकी हत्या कर दी । दो उग्रवादियों के पास पिस्तौल थे । रोलांडे के मोगा आने की सूचना पुलिस अथवा जिला प्रशासन को नहीं थी । पुलिस को आशंका है कि यह हत्या इसलिए की गई है क्योंकि एक अमृतधारी परिवार की लड़की की शादी अन्य जाति के लड़के से की गई थी । अभी कोई अभियुक्त नहीं पकड़ा जा सका । अब रोलांडे का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है । लड़की का भाई रोलांडे के साथ स्विटज़रलैंड में काम करता था ।

सिंह उर्फ बिट्टू और मौज़ा भम्बली के सतनाम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने जसवंत सिंह, कुलदीप सिंह, स्वर्ण सिंह और इकबाल सिंह के विरुद्ध भी आतंकवादियों, देशद्रोह इत्यादि के अंतर्गत केस दर्ज किए हैं । ये सभी फ़रार हैं ।

शराब की दुकान को आग, लूटपाट

उग्रवादियों ने गत रात कलानौर गांव में शराब की दुकान को आग लगा दी । गत दिवस कलानौर के गांव दलो नंगल में 18 अप्रैल रात को जिन 7-8 उग्रवादियों ने तीन बंदूकें, आभूषण और नकद रुपये लूटे थे उन्होंने ही उसी रात देर गए और हथियार भी लूटे । पुलिस सूत्रों के अनुसार ये उग्रवादी दलो नंगल के बाद निकटवर्ती गांव जागोवाल बेदियां में गए और वहां से बलबीर सिंह के पड़ोसी को उठाया और फिर उसको बलबीर सिंह को आवाज़ देने को कहा । उसके इंकार करने पर उसकी पिटाई करनी शुरू कर दी । फिर उसने विवश होकर बलबीर सिंह को आवाज़ दी । जब बलबीर सिंह ने दरवाजा खोला तो उग्रवादियों ने 32 बोर का पिस्तौल छीन लिया और उसे धमकियां दे कर फ़रार हो गए । रधोवाल गांव के हरजिंदर सिंह के घर गए और उसकी दोनाली बंदूक छीन कर फ़रार हो गए ।

हत्या

अमृतसर (सोनी): अमृतसर जिला में चार आतंकवादियों ने थाना मेहता के खब्बे राजपूतां गांव के एक दुकानदार मदन लाल की रात नौ बजे हत्या कर दी । उग्रवादियों ने यह हत्या उसकी करियाने की दुकान पर जा कर की ।

2500 रु. छीने

अमृतसर के क्षेत्र हरिपुरा के निवासी जनक राज, जो सायं 6.30 बजे मौपेड पर अपने घर आ रहा था, से दो पिस्तौलधारी उग्रवादियों ने 2500 रु. छीन लिए ।

घायल करके राइफलें छीनीं

तरनतारन थाना के गांव बाठ में कल रात 8.30 बजे उग्रवादियों ने भू.पू. सरपंच अमरजीत सिंह के घर में घुस कर उसके बेटे को घायल कर दिया और उनकी राइफलें छीन ले गए ।

उग्रवादियों ने अपने आप को सी.आर.पी.एफ. के जवान बताकर दरवाजा खुलवाया । अमरजीत के बेटे 3.15 बोर की राइफल हाथ में लेकर ज्यों ही दरवाजा खोला, उग्रवादियों ने उसे दबोच लिया । बेटे को बचाने के लिए ज्यों ही अमरजीत सिंह ने दूसरी बंदूक से गोली चलानी चाही तो उग्रवादियों ने स्टेनगन का एक बर्स्ट उसके बेटे की तरफ मारा । वह एक खम्भे के पीछे छिप गया । उसकी टांग में दो गोलियां लगीं । उग्रवादी जाते समय दोनों राइफलें ले गए । भू.पू. सरपंच के बेटे की दशा खतरे से बाहर है ।

एक घायल

खेमकरण थाना के गांव भुरा कोहना के एक युवक लखविंदर सिंह को घायलावस्था में स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उसकी छाती में गोली लगी है । अभी घटना के विवरण की जानकारी नहीं मिली ।

खोखा जला दिया

पटियाला (भू.): तेजबाग कालोनी में कुछ लोगों ने रमेश कुमार के पान-सिगरेट के खोखे को जला दिया । चौकीदार की आवाज़ सुनकर क्षेत्र के लोगों ने आग बुझाई । खोखे के पीछे एक स्टोर में मिट्टी का तेल पड़ा हुआ था ।





(1) अमृतसर ... गए 5 व्यक्तियों ... शव, (2) मारे ... (4) डी.आई.जी ... हुए, (5) ...

घोड़ावाला में रात ... गए । पुलिस की ... शराब, मीट तथा ... व्याप्त होता जा रह ...

स्कूटर, 18 हज़

खन्ना (पूर्ण च ...): पास दो उग्रवादियों ... से उसका स्कूटर ... लिया । बताया जा ... को स्कूटर पर बिठा ... आगे एक बैस्पा स्कू ... बैठा था और एक प ... दिखाकर हरदेव सिं ... हवाले करने को कह ... उसी के स्कूटर पर बै ... दर्ज करके जांच शु ...

अकाली नेता का

कल सायं सात ... व्यक्ति अकाली ने ... चुराकर ले गया । श ... लिए अपना स्कूटर उ ... दिया, मगर लौटने प ... केस दर्ज करके स्कूट ...

सरपंच गोली लग

बाबा बकाला (... बजे दो अज्ञात व्यक्ति ... सरपंच स. मुख्तियार ... गोली मार कर घायल ... गोली लगी । बताया ... बाबा बकाला से ... स्कूटर ठीक करवा रह ...

फायरिंग क

Punjabi Sanstar

पूर्व सैन्य अधिकारी से भारी परिमाण में विदेशी हथियार, नक्शे बरामद

जिला अमृतसर में बरामद 5 शवों में से 3 उग्रवादियों के : इज़हार आलम का दावा

चंडीगढ़, 20 अप्रैल (वार्ता, वि.प्र.): पुलिस और सुरक्षा बल ने कल रात यहां बसंत एवेन्यू में एक संयुक्त अभियान में एक सेवानिवृत्त लैफ्टिनैंट कर्नल को गिरफ्तार, उससे बड़ी मात्रा में विदेशी हथियार और नक्शे बरामद करके पंजाब में एक बड़े आतंकवादी गुट का भंडाफोड़ करने का दावा किया है । अमृतसर जिला के ही गांव शहज़ादा में एक नाई जसविन्दर सिंह की हत्या कर दी गई । जिला में 2 अन्य को घायल किया गया । तरनतारन में एस.जी.पी.सी. के एक कर्मचारी की गुरु अर्जन देव सराय के बाहर हत्या कर दी गई । लाल घुम्मन गांव में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है । अटारी तथा खेमकरण सैक्टरों में 26 व्यक्तियों को सीमा सुरक्षा बल ने गिरफ्तार कर लिया ।

अमृतसर के जिला पुलिस चीफ़ मोहम्मद इज़हार आलम ने बताया कि जिला के विभिन्न भागों से बरामद 5 शवों में से तीन उग्रवादियों के हैं । एक शव लौहगढ़ गांव के निकट और एक दरबार साहब तरनतारन के सरोवर से बरामद किया गया है ।

होशियारपुर के गांव में उग्रवादियों ने कचहरियों से घर लौट रहे एक वकील की हत्या कर दी ।

विदेशी हथियार बरामद

अमृतसर (वि.प्र., वार्ता): केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल ने सेना के एक सेवानिवृत्त, लैफ्टिनैंट कर्नल नरेन्द्र सिंह चड्ढा जिस पर जासूसी तथा आतंकवादियों को आश्रय देने का आरोप है, आज प्रातः हिरासत में ले लिया तथा उसके मकान से बड़ी संख्या में शस्त्र और गोला बारूद तथा चालीस ऐसे नक्शे बरामद किए जिनमें उत्तरी तथा पश्चिमी क्षेत्रों में सेना की तैनाती की स्थिति दर्शायी गई है । सेवानिवृत्त कर्नल नगर के सम्पन्न लोगों की बस्ती बसंत एवेन्यू में रहता है । बल के सूत्रों ने बताया कि कर्नल के घर की चार घंटे की तलाशी के दौरान एक अमरीकी स्टेन कार्बाइन, 708 बोर की एक बैल्जियम में निर्मित राइफल, जिसका इस्तेमाल भारत या उपमहाद्वीप में नहीं होता, बारह बोर की नाली बंदूक, .38 तथा .32 कैलिबर की दो रिवाल्वरें तथा लगभग दो हजार कारतूस बरामद हुए, जिन पर भारत, ब्रिटेन, पोलैंड तथा चैकोस्लोवाकिया में बने होने का निशान है ।

इन सूत्रों का दावा है कि कर्नल की गिरफ्तारी से पंजाब में एक बड़े आतंकवादी गुट का भंडा फोड़ हुआ है ।

सूत्रों ने बताया कि छापे के दौरान विस्फोटकों में डैटोनेटर्स में इस्तेमाल होने वाले तीन प्राइमर्स, दो 'फील्ड' टैलीफोन, जिन पर अमरीका में बने होने का निशान है तथा 12 बोर के कारतूसों में दोबारा बारूद भरने के लिए इस्तेमाल में लाया जाने वाला एक उपकरण भी बरामद किया गया । सूत्रों ने बताया कि बरामद कुछ नक्शों में उत्तरी तथा पश्चिम क्षेत्रों के सीमावर्ती सड़कों के विवरण हैं । इनमें अमृतसर क्षेत्र का नक्शा भी शामिल है । जिसमें सैनिक गतिविधियों वाले स्थानों पर विशेष प्रकार के निशान लगाए गए थे । यह छापा जिला पुलिस द्वारा एक आतंकवादी से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर मारा गया था । छापे के दौरान तीन इंच मोटी कुछ स्टील की ट्यूबें, शक्तिशाली मशीनगन का एक कारतूस भी बरामद किया गया है ।

सूत्रों ने बताया कि बरामद हथियार तथा कारतूस तकियों और बोरों में भरकर रसोई घर और शौचालय में छिपा कर रखे गए थे । छापे की कार्रवाई कल आधी रात के कुछ देर बाद शुरू की गई थी । सेवानिवृत्त कर्नल (65 वर्षीय) अपने इस मकान में अकेले रहता था । उसकी पत्नी अपने बेटों के साथ 'ग्रीन एवेन्यू' में रहती है । कर्नल मराठा लाइट इंफैंट्री में कार्यरत था । उन्हें पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है ।

ग्रीन एवेन्यू स्थित कर्नल के दामाद की कोठी पर भी छापा मारा गया, लेकिन कुछ भी नहीं मिल सका । छापे के दौरान कर्नल की पत्नी ने कहा कि उसने अपने पति को कई बार ऐसे काम न करने के लिए कहा था, क्योंकि अगर वह पकड़ा गया तो सभी की मुसीबत हो जाएगी ।

हथियारों, गोला बारूद और अन्य वस्तुओं के अलावा पांच दरांतियां, एक सैनिक टार्च, चार अमरीकी डालर और लगभग 400 खाली कारतूस बरामद किए ।

छापे के संचालक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार सैनिक अधिकारी ने यह बताने से इन्कार कर दिया कि यह हथियार, गोला बारूद और नक्शे उस तक कैसे पहुंचे । सी.आर.पी.एफ. के अधिकारी ने बताया कि उक्त सैनिक अधिकारी के पुत्र के मकान पर भी छापा मारा लेकिन वहां से कोई आपत्तिजनक सामग्री प्राप्त नहीं हुई । बरामद सामान पत्रकारों को दिखाया गया ।

सिविल लाइन्स में दर्ज मामले के अनुसार सम्बद्ध लैफ्टिनैंट कर्नल एन.एस. चड्ढा 1972 में सेना से निवृत्त हुआ था । वह जासूस की हैसियत से कार्य करता रहा है और पाकिस्तान को गुप्त सूचनाएं देता है ।

नाई की हत्या

आतंकवादियों ने गत रात अमृतसर जिला के चाविंडा देवी ग्राम के एक नाई जसविंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार इस नाई की हत्या उसके गांव शहज़ादा में की गई । शव के पास एक पत्र भी पड़ा था, जिस पर लिखा था उसकी इसलिए हत्या की गई है क्योंकि वह नाई था ।

बंदूक लूट ली

एक अन्य घटना में दस संदिग्ध व्यक्तियों ने कल रात सरहाली थाने के अन्तर्गत तुड़ गांव में कश्मीर सिंह के मकान पर हमला किया और उसकी लाइसैंसशुदा बंदूक और दस कारतूस लेकर भाग गए । हमलावर भागते समय कश्मीर सिंह को गोली मारकर बुरी तरह घायल कर गए ।

सरपंच घायल

ब्यास थाना क्षेत्र में दो अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात बाबा बकाला में सरपंच मुख्तयार सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया । मुख्तयार सिंह उस समय एक दुकान से अपनी मोपेड में हवा भरवा रहा था ।

एस.जी.पी.सी. कर्मी की हत्या

तरनतारन (पाल): आज प्रातः 11 बजे के लगभग गुरु अर्जन देव सराय के बाहर 4-5 उग्रवादियों ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के एक कर्मचारी दिलबाग सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उग्रवादियों ने दयो गांव के निवासी दिलबाग सिंह को सराय स्थित उसके कमरे से बाहर

(शेष पृष्ठ 6 पर)







उग्रवादियों ने होशियारपुर की टांडा खानपुर रोड पर वकील अशोक कुमार की हत्या कर दी । (ऊपर बाएं) अशोक कुमार का शव, (दाएं) अशोक कुमार के शव के पास पड़ा स्कूटर तथा नीचे अशोक कुमार के बिलखते परिजन । (छाया : प्रद्युम्न)

Punjabi Sanatan

चंदूमाजरा का दोष नहीं, उनकी अपनी मजबूरियां हैं : रिबैरो

चंडीगढ़, 20 अप्रैल (वि.प्र.): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ने घोषणा की है कि

कहा कि उक्त व्यक्ति को छोड़ें । एक प्रश्न के उत्तर में श्री रिबैरो ने कहा कि जहां तक काम करने

खतरनाक है । उन्होंने कहा कि अन्य देशों के अनुभव से यह स्पष्ट है कि आतंक एवं हत्या के

उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों से शीघ्र ही छुटकारा पा

माण

मद

म का दावा

कर्नल की पत्नी ने कहा कि
ई बार ऐसे काम न करने के
गर वह पकड़ गया तो सभी
।

रूद और अन्य वस्तुओं के
, एक सैनिक टार्च, चार
गभग 400 खाली कारतूस

अधिकारी ने बताया कि
ारी ने यह बताने से इन्कार
र, गोला बारूद और नक्शे
। सी.आर.पी.एफ. के
उक्त सैनिक अधिकारी के
पा मारा लेकिन वहां से कोई
ाप्त नहीं हुई । बरामद
ाया गया ।

दर्ज मामले के अनुसार
न एन.एस. चड्ढा 1972
। वह जासूस की हैसियत
और पाकिस्तान को गुप्त

त रात अमृतसर जिला के
क नाई जसविंदर सिंह की
ी । पुलिस के अनुसार इस
शहज़ादा में की गई । शव
ा था, जिस पर लिखा था
ी गई है क्योंकि वह नाई

स संदिग्ध व्यक्तियों ने कल
न्तर्गत तुड़ गांव में कश्मीर
मला किया और उसकी
दस कारतूस लेकर भाग
समय कश्मीर सिंह को
घायल कर गए ।

ी अज्ञात व्यक्तियों ने कल
चे मुख्तयार सिंह को गोली
ा । मुख्तयार सिंह उस
ी मोपेड में हवा भरवा रहा

की हत्या

आज प्रातः 11 बजे के







Punjabi Sartaj


6


7


8


9


10


11


12


13

सोमवार तड़के अमृतसर की कालोनी वसंत एवेन्यू में सी.आर.पी. और पंजाब पुलिस की संयुक्त टुकड़ी ने एक रिटायर्ड लैफ्टिनैंट कर्नल नरेन्द्र सिंह चड्ढा के घर पर छापा मार कर भारी परिमाण में हथियार और गोली-सिक्का पकड़ा । (चित्रों में) (1) पकड़े गए हथियारों की जानकारी पत्रकारों को देते हुए सी.आर.पी. और पुलिस अधिकारी, (2) पकड़े गए एक पिस्तौल का निरीक्षण करते हुए सी.आर.पी. अधिकारी श्री शर्मा, (3) दो हजार गोलियों के साथ पकड़े गए सैनिक टैलीफोन, सैनिक टार्च, दूरबीन और तेजधार के हथियार, (4) पकड़ी गई गोलियों की 'रिफिल्लिंग मशीन' तथा हथियार, (5) पकड़े गए हथियार । (छाया : ओम भंडारी), (6) रविवार रात को जिला अमृतसर के थाना कत्थूनंगल के गांव शहजादा के निवासी जसविन्दर सिंह की शव, उसकी उग्रवादियों ने गोली से हत्या कर दी, (7) जसविन्दर का संतप्त परिवार । (छाया : रवि भंडारी), (8) नाभा में जलाया गया एक खोखा । (छाया : भूषण), (9) अमृतसर के झब्बाल में उग्रवादी रणजीत सिंह राणा द्वारा मारा गया उसका अपना साथी, (10) दरबार साहब तरनतारन के सरोवर से बरामद अज्ञात वृद्ध का शव, (11) तरनतारन में गुरु अर्जुन देव सराय के बाहर उग्रवादियों द्वारा मारा गया दिलबाग सिंह, (12) दिलबाग सिंह का जहां कत्ल किया गया वहां पड़ा खून, (13) दिलबाग सिंह के परिजन । (छाया : पाल)

Punjabi Sanadan

शस्त्र, नक्शे बरामद

(पृष्ठ 3 का शेष)

बुलाया । अभी वह दरवाजे से बाहर निकल रहा था, उग्रवादियों ने उसे गोलियां मार दीं । बताया जाता है कि उग्रवादी समय के कमरे में रह कर अपनी गतिविधियां चलाना चाहते थे । डेढ़ माह पूर्व नियुक्त हुए दिलबाग सिंह का बड़ा भाई सीमा सुरक्षा बल में इंस्पैक्टर है । थाना सदर पुलिस ने अभियुक्तों को नामजद कर दिया है लेकिन उनके नाम अभी गुप्त रखे जा रहे हैं ।

दिलबाग सिंह के तीन हत्यारे अन्य सेवादारों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिए ।

शव बरामद

थाना झब्बाल के गांव लाल घुम्मन में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है, जिसके दोनों हाथ बंधे थे । शव की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

26 गिरफ्तार

कल रात अटारी तथा खेमकरण सैक्टरों में सीमा सुरक्षा बल ने 26 व्यक्ति गिरफ्तार किए हैं, जिनमें से 17 घुसपैठिए हैं और 9 अन्य पाकिस्तान जाने की कोशिश कर रहे थे । इनमें से अधिकांश बंगलादेशी हैं ।

5 मृतकों में 3 उग्रवादी—आलम का बयान

बतचीत की
पहले रखे गए
वों हिरासत
(डैटैक्टिव) ए
विशेष जांच दल
रिट्री के तेल की
यह खोखे एक
पए खड़े थे ।

स्कूटर छीना

भटिंडा (प्र
बिरली घर सड़
दिया कर उसका

हत्या का प्रया

फिरोजपुर
के अनुसार श
पश्चिम के एक
चार उग्रवादियों
प्रयास को विफल
घर में घुसे तो
दौरान एक उग्र
घरवालों द्वारा
निकले । श्री ले
ने यह कह कर के
यहमामला केस
हवाले पुलि

सब-इंस्पैक्टर की हत्या : बंगा में 25900 रु. लूटे : 26 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 21 अप्रैल (ह.स.): आज उग्रवादियों ने फिल्लौर में सी.आई.डी. के सब-इंस्पैक्टर जगदीश सिंह की हत्या कर दी ।

जिला अमृतसर के गांव किरतोवाल में उग्रवादियों और सुरक्षा बलों में 25 मिनट की गोलीबारी हुई । बाघा पुराना में एक व्यक्ति की उग्रवादियों ने हत्या कर दी, बंगा में बिजली बोर्ड के खजांची से 25900 रु. छीन लिए, फगवाड़ा और नवांशहर से स्कूटर छीने, खन्ना में ठेका और राजपुरा में शराब व सिगरेटों के खोखे जला दिए ।

मुठभेड़ के बाद उग्रवादी फ़रार

अमृतसर (वार्ता) : पुलिस ने कीरतोवाल गांव में संदिग्ध उग्रवादियों और केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के जवानों के बीच कल रात 25 मिनट तक गोलीबारी होने तथा फिर आतंकवादियों के भाग जाने की खबर दी है ।

पुलिस के अनुसार 40 किलोमीटर दूर कीरतोवाल गांव में सरपंच के घर पर आतंकवादियों ने कल रात हमला किया । केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की एक चौकी गांव के निकट ही है । बल के जवान गोलियां चलने की आवाज़ सुन कर तत्काल वहां पहुंचे और उग्रवादियों को चुनौती दी । तत्पश्चात दोनों तरफ से 25 मिनट तक गोलियां चलीं और 150 फ़ायर किए गए । इसके बाद उग्रवादी भाग गए । किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

बसें सायं 7 बजे के बाद बंद

जिला मैजिस्ट्रेट रमेश इंद्र सिंह ने जिले में रात सात बजे से प्रातः छह बजे के बीच यात्री बसों के संचालन पर 28 अप्रैल से 27 जून तक के लिए प्रतिबन्ध लगा दिया है ।

इस आदेश में उन्होंने इस अवधि के दौरान दुकानें रात 7.30 बजे और रेस्तरां, ढाबे और शराब की दुकानें रात दस बजे बंद करने को कहा है । इसी तरह जिले के सभी सिनेमा घर दस बजे तक खुले रह सकेंगे ।

भारी परिमाण में शस्त्र बरामद

अमृतसर पुलिस ने तरनतारन के दरबार साहब से पकड़े गए तीन उग्रवादियों से भारी परिमाण में हथियार बरामद किए हैं । इनमें आठ 12 बोर की बंदूकें, 5 पिस्तौल व रिवाल्वर शामिल हैं । रविवार को अमृतसर के बसन्त एवेन्यू के लैफ्टिनैंट कर्नल एन.एस. चड्ढा के घर से भारी परिमाण में शस्त्र बरामद किए गए थे । तरनतारन के उग्रवादियों से जो शस्त्र बरामद किए गए वे उन्होंने विभिन्न लोगों से छीने थे ।

समझा जाता है कि तीन और लोग इसी मामले में पकड़े गए हैं जिनमें से दो महिलाएं हैं । एक महिला के घर से हथियार भी मिले हैं । तरनतारन में गिरफ्तार उपरोक्त तीनों उग्रवादी दरबार साहब तरनतारन में दिलबाग सिंह को गोली मार कर भाग रहे थे जब उन्हें पकड़ा गया था ।

उधर ले. कर्नल चड्ढा का आज 23 अप्रैल तक का रिमांड दे दिया गया ।

सब-इंस्पैक्टर की हत्या

आज फिल्लौर में सी.आई.डी. के सब-इंस्पैक्टर जगदीश सिंह की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । घटना की सूचना मिलते ही डी.एस.पी. (सी.आई.डी.) श्री हरबंस सिंह और अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

जगदीश सिंह का शव फिल्लौर और गोराया के बीच एक नहर में पड़ा मिला ।

गला घोंट कर हत्या

फिल्लौर से 'भाखड़ी' के अनुसार शव गांव खेरा के निकट नहर में पड़ा पाया गया । गांव के चौकीदार ऊधोराम ने पुलिस को इसकी सूचना दी । जगदीश सिंह को फिल्लौर में तैनात हुए कुछ मास हुए थे । कल सायं छुट्टी करके वह अपने घर फगवाड़ा गया था लेकिन आज वापस न आया । सम्भवतया उसकी हत्या उसकी चमड़े की पेटी से गला घोंट कर की गई । शव के निकट चमड़ा काटने वाली एक रम्बी और एक हथौड़ा पड़ा था । हत्या के बाद शव नहर में फैंक दिया गया । डी.एस.पी. अपार सिंह बाजवा सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए । कुत्ता स्क्वैड भी बुलाया गया ।

निजी मामला था ?

ए.न.ए. की सूचना के अनुसार एस.एस.पी. का कहना है कि यह निजी शत्रुता की घटना लगती है । जगदीश सिंह कल सायं गांव खेसियां में अपने ससुराल में गया था, वहां लेन-देन का कोई झगड़ा था । जगदीश सिंह कथित रूप से एक पक्ष पर दबाव डाल रहा था । उल्लेखनीय है कि जगदीश सिंह की पैंट शरीर से गायब थी, आंखों से खून निकला हुआ था । उसके शरीर पर एक घाव भी पाया गया ।

घायल कर स्कूटर छीनने का प्रयास

जालन्धर (वि.स.): आज दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब स्थानीय आबादी सईपुर के काली माता मंदिर के निकट दो पैदल उग्रवादियों ने एक युवा व्यापारी सुधीर मरवाह को चाक के आधा दर्जन वार करके तथा दाईं कनपटी के नीचे गोली मार कर गम्भीर रूप में घायल कर दिया और उसका स्कूटर छीन ले जाने की असफल कोशिश की । दोनों दोषी पैदल भाग जाने में सफल हो गए । घायल सुधीर को तुरन्त सिविल अस्पताल ले जाया गया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार सुधीर मरवाह की सोढल चौक में फ़ायर ब्रिक्स व कठौलियों की दुकान है । वह उग्राही के लिए सईपुर की ओर गया था कि दो उग्रवादियों ने उसे रोक कर स्कूटर देने को कहा । उसके इन्कार व प्रतिरोध पर पहले उसकी छाती व पेट में आधा दर्जन चाक के वार किए और फिर पिस्तौल से गोली मार दी, जिस के छर्रे उसके चेहरे के दाएं भाग में लगे । दोषियों ने उसका स्कूटर चलाने की कोशिश की और स्टार्ट न हो पाने पर उसे वहीं छोड़ कर फ़रार हो गए ।

इस बीच उच्च पुलिस अधिकारी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर चले गए और फिर सिविल अस्पताल में भी गए । क्षेत्र के विधायक श्री ओम प्रकाश दत्त भी सिविल अस्पताल पहुंच गए और सुधीर के उपचार आदि तथा रक्तदान की व्यवस्था की ओर ध्यान दिया । डाक्टरों की टीम भी सुधीर के पहुंचते ही सम्भव तरीके से उसके उपचार में जुट गई और कुछ देर बाद ही उसका आप्रेशन कर दिया गया ।

सुधीर को घायल करने के बाद उग्रवादियों ने कुछ दूर जाकर एक फैक्टरी के बाहर से एक व्यक्ति का स्कूटर छीना और फ़रार हो गए ।

चाय विक्रेता के घर

आज नगर में एक अन्य घटना में दो स्कूटरों पर तीन उग्रवादी आबादपुरा में एक चाय विक्रेता श्री भगत राम के घर गए व उसके लड़के के बारे पूछा, जो पुलिस में है । उसे घर पर न पाकर वह खिसक गए । इससे कुछ दिन पूर्व भी दो युवक उसके घर आए थे और उसका हथियार मांगा था, मगर तब भी उसके घर पर न होने पर तुरन्त खिसक गए थे ।

स्कूटर ले कर फ़रार

'ह.स.' के अनुसार नवांशहर में कृषि कार्यालय के बाहर खड़ा स्कूटर दो अज्ञात युवक लेकर फ़रार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बंदूक मेरे भाई की थी

अकाली कार्यकर्त्ता जैमल सिंह ने कुछ समाचार पत्रों प्रकाशित इन समाचारों का खंडन किया है कि गत दिवस नकोदर के निकट गांव मंडियाली से उग्रवादी उसकी बंदूक छीन कर ले गए । उन्होंने कहा कि बंदूक उनके भाई दर्शन सिंह से छीनी गई ।

धमकीपूर्ण पत्र

होशियारपुर (अरिवनी) : खालिस्तान लिबरेशन आर्मी की ओर से चकराव में स्थित एक राष्ट्रीयकृत बैंक के मैनेजर को एक धमकीपूर्ण पत्र मिला है, जिसमें बैंक के एक वर्ग से संबंध रखने वाले चार व्यक्तियों को कत्ल करने की धमकी दी गई है और मांग की गई है कि अगर उनको बचाना है तो तुरंत चार लाख रुपए की रकम दी जाए ।

आतंकवादी फ़रार

'प्रद्युम्न' के अनुसार यहां से 15 किलोमीटर दूर भाम गांव में कल शाम एक उग्रवादी पुलिस को चुल देकर फ़रार हो गया । बताया गया है कि माहिलपुर पुलिस को सूचना मिली कि भाम के आसपास दो-तीन युवक स्कूटर पर सवार होकर लोगों को आतंकित कर रहे हैं । अतः पुलिस को एक दस्ते ने उस तरफ जाते हुए रास्ते में अचानक एक बस को खड़ा करके उसकी तलाशी ली और एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया । लेकिन जब उसे नीचे उतारा गया तो वह गोलियां चलाता हुआ भाग निकला । गोलियों से किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है ।

4 गिरफ्तार

पुलिस ने कल रात होशियारपुर ज़िला में वकील

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पुलिस से मुठभेड़ के बाद उग्रवादी भागने में सफल : रोड में स्वतंत्रता सेनानी की हत्या : पंचकूला से एक व्यक्ति की कार छीनने का प्रयास : जालन्धर में एक व्यक्ति सुधीर मरवाह को घायल कर दिया

भारत सेना के लिए नई दूरमारक तोपें प्राप्त करने के प्रयास

नई दिल्ली, 21 अप्रैल : अमरीका द्वारा पाकिस्तान को 155 एम.एम. की शक्तिशाली तोपें दिए जाने के बाद भारतीय थल सेना के लिए इन तोपों को प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास शुरू हुए हैं । इस बीच पाकिस्तान ने 155 एम.एम. से भी अधिक शक्तिशाली 203 एम.एम. की तोपें प्राप्त कर ली हैं, जो चालीस किलोमीटर तक भीषण मार कर सकती है ।

भारत ने 155 एम.एम. की इन तोपों को खरीदने के बारे में अमरीका से भी बातचीत की थी । उस समय तत्कालीन रक्षा सचिव श्री मेनन अमरीका की यात्रा पर भी गए थे, लेकिन अमरीका की शर्तें बहुत कड़ी थीं, इसलिए बात नहीं बन पाई ।

आरम्भ में ब्रिटेन, फ्रांस, सोवियत संघ, आस्ट्रिया, स्वीडन और कुछ अन्य देशों ने भारत को 155 एम.एम. की तोपें बेचने में रुचि दिखाई । बाद में ब्रिटेन, पश्चिमी जर्मनी और इटली द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित की जा रही तोपों के अलावा फ्रांस और स्वीडन की तोपें 'प्रतियोगिता' में रह गई । सेना के विशेषज्ञों ने इन सभी तोपों की जांच करने के बाद फ्रांस, ब्रिटेन और स्वीडन की तोपों को पसन्द किया । सेना के सूत्रों के अनुसार 'बोफोर्स' वे तोपें अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित थीं तथ इनमें विश्व की नवीनतम शस्त्र प्रणाली लगी हुई है । ये तोपें 30 किलोमीटर तक मार कर सकती हैं । विशेषज्ञों का कहना है कि 'सवाल तीन किलोमीटर तक मार करने का नहीं है बल्कि प्रश्न

punjabi Sahara.com

इंस्पैक्टर की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

अशोक कुमार की हत्या के सम्बन्ध में 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है ।

स्कूटर छीना

आज सायं रेरू चौक बाइपास के निकट दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से स्कूटर छीन लिया ।

आज हड़ताल का आह्वान

होशियारपुर किरयाना मर्चैंट्स एसोसिएशन के प्रधान श्री धर्मपाल अग्रवाल ने सभी किरयाना विक्रेताओं को आह्वान किया है कि उग्रवादियों के हाथों वकील श्री अशोक कुमार की हत्या के विरोध में रोष व्यक्त करने के लिए कल 22 अप्रैल को पूर्ण हड़ताल की जाए ।

कमांडो फोर्स ने ज़िम्मेवारी ली

खालिस्तान कमांडो फोर्स ने हरदोखानपुर के वकील अशोक कुमार और जंडूसिंघा में अविनाश चंद्र हलवाई की हत्या की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है । यह हलवाई 10 अप्रैल को मारा गया था ।

बंगा से 25900 रु. लूटे

बंगा से 'खोसला' ने सूचना दी है कि आज यहां दोपहर पश्चात् डेढ़ बजे गढ़शंकर रोड पर स्थित बिजली बोर्ड के एक 'एक्स-इ-एन' के दफ्तर के हैड खज़ांची जगजीत सिंह से पिस्तौल की नोक पर दो उग्रवादी 25900 रुपए छीन कर फ़रार हो गए । उन्होंने पहले 12 बोर के पिस्तौल से फ़ायर किया । उसके बाद वहां खड़े एक हरे रंग के नए स्कूटर पर सवार होकर मोहिलपुर गैलां की ओर भाग गए । इनमें एक सिख और एक क्लीन शेवन था । पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर उनका पीछा तो किया मगर वे भागने में सफल हो गए ।

नया स्कूटर छीन लिया

गत रात्रि मास्टर दिलबाग सिंह गांव मजारा नौ-आबाज में जो काहम में टीचर है, से उग्रवादी उन का हरे रंग का नया बिना नम्बर स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन कर भाग गए । ख्याल किया जाता है कि बंगा से 25900 रुपए लूटने की घटना भी इन्हीं उग्रवादियों ने की है ।

ट्रैक्टर छीन कर जाते हुए दो गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): सुपरिंटैंडैंट पुलिस श्री के.एल. चौधरी ने पत्र-प्रतिनिधियों को बताया कि गत रात थाना सुभानपुर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान फोर्ड ट्रैक्टर पर सवार दो व्यक्तियों को रोक कर जब तलाशी ली तो उनके कब्जे से 303 की एक देसी पिस्तौल और पांच गोलियां बरामद कीं । पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि वे पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से ट्रैक्टर छीन कर अमृतसर ले जा रहे थे कि काबू आ गए । श्री लेखी ने बताया कि जिला में पिस्तौल की नोक पर तीन ट्रैक्टर छीने गए और तीनों ही बरामद करके अभियुक्तों को गिरफ्तार



जालंधर में उग्रवादियों ने सतीश मरवाह को घायल कर उसका स्कूटर छीन लिया ।
(छाया : प्यारे)

स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन लिया व फरार हो गए ।

ट्रक ले गए

फगवाड़ा बस स्टैंड के निकट कुछ उग्रवादी एक ट्रक लेकर फरार हो गए । ट्रक बाद में चंडीगढ़ के पास खुमानो मंडी के निकट पड़ा मिल गया ।

शराब का ठेका जला दिया

खन्ना (पूर्ण चंद): निकटवर्ती गांव सेह में गत रात शरारती तत्वों ने शराब का ठेका जला दिया । दुकान की छत जल कर नीचे गिर गई और सारा फर्नीचर जल गया तथा बोतलें टूट गईं । ठेकेदार के अनुसार 25 हजार का नुक्सान हुआ है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

एक की हत्या

बाघा पुराना (मित्तल): गत रात यहां से पांच किलोमीटर दूर गांव रोडे में दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति बिशन सिंह की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात लगभग नौ बजे दो व्यक्ति उसके घर आए । दरवाजा खोलने पर उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी गई । उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । हमलावर पैदल आए और पैदल की फरार हो गए । पुलिस के अनुसार यह व्यक्तिगत शत्रुता का मामला प्रतीत होता है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

6 खोखों को आग

पटियाला (भूषण): यहां से 25 किलोमीटर दूर राजपुरा में रेलवे स्टेशन रोड पर गत रात अज्ञात लोगों ने छः लकड़ी के खोखों को आग लगा दी । इन खोखों में मीट, सिगरेट और किरयाने का व्यापार होता था ।

देवी गिरफ्तार

मोगा (ह.स.): फरीदकोट में हाल ही में गिरफ्तार दो आतंकवादियों से मिले सुरागों के आधार पर गुरदेव सिंह उर्फ़ देवी को गिरफ्तार किया गया है । मोगा में एक पुलिस प्रवक्ता ने आज बताया कि वह आतंकवादियों को गोला बारूद सप्लाई करता था ।

धेली के साथ मोरीगे
नामक दो लड़कों की
को नहर के किनारे
एक व्यक्ति रामपाल
सिंह उसके साथ था
बरामद हुआ है ।

कार छीनने का प्र

'संघी' के अनु
मीटर दूर पंचकला
पुलिस कर्मचारी बत
अंग्रेज़ी दैनिक समाच
नरेन्द्र कुमार की का

पंचकला के डी.
अनुसार श्री नरेन्द्र
अपनी कार में बैठक
युवकों ने उन्हें रोक
कर्मचारी हैं । उन्हों
ड्राईविंग ठीक नहीं
लेंगे ।

एक युवक कार
की ओर चल पड़ा
रुकवा ली और श्री
कर फ़रार हो गए ।
युवकों को सैक्टर 11
घिर जाने पर वे कार
उठाते हुए फ़रार हो
कांस्टेबल ने दो गोलि
निकलने में सफल हो

बीमे की मांग

पंजाब के सरक
कर्मचारियों ने वर्तमा
ड्राइवर का 50 हजा
की है ।

ज़िला अमृ
खरीद के

अमृतसर, 21
रमेश इन्द्र सिंह ने आ
वसूली के प्रबन्ध पूर्ण
7.45 लाख मीट्रिक
आशा है । उन्होंने ए
कि ज़िले में 190 मं
हैं और वहां वांछित
बचाव, बिजली व पा
गई हैं । उन्होंने कहा
खाद्य एवं पूर्ति विभाग
खाद्य निगम मंडियों म
बताया कि भारतीय ख
गेहूं का 40 प्रतिशत
20-20 प्रतिशत गेहू

रंगनाथन

नई दिल्ली, 21
उप-राजदूत चेटपुट के
में के.पी.एस. मेनन

Punjab Sanatan

उग्रवादियों द्वारा एक ही परिवार के छः सदस्यों की हत्या

पुत्रवधू को 2 बच्चों सहित कमरे में भेज दिया : 18 अप्रैल को घर के बाहिर 'नोटिस' लगा था : बंगा में 90 हजार लूटे : जालन्धर का घायल चल बसा : 17 काबू

चंडीगढ़, 22 अप्रैल (वार्ता, नि.स.): उग्रवादियों ने कल गुरु तरनतारन के गांव मल्लमोरी में एक ही परिवार के 6 सदस्यों की हत्या कर दी, जिनमें 4 महिलाएं शामिल हैं और एक महिला को घायल कर दिया । रैय्या में एक व्यक्ति की हत्या करने आए उग्रवादी सुरक्षा बलों के आ जाने से भाग निकले ।

उग्रवादियों ने गुरदासपुर में एक कैमिस्ट राज कुमार, बटाला के निकट पोलेवाल गांव में 2 व्यक्तियों, धर्मपुर डेरे के महंत को घायल कर दिया ।

फरीदकोट जिला में पुलिस ने 12, गुरदासपुर पुलिस ने 2, लुधियाना पुलिस ने 2 तथा जालंधर पुलिस ने एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया जबकि बंगा में 2 सुनारों से उग्रवादी 90 हज़ार रु. की नकदी और सोना लूट ले गए ।

इसी बीच उग्रवादियों के हाथों जालंधर में घायल हुए युवक सुधीर मरवाहा ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

परिवार के 6 सदस्यों की हत्या

अमृतसर (कमलेश): आज प्रातः 6 बजे के लगभग गढ़ा से 15 किलो मीटर दूर गांव मल्लमोरी थाना तरनतारन में उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके चार महिलाओं समेत छः व्यक्तियों की हत्या कर दी । बताया गया है कि एक दर्जन के करीब उग्रवादी, जो खाकी वर्दियों में थे, एक जीप में आए और अमरजीत सिंह के मकान के आगे जीप खड़ी करके मकान के अंदर घुस गए और स्टेनगनों से गोलीबारी करके अमरजीत सिंह, दलजीत सिंह को मार डाला । जब घर की महिलाओं ने शोर मचाया तो उग्रवादियों ने दलजीत सिंह की माता कंसो को भी गोली मार दी । इसके बाद जब दलजीत सिंह की तीन बहनें उग्रवादियों की तरफ़ बढ़ीं तो उनको भी गोलीबारी करके मार डाला । गोलियों की आवाज सुन कर गांव वाले अपने-अपने घरों में दुबक गए । उग्रवादी लगभग आध घंटा नरसंहार करते रहे । इस गांव में कोई सी.आर.पी. या पुलिस की चौकी नहीं, मगर वशत अवश्य होती है । उस समय गांव में न तो पुलिस थी न सी.आर.पी. । यह भी पता चला है कि उग्रवादियों की गोलियों के दो घायल व्यक्ति गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर में दाखल करवा दिए गए हैं । जिला पुलिस चीफ़ इज़हार आलम आदि घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और सारे क्षेत्र को अर्ध सैनिक दलों ने घेर लिया है ।

'वार्ता' के अनुसार उग्रवादियों के पास स्टेनगन, एस.एल.आर. और रिवाल्वर थे । मृतका कंस कौर की आयु 60 वर्ष, अमरजीत की 35, दलजीत की 27, रंछपाल कौर की 25 और जुड़वां बहनों कलवंत कौर और जसवंत कौर की 18-18 वर्ष थी । घायल परमजीत कौर की आयु 16 वर्ष है । इनमें से अमरजीत को छोड़ कर शेष अविवाहित थे । इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही है कि इस परिवार की हत्या निजी दुश्मनों ने उग्रवादियों के साथ मिल कर की है । गोलियों के निशान दीवारों और फ़र्श पर भी थे । गांव के सरपंच ने घटना की सूचना प्रातः 5.30 बजे पुलिस को दी ।

पुलिस की सूचना के अनुसार अमरजीत की पत्नी कमलेश कौर (26) और उसके 2 बच्चों 7 वर्षीया हरजिन्दर कौर और 18 माह के गुरप्रीत को छोड़ दिया । उग्रवादियों ने उसे बच्चों सहित एक कमरे में चले जाने को कहा । उग्रवादियों ने इनके घर के बाहर 18 अप्रैल को 'नोटिस' भी लगा दिया था कि उन्होंने किसी व्यक्ति के बारे में पुलिस को सूचना दी है । घटनास्थल से दो दर्जन खाली कारतूस बरामद किए गए हैं ।

शारीरिक संबंध बनाना चाहते थे

जिला पुलिस चीफ मोहम्मद इज़हार आलम ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद बताया कि यह उग्रवादी कंस कौर की युवा लड़कियों के साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहते थे और इसके लिए वह कोशिश भी करते रहे थे । जब बात न बनी तो उग्रवादियों ने इस परिवार को खत्म करने की ठान ली ।

श्री आलम ने आशंका व्यक्त की कि यह काम सिख छात्र संघ वालों का है ।

'वार्ता' के अनुसार पुलिस को आशंका है कि यह काम दर्दांत उग्रवादी दलबीर सिंह बिल्ला के साथी रेशम सिंह और उसके गिरोह का है । बिल्ला मुठभेड़ में मारा गया था और रेशम सिंह भाग निकला था । पुलिस ने इस गांव के कुछ व्यक्ति पूछताछ के लिए हिरासत में लिए हैं ।

परमजीत कौर का बयान

कुमारी परमजीत कौर, जो यहां सिविल अस्पताल में दाखिल है, ने अपने भाइयों, बहनों और मां की हत्याओं के लिए खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल लाभ सिंह को उत्तरदायी ठहराया है । उसने कहा कि आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन ने रविवार को उनके मकान की दीवारों पर लिख दिया था कि चूंकि वे पुलिस के मुखबिर हैं, इसलिए उन्हें बुधवार तक इसके गम्भीर परिणामों को भुगतना पड़ेगा ।

पुलिस के अनुसार मृतक अमरजीत सिंह की पत्नी श्रीमती कमलेश कौर ने कहा कि गांव में एक पखवाड़ा पूर्व कुछ युवकों की गिरफ्तारी के लिए फैडरेशन वाले उन्हें जिम्मेवार ठहरा रहे थे ।

52 हजार की लूट

आज अमृतसर के बसंत एवेन्यू क्षेत्र में दो उग्रवादियों ने एक स्वर्णकार वेद कुमार से 52,000 रु. लूट लिए । घटना के समय वेद कुमार पंजाब नैशनल बैंक से रुपया लेकर आ रहा था । उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उससे धन लूटा और स्कूटर पर फरार हो गए ।

दो घुसपैठिए बंदी

अटारी सैक्टर के पल कांडरी क्षेत्र में बी.एस.एफ. ने दो घुसपैठिए गिरफ्तार कर लिए ।

हत्या का प्रयास

कल रात अमृतसर से 35 कि.मी. दूर रैय्या में दिलबाग सिंह नामक व्यक्ति की हत्या का प्रयास किया गया । 4 उग्रवादियों ने दिलबाग सिंह के घर के बाहर आकर अंधाधुंध फायरिंग की, लेकिन उसने शस्त्रधारियों को देख कर दरवाजा खोलने से मना कर दिया । बी.आर.पी.एफ. वाले तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे तो उग्रवादी भाग निकले । घटनास्थल से विभिन्न बोर के 30 खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

कैमिस्ट घायल

गुरदासपुर (बिनोद): कल सायं एक कैमिस्ट राज कुमार को चार आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । सायं दुकान बंद करने के समय चार आतंकवादियों ने आकर फ़ायरिंग शुरू कर दी । उसे गम्भीर अवस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया है । राज कुमार के बयान के अनुसार धारीवाल पुलिस ने संतोख सिंह, नरवेल सिंह, कंवल सिंह और सरमुख सिंह के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है । चारों अभियुक्त फरार हो गए हैं । श्री बिरदी के अनुसार यह घटना किसी निजी शत्रुता का मामला लगती है ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

जिला पुलिस चीफ श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि पुलिस कादियां और कहनवान में एक ही सम्प्रदाय के लोगों की हत्याएं करने, हथियार आदि छीनने और शराब, सिगरेट, पान की दुकानों को जलाने वाले एक 7 सदस्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है । इन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने इन क्षेत्रों में वारदातें कीं । यह भी माना कि मम्बली के एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर उधम सिंह से हथियार छीने थे । कहनवान पुलिस ने आतंकवादियों जागीर सिंह और गुरजीत सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 315 बोर का एक पिस्तौल और 4 कारतूस बरामद किए हैं । इसी प्रकार पुलिस ने नाकाबंदी करके इस गिरोह के लीडर रणजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । ज्ञान सिंह, सतनाम सिंह, हरदयाल सिंह और सतनाम सिंह पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं । अब इस गिरोह का केवल एक सदस्य फरार है । यह सभी सिख छात्र संघ के वर्कर हैं ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार

लुधियाना (धीमान): एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल ने आज पत्रकार सम्मेलन में रहस्योद्घाटन किया कि दो आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं जिनमें से एक का नाम हरदीप सिंह उर्फ हीरा है जो शाहपुर रोड लुधियाना का निवासी है । उन्होंने बताया कि उसके पास कख्यात आतंकवादी आकर ठहरा करते थे । उनमें सुखदेव सिंह सुक्खा, हरजिन्दर सिंह जिन्दा और दलजीत सिंह बिट्टू (यह कृषि विश्वविद्यालय के एक वैज्ञानिक का लड़का है) शामिल हैं । यह इन्हें अपराध करने के लिए लाल रंग की मारुति कार दिया करता था । दोरसी मैदान में हुई हत्याओं के केस में भी यह पुलिस को वांछित था ।

एस.एस.पी. ने बताया कि दूसरा आतंकवादी अरविन्दर सिंह है, उसके कब्जे से 12 बोर के 6 पिस्तौल, 66 कारतूस, दो स्कूटर और एक मारुति कार बरामद हुई है, सभी स्कूटर और कार पिस्तौल की नोक पर छीने गए हैं ।

वनस्पति मिल लूटने की कोशिश

लुधियाना से 'मुसाफिर' ने सूचना दी है कि आज सायं जी.टी. रोड पर साहनेवाल के निकट स्थित वनस्पति घी की मिल में स्कूटर पर दो सशस्त्र उग्रवादी घुस गए और पिस्तौल की नोक पर कैश उठाकर बाहर दौड़े तथा भागने के लिए स्कूटर स्टार्ट किया । स्कूटर स्टार्ट होते ही ऐसा बंद हुआ कि बहुत कोशिश करने के बावजूद स्टार्ट न हुआ । इसी मध्य मिल के वर्कर उन्हें पकड़ने के लिए दौड़े । इस पर दोनों उग्रवादी स्कूटर और लूटा हुआ कैश छोड़ कर भाग गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

वैरोवाल में अराजकता का बोलबाला : हत्याओं और लूटमार का बाज़ार गर्म

अमृतसर, 22 अप्रैल (कमलेश): ब्यास नदी के निकटवर्ती क्षेत्र जो अधिकतर थाना वैरोवाल व खडूर साहिब के अन्तर्गत आता है । इन दिनों वहां पूर्णतया अराजकता फैली हुई है । प्रतिदिन गांवों में उग्रवादी दनदनाते फिरते हैं, लूट मार करते हैं और सुरक्षित भाग जाते हैं । इस क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों से हिन्दू तो पहले ही पलायन कर चुके हैं, अतः अब हरिजन और सम्पन्न सिख परिवार उग्रवादियों का निशाना बन रहे हैं । देर से मिले विवरण अनुसार 12 अप्रैल की आधी रात को थाना वैरोवाल के गांव वड़िंग सुबा सिंह वाला में पांच उग्रवादियों ने जो आग्नेय शस्त्रों से लैस थे, ने रिटायर्ड सूबेदार मेजर जोगिन्दर सिंह के घर धावा बोला । स्टेनगन और पिस्तौलों की नोक पर घर की तलाशी ली गई और एफ लाइसैंस शुदा राईफल और 500 रुपये तथा रम की चार बोतलें लेकर घर वालों से जबरदस्ती चाय बनवा कर पीकर बड़े आराम से गए । उसी रात्रि गांव बानिया में इन उग्रवादियों ने दो सिख परिवारों को लूट और उनसे स्वर्ण आभूषण, घड़ी, नकदी बंदूक की नोक पर लूट कर भाग गए । इस प्रकार 14 अप्रैल को खडूर साहिब में एक सब्जी विक्रेता के घर से उग्रवादी 30, 35 तोला स्वर्णाभूषण और नकद रुपये जो कुल एक लाख रुपये का सामान बनता है, स्टेनगनों की नोक पर और पिस्तौल देखते ही खामोश हो गया । 17 अप्रैल को गांव खोजकी में एक सिख परिवार के घर ट्रक लेकर पहुंच गए । स्टेनगन की नोक पर घर का सारा कीमती सामान, फ्रिज, कूलर, टैलीविजन आदि सहित ट्रक में भर कर ले गए । यह भी बताया गया कि थाना वैरोवाल में पुलिस को जब रिपोर्ट देने कोई जाता है तो टालमटोल से काम लिया जाता है । इन लूट मार की घटनाओं के अलावा गांवों में हिन्दुओं की गेहूं की पक्की फसल को उग्रवादी काटने नहीं दे रहे । उग्रवादी अपने हिमातियों द्वारा उनकी फसल कटवा रहे हैं ।









Punjab Sahapedia

...यों की हत्या

...न्धर का घायल चल बसा : 17 काबू

सम्प्रदाय के लोगों की हत्याएं करने, हथियार आदि छीनने और शराब, सिगरेट, पान की दुकानों को जलाने वाले एक 7 सदस्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है । इन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने इन क्षेत्रों में वारदातें कीं । यह भी माना कि भम्बली के एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर ऊधम सिंह से हथियार छीने थे । कहनूवान पुलिस ने आतंकवादियों जागीर सिंह और गुरजीत सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 315 बोर का एक पिस्तौल और 4 कारतूस बरामद किए हैं । इसी प्रकार पुलिस ने नाकाबंदी करके इस गिरोह के लीडर रणजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । ज्ञान सिंह, सतनाम सिंह, हरदयाल सिंह और सतनाम सिंह पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं । अब इस गिरोह का केवल एक सदस्य फरार है । यह सभी सिख छात्र संघ के वर्कर हैं ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार

लुधियाना(धीमान): एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल ने आज पत्रकार सम्मेलन में रहस्योद्घाटन किया कि दो आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं जिनमें से एक का नाम हरदीप सिंह उर्फ हीरा है जो शाहपुर रोड लुधियाना का निवासी है । उन्होंने बताया कि उसके पास कथित आतंकवादी आकर ठहरा करते थे । उनमें सुखदेव सिंह सुक्खा, हरजिन्दर सिंह जिन्दा और दलजीत सिंह बिट्टू (यह कृषि विश्वविद्यालय के एक वैज्ञानिक का लड़का है) शामिल हैं । यह इन्हें अपराध करने के लिए लाल रंग की मारुति कार दिया करता था । दरेसी मैदान में हुई हत्याओं के केस में भी यह पुलिस को वांछित था ।

एस.एस.पी. ने बताया कि दूसरा आतंकवादी अरविन्दर सिंह है, उसके कब्जे से 12 बोर के 6 पिस्तौल, 66 कारतूस, दो स्कूटर और एक मारुति कार बरामद हुई है, सभी स्कूटर और कार पिस्तौल की नोक पर छीने गए हैं ।

वनस्पति मिल लूटने की कोशिश

लुधियाना से 'मुसाफिर' ने सूचना दी है कि आज सायं जी.टी. रोड पर साहनेवाल के निकट स्थित वनस्पति घी की मिल में स्कूटर पर दो सशस्त्र उग्रवादी घुस गए और पिस्तौल की नोक पर कैश उठाकर बाहर दौड़े तथा भागने के लिए स्कूटर स्टार्ट किया । स्कूटर स्टार्ट होते ही ऐसा बंद हुआ कि बहुत कोशिश करने के बावजूद स्टार्ट न हुआ । इसी मध्य मिल के वर्कर उन्हें पकड़ने के लिए दौड़े । इस पर दोनों उग्रवादी स्कूटर और लूटा हुआ कैश छोड़ कर भाग गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)



जिला अमृतसर के तरनतारन के निकट गांव मल्ल मोरी में उग्रवादियों ने एक परिवार के 6 सदस्यों की हत्या कर दी । (1) मृतका मां कंस कौर, (2, 3,4) बेटियां जसवंत, कुलवंत और रछपाल, (5, 6) बेटे अमरजीत और दलजीत, (7) घायल बेटी परमजीत कौर, (8) पुत्र वधु कमलेश 2 बच्चों के साथ,जिन्हें कुछ नहीं कहा गया, (9) दीवार पर गोलियों के निशान, (10, 11, 12) बिखरा हुआ खून, (13) घर का आंगन,जहां घटना हुई, (14) विलाप करती कमलेश और रिश्तेदार, (15) सरपंच पत्रकारों को घटना की जानकारी देते हुए । (छाया : भंडारी), (16) सब-इंस्पैक्टर (सी.आई.डी.) जगदीश सिंह, जिनका शव फिल्लौर के निकट खैरे वाली नहर में पड़ा मिला । (छाया : तरसेम), (17) सुधीर मरवाह,जो कल जालन्धर में उग्रवादियों के हाथों घायल हो गए थे, ने अस्पताल में दम तोड़ दिया । (छाया : कपूर), (18) बलाचौर के गांव धर्मपुर के संत प्यारा लाल को उग्रवादियों ने तेजधार हथियारों से घायल कर दिया । (छाया : हरिदेव)

...फायनैंसर परिवार
...ड में कमीशन लिया

पत्र ने लिखा है कि उसे इस मामले में बोफोर्स की मूल कम्पनी नोबल इंडस्ट्रीज के सूत्रों से जानकारी मिली है । पत्र ने विस्तार से कुछ नहीं बताया कि सौदे में उक्त परिवार किस तरह शामिल था ।

उधर बोफोर्स कम्पनी के प्रवक्ता पेरमोसबर्ग ने 'स्वेंस्का गब्लाडेट' नामक समाचारपत्र को आज दिए साक्षात्कार में इस बात पर फिर जोर दिया कि भारतीय अधिकारियों या किसी अन्य को कोई कमीशन नहीं दिया गया । उन्होंने किसी बिचौलिए के शामिल होने से भी इंकार किया ।

टी. वी. पर भी

उधर आज रात्रि स्वीडन टैलीविजन ने भी

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अमरीका पाक की सैनिक क्षमता भारत से बढ़ाने की कोशिश में

नई दिल्ली, 22 अप्रैल (वार्ता): रक्षा मंत्री कृष्ण चंद्र पंत के अनुसार अमरीका पाकिस्तान को अत्याधुनिक शस्त्र देकर उसे भारत के मुकाबले तकनीकी दृष्टि से श्रेष्ठता की स्थिति में लाने का प्रयास कर रहा है । श्री पंत आज यहां वायु सेना कमांडरों के अर्ध वार्षिक सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे ।

उन्होंने चीन-पाक-अमरीकी समीकरण की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि यह समीकरण तीनों देशों के बीच सैन्य व राजनीतिक संबंधों से संचालित होता है तथा अब नाभिकीय प्रौद्योगिकी का मामला भी इसकी परिधि में आ गया है ।

उन्होंने कहा कि अमरीका पाकिस्तान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता को नजरअंदाज कर रहा है और पाकिस्तान को ऐसे अत्याधुनिक हथियार दे रहा है, जिससे पाकिस्तान इस क्षेत्र में भारत से आगे निकल जाए ।

श्री पंत ने कहा कि वैसे तो अमरीका परमाणु हथियारों के प्रसार पर रोक लगाने की बात करते नहीं थकता लेकिन कुछ ऐसे देशों के मामले में जिनके साथ उसके सामरिक हित जुड़े हैं, वह नरम रुख अपनाता है । रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में भारत का बाहरी सुरक्षा वातावरण काफी बिगड़ा है । उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान को उदाहरण दिया जा सकता है । देश और इसकी सुरक्षा स्थिति को कमजोर करने की योजना के कारण ही ऐसा हो रहा है । अंतर्राष्ट्रीय स्थिति का जिक्र करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान में यथास्थिति बने रहने से दक्षिण-पश्चिमी एशिया में तनाव बना हुआ है । हिन्द महासागर में भी लगातार तनाव बढ़ रहा है ।

वाशिंगटन, (ए.पी.): विदेश राज्यमंत्री नटवर सिंह ने वरिष्ठ अमरीकी नेताओं से कहा है कि पाकिस्तान को बड़े पैमाने पर अवाक्स विमान या सैनिक

क अक्तूबर 1986 क उस आश्वासन को दोहराया जिसमें पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को असैनिक बताया गया था । तब से लेकर अब तक कई सनसनीखेज तथ्य प्रकाश में आए हैं ।

मुख्यमंत्रियों की कांफ्रैंस में पंजाब भी शामिल

चंडीगढ़, 22 अप्रैल (वि.प्र.): पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री श्री ज्योति बसु ने 25 अप्रैल को नई दिल्ली में गैर इंका मुख्यमंत्रियों की जो कांफ्रैंस

Punjab Sanatan

1971 के युद्ध और बाद के वर्षों में वायुसेना के अभ्यासों के दौरान भी महसूस की गई थी । इस समय वायु सुरक्षा संबंधी अनिवार्य आवश्यकताओं को उपयुक्त उपकरण आयात करके और उपलब्ध प्रणालियों को केवल अत्यधिक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ही लगा कर पूरा किया जा रहा है । 45.6 करोड़ रुपये की कुल लागत पर ऐसे ही आठ उपकरणों के आयात के लिये दूसरे के साथ एक संविदा पर हस्ताक्षर करने पड़े थे ।

गोरखा आंदोलन स्थगित

दार्जिलिंग, 22 अप्रैल (वार्ता): गोरखा नैशनल फ्रंट ने केंद्र सरकार से वार्ता का आमंत्रण मिलने की सम्भावना के कारण अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है ।

रिबैरो की राज्यपाल से भेंट

चंडीगढ़, 22 अप्रैल (वि.प्र.): पता चला है कि आई.बी. के महानिदेशक श्री डी.सी. पाठक और पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ने आज यहां राज्यपाल श्री एस.एस. रे से मुलाकात की । इस बैठक में पंजाब की कानून व्यवस्था की हालत और श्री रिबैरो व सहकारिता मंत्री श्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा के मध्य छिड़े विवाद के मामले पर भी विचार-विमर्श हुआ । यह भी पता चला है कि श्री रे भी श्री रिबैरो के कार्यकाल में वृद्धि किए जाने के पक्ष में हैं ।

संशोधन

21.4.87 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 2 पर प्रकाशित कश्मीर लक्ष्मी साप्ताहिक लाटरी के तीसरे ड्रा के परिणाम में तृतीय पुरस्कार में 57987 की बजाए 58988 पढ़ें ।

परिणाम

अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत



S1538H

वीकली

Result of Delux Durby Weekly

24th Draw Held on 22.4.87 at 2.30 p.m. at D.P. Vidhya Bhawan, Itanagar by Donyi-Polo Mission, Arunachal Pradesh under the supervision of judges.

LUCKY SERIES E

LUCKY NO. 8598

OTHER SERIES:

A, B, C, D, G, H, J, K, M.

1st Prize 8598

Prize amt. in Lucky series Rs. 7,00,000/- & in other series Rs. 5,000/- each.

2nd Prize 598

एक ही परिवार की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

टैक्सी छीन ली

लुधियाना जिला के बादला गांव के निकट तीन उग्रवादी एक ड्राइवर से उसकी टैक्सी छीन ले गए ।

ठेके को आग

दो उग्रवादियों ने खन्ना सदर थाना के गांव साहिया में एक शराब के ठेके को कल आग लगा दी । एक नाई करम चंद का खोखा गांव भारी में जला दिया गया ।

90 हजार की लूट

बंगा (खोसला): आज डेढ़ बजे बाद दोपहर बंगा के नया बाजार में 6 उग्रवादी स्कूटरों पर सवार होकर आए और जेबरों की दो दुकानों को लूट लिया । उनमें से तीन उग्रवादी भूषण कुमार सुनार की दुकान में घुसे और उसे थप्पड़ मारने लगे । साथ ही उसके जेवर वगैरा उठाने लगे । भूषण कुमार ने प्रतिरोध किया तो उनमें से एक ने पिस्तौल निकाल कर ज्यों ही गोली दागनी चाही, भूषण कुमार ने अपने हाथ में पकड़ी ट्रे उसके पिस्तौल वाले हाथ पर दे मारी, जिससे गोली ऊपर छत पर जा लगी । इस पर अन्य दो उग्रवादियों ने भी पिस्तौलें तान लीं, और पिस्तौलों की नोक पर उन्होंने वहां से 45 हजार का सोना और नकदी लूट ली । जाते-जाते वहां बैठे एक ग्राहक से भी उन्होंने 5600 रुपए और अंगूठी छीन ली ।

ऐसा ही 3 अन्य उग्रवादियों ने किया । उन्होंने भूषण कुमार के सामने स्थित शाम लाल सुनार की दुकान में घुस कर पिस्तौल की नोक पर 40 हजार का सोना और नकदी आदि लूट लिए । बाद में वे फायरिंग करते हुए भाग निकले । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ये उग्रवादी दो स्कूटरों पर आए थे मगर जाती बार वे एक पर तीन और एक पर दो सवार होकर गए । एक उग्रवादी वहीं कहीं भीड़ में ही गुम हो गया । सूचना मिलने पर पुलिस आई, मगर तब तक उग्रवादी जा चुके थे । लोगों ने बताया कि पुलिस को टैलीफोन बड़ी देर बाद मिलाया गया जिसमें लगभग आठ मिनट लग गए । यह भी बताया गया कि जाती बार उग्रवादियों के स्कूटर स्टार्ट नहीं हो रहे थे, अतः उन्होंने धक्का लगा कर स्टार्ट किए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । घटनास्थल से पुलिस ने एक लावारिस स्कूटर कब्जे में लिया है ।

पुलिस ने दावा किया है कि उसने उग्रवादियों का पीछा किया और गोलियों का आदान-प्रदान भी हुआ । घटना के बाद सभी बाजार बंद हो गए, लेकिन शाम को दो बाजारों को छोड़ कर शेष खुल गए । एक सूचना के अनुसार जब उग्रवादी लूटपाट कर रहे थे तो दोनों दुकानदार भूषण और शाम लाल बेहोश हो गए । अनाधिकृत रिपोर्ट के अनुसार उग्रवादियों के एक गुट के पास स्टेनगन भी थीं ।

2 घायल

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): बलाचौर के निकटवर्ती गांव पोलेवाल में गत रात तीन आतंकवादियों के हाथों 2 व्यक्तियों कुलदीप सिंह और उजागर सिंह के घायल होने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि रात लगभग दस बजे जोगिन्दर सिंह, उसका साला कुलदीप सिंह, मौजा धारापुर तथा इसी गांव का उजागर सिंह ट्यूबवैल के पास बैठे थे, जोगिन्दर सिंह खेतों में पानी का बहाव देखने गया कि आतंकवादियों ने वहां आकर फायरिंग

लिया, जबकि पु
साढ़े पांच बजे

खरड़ (श
शराब के ठेके से
रात 500 रु. न
तीं और कई बो

4 दुकानें जल

कपूरथला
लगभग साढ़े आ
दुकानों को आग
के फायर ब्रिगेड
दुकानों में एक
सामान की, तीस
है । पुलिस के अ
होने के कारण
किसी की शरारत

गंधी से राईफ

एक सूचना
मकसद में स्थित
के ग्रंथी से आधी
एक राइफल दो गो
यह राइफल उन्हें
और उग्रवादियों में
पास रिवाल्वर थे

घायल चल बस

जालन्धर (वि
आबादी में दो उ
कोशिश करते हुए
सुधीर मरवाह को
मार कर गम्भीर
आज दोपहर सिवि
सुधीर कुमार का आ
मगर रिश्तेदारों
आवश्यक देख भाल
उसकी हालत बिगड़

श्री सुधीर कुमा
वर्षों से अपने मामा के
रहे थे । वह जा
एसोसिएशन के सचि
विधवा, एक चार वर्ष
लड़की छोड़ गए हैं
23 अप्रैल को 1
श्मशान घाट पर कि

उग्रवादी काब

जालंधर पुलिस
वर्कशाप मालिक सत
गिरफ्तार किया है जिस
आदि का आरोप है ।
गिरफ्तारी गत सप्ताह
के दौरान खालिस्तान
उग्रवादी सरजिंदर सिंह
हरी मारुति कार समे
पूछताछ के परिणामस्व
के हथियारों व पंजाब नै
गई 5.7 करोड़ रुपए की
की बरामदगी के मामला
है । सूत्रों का कहना है
उग्रवादी गिरोहों द्वारा
जाने वाले प्रायः वाहन खड़े
रौगन बदला जाता ।
इंडस्ट्रियल एरिया जालंध
जो ऐसी गाड़ियां आती जा

Punjab Sanad.com



गैर कांग्रेस (इ) शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शनिवार को प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी से उनके निवास पर भेंट के समय (छाया : बनोत्रा)

सर्वविदित है कि अकाली दल केंद्र–राज्य संबंधों की समीक्षा करने तथा राज्यों को और अधिक अधिकार देने के आंदोलन में सबसे आगे रहा है । हमें ऐसी बैठक में भाग लेने का पूरा अधिकार है ।

डाक्टर, किसान, दुकानदार, डेरे के दो सेवादारों की हत्या

जालंधर में घायल युवक दम तोड़ गया: पैट्रोल पम्प, डाकघर लूटा : रैय्या में 7 खोखे जलाए गए : युवा इंका नेता पर हमला करने के आरोप में मंत्री के दो गनमैन निलम्बित

चंडीगढ़, 25 अप्रैल (वार्ता, निस.): पंजाब में गत 24 घंटों में संदिग्ध उग्रवादियों ने जिला जालन्धर में एक होम्योपैथ डाक्टर तथा एक किरयाना दकानदार की हत्या कर दी जबकि कुछ दिन पूर्व उग्रवादियों की गोलियों से घायल वीरेन्द्र कुमार दम तोड़ गया । दो पैट्रोल पम्पों से 18000 रुपए और एक डाकघर से 9850 रुपए लूट लिए गए जबकि शराब का ठेका जला दिया गया ।

जिला अमृतसर में शराब के 2 खोखों सहित सात खोखे जला डाले गए, एक घर में से बन्दूक छीन ली गई और एक अन्य घर में से 12000 रुपए और आभूषण लूट लिए गए । एक अन्य दुकानदार को गोली मार कर घायल करके उसका मोपेड छीन लिया गया । भारत-पाक सीमा पर डेरा बाबा नानक के निकट दो पाक घुसपैठिए गिरफ्तार किए गए हैं ।

धमकीपूर्ण पत्र लिखने के आरोप में दमदमी टकसाल के दो व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं ।

जिला फिरोज़पुर के गांव में से पांच उग्रवादी गत रात्रि एक मकान से 80 तोले सोना और नगदी लूट ले गए जबकि बाघा पुराना में उग्रवादियों ने एक डेरे पर हमला करके 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । डेरे का महंत बुरी तरह घायल हुआ है । उग्रवादी भागते समय डेरे को आग लगा गए ।

जिला गुरदासपुर में उग्रवादियों ने ट्यूबवैल के निकट सोए हुए कृषक की हत्या कर दी ।

डाक्टर की हत्या

जालन्धर : जालन्धर जिले के भोगपुर पुलिस थाना क्षेत्र के भोडियां गांव के गुरद्वारे के निकट कल रात्रि दो आतंकवादियों ने होम्योपैथी के एक डाक्टर की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतक का नाम परमजीत सिंह था, वह भोगपुर में अपने क्लीनिक से रात्रि स्कूटर पर घर वापस लौट रहे थे । हमलावर उनके इंतजार में घात लगाए खड़े थे और उन्हें गोलियों से ढेर कर दिया । श्री सिंह ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । आतंकवादियों डा. सिंह पर कम से कम आठ गोलियां चलाई । पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है ।

पैट्रोल पम्प लूटा

जालन्धर जिले में ही कल रात लूट की एक घटना हुई, जिसमें स्कूटर पर सवार दो आतंकवादी थाना बंगा के मोहली गांव में बंदूक की नोक पर मोहन सर्विस स्टेशन नाम के एक पैट्रोल पम्प से 13000 रुपए लूट कर फरार हो गए । आतंकवादी पैट्रोल पम्प पर स्कूटर में पैट्रोल डलवाने का बहाना करके पहुंचे तथा पैट्रोल डालने के लिए पैसे देने का बहाना करने लगे । इसी बीच उन्होंने पिस्तौल निकाल लिया और पैट्रोल पम्प लूट लिया ।

पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है । नगर में कुछ घंटों में यह दूसरी डकैती है ।

'न.न.ए.' के अनुसार अभियुक्तों की शक्ल मौलवियों जैसी थी और उन्होंने सफेद कपड़े पहने हुए थे ।

उप-डाकघर लूटा

एक अन्य घटना में पिस्तौलधारी दो स्कूटर सवार युवकों ने आज जालन्धर नगर के बाहरी बस्तियों में स्थित उप-डाकघर गढ़ा को लूट लिया । अभियुक्तों ने स्टाफ और कुछ ग्राहकों को स्नानागार में बंद कर दिया था । अभियुक्त 9850 रुपए लूट कर भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

शराब का खोखा जला दिया

गत रात्रि आदमपुर थाने के गांव कठार में कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने शराब के एक ठेके को तोड़-फोड़ दिया और उसे आग लगा दी । शराब का ठेका काफी जल गया । शराब का यह ठेका अप्रैल के प्रथम मास से बंद पड़ा था, जब उग्रवादियों ने इसे आग लगा कर क्षतिग्रस्त कर दिया था ।

घायल युवक चल बसा

किशनपुरा चौक जालन्धर में गत 16 अप्रैल को 2 उग्रवादियों ने गोली मार कर एकयुवक वीरेन्द्र कुमार को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था, वीरेन्द्र कुमार ने आज सायं सिविल अस्पताल में घावों की ताव न सहते हुए दम तोड़ दिया । अस्पताल के सूत्रों के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार के सदस्यों के हवाले कर दिया गया है ।

शस्त्र जमा करवाने की अवधि बढ़ी

जालन्धर के जिला मैजिस्ट्रेट ने लायसैंस वाले आग्नेय-शस्त्रों को पुलिस या डीलर के पास जमा करवाने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ाते हुए पात्र लायसैंस धारकों पर आग्नेय शस्त्रों के ले जाने पर लगी पाबंदी से छूट प्रदान कर दी है । आज यहां जारी एक संशोधित आदेश में कहा गया है कि एस.डी.एम. डी.एस.पी. के परामर्श से अपने क्षेत्राधिकार में इस प्रतिबंध से छूट प्रदान कर सकते हैं ।

पैट्रोल पम्प लूटा

'न.न.अ.' के अनुसार 2 उग्रवादियों ने, जो स्कूटर पर सवार थे, जंडियाला में पैट्रोल पम्प से पैट्रोल लिया और फिर कर्मचारी को पिस्तौल दिखा कर 5000 रुपए लूट लिए ।

किरयाना व्यापारी की हत्या

न.न.अ. के अनुसार थाना सदर के गांव कुक्कड़ पिंड में 3 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज रात 9.30 बजे के करीब एक किरयाना व्यापारी को गोलियों से मार डाला और फरार हो गए ।

सात खोखे जला दिए

अमृतसर (वार्ता) : जिला अमृतसर में उग्रवादियों ने गत रात्रि 7 खोखों को आग लगा दी । उग्रवादियों द्वारा जलाए गए खोखों में 2 खोखे शराब के हैं, जो रैय्या में स्थित हैं । पुलिस ने आज यह जानकारी देते हुए कहा कि कुछ आतंकवादियों ने शराब के खोखे के मालिक दिलबाग सिंह को कुछ दिन पूर्व धमकी दी थी कि वह शराब बेचनी बंद कर दे अन्यथा भयानक परिणाम होंगे । पुलिस के अनुसार कथित आतंकवादियों ने श्री दिलबाग सिंह से तब हाथापाई भी की थी । बाद में अभियुक्त सी.आर.पी.एफ. के कर्मचारियों को देख कर भाग

(शेष पृष्ठ 10 पर)





डा. परमजीत सिंह (बाएं) जिसकी शनिवार को उग्रवादियों ने गांव भोडियां (भोगपुर) के पास हत्या की और (दाएं) अमृतसर के गांव फतेहाबाद में उग्रवादियों की गोली से घायल राज कुमार । *(छाया : बंद कपूर, ओम भंडारी)*

फ़ेयरफ़ैक्स जांच आयोग का अधिकार क्षेत्र बढ़ाया जाए : बी.पी. सिंह

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (वार्ता): भूतपूर्व प्रतिरक्षामंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सुझाव दिया है कि फेयर फैक्स के मामले की जांच करने वाले न्यायिक आयोग के कार्यक्षेत्र का विस्तार किया जाना चाहिए ताकि इसमें भारतीयों द्वारा विदेशों में रखे गए अवैध धन का 'वास्तविक मामला' भी शामिल हो सके । वर्तमान आयोग के कार्यक्षेत्र में यह मुद्दा नहीं है लेकिन मैं समझता हूं कि ऐसा करना बहुत जरूरी है । उन्होंने यह बात 'बिजनेस स्टैंडर्ड' के साथ एक इंटरव्यू में कही ।

उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं किया जाता तो जांच का वास्तविक उद्देश्य पृष्ठ भूमि में चला जाएगा तथा ध्यान सिर्फ प्रक्रिया पर केंद्रित होकर रह जाएगा ।

श्री सिंह ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अभी आयोग का कार्यक्षेत्र बढ़ाने में कोई कठिनाई नहीं है । वैसे आयोग के मामले में ऐसा किया जा चुका है ।

उन्होंने कहा कि फेरा का उल्लंघन करने के तरीकों और विदेशों में धन जमा करने की जांच के साथ-साथ आयोग को इस बारे में सुझाव देने के लिए कहा जाए कि विदेशों से सूचनाएं प्राप्त करने में हम अपनी क्षमताएं किस तरह बढ़ा सकते हैं । उन्होंने कहा कि इस मामले में इस समय हमारी क्षमता बहुत कम है ।

उन्होंने कहा कि सूचनाएं एकत्र करने के लिए विदेश जाने वाले अधिकारी बहुत अधिक सफलता के बिना ही वापस लौट आते हैं ।

भविष्य में किसी को पद यात्रा की अनुमति नहीं

चंडीगढ़, 25 अप्रैल (वि.प्र.): सिख छात्र संगठन के सचिव गुरमेज सिंह ने इंका सांसद श्री सुनील दत्त के इस बयान पर अफसोस व्यक्त किया है कि दरबार साहब में बंदूकधारियों ने उनकी हिफाजित की । आज यहां एक लिखित बयान में गुरमेज सिंह ने कहा कि श्री दत्त इस बयान से यह प्रभाव देना चाहते हैं कि दरबार साहब में बंदूकधारी रहते हैं । बयान में कहा गया कि यदि श्री दत्त के दौरे का कोई परिणाम न निकला तो भविष्य में पंजाब में किसी को भी शांति पद यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी । श्री दत्त को चाहिए कि वह मई के मध्य में पंजाब में मार्च करने के स्थान पर दिल्ली की ओर मार्च करें और सिखों के अधिकारों बारे केंद्र को अवगत कराएं ।

आज भव्य उद्घाटन

बॉम्बे डाइंग

मिल्स अप्रूव्ड रिटेल शोरूम

बॉम्बे एम्पोरियम



कड़े गए, 16 गिरफ्तार : करता था, शस्त्र बरामद

एक गिरोह, जिसका पाल सिंह करता था, था । उसके अतिरिक्त कमलजीत सिंह पहले उनमें से 2 रिवाल्वर

डाक्टर सहित कई अन्य लोगों की हत्या करने के लिए जिम्मेवार था । गिरोह के चार अन्य सदस्यों की भी शिनाख्त कर ली गई है ।

श्री आलम ने बताया कि पांच अन्य गिरफ्तार व्यक्ति 6 सदस्यीय एक गिरोह के हैं, जिनका नेता

Punjab Sanatani

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

गए थे ।

जिला अमृतसर के रैय्या में ही पांच अन्य खोखे भी जलाए गए । जलाए गए अन्य खोखों में एकपकौड़ों की दुकान, एक चाय की दुकान और दो परचून की दुकानें थीं । ये सभी सात खोखे एक ही लाइन में स्थित थे । पुलिस ने इस सम्बन्ध में मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

बंदूक उठा ले गए

एक अन्य घटना में कल रात्रि सात-आठ संदिग्ध व्यक्ति अजनाला क्षेत्र में जीवंदा खुर्द गांव के चंचल सिंह के मकान में जबरदस्ती घुस आए और उसकी 12 बोर लाइसैंसी बंदूक और एक दर्जन कारतूस ले गए ।

12000 रु., नगदी लूट ली

अजनाला थाने के अन्तर्गत बडिंग गांव में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने संत सिंह के मकान से 12,000 रुपए की नकदी और आभूषण लूट लिए ।

दुकानदार घायल कर दिया

तरनतारन क्षेत्र में गत रात्रि उग्रवादियों ने एक दुकानदार श्री राजपाल (40) को गोलियां मार कर घायल कर दिया । श्री राजपाल मोपेड पर अपने घर लौट रहे थे कि अभियुक्तों ने उन पर फायरिंग कर दी । श्री राज पाल को भैरु तेगबहादर अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । अभियुक्त उसका मोपेड ले भागे ।

2 घुसपैठिए पकड़े गए

भारत-पाक सीमा पर डेरा बाबा नानक के निकट गुरुवार की रात को सीमा सुरक्षा बल से मुठभेड़ के बाद दो घुसपैठियों को गिरफ्तार कर लिया गया । ये लोग पाकिस्तान की ओर से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे थे । सीमा सुरक्षा बल के सत्रों ने बताया कि ललकारे जाने पर चार घुसपैठियों ने उन पर गोलियां चलाईं । बल के जवानों के जवाबी हमले में दो घुसपैठिए घायल हो गए लेकिन बाकी दोनों वापस भागने में सफल हो गए । मुराद अली और अब्दुल हक नामक घुसपैठियों को डेरा बाबा नानक अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

दमदमी टकसाल के 2 व्यक्ति गिरफ्तार

अमृतसर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार सी.आर.पी.एफ. और पंजाब पुलिस की एक संयुक्त नाका पार्टी ने गत रात्रि थाना वैरोवाल के गांव दोठी के निकट दमदमी टकसाल से संबंधित 2 व्यक्तियों को धमकीपूर्ण पत्र लिखने के आरोप में गिरफ्तार किया



चरणदास (दादा), राजरानी (दादी) की ओर से

है । पुलिस ने उन
के रूप में शिनाख्त
धमकीपूर्ण पत्र बर

स्कूटर छीना

होशियारपुर
अहरांकता के निक
कर एक व्यक्ति
छीन लिया और भ
और हुसैनपुरा के
तथा स्कूटर छोड़

रिवाल्वर, कार

फगवाड़ा
सी.आई.ए. स्टाफ
के रतना नामक एव
कारतूस तथा मौजा
रिवाल्वर व पांच
गिरफ्तार कर लि
करके पूछताछ शु

दुकानें बंद करने

जिला भटिंडा
सायं 7.30 बजे ब

80 तोले सोना

फिरोज़पुर (ह
के कैली गांव में कल
ने जोगिंदर सिंह नाम
और 80 तोला सो
समाचारों के अनुसा

एक व्यक्ति की

गुरदासपुर
आतंकवादियों ने थान
में एक व्यक्ति की
पुलिस सूत्रों के
आतंकवादियों ने मुह
मार कर हत्या कर
संलग्न कमरे में सो र
पत्नी और कुछ अन
जबकि उसका लड़क
लड़के के अनुसार, ज
उठा तो उसने अपने
पत्नी के अनुसार उ
उसने गोली की को
सूत्रों के अनुसार मृत
था और यह निजी दु

उग्रवादियों द्वारा

गत रात जिला गु
मौजा घुम्मनकलां मे
फायरिंग की गई परन्त
रात लगभग 9 बजे दो
के घर आये और उस
जब आवाज़ सुन कर ज
दरवाज़ा खोला तो उन
कर लिया । आतंकवा
चला दी जो दरवाज़े पर
बाद गांव वालों ने शोर
होने के कारण अंधेरे
भागने में सफल हो गये

शव बरामद

Punjabi Sahitani

पंजाब में आतंकवादियों द्वारा 8 हत्याएं : 3 कैदी छुड़ा ले गए

मारे गए लोगों में बी.एस.एफ़. का इंस्पैक्टर, नेत्रहीन ग्रन्थी व उसकी पत्नी भी शामिल : साइयांवाला का लडका सी.बी.आई. द्वारा गिरफ्तार : कई जगह हथियार व नकदी लूटी : बाघा पुराना के बैंक से 1½ लाख रुपये लूटे

चंडीगढ़, 27 अप्रैल (वार्ता, विभिन्न संवाददाताओं से): गत 24 घंटों में पंजाब में हिंसा की घटनाओं में 9 व्यक्ति मारे गए। मरने वालों में एक नेत्रहीन ग्रंथी, उसकी पत्नी तथा बी.एस.एफ़. का एक इंस्पैक्टर भी शामिल हैं।

अमृतसर जिला कचहरी में आज आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके अपने तीन साथियों को छुड़ा लिया। गोलीबारी में एक रिक्शा चालक मारा गया व 2 पुलिस कांस्टेबल घायल हो गये।

सी.बी.आई. ने स्थानीय निकायमंत्री महेंद्र सिंह साइयांवाला के लड़के को गिरफ्तार कर लिया।

इस वर्ष अब तक पंजाब में आतंकवादी हिंसा में 200 से अधिक जानें गईं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 700 से अधिक थी।

बाघा पुराना में एक बैंक से जीप सवार उग्रवादियों ने 1½ लाख रुपए लूट लिया।

जिला होशियारपुर के गांव मानक ढेरी में क्षेत्रीय ग्रामीण विकास बैंक से 30982 रुपए लूट लिए गए।

रोपड़ पुलिस ने एक 'बी' श्रेणी आतंकवादी को गिरफ्तार किया।

ग्रंथी व पत्नी की हत्या

होशियारपुर (अश्विनी): यहां से 30 किलो मीटर दूर कस्बा गढ़दीवाला के निकट मौज़ा चोहका में गत रात उग्रवादियों ने गुरुद्वारा के नेत्रहीन 80 वर्षीय ग्रंथी निरंजन सिंह तथा उसकी 75 वर्षीया पत्नी प्रीतम कौर की गोली मार कर हत्या कर दी। उक्त गांव टांडा पुलिस के क्षेत्र में है। पुलिस क्षेत्रों के अनुसार ग्रंथी का नाम महंत निरंजन सिंह है। इस दम्पति का पैतृक गांव जौड़ा है। दोनों 20-21 वर्ष पहले अपने गांव से चोहका के गुरुद्वारा में सेवा करने आ गए थे।

इस निर्मम हत्याकांड की सूचना लोगों ने थाना गढ़दीवाला को दी। पुलिस क्षेत्रों के अनुसार उग्रवादी जाते समय गुरुद्वारा की गोलक भी उठाकर ले गए। इन क्षेत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने आज प्रातः चार बजे उस समय फ़ायरिंग की जब प्रीतम कौर गुरुद्वारा के अहाते में सो रही थी। उसका पति जब उठा तो उसे भी गोली मार दी गई। सरकारी क्षेत्रों के अनुसार उग्रवादी गोलक उठाने के बाद पति-पत्नी के बिस्तरों को आग लगाकर भाग गए। टांडा पुलिस थाने में केस दर्ज कर लिया गया है।

धमकी पूर्ण पत्र मिला था

होशियारपुर से प्रद्युम्न की सूचना के अनुसार मृतक ग्रंथी श्री गुरबचन सिंह की लड़की, जो गांव मस्सा भाना में रहती है, ने दसूहा में बताया कि उसके मां-बाप पहले जोड़ा और फिर बस्सी में रहा करते थे। मार्च के अंतिम सप्ताह में किसी ने उन्हें पत्र लिखा कि वे 15 अप्रैल तक अमृतसर में आकर अपनी भूल बख्शवाएं, क्योंकि गुरबचन सिंह ने गुरुद्वारे के प्रांगण में शराब पी थी, गुरबचन सिंह लोगों को तावीज आदि भी दिया करता था। दो मास पूर्व किसी ने उसे शराब पीने का देखा था। नेत्रहीन

था। तीनों स्कूटर सवार बहरामपुर की ओर भाग गए।

इंस्पैक्टर की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): गत रात थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव अटवाल में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर बी.एस.एफ़. के 50 वर्षीय इंस्पैक्टर श्री के.के. शर्मा की हत्या कर दी।

जालन्धर रेंज के अतिरिक्त डी.आई.जी. श्री ए. सिद्दीकी व ज़िला गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री विरदी ने आज यहां बताया कि श्री शर्मा गांव अटवाल के सरपंच गुरनाम सिंह के घर गए थे तथा रात को लगभग नौ बजे जब वह घर से बाहर निकले तो आतंकवादियों ने अत्यन्त निकट से उन पर गोलियां चलाईं। हत्यारे जाते समय श्री शर्मा का सर्विस रिवाल्वर भी ले गए।

एक सूचना के अनुसार इस सम्बन्ध में छः व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

घटनास्थल का दौरा करने के पश्चात इन दोनों अधिकारियों ने बताया कि श्री शर्मा, जो कि बी.एस.एफ़. के गुप्तचर विभाग में थे, गत काफ़ी समय से आतंकवादियों की 'हिट लिस्ट' में थे। श्री शर्मा ने गत 9 जनवरी को 'खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स' के स्वयंभू जनरल हरजिन्दर सिंह उर्फ़ जिन्दा को तथा तरसेम सिंह कोहाड़ की साली महिला आतंकवादी गुरबिंदर कौर उर्फ़ घुघ को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि श्री शर्मा को कारबाइन तथा 9 एम.एम. की पिस्तौल की 28 गोलियां लगीं।

दो गिरफ्तार

बटाला से कोछड़ के अनुसार एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि गत रात बी.एस.एफ़. व पुलिस ने गांव रंगीलपुरा के पास एक नाके के दौरान दो संदिग्ध आतंकवादियों को हल्की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इन युवकों को जब सुरक्षा बलों ने ललकारा तो उन्होंने गोली चला दी, जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोली चलाई तथा इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्ज़े से एक 12 बोर की पिस्तौल, तीन कारामद व कुछ खाली कारतूस बरामद हुए हैं। इनके पास से खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के पैड पर लिखे कुछ धमकीपूर्ण पत्र भी मिले हैं, जिनमें लोगों से स्टेनगन खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए की मांग की गई है।

बंदूक छीनी

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना फतेहगढ़ चूड़ियां क्षेत्र में तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने श्रीमती जसविंदर कौर के घर से 12 बोर की दोनाली बंदूक व पांच कारतूस छीन लिए।

25 हज़ार लूटे

थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव गंडेके में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने रत्न सिंह नामक व्यक्ति के घर से



गया। मरने वालों में दुकान का मालिक तिलक राज और दो ग्राहक अंग्रेज़ सिंह और सावन सिंह शामिल हैं। एक अन्य ग्राहक पाल सिंह को गम्भीर घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 'वार्ता' के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है। हत्यारों ने गोलीबारी में कारबाइन और राइफ़ल का इस्तेमाल किया।

दूसरी घटना में शिगारा सिंह नामक एक व्यक्ति रमदास थाने के अन्तर्गत कदमपुर गांव के नज़दीक पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। वह घोड़े पर सवार था। पुलिस के अनुसार गोलीबारी में उसका घोड़ा भी मारा गया। मृतक के कब्ज़े से एक बारह बोर की पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए। पुलिस द्वारा शिगारा सिंह को रुकने के लिए कहने पर उसने पुलिस बल पर गोली चला दी। पुलिस द्वारा जवाबी गोलीबारी में वह मारा गया।

इस बीच कुछ संदिग्ध व्यक्ति जंडियाला में टांगड़ां गांव के डाक्टर जसबीर सिंह के मकान से उनकी लाइसैंसशुदा बंदूक ले गए। इसके अलावा कल रात कोटला सदर गांव के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से एक 12 बोर की पिस्तौल और बारह कारतूस बरामद हुए।

3 आतंकवादी छुड़ा लिए

अमृतसर जिला कचहरी में आज एक मारुति कार में सवार संदिग्ध आतंकवादियों ने फ़ायरिंग की, जिससे एक रिक्शा चालक मारा गया तथा 2 पुलिस कांस्टेबल घायल हो गये। भागने से पहले उन्होंने तीन विचाराधीन आतंकवादियों को छुड़ा लिया, जिन्हें अदालत में पेशी के लिए लाया गया था। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यह गोलीबारी जिलाधीश के सामान्य सहायक (जी.ए.) के कार्यालय के निकट दोपहर बाद तीन बजे हुई।

वि.प्र. के अनुसार कचहरी में धावा बोलने वाले आतंकवादियों की संख्या 6 थी और उनमें व पुलिस में ज़बरदस्त गोलीबारी हुई। जिन आतंकवादियों को वे छुड़ाकर ले गए, उन्हें इससे पहले जुडीशियल मैजिस्ट्रेट श्री जी.एस. सरन की अदालत में पेश किया गया था। कचहरी परिसर जिसमें जिलाधीश और एस.एस.पी. के कार्यालय भी स्थित हैं, में बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद थी। पुलिस ने आतंकवादियों पर गोलियां चलाई, लेकिन वे दो वाहनों-एक नीले रंग की मारुति कार तथा एक ब्राऊन मारुति वैन में सवार होकर भाग निकलने में सफल हो गए।

उग्रवादियों की फ़ायरिंग से मरने वाला बूढ़ा रिक्शा चालक वृक्ष के नीचे रिक्शा खड़ी करके उस पर बैठा हुआ था। घायल होने वाले दो पुलिस कांस्टेबलों गुरनाम सिंह तथा शिवदेव सिंह को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है।

जिला कचहरी के अहाते से संलग्न थाना सिविल लाइन, जिसके क्षेत्र में यह वारदात हुई है, में जब एक घंटा बाद पत्रकार इस वारदात का ब्यौरा मालूम करने गये तो थाना के इन्चार्ज ने, जो कि कुर्सी पर बैठा था, कहा कि उसे इस वारदात के बारे में कुछ पता ही नहीं है, यदि आपके पास कोई सूचना है तो मुझे दे दो। यहां तक कि इंस्पैक्टर ने पत्रकारों से घायल कांस्टेबलों के नाम भी मालूम किए।

आज की यह घटना ज़िला प्रशासन के मुंह पर एक करारी चपत है क्योंकि कचहरी के अहाता में चप्पे-चप्पे पर पुलिस व सुरक्षा बल तैनात रहते हैं। रिक्शा चालक की लाश अढ़ाई-तीन घंटे पड़ी रही तथा इसके इर्द-गिर्द लोग एकत्रित रहे।

यद्यपि सरकारी अफसर इस वारदात के बारे में अभी तक मौन साधे हुए हैं, लेकिन पत्रकारों ने अपने तौर पर जो सूचना एकत्र की है, उसके अनुसार श्री जी.एस. सरन की अदालत में चार उग्रवादियों को पुलिस पेश करने के लिए लाई थी। जब पेशी के बाद उन्हें अदालत के कमरे से बाहर ले जाया जाने लगा तो मारुति कार में सवार तीन-चार उग्रवादियों ने धावा बोल दिया। एक उग्रवादी ने कार स्टार्ट रखी और उसका मुंह भी सड़क की ओर कर दिया ताकि आसानी से भागा जा सके जबकि शेष ने फ़ायरिंग की, जिससे पुलिस वालों में भगदड़ मच गई तथा उग्रवादी अपने साथियों को हथकड़ियों समेत छुड़ा कर कार में बिठा कर ले गए। हमारे विशेष प्रतिनिधि के अनुसार उग्रवादी जिन साथी आतंकवादियों को छुड़ा ले गए हैं, उनके नाम हरजिंदर सिंह खब्बे राजपूतां थाना मेहता ज़िला अमृतसर, गुरदेव सिंह व कंवलजीत सिंह हैं।

एक अन्य सूचना के अनुसार छुड़ाए गए आतंकवादियों की संख्या चार है तथा चौथे का नाम जीवइन्द्र सिंह है, लेकिन पुलिस अधिकारी अभी तक अंधेरे में हैं तथा चौथे आतंकवादी के भागने की पुष्टि नहीं हो सकी।

बताया जाता है कि छुड़ाए गए आतंकवादियों में दो 'बी' श्रेणी के हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आतंकवादियों ने विचाराधीन आतंकवादियों को ले जा रहे कांस्टेबल पर काबू पा लिया तथा वहां मौजूद लोगों को भगाने के लिए फ़ायरिंग की। अपने वाहनों में सवार होकर वे कैनाल रैस्ट हाऊस की ओर फरार हो गए।

पुलिस ने बाद में उनका पीछा किया लेकिन जब आतंकवादियों के वाहन छहटां औद्योगिक क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे तो उसके आगे उनका कुछ पता नहीं चला। शहर में दाखिल होने तथा बाहर निकलने के सभी रास्ते बंद कर दिए गए हैं। फ़ायरिंग में अनेक वाहनों की खिड़कियों के शीशे टूट गए जिनमें आतंकवादियों द्वारा प्रयक्त वाहन भी शामिल हैं।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सुरक्षा बलों ने रात्रि में प्रत्येक ग्राम की

Punjabi Sanatan

साहाणावाला के लड़के को गिरफ्तार कर लिया ।

इस वर्ष अब तक पंजाब में आतंकवादी हिंसा में 201 से अधिक जानें गईं,जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 700 से अधिक थी ।

ग़धा पुराना में एक बैंक से जीप सवार उग्रवादियों ने 1½ लाख रुपए लूट लिया ।

जिला होशियारपुर के गांव मानक ढेरी में क्षेत्रीय ग्रामीण विकास बैंक से 30982 रुपए लूट लिए गए ।

रूपड़ पुलिस ने एक 'बी' श्रेणी आतंकवादी को गिरफ्तार किया ।

ग्रंथी व पत्नी की हत्या

होशियारपुर (अश्विनी): यहां से 30 किलो मीटर दूर कस्बा गढ़दीवाला के निकट मौज़ा चोहका में गत रात उग्रवादियों ने गुरुद्वारा के नेत्रहीन 80 वर्षीय ग्रंथी निरंजन सिंह तथा उसकी 75 वर्षीया पत्नी प्रीतम कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । उक्त गांव टांडा पुलिस के क्षेत्र में है । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार ग्रंथी का नाम महंत निरंजन सिंह है । इस दम्पति का पैतृक गांव जौड़ा है । दोनों 20-21 वर्ष पहले अपने गांव से चोहका के गुरुद्वारा में सेवा करने आ गए थे ।

इस निर्मम हत्याकांड की सूचना लोगों ने थाना गढ़दीवला को दी । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार उग्रवादी जाते समय गुरुद्वारा की गोलक भी उठाकर ले गए । इन क्षेत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने आज प्रातः चार बजे उस समय फ़ायरिंग की जब प्रीतम कौर गुरुद्वारा के अहाते में सो रही थी । उसका पति जब उठा तो उसे भी गोली मार दी गई । सरकारी क्षेत्रों के अनुसार उग्रवादी गोलक उठाने के बाद पति-पत्नी के बिस्तरों को आग लगाकर भाग गए । टांडा पुलिस थाने में केस दर्ज कर लिया गया है ।

धमकी पूर्ण पत्र मिला था

होशियारपुर से प्रद्युम्न की सूचना के अनुसार मृतक ग्रंथी श्री गुरबचन सिंह की लड़की, जो गांव मस्सा भना में रहती है, ने दसूहा में बताया कि उसके मां-बाप पहले जोड़ा और फिर बस्सी में रहा करते थे । मार्च के अंतिम सप्ताह में किसी ने उन्हें पत्र लिखा कि वे 15 अप्रैल तक अमृतसर में आकर अपनी ल बख्शवाएं, क्योंकि गुरबचन सिंह ने गुरुद्वारे के प्रांगण में शराब पी थी, गुरबचन सिंह लोगों को तावीज आदि भी दिया करता था । दो मास पूर्व किसी ने उसे शराब पीते हुए देखा था । नेत्रहीन होने के कारण सरपंच ने उसकी ओर से माफी मांग ली थी ।हत्या की यह घटना रात्रि लगभग साढ़े 10 और 11 बजे के मध्य हुई । उस समय गोली चलने की आवाज आई लेकिन लोगों ने समझा कि कोई खेतों में पटाखे चला रहा है ।

बैंक लूटा

होशियारपुर से 30 किलो मीटर दूर मौज़ा मानक ढेरी में शिवालिक क्षेत्रीय ग्रामीण विकास बैंक की ब्रांच से तीन उग्रवादी 30982 रुपए लूटकर फ़रार होगए । उग्रवादी स्कूटर पर सवार होकर आए थे । दो के पास रिवाल्वर और तीसरे के पास स्टेनगन थी । दो केशधारी तथा एक क्लीन शेवन

घटनास्थल का दौरा करने के पश्चात इन दोनों अधिकारियों ने बताया कि श्री शर्मा, जो कि बी.एस.एफ़. के गुप्तचर विभाग में थे, गत काफ़ी समय से आतंकवादियों की 'हिट लिस्ट' में थे । श्री शर्मा ने गत 9 जनवरी को 'खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स' के स्वयंभू जनरल हरजिन्दर सिंह उर्फ़ जिन्दा को तथा तरसेम सिंह कोहाड़ की साली महिला आतंकवादी गुरबिंदर कौर उर्फ़ घुघ को गिरफ्तार किया था । उन्होंने बताया कि श्री शर्मा को कारबाइन तथा 9 एम.एम. की पिस्तौल की 28 गोलियां लगीं ।

दो गिरफ्तार

बटाला से कोछड़ के अनुसार एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि गत रात बी.एस.एफ़. व पुलिस ने गांव रंगीलपुरा के पास एक नाके के दौरान दो संदिग्ध आतंकवादियों को हल्की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है । उन्होंने बताया कि इन युवकों को जब सुरक्षा बलों ने ललकारा तो उन्होंने गोली चला दी, जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोली चलाई तथा इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया । इनके कब्ज़े से एक 12 बोर की पिस्तौल, तीन कारामद व कुछ खाली कारतूस बरामद हुए हैं । इनके पास से खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के पैड पर लिखे कुछ धमकीपूर्ण पत्र भी मिले हैं,जिनमें लोगों से स्टेनगन खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए की मांग की गई है ।

बंदूक छीनी

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना फतेहगढ़ चूड़ियां क्षेत्र में तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने श्रीमती जसविंदर कौर के घर से 12 बोर की दोनाली बंदूक व पांच कारतूस छीन लिए ।

25 हज़ार लूटे

थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव गंडेके में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने रत्न सिंह नामक व्यक्ति के घर से 25 रुपए नकद व स्वर्णाभूषण लूट लिए ।

बटाला नगर पुलिस ने गुजरां गांव के एक अकाली कार्यकर्त्ता को पिछले वर्ष भड़काऊ भाषण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

4 मारे गए

अमृतसर (सोनी) : ज़िले में कल रात दो भिन्न घटनाओं में एक संदिग्ध व्यक्ति सहित चार व्यक्ति मारे गए और एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हुआ । पुलिस के अनुसार चार संदिग्ध व्यक्तियों ने पट्टी थाने के अन्तर्गत धारीवाल गांव में एक दकान में अंधाधुंध गोलीबारी की । इससे तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और एक अन्य बुरी तरह घायल हो



सोमवार को अमृतसर कचहरी में उग्रवादियों की फायरिंग से (1) मृत रिक्शा चालक, (2) घायल सिपाही शिव देव सिंह, (3) घायल सिपाही गुरनाम सिंह, (4) घायल घोड़ी, (5) घोड़ी की पीठ पर गोली का गहरा घाव, (6, 7, 8) कचहरी में बिखरा खून, (9) कचहरी की दीवार पर गोलियों के निशान, (10) वकील के कार्यालय में गोली का निशान, (11) घटनास्थल पर खड़ी एक बस के शीशे गोलियां लगने से टूट गए, (12) कचहरी का पिछला द्वार जहां से उग्रवादी फरार हुए, (13, 14) एस.डी.एम. के कार्यालय के बाहर पुलिस । (छाया : रवि भंडारी)

अवाक्स पाने के लिए जुनेजो ने रीगन को ब्लैकमेल किया

वाशिंगटन, 27 अप्रैल : पाकिस्तान के प्रधानमंत्री मुहम्मद खान जुनेजो ने अमरीका को चेतावनी दी है कि अगर अफगान सीमा पर से होने वाले सोवियत संचालित हवाई हमलों को रोका नहीं गया तो पाकिस्तान पीछे हटने पर मजबूर हो जाएगा और अफगान विरोधी छापामारों को मिलने वाली "परोक्ष अमरीकी" सहायता व्यर्थ चली जाएगी । यह चेतावनी श्री जुनेजो ने राष्ट्रपति रीगन को भेजे एक गोपनीय पत्र में दी है ।

रौलैंड इवांस और इवांस नोवाक के आज अमरीकी अखबारों में छपे स्तम्भ के अनुसार यह पत्र सीनेटर गोर्डन हम्फ्री ने राष्ट्रपति रीगन को लाकर करने में कुछ हद तक ज्यादा मददगार सिद्ध हो सकेंगे, लेकिन इनकी तत्काल जरूरत है ।

ऐसा प्रतीत होता है कि इस महत्वपूर्ण पत्र के रहस्योद्घाटन का मकसद पाकिस्तान को मिलने वाली अमरीकी सहायता को कम करने के कांग्रेस के किसी भी प्रयास को कमजोर करना और पाकिस्तान को जल्द से जल्द अवाक्स या हाक आई कराना है ।

इवांस और नोवाक ने कहा कि पाक राष्ट्रपति ने कथित रूप से सीनेटर हम्फ्री को कुछ ऐसे फोटोग्राफ दिखाए, जिनके अनुसार सोवियत संघ के हजारों प्रशासनिक और सैनिक अधिकारी बड़े मजे से काबुल में रह रहे हैं और अफगान लड़ाकू सोवियत सहायता देने के प्रस्ताव का पक्ष लेकर एक गलत फैसला किया है । अखबार में आज प्रकाशित सम्पादकीय में कहा गया है कि पाकिस्तान आणविक हथियार बनाने के प्रति दृढ़ संकल्प है और वह जुआ खेल रहा है कि उसका सबसे शक्तिशाली मित्र देश अमरीका इस सिलसिले में कोई बड़चन नहीं डालेगा । अखबार कहता है कि अमरीका ने एक दशक पूर्व पाकिस्तान को सहायता देना इसी आधार पर बंद कर दिया था कि वह आणविक हथियार बनाने का इरादा रखता है। लेकिन, अफगानिस्तान में सोवियत संघ के हस्तक्षेप के बाद अमरीका ने अपना यह फैसला वापस लिया । उस समय पाकिस्तान ने सरकार की तरफ से उठाए गए प्रयासों से श्री जिया को अवगत कराया । इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि राष्ट्रपति जिया रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय से सीधे सोवियत दूतावास गए थे ।

द्वारिकाधीश मंदिर ढह गया

राजकोट, 27 अप्रैल : जामनगर में प्रसिद्ध द्वारिकाधीश मंदिर का दुर्वासा ऋषि वाला हिस्सा ढह गया ।

लुधियाना में सी.बी.आई. का उग्रवादियों के महत्वपूर्ण अड्डे पर छापा : रुपया, शस्त्र मिले

लुधियाना, 27 अप्रैल (धीमान, मुसाफिर,) । थे ।



उग्रवादियों की फ़ायरिंग से मरने वाला बूढ़ा रिक्शा चालक वृक्ष के नीचे रिक्शा खड़ी करके उस पर बैठा हुआ था । घायल होने वाले दो पुलिस कांस्टेबलों गुरनाम सिंह तथा शिवदेव सिंह को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

3 आतंकवादी छुड़ा लिए

अमृतसर जिला कचहरी में आज एक मारुति कार में सवार संदिग्ध आतंकवादियों ने फ़ायरिंग की, जिससे एक रिक्शा चालक मारा गया तथा 2 पुलिस कांस्टेबल घायल हो गये । भागने से पहले उन्होंने तीन विचाराधीन आतंकवादियों को छुड़ा लिया,जिन्हें अदालत में पेशी के लिए लाया गया था । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यह गोलीबारी जिलाधीश के सामान्य सहायक (जी.ए.) के कार्यालय के निकट दोपहर बाद तीन बजे हुई ।

वि.प्र. के अनुसार कचहरी में धावा बोलने वाले आतंकवादियों की संख्या 6 थी और उनमें व पुलिस में ज़बरदस्त गोलीबारी हुई । जिन आतंकवादियों को वे छुड़ाकर ले गए,उन्हें इससे पहले जुडीशियल मैजिस्ट्रेट श्री जी.एस. सरन की अदालत में पेश किया गया था । कचहरी परिसर जिसमें जिलाधीश और एस.एस.पी. के कार्यालय भी स्थित हैं, में बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद थी । पुलिस ने आतंकवादियों पर गोलियां चलाई लेकिन वे दो वाहनों-एक नीले रंग की मारुति कार तथा एक ब्राऊन मारुति वैन में सवार होकर भाग निकलने में सफल हो गए ।

उग्रवादियों की फ़ायरिंग से मरने वाला बूढ़ा रिक्शा चालक वृक्ष के नीचे रिक्शा खड़ी करके उस पर बैठा हुआ था । घायल होने वाले दो पुलिस कांस्टेबलों गुरनाम सिंह तथा शिवदेव सिंह को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

एक करारी चपत है क्योंकि कचहरी के अहाता में चप्पे-चप्पे पर पुलिस व सुरक्षा बल तैनात रहते हैं । रिक्शा चालक की लाश अढ़ाई-तीन घंटे पड़ी रही तथा इसके इर्द-गिर्द लोग एकत्रित रहे ।

यद्यपि सरकारी अफसर इस वारदात के बारे में अभी तक मौन साधे हुए हैं,लेकिन पत्रकारों ने अपने तौर पर जो सूचना एकत्र की है, उसके अनुसार श्री जी.एस. सरन की अदालत में चार उग्रवादियों को पुलिस पेश करने के लिए लाई थी । जब पेशी के बाद उन्हें अदालत के कमरे से बाहर ले जाया जाने लगा तो मारुति कार में सवार तीन-चार उग्रवादियों ने धावा बोल दिया । एक उग्रवादी ने कार स्टार्ट रखी और उसका मुंह भी सड़क की ओर कर दिया ताकि आसानी से भागा जा सके जबकि शेष ने फ़ायरिंग की,जिससे पुलिस वालों में भगदड़ मच गई तथा उग्रवादी अपने साथियों को हथकड़ियों समेत छुड़ा कर कार में बिठा कर ले गए । हमारे विशेष प्रतिनिधि के अनुसार उग्रवादी जिन साथी आतंकवादियों को छुड़ा ले गए हैं, उनके नाम हरजिंदर सिंह खब्बे राजपूतां थाना मेहता ज़िला अमृतसर, गुरदेव सिंह व कंवलजीत सिंह हैं ।

एक अन्य सूचना के अनुसार छुड़ाए गए आतंकवादियों की संख्या चार है तथा चौथे का नाम जीवइन्द्र सिंह है,लेकिन पुलिस अधिकारी अभी तक अंधेरे में हैं तथा चौथे आतंकवादी के भागने की पुष्टि नहीं हो सकी ।

बताया जाता है कि छुड़ाए गए आतंकवादियों में दो 'बी' श्रेणी के हैं । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आतंकवादियों ने विचाराधीन आतंकवादियों को ले जा रहे कांस्टेबल पर काबू पा लिया तथा वहां मौजूद लोगों को भगाने के लिए फ़ायरिंग की । अपने वाहनों में सवार होकर वे कैनाल रैस्ट हाऊस की ओर फरार हो गए ।

पुलिस ने बाद में उनका पीछा किया लेकिन जब आतंकवादियों के वाहन छहटां औद्योगिक क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे तो उसके आगे उनका कुछ पता नहीं चला । शहर में दाखिल होने तथा बाहर निकलने के सभी रास्ते बंद कर दिए गए हैं । फायरिंग में अनेक वाहनों की खिड़कियों के शीशे टूट गए जिनमें आतंकवादियों द्वारा प्रयक्त वाहन भी शामिल हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सुरक्षा बलों ने रात्रि में प्रत्येक ग्राम की हर घंटे बाद गश्त नहीं की : रमेश इन्द्र

अमृतसर, 27 अप्रैल (ह.स.): सुरक्षा बलों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में गश्त न किए जाने का सरकार ने गम्भीर नोटिस लिया है । उपायक्त श्री रमेश इंद्र सिंह ने बताया कि सुरक्षा बलों की यह खामी काफी गम्भीर है क्योंकि सैक्टर योजना के तहत सुरक्षा बलों के लिए प्रत्येक घंटे के बाद हर गांव की गश्त करनी ज़रूरी है । परन्तु ऐसी गश्त न होने के कारण उग्रवादी न केवल हत्याएं कर जाते हैं बल्कि पुलिस को भी इनकी सूचनाएं अगले दिन सुबह ही मिलती है । 17 अप्रैल को बरियान्के में 5 लोगों की हत्या, 21 अप्रैल को एक परिवार के 6 लोगों की हत्या, गत रात्रि धारीवाल ग्राम में तीन लोगों की हत्याओं की सूचना पुलिस को अगले दिन सुबह ही मिली । इस स्थिति को दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुए उपायुक्त ने कहा कि यदि सुरक्षा बल उक्त ग्रामों के आसपास होते तो गोलियों की आवाज सुनते और घटनास्थल पर पहुंच सकते । उपायुक्त ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि वे उग्रवादियों की बढ़ रही गतिविधियों से निपटने के लिए सुरक्षा प्रबन्ध कड़े करें । हाल ही की घटनाओं से ग्रामीणों में आतंक फैला है परन्तु अभी एक ही समुदाय के लोगों के बड़े पैमाने पर पलायन की खबरें नहीं मिली हैं । इस वर्ष पंजाब के बाहर के श्रमिक नहीं आए हैं परन्तु इससे फसलों की कटाई प्रभावित नहीं हुई है । मंडियों में गेहूं की आमद पिछले वर्ष से अधिक है ।

श्री रमेश इंद्र सिंह ने उग्रवादियों के 13 सूत्री समाज सुधार कार्यक्रम के बारे में कहा कि शराब, सिगरेट, गोश्त आदि दुकानें जबदरस्ती बंद कराने का केवल 20 प्रतिशत दुकानों पर असर पड़ा है । बंद शराब ठेके खुलवाने, उन्हें जगह दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है क्योंकि पंचायतें व निजी लोग

Punjabi Sarat

ने कहा कि "हम यह नहीं पूछ रहे हैं कि सरकार क्या ... चाहते हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



मुक्तसर के पास संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा गोली से मारे गए माली माता दीन का शव (ऊपर) नीचे पिता के शव के पास बैठे उसके सात शोक संतप्त बच्चे (इन्सैट) हत्या स्थल पर बिखरा खून ।
(छाया : दीपक पाल)

ब्रह्मदत्त ने आज राज्यसभा में इस बात से इंकार किया कि भारतीयों द्वारा विदेशी बैंकों में जमा कराए गए अवैध धन की जांच का मामला शामिल करने के लिए फ़ेयरफ़ैक्स जांच आयोग का दायरा बढ़ाया

पंजाब में दो हत्यायें : 16 खोखे जलाये गये

चंडीगढ़, 28 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों में संदिग्ध आतंकवादियों ने पंजाब में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । होशियारपुर के सुधार घर से भागे एक कैदी ने पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । पटियाला में आतंकवादियों ने 16 खोखे जला डाले । तरनतारन पुलिस ने 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । मलोट में दो शराब के ठेकों को आग लगाई गई । अमृतसर की ज़िला कचहरी में कल हुए कांड के सम्बन्ध में पुलिस को अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

16 खोखे जलाए

पटियाला (भूषण सरहिंदी): यहां त्रिपुरी टाऊनशिप में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने 16 लकड़ी के खोखों को आग लगा दी । अधिकृत सूत्रों ने बताया कि इस सम्बन्ध में एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । आतंकवादियों द्वारा छोटे दुकानदारों की दुकानें ज़बरदस्ती बंद कराने के लिए शुरू किए गए अभियान के बाद से यह सब से बड़ा अग्निकांड है । यह खोखे मीट विक्रेताओं, नाइयों, कारपैंटरों तथा साइकल मुरम्मत करने वालों के थे ।

कालोनी के नागरिकों ने आरोप लगाया कि यह एक नियोजित वारदात है, क्योंकि वहां मिट्टी के तेल का एक खाली टीन पड़ा मिला । वारदात के समय स्ट्रीट लाइट अचानक बंद हो गई । उन्होंने इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की ताकि अपराधियों का पता लगाया जा सके ।

इन दुकानों के जलने से लगभग एक लाख रुपए की हानि हुई है । जब अभियुक्तों ने खोखों को आग लगाई तो कालोनी के लोगों ने इकट्ठे होकर आग पर काबू पाया, लेकिन उस समय तक कुछ नहीं बचा था और सारी मार्केट भस्म हो चुकी थी । जिन लोगों के खोखे जले, उनके नाम हैं : गुलशन सिंह मीट विक्रेता, बलदेव सिंह कारपैंटर, कंवर भान बारबर, जय प्रकाश मीट विक्रेता, राजू बारबर, बिशन दास बारबर, प्रेम सहगल साइकल मुरम्मत, सतीश कुमार कारपैंटर, मनजीत सिंह मीट विक्रेता, जसबीर सिंह मीट विक्रेता, हरी कारपैंटर, नेभ राज किरयाना । दो खोखे खाली थे ।

हिंदू शिव सेना की पटियाला ईकाई ने उक्त घटना की निंदा की है और मांग की कि अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाए व पीड़ितों को उचित मुआवज़ा दिया जाए । सेना ने एक प्रस्ताव द्वारा ज़िला प्रशासन का पूरी तरह ओवरहाल किए जाने की मांग की ।

पिस्तौल छीनने की कोशिश

गिद्दड़बाहा (गोयल): गत दिवस दो हथियारबंद लोगों द्वारा गांव गिद्दड़बाहा के श्री बिकर सिंह से उसका रिवाल्वर बलात् ले जाने की कोशिश नाकाम हो गई । बताया जाता है कि दो व्यक्ति बिकर सिंह के घर आए तथा उससे रिवाल्वर मांगा, जिस पर बिकर सिंह एक उग्रवादी से गुत्थम-गुत्था हो गया । इस पर दूसरे व्यक्ति ने कुछ फ़ायर किए जो दीवार पर लगे । दोनों व्यक्ति बाद में भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

इसी प्रकार एक अन्य घटना में एक व्यक्ति ने गिद्दड़बाहा शहर के एक घर में जाकर धमकी देते हुए पैसे की मांग की, जिसकी लोगों ने पकड़ कर काफ़ी मरम्मत की । पुलिस के अनुसार वह व्यक्ति नशेड़ी है तथा प्रायः नशा करता है ।

मुकाबले के बाद आतंकवादी भाग निकले

बरनाला (सिंधवानी): यहां से 20 किलो मीटर दूर कस्बा नैनेवाल में कल शाम साढ़े छः बजे चार आतंकवादी बाल सिंह फौजी के घर गए । वे उसकी दोनाली बंदूक छीनना चाहते थे । फौजी के शोर मचाने पर लोग अपने लाइसैंस के हथियार लेकर घरों की छतों पर चढ़ गए । आतंकवादी युवकों और लोगों में पांच मिनट तक फ़ायरिंग व जवाबी फ़ायरिंग होती रही । इतने में पुलिस भी पहुंच गई, लेकिन आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए भागने में सफल हो गए । ज्ञात हुआ है कि छः मास पूर्व डेरा के महंत और उसके चेले की जो हत्या हुई थी, आतंकवादी भय पैदा करके उस केस में गवाहों पर प्रभाव डालना चाहते थे तथा फौजी से बंदूक छीन कर वहां जाने वाले थे । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ने लोगों के साहस की प्रशंसा करते हुए उन्हें संगठित होकर आतंकवादियों का सामना करने के लिए कहा ।

अकाली नेता लुटने से बचा

फिरोज़पुर (धीमान): कल शाम को यहां से लगभग आठ किलो मीटर दूर बस्ती भाग सिंह में वरिष्ठ अकाली नेता मेहर सिंह संधु को लूटने आए

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बाबा बकाला का गुरुद्वारा उग्रवादियों का गढ़ बना : उमरानंगल

जालन्धर, 28 अप्रैल (वार्ता): पंजाब में सत्तारूढ़ अकाली दल के उपाध्यक्ष, जीवन सिंह उमरानंगल ने आरोप लगाया है कि अमृतसर जिले के बाबा बकाला गुरुद्वारा 'राष्ट्र विरोधी' तत्वों का अड्डा बन गया है और तत्व इलाके में आतंक फैलाए हुए हैं । बाबा बकाला गुरुद्वारे पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी का नियंत्रण है ।

श्री उमरानंगल ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि वह इलाके के लोगों में विश्वास जमाने के लिए अपने गांव उमरानंगल में एक मई से तीन दिन तक रहेंगे । उमरानंगल गांव बाबा बकाला उपमंडल में पड़ता है ।

उन्होंने कहा कि इसी उपमंडल के राया क्षेत्र में हाल में शराब, मांस तथा सिगरेट की दुकानों को इन्हीं तत्वों ने आग लगाई थी ।

सत्तारूढ़ दल के नेता ने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि पुलिस अपराधियों को पकड़ने का अपना काम नहीं कर रही । श्री उमरानंगल ने आरोप लगाया कि बाबा बकाला के सरपंच को घायल करने वाले तीन हमलावरों ने भी इस गुरुद्वारे में जाकर शरण ले रखी है ।

उन्होंने कहा कि वह गुरुद्वारे से ऐसे तत्वों को बाहर निकालने के बारे में इलाके के लोगों से बातचीत करेंगे ।



लुधियाना पुलिस ने सोमवार को खुड्डू मोहल्ला में छापा मार कर लुधियाना बैंक डकैती में लूटे गये 2 लाख रु., भारी परिमाण में शस्त्र आदि बरामद किये जिनमें बुलेट प्रूफ जैकेट, 9 मैगजीनें, 455 बोर का रिवाल्वर, एक कारबाइन स्टेनगन, एक चीनी सेल्फ लोडिंग राइफल, एक सब मशीनगन, 562 गोलियां शामिल हैं ।
(छाया : नेपाल)

केन्द्र को एक मुश्त सम... बरनाला के उत्तर की...

नई दिल्ली, 28 अप्रैल (चावला): जोधपुर के नज़रबंदों की रिहाई, रावी-ब्यास नदी जल और सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर का निर्माण किसी केन्द्रीय एजैंसी के हवाले किए जाने इत्यादि के एकमुश्त समझौते बारे केन्द्र पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला के अन्तिम निर्णय की प्रतीक्षा में है ।

इस मामले पर प्रधानमंत्री और श्री बरनाला में पहले विचार-विमर्श हो चुका है । प्रधानमंत्री ने श्री बरनाला को याद दिलाया है और इस बारे श्री बरनाला द्वारा स्वयं दिल्ली आने या चंडीगढ़ से इसी सप्ताह प्रधानमंत्री को सूचित किए जाने की सम्भावना है ।

केन्द्र ने अपनी घोषणा के अनुसार जोधपुर के नज़रबंदों के केसों पर पुनर्विचार किया है और यदि एकमुश्त समझौता अन्तिम रूप लेता है तो 35 नज़रबंदों का एक गुट रिहा हो सकता है ।

इराडी ट्रिब्यूनल ने रावी-ब्यास नदियों से पंजाब के लिए 5 एम.ए... 1981 में हुए... एम.ए.एफ. अ... एम.ए.एफ. पानी... को पेश किए अप... चाहता है ।

प्रधानमंत्री अ... बातचीत के दौरान... की वकालत की थी... पंजाब एकमुश्त स... तो पंजाब को विश्व... प्रभाव डाले बिना... अधिक पानी देने क... इस अतिरिक्त पानी... दिल्ली के माध्यम... का निर्माण कार्य वि... सहमत हो जाएगा... जाएगा ।

केन्द्र को एक... पंजाब में बिगड़ र... अधिक है । केन्द्र... अन्य स्तरों पर भी... रिपोर्टों के बावजूद... सिंह ने दिल्ली में क... पंजाब में स्थिति में...

श्री बलवन्त सिं... द्वारा समाज सुधार... लोगों में प्रतिकूल... सुधार के इस ढंग को... लोग अच्छी तरह...

...पुर से पुनः व्यापक स्तर पर पलायन शुरू होने की सम्भावना

न करने पर यहां के हिन्दू परिवारों ने पलायन करना शुरू कर दिया है और इसी तरह इस इलाके के कुछ और गांवों से पलायन जारी है ।

इस गांव के कुछ प्रमुख लोगों ने बताया कि डाक्टर सतीश की हत्या की सूचना पुलिस को ठीक समय पर दे दी गई थी परन्तु पुलिस के जानबूझ कर लम्बे रास्ता से मौके पर जाने के कारण

क्षेत्रों में पुलिस तथा सुरक्षा बल स्वयं ही 6 बजे शराब के ठेके बंद करवा देते हैं और बाद में यह ऊंचे भाव पर बिकती है । सरकार को इस कारण काफी नुक्सान पहुंचा है और ठेकेदारों द्वारा आबकारी विभाग के पास जमा सिक्योरिटी राशि को वापस करने की मांग की जा रही है । ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों द्वारा शराब के ठेकों के लिये दुकानें देने से इन्कार कर

इन्हीं कारणों से इस क्षेत्र के लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है ।

कुछ प्रमुख राजनीतिक नेताओं, व्यापारियों और सरकारी कर्मचारियों ने अपना नाम गुप्त रखने पर जोर देते हुये बताया कि आतंकवादी संगठनों की ओर से उन्हें धमकीपूर्णपत्र मिले हैं, जिसमें कुछ लोगों को मौत की सजा, कुछ को अपनी सफाई पेश करने के

अधिकारी नौकरी छोड़ने लगे

कुछ सरकारी अधिकारियों से बातचीत करने पर पता चला है कि आतंकवादियों ने उन्हें भी रिश्वत लेने पर खतरनाक परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है और इसी कारण कुछ अधिकारी नौकरी छोड़ने का विचार बना रहे हैं और कुछ ने सादा लिबास में सुरक्षा कर्मचारी ले रखे हैं ।

Punjabi Sanatan

शिवनाथ, देव प्रकाश पुत्र विशम्बर नाथ, ओम प्रकाश, जागीर चंद शर्मा और हकीकत राय शर्मा के परिवार शामिल हैं । गांवों वालों ने बताया कि सी.आर.पी. वाले रोज़ाना गश्त नहीं कर रहे, जिससे हिन्दुओं में आतंक फैला हुआ है ।

भारतीय सीमाओं पर...

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री फ़्लेरियो ने जवाब दिया, "अगर ज़रूरी हुआ तो हम अपनी परमाणु नीति पर पुनर्विचार करेंगे ।"

अनेक सदस्यों के प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान अपने परमाणु हथियार बनाने के कार्यक्रम को लगातार आगे बढ़ा रहा है ।

राज्यसभा को बताया गया कि सरकार को पाकिस्तान के राष्ट्रपति द्वारा हाल ही में दिए गए उस बयान की जानकारी है, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान जब चाहे परमाणु बना सकता है । यह भी कि वह भारत के साथ एक और लड़ाई से भी इंकार नहीं कर सकते । विदेश मंत्री नारायण दत्त तिवारी ने बताया कि पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम के 'गैर शांतिपूर्ण आयामों से तथा भारत के साथ एक और टकराव' के संबंध में पाकिस्तान के राष्ट्रपति के उल्लेख से सरकार चिन्तित है ।

श्री फ़्लेरियो ने बतायाकि तिब्बत में भारतीय सीमाओं पर चीन द्वारा बड़ी संख्या में सैनिक तैनात किए जाने की खबरें मिली हैं, यह जमाव सर्दियों की समाप्ति के साथ ही किया गया है । लेकिन चीनी अधिकारियों ने इन्हें 'शुद्ध अफवाह' बताया है । उन्होंने कहा कि सरकार ने चीन से कई बार ज़ोर देकर कहा है, पूरी भारत-चीन सीमा पर तनाव घटाने, यथास्थिति तथा शांति बनाए रखने की आवश्यकता है । इस सम्बन्ध में स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं ।

श्री फ़्लोरिया ने बताया कि सरकार ने पाकिस्तान द्वारा श्रीलंका को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति किए जाने से सम्बद्ध खबरों देखी हैं । सरकार को पाकिस्तान में श्रीलंका के सैनिकों को सैनिक प्रशिक्षण दिए जाने की भी जानकारी है । सरकार इस बात को मानती है कि श्रीलंका में जातीय समस्या का कोई सैनिक समाधान नहीं हो सकता है ।

श्री फ़्लोरियो ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में बताया कि सरकार ने ऐसी खबरें देखी है कि पाकिस्तान ने अमरीका में बने अपने एफ 16 लड़ाकू जेट विमानों के लिए लेसर निर्देशित बमबारी अग्नि नियंत्रण प्रणाली के आर्डर दिए हैं ।

ड विज्ञापन

मशीनरी

Wanted a vertical boiler size 6'x12', end your offers to Box 875, Punjab esari, Jalandhar.

टी.वी. सीखें

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

सशस्त्र उग्रवादी पुलिस के देर से पहुंचने के कारण पकड़े न जा सके । श्री संधु ने बताया कि पहले यह उग्रवादी दस अप्रैल को उनके पास आए और तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू जनरल लाभ सिंह का लिखा हुआ पत्र उसे दिया, जिसमें उसे कहा गया था कि वह 50 हजार रुपया दे वरना उसका हश्र भी गांव लूमड़ीवाला के निवासी ब्लाक कांग्रेस घाल के अध्यक्ष केवल सिंह जैसा होगा । मेहर सिंह ने उन्हें कहा कि वह फसल की कटाई के बाद यह रुपया दे देगा । उसने बताया कि आतंकवादी 22 अप्रैल को फिर उसके निवास स्थान पर आए तथा दरवाज़ा खटखटाया, लेकिन उसने दरवाज़ा न खोला । गत सायं पांच आतंकवादी उनके निवास स्थान से कुछ दूरी पर एक जीप में बैठे रहे । शाम चार बजे उनमें से चार उसके घर आए तथा 50 हजार रुपए की मांग की । उसने उनको चाय आदि पेश की । इस बीच उसके परिवार के सदस्यों ने पुलिस को सूचना दे दी । उन्होंने मेहर सिंह के भाई को भी सूचना दी, जो कि जी.टी. रोड पर रहता है ।

मेहर सिंह ने बताया कि उसने उन लोगों को कहा कि वह 25 हजार रुपए दे सकता है जिस पर उन्होंने कहा कि वह उनके नेता गुरदेव सिंह उस्मानवाला के साथ मिल कर मामला निपटा ले । जैसे ही मेहर सिंह उनके साथ घर से बाहर आया उसका भाई भी उधर से आता दिखाई दिया जबकि पुलिस की जीप भी कुछ दूरी से आती नज़र आई । खतरे को भांपते हुए उग्रवादी भाग निकले ।

जेल भेजे गए

फाज़िल्का (नागपाल): 12 ट्रक सवार उग्रवादी, जो कि संयुक्त अकाली दल से सम्बन्धित बताए जाते हैं, जिन्हें 25 अप्रैल को खालिस्तानी नारे लगाने पर गिरफ्तार किया गया था, डिवीजनल मैजिस्ट्रेट फाज़िल्का के आदेश से 25 मई तक न्यायिक रिमांड देकर सैंट्रल जेल फिरोज़पुर भेज दिए गए हैं ।

ठेके जलाने पर गिरफ्तार

फरीदकोट (जिंदल): मलोट पुलिस ने गत रात्रि शराब के दो ठेकों को आग लगाने के आरोप में मोहन लाल तथा ओम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया ।

पति, पत्नी की हत्या

मुक्तसर (दीपक पाल): सोमवार की रात को कुछ अज्ञात व्यक्ति यहां से चार किलो मीटर दूर बचित्तर सिंह के घर आए लेकिन उसके शोर मचा देने पर घर के लोग इकट्ठे हो गए जिस पर वे भाग गए । इसके बाद रात एक बजे के करीब बचित्तर सिंह के घर से लगभग तीन सौ गज की दूरी पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति मातादीन माली के घर पहुंचे तथा ताला तोड़ने लगे । मातादीन तथा उसकी पत्नी ने शोर मचाया, जिस पर भागते हुए संदिग्ध व्यक्ति माली और उसकी पत्नी पर गोली चला गए । माली की तो मौका पर ही मृत्यू हो गई जबकि उसकी पत्नी की फरीदकोट के अस्पताल में मृत्यु हो गई । घटनास्थल पर खोजी कुत्ते भी मंगवाए गए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली ।

रुपए छीन लिए

सरहिंद (ज्ञान): यहां ट्रक यूनियन दफ्तर के निकट दो बिजली कर्मचारियों अमरजीत सिंह तथा त्रिलोक सिंह से दो आतंकवादियों ने 36726 रुपए पिस्तौल की नोक पर छीन लिए । आतंकवादी बिना





पटियाला की त्रि
विक्रेताओं के,
किरयाना वाले

उसने फ़रार ह
कहा कि फरार होने
काटी । फ़रार हो
तबदील होकर आ
दूसरे कैदियों को अ
लिए दो-दो सौ रु
बताया कि वह दो अ
बस में सवार हो
अपने-अपने घरों
रास्ते में पुलिस की
उससे पहले ही
होशियारपुर चले
घर पहुंचा, लेकिन घ
आपको पुलिस के ह
मुसीबत खड़ी नहीं

रिक्शा चालक

अमृतसर (अ
यहां ज़िला कचह
आतंकवादियों द्वारा
आतंकवादियों रणज
सिंह तथा राजीव इन
सफलतापूर्वक छुड़ा
उसमें मारे गए रिक्
थी । यह रिक्शा
कालोनी का निवासी
बताया गया है । उ
वारिसों को सौंप दी

सीमा क्षेत्र में पा

अमृतसर के जि
ने आज धारा 14
करके जिला अमृत
के 500 मीटर क्षे
तक हर तरह की ग
यह पाबंदी 28 जून

मानोचाहल फिर बच निकला, एक उग्रवादी मरा, कई काबू

ज़िला अमृतसर में एक व्यक्ति की हत्या, महिला घायल : राज्य में कई जगह लूटपाट

नंदी की हत्या में फैडरेशन का नेता गिरफ्तार

चंडीगढ़, 30 अप्रैल (वार्ता, ह.स., नि.स.): दर्दांत उग्रवादी कल रात अमृतसर पुलिस के हाथों फिर बच निकला । इसी जिला के खैला गांव के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद छः उग्रवादी पकड़े गए, जिनमें जगदीश सिंह और सकत्तर सिंह शामिल हैं । खारा गांव में उग्रवादियों ने परगट सिंह की हत्या कर दी, जबकि चक महाल गांव में एक महिला निर्मल कौर को घायल कर दिया । नंदी की हत्या में फैडरेशन के एक नेता को गिरफ्तार किया गया है ।

बंगा थाना के भोरमाजरा गांव में भू.पू. सरपंच से रिवाल्वर छीनने आया एक उग्रवादी मारा गया, जबकि दूसरा स्कूटर छोड़ कर भाग निकाला । एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादी की हत्या उसके साथी ने ही कर दी ।

जिला गुरदासपुर के रंगीलपुरा गांव के निकट मुठभेड़ के बाद सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया ।

मानोचाहल बच निकला

अमृतसर (वार्ता) : दर्दांत उग्रवादी गुरबचन सिंह मानोचाहल एक बार फिर बच निकला है । एस.एस.पी. मोहम्मद इज़हर आलम ने बताया कि उसे पकड़ने के लिए पुलिस ने कल रात तरनतारन सब-डिवीजन में उसके आश्रय स्थल पर छापा मारा था । आलम ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस पार्टी ने मानोचाहल के आश्रय स्थल पर छापा मारा लेकिन पुलिस के आने से कुछ ही मिनट पहले वह बच निकला ।

6 गिरफ्तार

कल रात गांव खैला में संक्षिप्त मठभेड़ के बाद पुलिस ने 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया, जिनमें बराड़ गांव का जगदीश सिंह शामिल है, जो 17 अप्रैल को बनिएके गांव में हत्याकांड में संलिप्त मलकीयत सिंह गिरोह का सदस्य है । जगदीश सिंह छत्तर झंजोटी में हत्याओं और मोहाली में एक धार्मिक समारोह में फायरिंग में भी संलिप्त था । एक अन्य गिरफ्तार उग्रवादी सकत्तर सिंह मालमोरी गांव में एक ही परिवार के 6 सदस्यों की हत्या में वांछित था ।

नंदी की हत्या में बंदी

अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ (अध्यक्ष मंडल) के कार्यालय सचिव हरभजन सिंह खालसा को इसी संगठन के भूतपूर्व कार्यकर्त्ता नरिन्दर सिंह उर्फ नंदी की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है । पिछले महीने हुई नंदी की हत्या से स्वर्ण मंदिर परिसर के आसपास के इलाकों के लोगों में रोष पैदा हो गया था और उन्होंने पूरे परिसर में शव की तलाश की थी । बताया जाता है कि शव एक गटर में दिखाई दिया था किन्तु बरामद नहीं हो सका ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खालसा को केंद्रीय रिजर्व पुलिस की टुकड़ी ने परिसर के बाहर पकड़ा । खालसा गुरदासपुर जिले का है । सूत्रों ने बताया कि सात अन्य मामलों में भी पुलिस को खालसा की तलाश थी । उससे पूछताछ जारी है ।

उग्रवादी घायल कर गए

कमलेश के अनुसार गत रात्रि आठ बजे ही नौशहरा पन्नुआं कस्बे के समीपवर्ती गांव नन्दपुर में पांच उग्रवादी एक जाट हरभजन सिंह के घर घुस गए और बन्दूक की नोक पर 3-4 तोले स्वर्ण आभूषण

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अघोषित सम्पत्ति का पता लगाने के लिए आयकर विभाग में सैल स्थापित करने का सुझाव

नई दिल्ली, 30 अप्रैल (वा.): आकलन समिति ने स्वरोजगार क्षेत्रों की अघोषित सम्पत्ति का पता लगाने के लिए आय कर विभाग में एक सैल स्थापित करने का सुझाव दिया है ।

लोकसभा को दी अपनी रिपोर्ट में समिति

लाखों में नहीं तो हजारों में तो अवश्य होंगे । इससे सिद्ध है कि या तो हमारे कर संबंधी कानून में कमी है या फिर अधिकारी इस बारे लापरवाह हो गए हैं । कमेटी ने बोर्ड से कहा है कि इस मामले की गहराई तक जाकर कोई ठोस उपाय किए जाएं ।

बलबीर सिंह का 10 मई तक रिमांड

लुधियाना, 30 अप्रैल (जोशी): यहां पंजाब नैशनल बैंक में गत 12 फरवरी को पड़ी 5.70 करोड़ की डकैती के संदर्भ में गिरफ्तार बलबीर सिंह का क्षेत्रीय दंडाधिकारी से 10 मई तक पुलिस रिमांड दे दिया है । बी श्रेणी के इस खतरनाक उग्रवादी को पिछले दिनों ट्रांसपोर्ट नगर से गिरफ्तार किया गया था । उसने प्रारम्भिक जांच के दौरान बताया कि जब बैंक में डाका पड़ रहा था तब मैं बैंक के बाहिर दो

रयाणा के चुनाव पंजाब झौते बारे जनमत संग्रह होंगे : देवी लाल

रसा, 30 अप्रैल (ह.स.): हरियाणा लोकदल न देवी लाल ने कहा है कि राज्य विधानसभा गामी चुनाव जुलाई 1985 में हुए -लौंगोवाल समझौते के बारे में जनमत संग्रह यहां से 20 कि.मी. दूर रानिया में एक ा को सम्बोधित करते हुए कहा कि समझौते राओं 7 और 9 के तहत हरियाणा से चोर किया गया है । हरियाणा के नेताओं को त में लिए बिना यह समझौता किया गया । ा कभी इस समझौते में पार्टी नहीं बना । देवी लाल, जो विपक्षी दलों की संघर्ष समिति ध्यक्ष हैं, ने कहा कि यदि वह सत्ता में आ गए चंडीगढ़ के बदले हरियाणा को अबोहर, का के हिन्दी भाषी क्षेत्र दिलाएंगे और अधिक न प्राप्त करेंगे और नई राजधानी के लिए । भू.पू. मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वह धानसभा क्षेत्र से ही चुनाव लड़ेंगे, जहां से विधानसभा के लिए चुने गए हैं ।

वाकर' के अनुसार सरकार की किसान

(शेष पृष्ठ 8 पर)



Punjabi Sonatani

पलायन फिर शुरू हो गया है ।

परीक्षा पर रोक

भी तक अपनी आपत्तियां नहीं भेजी
को योजना की प्रति नहीं मिली है ।
है कि 3 मई की परीक्षा के स्थगन का
पत्रों रेडियो और दूरदर्शन द्वारा
किया जाए । मैडीकल कालेजों से
वे अपनी 85 प्रतिशत सीटों के लिए
ा जारी रखें और 15 प्रतिशत सीटें
प्रवेश परीक्षा, जो बंद में होगी, के
रखें ।

छ मुद्दे हल
: राजीव

पूछा गया कि विभिन्न विवादों का
उठना क्या किसी षड्यंत्र का संकेत
ने कहा कि निष्कर्ष निकालना प्रैस
पूछे जाने पर कि क्या उनमें कुछ
म्बन्धों का फायदा उठाया है, श्री
हम बिल्कुल कानून के अनुरूप
कोई फायदा उठाता है तो हम यह
कहीं उसने कोई गलत बात तो नहीं
पर भी अन्य लोगों की तरह ही

के बारे में पूछे जाने पर श्री गांधी
का विश्वास अहिंसा में है । हमारे
बनाने के लिए बहुत दबाव पड़ा
खतरे और प्रतिक्रिया को अनुभव
या । उन्होंने कहा कि भारत उन
जो सही अर्थों में निरस्त्रीकरण के
स रखते हैं ।

वना वाले पड़ोसियों के बारे में पूछे

जेल के कैदियों को शीघ्र रिहा किया जाए ।

श्री बरनाला ने उन्हें पंजाब सरकार द्वारा उग्रवाद कुचलने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी ।

मेहम विधानसभा क्षेत्र से ही चुनाव लड़ेंगे, जहां से वर्तमान विधानसभा के लिए चुने गए हैं ।

'दिवाकर' के अनुसार सरकार की किसान

(शेष पृष्ठ 8 पर)

फैडरेशन के एक नेता को गिरफ्तार किया गया है ।

बंगा थाना के भोरमाजरा गांव में भू.पू. सरपंच से रिवाल्वर छीनने आया एक उग्रवादी मारा गया, जबकि दूसरा स्कूटर छोड़ कर भाग निकाला । एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादी की हत्या उसके साथी ने ही कर दी ।

जिला गुरदासपुर के रंगीलपुरा गांव के निकट मुठभेड़ के बाद सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया ।

मानोचाहल बच निकला

अमृतसर (वार्ता) : दुर्दांत उग्रवादी गुरबचन सिंह मानोचाहल एक बार फिर बच निकला है ।

कल रात गांव खैला में संक्षिप्त मुठभेड़
पुलिस ने 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया,
बराड़ गांव का जगदीश सिंह शामिल है,
अप्रैल को बनिएके गांव में हत्याकांड में
मलकीयत सिंह गिरोह का सदस्य है । जगदी
छहर्टा झंजोटी में हत्याओं और मोहाली
धार्मिक समारोह में फायरिंग में भी संलिप्त
एक अन्य गिरफ्तार उग्रवादी सकत्तर सिंह मा
गांव में एक ही परिवार के 6 सदस्यों की ह
वांछित था ।

नंदी की हत्या में बंदी

अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ (



जिला अमृतसर के गांव खारा में उग्रवादियों के हाथों मारा गया परगट सिंह

(छाया : पाल)

हरियाणा में खालिस्तान समर्थक और शराब, तम्बाकू विरोधी पोस्टर

चंडीगढ़, 30 अप्रैल (ह.स.): हाल के दिनों में । पंचों, सरपंचों तथा अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों से कहा

अघोषित सम्पत्ति का पता लगाने के लि
आयकर विभाग में सैल स्थापित करने का सुझ

नई दिल्ली, 30 अप्रैल (वा.): आकलन समिति ने स्वरोजगार क्षेत्रों की अघोषित सम्पत्ति का पता लगाने के लिए आय कर विभाग में एक सैल स्थापित करने का सुझाव दिया है ।

लोकसभा को दी अपनी रिपोर्ट में चन्द्रा त्रिपाठी की अध्यक्षता वाली इस कमेटी ने कहा है वकील, डाक्टर, चार्टेड अकाऊंटैंट, टेलर आदि स्वरोजगारों में भारी मात्रा में अघोषित सम्पत्ति का पता लगाया जा सकता है ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि राजस्व सचिव ने समिति को प्रमाणों के दौरान बताया कि दिल्ली में डाक्टरों, अस्पतालों, क्लीनिकों पर छापों के दौरान काफी आय के बारे पता चला है । उन्होंने यह भी बताया कि जिन स्थानों पर 'कैट स्कैनिंग' उपलब्ध है वहां की दैनिक आय एक लाख रुपए तक है ।

जहां तक सर्वेक्षण का प्रश्न है उस बारे कमेटी का कहना है कि 'सैंट्रल बोर्ड आफ डायरैक्टर टैक्सिज' को यद्यपि अधिक अधिकार दिए गए हैं

लाखों में नहीं तो हजारों में तो अवश्य होंगे
सिद्ध है कि या तो हमारे कर संबंधी कानून में
या फिर अधिकारी इस बारे लापरवाह हो ग
कमेटी ने बोर्ड से कहा है कि इस मामले की
तक जाकर कोई ठोस उपाय किए जाएं ।

कमेटी का यह मत है कि अब कानूनों में
की बजाए कानूनों की कड़ाई से पाल
आवश्यकता है ।

मेरे हिस्से 10 ल
रुपए आए : बलबी

लुधियाना, 30 अप्रैल (वार्ता): गत फ
देश की सबसे बड़ी बैंक डकैती के संबंध में
भू.पू. सैनिक उग्रवादी बलबीर सिंह ने स्वीक
है कि लूटे गए 5.70 करोड़ रु. में से उस
10 लाख रु. आए हैं । उसने पूछताछ
बताया कि डकैती के दौरान वह दो अन्य उ

Punjabi Sanatani

नकला

) र ले गए । उसके किसान तारा सिंह पहले उन्होंने कुत्ते घर में घुस गए । दूर काम कर रहा वादी से राइफल ने अपने पिस्तौल यल कर दिया कर भाग गए ।

न्दुओं का निकास स यहां से 18 न्तर्गत पड़ने वाले न अर्जन सिंह का र पलायन करके । इनमें पंडित राम रखा, नरेन्द्र देवेन्द्र पाल, डा. ख्यमुख हैं । बताया गाडो फोर्स का पत्र गया कि माता के आदि का सेवन न गया गया कि यदि हो, वरना सोध्र दिए और न ही पुलिस सब लोग अमृतसर हैं । यह लोग फैसर लक्ष्मीकांता भा के प्रधान पं. ाओं ने जिलाधीश कारी दी है । सारे

एक व्यक्ति की हत्या

सरहाली थाना के गांव खारा में गत आधी रात को उग्रवादियों ने एक व्यक्ति परगट सिंह को घर से बाहर निकाल कर गोली मार दी । उसका गोलियों से छलनी शव ग्रामीणों ने प्रातः खेतों में पड़ा पाया ।

'पाल' के अनुसार परगट सिंह शराब निकालता था । उग्रवादियों ने जब उसे काम बदलने के लिए धमकियां दीं तो उसने लाऊडस्पीकर द्वारा घोषणा की कि वह यह काम छोड़ने के लिए तैयार है, परंतु रोज़ी-रोटी के लिए उसे दो किल्ले जमीन दी जाए ।

महिला घायल

इसी थाना के गांव चक माहल में 7 उग्रवादी जीत सिंह के घर में घुस आए और उसकी बेटी निर्मल कौर को घायल करके 315 बोर की राइफल और 25 कारतूस ले उड़े । निर्मल कौर ने उग्रवादियों को रोकने की कोशिश की थी । उसे यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

उग्रवादी की शिनाख्त

इसी दौरान कल सायं भिखीविंड थाना के गांव बासरके के निकट मठभेड़ में गिरफ्तार उग्रवादी की शिनाख्त हरकिंदर सिंह के रूप में हुई है । उसका दूसरा साथी भाग निकला था ।

दो गिरफ्तार, हथियार बरामद

दो अन्य उग्रवादी कल रात पकड़े गए । इनके नाम बलविंदर सिंह और घुक्क हैं । वह दो हत्याओं और कुछ डकैतियों में संलिप्त थे । पुलिस ने घुक्क से तीन विदेशी हथियार बरामद किए हैं जबकि बलविंदर सिंह से दो हथियार पकड़े गए हैं ।

मुठभेड़

अमृतसर के खालड़ा क्षेत्र में गत रात्रि तीन घुसपैठिए बी.एस.एफ. के साथ गोलियों के आदान-प्रदान के उपरान्त पाकिस्तान वापस लौट गए । खेमकरण में बी.एस.एफ. ने आठ घुसपैठियों सहित 14 लोग पकड़े । छः अन्य को खेमकरण रेलवे स्टेशन पर पकड़ा गया ।

उग्रवादी मरा

जालंधर (वि.स.): आज प्रातः 7.30 बजे के लगभग थाना बंगा के गांव भोरमाजरा में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने भूतपूर्व सरपंच सोहन सिंह के घर जाकर पिस्तौल की नोक पर उसका रिवाल्वर उनके हवाले करने को कहा, जिस पर सोहन सिंह ने एक उग्रवादी को जफ्फा डालने की कोशिश की ।

इस पर उस उग्रवादी ने सोहन सिंह पर फायर कर दिया जिससे सोहन सिंह सिर के ऊपरी भाग में गोली लगने से घायल हो गया मगर इतने में सोहन सिंह ने उस उग्रवादी को अपने रिवाल्वर से गोली मार दी जिस पर वह मौका पर ही मर गया, जबकि उसका साथी स्कूटर छोड़ कर भाग गया । अभी विवरण की प्रतीक्षा है ।

'न.न.ए.' के अनुसार मारा गया आतंकवादी थाना सदर, फगवाड़ा के गांव संगतपुरा निवासी पाला सिंह का बेटा जितेंद्र सिंह है । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह आतंकवादी सरपंच की गोली से नहीं म.रा, अपितु वह खुद आतंकवादियों की गोलियों से घायल होकर नीचे गिर गया था । गोली उसके सिर में लगी थी । जब आतंकवादी उसका रिवाल्वर छीन कर जाने लगे तो सरपंच का भतीजा वहां आ गया और उसने अपनी दोनाली से गोली चला कर एक आतंकवादी को मार डाला । यह भी ज्ञात हुआ है कि आतंकवादी जितेंद्र सिंह के दूसरे साथी ने उसे स्कूटर पर डाल कर ले जाने का भी प्रयास किया था परन्तु वह खड़ा न हो सका । इस पर वह जितेंद्र और स्कूटर को छोड़ कर भाग गया तथा रास्ते में उसने एक अन्य व्यक्ति का स्कूटर छीन लिया । कुछ दूर जाने पर यह स्कूटर भी पंक्चर हो गया और उसे एक व्यक्ति का साइकल छीन कर भागना पड़ा । जितेंद्र की शिनाख्त उसकी जेब से मिले एक पहचान पत्र से हुई है ।

'वार्ता' के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उग्रवादी सोहन सिंह के भतीजे की गोली से घायल हुआ था, लेकिन उसकी हत्या अपनी जान बचाने के लिये उसके साथी ने की । उग्रवादी जब आए तो सोहन सिंह नहा रहा था । इसी दौरान उग्रवादियों ने चाय पी । जब वह नहा कर निकला तो उग्रवादियों ने उससे हथियार मांगे । सोहन सिंह ने कहा कि एक रिवाल्वर को छोड़ कर शेष हथियार वह पुलिस के पास जमा करा चुका है । इस पर एक उग्रवादी ने उस पर गोली चलाई, जो उसके कान में लगी और वह गिर पड़ा । जब उग्रवादी भागने लगे तो सोहन सिंह के भतीजे ने घर के अंदर से स्कूटर पर भाग रहे उग्रवादियों पर गोली चलाई, जो चालक की सीट पर बैठे उग्रवादी को लगी । पीछे बैठे उग्रवादी ने सोहन सिंह की पिस्तौल अपने साथी पर खाली कर दी और उसे वहीं छोड़ कर भाग निकला ।

स्कूटर छीना

एक अन्य सूचना के अनुसार थाना नवांशहर के मुहल्ला चोपड़े के अशोक कुमार नामक व्यक्ति से 2 संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर नं. पी.सी.जे. 1945 छीन कर फरार होने की सूचना मिली है ।

आज सायं जालंधर के लाडोवाली रोड क्षेत्र में दो उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके से 2668 रु. लूट लिए ।

ठेके से 3000 लूटे

एक अन्य घटना में तीन अज्ञात व्यक्तियों ने आज दोपहर बी. एम. सी. चौक जालंधर स्थित एक शराब की दुकान से तीन हज़ार रुपये लूट लिये ।

इसके पूर्व नकोदर पुलिस थाने के गधरों गांव में कल रात चार संदिग्ध आतंकवादियों ने लछमन सिंह के फार्म हाऊस से पंद्रह हज़ार रुपये मूल्य के स्वर्ण आभूषण और छह हज़ार रुपये लूट लिये । दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है ।

जालंधर में दोहरी सवारी पर रोक बढ़ी

जालंधर जिला में सभी प्रकार के दोपहिया वाहनों पर वयस्कों की दोहरी सवारी पर रोक 30 जून तक बढ़ा दी गई है । 3.5 हार्स पावर से कम शक्ति वाले दोपहियों पर अकेली सवारी की अनुमति प्रातः 6 से रात 9 बजे तक होगी, आग्नेयास्त्र, तेज़धार हथियार लेकर चलने, जलूस निकालने, जनसभाएं करने तथा लाऊड स्पीकर के प्रयोग पर भी जून के अंत तक पाबंदी रहेगी । होटलों, रैस्टोरैंटों, ठेकों, कैमिस्टों, हलवाइयों तथा बेकरी की दुकानों को छोड़ कर शेष दुकानें सायं 7.45 बजे बंद होंगी जबकि शेष 10 बजे तक खुली रह सकेंगी ।

सिनेमाघरों को अंतिम शो 9.30 बजे तक, शहरी क्षेत्रों में पैट्रोल पम्प 8 बजे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 6 बजे तक बंद करने के आदेश दिये गये हैं । बिना सुरक्षा गार्ड के बसें प्रातः 6 बजे से सायं 7 बजे तक चल सकेंगी ।

मकान मालिकों से कहा गया है कि वह अपने नए किराएदारों के बारे में निकटवर्ती थाने में सूचना दें । ठीकरी पहरे और ग्रामीण स्कूलों के भवनों की देखभाल की अवधि भी 30 जून तक बढ़ा दी गई है ।

छः हजार लूटे

करतारपुर से साहनी के अनुसार आज सायं लगभग 4.30 बजे के करीब यहां से थोड़ी दूर हमीरा के एक पैट्रोल पम्प से दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर 6000 रुपए लूट लिए तथा कुछ देर बाद वे चैन सिंह नामक व्यक्ति का स्कूटर नं. पी.ए.डी. 1052 छीन कर धीरपर की तरफ भाग गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

लुटेरे मनोनीत

फगवाड़ा (खोसला): यहां से 12 किलोमीटर दूर कल रात डेढ़ बजे मौजा गुलाबगढ़ में चार अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति वहां के एक जमींदार अवतार सिंह के घर गये और पिस्तौल की नोक पर परिवार के सदस्यों को एक कमरे में बंद कर दिया । फिर घर के सभी आभूषण, कीमती सामान और 800 रु. नकद लेकर फरार हो गये । थाना सदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । पुलिस का दावा है कि उसने अभियुक्तों को मनोनीत कर लिया है । उनकी गिरफ्तारी किसी भी क्षण सम्भावित है ।

जालंधर के बंगा के पास पुलिस ने 100 बोरी पोस्त के चूरे से लदा एक ट्रक पकड़ा । इस पोस्त चूरे की कीमत दो लाख रु. है । इस मामले में महेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, परमजीत सिंह, मक्खन सिंह को हथियारों सहित पकड़ा गया जब कि सतनाम सिंह व तेजा सिंह फरार हो गए ।

कपूरथला के जिलाधीश कंवर गलवंत सिंह ने निषेधाज्ञा की अवधि 31 मई तक बढ़ा दी है । 3.5 हार्स पावर की मोटर साइकलों पर पूर्ण रोक रहेगी । अन्य दुपहिया वाहनों पर प्रातः छः से सायं आठ बजे तक दोहरी सवारी पर रोक रहेगी । यदि दोनों सवारियां वकील होंगी तो उन्हें छूट मिलेगी । सिनेमाघर, शराब ठेके, ढाबे, फल, दवा, बेकरी की दुकानें नौ बजे रात व अन्य दुकानें 7.30 बजे शाम को बंद होंगी । नदियों में प्राइवेट किश्तियों आदि पर भी रोक 31 मई तक रहेगी । होटलों आदि को कहा गया है कि वे आगंतुकों की सूचना थाने में दें । बसें भी प्रातः भोर से सायं आठ बजे तक ही चलेंगी ।

मठभेड़ के बाद दो काबू

बटाला (ह.स.): रंगीलपुरा गांव के निकट बी.एस.एफ. और पंजाब पुलिस ने मठभेड़ के बाद दो उग्रवादियों को पकड़ लिया । डी.एस.पी. हरजीत सिंह के अनुसार इनकी शिनाख्त संगरावा गांव के परमजीत सिंह उर्फ पम्मा और बोधे की खुई के दर्शन सिंह के रूप में हुई है । उनसे 12 बोर का पिस्तौल, 3 कारतूस और कुछ धमकी पत्र बरामद हुए हैं ।

भू.पू. सरपंच घायल

संगरूर (गर्ग): तीन उग्रवादियों ने चहां के खुर्द गांव में भू.पू. सरपंच बंता सिंह को उसके निवास पर गोली मार कर घायल कर दिया और अंधेरे में भाग निकले ।

धमकियां

धूरी (पवन): संगरूर में खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से पोस्टर लगे पाए गए हैं, जिनमें मीट, शराब तथा तम्बाकू विक्रेताओं को धमकियां दी गई हैं कि वह 15 मई तक अपने धंधे बंद कर दें ।

ठेकों में आग

मलोट (गोयल): मलोट के पराने बस स्टैंड के पास उग्रवादियों ने एक अंग्रेजी और एक देसी शराब के ठेके को आग लगा दी, जिससे 80 हजार रु. क्षति हो गई।

उग्रवादी भाग गए

गिद्दड़बाहा में बिक्कर सिंह नामक व्यक्ति से दो उग्रवादियों ने उसका पिस्तौल मांगा । इस पर बिक्कर सिंह ने एक उग्रवादी को पकड़ लिया । दूसरे उग्रवादी ने बिक्कर सिंह पर गोली चलाई लेकिन वह बच गया । इस दौरान दोनों उग्रवादी वहां से भाग गए ।

मीट के खोखों को आग

उग्रवादियों ने कल भटिंडा में मीट के दो और मौड़ मंडी में एक खोखे को जला दिया ।

पाक रिवाल्वर सहित बंदी

चंडीगढ़ पुलिस ने आज एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । इसके कब्जे से 32 बोर का एक पाकिस्तानी रिवाल्वर तथा पांच कारतूस मिले हैं । पुलिस ने यहां यह जानकारी दी । प्रवक्ता ने बताया कि इस संदिग्ध आतंकवादी का नाम मुहम्मद रियाज है । वह उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले का रहने वाला है । इसके विरुद्ध शस्त्र कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है । प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है । बताया जाता है कि यह व्यक्ति किसी से मिलने यहां आया था ।

'संधी' के अनुसार पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मोहम्मद रियाज का उग्रवादियों से कोई संबंध नहीं है और बरामद रिवाल्वर चोरी का है ।

इसी बीच पुलिस ने गांव मनीमाजरा के एक युवक भगत सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरी का स्कूटर और मोपेड बरामद की है ।

खोखा जलाने में चार बंदी

पटियाला के त्रिपुरी क्षेत्र में विगत रात्रि खोखे जलाने के आरोप में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के चार वर्करों रणबीर सिंह राणा, रविंदर सिंह बंटू, जसवंत सिंह ज्ञानी, त्रिलोचन सिंह बबलू को गिरफ्तार कर लिया गया ।

फिरोजपुर से 'धीमान' के अनुसार फिरोजपुर छावनी में छावनी बोर्ड के टैक्स कलैक्टर कलदीप सिंह से कल रात्रि दो उग्रवादियों ने पिस्तौलों की नोक पर 80 रु. लूट लिए ।

पठानकोट से 'म' के अनुसार पुलिस ने धोती-टोपी जमना पार खालिस्तान जिंदाबाद आदि के नारे लगाने, भड़काऊ, भाषण देने के आरोप में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के बलकार सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

होशियारपुर के जिलाधिकारी एम.एस. कैले ने 30 जून तक दोहरी सवारी पर रोक लगा दी है । दुकानें सायं साढ़े सात बजे बंद होंगी ।

होशियारपुर के जिला मैजिस्ट्रेट ने जिले के सभी ग्रामों के लोगों को धर्मस्थानों, मीट की दकानों व शराब के ठेकों की निगरानी करने के लिए ठीकरी पहरा लगाने के आदेश दिए हैं ।

देवी लाल

(पृष्ठ 3 का शेष)

विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि यदि वह सत्ता में आ गए तो ग्रामीण क्षेत्रों से होने वाली आय ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर ही खर्च की जाएगी । उन्होंने यह भी वायदा किया कि ऋण माफ करने के अलावा वह वृद्धावस्था पैंशनें तथा बेरोजगारी भत्ता शुरू करेंगे ।

शाम 7 बजे के बाद बसों पर प्रतिबंध

लुधियाना, 30 अप्रैल (जोशी) : अतिरिक्त जिलाधीश श्री कपूर ने कहा है कि कोई भी यात्री या टूरिस्ट बस शाम 7 बजे के बाद और प्रातः साढ़े 5 बजे से पहले नहीं चलाई जाएगी ।

'लोकल काल' की सीमा निर्धारित होगी

नई दिल्ली, 30 अप्रैल (हि.टा.): टैलीफोन की 'लोकल काल' की भी अब सीमा निर्धारित किए जाने का प्रस्ताव है । इसके अनुसार 'लोकल काल' का समय तीन मिनट होगा । महानगर टैलीफोन निगम को दिए गए सुझावों में कहा गया है कि टैलीफोन प्रणाली पर 'लोड' कम करने के लिए यह योजना अत्यावश्यक है । उल्लेखनीय है कि इस समय 'लोकल काल' की कोई सीमा नहीं है ।



पंजाब चैम्बर आफ इंडस्ट्रीज एंड कामर्स लुधियाना के प्रधान तथा अरोमा स्टील इंडस्ट्रीज के, श्री जगजीत सिंह शाद जिन्हें पंजाब सरकार ने पंजाब स्माल इंडस्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट कारपोरेशन का निदेशक नियुक्त किया है ।

अमरीका-पाक संबंधों भारत को अनुमति नहीं

वाशिंगटन, 30 अप्रैल (वार्ता): अमरीकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने चेतावनी दी है कि अमरीका-पाकिस्तान संबंधों में रुकावट डालने की इजाजत किसी भी देश को नहीं दी जाएगी । विदेश विभाग में राजनीतिक मामलों के सचिव माइकल आर्माकोस्ट ने यह चेतावनी स्पष्ट रूप से भारत को दी है । श्री आर्माकोस्ट ने आज 'एशिया सोसायटी' की बैठक में कहा कि पाकिस्तान के साथ अमरीकी सहयोग को 'वीटो' करने की इजाजत किसी को भी नहीं दी जाएगी ।

पाकिस्तान को अवाक्स विमान लीज पर दिए जाने की सम्भावना और भारत की प्रतिक्रिया की चर्चा करते हुए श्री आर्माकोस्ट ने कहा कि उन्होंने सना है कि दिल्ली सरकार पाकिस्तान को अवाक्स की बिक्री की बजाए उसे ये विमान लीज पर दिए जाना बेहतर समझेगी । अवाक्स या हाक-आई विमान पाकिस्तान को लीज पर दिए जाने संबंधी एक और समाचार पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि भारत इन दोनों विमानों में अंतर को और लीज तथा बिक्री में अंतर को अच्छी तरह से समझता है ।

हाल ही में एक अमरीकी अधिकारी ने कहा था कि पाकिस्तान हाक-आई विमान लीज पर लेने को भी तैयार है । पाक सरकार ने इस समाचार का खंडन नहीं किया है ।

दक्षिण एशियाई मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि अमरीका पाकिस्तान को पूर्व चेतावनी विमान लीज पर देने ही वाला है । फैसला सिर्फ यह होना है

पोफ़ाइड विज्ञापन

बिकाऊ/तबादला

Wanted for sale/exchange Petrol Pump, Cinema, Cold-storage. Throughout Haryana preferably on G.T. Road. Box 897, Punjab Kesari, Jalandhar.

गुमशुदा

नरेंद्र पाल सुरेंद्र पाल, सोडल रोड, जालंधर-1986-87 का सेल टैक्स रिकार्ड रेलवे रोड से सोडल रोड तक गिर गया है । पहुंचाने वाले को 200/- दिया जाएगा ।

बिकाऊ

Printing Press in good running condition for sale. Contact—Stylish Printers, 470, Hargovind Nagar, Phagwara.

सूचना

ग्राम छोड़पुर में 161 दरख्त कीकरों की नीलामी 14 मई 1987 को प्रातः 11 बजे स्कूल में की जाएगी । शर्तें मौका पर । इच्छुक अवसर का लाभ उठावें । महिन्द्र सिंह सरपंच, छोड़पुर, डाक संभालखी, बरास्ता शाहाबाद मारकंडा ।

चिकित्सा

निराश रोगी मिलें—डा. जुनेजा, हिसार रोड, अम्बाला शहर—हर सोमवार से शुक्रवार, सैनी समाज भवन, कुरुक्षेत्र—हर शनिवार व रविवार ।

कील, मुहांसे, छाइयां, झड़ते बाल, गर्मी तथा पेशाब रोग, सुस्त तथा मायूस मर्द रोग विवरण लिख कर ज्ञानवर्धक पुस्तक (नर-नारी) मुफ्त मंगवाएं । प्रकाश क्लीनिक, D-7, हाल बाजार, अमृतसर-143006.

आवश्यकता

पैकिंग के लिए मिडल/मैट्रिक लड़कियां चाहिएं, मिलें—लाइफ बिस्कुट, 7, ईस्ट मोहन नगर, अमृतसर ।

आवश्यकता है 10 मजदूरों एवं 15 प्रचारकों की । डा. जे.एल. गुप्ता, होटल पुनीत, कूचा संतदास, नज़दीक घंटाघर, लुधियाना ।

1. गनमैटल, ब्रास, देगी ढलाई, गुढ़ाली द्वारा करने वाले । 2. सेल्स एजैंट, भारतीय क्षेत्रों का अनुभव । मिलें—जी.डी.पी.ए. इण्डस्ट्रीज़, निर्माता वाल्वज व कॉक्स, नज़दीक माल गोदाम, जालंधर ।

Account Books का कारोबार सम्भालने के लिए अनुभवी आदमी चाहिए, मिलें—Whetstone Printers, 130, Ashok Nagar, Ludhiana.

(1) खरादियों, (2) फिटर, (3) शेपर मैन, (4) मिलिंग मैन । तन्खाह योग्यता अनुसार । Saggu Iron Industries, Old Railway Road, Jalandhar City.

Wanted office Clerk-cum-Typist. Salary will commensurate with experience. Contact : Himson Metal and Steel Works, Kapurthala Road, Jalandhar-144002.



Romantic Sizzling Sexy up Side Down Paris Nights From 1st May

Daily 4 Shows

Nandan-Amritsar

'Paris Champagne'

Full of Sex.

लव स्टोरी और बेताब की सफलता के बाद राहुल रवैल का एक्शन और संगीत से भरपूर शाहकार

डकैत

(रंगबार)

जनता की पुरज़ोर मांग पर

खुदा कसम

आज से : अमर-फिरोज़पुर, प्रीत पैलेस-आदमपुर, दलीप-अजनाला ।

असां दराज के बाद जनता की पुरज़ोर मांग पर

एक बार फिर

2रा सप्ताह : संत-जालंधर में रोज़ाना 4 शो

बाक्स आफिस चैम्पियन प्रकाश मेहरा पेश करते हैं

ईमानदार

अब सिनेमा स्कोप में देखें प्रकाश मेहरा और अमिताभ बच्चन का सुपरहिट शाहकार पहली बार अब देखिए, सिनेमा स्कोप में

यारी है ईमान मेरा, यार मेरी

प्रसाद प्रोडक्शन

राजा और

(नया प्रिंट)

णा भी उपस्थित थे ।

श्री शर्मा ने आज मानसा में यूथ इंका की कांफ्रेंस संबोधित किया । उन्होंने कहा कि पंजाब यूथ का में कोई गुटबंदी नहीं है । उग्रवादियों की तरफ शराब, सिगरेट, बीड़ी के विरुद्ध छेड़े गए भियान के बारे में श्री शर्मा ने कहा कि यह पंजाब रकार का काम है कि वह सख्त कदम उठाए, नून व्यवस्था कायम रखे और लोगों के जान व ल की रक्षा करे । जब उनसे पूछा गया कि क्या वादियों के अभियान का मुकाबला करने के लिए इंका उड़न दस्ते बना रही है, तो श्री आनन्द ने हा कि हम ऐसा सोच भी नहीं सकते क्योंकि इससे सा और टकराव को बढ़ावा ही मिलेगा । हम ने तौर पर गुमराह युवकों को मुख्य राष्ट्र धारा में ने का अभियान अवश्य शुरू कर रहे हैं । अन्य संगठनों को भी इस काम में आगे आना हिए । श्री शर्मा ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि फेयरफैक्स, बोफोर्स सौदे तथा पश्चिम जर्मनी से डुब्बियों की खरीद के मामलों की आड़ में देश में स्थिरता लाने के प्रयास कर रहा है जिसका उद्देश्य कतंत्र को तहस-नहस करना है । उन्होंने आशंका क्त की कि यह एक गहरी साजिश है । देश में र्मक उन्माद और साम्प्रदायिक दंगे एकदम फैल हैं । इसके पीछे किसी न किसी ऐसी शक्ति का लगता है जो भारत में राजनीतिक अस्थिरता ने के लिए तुली हुई है । श्री शर्मा ने कहा है कि मामले पर विपक्षी दलों को बिना शर्त माफी नी चाहिए । अगर उसमें हिम्मत है तो वह ष्ट से आरोपों की बजाए ठोस सबूत लेकर मैदान आए । उन्होंने कहा कि फेयरफैक्स और तोपों खरीद के मामले की संसदीय जांच करवाने की

(शेष पृष्ठ 10 पर)

र बर्खास्त करने का सम्भावना है : रणदिवे

ख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को पर आवश्यक सूचनाएं राष्ट्रपति को दी जानी ए थीं । इसके बावजूद राष्ट्रपति को वर्तमान में राजीव सरकार को बर्खास्त या लोकसभा ंग करने का अधिकार नहीं है, और न ही ऐसी वना है । फेयरफैक्स का जिक्र करते हुए ने कहा कि इन आशंकाओं से इन्कार नहीं किया कता कि सत्तारूढ़ दल के कुछ लोगों के जरलैंड के बैंकों में गुप्त खाते हैं, फेयरफैक्स के ध में त्यागपत्र दे देना चाहिए था । ऐसा लगता सरकार इस मामले में देश के लोगों से कुछ रही है ।

हमाचल में अपनी पार्टी का उल्लेख करते हुए गदिवे ने कहा कि इसके 50 हजार से अधिक एवं 700 से अधिक कार्यकर्त्ता हैं ।

थानीय प्रशासन की कड़ी आलोचना करते हुए दिवे ने कहा कि बड़े दुख से कहना पड़ रहा है दिवस की रैली के सम्बन्ध में बाधाएं डालने शिश की गई । रैली के लिए स्थान ध कराने हेतु उन्हें प्रदेश उच्च न्यायालय से प कराना पड़ा । उन्होंने कहा ऐसा लगता है ाचल और हरियाणा के मंत्री अभी इस भ्रम में हां पर अंग्रेजी शासन चल रहा है और लोगों ई अधिकार नहीं ।

अखबारों में छप चुका है । सिर्फ हथियारों के प्रायोगिक संचालनों के परिणामों से सम्बन्धित बातें सामने नहीं आई हैं । ऐसा बताया जाता है कि

(शेष पृष्ठ 5 पर)



जालन्धर में शनिवार को बेमौसमी भारी वर्षा से अनेक क्षेत्रों में पानी भर गया । यह चित्र अड्डा बस्तियां क्षेत्र का है । (छाया : कपिला)

पंच समेत 2 की हत्या : उग्रवादी भगाने के आरोप में 3 जेल वार्डन गिरफ्तार

संगरूर, 2 मई (गोयल): संगरूर जिला जेल से चार-पांच अत्यन्त खतरनाक उग्रवादियों को भगाने के षड्यंत्र के संबंध में तीन जेल वार्डनों को गिरफ्तार कर लिए जाने की सूचना मिली है ।

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार किए गए दो वार्डन बोहड़ सिंह और इकबाल सिंह संगरूर जेल के हैं । तीसरा, जिसके नाम का पता नहीं चल सका, नाभा जिला जेल का है । उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने राज्य की ये दोनों जेलें 'सुरक्षित जेलें' घोषित कर रखी हैं और सभी खतरनाक उग्रवादियों को इन जेलों में कड़े सुरक्षा प्रबन्धों में रखा गया है । संगरूर जिला जेल में सवा दो सौ खतरनाक उग्रवादी हैं । संत हरचंद सिंह लौंगोवाल हत्या कांड के 7 अभियुक्त भी इसमें शामिल हैं ।

इन सूत्रों के अनुसार उक्त वार्डनों ने गत मार्च के तृतीय सप्ताह में षड्यंत्र रच कर इसके ब्ल्यू प्रिंट को अंतिम रूप दे दिया था । इसी मध्य संगरूर पुलिस को पहले से पकड़े गए कुछ उग्रवादियों से इस षड्यंत्र का पता चला गया तथा उसने जेल में छापा मारा लेकिन ये वार्डन बच कर भाग गए थे । जेल के अधिकारियों ने उन्हें 23 मार्च से अपने रिकार्ड में अनुपस्थित दिखाया हुआ है । अब पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार करके रिमांड ले लिया है ।

इन सूत्रों ने यह बताया कि जेल वार्डन बोहड़ सिंह गत वर्ष एक राजनीतिज्ञ की सिफारिश पर भर्ती हुआ था जबकि इकबाल सिंह को अमृतसर सर्कल से यहां लाकर तैनात किया गया था । जांच के दौरान सनसनी पूर्ण रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

राईफल उड़ा ले गए

पटियाला (भूषण): गांव सरना के एक जमींदार बलदेव सिंह ने मूलेपुर थाना (सरहिंद सब डिविजन) में रिपोर्ट लिखवाई है कि दो अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस कर 13 कारतूसों सहित उसकी .315 बोर की लायसैंसी राईफल उठा कर ले गए । अभियुक्त चेतक स्कूटर पर आए थे । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

आग लगाने वालों का रिमांड

एस.डी.एम. की अदालत में आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के उन चार वर्करों को पेश किया गया, जिन पर त्रिपुड़ी टाऊनशिप में खोखे जलाने का आरोप है । अदालत ने अभियुक्तों को 16 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।

गत रात्रि पटियाला से 25 किलो मीटर दूर राजपुरा के रेलवे स्टेशन के बाहर मुख्य सड़क पर डाक घर के निकट कुछ शरारतियों ने एक नाई संतराम का लकड़ी का खोखा जला दिया । इसी सड़क पर गत दिनों 6 अन्य खोखे भी जला दिए गए थे ।

एक व्यक्ति की हत्या

अमृतसर (वार्ता): जिला अमृतसर के थाना ब्यास के गांव भिंडर में आज दोपहर स्कूटर पर आए उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

अशोक सोनी के अनुसार उग्रवादियों की संख्या दो थी । लगभग 3.30 बजे बाद दोपहर गांव में किरयाना दुकानदार द्वारिका दास की दुकान पर दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आकर फायरिंग की, जिससे दुकानदार द्वारिका दास का लड़का बिट्टू गम्भीर रूप से घायल हो गया और घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया । गोलियां बरसाने के बाद दोनों उग्रवादी स्कूटर पर ही आराम से चले गए ।

बाबा बकाला से हमारे संवाददाता की सूचना के अनुसार कुलदीप कुमार उर्फ बिट्टू की हत्या बाद दोपहर 3 बजे भिंडर रत्नगढ़ सड़क पर हुई, जोकि निर्माणाधीन है । बिट्टू बुटारी में पेंटर था । प्राप्त सूचना के अनुसार बिट्टू को उसका एक परिचित अपने मोपड पर बिठा कर पहले रत्नगढ़ ले गया, फिर गांव खलचियां ले गया । वहां उसने बिट्टू को दो युवकों के हवाले कर दिया, जिन्होंने उसे अपने स्कूटर नं. पी. ए. ई. 4359 पर बिठा लिया और फिर रत्नगढ़ की ओर चले गए । रास्ते में एक स्थान पर स्कूटर फंस गया तो बिट्टू को धक्का लगाने के लिए कहा गया । धक्का लगाते बिट्टू की नजर उन दोनों युवकों के शस्त्रों पर पड़ गई और वह भाग उठा । उसकी भागते समय गोलियां मार कर हत्या की गई ।

◆ इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

अमृतसर से प्राप्त सूचना के अनुसार सीमा सुरक्षा बल ने कल घरिंडा थाने के क्षेत्र में स्थित दाऊके चौकी के निकट 11 स्त्रियों और 5 बच्चों सहित 56 बंगला देश निवासियों को उस समय पकड़ा, जब वे पाकिस्तान जाने की कोशिश कर रहे थे । उन्हें घरिंडा पुलिस के हवाले कर दिया गया है, जिसने उनके विरुद्ध भारतीय पासपोर्ट कानून के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है ।

अमृतसर के अजनाला क्षेत्र में कल रात्रि पाकिस्तान जा रही एक विक्षिप्त भारतीय महिला को पकड़ लिया गया ।

ठेके को आग लगा दी

सुल्तानविंड क्षेत्र में गत रात्रि अज्ञात व्यक्तियों ने शराब का एक ठेका जला दिया । शरारतियों ने ठेके को आग लगाने से पूर्व शराब की बोलतें तोड़ दीं । ठेके के मालिक के अनुसार लगभग 53,000 रुपए का नुक्सान हुआ ।

एकीकृत अकाली दल का नेता गायब

अमृतसर (ह.स.): एकीकृत अकाली दल के सचिव मनमोहन सिंह के अनुसार पार्टी के अध्यक्ष मंडल के सदस्य गज्जा सिंह 29 अप्रैल से लापता हैं । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इज़हार आलम से जब इस सम्बन्ध में सम्पर्क किया गया तो उन्होंने गज्जा सिंह के पुलिस चंगुल में होने से इन्कार किया । श्री मनमोहन सिंह ने आज यहां एक बयान में कहा कि उन्होंने गज्जा सिंह के लापता होने की सूचना पंजाब के राज्यपाल, गृह सचिव, अमृतसर के उपायुक्त तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तार के जरिए दे दी है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

वह 22 माह से पति की 'देह' सम्भाले बैठी है

चंडीगढ़, 2 मई (संघी): आप मानें या नहीं, लेकिन यह सच है कि यहां के सैक्टर 8 के मकान नं. 747 में रहने वाली श्रीमती एस.आर. दत्ता ने अपने पति के शव को पिछले लगभग 22 महीनों से जड़ी बूटियों का लेप लगाकर इस आशा से रखा हुआ है कि वह फिर जिंदा हो जाएंगे । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह महिला अपने जिस गुरु महाराज पर विश्वास करती है, ने उसे कह रखा है कि उसके पति कभी भी जिंदा हो सकते हैं । अपने गुरु महाराज के इस भ्रम के कारण श्रीमती दत्ता ने अभी तक अपने पति के शव का दाह संस्कार नहीं किया ।

पुलिस को इस बात की सूचना कल सायं जब किसी व्यक्ति ने दी तो चंडीगढ़ के आई.जी.बी.एन. सिंह, इलाका के डी.एस.पी. सुधीर मोहन सहित कई पुलिस अधिकारी उक्त मकान में गए और मामले की छानबीन की । इन पुलिस अधिकारियों ने बताया कि श्रीमती दत्ता के पति पिछले लगभग दो वर्षों से अपनी ड्यूटी से गैर हाजिर थे, जिसके बारे पता लगाने वह वहां गए । पुलिस सूत्रों ने बताया कि हिमाचल के वन विभाग में कार्यरत 46 वर्षीय श्री दत्ता काफी अरसे तक बीमार रहे और जून 1985 में उनकी मृत्यु हो गई । लेकिन श्री दत्ता की पत्नी ने अपने गुरु के कहने पर अभी तक शव का संस्कार नहीं किया और न ही वह मानने को तैयार हैं कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है । पढ़े-लिखों के इस शहर में इस तरह के अंध विश्वास की घटना की आज सब जगह चर्चा है ।

चंडीगढ़ के एस.एस.पी. श्री आर. के. नियोगी ने इस केस के बारे में पूछे जाने पर कहा कि शव को 22 माह से अपने घर रखे जाने के मामले की जांच का काम डी. एस.पी. सुधीर मोहन को सौंप दिया गया है । क्योंकि श्रीमती दत्ता का कहना है कि उनके पति के शव में प्राण अभी हैं, इसलिए पुलिस को इस केस में किसी तरह की कार्रवाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

सिंह और प्रधानमंत्री राजीव सम्बन्ध में कोई भी टिप्पणी हुए कहा कि राष्ट्रपति के सम कहना चाहता । एक सवाल कहा कि अ.भा. युवक (इ) के

मौत तो बच्चों की

कुड्डालूर, 2 मई : कुड्डालूर उलुंडरपेट में एक महिला उसके दो छोटे बच्चों ने वह उसने आत्म हत्या करने के था ।

दोनों बच्चे जहर को काप और उनकी मौत हो गई । म वह जहर पी लिया लेकिन उसका अस्पताल में इलाज ह

राष्ट्रीय सुरक्ष द्वारा प्रधानमं के पास प्र

नई दिल्ली, 2 मई : पंजा व्यवस्था के विरोध में राष्ट्री सदस्यों ने आज प्रधानमंत्री निव किया तथा एक ज्ञापन दिया । ज्ञापन में कहा गया है कि सरक कदम उठाने का आश्वासन दिय राज्य की हालत बिगड़ती जा र

ज्ञापन में कहा गया है कि पर अविलम्ब नियंत्रण न किया सदस्य आंदोलन करेंगे । 'इ जिम्मेदार होगी ।' ज्ञापन के ग्रामीण इलाकों में आतंकवादि जारी है ।

ज्ञापन में कहा गया है कि पं में बड़े-बड़े विज्ञापनों द्वारा ल आदेश दिया जाता है कि वे वि पहनें वरना उन्हें गोली मार दी ज संयोजक जयकिशन शर्मा उदासीनतापूर्ण रवैये पर निराश चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने पं ऐसा रवैया अपनाया तो समिति व व्यापक आंदोलन शुरू करने के पड़ेगा ।

अचानक आग हज़ारों की ह

जालन्धर, 2 मई (वि.स.): स्थानीय नई दाना मंडी में फ़ाईव इंडस्ट्री की बिल्डिंग में अचानक अ लगभग 70-80 हजार रुपए क फैक्टरी के मालिक श्री आलोक क थाना डिविजन एक में कल तड़के के अनुसार आधी रात को बड़े बिजली कड़की तो उसके प्रभाव बिल्डिंग के मीटर में भारी झटका आग लग गई, जो जल्दी ही फैल ग दुकान के पीछे ही सोये को उसे तथा जगाया । फ़ायर ब्रिगेड भी तरन्त आग पर काबू पा लिया ।

दिल्ली, 2 मई (वार्ता): रक्षा सौदों में धांधली पलेबाजी में अमरीका भी कुछ कम नहीं है, वाक्स' विमानों के लिए आठ हजार रुपए की ास्टिक एशट्रे खरीदी गई और कम्प्यूटर, फ्रारेड से लैस विमानभेदी बोफोर्स तोपों ने बजाए परीक्षण स्थल के निकटवर्ती भवन

अमरीका में भी रक्षा सौदों में भारी घ

विशेषज्ञों ने एशट्रे का डिजाइन अनावश्यक रूप से

अत्याधुनिक, विश्व में सर्वश्रेष्ठ, हर मौसम में काम

Punjabi Sanatani

काली दल

(का शेष)

भी सुप्रीमकोर्ट में चुनौती
भूंदर, इंद्रजीत सिंह तेजी व
नसभा सचिवालय में श्री
दस्यता समाप्त किए जाने
गी ताकि वे अदालत में जा
क आज अवकाश है, प्रति
। इस मामले पर उनकी
गई ।

धि एन.एस. परवाना का
होंने श्री मिन्हास से उनकी
सम्पर्क करने का प्रयास
के । श्री मिन्हास शहर में

ाय से बरनाला सरकार के
रे की तलवार फिलहाल
क गई है ।

ी अकाली दल के विधायक
मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह
ास पर भेंट की । इस
त्तमंत्री बलवंत सिंह भी
ीत का विस्तृत विवरण तो
ाद में श्री गरचा ने अपने
कि उन्होंने श्री बरनाला से
निष्ठा नहीं बदलेंगे । बाद
य रहे । पता चला है कि
बागी अकाली विधायकों
ल सिंह सिबड़ां से सम्पर्क

अकाली विधायक दल के
क शासक अकाली दल ने
कों को मंत्री बनाने या लाभ
की है । उन्होंने कहा कि
ी सदस्यता समाप्त करने
अब हम सिख पंथ से
के नीचे काम नहीं करेंगे ।
दल की आपात् बैठक
बुलाई गई है ।

ी चुनौती

(का शेष)

सचिव शरद यादव ने कहा
खबारों ने रक्षा सौदों में
तथा राष्ट्रपति की गरिमा
कर सराहनीय कार्य किया है
की छवि उज्ज्वल हुई है ।
रहस्योद्घाटन के लिए
ारों को बधाई दी जानी
का पाठ पढ़ने और उन पर
ही निन्दनीय है । उन्होंने
क शक्तियों को प्रधानमंत्री
रनी चाहिए ।

थरावसे घायल

ो केन्द्रीय राज्यमंत्रियों श्री
र श्री चिंतामणि पाणिग्रही
जब उनकी कार पर कुछ
ा । पुलिस ने बताया कि
लो मीटर दूर खांडपारा में

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

बंदूक छीन ली

जिला अमृतसर के थाना पट्टी के गांव ठाकरपुर में गत रात्रि पांच सशस्त्र व्यक्ति एक व्यक्ति त्रिलोक सिंह के मकान से उसकी 12 बोर की सिंगल बैरल बंदूक उड़ा ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

स्कूटर छीन लिया

जालन्धर (ह.स.): नूरमहल के निकट स्कूटर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात श्री कुलबीर भूषण से स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने आज यहां यह जानकारी दी ।

न.न.ए. के अनुसार स्कूटर का नं. डी.एच.पी. 4552 है । स्कूटर उस समय छीना गया, जब कुलबीर भूषण पैट्रोल पम्प पर उसमें पैट्रोल भरवा रहा था ।

5 उग्रवादी गिरफ्तार, शस्त्र मिले

न.न.ए. के अनुसार जालन्धर पुलिस ने आज नवांशहर में नाकाबंदी करके पांच संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 12 बोर की 3 बंदूकें, 315 बोर की एक राईफल .32 बोर का एक रिवाल्वर और एक .36 का एक हथगोला बरामद किया । गिरफ्तार उग्रवादियों के नाम इस प्रकार हैं : जसविंद्र सिंह उर्फ भिंदा निवासी मुलाबादपुर थाना गढ़शंकर, बलबीर सिंह उर्फ नीला निवासी जगतवाल थाना बलाचौर, गुरदेव सिंह निवासी दौलतपुर थाना नवांशहर, कुलविंद्र सिंह उर्फ पंधा निवासी बैंस जिला होशियारपुर, बलबीर सिंह उर्फ भोटा निवासी भले थाना बलाचौर ।

कई अपराध स्वीकार किए

पुलिस ने इयूटी मैजिस्ट्रेट से उनका 8 मई तक रिमांड ले लिया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि गांव गढ़ी के महल फार्म से मारुति कार, एक रिवाल्वर, एक बंदूक, 5000 रुपए और स्वर्णाभूषण लूटे थे ।

दो स्कूटर छिने

आज रात्रि साढ़े आठ बजे जिला जालन्धर में पिस्तौल की नोक पर सतलुज सिनेमा के निकट दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर स्कूटर नं. पी.ए.जे. 6640 छीन लिया । थाना गोराया के गांव भट्ठां खोखल से भी स्कूटर नं. पी.ए. एक्स 3591 छीन लिया ।

उग्रवादी पकड़ा गया

थाना सदर जालन्धर के गांव कोट बादल खां के निकट आज सायं मुकाबले के बाद एक उग्रवादी पकड़ लिया गया । सरकारी सूचना के अनुसार 3 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने ठेके की रक्षा कर रही एक पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया । दोनों ओर से गोलियां चलने के बाद दो उग्रवादी भाग निकले, जबकि पुलिस पार्टी ने एक उग्रवादी को पकड़ लिया । भाग गए उग्रवादियों द्वारा छोड़ा गया एक स्कूटर और एक रिवाल्वर पुलिस ने बरामद कर लिया है ।

सेवादार पर घातक हमला

फगवाड़ा (खोसला): गत रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे यहां से 22 किलो मीटर दूर मौजा



यह बमबारी क
मास्टर बलबीर
का प्रमाण दिया

जेसीज

'शहीद

लुधियाना, 2
(महिला शाखा)
सामुदायिक योजन
श्रीमती सुधा यहा
और दहेज विरोध
हिन्द समाचार श
देना है ।

क्लब की स
उनका खाद्य वस्
काफी शिक्षा प्रद
सैंट्रल जेसीज की
में हुई एक बैठक
डा.ए.के. बाली
सदस्याओं को मि
उन्होंने कहा कि

Punjab Digital

दिनों अखबारों ने रक्षा सौदों में
की सुरक्षा तथा राष्ट्रपति की गरिमा
को उठा कर सराहनीय कार्य किया है
ीय प्रैस की छवि उज्ज्वल हुई है ।
क इस रहस्योद्घाटन के लिए
र पत्रकारों को बधाई दी जानी
तिकता का पाठ पढ़ाने और उन पर
निश्चय ही निन्दनीय है । उन्होंने
ोकतांत्रिक शक्तियों को प्रधानमंत्री
निन्दा करनी चाहिए ।

ंत्री पथराव से घायल

2 मई : दो केन्द्रीय राज्यमंत्रियों श्री
वत्त) और श्री चिंतामणि पाणिग्रही
ोट लगी जब उनकी कार पर कुछ
राव किया । पुलिस ने बताया कि
80 किलो मीटर दूर खांडपारा में
एक ऋण मेले में भाग लेने के लिए
। जब वे लौट रहे थे उसी समय
उनकी कार के शीशे टूट गए ।
र बोलगढ़ में आज एक अन्य ऋण
हुए इस घटना का जिक्र किया ।
उपद्रवी सम्भवतः इस बात से
र गरीबों को ऋण क्यों बांट रही
ने बताया कि यह घटना सम्पन्न
के प्रति दृष्टिकोण की परिचायक

ग्रवादी गिरफ्तार

मई : दिल्ली पुलिस ने पंजाब
रछपाल सिंह (50) को अपनी
के उत्तेजक भाषणों के टेप बजाने
कवाद विरोधी कानून के तहत
ह अमृतसर से बस लेकर दिल्ली
16 मई तक न्यायिक रिमांड दे
के पंजाब के आतंकवादियों से
है ।

न जज श्री बी.एन. चतुर्वेदी ने
ी सुरजीत सिंह संधु और एक
अहमद के विरुद्ध फर्द जर्म
थगित कर दिया है ।

पी.ए.जे. 6640 छीन लिया । थाना गोराया के गांव भट्ठा खोखल से भी स्कूटर नं. पी.ए. एक्स 3591 छीन लिया ।

उग्रवादी पकड़ा गया

थाना सदर जालन्धर के गांव कोट बादल खां के निकट आज सायं मुकाबले के बाद एक उग्रवादी पकड़ लिया गया । सरकारी सूचना के अनुसार 3 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने ठेके की रक्षा कर रही एक पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया । दोनों ओर से गोलियां चलने के बाद दो उग्रवादी भाग निकले, जबकि पुलिस पार्टी ने एक उग्रवादी को पकड़ लिया । भाग गए उग्रवादियों द्वारा छोड़ा गया एक स्कूटर और एक रिवाल्वर पुलिस ने बरामद कर लिया है ।

सेवादार पर घातक हमला

फगवाड़ा (खोसला): गत रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे यहां से 22 किलो मीटर दूर मौजा माहियो पट्टी में कुछ युवकों ने गुरुद्वारा शहीदां के 60-65 वर्षीय सेवादार अलखी पर उस समय तेज़धार हथियारों से हमला कर दिया जब वह सो रहा था । बताया जाता है कि बजुर्ग सेवादार को गहरे घाव आए हैं और अस्पताल में उसकी दशा चिन्ताजनक बताई जाती है, पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

श्रमिक से वी.सी.आर. छीन लिया

लुधियाना (ह.स.): यहां गत रात्रि सिविल लाइन्स में हैवोवाल आबादी में तीन सशस्त्र संदिग्ध उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर मजदूरों के एक समूह से एक वीडियो कैसेट रिकार्डर (वी.सी.आर.) छीन लिया । पुलिस ने आज कहा है कि उग्रवादी उत्तर प्रदेश के श्रमिकों के किराए पर लिए गए मकान में जबरदस्ती घुस गए, जहां वे वी.सी.आर. पर फिल्म देख रहे थे । उग्रवादियों ने अपने साथ वी.सी.आर. ले जाते भागते समय एक गोली चलाई लेकिन गोली लगने से कोई घायल नहीं हुआ ।

पंच की हत्या, मित्र घायल

फरीदकोट (वार्ता): ज़िला फरीदकोट के थाना भयना के गांव डाला में आज दोपहर दो उग्रवादियों ने गांव के पंच अजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और उसके मित्र को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पंच और उसका मित्र उस समय गांव में एक दुकान पर बैठे थे, जब उग्रवादी आए और उन्होंने आते ही फायरिंग शुरू कर दी, जिससे अजीत सिंह मौके पर ही मारा गया ।

बाघा पुराना से ज्ञान मित्तल के अनुसार तलवंडी भाई में ही जीप में सवार उग्रवादियों ने दो स्त्रियों से 200 ग्राम स्वर्ण भूषण लूट लिए । जीप की नम्बर प्लेट ढकी हुई थी ।

उग्रवादी राइफल कपड़े छोड़ कर भागे

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि लगभग अढ़ाई बजे हरगोबिंदपुर के निकट घुमान चौकी के अन्तर्गत गांव थड़ेवाली के निकट बी.एस.एफ. के साथ उग्रवादियों का संघर्ष होने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि बी.एस.एफ. ने नाकाबंदी कर रखी थी, जब उन्होंने 3 उग्रवादियों को आते देखा और रोका । लेकिन उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । इसके उत्तर में जब बी.एस.एफ. ने भी फायरिंग की, वे अंधेरे का लाभ उठाते हुए भागने में सफल हो गए । जाती बार वे अपनी 315 बोर की राइफल, एक तलवार और कुछ कपड़े वहां छोड़ गए ।

दिल्ली गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के चुनाव कराने की मांग

शहीद

लुधियाना,
(महिला शाखा
सामुदायिक योज
श्रीमती सुधा मह
और दहेज विरो
हिन्द समाचार
देना है ।

क्लब की स
उनका खाद्य व
काफी शिक्षा प्र
सैंट्रल जेसीज की
में हुई एक बै
डा.ए.के. बाली
सदस्याओं को
उन्होंने कहा कि

ध

बेलग्रेड,
क्षेत्र में धन की
अपने धन का
पर थैला फट
विदेशी नोट
भगदड़ पड़
दीनार, इटली
स्विस मुद्रा फ्रां

15 ल

हैदराबाद,
गिरोह ने कल ती
स्टेट बैंक की एक
आभूषण और नक
मुख्य महा प्रबन्ध
रात यहां यह ज
सशस्त्र डकैत, ज
से लैस थे, बैंक क
में जा घुसे और क
स्ट्रांग रूम में ले
फरार होने से पूर्व
में बंद कर दिया

लुटेरे धारा
कार में बैठ कर
सम्पर्क किए जाने
कर्मचारियों को घ
शाखा प्रबन्धक,
भी है । उन पर
गए ।

भारतीय स्टे
कराने में मदद क
नकद इनाम देने

आतंकवादी की सक्रि

मास्को, 2 म
ने पंजाब तथा जम
अलगाववादियों
कार्रवाइयों में पाकि
तीखी आलोचना
में पाकिस्तान के

पाक हथियारों से लैस तीन दुर्दांत उग्रवादी मुठभेड़ में मरे

जिला रोपड़ में 9, गुरदासपुर में 8, जालन्धर में मुकाबले के बाद एक उग्रवादी गिरफ्तार

जिला अमृतसर में 2 की हत्या, 2 महिलाएं अपहृत

. चंडीगढ़, 3 मई (ह.स.): पुलिस एवं सुरक्षा बलों के साथ आज एक मुठभेड़ में तीन कुख्यात आतंकवादी मारे गए और घटनास्थल से बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया । इन पर पाकिस्तान के एक आयुध कारखाने का चिन्ह है । मृत आतंकवादियों में एक 'प्लस बी' श्रेणी का आतंकवादी भी है ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक जे.एफ़. रिबैरो ने बताया कि मृत आतंकवादियों के पास से 280 कारतूसों के अलावा एक विदेशी स्टेनगन भी बरामद की गई है । प्लस 'बी' श्रेणी के कुख्यात आतंकवादी का नाम राज नछत्तर सिंह बताया जाता है । उसकी हत्या के कम से कम 20 मामलों में खोज थी । गत माह एक हैड-कांस्टेबल के पिता और दो भाइयों की हत्या में भी उसका हाथ था ।

श्री रिबैरो ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकवादियों में से एक अन्य का नाम मेजर सिंह है । तीसरे आतंकवादी की अब तक शिनाख्त नहीं की जा सकी है । राज नछत्तर सिंह और मेजर सिंह दोनों जिला फिरोज़पुर के मल्लांवाला गांव के हैं । यहीं मुठभेड़ में उनकी मृत्यु हुई है । आतंकवादी जिस ट्रक में जा रहे थे,उसे ज़ब्त कर लिया गया है । फिरोज़पुर रेंज के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । उग्रवादियों को जब पुलिस के गश्ती दल ने रुकने का इशारा किया तो उग्रवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फ़ायरिंग में तीनों उग्रवादी मारे गए ।

'धीमान' के अनुसार राज नछत्तर सिंह पर 50 हजार रु. का इनाम था ।

9 उग्रवादी काबू

रोपड़ पुलिस ने 'प्लस बी' श्रेणी के 3 उग्रवादियों सहित कुल 9 उग्रवादियों को पकड़ने के बाद आतंकवादियों के दो प्रमख गुटों का सफ़ाया करने का दावा किया है । कुलविन्दर सिंह किड और हरमीत सिंह को गत माह गिरफ्तार कर लिया गया था । पकड़े गए उग्रवादी उक्त दोनों उग्रवादियों के अलावा लुधियाना के केवल तथा चौंती के गिरोह और जालन्धर के एक उग्रवादी गुट से संबंधित हैं । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने स्वीकार किया है कि वे विभिन्न आतंकवादी गतिविधियों से संबंधित थे । ये गुट चमकौर क्षेत्र, मोरिंडा, खरड़ और मोहाली क्षेत्रों में सक्रिय थे ।

हत्या, 2 महिलाओं का अपहरण

अमृतसर जिले के अजनाला पुलिस थाने के कोट धर्म चन्द गांव में कुछ व्यक्तियों ने एक व्यक्ति चमन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उसकी पत्नी श्रीमती प्रीतम कौर को घायल कर दिया । हमलावर उनकी पुत्री सुरिन्दर और एक अन्य महिला का अपहरण भी कर के ले गए ।

जालन्धर से प्राप्त एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह मामला परिवार के झगड़े का है । चमन सिंह की लड़की के ससुराल वाले उसे ले जाना चाहते थे, लेकिन चमन सिंह द्वारा इंकार करने पर उन्होंने उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । अन्य अपहृत महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

प्रेम का मामला

'वार्ता' के अनुसार इस हत्याकांड और अपहरण के मामले के पीछे खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के एक सदस्य की प्रेम कहानी है । उग्रवादी जाते समय वहां एक पत्र छोड़ गए हैं, जिसमें इस घटना की जिम्मेवारी फ़ोर्स ने अपने ऊपर ली है ।

नक्सलपंथी की हत्या

अमृतसर जिले के अजनाला पुलिस थाने के लाला धनाल गांव में आतंकवादियों ने सक्रिय नक्सलपंथी बलवंत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस ने अमृतसर से प्राप्त रिपोर्ट के हवाले से बताया कि साठ वर्षीय बलवंत सिंह की पांच संदिग्ध आतंकवादियों ने हत्या की । सशस्त्र हमलावरों ने बलवंत सिंह के घर घुस कर उसकी लाईसैंस-शुदा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भारत के विवादों में पाक की दिलचस्पी !

नई दिल्ली, 3 मई (वार्ता): भारत के रक्षा सौदों में कथित कमीशन और राष्ट्रपति के बीच मतभेद से सम्बन्धित विवादास्पद मुद्दों पर पाकिस्तान के प्रचार माध्यम आज कल खूब दिलचस्पी ले रहें हैं । उर्दू दैनिक 'नवाए वक्त' ने अपने एक सम्पादकीय में लिखा है कि पाकिस्तान में एक ऐसा गुट था जो हिन्दुओं को ईमानदारी का प्रतिरूप और पाकिस्तानियों को बेईमान बताता था,लेकिन हाल की खबरों से संकेत मिलता है कि भारत भी भ्रष्टाचार के कैंसर से मुक्त नहीं है हालांकि अपेक्षा यह की जाती है कि लोकतंत्र से ईमानदार सामाजिक प्रणाली का उद्भव होता है ।

अखबार लिखता है कि भारत तथा पाकिस्तान दोनों देशों के अफसरशाह तथा सरकारी कर्मचारी विदेशी सौदों पर कमीशन लेते रहे हैं लेकिन फर्क इतना है कि भारतीयों ने यह सुनिश्चित किया कि इन कमीशनों से उनके राष्ट्रीय हित को नुकसान नहीं पहुंचे जबकि पाकिस्तानियों ने राष्ट्रीय हित की प्रवाह कभी नहीं की ।

इस फर्क से यह भी पता चलता है कि दोनों देशों की आर्थिक प्रगति में अंतर क्यों है जबकि दोनों को आजादी साथ ही मिली थी । तत्कालीन मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के इस्तीफे से हालात नहीं बदलेंगे लेकिन रक्षा सौदों में कमीशन की जांच के नतीजे निकलेंगे ।

अखबार लिखता है कि पाकिस्तान में ऐसे मुद्दों को अव्वल तो जनता के सामने लाया ही नहीं जाता और यदि कोई व्यक्ति ऐसे मुद्दों को उठाता भी है तो लम्बी चौड़ी बयानबाजी तथा बड़े-बड़े दावों के जरिये उसकी बात नामंज़ूर कर दी जाती है ।

इंका में संगठनात्मक परिवर्तन शीघ्र

नई दिल्ली, 3 मई (वार्ता): कांग्रेस (इ) संगठनात्मक चुनावों के सम्बन्ध में सदस्यता सूचियों

और इसके स्वरूप में परिवर्तन की पिछले साल शुरू हुई प्रक्रिया जल्दी पूरी हो जाने की सम्भावना है ।



Punjab Sanatani

987

टस जारी

प करने का फैसला
या कि यदि निगम ने
को भावी कार्यविधि
मांग है कि छंटनी
विभागों में खपाया

सका, 4 मई,
चंडीगढ़ की
गई हैं । ड्रा
के अनुसार ही

सैक्रेटरी,
सोसाइटी,
, चंडीगढ़

ED
KOT
holder in
visor in an
aving done
e, of which

5 years of
Graduate

रीद के
जैसे है,
2000
ालंधर
बैंक,
पंजाब
शन के
रीक्षण
किसी

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

बन्दूक मांगी और उस पर गोली चला दी । बलवंत सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस ने बताया कि बलवंत सिंह को पिछले कुछ समय से धमकी-भरे पत्र मिल रहे थे । वह भू.पू. महासचिव बलदेव सिंह मान के निकट साथी थे, जिनकी गत वर्ष 26 सितम्बर को निकटवर्ती गांव हर्षा छीना में इसी प्रकार हत्या कर दी गई थी । उग्रवादियों के पास 315 बोर की राईफ़ल, 12 बोर की बन्दूक थी ।

बन्दूक, नकदी लूटी

रैय्या से 'जसपाल' के अनुसार गत रात गांव कलेर धुमान में 7-8 उग्रवादियों ने एक व्यक्ति शिंगारा सिंह के घर से एक दोनाली, 25 कारतूस, 12000 रु., घड़ी तथा कानों की बालियां लूट लीं। उग्रवादियों ने शिंगारा सिंह के लड़कों को पकड़ लिया और धमकी दी कि यदि उन्हें बन्दूक न दी गई तो व बच्चों को मार देंगे। इस पर शिंगारा सिंह ने बन्दूक दे दी । बाद में उग्रवादी अन्य सामान भी लूट कर ले गए ।

मुठभेड़ के बाद उग्रवादी पकड़ा

जालन्धर (वार्ता): कल सायं नूरमहल थाना के गांव कोट बादल खां में पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ में एक उग्रवादी अवतार सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल, 11 कारतूस बरामद किए । उसके 3 साथी पम्मा, जीता और एक अन्य 2 स्कूटर छोड़ कर भाग निकले । चारों उग्रवादियों ने गांव के ठेके पर आकर फ़ायरिंग शुरू कर दी । वह इसे लूटना और जलाना चाहते थे । ठेके पर तैनात 2 पुलिस कर्मियों द्वारा जवाबी फ़ायरिंग किए जाने से उग्रवादी आतंकित हो उठे और स्कूटर छोड़ कर भाग निकले । एक उग्रवादी को पीछा करके पकड़ लिया गया । एक स्कूटर उन्होंने कुछ समय पहले थाना गोराया के गांव भट्ठा खोहल से छीना था, जिसपर कोई नम्बर नहीं था ।

'भाखड़ी' के अनुसार पकड़े गए उग्रवादी अवतार सिंह ने छोटी-छोटी दाढ़ी रखी हुई है और उसके सिर के बाल कटे हुए हैं। घटना के समय उसने पीली पगड़ी, गांतरा, सफ़ेद रंग का लम्बा कुर्त्ता और पाजामा पहन रखा था, भागते समय उसने पगड़ी और कुर्त्ता-पाजामा उतार लिया । नीचे उसने शर्ट और पैंट पहन रखी थी । पास ही खेतों में काम कर रहे लोगों ने यह सब देखा और पुलिस को सारी बात बता दी । उक्त उग्रवादियों ने एक स्कूटर और 9000 रु. महेंद्र कांत गुप्ता से तरवड़ा स्थित उसके भट्ठे से लूटे थे । यह राशि भी बरामद हो गई । एक अन्य स्कूटर पी.जे.के. 8745 उन्होंने दोसांझ कलां से छीना था । इसी गिरोह ने लौहगढ़ तथा मुठड्डा कलां में ठेके लूटे थे और बोतलें तोड़ी थीं । शेष तीनों उग्रवादियों को भी शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा ।

जालन्धर के नूरमहल थाना क्षेत्र के ग्राम बिलगा में दो उग्रवादियों ने स्वर्णकार बलबीर चन्द से उसका रिवाल्वर छीन लिया ।

5 स्कूटर छीने

करतारपुर (देवदत्त) : आज दोपहर बाद दो उग्रवादियों ने करतारपुर से 9 किलो मीटर दूर ग्राम पत्तड़कलां के पोस्ट आफिस में जबरदस्ती घुस कर पोस्ट मास्टर को हत्या की धमकी देकर 6070 रुपए लूट लिए । यह टिकटों की बिक्री की रकम थी । एक उग्रवादी क्लीन शेव था । दोनों उग्रवादी स्कूटर पर आए और उसी पर फरार हो गए ।

16259 रुपए लूटे

मोगा से आज़ाद के अनुसार यहां के निकटवर्ती गांव चड़िक स्थित बिजली बोर्ड के कार्यालय से आज दोपहर दो सशस्त्र युवकों ने 16259 रुपए लूट लिए । ये दोनों साइकिल पर आए थे तथा एक के पास कटी हुई नाल वाली दोनाली बंदूक तथा दूसरे के पास पिस्तौल थी ।

उन्होंने सभी कर्मियों के हाथ खड़े करा दिए तथा खजांची राम कृष्ण से रकम छीन ली । वे जाते समय धमकी दे गए कि यदि किसी हिन्दू ने दाढ़ी न रखी और यदि किसी सिख ने दाढ़ी कटवाई तो उसके सीने में तीन-तीन गोलियां मारी जाएंगी । जाते समय वे बाहर से कार्यालय का दरवाजा बंद कर गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

कल सायं भटिंडा में राज कुमार नामक व्यक्ति से 2 सशस्त्र युवकों ने उसका स्कूटर छीन लिया ।

सरपंच की हत्या

बटाला (कोछड़): थाना सदर के गांव हसनपुरा में 46 वर्षीय सरपंच मोहन सिंह की गत रात दस बजे दो सशस्त्र अज्ञात युवकों ने हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि उग्रवादी स्टेनगन और रिवाल्वर लेकर सरपंच के घर आए और बातें करते रहे, दूध पीया । बाद में सरपंच के भाई को दूसरे कमरे में भेज कर सरपंच की हत्या कर दी । पूछताछ के लिए 6 को हिरासत में लिया है । बटाला के डी.एस.पी. हरजीत सिंह ने बताया गुरदीप सिंह (काला नंगल) को गिरफ्तार किया गया है जो उग्रवादियों को शरण देता था । फतेहगढ़ में नासर के गांव के बलविंदर सिंह, रणवीर सिंह, हरजीत सिंह को गिरफ्तार किया है ।

गुरदासपुर से 'विनोद' के अनुसार शराब पीने के कारण सरपंच का नाम आतंकवादियों की हिट लिस्ट में था । सरपंच को एक धमकी भरा पत्र भी मिला था, जिसमें आतंकवादियों ने उसे चेतावनी दी थी कि वह शराब पीने से बाज आए ।

बटाला पुलिस ने कहा कि आतंकवादी पहले और प्रमुख व्यक्तियों की सुरक्षा की व्यवस्था करने के भी निर्देश जारी किए गए हैं ।

डाक्टर की हत्या

होशियारपुर (प्रद्युम्न): आज यहां से 15 किलो मीटर दूर मौज़ा गैगनोवाल में एक प्राइवेट प्रैक्टीशनर की गोली मार कर हत्या कर दी । पता चला है कि डा. धर्मवीर अपनी दुकान पर बैठे थे कि दो अज्ञात व्यक्ति एक स्कूटर पर आए । उन्होंने स्कूटर थोड़ी दूर खड़ा किया और आते ही डाक्टर पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । डा. धर्मवीर सख्त घायल होकर गिर गए । हमलावर स्कूटर पर भाग निकले ।

डाक्टर धर्मवीर को नाज़ुक हालत में पी.जी.आई. चंडीगढ़ ले जाया जा रहा था कि रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई । इस सम्वाददाता ने मौका पर जाकर सूचना दी है कि लगभग डेढ़ बजे बाद दोपहर डाक्टर को गोलियां मारी गईं । डाक्टर रोज़ की तरह चारपाई पर आराम कर रहा था । स्कूल में छुट्टी होने पर उग्रवादियों ने बच्चों से उसकी दुकान का पता किया तथा वहां जाकर उसे बाहर बुलाया । डाक्टर बहुत शक्तिशाली था । वह दोनों उग्रवादियों से गुत्थमगुत्था हो गया । इस तरह वे गली में आ गए । वहां डाक्टर को गोलियां मारी गईं । उसकी दुकान गांव के ठीक मध्य में स्थित है जिसे बाहर से केवल एक ही रास्ता जाता है । वारदात के समय गांव के किसान खेतों में गए हुये थे । एक बुढ़िया ने बताया कि उसने गोलियों की आवाज़ सुनी थी । पुलिस के अनुसार डाक्टर को धमकी भरे पत्र आते थे । उसने पुलिस को इनकी सूचना भी दी थी ।

गोली मार कर बन्दूक ले गए

होशियारपुर से प्रद्युम्न की सूचना है कि आज सायं साढ़े पांच बजे यहां से 25 किलो मीटर दूर गांव कोकरां के जत्थेदार मेहर सिंह को तीन आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । बताया जाता है कि तीन स्कूटर सवारों ने आकर उनसे बन्दूक हवाले करने को कहा । इंकार करने पर 315 बोर की बन्दूक छीनने की कोशिश में उन्होंने जत्थेदार पर गोली चला दी । जत्थेदार को गढ़शंकर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । आतंकवादी बन्दूक और 10 कारतूस ले गए ।

खोखे जला दिए

शाहकोट (चोपड़ा): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने जालन्धर ज़िले के शाहकोट में पुलिस थाने के बिल्कुल सामने एक शराब के ठेके और मांस बेचने के एक खोखे में आग लगा दी । क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है ।

बस पर फ़ायरिंग

शिमला (वार्ता): कार में सवार संदिग्ध आतंकवादियों ने हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम की एक बस पर कल रात गोलियां चलाईं । शिमला में सरकारी तौर पर मिली जानकारी के अनुसार मनाली से हरिद्वार जा रही इस बस पर डेरा बस्सी और जीरकपुर के बीच हमला किया गया । हमले में किसी भी यात्री के गम्भीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उग्रवादियों ने रात 11 बजे चंडीगढ़ से चली बस का चंडीगढ़ से ही पीछा शुरू कर दिया था और वा जीरकपुर से आगे इस पर फायरिंग शुरू कर दी । पहले उन्होंने बस का पिछला टायर पंक्चर करने की कोशिश की और बाद में ड्राइवर पर गोलियां चलाईं, लेकिन वह चतुराई से

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

ड्राइविंग सीखें

ड्राइविंग कार, ट्रक (लाइसैंस समेत) टैलीविज़न, इलैक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपैंटर, बार बैंडर और वैल्डिंग कोर्स । रिहायश फ्री । मिलें : नैशनल इंजीनियरिंग कालेज, पीछे बस स्टैंड, सामने होटल अमन पैलेस, लुधियाना, फोन-31437; सामने मेन गेट बस स्टैंड, अमृतसर और खन्ना; 184, मोता सिंह नगर, जालंधर ।

जायदाद बिकाऊ

Modern Kothi, 30 Marla, 4 Bed, Drawing, Dining, Attached Bathrooms on Cool Road, Jyoti Nagar, Jalandhar. Contact—Capoor & Co., Property Dealers, Adarsh Nagar, Jalandhar.

शिक्षा

united Academy, Near Kalgidhar Gurdwara, Ludhiana. Eighth, Nineth Failed, Pass Matric, Matric Pass B.A. P.U. 1½ years.

बिना आठवीं मैट्रिक, दसवीं फेल इंटर, दसवीं पास सीधा बी.ए./वैद्यविशारद-आयुर्वेदरत्न RMP गारंटिड करें—गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

R.M.P. सरकारी रजिस्ट्रेशन 750/- में करवाएं । आठवीं, नौवीं फेल दसवीं करें । दसवीं पास इंटर (बी.ए.-I) करें । प्रैप पास बी.ए., बी.काम. और बी.ए. पास M.A. एक वर्ष में नवम्बर में करें । बी.एड., ओ.टी., जे.बी.टी. परीक्षा पांच जून से । उपरोक्त कक्षाओं का परीक्षा केंद्र हमारा कालेज । जल्द मिलें । नियमावली 10 रु. । Vivekanand College, Kothi 21, Sector 21-A, Chandigarh.

R.M.P. सरकारी रजिस्ट्रेशन 750/- में, केवल 10 दिनों में करवाएं । आठवीं, नौवीं फेल दसवीं सितम्बर में गारंटी से करें । दसवीं पास इंटर (B.A.I.) । प्रैप पास बी.ए. [illegible]

पोल्ट्री

NECC Delhi egg rate for 5.5.87 Rs. 41/- Without trays. NECC Suggested Retail Price 5.75/- per Dozen.

ज़मीन बिकाऊ

About 375 square metres residential land, Near Nalagarh—Ram Shehr, Main Road at Nalagarh. Box 966, Punjab Kesari, Jalandhar.

गुमशुदा

एक काला बैग जिसमें जरूरी कागजात थे, लुधियाना कमेटी बाग के आसपास 17.4.87 को कहीं गिर गया है । पहुंचाने वाले को 200/- शुक्राना दिया जाएगा । तरसेम स्टोर, रूपा मिस्त्री गली, लुधियाना । फोन-31673.

हकलाना

हकलाना/तुतलाना लाईलाज नहीं है । औषधि व सर्जरी के बगैर पक्का ईलाज करवाएं । आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाजपुल, हिसार (हरियाणा) ।

कम्प्यूटर ट्रेनिंग

Computer Courses special group for School Students. Basic language Programming starting 7.5.87. New Punjab Arts College, Pacca Bagh, Jalandhar.

रोज़गार

केवल **25/-** रुपए मनिआर्डर भेजकर सारा साल घर बैठे हर प्रकार की नौकरियों के फार्म गाइडैंस पेपर प्राप्त करें । नैशनल कालेज, सनौली रोड, पानीपत-132103.

आवश्यकता

रेडियो/टैलीविज़न मकैनिकों कार, ट्रक ड्राइवरों

नई कापी

दिल की गहराइयों में उतर

16.01 लाख रु

Punjabi Sanatan

जोगिंदर सिंह के आवास पर छापा : तीन संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में

निंदी के हत्यारे सहित 2 काबू : बाड़ी ब्राह्मणां में पुलिस से मुठभेड़,2 उग्रवादी मरे

अमृतसर में 2 शव मिले : कार पर बम फैंका

अमृतसर, 6 मई (वार्ता): सुरक्षा बल के अधिकारियों ने एकीकृत अकाली दल के नेता बाबा जोगिन्दर सिंह के दरबार साहब परिसर स्थित निवास पर आज प्रात: छापा मारकर तीन युवकों को हिरासत में ले लिया । श्री सिंह का निवास स्वर्ण मन्दिर परिसर में पार्टी कार्यालय के निकट है । पुलिस सूत्रों ने हिरासत में लिए गए युवकों का नाम हरदीप सिंह, कुलदीप सिंह तथा पप्पू बताया है । सूत्रों के अनुसार इन तीनों से अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के कार्यकर्त्ता नरिन्दर सिंह उर्फ़ निन्दी की हत्या के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है । गत मार्च महीने में स्वर्ण मन्दिर परिसर में ही नरिन्दर सिंह की हत्या कर दी गई थी । बताया जाता है कि एक गटर में उसका शव दिखा भी था,लेकिन बाद में वह रहस्यमय तरीके से ग़ायब हो गया था. जिसके बाद उसके रिश्तेदारों तथा स्वर्ण मन्दिर परिसर के आसपास के निवासियों ने पूरे परिसर में उसकी तलाश की थी । हत्या के उक्त मामले के सम्बन्ध में संघ के कार्यालय सचिव हरभजन सिंह खालसा तथा एक अन्य व्यक्ति जीत सिंह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है । बाबा जोगिन्दर सिंह के निजी सहायक तथा एकीकृत अकाली दल के कार्यालय सचिव मनमोहन सिंह ने इस कार्रवाई की निंदा की है और हिरासत में लिए गए युवकों की रिहाई की मांग की है । विज्ञप्ति में कहा गया है कि पकड़े गए युवकों में कार्यालय का अकाऊँटैंट गुरदीप सिंह और बाबा का एक साथी कुलदीप सिंह भी शामिल हैं ।

2 शव मिले

जंडियाला थाना के गांव तलवनी शुकियां के साथ लगते खेतों से पुलिस ने दो शव बरामद किए हैं । यह शव युवकों के हैं, जिन पर तेज़-धार हथियारों के घाव हैं । पुलिस को आशंका है कि यह उग्रवादी गिरोहों की आपसी दुश्मनी का नतीजा है ।

9000 रुपए लूटे

यहां चावला मंडी क्षेत्र में 3 पिस्तौलधारियों ने एक दुकानदार से 9000 रुपए लूट लिए और भाग निकले ।

बम फैंका

ह.स. के अनुसार यहां हुक्म सिंह रोड पर न्यू हुसैनपुरा रेल पुल के पास आज तड़के एक शक्तिशाली बम फटने से एक महिला घायल हो गई । घायल महिला का नाम कृष्णा देवी है । पचास वर्षीय कृष्णा देवी चाय की दकान चलाती है । उनकी जांघ और पेट में चोट पहुंची है । उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । पुलिस को संदेह है कि यह बम जीप में सवार कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने फैंका,जो बाद में बटाला रोड की ओर भाग गए ।

श्रीमती कृष्णा देवी ने बताया कि उनके पति और पुत्र दुकान के भीतर थे और वह बाहर लगे नल पर हाथ धो रही थी, उसी समय बम में विस्फोट हुआ और पूरे इलाके में धुआं भर गया । विस्फोट से दुकान के बाहर एक गड्ढा हो गया और दकान में रखे फ़र्नीचर और दरवाजों के शीशों को क्षति पहुंची । बम दस्ते के विशेषज्ञों ने बाद में विस्फोट स्थल पर पहुंच कर जांच के लिए बम के टुकड़ों को इकट्ठा कर लिया ।

'वार्ता' के अनुसार कपड़े में लिपटा यह बम एक चलती कार पर फैंका गया था, लेकिन यह निशाना चूक गया और फटने से कृष्णा देवी घायल हो गई ।

खिलौना पिस्तौल से लूटने का प्रयास, दो बंदी

सुलतानविंड रोड के निवासियों ने कल रात एक दुकान को लूटने का प्रयास कर रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया । पुलिस ने बताया कि दोनों व्यक्ति एक खिलौना पिस्तौल दिखाकर बटाराम नामक व्यक्ति की दुकान को लूटने का प्रयास कर रहे थे । अपराधियों के नाम सुरिंदर सिंह और गुरदीप सिंह हैं और ये कोट बाबा दीप सिंह के निवासी हैं । दोनों को आतंकवादी और तोड़फोड़ गतिविधि निरोधक कानून की धारा तीन और चार के तहत गिरफ्तार किया गया है ।

राजद्रोह के केस दर्ज

अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के अध्यक्ष मंडल के सदस्य सतविन्दर सिंह भोला और बारह अन्य सदस्यों के खिलाफ़ 'राजद्रोह' का मामला दर्ज किया गया है । इन लोगों पर गत 26 जनवरी को 'सरबत खालसा' के दौरान भड़काऊ भाषण देने और स्वर्ण मन्दिर पर खालिस्तान का झंडा लहराने और तिरंगा जलाने का आरोप है । धारा 124-ए के तहत राजद्रोह का मामला दर्ज करने के अलावा इन लोगों पर आतंकवाद एवं तोड़-फोड़ की कार्रवाई निरोधक कानून की धारा 3 और 4 के तहत भी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

परिसर के बाहर तैनात हटाये जाने के बाद द

अमृतसर, 6 मई (वार्ता): केंद्र सरकार और उग्रवादियों के बीच वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आज सायं सात बजे अत्यन्त महत्वपूर्ण गतिविधियां हुईं और इसी सिलसिले में अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह की शर्त और केंद्र सरकार के प्रतिनिधि आचार्य सुशील मुनि के हठ के आगे झुक कर प्रशासन ने स्वर्ण मंदिर परिसर के चारों ओर तैनात सी.आर.पी. के जवान व उसके खेमे आप्रेशन ब्लू स्टार आप्रेशन के बाद पहली बार हटा लिये परंतु रात्रि 9.15 बजे सी.आर.पी. आदि वहां दोबारा तैनात कर दी गई ।

आचार्य सुशील मुनि व प्रो. दर्शन सिंह की बातचीत में दरअसल केंद्र व उग्रवादियों के बीच होने वाले समझौते को अंतिम रूप दिया गया । यह जानकारी सुशील मुनि के निकट सूत्रों ने दी और कहा कि केंद्र सरकार के विशेष निर्देश और अधिकार लेकर सुशील मुनि विशेष विमान से अमृतसर आए थे । सुशील मुनि एक माह से इस बातचीत की तैयारी कर रहे थे । सूत्रों ने कहा कि यदि पंथक कमेटी ने 30 अप्रैल 1986 को खालिस्तान की घोषणा नहीं की होती तो सुशील मुनि उसी समय समझौता करवा देते । सुशील मुनि 30 अप्रैल 1986 को प्रो. दर्शन सिंह से मिलने जालंध
चला है कि
निर्णय लेने
उग्रवादी गुटों
पता चला
जे.एफ. रिबैरो
वार्ता के दौरान
निर्देश पर अमृ
प्रो. दर्शन
नेता को बातच
की ।' और क
बेहतर होता, के
वर्तमान संकट
शांति तभी बह
युवकों को वाता
पंजाब पुलि
रिबैरो के आदेश
की गई ।
दर्शनी द्वयो
75 मिनट की
आज की बातच
परिणाम कुछ दि
बात से सहमत

बलवंत सिंह रिबैरो के विरुद्ध बयान वापस लें या उन्हें बर्खास

नई दिल्ली, 6 मई (जी.एस. चावला): पंजाब के पुलिस महानिदेशक पर वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह द्वारा किए गए प्रहार के सवाल पर केंद्र और पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला के मध्य गम्भीर संकट पैदा हो रहा प्रतीत होता है । आतंकवाद से निपटने में श्री रिबैरो द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस की देश की सभी पार्टियों ने प्रशंसा की है । केंद्र ने बलवंत सिंह के रिबैरो-विरोधी बयान का कड़ा नोटिस लिया है ।

गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने श्री बरनाला से बात की है तथा उन्हें दृढ़ता से कह दिया है कि या तो श्री बलवंत सिंह अपने बयान को वापस लें अथवा मुख्यमंत्री उन्हें बर्खास्त कर दें । उन्हें स्पष्ट शब्दों में बता दिया गया है कि श्री रिबैरो तथा श्री बलवंत सिंह एक साथ सरकार में काम नहीं कर सकते और उनमें से एक को जाना पड़ेगा । श्री बरनाला को यह भी बता दिया गया है कि देश श्री रिबैरो को नीचा नहीं दिखा सकता ।

श्री बरनाला ने गृहमंत्री का ध्यान श्री रिबैरो के एक पाक्षिक में प्रकाशित इंटरव्यू के एक पैरे की ओर दिलाया तथा कहा कि उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों ने उस पैरे पर आपत्ति की है । इस इंटरव्यू में श्री रिबैरो ने कहा था कि आतंकवाद से सर्वाधिक पीड़ित एक सब-डिवीजन में एक पुलिस अफसर हर समय शराब पीता रहता था तथा रुपए बटोरता था । जब उन्होंने उसका तबादला कर दिया तो स्थानीय जत्थेदार ने श्री रिबैरो से पूछा कि उसकी अनुमति के बगैर उन्होंने उसका तबादला क्यों किया तथा उसका तबादला एक-दम रद्द कर दिया गया । यह मिसाल पुलिस के कार्य में राजनीतिक हस्तक्षेप के बारे में थी ।

श्री बरनाला ने श्री बूटा सिंह से कहा है कि श्री बलवंत सिंह मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को भी अपने साथ मिलाने में सफल हो गए हैं और वे सभी श्री रिबैरो के विरुद्ध हैं । उन्होंने कहा कि केंद्र को इतना कठोर स्टैंड नहीं लेना चाहिए तथा वह स्थिति को सम्भालने का प्रयास करेंगे । केंद्रीय सरकार इससे बिल्कुल संतुष्ट नहीं हुई है, क्योंकि प्रधानमंत्री को पहले ही पुलिस के कार्य में राजनीतिक दखल तथा कुछ मंत्रियों के आतंकवादियों के साथ निकट संबंधों के बारे में अनेक शिकायतें मिल चुकी हैं ।

केंद्र श्री बलवंत सिंह के बयान से ज्यादा चिंतित है क्योंकि गत सप्ताह ही श्री रिबैरो ने गृहमंत्रालय का ध्यान इस ओर दिलाया था कि बलवंत सिंह उन पर एक कुख्यात आतंकवादी जगतार सिंह को रिहा करने के लिए दबाव डाल रहे हैं, जो कि 'मंड' क्षेत्र में कार्यरत आतंकवादी गिरोह का नेता समझा जाता है । यह 'मंड' क्षेत्र बलवंत सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में पड़ता है । श्री रिबैरो ने गृहमंत्रालय को बताया था कि बलवंत सिंह उन पर दबाव डाल रहे हैं कि वह जगतार सिंह को रिहा करें,वरना वह उनका (रिबैरो का) विरोध करेंगे ।

केंद्र को यह भी जानकारी है कि इससे पहले श्री रिबैरो के विरुद्ध प्रेम सिंह चंदूमाजरा का बयान भी बलवंत सिंह की शह पर ही दिया गया था,क्योंकि एक सुविदित तथ्य यह है कि बलवंत सिंह तथा चंदूमाजरा एक-दूसरे के बहुत नज़दीक हैं ।

इस स्थिति से बड़ा गम्भीर संकट पैदा होने की सम्भावना है,क्योंकि श्री बरनाला श्री बलवंत सिंह और अन्य मंत्रियों को नाराज़ नहीं कर सकते । ऐसा करने पर उनका
प्रधानमंत्री ने श्री
दौरान स्वयं राज्य
गम्भीर चिंता व्य
गृहमंत्री श्री
में भी श्री बरनाल
निपटने के लिए क
चुस्त बनाने पर
उग्रवादियों के 'स
पंजाब से हिंदुओं
सम्भावना के बारे
पुलिस प्रशासन में
निर्देश दिया गया
नई स्थिति में
समस्याएं पैदा हो स
कि श्री रिबैरो पंजा
उन्होंने निजी रूप से
कार्यकाल बढ़ा दिय
श्री बरनाला को
औपचारिक अनुरो

बलवंत के अलावा किसी मंत्री ने रिबैरो के विरुद्ध पत्र नहीं लिखा : बरनाला

चंडीगढ़, 6 मई (वार्ता): पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने कहा है कि पंजाब पुलिस महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो का कार्यकाल बढ़ाने के विरोध में वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह के अलावा अन्य किसी मंत्री ने उन्हें पत्र नहीं लिखा है ।

आज यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री बरनाला ने कहा कि कुछ मंत्रियों ने श्री रिबैरो के काम करने के खिलाफ सार्वजनिक बयान दिए हैं लेकिन किसी ने इस बारे में उनसे बात नहीं की है ।

श्री बरनाला से एक संवाददाता ने पूछा कि क्या वे खुद चाहेंगे कि श्री रिबैरो 31 मई को अपने कार्यकाल की समाप्ति के बाद भी पंजाब में बने रहें । उन्होंने कहा कि "इस बारे मैं कुछ नहीं कहना चाहता । श्री रिबैरो का कार्यकाल बढ़ाने का मामला अभी मेरे पास नहीं आया है ।"

श्री बरनाला ने कहा कि राज्य में श्री रिबैरो के विरुद्ध उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों की ओर से उन पर कोई दबाव नहीं है । उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिन से उन्होंने श्री रिबैरो से कोई बातचीत नहीं की है । पिछली मुलाक़ात में हम दोनों ने केवल कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की थी ।

जब श्री बरनाला से पूछा गया कि क्या आज सुबह हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह के उपरोक्त पत्र पर विचार-विमर्श हुआ । उन्होंने कहा कि पत्र का ज़िक्र तो हुआ था पर इस बात पर विचार नहीं हुआ ।

श्री बरनाला से यह भी पूछा गया कि क्या वे पत्र में व्यक्त विचारों से सहमत हैं । उन्होंने कहा, फिलहाल इस पर वे कुछ भी नहीं कहना चाहते । उनके पास पत्र आया है लेकिन इस पर अपनी प्रतिक्रिया अभी तक नहीं दी है । वह बाद में अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं ।

उन्होंने कहा कि श्री रिबैरो के बारे में वित्तमंत्री द्वारा उन्हें लिखा गया यह दूसरा पत्र है लेकिन दोनों पत्रों की विषय वस्तु भिन्न है । मुख्यमंत्री ने इस पर भी टिप्पणी करने से इंकार कर दिया कि श्री रिबैरो

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सामूहिक हत्याओं का षड्यंत्र

जालन्धर, 6 मई (वि.प्र.): पुलिस तथा सुरक्षा बलों को कुछ गुप्तचर सूत्रों द्वारा सचेत किया गया है कि उग्रवादी नगरीय क्षेत्रों में सामूहिक हत्याएं करने की योजना बना चुके हैं ताकि लोगों में न केवल भगदड़ मचाई जाए बल्कि सम्भव हो तो फसाद भी कराए जाएं । एक पुलिस सूत्र के अनुसार कुछ उग्रवादी गैस वाले बमों को इस्तेमाल करने का तरीका सीख कर भी आए बताए जाते हैं । उनका निशाना धर्म स्थानों, बस अड्डों, अदालतों आदि सार्वजनिक स्थानों पर बम फैंकने का है । पुलिस पिकटों पर भी हमले करने की बहुत सम्भावना है । अनुमान यह भी है कि उग्रवादियों ने प्रक्षेपास्त्र की प्राप्त कर लिए हैं ।

इस बीच पुलिस ने अपनी कार्य विधि के पुनरीक्षण आरम्भ कर दिए हैं । यह भी पता चला है कि सुरक्षा बलों की पुलिस कैंबिनों पर भी हमला हो सकता है । अत: प्राईवेट संस्थानों को ऐसे कैंबिन अन्दर ले जाने के निर्देश दिए गए हैं । पता चला है कि श्री विर्क को अमृतसर से जालन्धर स्थानांतरित कर दिया गया है ।

हड़त विरु

चंडीगढ़, 6 म
सरकार ने आज चेता
आह्वान पर जो कम
में शामिल होंगे उ
कार्रवाई की जाएगी
हड़ताल के आ
ठहराते हुए सरकार
सम्भाग आयुक्तों औ
हैं कि बिना छुट्टी
कर्मचारियों के खिल
करें । सरकार ने स
कहा है कि वे जनता
लिए भी उचित कदम
संघ ने अपनी मां
हड़ताल का आह्वा
मांगों में चौथे वेत







पाक पूरी तेजी से परम निर्माण में लगा है :

न्यूयार्क, 6 मई (ए.पी.): प्रधानमंत्री राजीव गांधी के अनुसार इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि

अवान्सा बिगानों की
प्रतिकूल प्रभाव पड़

Punjab Archive

...में धुआं भर गया । विस्फोट से ...एक गड्ढा हो गया और दुकान में रखे ...दरवाजों के शीशों को क्षति पहुंची । ...विशेषज्ञों ने बाद में विस्फोट स्थल पर ...के लिए बम के टुकड़ों को इकट्ठा ...।

...के अनुसार कपड़े में लिपटा यह बम एक ...पर फैंका गया था, लेकिन यह निशाना ...फटने से कृष्णा देवी घायल हो गई ।

व खुद चाहेंगे कि श्री रिबैरो 31 मई को अपने कार्यकाल की समाप्ति के बाद भी पंजाब में बने रहें । उन्होंने कहा कि "इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता । श्री रिबैरो का कार्यकाल बढ़ाने का मामला अभी मेरे पास नहीं आया है ।"

श्री बरनाला ने कहा कि राज्य में श्री रिबैरो के विरुद्ध उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों की ओर से उन पर कोई दबाव नहीं है । उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिन से उन्होंने श्री रिबैरो से कोई

फिलहाल इस पर वे कुछ भी नहीं कहना चाहते । उनके पास पत्र आया है लेकिन इस पर अपनी प्रतिक्रिया अभी तक नहीं दी है । वह बाद में अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं ।

उन्होंने कहा कि श्री रिबैरो के बारे में वित्तमंत्री द्वारा उन्हें लिखा गया यह दूसरा पत्र है लेकिन दोनों पत्रों की विषय वस्तु भिन्न है । मुख्यमंत्री ने इस पर भी टिप्पणी करने से इंकार कर दिया कि श्री रिबैरो

(शेष पृष्ठ 8 पर)



(1) ...सिंह रोड, अमृतसर पर उग्रवादियों द्वारा फैंके गए बम से घायल श्रीमती कृष्णा देवी, (2) खोखा, जिस पर बम गिरा, (3, 4) खोखे की ...की चादर, फ़र्श, दीवारों और पेटी आदि पर लगे बम के टुकड़ों के निशान । (छाया : भंडारी)



(1) फिरोज़पुर के निकटवर्ती गांव रुकन शाह सैदावाला में उग्रवादियों की गोलियों से घायल नवविवाहिता नरेंद्र कौर, जिसने घर लूटने आए उग्रवादियों का मुकाबला किया था । (2) उग्रवादियों के हाथों घायल नरेंद्र कौर का ससुर जरमेज सिंह तथा उसका बेटा गुरदेव सिंह (3) जरमेज की घायल पत्नी दलीप कौर (छाया : कामरेड) (4) अमृतसर जिले के ऐमामलियां गांव के पास सी.आर.पी. से मुठभेड़ में मरा संदिग्ध आतंकवादी (छाया : पाल), (5) नकोदर में उग्रवादियों द्वारा जलाई गई अपनी दुकान में खड़ा जोगेंद्र पाल (छाया : गगन)

रिबैरो की ईमानदारी, निष्ठा असंदिग्ध : उन्हें बलवंत के सर्टीफ़िकेट

अमृतसर, 6 मई (सोनी) : भारतीय जनता पुलिस आतंकवादियों के खिलाफ बहादुरी से लड़ रही जोकि 31 मई को रिटायर होने वाले हैं और सरकार है मुख्यमंत्री य...

पाक... नि...

न्यूयार्क, ... गांधी के अनुस... पाकिस्तान अप... आगे बढ़ा रहा ... मई के अंक में ... कि अमरीका प... पूरी तरह सक्ष... गया ।

उन्होंने ... उद्देश्य आपा... बारे में अमरीक... विश्व व्यापी ... जाने पर कि क... प्रधानमंत्री ने ... शांतिपूर्ण परम... में कोई काम न...

श्री गांधी ...

सौतेल... डी.

जबलपुर, ... पुलिस उप मह... वर्षीय पुत्र अरु... तहसील मुख्या... सोमवार की र... गया ।

अस्पताल ... दावा किया है ... रंगनाथ मिश्र ... गहरा हो गया ... सौतेली मां ने ... साथ कार में बै... खो बैठा ।

अरुण का... बाद उसके पि... डाक्टर शांति... आरोप लगाया... साथ अच्छा न... लता की मृत्यु ... उसने बताया ...

इस बा... पुनरीक्षण अ... चला है कि सु... हमला हो सक... ऐसे कैबिन ... हैं । पता च... जालन्धर स्थ...

Punjabi Sahatan

केंद्रीय गृहमंत्रालय श्री रिबैरो के लिए पैदा कर रहा है । उन्होंने कहा कि यदि पत्रों में छपी रिपोर्ट गलत है तो फिर केंद्रीय नय में कोई व्यक्ति मुझे बदनाम करने का र रहा है ।

ईमानदार अफसर

लबन्त सिंह ने कहा कि उन्होंने इस मामले त्री को भी पत्र लिखा था तथा उनसे कहा था ी रिबैरो से जवाब तलब करें । बलवन्त ीकार किया कि श्री रिबैरो एक ईमानदार ावान पुलिस अधिकार हैं । उन्होंने कहा वाद का मुकाबला सिर्फ पुलिस नहीं कर इसके लिए लोगों का सक्रिय समर्थन भी । पुलिस और प्रशासन को लोगों से लग करने से इस लड़ाई में कोई मदद नहीं

ह कौन होते हैं

खबरों पर टिप्पणी करते हुए कि केन्द्रीय ी बूटा सिंह ने श्री बरनाला से कहा है कि या



ोजित एक समारोह में सम्मानित रहे हैं ।

दिल्ली चैम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की पंजाब कमेटी को सम्बोधित करते हुए श्री बलवन्त सिंह ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)



पांच सिंह साहिबान के साथ पंजाब समस्या बारे हल ढूंढने के लिए दरबार साहिब में प्रो. दर्शन सिंह के साथ बातचीत करते हुए आचार्य मुनि सुशील कुमार (ऊपर) तथा बुधवार तथा वीरवार को बार-बार सुरक्षा बल हटाए जाने से खाली पड़े मोर्चे (नीचे) । (छाया : भंडारी)

फिरोजपुर में सी.आई.डी. सब-इंस्पैक्टर की हत्या, लुधियाना में 1.08 लाख की लूट

चंडीगढ़, 7 मई (वार्ता): आज रात्रि 10 बजे फिरोजपुर के किशनपुरा क्षेत्र में पंजाब सी.आई.डी. के सब इंस्पैक्टर गुरपाल सिंह की स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी ।

लुधियाना से राजेश भाम्बी के अनुसार 2 स्कूटर सवार संदिग्ध उग्रवादियों ने आज प्रातः यहां के औद्योगिक क्षेत्र की एक सोडा वाटर फैक्टरी से पिस्तौल की नोक पर 108746 रुपए लूट लिए । उग्रवादी रुपए लूटने के बाद फ़रार हो गए । पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज करके कुत्ता स्क्वैड बुला लिया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार एक युवक के पास किरपान थी और दूसरे के पास पिस्तौल थी । कुत्ते साथ वाली फैक्टरी के उस गहरे कुएं तक गए, जहां वह अभियुक्त लूटमार करके छलांग लगाकर गिर थे ।

धीमान के अनुसार आज प्रातः जी.टी. रोड पर हीरो साइकल फैक्टरी के निकट ही एक शीतल पेय फैक्टरी में चार बजे तड़के डाका डाले जाने की सूचना मिली है । बताया गया है कि दोनों ने अपने मुंह ढांप रखे थे । दोनों फैक्टरी के अन्दर आए और खज़ांची के कमरे में घुस गए । बताया जाता है कि उन्होंने पिस्तौल की नोक पर खज़ांची से रुपए मांगे । जब उसने विरोध किया तो उसको मारपीट भी की गई, फिर उस पर एक कम्बल डाल दिया गया और तरह-तरह की धमकियां दीं । इसके बाद खज़ांची ने तमाम रकम उनके हवाले कर दी और वे रकम सम्भाल कर निकल गए और जाती बार खज़ांची के कमरे के गेट को बाहर से बंद कर गए ताकि वह बाहर न निकल सके ।

नगर पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कुमार गप्ता ने बताया कि अभियुक्तों के फैक्टरी में दाखिल होने और वहां से भागने के बारे में अलग-अलग थ्यूरियों पर विचार हो रहा है । एक ख्याल यह है कि अभियुक्त एक ट्रक में आए थे और फिर दीवार फांद कर फैक्टरी में दाखिल हो गए । जाती बार फिर दीवार फांद कर वे साथ वाली फैक्टरी में दाखिल हो गए । वहां भी कोल्ड ड्रिंक्स फैक्टरी की तरह रात की शिफ़्ट में काम होता है । अभी तक यह पता नहीं चल सका कि वे इस फैक्टरी से बाहिर कैसे निकले ।

दूसरा ख्याल यह है कि वे इसी फैक्टरी में ही रहे और बाहर कहीं नहीं गए । ख्याल है कि वे लोग सम्बद्ध फैक्टरी में ही कार्य करते हैं क्योंकि पुलिस ने वारदात का सुराग लगाने के लिए जो कुत्ते छोड़े थे, वे सम्बद्ध फैक्टरी से बाहर नहीं गए बल्कि उसके अन्दर एक गहरे कुएं के पास जाकर रुक गए । पुलिस को संदेह है कि रुपए और डाके में प्रयुक्त पिस्तौल और तलवार इस कुएं में फैंके गए हैं । फिर भी पुलिस अधिकारियों का विचार है कि यह वारदात आतंकवादियों की कार्रवाई मालूम नहीं देती है । पुलिस ने शीघ्र ही सुराग लगा कर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की आशा व्यक्त की है ।

मुसाफ़िर के अनुसार जब आतंकवादी खज़ांची को लूट कर बाहिर निकले तो फैक्टरी के दूसरे वर्कर भी उस समय तक वहां एकत्रित हो गए थे । उन्होंने निकलते ही अभियुक्तों को घेरे में ले लिया और फिर उनको पकड़ कर खज़ांची के कमरे में बंद कर दिया । इस पर कुछ वर्करों ने कहा कि वे कहीं अन्दर ही खज़ांची की हत्या न कर दें, इसलिए दरवाजा खोल दिया जाए । जब दरवाज़ा खोला गया तो वे तलवारें घुमाते हुए भाग गए तथा किसी की उनको पकड़ने की हिम्मत नहीं हुई । यह भी पता नहीं चल सका कि वे वहां से पैदल या स्कूटर आदि पर भागे या कहीं निकट ही छिप गए ?

हमलावर पकड़ा गया

धीमान' के अनुसार स्थानीय आबादी स्कीम डाबरी में एक व्यक्ति तीर्थ सिंह के घर दो अज्ञात व्यक्तियों ने घुस कर उस पर हमला करके उसे सख्त घायल कर दिया । घर वालों के शोर मचाने पर एक हमलावर निशान सिंह को पकड़ लिया गया जबकि दूसरा भाग गया । तीर्थ सिंह अस्पताल में चिकित्साधीन है ।

धमकियां देने वाला युवक गिरफ्तार

खन्ना (पूर्णचंद): पायल पुलिस ने मनमोहन सिंह नामक एक युवक को पकड़ा है, जो टैलीफोन करके लोगों को धमकियां देकर रुपयों की मांग करता था । बताया जाता है कि उसने दोराहा के एक डाक्टर हरबंस सिंह को फोन किया कि वह उसे 20 हज़ार रुपया एक कुएं पर दे जाए । हरबंस सिंह ने अपने कम्पाऊंडर से कहा कि वह टैलीफोन करने वाले से बातें करता रहे, वह टैलीफोन एक्सचेंज जाकर पता करता है कि कहां से फोन किया जा रहा है । एक्सचेंज से पता चला कि कोई खन्ना की ओर से फोन कर रहा है । डाक्टर कार लेकर बंदूक सहित जी.टी. रोड पर खन्ना की ओर चल पड़ा । रास्ते में उसने देखा कि एक युवक टैलीफोन की तारें जोड़ कर फोन कर रहा है । डाक्टर को देख कर वह भागा, परन्तु उसे पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया । पता चला है कि उसके साथ

(शेष पृष्ठ 8 पर)

केन्द्र की बरनाला को चेतावनी

ह की ओर है) समेत कई मंत्री पुलिस क श्री रिबैरो के विरुद्ध अभियान चला रहे केंद्र महसूस करता है कि श्री रिबैरो अपना परिस्थितियों में भी निष्ठापूर्वक कर रहे ाग्य की बात है कि श्री रिबैरो के हाथ

उग्रवादियों के हाथों में खेल रहे हैं ।

केंद्र महसूस करता है कि पंजाब प्रशासन में उच्चतम स्तर पर इस बारे में कोई सजगता नहीं है कि स्थिति तेजी के साथ हाथ से निकलती जा रही



Punjab Sentinel

पंजाब में हिंसा जारी

(पृष्ठ 3 का शेष)

दो अन्य लड़के भी थे । पुलिस उनका पता लगा रही है । युवक ने टैलीफोन करने की बात स्वीकार कर ली है ।

एक स्कूटर की पहचान

खन्ना पुलिस को जो दो लावारिस स्कूटर मिले हैं, उनमें से एक की पहचान हो गई है जो 25 अप्रैल को पुरानी सब्ज़ी मंडी से चोरी हो गया था । यह स्कूटर खन्ना-खुर्द के अकाली नेता महा सिंह का है ।

दुकानदार घायल

मोहाली (नर्बदा): निकटवर्ती गांव मुंडी खरड़ में गत रात्रि उग्रवादियों ने 23 वर्षीय चंद्र प्रकाश नामक एक दुकानदार को गोली मार कर घायल कर दिया, उसे पी.जी.आई. चंडीगढ़ में भर्ती करा दिया गया है । बताया जाता है कि रात्रि लगभग 9.30 बजे दो युवक चंद्र प्रकाश के घर आए तथा उसकी छोटी बहन, जो पढ़ रही थी, को पुकारा । उसने अपने भाई से बाहर देखने को कहा । बाहर निकलते ही उस पर घातक हमला किया गया । एक गोली उसकी बाईं भुजा व पेट में लगी । दोनों हमलावर, जो पैदल आए थे, उसे मृत समझ कर फ़रार हो गये । इस वारदात के विरोध में आज क्षेत्र के दुकानदारों ने अपनी दुकानें भी बंद रखीं ।

6 उग्रवादी बरी

पटियाला (भूषण): नाभा जिला जेल में नामजद अदालत के अतिरिक्त विशेष जज श्री एस.एस. टिवाना ने गत वर्ष जून में गिरफ्तार 6 संदिग्ध उग्रवादियों को बरी कर दिया । उनके नाम इस प्रकार हैं : बचित्तर सिंह, अंत सिंह, सुखदेव सिंह (सभी गांव झलूर के), बलविन्द्र सिंह (गांव गुवारा), बचित्तर सिंह और नछत्तर सिंह (गांव लहेवाल) । उन पर पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त करने और भारत लौट कर एक विशेष समुदाय के सदस्यों की हत्याएं करने का षड्यंत्र रचने का आरोप था ।

फैडरेशन नेता पर फायरिंग

पटियाला से छः किलोमीटर दूर गांव हसनपुर के निवासी आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के नेता निरंजन सिंह ने पुलिस के पास शिकायत की है कि गत मंगलवार की रात्रि को उसके विरोधियों ने उसके घर पर फायरिंग की और पांच गोलियां चलाईं । फैडरेशन के जिला कार्यालय के मंत्री श्री जसवंत सिंह खालसा ने अभियुक्तों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है ।

खोखा जला डाला

पटियाला (भूषण, ह.स.): गत रात्रि यहां से 28 किलो मीटर दूर राजपुरा के निकट शम्भु-घनौर सड़क पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक लकड़ी का खोखा जला दिया । पुलिस के अनुसार यह खोखा प्रकाश सिंह नामक व्यक्ति का था, जिसने वहां मोबिल आयल जमा कर रखा था । इस सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

शामियाना जला दिया

भटिंडा (ग्रोवर): यहां हिंसा की घटनाओं में

कर गया था ।

गश्त 24 घंटे करने का फैसला

फगवाड़ा (कौड़ा) : जिला कपूरथला के पुलिस चीफ श्री लेखी ने आज यहां पुलिस उच्चाधिकारियों के साथ एक लम्बी मीटिंग की, जिसमें पंजाब में रैड अलर्ट बारे विचार किया गया । श्री लेखी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि पुलिस की गश्त निरन्तर 24 घंटे जारी रखी जाए और सी.आर.पी. के साथ मिलकर आठ-आठ घंटे की ड्यूटी बांटी जाए ।

दो गिरफ्तार : रिवाल्वर बरामद

फगवाड़ा के खलवाड़ा ग्राम में दो उग्रवादियों ने एक व्यापारी रामलाल से 6000 रुपए लूटने का प्रयास किया । वह बैंक से यह राशि निकलवाकर साइकल पर आ रहा था जब उग्रवादियों ने उसे रोककर उससे नकदी छीनने का प्रयास किया पर रामलाल ने शोर मचा दिया । इस पर ग्रामीणों ने पीछा करके उन्हें पकड़ लिया । इन दोनों के नाम सतिन्दर पाल व सोमनाथ बताए गए जिनके पास से 32 बोर का रिवाल्वर व एक छुरा बरामद हुआ ।

ट्राली से उतार कर 2 को घायल कर दिया

अमृतसर (वि.प्र., ह.स.): आज प्रातः जंडियाला थाने के गांव भंगाली के निकट दो संदिग्ध व्यक्तियों ने एक स्त्री सहित दो व्यक्तियों को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस ने कहा है कि मुरता सिंह और श्रीमती सुरजीत कौर निकटवर्ती गांव चन्द में एक ट्राली में जा रहे थे कि अभियुक्तों ने उनको ट्राली से नीचे उतर आने के लिए कहा । जब वे दोनों नीचे उतरे तो गोली मार कर उन्हें घायल कर दिया । दोनों को यहां गुरु तेग बहादर अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । दोनों के हाथ और बाहें घायल हो गई हैं । बताया जाता है कि उक्त श्री मुरता सिंह एक अमृतधारी सिख है और स्कूल मास्टर है । वह और सुरजीत कौर किसी सम्बन्धी की अंत्येष्टि में भाग लेने जा रहे थे । मुरता सिंह की बाईं आंख में गोली लगी है ।

रैड गार्डों ने जिम्मेदारी ली ?

अमृतसर से कमलेश के अनुसार इस वारदात रैड गार्ड (नक्सलबादी) के एक गुरिल्ला दस्ते द्वारा की गई । मृतक मुरता सिंह दमदमी टकसाल के बाबा मोहन सिंह का एक साथी था । वारदात वाली जगह पर लाल छपे हुए पर्चे मिले हैं, जिनसे यह जानकारी मिली कि रैड गार्ड के कमांडर दिलेर सिंह ने इस गोलीबारी की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि चूंकि मास्टर मुरता सिंह ने उनके साथी रत्नसिंह पटवारी को कत्ल करवाने में प्रमुख भूमिका निभाई थी, अतः उससे बदला लिया गया है । एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार एक नक्सलबादी ने ट्राली में सवार दूसरे लोगों को चेतावनी दी कि वे खालिस्तानी उग्रवादियों का साथ छोड़ दें । यह अपील भी की कि वे उग्रवादियों के सिर कलम करने के लिए उनका साथ दें ।

3 पाक घुसपैठिए गिरफ्तार

अमृतसर (ह.स.): बी.एस.एफ. ने आज जिला अमृतसर के सैक्टर अटारी में दो पाकिस्तानी घुसपैठियों को सीमा पार करके भारत में घुसते हुए पकड़ लिया । बी.एस.एफ. के सूत्रों के अनुसार ये घुसपैठिए बिहारी मुसलमान हैं । जिला अमृतसर के

Punjab Sentinel

के अलावा अप्रैल 1987 से कइ
जा रही हैं ।

त का आरोप
5 3 का शेष)

ं द्वारा शुरू की गई तथाकथित
म तोड़ नहीं है क्योंकि लोगों ने
किया है । उन्होंने कहा कि
क सरकार बनना सम्भव नहीं
त प्रचार किया जा रहा है ।
तथाकथित समाज सुधार
राब बनाने वाले भी मिले हुए
ाब के ठेके बंद थे लेकिन अब
15 रह गई है । राज्य में कुल
कों की संख्या 3151 है ।
यों तथा व्यापारियों के
समस्याएं पेश कीं । श्री
ा की कि सरकार अपनी नई
मियां दूर करने के लिए तैयार
उद्योगपतियों की तरफ से जो
ाए हैं, सरकार उन पर
करेगी तथा यदि जरूरत पड़ी
पर भी पुनर्विचार किया

भर से उद्योगपतियों व
शामिल हुए । बैठक में एक
दियों के तथाकथित समाज
लेख करते हुए रहस्योद्घाटन
व पान विक्रेताओं के व्यापार
न्होंने यह भी कहा कि अब
बन्धित कई लोगों की हत्या

से इन्कार
का शेष)

द ही श्री बादल तथा अन्य
विरोधी कानून से संबंधित
चुनौती दी थी । उच्च
ा श्री बादल तथा 23 अन्य
जारी नोटिस को भी सही
स में कहा गया था कि क्यों न
स्यता के अयोग्य घोषित कर

धायकों की ओर से उनके
पनी दलील पेश करते हुए
रोधी कानून संविधान के
द्ध है । 52वें संविधान
समय की विधानसभाओं की
ानी चाहिए थी । उन्होंने
संशोधन दो तरीके से हो
द्वारा दो-तिहाई बहुमत से
धी विधानसभाओं की पुष्टि
ष्टि आधी विधानसभाओं से
ट्रपति के पास स्वीकृति के
न्होंने उच्च न्यायालय के
ए कहा कि उसने धारा सात
या और इसके साथ यह भी
धी विधानसभाओं से कराई
ने इस फैसले के आधार पर
ष्टि कुल विधानसभाओं के
ी चाहिए ।

शम्भु-घन्नौर सड़क पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक लकड़ी का खोखा जला दिया । पुलिस के अनुसार यह खोखा प्रकाश सिंह नामक व्यक्ति का था, जिसने वहां मोबिल आयल जमा कर रखा था । इस सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

शामियाना जला दिया

भटिंडा (ग्रोवर): यहां हिंसा की घटनाओं में भारी तेजी आई है । कल आधी रात्रि को गांव भानामल ट्रस्ट में विवाह-पार्टी के लिए लगाया गया शामियाना जल कर राख हो गए, जिससे लगभग 50000 रुपए की क्षति हुई ।

कार पर फायरिंग

कुछ अज्ञात उग्रवादियों ने गत रात्रि भूपेन्द्र फ्लोर मिल्ज के निकट स्थित एक चुंगी के पास एक कार पर फायरिंग की । कार में बैठे कुछ व्यक्ति सिगरेट पी रहे थे ।

पीछा करने पर भाग गए

गुरुद्वारा सिंह सभा के निकट गत सायं दो कथित उग्रवादी दुकानदारों से जबरदस्ती धन एकत्रित कर रहे थे कि एक दुकानदार ने कुछ भी उन्हें देने से इन्कार कर दिया और शोर मचा दिया । इस पर लोगों ने उनका पीछा करके एक व्यक्ति को पकड़ लिया तथा पुलिस के हवाले कर दिया ।

कर्मचारी घायल

एक अन्य घटना में एक स्थानीय फोटोग्राफर के एक कर्मचारी को घर जाते समय लूट लिया गया । वह अभियुक्तों के साथ उलझ गया था । झगड़े में उसके तीन दांत टूट गए ।

कार छीन ली गई

नकोदर (गगन): आज सुबह शहर की रेलवे रोड पर खड़े दो 20-21 वर्षीय नवयुवकों, जिनमें से एक क्लीन शेव व दूसरी पगडी धारी था, ने एक कार नम्बर पी.बी.जे. 7786 के मालिक श्री जगदीश चन्द्र सुपुत्र श्री गिरधारी लाल निवासी गोपाल नगर की कार को हाथ देकर उसे जालन्धर ले जाने की विनती की तथा योग्य किराया भी तय किया । ज्यों ही कार शहर से बाहर जालन्धर की सड़क पर पहुंची तो उनमें से एक नवयुवक ने अपनी पिस्तौल निकाल कर श्री जगदीश कुमार की छाती पर रख दी और उसे वहीं उतार कर कार को मलसियां गांव की तरफ लेकर फरार हो गए । पुलिस में घटना की रिपोर्ट काफी देर बाद दर्ज करवाई गई क्योंकि कार मालिक जालन्धर में किसी पुलिस अफसर से इस सम्बन्ध में सलाह करने चला गया था । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है । बताया जाता है कि कार सवारियां छोड़ कर गांव ऊदोवाल से वापिस आ रही थी ।

स्कूटर छीन लिया

जालन्धर (ह.स.): बंगा थाने के गांव खटकड़कलां के निकट दो युवकों ने बंदूक की नोक पर एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने स्कूटर मालिक कमल कुमार सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है ।

दो परिवार पलायन कर गए

दसूहा (झावर): पंजाब की वर्तमान स्थिति के कारण दसूहा से दो परिवार पलायन करके मेरठ चले गए हैं । इन परिवारों के मुखी श्री गुरदीप राय शर्मा तथा श्री जगदीश लाल शर्मा हैं । उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व आतंकवादियों से मिल रही धमकियों के कारण डा. जसराय नामक एक व्यक्ति भी पलायन

दें ।

3 पाक घुसपैठिए गिरफ्तार

अमृतसर (ह.स.): बी.एस.एफ. ने आज ज़िला अमृतसर के सैक्टर अटारी में दो पाकिस्तानी घुसपैठियों को सीमा पार करके भारत में घुसते हुए पकड़ लिया । बी.एस.एफ. के सूत्रों के अनुसार ये घुसपैठिए बिहारी मुसलमान हैं । ज़िला अमृतसर के खेमकरण सैक्टर में गत रात्रि बी.एस.एफ. ने एक बिहारी मुसलमान को उस समय काबू कर लिया, जब वह पाकिस्तान में घुसने की कोशिश कर रहा था ।

स्कूटर छीना

पट्टी नगर में आज चौक बाहमनी में दो संदिग्ध व्यक्तियों ने एक स्कूटर छीन लिया । बाद में वे उसी पर सवार हो कर भाग गए ।

अमृतसर पुलिस ने एकीकृत अकाली दल की प्रिसीडियम के सदस्य गज्जा सिंह का 4 दिन का पुलिस रिमांड ले लिया । उसे उग्रवाद निरोधक कानून और पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ा गया था ।

अमृतसर में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष हरिन्दर सिंह ने पुलिस चीफ इजहार आलम के इस आरोप को गलत बताया है कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने 800 उग्रवादियों को कमेटी में रोजगार दिया है ।

सीमांत गांवों में कर्फ्यू

ज़िला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश जारी करके भारत-पाक सीमा के साथ स्थित ज़िला गुरदासपुर के गांवों में सायं साढ़े सात बजे से प्रातः साढ़े पांच बजे तक का कर्फ्यू लगा दिया है । यह आदेश 27 मई तक लागू रहेगा लेकिन सेना, अर्द्ध सैनिक बलों के जवान, पुलिस अधिकारी, होम गार्ड्ज और कार्यकारी दंडाधिकारी इस आदेश से मुक्त होंगे ।

हत्या और स्कूटर छीनने की घटनाएं

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 40 कि.मी. दूर जौड़ा गांव के हरीश सिंह की हत्या कर दी गई है । प्राप्त सूचनानुसार वह गत रात अपने खेतों में सोया हुआ था । जब लड़का चाय देने गया तो उसे मरा पाया । अभी तक यह फैसला नहीं हो सका कि यह आतंकवाद का केस है या निजी शत्रुता का ।

इसी बीच यहां से 20 कि. मी. दूर नहर कालोनी होशियारपुर के सतीश कुमार से उसका नया स्कूटर छीन लिया गया । उसकी जेब से 300 रुपए भी छीने गए । वह कल सायं दसूहा से होशियारपुर आ रहा था । दो व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर उसे रोका और स्कूटर और रुपए छीन लिए ।

होशियारपुर से अश्विनी ने सूचना दी है कि कल सायं ढोलबाहा के निकट दो आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर एक युवक सतीश कुमार से उसका बिना नम्बर का नया बजाज चेतक स्कूटर छीन कर फरार हो गए । सतीश कुमार जीवन बीमा निगम का कर्मचारी है और वह दसूहा से होशियारपुर आ रहा था ।

जम्मू से सच्चर के अनुसार सुरक्षा बलों ने जालन्धर के नवांशहर क्षेत्र के प्रीतम सिंह को सीमांत क्षेत्र रणबीरसिंहपुरा में संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए गिरफ्तार कर लिया ।

बंगला देश के चिटगांव क्षेत्र के दौलतपुर निवासी एक व्यक्ति को भी इसी क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया ।

Punjabi Sanjaal

होलसे

आपको
जाता है कि
चेयरमैन
म्युनिसिपल
अप्रैल 19
रस्म पगड़ी
बजे तक र
माडल टाउ
है ।

ज्ञान कौर सेठी
सतीश कुमार
महिन्द्र कुमारी
सूरज प्रकाश
नोट : भोग

बड़े द
कि हमारे
वाले) काल
को शहीद
आज 8.5
बजे अरोड़
सिंह, अमृत

मायादेवी (ध
हरबंस लाल
राम प्रकाश
सरदारी लाल
दौलत राम
हुसन चंद

कटड़ा

१६
थले आदे

बड़े
है कि हमा
स्व. स.
4.5.19
सड़क दुर्घ
बिछड़ी अ
एवं अंति
साहब,
10.5.1
बजे से 2



बिन्दिया चमकेगी
चूड़ी खनकेगी ।

आज से :
प्रभात-भिवानी,

GS-SHIRTINGS
-PIECE वैरायटी थोक
के लिए सम्पर्क करें :
श्री टैक्सटाईल्ज़,
ह मार्कीट, देव समाज कालेज
ड, अम्बाला शहर।

SHELLY
BRAND
HAWAI
CHAPPALS
MFD By:- U.K. Rubber Mills.
Shaheed Babu Labh Singh Nagar, JALANDHAR-144008
Phone: Off. 72613, 74803 Resi: 77371

को रोके जो पंजाब में शांति बहाली केलिए तीन दिन से चल रही बातचीत को भंग करने पर उतारू हैं । सुशील मुनि व दर्शन सिंह के बीच तीसरे दौर की बातचीत को आज उस समय आघात लगा जब उन्हें बताया गया कि सदर पुलिस ने दर्शन सिंह के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज किया है । तीसरे दौर की बातचीत के उपरांत सुशील मुनि ने पत्रकारों को

आलोचना करते हुए सुशील मुनि ने कहा कि जिन लोगों ने कुछ निहित स्वार्थी तत्वों की ओर से यह केस दर्ज किया है वे उन शक्तियों के हाथों में खेल रहे हैं जो देश में अस्थिरता लाना चाहती हैं । दिलचस्प बात यह है कि प्रो. दर्शन सिंह के खिलाफ देशद्रोह का

(शेष पृष्ठ 12 पर)



न मुनि, प्रो. दर्शन सिंह, दमदमी
वना सिंह रियासती ।
(छाया : ओम भंडारी)

ी रही हत्याओं
ारी करवाएं

, पंजाब ब्राह्मण सभा के प्रधान पं.
ी ओम प्रकाश कालिया, श्री प्यारा
राम लुभाया मल्होत्रा, श्री राम गोपाल
सीता राम आदि हिन्दू धार्मिक एवं
थाओं के नेता शामिल थे । इस
म्बन्ध में श्री दुर्याना कमेटी के
राम लुभाया प्रभाकर की ओर से जारी
बताया गया है कि शुरू में हिन्दू
दस्यों ने यह संदेह प्रकट किया कि
आचार्य तथा प्रो. दर्शन सिंह के मध्य
समाचार छपे हैं, उनमें हिन्दुओं में
हैं परन्तु जब आचार्य सुशील मुनि ने
खे तो लगभग सभी हिन्दू संस्थाओं के
तसल्ली हो गई जबकि आचार्य
कहा कि वे केवल नज़रबंद सिखों की
कोशिशें नहीं कर रहे बल्कि दोनों
व हिन्दू-सिखों की रिहाई के लिए
। आचार्य सुशील मुनि ने कहा कि प्रो.
इस बात से सहमत हैं कि पंजाब में
वारे का वातावरण पैदा किया जाना
दू संस्थाओं के सदस्यों ने आचार्य
इस कोशिश की सराहना की कि वह
ओं के दिलों से आतंक समाप्त करने
वरण पैदा करने में लगे हुए हैं ताकि
की के लिए हिन्दू और सिख मिल कर
काम कर सकें । आचार्य सुशील मुनि
ाओं ने पूर्ण सहयोग का विश्वास
र्याना कमेटी के प्रधान श्री गोपी चंद
का एक बड़ा चित्र भेंट किया ।

' कराई जाए

मई (कोछड़): विगत दिनों जिला
ाजपा नेताओं का एक बयान कुछ
ाशित हुआ था, जिसका स्पष्टीकरण
के लोक सम्पर्क मंत्री श्री नत्था सिंह
से किया गया था, उस सम्बन्ध में

उग्रवादियों द्वारा उमरानंगल के बेटे, गनमैन की हत्या

बाबा बकाला, 8 मई (ह.स., मेहरा): आज सायं लगभग साढ़े पांच बजे 3 अज्ञात उग्रवादियों ने सत्तारूढ़ अकाली दल के वरिष्ठ उपप्रधान जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल के सुपुत्र स. सुखदेव सिंह उमरानंगल और उनके गनमैन अमरीक सिंह की अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या कर दी । श्री सुखदेव सिंह उमरानंगल का गनमैन घटनास्थल पर ही मारा गया, जबकि उन्हें नाज़ुकावस्था में अमृतसर में ले जाया गया । श्री सुखदेव सिंह की बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

प्राप्त सूचना के अनुसार श्री सुखदेव सिंह उमरानंगल आज सायं मोटर साइकल पर अपने गनमैन के साथ गांव उमरानंगल के गांव बाबा बकाला की ओर आ रहे थे कि गांव छापेयांवाली के निकट घात लगा कर बैठे 3 उग्रवादियों ने उन पर फ़ायरिंग की, जिससे उनका गनमैन मौके पर ही मारा गया । श्री सुखदेव सिंह, जिनके माथे, नाक और मुंह पर गोलियां लगी हैं, को अत्यन्त गंभीरावस्था में अमृतसर ले जाया गया है ।

आतंकवादियों ने फ़रार होने से पूर्व गनमैन और सुखदेव सिंह उमरानंगल, जो भूमि पर गिरे थे, पर पुनः फ़ायरिंग की । सूचना मिलते ही पुलिस और सी.आर.पी.एफ. मौके पर पहुंच गई और क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली ।

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार आतंकवादी सफेद कार में सवार थे । उन्होंने श्री सुखदेव सिंह पर स्टेनगन से गोलियां चलाईं । ये प्रत्यक्षदर्शी ही सुखदेव सिंह को अस्पताल लाए ।

शव का पोस्टमार्टम कल किया जाएगा । जिसके बाद शव कल एक बजे उनके ग्राम में ले जाया जाएगा ।

सुखदेव सिंह पर यह दूसरा हमला था । पहला हमला जनवरी में हुआ था ।

एक सूचना के अनुसार श्री सुखदेव सिंह रैय्या मार्कीट कमेटी के अध्यक्ष थे । श्री सुखदेव सिंह को घायलावस्था में पहले राधा स्वामी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां से उन्हें बाद में अमृतसर के अस्पताल में ले जाया गया ।

श्री सुखदेव सिंह विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस (इ) के श्री संत सिंह से अकाली टिकट पर पराजित हुए थे, श्री संत सिंह की भी उग्रवादियों ने इसी क्षेत्र में हत्या कर दी थी। कहा जाता है कि हत्यारे फायरिंग करने के बाद चौक मेहता क्षेत्र की ओर से भाग गए ।

उनके पिता जीवन सिंह उमरानंगल ने कहा, "मेरे बेटे ने निर्दोषों की हत्याएं रोकने की आवाज उठाई थी और अपनी जान देकर इसकी कीमत चुकाई है । उसे पता था कि एक दिन उसे यह कीमत

(शेष पृष्ठ 12 पर)







उग्रवादियों ने रैया के पास अकाली नेता जीवन सिंह उमरानंगल के पुत्र सुखदेव सिंह उमरानंगल (ऊपर) की हत्या कर दी । (बीच में) जीवन सिंह उमरानंगल शोकग्रस्त परिवार की महिलाओं को सांत्वना देते हुए । (नीचे) अन्य शोकाकुल लोग । (छाया ओम भंडारी)

हैडग्रन्थी शर्तें पूरी होने पर निर्दोषों की हत्याओं के विरुद्ध
इकसमा नहीं अपील जारी करने को तैयार : मनि

Punjabi Sanatani

करें

शील मुनि ने कहा
रा भक्त हैं, देश की
और खालिस्तान के
ही प्रैस कांफ्रैंस में
खलाफ देशद्रोह का
का केस दर्ज हो गया

वे दर्शन सिंह के
ए जाने का मामला
। प्रधानमंत्री को
घटनाएं तुरंत बंद

कराया है ।
र्ता का विरोध किए
को काफी आशाएं
नहीं ।'
ो लोग शांति नहीं
का प्रयास कर रहे
ुराना पंजाब लौट
ोग शांति के लिए
द्रोह का केस दर्ज
ओर इशारा करते
के इच्छुक हैं और

ी. दर्शन सिंह के
मर्थक होने का जो
।
स फैडरेशन के
यदि हैडग्रंथी को
दला लेंगे ।
मंदिर परिसर के
र.पी. हटा ली गई

ील मुनि व दर्शन
के साथ समाप्त हो
। 80 मिनट की
अब हम परिणामों
ने कहा कि जरूरत
भेंट करेंगे अथवा
तचीत में दमदमी
ी भी बुलाया गया
ानी सविंदर सिंह,
सिंह, इंका नेता
रोमणि गुरुद्वारा
, एकीकृत अकाली
वां, मंजीत सिंह,
ग शामिल थे ।
उग्रवादी नेताओं से
र्शन सिंह ने आरोप
बयान देकर वार्ता
।

ी दल के आफिस
नी ने पत्रकारों के

इस धड़े के आफिस सचिव श्री बंग का बयान पत्रकारों के सामने पढ़ा गया जिसमें उन्होंने स्वर्ण सिंह के बयान को अस्वीकार किया है ।

पत्रकारों के सामने पढ़े गए एक अन्य बयान में खालिस्तान कमांडो फोर्स के मलकीयत सिंह ने सिख युवकों की रिहाई, सैनिक भगौड़ों की बहाली तथा सुरक्षा बलों की वापसी के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की है ।

उमरानंगल का बेटा

(पृष्ठ 1 का शेष)

चुकानी पड़ेगी । यह साधारण लक्ष्य नहीं था । यह गुरु नानक, गुरु गोबिंद सिंह व अन्य सिख गुरुओं का मिशन था जिन्होंने सिखों को निर्दोषों के हत्यारों से लड़ना सिखाया था श्री उमरानंगल ने कहा, "मैं अपना मिशन जारी रखूंगा । जब गुरु गोबिंद सिंह अपने बच्चों का बलिदान दे सकते हैं हालांकि वे अपना मिशन रोक कर उनकी जान बचा सकते थे तो फिर मैं भी सम्पूर्ण मानवता की भलाई का उपदेश देने की गुरुओं की शिक्षाएं लोगों तक पहुंचाने से नहीं रुक सकता । मैं अपने बेटे के भोग पर अभी तक मारे गए सभी लोगों चाहे वे सिख हों या हिंदू की आत्मा की शांति के लिए गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ रखूंगा । जब भी अतीत में कोई मारा गया है, मैं पाठ रखाता रहा हूं । 1984 के दंगों के बाद भी मैंने पांच पाठ रखवाए थे ।

उन्होंने कहा, "पहले ही में मैंने जो भाषण दिए हैं, वे उग्रवादियों ने पसंद नहीं किए हैं । उग्रवादी मुझे धमकी भरे पत्र भेजते रहे हैं और मेरे बेटे को मार डाला गया है । मैं तो पिछले 9 वर्षों से सिखों को चेताता आया हूं कि स्वर्ण मंदिर व अकाल तख्त की परम्पराओं की अवहेलना हो रही है । मैं अवहेलना करने वाले तत्वों से अंतिम दम तक लड़ूंगा ।"

पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने श्री सुखदेव सिंह की हत्या को अमानवीय और नृशंस बताते हुए भारी दुःख व्यक्त किया है ।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने श्री सुखदेव सिंह की हत्या की निंदा की है और कहा है कि उग्रवादियों ने श्री सुखदेव सिंह के पिता जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल का मनोबल गिराने की कोशिश की है जो उग्रवादियों और धर्मांधों के विरुद्ध आवाज उठाते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द को मजबूत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं ।

पाक में रक्षा उप-कर लगेगा

इस्लामाबाद, 8 मई : पाकिस्तान में रक्षा के बढ़ते हुए खर्च को पूरा करने के लिए रक्षा उप-कर लगाया जा सकता है पाकिस्तान की सीनेट की एक समिति ने इसका सुझाव दिया है । पाकिस्तान सरकार ने समिति की सिफ़ारिश पर अभी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है, मगर इसके बारे में सरकार के रुख की जानकारी चार जून को 1987-88 का बजट पेश होने पर ही मिल सकेगी । पाकिस्तान इन दिनों गम्भीर वित्तीय संकट से गुज़र रहा है । राष्ट्रीय आर्थिक परिषद की सैनिक सत्ता

काफी गिर गया है । पांगी घाटी में भारी हिमपात से राज्य नागरिक पूर्ति निगम के गोदामों को भी भारी क्षति हुई है । कांगड़ा घाटी में भी नर्म मौसम के कारण लोग बीमार पड़ने लगे हैं । कांगड़ा जिले की धौलाधार चोटियों पर भारी हिमपात हुआ है जबकि निचले इलाकों में भारी वर्षा हो रही है । राज्य के निचले क्षेत्रों में 100 किलो मीटर प्रतिघंटा की गति से तूफान आया ।

शिमला तथा उसके आस-पास के इलाकों में कल रात फिर गरज के साथ वर्षा हुई । तूफान के साथ वर्षा से शिमला में बिजली तथा दूरसंचार व्यवस्था भी अस्त-व्यस्त हो गई । पिछले 24 घंटे में 35 मिलीमीटर वर्षा हुई । तूफान और वर्षा से रबी, रोब, नींबू, प्रजाति के फल तथा सब्जी खेती का भी भारी नुक्सान हुआ है । अनुमान है कि इससे करीब 8 करोड़ की क्षति हुई है ।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला । (4) सुखदेव सिंह के अंतिम दर्शन । (5) सुखदेव सिंह की विलाप करती पत्नी । (6) भाई को सुरपु पर शोकाकुल उमरानंगल के दूसरे बेटे को सांत्वना देती हुई .माहलाएं । (7) जत्थेदार उमरानंगल से संवेदना प्रकट करते हुए निहंग चीफ़ बाबा अजीत सिंह । (इनसैट) सुखदेव सिंह

(छाया : रूपूर)

अमृतसर में जौहरी की हत्या, रैय्या के निकट दुर्दांत उग्रवादी का शव मिला : शस्त्र छिने : पठानकोट में विस्फोट से 3 मरे

अमृतसर, 9 मई (सोनी, वार्ता, ह.स.): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने आज सुबह 11½ बजे चौक लक्ष्मणसर चौक की शान गली में 50 वर्षीय एक जौहरी कस्तूरी लाल गुप्ता की गोली मार कर हत्या कर दी और एक बिहारी मज़दूर रामदीवाली ठाकर को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । ठाकर तारा सिंह नामक एक व्यक्ति की दूध की डेयरी पर काम करता है ।

पुलिस के अनुसार हत्यारों ने शिवसेना के कार्यकर्त्ता रमेश कुमार पर कातिलाना हमला किया और यहां स्थित उनकी दुकान पर पिस्तौल से गोलियां चलाईं । शिवसेना के नेता को कोई चोट नहीं आई, वह बाजार में अपनी दुकान के पीछे स्थित घर में भाग गया । रमेश कुमार पर आप्रेशन ब्लू स्टार के दौरान भी हमला हुआ था । एस.पी. सिटी श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली गई । उग्रवादियों ने .32 बोर के रिवाल्वर से फायरिंग की ।

हत्यारों की अंधाधुंध गोलीबारी से कस्तूरी लाल घायल हो गया । उसकी पीठ सिर तथा छाती में गोलियां लगी थीं । उसने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया । बिहारी मजदूर की दाईं टांग पर गोली लगी । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । हमलावर पैदल ही आए थे और घटना के बाद इलाके की संकरी गलियों में भाग गए । पुलिस और सुरक्षा बल के जवानों ने कुछ मकानों की तलाशी ली लेकिन हत्यारे पकड़ में नहीं आए । वारदात के बाद लक्ष्मणसर चौक में स्थित दुकानें और सारा बाजार बंद हो गया ।

लूट का माल दरबार साहब में आता है ?

अमृतसर से कमलेश के अनुसार गत दिवस सी.आर.पी.एफ. ने नौशहरा पन्नुआं के निकटवर्ती गांव नन्दपुर के एक उग्रवादी परगट सिंह को दरबार साहब के बाहर से उस समय पकड़ लिया जब वह अपने साथियों सहित एक ट्रैक्टर में बैठ कर सराय गुरु रामदास की ओर से अन्दर जा रहा था । ट्रैक्टर भी पुलिस संरक्षण में है । बताया गया है कि जब ट्रैक्टर अन्दर जाने लगा तो सी.आर.पी. ने उसे रुकने को कहा । इस पर दो उग्रवादी तो भाग कर अन्दर चले गए मगर परगट सिंह काबू में आ गया और उसकी तलाशी पर उसके थैले से नन्दपुर गांव के तारासिंह, बचन सिंह और हरभजन सिंह के घरों से

(शेष पृष्ठ 8 पर)



एस.आर. दत्ता का भाई अनिल दत्ता, कमलेश दत्ता, अमीर चन्द कौशल, बलदेव सिंह, दलजीत कौर व सबसे नीचे एस.आर. दत्ता का 'मर्मी' बनाया गया शव ।

(छाया : पुरी)

चंडीगढ़ का स्वयं सिद्ध गुरु अपने दो चेलों सहित गिरफ्तार : दत्ता की अंत्येष्टि

चंडीगढ़, 9 मई (राकेश संघी, वा.): कलयुग का एक सावित्री ने लगभग 22 माह के बाद आज अपरान्ह में अपने तथाकथित गुरु के माया जाल से निकल कर कुदरत की होनी को मानते हुये अपने मृत

सहायक कन्ज़र्वेटर के पद पर नियुक्त 46 वर्षीय श्री एस.आर. दत्ता के पुनः जीवत हो उठने की आशा को लेकर उनकी पत्नी श्रीमती कमलेश दत्ता अपने गुरु के कहने पर उनके शव को लेकर अपने धर्म भाई

गुरु अमीर चंद कौशल के विरुद्ध अपने भाई की हत्या का आरोप लगाते हुये एक तीन पृष्ठ की शिकायत पेश की । उन्होंने अपनी इस शिकायत में कौशल व बलदेव सिंह के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने

श्रीमती कमलेश दत्ता, उनके धर्म भाई बलदेव सिंह व माता श्रीमती शांति देवी को इस बात के लिए मनाते रहे कि वह स्व. दत्ता के अंतिम संस्कार में शामिल हों लेकिन इन सभी ने उनके आग्रह को

Punjabi Sanatan

भारी ठंड महसूस कर रहे हैं । लगातार वर्षा तथा हिमपात से मध्य पहाड़ी इलाकों में रात का तापमान काफी गिर गया है । पांगी घाटी में भारी हिमपात से राज्य नागरिक पूर्ति निगम के गोदामों को भी भारी क्षति हुई है । कांगड़ा घाटी में भी नर्म मौसम के कारण लोग बीमार पड़ने लगे हैं । कांगड़ा जिले की धौलाधार चोटियों पर भारी हिमपात हुआ है जबकि निचले इलाकों में भारी वर्षा हो रही है । राज्य के निचले क्षेत्रों में 100 किलो मीटर प्रतिघंटा की गति से तूफान आया ।

शिमला तथा उसके आस-पास के इलाकों में कल रात फिर गरज के साथ वर्षा हुई । तूफान के साथ वर्षा से शिमला में बिजली तथा दूरसंचार व्यवस्था भी अस्त-व्यस्त हो गई । पिछले 24 घंटे में 35 मिलीमीटर वर्षा हुई । तूफान और वर्षा से रबी, सेब, नींबू, प्रजाति के फल तथा सब्जी खेती का भी भारी नुक्सान हुआ है । अनुमान है कि इससे करीब 8 करोड़ की क्षति हुई है ।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

अमृतसर में जौहरी की हत्या, रैय्या के निकट दुर्दांत उग्रवादी का शव मिला : शस्त्र छिने : पठानकोट में विस्फोट से 3 मरे

अमृतसर, 9 मई (सोनी, वार्ता, ह.स.): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने आज सुबह 11½ बजे चौक लक्ष्मणसर चौक की शान गली में 50 वर्षीय एक जौहरी कस्तूरी लाल गुप्ता की गोली मार कर हत्या कर दी और एक बिहारी मज़दूर रामदीवाली ठाकुर को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । ठाकुर तारा सिंह नामक एक व्यक्ति की दूध की डेयरी पर काम करता है ।

पुलिस के अनुसार हत्यारों ने शिवसेना के कार्यकर्त्ता रमेश कुमार पर कातिलाना हमला किया और यहां स्थित उनकी दुकान पर पिस्तौल से गोलियां चलाईं । शिवसेना के नेता को कोई चोट नहीं आई, वह बाजार में अपनी दुकान के पीछे स्थित घर में भाग गया । रमेश कुमार पर आप्रेशन ब्लू स्टार के दौरान भी हमला हुआ था । एस.पी. सिटी श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली गई । उग्रवादियों ने .32 बोर के रिवाल्वर से फायरिंग की ।

हत्यारों की अंधाधुंध गोलीबारी से कस्तूरी लाल घायल हो गया । उसकी पीठ सिर तथा छाती में गोलियां लगी थीं । उसने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया । बिहारी मजदूर की दाईं टांग पर गोली लगी । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । हमलावर पैदल ही आए थे और घटना के बाद इलाके की संकरी गलियों में भाग गए । पुलिस और सुरक्षा बल के जवानों ने कुछ मकानों की तलाशी ली लेकिन हत्यारे पकड़ में नहीं आए । वारदात के बाद लक्ष्मणसर चौक में स्थित दुकानें और सारा बाजार बंद हो गया ।

लूट का माल दरबार साहब में आता है ?

अमृतसर से कमलेश के अनुसार गत दिवस सी.आर.पी.एफ. ने नौशहरा पन्नुआं के निकटवर्ती गांव नन्दपुर के एक उग्रवादी परगट सिंह को दरबार साहब के बाहर से उस समय पकड़ लिया जब वह अपने साथियों सहित एक ट्रैक्टर में बैठ कर सराय गुरु रामदास की ओर से अन्दर जा रहा था । ट्रैक्टर भी पुलिस संरक्षण में है । बताया गया है कि जब ट्रैक्टर अन्दर जाने लगा तो सी.आर.पी. ने उसे रुकने को कहा । इस पर दो उग्रवादी तो भाग कर अन्दर चले गए मगर परगट सिंह काबू में आ गया और उसकी तलाशी पर उसके थैले से नन्दपुर गांव के तारासिंह, बचन सिंह और हरभजन सिंह के घरों से

(शेष पृष्ठ 8 पर)



एस.आर. दत्ता का भाई अनिल दत्ता, कमलेश दत्ता, अमीर चन्द कौशल, बलदेव सिंह, दलजीत कौर व सबसे नीचे एस.आर. दत्ता का 'ममी' बनाया गया शव । (छाया : पुरी)

चंडीगढ़ का स्वयं सिद्ध गुरु अपने दो चेलों सहित गिरफ्तार : दत्ता की अंत्येष्टि

चंडीगढ़, 9 मई (राकेश संधी, वा.): कलयुग की एक सावित्री ने लगभग 22 माह के बाद आज अपरान्ह में अपने तथाकथित गुरु के माया जाल से निकल कर कुदरत की होनी को मानते हुये अपने मृत पति के शव को अग्नि को भेंट कर दिया ।

पुलिस ने लोगों में अंधविश्वास फैलाने व हिमाचल सरकार के वन अधिकारी श्री एस.आर. दत्ता की हत्या के आरोप में श्रीमती दत्ता के गुरु अमीर चंद कौशल, श्रीमती दत्ता के धर्म भाई बलदेव सिंह और उसकी पत्नी दलजीत को आज दोपहर बाद धारा 302 तथा 120 के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया ।

और इस प्रकार श्री एस.आर. दत्ता की पिछले 22 माह से चली आ रही तथाकथित 'दैवी अचेतावस्था' के सम्बन्ध में यहां पिछले एक सप्ताह सहायक कन्ज़र्वेटर के पद पर नियुक्त 46 वर्षीय श्री एस.आर. दत्ता के पुनः जीवत हो उठने की आशा को लेकर उनकी पत्नी श्रीमती कमलेश दत्ता अपने गुरु के कहने पर उनके शव को लेकर अपने धर्म भाई बलदेव सिंह के यहां सैक्टर 8 में स्थित घर पर ठहरी थीं और पिछले 22 महीनों से वहां पति की 'सेवा' करती रही थीं ।

स्व. श्री दत्ता के छोटे भाई श्री अनिल दत्ता ने आज प्रातः लगभग 10 बजे चंडीगढ़ के एस.एस.पी. श्री आर के नियोगी को बलदेव सिंह व तथाकथित गुरु अमीर चंद कौशल के विरुद्ध अपने भाई की हत्या का आरोप लगाते हुये एक तीन पृष्ठ की शिकायत पेश की । उन्होंने अपनी इस शिकायत में कौशल व बलदेव सिंह के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने की मांग की है ।

पुलिस ने अपने कानूनी विशेषज्ञों की राय लेने के बाद ही बलदेव सिंह, उसकी पत्नी व अमीर चंद कौशल को गिरफ्तार किया ।

आज प्रातः तक श्री अनिल दत्ता अपनी भाभी श्रीमती कमलेश दत्ता, उनके धर्म भाई बलदेव सिंह व माता श्रीमती शांति देवी को इस बात के लिए मनाते रहे कि वह स्व. दत्ता के अंतिम संस्कार में शामिल हों लेकिन इन सभी ने उनके आग्रह को अस्वीकार कर दिया ।

स्थानीय पी.जी.आई. अस्पताल में जब अपरान्ह 2.30 बजे श्री दत्ता के शव को उनके भाई के हवाले किया जाने लगा तो अचानक श्रीमती दत्ता बलदेव सिंह के साथ वहां पहुंच गईं । वह अपने पति के शव

(शेष पृष्ठ 9 पर)

केन्द्र का बरनाला को एक और कठोर पत्र

नई दिल्ली, 9 मई (जी.एस. चावला): केंद्र ने आपसे पहले भी हमने कहा है और अब फिर कहते हैं आप स्थिति को ठीक करने के लिए जरूरी कदम

Punjabi Sanatani

केन्द्र-पंजाब खाई बढ़ी

(पृष्ठ 3 का शेष)

दौरान राज्य में कोई बड़ी हिंसक घटना नहीं हुई । उन्होंने इसे राज्य में स्थिति सामान्य होने का संकेत बताया । वित्तमंत्री ने कहा कि इस दौरान सरकार 'ए' श्रेणी के कई आतंकवादियों को पकड़ने में भी कामयाब हुई । पुलिस ने एक बड़े अभियान के दौरान भारी संख्या में हथियार जब्त किये । समझा जाता है कि ये हथियार मुलतः अफगानिस्तान के मुजाहिदीनों को भेजे गये थे । उन्होंने कहा कि इन हथियारों की तस्करी कर इन्हें भारत लाया जाना इस बात का प्रमाण है कि कुछ विदेशी शक्तियां पंजाब में गड़बड़ी फैलाना चाहती हैं ।

उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह के इस आरोप का खंडन किया कि पंजाब में स्थिति बदतर हुई है । इसके विपरीत, उन्होंने दावा किया कि राज्य में स्थिति में सुधार हुआ है और प्रत्येक व्यक्ति इस सुधार को महसूस कर सकता है । उन्होंने बताया कि राज्य से पलायन कर गये अनेक हिन्दू परिवार अपने घरों को लौट आये हैं ।

श्री बलवंत सिंह ने कहा कि राज्य में आतंकवादियों द्वारा शुरू किए गए तथाकथित 'सुधार आंदोलन' को कुचल दिया गया है । उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का धंधा करने तथा छोटे पुलिस अधिकारियों के निहित स्वार्थों के कारण ही इस आंदोलन को बढ़ावा मिला था । उन्होंने कहा कि राज्य में शराब की दुकानों पर बिक्री पहले से अधिक हो रही है । आबकारी शुल्क से होने वाली आय में कोई कमी नहीं आई है । राज्य में बिक्री कर से प्राप्त होने वाला राजस्व भी संतोषजनक रहा है ।

एक सवाल के उत्तर में उन्होंने कहा कि बरनाला सरकार में कोई फूट नहीं है तथा वह अच्छी तरह काम कर रही है । उन्होंने कहा कि श्री बरनाला सिर्फ सरकार के नेता ही नहीं बल्कि पार्टी के अध्यक्ष भी हैं । 'हम लोग काफी नजदीक हैं ।' उन्होंने कहा कि पंजाब में सर्वदलीय प्रचार का अच्छा प्रभाव हुआ है । छः महीने पहले आधे से अधिक पंजाब में कर्फ्यू लगा था परन्तु आज किसी नगर में भी कर्फ्यू नहीं है । उन्होंने कहा कि सर्वदलीय रैली गृहमंत्रालय को जारी रखनी चाहिए थी क्योंकि इसके प्रभाव से ही समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ हिन्दू तथा सिख समुदाय के लोग खुल कर सामने आए हैं और जन जागृति सम्भव हुई ।

परिसर में उग्रवादियों को प्रवेश की छूट

श्री बलवंत सिंह ने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा टास्क फोर्स को समाप्त कर देने के कारण आतंकवादियों को स्वर्ण मंदिर में खुले आम प्रवेश करने की सुविधा मिल गई है ।

उन्होंने कहा कि पंजाब में व्याप्त तनाव को समाप्त करने के लिए केंद्र के किसी भी प्रयास में राज्य सरकार बाधक नहीं बनेगी । पंजाब के हालात पर राष्ट्र को अधीर नहीं होना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि विदेशी साजिश के साथ-साथ आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के दीर्घकालीन संघर्ष में जनता को हम से सहयोग करना चाहिए । हम लड़ाई जीत रहे हैं और हम युद्ध भी जीतेंगे ।

हरियाणा में कर्फ्यू की अनिश्चित-

भ्रष्टाचार का भंडा फोड़ करूंगा

(पृष्ठ 3 का शेष)

बारे में प्रश्न का भी कोई उत्तर नहीं दिया ।

विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि जो लोग उन्हें देशद्रोही कह रहे हैं उनसे वह अंतिम क्षण तक संघर्ष करेंगे । अगर पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति को गद्दार कहने का अधिकार देता है तो उन्हें भी उसका उत्तर देने का अधिकार मिलना चाहिए । श्री सिंह ने आज यहां जारी एक वक्तव्य में कहा कि मेरे पास खोने के लिये जीवन और सम्मान के अलावा कुछ नहीं है । जीवन की गारंटी तो कोई नहीं दे सकता लेकिन व्यक्ति अपने सम्मान की रक्षा अंतिम क्षण तक कर सकता है और मैं वही करूंगा ।

श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने अपनी कार्रवाई या घोषणाओं से पार्टी या सरकार की प्रतिष्ठा को आघात नहीं पहुंचाया है। आर्थिक अपराधियों और बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई करके पार्टी और सरकार की नीतियों को ही लागू किया है । भूतपूर्व रक्षा मंत्री ने कहा कि वह इस संघर्ष को जारी रखेंगे । उन्होंने प्रधानमंत्री के हवाले से अखबारों में छपी खबरों पर कि तथ्य हो तो वह सामने लायें, कहा कि मैं खबरों के आधार पर जवाब नहीं दूंगा । प्रधानमंत्री या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से इस संबंध में पूछे जाने पर ही जवाब दूंगा ।

श्री सिंह ने फेयरफैक्स के प्रमुख श्री हर्शमेन द्वारा भारत सरकार या कांग्रेस पार्टी के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की कड़ी आलोचना की है । उन्होंने इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया है कि फेयरफैक्स के साथ समझौता अब भी जारी है और उसे दिया गया अधिकार पत्र वापस नहीं लिया गया है । श्री सिंह ने कहा है कि अगर फेयरफैक्स के साथ समझौते को देश की सुरक्षा के लिये खतरे के रूप में देखा जाता है और जांच आयोग की अनुमति के बिना समझौता समाप्त नहीं किया जा सकता तो एक महीना आयोग से इस बारे में कुछ करने को क्यों नहीं कहा गया ।

श्री सिंह ने पूछा कि एक महीना देश की सुरक्षा को जो जोखिम रहा उसके लिये कौन जिम्मेदार है । इस दौरान किसने देश को सी.आई.ए. के लिये खुला छोड़ा, कम से कम वी.पी. सिंह तो नहीं । उन्होंने कहा कि सी.आई.ए. की आड़ लेकर किसी को व्यक्तिगत रूप से बदनाम नहीं किया जा सकता ।

उधर इंका सांसद व अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा है कि समाचार पत्रों व पत्रिकाओं के प्रकाशकों को राष्ट्रहित में संयम से काम लेना चाहिए ।

युवा कांग्रेस (इ) अध्यक्ष आनंद शर्मा ने आज यहां कहा कि मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर ही श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं । श्री शर्मा ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि वित्त मंत्री के रूप में 'फेयरफैक्स' की सेवाएं लेकर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की उपेक्षा की है तथा सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांत का उल्लंघन किया है । श्री शर्मा ने फेयरफैक्स के अध्यक्ष हर्शमेन के नवीनतम बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इससे इन संदेहों की पुष्टि हो गई है कि



रैय्या के निकटवर्ती गांव उप्पल के पास मिला 'बी' श्रेणी उग्रवादी बलदेव सिंह का शव । (छाया : पंजाब केसरी)



जिला फिरोजपुर के गांव किशनपुरा में दो आतंकवादियों ने सी.आई.डी. पुलिस के सब-इंस्पैक्टर गुरपाल सिंह की हत्या कर दी । 45 वर्षीय गुरपाल सिंह का शव । (बाएं) गुरपाल सिंह की विधवा जसवंत कौर और दाएं (इनसैट में) गुरपाल सिंह का एक पुराना चित्र । (छाया : कामरेड)

अमृतसर में हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

लूटे हुए स्वर्णाभूषण तथा नकदी और एक पिस्तौल बरामद हुआ । सी.आर.पी. ने परगट सिंह और उसके साथियों ने कुछ दिन पहले ही यह माल लूटा था । इस घटना से क्या यह सिद्ध नहीं होता कि लूट का माल भी अब दरबार साहब परिसर स्थित उग्रवादियों के अड्डों पर जाता है ?

चार उग्रवादियों ने हत्या की

जिला अमृतसर के पुलिस अधीक्षक श्री मुहम्मद इज़हार आलम ने आज जिले के गांव उमरानंगल में पत्रकारों को बताया कि पुलिस को जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल के सुपुत्र श्री सुखदेव सिंह की हत्या में खालिस्तान कमांडो फोर्स के चार उग्रवादियों का हाथ होने का संदेह है । उन्होंने कहा कि उनके नाम सुखदेव सिंह, सुरजीत सिंह, वरियाम सिंह व अजमेर सिंह हैं और वे अपनी गतिविधियों का संचालन चौक मेहता में गुरुद्वारा गुरदर्शन प्रकाश मेंस्थित दमदमी टकसाल के मुखियाओं से कर रहे हैं ।

कि बेरोवाल थाना में इसकी सूचना लगभग दस बजे पहुंची जबकि उसकी हत्या अनुमानतः तड़के की गई उसके शव के निकट से पुलिस को गोलियों के तीन खोल मिले । उसके गले में पिस्तौल या रिवाल्वर की डोरी तो थी मगर हथियार नहीं था । पुलिस का अनुमान है कि बल्ला की हत्या करने वाले उसका रिवाल्वर भी ले गए ।

आपसी कलह का परिणाम

पुलिस का यह भी अनुमान है कि यह हत्या इस उग्रवादी गुट की अपनी या अन्य किसी गुट के साथ कलह का परिणाम है । 25 वर्षीय बल्ला, जो बेरोवाल थाना के गांव भिडयां का निवासी था और जिसके माता-पिता सिरसा के निकट रतिया में रहते हैं, पल के जिस भाग में पड़ा था, उसकी दीवार में भी गोली का निशान था । उसका कंघा तथा छोटी कृपान निकट गिरी पड़ी थी । पुलिस ने शव और निकट पडे स्कूटर को कब्जा में ले लिया है ।

पुजारी फायरिंग से घायल

जालन्धर जिले के बंगा नामक स्थान पर कल

विस्फोट में तीन सैनिक मरे, एक घायल

गुरदासपुर (वार्ता, विशेष): पठानकोट छावनी क्षेत्र के सिख रेजीमैंट केन्द्र में कल शाम हुए एक विस्फोट में तीन सैनिक मारे गए तथा एक घायल हो गया । मृतकों में एक नायक शामिल है । पुलिस सूत्रों के अनुसार मरने वालों के नाम नायक सुरेन्दर पाल सिंह तथा जवान लीला सिंह और बलबीर सिंह हैं । घायल जवान रंजीत सिंह को सैनिक अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । विस्फोट के कारणों का तुरन्त पता नहीं चल सका तथा सैनिक अधिकारियों ने इस मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं ।

हथगोला ट्रंक में पड़ा था

वार्ता के अनुसार पुलिस सूत्रों ने बताया है कि चार सैनिक बैरक के अन्दर बैठे शराब पी रहे थे, जब एक जवान के ट्रंक में पड़ा हथगोला फट गया, जिससे 3 मारे गए और एक घायल हो गया । अभी तक यह पता नहीं चल सका कि जवान के व्यक्तिगत सामान में एच.ई.-36 किस्म का हथगोला कैसे पड़ा था ।

उधर आज रात्रि दिल्ली में रक्षामंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह विस्फोट दो इंच के मोर्टार बम के फटने से हुआ । यह बम एक ट्रंक के पास पड़ा था ।

बैंक लूटने की कोशिश

जिला गुरदासपुर के थाना कलानौर के गांव बख्शीवाल में गत रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने की कोशिश की । क्षेत्र के चौकीदार ने आज प्रातः बैंक के ताले टूटे हुए पाए । पुलिस ने कहा है कि अभियुक्त उस समय चले गए, जब वे बैंक का स्ट्रांग रूम तोड़ने में असफल रहे । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

राजद्रोह का केस दर्ज

बटाला से 'ह.स.' के अनुसार पुलिस ने एक पाक्षिक पत्रिका देहाती जनता के सम्पादक और प्रकाशक नरेन्द्र सिंह भुल्लर के विरुद्ध अपने पत्र में उत्तेजनात्मक सामग्री प्रकाशित करने के आरोप में राजद्रोह का केस दर्ज किया है । पंजाब सरकार ने पत्रिका का गत वर्ष सितम्बर का अंक पहले ही जब्त कर लिया है ।

पैट्रोल पम्प से 16041 रु. लूटे

अमलोह से भूषण के अनुसार आज बाद दोपहर भादसों रोड पर रहल गांव के निकट तीन संदिग्ध उग्रवादियों ने एक पैट्रोल पम्प से 16041 रुपए लूट लिए और बाद में पैट्रोल पम्प के मालिक के स्कूटर पर ही बैठकर फरार हो गए । बताया जाता है कि बाद दोपहर तीन उग्रवादी दशमेश फिलिंग स्टेशन पर आए । एक उग्रवादी अन्दर कमरे में चला गया, जबकि शेष बाहर खड़े रहे । अन्दर गए उग्रवादी ने मालिक जसविंदर सिंह को रिवाल्वर देने के लिए कहा, जब उसने रिवाल्वर दे दिया तो उसने गल्ले में से पिस्तौल की नोक पर 16041 रुपए निकाल लिए और बाहर आकर जसविंदर सिंह का स्कूटर स्टार्ट किया और तीनों उग्रवादी उस पर बैठ कर भादसों की ओर भाग गए । स्कूटर का नम्बर पी.जे.एन. 9655 है ।

3 जेल वार्डन गिरफ्तार

बरनाला (सिधवानी): जिला पुलिस ने संगरूर जिला जेल के तीन वार्डनों बाहर सिंह, प्यारा सिंह

वर्ष की तुलना में राहजनी की 24 और चोरी की 14 वारदातें कम हुई हैं । उन्होंने कहा कि जिले में शराब के 237 ठेके या दुकानें पूर्णतया चल रही हैं ।

दो उग्रवादी पकड़े गए

इसी दौरान पुलिस ने उग्रवादियों राजेन्द्र सिंह और केसर सिंह को पकड़ने का दावा किया है । ये दोनों बल्ला कोठी भवानीगढ़ के रहने वाले हैं । उन्होंने पटियाला और संगरूर जिलों में कई वारदातें करने की स्वीकारोक्ति की है । गत दिनों उन्होंने सैंट्रल जेल पटियाला के निकट एक वारदात की थी । उनके कब्जे से तीन स्कूटर व मोटर साइकल, 12 बोर के दो पिस्तौल और हजारों लूटे हुए रुपए बरामद हुए हैं ।

उग्रवादियों ने शस्त्र छीन लिए

होशियारपुर से अश्विनी और प्रद्युम्न ने खबर दी है कि कल रात मौजा खुनखुनकलां में 10-12 आतंकवादियों ने तीन मकानों पर हमला कर दिया और वहां से हथियार छीनकर फरार हो गए । ये स्टेनगन, पिस्तौल, रायफल आदि से लैस थे । महिन्दर सिंह सैनी के घर से वे दोनाली और चार कारतूस, मा. सरूप सिंह सैनी के घर से एक बंदूक और दस कारतूस और दीवान चंद सैनी के घर से एक बंदूक और तीन कारतूस ले गए । जाते समय उन्होंने कहा कि पुलिस को सूचना दी तो मार दिए जाओगे । आज प्रातः टांडा पुलिस में रिपोर्ट दे दी गई जिसने केस दर्ज कर के जांच शुरू कर दी है । दूसरी वारदात माहलपुर के करीबी गांव हकेली में हुई जहां दो सशस्त्र आतंकवादी रात को एक व्यक्ति जोगिन्दर सिंह से उसका चेतक बजाज स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन कर ले गए । प्रद्युम्न ने खबर दी है कि आज प्रातः माडल टाऊन की कोठी नम्बर 367 से सुरिन्दर सिंह के मकान में घुसकर दो स्कूटर सवार सशस्त्र आतंकवादी बंदूक छीन कर ले गए । सुरिन्दर सिंह घर पर नहीं था, उसका नौकर था । उससे सुरिन्दर सिंह की बंदूक छीनकर ले गए ।

डाक घर जला दिया

होशियारपुर से 15 किलोमीटर दूर स्थित गांव बस्सी दौलत में कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने आज तड़के डाक खाने को आग लगा दी, जिससे डाक घर का रिकार्ड और फर्नीचर जलकर राख हो गए । इसी मध्य निकटवर्ती पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय में आग लग गई, इस पर नियंत्रण पा लिया गया लेकिन इससे कार्यालय को काफी क्षति पहुंची ।

सुशील मुनि

(पृष्ठ 3 का शेष)

बातचीत पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सुशील मुनि की ईमानदारी में कोई संदेह नहीं है । उन्होंने कहा कि यह बातचीत पंजाब के सर्वोत्तम हित में है तथा सभी को हैडग्रंथियों का समर्थन करना चाहिए ।

'कमलेश' के अनुसार श्री सुशील मुनि तथा अकाल तख्त के जत्थेदार दर्शन सिंह एक ओर शांति की बात कर रहे थे तो दूसरी ओर गुरबचन सिंह मानोचाहल के नेतृत्व में उग्रवादी गुप्त बैठक करके राज्य में हिंसा के अगले कार्यक्रम को तय कर रहे थे । इसके साथ ही गुरबीर सिंह घुरे ने इस

Punjabi Sanatan

तरह काम कर रही है । उन्होंने कहा कि श्री बरनाला सिर्फ सरकार के नेता ही नहीं बल्कि पार्टी के अध्यक्ष भी हैं । 'हम लोग काफी नजदीक हैं ।' उन्होंने कहा कि पंजाब में सर्वदलीय प्रचार का अच्छा प्रभाव हुआ है । छः महीने पहले आधे से अधिक पंजाब में कर्फ्यू लगा था परन्तु आज किसी नगर में भी कर्फ्यू नहीं है । उन्होंने कहा कि सर्वदलीय रैली गृहमंत्रालय को जारी रखनी चाहिए थी क्योंकि इसके प्रभाव से ही समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ हिन्दू तथा सिख समुदाय के लोग खुल कर सामने आए हैं और जन जागृति सम्भव हुई ।

परिसर में उग्रवादियों को प्रवेश की छूट

श्री बलवंत सिंह ने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा टास्क फोर्स को समाप्त कर देने के कारण आतंकवादियों को स्वर्ण मंदिर में खुले आम प्रवेश करने की सुविधा मिल गई है ।

उन्होंने कहा कि पंजाब में व्याप्त तनाव को समाप्त करने के लिए केंद्र के किसी भी प्रयास में राज्य सरकार बाधक नहीं बनेगी । पंजाब के हालात पर राष्ट्र को अधीर नहीं होना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि विदेशी साजिश के साथ-साथ आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के दीर्घकालीन संघर्ष में जनता को हम से सहयोग करना चाहिए । हम लड़ाई जीत रहे हैं और हम युद्ध भी जीतेंगे ।

हरियाणा में कर्मियों की अनिश्चित-कालीन हड़ताल 13 से

चंडीगढ़, 9 मई (वा.): हरियाणा सबकर्मचारी संघ की संघर्ष समिति, जो राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की एक संयुक्त समिति है, ने अपनी मांगों के सम्बन्ध में आगामी 13 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारम्भ करने का निर्णय किया है ।

समझौते को देश की सुरक्षा के लिये खतरे के रूप में देखा जाता है और जांच आयोग की अनुमति के बिना समझौता समाप्त नहीं किया जा सकता तो एक महीना आयोग से इस बारे में कुछ करने को क्यों नहीं कहा गया ।

श्री सिंह ने पूछा कि एक महीना देश की सुरक्षा को जो जोखिम रहा उसके लिये कौन जिम्मेदार है । इस दौरान किसने देश को सी.आई.ए. के लिये खुला छोड़ा, कम से कम वी.पी. सिंह तो नहीं । उन्होंने कहा कि सी.आई.ए. की आड़ लेकर किसी को व्यक्तिगत रूप से बदनाम नहीं किया जा सकता ।

उधर इंका सांसद व अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा है कि समाचार पत्रों व पत्रिकाओं के प्रकाशकों को राष्ट्रहित में संयम से काम लेना चाहिए ।

युवा कांग्रेस (इ) अध्यक्ष आनंद शर्मा ने आज यहां कहा कि मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर ही श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं । श्री शर्मा ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि वित्त मंत्री के रूप में 'फेयरफैक्स' की सेवाएं लेकर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की उपेक्षा की है तथा सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांत का उल्लंघन किया है । श्री शर्मा ने फेयरफैक्स के अध्यक्ष हर्शमिन के नवीनतम बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इससे इन संदेहों की पुष्टि हो गई है कि भ्रामक प्रचार के जरिए देश के राजनीतिक नेतृत्व को बदनाम करने का सुनियोजित षड्यंत्र रचा गया था । उन्होंने कहा कि अब इस बात की पुष्टि के लिए और किसी प्रमाण की जरूरत नहीं है कि श्री सिंह गलत थे ।

शस्त्र कारखाने पर छापा

पठानकोट, 9 मई (म.): सिटी पुलिस ने शाहपुर रोड पर एक शस्त्र कारखाने पर छापा मार कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया । वहां से कई बंदूकें, कारतूस, रिवाल्वर बरामद हुए जिनमें से कुछ अधबने थे । हथियार बनाने की मशीन भी पकड़ी गई ।

MODEL ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट

27-घरा, किनारी बाज़ार, दरीबाकलां, चांदनी चौक, दिल्ली -6, शीशगंज गुरुद्वारे के पीछे

परीक्षा बाद, छुट्टियों का सदुपयोग करें केवल 3 माह में गारंटी से कार्य सीखें

✲ रेडियो/टैलीविजन	(400/-) शुल्क
✲ C.T.V./वीडियो	(750/-) „
✲ फ्रिज/एयरकंडीशन	(600/-) „
✲ मोटर-वाईंडिंग	(650/-) „
✲ फोटोग्राफी	(400/-) „
✲ घड़ी-साज़ी	(400/-) „
✲ ब्यूटीशियन (प्रोफ़ैशनल)	(600/-) „
✲ कटिंग-टेलरिंग	(650/-) „

कक्षाएं 15 मई और 22 मई से प्रारम्भ। रहने व खाने की सुविधा केवल 150/- प्रति माह, रोज़गार प्रमाण पत्र सुविधा, प्रैक्टीकल 4 घंटे रोज़।

N.V.K.

संशोधन

7.5.87 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 8 पर प्रकाशित माडर्न ओलम्पिक वीकली के 71वें ड्रा के परिणाम में पहला पुरस्कार की टिकट नं. T-726081 की बजाए T-726031 पढ़ें ।

मिलिटरी इंजीनियर सर्विसिज़

एम.ई.एस. चीफ इंजीनियर, जालन्धर ज़ोन, जालन्धर छावनी–144005 द्वारा, फिरोजपुर में इन्फैंट्री ब्रिग्रेड सैकेंड और थर्ड क्लास के लिए जे.सी.ओज़/ओ आर्ज़ के लिए अभाव वाले विवाहित स्थान उपलब्ध करने के लिए निविदाओं के निर्गमन के लिए समुचित श्रेणी के ठेकेदारों से **20.5.87** तक आवेदन पत्र आमंत्रित हैं । आकलन 77 लाख रुपए, धरोहर राशि 70,000/- रुपए । पूर्ति की अवधि 19 मास । विवरणों के लिए 6.5.87 का इंडियन ट्रेड जर्नल देखें ।

davp/683/205/87 ADII/1.5.87

जिला फिरोज़पुर के गांव किशनपुरा में दो आतंकवादियों ने सी.आई.डी. पुलिस के सब-इंस्पैक्टर गुरपाल सिंह की हत्या कर दी । 45 वर्षीय गुरपाल सिंह का शव । (बाएं) गुरपाल सिंह की विधवा जसवंत कौर और दाएं (इनसैट में) गुरपाल सिंह का एक पुराना चित्र ।
(छाया : कामरेड)

अमृतसर में हत्या
(पृष्ठ 3 का शेष)

लूटे हुए स्वर्णाभूषण तथा नकदी और एक पिस्तौल बरामद हुआ । सी.आर.पी. ने परगट सिंह और उसके साथियों ने कुछ दिन पहले ही यह माल लूटा था । इस घटना से क्या यह सिद्ध नहीं होता कि लूट का माल भी अब दरबार साहब परिसर स्थित उग्रवादियों के अड्डों पर जाता है ?

चार उग्रवादियों ने हत्या की

ज़िला अमृतसर के पुलिस अधीक्षक श्री मुहम्मद इज़हार आलम ने आज ज़िले के गांव उमरानंगल में पत्रकारों को बताया कि पुलिस को जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल के सुपुत्र श्री सुखदेव सिंह की हत्या में खालिस्तान कमांडो फोर्स के चार उग्रवादियों का हाथ होने का संदेह है । उन्होंने कहा कि उनके नाम सुखदेव सिंह, सुरजीत सिंह, वरियाम सिंह व अजमेर सिंह हैं और वे अपनी गतिविधियों का संचालन चौक मेहता में गुरुद्वारा गुरदर्शन प्रकाश में स्थित दमदमी टकसाल के मुख्यालय से कर रहे हैं ।

कुछ संदिग्ध हिरासत में

अमृतसर से 'अशोक सोनी' के अनुसार श्री आलम ने पत्रकारों को बताया कि श्री सुखदेव सिंह की हत्या के आरोप में चौक मेहता और उसके निकटवर्ती गांव में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया है । यह भी सूचना है कि श्री सुखदेव सिंह उमरानंगल गांव मेहता में एक स्कूल अध्यापक हरभजन सिंह के घर में हुई लूट मार की वारदात के हालात पूछने के बाद मोटर साइकल पर अपने गनमैन के साथ जा रहे थे कि रास्ते में मोटर साइकल सवार तीन उग्रवादियों ने उन पर गोलियां बरसाईं और उनकी हत्या कर दी । श्री सुखदेव सिंह उस समय अपने गांव से मात्र पांच किलोमीटर दूर थे ।

पत्रकारों के एक प्रश्न के उत्तर में एस.एस.पी. श्री आलम ने बताया कि प्रो. दर्शन सिंह के विरुद्ध उग्रवाद उन्मूलन कानून की धारा 3/4 और धारा 124-ए के अंतर्गत जो मुकद्दमा दर्ज हुआ है, वह वापस नहीं लिया गया । जब उनसे पूछा गया कि इस केस में गिरफ्तारी होगी तो श्री आलम ने कहा कि मुकद्दमा दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी तो होती ही है ।

उग्रवादी का शव मिला

जालन्धर (वि.प्र.): आज प्रातः अमृतसर ज़िले में रैय्या से आठ किलो मीटर दूर एक छोटी खाल के पल उप्पल पर एक दुर्दांत खूंखार उग्रवादी बलदेव सिंह बल्ला का शव पड़ा पाया गया, जिसके सिर में गोलियां लगी थीं । यह जानकारी आज रैय्या के निकट जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल के निवास पर अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इजहार आलम ने दी और बताया कि बलदेव सिंह बल्ला खूंखार उग्रवादी बिल्ला, जो एक वर्ष पूर्व पुलिस मुकाबले में मारा गया था, का साथी था और अब वह आधी दर्जन उग्रवादियों के गिरोह का सरगना बना हुआ था । वह लगभग 20 हत्याओं की घटनाओं में वांछित था ।

तड़के कोई मार गया

पल उप्पल पर जाने पर पुलिस सूत्रों ने बताया कि बेरोवाल थाना में इसकी सूचना लगभग दस बजे पहुंची जबकि उसकी हत्या अनुमानतः तड़के की गई उसके शव के निकट से पुलिस को गोलियों के तीन खोल मिले । उसके गले में पिस्तौल या रिवाल्वर की डोरी तो थी मगर हथियार नहीं था । पुलिस का अनुमान है कि बल्ला की हत्या करने वाले उसका रिवाल्वर भी ले गए ।

आपसी कलह का परिणाम

पुलिस का यह भी अनुमान है कि यह हत्या इस उग्रवादी गुट की अपनी या अन्य किसी गुट के साथ कलह का परिणाम है । 25 वर्षीय बल्ला, जो बेरोवाल थाना के गांव भिडयां का निवासी था और जिसके माता-पिता सिरसा के निकट रतिया में रहते हैं, पुल के जिस भाग में पड़ा था, उसकी दीवार में भी गोली का निशान था । उसका कंघा तथा छोटी कृपान निकट गिरी पड़ी थी । पुलिस ने शव और निकट पड़े स्कूटर को कब्जा में ले लिया है ।

पुजारी फायरिंग से घायल

जालन्धर ज़िले के बंगा नामक स्थान पर कल रात्रि एक पुजारी को गोली मारकर घायल कर दिया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन सशस्त्र संदिग्ध आतंकवादी मन्दिर के आंगन की दीवार फांदकर अन्दर घुस गए और पुजारी आदित्यानन्द पर कई गोलियां चलाईं, इनमें से दो गोलियां पुजारी के सिर पर लगीं । गोली चलने की आवाज सुनकर पास के गांव से कुछ लोग और पुलिस घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े । उन्होंने काफी दूर तक हमलावरों का पीछा भी किया, लेकिन हमलावर अंधेरे की आड़ में भागने में सफल हो गए । पुजारी को जालन्धर सिविल अस्पताल में भरती कराया गया । डाक्टरों ने आप्रेशन करके उसके सिर से दोनों गोलियां निकाल दीं ।

बंगा में तनाव

पुजारी को गोली मारकर घायल करने के विरोध में आज बंगा में एक समुदाय के लोगों ने दुकानें बंद रखीं । नगर में तनाव का वातावरण है । एक मन्दिर के परिसर में लगभग 200 लोगों ने एकत्र होकर घटना पर विरोध व्यक्त किया । सुरक्षा बल स्थिति पर नियंत्रण रखे हुए हैं ।

लुटेरे न्यायिक हवालात में

न्यायिक दंडाधिकारी श्री जी.के. राय ने इस सप्ताह के प्रारम्भ में गिरफ्तार तीन लुटेरों को 22 मई तक न्यायिक हवालात में भेज दिया । पुलिस के अनुसार अभियुक्तों सतनाम सिंह, मलूक सिंह और सुदर्शन कुमार से 1.75 लाख रुपए के सामान के अतिरिक्त एक मारुति वैन भी बरामद हुई थी । ये लुटेरों के एक अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह के सदस्य हैं ।

बैंक डकैती की जांच सी.बी.आई. द्वारा भी

खन्ना (पूर्ण): पता चला है कि पंजाब पुलिस के अतिरिक्त सी.बी.आई. ने भी अपने तौर पर बैंक आफ इंडिया खन्ना में पड़ी डकैती की जांच शुरू कर दी है । इस सम्बन्ध में सी.बी.आई. के दो अधिकारियों ने खन्ना में आकर जानकारी प्राप्त की । पंजाब पुलिस भी मामले की जांच कर रही है और कुछ व्यक्तियों को हिरासत में ले रखा है । पुलिस को अभी तक स्कूटर के सम्बन्ध में कुछ भी पता नहीं चल सका ।

पैट्रोल पम्प से 16041 रु. लूटे

अमलोह से भूषण के अनुसार आज बाद दोपहर भादसों रोड पर रहल गांव के निकट तीन संदिग्ध उग्रवादियों ने एक पैट्रोल पम्प से 16041 रुपए लूट लिए और बाद में पैट्रोल पम्प के मालिक के स्कूटर पर ही बैठकर फरार हो गए । बताया जाता है कि बाद दोपहर तीन उग्रवादी दशमेश फिलिंग स्टेशन पर आए । एक उग्रवादी अन्दर कमरे में चला गया, जबकि शेष बाहर खड़े रहे । अन्दर गए उग्रवादी ने मालिक जसविंद्र सिंह को रिवाल्वर देने के लिए कहा, जब उसने रिवाल्वर दे दिया तो उसने गल्ले में से पिस्तौल की नोक पर 16041 रुपए निकाल लिए और बाहर आकर जसविंदर सिंह का स्कूटर स्टार्ट किया और तीनों उग्रवादी उस पर बैठ कर भादसों की ओर भाग गए । स्कूटर का नम्बर पी.जे.एन. 9655 है ।

3 जेल वार्डन गिरफ्तार

बरनाला (सिंघवानी): ज़िला पुलिस ने संगरूर ज़िला जेल के तीन वार्डनों बोहर सिंह, प्यारा सिंह और इकबाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । उन पर उग्रवादियों को जेल से भगाने का षड्यंत्र तैयार करने का आरोप है । षड्यंत्र के अनुसार जेल की दीवार को तोड़ना और सुरंग को खोदा जाना था लेकिन पुलिस को अग्रिम सूचना मिलने से षड्यंत्र असफल बना दिया गया । संगरूर के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ने आज यहां दावा किया कि ज़िले में अपराधों की गति में काफी कमी हुई है । जनवरी, 1987 से चालू वर्ष के इस समय में गत वर्ष 700 लोग मारे गए थे ।

डाक घर जला दिया

होशियारपुर से 15 किलो मीटर दूर स्थित गांव बस्सी दौलत में कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने आज तड़के डाक खाने को आग लगा दी, जिससे डाक घर का रिकार्ड और फर्नीचर जलकर राख हो गए । इसी मध्य निकटवर्ती पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय में आग लग गई, इस पर नियंत्रण पा लिया गया लेकिन इससे कार्यालय को काफी क्षति पहुंची ।

सुशील मुनि
(पृष्ठ 3 का शेष)

बातचीत पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सुशील मुनि की ईमानदारी में कोई संदेह नहीं है । उन्होंने कहा कि यह बातचीत पंजाब के सर्वोत्तम हित में है तथा सभी को हैडग्रंथियों का समर्थन करना चाहिए ।

'कमलेश' के अनुसार श्री सुशील मुनि तथा अकाल तख्त के जत्थेदार दर्शन सिंह एक ओर शांति की बात कर रहे थे तो दूसरी ओर गुरबचन सिंह मानोचाहल के नेतृत्व में उग्रवादी गुप्त बैठक करके राज्य में हिंसा के अगले कार्यक्रम को तय कर रहे थे । इसके साथ ही गुरजीत सिंह धड़े ने इस बातचीत का विरोध किया है । इस हालात में यह बातचीत क्या सफल होगी? अगर कोई समझौता हुआ तो भी इसका हश्र भी राजीव-लौंगोवाल समझौते जैसा होगा ।

वार्ता के अनुसार सुशील मुनि प्रधानमंत्री से भेंट कर उन्हें रिपोर्ट देंगे । पंजाब में इस वर्ष अब तक हुई हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं । गत वर्ष 700 लोग मारे गए थे ।

शोक समाचार

कुदरत का करिश्मा देखो, सैयाद क्या कर बैठा ।
माली को तो जाना था, फूलों को भी ले बैठा ।।





अत्यन्त दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि मेरी माता तरसेमवती पत्नी **श्री राम सरूप** और मेरा भाई **हीरा लाल** पुत्र श्री शांति सरूप, दोनों 29.4.87 दिन बुधवार को कार दुर्घटना में परलोक सिधार गए हैं । इन दोनों की रस्म पगड़ी 11.5.87, दिन सोमवार, 2 बजे बाद दोपहर को राम गली, अहियापुर (टांडा उड़मुड़) में होगी ।

शोकाकुल :
बुद्धूमल दीवान चन्द Ph. 22 & 122
शिवराम सुभाष चन्द Ph. 222
गुरबख्शमल रोशन लाल 63

विनीत :
सुभाष चन्द सोंधी
Ex-President M.C.
Tanda Urmar.

शांति स्वरूप बलदेव मित्र राईस मिल्ज़, Ph. : 115 & 15.

Punjab Kesari

पंजाब में 4 उग्रवादियों सहित 17 मरे

अमृतसर के गांव ओडर व सिधवां में आतंकवादियों द्वारा 6, होशियारपुर में खेड़ा के निकट 2, गुरदासपुर में 2, मुक्तसर में एक की हत्या

अमृतसर, 10 मई (दीपक शर्मा): अमृतसर से करीब 30 किलो मीटर दूर गांव सिधवां में करीब 12 अज्ञात युवकों ने इसी गांव के सरपंच जगीर सिंह 50 वर्षीय और उसके लड़के गज्जन सिंह 20 वर्षीय को मौत के घाट उतार दिया । सरपंच को बचाने के लिए पड़ोसी शोर मचाते हुए आया,पर वह भी अज्ञात व्यक्तियों की गोली का शिकार होकर दम तोड़ गया । मृतक जगीर सिंह सरपंच के परिवार के सदस्यों ने बताया कि जगीर सिंह और गज्जन सिंह घर के कमरे में बैठे टैलीविज़न देख रहे थे कि उनके मकान के चारों तरफ़ करीब आठ लोगों ने घेरा डाला, जिनके पास हथियार थे । चार युवकों ने बलपूर्वक कमरे में दाखिल होकर अंधाधुंध गोलियां चलाईं और जगीर सिंह, उसके पुत्र गज्जन सिंह को मौत के घाट उतार दिया । पास के कमरों में पड़े इसी परिवार के लोगों ने जब शोर मचाया तो पड़ोसी जसवन्त सिंह 36 वर्षीय ने ज़ोर से आवाज़ लगाई "जगीरे ठहर, मैं आ रहा हूं", घेरा डाले हुए अज्ञात व्यक्तियों ने जसवन्त सिंह पर गोलियां चलाकर उसे उसके घर के दरवाज़े के बाहर मार डाला । जसवन्त सिंह की आवाज़ को सुन कर इसी घर में जगीर सिंह के भतीजे गरमेज सिंह, बलदेव सिंह तथा जंगू (मजहबी हिन्दू) ने हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की, परन्तु हमलावरों ने उन पर भी गोलियां चलाईं,जो ज़ख्मी हो गए और बेहोश हो गए । इन ज़ख्मियों की हालत नाज़ुक बताई जाती है,जो अमृतसर स्थित श्री तेग बहादुर अस्पताल में उपचाराधीन हैं ।

गांव सिधवां में सरपंच जगीर सिंह की काफ़ी बड़ी हवेली है और वह इस इलाके का प्रमुख जाट माना जाता था । रात-भर इस परिवार के किसी भी सदस्य ने सहम के मारे गांव में शोर तक नहीं मचाया, परन्तु सुबह छः बजे पुलिस को सूचना दी गई जबकि जगीर सिंह के घर पर हमला रात आठ बजे हुआ था । मृतक गज्जन सिंह का डेढ़ वर्षीय लड़का मनबीर सिंह उसकी गोद में बैठा था, जिसको हमलावरों ने अलग कर दिया और उसके सामने ही उसके पिता और दादा पर गोलियां चलाईं । इस परिवार के एक सदस्य ने बताया कि जगीर सिंह के घर में दाखिल होने से पहले हमलावरों ने सज्जन सिंह को आवाज़ दी और उससे राइफ़ल मांगी । राइफल देने के बाद सज्जन सिंह ने कमरे का दरवाज़ा बंद कर लिया तथा दरवाजा मजबूत होने के कारण वह बच गया । हमलावार जाती दफ़ा एक पत्र छोड़ गए जिस पर लिखा था कि पुलिस मुखबिरों की यही दशा होगी और वह छोड़े नहीं जाएंगे ।

अमृतसर ज़िला में स्थित गांव ओडर में 6 अज्ञात व्यक्तियों ने इसी गांव में सदियों से रहने वाले एक ही परिवार, एक ही समुदाय के दो व्यक्तियों और दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति को उनके घरों से घसीट कर गांव के चौक में इकट्ठा करके गोलियों से मार डाला । घटनास्थल से प्राप्त विवरण के अनुसार मृतक बलिराम की लड़की शारदा ने बताया कि रात के 11 बजे छः अज्ञात युवक उनके घर की दीवार फांद कर उनके घर में दाखिल हुए । मकान के पहले कमरे में उसका पिता बलिराम सोया था । दरवाज़ा खटखटाने पर जब बलिराम ने दरवाज़ा न खोला तो अज्ञात व्यक्ति धक्के मार कर बलपूर्वक दरवाजा खोल कर बलिराम को पिस्तौल की नोक पर कमरे से बाहर लाए और उसके लड़के को खोजने के लिए घर के पिछले कमरे में गए । वहां शारदा और उसका भाई सोये थे । शारदा ने पिता की आवाज़ पर दरवाजा खोला और अपने भाई जनकराज को चारपाई के नीचे छिपा लिया । आतंकवादी बलपूर्वक उसे भी बाहर निकालकर कमरे से बाहिर ले आए । शारदा ने बताया कि मैंने इन युवकों के पांव पकड़े कि वह इसे छोड़ दें क्योंकि अपने भाइयों को मैंने बचपन से पाला है, मेरी मां की मृत्यु तब हो गई थी,जब जनकराज केवल तीन वर्ष का था,परन्तु हमलावरों ने एक न मानी । दो हमलावरों ने शारदा को कमरे में ही रोके रखा और बलिराम और जनकराज को बलपूर्वक घसीट कर गांव के चौक में ले गए । शारदा चिल्लाती रही कि जो कुछ लेना है, नकदी ले लो,पर मेरे भाई और पिता को छोड़ दो, परन्तु एक युवक ने यह कहकहा लगा कर आवाज़ दी कि यह गंगू (हिन्दू) की औलाद है,इसे हम छोड़ नहीं सकते ।

इसी गांव में दूसरी तरफ़ मृतक जसवन्त की पत्नी ने बताया कि खाना खाने के बाद वह घर पर सोये थे कि 6 व्यक्ति उसके घर में दीवार फांद कर आ गए और जसवन्त सिंह से उसका नाम पूछा । वह तो सहम गया,परन्तु उसकी पत्नी ने बताया कि इसका नाम जसवन्त सिंह है । इनमें से एक युवक ने कहा कि इसका नाम हमें सत्ता लिखाया. है, इसका नाम जसन्वत सिंह नहीं,सत्ता है । मैंने अपने पति की बाज़ू पकड़ कर कमरे में घसीट लिया,पर मेरी अपील और फ़रियाद पर कोई तरस नहीं किया गया । इसी मकान में रह रही जसवन्त सिंह की वृद्धामामी ने भी काफ़ी ज़ोर-ज़ोर से पुकार कर जसवन्त को छोड़ने की भीख मांगी, पर कोई पेश न गई । इसी वृद्धामामी ने जसवन्त सिंह को अपनाया था और पालन भी इसी ने किया था क्योंकि जसवन्त सिंह के माता-पिता गुज़र चुके थे । मैं चिल्लाती रही कि मत मारो गरीबों को, हमें माफ़ कर दो,पर मुझे धक्के मार कर वह कमरे से बाहर ले गए । मैंने काफ़ी कोशिश की

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पठानकोट में अवैध हथियार बनाने वाली फैक्टरी पकड़ी गई

गुरदासपुर, 10 मई (विनोद): पुलिस ने कल पठानकोट में अवैध हथियार और गोला बारूद बनाने वाली एक फैक्टरी का पता लगाकर वहां छापा मारा ।

पुलिस ने इस फैक्टरी से भारी संख्या में आग्नेयास्त्र और कारतूस व बारूद बरामद किया । यह फैक्टरी पठानकोट में शाहपुर रोड के एक मकान में थी ।

ज़िला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. विरदी ने आज कहा कि इस फैक्टरी का मालिक राम स्वरूप शर्मा है । शर्मा बिहार के मुंघेर ज़िला के बिच्छा ग्राम से आकर यहां रहने लगा था । उसे बंदी बना लिया गया है ।

श्री विरदी ने कहा कि 21 आग्नेयास्त्र बरामद किए गए हैं, जिनमें सोलह पिस्तौलें, दो रिवाल्वर, राइफल व एक बंदूक शामिल है । इनके अलावा 45 कारतूस और भारी मात्रा में बारूद भी बरामद हुआ है । हथियार बनाने के काम आने वाले तीस उपकरण भी जब्त किए गए हैं ।

श्री विरदी ने कहा कि अभियुक्त जिसने दो वर्ष पहले नगर में शिवसेना के आंदोलन के बाद हथियार बनाने शुरू किए थे, चार एजेंटों के माध्यम से सेना के सदस्यों को हथियार सप्लाई किया करता था । यह एजेंट फरार हो गए हैं । इन एजेंटों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की पार्टियां भेज दी गई हैं जो कि आर्डर बुक करते थे तथा कमीशन लेकर शर्मा से हथियार लेकर आगे बेचते थे । वह हथियार बनाने वाला आज से दस वर्ष पहले बिहार से यहां आया

सिखों के दो गुटों में संघर्ष, 6 घायल

लंदन, 10 मई : केंट में वैलवेडेयर गुरुद्वारे में सिखों के दो गुटों में संघर्ष हो जाने से 6 लोग घायल हो गए जिनमें एक की हालत गम्भीर है । आज प्रातः अरदास के बाद उग्रवादियों ने गुरुद्वारे पर कब्जा करने का प्रयास किया जिसका गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी व स्थानीय नागरिकों ने प्रतिरोध किया । इस पर उग्रवादियों ने किरपानों से हमला कर दिया । इस मामले में 40 लोग हिरासत में लिए गए ।

पुलिस के अनुसार दोनों गुटों ने गुरुद्वारे के अन्दर झगड़े में किरपानों, छुरों और बर्फ तोड़ने वाले सूओं का इस्तेमाल किया । पुलिस प्रवक्ता के अनुसार उग्रवादी गुट ने गुरुद्वारे के अन्दर प्रबन्धक कमेटी के चुनाव के लिए एकत्र 150 लोगों पर हथियारों से हमला किया । पुलिस ने कुछ हथियार भी कब्जे में लिए हैं ।



1



2



3



Punjabi Saharani



अमृतसर के कस्बा लोपोके के निकटवर्ती गांवों सिधवां और ओडर कलां में शनिवार की रात को उग्रवादियों ने 6 लोगों की हत्या कर दी तथा 3 लोगों को घायल कर दिया,जबकि अमृतसर शहर के शहीद ऊधम सिंह नगर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी । चित्रों में—ओडर कलां गांव में मारे गए (1) जसवंत सिंह, (2) जनकराज और (3) बलि राम । सिधवां गांव में मारे गए (4) जगीर सिंह सरपंच (5) गज्जन सिंह और (6) जसवंत सिंह तथा घायल (7) जोगिन्दर सिंह, (8) अंग्रेज सिंह और (9) बलदेव सिंह, (10) ओडर कलां में दीवार पर लगी गोली का निशान, (11), (12) बिखरा हुआ खून, (13), (14) संतप्त परिवार विलाप करते हुए, (15) सिधवां गांव की वह हवेली,जिसके अन्दर हत्याएं की गईं, हवेली के बाहर महिलाएं बैठी अफ़सोस कर रही हैं, (16) हवेली का वह कमरा,जहां परिवार बैठा टी.वी. देख रहा था, नीचे खून बिखरा पड़ा है, (17) अमृतसर के शहीद ऊधम सिंह नगर में मारा गया बिल्ला । (छाया : रवि भंडारी)

केंद्र ने नहीं भेजा तो क्या मुनि या दर्शन सिंह के कहने पर सुरक्षा बल हट सकते हैं ?—सुरजीत

जालन्धर, 10 मई (वार्ता): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने आज कहा है कि केंद्र को उग्रवादियों से तब तक कोई बातचीत नहीं करनी की साख ही बढ़ेगी और उनमें यह धारणा पनपेगी कि बरनाला सरकार कमजोर पड़ गई है और वह स्थिति से निपट पाने म असफल है । उन्होंने चेतावनी दी जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह सहित किसी भी व्यक्ति से दरबार साहिब परिसर में बातचीत करने का अधिकार नहीं दिया. मार्क्सी नेता ने पूछा कि 'केंद

पंजाब में

अमृतसर के गांव ओडर व सिध

अमृतसर, 10 मई (दीपक शर्मा): अमृतसर से करीब 30 किलो मीटर दूर गांव सिधवां में करीब 12 अज्ञात युवकों ने इसी गांव के सरपंच जगीर सिंह 50 वर्षीय और उसके लड़के गज्जन सिंह 20 वर्षीय को मौत के घाट उतार दिया । सरपंच को बचाने के लिए पड़ोसी शोर मचाते हुए आया,पर वह भी अज्ञात व्यक्तियों की गोली का शिकार होकर दम तोड़ गया । मृतक जगीर सिंह सरपंच के परिवार के सदस्यों ने बताया कि जगीर सिंह और गज्जन सिंह घर के कमरे में बैठे टैलीविज़न देख रहे थे कि उनके मकान के चारों तरफ़ करीब आठ लोगों ने घेरा डाला, जिनके पास हथियार थे । चार युवकों ने बलपूर्वक कमरे में दाखिल होकर अंधाधुंध गोलियां चलाईं और जगीर सिंह, उसके पुत्र गज्जन सिंह को मौत के घाट उतार दिया । पास के कमरों में पड़े इसी परिवार के लोगों ने जब शोर मचाया तो पड़ोसी जसवन्त सिंह 36 वर्षीय ने ज़ोर से आवाज़ लगाई "जगीरे ठहर, मैं आ रहा हूं", घेरा डाले हुए अज्ञात व्यक्तियों ने जसवन्त सिंह पर गोलियां चलाकर उसे उसके घर के

पठानकोट में अवै बनाने वाली फैक्टरी

गुरदासपुर, 10 मई (विनोद): पुलिस ने कल पठानकोट में अवैध हथियार और गोला बारूद बनाने वाली एक फैक्टरी का पता लगाकर वहां छापा मारा ।

सिखों के दो गुटों में संघर्ष, 6 घायल

लंदन, 10 मई : केंट में वैलवेडेयर गुरुद्वारे में सिखों के दो गुटों में संघर्ष हो जाने से 6 लोग घायल हो गए जिनमें एक की हालत गम्भीर है । आज प्रातः अरदास के बाद उग्रवादियों ने गुरुद्वारे पर कब्जा करने का प्रयास किया जिसका गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी व स्थानीय नागरिकों ने प्रतिरोध किया । इस पर उग्रवादियों ने किरपानों से हमला कर दिया । इस मामले में 40 लोग हिरासत में लिए गए ।

पुलिस के अनुसार दोनों गुटों ने गुरुद्वारे के अन्दर झगड़े में किरपानों, छुरों और बर्फ तोड़ने वाले सूओं का इस्तेमाल किया । पुलिस प्रवक्ता के अनुसार उग्रवादी गुट ने गुरुद्वारे के अन्दर प्रबन्धक कमेटी के चुनाव के लिए एकत्र 150 लोगों पर हथियारों से हमला किया । पुलिस ने कुछ हथियार भी कब्जे में लिए हैं ।

वी.पी. सिंह से जवाब-तलबी होगी

नई दिल्ली, 10 मई (वार्ता): अखिल भारतीय कांग्रेस (इ) कमेटी फेयरफैक्स ग्रप के बारे में भूतपूर्व रक्षामंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से उनके ताज़ा बयान पर सम्भवतः पूछताछ करेगी और उनसे कहेगी कि इस मामले पर व अन्य मामलों पर उनके पास जो तथ्य हों वे हाईकमान को सौंप दें । कई कांग्रेस (इ) नेता श्री सिंह के वक्तव्य के आधार पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं । उनका कहना है कि उक्त वक्तव्य पार्टी विरोधी हैं । प्रधानमंत्री ने भी इंका संसदीय दल की बैठक में कहा था कि वी.पी. सिंह वे सभी सबूत उन्हें सौंप दें जो वे अपने पास होने का दावा करते हैं । आरम्भ में सुझाव दिया गया कि कांग्रेस (इ) संसदीय समिति को पत्र जारी करना चाहिए लेकिन कुछ नेताओं का विचार था कि उत्तर प्रदेश के लिए प्रभारी महासचिव ही वह पत्र जारी करें क्योंकि श्री सिंह उत्तर प्रदेश से हैं ।

Punjabi Sarath

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

बाहर जाने की,परन्तु जसवन्त सिंह की पत्नी की पेश नहीं चलने दी हमलावरों ने और उसे घसीट पर गांव के चौक तक ले गए ।

पुलिस के अनुसार बलिराम, जनकराज और जसवन्त सिंह को इन छः हमलावरों ने 303 की बंदूकों से मौत के घाट उतार दिया । वह तीनों मौके पर ही दम तोड़ गए । इस चौक में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल गुरु रामदास अस्पताल की दीवार से खड़ा करके इन तीनों पर गोलियां चलाई गईं ।

पंडित बलि राम का मकान जसवन्त सिंह के मकान से काफी दूर पड़ता था । बलि राम इसी गांव में किरयाने की दुकान करता था और उसका लड़का मृतक जनकराज तथा तिलक राज भी इसी गांव में स्थित पिता की दुकान पर काम करते थे । मृतक जनक राज की बहन ने बताया कि 17 अप्रैल को लोपोके थाना के इलाके बनियेके में एक ब्राह्मण परिवार के पांच व्यक्तियों की हत्या हो जाने के बाद वह अपने भाई केवल कृष्ण को गांव से बाहर अमृतसर शहर में ले गई थी । शारदा का भाई तिलक राज फौज में है । उसकी पत्नी भी अपने जेठ केवल कृष्ण के साथ अमृतसर आकर रहने लगी थी । शारदा ने रोते हुए बताया कि मैंने अपने पिता बलिराम और जनक राज से काफ़ी बार अनुनय की थी कि वह गांव छोड़ कर शहर चले जाएं परन्तु इन्होंने मेरी एक न मानी । गांव की दुकान ही रोटी रोज़ी का साधन थी । जनक राज कुंवारा था और उसकी मंगनी हुए केवल एक सप्ताह ही हुई थी । शारदा ने बताया कि जब हमलावर कमरे में दाखिल हुए थे तो गांव का एक और लड़का, जनकराज का दोस्त रात कमरे में सोया हुआ था । जनक राज को चारपाई के नीचे छिपा देखकर वह लड़का घर में पड़ी गेहूं की बोरियों के पीछे छिप गया और काबू नहीं आया । हमलावरों ने शारदा को धक्के मारे, कमरे की खोज की,परन्तु फिर भी वह लड़का उग्रवादियों के हाथ नहीं लगा । मेरे पिता और भाई को आतंकवादियों द्वारा ले जाने के बाद मैंने शोर इसलिए नहीं मचाया कि शायद वह इन्हें छोड़ दें क्योंकि जब तक गोली की आवाज़ नहीं आई थी, मेरा विश्वास कायम था, परन्तु कुछ ही मिनटों में गोलियों की ज़ोरदार आवाज़ आई । शारदा ने बताया कि रात-भर गांव में कोई भी व्यक्ति गोलियों की आवाज़ सुनकर अपने घरों से बाहर नहीं निकला । यह छः हमलावर तड़के 4 बजे तक गांव में रहे और गांव वालों को ललकारते रहे ।

जब इस सम्वाददाता के सामने एक पुलिस अधिकारी ने शारदा से पूछा कि गोली चलने के बाद उसने शोर क्यों नहीं मचाया तो शारदा ने यह उत्तर दिया कि जब मुझे दो युवकों ने ज़बरदस्ती पकड़े रखा और तड़के चार बजे तक यह युवक इसी गांव में रहे ललकारते रहे, कौन आ सकता था अपने घर से बाहर, क्या सुरक्षा की है आपकी पुलिस और सी.आर.पी. ने गांव वालों की ?'

गांव ओडर के एक व्यक्ति ने बताया कि जसवन्त सिंह और बलिराम के घर में जाने से पहले इसी गांव में स्थित रामे शाह की दुकान पर भी आवाज़ें लगाईं,पर वह अपने गांव ठठेर में गया हुआ था । रामे शाह ब्राह्मण इसी गांव में किरयाने की दुकान करता है । इसी दुकान के पास ही इन तीनों की हत्या की गई ।

गांव ओडर में केवल एक ही हिन्दू परिवार के यह दो सदस्य बलिराम और जनक राज बचे थे, वह भी उग्रवादियों की गोलियों का शिकार हो गए । अब इस गांव में कोई भी हिन्दू परिवार नहीं रह रहा, सहम और डर के मारे । रामे शाह ने भी अपनी दुकान आज से खाली करनी शुरू कर दी है और वह गांव छोड़ रहा है ।

दो-तीन मास से हत्याएं जारी

असल में इस इलाके में पिछले दो-तीन मास से लगातार हत्याओं का क्रम जारी है और जिस गिरोह को पुलिस दोषी ठहरा रही है,उसे पुलिस पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है । थाना लोपोके के इस इलाके में 10 अप्रैल को गांव झंझोटी में तीन एक ही समुदाय, 17 अप्रैल को गांव बनियेके में पांच एक ही समुदाय, जनवरी में गांव कवाली में एक ही समुदाय के लोगों, गांव आकेवाल में रघबीर सिंह, लले अफगाने गांव में कामरेड बलवन्त सिंह की हत्याएं हो चुकी हैं । लुटमार, राइफलें छीनने की घटनाएं अनगिनत हैं । अक्सर हमलावर पैदल आते हैं और भाग जाते हैं । असली दोषी अभी तक पकड़े नहीं गए और इसी इलाके में से पलायन काफी सीमा तक हो चुका है ।

जिला अमृतसर के प्रमुख अधिकारी ने और इस इलाके के गांव वालों ने तो केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस के दस्ते और इस इलाके के पुलिस थानों और पुलिस चौकियों का मज़ाक उड़ाते हुए यह बताया कि दिन को कभी कभार केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस के दस्ते नज़र आते हैं,पर वह भी मेन सड़क पर परन्तु आसपास के गांवों में दर तक ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए रात को कोई भी पुलिस की जीप या मोटर साइकल नज़र नहीं आती और सैक्टर स्कीम के मुताबिक इस इलाके के गांवों में रात की गश्त कई महीने से बंद पड़ी है । इन्हीं गांवों के लोगों ने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए उच्च अफ़सरों को जब कई बार अपील करने के लिए मिला जाता है तो इलाका के केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस के अधिकारी उनसे गुस्से होते हैं । यही कार्रवाई लोपोके के इस इलाके में निर्दोषों पर गोलियां चलाने वालों का राज है । असल में जितनी भी हत्याओं की घटनाएं इस इलाके में हुईं,वह शाम सात बजे के बाद ही हुई हैं,पर पुलिस को खबर सुबह सात बजे से पहले नहीं मिलती । गांव सिधवां में केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस के अधिकारी ने गांव के कुछ लोगों को गुस्से में कहा कि रात-भर सूचना क्यों नहीं दी हमें ? जवाब में गांव वालों ने साफ कह दिया कि क्या पता

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

टेलरिंग

Bhasin & Co., First floor, Chowk Kata

बाद में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी श्री सुरेश अरोड़ा ने इन सभी वारदातों के बारे में पत्रकारों से बातचीत की तथा स्पष्ट किया कि वास्तव में नबीपर के निकट आतंकवादियों ने पुलिस व सुरक्षा बलों पर हमला किया था । फ़ोर्स ने 30 से 40 राऊंड गोली चलाई, जबकि आतंकवादियों ने लगभग 150 गोलियां चलाईं । श्री अरोड़ा ने कहा कि पुलिस को संदेह है कि शहीद ऊधम सिंह नगर के प्रीतम सिंह उर्फ़ बिल्ला की हत्या निजी शत्रुता का नतीजा है, क्योंकि वह संदिग्ध चरित्र का व्यक्ति था तथा चोरी व डकैती की कई वारदातों में संलिप्त था । उन्होंने कहा कि पुलिस को संदेह तब हुआ जब घटनास्थल से चार खाली कारतूस मिले । प्रीतम सिंह की मृत्यु तेज़धार हथियारों के घावों से हुई है ।

ऐसा संदेह किया जाता है कि आतंकवादी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के मलकीयत सिंह गिरोह से संबंधित थे ।

3 मरे

हरीके पुलिस थाना क्षेत्र में नबीपर गांव में पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में 'तत खालसा' संगठन के सात सदस्यीय गिरोह के तीन सदस्य मारे गए । उनकी शिनाख्त नहीं हो पाई है । गिरोह के अन्य चार सदस्य एक घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद भागने में सफल हो गए ।

पुलिस ने मृत आतंकवादियों के पास से दो राइफ़लें,एक प्वाइंट 32 बोर का रिवाल्वर और विभिन्न बोर के 150 कारतूस बरामद किए हैं ।

शहर के बाहरी इलाके के निवासी 42 वर्षीय प्रीतम सिंह को कल रात उसके घर में घुसकर दो संदिग्ध व्यक्तियों ने मार दिया । वह घर में अकेला था । प्रीतम सिंह की विधवा दर्शन कौर ने पुलिस को बताया कि वह अपने तीन बच्चों सहित पड़ोस में टैलीविज़न देख रही थी, तभी उसने गोली चलने की आवाज़ सुनी । घर आने पर उसने देखा कि दो व्यक्ति भाग रहे हैं और उसका पति खून में लथपथ ज़मीन पर पड़ा है । पुलिस को घटनास्थल से कुछ खाली कारतूस मिले हैं ।

इस बीच पुलिस ने दावा किया है कि उसने कुछ घरों पर छापे मारकर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा है । इनमें अमृतसर निवासी जसबीर सिंह, सतवन्त सिंह और अम्बाला निवासी हरबंस सिंह शामिल हैं । जिला पुलिस मुख्य अधीक्षक मुहम्मद इज़हार आलम ने सम्वाददाताओं को बताया कि सिधवां और ओडरकलां गांवों में कल रात हुई वारदातों के बाद वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और घटनास्थल की नाकेबंदी कर दी गई है ।

सूत्रों के अनुसार खेमकरण पुलिस ने दो युवकों दलबीर सिंह तथा राजकुमार को गिरफ्तार करके उनसे दो पिस्तौलें और बारह कारतूस बरामद किये ।

घुसपैठिया मरा

अमृतसर के खेमकरण सैक्टर के मेधीपुर में बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया जिसके पास से एक पिस्तौल बरामद हुई ।

जंडियाला पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में हरभजन सिंह, गुरदयाल सिंह व जसवन्त

आतंकवादी मारा गया

भटिंडा (गोबर): पुलिस ने आज बताया कि कल रात इस जिला में गांव गुरुसर महाराज के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ में दर्दांत आतंकवादी अत्तर सिंह मारा गया । उसके कब्ज़े से .315 बोर की राइफ़ल, एक 1.12 बोर की पिस्तौल तथा बड़ी संख्या में कारतूस बरामद हुए । वह अनेक आतंकवादी कार्रवाइयों में संलिप्त था,जिनमें भटिंडा जिला स्त्री अकाली दल (ल) की प्रधान बीबी मंजीत कौर की हत्या भी शामिल है ।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि अत्तर सिंह संलारूढ़ अकाली दल से सम्बन्धित था और पुलिस को ढोला गांव में हुए हत्या कांड में भी वांछित था ।

8 आतंकवादी गिरफ्तार

संगरूर से प्राप्त समाचार में कहा गया है कि आतंकवादियों के दो गुटों के आठ सदस्यों को गिरफ्तार करके जिले में सक्रिय इन दोनों गुटों का भंडाफोड़ किया गया है। इन आतंकवादियों के नाम हैं तलविंदर सिंह, मनजिन्दर सिंह, केसर सिंह, चमकौर सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरमेल सिंह, बलविंदर सिंह और निर्मल सिंह । इन लोगों पर संदेह है कि ये डकैती के अनेक मामलों से सम्बद्ध थे और संगरूर, पटियाला और लुधियाना जिलों में सक्रिय थे ।

किसान की हत्या

बटाला (कोछड़): आज प्रातः थाना श्री-हरगोबिन्दपुर के गांव गंडे के चोने में 65 वर्षीय किसान अमरसिंह अपने ट्यूबवैल पर मृत पाया गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार वह रात को वहां सोया था,प्रातः जब उसके घर वाले वहां गए तो उसे मृत पाया । शव पर तेज़ धार हथियार के निशान हैं । अभी यह ज्ञात नहीं हो सका कि यह आतंकवाद की घटना है या आपसी शत्रुता की ?

सरपंच की हत्या

आज प्रातः दस बजे के करीब दो अज्ञात युवकों ने थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव खुजाला के सरपंच प्यारा सिंह की हत्या कर दी और फ़रार हो गए । पुलिस के अनुसार वह अपने ट्यूबवैल पर काम कर रहा था कि दो अज्ञात युवकों ने उसे गोली मार दी । उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

स्कूटर छीना

आज प्रातः तीन सशस्त्र युवकों ने थाना श्री-हरगोबिन्दपुर के गांव भरत मटोला के पास मोहन सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर नं. पी.सी.जे. 7764 छीन लिया व फ़रार हो गए ।

बटाला की एक अन्य सूचना में बताया गया है कि आज बाद दोपहर कस्बा कादियां के निकट दो सशस्त्र युवकों ने कलदीप सिंह नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

स्कूटर छीना

सुनाम (नागपाल): यहां से 25 किलोमीटर दूर मौजा गज्जरां के निकट दो आतंकवादियों ने कृष्ण लाल और छज्जू राम से पिस्तौल की नोक पर उनका स्कूटर छीन लिया तथा फरार हो गए । ज्ञात हुआ है कि भवानीगढ़ पुलिस ने एक गिरोह के आध दर्जन सदस्यों को गिरफ्तार किया । पूछताछ के दौरान

अध्यापकों क्षेत्रों में

जालन्धर,
टीचर्ज यूनियन
जिला अमृतस
अधिकारियों के
तैनात अध्याप
शत्रुतापूर्ण रवैय
कि इन जिलों
से कुछ सुरक्षित
पुनः उन्हीं स्व
कार्रवाई वापिस

श्री भाटिय
अमृतसर जिल
उग्रवाद का
विशेषकर गुरद
सुरक्षा नाम की
अधिकारी उप

श्री भाटिय
कि गत वर्ष जि
स्थानों पर त
अध्यापक पत्नि
तैनात हैं । श्री
से पीड़ित जो प
भी हैं, बाहर
लौटने पर उन
करने की पेशक
कर रहे मगर स
अमृतसर जिल
उदासीनता ब
तरनतारन तहर
को लिखा है कि
पर न किए गए
होंगे ।

डाक-ता

जालन्धर,
विभाग की ओर
चर्चा सुनने को
अनेक उदाहरण
दावों का मजाक
उदाहरण लुधि
हैबोवाल के नि
प्रस्तुत है । श्री
के हां बरेली
उन्होंने इस संब
बरेली भेजे ।
हाऊस, टाऊन ह
माध्यम से श्री
दोनों तार 30
जबकि शादी भ
उनका मित्र प
गया है । तार
विभाग की त्रुटि
रहे हैं ।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्फ्यू था, परन्तु कुछ ही मिनटों में गोलियों की ज़ोरदार आवाज़ आई । शारदा ने बताया कि रात-भर गांव में कोई भी व्यक्ति गोलियों की आवाज़ सुनकर अपने घरों से बाहिर नहीं निकला । यह छः हमलावर तड़के 4 बजे तक गांव में रहे और गांव वालों को ललकारते रहे ।

जब इस सम्वाददाता के सामने एक पुलिस अधिकारी ने शारदा से पूछा कि गोली चलने के बाद उसने शोर क्यों नहीं मचाया तो शारदा ने यह उत्तर

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

टेलरिंग

Bhasin & Co., First floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar. Phone : 43554 for Gents, Safari and Shirts.

पोल्ट्री

NECC Delhi egg rate for 10.5.87 Rs. 47/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.50/- per Dozen.

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम रघुबीर सिंह पटियाल से बदल कर **सुनील** पटियाल रख लिया । सुनील पटियाल गांव व डाकघर पपलाह, तहसील जैसिंहपुर (कांगड़ा) ।

किराए पर

कारखाना और दुकान सोंधी मार्केट, भगत सिंह चौक, खाली किराए वास्ते । Krishan Sondhi, 16, Bag Karambux, Jalandhar.

बिकाऊ

11 एकड़ शहरी फार्म, अनाज मंडी, सुनाम से **400 गज़ दर** 5एकड़ में 32 सौ सफ़ेदे 4 साल लिखें या **मिलें** । **मै. सिंगला ट्रेडर्सज़**, सामने रेलवे स्टेशन, सुनाम **(पंजाब)** ।

लड़की चाहिए

सुन्नी लड़का B.A., 27 साल । दुबई में काम करता है, आय चार अंकों में हेतु, सुशील कन्या चाहिए । S. Anand, E.M. 97, Rasta Mohalla, Jalandhar.

विदेश यात्रा

बैंकाक, Pattaya, सिंगापुर व दुबई की सैर हेतु 20 मई तक मिलें । Reliance Travels and Tours, सामने टैलीफोन केंद्र, सिरसा ।

ड्राइविंग सीखें

ड्राइविंग हैवी ट्रक, कार, (लाइसैंस समेत), **टैलीविज़न**/Colour TV/रेडियो, इलैक्ट्रीशियन, **वायरमैन, रैफ्रीजिरेशन**, RCC बार-बैंडर, प्लम्बर, **वैल्डिंग**, मोटर मैकेनिक कोर्स, रिहायश उपलब्ध, **दाखले** हेत मिलें : प्रिंसीपल, टी.आई.टी. कालेज, ✲232, डिफैंस कालोनी, निकट चौक खालसा कालेज, **जालंधर** शहर । ✲निकट मेन गेट, अंदर बस स्टैंड, लुधियाना ।

ब्यूटी

ब्यूटी पार्लर, स्लिमिंग सैंटर की मशीनें, सामान, किलो से ज्यादा पैकिंग में ब्लीचिंग क्रीम, थर्मोपैक, Pell of Mask, पिम्पल क्रीम, नाक, कान मशीनें, कोके, रोलर इत्यादि, पधारें–भगतां दी हट्टी, किला भंगियां, नज़दीक निमक मंडी, अमृतसर ।

कोई भी पुलिस की जीप या मोटर साइकल नज़र नहीं आती और सैक्टर स्कीम के मुताबिक इस इलाके के गांवों में रात की गश्त कई महीने से बंद पड़ी है । इन्हीं गांवों के लोगों ने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए उच्च अफ़सरों को जब कई बार अपील करने के लिए मिला जाता है तो इलाका के केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस के अधिकारी उनसे गुस्से होते हैं । यही कार्रवाई लोपोके के इस इलाके में निर्दोषों पर गोलियां चलाने वालों का राज है । असल में जितनी भी हत्याओं की घटनाएं इस इलाके में हुईं, वह शाम सात बजे के बाद ही हुई हैं, पर पुलिस को खबर सुबह सात बजे से पहले नहीं मिलती । गांव सिधवां में केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस के अधिकारी ने गांव के कुछ लोगों को गुस्से में कहा कि रात-भर सूचना क्यों नहीं दी हमें ? जवाब में गांव वालों ने साफ़ कह दिया कि हमारे पास आपकी तरह वायरलैस सैट तो नहीं हैं और गोली का जवाब देने के लिए जो हथियार थे, वह तो लूटे जा चुके हैं । यही कारण है कि लोपोकी थाने के इलाके में रात उग्रवादियों की होती है । डर के मारे न तो पुलिस बाहिर आती है न ग्रामीण और न सैक्टर स्कीम के तहत कार्य कर रही केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस ।

100 से अधिक गोलियां चलाईं

'वार्ता' के अनुसार आतंकवादियों ने 100 से अधिक गोलियां चलाईं । उन्होंने गांव वालों को चेतावनी दी कि वे सुबह से पहले पुलिस को सूचना न दें । उन्होंने जाने से पहले खालिस्तान के नारे भी लगाए । ओडर गांव में अल्पसंख्यक समुदाय के एक मात्र परिवार का पता बताने के लिये वे एक व्यक्ति सतनाम सिंह को साथ ले गये थे ।

जालंधर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस श्री पी.सी. डोगरा, सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क और जिला पुलिस चीफ़ श्री इज़हार आलम ने घटनास्थल का दौरा किया । ओडर गांव में भीड़ को संबोधित करते हुये श्री विर्क ने ग्रामीणों से कहा कि वे डिफैंस कमेटियां बनायें । उन्होंने कहा कि ऐसी प्रत्येक कमेटी को 5 हथियार दिये जाएंगे ताकि उग्रवादियों के हमलों से बचाव किया जा सके ।

सिधवां और ओडरकलां गांवों में कल रात हुई वारदातों के बाद वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और घटनास्थल की नाकेबंदी कर दी गई है ।

सूत्रों के अनुसार खेमकरण पुलिस ने दो युवकों दलबीर सिंह तथा राजकुमार को गिरफ़्तार करके उनसे दो पिस्तौलें और बारह कारतूस बरामद किये ।

घुसपैठिया मरा

अमृतसर के खेमकरण सैक्टर के मेधीपुर में बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया जिसके पास से एक पिस्तौल बरामद हुई ।

जंडियाला पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में हरभजन सिंह, गरदयाल सिंह व जसवन्त सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है ।

पत्रकार पर फायरिंग

अमृतसर के मजीठा क्षेत्र के ग्राम चेतनपुर के पास दो मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने पत्रकार गुरनाम सिंह की उनके ग्राम पठान नंगल में गोलियां मारकर हत्या करने का प्रयास किया पर वे बाल-बाल बच गए । वे एक भाषायी अखबार से सम्बद्ध हैं और उन्हें उग्रवादी धमकी भरे पत्र भेज रहे थे ।

तरनतारन में पैट्रोल पम्प लूटा

आज शाम तरनतारन शहर में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने एक पैट्रोल पम्प से 970 रुपए लूट लिए ।

घर-घर छापे

बाबा बकाला से 'मेहरा' के अनुसार पुलिस और सी.आर.पी. ने संयुक्त रूप से यहां के निकटवर्ती गांवों लिद्दड़ तथा फेरूमान में घर-घर तलाशी ली । यह कदम वरिष्ठ अकाली नेता जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल के बेटे श्री सुखदेव सिंह की हत्या के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए उठाया गया । इसका उद्देश्य लोगों के मन से भय को दूर करना है ।

सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर नं. पी.सी.जे. 7764 छीन लिया व फ़रार हो गए ।

बटाला की एक अन्य सूचना में बताया गया है कि आज बाद दोपहर कस्बाकादियां के निकट दो सशस्त्र युवकों ने कुलदीप सिंह नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

स्कूटर छीना

सुनाम (नागपाल): यहां से 25 किलोमीटर दूर मौजा गुज्जरां के निकट दो आतंकवादियों ने कृष्ण लाल और छज्ज राम से पिस्तौल की नोक पर उनका स्कूटर छीन लिया तथा फरार हो गए । ज्ञात हुआ है कि भवानीगढ़ पुलिस ने एक गिरोह के आध दर्जन सदस्यों को गिरफ्तार किया । पूछताछ के दौरान उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि उन्होंने क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों जत्थेदार बलबीर सिंह, धर्मपाल वर्मा, डाक्टर विजय खोसला, व्यापारी नेता मोठू राम के ही लाइसैंस वाले हथियार छीन कर उनकी हत्या करनी थी । यदि किसी कारण वे हथियार न छीन सकते तो हत्या के लिए उनके भटिंडा के एक साथी ने हथियार सप्लाई करने थे ।

ठेके के कर्मचारी की हत्या

मुक्तसर (दर्दी) : यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव सुखना अबलू में तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके के कर्मचारी कुलबीर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा फ़रार हो गए ।

एक अन्य वारदात में संदिग्ध उग्रवादियों ने एक कोयला डिपो के मालिक राज कुमार से 375 रुपए छीन लिए ।

पुलिस ने दो उग्रवादियों जगदीश सिंह उर्फ़ जग्गा तथा नाज़र सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

'वार्ता' के अनुसार तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने कल रात जिला फरीदकोट के गांव भूंदा औलख में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । हत्यारे फ़रार होने में सफल हो गए ।

दो की हत्या

होशियारपुर (प्रद्युम्न): आज दोपहर 12 बजे बछौड़ी के निकट तीन अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति जगदेव सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया और उस पर सवार होकर फ़रार हो गए । इसके बाद वे तीनों बलाचौर की तरफ चले गये । खेड़ा गांव के निकट उन्होंने मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्तियों पर गोलियां चलाईं और उनका मोटर साइकिल छीन कर फ़रार हो गए । वे दोनों व्यक्ति घटना स्थल पर ही दम तोड़ गए । इनके नाम चरणजीत और बलदेव हैं ।

मोटर साइकल चोरी

धूरी (सिंगला): गोकुल मार्केट बरनाला से महेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति का मोटर साइकल पी.बी.एस. 7844 कोई व्यक्ति चुरा ले गया । इसी बीच एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ने बताया कि पुलिस ने चालू वर्ष के दौरान 35 आतंकवादी गिरफ्तार किए हैं, जिनमें से 28 पिस्तौलें व कारतूस पकड़े गए । उन्होंने दावा किया कि सी.आई.ए. स्टाफ़ बहादर सिंह वाला के कांस्टेबल टिक्का सिंह की हत्या के सिलसिले में सुखवन्त सिंह तथा गुरचरण सिंह को गिरफ्तार किया गया है ।

पैट्रोल पम्प लूटा

जालन्धर (वार्ता): दो सशस्त्र युवकों ने गत रात यहां जी.टी. रोड पर परागपुर चुंगी के निकट पैट्रोल पम्प से दस हजार रुपए लूट लिए ।

जीप छीन ली

एक अन्य वारदात में स्कूटर पर सवार दो युवकों

कुवैत के लिए शीघ्र आवश्यकता है

HEAVY DUTY DRIVERS, LIGHT DUTY DRIVERS

जिनके पास कुवैत का Driving Licence या किसी भी Gulf देश का Driving Licence हो, जल्दी चाहिए ।

3 years Contract, Free Accommodation, Medical.

Contact Immediately :–

TECHNICAL CONSULTANTS,

1047-A/10, GOBIND PURI, KALKAJI,
New Delhi-19. PH : 6430742.

॥आज शुभारंभ॥

Siyaram's

SUITINGS • SHIRTINGS

Punjab Samachar

एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री रे ने रहस्योद्घाटन किया कि मैंने केन्द्रीय सरकार और महाराष्ट्र सरकार से अनुरोध किया है कि पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो के कार्यकाल में एक वर्ष की वृद्धि कर दी जाए । श्री रिबैरो जो कि 31 मई को रिटायर होने वाले हैं, महाराष्ट्र कैडर के आई.पी.एस. अधिकारी हैं । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री रे ने कहा कि बरनाला सरकार की बरतर्फी के बाद जो अकाली विधायक या नेता बोर्डों अथवा निगमों के चेयरमैन बने हुए हैं,

श्री रे ने कहा कि राज्यपाल के लिए बहुत ज्यादा बोलना बेसुरी सितार से भी निकृष्ट है । श्री रे का कहना है कि मैं श्री सुरजीत सिंह बरनाला को पसन्द करने लगा हूं, मेरा उनसे लगाव हो गया था । मैंने बड़े भारी मन से दिल पर पत्थर रखकर पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू करने की सिफ़ारिश की । उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के जीवन में ऐसे मौके भी आते हैं, जब उसे वह काम करना पड़ता है, जो उसे अपना कर्त्तव्य लगता है, चाहे वह गलत हो या सही ।

जिला अमृतसर में सरपंच सहित 4 की हत्या : लूटपाट जारी

अमृतसर, 12 मई (वार्ता): अमृतसर ज़िले में कुछ व्यक्तियों ने अलग-अलग घटनाओं में 4 व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी और दो अन्य को घायल कर दिया ।

एक सरपंच भी मृतकों में शामिल है ।

पुलिस ने बताया कि घरिंडा थाना क्षेत्र के चीचा गांव के सरपंच नरिंदर पाल शर्मा का शव उक्त थाना क्षेत्र में ही एक खेत से बरामद किया गया । शव गोलियों से छलनी था । पुलिस ने उस खेत से पांच कारतूस भी बरामद किए हैं ।

कालेश के अनुसार गत सायं यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव चीचा के सरपंच नरेन्द्र पाल शर्मा की उग्रवादियों ने उस समय गोली मारकर हत्या कर दी जब वह अमृतसर से अपने गांव अपने रायल एनफ़ील्ड मोटर साइकल पर जा रहे थे । उग्रवादी जाते समय उनकी मोटर साइकल भी ले गए । लाश सारी रात सड़क पर पड़ी रही, हालांकि इस सड़क पर सेना एवं अन्य अर्द्धसैनिक दलों के वाहन लगातार चलते रहते हैं । बताया गया है कि स्व. नरेन्द्र पाल अपने गांव में बड़े प्रिय थे । गांव चीचा में एक दर्जन के लगभग ब्राह्मणों के घर हैं । अब नरेन्द्रपाल के मरने के पश्चात शेष हिन्दुओं में असुरक्षा की भावना पैदा होना निश्चित है ।

मज़हबी सिख की हत्या

'भनियां' के अनुसार थाना पट्टी के गांव कुब्बढ़ी में एक मज़हबी सिख युवक, जिसका नाम काला बताया जाता है, के घर में रात्रि दो बजे उग्रवादी घुस आए और फ़ायरिंग करके उसकी हत्या कर दी ।

आभूषण ले गए

एक अन्य वारदात में लगभग आधी दर्जन उग्रवादी थाना सरहाली के गांव नन्दपुर के अवतार सिंह के घर गए और पिस्तौल की नोक पर 15 हजार के ज़ेवरात और 17 सौ रुपए नकद ले गए ।

गंदम से भरा ट्रक अगवा

चोहला साहिब के करीब जोधपुर पैट्रोल पम्प पर उग्रवादी गंदम से भरा एक ट्रक जिसका नम्बर पी.बी.ए. 557 है और जिसमें 125 बोरी गंदम थी, भगाकर ले गए और रास्ते में ड्राइवर को उतार गए ।

स्कूटर उठा ले गए

यहां टाऊन हाल के सामने सरकारी स्कूल से कुछ उग्रवादी एक स्कूटर को रिक्शा में डाल कर ले गए जबकि स्कूटर का मालिक सामने खड़ा देखता रह गया ।

आतंकवादी गिरफ्तार

थाना मेहता के गांव रामदवाली के एक आतंकवादी बलविन्द्र सिंह को पुलिस ने गश्त के दौरान गिरफ्तार कर लिया है । उसके कब्जे से 12 बोर का पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं ।

गज्जा सिंह का रिमांड

एकीकृत अकाली दल के सदस्य गज्जा सिंह का 18 मई तक का रिमांड मिल गया है और उसे जांच के लिए सी.बी.आई. के हवाले कर दिया गया है । उसके विरुद्ध राष्ट्रद्रोह तथा आतंकवादियों का साथ देने आदि के अनेक अभियोग हैं ।

दो भाइयों को घायल कर दिया

थाना मजीठा के गांव अटवाल के निकट उग्रवादियों के एक दल ने फ़ायरिंग करके दो चचेरे भाइयों को घायल कर दिया । पुलिस ने दोनों की गांव कोटला के इन्द्र सिंह और अमरीक सिंह के रूप

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में अर्धसैनिक बलों की 60 और कम्पनियां पहुंचीं

चंडीगढ़, 12 मई (ह.स.): पंजाब में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के बाद कानून और व्यवस्था बनाए रखने में राज्य प्रशासन की सहायता के लिए वहां अर्धसैनिक बलों की 60 अतिरिक्त कम्पनियां



पंजा
ईमान

नई दिल्ली,
राज्यपाल सिद्धार्थ
भेजी अपनी रिपो
करते हुए कहा
आंदोलन शुरू हो
होती गई ।
रा धवन से
गया है कि लगभ
पंजाब सरकार के
मंदिर परिसर औ
उग्रवादियों द्वारा

Punjab Sanatan

ए और फ़ायरिंग करके उसकी हत्या

ए

वारदात में लगभग आधी दर्जन
रहाली के गांव नन्दपुर के अवतार
और पिस्तौल की नोक पर 15 हजार

में अर्धसैनिक
की 60 और
नियां पहुंचीं

2 मई (ह.स.): पंजाब में राष्ट्रपति
णा के बाद कानून और व्यवस्था
राज्य प्रशासन की सहायता के लिए
बलों की 60 अतिरिक्त कम्पनियां
यों के अनुसार सीमा सुरक्षा बल और
पुलिस बल की इन कम्पनियों को
रह जिलों में तैनात किया जा रहा
इस समय अर्द्धसैनिक बल की
न संख्या 350 हो गई है, जिसमें
0 जवान हैं ।

पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ.
लिस के अधीक्षकों को सतर्क किया है
को सुनिश्चित बनाएं कि उग्रवादियों
ान में निर्दोष लोग आतंकित न हों ।
कि श्री रिबैरो ने जिला पुलिस
कित किया है कि पहला और सबसे
कि निर्दोष लोगों को तंग करने से
दूसरा कार्य उग्रवादियों के विरुद्ध
ाहिए । श्री रिबैरो ने यह भी स्पष्ट
लोगों को तंग करने वाले अधिकारी
रकारी सेवा से मुअत्तिल कर दिया
नियुक्तियों के लिए राजनीतिज्ञों की
को भी दंडित किया जाएगा । ऐसी
कार्यों में संलिप्त पुलिस कर्मियों के
ी ।

में 25 कम्पनियां

उग्रवादियों के एक दल ने फ़ायरिंग करके दो चचेरे भाइयों को घायल कर दिया । पुलिस ने दोनों की गांव कोटला के इन्द्र सिंह और अमरीक सिंह के रूप

(शेष पृष्ठ 8 पर)

गया कि लगभग अप्रैल के मध्य से चंडीगढ़ स्थित पंजाब सरकार के सचिवालय के मुकाबले में स्वर्ण मंदिर परिसर और गुरुद्वारों में कट्टरपंथियों और उग्रवादियों द्वारा राज्य में न केवल समानान्तर

और राज्यपाल की रिपोर्ट आज लोकसभा के पटल पर रखी ।

राज्यपाल की रिपोर्ट का मूल पाठ इस प्रकार है : प्रिय राष्ट्रपति जी, मेरी आपसे हुई उस लम्बी चर्चा के बारे में आपको स्मरण होगा जो मैंने गत 25

है और मैं हर चीज पर सावधानीपूर्वक नज़र तथा इस बात की प्रतीक्षा कर रहा हूं अन्ततः क्या रूप धारण करती है ।

मैं यहां की उभरती हुई परिस्थितियों ही जिम्मेदारी, सतर्कता एवं सावधानी से और मुझे आपको संकोच के साथ एवं तथा खेदपूर्वक अब यह सूचित करना विश्वास हो गया है कि अब यहां ऐसी स्थि



(1) जिला अमृतसर में थाना घरिंडा के गांव चीचा के निकट उग्रवादियों के हाथों मारा गया सरपंच नरेंद्र पाल, (2) घटनास्थल पर बिखरा खून, (3) बिलखते हुए परिवार के सदस्य । (छाया भंडारी) । (4) होशियारपुर के निकट गांव बस्सी मूदा में उग्रवादियों द्वारा जलाया गया देसी शराब का ठेका । *(छाया : प्रद्युम्न)*

उत्तेजित वि

नई दिल्ली, 12 मई (वा.) : संसद अ
के दौरान और विपक्ष से सलाह-मशविरे
पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू करने के
लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने सरकार
आलोचना की । लोकसभा में इस सम
अधिसूचना और राज्यपाल की रिपोर्ट सभा
रखने के बाद अधिकतर विपक्षी स
बाकआऊट किया । ये सदस्य चाहते थे कि
इस कदम के लिए सरकार को प्रताड़ित क

राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों ने आरोप
कि सरकार ने पूरी तरह से सदन की अवम
है । उन्होंने सभापति से आग्रह किया
सरकार को चेतावनी दें, जिससे भविष्य में
की गलती नहीं दोहराई जाए ।

गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने राज्
सदस्यों के आरोपों का खंडन करते हुए
सरकार ने संसद की किसी तरह अवमानना
है । उसने संविधान का पूरी तरह पालन कि
उन्होंने कहा कि कठोर शब्दों से कोई
बनती । सरकार ने निर्णय के बाद उपलब्ध
अवसर पर सदन को इसकी जानकारी दी है
और गृह राज्यमंत्री की बातें सुनने के बाद

पंजाब में राष्ट्रपति शासन पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं : केन्द्र
हरियाणा के चनावों को सामने रख कर कदम उठाने का आर

Punjabi Sanatan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

में शिनाख्त की है । पुलिस ने कहा है कि हमले का कारण निजी शत्रुता हो सकता है । दोनों को गुरु तेग बहादर अस्पताल अमृतसर में ले जाया गया, जहां इन्द्र सिंह की हालत नाजुक बताई जाती है ।

दो श्रमिकों की हत्या

थाना कत्थू नंगल के गांव बाथच में गत रात्रि कुछ उग्रवादियों ने ट्यूबवैल पर सो रहे दो युवकों मोहन सिंह और बब्बू की फायरिंग करके हत्या कर दी । दोनों युवक किसान दयाल सिंह के भू-श्रमिक थे । इन युवकों की हत्याओं का प्रातः ही पता चल सका ।

दो घुसपैठिए मारे गए

भारत-पाक सीमा पर खेमकरण क्षेत्र में गत रात्रि कलवंत चौकी के निकट बी.एस.एफ. के साथ मुकाबले में दो पाक घुसपैठिए मारे गए । बी.एस.एफ. के सूत्रों के अनुसार तीन घुसपैठियों ने पाक सीमा पार करके भारत में प्रवेश किया, चुनौती देने पर उन्होंने चौकी में तैनात जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में दो घुसपैठिए मारे गए जबकि एक पाकिस्तान भाग निकला । मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

बस जला दी

जिला अमृतसर के थाना वैरोवाल के गांव सरहाली में पांच संदिग्ध उग्रवादियों ने पंजाब रोडवेज की एक बस को गत सायं जला दिया ।

फायरिंग के विरुद्ध हड़ताल

भटिंडा (ह.स.): थर्मल प्लांट के कर्मचारियों के अतिरिक्त पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के सभी कर्मचारियों ने कल यहां हुई फायरिंग, जिसमें बोर्ड के अकाऊंटैंट श्री केवल कृष्ण गर्ग को दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था, के विरुद्ध विरोध व्यक्त करते हुए हड़ताल की ।

पटियाला (भूषण): तीन अज्ञात व्यक्तियों ने नौ मई की रात्रि को जसविंद्र सिंह के पैट्रोल पम्प से 16400 रुपए छीन लिए । विलम्ब से आज यहां प्राप्त सूचना के अनुसार यह घटना भादसों के निकट गांव चाहल में हुई और अभियुक्त पैट्रोल डीलर का स्कूटर भी ले गए ।

3 खोखे जला दिए

स्थानीय पंजाबी दैनिक रणजीत के फैक्टरी क्षेत्र में स्थित परिसर में चानन सिंह मीट वाले का खोखा, मनोहर नाई का खोखा और साइकल मुरम्मत करने वाले का लकड़ी का खोखा गत रात्रि किसी ने जला कर राख कर दिया । लगभग 18000 रुपए की क्षति हुई है ।

खन्ना पुलिस की दूसरी सफलता

खन्ना (पूर्ण): कल 11 मई को संगरूर में संत हरचन्द सिंह लौंगोवाल के हत्यारे जरनैल सिंह हलवारा के मारे जाने और बैंक आफ इंडिया डकैती कांड का पता लगाकर खन्ना पुलिस ने उग्रवादियों के विरुद्ध दूसरी सफलता प्राप्त की है । पहली सफलता खन्ना पुलिस को उस समय मिली, जब यहां तीन अप्रैल की सायं को उग्रवादियों ने फायरिंग करके तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी लेकिन पुलिस ने रात्रि को ही पीछा करके उग्रवादियों को अमलोह के पास पकड़ लिया । इसी प्रकार अब 5 मई को उग्रवादियों ने गुरु अमरदास मार्किट में स्थित बैंक आफ इंडिया से सवा आठ लाख रुपए लूट लिए थे, खन्ना पुलिस उसी दिन से उग्रवादियों का पता लगाने में जुट गई ।

अन्ततः पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा, जिसने अभियुक्तों के ठहरने का पता संगरूर में बताया अतः खन्ना के डी.एस.पी. चौधरी बलदेव सिंह के नेतृत्व में एस.एच.ओ. सिटी श्री शिव कुमार व श्री पुरुषोत्तम सिंह एस.एच.ओ. पायल ने पुलिस फोर्स को साथ लेकर उग्रवादियों के आवास संगरूर की बस्ती हरिसिंहपुरा में छापा मारा और दर्दांत उग्रवादी जरनैल सिंह हलवारा और उसके साथी मुकाबले में मौके पर ही मारे गए । अब खन्ना बैंक डकैती के अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। खन्ना में बैंक जरनैल सिंह के नेतृत्व में लूटा गया ।

हलवारा के शेष साथियों की तलाश

संगरूर से गोयल ने सूचना दी है कि निकटवर्ती हरिपुर बस्ती, जहां गत दिवस सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में संत हरचंद सिंह लौंगोवाल का हत्यारा खतरनाक उग्रवादी जरनैल सिंह हलवारा अपने एक साथी हरमिंद्र सिंह आफ जालंधर के साथ मारा गया था, वहां पुलिस को जरनैल सिंह हलवारा के किराए के मकान की तलाशी के दौरान महत्वपूर्ण कागज मिले हैं, जिनके आधार पर जरनैल सिंह हलवारा के गिरोह के शेष सदस्यों की तलाशी में कई स्थानों पर छापे मारे गए और 100 व्यक्तियों को जांच के लिए हिरासत में ले लिया है ।

कई वारदातों में संलिप्त

संगरूर के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह ने बताया कि भूतपूर्व मंत्री श्री जोगेंद्र पाल पांडे और डाक्टर कालीचरण शर्मा की हत्या भी इसी गिरोह ने की थी । बैंक लूटने, डकैती और कई दूसरी वारदातों में भी यह गिरोह संलिप्त है । जरनैल सिंह हलवारा ने उक्त मकान में अपने गिरोह का मुख्यालय बनाया हुआ था । कई राजनीतिक, न्यायिक व्यक्तियों की हत्या करने और संगरूर जेल से संत लौंगोवाल की हत्या के अभियुक्तों को छुड़ाने की भी इस गिरोह की योजना थी ।

एक साथी पकड़ा गया ?

असरकारी सूचनाओं के अनुसार हरिपुर बस्ती में मुकाबले के बाद जरनैल सिंह हलवारा का एक साथी स्टेनगन सहित पुलिस के काबू आ गया था, जिसे कई स्थानों पर ले जाया गया ताकि गिरोह के दूसरे सदस्यों को पकड़ा जाए ।

गिरोह की निशानियां

बताया जाता है कि उक्त बस्ती में जरनैल सिंह हलवारा के गिरोह के मुख्यालय (किराए के मकान) के बाहर उग्रवादियों के दूसरे गिरोहों की जानकारी के लिए निशानी के तौर पर 4 फुट लम्बा काला कपड़ा लटका कर रखा जाता था, जिसके नीचे एक ईंट बंधी हुई होती थी । जब कोई दूसरा गिरोह इस मुख्यालय में होता तो उसके बाहर नाइलोन की नवार का टुकड़ा उसके साथ ईंट बांध कर लटका दिया जाता था । मुख्यालय में दूसरे गिरोहों के सदस्यों का आना-जाना था ।

दस व्यक्ति हिरासत में

संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार जिला पुलिस ने जरनैल सिंह हलवाड़ा के साथ सम्पर्क रखने के संदेह में 10 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है । इनमें उसका मालिक मकान, दर्जी, जिसने जरनैल सिंह के कपड़े सीए और टैंट हाऊस का मालिक, जिसने उसे दरी प्रयुक्त करने के लिए दी, शामिल हैं । इसी







उग्रवादियों ने गत रात्रि पटियाला के फैक्टरी एरिया में स्थित लकड़ी के तीन खोखे जला दिए । (1) मीट विक्रेता चन्नन सिंह अपने जले हुए खोखे के पास खड़ा दिखाई दे रहा है, (2) नाई मनोहर का खोखा जला दिया गया, (3) साईकल मैकेनिक दीदार चंद अपने जले हुए खोखे के पास बैठा हुआ दिखाई दे रहा है । (छाया : तिमिरहरन)

4100 रुपए लूट लिए

जगरांव (ह.स.): जिला लुधियाना के थाना जगरांव के एक गांव में एक सहकारी सोसायटी से 3 संदिग्ध उग्रवादियों ने 4100 रुपए लूट लिए ।

एस.एच.ओ. का आप्रेशन किया जाएगा

लुधियाना (धीमान): गत दिवस संगरूर में हुए पुलिस मुकाबले, जिसमें दो उग्रवादी मारे गए थे और दो पुलिस कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए थे, में घायल पायल के एस.एच.ओ. श्री पुरुषोत्तम सिंह इंस्पैक्टर का यहां ब्राऊन अस्पताल में आप्रेशन करके गोलियां निकाली जाएंगी । एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल ने बताया कि यद्यपि घाव काफी गहरे हैं, फिर भी उनको पूर्ण होश है । डाक्टर के अनुसार इंस्पैक्टर पुरुषोत्तम सिंह शीघ्र ही स्वस्थ हो जाएंगे । इस मुकाबले में खन्ना के एस.एच.ओ. श्री शिव कुमार भी घायल हुए थे, लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर है ।

डल्ला भाग गया

एक सिपाही ने संघर्ष का विवरण देते हुए बताया कि उग्रवादी संगरूर की बस्ती हरिसिंहपुरा में

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का गुरबचन सिंह, 25 साल, 9.4.87 को अपनी कार नं. HRL-2533, से सवारियां लेकर गया, घर नहीं लौटा । खुद पढ़े तो घर लौट आए, घर वाले परेशान हैं ।

—महेंद्र सिंह,
बैंक कालोनी, मकान नं. 1,
माडल हाऊस, जालंधर।

KAPRE OF DELHI

Returns with a **Numaish** of Kurtas, Salwars & Duppattas in Exuberant Colours & Style. Bhopalis — Jordas, Ethnic folk Embroidery, Zariworks & Many more.

At

Laxmi Ladies Club,
Rakh Bagh, Ludhiana.
ON
13–14 & 15th May
9 AM to 7 PM.

खुशखबरी खुशखबरी खुशखबरी
50% Discount 1000/- 500/-
15 मई से 30 अगस्त तक
शगुन हो या शादी की पार्टी हो या मुंडन, हर खुशी के हर मौके पर हाज़िर है ।
राजा आर्केस्ट्रा बाज़ार बांसांवाला, जालंधर शहर
विशेषताएं—

Punjabi Sahit

दूसरे सदस्यों को पकड़ा जाए ।

गिरोह की निशानियां

बताया जाता है कि उक्त बस्ती में जरनैल सिंह हलवारा के गिरोह के मुख्यालय (किराए के मकान) के बाहर उग्रवादियों के दूसरे गिरोहों की जानकारी के लिए निशानी के तौर पर 4 फुट लम्बा काला कपड़ा लटका कर रखा जाता था, जिसके नीचे एक ईंट बंधी हुई होती थी । जब कोई दूसरा गिरोह इस मुख्यालय में होता तो उसके बाहर नाइलोन की नवार का टुकड़ा उसके साथ ईंट बांध कर लटका दिया जाता था । मुख्यालय में दूसरे गिरोहों के सदस्यों का आना-जाना था ।

दस व्यक्ति हिरासत में

संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार जिला पुलिस ने जरनैल सिंह हलवाड़ा के साथ सम्पर्क रखने के संदेह में 10 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है । इनमें उसका मालिक मकान, दर्जी, जिसने जरनैल सिंह के कपड़े सीए और टैंट हाऊस का मालिक, जिसने उसे दरी प्रयुक्त करने के लिए दी, शामिल हैं । इसी मध्य जरनैल सिंह का उसके कुछ संबंधियों की उपस्थिति में कड़ी सुरक्षा में अंतिम संस्कार कर दिया गया । पुलिस संगरूर नगर में जरनैल सिंह के सम्पर्कों को ढूंढने के लिए काफी दौड़ धूप कर रही है ।

ठेका जला दिया

होशियारपुर से प्रद्युम्न सूद ने खबर दी है कि यहां से आठ किलो मीटर दूर होशियारपुर-वसोहा रोड पर सतूर के निकट बस्सी मोडा में शराब का एक ठेका जला दिया गया है । ठेका मैसर्स दिवान चन्द एंड कम्पनी का है । पता चला है कि सवा तीन-चार बजे के बीच कुछ उग्रवादी ठेका के पीछे छत पर चढ़ गए और छत फाड़ कर अन्दर मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी, जिससे सारा सामान जल गया । हानि का अनुमान 28667 रुपए लगाया जा रहा है ।

8 फैडरेशन वर्कर गिरफ्तार

होशियारपुर से 30 किलो मीटर दूर टांडा पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के 8 सदस्यों सतनाम सिंह, बलविंद्र सिंह, निशान सिंह, हरदीप सिंह, राजिन्द्र सिंह, सुखदेव सिंह और सुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया है ।

उग्रवादी पकड़ा गया

टांडा पुलिस ने कल रात्रि नाकाबंदी करके गुरबचन सिंह उर्फ गोगा नामक एक कथित उग्रवादी को 12 बोर के पिस्तौल और 8 कारतूसों सहित गिरफ्तार कर लिया ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

जालन्धर (ह.स.): पुलिस ने दो संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से एक रिवाल्वर और दस कारतूसों सहित एक पिस्तौल तथा दो स्कूटर बरामद किए । ये दोनों स्कूटर गत सप्ताह नकोदर क्षेत्र में से दो लोगों से कथित रूप से छीने गए थे । आज यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि अभियुक्तों की जिला कपूरथला के गुरमेल सिंह और कृपाल सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । उनका तीसरा साथी बलदेव सिंह, जो जिला जालन्धर के गांव पत्तर खुर्द का रहने वाला है, फरार है । कहा जाता है कि अभियुक्तों ने पिस्तौल की नोक पर चार और स्कूटर मिट्ठापुर, सलीमपुर फाटक और काला बकरा आदि से छीनने की स्वीकारोक्ति की है । उनसे पूछताछ की जा रही है ।

जालन्धर में गिरफ्तारियां

जगराँव (ह.स.): जिला लुधियाना के थाना जगराँव के एक गांव में एक सहकारी सोसायटी से 3 संदिग्ध उग्रवादियों ने 4100 रुपए लूट लिए ।

एस.एच.ओ. का आप्रेशन किया जाएगा

लुधियाना (धीमान): गत दिवस संगरूर में हुए पुलिस मुकाबले, जिसमें दो उग्रवादी मारे गए थे और दो पुलिस कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए थे, में घायल पायल के एस.एच.ओ. श्री पुरुषोत्तम सिंह इंस्पैक्टर का यहां ब्राऊन अस्पताल में आप्रेशन करके गोलियां निकाली जाएंगी । एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल ने बताया कि यद्यपि घाव काफी गहरे हैं, फिर भी उनको पूर्ण होश है । डाक्टर के अनुसार इंस्पैक्टर पुरुषोतम सिंह शीघ्र ही स्वस्थ हो जाएंगे । इस मुकाबले में खन्ना के एस.एच.ओ. श्री शिव कुमार भी घायल हुए थे, लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर है ।

दल्ला भाग गया

एक सिपाही ने संघर्ष का विवरण देते हुए बताया कि उग्रवादी संगरूर की बस्ती हरिसिंहपुरा में अस्पताल के पीछे मकान में रहते थे, जिसकी चार दीवारी मात्र दो अढ़ाई फुट ऊंची थी । जब पुलिस चार दीवारी के अंदर दाखिल हुई तो आगे से फायरिंग शुरू हो गई । फिर पुलिस ने भी प्रोजीशन ले ली । श्री गिल के अनुसार मृतक उग्रवादियों में एक जरनैल सिंह था, जबकि दूसरे की शिनाख्त नहीं हो सकी । भाग गए उग्रवादी का नाम दर्शन सिंह दल्ला है, जो जिला लुधियाना का रहने वाला है, उसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया है तथा वह हत्या और डकैती की डेढ़ दर्जन वारदातों में पुलिस को वांछित है ।

अकाली कार्यकर्त्ताओं की धरपकड़ शुरू

बटाला (कोछड़): केंद्र द्वारा पंजाब में बरनाला मंत्रिमंडल की बर्खास्ती के साथ राष्ट्रपति राज लागू होने के संदर्भ में शांति व अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरदासपुर की जिला पुलिस ने राष्ट्र विरोधी, समाज विरोधी तत्वों के साथ-साथ बादल अकाली दल, संयुक्त अकाली दल व बरनाला अकाली दल के कार्यकर्त्ताओं व नेताओं को हिरासत में लेना शुरू कर दिया है ।

गुरदासपुर मार्कीट कमेटी के प्रधान करतार सिंह, उपप्रधान प्रीतम सिंह, सुबेग सिंह, मान सिंह इत्यादि 24 लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है ।

रिवाल्वर छीन ले गए

मुक्तसर (दर्दी): यहां आज लगभग सायं 6 बजे जोधो कालोनी में गली नं. 5 में हरभजन सिंह कपड़ा व्यापारी के घर से 4 कथित उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर स्त्रियों से लाइसैंसी रिवाल्वर छीन कर ले गए । जाते-जाते उन्होंने एक फायर भी किया । घर में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

डी.एस.पी. श्री हरिन्द्र पाल ने बताया कि दो उग्रवादियों नत्था सिंह (बाड़ा किशनपुरा तहसील मुक्तसर) और कर्मजीत सिंह को भी उग्रवाद निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया है । कर्मजीत सिंह से 38 बोर का एक रिवाल्वर भी बरामद हुआ है ।

दो हत्याओं की जिम्मेवारी

मोगा (सर्व.): खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल लाभ सिंह के पी.ए. बब्बर जीत सिंह ने जिला फरीदकोट के गांव चौधरवाला के मुख्तियार सिंह की हत्या की जिम्मेवारी स्वीकार की है । उसने फोन

Punjabi Sahit

रोड पर सतुर के निकट बस्सी मोडा में शराब का एक ठेका जला दिया गया है । ठेका मैसर्स दिवान चन्द एंड कम्पनी का है । पता चला है कि सुबह तीन-चार बजे के बीच कुछ उग्रवादी ठेका के पीछे से छत पर चढ़ गए और छत फाड़ कर अन्दर मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी, जिससे सारा सामान जल गया । हानि का अनुमान 28667 रुपए लगाया जा रहा है ।

8 फैडरेशन वर्कर गिरफ्तार

होशियारपुर से 30 किलो मीटर दूर टांडा पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के 8 सदस्यों सतनाम सिंह, बलविंद्र सिंह, निशान सिंह, हरदीप सिंह, गज्जन सिंह, सुखदेव सिंह और सुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया है ।

उग्रवादी पकड़ा गया

टांडा पुलिस ने कल रात्रि नाकाबंदी करके गुरबचन सिंह उर्फ गोगा नामक एक कथित उग्रवादी को 12 बोर के पिस्तौल और 8 कारतूसों सहित गिरफ्तार कर लिया ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

जालन्धर (ह.स.): पुलिस ने दो संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से एक रिवाल्वर और दस कारतूसों सहित एक पिस्तौल तथा दो स्कूटर बरामद किए । ये दोनों स्कूटर गत सप्ताह नकोदर क्षेत्र में से दो लोगों से कथित रूप से छीने गए थे । आज यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि अभियुक्तों की जिला कपूरथला के गुरमेल सिंह और कृपाल सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । उनका तीसरा साथी बलदेव सिंह, जो जिला जालन्धर के गांव पत्तर खुर्द का रहने वाला है, फरार है । कहा जाता है कि अभियुक्तों ने पिस्तौल की नोक पर चार और स्कूटर मिट्ठापुर, सलीमपुर फाटक और काली डकरा आदि से छीनने की स्वीकारोक्ति की है । उनसे पूछताछ की जा रही है ।

जालन्धर में गिरफ्तारियां

आज रात्रि जालन्धर में पुलिस ने छापे मार कर आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के कम से कम 12 वर्करों को गिरफ्तार कर लिया । छापों व गिरफ्तारियों का क्रम जारी है ।

जालन्धर के जिलाधिकारी ने एक आदेश जारी करके कहा है कि अब 3.5 हार्स पावर से कम शक्ति के मोटर चालित दुपहिया वाहनों पर एक सवारी रात्रि 9.30 बजे तक बैठने की अनुमति दी गई है जो 30 जून तक जारी रहेगी ।

नजरबंदी अवधि बढ़ी

नकोदर (गगन): पंजाब सरकार के गृह विभाग ने हिंदू शिव सेना नकोदर के दो नेताओं सर्वश्री किरन दीप धीर व रमेश कुमार खान की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत नजरबंदी की अवधि एक साल तक बढ़ा दी है । अवधि बढ़ाने से पहले सरकार की इस संबंध में बनाई गई सलाहकार कमेटी की सिफारिश के बाद ही ऐसा किया गया है । इस फैसले की सरकार ने उक्त दोनों नेताओं के घर अलग-अलग पत्रों द्वारा जानकारी दी है । अभी तक का गिरफ्तारी का समय भी इस अवधि में शामिल होगा । उधर उक्त दोनों नेताओं ने अपनी इस गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए कहा है कि सरकार हमसे पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रही है ।

के लिए 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है तथा वह हत्या और डकैती की डेढ़ दर्जन वारदातों में पुलिस को वांछित है ।

अकाली कार्यकर्त्ताओं की धरपकड़ शुरू

बटाला (कोछड़): केंद्र द्वारा पंजाब में बरनाला मंत्रिमंडल की बर्खास्ती के साथ राष्ट्रपति राज लागू होने के संदर्भ में शांति व अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरदासपुर की जिला पुलिस ने राष्ट्र विरोधी, समाज विरोधी तत्वों के साथ-साथ बादल अकाली दल, संयुक्त अकाली दल व बरनाला अकाली दल के कार्यकर्ताओं व नेताओं को हिरासत में लेना शुरू कर दिया है ।

गुरदासपुर मार्कीट कमेटी के प्रधान करतार सिंह, उपप्रधान प्रीतम सिंह, सुबेग सिंह, मान सिंह इत्यादि 24 लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है ।

रिवाल्वर छीन ले गए

मुक्तसर (दर्दी): यहां आज लगभग सायं 6 बजे जोधां कलोनी में गली न.5 में हरभजन सिंह कपड़ा व्यापारी के घर से 4 कथित उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर स्त्रियों से लाइसैंसी रिवाल्वर छीन कर ले गए । जाते-जाते उन्होंने एक फायर भी किया । घर में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

डी.एस.पी. श्री हरिन्द्र पाल ने बताया कि दो उग्रवादियों हरजा सिंह (बाड़ा किशनपुरा तहसील मुक्तसर) और कर्मजीत सिंह को भी उग्रवाद निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया है । कर्मजीत सिंह से 38 बोर का एक रिवाल्वर भी बरामद हुआ है ।

दो हत्याओं की जिम्मेवारी

मोगा (सर्व.): खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल लाभ सिंह के पी.ए. बब्बर जीत सिंह ने जिला फरीदकोट के गांव चौधरवाला के मुख्तियार सिंह की हत्या की जिम्मेवारी स्वीकार की है । उसने फोन करते हुए किशनपुरा गांव में सब इंस्पैक्टर गुरपाल सिंह की हत्या की भी जिम्मेवारी ली तथा कहा कि उसकी हत्या उसके साथी सरवन सिंह को पुलिस द्वारा मार दिए जाने के संबंध में की गई है ।

बारात न ले जाने दी

करतारपुर (देवदत्त): करतारपुर के एक युवक सुखदेव सिंह की बारात जालंधर जा रही थी, बारात में लगभग 70 आदमी शामिल थे, सूचना मिलने पर कुछ उग्रवादी सुखदेव सिंह के घर पहुंच गए और धमकी दी कि बारात में सिर्फ 11 आदमी ही लेकर जाएं, नहीं तो बारात नहीं जाने दी जाएगी । इस पर घर वाले बारात में सिर्फ 11 व्यक्ति ले गए ।

कपूरथला, (शर्मा): स्थानीय पुलिस ने आज प्रातः एकीकृत अकाली दल के कार्यकर्त्ताओं के घरों में छापे मार कर चार कार्यकर्त्ताओं सर्वश्री हरबंस सिंह फल्ल, हरबंस सिंह, कर्म सिंह बैंस और जसविन्दर सिंह को हिरासत में ले लिया है । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार उन्हें छोड़ दिया जाएगा । उनके विरुद्ध कोई केस दर्ज नहीं किया गया है । पुलिस ने समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध भी अपना अभियान शुरू कर दिया है और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए छापे मारे जा रहे हैं ।

Punjab Sahitya

प्रभुता सम्पन्न देश बना
रीका से हथियारों की
दिए जाने के बारे में
हाद्वीप में हथियारों की
स्तान को इस प्रकार के
ऊपर निश्चित असर

श्री बसु ने उन्हें पुनः अपने पद पर नियुक्त नहीं किया है । कलकत्ता के एक प्रमुख समाचार पत्र ने अपनी खोजी रिपोर्टों के आधार पर इस प्रकार के रहस्योद्घाटन किए थे कि 1982 से 1987 के

इन रसीद बुकों को जिला कचहरी से बाहर नहीं ले जाया जा सकता है । बशर्ते कि इन्हें किसी अन्य कलक्टरेट ने उधार न मांगा हो । नियमों के अनुसार यह रसीद बुकें केवल जिलाधीश, नाजिर तथा डिप्टी

मामला रफा-दफा करने का प्रयास

राज्य सचिवालय के एक अधिकारी के अनुसार

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मंदिर परिसर से निकल कर भूमिगत हो गए हैं । वहां के उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन ने हाई सिक्योरिटी अलर्ट जारी की हुई है । उधर अकाल तख्त के हैडग्रंथी दर्शन सिंह ने गिरफ्तारियों पर तीव्र चिंता व्यक्त की है । उन्होंने कहा कि उन्हें सुशील

जालन्धर में चौकीदार गोली से घायल : मोगा के निकट 24 हज़ार रुपये लूटे

जालंधर, 14 मई (ह.स.): आज प्रातः तीन अज्ञात व्यक्तियों ने यहां संतोखपुरा में एक चौकीदार किरण बहादुर को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि रिवाल्वरों से लैस व्यक्तियों ने चौकीदार पर तीन गोलियां चलाईं तथा फ़रार हो गए । चौकीदार को यहां सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया,जहां डाक्टरों ने उसकी दशा गम्भीर बताई है ।

होशियारपुर पुलिस ने एक कथित आतंकवादी जसबीर सिंह पप्पू को गिरफ्तार किया है। उससे एक पिस्तौल व तीन कारतूस बरामद हुए ।

24775 रु. लूटे

मोगा से आज़ाद के अनुसार निकटवर्ती गांव बुकनवाला में तीन अज्ञात युवकों ने सहकारी समिति को लूट लिया । प्राप्त विवरण के अनुसार ये लोग समिति के कैशियर से पिस्तौल की नोक पर 24775 रुपए लूट कर फ़रार हो गए ।

जाते समय उन्होंने मोंठा वाली से सिंह वाली जा रहे एक व्यक्ति का ट्रैक्टर छीना,परंतु लोगों ने एक अन्य ट्रैक्टर पर उनका पीछा किया । इस पर वे ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गए । पुलिस ने सारे क्षेत्र की घेराबंदी कर ली है ।

लाभ सिंह का बयान निराधार

पटियाला (भूषण): तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्सिज़ के कुलदीप सिंह मुच्छल ने खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के तथाकथित जनरल लाभ सिंह के इस बयान को गलत बताया कि भाई फतेह सिंह तथा पांच अन्य की हत्या के लिए वह (मुच्छल) जिम्मेदार है । यहां जारी एक बयान में मुच्छल ने उग्रवादी संगठनों से अपील की कि वे एक-दूसरे के खिलाफ़ इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप न लगाएं ।

डकैतों का गिरोह अनावृत्त

फाज़िल्का (नागपाल): फाज़िल्का पुलिस ने टेक सिंह को गिरफ्तार करने व कुख्यात डकैतों के अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दा फाश करने का दावा किया है । पुलिस ने इस डकैत से एक 12 बोर की बंदूक तथा हनुमानगढ़ बैंक डकैती में लूटे गए 70 हजार रुपए बरामद किए । इस डकैती में तीन लाख 47 हजार रुपए लूटे गए थे तथा बैंक के गनमैन की बंदूक भी डाकू ले गए थे ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार जसपाल सिंह गिरोह के चार सदस्य, जिनमें टेक सिंह भी शामिल है, राजस्थान में डाके डाल कर पंजाब भाग जाते थे, जहां वे लूट का माल आपस में बांटते थे । गिरोह के एक अन्य सदस्य नौनिहाल सिंह, जिसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, ने अब स्वीकार किया है कि इस गिरोह ने श्रीगंगानगर में रोडवेज़ के कार्यालय से 47,000 रुपए, एक पैट्रोल पम्प से 11,000 रुपए, रायसिंहनगर में एक पैट्रोल पम्प से तीन हजार रुपए और एक शराब की दुकान से 500 रुपए भी लूटे थे ।

लूट का माल बरामद

राजस्थान पुलिस ने सी.आई.ए. स्टाफ़ फाज़िल्का के साथ संयुक्त छापे में गिरोह के फरार सरगना जसपाल सिंह की मां से एक लाख रुपए तथा गिरोह के अन्य सदस्य सुखदेव सिंह के घर से भी एक लाख रुपए बरामद कर लिए । गिरोह के सदस्यों ने पूछताछ के दौरान बताया कि जसपाल सिंह लूट का आधा हिस्सा अकेला ले जाता था जबकि शेष अन्य सदस्यों में बांटा जाता था । सभी डकैत श्रीगंगानगर जिला के थाना रायसिंहपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं ।

अमृतसर पुलिस ने भिखीविंड में एक संदिग्ध आतंकवादी जसबीर सिंह उर्फ़ जस्सा को गिरफ्तार किया तथा उससे एक पिस्तौल व तीन कारतूस बरामद किए ।

कार छीन ली

अमृतसर में रानी का बाग क्षेत्र में दो सशस्त्र युवक कल रात डाक्टर चंद्र मोहन से उनकी कार बंदूक की नोक पर छीन कर ले गए ।

गांव कोटला सराज में चार संदिग्ध व्यक्ति एक स्त्री प्यार कौर से 3500 रुपए तथा 10 हजार रुपए मूल्य के सोने के ज़ेवर छीन कर ले गए ।

उग्रवादियों को स्टेनगन देने वाला गनमैन बंदी

बलाचौर (जोशी): पुलिस ने मार्केट कमेटी के चेयरमैन के गनमैन गुरमीत सिंह को हिरासत में ले लिया । कहा जाता है कि उसके खालिस्तान कमांडो फोर्स के कथित जनरल जसबीर सिंह लाली के ग्रुप से संबंध थे तथा उसकी सरकारी स्टेनगन से उग्रवादी कार्रवाइयां की जाती थीं । इसमें बलाचौर की एक प्राइवेट कार भी इस्तेमाल की जाती थी । इसके अतिरिक्त हरि सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके 21 मई तक का रिमांड ले लिया । वह पिछले दिनों गिरफ्तार किए गए उग्रवादी जोगा सिंह का पिता है । आज एस.एस.पी. ने बलाचौर के ग्राम भट्टी का दौरा किया व वहां नई पुलिस पोस्ट बनाने की घोषणा की ।

जिम्मेदारी ली

इसी बीच खालिस्तान कमांडो फोर्स ने कुलदीप सिंह बाजवा उर्फ पप्पू तथा उसके मित्र जगजीत सिंह की हत्या की जिम्मेदारी स्वीकार की है । जालंधर में के.सी.एफ. की विज्ञप्ति में कहा गया कि कुलदीप सिंह जो कि भूतपूर्व मंत्री मेजर सिंह उबोके का रिश्तेदार था, पुलिस टार्चर द्वारा कई सिख युवकों की मौत के लिए जिम्मेदार था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

आतंकवादी निर्दोषों को मारने के लिए बन्दूक उठाते हैं तो पुलिस भी उनके विरुद्ध बंदूक उठाएगी : रिबैरो

लुधियाना, 14 मई (धीमान): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ़. रिबैरो ने आकाशवाणी पर एक साक्षात्कार में बताया कि अगर आतंकवादी निर्दोष व्यक्तियों को मारने के लिए बन्दूक उठाते हैं तो पुलिस भी उनके विरोध में बन्दूक उठाएगी । इसके अतिरिक्त इस विषम स्थिति का कोई विकल्प नहीं है । उन्होंने कहा कि ज़बरदस्ती सिगरेट, मीट तथा नाई की दुकानें बंद कराना कानूनन गलत है तथा इसकी इजाज़त कतई नहीं दी जाएगी । उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि जब दो युवकों को ज़बरदस्ती ये दुकानें बंद कराते पकड़ा गया तो वे खुद भी पीये हुए थे । उन्होंने घोषणा की कि वे लोगों से मिलकर उनकी शिकायतें सुनेंगे तथा उचित परेशानियों को फ़ौरन दूर करेंगे ।

उन्होंने कहा कि उग्रवादियों द्वारा लोगों के दिलों में जो आतंक फैला हुआ है, उसे दूर किया जाएगा । उन्होंने लोगों से कहा कि वे हमें आतंकवादियों की सूचना दें ताकि हम उनको पछाड़ सकें । श्री रिबैरो ने झूठे मुकाबलों की बात निराधार बताई । संगरूर के एक मुकाबले, जिसमें खूंखार आतंकवादी जरनैल सिंह तथा उसका एक साथी मारा गया था, का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनके भी दो अधिकारी घायल हुए थे । अतः झूठे मुकाबलों की बात कहना न्याय-संगत नहीं है । उन्होंने कहा कि अगर चीता किसी व्यक्ति पर हमला करता है तो उसका अर्थ स्पष्ट है कि वह उसे मारना चाहता है ।

युवकों के नाम अपने संदेश में श्री रिबैरो ने कहा कि वे भारत के भविष्य हैं, अतः उन्हें अपनी शक्ति विकासशील परियोजनाओं की ओर लगानी चाहिए । हिंसा द्वारा उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा । उन्होंने कहा कि सैनिक बलों को तलाशी आदि के समय नम्र रहने के निर्देश दिए गए हैं । उन्होंने कहा कि जनता को आतंकवादियों के विरुद्ध पुलिस के साथ सहयोग करना चाहिए । पुलिस के विरुद्ध नारे लगाने से किसी का भला न होगा ।

बरनाला द्वारा चंदू... गिरफ्तारी पर रा...

चंडीगढ़, 14 मई (वार्ता, वि.प्र.): पंजाब के भू.पू. मुख्यमंत्री व अकाली दल (ल) के अध्यक्ष सुरजीत सिंह बरनाला, भू.पू. वित्तमंत्री बलवंत सिंह, भू.पू. मंत्री नत्था सिंह दालम, कैप्टन कंवलजीत सिंह ने आज रात्रि पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे से भेंट कर अकाली दल व युवा अकाली दल के वर्करों की अंधाधुंध गिरफ्तारियों पर प्रोटैस्ट किया । उन्होंने भू.पू. सहकारिता मंत्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा व पनसप (पंजाब खाद्य आपूर्ति निगम) के अध्यक्ष अकाली विधायक जौहर सिंह की गिरफ्तारी का विरोध किया व उनकी रिहाई की मांग की । उन्होंने राज्यपाल से यह भी मांग की कि वर्षा, ओलावृष्टि से पीड़ित लोगों को राहत के लिए केंद्र से 105 करोड़ रुपए लिए जाएं ।

इससे पूर्व श्री बरनाला ने राष्ट्रपति शासन के दौरान की जा रही अंधाधुंध गिरफ्तारियों के विरुद्ध विरोध व्यक्त करते हुये इनकी कड़ी निंदा की

...र्मचारियों की हड़ताल ...ताओं ने अनशन छोड़ा

चंदूमाजरा की गिरफ्तारी का विरोध

चंडीगढ़, 14 मई (वि.प्र.): अकाली दल (लौं) के

राष्ट्रपति और राज्यपाल को अधिक नहीं बोलना चाहिए : ज़ैल सिंह

अलवर, 14 मई : राष्ट्रपति ज़ैल सिंह ने आज

देशवासियों ने हमेशा संकट के समय राष्ट्रीयता और

Punjabi Sanjaan

जालंधर, 15 मई, 1987

ओं को सौंपी जाए : नकवी

मुझे अपने आपको मुसलमान सिद्ध करने के लिए शहाबुद्दीन या शाह इमाम के प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है क्योंकि इनकी नज़र में तो वही मुलसमान है जो हिन्दुओं को गाली दे और उनके साथ टकराव बना कर रखे ।

श्री नकवी ने कहा कि राम जन्म भूमि हिन्दुओं को सौंप दी जानी चाहिए क्योंकि 65 करोड़ हिन्दू श्री राम को अपना अराध्य देवता मानते हैं जबकि बाबर को कोई भी मुसलमान अपना खलीफ़ा या पैगम्बर नहीं मानता है । उन्होंने कहा कि वह केवल आक्रमणकारी था और उसी ने ये सारे बीज बोये हैं ।

उन्होंने कहा कि कौन नहीं जानता कि काबा में पहले बुतखाना था और अब वहां मस्जिद है । परन्तु हिन्दुओं ने तो कभी नहीं कहा कि यह स्थान उन्हें सौंप दो । श्री नकवी ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न खतरे की घंटी है तथा इससे सावधान रहना होगा ।

विश्वविद्यालय अध्यापकों द्वारा धरना

अमृतसर, 14 मई (वार्ता): गुरुनानक देव विश्वविद्यालय अध्यापक संघ के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में आज विश्वविद्यालय कुलपति के कार्यालय के समक्ष धरना दिया । एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार संघ उन अध्यापकों को नियमित करने की मांग कर रहा है जिन्हें तदर्थ आधार पर नियुक्त किया गया है ।

चुनाव लड़ेगा

जनसंघ', 'हिन्दू देशम्', 'राम राज्य
संगठनों का 'हिन्दू मोर्चा' हरियाणा
ा है । सभी हिन्दू संगठन तथा हिन्दू
च्छुक प्रत्याशी चुनाव टिकट के लिये

भवन, मंदिर मार्ग,



बुधवार की शाम को तरनतारन-जंडियाला रोड पर पंजाब के भूतपूर्व मंत्री श्री मेजर सिंह उबोके के एक रिश्तेदार कुलदीप सिंह व उसके एक साथी को उन्हीं के गनमैन ने गोली मार कर हत्या कर दी । चित्रों में (1) मृतक कुलदीप सिंह उर्फ पप्पू बाजवा, (2) वह स्थान,जहां उसकी हत्या हुई, (3) वह स्थान,जहां उसका साथी घायल हो कर गिरा तथा फिर दम तोड़ गया, (4) विलाप करती हुई कुलदीप सिंह की पत्नी, (5) शोक में डूबे अन्य रिश्तेदार ।

(छाया : पाल)

संधू गिरफ्तार
(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस ने एक युवक जसबीर सिंह उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है जो सोसाईटी का निवासी है । उसे पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान डडियाना खुर्द के निकट गिरफ्तार किया और उसके पास से 12 बोर का एक देसी रिवाल्वर तथा तीन कारतूस बरामद किए । प्रद्युम्न के अनुसार आज पुलिस ने जिला भर में एकीकृत अकाली दल, अ.भा. सिख छात्र महासंघ और युवा अकाली दल (बादल धड़े) इत्यादि के दस समर्थकों को गिरफ्तार किया है । इनमें 4 दसूहा, 2 टांडा और 3 मुकेरियां से गिरफ्तार किए गए हैं । इस प्रकार अब तक जिला में कुल 35 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं । गिरफ्तार लोगों में गरमीत सिंह और हरबंस सिंह का नाम उल्लेखनीय है ।

लुधियाना : (जोशी) : आज यहां संयुक्त

चौकीदार घायल
(पृष्ठ 3 का शेष)

जबकि पुलिस रिपोर्ट में कहा गया था कि उक्त दोनों व्यक्तियों की उन्हीं के अंगरक्षक सच्चा सिंह ने हत्या की है, के.सी.एफ. ने दावा किया कि हत्यारा के.सी.एफ. का सदस्य था जो कि गत तीन वर्षों से मौके की तलाश में था । के.सी.एफ. ने काला नामक व्यक्ति की हत्या की भी जिम्मेदारी ली जिसकी लाश कुछ दिन पहले तरनतारन क्षेत्र में मिली थी ।

कोआप्रेटिव सोसायटी से 24775 रु. लूट लिए

मोगा (आज़ाद): यहां से चार किलो मीटर दूर गांव बकोवाला में दोपहर 1बजे 3 व्यक्तियों ने कोआप्रेटिव सोसायटी के कैशियर अवतार सिंह से पिस्तौल की नोक पर 24775 रुपए छीन लिए । लूटेरे लूटमार कर पैदल ही भाग गए, बाद में उन्होंने

फिजी में सैनिक क्रांति
(पृष्ठ 3 का शेष)

अब तक उनके शासन को मान्यता नहीं प्रदान की है ।

फिजी के गवर्नर जनरल सर पेनाइया गानीलाऊ ने आज रात एक रेडियो प्रसारण में ऐलान किया कि उन्होंने सैनिक क्रांति के मद्देनजर संविधान के तहत कार्यपालिका अधिकार सम्भाल लिए हैं तथा देश में आपातस्थिति लगा दी गई है ।

फिजी में लोकप्रिय सरकार को उलटे जाने पर भारत सरकार ने चिंता प्रकट की है । एक सरकारी प्रवक्ता ने एक वक्तव्य में आशा प्रकट की कि फिजी में भारतीय सौहार्द बनाए रखा जाएगा और सभी दल वहां संसदीय लोकतंत्र की तेजी से बहाली के लिए मिलकर काम करेंगे ।

जिस बीच वैलिंगटन में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री डेविड लांगे ने आज कहा कि फिजी में अथवा फिजी के निकट आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के सैनिक जहाज खड़े हैं । उन्होंने कहा कि हो सकता है कि देश के वैध नेता इनकी मदद मांगें । श्री लांगे ने सत्ता पर कब्जा करने वाले सैनिकों की निन्दा की और सुझाव दिया कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री रातुसर कमिसेसेमारा आज की घटनाओं की कुछ जिम्मेदारी लें ।

उन्होंने एक संवादादाता सम्मेलन में कहा कि फिजी की सशस्त्र सेनाओं के कमांडर ब्रिगेडियर रातु ऐपेली नैलातिकाउ को आस्ट्रेलिया की वायु सेना के विमान से आज आस्ट्रेलिया से स्वदेश रवाना किया जा रहा है ।

भारत सरकार का फिजी से सम्पर्क

नई दिल्ली (वार्ता): भारत सरकार फिजी की ताजा स्थिति के बारे में वहां नियुक्त अपने उच्चायुक्त टी.आर. श्रीनिवासन से सम्पर्क बनाए हुए है । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि विदेश राज्यमंत्री नटवर सिंह ने लंदन में राष्ट्रमंडल के महासचिव से भी सम्पर्क किया है ।



शीत
(पृष्ठ

किसानों और अन्य लो
किसानों का कहना है
बारिशों से उनकी खेतों
की फसल को भारी क्षति
प्रभाव पड़ा है । किसा
सुखाना आरम्भ कर दि
क्वालिटी खराब हो ग

दूसरी ओर पंजाब
होने के सर्वे का आदेश
ताकि किसानों को मुना
किए जाए ।

होशियारपुर (अ
के संयुक्त सचिव श्री
कृषि आयुक्त श्री ए.
निगम के वरिष्ठ सदस्
दल कल 15 मई को
गुरदासपुर के पठानक
और फसलों को होने
लेगा । वित्त आयुक्त
बे क्षति की जांच का
और रिपोर्ट शीघ्र सर

फगवाड़ा (कौड़ा
निकटवर्ती हदियाबाद
से गुरबख्श सिंह नाम
गई । ज्ञात हुआ है कि
था कि छत गिरने से
गिरा । छत के नीचे

पर्सर ने विमा
गोली

बम्बई, 14 मई
अब्दुल रहमान शाह
परिचारिका ज्योति
कुमारी बैनर्जी दिल्ली

हवाई अड्डे के
लाइन्स के नियंत्रण
सीढ़ियों पर ही रह
आमना-सामना हुआ
करता था । निराश
एक गोली चला दी ले
को नहीं लगी ।

Punjabi Sanatani

विपक्षी दलों के बीच चुनावी तालमेल हुआ तो लोकदल (अ) और हरियाणा जनता पार्टी के बीच सीटों के तालमेल में फेरबदल हो सकता है । लोकदल (अ) के महासचिव सत्य प्रकाश मालवीय ने आज यहां सेवादादा सम्मेलन में यह बात कही । लोकदल (अ) और हरियाणा जनता पार्टी के बीच

अनुशासन समिति गठन करने के लिए अधिकृत किया । उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी ने पार्टी उपाध्यक्ष श्री सिंह को हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह प्रदान करने

(शेष पृष्ठ 12 पर)

आज शाम से पानी के टैंकर वहां पहुंचने शुरू हो गए हैं ।

अधिकारियों के अनुसार रैली शुरू होने के दो घंटे पहले लोगों को विभिन्न ब्लाकों में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)



...या प्राईमरी हैल्थ सैंटर (छाया : पाल)

पंजाब में चार व्यक्तियों की हत्या, सदमे से वृद्ध मरा, उग्रवादी समझ कर लोगों ने पुलिस कर्मी मार डाला

चंडीगढ़, 15 मई (वार्ता): फरीदकोट जिले के रौंता गांव में कल रात लोगों ने पुलिस दल को गलती से आतंकवादी समझकर गोली चला दी जिससे हैड कांस्टेबल रणजीत सिंह की तत्काल मृत्यु हो गई तथा शिदर सिंह घायल हो गया । जिला अमृतसर के कट्ट गिल गांव के निकट एक आर.एस. एस. वर्कर राम लुभाया की उग्रवादियों ने हत्या कर दी जबकि मानावाला गांव में वृद्ध की मृत्यु हो गई, जब उग्रवादियों ने उसके बेटे की हत्या करने की धमकी दी । गढ़दीवाला के निकट मस्तीवाल गांव में उग्रवादियों ने एक दुकानदार परभद्रसिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । अमृतसर जिला के मीरगंध गांव में उग्रवादियों ने एक ग्रंथी को मार डाला । गांव रुडका और बेजोमाजरा में दो बैंकों से लगभग 40 हजार रु. लूट लिए गए । अमृतसर के अजनाला थाना क्षेत्र के ग्राम छीना बिसला किला में 4 उग्रवादियों ने अजीत सिंह की हत्या कर दी । वेरोवाल थाना क्षेत्र के ग्राम तेरोवाल में 3 उग्रवादियों ने चंचल सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । पटियाला में आज रात्रि दो उग्रवादियों ने सेवक कालोनी में एक डिपो होल्डर को गोली मार कर घायल कर दिया ।

घुसपैठिया मरा

कल अमृतसर के खेमकरण सैक्टर में एक पाक घुसपैठिया बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में मारा गया । 6 बंगला देशी नागरिक खेमकरण व अटारी में पकड़े गए ।

आर.एस.एस. वर्कर की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): आज प्रातः अमृतसर जिला की तरनतारन तहसील में गांव कट्ट गिल के निकट 3 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आर.एस.एस. के एक वर्कर राम लुभाया की हत्या कर दी । वह कैरों गांव की डिस्पैंसरी में सहायक इंस्पैक्टर था । वह आज प्रातः अपने गांव बागड़ियां से कैरों जा रहा था । कट्ट गिल के निकट उग्रवादियों ने उसे मार डाला । तीनों उग्रवादी स्कूटर पर भाग निकले । तरनतारन से 'पाल' के अनुसार मृतक मुरादपुर गांव का रहने वाला था ।

ग्रंथी की हत्या

3 उग्रवादियों ने भिक्खी विंड थाना के गांव मीरगंधपुरा में गुरुद्वारा बाबा माराहाना साहब के ग्रंथी की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्रंथी को गम्भीर घायलावस्था में यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने पहले मृतक के साथ चाय पी और जाती बार उसे 12 बोर की पिस्तौल से नजदीक से गोली मार गए ।

वृद्ध घबरा कर मरा

इसी बीच एक 80 वर्षीय वृद्ध मस्सा सिंह की सदमे से मृत्यु हो गई । घटनाक्रम के अनुसार तीन संदिग्ध व्यक्ति लोपोके थाने के अन्तर्गत मनावाला गांव में स्थित मस्सा सिंह के घर में जबरदस्ती घुस आए। उन्होंने नकदी, सम्पत्ति और हथियार उनके हवाले कर देने के लिए कहा और मस्सा सिंह के बेटे अमरीक सिंह को गोली मार देने की धमकी दी । पुलिस के अनुसार सदमे से मस्सा सिंह की मौत हो गई और घुसपैठिये बिना कुछ लिए भाग गए ।

गलती से पुलिस कर्मी मरा

बाघा पुराना (ज्ञान मित्तल): यहां से कुछ दूरी पर स्थित गांव रौंता में कल रात बलदेव सिंह नामक व्यक्ति द्वारा आत्म रक्षा के लिए चलाई गई गोली से रणजीत नामक हैड कांस्टेबल की मृत्यु हो गई जबकि शिंदर सिंह कांस्टेबल घायल हो गया । डी.एसपी. बी.एस. चीमा ने बताया कि गत रात 11.20 बजे के लगभग एक पुलिस पार्टी कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की खोज में गांव रौंता पहुंची । जब पुलिस पार्टी ने एक दरवाजा खटखटाया तो पड़ोसी बलदेव सिंह ने समझा कि उग्रवादी आ गए हैं । उसने अपनी लाइसैंसी राइफल से गोली चला दी, जिससे रणजीत सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई और शिंदर सिंह घायल हो गया । श्री चीमा ने बताया कि क्योंकि गोली आत्म रक्षा के लिए चलाई गई है, इसलिए कोई केस दर्ज नहीं किया जा रहा । मृतक गांव बडिंग का रहने वाला था और अपने पीछे विधवा तथा 3 लड़के छोड़ गया है ।

कोई कार्रवाई नहीं होगी : रिबैरो

पंजाब पुलिस महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ने चंडीगढ़ में बताया कि एक हैड कांस्टेबल रणजीत सिंह की दुर्घटनावश मृत्यु हो गई । पुलिस दल आज तड़के रौंता गांव में एक स्थान पर छापा मारने

(शेष पृष्ठ 12 पर)

बहुमत प्राप्त दल र मिलेगा : राजीव

...से आने वाली स्थितियों का

...में बड़े दुख के साथ पंजाब ...करने का कदम उठाना पड़ा ...या कि जहां तक पंजाब ...पर सरकार पूरी तरह से ...करने की पूरी कोशिश की

...हमें पंजाब का पूरा नक्शा ...वल कानून और व्यवस्था ...क उसके आर्थिक विकास

आशा व्यक्त की कि ...के बाद पंजाब में एक नई ...काम पूरे होंगे । उन्होंने ...हिन्दुओं से राज्य में शांति ...बनाने की अपील करते ...के सहयोग से पंजाब पुनः

...चिवों के साथ लगभग दो ...स्त बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया । प्रधानमंत्री ने सरकारी विभागों के सचिवों से प्रशासन को इस तरह से चलाने को कहा ताकि जनता को यह महसूस हो सके कि सरकार उनके कल्याण के लिए काम कर रही है ।

उन्होंने कहा कि इसके लिए न सिर्फ जनता की शिकायतों को दूर करने के बारे में बल्कि सरकार के आम काम-काज में भी जनता की जरूरतों के हिसाब से परिवर्तन करना होगा । प्रधानमंत्री बाद में सचिवों के साथ रात्रि भोज में भी शामिल हुए ।

जानकार सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि वित्त मंत्रालय की भूमिका की समीक्षा होनी चाहिए तथा यह भावना दूर होनी चाहिए कि वह अन्य मंत्रालयों के काम में रुकावट डाल देता है । सूत्रों के अनुसार विचार-विमर्श में कई वरिष्ठ सचिवों ने भाग लिया और बैठक में स्पष्ट और खुले तौर पर विचार व्यक्त किए गए । चर्चा के दौरान विचार व्यक्त किया गया कि कार्यक्रमों और प्रस्तावों की स्वीकृति के समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि सम्बद्ध सभी विस्तृत जानकारियां उनमें शामिल हों । कई बार परियोजना संबंधी विस्तृत रिपोर्ट के अभाव में बाद में

(शेष पृष्ठ 12 पर)

रक्षा सौदों में घोटालों के विरुद्ध विपक्ष आंदोलन करेगा

नई दिल्ली, 15 मई : ग्यारह विपक्षी दलों ने अपनी बैठक के दूसरे दिन आज उच्च पदों पर भ्रष्टाचार रोकने तथा हाल के रक्षा सौदों में कथित घोटाले के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ने का फैसला किया । इस सम्बन्ध में बैठक ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास करके मांग की है कि भ्रष्टाचार सम्बन्धी इन कथित आरोपों की संसदीय जांच कराई जाए । बैठक के बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति पद के

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjab Sanatan

मस्याएं हल करने व
ए प्रशासनिक सचिव
दिन फील्ड में जाकर
सामाजिक व विकास
दौरा करें ।

रनाला सरकार द्वारा
पदों पर नियुक्त
को हटाने के लिए
अब तक एक दर्जन से

दिया गया है । पंजाब खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अन्य सदस्यों मुश्ताक मसीह, जोगेन्द्र कौर, शहबाग सिंह गिल, निर्मल सिंह निर्मल, मोहन लाल बग्गा, बलबीर सिंह तथा अजीत सिंह को भी हटा दिया गया है । लघु स्तरीय उद्योग निगम के गैर सरकारी डायरैक्टरों स्वर्ण सिंह जोश, जगजीत सिंह शाह व बूटा सिंह सचदेवा को भी हटा दिया गया है ।

उद्योग विभाग से संबंधित जितने भी निगम तथा बोर्ड हैं, उन सभी का चेयरमैन उद्योग सचिव श्री

विकास निगम के भरपूर सिंह धनौला । विस्तारयुक्त विकास श्री एम.एस. गिल को इन निगमों के चेयरमैन का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)

भूतपूर्व मंत्री प्रेम सिंह चंदू माजरा के पी.ए. रणजीत सिंह टिवाना को गिरफ्तार किया गया । उसकी गिरफ्तारी विध्वंसक गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में की गई । गिरफ्तार किए गए अन्य लोगों

नहीं हो सका ।

सीटों पर तालमेल बदलेगा

हरियाणा विधानसभा चुनाव में यदि अन्य विपक्षी दलों के बीच चुनावी तालमेल हुआ तो लोकदल (अ) और हरियाणा जनता पार्टी के बीच हुए सीटों के तालमेल में फेरबदल हो सकता है । लोकदल (अ) के महासचिव सत्य प्रकाश मालवीय ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही । लोकदल (अ) और हरियाणा जनता पार्टी के बीच

द्वारा भ्रष्ट मंत्रियों लिए समिति गठित

सिंह, कपूरथला–
जागर सिंह सेखवां,
रोपड़–तारा सिंह,
र जालन्धर के लिए

सिंह और श्री सुखदेव
में बताया कि इस
कार के मंत्रियों के
उन्होंने पंजाब की
ष्टाचार के केसों के
ाएं ।
कहा कि एकीकृत
ासदों ने आज यहां
रे से भेंट करके
ार की समाप्ति के
। कैप्टन सिंह के
दिलाया कि वह इस
रेंगे ।
की लपेट में ऊपर
न आने चाहिएं ।

श्री रे ने डैपुटेशन से कहा कि वह किसानों को राहत देने के मामले पर सहानुभूति से विचार करेंगे । केंद्र सरकार की टीमें पहले ही क्षति का जायजा ले रही हैं । केंद्रीय कृषि मंत्री डाक्टर गुरदयाल सिंह ढिल्लों भी कल चंडीगढ़ पहुंच रहे हैं ।

श्री ढींढसा ने कहा कि बरनाला सरकार के दौर में हमारी पार्टी के नेता श्री गुरचरण सिंह टोहरा और श्री प्रकाश सिंह बादल के विरुद्ध बदले की भावना से जो केस दर्ज किए गए उन पर पुनर्विचार किया जाए और सभी गिरफ्तार नेताओं को रिहा किया जाए ।

डैपुटेशन ने यह भी मांग की कि सिमरनजीत

(शेष पृष्ठ 12 पर)



जिला अमृतसर के गांव कद -गिल के निकट उग्रवादियों के हाथों मारा गया प्राईमरी हैल्थ सैंटर कौरों का कर्मचारी रामलुभाया, जो गांव मुरादपुर का रहने वाला था । (छाया : पाल)

पंजाब में चार व्यक्ति उग्रवादी समझ कर

चंडीगढ़, 15 मई (वार्ता): फरीदकोट ज़िले के रौंता गांव में कल रात लोगों ने पुलिस दल को गलती से आतंकवादी समझकर गोली चला दी जिससे हैड कांस्टेबल रणजीत सिंह की तत्काल मृत्यु हो गई तथा शिंदर सिंह घायल हो गया । जिला अमृतसर के कद गिल गांव के निकट एक आर.एस. एस. वर्कर राम लुभाया की उग्रवादियों ने हत्या कर दी जबकि मानावाला गांव में वृद्ध की मृत्यु हो गई, जब उग्रवादियों ने उसके बेटे की हत्या करने की धमकी दी । गढ़दीवाला के निकट मस्तीवाल गांव में उग्रवादियों ने एक दुकानदार परभद्र सिंह की गोलिया मार कर हत्या कर दी । अमृतसर ज़िला के मीरांध गांव में उग्रवादियों ने एक ग्रंथी को मार डाला । गांव

हालात सुधरने पर पंजाब में बहुमत प्राप्त दल को सरकार बनाने का अवसर मिलेगा : रूनीत

Punjabi Sanatan

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 1 का शेष)

गया था। अंधेरे के कारण पुलिस दल को आतंकवादी समझकर एक व्यक्ति ने गोली चला दी, जिससे रणबीर सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। श्री रिबैरो ने कहा चूंकि उक्त व्यक्ति का पुलिस कर्मी को मारने का कोई इरादा नहीं था, इसलिए उन्होंने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें एक ओर जहां हैड कांस्टेबल की मौत का दुख है, वहीं इस बात की खुशी है कि लोग आतंकवादियों से टकराने की हिम्मत दिखाने लगे हैं।

श्री रिबैरो ने कहा कि लोगों में फिर से विश्वास बहाल होने लगा है। पुलिस, केन्द्रीय आरक्षी पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल के जवान लोगों से मिल कर उन्हें स्थिति की जानकारी दे रहे हैं और आतंकवाद की समस्या से निपटने के लिए उनकी मदद मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की धमकियों के बाद शराब और मांस की जो दुकानें बंद हो गई थीं, वे अब खुलने लगी हैं।

4 उग्रवादी गिरफ्तार

मोगा (वार्ता): फरीदकोट जिला पुलिस ने 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इनसे 3 पिस्तौल और एक राइफल बरामद की गई है।

बैंक-डकैती का प्रयास

फिरोजपुर (वार्ता): फिरोजपुर जिला के जीरा में उग्रवादियों द्वारा बैंक लूटने का प्रयास बैंक गार्डों ने विफल बना दिया। जब बैंक गार्डों ने फायरिंग शुरू की तो उग्रवादी भाग निकले।

शस्त्र कानून में बंदी

मोहाली (नर्बदा): मोहाली पुलिस ने जिला गुरदासपुर के हरदीप सिंह को शस्त्र कानून में गिरफ्तार करके .25 बोर की एक विदेशी रिवाल्वर बरामद की है। हरदीप का सम्बन्ध एक अन्तर्राज्यीय चोर-गिरोह से है।

स्कूटर छीना

चमकौर साहिब के निकट जाना पुल पर दो उग्रवादी पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के इंजीनियर एस.आर. भट्टी का स्कूटर छीन कर फरार हो गए।

3 गिरफ्तार

खरड़ पुलिस ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के नाम पर पोस्टर लगाने तथा धमकी पत्र लिखने के आरोप में तीन उग्रवादियों हरजप सिंह, सतिंदर सिंह और शिवचरण सिंह उर्फ चरण सिंह को गिरफ्तार करके बड़ी मात्रा में छपे हुए पोस्टर बरामद किए हैं।

दुकानदार की हत्या

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): यहां से 20 कि. मी. दूर गढ़दीवाला के निकट गांव मस्तीवाल में आज प्रातः 3 उग्रवादियों ने एक दुकानदार परभद्र सिंह सुपुत्र राम रतन की हत्या कर दी। मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने दुकान पर आते ही परभद्र सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। 'डोगरा' के अनुसार मृतक का नाम वीरभद्र है। लोगों को इकट्ठे होते देखकर उग्रवादी कंडी नहर के किनारे-किनारे होकर भाग गए।

बड़ा हत्याकांड टला

बाद की सूचना में बताया गया है कि गांव मस्तेवाल में तीन उग्रवादियों की ओर से स्टेनगन की अंधाधुंध फायरिंग से 7 लोग मरने से बाल-बाल बच गए। हमारे सम्वाददाता ने घटनास्थल पर जाकर पता लगाया है कि गांव में मृतक दुकानदार के भाई डाक्टर करनैल सिंह ने तीन दुकानें बना रखी थीं। एक में स्वयं बैठता था, दूसरे में उसका भाई और तीसरे में गुरबख्श गम दर्दी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि तीनों स्कूटर सवार आतंकवादियों के पास स्टेनगनें थीं। एक स्कूटर पर बैठा रहा, दूसरे ने दुकानदार से बीड़ियां मांगीं। दुकानदार ने नहीं दीं। मगर जब उसने दुकान में बीड़ियां पड़ी देखीं तो स्टेनगन से फायरिंग शुरू कर दी। सारी मैगजीन खाली कर दी। मृतक दुकानदार को 15 गोलियां लगीं। बाहर खड़े दूसरे उग्रवादी ने गुरबख्श राय दर्दी की दुकान पर फायरिंग की। मगर वहां बैठे तीन लोगों ने तुरन्त लेटकर जान बचाई। मृतक का भाई डाक्टर करनैल सिंह गोलियों की आवाज सुनकर बाहर निकल आया, उस पर भी गोलियां चलाई गईं। मगर वह पीछे हटकर बच गया। डाक्टर की दुकान पर बैठे दो रोगी भी गोलियों की आवाज सुन कर भागे। उन पर भी गोलियां चलाई गईं मगर वे बच गए।

हरयाना, गढ़दीवाला और दसूहा को जाने वाली सभी सड़कों पर पुलिस व सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी करके आने-जाने वाले सभी वाहनों की चैकिंग शुरू कर रखी है। पता चला है कि कई देहात में छापे भी मारे जा रहे हैं।

बैंक लूटा

जालन्धर (न.न.ए.): आज दोपहर लगभग दो बजे थाना गोराया के गांव रुड़का स्थित सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक की शाखा से दो स्कूटर सवार आतंकवादियों द्वारा पिस्तौल की नोक पर खजांची से 15000 रुपए लूट कर फरार होने की सूचना मिली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी खजांची के पास रुपए निकलवाने के बहाने पहुंचे और पिस्तौल दिखाकर खजांची को गोली मारने की धमकी देकर उक्त राशि लेकर फरार हो गए। थाना गोराया में इस सम्बन्ध में केस दर्ज किया गया है।

हत्या का प्रयास विफल

जालन्धर (वार्ता): सी.पी.एम. के एक प्रवक्ता ने आज यहां दावा किया कि उनकी पार्टी से सम्बद्ध नूरमहल थाना के गांव कोट बादल खां के सरपंच ने उग्रवादियों द्वारा अपनी हत्या का प्रयास विफल बना दिया प्रवक्ता ने कहा कि उग्रवादी गुरमेल सिंह के घर आए और उसे आवाज लगाई। शंकित होकर गुरमेल सिंह ने पड़ोसियों को बुलाया तो उग्रवादी खिसक गया। पुलिस को इस घटना की कोई जानकारी नहीं।

उग्रवादी बंदी

जालन्धर पुलिस ने एक उग्रवादी रेशम सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल, 3 कारतूस और एक स्कूटर बरामद किया है। वह नवांशहर थाना के अन्तर्गत गांव का रहने वाला है।

बैंक से 25 हजार रु. लूट लिए

लुधियाना से जोशी की सूचना है कि आज मौजा बेजोमाजरा में कोआपरेटिव सोसायटी के बैंक से दो युवक लगभग 25 हजार रुपया लूट करले गए। सूचना के अनुसार दोनों स्कूटर पर आए और बैंक के खजांची से पिस्तौल की नोक पर रुपए छीन कर फरार हो गए।

हलवारा का एक और साथी गिरफ्तार

सनौर (नागपाल): पांच दिन पहले हरिपुरा बस्ती, संगरूर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मरने वाले खूंखार आतंकवादी जरनैल सिंह हलवारा, जिसने संत हरचन्द सिंह लौंगोवाल की हत्या की थी, के साथ मरने वाले दूसरे आतंकवादी की शिनाख्त कर ली गई है। वह गुरपाल सिंह भुच्चो मंडी (भटिंडा) का रहने वाला था। इन आतंकवादियों के एक और साथी को भी गिरफ्तार किया गया है जो मुकाबले के समय अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया था। उसने कई वारदातें करने का अभियोग स्वीकार कर लिया है। अवतार सिंह नामक यह उग्रवादी उस दिन दो पुलिस कर्मियों को घायल कर भाग गया था। संगरूर पुलिस ने उग्रवादियों से सांठगांठ के आरोप में सुरेन्द्र सिंह व पवित्तर सिंह को गिरफ्तार कर लिया जिनसे भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र बरामद हुए।

फरार उग्रवादी बंदी

भटिंडा : 24 अप्रैल को 6 अन्य उग्रवादी लड़कों के साथ होशियारपुर के बाल सदन से फरार मंजीत सिंह (17) को पुलिस ने 12 बोर का पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया। वह कई हत्याओं में वांछित है। वह झींयांवाला ग्राम का रहने वाला था और गंगा ग्राम में संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा गया।

विपक्ष आंदोलन करेगा

(पृष्ठ 1 का शेष)

लिए विपक्ष का सांझा उम्मीदवार तय करने के लिए तीन सदस्यीय समिति आज शाम को विचार करेगी।

समिति में श्री रामाराव के अलावा जनता पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव ई.एम.एस. नम्बूदरीपाद शामिल हैं। एक प्रश्न के उत्तर में श्री चंद्रशेखर ने बताया कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार तय करने से पूर्व उन गैर-कांग्रेसी राजनीतिक दलों से भी विचार-विमर्श किया जाएगा, जिन्होंने इस बैठक में भाग नहीं लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्षी दलों के महासंघ बनाने अथवा उन्हें एक मंच पर लाने के लिए आपस में विचार-विमर्श जारी है। महासंघ बनाने का विचार श्री रामाराव ने ही बैठक में रखा था।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

Punjab Archive.in

उमरानंगल में रविवार को स्व. सुखदेव सिंह उमरानंगल, जिनकी गत दिनों उग्रवादियों ने हत्या की थी, के निमित्त पाठ के भोग और श्रद्धांजलि समारोह में (1) उपस्थित भू.पू. मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला, भू.पू. वित्त मंत्री बलवंत सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सुरजीत सिंह मिन्हास, विभिन्न दलों के नेता (2) जनसमूह को सम्बोधित करते हुए अकाली दल (लौंगोवाल) के उपाध्यक्ष तथा स्व. सुखदेव सिंह के पिता जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल (3) भाजपा नेता डा. बलदेव प्रकाश (4) श्री सुरजीत सिंह बरनाला (5) श्री जगमीत सिंह बराड़ (6) कीर्तन करते हुए रागी (7) स्व. सुखदेव सिंह की समाधि पर फूल चढ़ाते हुए श्री बरनाला व अन्य। (छाया : कपूर)

मुठभेड़ में घायल उग्रवादी सहित 2 काबू, चौकीदार की हत्या : जालन्धर पुलिस द्वारा 2 उग्रवादी गिरोहों का पर्दाफाश

चंडीगढ़, 17 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब भर में उग्रवादियों को शरण और समर्थन देने वाले लोगों की गिरफ्तारियां जारी हैं । इनकी संख्या 800 तक पहुंच चुकी है । मुक्तसर के मौजा ऊदेकरण में कल रात एक चौकीदार की हत्या कर दी गई । जिला होशियारपुर के बुड्ढीपिंड में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 'बी श्रेणी' के दो आतंकवादी पकड़े गए । इनमें से एक घायल हो गया, जिसे पी.जी.आई. में भर्ती कराया गया है । अमृतसर के गांव नौशहरापन्नूआं में राधा स्वामी डेरे के एक नौकर को तथा बगवां गांव में बलदेव सिंह नामक व्यक्ति को उग्रवादियों ने घायल कर दिया । जालंधर पुलिस ने 16 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार करके दो उग्रवादी तथा एक सेंधमार गिरोह का पर्दाफाश करने की, बड़ी मात्रा में हथियार, स्कूटर आदि बरामद करने का दावा किया है ।

भिड़ंत के बाद काबू

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): आज प्रातः गांव बुड्ढीपिंड के पास चो में पुलिस और दो आतंकवादियों के मध्य मुठभेड़ के बाद दोनों आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गढ़दीवाला पुलिस चौकी की एक गश्ती पार्टी गढ़दीवाला-टांडा-लिंक रोड पर नाका लगाए खड़ी थी,जो बसों के अलावा आने-जाने वालों की चैकिंग कर रही थी । गढ़दीवाला से आ रही एक बस में दो आतंकवादी सवार थे । पुलिस पार्टी की चैकिंग करते देख कर वे बस से उतर गए और पुलिस पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फ़ायरिंग की, जिससे एक आतंकवादी मौजा खुड़का स्वर्ण सिंह घायल होकर गिर पड़ा, जबकि दूसरा अवतार सिंह बाबले भाग खड़ा हुआ । इतने में लोग भी वहां जमा हो गए । लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर अवतार सिंह का पीछा करके उसे भी पकड़ लिया । ये दोनों आतंकवादी 'बी श्रेणी' के बताए जाते हैं और कई वारदातों में पुलिस को वांछित थे । उनके कब्जे से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं । उनके विरुद्ध केस दर्ज कर लिए गए हैं । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि घायल आतंकवादी को टांडा सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । सूचना मिलते ही डी.आई.जी. श्री डोगरा, एस.एस.पी. होशियारपुर श्री जैन तथा अन्य उच्च अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । बाद में श्री डोगरा ने दसूहा में पुलिस अधिकारियों से बैठक करके क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की समीक्षा की । श्री डोगरा ने बताया कि आतंकवादियों को पकड़ने वाले पुलिस कर्मचारियों को इनाम दिया जाएगा ।

एक अन्य सूचना के अनुसार जिला पुलिस ने सात अन्य गिरफ्तारियां की हैं । इस प्रकार जिले में गिरफ्तारियों की संख्या 59 हो गई है । कल गिरफ्तार हुए कार्यकर्ताओं में रावल सिंह, चरणजीत सिंह, धर्म सिंह, अजीत सिंह, मनजीत सिंह, कुलविंदर सिंह और जसपाल सिंह शामिल हैं ।

बाद की सूचना है कि बुड्ढीपिंड के निकट घायल हुए स्वर्ण सिंह की हालत काफ़ी गम्भीर है । उसकी छाती में गोली लगी है और अब उसे पी.जी.आई. चंडीगढ़ ले जाया गया है ।

25 संदिग्ध गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): गत रात जिला पुलिस ने सी.आर.पी. की सहायता से 15 देहातों के गिर्द घेरा डालकर घर-घर की तलाशी के दौरान 25 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है और उनसे पछताछ की जा रही है ।

चौकीदार की हत्या : पिस्तौल छीन लिया

मुक्तसर (दर्दी): कल सायं मौज़ा ऊदेकरण में तीन आतंकवादियों ने एक चौकीदार निहाल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । निहाल सिंह निःसंतान था । वे उसके घर में घुस गए और गोलियां चला दीं । उसके बाद आतंकवादी सड़क की ओर चले गए और वहां एक व्यक्ति से उसका मोपेड छीन लिया । फिर मोपेड पर सवार होकर चले गए । लगभग दो किलो मीटर चल कर मोपेड फैंक कर फरार हो गए । निहाल सिंह कई केसों में पुलिस का गवाह था । पुलिस ने आतंकवादियों की

(शेष पृष्ठ 8 पर)

केन्द्र से समझौते की आस टूटेगी, यार मर जाएगा : प्रो. दर्शन सिंह

गर): अकाल तख्त के ने कहा कि हमें केन्द्र आस है, जिस दिन यह दिन परस्पर प्यार की ही जीवन है ।

देखना यह है कि केन्द्र करने के लिए कितनी वह समझौता करना का काम है । हम आस कब आएगा । उन्होंने त समय नहीं है लेकिन

यह सरकार ने देखना है कि कब इन्साफ देना है ।

जब प्रो. दर्शन सिंह से पूछा गया कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी तथा संत हरचन्द सिंह लौंगोवाल के मध्य जो समझौता हुआ था, वह अब तक लागू नहीं किया गया, क्या केन्द्र के साथ जो नया समझौता होगा, वह सफल समझौता हो सकता है, तो प्रो. दर्शन सिंह ने कहा है कि अगर राजीव समूची सिख कौम के साथ समझौता करते तो उसका लाभ होता । संत लौंगोवाल को उन लोगों से समझौता करते समय पूछना चाहिए था । उन्होंने कहा कि अब भी समूची सिख कौम के साथ समझौता किया जाएगा तो लाभ होगा । दर्शन सिंह ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि श्री सुशील मुनि तथा हमारा प्रयास यह है कि पंजाब में शांति हो परन्तु जब से वे अमृतसर बातचीत करके गए उनके साथ कोई सम्पर्क नहीं हुआ तथा आगे बातचीत भी नहीं हुई ।

प्रो. दर्शन सिंह ने कहा है कि धर्म तथा राजनीति एक हैं । गुरु तेग बहादुर ने औरंगजेब के साथ संघर्ष किया था, उस समय भी राजनीति में धर्म ने हस्तक्षेप किया था । देश स्वतंत्र होने के बाद सिखों ने

हैं जो . सिंह

क उसकी सेवाएं समाप्त हो कि मुख्य प्रश्न यह है

बोफ़ोर्स ने रिश्वत नहीं दी : कार्ल

न्यूयार्क, 17 मई : नोबल इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एन्डर्स कार्लबर्ग ने कहा है कि उनकी सहायक कम्पनी बोफोर्स ने भारत से 1700 करोड़ रुपए का रक्षा सौदा हासिल करने के लिए रिश्वत नहीं दी है । उन्होंने कहा कि अगर इस मामले की कोई भी जांच होती है तो वे उसका स्वागत करेंगे । 'न्यूयार्क टाइम्स' में छपी खबर में श्री कार्लबर्ग के हवाले से यह जानकारी दी गई है ।

खबर के अनुसार स्वीडन खुद इस रक्षा सौदे के मामले को लेकर उलझा हुआ है । इससे स्वीडन की बुनियादी नीतियों पर सवाल उठाए जाने लगे हैं । इस घोटाले की चर्चा का स्वीडन के शस्त्र निर्यात पर भी प्रभाव पड़ रहा है ।

खबर में बताया गया है कि भारत से रक्षा सौदे के अलावा बोफोर्स द्वारा पश्चिम एशिया के अधिकतर देशों को शस्त्र बिक्री के सौदे की जांच की जा रही है ।

पश्चिम एशिया के यह देश स्वीडन की काली सूची में है । इसमें ईरान भी शामिल है । रिपोर्ट में बताया गया है कि जिन अन्य मामलों पर जांच की जा रही है उसमें भारत के साथ रक्षा सौदा के दौरान किसी बिचौलिए को कमीशन दिया जाना शामिल है । सौदे की शर्तों के मुताबिक रक्षा सौदे के लिए किसी बिचौलिए को नहीं रखा जाना था ।

जब भी राजीव की स्थिति डांवांडोल होती है, वह विदेशी खतरे का हौवा दिखाने लगते हैं : हेगड़े

लंदन, 17 मई (वार्ता): कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री राम कृष्ण हेगड़े ने प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी संबंधी शंका लोगों के मन से दूर करें ।

श्री हेगड़े ने श्री राजीव गांधी के कथित आरोप मैत्री का रुख रखने वाले भी निराश हो गए हैं । उन्होंने कहा कि हाल के स्कैंडल भारत में नेतृत्व के

Punjabi Sahanta





जालंधर जी.टी. रोड पर स्थित रैडक्रास मार्कीट में स्कूटर की डिकी में पड़ा ट्रांजिस्टर बम मिला । उसके पास ही एक देसी बम फटने से धमाका हुआ । चित्र में जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री पी.सी. डोगरा, एस.एस.पी. जालंधर श्री सुरजीत सिंह बैंस, एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह तथा डी.एस.पी. श्री दीवान चंद स्कूटर का निरीक्षण करते हुए । साथ के चित्र में ट्रांजिस्टर बम के साथ बैटरी सैल तथा देसी बम के कचरे में मिले लोहे के टुकड़े इत्यादि दिखाई दे रहे हैं । (छाया : कपूर)



तरनतारन में पुलिस द्वारा पकड़ी गई महिला आतंकवादी राजवंत कौर (छाया : पाल)



जिला होशियारपुर के गांव लच्छोवाल का ग्रामीण बैंक जिसे उग्रवादियों ने लूट लिया । (छाया : प्रद्युम्न)

रैडगार्डों द्वारा आतंकवादियों के मुखबिर और बेटे की हत्या : मुठभेड़ में 4 घुसपैठिए मरे : कई गिरफ्तार

जालंधर में लावारिस स्कूटर में लगा ट्रांज़िस्टर बम और 2 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद : एक भीषण दुर्घटना टली, जिला गुरदासपुर में दुकानदार की हत्या

चंडीगढ़, 18 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों में "रैड गार्ड" ने कथित उग्रवादियों के मुखबिर तथा उसके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई । एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष मंडल के सदस्य गुरदेव सिंह बादल सहित लगभग एक सौ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद से गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या लगभग नौ सौ तक पहुंच गई है ।

जालन्धर पुलिस ने एक बैग बरामद किया है जिसमें लगभग दो किलो ग्राम विस्फोटक था तथा एक लावारिस स्कूटर से एक ट्रांजिस्टर बम बरामद किया गया है । इस दौरान फरीदकोट के मोगा सब डिवीजन में पुलिस ने छः संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके पास से कुछ हथियार तथा कारतूस मिले हैं । दो स्थानों पर लोगों ने उग्रवादियों को भागने पर मजबूर कर दिया। भारत में घुसने का प्रयास कर रहे 4 घुसपैठिए मुठभेड़ में मारे गए । ज़िला गुरदासपुर में उग्रवादियों ने एक दुकानदार की हत्या कर दी और उसकी मां को घायल कर दिया ।

रैड गार्डों द्वारा हत्या

अमृतसर (दीपक) :थाना अजनाला के गांव लल्ला अफगानां में रात करीब 9 बजे छः आतंकवादी पैदल आए और 70 वर्षीय गुरनाम सिंह के घर दाखिल हो गए । उस समय गुरनाम सिंह का लड़का सुखदेव सिंह और उसका दामाद दलबीर सिंह घर में टैलीविज़न देख रहे थे । परिवार के अन्य सदस्य हवेली के दूसरे कमरे में सोए हुए थे । मृतक गुरनाम सिंह का दामाद दलबीर सिंह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ यू.पी. से मिलने के लिए आया हुआ था । गांव में हालात ठीक न होने के कारण उसने यू.पी. में अपना फार्म बना लिया है । पुलिस के अनुसार छः अज्ञात युवक, जिनके हाथ में .455 की एक पिस्तौल और पांच राइफलें थीं, कमरे में दाखिल हुए और अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे गुरनाम और उसका लड़का सुखदेव सिंह (36) मौका पर ही दम तोड़ गए । सुखदेव सिंह विवाहित था । उसके दामाद दलबीर सिंह को भी गोलियां लगीं, जिसे गम्भीर हालत में श्री गुरु तेगबहादुर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । एक सूचना के अनुसार हत्यारे गांव में रात भर रहे, परन्तु अजनाला के इलाके में पिछले दिनों जिस प्रकार घटनाएं हुई उसी तरह पुलिस को अगले दिन सूचना गांव वालों ने दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना कामरेड बलदेव सिंह सी.पी.आई. के प्रमुख नेता के कत्ल से सम्बन्धित बताई जाती है । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है । एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम और सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क सुबह घटनास्थल पर पहुंचे । इस क्षेत्र में लगता है कि दोनों समुदायों की हत्याओं का क्रम काफी तेजी से जारी है ।

'अशोक सोनी' के अनुसार यह हत्याएं "रैड गार्डों" ने की हैं, जिन्होंने कुछ दिन पहले पंजाब में आतंकवादियों को चुनौती दी थी । अब वह और उनके समर्थक बच कर रहें—अब उनकी बारी आ गई है । पुलिस के अनुसार गुरनाम सिंह उग्रवादियों

(शेष पृष्ठ 6 पर)

नेक सरकार को गवर्नर
रा अस्थायी मान्यता

नेक प्रवक्ता ने
ना द्वारा गठित
रूप में काम
गए हैं । साथ
कि अगर देश
हुआ तो वह
क प्रवक्ता ने
वर्नर जनरल
ना न तो आत्म
बचाने का यह
र्मान कठिन
रास्ता है ।

गवर्नर जनरल ने इससे पहले अपने रेडियो प्रसारण में चार शर्तें रखी थीं । (1) सैनिक शासन की समाप्ति, (2) प्रैस पर पाबंदी हटाना, (3) सैनिक क्रांति के बाद गिरफ्तार सभी लोगों की रिहाई और (4) सेना की बैरकों में वापसी । सैनिक प्रवक्ता ने कहा कि नई सरकार ने ये सारी शर्तें स्वीकार कर ली हैं । इन शर्तों को लागू करने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम बनाया जाएगा ।

गवर्नर जनरल गनीलड ने धमकी दी है कि अगर उन्हें इस्तीफा देना पड़ा तो देश में जन अशांति पैदा होगी । उन्होंने कहा कि मैं मजबूरी की हालत में ही इस्तीफा दूंगा लेकिन अगर मेरे अधिकार क्षेत्र में दखल देने की कोशिश की गई तो मैं फौरन कार्रवाई करूंगा । गवर्नर जनरल ने कल रात सैनिक क्रांति के अगुआ ले. कर्नल सितिवेनी राबूका को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई । मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को कल शपथ दिलाई जाएगी । नए मंत्रियों में अलायंस पार्टी के भूतपूर्व प्रधानमंत्री सर कामिसेसे

हेगड़े के बयान पर जनार्दन पुजारी की सटपटाहट

बंगलौर, 18 मई : केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री श्री जनार्दन पुजारी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री राम कृष्ण हेगड़े के विदेश यात्रा के दौरान दिए गए बयानों की कड़ी आलोचना की है । उन्होंने कहा कि श्री हेगड़े ने विदेश यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री राजीव गांधी के प्रति बेबुनियाद और तुच्छ आरोप लगाए हैं ।

उन्होंने सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह सब बयानबाजी करते वक्त श्री हेगड़े अपनी मर्यादाओं के बाहर जा रहे हैं । वे देश की छवि बिगाड़ रहे हैं । इसके लिए वह जिम्मेदार हैं ।

श्री पुजारी ने कहा कि उन्हें कुछ गुमनाम पत्र मिले हैं जिसमें कहा गया है कि श्री हेगड़े का स्विस बैंक में खाता है । उन्होंने विदेश यात्रा इसलिए की थी कि वे इन खातों से रुपया निकाल लें क्योंकि आज कल वहां पर इन खातों को लेकर भारी संकट है । श्री पुजारी ने कहा कि वे गुमनाम पत्रों के आधार पर श्री हेगड़े पर कोई आरोप नहीं लगाएंगे ।

केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि इन दिनों निराधार आरोप लगाकर देश की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है । श्री पुजारी ने टिप्पणी की कि ऐसी धारणा फैलाई जा रही है कि भारत एक भ्रष्ट देश है ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने को तैयार हैं लेकिन स्वीडन रेडियो और अन्य पक्ष अपने आरोपों के सम्बन्ध में कोई दस्तावेजी सबूत पेश नहीं कर रहे हैं । उन्होंने कहा महज आरोप दर आरोपों का सिलसिला जारी है कोई ठोस बात नहीं कही जा रही

पठानकोट में पकड़ी गई अवैध हथियारों की फैक्टरी का रहस्य और गहरा हुआ

गुरदासपुर, 18 मई (विनोद): गत दिनों सेना के आंदोलन के समय पठानकोट में अवैध

Punjabi Sanatani



जालंधर जी.टी. रोड पर स्थित रैडक्रास मार्कीट में स्कूटर की डिकी में पड़ा ट्रांजिस्टर बम मिला । उसके पास ही एक देसी बम फटने से धमाका हुआ । चित्र में जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री पी.सी. डोगरा, एस.एस.पी. जालंधर श्री सुरजीत सिंह बैंस, एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह तथा डी.एस.पी. श्री दीवान चंद स्कूटर का निरीक्षण करते हुए । साथ के चित्र में ट्रांजिस्टर बम के साथ बैटरी सैल तथा देसी बम के कचरे में मिले लोहे के टुकड़े इत्यादि दिखाई दे रहे हैं । (छाया : कपूर)



जिला होशियारपुर के गांव लचछोवाल का ग्रामीण बैंक जिसे उग्रवादियों ने लूट लिया । (छाया : प्रद्युम्न)

रैडगार्डों द्वारा आतंकवादियों के मुखबिर और बेटे की हत्या : मुठभेड़ में 4 घुसपैठिए मरे : कई गिरफ्तार

जालंधर में लावारिस स्कूटर में लगा ट्रांज़िस्टर बम और 2 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद : एक भीषण दुर्घटना टली, जिला गुरदासपुर में दुकानदार की हत्या

चंडीगढ़, 18 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों में "रैड गार्ड" ने कथित उग्रवादियों के मुखबिर तथा उसके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई । एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष मंडल के सदस्य गुरदेव सिंह बादल सहित लगभग एक सौ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद से गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या लगभग नौ सौ तक पहुंच गई है ।

जालन्धर पुलिस ने एक बैग बरामद किया है जिसमें लगभग दो किलो ग्राम विस्फोटक था तथा एक लावारिस स्कूटर से एक ट्रांजिस्टर बम बरामद किया गया है । इस दौरान फरीदकोट के मोगा सब डिवीजन में पुलिस ने छः संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके पास से कुछ हथियार तथा कारतूस मिले हैं । दो स्थानों पर लोगों ने उग्रवादियों को भागने पर मजबूर कर दिया।भारत में घुसने का प्रयास कर रहे 4 घुसपैठिए मुठभेड़ में मारे गए । जिला गुरदासपर में उग्रवादियों ने एक दुकानदार की हत्या कर दी और उसकी मां को घायल कर दिया ।

रैड गार्डों द्वारा हत्या

अमृतसर (दीपक) :थाना अजनाला के गांव लल्ला अफगाना में रात करीब 9 बजे छः आतंकवादी पैदल आए और 70 वर्षीय गुरनाम सिंह के घर दाखिल हो गए । उस समय गुरनाम सिंह का लड़का सुखदेव सिंह और उसका दामाद दलबीर सिंह घर में टैलीविजन देख रहे थे । परिवार के अन्य सदस्य हवेली के दूसरे कमरे में सोए हुए थे । मृतक गुरनाम सिंह का दामाद दलबीर सिंह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ यू.पी. में मिलने के लिए आया हुआ था । गांव में हालात ठीक न होने के कारण उसने यू.पी. में अपना फर्म बना लिया है । पुलिस के अनुसार छः अज्ञात युवक, जिनके हाथ में .455 की एक पिस्तौल और पांच राइफलें थीं, कमरे में दाखिल हुए और अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे गुरनाम और उसका लड़का सुखदेव सिंह (35) मौका पर ही दम तोड़ गए । सुखदेव सिंह विवाहित था । उसके दामाद दलबीर सिंह को भी गोलियां लगीं, जिसे गम्भीर हालत में श्री गुरु तेगबहादुर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । एक सूचना के अनुसार हत्यारे गांव में रात भर रहे, परन्तु अजनाला के इलाके में पिछले दिनों जिस प्रकार घटनाएं हुई उसी तरह पुलिस को अगले दिन सूचना गांव वालों ने दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना कामरेड बलदेव सिंह सी.पी.आई. के प्रमुख नेता के कत्ल से सम्बन्धित बताई जाती है । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है । एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम और सी.आर.पी.के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क सुबह घटनास्थल पर पहुंचे । इस क्षेत्र में लगता है कि दोनों समुदायों की हत्याओं का क्रम काफी तेजी से जारी है ।

'अशोक सोनी' के अनुसार यह हत्याएं "रैड गार्डों" ने की हैं,जिन्होंने कुछ दिन पहले पंजाब में आतंकवादियों को चुनौती दी थी । अब वह और उनके समर्थक बच कर रहें—अब उनकी बारी आ गई है । पुलिस के अनुसार गुरनाम सिंह उग्रवादियों

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सैनिक सरकार को गवर्नर द्वारा अस्थायी मान्यता

गवर्नर जनरल ने इससे पहले अपने रेडियो प्रसारण में चार शर्तें रखी थीं । (1) सैनिक शासन की समाप्ति, (2) प्रैस पर पाबंदी हटाना, (3) सैनिक क्रांति के बाद गिरफ्तार सभी लोगों की रिहाई और (4) सेना की बैरकों में वापसी । सैनिक प्रवक्ता ने कहा कि नई सरकार ने ये सारी शर्तें स्वीकार कर ली हैं । इन शर्तों को लागू करने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम बनाया जाएगा ।

गवर्नर जनरल गनीलड ने धमकी दी है कि अगर उन्हें इस्तीफा देना पड़ा तो देश में जन अशांति पैदा होगी । उन्होंने कहा कि मैं मजबूरी की हालत में ही इस्तीफा दूंगा लेकिन अगर मेरे अधिकार क्षेत्र में दखल देने की कोशिश की गई तो मैं फौरन कार्रवाई करूंगा । गवर्नर जनरल ने कल रात सैनिक क्रांति के अगुआ लै. कर्नल सितिवेनी राबूका को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई । मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को कल शपथ दिलाई जाएगी । नए मंत्रियों में अलायंस पार्टी के भूतपूर्व प्रधानमंत्री सर कामिसेसे मारा भी शामिल हैं । सैनिक क्रांति का नेतृत्व लै. कर्नल राबूका और दस अन्य सैनिकों ने किया था । उन्होंने गत बृहस्पतिवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री तिमोकी बवाद्रा और उनके मंत्रियों का बंदूक के बल पर अपहरण कर लिया था। सैनिक प्रवक्ता ने कहा कि श्री बवाद्रा और उनके 27 सहयोगियों को जल्दी रिहा किया जाएगा लेकिन प्रवक्ता ने कोई तिथि नहीं बताई । राजधानी सुवा में महत्वपूर्ण ठिकानों पर सैनिक तैनात हैं । भारतीय मूल के लोगों ने देशव्यापी हड़ताल और प्रदर्शन का आह्वान किया है । आज सभी स्थानीय और विदेशी बैंक बंद रहे । ये बैंक अब कल खुलेंगे ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

हेगड़े के बयान पर जनार्दन पुजारी की सटपटाहट

बंगलौर, 18 मई : केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री श्री जनार्दन पुजारी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री रामकृष्ण हेगड़े के विदेश यात्रा के दौरान दिए गए बयानों की कड़ी आलोचना की है । उन्होंने कहा कि श्री हेगड़े ने विदेश यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री राजीव गांधी के प्रति बेबुनियाद और तुच्छ आरोप लगाए हैं ।

उन्होंने सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह सब बयानबाजी करते वक्त श्री हेगड़े अपनी मर्यादाओं के बाहर जा रहे हैं । वे देश की छवि बिगाड़ रहे हैं । इसके लिए वह जिम्मेदार हैं ।

श्री पुजारी ने कहा कि उन्हें कुछ गुमनाम पत्र मिले हैं जिसमें कहा गया है कि श्री हेगड़े का स्विस बैंक में खाता है । उन्होंने विदेश यात्रा इसलिए की थी कि वे इन खातों से रुपया निकाल लें क्योंकि आज कल वहां पर इन खातों को लेकर भारी संकट है । श्री पुजारी ने कहा कि वे गुमनाम पत्रों के आधार पर श्री हेगड़े पर कोई आरोप नहीं लगाएंगे ।

केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि इन दिनों निराधार आरोप लगाकर देश की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है । श्री पुजारी ने टिप्पणी की कि ऐसी धारणा फैलाई जा रही है कि भारत एक भ्रष्ट देश है ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने को तैयार हैं लेकिन स्वीडन रेडियो और अन्य पक्ष अपने आरोपों के सम्बन्ध में कोई दस्तावेजी सबूत पेश नहीं कर रहे हैं । उन्होंने कहा महज आरोप दर आरोपों का सिलसिला जारी है कोई ठोस बात नहीं कही जा रही है ।'

पठानकोट में पकड़ी गई अवैध हथियारों की फैक्टरी का रहस्य और गहरा हुआ

गुरदासपुर, 18 मई (विनोद): गत दिनों पठानकोट में पकड़ी गई अवैध शस्त्र फैक्टरी का मामला अब कुछ और ही रूप धारण कर रहा है । जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि कल पुलिस ने पठानकोट के एक व्यक्ति दर्शन सिंह को गिरफ्तार कर उससे एक 12 बोर का पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किए हैं । उक्त व्यक्त अकाली दल (ल) का कार्यकर्त्ता बताया जाता है ।

इससे पूर्व यह विश्वास किया जाता था कि इस कारखाने से बने हथियार केवल पंजाब व जम्मू में शिव सेना के कार्यकर्त्ताओं को ही दिए जाते थे । इस फैक्टरी से मिले हथियार शिव सेना के कार्यकर्त्ताओं से बरामद हुए थे । रामस्वरूप शर्मा के इस अवैध हथियारों का निर्माण करने वाले कारखाने से बनने सेना के आंदोलन के समय पठानकोट में अवैध हथियार बनाने का काम शुरू किया था ।

उसके कारखाने से भारी मात्रा में हथियार व विस्फोट सामग्री मिली थी ।

धमकी भरे पत्र भेजने वाला गिरोह बंदी

स्थानीय पुलिस ने लोगों को धमकी भरे पत्र लिखने वाले चार सदस्यों के गिरोह का पता लगाकर इसके एक सदस्य को गिरफ्तार किया है । तीन अन्य सदस्य फरार हो गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि कुछ लोगों को धमकी भरे पत्र मिलने पर पुलिस ने एक युवक मनमोहन सिंह जो कि लोक सम्पर्क विभाग में कलाकार है. को हिरासत

(शेष पृष्ठ 6 पर)

असम में भूकम्प

गुवाहाटी, 18 मई : उत्तर पूर्वी असम में आज सुबह साढ़े सात बजे भूकम्प आया । झटके पांच सैकिंड तक महसूस किए गए । सरकारी सूत्रों के मुताबिक भूकम्प आने के साथ ही विभिन्न इलाकों में हजारों लोग घर-बार छोड़कर सड़कों पर निकल आए । किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुक्सान की खबर नहीं है । कोहिमा से प्राप्त खबर में बताया गया कि भूकम्प सुबह सात बजकर सत्ताईस मिनट पर आया ।

Punjab Sahapedia

मुखबिर की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

को सूचनाएं पहुंचाया करता था । उसके बारे में शक है कि उसी गांव के बलदेव सिंह नामक युवक, जो नौजवान सभा का सदस्य था, की गत दिनों हत्या में गुरनाम सिंह किसी न किसी तरीके से संलिप्त था अतः अब उसकी हत्या रैड गार्डों ने कर दी है ।

अमृतसर के अस्पताल में घायल पड़े दलबीर सिंह ने बताया कि रात 9 बजे के लगभग वह बिस्तर पर पड़े हुए थे । मृतक गुरनाम सिंह, उसके बेटों सुखदेव सिंह, जरनैल सिंह (25) और हीरा सिंह (20) ने कुछ अज्ञात व्यक्तियों को बाहर घूमते हुए देखा । जरनैल सिंह और हीरा सिंह जब उन्हें देखने के लिए बाहर निकलने लगे तो अज्ञात व्यक्ति कमरे में घुस आए और गुरनाम सिंह की कनपटी और छाती में गोलियां मारीं । बाद में सुखदेव सिंह की छाती और सिर में गोलियां मारी गईं । जरनैल सिंह और हीरा सिंह तो छुप गए लेकिन उन्हें (दलबीर सिंह) बाईं हथेली और कंधे पर गोलियां लगीं । घायल दलबीर सिंह ने बताया कि बलदेव सिंह की 17वीं के अवसर पर कुछ लोगों ने लाऊडस्पीकर पर धमकियां दी थीं कि बलदेव सिंह की हत्या का बदला लिया जाएगा । नौजवान सभा वालों ने आतंकवादियों को मंच से गालियां भी दीं । आतंकवादियों ने कमरे में घुसते ही पुकार कर पूछा "वाहेगुरु कहां है ?" मृतक गुरनाम सिंह को गांव वाले वाहेगुरु कह कर पुकारते थे ।

ह.स. के अनुसार चार दिन पहले ही क्रांतिकारी कमांडो पुलिस नाम के एक भूमिगत संगठन ने पोस्टर लगाए थे कि आतंकवादियों की कार्रवाइयों का बदला लिया जाएगा । बताया जाता है कि पंजाब पुलिस का भूतपूर्व सिपाही झंडा सिंह इस संगठन का नेता है । पंजाबी में हाथ से लिखे ये पोस्टर अमृतसर में कई प्रमुख स्थानों पर लगाए गए थे, जिन्हें पढ़ने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई थी बाद में पुलिस ने इन्हें अपने कब्जे में ले लिया । पोस्टरों में कहा गया था कि यह संगठन पंजाब पुलिस के उन भूतपूर्व कर्मियों ने बनाया है जो आतंकवादियों की हिटलिस्ट में हैं । संगठन का उद्देश्य आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करना है । स्वर्ण मंदिर परिसर के भीतर सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई का इसमें विशेष उल्लेख किया गया था ।

एस.एस.पी. इज़हार आलम को संदेह है कि इस हत्याकांड में 'रैड गार्ड' आतंकवादियों का हाथ है, जिन्होंने इस गांव में 3 सप्ताह पूर्व सी.पी.आई. (एम.एल.) के कार्यकर्त्ता बलदेव सिंह की हत्या का विरोध किया था ।

कार छीन ली

वैरोवाल थाना के अंतर्गत गांव गोइंदवाल के निकट दो सशस्त्र उग्रवादियों ने बलविंदर पाल से उसकी मारुति कार छीन ली ।

4 घुसपैठिए मरे

इस बीच खेमकरण सैक्टर में मियांवाली गांव के निकट कल रात सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसने वाले चार घुसपैठियों ने गोली चलानी शुरू कर दी । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी जवाबी गोली चलाई जिसमें चार मारे गये । दो घुसपैठिए बच कर पाकिस्तान वापस भाग गए ।

हल्के हरे रंग के बजाज चेतक स्कूटर पी.ए.के.-6026 की डिकी में रखा हुआ था और उसके किक लगाने पर विस्फोट हो सकता था । मगर उसके बाहर गिरे हरे रंग के थोड़े से विस्फोटक के किसी कारण दबाव पड़ने से फट जाने पर सब का ध्यान इस स्कूटर की ओर गया और आखिर पुलिस द्वारा उसकी डिकी खोलने पर उसमें विस्फोटक पदार्थ वाला थैला और स्कूटर के डाइनमों से जुड़ी तारों वाला ट्रांज़िस्टर पड़ा पाया गया ।

बताया गया है कि कोई व्यक्ति रैडक्रास की दुकानों में से एस.एस.पी. कार्यालय के कोने की दुकानों के सामने पटड़ी के निकट यह स्कूटर 9 बजे के लगभग खड़ा कर गया । इसकी डिकी में पड़े एक थैले में विस्फोटक, जिसमें लोहे के तीखे टुकड़े आदि मिले हुये थे, पड़ा था और साथ ही दो सैलों वाला ट्रांज़िस्टर बम था जिसे स्कूटर छोड़ने से पहले वह व्यक्ति उसकी तारें डायनमों से जोड़ गया ताकि जब कोई व्यक्ति इसकी किक को छेड़े तो ट्रांज़िस्टर बम के साथ-साथ थैले वाला विस्फोटक भी फटे ।

किसी कारण कुछ विस्फोटक स्कूटर के बाहर गिर गया जिस पर साढ़े दस बजे के लगभग किसी वाहन आदि का दबाव पड़ा और धमाका हुआ । सबका ध्यान उधर गया । पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंचे और स्कूटर की डिकी की तलाशी पर विस्फोटक आदि पाए और ट्रांज़िस्टर की तारें डायनमों से विच्छेद कर स्कूटर को कब्जे में ले लिया । जो चोरी का या छीना हुआ लगता है ।

बाद में डी.आई.जी. जालंधर श्री पी.सी. डोगरा, एस.एस.पी. श्री बैंस तथा एस.पी. डिटैक्टिव श्री स्वर्ण सिंह ने भी मौका का जायज़ा लिया । केस रजिस्टर कर जांच शुरू कर दी गई है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार यह प्लास्टिक ट्रांज़िस्टर बम 1985 में दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर इस्तेमाल किए गए उन बमों की ही तरह था जिनके विस्फोट से उक्त स्थानों पर लगभग 100 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी ।

लोगों को चेतावनी

पुलिस ने लोगों को चेतावनी दी है कि वे लावारिस पड़ी किसी भी चीज को हाथ न लगाएं । ऐसी चीजें कार, स्कूटर साइकिल, ब्रीफकेस, बैग कुछ भी हो सकती हैं । लोगों से आग्रह किया है कि अगर वे सार्वजनिक जगहों पर कोई संदिग्ध वस्तु देखें तो पुलिस को अविलम्ब उसकी खबर दें । जालन्धर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक पी.सी. डोगरा ने कहा कि यह सिर्फ एक संयोग था कि सम्भावित दुर्घटना नहीं हो सकी । उन्होंने बताया कि प्लास्टिक बम विस्फोट कराने के लिए उसमें लगाया गया सरल उपकरण इतना शक्तिशाली नहीं था कि उससे अधिक क्षति हो सकती । ये बम डिकी के एक अलग खाने में रखे हुए थे ।

एक अन्य सूचना के अनुसार अखिल भारतीय सिख छात्र संघ की 25-26 मई की बंद की प्रस्तावित कल से निपटने के लिए जालन्धर में सी.आर.पी. की 6 और कम्पनियां आ गई हैं । इस तरह जालन्धर में सी.आर.पी. की कुल 24 कम्पनियां हो गईं यह जानकारी एक पुलिस प्रवक्ता ने दी ।

इब्राहीमवाल में एक स्वर्णकार की दुकान लूट कर ले गए । बताया जाता है कि रात्रि लगभग 12 बजे 6 उग्रवादी गांव में आए । स्टेनगन, रिवाल्वर और कृपाण से लैस तीन उग्रवादी स्वर्णकार जोगेन्द्र सिंह के मकान में दीवार फांद कर दाखिल हो गए । जोगेन्द्र सिंह घर में नहीं था । उग्रवादियों ने उसके परिवार के सदस्यों से स्टेनगन की नोक पर दुकान की चाबियां प्राप्त कर लीं और दुकान खोज कर 40000 रुपए के आभूषण और 11000 रुपए नगद लूट कर ले गए । अभियुक्त जोगेंद्र सिंह के लड़के को भी अपने साथ ले जाने लगे थे लेकिन घर वालों द्वारा मिन्नतें करने पर उसे यह कहते हुए छोड़ गए कि 'हम 15 मिनट में वापस आते हैं, हमारे लिए चाय-वाय बना कर रखो, शोर मचाया तो खत्म कर देंगे ।'

दुकानदार की हत्या

गुरदासपुर (विनोद) : आज दोपहर लगभग पौने तीन बजे दो आतंकवादियों ने डेरा बाबा नानक थाना के गांव खोदेवाल बांगर में एक करियाना मर्चेंट किशन चंद की हत्या कर दी और उसकी माता को घायल कर दिया ।

मृतक दुकानदार की मां लीलावन्ती को घायलावस्था में पहले ध्यानपुर डिस्पैंसरी तथा बाद में अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भेजा गया जहां उसकी हालत गम्भीर बताई गई है ।

पुलिस के अनुसार तीन अज्ञात युवकों ने किशन लाल की दुकान पर आकर 38 बोर के रिवाल्वर से गोलियां चलाईं । किशन लाल को दो व उसकी मां को एक गोली लगी ।

पुलिस ने इस सम्बन्ध में पूछताछ के लिए आठ व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । अपराधियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है ।

ठेका जलाया

कलानौर में दो अज्ञात युवकों ने मिट्टी का तेल छिड़क कर एक शराब के ठेके को आग लगा दी जिस पर गांव के लोगों ने शीघ्र ही काबू पालिया । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

डाक्टर लुटा

गत रात थाना कलानौर के गांव पनियार में चार आतंकवादियों ने इस गांव के डाक्टर गुरचरण सिंह के घर से 4000 रुपए नकद व 20 तोले के स्वर्ण आभूषण लूट लिए । ये लोग दवाई लेने के बहाने आए थे ।

ठेका लुटा

दो सशस्त्र उग्रवादियों ने कल रात बटाला के एक ठेके से 3000 रु. लूट लिए ।

पंजाब में गिरफ्तारियां

राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद से उग्रवादियों, कट्टरपंथियों तथा उनके समर्थकों की धरपकड़ के दौरान पिछले 24 घंटे में एक सौ से अधिक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । इनमें एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष मंडल के सदस्य गुरदेव सिंह बादल भी शामिल हैं । जालंधर में संयुक्त अकाली दल के नेता सरूप सिंह व. गिरफ्तार किया है ।

इसी बीच एकीकृत अकाली दल के सचिव मंजीत सिंह तरनतारनी ने कहा है कि सरकार इस प्रकार की उत्तेजक कार्रवाइयां करके राज्य के हालात को और बिगाड़ रही है । श्री बादल गिरफ्तार होने वाले प्रिजीडियम के दूसरे सदस्य हैं । इससे पूर्व गज्जन सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है । शिरोमणि कमेटी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि कमेटी की कार्यकारिणी के तीन सदस्यों शिव सिंह खुशीपुर, सतनाम सिंह और तीर्थ सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है । इनके अलावा शिरोमणि कमेटी के कई सदस्यों और कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है ।

'जोशी' के अनुसार बलाचौर पुलिस ने बछोड़ी गांव के मोहन सिंह, साधु सिंह, सेवा सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

'प्रद्युम्न' के अनुसार होशियारपुर में आज सात और व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है । उनके अतिरिक्त पुलिस ने गत रात्रि रामपुर खेड़ा के भाई सेवा सिंह को भी हिरासत में ले लिया है ।

रिहाइयां

फगवाड़ा (कौड़ा): कल फगवाड़ा पुलिस द्वारा स्थानीय सतनामपुरा क्षेत्र से पूछताछ के लिए हिरासत में लिए 11 व्यक्तियों को आज फगवाड़ा पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया । इसी दौरान फगवाड़ा में पुलिस ने कड़े सतर्कता प्रबन्ध किए हैं, पुलिस व अर्द्ध सैनिक दस्तों ने विभिन्न ग्रुपों में शहर के अनेक संवेदनशील स्थानों पर चौबीस घंटे गश्त के प्रबन्ध किए हैं ।

आटोट्रांसफ्यूजन द्वारा गर्भवती को बचाया

जालन्धर, 18 मई (वार्ता): जालन्धर जिले के डाक्टरों ने रोगी को रक्त देने की अनोखी "आटोट्रांसफ्यूजन विधि का इस्तेमाल कर एक गर्भवती महिला को हाल ही जीवनदान देने की उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की । यह सफलता चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है ।

जिले के ढाहां क्लेरां इलाके के एक अस्पताल में रक्त कोष नहीं होने के कारण डाक्टरों ने उस महिला मरीज का ही खून दोबारा उसके शरीर में चढ़ा कर उसे मौत के मुंह से बचा लिया ।

श्रीमती कौर का आपरेशन करने वाले डाक्टर लाल ने बताया कि मरीज को किसी दूसरे अस्पताल में ले जाने का मतलब मौत को बुलाना था । आखिरकार मरीज के पेट से गंदा खून निकाला गया और उसे साफ कर दोबारा उसे शरीर में चढ़ाया गया । नौ दिन के बाद उन्हें अस्पताल से घर भेज दिया गया । पत्रकार सम्मेलन में श्रीमती कौर भी उपस्थित थीं और वह भली चंगी दिख रही थीं । श्रीमती कौर का आपरेशन पांच डाक्टरों के एक दल ने किया था ।



Punjabi Soch.am

हत्याकांड में 'रैड गार्ड' आतंकवादियों का हाथ है, जिन्होंने इस गांव में 3 सप्ताह पूर्व सी.पी.आई. (एम.एल.) के कार्यकर्त्ता बलदेव सिंह की हत्या का विरोध किया था ।

कार छीन ली

वैरोवाल थाना के अंतर्गत गांव गोइंदवाल के निकट दो सशस्त्र उग्रवादियों ने बलविंदर पाल से उसकी मारुति कार छीन ली ।

4 घुसपैठिए मरे

इस बीच खेमकरण सैक्टर में मियांवाली गांव के निकट कल रात सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसने वाले चार घुसपैठियों ने गोली चलानी शुरू कर दी । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी जवाबी गोली चलाई जिसमें चार मारे गये । दो घुसपैठिए बच कर पाकिस्तान वापस भाग गए ।

ईंटें मार कर 3 उग्रवादी भगा दिए

कटड़ा मोहर सिंह में 3 आतंकवादियों, जो एक सर्राफ राम प्रकाश की दुकान लूटने के लिये अंदर घुसे थे, को लोगों ने पत्थर मार-मार कर भगा दिया । एस.पी. सिटी सुरेश अरोड़ा ने बताया कि दोपहर सवा दो बजे 3 पिस्तौलधारी उग्रवादी उक्त दुकान में घुसे और नकदी हवाले करने को कहा । इस पर जौहरी ने एक डिब्बा उग्रवादी को दे मारा जिससे वह अपना संतुलन खो बैठा । शोर मचने पर तीनों उग्रवादी बाहर की ओर भाग गए । बाज़ार वालों ने भागते हुये उग्रवादियों पर भारी पथराव किया । उग्रवादियों ने भागते समय 5 गोलियां चलाईं । एक गोली रमेश कुमार नामक व्यक्ति को छूती हुई निकल गई । श्री अरोड़ा ने बताया कि यह पहला अवसर है जब निहत्थे दुकानदारों ने सशस्त्र उग्रवादियों को भगाया ।

'ह.स.' के अनुसार सराफ के शरीर के निचले भाग में 5-6 गोलियां लगी हैं और उसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

उग्रवादियों द्वारा घर-घर की तलाशी

'कमलेश' के अनुसार परसों रात 12 बजे से डेढ़ बजे तक उग्रवादियों के एक 9 सदस्यीय गिरोह ने थाना जंडियालागुरु के अंतर्गत गांव भोरसी राजपूतां में घर-घर की तलाशी ली । इन उग्रवादियों के पास हथियार तो थे ही हाथों में टार्चें भी थीं । यह लोगों के घरों की चारदीवारियां फांद कर अंदर जाते और पूछते कि घर में शराब तो नहीं है, यदि कोई बंदूक आदि है तो हवाले कर दो । उन्होंने गुरुद्वारे के ग्रंथी को मारपीट की कि वह पगड़ी क्यों नहीं पहनता । फिर एक दीघी उजागर सिंह से यह कह कर 800 रुपए छीन लिए कि वह शराब क्यों पीता है । एक अमृतधारी सिख कंवलजीत से उसकी राइफल व रिवाल्वर देने को कहा, मगर वह पहले ही थाना में जमा करवा चुका था । घर की तलाशी पर उन्हें जो 18 कारतूस मिले, उग्रवादी वही ले गए । एक छुट्टी पर आए फौजी सूबेदार से पिस्तौल की नोक पर उसकी राइफल ले गए । उसके बाद लोगों को चेतावनी दी कि वे गलियों में न सोया करें । बाद में गांव के एक व्यक्ति रंधीर सिंह को बंदूक दिखा कर उसके ट्रैक्टर पर बैठ कर तरनतारन चक पहुंच कर भाग गए ।

महिला आतंकवादी गिरफ्तार

तरनतारन से पाल के अनुसार गत दिवस थाना सदर पुलिस ने राजवंत कौर नामक जिस संदिग्ध महिला आतंकवादी को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया था, उसका कई आतंकवादियों से संबंध है तथा उसके कब्जे से

अगर वे सार्वजनिक जगहों पर कोई संदिग्ध वस्तु देखें तो पुलिस को अविलम्ब उसकी खबर दें । जालन्धर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक पी.सी. डोगरा ने कहा कि यह सिर्फ एक संयोग था कि सम्भावित दुर्घटना नहीं हो सकी । उन्होंने बताया कि प्लास्टिक बम विस्फोट कराने के लिए उसमें लगाया गया सरल उपकरण इतना शक्तिशाली नहीं था कि उससे अधिक क्षति हो सकती । ये बम डिकी के एक अलग खाने में रखे हुए थे ।

एक अन्य सूचना के अनुसार अखिल भारतीय सिख छात्र संघ की 25-26 मई की बंद की प्रस्तावित काल से निपटने के लिए जालन्धर में सी.आर.पी. की 6 और कम्पनियां आ गई हैं । इस तरह जालन्धर में सी.आर.पी. की कुल 24 कम्पनियां हो गईं यह जानकारी एक पुलिस प्रवक्ता ने दी ।

उग्रवादी भगा दिए

ह.स. के अनुसार कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने कल जालन्धर जिले के लितरां गांव में एक धार्मिक स्थल पर हमला किया और ग्रामवासियों द्वारा गोलियां चलाने पर भाग निकले । पुलिस सूत्रों के अनुसार सात उपद्रवियों ने गांव के बाहरी इलाके में स्थित "डेरे" में लूट के इरादे से प्रवेश किया । "डेरे" में रहने वाले लोगों द्वारा शोर मचाने पर कुछ ग्रामवासी शस्त्र लेकर घटनास्थल पर जा पहुंचे । तीन व्यक्तियों ने अपने लाइसैंसशुदा हथियारों से आतंकवादियों पर गोली चलाई लेकिन वे अंधेरे का लाभ उठा कर चारदीवारी कूद कर भागने में कामयाब रहे ।

6 उग्रवादी बंदी

मोगा (वार्ता): केंद्रीय रिजर्व पुलिस और पुलिस की संयुक्त नाकेबंदियों ने फरीदकोट जिले के बाघापुराना और बंधनीकलां इलाके से कल रात 6 कथित आतंकवादी बंदी बनाए गए और बड़ी संख्या में गोली-बारूद बरामद किया गया । पुलिस अधीक्षक सुदर्शन सिंह जोशन ने कहा कि इनमें से चार भूपेन्द्र सिंह, जगदेव सिंह, करमजीत सिंह और जगरूप सिंह को गिरफ्तार कर उनसे तीन पिस्तौलें, एक दोनली बंदूक और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए गए । उन्होंने कहा कि शेष दो आतंकवादी बंधनीकलां इलाके से पकड़े गए । इन दोनों के कब्जे से भी दो पिस्तौलें और कुछ कारतूस मिले । इन सभी उग्रवादियों ने पूछताछ के दौरान कई वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है ।

शस्त्रों समेत उग्रवादी पकड़ा गया

सुनाम (नागपाल): संगरूर के एस.एस.पी. परमजीत सिंह संधू ने बताया कि सुनाम के एस.एच.ओ. गुरकृपाल सिंह ने अमर सिंह नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 12 बोर की एक बंदूक तथा 10 कारतूस मिले हैं । जांच जारी है ।

हत्या-षड्यंत्र अनावृत्त : 10 गिरफ्तार

इसके अतिरिक्त जिला शांति समिति की बैठक में एस.एस.पी. ने बताया कि भवानीगढ़ पुलिस ने गत दिवस 9-10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी आठ-दस प्रमुख व्यक्तियों की हत्या करने की योजना थी । अभियुक्त जिन प्रमुख व्यक्तियों की हत्या करना चाहते थे, उनमें सकल अकाली दल (लौंगोवाल) के प्रधान जत्थेदार बलबीर सिंह, पनसप के निदेशक धर्मपाल वर्मा और डा. विजय खोसला शामिल हैं ।

कार बरामद, उग्रवादी गिरफ्तार

पटियाला से भूषण के अनुसार कल शाम वहां से

ठेका लूटा

दो सशस्त्र उग्रवादियों ने कल रात बटाला के एक ठेके से 3000 रु. लूट लिए ।

पंजाब में गिरफ्तारियां

राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद से उग्रवादियों, कट्टरपंथियों तथा उनके समर्थकों की धरपकड़ के दौरान पिछले 24 घंटे में एक सौ से अधिक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । इनमें एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष मंडल के सदस्य गुरदेव सिंह बादल भी शामिल हैं । जालंधर में

रक्त कोष नहीं होने के कारण डाक्टरों ने उस महिला मरीज का ही खून दोबारा उसके शरीर में चढ़ा कर उसे मौत के मुंह से बचा लिया ।

श्रीमती कौर का आपरेशन करने वाले डाक्टर पाल ने बताया कि मरीज को किसी दूसरे अस्पताल में ले जाने का मतलब मौत को बुलाना था । आखिरकार मरीज के पेट से गंदा खून निकाला गया और उसे साफ कर दोबारा उसे शरीर में चढ़ाया गया । नौ दिन के बाद उन्हें अस्पताल से घर भेज दिया गया । पत्रकार सम्मेलन में श्रीमती कौर भी उपस्थित थीं और वह भली चंगी दिख रही थीं । श्रीमती कौर का आपरेशन पांच डाक्टरों के एक दल ने किया था ।



पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे सोमवार को चंडीगढ़ में एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुये । (छाया : पुरी)

रिहा करने का फैसला

(पृष्ठ 3 का शेष)

के बाद रिहा करने का जो फैसला किया गया है उसका अर्थ आम माफी नहीं । हम चाहते हैं कि पंजाब से आतंक का माहौल खत्म किया जाए । उन्होंने आशा व्यक्त की कि अब पंजाब से कोई भी पलायन करके अन्य राज्यों को नहीं जाएगा । जो लोग पलायन करके जा चुके हैं वे वापस लौट आएंगे । पलायन कर गए लोगों को वापस पंजाब लाने के लिए एक सप्ताह तक नई नीति बना दी जाएगी ।

राज्यपाल ने दावा किया कि पंजाब प्रशासन एक टीम की तरह काम करेगा । श्री रिबैरो को खुला हाथ देने के मामले पर कोई मतभेद नहीं । पंजाब सरकार के अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए श्री रे ने कहा कि यहां के अधिकारी प्रथम श्रेणी के आफिसर हैं । मैं देख रहा हूं कि पंजाब से बाहर कैन से अच्छे-अच्छे आफिसर हैं जिनकी सेवाओं से लाभ उठाया जा सकता है । उन्होंने कहा कि पुलिस की ज्यादती बारे मिलने वाली शिकायतों की छानबीन करने के लिए एक आई.जी. (पुलिस) के नेतृत्व में प्रकोष्ठ कायम किया गया है ।

जांच आयोग का विचार नहीं

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री रे ने कहा कि निगमों और बोर्डों के सभी (राजनीतिज्ञ) चेयरमैन हटा दिए जाएंगे । ऐसा राजनीति से प्रेरित नहीं बल्कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से करने का फैसला किया गया है । बर्खास्त अकाली मंत्रियों के विरुद्ध लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए आयोग नियुक्त करने सम्बन्धी प्रश्न का उत्तर श्री रे यह कहकर टाल गए कि मैंने कोई जांच आयोग नियुक्त करने का विचार नहीं बनाया ।

सात दिन की कारगुजारी बारे पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में श्री रे ने कहा कि मैं बड़े-बड़े दावे नहीं करूंगा लेकिन मैं चाहूंगा कि पंजाब में जितना शीघ्र हो सके अमन कायम हो । बरनाला सरकार के दौर

फिजी सरकार को अस्थायी मान्यता

(पृष्ठ 3 का शेष)

सी.आई.ए. सक्रिय

सिडनी : अमरीकी गुप्तचर संस्था सी.आई.ए. के पांच सदस्य फिजी में सक्रिय हैं । इनमें से एक गत गुरुवार को उस समय संसद में भी मौजूद था, जब सैनिक विद्रोह के नेता लैफ्टीनैंट कर्नल रबूका के दस सदस्य समर्थकों ने प्रधानमंत्री डा. बबाद्रा और उनके सहयोगियों का अपहरण किया । यह जानकारी यहां से प्रकाशित होने वाले दैनिक "सिडनी मार्निंग हैराल्ड" के सम्वादादाता टोनी स्टीफेन्स के हवाले से दी गई है । एक अन्य सूत्र के अनुसार दस दिन पहले सी.आई.ए. के तीन एजैंट सुवा पहुंचे थे ।

निंदा

नई दिल्ली : अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने फिजी में हुए राजनीतिक परिवर्तन पर गहरी चिंता प्रकट की है । परिषद की दिल्ली शाखा की आज यहां हुई बैठक में एक प्रस्ताव पारित करके केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि वह फिजी में एक प्रजातांत्रिक सरकार की पुनर्स्थापना के लिए विश्व जनमत पर उचित दबाव डाले तथा तत्काल यह घोषित करे कि किसी भी देश द्वारा फिजी की नई सरकार को मान्यता प्रदान करना भारत के प्रति अमैत्रीपूर्ण माना जाएगा ।

बम की अफवाह

नई दिल्ली, 18 मई (वार्ता): राजधानी के भूमिगत पालिका बाजार की एक दुकान में बम रखे होने की अफवाह के कारण आज सायं लगभग दो घंटे तक पुलिस और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा । लेकिन तलाशी पर कुछ भी न मिला ।

लंकाई सेना की गोलीबारी से 10 तमिल मरे

Punjabi Sahatabi

डड़ बजे तक उग्रवादियों के एक 9 सदस्यीय गिरोह ने थाना जंडियालागुरु के अंतर्गत गांव भोरसी राजपूतां में घर-घर की तलाशी ली । इन उग्रवादियों के पास हथियार तो थे ही हाथों में टार्चे भी थीं । यह लोगों के घरों की चारदीवारियां फांद कर अंदर जाते और पूछते कि घर में शराब तो नहीं है, यदि कोई बंदूक आदि है तो हवाले कर दो । उन्होंने गुरुद्वारे के ग्रंथी को मारपीट की कि वह गातरा क्यों नहीं पहनता । फिर एक दोधी उजागर सिंह से यह कह कर 800 रुपए छीन लिए कि वह शराब क्यों पीता है । एक अमृतधारी सिख कंवलजीत से उसकी राइफल व रिवाल्वर देने को कहा, मगर वह पहले ही थाना में जमा करवा चुका था । घर की तलाशी पर उन्हें जो 18 कारतूस मिले, उग्रवादी वही ले गए । एक छुट्टी पर आए फौजी सूबेदार से पिस्तौल की नोक पर उसकी राइफल ले गए । उसके बाद लोगों को चेतावनी दी कि वे गलियों में न सोया करें । बाद में गांव के एक व्यक्ति रंधीर सिंह को बंदूक दिखा कर उसके ट्रैक्टर पर बैठ कर तरनतू चक पहुंच कर भाग गए ।

महिला आतंकवादी गिरफ्तार

तरनतारन से पाल के अनुसार गत दिवस थाना सदर पुलिस ने राजवंत कौर नामक जिस संदिग्ध महिला आतंकवादी को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया था, उसका कई आतंकवादियों से संबंध है तथा उसके कब्जे से खालिस्तान गुरिल्ला फोर्स के 'लैटर पैड' मिले हैं । जिन पर एक समुदाय को धमकीपूर्ण पत्र लिखे जाते थे ।

पिस्तौल, बंदूक बरामद

छहर्टा पुलिस ने गत दिवस एक व्यक्ति मुखतार सिंह से 12 बोर की एक गन बरामद की है । इसी प्रकार भिखीविंड पुलिस ने गांव लधे के बलदेव सिंह से 12 बोर की पिस्तौल बरामद की है ।

कई जानें बचीं

जालंधर (वि.स.): आज यहां एस.एस.पी. कार्यालय के निकट एक खतरनाक ट्रांज़िस्टर बम धमाका होने से बच गया जिससे भारी जानी व माली नुक्सान हो सकता था । यह ट्रांजिस्टर बम एक

संशोधन

17.5.87 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 7 पर प्रकाशित दी न्यू इंडिया एश्योरैंस कम्पनी, एस.सी.एफ. 36/37, (फर्स्ट फ्लोर) सैक्टर-17, चंडीगढ़ की निविदा सूचना में कार नं. (HC 425 (मारुति वैन) की बजाए (HC 423 पढ़ें ।

एक दोनाली बंदूक और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए गए । उन्होंने कहा कि शेष दो आतंकवादी बधनीकलां इलाके से पकड़े गए । इन दोनों के कब्जे से भी दो पिस्तौलें और कुछ कारतूस मिले । इन सभी उग्रवादियों ने पूछताछ के दौरान कई वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है ।

शस्त्रों समेत उग्रवादी पकड़ा गया

सुनाम (नागपाल): संगरूर के एस.एस.पी. परमजीत सिंह संधू ने बताया कि सुनाम के एस.एच.ओ. गुरकृपाल सिंह ने अमर सिंह नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 12 बोर की एक बंदूक तथा 10 कारतूस मिले हैं । जांच जारी है ।

हत्या-षड्यंत्र अनावृत्त : 10 गिरफ्तार

इसके अतिरिक्त जिला शांति समिति की बैठक में एस.एस.पी. ने बताया कि भवानीगढ़ पुलिस ने गत दिवस 9-10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी आठ-दस प्रमुख व्यक्तियों की हत्या करने की योजना थी । अभियुक्त जिन प्रमुख व्यक्तियों की हत्या करना चाहते थे, उनमें सर्कल अकाली दल (लौंगोवाल) के प्रधान जत्थेदार बलवीर सिंह, पनसप के निर्देशक धर्मपाल वर्मा और डा. विजय खोसला शामिल हैं ।

कार बरामद, उग्रवादी गिरफ्तार

पटियाला से भूषण के अनुसार कल शाम वहां से उग्रवादियों द्वारा उड़ाई गई कार आज नाभा के पास मिल गई, नाभा के पास ही एक उग्रवादी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया । उससे एक रिवाल्वर मिला ।

बैंक लुटा

होशियारपुर (वार्ता): दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने बंदूक की नोक पर होशियारपुर-टांडा सड़क पर लच्छोवाल गांव के ग्रामीण बैंक से 5590 रु. लूट लिए । होशियारपुर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

शव मिला

होशियारपुर से प्रद्युम्न के अनुसार यहां से लगभग 25 किलो मीटर दूर टांडा-जालन्धर रोड पर टांडा के निकटवर्ती गांव घासी के निकट एक आदमी की लाश मिली है जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है । लाश की अभी तक पहचान नहीं हो सकी । न ही यह पता लगा है कि मौत किस प्रकार हुई ।

स्वर्णकार की दुकान लुटी

कपूरथला से शर्मा ने सूचना दी है कि जीप सवार आधा दर्जन उग्रवादी थाना भुलत्थ के गांव

राज्यपाल ने दावा किया कि पंजाब प्रशासन एक टीम की तरह काम करेगा । श्री रिबैरो को खुला हाथ देने के मामले पर कोई मतभेद नहीं । पंजाब सरकार के अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए श्री रे ने कहा कि यहां के अधिकारी प्रथम श्रेणी के आफिसर हैं । मैं देख रहा हूं कि पंजाब से बाहर कौन से अच्छे-अच्छे आफिसर हैं जिनकी सेवाओं से लाभ उठाया जा सकता है । उन्होंने कहा कि पुलिस की ज्यादती बारे मिलने वाली शिकायतों की छानबीन करने के लिए एक आई.जी. (पुलिस) के नेतृत्व में प्रकोष्ठ कायम किया गया है ।

जांच आयोग का विचार नहीं

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री रे ने कहा कि निगमों और बोर्डों के सभी (राजनीतिज्ञ) चेयरमैन हटा दिए जाएंगे । ऐसा राजनीति से प्रेरित नहीं बल्कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से करने का फैसला किया गया है । बर्खास्त अकाली मंत्रियों के विरुद्ध लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए आयोग नियुक्त करने सम्बन्धी प्रश्न का उत्तर श्री रे यह कहकर टाल गए कि मैंने कोई जांच आयोग नियुक्त करने का विचार नहीं बनाया ।

सात दिन की कारगुजारी बारे पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में श्री रे ने कहा कि मैं बड़े-बड़े दावे नहीं करूंगा लेकिन मैं चाहूंगा कि पंजाब में जितना शीघ्र हो सके अमन कायम हो । बरनाला सरकार के दौर में अकाल तख्त के जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह के विरुद्ध पुलिस में दर्ज केस के बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इस बारे फैसले का अभी समय नहीं आया ।

श्री रे ने कहा कि मैं पंजाब की जनता का धन्यवाद करता हूं क्योंकि उसने राष्ट्रपति राज लागू होने का स्वागत किया है । उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति राज थोड़े समय के लिए ठीक है अधिक देर के लिए नहीं । मैं शीघ्र ही राज भवन में वापस जाना चाहता हूं । राष्ट्रपति राज लागू होने के एक सप्ताह बाद श्री रे आज प्रथम बार सचिवालय में आए ।

'वार्ता' के अनुसार राज्यपाल ने इस बात का खंडन किया कि सुरक्षा व्यवस्था कम की जा रही है । उन्होंने कहा, "मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि सुरक्षा की समुचित व्यवस्था होगी । हमारा प्रयास होगा कि बगैर किसी को परेशान किए अथवा भेदभाव के सुरक्षा व्यवस्था तेज, चुस्त एवं चौकस हो ।"

'ह.स.' के अनुसार पंजाब सरकार ने आज सभी गिरफ्तार युवकों को जांच-पड़ताल, अभिभावकों और संबंधित सरपंचों की गारंटी के बाद रिहा करने के आदेश दिए हैं ।

बम की अफवाह

नई दिल्ली, 18 मई (वार्ता): राजधानी के भूमिगत पालिका बाजार की एक दुकान में बम रखे होने की अफवाह के कारण आज सायं लगभग दो घंटे तक पुलिस और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा । लेकिन तलाशी पर कुछ भी न मिला ।

लंकाई सेना की गोलीबारी से 10 तमिल मरे

मद्रास, 18 मई (वार्ता): श्रीलंका एयर फोर्स के हैलीकाप्टरों द्वारा कल जाफना क्षेत्र में चवाक्काचेरी और इयाक्काचयी के बीच बसों पर गोलियां बरसाने से दस तमिल नागरिक मारे गए तथा 60 अन्य घायल हो गए ।

तमिल छापामारों द्वारा लूट

मद्रास, 18 मई : शहर के बाहरी इलाके वीरुगम बक्कम में कल रात श्रीलंका के तमिल छापामारों ने बंदूक दिखा कर श्रीलंकाई तमिल के घर में एक और डकैती डाली । पुलिस के अनुसार चार या पांच छापामार घर में घुस कर 25 हजार रुपए मूल्य के नकदी और आभूषण लूट ले गए ।

तृतीय वेतन आयोग के अधिकार क्षेत्र में संशोधन

होशियारपुर, 18 मई (अश्विनी): पंजाब सरकार ने तृतीय वेतन आयोग के अधिकार क्षेत्र में संशोधन करके उसे कर्मचारियों को अंतरिम राहत देने की मांग पर विचार करने के लिए भी कहा है ।

जुल्म ने औरत को डाकू बनने के लिये मजबूर कर दिया
हम कौन हैं, क्यों आए हैं, यह सबको बता देंगे
हम जो कुछ करने आए हैं वह करके दिखा देंगे
सीतापुर की गीता
हिदायत : शम्भू मित्रा
संगीत : सोनिक ओमी
श खन्ना, रजा मुराद, अमजद खां, शक्ति कपूर
ंदर, सूरज-अमृतसर, प्रीत पैलेस-लुधियाना,
क साथ, कैपिटल-पटियाला, के.सी.-जम्मू,
रीदाबाद, गीता रोहा, गुरमेल-कोटकपूरा ।
ई—टंडन फिल्म इंटरनैशनल)



भारी रश :
किरण-चंडीगढ़, फ्रैंड्ज़- जालंधर में रोज़ाना चार शो ।
संसार : कहानी है आपके, हमारे और सबके परिवारों की...
आखिर तो रंग लाएंगी, मेरी बेगुनाहियां,
अपने किये पे कोई परेशां हो गया...
6वां सप्ताह : मिन्नी-शकुंतला-जम्मू
3रा सप्ताह : नीलम-फरीदाबाद ।
*रेखा, राज बब्बर, शेखर सुमन, अरुणा ईरानी और अनुपम खेर ।



22 मई से :—
सतलुज पैलेस-जालंधर
न्यू रियाल्टो-अमृतसर
सोसायटी-लुधियाना,
पिकाडली-चंडीगढ़,
नाज-श्रीनगर
गुल आनंद का
जलवा
(सिनेमा स्कोप)
(रिलीज़कर्ता श्रीराम मूवीज, मंडी रोड, जालंधर)

प्रोड्यूसर B. Subhash पेश करते हैं आज तक की सबसे बड़ी Musical Film
DANCE DANCE
Meetu Enter
Jalandhar
Disco-
और Ta
Rel
29th
10 सुपर हिट गानें...हर एक गाने पर
गाएंगे...डांस...डांस...डांस
सितारे : मिठुन चक्रवर्ती, मंदाकिनी, स्मिता पाटिल, अम
शक्ति कपूर ।

ाईपायल-जालंधर, आरती और संगीत-लुधियाना एक साथ,
उषाकिरन मुहीज़

पत्रकार, मार्क्सी नेता समेत 4 लोगों की हत्या

एक घायल उग्रवादी दम तोड़ गया, कई उग्रवादी बंदी, अमृतसर में सर्राफ लुटा

राजस्थान सीमा पर 2 घुसपैठिए मारे गए

चंडीगढ़, 19 मई (वार्ता, हस): उग्रवादियों ने आज तरनतारन में एक स्वतंत्र पत्रकार नरेंद्र पाल सिंह 'पाल' तथा एक सी.पी.एम. नेता दीपक कुमार धवन की गोलियां मार कर हत्या कर दी और 2 अन्य को घायल कर दिया । श्री पाल के 2 हत्यारों की शिनाख्त हो गई है । बाघा पुराना थाना के गांव माड़ी मुस्तफा में एक व्यक्ति दर्शन सिंह के घर में घुस कर हत्या कर दी गई । गत दिवस पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल उग्रवादी स्वर्ण ने पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दम तोड़ दिया जबकि राजस्थान सीमा से भारत में घुस रहे 2 घुसपैठिए मुठभेड़ में मारे गये । अमृतसर में एक सुनार से 300 ग्राम स्वर्णाभूषण लूट लिये गये । गोराया पुलिस ने 2 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जो जालंधर, कपूरथला और होशियारपुर जिलों में कई वारदातें कर चुके हैं ।

डाक्टर की हत्या

अमृतसर : आज शाम थाना तरनतारन के गांव लोनी में डा. प्रेम सिंह की हत्या कर दी गई ।

पत्रकार की हत्या, दो घायल

अमृतसर (अशोक सोनी): यहां से 25 किलोमीटर दूर तरनतारन में तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने एक पत्रकार नरेन्द्रपाल सिंह 'पाल' (32) की गोली मार कर हत्या कर दी । श्री सिंह जालंधर के कुछ भाषाई अखबारों के प्रतिनिधि थे । गोलीबारी में दो अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए । घायलों में फोटाग्राफी की दुकान का मालिक सतीश कोशल और उनका सहायक राजेंद्र कुमार शामिल हैं । यह घटना नगर के भीड़भाड़ वाले इलाके में एक धार्मिक स्थल के निकट भान सिंह चौक में हुई । आतंकवादियों ने दुकान पर कुछ फोटो लेने आए श्री पाल पर रिवाल्वरों और पिस्तौलों से पीठ की तरफ अंधाधुंध गोलियां चलाई, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । उनको छः गोलियां लगीं । दो गोलियां उनके सिर, दो पीठ और दो कूल्हे में लगीं । सतीश कुमार और राजेंद्र घायल होने के बावजूद दुकान के अंदर घुस गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया । दुकान के अंदर जहां-तहां खून बिखरा हुआ था, दस मिनट बाद जब वह दुकान से बाहर आए तो श्री पाल दम तोड़ चुके थे । इतनी देर में गोलियों की आवाजें सुनकर जिन लोगों ने दुकानें बंद कर दीं, वहां इकट्ठे होने लगे ।

घायल व्यक्तियों को गंभीर अवस्था में तरनतारन के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में ले जाया गया ।

पुलिस ने बताया कि श्री नरेन्द्रपाल सिंह पाल को कई आतंकवादी गुटों से धमकी भरे पत्र मिले थे । अंतिम धमकी पत्र उन्हें 16 अप्रैल को मिला था जो खालिस्तान गुरिल्ला फोर्स की ओर से भेजा गया था । वह काफी देर से उनकी हिटलिस्ट में थे ।

आतंकवादी साइकिलों पर भाग गए । आतंकवादियों की खोज करते समय पुलिस को नगर के बाहर एक मैदान में चार साइकिलें मिलीं । एक सूचना के अनुसार उग्रवादी पैदल ही नंगे पैरों चौक की ओर से आए तथा वारदात करके नूरदे अड्डा की तरफ चले गए । बताया जाता है कि जब उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं तो आवाज बहुत कम हुई ।

नरेन्द्रपाल सिंह पाल की हत्या के विरोध में घटनास्थल के आसपास की सभी दुकानें बंद हो गईं । वह इस कस्बे में बहुत लोकप्रिय थे । श्री सिंह के परिवार में उनकी पत्नी, दो पुत्र तथा एक पुत्री हैं । सभी बच्चों की आयु चार से आठ वर्ष के बीच है । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हत्यारों के लगभग साढ़े दस बजे भागने के दस मिनट बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई । घटनास्थल से लगभग तीस मीटर की दूरी पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक गश्ती दल तैनात है । घटना से सिर्फ दस मिनट पहले सी.आर.पी.एफ. के उक्त दल ने चौक की गश्त लगाई थी । (शेष पृष्ठ 8 पर)

7वां पत्रकार उग्रवाद का शिकार बना !

जालंधर, 19 मई (वार्ता): तरनतारन के स्वतंत्र पत्रकार श्री नरेंद्रपाल सिंह 'पाल' की आज सुबह हुई हत्या के साथ पिछले छह वर्ष में पंजाब में आतंकवादियों द्वारा मारे गये पत्रकारों की संख्या सात हो गई है । श्री नरेंद्रपाल सिंह 'पाल' पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद आतंकवादी हिंसा का शिकार बनने वाले पहले पत्रकार हैं । हिन्द समाचारपत्र समूह के सम्पादक लाला जगतनारायण आतंकवादियों की गोली का निशाना बनने वाले पहले पत्रकार थे । उनकी हत्या सितम्बर 1981 में हुई । जालंधर से प्रकाशित 'दैनिक प्रताप' के दो कर्मचारी 24 जून 1983 को सम्पादक के नाम भेजे गये एक पार्सल बम के विस्फोट में मारे गये ।

प्रीतलड़ी के सम्पादक श्री सुमीत सिंह की हत्या 22 फरवरी 1984 को हुई और लाला जगत नारायण के सुपुत्र श्री रमेश चंद्र की हत्या आतंकवादियों ने 12 मई 1984 को की । चिंगारी के सम्पादक श्री सुखराज सिंह भी आतंकवादियों की हिंसा के शिकार बने । नक्सलवादी नेता और पार्टी के मुख पत्र के सम्पादक बलदेव सिंह मान की हत्या भी आतंकवादियों ने की थी । अब तक पत्रकारों के दो पुत्रों की हत्या भी आतंकवादियों ने की है । फिरोजपुर के पत्रकार श्री सतपाल बागी के पुत्र डा. अनिल बागी की हत्या 22 दिसम्बर 1985 को हुई । श्री.जगदीश लाल खन्ना के पुत्र अमन कुमार की हत्या पांच जून 1986 को हुई ।

स्वर्ण मंदिर परिसर के बाहर तीन फरवरी 1984 को इंडियन एक्सप्रैस के चंडीगढ़ संस्करण के कार्यालय संवाददाता श्री संजीव गौड़ को घायल किया गया था और उसी दिन दूरदर्शन का अमृतसर कार्यालय भी एक विस्फोट में क्षतिग्रस्त हो गया था । ट्रिब्यून के दफ्तर पर 25 जनवरी 1984 को बम फेंका गया था । अमृतसर से प्रकाशित सियासी जंग के सम्पादक श्री यशपाल बिल्ला पर 14 फरवरी 1984 को हमला हुआ पर वह बच गये । इस हमले में आफिस का चौकीदार मारा गया । इंडियन एक्सप्रैस के कार्यालय संवाददाता बी.एम. कौड़ा को नवम्बर 1986 में तीन युवकों ने पीट दिया था ।

चंदूमाजरा के विरुद्ध भ्रष्टाचार का केस दर्ज किए जाने की संभावना : रिबैरो

चंडीगढ़, 19 मई (वि.प्र.): पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री रिबैरो ने रहस्योद्घाटन किया है कि बर्खास्त सहकारिता मंत्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा के विरुद्ध भ्रष्टाचार का केस दर्ज किए जाने की सम्भावना है । आज यहां उन्होंने बताया कि जांच के दौरान श्री चन्दूमाजरा ने 50 लाख रुपए के भ्रष्टाचार को स्वीकार किया है । पुलिस उनसे अभी पूछताछ कर रही है । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि श्री चन्दूमाजरा और उनके निकट संबंधियों के बैंक लाकर भी चैक किए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि जांच के दौरान श्री चन्दूमाजरा ने यह बात स्वीकार की है कि उन्होंने कई कोठियां और प्लाट खरीदे हैं । श्री रिबैरो का कहना है कि अकाली दल विधायक मा. जौहर सिंह और भू.पू. कृषि मंत्री हरभजन सिंह संधु को आतंकवादी गतिविधियों के संबंध में गिरफ्तार किया गया है, जबकि श्री गुरदेव सिंह बादल के विरुद्ध उत्तेजक भाषण देने का अभियोग है ।

श्री रिबैरो के अनुसार बर्खास्त किए गए कई अकाली मंत्रियों ने पंजाब सरकार से प्रार्थना की है कि उन्हें पंजाब पुलिस की बजाय सी.आर.पी.एफ. की सुरक्षा प्रदान की जाए । इस संबंध में उन्होंने श्री बरनाला, श्री बलवंत सिंह, श्री उबोके और श्री हरि सिंह जीरा का विशेष रूप से उल्लेख किया । उनके निकट बैठे सी.आर.पी.एफ. के आई.जी. श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि अधिकतर भू.पू. मंत्रियों ने अपनी सुरक्षा के लिए सी.आर.पी.एफ. की सेवाएं मांगी हैं । उन्हें सी.आर.पी.एफ. की सुरक्षा प्रदान भी कर दी गई है ।

वी.पी. सिंह ने ठक्कर आयोग से जानकारी मांगी

नई दिल्ली, 19 मई (वार्ता): भूतपूर्व रक्षा मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने फेयरफैक्स मामले की जांच कर रहे ठक्कर आयोग से कुछ जानकारी प्राप्त करने के लिए एक प्रार्थनापत्र दाखिल किया है । श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के वकील शिवपूजन सिंह ने यह जानकारी दी है । उन्होंने बताया कि आयोग की तरफ से श्री सिंह को एक पत्र मिला था जिस पर अत्यन्त गोपनीय लिखा हुआ था । उसके बाद श्री सिंह ने प्रार्थना पत्र भेजा । पूर्व रक्षामंत्री ने अपने वकील से वकालत नामा दाखिल करने व आयोग द्वारा जांच के लिए अपनाई जा रही प्रक्रिया का पता लगाने को कहा है ।



मंगलवार को तरनतारन में आतंकवादियों ने स्वतंत्र पत्रकार एवं (2) स्व. पाल का पुराना चित्र, (3) घायल राजेंद्र कुमार जो घटन पत्नी विलाप करते हुए, (6-7) घायलों के निकट संबंधी, (8) घ अन्य संबंधियों को सांत्वना देते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के अध्य दुकान जहां श्री पाल की हत्या की गई ।

ज़ैल सिंह राष्ट्रद्रोही हैं महाभियोग चलाए :

नई दिल्ली, 19 मई (वार्ता): लोकदल के उपाध्यक्ष श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा ने आज यहां सरकार से स्पष्ट करने को कहा कि अगर वह राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को 'राष्ट्रद्रोही' समझती है तो उनके खिलाफ महाभियोग क्यों नहीं लाती । श्री बहुगुणा ने पूछा कि सरकार राष्ट्रपति को उनके द्वारा मांगी गई जानकारी क्यों नहीं दे रही है । क्या सरकार को उन पर विश्वास नहीं है या वे 'राष्ट्रद्रोही' हैं ।

श्री बहुगुणा आज यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे । उनके साथ लोकदल के नेता सर्वश्री कर्पूरी ठाकुर तथा बुद्धप्रिय मौर्य भी मौजूद थे । उन्होंने खेद व्यक्त किया कि राजीव गांधी राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री संबंधों पर संसद तक में चर्चा नहीं कराना चाहते थे लेकिन उन्होंने स्वयं कांग्रेस (इ) रैली में इस बारे में टिप्पणी करके विवाद को सड़कों तक ला दिया है ।

श्री बहुगुणा ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं यह मानते हैं कि वह केवल संसद के प्रति उत्तरदायी हैं । उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भी संसद का ही एक अंग हैं । उन्होंने कहा कि अगर सरकार राष्ट्रपति पर विश्वास नहीं करती तो संविधान के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करने में क्यों हिचकिचा रही है । श्री बहुगुणा ने कहा कि इस देश में कानून का शासन है, किसी व्यक्ति का नहीं । उन्होंने कहा कि राजीव गांधी संविधान की निरन्तर अवमानना करते जा रहे हैं ।

सेना की सहायता लेना गलत

श्री बहुगुणा ने कांग्रेस (इ) रैली के आयोजन में सेना की सहायता लिए जाने पर कड़ी आपत्ति की । उन्होंने कहा कि पार्टी रैलियों में सेना की सहायता [illegible]

लोकदल (अ) के बीच की सुलह की सम्भाव कहा कि यदि लोकद स्वीकार करने को तैय वार्ता हो सकती है ।

श्री बहुगुणा ने पार्टी चुनाव चिन्ह जाने का कार्य लोकद

लोकदल (अ) के उसका चुनाव समझौ ध्यान आकृष्ट किया पार्टी के अध्यक्ष श्री और सुरेन्द्र मोहन से बातें हुई हैं और अ जाएगा । श्री बहुगु सीटों के तालमेल व विपक्षी दलों से भी कम्युनिस्ट पार्टियां शामिल हैं ।

उन्होंने कहा कि होगा कि हरियाणा जाए । श्री बहुगुणा लाल की भूमिका की आज महात्मा गांधी हरियाणा का सरदार

अमरीका द्वारा पाक को आधुनिकतम राडार प्रणाली से युक्त विमान देने पर गम्भीरता से विचार

मेरी स ढंग

Punjabi Sanstari

पत्रकार की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

मोहम्मद इज़हार आलम भी वहां पहुच गए । पुलिस ने दावा किया कि दोनों हत्यारों की पहचान हो चुकी है और उनकी तलाश में विभिन्न स्थानों पर छापे मारने के लिए पुलिस दल भेजे जा चुके हैं ।

26 वर्षीय सतीश कौशल की जिसकी छाती में गोली लगी है, दशा चिंताजनक बताई जाती है ।

घटनास्थल से प्राप्त विवरणों के अनुसार, वहां से सुरक्षा बल के जवान केवल 25 गज की दूरी पर थे और गोलियों की आवाजें सुनने के बावजूद वे अपने स्थान से नहीं हिले ।

बताया जाता है कि पुलिस आधे घंटे के बाद पहुंची । दोनों आतंकवादी गोलियां चलाने के बाद बड़े आराम से पैदल गए, और उन्होंने गुरु का खूह क्षेत्र में दो साइकिल सवारों से साइकिलें छीनीं और उन पर सवार होकर पड़डा गांव की ओर चले गए । वहां उन्होंने एक स्कूटर सवार से स्कूटर छीना और उस पर सवार होकर चोटाला गांव की ओर चले गए ।

पुलिस जांच कैसी ?

बताया जाता है कि पुलिस जांच करने के बाद घटनास्थल से लगभग दो बजे जा चुकी थी और तीन बजे पत्रकारों का दल घटनास्थल का निरीक्षण करने वहां पहुंचा । वहां पत्रकारों को दुकान के बाहिर पड़ा किसी अति आधुनिक हथियार का जीवित कारतूस मिला जो उन्होंने अमृतसर में एस.पी.डी. श्री हरजिन्दर सिंह को सौंप दिया । इससे सिद्ध होता है कि पुलिस कितनी लापरवाही से जांच करती है ।

मृतक, जो पाल नाम से प्रसिद्ध था, अपने पीछे विधवा पत्नी हरदीप कौर (28), दो बेटे वरिन्दर सिंह (11) तथा तेजदीप सिंह (9) के अलावा एक आठ वर्षीय बेटी दीप कौर छोड़ गया है । पाल के साले श्री गुरिन्दर सिंह ने बताया कि पाल के माता-पिता स्वर्गवास हो चुके हैं और उनका एकमात्र भाई 1975 में एक दुर्घटना में मारा गया था । उनकी दो बहनें हैं । एक तरनतारन में रहती है और दूसरी हरियाणा में ।

बाद में बुलाए गए एक पत्रकार सम्मेलन में पत्र-प्रतिनिधियों ने पुलिस बल द्वारा बरती गई लापरवाही की कड़ी निन्दा की जो कि एक पत्रकार की मौत का कारण बनी । पत्र-प्रतिनिधियों ने इसका बहिष्कार किया और मौखिक प्रोटैस्ट किया । एस.एस.पी.सिटी श्री सुरेश अरोड़ा व एस.जी.डी. श्री राजेन्द्र सिंह से अपना रोष वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने की अपील की और वापस चले आए ।

सायं अमृतसर में इस हत्याकांड के सम्बन्ध में हुई पत्र-प्रतिनिधियों की एक शोकसभा में हत्या की निंदा और पुलिस तथा सुरक्षा बल की लापरवाही की कड़ी आलोचना की गई । पुलिस उच्चाधिकारियों से मांग की गई कि कठोर कार्रवाई करके लापरवाही बरतने वालों को दंड दें । मृतक के परिवार को पुलिस कर्मियों को दी जाने वाली अनुदान राशि तथा अन्य सुविधाओं की मांग की गई । यह भी कहा गया कि मृतक की विधवा को जीवन-यापन के लिए कोई उचित नौकरी प्रदान की जाए ।

मार्क्सी नेता की हत्या

आज दोपहर तरनतारन थाना के गांव संघे में दो उग्रवादियों ने पंजाब के एक मार्क्सी नेता दीपक कुमार धवन की हत्या कर दी । श्री धवन सी.पी.आई. (एम.) की राज्य समिति के सदस्य तथा पंजाब देहाती मजदूर यूनियन के संयुक्त सचिव थे ।

श्री धवन की हत्या उनके गांव में दो घुड़सवार उग्रवादियों ने की ।

मार्क्सी पार्टी कार्यालय के अनुसार कामरेड दीपक धवन का शव कल प्रातः 10.30 बजे पार्टी कार्यालय से तरनतारन ले जाया जाएगा जहां बाद दोपहर 2 बजे अंत्येष्टि की जाएगी ।

भिंडरांवाले टाईगर्स फोर्स ने जिम्मेदारी ली

पत्रकार नरिन्दर पाल सिंह और माकपा नेता दीपक कुमार धवन की हुई हत्या की जिम्मेदारी भिंडरांवाले टाईगर्स फोर्स आफ खालिस्तान ने अपने ऊपर ली है । यह जानकारी आज अमृतसर में फोर्स के एक प्रवक्ता ने 'वार्ता' को टैलीफोन पर दी ।

दो घुसपैठी वापस भाग गए

कल रात खालड़ा सीमा क्षेत्र में बी.एस.एफ. के साथ एक मुठभेड़ के बाद दो घुसपैठी वापस पाकिस्तान में भाग गए ।

पैट्रोल पम्प लूटा, स्कूटर छीना

'कमलेश' के अनुसार गत दिवस नागोके के समीप पैट्रोल पम्प से उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर 800 रुपए छीन कर ले गए तथा गांव चक्क करे खां के सरपंच गुरदीप सिंह के भाई का स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन कर भाग गए ।

300 ग्राम स्वर्णाभूषण लूटे

आज प्रातः साढ़े दस बजे के करीब गेट हकीमां के एक स्वर्णकार ने अभी अपनी दुकान का दरवाजा खोला ही था कि दो साइकिल सवार उग्रवादियों ने पिस्तौल दिखाकर उससे लगभग तीन सौ ग्राम स्वर्णाभूषण छीन लिए और साइकिल पर ही चले गए ।

बाबा बकाला (प्रेम) : यहां से 15 कि.मी. दूर गांव चहावा में कल रात पांच सशस्त्र उग्रवादियों ने एक दुकानदार जगन्नाथ के घर से 3200 रु. नकद, चांदी के आभूषण लूट लिए । सीढ़ी से दीवार फांद कर उग्रवादी मकान में घुसे और एक लकड़ी का दरवाजा तोड़ कर अंदर चले गए । बहुत कम उम्र के उग्रवादी दूध पीने के बाद में जगन्नाथ के छोटे लड़के को पिस्तौल की बट्ट से घायल करके यह चेतावनी देकर चले गए कि एक हफ्ते के बाद वह फिर आएंगे और तब तक एक किलो सोने का प्रबंध करके रखें ।

टांग काट दी

इसी गांव में पंचायत की सदस्या श्रीमती प्रकाश कौर के घर में घुस कर उग्रवादी कीमती सामान के साथ एक साईकिल और श्रीमती प्रकाश कौर की बालियां भी ले गए । जब यह उग्रवादी जा रहे थे तो खेतों में सो रहे एक मजहबी सिख अमरीक सिंह ने उनसे पूछा कि वह इस समय वहां क्या कर रहे हैं । उग्रवादियों ने उस पर हमला करके तलवार से उसकी टांग काट दी । उसे अमृतसर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

कपड़े भी ले गए

तीसरी घटना रात डेढ़ बजे गांव बलियां में हुई । उग्रवादी प्यारा सिंह के घर में घुस आए और



गत दिवस मुक्तसर के निकट गांव उदयकरन में तीन आतंकवादियों द्वारा मारा गया चौकीदार निहाल सिंह । (छाया : दीपक पाल)





ज़िला गुरदासपुर में गांव खोदेवाल बांगर में आतंकवादियों के हाथों मारा गया (ऊपर) किशन चंद के परिवार की औरतें विलाप करती हुई । (छाया : विनोद)

मकान की तलाशी लेने के बाद सोने की बालियां, अंगूठियां, 15 कीमती सूट और चांदी के आभूषण ले गए । प्यारा सिंह का बेटा दर्जी है और वह कुछ कपड़े सिलाई के लिए घर लाया था । उग्रवादी वह कपड़े भी ले गए ।

घर में घुस कर हत्या

मोगा (सर्व, मित्तल): बाघा पुराना थाना के गांव माड़ी मुस्तफा में आज तीन उग्रवादियों ने एक घर में घुस कर दर्शन सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी और भाग निकले । बाघा पुराना के डी.एस.पी. बख्शीश सिंह चीमा घटनास्थल पर पहुंचे और क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी । दर्शन सिंह को तीन गोलियां लगीं । उसकी शादी गत वर्ष हुई थी और उसका एक बच्चा भी था ।

दो उग्रवादी बंदी

जालंधर (वि.प्र.): जालंधर जिला के थाना गोराया की पुलिस ने दो उग्रवादियों के एक गिरोह को गिरफ्तार किया है जो जालंधर, कपूरथला तथा होशियारपुर जिलों में घोर अपराधों के लिए जिम्मेदार रहा है । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. जालंधर श्री एस.एस. बैंस ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी बलजीत सिंह पुत्र अवतार सिंह जट्ट निवासी गांव विर्क तथा बलजीत सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी दोसांझ कलां हैं । उनके कब्जे से .12 बोर के दो पिस्तौल और इसी बोर के कुछ कारतूस भी पकड़े गए हैं । श्री बैंस ने कहा कि इन दोनों उग्रवादियों ने हरियाना थाना के गांव कालबार के निकट स्कूटर छीनने, थाना सदर फगवाड़ा के गांव रावलपिंडी में शराब की बोतलें तोड़ने व ठेके को आग लगाने, मार्कीट कमेटी, आदमपुर के अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह की हत्या का असफल प्रयास करने, आदमपुर थाना के गांव जंडूसिंघा के गोलीकांड में भाग लेने, गांव विर्क में शराब की बोतलें तोड़ने व ठेके को आग लगाने तथा गांव दोसांझ के निकट स्कूटर छीनने की वारदातें करना स्वीकार किया है । श्री बैंस के अनुसार अभी उनसे पूछताछ जारी है और अनेक रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

श्री बैंस के अनुसार नूरमहल पुलिस ने तलवन के एक युवक गुरचरण सिंह को गिरफ्तार किया है और उससे 12 बोर का पिस्तौल और उसी बोर के तीन कारतूस बरामद किए हैं । उसके उग्रवादी होने की आशंका है और पूछताछ जारी है ।

खोखों को आग

'न.न.ए.' के अनुसार जालंधर जिले में भोगपुर थाना क्षेत्र के कालाबकरा में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने आज तड़के चार खोखों को आग लगा दी । पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये खोखे मांस, नाई, फल और शराब के थे । आग से हुई हानि का अभी कोई अनुमान नहीं लगाया जा सका है ।

रैडगार्डों ने जिम्मेदारी ली

नवगठित नक्सली ग्रुप 'रैडगार्ड' ने गत दिवस अजनाला थाना के गांव लल्ला अफगाना में दोहरे हत्याकांड, जिसमें बाप-बेटा मारे गए थे, की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली है । इस घटना में 70 वर्षीय गरनाम सिंह और उसका 35 वर्षीय बेटा सुखदेव सिंह घटनास्थल पर ही मारे गए थे जबकि गुरनाम सिंह का जमाई दलबीर सिंह घायल हो गया था । एक वक्तव्य में 'रैडगार्ड' कमांडर दलेर सिंह ने दावा किया कि यह हत्या करके एक पार्टी वर्कर बलवंत सिंह की हत्या का बदला लिया गया है । खालिस्तान समर्थक गुरनाम सिंह ने बलवंत सिंह की हत्या में उग्रवादियों की सहायता की थी । दलेर सिंह ने कहा है कि निर्दोषों और कम्युनिस्टों के हत्यारों से इसी तरह निपटा जाएगा । इससे पूर्व रैडगार्डों ने अमृतसर जिला में ही मूरता सिंह को घायल करने की जिम्मेदारी ली थी ।

दो गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर पुलिस ने

पुलिस की ओर
एक दर्जन व्यक्ति
घायल चल
'अश्वनी'
स्वर्ण सिंह कल
गया । पुलिस
और लूटमार
टाहली साहब
हत्या में भी पु
खुड्डा कांड
आतंकवादि
ने टांडा के निक
ग्रन्थी सेवा सिं
है कि इस ग्र
बस-हत्याकांड
कहना है कि इ
प्रस्तावित कार्य
जाता है कि यह
सम्पर्क सूत्र था
स्कूटर छीना
टांडा-साल
पिस्तौल की न
पी.बी.के. 75
रायफल और
मुक्तसर
आतंकवादी मौ
सिंह का पिस्तौ
कर और दो
उसका मोटर
जाता है कि
निकटवर्ती गां
बलबीर सिंह
315 बोर की
लिया । एक
उद्धेकरण के
जिम्मेदारी अ
रैजमैंट के इ
ऊपर ली है अ
टाऊट था ।

असामाजिक त
बरामदगी के लि
कर विरोध कि
आत्म रक्षा में
चिदम्बरम
नई दिल्ली
चिदम्बरम मे
लिए आज यह
उनके स
मोहसिना कि
संकल्पबद्ध है
करेगा जो एक

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi egg rate for 19.5.87 Rs. 52/- without trays. NECC Suggested Retail Price 7.10 per Dozen.

नाम परिवर्तन

मैंने अपने पुत्र मोनू का नाम बदल कर, अमित कुमार गर्ग रख दिया है । भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाए । रोशन लाल पुत्र पन्नु राम, लाडवा (कुरुक्षेत्र) ।

सार्वजनिक सूचना

Our Under Noted Sales Tax Forms have been lost. ST. XXII-926712 to 926731, ST. XXII-A147569 to 147596. Use of these stolen. Forms is offence under law. Vijay Paper Sales, 104, Shakti Nagar, Amritsar.

ज़मीन-जायदाद

फ्री-होल्ड रिहायशी प्लाट्स, कश्मीरी गेट बस अड्डे से केवल 8 किलोमीटर मीठा पानी, बिजली, बस

टी.वी. ट्रेनिंग

टैलीविज़न/रेंगदार टैलीविज़न सीखो, रात्रि कक्षा आरम्भ । नैशनल इलैक्ट्रानिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने बस स्टैंड, पठानकोट ।

शैलर बिकाऊ

दो टन शैलर और ड्रायर बिकाऊ हैं । मिलें–सरबजीत राईस एंड जनरल मिल्ज़, तरनतारन रोड, अमृतसर । फोन : 43778.

किराये पर

दो कमरों का सैट किराये के लिए खाली है । मिलें : 214 भाई दित्त सिंह नगर, मुहल्ला ढन, जालंधर, फोन : 72044.

हकलाना

हकलाना, तुतलाना सफल इलाज, तजुर्बा 22 साल, दाखला शुरू । पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

विश्व प्रसिद्ध
डा. राजीव



विज्ञापन

टी.वी. ट्रेनिंग

न/रंगदार टैलीविज़न सीखो, रात्रि कक्षा
ानल इलैक्ट्रानिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने
नकोट ।

शैलर बिकाऊ

शैलर और ड्रायर बिकाऊ हैं ।
ीत राईस एंड जनरल मिल्ज़, तरनतारन
। फोन : 43778.

किराये पर

का सैट किराये के लिए खाली है । मिलें :
त्त सिंह नगर, मुहल्ला ढन, जालंधर,
44.

हकलाना

तुतलाना सफल इलाज, तजुर्बा 22
शुरू । पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट,
रा, चंडीगढ़ ।

रोज़गार

स्टेशन मास्टर, टिकट कलैक्टर, गार्ड,
टर आदि बनने के इच्छुक पांच रुपए
कर जानकारी और फार्म मंगवाएं ।
National Railway Telegraph
mbala City.

शिक्षा

ठवीं मैट्रिक, दसवीं फ़ेल इंटर, दसवीं पास
/वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न RMP
—गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI,

. सरकारी रजिस्ट्रेशन 750/- में
ठवीं, नौवीं फेल दसवीं करें । दसवीं पास
) करें । प्रैप पास बी.ए., बी.काम. और
M.A. एक वर्ष में नवम्बर में करें ।
ी., जे.बी.टी., परीक्षा पांच जून से ।
ओं का परीक्षा केंद्र हमारा कालेज । जल्द
मावली 10 रुपए–Vivekanand
Kothi 21, Sector 21-A,
n.

ल या नौवीं फ़ेल शर्तिया और गारंटी से
करें । Metro College, Bazar
ass, (Near Majith Mandi),
Phone : 47664.

(सरकारी) रजिस्ट्रेशन 700/- रु.
ल/पास मैट्रिक, मैट्रिक फेल/पास इंटर/
वर में गारंटिड पास करें ।
s 10/- रु. मनीआर्डर द्वारा । स्वामी
ज, 1810/22-बी, चंडीगढ़ ।

in 1987 मैट्रिक, इंटर, बी.ए.,
टी से करें । बी.एड. या R.M.P. हेतु
spectus Rs. 10/-. Nehru
nota Bazar, Ambala City.

ारा B.Ed., M.Ed., BTC/JBT,
। हायर सैकेंडरी पास Direct B.A.,
l करें । दसवीं पास इंटर तथा बिना
के Matric करें । नियमावली के



ज़िला गुरदासपुर में गांव खोद्देवाल बांगर में आतंकवादियों के हाथों मारा गया (ऊपर) किशन चंद के परिवार की औरतें विलाप करती हुईं ।
(छाया : विनोद)

के उग्रवादी दूध पीने के बाद में जगन्नाथ के छोटे लड़के को पिस्तौल की बट्ट से घायल करके यह चेतावनी देकर चले गए कि एक हफ्ते के बाद वह फिर आएंगे और तब तक एक किलो सोने का प्रबंध करके रखें ।

टांग काट दी

इसी गांव में पंचायत की सदस्या श्रीमती प्रकाश कौर के घर में घुस कर उग्रवादी कीमती सामान के साथ एक साईकिल और श्रीमती प्रकाश कौर की बालियां भी ले गए । जब यह उग्रवादी जा रहे थे तो खेतों में सो रहे एक मजहबी सिख अमरीक सिंह ने उनसे पूछा कि वह इस समय वहां क्या कर रहे हैं । उग्रवादियों ने उस पर हमला करके तलवार से उसकी टांग काट दी । उसे अमृतसर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

कपड़े भी ले गए

तीसरी घटना रात डेढ़ बजे गांव बलियां में हुई । उग्रवादी प्यारा सिंह के घर में घुस आए और मकान की तलाशी लेने के बाद सोने की बालियां, अंगूठियां, 15 कीमती सूट और चांदी के आभूषण ले गए । प्यारा सिंह का बेटा दर्जी है और वह कुछ कपड़े सिलाई के लिए घर लाया था । उग्रवादी वह कपड़े भी ले गए ।

घर में घुस कर हत्या

मोगा (सर्व, मित्तल): बाघा पुराना थाना के गांव माड़ी मुस्तफा में आज तीन उग्रवादियों ने एक घर में घुस कर दर्शन सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी और भाग निकले । बाघा पुराना के डी.एस.पी. बख्शीश सिंह चीमा घटनास्थल पर पहुंचे और क्षेत्र

नाई, फल और शराब के थे । आग से हुई हानि का अभी कोई अनुमान नहीं लगाया जा सका है ।

रैडगार्डों ने जिम्मेदारी ली

नवगठित नक्सली ग्रुप 'रैडगार्ड' ने गत दिवस अजनाला थाना के गांव लल्ला अफगाना में दोहरे हत्याकांड, जिसमें बाप-बेटा मारे गए थे, की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली है । इस घटना में 70 वर्षीय गुरनाम सिंह और उसका 35 वर्षीय बेटा सुखदेव सिंह घटनास्थल पर ही मारे गए थे जबकि गुरनाम सिंह का जमाई दलबीर सिंह घायल हो गया था । एक वक्तव्य में 'रैडगार्ड' कमांडर दलेर सिंह ने दावा किया कि यह हत्या करके एक पार्टी वर्कर बलवंत सिंह की हत्या का बदला लिया गया है । खालिस्तान समर्थक गुरनाम सिंह ने बलवंत सिंह की हत्या में उग्रवादियों की सहायता की थी । दलेर सिंह ने कहा है कि निर्दोषों और कम्युनिस्टों के हत्यारों से इसी तरह निपटा जाएगा । इससे पूर्व रैडगार्डों ने अमृतसर जिला में ही मूरता सिंह को घायल करने की जिम्मेदारी ली थी ।

दो गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर पुलिस ने गांव जफ्फरवाल निवासी सुखविंदर सिंह लक्खा तथा गांव मानचोपड़ा के सुखदेव सिंह नामक दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि इनको गत रात धारीवाल के निकट एक नाके के दौरान गिरफ्तार किया गया । इनके कब्जे से एक नौ एम.एम. तथा एक 12 बोर का पिस्तौल और 5 जीवित कारतूस बरामद किए गए हैं । दोनों गत मास धारीवाल में एक कैमिस्ट पर हुए घातक हमले में भी वांछित थे ।

पुलिस अढ़ाई घंटे बाद पहुंची

गुरदासपुर (विनोद): आतंकवादियों के हाथों मारे गए किशन चन्द निवासी खोद्देवाल बांगर की हत्या के बारे में कुछ नई बातों का पता चला है । पता चला है कि 18 मई को दोपहर 12.30 पर तीन आतंकवादी गांव खोद्देवाल में स्कूटर पर आए और किशन चन्द की दुकान पर आकर उन्होंने किशन चन्द से उसके भाई बलदेव राज उर्फ काला, जोकि पंचायत विभाग में सचिव के रूप में कार्यरत है, के बारे में पूछा । जिस पर किशन चन्द ने बलदेव राज को आवाज़ लगाई । जब बलदेव राज घर से बाहर आ रहा था तो आतंकवादियों ने किशन चन्द पर गोलियां चलाईं जिसके फलस्वरूप किशन चन्द मौके पर मारा गया । उसके बाद बलदेव राज पर फायरिंग की गई मगर वह सुरक्षित स्थान की आड़ लेकर छुप गया और बच गया । आतंकवादी जाते हुए इनकी मां लीलावन्ती को भी गोली मार गए जिससे वह जख्मी हो गई । परिवार वालों ने बताया कि उसके बाद वह अपनी मां लीलावन्ती को लेकर ध्यानपुर अस्पताल गए और अस्पताल से पुलिस को सूचित किया गया । इसके बाद लगभग तीन बजे पुलिस गांव में पहुंची । पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों के हालात को देखते हुए इस परिवार के दो लड़के बिशनदास और ओम प्रकाश पहले ही गांव छोड़कर बिलासपुर (यू.पी.) जा बसे हैं । मृतक किशन चन्द बीवी के अलावा चार छोटी लड़कियां और एक लड़का पीछे छोड़ गया है ।

दो घुसपैठिए मरे

श्रीगंगानगर (ह.स.): सीमा सुरक्षा बल ने गत शनिवार को इस जिले में रायसिंह नगर सैक्टर में फरीदसर सीमा चुंगी चौकी के निकट दो पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया । देर से प्राप्त आधिकारिक सूचना में यह जानकारी दी गई ।

विश्व प्रसिद्ध

डा. राजीव

हमेशा याद रखें ।

निराश मिलें–

नोट : हर मंगलवार–कचहरी रोड, अमृतसर में मिलें, बाकी के दिन पुरानी रोहतक रोड, नज़दीक दया बस्ती, दिल्ली में मिलें ।

विशेष नोट : पत्र द्वारा दवाई नहीं भेजी जाती । मरीज़ अच्छी तरह देखने के बाद दवाई दी जाती है । कृपया पत्र-व्यवहार न करें ।



DR. RAJIV (World Famous)

क्रिस्टल®

इलेक्ट्रॉनिक गैस लायटर



२ सालकी गैरंटी

क्रिस्टल — भारत का सबसे अधिक बिकनेवाला गैस लायटर

3 Brothers/CL/9786 Hin.

स्टेनलेस स्टील बॉडी रु. ४४/-

न तूटनेवाली प्लास्टिक बॉडी रु. ३७/-

डिस्ट्रीब्यूटर : **मै. भल्ला एंड कं.,**
जालन्धर । फोन : 78989

कार्यालय, एग्जैक्टिव इंजीनियर, कंस्ट्र. डिविज़न, पी.डब्ल्यू.डी., बी.एंड आर., मालेरकोटला

नीलाम सूचना नं. 37

जिम्मेदारी आ
रैजमैंट के डाय
ऊपर ली है अ
टाऊट था ।

असामाजिक त
बरामदगी के लि
कर विरोध कि
आत्म रक्षा में

चिदम्बरम

नई दिल्ल
चिदम्बरम मे
लिए आज यह
उनके
मोहसिना कि

संकल्पबद्ध है
करेगा जो पंज
करेंगी ।

दृढ़ कदम उ

अकाली
राजीव गांधी
करने के लिए
राजीव-लौंगो
करें जिस भाव
कार्यकारिणी
जाने की कार
ठहराया है ।
की कि वह उन
फसलें हाल ही
गई हैं ।

कार्यकारि
निर्दोष व्यक्ति
सरकार के इस
कि पंजाब में त
जब तक कि प
अनुरूप अक्षर

बैठक के
बैठक में कुछ
कार्यकारिणी
लिए रणनीति
बरनाला को दे

इस अवस
सिंह ने कहा
को अभी भी
संवैधानिक व
प्रतिनिधि सरक

श्री बरना
होने के बाद की
के बाहर के ल
कहा कि जिन
गया है उनसे उ
को) नहीं मिल

श्री बरना
उन 54 भूमि
ले गई जिनको
मंत्री श्री चंदूमा
था ।

सहकारी

Punjabi Sanjaran

मुठभेड़ों में 4 उग्रवादी, 9 घुसपैठिये मरे : सी.आई.डी. इंस्पैक्टर सहित 4 की हत्या

बी.एस.एफ. अधिकारी की हत्या में वांछित 2 बंदी, 30 से अधिक उग्रवादी पकड़े गये

चंडीगढ़, 20 मई (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों में खेमकरण सीमा पर बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में 9 पाक घुसपैठिए मारे गए । पंजाब में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में 4 उग्रवादी मारे गए जबकि एक सी.आई.डी. इंस्पैक्टर सहित 4 लोगों की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । मृत उग्रवादियों में एक 'प्लस बी' श्रेणी का उग्रवादी शामिल है ।

सुरक्षा बलों ने आज रात लगभग 30 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । ये आतंकवादी घातक हथियारों से लैस थे । उन्हें शरण देने के आरोप में भी 6 लोग पकड़े गए ।

3 आतंकवादी मुठभेड़ोंमें मरे

अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर जिला में कल शाम से लेकर आज दोपहर तक तीन विभिन्न स्थानों पर पुलिस एवं सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में तीन आतंकवादी मारे गये हैं । इसी दौरान दो विभिन्न स्थानों पर आतंकवादियों द्वारा गोलियां चला कर दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

आतंकवादियों और पुलिस का पहला मुकाबला गत रात अमृतसर जिला के गांव छीना बग्गा के निकट कल आधी रात के करीब हुआ । इस मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया । प्राप्त सूचनाओं में कहा गया कि सी.आर.पी. की एक टोली गांव कुक्करांवाला से गांव छीना जा रही थी, ने रास्ते में पांच संदिग्ध आतंकवादियों को जाते देखा । जब इन लोगों को रुकने के लिये कहा गया तो उन्होंने सुरक्षा बल पार्टी पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बल पार्टी की जवाबी फ़ायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके शेष चार साथी अंधेरे में भाग निकलने में सफल हो गये । मृतक आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी । इस संबंध में थाना अजनाला में केस दर्ज हो गया है ।

आतंकवादियों एवं सुरक्षा बलों के साथ दूसरा मुकाबला आज प्रातः लगभग 10.30 बजे तरनतारन पुलिस स्टेशन के गांव मानां के निकट हुआ । इस संबंध में प्राप्त विवरण के अनुसार पंजाब पुलिस व सी.आर.पी. की संयुक्त टुकड़ी गश्ती ड्यूटी पर थी कि उसने एक जीप नम्बर डी.ई.डी.-3053 जो कि हरे रंग की थी और बिल्कुल नई थी, को तरनतारन की ओर जाते देखा । जब सुरक्षा दस्तों ने जीप में सवार दो व्यक्तियों को रुकने के लिये संकेत दिया तो उन्होंने जीप की रफ़्तार तेज़ कर दी । गश्ती पार्टी ने जब अपने वाहन में जीप का पीछा किया तो जीप सवारों ने उन पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बल द्वारा जवाबी फ़ायरिंग में एक जीप सवार मारा गया जबकि दूसरा भाग निकला । मृतक के कब्ज़े से एक रिवाल्वर भी पुलिस को मिला । मृतक की शिनाख्त लाली के रूप में की गई है ।

बाद में जब गश्ती पार्टी भगौड़े आतंकवादी की तलाश में गांव मानां से लगभग 7-8 किलोमीटर दूर गांव कैरोवाल में पहुंची तो उसने बाबा 'बूटा सिंह गुरजा सिंह गुरुद्वारा' के निकट दो व्यक्तियों को घोड़े पर जाते हुये देखा । गश्ती पार्टी ने जब उन्हें रुकने का संकेत दिया तो उन घुड़सवार व्यक्तियों ने गश्ती पार्टी पर गोली चलाई । गश्ती पार्टी की जवाबी फ़ायरिंग में एक घुड़सवार मारा गया । उसके कब्ज़े से 12 बोर की एक दोनाली बंदूक मिली तथा वहां से 3 चले कारतूस मिले । उनके कब्ज़े से 3 राऊंड 7.62 के मिले जो कारामद हैं । मृतक की शिनाख्त नहीं हुई । दूसरा घुड़सवार भाग निकला ।

गत रात थाना अजनाला के गांव भोयेवाल में 7 सशस्त्र व्यक्ति प्रीतम सिंह नामक जाट के घर में घुसे और उन्होंने प्रीतम सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । सातों आतंकवादी भाग जाने में सफल हो गये ।

दूसरी घटना अमृतसर जिले के गांव झब्बाल में हुई जिसमें दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति देसा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । यह घटना रात लगभग 8 बजे हुई । दोनों वारदातों की रिपोर्ट संबंधित थानों में दर्ज हो गई है ।

'कमलेश' के अनुसार दो उग्रवादियों, जिनके पास आग्नेय शस्त्र थे, ने देसा सिंह के मकान का दरवाज़ा खटखटाया । जब वह बाहर निकला तो उसे उन्होंने सत सिरी अकाल बुलाई और फिर उसने कहा कि जो भी हमारे रास्ता में आता है, उसे हम नहीं छोड़ते क्योंकि तुम सिख होते हुये भी सिखों के दुश्मन हो । जब देसा सिंह ने उनकी बात का उत्तर दिया तो उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चला कर उसकी हत्या कर दी । याद रहे कि गत चौबीस घंटे में उग्रवादियों ने जिला भर में पांच व्यक्तियों को गोली का निशाना बनाया है । पत्रकार नरेंद्र पाल सिंह पाल, डा. प्रेम सिंह तरनतारन, कामरेड दीपक धवन अजनाला, देसा सिंह झब्बाल तथा प्रीतम सिंह थरूके वाला उग्रवादियों के हाथों शहीद हुये हैं ।

एक समाचार एजेंसी के अनुसार सुरक्षा बलों से भिड़ंत में मारा गया एक आतंकवादी मनजिन्दर सिंह जज था, जो कि 'प्लस बी श्रेणी' का आतंकवादी था । पुलिस को शक है कि इस आतंकवादी का मलकीयत सिंह के नेतृत्व वाली 'खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स' से संबंध था । एक मृतक शराब विक्रेता बताया गया है ।

इसी बीच एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने बताया कि आतंकवादियों के विरोधी एक उग्रवादी संगठन 'रैड गार्ड' के सदस्यों ने कल अजनाला क्षेत्र के गांव बराड़ में मलकीयत सिंह के नेतृत्व वाली खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के सदस्यों के दो मकानों पर गोलियां चलाईं । उन्होंने कहा कि यह गार्ड वहां पैम्फलेट छोड़ गये, जिनमें उग्रवादियों को चेतावनी दी गई है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पटियाला के

चंडीगढ़, 20
मुख्यमंत्री सुरजीत
चन्दूमाजरा की
चन्दूमाजरा को
डाक्टरी परीक्षण
कौर को चन्दूमाजरा
मांग करते हुए दाय
पंजाब-हरियाणा ह
कौर के वकीलों जी
ने कहा कि पूछताछ
किए जाने के विश्व
डाक्टरों की टीम
चाहिए ।

इन व
बदनाम करने के
बयान दिलाने के
के एडवोकेट जनर
चन्दूमाजरा को 2
के एस.डी.एम. व
और उनके मैडि
याचिकाएं वहीं पेश
ही इन याचिकाओं
हाईकोर्ट ने बहस के



जालन्धर के गांव दकोहा में बुधवार को उग्रवादियों के हाथों मारे गए लाल का शव ।

बरनाला सरकार की बर्खास्तगी के बाद कई निजी सचिव पदावनत

चंडीगढ़, 20 मई (वि.प्र.): पंजाब में बरनाला सरकार की बर्खास्तगी के बाद भूतपूर्व मंत्रियों के सभी चपड़ासियों और जमादारों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं जबकि कई सचिव और प्राईवेट सचिवों को पदावनत कर दिया गया है । पता चला है कि तीन सचिवों को पदावनत करके प्राईवेट सचिव बना दिया गया है ।

14 प्राईवेट सचिवों को पदावनत करके पी.ए. और 33 पी.ए. को सीनियर स्केल स्टैनो बना दिया गया है । प्रशासनिक सचिवों को मंत्रियों का दर्जा दे दिया गया है इसलिए सम्भव है कि उन्हें एक-एक सचिव दे दिया जाए । इसके बावजूद कई सचिव और पी.ए. अतिरिक्त हो गए हैं । ये लोग गत एक सप्ताह से यहां सचिवालय में बेकार घूम रहे हैं ।

21 सेवादारों को जो अस्थायी पदों पर थे, की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं । इनमें सुन्दरी देवी नामक एक विधवा भी है । 9 जमादारों को पुनः सेवादार बना दिया गया है । इनमें मल्कियत सिंह नामक एक व्यक्ति भी है जो गत 22 वर्ष से सचिवालय में सेवारत है । इन लोगों को अभी 20 रुपए मासिक विशेष वेतन से वंचित होना पड़ेगा ।

इसी बीच नई संयुक्त सचिव श्रीमती तजेन्द्र कौर ने बताया कि जो स्टाफ अतिरिक्त हो गया है उसे सचिवालय में किसी न किसी स्थान पर लगाने को पूरा प्रयास किया जा रहा है । श्री बलबीर सिंह अत्री जो भूतपूर्व वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह के साथ सचिव का काम कर चुके हैं, को वित्त विभाग में अंडर सैक्रेटरी नियुक्त किया गया है ।

पुलिस अधिकारियों के तबादले

चंडीगढ़, 20 मई (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने आधा दर्जन एस.पी. रैंक के अधिकारियों के तबादले किए हैं । इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार एस.पी. पूछताछ केंद्र अमृतसर श्री गोबिन्द राम को फरीदकोट का नया एस.एस.पी. नियुक्त किया गया है जबकि फरीदकोट से श्री राजन गुप्ता को हैदराबाद में ट्रेनिंग के लिए भेज दिया गया है ।

हरसा सिंह एस.पी. (सुरक्षा) पंजाब को होशियारपुर का अतिरिक्त एस.पी. नियुक्त किया गया है, जबकि होशियारपुर से ब्रजेन्द्र सिंह मान को अमृतसर का अतिरिक्त एस.पी. लगाया गया है ।

सुरजीत सिंह काहलों एस.पी. (सुरक्षा राज भवन पंजाब) को एस.पी. (तस्करी- विरोधी) सी.आई.डी. अमृतसर नियुक्त किया गया है । गुरबचन सिंह मान एस.पी. (गुप्तचर) पटियाला को पंजाब होमगार्ड का डिप्टी कमांडेंट जनरल नियुक्त किया गया है, जबकि गुरदीप सिंह मान अतिरिक्त एस.पी. गुरदासपुर को एस.पी. (गुप्तचर) पटियाला लगा दिया गया है ।

एस.पी. रैंक के दो आई.पी.एस. अधिकारियों को पदोन्नत करके डी.आई.जी. बना दिया गया है । चौधरी सुबे सिंह डी.आई.जी. (अपराध) और श्री

दिल्ली में सेना द्वारा फ़्लै दंगों में 2 मरे, 23

नई दिल्ली, 20 मई (वार्ता, ह.स.): सेना तथा केंद्रीय रिज़र्व पुलिस ने पुरानी दिल्ली के उन इलाकों में फ़्लैग मार्च किया जहां कर्फ़्यू लगा है । पुलिस के अनुसार स्थिति नियंत्रण में है । कल रात के बाद किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला है ।

लेकिन पुरानी दिल्ली के चार इलाकों में लगे अनिश्चितकालीन कर्फ़्यू को हटाए जाने के बारे में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है । जामा मस्जिद, हौजकाज़ी, चांदनी महल तथा चांदनी चौक के कुछ इलाकों में कर्फ़्यू लगाया है । पुलिस के अनुसार कल रात एक महिला के साथ छेड़खानी करने के कारण भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में दो व्यक्ति मारे गए तथा 23 घायल हो गए । घायलों में तीन पुलिस कर्मी भी हैं ।

ऐहतियात के तौर पर पूरी राजधानी में पांच दिन के लिए धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है । पुलिस के अनुसार सभी गड़बड़ी की आशंका वाले क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है ।

कल रात की घटनाओं के सिलसिले में 52 लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

इसी बीच शांति समितियों ने विभिन्न इलाकों में

उपराज्यपाल ह
के परिवारों को बीस
को ढाई-ढाई हजार
घोषणा की है । क
लोगों को दूध, सब्जी
सड़कों पर गंदगी
पुलिस अधिकारियों
कर्मचारियों को कर्फ्यू
अनुमति दी जाए । क
की सम्भावना है ।

मार्क्सी पार्टी की

मार्क्सवादी कम्य
समिति ने आज दिल्ली
चिंता व्यक्त करते हु
को अलग-थलग कर
राज्य सचिवालय के स
वक्तव्य में आरोप ल
राजधानी में साम्प्रद
आयोजित करने की अ
वातावरण बनाने की

उन्होंने बताया कि

तिवारी सीमा विवाद पर चीन से राजनीतिक वार्ता को तैयार

टोक्यो, 20 मई : विदेशमंत्री नारायण दत्त तिवारी ने आज संकेत दिया कि यदि चीन चाहे तो वह अगले महीने अपनी चीन यात्रा के दौरान सीमा

विदेश मंत्री तदाशी कुरानारी को बताया कि यह खबर तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत की गई है ।

श्री तिवारी ने कहा कि चीन पर भारत के साथ

धं गालियां चला कर उसकी हत्या कर
कि गत चौबीस घंटे में उग्रवादियों ने
ांच व्यक्तियों को गोली का निशाना
त्रकार नरेंद्र पाल सिंह पाल, डा. प्रेम
न, कामरेड दीपक धवन अजनाला,
बाल तथा प्रीतम सिंह धरूके वाला
हाथों शहीद हुये हैं ।
चार एजैंसी के अनुसार सुरक्षा बलों से
गया एक आतंकवादी मनजिन्दर सिंह
'प्लस बी श्रेणी' का आतंकवादी था ।
क है कि इस आतंकवादी का मलकीयत

बर्खास्तगी

व पदावनत

किसी न किसी स्थान पर लगाने को
ा जा रहा है । श्री बलबीर सिंह अत्री
मंत्री श्री बलवंत सिंह के साथ सचिव
चके हैं, को वित्त विभाग में अंडर
किया गया है ।

अधिकारियों

के तबादले

20 मई (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने
.पी. रैंक के अधिकारियों के तबादले
संबंध में जारी आदेश के अनुसार

पैम्फलेट छोड़ गये,जिनमें उग्रवादियों को चेतावनी दी गई है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

याचिकाएं वहीं पेश की जानी चाहिएं । एस.डी.एम. ही इन याचिकाओं पर उचित आदेश देंगे । इस पर हाईकोर्ट ने बहस के लिए 22 मई की तारीख दे दी ।



जालन्धर के गांव दकोहा में बुधवार को उग्रवादियों के हाथों मारे गए ए.एस.आई. पुलिस रोशन लाल का शव । (छाया : कपूर)

दिल्ली में सेना द्वारा फ़्लैग मार्च, दंगों में 2 मरे, 23 घायल

नई दिल्ली, 20 मई (वार्ता, ह.स.): सेना तथा केंद्रीय रिज़र्व पुलिस ने पुरानी दिल्ली के उन इलाकों

उपराज्यपाल हरकिशन लाल कपूर ने मृतकों के परिवारों को बीस-बीस हजार रुपए और घायलों

पुलिस सूत्रों ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि जिन चार इलाकों में सेना की कम्पनियां लगाई गई हैं,उनमें हापड़ रोड, पिलखड़ी, ज़ैदी फ़ार्म और छतरपुर रोड शामिल हैं ।

मेरठ में सुरक्षा बलों को आगज़नी और हिंसा की घटनाओं में लिप्त असामाजिक तत्वों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिये गये हैं । जिले में कल रात भी आगज़नी, पथराव तथा नारेबाज़ी की घटनाएं हुई जिससे कर्फ़्यूग्रस्त पुराने शहर के अधिकतर इलाकों में तनाव बना हुआ है ।

सूत्रों ने बताया कि मेरठ में 3 और लोगों के मरने

जिले में हुए उपद्रवों के सिलसिले में अ
तक 250 से अधिक लोगों को गिरफ़्तार कि
है । कई लोगों के पास से हथियार और वि
सामग्री बरामद हुई है ।जानकारी के अनु
रात आगज़नी की पांच घटनाएं हुई तथा तीन
पर आमने-सामने नारेबाज़ी हुई । आगज़
पथराव कर रहे लोगों पर सुरक्षा बलों ने
गोलियां चलाईं । अब तक आगज़नी की
घटनाएं हुई हैं । गुलमर्ग सिनेमा घर को
जलाने और उसे नुक्सान पहुंचाने का प्रय

अवाक्स बारे याकू
द्वारा रीगन से बात

न्यूयार्क, 20 मई : पाकिस्तान को जल्द से जल्द अत्याधुनिक टोही विमान उपलब्ध कराने के लिए आज अमरीका और पाकिस्तान एक समझौते के प्रारूप को अंतिम रूप दे रहे हैं । पाकिस्तान के विदेश मंत्री साहबजादा याकूब खान ने इस समझौते पर दोनों देशों के बीच व्यापक विचार-विमर्श के बाद राष्ट्रपति रीगन से मुलाकात की । उन्होंने पिछले दो दिनों के दौरान उपराष्ट्रपति जार्ज बुश, रक्षामंत्री कास्पर वाईनबर्गर तथा विदेश मंत्री जार्ज शुल्ट्ज से भी मुलाकात की है । दोनों पक्षों ने विचार-विमर्श के बारे में कुछ भी बताने से इंकार किया है, लेकिन जानकार सूत्रों के अनुसार

समझे जाते हैं । पर्यवेक्षकों का मानना
पाकिस्तान को इन अत्याधुनिक विमानों की
करने में अमरीकी प्रशासन के सामने कइ
दिक्कतें हैं । पाकिस्तान को अगर (हाक
(अवाक्स) लीज पर दिया जाता है तो
राष्ट्रपति को यह प्रमाणित करना पड़ेगा
दौरान अमरीका को इस्तेमाल के लिए इनकी
नहीं है ।

अवैध रूप से ब्रिटेन में आने
के लिए समुद्र में कैदखा

Punjabi Sanadani

3 आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस अधिकारियों के अनुसार पुलिस व सुरक्षा बलों ने क्षेत्र के कई गांवों में प्रत्येक घर में जाकर तलाशी ली । इसने कुछ संदिग्ध आतंकवादियों के अलावा हथियार व गोली-सिक्का पकड़ने का दावा किया, लेकिन इसका ब्यौरा नहीं दिया गया ।

अमृतसर पुलिस ने दो आतंकवादियों अमरजीत सिंह तथा जागीर सिंह को गिरफ्तार किया है। जागीर सिंह से खिलौना पिस्तौल मिली ।

अमृतसर के एस.पी. (डी) श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए दो आतंकवादी बब्बर खालसा ग्रुप से संबंधित हैं, जो पुलिस को डी.एस.पी. हरपाल सिंह की हत्या तथा शेरों गांव में सी.आर.पी. के चार जवानों की हत्या के संबंध में वांछित थे । इन आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में छः व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने स्कूटर-चोर गिरोह के दो सदस्यों को स्कूटरों तथा पिस्तौलों सहित गिरफ्तार किया । यह लोग स्कूटर छीन कर उनके जाली कागज़ात बना कर बेच देते थे । पुलिस ने दो अन्य आतंकवादियों को भी पकड़ा, जो कई हत्याओं व बैंक डकैतियों में वांछित थे ।

श्री राजेंद्र सिंह ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि गत सप्ताह पुलिस ने दो आतंकवादियों राजबीर सिंह मांगट, निवासी तरसिक्का, थाना मेहता और बलविंदर सिंह निवासी गांव राम दिवाली थाना मेहता को गिरफ्तार किया । उन्होंने बताया कि राजबीर सिंह जिसकी आयु 20 वर्ष है और जिसके कब्ज़े से 303 का पिस्तौल मिला है, पुलिस को डी.एस.पी. हरपाल सिंह की हत्या में वांछित था । डी.एस.पी. हरपाल सिंह की 9 फरवरी, 1987 को ब्यास के निकट उनके घर में हत्या कर दी गई थी । दूसरे आतंकवादी बलविंदर सिंह के कब्ज़े से 12 बोर का पिस्तौल मिला। वह गत वर्ष 19 नवम्बर को सी.आर.पी. के चार कर्मियों की हत्या के सिलसिले में वांछित था । इन दोनों आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में जिन छः व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, उनमें जगबीर सिंह तरसिक्का निवासी, जरनैल सिंह गांव धूलका, शाम सिंह तरसिक्का, भजन सिंह धूलका, जसवंत सिंह उर्फ़ वाहेगुरु जब्बोवाल निवासी, अमरीक सिंह तरसिक्का तथा भजन सिंह सैदों लैहल निवासी शामिल हैं ।

उन्होंने बताया कि अमरजीत सिंह तथा जागीर सिंह स्कूटर चोर गिरोह के सदस्य हैं । अमरजीत सिंह मूलतः जिला फिरोज़पुर के गांव पधारी का निवासी है तथा आजकल अमृतसर के गुरु नानक नगर में रहता है । उसकी दुकान टंडन नगर में है । जागीर सिंह थाना पट्टी के गांव मक्खी मृगंदपुरा का रहने वाला है । इनके कब्ज़े से दो स्कूटर मिले जिन पर जाली रजिस्ट्रेशन प्लेटें लगी हैं । उनसे आधी दर्जन स्कूटरों का पता चला है, जो उन्होंने जाली रजिस्ट्रेशन नम्बरों पर बेच डाले हैं । इन लोगों की सूचना पर अमृतसर की राम बाग पुलिस ने जसपाल सिंह नामक एक रबड़ स्टाम्प निर्माता को भी हिरासत में लिया, जिसने इन लोगों को जाली सरकारी मोहरें बना कर दीं । जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने शशि मोहन, सरबजीत सिंह तथा तेजिंद्र सिंह नामक व्यक्तियों को भी सरकारी मोहरें बनाकर दी

सदस्य), कमलजीत सिंह कम्बा और स्वर्ण सिंह से ऐसे जाली ड्राइविंग लाइसैंस प्राप्त हुए थे । इस केस की जांच डी.एस.पी. (डिटैक्टिव) गुरमेल सिंह कर रहे हैं । इस संबंध में केस सिटी कोतवाली में दर्ज किया गया है । उन्होंने बताया कि इस मामले में जिला परिवहन कार्यालय, पुलिस कर्मियों व एजैंटों की साजिश है ।

धवन का हत्यारा मारा गया ?

श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि एक अन्य मारा गया आतंकवादी मनजिंदर सिंह उर्फ़ जज थाना 'डी' डिविजन के इंस्पैक्टर ब्रह्मदेव शर्मा के लड़के की हत्या में वांछित था । मनजीत सिंह पर 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित था । उन्होंने बताया कि पुलिस को संदेह है कि सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया घुड़सवार आतंकवादी मार्क्सी नेता श्री दीपक धवन की हत्या में संलिप्त था । उन्होंने बताया कि कल तरनतारन में हुए हत्याकांडों के बाद तरनतारन कस्बा में छानबीन अभियान जारी है । छः व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ जारी है ।

एक की हत्या

भटिंडा (ग्रोवर): गत रात इस जिला के थाना दयालपुरा के अंतर्गत गांव अकालियां कलां में चार सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उसकी पत्नी को घायल कर दिया । जिला पुलिस चीफ़ श्री एम.पी.एस. औलख ने कहा कि हमलावरों ने यहां से 50 किलोमीटर दूर एक गांव में एक ड्राइवर से उसकी टैक्सी छीनी तथा फिर एक व्यक्ति सुरजन सिंह के घर में घुस गये । उन्होंने सुरजन सिंह पर गोली चलाई, जिससे वह घटनास्थल पर मर गया । उसकी पत्नी को अस्पताल पहुंचाया गया ।

एस.एस.पी. ने कहा कि मृतक के परिवार के सदस्यों ने हमलावरों में से दो को पहचान लिया । उन्होंने कहा कि हमलावरों तथा सुरजन सिंह के मध्य भूमि का विवाद था । पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

फेरी वाले को लूट लिया

सुनाम, (नागपाल) : थाना लहरागागा के मौज़ा अड़कवास और नंगला के मध्य 4 संदिग्ध आतंकवादियों ने कपड़े की फेरी लगाने वाले एक व्यक्ति से सारे कपड़े और एक हज़ार रुपये छीन लिये । फेरी वाले के शोर मचाने पर लोगों ने आतंकवादियों का पीछा करके 3 को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया जबकि चौथा आतंकवादी फ़रार होने में सफल हो गया ।

सब-इंस्पैक्टर की हत्या

जालंधर (वि.स): आज प्रातः 8½ बजे के लगभग जालंधर छावनी स्टेशन से निकट के गांव दकोहा जा रहे सी.आई.डी. सब-इंस्पैक्टर श्री रोशन लाल की तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी और फ़रार हो गये ।

प्राप्त विवरण के अनुसार श्री रोशन लाल, जो काफ़ी लम्बे समय से सी.आई.डी. में काम करे थे और कुछ देर पूछताछ केंद्र अमृतसर में तैनाती के बाद पुनः यहां तैनात थे, आज प्रातः बंगलादेशी या अन्य घुसपैठियों एवं अवांछनीय तत्वों का पता लगाने की दृष्टि से जालंधर छावनी स्टेशन पर हवड़ा एक्सप्रैस







उग्रवादियों द्वा
चित्रों में (1)
बहिन मंजु ध

व उच्च अ
आसपास के
अभी तक कि

मृतक दो
विधवा पत्नी

7वां अधिव

Punjabi Sanjaan

सिंह स्कूटर चोर गिरोह के सदस्य हैं । अमरजीत सिंह मूलतः जिला फिरोज़पुर के गांव पधारी का निवासी है तथा आजकल अमृतसर के गुरु नानक नगर में रहता है । उसकी दुकान टंडन नगर में है । जागीर सिंह थाना पट्टी के गांव मक्खी मृगंदपुरा का रहने वाला है । इनके कब्ज़े से दो स्कूटर मिले जिन पर जाली रजिस्ट्रेशन प्लेटें लगी हैं । उनसे आधी दर्जन स्कूटरों का पता चला है, जो उन्होंने जाली रजिस्ट्रेशन नम्बरों पर बेच डाले हैं । इन लोगों की सूचना पर अमृतसर की राम बाग पुलिस ने जसपाल सिंह नामक एक रबड़ स्टाम्प निर्माता को भी हिरासत में लिया, जिसने इन लोगों को जाली सरकारी मोहरें बना कर दीं। जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने शशि मोहन, सरबजीत सिंह तथा तेजिंद्र सिंह नामक व्यक्तियों को भी सरकारी मोहरें बनाकर दी हैं ।

श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों से पुलिस का सी.आई.ए. विभाग पूछताछ कर रहा है क्योंकि इस स्कैंडल में जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय तथा पुलिस के कई कर्मियों के भी फंसने की सम्भावना है । केस की जांच ज़ोर-शोर से जारी है क्योंकि ऐसे लोगों से ड्राइविंग लाइसैंस तथा रजिस्ट्रेशन के कागज़ात बनवा कर कई आतंकवादी पुलिस की चंगुल से छूट जाते रहे हैं । उन्होंने कहा कि ऐसे तीन-चार केस पुलिस की निगाह में आ चुके हैं, जिनमें अरूढ़ सिंह (पंथक कमेटी

पुलिस के हवाले कर दिया जबकि चौथा आतंकवादी फ़रार होने में सफल हो गया ।

सब-इंस्पैक्टर की हत्या

जालंधर (वि.स): आज प्रातः 8½ बजे के लगभग जालंधर छावनी स्टेशन से निकट के गांव दकोहा जा रहे सी.आई.डी. सब-इंस्पैक्टर श्री रोशन लाल की तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी और फ़रार हो गये ।

प्राप्त विवरण के अनुसार श्री रोशन लाल, जो काफ़ी लम्बे समय से सी.आई.डी. में काम करते थे और कुछ देर पूछताछ केंद्र अमृतसर में तैनाती के बाद पुनः यहां तैनात थे, आज प्रातः बंगलादेशी या अन्य घुसपैठियों एवं अवांछनीय तत्वों का पता लगाने की दृष्टि से जालंधर छावनी स्टेशन पर हावड़ा एक्सप्रैस गाड़ी की अचानक चैकिंग करने के बाद अकेले अपने घर दकोहा गांव जा रहे थे, जब एक सफ़ेद रंग के स्कूटर पर सवार तीन उग्रवादियों ने उनके निकट पहुंच कर उन पर गोलियां चलाईं, जिनमें से दो उनके सिर पर तथा एक पीठ पर लगी और वह वहीं गिर कर दम तोड़ गये ।

तीनों उग्रवादी उसी स्कूटर पर दकोहा रोड के रेलवे फाटक तक भागे और उसके बाद उनमें से एक पैदल खिसक गया और दो स्कूटर पर तल्लहन गांव की ओर भागे ।

सूचना मिलने पर सी.आर.पी. तथा पुलिस फ़ोर्स



उग्रवादियों द्वारा मारे गए मार्क्सी नेता दीपक धवन की बुधवार को तरनतारन में अंत्येष्टि की गई। चित्रों में (1) श्री धवन के अंतिम दर्शन (2) भाई की फूलों से ढकी देह के पास बिलख रही उसकी बहिन मंजु धवन (3) परिवार के शोक संतप्त सदस्य। (छाया : प्यारे लाल)

व उच्च अधिकारी मौका पर पहुंच गये तथा आसपास के क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली गई, किन्तु अभी तक किसी के पकड़े जाने का समाचार नहीं ।

मृतक दो युवा लड़के व एक युवा लड़की तथा विधवा पत्नी छोड़ गया है ।

7वां अधिकारी

श्री रोशन लाल गत 2 वर्षों में पंजाब में आतंकवादी हिंसा का शिकार होने वाले 7वें सी.आई.डी. अधिकारी हैं । नवम्बर 1986 में सी.आई.डी. सब-इंस्पैक्टर गंगा बिशन की किशनपुरा के निकट हत्या कर दी गई थी । सब-इंस्पैक्टर देसराज व गुरपाल सिंह की क्रमशः गुरदासपुर व फिरोज़पुर में हत्या कर दी थी । इस वर्ष अब तक 4 सी.आई.डी. इंस्पैक्टर मारे जा चुके हैं । हैडकांस्टेबल सोहन लाल की लाश 21 जनवरी को आदमपुर के निकट नहर से मिली थी । सब-इंस्पैक्टर महेंद्र सिंह को घर से दफ़्तर जाते हुये हत्या कर दी गई थी । एक अन्य सी.आई.डी. अधिकारी जगदीश सिंह का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी गई थी ।

नकोदर में 2 उग्रवादी पकड़े

नकोदर पुलिस ने गत रात्रि दो संदिग्ध उग्रवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया । इनके नाम बलबीर सिंह तथा भूपेंद्र सिंह बताए गये हैं ।

शिव सेना नेता गिरफ्तार

जिला जालंधर में कल रात हिन्दू शिव सेना के एक नेता तथा सिख छात्र संघ के एक कार्यकर्त्ता की गिरफ्तारी से उग्रवादियों व उनके समर्थकों की गिरफ्तारियों की संख्या 44 हो गई । पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किये गये शिवसेना के नेता का नाम विजय कुमार और सिख छात्र संघ कार्यकर्त्ता का नाम सोढी सिंह है । जिला में गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों में भूतपूर्व सांसद इकबाल सिंह ढिल्लों, एकीकृत अकाली दल के नेता सरूप सिंह आदि भी शामिल हैं ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

गुरदासपुर, (विनोद): गत रात पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । थाना हरगोबिन्दपुर के बल्लोवालपुर क्षेत्र में नाके के दौरान पुलिस ने रात लगभग एक बजे दो युवकों को रुकने का संकेत किया, जिस पर उन्होंने पुलिस पार्टी पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई और लगभग आधे घंटे बाद उग्रवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया ।

जिला पुलिस चीफ़ श्री जे.पी. विरदी के अनुसार इन दोनों की शिनाख्त शीतल सिंह गांव मत्तेवाल, थाना मत्तेवाल, थाना कत्थूनंगल और इंद्रजीत सिंह गांव मंडियाला के रूप में हुई है । इनकी पुलिस को थाना हरगोबिन्दपुर के गांव अटवाल में बी.एस.एफ. के इंस्पैक्टर श्री के.के. शर्मा की हत्या के केस में तलाश थी । इनके कब्ज़े से दो पिस्तौल और सात चले हुये कारतूस बरामद हुये हैं । पुलिस को इनके

गिरफ्तारियों की संख्या 80 हुई

होशियारपुर (अश्विनी): जिला होशियारपुर में आल इंडिया सिख स्टूडैंड्स फ़ैडरेशन, दमदमी टकसाल और संयुक्त अकाली दल के वर्करों की चार और गिरफ्तारियों से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 80 तक जा पहुंची है । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों की स्क्रीनिंग का काम शुरू कर दिया गया है । स्क्रीनिंग समाप्त होते ही निर्दोषों को रिहा कर दिया जाएगा ।

गत सायं 2 युवकों ने टांडा के निकट एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

फिरोज़पुर (बागी): जिला फिरोज़पुर में एकीकृत अकाली दल, सिख छात्र संघ और दमदमी टकसाल के वर्करों की गिरफ्तारियों की संख्या 74 हो गई है । एस.एस.पी. ने बताया कि आतंकवाद से प्रभावित क्षेत्रों को छोड़ कर शेष नाके खत्म की दिये गये हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस व अर्ध सैनिक बलों की गश्त बढ़ा दी गई है ।

राणा भाग निकला

चंडीगढ़ में पंजाब पुलिस के महानिदेशक आंतरिक सुरक्षा सचिव श्री जे.एफ़. रिबैरो ने बताया कि थाना झब्बाल के अंतर्गत गांव मानां में सी.आर.पी. के आई.जी. (आप्रेशन) के.पी.एस. गिल के नेतृत्व में सुरक्षा बलों से हुई भिड़ंत में मारा गया आतंकवादी लाली पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन सिंह मानोचाहल के गिरोह से संबंधित था । उन्होंने कहा कि थरू गांव के वांछित आतंकवादी रणजीत सिंह राणा का सी.आर.पी. ने पीछा किया, लेकिन वह भागने में सफल हो गया ।

स्कूटर छीना, पैट्रोल पम्प लूटा

लुधियाना (धी): लुधियाना—फिरोज़पुर रोड पर नानकसर के स्थान पर दो आतंकवादी जोगिन्द्र सिंह से उसका स्कूटर छीन कर फ़रार हो गये । फिर उन्होंने सिधवां बेट जाकर एक पैट्रोल पम्प से 1200 रुपए लूट लिये ।

लूटने जा रहे थे, पकड़े गए

लुधियाना के जिला पुलिस चीफ़ ने दावा किया है कि पुलिस ने बी. श्रेणी के आतंकवादी गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि वे लुधियाना से बीस किलोमीटर दूर सुधार में एक चोरी के स्कूटर पर सवार होकर एक निकटवर्ती डेरे को लूटने जा रहे थे । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम रणजीत सिंह उर्फ़ काका गांव सुधार, गुरमीत सिंह फौजी गांव बिलासपुर थाना खन्ना और गुरदीप सिंह हलवाड़ा हैं । उन्होंने कहा कि गुरदीप सिंह उर्फ़ फौजी, जो सैनिक भगौड़ा है, को आप्रेशन ब्लू स्टार के दौरान पकड़ा गया था और कैद की सज़ा पूरी होने पर हाल में उसे रिहा किया गया था । इन आतंकवादियों ने चार डकैती केसों में संलिप्त होने का इकबाल किया । इनसे स्कूटर के अलावा तीन पिस्तौलें व एक दर्जन गोलियां भी मिलीं ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

ड्राइविंग सीखें

ड्राइविंग, हैवी ट्रक/कार (लाइसैंस समेत), टैलीविज़न, इलैक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपैंटर, RCC, वार-बैंडर, वैल्डिंग कोर्स । रिहायश फ्री । मिलें : नैशनल इंजीनियरिंग कालेज, पीछे बस स्टैंड, सामने होटल अमन पैलेस, लुधियाना, फोन : 31437, □सामने मेन गेट, बस स्टैंड, अमृतसर और खन्ना, □184 मोता सिंह नगर, जालंधर ।

टेलरिंग

Bhasin Bros., First Floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar. Phone : 43554 for Gent's Suits, Safari and Shirts.

हकलाना

हकलाना/तुतलाना लाईलाज नहीं है । औषधि व सर्जरी के बगैर पक्का इलाज करवाएं—आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाज़पुल, हिसार (हरियाणा) ।

सार्वजनिक सूचना

हमारा लड़का भूषण कुमार कहने से बाहर है । उसे अपनी जायदाद से बेदखल करते हैं, वह कोई गलत काम या लेन-देन करेगा, खुद जिम्मेवार होगा । जगदयाल पुत्र लेख राज, प्रधान देवी धर्मपत्नी जगदयाल, जी.टी. रोड, फतेहाबाद ।

मेरा लड़का कुलवंत सिंह मेरे कंट्रोल से बाहर है, मैंने उसे अपनी जायदाद, चल, अचल से बेदखल कर दिया है, जो आदमी इससे किसी प्रकार का कोई लेन-देन करेगा तो वह खुद जिम्मेदार होगा—विद्यावंती विधवा लाभ सिंह, मकान नं. 627/I, अम्बाला शहर ।

बिकाऊ

एक कोठी, रकबा 6 कनाल 2 मरला, दूसरी 3 कनाल 7 मरला और 3 कनाल का एक प्लाट वाक्या

पोल्ट्री

NECC Delhi egg rate for 20.5.87 Rs. 50/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.85 per Dozen.

चिकित्सा

केवल एक पुड़िया से खूनी बवासीर के मुफ्त इलाज हेतु पधारें । लिखें : फैमी ज्वैलर्ज, संतपुरा, यमुनानगर ।

प्रवेश सूचना

नौवीं कक्षा का दाखला शुरू है । K.S. Model School, गली नं. 3, शिवाजी नगर, शिंगार सिनेमा के पास, लुधियाना ।

इन्वैस्टमैंट

Contact Authorised Agents U.T.I. Schemes M.I.G. S/8 Capital Gains U.L.I.P. 12, Sector 23, Chandigarh.

आवश्यकता

मोगा (वार्ता): कल सायं यहां से 30 किलोमीटर दूर गुरु तेग बहादुर पालीटैक्निक के होस्टल में पुलिस ने सिख छात्र संघ तथा संयुक्त अकाली दल के सात वर्कर्स को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने कुछ अवांछनीय तत्वों के वहां मौजूद होने की पक्की सूचना पाकर बी.एस.एफ. के साथ वहां छापा मारा था ।

इसी दौरान गत दिवस लम्बी थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान मारे गए 'गोले रैजीमैंट' के जनरल की शिनाख्त भूपेंद्र सिंह के रूप में हुई है । पुलिस का कहना है कि इस रैजीमैंट के शेष 15 सदस्यों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. डी.एस. मोही ने बताया कि उग्रवादी गतिविधियों को रोकने के लिए मुक्तसर क्षेत्र में बी.एस.एफ. की दो और कम्पनियां तैनात की गई हैं ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार, कई हत्याएं की थी

भटिंडा (ग्रोवर): पुलिस ने फरीदकोट भटिंडा, संगरूर जिलों में सरगर्म डेढ़दर्जन उग्रवादियों के एक गिरोह के तीन सदस्यों जरनैलसिंह, मंगल सिंह और मेहर सिंह को गिरफ्तार करके शेष सदस्यों की शिनाख्त कर ली है । भटिंडा के एस.एस.पी. श्री औलख ने आज यहां पत्रकार सम्मेलन में बताया कि उक्त गिरोह जरनैल सिंह, मंगू और मल्कीयत सिंह के नेतृत्व में जिला भर में सरगर्म था । यह गिरोह कम से कम एक दर्जन हत्याएं कर चुका तथा कई अन्य खतरनाक वारदातों में संलिप्त था । इसी गिरोह ने अकीलाकलां में एक हरिजन परिवार के चार सदस्यों और रामपुरा के निकट बीस बस यात्रियों की हत्या की थी । इसी गिरोह के सदस्यों ने खंडा बनाका के महंत सर्वानंद और तलवंडी साबू में रघु राम, कुंदन लाल आदि की हत्या की थी । पुलिस ने गिरोह के सभी सदस्यों की शिनाख्त करके उनकी तलाश शुरू कर दी है ।

दो खोखे जला दिए

भच्चू मंडी से तरसेम की सूचना है कि आज यहां से दो किलोमीटर दूर कैंचियां गांव में किसी ने दो खोखे जला दिए ।

संगरूर से गर्ग के अनुसार दो उग्रवादियों ने आज सायं अनाज मंडी में साधू राम, खेम चन्द फर्म से कई हजार रु. लूट लिए ।

जालन्धर में हत्या

जालन्धर : उग्रवादियों ने आज रात्रि बंगा थाना क्षेत्र के ग्राम गुणाचौर में एक दुकानदार टिक्कन की गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि एक कार में सवार दो उग्रवादी वहां आए और स्टेनगनों से फायरिंग शुरू कर दी, जिससे टिक्कन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । उग्रवादी फरार हो गए ।

एक घायल

कपूर के अनुसार जालन्धर-कपूरथला रोड पर ग्राम संगल सोहल में दो उग्रवादियों ने सरूप सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । सरूप सिंह की लड़की ने रात में घर में बताया कि छत पर कुछ लोग हैं । उस समय सरूप सिंह टी.वी. देख रहा था । तुरन्त ही वह छत पर चढ़ गया तो उग्रवादियों ने उस पर गोली चला दी और फरार हो गए ।

बस दुर्घटना...
(पृष्ठ 3 का शेष)

होलीक सं
जताई कि समस
आवश्यकता है
गांधी द्वारा गत श
देते हुए बताय
प्राथमिकता व्यव
लोगों की सुरक्षा

श्री गांधी ने
इफ्तार में कहा कि
सख्ती से निपटेंगे
नहीं दी जाएगी

सात सांसद कि

मेरठ के दंगो
गए विपक्षी दल
मलियाना (मेरठ
गिरफ्तार मास्को
तेलुगु देशम के पी
बलराम, मास्स
फारवर्ड ब्लाक के
मसूद और कांग्रे
शामिल हैं ।

'जी.एस. च
ईद पर हिंसा
मुस्लिम आबादी
हैं । दंगे और स
है ।

गैस गोदा

लुधियाना, 2
कर्किंग गैस की स
करने पर पाबंदी
जिलाधीश के जै
कि अब शत प्रति
यह आदेश 7 जु
करने वाले डीलर
जाएगी । इस
रही थीं । लोग
जांच कराई जाए

पंजाब याचिक

चंडीगढ़, 2
हाईकोर्ट में पंजाब
सिंह बरनाला औ
लागू होने से पूर्व)
दायर याचिका के
और अर्ध सरकारी
अगस्त 1982 से
1042 लोग मार

पंजाब स्त्री
ओसिमा रेखी औ
डांग के माध्यम से
हाथों मारे गए
मुआवजा दिए
उल्लेखनीय है
गुरदासपुर में 21
लोग मारे गए त
217 और 25

चीफ जस्टिस
विरोधी पक्ष के व
के अनुसार उग्रवा
अन्य संविधानों व
निर्देश दिए और य

Punjab Sanchar

4 मुठभेड़ों में 6 आतंकवादी मरे : मानोचाहल गिरोह के 3 सदस्य बंदी

अमृतसर के गांव में हत्या : जालंधर में डाकघर व सहकारी बैंक लूटे : कपूरथला के मंड क्षेत्र में छापे : 14 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 27 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में सुरक्षा बलों के साथ 4 मुठभेड़ों में 6 आतंकवादी मारे गए जबकि जिला अमृतसर में एक व्यक्ति की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । जालन्धर में एक डाक घर लूटा गया । कपूरथला के मंड क्षेत्र में 14 आतंकवादी पकड़े गए । अमृतसर पुलिस ने 15 आतंकवादियों को पकड़ने का दावा किया है, जिनमें 3 मानोचाहल गिरोह से सम्बन्धित हैं । मारे गए आतंकवादियों में दो तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू जनरल थे ।

2 मारे गए

जालन्धर (वि.स.): गत आधी रात यहां से आठ कि.मी. दूर सरदाना ड्रेन पर तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों व सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में दो उग्रवादी गोलियां लगने से मारे गए जबकि उनका तीसरा साथी फरार होने में सफल हो गया । अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी । बताया गया है कि यह तीनों पौने एक बजे के लगभग एक स्कूटर पर वहां से गुजरे तो नाका पार्टी ने उन्हें रुकने को कहा जिस पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी और पुलिस की जवाबी फायरिंग से दो मारे गए । उनके कब्जा से एक राइफल तथा एक डबल बैरलगन व कुछ कारतूस पकड़े गए । सदर थाना जालन्धर ने केस रजिस्टर कर जांच शुरू कर दी । इस बीच एस.पी. (डी) तथा अन्य पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ उस क्षेत्र में पहुंच गए ।

पुलिस ने अंधेरे में निकल भागे एक संदिग्ध आतंकवादी द्वारा छोड़ा गया स्कूटर भी बरामद किया । मारे गए एक आतंकवादी की कमर पर कारतूस की एक पेटी तथा एक बंदूक पाई गई । लगभग 30 वर्ष का यह आतंकवादी गहरे नीले रंग की पैंट हल्के नीले रंग की शर्ट तथा जूते पहने हुए था और उसकी कनपटी तथा छाती पर गोलियों के एक-एक निशान थे, जबकि दूसरा आतंकवादी कमीज, पाजामा तथा चप्पल पहने हुए था । उसके पास से एक स्टेनगन बरामद हुई थी । एस.एस.पी. श्री एस.एस. बैंस ने बताया कि पुलिस ने इन उग्रवादियों पर आत्म रक्षा में गोली चलाई ।

एक अन्य केस में गत दिन पुलिस स्टेशन बंगा के क्षेत्र में सी.आर.पी. और जिला पुलिस की एक संयुक्त पार्टी ने एक आतंकवादी मनजीत सिंह पुत्र पाखर सिंह जट्ट निवासी मजारी पुलिस स्टेशन बंगा, जिला जालन्धर को गिरफ्तार किया और उससे एक .12 बोर डबल बैरल गन 88413 पकड़ी गई है । यह धारा 382 के अन्तर्गत पुलिस स्टेशन बंगा जिला जालन्धर में दर्ज केस में छीना हुआ हथियार है । उससे पूछताछ की जा रही, और उसने यह भी स्वीकार किया है कि वह पुलिस स्टेशन बंगा और पुलिस स्टेशन नवांशहर, जिला जालन्धर के क्षेत्र में शराब के ठेकों को जलाने और लूटपाट के कई केसों में संलिप्त है । उसके गैंग के अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में छापा मार पार्टियों को भी भेजा गया है ।

दूसरा मुकाबला आज लगभग 11 बजे नकोदर- नूरमहल रोड पर गांव उप्पल जागीर के निकट हुआ जब दो मुंह ढांपे स्कूटर सवार उग्रवादियों ने पुलिस की एक जीप पर हमला करके एक गिरफ्तार उग्रवादी संतोख सिंह उर्फ सुखा को छुड़ाने की कोशिश की । फायरिंग व जवाबी फायरिंग के बीच छुड़ाने वाले दो उग्रवादियों में से एक घायल हो गया जबकि छुड़ाए जाने वाले गिरफ्तार उग्रवादी सुखा को भी भागते हुए गोली लगी । पुलिस दस्ता सुखा को तो पुनः पकड़ लेने में सफल हो गया किन्तु दूसरे दोनों उग्रवादी स्कूटर पर भाग जाने में सफल हो गए ।

बताया गया है कि एस.एच.ओ. श्री गुरपाल सिंह संतोख सिंह उग्रवादी को फिरोजपुर ले जा रहा था कि रास्ते में दो उग्रवादियों ने जीप पर हमला कर दिया ।

बाद में संतोख सिंह की अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

सहकारी बैंक लूटा

आज बाद दोपहर जालन्धर के नजदीकी गांव रायपुर फराला में अज्ञात व्यक्तियों ने एक सहकारी बैंक से 32,000 रुपए लूट लिए । पुलिस ने बताया कि लुटेरों ने कैशियर को पिस्तौल की नोक पर धमकाया तथा रकम लेकर फरार हो गए ।

डाकखाना लूटा

आज दोपहर जालन्धर की बस्ती नौ में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर 3400 रुपए लूट लिए और फरार हो गए । पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई ।

घर-घर तलाशी

आज तड़के चार बजे के लगभग पुलिस व सुरक्षा बलों ने जालन्धर के मुहल्ला हरनामदासपुरा को घेर कर घर-घर की तलाशी ली । इस दौरान चार व्यक्तियों को शक के आधार पर हिरासत में लिया गया, जो बाद में छोड़ दिए गए । बताया गया है कि तलाशी के दौरान, जो दो-अढ़ाई घंटे तक चली, दूध और अखबार आदि देने वालों को भी दाखिल नहीं होने दिया गया ।

पूछताछ के बाद छोड़ दिया

फगवाड़ा (कौड़ा): स्थानीय पुलिस ने कल निकटवर्ती गांव मलिकपुर में घर-घर की तलाशियों के बाद हिरासत में लिए गए चार संदिग्ध लोगों को आज प्रातः कड़ी पूछताछ के बाद छोड़ दिया । पुलिस के अनुसार ऐसी तलाशियां शहर के आसपास के गांवों में अचानक हुआ करेंगी, ताकि समाज विरोधी तत्वों को काबू किया जा सके । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रेल पटड़ी तथा अन्य स्थानों पर गश्त तेज कर दी गई है ।

मंड क्षेत्र में गिरफ्तारियां

कपूरथला (शर्मा): पंजाब में ब्यास नदी के मंड क्षेत्र में उग्रवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे तलाशी अभियान के तहत आज तड़के 14 और कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । कपूरथला जिले में ही कल रात एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किए गए कथित उग्रवादियों में से अधिकतर डेरों और दूरदराज के कृषि फार्मों में ठहरे हुए थे । जिला पुलिस प्रमुख के.एल. लेखी के अनुसार कल मंड इलाके के ही विभिन्न गांवों से 15 कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया था ।

श्री लेखी ने आज तड़के गिरफ्तार किए गए उग्रवादी का नाम महेन्द्र सिंह बताया है । वह जालन्धर जिले में शाहकोट पुलिस स्टेशन के बाड़ा जोधसिंह गांव का रहने वाला है । श्री लेखी के अनुसार इस उग्रवादी से एक पिस्तौल और कुछ गोलियां भी बरामद की गईं । उन्होंने कहा कि इसने भुस्सोवाल सहकारी समिति के सचिव से गत वर्ष नवम्बर में तीन हजार रुपए से अधिक की राशि लूटी थी ।

खुड्डा कांड का अभियुक्त न्यायिक हिरासत में

दसूहा (झावर): रामपुरखेड़ा गुरुद्वारा के संत सिंह, जिसे खुड्डा बस हत्या कांड के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था, को अदालत ने 8 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।

3 आतंकवादी पकड़े

जैतो (पराशर): गत दिवस यहां से लगभग आठ किलो मीटर दूर गांव बाजाखाना में जैतो पुलिस की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई । प्राप्त जानकारी के अनुसार जैतो पुलिस प्रातः पांच बजे बाजाखाना गांव में गश्त कर रही थी कि उसका सामना आतंकवादियों के साथ हो गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार 5 आतंकवादियों ने गश्त कर रही पुलिस पर फायरिंग की और उसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की । इसमें तीन आतंकवादी पकड़े गए और दो भागने में सफल हो गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पकड़े गए

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भारतीय और ब्रिटिश वीजा प्रणाली से अनेक जटिलताएं पैदा होने लगीं

लंदन, 27 मई : ब्रिटेन के एक नागरिक ने आरोप लगाया है कि पिछले 18 महीने के दौरान पश्चिमी देशों के अनेक व्यक्तियों को बिना कोई कारण बताए भारत छोड़ने का निर्देश दे दिया गया है या दिया जाने वाला है । भारतीय और ब्रिटिश वीजा प्रणाली की पेचीदगियों से लोग परेशान हैं ।

डाक्टर आर.ओ. शॉ पिछले पांच साल तक भारत में रह रहे थे । 'टाइम्स' को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा है कि सम्बद्ध जिला पुलिस और राज्य सरकार द्वारा मेरे प्रवास की अवधि जारी रखने की सिफारिश के बावजूद दिल्ली स्थित अधिकारियों ने बिना कोई कारण बताए मुझे देश छोड़कर चले जाने के लिए कहा । श्री शॉ की पत्नी भारतीय नागरिक है ।

जब उनकी पत्नी ने कहा कि उन्हें अपने मनपसन्द पति के साथ अपने देश में रहने का अधिकार है तो एक अधिकारी ने जवाब दिया कि भारतीय रीति-रिवाजों के अनुसार पत्नी को अपना घर छोड़कर पति के साथ जाना होता है ।

डाक्टर शॉ ने भारतीय प्रोफैसर द्वारा 'टाइम्स' को भेजी एक शिकायत से उत्तेजित होकर यह पत्र लिखा । इसमें भारतीय प्रोफैसर ने नई दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग के अधिकारियों का व्यवहार अक्षम, रुखा और अव्यावहारिक बताया था । प्रोफैसर उर्मिला खन्ना के अनुसार ब्रिटिश उच्चायोग से वीजा हासिल करना अपने आप में अनूठा अनुभव है । छोटे से दड़बे में एक-दूसरे के कंधे छीलते लोग अपनी बारी आने की इन्तजार में बेहाल होते रहते हैं ।

प्रोफैसर खन्ना की इस शिकायत पर 'टाइम्स' ने अपने दिल्ली के सम्वाददाता से मामले का ब्यौरा मांगा । सम्वाददाता ने प्रोफैसर खन्ना के पत्र में बयान किए हालात की पुष्टि की । ब्रिटिश उच्चायोग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वे भीड़ की समस्याएं कम से कम समय में कारगर ढंग से सुलझाने की कोशिश करते हैं, लेकिन उन्होंने इन आरोपों पर रोष व्यक्त किया कि वे वीजा लेने वालों से ब्रिटिश राज के हाकिमों जैसा बर्ताव करते हैं ।

टाइम्स को भेजे पत्र में प्रोफैसर खन्ना आगे लिखती हैं कि भूख और गर्मी से बेहाल लोगों को उच्चायोग के कर्मचारी पासपोर्ट वापसी काउंटर के सामने से हट जाने के लिए कहते हैं लेकिन इस कमरे में कहीं और खड़ा होने भर की भी जगह दिखाई नहीं देती । खन्ना के अनुसार एक ब्रिटिश अधिकारी ने बाद में धमकी दी कि यदि इन लोगों ने वहां भीड़ लगाई तो उन्हें उच्चायोग की इमारत से बाहर निकाल दिया जाएगा ।

टाइम्स ने "वीजा सिस्टम का दूसरा रुख" शीर्षक से डाक्टर शॉ का पत्र छापा है । इसके अनुसार नवम्बर 1986 में स्थानीय थाने के एक कांस्टेबल ने उन्हें पत्र दिया जिसमें कहा गया था कि भारत में आगे प्रवास की उनकी अर्जी को भारत सरकार ने रद्द कर दिया है और वे फौरन भारत छोड़ कर चले जाएं । श्री शॉ के अनुसार उस पत्र पर किसी के हस्ताक्षर नहीं थे । श्री शॉ ने कहा कि प्रोफैसर खन्ना की तरह मैं भी यही समझता हूं कि इस तरह की घटनाएं दोनों देशों के सभ्य सम्बन्धों में बाधक हैं ।

पूंजीवादी तत्व पैसे के बल पर दंगे भड़काते हैं : वी.पी.

लखनऊ, 27 मई : भूतपूर्व रक्षामंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज यहां कहा कि देश के वर्तमान साम्प्रदायिक तनाव में पूंजीवाद की राजनीति का खेल है । साम्प्रदायिक तत्वों से राष्ट्रीय स्तर पर संगठित होकर निपटने की जरूरत है । उन्होंने राजनीतिक व सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे ऐसे पूंजीवादी तत्वों को बेनकाब करें जो पैसे के बल पर दंगे भड़काते हैं ।

श्री सिंह ने सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि साम्प्रदायिक तनाव देश के लिए एक बड़ी चुनौती है । इसका सामना करने के लिए धर्म निरपेक्ष ताकतों को मजबूत करने तथा सामाजिक व आर्थिक असमानता को दूर करना आवश्यक है । उन्होंने हाल ही में उत्तर प्रदेश, विशेषकर मेरठ और दिल्ली में भड़के दंगों के प्रति चिन्ता जाहिर की ।

उन्होंने कहा कि देश के स्थायित्व को सब से बड़ा खतरा एकाधिकारवादी पूंजीवाद से है, जिस पर कड़ी निगाह रखनी होगी । श्री सिंह ने कहा कि देश की पश्चिमी सीमाओं पर उभरे नए खतरों के मुकाबले की तैयारी हमारे विकास कार्यों को प्रभावित कर रही है ।

श्री सिंह ने कहा कि चुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियों द्वारा पूंजीपतियों से धन एकत्रित करने की परम्परा से ही सहानुभूति की राजनीति पैदा होती है । इसलिए इसे समाप्त किया जाना चाहिए । उन्होंने सुझाव दिया कि चुनाव के लिए लेवी के तौर पर सरकार को राजस्व एकत्रित कर इसे आधुनिक रूप से राजनीतिक दलों को बांटने का फार्मूला अपनाना चाहिए, जिससे भ्रष्टाचार की गुंजाइश न रहे ।

रैली विफल

सरकारी कर्मचारी तथा शिक्षक महासंघ द्वारा आज यहां आयोजित विवादास्पद रैली विफल हो गई और भूतपूर्व रक्षा मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह उसे सम्बोधित नहीं कर पाए । राज्य सरकार ने प्रदेश में साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति देखते हुए पांच मंडलों व आठ जिलों में सभी तरह की रैलियों व जलूसों के आयोजन पर पाबंदी लगा दी थी । लेकिन महासंघ रैली करने पर आमादा था ।

यू.पी. में शीघ्र साम्प्रदायिक व असामाजिक तत्वों की धर पकड़

भारत से सीमा विवाद चीन मुकर गया था





(1) व (2)

आतिश

लखनऊ
थाने के सलेम
आतिशबाज़ी
गृहस्वामी औ
तथा उसकी प

घटना क
वरिष्ठ पुलिस
स्थिति का जा
व्यक्ति आतिश

कर्नल
द्वारा
मंडल

चंडीगढ़,
मिलने के विरो
राम सिंह ने अ
मुख्यमंत्री बर्सी
एस.एम.एच.
विकास मंत्रालय
संभालेंगे ।
रेवाड़ी व जट
नामांकन भर
टिकट पर रेवा

राज्य के
राज्यमंत्री प्या
उनके इस्तीफे

असंतुष्ट अल

अम्बाला
भी टिकट न मि
से इस्तीफा दे
इंका के टिकट
अच्छे प्रत्याशि
कहा कि पार्टी
बताएंगे ।

नीलोखेड़ी
इंका से इस्तीफ
हैं ।

Punjab Archive

6 उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों से थ्री-नट-थ्री, 38 बोर देसी पिस्तौल, 12 बोर देसी पिस्तौल और 5 कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

मानोचाहल गिरोह के सदस्य बंदी

अमृतसर (अशोक): ज़िला अमृतसर की वेरोवाल पुलिस ने मानोचाहल गैंग से सम्बन्धित तीन खतरनाक आतंकवादियों को हथियारों सहित पकड़ने का दावा किया है । इसी प्रकार वल्टोहा पुलिस ने 11 हत्याओं और डकैतियों के 7 अभियुक्तों को हथियारों सहित पकड़ा ।

पुलिस ने बताया कि वेरोवाल पुलिस ने तीन खतरनाक आतंकवादियों कुलवन्त सिंह (देव बट्ठ), गुरमुख सिंह (मेहता) तथा निर्मल सिंह (सुलतानपुर लोधी) को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से हथियार भी पकड़े । यह तीनों मानोचाहल गैंग से सम्बन्धित बताए जाते हैं ।

पुलिस की एक विज्ञप्ति के अनुसार गत रात्रि वल्टोहा पुलिस ने 4 आतंकवादियों मिलखा सिंह, मेहर सिंह, हरजिंदर सिंह और बगीचा सिंह (सभी वल्टोहा गांव निवासी) को एक नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया । इन आतंकवादियों के कब्जे से एक 315 बोर की राइफल, एक दोनाली बंदूक और दो रिवाल्वर/पिस्तौल बरामद किए गए । इन आतंकवादियों के तीन और साथी अभी पकड़े जाने हैं । पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने 11 हत्याओं तथा डकैतियों के केसों में संलिप्त होना स्वीकार किया है ।

हत्या कर दी

विज्ञप्ति में यह भी बताया गया है कि कल रात गांव बराड़ में एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह की अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी । विज्ञप्ति में इस वारदात को आपसी शत्रुता का परिणाम बताया गया है जबकि 'वार्ता' के अनुसार खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस हत्या की जिम्मेदारी कबूल की है ।

इसी बीच कल रात चाटीविंड क्षेत्र में कुछ संदिग्ध व्यक्ति गुरमुख सिंह नामक व्यक्ति से उसकी लाइसैंसशुदा 12 बोर की बंदूक छीन कर ले गए ।

एक अन्य सूचना में कहा गया कि पुलिस ने ज़िला के विभिन्न भागों से लगभग 15 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनसे हथियार आदि बरामद किए हैं । इन लोगों को आतंकवादी एवं विध्वंसक कार्रवाइयां (रोकथाम) कानून की धारा 3 और 4 के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया है । उन पर आतंकवादियों को पनाह देने तथा उत्तेजक कार्रवाइयां करने के आरोप हैं । इनमें से 6 को जंडियाला पुलिस ने पकड़ा जिनके नाम धीरा, गुरपाल सिंह, मलूक सिंह, सुक्खा सिंह, सुच्चा सिंह व गुरमेल सिंह हैं । तरनतारन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक गुरुद्वारा के ग्रंथी सोहन सिंह व एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया ।

3 उग्रवादी मरे

फरीदकोट (वार्ता): गत रात्रि ज़िला के थाना मेहना के गांव रामावाला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जबकि दूसरा भाग जाने में सफल हो गया । मृत उग्रवादी के कब्जे से एक .32 बोर का रिवाल्वर तथा बड़ी संख्या में कारतूस मिले । दूसरी वारदात में थाना सदर मोगा के गांव जोगेवाला में दो उग्रवादियों की सुरक्षा बलों से मुठभेड़ हुई जिसमें दोनों उग्रवादी मारे गए । उग्रवादियों ने अपने हथियार एक नजदीकी जौहड़ में फेंक दिए । पुलिस हथियारों की तलाश कर रही है ।

स्वयंभू जनरल मारे गए

जोगेवाल के निकट हुई मुठभेड़ में मरने वाले उग्रवादियों की शिनाख्त मंजीत सिंह व अमरीक सिंह के रूप में हुई है जो कि तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू जनरल थे । बताया जाता है कि सी.आर.पी. और पुलिस की एक संयुक्त पार्टी ने उग्रवादियों के एक अड्डे पर छापा मारा था जिस पर उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं । डी.आई.जी. श्री धर्म सिंह मोही ने कहा कि दोनों मृत उग्रवादी कम से कम 13 हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे जिन में 17 फरवरी को मोगा की एक अदालत में जुडीशियल मैजिस्ट्रेट श्री एच.आर. कौशिक की हत्या भी शामिल है । वे कई बैंक डकैतियों और हथियार छीनने की वारदातों में भी संलिप्त थे ।

दोनों ईनामी उग्रवादी थे

मोगा (सैर्वमित्र): फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने बताया कि मृत उग्रवादी मंजीत सिंह को पकड़ने के लिए एक लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था जबकि अमरीक सिंह के लिए 50 हजार रुपए का ईनाम रखा गया था । उन्होंने कहा कि इन दोनों से बरामद हुई मोहरें व अन्य दस्तावेज़ खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बन्धित हैं । उन्होंने बताया कि जोगेवाला में 13 युवकों को गिरफ्तार किया गया है जोकि आतंकवादियों को शरण देते रहे हैं । उन्होंने कहा कि पुलिस को गुरुद्वारा जोगेवाला में से बड़ी मात्रा में हथियार जिनमें स्टेनगनें भी शामिल हैं, मिलने की आशा है । पुलिस ने उस जौहड़ में से पानी निकालने का आदेश दिया है जहां यह हथियार छुपाए होने का संदेह है ।

गोइंदवाल में दो युवक पिस्तौल की नोक पर एक पैट्रोल पम्प से लगभग पांच-छः हजार रुपए लूटकर ले गए । इस दौरान पैट्रोल पम्प का मालिक भोला तथा गुरबख्श राय एक स्कूटर पर आ गए । कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि अभी-अभी दो युवक रुपए लूटकर भागे हैं । जब उन्होंने अभियुक्तों का पीछा करके उन्हें ललकारा तो उन्होंने गोलियां चला दीं जिससे भोला की पीठ और श्री राय के बाजू पर छर्रे लगे । इसके बाद अभियुक्त भाग गए ।

शेरा गिरफ्तार

बरेली : पंजाब के कुख्यात आतंकवादी शेर सिंह उर्फ शेरा को फरीदपुर पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है । पुलिस ने बताया कि सोमवार को अंग्रवापुर फुलवा गांव के निकट मुठभेड़ के बाद यह आतंकवादी गिरफ्तार हुआ । उसके पास से एक राइफल बरामद हुई ।

जाफना में हमला जारी

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रायद्वीप पर कल से जारी सैनिक कार्रवाई के जो परिणाम होंगे उसके लिए वह खुद पूरी तरह जिम्मेदार होगा । समझा जाता है कि भारतीय उच्चायुक्त जे.एन. दीक्षित ने राष्ट्रपति जे.आर. जयवर्धने से आज भेंट कर यह चेतावनी दी । समझा जाता है कि श्री दीक्षित ने ताजा घटनाक्रमों पर भारत की गम्भीर चिंता भी व्यक्त की ।

राष्ट्रपति जयवर्धने ने आज घोषणा की कि सरकार ने तमिल उग्रवादियों के साथ तब तक यह निर्णायक लड़ाई लड़ने का फैसला किया है जब तक दोनों में से कोई एक पक्ष निर्णायक रूपसे विजयी नहीं हो जाता । सीलोन बैंक मुख्यालय की 32 मंजिली इमारत के उद्घाटन समारोह में श्री जयवर्धने ने कहा कि अगर सरकार को इस कथित युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिए सभी विकास योजनाएं रोकनी पड़ें तो भी वह समस्त संसाधनों का उपयोग करने से नहीं हिचकिचाएंगे ।

तमिल छापामारों ने दावा किया है कि उन्होंने श्रीलंका की सेना के 50 जवान मार गिराए हैं । श्रीलंका के सैनिकों ने बहुत से नागरिकों की हत्याएं की हैं ।

हमले की भारत द्वारा निंदा

नई दिल्ली (वार्ता): विदेश मंत्री नारायण दत्त तिवारी ने इस बात की कड़ी निंदा की है कि श्रीलंका की सरकार ने बातचीत का रास्ता अपनाने की अपनी पूर्व घोषणा के बावजूद जाफना प्रायद्वीप के नागरिकों के खिलाफ चौतरफा हमले की कार्रवाई शुरू कर दी है । विदेश मंत्री ने यहां जारी एक वक्तव्य में कहा कि श्रीलंका के सुरक्षा बलों की नवीनतम कार्रवाई से स्पष्ट हो जाता है कि बाहरी शक्तियों का प्रभाव बढ़ रहा है जो इस क्षेत्र की शांति, सुरक्षा तथा स्थायित्व के खिलाफ है ।

नई दिल्ली में भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परामर्श किया ।

मांगों के पक्ष में धरना

होशियारपुर, 27 मई (प्रद्युम्न): आज यहां पंजाब सबार्डीनेट सर्विसिस फैडरेशन के आह्वान पर कर्मचारियों ने जिलाधीश के कार्यालय के सामने धरना दिया जिसका नेतृत्व जगदीश सिंह कर रहे

गुमशुदा की तलाश

मेरे नाना **श्री बनवारी लाल बांसल**, उम्र 76 वर्ष, रंग सांवला, कद 5½ फ़ुट, दिमागी खराबी के कारण 13 अप्रैल, 1987 से घर से लापता हैं । सूचना देने वाले को किराए के इलावा 500/- शुक्राना दिया जाएगा ।

इंद्र कुमार भोला,
गली मामन नम्बरदार वाली,
भादरा बाज़ार, सिरसा
फोन-20470.

दिवाकर



गुमशुदा की तलाश

मेरे पिता जी **जय नारायण**, आयु 57 वर्ष, रंग सांवला, कद 5'-3", 15.5.87 से दिमागी परेशानी से लापता हैं । खबर देने वाले को खर्च के इलावा 500/- इनाम दिया जाएगा । अगर आप पढ़ें तो घर लौट आएं ।

पता : **अग्रवाल आयरन स्टोर,**
गोहाना रोड, नज़दीक पुलिस चौकी,
पानीपत ।
Phone : P.P. 4216.



क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

बिकाऊ

Nicely built 21 Marla 5 rooms Kothi 205-L, Model Town, Jalandhar. Contact Ph. 71235, 79917.

टूर्नामैंट

'सुरेश मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट' करनाल

गुमशुदा

मेरा ब्राऊन रंग का बैग लुधियाना बस स्टैंड से गुम हो गया, जिसमें परल कम्पनी की रसीदें और गीतों वालियां कापियां हैं, पहुंचाने वाले को 50/- रुपए शुक्राना । पता : गीतकार और रेडियो H.M.V. कलाकार, बगा माशीआ कला, डाकखाना कुमकला,

Punjabi Samatani

...क्ष्मी

...हर बृहस्पतिवार

...) में 28.5.87 को जजों के
...ा :

SLC-588426

SLE-162614
...mbers ending with the last 5

...679 75577
...049 26530
...mbers ending with the last 4

...9782 4258 7425 0515
...mbers ending with the last 4

...4209 0671 0346 0965
...mbers ending with the last 3

...24 734 875 993
...mbers ending with the last 3

...65 799 858 947
...3 बरे ।

...एंड कं.,
...कलकत्ता-700009.
...ा, कनाट प्लेस, नई दिल्ली-1.
...ोजा, दमन और दिव (सरकार)

...LAKHS
...पये से अधिक के इनाम
(सभी प्रोत्साहनों सहित)

...हला इनाम :
...एक लाख रु.
...त्येक बृहस्पतिवार

खालिस्तान आर्म्ड पुलिस का लै. जनरल मस्तान मुठभेड़ में मरा

5 पुलिस कर्मी निलम्बित, 3 पुलिस कर्मी गिरफ्तार, बैंक लूटने का प्रयास, सरपंच ने उग्रवादी भगाये, लुधियाना में विस्फोट

8 घुसपैठिये मरे, जालन्धर जिले में 1 हत्या, घरों की तलाशियां

चंडीगढ़, 28 मई (वार्ता, ह.स.): गुरदासपुर जिले में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में तथाकथित 'खालिस्तान आर्म्ड पुलिस' का स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल मस्तान सिंह मस्तान मारा गया, जबकि ड्यूटी में कोताही बरतने और रिश्वत लेने में 5 पुलिस कर्मी निलम्बित कर दिए गए । अमृतसर जिले में 8 पाक घुसपैठिए बी. एस. एफ. से हुई मुठभेड़ में मारे गए। अमृतसर में ही 3 पुलिस कर्मी गिरफ्तार किए गए । होशियारपुर में एक बैंक लूटने का प्रयास किया गया, कपूरथला में एक सरपंच ने फायरिंग करके उग्रवादियों को भगा दिया, लुधियाना में एक मकान में विस्फोट हुआ, जालन्धर के कुछ क्षेत्रों में पुलिस ने घर-घर की तलाशी ली । जालंधर जिले में ही आज रात्रि एक व्यक्ति की उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादी मरा

विनोद व कोछड़ के अनुसार बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ के बाद खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का लै. जनरल मस्ताना सिंह उर्फ मस्तान मारा गया जबकि उसके दो साथी भागने में सफल हो गए ।

गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि बीती रात बटाला सदर के गांव बलपारिया के पास एक नाले पर बी.एस.एफ. के जवानों ने नाका लगाया हुआ था कि तीन-चार आतंकवादी दिखाई दिए । श्री बिरदी ने बताया कि इससे पहले कि जवान उन्हें रुकने को कहते आतंकवादियों ने नाका बंदी पर हैंडग्रेनेड फैंक दिया मगर नाका पार्टी दूर थी अतः जवानों को कोई नुक्सान न पहुंचा ।

श्री बिरदी ने बताया कि बाद में बी.एस.एफ. के जवानों द्वारा फायरिंग की गई जिससे जवाब में आतंकवादियों ने भी फायरिंग की और बीस मिनट के मुकाबले के बाद एक आतंकवादी मस्ताना सिंह उर्फ मस्तान मारा गया और बाकी अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए ।

श्री बिरदी ने बताया कि जहां यह मुठभेड़ हुई वहां से सुरक्षा बलों ने एक एच.ई. 36 ग्रनेड, एक 455 बोर का रिवाल्वर और 6 चले हुए कारतूस, एक 303 बोर का पिस्तौल और 10 चले हुए कारतूस तथा छः 12 बोर के कारतूस बरामद किए हैं, जोकि आतंकवादियों ने मुठभेड़ में चलाए थे ।

श्री बिरदी ने बताया कि प्रमुख आतंकवादी मस्ताना सिंह उर्फ मस्तान तथाकथित खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल था और यह जिला गुरदासपुर पुलिस को 9 हत्याओं के अलावा कुछ और केसों में वांछित था । इसका गैंग फतेहगढ़ चूड़ियां, डेरा बाबा नानक और कलानौर इलाके में सक्रिय था। श्री बिरदी ने बताया कि मस्तान सिंह ने 4 नवम्बर 1986 को गांव अफगान में हैडकांस्टेबल अनोख सिंह, 14 जनवरी, 1987 को गांव मंगिया निवासी विजय कुमार, 19 जनवरी को देव किशन निवासी डेरा बाबा नानक, 24 जनवरी को अध्यापक बृज मोहन निवासी फतेहगढ़ चूड़ियां, 3 फरवरी को रघबीर दास निवासी बडाला बांगर , 4 मार्च को सरपंच प्रित पाल निवासी भोलेके, 18 मार्च को डा. सतीश चन्द्र निवासी बडाला बांगर की गांव डेढग्वार डिस्पैंसरी में तथा 19 मई को गांव खोदेबंगर में किशन चन्द की हत्या की थी और कुछ रोज पहले कलानौर मार्कीट कमेटी के चेयरमैन के लड़के बचित्तर सिंह को जख्मी किया था । श्री बिरदी ने बताया कि इसके अन्य साथियों की शिनाख्त हो चुकी है ।

5 पुलिस कर्मी निलंबित

गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि जिले के दो थानों के दो सब-इंस्पैक्टरों, 2 असिस्टैंट सब इंस्पैक्टरों, एक हैडकांस्टेबल को ड्यूटी में लापरवाही व रिश्वतखोरी के आरोप में निलंबित कर दिया गया । इनमें कोहनूवान थाने के एस.आई. गुरदास सिंह, एस.आई. तारा सिंह, ए.एस.आई. गुरनाम सिंह, हैडकांस्टेबल गुरचरण सिंह तथा हरगोबिन्दपुर थाने का एस.आई. महेंद्र सिंह शामिल हैं ।

उग्रवादी बंदी

कोहनूवान पुलिस ने माडा ग्राम के उग्रवादी गुरमुख सिंह को एक लूटे गए स्कूटर पर जाते समय गिरफ्तार कर लिया । यह स्कूटर उसने 3 मार्च को लाटपूर के सरूप सिंह से छीना था ।

ठेका जलाया : बैंक की बन्दूक ले गए

होशियारपुर से प्रद्युम्न के अनुसार चक्कोवाल में आज प्रातः मैसर्स दीवान चन्द एंड कम्पनी के ठेके को आग लगा दी गई । गांव की मार्कीट के चौकीदार राजू ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि लगभग दो बजे पांच युवक आए और उस पर झपट पड़े और

(शेष पृष्ठ 6 पर)





(1) लुधियाना शहर के बेटर... के घर में रहस्मयपूर्ण ढंग स... क्षतिग्रस्त हो गया । (2) ध... गिरा । (3) धमाके के प्रभा...

दिल्ली के एक और क्षेत्र में हिंसा, पुलिस फायरिंग

नई दिल्ली, 28 मई : पुरानी दिल्ली के बाड़ा हिन्दू राव क्षेत्र में कल रात एक-दूसरे पर पथराव कर रहे दो गुटों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हवा में दो राऊंड गोली चलाई । पुरानी दिल्ली के कर्फ्यू वाले क्षेत्र में "स्थिति तनावपूर्ण, परन्तु नियंत्रण" में बताई गई है ।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कल रात लगभग 11 बजे बाड़ा हिन्दू राव के प्रमुख चौराहे पर दो गुटों में झगड़ा हुआ था । निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने

पंथ के नाम पर बलात्कार, गुदामैथुन

अमृतसर, 28 मई (अशोक सोनी): अमृतसर के एस.एस.पी., मोहम्मद इजहार आलम ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि

इंका प्रत्याशियों पर 'श...

करनाल, 28 मई (गांधी): पता चला है कि इंका ...

असर पढ़े-लिखे मतदाताओं पर प...



होशियारपुर क्षेत्र के चकोवाल गांव में शराब का एक ठेका जिसे आग लगा दी गई । (छाया : प्रद्युम्न)

मस्तान मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

उसका गला दबाया । इसके बाद ठेके के शटर के ताले तोड़ कर कुछ बोतलें बाहर निकालीं और तोड़ दीं । फिर उन्होंने ठेके को जला दिया । उग्रवादियों ने धमकी दी थी कि ठेके खोले गए तो उन्हें जला दिया जाएगा ।

बैंक लूटने का प्रयास

एक अन्य घटना में भंगाला स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने का प्रयास किया गया । मैनेजर के अनुसार उग्रवादियों ने सेफ तोड़ने का प्रयास किया और फिर बैंक की 12 बोर की बंदूक ले गए ।

शरण देने पर बंदी

होशियारपुर पुलिस ने पंजपुर गांव के एक व्यक्ति महेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस के अनुसार उसके पास कुछ भगौड़े आते-जाते थे, संदेह है कि उस्मान शहीद का रत्न सिंह, जो कई केसों में वांछित है, उसके पास आता था । महेंद्र सिंह ने अपने घर में टैलीफोन भी लगवा रखा है । पुलिस का कहना है कि उसकी आय का कोई विशेष साधन नहीं है । इसलिए उसने टैलीफोन उग्रवादियों की सहायता से उनके साथ सम्बन्ध स्थापित करने के लिए लगाया हुआ है । उसके पास एक लाइसैंसी बंदूक भी थी, जो पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है ।

होशियारपुर में तलाशियां

अश्विनी के अनुसार आज प्रातः चार स्थानों-बलाचैर, दसूहा, होशियारपुर सदर और गढ़शंकर के लगभग 18 देहात में अर्ध-सैनिक बलों और पुलिस ने छापे मारे और घर-घर की तलाशी ली । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन छापों के परिणामस्वरूप 10 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । एक दोनाली बंदूक, एक पिस्तौल और दस कारतूस पकड़े गए हैं । दसूहा पुलिस ने तीन व्यक्तियों हरमिन्दर सिंह ग्रंथी, चरणसिंह और बिल्ला को आतंकवादियों को शरण देने तथा उनकी सहायता करने के आरोप में गिरफ्तार किया है । दसूहा उपमंडल में बी.एस.एफ. की दो और कम्पनियां तैनात की जा रही हैं, जो आज या कल पहुंच जाएंगी ।

सुरक्षा दस्तों व पंजाब पुलिस ने संयुक्त रूप से थाना डिवीजन नम्बर 3 के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों को घेरे में लेकर लोगों के घरों की तलाशियां लीं ।

प्राप्त सूचना के अनुसार सुरक्षा दस्तों व पंजाब पुलिस के जवानों ने आज प्रातः साढ़े चार बजे से लेकर साढ़े सात बजे तक प्रीत नगर, अमन नगर के अलावा आसपास के क्षेत्रों, ऋषि नगर, संत नगर सहित अन्य कई कालोनियों में तीन घंटे तक तलाशियां लीं । किसी संदिग्ध व्यक्ति की गिरफ्तारी या शस्त्र मिलने की पुष्टि नहीं की गई । आज जब प्रातः अचानक सी. आर. पी. व पंजाब पुलिस ने तलाशियां लीं तो लोग काफी भयभीत हो गए थे परन्तु पुलिस ने विश्वास दिलाया कि किसी मासूम को परेशान या पकड़ नहीं जाएगा । ये तलाशियां केवल संदिग्ध व्यक्तियों की गिरफ्तारी व तलाश करने के लिए ली जा रही हैं ।

कल भी हरनामदास पुरा क्षेत्र में तलाशियां ली गई थीं ।

जालंधर जिले में हत्या

आज रात्रि जालंधर जिले के फिल्लौर थाना क्षेत्र के ग्राम नागर में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक अमृतधारी सिख अमरजीत सिंह की हत्या कर दी और उसके मित्र पवन कुमार को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । वे दोनों अपरा ग्राम के रहने वाले थे और फिल्लौर में कचहरी में टाइपिस्ट थे तथा विमानों के टिकटों की बुकिंग करते थे । उग्रवादियों ने उन्हें रोक कर उनसे 70 हजार रु. मांगे पर जब उनके पास रु. न मिले तो दोनों को गोलियां मार दीं । अमरजीत की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

स्कूटर छीना

एक अन्य सूचना के अनुसार गत शाम साढ़े छह बजे पठानकोट बाईपास पर भूपेंद्र सिंह नामक व्यक्ति से 2 संदिग्ध आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर उसका बजाज स्कूटर नम्बर पी.जे.जे. 460 छीन कर ले गए । थाना सदर में इस सम्बन्ध में केस दर्ज किया गया है ।

आज अपरान्ह सदर थाना के जैतेबाली ग्राम के पास दो उग्रवादियों ने पतारा ग्राम के अमरजीत सिंह का स्कूटर छीन लिया जो जंडूसिंघा से आ रहा था ।

जालन्धर में शिनाख्त

जालन्धर से वि.स. के अनुसार 26-27 मई की बीच की रात को सरनाना के निकट पुलिस व सुरक्षा बलों की नाका पार्टी के साथ जो दो अज्ञात उग्रवादी मारे गए थे, उनकी पहचान कर ली गई है । सूत्रिज सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह दोनों जगतार सिंह व नारायण सिंह हैं । बताया गया है कि यह इससे पूर्व दिन में बंगा के निकट पुलिस द्वारा मारे गए एक छापा पर बच कर निकलने में सफल हो गए थे जबकि इनका एक साथी मनजीत सिंह काबू आ गया था ।

इस बीच गत दिन नूरमहल के निकट दो उग्रवादियों व पुलिस के बीच हुए मुकाबले बारे मिली टैलीफोन एक्सचेंजों की रक्षा के लिए ठीकरी पहरे के आदेश दिए हैं ।

उग्रवादी भगा दिये

कपूरथला (हस., वार्ता, शर्मा): सुल्तानपर लोधी थाने के अंतर्गत मियानी बहादर गंव के सरपंच अर्जुन सिंह और 3 आतंकवादियों के बीच कल आधी रात को लगभग 15 मिनट तक गोलीबारी हुई । पुलिस के अनुसार सरपंच को गत 23 मई को आतंकवादियों से एक चेतावनी भरा पत्र मिला था, जिसमें 27 मई तक पचास हजार रुपए की मांग की गई थी और चेतावनी दी गई थी कि नहीं देने पर उसके परिणाम भगतने होंगे । पुलिस के अनुसार सी. आर. पी. का एक दल सरपंच के घर पर तैनात किया गया था । आधी रात से थोड़े समय पहले ही पुलिस दल वहां से हटा था । जैसे ही पुलिस दल हटा निहंग वेशधारी सशस्त्र आतंकवादियों ने घर पर धावा बोल दिया परन्तु सतर्क सरपंच ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिससे आतंकवादी भागने पर मजबूर हो गए । कोई हताहत नहीं हुआ ।

पालीटैक्नीक होस्टल में छापा

फगवाड़ा से अशोक कौड़ा की सूचना के अनुसार कल रात सी.आर.पी. तथा पुलिस ने मोहल्ला सतनामपुरा में रामगढ़िया पालीटैक्नीक होस्टल में छापे मारे परन्तु न कोई लड़का पकड़ा गया, न कोई आपत्तिजनक चीज मिली । बताया जाता है कि होस्टल में छापे की अग्रिम सूचना पहुंच जाने के कारण शरारती तत्व खिसक गया था ।

लुधियाना में धमाका

लुधियाना (न, ज, म, ह.स., वार्ता, पी) : आज प्रातः बैंटगंज के मोहल्ला नालबन्दां में एक रहस्यपूर्ण भारी धमाका हुआ जिसके परिणामस्वरूप चार लोग घायल हो गए और कुछ मकानों की खिड़कियों और दरवाजों के शीशे टूट गए, विशेषकर श्री डी.सी. जैन के मकान को अधिक क्षति पहुंची है, जिसके दरवाजों और खिड़कियों के शीशे टूट कर दूर जा गिरा । एक दरवाजा तो बालकनी पार करके आंगन में जा गिरा । उनके किचन की कुकिंग गैस बिल्कुल ठीकठाक रही । कमरों में सो रहे उनके परिवार के सदस्यों के घायल होने की भी सूचना मिली है । पुलिस हैरान है कि धमाका का कहीं कोई चिन्ह दिखाई नहीं देता परन्तु दरवाजे, खिड़कियां और शीशे तोड़ने का काम किसी अदृश्य शक्ति ने किया है । श्री जैन के मकान की कुछ दीवारों को भी क्षति पहुंची है । सैनिक विशेषज्ञों ने भी धमाके के स्थान का निरीक्षण किया परन्तु उन्हें भी कारण का पता नहीं चल सका । पुलिस अभी तक जांच कर रही है ।

सिपाही की अंत्येष्टि

मोगा : आतंकवादियों की गोली से मरे सिपाही अवतार सिंह का कल अपरान्ह पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । उसे आतंकवादियों ने मंगलवार की रात गोली मारी थी । पुलिस उप-महानिरीक्षक धर्म सिंह मोही, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोविन्द राम तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मृतक अवतार सिंह के दाह-संस्कार

चक), सर्वजीत सिंह (शूकर चक), हरभजन सिंह (वेरका), हरकीरत सिंह (नवांपिंड) । गिरोह से एक दोनाली बंदूक, एक एक नाली बंदूक, दो .32 बोर के व एक 22 बोर का रिवाल्वर मिले हैं । गिरोह ने 9 डकैतियां डाली थीं और शाहजादा में एक नाई की हत्या की थी । उनके पास से भारी मात्रा में स्वर्णाभूषण, टेपरिकार्डर आदि मिले हैं ।

बलात्कारी उग्रवादी बंदी

श्री आलम ने बताया कि पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के एक गिरोह के चार ऐसे उग्रवादी पकड़े हैं जो डकैतियां डालने के अलावा महिलाओं से सामूहिक बलात्कार भी करते थे । ये चारों अमृतधारी उग्रवादी मुल्तान सिंह (चाटीविंड), सतनाम सिंह सत्ता (पंज ग्राईं), बलवंत सिंह (पंज ग्राईं), रछपाल सिंह (पंज ग्राईं) पत्रकारों के सामने पेश किए गए । इन्होंने स्वयं ही बलात्कार की घटनाएं बताईं । उनसे दो दोनाली बंदूकें, दो पिस्तौलें मिली हैं । गिरोह ने सात डकैतियां व एक कत्ल की भी जानकारी दी ।

इन उग्रवादियों ने एक डकैती के दौरान एक श्वसुर के सामने ही उसकी जवान बहू से सामूहिक बलात्कार के जुर्म का इकबाल किया ।

3 पुलिस कर्मी गिरफ्तार

सुरक्षा बलों व पुलिस ने अमृतसर पुलिस लाइन्स के शस्त्रागार पर छापा मार कर स्टाक में 900 कारतूस अधिक होने के आरोप में एक हैडकांस्टेबल ज्ञान सिंह व दो सिपाहियों अजीत सिंह व शाम सिंह को गिरफ्तार कर लिया । ज्ञान सिंह कोर कमांडर था व दोनों सिपाही आर्मर थे ।

एस.एस.पी. इज़हार आलम ने बताया कि ये दोनों उग्रवादियों को हथियार सप्लाई करते थे । इनके अलावा एक भू.पू. हैड कांस्टेबल श्याम सिंह व एक कार सेवा संगठन का सेवादार सुखदेव सिंह भी पकड़ा गया । ये लोग मुख्य रूप से अवतार सिंह ब्रह्मा के तत खालसा गिरोह को हथियार सप्लाई करते थे । अप्रैल में हजारों रुपए के हथियार उन्होंने ब्रह्मा के गिरोह को दिए । सुखदेव सिंह के अनुसार 42 हजार के व श्याम सिंह के अनासार 29 हजार रुपए के हथियार उग्रवादियों को दिए गए ।

दोनों सिपाही श्याम सिंह को हथियार देते थे, जो सुखदेव सिंह को देता था । सुखदेव सिंह संत चनन सिंह के संगठन का सदस्य है और कार सेवा के वाहनों में आटे की बोरियों में छिपाकर हथियार ब्रह्मा के गिरोह को पहुंचाता था । सुखदेव सिंह एक शस्त्र मुरम्मत कारखाना भी चलाता था । उसके बताने पर छापे मारकर 455, 38, 303 व 9 बोर के 1100 कारतूस व 29000 रुपए नकद बरामद किए गए । एक 12 बोर की दोनाली, एक .22 बोर की पिस्तौल, एक राइफल आदि भी बरामद हुई ।

एक अन्य छह सदस्यीय गिरोह के 5 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । इनमें निम्मा (बुन्दाला), पाला (बुन्दाला), सरमेल सिंह (बत), लखविन्दर सिंह (ठठियां), भूपेंद्र सिंह (पट्टी) शामिल हैं । इनसे दो दोनाली बंदूकें, दो पिस्तौलें

Punjab Sanchar

सदेह है कि उस्मान शहीद का रत्न सिंह, जो कई केसों में वांछित है, उसके पास आता था । महेंद्र सिंह ने अपने घर में टैलीफोन भी लगवा रखा है । पुलिस का कहना है कि उसकी आय का कोई विशेष साधन नहीं है । इसलिए उसने टैलीफोन उग्रवादियों की सहायता से उनके साथ सम्बन्ध स्थापित करने के लिए लगाया हुआ है । उसके पास एक लाइसैंसी बंदूक भी थी, जो पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है ।

होशियारपुर में तलाशियां

अश्विनी के अनुसार आज प्रातः चार स्थानों- बलाचैर, दसूहा, होशियारपुर सदर और गढ़शंकर के लगभग 18 देहात में अर्ध-सैनिक बलों और पुलिस ने छापे मारे और घर-घर की तलाशी ली । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन छापों के परिणामस्वरूप 10 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । एक दोनाली बंदूक, एक पिस्तौल और दस कारतूस पकड़े गए हैं । दसूहा पुलिस ने तीन व्यक्तियों हरमिन्दर सिंह ग्रंथी, चरणसिंह और बिल्ला को आतंकवादियों को शरण देने तथा उनकी सहायता करने के आरोप में गिरफ्तार किया है । दसूहा उपमंडल में बी.एस.एफ. की दो और कम्पनियां तैनात की जा रही हैं, जो आज या कल पहुंच जाएंगी ।

सहकारी संस्था लूट ली

कल रात लगभग 12 बजे गांव ओहरा कलां थाना हरयाना में 10 लुटेरे कृषि सहकारी संस्था का स्टोर लूट कर चीनी-खाद, साबुन और दूसरी चीजें ट्रक पर लाद कर ले गए । बताया जाता है कि चौकीदार मुंशी राम जो कि वहां सो रहा था, पर लुटेरों ने खेस डाल दिया और उसे धमकी दी कि स्टोर की चाबियां उन के हवाले कर दो वर्ना गोली मार देंगे । उसने कहा कि चाबी सेल्स मैन के पास है । इस पर लुटेरों ने ताला तोड़ दिया और माल लूट लिया । हरयाना पुलिस ने धारा 458 के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है ।

दसूहा पुलिस ने उग्रवादियों को शरण व धन देने में महेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया ।

जालन्धर में तलाशियां

जालन्धर (न.न.ए., ह.स., वार्ता): आज प्रातः एक अन्य सूचना के अनुसार गत शाम साढ़े छह बजे पठानकोट बाईपास पर भूपेंद्र सिंह नामक व्यक्ति से 2 संदिग्ध आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर उसका बजाज स्कूटर नम्बर पी.जे.जे. 460 छीन कर ले गए । थाना सदर में इस सम्बन्ध में केस दर्ज किया गया है ।

आज अपरान्ह सदर थाना के जैतेवाली ग्राम के पास दो उग्रवादियों ने पतारा ग्राम के अमरजीत सिंह का स्कूटर छीन लिया जो जंडूसिंघा से आ रहा था ।

जालन्धर में शिनाख्त

जालन्धर से वि.स. के अनुसार 26-27 मई की बीच की रात को सरनाना के निकट पुलिस व सुरक्षा बलों की नाका पार्टी के साथ जो दो अज्ञात उग्रवादी मारे गए थे, उनकी पहचान कर ली गई है । सुविज्ञ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह दोनों जगतार सिंह व नारायण सिंह हैं । बताया गया है कि यह इससे पूर्व दिन में बंगा के निकट पुलिस द्वारा मारे गए एक छापा पर बच कर निकलने में सफल हो गए थे जबकि इनका एक साथी मनजीत सिंह काबू आ गया था ।

इस बीच गत दिन नूरमहल के निकट दो उग्रवादियों व पुलिस के बीच हुए मुकाबले बारे मिली और जानकारी के अनुसार दो सिपाही तरसेम सिंह व राजपाल सिंह भी घायल हो गए थे, उन्हें 12 बोर व 38 बोर की गोलियों के छर्रे लगे बताए गए हैं । यह भी पता चला है कि जिस उग्रवादी संतोख सिंह उर्फ सुखा को छुड़ाने की कोशिश की गई थी, वह हत्या, लूटपाट आदि के 24 केसों में वांछित था । वह पहले मोना था और बाद में निहंग बना हुआ था ।

जालन्धर पुलिस ने कल रात्रि दो जगह छापे मार कर 7 उग्रवादी पकड़े । उनसे लूट के 4 स्कूटर, 5 पिस्तौलें, एक रिवाल्वर, 20 कारतूस मिले । इनमें नजर राम, कश्मीरी, रमेश, चमन, किशन शामिल हैं । इन्हें बंगा पुलिस ने पकड़ । दो अन्य रमेश व चरन को करतारपुर पुलिस ने लूटे गए एक स्कूटर के साथ पकड़ा ।

भटिंडा में ठीकरी पहरा

भटिंडा के जिलाधिकारी जोगेन्द्र सिंह कौमी ने सरकारी सम्पत्ति, रेलवे लाइनों, बिजली घरों, के मकान को अधिक क्षति पहुंची है, जिसके दरवाजों और खिड़कियों के शीशे टूट कर दूर जागिरा । एक दरवाजा तो बालकनी पार करके आंगन में जा गिया । उनके किचन की कंकिया गैस बिल्कुल ठीकठाक रही । कमरों में सो रहे उनके परिवार के सदस्यों के घायल होने की भी सूचना मिली है । पुलिस हैरान है कि धमाका का कहीं कोई चिन्ह दिखाई नहीं देता परन्तु दरवाजे, खिड़कियां और शीशे तोड़ने का काम किसी अदृश्य शक्ति ने किया है । श्री जैन के मकान की कुछ दीवारों को भी क्षति पहुंची है । सैनिक विशेषज्ञों ने भी धमाके के स्थान का निरीक्षण किया परन्तु उन्हें भी कारण का पता नहीं चल सका । पुलिस अभी तक जांच कर रही है ।

सिपाही की अंत्येष्टि

मोगा आतंकवादियों की गोली से मरे सिपाही अवतार सिंह का कल अपरान्ह पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । उसे आतंकवादियों ने मंगलवार की रात गोली मारी थी । पुलिस उप-महानिरीक्षक धर्म सिंह मोही, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोविन्द राम तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मृतक अवतार सिंह के दाह-संस्कार में भाग लिया । उस घटना में एक और सिपाही हरमिन्दर सिंह घायल हो गया था, उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है ।

दो घुसपैठिए मरे

अमृतसर से वार्ता, ह.स., अशोक, दीपक आदि के अनुसार कल रात्रि अटारी में दो पाक घुसपैठिए बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ में मारे गए । चार घुसपैठिए भारत में आ रहे थे । चुनौती दिए जाने पर उन्होंने बी.एस.एफ. पर गोली चलाई । जवाबी गोलीबारी में दो घुसपैठिए मारे गए, दो अन्य वापस पाक फरार हो गए ।

6 और मरे

इसके अलावा चार घुसपैठिए राजाताल चौकी के पास मारे गए । दो अन्य नौशहरा ढल्ला के पास मारे गए जिनमें एक महिला शामिल है ।

कत्थूनंगल में कल रात्रि चार उग्रवादियों ने हवाई फायरिंग करके लोगों को डराया और फिर गुरमुख सिंह के घर से दो हजार रु. नकद व अन्य बहुमूल्य वस्तुएं लूट लीं ।

अजनाला में भी चार उग्रवादी एक घर से घड़ियां, ट्रांजिस्टर व नकदी लूट ले गए ।

21 उग्रवादी बंदी

अमृतसर पुलिस ने एक नए उग्रवादी गिरोह टक्कर खालसा के 12 में से 8 उग्रवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया । इनमें गिरोह का जनरल सुरजीत सिंह व लैफ्टीनैंट जनरल दिलबाग सिंह शामिल है । 13 अन्य उग्रवादी भी पकड़े गए । इन उग्रवादियों में 2 सिपाही भी हैं, जो अवतार सिंह ब्रह्मा के गिरोह को पुलिस के कारतूस व हथियार बेच देते थे । एक गिरोह के उग्रवादियों ने सामूहिक बलात्कार भी किए थे ।

एस. एस. पी. इज़हार आलम ने बताया कि टक्कर खालसा का सुरजीत सिंह खैरे बाला चक ग्राम का रहने वाला है । वह सेवक सिंह के नाम से उग्रवादी हरकतें करता था । दिलबाग सिंह कत्थूनंगल के ग्राम बहुवाल का रहने वाला है, जो राम सिंह के नाम से उग्रवादी वारदातें करता था । इस गिरोह के पकड़े गए अन्य 6 सदस्यों के नाम हैं कश्मीर सिंह (बाला चक) अमरजीत सिंह (चाविडा देवी), शिगारा सिंह (शकर पकड़ा गया । ये लोग मुख्य रूप से अवतार सिंह ब्रह्मा के तत खालसा गिरोह को हथियार सप्लाई करते थे । अप्रैल में हजारों रुपए के हथियार उन्होंने ब्रह्मा के गिरोह को दिए । सुखदेव सिंह के अनुसार 42 हजार के व श्याम सिंह के अनासार 29 हजार रुपए के हथियार उग्रवादियों को दिए गए ।

दोनों सिपाही श्याम सिंह को हथियार देते थे, जो सुखदेव सिंह को देता था । सुखदेव सिंह संत चनन सिंह के संगठन का सदस्य है और कार सेवा के वाहनों में आटे की बोरियों में छिपाकर हथियार ब्रह्मा के गिरोह को पहुंचाता था । सुखदेव सिंह एक शस्त्र मुरम्मत कारखाना भी चलाता था । उसके बताने पर छापे मारकर 455, 38, 303 व 9 बोर के 1100 कारतूस व 29000 रुपए नकद बरामद किए गए । एक 12 बोर की दोनाली, एक .22 बोर की पिस्तौल, एक राइफल आदि भी बरामद हुई ।

एक अन्य छह सदस्यीय गिरोह के 5 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । इनमें निम्मा (बन्दाला), पाला (बन्दाला), सुरमेल सिंह (बूत), लखविन्दर सिंह (ठठियां), भूपेंद्र सिंह (पट्टी) शामिल हैं । इनसे दो दोनाली बंदूकें, दो पिस्तौलें मिली हैं । गिरोह ने कई वारदातें की थीं और गत सप्ताह तरनतारन के ग्राम नोने में एक डाक्टर की हत्या की थी ।

40 हजार लूटे

फिरोजपुर (बागी): आज दिन-दहाड़े छावनी में तीन उग्रवादियों ने मिलेट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज एम.ई.एस. के कैशियर यशपाल गुप्ता से 40 हजार रु. लूट लिए । एस.एस.पी. आर.एस. चालिहा के अनुसार उग्रवादी एम.ई.एस. आफिस कार्यालय के बाहर खड़े थे । जैसे ही श्री गुप्ता बैग लेकर मोपेड पर निकले उग्रवादियों ने उन पर हमला करके बैग छीन लिया ।

पी.ए.सी.

(पृष्ठ 3 का शेष)

हटाई जाएगी तथा त्रिपाठी को निलम्बित नहीं किया गया है ।

उत्तेजित महिलाओं को संतोष नहीं हुआ और वे सर्किट हाऊस में पुलिस महानिदेशक से भेंट करने पहुंच गईं किन्तु पांच महिलाओं को ही अन्दर जाने की अनुमति दी गई । उप-महानिरीक्षक मुख्यालय (प्रशासन) श्री अरुण ने महिलाओं के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि पी.ए.सी. को नहीं हटाया जाएगा और श्री त्रिपाठी के निलम्बन का समाचार पूरी तरह से गलत है ।

गजियाबाद : फूलधर रेलवे स्टेशन के निकट कल रेल लाइन पर खाकी कपड़े में लिपटी पाई गई वस्तु तीन पटाखे थे । एक सरकारी विज्ञप्ति में आज यहां बताया गया है कि सैनिक विशेषज्ञों के अनुसार इन पटाखों के फटने से केवल धमाका भर हो सकता था किसी तरह की क्षति नहीं हुई ।

एकीकृत अकालीदल और जनता पार्टी में गठजोड

पटियाला, 28 मई (भूषण): एकीकृत अकाली दल (मान गुट) हरियाणा के चुनाव में जनता पार्टी के प्रत्याशियों का समर्थन करेगा । यह जानकारी अमरेन्द्र सिंह ने दी और कहा कि पार्टी के इस फैसले से जनता पार्टी अध्यक्ष चन्द्र शेखर को अवगत करा दिया गया है । जनता पार्टी को समर्थन इसलिये दिया गया है क्योंकि जनता पार्टी हर मामले में एकीकृत अकाली दल का समर्थन करती है ।

WANTED TURNERS

For Tool Room. Candidates should be I.T.I. trained and have suitable experience in the line.

Salary will commensurate with qualifications and experience. Other benefits like Provident Fund, Gratuity and Bonus etc. as per rules. Apply within ten days giving bio-data

Local Candidates will be preferred.

Personnel Manager

GURU NANAK AUTO ENTERPRIESES PVT. LTD.

V & P.O. BUNDALA-141 304 (Distt Jalandhar)

greatway

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi egg rate for 28.5.87 Rs. 42/- without trays. NECC Suggested Retail Price 5.90 per Dozen.

कम्प्यूटर कोर्स

Ajit Vidialaya Ajit Nagar, Amritsar.

आम सूचना

ट्रक नं. आर.एन.सी. 5219, जिसके जरूरी कागजात काले रंग के बैग में थे, मोगा बाईपास पर गिर गये हैं । मिलें : ट्रक यूनियन, गंगानगर ।

व्यापार

डीलक्स डर्बी वीक

भवन, ईटानगर में

1st Prize :(1)

2nd Prize :(4)

A-912477 B-9

3rd Prize (200)

67867 973

Punjab Sanatan

वर्ष 22 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 348
शनिवार, 30 मई, 1987 तदनुसार, 16 ज्येष्ठ, 2044 मूल्य 70 पैसे, विमान द्वारा 80 पैसे

तांत्रिक, फकीर सहित 6 हत्याएं

तरनतारन बैल्ट में ज़बरदस्त छानबीन : एक जगह मुठभेड़

चंडीगढ़, 29 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान उग्रवादियों ने एक तांत्रिक और एक फकीर सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि कई अन्य को घायल कर दिया । तरनतारन के कई गांवों में अघोषित कर्फ्यू लागू करके पुलिस और सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से धर-पकड़ अभियान शुरू किया है ।

मुसलमान फकीर की हत्या

होशियारपुर (अविनाश, अश्विनी) : आज प्रातः यहां से तीस किलोमीटर दूर गढ़शंकर के निकट मौजा हयातपुर में तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने अमरशाह नूरां बाई के मकबरे के मजावर बलदेव सिंह उर्फ़ ढुण्ढेशाह की गोलियां मार कर हत्या कर दी, जबकि उसकी चेली धर्मो घायल हो गई । गांव के लोगों ने बताया कि मृतक गत छः वर्ष से इस मकबरे की सेवा कर रहा था । जब प्रातः छः बजे वह बाहर लगी टोंटियों से स्नान करके आ रहा था तो रास्ते में दो आतंकवादी उसे मिले और पूछा कि क्या हाल है । उसने अच्छा है कहा तो उनमें से एक ने उस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । मजावर जान बचाने के लिए दौड़ने लगा तो उसने पीछे से कई गोलियां मारीं । वह बीस गज़ की दूरी पर जा गिरा । आखरी गोली उसकी टांग से गुज़र कर धर्मो को जा लगी । आतंकवादी एक स्कूटर पर आए थे । उन्होंने अपना स्कूटर स्टार्ट रखा और एक आतंकवादी कमरे की ओट में स्कूटर के पास खड़ा रहा । जब वे वारदात करके आ रहे थे तो निकटवर्ती गांव ककड़ां में गोलियों की आवाज़ सुनाई दी थी, इसलिए वहां के लोग हयातपुर की ओर भाग आए । उस समय आतंकवादियों ने वहां ललकार कर कहा कि जब ककड़ां में गोली चली थी तो लोग हमें पकड़ने की बातें करते थे, अब किसी में दम है तो आए । इसके बाद वे फ़रार हो गए । मृतक मजावर बलदेव सिंह जिला गुरदासपुर के गांव कोटला शाबां का रहने वाला था ।

बताया जाता है कि चार मास पूर्व वहां कुछ युवक उसके पास आए थे और उसे कोई चमत्कार दिखाने के लिए कहा । उसने ऐसा करने से इंकार कर दिया । वे युवक जाते हुए उसे कह गए कि करामात नहीं करोगे तो हम तुम्हें नहीं छोड़ेंगे, और आज चार मास बाद उन्होंने उसकी हत्या कर दी । यहां मकबरे पर आगामी वीरवार को दो दिन का मेला लगने वाला था जिसकी तैयारियां ज़ोर-शोर से जारी थीं । मजावर बलदेव सिंह की लाश का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया । उसके शरीर से गोलियां निकाल कर लाश यहीं दफ़ना दी गई ।

पैट्रोल पम्प कर्मी की हत्या

जालन्धर (वि.स.): गत रात आदमपुर थाना के गांव कठार में एक पैट्रोल पम्प के कर्मी जरनैल सिंह को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तेज़ धार हथियार से कत्ल कर दिया और फरार हो गए । प्राप्त विवरण के अनुसार हमलावर शायद पैट्रोल पम्प लूटने आए थे और जरनैल सिंह,जो ऊना जिला के गांव बस्सी बड़ी के बालक राम का लड़का था, उनसे आहर हो उलझ पड़ा और उन्होंने तलवार से उसकी गर्दन पर भरपूर वार किया जिससे उसकी गर्दन लगभग कट गई और वह वहीं ढेर हो गया ।

जालन्धर जिले में फिल्लौर पुलिस स्टेशन के निकट नागरा क्षेत्र में स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों ने एक अमृतधारी अमरजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । इस घटना में पवन कुमार नाम का एक व्यक्ति घायल भी हुआ । पुलिस के अनुसार मृतक अमरजीत और पवन कुमार (दोनों अपरा निवासी) स्कूटर पर अपने घर जा रहे थे,जब स्कूटर सवार आतंकवादियों ने उन्हें गोलियां मारीं । अमरजीत सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि पवन को गम्भीरावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है । अमरजीत फिल्लौर कोर्ट कम्पलैक्स में एक प्राइवेट टाइपिस्ट था ।

फगवाड़ा (खोसला) : आज प्रातः फगवाड़ा सदर पुलिस ने भारी फ़ोर्स के साथ यहां से पांच किलो मीटर दूर गांव अथोली में छापे मारकर घर-घर की तलाशी ली । मगर कोई संदिग्ध व्यक्ति काबू में नहीं आया । इसी तरह गोराया के पलाही और साहनी में भी घर-घर की तलाशी ली गई और स्क्रीनिंग की गई । केवल पलाही में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया । मगर पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया । पुलिस के प्रवक्ता ने बताया है कि पुलिस की ओर से किसी भी जगह और किसी भी वक्त छापे मारे जा सकते हैं । पता चला है कि पुलिस छापों के अभियान से देहात में काफी घबराहट पाई जाती है ।

रोडे का पिता गिरफ्तार

मोगा (ह.स.) : फरीदकोट जिला में बाघापुराना पुलिस ने सिख छात्र संघ प्रिजीडियम के सदस्य चमकौर सिंह रोडे के पिता करनैल सिंह और एक अन्य व्यक्ति बलबीर सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । उन्हें दस जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है । इसी दौरान कल निकटवर्ती धर्मस्थल से उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में पकड़े गए 13 व्यक्तियों का एक दिन का पुलिस रिमांड दिया गया है ।

12 हज़ार लूटे

लुधियाना (ह.स.): तीन उग्रवादियों ने कल यहां से 28 कि.मी. दूर गांव चौकी मान में विजय सिंह से पिस्तौल की नोक पर लगभग 12000 रु. लूट लिए ।

3 उग्रवादी बंदी

भटिंडा (गोबर) : भटिंडा पुलिस ने उग्रवादियों के 20 सदस्यीय गिरोह के 3 और सदस्यों को गत रात थाना राममुराफल के गांव भोलेवाला के निकट मुकाबले बाद पकड़ लिया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

हरियाणा के 15 इंका विधायक पार्टी के उम्मीदवारों के विरुद्ध चुनाव अखाड़े में

चंडीगढ़, 29 मई (ह.स.): हरियाणा (इ) के लगभग 15 मौजूदा विधायक पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ़ विद्रोही उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं ।

इनमें मौजूदा मंत्री और भूतपूर्व मंत्री भी शामिल हैं । पार्टी का टिकट नहीं मिलने की वजह से ये निर्दलीय उम्मीदवारों के रूप में अपना भाग्य आज़मा रहे हैं । लोकदल (ब) और भाजपा को भी अपने विद्रोही उम्मीदवारों का सामना करना पड़ रहा है । इन दलों के लगभग दस लोग या तो निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में या फिर लोकदल (अ) का उम्मीदवार बनने की जुगाड़ में हैं ।

राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफ़ा देने वाले वित्त मंत्री कटार सिंह और पंचायत और विकास मंत्री कर्नल राम सिंह भी क्रमशः समालखा (करनाल) और रिवाड़ी (महेन्द्रगढ़) से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं ।

भजन लाल सरकार में मंत्री रहे श्री राजेन्द्र सिंह 17 मौजूदा विधायकों को पार्टी टिकट नहीं दिया ।

एक अन्य भूतपूर्व मंत्री लक्ष्मण सिंह कांग्रेस (इ) के अधिकृत प्रत्याशी और भूतपूर्व पशु पालन मंत्री लाल सिंह के खिलाफ़ चुनाव मैदान में हैं ।

मुख्यमंत्री की बेटी डा. सुमित्रा देवी भिवानी लोकसभा और भिवानी विधान सभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही है । श्रीमती सुमित्रा देवी कांग्रेस (इ) का टिकट पाने में असफल रही ।

अम्बाला में छछरौली विधान सभा सीट पर रोशन लाल शर्मा कांग्रेस (इ) से त्याग-पत्र देकर पिछली बार की तरह ही निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में फिर से चुनाव लड़ रहे हैं । भूतपूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्त भिवानी सीट से लोकदल (ब) के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं ।

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के भूतपूर्व कुलपति श्री हरदारी लाल इस बार लोकदल

ज ही खरीदिये

लिये	स्टाकिस्टों के लिये (रूपये)
	50000
	30000
	10000
येक	5000 प्रत्येक
क	
क	
क	
क	

7.6.1987

किस

नई दिल्ली, 29 मई (वार्ता): व
नेता एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री चरण
बीमारी के बाद आज तड़के यहां उन
पर निधन हो गया । वह 85 वर्ष
श्री चरण सिंह की तबीयत कल
थोड़ी देर बाद खराब होने लगी । श्री
बुलाया गया । डाक्टरों ने उन्हें बच
प्रयास किए लेकिन उनकी हालत आ
डेढ़ बजे ज्यादा ही खराब हो गई ।
कर 25 मिनट पर उनका निधन
जानकारी उनके परिवार के सदस्यों

श्री चरण सिंह के स्वास्थ्य की ज
डा. मल्होत्रा तथा डा. जे. पी. सिंह के
मृत्यु हृदय गति रुकने से हुई ।

श्री चरण सिंह के परिवार में
गायत्री देवी के अलावा एक बेटा अजी
पुत्रियां हैं । श्री चरण सिंह की मृत्यु
धर्मपत्नी गायत्री देवी, पुत्र अजीत सि
जे. पी. सिंह उनके पास ही बैठे थे ।

श्री चरण सिंह के जीवन में 29
साबित हुई । वह 29 नवम्बर 19
पड़े थे,और तब से ही लगभग बेहोशी
और उनका निधन भी 29 मई को

श्री चरण सिंह के परिवार के स
उनकी सबसे छोटी पुत्री, शारदा अ
इसी दौरान ह.स. के अनुसार कल यहां उपायुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के पास हुए बम विस्फोट के सिलसिले में पुलिस और सुरक्षा बलों ने अवतार नगर, न्यू सूराज गंज मोहल्ला तथा निकटवर्ती क्षेत्रों में घर-घर की तलाशी ली ।

पुलिस ने कल रात ली गई इस तलाशी के दौरान लगभग एक दर्जन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया । लेकिन इस बारे में पुलिस ज्यादा कुछ नहीं बता रही है । पुलिस हथियारों की बरामदगी अथवा उग्रवादियों की गिरफ्तारी बारे चुप्पी साधे हुए है ।

छुरा मारकर हत्या

'वार्ता' के अनुसार कल आधी रात को नवांशहर थाना के गांव राहों में एक सो रहे व्यक्ति अजीत सिंह की दो उग्रवादियों ने उसके घर में घुस कर छुरा मार कर हत्या कर दी ।

तीनों जवानों की अंत्येष्टि

अमृतसर (अशोक सोनी): थाना मेहता के गांव जोधा नगरी में कल रात उग्रवादियों ने घात लगाकर सी.आर.पी.एफ. के 3 जवानों की हत्या कर दी जबकि 4 अन्य को घायल कर दिया । तीनों मृतक जवानों की आज बटाला में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि कर दी गई है । घायल जवानों को यहां गुरुतेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । जिला मुख्यालय से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गांव तरसिक्का के निकट सी.आर.पी.एफ. की 12 बटालियन के 'डी' कम्पनी की एक पलटन, जो 8 जवानों पर आधारित थी, कल सायं एक जीप में पौने आठ बजे तरसिक्का पलटून चौकी से चली । इसका नेतृत्व सब-इंस्पैक्टर एन.एस. वासदेव कर रहे थे । पलटून सैदोलेहल, खजाला, जी.टी. रोड, बोपाराय, तारपुरा, बलारा, भट्टिटके, सैदपुर, कोतयात और रायपुर से होती हुई जब जोधा नगरी पहुंची तो लगभग एक दर्जन आतंकवादियों ने जीप पर स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की । गोलियों का आदान-प्रदान लगभग 20 मिनट तक जारी रहा । इस फायरिंग में लांस नायक टी.डी. कुरुप, लांस नायक डी. जगन्नाथ घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए जबकि हवलदार राजपाल की अस्पताल में ले जाते समय मृत्यु हो गई । अन्य घायलों में कांस्टेबल गंगा सिंह, लांस नायक भगवान सिंह और ड्राइवर सुखदेव सिंह शामिल है । घायलों को पौने 12 बजे यहां अस्पताल पहुंचाया गया । इन तीनों की छाती में गोलियां लगी हैं लेकिन दशा खतरे से बाहर बताई जा रही है ।

सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस और सी.आर.पी.एफ. अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी । बताया जाता है कि घटनास्थल, विशेष रूप से स्कूल भवन की उस दीवार, जिसके पीछे से छिप कर आतंकवादियों ने हमला किया था, के निकट से कई बोर के चले हुए कारतूस मिले हैं, जिनमें 12 बोर, 9 एम.एम., 303 और 32 बोर के खोल शामिल हैं ।

एक पकड़ा गया

एक सूचना के अनुसार सुरक्षा बलों ने हमला करने वाले एक उग्रवादी को पकड़ लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है । इसी पूछताछ के आधार पर जोधा नगरी और इसके आसपास के गांवों की नाकेबंदी करके छापे मारे जा रहे हैं। विवरण की प्रतीक्षा है ।

हमला सुक्खा ने किया ?

ह.स. ने सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा है कि कुछ व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । प्रथम सूचना रिपोर्ट में 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के स्वयंभू जनरल लाभ सिंह उर्फ सुखदेव सिंह 'सुक्खा', सुखजिंदर सिंह तथा गुरमीत सिंह को वारदात के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है । पिछले नवम्बर से अब तक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के गश्ती दल पर यह तीसरा बड़ा हमला है । पिछले साल 19 नवम्बर को तरनतारन के पास शेरों गांव में घात लगाकर चार जवानों की हत्या कर दी गई थी । इसी तरह गत दो जनवरी को झब्बाल क्षेत्र में ब्रामनियां गांव में दो जवानों की हत्या कर दी गई ।

जवान बहादुरी से लड़े

एस.एस.पी. मोहम्मद इज़हार आलम ने बताया कि घात लगा कर हमला करने वालों का जवानों ने जिस बहादुरी से मुकाबला किया, वह सराहनीय है । यदि जवान चुस्ती न दिखाते तो पलटन के सभी 8 जवान मर सकते थे और इनके हथियार भी उग्रवादी ले जाते । जवाबी फायरिंग होने पर उग्रवादी भागने को मजबूर हुए । उन्होंने कहा कि उग्रवादियों की शिनाख्त हो गई है, जो बब्बर खालसा के सदस्य हैं ।

शव उग्रवादी का था

श्री आलम ने बताया कि गत दिवस दरबार साहिब परिसर के साथ गली बाग वाली से बरामद शव कुख्यात आतंकवादी 'जम्मू' का है, जो पुलिस को कई हत्याओं और डकैतियों में वांछित था । शव पर पिटाई और तेज़ धार हथियारों के घाव थे ।

सेना बुलाने की मांग

इसी दौरान पंजाब हिन्द शिव सेना के प्रधान सुरेन्द्र डोगरा ने सी.आर.पी. की टुकड़ी पर हमले और जालन्धर में कार बम विस्फोट का हवाला देते हुए कहा कि उग्रवादी एक बार फिर संगठित हो गए हैं और राष्ट्रपति शासन लाग होने के बाद घटनाएं बढ़ी हैं । इसलिए पंजाब में सैनिक शासन लागू किया जाए ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

एक सूचना के अनुसार गुरबचन सिंह मानोचाहल गिरोह के दो सदस्यों को जामा राय पुल के निकट सी.आर.पी.एफ. की नाका पार्टी ने गिरफ्तार कर लिया । दोनों उग्रवादी फतेहाबाद की तरफ से स्कूटर पर आ रहे थे । नाका पार्टी ने इन्हें रोकना चाहा तो उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन पकड़ लिए गए । उनसे 32 बोर का रिवाल्वर, 3 कारतूस और 'खालिस्तान' के 13 सूत्री कार्यक्रम वाला एक पोस्टर भी बरामद किया गया ।

परिसर में काले, खालिस्तानी झंडे

'वार्ता' के अनुसार उग्रवादी संगठनों ने 'आप्रेशन ब्ल्यू स्टार' की तीसरी वर्ष गांठ मनाने के लिए स्वर्ण मन्दिर परिसर में अनेक स्थानों पर काले और खालिस्तानी झंडे लगाए । एक वरिष्ठ पुलिस प्रवक्ता के अनुसार स्वर्ण मन्दिर परिसर के चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और पूरी स्थिति पर नजर रखी जा रही है ।

शव मिला

जिला पुलिस चीफ जे.पी. बिरदी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दिल्ली दास उर्फ जोगिन्दर सिंह के डेरे में कथित आतंकवादी मौजूद हैं । जब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने डेरे को घेर लिया तो उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । आधा घंटा तक दोनों तरफ से फायरिंग के बाद 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया जिनमें दिल्ली दास उर्फ जोगिन्दर सिंह, बचित्तर सिंह (कोटली सुरत मल्ली) जसविन्दर सिंह (अक्करपुर), सुखदेव सिंह (कोटली सुरत मल्ली), गुरिन्दर सिंह रोमी (अक्करपुर) और तरसेम सिंह (वहीला) शामिल हैं । इनके 2 साथी नगीना सिंह (कोटली सुरत मल्ली) और लखविन्दर सिंह (अक्करपुर) अंधेरे में भाग निकले । इन दोनों की तलाश में भी छापे मारे जा रहे हैं । पकड़े गए उग्रवादियों से 32 बोर के 2 रिवाल्वर, 12 बोर की 2 दोनाली बंदूकें, 315 बोर की राइफल, 12 बोर की पिस्तौल तथा गोलियां बरामद हुई हैं । एक एजैंसी की सूचना है कि एक 32 बोर का जर्मन रिवाल्वर भी बरामद हुआ है । पकड़े गए उग्रवादियों ने 29 मई को सीरा में चीनी मिल के केन क्लर्क बुद्ध सिंह की हत्या करने तथा 11 मई को खलीलपुर के सरपंच को घायल करने के अलावा कई जगह हथियार छीनने की वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है । अधिकांश छीने गए हथियार बरामद हो गए हैं जिनमें से 29 मार्च 1983 को सुल्तान खेड़ा के कामरेड कर्म सिंह से छीनी गई दोनाली, धारोवाली के मलूक सिंह से छीनी गई 315 बोर की राइफल, सीरा के कश्मीर सिंह से छीनी गई दोनाली, इसी गांव के गुलजार सिंह से छीना गया 32 बोर का रिवाल्वर शामिल हैं । इस वर्ष 22 मार्च को दलमम गांव के प्यारा सिंह से छीनी गई दोनाली बरामद नहीं हो सकी है । इनसे पूछताछ में कई रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

जनता से अपील

श्री बिरदी ने जिला भर के लोगों से अपील की है कि वह सड़क या किसी स्थान पर पड़े लावारिस सामान, वाहन अथवा संदिग्ध वस्तु को न छुएं बल्कि पुलिस को सूचना दें ।

कमांडो फोर्स ने जिम्मेवारी ली

'खालिस्तानी कमांडो फोर्स' ने आज दावा किया है कि गुरदासपुर जिले में कल मारे गए शिक्षक हरदयाल शर्मा की हत्या में उसका हाथ है । 'फोर्स' के एक प्रवक्ता ने 'यूनीवार्ता' को टैलीफोन पर यह दावा करते हुए कहा कि मृतक पुलिस का मुखबिर था ।

हड़ताल

बटाला सब डिवीजन के टीचरों ने श्री हरदयाल शर्मा की हत्या के विरोध में आज हड़ताल की । एक शोकसभा में सरकार से मांग कीगई किश्री हरदयाल शर्मा के परिवार को कम से कम एक लाख रु. मुआवजा दिया जाए ।

स्कूटर छीना

फिल्लौर (भाखड़ी) : कल सायं फिल्लौर थाना क्षेत्र में बेगमपुर नहर के किनारे-किनारे संगतपुर से लांगड़ियां जा रहे गुरमेज सिंह और मंजीत सिंह से चेतक स्कूटर नं. पी.सी.जे. 5767 छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

रिवाल्वर छीनने की कोशिश

शाहकोट (चोपड़ा) : गत रात्रि 1.40 बजे युवकों ने पिस्तौल दिखा कर घोड़ानी कलां गांव के निकट छीना और स्कूटर लेकर राड़ साहब की ओर चले गए । दूसरा स्कूटर कटाना साहब के निकट छीना । हंसराज नामक समराला का एक व्यक्ति सरहिन्द नहर के किनारे-किनारे सड़क पर स्कूटर नम्बर पी.ए.एन. 8500 पर समराला को आ रहा था कि दो अज्ञात युवकों ने जोकि एक स्कूटर पर थे, उसे रोक लिया और उसका स्कूटर छीन कर फरार हो गए ।

पांच उग्रवादी बंदी

लुधियाना से जोशी की सूचना है कि पुलिस अधीक्षक श्री गिल ने बताया कि लुधियाना पुलिस ने आतंकवादी बलदेव सिंह कवानी ग्रुप के पांच सदस्यों, रजवंत सिंह, रणजीत सिंह, सर्वजीत सिंह और गुरदीप सिंह आदि को गिरफ्तार किया है । इनसे पूछताछ के दौरान तीन बारदातों का पता चला है जिनमें समराला में 6 अप्रैल को सिनेमा घर जलाना, खन्ना के निकट 17 मई को एक स्कूटर छीनना और सहकारी सोसायटी मातोपुर से 19 मई को 35 हजार रुपए लूटना शामिल है ।

लुधियाना जिले के रामपुर ग्राम में पंजाब बिजली बोर्ड के कैशियर से दो उग्रवादियों ने 14987 रु. लूट लिये ।

प्रतिबंध

भटिंडा (वार्ता): जिला मैजिस्ट्रेट जे.एस. कौमी ने 3.5 हार्स पावर से अधिक शक्ति के मोटर साइकिल रात 10.30 बजे से प्रातः 5 बजे तक चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि शेष समय में दोहरी सवारी प्रतिबंधित रहेगी। सभी बाजार सायं 7.30 बजे बंद होंगे, लेकिन ठेके, होटल, रैस्टोरैंट और दवाइयों की दुकानें 10 बजे तक खुली रह सकेंगी ।

घायल चल बसा

'संघी' के अनुसार बलाचौर के एक समाज सेवक नसीब सिंह (55), जिन्हें 19 अप्रैल को उग्रवादियों ने गोलियां मार कर घायल कर दिया था, की आज दोपहर पी.जी.आई. चंडीगढ़ में मृत्यु हो गई है ।

अकाली नेता की मृत्यु

होशियारपुर ज़िला अकाली दल (लौंगोवाल) के महासचिव और गढ़शंकर बाजार समिति के सदस्य नसीब सिंह ने आज पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दम तोड़ दिया, अकाली दल (ल) की विधायिका जगदीश कौर के भाई नसीब सिंह पर पिछली 18 अप्रैल को होशियारपुर ज़िले के माहलपुर में हमला किया गया था ।

जालन्धर के नकोदर थाना क्षेत्र के ग्राम हलेरां की सहकारी समिति के सचिव से दो उग्रवादी 27000 रुपए लूट ले गए ।

पुलिस ने फतेहगढ़चूड़ियां के ग्राम जाट बेहला में पूरा सिंह के घर में घुसकर 4 हजार रुपए व एक रिवाल्वर लूट कर भागे तीन उग्रवादियों में से एक हरदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

मनोनीत अदालतों के जजों की नियुक्ति

होशियारपुर, 3 जून (अश्विनी कपूर): पंजाब सरकार ने गत दिनों स्थापित की गई चार नई नामजद (डैसीगनेटिड) अदालतों के लिए जजों तथा अतिरिक्त

डायरैक्टोरेट (मार्कीटिंग),
हिमाचल प्रदेश स्टेट फ़ारैस्ट कार्पोरेशन लिमिटिड,
कंवर निवास, न्यूलैंड एस्टेट, शिमला-171001.

स्थान चाहिए

हि.प्र. स्टेट फ़ारैस्ट कार्पोरेशन लि. डायरैक्टोरेट (मार्कीटिंग), शिमला में अपने कार्यालय के लिए उपयुक्त स्थान किराए पर लेने के इच्छुक हैं । अनुमानित अपेक्षा लगभग 2000 वर्ग फुट कारपैट एरिया, बाथ्स, डब्ल्यू.सी. और बरामदों आदि से

सीमा सुरक्षा बल ने आधा घंटा तक मुठभेड़ के बाद 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके बड़ी मात्रा में हथियार और गोलियां बरामद कीं । यह लोग जिला गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक, फतेहगढ़ चूड़ियां और बटाला क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हत्याएं करने की योजना बना रहे थे । सभी उग्रवादी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के सदस्य हैं । 3 अन्य उग्रवादी हरदेव सिंह (बिजलीवाल), सुखदेव सिंह (सरूप वाली) और तरसेम (बहीला) ने डेरा बाबा नानक में महंत जीवन दास के डेरे से 500 रु. और घड़ी लूटी । पुलिस और बी.एस.एफ. ने उनका पीछा करके 2 उग्रवादियों हरदेव और सुखदेव को गिरफ्तार कर लिया जबकि तरसेम भाग निकला । इनसे 32 बोर का देसी रिवाल्वर और एक खिलौना पिस्तौल बरामद हुआ है । यह दोनों भी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बद्ध दिल्ली दास के गिरोह के सदस्य हैं ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का ओम प्रकाश, उम्र 11 साल, कद 4', रंग गोरा 4.5.87 मंडी अहमदगढ़ में सामान लेने गया, वापिस घर नहीं आया । साइकिल और सामान दुकान पर पड़े हैं । पहुंचाने वाले को 1000/- रुपए शुक्राना ।

हृदय नन्द, पंडित किरयाना शाप, अकबरपुर छन्ना, डाकखाना रोहिड़ा, निकट मंडी अहमदगढ़

फोन : 8 अहमदगढ़ (जिला संगरूर)

जनरल रिज़र्व इंजीनियर फ़ोर्स

चीफ़ इंजीनियर (प्राजैक्ट) चेतक, 52, सदूलगंज, बीकानेर (राजस्थान) द्वारा रामदेवरा-नाचाना भारेवाला सड़क पर (कि.मी. 0 से 42) विभिन्न आकार का स्टोन चिप्स सप्लाई करने और स्टैक करने के लिए स्वीकृत (एम. ई. एस./सी. पी. डब्ल्यू. डी./रेलवेज़/ ठेकेदारों से **15 जून, 1987** को या पहले आवेदन-पत्र आमंत्रित हैं । अनुबंध के 180 दिनों के लिए चलने की सम्भावना है ।

कार्य की अनुमानित लागत 6 लाख रुपए है ।

और विवरणों के लिए 3 जून, 87 का इंडियन ट्रेड जर्नल देखें ।

(davp/700/33/87 AD-I/14.5.87)

गोलियां चलाई, एक गोली बलबीर सिंह की बाजू में लगी । उसे सिविल अस्पताल सुल्तानपुर लोधी में दाखिल करवाया गया है । थाना शाहकोट में इन चारों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है । अभियुक्त कुलवंत सिंह डाके और लूटमार की कई घटनाओं में पुलिस को वांछित है ।

बैंक से 9 हजार लूटे

धुरी (सिंगला) : यहां से 15 कि. मी. दूर ढडोगल के सहकारी बैंक से 3 नाकाबपोश उग्रवादियों ने 9 हजार रु. लूटे और बैंक के मैनेजर बाबू सिंह के स्कूटर पर फ़रार हो गए ।

मृतक हथियारों के तस्कर

फिरोजपुर (बागी): गत दिवस सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में जो 2 मुस्लिम तस्कर मारे गए थे और जिनसे 4 लाख रु. की विदेशी मुद्रा बरामद हुई थी, उनके बारे में पता चला है कि वह भारत से डालर लेकर पाकिस्तान जाते थे और वहां से उग्रवादियों के लिए हथियार खरीद कर लाते थे । उग्रवादियों ने भारतीय मुसलमानों के माध्यम से हथियार मंगवाने का नया तरीका अपनाया क्योंकि मुसलमानों के लिए पाकिस्तान से हथियार लेकर आना अपेक्षाकृत आसान है। फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. डी.एस. मोही ने बताया कि गुप्तचर एजेंसियां इस गिरोह को पता लगाने का भरसक प्रयास कर रही हैं ।

40 हजार की लूट

एस.एस.पी. आर.एस. चालिहा ने बताया कि मुमदाट आना के गांव भाम्भरा आजम शाह में कश्मीरा सिंह के घर से 40,000 रु. के नकदी एवं आभूषण लूट लिए गए ।

बसें साढ़े 7 बजे तक चलेंगी

अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट ने जिला भर में सायं 7.30 से प्रातः 5.30 बजे तक बिना सुरक्षा गार्डों के बसें चलाने पर प्रतिबंध की अवधि 30 जून तक बढ़ा दी है । जिला भर में सभी दुकानें रात्रि 7.45 बजे बंद हुआ करेंगी जबकि खाने-पीने की दुकानें, होटल, ढाबे, ठेके, दवाइयों और सब्जियों की दुकानें 9 बजे तक खुली रह सकेंगी । जिला भर में नहरों और चैनलों के 50 मी. क्षेत्र में सायं 8 से प्रातः 5 बजे तक चलने-फिरने पर पाबंदी 30 जून तक रहेगी ।

रात्रि कर्फ़्यू

फिरोज़पुर जिला में भारत-पाक सीमा के साथ 500 मी. क्षेत्र में सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक रात्रि कर्फ़्यू लागू कर दिया गया है ।

गुरुद्वारे पर छापा, एक दर्जन हिरासत में

पटियाला (भूषण) : पुलिस ने आज तड़के 2.30 बजे गुरुद्वारा दुःख निवारण साहिब में छापा मार कर लगभग एक दर्जन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । गुरुद्वारा के मैनेजर अजायब सिंह के अनुसार ये गिरफ्तारियां गुरुद्वारे की परिक्रमा के अंदर की गई । 25 मई को भी पुलिस ने इसी तरह छापा मार कर 8 व्यक्तियों को हिरासत में लिया था, जिनमें से बाद में 6 को छोड़ दिया गया ।

2 स्कूटर छीने

खन्ना (पूर्ण चंद) : गत दिवस खन्ना के निकटवर्ती देहातों से उग्रवादियों ने दो स्कूटर छीन लिए । एक स्कूटर नम्बर पी.बी.यू. 3067 चार

Punjabi Sanatan



उग्रवादियों द्वारा अमृतसर में फ़ायरिंग से (1) घायल तिलक राज, (2) मृत एस.के. झिगन, (3) घायल के परिजन, (4) मृत जगदीश चन्द्र लाली, (5) मृत अशोक कुमार, (6) मृत रमेश चन्द्र, (7 व 8) सुल्तान विंड नहर पर उग्रवादियों द्वारा मारे गये दो अज्ञात लोगों के शव, (9) उद्योग कार्यालय में मृत लोगों के परिजन । (छाया : रवि ओम)

शिष्टमंडल ने मांग की कि पूर्व बरनाला सरकार के भ्रष्ट अकाली मंत्रियों के विरुद्ध कार्रवाई तेज करें । उन्होंने यह भी मांग की कि गंदम की खरीद तुरन्त शुरू की जाए ।

जानकारियां दी कि रिपोर्ट के कुछ हिस्से प्रकाशित

(शेष पृष्ठ 10 पर)

शिव सेना नेता सहित पंजाब में 8 हत्याएं : लुधियाना में कर्फ़्यू

अमृतसर के उद्योग कार्यालय में एक ही समुदाय के स्टाफ पर अंधाधुंध फायरिंग कर खालिस्तानी नारे लगाकर भागे उग्रवादियों द्वारा जालन्धरवासी सहित 2 अन्य की भी हत्याएं

चंडीगढ़, 4 जून (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने अपनी कार्रवाइयां तेज करते हुए आज शिव सेना के एक नेता सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी । शिव सेना नेता की हत्या के बाद हई हिंसा को देखते हुए लुधियाना के कई क्षेत्रों में कर्फ़्यू लगा दिया गया । अमृतसर में 3 वारदातों में 7 व्यक्ति मारे गए। शिव सेना ने कल काला दिवस मनाने की अपील की है ।

पुलिस ने विभिन्न स्थानों से 9 उग्रवादी पकड़े जिनके पास से भारी परिमाण में कारतूस, हथियार, बम धमकी भरे पत्र बरामद हुए ।

महाजन की हत्या

लुधियाना (जोशी): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने आज प्रातः यहां पंजाब हिंद शिव सेना के वरिष्ठ उप-प्रधान कृष्ण महाजन की गोलियां मारकर हत्या कर दी, जिसके बाद जिला मैजिस्ट्रेट श्री के.आर. लखनपाल ने पुराने शहर की पुलिस डिविजन नम्बर 1, 2, 3 तथा चार के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में अनिश्चितकाल का कर्फ़्यू लगा दिया । इससे पूर्व शहर के अंदर के कुछ क्षेत्रों में पथराव और आग लगाने की कुछ वारदातें हुईं, जिसके बाद सतर्कता पग के तौर पर कर्फ़्यू लगा दिया गया । स्थिति तनावपूर्ण, परन्तु नियंत्रण में है ।

शिवसेना नेता श्री तांगड़ी ने बताया कि इससे पहले भी श्री कृष्ण महाजन की हत्या की दो बार कोशिश की गई थी । बताया गया है कि प्रातः श्री महाजन जब विश्वकर्मा कालोनी मिल्लरगंज स्थित अपने घर से स्कूटर पर शहर आने लगे तो उनका सरकारी गनमैन मलकीयत सिंह उनके साथ पीछे बैठा था । 9 बजकर 32 मिनट पर जब श्री महाजन और उनके गनमैन ने घुरी रेलवे लाइन का फाटक पार किया तो देखते ही देखते दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने उन पर रिवाल्वर से गोलियों की बौछाड़ कर दी । चार गोलियां श्री महाजन की छाती तथा पीठ पर लगीं और एक गोली गनमैन मलकीयत सिंह को लगी । वे दोनों स्कूटर से गिर गए । इस दौरान हत्यारे उग्रवादी स्कूटर पर फ़रार हो गए ।

कृष्ण महाजन व उनके गनमैन को तुरंत ही निकटवर्ती पाहवा अस्पताल ले जाया गया, परन्तु उनकी हालत नाज़ुक होने के कारण डाक्टरों ने उन्हें सी.एम.सी. अस्पताल ले जाने का मशविरा दिया, अतः दोनों को सी.एम.सी. ले जाया गया, जहां एमरजैंसी वार्ड में डाक्टरों ने श्री महाजन को मृत घोषित कर दिया । गनमैन मलकीयत सिंह वहां चिकित्सा धीन है, लेकिन उसकी हालत गंभीर है । बताया जाता है कि श्री महाजन पर पिछले वर्ष सितम्बर में लाइट मशीनगन से फायरिंग की गई थी तथा ऐसी ही कोशिश पिछले मास भी की गई थी ।

उस समय हिंद शिव सेना नेताओं ने श्री महाजन पर होने वाले हमलों की जांच करने की मांग की थी और इस उद्देश्य के लिए डी.एस.पी. श्री धर्म सिंह की ड्यूटी भी लगाई गई थी, परन्तु शिवसेना नेताओं ने आरोप लगाया कि डी.एस.पी. श्री धर्म सिंह ने इस जांच के सम्बन्ध में कोई प्रगति नहीं की ।

इसी बीच एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस और अर्द्ध सैनिक बल जब इस घटना के बाद चौड़ा बाजार, साबुन बाजार, हल्दी गली, सराफ़ा बाजार और दूसरे निकटवर्ती क्षेत्रों में सतर्कता पग के तौर पर पहुंचे तो समाज-विरोधी तत्वों ने पथराव किया । दो स्कूटरों को आग लगा दी गई तथा एक दुकान को आग लगाने की कोशिश की गई ।

शिव सेना नेताओं ने बताया कि श्री कृष्ण महाजन की हत्या के बाद अब तक उग्रवादियों के हाथों शिव सेना के 18 नेता मारे जा चुके हैं । श्री महाजन 35 वर्ष के थे तथा वह यहां जे. एंड के. इंडस्ट्री के मालिक थे । उनका परिवार जिला गुरदासपुर के रत्नगढ़ का रहने वाला था तथा तीन-चार दिन पहले ही परिवार के सदस्य रत्नगढ़ गए थे । श्री महाजन की हत्या के बाद गुड़ मंडी, चौड़ा बाजार, साबुन बाजार, बिसाती बाजार, घास मंडी के क्षेत्र तुरंत बंद हो गए । पुलिस ने सक्रियता से हत्यारों की खोज शुरू कर दी है ।

काला दिन मनाने की अपील

पंजाब हिंदू शिव सेना ने श्री महाजन की हत्या के विरोध में कल राज्यव्यापी 'काला दिवस' मनाने की अपील की है । यह फ़ैसला आज यहां पार्टी की एक बैठक में किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री जगदीश तांगड़ी ने की । शिव सेना की बैठक में कहा गया है कि शिव सेना हिन्दू-सिख एकता तथा भाईचारा बनाए रखने की समर्थक है ।

'पति-पत्नी' हिरासत में

'धीमान' के अनुसार श्री महाजन की हत्या के सम्बन्ध में पुलिस ने घटनास्थल से सम्बद्ध क्षेत्र में जोरदार छानबीन शुरू कर रखी है । पता चला है कि इस दौरान एक पति-पत्नी को हिरासत में लिया गया है ।

अंत्येष्टि आज

'मुसाफिर' के अनुसार श्री कृष्ण महाजन की शव यात्रा 5 जून को प्रातः 11 बजे गली नं. 10, विश्व कर्मा स्ट्रीट, मिल्लर गंज, लुधियाना से शुरू होगी । अंत्येष्टि मिलिट्री कैम्प के निकट श्मशान घाट पर होगी ।

कर्फ़्यू कहां-कहां ?

लुधियाना के जिलाधीश ने कहा है कि शहर में हालात ठीक हैं । सतर्कता की दृष्टि से थोड़े से क्षेत्रों में कर्फ़्यू लगया गया है । जी.टी. रोड को छोड़ दिया गया है । चौक घंटाघर से रेखी सिनेमा चौक तक, वहां से पुलिस डिवीजन 3 तक और माधोपुरी से दरेसी ग्राऊंड के शहर के अंदर की ओर के क्षेत्र में कर्फ़्यू लगाया गया है । एस.एस.पी. श्री गिल ने बताया कि 8 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । एक खोखा जलाने का प्रयास भी किया गया ।

बब्बर खालसा

कृष्ण महाजन की हत्या की जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने ली है । बब्बर खालसा के सुखदेव सिंह ने इस बारे में वार्ता को टैलीफोन पर सूचित किया ।

'वार्ता' के अनुसार पुलिस ने बताया कि दो स्कूटर सवार आतंकवादी श्री महाजन के घर के बाहर प्रतीक्षा कर रहे थे । जैसे ही वह बाहर निकले तथा अपने स्कूटर पर रवाना हुए, उन्होंने उनका पीछा किया और उन पर गोलियां चलाईं ।

स्कूटर छीन लिए

कल जिला लुधियाना में संदिग्ध आतंकवादियों ने पिस्तौलन की नोक पर दो व्यक्तियों से उनके स्कूटर छीन लिए । एक स्कूटर गढ़ानी कलां के निकट तथा दूसरा समराला के निकट नहर के किनारे छीना गया ।

दो स्थानों पर रुपए लूटे

लुधियाना (मुसाफिर) : दो मोपेड सवार उग्रवादियों ने हैबोवाल रोड पर गैस सिलंडरों के गोदाम से 20 हजार रुपए लूट लिए । एक वारदात दोराहा के निकट रामपुर में हुई जहां एस.डी.ओ. बिजली बोर्ड के कार्यालय से 14084 रुपए उग्रवादी लूट कर भाग गए ।

फगवाड़ा (खोसला): हिंदू शिव सेना फगवाड़ा की बैठक में श्री कृष्ण महाजन की हत्या की निंदा की गई तथा सरकार से मांग की गई की आतंकवाद को सख्ती से कुचल दिया जाए । यदि राष्ट्रपति शासन में भी आतंकवाद को खत्म नहीं किया जा सकता तो पंजाब को तुरन्त सेना के हवाले किया जाए ।

7 मार डाले

अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर शहर के बाहर वल्लाह मंडी के निकट बने औद्योगिक कार्यालय में स्कूटर सवार तीन आतंकवादियों ने घुसकर आज बाद दोपहर अंधाधुंध फ़ायरिंग करके कार्यालय के तीन कर्मचारियों की हत्या कर दी तथा दो अन्य को घायल कर दिया । इन्हीं आतंकवादियों

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सुक्खा और कुक्की के प्रत्यावर्तन के लिए अमरीकी वकील भारतीय केस की पैरवी करेंगे

नई दिल्ली, 4 जून (जी.एस. चावला): सिख उग्रवादियों सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा और रणजीत सिंह गिल उर्फ कुक्की के भारत को प्रत्यावर्तन के केस में अमरीकी वकील भारत के केस की पैरवी करेंगे । सुक्खा जनरल वैद्य का हत्यारा है जबकि कुक्की इंका सांसद ललित माकन और उनकी पत्नी का हत्यारा है । वे जाली नामों और पासपोर्टों पर अमरीका भाग गए थे ।

इनकी गिरफ्तारी के लिए भारत सरकार ने अमरीका से अनुरोध किया था और उनके बारे में आवश्यक जानकारी भी दी थी । शुरू में अमरीका के संघीय जांच ब्यूरो ने मामले में दिलचस्पी ली लेकिन बाद में ऐसा लगा कि दोनों उग्रवादियों के किसी परिचित का अमरीकी गुप्तचर एजैंसी सी.आई.ए. से निकट सम्बन्ध है जिनके कारण एफ.बी.आई. ने मामले में दिलचस्पी लेनी बंद कर दी ।

भारत ने तब मामला राजनयिक स्तर पर अमरीका सरकार के साथ उठाया और दोनों उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए दबाव डाला । यहां तक कि विदेश राज्यमंत्री नटवर सिंह ने अपनी वाशिंगटन यात्रा में मामला अमरीका सरकार के साथ उठाया और तब एफ.बी. आई. ने उन्हें गिरफ्तार किया । अब वे पुलिस हिरासत में हैं ।

इंगलैंड 3-145

मानचैस्टर, 4 जून : ए.पी. मैदान गीला होने के कारण पाकिस्तान और इंगलैंड के बीच आज यहां पहले क्रिकेट टैस्ट मैच के पहले दिन का खेल लंच तक शुरू नहीं हो सका । लंच के बाद खेल समाप्त होने तक इंगलैंड की टीम ने 3 विकेट पर 145 रन बना लिए थे ।

हालात बिगाड़ने बार-बार मेरठ क्यों आते हो ? शहाबुद्दीन से मुस्लिमों का प्रश्न

मेरठ, 4 जून (वार्ता): बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के संयोजक तथा जनता पार्टी के सांसद सैयद शहाबुद्दीन को कल यहां अपने ही समुदाय के लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा । सोहराव गेट क्षेत्र में श्री शहाबुद्दीन से सवाल किया गया कि वह बार-बार मेरठ की स्थिति बिगाड़ने के लिए मेरठ क्यों आते हैं । श्री शहाबुद्दीन हाल के दंगे के दौरान कल दूसरी बार प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करके तीन अन्य नेताओं के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे थे ।

इस क्षेत्र के एक प्रमुख मुस्लिम नेता श्री जमील अहमद ने उनसे स्पष्ट रूप से कहा कि मेरठ पूरी तरह बरबाद हो चुका है और इसके लिए कठमुल्लापन पूरी तरह से जिम्मेदार है । श्री अहमद ने कहा कि पी. ए. सी. की आलोचना करने से मसलमानों को कोई लाभ नहीं होगा क्योंकि पुलिस कर्मियों की कमी के कारण सरकार के पास पी. ए. सी. तैनात करने के अलावा और कोई व्यवस्था नहीं है । भीड़ में से एक ने शहाबुद्दीन से पूछा कि क्या वह मेरठ को हिल स्टेशन समझ बैठे हैं, जो बार-बार यहां 'राहत' पाने के लिए आ रहे हैं । युवक का कहना था कि उनके मेरठ आने से घावों पर मरहम की जगह नमक छिड़का जा रहा है । इसलिए उन्हें उनके ही हाल पर छोड़ दिया जाए ।

इस बीच मेरठ की तेजी से सामान्य होती हुई स्थिति को देखते हुए कर्फ़्यूग्रस्त 80 प्रतिशत भाग को आज दिन के कर्फ़्यू से मुक्त कर दिया गया । जानकार सूत्रों ने आज यह जानकारी देते हुए कहा कि कल की अपेक्षा आज अधिक कार्यालय और बैंक शाखाएं पुनः कार्य प्रारम्भ कर देंगी । कल ब्रह्मपुरी क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या किए जाने और कई दिनों पुराना एक शव बरामद होने से दंगों में मृतकों की संख्या 96 तक पहुंच गई है । कुछ स्थानों पर आगजनी और विस्फोट के समाचार भी मिले, जहां तुरन्त ही स्थिति पर काबू पा लिया गया ।

कल जिला न्यायालय में मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट तथा प्रशासनिक अधिकारियों के न्यायालयों में दंगों के दौरान गिरफ्तार किए गए लोगों की जमानतों के

द के विरुद्ध ज़ोरदार लड़ाई जारी रखी जाएगी : रिबैरो

ीय विमानों
ाग्री गिराई
भी सूचना दे दी गई
कुशल लौटे

लंका की हवाई सीमा में प्रवेश कर गये थे ।
जानकार सूत्रों के अनुसार हवाई मार्ग से राहत
ग्री भेजने का फैसला कल देर रात गए केंद्रीय
मंडल की राजनीतिक समिति की बैठक में किया
। यह बैठक आधी रात के बाद शुरू हुई और
ह पांच बजे तक चलती रही थी ।
विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार परिवहन
ानों में चावल, गेहूं, चाय, चीनी और दाल से भरे
थे ।
प्रवक्ता के अनुसार भारत स्थित श्रीलंका के
ायुक्त बनार्ड तिलकरत्ने को आज विदेश
लय में बुलाया गया । विदेश राज्यमंत्री नटवर
ने उन्हें बताया कि जाफना के लोगों के लिये
री सामान विमान से भेजा जाएगा । इन विमानों
हिफाजत के लिये आवश्यक कदम उठाए
गे । राहत के रूप में भेजे गए सामान का
तीय और विदेशी पत्रकारों ने निरीक्षण किया है
उनमें से कुछ मालवाहक विमानों में सवार हैं ।
विदेश राज्यमंत्री नटवर सिंह ने अमरीका और
यत संघ के राजदूतों को श्रीलंका में विमानों से
त सामग्री भेजने के सरकार के फैसले की
कारी दी । विदेश मंत्रालय इस बारे में दिल्ली
त अन्य राजनयिकों से भी सम्पर्क बनाये हुये

प्रवक्ता ने कहा कि जाफना निवासियों की खस्ता
त को ध्यान में रख कर यह कदम उठाया गया है
के भारत सरकार और जनता वर्तमान स्थिति से
चिन्तित है । वक्तव्य में आशा व्यक्त की गई
श्रीलंका सरकार राहत सामग्री पहंचाने के इस
वीय मिशन को पूरा करने में सहयोग देगी ।
जानकार सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री राजीव
ने कल देर रात गोआ से यहां लौटने पर केंद्रीय
मंडल की राजनीतिक समिति के सदस्यों के
वा वरिष्ठ सैनिक और असैनिक अधिकारियों के
श्रीलंका सरकार के रुख के बारे में विचार-
र्श किया । बाद में समिति की औपचारिक
क हुई ।
श्रीलंका के अधिकारियों के नौकाओं द्वारा राहत
ी जाफना भेजे जाने को कल अनुमति नहीं
जाने पर विमान से राहत सामग्री गिराने का
(शेष पृष्ठ 10 पर)

ीलंका का भारत
से प्रोटैस्ट

नई दिल्ली, 4 जून : श्रीलंका सरकार ने आज
द्वारा जाफना प्रायद्वीप पर राहतसामग्री गिराए
का कड़ा विरोध किया । श्रीलंका के
ायुक्त बर्नार्ड तिलकरत्ने ने भारत सरकार को
ध पत्र दिया । इसमें कहा गया है कि यह
ाई हमारी स्वतंत्रता का खुल्लमखुल्ला
घन है । हम इस उल्लंघन को सैनिक अथवा
भी तरीके से रोक नहीं सकते थे ।
विरोध पत्र के अनुसार श्रीलंका सरकार इस
ने को उचित मंच पर उठाएगी । यह हमारी
ता और क्षेत्रीय अखंडता पर अप्रत्याशित
है । हम इसके तमाम परिणामों के लिए
को दोषी ठहराएंगे ।
त का निर्देश
ई दिल्ली : भारत ने संयुक्त राष्ट्र में अपने
प्रतिनिधि सी.आर. घरेखान को निर्देश दिए हैं
ह अन्य देशों के राजदूतों से तुरन्त सम्पर्क करें
उन्हें श्रीलंका में राहत सामग्री गिराने के निर्णय
री पृष्ठभूमि से अवगत कराएं । आधिकारिक
के अनुसार श्री घरेखान जाफना के तमिलों की
के बारे में भारत की चिंता से भी राजदूतों को





(ऊपर) लुधियाना में वह जगह जहां बीरबार प्रातः शिव सेना नेता कृष्ण महाजन पर उग्रवादियों ने गोली चलाई । बाद में उनकी मौत हो गई । घटनास्थल पर श्री महाजन का स्कूटर गिरा पड़ा है । (नीचे) इस घटना के बाद शहर के कुछ क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया । यह तस्वीर साबुन बाजार की है । (इनसैट) कृष्ण महाजन का पुराना चित्र । (छाया : काम्बोज)



जिला भटिंडा के गांव गडथली का उग्रवादी जरनैल सिंह, जो जिला संगरूर के भवानीगढ़ कस्बे में लोगों की मारपीट से घायल होकर अस्पताल में दम तोड़ गया । (छाया : गर्ग) ।



अबोहर का हरीश चन्द्र जिसे घायल करके उग्रवादी ट्रैक्टर-ट्राली छीन ले गए । (छाया : गोयल)



उग्रवादियों द्वारा अमृतसर में फायरिंग से (1) घायल तिलक राज, (2) मृत एस.के. झिंगन, (3) घायल के परिजन, (4) मृत जगदीश चन्द्र लाली, (5) मृत अशोक कुमार, (6) मृत रमेश चन्द्र, (7 व 8) सुल्तान विंड नहर पर उग्रवादियों द्वारा मारे गये दो अज्ञात लोगों के शव, (9) उद्योग कार्यालय में मृत लोगों के परिजन । (छाया : रवि ओम)

शिव सेना नेता सहित पंजाब में 8 हत्याएं : लु

अमृतसर के उद्योग कार्यालय में एक ही समुदाय के स्टाफ पर अंधाधुंध फायरिंग कर खालिस्तानी नारे लगाकर भागे उग्रवादियों द्व

चंडीगढ़, 4 जून (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने अपनी कार्रवाइयां तेज करते हुए

शिवसेना नेता श्री तांगड़ी ने बताया कि इससे पहले भी श्री कृष्ण महाजन की हत्या की दो बार

तथा ऐसी ही कोशिश पिछले मास भी की गई थी ।

कर्फ्यू कहां-कहां ?

लुधियाना के जिलाधीश ने

बोफोर्स
51 करो
स्वीडन की सरकारी
केन्द्र संसदी

नई दिल्ली, 4 जून (वार्ता
लेखा परीक्षा ब्यूरो द्वारा बोफोर्स
एजेंट को 51 करोड़ रुपए का
पुष्टि के बाद सरकार ने इस का
संयुक्त समिति द्वारा कराए जाने

एक सरकारी प्रवक्ता के
फैसला किया है कि राज्यसभा
सभा अध्यक्ष से इस कांड
राज्यसभा और लोकसभा सदस्
के गठन का अनुरोध किया जा

आज प्रातः स्वीडन से रि
मंत्रिमंडल की राजनीतिक मा
पांच घंटे की बैठक हुई प्रधान
राष्ट्रपति जैल सिंह से मुलाकात
मंत्रिमंडल की बैठक तथा अन्त
मामलों की समिति की बैठक
किया गया । बाद में प्रधानमंत्री
साथ एक आपात बैठक में इस
में जानकारी दी ।

भारत और स्वीडन में एक
ब्यूरो की रिपोर्ट में पैसा पाने वा
नाम नहीं दिया गया है । स्वी
संलग्न पत्र में कहा गया है कि के
ही पूरा वितरण दे सकती है
सरकार ने बोफोर्स कम्पनी से
सहयोग मांगा है ।

बोफोर्स कम्पनी ने भारती
अप्रैल 1987 को लिखे पत्र
एफ.एच. 77 नामक इस सौदे
भुगतान स्विटजरलैंड की एक क
था ।

पंजाब में रैड अ

लुधियाना, 4 जून (मु
राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे
अलर्ट का आदेश दे दिया है ताकि
सप्ताह के दौरान उग्रवादी प्रति
कोई गड़बड़ न कर सकें । उ
चंडीगढ़ में इंका के दो दर्जन विधा
के साथ बातचीत के दौरान उन्ह
गुरविंदर कौर बराड़ और बेअन
का नेतृत्व कर रहे थे ।

श्री ओम प्रकाश गुप्ता एस
महासचिव ने एक बयान में क
उन्हें यह भी कहा है कि आप स
सुरक्षा आपको उपलब्ध की गई
रखें । हम शांति बहाल करने
हैं । कुछ उग्रवादी पकड़ लिए ग
के पास आधुनिकतम शस्त्रास्त्र

राज्यपाल ने कहा कि उग्रवा
जो अभियान चला रहे हैं उसमें
रहे । राज्यपाल ने यह भी कहा
पक्की नियुक्तियां बंद कर दी ग

शिष्टमंडल ने मांग की कि पु
के भ्रष्ट अकाली मंत्रियों के वि
करें । उन्होंने यह भी मांग की
तुरन्त शुरू की जाए ।

Punjabi Sanat.Ar

शिव सेना नेता की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

ने थोड़ी दूर जाकर सुलतानविंड नहर के पास दो अन्य राहगीरों पर फ़ायरिंग करके उनकी भी हत्या कर दी प्राप्त सूचनाओं के अनुसार बाद दोपहर लगभग अढ़ाई बजे तीन आतंकवादियों, जोकि एक आसमानी रंग के स्कूटर पर सवार थे, ने वल्लाह अनाजमंडी के निकट बने औद्योगिक कार्यालय में घुसकर तीनों ने अलग-अलग कमरों में बैठे अधिकारियों पर फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिससे पांच अधिकारी घायल हो गए । इनमें से तीन की तो घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । घटनास्थल पर मरने वालों में 32 वर्षीय स्टैनो श्री जगदीश चंद्र, जोकि जिला जालंधर का निवासी है, कैशियर अशोक कुमार जोकि अमृतसर के बाजार कसेरियां का रहने वाला था और बिल क्लर्क रमेश चंद्र, जोकि अमृतसर के क्षेत्र हुसैनपुरा को रहने वाला है, शामिल थे । सभी मृतकों के शरीर के ऊपरी भागों में गोलियां लगीं, जोकि घातक सिद्ध हुईं । जो दो घायल कर्मी अस्पताल में हैं, उनमें एस.के. झिंगन फ़ंक्शनल मैनेजर तथा हैड क्लर्क तिलकराज शामिल हैं । श्री झिंगन के सिर और बाज़ू में तथा श्री तिलकराज के सिर व छाती में गोलियां लगी हैं । इन दोनों की हालत गंभीर बताई गई है ।

औद्योगिक कार्यालय के फ़ंक्शनल मैनेजर श्री एस.के. झिंगन की बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

श्री झिंगन विकलांग थे और उनकी बाईं टांग नकली थी । इस घटना और सुल्तानविंड की घटना के बाद दोनों ही जगहों पर पाकिस्तानी चिन्ह वाले कारतूस गिरे पाए गए ।

जिला उद्योग कार्यालय में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उग्रवादियों ने एक ही समुदाय के लोगों को निशाना बनाया । वहां आठ महिलाओं सहित 47 लोगों का स्टाफ था । एक अन्य क्लर्क भी जान बचाने को भागा तो उग्रवादियों ने पीछा करके गोली चलाई पर वह बाल-बाल बच गया । एक माली ने हाथ जोड़कर जान बख्शवाई । जिला उद्योग अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने स्टैनो जगदीश को डिक्टेशन के लिए बुलाया था । जब गोलियां चलीं, वे बाथरूम में थे । आवाज सुनकर वे बाहर निकले तो उन्होंने उसे मृत पाया । नीचे चीखने और रोने की आवाजें आ रही थीं । उन्होंने जी.टी. रोड पर जाकर सी.आर.पी. को सूचित किया ।

जगह सुरक्षित न थी

घटना स्थल पर उपस्थित कुछ लोगों ने बताया कि औद्योगिक कार्यालय, जो अभी एक वर्ष पहले ही पुतलीघर से तबदील होकर वल्लाह मंडी में नवनिर्मित भवन में आया था, के बारे में मृतक रमेश चंद्र (बिल क्लर्क) हमेशा कहा करता था कि उनका यह नया कार्यालय सुरक्षित स्थान पर नहीं है । इन लोगों ने बताया कि यह वारदात कार्यालय की निचली मंज़िल पर ही हुई । कार्यालय के कर्मियों का कहना है कि फ़ायरिंग इतनी अकस्मात हुई कि वे यह अनुमान ही न लगा सके कि आतंकवादियों ने नीचे के

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का प्रेम चंद, H/C, उम्र 33 साल, कद 5'-7", 26.4.87 से फिल्लौर से ट्रेनिंग में से गैरहाज़िर बताया जाता है । हमने उसकी सब जगह तलाश कर ली है और विभाग के साथ भी कार्रवाई की है, पर उसका कोई पता आज तक नहीं लगा । प्रेम, सारा परिवार और रिश्तेदार परेशान हैं । जल्दी से जल्दी घर या ड्यूटी पर पहुंच जाओ । सही बताने वाले को 500 रुपए ईनाम दिया जाएगा ।

मन्नसा देवी,
गांव और डाकघर रत्तेवाल, तहसील बलाचौर, जिला होशियारपुर ।

गुमशुदा की तलाश



हरबन्स लाल पुत्र श्री तेज राम जो कि 1.6.87 दिन सोमवार को स्टेट बैंक आफ पटियाला, सामाना का चैक लेकर दोपहर लगभग एक बजे से लापता हैं, स्वयं पढ़ें तो घर आ जाएं, घर वाले बेहद परेशान हैं । इनके बारे में कोई भी सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जाएगा ।

पता:
चिरंजी लाल एंड सन्ज, बादशाहपुर (सामाना) फोन : 217: 42: 352

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

चिकित्सा | पोल्टी



रैय्या के निकट गांव लोहगढ़ के एक नाले के पास पड़ी लावारिस लाश । (छाया : जसपाल)

कमरों में घुस कर उनके सहयोगियों की हत्या कर दी है । उन्हें तो तब पता चला, जब कार्यालय के बाहर 'खालिस्तान ज़िंदाबाद' के नारे लगे ।

खालिस्तानी नारे

सूचनाओं में कहा गया है कि इन तीन आतंकवादियों ने औद्योगिक कार्यालय में गोलियां चलाने के बाद कार्यालय के बाहर आकर 'खालिस्तान ज़िंदाबाद' के नारे लगाये व तीनों जिस स्कूटर पर आये थे, उसी पर बैठ कर फ़रार हो गये ।

बाद दोपहर अमृतसर के बाहरी क्षेत्र सुल्तानविंड की नहर के निकट स्कूटर सवार आतंकवादियों ने एक समुदाय के राहगीरों पर गोलियां बरसा कर उनकी हत्या कर दी । इन राहगीरों में से एक मोपेड पर सवार था । पुलिस को उसकी जेब से जो कागज़ मिले हैं, उनसे उसके जेल रोड जालंधर का निवासी होने का पता चला है । दूसरा मृतक साइकल पर सवार था । उसकी पहचान होनी बाकी है ।

एक मृतक की जेब से कुछ कागज मिले हैं जिनके अनुसार वह हरचरन दास है जो जेल रोड जालन्धर का रहने वाला था ।

पुलिस व सुरक्षा बलों ने आसपास के 8 गांवों में कई लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया है ।

स्कूटर फैंक गए

पुलिस सूत्रों का कहना है कि औद्योगिक कार्यालय तथा सुल्तानविंड नहर के पास फ़ायरिंग करके 5 व्यक्तियों की हत्या करने वाले आतंकवादी अपना आसमानी रंग का स्कूटर नहर के किनारे छोड़ कर पैदल ही भाग गये । पुलिस इन आतंकवादियों का पता लगाने के लिये विभिन्न पार्टियों के रूप में शहर के चारों ओर घूम रही है, लेकिन अभी तक सफल नहीं हो सकी ।

भिखीविंड क्षेत्र में फ़ायरिंग

'वार्ता' के अनुसार कल रात दो युवकों ने भिखीविंड थाने के एक गांव के एक व्यक्ति पर गोलियां चला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति का नाम सुच्चा सिंह है । उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है, जहां उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

अमृतसर जिले की झब्बाल थाना पुलिस ने कल रात तीन आतंकवादियों मेजर सिंह, प्रगट सिंह और महेंद्र सिंह को एक नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया । पुलिस के अनुसार इन आतंकवादियों के पास से आग्नेयास्त्र बरामद किये गये हैं ।

तांगा यूनियन के अध्यक्ष की हत्या

आज रात्रि झब्बाल में उग्रवादियों ने स्थानीय राज के घर से 15 हजार रु. मूल्य के आभूषण आदि लूट लिए ।

अमृतसर शहर में एक स्कूटर छीन लिया गया ।

घर-घर तलाशी

पुलिस और सुरक्षा बलों ने आज प्रातः अमृतसर के सिविल लाइन्ज़ क्षेत्र की रानी का बाग कालोनी में घर-घर की तलाशी ली । पुलिस सूत्रों ने बताया कि 6 व्यक्ति हिरासत में लिए गए तथा कुछ हथियार भी बरामद हुए ।

इसी बीच सुरक्षा बलों ने आज प्रातः शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी परिसर तथा दरबार साहब परिसर को विभाजित करने वाली सड़क पर एक संदिग्ध व्यक्ति का पीछा करके उसे पकड़ा । पुलिस ने बताया कि जब उसे रुकने के लिए कहा गया तो वह भागने लगा ।

राज्यपाल द्वारा शोक व्यक्त

चंडीगढ़, (ह.स.): पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने लुधियाना और अमृतसर में उग्रवादियों द्वारा निर्दोष व्यक्तियों की नृशंस हत्या करने पर भारी शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिवारों के साथ सहानुभूति व्यक्त की है । उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति से सुदृढ़ता से निपटने के लिए कृतसंकल्प है । राज्यपाल ने कहा कि इससे केवल सामान्यीकरण की प्रक्रिया में बाधा पैदा होगी ।

लावारिस स्कूटर मिले

जालन्धर (ह.स.) : पुलिस ने बाद दोपहर यहां जिलाधीश व एस.एस.पी. कार्यालयों के निकट रैडक्रास मार्केट में दो लावारिस वैस्पा स्कूटर बरामद किए । सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्कूटर वहां से हटा दिए । अभी यह पता नहीं चल सका कि क्या इन स्कूटरों में से कोई विस्फोटक आदि बरामद हुआ है ? उल्लेखनीय है कि गत 18 मई को पुलिस ने इसी मार्केट में से एक स्कूटर बरामद किया था, जिसमें ट्रांज़िस्टर बम लगाया गया था । इसी के निकटवर्ती फ्रैंड्ज़ सिनेमा के बाहर 2 जून को बस विस्फोट में 4 व्यक्ति मारे गए, जबकि 26 घायल हुए थे ।

स्कूटर वायुसेना अफसरों के थे

बाद में मिली सूचना के अनुसार ये दोनों क्रीम रंग के स्कूटर वैस्पा एक्स.ई.पी.ए.क्यू. 6204 तथा पी.ए.जे. 5963 वायुसेना के दो अधिकारियों के थे, जो पिक्चर देखने गये थे । पुलिस ने स्कूटर उन्हें वापस कर दिये ।

लैटर बाक्स में बम की अफवाह

वि.स. के अनुसार आज प्रातः 11 बजे के लगभग लाल रत्न सिनेमा परिसर के निकट एक डाक खाना के लैटर बाक्स में बम होने की अफवाह फैल गई । सूचना मिलने पर सी.आर.पी. आ गई और उसने क्षेत्र को घेर कर डाक खाना के लैटर बाक्स की जांच की तो उसमें एक लाल कपड़े में कुछ कील तथा माचिसें बंधी पड़ी मिलीं । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह किसी ने शरारत की दृष्टि से रखी लगती हैं । बताया गया कि जब डाकिया डाक निकालने गया तब उसने पोटली पड़ी देखी और बम की अफवाह फैल गई ।

घायल कर दिया

'न.न.ए.' के अनुसार गत रात थाना सदर के गांव सलीमपुर में तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों द्वारा चरणजीत सिंह नामक व्यक्ति को गोली मार

बंदूकें, एक स्टेनगन की मैगजीन बरामद की है ।

उन्होंने बताया कि 27 मई को थाना जालन्धर सदर के गांव कोटली थान सिंह के पास तीन स्कूटर सवार युवकों को जब पुलिस ने रोका तो उन्होंने गोली चला दी । जवाबी गोली चलाए जाने से दो आतंकवादी जोगा सिंह गांव तलवां तथा नारायण सिंह गांव खानपुर मारे गए जबकि तीसरा भाग निकला ।

मारा गया तीसरा आतंकवादी संतोख सिंह उर्फ सुक्खा हत्या तथा लूट की कई घटनाओं में वांछित था । उसने एक लड़की सहित दो व्यक्तियों की हत्या भी की थी । इस लड़की की हत्या से पहले उसने उसके साथ बलात्कार किया था ।

कई मामलों में लिप्त होने के बावजूद भी इसे 1985 में वैंस कमेटी ने रिहा कर दिया था परन्तु खालिस्तान कमांडो फोर्स का कार्यकर्त्ता होने के कारण इसने पुनः एक हत्या की, पैट्रोल पम्प लूटा तथा पिस्तौल की नोक पर एक स्कूटर छीना। अन्त में गत 15 मई को इसे गिरफ्तार कर लिया गया था । इसका पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद इसे फिरोजपुर जेल से यहां लाया गया था । वापिस ले जाते समय जीप खराब हो गई । इसपर पुलिस कर्मी तथा यह आतंकवादी जीप को धक्का लगा रहे थे कि आतंकवादियों के एक गिरोह ने गांव उप्पल जागीर के पास संतोख सिंह को रिहा कराने के प्रयास में गोली चलाई । उस मुठभेड़ में संतोख सिंह मारा गया । इस मुठभेड़ में एक आतंकवादी घायल हुआ था पर वह स्कूटर पर भाग निकला ।

टोगा सिंह गिरफ्तार

भटिंडा की एक सूचना में कहा गया है कि पुलिस ने अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार दर्शन सिंह द्वारा गठित सलाहकार कमेटी के सदस्य टोगा सिंह को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया ।

पैट्रोल पम्प लूटा

मोगा की एक सूचना में कहा गया है कि दो संदिग्ध आतंकवादियों ने गत रात्रि जिला फरीदकोट के गांव दसके में एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया तथा बाद में देरापुर में एक पैट्रोल पम्प से 2900 रुपए लूट लिए ।

बम मिले

मोगा पुलिस ने बाघापुराना में कल रात्रि दो उग्रवादियों को दो शक्तिशाली बमों के साथ गिरफ्तार किया । उन्होंने दो अन्य बम भी क्षेत्र में छिपाए हुए हैं । उन्होंने मोगा में चार बम धमाके किये थे । दो अन्य उग्रवादियों बैसाखा सिंह व सेवा सिंह को गिरफ्तार किया गया जो भटिंडा थर्मल प्लांट के कर्मचारी हैं और जैतो के पास मारे गए दो उग्रवादियों के साथी हैं ।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल ने आज यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ क्षेत्र की स्थिति पर परामर्श किया ।

फिरोजपुर से बागी से अनुसार अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट स्वर्ण सिंह ने सीमा पर 500 मीटर के दायरे में रात्रि नौ से प्रातः छः बजे तक किसी भी तरह के आवागमन पर रोक लगा दी है । बसें भी दिन में प्रातः साढ़े पांच बजे से सायं साढ़े सात बजे तक ही चलेंगी । सभी दुकानें पौने नौ बजे रात्रि को बंद होंगी । ढाबे आदि तथा सिनेमा शो भी नौ बजे बंद होंगे । सायं आठ बजे से प्रातः छः बजे तक दोपहिया वाहन बंद रहेंगे । ठीकरी पहरे के भी आदेश दिए

मीट, सिगरेट आदि के दुकानदारों, हिंदू परिवारों को दरबार साहब में स्थित फ़ैडरेशन के कार्यालय से धमकी भरे पत्र रुपए बटोरने के लिए लिखवाते थे ।

श्री लेखी ने बताया कि दो जून को जालंधर के फ्रैंड्स सिनेमा के बाहर बम धमाके में बब्बर खालसा का हाथ होने के कारण अभियुक्तों का पता लगाने के लिए कपूरथला पुलिस ने बब्बर खालसा के ठिकानों पर छः गांवों फत्तूढींगा, बूह, सैफ़लाबाद, संगोजला, नूरपुर जट्टां और संधू जट्टां आदि में छापे और तीन संदिग्ध आतंकवादियों को हिरासत में लिया । इसके अतिरिक्त पुलिस व सी.आर.पी. ने गांव झल ठीकरी को गत रात्रि घेर कर घर-घर की तलाशी ली । इस दौरान छः संदिग्ध आतंकवादियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया ।

बी.सी.आर. छीन लिया

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से तीन किलोमीटर दर टांडा के मुहल्ला भजड़ियां में चार अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति मिलखा राम के घर में दाखिल होकर पहले फ़ायरिंग की और फिर वे उसका बी.सी.आर. छीन कर ले गए । बताया जाता है कि परिवार के लोग बी.सी.आर. पर फिल्म देख रहे थे कि चार आतंकवादी दीवार फांद कर मकान में दाखिल हुए । जब उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कीं तो परिवार के लोग इधर-उधर छुप गए ।

टांडा कालेज के सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन नेता त्रिलोक सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । करनैल सिंह नामक युवक को भी हिरासत में लिया गया है ।

युवक गिरफ्तार

'अश्विनी' के अनुसार हाजीपुर पुलिस ने कल रात पुल तख्ता के एक नौजवान सुखदेव सिंह उर्फ़ सुक्खी को शस्त्रास्त्र कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया और उससे एक अवैध पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

एस.एस.पी. की अपील

होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री सुभाष चंद्र जैन ने लोगों से अपील की कि वे पार्कों, सड़कों तथा गली-मुहल्लों में पड़ी कोई भी चीज़ उदाहरणार्थ ट्रांज़िस्टर, ब्रीफकेस, पैन और पर्स आदि न उठाएं । यदि कोई ऐसी चीज़ दिखाई दे तो उसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में टैलीफोन नम्बर 2405 पर या निकटवर्ती थाने में दें ।

दो आतंकवादी बंदी

गत रात मुकेरियां के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की एक पार्टी कल रात भगवाला-कोयल सड़क की ओर ठाकरद्वारा के करीब गश्त लगा रही थी कि दो आतंकवादी वहां से पैदल गुज़रे । पुलिस की ओर से ललकारे जाने पर एक आतंकवादी ने 303 की पिस्तौल से दो गोलियां चलाईं, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ । बाद में पुलिस ने दोनों को काबू कर लिया । पुलिस ने बताया कि इनके नाम जीत सिंह अटलगढ़ और कर्म सिंह गांव धनोआ हैं । उनके कब्ज़े से एक पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

घायल करके ट्रैक्टर ट्राली छीनी

अबोहर (गोयल): अबोहर के हरीश चन्द्र आहूजा को दो उग्रवादी गांव खुज्जियां के पास बुरी तरह लोहे की सलाखों से मारपीट करके उसकी आंखों में मिर्चें डाल कर इसका ट्रैक्टर आयशर

दुर्घटना में का

जालन्धर, 4 बजे चौगिट्टी बाई और ट्रक में जो टक्क भोरे के अनुसार हा एक बस यात्री 26 हुआ था जिसे कल कराया गया । वह बोर्ड में मिस्त्री भ उच्ची बस्सी जा गया । पहले उस आने का समाचार

50 त

मद्रास, 4 कनकेसनथुरई के दोपहर श्रीलंका से नागरिकों की हत्या

पटियाला नय

अमृतसर, 4 होलसेल डीलर श ओर से धर्मपुरा टैक्सटाईल्ज नया पहले ही दिन लोग दिन आने वाले गया ।

कबीरा जब ऐसी करनी आपका अति पिता ठाकर दास सिधार गए हैं । उन को मंदिर देवी देवाल दोपहर 2 बजे होगी

हक्मी देवी (पत्नी) देसराज वर्मा (भाई देवराज वर्मा ,, राम सरूप वर्मा ,, हंसराज वर्मा (भा

बड़े दुःख से मेरी धर्मपत्नी लीला समाप्त स्वर्ग सिधार ग

उनके निधि तथा रस्म पग दोपहर 2.30 मकान नं. 29 पर होगी ।

वैद्य शिव शर्मा शंख बरिष्ठ उपप्रधान भाज जनरल सैक्रेटरी पंजाब

Punjabi Sarkari



) फोन : 217: 42: 352

ज्ञापन

पोल्ट्री

i Egg rate for 4.6.87 Rs. trays. NECC Suggested 5.50 per Dozen.

जायदाद

House, all amenities, area apurthala Road for sale. ai Clinic, Kapurthala Road, e : 79993, 79386.

कोटोस्टैट

e for three copies on omatic Machine, 5-A, , Jalandhar.

टेलरिंग

s., First Floor, Chowk ingh, Amritsar. Phone : s Suits, Safari and Shirts.

श सूचना

stitute Of Technology & .C.O. 378, Sector 32-D, es applications from boys ree and Diploma courses d Electronic Engineering, Central and State latriculates or equivalent Maths may apply before spectus with admission ined from the Institute by /- by Bank draft/Postal counter. Hostel available

वश्यकता

डर्ज, इलैक्ट्रिक वैल्डर्ज, सानिए, पर्ज, जिस्ता भट्ठी पर काम करने ल पैंटर्ज, 26-सोढल नगर,

ाईंस व गणित अध्यापकों की । बी.एस.सी., बी.एड. । रिटायर्ड भेज सकते हैं । वेतन योग्यता व कम से कम 600/- रु. इंटरव्यू ता है । प्रार्थना पत्र 15.6.87 , एस.डी. माडल हाई स्कूल,

Assistant और एक मैट्रिक

कर पैदल ही भाग गये । पुलिस इन आतंकवादियों का पता लगाने के लिये विभिन्न पार्टियों के रूप में शहर के चारों ओर घूम रही है, लेकिन अभी तक सफल नहीं हो सकी ।

भिखीविंड क्षेत्र में फ़ायरिंग

'वार्ता' के अनुसार कल रात दो युवकों ने भिखीविंड थाने के एक गांव के एक व्यक्ति पर गोलियां चला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति का नाम सुच्चा सिंह है । उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है, जहां उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

अमृतसर जिले की झब्बाल थाना पुलिस ने कल रात तीन आतंकवादियों मेजर सिंह, प्रगट सिंह और महेंद्र सिंह को एक नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया । पुलिस के अनुसार इन आतंकवादियों के पास से आग्नेयास्त्र बरामद किये गये हैं ।

तांगा यूनियन के अध्यक्ष की हत्या

आज रात्रि झब्बाल में उग्रवादियों ने स्थानीय तांगा यूनियन के अध्यक्ष सुच्चा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

शव मिला

रैय्या से जसपाल के अनुसार लोहगढ़ के नाले से एक अज्ञात व्यक्ति का नग्न शव मिला है । मृतक की आयु 25 वर्ष बताई जाती है ।

तरनतारन में हत्या

अमृतसर के एस.एस.पी. ने बताया कि तरनतारन थाना सदर के क्षेत्र में धर्मपाल नामक व्यक्ति की हत्या तथा दो अन्य का घायल होना आपसी शत्रुता का परिणाम है । उन्होंने बताया कि हत्यारों को लोगों ने दबोच लिया था ।

अधिकारियों को आज आतंकवादी कार्रवाइयां बढ़ने की आशंका थी क्योंकि 1984 में आज के दिन ही दरबार साहब परिसर तथा पंजाब में अन्य धार्मिक स्थानों से आतंकवादियों का सफ़ाया करने के लिये 'आपरेशन ब्ल्यू स्टार' किया गया था ।

तीन कार सवार उग्रवादियों ने सिविल लाइन्स क्षेत्र में स्टेट बैंक आफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर तिलक

रंग के स्कूटर वैस्पा एक्स.ई.पी.ए.क्यू. 6204 तथा पी.ए.जे. 5963 वायुसेना के दो अधिकारियों के थे जो पिक्चर देखने गये थे । पुलिस ने स्कूटर उन्हें वापस कर दिये ।

लैटर बाक्स में बम की अफवाह

वि.स. के अनुसार आज प्रातः 11 बजे के लगभग लाल रत्न सिनेमा परिसर के निकट एक डाक खाना के लैटर बाक्स में बम होने की अफवाह फैल गई । सूचना मिलने पर सी.आर.पी. आ गई और उसने क्षेत्र को घेर कर डाक खाना के लैटर बाक्स की जांच की तो उसमें एक लाल कपड़े में कुछ कील तथा माचिसें बंधी पड़ी मिलीं । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह किसी ने शरारत की दृष्टि से रखी लगती हैं । बताया गया कि जब डाकिया डाक निकालने गया तब उसने पोटली पड़ी देखी और बम की अफवाह फैल गई ।

घायल कर दिया

'न.न.ए.' के अनुसार गत रात थाना सदर के गांव सलीमपुर में तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों द्वारा चरणजीत सिंह नामक व्यक्ति को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल करके फ़रार होने की सूचना मिली है । चरणजीत सिंह को सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चरणजीत अपने भाई महिन्दर सिंह के साथ साइकिल पर अपने घर जा रहा था कि रास्ते में तीन स्कूटर सवारों ने उन्हें घेर लिया । उनसे कहा कि नकदी व अन्य सामान उन्हें सौंप दे वरना गोली मार देंगे । इतने में चरणजीत ने एक आतंकवादी को जफ्फा मार कर पकड़ लिया, परन्तु उसके दूसरे साथी ने उसे गोली मार कर अपने साथी को छुड़ा लिया तथा भाग गए । एक सूचनानुसार लुटेरे उनसे एक घड़ी और 50 रुपए छीन कर ले गए ।

3 उग्रवादी मरे

जालन्धर के एस.एस.पी. श्री बैंस ने बताया है कि गत सप्ताह के दौरान कई मामलों में शामिल तीन संदिग्ध आतंकवादी दो विभिन्न मुकाबलों में मारे गए ।

आज यहां एक विज्ञप्ति में श्री बैंस ने कहा है कि इनके कब्जे से पुलिस ने एक स्टेनगन, दो दोनाली

मोगा पुलिस ने बाघापुराना में कल रात्रि दो उग्रवादियों को दो शक्तिशाली बमों के साथ गिरफ्तार किया । उन्होंने दो अन्य बम भी क्षेत्र में छिपाए हुए हैं । उन्होंने मोगा में चार बम धमाके किये थे । दो अन्य उग्रवादियों बैसाखा सिंह व सेवा सिंह को गिरफ्तार किया गया जो भटिंडा थर्मल प्लांट के कर्मचारी हैं और जैतो के पास मारे गए दो उग्रवादियों के साथी हैं ।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल ने आज यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ क्षेत्र की स्थिति पर परामर्श किया ।

फिरोजपुर से बागी से अनुसार अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट स्वर्ण सिंह ने सीमा पर 500 मीटर के दायरे में रात्रि नौ से प्रातः छः बजे तक किसी भी तरह के आवागमन पर रोक लगा दी है । बसें भी दिन में प्रातः साढ़े पांच बजे से सायं साढ़े सात बजे तक ही चलेंगी । सभी दुकानें पौने नौ बजे रात्रि को बंद होंगी । ढाबे आदि तथा सिनेमा शो भी नौ बजे बंद होंगे । सायं आठ बजे से प्रातः छः बजे तक दोपहिया वाहन बंद रहेंगे । ठीकरी पहरे के भी आदेश दिए गए हैं ।

उग्रवादियों की शिनाख्त

फिरोज़पुर (बागी): फिरोज़पुर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस श्री धर्म सिंह मोही ने गत सायं पत्रकारों को बताया कि फरीदकोट पुलिस ने गत एक सप्ताह में मुठभेड़ों में मारे गए चार उग्रवादियों की शिनाख्त कर ली है । यह उग्रवादी तीन गिरोहों का नेतृत्व कर रहे थे ।

श्री मोही ने बताया कि एक गिरोह ने अपना कार्यालय गुरु नानक देव थर्मल प्लांट भटिंडा में कायम किया था, जहां उन्होंने जैतो में महत्वपूर्ण व्यक्तियों की हत्या की साजिश तैयार की थी । उन्होंने बताया कि इस गिरोह के पांच सदस्यों में से दो गिरफ्तार कर लिए गए हैं, एक फ़रार है जबकि दो अन्य 31 मई को जैतों में मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं, जिनकी पहचान हरमिंदर सिंह गांव जमशेर खास पुलिस थाना जालंधर तथा बलविंदर सिंह गांव कंगन थाना नूरमहल के रूप में हुई है । इन उग्रवादियों ने गांव लंडे रोडे में तीन तथा कोटकपुरा में दो हत्याएं की थीं । वे जालंधर में गोलीबारी की दो वारदातों के लिए भी जिम्मेदार थे । उन्होंने बताया कि 27 मई को मोगा में धूड़कोट के निकट मारा गया एक अन्य उग्रवादी लक्खा सिंह था, जिसने एक मैजिस्ट्रेट श्री कौशिक सहित तीन व्यक्तियों की हत्या की थी । उसने मोगा के आयुर्वैदिक कालेज से 1 लाख 45 हजार रुपए लूटे थे ।

श्री मोही ने बताया कि लोगों में इतना भय व्याप्त है कि इस आतंकवादी के पिता स्वर्ण सिंह ने अपने लड़के की लाश की शिनाख्त करने से इंकार कर दिया, लेकिन बाद में गांव के सरपंच और उसके भाई लक्खा सिंह ने लाश की शिनाख्त की । डी.आई.जी. ने बताया कि चौथा उग्रवादी गंग नहर के करीब मारा गया, जोकि किक्कर सिंह था । उसने निर्भय सिंह नामक व्यक्ति की हत्या की थी और थाना सादिक क्षेत्र के बलदेव सिंह के घर से एक 12 बोर की बंदूक, एक राइफल, एक पिस्तौल तथा एक माऊज़र छीनी थी ।

विदेशी मुद्रा बरामद

बी.एस.एफ. के एक प्रवक्ता ने बताया कि ममदोट सैक्टर में गत सायं बी.एस.एफ. के जवानों ने अमरीकी डालर, ब्रिटिश पौंड तथा भारतीय व पाकिस्तानी करंसी पकड़ी, जोकि पाकिस्तान ले जाई जा रही थी । इस करंसी का मूल्य लगभग पांच लाख

पुलिस कंट्रोल रूम में टेलीफोन नम्बर 2405 पर या निकटवर्ती थाने में दें ।

दो आतंकवादी बंदी

गत रात मुकेरियां के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की एक पार्टी कल रात भंगाला-कोयल सड़क की ओर ठाकरद्वारा के करीब गश्त लगा रही थी कि दो आतंकवादी वहां से पैदल गुज़रे । पुलिस की ओर से ललकारे जाने पर एक आतंकवादी ने 303 की पिस्तौल से दो गोलियां चलाईं, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ । बाद में पुलिस ने दोनों को काबू कर लिया । पुलिस ने बताया कि इनके नाम जीत सिंह अटलगढ़ और कर्म सिंह गांव धनोआ हैं । उनके कब्ज़े से एक पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

घायल करके ट्रैक्टर ट्राली छीनी

अबोहर (गोयल): अबोहर के हरीश चन्द्र आहूजा को दो उग्रवादी गांव खुज्जियां के पास बुरी तरह लोहे की सलाखों से मारपीट करके उसकी आंखों में मिर्चें डाल कर इसका ट्रैक्टर आयशर माडल 75, नं. पी.यू.डब्ल्यू, 3217 ट्राली सहित छीन कर ले गए । हरीश चन्द्र आहूजा ने घायल अवस्था में कराहते हुए बताया कि दो युवक मुझे डबवाली से ट्रैक्टर ट्राली में भैंस लादने के बहाने से गांव खुज्जियां के ईंटों के भट्ठे तक ले आए और यहां आकर मुझे मारा-पीटा, सिर फोड़ दिया और आंखों में मिर्चें झोंक कर मुझे अंधा कर दिया । ट्रैक्टर ट्राली छीन कर भाग गए । मैंने तत्काल पैट्रोल पम्प से थाना लम्बी फोन किया, किन्तु सुनवाई नहीं हुई । पैट्रोल पम्प वाले मुझे घायल अवस्था में थाना लम्बी छोड़ आए, मगर पुलिस ने न ही मेरी रिपोर्ट लिखी और न ही उग्रवादियों का पीछा किया । दूसरे दिन अस्पताल में मेरा उपचार हुआ । गांव खुब्बन के प्रतिष्ठित लोगों ने आकर मेरी रिपोर्ट पुलिस में लिखवाई, मगर अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है । हरीश चन्द्र, जोकि भयभीत था, ने डरते-डरते कहा कि पुलिस कहती है कि तेरा ट्रैक्टर उग्रवादी राजस्थान ले गए हैं, इसलिए यदि तू कार आदि ले आए, तो हम तेरे साथ राजस्थान उग्रवादियों की तलाश में जा सकते हैं । उसने पंजाब पुलिस के चीफ़ श्री रिबैरो से अपील की कि उसकी सहायता की जाए ।

'अयोग्यता' को चुनौती

चंडीगढ़, 4 जून (संघ): पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के मि. जस्टिस डी.एस. तेवतिया व मि. जस्टिस एम. आर. अग्निहोत्री पर आधारित खंडपीठने भू.पू. मुख्य मंत्री प्रकाश सिंह बादल और 20 अन्य अकाली विधायकों द्वारा दायर याचिका विचारार्थ स्वीकार कर ली है, जिसमें विधानसभाध्यक्ष सुरजीत सिंह मिन्हास के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें उन्हें विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया गया है । खंडपीठ ने भू.पू. विधिमंत्री और याचकों के वकील शांति भूषण के इस तर्क को रद्द कर दिया कि विधानसभा के उक्त आदेश के विरुद्ध स्थगनादेश जारी कर दिया जाए । दोनों जजों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक विशेष अनुमति याचिका पर दिए गए उस फैसले का समर्थन किया, जिसमें इन सभी को विधायक के रूप में राष्ट्रपति पद के चुनावों में भाग लेने की अनुमति दी गई है ।

जेसन्स कार्पोरेशन, बम्बई
(JESONS CORPORATION, BOMBAY)
भगवती मार्कीटिंग कं., दिल्ली
की
अपने मशहूर प्राडक्ट्स :
स्पैंसर पी.एस.वी.
(स्टिकर्ज़ मैन्युफैक्चरर्ज़ के लिए)
पी.वी. एमल्शन 50% +
(एस.एच. ग्लू मैन्युफैक्चरर्स और टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज हेतु)
के लिए सोल डिस्ट्रीब्यूटर्ज़
के रूप में नियुक्ति की सहर्ष घोषणा
करते हैं

देसराज वर्मा (भाई)
देवराज वर्मा ,,
राम सरूप वर्मा ,,
हंसराज वर्मा (भाई)
मै. ट

बड़े दुःख से
मेरी धर्मपत्नी श्र
लीला समाप्त क
स्वर्ग सिधार गई
उनके निमि
तथा रस्म पगड़
दोपहर 2.30 व
मकान नं. 29,
पर होगी ।
वैद्य शिव शर्मा शुक्ल
वरिष्ठ उपप्रधान भाजपा
जनरल सैक्रेटरी पंजाब
यू. औषध निर्गता संघ
डा. प्रह्लाद शुक्ल
M.B.B.S., P.C.M.S
अनिल शुक्ल (पुत्र
King Chemical (L

IN E
SWE
Who
Smt.
Mast
Rupi

Punjabi Sahatani

elhi Egg rate for 4.6.87 Rs. ut trays, NECC Suggested Rs. 550 per Dozen.

जायदाद

om House, all amenities, area n Kapurthala Road for sale. beral Clinic, Kapurthala Road, hone : 79993, 79386.

फोटोस्टैट

one for three copies on Automatic Machine, 5-A, arket, Jalandhar.

टेलरिंग

Bros., First Floor, Chowk nal Singh, Amritsar. Phone : Gent's Suits, Safari and Shirts.

प्रवेश सूचना

al Institute Of Technology & ent, S.C.O. 378, Sector 32-D, , Invites applications from boys r Degree and Diploma courses ical and Electronic Engineering, d by Central and State nts. Matriculates or equivalent ce and Maths may apply before . Prospectus with admission e obtained from the Institute by s. 15/- by Bank draft/Postal sh on counter. Hostel available

आवश्यकता

, गैस वैल्डर्ज, इलैक्ट्रिक वैल्डर्ज, सानिए, दिए हैल्पर्ज, डिस्टा भट्ठी पर काम करने ें : मित्तल पैटर्ज, 26-सोढल नगर,

कता है साईंस व गणित अध्यापकों की । एस.सी., बी.एस.सी., बी.एड. । रिटायर्ड र्थनापत्र भेज सकते हैं । वेतन योग्यता व कर, वेतन कम से कम 600/- रु. इंटरव्यू या जा सकता है । प्रार्थना पत्र 15.6.87 । प्रबंधक, एस.डी. माडल हाई स्कूल,

ccounts Assistant और एक मैट्रिक हिए, लोकल को प्राथमिकता । Brico ers, 99, Dr. Sham Singh Road, Nagar, Ludhiana.

त है तीन अनुभवी सेल्ज़मैनों की, जो ार्कीट में कॉसमैटिक, पैस्ट, टायलैट सोप तथा ट्स की सेल कर सकें । साथ में अमृतसर र्ण जानकारी रखते हों । शीघ्र स्वयं मिलें : ल्ज़ एजैंसी, पुरानी लक्कड़ मंडी बाज़ार, ा रामानंद, अमृतसर । फोन-32205.

S. DAV Public School, Dasuya. Trained Graduate to teach S. , Fine Art (ii) P.T.I. Ladies preferred sery Trained Teacher. Salary ng to qualification. Preference will n to those who (i) can teach in Medium School (ii) have good riting. (iii) can organise atleast -curricular activity. Apply to the er, S.V.S. DAV Public School, a within 15 days. Kanwal Sud ger.

anted Mixtureman for Sweet & Biscuits. Packers are also required, or Contact—Standard Biscuits e Limited, 6 SCO, Gandhi Market.

शव मिला

रैय्या से जसपाल के अनुसार लोहगढ़ के नाले से एक अज्ञात व्यक्ति का नग्न शव मिला है । मृतक की आयु 25 वर्ष बताई जाती है ।

तरनतारन में हत्या

अमृतसर के एस.एस.पी. ने बताया कि तरनतारन थाना सदर के क्षेत्र में धर्मपाल नामक व्यक्ति की हत्या तथा दो अन्य का घायल होना आपसी शत्रुता का परिणाम है । उन्होंने बताया कि हत्यारों को लोगों ने दबोच लिया था ।

अधिकारियों को आज आतंकवादी कार्रवाइयां बढ़ने की आशंका थी क्योंकि 1984 में आज के दिन ही दरबार साहब परिसर तथा पंजाब में अन्य धार्मिक स्थानों से आतंकवादियों का सफ़ाया करने के लिये 'आपरेशन ब्ल्यू स्टार' किया गया था ।

तीन कार सवार उग्रवादियों ने सिविल लाइन्स क्षेत्र में स्टेट बैंक आफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर तिलक अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चरणजीत अपने भाई महिन्दर सिंह के साथ साइकिल पर अपने घर जा रहा था कि रास्ते में तीन स्कूटर सवारों ने उन्हें घेर लिया । उनसे कहा कि नकदी व अन्य सामान उन्हें सौंप दे वरना गोली मार देंगे । इतने में चरणजीत ने एक आतंकवादी को जफ्फा मार कर पकड़ लिया, परन्तु उसके दूसरे साथी ने उसे गोली मार कर अपने साथी को छुड़ा लिया तथा भाग गए । एक सूचनानुसार लुटेरे उनसे एक घड़ी और 50 रुपए छीन कर ले गए ।

3 उग्रवादी मरे

जालन्धर के एस.एस.पी. श्री बैंस ने बताया है कि गत सप्ताह के दौरान कई मामलों में शामिल तीन संदिग्ध आतंकवादी दो विभिन्न मुकाबलों में मारे गए ।

आज यहां एक विज्ञप्ति में श्री बैंस ने कहा है कि इनके कब्जे से पुलिस ने एक स्टेनगन, दो दोनाली

जेसन्स कार्पोरेशन, बम्बई
(JESONS CORPORATION, BOMBAY)
भगवती मार्कीटिंग कं., दिल्ली
की
अपने मशहूर प्राडक्ट्स :
स्पैंसर पी.एस.वी.
(स्टिकर्ज़ मैन्युफैक्चरर्ज़ के लिए)
पी.वी. एमल्शन 50% +
(एस.एच. ग्लू मैन्युफैक्चरर्स और टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज़ हेतु)
के लिए सोल डिस्ट्रीब्यूटर्ज़
के रूप में नियुक्ति की सहर्ष घोषणा
करते हैं
व्यापारिक पूछताछ के लिए सम्पर्क करें
भगवती मार्कीटिंग कं.,
41/1/1, सिंह सभा रोड, क्लाक टावर, जी.टी. रोड,
(निकट अम्बा सिनेमा) दिल्ली—110007
फोन कार्यालय : 2928616/2919850

दीपक सिनेमा
लुधियाना
में औरतों व बच्चों के लिए फिल्म मि. इंडिया की टिकटें प्राप्त करने के लिए अलग बुकिंग का प्रबंध कर दिया गया है । —मैनेजर



आज से : प्रकाश-अमृतसर रोजाना 4 शो

डी.आई.जी. पुलिस श्री धर्म सिंह मोही ने गत सायं पत्रकारों को बताया कि फरीदकोट पुलिस ने गत एक सप्ताह में मुठभेड़ों में मारे गए चार उग्रवादियों की शिनाख्त कर ली है । यह उग्रवादी तीन गिरोहों का नेतृत्व कर रहे थे ।

श्री मोही ने बताया कि एक गिरोह ने अपना कार्यालय गुरु नानक देव थर्मल प्लांट भटिंडा में कायम किया था, जहां उन्होंने जैतो में महत्वपूर्ण व्यक्तियों की हत्या की साजिश तैयार की थी । उन्होंने बताया कि इस गिरोह के पांच सदस्यों में से दो गिरफ्तार कर लिए गए हैं, एक फ़रार है जबकि दो अन्य 31 मई को जैतों में मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं, जिनकी पहचान हरमिंदर सिंह गांव जमशेर खास पुलिस थाना जालंधर तथा बलविंदर सिंह गांव कंगत थाना नूरमहल के रूप में हुई है । इन उग्रवादियों ने गांव लंडे रोडे में तीन तथा कोटकपरा में दो हत्याएं की थीं । वे जालंधर में गोलीबारी की दो वारदातों के लिए भी जिम्मेदार थे । उन्होंने बताया कि 27 मई को मोगा में धूड़कोट के निकट मारा गया एक अन्य उग्रवादी लक्खा सिंह था, जिसने एक मैजिस्ट्रेट श्री कौशिक सहित तीन व्यक्तियों की हत्या की थी । उसने मोगा के आयुर्वेदिक कालेज से 1 लाख 45 हजार रुपए लूटे थे ।

श्री मोही ने बताया कि लोगों में इतना भय व्याप्त है कि इस आतंकवादी के पिता स्वर्ण सिंह ने अपने लड़के की लाश की शिनाख्त करने से इंकार कर दिया, लेकिन बाद में गांव के सरपंच और उसके भाई लक्खा सिंह ने लाश की शिनाख्त की । डी.आई.जी. ने बताया कि चौथा उग्रवादी गंग नहर के करीब मारा गया, जोकि किक्कर सिंह था । उसने निर्मय सिंह नामक व्यक्ति की हत्या की थी और थाना सादिक क्षेत्र के बलदेव सिंह के घर से एक 12 बोर की बंदक, एक राइफल, एक पिस्तौल तथा एक माउज़र छीनी थी ।

विदेशी मुद्रा बरामद

बी.एस.एफ. के एक प्रवक्ता ने बताया कि ममदोट सैक्टर में गत सायं बी.एस.एफ. के जवानों ने अमरीकी डालर, ब्रिटिश पौंड तथा भारतीय व पाकिस्तानी करंसी पकड़ी, जोकि पाकिस्तान ले जाई जा रही थी । इस करंसी का मूल्य लगभग पांच लाख रुपए बताया गया है । इस करंसी की तस्करी के प्रयास में दो पाकिस्तानी तस्कर मारे गए थे । मृतकों की तलाशी लेने पर 26600 अमरीकी डालर, 100 पौंड, 3 हजार रुपए की भारतीय व पाकिस्तानी करंसी व एक पिस्तौल बरामद हुई ।

धमकीपूर्ण पत्र लिखवाते थे

कपूरथला (शर्मा): कपूरथला के एस.एस.पी. श्री के.एल. लेखी ने पत्रकारों को बताया कि अब उग्रवादी विभिन्न व्यवसायों के लोगों व अल्पसंख्यक समुदाय से रुपए बटोरने के लिए दरबार साहब से धमकीपूर्ण पत्र लिखवाते हैं । मुखबरी के आधार पर जिला पुलिस ने गांव बेगोवाल के खालसा कालेज के पीछे स्थित एक ट्यूबवैल पर छापा मारकर आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन (गुरजीत ग्रुप) कपूरथला यूनिट के महासचिव सुरजीत सिंह संधू, उसके दो साथियों मनजीत सिंह वासी बेगोवाल और सुखदेव सिंह वासी बेगोवाल को गिरफ्तार करके उनके धमकीपूर्ण-पत्र, जोकि हिंदुओं तथा क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को लिखे हुए हैं, पकड़े । यह पत्र सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन के लैटरपैड पर लिखे हुए हैं । प्रारंभिक पूछताछ के दौरान इन तीनों ने पुलिस को बताया कि खालिस्तान के 13 सूत्री कार्यक्रम के बारे में वे इश्तहार लगाते थे और शराब,

गांव खुज्जियां के ईंटों के भट्ठेतक ले आए और यहां आकर मुझे मारा-पीटा, सिर फोड़ दिया और आंखों में मिर्चें झोंक कर मुझे अंधा कर दिया । ट्रैक्टर ट्राली छीन कर भाग गए । मैंने तत्काल पैट्रोल पम्प से थाना लम्बी फोन किया, किन्तु सुनवाई नहीं हुई । पैट्रोल पम्प वाले मुझे घायल अवस्था में थाना लम्बी छोड़ आए, मगर पुलिस ने न ही मेरी रिपोर्ट लिखी और न ही उग्रवादियों का पीछा किया । दूसरे दिन अस्पताल में मेरा उपचार हुआ । गांव खुब्बन के प्रतिष्ठित लोगों ने आकर मेरी रिपोर्ट पुलिस में लिखवाई, मगर अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है । हरीश चन्द्र, जोकि भयभीत था, ने डरते-डरते कहा कि पुलिस कहती है कि तेरा ट्रैक्टर उग्रवादी राजस्थान ले गए हैं, इसलिए यदि तू कार आदि ले आए, तो हम तेरे साथ राजस्थान उग्रवादियों की तलाश में जा सकते हैं । उसने पंजाब पुलिस के मीफ़ श्री रिबैरो से अपील की कि उसकी सहायता की जाए ।

'अयोग्यता' को चुनौती

चंडीगढ़, 4 जून (संघ): पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के मि. जस्टिस डी.एस. तेवतिया व मि. जस्टिस एम.आर. अग्निहोत्री पर आधारित खंडपीठ ने भू.पू. मुख्य मंत्री प्रकाश सिंह बादल और 20 अन्य अकाली विधायकों द्वारा दायर याचिका विचारार्थ स्वीकार कर ली है, जिसमें विधानसभाध्यक्ष सुरजीत सिंह मिन्हास के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें उन्हें विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया गया है । खंडपीठ ने भू.पू. विधिमंत्री और याचकों के वकील शांति भूषण के इस तर्क को रद्द कर दिया कि विधानसभा के उक्त आदेश के विरुद्ध स्थगनादेश जारी कर दिया जाए । दोनों जजों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक विशेष अनुमति याचिका पर दिए गए उस फैसले का समर्थन किया, जिसमें इन सभी को विधायक के रूप में राष्ट्रपति पद के चुनावों में भाग लेने की अनुमति दी गई है ।

याचिका में इन विधायकों ने कहा है कि न तो उन्हें सुरजीत सिंह बरनाला की ओर से कोई सचेतक मिला था और न ही अलग विधायक दल बनाने के बाद वह श्री बरनाला के सचेतक को मानने के लिए बाध्य थे । उनका कहना है कि सचेतक जारी करने या उनके द्वारा इसे प्राप्त करने का कोई सबूत नहीं है, इसलिए सचेतक का उल्लंघन करने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता ।

मददगार
6वां सप्ताह—
राज-अमृतसर
3रा सप्ताह—
रंधीर-करनाल
—आज से—
गीता:-मोगा

बंधे हाथ
[नई कापी]
आज से :-
राजा सिनेमा-फ़ाज़िल्का
*अमिताभ बच्चन, ममताज़, रंजीत, अजीत, ओ.पी. रलहन ।
(ASHIRVAD ENTT.)

Punjabi Samiti

र तक चार किस्तों में कमीशन का
गया लेकिन दावा किया कि यह
जरलैंड की एक कम्पनी को किया

र्स ने दावा किया कि सारा भुगतान
की सेवायें समाप्त करने के लिए किया
तान की सौदेबाजी 1985 में सौदा
ही शुरू हो गई थी लेकिन कम्पनी ने
कि राशि का भुगतान सौदा होने के
।

में स्वीडन सरकार के एक प्रवक्ता ने
ांच से पता चला है कि स्वीडन के
घन नहीं हुआ है ।
रेडियो ने आज फिर कहा है कि 40
का भुगतान स्विस बैंक में जमा किया

क मूल्य निश्चित

र, 4 जून (अश्विनी): होशियारपुर
ट श्री एम.एस. कैले ने जिला भर में
र परचून मूल्य निश्चित कर दिए
चालीस रुपए क्विंटल और परचून
पैसे प्रति किलो निश्चित किया गया
ल्य लेने वालों के विरुद्ध कानूनी
वनी दी गई है ।

चंद चोपड़ा का देहांत

4 जून : देश भक्त दीवान वजीर
पुत्र दीवान लाल चंद चोपड़ा का कल
या । वे गरीबों के मददगार और
थे ।

ाव समाचार

र, 4 जून : गत दिवस यहां
ट्रेड इम्प्लाईज यूनियन के वार्षिक
लिखित पदाधिकारी चुने गए :
ह राणा प्रधान, चरनदास पराशर
री उपप्रधान, ईशरदास जनरल
चंद व हेमराज ज्वायंट सैक्रेटरी सदा
यक्ष, शंकर दास व राममूर्ति प्रचार
सिंह प्रेमी कानून सचिव ।

MPUTERS
OF INDIA
ry leader who has
000 students
res all over india
BBC Computers
every class
ks provided free





अमृतसर के उद्योग कार्यालय में वीरवार को उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग के बाद (ऊपर) वहां बिखरा हुआ खून दिखाई दे रहा है । उग्रवादियों ने एक विकलांग श्री झींगन की भी हत्या कर दी । घटनास्थल पर उनका खून और नकली टूटी टांग (नीचे) पड़ी दिखाई दे रही है । (छाया : भंडारी)

Punjabi Sanatani

जाफना पर राहत सामग्री

(पृष्ठ 3 का शेष)

निर्णय लिया गया । इन नौकाओं को भारतीय रैडक्रास के माध्यम से भेजा जाना था तथा इनमें कोई सशस्त्र व्यक्ति नहीं था और न ही इनके लिये कोई सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इन नौकाओं के साथ भारतीय और विदेशी पत्रकारों का एक दल भी था ।

भारत ने श्रीलंका से कहा है कि वह विमानों द्वारा राहत सामग्री गिराए जाने को अमैत्रीपूर्ण कार्रवाई न समझे । इस सारी कार्रवाई को पुरानी भारत-श्रीलंका मैत्री के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए । भारत श्रीलंका की जातीय समस्या के समाधान के प्रयत्नों में सदा सहयोग देता आया है ।

ने शहर में रहने वाले भारतीय नागरिकों को आज सुरक्षा के लिये होटलों में चले जाने को कहा ।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत की श्रीलंका से अपने नागरिकों को हटा लेने की योजना है, श्री दीक्षित ने कहा, "नहीं, हम अपने मित्र राष्ट्र श्रीलंका के साथ युद्ध नहीं कर रहे ।" उन्होंने कहा कि भारत ने परिवहन विमानों के साथ लड़ाकू विमान इसलिये भेजे ताकि श्रीलंका के त्रस्त लोगों को यह विश्वास दिलाया जा सके कि उन्हें राहत मिलेगी ।

श्रीलंका द्वारा पड़ताल

श्रीलंका के सैनिक अधिकारियों ने आज कहा कि वे एक सैनिक विमान की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं जिसने जाफना पर आज कई बार उड़ान की । जाफना में उत्तरी कमान के मुख्यालय ने

सरकार और विपक्षी नेताओं की आज हुई बै
बाद जारी एक वक्तव्य में आशा व्यक्त की
श्रीलंका सरकार जाफना पर लागू नाकेबंदी औ
के लोगों के खिलाफ सैनिक कार्रवाई समाप
देगी । वक्तव्य में कहा गया है कि आज की क
को पिछले दिनों श्रीलंका सरकार को राहत
समुद्री मार्ग से ले जाने के लिए राजी करने हेतु
की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए । विपक्षी
ने जाफना के लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने
की गई कार्रवाई का समर्थन किया ।

भारतीय रैडक्रास ने आज इस बात से
किया कि राहत सामग्री लेकर जाफना
भारतीय समुद्री बेड़े द्वारा कल रैडक्रास के
चिह्न के प्रयोग पर रैडक्रास की अंतर्राष्ट्रीय
ने कोई आपत्ति की है । भारतीय रैडक्रास स
द्वारा आज यहां जारी बयान में कहा गया
मानवीय प्रयास में प्रतीक चिह्न के उपयोग
नियम का उल्लंघन नहीं हुआ ।

कांग्रेस (इ) ने श्रीलंका के जाफना में पी
लिए विमान द्वारा राहत सामग्री गिराने की
को पूर्णतः मानवीय और देश की परम्परा के
बताया है ।

जनता पार्टी क्या कहती है

जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि
राहत सामग्री गिरा कर सरकार ने विश्व स
भारत की गरिमा कम की । जनता
महासचिव यशवंत सिन्हा ने आज यहां जारी
में कहा कि सरकार को इस कार्रवाई को अ
से पहले कम से कम रैडक्रास सोसायटी को
में लेना चाहिए था । उन्होंने आरोप ल
सरकार ने जाफना क्षेत्र में विमानों द्वारा राह
गिराने का फैसला बिना सोचे समझे और
परिणामों को देखे बगैर किया । उन्होंने
भारत सरकार की इस कार्रवाई के बदल
भारत को विश्व भर में बदनाम करेगा ।
पाकिस्तान को भी श्रीलंका को सहायत
पेशकश करने का बहाना मिल गया है

कनाडा और बंगलादेश ने आज श्र
जातीय समस्या के समाधान में मदद
पेशकश की है ।

अमरीकी कांग्रेस के प्रमुख सद
डाईमैली ने आज कहा कि वह कांग्रेस
जाफना की यात्रा करने की योजना बना
वह तमिलों के संहार के बारे में सही जान
कर सकें ।

कोलम्बो : श्रीलंका की राष्ट्रीय सु
की आज शाम एक बैठक में भारत द्वारा
अपने विमानों द्वारा राहत सामग्री गिराने
स्थिति की समीक्षा की गई ।

श्रीलंका सरकार ने आरोप लगाया है
में विमानों द्वारा राहत सामग्री गिराने
भारत सरकार ने उसे केवल 35 मि
अवगत कराया ।

विदेश मंत्रालय की एक विज्ञप्ति
कि नई दिल्ली में विदेश राज्यमंत्री नटव
उच्चायुक्त बर्नार्ड तिलकरत्ने को भारत
फैसले से अवगत कराए जाने के पूर्व
विदेश मंत्री ए.सी.एस. हमीद ने भारतीय
जे.एन. दीक्षित से भेंट कर उन्हें राष्ट्रप
का संदेश दिया था । विज्ञप्ति के अ

शनिवार, 6 जून, 1987 तदनुसार, 23 ज्येष्ठ, 2044 मूल्य 70 पैसे, विमान द्वारा 80 पैसे

AMRITSAR Ph. 52095 PP

मनाना हो । उन्हो

आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया, शराब के ठेकेदार की हत्या

शिव सेना नेता कृष्ण महाजन की अंत्येष्टि के बाद लुधियाना में कर्फ़्यू हटा

अमृतसर में सतर्कता के तौर पर कर्फ़्यू लागू

चंडीगढ़, 5 जून (वार्ता, ह.स.): पिछले 24 घंटों में पंजाब में एक आतंकवादी पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया जबकि एक शराब के ठेकेदार की हत्या कर दी गई । अमृतसर में शिव सेना के बंद के आह्वान को देखते हुए प्रातः 7 बजे से अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया । कल अमृतसर में हुई हत्याओं की ज़िम्मेदारी 'भिंडरांवाले टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान' ने ली । ज़िला फिरोजपुर में अवैध हथियारों की फैक्टरी पकड़ी गई । गुरदासपुर पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दो सदस्यों को पकड़ा । आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में एक प्रिंसीपल तथा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया । लुधियाना में कल मारे गए शिव सेना नेता कृष्ण महाजन का आज अन्तिम संस्कार कर दिया गया । अमृतसर में मारे गये 4 व्यक्तियों की भी अंत्येष्टि कर दी गई ।

लुधियाना में कल लगाया गया कर्फ्यू आज शाम 6 बजे से हटा लिया गया । जालंधर में आज एक विस्फोट हुआ तथा एक आयल स्टोर लूट लिया गया ।

अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

अमृतसर (अशोक सोनी): आतंकवादी वारदातों में वृद्धि से उत्पन्न तनाव को देखते हुए शहर के नगर निगम इलाकों में आज सुबह सात बजे अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया । आतंकवादियों ने कल यहां सात व्यक्तियों को मार डाला था ।

जिला अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर यह कार्रवाई की गई । उन्होंने बताया कि शिव सेना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण महाजन की कल लुधियाना में हत्या और आतंकवादी हत्याओं के खिलाफ हिन्दू शिव सेना द्वारा बंद के आह्वान के कारण सम्भावित हिंसा से निपटने के लिए शहर में कर्फ्यू लगाया गया ।

कर्फ्यू से प्रशासन को आप्रेशन ब्लू स्टार की तीसरी वर्ष गांठ के मद्देनजर स्थिति को काबू रखने में भी मदद मिलेगी । जिलाधीश श्री रमेश इन्द्रसिंह ने बताया कि स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है और प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है ।

ज़िम्मेदारी ली

'वार्ता' के अनुसार पंथक कमेटी के भूतपूर्व सदस्य गुरबचन सिंह मानोचाहल के नेतृत्व वाली 'भिंडरांवाले टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान' ने कल अमृतसर शहर में हुई हत्याओं की ज़िम्मेदारी स्वीकार की है । 'फोर्स' के प्रवक्ता सरदल सिंह ने 'वार्ता' को बताया कि ये हत्याएं श्री रिबैरो द्वारा सिखों पर की जा रही ज्यादतियों के बदले में की गई हैं । उसने कहा कि कल पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक हत्यारे के मारे जाने का दावा गलत है क्योंकि वे सुरक्षित हैड क्वार्टर पहुंच गए हैं ।

एक सूचना के अनुसार खालिस्तान कमांडो फोर्स ने भी इस हत्याकांड की ज़िम्मेदारी ली है ।

आतंकवादी मारा गया

गत आधी रात्रि के समय अमृतसर की बाहरी आबादी सुलतानविंड के करीब सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके साथी भाग निकलने में सफल हो गया । प्राप्त विवरण के अनुसार सुलतानविंड गांव के करीब नहर के पुल पर सुरक्षा बलों की एक नाका पार्टी बैठी हुई थी । नाका पार्टी ने रात को सुलतानविंड गांव से शहर की ओर आते हुए दो संदिग्ध नौजवानों को देखा जिस पर सुरक्षा बलों ने उन्हें रुकने का संकेत किया । संदिग्ध आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की तरफ गोलियां चलाईं । जवाब में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया । मृत आतंकवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । उसके कब्जे से एक 32 बोर का रिवाल्वर, 2 चले हुए कारतूस तथा चार कारामद कारतूस बरामद हुए । पुलिस का कहना है कि मृतक उन तीन आतंकवादियों में से एक है जिन्होंने कल दोपहर 2.40 बजे बल्लाह के करीब उद्योग कार्यालय में चार कर्मचारियों की गोलियां मार कर हत्या की थी तथा उसके बाद 2 अन्य व्यक्तियों की हत्या कर दी थी । पुलिस को आशा है कि अन्य दो हत्यारे भी पकड़ लिये जाएंगे ।

खोखे जल गये

आज तड़के अमृतसर के बाहरी क्षेत्र बटाला रोड पर दिशन पांच लकड़ी के खोखे जले पाये गये । पुलिस का कहना है कि यह कोई आतंकवादी वारदात नहीं है तथा आपसी शत्रुता का नतीजा है । इन खोखों के मालिक दोनों समुदायों से सम्बन्धित हैं । फायर ब्रिगेड ने मौका पर जाकर आग बुझाई ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



पंजाब शिव सेना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री कृष्ण महाजन की उग्रवादि गई । (बाएं) शव के पास श्री महाजन की विधवा को सांत्वना देते हु लिपटे श्री महाजन के शव की अंतिम यात्रा ।

9 वर्ष से 'सुरक्षित' शव पर नकली नाक और बनावटी बाल

कानपुर, 5 जून : पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने यहां से तीस किलो मीटर दूर बिठूर स्थित एक अवधूत बाबा के आश्रम से कल एक शव बरामद किया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि बाबा ने इस शव को पिछले कई वर्षों से अपने आश्रम में रखा हुआ था । अवधूत बाबा का दावा है कि उसकी पत्नी के इस शव को सुरक्षित रखने के लिए किसी रासायनिक पदार्थ का इस्तेमाल नहीं किया गया ।

श्री सिंह ने बताया कि शव का सिर तथा धड़ दोनों अलग-अलग पाए गए । चेहरे पर नकली नाक, चश्मा तथा बनावटी बाल भी लगे मिले । पिछले नौ वर्षों से इस शव को सुरक्षित रखने के कारण बाबा आसपास के इलाकों में बहुत चर्चित हो गया था ।

श्री यशपाल सिंह ने बताया कि अधिकारियों के आश्रम में पहुंचने पर अवधूत बाबा सरजू प्रसाद लापता था । उन्होंने कहा कि इस बारे में जांच रिपोर्ट आने के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी ।

न्यूनतम वेतन संशोधित

चंडीगढ़, 5 जून (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने पंजाब न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड की सलाह से 32 अनसूचित रोज़गारों के न्यूनतम वेतन में पहली अप्रैल 1987 से संशोधन किया है । इसके अनुसार अब अकुशल श्रमिक का न्यूनतम वेतन 501 रुपए प्रति माह होगा । अर्ध कुशल, कुशल व अत्यधिक कुशल श्रमिक का मासिक न्यूनतम वेतन क्रमशः 555 रुपए, 615 रुपए तथा 685 रुपए निर्धारित किया गया है ।

उच्च न्यायालय में ग्रीष्म अवकाश

चंडीगढ़, 5 जून (संधी) : पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय में आज से 5 सप्ताह का ग्रीष्मकालीन अवकाश कर दिया गया है । परन्तु इस दौरान 3 न्यायाधीश 'वेकेशनल जज' के तौर पर 8 से 12 जून, 29 जून से 3 जुलाई तथा 6 से 10 जुलाई तक प्रातः 7.30 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक ड्यूटी देंगे ।

राज बब्बर द्वारा रेखा से शादी का खंडन

जबलपुर, 5 जून : मशहूर अभिनेता राज बब्बर ने अभिनेत्री रेखा से अपने विवाह की खबर को कोरी कल्पित बताया है । श्री राज बब्बर यहां एक प्रीमियर शो का उद्घाटन करने परसों आये थे । उनके साथ राखी तथा फिल्म निर्माता यश जौहर भी आये थे ।

श्री यश जौहर ने कहा, महाराष्ट्र सरकार द्वारा गोडबोले समिति की सिफारिशें मंजूर कर लिये जाने से फिल्म उद्योग को नई जान मिली है । उन्होंने कहा कि अन्य राज्य सरकारों को भी मनोरंजन करों का बोझ कम करना चाहिए ।

पंजाब

चंडीगढ़, 5 जून
सेना के वरिष्ठ उपप्र
के विरोध में पंजाब
आह्वान पर मिश्रित
पर बंद पूर्ण रहा, कह
जगह न के बराबर प्र
गुरदासपुर जिले
गुरदासपुर (विन
सेना के आह्वान प
रहा । गुरदासपुर
हरगोबिन्दपुर, डेरा
बाजार खुल रहे । ग
सेना के जिला प्रधान जै
ले लिया जब वह दुकाने
रहे थे ।
दीनानगर शिव
और तीन अन्य कार्य
में लिया है ।
पंजाब हिन्द शिव
चंद ने अपने लिखित
पंजाब के उपप्रधान श्री
निन्दा करते हुए प्रशास
प्रशासन ने उनकी सुर
किया था । उन्होंने क
कि श्री महाजन पर पहले
फिर भी सुरक्षा प्रबन्ध न
चंद ने आरोप लगाया
शिव सेना कार्यकर्त्ता हो
तो अधिकारी यह कह
देना पंजाब सरकार ने
कहा कि अगर जिला ग
हुई तो उसकी जिम्मेदा
75 प्र. श. बंद रह
बटाला (कोछड़
दुकानें बंद रहीं । क
लिए भारी संख्या में सुर

फगवाड़ा, गुरदासपुर में प्रदर्शनकारी किसानों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज

फगवाड़ा, 5 जून (खोसला): आज यहां पुलिस ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तथा मार्क्सी कार्यकर्त्ताओं पर उस समय लाठीचार्ज किया जब वे पुराने बस स्टैंड पर ट्रैफिक जाम कर रहे थे । पुलिस ने उन्हें भारी मारपीट की । ये लोग सरकार की ओर से गेहूं न खरीदने के विरुद्ध प्रोटैस्ट कर रहे थे । उन्होंने प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक ट्रैफिक जाम करने की घोषणा की थी । कार्यकर्त्ताओं ने 15 मिनट के लिए ट्रैफिक जाम किया । पुलिस और सुरक्षा बलों ने उन्हें घेरे में ले लिया । लगभग 190 कार्यकर्त्ताओं को हिरासत में लिया गया ।

पार्टी के प्रवक्ता ने बताया कि मार्क्सी पार्टी के कार्यकारी सचिव तथा किसान सभा के वरिष्ठ उप-प्रधान गुरचरण सिंह रंधावा, सभा के महासचिव सरवन सिंह चीमा और जिला जालंधर के प्रधान हरबंस सिंह मंडाली और सचिव दलजीत सिंह के बाडीगार्डों को हिरासत में नहीं लिया गया । पुलिस ने कार्यकर्त्ताओं को ट्रैक्टर में बिठाकर गोराया के निकट लाकर छोड़ दिया ।

इस बीच अनेक देहातों से किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्रालियों में सवार होकर वहां आ गए और ट्रैफिक जाम कर दिया जो लगभग आधा घंटा जारी रहा । इस पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया जिससे दो दर्जन से अधिक व्यक्ति घायल हो गए, इनमें से तीन गंभीर घायल हुए । उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया गया । किसानों ने पुलिस-हिंसा की निन्दा की और

(शेष पृष्ठ 8 पर)

छोटी सी बात

रंगा



हमारे यहां भी तो राष्ट्रपति भवन में इस समय महान राष्ट्रपतियों में से एक रह रहे हैं ।

पठानकोट एक्सप्रैस सहित कई ट्रेनें उड़ाने का प्रयास, पटरी से 10 बम मिले

ग्वालियर, 5 जून : मध्य रेलवे के झांसी मंडल के बीना—ललितपुर सैक्शन के बीच गत बुधवार की रात में लगभग 10 शक्तिशाली बम मिलने के समाचार मिले हैं । सेना की सहायता से उन्हें बाद में नष्ट कर दिया गया । बुधवार की उस रात भोपाल की ओर से ग्वालियर पहुंचने वाली सभी ट्रेनें पठानकोट एक्सप्रैस, सदर्न एक्सप्रैस, जी.टी. एक्सप्रैस तथा मालवा एक्सप्रैस आठ-आठ घंटे देरी से ग्वालियर पहुंची थीं । लोगों ने समझा था कि शायद इटारसी के निकट क्षतिग्रस्त पुल के कारण ट्रेनें विलम्ब से पहुंच रही हैं । देर से प्राप्त समाचारों के अनुसार बीना तथा ललितपुर के बीच उस रात संचार व्यवस्था भंग होने पर बीना से एक पथ निरीक्षक को ट्राली द्वारा भेजा गया तो उसने देखा कि सफेट कपड़ों में लिपटी कुछ वस्तुएं पटरियों के बीच में पड़ी हैं तथा टैलीफोन के तार कटे हुए हैं । उसकी रिपोर्ट पर तुरन्त बबीना सेना केंद्र से सम्पर्क किया गया जहां से एक विस्फोटक दल ने पहुंच कर उन्हें नष्ट किया । इस सारी कार्रवाई में 7-8 घंटे लग गए । बदमाशों ने यह अच्छा ही किया था कि टैलीफोन के तार काट दिए थे जिससे स्टेशनों के बीच संचार भंग हो गई और ट्रेनें रोक दी गईं । यदि एक भी ट्रेन वहां से गुजरती तो अवश्य विस्फोट होता और ट्रेनें क्षतिग्रस्त हो जातीं । पुलिस अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है कि बम कहां से आए और किसने रखे थे ।

लुटेरों ने दिया

सहारनपुर, 5 जून
50 किलोमीटर दूर
सोलानी नदी के पास न
कालोनी में जो घटना
तथा उससे लगता है कि
हाथों कम ही लोगों का
जिसका विवरण भी जि
इस प्रकार है ।
लगभग 7-8 बद
और चाक से लैस थे, रा
घुसे । उन्होंने अपने-अ
प्रहरी चंद लाल, प्रेम सि
और उनके ही सामने उन
पाट की और बाद में उन्ह
बाद में ये बदमाश
व्यक्ति के मकान में घु
पत्नी बालेश्वरी तथा ल
उन्हें जगाया । पहले

WE
ARE PROUD OF
OUR TORCH-BEARER
SHRI SHAM LAL BATRA
Who has been awarded
"UDYOG PATRA in recognition

भारत-श्रीलंका सम्बन्धों में पड़ी दरार पर दिल्ली के क्षेत्रों में चिन्ता

नई दिल्ली, 5 जून (वार्ता, ह.स.): भारत द्वारा एक मानवीय अभियान के तहत जाफना में विमानों द्वारा रसद गिराने के बाद आज यहां अधिकारियों में उत्साह और खुशी के स्थान पर भारत-श्रीलंका सम्बन्धों में पड़ी दरार को लेकर चिंता व्याप्त है । जानकार सूत्रों ने कहा कि भारत अब जाफना में राहत

वस्तुएं जब्त कर ली हैं ।

तमिल परिवार के 3 सदस्यों के शव बिजली के खम्बे से लटकते हुए मिले हैं । एक सैनिक प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि ये शव पर्वी बट्टिटकलोआ में कल रात मिले हैं । इनमें सत्रह वर्षीय एक लड़की है । सभी शवों के सिर में गोली के





पंजाब शिव सेना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री कृष्ण महाजन की उग्रवादियों ने कल हत्या कर दी । शुक्रवार को लुधियाना में उनकी अंत्येष्टि कर दी गई । (बाएं) शव के पास श्री महाजन की विधवा को सांत्वना देते हुए श्री जगदीश तांगड़ी, श्री दीवान चंद व अन्य । (दाएं) शिव सेना के झंडे मे लिपटे श्री महाजन के शव की अंतिम यात्रा ।
(छाया : काम्बोज)





अमृतसर में कर्फ्यू : (1) शहर का मुख्य द्वार गांधी गेट, (2) घंटाघर चौक दरबार साहिब में सुरक्षा बल गश्त करते हुए
(छाया : भंडारी)

Punjabi Sanjaan

ठेकेदार की हत्या
(पृष्ठ 1 का शेष)

4 की अंत्येष्टि

कल अमृतसर में तीन स्कूटर सवारों ने दो स्थानों पर फायरंग करके जिन 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी, उनमें से चार की अंत्येष्टि बाद दोपहर अमृतसर के श्मशानघाट में कड़े सुरक्षा प्रबंधों में कर दी गई, जबकि दो अन्य लाशें जालन्धर भेजी गईं ।

उद्योग कार्यालय के फ़ंक्शनल मैनेजर श्री एस.के. झिंगन निवासी चौक फल्लांवाला अमृतसर, अशोक कुमार कैशियर निवासी पतन नगर अमृतसर और रमेश चन्द्र क्लर्क की अंत्येष्टि अमृतसर के दर्यांना श्मशानघाट में बाद दोपहर एक बजे से तीन बजे के बीच अलग-अलग समय पर कर दी गई । चौथे मृतक सुरेंद्र पाल निवासी आजाद नगर, सुलतान विंड रोड अमृतसर की अंत्येष्टि शाम 4 बजे गुरुद्वारा शहीदां के निकट श्मशानघाट में की गई । दो अन्य मृतकों जगदीश चंद्र स्टैनो तथा चरण दास की लाशें जालन्धर भेज दी गईं ।

उक्त चारों लाशों का अंतिम संस्कार कड़े सुरक्षा प्रबंधों तले हुआ जबकि इन सभी की शव यात्रा में शामिल लोगों को घर से श्मशानघाट तक लाने के लिए पुलिस ने विशेष बसों का प्रबंध किया । शव यात्रा के दौरान तथा श्मशानघाट के अंदर और बाहर भी सुरक्षा बलों के जवान तैनात थे । इस बीच किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है ।

इन अभागे मृतकों की दशा यह थी कि ज्यों ही आतंकवादियों ने उन पर गोलियां बरसाईं, उनका खून घटनास्थल पर फैलने लगा तथा यह क्रम पोस्टमार्टम हाऊस तक चलता रहा । यहीं पर बस नहीं, पोस्टमार्टम के बाद भी खून बहा तथा जब लाशें तख्ते पर लिटा कर श्मशानघाट लाई गईं तो तख्ते भी मृतकों के खून से सने हुए थे । इस तरह उनका खून मरने से लेकर जलने तक बहता ही रहा ।

वकील के घर डाका

भाटिया के अनुसार कल दोपहर 12 बजे के करीब यहां की पोश कालोनी ग्रीन एवेन्यू में एक वकील श्री के. के. अग्रवाल के घर में दो आदमी जो कि हथियारबंद थे, दाखिल हुए और श्री के.के. अग्रवाल की बूढ़ी दादी जो कि घर में उस समय अकेली थी और बर्तन साफ करने वाली घर में थी, को रसोई में बंद करके घर से नकदी, जेवर, घड़ी, टेप रिकार्डर और दूसरा कई कीमती सामान ले गए । इससे एक माह पहले यही आदमी इस कोठी में गैस सिलैंडर और पानी का मीटर उतार कर ले गए थे । पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके बर्तन साफ करने वाली को तफतीश में शामिल कर लिया है ।

रैड अलर्ट की बजाए पुलिस स्वयं अलर्ट रहे

पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जनरल सैक्रेटरी श्री हरबीर सिंह ढिल्लों, अजीत सिंह मान प्रधान कांग्रेस कमेटी देहाती और श्री मनजीत सिंह बेरका सैक्रेटरी ने एक बयान में कहा है कि पुलिस अधिकारी बार-बार रैड अलर्ट जारी करके लोगों में दहशत पैदा करते हैं । इससे बेहतर यह होगा कि वे रैड अलर्ट जारी करने की जगह पुलिस फोर्स को अलर्ट रखें क्योंकि इस समय पंजाब में पुलिस फोर्स के साथ अर्ध सैनिक दस्ते भी भारी संख्या में मौजूद हैं । रैड अलर्ट जारी करने से यह मसला हल नहीं होगा, अमल करने से होगा ।

कर्फ्यू के दौरान स्थिति तनावपूर्ण परन्तु शांत बताई गई । अधिकारियों ने संकेत दिया कि कल आप्रेशन ब्लू स्टार की वर्ष गांठ के अवसर पर उग्रवादी संगठनों द्वारा स्वर्ण मंदिर परिसर में संघर्ष कार्यक्रम की घोषणा के दृष्टिगत कर्फ्यू कल भी जारी रहेगा । कर्फ्यू कठोरता से लागू किया जा रहा है । रेलवे स्टेशन व बस अड्डे पर फंसे लोगों को उनके घर भेजने की व्यवस्था की जा रही है ।

किसी को परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा

आज रात्रि अमृतसर जिला प्रशासन ने फैसला किया कि कल आप्रेशन ब्लू स्टार की वर्षगांठ पर शहीदी सम्मेलन में भाग लेने के लिए किसी को भी स्वर्ण मंदिर परिसर में प्रविष्ट न होने दिया जाए । पुलिस चीफ इजहार आलम ने कहा कि किसी को किसी भी कीमत पर कर्फ्यू का उल्लंघन नहीं करने दिया जाएगा और कल भी अनिश्चितकालीन कर्फ्यू जारी रहेगा । इस बारे में आज रात्रि उच्चाधिकारियों की बैठक हुई । यह सम्मेलन आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन ने आयोजित किया था । कल परिसर के गिर्द और सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे ।

तरनतारन क्षेत्र के रतोल ग्राम में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से उसकी 12 बोर की बन्दूक छीन ली ।

अजनाला थाना क्षेत्र के ग्राम तलवंडी शौधरियां में उग्रवादियों ने एक बैंक की शाखा लूटने का प्रयास किया । वे ताले तोड़ कर अंदर घुसे पर उनके हाथ कुछ न लगा ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार

गुरदासपुर (बिनोद): जिला पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के दो सक्रिय आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनसे हथियार बरामद किए हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि गत सायं किसी की सूचना पर सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस ने फतेहगढ़ चूड़ियां इलाके के गांव पारोवाल के एक ट्यूबवैल पर छापा मारकर वहां से गुरदेव सिंह तथा मुख्तयार सिंह (दोनों निवासी गांव लालेवाल) को गिरफ्तार कर इनसे एक दोनाली बंदूक, एक 315 बोर की राइफल तथा 12 कारतूस बरामद किए हैं । श्री बिरदी ने बताया कि यह दोनों रात को किसी बड़ी वारदात करने की योजना बना रहे थे और यह गत दिनों सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए मस्ताना सिंह उर्फ मस्तान जो खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल था, के विशेष साथी हैं ।

श्री बिरदी ने बताया कि जो हथियार इनसे बरामद हुए हैं वह इन्होंने तृप्त सिंह निवासी जंजियाकला और सुरजन सिंह निवासी ममना से छीने थे । इन दोनों से अभी पूछताछ जारी है ।

कल से जलूसों पर पाबंदी

जिला मैजिस्ट्रेट श्री आर.पी.एस.पवार ने अपने एक आदेश अनुसार जिला भर में जलूस निकालने, जलसे करने पर लगी पाबंदी प्रथम अगस्त तक बढ़ा दी है । एक और आदेश अनुसार जिला भर के सभी सिनेमा घरों को अपना अन्तिम शो रात 9.30 तक खत्म करने को कहा गया है ।

पनाह देने वाले गिरफ्तार

पुलिस ने आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में एक एग्जीक्यूटिव इंजीनियर तथा पठानकोट आई.टी.आई. के प्रिंसीपल को गिरफ्तार किया है । इन्हें आतंकवादी गतिविधियां (रोकथाम) कानून की धारा 3/4 के अधीन गिरफ्तार किया गया है । इनके पास से एक पिस्तौल तथा 32 कारतूस बरामद हुए हैं ।

कांस्टेबल ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह प्रमुख आतंकवादियों की सहायता से जिला के कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की हत्या करने की योजना बना रहा था ।

हथियार छीनने वाले बंदी

श्री मोही ने यह भी बताया कि पुलिस ने एक गिरोह का भंडा फोड़ा है, जो कि जिला में लाइसैंस धारकों से हथियार छीनने के लिए जिम्मेदार था । उन्होंने बताया कि 52 सदस्यीय गिरोह के 2 सदस्य पकड़े जा चुके हैं और उनसे एक छीनी हुई राइफल, एक रिवाल्वर तथा 30 कारतूस बरामद किए । पकड़े गए लटेरों के नाम लाभ सिंह तथा सिकंदर सिंह बताए गए हैं । उन्होंने हथियार तथा नकदी छीनने की अनेक वारदातों में अपना हाथ स्वीकार किया ।

गत रात्रि जैतों के निकट सुरक्षा बलों ने नाकेबंदी के दौरान एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया जबकि उसके दो साथी फरार होने में सफल हो गए । उससे एक पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

स्कूटर छीना

बाघापुराना (मित्तल): रात सायं दो शस्त्र उग्रवादियों ने जिन्होंने चेहरे ढके हुए थे, पिस्तौल की नोक पर सतपाल कमीशन एजैंट से उसका बजाज स्कूटर नम्बर पी.जे.डी. 7363 गांव मही मुस्तफा के निकट छीन लिया, जबकि सतपाल अपने एक दोस्त के साथ बाघापुराना जा रहा था ।

हत्या

फरीदकोट : दो साइकल सवार संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात इस जिले के पंजगराई खुर्द गांव में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । हत्यारे अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकले ।

मोगा से आज़ाद के अनुसार पंजगराई में मारा गया व्यक्ति शराब का ठेकेदार मंगल सिंह था । प्राप्त सूचनानुसार रात 8.45 बजे थाना बाघापुराना में स्थित इस गांव में मंगल सिंह के घर दो नौजवान आए तथा घर का दरवाजा खटखटाया । मंगल सिंह की ओर से दरवाजा खोलने पर उन्होंने उसे 50 रुपए दिए तथा शराब मांगी । मंगल सिंह ने उन्हें शराब तथा खाली गिलास देकर जरा जल्दी काम निपटाने को कहा । इस पर एक युवक ने उसे गोली मारी जो कि उसके पेट में लगी । दूसरे युवक ने भी एक गोली चलाई जो कि मंगल सिंह की गर्दन में लगी । मंगल सिंह का भाई इकबाल सिंह जो कि कोठे पर सोया हुआ था, ने गोली की आवाज़ सुनकर शोर मचाया । इतने में आतंकवादियों ने एक और गोली मंगल सिंह को मारी जिससे वह वहीं ढेर हो गया । दोनों आतंकवादी अपना काम करके साइकल पर सवार होकर फरार हो गए । गोली चलने की आवाज़ सुन कर सारे शहर में आतंक फैल गया तथा लोगों ने घरों के दरवाजे बंद कर लिए ।

स्मरण रहे कि मंगल सिंह ने कुछ दिन पहले अपना ठेका बंद कर दिया था लेकिन बाद में पुलिस और एक्साइज विभाग के अधिकारियों ने उसका ठेका पुनः खुलवाया था । अब भी मंगल सिंह शाम को शराब की सारी बोतलें घर ले आता था ।

शस्त्र फैक्टरी पकड़ी

इस बीच पुलिस ने एक गैर कानूनी शस्त्र निर्माण फैक्टरी का पता लगाया और इस सम्बन्ध में फिरोजपुर ज़िले के खोसाकोटला गांव के मेजर सिंह को गिरफ्तार किया । पांच पिस्तौलें भी जब्त की गईं । पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों ने फिरोजपुर जिले के खोसाकोटला और फिरोजपुर किरायादारों के बारे में निकटवर्ती थाने को सूचना देने के लिए कहा था लेकिन उक्त व्यक्तियों ने इस आदेश का उल्लंघन किया तथा जीवन ज्योत सिंह गांव कोटफत्ता जिला भटिंडा, सुखविंदर सिंह सुक्खी मोहाली तथा राजविंदर सिंह उर्फ भोला गांव खपर खेड़ी जिला अमृतसर जैसे कुख्यात आतंकवादियों को अपने मकान किराया पर दिए । इन आतंकवादियों ने कई बैंक डकैतियां डाली थीं तथा अनेक हत्याएं कीं ।

50 हजार छीने

मानसा (मेहता) : आज दोपहर 12 बजे के लगभग यहां से थोड़ी दूर स्थित गांव भंमेके के बस अड्डे से वैस्पा एक्स.ई. स्कूटर पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने को-आपरेटिव सोसाइटी के कैशियर तथा चपरासी से 50 हजार रुपए छीन लिए तथा मानसा की तरफ भाग गए । कैशियर तथा चपरासी यह राशि बैंक में जमा कराने जा रहे थे । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

कल रात भटिंडा के डेरा कटोरावाला के महंत संत प्रकाश से तीन अज्ञात व्यक्ति एक दोनाली बंदूक छीन कर ले गए ।

उग्रवादियों द्वारा घायल ?

जालन्धर (वि.स.): गत रात स्थानीय काज़ी मंडी का एक व्यक्ति भजन लाल सिविल अस्पताल में दाखिल हुआ, जिसने अस्पताल वालों को बताया कि उसे संदिग्ध उग्रवादी व्यक्तियों ने गोली मारी है । अस्पताल सूत्रों के अनुसार उसे कुछ छर्रे लगे हैं और वह पूरी तरह खतरे से बाहर है ।

आतंकवादी गिरफ्तार

जालन्धर पुलिस ने एक कथित आतंकवादी को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस की एक विज्ञप्ति के अनुसार अभियुक्त ध्यानजीत सिंह नकोदर थाने के मेहतपुर का निवासी है । उसने मंडियाला गांव में 19 अप्रैल को हुए हत्याकांड में शामिल होना स्वीकार किया है ।

विस्फोट

आज प्रातः 11 बजे के लगभग मिलाप रोड जालन्धर पर स्थित एक स्कूटर पेंट की दकान की छत पर किसी शरारती तत्व ने साथ की गली में खड़े होकर विस्फोटक गोला फैंका जिसका धमाका आसपास के क्षेत्र में सुना गया और घबराहट व सनसनी पैदा हो गई । सूचना मिलने पर पुलिस मौका पर पहुंच गई और छत पर से विस्फोटक के विभिन्न तत्व जो बिखरे मिले, इकट्ठे करके ले गई । यद्यपि इस विस्फोट से कोई विशेष क्षति नहीं हुई किन्तु अनुमान है कि फैंकने वाले ने शायद गली में से यह गोला छत के ऊपर से मिलाप रोड बाज़ार में फैंका मगर वह छत पर ही गिर गया । अनुमान है कि यदि यह बाज़ार में गिरता तो शायद कुछ आने-जाने वालों को क्षति पहुंचाता ।

2600 रु. लूटे

आज सायं चार साढ़े चार बजे दो कथित उग्रवादियों जिनमें से एक मोना था, कुम्हारांवाली मस्जिद के निकट लाडोवाली रोड पर स्थित तेल व्यापारी के.के. साही एंड कं. से पिस्तौल की नोक पर 2600 रुपए लूट कर फरार हो गए । प्राप्त विवरण के अनुसार दोनों युवकों ने दकान में प्रवेश करने के बाद काऊंटर पर बैठे व्यक्ति को सब कैश देने को कहा । उसने चाबियां उनके हवाले कर दीं । उन्होंने दराज में पड़ा 2600 रुपया लिया और फरार हो गए । सूचना मिलने पर एस.पी. श्री है ।

महाजन का अंतिम संस्कार

लुधियाना (धीमान) : आज जी.टी. रोड के निकटवर्ती श्मशानघाट में बाद दोपहर 3½ बजे शिव सेना के नेता कृष्ण महाजन का अंतिम संस्कार कर दिया गया । उनकी कल आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी । शव यात्रा में 10 हजार से भी ज्यादा लोग शामिल हुए जिनमें स्त्रियों की संख्या अधिक थी । लुधियाना के जिन क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा हुआ है, वहां से किसी भी व्यक्ति को आने नहीं दिया गया । विश्वकर्मा कालोनी को जहां कल श्री महाजन की हत्या कर दी गई थी, पुलिस व सी.आर.पी. ने पूरी तरह घेर रखा था । घर से जब अर्थी निकली तो नौजवानों ने नारे लगाए 'पंजाब की गलियां सुनी हैं राजीव गांधी सुनी हैं', 'गोलियां चलें सरे बाज़ार चूड़ियां पहने सो रही सरकार' । शोक जलूस में अमृतसर, जालन्धर, फगवाड़ा, बटाला, नवांशहर आदि के शिव सेना के वर्कर शामिल हुए । पंजाब विधानसभा के इंका सदस्य श्री सतपाल पराशर को देखते ही उनके विरुद्ध भी नारे लगाए जाने लगे । पंजाब के सभी हिन्दू विधायकों से इस्तीफे देने की मांग सम्बन्धी नारे भी लगाए गए । इस मौके पर मांग की गई कि जिन निर्दोषों को पकड़ा गया है, उन्हें छोड़ा जाए तथा और गिरफ्तारियां बंद की जाएं ।

एक पुलिस सूत्र के अनुसार कल श्री महाजन पर गोलियां चलाने वालों ने रिवाल्वर का इस्तेमाल किया । एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि गोली चलने की कोई आवाज़ नहीं आई जिससे पता चलता है कि हत्यारों ने साइलेंसर का प्रयोग किया । घटनास्थल पर कोई खाली कारतूस भी नहीं मिला ।

'धीमान' के अनुसार कर्फ्यू के दौरान पुलिस ने भारी अत्याचार किए । गुजरां तकियां, अन्य क्षेत्रों में पुलिस वालों ने कर्फ्यू पास फाड़ दिए और महिलाओं को अशोभनीय गालियां दीं । दीपक सिनेमा रोड पर कर्फ्यू नहीं था परन्तु वहां से किसी को नहीं आने जाने दिया गया । दूध 10-10 रुपए किलो बिका ।

कर्फ्यू समाप्त

'बोशी' के अनुसार जिलाधीश श्री लखनपाल ने आज एक आदेश जारी करके लुधियाना में लगाया गया अनिश्चितकालीन कर्फ्यू सायं 6 बजे समाप्त कर दिया । कर्फ्यू के दौरान कहीं से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है ।

ढाबे 10½ बजे तक खुलेंगे

'नेपाल' ने खबर दी है कि जिला मैजिस्ट्रेट लुधियाना ने शहर में रेस्तरां, ढाबे और खाने-पीने की चीजें बेचने वाली दकानें रात 10½ बजे बंद करने का आदेश दिया है । शराब के ठेके भी रात 10½ बजे तक खुले रहेंगे । यह आदेश 3 अगस्त तक के लिए है ।

श्री एम.एस. भुल्लर जिन्होंने कल पटियाला रेंज के डी.आई.जी. का कार्यभार सम्भाला था, आज स्थिति का मौके पर जायज़ा लेने के लिए लुधियाना गए ।

मेरी सरकार
(पृष्ठ 1 का शेष)

कि उनकी सरकार उग्रवादियों के विरुद्ध पूरे ज़ोर से लड़ रही थी, जब उसे हटा दिया गया । उनके अनुसार वह प्रधानमंत्री की नियत पर शक नहीं करते किन्तु उन्हें गुमराह ही जा रही है ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

हकलाना
हकलाना/तुतलाना लाईलाज नहीं है । औषधि व सर्जरी के बगैर ईलाज करवाएं—आदर्श स्पीकिंग इस्टीच्यूट, जहाजपुल, हिसार (हरियाणा) ।
UDI

व्यापार
अपनी पूंजी मल्टीस्टोरिड बिल्डिंग (दिल्ली) में ब्याज पर लगाइए, अधिक लाभ पाइये, एजैंटों के लिए अतिरिक्त लाभ । लिखें—बाक्स 406, पंजाब केसरी, जालंधर ।
UDC

ज़मीन-जायदाद
फ्री-होल्ड प्लाट निजामुद्दीन, गाजियाबाद हाइवे पर नीएडा एरिया के साथ सीमा विहार 30 रुपए गज । अमित विहार 15 रुपये गज, पक्की रजिस्ट्री मिले—बोन्ड (ईडिया) डिवैलपमैंट कार्पोरेशन, 97, खन्ना मार्कीट (सेंट-स्टीफन हास्पिटल के सामने), तीस हजारी, दिल्ली-110054.
UDC

ज़मीन बिकाऊ
12 एकड़ भूमि बड़े ट्यूबवैल सहित बराड़ा के निकट रियायती दामों पर बिकाऊ है । इसके अतिरिक्त

साड़ियां
आकर्षक आधुनिक रंगों-डिज़ाइनों में साड़ियां, सूट, लहंगा-चुनरी के लिए : मशीन साड़ी सैंटर, कैंडल जैमल सिंह, अमृतसर । फोन : 43554.

टैलरिंग
Bhasin Bros., First Floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar. Phone : 43554 for Gent's Suits, Safari and Shirts.

पोल्ट्री
NECC Delhi Egg rate for 5.6.87 Rs. 39/- without trays. NECC Suggested Retail Price Rs. 5.50 per Dozen.

बढ़िया क्वालिटी ऐग-ट्रे रेट 30/- सैंकड़ा के लिए सम्पर्क करें । अजीत प्लास्टिक, मंडी रोड, जालंधर ।

फोटोस्टैट
Rupee one for three copies on Japanese Automatic Machine. 5-A, Dilkusha Market, Jalandhar.

प्लाट बिकाऊ

Punjab Sahan

trays. NECC Suggested
. 5.50 per Dozen.

नटी ऐग-ट्रे रेट 30/- सैंकड़ा के
। अजीत प्लास्टिक, मंडी रोड,

फोटोस्टैट

ne for three copies on
tomatic Machine, 5-A,
et, Jalandhar.

ाट बिकाऊ

Mohan Nagar, fast
first planned residential
22' wide Brick-Roads,
osed Railway Sub-Division
bala Cantt-Delhi Road,
approximately thousand
djacent to Municipal limit,
Local Bus Stand. Contact :
perty Centre, Dal Mandi,
. (Note : Members also
House Building Society.)

रजिस्ट्रेशन

ुर्वेदिक रजिस्ट्रेशन पटना/थोक
/होम्योपैथिक लाइसैंस स्वीकृति
। फार्म जानकारी 'निराला जोगी'
18 रुपए) वार्षिक 24 रुपए
. 29 रुपए मंगाएं ।–निराला
क (बिहाईड बस स्टैंड), पानीपत ।

शिक्षा

पास R.M.P. रजिस्ट्रेशन 15
ए । वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न,
. एक सिटिंग में गारंटी से करें ।
कालेज, नज़दीक लक्ष्मी सिनेमा,

ों फेल/पास) सितम्बर में गारंटिड
(बिना गैप) सितम्बर में इंटर कर
। R.M.P. रजिस्ट्रेशन जारी ।
B.Sc. (Direct)/LL.B.
/B.Ed. (Correspondence)
technic/Engineering Ad
lance. Prospectus Rs.
D. : स्वामी विवेकानंद कालेज,
चंडीगढ़ ।

(JD)

मेडिकल इंस्टीच्यूट
गव. रजि.)
. नं. 3684,
682035, केरल
पैरामैडिकल डिप्लोमा
े आवेदन पत्र आमंत्रित
क्स-रे टैक्नालोजी,
लैबारेटरी टैक्नालोजी,
असिस्टैंट, 4. इलैक्ट्रो
, 5. माइक्रो
न्यूनतम योग्यताएं–
नल /माध्यमिक/हायर
आवेदन पत्र और
लिये 10 रुपए पोस्टल

ESSMA एस्मा घोषणा करते हैं

पंजाब में हाल की गड़बड़ वाली स्थिति के कारण, 7.6.1987 को होटल सिटी हार्ट, लुधियाना में होने वाली प्रस्तावित एस्मा सेल्स कांफ्रैंस स्थगित कर दी गई है और नई

एक आदेश अनुसार ज़िला भर में जलूस निकालने, जलसे करने पर लगी पाबंदी प्रथम अगस्त तक बढ़ा दी है । एक और आदेश अनुसार जिला भर के सभी सिनेमा घरों को अपना अन्तिम शो रात 9.30 तक खत्म करने को कहा गया है ।

पनाह देने वाले गिरफ्तार

पुलिस ने आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में एक एग्जीक्यूटिव इंजीनियर तथा पठानकोट आई.टी.आई. के प्रिंसीपल को गिरफ्तार किया है । इन्हें आतंकवादी गतिविधियां (रोकथाम) कानून की धारा 3 और 4 तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 216 के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया है । पुलिस सूत्रों ने उनके नाम अमरजीत सिंह बाजवा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर थीन बांध तथा दर्शन सिंह मुलतानी प्रिंसीपल आई.टी.आई. पठानकोट बताए हैं ।

2 पकड़े

फिरोज़पुर (बागी, धीमान): गत रात धर्मकोट पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो आतंकवादियों सुखमिंदर सिंह कसोआना तथा शिंगारा सिंह पट्टी ज़िला अमृतसर को गिरफ्तार किया । आज यहां यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री आर.एस. चालिहा ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि वे खालिस्तान कमांडो फोर्स के सदस्य हैं तथा वे धर्मकोट के हैड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह के भाई की हत्या में शामिल थे । उनसे दो पिस्तौल व 6 कारतूस मिले ।

एक अन्य वारदात में गांव जनेर के निकट कल जीरा के नरेन्द्र कुमार से उसका स्कूटर छीन लिया गया ।

24657 रुपए छीने

मोगा (नि.स.): आज गांव मीनियां में दो सशस्त्र आतंकवादियों ने एग्रीकल्चर सर्विस सोसायटी के कैशियर राम लाल से पिस्तौल की नोक पर 24657 रुपए छीन लिए । घटना के समय वह प्रधान के साथ यह राशि बैंक में जमा कराने ले जा रहे थे । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

सी.आई.डी. कांस्टेबल गिरफ्तार

फरीदकोट पुलिस ने एक सी.आई.डी. कांस्टेबल बेअंत सिंह जो कि फरीदकोट में तैनात था, को कुख्यात आतंकवादियों के साथ सम्बन्ध रखने और वहां टीचर्स कालोनी में अपने निवास स्थान पर उन्हें पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया । फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी. एस. मोही ने बताया कि अपना ठेका बंद कर दिया था लेकिन बाद में पुलिस और एक्साइज विभाग के अधिकारियों ने उसका ठेका पुनः खुलवाया था । अब भी मंगल सिंह शाम को शराब की सारी बोतलें घर ले आता था ।

शस्त्र फैक्टरी पकड़ी

इस बीच पुलिस ने एक गैर कानूनी शस्त्र निर्माण फैक्टरी का पता लगाया और इस सम्बन्ध में फिरोजपुर ज़िले के खोसाकोट्टा गांव के मेजर सिंह को गिरफ्तार किया । पांच पिस्तौलें भी जब्त की गईं । पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों ने स्वीकार किया कि उसने फरीदकोट और फिरोजपुर जिलों में सक्रिय आतंकवादियों को एक दर्जन पिस्तौलें दी हैं । पुलिस को संदेह है कि मेजर सिंह इन इलाकों में सक्रिय 'शोले गुट' के सदस्यों को शस्त्रों का प्रमुख वितरक है ।

उग्रवादी की जमानत

पटियाला से भूषण के अनुसार एक उग्रवादी गिरोह के नेता चरनजीत सिंह की अमलोह के जुडीशियल मैजिस्ट्रेट ने जमानत मंजूर कर ली । उस पर एक आढ़ती से 40 हजार रुपए लूटने का आरोप है ।

शराब ठेका लूटा

पटियाला से 8 किलोमीटर दूर भादसों रोड पर सिधीवाल ग्राम के शराब के ठेके को एक थ्री व्हीलर में सवार दो उग्रवादियों ने लूट लिया । यह थ्री व्हीलर उन्होंने किराए पर लिया था और फिर ड्राइवर को लूट कर व उसे बाहर धकेल कर वाहन ले उड़े थे ।

शरण देने में 2 बंदी

उग्रवादियों को शरण देने में पटियाला पुलिस ने रिटायर्ड सुपरिंटैंडिंग इंजीनियर कृष्ण लाल भाटिया और पी.आर.टी.सी. के कर्मचारी गुरदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

पटियाला (भूषण सरहिंदी) : पुलिस ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक रिटायर्ड सुपरिंटैंडिंग इंजीनियर कृष्ण लाल भट्टी तथा पैप्स रोड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन के एक कर्मचारी गुरदेव सिंह को इस आरोप में गिरफ्तार किया है कि उन्होंने कुछ कुख्यात आतंकवादियों को अपने घरों में किरायादार के तौर पर रखा । दो अन्य व्यक्ति संतोख सिंह खालसा कालोनी तथा वरयाम कौर सरहिंद रोड भी इन्हीं आरोपों में वांछित हैं जोकि फरार हैं । एस.एस.पी. श्री गुरइकबाल सिंह भुल्लर ने बताया कि गत मार्च में ज़िला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश जारी करके सभी मकान मालिकों को उनके घरों में रहने वाले

2600 रु. लूटे

आज सायं चार साढ़े चार बजे दो कथित उग्रवादियों जिनमें से एक मोना था, कुम्हारांवाली मस्जिद के निकट लाडोवाली रोड पर स्थित तेल व्यापारी के.के. साही एंड कं. से पिस्तौल की नोक पर 2600 रुपए लूट कर फरार हो गए । प्राप्त विवरण के अनुसार दोनों युवकों ने दुकान में प्रवेश करने के बाद काउंटर पर बैठे व्यक्ति को सब कैश देने को कहा । उसने चाबियां उनके हवाले कर दीं । उन्होंने दराज में पड़ा 2600 रुपया लिया और फरार हो गए । सूचना मिलने पर एस.पी. श्री गोपाल दास, एस.पी. आपरेशन श्री शर्मा तथा डी.एस.पी. सिटी श्री दीवान चन्द फोर्स के साथ मौका पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी ।

उल्लेखनीय है कि इस घटना स्थल से 100 गज के अन्तर पर गुरुद्वारा दीवान स्थान के आसपास भारी फोर्स जमा थी जहां श्री सुरजीत सिंह बरनाला अकाली कार्यकर्त्ता बैठक में शामिल होने आए हुए थे और घटना के समय वहां फोर्स तैनात थी किन्तु किसी ने तुरन्त उसे सूचित नहीं किया ।

अंतिम संस्कार

कल अमृतसर के जिला उद्योग कार्यालय का जो स्टैनो जगदीश चन्द्र अपने अन्य तीन साथियों सहित उग्रवादियों द्वारा कार्यालय में मारा गया था, उसका अंतिम संस्कार आज यहां हरनामदासपुरा श्मशानघाट में कर दिया गया । वह जालन्धर का निवासी था । प्राप्त जानकारी के अनुसार आज जिला उद्योग कार्यालय में रोष के कारण कर्मियों ने काम नहीं किया और वह बाद दोपहर उसकी शव यात्रा में शामिल हुए । उद्योग विभाग के निदेशक भी आज श्री जगदीश के घर शोक प्रकट करने गए । उनके साथ नए आए जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबन्धक श्री धूपर भी थे । निदेशक अमृतसर भी अन्य तीन मृत कर्मियों के परिवारों से सहानुभूति प्रकट करने गए ।

रोटियों के डिब्बे भी छीनने लगे

करतारपुर (देवदत्त) गत दिनों दयालपुर गेट का एक व्यक्ति श्री स्वर्ण चन्द स्यालकोटी रात को अपने खेत में काम कर रहे मज़दूरों के लिए एक डिब्बा में रोटी डालकर साइकल पर भुलत्थ रोड पर अपने खेतों को जा रहा था कि रास्ते में उसको तीन आतंकवादियों ने ड्रेन की पुली पर घेर लिया । उसका रोटियों का डिब्बा तथा साइकल छीन कर कुछ दूरी पर खड़े ट्रक में बैठ कर चले गए । साथ में उन्होंने उसे धमकी दी अगर शोर मचाया तो तुझे भी ट्रक में डाल कर साथ ले जाएंगे ।

बम विस्फोट

लुधियाना से वार्ता के अनुसार आज रात्रि 9.45 बजे गुरुद्वारा दुख निवारण में भयंकर विस्फोट हुआ परन्तु ग्रंथी के अनुसार न तो कोई हताहत हुआ और न ही कोई क्षति पहुंची ।

जिला पुलिस चीफ आर.एस.गिल ने बताया कि गुरुद्वारे के फर्श को क्षति पहुंची है । पुलिस को घटनास्थल से सुतली, रूई, पाउडर मिला है । उन्होंने कहा कि किन्ही शरारती तत्वों ने वहां पटाखे जैसी वस्तु फैंकी । 'न' के अनुसार यह गुरुद्वारा जगरांव पुल के पास है ।

'म' के अनुसार एस.एस.पी. ने बताया कि विस्फोट से धर्मस्थल का कोई अपमान नहीं हुआ

दीपक सिनेमा

श्री एम.एस. मुल्लर ... के डी.आई.जी. का कार्यभार सम्भाला था, आज स्थिति का मौके पर जायज़ा लेने के लिए लुधियाना गए ।

मेरी सरकार

(पृष्ठ 1 का शेष)

कि उनकी सरकार उग्रवादियों के विरुद्ध पूरे ज़ोर से लड़ रही थी, जब उसे हटा दिया गया । उनके अनुसार वह प्रधानमंत्री की नियत पर शक नहीं करते, किन्तु उन्हें ग़लत सलाह दी जा रही है ।

श्री बरनाला ने कहा कि पंजाब की समस्या राजनीतिक है और उसका इलाज गोली नहीं । उन्होंने सीमा पर सुरक्षा पट्टी कायम करने की मांग का विरोध करते हुए उसे अव्यावहारिक बताया और उसका विरोध जारी रखने का निश्चय दोहराया ।

श्री चन्दूमाजरा की चर्चा करते हुए श्री बरनाला ने उनके साथ थर्ड डिग्री तरीके बरतने की कड़ी निंदा की और इसे इतिहास में पहला उदाहरण करार दिया, जब स्वतंत्रता के इस दौर में ऐसा हुआ हो । उन्होंने किसानों का गेहूं तुरन्त खरीदे जाने पर ज़ोर देते हुए कहा कि ऐसा न होने पर किसान आंदोलन के रास्ते पर चल पड़ेंगे ।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बरनाला ने आग्रह किया कि सरकार उग्रवाद से निपटे और निर्दोषों के पीछे न पड़े । तभी पंजाबी उग्रवाद के खिलाफ संघर्ष में सरकार का साथ देंगे । इसके लिए पंजाब समझौता लागू करना चाहिए । सीमा पर बी.एस.एफ. की और चैकियां बनाई जानी चाहिएं । उन्होंने कहा कि हरियाणा के चुनाव के बाद पंजाब में अकाली सरकार बहाल करने के लिए प्रधानमंत्री से कोई समझौता नहीं हुआ है ।

किसानों पर लाठीचार्ज

(पृष्ठ 1 का शेष)

उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की ।

लुधियाना (मुसाफिर): पंजाब किसान सभा ने गेहूं की खरीद न किए जाने के विरुद्ध आज रास्ता रोको कार्यक्रम बना रखा था । जगराओं के पास कुछ किसानों ने कुछ देर ट्रैफिक रोका । पुलिस ने गिरफ्तारियां करके ट्रैफिक बहाल करवा दिया ।

गुरदासपुर (विनोद) : आज यहां काहनूवान चौक में किसान सभाओं के धरने पर बैठे वर्करों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिससे 75 वर्करों को मामूली चोटें आईं। ये वर्कर ट्रैफ़िक जाम किए हुए थे । पुलिस ने इससे पूर्व उन्हें वहां से हटाने का असफल प्रयास किया था । लाठीचार्ज से वे तितर-बितर को गए, लेकिन कुछ देर बाद फिर कचहरी में जमा हो गए और उन्होंने एस.डी.एम. को ज्ञापन दिया ।

रस्म पगड़ी



आपको बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिता श्री किशोर चंद उप्पल जी जो कि तिथि 24.5.87 को स्वर्ग सिधार गये हैं, उनकी रस्म पगड़ी

अ
किया ज
वेद प्र
गोपाल
को स्व
अर्थी
उनके
शहीद
10.3
M. B.
Basti
Phone

आए हैं
एक सिंहा
आपक
हमारे पूज्य
1987 क
शांति के
तथा रस्म
दोपहर 1
(ज़िला फि

दुर्गादास ग्रो
देसराज खुरा
मुलख राज
दयावंती, ली
कमलेश, रमे

श्री
अध्यक्ष

Punjabi Sanatani

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार, 7 जून, 1987 तदनुसार, 24 ज्येष्ठ, 2044

होकर यह अभियान शुरू किया है । अभियान का उद्देश्य प्रायद्वीप पर सुरक्षा बलों का पूर्ण नियंत्रण कायम करना है । प्रायद्वीप के एक हिस्से पर तमिल

ईलम के प्रबल अभियान के तह तथा बलाली सी

पंजाब में 2 हत्याएं : अमृतसर में कर्फ़्यू में 2 घंटे की ढील

आतंकवादियों को हथियार देने के मामले में कांस्टेबल सहित 3 बंदी

जालन्धर में 2 महंतों सहित 4 घायल

चंडीगढ़, 6 जून (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान जिला जालन्धर में दो महंतों सहित 4 व्यक्ति संदिग्ध उग्रवादियों की गोलियों से घायल हो गए । जिला पटियाला में एक दम्पति की हत्या कर दी गई तथा एक दुकानदार को घायल कर दिया गया । अमृतसर में कर्फ़्यू में दो घंटे ढील दी गई ।

फरीदकोट पुलिस ने आतंकवादियों को हथियार सप्लाई करने वाले दो कट्टर आतंकवादियों और एक पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार किया ।

तलवाड़ा के पास 15 उग्रवादियों ने एक भट्ठे से दस लाख रु. मूल्य का कच्चा लूट लिया ।

4 घायल

जालन्धर (वि.स.): गत 24 घंटों में जिला जालन्धर में 4 उग्रवादी घटनाओं में 4 व्यक्ति घायल हुए । प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात 9 बजे के लगभग करतारपुर थाना के गांव पसना में आधी दर्जन सशस्त्र कथित उग्रवादी एक व्यक्ति राम प्रकाश के घर में घुस आए जिस पर घर में भगदड़ मच गई और घर के लोग कमरों में घुसने को दौड़े । जहां बाकी तो दरवाजा बंद करने में सफल हो गए, वहां राम चंद को भागते हुए उन्होंने गोली मारी जो उसके दाएं बाजू व पसलियों में लगी । उसे आधी रात को यहां सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया । राम प्रकाश जो कि सूरानुसी डिपों में नौकरी करता है, ने कहा कि सम्भवतः वे लूटमार करने आए थे किन्तु बगैर कुछ लूटे फरार हो गए ।

इसी घटना के बारे में करतारपुर से देवदत्त ने सूचना दी है कि राम प्रकाश और उसके घर के दूसरे सदस्य रोटी खाने के बाद बैठे हुए थे कि शस्त्रों से लैस 7, 8 उग्रवादी आ धमके । इस पर बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए राम प्रकाश ने एक उग्रवादी से बंदूक छीन ली, जिस पर उग्रवादियों के साथियों ने फायरिंग शुरू कर दी । एक और सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने स्टेनगन से भी गोलियां चलाईं ।

दूसरी घटना थाना नूरमहल के गांव नूरपुर में हुई, जिसमें एक स्कूटर पर सवार तीन उग्रवादियों ने आज प्रातः गांव के डेरा में आकर महंत संतानंद गिरि पर गोलियां चलाईं और फरार हो गए । महंत को पहले नकोदर अस्पताल तथा फिर सी. एम. सी. लुधियाना में गम्भीर अवस्था में ले जाया गया ।

तीसरी घटना जिला के गांव पठाना में हुई, जहां एक डेरा के महंत को उग्रवादियों ने घायल कर दिया । इसके विवरण की प्रतीक्षा है ।

एक अन्य उग्रवादी घटना का भी अस्पताल सूत्रों से पता चला है, जिसके अनुसार अजनवाल गांव का एक पटवारी करनैल सिंह अपने एक साथी सतनाम सिंह के साथ स्कूटर पर जा रहा था कि कथित उग्रवादियों ने स्कूटर छीनने की कोशिश की और विरोध करने पर गोली चला दी, जिस से दोनों मामूली घायल हो गए । यह दोनों रात साढ़े दस बजे के लगभग यहां सिविल अस्पताल में दाखिल हुए मगर आज वह अस्पताल से जा चुके थे, इस लिए विवरण का पता नहीं चल सका ।

जालंधर के सदर थाना क्षेत्र के ग्राम चौगिट्टी के पास दो उग्रवादियों ने एक श्री व्हीलर चालक साधू राम को गोली मार कर घायल कर दिया । वह घर लौट रहा था जब उग्रवादियों ने उसे रोक कर गोली चलाई । उसकी हालत गंभीर है ।

वार्ता के अनुसार उग्रवादियों ने जालन्धर शहर रेलवे स्टेशन से उसका श्री-व्हीलर किराए पर लिया था और चौगिट्टी के पास लड्डूक क्रासिंग पर गोली मार कर साधु राम को घायल कर दिया और श्री-वहीलर लेकर फरार हो गए ।

सदर थाना क्षेत्र में ही गुरचरण सिंह से दो उग्रवादियों ने उसका स्कूटर छीन लिया ।

एक सूचना के अनुसार माडल टाऊन गुरुद्वारे के पीछे सड़क पर तीन उग्रवादियों ने गुरबख्श सिंह से उसका हरा चेतक स्कूटर नम्बर पी.ए.क्यू. 6840 छीन लिया ।

कल रात्रि नूरमहल क्षेत्र में उग्रवादियों ने सतनाम सिंह से उसका स्कूटर, घड़ी, 2700 रुपए छीन लिए ।

बम कांड की जांच

इस बीच जालन्धर में 2 जून के बम कांड की जांच तेजी से जारी है । बम रखने वाले उग्रवादी अजमेर सिंह के पिता से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने इनके एक अन्य साथी के परिवार से पूछताछ की है और फिर कुछ टीमें बाहर भेजी हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस कांडकादोषी नौअजमेर सिंह के साथ मरा था, की अभी तक पहचान नहीं हो सकी किन्तु इस गिरोह के कुछ अन्य सदस्यों की पहचान हो गई है और उनकी गिरफ्तारी किसी भी समय सम्भावित है । (शेष पृष्ठ 12 पर)



अमृतसर में दूसरे दिन भी जारी कर्फ़्यू के दौरान सुनसान पड़ा क

श्यामा शर्मा का आच अपितु महिलाओं के

नाहन, 6 जून (सैनी): हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह ने गत दिवस कहा कि पराजित राजनीतिज्ञों को मतदाताओं के निर्णय को स्वीकार करना चाहिए तथा अगले आम चनाव तक इंतजार करना चाहिए । उन्हें विदेशी शक्तियों के हाथों में कठपुतली बनकर बिना मुद्दों पर धूल उड़ाकर उचित ढंग से निर्वाचित सरकार को हटाने के षड्यंत्रों में सम्मिलित नहीं होना चाहिए । मुख्यमंत्री ने नाहन में सिरमौर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जन-जागरण रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश को 21वीं सदी की ओर ले जाने के लिए इसकी आंखें श्री राजीव गांधी की ओर लगी हैं । श्री गांधी सार्वजनिक जीवन को स्वच्छ बनाने के अपने वायदे का पालन कर रहे हैं तथा जो उनके भ्रष्टाचार के विरुद्ध जिहाद से प्रभावित हुए हैं, वे चरित्रहनन कर रहे हैं । इसके साथ ही ईर्ष्यालु विदेशी शक्तियां अस्थिरता तथा विघटन के माध्यम से भारत को कमजोर करने के प्रयास कर रही हैं । भारत अपनी स्वतंत्रता की हर मूल्य पर रक्षा करेगा । उन्होंने कहा कि भारत सभी राष्ट्रों के साथ मित्रता चाहता है, परन्तु वह अपनी क्षेत्रीय अखंडता पर किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा ।

श्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि श्री राजीव गांधी ने हथियारों के सौदे की जांच हेतु एक संसदीय समिति नियुक्त करने का निर्णय लिया है और राष्ट्र को आश्वासन दिया है कि दोषी पाया गया कोई भी व्यक्ति बच नहीं पाएगा ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी

उपदान दे रहा है अगर मूल्यों में अ सहायता हेतु सम वर्ष किया गया थ

श्री वीरभद्र कि हिमाचल प्र हिमपात तथा अ हानि पहुंच रही है हुए हैं । उन्होंने पर्याप्त राहत देगी लिए 45 करोड़

पश्चिम धर्मस्थ

नई दिल्ली, पश्चिम बिहार के द्वार पर आज रात धार्मिक स्थल की पुलिस ने इस विस बारे में कोई प्रत्यक्षदर्शियों ने व दुपहिया स्कूटर पर इन्होंने बताया कि

थोड़ी देर तक धुआं

छोटी सी बात

रंगा

श्री राजीव गांधी दिल से अच्छे व्यक्ति प्रतीत होते हैं, लेकिन उनके इर्द-गिर्द लोग अच्छे नहीं हैं : कांची शंकराचार्य



कम्पनियां, ठेकेदार, डाक्टर, वकील, शराब व्यापारी, भवन निर्माता आयकर छापों का अगला निशाना बनेंगे

नई दिल्ली, 6 जून (जी.एस. चावला): काले धन और छुपी हुई आय का पता लगाने के लिए आय कर विभाग द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष में चलाए जा रहे अभियान का अगला निशाना पब्लिक लिमिटिड कम्पनियां, ठेकेदार, डाक्टर, वकील आदि व्यावसायिक व्यक्ति, सलाहकार, शराब व्यापारी और सम्पत्ति के सौदे होंगे । वित्त मंत्रालय ने आयकर विभाग के अनुसार युक्ति-संगत नहीं होते ।

अदा की जाने वाली ऊंची कमीशन, भारी शेयर मूल्यों के आधार पर पब्लिक लिमिटिड कम्पनियों को जांच-पड़ताल के लिए चुना जाएगा । जहां तक ठेकेदारों का संबंध है, आय कर विभाग की राय है कि इस धंधे में भ्रष्टाचार व्याप्त है क्योंकि भारी पैमाने

Punjabi Tribune

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

गिरफ्तार

पुलिस ने थाना फिल्लौर के गांव खानपुर में गत रात्रि नाकेबंदी के दौरान एक संदिग्ध आतंकवादी गुरनाम सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक दोनाली बंदूक व 6 कारतूस बरामद किए ।

इसी बीच कल लाडोवाली रोड जालन्धर पर एक आयल स्टोर में लूटने की जो घटना हुई थी, उसमें दो स्कूटर सवारों ने 5500 रुपए लूटे थे । पुलिस सूत्रों ने कहा कि स्टोर के सेल्स मैन से 3,000 रुपए लूटे गए जबकि 2500 रुपए एक ग्राहक बिहारी लाल से लूटे गए । केस दर्ज कर लिया गया है ।

कर्फ्यू में ढील

अमृतसर (अशोक सोनी): जिला प्रशासन ने अमृतसर शहर में लगाए गए कर्फ्यू में आज यहां सायं 4 बजे से 6 बजे तक दो घंटे की ढील दी । किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है तथा स्थिति शांत बताई गई है ।

आल इंडिया स्टूडैंट्स फैडरेशन (गुरजीत धड़ा) आज दरबार साहब परिसर में 'शहीदी सम्मेलन' न कर सका ।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कर्फ्यू में ढील की घोषणा प्रशासन को इस बात का संतोष होने के बाद ही की गई कि कानून व्यवस्था की कोई समस्या पैदा नहीं होगी । इससे पहले अधिकारियों ने दरबार साहब परिसर के अंदर की स्थिति पर कड़ी निगाह रखी जहां गुरजीत धड़े ने 'शहीदी सम्मेलन' करने की घोषणा की थी ।

जिला मैजिस्ट्रेट श्री रमेश इंद्र सिंह ने कहा कि 'शहीदी सम्मेलन' के सिलसिले में अखंड पाठ का भोग डाल दिया गया है । उन्होंने कहा कि भोग रस्म में भाग लेने के लिए रागियों और ग्रंथियों को कर्फ्यू पास दिए गए थे ।

एक सम्वाददाता ने दरबार साहब परिसर के दौरे के दौरान देखा कि अधिकारी परिसर के बाहर से लाऊड स्पीकरों पर तीर्थ यात्रियों को अपील कर रहे थे कि वे बाहर आ जाएं ताकि उन्हें रेलवे स्टेशन पहुंचाया जा सके ।

सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (गुरजीत धड़ा) के प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि जिलाधिकारियों ने उनका सम्मेलन नहीं होने दिया ।

जिला पुलिस प्रमुख मुहम्मद इज़हार आलम ने स्पष्ट किया कि स्वर्ण मंदिर में प्रवेश करने के लिए कर्फ्यू का उल्लंघन करने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी । श्री आलम फैडरेशन के कार्यवाहक अध्यक्ष गुरजीत सिंह की धमकी का जिक्र कर रहे थे । गुरजीत सिंह ने सिखों से अपील की थी कि वे 'घल्लूघारा कार्यक्रम' में भाग लेने स्वर्ण मंदिर पहुंचें । वरिष्ठ पुलिस और सुरक्षा बल अधिकारियों ने नगर कोतवाली में डेरा डाल दिया है । वे स्थिति पर सतर्क दृष्टि रखे हुए हैं ।

अधिकारियों की बैठक

पुलिस और सुरक्षा बल अधिकारियों की आज बैठक हुई, जिसमें पंजाब पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक के.पी.एस. गिल, जालन्धर के करके उनकी राइफलें छीनीं और फिर उन्हीं से गोरा लाल दम्पति की हत्या की । गोरा लाल के पुत्र विजय कुमार पर भी उन्होंने गोली चलाई पर वह बच गया ।

हिन्दुओं द्वारा हड़ताल

बादशाहपुर में गोरा लाल व उसकी पत्नी की हत्या तथा प्रशासन की अल्पसंख्यक समुदाय को सुरक्षा प्रदान करने में विफलता पर प्रोटैस्ट करने के लिए हिन्दू दुकानदारों ने हड़ताल की । इस घटना से क्षेत्र के अल्पसंख्यक समुदाय में भय उत्पन्न हो गया है । लोगों में इस बात को लेकर रोष है कि पूरी तरह सशस्त्र आधी दर्जन आतंकवादी आधी रात से लेकर तड़के तक दनदनाते रहे और पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी । ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की कोई गश्त नहीं है । पुलिस ने इस घटना का सुराग लगाने के लिए खोजी कुत्ते भी मंगाए लेकिन कोई सफलता न मिल सकी ।

दुकानदार घायल

गत रात 8.30 बजे के करीब पटियाला से 40 किलोमीटर दूर गोबिंदगढ़ मंडी में गुरु की नगरी में तीन साइकल सवार आतंकवादियों ने एक दुकानदार तारा चंद को गोली मार कर घायल कर दिया । एस. एस. पी. ने बताया कि एक आतंकवादी ने तारा चंद पर पिस्तौल से गोली चलाई क्योंकि उसने कैश उनके हवाले करने से इन्कार कर दिया था । उन्होंने बताया कि घायल होने के बावजूद तारा चंद ने बहादुरी से आतंकवादियों का सामना किया । इस बहादुरी के लिए एस. एस. पी. ने उसे नकद ईनाम और प्रशंसा पत्र दिया है । इससे पूर्व इन्हीं आतंकवादियों ने गोबिंदगढ़ क्षेत्र में दो लोगों से 300 रुपए छीने ।

तारा चंद को गत रात पटियाला के राजेंद्रा अस्पताल में लाया गया लेकिन उसकी हालत गम्भीर होने के कारण आज प्रातः उसे पी. जी. आई. चंडीगढ़ ले जाया गया । मंडी गोबिंदगढ़ पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

श्री भुल्लर ने बताया कि बादशाहपुर गोलीकांड के बारे में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं ।

सामाना से 'वर्मा' के अनुसार उग्रवादियों ने गोरा लाल के 24 वर्षीय बेटे विजय कुमार को भी मारने की कोशिश की लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो सके । लड़का हिम्मत करके भाग गया । गोरा लाल व उसकी पत्नी की लाशों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सामाना लाया गया । मृतकों के शरीर पर गोलियों के 8-10 निशान हैं ।

2 संदिग्ध पकड़े

कपूरथला (शर्मा) : एस. पी. श्री के. एल. लेखी ने बताया कि गत रात पुलिस पार्टी ने थाना सुल्तानपुर लोधी के गांव भरोआना के निकट गश्त के दौरान एक ट्रैक्टर पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली तो जसवंत सिंह उर्फ जस्सा के कब्जे से एक देसी पिस्तौल तथा 2 गोलियां बरामद हुईं । जसवंत सिंह उर्फ जस्सा तथा उसका दूसरा साथी शिंगारा मौला शेख मांगा के निवासी हैं । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि उनके पास ट्रैक्टर भी चोरी का है । उनसे आगे पूछताछ जारी है ।

भूसे के ढेरों को आग

फरीदकोट के पुलिस कप्तानों से विचार-विमर्श किया । उन्होंने अधिकारियों को गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया । उन्होंने जिलाधीशों तथा पुलिस कप्तानों को जिला में संयुक्त रूप से दौरे करने का भी निर्देश दिया ।

जोगेंद्र सिंह का पुत्र गिरफ्तार

मोगा (सर्व.): बाघापुराना पुलिस ने गत रात्रि एकीकृत अकाली दल के नेता बाबा जोगेंद्र सिंह के लड़के हरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया । उसकी गिरफ्तारी पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा गांव रोडे में घर-घर की तलाशी के दौरान की गई ।

आतंकवादी का मकान जलाया

गत रात्रि थाना बाघापुराना के गांव रोडे में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक संदिग्ध आतंकवादी मलकीयत सिंह के मकान को आग लगा दी ।

भटिंडा पुलिस ने कोटफलता ग्राम के पास मुठभेड़ के बाद दो उग्रवादी पकड़े जिनसे पिस्तौल व कारतूस बरामद हुए ।

दस लाख का कत्था लूटा

तलवाड़ा (मदन गोपाल शास्त्री) : कल रात्रि तीन बजे एक ट्रक में सवार 15 हथियारबंद उग्रवादियों ने ग्राम अमदोह में मास्टर जौहर लाल के कत्थे के भट्ठे से दस लाख रु. मूल्य का 90 क्विंटल कत्था लूट लिया । थाना संसारपुर टैरस पुलिस में लिखाई गई रिपोर्ट के अनुसार ट्रक नम्बर पी.बी.एन. 9796 में आए उग्रवादियों ने ट्रक भट्ठे से थोड़ी दूरी पर खड़ा किया और भट्ठे पर आकर वहां काम कर रहे लोगों को रस्सियों से बांध दिया । इसके बाद वे कत्था ट्रक में भर कर फरार हो गए ।

लुधियाना में हालात सामान्य

लुधियाना (मुसाफिर): यहां कर्फ्यू उठा लिए जाने के बाद नगर में हालात सामान्य हो गए हैं । दुकानें एवं शिक्षण संस्थान भी खुल गए हैं । आज बाजारों में बहुत गहमागहमी रही ।

'बम' के फोन से तनाव

एक सूचना के अनुसार आज दोपहर बाद यहां एक समाचार पत्र को किसी उग्रवादी संगठन का सदस्य बताते हुए किसी व्यक्ति ने फोन किया कि कार्यालय के सामने की शराब की दुकान में बम रख दिया गया है, जो सायं 5 बजे फट जाएगा । इस पर जी.टी. रोड के संलग्न क्षेत्र में तनाव उत्पन्न हो गया । इस पर भारी संख्या में पुलिस पार्टी एस.पी. सिटी श्री संजीव गुप्ता के नेतृत्व में घटना स्थल पर भागी आई और शराब के ठेके व निकटस्थ सिनेमा हाल की पूर्णतया तलाशी ली । इस दौरान जी.टी. रोड पर दोनों तरफ कड़ी नाकाबंदी कीगई । लेकिन बमकहीं भी न मिला,यह धोखा मात्र सिद्ध हुआ ।

हिसार सर्वाधिक गर्म रहा

नई दिल्ली, 6 जून (वार्ता): उत्तर भारत में आज भी लोग तेज गर्मी से परेशान रहे और सर्वाधिक तापमान हरियाणा के हिसार में 44 डिग्री सैल्सियस रिकार्ड किया गया । राजधानी दिल्ली, नारनौल और गुड़गांव में तापमान 43 डिग्री सैल्सियस रिकार्ड किया गया । इसके साथ ही लू के झोंकों से इस क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा ।



भारतीय वा
पर संतोष

रही हैं तथा उन
कि कुमारी श
राजनीतिक का
के लिए भी एक
श्यामा शर्मा क
वन माफिया की
नही करनी चा
शर्मा में राजनी
उन्हें लोकायुक्त
चाहिए ताकि
सच्चाई को जन

हिमाचल
संसद सदस्य
विरोधी श्री रा
विरुद्ध विदेशी
होळर सीधे-सी
प्रयत्न कर रहे
के सभी कांग्रेस
साथ खड़े हैं
उनकी नीतियों
हेतु सभी प्रयास
सिंह ने ओलाव
शीघ्र राहत देने
तथा चारे की व

जम्मू—क
स

जम्मू, 6
टीचर्स फैडरेश
समीक्षा समिति
असंतोष प्रकट
आयोग द्वारा सु
मांगों को लेकर
करने की घोषण

आज यहां
के महासचिव श्
सरकार की स
सिफारिशों की

अध्यक्ष गुरजीत सिंह की धमकी का जिक्र कर रहे थे । गुरजीत सिंह ने सिखों से अपील की थी कि वे 'घल्लूघारा कार्यक्रम' में भाग लेने स्वर्ण मंदिर पहुंचें । वरिष्ठ पुलिस और सुरक्षा बल अधिकारियों ने नगर कोतवाली में डेरा डाल दिया है । वे स्थिति पर सतर्क दृष्टि रखे हुए हैं ।

अधिकारियों की बैठक

पुलिस और सुरक्षा बल अधिकारियों की आज बैठक हुई, जिसमें पंजाब पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक के.पी.एस. गिल, जालन्धर के उपमहानिरीक्षक ए.ए. सिद्दीकी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के उपमहानिरीक्षक एस.एस. वीर और जिला पुलिस प्रमुख मुहम्मद इज़हार आलम ने भाग लिया ।

जिलाधीश श्री रमेश इंद्र सिंह ने इस बात का खंडन किया कि स्वर्ण मंदिर में प्रवेश पर विशेष प्रतिबंध लगाया गया है । सरकारी सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों और अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के घल्लूघारा दिवस की सभा में केवल वही लोग शामिल हो सकें, जो मंदिर में मौजूद थे । सभा में 1984 में इस दिन ब्ल्यू स्टार कार्रवाई में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई ।

आग लग गई

अमृतसर कोर्ट रोड पर स्थित उत्पाद शुल्क एवं कर विभाग के कार्यालय में आज आग लगने से महत्वपूर्ण दस्तावेज जल कर राख हो गये । दमकल कर्मचारियों को आग पर काबू पाने में दो घंटे लगे । पुलिस आग लगने के कारण की जांच कर रही है ।

दमकल कर्मी घायल

आग बुझाने की प्रक्रिया में एक कर्मचारी विनोद कुमार दीवार की ईंट सिर में आ लगने से घायल हो गया । इसे अस्पताल में दाखिल कराया गया । उसकी दशा खतरे से बाहर है । दमकल विभाग का कहना है कि कार्यालय का तीन-चौथाई रिकार्ड जलने से बचा लिया गया ।

दम्पति की हत्या

पटियाला (भूषण): गत रात्रि इस जिले के थाना घग्गा के अंतर्गत मंडी बादशाहपुर में आधी दर्जन उग्रवादियों ने एक दम्पति की गोली मार कर हत्या कर दी । एस. एस. पी. श्री गुरइकबाल सिंह भुल्लर ने बताया कि नकाबपोश 6 व्यक्ति पहले गांव सोहना कट्ठ गए तथा वहां से गुरमेल सिंह से 315 बोर की राइफल छीन ली । इसके बाद वे वहां से 6 किलोमीटर दूर बादशाहपुर गए और वहां अमरजीत गोयल के घर से एक 12 बोर की बंदक छीनी । इसके बाद वे श्री गोयल के घर के सामने स्थित एक कमीशन एजेंट गोरा लाल के घर में दाखिल हुए और गोरा लाल व उसकी पत्नी कमला देवी की हत्या कर दी ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार उग्रवादियों ने पहले गुरमेल सिंह व अमरजीत सिंह के घरों पर हमला

फिल्म 'परिवार' वाले बन्दर और कुत्ते को हालीवुड से बुलावा !!

मद्रास-हालीवुड के मुख्य प्रोड्यूसर गोलान गलोबस (कैनन ग्रुप) ने पिछले दिनों फिल्म 'परिवार' देख कर बजरंगी बन्दर और बहादुर कुत्ते को अपनी एक आने वाली फिल्म में बंदर और कत्ते के

सुल्तानपुर लोधी के गांव भरोआना के निकट गश्त के दौरान एक ट्रैक्टर पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली तो जसवंत सिंह उर्फ जस्सा के कब्जे से एक देसी पिस्तौल तथा 2 गोलियां बरामद हुईं । जसवंत सिंह उर्फ जस्सा तथा उसका दूसरा साथी शिंगारा मौला शेख मांगा के निवासी हैं । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि उनके पास ट्रैक्टर भी चोरी का है । उनसे आगे पूछताछ जारी है ।

भूसे के ढेरों को आग

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव राम नगर ढेरा में एक व्यक्ति हरभजन सिंह के भूसे (तूड़ी) के ढेरों को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने आग लगा दी, जिसका पता सवेरे चला । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

घायल करके लूट लिया

नकोदर (गगन): कल रात दस बजे के करीब दो सगे भाई सतनाम सिंह और बलवीर सिंह नहर की पटरी के साथ-साथ स्कूटर पर अपने गांव जा रहे थे कि रास्ते में चार आतंकवादियों ने उन्हें घेर लिया तथा गोलियां चलाकर उन्हें घायल करके 2700 रुपए नकद, दो घड़ियां तथा स्कूटर नम्बर बी.बी.के. 6688 छीन कर फरार हो गए । घायलों को सिविल अस्पताल जालंधर में दाखिल करा दिया गया ।

स्कूटर छीना

खरड़ (शशि): दो अज्ञात व्यक्तियों ने खरड़-मोरिंडा रोड पर गांव मदौली के पास एक स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । पुलिस जांच कर रही है

2 आतंकवादी, कांस्टेबल गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स.): पुलिस ने दो कट्टर आतंकवादियों तथा एक पुलिस कांस्टेबल को जिला में सक्रिय आतंकवादियों को हथियार व गोला बारूद सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया है । तथाकथित शोले रैजीमैंट से सम्बन्धित आतंकवादियों को हथियार सप्लाई करने वाले कांस्टेबल का नाम बलजिंदर सिंह बताया गया है । आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में कल एक सी.आई.डी. कांस्टेबल गिरफ्तार किया गया था । दो कट्टर आतंकवादियों जसवंत सिंह तथा जागीर सिंह को निहालसिंह वाला और बाघा पुराना से गिरफ्तार करके उनसे 2 पिस्तौलें तथा 23 कारतूस पकड़े गए ।

कांस्टेबल बलजिंदर सिंह 'शोले रैजीमैंट' के तथाकथित 'जनरलों' तथा लैफ्टीनैंट जनरलों' को कांस्टेबलों की बैल्टें व वर्दियां भी सप्लाई करता था । जिला पुलिस चीफ़ श्री गोबिंद राम ने कहा कि रैजीमैंट के सदस्य पुलिस की वर्दियों में अपराध करते थे ।

इसी मध्य फिरोजपुर डिवीजन के आयुक्त श्री दर्शन कुमार ने कल यहां डिवीजन की कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में फिरोजपुर, भटिंडा व

प्रतिदिन तीन शो

भारी रश के साथ चल रहे हैं

देखिये एशिया का महान



गर्म रहा

नई दिल्ली, 6 जून (वार्ता): उत्तर भारत में आज भी लोग तेज गर्मी से परेशान रहे और सर्वाधिक तापमान हरियाणा के हिसार में 44 डिग्री सैल्सियस रिकार्ड किया गया । राजधानी दिल्ली, नारनौल और गुड़गांव में तापमान 43 डिग्री सैल्सियस रिकार्ड किया गया । इसके साथ ही लू के झोंकों से इस क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा । रोहतक का अधिकतम तापमान 42 डिग्री और अम्बाला का 40 डिग्री सैल्सियस रहा । दिल्ली में तापमान 43 डिग्री रिकार्ड किया गया ।

पंजाब में पटियाला और लुधियाना में तापमान 42 डिग्री सैल्सियस रहा जबकि अमृतसर में 41 डिग्री रहा । हिमाचल में बिलासपुर सबसे गर्म स्थान रहा जहां तापमान 38 डिग्री सैल्सियस रिकार्ड किया गया ।

लखनऊ : उत्तर प्रदेश में 7 व्यक्तियों की मृत्यु हो जाने से अब तक गर्मी और लू से मरने वालों की संख्या बढ़ कर 14 हो गई ।

बम्बई : आज दोपहर के बाद मानसून पूर्व वर्षा होने से गर्मी से त्रस्त लोगों ने राहत की सांस ली । आज सारा दिन आकाश में बादल छाए रहे । मौसम विभाग के अनुसार मानसून पश्चिमी तट की ओर आगे बढ़ते हुए गोवा तक पहुंच चुका है । आगामी एक दो दिनों में बम्बई में मानसून पहुंचने की आशा है ।

किसान परेशान

अबोहर, 6 जून (सदोष): राज्यपाल द्वारा गेहूं की सरकारी खरीद पुनः शुरू किए जाने के आदेश का सरकारी खरीद एजैंसियों पर रत्ती भर भी असर नहीं हुआ । स्थानीय प्रशासन भी स्थिति पर कुंडली मारे बैठा है ।

कच्चा आढ़ती एसोसिएशन ने एक बयान जारी किया है । कहा गया है कि सरकारी खरीद एजैंसियों ने अबोहर में धांधली मचा रखी है ।

बयान में मार्कफैड की तीखी आलोचना करते हुए कहा गया है कि मार्कफैड ने बेशक 50 प्रतिशत गेहूं खरीदी लेकिन जिला मैनेजर उतेजपाल सिंह की नादानी व नासमझी के कारण स्थिति यह रही कि कभी बारदाना नहीं मिला तो कभी भुगतान में देरी हुई ।

प्रताप सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

गायत्री देवी को अपनी पार्टी का उम्मीदवार मान लें । चौ. प्रताप सिंह ने कहा कि मैं महम में चौ. देवी लाल और रोड़ी में अपने छोटे भाई रणजीत सिंह की सहायता करूंगा । उन्होंने एकीकृत अकाली दल के नेता कै. अमरेन्द्र सिंह पर कांग्रेस (इ) का एजैंट होने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह हरियाणा के सिखों को गलत चक्कर में डाल रहे हैं । एक प्रश्न के उत्तर में चौ. प्रताप सिंह ने विचार प्रकट किया कि तोशामक्षेत्र से चौ. बंसी लाल इस बार शायद ही चुनाव जीत सकें । रिवासा कांड के कारण राजपूत, ब्राह्मण और अग्रवाल उन्हें वोट नहीं डालेंगे । इस बार वह हेराफेरी भी नहीं कर सकेंगे ।

दीपक सिनेमा

Sex Suspense
USHA KHAN

हरिय... व लोक...

करनाल, 6 जून... सिख मतदाता हरिय... मामले में विभिन्न... समान नेतृत्व के अ... सहानुभूति इंका तथा... सिख बहुल क्षेत्र असं... सफीदों (जिला जींद)... का आभास मिला वि... लोकदल के प्रति झु... तक इन क्षेत्रों में लो... कोई लहर नहीं थी

वस्तुतः सिख स... अकाल तख्त के नि... अभी तक सिंह सा... निर्देश नहीं दिये हैं... है कि हरियाणा के... जनता पार्टी को सम... अमरेंद्र सिंह द्वारा ब... दिया है । सिख ब... बताया कि 'आप्रेश... कैप्टेन अमरेंद्र सिंह... दिया था तो उस सम... मन में उनके प्रति... थी । लेकिन बाद... व्यवहार के कारण... हो गई ।

श्री प्रकाश सिंह... का सिरसा, अम्बाल... हिसार जिलों के... लेकिन अब इन दो... है । इन क्षेत्रों में... कार सेवा कुरुक्षेत्र... तथा बाबा हरबंस...

बाबा चरन सिं... हैं । दिल्ली के... मतदाताओं को कि... जबकि बाबा विरस... का समर्थन करने...

हरियाणा के... प्रभाव कुछ क्षेत्रों त... सिख नेता श्री करत... प्रभाव अम्बाला के... जाट किसानों पर...

जिला सिरसा...

समीक्षा समिति की... असंतोष प्रकट किया... आयोग द्वारा सुझाए ग... मांगों को लेकर 'काम... करने की घोषणा की...

आज यहां एक सं... के महासचिव श्री मुक... सरकार की समिति... सिफारिशों की हैं वह... तो यह प्रस्तावित... अपमानजनक भी हैं...

Punjab Sanad



प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी रविवार को हरियाणा की अपनी चुनाव यात्रा के दौरान फरीदाबाद में (बाएं) कांग्रेस (इ) की एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए । (दाएं) सभा में उपस्थित महिलाएं । (छाया : बनोत्रा)

पुलिस मुठभेड़ों में 3 उग्रवादी मरे : कुख्यात अपराधी दर्शन सिंह सहित कई गिरफ्तार : अमृतसर में कर्फ़्यू खत्म : 2 हत्याएं

चंडीगढ़, 7 जून (वार्ता, ह.स.): जिला गुरदासपुर में एक पैट्रोल पम्प कर्मी की हत्या करके भाग रहे 2 उग्रवादी नरोट मेहरा में मुठभेड़ में मारे गए जबकि अमृतसर जिला में एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया । जिला भटिंडा में उग्रवादियों ने एक ठेके के कर्मचारी को मार डाला । जिला गुरदासपुर में खालिस्तान लिबरेशन .फ़ोर्स के 2 सदस्य, उग्रवादियों को शरण देने में 2 व्यक्ति, पटियाला जिला में राजनीतिज्ञों से सम्बन्ध रखने वाले दुर्दांत उग्रवादी दर्शन सिंह को, एक मिनी शस्त्र फ़ैक्टरी, जिला फरीदकोट में उग्रवादियों को शरण देने वाले एक दर्जन व्यक्ति कृषि सोसाइटी से 25 हजार बसूलने वाले 2 उग्रवादी तथा जिला रोपड़ में छह उग्रवादी पकड़े गए । जम्मू के हीरा नगर क्षेत्र में 3 पाकिस्तानियों को मुठभेड़ के बाद हथियारों समेत गिरफ्तार कर लिया। मुक़ेरियां में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने का प्रयास विफल हो गया । अमृतसर शहर में आज प्रातः 6 बजे कर्फ़्यू पूरी तरह से हटा लिया गया ।

हत्या करके भागे दो उग्रवादी मरे

पठानकोट (महेंद्र पाल गुप्ता): आज सुबह यहां से पांच किलोमीटर दूर पठानकोट-जम्मू मार्ग पर मलिकपुर में दो उग्रवादियों ने भारत पैट्रोलियम के पैट्रोल पम्प मैसर्ज़ सतीश एंड कम्पनी के एक क्लर्क सुदेश कुमार महाजन (22) की गोलियां मारकर हत्या कर दी, जबकि पैट्रोल पम्प के दूसरे कर्मचारी मनसाराम ने भाग कर जान बचाई । बाद में दोनों उग्रवादी नरोट मेहरा के निकट पुलिस मुकाबले में मारे गए । पैट्रोल पम्प के मालिक सतीश मित्तल के अनुसार आज प्रातः पांच बजे एक ट्रक इस पैट्रोल पम्प पर डीज़ल डलवाकर गया था। कुछ मिनट बाद ही दो उग्रवादी पैट्रोल पम्प पर आए और कर्मचारियों से कैश मांगा । जब कर्मचारियों ने कहा कि उनके पास चाबियां नहीं तो उन्होंने पिस्तौल निकाल कर फ़ायरिंग कर दी और सुदेश कुमार महाजन की हत्या कर दी । दूसरे कर्मचारी ने भाग कर जान बचाई । यह इस क्षेत्र में हत्या की दूसरी घटना है । मार्च महीने में भी मलिकपुर से दो-तीन किलोमीटर दूर परना में तीन उग्रवादियों ने एक दुकानदार नागरमल की दकान पर अंधाधुंध फ़ायरिंग करके एक गनमैन और एक ग्राहक की हत्या कर दी थी । बाद में तीनों उग्रवादी पुलिस के साथ मुकाबले में मारे गए थे । सतीश कुमार महाजन यहां कई वर्षों से अकाउंटैंट का काम करता था । वह इंदिरा कालोनी का रहने वाला है । उसके दो छोटे भाई और दो बहनें हैं । उसकी आयु केवल 22 वर्ष थी और वह कुंवारा था । बाप की मौत के बाद घर का खर्चा चला रहा था । घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. विरदी ने अनेक पुलिस पार्टियों के साथ क्षेत्र को घेर लिया । अंततः नरोट मेहरा के निकट उग्रवादियों को घेर लिया जहां पुलिस मुकाबले में दोनों की उग्रवादी मारे गए । इस प्रकार छः घंटे के बाद ही पुलिस ने दोनों उग्रवादियों को मार डाला ।

सुदेश कुमार महाजन की आज सायं अंत्येष्टि कर दी गई । मा. मोहन लाल व नरोट मेहरा के राम लाल (विधायकों) और शिव सेना के प्रेम मेहरा ने महाजन के परिवार को एक लाख रुपए की सहायता देने और उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): गत रात थाना डेरा बाबा नानक के गांव कोटली सूरत मल्ली के निकट पुलिस और सीमा सुरक्षा बल से मुठभेड़ के बाद 2 उग्रवादियों लखबीर सिंह टोनी (कोटली सूरत मल्ली) और बलबीर सिंह बीरा (ठेठरके) को पकड़ कर एक 32 बोर का रिवाल्वर, एक 303 का पिस्तौल, कुछ चले और कुछ ज़िंदा कारतूस बरामद किए गए हैं । एस. एस. पी. जे. पी. विरदी ने बताया कि ये दोनों खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के सदस्य हैं और गत दिनों गांव शिकार माछियां के निकट मुठभेड़ में दिल्ली दास उर्फ़ जोगेंद्र सिंह के ग्रुप से पकड़े गए 8 सदस्यीय गिरोह के सदस्य हैं । अब इस गिरोह के सभी सदस्य पकड़े जा चुके हैं । इस गिरोह ने लोगों से हथियार छीन कर बड़ी संख्या में डेरा बाबा नानक, फतेहगढ़ चूड़ियां और बटाला में निर्दोष लोगों की हत्या करने की योजना बनाई थी ।

शरण देने में दो बंदी

फतेहगढ़ चूड़ियां क्षेत्र के बलबीर सिंह और जोगिंदर सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । वह एक खतरनाक आतंकवादी अवतार सिंह रूपेवाली को शरण देते थे ।

ज़ेवर, नकदी लूटे

गत रात श्रीहरगोबिंदपुर के भाम के एक व्यक्ति कुलजीत सिंह के घर से 4 उग्रवादी सोने के ज़ेवर, नकदी और अन्य सामान लूट कर ले गए ।

के. पी. एस. गिल द्वारा मंत्रणा

पंजाब पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक के. पी. एस. गिल ने आज यहां पुलिस और सुरक्षा बलों के उच्चाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया और कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायज़ा लिया ।

बैंक लूटने का प्रयास

दसूहा (झाबर): यहां से 15 किलोमीटर दूर मुकेरियां में गत रात उग्रवादियों ने पंजाब नैशनल बैंक की पिछली दीवार में लगी लोहे की ग्रिल तोड़ कर बैंक लूटने की कोशिश की । जब वह स्ट्रांग रूम तोड़ने की कोशिश कर रहे थे तो पड़ोसी जाग गए । शोर सुन कर उग्रवादी भाग निकले । बैंक मैनेजर एम. एल. बग्गा ने आज प्रातः पुलिस को सूचित किया । पुलिस ने घटनास्थल से एक वैल्डिंग सैट, एक गैस सिलैंडर, एक कम्बल और कुछ लोहे के औज़ार बरामद किए । इसके अलावा पुलिस ने 500 फुट दूर एक बाग में पड़ा 3 फुट लम्बा एक और गैस सिलैंडर बरामद किया है । पुलिस इंस्पैक्टर करणजीत सिंह शर्मा के अनुसार इस घटना में प्रयुक्त एक थ्री व्हीलर पी.ए.बी. 2538 बरामद कर लिया गया है, जबकि एक अभियुक्त की शिनाख्त भी हो गई है । (शेष पृष्ठ 8 पर)

अकाल तख्त के जत्थेदार से बातचीत का हमारा कोई प्रस्ताव नहीं है : बरनाला

लुधियाना, 7 जून (धीमान) : पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बरनाला ने आज यहां कहा कि हमारा ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है कि अकाल तख्त के कार्यकारी जत्थेदार दर्शन सिंह के साथ कोई बातचीत की जाए । उन्होंने कहा कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू करने का उल्टा असर हुआ है और न केवल सारी वस्तुस्थिति बल्कि ला-एंड-आर्डर की हालत भी बिगड़ गई है । इसके अलावा पंजाब की कृषि धन बिल्कुल नष्ट हो रहा है, क्योंकि सरकारी एजेंसियां गेहूं नहीं खरीद रहीं ।

श्री बरनाला जो यहां अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन के सम्बन्ध में आए थे, ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि उनकी सरकार ने गांवों में जो विकास कार्य आरम्भ किए थे, वे बिल्कुल ठप्प हो गए हैं और धीं बांध के निर्माण का काम भी सुस्त हो गया है । श्री बरनाला ने एकीकृत अकाली दल की आलोचना करते हुए कहा कि पहले तो इसके नेताओं ने राष्ट्रपति शासन का स्वागत किया परन्तु अब सिख युवकों पर हो रहे अत्याचारों के लिए उसकी आलोचना कर रहे हैं ।

श्री रणवीर सिंह चीमा के बारे में पूछे जाने पर श्री बरनाला ने कहा कि मेरा ख्याल है, बहुत अधिक कार्यकर्त्ता पार्टी को छोड़ कर नहीं जाएंगे । श्री चीमा ने पार्टी छोड़ने के मामले पर विचार करने के लिए प्रथम जून को सरहिन्द में कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई थी, मगर वह बैठक स्थगित करनी पड़ी थी, क्योंकि उसे अनुभव हो गया था कि उसे वर्करों का समर्थन प्राप्त नहीं ।

नए ढांचे में अकाली वर्करों की गिरफ्तारी की आलोचना करते हुए श्री बरनाला ने कहा कि लौंगोवाल अकाली दल के वर्कर विशेष रूप से आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ रहे थे । लोगों को हालात से अवगत करने के लिए अकाली दल ने सम्मेलनों का जो क्रम आरम्भ कर रखा है, वह 12 जून को समाप्त हो जाएगा ।

और ओलावृष्टि से पंजाब में 800 करोड़ से 1000 करोड़ रुपए तक गेहूं की फसल को क्षति पहुंची है । पंजाब का बजट 4400 करोड़ रुपए का है, यदि 700 करोड़ रुपए की राशि किसानों को मुआविजे के रूप में दे दी जाए तो उसे कोई मुश्किल नहीं आएगी ।

मुसाफिर के अनुसार श्री बरनाला ने कहा कि मैं अकाल तख्त को सर्वोच्च मानता हूं । जो अकाली नेता और वर्कर पार्टी छोड़ गए हैं । यदि वे वापस आने लगेंगे तो हम उनका स्वागत करेंगे । श्री बलवंत सिंह ने कहा कि अप्रैल में शराब के 598 ठेके बंद थे । मगर जब राष्ट्रपति राज लागू किया गया, उस समय केवल 214 ठेके बंद रह गए थे । श्री बरनाला ने कहा कि राष्ट्रपति राज हरियाणा के चुनाव जीतने के लिए लागू किया गया ताकि हिन्दुओं के वोट हासिल किए जाएं ।

भाई दविंद्र सिंह को श्रद्धांजलि

गुरदासपुर, 7 जून (विनोद): प्रसिद्ध रागी भाई दविंद्र सिंह जिनकी 25 मई को आतंकवादियों ने गोली मार कर उनके गांव नबीपुर में हत्या कर दी थी, आज उनके भोग तथा अंतिम अरदास समारोह पर पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे तथा उनकी धर्मपत्नी ने हिस्सा लिया और भाई दविंद्र सिंह रागी को श्रद्धांजलि भेंट की । भाई दविंद्र सिंह रागी के परिवार वालों ने पंजाब के राज्यपाल से एक मकान, गतक रागी की विधवा को पैंशन, परिवार

प्रो. दर्शन सिंह द्वारा 13 को सिख वकीलों की प्रसभा आमंत्रित

अमृतसर, 7 जून (ह.स.): अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह ने सिख युवकों के कथित दमन, उसकी समाप्ति के उपाय निकालने और पंजाब की निकृष्ट स्थिति को समाप्त करने के लिए आगामी 13 जून को सिख वकीलों की एक प्रसभा बुलाई है ।

प्रोफैसर दर्शन सिंह ने आज संवाददाताओं को बताया कि प्रसभा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी परिसर के तेजा सिंह समुन्दरी हाल में होगी ।

प्रोफैसर दर्शन सिंह ने कहा कि उन्होंने तीन सिख रागियों की पिटाई पर जिलाधीश से कड़ा विरोध प्रकट किया है । ये तीनों रागी शुक्रवार को कर्फ़्यू के दौरान स्वर्ण मंदिर से कीर्तन करके लौट रहे थे जब उन्हें पीटा गया । उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अपने शरीरों पर कथित पिटाई के निशान दिखलाए ।

प्रो. दर्शन सिंह ने सिखों को एकता के लिए अपील की । उन्होंने एक वक्तव्य में कहा कि व्यक्तियों या दलों को सिख एकता के लिए कार्य करना चाहिए क्योंकि वर्तमान संकट में से निकलने का यह एकमात्र ढंग है । पंजाब के भूतपूर्व मंत्री श्री रणधीर सिंह चीमा और उनके समर्थकों द्वारा अकाली दल (ल) से निकल आने और अपनी सेवाएं अकाल तख्त को सौंपने पर उन्होंने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की ।

'पंथ के नाम पर एक बच्चा अधिक पैदा करो'

Punjab Sampadni

उग्रवादी मरे ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा

अमृतसर (सोनी): अमृतसर के मजीठा पुलिस थाने के माढ़ी खुर्द गांव में आज सुबह पुलिस एवं सुरक्षा बलों की नाका पार्टी से मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । घटनास्थल से 315 बोर की एक राइफ़ल और कुछ अप्रयुक्त कारतूस बरामद हुए हैं । पुलिस के अनुसार दो व्यक्तियों को ललकारे जाने पर उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी । जवाबी गोली में एक संदिग्ध आतंकवादी मारा गया, जबकि दूसरा भाग गया ।

भागने वाले उग्रवादी की शिनाख्त जगजीत सिंह (लालू नंगल) के रूप में हुई है।

ह.स. व वार्ता के अनुसार एस.पी. सिटी सुरेश अरोड़ा ने बताया कि मृत उग्रवादी रंजीत सिंह गुरदासपुर का रहने वाला था । वह अमृतसर व गुरदासपुर में कई लोगों की हत्याओं व डकैतियों में वांछित था । उसने गत सप्ताह मजीठा रोड अमृतसर में लोक गायक हरदेव सिंह खुशदिल, फतेहगढ़ चूड़ियां में एक भू.पू. सैनिक तथा एक दुकानदार की हत्या की थी । उसके पास से एक 315 बोर की राइफल, कुछ कारतूस बरामद हुए । मुठभेड़ तब हुई जबकि संदिग्ध व्यक्तियों को सुरक्षा बलों ने रोका तो उन्होंने गोली चला दी । जवाबी फायरिंग में रंजीत सिंह मारा गया और दूसरा फरार हो गया ।

तीन उग्रवादी चौक मेहता थाना में दो ग्रामीणों से उनकी लाइसैंसी बंदूकें उठा ले गए । ठंडे ग्राम में निरंजन सिंह से व जलाल उस्मान में भात सिंह के घर से बंदूकें व कारतूस छीने गए ।

अजनाला क्षेत्र में पाकिस्तान से सीमा पार करके आए दो भारतीय तस्करों हरजिंदर सिंह व जसवन्त को गिरफ्तार कर लिया गया ।

कर्फ़्यू समाप्त

अमृतसर में आज सुबह छह बजे से कर्फ़्यू पूरी तरह उठा लिया गया । यहां गत गुरुवार को आतंकवादी-वारदात में छह व्यक्तियों की हत्या के बाद शुक्रवार की सुबह से कर्फ़्यू लगा दिया गया था ।

अधिकारियों के अनुसार 47 घंटे के कर्फ़्यू के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई ।

गोली मार कर घायल कर दिया

5 उग्रवादियों ने कल रात थाना ब्यास के गांव कोट बुट्टर में एक व्यक्ति सतपाल को उसके घर में घुस कर गोली मार कर घायल कर दिया । उसकी जांघ में गोली लगी है । सिविल अस्पताल के डाक्टरों ने उसकी हालत ख़तरे से बाहर बताई है ।

सुरक्षा बल देखते रह गए

अमृतसर में आज कुछ संदिग्ध व्यक्तियों का सुरक्षा बलों ने दरबार साहब परिसर क्षेत्र में पीछा किया, लेकिन गुरु रामदास सराय के निकट से वह परिसर में घुस गए और सुरक्षा बल असहाय से बाहर खड़े रहे । अधिकारी इन संदिग्ध व्यक्तियों की संख्या और नामों बारे चुप्पी साधे हुए हैं ।

दुकान में आग

जालन्धर (वि.स.): कल रात 11 बजे के करीब यहां नकोदर रोड पर स्थित मोहन लाल साइकल वर्क्स की दुकान में आग लग गई जिससे दुकान के अन्दर पड़ा सारा सामान जल गया । यह दुकान साइकल मुरम्मत की थी । फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आधे घंटे तक संघर्ष करने के बाद आग पर काबू पाया । लगभग 10-12 हजार रुपए की क्षति का अनुमान है । बताया जाता है कि दुकान के अन्दर 800 रुपए नकद भी पड़े थे । दुकान के साथ स्थित बलवन्त सिंह आरेवाले की दुकान को भी क्षति पहुंची और एक पंखा व कुछ शहतीरियां जल गईं । पुलिस डिवीजन नम्बर चार में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है । आग का कारण अज्ञात है ।

मिनी शस्त्र फ़ैक्टरी पकड़ी गई

पटियाला (भूषण): जिला पुलिस चीफ़ जी. आई.एस भुल्लर ने आज यहां बताया कि कल रात स्थानीय तेजबाग कालोनी में अवैध हथियार बनाने की फ़ैक्टरी पकड़ी गई । इस सम्बन्ध में 18 वर्षीय तरुण वालिया को पकड़ा गया है, जिसने हथियार बनाने की ट्रेनिंग अपने अंकल से ली थी । उसका अंकल भू.पू. सैनिक था और अब उसकी मृत्यु हो चुकी है । तरुण के घर में स्थित फ़ैक्टरी से काफ़ी सामान मिला है । वह पिस्तौल और रिवाल्वरों के अलावा कारतूस भी बनाया करता था । उससे 12 बोर की पिस्तौल के छः बैरल, लोहे के बट, 50 कैप्स, विभिन्न बोर के कारतूस और हथियार बनाने के औज़ार बरामद हुए हैं । उसने स्वीकार किया कि अढ़ाई माह पहले उसने हिंदू छात्र संघ के दो वर्करों के रिवाल्वरों की मुरम्मत भी की थी ।

दुर्दांत उग्रवादी दर्शन सिंह काबू

बरनाला सरकार के एक मंत्री सहित कई राजनीतिज्ञों से सम्बन्ध रखने वाले दुर्दांत उग्रवादी दर्शन सिंह को कल रात मुठभेड़ के बाद सरहिंद पुलिस थाना क्षेत्र में गिरफ्तार कर लिया गया । श्री भुल्लर ने बताया कि दर्शन सिंह एक अन्य उग्रवादी दिलबाग सिंह के साथ स्कूटर पर जा रहा था, जब पुलिस ने उन्हें रोका तो वह स्कूटर छोड़ कर खेतों में भागे और पोज़ीशन लेकर पुलिस पर फ़ायरिंग करने लगे । जवाबी फ़ायरिंग के दौरान अंधेरे का लाभ उठा कर पिस्तौलधारी दिलबाग सिंह भाग निकला लेकिन दर्शन सिंह को 12 बोर की बंदूक सहित पकड़ लिया गया । दर्शन सिंह लूट की तीस वारदातों के अलावा कई उग्रवादी घटनाओं में वांछित था ।

उल्लेखनीय है कि भू.पू. मंत्री चंदूमाजरा का रिमांड यह कह कर लिया गया था कि उग्रवादी दर्शन सिंह को तलाश करने के लिए चंदूमाजरा को गंगानगर ले जाना पड़ेगा । कल रात वही दर्शन सिंह पकड़ा गया ।

खोखे जलाने में दो बंदी

सिख छात्र संघ के दो नेताओं अजीत सिंह (पटना, बिहार) और गुरमीत सिंह (कौली) को







पठानकोट के पास मलिकपुर में पैट्रोल पम्प के कर्मचारी सुदेश कुमार (1) की हत्या करके भाग रहे दो उग्रवादी (2 व 3) पुलिस से हुई मुठभेड़ में मारे गये । (महेन्द्र पाल गुप्ता)

छः उग्रवादी बंदी

रोपड़ (वर्दी): पुलिस और सी.आर.पी.एफ. की एक संयुक्त नाका पार्टी ने कल तीन स्कूटरों पर सवार छः उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो उग्रवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी, लेकिन संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद सभी ने आत्मसमर्पण कर दिया । उनसे एक 12 बोर का पिस्तौल और 18 कारतूस बरामद हुए । मुठभेड़ में कोई घायल नहीं हुआ । यह तीनों स्कूटर इन्होंने छीने थे । एक स्कूटर बस्सी पठानां (पटियाला) थाना के गांव गरांगन से तथा दो स्कूटर जिला रोपड़ से छीने गए थे । इन्होंने सरहिंद में बिजली बोर्ड कार्यालय से 35000 रु. छीनने के अलावा पटियाला तथा लुधियाना जिलों में कई वारदातें करने का अपराध स्वीकार किया है । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों में से दो तो अपने निकट के रिश्तेदारों को मारना चाहते थे । एक तो

कर रहे किसान पर उग्रवादियों ने 4 फ़ायर किए, लेकिन वह बच गया । सी.आर.पी.एफ. की गश्ती टुकड़ी पहुंचने से पहले ही उग्रवादी अंधेरे में भाग गए ।

हथियारों समेत 3 पाकिस्तानी काबू

जम्मू (वार्ता): जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हीरा नगर क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद तीन पाकिस्तानियों को गिरफ्तार किया । जम्मू रेंज के डी. आई.जी. ए. के. सूरी ने बताया कि इनकी शिनाख्त कर ली गई है । ये लाहौर के फ़ैज़ल करीम तथा मोहम्मद अकरम और सियालकोट का मोहम्मद अनवर हैं । उन्होंने बताया कि इनके पास से एक स्टेनगन, एक कारबाइन, एक रिवाल्वर एक पिस्तौल के अलावा बड़ी संख्या में कारतूस भी बरामद किए गए । श्री सूरी ने बताया कि इन्हें करीब एक घंटे की गोलीबारी के बाद गिरफ्तार किया गया ।

जालन्धर (ह.स., वार्ता): आज सायं यहां से 25 किलो मीटर दूर डोलीके ग्राम में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

2 पाकिस्तानी गिरफ्तार

जम्मू (ह.स.): गत रात्रि ज़िला कठुआ की तहसील हीरा नगर के गांव चकलाबद्दू में हुए मुकाबले के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 3 सशस्त्र पाकिस्तानियों को गिरफ्तार कर लिया । डी.आई.जी. पुलिस (जम्मू रेंज) श्री ए.के. सूरी के अनुसार पाक नागरिकों से भारी मात्रा में शस्त्र भी बरामद हुए हैं ।

श्रीलंका हवाई रक्षा...

(पृष्ठ 3 का शेष)

के पीड़ितों के लिये भारतीय वायुसेना के विमानों द्वारा राहत सामग्री गिराये जाने से श्रीलंका सरकार को हवाई रक्षा प्रणाली तैयार करने का एक तात्कालिक बहाना मिल गया है । वहां की सरकार ने भारत के साथ बातचीत शुरू करने के लिये जिस तरह यकायक दिलचस्पी लेनी शुरू की है उसे एक 'प्रपंच' मानना चाहिए क्योंकि वास्तव में इस तरह की हवाई प्रणाली तैयार करने के लिये श्रीलंका समय प्राप्त करना चाहता है ।

जाफना प्रायद्वीप के पश्चिमोत्तर प्रांत में थिल्लिपलाई शहर पर कब्जा करने के प्रयास में कंकेसनथुरयी सैनिक शिविर से आज सुबह निकली श्रीलंकाई सेना को लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (एल.टी.टी.ई.) के छापामारों के भारी प्रतिरोध के कारण अपनी बैरकों में वापस लौटना पड़ा ।

भारत ने कोलम्बो स्थित भारतीय उच्चायोग के सामने श्रीलंका के सत्तारूढ़ दल द्वारा जाफना में विमान से राहत सामग्री गिराने के विरोध में प्रदर्शन करने के कार्यक्रम पर गम्भीर रुख अपनाया है । यहां मिली खबरों के अनुसार कल या उसके बाद उच्चायोग के समक्ष प्रदर्शन किए जा सकते हैं ।

राजीव पौना घंटा पानी को तरसते रहे !

अहमदाबाद, 7 जून (नि.स.) : पेयजल संकट का सामना कर रहे गुजरात में खुद प्रधानमंत्री को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा । मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी और इंका नेताओं द्वारा की गई भाग-दौड़ के बावजूद प्रधानमंत्री को 45 मिनट से पहले पानी सुलभ नहीं हो सका ।

नैशनल फर्टिलाइज़र्ज लिमिटिड

पानीपत यूनिट

No. NFL/PT/Prod/SG/30/87 तिथि : 30.5.1987

निविदा आमंत्रण सूचना

अनुभवी पार्टियों से कोल मिल रिजैक्ट्स के कोल बिल एरिया से प्लांट के अन्दर निर्दिष्ट स्थान पर स्थानांतरण और डम्पिंग एरिया से उसकी बिक्री के लिए कोटेशनें आमंत्रित हैं ।

निविदा दस्तावेज अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी कार्य दिवस को 11 जून

Punjabi Sahatani

लेकिन दर्शन सिंह को 12 बोर का पिस्तौल बरामद हुए। मुठभेड़ में कोई घायल नहीं हुआ। यह तीनों स्कूटर इन्होंने छीने थे। एक स्कूटर बस्सी पठानां (पटियाला) थाना के गांव गरांगन से तथा दो स्कूटर जिला रोपड़ से छीने गए थे। इन्होंने सरहिंद में बिजली बोर्ड कार्यालय से 35000 रु. छीनने के अलावा पटियाला तथा लुधियाना जिलों में कई वारदातें करने का अपराध स्वीकार किया है। गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों में से दो तो अपने निकट के रिश्तेदारों को मारना चाहते थे। एक तो अपने पिता, भाई और चाचा की तथा दूसरा अपने मामा की हत्या करना चाहता था। गिरफ्तार व्यक्तियों में से दो जिला रोपड़ और शेष चार जिला पटियाला के हैं।

ठेका-कर्मी की हत्या

नथाना (अमरजीत): गत रात उग्रवादियों ने पूहला, सेमा और भुच्चो कैंचियां के ठेकों में पड़ी शराब की बोतलें तोड़ दीं और सेमा स्थित ठेके के कर्मचारी लाभ सिंह(55) की हत्या कर दी। लाभ सिंह (भुच्चो कलां) का शव पूहला के निकट मिला। उग्रवादी पूहला के ठेके से 2100 रुपया भी लूट कर ले गए।

12 गिरफ्तार

मोगा (ह.स.): पुलिस और सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान फरीदकोट जिला में उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में एक दर्जन व्यक्तियों तथा मिलनैन गांव की सहकारी कृषि सोसाइटी से 25 हजार रुपए लूटने वाले दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए उग्रवादियों को आर्थिक तथा नैतिक समर्थन देने वालों तथा उन्हें भागने में मदद देने वालों में बारे महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।

दो नकाबपोश उग्रवादियों ने मोगा सब-डिवीजन के गांव मिलनैन स्थित सहकारी कृषि सोसाइटी से कल 25000 रुपए लूट लिए, लेकिन निकटवर्ती गांव बधनी कलां की झाड़ियों में छिपे इन उग्रवादियों को सी. आर. पी. और एक भूतपूर्व सरपंच ने देख लिया और बाहर निकलने को कहा, मार डालने की धमकी पर बाहर निकल आए। दोनों उग्रवादी इसी गांव के थे।

फरीदकोट से 'जिंदल' के अनुसार फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी.डी.एस. मोही ने बताया कि ज़िला फरीदकोट में नाकेबंदियों के दौरान 5 उग्रवादियों गुरजंत सिंह, लाल सिंह, मुकन्द सिंह, हरीसिंह तथा गुरबख्श सिंह को तथा पांच शरणदाताओं जसवन्त सिंह, जंगीर सिंह, सोहन सिंह, मंगल सिंह और जगरूप सिंह को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 315 बोर की 3 पिस्तौलें, 12 बोर की एक पिस्तौल, 12 बोर की एक राइफल, 303 बोर के 2 पिस्तौल, 315 बोर की एक पिस्तौल तथा 38 बोर की एक बंदूक तथा बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए गए।

'शोले रैजीमैंट का सफ़ाया

फिरोज़पुर रेंज के डी.आई.जी. श्री मोही ने दावा किया कि मेजर सिंह और हरपाल सिंह की गिरफ्तारी से पुलिस ने 'शोले रैजीमैंट' का सफ़ाया कर दिया है। इस गिरोह के सदस्यों को पनाह देने वाले चार अन्य व्यक्ति भी गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

हत्या का प्रयास

एक निकटवर्ती गांव में कल रात खेतों में काम



परिणाम

अरुणाचल प्रदेश सरकार
द्वारा स्वीकृत

डीलक्स डर्बी

सुपर वीकली

डीलक्स डर्बी सुपर वीकली के 20वें ड्रा का परिणाम जो 7.6.87 को अप. 2.30 बजे जजों की देखरेख में, डोन्यी-पोलो मिशन के सान्निध्य में ईटानगर में निकाला गया।

LUCKY SERIES H
LUCKY NO. 98379

OTHER SERIES
A, B, C, D, E, G, J, M.

1st Prize H-98379
Prize amount in Lucky series Rs. 5,00,000/- & in other series Rs. 5,000/- each.

2nd Prize On all tickts. ending with last 4 digits of 1st Prize. 8379
(Prize amount in Lucky series Rs. 5000/- each & in other series Rs. 500/- each.)

3rd Prize On all tickts. ending with last 3 digits of 1st Prize. 379
(Prize amount in Lucky series Rs. 500/- each & in other series Rs. 50/- each.)

4th Prize On all tickts. ending with last 2 digits of 1st Prize. 79
(Prize amount in Lucky series Rs. 50/- each & in other series Rs. 10/- each.)

5th Prize On all tickts. ending with last 1 digit of 1st Prize. 9
(Prize amount in Lucky series Rs. 25/- each & in other series Rs. 5/- each.)

6th Prize On ascending & Descending nos. of 5th Prize 8, 0
(Prize amount in Lucky series Rs. 10/- each & in other series Rs. 5/-each.)

अगला ड्रा 14.6.87 को अप. 2.30 बजे

कृपया परिणाम अधिकृत रजिस्टर से मिला लें। विजेताओं से प्रार्थना है कि वे अपने पुरस्कारों का दावा, टिकट के पीछे मुद्रित निर्देशानुसार करें।

आर्गनाइजिंग एजेंट : दुर्गा एजेंसीज़,
प्रशासनिक कार्यालय : पालिका प्लेस, आर. के. आश्रम, मार्ग, नई दिल्ली-1
सैक्रेटरी डोन्यी-पोलो मिशन, ईटानगर अरुणाचल प्रदेश-791111,

यहां मिली खबरों के अनुसार कल या उच्चायोग के समक्ष प्रदर्शन किए जा सकते हैं।

राजीव पौना घंटा पानी को तरसते रहे !

अहमदाबाद, 7 जून (नि.स.) : पेयजल संकट का सामना कर रहे गुजरात में खुद प्रधानमंत्री को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी और इंका नेताओं द्वारा की गई भाग-दौड़ के बावजूद प्रधानमंत्री को 45 मिनट से पहले पानी सुलभ नहीं हो सका।

यहां इंका कार्यकर्त्ताओं के सम्मेलन के दौरान श्री राजीव गांधी एक वातानुकूलित तम्बू में वरिष्ठ इंका नेताओं से सलाह-मशविरा कर रहे थे कि उन्हें प्यास लगी। इशारा मिलते ही, वहां मौजूद इंका महासचिव रघुनंदन लाल भाटिया बाहर की ओर से लपके और श्री गांधी के लिए पानी लाने का आदेश दिया। आदेश सुनते ही पुलिस अफसरों, पार्टी कार्यकर्त्ताओं और नेताओं में खलबली मच गई। एक पुलिस अफसर प्लास्टिक की एक टंकी से पानी भर लाया, जिसे देख कर मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी क्रोधित हो उठे।

उन्होंने प्रधानमंत्री की गाड़ी में से पानी लाने का आदेश दिया। उसमें पानी नहीं था। तब मुख्यमंत्री ने पास के सर्किट हाऊस से पानी मंगवाया। इस भाग-दौड़ में 45 मिनट बीत चुके थे।

गेहूं चूहे खा जाते हैं

जालन्धर, 7 जून (ह.स.): कृषि विभाग पंजाब के निदेशक श्री सुखदेव सिंह ने आज यहां बताया कि चूहे देश में प्रति वर्ष 500 करोड़ रुपए का खाद्यान्न नष्ट कर देते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में प्रति वर्ष चूहे 7.74 करोड़ रुपए की 516 लाख टन गेहूं खा जाते हैं।

बंसी लाल, राव वीरेंद्र आपे से बाहर

रिवाड़ी, 7 जून (चौहान) : प्रधानमंत्री राजीव गांधी की यहां चुनाव सभा में भीड़ द्वारा शोरगुल जारी रखने से मुख्यमंत्री श्री बंसी लाल और भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री राव वीरेंद्र सिंह आपे से बाहर हो गए। श्री बंसी लाल ने हाहाकार कर रही भीड़ की ओर उत्तेजित मुद्रा में संकेत करते हुए कुछ कहा। राव वीरेंद्र सिंह ने कहा—मैं जानता हूं कि आप लोगों को किराए पर बुलाया गया है। इन लोगों का इलाज हमें आता है। इन धमकियों के बावजूद शोरगुल जारी रहा। इसके बाद प्रधानमंत्री के भाषण से पूर्व भीड़ ने प्रैस गैलरी के साथ लगा तम्बू उखाड़ दिया।

पंजाब से संलग्न हिमाचल की सीमा असुरक्षित : कौशल

ऊना, 7 जून (ललित शर्मा): आल इंडिया किसान सभा के महासचिव श्री के.के. कौशल ने कहा है कि पंजाब के साथ हिमाच प्रदेश की सीमा असुरक्षित है तथा मुट्ठी भर पुलिस कर्मचारी ही सीमा पर चैक पोस्टों पर तैनात हैं। उन्होंने कहा कि 27 मई को पांच आतंकवादी गंगूवाल रोड के निकट सीमांत गांव कुलांवाला टोबा में दाखिल हुए और रात 10.15 बजे एक शराब की दुकान से पांच हजार रुपए लूट लिए।

Punjabi Saratan

दो आतंकवादी भिड़ंत में मारे गये : एक का सिर कटा शव मिला

अमृतसर में मिनी विस्फोटक फैक्टरी से अधबना बम बरामद

कई स्थानों पर नकदी व अन्य सामान लूटा गया

चंडीगढ़, 8 जून (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में तीन संदिग्ध आतंकवादी मारे गए तो 8 अन्य गिरफ्तार किए गए । अमृतसर पुलिस ने मिनी विस्फोटक फैक्टरी पकड़ी तथा एक अपूर्ण देसी बम बरामद किया । कपूरथला पुलिस ने 4, भटिंडा पुलिस ने 2 उग्रवादी बंदी बनाए ।

3 मारे गए

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम तथा एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेंद्र सिंह ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि पुलिस और सी.आर.पी. द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध शुरू किए गए अभियान के परिणामस्वरूप गत रात्रि तीन और आतंकवादी मारे गए हैं । इनमें से एक आतंकवादी की लाश का सिर कटा हुआ था, जो कि कत्थूनंगल क्षेत्र में पड़ी हुई मिली । इस लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी लेकिन मृतक की आयु 40-42 वर्ष होने का अनुमान है । लाश के पास एक थैला मिला है जिसमें 30 के करीब धमकी भरे पत्र हैं जो सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स तथा अन्य आतंकवादी संगठनों के नामोंसे छपे फोर्मों पर लिखे हुए थे । ऐसा लगता है कि यह पत्र लोगों को दिए जाने थे ताकि उनसे रुपया बटोर जा सके या उनमें आतंक फैलाया जा सके । यह ख्याल भी किया जाता है कि इस आतंकवादी (जिसकी सिर कटी लाश मिली है) के साथ उनके साथी आतंकवादियों का रुपए के लेन-देन पर झगड़ा हुआ और उसके साथियों ने ही उसकी हत्या करके उसका सिर गायब कर दिया । दो आतंकवादी बाबा बकाला सैक्टर के गांव निज्जड़ से बाहर (थाना जंडियाला) में सुरक्षा बलों के साथ गत रात हुई भिड़ंत में मारे गए । इस सम्बन्ध में जो सूचनाएं मिली हैं उनके अनुसार एक स्कूटर पर सवार तीन आतंकवादी जा रहे थे । जब सुरक्षा बलों ने उन्हें रुकने के लिए संकेत दिया तो वे फायर करते हुए भागे । उन्होंने स्कूटर एक खेत में फेंक दिया तथा फिर पैदल ही खेतों में दौड़े लेकिन इसी दौरान गोलियां लगने से एक आतंकवादी गिर गया जिसके पास पड़ी हुई एक दोनाली बंदूक सुरक्षा बलों ने कब्जे में ले ली । उसका दूसरा साथी भी कुछ गज की दूरी पर सुरक्षा बलों की गोलियां लगने से गिरा और मारा गया । उसके पास से 38 बोर का रिवाल्वर पड़ा मिला है जबकि तीसरा आतंकवादी भाग जाने में सफल हो गया । मारे गए दोनों आतंकवादियों की आयु 20-22 वर्ष बताई गई है ।

श्री आलम ने यह भी बताया कि मई मास के दौरान सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंतों में 16 आतंकवादी मारे गए हैं या उनकी लाशें पड़ी पाई गई हैं । आतंकवादियों ने गत मास के दौरान ज़िला अमृतसर में 22 के लगभग लोगों को गोलियां मार कर मारा है जबकि पुलिस ने 100 के करीब आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किया । श्री आलम ने बताया कि एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गत रात कौलसर (दरबार साहब के निकट) गली अकालियां में स्थित एक मकान पर छापा मार कर आतंकवादियों के एक साथी नौजवान सतनाम सिंह को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से एक-दो-अढ़ाई किलो वजनी बम का लोहे का तैयार शुदा खोल बरामद किया गया । यह खोल पंजाब में अपनी किस्म का पहला है जिसमें बारूद भर कर उसे मोटर साइकल, स्कूटर या कार में रख कर बैटरी के साथ जोड़ने के बाद किसी भीड़-भाड़ वाले स्थान पर आतंकवादियों की ओर से रखा जाना था जिससे भारी प्राण हानि हो सकती थी । पुलिस के छापा के समय दो आतंकवादी वहां से फरार हो गए परन्तु उनके बारे में पुलिस को पता चल गया है । सतनाम सिंह की आयु 24-25 वर्ष के करीब है । उन्होंने यह भी

(शेष पृष्ठ 6 पर)

जैकी



बम्बई, 8 ... लिया है । सूत्र ... समाज रीति से ...

जैकी और ... वह लोकप्रिय ... नायिका थी । ... सफल न हो सच ...

2 जून के बम ... उग्रवादी अस्पत...

जालन्धर, 8 जून (वि.स.): जब 2 जून को बाद दोपहर 2.15 बजे यहां फ्रैंड्ज सिनेमा के बाहर एक कार में रखा ताकतवर टाईम बम फटा था और दो उग्रवादियों समेत चार व्यक्ति मारे गए थे और लगभग 32 लोग घायल हुए थे, तब से यह प्रश्न लगातार चल रहा था कि क्या बम रखने वालों का कोई साथी भी घायल हुआ था और हुआ तो उसका पता चल सका या न ।

गत एक सप्ताह के दौरान की खोजबीन के बाद इस प्रतिनिधि को जो सूत्र पता चले हैं, उनके अनुसार कम से कम एक उग्रवादी अवश्य घायल हुआ था और उसके बाजू पर गहरा जख्म आया था किन्तु वह उसी रात को कुछ ड्रामाई ढंग से बगैर शक पैदा किए वहां से चले जाने में सफल हो गया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बम कांड के समय मौका पर पांच उग्रवादी थे जिनमें से 2 कार की अगली सीट पर और एक पिछली सीट पर बैठा था और उनके दो साथी बाद में वहां पड़े मिले जाली नं. वाले स्कूटर पर थे ।

जो बम कार में था, वह 16 किलो ग्राम बारूद का था और यह और ऐसा एक और बम पाकिस्तान

हुआ किन्तु अन्य ... गए और और ... उग्रवादी भी दूर ... छोटा टाईम बम ... जोड़ न सके ।

सूत्रों के अनुसार ... चला है कि स्कूटर ... बम बीस मिनट के ...

उग्रवादियों ने लुधियाना जेल में संधु और सोखी को पीट डाला

लुधियाना, 8 जून (धी.): अकाली नेताओं का गृह-युद्ध आज खुले रूप से दिखाई देने लगा है । अब इसके नज़ारे जेलों के अन्दर भी पहुंच चुके हैं ।

भूतपूर्व मंत्री हरभजन सिंह संधु, जो अकाला दल (ल) के महामंत्री भी रह चुके हैं, और भूतपूर्व प्रैस सैक्रेटरी सुरजीत सिंह सोखी अमृतसर जेल में नजरबंद हैं । कहा जाता है कि वहां उग्रवादी युवक उन्हें अत्यधिक तंग करते थे । वहां से उन्हें लुधियाना की नई जेल में भेज दिया गया ।

अकाली क्षेत्रों में चर्चा है कि यहां भी विरोधी अकाली वर्करों से उनका ...

चीन द्वारा ईरान को शस्त्र बिक्री

वाशिंगटन, 8 जून (वार्ता): चीन ईरान को साठ करोड़ डालर के हथियार देगा । यहां "वाशिंगटन पोस्ट" अखबार में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा

सारे उ... सेना...

कोलम्बो, 8 ... तमिल छापामारों ... आज सम्पूर्ण उत्तर ... गया । सेना के ... फिलहाल बादामह ... को जोड़ने वाले म... रही है । जाफना ...

Punjab Archive

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

बताया कि गत दिनों जालन्धर के एक सिनेमा घर के निकट हुए बम धमाके की तरह ही यह कार्रवाई श्री आतंकवादियों की ओर से की जा सकती थी जिसे पुलिस ने समय रहते छापा मार कर विफल बना दिया । यह विस्फोटक सामग्री इमारतों को ध्वस्त करने के लिए काफी थी ।

श्री आलम ने यह भी बताया कि थाना जंडियाला के क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान राहजनियां करने वाले आतंकवादियों के गिरोह के 6 सदस्यों में से 4 को पुलिस ने गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से एक दोनाली बंदूक और दो पिस्तौल बरामद किए गए हैं । इनके नाम कुलबीर सिंह, तक्खा सिंह, त्रिलोक सिंह तथा हरभजन सिंह हैं । उनसे अब तक चार राहजनियों का सुराग मिला है और पुलिस ने जो हथियार बरामद किए हैं वे भी उन्होंने विभिन्न वारदातें करके लूटे हुए हैं ।

हत्या की वारदातें करने वाले आतंकवादियों के गिरोह के चार सदस्यों में से तीन को पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान गिरफ्तार किया है । इनमें सुखदेव सिंह, इन्द्रजीत सिंह तथा जगतार सिंह शामिल हैं । उनसे 303 का एक पिस्तौल व एक कृपाण मिली । पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ के अनुसार इन आतंकवादियों ने एक मास पहले गांव जोधा नगरी के एक ब्राह्मण की कृपाणें मार कर हत्या कर दी थी । उनके बारे में आगे जांच जारी है ।

एक सवाल के जवाब में श्री आलम ने कहा कि गिरफ्तार आतंकवादियों से पूछताछ के दौरान मिले सुराग के जरिए इस फैक्टरी का पता चला । गत सप्ताह जालंधर में हुए बम विस्फोट का इस फैक्टरी से सम्बन्ध होने के बारे में उन्होंने कहा कि फरार हुए दो व्यक्तियों में से एक का पकड़ा जाना काफी महत्वपूर्ण है । जब तक यह पकड़ा नहीं जाता पुलिस इस मामले में कुछ भी नहीं कह सकती । श्री आलम ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के दौरान पता चला है कि इस तरह का बम फैक्टरी में पहले कभी नहीं बना था ।

श्री आलम ने स्वीकार किया कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद जिला अमृतसर की कानून व्यवस्था की स्थिति में कोई तबदीली नहीं हुई । उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि पुलिस अकेली ही लड़ाई लड़ रही है और कानून लागू करने वाली अन्य एजेंसियां पुलिस को उसके काम में ज्यादा सहायता नहीं दे रहीं ।

एक एजेंसी की सूचना के अनुसार पुलिस ने एक मिनी विस्फोटक फैक्टरी पकड़ी जहां से एक अपूर्ण देसी बम के अलावा कुछ उपकरण व रसायन आदि भी मिले ।

बाबाकसर रोड स्थित मेला सिंह के घर में घुस कर चार उग्रवादियों ने उनकी लाइसैंसी बन्दूक छीन ली ।

पुलिस ने थाना चौक मेहता के गांव ऊधोके के तीन संदिग्ध आतंकवादियों सतनाम सिंह, नरेन्द्र सिंह व चंचल सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया है । उन पर आतंकवादियों को बम व अन्य विस्फोटक सामग्री सप्लाई करने का आरोप है ।

भटिंडा (गोबर): गत सायं तीन अज्ञात व्यक्तियों ने यहां से दस किलो मीटर दूर गांव सेमा में एक शराब की दुकान को आग लगा दी तथा एक कारिंदे का अपहरण करके बाद में उसकी हत्या कर दी । पुलिस जांच कर रही है । एक अन्य वारदात में दो अज्ञात व्यक्तियों ने मौड़ मंडी के निवासी रवीन्द्र कुमार से उसका स्कूटर नम्बर पी.एवी. 7689 छीन लिया ।

भटिंडा पुलिस ने एक मुठभेड़ में दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से एक पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले । पुलिस जांच कर रही है ।

जीप बरामद

फिरोजपुर (धीमान): फिरोजपुर थाना सदर क्षेत्र के निवासी राजेन्द्र सिंह तथा एक व्यक्ति बलबीर सिंह को कल फिरोजपुर-जीरा रोड पर गांव शेर खान में एक बारात की जीप जबरदस्ती ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । एस.एस.पी. श्री चालिहा ने बताया कि दोनों के कब्जे से जीप भी बरामद कर ली गई है ।

गोली मारकर घायल कर दिया

बाघापुराना (बिल्लू): दो सशस्त्र व्यक्तियों ने यहां से 9 किलो मीटर दूर समालसर में एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया । उसे सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया । उसकी दशा खतरे से बाहर बताई गई है । पुलिस ने हमलावरों का सुराग लगा लिया है तथा दावा किया कि यह आपसी शत्रुता का केस है ।

स्कूटर छीना, ए.एस.आई. निलम्बित

होशियारपुर से प्रद्युम्न ने सूचना दी है कि कल साढ़े आठ बजे रात यहां से दस किलो मीटर दूर लाचोवाली के पुल के पास तीन व्यक्तियों ने मुकेरियां के कुलदीप सिंह नामक एक व्यक्ति, जो होशियारपुर के मुहल्ला टिब्बा साहब में रहता है, पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर पी.जे.यू. 9692, एच.एम.टी. की घड़ी और 300 रुपए नकद छीन लिए । पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने इस संदर्भ में थाना सदर के ए.एस.आई. को निलम्बित कर दिया है । बताया गया है कि उसकी गश्त की ड्यूटी थी लेकिन वह गया नहीं था ।

ट्रक मिला

होशियारपुर के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हिमाचल के एक गांव से दस लाख रुपए मूल्य का कत्थे से लदा हुआ जो ट्रक उड़ा लिया गया था वह माल सहित पकड़ लिया गया है । इस केस में मुकेरियां का एक व्यक्ति भी वांछित है । ट्रक माल सहित हिमाचल पुलिस के हवाले किया गया है ।

संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

संगरूर (गर्ग): गत रात पुलिस ने एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक बंदूक व काफी कारतूस बरामद किए हैं । इस आतंकवादी की शिनाख्त अवतार सिंह गांव चट्ठे, निवासी के रूप में की गई है । पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या उसका किसी आतंकवादी संगठन से सम्बन्ध है ।

खतरनाक उग्रवादी गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): एस.पी. श्री के.एल. लेखी ने बताया कि जिला पुलिस ने गत 24 घंटों के दौरान 4 खतरनाक उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे दो स्कूटर, 8 हजार रुपए नकद, 17760 रुपए का ड्राफ्ट, एक रिवाल्वर 38 बोर 4 गोलियों सहित, एक देसी पिस्तौल 12 बोर व कुछ कारतूस बरामद किए । श्री लेखी ने बताया कि जालन्धर के एक किरयाना व्यापारी यशपाल से सुलतानपुर लोधी में गत दिनों दोपहर के समय पिस्तौल की नोक पर 30121 रुपए छीनने के मुख्य अभियुक्त कुलबंत सिंह उर्फ कंता को गिरफ्तार करने के लिए 3 जून को गांव गिद्दड़पिंडी में उसके मकान पर छापा मारा तो उसकी पत्नी, मां और भाई बलकार सिंह पुलिस से उलझ पड़े तथा बलकार सिंह सी.आर.पी. के ए.एस.पी. से रिवाल्वर छीनने की कोशिश करते हुए गोली चलाने से घायल हो गया । गत रात्रि पुलिस व सी.आर.पी. की गश्ती पार्टी ने सुलतानपुर लोधी के गांव चानणविंडी के निकट खतरनाक उग्रवादी कुलबंत सिंह उर्फ कंता को 38 बोर के रिवाल्वर तथा 4 गोलियों सहित गिरफ्तार कर लिया ।

गत रात थाना सुलतानपुर लोधी के क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक उग्रवादी अमरजीत सिंह वासी गुरुद्वारा संत घाट सुलतानपुर लोधी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक बजाज स्कूटर पी.जे. एक्स 2198 तथा 2700 रुपये नकद बरामद किए । पुलिस उसके दूसरे साथी जगतार सिंह की खोज में है । अमरजीत सिंह ने स्वीकार किया कि बिजली बोर्ड के एस.डी.ओ. श्री धीर को सुलतानपुर लोधी में धमकी पूर्ण पत्र उसने लिखा तथा अन्य भी कई धमकीपूर्ण चिट्ठियां लिखीं । श्री धीर को पत्र देने गया उग्रवादी पकड़ा गया था ।

श्री लेखी ने बताया कि आज प्रातः 8 बजे थाना भुलत्थ के गांव गोरेशाह के एक व्यक्ति करनैल सिंह से दो अज्ञात युवक उसका प्रिया स्कूटर नम्बर पी.बी.के. 4579 छीन कर ले गए । सूचना मिलने पर पुलिस ने नाकेबंदी कर ली तथा थोड़ी ही देर में दो उग्रवादियों सतपाल सिंह भयानी थाना टांडा तथा जसविंदर सिंह थाना दसूहा से स्कूटर बरामद कर लिया । उनसे एक पिस्तौल व 2 कारतूस मिले ।

आतंकवादी दनदनाते रहे

ज्ञात हुआ है कि 6 जून की रात को लगभग 9 बजे रिवाल्वरों आदि से लैस 7-8 उग्रवादी तीन गांव में जाकर लोगों को आतंकित करते रहे तथा उनसे हथियार आदि देने के लिए कहते रहे । पहले यह उग्रवादी गांव बस्सी के ठेके पर आए और उसके मॉलिक व कारिंदे को मारपीट की । वहां से 350 रुपये लूटकर उन्होंने बोतलें तोड़ डालीं । इसके बाद वह उग्रवादी एक मकान की दीवार फांद कर अंदर दाखिल हो गए तथा खाना आदि खाने के बाद वहां से 14 हजार रुपए लूट कर ले गए । इसके बाद वे टांडा आलेख के रिटायर्ड नायब तहसीलदार करतार सिंह के घर गए तथा हथियार मांगे । हथियार न मिलने पर वे कीमती कपड़े, दो बोतलें, विदेशी शराब तथा दूसरा सामान ले गए । इसके बाद गुरमीत सिंह व त्रिलोक सिंह के घर जाकर भी हथियार मांगे लेकिन सभी ने पहले ही अपने लाइसैंसी हथियार थाने में जमा करा दिए थे । उग्रवादी वहां से भी जो हाथ लगा, ले गए । इसके बाद वे गांव बोपाराय के एक जमींदार का ट्रैक्टर ले गए ।

नकदी व सामान लूटा

जालन्धर (वार्ता): गत रात्रि जिला जालन्धर के थाना भोगपुर के अंतर्गत गांव किशनपुरा में एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह के घर से लगभग 10 सशस्त्र व्यक्ति एक ट्रैक्टर, दो सोने की अंगूठियां, तीन घड़ियां, एक टेप रिकार्डर तथा 500 रुपए नकद लूट ले गए ।

एक अन्य वारदात में गत शाम थाना आदमपुर के गांव डोली के निकट दो सशस्त्र युवकों ने जय सिंह नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

भोगपुर थाना के खिरा चो बाला ग्राम में 5 उग्रवादियों ने कर्मजीत सिंह, अगरेज सिंह, तरसेम सिंह के घरों में घुस कर उनसे तीन राइफलें बन्दूकें छीन लीं ।

गोराया के पास विर्क ग्राम में 3 उग्रवादियों ने सोहन सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया ।

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय

सूचना

श्री लक्ष्मण सिंह, बस क्लीनर, ने अपनी पारिवारिक हालात को तय करने के लिए 17.3.87 से 31.3.88 तक छुट्टी देने के लिए 10.3.87 को एक दर्खास्त दी । अपनी छुट्टी की दर्खास्त के सम्बन्ध में निर्णय जाने बिना और छुट्टी को स्वीकार कराए बिना, वह कार्यालय में 13.3.87 को अपनी प्रस्थान रिपोर्ट छोड़ गया । श्री लक्ष्मण सिंह बस क्लीनर, द्वारा आवेदित छुट्टी की स्वीकृति नहीं दी गई और उसे तथ्यों के बारे में सूचित किया गया और नं. ए-II/87/ पी. एफ/2782 तिथि 19.3.87 के अनुसार, सूचना की प्राप्ति से एक सप्ताह के अंदर अपनी ड्यूटी पर आने का निर्देश दिया गया । प्रत्युत्तर में, उसने फिर अपने आवेदनपत्र तिथि

सूचना

एन.सी.सी. शिविर, करनाल

7 हरियाणा बटालियन करनाल का वार्षिक शिविर हिमाचल प्रदेश में कण्डाघाट के समीप लगेगा । शिविर की तिथियां 2 जुलाई से 13 जुलाई हैं । सभी एन.सी.सी. कैडेटों को सूचित किया जाता है कि 7 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी., करनाल में 25 जून तक सम्पर्क करें ।

D/10/209/25.87

हेगड़े स्वी... विलम्ब क...

बंगलौर, 8 जून... श्री रामकृष्ण हेगड़े... विलम्ब से यहां राज... लगाई जाने लगी हैं... रवाना होने से पहल... चुनाव के अवसर... पिछले दिनों श्री हेग... अपनी निजी यात्रा... अपनी इस यात्रा में... मंत्री ने कहा था कि... की बैठक में भाग... लौट आएंगे ।

लेकिन यह बा... चुनावों के कारण... अनिश्चितकाल के...

श्री हेगड़े के कि... श्री हेगड़े अब राष्ट्र... गांधी से टकराव क... श्री हेगड़े 15 जू... राष्ट्रपति पद के प्र... तिथि निकल चुकी...

बिजली के...

चंडीगढ़, 8 ज... किसानों के ट्यूबव... दिसम्बर मास तक... हाल ही की वर्षा... सरकारी तौर पर... वाले किसानों से प्र... जाएगी, जब धान...

पंजाब में कृ... सरकार ने यह क... वसूली स्थगित क... जहां खड़ी फस... किसानों को धान...

आई.ए.ए...

चंडीगढ़, 8... आई.ए.एस. अ... पंजाब स्टेट बेय... निर्देशक श्री राज... स्थान पर पंजाब... प्रशिक्षण विभाग... सलाहकार कौंसि...

भारतीय स... वरिष्ठ क्षेत्रीय प्र... कश्यप के स्था...

किस...

चंडीगढ़, ... विभाग ने हाल... लिए बहत-सी... ऋणों की अवी... की वसूली इत्य... सोसाइटियों के...

Punjabi Sansar.com

डाक्टर सहित 2 लोगों की हत्याएं, घायल महंत चल बसा, 2 शव मिले

विभिन्न मुठभेड़ों, नाकेबंदियों के दौरान राज्य-भर में कई उग्रवादी गिरफ्तार

जिला अमृतसर में तस्करों के विरुद्ध अभियान

चंडीगढ़, 9 जून (वार्ता): उग्रवादियों ने एक डाक्टर सहित 2 लोगों की हत्याएं कर दीं, एक घायल चल बसा। इसके अलावा राज्य में मुठभेड़ों व नाकेबंदियों के दौरान कई उग्रवादी गिरफ्तार किए गए। अमृतसर जिले में उग्रवादियों को हथियार आदि उपलब्ध कराने वाले तस्करों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया गया है।

दुकानदार की हत्या

जालंधर (वार्ता): तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों ने आज प्रातः जालंधर जिले के भोगपुर पुलिस थानांतर्गत घेराबाई गांव में एक दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक का नाम हुसन लाल बताया गया है। हत्यारे हुसन लाल की उसकी चाय की दुकान पर ही हत्या करके बकठंडू गांव की ओर भाग गए।

घायल महंत चल बसा

गत शनिवार को नकोदर थाना के गांव नूरपुर स्थित अपने डेरे में उग्रवादियों की गोलियों से घायल महंत शतानंद गिरि का आज सी.एम.सी. लुधियाना में देहांत हो गया।

महिला दुकानदार को लूटा

दो उग्रवादियों ने नकोदर थाना के गांव बाठकलां में श्रीमती प्रेम कुमारी की किरयाने की दुकान से 850 रु. नकद और घड़ी लूट ली। उग्रवादियों ने भागने से पहले श्रीमती प्रेम कुमारी का मुंह बांध दिया।

दोनाली लूटी

स्टेनगन और रिवाल्वरों से लैस चार उग्रवादियों ने कल रात जिला होशियारपुर के टांडा निवासी जगदीश सिंह से उसकी दोनाली बंदूक लूट ली।

गोली मारकर घायल कर दिया

'वि.स.' के अनुसार रात पौने एक बजे के लगभग तीन अज्ञात युवकों ने निकट की आबादी रामामंडी के एक मकान में घुसकर चुंगी मुहर्रर श्री सुधीर कुमार को गोलियां चला कर घायल कर दिया और फरार हो गए। प्राप्त विवरण के अनुसार तीनों अज्ञात युवकों, जो दीवार फांद कर लूटने की नियत से शायद दाखिल हुए थे, की आहट सुनने पर बाहर सोए श्री सुधीर कुमार ने उठ कर एक को जफ्फा डाला, मगर दूसरे ने उस पर गोली चला दी, जिससे उसकी टांग में कई जगह छर्रे लगे। इसका लाभ उठाकर पकड़ा गया लुटेरा भी अपने साथियों के साथ फरार हो गया। सुधीर कुमार इस समय सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है।

आतंकवादियों का जबरदस्त पीछा

गोराया से 'सीरा' के अनुसार आज शाम 4½ बजे दो आतंकवादियों ने फिल्लौर की तरफ स्थित बांसल संज पैट्रोल पम्प से अपने स्कूटर में पैट्रोल डलवाकर पिस्तौल की नोक पर उसे लूटने की कोशिश की लेकिन ऊपर से पैट्रोल टैंकर आ जाने के कारण वे गोराया की तरफ फरार हो गए। फिल्लौर से डी.एस.पी. श्री गुरचरण सिंह पुलिस फोर्स के साथ जीप में गोराया की ओर आ रहे थे। उन्होंने स्कूटर सवार आतंकवादियों को रुकने का इशारा किया लेकिन वे स्कूटर तेज करके भागे। जीप उनके पीछे लग गई। काफी दूर जाकर वे डल्लेवाल रेलवे फाटक के निकट रेलवे लाइन पार करके दो साइकल उठाकर भागे। आगे जाकर उन्होंने अपने साइकल फैंक दिए तथा एक स्कूटर वाले को पिस्तौल दिखाकर उसके पीछे बैठ गए और उसे स्कूटर तेज करने को कहा। पता चला है कि वे संग ढोसियां, ढांडे और नवांपिंड से होते हुए फिल्लौर की ओर गए। अन्तिम सूचना आने तक पुलिस पार्टियां पीछा कर रही थीं। कई जगह पर नाके लगाए गए।

कड़े सुरक्षा प्रबन्ध

जालंधर प्रशासन ने गत दो जून को जिलाधीश और एस.एस.पी. कार्यालय के निकट बम विस्फोट की घटना के बाद जिलाभर में सुरक्षा प्रबन्ध कड़े करने के लिए कई पग उठाए हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों और जिला जेल में सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए हैं। जेल के अन्दर सी.आर.पी. की एक प्लाटून तैनात की गई है। जेल परिसर में ऊंचे टावर बनाए गए हैं ताकि 24 घंटे परिसर में नजर रखी जा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

गुमराह युवकों को मुख्यधारा में लाना जरूरी : बरनाला

जीरा, 9 जून : भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने कहा है कि गुमराह युवकों को राष्ट्रीय मुख्य धारा में लाया जाना जरूरी है। गुरुद्वारा सिंह सभा में पार्टी वर्करों को संबोधित करते हुए श्री बरनाला ने कहा कि पंजाब समस्या का एक गहरा मनोवैज्ञानिक और राजनीतिक पहलू है जिसकी केंद्र सरकार निरन्तर उपेक्षा कर रही है। उन्होंने राज्यपाल श्री एस.एस. रे के इस बयान का स्वागत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि गुमराह युवकों के साथ नम्र, दया भाव से निपटा जाएगा तथा कानून विरोधी तत्वों के साथ सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि यह नीति सबसे निचले स्तर पर भी पहुंचनी चाहिए ताकि निर्दोषों को परेशान न किया जाए।

उन्होंने कहा कि दमनकारी पगों से समस्या हल नहीं की जा सकती। किसान आंदोलन का उल्लेख करते हुए श्री बरनाला ने कहा कि किसानों की उपज को न खरीदे जाने से कानून व्यवस्था की गम्भीर समस्या पैदा हो सकती है। उन्होंने राज्यपाल को याद दिलाया कि आर्थिक निराशा राज्य में उग्रवाद के मुख्य कारणों में से एक है।

पाकिस्तान में 5 भारतीयों

रमेश जी–हत्या वांछित वकील गि

चंडीगढ़, 9 जून (ह.स.): फरी
दैनिक पंजाब केसरी के प्रधान संप
चन्द्र की हत्या में वांछित एक वकील
एडवोकेट को गिरफ्तार कर लिया है
की हत्या 12 मई, 1984 को की
वकील को. जो कई अन्य हत्याओं में
कुछ समय पूर्व जालंधर की नई
सिपाहियों सहित छः लोगों की हत्या
ने छुड़ा लिया था। डी.आई.जी.
फरीदकोट में बताया कि आज तीन
एक मुठभेड़ के बाद पकड़े गए। इन
सिंह, जसबीर सिंह और रंधीर सिं
पिस्तौलें व एक रिवाल्वर बरामद हु
उग्रवादी 8 अन्य उग्रवादियों को श
और लोग गिरफ्तार किए गए।

वार्ता के अनुसार श्री मोही ने ब
ने फरीदकोट के एक वकील को श्री
हत्यारों स्वर्णजीत सिंह और भोला
सम्बन्धों के आरोप में गिरफ्तार क
उग्रवादियों ने करोल बाग दिल्ली से
लूटा था।

जिंदल के अनुसार इस व
किरनदीप सिंह है। स्वर्णजीत
हत्याओं में वांछित है। किरन
फरीदकोट के तत्कालीन एस.एस.पी
की उनके फार्म पर हत्या का षड्
उनके पास से एक स्टेनगन, 2 रिवाल
36 हथगोले बरामद हुए। किर
अपना अपराध स्वीकार कर लिया है

राष्ट्रपति पद बारे राजीव द्वा के प्रयास विफल : वेंकटरम

नई दिल्ली, 9 जून (ह.स., वार्ता) प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अगले राष्ट्रपति के लिए सर्वसम्मत प्रत्याशी चुने जाने के लिए विपक्षी नेताओं से हुई बातचीत विफल रही है और अब इंका द्वारा उपराष्ट्रपति आर. वेंकटरमन को अपना प्रत्याशी बनाए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री का कहना है कि अगला राष्ट्रपति कांग्रेसी ही होना चाहिए जबकि विपक्षी दल इसके विरुद्ध हैं।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज यहां कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ नेता पंडित कमलापति त्रिपाठी और कम्युनिस्ट नेता इन्द्रजीत गुप्ता से बातचीत की। समझा जाता है कि बातचीत के दौरान उपराष्ट्रपति आर. वेंकटरमन के नाम पर ही मुख्य रूप से चर्चा हुई। हालांकि इस दौरान बी. शंकरानन्द, पी.वी. नरसिम्हा राव और श्रीमती एम. चन्द्रशेखर के नामों का भी उल्लेख किया गया। श्री त्रिपाठी ने बाद में सम्वाददाताओं को बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए जो भी व्यक्ति चुना जाए वह प्रतिष्ठित हो, पूरे देश में जाना जाता हो और संविधान का ज्ञाता हो तथा प्रधानमंत्री

चाहिए। श्री गुप्ता ने प्रधानमंत्री को
यदि वे इस पर सहमत नहीं होंगे तो वि
होकर अपना उम्मीदवार ढूंढना
विपरीत श्री गांधी कई बार स्पष्ट
राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार कांग्रेस
चाहिए। उन्होंने इस सम्बन्ध में द
व्यक्ति को प्राथमिकता देने की भी

राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के
सहमति के सिलसिले में प्रधान
मार्क्सवादी नेताओं ई.एम.एस. नम्
पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति
की थी। इससे पूर्व वे पिछले मह
भूतपूर्व राष्ट्रपति संजीव रेड्डी से भी
कर चुके हैं। सूत्रों के अनुसार,
तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.जी. रा
इस संबंध में बातचीत के लिए दिल्ली
आज रात राजधानी पहुंच रहे हैं।
इस संबंध में आंध्र प्रदेश के मुख
रामाराव द्वारा भी एक दो दिन में बात
सम्भावना है। सूत्रों के अनुसार प्रध

एक हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

सके ।

सूत्रों के अनुसार पुलिस ने बम कांड के सभी पांचों उग्रवादियों की शिनाख्त कर ली है और उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिए जाने की संभावना है ।

तीन उग्रवादी बंदी

बटाला (कोछड़): गत रात स्थानीय बकरखाना के निकट हंसली पुल से स्थानीय पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन संदिग्ध युवकों को पकड़कर उनसे हथियार व धमकीपूर्ण पत्र बरामद किए हैं । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री जे.पी. विरदी ने आज यहां बताया कि गत रात्रि में स्थानीय सिटी पुलिस के इंस्पैक्टर श्री सुदर्शन कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ गश्त पर जा रहे थे कि उन्होंने पुल के निकट तीन संदिग्ध युवकों को देखकर रुकने के लिए कहा तो उन युवकों ने खालिस्तान के नारे लगाने शुरू कर दिए व पुलिस पर फ़ायरिंग शुरू कर दी जिसके प्रत्युतर में पुलिस ने भी फ़ायरिंग की । श्री विरदी ने बताया कि इनकी पहचान जसविंदर सिंह (चाचोवाली), जसवंत सिंह (अलीवाल रोड) और सुरेंद्र सिंह (तलवंडी लाल सिंह) के रूप में की गई है । इनसे तीन पिस्तौलें व 14 चले हुए कारतूस बरामद किए गए । ये तीनों सिख छात्र महासंघ के सदस्य हैं और इन्होंने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि इनका मुख्य कार्य लोगों से ज़बर्दस्ती धन एकत्र करना था । इन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि इन्होंने एक मार्च को बटाला में तिलक राज को घायल करके नकदी व साइकिल छीना था ।21 मई को स्थानीय अनाज मंडी में मुलखराज से पिस्तौल की नोक पर पांच सौ रुपए छीने थे । उन्होंने सरदार पाइप वर्क्स के मालिकों को तीस हजार देने के लिए धमकीपूर्ण पत्र लिखे थे । श्री विरदी ने बताया कि सुरेंद्र सिंह एक फौजी भगौड़ा है । वह आप्रेशन ब्लू स्टार के बाद पकड़ा गया था और आजकल ज़मानत पर छूटा हुआ था ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का **टेक चन्द**, उम्र 20 साल, कद 5 फुट, रंग गोरा, 2 साल से लापता है । उसके पिता बहुत परेशान हैं । पता देने/पहुंचाने वाले को 200/- इनाम व खर्चा दिया जाएगा ।

कन्हैया राम वधवा,
मोहल्ला पटवारी वाला, मकान नं. 200, धरोड़ा (करनाल)



अकाली नेता गिरफ्तार

पुलिस ने एकीकृत अकाली दल के सचिव सच्चा सिंह को गुरदासपुर सदर पुलिस थाना के अंतर्गत लानगढ़ गांव में गिरफ्तार कर लिया । गुरदासपुर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के हवाले से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सच्चा सिंह को आतंकवादी विरोधी कानून तथा आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

कर्फ़्यू की अवधि बढ़ी

गुरदासपुर (विनोद): जिला मैजिस्ट्रेट श्री पवार ने भारत-पाक सीमा पर आतंकवादी गतिविधियों के दृष्टिगत 300 मीटर की पट्टी पर सायं साढ़े 7 से प्रातः साढ़े 6 बजे तक कर्फ़्यू की अवधि 7 अगस्त तक बढ़ा दी है ।

उग्रवादी बंदी

होशियारपुर (प्रद्युम्न): बलाचौर पुलिस ने जटपुर गांव के एक युवक सोहना को गिरफ्तार कर लिया है । उसके विरुद्ध आरोप है कि उसने बलाचौर थाने के गांव खप्पेवाल के निकट दो युवकों चरणजीत सिंह और बलदेव सिंह की गोली मार कर हत्या करने के बाद स्कूटर छीन लिया था । उसके दूसरे साथी फ़रार हैं । यह घटना 10 मई को घटी थी ।

शव मिला

मोगा (सर्व.): सोमवार की शाम को स्थानीय नहर के किनारे एक युवक का शव बरामद हुआ । शव, जिस पर कई वार थे, की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

अध्यापक का शव मिला

धुरी (वर्मा): गव. हाई स्कूल, धनौला के एक अध्यापक पवन कुमार का शव धनौला राजबाहमें पड़ा मिला है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

उग्रवादियों का साथी बंदी

संगरूर पुलिस ने चट्ठे शेखवां गांव के अवतार सिंह को उग्रवादियों के साथ संबंध रखने के आरोप गिरफ्तार करके उससे 12 बोर की बंदूक बरामद की है ।

हथियारों समेत 4 उग्रवादी काबू

भटिंडा (गोवर): भटिंडा जिला पुलिस ने कल विभिन्न स्थानों पर 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके 12 बोर के 2 पिस्तौल, 2 रिवाल्वर और एक दर्जन कारतूसों सहित गिरफ्तार कर लिया । एस.एस.पी.एम.पी.एस. औलख के अनुसार इनमें से 2 की शिनाख्त बलजीत सिंह बल्ली और जसकरण सिंह गुल्लू (कोट शमीर) के रूप में हुई है । इन्हें संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया । गोनियाना मंडी के पास गुरदयाल सिंह को पकड़ा गया, लेकिन उसके 2 साथी भागने में सफल हो गए । अलीके गांव के बलवंत सिंह को नाकेबंदी के दौरान पकड़ा गया ।

स्कूटर छीना

फिरोज़पुर (धी.): 3 सशस्त्र उग्रवादियों ने सोमवार को फेरूके गांव के निकट दिन-दिहाड़े सुखदेव सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया ।

उग्रवाद पीड़ितों को सहायता

रोपड़ (दर्दी): जिलाधीश जनकराज कंडल ने उग्रवाद पीड़ित 4 परिवारों में सहायता राशि वितरित की । यह राशि हरदेव शर्मा की विधवा



गत रात्रि मोहाली के बलौंगी ग्राम में 5 उग्रवादियों ने एक ढाबा मालिक महंत त्रिपाठी को घायल कर 1500 रु. लूट लिये व ढाबे में तोड़-फोड़ की । (छाया : नर्बदा)

पुलिस ने जनरल अस्पताल चंडीगढ़ के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महिन्दर सिंह को गिरफ्तार करके 12 लाख रु. के स्वर्णाभूषण बरामद कर लिये । इस संबंध में परमजीत उर्फ़ पम्मा को गिरफ्तार करके 22 हज़ार रु. के स्वर्णाभूषण बरामद किए जा चुके हैं ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार

बाबा बकाला (प्रेम): गत रात सी.आर.पी.एफ. और पंजाब पुलिस की एक गश्ती टुकड़ी ने 3 उग्रवादियों को थाना जंडियाला के गांव धीरज के निकट वैरोवाल ट्रेन पर पकड़ लिया । गश्ती टुकड़ी ने 5 संदिग्ध व्यक्तियों को घेर लिया, 12 व्यक्ति अंधेरे में भाग गए जबकि 3 पकड़ लिए गए । इनके नाम सुखदेव सिंह देबा, इंद्रजीत सिंह और जगतार सिंह हैं । इनमें 303 बोर का पिस्तौल, 3 कारतूस और लोहे का तेज़धार खंडा बरामद किया गया । पुलिस को यह कई केसों में वांछित थे ।

फिर मिलेंगे

विलम्ब से प्राप्त एक सूचना के अनुसार 7 जून की रात को 5 नकाबपोश उग्रवादियों ने थाना मेहता के गांव सरदेओ में समुंद सिंह के घर में घुस कर उससे उसकी विदेशी रिवाल्वर मांगी और सारे परिवार को खत्म करने की धमकी दी । जब समुंद सिंह ने कहा कि उसने पिस्तौल अमृतसर पुलिस के पास जमा करवा दी है और कर्फ़्यू हटने के बाद उन्हें लाकर दे देगा तो उग्रवादी यह कह कर चले गए कि 'अच्छा हम फिर मिलेंगे ।'

तस्करों के विरुद्ध अभियान, 6 बंदी

अमृतसर (ह.स.): अमृतसर पुलिस ने उग्रवादियों को शस्त्र उपलब्ध कराने वाले तस्करों के विरुद्ध छेड़े गए अभियान के दौरान 6 तस्करों को गिरफ्तार किया है और 29 अन्य के विरुद्ध केस दर्ज किए हैं । इनमें से अधिकांश लोपोके और घरिंडा क्षेत्रों से हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार इन पर पाकिस्तान से हथियारों की तस्करी करके इन्हें उग्रवादियों को सप्लाई करने और उन्हें शरण देने के आरोप लगाए गए हैं । उग्रवादी शस्त्रों के लिए मुख्य रूप से तस्करों पर आश्रित हैं । 6 गिरफ्तार किए गए तस्करों में बलकारा सिंह, परगट सिंह (हतेमपुर), साधा सिंह (मौरे), आज्ञा पाल सिंह, (कक्कड़), वीर सिंह, अमरीक सिंह (भल्लूवाल) शामिल हैं । इन पर भारतीय पासपोर्ट कानून, सरकारी गोपनीयता कानून और उग्रवाद निरोधक कानून की धाराओं 3 और 4 के तहत केस दर्ज किए गए हैं ।

संपादक गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): पुलिस ने एक पंजाबी साप्ताहिक के मालिक व संपादक सरदूल सिंह को आतंकवाद निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार करके स्थानीय मैजिस्ट्रेट से कल तक का पुलिस रिमांड ले लिया ।

घोषणा पत्रों के 'सब्ज़ बाग'

चंडीगढ़, 9 जून (ह.स.): यदि 17 जून को होने वाले हरियाणा विधान सभा के चुनावों के लिए सभी मुख्य राजनीतिक दलों द्वारा जारी चुनाव घोषणा पत्रों में किए गए वायदों पर नज़र दौड़ाई जाए तो विकास के मामले में हरियाणा शिखर पर पहुंच जाएगा और अन्य राज्यों को बहुत पीछे छोड़ देगा ।

कांग्रेस (इ), दोनों लोकदल, भाजपा व जनता पार्टी के चुनाव घोषणा पत्रों में जनता को स्वच्छ एवं सक्षम प्रशासन देने, समृद्धि का नया युग आरम्भ करने और अमीर व गरीब के मध्य अन्तर को खत्म करने का वायदा किया गया है । लोकदल (ब) और भाजपा, जो कि हरियाणा संघर्ष समिति में भी भागीदार हैं, ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि वे पंजाब समझौते को चुनाव का मुख्य मुद्दा बनाएंगे क्योंकि इसमें हरियाणा के साथ अन्याय किया गया है ।

सत्तारूढ़ कांग्रेस (इ) ने रावी ब्यास के पानी की बांट के बारे में इराडी ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट का स्वागत किया है जबकि विपक्ष ने इसे हरियाणा विरोधी करार देकर स्पष्ट रूप से रद्द कर दिया है ।

राज्य विधान सभा की 90 सीटों के लिए होने वाले चुनाव में कांग्रेस (इ) सभी स्थानों पर चुनाव लड़ रही है । (दो स्थानों का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशियों के निधन के कारण स्थगित कर दिया गया है) । लोकदल (अ) ने 55, लोकदल (ब) ने 70, भाजपा ने 18, जपा ने 18, सी.पी.आई. ने 3, सी.पी.एम. ने 2 प्रत्याशी खड़े किए हैं । चुनाव लड़ रही सभी प्रमुख पार्टियों ने गरीबों व दलितों के उत्थान के लिए अपनी वचनबद्धता घोषित की है ।

कांग्रेस (इ) के घोषणा पत्र में नवम्बर 1966 में राज्य के गठन के समय से लेकर विभिन्न कांग्रेसी सरकारों के दौर में हुई प्रगति का बखान करते हुए केन्द्र व राज्य में अच्छे सम्बन्धों पर ज़ोर दिया गया है । पार्टी ने कहा है कि वह चंडीगढ़ के बदले में

Punjab Sanad

अध्यापक का शव मिला

धुरी (बर्मा): गव. हाई स्कूल, धनौला के एक अध्यापक पवन कुमार का शव धनौला राजबाहमें पड़ा मिला है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

उग्रवादियों का साथी बंदी

संगरूर पुलिस ने चटठे शेखवां गांव के अवतार सिंह को उग्रवादियों के साथ संबंध रखने के आरोप गिरफ्तार करके उससे 12 बोर की बंदूक बरामद की है ।

हथियारों समेत 4 उग्रवादी काबू

भटिंडा (गोवर): भटिंडा जिला पुलिस ने कल विभिन्न स्थानों पर 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके 12 बोर के 2 पिस्तौल, 2 रिवाल्वर और एक दर्जन कारतूसों सहित गिरफ्तार कर लिया । एस.एस.पी.एम.पी.एस. औलख के अनुसार इनमें से 2 की शिनाख्त बलजीत सिंह बल्ली और जसकरण सिंह गल्लू (कोट शमीर) के रूप में हुई है । इन्हें संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया । गोनियाना मंडी के पास गरदयाल सिंह को पकड़ा गया, लेकिन उसके 2 साथी भागने में सफल हो गए । अलीके गांव के बलवंत सिंह को नाकेबंदी के दौरान पकड़ा गया ।

स्कूटर छीना

फिरोज़पुर (छी.): 3 सशस्त्र उग्रवादियों ने सोमवार को फेरूके गांव के निकट दिन-दिहाड़े सुखदेव सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया ।

उग्रवाद पीड़ितों को सहायता

रोपड़ (दर्दी): जिलाधीश जनकराज कंडल ने उग्रवाद पीड़ित 4 परिवारों में सहायता राशि वितरित की । यह राशि हरदेव शर्मा की विधवा संतोष शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा की विधवा कृष्णा देवी तथा अशोक कुमार शर्मा की विधवा आशा शर्मा तथा एक दुकानदार अशोक कुमार की विधवा शकुंतला देवी को दी गई ।

लुधियाना में 44 बंदी

लुधियाना (जोशी) : पुलिस ने आज यहां आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन कंतीन्यू सरगर्म सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें आई.टी.आई. यूनिट का प्रधान दलजीत सिंह, गरदव सिंह नीटा (आई.टी.आई.) दर्शन सिंह लांगटी जो गुरुद्वारा आलमगीर का सेवादार है, शामिल हैं । इनके विरुद्ध खोखे जलाने का आरोप है । पुलिस अधीक्षक श्री संजीव गुप्ता ने गिरफ्तारियों के संदर्भ में बताया कि उनके अतिरिक्त शिव सेना बर्कर वीरेन्द्र कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है । उसके विरुद्ध आरोप है कि उसने 4 जून को जब यहां शिव सेना नेता कृष्ण महाजन की हत्या की गई थी, स्कूटर जलाए थे, इसी आरोप में शिव सेना के दो और बर्कर राजू और हंसराज भी पुलिस को वांछित हैं ।

ढाबा मालक लुटा

मोहाली (नबंदा): खरड़-मोहाली सड़क पर गांव बलोजी में कल रात कार सवार 5 उग्रवादियों ने एक ढाबे से 1500 रु. लूट लिए और ढाबा मालिक से मारपीट करके उसकी घड़ी छीन ली । पर उग्रवादी ढाबे में खाने-पीने आए थे और घटना करके भाग गए ।

डकैती में बंदी

सहोरा गांव में हुई डकैती के संबंध में खरड़ ने 5 संदिग्ध व्यक्तियों को घेर लिया, 12 व्यक्ति अंधेरे में भाग गए जबकि 3 पकड़ लिए गए । इनके नाम सुखदेव सिंह देबा, इंद्रजीत सिंह और जगतार सिंह हैं । इनमें 303 बोर का पिस्तौल, 3 कारतूस और लोहे का तेज़धार खंडा बरामद किया गया । पुलिस को यह कई केसों में वांछित थे ।

फिर मिलेंगे

विलम्ब से प्राप्त एक सूचना के अनुसार 7 जून की रात को 5 नकाबपोश उग्रवादियों ने थाना मेहता के गांव सरदेओ में समुंद सिंह के घर में घुस कर उससे उसकी विदेशी रिवाल्वर मांगी और सारे परिवार को खत्म करने की धमकी दी । जब समुंद सिंह ने कहा कि उसने पिस्तौल अमृतसर पुलिस के पास जमा करवा दी है और कर्फ्यू हटने के बाद उन्हें लाकर दे देगा तो उग्रवादी यह कह कर चले गए कि 'अच्छा हम फिर मिलेंगे ।'

तस्करों के विरुद्ध अभियान, 6 बंदी

अमृतसर (ह.स.): अमृतसर पुलिस ने उग्रवादियों को शस्त्र उपलब्ध कराने वाले तस्करों के विरुद्ध छेड़े गए अभियान के दौरान 6 तस्करों को गिरफ्तार किया है और 29 अन्य के विरुद्ध केस दर्ज किए हैं । इनमें से अधिकांश लोपोके और घरिंडा क्षेत्रों से हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार इन पर पाकिस्तान से हथियारों की तस्करी करके इन्हें उग्रवादियों को सप्लाई करने और उन्हें शरण देने के आरोप लगाए गए हैं । उग्रवादी शस्त्रों के लिए मुख्य रूप से तस्करों पर आश्रित हैं । 6 गिरफ्तार किए गए तस्करों में बलकारा सिंह, हरनाम सिंह (हतेमपुर), साधा सिंह (मौरे), गाज़ा पाल सिंह, (कक्कड़), वीर सिंह, अमरीक सिंह (मिल्लूवाल) शामिल हैं । इन पर भारतीय पासपोर्ट कानून, सरकारी गोपनीयता कानून और उग्रवाद निरोधक कानून की धाराओं 3 और 4 के तहत केस दर्ज किए गए हैं ।

बंदूक छीनी

3 उग्रवादियों ने कल रात अमृतसर की विक्टर्स रोड स्थित मेला सिंह के घर से उसकी 12 बोर की लाईसैंस-शुदा बन्दूक और 4 कारतूस लूट लिए ।

डाक्टर की हत्या

तीन आतंकवादियों ने आज रात अमृतसर के झब्बाल थानांतर्गत माना मल्लियां गांव में डाक्टर इंद्र पाल नामक एक चिकित्सक की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि डाक्टर इंद्र पाल निकटवर्ती गांव में एक रोगी को देख कर लौट रहे थे ।

3 गिरफ्तार

सरहाली पुलिस ने आज तीन उग्रवादियों रछपाल सिंह, जीत सिंह और बचित्र सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक रिवाल्वर और लगभग एक दर्जन कारतूस बरामद किए हैं ।

दोहरी सवारी प्रतिबंधित

कपूरथला (ह.स.): जिला मैजिस्ट्रेट कंवर गुलवंत सिंह ने सभी प्रकार के स्कूटरों, मोपेडों, मोटर साइकिलों पर वयस्कों द्वारा दोहरी सवारी किए जाने पर आगामी आदेशों तक प्रतिबंध लगा दिया है । वकीलों, महिलाओं और 12 वर्ष आयु तक के बच्चों को इसमें छूट दी गई है । अकेली सवारी की अनुमति प्रातः 5 से रात 9 बजे तक होगी ।

चंडीगढ़, 9 जून (ह.स.): यदि 17 जून को होने वाले हरियाणा विधान सभा के चुनावों के लिए सभी मुख्य राजनीतिक दलों द्वारा जारी चुनाव घोषणा पत्रों में किए गए वायदों पर नज़र दौड़ाई जाए तो विकास के मामले में हरियाणा शिखर पर पहुंच जाएगा और अन्य राज्यों को बहुत पीछे छोड़ देगा ।

कांग्रेस (इ), दोनों लोकदल, भाजपा व जनता पार्टी के चुनाव घोषणा पत्रों में जनता को स्वच्छ एवं सक्षम प्रशासन देने, समृद्धि का नया युग आरम्भ करने और अमीरव गरीब के मध्य अन्तर को खत्म करने का वायदा किया गया है । लोकदल (ब) और भाजपा, जो कि हरियाणा संघर्ष समिति में भी भागीदार हैं, ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि वे पंजाब समझौते को चुनाव का मुख्य मुद्दा बनाएंगे क्योंकि इसमें हरियाणा के साथ अन्याय किया गया है ।

सत्तारूढ़ कांग्रेस (इ) ने रावी व्यास के पानी की बांट के बारे में इराडी ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट का स्वागत किया है जबकि विपक्ष ने इसे हरियाणा विरोधी करार देकर स्पष्ट रूप से रद्द कर दिया है ।

राज्य विधान सभा की 90 सीटों के लिए होने वाले चुनाव में कांग्रेस (इ) सभी स्थानों पर चुनाव लड़ रही है । (दो स्थानों का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशियों की निधन के कारण स्थगित कर दिया गया है) । लोकदल (अ) ने 55, लोकदल (ब) ने 70, भाजपा ने 18, जपा ने 18, सी.पी.आई. ने 3, सी.पी.एम. ने 2 प्रत्याशी खड़े किए हैं । चुनाव लड़ रही सभी प्रमुख पार्टियों ने गरीबों व दलितों के उत्थान के लिए अपनी वचनबद्धता घोषित की है ।

कांग्रेस (इ) के घोषणा पत्र में नवम्बर 1966 में राज्य के गठन के समय से लेकर विभिन्न कांग्रेसी सरकारों के दौर में हुई प्रगति का बखान करते हुए केन्द्र व राज्य में अच्छे सम्बन्धों पर ज़ोर दिया गया है । पार्टी ने कहा है कि वह चंडीगढ़ के बदले में 70,000 एकड़ भूमि पंजाब से लेगी तथा नई राजधानी व सम्पर्क नहर के निर्माण के लिए केन्द्र से धन प्राप्त करेगी ।

कांग्रेस (इ) के स्टैंड के विपरीत लोकदल (ब) तथा भाजपा ने चंडीगढ़ के बदले में फाज़िल्का और अबोहर के हिंदी भाषी क्षेत्र लेने का संकल्प किया है । लोकदल (ब) के ग्रामीणों के 5 हज़ार रुपए तक के ऋण माफ करने के दावों के जवाब में इंका ने यकीन दिलाया है कि पिछड़ा वर्ग निगम द्वारा दिए गए ऋणों के 16 प्रतिशत को सबसिडी समझा जाएगा ।

जनता पार्टी ने घोषणा पत्र में देश के संविधान में संशोधन करके काम करने के अधिकार को मौलिक अधिकारों में शामिल करने तथा हर हाथ को काम देने का सब्ज़ बाग दिखाया गया है ।

नज़रबंदी की अवधि

(पृष्ठ 3 का शेष)

शासन के दौरान पंजाब से कई बड़े उद्योग और भारी परिणाम में धन अन्य राज्यों, विशेषकर हरियाणा, राजस्थान व उत्तर प्रदेश को भेजा गया । लुधियाना का हौजरी उद्योग देहरादून चला गया है । दरअसल उग्रवादियों से परेशान होने के अलावा पंजाब के उद्योगपति भू.पू. मुख्यमंत्री बरनाला व भू.पू. वित्त मंत्री बलवन्त सिंह की इस नीति से भी परेशान हो गए थे कि बाहर के सिखों को पंजाब में उद्योग लगाने के लिए विशेष सुविधाएं देकर बुलाया जाए ।

Punjabi Sanjha

डाक्टर सहित 2 लोगों की हत्याएं, घायल महंत चल बसा, 2 शव मिले

विभिन्न मुठभेड़ों, नाकेबंदियों के दौरान राज्य-भर में कई उग्रवादी गिरफ्तार

जिला अमृतसर में तस्करों के विरुद्ध अभियान

चंडीगढ़, 9 जून (वार्ता): उग्रवादियों ने एक डाक्टर सहित 2 लोगों की हत्याएं कर दीं, एक घायल चल बसा । इसके अलावा राज्य में मुठभेड़ों व नाकेबंदियों के दौरान कई उग्रवादी गिरफ्तार किए गए । अमृतसर जिले में उग्रवादियों को हथियार आदि उपलब्ध कराने वाले तस्करों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया गया है ।

दुकानदार की हत्या

जालंधर (वार्ता): तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों ने आज प्रातः जालंधर जिले के भोगपुर पुलिस थानांतर्गत घेराबाई गांव में एक दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक का नाम हसन लाल बताया गया है । हत्यारे हसन लाल की उसकी चाय की दुकान पर हीहत्या करकेबक ठंड गांव की ओर भाग गए ।

घायल महंत चल बसा

गत शनिवार को नकोदर थाना के गांव नूरपुर स्थित अपने डेरे में उग्रवादियों की गोलियों से घायल महंत शतानंद गिरि का आज सी.एम.सी. लुधियाना में देहांत हो गया ।

महिला दुकानदार को लूटा

दो उग्रवादियों ने नकोदर थाना के गांव बाठकलां में श्रीमती प्रेम कुमारी की किरयाने की दुकान से 850 रु. नकद और घड़ी लूट ली । उग्रवादियों ने भागने से पहले श्रीमती प्रेम कुमारी का मुंह बांध दिया ।

दोनाली लूटी

स्टेनगन और रिवाल्वरों से लैस चार उग्रवादियों ने कल रात जिला होशियारपुर के टांडा निवासी जगदीश सिंह से उसकी दोनाली बंदूक लूट ली।

गोली मारकर घायल कर दिया

'वि.स.' के अनुसार रात पौने एक बजे के लगभग तीन अज्ञात युवकों ने निकट की आबादी रामामंडी के एक मकान में घुसकर चुगी मुहर्रर श्री सुधीर कुमार को गोलियां चला कर घायल कर दिया और फ़रार हो गए । प्राप्त विवरण के अनुसार तीनों अज्ञात युवकों, जो दीवार फांद कर लूटने की नियत से शायद दाखिल हुए थे, की आहट सुनने पर बाहर सोए श्री सुधीर कुमार ने उठ कर एक को जफ्फा डाला, मगर दूसरे ने उस पर गोली चला दी, जिससे उसकी टांग में कई जगह छर्रे लगे । इसका लाभ उठाकर पकड़ा गया लुटेरा भी अपने साथियों के साथ फ़रार हो गया । सुधीर कुमार इस समय सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है ।

आतंकवादियों का जबरदस्त पीछा

गोराया से 'सीरा' के अनुसार आज शाम 4½ बजे दो आतंकवादियों ने फिल्लौर की तरफ स्थित बांसल संज पैट्रोल पम्प से अपने स्कूटर में पैट्रोल डलवाकर पिस्तौल की नोक पर उसे लूटने की कोशिश की लेकिन ऊपर से पैट्रोल टैंकर आ जाने के कारण वे गोराया की तरफ फरार हो गए । फिल्लौर से डी.एस.पी. श्री गरचरण सिंह पुलिस फोर्स के साथ जीप में गोराया की ओरआ रहे थे। उन्होंने स्कूटर सवार आतंकवादियों को रुकने का इशारा किया लेकिन वे स्कूटर तेज करके भागे । जीप उनके पीछे लग गई । काफी दूर जाकर वे डल्लेवाल रेलवे फाटक के निकट रेलवे लाइन पार करके दो साइकल उठाकर भागे । आगे जाकर उन्होंने अपने साइकल फैंक दिए तथा एक स्कूटर वाले को पिस्तौल दिखाकर उसके पीछे बैठ गए और उसे स्कूटर तेज करने को कहा । पता चला है कि वे संग हथियां, ढांडे और नबाप्पिड से होते हुए फिल्लौर की ओर गए । अन्तिम सूचना आने तक पुलिस पार्टियां पीछा कर रही थीं ।

कई जगह पर नाके लगाए गए ।

कड़े सुरक्षा प्रबन्ध

जालंधर प्रशासन ने गत दो जून को जिलाधीश और एस.एस.पी. कार्यालय के निकट बम विस्फोट की घटना के बाद जिलाभर में सुरक्षा प्रबन्ध कड़े करने के लिए कई पग उठाए हैं । सरकारी सूत्रों के अनुसार सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों और जिला जेल में सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए हैं । जेल के अन्दर सी.आर.पी. की एक प्लाटून तैनात की गई है । जेलपरिसर में ऊंचे टावर बनाए गए हैं ताकि 24 घंटे परिसर में नजर रखी जा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

रमेश जी–हत्याकांड में वांछित वकील गिरफ्तार

चंडीगढ़, 9 जून (ह.स.): फरीदकोट पुलिस ने दैनिक पंजाब केसरी के प्रधान संपादक श्री रमेश चन्द्र की हत्या में वांछित एक वकील स्वर्णजीत सिंह एडवोकेट को गिरफ्तार कर लिया है।श्री रमेश चन्द्र की हत्या 12 मई,1984 को की गई थी । इस वकील को, जो कई अन्य हत्याओं में भी वांछित था, कुछ समय पूर्व जालंधर की नई कचहरी में कई सिपाहियों सहित छः लोगों की हत्या कर उग्रवादियों ने छुड़ा लिया था । डी.आई.जी. डी.एस. मोही ने फरीदकोट में बताया कि आज तीन और उग्रवादी एक मुठभेड़ के बाद पकड़े गए । इनके नाम दरबारा सिंह, जसबीर सिंह और रंधीर सिंह हैं, जिनसे दो पिस्तौलें व एक रिवाल्वर बरामद हुआ है । दो अन्य उग्रवादी 8 अन्य उग्रवादियों को शरण देने में आठ और लोग गिरफ्तार किए गए ।

वार्ता के अनुसार श्री मोही ने बताया कि पुलिस ने फरीदकोट के एक वकील को श्री रमेश जी के हत्यारों स्वर्णजीत सिंह और भोला के साथ गहरे सम्बन्धों के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । इन उग्रवादियों ने करोल बाग दिल्ली से 12 किलो सोना लूटा था ।

जिदल के अनुसार इस वकील का नाम किरनदीप सिंह है । स्वर्णजीत सिंह दो दर्जन हत्याओं में वांछित है । किरनजीत सिंह ने फरीदकोट के तत्कालीन एस.एस.पी. एस.बी. सिंह की उनके फार्म पर हत्या का षड्यंत्र रचा था । उनके पास से एक स्टेनगन, 2 रिवाल्वर, 2 एच.ई.-36 हथगोले बरामद हुए । किरनजीत सिंह ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है ।

गुमराह युवकों को मुख्यधारा में लाना जरूरी : बरनाला

जीरा, 9 जून : भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने कहा है कि गुमराह युवकों को राष्ट्रीय मुख्य धारा में लाया जाना जरूरी है । गुरुद्वारा सिंह सभा में पार्टी वर्करों को संबोधित करते हुए श्री बरनाला ने कहा कि पंजाब समस्या का एक गहरा मनोवैज्ञानिक और राजनीतिक पहलू है जिसकी केंद्र सरकार निरन्तर उपेक्षा कर रही है । उन्होंने राज्यपाल श्री एस.एस. रे के इस बयान का स्वागत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि गुमराह युवकों के साथ प्रेम, दया भाव से निपटा जाएगा तथा कानून विरोधी तत्वों के साथ सख्ती बरती जाएगी । उन्होंने कहा कि यह नीति सबसे निचले स्तर पर भी पहुंचनी चाहिए ताकि निर्दोषों को परेशान न किया जाए ।

उन्होंने कहा कि दमनकारी पगों से समस्या हल नहीं की जा सकती । किसान आंदोलन का उल्लेख करते हुए श्री बरनाला ने कहा कि किसानों की उपज को न खरीदे जाने से कानून व्यवस्था की गम्भीर समस्या पैदा हो सकती है । उन्होंने राज्यपाल को याद दिलाया कि आर्थिक निराशा राज्य में उग्रवाद के मुख्य कारणों में से एक है ।

राष्ट्रपति पद बारे राजीव द्वारा अ के प्रयास विफल : वेंकटरमन इंक

नई दिल्ली, 9 जून (ह.स., वार्ता) प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अगले राष्ट्रपति के लिए सर्वसम्मत प्रत्याशी चुने जाने के लिए विपक्षी नेताओं से हुई बातचीत विफल रही है और अब इंका द्वारा उपराष्ट्रपति आर. वेंकटरमन को अपना प्रत्याशी बनाए जाने की संभावना है । प्रधानमंत्री का कहना है कि अगला राष्ट्रपति कांग्रेसी ही होना चाहिए जबकि विपक्षी दल इसके विरुद्ध हैं ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज यहां कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ नेता पंडित कमलापति त्रिपाठी और कम्युनिस्ट नेता इन्द्रजीत गुप्ता से बातचीत की । समझा जाता है कि बातचीत के दौरान उपराष्ट्रपति आर. वेंकटरमन के नाम पर ही मुख्य रूप से चर्चा हुई । हालांकि इस दौरान बी. शंकरानन्द, पी.वी. नरसिम्हा राव और श्रीमती एम. चन्द्रशेखर के नामों का भी उल्लेख किया गया । श्री त्रिपाठी ने बाद में चाहिए । श्री गुप्ता ने प्रधानमंत्री को यह भी कहा कि यदि वे इस पर सहमत नहीं होंगे तो विपक्ष को मजबूर होकर अपना उम्मीदवार ढूंढना होगा । इसके विपरीत श्री गांधी कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार कांग्रेस से सम्बद्ध होना चाहिए । उन्होंने इस सम्बन्ध में दक्षिण भारत के व्यक्ति को प्राथमिकता देने की भी बात कही है ।

राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर आम सहमति के सिलसिले में प्रधानमंत्री ने कल मार्क्सवादी नेताओं ई.एम.एस. नम्बूदरीपाद और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु से बातचीत की थी । इससे पूर्व वे पिछले महीने के अंत में भूतपूर्व राष्ट्रपति संजीव रेड्डी से भी विचार-विमर्श कर चुके हैं । सूत्रों के अनुसार, श्री गांधी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.जी. रामचंद्रन को भी

Punjabi Gaurdian

चंडीगढ़ में बब्बर खालसा गिरोह द्वारा जालंधर के पुलिस अफसर की हत्या

सैक्टर 44 में मुठभेड़, हरियाणा में चुनाव के दौरान फैंकने के लिए बम बनाये जाते थे

जालंधर बम कांड में घायल उग्रवादी बंदी, 1 और हत्या

चंडीगढ़, 10 जून (वार्ता, संघी): आज रात्रि चंडीगढ़ के सैक्टर 44 में बब्बर खालसा उग्रवादी गिरोह जालन्धर से छापा मारने आए पुलिस दल के इंस्पैक्टर हरजीत सिह उर्फ गब्बर सिंह की हत्या करके फरार हो गया । फरार होने वालों में गिरोह का सरगना उग्रवादी अनोख सिह बब्बर शामिल है । बताया जाता है कि जालन्धर से एक पुलिस पार्टी डी.एस.पी. डिटेक्टिव बलदेव राज के नेतृत्व में सैक्टर-44 के मकान नम्बर 3205 में छिपे अनोख सिह बब्बर व बब्बर खालसा के अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए छापा मारनेगई पर उग्रवादियों ने अत्याधुनिक शस्त्रों से फायरिंग करकेपुलिस पार्टी में शामिल जालन्धर के माडल टाऊन थाना के एस.एच.ओ. हरजीत सिह उर्फ गब्बरसिंह की हत्या कर दी और जालन्धर के सदर थाना के एस.एच.ओ. इंस्पैक्टर कुलदीप सिह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उग्रवादियों के खिलाफ अभियान छेड़ रखने वाले हरजीत सिह उर्फ गब्बर सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि कुलदीप सिह को पी.जी.आई. में भरती कराया गया । सूत्रों के अनुसारजालन्धर के2जून को फ्रैंड्ससिनेमाकेपास हुए बम विस्फोट के लिएयही गिरोह जिम्मेदार था।



जालन्धर के माडल टाऊन थाना के एस. एच. ओ. हरजीत सिह उर्फ गब्बर सिह का एक पुराना चित्र, जो बुधवार को चंडीगढ़ में उग्रवादियों से मुठभेड़ में मारे गए। (छाया : कपूर)

जालन्धर में छानबीन से पुलिस को यह जानकारी मिली थी । एक सूचना के अनुसार उग्रवादी जिस मकान में छिपे थे उसका नम्बर 3502 था ।

सुरक्षा बलों को इस मकान से भारी परिणाम में विस्फोटक पदार्थ, अमोनियम नाइट्रेट, कारतूस भरने के औजार, बब्बर खालसा के पैड आदि, जाली रजिस्ट्रेशन नम्बर, जाली नम्बर प्लेटें, अत्याधुनिक शस्त्रास्त्र, बम बरामद किए । वहीं से बम बनाने का एक कारखाना भी पकड़ा गया । एक उच्च पदस्थ पुलिस सूत्र ने कहा कि यहां बम तैयार करके हरियाणा में चुनाव के दौरान वहांविभिन्न स्थानों पर फैंके जाने थे । स्थानीय लोगों का कहना है कि मुठभेड़ के बाद वहां से कुछ लोग भागते देखे गए । चंडीगढ़ के आई.जी. पुलिस ने बताया कि जालंधर पुलिस ने चंडीगढ़ पुलिस को छापे के बारे में कोईपूर्व सूचना नहीं दी थी ।

जालन्धर से छापा मारने गई टीम में 15 लोग शामिल थे ।

इस मकान में सुरेन्द्र सिह खालसा रहता था जो तरखान है और फरार है । पुलिस ने मकान मालिक सहित 6 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है । वहां मिली नम्बर प्लेटों में पी.ए.जे. 259 भी शामिल है जो कई तरह से लिखी है और कई बारदातों में यह नम्बर प्लेट इस्तेमाल की गई है । चंडीगढ़ के आई.जी. पुलिस ने बताया कि वहां से बम बनाने का जो सामान मिला है उससे सारे शहर को तबाह किया जा सकता था । वहां ढाई घंटे तक मुठभेड़ हुई जो सायं 7 बजे शुरू हुई थी । बरामद बुकलेटस पर बब्बर खालसा इंटरनैशनल के बुकलेट मिले हैं । आसपास के घरों की तलाशी ली जा रही है ।

जालंधर रेंज के डी.आई.जी. ए. सिद्दीकी ने दावा किया है कि भाई देवेंद्र सिह की हत्या और जालंधर बम कांड की गुत्थियां सुलझा ली गई हैं और जालंधर बम कांड में घायल उग्रवादी, जो अस्पताल से भाग गया था, को गिरफ्तार कर लिया गया है । गत 24 घंटों के दौरान राज्य में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई जबकि एक महिला घायल हुई । जिला अमृतसर के गांव के लोगों ने 2 उग्रवादियों का पीछा करके पकड़ लिया । राज्य में कई स्थानों पर भी उग्रवादी गिरफ्तार हुये हैं ।

आरोप का खंडन

वार्ता के अनुसार एक सरकारी प्रवक्ता ने अकाल तख्त के कार्यकारी जत्थेदार दर्शन सिह के इस आरोप का खंडन किया है कि पुलिस और सी.आर.पी. एफ. ने लुधियाना जिले के रसीने और फिरोजपुर जिला के जंडलवाल गांवों में धार्मिक सभाएं करने से ज़बरदस्ती रोका । प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि न तो पुलिस ने ऐसी कार्रवाई की है और न

(शेष पृष्ठ 8 पर)



उमरानंगल गांव में वरिष्ठ अकाली नेता जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंग
करते हुये पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ।

उग्रवाद के विरुद्ध लड़ाई में उतार चढ़ाव से विचलित न हों : रिबैरो

जालन्धर, 10 जून (वार्ता): पंजाब पुलिस चीफ, आंतरिक सुरक्षा सचिव श्री जे.एफ. रिबैरो ने पंजाब के लोगों से अपील की है कि वे उग्रवाद के विरुद्ध लड़ाई में हो रहे उतार-चढ़ाव से विचलित न हों । जालन्धर दूरदर्शन द्वारा आज रात लोगों को विशेष अपील में उन्होंने लोगों से स्थिति का साहस से सामना करने का आग्रह किया । अपने उद्देश्य पूर्ति के प्रयास के दृष्टिगत उग्रवाद को एक घटिया स्तर की लड़ाई बताते हुए श्री रिबैरो ने कहा कि विश्व में कहीं भी उग्रवाद से राजनीतिक लक्ष्य प्राप्त नहीं किए जा सके और यह हमारे देश में भी नहीं होंगे ।

श्री रिबैरो ने कहा कि मैंने अनुभव किया है कि जालन्धर में हुए बम विस्फोट तथा लुधियाना व अमृतसर में हुए हत्याकांड, जिनके कारण इन दोनों नगरों में कर्फ्यू लगाना पड़ा है, से पंजाब के लोगों में निराशा की भावना उत्पन्न हुई है ।

मेरी जनता से यह विशेष अपील है कि वह हिम्मत से काम ले तथा दृढ़ता के साथ स्थिति का सामना करे । हमें कहीं-कहीं होने वाली प्रतिकूल घटनाओं से हतोत्साहित व निराश नहीं होना चाहिए । हमें 'बंद' का आह्वान करके व 'घेराव' जैसी बातें करके व भावनाओं में नहीं बहना चाहिए। क्योंकि इस प्रकार के भावनात्मक कदमों से कानून व्यवस्था लागू करने वाले अधिकारियों के लिए कठिनाई पैदा होती है तथा उग्रवाद से लड़ने के हमारे मुख्य कार्य में बाधाएं उत्पन्न होती हैं । हम अपराधी तत्वों तथा अलगाववादियों को जनता पर हावी नहीं होने दे सकते हैं । हमें इस बात को समझना चाहिए कि पुलिस व सुरक्षा बल इन तत्वों के विरुद्ध एक नेतृत्व व गम्भीर लड़ाई लड़ रहे हैं । हर रोज इस लड़ाई में मृत्यु भी होती है । युद्ध में अनेक सैनिक मरते हैं, लेकिन इसमें निर्दोष नागरिक भी मारे जाते हैं । आतंकवाद की इस स्थिति में यह अत्यंत महत्वपूर्ण स्थिति है कि कायर उग्रवादी निर्दोष,

उन्होंने यह अनुभव करना शुरू कर दिया था, पंजाब में शीघ्र ही शांति आ जाएगी । वस्तुत: लोगों की इस भावना का आंशिक आधार यह भी था कि बच्चों के गिरोह, जो ग्रामीण क्षेत्रों में इधर-उधर घूमते रहते थे, लोगों को धमकी भरे पत्र भेज कर उनसे धन ऐंठ रहे थे, शराब के ठेके लूट रहे थे, अंडों व मांस की दुकानों को लूट रहे थे वे रातों-रात गायब हो गए । विश्वविद्यालयों तथा कालेज परिसरों में छात्र और अध्यापक अब स्वतन्त्रता की सांस ले सकते थे क्योंकि वे कुछ थोड़े से अपराधी, जिन्होंने बहुसंख्यक छात्रों को अपनी मनमानी का शिकार बना रखा था, वे भी रातोंरात भूमिगत हो गए । गुमराह युवक यह अनुभव करने लगे कि एक सुदृढ़ प्रशासन के आगे उनके यह दुस्साहसपूर्ण कृत्य किसी तरह भी उनके लिए लाभप्रद सिद्ध नहीं हो सकेंगे । जो लोग तथाकथित समाज सुधारों को बंदकों की नोक पर अपनाने के लिए विवश हो रहे थे, उन्होंने भी इस संत्रासपूर्ण स्थिति से अब राहत की सांस ली है, एक समानांतर व्यवस्था, जिसने निर्वाचित सरकार के कानूनी अधिकारों को एक प्रकार से निष्क्रिय सा कर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

राजीव की हरियाणा यात्रा के बाद इंका में निराशा बढ़ी : भाजपा

नई दिल्ली, 10 जून : भारतीय जनता पार्टी का दावा है कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हरियाणा यात्रा के बाद वहां कांग्रेस (इ) में और अधिक निराशा फैल गई है तथा उनका मनोबल गिर रहा है । भाजपा के सचिव श्री विजय कुमार मल्होत्रा ने आज यहां सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए दावा किया कि श्री गांधी हरियाणा के चुनाव दौरों के दौरान कांग्रेस (इ) के पक्ष में समर्थन जुटाने में असफल रहे

है । पिछले दो सालों के दौरान पंजाब में 2800 लोगों की हत्याएं हुई हैं, जिनमें 80 पुलिस-कर्मी अथवा उनके पुत्र हैं । हरियाणा के नागरिक इस बात को भी समझ रहे हैं । उन्होंने दावा कि हरियाणा के विधानसभा के चुनावों में देवी लाल के नेतृत्व में लोकदल-भाजपा गठबंधन को भारी विजय प्राप्त होगी ।

श्रीनगर में बाढ़ से 27 गिरे : हाऊस बोट डू

श्रीनगर, 10 जून (वार्ता): अधिकृत सूत्रों ने बताया कि डल झील में बाढ़ आ जाने के फलस्वरूप गत रात्रि से डल झील क्षेत्र में कम से कम 27 मकान गिर गए हैं । क्षेत्र के 180 से अधिक निवासियों को वहां से निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है । डल गेट पर एक हाऊस बोट उस समय डूब गई जब एक भारी वृक्ष उसके ऊपर आ गिरा ।

बारामुला तथा बडगाम में जमीन धंसने के समाचार मिले हैं लेकिन जान-माल की किसी हानि की कोई खबर नहीं है । यहां बांध नियंत्रण कक्ष से पता चला कि जेहलम में संगम स्थल पर पानी आज प्रात: 3 बजे खतरे के निशान से 26 फुट चढ़ गया था तथापि पानी का स्तर अब घटना शुरू हो गया है ।

श्रीनगर शहर के निचले क्षेत्रों में सैकड़ों मकान कई दिनों से पानी में घिरे हुए हैं ।

एक अन्य सूचना के अनुसार कश्मीर घाटी में जेहलम नदी और डल झील में आई बाढ़ की स्थिति में आज सुबह सुधार आया । मौसम में सुधार होने के बाद जेहलम नदी का जलस्तर घटने लगा है । प्रवक्ता ने बताया कि बाढ़ से बचाव के दस्ते तटबंधों पर निगरानी रखे हुए हैं ।

वायुदूत शिमला न

शिमला (ख., वा

आज दूसरे दिन भी वा
मध्य उड़ान नहीं कर स
करके आया हुआ वायु
एक घंटे तक चंडीगढ़ म
की प्रतीक्षा करता रहा
ऊपर घने बादल होने
गए बिना ही वापस लौट
प्रमुख व्यक्ति सवार थे

जो लोग पहली उ
लिए शिमला हवाई अ
होकर वापस लौट आए
दिल्ली से आगे भी विम

शिमला-जुब्बर ह
के कारण आज यात्रियों
में भारी कठिनाइयों का

अमृतसर शिमला ब

अमृतसर (कमले

कमाल है जो पल-भर में

(शेष पृ

दिल्ली में दो स्थानों अत्याधुनिक विस्फोट

नई दिल्ली, 10 जून (वार्ता, ह.स.): राजधानी में दो इलाकों से तीन अत्याधुनिक विस्फोटक पदार्थ बरामद होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है । इन विस्फोटक पदार्थों को रासायनिक रूप से सक्रिय किया जा सकता था लेकिन पुलिस के विशेष दस्तों ने उन्हें निष्क्रिय कर दिया है ।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) आमोद कंठ ने बताया कि कल रात साढ़े ग्यारह बजे दक्षिण दिल्ली में निजामुद्दीन तथा ओखला रेलवे स्टेशनों के बीच रेल पटरियों पर हथगोले की तरह का एक विस्फोटक पदार्थ पाया गया । यह हथगोला आम तौर पर सेना द्वारा प्रयुक्त किया जाता है ।

उस विस्फोटक पदार्थ को निष्क्रिय करने के लिए पुलिस के विशेष दस्ते को वहां पहुंचने में कुछ समय लगा । इस कारण निजामुद्दीन से छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस के चलने में कुछ विलम्ब हुआ ।

नई दिल्ली क्षेत्र में स्थित गुरुद्वारा बंगला साहब के निकट आज सुबह दो शक्तिशाली विस्फोटक पदार्थ मिलने के कारण आसपास के क्षेत्रों में आतंक फैल गया । पुलिस ने इस इलाके की तत्काल ही घेराबंदी कर ली थी । विस्फोटक विशेषज्ञों की मदद से इन विस्फोटक पदार्थों को निष्क्रिय किया । दिल्ली पुलिस के अपराध शाखा के उपायुक्त आमोद कंठ ने

सम्वाददाताओं को बता
सम्भवत: रसायनयुक्त
इसके विस्फोट होने से ब
उन्होंने बताया कि पूरी ज
विस्फोटक की क्षमता का
कहा कि सतर्क नागरिकों
सूचना दिए जाने के कारण
गई । उन्होंने कहा कि
तत्वों ने रखा था ।

यह घटना सुबह लग
की सूचना मिलते ही पुलिस
बम को नाकाम करने का
गया । दस्ते ने लगभग स
को नष्ट कर दिया । पु
.303 बोर के कारतूस
कारतूसों जैसे थे । इनके
पीछे की तरफ काले रंग
जांच के लिए भेजा जा रह

राजधानी में पिछले
विस्फोट हो चुके हैं ।
दिल्ली में एक धार्मिक स्
विस्फोट हुआ था । इस

Punjabi Sanjal

पुलिस अफसर की मृत्यु

(पृष्ठ 3 का शेष)

ही शामियाना और 'गुरुग्रंथ साहिब' को इन गांवों से हटाया । सुरक्षा बलों ने सदा पवित्र गुरुग्रंथ साहिब के प्रति सम्मान दर्शाया है । प्रवक्ता ने कहा कि उग्रवाद को समाप्त करने व शांतिप्रिय लोगों के जान व माल की सुरक्षा में लगे सुरक्षा बलों के काम में अड़चन नहीं डाली जानी चाहिए ।

हत्या

फिरोज़पुर (बागी): उग्रवादियों ने मख्खू थाना के गांव बर्ज मोहम्मद शाह में एक दुकानदार इकबाल सिंह (45) की हत्या करके 500 रुपए और उसकी पत्नी का पर्स छीन लिया । एस.एस.पी. आर.एस. चालिहा के अनुसार कल रात उग्रवादियों ने इकबाल सिंह को घर से बाहर बुलाया और उसकी हत्या कर दी । श्री चालिहा ने कहा कि उग्रवादियों की शिनाख्त हो गई है । वह कुछ समय पूर्व अमृतसर जिला में मठभेड़ के दौरान मारे गए हरभजन सिंह मंड के बिखर चुके गिरोह के सदस्य हैं । पुलिस उग्रवादियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है ।

लावारिस स्कूटर मिला

फगवाड़ा (खोसला): थाना सदर पुलिस ने आज यहां से दस किलो मीटर दूर मौजा पंडोरी में पीले रंग का एक लावारिस स्कूटर कब्जे में लिया है । पुलिस का ख्याल है कि उग्रवादी कोई वारदात करने के बाद इसे छोड़ गए हैं ।

महिला को घायल कर दिया

जालंधर (वार्ता): कल आधी रात को जिला होशियारपुर के हरयाना थाना के गांव बस्सी अज़िद के एक घर में घुस कर एक महिला श्रीमती आशा रानी को गोली मार कर घायल कर दिया, लेकिन उसका पति बाल-बाल बच गया । सिविल अस्पताल में दाखिल आशा की हालत नाज़ुक है । उसके सिर और नाक में 12 बोर की गोलियों के छर्रे लगे हैं । उग्रवादी उनके घर में घुसे तो आंगन में सो रहा दम्पति जाग गया । जब रूढ़ चंद ने कमरे की छत पर चढ़ कर चिल्लाना शुरू कर दिया तो उग्रवादियों ने गोली चला दी, जिससे आशा घायल हो गई । उग्रवादी कुछ नहीं लूट सके ।

गांववासियों ने उग्रवादी पकड़े

अमृतसर (अशोक सोनी): लूटने के उद्देश्य से झब्बाल थाना के गांव पंडोरी हसन में घुसे 2 सशस्त्र उग्रवादियों को पीछा करके गांववासियों ने पकड़ लिया, बाद में उन्हें सुरक्षा बलों की गश्ती टुकड़ी के हाथों सौंप दिया गया ।

स्कूटर सवारों द्वारा फ़ायरिंग

आज सायं 4 बजे मजीठा रोड पर स्थित गोपाल नगर में 2 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने फ़ायरिंग की, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ । सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा बल वहां पहुंच गए, लेकिन उग्रवादी भागने में सफल हो गए । फ़ायरिंग पिस्तौल से की गई ।

पटाखा फटा था

एस.पी. सिटी सुरेश अरोड़ा का कहना है कि वहां कोई फायरिंग नहीं हुई बल्कि पटाखा फटा था ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने कल रात अमृतसर जिले के



मुठभेड़ में घायल थाना सदर जालन्धर के एस. एच. ओ. कुलदीप सिंह ।

उन्होंने कहा कि गत दिवस गुरदासपुर के गांव नबीपुर में आतंकवादियों द्वारा भाई देवेंद्र सिंह रागी की हत्या और जालंधर बम कांड की गत्थी सुलझा ली गई है, इस संबंध में संदिग्ध लोगों की गिरफ्तारियां शीघ्र संभावित हैं । श्री सिद्दीकी ने बताया कि एक उग्रवादी तीर्थ सिंह, जो जालंधर बम विस्फोट में घायल होने के बाद अस्पताल से खिसक गया था, को गिरफ्तार किया जा चुका है । इन दोनों कांडों में बब्बर खालसा का हाथ है । इस संबंध में एक-दो संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है, जिससे काफ़ी सूत्र हाथ लगे हैं । आज पंजाब पुलिस ने अतिरिक्त महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने गुरदासपुर में फतेहगढ़ चूड़ियां, डेरा बाबा नानक, अलीवाल, कादियां और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा किया । डी.आई.जी. ए. सिद्दीकी, गुरदासपुर के एस.एस.पी. जे.पी. विरदी और बी.एस.एफ. तथा सी.आर.पी.एफ. के कई उच्चाधिकारी उनके साथ थे । उन्होंने उच्चाधिकारियों से मंत्रणा करके उचित निर्देश दिये ।

पिस्तौल सहित गिरफ्तार

फिल्लौर (भाखड़ी): गत सायं सी.आई.ए. स्टाफ़ के सोमराज ने निकटवर्ती गांव कंग अराइयां की पुली के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति जसविन्दर सिंह उर्फ़ काका को गिरफ्तार किया है, जो दोसांझ खुर्द का निवासी है । उसके कब्जे से एक .303 का अवैध पिस्तौल व दो कारतूस भी बरामद किये हैं ।

फरीदकोट (जिंदल): एस.एस.पी. गोबिन्द राम ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान जिला में 5 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी शिनाख्त शोभा सिंह (कोटकपूरा), पाढ़ा (जैतो मंडी), गुरचरण सिंह (कोटभाई), परमजीत सिंह उर्फ़ पप्पी तथा जसबीर सिंह (फरीदकोट) के रूप में की गई है । इनसे 5 पिस्तौलें और कारतूस बरामद हुये हैं । इन्हें मुठभेड़ों के बाद गिरफ्तार किया गया । पूछताछ के दौरान उन्होंने कई वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है । इसके अलावा 30 व्यक्तियों को उग्रवादियों को शरण और सहायता देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । ऐसे 4 लोग गिरफ्तारी से बच कर भाग गए ।

करने के बाद इसे छोड़ गए हैं ।

महिला को घायल कर दिया

जालंधर (वार्ता): कल आधी रात को जिला होशियारपुर के हरयाना थाना के गांव बस्सी बजिद के एक घर में घुस कर एक महिला श्रीमती आशा रानी को गोली मार कर घायल कर दिया, लेकिन उसका पति बाल-बाल बच गया । सिविल अस्पताल में दाखिल आशा की हालत नाजुक है । उसके सिर और नाक में .12 बोर की गोलियों के छर्रे लगे हैं । उग्रवादी उनके घर में घुसे तो आंगन में सो रहा दम्पति जाग गया । जब रूढ़ चंद ने कमरे की छत्त पर चढ़ कर चिल्लाना शुरू कर दिया तो उग्रवादियों ने गोली चला दी, जिससे आशा घायल हो गई । उग्रवादी कुछ नहीं लूट सके ।

गांववासियों ने उग्रवादी पकड़े

अमृतसर (अशोक सोनी): लूटने के उद्देश्य से झब्बाल थाना के गांव पंडोरी हसन में घुसे 2 सशस्त्र उग्रवादियों को पीछा करके गांववासियों ने पकड़ लिया, बाद में उन्हें सुरक्षा बलों की गश्ती टुकड़ी के हाथों सौंप दिया गया ।

स्कूटर सवारों द्वारा फ़ायरिंग

आज सायं 4 बजे मजीठा रोड पर स्थित गोपाल नगर में 2 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने फ़ायरिंग की, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ । सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा बल वहां पहुंच गए, लेकिन उग्रवादी भागने में सफल हो गए । फ़ायरिंग पिस्तौल से की गई ।

पटाखा फटा था

एस.पी. सिटी सुरेश अरोड़ा का कहना है कि वहां कोई फायरिंग नहीं हुई बल्कि पटाखा फटा था ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने कल रात अमृतसर जिले के सरहाली थाना के गांव भीलों के गांव से चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनसे एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस ज़ब्त किये ।

सिद्दीकी का बयान

बटाला (कोछड़): गत दिवस जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री ए. सिद्दीकी ने यहां पुलिस, बी.एस.एफ. और सी.आर.पी.एफ. के सैक्टर कमांडरों और अन्य अधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान स्थिति का जायज़ा लिया और उचित निर्देश दिये । इस अवसर पर वह जनता के प्रतिनिधियों से भी मिले ।

बाद में उन्होंने पत्रकारों को बताया कि गांवों में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की जा रही है, जिसके लिये और सुरक्षा बल मंगाए जा रहे हैं । इसके बाद छापों और खोजबीन का काम तेज़ हो जाएगा, ताकि सामान्य जनजीवन शीघ्र बहाल हो सके । पुलिस अधिकारियों को किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की पूरी तरह छानबीन करके कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं और निर्दोषों को तंग न किया जाए । उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति शासन के बाद पंजाब के लोगों में विश्वास की बहाली हुई है । हिंसा पर पूरी तरह काबू पाने में अभी समय लगेगा । फिर भी पुलिस और सुरक्षा बल अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिये यथा-सम्भव प्रयास कर रहे हैं । उन्होंने लोगों से अपील की कि आतंकवाद पर काबू पाने में वह पुलिस से सहयोग करें ।

गिरफ्तार किया जा चुका है । इन दोनों कांडों में बब्बर खालसा का हाथ है । इस संबंध में एक-दो संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है, जिससे काफी सूत्र हाथ लगे हैं । आज पंजाब पुलिस ने अतिरिक्त महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने गुरदासपुर में फतेहगढ़ चूड़ियां, डेरा बाबा नानक, अलीवाल, कादियां और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा किया । डी.आई.जी. ए. सिद्दीकी, गुरदासपुर के एस.एस.पी. जे.पी. विरदी और बी.एस.एफ. तथा सी.आर.पी.एफ. के कई उच्चाधिकारी उनके साथ थे । उन्होंने उच्चाधिकारियों से मंत्रणा करके उचित निर्देश दिये ।

पिस्तौल सहित गिरफ्तार

फिल्लौर (भाखड़ी): गत सायं सी.आई.ए. स्टाफ़ के सोमराज ने निकटवर्ती गांव कंग अराइयां की पत्नी के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति जसविन्दर सिंह उर्फ़ काका को गिरफ्तार किया है, जो दोसांझ खुर्द का निवासी है । उसके कब्जे से एक .303 का अवैध पिस्तौल व दो कारतूस भी बरामद किये हैं ।

फरीदकोट (जिंदल): एस.एस.पी. गोबिन्द राम ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान जिला में 5 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी शिनाख्त शोभा सिंह (कोटकपूरा), पाढ़ा (जैतो मंडी), गुरचरण सिंह (कोटआई), परमजीत सिंह उर्फ़ पप्पी तथा जसबीर सिंह (फ़रीदकोट) के रूप में की गई है । इनसे 3 पिस्तौलें और कारतूस बरामद हुये हैं । इन्हें मुठभेड़ों के बाद गिरफ्तार किया गया । पूछताछ के दौरान उन्होंने कई वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है । इसके अलावा 30 व्यक्तियों को उग्रवादियों को शरण और सहायता देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । ऐसे 4 लोग गिरफ्तारी से बच कर भाग गए ।

2 बंदी

फिरोज़पुर रेंज के डी.आई.जी. डी.एस. मोही ने मोगा ने बताया कि फरीदकोट जिला में नाकेबंदी के दौरान 2 उग्रवादियों मस्तान सिंह और सुखदेव सिंह को पकड़ कर 2 पिस्तौलें, 7 कारतूस और लूटे गये 24656 रु. बरामद किए ।

स्पष्टीकरण

फरीदकोट से मिली एक रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि कल गिरफ्तार किया गया वकील हिन्द समाचार पत्र समूह के सम्पादक श्री रमेश चंद्र की हत्या करने वाले दो सशस्त्र आतंकवादियों से इस वकील के 'घनिष्ठ संबंध' थे ।

बाघापुराना (मित्तल): गांव फत्तो हीर सिंह में उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार महंत की गिरफ्तारी के विरोध में 200 के लगभग गांववासियों ने स्थानीय पुलिस थाने के सामने धरना देने की कोशिश की, जिन्हें पुलिस ने बल प्रयोग करके वहां से हटा दिया और 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया ।

बम की अफवाह

पटियाला के कैपीटल सिनेमा में आज एक ट्रांजिस्टर जैसी चीज मिलने से आतंक फैल गया । बाद में पता चला कि वह वाकई ट्रांजिस्टर था ।

पवन कुमार रिहा

मालेरकोटला सब जेल में कैद हिन्दू सुरक्षा समिति के नेता पवन कुमार शर्मा को हाईकोर्ट के निर्देश पर रिहा कर दिया गया ।

Punjabi Sahit

सी.आर.पी. के दो जवानों सहित 6 लोगों की हत्याएं : मुठभेड़ों में पम्मा सहित 5 उग्रवादी मरे

लुधियाना में शस्त्र फैक्टरी पकड़ी, फरीदकोट के चार पुलिस कर्मी शरण देने में बंदी

सिनेमाओं, रेलवे स्टेशनों पर बम विस्फोटों का षड्यंत्र

चंडीगढ़, 11 जून, (वार्ता, ह.स., नि.स.): आज रात्रि मोगा बाईपास के पास उग्रवादियों ने घात लगाकर सी.आर.पी. की एक जीप पर हमला करके सी.आर.पी. के दो जवानों की हत्या कर दी ।



अनोख सिंह मृतक) (छाया : प्यारे)

उग्रवादियों ने पंजाब में एक ग्रंथी सहित चार लोगों की हत्या कर दी जबकि विभिन्न मुठभेड़ों में कुख्यात उग्रवादी परमजीत सिंह पम्मा सहित पांच उग्रवादी मारे गए । चंडीगढ़ में कल रात्रि जिस मकान से गोली चला कर उग्रवादियों ने एक पुलिस इंस्पैक्टर की हत्या की थी, वह मकान अखंड कीर्तनी जत्थे की उग्रवादियों ने लिया था और वहां जो विस्फोटक सामग्री मिली वह हरियाणा के चुनावों में उपद्रव फैलाने में प्रयुक्त की जानी थी । इसमें ट्रांजिस्टर बम कांड के प्रमुख अभियुक्त करतार सिंह नारंग का पुत्र भी लिप्त था जो कल ही फरार हो गया । लुधियाना में एक बड़ी बम फैक्टरी पकड़ी गई और इस मामले में गिरफ्तार उग्रवादी ने इंका नेता जोरेंद्र पाल पांडे के कत्ल में हाथ होना स्वीकार किया । इस उग्रवादी ने स्वीकार किया कि जालन्धर की तरह ही अन्य स्थानों पर सिनेमा, स्टेशनों आदि पर बम विस्फोट की योजना थी । फरीदकोट पुलिस ने उग्रवादियों से सांठगांठ के आरोप में चार सिपाहियों सहित कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया । विभिन्न स्थानों से कई अन्य उग्रवादी गिरफ्तार किए गए । जालन्धर जेल में अचानक गोली चलने से आतंक फैल गया ।

2 सी.आर.पी. जवानों की हत्या

'चालमुकुन्द' के अनुसार आज सायं सी.आर.पी. की एक जीप पर मोगा बाईपास केनिकट उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला कर दियातथा जीप में सवार दो जवानों की हत्या कर दी । फायरिंग से सी.आर.पी. के 5 जवान गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया । एस.एस.पी. आदि घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

एक अन्य सूचना के अनुसार सी.आर.पी. की जीप में सवार सुरक्षा बलों ने एक ट्रक को तलाशी लेने के लिए रुकने का संकेत दिया तो ट्रक में सवार उग्रवादियों ने फायरिंग कर दी । संदेह किया जाता है कि ट्रक में हथियार ले जाए जा रहे थे ।

बम फैक्टरी पकड़ी गई

लुधियाना (वार्ता, धीमान, जोशी, मुखीजा): आज यहां पुलिस क्षेत्रों ने बताया कि पुलिस ने यहां एक बड़ी बम फैक्टरी पकड़ी है और जिस बम से जालन्धर में 4 व्यक्ति मारे गए थे, वह बम इसी फैक्ट्री का बना हुआ था । फैक्टरी चलाने वाले खतरनाक वहशियों की योजना इन बमों द्वारा सिनेमाघरों, रेलवे स्टेशनों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों को उड़ाना था । इस सिलसिले में लखविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो बस्ती जोधेवाल में किराए के मकान में रहता था । उक्त फैक्टरी में 600 डेटोनेटर बम में इस्तेमाल किया जाने वाला मवाद बरामद किया गया है । 300 डेटोनेटर हर प्रकार से तैयार पड़े पाए गए जबकि 300 डिब्बों में बंद पाए गए । इनके अलावा 2 किलो फासफोरस, चार सोडियम सल्फेट के पैकेट भी पाए गए । इस गिरोह के नेता तथा फैक्टरी के सुपरवाइजर डा. मनजीत सिंह को जालन्धर पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है, जिसका सम्बन्ध बब्बर खालसा के साथ था । इस गिरोह का एक सदस्य अनोख सिंह लुधियाना से फरार हो गया था और सुखदेव सिंह बब्बर कल चंडीगढ़से फरार हो गया था ।

पुलिस ने इस गिरोह के दस और सदस्यों की शिनाख्त कर ली है । पुलिस के एक प्रवक्ता के

(शेष पृष्ठ 8 पर)



1



2



5

(1,2,3) मुकेरियां में मुठभेड़ के दौरान मारे गये उग्रवादी, (4) उग्र
निकट मुठभेड़ में मरा उग्रवादी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा. (9) पम



1

2



5

6

चंडीगढ़ में गत रात उग्रवादियों की शस्त्र फैक्टरी पकड़ी गई, (1) बमों साईज़ की पाईपें आदि, (4) उग्रवादियों के कमरों से बरामद जाली नम्ब का बिखरा खून, (8) छत का वह स्थान जहां से उग्रवादी भागे ।

रामाराव इंका विरोधी चुनाव प्रचार के लिए आज हरियाणा आएंगे

हैदराबाद, 11 जून (वार्ता): आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव हरियाणा में कांग्रेस (इ) विरोधी चुनाव प्रचार के लिए कल हरियाणा रवाना हो रहे हैं । श्री रामाराव ने आज यहां एक प्रैस कांफ्रैंस में बताया कि वह गैर कांग्रेस (इ) किसी खास दल के लिए चुनाव प्रचार नहीं करेंगे । वह चाहते हैं कि कांग्रेस (इ) की पराजय केलिए सभी प्रतिपक्षी दल मिल जाएं ।

श्री राव चुनाव प्रचार अपने बहुचर्चित 'चैतन्य रथम' से करेंगे । उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में उनका नारा होगा 'कांग्रेस को हटाओ, देश को बचाओ और 'भ्रष्टाचार हटाओ, देश को बचाओ ।' उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार केलिए तेलगू देशम के सभी सांसद उनके साथ जाएंगे ।

श्री राव ने कहा कि वह हरियाणा में किसी के अतिथि की हैसियत से नहीं जा रहे बल्कि जनप्रतिनिधि की दृष्टि से उन्हें कांग्रेस (इ) के कुशासन के बारे में बताएंगे । उन्होंने कहा कि जनसभाओं को संबोधित करते हुए उनके मंच पर किसी अन्य दल का प्रत्याशी नहीं होगा ।

नई दिल्ली में तेलगु देशम संसदीय दल के नेता पी. उपेन्द्र ने श्री रामाराव के हरियाणा चुनाव दौरे की घोषणा की । उन्होंने कहा कि श्री रामाराव सभी सभाओं में हिन्दी में भाषण देंगे । श्री उपेन्द्र ने दावा किया कि हरियाणा में इस समय कांग्रेस (इ) विरोधी लहर चल रही है और श्री रामाराव के चुनाव दौरे से हम कांग्रेस (इ) को पराजित करने में अपना योगदान देना चाहते हैं ।

उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ रहे चार प्रमुख विपक्षी दलों (लोकदल के दोनों धड़े, जनता और भाजपा) ने श्री रामाराव को आमंत्रित किया है । लेकिन तेलगु देशम स्वयं चुनाव दौरे का संचालन करेगा और उसकी पूरी कोशिश होगी कि कांग्रेस (इ) पराजित हो ।

हरियाणा के लिये 45 प्रेक्षक

चंडीगढ़, 11 जून (एन.एस. परवाना): मुख्य चुनाव आयोग 17 जून को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनावों में हरियाणा कैडर के 45 आई.ए.एस. अधिकारियों को प्रेक्षक नियुक्त किया है । यही प्रेक्षक रोहतक और भिवानी संसदीय चुनाव क्षेत्रों में होने वाले उप चुनावों में भी प्रेक्षक होंगे । जिला और चुनाव क्षेत्र के क्रमानुसार प्रेक्षकों के नाम इस प्रकार हैं ।

अम्बाला शहर और नरगल में एल.एम. गोयल, जगाधरी और यमुनानगर में टी.डी. जोगपाल, अम्बाला कैंट और मुलाना में श्रीमती आशा शर्मा, साधौरा और छछरौली में एच.एस. आनन्द, कालका और नारायणगढ़ में श्रीमती उर्वशी गुलाटी, शाहबाद और रादौर में श्रीमती किरण अग्रवाल, कैथल और पाई में तरसेम लाल, थानेसर और पुंडरी में आर.एस. मलिक, पिहोवा और गुहला में एस.पी. शर्मा, इन्दरी (करनाल चुनाव स्थगित) में सी.एस. राणा, समालखा और नौलत्था में धर्म बीर, घरौंडा और असंध में श्रीमती रेवा नैयर, नीलोखेड़ी (जुंडला चुनाव स्थगित) आर. एस. कैले, पानीपत और सफीदों में जी. प्रसन्न कुमार, जीन्द और जुलाना में विष्णु भगवान, कलायत और नरवाना में पी.एस. पंडारवानी, उचाना कलां और राजौंद में बेअन्त सिंह, गोहाना और बरोदा में एम.के. मिगलानी, कौलाना और सोनीपत में रणजीत इस्सर, राई और रोहट में नसीम अहमद, मेहम और कलानौर में एस.के. शर्मा, हसनगढ़ और बेरी में ए.एन. माथुर, बहादरगढ़ और बादली में भास्कर चटर्जी, रोहतक और किलोई में आर.डी. गर्ग, सहलवास और झज्जर में एस.के. महेश्वरी, हसनपुर और हथीन में जे.के. दरगल, मियोला महाराजपुर और फरीदाबाद में वीरेन्द्र नाथ, पलवल और तिजारा में सी.

फकीर ने दो मासूम बच्चों को पीट-पीट कर मार डाला : अंधविश्वास का परिणाम

बरनाला, 11 जून (सिंघवानी): यहां से चार कलो मीटर दर मौजा फरवाही में एक युवा

बाहर नहीं आए तो उन्हें शक हो गया और वे बलात तकिए के अंदर घुस गए और फिर बरनाला पुलिस

पंजाब समझौते को लागू

अमृतसर, 11 जून (अशोक, ह.स.): भूतपूर्व मुख्यमंत्री तथा अकाली दल (ल) के अध्यक्ष श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने कहा है कि पंजाब समझौते

उनकी सरकार को बर्खास्त 'इराडी ट्रिब्यूनल' की रिप

Punjabi Sanjani

की
मरे
में बंदी
ड्यंत्र












(1,2,3) मुकेरियां में मुठभेड़ के दौरान मारे गये उग्रवादी, (4) उग्रवादियों से बरामद हथियार, (5) स्कूटर । (छाया : प्रद्युम्न), (6) चब्बेवाल के निकट मारा गया गुरुद्वारे का ग्रंथी ईशर सिंह, (7) सेवादार दसोंधा सिंह, (8) रायपुर गांव के निकट मुठभेड़ में मरा उग्रवादी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा, (9) पम्मा के पास से बरामद स्टेनगन, कार्बाईन, 303 की 2 राइफलें और कारतूस (छाया : पंजाब केसरी)











Punjabi Samatani



(1,2,3) मुकेरियां में मुठभेड़ के दौरान मारे गये उग्रवादी, (4) उग्रवादियों से बरामद हथियार, (5) स्कूटर । (छाया : प्रद्युम्न), (6) चब्बेवाल के निकट मारा गया गुरुद्वारे का ग्रंथी ईशर सिंह, (7) सेवादार दसौंधा सिंह, (8) रायपुर गांव के निकट मुठभेड़ में मरा उग्रवादी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा, (9) पम्मा के पास से बरामद स्टेनगन, कार्बाईन, 303 की 2 राइफलें और कारतूस

(छाया : पंजाब केसरी)



चंडीगढ़ में गत रात उग्रवादियों की शस्त्र फैक्टरी पकड़ी गई, (1) बमों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले कैमिकल, (2) गोलियों, बम में प्रयुक्त होने वाला एल्युमीनियम मैटल पाऊडर, (3) देसी हथियारों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न साईज़ की पाईपें आदि, (4) उग्रवादियों के कमरों से बरामद जाली नम्बर प्लेटें, (5) बब्बर खालसा का साहित्य, (6) छापा मारने आए पुलिस दल पर गोलियां चलाए जाने से जाली में हुये छेद, (8) मारे गये इंस्पैक्टर हरजीत सिंह उर्फ गब्बर सिंह का बिखरा खून, (8) छत का वह स्थान जहां से उग्रवादी भागे ।

(छाया : पुरी)

पंजाब समझौते को लागू किये बिना कोई चारा नहीं, उग्रवाद से संघर्ष करेंगे : बरनाला

अमृतसर, 11 जून (अशोक ह स) भतपूर्व

[illegible] अब्दुल रशीद अहमदगढ़ का [illegible] वाला है । सवंत कौर के अनुसार जब वह [illegible] को लेकर फकीर के पास गई तो उसने कहा कि [illegible] के 250 रुपए लगेंगे, चुनांचे हमने उसे [illegible] रुपए पेशगी दे दिए और बाकी बच्चों के ठीक [illegible] पर देने का कहा । फकीर ने कलमा पढ़ते हुए [illegible] को छड़ी से पीटना शुरू कर दिया । उसने [illegible] को लटका दिया और फिर दोनों को पीटना [illegible] रखा । परिणाम स्वरूप दोनों बच्चे मर गए । [illegible] कौर के अनुसार फकीर ने कहा कि मैंने [illegible] पढ़ कर बच्चों को सुला दिया है, वे मरे नहीं, [illegible] होश में आ जाएंगे । तुम किसी को कमरे के [illegible] मत आने देना । बच्चों के बाप को यह कह [illegible] भेज दिया कि तुम बच्चों के कपड़े लेकर आ [illegible], बच्चे ठीक हो जाएंगे । फकीर की ओर से [illegible] तीन दिन से किया जा रहा था । जब देहातियों [illegible] कि तकिए के अंदर गई औरत और बच्चे

[illegible] का उम्मीदवार बनाने को तैयार हैं जिसे कांग्रेस जनों का विश्वास प्राप्त हो । श्री गांधी ने यह बात जनता संसदीय दल के नेता श्री मधु दंडवते के साथ राष्ट्रपति पद के सर्वसम्मत प्रत्याशी के चयन के लिए आज हुई भेंट में कही ।

भेंट के दौरान जब श्री दंडवते ने उनसे पूछा कि क्या वह केवल किसी कांग्रेस जन को राष्ट्रपति प्रत्याशी बनाने के पक्ष में हैं तो श्री गांधी ने कहा, "राष्ट्रपति का प्रत्याशी कांग्रेस का ही हो, यह जरूरी नहीं है लेकिन उसे कांग्रेसजनों का विश्वास प्राप्त होना चाहिए, जैसे विपक्ष अपने विश्वास प्राप्त व्यक्ति को इस पद पर लाना चाहता है ।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी का व्यक्तित्व ऐसा होना चाहिए जिसका सारा देश सम्मान करे । उन्होंने कहा कि कांग्रेस संसदीय बोर्ड 14 जून को अपनी बैठक में प्रत्याशी के बारे में

श्री दंडवते ने कहा कि राष्ट्रपति पद के लिए सर्वसम्मत उम्मीदवार के चयन के लिए पहल प्रधानमंत्री और कांग्रेस पार्टी को करनी चाहिए । उन्होंने कहा कि जनता पार्टी किसी भूतपूर्व राजनयिक, न्यायविद, संविधान विशेषज्ञ या वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी को इस पद के लिए उपयुक्त समझती है । श्री दंडवते ने प्रधानमंत्री को बताया कि राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के चयन के लिए गठित विपक्ष की तीन सदस्यों की समिति की बैठक 21 जून को तय की गई है ताकि प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ दल सर्वसम्मत प्रत्याशी चुनने के हर सम्भव प्रयास कर सकें ।

प्रो. दंडवते ने कहा कि विपक्षी समिति की 21 जून की बैठक के बाद सत्तारूढ़ दल और प्रधानमंत्री के पास इतना समय होगा कि वे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के बारे में आम सहमति बनाने का प्रयास कर सकें ।

[illegible] कि वे 17 जून को जब अपने मत का प्रयोग करने के लिए मतदान केन्द्रों पर जाएं तो अपनी जेब में ब्लेड अवश्य लेकर जाएं और जो भी अधिकारी गड़बड़ करता हुआ मिले, ब्लेड से उसकी नाक काट दें, उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा क्योंकि 19 जून को हरियाणा का मुख्यमंत्री मैं बनूंगा ।

उन्होंने उन अधिकारियों और असामाजिक तत्वों को भी चेतावनी दी, जो सत्ता के बलबूते पर कांग्रेस पार्टी की सहायता करने की सोच रहे हैं । उन्होंने कहा कि चौधरी भजन लाल के बयान से यह बात सिद्ध होती है कि वे गड़बड़ करके चुनाव जीतने की कोशिश में हैं, अन्यथा तो मेरी सभी जनसभाओं की उपस्थिति मुझे पहले ही मुख्यमंत्री बना चुकी है । उन्होंने कहा कि चौधरी भजन लाल के इस वक्तव्य से कि चौधरी देवी लाल कभी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते, आपको मतदान वाले दिन अपने पास ब्लेड रखना आवश्यक हो गया है । उन्होंने कहा कि

उन्होंने कहा कि आप लोगों ने मुझे नोट तो बहुत दे दिए, बस वोट और दे देना । फिर मुझे मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता । उन्होंने बताया कि इस समय मेरी दिहाड़ी अढ़ाई लाख रुपए प्रतिदिन है, बस जितने नोट देते हो, उतने ही वोट और दे देता । फिर मैं मुख्यमंत्री होऊंगा और अपने वित्तमंत्री को बुलाकर पूछूंगा कि हरियाणा की जनता के सिर पर कितना ऋण है । वित्तमंत्री ऋण की सूची मेरे सामने रखेगा, उस सूची पर फिर हस्ताक्षर होंगे, 'देवी लाल' और आपके सिर पर जो ऋण है, वह माफ हो जाएगा । उन्होंने बताया कि ऋणों की माफी के लिए ही तो हम विधान सभा में जा रहे हैं, जहां कानून बनाकर यह सब करेंगे । बैंकों का ऋण सरकार देगी । मैं आप को रोजगार दूंगा, जिन्हें रोजगार नहीं मिलेगा, उन्हें बेरोजगारी भत्ता दूंगा । मेरे बुजुर्गों 19 जून तक मर मत जाना क्योंकि मैंने तुम्हारी बुढ़ापे की पैंशन जारी करनी है ।

[illegible] समुदाय की प्रतिष्ठा को ही आघात पहुंचता है ।

श्री बरनाला ने सरकार से कहा कि वह 'दमन' का मार्ग न अपनाएं । इससे पंजाब में उग्रवाद को ही बढ़ावा मिलेगा । उन्होंने कहा कि एक राजनैतिक व आर्थिक किस्म की समस्या का समाधान गोली से नहीं हो सकता है । उन्होंने कहा कि गोली का जवाब गोली से नहीं दिया जाना चाहिए ।

श्री बरनाला ने सिख युवकों से आग्रह किया कि वह राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ें । इससे उन्हें ही लाभ नहीं होगा बल्कि प्रदेश व देश का भी हित होगा । उन्होंने कहा कि प्रदेश में उग्रवाद व निर्दोषों की हत्याओं से पंजाब के हितों को भारी आघात पहुंच रहा है । उन्होंने दावा किया कि पंजाब समझौते के अंतर्गत गठित ट्रिब्यूनलों तथा आयोगों की रिपोर्ट 'राजनीति से प्रेरित रही है ।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अपने राजनीतिक स्वार्थों



भाई साहब तब तक हम वर्तमान राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के मध्य हुई नोंक-झोंक का आनंद ले सकते हैं ।









[illegible] चंडीगढ़ में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में मारे गये इंस्पैक्टर हरजीत सिंह उर्फ गब्बर सिंह (इनसैट) की चिता को जालंधर में अग्नि देते हुये उनका बेटा, (2) शोक में डूबे पुलिस अधिकारी, [illegible] के कंधे से लग कर बिलखता हुआ इंस्पैक्टर हरजीत सिंह का इकलौता बेटा । (छाया : कपूर), (4) मुठभेड़ में घायल एक अन्य इंस्पैक्टर कुलदीप सिंह का पी.जी.आई. चंडीगढ़ में हालचाल पूछते हुये राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे ।

उग्रवादियों के दुश्मन इंस्पैक्टर 'गब्बर सिंह की पूर्ण सम्मान के साथ अंत्येष्टि

जालंधर, 11 जून (वि.स.): माडल टाऊन थाना, जालंधर के एस.एच.ओ. श्री हरजीत सिंह उर्फ गब्बर सिंह जो गत रात चंडीगढ़ के सैक्टर 44 के मकान नं. 3205 में छुपे उग्रवादियों को पकड़ने के लिए मारे गए छापे के समय उग्रवादियों की फायरिंग का शिकार हो गए थे, का अंतिम संस्कार कड़ी सुरक्षा के बीच माडल टाऊन श्मशान घाट पर सरकारी सन्मान के साथ कर दिया गया ।

अर्थी उठाए जाने से पूर्व घर में परिवार वालों में जो इस ट्रेजिडी से कोहराम मचा था, श्मशान घाट में वह चरम सीमा पर देखा गया जब मृतक के इकलौते बच्चे 17 वर्षीय मनदीप सिंह ने उनकी चिता को अग्नि दिखाई । इस अवसर पर सैंकड़ों पुरुष, स्त्रियां उपस्थित थीं । माडल टाऊन मार्कीट उनके शोक में बाद दोपहर बन्द रही । चिता को अग्नि दिखाए जाने से पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की ओर से उनके शव पर फूलमालाएं चढ़ाई गईं । इन अधिकारियों में डी.आई.जी. जालंधर श्री ए.ए. सिद्दीकी, डी.आई.जी. क्राइम श्री पी.सी. डोगरा, डी.आई.जी. सी.आर.पी. श्री एस.एस. विर्क, डी.आई.जी. आप्रेशन श्री सी. पाल सिंह, एस.एस.पी. श्री एस.एस. बैंस, एस.पी. कपूरथला श्री लेखी, एस.पी. जालंधर श्री गोपाल दास, एस.पी. आप्रेशन श्री शर्मा व एस.पी. (डी) श्री स्वर्ण सिंह शामिल थे । इससे पूर्व प्रातः 9.30 बजे श्री रिबैरो श्रीमती रिबैरो के साथ श्री गब्बर सिंह के घर गए और उनके बेटे मनदीप सिंह तथा बिलखती पत्नी, बहन, ससुर आदि से हार्दिक संवेदना प्रकट की । श्री रिबैरो ने कहा कि गब्बर सिंह एक साहसी अधिकारी था जिसे वह खोकर बहुत दुःखी हैं । उन्होंने परिवार को ढाढ़स बंधाई और उनके लड़के को, जो इस समय बी.ए. पार्ट वन की परीक्षा दिए हुए हैं, को उसकी इच्छा पर पुलिस में पद देने का आश्वासन दिया । श्री रिबैरो के साथ डी.आई.जी. जालंधर रेंज श्री ए.ए. सिद्दीकी, डी.आई.जी. सी.आर.पी. श्री एस.एस. विर्क भी उपस्थित थे । अंतिम संस्कार के समय उपस्थित प्रमुख नागरिक थे—वैद्य ओम प्रकाश दत्त विधायक, चौधरी दर्शन सिंह, श्री बी.के. खुल्लर, श्री डी.पी. सहगल, श्री यशपाल मित्तल, श्री धर्मपाल अरोड़ा, श्री दिलबाग सिंह व श्री महेंद्र सिंह के.पी. (दोनों विधायक), श्री दर्शन सिंह के.पी. । श्री सिद्दीकी ने बताया कि श्री गब्बर सिंह के परिवार को एक लाख रुपए मुआवजा के अतिरिक्त डेढ़ लाख रुपए के और लाभ मिलेंगे । इसके अतिरिक्त उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिल सकेगी । पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्री गब्बर सिंह को .455 रिवाल्वर से केवल एक गोली लगी जो जानलेवा सिद्ध हुई । बताया जाता है कि यहां से जो पुलिस दल चंडीगढ़ किसी उग्रवादी को गिरफ्तार करने गया था, उसके पांच सदस्य बगैर वर्दी के उस मकान पर टोह लेने गए । इनमें इंस्पैक्टर कुलदीप सिंह तथा श्री गब्बर सिंह के अतिरिक्त तीन और सदस्य थे ।

यह भी बताया गया है कि वह भवन तीन मंजिला था और उग्रवादी तीसरी मंजिल पर थे । श्री गब्बर सिंह और श्री कुलदीप सिंह ऊपर चढ़ गए जबकि तीन सदस्यों को नीचे तैयार खड़ा किया गया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार उग्रवादियों की नजर कहीं श्री गब्बर सिंह के हाथ में लिए रिवाल्वर पर पड़ गई और एक उग्रवादी ने .455 बोर के रिवाल्वर से कमरे की जाली में से गोली दाग दी जो श्री गब्बर सिंह की छाती के दाएं भाग में हवा की नाली के पास लगी । इसी प्रकार एक गोली श्री कुलदीप सिंह को बाजू में लगी ।

श्री गब्बर सिंह तब उसी हालत में तीसरी मंजिल से नीचे आए और नीचे खड़े कर्मियों को ऊपर फायरिंग करने को कहा जिस पर दोनों ओर से फायर हुए ।

इसी बीच श्री गब्बर सिंह गिर गए । उधर से योजनानुसार काफी फोर्स पहुंच गई मगर वहां दृश्य दूसरा था । तब तक उग्रवादी साथ लगते मकानों की छतों से होते हुए फरार हो गए । श्री गब्बर सिंह व श्री कुलदीप सिंह को तुरन्त पी.जी.आई. ले जाया गया जहां श्री गब्बर सिंह दम तोड़ गए ।

पुलिस दल का अनुमान है कि वहां तीन से चार उग्रवादी थे जो बच निकले । उल्लेखनीय है कि आज से दो वर्ष पूर्व भी नवांशहर पुलिस जांच दल ने चंडीगढ़ में एक छापा उग्रवादी गुरिन्दर सिंह को पकड़ने के लिए मारा था तब गुरिन्दर सिंह मारा गया था मगर दो पुलिस कर्मी भी मारे गए थे ।

बंगा (खोसला): गत सायं चंडीगढ़ में पुलिस मुकाबले में मारे गए बलाचौर के एस.एच.ओ. हरजीत सिंह की लाश यहां से गुजरी तो स्थानीय पुलिस ने सलामी दी और फूलों के हार भेंट किए । यह बात यहां उल्लेखनीय है कि श्री हरजीत सिंह सुरेन्द्र सिंह खालसा को गिरफ्तार करने के लिए बंगा आए थे । बंगा पुलिस ने गत रात अनेक स्थानों पर छापे मारे ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो आज श्री हरजीत सिंह के परिवार के पास अपनी संवेदना व्यक्त करने गए । श्री रिबैरो ने एक लाख रुपए का अनुदान और श्री हरजीत सिंह के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

TAX FREE कर मुक्त TAX FREE टैक्स भाड़
कर मुक्त टैक्स भाड़ TAX FREE
TAX FREE कर मुक्त
अब लिजिये रंगीन टी.वी.
कर मुक्त
पंजाब सरकार की तरफ से कुन्दन टी.वी. को टैक्स में छूट
KUNDAN
कुन्दन टी.वी.
सबसे पहली पसन्द
कर मुक्त TAX FREE टैक्स भाड़ TAX FREE

Punjabi Sanstan

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

अनुसार जालन्धर में फटने वाला बम भी लुधियाना फैक्टरी द्वारा निर्मित था । लखविन्दर सिंह ने बताया कि बब्बर खालसा के गिरोह के सदस्यों ने ही श्री जोगेन्द्र पाल पांडे की हत्या की थी । उनका कई अन्य हत्या कांडों में हाथ बताया जाता है । वहां से 500-500 ग्राम के 8 डिब्बे मिले हैं जिनमें से प्रत्येक में फासफोरस, सोडियम सल्फेट के 4-4 पैकेट थे ।

सूत्रों ने बताया कि इनमें से 3000 पलीते को तार जोड़ कर विस्फोट के लिए तैयार किया गया था । शेष पलीते एक डिब्बे में रखे थे । इन पर 'इंडियन एक्सप्लोसिव लि, टार्च ब्रांड' और डिटोनेटर आफ हाई एक्सप्लोसिव' लिखा है ।

रिवाल्वर छीन ले गए

आज प्रातः साढ़े नौ बजे थाना जगराओं के मौजा गोदे में तीन सिख युवक जोरा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में दाखिल होकर उसका 36 बोर का रिवाल्वर छीन कर भाग गए ।

उग्रवादियों से सांठगांठ में बंदी

लुधियाना पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के अध्यक्ष जगविन्दर सिंह व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया । जगविन्दर सिंह लुधियाना जिले के नारंगल का रहने वाला है और जरनैल सिंह हलवाड़ा, हरविंदर सिंह बंटी, वरिन्दर सिंह दाखा, सरविन्दर सिंह बोनी आदि से सांठगांठ करता था । जगविन्दर सिंह अवैध हथियार रखता था और उन्हें उग्रवादियों में बांटता था । उसके पास से ढंडरा ग्राम से छीना हुआ एक स्कूटर, 12 बोर की रिवाल्वर, 8 कारतूस बरामद हुए । उसने स्वीकार किया कि ढंडरा ग्राम में ईंट भट्ठे के मुनीम की उसने व उसके दो साथियों देवेन्द्र सिंह और सरविन्दर सिंह ने गोली मार कर हत्या की थी । उसने गुरदेव नगर लुधियाना से एक कार छीनी थी, ओसवाल फैक्टरी लूटने का प्रयास किया था, दुकानदारों, व्यापारियों, डाक्टरों को धमकी भरे पत्र लिखकर फिरौतियां वसूली थीं । जगविन्दर सिंह के दो साथियों, फैडरेशन की लुधियाना इकाई के आफिस सैक्रेटरी बलदेव सिंह मोगा व दर्शन सिंह लागरी आदि ने मिलकर गिल रोड व ढंडरा ग्राम में कई खेत जलाए थे ।

जगरांव से विजोग के अनुसार तीन उग्रवादियों ने चौकीयान के पास पिशौरा सिंह से उसकी रिवाल्वर छीन ली ।

ग्रंथी और सेवादार की हत्या

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): आज तड़के यहां के निकटवर्ती गांव चबेवाल से एक किलो मीटर दूर ऐतिहासिक गुरुद्वारा नडाला के 70-72 वर्षीय ग्रंथी ज्ञानी ईशर सिंह और सेवादार दसौंधा सिंह की कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तेजधार हथियार मारकर हत्या कर दी । ज्ञा. ईशर सिंह गत 15 वर्ष से इस गुरुद्वारा में सेवा कर रहे थे । दसौंधा सिंह वास्तव में बयालाका निवासी बताया जाता है । वह कुछ दिन पूर्व ही इस गुरुद्वारे में आया था और होशियारपुर के निकटवर्ती गांव बरहेरा में काम किया करता था, परन्तु कुछ मास पूर्व जब आतंकवादी ग्रंथी अमर सिंह की हत्या करके उसका सामान लेकर फरार हो गए थे तो ज्ञा. ईशर सिंह उपर्युक्त गांव में ग्रंथी के रूप में काम कर रहे थे । लोगों ने पत्र प्रतिनिधियों को बताया कि ज्ञानी ईशर सिंह प्रातः दो बजे स्नान किया करते थे । नल के निकट उनके कपड़े भी पड़े पाए गए । स्थानीय पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

तीन उग्रवादी मरे

कल रात्रि 12.30 बजे के लगभग पुलिस की नाका पार्टी ने मुकेरियां के ग्राम धामियां के पास तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों को ग्लेरिया ग्राम की ओर से आते देखा और नहर के पुल के पास उन्हें रुकने की चेतावनी दी पर वे पुलिस पर गोली चलाकर स्कूटर [illegible] गए और तीनों वहीं गिर पड़े । फिर तीनों उठकर खेतों में जा छिपे । पुलिस व उग्रवादियों के बीच आधे घंटे तक फायरिंग हुई जिसमें तीनों उग्रवादी मारे गए । उनके पास से भारी परिमाण में हथियार बरामद हुए हैं । उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी । उनका स्कूटर बजाज चेतक पी.ए.यू. 2937 है ।

पुलिस व आतंकवादियों में मुकाबिला मुकेरियां के गांव धामियां बराहां के निकट हुआ । तीनों स्कूटर सवार आतंकवादियों को आते देखकर पुलिस ने उन पर बैटरी की लाइट मारी । आतंकवादियों ने घबराकर एक मैटाडोर पी.ए.ओ. 829 पर गोली चला दी और साथ ही पुलिस पर भी फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग पर जब वे लौटने लगे तो उनका स्कूटर पेड़ से टकरा गया । एक आतंकवादी एक तरफ और दूसरा, दूसरी तरफ जा गिरा और आड़ लेकर फायरिंग करने लगे । पुलिस की फायरिंग से तीनों मारे गए । आतंकवादियों ने आठ गोलियां चलाईं और पुलिस ने 25-30 फायर किए । इनके पास से एक डबल बैरल गन, एक 32 बोर का पिस्तौल, एक 12 बोर का पिस्तौल और कई कारतूस मिले । उनका पोस्ट मार्टम दसूहा में किया गया । अभी तक शिनाख्त नहीं की जा सकी, परन्तु ख्याल है कि इनमें से एक होशियारपुर का है और शेष बाहर के हैं ।

पम्मा मारा गया

आज तड़के शाम चौरासी के पास ग्राम रायपुर में एक अन्य मुठभेड़ में कुख्यात उग्रवादी परमजीत सिंह पम्मा मारा गया । बताया गया है कि जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री सिद्दीकी के नेतृत्व में बी.एस.एफ. व पंजाब पुलिस उग्रवादियों के ठिकानों पर छापे मार रही थी । प्रातः 4.30 बजे शाम चौरासी के ग्राम रायपुर के पास 2 उग्रवादी एक स्कूटर पर आते दिखाई दिए जिन्होंने पुलिस द्वारा रोके जाने पर फायरिंग कर दी । जवाबी फायरिंग किए जाने से परमजीत सिंह पम्मा नामक दर्दांत उग्रवादी मारा गया जो चक्कोवाल ब्राह्मणा में तीन लोगों की हत्याओं सहित दर्जनों हत्याओं में वांछित था पर उसका साथी निकल भागा । घटनास्थल से एक स्टेनगन, दो राइफलें, एक कारबाइन व भारी परिमाण में गोलियां बरामद हुईं ।

होशियारपुर व रोपड़ जिलों में उग्रवादियों द्वारा बंदूकें छीनने की दो घटनाएं हुईं ।

राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद से अब तक 1230 उग्रवादी पकड़े गए जिनमें से 406 को सरपंचों व अभिभावकों द्वारा सदाचरण का आश्वासन दिए जाने पर रिहा कर दिया गया ।

दुकानदार की हत्या

बटाला से 'कोछड़' व 'वार्ता' के अनुसार गत रात्रि सदर थाना क्षेत्र के ग्राम बलबुरियां में दो साइकल सवार उग्रवादियों ने एक व्यक्ति श्याम लाल की गोली मार कर हत्या कर दी । गुरदासपुर के एस.एस.पी. जे.पी. विरदी ने बताया कि उग्रवादियों ने पहले एक व्यक्ति से उसकी साइकल छीनी और फिर अपने ग्राम जा रहे श्याम लाल की गोली मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए । घटनास्थल से स्टेनगन के 3 खाली कारतूस बरामद हुए हैं । इस मामले में पूछताछ के लिए 5 लोग हिरासत में लिए गए हैं । 'हर्ष' के अनुसार श्याम लाल को गोली तब मारी गई जब वह पूरियां कलां में अपनी

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

प्रवेश सूचना

RMP रजिस्ट्रेशन 15 दिनों में—फीस 450/- रुपए । मैट्रिक Sept./Oct. में बिना मिडल के । दसवीं पास B.A.I करें । Inter/B.A.I पास इसी वर्ष B.A. करें । Alos Admission Guidance for B.A.M.S./B.Ed./LL.B./J.B.T./O.T. Prospecuts Rs. 10/-. Guru Gobind Singh College, Garha Jalandhar. (Note) : Our Students of B.Ed., M.A., B.A. Stood first in the University. Our College is the only Centre for Exam. of the Varanasi Sanskrit Vishwavidayala, Varanasi.

चिकित्सा

आयुर्वैदिक चमत्कार ! हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत और तंदरुस्ती हासिल करके आनंदमयी जीवन व्यतीत करें । डाक्टर सत्यपाल बहल, चौक निमबाला, लुधियाना-141008.

ज्योतिष

मैं, सूचित करता हूं कि मैं 12 जून 1987 से 16 जून 1987 तक बाहिर रहूंगा । इसलिए इन दिनों ज्योतिष का काम बंद रहेगा । मंगल सैन शाही, V & P.O. बल, जिला जालंधर ।

गुर्दा चाहिए

O+ ग्रुप के मरीज़ के लिये गुर्दा चाहिए, उपयुक्त शुक्राना । जगदीश स्पोर्ट्स, बस्ती नौ, जालंधर । फोन : PP-72248.

कोचिंग

English Speaking Course through latest research mathods. All competitive classes already running. Join Careers College, 39, IInd Floor, New Market, Model Town, Jalandhar.

आवश्यकता

कार और ट्रक ड्राइवरों की आवश्यकता है । मिलें : प्रिंसीपल :—टी.आई.टी. कालेज, 232-डिफैंस कालोनी, जालंधर शहर ।

प्रैस मैन, गैस वैल्डर्ज, इलैक्ट्रिक वैल्डर्ज, सानिए, ड्रिलमैन, खरादिए, हैल्पर्ज, जिस्ता भट्ठी पर काम करने वाले । मिलें : मित्तल पैंटर्ज, 26-सोढल नगर, जालंधर ।

बिजली की मोटरें व मोनोब्लाक बनाने वाली कम्पनी को खरादिए तथा फिटर चाहिएं, जिन्हें 6 या 7 साल का इसी लाइन में तजुर्बा हो । लोकल कारीगरों को प्राथमिकता दी जाएगी । अच्छा वेतन । 7 दिनों में मिलें—गोयल इलैक्ट्रिकल्स, पी.के. ट्रांसपोर्ट के पीछे, रामा मंडी, जालंधर छावनी ।

बी.एन. माडल स्कूल संगरिया (श्रीगंगानगर) (मिडल तक) में प्रशिक्षित, अप्रशिक्षित, अध्यापक, अध्यापिकाओं की आवश्यकता है । भोजन, आवास निःशुल्क, शीघ्र आवेदन करें ।—प्रिंसीपल, बहादुर सिंह गोदारा ।

इतिहास, पोलिटिकल साईंस, अंग्रेजी, पंजाबी और हिन्दी के लैक्चरारों की शीघ्र आवश्यकता है । योग्यता कम से कम एम.ए. । 15 जून तक प्रार्थना पत्र भेजें । लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, मीरपुर कालोनी,

टेलरिंग

Graduate Tailors under new management Sardar Tailor of Kanpur. Opening shortly Opposite D.C. Office, G.T. Road, Jalandhar. For Gents suit, Safari and Shirts.

Bhasin Bros., First Floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar. Phone : 43554 for Gent's Suits, Safari and Shirts.

गुमशुदा

मेरा पोता जसपाल, उम्र 17 साल, कद 5'-6", रंग सांवला, सेहत अच्छी, चैक कमीज़, सफेद पैंट पहने हुए है और 4.6.87 गढ़ा (जालंधर) से लापता है । जसपाल खुद पढ़े तो घर आ जाए, पहुंचाने वाले को 200 रु. इनाम दिया जाएगा । मिलें : श्रीमती वीरो, मकान नं. 511, गढ़ा (जालंधर) ।

रोज़गार

International Employment Bureau (A Leading Agency for service), 11, Gole Market, Milap Road, Jalandhar. Phone : 72281.

व्यापार

Mixes, Coolers, Washing Machines in best quality at reasonable rates. Contact : Bombay Almirah's, Sehdev Market, Near Shastri Market, Jalandhar. Phone : 79213.

हकलाना

हकलाना (तुतलाना) लाईलाज नहीं है । औषधि व सर्जरी के बगैर ईलाज करवाएं—आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाजपुल, हिसार (हरियाणा) ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 11.6.87 Rs. 40/- without trays. NECC Suggested Retail Price Rs. 5.65 per Dozen.

शिक्षा

सरकारी मान्य RMP बनें । मैट्रिक, इंटर, बी.ए., वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न सितम्बर में करें । गांधी मैमोरियल कालेज, नज़दीक लक्ष्मी सिनेमा, यमुनानगर ।

पत्राचार द्वारा R.M.P./Pharmacist डाक्टर बनने हेतु परामर्श लें, लिखें : P.M.T. Medical College and Hospital, Daldali Road, Patna-800 003.

RMP रजिस्ट्रेशन 10 दिनों में । मैट्रिक/इंटर/बी.ए. गारंटिड सितम्बर में । गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

आठवीं फेल या नौवीं फेल शर्तिया व गारंटी से मैट्रिक पास करें । Metro College, Bazar Narsinghdass (Near Majith Mandi), Amritsar. Phone : 47664.

R.M.P. सरकारी बोर्ड पटना करें । मैट्रिक, इंटर, बी.ए. गारंटिड करें । जनता आदर्श महाविद्यालय, रादौर (करुक्षेत्र) ।

गुमशुदा की तलाश

500 रुपया नकद इनाम

मेरा भाई विनोद गुप्ता, आयु 30 वर्ष, रंग गंदमी, कद 5'-7", मैकेनिकल इंजीनियर चमेरा प्रोजैक्ट, 30 मई 1987 से खेरी (डल्हौजी) से लापता है ।

सूचना देने वाले को सफर खर्च के अलावा 500 रुपया इनाम दिया जाएगा । अगर विनोद जी खुद पढ़ें तो सीधा चले आएं, घर वाले बहुत परेशान हैं ।



Punjabi Sanjari

एक वृक्ष से टकरा
फर तीनों उठकर
ग्रवादियों के बीच
में तीनों उग्रवादी
रमाण में हथियार
नहीं हो सकी ।
यू. 2937 है ।
काबिला मुकेरियां
ट हुआ । तीनों
ते देखकर पुलिस
आतंकवादियों ने
829 पर गोली
भी फायरिंग शुरू
यरिंग पर जब वे
से टकरा गया ।
सरा, दूसरी तरफ
ग करने लगे ।
ं मारे गए ।
ाई और पुलिस ने
स से एक डबल
ल, एक 12 बोर
। उनका पोस्ट
ी तक शिनाख्त
कि इनमें से एक
के हैं ।

ास ग्राम रायपुर
वादी परमजीत
है कि जालन्धर
के नेतृत्व में
दियों के ठिकानों
30 बजे शाम
2 उग्रवादी एक
ने पुलिस द्वारा
वाबी फायरिंग
नामक दुर्दांत
ाह्मणा में तीन
ाओं में वांछित
घटनास्थल से
बाइन व भारी

ग्रवादियों द्वारा

द से अब तक
से 406 को
दाचरण का
या गया ।

अनुसार गत
बुरियां में दो
व्यक्ति श्याम
। गुरदासपुर
बताया कि
सकी साइकल
याम लाल की
र हो गए ।
रतूस बरामद
लिए 5 लोग
र श्याम लाल
लां में अपनी

दुकान पर बैठा हुआ था । दुकानदार को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया पर तनाव बढ़ते देख कर उसे श्री गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर भेज दिया गया । कोछड़ के अनुसार श्याम लाल पहले खराद का काम करता था परन्तु बीमारी के कारण पिछले कुछ समय से बेरोजगार था । घटना के समय वह बाहर से घर आ रहा था पर के निकट उस पर गोली चलाई गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार एक हत्यारे की शिनाख्त कर ली गई है ।

मास्टर जौहर सिंह पठानकोट जेल में

पनसप के भू.पू. चेयरमैन मास्टर जौहर सिंह, जिन्हें उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में तथा उग्रवाद निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था, को गुरदासपुर सैंट्रल जेल से पठानकोट जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है जबकि 17 अन्य विचाराधीन कैदियों को पठानकोट की जेल से गुरदासपुर की सैंट्रल जेल में भेजा गया है ।

वार्डन निलम्बित

ड्यूटी में कोताही बरतने के आरोप में जेल वार्डन जागीर सिंह को गुरदासपुर जेल के सुप्रिंटैंडैंट सी.एल. गोयल ने निलम्बित कर दिया है ।

जमानत पर रिहा

पंजाबी पाक्षिक 'मन जीते जग जीत' के सम्पादक राजेश कुमार चौहान, जिन्हें उग्रवाद निरोधक कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया था, को जमानत पर रिहा कर दिया गया है ।

बन्दूक कारतूस छीन लिए

देर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार कुछ दिन हुए गांव मेकर थाना श्री हरगोबिन्दपुर से 6 उग्रवादी एक व्यक्ति दयाल सिंह से 315 बोर की बन्दूक और 25 कारतूस स्टेनगन की नोक पर छीन कर ले गए तथा धमकी दे गए कि पुलिस और सी.आर.पी. को सूचना न दें, उसने इसलिए पुलिस को सूचना न दी । वारदात का पता सुरक्षा बलों को लोगों से चला, इसके बाद केस दर्ज कर लिया गया ।

नम्बरदार घायल

गुरदासपुर (विनोद): गांव पासना थाना धारीवाल के नम्बरदार कुंदन सिंह को दो साइकिल सवार उग्रवादियों ने आज बाद दोपहर साढ़े 3 बजे उस समय गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया जब वह गांव खुडा की ओर से साइकिल पर धारीवाल जा रहा था । उसे यहां सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया । उसके सिर में दो गोलियां लगी हैं । बताया जाता है कि उग्रवादी उससे उसका लाइसैंसी रिवाल्वर और बन्दूक मांगने बार-बार आते थे लेकिन उसने देने से इंकार कर दिया था तथा उन्हें थाने में जमा करवा दिया था ।

बटाला के बक्कर खाना नाले पर बी.एस.एफ. व पुलिस की नाकापार्टी ने उन तीन उग्रवादियों को पकड़ लिया जिन्होंने चुनौती देने पर नाकापार्टी पर गोली चला दी थी । उनके पास से 12 बोर की तीन पिस्तौलें व 14 कारतूस बरामद हुए ।

हरियाणा के चुनाव में गड़बड़ी का षड्यंत्र

चंडीगढ़, (वार्ता,ह.स.,राकेश संघी): कल रात्रि सैक्टर 44 में पंजाब पुलिस व उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने उग्रवादी जिस मकान में छिपे थे उस मकान नम्बर 3205 से जो बम बनाने के कैमिकल्स पकड़े वे हरियाणा विधानसभा के चुनाव वाले दिन हरियाणा भर में बम विस्फोट करने में प्रयुक्त किये जाने थे । चंडीगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक वी.एन. सिंह ने बताया कि उग्रवादी उस मकान में 2 माह से बम बना रहे थे । वहां से बम बनाने के लिये लाई गई अमोनियम नाइट्रेट की 33 बोतलें, अमोनिया मेटल पाउडर के 10 कन्टेनर, 10 इलैक्ट्रिक डैटोनेटर, 10 आर्डिनरी डेटोनेटर, दो ग्रेनेड फ्यूज़ बरामद हुये हैं । छापा मारने आई पुलिस टीम में शामिल जालंधर के इंस्पैक्टर हरजीत सिंह उर्फ गब्बर सिंह की हत्या करने व दूसरे इंस्पैक्टर कुलदीप सिंह को घायल करने के आरोप में राजेंद्र सिंह उर्फ जिम्मी (दिल्ली), रंजीत सिंह (बंगा), बहादुर सिंह (फैसलाबाद) के खिलाफ धारा 302, 307, 353, 34, शस्त्र कानून, उग्रवाद निवारक कानून की धारा 3,4,6 के अंतर्गत केस दर्ज किये गये हैं पर कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है । राजेंद्र पाल सिंह मई 1985 के ट्रांजिस्टर बम कांड के मुख्य अभियुक्त करतार सिंह नारंग का लड़का है । उस बम कांड में 100 से अधिक लोग मारे गये थे । चंडीगढ़ पुलिस को कल सायं 6.57 बजे सूचना मिली थी कि सैक्टर 44 में गोलियां चलने से एक आदमी घायल हो गया है । यह सूचना देने वाले ने सही जगह का पता नहीं दिया जिससे उस जगह को ढूंढने में 15-20 मिनट लग गये । चंडीगढ़ पुलिस ने वहां पहुंच कर मकान पर 10 अश्रुगैस के गोले छोड़े ताकि उग्रवादी बाहर आ जाएं लेकिन जब रात 8.30 बजे तक मकान से कोई बाहर नहीं आया तो पुलिस मकान में प्रविष्ट हुई लेकिन वहां कोई उग्रवादी न मिला । 4 घंटे तक घर की तलाशी ली गई तो घर से बब्बर खालसा के नाम पर कई तरह का लिट्रेचर, चार वाहनों की चार रजिस्ट्रेशन बुक्स, एक कार पी.ए.जे.-259 की जाली नम्बर प्लेट, व्हीकल रजिस्ट्रेशन अथार्टी की जाली रबर मोहरें आदि भी बरामद हुईं । अभी यह पता नहीं चल सका कि जिस समय पंजाब पुलिस ने वहां छापा मारा तो वहां कितने उग्रवादी छिपे हुये थे। घर से 3 टुथ ब्रश और 5 जोड़े जूते भी मिले जिनसे लगता है कि वहां तीन से अधिक उग्रवादी रहते थे । वहां से बम बनाने का जो सामान मिला है उसके बारे में विशेषज्ञों की राय है कि इस सामान से 20 से लेकर 25 तक हाई पावर बम बनाए जा सकते थे । इस मामले में पूछताछ के लिये पकड़े गये लोगों की संख्या पुलिस ने नहीं बताई । श्री वी.एन. सिंह ने बताया कि गत दो जून को जालंधर के फ्रैंड्स सिनेमा के बाहर जो बम फटा था, उस मामले की छानबीन करते वक्त पंजाब पुलिस को सूचना मिली थी कि इस गिरोह से संबंधित कुछ लोग चंडीगढ़ में ठहरे हुये हैं, जिन्हें खोजने के लिये जालंधर के डी.एस.पी. बलदेव राज शर्मा अपने तीन इंस्पैक्टरों व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ आए । किसी प्रकार की सहायता के बिना ही उन्होंने आतंकवादियों के मकान पर छापा मारा । आतंकवादियों की ओर से चलाई गई गोलियों से जब पुलिस दल में शामिल दो इंस्पैक्टर घायल हो गये तो अन्य पुलिस कर्मी उन्हें अस्पताल पहुंचाने में लगाए गए, और जब तक चंडीगढ़ पुलिस को इस मामले की सूचना मिली तब तक ये उग्रवादी वहां से भाग निकलने में सफल हो चुके थे । श्री सिंह ने बताया कि इंस्पैक्टर हरजीत सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया जो उसे आज प्रातः ही जालंधर ले गई, जबकि इस मुकाबिले में घायल हुये अन्य इंस्पैक्टर कुलदीप सिंह की हालत अब खतरे से बाहर है । उन्हें यहां के पी.जी.आई. अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उनके कमरे के बाहर पुलिस का सख्त पहरा लगा दिया गया है । इसी बीच पता चला है कि जालंधर पुलिस ने चंडीगढ़ पुलिस को सूचित किया है कि उन्हें सूचना मिली है कि कुछ उग्रवादी चंडीगढ़ में बम बनाने का काम कर रहे हैं, जिन्हें पकड़ने के लिये वे किसी भी समय यहां आकर उनकी सहायता लेंगे । इस सूचना पर कल सारा दिन चंडीगढ़ पुलिस के कई इंस्पैक्टर पंजाब-पुलिस की सहायता के लिये तैयार बैठे रहे, परन्तु चंडीगढ़ पुलिस को यह नहीं बताया गया कि जालंधर की यह पुलिस पार्टी कब आ रही है और कहां छापा मारेगी । वार्ता के अनुसार पुलिस ने कल रात कई जगह छापे मारे । उस मकान को कुछ महिलाओं ने किराये पर लिया था। पता चला है कि ये महिलाएं अखंड कीर्तनी जत्थे की उग्रवादिनें थीं । इस जत्थे के और बब्बर खालसा गिरोह के निकट संबंध हैं । मकान से पश्चिम जर्मनी से एक उग्रवादी द्वारा अपने साथी को भेजा गया पत्र भी बरामद हुआ । बब्बर खालसा का 50 किलो छपा हुआ साहित्य, दो दर्जन एच.ई. 36 हथगोले, अमोनियम नाइट्रेट के 40 पैकेट भी बरामद हुए, मकान के दरवाजे पर गोलियों के कई निशान थे । उनमें 6 निशान पुलिस द्वारा चलाई गई गोलियों के थे जबकि अन्य उग्रवादियों द्वारा अंदर से चलाई गई गोलियों के थे । मकान की सीढ़ियों पर घायल पुलिस कर्मी का खून बिखरा था । ह स के अनुसार श्री सिंह ने कहा कि मकान में अनोख सिंह बब्बर नहीं छिपा था ।

गिरफ्तार लोगों में मकान मालिक बाबू सिंह भी शामिल है । शहर में 20 जगह छापे मारे गए हैं ।

एक सूचना के अनुसार इस मामले में 10 लोग हिरासत में लिए गए हैं जिनमें अखंड कीर्तनी जत्थे की दो महिलाएं भी शामिल हैं । ये दोनों उग्रवादियों की निकट साथिनें बताई जाती हैं ।

चंडीगढ़ के जिला मैजिस्ट्रेट कृष्ण मोहन ने आज धारा 144 के अधीन एक नया आदेश जारी करके शहर में मकान मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वह 7 दिन के अंदर अपने किराएदारों के नाम और काम-धंधों बारे अपने क्षेत्र के पुलिस स्टेशन में सूचना दें । यह आदेश 60 दिन तक लागू रहेंगे । मकान-मालिकों से कहा गया है कि यदि इस दौरान कोई किराएदार बदल जाता है तो उसके बारे में भी 24 घंटे के भीतर पुलिस स्टेशन में सूचना भेजनी होगी ।

मोगा (ह.स.) : फरीदकोट बार एसोएिशन ने उग्रवादियों से सम्बन्ध रखने में गिरफ्तार वकील किरनदीप सिंह की रिहाई की मांग को लेकर हड़ताल की तथा दूसरे वकील इन्द्रजीत सिंह सेखों को तंग किए जाने पर प्रोटैस्ट किया ।

4 सिपाही गिरफ्तार

फरीदकोट से जिन्दल के अनुसार एस.एस.पी. गोविन्द राम ने बताया कि मोगा के 4 सिपाहियों मल्कियत सिंह, सुखदेव सिंह, नछत्तर सिंह व जगजीत सिंह को उग्रवादियों से सांठगांठ करने, उन्हें शरण व हथियार देने में गिरफ्तार कर लिया । उसके अलावा उग्रवादियों को शरण देने में कुलवन्त सिंह, अमरजीत सिंह, जगतार सिंह, धर्म सिंह, मंजीत सिंह, बलजीत सिंह, गुरदेव सिंह, गुरचरण सिंह, भूमा सिंह को मुठभेड़ के बाद सी.आर.पी. ने पकड़ लिया । इनको भी उग्रवादियों से सांठगांठ में पकड़ा गया है ।

जेल में गोली चली

जालन्धर से वार्ता, ह.स., वि.स. के अनुसार आज अपरान्ह स्थानीय सैंट्रल जेल में अचानक गोली चल जाने से आतंक छा गया । पता चला है कि वहां तैनात एक सी.आर.पी. जवान की राइफल से दो गोलियां अचानक चल गईं । कोई घायल नहीं हुआ ।

जालंधर के एस.एस.पी. श्री एस.एस. बैंस ने बताया कि दो जून को फ्रैंड्ज़ सिनेमा के सामने हुए विस्फोट के संबंध में एक घायल उग्रवादी प्रीतम सिंह को पत्रकार के वेश में बहादुर सिंह नामक उग्रवादी अस्पताल से ले गया । इस कांड का षड्यंत्र नारंग के पुत्र राजेंद्र सिंह ने रचा था और बहादुर, राजेंद्र आदि की गिरफ्तारी के लिए ही चंडीगढ़ में छापा मारा गया था ।

आज सायं करतारपुर थाना के ग्राम उग्गरी में तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने बलदेव सिंह के घर में घुस कर उसकी पत्नी गुरजीत कौर से एक 32 बोर की रिवाल्वर छीन ली ।

दो उग्रवादियों ने गोराया थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति राना सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया ।

गोराया के पास माओवाल ग्राम में पुलिस का नाका पार्टी ने दो स्कूटर सवारों को रोकने के लिए चेतावनी दी तो उन्होंने पोजीशनें लेकर फायरिंग की और अंधेरे में फरार हो गए । वे अपना स्कूटर नम्बर पी.सी.जे. 9837 छोड़ कर भाग गए ।

शाहकोट में 3 गिरफ्तार

शाहकोट से चोपड़ा की सूचना है कि आज स्थानीय पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के 3 वर्करों बलबीर सिंह, लाल सिंह और सुलक्खन सिंह को गिरफ्तार किया है । उन पर थाने के निकट शराब के एक खोखे को आग लगाने का आरोप था । अदालत ने तीनों को जेल भेज दिया ।

आभूषण छीन लिए

गत रात्रि लगभग 2 बजे थाना भुलत्थ के गांव इब्राहीमवाल में चार सशस्त्र अज्ञात युवकों, जिन्होंने मुंह ढांप रखे थे, ने त्रिलोक सिंह के घर में घुस कर घर में मौजूद स्त्रियों से पिस्तौल की नोक पर सोने के आभूषण छीन लिए तथा भाग गए ।

12 गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): सुप्रिंटैंडैंट पुलिस श्री के.एल लेखी ने बताया कि गत रात्रि जिले में विभिन्न सम्पर्क सड़कों पर नाकाबंदी करके 12 व्यक्तियों को संदिग्धावस्था में हिरासत में ले लिया गया । उनसे पूछताछ की जा रही है ।

पैट्रोल पम्प लूटा

फगवाड़ा (कौड़ा) : सायं यहां से 8 किलो मीटर दूर कस्बा पाछटा में 2 उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर 592 रुपए छीन कर फगवाड़ा की ओर भाग गए । उनके पास बिना नम्बर का चेतक स्कूटर था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

हत्या

अमृतसर से 'वार्ता, ह.स., सोनी' के अनुसार मजीठा थाना क्षेत्र के ग्राम बग्गा में उग्रवादियों ने जोगेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति की उस समय हत्या कर दी, जब वह खेतों में जा रहा था ।

एस.पी. सिटी सुरेश अरोड़ा ने बताया कि राम बाग में दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से उसकी नीली मारुति कार छीन ली । सुल्तानविंड क्षेत्र में दो उग्रवादी हल्के नीले रंग की पी.सी.ए. 6601 मारुति वैन लूट ले गए ।

चार उग्रवादी बंदी

वल्टोहा पुलिस ने कल रात कुछ देर तक हुई मुठभेड़ के बाद चार कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया तथा उनके पास से चार आग्नेयास्त्र तथा दो दर्जन कारतूस बरामद किए । गिरफ्तार कथित आतंकवादियों के नाम बचित्तर सिंह, सतपाल सिंह, बिक्कर सिंह तथा जोगिन्दर सिंह बताए गए हैं । रामदास पुलिस ने भी कल रात चक सिकंदर से बलदेव सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्तौल बरामद की ।

पाक भागने वाला मरा

कल रात्रि अमृतसर के अटारी सैक्टर में फतेहपुर चौकी के पास 3 उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. की नाका पार्टी पर गोली चला कर पाकिस्तान भागने का प्रयास किया पर बी.एस.एफ. की जवाबी फायरिंग से उनमें से एक मारा गया जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

तरनतारन पुलिस ने दिलबाग सिंह बग्गा, बलदेव सिंह, अमरीक सिंह नामक तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनसे दो आग्नेयास्त्र एक चोरी का स्कूटर बरामद हुआ है ।

गब्बर सिंह की अंत्येष्टि

(पृष्ठ 3 का शेष)

लड़के को पुलिस में उपयुक्त नौकरी देने की घोषणा की । श्री रिबैरो ने कहा कि इंस्पैक्टर हरजीत सिंह के परिवार को अन्य लाभ भी प्राप्त होंगे । परिवार को कल तीन लाख रुपए की राशि मिलेगी ।

चंडीगढ़ (वार्ता, ह.स., परवाना): पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने कहा है कि कल रात्रि सैक्टर 44 में उग्रवादियों ने पुलिस इंस्पैक्टर हरजीत सिंह की हत्या इसलिए की ताकि चंडीगढ़ में दहशत फैलाई जा सके और हरियाणा के चुनाव पर बुरा असर डाला जा सके । मैं न तो राजनीतिज्ञ हूं और न ही राजनीति में रुचि रखता हूं परन्तु प्रजातंत्र की आवाज सदैव बनाए रखने को प्रयास करूंगा । लोग बिना प्रभावित हुए मतदान करें हम विघटनवादी आंतरिक व बाह्य शक्तियों को अपनी संसदीय प्रणाली में हस्तक्षेप नहीं करने देंगे । पी.जी.आई. में घायल इंस्पैक्टर कुलदीप सिंह के स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ की और कहा कि पंजाब के एक सुयोग्य एस.एच.ओ. इंस्पैक्टर हरजीत सिंह की जान चली गई और दूसरे सुयोग्य एस.एच.ओ. इंस्पैक्टर कुलदीप सिंह घायल हो गए । यह अत्यन्त दुर्भाग्य की बात है कि पुलिस हत्यारों को नहीं पकड़ सकी पर शीघ्र ही पुलिस उन्हें पकड़ने में कामयाब होगी ऐसा मेरा विश्वास है । पंजाब पुलिस ने केवल उन्हें बल्कि अन्य उग्रवादियों को भी पकड़ेगी क्योंकि पंजाब पुलिस समर्पण की नई भावना से काम कर रही है । भले ही दोनों हत्यारे अभी नहीं पकड़े जा सके हो, भारी परिमाण में हथियार आदि तो बरामद हुए ही हैं । वहां से 'जत्थेदार' बम मिले हैं । इंस्पैक्टर हरजीत सिंह व कुलदीप सिंह ने देश की महान् सेवा की है ।

दीपक सिनेमा

लुधियाना

में औरतों व बच्चों के लिए फिल्म मि. इंडिया की टिकटें प्राप्त करने के लिए अलग बुकिंग का प्रबंध कर दिया गया है । —मैनेजर

SENSUAL SEXY & SENSATIONAL
YOU SEE ALL YOU'RS AFRAID TO ASK





रस्म पगड़ी



बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय माता **श्रीमती सरला देवी जी** (सुपत्नी स्व. पं. श्री सोमनाथ मोहला) तिथि 4.6.87 दिन वीरवार को स्वर्ग सिधार गई हैं । रस्म पगड़ी तथा श्री गरुड़ पुराण के पाठ का भोग दिन रविवार 14.6.87 को 2.00 बजे से सायं 4.00 बजे शाम प्रेम मंदिर, चौड़ी सड़क (तिलक नगर) लुधियाना में होगी ।

शोकग्रस्त :

चंद्र मोहन मोहला, सुपुत्र श्रेष्ठा, शक्ति (बेटियां)
सुरिन्द्र, अशोक, ईशर दास मोहला (देवर)
श्रीराम, अश्विनी, केशव, बाल कृष्ण जेतली (भाई)

बेनजीर विपक्षी दावत में शामिल हुई

इस्लामाबाद, 12 जून : पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की अध्यक्ष बेनजीर भुट्टो ने कल रात संसदीय विपक्षी गुट की बहुचर्चित दावत में हिस्सा लिया ।

सुश्री बेनजीर भुट्टो का श्री फख इमाम के नेतृत्व वाले संसदीय विपक्षी गुट से यह पहला सीधा सम्पर्क था। इस दौरान दोनों पक्ष काफी सजग थे । किसी ने भी फायदा नहीं किया और न ही भावी सहयोग के बारे में कोई संकेत दिया । सुश्री बेनजीर ने संवाददाताओं से कहा कि इस गुट ने दावत नामा भेजकर अपनी फराखदिली का सबूत दिया । पीपुल्स पार्टी ने इसे मंजूर किया । इससे एक दूसरे की भावनाओं को जानने का मौका मिला ।

संसदीय विपक्षी गुट के राष्ट्रीय असैम्बली में 19 और उच्च सदन में दो सदस्य हैं । यह गुट सिंध—जुंजो शासन क्षेत्र का ही हिस्सा है ।

बेनजीर अपने आलोचकों की इस बात से सहमत नहीं हैं कि संसदीय विपक्षी गुट से बातचीत की पहल करके सिंध—जुंजो शासन को मान्यता दी है ।

में भड़कीले भाषण देने के आरोप में प्रो. रागी पर राजद्रोह का मुकद्दमा चलाया जा रहा है । इस सिलसिले में नई दिल्ली अदालत ने 25 मई को उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया किन्तु उन्होंने अदालत में हाजिर होने से मना कर दिया था । श्री टी.आर. नवल ने प्रो. रागी के वकील एच.एस. चंडोक की दलील स्वीकार करते हुए कहा कि प्रो. रागी के खिलाफ गैर जमानती वारंट के लागू होने से पूरे सिख समुदाय की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचेगी । श्री नवल ने इस मामले की कार्यवाही 20 अगस्त तक स्थगित कर दी है ।

इससे पूर्व प्रो. दर्शन सिंह के वकील एच.एस. चंडोक ने अदालत में आश्वासन दिया कि जब भी उनका मुवक्किल कार्यवाहक जत्थेदार के पद से मुक्त होगा, उसे अदालत में पेश कर दिया जाएगा । इस संबंध में उन्होंने कहा कि सिख पंथ की कानूनी स्थिति पर विचार-विमर्श के लिए दर्शन सिंह ने अमृतसर में कल सिख वकीलों का एक विशेष सम्मेलन बुलाया है । श्री चंडोक ने कहा कि इस पद पर प्रो. रागी के बने रहने का फैसला निकट भविष्य में होने वाले सरबत खालसा में किया जाएगा । इस मामले पर अगली कार्यवाही अब बीस अगस्त को होगी ।

हलचलें देखते रहा । वह उस समय भी घायलों वाले वार्ड में था, जब समय-समय पर पुलिस अधिकारी आते-जाते रहे और घायलों के अते-पते नोट

(शेष पृष्ठ 10 पर)

विशाल जनसभा में श्री राजीव गांधी ने कहा कि सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर का निर्माण एक वर्ष में पूर्ण हो जाएगा तथा हरियाणा के खेतों में पानी आने लगेगा ।

श्री रिबैरो ने बताया कि जिस देहाती ने पुलिस कर्मचारी को फ़ायरिंग करके मार दिया था, मैंने उसे अपने अधिकार से छोड़ दिया था और उस पर केस

लुधियाना और चंडीगढ़ में छापे मारे थे और वहां से बम बनाने का जो सामान मिला है, उससे जालन्धर बम कांड में इस्तेमाल हुए खतरनाक बम जैसे 25

सी.आर.पी. पर फिर हमला, एक जवान सहित 7 हत्याएं

चंडीगढ़, 12 जून (ह.स., वार्ता): आज रात्रि अमृतसर के पास ग्राम मानावाला में सी.आर.पी. पर घात लगा कर हमला करके उग्रवादियों ने सी. आर. पी. के एक जवान की हत्या कर दी व तीन को घायल कर दिया जबकि उसी जगह सी. आर. पी. की दूसरी टुकड़ी से मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया व मुठभेड़ में घायल तीन उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए गए । इसके अतिरिक्त उग्रवादियों ने गत रात्रि फरीदकोट जिले में सी. आर. पी. के एक रिटायर्ड सब इंसपैक्टर की हत्या कर दी । मोगा के पास कल रात्रि सी. आर. पी. पर घात लगा कर किये गए हमले में घायल एक सी. आर. पी. जवान भी आज अस्पताल में दम तोड़ गया । वहां कल भी दो जवान मारे गए थे । बाघा पुराना के पास उग्रवादियों ने एक अन्य व्यक्ति की गोली मार पर हत्या कर दी । अमृतसर के बाबा बकाला के पास एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई । कपूरथला जिले में एक अन्य युवक की हत्या कर दी गई । रोपड़ के पास उग्रवादियों ने एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि मोगा में एक पंजाब रोडवेज़ के डिपो से 1.20 लाख रुपए लूटे गए ।

एक व्यक्ति की हत्या, बेटा घायल

मोगा (आज़ाद): गत रात थाना बाघापुराना के गांव छोटा घर में कुछ उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी, जबकि एक अन्य को घायल कर दिया । गत रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे एक उग्रवादी दीवार फांद कर दर्शन सिंह के घर में घुसा जबकि तीन बाहर खड़े रहे । अन्दर गए उग्रवादी ने बत्ती जलाकर बरामदे में सो रहे दर्शन सिंह को पहचाना और उसके नाक पर पिस्तौल रख़कर गोली चला दी । उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। गोली की आवाज़ सुन कर उसके 16 वर्षीय बेटे कत्तर सिंह ने शोर मचाने की कोशिश की । भागते हुए उग्रवादियों ने कई फ़ायर किए । एक गोली कत्तर सिंह के कान में लगी । वड्डा घर और छोटा घर गांवों के सारे हथियार पुलिस के पास जमा हैं ।

भू.पू. इंस्पैक्टर की हत्या

थाना मैहना के गांव कोकरीकलां में गत रात सी.आर.पी.एफ़. के भू.पू. इंस्पैक्टर गुरबचन सिंह की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । उग्रवादी गुरबचन सिंह के खेतों में गए और बातचीत करने के बहाने उन्हें एक तरफ ले गए और गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी ।

1,20,191 रुपए लूटे

"चौधरी" के अनुसार आज दोपहर 11.45 बजे के लगभग पंजाब रोडवेज़ के मोगा डिपो में तीन उग्रवादियों ने दाखिल होकर पिस्तौल की नोक पर 1,20,191 रुपए लूट लिए । यह सारी रकम लोहे के ट्रंक में पड़ी थी । उग्रवादी ट्रंक ही उठाकर ले गए । उन्होंने डिपो के गनमैन प्रीतम सिंह को गोली चलाकर घायल कर दिया । गोली उसके कंधे में लगी । उसे अस्पताल में दाखिल किया गया है। उग्रवादी जाती बार गनमैन की दोनाली बंदूक भी ले गए । पुलिस चीफ़ गोबिंद राम के अनुसार सारे इलाके को घेर कर सील कर दिया गया है और पुलिस की कई पार्टियां इलाके की छानबीन कर रही हैं ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



मोगा के निकट घात लगाकर उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में मारे गए सी.आर.पी.एफ़. के जवान (1,2,3) ड्राईवर सुभाष चन्द्र, वीजेन्द्र कुमार, एच.डी. अली, (4) वह स्थान, जहां मुठभेड़ हुई, (5) पंजाब रोडवेज़ मोगा का गनमैन प्रीतम सिंह, जिसे घायल करके उग्रवादी 1.20 लाख रु और दोनाली छीन कर ले गए । (छाया : आज़ाद)



पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो लुधियाना के एक गिरोह से पकड़े गए बम बनाने के सामान का निरीक्षण करते हुये । उनके साथ डी.आई.जी. आर.के. मेहता और लुधियाना के एस.एस.पी. आर.एस. गिल भी खड़े हैं । (इनसैट) उग्रवादी लखविंदर सिंह, जिससे उक्त सामान बरामद किया गया । (छाया : पंजाब केसरी),

छोटी सी बात — रंगा

भजन लाल हरियाणा में 'आया राम' व 'गया राम' की राजनीति के संस्थापकों में से एक हैं

—एक समाचारपत्र की टिप्पणी

पंजाब में 800 करोड़ की लागत से औद्योगिक ईकाइयां व चार और चीनी मिलें लगाई जाएंगी : रे

होशियारपुर, 12 जून (अश्विनी कपूर): पंजाब के राज्यपाल श्री रे ने आज घोषणा की कि सरकारी एजैंसियां वह सारा गेहूं मंडियों से खरीदेंगी, जिसकी चमक चाहे कम हो गई है, मगर वह खाने के योग्य है । यहां से 45 किलोमीटर दूर कुलेवाल में पत्र

में लगाने का प्रस्ताव है । वर्तमान तेरह शुगर मिलों में उत्पादन दुगना करने का प्रस्ताव है ।

प्रद्युम्न की सूचनानुसार श्री रे ने पत्र प्रतिनिधियों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार पंजाब समझौता लागू करने के लिए वचनबद्ध है क्योंकि

पार्टियों से उनकी राय मांगी है, दो पार्टियों ने राय भेजी है । सभी पार्टियों की राय मिलने पर वह इसे केंद्र के सामने पेश कर देंगे । उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों की भावनाओं का वह पूरा ख्याल रखेंगे । उन्होंने कहा कि पंजाब की

उन्होंने श्री बरनाला को उनके कुछ मंत्रियों के आतंकवादियों के साथ सम्बन्धों के बारे में आगाह नहीं किया था । उन्होंने कहा कि मैं श्री बरनाला का सम्मान करता हूं, इस बारे में कुछ नहीं कहूंगा । एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि यह बात ग़लत है कि

की रिहाई से स्थिति सामान्य हो सकती है या नहीं । उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की कोई जानकारी नहीं कि बिजली बोर्ड ने आदेश जारी किया है कि 31 मई 1987 से नलकूप का कनैक्शन लेने वाले 5000 रुपए जमा कराएं । उन्होंने कहा कि गेहू

Punjab Sanatan

बालंधर में पुलिस छापा

(पृष्ठ 1 का शेष)

। बहादुर सिंह अन्य लोगों के समान वार्ड
के निकट बैठे हुए पुलिस अधिकारियों की
ता रहा और उसे जब शक हो गया कि
लों का अता-पता लेकर उनकी जांच
है तो उसने रात को तीर्थ सिंह को वहां से
ने योजना बना ली और उसे वहां से ले
के अनुसार अभी यह निश्चित नहीं कि
भी अन्दर आई थी या नहीं किन्तु बताते
ार घायल तीर्थ सिंह को लेने आई थी,
ा दो महिलाएं भी थीं ।

बताया कि बहादुर सिंह तीर्थ सिंह के
बाद भी डेढ़ दो दिन जालन्धर में रहकर
तिविधियां देखता रहा, किन्तु वह कुछ
ने में असफल रहा और पुलिस तीर्थ सिंह
बाद अन्यों को गिरफ्तार करने में सफल

पता चला है कि पुलिस कुछ महिलाओं
में है, जो विस्फोटक पदार्थ तथा अन्य
ामग्री एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले

र
' की सूचना है कि जालन्धर बम कांड
में 5 व्यक्तियों को पकड़ा गया है जिनमें
ना है । पुलिस को काफी विस्फोटक
ली है ।

बंदूमाजरा पर दबाव

(पृष्ठ 1 का शेष)

र अधिक बढ़ाने में कोई औचित्य नहीं

श्री चन्दूमाजरा के विरुद्ध भ्रष्टाचार
ी सी.बी.आई. द्वारा जांच जारी है और
ने उन लोगों से कई हल्की बयान इकट्ठे
कथित रूप से धन वसूला गया था ।



पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 1 का शेष)

वी.सी.आर. लूटा

बाघापुराना (मित्तल): गत रात गांव राजेवाला में चार उग्रवादियों ने एक दोधी नन्द लाल के घर से पिस्तौल की नोक पर वीडियो, रंगीन टैलीविज़न और कुछ वीडियो कैसेट लूट लिए, यह सामान किराए का था । उग्रवादियों ने जाने से पहले सारे परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया ।

बैंक भवन को आग

नयाना (अमरजीत): गत रात यहां से आठ कि. मी. दूर गांव कल्याण सुख में कुछ उग्रवादियों ने स्टेट बैंक आफ़ इंडिया के भवन को आग लगा दी, जिससे फ़र्नीचर आदि जल गया । आग पर शीघ्र ही काबू पा लिया गया ।

कार छीनी

गांव लहर तोता के निकट एक व्यक्ति से उसकी कार छीन ली गई । यह व्यक्ति रामपुराफूल का निवासी है ।

एक और घायल चल बसा

"बंसल' के अनुसार कल मोगा के बाहरी क्षेत्र में घात लगाकर सी.आर.पी.एफ. के दो जवानों की हत्या करने और 5 अन्य को घायल करने वाले उग्रवादियों की खोज में छापे मारे जा रहे हैं । इस घटना में घायल एक और जवान एम.डी. अली ने सी.एम.सी. लुधियाना में दम तोड़ दिया । शेष चारों घायल भी सी.एम.सी. अस्पताल में भर्ती हैं, जिनकी दशा गम्भीर है । बताया जाता है कि जिस ट्रक में उग्रवादी सवार थे, उसके बारे में महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस घटना का विवरण बताने के लिए उपलब्ध नहीं हैं । पंजाब पुलिस के महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो घायलों को देखने गए ।

गुरजीत का बयान

आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन के कार्यकारी प्रधान गुरजीत सिंह ने पंजाब केसरी कार्यालय को अमृतसर से फोन करके आरोप लगाया कि पुलिस ने फ़ैडरेशन वर्कर भजन सिंह खोसा को झूठे मुकाबले में मारा है । गुरजीत का कहना है कि उसे 28 मई को मोगा में बलबीर सिंह, भूपेन्द्र सिंह और बलजीत सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया था । उसका आरोप है कि पुलिस ने भजन सिंह की पत्नी और बच्चों को भी हिरासत में ले रखा है । यदि उन्हें कुछ हुआ तो जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों को 'सज़ा' दी जाएगी ।

जिम्मेदारी ली

कल मोगा के निकट घात लगाकर सी.आर.पी.एफ. के 3 जवानों की हत्या करने की जिम्मेदारी शोले रैजिमैंट के जनरल गब्बर सिंह, जनरल किरपाल सिंह ने अपने ऊपर ली है । उनका कहना है कि भजन सिंह की हत्या का बदला ले लिया गया है ।

कपूरथला में हत्या

आज कपूरथला सुल्तानपुर लोधी रोड पर दो उग्रवादियों ने विजय कुमार की उसकी दुकान में ही हत्या कर दी ।

राइफल लूट ली

होशियारपुर (ह.स.): दो उग्रवादियों ने कल रात यहां से 30 कि.मी. दूर टांडा के निकट एक व्यक्ति गुरदयाल सिंह से उसकी राइफल छीन ली । जब यह घटना हुई, तब गुरदयाल सिंह कीरतपुर गुरनाम सिंह की दुकान से पुलिस ने पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुछ युवकों की तस्वीरें भी बरामद की हैं ।

उग्रवादी की शिनाख्त

पठानकोट (गुप्ता): यहां से 5 किलोमीटर दूर मलिकपुर में सुदेश कुमार महाजन की हत्या करके भाग रहे दो उग्रवादियों में एक नरोट मेहरा में पुलिस से हुई मुठभेड़ में मारा गया । पुलिस के अनुसार मारा गए उग्रवादी रणधीर सिंह मजीठा, जिला अमृतसर का निवासी था ।

रोपड़ जिले में हत्या

सूचनाओं के अनुसार रोपड़ जिले के मानक शरीफ गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

दिल्ली पुलिस चंडीगढ़ में

चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार 10 जून की रात को सैक्टर 44 में जालन्धर के इंस्पैक्टर हरजीत सिंह की हत्या करने के मामले में वांछित तीन उग्रवादियों का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है परन्तु दिल्ली पुलिस की एक 5 सदस्यीय टीम उनसे पूछताछ करने चंडीगढ़ पहुंच गई है । इन तीन उग्रवादियों में से एक राजेन्द्र पाल सिंह उर्फ जिम्मी दिल्ली के ट्रांजिस्टर बम कांड में मुख्य अभियुक्त करतार सिंह नारंग का पुत्र है । जिम्मी कुछ दिनों पूर्व दिल्ली के रेलवे स्टेशन व अन्य जगहों पर बम रखने के मामले में वांछित है और उसे अदालत इश्तहारी मुलजिम घोषित कर चुकी है । चंडीगढ़ पुलिस ने सैक्टर 44 कांड के बारे में 2 महिलाओं सहित 12 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है और कई जगह छापे मारे हैं ।

घायल कर दिया

जालन्धर (वि.स.): गत रात साढ़े तीन बजे के लगभग स्थानीय बाईपास पर चुगिट्टी के निकट सिरसा (हरियाणा) से जम्मू जा रहे कागज़ से लदे ट्रक के ड्राइवर भाग सिंह को गोली चलाकर उग्रवादियों ने घायल कर दिया, किन्तु ड्राइवर के ट्रक दौड़ा ले जाने के कारण न तो उग्रवादी कोई जानी क्षति पहुंचा सके और न कुछ लूट सके । ट्रक ड्राइवर भाग सिंह जिसके दोनों बाज़ुओं पर छर्रे लगे, ने बताया कि वह सिरसा के श्री कैलाश सिंगला के पास नौकर है और ठाकर मुहल्ला का रहने वाला है । रात जब वह यहां से गुज़र रहा था तो एक फ़ोर व्हीलर पर सवार चार-पांच व्यक्तियों ने उसे रोक कर ट्रक से नीचे उतरने को कहा और एक दांत्री लहराई । ड्राइवर ने ट्रक चालू किए रखा था और साइड के दरवाजा के खुले होने की स्थिति में उनसे वार्ता कर रहा था । जब ड्राइवर ने खतरा महसूस किया तो स्टार्ट ट्रक को रफ्तार से भगाने की कोशिश की, मगर इतने में एक गोली उस पर दाग दी गई जिससे वह घायल हो गया किन्तु उसके साथ दो छोटी आयु के कंडक्टर बच गए ।

तब वह पठानकोट रोड पर जालन्धर निगम की चुंगी पर जा रुका और स्टाफ़ को अस्पताल पहुंचाने को कहा । यह घायल बाज़ुओं के साथ स्वयं ट्रक अस्पताल तक चलाकर लाया और अब वह वहां दाखिल है और खतरा से बाहर है ।

'न.न.ए.' के अनुसार उग्रवादियों ने काले कपड़े पहन रखे थे ।

2 उग्रवादी बच निकले

कल रात गोराया थाना के गांव घुरघा और माओ साहब के बीच पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो उग्रवादी बच निकले । पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों पुलिस स्टेशन के गांव दुसांझ खुर्द का निवासी बताया जाता है । उससे 303 बोर का एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं ।

गोलियों से छलनी शव मिला

बाबा बकाला (प्रेम): पुलिस ने एक युवक का गोलियों से छलनी शव कल रात यहां से 25 कि.मी. दूर गांव वरपाल के खेतों से बरामद किया । सी.आर.पी.एफ. की गश्ती टुकड़ी गोलियों की आवाज़ सुनकर घटनास्थल की तरफ गई और वहां लाश को देखा । गांव के सरपंच ने इसकी शिनाख्त उसी गांव के मलकीयत सिंह के रूप में की ।

घायल कर दिया

अमृतसर (वार्ता, ह.स.): चार उग्रवादियों ने कल रात झब्बाल थाना के गांव बुर्ज में एक व्यक्ति गुरमेज सिंह को गोलियां मार कर गम्भीर घायल कर दिया । उसे गोली इसलिए मारी गई क्योंकि उसने अपनी 12 बोर की बंदूक उग्रवादियों को देने से इन्कार कर दिया था। स्थानीय अस्पताल में उसकी दशा "नाज़ुक" बताई गई है ।

4 गिरफ्तार

पट्टी में पुलिस ने 4 उग्रवादियों सतनाम सिंह, मिलखा सिंह, गुरनाम सिंह तथा बलजिंदर सिंह को गिरफ्तार करके एक 32 बोर का रिवाल्वर, 303 का देसी पिस्तौल, कारतूस और चोरी का स्कूटर बरामद किया ।

उग्रवादियों को भगा दिया

पट्टी थाना के गांव सैदो में एक व्यक्ति वरयाम सिंह ने उग्रवादियों को भगा दिया । उग्रवादी उसकी सुरक्षा राइफ़ल छीनने उसके घर में घुसे थे । जब उन्होंने वरयाम सिंह पर 12 बोर की पिस्तौल से गोली चलाई तो उसने जवाबी फ़ायरिंग की, जिस पर उग्रवादी भाग निकले । वरयाम सिंह को कोई चोट नहीं आई ।

दिन-दहाड़े लूट

'कमलेश' के अनुसार गत दिवस जसपाल नगर आबादी, सुलतानविंड रोड में दिन-दहाड़े साढ़े 11 बजे के करीब दो उग्रवादी एक सुनार के घर घुस गए और पिस्तौल की नोक पर उसकी पत्नी के कानों से सोने की बालियां उतरवा कर ले गए । जाती बार हवाई फ़ायर भी किए । सी.आर.पी. और पुलिस को सूचित कर दिया गया, मगर अभी तक उग्रवादियों का पता नहीं चला ।

सी. आर. पी. पर घात लगा कर हमला

आज रात्रि अमृतसर जिले के जंडियाला थाना क्षेत्र के ग्राम मानाभावा के पास एक मैटाडोर में सवार उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला करके सी. आर. पी. की गश्ती टुकड़ी के एक जवान शेख आलम आदम खान की हत्या कर दी तथा नायक बाबू खान, जवान निम्मा और रामानंद को गंभीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि 2वीं बटालियन का जवान शेख आलम आदम खान सी. आर. पी. की जीप लेकर रात्रि 8.30 बजे अमृतसर से जंडियाला की ओर चला । जीप में सात लोग सवार थे । मानावाला के पास पीछे से एक मैटाडोर में सवार उग्रवादियों ने आगे आकर जीप रोकी और स्वचालित शस्त्रों से फायरिंग कर दी जिससे शेख आलम आदम खान मौके पर ही मारे गए जब कि उनके साथी घायल फरार हो गए । फायरिंग के बाद उग्रवादी मैटाडोर लेकर फरार हो गए पर थोड़ा ही आगे सी. आर. पी. की एक संकेत दिया । इस पर मैटाडोर में सवार उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । सी.आर. पी. ने भी जवाबी फायरिंग की जिससे मैटाडोर में सवार उग्रवादी अमरजीत सिंह मारा गया और उसके तीन साथी उग्रवादी घायल हो गए, जिन्हें सी. आर. पी. ने गिरफ्तार कर लिया सभी घायल अमृतसर के गुरुतेग बहादुर अस्पताल में भरती कराए गए । इस घटना के बाद अमृतसर, जालन्धर, कपूरथला में अलर्ट जारी कर दिया गया ।

जम्मू-कश्मीर विधान परिषद के चुनाव की अधिसूचना आज जारी होगी

जम्मू, 12 जून (स.): जम्मू-कश्मीर विधान परिषद के 15 रिक्त स्थानों के चुनाव के लिए कल अधिसूचना जारी की जाएगी । इन 15 सीटों में से 8 सीटें जम्मू क्षेत्र से हैं । 5 कश्मीर घाटी से हैं तथा एक-एक स्थान लेह और कारगिल से है । इन सीटों के लिए निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार इन स्थानों के लिए नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 19 जून है । नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल 20 जून को होगी तथा मतदान 29 जून को होगा । इन 15 सीटों के अलावा 6 सीटों पर राज्यपाल राज्य सरकार की संस्तुति पर सदस्यों को नामोनीत करेंगे ।

विधान परिषद के इन स्थानों के लिए इंका व नैशनल कांफ्रैंस (फारूक) के इच्छुक प्रत्याशी पार्टी टिकट प्राप्त करने के लिए जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं । अनेक इंका नेता अपने-अपने समर्थकों के साथ दिल्ली चले गए हैं ।

बैंक मकान निर्माण के लिए ऋण देगा

नई दिल्ली, 12 जून : पंजाब नैशनल बैंक जल्दी ही आवास निर्माण के लिए कर्ज़ देना शुरू करेगा । यह जानकारी बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक जे.एस. वार्ष्णेय ने आज यहां सम्ददाताओं को दी ।



हंस राज महिला महाविद्यालय जालन्धर की छात्राएं कुमारी दीपा सूद और नीरू महाजन ने गुरनानक देव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बी. कांद्वितीय वर्ष की परीक्षा में क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान तथा छात्राओं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

कमर अली विजेता

श्रीनगर, 12 जून : नैकां के श्री कमर अली लद्दाख के कारगिल विधानसभा क्षेत्र से सीधे मुकाबले में आजाद उम्मीदवार श्री के. मोहम्मद

Punjab Satabdi

JUNE, 1987.

KD

s
weeds
Blended

ILLS

YANA

UTTAM

ड व्हाइट

362
&W Portable
TV

आज कपूरथला सुल्तानपुर लोधी रोड पर दो उग्रवादियों ने विजय कुमार की उसकी दुकान में ही हत्या कर दी ।

राइफल लूट ली

होशियारपुर (ह.स.): दो उग्रवादियों ने कल रात यहां से 30 कि.मी. दूर टांडा के निकट एक व्यक्ति गुरदयाल सिंह से उसकी राइफल छीन ली । जब यह घटना हुई, तब गुरदयाल सिंह कीरतपुर साहिब में अपने भाई की अस्थियां विसर्जित करके लौट रहा था । पुलिस जांच कर रही है ।

4 गिरफ्तार

'वार्ता' के अनुसार दसूहा पुलिस ने कल रात चार व्यक्तियों को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया । इनके नाम हरमिंदर सिंह (मानशहीद), प्रताप सिंह (सरीहपुर), दिलेर सिंह (हमेजा) और गुरमीत सिंह (मैहतपुर) हैं । इन्हें उग्रवाद निरोधक कानून की धारा 3 तथा 4 के अलावा धारा 212 और 216 के तहत गिरफ्तार किया गया है ।

रिपोर्ट दर्ज न की

गुरदासपुर (वार्ता): विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार 8 जून को 7 सशस्त्र उग्रवादियों ने आधुनिक हथियारों की नोक पर कलानौर थाना के गांव अटारी में एक ही मकान में रह रहे चार भाइयों के परिवारों से दस हजार रुपए नकद और 20 हजार रुपए मूल्य के गहने लूट लिए । यह बात लूटे गए एक व्यक्ति रत्न सिंह ने आज यहां बताई । अष्टाम पर एक हस्ताक्षरयुक्त वक्तव्य में उसने कहा है कि कलानौर पुलिस ने यह केस उग्रवाद निरोधक कानून के तहत दर्ज करने से इन्कार कर दिया । पुलिस केवल चोरी का केस दर्ज करना चाहती थी । रत्न सिंह ने बताया कि उग्रवादी एक घंटे तक उनके घर में तोड़-फोड़ करते रहे और हवा में गोलियां चलाते हुए भाग निकले ।

छः गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी ने बताया है कि जिला पुलिस ने गुरनाम सिंह घुमान, गुरदास सिंह, पी.के. बलविंदर सिंह काहनुवां, शृंगारा सिंह तथा प्यारा सिंह लालेनंगल नामक छः व्यक्तियों को राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया है । इनमें

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का वीरा, उम्र 15/16 साल, जिसने नीली स्वैटर और सफ़ेद कमीज़ और गुलाबी रंग की पाजामा पहना हुआ है, फरीदकोट से मुक्तसर वाली बस पर बैठा और बाद में उसका कोई पता नहीं । वह दिमाग़ी तौर पर ठीक नहीं और सिर्फ़ बेबे और बापू ही बोल सकता है । पता देने वाले को 500 रुपए ईनाम दिया जाएगा ।

श्री भल्लू, सुपुत्र सभ्भ सिंह,
मुहल्ला खोखरां, फरीदकोट

starting 17 June 1987

Beginners/Advanced
COMPUTER Courses

ओर चला । जीप में सात लोग सवार थे । मानावाला के पास पीछे से एक मैटाडोर में सवार उग्रवादियों ने आगे आकर जीप रोकी और स्वचालित शस्त्रों से फायरिंग कर दी जिससे शेख आलम आदम खान मौके पर ही मारे गए जब कि उनके साथी घायल फरार हो गए । फायरिंग के बाद उग्रवादी मैटाडोर लेकर फरार हो गए पर थोड़ा ही आगे सी. आर. पी. की एक दूसरी गश्ती टुकड़ी ने मैटाडोर को रुकने का अस्पताल तक चलाकर लाया और अब वह वहां दाखिल है और खतरा से बाहर है ।

'न.न.ए.' के अनुसार उग्रवादियों ने काले कपड़े पहन रखे थे ।

2 उग्रवादी बच निकले

कल रात गोराया थाना के गांव घुरघा और माओ साहब के बीच पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो उग्रवादी बच निकले । पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों द्वारा छोड़ा गया स्कूटर सिख छात्र संघ (गुरजीत गुट) के आयोजन सचिव सतपाल ढिल्लों की मां के नाम से रजिस्टर्ड है । मुठभेड़ में कोई घायल नहीं हुआ ।

एक शराब के ठेके पर तैनात पुलिस कर्मियों ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो उग्रवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फ़ायरिंग की । उग्रवादी स्कूटर छोड़ कर भागने में सफल हो गए । स्कूटर को पुलिस ने कब्ज़े में ले लिया ।

स्कूटर छीना

गोराया थाना के गांव नाहलों में संगठेसियां जा रहे एक व्यक्ति राजा सिंह से दो सशस्त्र उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया ।

स्कूटर छीना

आज रात ग्लोब कालोनी जालन्धर में दो उग्रवादियों ने राजन शर्मा नामक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया ।

7 उग्रवादी गिरफ्तार

जालन्धर पुलिस की एक विज्ञप्ति के अनुसार जिले में सात संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है । लूटपाट, हथियार छीनने तथा शराब के खोखे जलाने की अनेक वारदातों में इनका हाथ था । पुलिस ने इनके पास से दो दुनाली बंदूक, एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल तथा 14 कारतूस मिले हैं । इनके नाम मुख्तियार सिंह, सुलक्खन सिंह, दलबीर सिंह, लाल सिंह, गुरनाम सिंह उर्फ गामा, परमजीत सिंह और जसविंदर सिंह बताए गए हैं ।

बंगा पुलिस ने गांव चाहल खुर्द से एक उग्रवादी मुख्तियार सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से .38 बोर का रिवाल्वर और 4 कारतूस बरामद किए हैं ।

शाहकोट पुलिस ने तीन उग्रवादियों सुलक्खन सिंह (नमाजीपुर), दलबीर सिंह (असूरी) और लाल सिंह (कोटली गज्जरानंद) को गिरफ्तार करके गत 5 मई को शराब के ठेके जलाने का मामला सुलझा लिया है । ये तीनों नकोदर सबडिवीजन में सिख छात्र संगठन के सक्रिय सदस्य हैं । गत 6 जून को फिल्लौर के निकट नाके के दौरान गिरफ्तार निहंग गुरनाम सिंह उर्फ गामा (खानपुर) से पुलिस ने एक 12 बोर की दोनाली बंदूक और 6 कारतूस बरामद किए हैं । उससे अभी पूछताछ जारी है ।

पुलिस ने शाहकोट पुलिस स्टेशन के गांव धर्मीवाल के निवासी परमजीत सिंह को गिरफ्तार करने का दावा किया है । उससे गत 6 जून को हुए हत्या कांड में प्रयुक्त होने वाली बंदूक बरामद की गई है ।

गोराया पुलिस ने गत 16 मई को मुथाड़ा खुर्द में हुई डकैती के मुख्य अभियुक्त जसविंदर सिंह उर्फ काला को गिरफ्तार किया है । काला फिल्लौर

विश्वविद्यालय द्वारा
की परीक्षा में क्रमशः
छात्राओं में प्रथम औ

कमर

श्रीनगर, 12 ज
लद्दाख के कारगिल
मुकाबले में आजाद उ
को 31132 मतों

दूसरी पुण्य तिथि



आपको विदित ही है कि हमारे पूजनीय प्रोफैसर **यशवंत राय जी** 16 जून, 1985 को स्वर्ग सिधार गए थे । उनकी दूसरी पुण्य तिथि के अवसर पर दिनांक 16.6.87 को 10 बजे सुबह हमारे निवास स्थान कोठी नं. 5, सैक्टर नं. 2-ए, चंडीगढ़ में हवन यज्ञ किया जाएगा ।

शोकग्रस्त :- **श्रीमती निहाल कौर**
श्री एवं श्रीमती देवेन्द्र राय
श्री एवं श्रीमती ब्रिजेंद्र राय
श्री एवं श्रीमती परमेंद्र राय
श्री शैलेंद्र राय

रस्म पगड़ी

बड़े दुख से सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय अमर
प्रिंसीपल) (सुपुत्र ला. रूप लाल जैन, गढ़दीवाला) 7.6.87 को अप
कर प्रभु चरणों में विलीन हो गए हैं । रस्म पगड़ी रविवार 14
दोपहर पश्चात कोठी नं. 139, फेज-I मोहाली में होगी ।

शोकग्रस्त :

कौशल्यावती जैन
प्रकाश चन्द जैन, वैद्य नौबत राय जैन, तरसेम लाल जैन (मुके
देवेन्द्र कुमार जैन (J.E., PWD), विमल कुमार जैन (J.E.,
रविन्द्र कुमार जैन (B.B.M.B.)
विजय कुमार जैन (पटना) (दामाद), आशा
विजय कुमार जैन, अशोक कुमार जैन

RASAM PAGR



With profound grief and sorrow we inform that our beloved **Sh. Banwari Lal Kumar** S/o Late Sh. Malak Chand Kumar, left for his heavenly abode on 3rd June, 1987. Rasam Pagri will be performed at our residence 1046, Sector 43-B, Chandigarh on 13 June, 1987 i.e. Saturday at 2 P.M. to 3 P.M.

—Grief Stricken —

Kartar Devi (Mother), Neelam Rani (Wife), Ram Lal, Ashok Kumar (Brothers), Sandeep, Nitin (Sons), Mamta (Daughter). Rajesh Sweets, Sector 35, Ph.-22522; **Bengali Sweets,** Sector 37; **Nitin Fashion Wears,** Sector 35, **Alka Sweets,** Sector-17, Chandigarh.

रस्म पगड़ी



अत्यन्त दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय श्री वेद प्रकाश मेहता, सुपुत्र श्री गोपाल दास

Punjabi Sanatan



जिला अमृतसर के गांव मानांवाला के निकट उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में (1) मारा गया जवान शेख मोहम्मद, (2) घायल रामानंद, (3) बाबू खान, (4) निम्मा, (5) घायल ग्रामीण मोहिन्दर सिंह, (6) त्रिलोक सिंह, (7) राम सिंह, (8) बचन सिंह (छाया : पंजाब केसरी), (9) गत दिनों होशियारपुर जिला के कस्बा हरयाना में उग्रवादियों की गोलियों से घायल महिला आशा रानी। (छाया : प्रद्युम्न)



मोगा के पास सी.आर.पी. के साथ मुठभेड़ में मारे गए 3 अज्ञात उग्रवादियों के शव। (छाया : पंजाब केसरी)

मुठभेड़ में 3 उग्रवादी मरे : ट्रक से 7 मशीनगनें, 15 मैगजीन, सब-मशीनगन के 1138 कारतूस मिले : कई काबू : 1 हत्या : डाकघर लूटा

चंडीगढ़, 13 जून (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 3 उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए जबकि दर्जनों गिरफ्तार किए गए। उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि जालन्धर में एक डाक खाने से लगभग 16 हजार रुपए लूट लिए गए। कल अमृतसर जिला में उग्रवादियों द्वारा घात लगा कर सी. आर. पी. के एक जवान की हत्या कर दी गई थी। मुकाबले के दौरान मैटाडोर में बैठे कुछ नागरिकों के आ जाने के कारण एक व्यक्ति घायल हो गया जबकि कुछ अन्य घायल हो गए। गत दिनों मोगा के निकट सी.आर.पी. के 3 जवानों की हत्या में प्रयुक्त ट्रक से 7 विदेशी मशीनगनें, 15 मैगजीन, सब मशीनगनों के 1138 जीवित कारतूस बरामद हुए।

मोगा (सर्वमित्र): कल रात फरीदकोट जिला के मेहना थानातर्गत गांव कपुरा के निकट पुलिस और सी.आर.पी.एफ. की नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में 3 उग्रवादी मारे गए, जिनकी अभी शिनाख्त नहीं हुई।

कल रात नाका पार्टी ने तीन स्कूटर सवारों को रुकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में तीनों उग्रवादी मारे गए। मृत उग्रवादियों से एक चीन निर्मित सब-मशीन गन, दो मैगजीन, एक पिस्तौल, एक काट कर छोटी की गई दोनाली, एक रिवाल्वर (खैबर, पाक निर्मित) और 42 कारतूस बरामद किए। हथियारों पर खालिस्तानी मार्के थे। 10 कारतूसों वाली एक बैल्ट भी बरामद हुई है। मुठभेड़ 70 मिनट तक जारी रही। एक मृत उग्रवादी की जेब से ड्राइविंग लाईसैंस मिला है, जिसकी फोटो के साथ सुखचैन सिंह वल्द मेजर सिंह गांव बहक गुज्जरां, तहसील जीरा (फिरोजपुर) लिखा हुआ है। फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.एस. मोही, सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. वी.डी. सहगल, सी.आर.पी.एफ. के कमांडैंट एस.एस.पी. गोबिन्द राम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि लाईसैंस पर लगी फोटो मृतक की ही है। वह फोटो वास्तव में सुखचैन सिंह की नहीं है। यह बात सुखचैन सिंह के पिता ने बताई है। यह लाइसैंस हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) का बना हुआ है। इसी प्रकार का एक लाईसैंस गत दिनों मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादी रजिंद्र सिंह राजी की जेब से मिला था।

सात मशीनगनें, भारी असला बरामद

इसी दौरान इसी मोही ने बताया कि दो दिन पहले मोगा के निकट जिन ट्रक सवार उग्रवादियों ने सी.आर.पी.एफ. के तीन जवानों की हत्या कर दी थी, द्वारा प्रयुक्त ट्रक घटनास्थल के निकट की बरामद किया गया, जिसमें से सात विदेशी मशीनगनें, 15 मैगज़ीन, सब-मशीनगनों के 1138 जीवित कारतूस (विदेशी) पकड़े गए। श्री मोही ने बताया कि यह हथियार उक्त ट्रक में विशेष रूप से निर्मित एक गुप्त बक्से में छिपा दिए गए थे। यह हथियार लुधियाना बैंक से लूटी गई राशि से खरीदे गए थे। अभी तक सुरक्षा बलों ने ऐसे हथियार नहीं देखे।

सी.आर.पी. पर हमला

अमृतसर (वि.प्र.): आज यहां एस.पी. डिटैक्टिव श्री रजिन्दर सिंह ने प्रैस कांफ्रैंस में बताया कि गत रात 9 बजे के लगभग अमृतसर से 10 कि.मी. दूर सी.आर.पी.एफ. की एक गश्ती जीप पर मारुति वैन में सवार लगभग 4 उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला कर दिया, जिससे जीप का ड्राईवर शेख मोहम्मद मौका पर ही मारा गया, जबकि सी.आर.पी. एफ. के 3 जवान घायल हो गये, जिनके नाम नायक बाबू खान, कांस्टेबल निम्मा और रामानंद हैं। घटना की सूचना मिलते ही सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. एस.एस. विर्क और फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और क्षेत्र को घेर लिया, लेकिन उग्रवादी भाग निकले, लेकिन वह अपनी नीले रंग की मारुति वैन घटना स्थल से 200 गज़ दूर वृक्षों के पीछे छोड़ गए। यह वैन 2 दिन पहले उग्रवादियों ने सुल्तानविंड क्षेत्र से छीनी थी।

श्री रजिन्दर सिंह ने बताया कि रात को लगभग 9 बजे सी.आर.पी.एफ. की मानावाला चौकी से एक गश्ती टुकड़ी जीप में सवार होकर अमृतसर की तरफ रवाना हुई। इसी दौरान नीले रंग की मारुति वैन में उग्रवादी सवार थे, जीप के बराबर ले आए और जीप पर स्टेनगन से गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। जीप ड्राईवर मौके पर ही मारा गया, जबकि 3 जवान घायल हो गये। इसी दौरान सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने जल्दी से पोज़ीशनें लेकर फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग के घेरे में एक मैटाडोर, जो अमृतसर से जंडियाला गुरु की तरफ जा रही थी, आ गई, जिसमें एक महिला और 6 पुरुष बैठे हुये थे। मैटाडोर से निकल कर 2 युवक खेतों की ओर भागे। इनमें से एक, जिसका नाम परमजीत सिंह बताया गया है, जल्दी से वृक्ष की ओट में एक खड्डे में बैठ गया और बच गया, जबकि दूसरा जिसका नाम अमरजीत (सेरों) बताया गया है, भगता गया। उसे गोलियां लगीं, जिससे वह मौका पर ही दम तोड़ गया। मैटाडोर में सवार 3 अन्य व्यक्ति भी घायल हुये, जिनके नाम गुरबचन सिंह, महेंद्र सिंह और त्रिलोक सिंह हैं। एक और व्यक्ति जिसका नाम राम सिंह है, खेतों में पानी दे रहा था, उसकी बाजू में गोली। जिस मारुति वैन को उग्रवादियों ने प्रयुक्त किया और जिसे वह वृक्षों की ओट में छोड़ गये थे, को कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि उग्रवादियों ने चीन में निर्मित स्टेनगन और अन्य हथियारों का प्रयोग किया था। इन उग्रवादियों की तलाश में सुरक्षा बल सारे क्षेत्र के गांवों की तलाशियां ले रहे हैं।

19 गिरफ्तार

श्री रजिंदर सिंह ने बताया कि जिला के कई भागों से 19 उग्रवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है, जिन्होंने कई वारदातों बारे सुराग दिए हैं। इनमें पांच उग्रवादी गत रात अजनाला सब-डिवीजन के क्षेत्र में स्थित गांव कोटली साका में पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए। इनके नाम रेशम सिंह, दिलबाग सिंह जसमीर सिंह, जस्सा सिंह और ब्रह्म सिंह हैं। इनसे 323 बोर की दो बंदूकें, एक रिवाल्वर और कारतूस बरामद हुए हैं। उन्होंने लूटमार की आठ वारदातों बारे पुलिस को सुराग नहीं दिए हैं, जिनमें से 6 हथियार छीनने की हैं।

इस गिरोह के सदस्य सिख छात्र संघ के गुरजीत

(शेष पृष्ठ 10 पर)



जालन्धर पुलिस द्वारा पकड़े गए 50 कि.ग्रा. विस्फोटक पदार्थों के साथ जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. ए. सिद्दीकी, एस.एस.पी. एस.एस. बैंस और एस.पी. डिटैक्टिव स्वर्ण सिंह। (छाया : कपूर)

जालन्धर बस कांड में संलिप्त गिरोह के 25 सदस्यों में से 8 गिरफ्तार, 50 कि.ग्रा. विस्फोटक बरामद

जालन्धर, 13 जून (वि.स.): डी.आई.जी. पुलिस जालन्धर रेंज श्री ए.ए. सिद्दीकी ने आज यहां एक सम्वाददाता सम्मेलन में बताया कि यद्यपि 2 जून के जालन्धर बम कांड के दोषी पांच थे, किन्तु इस गिरोह के कुल सदस्य 25 बताए गए हैं, जिनमें से अजमेर सिंह जालन्धर बम कांड में ही और हरमिन्दर सिंह (जमशेर) तथा बलविन्दर सिंह (कंगनीवाल, नूरमहल) जैतो के निकट पुलिस मुकाबले में मारे जा चुके हैं। बाकी के 22 में से पुलिस अब तक 8 उग्रवादी पकड़ चुकी है, जिनके नाम हैं—डा. मनजीत सिंह (लुधियाना), सुरिन्दर सिंह (बस्ती जोधेवाल, लुधियाना), गुरमेज सिंह (सुभाष नगर, लुधियाना) तथा गुणाचक गांव के मक्खन सिंह, गुरनाम सिंह, रंजीत सिंह, सज्जन सिंह व तीर्थ सिंह।

गिरोह के बाकी 14 सदस्य हैं—सुख सिंह (फतू ढींगा), जरनैल सिंह (नूरपुर जट्टां), गुलजार सिंह (जट मंझ फगूवाल), बहादर सिंह (सैफलाबाद), राजिन्दर सिंह उर्फ जिम्मी (दिल्ली), अनोख सिंह (वड़िंग), सुबा सिंह, सुख देव सिंह (दस्सोवाल), बधावा सिंह (संधु चट्ठा), मनजीत सिंह (हेलरां), मोहनी (गोपाल नगर, जालन्धर), बलजीत सिंह उर्फ टूंडा (दकोहा गुरद्वारा), रघबीर सिंह फौजी (संजोगला), जगजीत सिंह (नाजके), मिन्टू (जालन्धर)।

श्री सिद्दीकी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों के एडजस्ट न होने के कारण वह पहले फट गया और पुलिस अफसरों के बड़े पैमाने पर हत्या की योजना विफल हो गई।

श्री सिद्दीकी ने बताया कि कार व स्कूटर फ्रैंड्ज सिनेमा के बाहर खड़ा करते ही जिम्मी व बहादर सिंह खिसक गए थे। तीर्थ सिंह ने यह भी बताया कि यह बम वह लुधियाना में डा. मनजीत सिंह के घर पर तैयार किए गए बमों में लाया गया था। सबसे पहले बम बनाने का काम डा. मनजीत सिंह के घर पर ही शुरू हुआ था, जिसके लिए विस्फोटक जिम्मी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

हेगड़े सरकार अपना कार्य-काल पूरा नहीं कर सकेगी ?

दोनों देशों के लोगों के निहित स्वार्थों

Punjabi Sanation

श्री अडवानी ने कहा कि वह अब अम्बाला जिले का दौरा कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि हम अब सरकार बताए कि कमीशन किस नेता या अभिनेता ने ली है ?

पंजाब का विभाजन नहीं होने देंगे

गत रात्रि में यहां अनाज मंडी में भाजपा की एक

सरकार पर विफलता के आरोप लगा रहे हैं ।

श्री अडवानी ने कहा कि पंजाब का दोबारा

देने वाले नेताओं के आगे झुक जाते हैं और अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण की नीति अपनाते रहे हैं ।



जिला अमृतसर के गांव मानांवाला के निकट उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में (1) मारा गया जवान शेख मोहम्मद, (2) घायल रामानंद, (3) बाबू खान, (4) निम्मा, (5) घायल ग्रामीण मोहिन्दर सिंह, (6) त्रिलोक सिंह, (7) राम सिंह, (8) वचन सिंह (छाया : पंजाब केसरी), (9) गत दिनों होशियारपुर जिला के कस्बा हरयाना में उग्रवादियों की गोलियों से घायल महिला आशा रानी । (छाया : प्रद्युम्न)

मोगा के निकट पुलिस मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादियों से बरामद सब-मशीनगन, रिवाल्वर, कटी हुई विदेशी दोनाली, पिस्तौल, 2 मैगजीन, 42 कारतूस और 10 कारतूसों वाली बैल्ट । (छाया : सर्वमित्र)

मोगा के पास सी.आर.पी. के साथ मुठभेड़ में मारे गए 3 अज्ञात उग्रवादियों के शव । (छाया : पंजाब केसरी)

मुठभेड़ में 3 उग्रवादी मरे : ट्रक से 7 मशीनगनें, 15 मैगजीन, सब-मशीनगन के 1138 कारतूस मिले : कई काबू : 1 हत्या : डाकघर लूटा

चंडीगढ़, 13 जून (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 3 उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए जबकि दर्जनों गिरफ्तार किए गए । उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि जालन्धर में एक डाक खाने से लगभग 16 हजार रुपए लूट लिए गए । कल अमृतसर जिला में उग्रवादियों द्वारा घात लगा कर सी. आर. पी. के एक जवान की हत्या कर दी गई थी । मुकाबले के दौरान मैटाडोर में बैठे कुछ नागरिकों के आ जाने के कारण एक व्यक्ति घायल हो गया जबकि कुछ अन्य घायल हो गए । गत दिनों मोगा के निकट सी.आर.पी. के 3 जवानों की हत्या में प्रयुक्त ट्रक से 7 विदेशी मशीनगनें, 15 मैगजीन, सब मशीनगनों के 1138 जीवित कारतूस बरामद हुए ।

मोगा (सर्वमित्र): कल रात फरीदकोट जिला के

सात मशीनगनें, भारी असला बरामद

इसी दौरान इसी मोही ने बताया कि दो दिन पहले मोगा के निकट जिन ट्रक सवार उग्रवादियों ने सी.आर.पी.एफ. के तीन जवानों की हत्या कर दी थी, द्वारा प्रयुक्त ट्रक घटनास्थल के निकट की बरामद किया गया, जिसमें से सात विदेशी मशीनगनें, 15 मैगज़ीन, सब-मशीनगनों के 1138 जीवित कारतूस (विदेशी) पकड़े गए । श्री मोही ने बताया कि यह हथियार उक्त ट्रक में विशेष रूप से निर्मित एक गुप्त बक्से में छिपा दिए गए थे । यह हथियार लुधियाना बैंक से लूटी गई राशि से खरीदे गए थे । अभी तक सुरक्षा बलों ने ऐसे हथियार नहीं देखे ।

सी.आर.पी. पर हमला

अमृतसर (वि.प्र.): आज यहां एस.पी. डिटैक्टिव श्री रजिन्दर सिंह ने प्रैस कांफ्रैंस में बताया

फ़ोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और क्षेत्र को घेर लिया, लेकिन उग्रवादी भाग निकले, लेकिन वह अपनी नीले रंग की मारुति वैन घटना स्थल से 200 गज़ दूर वृक्षों के पीछे छोड़ गए । यह वैन 2 दिन पहले उग्रवादियों ने सुल्तानविंड क्षेत्र से छीनी थी ।

श्री रजिन्दर सिंह ने बताया कि रात को लगभग



9 बजे सी.आर.पी.एफ. की मानांवाला चौकी से एक गश्ती टुकड़ी जीप में सवार होकर अमृतसर की तरफ रवाना हुई । इसी दौरान नीले रंग की मारुति वैन में उग्रवादी सवार थे, जीप के बराबर ले आए और जीप पर स्टेनगन से गोलियां बरसानी शुरू कर दीं । जीप ड्राईवर मौके पर ही मारा गया, जबकि 3 जवान घायल हो गये । इसी दौरान सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने जल्दी से पोज़ीशनें लेकर फ़ायरिंग शुरू कर दी । इस फ़ायरिंग के घेरे में एक मैटाडोर, जो अमृतसर से जंडियाला गुरु की तरफ जा रही थी, आ गई, जिसमें एक महिला और 6 पुरुष बैठे हुये थे । मैटाडोर से निकल कर 2 युवक खेतों की ओर भागे । इनमें से एक, जिसका नाम परमजीत सिंह बताया गया है, जल्दी से वृक्ष की ओट में एक खड्डे में

Punjabi Sanatani

Punjab Government Archives



जालन्धर पुलिस द्वारा पकड़े गए 50 कि.ग्रा. विस्फोटक पदार्थों के साथ जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. ए. सिद्दीकी, एस.एस.पी. एस.एस. बैंस और एस.पी. डिटैक्टिव स्वर्ण सिंह । (छाया : कपूर)

जालन्धर बम कांड में संलिप्त गिरोह के 25 सदस्यों में से 8 गिरफ्तार, 50 कि.ग्रा. विस्फोटक बरामद

जालन्धर, 13 जून (बि.स.): डी.आई.जी. पुलिस जालन्धर रेंज श्री ए.ए. सिद्दीकी ने आज यहां एक सम्वाददाता सम्मेलन में बताया कि यद्यपि 2 जून के जालन्धर बम कांड के दोषी पांच थे, किन्तु इस गिरोह के कुल सदस्य 25 बताए गए हैं, जिनमें से अजमेर सिंह जालन्धर बम कांड में ही और हरमिन्दर सिंह (जमशेर) तथा बलविन्दर सिंह (कंगनीवाल, नूरमहल) जैतो के निकट पुलिस मुकाबले में मारे जा चुके हैं । बाकी के 22 में से पुलिस अब तक 8 उग्रवादी पकड़ चुकी है, जिनके नाम हैं—डा. मनजीत सिंह (लुधियाना), सुरिन्दर सिंह (बस्ती जोधेवाल, लुधियाना), गुरमेज सिंह (सुभाष नगर, लुधियाना) तथा गणाचक गांव के मक्खन सिंह, गुरनाम सिंह, रंजीत सिंह, सज्जन सिंह व तीर्थ सिंह ।

गिरोह के बाकी 14 सदस्य हैं—सुख सिंह (फतू ढींगा), जरनैल सिंह (नूरपुर जट्टां), गुलजार सिंह (जट मंझ फगवाल), बहादर सिंह (सैफलाबाद) राजिन्दर सिंह उर्फ जिम्मी (दिल्ली), अमोल सिंह (बड़िंग), सुबा सिंह, सुख देव सिंह (दिसोवाल), बधावा सिंह (संधु चट्ठा), मनजीत सिंह (हलेरा), मोहनी (गोपाल नगर, जालन्धर), बलजीत सिंह उर्फ टंडा (दकोहा गुरद्वारा), रघबीर सिंह फौजी (संजोगला), जगजीत सिंह (नाजके), मिन्टू (जालन्धर) ।

श्री सिद्दीकी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों के बताने पर एक स्थान से एक बोरी में 35 किलो तथा एक अन्य स्थान से 16 किलो विस्फोटक बरामद हुआ । इसके अतिरिक्त एक छीना हुआ हीरो हौंडा मोटर साइकल पी.ए.के.-6742 भी मिला । श्री सिद्दीकी ने बताया कि बम विस्फोट की घटना की जांच में तीर्थ सिंह की गिरफ्तारी से आई । तीर्थ सिंह वही उग्रवादी है जो धमाका में स्वयं घायल हो गया था और जिसे एक अन्य उग्रवादी बहादुर सिंह उसी रात को अस्पताल से खिसका ले गया था । तीर्थ सिंह ने बताया कि जालन्धर बम कांड में उसके चार और साथी थे जिनमें दिल्ली का जिम्मी, बहादुर सिंह, अजमेर सिंह, वह स्वयं तथा बम धमाका में मरा अज्ञात उग्रवादी शामिल थे ।

तीर्थ सिंह ने यह भी बताया कि कार वस्कूटर की जाली प्लेटें, यहां पासपोर्ट आफिस के निकट बदली गई । और दो टाइम बम कार व स्कूटर में रखे गए । उसके अनुसार स्कूटर में रखा छोटा बम पहले फटना था जिस पर पुलिस अफसर जांच के लिए पहुंचने थे और तब दूसरा धमाका कार में रखे बड़े बम का होना था, मगर कार बम का ठीक टाइम एडजस्ट न होने के कारण वह पहले फट गया और पुलिस अफसरों के बड़े पैमाने पर हत्या की योजना विफल हो गई ।

श्री सिद्दीकी ने बताया कि कार व स्कूटर फ्रैंड्ज सिनेमा के बाहर खड़ा करते ही जिम्मी व बहादर सिंह खिसक गए थे । तीर्थ सिंह ने यह भी बताया कि यह बम वह लुधियाना में डा. मनजीत सिंह के घर पर तैयार किए गए बमों में लाया गया था । सबसे पहले बम बनाने का काम डा. मनजीत सिंह के घर पर ही शुरू हुआ था, जिसके लिए विस्फोटक जिम्मी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

श्री रजिंदर सिंह ने बताया कि जिला के कई भागों से 19 उग्रवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है, जिन्होंने कई वारदातों बारे सुराग दिए हैं । इनमें पांच उग्रवादी गत रात अबनाला सब-डिवीजन के क्षेत्र में स्थित गांव कोटली साका में पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए । इनके नाम रेशम सिंह, दिलबाग सिंह, जसमीर सिंह, जस्सा सिंह और बहम सिंह हैं । इनसे 323 बोर की दो बंदूकें, एक रिवाल्वर और कारतूस बरामद हुए हैं । उन्होंने लूटमार की आठ वारदातों बारे पुलिस को सुराग नहीं दिए हैं, जिनमें से 6 हथियार छीनने की हैं ।

इस गिरोह के सदस्य सिख छात्र संघ के गुरजीत

(शेष पृष्ठ 10 पर)

श्री शास्त्री को भेजे इस पत्र में प्रधानमंत्री द्वारा हरियाणा चुनाव प्रचार अभियान में भ्रष्ट तरीके अपनाए जाने का आरोप भी लगाया गया है । पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री अपनी चुनाव सभाओं में नियमों के खिलाफ ऐसे वक्तव्य दे रहे हैं जिनसे उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में हवा बन सकती है ।

तलवंडी गिरफ्तार

अमृतसर, 13 जून : एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष मंडल के सदस्य जगदेव सिंह तलवंडी को आज सुबह लुधियाना जिले के तलवंडी गांव से गिरफ्तार कर लिया गया । एकीकृत अकाली दल कार्यालय द्वारा प्राप्त सूचना में यह जानकारी दी गई ।

'जोशी' के अनुसार जत्थेदार तलवंडी को विद्रोहात्मक और भड़काऊ भाषण देने के आरोप में धारा 153 के तहत गिरफ्तार किया गया है । उनकी गिरफ्तारी रायकोट पुलिस ने की है और उन्हें रायकोट थाने ले गई ।

जिला पुलिस ने आज प्रातः पंजाब सिख वकील परिषद के महासचिव डी.एस. गिल को भी हिरासत में लिया था लेकिन पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया ।

दिल्ली में उग्रवादियों द्वारा फायरिंग, 3 मरे, कई घायल

नई दिल्ली, 13 जून (ह.स.): तीन स्टेनगनधारी उग्रवादियों ने आज रात यहां दक्षिण दिल्ली की ग्रेटर कैलाश कालोनी के एक घर में फायरिंग की । पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने तीन राउंड गोली चलाई ।

रात देर गए गुप्त एजैंसी की सूचना के अनुसार फायरिंग से एक महिला समेत कम से कम तीन लोग गरे गए ।

हमारे प्रतिनिधि के अनुसार ग्रेटर कैलाश कालोनी की कोठी नम्बर ई—92 में एक व्यक्ति के पौत्र के मुंडन के सिलसिले में डिनर था डिनर जब खत्म हो गया तो स्टेनगनधरी एक सिख युवक कोठी के अंदर आया और उसने बम फैंका लेकिन वह फटा नहीं । उसके बाद उसने

(शेष पृष्ठ 10 पर)

हेगड़े सरकार अपना कार्य-काल पूरा नहीं कर सकेगी ?

बंगलौर, 13 जून (कुलदीप नैयर): कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री राम कृष्ण हेगड़े अब एक ऐसे 'देवता' के रूप में समझे जा रहे हैं जो लोगों की आकांक्षाएं पूर्ण करने में विफल रहे हैं । यूथ डैमोक्रेटिक फोरम की कर्नाटक इकाई द्वारा कर्नाटक में किए गए एक सर्वेक्षण से यह बात सामने आई है । इस सर्वेक्षण के अनुसार श्री हेगड़े की छवि में गिरावट आई है । यूथ डैमोक्रेटिक फोरम द्वारा 8 नगरों में 10,000 लोगों से साक्षात्कार किया गया था । इनमें से 56 प्रतिशत ने श्री हेगड़े की कारगुज़ारी के प्रति निराशा प्रकट की, जबकि 32 ने कहा कि हेगड़े की छवि यथावत है । शेष 12 प्रतिशत ने किसी प्रकार के विचार प्रकट नहीं किए ।

सर्वेक्षण के अनुसार 60 लोगों का मत था कि श्री हेगड़े की सरकार अपना कार्यकाल पूर्ण नहीं कर सकेगी । श्री हेगड़े के मंत्रिमंडल के एक सदस्य ने सार्वजनिक रूप से कहा कि जनता सरकार जन-आकांक्षाओं के अनुरूप सिद्ध नहीं हुई है । श्री हेगड़े के उक्त साथी ने कहा कि श्री हेगड़े 1985 में जब से दुबारा सत्ता में आए हैं तब से मामला बिगड़ गया है ।

इन लोगों का कहना है कि अगर अभी भी स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो जनता का और मोह भंग होगा । सर्वेक्षण से यह बात सामने आई कि लोगों को सर्वाधिक झटका इस बात से लगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों की संख्या 4 से बढ़ा कर 35 कर दी । लोगों का कहना था कि यह कदम पंचायती राज को अधिकारों के विकेंद्रीकरण के बाद उठाया गया है । बिजली की दरों में 20 से 50 प्रतिशत तक की वृद्धि तथा दूध के दाम बढ़ाने से मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित हुआ है । इसके अतिरिक्त प्रदेश में सूखे की स्थिति भी गम्भीर है । पिछले तीन सालों में 546 करोड़ रुपए सूखा राहत के लिए बांटे गए हैं । लेकिन सूखे से निपटने के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किए गए हैं । सरकार के एक वरिष्ठ सदस्य ने

(शेष पृष्ठ 10 पर)

दोनों देशों के लोगों के निहित स्वार्थों से भारत-अमरीका सम्बन्ध बिगड़े

वाशिंगटन, 13 जून (वार्ता): प्रसिद्ध अमरीकी अखबार शिकागो ट्रिब्यून का कहना है कि भारत और अमरीका के संबंध बिगड़ने के पीछे दोनों देशों में ऐसे लोग हैं जिनका इसमें निहित स्वार्थ है । जब श्री राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने तो यह आशा जागृत हुई थी कि संसार के यह दो प्रमुख लोकतांत्रिक देश एक-दूसरे के नजदीक आएंगे पर इन तत्वों के कारण पुराने मतभेद फिर उभर कर सामने आ गए हैं ।

श्री गांधी के कार्यकाल की समीक्षा में शिकागो ट्रिब्यून ने कहा कि 'सुरक्षा की दुहाई देने वाले' अमरीकी और 'आदर्शवाद' की दुहाई देने वाले भारतीयों के कारण दोनों देशों की स्वाभाविक मित्रता खटाई में पड़ गई ।

शिकागो ट्रिब्यून का कहना है कि हथियारों के ठेकेदारों और उनके समर्थकों ने अमरीकी विदेश नीति को पाकिस्तान के हक में धमा दिया । उनके इस कथन में कोई दलील नहीं कि पाकिस्तान को हथियार देने का उद्देश्य अफगानिस्तान में सोवियत कार्रवाई को रोकना है । भारत के विचार में पाकिस्तान को हथियार देने का उद्देश्य शस्त्रास्त्र बनाने वाले कारखानों की मदद करना है ।

अखबार का कहना है कि आख मद का पाकिस्तानी विदेश नीति का समर्थन करने में

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बंसी-भजन की लड़ाई इंका को ले डूबेगी, इस बार भी 36 से अधिक सीटें न मिलेंगी; लाभ देवी लाल को होगा

नई दिल्ली, 13 जून (जी.एस. चावला): अब जबकि हरियाणा में मतदान को 4 दिन शेष रह गये हैं, इंका तथा लोकदल (ब)-भाजपा गठबंधन का चुनाव प्रचार अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है । अब तक की स्थिति यह है कि पलड़ा गठबंधन का ही भारी है । इंका सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि लोकदल के 70, भाजपा के 18, सी.पी.आई. और सी.पी.एम. के 1-1 प्रत्याशी

श्रीमती इंदिरा गांधी ने 31 दिसम्बर 1981 को पंजाब के मुख्यमंत्री दरबारा सिंह से नदी जल समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिये मजबूर किया और बाद में खुद एस.वाई.एल. नहर की खुदाई का उद्घाटन किया, क्योंकि हरियाणा के लिये पानी एक महत्वपूर्ण मामला है । इसके बावजूद इंका 36 सीटें ही जीत सकी । इंका की हालत इस बार और भी खराब है । इसके भी कई कारण हैं । मुख्य

लाल पर इन्हें समर्थन देने के आरोप भी लग रहे हैं ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कल अपना चुनाव प्रचार अभियान पूर्ण कर लिया । प्रधानमंत्री ने इस बार दो चुनाव दौरों में 12 जनसभाओं को संबोधित किया, लेकिन देवी लाल की जनसभाओं की अपेक्षा इस बार उनकी जनसभाओं में भीड़ बहुत कम देखने को मिली । आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.टी.

जानते । वास्तव में लड़ाई देवी लाल और कांग्रेस के बीच है । चाहे गठबंधन को भारी जनसमर्थन प्राप्त है, लेकिन प्रत्याशियों के चयन को लेकर इसमें भी आपसी लड़ाई जारी है । कहा जाता है कि देवी लाल अब एक तरह से सत्ता में आ चुके हैं और वह अपने-आपको भावी मुख्यमंत्री मानने लगे हैं । यह भी कहा जा रहा है कि अपने व्यवहार के कारण देवी



बिगुल बजा मतदान का ।
हरियाणा के उत्थान का ।
कालका विधानसभा क्षेत्र के भाइयो और बहिनो

लोकदल और भाजपा
के प्रत्याशी

कान्ति प्रकाश भल्ला के समर्थन में
हिमाचल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री
श्री शांता कुमार जी

उग्रवादी पकड़े ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

गुट से सम्बद्ध हैं । इन लोगों ने आतंक फैलाने के लिए एक ही समुदाय के कई व्यक्तियों की हत्या का षड्यंत्र रचा था ।

नौशहरा पन्नूआं और कैरों की पुलिस चौकियों और सुरक्षा बलों ने चार उग्रवादियों मिलखा सिंह, गुरनाम सिंह, दलजिंदर सिंह और सतनाम सिंह को गिरफ्तार करके उनसे छीने हुए दो स्कूटर, जिन पर सवार हो कर वह जा रहे थे और दो पिस्तौल बरामद किए । इस गिरोह ने हत्या और लूटमार की पांच वारदातों के सुराग दिए हैं । इन्होंने गांव सुरा में एक दुकानदार चिरंजी लाल की हत्या का सुराग भी पुलिस को दिया है ।

तरनतारन पुलिस ने 3 उग्रवादियों दीदार सिंह, अंग्रेज़ सिंह और बलदेव सिंह को गिरफ्तार करके एक दोनाली और 12 बोर के दो पिस्तौल कब्ज़े में लिए हैं ।

थाना सदर अमृतसर पुलिस ने तीन उग्रवादियों बलविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह उर्फ़ कुलदीप सिंह और मंजीत सिंह को गिरफ्तार किया है ।

नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने करनैल सिंह और बलदेव सिंह को गिरफ्तार करके बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए हैं । करनैल सिंह गत माह कत्थू नंगल क्षेत्र के पुलिस के साथ उग्रवादियों की मुठभेड़ में भी पुलिस को वांछित था ।

लोपोके थाना के गांव कोहाला के कुलबीर सिंह और गांव घोघा के परगट सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जो कुख्यात तस्कर हैं और उग्रवादियों को हथियार सप्लाई करते थे ।

इसी दौरान विभिन्न टैम्पो यूनियनों ने मैटाडोर पर फ़ायरिंग के विरुद्ध जी.टी. रोड पर आधा घंटा तक ट्रैफ़िक जाम किया ।

शव मिला

'वार्ता' के अनुसार वैरोवाल थाना के गांव भैनी ढडेवाल में पुलिस ने एक व्यक्ति गुलज़ार सिंह का शव उसके ट्यूबवैल से बरामद किया है । शव पर तेज धार हथियारों के घाव हैं । हत्या का कारण अज्ञात है ।

गोली से सख्त घायल

अमृतसर के थाना सदर के तहत पुतलीघर की गली नम्बर 2 में आज रात 3-4 संदिग्ध उग्रवादियों ने गोली चला कर एक व्यक्ति रोशन लाल शर्मा को घायल कर दिया । श्री शर्मा को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत गम्भीर बताई जाती है । श्री शर्मा गत 4 वर्षों से उग्रवादियों की हिटलिस्ट में हैं । 4 वर्ष पूर्व उनके बेटे की उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी । कृष्ण लाल शर्मा स्थानीय इकाई नेता हैं ।

डाकखाना लूटा

जालन्धर (वि.स.): आज प्रातः साढ़े दस बजे के लगभग दो सशस्त्र उग्रवादियों ने स्थानीय मंडी फैंटनगंज के सब पोस्ट आफिस से 1617 रु. 30 पैसे पिस्तौल की नोक पर लूट लिए और राजस स्कूटर पर आए थे, उस पर फरार हो गए । प्राप्त विवरण के अनुसार दोनों उग्रवादियों में से एक ने पीली और दूसरे ने नीली पगड़ी पहन रखी थी जबकि दोनों की दाढ़ियां खुली थीं । सूचना मिलने पर उच्च पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी ।

रिवाल्वर छीना

फतेहपुर (साहनी): गत सायं यहां से 8 किलो मीटर दूर गांव दगरी में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों द्वारा बलदेव सिंह के घर में घुस कर एक रिवाल्वर व कुछ कारतूस छीन लिए गए। बलदेव सिंह शाम को अपने खेतों में गया हुआ था । उग्रवादियों ने उसकी पत्नी गुरजीत कौर को रिवाल्वर व कारतूस उनके हवाले करने को कहा । उस समय उसका नौकर करतारा भी घर पर मौजूद था । उन्होंने पहले करतारे को एक कमरे में बंद कर दिया । बे गुरजीत कौर से एक 32 बोर का रिवाल्वर व छः जीवित कारतूस ले गए ।

15 हज़ार नकद, आभूषण लूटे

कपूरथला (शर्मा): थाना सुलतानपुर लोधी के अंतर्गत गांव बाटावाती में गत रात्रि तीन अज्ञात सशस्त्र आतंकवादियों ने तीन घरों में दाखिल होकर साढ़े 15 हजार रुपए नकद तथा 4 तोले सोने के ज़ेवर पिस्तौल की नोक पर लूट लिए तथा एक व्यक्ति को मारपीट करने के पश्चात् फायर करते हुए भाग गए । उन्होंने महिन्द्र सिंह से 500 रुपए, दो साइकिल, श्री दीप सिंह से 10 हजार रुपए और श्री हरभजन सिंह से 5 हजार रुपए नकद तथा 4 तोले सोने के ज़ेवर लूट लिए । इसके पश्चात् एक व्यक्ति चित्र सिंह से उसके ट्यूबवैल पर जाकर गांव के धनी किसानों के नाम पूछे और न बताने पर उसको मारपीट की, दो-तीन फायर किए और भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

फैडरेशन नेता हिरासत में

पटियाला (भू.): जिला पुलिस ने सिख छात्र संघ के भू.पू. जिला प्रधान गुरमेल सिंह को हिरासत में ले लिया । इससे पूर्व उसके पिता और दो भाइयों को पकड़ा गया था, लेकिन बाद में छोड़ दिया गया था । उसके परिवार के सदस्यों का कहना है कि पुलिस ने अभी तक कब्ज़े में लिए ट्रैक्टर ट्राली और जीप वापिस नहीं किए ।

पांच आतंकवादी गिरफ्तार

अशोक सोनी के अनुसार आज जिला अमृतसर के अजनाला सब डिवीजन में सी.आर.पी. की एक नाका पार्टी के साथ आतंकवादियों की बड़ी देर तक चली मुठभेड़ के बाद पांच आतंकवादी गिरफ्तार कर लिए गए जबकि उनके बाकी साथी भाग निकले । प्राप्त सूचना के अनुसार आज तड़के चार बजे के करीब कुछ आतंकवादियों को जब अजनाला-चौगावां सड़क पर तैनात नाका पार्टी ने रुकने का इशारा किया तो आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । मुठभेड़ 10 मिनट जारी रही जिसके बाद पांच आतंकवादी पकड़े गए जबकि शेष भाग गए । पकड़े गए आतंकवादियों की तलाशी पर उनके कब्ज़े से एक दोनाली बंदूक, एक पिस्तौल तथा एक बंदूक मिली । उनसे कारतूस और एक खाली मैगज़ीन भी मिली । गिरफ्तार आतंकवादियों से पूछताछ जारी है ।

डिप्टी कमांडेंट पर हमला

गुरदासपुर (वार्ता): आज प्रातः गुरदासपुर कलानौर के बीच एक जगह मारुति कार में सवार चार आतंकवादियों ने विशेष सुरक्षा बल के डिप्टी कमांडेंट की जोंगा जीप पर हमला किया । जीप की विंडशील्ड टूट गई लेकिन वह बच गए । डिप्टी कमांडेंट जम्मू जा रहे थे ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार

संगरूर (गर्ग): यहां से 80 किलो मीटर दूर स्थित गांव खेतला में दो आतंकवादियों को पुलिस द्वारा लोगों की सहायता से गिरफ्तार कर लिया गया । बताया जाता है कि आज तीसरे पहर 3 बजे दो आतंकवादी सहकारी समिति खेतला में आए और समिति के खजांची अशोक कुमार से पिस्तौल की नोक पर 2040 रुपए और घड़ी छीन कर भागने लगे लेकिन लोगों ने शोर मचा दिया और पुलिस को सूचित कर दिया । जिसने पीछा करके इन्हें पकड़ लिया । उनके नाम बलकार और बख्शी रोगला बताए हैं । उनसे एक रिवाल्वर और कारतूस तथा लूटी हुई राशि बरामद हो गई ।

भारतीयों को अधिकतम एक वर्ष का वीसा

नई दिल्ली, 13 जून (वार्ता): अमरीकी अधिकारियों ने भारतीय पर्यटकों तथा व्यापारियों को जारी किए जाने वाले वीसा की अवधि पांच वर्ष से घटाकर अधिकतम 12 महीने कर दी है । यह बात अमरीकी सूचना केंद्र की एक विज्ञप्ति में कही गई । यह फैसला 15 जून से लागू होगा ।

श्री वृंदाबन प्रिंट्स

आवश्यकता है

चार्टर्ड इंजीनियर : अपने प्रोसैसिंग हाऊस के रख-रखाव और विकास के लिए । उम्मीदवार अच्छा क्वालिफाइड हो और कम से कम पांच वर्ष का अनुभव हो ।

डाइंग और फिनिशिंग मास्टर : उम्मीदवार सुअनुभवी होना चाहिए और सिंथैटिक सूटिंग्ज, शर्टिंग्ज और ड्रैस मैटीरियल के लिए क्वालिफाइड होना चाहिए । उम्मीदवार डिप्लोमा होल्डर हो और कम से कम 5 वर्ष का अनुभव रखता हो ।

उपर्युक्त दोनों पदों पर शानदार वेतन, आकर्षक सुविधाओं सहित उपलब्ध है । कृपया आवेदन करें :

दी प्रोप्राइटर
श्री वृंदाबन प्रिंट्स
कश्मीर रोड, अमृतसर ।

इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय,
हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

एक वर्षीय गृह उद्योग कोर्स सिलाई व बुनाई

प्रवेश सूचना

उपरोक्त कोर्स जुलाई 1987 से इस महाविद्यालय में आरम्भ हो रहा है । आवेदन पत्र निर्धारित फार्म पर जो इस कार्यालय से निःशुल्क मिलते हैं, पूर्ण रूप से भरे हुए एक जुलाई, 1987 तक इस कार्यालय में पहुंच जाने चाहिएं । साक्षात्कार डीन, गृह विज्ञान के कार्यालय में 6 जुलाई, 1987 को प्रातः 10 बजे होगा । इसके बारे में अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी ।

कोर्स के बारे में अन्य शर्तें निम्नलिखित हैं :
योग्यता : कम से कम आठवीं पास ।
कोर्स विशेषीकरण : वस्त्र विज्ञान तथा हौज़री ।
चयन : साक्षात्कार एवं टैस्ट के अंकों के आधार पर ।
कुल स्थान : 25

छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है । अन्य जानकारी के लिए कार्यालय में मिलें । कोर्स केवल महिलाओं के लिए है ।

(ए.सी. कपूर)
डीन

D/87/5353/5.6.87

सेन्ट सोल्जर कान्वैन्ट स्कूल
टिब्बी साहिब, मुक्तसर (फरीदकोट)
(सी.बी.एस.ई., नई दिल्ली से सम्बद्ध)

का

10वें स्टैंडर्ड बोर्ड का परिणाम
रिकार्ड बरकरार : 100% परिणाम
री-एपीयर–कोई नहीं, कम्पार्टमैन्ट–कोई नहीं, फेल–कोई नहीं




गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का गजिन्द्र सिंह उर्फ़ राजू, उम्र 15 साल, रंग गोरा, कद 5'-2", कोका कोला रंग की कमीज़ और नीली पैंट पहने हुए 29.5.87 को पढ़ने गया, वापिस नहीं आया । उसे घर पहुंचाने वाले को किराए के अलावा 500/- रुपये शुक्राना दिया जाएगा ।

पता :–

सुरिन्द्र सिंह,
मकान नं. BI/480, कुंदनपुरी, सिविल लाईन, लुधियाना ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का जसबीर सिंह, उम्र 28 वर्ष, कद 5'-3", रंग गोरा, 20.5.87 से लापता है । जसबीर सिंह अमृतसर से व्यापार के सिलसिले में आदमपुर गया लेकिन वापस नहीं आया । जसबीर सिंह की सूचना देने वाले को 1000 रु. बतौर शुक्राना दिया जाएगा । अगर वह खुद पढ़े तो फौरन घर लौट आए, उसकी माता सख्त बीमार है ।

Punjabi Sanrtan

पंजाब में उग्रवादियों द्वारा 16 हत्यायें : पुलिस मुठभेड़ में एक मरा

चंडीगढ़, 14 जून (वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक आतंकवादियों ने 16 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि इस दौरान एक आतंकवादी भी मारा गया । अमृतसर जिले में आतंकवादियों ने 13 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जिसमें एक परिवार के आठ और दूसरे परिवार के चार सदस्य शामिल हैं तथा जालंधर जिले के धूरे गांव में एक व्यक्ति की छुरा घोंपकर हत्या कर दी गई । बाबा बकाला के निकट एक शव मिला है । जालंधर जिले के इटबस्सी गांव में एक आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । अमृतसर के उद्योग-कार्यालय में उग्रवादियों के हाथों घायल तिलक राज ने आज लुधियाना के अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

एक रात में 13 व्यक्ति मरे

अमृतसर (अशोक सोनी): शनिवार की रात अमृतसर के लिये खूनी रात सिद्ध हुई, जिसमें उग्रवादियों ने 13 व्यक्तियों की हत्याएं कर दीं । 3 विभिन्न स्थानों पर हुए हत्याकांडों में गांव ऊधोके में तो एक ही परिवार के 8 सदस्य मारे गए जबकि झब्बाल में 3 सगे भाई और उनका रिश्तेदार मारा गया । अमृतसर शहर के इलाका पुतली घर में भी इंका नेता कृष्ण लाल शर्मा (45) को उग्रवादियों ने गोलियां मार कर गम्भीर घायल कर दिया था । उनकी रात को मृत्यु हो गई । श्री शर्मा का भारी पुलिस पहरे में दुर्ग्याना श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

गत रात 10.30 बजे जिला अमृतसर के थाना मेहता के गांव ऊधोके में लगभग एक दर्जन सशस्त्र उग्रवादियों ने गांव के एक जमींदार हरजिंदर सिंह के घर अंधाधुंध फायरिंग करके परिवार के 8 सदस्यों की हत्या कर दी । उग्रवादियों के पास बंदूकें, पिस्तौलें आदि थीं । उस समय हरजिंदर सिंह का सारा परिवार बरामदे में बैठा हुआ था । घर में घुसते ही उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिससे हरजिन्दर (47), उसकी पत्नी पातो (43), तीन लड़के सिमरन जीत सिंह (23), अमृतपाल सिंह (21), ओंकार सिंह (18), दो लड़कियां बलविंदर कौर उर्फ पप्पे (26) तथा गुरबंत कौर उर्फ पिंकी (14) शरीर के विभिन्न भागों में गोलियां लगने के कारण मर गये । आस-पड़ोस वालों का कहना है कि आतंकवादियों को घर के सदस्य जानते-पहचानते लगते थे । इन सभी की हत्या के बाद उग्रवादी मकान के बारे में गए और उनकी 80 वर्षीया बुआ पूरो की भी हत्या कर दी । गांव वासियों ने बताया कि घटना के ठीक 6 दिन बाद हरजिन्दर के बड़े लड़के सिमरन जीत सिंह की शादी होने वाली थी और घर के सदस्य आंगन में बैठे इस संबंध में विचार विमर्श कर रहे थे । लोगों का कहना है कि घर के ट्रंकों के ताले टूटे हुये पाए गये हैं । हो सकता है कि आतंकवादियों ने हत्याकांड के बाद घर का कीमती सामान भी लूटा हो । गांव वासियों का कहना है कि वृद्धा पूरो को दिखाई नहीं देता था । इस हत्याकांड के बाद हरजिन्दर सिंह के घर में 'रोने वाला' भी कोई नहीं बचा । बताया जाता है कि घटना स्थल पर पुलिस को .32 बोर और 315 और 303 के 50





जिला अमृतसर के थाना मेहता के गांव ऊधोके में शनिवार की रात को एक ही परिवार के आठ सदस्यों (1-8) की हत्या कर दी गई, (9-10) मकान में बहा खून, (11) मकान का दरवाज़ा, जिसे तोड़ कर उग्रवादी घर में घुसे, (12) मकान के बाहर बैठे सुरक्षा बल कर्मी. (13) शोक संतप्त गांववासी और रिश्तेदार, (14) पुतलीघर क्षेत्र में उग्रवादियों के हाथों मारे गये इंका नेता कृष्ण लाल शर्मा, जिनके बेटे की 1984 में हत्या कर दी गई थी, (15) इंद्रवीर सिंह, जो घायलावस्था में पड़ा मिला था, (16) झब्बाल में उग्रवादियों ने अकाली दल (लौंगोवाल) यूथ विंग के उपप्रधान हरजीत सिंह, उसके 2 भाइयों और ससुर की हत्या करके शवों को आग लगा दी, (17) मकान में बिखरा खून, (18) बिलखते रिश्तेदार, (19) घटनास्थल पर जमघट, (20) जीप भी उग्रवादियों ने जला दी । (छाया : पंजाब केसरी)

बाद लगभग 12 बजे इन आतंकवादियों ने हरजीत, उसके भाइयों और ससुर की हत्या कर दी । गोलियां मारने के बाद आतंकवादियों ने शवों पर एक जीप से डीज़ल निकाल कर डाला और आग लगा दी । जाते समय वह जीप को भी आग लगा गए । यह जीप गांव वालों ने हरजीत को भेंट की थी । थाना झब्बाल भूपिंदर सिंह लाली और अन्य उग्रवादियों के लगभग 20 दिन पूर्व तरनतारन सब डिविज़न में एक मुठभेड़ में मारे जाने का बदला लिया है । उग्रवादियों को आशंका थी कि मुठभेड़ हरजीत की सूचना के आधार पर हुई । बताया जाता है कि मृतक भू.पू. मंत्री मेजर सिंह उबोके के निकट के रिश्तेदार हैं ।

8.30 बजे गोलियां मार कर गम्भीर घायल कर दिया । उन्हें अमृतसर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रात को वह दम तोड़ गए । श्री शर्मा के बेटे की हत्या उग्रवादियों ने अप्रैल 1984 में की थी, आतंकवादियों का कहना था कि श्री शर्मा ने अमृतसर रेलवे स्टेशन पर लगे दरबार साहिब के

घायल चल बसा

चार जन को अमृतसर उद्योग कार्यालय में उग्रवादियों के हाथों घायल एक व्यक्ति तिलक राज ने आज लुधियाना के अस्पताल में दम तोड़ दिया । इस प्रकार गोलीकांड में मृतकों की संख्या पांच हो

निकटवर्ती शैलर से पुलिस को सूचित किया और कुछ ही मिनट में पुलिस वहां पहुंच गई । उग्रवादी हरबीत की बंदूक भी ले गए ।

उधोके गांव में हुए हत्या कांड के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि यह आतंकवादी घटना के साथ-साथ आपसी दुश्मनी का भी मामला है । उग्रवादियों ने पहले यहां 6 व्यक्तियों की हत्या की । फिर साथ वाले कमरे की चारपाई के नीचे छिपे हरजिंदर सिंह के छोटे बेटे की हत्या की और अन्त में चौबारे में उसकी बुआ की हत्या की ।

श्री रजिंदर सिंह ने बताया कि सम्भवतः इस हत्या कांड में कुख्यात आतंकवादी सुखदेव सिंह झमका का हाथ है । झमका के पिता के विरुद्ध सात साल पहले हत्या केस चल रहा था । हरजिंदर शिकायतकर्त्ताओं का गवाह था । झमका के पिता को इसमें उम्रकैद की सज़ा हुई थी । सम्भवतः इसीलिए उसने हरजिंदर और उसके परिवार को खत्म कर दिया । इस हत्या कांड में प्रयुक्त थामसन मशीनगनें, 9 एम.एम. की स्टेनगनें, रिवाल्वर और चीनी मशीनगनें सम्भवतः लुधियाना बैंक से लूटी गई राशि से खरीदी गई थीं । गांववासियों ने बताया कि हत्या कांड से इस घर का कुत्ता भी इतना दहल गया है कि वह कल रात से एक ही जगह बैठा है ।

बताया जाता है कि हरजिंदर के घर से केवल एक कि.मी. दूर सी.आर.पी.एफ. के 28 जवानों की गश्त थी, लेकिन गोलियों की आवाज़ सुनकर भी वह वहां नहीं आई । रजिंदर सिंह ने कहा कि इस सम्बन्ध में सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. और पुलिस अधिकारी जांच कर रहे हैं।

इन्द्रवीर उग्रवादी है ?

श्री रजिंदर सिंह ने बताया कि पुतलीघर के निकट जहां कृष्ण लाल शर्मा को गोली मारी गई थी, वहां गिरे उनके खून से थोड़ा आगे और खून गिरा देखा गया । बाद में थोड़ी-थोड़ी दूर गिरे खून के सहारे पुलिस खालसा कालेज तक जा पहुंची । श्री रजिंदर सिंह के अनुसार पुलिस को संदेह है कि यह खून इंद्रवीर का ही है, जो श्री शर्मा की हत्या करने आए उग्रवादियों का ही साथी है ।

श्री शर्मा पर गोलियां चलाते समय सम्भवतः इंद्रवीर भी गोलियों से घायल हो गया । बाद में खालसा कालेज तक गया और दीवार फांद कर अन्दर चला गया । बाद में उसने खुद को सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया । श्री शर्मा की हत्या भी चीनी हथियारों से की गई है । इन्द्रपाल गत वर्ष अमृतसर नगर निगम के बिजली विभाग में हुई 7 लाख की डकैती में गिरफ्तार किया जा चुका था जो आज कल वह ज़मानत पर था ।

पिता द्वारा शिकायत

इस प्रैस कांफ्रैंस में श्री रजिंदर सिंह ने एक रोचक आतंकवादी घटना बताई । अमृतसर जिले के गांव शहीद के एक व्यक्ति गुरबचन सिंह ने थाना पट्टी में रिपोर्ट लिखाई है कि गत रात उसका लड़का इन्द्रजीत सिंह अपने 3 साथियों जग्गा सिंह, रणजीत सिंह और रोमी के साथ उसके घर आया और धमका कर उसकी दोनाली बंदूक, 25 कारतूस, 32 बोर का

Punjabi Sarvtant



जिला अमृतसर के थाना मेहता के गांव ऊधोके में शनिवार की रात को एक ही परिवार के आठ सदस्यों (1-8) की हत्या कर दी गई, (9-10) मकान में बहा खून, (11) मकान का दरवाजा, जिसे तोड़ कर उग्रवादी घर में घुसे, (12) मकान के बाहर बैठे सुरक्षा बल कर्मी, (13) शोक संतप्त गांववासी और रिश्तेदार, (14) पुतलीघर क्षेत्र में उग्रवादियों के हाथों मारे गये इंका नेता कृष्ण लाल शर्मा, जिनके बेटे की 1984 में हत्या कर दी गई थी, (15) इंद्रवीर सिंह, जो घायलावस्था में पड़ा मिला था, (16) झब्बाल में उग्रवादियों ने अकाली दल (लौंगोवाल) यूथ विंग के उपप्रधान हरजीत सिंह, उसके 2 भाइयों और ससुर की हत्या करके शवों को आग लगा दी, (17) मकान में बिखरा खून, (18) बिलखते रिश्तेदार, (19) घटनास्थल पर जमघट, (20) जीप भी उग्रवादियों ने जला दी । (छाया : पंजाब केसरी)

बाद लगभग 12 बजे इन आतंकवादियों ने हरजीत, उसके भाइयों और ससुर की हत्या करदी । गोलियां मारने के बाद आतंकवादियों ने शवों पर एक जीप से डीजल निकाल कर डाला और आग लगा दी । जाते समय वह जीप को भी आग लगा गए । यह जीप गांव वालों ने हरजीत को भेंट की थी । थाना झब्बाल में केस दर्ज किया गया है ।

पुलिस सूत्रों को आशंका है कि यह काम खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयं भू लैफ्टीनैंट जनरल रणजीत सिंह राणा का है । सूत्रों का कहना है कि राणा ने यह हत्याएं करके अपने चचेरे भाई भूपिंदर सिंह लाली और अन्य उग्रवादियों के लगभग 20 दिन पूर्व तरनतारन सब डिविज़न में एक मुठभेड़ में मारे जाने का बदला लिया है । उग्रवादियों को आशंका थी कि मुठभेड़ हरजीत की सूचना के आधार पर हुई । बताया जाता है कि मृतक भू.पू. मंत्री मेजर सिंह उबोके के निकट के रिश्तेदार हैं ।

उग्रवादियों ने घटना स्थल तक पहुंचने के लिये ट्रक का प्रयोग किया, जो वह बाद में छोड़ कर भाग गए ।

3 स्टेनगनधारी उग्रवादियों ने इंका नेता कृष्ण लाल शर्मा को उनकी पुतलीघर स्थित डेयरी में रात 8.30 बजे गोलियां मार कर गम्भीर घायल कर दिया । उन्हें अमृतसर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रात को वह दम तोड़ गए । श्री शर्मा के बेटे की हत्या उग्रवादियों ने अप्रैल 1984 में की थी, आतंकवादियों का कहना था कि श्री शर्मा ने अमृतसर रेलवे स्टेशन पर लगे दरबार साहिब के माडल को अपने आदमियों द्वारा तुड़वा दिया था । श्री शर्मा का एक गनमैन भी कुछ माह पूर्व अचानक गोली चल जाने से मारा गया था । बताया जाता है कि पुलिस ने घटनास्थल के निकट से एक सिख युवक इंद्रवीर सिंह (21) निवासी कैनेडी एवेन्यू को घायलावस्था में पड़ा पाया । बाद में पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती करवा दिया । पुलिस को संदेह है कि इंद्रवीर सिंह आतंकवादियों का ही साथी है । वह एक फुटबाल खिलाड़ी है । उसने पुलिस को बताया है कि खालसा कालेज परिसर के निकट कल रात कुछ आतंकवादियों ने उस पर गोलियां चलाईं ।

उग्रवादी स्कूटर और मोटर साइकिल पर आए थे और भागने में सफल हो गये । सुरक्षा बलों ने उनका पीछा करने का विफल प्रयास किया । अन्य घटनाओं के संबंध में भी पुलिस खोजबीन कर रही है और छापे मारे जा रहे हैं ।

घायल चल बसा

चार जून को अमृतसर उद्योग कार्यालय में उग्रवादियों के हाथों घायल एक व्यक्ति तिलक राज ने आज लुधियाना के अस्पताल में दम तोड़ दिया । इस प्रकार गोलीकांड में मृतकों की संख्या पांच हो गई ।

एस.पी. की प्रैस कांफ्रैंस

एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री रजिन्दर सिंह ने आज सायं एक प्रैस कांफ्रैंस में बताया कि झब्बाल में जिस गिरोह ने 4 लोगों की हत्याएं कर दी थीं, उसकी शिनाख्त कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस सरगर्म हो गई है । उन्होंने बताया कि दस्तक होने पर युवा अकाली नेता हरजीत सिंह ने जब दरवाजा खोलने से इन्कार किया तो उग्रवादियों ने छत से आने की धमकी दी । इस पर दरवाजा खोल दिया गया और खाने-पीने के बाद उन्होंने हत्याएं करके हरजीत सिंह और परमिंदर सिंह के शवों को मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी । हत्या कांड में चीन में निर्मित सब-मशीनगन प्रयुक्त की गई (जैसी जालन्धर पुलिस ने बरामद की है) । उग्रवादियों के जाने के बाद घर की महिलाओं ने पुलिस अधिकारी जांच कर रहे हैं।

इन्द्रवीर उग्रवादी है ?

श्री रजिंदर सिंह ने बताया कि पुतलीघर के निकट जहां कृष्ण लाल शर्मा को गोली मारी गई थी, वहां गिरे उनके खून से थोड़ा आगे और खून गिरा देखा गया । बाद में थोड़ी-थोड़ी दूर गिरे खून के सहारे पुलिस खालसा कालेज तक जा पहुंची । श्री रजिंदर सिंह के अनुसार पुलिस को संदेह है कि यह खून इंद्रवीर का ही है, जो श्री शर्मा की हत्या करने आए उग्रवादियों का ही साथी है ।

श्री शर्मा पर गोलियां चलाते समय सम्भवत: इंद्रवीर भी गोलियों से घायल हो गया । बाद में खालसा कालेज तक गया और दीवार फांद कर अन्दर चला गया । बाद में उसने खुद को सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया । श्री शर्मा की हत्या भी चीनी हथियारों से की गई है । इन्द्रपाल गत वर्ष अमृतसर नगर निगम के बिजली विभाग में हुई 7 लाख की डकैती में गिरफ्तार किया जा चुका था जो आज कल वह ज़मानत पर था ।

पिता द्वारा शिकायत

इस प्रैस कांफ्रैंस में श्री रजिंदर सिंह ने एक रोचक आतंकवादी घटना बताई । अमृतसर जिले के गांव शहीद के एक व्यक्ति गुरबचन सिंह ने थाना पट्टी में रिपोर्ट लिखाई है कि गत रात उसका लड़का इन्दजीत सिंह अपने 3 साथियों जगा सिंह, रणजीत सिंह और रोमी के साथ उसके घर आया और धमका कर उसकी दोनाली बंदूक, 25 कारतूस, 32 बोर का रिवाल्वर और 23 कारतूस अपने साथ ले गया ।

थाना मजीठा के गांव भंगुआं में 5 उग्रवादी दीदार सिंह नामक व्यक्ति से बंदूक और 14000 रुपए नकद लूट ले गए । (शेष पृष्ठ 8 पर)

दिल्ली में उग्रवादियों द्वारा कई जगह फ़ायरिंग से 14 मरे, आज बंद



उग्रवादियों ने शनिवार को नई दिल्ली के कई भागों में फ़ायरिंग करके कई निर्दोषों की हत्या कर दी और कई लोग घायल हुए । चित्रों में (1) ग्रेटर कैलाश की वह कोठी, जहां उग्रवादियों ने पार्टी में शामिल लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग की । (2) उग्रवादियों की फ़ायरिंग से घायल मासूम नन्हे बच्चे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में उपचाराधीन दिखाई दे रहे हैं । (3) उग्रवादियों की फ़ायरिंग के शिकार लोगों के परिवारों के सदस्य विलाप करते हुए । (4) उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फ़ायरिंग के दौरान शटर पर भी गोलियां लगीं । (पाना)

नई दिल्ली, 14 जून (वार्ता, हस.): दक्षिण दिल्ली में कल रात चार स्थानों पर हुई आतंकवादी कार्रवाई के सिलसिले में पुलिस ने आज अनेक संदेहास्पद स्थानों पर छापे मारे । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है ।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज वह कार बरामद हुई है जिसका आतंकवादियों ने इस्तेमाल किया था । दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को दिल्ली बंद का आह्वान किया है ।

सुराग देने वाले को एक लाख

दिल्ली पुलिस ने दक्षिण दिल्ली के [illegible]

दक्षिण दिल्ली पुलिस उपायुक्त पी.आर.एस. वराड़ ने बताया कि कल रात के इस नरसंहार में सिर्फ दो आतंकवादियों का हाथ है । उन्होंने बताया कि इनके बारे में रेडियो और दूरदर्शन से प्रसारण करके लोगों को जानकारी दी जा रही है । उन्होंने बताया कि दोनों आतंकवादियों की उम्र बीस साल के

श्री वराड़ के अनुसार कार से स्टेनगन के पांच कारतूस भी बरामद हुए हैं । घटना में एक आतंकवादी ने स्टेनगन का इस्तेमाल किया जबकि दूसरे ने रिवाल्वर का ।

रात के इस नरसंहार की कहानी रात पौने ग्यारह बजे ग्रेटर कैलाश से शुरू हुई । साढ़े ग्यारह

गए । यहां उन्होंने दो लोगों को गोली से भून डाला ।

लग भग चालीस मिनट की इस कार्रवाई के बाद कार में सफदरजंग एन्क्लेव के पास डीयर पार्क ले गए । यहां उन्होंने कार छोड़ने से पहले उन तीन लोगों को भी गोलियां मारीं, जो इस पूरी आतंकवादी

भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है । पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी इस बात से इन्कार नहीं कर रहे हैं । राजधानी में सुरक्षा बंदोबस्त भी बढ़ा दिए गए थे । पिछले सप्ताह "आपरेशन ब्लैक रोज" के जरिये पुलिस की सतर्कता का भी इम्तहान लिया गया था ।

वेंकटरमन इंका प्रत्याशी घोषित



नई दिल्ली, 14 जून : कांग्रेस (इ) संसदीय बोर्ड ने आज उपराष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन को राष्ट्रपति पद के लिए पार्टी का उम्मीदवार बनाने का निश्चय किया है ।

कांग्रेस (इ) संसदीय बोर्ड के फैसले के तुरन्त बाद प्रधानमंत्री राजीव गांधी श्री आर. वेंकटरमन के निवास पर पहुंचे और उन्हें बधाई दी । श्री गांधी ने उन्हें बोर्ड के फैसले की जानकारी दी कि 13 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें पार्टी उम्मीदवार बनाया गया है ।

छोटी सी बात

रंगा

हर छुरे के पीछे धन-शक्ति होती है । धन की थैली मज़बूती से पकड़े रहिए, उसे थोड़ा-सा खोलिए और छुरा अपने आप गिर जाएगा ।

-वी. पी. सिंह

Punjabi Kesari

प्रेम मेहता' के अनुसार हरजिंदर सिंह के बेटे को आज शगुन लगने वाला था और आज ही अखंड पाठ शुरू होना था । ससुराल वालों ने शादी से पहले ही उन्हें जो स्कूटर दिया था, वह भी उग्रवादी ले गए । सिमरनजीत के बनने वाले ससुराल में घटना की सूचना उस समय मिली जब वह शगुन लेकर वहां पहुंचे । इसके बाद वह पोस्टमार्टम के लिए शव अमृतसर लेकर गए उग्रवादियों ने घर की सेफ तोड़ कर शादी के लिए बनाए गहने, कपड़े और नकदी भी लूट ली । यह सामान हरजिंदर कल ही अमृतसर से लाया था ।

गांव झब्बाल में लगभग 14 आतंकवादियों ने, जो स्टेनगनों, बरकों और पिस्तौलों से लैस थे, शिरोमणि अकाली दल (लौंगोवाल) यूथ विंग के वरिष्ठ उप प्रधान हरजीत सिंह के घर में घुस कर अंधाधुंध फायरिंग करके हरजीत सिंह उसके भाइयों परमजीत सिंह और आसा सिंह के अलावा हरजीत के ससुर गुरदयाल सिंह की हत्या कर दी । रात साढ़े 11 बजे 14 आतंकवादी हरजीत के घर में आए और उसे खाना खिलाने को कहा । खाना खाने के

छोटी सी बात

रंगा

हर छुरे के पीछे धन-शक्ति होती है । धन की थैली मज़बूती से पकड़े रहिए, उसे थोड़ा-सा खोलिए और छुरा अपने आप गिर जाएगा ।
-वी. पी. सिंह



लेकिन भाई साहब, धन की हर थैली के पीछे भी तो छुरा छिपा होता है ।

दिल्ली में उग्रवादियों द्वारा कई जगह फ़ायरिंग से 14 मरे, आज बंद



उग्रवादियों ने शनिवार को नई दिल्ली के कई भागों में फ़ायरिंग करके कई निर्दोषों की हत्या कर दी और कई लोग घायल हुए । चित्रों में (1) ग्रेटर कैलाश की वह कोठी, जहां उग्रवादियों ने पार्टी में शामिल लोगों पर अंधाधुंध फ़ायरिंग की । (2) उग्रवादियों की फ़ायरिंग से घायल मासूम नन्हे बच्चे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में उपचाराधीन दिखाई दे रहे हैं । (3) उग्रवादियों की फ़ायरिंग के शिकार लोगों के परिवारों के सदस्य विलाप करते हुए । (4) उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फ़ायरिंग के दौरान शटर पर भी गोलियां लगीं । (पाना)

नई दिल्ली, 14 जून (वार्ता, हस.): दक्षिण दिल्ली में कल रात चार स्थानों पर हुई आतंकवादी कार्रवाई के सिलसिले में पुलिस ने आज अनेक संदेहास्पद स्थानों पर छापे मारे । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है ।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज रात स्पष्ट किया कि दक्षिण दिल्ली में कल रात आतंकवादियों की वारदातों में 12 व्यक्ति ही मारे गए हैं जबकि अपुष्ट सूचना के अनुसार मृतकों की संख्या 14 हो गई है । गैर सरकारी सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने कल रात भागते समय तुगलकाबाद एक्सटेंशन क्षेत्र में स्कूटर सवार दो व्यक्तियों की भी गोली मार कर हत्या कर दी । सूत्रों ने बताया कि इनके नाम दाल चंद शर्मा और अनिल कुमार शर्मा हैं ।

इनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं । लगभग 22 लोग घायल हुए हैं । पुलिस ने सफदरजंग एनक्लेव कालोनी की घेराबंदी कर ली है । यहीं से वह कार बरामद हुई है जिसका आतंकवादियों ने इस्तेमाल किया था । दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को दिल्ली बंद का आह्वान किया है ।

सुराग देने वाले को एक लाख

दिल्ली पुलिस ने दक्षिण दिल्ली में कल रात वारदातें करने वाले उग्रवादियों का सुराग देने वाले को एक लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा आज रात की ।

हरियाणा में 'रैड अलर्ट'

'ह. स.' के अनुसार गत रात नई दिल्ली में उग्रवादियों द्वारा किए गए नरसंहार के दृष्टिगत हरियाणा और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में 'रैड अलर्ट' जारी कर दिया गया है । सी.आर.पी., आर.पी.एफ. और असम व कर्नाटक पुलिस की 135 कम्पनियां पूरे हरियाणा में तैनात की गई हैं ।

ज़िम्मेदारी ली

अमृतसर में तथाकथित 'खालिस्तान लिबरेशन टाइगर्ज फ़ोर्स ऑफ खालिस्तान' ने 'वार्ता' के कार्यालय में फोन करके कल रात दिल्ली में हुई हत्याओं की ज़िम्मेदारी स्वीकार की । 'फ़ोर्स' के एक प्रवक्ता ने फ़ोन के जू. गरबचन सिंह मानोचाहल की ओर से बोलते हुए कहा कि फ़ोर्स ने सदस्यों को आदेश दिया है कि वीर पंजाब में नकली भिड़तों में सिख युवकों की हत्याएं तत्काल बंद नहीं होतीं तो वे दिल्ली व अन्य राज्यों में लोगों की हत्याएं करें । प्रवक्ता ने दावा किया कि हम अन्य राज्य में भी हमले करेंगे ।

दक्षिण दिल्ली पुलिस उपायुक्त पी.आर.एस. बराड़ ने बताया कि कल रात छह इंस नरसंहार में सिर्फ दो आतंकवादियों का हाथ है । उन्होंने बताया कि इनके बारे में रोडियो और दरसंन से प्रसारण करके लोगों को जानकारी दी जा रही है । उन्होंने बताया कि दोनों आतंकवादियों की उम्र बीस साल के आसपास है ।

श्री बराड़ ने कहा कि दोनों आतंकवादी अभी भी दिल्ली में हैं । इससे पहले पुलिस के एक अधिकारी ने कहा था कि इस घटना में दो से ज्यादा आतंकवादी गाड़ी का हार्न बजा सकता है । पुलिस ने आम लोगों से कहा है कि इन आतंकवादियों को पकड़ने में पुलिस की मदद करें । आतंकवादियों ने रात जिस दिल्ली कार का इस्तेमाल किया उसे पुलिस ने बरामद कर लिया है । इस कार से पुलिस को एक पिट्ठू मिला है । इस पर एरमुखी में लिखा है "मिलेनियम टाइगर्स फ़ोर्स ।" एक पन्ने पर टूटी-फूटी हिन्दी में लिखा है- "जब तक पंजाब में मठभेड़ों का दौर खत्म नहीं हो जाता तब तक वे (आतंकवादी) दिल्ली में हत्याओं का दौर जारी रखेंगे ।" श्री बराड़ के अनुसार जिस तरह की हिन्दी लिखी गई है, उससे नहीं लगता कि आतंकवादी ज्यादा पढ़े लिखे हैं । एक आतंकवादी लाल पगड़ी बांधे हुए था । उसकी लम्बाई पांच फुट सात इंच है । दूसरे की दाढ़ी साफ है । उसकी लम्बाई पांच फुट सात इंच है । इनकी खोज में पुलिस ने टैक्सी स्टैंड, गैस्ट हाउस और अन्य स्थानों की तलाशी ली है ।

श्री बराड़ के अनुसार कार से स्टेनगन के पांच कारतूस भी बरामद हुए हैं । घटना में एक आतंकवादी ने स्टेनगन का इस्तेमाल किया जबकि दूसरे ने रिवाल्वर का ।

रात के इस नरसंहार की कहानी रात पौने ग्यारह बजे ग्रेटर कैलाश से शुरू हुई । साढ़े ग्यारह बजे तक आतंकवादी दक्षिण दिल्ली की सड़कों पर दनादन गोलियां चलाते घूमते रहे । पांच लोग ग्रेटर कैलाश में मरे, दो गढ़ी में, दो ईस्ट आफ कैलाश और तीन तारा अपार्टमैंट्स और तुगलकाबाद क्षेत्र में और आठ घायलों को तीन अस्पतालों में दाखिल कराया गया है, जिनमें से छह की हालत गम्भीर है ।

पूरी कहानी इस तरह है : रात पौने ग्यारह बजे आतंकवादी एक जन्म दिन समारोह में पहुंचे । पहले उन्होंने वहां बम फैंका, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ । बाद में इन्होंने गोलियां चलाईं । इससे पांच व्यक्ति मारे गए और अनेक घायल हुए ।

बाद में दरवाजे के बाहर खड़ी "डोटसम" विदेशी कार पर इन्होंने कब्जा किया । यह गाड़ी किन्हीं श्री गुप्ता की थी । इसमें तीन लोग बैठे थे । बन्दूक का डर दिखा कर उन्होंने गाड़ी में बैठे तीनों लोगों से चलने को कहा । बाद में ईस्ट आफ कैलाश के पास गढ़ी क्षेत्र में आतंकवादियों ने सड़क पर जा रहे दो लोगों पर गोली चलाई । दोनों वहीं ढेर हो गए । इसके बाद पांच किलोमीटर आगे जा कर उन्होंने तारा एपार्टमैंट्स के पास बाजार में धावा बोला । उन्होंने कार से बाहर आकर गोली चलाई । इसमें तीन लोग मारे गए । कुछ घायल हो गए । बाद वे कार को तुगलकाबाद एक्सटेंशन ले गए । यहां उन्होंने दो लोगों को गोली से भून डाला ।

लगभग चालीस मिनट की इस कार्रवाई के बाद कार में सफदरजंग एन्क्लेव के पास डीयर पार्क ले गए । यहां उन्होंने कार छोड़ने से पहले उन तीन लोगों को भी गोलियां मारीं, जो इस पूरी आतंकवादी कार्रवाई के चश्मदीद गवाह थे ।

तीन में से दो ने तो मौके पर ही दम तोड़ दिया । एक में सांस बाकी थी । उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है । इस व्यक्ति की हालत गम्भीर है । अभी वह कुछ भी बोल सकने की स्थिति में नहीं है । पुलिस के पास अकेला यही गवाह है, जिसने इस खौफनाक घटना को अपनी आंखों से देखा । आतंकवादी शायद उसे मरा समझ कर छोड़ गए । पुलिस दस से पन्द्रह मिनट के अन्दर मौके पर पहुंच गई । लेकिन हाथ कुछ भी नहीं लगा । कार की बरामदगी के बाद खोजी कुत्तों की भी मदद ली गई । वे कुछ दूर आगे जाकर रुक गए । पुलिस ने समूचे डीयर पार्क की तलाशी ली । क्षेत्र के कुछ घरों में भी खोजबीन की गई ।

पड़ोसी राज्य सतर्क

पुलिस ने सभी सीमाओं की ओर पड़ोसी राज्यों की पुलिस को भी सचेत कर दिया है । तलाशी की कार्रवाई अभी भी जारी है । किसी भी अप्रिय घटना को देखते हुए सशस्त्र बलों को सतर्क कर दिया गया है । घटना के विरोध में ग्रेटर कैलाश के बाजार आज बन्द रहे । लोग घरों से बाहर नहीं निकले ।

राजधानी में पिछले दो हफ्ते से बम बरामदगी की कार्रवाइयां हो रही थीं, उससे जाहिर था कि कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है । पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी इस बात से इन्कार नहीं कर रहे हैं । राजधानी में सुरक्षा बंदोबस्त भी बढ़ा दिए गए थे । पिछले सप्ताह "आपरेशन ब्लैक रोज" के जरिये पुलिस की सतर्कता का भी इम्तहान लिया गया था । इसके बावजूद आतंकवादी राजधानी की सम्भ्रांत बस्ती में खुले आम एक घंटे तक गोलियां बरसा कर अपना काम कर गए । ये सब कैसे हो गया । इसका जवाब पुलिस का कोई भी वरिष्ठ अधिकारी देने की स्थिति में नहीं है । अधिकारियों का बस यही कहना है कि जिम्मेदार लोगों को जल्द पकड़ लिया जाएगा । इधर दिल्ली पुलिस ने जनता से फिर कहा है कि कहीं भी संदेहास्पद गतिविधियां देखते हुए शीघ्र पुलिस नियंत्रक कक्ष को सूचित किया जाए । सड़कों, पार्कों या अन्य स्थानों में पड़ी किसी संदिग्ध वस्तुओं को हाथ नहीं लगाएं

पुलिस को पूर्व सूचना मिल गई थी ?

पुलिस को इस बात की भी जानकारी थी कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू होने के कारण अनेक आतंकवादी राजधानी में घुस आए हैं । ये कुछ बड़ी वारदात कर यहां का जन जीवन अस्त-व्यस्त कर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

रुपए नकद लूट ले गए ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

वेंकटरमन इंका प्रत्याशी घोषित



नई दिल्ली, 14 जून : कांग्रेस (इ) संसदीय बोर्ड ने आज उपराष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन को राष्ट्रपति पद के लिए पार्टी का उम्मीदवार बनाने का निश्चय किया है ।

कांग्रेस (इ) संसदीय बोर्ड के फैसले के तुरन्त बाद प्रधानमंत्री राजीव गांधी श्री आर. वेंकटरमन के निवास पर पहुंचे और उन्हें बधाई दी । श्री गांधी ने उन्हें बोर्ड के फैसले की जानकारी दी कि 13 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें पार्टी उम्मीदवार बनाया गया है ।

प्रधानमंत्री के साथ पार्टी के वयोवृद्ध नेता पंडित कमलापति त्रिपाठी, मानव संसाधन विकास मंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (इ) के महासचिव जी. के. मूपनार भी थे । आशा है कि श्री वेंकटरमन कल अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे ।

राष्ट्रपति पद के चुनाव में श्री वेंकटरमन को बहुमत मिलना निश्चित है । प्राप्त ताज़ा आंकड़ों के अनुसार विधानसभा और संसद के मतों का कुल मूल्य 10,89,751 है, जिनमें से कांग्रेस (इ) के पक्ष में 6,64906 मूल्य के मत पड़ेंगे । हरियाणा को मिला कर 25 राज्यों की विधानसभा में कांग्रेस (इ) के 1945 सदस्य हैं, जबकि कुल सदस्य 3,919 हैं ।

राज्य विधानसभाओं में कांग्रेस (इ) का मत मूल्य 2,73,100 है जो कि कुल मत मूल्य 7,44,999 है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अम्बाला छावनी के वोटर

ज़रा सोचें

- ☐ क्या दलबदलू उम्मीदवार जनता का भला कर सकते हैं ?
- ☐ क्या पार्टी का गद्दार जनता का गद्दार नहीं होगा ?

राजीव द्वारा बोफ़ोर्स तोपों का सौदा रद्द करने से इंकार

नई दिल्ली, 14 जून (वार्ता): प्रधानमंत्री श्री

राशि दिए जाने को दर्शायपूर्ण बताते हुए उन्होंने

अवश्य ही कुछ ऊंची रकम पर हस्ताक्षर किए

का पता लगाने की कितनी आशा है ?

साड़ियों, सूट दुपट्टों तथा लहंगों की

सेल

Punjab Sanatani

दिल्ली में फायरिंग

(पृष्ठ 3 का शेष)

सकते हैं । गुप्तचरों ने भी इस बात की सूचना दिल्ली पुलिस को दे दी थी ।

दूसरी तरफ एक सप्ताह पहले पश्चिम दिल्ली के एक मछली बाजार में बम फैंक कर आतंकवादी अपनी उपस्थिति का आभास दे चुके थे । इसके बाद दस जून को गुरुद्वारा बंगला साहिब के पास दो बम और और ओखला रेलवे स्टेशन पर एक बम की बरामदगी से जनता से सनसनी फैल गई थी । बारह जून को पुनः ओखला-तुगलकाबाद के बीच रेल लाइन पर बम मिला । कल चिड़िया घर के पास दो लावारिस ब्रीफकेस बरामद हुए । इनमें किसी विस्फोटक पदार्थ होने की सम्भावना से पुलिस ने इन्कार किया था । यह सभी ऐसी अनेक घटनाएं हैं, जिनसे एहसास हो गया था कि यहां आतंकवादी मौजूद हैं । पुलिस ने भी कुछ अखबारों में इनके फोटो प्रकाशित कराए थे इसके बावजूद पुलिस समय रहते कुछ नहीं कर पाई ।

दिल्ली बंद आज

इस हत्याकांड के विरुद्ध रोष एवं विरोध प्रकट करने के लिए दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को दिल्ली बंद का आह्वान किया है । दिल्ली बंद करने का निर्णय आज यहां प्रदेश पार्टी के अध्यक्ष मदन लाल खुराना की अध्यक्षता में हुई एक आपात बैठक में किया गया । श्री खुराना ने कल की शर्मनाक एवं दुखद घटना के लिए प्रधानमंत्री राजीव गांधी से त्यागपत्र देने की मांग की है ।

श्री खुराना ने बताया कि कल की घटना प्रधानमंत्री निवास स्थान से केवल पांच किलो मीटर की दूरी पर हुई । आतंकवादी दक्षिण दिल्ली के चार-पांच किलो मीटर की परिधि में लगभग डेढ़ घंटे तक गोलियां चलाते रहे और पुलिस सोती रही । इससे पुलिस के वे सभी दावे थोथे नज़र आ रहे हैं कि दिल्ली में पुलिस पूरी तरह चौकस है । इसका मतलब है कि पुलिस की चौकसी केवल अखबारों के बयानों तक ही सीमित है ।

मृतकों की सूची

दक्षिण दिल्ली के चार क्षेत्रों में आतंकवादी वारदातों में जो 12 लोग मारे गए हैं, उनमें से 11 की पहचान कर ली गई है । मृतकों में तीन महिलाएं भी हैं । मृतकों की सूची इस प्रकार है : राकेश नरूला (19 साल) ईस्ट आफ कैलाश, विनोद अरोड़ा (25 साल) डी.डी.ए. फ्लैट्स कालका जी, विनोद अग्निहोत्री (42 साल) यमुना एपार्टमैंट्स, राकेश (42 साल) आशीष गुप्ता सफदरजंग एनक्लेव, मोहनीश बहल ग्रेटर कैलाश दो, हरीश चन्द्र जैन ईस्ट आफ कैलाश और फूल सिंह श्रीनिवासपुरी । घटना में मारी गई महिलाओं के नाम हैं : श्रीमती गुप्ता फरीदाबाद, विमला (20 साल) तुगलकाबाद एक्सटैंशन और प्रमिला जैन (36 साल) ईस्ट आफ कैलाश । एक व्यक्ति बाद में अस्पताल में मरा। उसकी अभी शिनाख्त नहीं हुई है ।

मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस अधिकारियों से बातचीत से यह भी पता चला कि इन आतंकवादियों की उम्र 21 से 24 साल के बीच थी । ये सिख थे, इन्होंने हमला करने में वही तरीका इस्तेमाल किया, जो पंजाब में किया जा रहा है ।

बरामद कार से स्टेनगन के जो कारतूस मिले हैं, उन पर इंडियन आर्डिनैंस फैक्टरी का निशान है । पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस सम्भावना से इन्कार नहीं किया है कि आतंकवादी पूरी तरह प्रशिक्षित हैं । पूरे मामले की जांच का काम दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को सौंपा दिया गया है ।

घर-घर की तलाशी

कल रात के गोली कांड के अभियुक्तों को पकड़ने के लिए पुलिस ने सफदरजंग एनक्लेव में घर-घर की तलाशी ली । पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर रखी थी ।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि कई घायलों की दशा गम्भीर है ।

कड़ी नज़र

दक्षिण दिल्ली में कल रात आतंकवादियों द्वारा किए गए नर-संहार के बाद दिल्ली में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है । गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने आज सुबह यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में दिल्ली की कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की । उन्होंने विशेषकर उन उपायों के बारे में पूछताछ की जो कल की घटना के बाद सुरक्षा के लिए उठाए गए हैं । उन्होंने विशेषकर दिल्ली के संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बातचीत की । उच्च स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री की सचिव श्रीमती सरला ग्रेवाल, गृह सचिव, दिल्ली के उपराज्यपाल हरकिशन लाल कपूर और पुलिस आयुक्त वेद मरवाह भी उपस्थित थे ।

इस बीच "रैड अलर्ट" दे दिया गया है और राजधानी में समग्र पुलिस बल को सचेत कर दिया गया है । सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस पिकेट तैनात कर दी गई है और सभी वाहनों की पूरी-पूरी पड़ताल की जा रही है ।

हवाई अड्डे में जाने पर रोक

राजधानी में आतंकवादी कार्रवाई को देखते हुए इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर सुरक्षा बंदोबस्त कड़े कर दिए गए हैं । आज से 15 दिन के लिए आम लोगों की आवाजाई पर रोक लगा दी गई है । हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता के अनुसार टर्मिनल एक और दो में आम आदमियों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है ।

व्यापक निंदा

गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने एक वक्तव्य में कल दक्षिण दिल्ली में 12 व्यक्तियों को गोली से मार दिए जाने की घटना की कड़ी भर्त्सना की । उन्होंने कहा कि यह उन लोगों का काम है, जो शांति को भंग करना चाहते हैं ।

गृहमंत्री ने सभी लोगों से अपील की कि वे शांति और व्यवस्था बनाए रखें तथा आतंकवादियों को पकड़वाने में पुलिस को सहयोग दें ।

आल इंडिया सिख कांफ्रैंस के महासचिव सरदार गुरचरण सिंह बब्बर ने कल रात की घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह हम सब के लिए शर्म की बात है । मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की दिल्ली शाखा ने दिल्ली में सुरक्षा बंदोबस्त कड़े करने की मांग की ।

अखिल भारत हिन्दू महासभा के सचिव डा. मदन लाल गोयल ने कहा है कि कांग्रेस (इ) बढ़ते हुए आतंकवाद को रोकने में असफल रही है । डा. गोयल ने कहा है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो लोगों को स्वयं अपनी रक्षा के लिए आगे आना पड़ेगा । भारत साधु समाज के महासचिव स्वामी हरिनारायणानन्द ने जनता से शांति बनाए रखने और प्रशासन की मदद करने की अपील की है ।

शिरोमणि अकाली दल (तारा सिंह) के अध्यक्ष जत्थेदार रछपाल सिंह ने आतंकवादी कार्रवाई के बारे में कहा कि कुछ विदेशी शक्तियां देश और सरकार को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं । उन्होंने कहा कि कुछ तत्व सिखों के भेस में भी आतंकवादी कार्रवाई कर रहे हैं । उन्होंने रात की घटना में मारे गए लोगों को एक-एक लाख रुपए देने की भी मांग की ।

सुराग का दावा

पुलिस ने दक्षिण दिल्ली में कल रात की हत्याओं के लिए कथित रूप से जिम्मेदार आतंकवादियों द्वारा प्रयुक्त कार से कुछ ऐसे महत्वपूर्ण सुराग मिलने का दावा किया है जिनकी सहायता से हत्यारों को पकड़ा जा सकता है । पकड़ी गई कार के निकट जूतों का एक जोड़ा भी पाया गया है, जोकि संदिग्ध आतंकवादियों में से किसी का लगता है । कार में से उंगलियों के निशान लिए गए हैं ।

पुलिस का अनुमान है कि कल दक्षिण दिल्ली में नरसंहार करने वाले दो आतंकवादियों में से कम से कम एक आतंकवादी दिल्ली का ही है । वे विदेशी कार को सफ़दरजंग एन्क्लेव में डियर पार्क के पास वीरान क्षेत्र में छोड़कर दूसरी कार में फ़रार हुए हैं । पुलिस बड़ी सरगर्मी से दूसरी कार की तलाश कर रही है । राजधानी में दो साल के बाद आतंकवादियों ने ये हत्याएं की हैं ।

पुलिस का अनुमान है कि इस सप्ताह के शुरू में अमृतसर में तथाकथित टाईगर्स फ़ोर्स के तीस सदस्यों की गिरफ्तारी के कारण ही आतंकवादियों ने यह जवाबी कार्रवाई की है । पुलिस ने इसे एक सुनियोजित वारदात बताया है ।

केन्द्र क्या करेगा ?

पटियाला (भूषण) पंजाब के भूतपूर्व मंत्री श्री दलीप सिंह पांधी ने दिल्ली में हत्याओं की कड़ी निंदा की । उन्होंने कहा कि पंजाब में बरनाला सरकार को आंतकवादियों पर नियंत्रण में विफल रहने पर डिसमिस किया गया था, अब दिल्ली में क्या किया जाएगा । केन्द्र सरकार आतंकवाद को नियंत्रित करने में अपनी विफलता के बारे में क्या कार्रवाई करने का इरादा रखती है ?

पागलों की कार्रवाई—रे

'संघी' के अनुसार पंजाब के राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे ने कल रात अमृतसर में आतंकवादियों द्वारा किए गए हत्याकांड की कटु निंदा की है । राज्यपाल ने आज चंडीगढ़ में एक बयान में इस हत्याकांड पर दुख व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि समझ में नहीं आता है कि बेकसूर लोगों की हत्या करके इन 'जंगली आदमियों' ने कौन से धर्म के सिद्धांतों को हासिल किया है । श्री राय ने कहा कि इन हत्याओं से साफ जाहिर है कि ये लोग हताशा की चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं । ये लोग पागलपन का काम उसी समय करते हैं जब पुलिस यह महसूस करने लगती है कि उसका काम पूरा हो गया है । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई में कोई कमी नहीं की जाएगी ।

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिनेमा में आग

अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार आज तड़के दो बजे अमृतसर के राम बाग बाज़ार में स्थित नन्दन सिनेमा में अचानक आग भड़क उठी, जिससे सिनेमा की गैलरी, दो कैबिन व रिकार्ड रूम जल गए । आग से प्रॉजैक्टर को भी क्षति हुई है । सिनेमा प्रबन्धकों ने बताया कि लगभग 4-5 लाख रुपए की हानि हुई है । उनका यह भी कहना है कि सिनेमा का बीमा नहीं हुआ, यह आग बिजली का शार्ट सर्कट होने से लगी है । उल्लेखनीय है कि यह सिनेमा पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स. प्रताप सिंह कैरों के छोटे लड़के गुरिंद्र कैरों का है ।

शव मिला

बाबा बकाला (गु.): यहां से दस किलोमीटर दूर जी.टी. रोड पर खलचियां गांव के निकट एक 35 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है जिसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

नकदी, आभूषण लूटे

टांडा (ख.): कल सायं छः उग्रवादी श्री सत पाल वरमानी के घर आए । उनमें से दो के पास किरपानें थीं, दो के पास बंदूकें और अन्य दो के पास भी हथियार थे । उनके घर से छः हजार रुपए नकद, छः तोले सोने के आभूषण ले गए और जाते-जाते कह गए कि अगर उन्हें 20 हजार रुपए नकद न दिए गए तो सारे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा ।

उसके बाद वे उग्रवादी श्री जगतार सिंह के घर पर गए मगर वहां स्थित गुरुद्वारे के ग्रंथी ने उन्हें सावधान कर दिया इसलिए वह सावधान हो गया । क्षेत्र के लोग इकट्ठे हो गए और उग्रवादी भाग निकले । लोगों ने काफी दूर तक उग्रवादियों का पीछा किया गया अंधेरे का लाभ उठा कर वे भागने में सफल हो गए ।

दो गिरफ्तार

भटिंडा पुलिस ने पंजाब और हरियाणा में स्कूटर छीनने वाले दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके पास से चोरी के पांच स्कूटर मिले हैं । इनके नाम सुरिंद्र पाल सिंह तथा रणजीत सिंह हैं ।

तीन संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया है कि जिला पुलिस व सुरक्षा बलों ने आज प्रातः कलानौर क्षेत्र से संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । उन्होंने बताया कि ये व्यक्ति थाना कलानौर के गांवों से सम्बद्ध हैं । इनके नाम रणजीत सिंह—शाहूर खुर्द, मंजीत सिंह व सुरजीत सिंह—मीर कचाना बताए गए हैं । श्री बिरदी ने बताया कि इनके कब्जे से एक 303 बोर तथा दो 12 बोर के पिस्तौल, 19 जीवित व चार चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान इन्होंने स्वीकार किया है कि ये सभी खालिस्तान आर्म्ड फोर्स में मस्तान सिंह मस्ताना के साथ काम करते थे । इन्होंने 20 मई को कलानौर में मार्कीट कमेटी के चेयरमैन कृपाल सिंह के लड़के विचित्र सिंह तथा 19 मई को गांव मीर कचाना में रमेश शर्मा नामक व्यक्ति को घायल किया था तथा एक जून को सरकारी प्राइमरी स्कूल के मुख्याध्यापक हरदयाल शर्मा की हत्या की थी ।

एक अन्य गिरफ्तार

श्री बिरदी ने बताया कि पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने डेरा बाबा नानक क्षेत्र में नाके के दौरान नरेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उससे मस्कट 410 बोर की राइफल तथा तीन कारतूस बरामद किए हैं ।

यह पिस्तौल इसने गत 31 मई को गांव तेजा वीला के सरपंच से छीनी थी जो उसे ग्राम सुरक्षा के अधीन सरकार ने दी थी । इसने भी स्वीकार किया है कि वह खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के मस्ताना के साथ काम करता रहा है । उल्लेखनीय है कि मस्ताना गत 27-28 मई की रात को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था । श्री बिरदी ने बताया कि इस गिरोह के लगभग सभी सदस्य गिरफ्तार कर लिए गए हैं ।

उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व खुजाला गांव के सरपंच प्यार सिंह की हत्या के आरोप में गिरफ्तार विचित्र सिंह नामक व्यक्ति की निशानदेही पर तीन और व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

श्री बिरदी ने बताया है कि पंजाब तथा दिल्ली में हुई हिंसा की घटनाओं के दृष्टिगत अब जिले में कोई भी बस सायं सात बजे के बाद सुरक्षा गार्ड के बिना नहीं चलेगी ।

दो प्रशिक्षणार्थी उप-सम्पादक चाहिएं

पंजाब केसरी जालंधर के लिए दो प्रशिक्षणार्थी उप-सम्पादकों की ज़रूरत है । न्यूनतम शिक्षा किसी भी विश्वविद्यालय से स्नातक हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेज़ी सहित होना ज़रूरी है । अंग्रेज़ी-पंजाबी से हिन्दी में अनुवाद करने के अनुभव के साथ आफसेट कापी जोड़ना भी जानता हो ।

—सम्पादक, पंजाब केसरी,
सिविल लाईन्स, जालंधर

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

टेलरिंग

Bhasin & Co., First Floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar. Phone : 43554 for Gents, Safari and Shirts.

शिक्षा

पत्राचार द्वारा B.Ed., M.Ed., BTC/JBT, LT/OT करें । हायर सैकेंडरी पास Direct B.A., B.Com. Final करें । दसवीं पास इंटर तथा बिना किसी प्रमाणपत्र के Matric करें । नियमावली के लिये 10/- M.O. द्वारा भेजें । S.G. College of Correspondence, Railway Road, Ambala City.

मैट्रिक पास सितम्बर में इंटर करके B.A. II अप्रैल, मैट्रिक/प्रैप पास B.A. Final, वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न करके डाक्टर बनें । राजा डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

R.M.P. बनें । मैट्रिक, इंटर, बी.ए., वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न गारंटिड करें । केंद्र गांधी मैमोरियल कालेज, नज़दीक लक्ष्मी सिनेमा, यमुनानगर ।

आठवीं फ़ेल या नौवीं फ़ेल शर्तिया व गारंटी से मैट्रिक पास करें । Metro College, Bazar Narsinghdass (Near Majith Mandi), Amritsar. Phone : 47664.

पंजाबी ढंग से तीन महीने में अंग्रेज़ी लिखना, बनाना तथा बोलना सीखें । दसवीं पास, लड़कियों के लिये इंगलैंड, अमरीका तथ अंग्रेज़ी स्कूलों के लिये विशेष प्रबंध हैं । 200 Rules Tutor Facility

टी. वी. ट्रेनिंग

टैलीविज़न सीखें, रात्रि कक्षा भी आरम्भ । मिलें : नैशनल इलैक्ट्रानिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने बस स्टैंड, पठानकोट ।

रोज़गार

कर्मचारी चयन आयोग (S.S.C.) में क्लर्कों के 8000 पद रिक्त हैं । योग्यता—मैट्रिक । आयु सीमा—18 से 25 वर्ष । वेतनमान—950-1500 । अंतिम तिथि 13.7.87 । आवेदन पत्र तथा नियमावली हेतु 8 रुपये मनीआर्डर/पोस्टल आर्डर द्वारा शीघ्र भेजें । National School of Competitions, Ambala City-134 022.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 14.6.87 Rs. 42/- without trays. NECC Suggested Retail Price 5.90 per Dozen.

नाम परिवर्तन

I, Jarnail Singh alias Jaswant Singh S/o. Gurbax Singh resident of V&P.O. Baghapurana, Tehsil Moga Distric Faridkot, am known by two names. All concerned may please note.

ड्राइविंग सीखें

ड्राइविंग हैवी ट्रक, कार (लाइसैंस समेत), टैलीविज़न/Colour TV/रेडियो, इलैक्ट्रीशियन

Punjabi Sanjaan

एनक्लेव, मोहनीश बहल ग्रेटर कैलाश दो, हरीश चन्द्र जैन ईस्ट आफ कैलाश और फूल सिंह श्रीनिवासपुरी । घटना में मारी गई महिलाओं के नाम हैं : श्रीमती गुप्ता फरीदाबाद, विमला (20 साल) तुगलकाबाद एक्सटैंशन और प्रमिला जैन (36 साल) ईस्ट आफ कैलाश । एक व्यक्ति बाद में अस्पताल में मरा। उसकी अभी शिनाख्त नहीं हुई है ।

मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस अधिकारियों से बातचीत से यह भी पता चला कि इन आतंकवादियों की उम्र 21 से 24 साल के बीच थी । ये सिख थे, इन्होंने हमला करने में वही तरीका इस्तेमाल किया, जो पंजाब में किया जा रहा है ।

बरामद कार से स्टेनगन के जो कारतूस मिले हैं, उन पर इंडियन आर्डिनैंस फैक्टरी का निशान है । पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस सम्भावना से इन्कार नहीं किया है कि आतंकवादी पूरी तरह प्रशिक्षित हैं । पूरे मामले की जांच का काम दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को सौंपा दिया गया है ।

घर-घर की तलाशी

कल रात के गोली कांड के अभियुक्तों को पकड़ने के लिए पुलिस ने सफदरजंग एनक्लेव में घर-घर की तलाशी ली । पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर रखी थी ।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि कई घायलों की दशा गम्भीर है ।

कड़ी नज़र

दक्षिण दिल्ली में कल रात आतंकवादियों द्वारा किए गए नर-संहार के बाद दिल्ली में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है । गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने आज सुबह यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में दिल्ली की कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की । उन्होंने विशेषकर उन उपायों के बारे में पूछताछ की जो कल की घटना के बाद सुरक्षा के लिए उठाए गए हैं । उन्होंने विशेषकर दिल्ली के संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बातचीत की । उच्च स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री की सचिव श्रीमती सरला ग्रेवाल, गृह सचिव, दिल्ली के उपराज्यपाल हरकिशन लाल कपूर और पुलिस आयुक्त वेद मरवाह भी उपस्थित थे ।

इस बीच "रैड अलर्ट" दे दिया गया है और राजधानी में समग्र पुलिस बल को सचेत कर दिया गया है । सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस पिकेट तैनात कर दी गई हैं और सभी वाहनों की पूरी-पूरी पड़ताल की जा रही है ।

हवाई अड्डे में जाने पर रोक

राजधानी में आतंकवादी कार्रवाई को देखते हुए इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर सुरक्षा बंदोबस्त कड़े कर दिए गए हैं । आज से 15 दिन के लिए आम लोगों की आवाजाई पर रोक लगा दी गई है । हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता के अनुसार टर्मिनल एक और दो में आम आदमियों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है ।

व्यापक निंदा

गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने एक वक्तव्य में कल दक्षिण दिल्ली में 12 व्यक्तियों को गोली से मार दिए जाने की घटना की कड़ी भर्त्सना की । उन्होंने कहा कि यह उन लोगों का काम है, जो शांति को भंग करना चाहते हैं ।

गृहमंत्री ने सभी लोगों से अपील की कि वे शांति और व्यवस्था बनाए रखें तथा आतंकवादियों को पकड़वाने में पुलिस को सहयोग दें ।

आल इंडिया सिख कांफ्रैंस के महासचिव सरदार गुरचरण सिंह बब्बर ने कल रात की घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह हम सब के लिए शर्म की बात है । मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की दिल्ली शाखा ने दिल्ली में सुरक्षा बंदोबस्त कड़े करने की मांग की ।

अखिल भारत हिन्दू महासभा के सचिव डा. मदन लाल गोयल ने कहा है कि कांग्रेस (इ) बढ़ते हुए आतंकवाद को रोकने में असफल रही है । डा. गोयल ने कहा है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो लोगों को स्वयं अपनी रक्षा के लिए आगे आना पड़ेगा । भारत साधु समाज के महासचिव स्वामी हरिनारायणानन्द ने जनता से शांति बनाए रखने और प्रशासन की मदद करने की अपील की है ।

शिरोमणि अकाली दल (तारा सिंह) के अध्यक्ष जत्थेदार रछपाल सिंह ने आतंकवादी कार्रवाई के बारे में कहा कि कुछ विदेशी शक्तियां देश और सरकार को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं । उन्होंने कहा कि कुछ तत्व सिखों के भेस में भी आतंकवादी कार्रवाई कर रहे हैं । उन्होंने रात की घटना में मारे गए लोगों को एक-एक लाख रुपए देने की भी मांग की ।

सुराग का दावा

पुलिस ने दक्षिण दिल्ली में कल रात की हत्याओं के लिए कथित रूप से जिम्मेदार आतंकवादियों द्वारा प्रयुक्त कार से कुछ ऐसे महत्वपूर्ण सुराग मिलने का दावा किया है जिनकी सहायता से हत्यारों को पकड़ा जा सकता है । पकड़ी गई कार के निकट जूतों का एक जोड़ा भी पाया गया है, जोकि संदिग्ध आतंकवादियों में से किसी का लगता है । कार में से उंगलियों के निशान लिए गए हैं ।

पुलिस का अनुमान है कि कल दक्षिण दिल्ली में नरसंहार करने वाले दो आतंकवादियों में से कम से कम एक आतंकवादी दिल्ली का ही है । वे विदेशी कार को सफदरजंग एन्क्लेव में डियर पार्क के पास वीरान क्षेत्र में छोड़कर दूसरी कार में फ़रार हुए हैं । पुलिस बड़ी सरगर्मी से दूसरी कार की तलाश कर रही है । राजधानी में दो साल के बाद आतंकवादियों ने ये हत्याएं की हैं ।

पुलिस का अनुमान है कि इस सप्ताह के शुरू में अमृतसर में तथाकथित टाईगर्स फ़ोर्स के तीस सदस्यों की गिरफ्तारी के कारण ही आतंकवादियों ने यह जवाबी कार्रवाई की है । पुलिस ने इसे एक सुनियोजित बारदात बताया है ।

केन्द्र क्या करेगा ?

पटियाला (भूषण) पंजाब के भूतपूर्व मंत्री श्री दलीप सिंह पांधी ने दिल्ली में हत्याओं की कड़ी निंदा की । उन्होंने कहा कि पंजाब में बरनाला सरकार को आतंकवादियों पर नियंत्रण में विफल रहने पर डिसमिस किया गया था, अब दिल्ली में क्या किया जाएगा । केन्द्र सरकार आतंकवाद को नियंत्रित करने में अपनी विफलता के बारे में क्या कार्रवाई करने का इरादा रखती है ?

पागलों की कार्रवाई–रे

'संघी' के अनुसार पंजाब के राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे ने कल रात अमृतसर में आतंकवादियों द्वारा किए गए हत्याकांड की कटु निंदा की है । राज्यपाल ने आज चंडीगढ़ में एक बयान में इस हत्याकांड पर दुख व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि समझ में नहीं आता है कि बेकसूर लोगों की हत्या करके इन 'जंगली आदमियों' ने कौन से धर्म के सिद्धांतों को हासिल किया है । श्री राय ने कहा कि इन हत्याओं से साफ जाहिर है कि ये लोग हताशा की चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं । ये लोग पागलपन का काम उसी समय करते हैं जब पुलिस यह महसूस करने लगती है कि उसका काम पूरा हो गया है । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई में कोई कमी नहीं की जाएगी ।

पंजाब में हत्यायें
(पृष्ठ 3 का शेष)

सिनेमा में आग

अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार आज तड़के दो बजे अमृतसर के राम बाग बाज़ार में स्थित नन्दन सिनेमा में अचानक आग भड़क उठी, जिससे सिनेमा की गैलरी, दो कैबिन व रिकार्ड रूम जल गए । आग से प्रॉजैक्टर को भी क्षति हुई है । सिनेमा प्रबन्धकों ने बताया कि लगभग 4-5 लाख रुपए की हानि हुई है । उनका यह भी कहना है कि सिनेमा का बीमा नहीं हुआ, यह आग बिजली का शार्ट सर्कट होने से लगी है । उल्लेखनीय है कि यह सिनेमा पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स. प्रताप सिंह कैरों के छोटे लड़के गुरिंद्र कैरों का है ।

शव मिला

बाबा बकाला (गु.): यहां से दस किलोमीटर दूर जी.टी. रोड पर खलाचियां गांव के निकट एक 35 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है जिसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

नकदी, आभूषण लूटे

टांडा (ख.): कल सायं छः उग्रवादी श्री सत पाल बरमानी के घर आए । उनमें से दो के पास किरपानें थीं, दो के पास बंदूकें और अन्य दो के पास भी हथियार थे । उनके घर से छः हजार रुपए नकद, छः तोले सोने के आभूषण ले गए और जाते-जाते कह गए कि अगर उन्हें 20 हजार रुपए नकद न दिए गए तो सारे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा ।

उसके बाद वे उग्रवादी श्री जगतार सिंह के घर पर गए मगर वहां स्थित गुरुद्वारे के ग्रंथी ने उन्हें सावधान कर दिया इसलिए वह सावधान हो गया । क्षेत्र के लोग इकट्ठे हो गए और उग्रवादी भाग निकले । लोगों ने काफी दूर तक उग्रवादियों का पीछा किया गया अंधेरे का लाभ उठा कर वे भागने में सफल हो गए ।

दो गिरफ्तार

भटिंडा पुलिस ने पंजाब और हरियाणा में स्कूटर छीनने वाले दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके पास से चोरी के पांच स्कूटर मिले हैं । इनके नाम सुरिंद्र पाल सिंह तथा रणजीत सिंह हैं ।

तीन संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया है कि जिला पुलिस व सुरक्षा बलों ने आज प्रातः कलानौर क्षेत्र से संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । उन्होंने बताया कि ये व्यक्ति थाना कलानौर के गांवों से सम्बद्ध हैं । इनके नाम रणजीत सिंह–शाहूर खुर्द, मंजीत सिंह व सरजीत सिंह–मीर कचाना बताए गए हैं । श्री बिरदी ने बताया कि इनके कब्जे से एक 303 बोर तथा दो 12 बोर के पिस्तौल, 19 जीवित व चार चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान इन्होंने स्वीकार किया है कि ये सभी खालिस्तान आर्म्ड फोर्स में मस्तान सिंह मस्ताना के साथ काम करते थे । इन्होंने 20 मई को कलानौर में मार्कीट कमेटी के चेयरमैन कृपाल सिंह के लड़के विचित्र सिंह तथा 19 मई को गांव मीर कचाना में रमेश शर्मा नामक व्यक्ति को घायल किया था तथा एक जून को सरकारी प्राइमरी स्कूल के मुख्याध्यापक हरदयाल शर्मा की हत्या की थी ।

एक अन्य गिरफ्तार

श्री बिरदी ने बताया कि पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने डेरा बाबा नानक क्षेत्र में नाके के दौरान नरेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उससे मस्कट 410 बोर की राइफल तथा तीन कारतूस बरामद किए हैं ।

यह पिस्तौल इसने गत 31 मई को गांव तेजा वीला के सरपंच से छीनी थी जो उसे ग्राम सुरक्षा के अधीन सरकार ने दी थी । इसने भी स्वीकार किया है कि वह खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के मस्ताना के साथ काम करता रहा है । उल्लेखनीय है कि मस्ताना गत 27-28 मई की रात को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था । श्री बिरदी ने बताया कि इस गिरोह के लगभग सभी सदस्य गिरफ्तार कर लिए गए हैं ।

उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व खुजाला गांव के सरपंच प्यार सिंह की हत्या के आरोप में गिरफ्तार विचित्र सिंह नामक व्यक्ति की निशानदेही पर तीन और व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

श्री बिरदी ने बताया है कि पंजाब तथा दिल्ली में हुई हिंसा की घटनाओं के दृष्टिगत अब जिले में कोई भी बस सायं सात बजे के बाद सुरक्षा गार्ड के बिना नहीं चलेगी ।

पुलिस द्वारा छापे

आनंदपुर साहिब (गिरि): गत रात्रि करीब दो बजे रोपड़ पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. के करीब 300 जवानों ने तख्त केसगढ़ साहिब व किला आनंदगढ़ साहिब की घेराबंदी करके तलाशी ली । किला आनंदगढ़ से पुलिस ने छः व्यक्ति हिरासत में ले लिए और पूछताछ के बाद छोड़ दिए । सिख छात्र संघ के केसगढ़ साहिब में स्थित सब-आफिस से सी.आर.पी.एफ. द्वारा चार नौजवान पकड़े गए जिनमें परमजीत सिंह 'पम्मा' भी शामिल है । सिख छात्र संघ के नेता सुरेंद्र सिंह 'किशनपुरा' ने इस घटना की निंदा की है व कहा है कि पुलिस नाजायज तंग कर रही है ।

उग्रवादियों के ठिकानों पर छापे

फगवाड़ा (खोसला): आज तड़के थाना सदर पुलिस ने लगभग आधा दर्जन गांवों में उग्रवादियों के ठिकानों पर छापे मारे ।.एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है । एस.एच.ओ. श्री बराड़ ने बताया कि समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध शुरू किए गए अभियान के संबंध में और गांवों में छापे मारे जाएंगे ।

शव मिला

जालंधर (वि.स.): आज तड़के आदमपुर थाना के गांव दुहड़ा के बाहर सड़क के किनारे गांव के 30 वर्षीय सरबजीत सिंह का शव रहस्यपूर्ण अवस्था में पड़ा पाया गया । उसकी गर्दन में काफी गहरा तेज धार हथियार का घाव था । उसकी नाभी में तलवार आदि चोपी गई लगती थी । पुलिस के अनुसार यह हत्या का केस है और उसे मार कर वहां फैंका गया लगता है । पुलिस ने सूचना मिलने पर शव को कब्जे में ले लिया, केस रजिस्टर कर लिया और उसका पोस्टमार्टम यहां सिविल अस्पताल में करवा कर उसके परिवार के हवाले कर दिया ।

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा

आज तड़के थाना भोगपुर के गांव इटवस्सी के निकट दो स्कूटर सवार उग्रवादियों तथा नाका पुलिस पार्टी के बीच सशस्त्र मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसका साथी फरार होने में सफल हो गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह दोनों उग्रवादी बहराम शरिष्ठा की ओर से आ रहे थे । निकट आने पर जब नाका पार्टी के मुखिया एस.एच.ओ. ने आवाज़ देकर उन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी जिस पर नाका पार्टी ने भी जवाबी फायरिंग की । यह फायरिंग जब 15 मिनट के बाद शांत हुई, तब पुलिस ने निकट जाकर देखा कि एक उग्रवादी मरा पड़ा है जबकि दूसरा फरार हो चुका था । लाश के निकट पुलिस को एक स्वचालित बंदूक, एक मैगज़ीन जिसमें 16 गोलियां थीं, 16 चले हुए कारतूस पड़े मिले । लगभग 22 वर्षीय इस मृतक उग्रवादी की पहचान नहीं हो सकी । उसके शव का आज यहां सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया और शव पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

दो उग्रवादी बंदी

सुनाम (नागपाल): यहां से 27 किलोमीटर दूर गांव खेतला थाना डरबा में गत दिवस दो बजे दोपहर सहकारी संस्था के सेल्समैन श्री अशोक कमार से तीन उग्रवादियों ने बंदूक की नोक पर 2040 रुपए लूट लिए और फरार हो गए । शोर मचाए जाने पर गांव के लोगों ने अभियुक्तों का पीछा करके दो उग्रवादियों को दबोच लिया और मार पीट करने के बाद उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया । पकड़े गए उग्रवादियों के नाम हैं : राजेंद्र कुमार मुनीम, बलकारा सिंह, तीसरा उग्रवादी भागने में सफल हो गया ।

नकली पंखे बेचने पर दो बंदी

अमृतसर, 14 जून (डोगरा): पुलिस ने नकली पंखे बेचने के आरोप में मानसा मंडी के दो व्यापारियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

हिन्दुस्तान सेल्ज़ कार्पोरेशन, जो कि पंखे बनाती है, के नकली पंखे लेबल लगा कर उपरोक्त दोनों व्यापारी पंखे बेचते थे । फर्म की शिकायत पर पुलिस ने छापा मार कर नकली लेबल तथा पंखे कब्जा में लेकर उपरोक्त व्यापारियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

बढ़े मूल्यों पर बिजली के बिलों की वसूली रुकी

पटियाला, 14 जून (भूषण): स्थानीय प्रथम श्रेणी सब-जज श्री एन.डी. भटारा ने मैसर्ज़ ग्रीन बार व रैस्टोरैंट के दावे पर पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के विरुद्ध निषेधाज्ञा जारी करते हुए बढ़ाए गए मूल्यों पर बिजली खपत के बिलों की वसूली 17 जुलाई तक रोक दी । अदालत ने बिजली बोर्ड को 17 जुलाई को अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा है ।

ी उप-सम्पादक चाहिएं

शिक्षणार्थी उप-सम्पादकों की ज़रूरत है । न्यूनतम शिक्षा , संस्कृत, अंग्रेज़ी सहित होना ज़रूरी है । अंग्रेज़ी-पंजाबी से थ आफसैट कापी जोड़ना भी जानता हो ।

–सम्पादक, पंजाब केसरी,
सिविल लाईन्स, जालंधर

ाइड विज्ञापन

टी. वी. ट्रेनिंग

टैलीविज़न सीखें, रात्रि कक्षा भी आरम्भ । मिलें : नैशनल इलैक्ट्रानिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने बस स्टैंड, पठानकोट ।

रोज़गार

कर्मचारी चयन आयोग (S.S.C.) में क्लर्कों के 8000 पद रिक्त हैं । योग्यता–मैट्रिक । आयु सीमा–18 से 25 वर्ष । वेतनमान–950-1500 । अंतिम तिथि 13.7.87 । आवेदन पत्र तथा नियमावली हेतु 8 रुपये मनीआर्डर/पोस्टल आर्डर द्वारा शीघ्र भेजें । National School of Competitions, Ambala City-134 022.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 14.6.87 Rs. 42/- without trays. NECC Suggested Retail Price 5.90 per Dozen.

नाम परिवर्तन

I, Jarnail Singh alias Jaswant Singh S/o. Gurbax Singh resident of V&P.O. Baghapurana, Tehsil Moga Distric Faridkot, am known by two names. All concerned may please note.

ड्राइविंग सीखें

ड्राइविंग हैवी ट्रक, कार (लाइसैंस समेत), टैलीविज़न/Colour TV/रेडियो, इलैक्ट्रीशियन, वायरमैन, रैफ्रीजिरेशन, RCC बार-बैंडर, प्लम्बर, वैल्डिंग, मोटर मैकेनिक कोर्स, रिहायश उपलब्ध, दाखले हेतु मिलें : प्रिंसीपल, टी.आई.टी. कालेज,

मुफ़्त

गत दिवस सरकारी और राजनीतिक स्तर पर स्थिति की समीक्षा की गई । उग्रवादियों द्वारा की गई हिंसक वारदातों पर चिंता व्यक्त की गई परन्तु लगता है कि प्रशासन इस बारे में पुलिस के सुरक्षा प्रबन्ध अधिक कड़े करने के अतिरिक्त कोई रास्ता नहीं ढूंढ सका ।

गृह मंत्रालय गत दिसंबर दिल्ली में हुए हत्या कांड से इतना आतंकित हुआ कि सभी राज्यों को सावधानी

खरीदने के लिए घोषित का विशेष प्रभाव नहीं

परवाना): पंजाब ी गेहूं खरीदने के की दर से मिलरों ने की घोषणा की हुआ । इस तरह हैं ।

ता ने बताया कि 5 लाख टन गेहूं ार क्विंटल अभी है कि सरकारी हूं को खरीदने के

मंडियों से चले त की कि चक्की के आम लोगों में है कि इस गेहूं को ग किया जाए ।

ब तक पंजाब की

मंडियों से 43 लाख टन गेहूं खरीदी गई है जबकि गत वर्ष 63 लाख टन गेहूं खरीदी गई । इसी बीच वित्तायुक्त (राजस्व) श्री तजेन्द्र खन्ना ने आज यहां बताया कि अब तक 9 जिलों के 8184 गांवों में से 2044 गांवों में किसानों को 5 करोड़ 84 लाख रुपए की राहत दी जा चुकी है ।

श्री खन्ना ने बताया कि नकद राशि के अतिरिक्त 2 करोड़ 23 लाख की गेहूं राहत के रूप में किसानों को दी जा चुकी है । उन्होंने बताया कि राहत कार्य 15 जुलाई तक चलेंगे । सरकार ने कड़े निर्देश दिए हैं कि राहत राशि गांवों में जाकर आम सभाओं में ही वितरित की जाए । उन्होंने बताया कि 11905 मजदूरों को भी 50 लाख रुपए की गेहूं वितरित की जा चुकी है ।

नकल नहीं तो परीक्षा नहीं

ढाका, 15 जून : पश्चिमी बंगला देश के जैसोर क्षेत्र में लगभग दो सौ छात्रों ने यह कहते हुए अपनी परीक्षाओं का बहिष्कार कर दिया कि उन्हें नकल करने के अधिकार से वंचित किया गया



अमृतसर के रीगो ब्रिज पर उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके दो वकीलों (1) केवल कृष्ण महेंद्र (2) राज कुमार की हत्या कर दी और (3) विजय कुमार और (4) विनोद कुमार को घायल कर दिया । (5) अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, (6, 7) पुल पर बिखरा खून, (8, 9, 10) मृतकों के संबंधी विलाप करते हुए, (11, 12, 13) एस.एस.पी. इजहार आलम गुरुतेग बहादुर अस्पताल में घायलों के संबंधियों को हौसला देते हुए । (छाया : भंडारी)

वेंकटरमन द्वारा नामांकन पत्र दाखिल

नई दिल्ली, 15 जून (वार्ता): राष्ट्रपति पद के लिए उपराष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन के नामांकन पत्र आज यहां दाखिल किए गए । श्री वेंकटरमन का पहला नामांकन पत्र प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की ओर से पेश किया गया, जिसका केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री पी. वी. नरसिम्हा राव ने अनुमोदन किया है ।

श्री वेंकटरमन के नाम का दूसरा नामांकन पत्र अखिल भारतीय कांग्रेस (इ) के महासचिव भगवत झा आजाद ने दाखिल किया । इसका अनुमोदन संसदीय कार्य राज्यमंत्री ए.एम. जैकब ने किया है ।

लोगों से स्कूटर छीनने, पैसे बटोरने, बैंक डाकों और धमकी पूर्ण पत्र लिखने की घटनाएं अब लगभग खत्म हो गई हैं ।

श्री रिबैरो ने कहा कि अब देहात और शहरों में लोग महसूस करने लगे हैं कि उनके जान व माल की सुरक्षा की जा रही है और इस बारे उनमें विश्वास की भावना बढ़ी है । श्री रिबैरो के अनुसार मैंने हाल ही में अमृतसर, गुरदासपुर, जालन्धर, फिरोजपुर, फरीदकोट और लुधियाना जिलों का दौरा किया है । मैंने वहां राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों आम लोगों और विशेष तौर पर देहाती लोगों से खुल कर बातचीत की है । ये लोग अब अपने आपको सुरक्षित अनुभव करते हैं । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि जो लोग पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन करके अन्य राज्यों को चले गए हैं वे अभी तक अपने


Orient
in t
world o
ORI
Buil t

2 उग्रवादियों सहित 5 मरे, अमृतसर में तनाव, 1.20 लाख रु. लूटे

चंडीगढ़, 15 जून (वार्ता, संघी): पंजाब में पिछले चौबीस घंटों के दौरान दो संदिग्ध आतंकवादियों सहित 5 व्यक्ति मारे गए । पुलिस ने चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । अमृतसर में 2 वकीलों की हत्या के बाद तनाव उत्पन्न हो गया । वकीलों और कुछ आबादियों के लोगों ने रोष स्वरूप हड़ताल की ।

पुलिस रिमांड

चंडीगढ़ के सैक्टर-44 में गत 10 जून को हुई मुठभेड़ के बाद भागे 3 उग्रवादियों को शहर में शरण देने के आरोप में चंडीगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार 4 व्यक्तियों जसविंदर सिंह, मंजीत सिंह, गुरमीत सिंह तथा बहादुर सिंह का आज एग्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट परमजीत सिंह औजला ने 19 जून तक पुलिस रिमांड दे दिया । इनका रिमांड लेने के लिए श्री औजला की अदालत 9 बजे पुलिस थाने में ही लगाई गई । पुलिस ने दलील दी कि इनसे उन असली उग्रवादियों का पता लगाना है जो मुठभेड़ के दौरान जालंधर के इंस्पैक्टर हरजीत सिंह की हत्या और श्री कुलदीप सिंह को घायल करके भाग गए थे । पुलिस ने उग्रवादियों के सैक्टर-44 स्थित मकान से बम-फैक्टरी पकड़ी थी । पुलिस ने यह भी दलील दी कि चारों अभियुक्तों के कब्जे से भी बम बनाने का सामान बरामद होने की उम्मीद है और इनसे पूछताछ करके अन्य शरणदाताओं का पता चल सकता है । शहर में शीघ्र ही कुछ और गिरफ्तारियां होने की सम्भावना है ।

2 की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): स्कूटर सवार 2 उग्रवादियों ने स्टेनगन से शहर के बाहर रीगो ब्रिज पर अंधाधुंध फायरिंग करके 2 प्रमुख वकीलों केवल कृष्ण महेंद्र (नवांकोट) और राज कुमार (पट्टी) की हत्या कर दी और 2 व्यक्तियों कैमिस्ट विजय कपूर (कोट बम्बे वाला) और कमिशन एजैंट विनोद कुमार आनंद (बेरी गेट) को घायल कर दिया । इन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । विनोद की हालत नाजुक बताई जाती है । सूचना मिलते ही जिला पुलिस चीफ इज़हार आलम और एस.पी. सिटी सुरेश अरोड़ा घटनास्थल पर पहुंच गए । बाद में वह घायलों को देखने अस्पताल भी गए ।

प्राप्त विवरण के अनुसार वकील राज कुमार अपनी पत्नी के साथ स्कूटर पर जा रहे थे जबकि श्री महेंद्र अपने स्कूटर पर जिला कचहरी जा रहे थे । रीगो ब्रिज पर स्कूटर सवार आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग की । एक सूचना यह भी है कि उग्रवादियों की संख्या 4 थी और दो स्कूटरों पर सवार थे । सभी उग्रवादी 21-22 वर्ष की आयु के थे ।

पुलिस के अनुसार स्कूटर पर आए आतंकवादियों ने रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाईन पर बने पुल पर चढ़ कर स्टेनगन निकाल ली और सिविल लाईन क्षेत्र से आ रहे व्यक्तियों पर गोलियां बरसाना शुरू कर दीं । गोलियां बरसाने के बाद आतंकवादी उसी स्कूटर से खालसा कालेज की ओर भाग गए । यह घटना उस स्थान पर हुई जो सुरक्षा बल की चौकी से मुश्किल से 50 मीटर दूर है । शहर की सभी सुरक्षा चौकियों को सतर्क कर दिया गया है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आतंकवादी भूरे रंग के स्कूटर पर सवार थे और उन्होंने रिवाल्वर से गोलियां चलाईं । विनोद आनंद ने घायल होने के बावजूद आतंकवादियों का पीछा किया । जिलाधीश रमेश इंद्र सिंह भी घायलों को देखने अस्पताल देखने गए ।

तनाव, हड़ताल

'ह.स.,वार्ता' के अनुसार वकीलों की हत्या के बाद नगर में तनाव व्याप्त हो गया और जिला तथा सत्र न्यायाधीश की अदालत में वकीलों द्वारा हड़ताल के कारण कामकाज ठप्प हो गया । सारे नगर में महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बलों को विशेष गश्त के निर्देश दिए गए । शहर में कर्फ्यू लगाने की अफवाहों के दृष्टिगत शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यालय नहीं खुले । गुरुतेग बहादुर अस्पताल के एमरजैंसी वार्ड के बाहर भीड़ एकत्रित हो जाने के कारण वहां सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए । नगर में अप्रिय घटना होने की सूचना नहीं है ।

इसी दौरान केवल कृष्ण महेंद्र की हत्या के विरोध में इस्लामाबाद तथा नवांकोट क्षेत्र में पूर्ण हड़ताल रही ।

5 गिरफ्तार

अमृतसर पुलिस ने कल रात 4 युवकों लखविंदर सिंह, परगट सिंह, निरंजन सिंह और बलविंदर सिंह को उग्रवाद निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया । आज दोपहर एक युवक को लारैंस रोड चौक में चैकिंग के दौरान पकड़ लिया गया ।

स्थिति का जायजा

वरिष्ठ पुलिस तथा सुरक्षा बल अधिकारियों ने जिला में गत 2 दिनों के बाद तेज़ हुई उग्रवादी गतिविधियों से उत्पन्न स्थिति का आज यहां अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल, जो गत 2 दिनों से यहीं हैं, की अध्यक्षता में जायजा लिया । बैठक में सी.आर.पी.एफ. के आई.जी. एस.एस. विर्क और एस.एस.पी. इज़हार आलम भी उपस्थित थे । श्री गिल और श्री विर्क उग्रवादी घटनाओं वाले स्थानों पर गए और झब्बाल तथा ऊधोके हत्याकांडों में संलिप्त उग्रवादियों की तलाश में कई ठिकानों पर मारे गए छापों का स्वयं निरीक्षण किया । दोनों अधिकारी रीगो ब्रिज पर भी गए ।

मुठभेड़ में 2 मरे

बाघा पुराना (मित्तल): पुलिस और सीमा सुरक्षा बल की संयुक्त नाकाबंदी पार्टी के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए । यह मुठभेड़ आज सुबह फरीदकोट जिले के बाघापुराना पुलिस थाने के अंतर्गत धोलियां और चड़िक गांवों के पास नाले पर बनी एक पुलिया पर हुई । पुलिस के अनुसार यह मुठभेड़ उस समय हुई जब नाकाबंदी पार्टी ने साइकल पर आ रहे तीन सशस्त्र व्यक्तियों को रुकने का संकेत दिया । उन्होंने नाकाबंदी पार्टी पर गोली चलानी शुरू कर दी । पुलिस और सीमा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

हिमाचल प्रदेश
मै. हिमाचल सा
कं., मंडी; मै.
नेरचौक; मै.
दास रवि कुमार,
जयसिंहपुर; मै
पवन आटो एंड
विशाल इलैक्ट्रिक
स्टोर, धर्मशाला;
दीनानाथ एंड सन
शिमला; मै.
संस, रामपुर बुश
साहिब; मै.
शिवालिक इलैक्
इलैक्ट्रानिक्स,
बिलासपुर; मै
शर्मा लाइट हा

Punjabi Sahatani

के तौर पर विभिन्न पग उठाने के निर्देश जारी कर दिए । राजधानी में सेना को भी सतर्क कर दिया गया

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस.रे द्वारा भी यहां आकर गृह मंत्री बूटा सिंह और पंजाब समस्या से निपट रहे अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श किए जाने की सम्भावना है ।

इसी बीच पीपुल्स यूनियन फार सिविल लिबर्टीज ने आज आतंकवाद का सफाया करने के लिए सभी वर्गों से एकजुट होकर संयुक्त कार्रवाई का आह्वान किया है । इस संस्था के अध्यक्ष इन्द्रमोहन

जनता पार्टी की ओर से चन्द्रशेखर तथा मधु दंडवते और लोकदल (अ) की ओर से अजीत सिंह ने चुनाव अभियान में भाग लिया । यह प्रथम अवसर है कि श्री रामाराव इंका के विरुद्ध चुनाव प्रचार के लिए उत्तर भारत के किसी राज्य में आए हैं ।

राज्य के 84 लाख 10 हजार से अधिक



अमृतसर के रीगो ब्रिज पर उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके दो वकीलों (1) केवल कृष्ण महेंद्रू (2) राज कुमार की हत्या कर दी और (3) विजय कुमार और (4) विनोद कुमार को घायल कर दिया । (5) अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, (6, 7) पुल पर बिखरा खून, (8, 9, 10) मृतकों के संबंधी विलाप करते हुए, (11, 12, 13) एस.एस.पी. इजहार आलम गुरुतेग बहादुर अस्पताल में घायलों के संबंधियों को हौसला देते हुए । (छाया : भंडारी)

Punjabi Sanatani

के कस को जा

चंडीगढ़, 15 जून (वि.प्र.): पंजाब के पुलि महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ने रहस्योद्घाट किया है कि बर्खास्त अकाली मंत्री श्री प्रेम सि चंद्रमाजरा के विरुद्ध दिल्ली में भी भ्रष्टाचार का के दर्ज कर लिया गया है जिसकी जांच केंद्रीय जां ब्यूरो को सौंप दी गई है । आज यहां पत्रकारों बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि श्री चंद्र माजर के आतंकवादियों के साथ कुछ संबंध सिद्ध हो गा हैं । पुलिस जांच के दौरान श्री चंद्रमाजरा ने इस बा काफी कुछ बताया है । श्री रिबैरो ने दावा किया कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन के दौरान कत्ल की वारदातों में 10 प्रतिशत की कमी हुई है, जबकि लोगों से स्कूटर छीनने, पैसे बटोरने, बैंक डाकों औ धमकी पूर्ण पत्र लिखने की घटनाएं अब लगभ खत्म हो गई हैं ।

श्री रिबैरो ने कहा कि अब देहात और शहरों लोग महसूस करने लगे हैं कि उनके जान व माल की सुरक्षा की जा रही है और इस बारे उनमें विश्वास की भावना बढ़ी है । श्री रिबैरो के अनुसार मैंने हाल ही में अमृतसर, गुरदासपुर, जालन्धर, फिरोजपुर फरीदकोट और लुधियाना जिलों का दौरा किया है मैंने वहां राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों आम लोग और विशेष तौर पर देहाती लोगों से खुल कर बातचीत की है । ये लोग अब अपने आपको सुरक्षि अनुभव करते हैं । एक प्रश्न के उत्तर में उन्हों कहा कि जो लोग पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन करके अन्य राज्यों को चले गए हैं वे अभी तक अप

वेंकटरमन द्वारा नामांकन पत्र दाखिल

नई दिल्ली, 15 जून (वार्ता): राष्ट्रपति पद के लिए उपराष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन के नामांकन पत्र आज यहां दाखिल किए गए । श्री वेंकटरमन का पहला नामांकन पत्र प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की ओर से पेश किया गया, जिसका केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री पी. वी. नरसिम्हा राव ने अनुमोदन किया है ।

श्री वेंकटरमन के नाम का दूसरा नामांकन पत्र अखिल भारतीय कांग्रेस (इ) के महासचिव भगवत झा आजाद ने दाखिल किया । इसका अनुमोदन संसदीय कार्य राज्यमंत्री ए. एम. जैकब ने किया है

ए घोषित
ाव नहीं

गेहूं खरीदी गई है जबकि गत
ं खरीदी गई । इसी बीच
ी तजेन्द्र खन्ना ने आज यहां
जिलों के 8184 गांवों में से
नों को 5 करोड़ 84 लाख
चुकी है ।
ताया कि नकद राशि के
3 लाख की गेहूं राहत के रूप
ुकी है । उन्होंने बताया कि
ं तक चलेगी । सरकार ने
राहत राशि गांवों में जाकर
वितरित की जाए । उन्होंने
मजदूरों को भी 50 लाख
की जा चुकी है ।

नो परीक्षा नहीं

: पश्चिमी बंगला देश के
दो सौ छात्रों ने यह कहते हुए
हिष्कार कर दिया कि उन्हें
रों से वंचित किया गया

वादियों सहित 5 मरे, अमृतसर में तनाव, 1.20 लाख रु. लूटे

न (वार्ता, संघी): पंजाब में
के दौरान दो संदिग्ध
ांतिल मारे गए । पुलिस ने

दलील दी कि चारों अभियुक्तों के कब्जे से भी बम बनाने का सामान बरामद होने की उम्मीद है और इनसे पूछताछ करके अन्य शरणदाताओं का पता

फायरिंग की । एक सूचना यह भी है कि उग्रवादियों की संख्या 4 थी और दो स्कूटरों पर सवार थे । सभी उग्रवादी 21-22 वर्ष की आयु के थे ।

के कारण कामकाज ठप्प हो गया । सारे नगर में महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बलों को विशेष गश्त के निर्देश दिए गए । शहर में कर्फ्यू लगाने की

गतिविधियों से उत्पन्न स्थिति का आज य अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल, गत 2 दिनों से यहीं हैं की अध्यक्षता में जारी

दिल्ली में उग्रवाद का तांडव















शनिवार की रात को उग्रवादियों ने दिल्ली में कई भागों में अंधाधुंध गोलियां चलाकर 14 व्यक्तियों की हत्या कर दी (1-2) बहल परिवार के सदस्य पुलिस वालों को घटना का विवरण बताते हुए। फायरिंग की शुरूआत भी बहल परिवार के घर से हुई थी, जहां जन्मदिन की पार्टी चल रही थी (3) घटना स्थल पर बिखरा खून (इनसैट) श्री बहल, जिनके घर में पहले गोली चली (4) एक मृतक का गिरा पड़ा स्कूटर (5) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के एमरजैंसी वार्ड से बरामदित महिला पुरुष (6) एक-दूसरे को सांत्वना देते हुए शोकग्रस्त लोग (7) सफदर जंग अस्पताल में उपचाराधीन श्रीमती वंदना तलवाड़ (8) विस्फोटक विशेषज्ञ बमों की जांच करते हुए । यह बम फटे नहीं थे । (छाया बनोत्रा)

Punjabi Jagran

5 मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षा बल के जवानों ने भी जवाब में गोलियां चलाईं जिसमें दो आतंकवादी मारे गए और तीसरा आतंकवादी भाग गया । मृतक आतंकवादियों से 12 बोर की पिस्तौल और दस कारतूस बरामद किए गए ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार

मुक्तसर (दर्दी): पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों ने गत दिवस नाकेबंदी के दौरान 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके 3 पिस्तौल, एक बंदूक और कारतूस बरामद कर लिए । इनकी शिनाख्त मेजर सिंह, गुरजंट सिंह (खुड़ंज), बघेल सिंह (अटारी) तथा अमरीक सिंह (कबूवाला) के रूप में हुई है । यह उग्रवादी कई हत्याओं और लूटपाट की वारदातों में वांछित थे ।

महंत की हत्या

भटिंडा (गोबर): कल रात इस जिला के कलझरनी गांव में डेरे के महंत की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गये । संगत पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया है ।

1.20 लाख लूटे

होशियारपुर (अश्विनी रुपुर): गढ़शंकर के निकटवर्ती गांव पनाम में सहकारी बैंक से उग्रवादियों ने आज एक लाख 20 हजार रुपए लूट लिए । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार हथियारबंद उग्रवादी जो स्कूटर पर सवार थे, नवांशहर की ओर से आए थे । बैंक में लगभग साढ़े 11 लाख रुपए लूट कर नवांशहर की ओर ही भाग गए । प्रवक्ता ने बताया कि गढ़शंकर और बेलाचौर की पुलिस पार्टियां अभियुक्तों का पीछा कर रही हैं । गढ़शंकर पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

5000 लूटे

गुरदासपुर (वार्ता, विनोद): 6 आतंकवादी जिले के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव मूलेवाल के एक व्यक्ति कर्मसिंह से 5000 रुपए नगद, एक रिवाल्वर एक दोनाली बंदूक, 37 कारतूस और एक टेप रिकार्डर कल रात लूट ले भागे । पुलिस सूत्रों के अनुसार लुटेरे कर्मसिंह की अनुपस्थिति में उसके घर में जबरन घुसे थे ।

ठीकरी पहरे की अवधि बढ़ी

जिला मैजिस्ट्रेट ने जिला भर में रेलवे लाइनों, पुलों और अन्य सरकारी भवनों पर ठीकरी पहरे की अवधि 14 अगस्त तक बढ़ा दी है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

लुधियाना से 'मुसाफिर' ने समाचार दिया है कि लुधियाना पुलिस ने आज बताया कि उसने दो उग्रवादियों दर्शन सिंह और कश्मीरा सिंह को गिरफ्तार किया है । दर्शन सिंह नातोवाला थाना खमानों का और कश्मीरा सिंह बाके थाना खन्ना का रहने वाला है । उनसे एक पिस्तौल 25 बोर, एक पिस्तौल 12 बोर और पांच हजार रुपए नगद बरामद किए गए । इसके अतिरिक्त कपड़े का एक थान भी मिला है । इन उग्रवादियों ने स्कूटर आदि छीनने की नौ वारदातें करने की स्वीकारोक्ति की है ।

अधिकारियों की बैठक

लुधियाना के जिलाधीश श्री के.आर. लखनपाल ने आज जिला के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें जिले में कानून-व्यवस्था की

ने गत दिवस नाकेबंदी के दौरान 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके 3 पिस्तौल, एक बंदूक और कारतूस बरामद कर लिए । इनकी शिनाख्त मेजर सिंह, गुरजंट सिंह (खड़ंज), बघेल सिंह (अटारी) तथा अमरीक सिंह (कबवाला) के रूप में हुई है । यह उग्रवादी कई हत्याओं और लूटपाट की वारदातों में वांछित थे ।

महंत की हत्या

भटिंडा (ग्रोवर): कल रात इस जिला के कलझरनी गांव में डेरे के महंत की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गये । संगत पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया है ।

1.20 लाख लूटे

होशियारपुर (अश्विनी कपूर): गढ़शंकर के निकटवर्ती गांव पनाम में सहकारी बैंक से उग्रवादियों ने आज एक लाख 20 हजार रुपए लूट लिए । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार दो उग्रवादी, जो स्कूटर पर सवार थे, नवांशहर की ओर से आए थे । बैंक में लगभग साढ़े 11 बजे रुपए लूट कर नवांशहर की ओर ही भाग गए । प्रवक्ता ने बताया कि गढ़शंकर और बलाचौर की पुलिस पार्टियां अभियुक्तों का पीछा कर रही हैं । गढ़शंकर पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

5000 लूटे

गुरदासपुर (वार्ता, विनोद): 6 आतंकवादी जिले के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव मुनेवाल के एक व्यक्ति कर्मसिंह से 5000 रुपए नगद, एक रिवाल्वर एक दोनाली बंदूक, 37 कारतूस और एक टेप रिकार्डर कल रात लूट ले गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार लुटेरे कर्मसिंह की अनुपस्थिति में उसके घर में जबरन घुसे थे ।

ठीकरी पहरे की अवधि बढ़ी

जिला मैजिस्ट्रेट ने जिला भर में रेलवे लाइनों, पुलों और अन्य सरकारी भवनों पर ठीकरी पहरे की अवधि 14 अगस्त तक बढ़ा दी है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

लुधियाना से 'मुसाफिर' ने समाचार दिया है कि लुधियाना पुलिस ने आज बताया कि उसने दो उग्रवादियों दर्शन सिंह और कश्मीरा सिंह को गिरफ्तार किया है । दर्शन सिंह नातोवाला थाना खमानों का और कश्मीरा सिंह बांके थाना खन्ना का रहने वाला है । उनसे एक पिस्तौल 25 बोर, एक पिस्तौल 12 बोर और पांच हजार रुपए नगद बरामद किए गए । इसके अतिरिक्त कपड़े का एक थान भी मिला है । इन उग्रवादियों ने स्कूटर आदि छीनने की नौ वारदातें करने की स्वीकारोक्ति की है ।

अधिकारियों की बैठक

लुधियाना के जिलाधीश श्री के.आर. लखनपाल ने आज जिला के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया । श्री लखनपाल ने अधिकारियों को अधिक सतर्क रहने और गश्त तेज करने का निर्देश दिया । संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी और कड़ी कर दी गई है ।

ठेके के कर्मियों को घायल कर दिया

फगवाड़ा (खोसला): कल रात्रि लगभग एक बजे यहां से 6 किलोमीटर दूर फगवाड़ा-

मुठभेड़ों में 9, आपसी लड़ाई में 2 उग्रवादी, 1 भगौड़ा सैनिक मरे

कई अन्य गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद, शस्त्र व अन्य सामान लूटा

गुरजीत का साथी सत्यवाला, राणा प्रताप सिंह भी मृतकों में शामिल

चंडीगढ़, 16 जून (वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक 11 आतंकवादी और एक भगौड़ा सैनिक मारे गए, जबकि कई उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं । अमृतसर जिला के अजनाला थाना क्षेत्र के बिचला कलां गांव में एक भगौड़े सैनिक बलविंदर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई । वह गिरोहों के आपसी संघर्ष में मारा गया । हरिके थाना के गांव नाथूपुर में एक सिर विहीन शव और उसके पास से एक पिस्तौल मिली है । एक अन्य शव अजनाला क्षेत्र से बरामद हुआ है । समझा जाता है कि दोनों शव उग्रवादियों के हैं और आपसी लड़ाई में मारे गए हैं ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे. एफ़. रिबैरो ने बताया कि तीन मुठभेड़ें फरीदकोट जिले के गिद्दड़बाहा, रोडे और फरीदकोट कोतवाली क्षेत्रों में हुई । चौथी मुठभेड़ अमृतसर जिले में सरहाली के निकट हुई, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए । अमृतसर जिला पुलिस के अनुसार मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गए हैं । बाकी तीन मुठभेड़ों में दो-दो आतंकवादी मारे गए । मरने वाले एक आतंकवादी गुरदेव सिंह सत्यवाला की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपए का ईनाम था । वह अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के संयोजक गुरजीत सिंह का निकटतम सहयोगी समझा जाता था । अन्य मृत उग्रवादी की शिनाख्त राणा प्रताप सिंह के रूप में हुई ।

राणा प्रताप सिंह पर भी एक लाख रु. ईनाम था । राणा और सत्यवाला फरीदकोट सदर पुलिस थाना के गांव रेनेवाली के निकट एक पुल पर मुठभेड़ में मारे गए । मुठभेड़ों में भारी मात्रा में अत्याधुनिक छोटे विदेशी हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया ।

मुठभेड़ में 2 मरे, 3 फरार

अमृतसर (अशोक सोनी): गत रात जिला अमृतसर के गांव जंडोकी सरहाली में सुरक्षा बलों की एक नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए, जबकि उनके 3 साथी भाग निकले । मृतकों के कब्जे से हथियार बरामद हुए । आधी रात के समय नाका पार्टी ने पांच संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी, जबकि फ़ायरिंग में दो आतंकवादी मारे गए । उनके कब्जे से पुलिस को एक एक बोर की दोनाली और एक पिस्तौल मिली । घटना स्थल से पुलिस को 9 एम.एम. और 315 बोर के खाली खोल मिले हैं । मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

सिर विहीन शव मिला

थाना हरिके के गांव नाथूपुर में आज पुलिस को खेतों में एक सिर कटी लाश मिली, जिसके शरीर पर गोलियों के कई घाव हैं । शव के निकट एक 303 की पिस्तौल और 2 कारतूस भी मिले हैं । अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह शव किसी आतंकवादी का है ।

एक और शव मिला

चंडीगढ़ से एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने अजनाला क्षेत्र में भी एक शव बरामद किया है । पुलिस का अनुमान है कि मृतक कोई उग्रवादी है, जिसकी आपसी दुश्मनी में हत्या की गई है ।

अंत्येष्टि

कल रीगो ब्रिज पर उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फ़ायरिंग में मारे गए एक वकील केवल कृष्ण महेंद्र (नवांकोट) का आज दर्याना श्मशानघाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया । शवयात्रा के दौरान कड़े सुरक्षा प्रबन्ध थे । श्री महेंद्र के शोक में आज राम बाग मार्केट तथा नवांकोट के बाजार बंद रहे ।

फ़ायरिंग में मारे गए दूसरे 27 वर्षीय वकील राज कुमार का आज पट्टी में अंतिम संस्कार किया गया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिंदू-सिख उपस्थित थे । शव यात्रा राज कुमार के घर से रवाना हुई और गुरुद्वारा में मृतक की आत्मिक शांति के लिए अरदास की गई । पट्टी में आज आधा दिन हड़ताल रही । हजारों नर-नारियों ने 'राजकुमार अमर रहे' के नारे लगाए । श्मशान घाट में एस.डी.एम. और डी.एस.पी. उपस्थित थे । राज कुमार की शादी अभी 6 महीने पहले संत नगर, अमृतसर के घी-व्यापारी हरबंस लाल की बेटी जतिंदर से हुई थी । घटना के समय वह अपने पति के साथ गुरुनानक देव विश्वविद्यालय में लाईब्रेरियन के पद के लिए इंटरव्यू देने जा रही थी ।

अमृतसर में कल की गई दो वकीलों की हत्या के विरोध में वकीलों ने आज भी जिला और सत्र न्यायालयों का बहिष्कार किया । वकीलों की हत्या के विरोध में राम बाग, बम्बियों वाला बाग इस्लामाबाद और नवां कोट मोहल्लों में भी आज हड़ताल रही ।

नकदी, कीमती सामान लूटा

कल रात आधा दर्जन सशस्त्र उग्रवादियों ने सरहाली थाना के गांव वडिंग में गरदयाल सिंह के घर से 1500 रुपए नकद और 20 हजार रुपए मूल्य का कीमती सामान लूट लिया । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने उससे "खालिस्तान के नाम पर 51 हजार रुपए" मांगे थे ।

दोहरी सवारी प्रतिबन्धित

जिला मैजिस्ट्रेट ने स्कूटर सवार उग्रवादियों की बढ़ती हुई गतिविधियों को देखते हुए जिला भर में दोपहिया वाहनों पर दोहरी सवारी करने पर पुनः प्रतिबन्ध लगा दिया है, जो आगामी आदेशों तक जारी रहेगा । महिलाएं और बच्चे इन वाहनों पर बिठाए जा सकेंगे ।

प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपने किराएदारों के बारे में कल प्रातः 10 बजे तक सभी सूचनाएं निकटवर्ती थानों में देने को कहा है ।

अमृतसर के खालसा कालेज क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों में पुलिस व सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से छापे मार कर तलाशियां लीं । तलाशी लेने से पूर्व क्षेत्र को सील कर दिया गया । वहां से आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के कार्यकर्त्ताओं सहित कई लोग गिरफ्तार किए गए । पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इन कालोनियों में रंजीतसिंह नगर, निक्का सिंह नगर, गुरु अर्जन देव नगर तथा खालसा कालेज के सामने की कालोनी शामिल है जहां कुछ उग्रवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी । कल सुखमिंदर कौर और लखविंदर कौर नामक दो छात्राओं की गिरफ्तारी के विरोध में खालसा कालेज के छात्रों ने आज हड़ताल की पर पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की ।

भगौड़े सैनिक की हत्या

इसी जिला के थाना अजनाला के गांव बिचला कलां में एक भगौड़े सैनिक बलविंदर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । समझा जाता है कि बलविंदर सिंह तस्कर था और गिरोहों के आपसी संघर्ष में मारा गया ।

2 मरे

बाघा पुराना (मित्तल): आज तड़के लगभग 3 बजे यहां से आठ किलोमीटर दूर गांव वैरोके के निकट सैंट्रल ब्रिज पर पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गए । सुरक्षा बलों की एक गश्ती टुकड़ी ने 2 व्यक्तियों को संदिग्धावस्था में नहर के किनारे घूमते पाया । जब उन्हें ललकारा गया तो उग्रवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फ़ायरिंग में दोनों आतंकवादी मारे गए । पुलिस ने दोनों से 303 बोर की 2 पिस्तौलें और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

उग्रवादी काबू

फिरोज़पुर (बागी, धीमान): एस.एस.पी. आर. एस. चौलिहान ने बताया कि ज़ीरा में नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने एक कथित उग्रवादी तथा तस्कर मान सिंह को गिरफ्तार करके एक चोरी शुदा स्कूटर, 22 बोर का रिवाल्वर, जो गांव महेश्वरी से छीना गया था, बरामद कर लिए ।

शिनाख्त

उन्होंने बताया कि मखू थाना के गांव बुर्ज भक्ता सिंह में इकबाल सिंह की हत्या के सम्बन्ध में जरनैल सिंह, अमरीक सिंह और शिंदर सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किए गए हैं । सभी अभियुक्त फरार हैं । इन उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में इसी गांव के दलीप सिंह और बोहड़ सिंह को गिरफ्तार किया गया है ।

एक और बंदी

श्री चालिया ने बताया कि ज़ीरा-तलवंडी मार्ग पर कल रात 11 बजे एक उग्रवादी पन्ना सिंह को गिरफ्तार करके एक स्कूटर और 32 बोर का रिवाल्वर बरामद किए हैं । यह रिवाल्वर लोहम गांव से छीना गया था । इस लुटेरा गिरोह के 3 और सदस्यों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

रिवाल्वर लूटी

राजपुरा (मासूम): कल यहां से 10 कि.मी. दूर भप्पाल गांव में 3 उग्रवादियों ने उजागर सिंह के घर में घुस कर उसकी पत्नी महेंद्र कौर, जो घर में अकेली थी, से पिस्तौल की नोक पर उसकी 38 बोर की रिवाल्वर लूट ली और महेंद्र कौर को एक कमरे में बंद करके भाग गए ।

तीसरा उग्रवादी भी पकड़ा गया

सुनाम (नागपाल): यहां से 27 किलोमीटर दूर गांव खेतला थाना दिड़बा में गत दिनों लूटमार की वारदात करने वाले उग्रवादियों का तीसरा साथी भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जिसका नाम

(शेष पृष्ठ 8 पर)

राष्ट्रप... खिलाफ़... नह...

नई दिल्ली, 1... अनुसार बोफोर्स ... प्रधानमंत्री राजीव ... के मामले में प्राप्त ... नहीं करेंगे । इस ब... पुरी की याचिका दा...

राजेन्द्र पुरी ने ... कर राजीव गांधी प... चलाने की अनुमति ... गांधी बोफोर्स सौद... साथ भ्रष्टाचार नि... आपराधिक षड्यंत्र ... के उक्त कानून की ... मुकद्दमा चलाने की ...

जालन्धर... में एक...

जालन्धर, 16... एक आतंकवादी संग... एक कथित आतंकवा... किया है । उससे एक... दो भरी हुई मैगजीनें ... गईं ।

एक पुलिस सू... जालन्धर में दो जून ... जिम्मेदार है । उस... बरामद की गईं । ... एस.एच.ओ. की बर्दी ... हथियार प्लास्टिक के ... दबा दिए थे । वह ... रहने वाला है ।

भाखड़ा नहर से अभागी बस और 31 'श...

पटियाला, 16 जून (भूषण, ह.स., वार्ता): कल यहां से 7 कि. मी. दूर पासियाना पुल की रेलिंग को तोड़ कर एक प्राइवेट बस नहर में जा गिरी थी । सेना की क्रेनों की मदद से आज शाम तक बस तथा 31 शव निकाले जा चुके थे, जिनमें 10 महिलाएं शामिल हैं । अभी तक एक भी बच्चे का शव नहीं मिला । कल गांववासियों और अन्य बसों के यात्रियों ने एक महिला और एक बच्चे सहित 11 व्यक्तियों को बचा लिया था । नहर में पानी का बहाव भाखड़ा ब्यास प्रबंधकीय बोर्ड ने 50 प्र. श. घटा कर 3.0 हजार क्यूसेक कर दिया है । बहाव घटाए जाने के फलस्वरूप ही बस दुर्घटना के 26 घंटे बाद बाहर निकाली जा सकी । बस और शव निकालने में भाखड़ा ब्यास प्रबंधकीय बोर्ड के गोताखोरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । अधिकारी घड़ियां और गहने आदि इकट्ठे करने में लगे हुए हैं ।

जिलाधीश एस.के. सिन्हा के अनुसार पंजाब के एडवोकेट जनरल एक लीगल सैल स्थापित करेंगे ताकि मारे गए लोगों के परिवार मोटर-व्हीकल ट्रिब्यूनल के समक्ष अपने दावे प्रस्तुत कर सकें ।

गोताखोर अभी और श... है कि शव पानी में बह... हैं । शव निकालने के ... से भी सहयोग लिया ... निरीक्षण स्वयं जिलाधी... का पोस्टमार्टम करने के ... नियुक्त की गई है ।

2 दर्जन मृतक एक...

एकीकृत अकाली ... अमरेन्द्र सिंह के अनु...



उग्रवादियों द्वारा दिल्ली व निकटवर्ती क्षेत्रों में हिंसा की आशंका

नई दिल्ली, 16 जून (वार्ता): दिल्ली पुलिस को ... हथियारों का इस्तेमाल किए जाने ...

Punjabi Sanstan

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

अमरजीत सिंह बताया जाता है । यह भी दिड़बा का रहने वाला है । उल्लेखनीय है कि 2 उग्रवादी मौके पर ही पकड़ लिए गए थे । उन्होंने शराब का ठेका लूटने की वारदात की स्वीकारोक्ति की है ।

बंदूक-रिवाल्वर छीने

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से बीस किलोमीटर दूर एहराना में चार अज्ञात व्यक्तियों ने जागीर सिंह नम्बरदार के घर में दाखिल होकर उसकी एक लाइसैंसी बंदक और 32 बोर का लाइसैंसी रिवाल्वर छीन लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात 12 बजे इन उग्रवादियों ने आकर दरवाजा खटखटाया । दो आदमी अंदर चले गए और दो बाहर रहे । पिस्तौल की नोक पर उसके दोनों हथियार छीन कर फरार हो गए ।

डाक्टर के घर में आग लगा दी

गत रात्रि होशियारपुर के सतहरी रोड स्थित डाक्टर ज्ञान चन्द के घर व एक दुकान को कुछ उग्रवादियों ने आग लगा दी । उग्रवादी दुकान में सेंध लगाकर अन्दर घुसे थे । आग से पुराने रिकार्ड आदि जल गए ।

दो पुलिस कर्मी निलम्बित

भटिंडा (ग्रोवर): एस.एस.पी. एम.पी. औलख ने बताया कि कल रात भटिंडा बरनाला सड़क पर अचानक चैकिंग के दौरान एस.पी. डिटैक्टिव एस.के. शर्मा ने दो पुलिस कर्मियों ए.एस.आई. दिलबाग राय और गुरनिहाल सिंह को शराब के नशे में पाया । इन्हें निलम्बित करके पुलिस लाईन भेज दिया गया है और इनके विरुद्ध जांच के आदेश दे दिए गए हैं ।

प्रिंटिंग प्रैस सील

भटिंडा कोतवाली पुलिस ने कल एक स्थानीय प्रिंटिंग प्रैस 'वाहे गुरु प्रिंटिंग प्रैस' को सील करके इसके मालिक छतर सिंह सेठी को गिरफ्तार कर लिया । सिख छात्र संघ के नेता हरविंदर सिंह खालसा की भड़काऊ पत्रिका 'सिख जद्दोजहद' छापने के आरोप में गिरफ्तार किया है । हरविंदर सिंह खालसा पहले ही गिरफ्तार है ।

भटिंडा पुलिस के चीफ एम.एस. औलख ने बताया कि पुलिस ने कोटला राय के (फरीदकोट) के राजेन्द्र सिंह नामक उग्रवादी को गिरफ्तार किया जो कौर सिंहवाला, अकलियां कियां ग्रामों के तीन गोली कांडों में वांछित था जिसमें एक हरिजन परिवार के चार सदस्यों सहित 6 लोग मारे गए थे । संगत पुलिस ने बाजक ग्राम के उग्रवादी सुखचरण सिंह को गिरफ्तार किया है । जंडावाला ग्राम में अपने दुकानदार बेटे तरसेम लाल को बचाने में मारी गई शांति देवी की हत्या बारे बाबू सिंह नामक उग्रवादी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है ।

मोटरसाइकल छिना

जालंधर : विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार गत शनिवार को दिन-दहाड़े भुलत्थ से कपूरथला आते हुए टैलिविस्टा इलैक्ट्रानिक्स लि. जालंधर के सर्विस इंजीनियर श्री बी.के. सैनी से दो व्यक्तियों ने चाकू और पिस्तौल की नोक पर उनका मोटर साइकल डी.आई.डब्ल्यू. 9379 छीन लिया । श्री सैनी किसी ग्राहक का टी.वी. सैट ठीक करके कपूरथला लौट रहे थे । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

रागी की हत्या के आरोप में एक गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिले के पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि भाई देवेंद्र सिंह रागी की हत्या के षड्यंत्र के आरोप में उसी गांव के ही एक व्यक्ति रंधीर सिंह उर्फ कक्क को गिरफ्तार किया गया है । उल्लेखनीय है कि श्री रागी की गत 25 मई को उनके गांव नवीपुर में उग्रवादियों ने फायरिंग करके हत्या कर दी थी ।

आठ बन्दी

जिला पुलिस ने 8 व्यक्तियों को आतंकवादियों से संबंध रखने और उन्हें शरण देने के अभियोग में गिरफ्तार किया है । श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि कहनुवान पुलिस ने बलविन्दर सिंह, कश्मीर सिंह, अवतार सिंह, गुरपाल सिंह अटवाल निवासी, गुरदासपुर सदर पुलिस ने जसवन्त सिंह, चनन सिंह, कलानौर पुलिस ने अरविन्दर सिंह और धारीवाल पुलिस ने हरदीप सिंह को धारा 216 और 3/4 के अंतर्गत गिरफ्तार किया है ।

मुठभेड़ के बाद दो गिरफ्तार

चंडीगढ़ (संधी): आज सायं यहां से लगभग 28 किलोमीटर दूर मोरिंडा के गांव किन्नौर में उग्रवादियों ने 20 वर्षीय कुलबीर सिंह नामक गुबक को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे उपचार के लिए यहां पी.जी.आई. में दाखिल कराया गया है ।

खरड़ से 'शशि' के अनुसार सायं लगभग चार बजे स्कूटर पर सवार तीन उग्रवादियों द्वारा कुलबीर सिंह को घायल किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने उनका पीछा किया । कुछ देर बाद हुई मुठभेड़ में दो उग्रवादियों ने स्वयं को पुलिस के हवाले

Punjabi Sanjhi



जालन्धर पुलिस द्वारा गिरफ्तार उग्रवादी मंजीत सिंह, जो बब्बर खालसा का सदस्य है, से पूछताछ के आधार पर बरामद कारतूस, 2 खाली मैगजीन, 59 जीवित कारतूस, पुलिस की 3 वर्दियां और प्लास्टिक का पाइप, जिसमें डाल कर यह सामान ज़मीन में दबाया गया था। (छाया : कपूर)



चंडीगढ़ के सैक्टर-22 में अकाली नेता जोगिन्दर सिंह साहनी की दुकान, जिस पर उग्रवादियों ने उनके गनमैन को घायल कर दिया। (छाया : पुरी)

हिसार जिले में अनुमानतः 70 प्रतिशत, महेन्द्रगढ़ में 65 प्रतिशत और कुरुक्षेत्र जिले में 60 प्रतिशत मतदान हुआ। महेन्द्रगढ़ को छोड़कर अन्य जिलों में मतदान की गति शुरू से ही तेज थी लेकिन दिन बढ़ने के साथ वहां भी मतदाता बड़ी संख्या में मतदान केन्द्र पर पहुंचने लगे। मतदाताओं में महिलाओं की संख्या अधिक थी तथा लगभग हर क्षेत्र में मतदाताओं को लाने के लिए वाहनों का इस्तेमाल किया गया। राज्य में कुल 86.96 लाख मतदाता हैं। 1982 के चुनावों में

हरियाणा में नई सरकार 20 को

चंडीगढ़, 17 जून (पाबाना): हरियाणा में 20 या 21 जून को नई सरकार द्वारा शपथ ग्रहण किए जाने की सम्भावना है। सरकारी सूत्रों के अनुसार 19 जून तक चुनाव परिणाम घोषित हो जाएंगे। 87 में से 76 हल्कों में वोटों की गिनती कल 18 जून प्रातः 7 बजे शुरू होगी और आशा है कि रात तक हरियाणा की नई विधान सभा की तस्वीर स्पष्ट हो जाए।

मुठभेड़ में 3 उग्रवादी मरे : अकाली नेता की हत्या का प्रयास

चंडीगढ़, 17 जून (सधी, वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटे के दौरान मुठभेड़ में 3 उग्रवादी मारे गए, विभिन्न स्थानों पर कई गिरफ्तारियां किए गए और उनसे भारी मात्रा में हथियार आदि बरामद किए गए। जिला जालन्धर में नहर से एक क्षत-विक्षत शव मिला है। चंडीगढ़ अकाली दल के भूतपूर्व प्रधान तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य जोगिन्दर सिंह साहनी पर कातिलाना हमला किया गया, जिसमें वह बच गए लेकिन उनका गनमैन घायल हो गया।

अकाली नेता पर हमला

आज दोपहर चंडीगढ़ के सैक्टर 22 में 3 उग्रवादियों ने चंडीगढ़ अकाली दल के भूतपूर्व प्रधान तथा एस.जी.पी.सी. के सदस्य जोगिंदर सिंह साहनी पर कातिलाना हमला कर दिया, जब वह अपनी दुकान पर बैठे थे। इस घटना में श्री साहनी का गनमैन बलबीर सिंह उग्रवादियों की 2 गोलियां लगने से घायल हो गया। पी.जी.आई. में उसकी हालत चिंताजनक बताई गई है लेकिन एक एजेंसी की सूचना है कि उसकी हालत खतरे से बाहर है। एस.एस.पी. आर. के. नियोगी ने बताया कि 20-22 वर्ष आयु के दो उग्रवादी पिस्तौल लिए श्री साहनी की दुकान पर आए। उनका गनमैन, जो दुकान के बाहर बैठा था, उनको देख कर सतर्क हो गया और जैसे ही वह सर्विस रिवाल्वर निकालने लगा तो उग्रवादियों ने उस पर गोलियां चला दीं। घायल होने के बावजूद उसने उग्रवादियों पर गोली चलाई, लेकिन निशाना चूक गया। बाहर गोलियां चलती देख कर श्री साहनी दुकान के भीतर चले गए। उग्रवादी दुकान के पीछे मोटर साइकल पर उनकी इंतजार कर रहे अपने तीसरे साथी के साथ फरार हो गए। यह सारा मामला एक मिनट में ही समाप्त हो गया और लोग उग्रवादियों को भागते हुए देखते रहे। सूचना मिलने पर पुलिस ने उग्रवादियों की खोज के लिए चैकिंग शुरू कर दी।

गनमैन पदोन्नत

श्री नियोगी ने बताया कि 28 वर्षीय घायल गनमैन, जिसने घायलावस्था के बावजूद उग्रवादियों का 200 गज दूर तक पीछा करके गोली चलाई, को पदोन्नत करके हैड कांस्टेबल बनाया जा रहा है। उसे एवार्ड देने की घोषणा भी की गई है। पुलिस ने तीन अज्ञात उग्रवादियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल से उग्रवादियों द्वारा चलाई गई गोलियों के खाली कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अभी यह तय नहीं कर सकी कि उग्रवादी मोटर साइकल पर भागे हैं या स्कूटर पर। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उग्रवादी नीले रंग के बिना नम्बर स्कूटर पर भागे।

घटना लगभग एक बजे हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार श्री साहनी काफी समय से उग्रवादियों की हिट लिस्ट में हैं और उन्हें कई धमकी पत्र भी मिले हैं। चंडीगढ़ पुलिस ने उन्हें गनमैन उपलब्ध कराया था और उनके निवास पर सी.आर.पी.एफ. तैनात है। घटना के बाद सारे क्षेत्र में आतंक फैल गया और लोगों ने शटर गिरा दिए। पुलिस ने केंद्र शासित प्रदेश में अलर्ट जारी कर दिया।

मुठभेड़ में 3 मरे

अमृतसर (वार्ता): सुरक्षा बलों के साथ अमृतसर जिले के मेहता चौक थाना के अंतर्गत गजोहन गांव में कल रात एक मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। पंजाब पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक संयुक्त दस्ते पर आठ से दस आतंकवादियों के गिरोह ने उस समय गोलियां चलाईं जब उन्हें चुनौती दी गई। सुरक्षा बलों ने जवाब में गोलियां चलाईं, जिससे तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि अन्य फरार हो गए। मुठभेड़ 20 मिनट तक जारी रही। पुलिस के अनुसार मृत आतंकवादियों से एक बंदूक (.12), एक दोनाली बंदूक (.12) और एक पिस्तौल (.30) बरामद हुई।

वि.प्र.' के अनुसार एस. एस. पी. इजहार आलम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि उग्रवादी मुठभेड़ वाले क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात के लिए फिरते रहते हैं। इसलिए कई जगह नाकाबंदी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अब पिस्तौलों की खरीद में 30 करोड़ का कमीशन

नई दिल्ली, 17 जून (सूरी) : बोफोर्स कांड के बाद राजधानी के राजनीतिक क्षेत्रों में एक भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री द्वारा पिस्तौलों की खरीद में 30 करोड़ रुपए की कमीशन लिए जाने की चर्चा है। रक्षा मंत्रालय इस आरोप की जांच कर रहा है कि उक्त केंद्रीय मंत्री का रक्षा मंत्रालय से संबंध न होने के बावजूद उसने पिस्तौलों की खरीद के सौदे को किस प्रकार प्रभावित किया। यह पिस्तौलें चैकोस्लोवाकिया से खरीदी गई थीं और अब अनुपयोगी होने के कारण रक्षा मंत्रालय के भंडार की

नये फैशन की प्रदर्शनी EXHIBITION
साड़ीयों, सूट दुपट्टों तथा लहंगों की
लॉटरी

Punjab Sahitani

...ने वाले गिरोह की ... नाम सरवनजीत सिंह

...हा है । लेकिन यह कौन हो सकता है इसके बारे में ...लिस भी अभी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है । ...प्तचर सूत्रों के अनुसार, पंजाब और दिल्ली के ...त्या कांड में आतंकवादियों ने काफी तालमेल से ...म किया । इस पूरी कार्रवाई में गुरचरण सिंह ...नोचाहल का हाथ होने का भी संदेह है । ...नोचाहल पंथक कमेटी के उन पांच सदस्यों में एक ... जिन्होंने स्वर्ण मन्दिर में "खालिस्तान" की घोषणा ... थी ।

इधर दिल्ली पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में ...स बात से इंकार किया गया है कि शनिवार की रात ...ए हत्याकांड में पुलिस लापरवाह रही या समय से ...के पर नहीं पहुंची । विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस ...यंत्रण कक्ष को इस घटना की जानकारी पौने 11 ...जे मिली । पांच मिनट में पुलिस मौके पर पहुंच ...ई । भविष्य में ऐसी घटना रोकने के लिए पुलिस ने ...नेक उपाय किए हैं । दिल्ली से जुड़ी सभी सीमाओं ...र चैक पोस्टें बना दी गई हैं । यहां तैनात पुलिस ...र्मियों को आधुनिक हथियार और उपकरण दिए ...ए हैं । इसके साथ-साथ आतंकवादियों को पकड़ने ...लिए भी पुलिस चौबीस घंटे प्रयास कर रही है ।

विभिन्न मार्गों और चौराहों पर अवरोधक ...ाए गए हैं ताकि वाहनों की जांच की जा सके । ...निवार की घटना में 14 लोग मारे गए थे । ...क्कीस घायल हुए थे । सात घायल अभी भी ...स्पताल में हैं । गम्भीर रूप से घायल निधीश ...ता की हालत अब खतरे से बाहर बताई जाती ... । सत्रह साल का निधीश कैप्टन गुप्ता का बेटा ... । वह उग्रवादियों द्वारा अपहृत डाटसन कार में ... । बाद में आतंकवादियों ने कार में सवार निधीश ...र दो अन्य लोगों को भी गोली मार दी थी । दो ...के पर ही मारे गए थे । निधीश बच गया था । ...ीश की हालत सुधरने से पुलिस को आशा बंधी ...क्योंकि वही उग्रवादियों को पहचान सकने वाला ... मात्र प्रत्यक्षदर्शी है ।

...विद्रोहियों को प्रक्षेपास्त्र

...लंदन, 17 जून : ब्रिटेन और अमरीका ने गुप्त ...से अफगान विद्रोहियों को ज़मीन से हवा में मार ... वाले अत्याधुनिक प्रक्षेपास्त्र उपलब्ध कराए ... दैनिक इंडिपैंडैंट ने यह खबर आज दी । ब्रिटेन ...अमरीका ने सोवियत समर्थित अफगान सरकार ...लाफ लड़ रहे विद्रोहियों को प्रक्षेपास्त्र भेजने की ...वाई 1985 में शुरू की थी ।

...पत्र के अनुसार इस कार्रवाई को सी.आई.ए. ... ब्रिटेन की गुप्तचर एजैंसी ने अंजाम दिया । ... तहत ब्रिटिश सरकार की बेलफास्ट स्थित एक ...ार निर्माता कम्पनी द्वारा निर्मित विमानभेदी ...स्त्र छापामारों को मुहैया किये गये ।

...अखबार ने सूत्रों को उद्धृत करते हुये लिखा कि ...ग तीन सौ 'ब्लोपाइप' प्रक्षेपास्त्र तथा इससे ... में कुछ कम प्रक्षेपकों का आर्डर ब्रिटिश ...र के स्वामित्व वाली कम्पनी "शार्ट्स ...ईल मैन्युफैक्चरर" को दिया गया था परन्तु यह ...हीं कि अफगानिस्तान को कितने प्रक्षेपास्त्र भेजे

3 उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

की गई थी । आधी रात के बाद जब उग्रवादियों का टोला गांव जलाल उस्मान की तरफ से आया तो नाकाबंदी पार्टी ने उसे ललकारा । मुठभेड़ के दौरान 3 उग्रवादी मारे गए और शेष भाग निकले ।

8 गिरफ्तार

श्री आलम ने बताया कि अजनाला पुलिस ने उग्रवादियों की तलाश में छापे मार कर 8 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनमें सुखदेव सिंह, अंग्रेज़ सिंह (हरशा छीना), सतविंदर सिंह (विचला कलां), जस्सा सिंह, रेशम सिंह, बलकार सिंह, दिलबाग सिंह (शाहपुर) तथा जसमेल सिंह (कोट सिद्धा) को गिरफ्तार किया है । रेशम सिंह से 32 बोर का रिवाल्वर मिला है । सभी से पूछताछ जारी है ।

टाइगर्स फोर्स की धमकी

'अशोक सोनी' के अनुसार आज बाद दोपहर अज्ञात व्यक्ति ने टैलीफोन पर अपने-आपको गुरबचन सिंह मानोचाहल द्वारा संचालित "भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान" का लैफ्टीनैंट जनरल स्वर्णजीत सिंह बताते हुए सरकार को धमकी दी कि वह क्षेत्र के जनरल सत्यवाला और ऐसे ही अन्य 'निर्दोष सिख युवकों' को मार कर गलती कर रही है । यदि सरकार ने यह क्रम न रोका तो दिल्ली में उसी तरह फिर 'सबक सिखाया' जाएगा, जैसे वहां पहले 'सिखाया' गया है ।

2 गिरफ्तार

अमृतसर में आज शाम जौड़ा फाटक के पास गश्त कर रही पुलिस ने दो संदिग्ध उग्रवादियों धीर सिंह तथा महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया ।

सामूहिक हत्याकांड में 4 काबू

बाबा बकाला (प्रेम): थाना मेहता के गांव ऊधोके में गत दिवस हरजिंदर सिंह और उसके परिवार के 7 अन्य सदस्यों की हत्या के सम्बन्ध में पुलिस ने हरजिंदर के भाई जोगिंदर सिंह सहित 4 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है । हिरासत में लिए गए अन्य व्यक्तियों के नाम शिंगारा सिंह, जोगिंदर सिंह और गेजा सिंह हैं । गेजा सिंह और शिंगारा सिंह तरसिक्का निवासी हैं ।

उग्रवादी का रिमांड

जालन्धर (न.न.ए.): जालन्धर पुलिस द्वारा कल गिरफ्तार किए गए बब्बर खालसा के सदस्य मंजीत सिंह का इलाका मैजिस्ट्रेट ने दो दिन का पुलिस रिमांड दे दिया । पूछताछ के दौरान कई रहस्योद्घाटन होने की आशा है । कल उससे पूछताछ करके गांव हलेरां में ज़मीन के नीचे रबर की पाईप में छिपा कर रखी गई कार्बाइन, दो खाली मैगज़ीन, 59 जिन्दा कारतूस और पुलिस की 3 वर्दियां बरामद की गईं । इनमें से एक वर्दी थानेदार की, दूसरी हवलदार की और तीसरी कांस्टेबल की है ।

एक और शव मिला

'वि.स.' के अनुसार गत दिन करतारपुर थाना के गांव नंगल शामा के निकट खेतों में पड़ा एक शव मिला, जिसकी पहचान नहीं हो सकी । पुलिस ने सूचना मिलने पर शव कब्जे में ले लिया और यहां सिविल अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम करवाया । पुलिस के अनुसार किसी ने उस व्यक्ति की हत्या कर उसका शव वहां फैंक दिया ।

बंदूक लूट ली

था । पुलिस उन उग्रवादियों के नामों बारे मौन है, जिनसे यह वाहन पकड़े गए हैं ।

2 उग्रवादी पिस्तौलों सहित काबू

फिरोज़पुर (बागी): गत मंगलवार को धर्मकोट पुलिस ने दो उग्रवादियों चमकौर सिंह (भिंडर कलां) और सतनाम सिंह को जलालाबाद के निकट नाकेबंदी के दौरान गिरफ्तार कर लिया । दोनों चोरीशुदा बिना नम्बर वाले स्कूटर पर जा रहे थे । उनसे दो पिस्तौल और कारतूस बरामद हुए हैं ।

बम का आतंक

लुधियाना (ह.स.): स्थानीय मिनी सचिवालय में बम रखा होने की खबर के बाद आज यहां कर्मचारियों में आतंक फैल गया । मिनी सचिवालय के आबकारी और कर विभाग में आज फोन आया था कि इस भवन के एक कार्यालय में बम रखा है । टैलीफोन करने वाले व्यक्ति ने कहा था कि बम में ठीक 12 बजे विस्फोट होगा । यह सूचना मिलते ही सभी अधिकारी और कर्मचारी भयभीत होकर सचिवालय से बाहर निकल आए । पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के कर्मचारियों ने सचिवालय की व्यापक तलाशी ली, परन्तु कुछ भी हाथ न लगा ।

2 आतंकवादी बंदी

'धीमान' के अनुसार लुधियाना पुलिस ने 2 उग्रवादियों लखबीर सिंह लक्खा और अवतार सिंह (दोनों निवासी बोंडली) को गिरफ्तार किया है । उनसे 2 पिस्तौल और कारतूस बरामद हुए हैं ।

बंदूक, रिवाल्वर छीनी

गुरदासपुर (वार्ता): 3 उग्रवादियों ने कल रात श्री हरगोबिंदपुर थाना के गांव छोले में सेना के भूतपूर्व कैप्टन बलबीर सिंह को घायल करके उसकी राइफल, रिवाल्वर और कारतूस लूट लिए । उग्रवादियों ने मकान का दरवाजा खटखटाया और बाहर आते ही उसे गोली मार कर घायल कर दिया । घायल कैप्टन को अपने हाथ में पकड़ा हथियार चलाने का समय ही नहीं मिला । उन्होंने कैप्टन बलबीर सिंह की राइफल छीनने के बाद उसकी पत्नी को .32 बोर का रिवाल्वर देने के लिए मज़बूर किया । उसकी पत्नी घायल नहीं हुई ।

गुरदासपुर से 'विनोद' ने खबर दी है कि जिला पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि गत 7 जून को पठानकोट के पास एक युवक सुरेश कुमार की हत्या करके भागने वाले जो दो उग्रवादी पुलिस भिड़ंत में मारे गए थे उनमें से एक की पहचान हो गई है । वह मजीठा थाना के गांव चननपुरा का रणधीर सिंह उर्फ धीरा था जो 18 मार्च 1987 को पूना की सैनिक बैरक से भागा था ।

दो उग्रवादी बंदी

फगवाड़ा से 'खोसला' के अनुसार थाना सदर पुलिस की पार्टी ने यहां से 5 किलोमीटर दूर पुल के नीचे वारदात करने की नियत से छिपे दो व्यक्तियों ज्ञान चंद और महेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया । दोनों थाना आदमपुर के क्षेत्र के रहने वाले हैं । पुलिस ने उन्हें एस.डी.एम. की अदालत में पेश किया । अदालत ने उन्हें 22 जून तक न्यायिक रिमांड देकर कपूरथला जेल भेज दिया ।

फगवाड़ा के खलवाड़ा गेट में आज 3 उग्रवादियों ने पिस्तौल दिखा कर एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

नहर से शव मिला

...

शरजाह के ...

दुबई, 17 जून ... लगाया है कि शरज... मोहम्मद अल कासिम... घोषणा उसके भाई ... परिणाम है । दुबई ... कहा गया है कि जो ... किसी तरह स्वीकार ... इससे संयुक्त अरब अ... पड़ गई है । इसने स... शासन की स्थापना के... की मांग की है ।

एकीकरण...

नई दिल्ली, 17 ज... एक वंशज का सपना है... बंगलादेश को मिलाक... उन्होंने इन देशों के राज... है कि वे भारत को फिर... तैयार करें ।

शायर मुजफ्फर ... एकीकरण के लिए आध... रास्ता है और वह है एक... भावना और एक-दूसरे ... श्री शिकोह ने कहा कि ... हैं जो बादशाह शाह आ... उन्होंने कहा कि गांधी... पढ़ाया लेकिन वर्तमान... सामना करने के लिए इ... रूप देना जरूरी होगा ।

रामाराव को... पर ...

हैदराबाद, 17 ज... मुख्यमंत्री श्री एन.टी. रा... मंत्री श्री भजन लाल के ... आपत्ति की है जिसमें उ... टाइगर रिजर्व के वनों में... कहा है । पत्रकारों से बा... एक केन्द्रीय मंत्री की तरफ... है जबकि इस तरह का ... गया है । वास्तव में अ... नहीं किया कि वह उठान... सुरंग प्रणाली । उन्होंने... तथा लोगों में अनावश्य... नहीं है ।

श्री एन.टी. राम... के बारे में श्री राम जेठमल... पुलिंदा' कहने के लिए प्र... की आलोचना की । ... उन्होंने कहा "यदि वह ... बोल रहे हैं तो आखिर स... सत्तारूढ़ तेलगू देशम के ... ने मांग की कि श्री जेठमल... श्री राजीव गांधी सच्चाई...

सहकारी क्षेत्र... नई फै...

नई दिल्ली, 17 जून...

Punjabi Sanatani

(पृष्ठ 3 का शेष)

बातचीत के दौरान जो मुद्दे उठाए गए हैं पर आचार्य सहमत थे, उन पर पहले अमल करवाएं अन्यथा और बातचीत का ा होगा । उन्होंने कहा कि हम ने सुशील ी पहली बातचीत में कहा था वे जो धरपर सहित सभी नजरबंदों को रिहा करवाने, कों की बहाली, 1978 के बाद के सारे पसी और सी.आर.पी.एफ. को पंजाब से ए जाने के लिए केंद्र पर दबाव डालें । सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सरकार त्याचार कर रही है । पंजाब में सिखों के कानून नहीं, उन्हें जेलों से निकल. कर हा है । न केवल यह, बल्कि सिखों को भूत अधिकारों से वंचित किया जा रहा है, समुदाय को समाप्त करने के सरकार ा रही है ।

ानि सिंह से जब संवाददाताओं ने पूछा कि ने आतंकवादी जत्थेबंदियों की ओर से बातचीत न करने संबंधी कोई 'संदेश' उन्होंने बताया कि उनको एक टेप मिली पंथक कमेटी, गुरजीत धड़ा, दमदमी और खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से गया है कि केंद्र से बातचीत का कोई लाभ केंद्र ने आज तक सिखों की कोई बात नहीं जब प्रो. दर्शन सिंह से यह पूछा गया कि ा सुशील मुनि को और बातचीत से इंकार प्रभावित होकर किया गया है तो प्रो. दर्शन उचित उत्तर न दे सके ।

रे

(पृष्ठ 3 का शेष)

ने कहा कि पंजाब विकास के सभी क्षेत्रों में तृत्व कर रहा था । उन्होंने आशा प्रकट जाब भविष्य में भी अपने इस स्थान को गा । पंजाब के महत्व पर प्रकाश डालते ने कहा कि गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर द्वारा ट्र-गान में पंजाब का नाम सबसे पहले ।

पाल ने सभी पंजाबियों से आग्रह किया कि ब को और मजबूत बनाने के लिए कठोर करें तथा इसे 21वीं शताब्दी की चुनौतियों ा करने के योग्य बनाएं । गुरु नानक देव ब द सिंह जी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित राज्यपाल ने कहा कि सिख गुरुओं और जाब की इस भूमि पर देश के अन्य भागों में त, भ्रातृत्व का उपदेश दिया । उन्होंने श की एकता व अखंडता के लिए ही कार्य

पाल ने कहा कि शिक्षा संस्थाओं का ल के छात्रों में देश भक्ति, धर्मनिरपेक्षता ई चारे की भावना का विकास होना । भले ही वह स्कूल खालसा स्कूल हो या धर्म स्कूल हो ।

रे ने अपना भाषण पंजाबी में प्रारम्भ किया में वह अंग्रेजी में बोले । उन्होंने क्षेत्रीय के बल पर विकास देते हुए कुछ लोगों से ी कि राष्ट्र की एकता को मजबूत करने के भाषा हिंदी को अपनाएं । इसके साथ ही -विज्ञान की जानकारी के लिए अंग्रेजी का भी किया जाना चाहिए ।

रे ने बाद में नगरपालिका भटिंडा द्वारा ाख रुपए की लागत से निर्मित स्वीमिंग पूल ाटन किया ।

गये ।

ईडिपैंडेंट ने यह भी लिखा है कि पिछले साल सी.आई.ए. ने अफगान सरकार से पिछले 7 वर्षों से संघर्षरत मुस्लिम विद्रोहियों को स्टिंगर प्रक्षेपास्त्र उपलब्ध कराए थे । ब्रिटेन की सरकार की ओर से इस समाचार पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की गई ।

अचानक गोली चलने से सिपाही घायल

अमलोह, 17 जून (भूषण): आज बाद दोपहर एक सिपाही से अचानक गोली चलने से सोमनाथ नामक एक अन्य सिपाही घायल हो गया । बताया जाता है कि सिपाही गश्त पर जा रहे थे कि मार्ग में उनका मोटर साइकल खराब हो गया । जिस स्थान पर मोटर साइकल खराब हुआ, उसके निकट ही गुरइकबाल सिंह नामक एक सिपाही भी बैठा था । उससे ही अचानक गोली चली और सोमनाथ घायल हो गया ।

ज़ैल सिंह के लिए विदाई समारोह 22 को

नई दिल्ली, 17 जून (वार्ता): अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संगठन 22 जून को तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिंह के लिए विदाई समारोह का आयोजन करेगा । स्वतंत्रता सेनानी संगठन की विज्ञप्ति के अनुसार इस अवसर पर एकत्र स्वतंत्रता सेनानी देश की एकता, अखंडता की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदम पर भी विचार करेंगे ।

अत्याधुनिक युद्धपोत बनाने में आत्मनिर्भरता

नई दिल्ली, 17 जून : रक्षामंत्री श्री कृष्ण चंद्र पंत ने आज यहां कहा कि देश ने नवीनतम एवं अत्याधुनिक युद्धपोत बनाने में काफी हद तक आत्म निर्भरता हासिल कर ली है । अपने मंत्रालय की संसदीय समिति में उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय के मझगांव डॉकयार्ड और गोआ शिपयार्ड अब इस स्थिति में पहुंच गए हैं कि उनमें नवीनतम युद्ध पोतों का निर्माण किया जा सके । इनको आधुनिक यंत्रों और मशीनों से लैस किया जा रहा है जिससे यहां पर पनडुब्बी, विध्वंसक युद्धपोत, फ्रिगेट सहित सभी किस्म के युद्धपोतों का निर्माण किया जा सके ।

नशीली दवाओं की तस्करी पर रोक के उपाय विचाराधीन

नई दिल्ली, 17 जून : दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (दक्षेस) के देश नशीली दवाओं की तस्करी पर रोक लगाने के लिए व्यापक उपायों पर विचार कर रहे हैं । नशीली दवाओं की तस्करी और सेवन निरोधक सम्बन्धी दक्षेस की तकनीकी समिति ने सुझाव दिया है कि सम्बन्धित देशों को नशीली दवा सम्बन्धी विधेयक और ज्यादा सुसंगत बनाना चाहिए ताकि तस्करी में लगे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके ।

तकनीक समिति की रिपोर्ट विचार हेतु विदेशी सचिवों की बैठक में रखी गई रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि दक्षेस देशों की नशीली दवा निरोधन एजेंसियों को इसकी तस्करी तथा तस्करों पर नजर रखनी चाहिए और इस सम्बन्ध में आपस में एक दूसरे को सूचनाएं देनी चाहिएं ।

रिवाल्वर और बंदूक की नोक पर आज प्रातः थाना गोराया के गांव अनीर में प्रभजीत सिंह से उसकी लाइसैंसशुदा .12 बोर की बंदूक और 8 कारतूस लूट लिए ।

कार उड़ा ली

जालन्धर की न्यू जवाहर नगर कालोनी में आज एक अधेड़ आयु का उग्रवादी श्री एम. एम. धवन की अम्बैसेडर कार, जो उनके घर के बाहर खड़ी थी, को उड़ा ले गया । श्री धवन अपनी कार को घर के बाहर खड़ी करके अभी घर के अंदर गए ही थे । पुलिस सूत्रों के अनुसार कार के मालिक और परिवार के कुछ सदस्यों ने उग्रवादी को कार ले जाते हुए देखा लेकिन शोर नहीं मचाया । उनके अनुसार उग्रवादी की आयु 40-45 के बीच थी । पुलिस जांच कर रही है ।

लावारिस कार मिली

इसी दौरान सी.आर.पी.एफ. की गश्ती टुकड़ी ने आज दोपहर लाडोवाली रोड से एक लावारिस अम्बैसेडर कार सी.एच.जैड. 218 बरामद की ।

स्कूटर सहित बंदी

रामपुराफूल (भ.स.): रेलवे स्टेशन के निकट एक दुकान के बाहर खड़े एक चेतक स्कूटर 2 उग्रवादी लेकर भागे गए लेकिन घेराबंदी के आधे घंटे के भीतर ही आर्य हाई स्कूल के निकट सीमा सुरक्षा बल ने दोनों को स्कूटर सहित पकड़ लिया ।

सुनार लूटा

मोगा (ह.स.): दो आतंकवादियों ने कल रात बल्ला गांव के निकट सुनार से आभूषण लूट लिए । इस वारदात की विस्तृत रिपोर्ट अभी नहीं मिली है । अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के. पी. एस. गिल ने कल सायं यहां पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ जिला की कानून-व्यवस्था की स्थिति बारे विचार-विमर्श किया ।

उग्रवादियों की शिनाख्त

पटियाला से मिली एक रिपोर्ट के अनुसार रोपड़ जिले के कैनोट गांव के निकट कल रात पकड़े गए आतंकवादियों के नाम अमरजीत सिंह और सुरजीत सिंह हैं । इनके फरार हो गए तीसरे साथी का नाम ध्यान सिंह बताया जाता है । पुलिस ने इनके चोरी के स्कूटर से कुछ हथियार भी बरामद किए हैं ।

4 पकड़े

होशियारपुर (प्रद्युम्न): टांडा पुलिस ने 4 उग्रवादियों को पकड़ा है । इनके नाम हैं गुरमीत सिंह, शाम सुन्दर, महेंद्र सिंह और चमन लाल । इनके कब्जे से 12 बोर का पिस्तौल और 11 कारतूस बरामद किए हैं । उन्हें नाकाबंदी के दौरान टाहली गांव में पकड़ा तथा उन्होंने भागने की कोशिश की मगर असफल रहे । टांडा क्षेत्र में उग्रवाद की जितनी भी घटनाएं हुई हैं उक्त उग्रवादी उनमें वांछित थे ।

एक बंदी, मोटर साइकल, कार बरामद

संगरूर (गोयल) : तपा थाना के गांव मेहता के एक उग्रवादी मेजर सिंह को गिरफ्तार करके पुलिस ने 12 बोर की देसी पिस्तौल और 2 कारतूस बरामद किए । कल रात संगरूर पुलिस ने गुरुद्वारा नानकाना साहिब के निकट नाकेबंदी के दौरान एक चोरीशुदा मोटर साइकल नं. पी.ए.बी. 9177 बरामद किया जो धूरी थाना के गांव भदलवार के तजिंदर पाल से छीना गया था । जिला पुलिस ने एक चोरीशुदा प्रीमियर पद्मिनी कार नं. पी.बी.पी. 414 बरामद की जिसकी प्लेट से अंतिम चार का अंक मिटाया गया

निकाला गया । कि शव पर घाव के । शव की शि हत्या का मामला

राष्ट्रीय सु अंत तक

नई दिल्ली, बांडों-1980 रिजर्व बैंक आफ बम्बई, कलकत्त मद्रास, नागपुर, डैबिट कार्यालयों बांडों के धारक में से किसी के सा या अपने प्रतिनि कर सकते हैं 1980 में पूर्ण धारकों ने इन्हें था ।

बड़े हमारी पंज जी (सुपर 8.6.198 हैं । रस्म बजे से सा नं. 176 हरियाणा

मंगल सैन दिवान चं अशोक कृष्ण ला प्राण और सोनू, मो

आ सूचित श्रीमती स्वर्गवास को हो 18.6. 5.00 मंडी, अ

उत्तम चंद मनीश खु

Punjabi Sahapedia

उग्रवादियों द्वारा महिला की हत्या, मुठभेड़ में चार आतंकवादी पकड़े गए : सुरक्षा बलों द्वारा छापे व धरपकड़ जारी

चंडीगढ़, 18 जून (संघी, वार्ता, ह.स.): पंजाब में उग्रवादियों ने गत 24 घंटों के दौरान तरनतारन क्षेत्र में एक महिला की हत्या कर दी व उसके पिता व भाई को घायल कर दिया । सुरक्षा बलों ने जिला गुरदासपुर में मुठभेड़ के बाद 4 आतंकवादियों को बंदी बना लिया । पुलिस ने पटियाला जिले में 6 उग्रवादियों को पकड़ा है । प्रदेश भर में विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने 30 के लगभग संदिग्ध आतंकवादियों व उन्हें शरण देने वालों को गिरफ्तार किया । चंडीगढ़ में गत दिनों सैक्टर 44 में जालंधर के एक पुलिस इंस्पैक्टर श्री हरजीत सिंह की हत्या के मामले में वांछित एक कुख्यात आतंकवादी राजेंद्रपाल सिंह उर्फ जिम्मी की पुलिस सरगर्मी से खोज कर रही है । पुलिस के अनुसार वह चंडीगढ़ में ही है तथा कल चंडीगढ़ में एक अकाली नेता श्री साहनी पर हुए घातक हमले में भी वह शामिल था ।



जिम्मी चंडीगढ़ में

चंडीगढ़ के सैक्टर 44 में गत दिनों हुई एक मुठभेड़, जिसमें जालन्धर का एक पुलिस इंस्पैक्टर मारा गया था, के सम्बन्ध में पुलिस को वांछित कुख्यात आतंकवादी रजिन्द्र पाल सिंह उर्फ जिम्मी अभी तक चंडीगढ़ में ही छिपा हुआ है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिम्मी, जो कि दिल्ली पुलिस को भी कई बम कांडों के सम्बन्ध में वांछित है, को कल चंडीगढ़ में एस.जी.पी.सी. सदस्य श्री जोगिन्दर सिंह साहनी पर हुए घातक हमले में भी संलिप्त पाया गया है । पुलिस के अनुसार कुछ प्रत्यक्षदर्शियों को आतंकवादियों की कुछ तस्वीरें दिखाई गईं उनमें जिम्मी की तस्वीर भी थी तथा कुछ व्यक्तियों ने इस बात की पुष्टि भी की है कि श्री साहनी पर हुए हमले में जिम्मी शामिल था । इससे पुलिस की इस धारणा को बल मिला है कि जिम्मी अभी शहर में ही कहीं छिपा हुआ है । उसका पता लगाने के लिए पुलिस कई स्थानों पर तलाशियां ले रही है ।

आज पत्रकारों से वार्ता के दौरान चंडीगढ़ पुलिस के आई.जी. श्री वी.एन. सिंह ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने श्री साहनी पर हमला करने वालों में एक को पहचाना है, परन्तु उन्होंने उस आतंकवादी का नाम बताने से इन्कार कर दिया । उन्होंने बताया कि ये आतंकवादी जिस नीले स्कूटर पर फरार हुए थे अभी तक उसका पता नहीं चल सका है ।

श्री सिंह ने बताया कि श्री साहनी के गनमैन 28 वर्षीय बलबीर सिंह को बहादुरी दिखाने के लिए एडहाक पर हैड कांस्टेबल पदोन्नत किया गया है तथा एक हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया है । उन्होंने कहा कि अभी तक इस सम्बन्ध कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है ।

गत दिनों स्थानीय 44 सैक्टर की मुठभेड़ की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा इस मुठभेड़ के सम्बन्ध में वांछित आतंकवादी रणजीत सिंह के भाई सुरिन्दर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसे लाने के लिए चंडीगढ़ का एक पुलिस दल बंगा भेजा गया है । उन्होंने कहा कि इस बारे अभी कोई असली आतंकवादी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है पर उनको शरण देने के आरोप में पांच व्यक्ति गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि कल श्री साहनी पर हुए हमले में पुलिस को जो दो गोलियों के खोल मिले हैं वे .455 पिस्तौल के हैं । उन्होंने कहा कि ये खोल सैक्टर-44 के मकान से मिले कारतूसों के खोलों से नहीं मिलते हैं ।

उन्होंने बताया कि 44 सैक्टर की मुठभेड़ में वांछित आतंकवादियों का पता लगाने के लिए चंडीगढ़ पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का एक दल सोलन जिला गया था । वहां से कोई आतंकवादी तो नहीं मिला पर वहां के गांव कम्हार हट्टी से इनके साथ सम्बन्ध होने के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया है ।

महिला की हत्या

अमृतसर : गत रात जिला अमृतसर के तरनतारन थाना के अंतर्गत गांव राठोरे में आतंकवादियों ने एक महिला की हत्या कर दी तथा उसके पिता व भाई को घायल कर दिया ।

मुठभेड़ के बाद चार गिरफ्तार

गुरदासपुर (त्रिनेत्र, कंछड़): श्रीहरगोबिन्दपुर पुलिस थाने के गांव बल्लेवाल में पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद कल रात चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जे.बी. विरदी के अनुसार इन चारों आतंकवादियों की शिनाख्त मुख्तार सिंह, तरसेम सिंह, लखविंदर सिंह और जोगिन्दर सिंह के रूप में की गई है ।

श्री विरदी ने बताया कि कल रात जब बल्लेवाल पुल के निकट सुरक्षा बलों ने इन्हें ललकारा तो इन्होंने सुरक्षा बलों पर गोली चला दी । सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग करके थोड़ी ही देर में इन पर काबू पा लिया । पुलिस ने इनके कब्जे से 12 बोर की चार पिस्तौलें बरामद की हैं ।

मामला दर्ज

थाना श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों के विरुद्ध उत्तेजक भाषण देने के आरोप में मामला दर्ज किया है । पुलिस के अनुसार इनमें गांव चम्मन के गुरबचन सिंह, उनकी पत्नी गुरदीप कौर और पुत्री दलजीत कौर शामिल हैं ।

संदिग्ध व्यक्ति बंदी

होशियारपुर (अश्विनी): पुलिस ने गत रात्रि नाकाबंदी के दौरान गांव हांडवाल से सुखविंदर सिंह नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । उक्त व्यक्ति बल्लीपुर थाना मुल्लीपुर दाखा, जिला लुधियाना का रहने वाला है । पुलिस को उसके कब्जे से 315 बोर के कुछ कारतूस बरामद हुए ।

इस बीच पुलिस ने सहापुर गांव के जसवन्त सिंह और कश्मीरा सिंह को हिरासत में लिया है । जबकि गांव रंधावा से अजीत सिंह, मानसिंह और सुरजीत सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है ।

शव मिला

आज प्रातः जिला होशियारपुर की थाना टांडा पुलिस ने गांव तलवंडी कलां के निकट एक किशोरी बिमला देवी का शव बरामद किया । शव पर तेज़धार हथियार के घाव थे । समझा जाता है कि इसकी बलात्कार के बाद हत्या की गई है ।

पिस्तौल छीना

जालन्धर (वार्ता): आज प्रातः तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों ने नवांशहर पुलिस थाने के तहत बेहरामियन गांव में सतनाम सिंह नाम के एक व्यक्ति के घर से उसका रिवाल्वर लूट लिया । पुलिस के अनुसार एक अन्य घटना में दो अज्ञात सशस्त्र युवकों ने आज सवेरे नूरमहल थाने के तहत जंडियाला में जसकरन कुमार नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया । यह व्यक्ति वहां पैट्रोल पम्प से पैट्रोल डलवाने के लिए खड़ा था ।

आज बाद दोपहर एक और घटना में दो अज्ञात सशस्त्र युवकों ने नूरमहल पुलिस थाना के अंतर्गत गांव धानी के निकट एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

सुरक्षा बलों द्वारा छापे

पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों ने आतंकवादियों की तलाश में आज सुबह आदमपुर थाना के कुछ गांवों में संयुक्त रूप से छापे मारे ।

पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सुबह छः बजे तक जारी इन छापों में लगभग एक दर्जन संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । सूत्रों ने बताया कि इन छापों के दौरान स्टेनगन, पिस्तौल, रिवाल्वर सहित बड़ी संख्या में हथियार तथा गोली सिक्का बरामद किया गया है ।

छीना स्कूटर बरामद

फगवाड़ा, (खोसला) : कल खिलवाड़ा गेट के निकट दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोंक पर जो स्कूटर छीन लिया था, वह आज थाना सदर की गश्ती पार्टी को मिल गया । यह स्कूटर उसके मालिक के हवाले कर दिया गया है ।

छः आतंकवादी गिरफ्तार

पटियाला, (भूषण) : पटियाला पुलिस ने विभिन्न आतंकवादी गुटों से सम्बद्ध छः आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनमें सुखजीत सिंह उर्फ सुरजीत सिंह तथा कश्मीरा सिंह उर्फ फौजी नामक दो कुख्यात आतंवादी भी शामिल हैं । ये दोनों पुलिस को गत 6 जून को बादशाहपुर में हुए एक हत्या कांड, जिसमें गोरा लाल तथा कमला देवी नामक दम्पति की हत्या की गई थी, के सम्बन्ध में वांछित थे ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Gallery



गत रात पुलिस थाना सुलतानपुर के अन्तर्गत गांव सबदुल्लापुर के निकट नाकाबंदी करके पकड़े गए आतंकवादियों से 12 बोर की बंदूक, सात रिवाल्वर, एक टेप रिकार्डर, अनेक गोलियां बरामद की गई । (छाया : शर्मा)

महिला की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

गिरफ्तार किए गए चार अन्य आतंकवादियों की शिनाख्त बलबीर सिंह उर्फ बीरा, मंजीत सिंह चाना, राकेश कुमार उर्फ बिल्लू तथा बरिन्दर सिंह उर्फ टिन्टा के रूप में की गई है । ये सभी पटियाला जिला के रहने वाले हैं ।

पुलिस महानिदेशक श्री रिबैरो ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 6 जून की हत्या कांड के सम्बन्ध में गिरफ्तार दो आतंकवादियों के कब्जे से एक स्टेनगन, चार जीवित कारतूस, एक 303 की राइफल तथा इसके चार जीवित कारतूस तथा एक स्कूटर बरामद किया गया है । इसके अतिरिक्त अन्य चार आतंकवादियों से 50 हजार के चोरी शुदा आभूषण तथा 10 हजार की अन्य चोरी शुदा सम्पत्ति बरामद की गई है ।

पांच आतंकवादी गिरफ्तार : हथियार भी बरामद

कपूरथला, (शर्मा) : जिला के एस.एस.पी. श्री लेखी ने बताया कि गत रात्रि जिला पुलिस ने थाना सुल्तानपुर लोधी के अन्तर्गत धुस्सी बांध पर गांव सरदलपुर के निकट नाकाबंदी के दौरान जिला अमृतसर तथा कपूरथला में पिस्तौल की नोक पर लूट की घटनाएं करने वाले अन्तरजिला गिरोह के नेता बलविन्दर सिंह उर्फ बिल्लू समेत पांच कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार करके कब्जे से शस्त्रादि बरामद किए हैं । गिरफ्तार किए गए बलविन्दर सिंह उर्फ बिल्लूवासी खवासपुर थाना बैरोवाल से एक 12 बोर बन्दूक एक नाली तथा 6 कारतूस, सच्चा सिंह वासी सैयदपुर थाना सुल्तानपुर लोधी से एक पिस्तौल 315 बोर समेत 2 गोलियां, जसबीर सिंह उर्फ मेहर सिंह वासी रामा थाना सुल्तानपुर लोधी से 315 बोर पिस्तौल एक गोली, शिंगारा सिंह वासी दुन्दूपुर से एक 12 बोर पिस्तौल समेत 2 कारतूस तथा जोगा सिंह वासी पलासोर थाना सिटी तरनतारन से एक 303 पिस्तौल समेत दो गोलियां बरामद की गई हैं ।

प्राथमिक पूछताछ में इन कथित आतंकवादियों ने पुलिस को बताया कि उनके 8 सदस्यों के गिरोह ने पिस्तौल की नोक पर जिला अमृतसर में 18 तथा जिला कपूरथला में 2 लूट की घटनाएं की हैं । पकड़ी गई 12 बोर की बन्दूक थाना बैरोवाल के गांव बड़ंग से 3 माह पहले छीनी थीं एक 32 बोर का रिवाल्वर तरनतारन बाई पास पर छीना था जिला कपूरथला के थाना सुल्तानपुर लोधी के गांव शालापुर बेट से एक बी.सी.आर., एक टेप रिकार्डर, सोने के जेवरात तथा कपड़े कर्म चन्द के घर से लूटे थे । गांव सैयदपुर से 5000 रुपए नकद 7 तोले सोने के जेवरात तथा कपड़े, पिस्तौल की नोंक पर छीने थे ।

अब उनकी योजना धर्मकोट के खसरों को लूटने की थी क्योंकि उन्हें सूचना मिली थी कि इनके पास 2 किलो सोना है । इसके अतिरिक्त वह मलसियां पोस्ट आफिस को भी लूटना चाहते थे । जिला कपूरथला के गांव में ठीकरी पहरा होने के कारण वह गांव तलवंडी चौधरियां तथा चलदा में लूटों के प्रयास में सफल नहीं हो सके थे । इस गिरोह के शेष तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस प्रयास कर रही है ।

एक गिरफ्तार

संगरूर, (गर्ग) : जिला पुलिस ने एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार करने का दावा किया है । जिला पुलिस प्रमुख ने बताया है कि इस गिरफ्तार आतंकवादी का नाम पूर्ण सिंह है तथा यह गांव बटवां का रहने वाला है । उन्होंने बताया कि इसके कब्जे से पुलिस को एक दोनाली बन्दूक तथा कुछ कारतूस मिले हैं । उससे पूछताछ की जा रही है ।

आपत्तिजनक पोस्टर :

यहां कई स्थानों पर खालसा राज कमांडो फोर्स के आपत्तिजनक पोस्टर लगे पाए गए जिनमें कई उत्तेजक बातों के अलावा यह भी लिखा गया है कि यदि झूठे पुलिस मुकाबले बंद न किए गए तो पड़ौसी राज्यों में गड़बड़ की जाएगी ।

इसके नीचे फोर्स के तथाकथित कमांडर इन-चीफ भाई कुलजीत सिंह तथा लैफ्टी. जनरल भाई मन्जीत सिंह के हस्ताक्षर हैं । इसमें इस संगठन के विरोधियों को शरण देने वालों को 'सोधने' की भी धमकी दी गई है ।

ठेका लूटा :

गोयल के अनुसार गत रात निकटवर्ती गांव किला हाकिमा में तीन अज्ञात संदिग्ध आतंकवादियों ने देसी शराब का ठेका लूट किया तथा इसके मालिक बलबीर सिंह को तेजधार हथियारों से गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे संगरूर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी दशा खतरे से बाहर बताई गई है ।

छीना हुआ मोटर साइकल मिला

धूरी (सिंगला) : गत 21 अप्रैल को निकटवर्ती गांव हाँडिया के निकट धूरी के एक कमीशन एजेंट से छीना गया हीरो होंडा मोटर साइकल मिल गया है । बताया गया है कि पुलिस की एक गश्ती पार्टी ने इस मोटर साइकल पर आ रहे दो युवकों को रुकने का संकेत किया तो वे मोटर साइकल भगा ले गये । पुलिस ने उनका पीछा किया और मोटर साइकल बंद हो जाने के कारण वे मोटर साइकल छोड़ कर भाग गए । पुलिस ने मोटर साइकल कब्जे में ले लिया है ।

दकानदार लूटा

मोगा (सर्व): गत रात यहां से 15 कि.मी. दूर गांव बुधन कला के निकट कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने देस राज नामक एक दुकानदार से उस समय सोने के आभूषण तथा हजारों रुपये नकद छीन लिए जब वह अपने घर लौट रहा था । ज्ञात हुआ है कि लुटेरों ने उसे धमकी दी कि यदि घटना की सूचना पुलिस को दी तो गम्भीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे ।

4500 रुपए छीने

जालन्धर, (न.न.ए.) : आज सायं साढ़े पांच बजे थाना सदर के गांव चौगिट्टी में कुमार गैस एजैंसी के गोदाम से एक सेल्जमैन से कुछ अज्ञात व्यक्ति 4500 रुपए छीन कर ले गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

लोकदल-भाजपा को बहुमत

(पृष्ठ 1 का शेष)

छछरौली सीट इंका के असलम खां ने जीत ली है ।

नूंह से लोकदल (ब) के खुर्शीद अहमद अपने निकटतम इंका प्रतिद्वंद्वी श्री मुहम्मद इलियास को 27900 मतों के अन्तर से हराकर जीत गए हैं ।

सोहना से धर्मपाल (निर्द.) अपने निकटतम (इंका) प्रतिद्वंद्वी और भूतपूर्व मंत्री कन्हैया लाल पोसवाल को 9028 मतों के अन्तर से हराकर जीत गए हैं ।

फरीदाबाद की बल्लभगढ़ सीट पर शिक्षा मंत्री शारदा रानी को लोकदल (ब) के योगेश चन्द्र शर्मा ने 16081 मतों से पराजित किया ।

जगाधरी से डा. बृज मोहन (भाजपा) ने अपने इंका प्रतिद्वंद्वी डा. ओम प्रकाश शर्मा को 12455 मतों के अन्तर से हरा दिया ।

हसनपुर सीट पर लोकदल (ब) के उदयमान ने कांग्रेस (इ) के छोटे लाल को 4472 मतों से पराजित किया ।

महेन्द्रगढ़ में भाजपा के राम बिलास शर्मा ने इंका के हरिसिंह को 17049 मतों के अन्तर से हराया और सीट बरकरार रखी ।

दड़बाकलां में लोकदल (ब) प्रत्याशी श्रीमती बेनीबाल ने इंका के बहादुर सिंह को 28653 मतों से हराकर लोकदल के लिए इंका से सीट हथियाई ।

सोनीपत की सीट भाजपा के देवी दास ने इंका के श्याम दास को 15,745 मतों से हराकर बरकरार रखी ।

रोहट में लोकदल (ब) के श्री महेंद्र सिंह दहिया ने 12 कोणीय मुकाबले में कांग्रेस (इ) पार्टी के श्री रिजक राम को 20 हजार से अधिक मतों से पराजित किया ।

नीलोखेड़ी में निर्दलीय जयसिंह ने विजय प्राप्त की है । 1982 में भी वह यहां निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में में जीते थे ।

घरौंडा में लोकदल (ब) के पीरु राम ने डिप्टी स्पीकर वेदपाल (इंका) को हरा दिया इंका से यह सीट छिन गई है ।

कालका में कांति प्रकाश भल्ला (लोकदल ब) ने इंका के बजभूषण को 6772 मतों से हरा कर सीट हथिया ली ।

पानीपत में इंका के बलबीर पाल शाह ने निर्दलीय प्रत्याशी कस्तूरी लाल को 10974 से हराकर सीट पर कब्जा जमाया ।

भट्टूकलां में लोकदल (ब) के सम्पत सिंह ने इंका प्रत्याशी मनीराम गोदारा को 17000 मतों से पराजित कर दिया । यह सीट इंका से छीनी है ।

रोड़ी में लोकदल (ब) प्रत्याशी और देवी लाल के बेटे रणजीत सिंह ने इंका मंत्री जगदीश नेहरा को 18194 मतों से हरा कर इंका की सीट छीनी ।

गोहाना में लोकदल (ब) के किशन सिंह ने इंका के रतिराम को 19124 मतों से पराजित कर सीट

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

हकलाना

हकलाना, तुतलाना सफल इलाज, तजुर्बा 22 साल, दाखला शुरू । पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

बिकाऊ

1. Hotel Furniture 2. D Freezer,

चिकित्सा

आयुर्वेदिक चमत्कार ! हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत और तंदरुस्ती हासिल करके आनंदमयी जीवन व्यतीत करें । डाक्टर सत्यपाल बहल, चौक निमवाला, लुधियाना-141008.

किराए पर

एक ही परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : एक उग्रवादी मारा गया

चंडीगढ़, 19 जून (ह.स., स. वार्ता): पुलिस की वर्दियां पहने 8 उग्रवादियों ने गत रात्रि तरनतारन जिला अमृतसर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की फायरिंग करके हत्या कर दी । मृतकों में एक लड़की भी शामिल है । अमृतसर पुलिस ने गत रात्रि 5 उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए जबकि फगवाड़ा में एक उग्रवादी पकड़ा ।

बाप, बेटे, बेटी की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर के कस्बा तरनतारन में गत आधी रात्रि को एक ही परिवार के तीन सदस्यों की 7-8 उग्रवादियों द्वारा हत्या किए जाने की सूचना मिली है । मृतकों में बाप, बेटा और बेटी शामिल हैं । प्राप्त विवरणों के अनुसार गत रात्रि जिला अमृतसर के कस्बे तरनतारन के महल्ला जसवंत सिंह में पुलिस की वर्दी पहने सात-आठ उग्रवादी शरणागत सिंह नामक व्यक्ति के घर में बलात् घुसे और मकान की छत पर जा चढ़े । छत पर जाकर उग्रवादियों ने शरणागत सिंह और उसके लड़के हरचरण सिंह उर्फ हरजिन्दर सिंह पर गोलियां बरसाईं और उनकी हत्या कर दी । बताया जाता है कि अपने बाप और भाई की हत्या होते देख कर शरणागत सिंह की बेटी बलविन्द्र कौर भी छत पर आ गई । उसने जब आतंकवादियों को उन्हें माफ करने को कहा तो उन आतंकवादियों ने बलविन्द्र कौर को भी गोलियां मार दीं, जिससे वह भी घटना स्थल पर ही दम तोड़ गई । पुलिस ने बताया है कि यह हत्याकांड कुख्यात आतंकवादी रणजीत सिंह राणा के गिरोह द्वारा किया और हत्यारों ने स्टेनगन, 315 बोर और 12 बोर के शस्त्र प्रयुक्त किए ।

क्रांतिकारी कमांडो पुलिस का सदस्य था ?

एक सूचना के अनुसार मृतक शरणागत सिंह मृतपर्व पुलिस कर्मचारी था और कथित रूप से वह रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों द्वारा उग्रवादियों के विरुद्ध बनाई गई क्रांतिकारी कमांडो पुलिस से संबंधित था लेकिन पुलिस सूत्र इसकी पुष्टि नहीं कर रहे हैं ।



पुलिस वर्दियां पहने 8 उग्रवादियों ने शुक्रवार को तरनतारन में एक ही परिवार के तीन सदस्यों (बाएं से दाएं) बाप शरणागत सिंह, उसके बेटे हरचरण सिंह और उसकी युवा बेटी बलविन्द्र कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादी का साथी था

एक अन्य सूचना के अनुसार हरचरण सिंह उर्फ जज का कथित उग्रवादी पप्पू बाजवा, जो गत मास तरनतारन क्षेत्र में एक मुकाबले में मारा गया था, के साथ निकट का संबंध था । घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और क्षेत्र की नाकाबंदी करके मामले की जांच प्रारम्भ कर दी ।

5 उग्रवादी गिरफ्तार

गत रात्रि पुलिस ने 5 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे 3 आग्नेय शस्त्र बरामद किए । जिला पुलिस के अनुसार 3 संदिग्ध उग्रवादी अब्बाल पुलिस ने पकड़े और उनसे 303 की 3 पिस्तौलें और 12 कारतूस बरामद किए । मजीठा में पुलिस ने गत रात्रि दो संदिग्ध उग्रवादियों को उग्रवाद निरोधक गतिविधियों के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया ।

उग्रवादी मारा गया

आज सायं अमृतसर के सुल्तानविंड क्षेत्र में

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sanwad

उग्रवादी मरा

(पृष्ठ 1 का शेष)

सुरक्षा बलों के हाथों एक उग्रवादी मारा गया । बताया जाता है कि सुल्तानविंड में स्थित गुरुद्वारा तूत साहिब के निकट सुरक्षा बलों, जो क्षेत्र में गश्त पर थे, ने दो कथित उग्रवादियों को संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए पाया । उन्हें जब रुकने के लिए कहा गया तो दोनों भाग खड़े हुए, इस पर सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया । प्राप्त सूचना में कहा गया है कि दोनों आतंकवादी जब छतें फांद कर निकल भागने की कोशिश कर रहे थे तो सुरक्षा बलों ने गोली चलाई, जिससे एक उग्रवादी मारा गया, जबकि दूसरा, जिसके पास आग्नेय-शस्त्र थे भाग निकलने में सफल हो गया । पुलिस अभी मृतक उग्रवादी का नाम नहीं बता पाई, लेकिन सूत्रों का कहना है कि मृतक कुख्यात अपराधी था ।

अमृतसर के सुल्तानविंड क्षेत्र में आज सायं सुरक्षा बलों ने 2 उग्रवादियों में से एक को मार गिराया ।

शव मिला

पटियाला (ह.स.): आज प्रातः यहां माल रोड पर महात्मा गांधी के बुत के निकट एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला । पुलिस के अनुसार शव की गर्दन पर तेजधार शस्त्र से आए घाव थे । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर दी है ।

धमकी भरे पोस्टर पाए गए

संगरूर (गोयल): आज तड़के यहां बनासर गार्डन की दीवार पर पंजाबी भाषा में हस्तलिखित खालसा कमांडो फोर्स के नाम से एक पोस्टर लगा पाया गया, जिसमें पुलिस द्वारा नकली मुकाबलों में सिख युवकों की हत्याओं के विरुद्ध धमकी दी गई है । पोस्टर में अल्पसंख्यक हिन्दुओं को धमकी दी गई है कि यदि उन्होंने हिन्दू उग्रवादियों के साथ सहानुभूति व्यक्त की या उन्हें आश्रय दिया तो उन्हें किसी प्रकार भी बख्शा न जाएगा । पुलिस ने पोस्टर को हटा दिया । पुलिस पोस्टर लगाने वाले की खोज कर रही है । एक सप्ताह पूर्व भी जिले में ऐसे पोस्टर लगे पाए गए थे ।

सेल्ज़मैन चाहिए

हमारे फ़ैक्टरी के शोरूम में रैडीमेड शर्ट्स, कुर्ता-पाजामा आदि की बिक्री के लिए अनुभवी सेल्ज़मैन चाहिए ।

SANDS SHIRTS,
13-New Jawahar Nagar,
JALANDHAR CITY.

खुशखबरी खुशखबरी

व्यापारी भाइयों की सहूलियत के लिए

अमृतसर से बंगलौर

और

लुधियाना से बम्बई और बंगलौर

के लिए सीधी ट्रांस्पोर्ट सर्विस 22.6.87 से शुरू हो रही है ।

* अमृतसर से बंगलौर सिर्फ़ 120 घंटे
* सामान को सुरक्षित पहुंचाने की गारंटी
* क्लेम की शीघ्र अदायगी

—: बुकिंग के लिए मिलें :—

केवल कारगो कैरियर्ज़ (प्राईवेट) लिमिटिड,

शहीद भगत सिंह रोड, अमृतसर ।	प्लाट नं. 1, ट्रांस्पोर्ट नगर, लुधियाना ।	46-मवाली रोड, बंगलौर ।
Phones : 47762, 32300.	Phone : 39723 P.P	Phones : 223588, 223599.



फगवाड़ा पुलिस द्वारा वीरवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि को गिरफ्तार किए गए कथित उग्रवादी जसदीप सिंह से बरामद 12 बोर की पिस्तौल और कारतूस । (छाया : कौड़ा)

उग्रवादी ने धोखे से विवाह करवा लिया था

फिरोजपुर (बागी): फिरोजपुर के एस.एस.पी. श्री आर.एस. चालिहा ने 'ए' श्रेणी के दुर्दांत उग्रवादी गुरदेव सिंह सतियावाला थाना सदर धार्मिक व्यक्ति होने का दावा करता था, के संदिग्ध चरित्र के बारे में दिलचस्प रहस्योद्घाटन आज यहां किया । उन्होंने कहा कि गुरदेव सिंह सतियावाला ने सबसे बड़ी बैंक डकैती की योजना बनाई थी और उसके सिर पर एक लाख रुपए का पुरस्कार था । कुछ दिन पूर्व बाघा पुराना (जिला फरीदकोट) के निकट पुलिस मुकाबले में वह मारा गया । श्री चालिहा ने बताया कि वह स्वयं को विदेश में रहने वाला एक धनाढ्य युवक बताता था । उसने थाना धर्मकोट जिला फिरोजपुर के गांव कड़ियाला के मेहर सिंह की कंवारी लड़की जोगेन्द्र कौर को धोखा दिया । उसने लड़की के मां-बाप को अपनी लड़की की उसके साथ शादी करने पर मना लिया । श्री चालिया ने कहा कि विवाह गुरुद्वारा गुरुनानकसर जिला लुधियाना में हुआ और लगभग दो मास बाद ही वह पुलिस मुकाबले में मारा गया ।

शस्त्रों सहित 2 उग्रवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी) : जिला पुलिस ने दो खतरनाक उग्रवादियों उमराव सिंह और मोहन सिंह उर्फ़ मोहना को आज प्रातः गिरफ्तार कर लिया । पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि उमराव सिंह, जो आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फ़ैडरेशन का वर्कर था, अब खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स में शामिल हो गया था, उसके कब्ज़े से 12 बोर का पिस्तौल, कुछ कारामद कारतूस और एक बजाज चेतक स्कूटर नं. 4102 पी.ए.डी. बरामद हुआ है । प्रवक्ता ने बताया कि उमराव सिंह ने स्वीकार किया है कि उसने 18 अप्रैल को एक दूसरे उग्रवादी परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा के साथ मिल कर गढ़शंकर मार्कीट कमेटी के चेयरमैन नसीब सिंह खंडवाल को गोली मार कर घायल कर दिया था । कुछ दिन पूर्व उसकी पी.जी.आई. में मृत्यु हो गई थी । उसको इस लिए गोली मारी गई थी कि उसने मार्किट कमेटी के अध्यक्ष पद से त्याग पत्र नहीं दिया था । उमराव सिंह का दूसरा साथी पम्मा कुछ दिन पूर्व जिला होशियारपुर में पुलिस के अनुसार इन लोगों ने कई शराब के ठेकों को जलाया था । उग्रवादी मोहना जसबीर सिंह लाली गिरोह का सदस्य है । मोहना बलाचौर सब-डिवीजन में 3 लोगों की हत्या की घटनाओं में संलिप्त था । इसके अतिरिक्त उस पर स्कूटर और साइकल छीनने के भी कई आरोप लगाए जाते हैं ।

होशियारपुर में पुलिस ने दुर्दांत उग्रवादियों को शस्त्रों सहित गिरफ्तार करने में सफलता पाई है ।

आतंकवादी गिरफ्तार

फगवाड़ा से खोसला ने खबर दी है कि एस.एस.पी. कपूरथला ने बताया है कि आज तड़के थाना सदर फगवाड़ा पुलिस की एक नाकाबंद पार्टी ने यहां से दो किलो मीटर दूर कोटरानी के निकट अमृतसर के एक आतंकवादी जसदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । उसके कब्जे से 12 बोर का पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए हैं । पूछताछ में जसदीप सिंह ने बताया कि 5 मार्च 1987 को मौजा ढुढिके के सरपंच निर्मल सिंह और उसकी पत्नी की हत्या के मामले में वह शामिल था । जसदीप की आयु 18-19 वर्ष की है ।

छापा मारकर 2 उग्रवादी पकड़े

'ह.स.' के अनुसार गत रात्रि फगवाड़ा से 8 किलो मीटर दूर बंगा में छापा मारकर पुलिस ने दो संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनकी गुरदयाल सिंह और अमरीक सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । उनके कब्जे से दो रिवाल्वर बरामद किए गए हैं । गिरफ्तार उग्रवादियों ने क्षेत्र में उग्रवाद की कई घटनाओं में अपना हाथ होने की स्वीकारोक्ति की है ।

विस्फोट से 3 मरे

अगरतला, 19 जून : यहां से पच्चीस किलो मीटर दूर मंडी बाजार में आज दोपहर को कुछ विस्फोटकों के फटने से तीन व्यक्ति मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए । घायलों में से 11 की हालत गम्भीर बताई जाती है । मृतकों में से दो आदिवासी हैं ।

देर राव की फिल्म सालाह में

देवी लाल आज शपथ लेंगे

(पृष्ठ 1 का शेष)

गये । आदमपुर में, जहां से केंद्रीय वन एवं पर्यावर मंत्री भजन लाल की पत्नी जसमा देवी कांग्रेस (प्रत्याशी हैं, आज दो बूथों पर पुनः मतदान हुआ इसके अलावा बावल और मुंढाल खुर्द के दो-दो बू पर भी पुनः मतदान हुआ ।

सोनीपत (स.): कल राई विधानसभा क्षेत्र इंका से सीट जीतने वाले लोकदल (ब) प्रत्याशी ड महासिंह के समर्थकों ने जोरदार जलूस निकाल जिसमें नारे लगाए गए कि 'देवी लाल राज करेग बंसी लाल हुक्का भरेगा ।' जिला में हारने वालों प्रमुख 5 भू. पू. मंत्री जसवंत सिंह, रजिन्दर सि मलिक, रामधारी गौड़, श्याम चंद और श्रीमत शांति राठी, जपा नेता भीम सिंह दहिया, सांस चिरंजी लाल का बेटा अशोक शर्मा शामिल हैं

अनियोजित प्रचार इंका की हार का कारण

सोनीपत जिला में इंका की पराजय के लि अनियोजित चुनाव प्रचार और प्रत्याशियों के गलत चयन को जिम्मेवार समझा जा रहा है । यद्यपि 'देवी लाल लहर' जोरों पर थी लेकिन इंकाई नेताओं द्वार एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश की गई। बागी इंका प्रत्याशी भी अधिकृत इंका प्रत्याशियों की हा के लिए जिम्मेवार बने क्योंकि उन्होंने उनके काफी वोट काटे । 1982 से सोनीपत जिला के विधानसभा क्षेत्र लोकदल (ब) का गढ़ रहे हैं । तब भी 5 लोकदल प्रत्याशी यहां से जीते थे । इंका द्वार विकास कार्यों के पक्ष से जिले को दृष्टि विगत कि जाने से मतदाता क्रुद्ध थे । भगवत दयाल शर्मा द्वार लगाई गई कलाबाजियों का भी इंका पर उलट प्रभाव पड़ा ।

'ग्रोवर' के अनुसार अम्बाला छावनी से भाजप की विजयी उम्मीदवार श्रीमती सुषमा स्वराज ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्हें जीत दिलाने के लि मतदाताओं का धन्यवाद किया है । उन्होंने कहा कि उनकी जीत किसी लहर का परिणाम नहीं अपितु श्री देवी लाल के कड़े संघर्ष का परिणाम है । अम्बाला छावनी से इंका के पराजित प्रत्याशी श्री धमीजा ने कहा है कि उनकी हार का कारण देवी लाल का कर्ज माफ करने का प्रचार तथा कर्मचारियों का गुस्सा है ।

मुलाना (सु) से भाजपा के विजयी उम्मीदवार श्री सूरजभान ने भी अपनी जीत का श्रेय श्री देवी लाल के संघर्ष को दिया है । अम्बाला शहर से विजेता भाजपा प्रत्याशी शिव प्रसाद ने भी जनता का धन्यवाद किया है । नग्गल विधानसभा क्षेत्र से विजयी निर्दलीय उम्मीदवार श्री हरमिन्दर चट्ठा ने कहा है कि यहां से परास्त इंका प्रत्याशी राजस्वमंत्री श्री निर्मल सिंह के काम ही उनकी पराजय का कारण बने हैं । दूसरी ओर श्री निर्मल सिंह ने अपनी पराजय का कारण कर्मचारियों का रोष तथा देवी लाल का कर्जे माफी अभियान बताया है । उल्लेखनीय है कि जिला अम्बाला में भाजपा के छः उम्मीदवार थे तथा ये सभी विजयी रहे हैं । आज भाजपा की विजेता प्रत्याशी श्रीमती सुषमा स्वराज के स्वागत में भव्य जलूस निकाला गया ।

हिंसा, 17 घायल, जांच के आदेश

जींद : जींद में कल रात मतगणना के दौरान एक मतदान केंद्र के बाहर हुई हिंसा में 7 पुलिस कर्मियों सहित 17 व्यक्ति घायल हो गए । सी.आर.पी. के जवानों द्वारा मतदान केंद्र के बाहर जमा भीड़ को धकेले जाने से भीड़ उत्तेजित हो गई और भीड़ में से किसी ने हवा में गोलियां दाग दीं । रिजर्व पुलिस के जवानों ने भी जवाब में गोली चलाई । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति पर काबू किया । गम्भीर रूप से घायल छः व्यक्तियों को रोहतक मैडीकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है । चार घायलों को यहां सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है । बाकी सात घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई । घटना की मैजिस्ट्रेटी जांच का आदेश दिया गया है ।

भीड़ द्वारा आगज़नी

यमुनानगर (दत्ता): गत रात जगाधरी से भाजपा उम्मीदवार डा. बृज मोहन के विजयी घोषित होने के पश्चात् निकाले गए जलूस में से कुछ शरारती तत्वों ने, वहां से इंका के पराजित उम्मीदवार, वनमंत्री डा. ओम प्रकाश के चुनाव कार्यालय को आग लगा दी । इन शरारतियों ने डा. ओम प्रकाश के घर का सामान भी उठा कर बाहर फैंक दिया तथा बाद में शहर में कुछ दुकानों को आग लगाने की घटनाएं भी हुईं ।

स्थिति को अनियंत्रित होते देख कर जब पुलिस ने हस्तक्षेप किया तो भीड़ ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया । इस संबंध में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है । उल्लेखनीय है कि कल दोपहर से ही जब भाजपा के डा. बृज मोहन ने वनमंत्री इंका के डा. ओम प्रकाश से बढ़त लेनी शुरू की थी तभी से लोगों ने डा. ओम प्रकाश के पुतले जलाने शुरू कर दिए थे ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 19.6.87 Rs. 48/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.60 per Dozen.

प्लाट बिकाऊ

संतनगर, मेन जगाधरी रोड, अम्बाला छावनी पर (नगरपालिका सीमा से 3 किलोमीटर दूर) शानदार प्लाट 45 रु. गज़ खरीदिए । राज प्रापर्टी डीलर्ज़, गोबिन्दनगर, अम्बाला छावनी । (फोन : 21685) (पंजाब ब्रांच) : शामनगर, निकट जनरल बस स्टैंड, लुधियाना ।

लड़की चाहिए

यात्रा

मनाली, कुल्लू, मनीकरण, रोहतांग 24 से 29 जून, डीलक्स बस, मिलें : तवी प्रिंटिंग प्रेस, चौक निमवाला, लुधियाना ।

साड़ियां

आकर्षक, आधुनिक रंगों-डिज़ाइनों में साड़ियां, सूट, लहंगा-चुनरी के लिये : भसीन साड़ी सैंटर, कटड़ा जैमल सिंह, अमृतसर । फोन : 43554.

नीलामी सूचना

बाघापुराना, जिला फरीदाकोट में स्थित एक राईस मिल (शैलर) जिसकी क्षमता एक टन, जमीन 2

Punjabi Sanstan

पंजाब में बड़े पैमाने पर उग्रवादियों की गिरफ्तारियां

चंडीगढ़,20 जून (वार्ता, ह.स., सं.) : पंजाब पुलिस और सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पंजाब में गत 24 घंटों लगभग 81 उग्रवादियों और उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार कर लिया । इनमें कुछ लुटेरे भी शामिल हैं । जिला जालन्धर में 3, बटाला में 5, गढ़दीवाला में 2, अमृतसर में 15, दसूहा में 37 और फरीदाकोट में 19 तथा कुछ अन्य दूसरे स्थानों से उग्रवादी या उनके 'आश्रयदाता' गिरफ्तार किए गए हैं । कई स्थानों पर इन उग्रवादियों को संक्षिप्त मुकाबलों के बाद और कई स्थानों पर छापे मार कर गिरफ्तार किया गया ।

पांच उग्रवादी गिरफ्तार

जालंधर (ह.स.): पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर और संक्षिप्त मुकाबलों के बाद पांच संदिग्ध उग्रवादी गिरफ्तार करने और उनसे शस्त्र बरामद करने का दावा किया है । आज यहां जारी एक सरकारी प्रैस विज्ञप्ति में गिरफ्तार पांच व्यक्तियों में से चार की थाना बंगा के गांव करनाना के गुरदेव सिंह और रसूलपुर के अमरीक सिंह, गोराया थाने के गांव मलकीयत सिंह और थाना बंगा के गांव कटारियां के अमरजीत लाल के रूप में शिनाख्त की गई है । पुलिस ने इनके कब्जे से 17 कारतूसों सहित विभिन्न बोर के पांच पिस्तौल, तीन स्कूटर, देसी शराब की 94 बोतलें और 144 पौंड बरामद किए हैं । पुलिस ने एक टैम्पो भी जब्त किया है, जो चोरी के सामान को ढोने के लिए प्रयुक्त किया जाता था ।

दो भाग निकले

पुलिस ने गत रात्रि नूरमहल थाने के अंतर्गत मिट्ठा से बंडाला संपर्क सड़क पर गांव बंडाला के निकट संक्षिप्त मुकाबले में एक व्यक्ति मल्कीयत सिंह की गिरफ्तारी के बाद तीन सदस्यीय उग्रवादी गिरोह का सुराग लगाने का दावा किया है । दो अन्य उग्रवादियों की थाना गोराया के गांव अट्टा के पप्पू एवं पम्पी के रूप में शिनाख्त की गई है, जो दो स्कूटर पीछे छोड़ कर अंधेरे में भाग निकले । पुलिस ने मल्कीयत सिंह के कब्जे से 12 बोर की पिस्तौल और विभिन्न बोरों के 6 कारतूस बरामद किए हैं । बताया जाता है कि ये स्कूटर रुड़का कलां थाना गोराया के काजकरण कुमार और नूरमहल थाने के धानी पिंड के बलजिंद्र कुमार से छीने गए थे ।

बंगा पुलिस ने एक व्यक्ति अमरजीत लाल को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बोर का एक पिस्तौल बरामद किया है ।

हत्याओं की जिम्मेवारी ली

तथाकथित खालिस्तानी कमांडो फोर्स ने तरनतारन जिला अमृतसर में बीरवार की रात्रि को एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या करने की जिम्मेवारी ली है । फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल रणजीत सिंह राणा ने यहां एक वक्तव्य में कहा है कि इनकी हत्या इसलिए की गई क्योंकि मृतक सेवानिवृत्त सिपाही हरचरण सिंह 'क्रांतिकारी कमांडो पुलिस' का सदस्य था । वक्तव्य में कहा गया है कि लड़की की हत्या विरोध करने के कारण की गई ।

मौन की आलोचना

जालन्धर के (वार्ता) के अनुसार पंथक कमेटी ने पंजाब में पुलिस की कथित 'फर्जी मुठभेड़ों' पर एकीकृत अकाली दल के मौन साधे रहने की कड़ी आलोचना की है । एक संयुक्त वक्तव्य में कमेटी के पांचों सदस्यों ने मुख्यग्रंथियों से सवाल किया है कि एकीकृत अकाली दल के नेता निजी स्वार्थों के लिए दिल्ली के दरे कर रहे हैं लेकिन मुठभेड़ों पर मौन साधे हुए हैं । ऐसे में एकीकृत अकाली दल को अकाल तख्त की स्वीकृति से क्यों बना रहने दिया जाए ? इन सदस्यों ने बिना किसी कानाम लिए धनी सिख नेताओं को चेतावनी दी कि वे सिख युवकों की जान की कीमत पर सत्ता की सौदेबाजी न करें । उन्होंने कहा कि वे ऐसे नेताओं को कभी माफ नहीं करेंगे । संत हरचन्द सिंह लौंगोवाल की हत्या का जिक्र किए बिना उन्होंने कहा कि सिख युवकों ने पहले ही सबूत दे दिया है कि यदि ऐसे नेताओं ने सत्ता के लिए सिख युवकों की 'शहादत' को बेचा तो उनके साथ कैसा व्यवहार किया जाएगा ।

पांच आतंकवादी गिरफ्तार

बटाला (को.): जिला गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया है कि गत रात बी.एस.एफ. तथा पंजाब पुलिस ने एक संयुक्त कार्रवाई में डेरा बाबा नानक तथा फतेहगढ़ चूड़ियां क्षेत्र से हत्याएं करने व हथियार आदि छीनने के आरोप में खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के पांच संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार करके इनके कब्जे से चार पिस्तौलें तथा 12 कारतूस बरामद किए हैं । उन्होंने बताया कि इनमें एक 'बी' श्रेणी का आतंकवादी भी है ।

कई हत्याएं कीं

श्री बिरदी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने बलराज सिंह ठकरके तथा जगदीश सिंह गाजी नंगल को गिरफ्तार करके इनके कब्जे से एक 38 बोर का पिस्तौल तथा तीन कारतूस बरामद किए हैं । बलराज सिंह 'बी' श्रेणी का आतंकवादी है । ये दोनों खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के ले. जनरल गुरदीप सिंह उर्फ मान सिंह मान के सहयोगी हैं । ये दोनों गत 19 जनवरी को डेरा बाबा नानक क्षेत्र में हुई देव कृष्ण नामक व्यक्ति की हत्या में पुलिस को वांछित थे ।

मस्ताना गिरोह के मैम्बर

उन्होंने बताया कि गत माह मुठभेड़ में मारे गए

(शेष पृष्ठ 10 पर)



Punjab Sanatan

उग्रवादियों की गिरफ्तारियां

(पृष्ठ 3 का शेष)

खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के जनरल मस्तान सिंह मस्ताना गिरोह के तीन अन्य गिरफ्तार सदस्यों की शिनाख्त हरजीत सिंह, कुलवन्त सिंह व हरबंस सिंह के रूप में की गई है । ये तीनों थाना फतेहगढ़चूड़ियां क्षेत्र से सम्बद्ध हैं । पुलिस ने इनके कब्जे से तीन पिस्तौलें व 9 कारतूस बरामद किए हैं ।

कई वारदातों की स्वीकारोक्ति

उन्होंने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान हरबंस सिंह ने स्वीकार किया है कि वह गत 29 मई को बटाला चीनी मिल के क्लर्क बुधसिंह की हत्या में संलिप्त है । इस गिरोह ने गांव सीड़ा से 32 बोर का एक रिवाल्वर तथा गांव मम्मन से एक .315 बोर तथा 12 बोर की दोनाली बंदूक लूटी थी जो कि पुलिस इस गिरोह के पहले से गिरफ्तार आठ सदस्यों से बरामद कर चुकी है ।

हत्या का आरोप

इसी मध्य गुरदीप सिंह के नेतृत्व वाली खालिस्तान आर्मर्ड फोर्स ने एक प्रैस विज्ञप्ति में आज यहां कहा कि उनके गिरोह का एक व्यक्ति गुरजिंद्र सिंह बब्बी सुरक्षा बलों द्वारा एक झूठे मुकाबले में मारा गया ।

उग्रवादी का रिमांड

फगवाड़ा (खोसला): थाना सदर पुलिस ने कोटलानी के निकट कल एक उग्रवादी जसदीप सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए थे । आज उसे स्थानीय दंडाधिकारी श्री जे.के. राव की अदालत में पेश किया गया । अदालत ने अभियुक्त का 23 जून तक का शारीरिक रिमांड ले लिया ।

दो उग्रवादी बंदी

गढ़दीवाला (ए.स.): आज प्रातः ग्रामीणों ने यहां दो उग्रवादियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया । प्रातः विवरण के अनुसार एक व्यक्ति देवी दास व उनका बेटा रूपोवाल से गढ़दीवाला आ रहे थे तो दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उनसे नकदी व घड़ी छीन ली तथा भागने लगे । दोनों पिता-पुत्र द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों ने इन दोनों उग्रवादियों का पीछा कर पकड़ लिया तथा उन्हें गश्ती पुलिस के हवाले कर दिया । पकड़े गए उग्रवादियों में से एक कुलदीप सिंह फौजी (थाना फकीरा सिंहका, क्षेत्र निवासी) तथा दूसरा कुलदीप सिंह (थाना दसूहा क्षेत्र का निवासी) है । पुलिस सूत्रों के अनुसार कुलदीप सिंह फौजी छुट्टी पर आया हुआ था ।

7 उग्रवादी, 6 आश्रयदाता गिरफ्तार

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर के एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेन्द्र सिंह ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारों को बताया कि उग्रवादियों के विरुद्ध पुलिस और सी.आर.पी.एफ. के संयुक्त अभियान के रूप में 7 उग्रवादियों और उन्हें आश्रय देने वाले आधा दर्जन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । उनसे हजारों रुपए मूल्य के आभूषण और शस्त्र बरामद किए गए हैं ।

गुरुद्वारे का ग्रंथी गिरोह का मुखिया

श्री राजेन्द्र सिंह ने विवरण बताते हुए कहा कि थाना मजीठा के गांव झंडर कलां के गुरुद्वारे के ग्रंथी लखविंद सिंह, जो गिरोह का लीडर है, के नेतृत्व में वारदातें करने वाले चार युवकों माड्डीपुर के कश्मीरा सिंह, तलवंडी नहर के जसवन्त सिंह, कमालपुर के प्रगट सिंह और हरदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है । ये चारों छात्र हैं । प्रगट सिंह आई.टी.आई. बटाला का छात्र है और शेष तीन गांव काला अफगाना कालेज में पढ़ते हैं । उन्होंने लूटमार की जो वारदातें की हैं, उनमें से 3 का सुराग मिल गया है । माड्डीपुर के एक व्यक्ति मुलक्खन सिंह से उन्होंने 12 बोर की एक बंदूक छीनी थी और गांव भंडर में दो वारदातों में आभूषण और पांच घड़ियां लूटी थीं । पुलिस ने 25-30 हजार रुपए मूल्य के आभूषण बरामद कर लिए हैं । लखविंद्र सिंह से एक 12 बोर की पिस्तौल और एक अन्य उग्रवादी से खिलौना टाइप पिस्तौल बरामद किया है ।

2 ट्रक भर शस्त्र मिले

एक प्रश्न के उत्तर में एस.पी. डिटैक्टिव ने कहा कि पुलिस और सी.आर.पी.एफ. के उग्रवादियों के विरुद्ध अभियान के अन्तर्गत अब तक उग्रवादियों से जो शस्त्र बरामद किए गए हैं, उनसे दो ट्रक भरे जा सकते हैं । इसमें विभिन्न प्रकार के घातक शस्त्र भी शामिल हैं ।

मृत उग्रवादी पहचाना नहीं गया

उन्होंने आगे बताया कि कल सुल्तान विंड के क्षेत्र में सी.आर.पी.एफ. के साथ मुकाबले में जो उग्रवादी मारा गया था, उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । उग्रवादी 25 वर्ष का था । वह एक दुकान पर बैठा हुआ था कि सी.आर.पी.एफ. वालों को सूचना मिली कि वह उग्रवादियों का साथी है, उसका स्कूटर जो चुराया हुआ मालूम होता है, वहां खड़ा है । वह सी.आर.पी. एफ. वालों को आते देखकर भाग खड़ा हुआ और भागते हुए उसने दो फायर भी किए लेकिन सी.आर.पी.एफ. वालों ने उसकी तरफ फायरिंग करते हुए पीछा जारी रखा तथा एक किलो मीटर तक उसका पीछा किया । इस तरह वह मारा गया । उससे 38 बोर का एक रिवाल्वर और दो कारतूस मिले हैं । स्कूटर में से जो कागज मिले हैं, उन पर जालन्धर की स्त्री अनिता शर्मा का नाम दर्ज है, जिसने यह स्कूटर किसी मनजीत सिंह के पास बेचा हुआ है, जो गांव सम्मीपुर जिला जालन्धर का रहने वाला है ।

6 'आश्रय दाता' गिरफ्तार

एप.पी. डिटैक्टिव ने आगे बताया कि उग्रवादियों को आश्रय देने वाले 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । इनमें से तीन निरंजन सिंह और बासाके का बलविन्द्र सिंह और मड़ी समराह के प्रगट सिंह ब्रह्मा गिरोह के उग्रवादियों को आश्रय देते रहे हैं जबकि शेष तीन लखविन्द्र सिंह, हरिन्द्र सिंह (अमृतसर के) और वाड़ियां का महेंद्र सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स के उग्रवादियों को आश्रय देते थे । गांव इब्बन ने दो युवकों बलबीर सिंह और जसवंत सिंह को गिरफ्तार करके उनसे 315 बोर और 455 बोर की सात गोलियां बरामद की गई हैं ।

37 उग्रवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी) जिला होशियारपुर की दसूहा सब डिविजन में गत कुछ समय के दौरान 37 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं । यह जानकारी आज पुलिस के एक प्रवक्ता ने हमारे संवाददाता को दी । उसने बताया कि ये उग्रवादी 7 गिरोहों के साथ सम्बद्ध थे और पुलिस को बहुत से केसों में वांछित थे । ये लोग लूट मार, राहजनी, हत्या, डकैती और आग लगाने के कई केसों में संलिप्त थे । उनकी गिरफ्तारी से 35 केस हल हो गए हैं । पुलिस ने प्रवक्ता ने आगे बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्जे से एक खाली बन्दूक, 3 दोनाली बन्दूकें, 3 बारह बोर के पिस्तौल, सात 32 बोर के रिवाल्वर, 217 कारामद कारतूस भी बरामद किए गए हैं । उनके अतिरिक्त दसूहा सब डिविजन में 4 और लोगों को उग्रवादियों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया । दसूहा उपमंडल में बी.एस.एफ. की 5 कम्पनियां तैनात की हैं, 2 कम्पनियां और भेजने का निर्णय किया गया है ताकि उग्रवाद के विरुद्ध और प्रभावी कार्रवाई की जा सके ।

19 उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स., जिन्दल): गत 24 घंटों के दौरान जिले में पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों ने 19 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 15 उग्रवादी शामिल हैं । इनमें से कई संक्षिप्त मुकाबले के बाद और कुछ उग्रवादियों के छिपने के ठिकानों पर मारे गए छापों से पकड़े गए । पुलिस ने उनसे शस्त्र और गोली सिक्का भी बरामद किया है ।

मुकाबले के बाद 5 पकड़े गए

एस.एस.पी. श्री गोविन्द राम ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस और बी.एस.एफ. की संयुक्त नाका पार्टी ने मोगा थाने के गांव लंडेके के निकट एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद 5 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । जब नाका पार्टी ने उन्हें चुनौती दी तो अभियुक्तों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी, नाका पार्टी ने इसका उत्तर गोली से दिया । इनकी सेवक सिंह, अमरजीत सिंह, गुरमुख सिंह, बलदेव सिंह, प्रकाश सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है, जो जिले में कई उग्रवाद की घटनाओं में संलिप्त थे ।

4 'शरणदाता' गिरफ्तार

पुलिस नेल उग्रवादियों के शरण स्थलों पर मारे गए कई छापों के दौरान उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

जैतो में 3 उग्रवादी गिरफ्तार

जैतो पुलिस ने संक्षिप्त मुकाबले के बाद 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । उनकी जसपाल सिंह, जसवंत सिंह और मंधीर सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । उनके कब्जे से 3 पिस्तौलें और 6 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

मुकाबलों में पकड़े गए

पुलिस ने मुक्तसर थाना सदर के गांव चिरेवां में संक्षिप्त मुकाबले के बाद गुरबख्श सिंह और निरंजन सिंह को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से दो पिस्तौलें और कुछ कारतूस बरामद किए गए । पुलिस ने गिद्दड़बाहा से रायकोट के निवासी दर्शन सिंह को भी गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए हैं । एक व्यक्ति महेंद्र सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । पुलिस के अनुसार इसका 'शोले रैजिमैंट' के स्वयंभू जनरल के साथ सम्पर्क था और यह इस रैजिमैंट के सदस्यों को शरण देता था । उसके कब्जे से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । गांव चूहड़चक का बलदेव सिंह और बडेरी कलां का गुरजवंत सिंह संक्षिप्त मुकाबले के बाद पकड़े गए, उनका तीसरा साथी भाग निकला । पुलिस ने उनके कब्जे से दो पिस्तौलें और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

कई वारदातों की स्वीकारोक्ति

इनमें से कई उग्रवादियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने लूटमार की कई घटनाएं की हैं और वे निर्दोष और धनी ग्रामीणों से जबरदस्ती धन बटोरते थे । मोगा में उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार 3 व्यक्तियों के साथ एक स्त्री गुरविन्द्र कौर भी पकड़ी गई है । वे सी.आर.पी.एफ. के 3 जवानों की हत्या के मामले में भी संलिप्त हैं ।

मुकाबले में मरे उग्रवादियों की शिनाख्त

मोगा में सरकारी सूचनाओं के अनुसार 14 जून को थाना मेहना जिला फरीदकोट के गांव कपूरी में मुकाबले में मारे गए 3 उग्रवादियों की गुरदेव सिंह, गुरमेल सिंह और निर्मल सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । मृतक उग्रवाद की कई वारदातों में संलिप्त थे । पुलिस ने उनके कब्जे से एक आटोमैटिक मशीनगन और कुछ कारतूस बरामद किए थे ।

उग्रवादियों को राजस्थान से शस्त्र

श्रीगंगानगर (वार्ता): पंजाब में आतंकवादियों को राजस्थान के गंगानगर के रास्ते हथियार पहुंचते हैं । यह बात पंजाब में गिरफ्तार आतंकवादियों ने कबूल की है । इन आतंकवादियों ने पुलिस को बताया कि यहां के अवैध शस्त्र निर्माता तथा अपराधी तत्व उन्हें हथियार बेचते हैं । पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार ने इसे गम्भीरता से लिया है तथा राज्य सरकार को इस संबंध में कड़ाई बरतने के निर्देश दिए हैं । गिरफ्तार आतंकवादियों का यह भी कहना है कि पाकिस्तान में बने शस्त्र भी गंगानगर के रास्ते उन तक पहुंचते हैं ।

इन खबरों के बाद राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी कई कदम उठाये हैं । उप पुलिस महानिरीक्षक नामोनारायण मीणा ने हाल ही में पुलिस अधिकारियों की बैठकों में इस बारे में विचार किया तथा आवश्यक निर्देश दिये । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोमनाथ शेखर हाल ही में इस सम्बद्ध में पूरी जानकारी के लिये पंजाब गये थे ।

संगरूर से एक गिरफ्तार

संगरूर (गर्ग): जिला पुलिस ने आज एक संदिग्ध उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने बताया कि इसका नाम पाल सिंह है, जो गांव बहादुर का निवासी है । पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर की एक पिस्तौल और कारामद कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस उसके सम्पर्कों का पता लगा रही है ।

पैट्रोल पम्प लूट लिया

पटियाला (भूषण): यहां दो अज्ञात स्कूटर सवार युवकों ने कृष्णा पैट्रोल पम्प से सेल्जमैन से 5000 रुपए लूट लिए । उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन पुलिस स्टेशन पैट्रोल पम्प के बिल्कुल निकट है, लेकिन अभियुक्त बच कर भाग गए ।

तीन मोटरें उठा ले गए

फिरोजपुर (धीमान): जिला फिरोजपुर के थाने मल्लांवाला के गांव निजामवाला में 3 संदिग्ध उग्रवादी द्वारिका दास के फार्म पर गए और मजदूरों को धमकी देकर वहां से ट्यूबवैल की तीन मोटरें उठा ले गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

सिर कटा शव मिला

कपूरथला (शर्मा): कोतवाली पुलिस ने गांव बोर के निकट नदी से 28-30 वर्ष के एक युवक का सिर कटा शव बरामद किया है । शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है । पुलिस के अनुसार किसी ने युवक का सिर काट कर उसे नदी में फैंक दिया । इस सम्बन्ध में केस दर्ज करलिया गया है ।

रिमांड बढ़ा

चंडीगढ़ (संघी): यहां के सैक्टर 44 में गत 10 जून को हुई मुठभेड़ में पुलिस को वांछित 3 उग्रवादियों को शहर में शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए 4 युवकों जसविन्दर सिंह, मंजीत सिंह, गुरमीत सिंह व बहादुर सिंह का पुलिस रिमांड अदालत ने 26 जून तक बढ़ा दिया है ।

1985 में हथियारों पर 9 खरब डालर खर्च

वाशिंगटन, 20 जून (ए.पी.) : हथियारों पर 1985 में नौ खरब डालर खर्च हुए जो इसके लिए पिछले वर्ष से 3.7 प्रतिशत अधिक था । अमरीकी शस्त्र नियंत्रण और निरस्त्रीकरण एजैंसी कल जारी अपनी 17वीं रिपोर्ट में यह आंकड़ा दिया है । उसके अनुसार दुनिया में आधे से अधिक हथियार सोवियत संघ और अमरीका बेचते हैं । सोवियत संघ ने 1981 से 85 के बीच 55.7 अरब डालर के हथियार बेचे जो इस अवधि में बेचे गए कुल हथियारों का बीस प्रतिशत है । अमरीका ने 49 अरब डालर के हथियार इस अवधि में बेचे जो कुल बिक्री का 26 प्रतिशत है ।

जसमां देवी

(पृष्ठ 3 का शेष)

के पास थी और इसे मिला कर हरियाणा विधानसभा के अब तक घोषित 86 परिणामों में से कांग्रेस (इ) को पांच सीटों पर विजय मिली है । जसमा देवी को 41152 मत मिले जबकि धर्मपाल सिंह को 31880 वोट मिले ।

लोकदल (ब) के मुनि लाल बावल (सु.) निर्वाचन क्षेत्र से हरियाणा विधानसभा के लिए निर्वाचित घोषित किए गए हैं । श्री मुनि लाल ने सात कोणीय संघर्ष में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय शकुंतला भगवारिया को 4500 से अधिक मतों के अंतर से हराया । इस सीट पर पहले कांग्रेस (इ) का कब्जा था ।

राजीव

(पृष्ठ 3 का शेष)

नीचे रहने वालों की संख्या 51 प्रतिशत थी, जो घटकर 1985 में 40% रह गई । उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में इस प्रकार के लोगों की संख्या घटकर 25% रह जाएगी ।

पहाड़ी क्षेत्रों का विकास

प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि पहाड़ी राज्यों की योजनाओं, धन के आबंटन आदि के लिए नियमों व मानदंडों में शीघ्र ही परिवर्तन किया जाएगा । उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों की भौगोलिक स्थितियां मैदानी क्षेत्रों से भिन्न होती हैं । इस प्रकार संशोधित मानदंड पहाड़ी क्षेत्रों की विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में सहायक होंगे ।

उन्होंने कहा कि शिक्षा पर 800 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे । ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जाएगी ।

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस को ध्वज

कुल्लू : गत 25 वर्ष से देश की सीमाओं की रक्षा में तत्परता से सन्नद्ध भारत-तिब्बत सीमा पुलिस को आज यहां प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने ध्वज प्रदान किया । श्री गांधी ने इस संगठन के रजत जयंती समारोह में इस बल के 16 अधिकारियों व जवानों को राष्ट्रपति व पुलिस पदक प्रदान किये । यह समारोह कुल्लू के पास ब बेली में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के परिसर में आयोजित किया गया था ।

12 नई बटालियन बनेंगीं

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की बारह और बटालियन तैयार की जाएंगी । इससे इस बल के जवानों की आपस में अदला-बदली ज्यादा सुगम हो सकेगी क्योंकि उन्हें दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ता है । इस पुलिस बल को शक्तिशाली और अनुशासित बताते हुये श्री गांधी ने कहा कि इसके जवानों और अफसरों को विशेष प्रोत्साहन तथा तकनीकी प्रशिक्षण की सुविधाएं दी जाएंगी । प्रधानमंत्री ने इस बल के जवानों के बच्चों के शिक्षा कोष के लिये दो लाख रुपये के अनुदान की घोषणा की ।

आप जागते हैं इसलिये...

श्री गांधी ने कहा कि इस पुलिस बल पर अत्यधिक जिम्मेदारी है क्योंकि उसे हमारी 1200 किलोमीटर की सीमाओं की चौकसी करनी पड़ती है । उन्होंने कहा, "भारत अच्छी नींद इसलिये सो पाता है कि आप हमारी उत्तरी सीमाओं की निगरानी करते हैं ।" गृह राज्यमंत्री श्री पी. चिदम्बरम ने इस बल को बारह नई बटालियनों के सृजन की घोषणा के लिये प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया ।

हिमाचल प्रदेश की एक दिवसीय यात्रा से वापसी पर अन्नाडेल हैलीपेड में प्रधानमंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए स्पष्ट किया कि सरकार का प्रमुख कार्य पंजाब में उग्रवाद का दमन है तथा किसी प्रकार की बातचीत बाद की बातें हैं ।

पंजाब समझौता व हरियाणा

हरियाणा में नई सरकार आने से पंजाब समझौते को लागू करने में कुछ समस्याएं पैदा होने की सम्भावनाओं के बारे में पूछे जाने पर श्री गांधी ने कहा कि इस बारे में हमें नई सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है और प्रतिक्रिया मिलने पर हम उस बारे में विचार करेंगे ।

श्री राजीव गांधी ने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति के चुनाव में इंका प्रत्याशी श्री वेंकट रमन इंका के अपने मतों से भी अधिक वोट प्राप्त कर चुनाव जीतेंगे । उन्होंने कहा कि इन चुनावों में इंका जनों द्वारा किसी प्रकार का 'क्रास वोटिंग' (विपरीत मतदान) किए जाने की कोई सम्भावना नहीं है ।

विश्वनाथ प्रताप सिंह

भूतपूर्व रक्षा मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के संबंध में उन्होंने कहा कि श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से उनके कोई मतभेद नहीं हैं तथा ना ही कोई मनमुटाव है । श्री गांधी ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में उन्होंने हमें सहयोग दिया है तथा हमने इकट्ठे ही यह लड़ाई लड़ी है ।

जब उनका ध्यान इस ओर दिलाया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को एक जनसभा में नहीं बोलने दिया तो श्री राजीव गांधी ने कहा कि उस समय उत्तर प्रदेश में साम्प्रदायिक तनाव था । अतः वहां के मुख्यमंत्री को इस बात को देखना था कि वह स्थिति न बिगड़ने दें ।

फिल्म "परिवार"

(केवल मम्मी-डैडियों के लिए)

बन्दर और कुत्ते वाली फिल्म 'परिवार' अपने बच्चों सहित सिनेमा हाल में (वीडियो पर नहीं) देखिए । सिनेमा हाल में जब आपके बच्चे बन्दर और कुत्ते का काम देख कर उछलेंगे तो जो खुशी उस वक्त आपको मिलेगी, इसका अंदाज़ा लगाना अभी मुश्किल है । वैसे भी फिल्म 'परिवार' में वे सब कुछ है, जो आप चाहते हैं ! छुट्टियों में अपने बच्चों का दिल जीतिए !! सभी जगह पूरे 'परिवार' को बिठाने का अलग प्रबन्ध है !!



दाने-दाने पे लिखा है खाने वाले का नाम, गोली-गोली पे लिखा है मरने वाले का नाम....

प्रोड्यूसर-डायरैक्टर बृज का एक्शन से भरपूर

2 जुलाई से आल इंडिया

प्रोड्यूसर सुनील शर्मा
डायरैक्टर सुरिंदर मोहन



24 जुलाई से आल इंडिया प्रीमियर



उग्रवादियों की गिरफ्तारियां

(पृष्ठ 3 का शेष)

खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के जनरल मस्तान सिंह मस्ताना गिरोह के तीन अन्य गिरफ्तार सदस्यों की शिनाख्त हरजीत सिंह, कलवन्तसिंह व हरबंस सिंह के रूप में की गई है । ये तीनों थाना फतेहगढ़चूड़ियां क्षेत्र से सम्बद्ध हैं । पुलिस ने इनके कब्जे से तीन पिस्तौलें व 9 कारतूस बरामद किए हैं ।

कई वारदातों की स्वीकारोक्ति

उन्होंने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान हरबंस सिंह ने स्वीकार किया है कि वह गत 29 मई को बटाला चीनी मिल के क्लर्क बधसिंह की हत्या में संलिप्त है । इस गिरोह ने गांव सीड़ा से 32 बोर का एक रिवाल्वर तथा गांव मम्मन से एक .315 बोर तथा 12 बोर की दोनाली बंदूक लूटी थी जो कि पुलिस इस गिरोह के पहले से गिरफ्तार आठ सदस्यों से बरामद कर चुकी है ।

हत्या का आरोप

इसी मध्य गुरदीप सिंह के नेतृत्व वाली खालिस्तान आर्मड फोर्स ने एक प्रैस विज्ञप्ति में आज यहां कहा कि उनके गिरोह का एक व्यक्ति गुरजिंद्र सिंह बब्बी सुरक्षा बलों द्वारा एक झूठे मुकाबले में मारा गया ।

उग्रवादी का रिमांड

फगवाड़ा (खोसला): थाना सदर पुलिस ने कोटलानी के निकट कल एक उग्रवादी जसदीप सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए थे । आज उसे स्थानीय दंडाधिकारी श्री जे.के. राव की अदालत में पेश किया गया । अदालत ने अभियुक्त का 28 जून तक का शारीरिक रिमांड ले लिया ।

दो उग्रवादी बंदी

गढ़दीवाला (ए.स.): आज प्रातः ग्रामीणों ने यहां दो उग्रवादियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया । प्रातः विवरण के अनुसार एक व्यक्ति देवी दास व उनका बेटा रूपोवाल से गढ़दीवाला आ रहे थे तो दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उनसे नकदी व घड़ी छीन ली तथा भागने लगे । दोनों पिता-पुत्र द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों ने इन दोनों उग्रवादियों का पीछा कर पकड़लिया तथा उन्हें गश्ती पुलिस के हवाले कर दिया । पकड़े गए उग्रवादियों में से एक कुलदीप सिंह फौजी (थाना फकीरा सिंहका, क्षेत्र निवासी) तथा दूसरा कुलदीप सिंह (थाना दसूहा क्षेत्र का निवासी) है । पुलिस सूत्रों के अनुसार कुलदीप सिंह फौजी छुट्टी पर आया हुआ था ।

7 उग्रवादी, 6 आश्रयदाता गिरफ्तार

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर के एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेन्द्र सिंह ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारों को बताया कि उग्रवादियों के विरुद्ध पुलिस और सी.आर.पी.एफ. के संयुक्त अभियान के रूप में 7 उग्रवादियों और उन्हें आश्रय देने वाले आधा दर्जन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । उनसे हजारों रुपए मूल्य के आभूषण और शस्त्र बरामद किए गए हैं ।

गुरुद्वारे का ग्रंथी गिरोह का मुखिया

श्री राजेन्द्र सिंह ने विवरण बताते हुए कहा कि [illegible] उसकी तरफ फायरिंग करते हुए पीछा जारी रखा तथा एक किलो मीटर तक उसका पीछा किया । इस तरह वह मारा गया । उससे 38 बोर का एक रिवाल्वर और दो कारतूस मिले हैं । स्कूटर में से जो कागज मिले हैं, उन पर जालन्धर की स्त्री अनिता शर्मा का नाम दर्ज है, जिसने यह स्कूटर किसी मनजीत सिंह के पास बेचा हुआ है, जो गांव सम्मीपुर जिला जालन्धर का रहने वाला है ।

6 'आश्रय दाता' गिरफ्तार

एप.पी. डिटैक्टिव ने आगे बताया कि उग्रवादियों को आश्रय देने वाले 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । इनमें से तीन निरंजन सिंह और बासाके का बलविन्द्र सिंह और मड़ी समराह के प्रगट सिंह ब्रह्मा गिरोह के उग्रवादियों को आश्रय देते रहे हैं जबकि शेष तीन लखविन्द्र सिंह, हरिन्द्र सिंह (अमृतसर के) और वाड़ियां का महेंद्र सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स के उग्रवादियों को आश्रय देते थे । गांव इब्बन ने दो युवकों बलबीर सिंह और जसवंत सिंह को गिरफ्तार करके उनसे 315 बोर और 455 बोर की सात गोलियां बरामद की गई हैं ।

37 उग्रवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी) जिला होशियारपुर की दसूहा सब डिविजन में गत कुछ समय के दौरान 37 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं । यह जानकारी आज पुलिस के एक प्रवक्ता ने हमारे संवाददाता को दी । उसने बताया कि ये उग्रवादी 7 गिरोहों के साथ सम्बद्ध थे और पुलिस को बहुत से केसों में वांछित थे । ये लोग लूट मार, राहजनी, हत्या, डकैती और आग लगाने के कई केसों में संलिप्त थे । उनकी गिरफ्तारी से 35 केस हल हो गए हैं । पुलिस ने प्रवक्ता ने आगे बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्जे से एक खाली बन्दूक, 3 दोनाली बन्दूकें, 3 बारह बोर के पिस्तौल, सात 32 बोर के रिवाल्वर, 217 कारामद कारतूस भी बरामद किए गए हैं । उनके अतिरिक्त दसूहा सब डिविजन में 4 और लोगों को उग्रवादियों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया । दसूहा उपमंडल में बी.एस.एफ. की 5 कम्पनियां तैनात की हैं, 2 कम्पनियां और भेजने का निर्णय किया गया है ताकि उग्रवाद के विरुद्ध और प्रभावी कार्रवाई की जा सके ।

19 उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स., जिन्दल): गत 24 घंटों के दौरान जिले में पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों ने 19 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 15 उग्रवादी शामिल हैं । इनमें से कई संक्षिप्त मुकाबले के बाद और कुछ उग्रवादियों के छिपने के ठिकानों पर मारे गए छापों से पकड़े गए । पुलिस ने उनसे शस्त्र और गोली सिक्का भी बरामद किया है ।

मुकाबले के बाद 5 पकड़े गए

एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस और बी.एस.एफ. की संयुक्त नाका पार्टी ने मौंगा थाने के गांव लंडेके के निकट एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद 5 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । जब नाका पार्टी ने उन्हें चुनौती दी तो अभियुक्तों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी, नाका पार्टी ने इसका उत्तर गोली से दिया । इनकी सेवक सिंह, अमरजीत सिंह, गुरमुख सिंह, और धनी ग्रामीणों से जबरदस्ती धन बटोरते थे । मोगा में उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार 3 व्यक्तियों के साथ एक स्त्री गुरविन्द्र कौर भी पकड़ी गई है । वे सी.आर.पी.एफ. के 3 जवानों की हत्या के मामले में भी संलिप्त हैं ।

मुकाबले में मरे उग्रवादियों की शिनाख्त

मोगा में सरकारी सूचनाओं के अनुसार 14 जून को थाना मेहना जिला फरीदकोट के गांव कपूरी में मुकाबले में मारे गए 3 उग्रवादियों की गुरदेव सिंह, गुरमेल सिंह और निर्मल सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । मृतक उग्रवाद की कई वारदातों में संलिप्त थे । पुलिस ने उनके कब्जे से एक आटोमैटिक मशीनगन और कुछ कारतूस बरामद किए थे ।

उग्रवादियों को राजस्थान से शस्त्र

श्रीगंगानगर (वार्ता): पंजाब में आतंकवादियों को राजस्थान के गंगानगर के रास्ते हथियार पहुंचते हैं । यह बात पंजाब में गिरफ्तार आतंकवादियों ने कबूल की है । इन आतंकवादियों ने पुलिस को बताया कि यहां के अवैध शस्त्र निर्माता तथा तस्करी तत्व उन्हें हथियार बेचते हैं । पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार ने इसे गम्भीरता से लिया है तथा राज्य सरकार को इस संबंध में कड़ाई बरतने के निर्देश दिए हैं । गिरफ्तार आतंकवादियों का यह भी कहना है कि पाकिस्तान में बने शस्त्र भी गंगानगर के रास्ते उन तक पहुंचते हैं ।

इन खबरों के बाद राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी कई कदम उठाये हैं । उप पुलिस महानिरीक्षक नामोनारायण मीणा ने हाल ही में पुलिस अधिकारियों की बैठकों में इस बारे में विचार किया तथा आवश्यक निर्देश दिये । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोमनाथ शेखर हाल ही में इस सम्बद्ध में पूरी जानकारी के लिये पंजाब गये थे ।

संगरूर से एक गिरफ्तार

संगरूर (गर्ग): जिला पुलिस ने आज एक संदिग्ध उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने बताया कि इसका नाम पाल सिंह है, जो गांव बहादुर का निवासी है । पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर की एक पिस्तौल और कारामद कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस उसके सम्पर्कों का पता लगा रही है ।

पैट्रोल पम्प लूट लिया

पटियाला (भूषण): यहां दो अज्ञात स्कूटर सवार युवकों ने कृष्णा पैट्रोल पम्प से सेल्जमैन से 5000 रुपए लूट लिए । उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन पुलिस स्टेशन पैट्रोल पम्प के बिल्कुल निकट है, लेकिन अभियुक्त बच कर भाग गए ।

तीन मोटरें उठा ले गए

फिरोजपुर (धीमान): जिला फिरोजपुर के थाने मल्लांवाला के गांव निजामवाला में 3 संदिग्ध उग्रवादी द्वारिका दास के फार्म पर गए और मजदूरों को धमकी देकर वहां से ट्यूबवैल की तीन मोटरें उठा ले गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

सिर कटा शव मिला

कपूरथला (शर्मा): कोतवाली पुलिस ने गांव बोर के निकट नदी से 28-30 वर्ष के एक युवक का सिर कटा शव बरामद किया है । शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है । पुलिस के अनुसार किसी ने युवक का सिर काट कर उसे नदी में फैंक दिया । इस सम्बन्ध में केस दर्ज करलिया गया है ।

रिमांड बढ़ा

Punjab Kesari Archive

दो उग्रवादी बंदी

गढ़दीवाला (ए.स.): आज प्रातः ग्रामीणों ने यहां दो उग्रवादियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया । प्रातः विवरण के अनुसार एक व्यक्ति देवी दास व उनका बेटा रूपोवाल से गढ़दीवाला आ रहे थे तो दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उनसे नकदी व घड़ी छीन ली तथा भागने लगे । दोनों पिता-पुत्र द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों ने इन दोनों उग्रवादियों का पीछा कर पकड़लिया तथा उन्हें गश्ती पुलिस के हवाले कर दिया । पकड़े गए उग्रवादियों में से एक कुलदीप सिंह फौजी (थाना फकीरा सिंहका, क्षेत्र निवासी) तथा दूसरा कुलदीप सिंह (थाना दसूहा क्षेत्र का निवासी)है । पुलिस सूत्रों के अनुसार कुलदीप सिंह फौजी छुट्टी पर आया हुआ था ।

7 उग्रवादी, 6 आश्रयदाता गिरफ्तार

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर के एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेन्द्र सिंह ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारों को बताया कि उग्रवादियों के विरुद्ध पुलिस और सी.आर.पी.एफ. के संयुक्त अभियान के रूप में 7 उग्रवादियों और उन्हें आश्रय देने वाले आधा दर्जन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । उनसे हजारों रुपए मूल्य के आभूषण और शस्त्र बरामद किए गए हैं ।

गुरुद्वारे का ग्रंथी गिरोह का मुखिया

श्री राजेन्द्र सिंह ने विवरण बताते हुए कहा कि थाना मजीठा के गांव झंडर कलां के गुरुद्वारे के ग्रंथी लखविंद सिंह, जो गिरोह का लीडर है, के नेतृत्व में वारदातें करने वाले चार युवकों माड्डीपुर के कश्मीरा सिंह, तलवंडी नहर के जसवन्त सिंह, कमालपुर के प्रगट सिंह और हरदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है । ये चारों छात्र हैं । प्रगट सिंह आई.टी.आई. बटाला का छात्र है और शेष तीन गांव काला अफगाना कालेज में पढ़ते हैं । उन्होंने लूटमार की जो वारदातें की हैं, उनमें से 3 का सुराग मिल गया है । माड्डीपुर के एक व्यक्ति मुलक्खन सिंह से उन्होंने 12 बोर की एक बंदूक छीनी थी और गांव भंडर में दो वारदातों में आभूषण और पांच घड़ियां लूटी थीं । पुलिस ने 25-30 हजार रुपए मूल्य के आभूषण बरामद कर लिए हैं । लखविंद सिंह से एक 12 बोर की पिस्तौल और एक अन्य उग्रवादी से खिलौना टाइप पिस्तौल बरामद किया है ।

2 ट्रक भर शस्त्र मिले

एक प्रश्न के उत्तर में एस.पी. डिटैक्टिव ने कहा कि पुलिस और सी.आर.पी.एफ. के उग्रवादियों के विरुद्ध अभियान के अन्तर्गत अब तक उग्रवादियों से जो शस्त्र बरामद किए गए हैं, उनसे दो ट्रक भरे जा सकते हैं । इसमें विभिन्न प्रकार के घातक शस्त्र भी शामिल हैं ।

मृत उग्रवादी पहचाना नहीं गया

उन्होंने आगे बताया कि कल सुल्तान विंड के क्षेत्र में सी.आर.पी.एफ. के साथ मुकाबले में जो उग्रवादी मारा गया था, उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । उग्रवादी 25 वर्ष का था । वह एक दुकान पर बैठा हुआ था कि सी.आर.पी.एफ. वालों को सूचना मिली कि वह उग्रवादियों का साथी है, उसका स्कूटर जो चुराया हुआ मालूम होता है, वहां खड़ा है । वह सी.आर.पी. एफ. वालों को आते देखकर भाग खड़ा हुआ और भागते हुए उसने दो फायर भी किए लेकिन सी.आर.पी.एफ. वालों ने कब्जे से एके खोला बन्दूक, 3 दोनाली बन्दूक, 3 बारह बोर के पिस्तौल, सात 32 बोर के रिवाल्वर, 217 कारामद कारतूस भी बरामद किए गए हैं । उनके अतिरिक्त दसूहा सब डिविजन में 4 और लोगों को उग्रवादियों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया । दसूहा उपमंडल में बी.एस.एफ. की 5 कम्पनियां तैनात की हैं, 2 कम्पनियां और भेजने का निर्णय किया गया है ताकि उग्रवाद के विरुद्ध और प्रभावी कार्रवाई की जा सके ।

19 उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स., जिन्दल): गत 24 घंटों के दौरान जिले में पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों ने 19 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 15 उग्रवादी शामिल हैं । इनमें से कई संक्षिप्त मुकाबले के बाद और कुछ उग्रवादियों के छिपने के ठिकानों पर मारे गए छापों से पकड़े गए । पुलिस ने उनसे शस्त्र और गोली सिक्का भी बरामद किया है ।

मुकाबले के बाद 5 पकड़े गए

एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस और बी.एस.एफ. की संयुक्त नाका पार्टी ने मोगा थाने के गांव लंडेके के निकट एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद 5 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । जब नाका पार्टी ने उन्हें चुनौती दी तो अभियुक्तों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी, नाका पार्टी ने इसका उत्तर गोली से दिया । इनकी सेवक सिंह, अमरजीत सिंह, गुरमेल सिंह, बलदेव सिंह, प्रकाश सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है, जो जिले में कई उग्रवाद की घटनाओं में संलिप्त थे ।

4 'शरणदाता' गिरफ्तार

पुलिस ने उग्रवादियों के शरण स्थलों पर मारे गए कई छापों के दौरान उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

जैतो में 3 उग्रवादी गिरफ्तार

जैतो पुलिस ने संक्षिप्त मुकाबले के बाद 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । उनकी जसपाल सिंह, जसवंत सिंह और मंधीर सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । उनके कब्जे से 3 पिस्तौलें और 6 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

मुकाबलों में पकड़े गए

पुलिस ने मुक्तसर थाना सदर के गांव चिरेवां में संक्षिप्त मुकाबले के बाद गुरबख्श सिंह और निरंजन सिंह को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से दो पिस्तौलें और कुछ कारतूस बरामद किए गए । पुलिस ने गिद्दड़बाहा से रायकोट के निवासी दर्शन सिंह को भी गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए हैं । एक व्यक्ति महेंद्र सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । पुलिस के अनुसार इसका 'शोले रैजिमैंट' के स्वयंभू जनरल के साथ सम्पर्क था और यह इस रैजिमैंट के सदस्यों को शरण देता था । उसके कब्जे से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । गांव चूहड़चक का बलदेव सिंह और बडेरी कलां का गुरजवंत सिंह संक्षिप्त मुकाबले के बाद पकड़े गए, उनका तीसरा साथी भाग निकला । पुलिस ने उनके कब्जे से दो पिस्तौलें और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

कई वारदातों की स्वीकारोक्ति

इनमें से कई उग्रवादियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने लूटमार की कई घटनाएं की हैं और वे निर्दोष संदिग्ध उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने बताया कि इसका नाम पाल सिंह है, जो गांव बहादर का निवासी है । पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर की एक पिस्तौल और कारामद कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस उसके सम्पर्कों का पता लगा रही है ।

पैट्रोल पम्प लूट लिया

पटियाला (भूषण): यहां दो अज्ञात स्कूटर सवार युवकों ने कृष्णा पैट्रोल पम्प से सेल्समैन से 5000 रुपए लूट लिए । उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन पुलिस स्टेशन पैट्रोल पम्प के बिल्कुल निकट है, लेकिन अभियुक्त बच कर भाग गए ।

तीन मोटरें उठा ले गए

फिरोजपुर (धीमान): जिला फिरोजपुर के थाने मल्लांवाला के गांव निजामवाला में 3 संदिग्ध उग्रवादी द्वारिका दास के फार्म पर गए और मजदूरों को धमकी देकर वहां से ट्यूबवैल की तीन मोटरें उठा ले गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

सिर कटा शव मिला

कपूरथला (शर्मा): कोतवाली पुलिस ने गांव बीर के निकट नदी से 28-30 वर्ष के एक युवक का सिर कटा शव बरामद किया है । शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है । पुलिस के अनुसार किसी ने युवक का सिर काट कर उसे नदी में फैंक दिया । इस सम्बन्ध में केस दर्ज करलिया गया है ।

रिमांड बढ़ा

चंडीगढ़ (संधी): यहां के सैक्टर 44 में गत 10 जून को हुई मुठभेड़ में पुलिस को वांछित 3 उग्रवादियों को शहर में शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए 4 युवकों जसविन्दर सिंह, मंजीत सिंह, गुरमीत सिंह व बहादर सिंह का पुलिस रिमांड अदालत ने 26 जून तक बढ़ा दिया है ।

1985 में हथियारों पर 9 खरब डालर खर्च

वाशिंगटन, 20 जून (ए.पी.) : हथियारों पर 1985 में नौ खरब डालर खर्च हुए जो इसके लिए पिछले वर्ष से 3.7 प्रतिशत अधिक था । अमरीकी शस्त्र नियंत्रण और निरस्त्रीकरण एजैंसी कल जारी अपनी 17वीं रिपोर्ट में यह आंकड़ा दिया है । उसके अनुसार दुनिया में आधे से अधिक हथियार सोवियत संघ और अमरीका बेचते हैं । सोवियत संघ ने 1981 से 85 के बीच 55.7 अरब डालर के हथियार बेचे जो इस अवधि में बेचे गए कुल हथियारों का बीस प्रतिशत है । अमरीका ने 49 अरब डालर के हथियार इस अवधि में बेचे जो कुल बिक्री का 26 प्रतिशत है ।

जसमां देवी

(पृष्ठ 3 का शेष)

के पास थी और इसे मिला कर हरियाणा विधानसभा के अब तक घोषित 86 परिणामों में से कांग्रेस (इ) को पांच सीटों पर विजय मिली है । जसमा देवी को 41152 मत मिले जबकि धर्मपाल सिंह को 31880 वोट मिले ।

लोकदल (ब) के मुनि लाल बावल (सु.) निर्वाचन क्षेत्र से हरियाणा विधानसभा के लिए निर्वाचित घोषित किए गए हैं । श्री मुनि लाल ने सात कोणीय संघर्ष में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय शकुंतला भगवारिया को 4500 से अधिक मतों के अंतर से हराया । इस सीट पर पहले कांग्रेस (इ) का कब्जा था ।

Punjabi Tribune

महंत के चेले की हत्या करके भाग रहा उग्रवादी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

ए.एस.आई., महंत गम्भीर घायल : स्कूटर, हथियार आदि छीनने की घटनाएं : कई गिरफ्तार

मानोचाहल गिरोह को पकड़ने के लिए तरनतारन में कर्फ़्यू लगा कर छापे

चंडीगढ़ 21 जून (वार्ता, ह.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग वारदातों में एक संदिग्ध आतंकवादी सहित 3 व्यक्ति मारे गए और तीन घायल हो गए । पुलिस ने सिख छात्र महासंघ के अध्यक्ष गुरजीत सिंह की बहन सहित कई संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ा । अमृतसर जिले के तरनतारन में आज सुबह 6 बजे से 11 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया गया । इस दौरान घरों की तलाशी ली गई और करीब पचास लोगों को हिरासत में ले लिया गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार ऐसा सुराग मिला था कि पंथक समिति के सदस्य गुरबचन सिंह मानो चाहल का गुट वहां छिपा हुआ है।

आतंकवादी और महंत का चेला मरा

नवांशहर (शर्मा): आज प्रातः यहां से चार किलोमीटर दूर गढ़शंकर रोड पर बलाचौर शिड़ी आश्रम में स्कूटर सवार तीन आतंकवादियों ने आश्रम के महन्त दशरथ को गोलियां मार कर सख्त घायल कर दिया, जबकि उसके चेले मनीराम को मार डाला । पता चला है कि नजदीक ही पुलिस की एक नाकाबंदी पार्टी गोलियां चलने की आवाज सुन कर तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई । पुलिस तथा आतंकवादियों में गोलियां चलने लगीं । फायरिंग में एक खतरनाक आतंकवादी लखबीर सिंह घटनास्थल पर मारा गया और ए.एस.आई. श्री हरभजन सिंह घायल हो गए । घायल महंत और ए.एस.आई. को सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल करा दिया गया है जहां महंत की हालत खतरे से बाहर और ए.एस.आई. की गंभीर बताई जाती है । मरने वाला आतंकवादी कन्धारी फोर्स से सम्बन्ध रखता था । उसके दोनों साथी फरार होने में सफल हो गए । आतंकवादी की लाश के पास चीनी मशीनगन, तीन पैगज़ीन, 66 कारतूस मिले हैं । पता चला है कि जिस स्कूटर पर वे सवार थे, वह चंडीगढ़ से चोरी किया हुआ था । पुलिस ने एक स्कूटर भी कब्जे में किया है, जिस पर पी.ए.यू. 9496 नं. लिखा हुआ है ।

'वार्ता' के अनुसार दो आतंकवादी एक दूध वाले से मोटर साइकिल छीनकर भाग निकले । पहले वह एक स्कूटर पर भागने की कोशिश कर रहे थे पर उसे छोड़कर भाग गए । खून से लथपथ महंत मनीराम के शव पर से कुछ 'खालिस्तानी' पर्चे बरामद हुए । समझा जाता है कि यह पर्चे आतंकवादी छोड़ कर भागे होंगे । पुलिस के अनुसार यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हत्यारे सिर्फ मारने के उद्देश्य से आए थे अथवा डेरे की बहुमूल्य सम्पत्ति चुराना भी उनका उद्देश्य था । बताया जाता है कि मारा गया आतंकवादी 'मोना' है ।

एक और हत्या

जालन्धर जिला में बंगा थाना के गांव मेहली में कल रात उग्रवादियों ने एक व्यक्ति बलबीर सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार उग्रवादी बलबीर सिंह के घर में जबरन घुस आए और उसकी हत्या करके भाग गए ।

राधा स्वामी डेरे को आग लगा दी

इसी दौरान कल रात नकोदर थाना के गांव तलवंडी सलेम में दो उग्रवादियों ने राधा स्वामी डेरे के दो निवासियों को बाहर बुलाने के बाद डेरे को आग लगा दी और भाग गए । डेरे के दोनों निवासियों संत राम और मुकेश कुमार ने तुरन्त आग को बुझा दिया । आग से केवल कुछ बोरियां ही जलीं ।

कर्फ़्यू लगाकर तलाशियां, 50 हिरासत में

अमृतसर (वार्ता): पुलिस ने तरनतारन उपमंडल में आज घर-घर की तलाशी लेकर करीब 50 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा है । पुलिस की इस कार्रवाई से पहले सुबह छः बजे से अनिश्चितकाल के लिए कर्फ़्यू लगा दिया गया था । बाद में मिली रिपोर्ट के अनुसार सारे क्षेत्र से ग्यारह बजे कर्फ़्यू उठा लिया गया । इस तलाशी के दौरान वांछित आतंकवादी की गिरफ्तारी अथवा बरामद किए गए हथियारों के बारे में पुलिस चुप्पी साधे हुए है ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया है कि तरनतारन से अपनी गतिविधियों का संचालन करने वाले कुछ आतंकवादियों को गिरफ्त में लेने के लिए वहां घर-घर तलाशी जारी है । अधिकारियों ने यह कार्रवाई केंद्रीय कैबिनेट सचिव वी.डी. देशमुख और पंजाब के पुलिस प्रमुख जे.एस. रिबैरो के कल अचानक आने के बाद से शुरू की है । उन्होंने तरनतारन और अमृतसर के कई क्षेत्रों का दौरा करने के बाद स्थिति की समीक्षा की थी ।

सूत्रों ने कहा है कि भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स आफ़ खालिस्तान के अधिसंख्य सदस्य तरनतारन से ही अपनी गतिविधियां चला रहे हैं । ये लोग गुरबचन सिंह मानोचाहल के नेतृत्व में कार्रवाइयां कर रहे हैं । मानोचाहल पंथक कमेटी का सदस्य है, जिसने पिछले साल 'खालिस्तान' के गठन की घोषणा की थी । पुलिस को पक्की सूचना मिली थी कि इस गिरोह के सदस्य तरनतारन में ही हैं ।

कैबिनेट सचिव श्री देशमुख की कल अमृतसर यात्रा के बारे में श्री जे.एफ. रिबैरो ने बताया कि वह केवल उन परिस्थितियों का जायजा लेने यहां आए थे, जिनमें सुरक्षा बल कार्य कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि श्री देशमुख के दौरे से कर्फ़्यू का कोई सम्बन्ध नहीं है, बल्कि कर्फ़्यू का फैसला तो पहले ही ले लिया गया था, लेकिन किन्हीं कारणों से इसे गुप्त रखा गया था ।

दो गिरफ्तार

अजनाला पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे दो हथियार बरामद किए हैं ।

पंथक समिति की अपील

पांच सदस्यीय पंथक समिति ने पंजाब के सभी आतंकवादी संगठन से "खालिस्तान परिषद" के झंडे तले एक होने की अपील की है । समिति ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि इस संगठन की स्थापना की औपचारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी । बयान में पंथक समिति के पांचों सदस्यों के हस्ताक्षर हैं ।

6 उग्रवादी ढेर

फरीदकोट (जिला): एस.एस.पी. गोविन्द राम ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान पुलिस ने 6 कुख्यात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । मोगा थाना के क्षेत्र में पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो उग्रवादियों हरदेव सिंह और अमर सिंह (गांव बक्कां वाला) को गिरफ्तार करके दो भरे हुए पिस्तौल कब्जे में लिए जो उन्होंने कोटला खोसा (जीरा) गांव के मेजर सिंह मिस्त्री से खरीदे थे । मेजर सिंह पहले ही गिरफ्तार हो चुका है । लम्बी थाना क्षेत्र में दो उग्रवादियों स्वर्ण सिंह (पंजाबा) तथा ठाकुर सिंह (फतेहपुर मिनाईया) को पंजाब पुलिस और सी.आर.पी.एफ. की नाका पार्टी ने दो भरी हुई 303 पिस्तौलों सहित गिरफ्तार किया । डल्ला गांव के उग्रवादी हुसन सिंह उर्फ हुसना के साथी साधु सिंह (कोहाड़वाला) को बाघापुराना पुलिस ने 12 बोर की भरी हुई पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है । गोनियाना के जसपाल सिंह को कल रात जैतो पुलिस ने गिरफ्तार करके 303 बोर का पिस्तौल बरामद किया । उसका दूसरा साथी अंधेरे में भाग निकला । चार और व्यक्तियों को उग्रवादियों को

(शेष पृष्ठ 8 पर)



(1) अलाचौर गांव के एक डेरे में पुलिस के साथ भिड़न्त में मारा गया उग्रवादी लखबीर सिंह उर्फ संता सिंह, (2) डेरे के महंत का चेला मनी राम, जिसकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी, (3) मनीराम की कुटिया जहां उसकी हत्या की गई, (4) महंत राम दशरथ (इनसैट) के उस कमरे में लगी गोलियां, जहां उन्हें घायल किया गया, (5) कमरे में बिखरा पड़ा सामान । (छाया : हरिदेव)

हरियाणा सरकार 389 करोड़ के कर्ज़ों का भुगतान स्वयं करेगी

चंडीगढ़, 21 जून : हरियाणा में देवी लाल सरकार ने अपना चुनाव वायदा पूरा करने के लिए बीस हजार रुपए तक कर्ज लेने वाले किसानों का कर्ज माफ करने की जो घोषणा की है उसके तहत राज्य सरकार 389 करोड़ रुपए के कर्ज का भुगतान सरकारी कोष से करेगी । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि इन कर्जों में 199 करोड़ रुपए का कम मियाद वाला सहकारी ऋण, 90 करोड़ रुपए का राज्य विकास बैंक का लम्बी मियादी ऋण तथा 100 करोड़ रुपए के वाणिज्यिक बैंकों के ऋण शामिल हैं ।

प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि इस साल राज्य के 2950 करोड़ रुपए के बजट पर कोई ज्यादा बोझ न पड़े तथा निर्माणाधीन विकास योजनाओं में कोई रुकावट पैदा न हो इसके लिए सरकार ने बैंकों और सहकारी समितियों को ऋण वापस किस्तों में श्रीमती इंदिरा गांधी के 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों को कर्ज के बोझ से छुटकारा दिलाने की स्वीकृत राष्ट्रीय नीति का भाग है ।

नई सरकार आर्थिक नीतियों के संदर्भ में पूरे ग्रामीण कर्ज के ढांचे की समीक्षा करेगी ताकि इसकी पुनरावृत्ति न हो । इसके लिए सूत्रों ने सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय आयोग बनाए जाने की सम्भावना को रद्द नहीं किया । कर्जों का विस्तार रोकने और इसे सही लोगों तक ही सीमित रखने के लिए कुछ प्रभावी पग उठाने ही होंगे ।

सूत्रों के अनुसार कृषि उत्पादन का समर्थन मूल्य निर्धारित करने का ढंग अतार्किक और पुराना है ।

पुत्रवधुओं के तौर-तरीके महारानी को नापसंद

लन्दन, 21 जून : यहां के एक रविवारीय समाचारपत्र के अनुसार ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ ने अपनी दोनों पुत्रवधुओं को डांटते हुए कहा है कि शाहीखानदान के लोगों को अपने तौर-तरीके बदलने होंगे ।

श्रीलंका की वायु सेना द्वारा

ज़ैल सिंह द्वारा राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने से इन्कार

नई दिल्ली, 21 जून (वार्ता, ह.स.): राष्ट्रपति जैल सिंह द्वारा इस पद के लिए चुनाव लड़े जाने की अटकलें आज रात उस समय खत्म हो गईं जब उन्होंने प्रधानमंत्री राजीव गांधी तथा विपक्षी नेताओं को स्पष्ट कह दिया कि वह 13 जुलाई को होने वाले इस पद के चुनाव में प्रत्याशी नहीं बनेंगे ।

तेलगुदेशम संसदीय दल के नेता, पी. उपेन्द्र ने श्री जैल सिंह से आज मुकालात के बाद प्रैस कांफ्रैंस में यह जानकारी दी । श्री जैल सिंह ने कहा है कि वह राष्ट्रपति के पद पर दोबारा आसीन होना नहीं चाहते ।

श्री जैल सिंह ने यह फैसला सम्भवतः उनके प्रत्याशी बनाने के बारे में विपक्षी दलों में उत्पन्न तीव्र मतभेद के दृष्टिगत किया है । श्री जैल सिंह के समिति से अपना नाम वापस लेने सम्बन्धी पत्र और उम्मीदवार के नाम पर लगभग दो घंटे तक विचार किया गया । बैठक में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री और तेलगुदेशम के अध्यक्ष एन.टी. रामाराव, जनता पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर, लोकदल के अध्यक्ष हेमवती नन्दन बहुगणा, जनता नेता जार्ज फर्नांडिज, लोकदल नेता कर्पूरी ठाकुर, कांग्रेस (एस.) नेता के.पी. उन्नीकृष्णन और तेलगुदेशम के नेता पी. उपेन्द्र शामिल हुए ।

सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह महसूस किया गया कि श्री नम्बूद्रीपाद की नाराजगी व्यर्थ है क्योंकि श्री कृष्णा अय्यर के बदले श्री जैल सिंह को विपक्षी उम्मीदवार बनाने के बारे में कोई ठोस बात नहीं हुई थी ।

बताया गया कि अलबत्ता आज सवेरे हुई चौदह विपक्षी दलों की बैठक में कुछेक नेताओं ने यह सुझाव दिया था कि यह पता लगाया जाए कि क्या ज्ञानी जैल सिंह दोबारा राष्ट्रपति पद के लिए खड़े होने में रुचि रखते हैं अथवा नहीं ।

इसी सिलसिले में लोकदल के अध्यक्ष हेमवती नन्दन बहुगणा और कर्पूरी ठाकुर, जनता पार्टी के नेता जार्ज फर्नांडिज, कांग्रेस (स) के नेता के.पी. उन्नीकृष्णन और तेलगुदेशम के नेता पी. उपेन्द्र अलग-अलग राष्ट्रपति जैल सिंह से मिले । सूत्रों के अनुसार श्री जैल सिंह ने दोबारा राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार होने से अनिच्छा व्यक्त की ।

विपक्षी दलों की सवेरे की बैठक के बाद वामपंथी दलों के नेताओं की अलग से बैठक हुई जिसके तुरन्त बाद श्री नम्बूद्रीपाद ने श्री रामाराव को पत्र लिख कर तीन सदस्यों वाली विपक्षी समिति से अपना नाम वापस लेने के निर्णय से अवगत कराया ।

श्री नम्बूद्रीपाद द्वारा श्री रामाराव को लिखे कड़े पत्र के बाद विपक्षी और कांग्रेस (इ) खेमे में देर रात तक तेज सरगर्मी चलती रही । लोकदल नेता

Punjab Sahatani

उग्रवादी मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । मुक्तसर पुलिस ने शोले रैजिमैंट के लैफ्टिनैंट जनरल गुरबाज सिंह को शरण और आर्थिक सहायता देने के आरोप में प्रीतम सिंह, बिंदर सिंह और मलकीयत सिंह को गिरफ्तार किया है । शिरोमणि कमेटी के कर्मचारी छतर सिंह (मुक्तसर) को भी अपने घर में उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

घायल कर दिया

मोगा (ह.स.): दो अज्ञात साइकल सवार आतंकवादियों ने कल रात एक मांस विक्रेता को गोली मारकर घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि वारदात के समय मांस विक्रेता अपनी दुकान के बाहर सो रहा था । इन हमलावरों ने दुकानदार से कच्चा गोश्त मांगा था । दुकानदार जैसे ही दुकान के भीतर गया, हमलावरों में से एक ने उस पर गोली दाग दी । यह वारदात मोगा-फिरोजपुर मार्ग पर हुई ।

गुरजीत की बहन सहित 4 बंदी

सिख छात्र संघ के प्रधान गुरजीत सिंह की बहन गुरविंदर कौर, जो ब्रिटेन निवासी है, सहित चार व्यक्तियों को गुरजीत के गिरोह के सदस्यों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । गुरविंदर को कल उस समय पकड़ा गया, जब वह वापिस जाने की तैयारी में थी । दो अन्य गिरफ्तार व्यक्तियों की शिनाख्त सुएवार सिंह और बहादुर सिंह के रूप में हुई है, जबकि चौथे व्यक्ति के बारे में अभी पता नहीं चला । पुलिस का कहना है कि 11 जून को घात लगाकर सी.आर.पी. के चार जवानों की सब मशीन से हत्या करने वाले उग्रवादी, जिनमें गुरजीत भी शामिल था, इनके ट्यूबवैल पर ठहरे थे । चारों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

3 उग्रवादी बंदी

धूरी (सिंगला): जिला पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान 3 उग्रवादियों, जिनमें मनिंदरपाल सिंह (सुल्तानपुर लोधी), पाल सिंह (भदौड़) शामिल हैं, को गिरफ्तार किया है । तीसरा उग्रवादी बलबोहा गांव का निवासी है । इनसे हथियार, गोलियां और एक मोटर साइकल भी बरामद हुआ है ।

'गोयल' के अनुसार धूरी पुलिस ने एक नाई दविंदर प्रसाद को एक देसी पिस्तौल और 5 कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है । संगरूर जिला में पुलिस ने नाकेबंदी को कड़ा कर दिया है और गश्त बढ़ा दी है । कई बुरे तत्वों और उग्रवादियों के शरणदाताओं को पकड़ा गया है, जिनसे पूछताछ जारी है ।

मुठभेड़ में उग्रवादी बच निकले

मोहाली (न.ह.स.): आज दोपहर यहां फेज-7 में 'बी' श्रेणी का एक उग्रवादी चरणजीत सिंह उर्फ चन्ना और उसका एक अन्य साथी पुलिस के साथ हुई दस मिनट की मुठभेड़ के बाद भाग निकले । चरणजीत सिंह को गश्ती पुलिस के दो जवानों ने पहचान लिया और उसे ललकारा । इस पर चन्ना ने फायरिंग शुरू कर दी । जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की लेकिन वह मकानों से फलांगता हुआ भाग निकला, पुलिस ने तुरन्त क्षेत्र की नाकेबंदी करके उसकी खोज प्रारम्भ कर दी ।

पांच आतंकवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): सूचना है कि आज प्रातः होशियारपुर के विभिन्न स्थानों पर तीन स्कूटर छीने गए । एक स्कूटर पुलिस ने बरामद कर लिया । इस सम्बन्ध में पुलिस ने पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । एक स्कूटर मौज़ा सैलाखुर्द के निकट आज प्रातः छः बजे सुनील कुमार नामक एक युवक से पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । इसी प्रकार मौज़ा पनाम के निकट एक स्कूटर जोगेंद्र से छीना गया जबकि तीसरा बेगमपुरा से छीना गया । एक सूचना के अनुसार पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि इन स्कूटरों का प्रयोग अलाचौर की मुठभेड़ से भागे उग्रवादियों ने किया क्योंकि मुठभेड़ 5.30 बजे हुई थी और स्कूटर उसी रोड पर 6.30 बजे छीने गए ।

पुलिस ने अमरजीत सिंह उर्फ बग्गा, गुरदयाल सिंह उर्फ मोदी और भूपिन्दर सिंह को सी.आई.ए. स्टाफ ने गिरफ्तार किया है । इन आतंकवादियों ने हाजीपुर में मौजा केरां के सरपंच की हत्या की थी । इनके अतिरिक्त पुलिस ने दो अन्य व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया है और दोनों का नाम कुलदीप सिंह है ।

बंदूक लूटी

पटियाला (ह.स.): सरहिंद शहर में जाटपुरा मुहल्ले में इंद्रजीत सिंह के घर से अज्ञात व्यक्तियों ने एक दोनाली बंदूक लूट ली । वारदात के समय इंद्रजीत सिंह के परिवार के सदस्य 17 जून से बाहर गए हुए थे ।

हत्या में उग्रवादी बंदी

बटाला (वार्ता): दस जून को निकटवर्ती गांव बलपुरियां में एक व्यक्ति शाम लाल की हत्या के सम्बन्ध में पुलिस ने दो में से एक उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया है । जिला पुलिस चीफ़ जे.पी. विरदी के अनुसार उग्रवादी राम सिंह उर्फ़ मुख्तियार सिंह इसी गांव का निवासी है । उसने यह अपराध स्वीकार कर लिया है ।

15000 रुपए का सामान लूटा

फगवाड़ा (ह.स.): फगवाड़ा-पलाही लिंक रोड पर कल रात फगवाड़ा के निकट 7 उग्रवादियों ने एक जनरल स्टोर से 15000 रु. का सामान लूट लिया ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार

हाजीपुर ब्लाक इंका प्रधान तथा गेरा गांव के सरपंच ओंकार सिंह की हत्या के सम्बन्ध में होशियारपुर पुलिस ने 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है जिनमें अमरीक सिंह उर्फ बग्गा, भूपेन्द्र सिंह उर्फ जीता (तलवाड़ा) तथा गुरदयाल सिंह (डेरा बाबा नानक) को गिरफ्तार किया गया है ।

स्कूटर छीना

जालन्धर (ह.स.): दो उग्रवादियों ने यहां की दादा कालौनी निवासी श्री कमल किशोर से आज सायं आदमपुर पुलिस स्टेशन के गांव पठियाना के निकट, उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस के अनुसार कमल किशोर जालन्धर आ रहा था कि उग्रवादियों ने उसे रोका और पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन कर फरार हो गए ।

7 बंगला देशी गिरफ्तार

अमृतसर क्षेत्र में बी.एस.एफ. ने एक महिला सहित पांच बंगला देशी नागरिकों को पाकिस्तान की सीमा में घुसने के प्रयास में गिरफ्तार कर लिया ।

अनिगमित संस्थाओं के धन जमा करने पर पाबंदी

लखनऊ, 21 जून (वार्ता): भारतीय रिजर्व बैंक ने स्पष्ट किया है कि अनिगमित संस्थाओं द्वारा लोगों से धन जमा करना प्रतिबंधित है और कोई भी व्यक्ति 25 से ज्यादा जमाकर्त्ताओं से धन नहीं ले सकता । बैंक ने यह भी स्पष्ट किया है कि अनिगमित संगठन से बनी संस्था भी प्रति भागीदार या व्यक्ति 25 जमाकर्त्ता और कुल मिला कर 250 जमाकर्त्ताओं से ज्यादा की राशि नहीं ले सकती । बैंक ने यह जानकारी समाचार पत्रों में आकर्षक विज्ञापनों और एजैंटों के जरिए प्रचार के माध्यम से कुछ अनिगमित संस्थाओं, व्यक्ति या भागीदारों द्वारा काफी ऊंची ब्याज दर का लोभ देकर लोगों से धन जमा करने की रिपोर्टों के हवाले से दी है । बैंक को ऐसी कुछ संस्थाओं द्वारा लोगों को उनकी जमा राशि का भुगतान न किए जाने और काफी धन एकत्र करने के बाद उनके गायब हो जाने की भी शिकायतें मिली हैं ।

अमरेन्द्र बाबा जोगेन्द्र सिंह को संयोजक बनाने की ताक में

चंडीगढ़, 21 जून (वि.प्र.): जानकार सूत्रों के अनुसार कैप्टन अमरेंद्र सिंह का एकीकृत अकाली दल की आंतरिक राजनीति में दम घुट रहा है । उनका भरसक प्रयास है कि प्रकाश सिंह बादल और गुरचरण सिंह टोहरा की अनुपस्थिति में बाबा जोगिन्दर सिंह को एकीकृत अकाली दल का संयोजक बनाया जाए जबकि श्री बादल व श्री टोहरा के समर्थक इस पद पर श्री जगदेव सिंह तलवंडी को नियुक्त कराना चाहते हैं । श्री तलवंडी को हाल ही में पंजाब सरकार ने गिरफ्तार किया है ।

हरियाणा विधानसभा के हाल ही के चुनाव में वहां के सिखों ने कैप्टन अमरेंद्र सिंह की राजनीति को रद्द कर दिया है । कैप्टन सिंह ने अपने हाईकमान का हवाला देकर बार-बार यह स्टैंड लिया था कि उनकी पार्टी हरियाणा में जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का समर्थन करेगी परन्तु चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि हरियाणा के सिखों ने लोकदल (ब) भाजपा गठजोड़ का डट कर समर्थन किया । परिणामस्वरूप कई हल्कों में जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों की जमानतें जब्त हो गईं ।

लौंगोवाल अकाली दल ने इस चुनाव में कोई स्पष्ट स्टैंड नहीं लिया लेकिन पता चला है कि इस पार्टी के समर्थकों ने भी इंका के विरुद्ध वोट डाले हैं । इसी बीच अकाल तख्त के जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह ने कैप्टन अमरेंद्र सिंह का नाम लिये बिना उनकी भूमिका पर अप्रसन्नता व्यक्त की है । उन्होंने कहा कि इस अवसर पर जो लोग सरकार बनाने या पंजाब विधानसभा भंग करने की बातें कर रहे हैं वे सिखों की भावनाओं की उपेक्षा कर रहे हैं । प्रोफैसर दर्शन सिंह ने इस तरह की राजनीतिक सौदेबाजी को पसंद नहीं किया । उल्लेखनीय है कि कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने कुछ दिन पूर्व यह मांग की थी कि पंजाब विधानसभा भंग करके ताज़ा चुनाव कराए जाएं ।

प्रैस को बदनाम करने के प्रयासों के विरुद्ध चेतावनी

नई दिल्ली, 21 जून (वार्ता): एडीटर्स गिल्ड आफ इंडिया ने प्रसार माध्यमों को आग्रह किया कि वे सत्ता में बैठे लोगों द्वारा उन्हें बदनाम करने के प्रयासों से सावधान रहें जैसा कि बोफोर्स सौदे के मामले में किया गया । गिल्ड की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रसार माध्यमों को बदनाम करने के प्रयास का लोगों की भलाई से कम लेना-देना था । उसका उद्देश्य अपनी बुराइयों को छिपाना था । विज्ञप्ति में कहा गया है कि दो माह पूर्व स्वीडन के रेडियो की बोफोर्स घोटाले सम्बन्धी खबर का जोरदार खंडन किया था और आरोप लगाया गया था कि यह हमारी राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित करने की एक कोशिश है लेकिन जांच के बाद यह बात सच साबित हुई और साबित हुआ कि प्रसार माध्यमों ने कितने अच्छे ढंग से लोकहित में काम किया ।

साधु मोहन का अनशन

नई दिल्ली, 21 जून (वार्ता): केरल के एक घुमक्कड़ संत साधु मोहन ने आज यहां पर अनशन शुरू किया । उसका उद्देश्य जोधपुर के नजरबंदों के केसों पर 'दयालुतापूर्वक' विचार करने की ज़रूरत की ओर ध्यान दिलाना बताया गया है । सुप्रीमकोर्ट के भूतपूर्व जस्टिस कृष्णा अय्यर भी अनशन में साधु मोहन के साथ बैठे । उन्होंने कहा कि साधु मोहन के इस कदम का उद्देश्य अनेक निर्दोष लोगों के प्रति हुए 'अन्याय' को सामने लाना है । श्री अय्यर ने कहा कि कटुता को कम करना होगा वरना कोई रास्ता नहीं निकल सकेगा । साधु मोहन ने दो वर्ष पूर्व दिल्ली से पंजाब तक पद यात्रा की थी ।

दिल्ली में फायरिंग

नई दिल्ली, 21 जून : पश्चिमी दिल्ली की मंगोलपुरी में कल रात पुलिस से मारपीट करने वाली उग्र भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने गोलियां चलाईं जिसमें कम से कम दो व्यक्ति घायल हुए । पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त अजय चड्ढा ने बताया कि घायल व्यक्तियों के नाम रोहताश और बाप लाल है ।

जम्मू की पंजाब से लगती सीमाएं सील

जम्मू, 21 जून (ह.स.): जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने राष्ट्र विरोधी तथा विघटनकारी तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं । सरकारी सूत्रों ने आज यहां उक्त जानकारी दी ।

गत शुक्रवार को यहां उच्च अधिकारियों की बैठक में प्रदेश में किए गए सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की गई । इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री गुलाम जिलानी पंडित ने की । बैठक में विभिन्न संवेदनशील व महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा प्रबन्ध किए जाने का निर्णय किया गया । इसके अन्तर्गत बैंकों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों, लखनपुर तथा पंजाब की सीमा से लगे क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किए जा रहे हैं ।

सीमा सील

सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों और बाहरी तत्वों की राज्य में घुसपैठ को रोकने के लिए

इस्लामिक मैडीकल श्रीनगर में सम्मेलन

न्यूयार्क, 21 जून : भारत सरकार ने उत्तरी अमरीका की इस्लामिक मैडिकल एसोसिएशन को इस वर्ष श्रीनगर में वार्षिक सम्मेलन करने की अनुमति देने से इंकार कर दिया है । डाक्टर फारूक खान की अध्यक्षता वाले इस संगठन ने भारत सरकार से बीसवां वार्षिक सम्मेलन श्रीनगर में आयोजित करने की अनुमति मांगी थी । वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने इस प्रस्ताव को नामंजूर करने की जानकारी दी ।

दूतावास के एक अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार ऐसे विदेशी संगठनों अथवा व्यक्तियों को बैठक आयोजित करने की स्वीकृति देने के लिए बाध्य नहीं है । भारत सरकार ने अस्वीकृति का कारण नहीं बताया । डाक्टर खान ने अब यह सम्मेलन इस वर्ष के अंत तक टैक्सास के टूस्टन में करने का फैसला किया है । पाकिस्तान, सऊदी अरब और पश्चिम

पुलिस फायरिंग से 3 मरे

इस्लामाबाद, 21 जून : दक्षिण पाकिस्तान में कल सशस्त्र प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने फायरिंग की, जिसमें तीन व्यक्ति मारे गए और बारह अन्य घायल हुए । पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि यहां से 60 कि.मी. दूर लेयाह में एक धार्मिक समुदाय के सशस्त्र प्रदर्शनकारियों ने जलूस निकाला । उनमें से दस लोगों ने अपने नेता की गिरफ्तारी के विरोध में बंदूकों से हवा में गोलियां चलाईं । नेता को आपत्तिजनक भाषण देने के कारण गिरफ्तार किया गया था ।

जैल सिंह का इन्कार

(पृष्ठ 3 का शेष)

राष्ट्रपति ने कुछ समाचार पत्रों के माध्यम से फैलाई जाने वाली अफवाह को ध्यान में रखते हुए यह आश्वासन देना उचित समझा । कुछ अखबारों ने लिखा है कि राष्ट्रपति अगले महीने अपने पद से सेवा निवृत्त होने से पहले प्रधानमंत्री के विरुद्ध कोई 'कड़ा कदम उठाएंगे ।'

अधिकृत सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री पर मुकद्दमा चलाने की इजाजत देने सहित किसी भी कार्रवाई के बारे में लगाई जा रही सारी अटकलें बेबुनियाद हैं । राष्ट्रपति ने यह भी स्पष्ट किया कि वह संसद को भंग करने या श्री गांधी के निर्वाचित मंत्रिमंडल को बर्खास्त करने के पक्ष में कभी नहीं रहे ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

पत्राचार द्वारा B.Ed., M.Ed., BTC/JBT, LT/OT करें ...

टेलरिंग

Bhasin & Co., First Floor, Chowk ...

पंजाब में उग्रवादियों द्वारा ग्रन्थी सहित दो की हत्या

पाकिस्तान से सब-मशीनगनें लाकर आतंकवादियों को देने वाले गिरोह के 12 सदस्य बंदी

लुधियाना में फैक्टरी से 2.42 लाख लूटे

चंडीगढ़, 22 जून (वार्ता): पिछले 24 घंटों के दौरान उग्रवादियों ने पंजाब में एक ग्रंथी सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी, लुधियाना में कैम्पा कोला फैक्टरी से 2.42 लाख रु. लूट लिए, जबकि पुलिस ने कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । पाकिस्तान से सब मशीनगनें लाकर पंजाब के उग्रवादियों को सप्लाई करने वाले 12 व्यक्ति राजस्थान में पकड़े गए हैं ।

उग्रवादियों द्वारा 2 हत्याएं

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी, सूद): आज जिला होशियारपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्ति मारे गए, जबकि पुलिस ने एक व्यक्ति बलवंत सिंह को 12 बोर के पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया है । यहां से 20 किलो मीटर दूर बस्सी कालेखां थाना हरयाना में एक भू.पू. सैनिक बलवन्त सिंह जो स्वास्थ्य के आधार पर सेना से सेवानिवृत्त होकर आया था, को उस समय गोली मार दी गई जब वह रात को आंगन में लेट रहा था । उग्रवादी उसकी दो बंदूकें भी साथ ले गए । मृतक के बेटे दर्शन सिंह ने बताया कि रात के नौ बजे जब चार व्यक्ति अन्दर आए, उस समय वे खाना खाने में व्यस्त थे । उल्लेखनीय है कि बलवन्त सिंह ने एक मस्जिद में गुरुद्वारा बनाया हुआ था और लोग वहां आते-जाते थे । जब उग्रवादी आए तो ग्रंथी ने समझा कि लोग उनसे मिलने आए हैं । मगर उग्रवादियों ने अन्दर आकर पिस्तौल तान लिए और ट्रंक आदि खोलकर दो बंदूकें निकाल लीं । एक उग्रवादी ने एक गोली बलवंत सिंह ग्रन्थी पर दाग दी और वह वहीं मर गया । फिर उग्रवादी पैदल ही बड़े आराम से वापस चले गए । एक सूचना के अनुसार ग्रंथी का एक बेटा दस वर्ष पूर्व हाथों में हथगोला फटनेसे मारा गया था ।

दूसरी घटना में यहां से 8 किलो मीटर दूर मौजा इगाना के एक व्यक्ति नाजर सिंह की हत्या कर दी गई । उसके शरीर पर घावों के कई निशान पाए गए हैं । उसे उस समय मारा गया जब वह घर में सो रहा था । नाज़र सिंह की आयु 20-22 साल की थी । बताया जाता है कि रात के लगभग 12 बजे कुछ लोग तलवारों के साथ आए और उस पर हमला कर दिया । पुलिस का विचार है कि यह हत्या किसी लेन-देन के मामले पर की गई ।

2.42 लाख लूटे

लुधियाना (जोशी): आज प्रातः जी.टी. रोड पर स्थित कैम्पा कोला की फैक्टरी से दो स्कूटर सवार आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर कैशियर से 2 लाख 42 हजार रुपया लूट ले गए । बताया जाता है कि प्रातः लगभग दस बजे दो स्कूटर सवार युवक आए और फैक्टरी के कर्मचारी से कहने लगे कि वे कैम्पा कोला के डीलर हैं और कैशियर के पास पैसा जमा कराने आए । जब उन्होंने बताया गया कि कैशियर आया हुआ है और पैसे गिन रहा है तो उन्होंने कैशियर को पिस्तौल दिखाकर उसका पैसों वाला बैग छीन लिया और स्कूटर पर ढंढारीकलां की ओर भाग गए । वह वाली बात कैशियर को कमरे में बंद कर गए । एक एजेंसी की सूचना है कि फैक्टरी वर्करों ने एक जीप और साइकलों पर उग्रवादियों का पीछा किया लेकिन हड़ारी कलां पहुंचकर वह भटक गए । हाल ही में साफ्ट ड्रिंक की लूटने वाली यह दूसरी फैक्टरी है ।

4 उग्रवादी बंदी

धीमान ने सूचना दी है कि एस.एस.पी. ने बताया है कि जिला पुलिस ने 4 उग्रवादी गिरफ्तार किए हैं । जिनके नाम है जसविंदर सिंह निहंग (जिला संगरूर), बलविंदर सिंह (गुरदासपुर), दर्शन सिंह (सोहली खेड़ी), अमरजीत सिंह (लुधियाना) । इनसे एक स्कूटर और 32 बोर का भरा हुआ रिवाल्वर मिला है ।

होटलों में ठहरने वाले

जिलाधीश ने होटल के मालिकों और सराये आदि के प्रबन्धकों को कहा है कि रात में वहां ठहरने वाले लोगों की सूचना वह निकटवर्ती पुलिस स्टेशन

(शेष पृष्ठ 6 पर)



(1) ज़िला होशियारपुर के गांव बस्सी कालेखां में रविवार की रात को उग्रवादियों के हाथों मारा गया ग्रंथी बलवंत सिंह, (2) घटनास्थल पर लगी गोलियों के निशान, (3) इसी ज़िला के गांव इगाना में उग्रवादियों के हाथों मारा गया नम्बरदार नाज़र सिंह, (4) घटनास्थल पर बिखरा खून, (इनसैट) नाज़र सिंह का पुराना चित्र । (छाया : प्रद्युम्न)

पुलिस और न्याय पालिका में तालमेल बारे उच्चस्तरीय बैठक

चंडीगढ़, 22 जून (वि.प्र.): आज यहां पंजाब राज भवन में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की कांफ्रैंस श्री एस.एस. रे की अध्यक्षता में हुई जिसमें मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्तायुक्त विकास, डिवीजनल कमिश्नर, डी.आई.जी. पुलिस, जिलाधीश और एस.पी. पुलिस शामिल हुए । पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो भी बैठक में उपस्थित थे ।

बैठक के बाद मुख्य सचिव श्री पी.एच. वैष्णव ने पत्रकारों को बताया कि बैठक में कानून लागू करने बारे पुलिस और न्याय पालिका के मध्य तालमेल कायम रखने, गेहूं की सरकारी खरीद, वर्षा से प्रभावित किसानों व श्रमिकों को वितरित की गई राहत, जिला स्तर पर विकास के कार्य और 20 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर विचार किया गया ।

श्री वैष्णव ने बताया कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम लागू करने में पंजाब सारे देश में प्रथम रहा है । इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने पंजाब की कारगुजारी की प्रशंसा की है । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और उग्रवादियों से निपटने की चर्चा भी हुई ।

मुख्य सचिव ने बताया कि राज्यपाल श्री रे इस मास के दौरान जिला और सब डिवीजन स्तर पर जनता के प्रतिनिधियों से मिलने का कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं ताकि उग्रवादियों से निपटने के लिए पंचों-सरपंचों व अन्य लोगों का सहयोग प्राप्त किया जा सके ।

श्री वैष्णव के अनुसार श्री रिबैरो ने जिला पुलिस अधिक्षों और नागरिक प्रशासन से कह रखा है कि यदि किसी मामले पर उनमें नहीं बनती तो वह मामला सरकार के नोटिस में लाएं । श्री रे ने इस बात पर बल दिया कि यदि उग्रवादियों के विरुद्ध शुरू

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अमिताभ राजनीति से संन्यास ले रहे हैं

नई दिल्ली 22 जून (वि.स.): सुपर स्टार अमिताभ बच्चन राजनीति से संन्यास ले रहे हैं । वह लोकसभा की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे रहे हैं । श्री बच्चन के पारिवारिक सूत्रों के अनुसार जिस तरह से उनको बदनाम करने का कुछ क्षेत्रों ने सुनियोजित अभियान चला रखा है, उससे वह बहुत हताश हो गए हैं । उनका ख्याल है कि उन्हें बदनाम करने का अभियान मात्र इसलिए चलाया जा रहा है क्योंकि वह प्रधानमंत्री के करीबी सखा हैं । इस अभियान की आड़ में राजीव गांधी की छवि धूमिल करने की कोशिश भी की जा रही है । श्री बच्चन ने यह स्वीकार किया है कि राजनीति में शुरू से ही उनकी कोई रुचि नहीं रही । फिल्म से उनको धन और ख्याति दोनों मिले । 1984 में वह अपने प्रिय मित्र राजीव गांधी के अनुरोध पर उनकी सहायता करने के लिए राजनीति में आए थे । अब वह यह महसूस कर रहे हैं कि उनके कारण राजीव गांधी को परेशानी हो रही है, इसलिए वह राजनीति को छोड़ कर अपनी फिल्मी दुनिया में वापिस जाने के इच्छुक हैं ।

समझा जाता है कि अमिताभ बच्चन ने हाल ही में राजीव गांधी से भेंट करके उनसे राजनीति से संन्यास लेने की इच्छा व्यक्त की थी । उन्होंने लोकसभा की सदस्यता से भी अपना त्यागपत्र प्रधानमंत्री को सौंप दिया है, मगर राजीव गांधी ने उन्हें सलाह दी है कि वह भावावेश में कोई फैसला न करें । राजनीति से संन्यास लेने के प्रश्न पर भी ठंडे दिल से विचार करें । यह भी पता चला है कि श्री गांधी ने उनसे लोकसभा की सदस्यता से त्यागपत्र न देने का भी अनुरोध किया है । श्री गांधी का तर्क यह था कि वर्तमान राजनीतिक स्थिति में इंका के लिए इलाहाबाद की सीट पुनः जीत पाना कठिन होगा । श्री गांधी ने अमिताभ को यह सुझाव दिया है कि वह समाचार पत्रों को विवादास्पद प्रश्नों का उत्तर न दिया करें । अच्छा तो यही होगा कि वह समाचार पत्रों के संवाददाताओं से दूर ही रहें । पता चला है कि अमिताभ बच्चन राजनीति से संन्यास लेने के अपने फैसले पर अड़े हुए हैं ।

ज्ञातव्य है कि इलाहाबाद जिला इंका के वी.पी. सिंह समर्थक गुट ने अमिताभ बच्चन के खिलाफ जोरदार चुनाव अभियान छेड़ रखा है ।



हरियाणा पु मंत्रिमंडल

प्रशासनिक अधि

भाजपा को स

नई दिल्ली, 22 जून (ह.स., वार्ता): के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल सम्भवतः कल च अपने छह सदस्यीय मंत्रिमंडल का विस्तार श्री देवी लाल ने यह संकेत आज यहां एक वि में दिया । उन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनि और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनि मंत्रिमंडल में शामिल करने के बारे में मंत्रि पहली बैठक में विचार किया जाएगा हरियाणा पुलिस विभाग में भारी फेरबदल कि है । श्री देवी लाल ने, जो पिछले दिनों अस्व बाद यहां स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं, एक उत्तर में कहा कि "भारतीय जनता पार्टी के प्र को मंत्रिमंडल में शामिल करके मैंने अप निभाया क्योंकि चुनाव से पूर्व ही मैंने कहा कर चुनाव लड़ेंगे और मिल कर चलाएंगे ।"

श्री देवी लाल ने लोकदल-भाजपा गठब शानदार जीत को हरियाणा की आम जनता बताते हुए कहा कि "मैं लोगों के प्रति कृत उन्होंने मुझे अपना प्यार दिया ।" यह पूछ कि क्या हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष उम्मीदवार के बारे में उन्होंने अंतिम निर्णय है, श्री देवी लाल ने कहा, "इस बारे में अभी नहीं लिया गया है ।"

जब उनका ध्यान कुछ समाचारपत्रों में समाचार की ओर दिलाया गया, जिसमें अ के लिए भाजपा के डा. मंगलसेन का नाम है तो उन्होंने कहा, "इस बारे में मैं नहीं जान एक प्रश्न के उत्तर में चौधरी देवी लाल ने जब राष्ट्रपति जैल सिंह दोबारा इस पद के होने के इच्छुक ही नहीं हैं तो विपक्ष उम्मीदवार के रूप में न्यायमूर्ति श्री कृष्ण

हरियाणा की ह ने नेतृत्व को

नई दिल्ली, 22 जून (वार्ता): विधानसभा चुनाव में कांग्रेस (इ) की भारी प संदर्भ में पार्टी की कार्यकारिणी में आज यहा

punjabi sahitari

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

पर दें । यह हुक्म 20 अगस्त तक लागू रहेगा ।

स्कूटर छीना

सरगोधा कालोनी के निकट दो सशस्त्र उग्रवादियों से पंजाब राज्य ट्यूबवैल निगम के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पवन कुमार गर्ग से उसका स्कूटर छीन लिया ।

ट्रक चोर गिरोह

जिला पुलिस चीफ ने बताया कि डल्ला (रोपड़) गांव के प्रकाश सिंह को गिरफ्तार करके पुलिस ने ट्रक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है । उसका एक अन्य साथी भाग निकला । 1 जुलाई 1985 को फोकल प्वाइंट क्षेत्र से लूटा गया एक ट्रक बरामद कर लिया गया है ।

25 हजार लूटे

अमृतसर : गत रात्रि दस-ग्यारह उग्रवादियों ने झब्बाल में स्थित पैट्रोल पम्प युवराज फिलिंग स्टेशन के कर्मचारी निर्मल सिंह के घर से पम्प के 25 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए । कहा जाता है कि आतंकवादी, जो लगभग सभी हथियारों से लैस थे, रात साढ़े 12 बजे निर्मल सिंह के घर में दाखिल हुए और उससे पैट्रोल पम्प का कैश मांगा, जो वह रविवार होने के कारण अपने घर ले गया था। रुपया न देने की अवस्था में उसे गोली मारने की धमकी दी गई । आतंकवादियों ने खुले बंदों कहा कि वे इस रुपए से हथियार खरीदेंगे । इस घटना के संदर्भ में थाना झब्बाल में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।

दुकान जला दी

गुरदासपुर (विनोद): गत रात थाना सदर के गांव बबरी जीवनवाल में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तरलोक सिंह की करियाना की दुकान को आग लगा दी । तरलोक सिंह के अनुसार आग लगने से दस हजार रुपए का नुकसान हुआ है । तरलोक सिंह रात को गुरदास नंगल में था ।

दो गिरफ्तार

तपामंडी (गर्ग): आज पुलिस ने छापा मारकर गांव मेहटा से एक व्यक्ति मेजर सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । रणजीत सिंह नामक एक अन्य उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया गया है, जो पुलिस को कई केसों में वांछित था ।

आभूषण, नकदी लूटे

कपूरथला (वार्ता): 3 सशस्त्र आतंकवादियों ने कल रात जिलाकपूरथला के भलत्थ तर्गत गांव बागड़ियां में एक व्यक्ति बलैती राम के घर से 4000 रुपए नकद और कुछ स्वर्णाभूषण पिस्तौल की नोक पर लूट ले गए ।

मोटर साइकल छीना

जालन्धर (ह.स.): आज दोपहर जिला जालन्धर के नवांशहर थानांतर्गत क्षेत्र में कुछ उग्रवादियों ने सुखदेव राज को पिस्तौल दिखाकर उसका मोटर साइकल छीन लिया ।

पाबंदी

भटिंडा (वार्ता): जिला मैजिस्ट्रेट जे.एस. कौमी ने आज एक आदेश जारी करके सार्वजनिक स्थलों पर आग्नेयास्त्र, विस्फोटक पदार्थ, घातक हथियार, तेजाब और अन्य ज्वलनशील पदार्थ लेकर चलने पर 20 अगस्त तक पाबंदी लगा दी है ।

श्री कौमी ने बताया कि जिला प्रशासन ने आज से कट्टरवादिता, उग्रवाद तथा आतंकवाद के विरुद्ध और राष्ट्रीय अखंडता के समर्थन में एक सप्ताह के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इस सम्बन्ध में 26, 27 तथा 29 जून को क्रमशः तलवंडी साबो, रामपुराफूल और मानसा में पंचों तथा सरपंचों की बैठकें होंगी ।

12 शस्त्र तस्कर बंदी

गंगानगर (ह.स.): पाकिस्तान से सब मशीनगनें लाकर गंगानगर सीमा के रास्ते पंजाब के उग्रवादियों को देने के आरोप में 12 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं । पुलिस ने हिन्द मल्लकोट चौकी तथा रावला के नीचे 200 कि.मी. सीमांत क्षेत्र में कई जगह छापे मारे । पता चला है कि अन्य सामान के साथ 3 मशीनगनें पंजाब में भेजी गई हैं ।

20 हजार के जेवर लूटे

चंडीगढ़ (संधी): आज दोपहर मोहाली के फेज-3 के एक घर से 3 अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर लगभग 20 हजार रुपए मूल्य के सोने के जेवर लूट लिए । प्राप्त समाचार के अनुसार ये युवक किसी व्यक्ति का पता मालूम करने के बहाने घर में घुस गए ।

उग्रवादी गिरफ्तार

रामपुराफूल (गुप्ता): पुलिस के एक गश्ती दल ने उन तीन उग्रवादियों, जिन्होंने गांव भंडर में शराब ठेका लूटा था, में से एक जगजीत सिंह बलियांवाली उर्फ बडिया को गिरफ्तार कल लिया । शेष दोनों भाग गए ।

सत्र बुलाने के बारे सरकार दुविधा में

शिमला, 22 जून (सजूरिया): जुलाई में प्रस्तावित हिमाचल विधानसभा सत्र के बारे हिमाचल सरकार दुविधा में है । सरकारी हल्कों के अनुसार यह सत्र बुलाए जाने की आवश्यकता नहीं है । राष्ट्रपति के चुनाव के दृष्टिगत मतदान करने एक दिन विधायक विधानसभा में आएंगे ।

संयुक्त राष्ट्र प्रेक्षकों की वापसी की मांग भारत विरोधी

नई दिल्ली, 22 जून (ह.स.): जम्मू-कश्मीर पैंथर पार्टी के अध्यक्ष श्री भीम सिंह ने राज्य से संयुक्त राष्ट्र के सैनिक प्रेक्षकों की वापसी के आह्वान को भारत-विरोधी बताया है । मुख्यमंत्री डाक्टर फारुक अब्दुल्ला के इस आह्वान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री भीम सिंह ने कहा कि यह पग वास्तविक नियंत्रक रेखा की एक तरह से स्थायी सीमा रेखा के रूप में भारत की मान्यता के समान होगा । यह गिलगिट, बेलटिस्तान और हंज पर

क्लासीफाइड विज्ञापन

विषाक्त

जयपुर, 22
में कल रात हुई
बाद एक आई
अधीक्षक समेत
गये । बीमार
यहां सवाई मान
है । राजस्व
अधिकारी गौतम
अधीक्षक को प्रा
छुट्टी दे दी गई
नया घर बनाने
में 150 से अ
बताया कि खाद्य
लिये व्यंजन के

नम्बूद्रीपाद ने
रामाराव ने कहा
अन्य सदस्य श्री
राष्ट्रपति जैल सि
चाहते थे । श्री
सहमत नहीं थ
प्रत्याशी की जी
चाहिए ।
आंध्र प्रदेश
और जनता पा
मार्क्सवादी प
नम्बूद्रीपाद को
वामपंथी दल श्
बारे में अन्य
पाए । चार व
को दूसरी बार
के अन्य विपक्षी
दिया था ।
उम्मीदवार घो
हो गया था
उम्मीदवार ब
चंद्र शेखर औ
कल देर रात
नेताओं को ब
सक्रिय राजनी
वामपंथी
यहां तक बढ़
इस उद्देश्य के
अलग हो गए
गया था । इ
श्री चंद्रशेखर
वामपंथी दल
विचार-विम
अपना कल
उपेन्द्र द्वारा
तेलगू दे
खंडन किया
राष्ट्रपति जैल
प्रत्याशी बन
कहा कि श्री
वह राष्ट्रपति
पूर्व निश्चय

Punjab Kesari

लुधियाना में एक करोड़ के शस्त्रादि बरामद : 2 पुलिस कर्मियों सहित 4 की हत्या

ग्रन्थी, उसकी पत्नी घायल : ड्राईवर-क्लीनर को वृक्ष से बांध कर ट्रक छीन लिया : 58 हज़ार लूटे : ऐश्वर्य सामग्री भी बरामद

चंडीगढ़, 23 जून (वार्ता): पंजाब में विभिन्न घटनाओं में उग्रवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी जिनमें एक ए.एस.आई., एक हैडकांस्टेबल, भाजपा नेता और एक बैंक गार्ड शामिल हैं । लुधियाना में सी.बी.आई.के नेतृत्व में पंजाब पुलिस और सी.आर.पी.एफ. ने छापे मार कर एक करोड़ रुपये के हथियार, गोली बारूद और कीमती सामान बरामद किया इसके अलावा ग्रंथी सहित 3 व्यक्ति राज्य में घायल हुये । बैंक से आतंकवादी 58000 रु. ले भागे । सीमा पर 2 घुसपैठिए मारे गए ।

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से लगभग 7 किलोमीटर दूर होशियारपुर-जालंधर रोड पर न्यारा और हरगढ़ के मध्य दो आतंकवादियों ने गोलियां मार एक ए.एस.आई. पुलिस श्री अजीत सिंह की हत्या कर दी । मृतक अजीत सिंह गत एक वर्ष से पुलिस-प्रशिक्षण केंद्र जहानखेला में इंस्ट्रक्टर लगा हुआ था । जहां उसे गोलियां मारी गई, वह प्रायः इसी रास्ते से प्रतिदिन अपने गांव से उक्त केंद्र को जाया करता था । बताया जाता है कि आज प्रातः लगभग 9 बजे तक वह अपने स्कूटर नम्बर पी.बी.के. 6627 पर अपने गांव न्यारा से आ रहा था तो (एक साक्ष्य के अनुसार) दो आतंकवादी अपने स्कूटर पर उसका पीछा कर रहे थे । उनमें से एक मोना था जो स्कूटर चला रहा था, और जो पीछे बैठा था, केशधारी था । उसने अपना मुंह ढांप रखा था । उन्होंने अपना स्कूटर अजीत सिंह के बराबर लाकर उस पर चार गोलियां चलाईं, और गिरते ही घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई । जाती बार आतंकवादी उसका सर्विस-रिवाल्वर भी साथ ले गए और स्कूटर पर एक पत्र छोड़ गये जो खालिस्तान कमांडो फोर्स के पैड पर हाथ से लिखा हुआ था । पत्र में इस हत्या की जिम्मेवारी कबूल करते हुये कहा गया है कि अजीत सिंह को जब वह जालंधर में सी.आई.ए. स्टाफ में था, उसकी ओर से की गई ज्यादतियों की सज़ा दी गई है । उसने जो कुछ किया था, उसका बदला ले लिया गया है । पुलिस ने वह पत्र कब्जे में ले लिया है । उसकी लाश पोस्टमार्टम के लिये सिविल अस्पताल होशियारपुर लाई गई है ।

मृतक पर लगभग एक वर्ष पूर्व 24.7.86 को भी घातक हमला हुआ था, जिसमें वह बाल-बाल बच गया था, और उसने आतंकवादियों पर गोली चलाई थी जिसके लिये उसे विभाग की ओर से ईनाम भी दिया गया था । इस बीच जहानखेला प्रशिक्षण केंद्र के एस.पी. श्री ए.एस. संधू ने बताया कि गत वर्ष जब अजीत सिंह पर हमला हुआ था तो उसे अनुमति दे दी गई थी कि वह कभी-कभार केंद्र पर आ जाया करे ताकि नियमितता के कारण ही उसे निशाना न बनाया जा सके । मृतक की आयु इस समय 42 साल थी और वह केंद्र में कानून पढ़ाया करता था । श्री संधू के अनुसार अधिकारियों से कहा जाएगा कि मृतक के पढ़े-लिखे बच्चों को कोई उचित काम दिया जाए ।

अंत्येष्टि

आज सायं स्व. अजीत सिंह की अंत्येष्टि उनके पैतृक गांव न्यारा में पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ कर दी गई । इस अवसर पर जिला पुलिस चीफ और सैंटर के प्रिंसीपल भी उपस्थित थे ।

'सूद' के अनुसार होशियारपुर से 50 किलोमीटर दूर सरोभा के निकट कल दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सुरजीत कुमार से उसका स्कूटर (सी.एच.आर. 1951) छीन लिया और फरार हो गये । जाती दफा अपना स्कूटर (पी.बी.ओ. 7164) वहां छोड़ गए । सुरजीत कुमार चोपड़वाल जा रहा था ।

'वार्ता' के अनसार पंजाब में 11 मई से लागू राष्ट्रपति शासन के दौरान अब तक होशियारपुर जिले में पुलिस मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मारे गये हैं और 61 गिरफ्तार किये गये हैं । होशियारपुर जिला पुलिस प्रमुख एस.सी. जैन के अनुसार पुलिस ने इस अवधि में आतंकवादियों से 26 रिवाल्वर और पिस्तौलें, आठ बंदकें और राइफलें, दो हथगोले, 428 कारतूस आदि बरामद किये हैं । श्री जैन ने बताया कि इस अवधि में आतंकवादियों ने जिले में नौ लोगों की हत्या कर दी, जबकि पुलिस ने हत्या, लूटपाट, डकैती आदि के 71 मामलों में से 55 मामलों को सुलझा लिया है ।

प्रकाश लाल की हत्या

होशियारपुर से प्रद्युम्न ने खबर दी है कि यहां से 25 किलो मीटर दूर हाल्टा के भट्ठे पर आतंकवादियों ने गोलियां मारकर भाजपा नेता प्रकाश लाल को मार डाला । बताया जाता है कि श्री प्रकाश लाल आज भी यथापूर्व अपने भट्ठे पर गए थे । लगभग तीन बजे तीन युवक एक स्कूटर पर सवार होकर भट्ठे के पास से गुजरते हुए रुक गए । उन्होंने श्री प्रकाश लाल से पूछा कि यह रास्ता कहां जाता है । प्रकाश लाल ने उनसे पूछा, तुम कहां जाओगे । इस पर तीनों स्कूटर से उतर आए । अचानक प्रकाश लाल एक गढ्ढे की ओर बढ़ने लगे तो तीनों ने अपने-अपने हथियार निकाल कर उन पर गोलियां चला दीं । उनमें से एक के पास स्टेनगन और अन्य दो के पास पिस्तौल थे जो कपड़ों में लपेट रखे थे । प्रकाश लाल के दो मुंशी तरसेम लाल और जगत राम भी वहीं थे । गोलियां चलने के बाद तीनों आतंकवादी भट्ठे के कमरे में गए जहां प्रकाश लाल के कपड़े व अन्य सामान पड़ा था । कमरे में चार अन्य व्यक्ति छिंदा, बलबीर, कुलदीप और बिन्दर सोए हुए थे । कमरे में जाकर उन्होंने पूछा कि प्रकाश लाल का पिस्तौल कहां है । किसी के न बताने पर दरवाजा बाहर से बंद करके चल पड़े । जाती बार एक ने कहा था, इन सब को भी मार डालो, मगर बाद में उन्हें न मारने का फैसला किया गया । थोड़ी दूर जाकर वे फिर लौट आए । श्री प्रकाश लाल को, जो अभी सांसें ले रहे थे, उन्होंने एक और गोली मार कर खत्म कर दिया । इस समय भट्ठे पर लगभग 25 व्यक्ति मौजूद थे । वे हाल्टा की ओर भाग गए । यह भट्ठा एक तरफ हट कर खेतों में सुनसान जगह पर है । जिला भाजपा के प्रधान श्री भाग्य चन्द्र ने होशियारपुर में कल की हड़ताल का आह्वान किया है । उन्होंने बताया कि हड़ताल सभी पार्टियां संयुक्त रूप से कर रही हैं ।

होशियारपुर से अविनाश सूद के अनुसार स्व. श्री प्रकाश लाल का दाह-संस्कार कल प्रातः 10 बजे होशियारपुर श्मशान भूमि में किया जाएगा ।

ग्रंथी, पत्नी घायल

जालंधर (ह.स.): यहां से 15 किलोमीटर दूर करतारपुर में दो संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात एक ग्रंथी और उसकी पत्नी को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने ग्रंथी सुखविन्दर सिंह के घर में घुस कर गोली चलाई । ग्रंथी और उसकी पत्नी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों के हालत खतरे से बाहर है । उग्रवादियों का कहना है कि ग्रंथी शराब पीता है ।

स्कूटर छीना

इसी दौरान जालंधर के ऊधम सिंह नगर में आज उग्रवादियों ने चमन लाल नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन लिया और भाग गए ।

उग्रवादी गिरफ्तार

संगरूर (गर्ग) : कल सायं जिला पुलिस ने एक उग्रवादी मलकीयत सिंह उर्फ किट्टा (हमीर) को गिरफ्तार करके 315 बोर का पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए ।

4 गिरफ्तार

जालन्धर पुलिस ने चार संदिग्ध उग्रवादियों को, जिनमें से 2 खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध है, गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हथियार और गोली सिक्का पकड़ा । कमांडो फोर्स से सम्बद्ध उग्रवादी हैं कलबीर सिंह उर्फ शंटी (राजेवाल गांव) और जगजीत सिंह उर्फ जित्ता (महदीपुर गांव) । उनसे पूछताछ जारी है ।

गोराया थाना पुलिस की गश्ती पार्टी ने हरबंस लाल उर्फ चंडी और प्यारा लाल (दोनों कंडोला गांव के) को एक बिना रजिस्ट्रेशन के स्कूटर पर जाते पकड़ा । स्कूटर चोरी का होने का शक है । उनसे दो रिवाल्वर और तीन कारतूस मिले ।

लुधियाना में छापे आधुनिक हथियार मिले

लुधियाना (धीमान, मुसाफिर, नेपाल): यहां सी.बी.आई. के डी.आई.जी. श्री एस.एन. सेन ने एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि गत रात पुलिस, सी.आर.पी.एफ. और सी.बी.आई. ने संयुक्त रूप में लुधियाना के 5-6 स्थानों पर छापे मारे और भारी संख्या में हथियार बरामद किए । सारे हथियार एक ही स्थान से मिले । उन्होंने बताया कि लुधियाना के पंजाब नैशनल बैंक से जो 5 करोड़ 70 लाख रुपए लूटे गए थे, ये हथियार उसी से खरीदे गए हैं । बरामद किए गए हथियारों का विवरण इस प्रकार है : एक थम्पसन मशीनगन, तीन चीनी असाल्ट राइफलें, 9 एम.एम. का एक पिस्तौल, 455 बोर का एक रिवाल्वर, 38 बोर का एक रिवाल्वर, तीन इलैक्टर कट डेटोनेटर । इनके अतिरिक्त इन हथियारों से सम्बद्ध कारतूस जिनकी कुल संख्या 356 है और 10 मैगजीन । इन हथियारों और गोली-सिक्के की कीमत दो लाख के लगभग बताई जाती है । श्री सेन ने यह भी बताया कि पंजाब नैशनल बैंक पर 5 करोड़ 70 लाख की डकैती के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब विधानसभा भंग करके नये चुनाव कराए जाएं : देवी लाल

चंडीगढ़, 23 जून (एन.एस. परवाना): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने सुझाव दिया है कि पंजाब और हरियाणा के सम्बन्ध सुधारने के लिए पंजाब विधान सभा भंग करके नए चुनाव कराए जाएं ताकि वहां के वास्तविक जनप्रतिनिधियों से बातचीत करके दोनों राज्यों के मध्य चल रहे अन्तर्राज्यीय मामलों को हल करने का कोई रास्ता निकाला जा सके । इसके अलावा अब कोई और इलाज नहीं । नई दिल्ली से चंडीगढ़ लौटने पर आज यहां हवाई अड्डे के वी.आई.पी. कक्ष में एक भीड़ भरे पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री देवी लाल ने विचार प्रकट किया कि हरियाणा की जनता तो पहले ही राजीव-लौंगोवाल समझौता रद्द कर चुकी है जबकि अकाली दल का एक शक्तिशाली वर्ग भी इसे रद्द कर चुका है ।

तरह की कोई मांग नहीं की गई । ज़ाहिर है कि श्री देवी लाल ने अखिल भारतीय स्तर पर किसी सहमति के अन्तर्गत दोनों कम्यनिस्ट पार्टियों को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व देने की गुंजायश अभी रखी हुई है । उन्होंने कहा कि मैं अखबारों का विशेष रूप से आभारी हूं क्योंकि हरियाणा विधान सभा के इस चुनाव में अखबारों ने मुझे भरपूर सहयोग दिया जिसके परिणामस्वरूप हमने आशा से भी अधिक सफलता प्राप्त की । श्री देवी लाल ने कांग्रेस (इ) की कमर तोड़ पराजय और लोकदल (ब) और भाजपा गठजोड़ को मिली ऐतिहासिक सफलता के मोटे-मोटे कारण बताते हुए कहा कि हमने 23 महीने तक न्याय प्राप्त करने के लिए संघर्ष किया जिससे हरियाणा की जनता जागरूक हो गई और उसने अनुभव किया कि केन्द्र ने हरियाणा के साथ न्याय

श्री देवी लाल ने एक प्रश्न के उत्तर में इस मांग का जोरदार समर्थन किया कि विकास कार्य तेज करने के लिए राज्यों को और अधिक वित्तीय अधिकार मिलने चाहिएं तथा इस सम्बन्ध में केन्द्र-राज्य सम्बन्धों पर पुनर्विचार किया जाए । श्री देवी लाल ने रहस्योद्घाटन किया कि कल नई दिल्ली में जब वह श्री राजीव गांधी से शिष्टाचारवश मिलने गए तो प्रधानमंत्री ने मुझ से कहा कि "किसानों के कर्जे माफ करके आपने बहुत बड़ा फैसला किया है ।" मैंने उत्तर दिया कि यदि कारखानेदारों के कर्जे माफ हो सकते हैं तो छोटे और मध्य वर्ग के किसानों के कर्जे क्यों नहीं माफ किए जा सकते ? मैंने प्रधानमंत्री से यह मांग भी की कि हरियाणा को विशेष वित्तीय सहायता दी जाए । उन्होंने बताया कि मेरी सरकार के दौर में छोटे किसानों के सहकारी कर्जे माफ करने

आए और पत्रकार सम्मेलन के बाद डाक्टरें की सलाह पर आराम करने के लिए हवाई अड्डा से सीधे मोरनी हिल्ज चले गए ।

संवैधानिक मामलों में केन्द्र के साथ टकराव की सम्भावना से इन्कार करते हुए श्री देवी लाल ने कहा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

झलकियां

चंडीगढ़, 23 जून (संघी): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल नई दिल्ली में पद की शपथ लेने के बाद सरकारी बिमान 'किंग एयर' में बैठ कर राज्य की राजधानी पहुंचे ।

☆

पत्रकार सम्मेलन के मौका पर 6 सदस्यीय मंत्रिमंडल में से केवल वित्तमंत्री श्री बनारसी दास





Punjabi Tribune



लुधियाना में सी.बी.आई. के नेतृत्व में पुलिस और सी.आर.पी.एफ. द्वारा मारे गये छापे के दौरान पकड़े गए हथियार, जिनमें 3 चीनी राईफलें, एक थामसन गन, एक 9 एम.एम. की पिस्तौल, 5 मैगजीन, 2 रिवाल्वर, विस्फोटक और बड़ी संख्या में कारतूस शामिल हैं। (छाया : कम्बोज)

लुधियाना में एक करोड़ के

ग्रन्थी, उसकी पत्नी घायल : ड्राईवर-क्ली

चंडीगढ़, 23 जून (वार्ता): पंजाब में विभिन्न घटनाओं में उग्रवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी जिनमें एक ए.एस.आई., एक हैडकांस्टेबल, भाजपा नेता और एक बैंक गार्ड शामिल हैं। लुधियाना में सी.बी.आई. के नेतृत्व में पंजाब पुलिस और सी.आर.पी.एफ. ने छापे मार कर एक करोड़ रुपये के हथियार, गोली बारूद और कीमती सामान बरामद किया इस के अलावा ग्रंथी सहित 3 व्यक्ति राज्य में घायल हुये। बैंक से आतंकवादी 58000 रु. ले भागे। सीमा पर 2 घुसपैठिए मारे गए।

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से लगभग 7 किलोमीटर दूर होशियारपुर-जालंधर रोड पर न्यारा और हरगढ़ के मध्य दो आतंकवादियों ने गोलियां मार एक ए.एस.आई. पुलिस श्री अजीत सिंह की हत्या कर दी। मृतक अजीत सिंह गत एक वर्ष से पुलिस-प्रशिक्षण केंद्र जहानखेला में इंस्ट्रक्टर लगा हुआ था। जहां उसे गोलियां मारी गईं, वह प्रायः इसी रास्ते से प्रतिदिन अपने गांव से उक्त केंद्र को जाया करता था। बताया जाता है कि आज प्रातः लगभग 9 बजे तक वह अपने स्कूटर नम्बर पी.बी.के. 6627 पर अपने गांव न्यारा से आ रहा था तो (एक साक्ष्य के अनुसार) दो आतंकवादी अपने स्कूटर पर उसका पीछा कर रहे थे। उनमें से एक मोना था जो स्कूटर चला रहा था और जो पीछे बैठा था, केशधारी था। उसने अपना मुंह ढांप रखा था। उन्होंने अपना स्कूटर अजीत सिंह के बराबर लाकर उस पर चार गोलियां चलाईं, और गिरते ही घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जाती बार आतंकवादी उसका सर्विस-रिवाल्वर भी साथ ले गए और स्कूटर पर एक पत्र छोड़ गये जो खालिस्तान कमांडो फोर्स के पैड पर हाथ से लिखा हुआ था। पत्र में इस हत्या की जिम्मेवारी कबूल करते हुये कहा गया है कि अजीत सिंह को जब वह जालंधर सी.आई.ए. स्टाफ में था, उसकी ओर से की गई ज्यादतियों की सजा दी गई है। उसने जो कुछ किया था, उसका बदला ले लिया गया है। पुलिस ने वह पत्र कब्जे में ले लिया है। उसकी लाश पोस्टमार्टम के लिये सिविल अस्पताल होशियारपुर लाई गई है।

मृतक पर लगभग एक वर्ष पूर्व 24.7.86 को भी घातक हमला हुआ था, जिसमें वह बाल-बाल बच गया था, और उसने आतंकवादियों पर गोलियां चलाई थी जिसके लिये उसे विभाग की ओर से इनाम भी दिया गया था। इस बीच जहानखेला प्रशिक्षण केंद्र के एस.पी. श्री ए.एस. संधू ने बताया कि गत वर्ष जब अजीत सिंह पर हमला हुआ था तो उसे अनुमति दे दी गई थी कि वह कभी-कभार केंद्र पर आ जाया करे ताकि नियमितता के कारण ही उसे निशाना न बनाया जा सके। मृतक की आयु इस समय 40 साल थी और वह केंद्र में कानून पढ़ाया करता था। श्री संधू के अनुसार अधिकारियों से कहा जाएगा कि मृतक के पढ़े-लिखे बच्चों को कोई उचित काम दिया जाए।

अंत्येष्टि

आज सायं स्व. अजीत सिंह की अंत्येष्टि उनके पैतृक गांव न्यारा में पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ



(1) जिला होशियारपुर के गांव न्यारा हरगढ़ के निकट उग्रवादियों के हाथों मारा गया ए.एस.आई. अजीत सिंह, (2) घटनास्थल पर बिखरा खून, (3) वह स्कूटर जिस पर अजीत सिंह जा रहा था, (4) अजीत सिंह का बिलखता परिवार, (5) जल्लोवाल और हाल्टा के बीच एक भट्ठे पर उग्रवादियों के हाथों मारा गया प्रकाश लाल दुआ। (छाया : प्रद्युम्न)

पंजाब विधानसभा भंग करके

चंडीगढ़, 23 जून (एन.एस. परवाना): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने सुझाव दिया है कि पंजाब और हरियाणा के सम्बन्ध सुधारने के लिए पंजाब विधान सभा भंग करके नए चुनाव कराए जाएं ताकि वहां के वास्तविक जनप्रतिनिधियों से बातचीत करके दोनों राज्यों के मध्य चल रहे अन्तर्राज्यीय मामलों को हल करने का कोई रास्ता निकाला जा सके। इसके अलावा अब कोई और इलाज नहीं। नई दिल्ली से चंडीगढ़ लौटने पर आज यहां हवाई अड्डे के बी.आई.पी. कक्ष में एक भीड़ भरे पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री देवी लाल ने विचार प्रकट किया कि हरियाणा की जनता तो पहले ही राजीव-लौंगोवाल समझौता रद्द कर चुकी है जबकि अकाली दल का एक शक्तिशाली वर्ग भी इसे रद्द कर चुका है।

उन्होंने कहा कि हम तो पंजाब समझौता मानते ही नहीं। चौधरी देवी लाल के अनुसार प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने पंजाब समझौता अकाली दल के एक धड़े के साथ ही किया है। चौधरी देवी लाल, जिनके पंजाब में अब भी भारी संख्या में राजनीतिक मित्र मौजूद हैं, इस प्रश्न का उत्तर दे रहे थे कि क्या दोनों राज्यों की समस्यायें आपसी बातचीत से हल करने के लिए अकाली नेताओं प्रकाश सिंह बादल और गुरचरण सिंह टोहरा की रिहाई सहायक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा की समस्याएं केन्द्रीय सरकार द्वारा पैदा की हुई हैं। श्री अर्जुन सिंह ने पंजाब को तबाह कर दिया जबकि कंवर नटवर सिंह अब हरियाणा में गड़बड़ कराना चाहते हैं। केंद्र नहीं चाहता कि उक्त दोनों राज्यों में किसान ऊपर उठ कर आगे आ सकें।

श्री देवी लाल अस्वस्थ होने के कारण कुछ धीमी आवाज में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी तो मांग है कि क्षेत्रीय मामलों के बारे में श्रीमती इंदिरा गांधी वाला 1970 का अवार्ड जबकि नदी जल के बारे में 1976 वाला अवार्ड लागू किया जाए। एक प्रश्न के उत्तर में श्री देवी लाल ने कहा कि नई हरियाणा विधान सभा का अधिवेशन बुलाने के बारे में अभी कोई फैसला नहीं किया गया। मंत्रिमंडल में विस्तार करने में भी अभी कुछ दिन लगेंगे। यह बात गलत है कि मैं आज या कल मंत्रिमंडल का विस्तार कर रहा हूं।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को मंत्रिमंडल में शामिल करने के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में श्री देवी लाल ने कहा कि इन दोनों पार्टियों की ओर से अभी तक इस तरह की कोई मांग नहीं की गई। जाहिर है कि देवी लाल ने अखिल भारतीय स्तर पर किसी सहमति के अन्तर्गत दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व देने की गुंजायश अभी रखी हुई है। उन्होंने कहा कि मैं अखबारों का विशेष रूप से आभारी हूं क्योंकि हरियाणा विधान सभा के चुनाव में अखबारों ने मुझे भरपूर सहयोग दिया जिसके परिणामस्वरूप हमने आशा से भी अधिक सफलता प्राप्त की। श्री देवी लाल ने कांग्रेस (इ) की कमर तोड़ पराजय और लोकदल (ब) और भाजपा गठजोड़ को मिली ऐतिहासिक सफलता के मोटे-मोटे कारण बताते हुए कहा कि हमने 23 महीने तक न्याय प्राप्त करने के लिए संघर्ष किया जिस हरियाणा की जनता जागरूक हो गई और उसने अनुभव किया कि केन्द्र ने हरियाणा के साथ न्याय नहीं किया। दूसरा लोगों ने 1982 का बदला चुका दिया जब उस समय के राज्यपाल जी.डी. तपासे ने मेरी सरकार नहीं बनने दी थी। इसके अलावा न्याय युद्ध के दौरान पुलिस फायरिंग से हमारे जो आदमी शहीद हुए उसका गिला भी लोगों ने उत्साहपूर्वक वोट डालकर निकाला है क्योंकि बंसी लाल सरकार ने इस बारे हुई घटना की न्यायिक जांच कराने की हमारी मामूली सी मांग मानने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में आज कल भ्रष्टाचार का बोल-बाला है, उससे भी हरियाणा की जनता प्रभावित हुई।

हरियाणा विध

जुलाई में बुलाए

चंडीगढ़, 23 जून (एन.एस. परवाना): न हरियाणा विधानसभा का सत्र जुलाई के प्रथम या द्वितीय सप्ताह में बुलाए जाने की सम्भावना है। जानकार सूत्रों के अनुसार 13 जुलाई को राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदान होना है। इसलिए सम्भव है कि इस तिथि के आसपास ही सैशन बुलाया जाए। अभी नए कार्यवाहक स्पीकर बारे भी फैसला किया जाना है जो नए विधायकों को शपथ दिलाएं।

परम्परा के अनुसार सदन का कोई वरिष्ठ सदस्य ही कार्यवाहक स्पीकर की भूमिका निभाता है। इस संबंध में इस सदन में तीन सदस्य ऐसे चुने गए हैं जो पंजाब से सदस्य चले आ रहे हैं। ये हैं—डाक्टर मंगल सेन (भाजपा), चौधरी तायब हुसैन (इंक) और चौधरी खुर्शीद अहमद (लोकदल ब)। इसलिए सम्भव है कि इन तीनों में से कोई एक कार्यवाहक स्पीकर के तौर पर नए सदस्यों को शपथ दिलाएं। इसी बीच नए उद्योग मंत्री पोफैसर सम्पत सिंह ने आज यहां बताया कि 30 जून को नई दिल्ली

सरकार अल्पसंख्यकों के प्रति तुष्टि-करण छोड़े : राष्ट्रीय एकता समिति

Punjabi Sahara

मिला

स रगोधा कालोनी में 2 उग्रवादियों द्वारा
वैल निगम में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर
र गर्ग से छीना गया स्कूटर शाम को यहां
में लावारिस पड़ा मिला ।

400 रु. छीने

थला (शर्मा): थाना सुभानपुर के गांव
पतां के निकट गत रात लगभग तीन बजे
से लैस 7-8 ट्रक सवार व्यक्ति पिस्तौल
र हिमाचल के ट्रक नम्बर पी.आई.जे.-
के ड्राइवर मंगल सिंह और कंडक्टर भजन
के साथ एक पेड़ से बांध कर उनसे 1400
द और ट्रक छीन कर ले गये । बताया
क छीना गया ट्रक अमृतसर में सीमैंट उतार
होशियारपुर जा रहा था कि पीछे आ रहे
आगे आकर रास्ता रोक लिया और
पुर का रास्ता पूछा । इस दौरान ट्रक में से
त व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर सीमैंट
ए रुपये मांगे । जब ड्राइवर ने कहा कि वे
ये नहीं लाए हैं तो उन्होंने पेड़ से बांध कर
400 रुपये छीन लिये और ट्रक लेकर चले
: लोगों ने दोनों को खोला । पुलिस जांच
है ।

पकड़ा गया

नपुर लोधी थाना केगांव शेख मांगा में
त दिवस एक व्यक्ति दिलबाग सिंह को
1 पिस्तौल व 2 कारतूसों सहित गिरफ्तार
बताया जाता है कि पुलिस को पता चला
बाग सिंह आतंकवादियों को शरण देता है
नक आतंकवादी जरनैल सिंह उर्फ जैला
में है । पुलिस व सी.आर.पी. ने छापा
दलबाग सिंह बेई में छलांग लगा गया ।
चारियों ने भी छलांगें लगाईं और
र दिलबाग सिंह को गिरफ्तार करके
रामद किया । पूछताछ जारी है । बेई में
रने के दौरान सी.आर.पी. का एक
ान जल डूबने लगा था तो उसे लोगों ने
। इस समय वह अस्पताल में दाखिल

वादी गिरफ्तार

ड़ा (खोसला): सिटी पुलिस ने तीन
दयों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम
सिंह उर्फ भोला, गरबख्त सिंह सेठी और
ह ठेकेदार हैं । पुलिस ने इन पर आरोप
क तीनों स्थानीय राम गढ़िया पालिटैक्नीक
छात्रों के सामने विद्रोहपूर्ण भाषण करके

विज्ञापन

साहित्यिक

हित्य सम्मेलन, मालेरकोटला द्वारा हिन्दी
ता प्रतियोगिताएं होंगी । पंजाब के कवि,
मौलिक, नई रचनाएं 15.7.87 तक
तीन निर्णीत रचनाएं हिन्दी दिवस पर
शित की जाएंगी । देव दत्त सिंह, प्रधान,
लेरकोटला ।



करतारपुर के गांव चकराला में उग्रवादियों के हाथों घायल ग्रन्थी सुखविंदर सिंह और उसकी पत्नी सुखविंदर कौर । (छाया : प्यारे)

उन्हें केंद्रीय सरकार का तख्ता पलट देने के लिए उकसा रहे थे । इसके अलावा हिन्दुओं के संहार के लिए भी कह रहे थे । पुलिस इंस्पैक्टर श्री रामलभाया ने बताया कि पछताछ में सिकन्दर सिंह उर्फ भोला ने बताया कि उसे सरजीत सिंह ने पिस्तौल दिया था । 12 बोर का यह पिस्तौल भोला के कब्जे से बरामद हुआ है । उसे कहा गया था कि पुलिस व सी.आर.पी. के कर्मचारियों को मार कर उनके हथियार छीनें । सिकन्दर सिंह उर्फ भोला और उसके साथियों ने योजना बना कर प्रथम फरवरी 1987 को फगवाड़ा के एक पुजारी की हत्या की थी । उसके बाद ढड्डा गांव (थाना फगवाड़ा) के एक मंदिर के पुजारी की भी हत्या की थी । ये आतंकवादी कई अन्य केसों में भी संलिप्त हैं ।

जसदीप का और रिमांड

खोसला के अनुसार कुछ दिन पूर्व फगवाड़ा में पकड़े गये आतंकवादी जसदीप सिंह को आज पुलिस रिमांड समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया । उसे 2 जुलाई तक न्यायिक रिमांड देकर कपूरथला जेल में भेज दिया गया है । उस पर ढुढिके हत्याकांड में संलिप्त होने का अभियोग है ।

एक दिन का पुलिस रिमांड

फगवाड़ा में आज पकड़े गये सिकन्दर सिंह इत्यादि तीन आतंकवादियों का मैजिस्ट्रेट ने केवल एक दिन 24 जून तक पुलिस रिमांड दिया है ।

हैडकांस्टेबल की हत्या

फिरोज़पुर (वार्ता): फिरोजपुर जिला के थाना धर्मकोट के अंतर्गत गांव कोट मोहम्मद खान में 6 उग्रवादियों ने एक हैडकांस्टेबल शहबेग सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी और कांस्टेबल गुरमीत सिंह को घायल कर दिया । वह दोनों की सर्विस राइफलें और मोटर साइकल भी ले गए । दोनों पुलिस कर्मी गांव किशनपुरा के बैंक में ड्यूटी देने के बाद मोटर साइकल पर धर्मकोट थाने में लौट रहे थे । रास्ते में उग्रवादियों ने गोलियां चला कर शहबेग सिंह की हत्या कर दी और गुरमीत सिंह को घायल कर दिया । घायल कांस्टेबल की हालत गम्भीर बताई गई है । एक एजैंसी का कहना है कि दोनों पुलिस कर्मी घायल हैं । उग्रवादियों का पुलिस जिला जालंधर में शाहकोट की ओर पीछा कर रही है ।

लोगों ने भगा दिया

'बागी' के अनुसार सिख छात्र संघ के 5 सदस्यों ने कल रात बस्ती कैम्ब्ल में साम्प्रदायिक सद्भावना कांफ्रैंस में गड़बड़ करने की कोशिश की जिसे विफल बना दिया गया । यह उग्रवादी तत्व स्टेज पर चढ़ गए और लोक सम्पर्क विभाग के कर्मचारी बालक

अल्पसंख्यकों के तुष्टिकरण

(पृष्ठ 3 का शेष)

उनमें से 86 का पता चल गया है । श्री बूटा सिंह ने राष्ट्रीय एकता परिषद की स्थायी समिति की बैठक में यह बात तब बताई जब श्री राजेश्वर राव ने अपने भाषण में मलियाना के 'नरसंहार' के संदर्भ में पी.ए.सी. की आलोचना की । उन्होंने बताया कि मेरठ का दंगा और मलियाना कांड दोनों की न्यायिक जांच के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं ।

श्री बूटा सिंह ने कहा कि मेरठ के दंगे में प्रशासन परिस्थिति पर काबू पाने में असमर्थ साबित हुआ तथा घटनाक्रम प्रशासन पर हावी हो गया । श्री बूटा सिंह ने कहा कि आगामी रविवार को गुजरात में रथ यात्रा उत्सव मनाया जाएगा । सरकार चाहती है कि उत्सव शांतिपूर्ण ढंग से निपट जाए । प्रधानमंत्री द्वारा बुलाए जाने पर केंद्रीय गृह सचिव सी.जी. सोमैय्या ने समिति को बताया कि मेरठ में पहले दंगा हो चुका था तब भी जिला प्रशासन की सलाह के बावजूद वहां से पुलिस की कई कम्पनियां हटा ली गई थीं । परिणाम यह हुआ कि जब दंगा छिड़ा तो मेरठ में पर्याप्त संख्या में पुलिस नहीं थी । यह गलत फैसले का नतीजा था । उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में पुलिस के महानिदेशक, जिला पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त जिलाधीश का तबादला किया जा चुका है ।

आज की बैठक में मेरठ के दंगे का बार-बार जिक्र होता रहा । कर्नाटक के मुख्यमंत्री राम कृष्ण हेगड़े ने इस पर कहा कि समिति की बैठक में केवल मेरठ पर ही बहस नहीं होनी चाहिए । इस संदर्भ में कुछ सदस्यों ने यह मांग दोहराई कि पुलिस बलों में अल्पसंख्यक समुदायों को उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए जिससे कि अल्पसंख्यक समुदायों में विश्वास की भावना जागृत हो । प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा कि यह सही है कि अल्पसंख्यक समुदायों को पुलिस में विश्वास होना चाहिए पर साथ-साथ यह भी नहीं समझना चाहिए कि केवल पुलिस बलों में समुदायों को प्रतिनिधित्व देकर ही विश्वास पैदा किया जा सकता है । पुलिस को निष्पक्ष और गैर साम्प्रदायिक होना चाहिए ।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव ने आज यहां राष्ट्रीय एकता परिषद की स्थायी समिति की बैठक में कहा कि उनकी सरकार साम्प्रदायिकता को कड़ाई के साथ कुचलने के लिए केंद्र सरकार को पूरा सहयोग देगी । बैठक में भू.पू. प्रधानमंत्री चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । वे भी इस समिति के सदस्य थे ।

पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने कहा राष्ट्रीय एकता बहुसंख्यक समुदाय की जिम्मेदारी है । उन्होंने कहा कि 'सिख उग्रवादी' शब्द के बजाय केवल उग्रवादी शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए ।

केंद्र सरकार राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहन देने के लिए हिन्दी भाषी क्षेत्रों में देश की अन्य भाषाओं के अध्यापकों तथा हिन्दी क्षेत्र से बाहर हिन्दी के अध्यापकों का पूरा खर्च वहन करेगी । मानव संसाधन विकास मंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने आज यहां राष्ट्रीय एकता परिषद की स्थायी समिति की बैठक में विशेष आमंत्रित की हैसियत से अपनी टिप्पणी में कहा कि यह व्यवस्था नई शिक्षा प्रणाली के तहत की गई है ।

जीप खड्ड में गिरने से 3 मरे



प्रधानमंत्री राजी समिति की बैठक बैठे हैं ।



पंजाब के राज्य के साथ ।

मान्य द्वारा

चंडीगढ़, 2 मान्यता प्राप्त स सरकार और संघ समझौते के विफल निर्णय लिया है ।

संघ के प्रधा एम.एल. चोपड़ा आरोप लगाया कि रे को पंजाब वित्त किया है । ऐसा समझौता तोड़ क करना चाहते हैं

बरनाला सर क्लाज़ हटाने की और रैग्यूटी का विचार क्रे लिए क इस कमेटी की ए अध्यापकों और का वेतन नहीं मि मास से वेतन औ मिली ।

अध्यापक

के पार दिलबाग सिंह को गिरफ्तार करके
तौल बरामद किया । पूछताछ जारी है । बेईं में
गों मारने के दौरान सी.आर.पी. का एक
टेबल लालन झा डूबने लगा था तो उसे लोगों ने
लिया । इस समय वह अस्पताल में दाखिल

उग्रवादी गिरफ्तार

फगवाड़ा (खोसला): सिटी पुलिस ने तीन
कवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम
न्दर सिंह उर्फ भोला, गुरबख्त सिंह सेठी और
ीत सिंह ठेकेदार हैं । पुलिस ने इन पर आरोप
या है कि तीनों स्थानीय राम गढ़िया पालिटैक्नीक
ज के छात्रों के सामने विद्रोहपूर्ण भाषण करके

फगवाड़ा में आज पकड़े गये सिकन्दर सिंह इत्यादि तीन आतंकवादियों का मैजिस्ट्रेट ने केवल एक दिन 24 जून तक पुलिस रिमांड दिया है ।

हैडकांस्टेबल की हत्या

फिरोज़पुर (वार्ता): फिरोज़पुर जिला के थाना धर्मकोट के अंतर्गत गांव कोट मोहम्मद खान में 6 उग्रवादियों ने एक हैडकांस्टेबल शहबेग सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी और कांस्टेबल गुरमीत सिंह को घायल कर दिया । वह दोनों की सर्विस राइफलें और मोटर साइकल भी ले गए । दोनों पुलिस कर्मी गांव किशनपुरा के बैंक में ड्यूटी देने के बाद मोटर साइकल पर धर्मकोट थाने में लौट रहे थे । रास्ते में उग्रवादियों ने गोलियां चला कर शहबेग सिंह की हत्या कर दी और गुरमीत सिंह को घायल कर दिया । घायल कांस्टेबल की हालत गम्भीर बताई गई है । एक एजैंसी का कहना है कि दोनों पुलिस कर्मी घायल हैं । उग्रवादियों का पुलिस जिला जालंधर में शाहकोट की ओर पीछा कर रही है ।

लोगों ने भगा दिया

'बागी' के अनुसार सिख छात्र संघ के 5 सदस्यों ने कल रात बस्ती कैम्बू में साम्प्रदायिक सद्भावना कांफ्रैंस में गड़बड़ करने की कोशिश की जिसे विफल बना दिया गया । यह उग्रवादी तत्व स्टेज पर चढ़ गए और लोक सम्पर्क विभाग के कर्मचारी बालक राम को थप्पड़ मारा और उसे धमकियां दीं । जब उसने भाषण रोकने से इन्कार किया तो एक उग्रवादी ने रिवाल्वर निकाल ली । सभा में बैठे सिख युवकों ने उन्हें ललकारा और भगा दिया ।

6 उग्रवादी बंदी

मुक्तसर (दीपक) : पुलिस ने 6 उग्रवादियों व उनको शरण देने वाले 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । डी.एस.पी. हरिन्दर पाल ढंड ने बताया कि पकड़े गए उग्रवादियों से एक-एक पिस्तौल, भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं । इनके नाम बगीचा सिंह, धीरा सिंह, रणधीर सिंह (वजीदपुर), बलबीर सिंह (मागट खर), प्रीतम (खपियांवाली) तथा फौजी (बड़ा गुज्जर) है ।

2 घुसपैठिए मरे

अमृतसर (अशोक सोनी) : भारत-पाक सीमा पर रोजाके (पट्टी) सैक्टर में कल रात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने कुछ लोगों को भारतीय सीमा में घुसते देखा । ललकारे जाने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी, जिससे आगे वाले 2 घुसपैठिए मारे गये, जबकि पीछे आने वाले वापिस भाग गए । मारे गये दोनों व्यक्ति भारतीय नागरिक हैं ।

गार्ड की हत्या, बैंक लूटा

भटिंडा (ह.स.): 3 उग्रवादियों ने आज प्रातः यहां से 25 कि.मी. दूर गांव चक रूलदवाला स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा के गनमैन की गोली मार कर हत्या कर दी और 58000 रु. लेकर भाग गए । विवरण की प्रतीक्षा है ।

चुंगी लूटी

कल रात 2 सशस्त्र उग्रवादियों ने भटिंडा पालिका की चुंगी से 1100 रु. लूट लिये और भाग गए ।

तबादलों पर रोक

चंडीगढ़, 23 जून (ह.स.): पंजाब सरकार ने स्पोर्ट्स अधिकारियों और जूनियर स्पोर्ट्स अधिकारियों के तबादलों व नियुक्तियों पर रोक लगा दी है ।

साथ-साथ यह भी नहीं समझना चाहिए कि केवल पुलिस बलों में समुदायों को प्रतिनिधित्व देकर ही विश्वास पैदा किया जा सकता है । पुलिस को निष्पक्ष और गैर साम्प्रदायिक होना चाहिए ।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव ने आज यहां राष्ट्रीय एकता परिषद की स्थायी समिति की बैठक में कहा कि उनकी सरकार साम्प्रदायिकता को कड़ाई के साथ कुचलने के लिए केंद्र सरकार को पूरा सहयोग देगी । बैठक में भू.पू. प्रधानमंत्री चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । वे भी इस समिति के सदस्य थे ।

पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने कहा राष्ट्रीय एकता बहुसंख्यक समुदाय की जिम्मेदारी है । उन्होंने कहा कि 'सिख उग्रवादी' शब्द के बजाय केवल उग्रवादी शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए ।

केंद्र सरकार राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहन देने के लिए हिन्दी भाषी क्षेत्रों में देश की अन्य भाषाओं के अध्यापकों तथा हिन्दी क्षेत्र से बाहर हिन्दी के अध्यापकों का पूरा खर्च वहन करेगी । मानव संसाधन विकास मंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने आज यहां राष्ट्रीय एकता परिषद की स्थायी समिति की बैठक में विशेष आमंत्रित की हैसियत से अपनी टिप्पणी में कहा कि यह व्यवस्था नई शिक्षा प्रणाली के तहत की गई है ।

जीप खड्ड में गिरने से 3 मरे

शिमला, 23 जून (ख): शिमला जिले में कुमार सेन क्षेत्र में शम्बल के निकट एक जीप के खड्ड में गिर जाने से उसमें सवार 2 महिलाओं सहित 3 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 2 व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए ।





(बाएं) हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल के नए प्रिंसीपल स
हरियाणा पुलिस के नए महानिदेशक हंसराज स्वान ।

बादल-टोहरा धड़े की आलोचना

पटियाला, 23 जून (भूषण): सैनिक भगौड़ों के एक संगठन 'धार्मिक फौजी जत्थेबंदी' ने एकीकृत अकाली दल के नेताओं बादल व टोहरा के धड़ों द्वारा दल की कार्यकारिणी एवं अध्यक्ष मंडल की गत बीस जून को रोडे गांव में आयोजित की जाने वाली बैठक को रद्द किए जाने की कड़ी निंदा की है । इस संगठन के अध्यक्ष श्री निर्मल सिंह ने आरोप लगाया है कि ये अकाली नेता सत्ता के लिए सौदेबाजी करने में व्यस्त हैं ।

द्वारा प

चंडीगढ़, 23
मान्यता प्राप्त स्कूल
सरकार और संघ के
समझौते के विफल हो
निर्णय लिया है ।

संघ के प्रधान
एम.एल. चोपड़ा ने
आरोप लगाया कि प
रे को पंजाब वित्त वि
किया है । ऐसा लग
समझौता तोड़ कर
करना चाहते हैं ।

बरनाला सरक
क्लाज़ हटाने की ब
और ग्रैच्युटी का वि
विचार के लिए कमे
इस कमेटी की एक
अध्यापकों और अ
का वेतन नहीं मिल
मास से वेतन और
मिली ।

अध्यापक ने
प्रशासन ने समस
स्कूल ग्रीष्मावक
डी.पी.आई. काय
धरना दिया जाए
की बैठक उसी

चिंतपू
960

ऊना, 2
अनुसार 12
नवगठित समि
बाद से 21
चढ़ा । सोने

अमरीका

वाशिंग
बिलियन डा
दुनिया का स
बिलियन डा

विज्ञापन

साहित्यिक

हिन्दी साहित्य सम्मेलन, मालेरकोटला द्वारा हिन्दी
, कविता प्रतियोगिताएं होंगी । पंजाब के कवि,
अपनी मौलिक, नई रचनाएं 15.7.87 तक
प्रथम तीन निर्णीत रचनाएं हिन्दी दिवस पर
त, प्रकाशित की जाएंगी । देव दत्त सिंह, प्रधान,
गेट, मालेरकोटला ।

कार बाज़ार

Premier Padmini Models 1984,
2, 1979, 1978, 1976 excellent
ng condition for sale. Interested,
act—R.C. Gupta, 173, Lajpat Nagar,
dhar. Phone : 78458.

रोज़गार

SC में 4000 क्लर्कों की भर्ती, योग्यता
नियमावली फार्म 12 रुपए मनिआर्डर भेज कर
। नैशनल कालेज, सनौली रोड, पानीपत ।
(JDC)

र्मचारी चयन आयोग (S.C.C.) में क्लर्कों के
पद रिक्त हैं । योग्यता—मैट्रिक । आयु
18 से 25 वर्ष । वेतनमान—950-
। अंतिम तिथि 13.7.87 । आवेदन पत्र
यमावली हेतु 8 रुपए मनीआर्डर शीघ्र भेजें ।
nal School of Competitions,
la City-134 002.

आवश्यकता

श्यकता है—घरेलू नौकरानी की । वेतन
क । फ्री-क्वार्ट्स । आवेदन करें—इंचार्ज
नेक, 531, न्यू जवाहर नगर, जालंधर ।

सरस्वती संस्कृत कालेज, खन्ना (पंजाब) के
पल पद पर सयोग्य विद्वान की आवश्यकता
यता—दर्शन विषय लेकर शास्त्री, संस्कृत
थवा आचार्य । शैक्षणिक एवं प्रबंध सम्बन्धी
नुभव । वेतन 1200/- से 1800/- के
यथायोग्य । प्रार्थनापत्र मंत्री के नाम
7 तक पहुंच जाने चाहिएं ।

nted Driver (Military Ex-
sman preferred). Helpers, Electri-
Contact personally : B. S.
ional, Basti Danishmandan,
ar.

S. D.A.V. Centenary College,
d (West)-152024, Ferozpur
Part-time Lecturers, in Hindi,
Political Science, Economics,
ogy, Mathematics, Physics,
ry and Music. Qualification &

Punjabi Sanatan

4 उग्रवादियों सहित पंजाब में 7 व्यक्ति मरे

चंडीगढ़, 24 जून (ह.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से 4 आतंकवादियों और सी.आई.डी. के एक हैड कांस्टेबल सहित 7 व्यक्ति मारे गये जबकि होशियारपुर में भाजपा नेता की हत्या के विरोध में आज लगभग पूर्ण हड़ताल रही ।

खुफ़िया हैड-कांस्टेबल की हत्या

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): आज प्रातः लगभग आठ बजे टांडा के मोहल्ला बस्ती अमृतसरियां में दो आतंकवादियों ने सी.आई.डी. के एक हैड-कांस्टेबल स्वर्ण सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । खुफ़िया हैडकांस्टेबल स्वर्ण सिंह गत पांच वर्ष से सी.आई.डी. यूनिट टांडा में कार्यरत था । आज प्रातः टांडा के निकट गांव तलवंडी डडियां से जब वह बस्ती अमृतसरियां पहुंचा तो एक स्कूटर के पास खड़े दो आतंकवादियों ने उसे हाथ देकर खड़े होने का संकेत दिया । जब वह रुक गया तो एक ने उसे गोली मार दी । जब उसने भागने की कोशिश की तो गिर पड़ा । इतने में उसे और गोलियां मारीं । उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । उसे कुल पांच गोलियां मारी गईं । उसके एक निकट सम्बन्धी ने बताया कि वह प्रातः सवा सात बजे स्कूटर पर अपने घर से चला । चलने से पूर्व उसने अपने तीन बच्चों को एक-एक रुपया दिया । एक युवक तरसेम सिंह ने उससे कहा कि मुझे भी साथ ले चलो, मगर उसने यह कह कर टाल दिया कि इन दिनों दोहरी सवारी की अनुमति नहीं है । वह सदा साइकिल पर जाया करता था, मगर तीन मास पूर्व उसने स्कूटर खरीदा था, जिसका अभी नम्बर भी नहीं मिला था । जब मृतक को रोका गया तो उसे गोली खाने को तैयार रहने को कहा गया । उस समय वहां से कुछ औरतें गुज़र रही थीं । उन्होंने देखा कि स्वर्ण सिंह हाथ जोड़े उनकी मिन्नत-समाजत कर रहा है, ताकि इसकी जान बख्श दी जाए । मगर हत्यारे कह रहे थे कि हम तुम्हें ऐसे नहीं मारते, तुम भाग जाओ, हम गोली चलाएंगे, आगे तुम्हारी किस्मत ! जब वे नहीं माने तो स्वर्ण सिंह स्कूटर छोड़ कर भागा । उन्होंने पीछे से गोलियां चलाईं, शायद उसे एकाध गोली लगी परन्तु जब वह 150 गज़ की दूरी पर जाकर गिर गया तो शेष गोलियां पास जाकर मारीं । एक गोली उसकी छाती में भी लगी । सम्भवतः इसी गोली से उसकी जान गई । एक सूचना के अनुसार वह गत दस वर्षों से पी.ए.पी. से डैपुटेशन पर आया हुआ था और सी.आई.डी. में तैनात था । मृतक के परिवार में दूसरा कमाने वाला कोई नहीं । दो बच्चे अभी छोटे हैं । पिता भू.पू. सैनिक है और उसे कम दिखाई देता है ।

पूर्ण हड़ताल, तनाव

स्थानीय भाजपा, कांग्रेस (इ) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं के आह्वान पर आज पूरे शहर भर में लगभग पूर्ण हड़ताल रही । शहर के अंदरूनी क्षेत्रों में तनाव व्याप्त रहा । नेताओं ने कल होशियारपुर जिले के हाल्टा गांव के निकट भूतपूर्व निगमायुक्त और भाजपा नेता प्रकाश लाल की हत्या के विरोध में इस हड़ताल का आह्वान किया । इससे पूर्व जिला प्रशासन ने आज सुबह सात बजे से शहर के भीतरी भागों में कर्फ्यू लगाने का फ़ैसला किया और इसे सख्ती से लागू करने के लिए तमाम सुरक्षा प्रबन्ध किए गए हैं । हालांकि पुलिस नियंत्रण कक्ष ने पहले सुबह सात बजे कर्फ्यू लगाने की पुष्टि की थी, लेकिन अचानक कर्फ्यू न लगाने और स्थिति का कड़ाई से सामना करने का फ़ैसला किया गया । जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि किसी को भी शहर की शांति में खलल डालने की इजाज़त नहीं दी जाएगी और इलाके में पूर्ण शांति और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का हरसम्भव प्रयास किया जाएगा ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार भाजपा नेता का शव कल रात पोस्टमार्टम के बाद उनके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया । आज उनका अन्तिम संस्कार किया गया । सूत्रों ने बताया कि होशियारपुर के भीतरी इलाकों में कुछ ढाबों, चाय की दुकानों तथा कुछ अन्य दुकानों को छोड़कर शेष क्षेत्र की दुकानें बंद रहीं । विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि श्री प्रकाश लाल के निवास पर कल रात दो बार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किए गए टैलीफोन पर "खालिस्तान ज़िन्दाबाद" के नारे लगाए गए थे ।

2 महंतों की हत्या

अमृतसर (ह.स., वार्ता): चार संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर-तरनतारन रोड पर चाटीविंड क्षेत्र में एक धार्मिक स्थल में घुस कर दो महंतों की हत्या कर दी और दो अन्य व्यक्तियों को घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार मृतकों में मक्खन दास (58) और गुलज़ार सिंह (48) शामिल हैं, जबकि घायलों के नाम कीर्ति दास (35) और कुलदीप सिंह (28) बताए जाते हैं । सूत्रों के अनुसार हमलावर वारदात के बाद भाग निकले । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और और इलाके की घेराबंदी कर ली गई है । घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी दशा गम्भीर बताई जाती है ।

'वि.प्र.' के अनुसार एस.एस.पी. मोहम्मद इजहार आलम ने संवाददाताओं को बताया कि इस डेरे के बारे में झगड़ा और मुकद्दमेबाजी चल रही थी । इस बात की सम्भावना भी हो सकती है कि विरोधी पार्टी ने उग्रवादियों से यह कार्रवाई करवाई हो । इस घटना के संबंध में केस दर्ज कर लिया गया है ।

उग्रवादी का शव मिला

भिक्खीविंड थाना के गांव भैणी गुरमुख के निकट एक शव मिला है, जिसकी शिनाख्त कुख्यात आतंकवादी सकत्तर सिंह उर्फ सत्ता के रूप में हुई है, जो कोट धर्मचंद का रहने वाला था । उसके शव पर तेजधार हथियारों के निशान थे । सत्ता पुलिस को हत्या और लूटपाट के 14 मामलों में वांछित था । उसके विरुद्ध हत्या के 5 मामले थे । जिनमें ठाठगढ़ गांव के निहंग वीर सिंह की हत्या, कोट धर्मचंद में चंचल सिंह और उसकी पत्नी प्रीतम कौर की हत्या करके उसकी नौजवान लड़की इकबाल कौर को अगवा करना, गांव पंडोरी महमा में बलबीर सिंह की हत्या करना और गांव ओठियां में सुच्चा सिंह को जान से मारना शामिल है ।

उग्रवादी दम तोड़ गया

एक उग्रवादी स्वर्ण सिंह निवासी शेरगढ़ चीमा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब से पलायन करके दिल्ली गए पीड़ित बूटा सिंह के निवास पर आज से धरना देंगे

नई दिल्ली, 24 जून : पंजाब से पलायन करके आए हज़ारों लोग उनके पुनर्वास के प्रति केंद्रीय सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये के विरुद्ध प्रोटैस्ट और आवश्यक राहत की मांग पर बल देने के लिये कल से यहां केंद्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह के निवास पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे । पंजाब हिन्दू दंगा पीड़ित संगठन के अनुसार धरने में भारी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल होंगे ।

इसी बीच भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय गृहमंत्री और दिल्ली के उपराज्यपाल से मांग की है कि पंजाब से पलायन कर आये परिवारों के पुनर्वास की तुरन्त व्यवस्था की जाए । दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन लाल खुराना ने गृहमंत्री बूटा सिंह और उपराज्यपाल हरकिशन लाल कपूर को इस संबंध में पत्र लिखे हैं । पत्र में उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि पिछले सात महीनों से शिविरों में ज़िंदगी गुज़ार रहे परिवार अपना विरोध प्रकट करने के लिये सड़कों पर आ गये तो राजधानी में कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है ।

श्री खुराना ने मांग की है कि आतंकवादियों के भय से पलायन कर आये इन परिवारों को नवम्बर 1984 के दंगा पीड़ितों को दी गई सुविधाओं के आधार पर बसाया जाए । इन्हें रहने की सुविधा दी जाए तथा बच्चों की शिक्षा का प्रबंध किया जाए । प्रत्येक परिवार को रोज़गार के लिये बीस हज़ार रुपए का ऋण तथा आतंकवादियों द्वारा मारे गये व्यक्तियों के आश्रितों को पेंशन दिलाई जाए ।

एक वर्ष में पांच लाख तलाक

पेइचिंग, 24 जून : चीन में भी तलाक की प्रवृत्ति बढ़ रही है । पिछले सात यहां तलाक के पांच लाख छः हज़ार मामले दर्ज किए गए । सिन्हवा ने 'चाइना डेली' समाचार पत्र के हवाले से बताया कि चीन में अन्य किसी भी तरह के मामलों की तुलना में तलाक के मामलों की संख्या कहीं ज्यादा है । फिर भी 1982 की तुलना में तलाकशुदा लोगों की संख्या में काफी कमी आई है । राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार इसका कारण यह है कि बहुत से तलाकशुदा लोगों ने पुनः विवाह कर लिए हैं ।

ब्यूरो के अनुसार तलाक के 70 प्रतिशत मामले महिलाओं द्वारा दायर किए जाते हैं । ब्यूरो ने अवैध विवाहों, विशेष कर अवयस्कों द्वारा किए जा रहे अवैध विवाहों की बढ़ती संख्या पर चिंता प्रकट की ।

खसरा निरोधक टीका लगाने के बाद 3 बच्चों की मृत्यु, 4 बीमार

हिसार, 24 जून (नांदवाल): यहां से 45 किलो मीटर दूर स्थित पटवाड़ गांव में गत सोमवार को खसरा निरोधक टीका लगाए जाने के उपरान्त एक ही परिवार के 2 बच्चों सहित 3 बच्चों की मृत्यु हो गई तथा 4 बच्चे गम्भीर रूप से बीमार पड़ गए हैं । मृत बच्चों में 6 वर्षीय संदीप, उसकी 4 वर्षीय बहन मंजू तथा एक दो वर्षीय बच्चा गौरीशंकर शामिल हैं ।

इन बच्चों को इस खसरा-रोधक वैक्सीन के टीके एक स्वास्थ्य कर्मी सतीश कुमार ने लगाए थे । इस अवसर पर कुल 32 बच्चों को टीके लगाए गए थे । अन्य 25 बच्चों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा, लेकिन 7 बच्चों के शरीर पर इनका प्रतिकूल प्रभाव दिखाई दिया ।

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कुलदीप कुमार के अनुसार स्वास्थ्य कार्यकर्ता बीमार बच्चों को सेवक सभा अस्पताल हिसार में लेकर आया । संदीप व गौरी शंकर की कल सेवक सभा अस्पताल में मृत्यु हो गई । मंजू की आज प्रातः सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई । श्री कुलदीप कुमार ने बताया कि यह खसरा निरोधक वैक्सीन 'रोवैक्स' यूनिसैफ़ ने भेजी थी । उन्होंने कहा कि इस वैक्सीन से बच्चों की मृत्यु होने का यह पहला मामला है । उन्होंने कहा कि इससे पूर्व खसरा निरोधक वैक्सीन से किसी की मृत्यु होने की कोई भी सूचना नहीं मिली थी । उन्होंने कहा कि यह एक परिवार के ही बच्चे थे और इस बात की सम्भावना भी हो सकती है कि भोजन विषाक्तता से उनकी मृत्यु हो गई हो, लेकिन बच्चों के माता-पिता का कहना है कि उनके बच्चों की मृत्यु इस वैक्सीन के ही कारण हुई क्योंकि टीका लगने के बाद ही बच्चों को तेज़ बुखार हो गया तथा उनके बदन पर चकते निकल आए । मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डाक्टरों के एक दल के साथ गांव में आए । उन्होंने कहा कि उक्त गांव के लिए भेजी गई वैक्सीन को सील कर दिया गया है तथा इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को भेज दी गई है ।

इसी बीच हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के एक प्रवक्ता ने चंडीगढ़ में बताया कि इस कांड के बारे में जिला अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है । हिसार के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस वैक्सीन का निर्माण फ्रांस में किया गया । हरियाणा के स्वास्थ्य निदेशक श्री वी.एन. माथुर इस

प्रधानमंत्री जी, एल.एम. थापर से आपने कौन-कौन से फायदे उठाये : राम जेठमलानी

नई दिल्ली, 24 जून : श्री राम जेठमलानी ने प्रधानमंत्री के नाम अपने सातवें खुले पत्र में 11 प्रश्न पेश किए हैं और लिखा है :

'प्रिय प्रधानमंत्री जी,

आज के प्रश्नों का उद्देश्य यह दिखाना है कि किस प्रकार आपकी छोटी-छोटी बातों ने राष्ट्र को कितना नुक्सान पहुंचाया है । इसके अलावा इस गरीब राष्ट्र के आपकी सुरक्षा पर डेढ़ करोड़ रु. तो खर्च होते ही हैं । इस दुर्भाग्यपूर्ण देश ने कभी भी इतने सर्चीले प्रधानमंत्री का लोहा नहीं लगाया और

1. आपके पास एक नागरिक उड्डयन पायलट लाइसैंस है जिसे आपने आज भी 'लाइव' रखा हुआ है । क्या यह सही है कि इस लाइसैंस के नवीनीकरण के लिए आपको निर्धारित घंटे की उड़ान करनी चाहिए ?

2. कृपया हमें बताएं कि क्या आपको निर्धारित उड़ान प्रैक्टिस है ? यदि है तो कितने घंटे की ? क्या यह सही है कि आपने उड़ान प्रैक्टिस का जो दावा किया है वह आपने प्रख्यात उद्योगपति ललित थापर के विमान को उड़ा कर हासिल की है ?

की जांच की जा रही थी, उनमें से एक थापर-अपराध की विदेशों में जड़ों बारे था, जो अन्य मामलों को भी पीछे छोड़ जाता है ?

11. और संडे आब्जर्वर के 5 अप्रैल 1987 के अंक में छपा है कि इस केस बारे में वित्त मंत्रालय से सम्बद्ध 'डोजियर्ज' कथित रूप से गुम हो गए हैं । क्या यह आरोप सही हैं और यदि सही हैं तो क्या उक्त 'डोजियर्ज' मिल गए हैं (गुम हुए 'डोजियर्ज' में क्या कुछ दर्ज है, उनके बारे में फिर कभी बताऊंगा ।

आपका शुभ चिंतक







(1) होशियारपुर क्षेत्र ... बिलखती पत्नी तथा प... लाल के घर पर सी.आ... बुधवार सवेरे हत्या क... जा रहा था. (7) स्वर्ण...



Punjabi Sanjati

मरे

दर्ज कर लिया गया

भैणी गुरमुख के
ी शिनाख्त कुख्यात
त्ता के रूप में हुई है,
ा । उसके शव पर
। सत्ता पुलिस को
लों में वांछित था ।
थे । जिनमें ठाठगढ़
या, कोट धर्मचंद में
ीतम कौर की हत्या
इकबाल कौर को
ा में बलबीर सिंह की
ं सुच्चा सिंह को जान

निवासी शेरगढ़ चीमा
पर)

ाने के
बीमार

धिकारी डा. कुलदीप
र्यकर्त्ता बीमार बच्चों
ार में लेकर आया ।
सेवक सभा अस्पताल
आज प्रातः सिविल
श्री कुलदीप कुमार ने
धक वैक्सीन 'रोवैक्स'
ने कहा कि इस वैक्सीन
ह पहला मामला है ।
सरा निरोधक वैक्सीन
ई भी सूचना नहीं मिली
क परिवार के ही बच्चे
ना भी हो सकती है कि
मृत्यु हो गई हो, लेकिन
ना है कि उनके बच्चों
कारण हुई क्योंकि
को तेज़ बुखार हो गया
निकल आए । मुख्य
डाक्टरों के एक दल के
कहा कि उक्त गांव के
ल कर दिया गया है तथा
ोर्ट स्वास्थ्य विभाग को

वास्थ्य विभाग के एक
कि इस कांड के बारे में
त रिपोर्ट मांगी गई है ।
सा अधिकारी ने बताया
फ्रांस में किया गया ।
क श्री वी.एन. माथुर इस
ाड़ गांव आने वाले हैं ।

त्याशी

वेरे 11 बजे निर्वाचन
यप के कमरे में की

आर. वेंकटरमन और
मूर्ति वी.आर. कृष्णा
एक-एक नामांकन पत्र
न दोनों उम्मीदवारों के
दाखिल किये जा चुके
धकतम चार नामांकन
श्री वेंकटरमन की ओर
तवारी ने यह नामांकन
न पत्र पर 30 सांसदों
और अनुमोदकों के रूप
नमें केंद्रीय मंत्री बी.
भगत, सांसद अनंत
नु (अन्ना द्रमुक), जम्मू
अब्दुल्ला, मिज़ोरम के
म की सांसद श्रीमती
हैं ।

नकांड : 4
जले

ार्ता): पुरानी दिल्ली के
तिलक बाजार के एक
र आग से 4 व्यक्तियों
यल हो गए । गम्भीर
ोकनायक जय प्रकाश
कराया गया है । आग
कल गाड़ियों को दो घंटे
त्रों ने बताया कि आग



(1) होशियारपुर क्षेत्र में उग्रवादियों के हाथों मारे गए भाजपा नेता प्रकाश लाल दुआ (इन्सैट पुरानी तस्वीर) के शव के पास बैठी उनकी बिलखती पत्नी तथा परिवार के सदस्य, (2) श्री प्रकाश लाल की हत्या के विरुद्ध होशियारपुर में प्रोटैस्ट हड़ताल का एक दृश्य, (3) श्री प्रकाश लाल के घर पर सी.आर.पी. तैनात कर दी गई (छाया : पंजाब केसरी), (4) हैडकांस्टेबल पुलिस स्वर्ण सिंह, जिसकी टांडा के पास उग्रवादियों ने बुधवार सवेरे हत्या कर दी, (5) स्वर्ण सिंह का पुराना चित्र, (6) स्वर्ण सिंह का नया स्कूटर, हत्या किए जाने के समय वह इस पर सवार होकर जा रहा था, (7) स्वर्ण सिंह की बिलखती मां, पत्नी, बहिन और बेटा । (छाया : प्रद्युम्न)



जिला अमृतसर में तरनतारन रोड पर एक डेरे में उग्रवादियों के हाथों मारे गए (1) महंत मक्खन दास, (2) गुलज़ार सिंह के शव, (3) घायल मक्खन सिंह, (4) दयाल सिंह, (5) सुखदेव सिंह, (6) गिलवाली गांव में ज़ख्मी कम्युनिस्ट वर्कर हरनाम सिंह, (7) महंत के डेरे के शोक संतप्त सदस्य (छाया : पंजाब केसरी), (8) जालन्धर में न्यू रेलवे रोड स्थित डाकघर, जिसे उग्रवादियों ने लूट लिया । (छाया : जैमिनी)

मेरठ में दंगे के 18 फ़रार अभियुक्तों द्वारा अदालतों में आत्म-समर्पण

मेरठ, 24 जून (वार्ता): मेरठ में दंगे और कर्फ़्यू के दौरान हत्या, आगज़नी तथा लूटपाट की घटनाओं में शामिल फ़रार अभियुक्तों में से 18 ने विभिन्न अदालतों में आत्म-समर्पण कर दिया है । उन सबको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा ने और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा से दंगे से संबंधित तथ्यों की जानकारी ली । शहर के विभिन्न दंगा प्रभावित इलाकों के लोगों ने श्री सिंह को बताया कि पी.ए.सी. अथवा अन्य सुरक्षा बलों द्वारा अल्पसंख्यकों पर ज्यादती करने से संबंधित समाचार पूरी तरह निराधार हैं । श्री सिंह को

बिना पते के भी चिट्ठी पहुंच जाती है

बम्बई, 24 जून (वा.) : चिट्ठी पर कोई पता नहीं होता । सिर्फ़ लिखा होता है, 'सीमांत गांधी', 'सरहदी गांधी' या 'फ्रंटियर गांधी' और चिट्ठी बादशाह खान को मिल जाती है । वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी खान अब्दुल गफ़्फ़ार खां के नाम प्रतिदिन देश-विदेश से पच्चीस-तीस चिट्ठियां आती हैं और इनमें से अधिकांश पर पता नहीं सिर्फ़ उनका नाम लिखा होता है ।

Punjabi Sanatani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

(थाना मालेरकोटला), जिसे 9-10 दिन पहले यहां अस्पताल में दाखिल कराया गया था, दम तोड़ गया । बब्बर खालसा के सदस्य इस उग्रवादी को उसके साथी बुरी तरह पीट-पीट कर जंडियाला गुरु थाना के क्षेत्र में एक कुएं में फैंक गए थे, जहां से उसे गम्भीरावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था ।

कम्युनिस्ट घायल

आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर थाने के गिलवाली गांव में कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्त्ता हरनाम सिंह पर उस समय गोली चला दी, जब वह सहकारी बैंक के पास सो रहे थे । श्री सिंह गोली से घायल हो गए ।

सीमा सुरक्षा बल का एक कांस्टेबल भी अपनी ही बंदूक से अचानक गोली चल जाने से घायल हो गया । घायलों को अमृतसर अस्पताल में भरती करा दिया गया है ।

मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे

फिरोज़पुर (धीमान, बागी): सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के बीच कल रात मंड क्षेत्र में फिरोजपुर ज़िले के धर्मकोट पुलिस थाना क्षेत्र में गांव गट्टी जतां में हुई एक मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये, जबकि उनके दो अन्य साथी भाग निकले । ये चारों आतंकवादी कल शाम हैड-कांस्टेबल शहबेग सिंह की हत्या तथा कांस्टेबल गुरमीत सिंह को घायल करने के बाद भाग रहे थे । सुरक्षा बल के नाकाबंदी करने वाले एक दल ने चारों आतंकवादियों को रुकने को कहा, लेकिन उन्होंने जवाब में गोलियां चलाईं । सुरक्षा बल के जवानों ने भी आतंकवादियों द्वारा गोली चलाने के जवाब में गोलियां चलाईं, जिससे दो आतंकवादी मारे गये । फिरोज़पुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आर.एस. चालिहा ने आज कहा कि पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों से दो मोटर साइकिलें, दो पुलिस राईफलें, एक सर्विस रिवाल्वर तथा एक 32 बोर की रिवाल्वर बरामद की । इनमें एक मोटर साईकल वही है, जो उग्रवादियों ने पुलिस कर्मियों से छीना था । घायल कांस्टेबल गुरमीत सिंह की हालत जीरा अस्पताल में खतरे से बाहर है । मृतक शहबेग सिंह का अंतिम संस्कार इच्छेवाल गांव में पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ कर दिया गया, इसके परिवार को एक लाख रु. और एक परिजन को नौकरी दी जाएगी ।

श्री चालिहा ने बताया के इस हत्याकांड के लिये रोडे गांव के मलकीयत सिंह उर्फ़ टीटू का गिरोह जिम्मेवार है । उसी गिरोह ने किशनपुरा में पुलिस अधिकारी गुरपाल सिंह तथा कोकरी कलां में एक सी.आर.पी. के जवान की हत्याएं की थीं ।

अंधाधुंध फ़ायरिंग 2 घायल

फिरोज़पुर के एक निकटवर्ती गांव में कुछ उग्रवादियों ने एक घर में घुस कर अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिससे 2 व्यक्ति हरनाम सिंह और झंडा सिंह घायल हो गये । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

पैट्रोल पम्प लूटा

'भंडारी, राकेश' के अनुसार गुरु हरसहाय-

'ह.स.' के अनुसार उग्रवादी पैदल आए थे और एक ग्राहक लक्खा सिंह का स्कूटर छीन कर भाग गए ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

धूरी (सिंगला) : संगरूर जिला पुलिस ने 2 उग्रवादियों सुखदेव सिंह और गुरदेव सिंह, जो कपूरथला जिला निवासी हैं, को गिरफ्तार करके एक छीना गया स्कूटर बरामद किया है ।

मुठभेड़ के बाद दो गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): गत रात पुलिस और बी. एस. एफ. ने संयुक्त रूप से थाना धारीवाल के गांव कलोकलां के निकट नहर के पुल पर लगाए गए नाके के दौरान संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए जबकि उनके दो साथी भाग निकलने में सफल हो गए ।

जिला गुरदासपुर पुलिस प्रमुख श्री जे. पी. बिरदी के अनुसार नाके के दौरान 4 संदिग्ध लोगों को आते देख नाका पार्टी ने रुकने का संकेत किया परन्तु उन्होंने गोली चला दी । जवाब में पुलिस व सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाईं । कुछ देर बाद ही उनमें से दो उग्रवादियों रवींद्र सिंह निवासी धारीवाल सोहियां और सविंदर सिंह निवासी कोहाली को गिरफ्तार कर लिया जबकि बलदेव सिंह निवासी घुम्मनकलां और रूपेंद्र सिंह उर्फ पिल्लू निवासी बेहबल चक अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए ।

श्री बिरदी के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादियों ने पूछताछ के दौरान गत 29 मई को गांव बेहबल चक में एक तांत्रिक बशीर मसीह की हत्या के अतिरिक्त अन्य कई अपराध स्वीकार किए हैं । गिरफ्तार उग्रवादियों से दो पिस्तौल, दो कारतूस चले हुए और दो जीवित कारतूस मिले हैं ।

हमलावर की शिनाख्त

करतारपुर (साहनी) : स्थानीय पुलिस इंचार्ज मुख्त्यार सिंह ने दावा किया है कि कल ग्रंथी सुखविन्दर सिंह और उसकी पत्नी सुखविन्दर कौर को घायल करने वाले एक उग्रवादी की शिनाख्त हो गई है और उसे पकड़ने के लिये छापे मारे जा रहे हैं । कुछ व्यक्तियों को पूछताछ के लिये हिरासत में ले लिया गया है ।

गिरफ्तारियां

कपूरथला (शर्मा): कपूरथला ज़िला पुलिस ने आज तड़के छापे मार कर सिख छात्र संघ और दमदमी टकसाल के 16 वर्करों व नेताओं को हिरासत में ले लिया । यह कदम 26 जून को अमृतसर में हो रहे सम्मेलन के संबंध में उठाया गया है ।

राइफल, नकदी, आभूषण लूटे

फगवाड़ा (खोसला): आज दोपहर खलवाड़ा गेट में चार उग्रवादियों ने अवतार सिंह जिनकी पत्नी परमजीत कौर वालिया इंका सेवा दल की नेता है, के घर में घुस कर 6500 रुपए नकद, कुछ स्वर्णाभूषण, 315 बोर की राइफल, 6 कारतूस लूट लिए, और 2 स्कूटरों पर भाग गए । पुलिस जांच कर रही है ।

6 आतंकवादी पकड़े

खन्ना (पूर्ण): खन्ना थाना सदर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो आतंकवादियों दर्शन सिंह

पाक परमाणु ब

इस्लामाबाद, 24 ज
सचिव अब्दुल सत्तार ने क
तो परमाणु हथियार बनाने
ही उसमें इतनी सामथ
अखबार 'तेहरान टाइम्स'
श्री सत्तार ने कहा कि पा
परमाणु हथियारों के फैला

राहत

(पृष्ठ 3

होगा, मद्रास से जाफन
बंदरगाह ले जाया जाए त
त्रिकोमाली जिलों के ज़रू
सामग्री वितरित की जा स
बाला कुमार ने कहा कि
सैनिक द्वारा 44 गांवों
40 हज़ार से अधिक
शरणार्थी शिविरों में रह
तमिल पीड़ितों के लिये
समर्थन किया ।

उन्होंने कहा कि भार
श्रीलंका के सभी प्रभा
चाहिए । श्रीलंका के
और एक अन्य राजनयि
जाने वाले थे, लेकिन आ
रुक गये कि उनका जान
कनकेसंतुरायी में श्रीलंक

सुविज्ञ सूत्रों से पता
तमिलों के लिये भेजी जा
साथ जहाज़ से जाने वा
श्रीलंका में प्रवेश की अनु

घमासान लड़ाई

जाफना प्रायद्वीप में
सैनिकों और लिबरेशन
के बीच आज घमासान
एक अन्य स्थान पर कल
11 लोग मारे गये ।

कोलम्बो के दैनिक
जाफना के लोगों ने आश
सेना जाफना पर शीघ्र ए
है ।

श्रीलंका के राष्ट्रपति
के उपद्रव ग्रस्त उत्तरी त
के 16 रिक्त स्थान भर
की घोषणा की है ।

नई दिल्ली : प्रधान
अपने कुछ वरिष्ठ मंत्रियों
स्थिति की समीक्षा की ।
जाफना प्रायद्वीप के लोगों
सप्लाई का काम शुरू हो
में मुख्यतः श्रीलंका समस
विचार किया गया । श्री
अपने कई मंत्रियों और प
की । राष्ट्रपति के चुनाव
अंतिम तिथि थी ।

भिवानी का
10 जुलाई

नई दिल्ली, 24

करा दिया गया है ।

मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे

फिरोज़पुर (छीमान, बागी): सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के बीच कल रात मंडक्षेत्र में फिरोजपुर जिले के धर्मकोट पुलिस थाना क्षेत्र में गांव गट्टी जतां में हुई एक मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये, जबकि उनके दो अन्य साथी भाग निकले । ये चारों आतंकवादी कल शाम हैड-कांस्टेबल शहबेग सिंह की हत्या तथा कांस्टेबल गुरमीत सिंह को घायल करने के बाद भाग रहे थे । सुरक्षा बल के नाकाबंदी करने वाले एक दल ने चारों आतंकवादियों को रुकने को कहा, लेकिन उन्होंने जवाब में गोलियां चलाईं । सुरक्षा बल के जवानों ने भी आतंकवादियों द्वारा गोली चलाने के जवाब में गोलियां चलाईं, जिससे दो आतंकवादी मारे गये । फिरोज़पुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आर.एस. चालिहा ने आज कहा कि पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों से दो मोटर साईकिलें, दो पुलिस राईफलें, एक सर्विस रिवाल्वर तथा एक 32 बोर की रिवाल्वर बरामद की । इनमें एक मोटर साईकल वही है, जो उग्रवादियों ने पुलिस कर्मियों से छीना था । घायल कांस्टेबल गुरमीत सिंह की हालत ज़ीरा अस्पताल में खतरे से बाहर है । मृतक शहबेग सिंह का अंतिम संस्कार इच्छेवाल गांव में पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ कर दिया गया, इसके परिवार को एक लाख रु. और एक परिजन को नौकरी दी जाएगी ।

श्री चालिहा ने बताया के इस हत्याकांड के लिये रोडे गांव के मलकीयत सिंह उर्फ़ टीटू का गिरोह जिम्मेवार है । उसी गिरोह ने किशनपुरा में पुलिस अधिकारी गुरपाल सिंह तथा कोकरी कलां में एक सी.आर.पी. के जवान की हत्याएं की थीं ।

अंधाधुंध फ़ायरिंग 2 घायल

फिरोज़पुर के एक निकटवर्ती गांव में कुछ उग्रवादियों ने एक घर में घुस कर अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिससे 2 व्यक्ति हरनाम सिंह और झंडा सिंह घायल हो गये । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

पैट्रोल पम्प लूटा

'भंडारी, राकेश' के अनुसार गुरु हरसहाय-मुक्तसर सम्पर्क मार्ग पर साढ़े तीन बजे के बाद दोपहर दो उग्रवादी एक पैट्रोल पम्प से 9945 रुपये नकद और बाहर खड़ा एक स्कूटर लेकर फरार हो गए । पहले उन्होंने पिस्तौल की नोक पर पैट्रोल पम्प के कर्मचारी से कैश बाक्स की चाबियां प्राप्त कीं और फिर नकदी लूट ली । जब बाहर निकले तो स्कूटर नम्बर 7779 वहां खड़ा था, उस पर सवार हो कर फरार हो गए । पुलिस ने सूचना मिलते ही क्षेत्र की नाकबंदी कर ली अतः उग्रवादी स्कूटर को थोड़ी दूर छोड़ कर पैदल ही भाग गए । पुलिस उनकी सरगर्मी से तलाश कर रही है ।

डाकखाना लूटा

जालंधर (वि.स.): आज प्रातः 11 बजे के लगभग स्थानीय रेलवे रोड पर लक्ष्मी सिनेमा के निकट तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक डाकखाने से पिस्तौल की नोक पर 1819 रुपये लूट लिये और स्कूटर पर ही फ़रार हो गये । पुलिस सूत्रों से मिली रिपोर्ट के अनुसार तीन उग्रवादियों में से एक मोना था और इनमें से दो के पास पिस्तौल थे, जबकि एक के पास चाकू था । सूचना मिलने पर उच्च पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी ।

उन्होंने गोली चला दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाईं । कुछ देर बाद ही उनमें से दो उग्रवादियों रवींद्र सिंह निवासी धारीवाल संहियां और सविंदर सिंह निवासी कोहाली को गिरफ्तार कर लिया जबकि बलदेव सिंह निवासी घम्मनकलां और रूपेंद्र सिंह उर्फ पिल्ल निवासी बेहबल चक अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए ।

श्री विरदी के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादियों ने पूछताछ के दौरान गत 29 मई को गांव बेहबल चक में एक तांत्रिक बशीर मसीह की हत्या के अतिरिक्त अन्य कई अपराध स्वीकार किए हैं । गिरफ्तार उग्रवादियों से दो पिस्तौल, दो कारतूस चले हुए और दो जीवित कारतूस मिले हैं ।

हमलावर की शिनाख्त

करतारपुर (साहनी) : स्थानीय पुलिस इंचार्ज सुखत्यार सिंह ने दावा किया है कि कल ग्रंथी सुखविन्दर सिंह और उसकी पत्नी सुखविन्दर कौर को घायल करने वाले एक उग्रवादी की शिनाख्त हो गई है और उसे पकड़ने के लिये छापे मारे जा रहे हैं । कुछ व्यक्तियों को पूछताछ के लिये हिरासत में ले लिया गया है ।

गिरफ्तारियां

कपूरथला (शर्मा): कपूरथला जिला पुलिस ने आज तड़के छापे मार कर सिख छात्र संघ और दमदमी टकसाल के 18 वर्करों व नेताओं को हिरासत में ले लिया । यह कदम 26 जून को अमृतसर में हो रहे सम्मेलन के संबंध में उठाया गया है ।

राईफल, नकदी, आभूषण लूटे

फगवाड़ा (ओसला): आज दोपहर खलवाड़ा गेट में चार उग्रवादियों ने अवतार सिंह जिनकी पत्नी परमजीत कौर बलिया इंका सेवा दल की नेता है, के घर में घुस कर 6500 रुपए नकद, कुछ स्वर्णाभूषण, 315 बोर की राइफल, 6 कारतूस लूट लिए, और 2 स्कूटरों पर भाग गए । पुलिस जांच कर रही है ।

6 आतंकवादी पकड़े

खन्ना (पूर्ण): खन्ना थाना सदर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो आतंकवादियों दर्शन सिंह तथा कश्मीर सिंह को गिरफ्तार किया । उनके रहस्योद्घाटन पर चार और आतंकवादी अवतार सिंह बूंदी, लखमीर सिंह उर्फ लक्खा, सर्वजीत सिंह तथा रणजीत सिंह काका को गिरफ्तार किया गया । उनके कब्जे से 25 बोर का एक पिस्तौल 6 कारतूसों सहित, 12 बोर की 2 पिस्तौलें 8 कारतूसों सहित व 315 बोर का एक पिस्तौल 4 कारतूसों समेत बरामद किया गया । उन्होंने दोराहा के शराब के ठेकेदार से 13 हज़ार रुपया लूटना, गांव सैदां के शराब के ठेका को लूटना, समराला में शूगर मिल धूरी के एजैंट से 1 लाख 68 हज़ार रुपया लूटना, दहेड़ू से स्कूटर छीनना आदि वारदातों में हाथ होना स्वीकार किया ।

परीक्षाफल 12 प्र.श. रहा

धर्मशाला, 24 जून (वेद): 11वीं श्रेणी (प्लस वन) के प्राइवेट छात्रों की अप्रैल 1987 में ली गई परीक्षा का परिणाम हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड ने घोषित कर दिया है । कुल परिणाम 12 प्र.श. रहा । 1081 छात्रों में से 138 छात्र पास हुए हैं और 90 की कम्पार्टमैंट आई है ।

श्रीलंका के सभी प्रभावि
चाहिए । श्रीलंका के उप
और एक अन्य राजनयिक
जाने वाले थे, लेकिन आखिर
रुक गये कि उनका जाना
कनकेसंतुरायी में श्रीलंका

सूत्रिज्ञ सूत्रों से पता
तमिलों के लिये भेजी जा
साथ जहाज़ से जाने वा
श्रीलंका में प्रवेश की अनुम

घमासान लड़ाई

जाफना प्रायद्वीप में प
सैनिकों और लिबरेशन
के बीच आज घमासान
एक अन्य स्थान पर कल
11 लोग मारे गये ।

कोलम्बो के दैनिक
जाफना के लोगों ने आश
सेना जाफना पर शीघ्र
है ।

श्रीलंका के राष्ट्रप
के उपद्रव ग्रस्त उत्तरी
के 16 रिक्त स्थान भ
की घोषणा की है ।

नई दिल्ली : प्रधा
अपने कुछ वरिष्ठ मंत्रि
स्थिति की समीक्षा की
जाफना प्रायद्वीप के लो
सप्लाई का काम शुरू
में मुख्यतः श्रीलंका स
विचार किया गया ।
अपने कई मंत्रियों औ
की । राष्ट्रपति के चु
अंतिम तिथि थी ।

भिवानी
10 जुला

नई दिल्ली, 2
भिवानी संसदीय नि
10 जुलाई से पह
अधिसूचना जारी
आयोग द्वारा इससे
की गई अधिसूचना
20 जून से पहल
त्यागपत्र से खाली
किया जाना था ।

हम बरना
मान

चंडीगढ़, 24
मंत्री श्री बसंत सि
उनके साथी अब
अकाली दल का प्र
के अध्यक्ष पद से

श्री खालसा
स्पीकर श्री सुरज
हरभजन सिंह सं
हैं । अब श्री
बरनाला को पार्ट
कहा कि हम हा

तिब्बती

क्लासीफाइड विज्ञापन

अमृतसर में आज से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू : स्वर्ण मंदिर परिसर की तलाशी, शस्त्र बरामद

कई उग्रवादी हथियार लेकर परिक्रमा में और कुछ मंदिर की दूसरी मंजिल पर चले गए : जालंधर में फायरिंग कर एक को घायल करने वाला उग्रवादी मारा गया

विभिन्न स्थानों पर महंत सहित 5 की हत्यायें : कई गिरफ्तार

चंडीगढ़, 25 जून (वार्ता): अमृतसर जिला प्रशासन ने कल प्रातः 5.30 बजे से सम्पूर्ण पुराने अमृतसर शहर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू करने का फैसला किया है । पुलिस तथा सुरक्षा बल ने अमृतसर में कर्फ्यू लगा कर स्वर्ण मंदिर परिसर में स्थित सराय में आज तड़के लगभग 250 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया । वहां से कुछ हथियार तथा आपत्तिजनक कागजात मिले हैं । अधिकारियों के अनुसार 10 व्यक्तियों को छोड़ कर शेष को रिहा कर दिया गया है । पंजाब में पिछले 24 घंटों में इनके अलावा 5 व्यक्ति मारे गए तथा कई आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । कबीरपुर गांव में लोगों ने उग्रवादियों को भगा दिया । जालन्धर में उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति को घायल कर दिया और फरार हो गए पर पुलिस ने पीछा किया और मठभेड़ हुई जिसमें एक उग्रवादी मारा गया ।

अमृतसर में आज कर्फ्यू

जिला प्रशासन ने अमृतसर के समूचे पुराने शहर में कल सबेरे साढ़े पांच बजे से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाने का निर्णय लिया है । शहर में कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह फैसला किया गया है ।

परिसर में छापे, 10 बंदी

अमृतसर (कमलेश): आज प्रातः 4 बजे से 7 बजे तक पुराने शहर में कर्फ्यू लगाकर अर्धसैनिक बलों ने दरबार साहब परिसर के गुरु रामदास सराय के भाग में छापा मारा और गुरु नानक निवास, न्यू अकाल रैस्ट हाऊस, सराय गुरु रामदास, तेजा सिंह समुन्दरी हाल की तलाशी ली । न्यू अकाल रैस्ट हाऊस के सभी कमरों के दरवाजे पुलिस को तोड़ने पड़े । वहां से पुलिस को चोरीशुदा कुछ वी.सी.आर. और रंगीन टी.वी. सैट मिले । इसके अलावा लोगों को धमकीपूर्ण पत्र लिखने के लिए लैटरपैड और आपत्तिजनक खालिस्तानी साहित्य बरामद हुआ । सराय गुरु रामदास के कमरा नम्बर-17 की भी ताला तोड़ कर तलाशी ली गई, जहां सिख छात्र महासंघ के गुरजीत गुट ने अपना कार्यालय बना रखा था । वहां से भी आपत्तिजनक साहित्य बरामद हुआ । पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि गुरु नानक निवास की दूसरी मंज़िल में जगह-जगह खालिस्तान ज़िन्दाबाद के नारे लिखे हुए पाए गए । कमरा नम्बर-49 में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का दफ़्तर मिला । कमरा नम्बर 46, 47, 49, 50, 52, 53, 59 की तलाशी के दौरान कुछ विस्फोटक आग्नेयास्त्र मिले । यह शस्त्रास्त्र पुलिस ने गुरु नानक निवास में मौजूद कुछ यात्रियों को भी दिखाए । कमरा नम्बर-55 में एक यात्री सुलक्खन सिंह, जो गुरदासपुर से परिवार सहित आया हुआ था, ने बताया कि इस शस्त्रास्त्र में चार बड़े डिब्बे कारतूस के, कमर के साथ बांधने वाली चार कारतूसों से भरी पेटियां और चार पिस्तौल भी शामिल थे । पुलिस ने फ़ैडरेशन के दोनों धड़ों के कार्यालयों पर पूर्ण अधिकार करके सी.आर.पी.एफ. तथा पुलिस के जवान बिठा दिए हैं । सराय की सड़क पर भी सशस्त्र सी.आर.पी.एफ. और पुलिस के कर्मचारी तैनात कर दिए हैं और उनका नेतृत्व पुलिस के उच्चाधिकारी कर रहे हैं ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने अपने कार्यालय प्रोटैस्ट के तौर पर बंद कर दिए हैं और एक प्रैस विज्ञप्ति जारी करके पुलिस की इस कार्रवाई की निन्दा की है तथा सरकार को चेतावनी दी है कि यह कार्रवाई सिखों के धार्मिक मामलों में सीधा हस्त क्षेप है, इसे सहन नहीं किया जाएगा ।

एस.एस.पी. श्री इजहार आलम तथा जिलाधीश श्री रमेश इन्द्र सिंह ने एक पत्रकार सम्मेलन करके दरबार साहब में छापा मारने की कार्रवाई का विवरण बताया, लेकिन उन्होंने बताया कि छापे के दौरान एक पिस्तौल, एक हथगोला और कुछ कारतूस मिले हैं । इसके अलावा श्री आलम ने बताया कि कुछ आतंकवादी शस्त्रास्त्र सहित परिक्रमा में चले गए हैं और कुछ दरबार साहब की ऊपर की मंज़िल में जाकर बैठ गए हैं । यह भी बताया कि केवल दस लोगों को गिरफ्तार किया गया, मगर वहां यात्रियों ने बताया कि चार ट्रक भर कर वहां से संदिग्ध लोगों के ले जाए गए हैं । पुलिस ने भी बताया कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनसे पूछताछ जारी है । उनमें से अभी तक केवल 10 लोगों को बाकायदा गिरफ्तार कर लिया गया है । पुलिस की इस कार्रवाई के बाद दरबार साहब के इर्द-गिर्द लोगों में भय पाया जा रहा है । बाहर से बहुत कम लोग वहां आए हैं । बाजारों में भी रौनक बहुत कम है । लोगों को संदेह है कि किसी समय भी इस क्षेत्र में पुनः कर्फ्यू लग सकता है ।

'अशोक सोनी' के अनुसार दरबार साहब परिसर तथा उसके आसपास अर्धसैनिक बल के जवान और अधिकारी बिठा दिए गए हैं ताकि आतंकवादी संगठन 26 जून को दरबार साहब में अपना सम्मेलन न कर सकें और यह कार्रवाई दरबार साहब में आतंकवादियों की एकत्रता को रोकने के लिये की गई है । एस.एस.पी. श्री इजहार आलम तथा जिलाधीश श्री रमेश इंद्र सिंह ने पत्रकार-सम्मेलन में बताया कि दरबार साहब परिसर में आतंकवादियों के जमा होने और उनकी ओर से वहां भारी शस्त्रास्त्र लाए जाने की सूचना मिली थी, इसलिये आज तड़के पुलिस कार्रवाई की गई । उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कुल 90 युवकों को हिरासत में लिया गया था, स्क्रीनिंग के बाद 80 को तो छोड़ दिया गया, मगर 10 से अभी तक पूछताछ जारी है । उन्होंने कहा कि 26 जून के इकट्ठ को हर हालत में रोका जाएगा । आवश्यकता हुई तो पुनः कर्फ्यू लगाया जाएगा । यदि उन्होंने परिक्रमा में जाकर कोई इकट्ठ किया और वहां सैनिक बल भेजने की जरूरत पड़ी तो भेजा जाएगा । श्री रमेश इंद्र सिंह ने कहा कि शांति भंग की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी ।

परिसर के साथ लगते कुछ मकानों की तलाशियां भी ली गईं । जब श्री आलम और श्री रमेश इंद्र सिंह से पूछा गया कि 'बड़ी मछलियां' सुरक्षा बलों के हाथों से कैसे निकल गईं, तो उन्होंने कहा था तो उग्रवादी भाग गये और या पुलिस कार्रवाई का पूर्वानुमान लगा कर परिक्रमा के कमरों में चले गए ।

परिसर में पुलिस प्रवेश के सम्भावित परिणामों बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि "यदि राष्ट्र-विरोधी और पृथकतावादी शक्तियां मन्दिर को बार-बार शरणस्थली बना सकती हैं तो हम बार-बार परिसर में क्यों नहीं जा सकते ?" उन्होंने कहा कि प्रशासन यह बात स्पष्ट कर देना चाहता है कि यदि उग्रवादियों ने धर्म स्थल के अन्दर से कार्रवाइयां जारी रखीं तो अर्द्ध सैनिक बलों को निर्देश दिए जा सकते हैं कि वह राष्ट्रीय एकता और अखंडता की खातिर उन्हें पकड़ने के लिए अन्दर जा सकते हैं ।

विदेश मंत्रालय से कहा था कि उनकेव उनकी पत्नी के लिए बर्मा का वीजा दिलाया जाए ?

11. क्या यह सही है कि तत्कालीन विदेश सचिव ए.पी. वेंकटेश्वरन ने अमिताभ बच्चन को तत्काल वीजा दिलाने के लिए अपने प्रभाव का उपयोग करने से इन्कार कर दिया था ?

12. क्या यह सही है कि अमिताभ बच्चन ने अंडमान निकोबार में वेंकटेश्वरन के बारे में आपको शिकायत की और क्या इसी वजह से आपने मनमाने ढंग से भारतीय विदेश सेवा के सब से वरिष्ठ, ईमानदार व कर्मनिष्ठ अधिकारी को बर्खास्त कर दिया ?

आपके अंडमान निकोबार द्वीप समूह की यात्रा बारे मैं आपको कल और प्रश्न भेजने का वादा करता हूं ।

आपका
राम जेठमलानी

दिल्ली हत्याकांड में गिरफ्तारी

(पृष्ठ 3 का शेष)

गत एक वर्ष के दौरान उनके अमृतसर में कार्यकाल के दौरान 1100 के लगभग उग्रवादी पकड़े गए हैं, 75 मारे जा चुके हैं । 60% व्यक्ति जमानत पर रिहा हो चुके हैं और वह गिरोह बनाकर आतंकवादी घटनाएं कर रहे हैं । पुलिस में उग्रवादियों का अड्डा है । 23 उग्रवादी गिरोहों के 135 सदस्यों की सूची हमारे पास है । इनका सम्बन्ध सिख छात्र संघ के मंजीत और गरजीत धड़ों से है । इनमें से बब्बर खालसा, खालिस्तान कमांडो फोर्स, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स और भिंडरावाला टाइगर्स फोर्स हत्याएं करते हैं । शेष छोटे-छोटे गिरोह लूटमार, ठेके, सिगरेट आदि के खोखे बंद करवाने में लगे हैं ।

40 पुलिस कर्मी मरे

श्री आलम ने बताया कि पिछले एक वर्ष में अकेले अमृतसर जिले में 40 पुलिस कर्मी व अन्य अधिकारी उग्रवादियों के हाथों मारे गए ।

नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि 13 जून को 14 लोगों की हत्या करने वाले उग्रवादियों की पुलिस ने 15 जून तक अलग-अलग शिनाख्त कर ली थी और यह भी पता चल गया था कि हत्यारे दिल्ली से भाग कर अमृतसर पहुंच गए हैं । वैज्ञानिक ढंग से की गई जांच से परमजीत का हुलिया तय कर लिया गया था । परमजीत सिंह उर्फ सकत्तर सिंह उर्फ रघबीर सिंह को पकड़ने दिल्ली पुलिस ने 15 जून को अमृतसर में छापे मारे थे । इस मामले में शामिल दो अन्य उग्रवादी भी शीघ्र ही पकड़ लिए जाएंगे ।

आतंकवादियों द्वारा राज्य-भर में 6 लोगों की हत्या : 1.65 लाख लूटे

चंडीगढ़, 1 जुलाई (वार्ता): पंजाब में कल रात से 3 आतंकवादियों सहित 9 व्यक्ति मारे गये । मृत आतंकवादियों में श्री रमेश चंद्र, जनरल वैद्य, ललित माकन, अर्जुन दास सहित पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और दिल्ली में कई हत्याओं में वांछित दुर्दांत उग्रवादी और हरजिन्दर सिंह जिन्दा का साथी मथुरा सिंह, जिस पर 5 लाख रुपये का ईनाम था, भी शामिल है । एक दर्दांत उग्रवादी बलविंदर सिंह पुलिस हिरासत से भाग निकला । उग्रवादी जिला कपूरथला में एक व्यक्ति का अपहरण करके मंड क्षेत्र में ले गए । लुधियाना में उग्रवादी 81,900, होशियारपुर में 50,000 रुपये तथा जालंधर 33800 रुपये छीन ले गए ।

पांच लोगों की हत्या

अमृतसर (दीपक) : कल रात करीब एक बजे अजनाला कस्बा में स्थित एक घर में घुस कर चार आतंकवादियों ने पांच लोगों की अंधाधुंध गोलियां चला कर हत्या कर दी । यह कांड अजनाला की घनी आबादी में स्थित एक मकान में हुआ । मृतकों में 60 वर्षीय मकबूल शाह पुत्र बंतो, बंतो (80 वर्षीय), बाबा खैराशाह (निवासी गांव चढ़ा सराय नज़दीक बटाला), चनन शाह (60 वर्षीय), गब्बर (नौकर पांच वर्षीय) शामिल हैं । इस गोली कांड में इन पांचों व्यक्तियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि दो व्यक्ति फूंगी पुत्र अवतार सिंह और जीता गम्भीर रूप से घायल हुये . जिन्हें केंद्रीय रिज़र्व पुलिस के अधिकारियों ने सुबह चार बजे अजनाला अस्पताल में दाखिल करवाया । एक सूचना के अनुसार यह मकान महंतों के डेरे के रूप में है, जहां पर इन साधु-संतों का टोला जड़ी बूटियां देने का काम करता था । पुलिस घटना के करीब तीन घंटे के बाद पहुंची । अभी तक कोई हत्यारा गिरफ्तार नहीं हुआ ।

शाम को एस.एस.पी. इज़हार आलम ने बताया कि अजनाला का कुख्यात आतंकवादी मलकीयत सिंह इस डेरे और साथ लगती ज़मीन पर कब्ज़ा करना चाहता था । यह हत्याएं उसने अपने साथियों के साथ मिल कर की हैं ।

मथुरा सिंह मारा गया

'वार्ता' के अनुसार देश का कुख्यात आतंकवादी मथुरा सिंह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आज मारा गया । यह मुठभेड़ जिले के जंडियाला पुलिस थाने के लोले गांव के पास हुई । उसके सिर पर पांच लाख रुपए का ईनाम था ।

खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल मथुरा सिंह की पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के एक दर्जन हत्याओं और डकैती के मामले में पुलिस को तलाश थी ।

अमृतसर के पुलिस प्रमुख इज़हार आलम खान ने आज शाम सम्वाददाताओं को बताया कि मथुरा सिंह की तलाश हिन्द समाचार पत्र समूह के प्रधान सम्पादक श्री रमेश चन्द्र, जनरल ए. एस. वैद्य, अर्जुन दास और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की हत्या के सिलसिले में थी । लुधियाना में 5.7 करोड़ रुपए की बैंक डकैती के मामले में भी उसका हाथ था ।

'वि.प्र.' के अनुसार 21-22 वर्षीय मथुरा सिंह उर्फ़ कंवर सिंह पर 4 राज्यों में एक-एक लाख और पंजाब में डेढ़ लाख रु. का ईनाम था, प्रैस कांफ्रैंस में अतिरिक्त डी.आई.जी.ए. सिद्दीकी और सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी.एस.एस. विर्क भी उपस्थित थे । श्री आलम ने बताया कि मथुरा सिंह के बाल कटे हुए थे और मुंह पर थोड़ी-थोड़ी दाढ़ी थी/यद्यपि वह रात को ही मुठभेड़ में मारा गया था, लेकिन शिनाख्त आज प्रातः 11 बजे हुई । मथुरा सिंह अपने साथियों के साथ जिन्दा को अहमदाबाद की जेल से छुड़ा ले गया था । हत्याओं के अलावा एक दर्जन बड़ी-बड़ी बैंक डकैतियों में भी वह संलिप्त था । वह कई बार पाकिस्तान भी जा चुका था । वह गिरोहों के गठन और उग्रवादियों को विदेशी हथियार सप्लाई करने में माहिर था । दरबार साहब परिसर में उसका नाम कंवर सिंह था ।

उसके कई नाम थे, जिनमें हरविंदर सिंह, दलबीर सिंह, हरजीत सिंह, रणजीत सिंह, ओ.पी. मेहता, विजय मेहता, ओ.पी. शर्मा, चाचा और भैय्या शामिल हैं । मथुरा का बाप गुरदीप सिंह भिडरांवाला का खास आदमी था, जिससे मथुरा भिडरांवाला का दायां हाथ बन गया था । वह जिला गुरदासपुर के हरगोबिंदपुर थाना के गांव तोहार मादरां गांव का रहने वाला था । गत रात्रि 12 बजे के लगभग जब वह गांव लोले के निकट सुरक्षा बलों के घेरे में आ गया तो कनपटी में गोली मार कर आत्म हत्या कर ली । उसके पास से एक चीनी असाल्ट राईफल, जिससे एक मिनट में 700 गोलियां चलती हैं, के अलावा 38 बोर का एक रिवाल्वर मिला है । अमृतसर में सी.आर.पी. की 2 टुकड़ियों पर हमले करके आधा दर्जन जवानों की हत्या करने वाले गिरोह का सरगना भी मथुरा सिंह ही था ।

मलविंदर मरा

अमृतसर जिला के ही झब्बाल क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मलविंदर सिंह मारा गया । उग्रवादियों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फ़ायरिंग में मलविंदर सिंह मारा गया जबकि अन्य दोनों भाग गए श्री आलम ने बताया कि फ़रार उग्रवादियों को पकड़ने के लिये सुरक्षा बलों के साथ सैंकड़ों ग्रामीण भी सारी रात सरगर्म रहे । पुलिस ने मृतक के पास से .38 बोर का एक रिवाल्वर और चार कारतूस बरामद किये हैं ।

उग्रवादी भाग निकला

कुख्यात आतंकवादी बलविंदर सिंह अमृतसर जिले में जंडियाला के निकट पुलिस हिरासत से भाग गया । पुलिस ने बताया कि घटना के समय आतंकवादी को एक अन्य स्थान पर ले जाने के लिये जीप में बिठाया जा रहा था । आतंकवादी को पकड़ने के लिये अलग-अलग स्थानों पर पुलिस पार्टियां भेज दी गई हैं ।

सीमा क्षेत्र में रात को गतिविधियां प्रतिबंधित

वि.प्र. के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट ने आज अमृतसर जिले के अधिकार क्षेत्र में आने वाले भारत-पाक सीमा के पांच सौ मीटर क्षेत्र में आवाजाही पर सायं छः बजे से प्रातः छः बजे तक प्रतिबंध लगा दिया है । जिला मैजिस्ट्रेट ने

(शेष पृष्ठ 6 पर)



मनाली में आय
सांस्कृतिक प्रति
गई अनीता ठुर

जब नल का पानी सूख गया तो

नई दिल्ली, 1 जुलाई (स्टेट्समैन): दुनिया में ऐसे लोग भी होते हैं, जो मुश्किल के समय भी शांत रहते हैं । ऐसे ही एक व्यक्ति एस. के. जैन ने यहां अंसल भवन में लगी आग के दौरान धैर्य का परिचय दिया । इंडो-जावा कम्पनी के निदेशक श्री जैन जो आग लगने के समय आठवीं मंज़िल पर स्थित अपने एक्सपोर्ट हाऊस कार्यालय में बैठे थे, ने बताया कि लगभग 11 बजे वह अपने कमरा नं. 811 में काम में व्यस्त थे । तभी उन्होंने आग के बारे में कुछ सुना, लेकिन व्यवस्तता के कारण इसे अनसुना कर दिया । आग का असली पता उन्हें 11.30 बजे अंसल भवन के सामने स्थित भवन से आए एक टैलीफोन द्वारा चला । वह अपने स्टाफ़ को लेकर भवन के पिछवाड़े दाईं ओर चले गए, जहां आग का प्रकोप अभी कम था । कार्यालयों के पर्दों को फाड़ 'रस्सियां' बनाई गईं । इन्हें ऊपर फैंकी गई कुछ रस्सियों के साथ बांध दिया गया । इनके सहारे श्री जैन के कार्यालय के कुल इस कर्मचारी, जिनमें अधिकांश महिलाएं थीं, दूसरी मंज़िल तक ले जाया गया । फ़ायर ब्रिगेड वालों ने फिर इनको नीचे उतारा । लगभग 1.30 बजे श्री जैन अपने कार्यालय से नीचे उतरने वाले अंतिम व्यक्ति थे । उन्हें इस बात की खुशी थी कि उनके कार्यालय का कोई भी व्यक्ति ऊपर नहीं रह गया था ।

टैली के मैनेजिंग-इन्ज आफ़ मैकस्टर के जनरल मैनेजर श्री माथुर इस सम्बन्ध में इतने भाग्यशाली नहीं निकले । जब आग लगी तो वह अपने कार्यालय से बाहर थे । कम्पनी के 200 कर्मचारियों का भाग्य लटका हुआ था । श्री माथुर ने बताया कि उनके कार्यालय चौथी, पांचवीं, आठवीं और नौवीं मंज़िल पर हैं और मैं नीचे खड़ा उनके बचने की कामना कर रहा हूं ।

माथुर एंड प्लैट के जनरल मैनेजर एन. के.सूरी ने बताया कि आठवीं मंज़िल पर स्थित अपने कार्यालय का दरवाजा जब उन्होंने 10.30 बजे खोला तो धुआं अंदर आते देखा । उन्होंने तुरन्त अपने स्टाफ़ को आदेश दे दिए कि वह रूमाल आदि गीले करके चेहरे को ढांप लें । उनका यह संदेश कमरा नं. 803 और 805 में पहुंचा । ऊपर तो इतनी घुटन नहीं थी लेकिन नीचे काफ़ी धुआं था, फिर भी सभी कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकल गए । श्री सूरी की साली कमरा नं. 804 में फंसी हुई थी और वह उसके लिए परेशान थे । उनकी कम्पनी जो सुरक्षा प्रबन्ध देखती है, ने एक वर्ष पूर्व अंसल भवन में अग्निशमन प्रबन्धों की सिफ़ारिश की थी, लेकिन इस सिफ़ारिश पर कोई अमल नहीं किया गया ।

एक प्राइवेट फर्म के जनरल मैनेजर टी. सी. गोपालन जो डेढ़ घंटे तक दूसरी मंज़िल में फंसे रहे, ने बताया कि 11 बजे उन्होंने अपने कमरे में धुआं देखा और मुख्य सीढ़ियों से नीचे जाने की कोशिश की लेकिन वहां धुआं भरा पड़ा था । तब वह सामने की ओर बालकोनी में आ गए । वह और उनके साथी सहायता के लिए निष्फल चिल्लाते रहे । भवन के दाईं ओर उनके सहयोगियों को 'साईमन सनोकल' की मदद से उतार लिया गया, लेकिन जहां वह खड़े थे, वहां ऐसा प्रबन्ध नहीं था । जब धुआं कुछ कम हुआ तो उनका एक साथी फ़ायर ब्रिगेड कर्मियों के साथ वहां आया और टार्च की रोशनी में उन्हें नीचे ले गए । हालांकि कार्यालय में कोई व्यक्ति नहीं रह गया था, लेकिन श्री गोपालन इस बारे में आश्वस्त नहीं थे कि कार्यालय के पिछली तरफ अभी भी कोई फंसा हुआ है या

श्री डी. एस.
बाद लगभग 1.4
नं. 802 से ता
उतरे, ने बताया
बार टूटा । चीखी
वह गिरते-गिरते
सनोकल द्वारा बच
उतनी मंज़िलें ही
पहुंचने की फ़ायर

ऊपर टैरेस प
छह घंटों के दौरा
कुछ युवा लोगों
कोशिश की, ले
लौटना पड़ा । 2
मंज़िल पर काम
अंधेरा और घुटन
नहीं जा सके ।
और वह वापिस
लगभग पांच घंटे

भारत-पाक सेनाओं में फ़ायरिंग जारी

जम्मू, 1 जुलाई (सच्चर): कल रात दर्रा बघयल तथा नगरप्लेट में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के मध्य फ़ायरिंग जारी रही, लेकिन किसी प्राण-हानि की कोई खबर नहीं है । कई प्रेक्षक इस बात पर हैरान हैं कि पाकिस्तानी सेनाओं ने पुंछ सैक्टर की अग्रिम चौकियों को अपनी फ़ायरिंग का निशाना क्यों बना रखा है ।

पंजाब में नए चुनाव की मांग

जालन्धर, 1 जुलाई (वार्ता): पंजाब इंका के उपाध्यक्ष उमराव सिंह ने पंजाब में स्थिति सुधारने के बाद नए चुनाव कराए जाने की मांग की ।

न्यायपालिका का स्तर गिर रहा है, अदालतें कुछ खास लो

कलकत्ता, 1 जुलाई : राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने आज इस बात पर क्षोभ प्रकट किया है कि न्यायपालिका का स्तर गिरता जा रहा है और 'कुछ मामलों' में वह 'कुछ खास लोगों' के प्रभाव में भी आ जाती है । यह खतरनाक रुख है । नेता जी इंडोर स्टेडियम में कलकत्ता उच्च न्यायालय की 125वीं वर्षगांठ का उद्घाटन करते हुए श्री जैल सिंह ने वकीलों से आग्रह किया कि वे अपने पेशे को अधिक से अधिक धन कम उन लोगों की सेवा लिए भटक रहे हैं ।

उन्होंने कहा













खूंखार उग्रवादी कुछ पकड़े गए, कुछ मारे गए, कुछ भूमिगत हो गए : रिबैरो

संगरूर, 1 जुलाई (गर्ग): पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री रिबैरो ने आज यहां एक बयान में कहा कि यद्यपि पंजाब में उग्रवादियों द्वारा हत्याओं का क्रम अब भी जारी है तथापि पहले से दस प्रतिशत कमी आई है । उन्होंने कहा कुछ बड़े-बड़े आतंकवादी या तो पकड़ लिये गये हैं या फिर मारे गये हैं । कुछ बड़े आतंकवादी पुलिस के भय से भूमिगत

इस वक्त चार बड़े आतंकवादी गिरोह सरगर्म हैं जिनके नाम हैं (1) खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स, (2) खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स, (3) बब्बर खालसा, (4) भिंडरांवाला टाईगर फ़ोर्स । उन्होंने कहा कि कुछ छोटे-छोटे गिरोह भी हैं जो चोर लुटेरों के हैं । यह आपस में ही लड़ते रहते हैं ।

Punjab Kesari

न्यायपालिका का स्तर गिर रहा है, अदालत कुछ खास लोगों के प्रभाव में आ जाती है : ज़ैल सिंह

कलकत्ता, 1 जुलाई : राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने आज इस बात पर क्षोभ प्रकट किया है कि न्यायपालिका का स्तर गिरता जा रहा है और 'कुछ मामलों' में वह 'कुछ खास लोगों' के प्रभाव में भी आ जाती है । यह खतरनाक रुख है । नेता जी इंडोर स्टेडियम में कलकत्ता उच्च न्यायालय की 125वीं वर्षगांठ का उद्घाटन करते हुए श्री जैल सिंह ने वकीलों से आग्रह किया कि वे अपने पेशे को अधिक से अधिक धन कमाने का माध्यम नहीं मानकर उसे उन लोगों की सेवा का माध्यम बनाएं जो न्याय के लिए भटक रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि वकील अपने मुवक्किलों के प्रति सहानुभूति प्रकट करना अपना नैतिक दायित्व समझें, ठीक उसी तरह जिस तरह कोई डाक्टर अपने रोगी के प्रति रखता है । राष्ट्रपति ने कहा कि यदि वकील धनी मुवक्किलों से अधिक फीस लें तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी, परंतु उनका यह परम कर्त्तव्य भी है कि कम से कम खर्च पर जल्द से जल्द गरीब मुवक्किलों को भी न्याय दिलाने का प्रयास करें ।

राष्ट्रपति जैल सिंह ने कहा कि जनतंत्र की स्थिरता के लिए न्याय पालिका की आजादी जरूरी है । जहां विधायिका हमारा मस्तिष्क है और कार्य पालिका, हमारे दोनों हाथ हैं वहीं न्याय पालिका हमारा फेफड़ा है जो हमारे शरीर को जीवंत रखता है । उन्होंने कहा कि विधायिका, कार्य पालिका तथा न्याय पालिका जनतंत्र के प्रमुख अंश हैं । इनमें से किसी के भी कमजोर पड़ने से हमारा मनोबल गिर जाएगा, जिससे सरकार का ढांचा भी कमजोर और लिचलिचा हो जाएगा । राष्ट्रपति ने कहा कि हालांकि कुछ मौलिक अधिकारों का संविधान में उल्लेख है परन्तु ये अधिकार अदालतें हमें जबरन नहीं दिला सकतीं । हमें इन पर गम्भीरता से सोचना है और इन्हें अदालत के दायरे में लाने के उपाय खोजने हैं ।

राष्ट्रपति ने जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित करने के सरकारी रवैये की आलोचना की और कहा कि इससे न्याय व्यवस्था से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है क्योंकि ऐसे आयोगों से कोई ठोस परिणाम नहीं निकलता ।



बुधवार को तड़के अमृतसर जिले के अजनाला के डेरा बाबा मकबूल शाह में उग्रवादियों ने 5 लोगों की हत्या कर दी।(1) संत मकबूल शाह का शव, (2) मकबूल शाह का पुराना चित्र, (3) चनन सिंह का शव, (4) बच्चे गब्बर सिंह का शव, (5) बन्त का शव, (6) खारे शाह का शव, (7) घायल प्रकाश सिंह, (8) घायल जीत, (9-10-11-12) मृतकों के परिजन विलाप करते हुए, (13-14) डेरा व डेरे में बिखरा खून । (छाया : ओम भंडारी)

लड़के के अपहरण का प्रयास

लुधियाना, 1 जुलाई (धी.): दोराहा मंडी में कुछ व्यापारियों ने एक मुनादी वाले सागर के कमेटी बाग चौक में खेल रहे 14 वर्षीय पुत्र का एक टैम्पो में सवार चार लोगों द्वारा अपहरण किए जाने का प्रयास विफल कर दिया ।

रिज़र्व बैंक की ऋ

नई दिल्ली, 1 जुलाई (वार्ता): प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री राजीव गांधी के निदेशानुसार रिजर्व बैंक ने आज अपनी ऋण नीति में और ढील की घोषणा की है । श्री गांधी और राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रमुखों के बीच आज एक लम्बी बैठक के बाद घोषणा की गई कि एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अब दस हजार के स्थान पर 25 हजार रुपए तक के ऋण के लिए किसी जमानत की जरूरत नहीं होगी ।

शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अब 25 हजार रुपए के स्थान पर 35 हजार रुपए तक का ऋण रियायती ब्याज पर मिलेगा । प्रधानमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि ऋणों के फार्मों को तुरन्त प्रभाव से सरल बनाया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी ऋण लेने वाले को बैंक दो या तीन बार से ज्यादा नहीं आना पड़े ।

आज हुए दूरगामी प्रभाव के निर्णयों की जानकारी देते हुए बैंक विभाग के सचिव विकल जालान ने पत्रकारों को बताया कि दूसरे शहर के बैंक में जमा कराने के 14 दिन तक यदि जमा कराने वाले को पैसा नहीं मिलता तो बैंक उसे बचत खाते की दर से ब्याज देगा ।

भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं से सार्वजनिक उपक्रमों के बांड बेचे जाएंगे । इससे छोटे बचतकर्त्ताओं को सीधे बैंक काउंटर से बांड खरीदने की सुविधा मिल जाएगी । रिजर्व बैंक ने निर्देश दिए हैं कि मृत व्यक्ति के नाम जमा 25 हजार रुपए तक की राशि के भुगतान के लिए उत्तराधिकार प्रमाण

नी कानूनी प्रतिभा का प्रयोग 'राजनैतिक ब्लैकमेल' के लिए नहीं करते हैं ?

टे): विधिवेत्ता श्री
श्री राजीव गांधी से
में दिल्ली प्रदेश इंक
अहमद ने श्री राम
। उन्होंने श्री राम
और पूछे हैं । श्री
में कहा है कि श्री
गए प्रश्नों के जो

पास न तो इतने स्रोत हैं और न ही इतना धन है कि मैं श्री जेठमलानी के समान गति से प्रश्न पूछ सकूं । लेकिन उन्हें इस संबंध में और अधिक देर तक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी । मैं उनको यह भी बताना चाहूंगा कि उनके उत्तर कितने ग़लत थे । मैं यहां और दस प्रश्न श्री जेठमलानी के नाम जारी कर रहा हूं :

प्रदान की थीं । क्या यह सच है कि आपने उस व्यक्ति की ओर से आवेदन तैयार करने के लिए अपने संसद सदस्यता वाले लैटर हैड का प्रयोग किया था और बाद में उस व्यक्ति ने इस आवेदन का उपयोग सुप्रीम कोर्ट से अपनी नज़रबंदी समाप्त कराने के लिए याचिका में किया था ? यदि ऐसा हुआ है तो क्या आपकी नज़र में यह एक सही कानूनी

आपका कार्यालय है ।

4. मान लेते हैं कि इंडियन एक्सप्रैस ने आपको श्री गुरुमूर्ति का केस लड़ने का कम सौंपा है, लेकिन श्री हसमैन ने "लैक्स एट ज्यूरीज" पत्रिका को इतनी उदारता से इंटरव्यू कैसे दे दिया । क्या यह इंटरव्यू इसलिए मिल पाया कि इस पत्रिका के प्रकाशक महेश जेठमलानी आपके पुत्र हैं । क्या आप

6. आप एक उच्च स्तर के विधि वेत्ता माने जाते हैं । लेकिन यह भी सही है कि आप इसका उपयोग राजनीतिक ब्लैकमेल के लिए करते हैं ? मैं आपको यह याद दिला दूं कि आपकी पत्नी ने स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी के विरुद्ध एक मान हानिका केस दायर

Punjabi Sanatan

(पृष्ठ 3 का शेष)

कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिये अपराधी प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत कुल सात आदेश जारी किये हैं । आदेशों के अनुसार शाम सात बजे से प्रातः छः बजे तक यात्री बसें चलाने, दुपहिया वाहनों पर दूसरे पुरुष को बैठाने, लाऊडस्पीकरों के इस्तेमाल, आपत्तिजनक नारे लगाने, हथियार लेकर चलने, सम्पत्ति बेचने तथा किराये पर देने पर प्रतिबंध लगा दिया है । सम्पत्ति सम्बन्धी सूचना पास के थाने में देना आवश्यक होगा । ये सभी आदेश आगामी 29 अगस्त तक जारी रहेंगे ।

सी.आर.पी. पर फ़ायरिंग

बाबा बकाला (प्रेम): गत रात्रि लगभग 10 बजे जी.टी. रोड पर गांव खलचियां के निकट सफेद रंग की मैटाडोर से सी.आर.पी.एफ. पर फ़ायरिंग की गई । जवाबी फ़ायरिंग होने पर उग्रवादी भाग गए । यह गश्ती टुकड़ी कुछ वाहनों में रैय्या से अमृतसर आ रही थी । सफेद मैटाडोर भी अमृतसर से ही उनका पीछा कर रही थी । खलचियां के निकट जब जवान रुके तो मैटाडोर आगे निकली और उग्रवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । कोई जवान घायल नहीं हुआ ।

घायल कर दिया

जालंधर (ह.स.): अमृतसर जिले में रैय्या के निकट खलचिया में कल रात कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने एक (मिनी ट्रक) पर गोली चला कर उसके ड्राइवर सुरिन्दर कुमार को घायल कर दिया । एक गोली ड्राइवर के पैर में लगी जबकि चार गोलियां ट्रक में लगीं । स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती श्री सुरिन्दर कुमार ने बताया कि सड़क के किनारे खड़े पांच सशस्त्र व्यक्तियों ने उसके ट्रक पर उस समय अंधाधुंध गोलियां चलाईं जब वह और एक अन्य व्यक्ति सामान उतारने के बाद जालंधर लौट रहे थे ।

जालंधर पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने व उनसे सांठगांठ करने के आरोप में एक महिला सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर उनसे हथियार व गोली सिक्का बरामद किया । इनमें परमजीत कौर, हरभजन सिंह, जोगेंद्र सिंह, चरण सिंह, रतन सिंह, पियारा सिंह शामिल हैं । पियारा सिंह से एक 12 बोर की पिस्तौल और परमजीत कौर से .315 बोर की पिस्तौल व कारतूस मिले ।

परमजीत कौर का जुडिशियल रिमांड ले लिया गया है । उसका पति इंगलैंड में रहता है ।

जालंधर में 33800 रुपये लूटे

जालंधर से न.न.ए. ने खबर दी है कि आज बाद दोपहर लगभग सवा चार बजे जनरल बस स्टैंड के निकट खेतीबाड़ी कार्यालय के खज़ांची से 2 स्कूटर सवार आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर 33800 रुपये छीन कर फ़रार हो गये । प्राप्त सूचना के अनुसार खज़ांची कर्मचारियों को वेतन बांट रहा था कि दो आतंकवादियों ने पिस्तौल निकल कर उसे धमकी दी कि उसने रकम उनके हवाले न की तो उसे गोली मार दी जाएगी तथा रकम छीन कर स्कूटर पर फ़रार हो गये । सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गये लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

घर में घुस कर हत्या, 4 बंदी

बटाला (हस): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने कादियां थाना के अंतर्गत धाला गांव में कल रात एक व्यक्ति दलबीर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार हत्यारे आतंकवादी दलबीर सिंह के घर में घुसे और उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । हत्यारे पैदल आये थे और अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गए । पुलिस ने इस संबंध में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, उनसे पूछताछ की जा रही है ।

तलाशियां, 11 कत्ल

बटाला सब-डिवीज़न के 16 गांवों में सुरक्षा बलों ने तलाशियों का काम शुरू कर रखा है और संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

ज़मींदार का अपहरण

कपूरथला (शर्मा): थाना सुल्तानपुर लोधी के गांव हाजीपुर में गत दोपहर तीन सशस्त्र व्यक्ति एक जमींदार श्री मलकीयत सिंह को बलात् उठा कर दरिया के मंड में ले गए । पुलिस ने आतंकवादी ख्याल किये जाने वाले तीन व्यक्तियों जरनैल सिंह उर्फ़ जैला, अमरीक सिंह और छिन्दर सिंह के विरुद्ध धारा 364 के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है । पुलिस के अनुसार मलकीयत सिंह ने श्री कुंदन लाल से मंड में 18 एकड़ ज़मीन खरीदी है । गत दिवस जरनैल सिंह उर्फ़ जैला ने अपने दोनों साथियों के साथ सशस्त्र होकर भारी राशि मांगी और बांध कर मलकीयत सिंह को ले गए । ख्याल किया जाता है कि आगे खड़े किसी वाहन में उसे कहीं ले गये । डी.एस.पी. श्री जोगिन्दर सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल खोज में लगे हुए हैं । कुछ मास पूर्व पुलिस से मुकाबिले में अपने दो साथियों के साथ मारे गए आतंकवादी संतोख सिंह उर्फ़ सुक्खा के गिरोह से जरनैल सिंह उर्फ़ जैला सम्बन्ध रखता है, और इस समय सुलतानपुर के क्षेत्र में अपने अन्य साथियों के साथ सरगर्म है ।

भिड़ंत में एक मरा

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): आज प्रातः यहां से 40 किलोमीटर दूर गढ़शंकर के निकटवर्ती गांव परसी में पुलिस और सी.आर.पी.एफ. के गश्ती दल के साथ भिड़ंत में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसका साथी फ़रार होने में सफल हो गया । पुलिस प्रमुख श्री सुरेश अरोड़ा ने आज यहां पत्र-प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करते हुये कहा कि प्रातः साढ़े तीन और चार बजे के मध्य पुलिस और सी.आर.पी.एफ. ने संयुक्त रूप से नाकाबंदी कर रखी थी कि दो आतंकवादी पैदल ही आए । पुलिस और सी.आर.पी.एफ. की पार्टी को देख कर उन्होंने पोजीशनें सम्भाल लीं और फ़ायरिंग शुरू कर दी ।

Punjabi Samachar



उग्रवादियों द्वारा अमृतसर में गत रात्रि 3 हत्याएं की गईं,जबकि 4 अन्य लोग घायल कर दिये गये । चित्रों में (1) गली हंसली वाली के पास मारे गये पुलिस कर्मचारी रघुबीर सिंह का शव, (2) कांस्टेबल मनोहर लाल का शव, (3) कांस्टेबल सिपाही राजकुमार, (4) सत्तोवाली गली में मारे गये विजय कुमार का शव, (5) घायल सोहन लाल, (6) घायल भोला नाथ, (7) घायल कुलभूषण कुमार, (8) सत्तोवाली गली में बिखरा खून, (9) वह शिवालय,जहां छुप कर घायलों ने जान बचाई, (10) हत्याओं के विरोध में बाजार में हड़ताल रही । (छाया : ओम भंडारी)

उग्रवादियों द्वारा 3 निर्दोषों की हत्या : लौंगोवाल हत्या-षड्यंत्र रचने वाले सहित कई गिरफ्तार

चंडीगढ़, 4 जुलाई (ह.स., संवाददाता): उग्रवादियों ने आज तरनतारन में एक गैस कम्पनी के कार्यालय में घुस कर अंधाधुंध गोलियां चला कर 3 निर्दोषों की हत्या कर दी और जिला गुरदासपुर में एक अकाली वर्कर को घायल कर दिया । इसी बीच पुलिस ने संत हरचंद सिंह लौंगोवाल की हत्या का कथित षड्यंत्र करने वाले दर्दांत उग्रवादी रविन्द्र सिंह उर्फ बिन्दा और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य एवं होशियारपुर मार्केट कमेटी के अध्यक्ष श्री निर्मल सिंह बडाला की हत्या के संबंध में एक उग्रवादी को गिरफ्तार करने सहित कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । दसूहा के गांव मानगढ़ से उग्रवादी एक कार्बाईन लूट कर ले गए ।

पुलिस ने संत हरचंद सिंह लौंगोवाल की हत्या का कथित षड्यंत्र रचने वाले दर्दांत उग्रवादी रविन्द्र सिंह उर्फ बिन्दा को गिरफ्तार कर लिया है । फिरोजपुर के गांव कड़ियाल में 4 संदिग्ध उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए गए ।

तीन निर्दोषों की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी) : गोइंदवाल-तरनतारन रोड पर सद गैस एजैंसी में सायं लगभग साढ़े चार बजे उग्रवादियों, जिनके पास स्टेनगन और रिवाल्वर थे, ने एजैंसी के अंदर फायरिंग की, जिससे एजैंसी के तीन कर्मचारी मारे गए । उनके नाम महेश कुमार, लछमन दास और सुरेश कुमार बताए गए हैं । लछमन दास गोरखा था । उग्रवादी फायरिंग करने के बाद बड़े आराम से चले गए ।

वारदात की प्राप्त सूचना के अनुसार मृतकों में मुनीत कुमार और मुकेश कुमार शामिल हैं, जो गैस लेने आए थे जबकि तीसरा मृतक गैस एजैंसी का स्टोर कीपर लछमन दास है ।

अभियुक्तों का पीछा

वारदात की सूचना मिलते ही अमृतसर से सी.आर.पी. और पुलिस के उच्चाधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए । रास्ते में तरनतारन रोड पर जब पुलिस पार्टियों के साथ वे नहर के पुल पर पहुंचे तो कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को जाते देखा । जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो वे फायरिंग करते हुए भाग खड़े हुए । पुलिस पार्टियों ने उनका पीछा शुरू कर दिया ।

3 लुटेरे, 5 उग्रवादी गिरफ्तार

अमृतसर से वार्ता के अनुसार अमृतसर पुलिस ने लुटेरों के तीन सदस्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करने और पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । पुलिस ने तीन कथित लुटेरों मनराज सिंह, तेजेंद्र सिंह और सतनाम सिंह को उस समय गिरफ्तार किया जब वे लूटमार की एक योजना बना रहे थे । पुलिस ने उनके कब्जे से दो पिस्तौल और 11 कारतूस तथा दो स्कूटर बरामद किए हैं । पुलिस ने नगर में पांच उग्रवादियों प्यारा सिंह, बलविंद्र सिंह, संतोष सिंह, लखबीर सिंह और बलदेव सिंह को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे राष्ट्रविरोधी नारे लगा रहे थे और खालिस्तान के गठन के लिए एक समुदाय के लोगों को पंजाब छोड़ने की धमकियां दे रहे थे ।

आभूषण छीन लिए

अमृतसर नगर में आज दोपहर दो उग्रवादियों ने एक मकान में घुस कर एक परिवार की तीन स्त्रियों से पिस्तौल की नोक पर 35000 रुपए के स्वर्ण भूषण छीन लिए ।

दो उग्रवादी मारे गए

जालन्धर (ह.स.): जिला जालन्धर के थाना नवांशहर के गांव मीरपुर जट्टां में पुलिस के साथ मुकाबले में दो उग्रवादी मारे गए जबकि उनका साथी तीसरा उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग गया । पुलिस ने मुकाबले के स्थल से दो रिवाल्वर और कुछ शस्त्र बरामद करने का दावा किया है । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि तीन संदिग्ध उग्रवादी व्यक्तियों ने पुलिस नाका पार्टी द्वारा रुकने की चुनौती दिए जाने पर पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से दो उग्रवादी मारे गए जबकि तीसरा भाग निकला । मृतकों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस ने घटनास्थल से एक साइकल भी बरामद किया है । न.न.ए. के अनुसार घटनास्थल से पांच चले हुए कारतूसों के खोल भी बरामद किए गए हैं ।

तीन उग्रवादी पकड़े गए

जालंधर में पुलिस ने कल रात्रि विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार का लिया । ये लूटमार तथा हत्या की वारदातों में शामिल थे । इनके नाम हरबंस सिंह,

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

बलजीत सिंह तथा सोहन सिंह बताए गए हैं । इनसे एक बंदूक तथा एक पिस्तौल सहित कुछ शस्त्र और कारतूस मिले हैं ।

कटा सिर मिला : एक गिरफ्तार

पुलिस ने एक व्यक्ति जसबीर सिंह, जिसका सिर विहीन शव गत बीरवार को नूरमहल थाने के क्षेत्र में स्थित गुरुद्वारा माथ साहिब के निकट से मिला था, की हत्या के संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया । आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मृतक का सिर सोहन सिंह से बरामद किया गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है ।

लौंगोवाल की हत्या का षड्यंत्र रचने वाला गिरफ्तार

लुधियाना (ह.स.): दाखा जिला लुधियाना के रविन्द्र सिंह उर्फ बिन्दा, जिस पर 50000 रुपए का ईनाम घोषित था, को आज यहां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का तथाकथित लैफ्टिनैंट जनरल बिन्दा जिले में हुए कई अपराधों में संलिप्त था । पुलिस ने उसके कब्जे से इटली की बनी एम 32 की पिस्तौल, एक 455 बोर का विदेशी रिवाल्वर और 20 कारतूस बरामद किए । बिन्दा संत हरचंद सिंह लौंगोवाल की हत्या का षड्यंत्र रचने सहित कई मामलों में वांछित था ।

वह पटियाला में सब-इंस्पैक्टर दीदार सिंह, दाखा में टिक्का जगजीत सिंह निरंकारी और भूतपूर्व सरपंच सुखजीत सिंह की हत्या के मामलों में भी संलिप्त हैं । पुलिस ने उसके कब्जे से एक विदेशी पिस्तौल और बीस कारतूस बरामद किए हैं ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार

फिरोजपुर (ह.स.): गत रात्रि निकटवर्ती गांव कड़ियाल में एक विशेष नाकाबंदी के दौरान फायरिंग के आदान-प्रदान के पश्चात गुरदेव सिंह उस्मानवाला के गिरोह से संबंधित 4 संदिग्ध उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए गए । प्रारम्भिक पूछताछ के बाद उन्होंने स्वीकार किया है कि उन्होंने धर्मकोट में कार्रवाई करने की योजना बनाई थी तथा वे उग्रवादी हिंसा की कई गतिविधियों में संलिप्त हैं । उनके कब्जे से 2 रिवाल्वर, क्रमशः 315 और 202 बोर के 2 रिवाल्वर, 32 बोर के और 18 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

गुरजीत सिंह के संबंधियों के विरुद्ध केस

फिरोजपुर से कनतोड़ के अनुसार पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के प्रधान भाई गुरजीत सिंह के पिता अवतार सिंह और भाइयों मल्कीत सिंह, सुरजीत सिंह, दर्शन सिंह और भगवान सिंह के विरुद्ध उग्रवादियों और भगौड़े दोषियों को घर में आश्रय देने के आरोप में केस दर्ज कर लिए हैं । यह जानकारी एस.पी. मुख्यालय श्री जी.एस. ग्रेवाल ने आज यहां पत्रकारों को दी । उन्होंने बताया कि मल्कीत सिंह और सुरजीत सिंह को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।

ज़िला कपूरथला में पाबंदियां

ज़िला मैजिस्ट्रेट कपूरथला ने एक आदेश जारी करके रात आठ बजे से प्रातः पांच बजे तक मैटाडोर, बस तथा टैम्पू इत्यादि चलाने पर पाबंदी लगा दी है और मंदिरों, गुरुद्वारों तथा मस्जिदों की रक्षा की जिम्मेदारी उनके प्रबन्धकों, सेवादारों और पुजारियों पर डाल दी है । सभी होटलों, रैस्ट हाऊसों तथा सरायों के प्रबन्धकों को भी आदेश दिया है कि वहां ठहरने वालों की सूचना थाने में दी जाए अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी ।

मंड क्षेत्र की तलाशी, जमींदार छुड़ाया गया

जिला कपूरथला के गांव हाजीपुर से संदिग्ध उग्रवादियों ने एक जमींदार मलकीयत सिंह का अपहरण कर लिया था, आज संयुक्त छानबीन कार्रवाई करके इसे मुक्त करवा लिया गया । जिले के पुलिस अधीक्षक श्री पी.एम. दास ने आज यहां बताया कि पक्की सूचना पर सारे मंड क्षेत्र की तलाशी ली गई कि उग्रवादी मलकीयत सिंह के साथ क्षेत्र में छिपे हुए हैं । उग्रवादी पुलिस को देख कर ब्यास नदी में कूद गए और मलकीयत सिंह को पीछे छोड़ कर जिला अमृतसर में घुस गए । श्री दास ने कहा कि पुलिस ने अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली है ।

एक आतंकवादी घायल और गिरफ्तार

फगवाड़ा से खोसला के अनुसार, कल रात स्थानीय थाना सदर पुलिस ने एक आतंकवादी जसविन्दर सिंह (गांव उच्चा पिंड थाना आदमपुर) को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 12 बोर की बंदूक तथा पांच कारतूस बरामद किए हैं । एक चोरी का स्कूटर पी.ए.क्यू. 9552 भी बरामद किया है । बताया जाता है कि कल रात आठ बजे फगवाड़ा की पुलिस उसे पकड़ने के लिए उसके पास गई तो जसविन्दर सिंह ने पुलिस पार्टी पर गोली चला दी, जिसके जवाब में थाना सदर के एस. एच. ओ. श्री बराड़ ने गोलियां चलाईं, जो उसकी टांगों पर लगीं और वह घायल होकर गिर पड़ा । पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया । उसके कब्जे से एक और स्कूटर जो उसने कल छीना था (पी.ए.यू. 9553) भी बरामद कर लिया ।

आतंकवादी ज़मानत पर रिहा

नगर पुलिस ने एक आतंकवादी हरभजन सिंह गिन्द जिसे पुलिस ने कुछ दिन पूर्व गिरफ्तार किया था, उसका पुलिस रिमांड समाप्त होने पर न्यायिक मैजिस्ट्रेट ने उसे जमानत पर रिहा कर दिया है ।

निर्मल सिंह का हत्यारा गिरफ्तार

होशियारपुर से अश्विनी की सूचना है कि जिला पुलिस ने आतंकवादियों की ओर से की गई कई हत्याओं के अभियुक्तों का सुराग लगाने का दावा किया है । एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने आज यहां पत्र प्रतिनिधियों को बताया कि मार्कीट कमेटी होशियारपुर के अध्यक्ष तथा एस.जी.पी.सी. के सदस्य श्री निर्मल सिंह बडाला की हत्या के सम्बन्ध में गुरिन्दर सिंह सकना चगरां को आज गिरफ्तार कर लिया गया है । उसके पांच साथियों की भी पहचान कर ली गई है । इसके अतिरिक्त भाजपा नेता प्रकाश लाल दुआ हत्याकांड के सभी तीन अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली गई है ।

कार्बाइन और स्कूटर छीना

आज प्रातः लगभग 6.30 बजे तीन स्कूटर सवारों ने होशियारपुर-दसूहा रोड पर मौजा मानगढ़ में एक रिटायर्ड सूबेदार मोहन सिंह के घर से पिस्तौल की नोक पर लायसैंसी कार्बाइन तथा दस गोलियां छीन लीं और फरार हो गए । इस क्षेत्र में गत दिवस जसवन्त सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया । पुलिस का विचार है कि यह स्कूटर जिन आतंकवादियों ने छीना, उन्होंने ही कार्बाइन छीनने की वारदात की है ।

बलाचौर से जोशी के अनुसार मृतकों की आयु 20 और 22 वर्ष की थी और वे नई साइकल पर सवार थे । शवों का नवांशहर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया ।

अकाली वर्कर घायल

गुरदासपुर (बिनोद): 2 उग्रवादियों ने श्री हरगोबिन्दपुर थाने के गांव हरचोवाल में एक अकाली कार्यकर्त्ता को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार आज प्रातः 6 बजे दो अज्ञात साइकल सवारों ने उस समय अकाली वर्कर अमरीक सिंह को घायल कर दिया जब वह बस स्टैंड पर खड़ा था । उग्रवादी साइकल पर ही भाग गये । एस.एस.पी. श्री विर्दी के अनुसार इस मामले के संबंध में चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । एक अन्य सूचना के अनुसार छह व्यक्ति हिरासत में लिये गये हैं । अमरीक सिंह पुलिस का मुखबिर बताया जाता है ।

उग्रवादियों ने भैंस मार दी

एक अन्य घटना में गत रात्रि तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने श्री हरगोबिन्दपुर थाने के गांव ठेठरके में मक्खन सिंह के घर पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे मक्खन सिंह की पत्नी घायल हो गई जबकि मक्खन सिंह और उसके लड़के ने छिप कर जान बचाई । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार तीन उग्रवादी, जो स्टेनगन और पिस्तौलों से लैस थे, ने मक्खन सिंह के मकान पर फायरिंग करनी शुरू कर दी, लेकिन मक्खन सिंह का लड़का, जो कांस्टेबल था और स्वयं मक्खन सिंह बच गए जबकि मक्खन सिंह की पत्नी सुरेंद्र कौर के हाथ पर तीन गोलियां लगीं । उग्रवादी फायरिंग के बाद भाग जाने में सफल हो गए । सुरेंद्र कौर को घायलावस्था में स्थानीय अस्पताल में दाखिल करवाया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से

20 EXCLUSIVE FLAVOURS'
ICE CREAM PARLOUR
FRESH DINNER ROLLS/BREADS,
CHOICEST PASTRIES & CAKES.
Hotel
KAMAL PALACE,
BMC Chowk, JALANDHAR.

मिलिटरी इंजीनियर सर्विसिज़

कमांडर वर्क्स इंजीनियर्ज़, जालंधर छावनी-144005 द्वारा नई दिल्ली, कपूरथला में बाहरी बिजली और बाहरी वाटर सप्लाई वर्क्स उपलब्ध करने के लिये, निविदाओं के निर्गमन के लिये समुचित श्रेणी के ठेकेदारों से 13.7.87 तक आवेदन पत्र आमंत्रित हैं । आकलन : 7

Punjab Kesari

उग्रवादियों द्वारा पटियाला के पास 37 बस यात्रियों का निर्मम नरसंहार

जालन्धर, 6 जुलाई (प्रे. ट्र.): पटियाला के पास लालडू ग्राम में हरियाणा रोडवेज की एक बस पर जीप और फियेट कार पर सवार उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके कम से कम 37 यात्रियों की हत्या कर दी । और कम से कम 28 यात्रियों को घायल कर दिया, जिनमें से अधिकांश की हालत गंभीर है । मृतकों में बस का चालक भी शामिल है । यह बस चंडीगढ़ से ऋषिकेश जा रही थी ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जीप व फियेट कार में सवार उग्रवादी बस रुकवा कर बस में चढ़ गए और अंदर ही अंधाधुंध फायरिंग की । अधिकांश यात्री बस के अंदर ही दम तोड़ गए । कम से कम 25 घायल यात्रियों को चंडीगढ़ के पी.जी.आई. अस्पताल में भरती कराया गया ।

उल्लेखनीय है कि गत 30 नवम्बर की शाम को होशियारपुर जिले के खुड्डा ग्राम के पास उग्रवादियों ने एक बस में सवार 24 यात्रियों की हत्या कर दी थी । आज पटियाला के पास किया गया नरसंहार पंजाब में अभी तक का सबसे बड़ा और वीभत्स काण्ड है । मृतकों में औरतें और अबोध बच्चे भी शामिल हैं ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि उग्रवादी नरसंहार के बाद अपनी जीप व कार में फरार हो गए । पंजाब के पुलिस महानिदेशक जे. एफ. रिबैरो सहित वरिष्ठ उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

चंडीगढ़ से संघी के अनुसार पी. जी.आई. में 38 घायल भरती कराये गये जिनमें से एक की मृत्यु हो गई । घायलों में 11 महिलायें व तीन बच्चे शामिल हैं । इनके नाम हैं : अजय, रघबीर, परवीन, ज्ञानसिंह, बचनसिंह, वीना, साकिरा, सुलोचना, सरमेश्वरी, अंजूबाला, सुशीला, बंत सिंह, अक्षय कुमार, राजा राम, दिनेश, अवतार सिंह, मट्टूसिंह, नत्थू लाल, गेंदा लाल, बाबूराम, जुगल किशोर, राजवंत, शीला, गिरधारी लाल, मुकेश (4), शांति देवी, देवेंद्र कुमार, वीणा देवी, सुषमा, नन्द किशोर, पुष्पा, विवेक शर्मा (10) । पांच के नाम अज्ञात हैं ।

लालडू के पास उग्रवादियों की टैक्सी ने जी. टी. रोड पर 9.45 बजे बस नंबर एच. वाई. ई. 1735 को ओवर टेक किया । जब ड्राइवर ने बस रोकी तो टैक्सी से छः उग्रवादी उतरे । एक ने ड्राइवर को नीचे उतार लिया, बाकी दोनों दरवाजों के पास खड़े हो गये तथा पहले हवाई फायरिंग की और कहा कि वे लूटने आये हैं । फिर वे बस को दो किलोमीटर ग्राम की ओर ले गये । फिर यात्रियों से कहा कि अब अपने रिबैरो को बुला लो, देखते हैं वह कैसे तुम्हें बचाता है । इसके बाद उन्होंने पंजाबी में गालियां दीं । उन्होंने यात्रियों को नीचे उतरने को कहा । पहले एक महिला नीचे उतरी तो उसे गोली मार दी । इसके बाद जब कोई यात्री बस से न उतरा तो दो युवकों ने स्टेनगनों से बस के अन्दर अंधाधुंध फायरिंग की । उग्रवादी ड्राइवर को जी. टी. रोड पर ही छोड़ गये थे, उसने जाकर पुलिस को सूचना दी । जो यात्री घायल हुये थे वे खेतों में छिप गये थे । पुलिस डेढ़ घंटे के बाद वहां पहुंची । उग्रवादियों की आयु बीस वर्ष के आसपास थी ।

इसके अलावा उग्रवादियों ने पंजाब में 2 लोगों की हत्या कर दी, कई अन्य को घायल कर दिया । दो घायल अस्पताल जाकर दम तोड़ गए जबकि दो लोगों के क्षत-विक्षत शव बरामद हुए हैं । राज्य में विभिन्न स्थानों पर कई उग्रवादी गिफ्तार किए गए ।

ठेकेदार की हत्या

मोगा,(वार्ता): स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले के थाना कोटकपरा के तहत गांव घनैवां के एक शराब के ठेकेदार की गोली मारकर हत्या कर दी । बिलम्ब से आज यहां प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार गत शनिवार को हमलावर हत्या के बाद अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए ।

चार उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट जिले में हुई एक अन्य घटना में बाघा पुराना के समीप पुलिस ने मुठभेड़ के बाद चार आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । जिला पुलिस प्रमख गोविंद राम ने कहा कि पूछताछ के दौरान आतंकवादियों ने बताया कि उनका कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तियों पर हमला करने और लूटपाट करने का इरादा था । उन लोगों ने कुछ कट्टर आतंकवादियों से सम्बद्ध होना भी स्वीकार किया ।

ठेका कर्मचारी की हत्या

भागा (आजाद): बाघापुराना के ग्राम लींगआना में 4 उग्रवादियों ने सरेन्द्र कुमार शर्मा के शराब के ठेके के कर्मचारी संग्राम सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उन्होंने शराब ठेके की खिड़की से गोली चलाई तथा ठेके का दरवाजा भी तोड़ दिया । उग्रवादी पैदल आए थे, पैदल ही फरार हो गए ।

गोली मार दी

होशियारपुर (वार्ता): कल रात स्कूटर सवार दो व्यक्तियों ने फतेहपुर गांव में सुरेंद्र सिंह उर्फ सोढी (22) नामक एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया । उसे होशियारपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा उसकी हालत गंभीर बताई गई है । एक उग्रवादी रात को नौ बजे निरंजन सिंह के घर में घुसा और दूसरा स्कूटर पर घर के बाहर खड़ा रहा । अन्दर गए उग्रवादी ने निरंजन सिंह पर गोलियां चलाई, लेकिन वह लेट कर भाग गया ।

सूत्रों ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति ने आतंकवादियों पर अपनी दनाली बंदूक से गोली भी चलाई लेकिन आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गए । उस समय गांव में बिजली नहीं थी ।

300 रु. लूटे

ज़िला होशियारपुर में ही एक अन्य वारदात में स्कूटर सवार तीन आतंकवादियों ने टाटवाली गांव के स्वर्ण सिंह के घर में घुसकर तीन सौ रुपए लूट लिए । उग्रवादी हरयाना स्थित स्वर्ण सिंह के घर में प्रातः छः बजे घुसे । पूरे घर की तलाशी में उन्हें केवल 300 रु. मिले और वह वही लेकर चले गए ।

घायल कर दिया

जालंधर (ह.स.): तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने आज तड़के पाणड़ियां बाजार के एक निवासी सुनील कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति की औद्योगिक क्षेत्र में साबुन बनाने की फैक्टरी है । सुनील कुमार लगभग दो बजे अपनी फैक्टरी से निकल कर शौच के लिए गया तभी आतंकवादियों ने उस पर गोली चलाई । सुनील कुमार को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर है । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

पैट्रोल पम्प लूटा

दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज दोपहर आदमपुर थाना के गांव जंडसिंघा के निकट एक पैट्रोल पम्प से तीन हजार लूट लिए । उग्रवादियों ने कैशियर विजय कुमार की पिस्तौल की नोक पर धमका कर राशि छीन ली और भाग गए ।

कम्युनिस्ट नेता दम तोड़ गया

अमृतसर (ह.स.): स्वतंत्रता संग्रामी और वयोवृद्ध कम्युनिस्ट नेता हरनाम सिंह झमरा, जिन्हे उग्रवादियों ने 23 जून को उनके गांव गिलवाली के निकट गोली मार कर गंभीर घायल कर दिया था, का आज यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में देहांत हो गया । इसी गांव का एक व्यक्ति दयाल सिंह, जो फायरिंग में घायल हो गया था, दो दिन पूर्व दम तोड़ गया था । पार्टी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में स्व. झमरा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा गया है कि उग्रवादी, साम्प्रदायिकता और पृथकतावाद के विरुद्ध पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा ।

शव मिला

आज प्रातः खालड़ा थाना के गांव डल्ला के बाहर पुलिस ने एक युवक का क्षतविक्षत शव बरामद किया । अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस जांच कर रही है ।

एक और शव मिला

अमृतसर के लोपोके थाना के गांव कालेर में एक 15 वर्षीय युवक का शव मिला है ।

अमृतसर में आज रात्रि ग्रीन एवेन्यू क्षेत्र में एक लाल रंग की मारुति कार पर सवार उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की पर कोई हताहत नहीं हुआ । पुलिस के अनुसार कार का नम्बर जाली था । ग्रीन

(शेष पृष्ठ 6 पर)



जब तक हरियाणा को न्याय नहीं मिलता, संघर्ष जारी रहेगा : देवी लाल

चंडीगढ़, 6 जुलाई (वि.प्र., संघी, ह.स.): हरियाणा के मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल ने घोषणा की है कि जब तक नदी जल और क्षेत्रीय मामलों के बारे हरियाणा को न्याय नहीं मिलता तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा । आज यहां सिविल सचिवालय में स्थित अपने कार्यालय में प्रथम प्रैस कांफ्रैंस में उन्होंने कहा कि मैं अपने मंत्रिमंडल में विस्तार 9 जुलाई से शुरू होने वाले नई विधान सभा के सैशन के बाद करूंगा । यह सैशन 13 जुलाई को समाप्त हो जाएगा ।

विधान सभा के चुनाव के समय अकालियों को सफल बनाने के लिए इंका ने जानबूझकर कमजोर प्रत्याशी खड़े किए थे । उस समय अकाली दल के शक्तिशाली धड़े ने चुनावों का बायकाट किया था ।

अकाली हिन्दुओं से सम्बन्ध सुधारें

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे हरियाणा में सिखों से हमारे सम्बन्ध अच्छे हैं वैसे पंजाब में अकालियों को भी चाहिए कि वह हिन्दुओं से सम्बन्ध सुधारें ।

इंका के विरुद्ध फतवा

जीत लिए हैं, भले ही भिवानी सीट का परिणाम अभी तक नहीं निकला लेकिन वहां लोकदल का प्रत्याशी भारी बहुमत से 'लीड' कर रहा है । उन्होंने कहा कि चौधरी हरद्वारी लाल ने इंका से इस्तीफा देकर लोकदल टिकट पर चुनाव जीत कर यह सिद्ध कर दिया है कि लोगों ने श्री राजीव गांधी के नेतृत्व के विरुद्ध फतवा दिया है ।

बैल सिंह को भोज

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में चौधरी देवी लाल ने





Punjabi Sahitaa

बस यात्रियों का नरसंहार

(पृष्ठ 3 का शेष)

एवेन्यू में ही उग्रवादियों ने एक व्यापारी के घर में घुस कर एक रिवाल्वर लूट ली ।

11 जुलाई को आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के गुरजीत धड़े के प्रस्तावित सम्मेलन के दृष्टिगत गत सुरक्षा बलों का पहरा और कड़ा कर दिया गया है ।

चार बंदी

संगरूर (गोयल): जिला पुलिस ने गत 24 घंटों के दौरान चार उग्रवादी पकड़े गए और उनसे बड़ी मात्रा में हथियार और गोलीबारूद बरामद हुआ । एस.पी. एम.एम. कपूर ने बताया कि विभिन्न वारदातों में वांछित तीन उग्रवादियों रजिंदर सिंह (बलदकलां), सुखविंदर सिंह टोनी (रोगला), विजय पाल सिंह (दिड़बा) को रविवार को गिरफ्तार किया गया था । उनसे 315 बोर का देसी पिस्तौल और 12 बोर का रिवाल्वर, बड़ी संख्या में कारतूसों सहित बरामद किए गए हैं । भदौड़ पुलिस ने रविवार को संधुकलां के गंगा सिंह को गिरफ्तार करके 315 बोर का पिस्तोल और कारतूस बरामद किए थे ।

उग्रवादी गिरफ्तार

गरदासपुर (राकेश्वरी): गरदासपर की सदर पुलिस ने आज एक आतंकवादी दीदार सिंह उर्फ तारी को गिरफ्तार किया है । दीदार सिंह अमृतसर के गांव कलवा का रहने वाला है । उसके कब्जे से 9 एम.एम. की एक पिस्तौल और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं । उससे एक 38 बोर का पिस्तौल और चार कारतूस भी मिले हैं ।

5 गिरफ्तार

मुक्तसर (दर्दी): मुक्तसर उपमंडल के अबुल खोट भाई में पुलिस ने एक भट्ठा में छापा मार कर 5 उग्रवादियों बलविंदर सिंह, बलवीर सिंह नीला, नत्था सिंह और जलवरा सिंह को वे उस समय बहुत से हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया, जब ये एक भट्ठा मालिक की हत्या की योजना बना रहे थे । उनके कब्जे से 12 बोर की एक बंदूक, 12-12 बोर के दर्जनों कारतूस, एक राइफल, 455 बोर का एक पिस्तौल और 100 कारतूस पकड़े हैं । डी.एस.पी. मुक्तसर श्री हरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों ने जांच के दौरान बताया कि उन्होंने कई शराब के ठेके जबरदस्ती बंद करवाए ।

1.5 लाख लूटे

रोपड़ (वार्ता): उग्रवादियों ने आज दोपहर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के कार्यालय से लगभग 1.5 लाख रु. लूट लिए । उग्रवादी पैदल ही आए और कैशियर से पिस्तौल की नोक पर राशि लूट कर फरार हो गए । पुलिस जांच कर रही है ।

दो उग्रवादी पकड़े

पटियाला (भूषण): पुलिस कांस्टेबल की मदद से लोगों ने यहां से 25 किलोमीटर दूर नाभा में आज दो उग्रवादियों इंद्र सिंह और छोटा सिंह को पकड़ लिया । उग्रवादियों ने लक्ष्मी चंद के घर में घुस कर उसकी पत्नी की सोने की चेन खींचने की कोशिश की । शोर सुनकर लोग और बिना वर्दी के कांस्टेबल ने उन्हें पकड़ लिया ।

फैडरेशन वर्कर बंदी

अमृतसर पुलिस आज सिंह खालसा संघ के वर्कर कंवलजीत सिंह को गिरफ्तार करके अमृतसर ले गई ।

छीना स्कूटर मिला

करतारपुर (देवदत्त): गत दिवस करतारपुर के गांव बसरामपुर के एक व्यक्ति मुहम्मद बूटा का स्कूटर जो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोंक पर छीन लिया था, गत रात करतारपुर के दयालपुर गेट के मुहल्ला ऋषि नगर में पड़ा पाया गया । सूचना मिलने पर स्कूटर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया ।

गर्मी ने पंजाब में तीन और जानें लीं

चंडीगढ़, 6 जुलाई (ह.स., वार्ता): भारी गर्मी के कारण आज पंजाब में तीन लोगों की और हरियाणा में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई । जिससे क्षेत्र में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 9 हो गई । चंडीगढ़ तथा इससे लगते पंजाब, हरियाणा, हिमाचल के क्षेत्रों में आज वर्षा होने से लोगों को कुछ राहत मिली । पालम व सफदर जंग (दिल्ली) में आज प्रातः 8 बजे तक 4 एम.एम. वर्षा रिकार्ड की गई । अभी भी प्रि-मानसून वर्षा के आसार दूर-दूर तक नहीं दिखाई दे रहे हैं और दिन का तापमान सामान्य से 6 डिग्री तक ऊपर चल रहा है ।

शिमला : शिमला और उसके आस-पास के इलाकों में आज लगातार दूसरे दिन मानसून से पहले की बारिश हुई । इसके कारण दिन और रात का तापमान घट कर सामान्य पर आ गया । बारिश के कारण कल न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सैल्शियस हो गया था, जो आज भी बरकरार रहा लेकिन अधिकतम तापमान में 5 डिग्री गिरावट आई और वह 23.4 डिग्री हो गया है । शहर में आज सुबह तक 16.3 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड की गई । आज सुबह भी आकाश में घने बादल छाए रहे ।

पंजाब में 3 मरे

अमृतसर से कमलेश के अनुसार आज यहां नगर निगम के बिजली घर में दो व्यक्ति गर्मी से मर गए । मंगत राम क्लर्क जो कि छहटां से आता है, दफ्तर आया और पानी का गिलास पीते ही उसने दम तोड़ दिया । दसरा असिस्टैंट लाइनमैन गुरमेज सिंह भी दफ्तर आने के थोड़ी देर बाद ही चल बसा ।

भाटिया के अनुसार अमृतसर के ग्राम पंचायत गांव चब्बा की एक हंगामी मीटिंग हुई जिसमें बिजली विभाग द्वारा चब्बा व नजदीकी गांवों में 72 घंटे लगातार बिजली बंद रहने पर रोष प्रकट किया गया । राज्यपाल व बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई तारों में पंचायत ने कहा कि कड़कती धूप व बिजली के न रहने से पीने के पानी की कमी व खेतों में धान की फसल खराब हो रही है । गांव में पांच आटा मिलें हैं ।

शाहकोट (चोपड़ा) : आज यहां एक 40 वर्षीय व्यक्ति भीषण गर्मी के कारण मर गया । उसके कब्जे से मिले कागजात से पता चला कि उसका नाम त्रिलोक सिंह पुत्र जगत सिंह आफ नूरमहल है । पुलिस ने उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसको मृत करार दे दिया ।

हिसार (नां): कल यहां से 26 किलो मीटर दूर हांसी बस स्टैंड पर एक 26 वर्षीय बस यात्री की गर्मी से मौत हो गई । वह जमालपुर गांव का निवासी था ।

Babi Archive

हरियाणा में उग्रवादियों द्वारा 2 बसों के 36 यात्रियों की हत्या



1



2


3


4


5


6

24 घंटे में हरियाणा रोडवेज की तीन बसें उग्रवादियों का निशाना बनीं, लालड़ू बस कांड के मृतकों की संख्या 40, एक उग्रवादी अपने ही साथी की गोली से मारा गया

चंडीगढ़, 7 जुलाई (ह.स., वार्ता): आज रात हिसार जिले में फतेहाबाद के निकट उग्रवादियों ने दो बसों के कम से कम 36 यात्रियों की गोलियों से हत्या कर दी जबकि 30 अन्य घायल कर दिए । सभी मृतक एक ही समुदाय के थे । ये घटनाएं दरियापुर पुल के पास हुईं ।

एक बस के यात्रियों को बाहर निकालकर गोली मारी गई जबकि दूसरी बस को रोककर उग्रवादी उसमें सवार हो गए और अन्दर गोली वर्षा की ।

ये घटनाएं फतेहाबाद से दस किलो मीटर दूर हुईं । दोनों बसें हरियाणा रोडवेज की थीं । एक बस हिसार से सिरसा जा रही थी जबकि दूसरी दिल्ली से फिरोजपुर जा रही थी ।

एक समाचार के अनुसार 5 उग्रवादी एक जीप और एक कार में थे । उन्होंने पहले हिसार से सिरसा जा रही बस को रोका और उसके 4 यात्रियों को गोली मार दी । दूसरी दिशा से एक और बस आती देखकर उन्होंने उस बस को छोड़ दिया और दूसरी बस को रोक लिया और उसके यात्रियों पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे कम से कम 32 यात्री मारे गए । यह घटनाएं लगभग रात 8.40 बजे हुईं ।

समाचारों में कहा गया है कि हिसार से सिरसा जा रही बस के शेष यात्री उस समय उतर कर खेतों में भाग गए जब उग्रवादी दूसरी बस के यात्रियों पर फायरिंग कर रहे थे । दूसरी बस दिल्ली से फिरोजपुर जा रही थी । दोनों ही बसें हरियाणा रोडवेज की थीं ।

पहली बस के यात्रियों को उग्रवादियों ने बाहर घसीट कर मारा जबकि दूसरी बस में सवार होकर उन्होंने गोलीबारी की । उग्रवादी बाद में दोनों वाहनों में सवार होकर भाग गए ।

पुलिस अधिकारियों का ख्याल है कि ये हत्याएं उसी गिरोह ने की हैं जिसने कल रात लालड़ू में बस यात्रियों को मारा था ।

एक पूर्व सूचना में हिसार से सिरसा जा रही बस के मृत यात्रियों की संख्या 12 बताई गई थी ।

हिसार के डी.सी., एस.एस.पी. और अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भजन लाल ने आज की हत्याओं पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि यदि हरियाणा सरकार ने लालड़ू हत्याकांड के तुरंत बाद निरोधक पग उठाए होते और बसों में तुरंत सुरक्षा गार्ड तैनात कर दिए होते तो आज का हत्याकांड टाला जा सकता था ।

बाद में प्राप्त सूचनानुसार हिसार से लगभग 45 किलोमीटर दूर डिग मंडी के निकट हुए बस हत्याकांड में पांच उग्रवादियों के गिरोह ने एक मारुति कार और एक जीप के अतिरिक्त एक ट्रक का भी प्रयोग किया । उग्रवादी अपने दोनों वाहन छोड़ कर ट्रक द्वारा तेज गति से पंजाब की ओर चले गए । ट्रक के इंजन में खराबी होने के बाद इस ट्रक को छोड़ कर वह एक अन्य ट्रक द्वारा फरार हो गए ।

देवी लाल घटनास्थल पर जाएंगे

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने अपने आवास पर आज रात वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया । वह कल प्रातः घटनास्थल का दौरा करेंगे ।

रात्रि सेवा बंद

हरियाणा सरकार ने इन हत्याओं के बाद पंजाब से लगती सीमा सील कर दी है और अगले आदेश तक हरियाणा रोडवेज की रात्रि सेवा बंद कर दी है । प्राप्त सूचना के अनुसार हिसार से सिरसा जा रही बस रात 8 बजे हिसार से चली । यह घटना 40 मिनट बाद हुई । घटनास्थल दिल्ली-फिरोजपुर राष्ट्रीय राज मार्ग पर दरियापुर गांव के निकटस्थ पुल के पास है । पिछले 24 घंटों में हरियाणा रोडवेज की 3 बसें उग्रवादियों की हिंसा का शिकार हुई हैं । कल रात लालड़ू के पास 40 बस यात्रियों की हत्या कर दी गई थी ।

संयुक्त रण नीति

'राकेश संघी' के अनुसार पंजाब और हरियाणा ने आज आतंकवाद के खिलाफ़ संघर्ष करने और इस पर कारगर ढंग से नियंत्रण के लिए एक संयुक्त रणनीति तैयार की है । यह रणनीति पटियाला जिले में लालड़ू के निकट कल रात हुई अभी तक की सबसे बड़ी आतंकवादी वारदात को देखते हुए एक उच्च स्तरीय संयुक्त बैठक में तैयार की गई । वारदात में आतंकवादियों ने हरियाणा सड़क परिवहन की एक बस के 40 यात्रियों की हत्या कर दी और 30 अन्य को घायल कर दिया था । इस उच्च स्तरीय बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह, पंजाब के राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे और हरियाणा के मुख्यमंत्री चौ. देवी लाल ने भाग लिया । श्री रे ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि एक और बैठक बाद में होगी ।

श्री रे ने कहा कि बेकसूर यात्रियों की निर्मम हत्या से प्रशासन को निश्चित रूप से धक्का लगा है, लेकिन इससे आतंकवादियों से निपटने के हमारे दृढ़ संकल्प पर कोई असर नहीं पड़ेगा । आतंकवादियों के खिलाफ़ संघर्ष हमेशा की तरह जोश-खरोश से जारी रहेगा । पंजाब के राज्यपाल ने कहा कि केंद्र पंजाब में आतंकवादियों से निपटने के लिए हर सम्भव सहायता दे रहा है ।

खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के उग्रवादियों द्वारा कल रात्रि चंडीगढ़ से 30 किलो मीटर दूर लालड़ू के ग्राम जलालपुर में 40 बस यात्रियों की निर्ममता से हत्या किए जाने व 38 अन्य को घायल किए जाने की घटना ने इस क्षेत्र को हिलाकर रख दिया है । पंजाब में जब से आतंकवादी घटनाएं शुरू हुई हैं, तब से यह अब तक की सब से बड़ी घटना है, जिसमें सर्वाधिक लोग मारे गए हैं । सरकारी तौर पर बताया गया है कि 36 बस यात्रियों की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई । तीन यात्रियों ने पी.जी.आई. में दम तोड़ा ।

घटनास्थल पर मरे 36 लोगों में 27 पुरुष, 5 महिलाएं, 4 बच्चे शामिल हैं । इनमें से 33 यात्रियों की शिनाख्त कर ली गई है । इस अभागी बस के 39 यात्रियों को रात्रि 12 बजे चंडीगढ़ के पी.जी.आई. अस्पताल ले जाया गया । इनमें से 5 को कोई चोट नहीं थी, पर 34 यात्रियों को उपचार के लिए अस्पताल में भरती किया गया, जिनमें 7 की हालत अभी भी नाज़ुक बताई जाती है । हरियाणा रोडवेज़ के चंडीगढ़ डिपो की यह बस एच.वाई.ई. 1735 जो चंडीगढ़ से ऋषिकेश जा रही थी, के चालक हरि सिंह ने बताया कि यह बस 73 यात्रियों को लेकर रात लगभग 8.55 बजे चंडीगढ़ से चली थी । डेरा बस्सी के पास पहुंचने पर एक फ़िएट कार (एक सूचना के अनुसार सफ़ेद मारुति कार) नम्बर डी.बी.बी. 7866 बस को ओवर टेक करके आगे आकर खड़ी हो गई, जिससे हरि सिंह बस रोकने को मज़बूर हो गया । बस रुकते ही कार में से 5 उग्रवादी उतरे, जिनमें से दो उग्रवादी चालक की सीट वाले दरवाज़े पर आ गए, 2 उग्रवादी बस के आगे के दरवाज़े पर और एक उग्रवादी बस के पिछले दरवाज़े पर खड़ा हो गया । एक उग्रवादी ने चालक को रिवाल्वर दिखाकर स्टीयरिंग छोड़ देने को कहा । उग्रवादी ने स्टीयरिंग स्वयं सम्भाल लिया । तब अन्य उग्रवादी भी बस में सवार हो गए और पहले 7-8 किलो मीटर तक जी.टी. रोड पर ही आगे ले गए । उग्रवादियों ने यात्रियों को धमकी दी कि जिसने भी शोर मचाया, उसे मार दिया जाएगा । उग्रवादियों ने यात्रियों से कहा कि वे अपनी नकदी व घड़ियां आदि उतार कर हाथ में ले लें । उन्होंने कहा कि वे किसी को मारने नहीं आए बल्कि लूटने आए हैं । लेकिन जैसे ही यह बस ग्राम जलालपुर वाली लिंक रोड पर पहुंची तो चला रहे उग्रवादी ने उसे गांव की तरफ मोड़ दिया । इस गांव के सुनसान क्षेत्र में पहुंचने पर बस को रोक दिया गया और यात्रियों को नीचे उतरने को कहा गया । इस बस, जो कि खचाखच भरी हुई थी, के पिछले दरवाज़े के पास खड़े यात्रियों ने जब बस से उतरने से इन्कार किया तो उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफ़लों से गोलियां चलानी शुरू कर दीं । बस चालक हरि सिंह ने बताया कि कुछ उग्रवादियों के पास स्टेनगन जैसा शस्त्र था और एक के पास रिवाल्वर था । गोलियां चलते ही यात्री सीटों के नीचे छिप कर अपने बचाव का प्रयास करने लगे, जिस पर उग्रवादियों ने एक-एक यात्री को उठाकर देखना शुरू कर दिया, लेकिन इसी बीच बस के अगले दरवाज़े से गोलियां चला रहे एक उग्रवादी की गोली पिछले दरवाज़े से गोलियां चला रहे उग्रवादी को जा लगी । जब उग्रवादियों को अपने ही साथी के गोली लगने का पता चला तो उन्होंने यात्रियों को उठाकर देखने की कार्रवाई को बीच में ही छोड़ दिया और अपने साथी को पीछे चली आ रही फ़िएट कार में डाल दिया । कुछ यात्रियों के अनुसार उग्रवादियों ने गोलियां चलाते समय पंजाबी में कई तरह की गालियां दीं और कहा कि बुलाओ अब अपने रिबैरो को, देखते हैं वह

देश भर में अलर्ट, दिल्ली में सेना द्वारा पोजीशन

Later talking to newsmen Mr Rather made it clear that the State's debt had risen to Rs 1341 crore till March this year the debt figure was at Rs 755 crore on March 1984. He said the State had been repaying debts along with interest in instalments.

Other pages

- Chandigarh Calling – page 3.
- Mr Rajiv Gandhi has described Pakistan as the "most visible tool of cold war tension"... PAK EXPLOITING LINKS WITH USA: PM – page 5.
- Inhuman treatment by "reformists" forced three inmates of a school for juvenile delinquents to attempt suicide .. TORTURED BOYS PREFER TO DIE – page 6.
- The Punjab and Haryana High Court has stayed the operation of the order of the Haryana Government cancelling the allotment of a plot to Lieut-Gen P. N. Hoon ... PLOT CANCELLATION ORDER STAYED – page 7.
- Bhauu Steels owned by Mr Anup Bishnoi, son-in-law of Mr Bhajan Lal, has been asked by the HSEB to deposit Rs 45 lakh in arrears...BHAJAN LAL'S SON-IN-LAW TOLD TO DEPOSIT RS 45 LAKH – page 7.
- COMBINED DEFENCE SERVICES RESULTS – page 11.
- The indoor hockey tournament to be held in Australia has been cancelled ... page 12.

MEDISCAN DIAGNOSTIC CLINIC

(Pioneer of Scanning in Punjab)

IS AGAIN AHEAD

With the following facilities at the Diagnostic Unit at
LUDHIANA (94, GURDEV NAGAR)

NOW INTRODUCES:-

I. **ECHOCARDIOGRAPHY:-** Upgraded Electronic Ultrasound Scanner, boon for serious HEART Patients (B&M MODE)
- ★ Painless, Harmless, Accurate Quick Results Available.
- ★ All kinds of heart diseases such as VALVULAR and PERICARDIAL diseases, Congenital Heart diseases. (Special arrangement for children) with 5.0 MHZ Probe.

II. **TOTALLY COMPUTERISED LUNG FUNCTIONS TESTING**
- ★ To identify, access the extent of RESPIRATORY diseases, encourage patients quit smoking.
- ★ Very useful to diagnose ASTHMA, EMPHYSEMA, BRONCHITIES, BLACK LUNG, OBSTRUCTIVE LUNG DISEASES OR PULMONARY DISORDER.

III. **ABDOMINAL ULTRASOUND SCANTER**

Most modern, non-invasive way of diagnosing accurately
1. Diseases in upper & lower abdomen
2. Obstetrical & Gynaecological Disorders
3. Thyroid, Breast, Neonates (Abdomen Chest & Head)

IV. E.C.G.

CONSULTANT

Dr. G.S. GREWAL M.B.B.S. M.D. (Medicine) P.G.I. Tel:- 39233

TIMINGS: 9 AM TO 1 PM – 4 PM TO 6.30 PM

MEMBER NEW YORK ACADEMY OF SCIENCES (NEW YORK)

से निपटने के लिए 7 युक्त रणनीति बनाएंगे

): सात राज्यों तथा दो
ाद से निपटने के लिए
ाने की सम्भावना है ।
ा चला है कि इस संबंध
ंबंधित राज्यों की एक
ाई को नई दिल्ली में
युक्त रणनीति की रूप

माचल प्रदेश, उत्तर
प्रदेश, राजस्थान के

मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, गुप्तचर महानिरीक्षक तथा केंद्र शासित क्षेत्र चंडीगढ़ व दिल्ली के उच्च प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी इसमें भाग लेंगे । इनके अतिरिक्त केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारियों की भी इस बैठक में भाग लेने की आशा है ।

यह महत्वपूर्ण बैठक लालड़ (पंजाब) तथा फतेहाबाद (हरियाणा) में उग्रवादियों द्वारा बस यात्रियों की जघन्य हत्या किए जाने की घटनाओं के उपरांत हो रही है । उग्रवाद के विरुद्ध अपनाई जाने वाली नई प्रस्तावित संयुक्त रणनीति में सूचनाओं का द्रुत गति से आदान- प्रदान, अंतर्राज्यीय चैक पोस्टों को मजबूत बनाना, अंतर्राज्यीय मार्गों पर चलने वाली यात्री बसों को अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्ण सुरक्षा प्रदान करना तथा किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति में परस्पर सहयोग से पुलिस बलों की नियुक्ति करना आदि शामिल है ।

स अधिकारियों नियुक्तियां

.प्र.): पंजाब सरकार ने
पुलिस अधिकारियों के
। इस सिलसिले में जारी
र श्री के.एल. लेखी को
शल ब्रांच सी.आई.डी.
। इन्द्रजीत सिंह संधु को
न पी.ए.पी. जालन्धर
गोपाल दास को एस.पी.
लगाया गया है । हर
को अतिरिक्त एस.पी.
या है । यू.पी. कैडर के
ी ज्ञान सिंह को गुरदासपुर
एस.पी. अमृतसर लगाया
को अमृतसर से बदलकर
. जालन्धर का सहायक

मृतकों के परिवारों के लिए नकद सहायता की मांग

हमीरपुर, 9 जुलाई (प्रै.): जिला कांग्रेस समिति ने हिमाचल प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि लालड़ बस कांड में मारे गए हमीरपुरवासी मृतकों के परिवारों को नकद सहायता राशि प्रदान की जाए । कल यहां श्री मिल्खी राम की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित करके बस यात्रियों की हत्या की कड़ी निंदा की गई ।



चुगावां गांव में उग्रवादियों ने कम्युनिस्ट नेता सुखमिंदर सिंह सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी (1) कामरेड सुखमिंदर सिंह का अधजला शव (2) कामरेड का बड़ा बेटा गुरचरण सिंह (3) छोटा बेटा कुलवन्त सिंह (4) छोटी बेटी अमरजीत कौर (5) रिश्तेदार हरपाल सिंह (6) गनमैन सुखमिंदर पाल (7) घायल पत्नी गुरदयाल कौर (8) मकान के साथ लगी सीढ़ी, जिसके द्वारा उग्रवादी घर में घुसे (9) दीवार पर गोलियों के निशान (10) वह स्थान जहां गोलियां मारी गईं और शव जलाने का प्रयास किया गया (11) बिलखता परिवार (12) मोगा क्षेत्र में ही उग्रवादियों के हाथों मारा गया ठेके का कारिंदा हरि राम । (छाया : आजाद)

की अपील की । वित्त मंत्री श्री बनारसी दास गुप्त भी सिरसा पहुंचे हैं और लोगों से सम्पर्क बना कर शांति और सौहार्द की अपील कर रहे हैं ।

इस बीच शहर में 3 से 5 बजे तक दी गई ढील के दौरान लोगों ने अपने घरों से बाहर निकल कर जल्दी-जल्दी ज़रूरत का सामान खरीदा । बाजार भीड़ से भरे हुए थे । उपायुक्त मानिक सोन-बड़े और पुलिस अधीक्षक बी.बी. सिंह ने बताया कि अब स्थिति नियंत्रण में है । कर्फ्यू के दौरान इतनी सख्ती थी कि पत्रकारों को भी बाहर निकलने से इंकार कर दिया गया, जिसके लिए बाद में उपायुक्त ने भी क्षमा मांगी । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारियां आरम्भ करके अब तक 25 व्यक्ति गिरफ्तार किए जा चुके हैं जिनमें

तस्करी के पीछे एक

नई दिल्ली, 9 जुलाई (वार्ता): केन्द्रीय गृह
बूटा सिंह ने आज यहां आश्वासन दिया कि हा
आतंकवादियों द्वारा निर्दोष बस यात्रियों की हत्या
देखते हुए पंजाब और निकटवर्ती राज्यों में स
व्यवस्था मज़बूत की जाएगी । अपने मंत्राल
सम्बद्ध संसदीय सलाहकार समिति की बैठक
सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने सभी वर्गों के लो
अपील की कि वह राष्ट्र विरोधी ताकतों
आतंकवादियों के षड्यंत्र को विफल करने के
शांति बनाए रखे । बैठक के शुरू में उन्होंने प
और हरियाणा राज्य सरकारों द्वारा आतंक
गतिविधियों को रोकने के लिए उठाए गए कद

कुल्लू घाटी में सेना द्वार तीन स्थानों पर फ़्लैग मार्च

शिमला, 9 जुलाई (ख.,वा.): प्रदेश के कुल्लू जिले में आज शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की सहायता के लिए सेना को बुला लिया गया है । जिला प्रशासन ने कल घाटी में हुई हिंसक व आगज़नी की घटनाओं के दृष्टिगत सेना की सहायता ली है ।

यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार सेना की एक कम्पनी कुल्लू घाटी में पहुंच गई है । इस बीच पंजाब व हरियाणा में हुए बस यात्री हत्याकांडों के विरुद्ध कल आयोजित बंद के बाद आज प्रदेश के सभी नगरों में जन जीवन सामान्य हो गया है । कल हुए बंद के दौरान कहीं-कहीं हिंसा की छुटपुट घटनाएं हुई थीं ।

सेना ने आज कुल्लू घाटी में फ़्लैग मार्च कि
कुल्लू के जिलाधीश श्री भटनागर के अनुसार जि
स्थिति नियंत्रण में है । सेना ने कुल्लू, भुंतर
मनाली नगरों में आज फ़्लैग मार्च किया । से
जवानों ने गत रात्रि में ही यहां पोज़ीशनें ले
जिले में सभी शराब की दुकानें बंद कर दी गई
जिलाधीश ने कहा कि मणिकरण के लि
यातायात नियंत्रित कर दिया गया है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

कम्युनिस्ट नेता सुखमिंदर, उसके 3 बच्चों, गनमैन, जत्थेदार प्रीतम सिंह सहित 11 की हत्या

जालन्धर, 9 जुलाई (वा.,ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने आज तड़के कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्त्ता तथा उसके परिवार के चार सदस्यों और गनमैन सहित 11 व्यक्तियों की विभिन्न वारदातों में हत्या कर दी । मृतकों में एक अकाली नेता भी शामिल है । इसके अलावा शोले रैजीमैंट के जनरल गुरबाज़ सिंह, कई उग्रवादी पकड़े गए हैं ।

कम्युनिस्ट नेता सहित 6 की हत्या

मोगा (आज़ाद): गत रात्रि मोगा सब डिवीज़न के गांव चुगावां में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने 6 व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला परिषद के सदस्य कामरेड सुखमिंदर सिंह अपने गनमैन तथा परिवार के अन्य सदस्यों सहित अपने घर की छत पर सो रहे थे कि रात अढ़ाई बजे के लगभग कुछ अज्ञात सशस्त्र उग्रवादी घर के बाहर सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़ गए तथा उन्होंने वहां सो रहे 6 व्यक्तियों की गोलियां चलाकर हत्या कर दी । मृतकों में कामरेड सुखमिंदर सिंह (58 वर्ष) उनका गनमैन सुखमिंदर सिंह (23 वर्ष), कामरेड सुखमिंदर सिंह का पुत्र गुरचरण सिंह, छोटा बेटा कुलवन्त सिंह, पुत्री अमरजीत कौर के अतिरिक्त उनका एक रिश्तेदार हरदयाल सिंह (60 वर्ष) शामिल हैं । कामरेड सुखमिंदर सिंह का एक और पुत्र बलबीर सिंह और कामरेड की पुत्री प्रीतम कौर उस समय घर में नहीं होने के कारण बच गए । इस कांड में कामरेड सुखमिंदर सिंह की पत्नी गुरदयाल कौर घायल हो गईं । गांव वासियों के कथनानुसार उग्रवादियों ने लगभग 250 गोलियां चलाईं ।

पता चला है कि उग्रवादियों ने कामरेड सुखमिंदर सिंह तथा उनके रिश्तेदार हरदयाल सिंह को गोलियां मारने के बाद उनकी लाशों पर पैट्रोल डालकर आग लगा दी । वह उग्रवादियों की हिट लिस्ट में थे तथा उनपर कई हमले हो चुके थे, परन्तु इससे पहले वह हर बार बच जाते थे । उग्रवादी इस 'कांड' के बाद ट्रक में बैठकर फ़रार हो गए । वे खालिस्तान ज़िन्दाबाद के नारे लगा रहे थे । सूचना मिलते ही डी.एस.पी. मोहकम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए । उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व चुगावां के ही एक कम्युनिस्ट लालइन्द्र सिंह लाली की उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी तथा गत दिवस आयोजित 'लाली' के श्रद्धांजलि समारोह का तमाम प्रबन्ध सुखमिंदर सिंह की देखरेख में हुआ था । कामरेड हरपाल सिंह, हरदेव सिंह, न छत्तर सिंह, रुल्दू खान, कुलदीप धालीवाल, का. अजमेर सिंह इत्यादि ने सुखमिंदर की हत्या की निन्दा की है ।

राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे ने कम्युनिस्ट नेता सुखमिंदर सिंह की हत्या की निंदा करते हुए सी.पी.आई. नेता अवतार सिंह मल्होत्रा को एक टैलीफोन संदेश में पीड़ित परिवार से हार्दिक संवेदना व्यक्त की है ।

फरीदकोट की एक सूचना में कहा गया है कि पुलिस ने सुखमिन्दर सिंह व उनके परिवार के अन्य सदस्यों की हत्या के मामले में एक व्यक्ति को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया जबकि 6 अन्य व्यक्ति हिरासत में लिए गए । एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार उग्रवादियों को शरण देने में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने सुखमिन्दर सिंह की हत्या के सारे अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली है । सुखमिन्दर सिंह के परिवार के चार लोगों की अंत्येष्टि कर दी गई ।

ठेके के कर्मचारी की हत्या

यहां के निकटवर्ती गांव साफूवाला में अशोक कुमार के शराब के ठेके में रहने वाले हरी राम की कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई ।

शोले रैजीमैंट का 'जनरल' काबू

मोगा (वार्ता): फरीदकोट पुलिस ने जिले में मुक्तसर के समीप एक खुंखार आतंकवादी, जो स्वयं को तथा कथित शोले रैजीमैंट का जनरल कहता है, को कल गिरफ्तार कर लिया । जिला पुलिस प्रथम गोविन्द राम ने इस आतंकवादी का नाम गुरबाज़ सिंह बताते हुए कहा कि उसके कब्जे से एक रिवाल्वर, एक दर्जन कारतूस और एक छीना गया मोटर साइकिल बरामद किए गए । उन्होंने कहा कि गुरबाज़ सिंह हत्या की कम से कम चार वारदातों के अलावा डकैतियां और जबरन पैसे वसूलने की एक दर्जन घटनाओं में शामिल रहा है ।

अकाली नेता की हत्या

गुरदासपुर (राजेश्वरी): बीती रात पांच अज्ञात व्यक्तियों ने अकाली दल (ल) के नेता प्रीतम सिंह चौर की गोली मारकर हत्या कर दी । जिला प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि गत रात पांच अज्ञात व्यक्ति प्रीतम सिंह चौर, जो कि थाना गुरदासपुर के गांव चौर के रहने वाले थे, के घर आए और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी । प्रीतम सिंह मार्कीट कमेटी गुरदासपुर का उपप्रधान था । पुलिस इस सम्बन्ध में पांच व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है ।

एक और हत्या

फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पिंडियां में 5 उग्रवादियों ने एक व्यक्ति अमर सिंह की हत्या कर दी ।

ठेका कर्मी की हत्या

गुरदासपुर जिला के ही गांव साहनूवाल में एक ठेके के कर्मचारी की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । उग्रवादी ठेके को लूटने आए थे । उस कर्मचारी द्वारा प्रतिरोध किए जाने पर उग्रवादियों ने उसे गोली मार दी ।

सरपंच गिरफ्तार

पुलिस ने आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में सुक्खाचिड़ा गांव के सरपंच जोगा सिंह को आज गिरफ्तार किया है ।

रात्रि कर्फ्यू की अवधि बढ़ी

बटाला : गुरदासपुर के जिला मैजिस्ट्रेट ने आज जिले की सीमा पट्टी के 67 गांवों में रात्रिकालीन

(शेष पृष्ठ 6 पर)

TAX FREE कर मु
कर मुक्त
TAX
अब लिजिये इंगीन टी.वी.
पंजाब सरकार की तरफ से कुन्दन टी.वी. को टैक्स में छूट
KUNDAN
कुन्दन इलेक्ट्रोनिक्स (इण्डिया) प्राइवेट लि.
टी - 157, फेज IV ए, फोकल पाइंट,
लुधियाना-141002
फोन : 38030, 37376 टेलेक्स 0386-444
लुधियाना-दिल्ली-कलकत्ता
कर मुक्त TAX F

Punjabi Sanatan

रंगा

जाऊंगा
ज़ैल सिंह

पहले से ही एक स्वतंत्र
ानमंत्री से विवाद शुरू
त को प्रदर्शित नहीं कर
था ?

ादी ग्रुपों ने सिंह साहिबान विशेष
ह को पूरा-पूरा सहयोग देने का
। इस बारे सिंह साहिबान और
प्रतिनिधियों के मध्य हाल ही में
जसमें पाई जाने वाली सभी गलत
ई । इस बैठक के तत्काल बाद
. दर्शन सिंह के नेतृत्व में स्वयं

बारे में केंद्रीय सरकार से बातचीत हुई तो उसमें सिंह साहिबान कोई दखल नहीं देंगे बल्कि आतंकवादी ग्रुपों को ही बातचीत के लिए भेजा जाएगा । सिंह साहिबान ने इस बैठक में यह बात स्पष्ट कर दी कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा, जिसमें सिखों के

लिए अब क्यों न कोई ठोस कदम उठाया जाए ।

ख्याल किया जाता है कि इस बैठक में किए गए निर्णयों के आधार पर ही आल इंडिया सिख स्टुडेंट्स फ़ैडरेशन के गुरजीत गुट ने अपना 11 जुलाई को

(शेष पृष्ठ 6 पर)

श्री मुखर्जी ने इस समाचार को निराधार बताया कि उत्तेजित भीड़ पर गोली चलाते हुये देहरादून के पुलिस अधीक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है । कल रुड़की में साप्ताहिक अवकाश होने के कारण बाज़ार बंद थे । आज रुड़की सहित परिक्षेत्र के सभी

और कर्फ्यू के दौरान स्थानीय काठ मंडी में
लकड़ी की दुकान को दोपहर दो बजे आग लगा दी
फ़ायर ब्रिगेड ने आग पर तुरन्त काबू पा लिया ।
रात्रि मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने अपने प्रधान स
श्री नज़ीम अहमद सहित दंगाग्रस्त क्षेत्रों का
किया और जिन लोगों की सम्पत्ति लूटी गई है अ
कोई और नुक्सान हुआ है, उन्हें पांच-पांच ह
रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है ।
देवी लाल अपने प्रधान सचिव को यहीं छोड़ क
रहे हैं । उन्होंने जन समुदाय से शांति के साथ
की अपील की । वित्त मंत्री श्री बनारसी दास
भी सिरसा पहुंचे हैं और लोगों से सम्पर्क बना
शांति और सौहार्द की अपील कर रहे हैं ।

इस बीच शहर में 3 से 5 बजे तक दी
ढील के दौरान लोगों ने अपने घरों से बाहर नि
कर जल्दी-जल्दी ज़रूरत का सामान खरीद
बाजार भीड़ से भरे हुए थे । उपायुक्त मानिक
बड़े और पुलिस अधीक्षक बी.बी. सिंह ने बताय
अब स्थिति नियंत्रण में है । कर्फ्यू के दौरान
सख्ती थी कि पत्रकारों को भी बाहर निकल
इंकार कर दिया गया, जिसके लिए बाद में उपायु
भी क्षमा मांगी । पुलिस अधीक्षक ने बताया
उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारियां आरम्भ करके
तक 25 व्यक्ति गिरफ्तार किए जा चुके हैं

कुल्लू घाटी तीन स्थानों

शिमला, 9 जुलाई (ख.,वा.): प्रदेश के
जिले में आज शांति व्यवस्था बनाए रखने के
जिला प्रशासन की सहायता के लिए सेना को
लिया गया है । जिला प्रशासन ने कल घाटी में
हिंसक व आगज़नी की घटनाओं के दृष्टिगत सेना
सहायता ली है ।

यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार सेना की
कम्पनी कुल्लू घाटी में पहुंच गई है । इस
पंजाब व हरियाणा में हुए बस यात्री हत्याकां
विरुद्ध कल आयोजित बंद के बाद आज प्रदे
सभी नगरों में जन जीवन सामान्य हो गया है ।
हुए बंद के दौरान कहीं-कहीं हिंसा की छु

लिए 7 बनाएंगे

लिस महानिदेशक, गुप्तचर
केंद्र शासित क्षेत्र चंडीगढ़ व
शासनिक व पुलिस अधिकारी
इनके अतिरिक्त केंद्रीय अर्द्ध
ठ अधिकारियों की भी इस बैठक
गा है ।
बैठक लालडू (पंजाब) तथा
गा) में उग्रवादियों द्वारा बस
हत्या किए जाने की घटनाओं के
उग्रवाद के विरुद्ध अपनाई जाने
संयुक्त रणनीति में सूचनाओं का
प्रदान, अंतर्राज्यीय चैक पोस्टों
, अंतर्राज्यीय मार्गों पर चलने
अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्ण सुरक्षा
किसी भी प्रकार की आकस्मिक
हयोग से पुलिस बलों की नियुक्ति
त है ।

परिवारों के लिए हायता की मांग

जुलाई (प्रै.): जिला कांग्रेस समिति
सरकार से आग्रह किया है कि
मारे गए हमीरपुरवासी मृतकों के
सहायता राशि प्रदान की जाए ।
ी राम की अध्यक्षता में हुई समिति
व पारित करके बस यात्रियों की
दा की गई ।



चुगावां गांव में उग्रवादियों ने कम्युनिस्ट नेता सुखमिंदर सिंह सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी (1) कामरेड सुखमिंदर सिंह का अधजला शव (2) कामरेड का बड़ा बेटा गुरचरण सिंह (3) छोटा बेटा कुलवन्त सिंह (4) छोटी बेटी अमरजीत कौर (5) रिश्तेदार हरपाल सिंह (6) गनमैन सुखमिंदर पाल (7) घायल पत्नी गुरदयाल कौर (8) मकान के साथ लगी सीढ़ी, जिसके द्वारा उग्रवादी घर में घुसे (9) दीवार पर गोलियों के निशान (10) वह स्थान जहां गोलियां मारी गई और शव जलाने का प्रयास किया गया (11) बिलखता परिवार (12) मोगा क्षेत्र में ही उग्रवादियों के हाथों मारा गया ठेके का कारिंदा हरि राम । (छाया : आजाद)

निस्ट नेता सुखमिंदर, उसके 3 बच्चों, गनमैन, जत्थेदार प्रीतम सिंह सहित 11 की हत्य

जुलाई (वा.,ह.स.): संदिग्ध
आज तड़के कम्युनिस्ट पार्टी के
के परिवार के चार सदस्यों और
व्यक्तियों की विभिन्न वारदातों में
मृतकों में एक अकाली नेता भी
अलावा शोले रैजीमैंट के जनरल
उग्रवादी पकड़े गए हैं ।

सहित 6 की हत्या

हरदयाल सिंह (60 वर्ष) शामिल हैं । कामरेड सुखमिंदर सिंह का एक और पुत्र बलबीर सिंह और कामरेड की पुत्री प्रीतम कौर उस समय घर में नहीं होने के कारण बच गए । इस कांड में कामरेड सुखमिंदर सिंह की पत्नी गुरदयाल कौर घायल हो गई । गांव वासियों के कथनानुसार उग्रवादियों ने लगभग 250 गोलियां चलाई ।

पता चला है कि उग्रवादियों ने कामरेड सुखमिंदर सिंह तथा उनके रिश्तेदार हरदयाल सिंह

सिंह, नरुत्तर सिंह, रूल्दू खान, कुलदीप धालीवाल, का. अजमेर सिंह इत्यादि ने सुखमिंदर की हत्या की निन्दा की है ।

राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे ने कम्युनिस्ट नेता सुखमिंदर सिंह की हत्या की निंदा करते हुए सी.पी.आई. नेता अवतार सिंह मल्होत्रा को एक टैलीफोन संदेश में पीड़ित परिवार से हार्दिक संवेदना व्यक्त की है ।

फरीदकोट की एक सूचना में कहा गया है कि

दी । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई ।

शोले रैजीमैंट का 'जनरल' काबू

मोगा (वार्ता): फरीदकोट पुलिस ने जिले में मुक्तसर के समीप एक खुंखार आतंकवादी, जो स्वयं को तथा कथित शोले रैजीमैंट का जनरल कहता है, को कल गिरफ्तार कर लिया । जिला पुलिस प्रथम गोबिन्द राम ने इस आतंकवादी का नाम गुरबाज़ सिंह बताते हुए कहा कि उसके कब्जे से एक रिवाल्वर, एक दर्जन कारतस और एक छीना गया

सिंह मार्कीट कमेटी गुरदासपुर का उपप्रधान
पुलिस इस सम्बन्ध में पांच व्यक्तियों को हिरा
लेकर पूछताछ कर रही है ।

एक और हत्या

फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पिंडियां
उग्रवादियों ने एक व्यक्ति अमर सिंह की हत्य
दी ।

ठेका कर्मी की हत्या

गुरदासपुर जिला के ही गांव साहनवाल

Punjabi Sanatani



लालडू में बस यात्रियों की नृशंस हत्याएं करते समय उग्रवादियों का एक साथी गुरमीत सिंह टोनी भी मारा गया था. जिसका शव हत्याकांड में प्रयुक्त कार में पड़ा पाया गया था । (छाया : मासूम)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

कर्फ्यू की अवधि को आगामी 2 सितम्बर तक के लिए बढ़ा दिया । कर्फ्यू शाम 7 बजे से सुबह 5.30 बजे तक प्रभावी रहेगा । मैजिस्ट्रेट ने इस अवधि के दौरान जिले में शाम 7 बजे से सुबह 5 बजे तक बसों के चलने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है । इसके अलावा शाम 7 बजे से सुबह 9 बजे के दौरान स्कूटर, मोटर साइकिल और मोपेड पर दो सवारियों के बैठने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है ।

सरपंच की हत्या

अमृतसर (ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने शहर के बाहरी छोर पर गुमटाला गांव के सरपंच अमर सिंह की कल रात हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि 5-6 आतंकवादियों में से दो तलवार से लैस थे । इन्होंने सरपंच के दरवाजे पर दस्तक दी और दरवाजा खुलते ही उन्होंने अमर सिंह पर हमला कर दिया । पुलिस ने आतंकवाद तथा विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) कानून के तहत मामला दर्ज किया है ।

उग्रवादी गिरफ्तार

इसी बीच लोपोके पुलिस ने कल रात अमन लखा सिंह गांव से कश्मीरा सिंह नाम के संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । इसके पास से एक देसी पिस्तौल मिली है ।

शोक व्यक्त

उपमंडलीय शांति एवं साम्प्रदायिक सद्भाव कमेटी ने आज तरनतारन में हुई अपनी बैठक में पंजाब तथा हरियाणा में बस यात्रियों की हत्या पर गहरा दुःख व्यक्त किया तथा लोगों से अपील की कि वे आतंकवादियों की कार्रवाइयों से उत्तेजित न हों । बैठक में बस यात्रियों की मौत पर दो मिनट का मौन रखा गया । बैठक की अध्यक्षता तरनतारन के एस.डी.ओ. (सिविल) डा. अरविंदर सिंह ने की । उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति हर कीमत पर बनाए रखी जाएगी ।

चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार प्रदेश इंका प्रधान बेअन्त सिंह, महासचिव केवल कृष्ण और संतोख सिंह रंधावा ने कपूरथला जिला में आजाद हिंद फौज के कैप्टन प्रीतम सिंह की हत्या और डैमोक्रेटिक यूथ फैडरेशन आफ इंडिया के उपाध्यक्ष सुनीत चोपड़ा और पंजाब-चंडीगढ़ इकाई उपाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने जिला अमृतसर के गांव उप्पल में कामरेड गुरनाम सिंह उप्पल की हत्या की निंदा की है ।



उग्रवादियों के हाथों गुरदासपुर जिले में मारे गए प्रीतम सिंह । उनकी कनपटी पर गोली लगी । (छाया : विनोद)



कपूरथला जिला के प्रमुख कांग्रेस (इ) नेता तथा स्वतंत्रता सेनानी कैप्टन प्रीतम सिंह की उनके गांव डडविंडी में 7-8 जुलाई की मध्य रात्रि को उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । (छाया : रघुनाथ)

अमृतसर के मकबूलपुरा क्षेत्र में आज अपरान्ह दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक पैट्रोल पम्प से पिस्तौल की नोक पर 8200 रुपए नकद तथा दो कर्मचारियों की घड़ियां लूट लीं । सुरक्षा बलों ने पीछा किया तो 'उग्रवादी अपना स्कूटर नम्बर पी.ए.ए. 5300 छोड़कर फरार हो गए । एक अपुष्ट सूचना के अनुसार एक आतंकवादी बाद में पकड़ लिया गया ।

मकबूलपुरा क्षेत्र से ही उग्रवादियों ने जोगेन्द्र सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया था । यही स्कूटर पैट्रोल पम्प लूट के एक गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद किया गया ।

छीनी हुई कार मिली

राजपुरा (मासूम) : घन्नौर पुलिस को लाल रंग की मारुति कार (पी.ए.पी. 372) जो अम्बाला से किराए पर लेकर 3 उग्रवादियों ने घन्नौर के गांव सौंटा के पास पिस्तौल की नोक पर छीन ली थी, हरपालपुर के एक व्यक्ति के मकान के बाहर खड़ी मिली । इस कार के शीशे टूटे हुए थे और चारों पहियों की हवा निकली हुई थी ।

2 उग्रवादी बंदी

भटिंडा (वार्ता) : 2 उग्रवादियों ने कल तलवंडी साबो में दुकानदार से 1500 रु. से अधिक पिस्तौल की नोक पर छीन लिए । इसी दौरान तलवंडी साबो पुलिस ने 2 उग्रवादियों, जो एक सुनार और एक करियाने वाले को लूट कर भाग रहे थे, को मुठभेड़ के बाद लोगों की मदद से गिरफ्तार कर लिया । उनकी एक साथिन दविंदर कौर को गुरुद्वारा दमदमा परिसर से पकड़ा गया । उनसे 5800 रु., 2 पिस्तौलें और कुछ आभूषण बरामद हुए हैं । गुरुद्वारे की सराए में रहने वाले दोनों उग्रवादियों की शिनाख्त निर्मल सिंह (दिड़बा मंडी) और गाबा सिंह उर्फ फौजी (जंडियाला) के रूप में हुई है ।

मद्दी गिरफ्तार

फिल्लौर (भाखड़ी) : गत दिवस रिटायर्ड हवालदार सन्ता सिंह की दोनाली बन्दूक, 10 कारतूस और 1000 रु. नकद चोरी हो गए थे, उसके सम्बन्ध में स्थानीय पुलिस ने गत रात्रि निकटवर्ती गांव तेंग के मोड़ के निकट मद्दी को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह चादर में बन्दूक छिपा कर कहीं जा रहा था । सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि 5 कारतूस उसने किसी अन्य व्यक्ति को दिए हैं, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है । 5 कारतूस मौके पर ही बरामद कर लिए गए ।

बिजली बंद रहेगी

जालन्धर, 9 जुलाई : बिजली बोर्ड के एक प्रवक्ता के अनुसार कल 10 जुलाई को बिजली की तारों की मुरम्मत के कारण जालन्धर शहर के कुछ क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक बंद रहेगी । ये क्षेत्र इस प्रकार हैं : डी.ए.वी. कालेज, कबीरनगर, रामनगर, लीडर इंजीनियरिंग वर्क्स, आर.जे. कोल्ड स्टोरेज, भगत सिंह कालोनी आदि ।

उमरानंगल की शांति यात्रा स्थगित

चंडीगढ़, 9 जुलाई (वि.प्र.): अकाली दल (ल) के उपाध्यक्ष जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल ने आज कहा कि उन्होंने पंजाब में अपनी शांति यात्रा 15 जुलाई से 20 अगस्त तक स्थगित कर दी है । जत्थेदार उमरानंगल के अनुसार अकाली दल (ल) ने शांति मार्च कार्यक्रम को अपना लिया है तथा इसको संत हरचन्द सिंह लौंगोवाल की दूसरी बरसी पर गांव लौंगोवाल से पूरी शक्ति के साथ शुरू किया जाएगा । पहले जत्थे का नेतृत्व भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सरजीत सिंह बरनाला करेंगे और यह जत्था राज्य के सभी महत्वपूर्ण शहरों व कस्बों का दौरा करेगा ।

दिल्ली बंद में हिंसा

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुरानी दिल्ली के कमला मार्केट क्षेत्र में आज छुरेबाजी की एक घटना हुई । मध्य प्रदेश से आया एक व्यक्ति की, जो एक धर्मस्थल को जा रहा था, जांघ पर छुरा लगा ।

दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया है कि आज का 'दिल्ली बंद' पूरी तरह सफल रहा । साथ ही पार्टी ने कहा है कि पटेल नगर में हुए दंगे और आगज़नी की घटनाओं में उनके किसी कार्यकर्त्ता का हाथ नहीं था । पार्टी के अध्यक्ष मदनलाल खुराना ने एक प्रैस कांफ्रैंस में कहा कि पूरी दिल्ली में पार्टी के 750 कार्यकर्त्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया । यह गिरफ्तारी धारा 144 तोड़ने के आरोप में की गई । अधिकतर कार्यकर्त्ताओं को पांच बजे तक छोड़ दिया गया । लगभग 400 कार्यकर्त्ताओं ने पश्चिमी दिल्ली में गिरफ्तारी दी । इसके अलावा यमुना विहार, चाड़ा हिन्दू राव, विवेक विहार और पंजाबी बाग में भी गिरफ्तारी दी गई । श्री खुराना ने



स्वर्ण मंदिर परिसर, अमृतसर में कुछ संगठनों द्वारा लगाए गए उतारते हुये अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार

गोली मारने का आदेश

(पृष्ठ 3 का शेष)

चंडीगढ़ भेज दिया गया है । अम्बाला के जिलाधीश ने उन लोगों को दो-दो हज़ार रु. की सहायता देने की घोषणा की है, जिनकी दुकानें जल गई हैं । यमुनानगर में आज अधिकांश दुकानें बंद रहीं ।

सिनेमा जला दिया

'परवाना' के अनुसार कल हिसार में एक भड़की हुई भीड़ ने रेलवे रोड पर स्थित श्री सुरेन्द्र सिंह कैरों के सिनेमा, जिसका नाम इलाइट है, को भी जला दिया । आग से सिनेमा को काफ़ी हानि पहुंची है । सुरेन्द्र कैरों ने यह सिनेमा आज से कई वर्ष पूर्व बनाया था, जब उनके पिता श्री प्रताप सिंह कैरो संयुक्त पंजाब के मुख्यमंत्री थे ।

हिसार व फतेहाबाद में पुलिस व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है जहां दो डी.आई.जी. स्थिति की निगरानी कर रहे हैं । दरियापुर हत्याकांड के बाद पंजाब सीमा सील करने वाले सुरक्षा बलों को अतिरिक्त कुमुक भेजी गई है । हरियाणा के वित्तमंत्री बी.डी. गुप्ता व गृहसचिव एम.सी. गुप्ता इन अफवाहों के खंडन के लिए हिसार पहुंचे कि आगजनी और लूटमार के लिए भीड़ को सरकार भड़का रही है । केंद्र ने हरियाणा को बी.एस.एफ. की केवल दो कम्पनियां दी हैं ।

सीमा पार से चीनी हथियार

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुनर्गठन में देरी नहीं करनी चाहिए ताकि वे निष्पक्ष तथा साम्प्रदायिक और क्षेत्रीय भावनाओं से उठकर अपना कर्त्तव्य निभा सकें । गृह राज्य मंत्री चितामणि पाणिग्रही भी बैठक में उपस्थित थे ।

पंजाब में आतंकवादियों की बढ़ती गतिविधियों तथा विभिन्न राज्यों में हो रहे साम्प्रदायिक दंगों को रोकने में असफल रहने के लिए विपक्षी नेताओं ने आज सरकार को आड़े हाथों लिया । गृह मंत्रालय से सम्बद्ध संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में विपक्षी सदस्यों ने केन्द्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वह आम आदमी के जानमाल की रक्षा करने में पूर्णतः असफल रही है । भाजपा अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी ने खेद व्यक्त किया कि सरकार ने पुरानी गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है और उसकी गुप्तचर मशीनरी बिल्कुल अप्रभावी बनी हुई है । श्री अडवानी का कहना था जब तक गुप्तचर मशीनरी को सुचारु नहीं बनाया जाएगा तब तक आतंकवाद पर काबू पाना मुश्किल है । सीमा पार से चीनी हथियारों की तस्करी को लेकर भी विपक्षी सदस्य काफी चिंतित थे । गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने स्वीकार किया कि सीमा पार से चीनी हथियारों की तस्करी को रोका नहीं जा सका है क्योंकि यह कोई व्यक्ति नहीं कर रहा है, इसके पीछे

प्रो. दर्श

अमृतसर के मंत्री वाला दीवान स आप्रेशन ब्लयू स किया जाना था

किये गये हैं । बढ़ा दी गई है । अदालतों का ब मंच ने आज 'क किया । वरिष्ठ बताया कि कल का जलूस निकाल

जयपुर बंद

जयपुर : पं द्वारा लोगों की नृ बंद के आह्वान संस्थान और सि सरकारी नगर ब नहीं पड़ा ।

कोटा बंद

कोटा : आ नगर की यातायात

बम्बई बंद आ

बम्बई : पं की नृशंस हत्या 'बंद' के लिये व्या रेलवे स्टेशनों, ह स्थानों पर सुरक्षा है । शिव सेना के नेता तथा विधाय 'निर्दोष व्यक्तियों मनाने के लिये आ रहेंगे । शिव सेन नेताओं ने आज आटो रिक्शा भी ब बंद का प्रभाव रेलगाड़ियों पर भी सेवा को बंद से म

भोपाल बंद

भोपाल : के कई अन्य नगरों का आह्वान भा नगर के सभी प्रम कार्यालय, बैंक

Punjab Kesari

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

भूतपूर्व मंत्री सतनाम सिंह बाजवा सहित 8 की हत्या

चंडीगढ़, 10 जुलाई (वार्ता): आतंकवादियों ने पंजाब में पिछले 24 घंटे के दौरान एक भूतपूर्व मंत्री तथा कांग्रेस (इ) के नेता सतनाम सिंह बाजवा सहित आठ व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । उनके शोक में सरकारी कार्यालय बंद रहे और कादियां में हड़ताल रही । घात लगा कर हमला करके उग्रवादियों ने 3 पुलिस कर्मियों को घायल कर दिया । दूसरी तरफ पुलिस ने कई आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । बिधिपुर के निकट मुठभेड़ में एक उग्रवादी मंजीत सिंह मारा गया ।

बाजवा व 5 अन्य की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): आज तड़के लगभग 3 बजे एक दर्जन सशस्त्र आतंकवादियों ने भूतपूर्व मंत्री सतनाम सिंह बाजवा और उनके 5 अन्य साथियों की अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति महल सिंह को घायल कर दिया । आतंकवादी भागते समय श्री बाजवा और उनके साथियों के हथियार, जिनमें 30 एम.एम. की कार्बाईन, 315 बोर की राईफल, एक बंदूक, एक रिवाल्वर और कारतूस शामिल हैं, भी साथ ले गये । प्राप्त विवरण के अनुसार श्री सतनाम सिंह बाजवा ने घटना वाली रात अमृतसर सदर पुलिस थाना के गांव भैनी गिल्लां, जो अमृतसर-मजीठा रोड पर स्थित है, अपने फार्म हाऊस में कुछ लोगों, जिनमें गांव जगदेव कलां का भजन सिंह, उसी गांव के पाल सिंह और बीर सिंह के अलावा कुछ अन्य लोग शामिल हैं, को रात्रि भोज पर आमंत्रित किया था । भोज के बाद कुछ लोग तो वापिस चले गये और कुछ वहीं सो गए । लगभग एक दर्जन आतंकवादी, जो स्वचालित हथियारों से लैस थे, श्री बाजवा के फार्म हाऊस में लगभग 2.50 बजे रात को घुसे और वहां सो रहे श्री बाजवा, सरपंच भजन सिंह, पाल सिंह और बीर सिंह की अंधाधुंध गोलियां बरसा कर हत्या कर दी । इनके अलावा श्री बाजवा का गनमैन सुखदेव सिंह सुक्खा और उनका ड्राईवर निर्मल सिंह भी फायरिंग में मारे गये । सुखदेव सिंह की मृत्यु अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई, जबकि शेष ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । पुलिस का कहना है कि निःसंदेह यह आतंकवादी घटना है, लेकिन यह भी संभव है कि यह हत्याएं जमीनी-झगड़े के कारण करवाई गई हों । गांव वासियों ने बताया कि उग्रवादियों की संख्या 10 से 12 के बीच थी । पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने स्टेनगन, राईफलों और रिवाल्वरों का प्रयोग किया । श्री बाजवा के नौकर दर्शन सिंह, उसकी पत्नी और तीन बच्चों ने घर के पिछवाड़े छिप कर जानें बचाई ।

श्री बाजवा उग्रवादियों की हिटलिस्ट में थे । कादियां (गुरदासपुर) स्थित उनके ठेके को जला दिया गया था और कुछ माह पहले ठेके के एक करिंदे की हत्या कर दी गई थी ।

उग्रवादी भी घायल हुये ?

पुलिस को आशंका है कि फायरिंग के दौरान भी उग्रवादी घायल हुये हैं क्योंकि जिस रास्ते से वह भाग कर गये हैं, वहां भी खून बिखरा पड़ा मिला है ।

श्री बाजवा 1969 में अकाली सरकार में मंत्री थे । 1975 में आपात स्थिति के दौरान वह कांग्रेस में शामिल हो गये थे । कांग्रेस में आने से पूर्व तक वह अकाली दल के विधायक दल के नेता थे । बाद में वह गुरदासपुर जिला कांग्रेस के 5 वर्ष तक अध्यक्ष रहे । वह पार्टी की राज्य शाखा की कार्यकारिणी के भी सदस्य रहे । उनके पुत्र प्रताप सिंह बाजवा पिछले वर्ष तक पंजाब युवा कांग्रेस के अध्यक्ष थे ।

जिलाधीश सरबजीत सिंह, सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. एस.एस. विर्क, जिला पुलिस चीफ मोहम्मद इज़हार आलम सहित वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गये । क्षेत्र की नाकेबंदी करके पैदल भागे उग्रवादियों की तलाश शुरू कर दी गई ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)


1


2


3


4


5


6


7


1


2.


3


4


5


6



7


8

Punjabi Sanatani

लिस

है : मंगल सेन

या : गुप्ता

के अध्यक्ष हेमवती नंदन
। सदन के अन्दर दर्शकों
मौकों पर संसदीय कार्य
कर लोगों से चुप रहने की
ी । दर्शकदीर्घा में लोग
देखे गए क्योंकि वह आगे
थे । हरेक की इच्छा थी
बसे आगे बैठकर कार्रवाई
मय आज लगभग उर्दू का
ी चौ. देवी लाल, इंका
उर्दू में भाषण दिया जबकि
सेन ने भी किसी हद तक
लगभग सभी वक्ताओं ने
ण सिंह को किसानों का
ह शोक प्रस्ताव सदन के
किया । इन प्रस्तावों पर
ने कहा कि उग्रवादी तो
हैं । यदि कुछ वर्ष पूर्व
सीमा सील कर दी जाती
ग लेकर यहां न आते ।
बैठ कर तमाशा देख रहा
र शांति स्थापना के लिए
लियनें मांगती हैं तो उसे
ती हैं । इशारों-इशारों में
लालडू और फतेहाबाद के
र की साजिश की बू आती
दीय मंत्री को तो इसी तरह
किसी फिल्म की शूटिंग हो
हमारा मंत्री इन हत्याकांडों
ने अस्पताल गया तो उसे
ठ 8 पर)

रान 8

सामान्य

बाद दोपहर 2 से 7 बजे
ई । इस ढील के दौरान
अधिकांश दुकानें खुलीं
निक जीवन की वस्तुएं

उपमहानिदेशक श्री रमेश
कारों को बताया कि गत
के दौरान 20-25 दुकानें
ताया कि पुलिस ने अब तक
माल बरामद कर लिया
टी छः बन्दूकें बरामद कर
बताया कियदि स्थिति इस
म्भवतः कल से दिन के
।
वह हरियाणा सरकार से
में पुलिस अधीक्षक का
कया जाए तथा पुलिस को

आठ व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । उनके शोक में सरकारी कार्यालय बंद रहे और कादियां में हड़ताल रही । घात लगा कर हमला करके उग्रवादियों ने 3 पुलिस कर्मियों को घायल कर दिया । दूसरी तरफ पुलिस ने कई आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । बिधिपुर के निकट मुठभेड़ में एक उग्रवादी मंजीत सिंह मारा गया ।

बाजवा व 5 अन्य की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): आज तड़के लगभग 3 बजे एक दर्जन सशस्त्र आतंकवादियों ने भूतपूर्व मंत्री सतनाम सिंह बाजवा और उनके 5 अन्य साथियों की अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति महल सिंह को घायल कर दिया । आतंकवादी भागते समय श्री बाजवा और उनके साथियों के हथियार, जिनमें 30 एम.एम. की कार्बाईन, 315 बोर की राईफल, एक बंदूक, एक रिवाल्वर और कारतूस शामिल हैं, भी साथ ले गये । प्राप्त विवरण के अनुसार श्री सतनाम सिंह बाजवा ने घटना वाली रात अमृतसर सदर पुलिस थाना के गांव भैनी गिल्लां, जो अमृतसर-मजीठा रोड शामिल हैं, को रात्रि भोज पर आमंत्रित किया था । भोज के बाद कुछ लोग तो वापिस चले गये और कुछ वहीं सो गए । लगभग एक दर्जन आतंकवादी, जो स्वचालित हथियारों से लैस थे, श्री बाजवा के फार्म हाऊस में लगभग 2.50 बजे रात को घुसे और वहां सो रहे श्री बाजवा, सरपंच भजन सिंह, पाल सिंह और बीर सिंह की अंधाधुंध गोलियां बरसा कर हत्या कर दी । इनके अलावा श्री बाजवा का गनमैन सुखदेव सिंह सुक्खा और उनका ड्राईवर निर्मल सिंह भी फायरिंग में मारे गये । सुखदेव सिंह की मृत्यु अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई, जबकि शेष ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । पुलिस का कहना है कि निःसंदेह यह आतंकवादी घटना है, लेकिन यह भी संभव है कि यह हत्याएं ज़मीनी-झगड़े के कारण करवाई गई हों । गांव वासियों ने बताया कि उग्रवादियों की संख्या 10 से 12 के बीच थी । पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने स्टेनगन, राईफलों और रिवाल्वरों का प्रयोग किया । श्री बाजवा के नौकर दर्शन सिंह, उसकी पत्नी और तीन बच्चों ने घर के पिछवाड़े छिप कर जानें बचाईं ।

उग्रवादी भी घायल हुये ?

पुलिस को आशंका है कि फायरिंग के दौरान भी उग्रवादी घायल हुये हैं क्योंकि जिस रास्ते से वह भाग कर गये हैं, वहां भी खून बिखरा पड़ा मिला है ।

श्री बाजवा 1969 में अकाली सरकार में मंत्री थे । 1975 में आपात स्थिति के दौरान वह कांग्रेस में शामिल हो गये थे । कांग्रेस में आने से पूर्व तक वह अकाली दल के विधायक दल के नेता थे । बाद में वह गुरदासपुर जिला कांग्रेस के 5 वर्ष तक अध्यक्ष रहे । वह पार्टी की राज्य शाखा की कार्यकारिणी के भी सदस्य रहे । उनके पुत्र प्रताप सिंह बाजवा पिछले वर्ष तक पंजाब युवा कांग्रेस के अध्यक्ष थे ।

जिलाधीश सरबजीत सिंह, सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. एस.एस. विर्क, जिला पुलिस चीफ मोहम्मद इज़हार आलम सहित वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गये । क्षेत्र की नाकेबंदी करके पैदल भागे उग्रवादियों की तलाश शुरू कर दी गई ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)









अमृतसर के गांव भैनी गिल्लां में शुक्रवार तड़के आतंकवादियों ने कांग्रेस (इ) नेता श्री सतनाम सिंह बाजवा और 5 अन्य की गोलियों से हत्या कर दी । चित्रों में (1) श्री बाजवा का एक पुराना चित्र, (2) गोलीबारी में घायल मैहल सिंह, (3) श्री बाजवा का बेटा प्रताप सिंह बाजवा घटना के विवरण पुलिस को देते हुए, (4) अस्पताल के बाहर जमा लोगों की भीड़, (5) गांव में गश्त करती पुलिस । (6), (7) घर में चारपाइयों और फर्श पर फैला खून । *(छाया : ओम भंडारी, प्यारे)*










(1) भैणी गिलां में मारे गये श्री सतनाम सिंह बाजवा के ड्राईवर निर्मल सिंह, (2) गनमैन सुखदेव राज, (3) सरपंच हरभजन सिंह, (4) पाल सिंह, (5) वीर सिंह के शव (छाया : भंडारी), (6) जालंधर में बिधिपुर फाटक के निकट मुठभेड़ में मारा गया उग्रवादी मंजीत सिंह, (7) उससे बरामद रिवाल्वर, 10 हज़ार रुपये तथा (8) स्कूटर *(छाया : कपूर)*

Punjabi Sanatani

भारत की सरकार को गिराने के प्रयत्नों

काले बिल्ले लगाएंगे

नई दिल्ली, 10 जुलाई (वार्ता): देश भर के डाक घर और रेलवे डाक सेवा के लगभग चार हजार

जैल सिंह के लिए त्याग राज़
मार्ग पर आवास की व्यवस्था

उग्रवाद की कब्र...

(पृष्ठ 1 का शेष)

टी.वी. पर दिखाया ही नहीं गया । उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को इस तरह की साजिशों से चौकस रहना चाहिए क्योंकि कुछ शक्तियां हरियाणा में शांति को आग लगाने और आपसी भाईचारा को बिगाड़ने की ताक में बैठी हैं ।

उन्होंने कहा कि अब 1987 है और हरियाणा में गरीबों और किसानों का राज है । अब यहां गढ़बढ़ नहीं हो सकेगी और न ही पंजाब का और बंटवारा ही करने दिया जाएगा । चौ. तैयब हुसैन ने स्वर्गीय नेताओं को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए कहा कि यदि चौ. देवी लाल की सरकार ने आतंकवादियों को दबाने की कोशिश की तो इसका इस काम में उन्हें पूर्ण सहयोग देगी । मंत्रिमंडल में एक अन्य सदस्य ने चौ. देवी लाल से अपील की कि वह प्रधानमंत्री राजीव गांधी को स्पष्ट तौर पर बता दें कि हमारे शासन में आग लगाने, कोई गड़बड़ करने, अशांति फैलाने और हस्तक्षेप करने से बाज आएं । यदि कोई ऐसी बात की गई तो हरियाणा की जनता उसे बर्दाश्त नहीं करेगी ।

श्री बनारसी दास गुप्ता ने कहा कि जिस ढंग से यह घटनाएं घटनाएं हुई हैं, हमें इसमें किसी साजिश की बू आती है । हरियाणा में कुछ नहीं हुआ, लेकिन नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह करने की फोटोग्राफी जो रही है । अभी तो हमें सत्ता संभाले हुए सात दिन ही हुए हैं । उन्होंने कहा कि चौ. देवी लाल ने सत्ता की बागडोर संभालने के बाद अभी सचिवालय में कदम ही रखा था कि ये घटनाएं हो गई । उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि कंडीय सीमा इस तरह से सांप्रदायिक तनाव के दुरुद्देश्य की टीमें साथ लेकर फतेहाबाद और हिसार आए हैं, जैसे किसी फिल्म की शूटिंग हो रही हो । श्री गुप्ता ने कहा कि चौ. तैयब हुसैन जैसे लोगों को गहराई से सोचना चाहिए कि इतनी जल्दी ये घटनाएं कैसे हो गई और दूरदर्शन की टीमें हिसार और फतेहाबाद लाकर नोटिस क्यों रख गया । उन्होंने कहा कि चौ. देवी लाल की सरकार को तो वही सरकारी मशीनरी और ढांचा मिला है, जो पिछले कई वर्षों से चला आ रहा है और वही अधिकारी काम कर रहे हैं, जो पहले से तैनात हैं । श्री हीरा नंद आर्य ने कहा कि यह तो रंग में भंग डालने की सोची-समझी साजिश है । हालांकि फतेहाबाद की जो घटनाएं हैं, वह देश के लिए खतरनाक हैं ।

भाजपा के श्री रामजीलाल शर्मा ने संक्षिप्त व्यक्तव्य किया कि यह साजिश दिल्ली में चौ. गर्ग जिन्हें मंत्रिपद चंडीगढ़ पहुंचते ही चौ. देवी लाल की लोकप्रियता को खत्म करना है । उन्होंने कहा कि दिल्ली को अब सावधान रहना चाहिए । अब लोग उसकी साजिश में नहीं आएंगे । आतंकवाद की कब्र हरियाणा में ही खोदी जाएगी और इसका श्रेय देवी लाल सरकार को मिलेगा । इंका के महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह की घटनाओं की जिम्मेदारी किसी भी सरकार पर नहीं डाली जा सकती । मेरे विचार में इसके पीछे कोई षड्यंत्र नहीं है । मैं तो इसको चौ. देवी लाल सरकार की कोताही भी नहीं मानता । उन्होंने कहा कि इसके पीछे कोई कारण हो सकते हैं क्योंकि अभी तो यहां सरकार बनी ही नहीं है । हमें किसी के ऊपर आरोप नहीं लगाने चाहिएं । यह पंजाब और हरियाणा का नहीं बल्कि देश की एकता और अखंडता का मामला है । उन्होंने कहा कि इन घटनाओं के पीछे यह मांग भी हो सकती है कि पंजाब विधानसभा भंग करके नए चुनाव कराए जाएं । उन्होंने कहा कि इन वारदातों से पहले पंजाब और दिल्ली में भी इस तरह की वारदातें होती रही हैं । जब भाजपा सदस्यों ने इंका के श्री महेंद्र प्रताप सिंह को टोकना चाहा तो स्पीकर श्री चट्टड़ ने हस्तक्षेप करते हुए बात आगे बढ़ने से रोक ली । श्री चट्टड़ ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध हम सबको मिल कर लड़ना होगा । श्रद्धांजलि भेंट करने वालों में भारी उद्योग, जन, कानपाल वर्मा, रतन लाल कटारिया, सुभाष कल्याण, रघु यादव, जगन्नाथ, भगवान सहाय, जगपाल सिंह चौधरी और धीरपाल भी शामिल थे ।

'ह.स.' के अनुसार सदन ने पंजाब समस्याओं के विरुद्ध 'न्याय युद्ध' के दौरान पुलिस फायरिंग में मारे गए बैर सिंह, धर्म सिंह और ओम प्रकाश गोयल को श्रद्धांजलि अर्पित की । मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इन शहीदों की याद में उचित स्मारक बनाए जाएंगे ।

लाशों से भरी बस

(पृष्ठ 1 का शेष)

उसके 17 वर्षीय चचेरे भाई जिले सिंह ने हौसला किया और एक सरपंच के कहने पर लाशों से भरी बस चला कर फतेहाबाद ले गया । उसने बस को एक प्राइवेट डाक्टर के निवास के बाहर रोका और उसकी मदद मांगी लेकिन डाक्टर ने उसे तथा बच रहे अन्य लोगों को सीधे जनरल अस्पताल जाने की सलाह दी क्योंकि मामला बहुत गंभीर था । जिले सिंह को जब यह एहसास हुआ कि वह इतनी लाशों तथा घायलों को ले जा रहा है तो वह घबरा गया । वह गांव लौटा तो तब तक सब को ले जाने के लिए एक ट्रक ड्राइवर की मदद ली ।

बस का एक यात्री बलदेव राज (35) इतना सौभाग्यशाली नहीं था । वह छट्ठी गुजार कर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अपने पैतृक नगर बटाला से लौट रहा था जबकि उसके परिवार के सदस्यों को आतंकवादियों ने बस से उतार आगे दिया था, तो उन्होंने गोली मार दी । उसकी विलखती पत्नी बेहाल थी । वह चीख रही थी—उन्होंने इसे क्यों नहीं मार डाला ?

18 वर्षीय कालेज छात्र राज बहादुर सिंह यात्री था । उसकी मां ने एक गोली उसी जीप में बैठे बच गया । गोली आपरेशन द्वारा निकाल दी गई वह अपने पिता के साथ सिरसा जा रहा था । वह आतंकवादी अगला दरवाजा खोल कर बस में आ गए हुए वह पिछला दरवाजा खोल उतर गया और खेतों में भाग गया ।

सिंध

(पृष्ठ 1 का शेष)

संतुलन बदलने के लिए वहां से सिंधी लोगों को लाकर बसा रहे हैं । श्री सैयद ने कहा कि विश्व पर प्रभुत्व जमाने वाली ताकतों भारत और पाकिस्तान को एक-दूसरे से भिड़ाए रखने की हर संभव कोशिश कर रही है ताकि वह दोनों तबाहहाल बनकर उनके प्रभाव क्षेत्र से बाहर नहीं निकल जाएं । श्री सैयद ने कहा कि देश का बंटवारा गलत सिद्धांतों पर हुआ था ।

श्री सैयद आजकल हमारा बादशाह खान को देखने यहां एक माह के पैरोल पर आए हैं । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में अभी भी सिंधियों को सताया जा रहा है । उन्होंने कहा, "मैं महात्मा गांधी द्वारा बताए रास्ते में ही सिंधियों को उनके हक दिलाने के लिए संघर्ष कर रहा हूं ।"

उन्होंने कहा बेहतर तो यह होता कि सिंधियों को उनका हक दिलाने के लिए पाकिस्तान सरकार सिंध, पख्तून और पंजाब का महासंघ बनाने को तैयार होती ।

बम्बई बंद के दौरान हिंसा

(पृष्ठ 1 का शेष)

ही हवाई अड्डे तक पहुंचे, जबकि कुर्ला को टैक्सी ज़ख्मी हो गये ।

राज्य परिवहन के प्रवक्ता ने बताया कि बम्बई जाने वाली एक बस और थाणे-भिवंडी मार्ग पर चलने वाली राज्य परिवहन की तीन बसें आज सवेरे पथराव के दौरान क्षतिग्रस्त हुई ।

राज्य के विभिन्न भागों से लगभग 50 बसें बम्बई पहुंचीं और करीब 106 बसें पुलिस सुरक्षा के घेरे में विभिन्न इलाकों के लिये यहां से रवाना हुई हालांकि इनमें यात्रियों की संख्या बहुत कम थी ।

ऐतिहातात के तौर पर राज्य परिवहन की बम्बई जाने वाली सभी बसों को न्यू बम्बई वाशी में ही रोक दिया गया है, और वहां से यात्रियों को विशेष बसों द्वारा उनके गंतव्य तक पहुंचाया जा रहा है ।

इसी तरह राज्य परिवहन ने बम्बई से वाशी के लिये भी विशेष बसें चलाई हैं, जहां से यात्री अन्य बसों पर अपने अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं ।

राज्य रिजर्व की पुलिस कम्पनियों को शहर में बंदोबस्त ड्यूटी पूरी तैनात किया गया है और दो कम्पनियों को सम्भावित गड़बड़ी से निपटने के लिये अलग रखा गया है ।

भाजपा और शिवसेना के कार्यकर्त्ता मुलुंड, भांडुप और विक्रोली में अपनगरीय स्टेशनों के बाहर जमा हो गये और उन्होंने यात्रियों को उनके कार्यालयों में जाने से रोका ।

इसी तरह स्कूल, कालेज, व्यापारिक प्रतिष्ठान, रेस्तरां और मनोरंजन के अन्य साधनों में बम्बई बंद का व्यापक असर देखने को मिला । बम्बई शेयर बाजार में भी कोई असर नहीं पड़ा ।

शिव सेना के तेवर को खुरच पोंछ दिया

महानगर में आज बंद के दौरान शिव सेना के समर्थकों ने जो तेवर दिखाए हैं उनसे यह साफ संकेत मिलता है कि शिव सेना को अपनी ही ताकत पर भरोसा नहीं है । शिवसेनी दलों द्वारा किए गए इस बंद के दौरान सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया ।

मध्य और पश्चिमी रेलवे की रेल सेवाएं पूरी तरह ठप्प हो गई । हार्बर लाइन पर रेल सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई । 23 बसें क्षतिग्रस्त हो गई और एक ड्राइवर-कंडक्टर घायल हो गए । उत्तर-पश्चिम बम्बई के साहिम इलाके के शिव सेना प्रमुख प्रकाश अन्सर का घेराव कर पुलिस ने गार्ड-पीट की । बंद का असर उपनगर 'पूना बंद रहे' में दुकानदारों से दुकानें बंद करने की अपीलें कर रहे थे । शिव सेना प्रमुख बाल ठाकरे ने बताया कि घटना के बारे में उन्होंने शहर-पुलिस आयुक्त को विज्ञापित की है । उन्होंने आरोप लगाया कि एक थाने में पार्टी के एक अन्य कार्यकर्त्ता को हथकड़ी डाल कर खिड़की से बांध दिया गया ।

बन्द सफल रहा

विपक्षी दलों द्वारा आयोजित 24 घंटे का 'बम्बई बन्द' लगभग सफल रहा और इस दौरान अधिकतर दुकानें, रेस्तरां और कार्यालय या तो बंद रहे अथवा उनमें उपस्थिति नगण्य रही । यही स्थिति सरकारी कार्यालयों की भी थी । पुलिस महानिदेशक एस.एस. उभा ने बताया कि पथराव की कुछ मामूली घटनाओं तथा राजमार्ग और रेल की पटरी पर बाधाएं खड़ी करने की कार्रवाई के अलावा बम्बई व महाराष्ट्र के कुछ अन्य शहरों में बंद शांतिपूर्ण रहा । टैक्सी चालकों की यूनियन तथा नगर बस सेवा ने बंद में शामिल होने की घोषणा नहीं की थी, लेकिन टैक्सी, रिक्शा या बसें नहीं चलीं ।

पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार, पहले प्रदर्शनकारियों के मलाड, जोगेश्वरी और अन्य अनेक स्थानों पर रेल पटरियों पर लेट जाने से चर्च गेट और विरार के बीच रेल यातायात अवरुद्ध हो गया था । इसी कारण सवा दस बजे चर्चगेट और दादर के बीच उपनगर ट्रेन सेवा रद्द कर दी गई थी ।

प्रवक्ता के अनुसार पश्चिम रेलवे के अधिकारी बम्बई आने वाली इंदौर एक्सप्रैस और गांधीधाम

Punjabi Sahaara

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

बिकाऊ

12½ कनाल ज़मीन का इंडस्ट्रियल प्लाट छन्नी (डमटाल) जी.टी. रोड पर 180 हार्स पावर कनैक्शन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 10.7.87 Rs. 48/- without trays. NECC suggested

पंजाब में 3 लोगों की हत्यायें, 1.46 लाख लूटे

चंडीगढ़, 15 जुलाई (वार्ता) :पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब में एक रिटायर्ड हवलदार सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि उग्रवादियों ने कपूरथला जिला में एक बैंक से 1.46 लाख रु. लूट लिए ।

किसान की हत्या, छः बंदी

अमृतसर (भाटिया): पुलिस नियंत्रण केंद्र से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार अमृतसर जिले में पिछले 24 घंटों में अजनाला क्षेत्र में एक किसान की अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी और जिला में छः संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । थाना अजनाला के गांव करेर टाना में एक किसान कुलवंत सिंह की अज्ञात व्यक्तियों ने उसके ट्यूबवैल पर तेज़धार हथियारों से हत्या कर दी ।

अजनाला पुलिस ने गत रात्रि गांव टेड़ा कलां में छापा मार कर चार व्यक्तियों को आतंकवादियों को शरण देने तथा हथियार सप्लाई करने तथा आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में गिरफ्तार किया । पुलिस ने उनकी दिलबाग सिंह, काबुल सिंह, इंद्र सिंह और केहर सिंह के रूप में शिनाख्त की है । भिखीविंड पुलिस ने गश्त के दौरान स्वर्ण सिंह नामक आतंकवादी को पकड़ा और उसके कब्ज़े से 12 बोर का एक पिस्तौल व कारतूस बरामद किए । झब्बाल पुलिस ने मेघ सिंह उर्फ़ मेघा नामक आतंकवादी को एक पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है ।

कार छीन ली

चौक मैहता क्षेत्र में पांच व्यक्तियों ने जसवंत सिंह नामक आदमी से पिस्तौल की नोक पर एक अम्बैसेडर कार डी.आई.बी. 7538 छीन ली और फ़रार हो गए ।

बाबा बकाला से 'प्रेम' के अनुसार कार छीनने वाले उग्रवादी पहले गांव में किसी शादी वाले घर गए और लाऊड स्पीकर पर बजने वाले गाने अश्लील कह कर बंद करवा दिए । फिर उन्होंने जसपाल गांव जाने के लिए ट्रैक्टर मांगा । घर वालों ने कहा कि बाहर मिनी बसें मिलती हैं, अतः वह वहां चले जाएं । वह वहां से चले गए । रास्ते में एक घर में उन्होंने सफ़ेद अम्बैसेडर कार देखी और उसके मालिक को जगाया । उन्होंने कहा कि वह लुटेरे या उग्रवादी नहीं हैं, किराए सहित कार लौटा देंगे । वह खुद ही कार को 'धक्का-स्टार्ट' करके ले गए । जसवंत सिंह दिल्ली के दंगों के बाद यहां आ गया था । उसे जो मुआवज़ा मिला था, उससे उसने कार खरीद ली और रोज़ी-रोटी कमाने लगा ।

स्कूटर बरामद

ब्यास हत्याकांड में प्रयुक्त क्रीम रंग का स्कूटर पी.यू.ओ. 124 सी.आर.पी.एफ. ने गांव भिडरों के निकट बरामद कर लिया । स्कूटर का नम्बर आगे लिखा हुआ था, जबकि पीछे कोई नम्बर नहीं है ।

खोखों में आग

मैहता थाना के गांव चन्ना में मीट, चाय, सब्ज़ी, सिगरेट और शराब के लगभग एक दर्जन खोखे जला दिए गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार वहां शराब के मालिक का ठेका बंद करने बारे कई धमकी पत्र मिले थे । यह खोखे दमदमी टकसाल के मुख्यालय गुरुद्वारा गुरदर्शन प्रकाश के पास अमृतसर-मैहता चौक सड़क पर स्थित थे ।

जंडियाला में दो स्कूटर सवार उग्रवादी आज दोपहर हरदेव सिंह के घर से 15000 रु. लूट ले गए ।

अमृतसर की अजनाला तहसील के एक दर्जन शराब ठेके कल रात्रि उग्रवादियों ने जला दिए ।

7 खोखे जलाए

रैय्या के हमारे संवाददाता के अनुसार गत रात वहां से 15 किलोमीटर दूर 'नाथ दी खही' में 7 खोखे जला दिए गए । इनमें मीट और दर्ज़ी का खोखा भी था । इसके अतिरिक्त अमृतसर-मेहता रोड पर एक शराब का ठेका भी जला दिया गया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बैंक से 1.46 लाख लूटे

जालन्धर (क): आज दोपहर यहां से 12 कि.मी. दूर गांव रावलपिंडी (थाना सदर फगवाड़ा) में स्थित सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक की ब्रांच से दो कार सवार हथियार उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर 1,46,433 रुपए लूट कर ले गए और कार में ही फ़रार हो गए ।

बाद में यह मारुति कार पी.एच.बी. 9477 उन्होंने चहेड़ू के निकट छोड़ दी । यह कार आज यहां प्रातः 9.30 बजे स्थानीय माडल टाऊन में ए. पी. जी. कालेज फ़ार फाइन आर्ट्स के पूर्व प्रिंसीपल श्री एस. एल. मिश्रा से पिस्तौल की नोक पर उनके घर के निकट से ही छीनी थी ।

'वार्ता' के अनुसार फगवाड़ा में पुलिस उपाधीक्षक श्री दर्शन सिंह ने बताया कि पहले एक आतंकवादी बैंक में एक ग्राहक के साथ घुसा और भीतर पहुंच कर रक्षक रजिन्दर सिंह से उसकी बंदूक छीन ली । इसके बाद उसने निर्मल सिंह खज़ांची से रुपए छीन लिए । उन्होंने बताया कि इस आतंकवादी का साथी बैंक के बाहर मारुति कार के पास अपने साथी की प्रतीक्षा में खड़ा था । उसने बाहर खड़े रक्षक से बंदूक छीन ली । बाद में दोनों आतंकवादियों ने दोनों बंदूकों और कारतूसों को लूट की राशि के साथ गाड़ी में रख लिया, किन्तु बाद में रास्ते में उसे फैंक दिया ।

कपूरथला से 'शर्मा' के अनुसार उग्रवादियों का पीछा किया जा रहा है ।

फगवाड़ा की एक सूचना में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने चहेड़ू के पास के क्षेत्र की व्यापक छानबीन शुरू कर दी है जहां दो उग्रवादी रावलपिंडी ग्राम से बैंक लूट कर भागने के बाद डकैती में प्रयुक्त कार छोड़ कर भाग गए थे । सुरक्षा बलों ने चहेड़ू, दरवेश, अठोली, नारंगपुर ग्रामों को घेर लिया है । जहां उग्रवादियों के छिपे होने की संभावना है । वहां घर-घर की तलाशी जारी है । कपूरथला के पुलिस चीफ पी.एम. दास ने घटनास्थल का आज दौरा किया ।

जालंधर सदर थाना क्षेत्र में दो संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात अशोक कुमार नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

5 उग्रवादी गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा) : एस.पी. श्री पी.एम. दास ने पत्र प्रतिनिधियों को बताया कि जिला पुलिस ने गत 24 घंटों के दौरान पांच कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से 4 पिस्तौल, 6 कारतूस और लूटे हुए 12 हजार रुपए बरामद किए हैं । कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गुरमेज सिंह और बलजिन्दर सिंह को गिरफ्तार करके उनके

(शेष पृष्ठ 6 पर)



...र्णतया मुक्त : डाक्टर का ...में स्वस्थ करने का दावा

...तैयार की है, वह 24 घंटे में एच.टी.एल.वी.-3

स्वीडन के अधिक... कांड में आरोपों...

स्टाकहोम, 15 जुलाई (ए.पी.): स्वीडन के एक अधिकारी ने बोफोर्स कंपनी को लेकर लगे घूस के

Punjabi Sahitar

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कब्ज़े से एक 303 का पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए हैं । बलजिन्दर सिंह खतरनाक आतंकवादी बगीचा सिंह का निकटतम साथी है और बगीचा सिंह पुलिस को हत्या के तीन केसों में वांछित है ।

फगवाड़ा शहर में गश्त के दौरान पुलिस ने मनजीत सिंह और सर्वजीत सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से दो पिस्तौल, 3 कारतूस बरामद किए हैं । ये दोनों गिरफ्तार आतंकवादी कुलदीप सिंह उर्फ़ केपा और बलविन्दर सिंह के गिरोह से सम्बन्ध रखते हैं । ये पुलिस को अनेक हत्याओं, डाकों के केसों में वांछित थे । इस गिरोह के एक और सदस्य रविन्दर सिंह उर्फ़ रूपा को गिरफ्तार करके उससे लूटे हुए 12 हजार रुपए बरामद किए गए हैं । पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है ।

रिटायर्ड हवलदार की हत्या

बटाला (कोछड़): गत रात दो उग्रवादियों ने फ़ायरिंग करके जिला गुरदासपुर में बाला थाना सदर के गांव मीरपर में एक साठ वर्षीय रिटायर्ड पुलिस हवलदार श्री दर्शन सिंह की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार फ़ायरिंग के समय मृतक अपने ट्यूबवैल पर काम कर रहा था । इसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । इस सम्बन्ध में 2 व्यक्ति हिरासत में लिए गए हैं ।

खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने उक्त हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है । इस आशय का पत्र शव के पास पड़ा मिला था । मृतक अमृतसर के डी.एस.पी. गुरबचन सिंह का अंगरक्षक रहा था । गुरबचन सिंह की 1984 में उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी ।

तलाशी

सिटी पुलिस ने सिनेमा होल्डर क्षेत्र में भी छानबीन की । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार एक संदिग्ध व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

1 हजार लूटे

आज दोपहर लगभग एक बजे दो मोपेड सवार सशस्त्र आतंकवादियों ने स्थानीय गुरुनानक नगर में स्थित सब पोस्ट आफ़िस ब्रांच से एक हजार रुपए लूट लिए और फ़रार हो गए । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व सुरक्षा बल अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे व क्षेत्र की चारों ओर से नाकाबंदी कर दी ।

छुरा घोंप कर हत्या

पटियाला (भूषण): आज दोपहर 3 आतंकवादियों ने यहां फैक्टरी एरिया में शर्मा प्रोवीज़न स्टोर के मालिक बृज लाल शर्मा की छुरा घोंप कर हत्या कर दी । उग्रवादियों ने आते ही बृज लाल पर चाकुओं से हमला कर दिया । एक रिक्शा में जब श्री बृज लाल को राजेंद्रा अस्पताल ले जाया जा रहा था, तो रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया ।

80 हजार रुपए का माल ले गए

अहमदगढ़ (पुरी): शहर की घनी आबादी में स्थित मै. प्रकाश चन्द कृष्ण कुमार के घर से गत रात उग्रवादियों ने, करीब बारह बजे 80 हजार रुपए की नकदी एवं गहने चुरा लिए । लुटेरे जब भाग रहे थे, तब कृष्ण कुमार की पत्नी की अचानक आंख खुल गई, लेकिन उन्होंने उसका मुंह बांध दिया । इसी चक्कर में कृष्ण कुमार की आंख खुल गई और उसने उठ कर शोर मचाया, लेकिन अन्धेरे का लाभ उठा कर वे भागने में सफल हो गए ।

पंजाब केसरी
The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
वर्ष 23 अंक 36
शनिवार, 18 जुलाई, 1987 तदनुसार, 3 भावण, 2044 मूल्य 70 पैसे, विमान द्वारा 90 पैसे

Manufactured by
KHALSA AGRICULTURE WORKS
KOT MIT SINGH, TARN TARAN ROAD,
AMRITSAR Ph. 52095 PP

उग्रवादियों द्वारा 2 शरणदाता परिवारों के 4 सदस्यों की हत्या

3 महिलाएं घायल, कोटली वसावा सिंह और बहादुरगढ़ में 2 और हत्याएं

अमृतसर में उग्रवादी का सिर-कटा शव मिला

चंडीगढ़, 17 जुलाई (ह.स., वार्ता): विगत 24 घंटों के दौरान उग्रवादियों ने अपने दो शरणदाता परिवारों के 4 सदस्यों और एक उग्रवादी सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी । इनमें से 6 हत्याएं जिला अमृतसर में हुई हैं ।

तीन घुसपैठिए मरे

कल रात्रि अमृतसर के अटारी सैक्टर में बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में तीन पाक घुसपैठिए मारे गए जिनमें से एक महिला थी । 5 अन्य पाक घुसपैठियों व पाक जा रहे 29 बंगला देशी नागरिक भी गिरफ्तार किए गए ।

3 सदस्यों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिले में जंडियाला थाना के गाव रामपुरा में कल रात उग्रवादियों ने 2 परिवारों के 4 सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी और 3 महिलाओं को गम्भीर घायल कर दिया । मृतकों में एक नवयुवती शामिल है । प्राप्त सूचना के अनुसार कल रात एक बजे के करीब 5 उग्रवादियों ने सतवंत सिंह के परिवार को खत्म करने के लिए उनके मकान की छत पर चढ़ कर हमला किया । घर के सभी सदस्य सो रहे थे । उग्रवादियों ने स्टेनगनों से फायरिंग की, जिससे सतवंत सिंह, उसका लड़का रजिन्दर सिंह, लड़की निर्मल जीत कौर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि सतवंत सिंह की एक अन्य युवा लड़की हरजीत कौर गम्भीर रूप से घायल हो गई । उसे अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने इस परिवार को खत्म करने के लिए हमला इसलिए किया था क्योंकि उन्हें शक था कि कुछ समय पूर्व क्षेत्र जंडियाला में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा जाने वाला

(शेष पृष्ठ 8 पर)



पंजाब राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारियों ने शुक्रवार को राज्यव्यापी पैन डाऊन, टूल डाऊन बोर्ड कर्मचारी संघ के उपप्रधान एच.एस. परमार ।





अजिताभ बच्चन और अमिताभ बच्चन

राजीव के निर्देश पर अ
द्वारा लोकसभा से इ

नई दिल्ली, 17 जुलाई : अभिनेता व विभिन्न स्कैंडलों से जुड़े इंका सांसद तथा प्रधानमंत्री राजीव गांधी के अभिन्न मित्र अमिताभ बच्चन लोकसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देकर सक्रिय राजनीति से अलग हो गए हैं । कांग्रेस (इ) सूत्रों के अनुसार श्री बच्चन ने यह त्यागपत्र प्रधानमंत्री राजीव गांधी के निर्देश पर दिया है । श्री बच्चन ने अपना त्यागपत्र प्रधानमंत्री को दिया था, जिसे प्रधानमंत्री ने मंजूरी की सिफारिश के साथ लोकसभा अध्यक्ष

बलराम जाखड़ को
श्री बच्चन कांग्रेस में
राजनीति में भाग
उनके परिवारजनों
अजिताभ बच्चन
को लेकर पिछले दि
उत्पन्न हो गया था
दलों में बल्कि सत्त
आलोचना का शि
(शे

राष्ट्रपति चुनाव में गड़बड़ कराने की सा

नई दिल्ली, 17 जुलाई : प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने आज यहां कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में गड़बड़ कराने सम्बन्धी प्रयासों के पूरे सबूत सरकार को मिल चुके हैं । सही समय पर देश के सामने इन सबूतों को रखा जाएगा । प्रधानमंत्री राजधानी के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्त्ताओं के बीच भाषण कर रहे थे । ये लोग श्री आर. वेंकटरमन के राष्ट्रपति निर्वाचित होने की खुशी में प्रधानमंत्री निवास गए थे । इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा "वेंकटरमन जी की विजय ऐतिहासिक विजय है । क्योंकि पिछले कई महीनों से इस चुनाव में अड़चने डालने की, कुछ बार हमें सबूत भी मिला है और ठीक समय पर देश के सामने हम वह सबूत रखेंगे ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन पिछले कुछ महीनों में कांग्रेस को नीचा दिखाने और चोट पहुंचाने के लिए सब कांग्रेस विरोधी शक्तियां एक हो गईं । दुःख तो यह हुआ कि वो लोग जो कांग्रेस के साथ लड़े, जनता शासन में भी हमारे साथ रहे, पिछले महीनों में वो भी इन्हीं शक्तियों के साथ हो गए । उन्हें मालूम था कि ये वो ही लोग हैं जिन्होंने कांग्रेस का विरोध 1977 से 1980 के बीच किया था । इंदिरा जी पर मुकद्दमा चलाने में इन्होंने पूरी शक्ति लगा दी थी ।

उसका अस्तित्व ही न
नहीं बचे । दूसरा रा
रास्ते पर चलें । दू
हम इस दूसरे रास्ते प
उन्होंने कहा कि अप
मजबूती से चलेंगे उत
कोशिश होगी । ऐसे
नहीं बढ़ पाए । "ल
दिखाया है कि भारत
नहीं हटा सकता । इ
नहीं हटा सकता ।"

Punjabi Samachar

धी राजनीतिज्ञों के साथ ऐसा
। श्री नेहरू इस घटना के बारे
सिंह के निवास स्थान पहुंचे उस
रों के साथ बातचीत कर रहे
में बातचीत की और श्री सिंह
ड़ कर श्री खान के निवास स्थान
। श्री नेहरू ने जाते-जाते
ा, "श्री खान के निवास स्थान
।

क्षा कर्मियों की प्रशंसा की और
के कारण ही मैं आपके साथ बात
।" घायल सुरक्षा कर्मियों के
और वीरेंद्र हैं । तीसरे सुरक्षा
आने के कारण इलाज के लिए
ाया गया ।

वास के निकट हुई घटना का
राजगोपालन ने कहा कि पुलिस
ली थी कि कुछ युवक उनके
र रहे हैं । इस पर पुलिस वहां
ों को थाने ले गई । इन युवकों
कों ने रोके रखा था । बाद में
दिया गया । उन्होंने कहा कि
खान के समर्थकों ने पांच और
तथा पुलिस को बताया गया कि
पास 32 बोर के तीन कारतूस
वकों ने पुलिस को बताया कि
ब से श्री खान के समर्थकों द्वारा
न बुझ कर रखी गई । श्री
या कि पुलिस पूरे मामले की
है । उन्होंने कहा कि शाम को
के बावजूद श्री खान ने
ोई शिकायत नहीं कराई है ।
त्री आरिफ मोहम्मद खान पर
किए गए दो हमलों के बाद
लेन स्थित निवास पर सुरक्षा
गई है । उनके निवास के चारों
ा कर्मी तैनात कर दिए गए हैं

उपायुक्त वी. राजगोपाल ने सुरक्षा कर्मियों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा कि श्री खान के निवास के बाहर शाम करीब पांच बजे कम से कम दो गोलियां चलाई गई । श्री राजगोपाल ने कहा कि युवक कांग्रेस के दो कार्यकर्त्ताओं को हिरासत में लिया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है । श्री खान के समर्थकों ने इन दोनों कार्यकर्त्ताओं की जमकर पिटाई भी की ।

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

खूंखार आतंकवादी मथुरा सिंह सतवंत सिंह की सूचना पर घेर लिया गया था ।

'वार्ता' के अनुसार इस गोलीकांड में एक अमृतधारी महिला सुरिंदर कौर भी गम्भीर रूप से घायल हुई है । नर्स का काम करने वाली सुरिंदर कौर स्वर्ण मंदिर परिसर स्थित सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन (गुरजीत गुट) के कार्यालय में आती-जाती थी ।

पुराने साथी की हत्या

थाना जंडियाला के ही गांव खैरा के एक व्यक्ति सुखवंत सिंह के परिवार पर भी रात को उग्रवादियों ने गोलियां चलाई, जिससे सुखवंत सिंह मारा गया जबकि उसकी मां प्रकाश कौर और पुत्रवधू इंद्रजीत कौर को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । घायलों को अमृतसर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है । सूचना मिलने पर सी.आर.पी.एफ. और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । इस घटना में आपसी दुश्मनी को भी दृष्टिविगत नहीं किया जा सकता । 'वार्ता' के अनुसार सुखवंत सिंह उग्रवादियों का पुराना साथी था । उग्रवादियों को शक हो गया था कि सुखवंत मुखबिर बन गया है ।

दोनों परिवार शरणदाता थे

एस.एस.पी. इजहार आलम ने बताया कि दोनों ही वारदातों में उग्रवादियों ने उन परिवारों के सदस्यों की हत्याएं की हैं, जिनके पास वह शरण लिया करते थे । उन्होंने बताया कि सतवंत की पत्नी एक स्थानीय अस्पताल में नर्स है । वह उग्रवादियों को शरण दिया करती थी, जिसका शव लगभग बीस दिन पहले गुरु राम दास अस्पताल के निकट गटर से मिला था । श्री आलम ने बताया कि खैरा गांव में उग्रवादियों का शिकार होने वाले परिवार के सदस्य खूंखार आतंकवादी बब्बर खालसा के अवतार सिंह पाहड़ा के रिश्तेदार हैं । पुलिस सूत्रों ने बताया कि खैरा गांव में कुछ दिन पूर्व महिलाओं ने उग्रवादियों को उस समय फायरिंग करके भगा दिया था जब उन्होंने सुखवंत सिंह के परिवार पर हमला करके 12 बोर की बंदूक और 11 कारतूस लूट लिए थे ।

उग्रवादी का शव मिला

सीमांत थाना घरिंडा के गांव मोडे के खेतों में एक युवक की सिर कटी लाश मिली है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । गोलियों से हत्या करने के बाद शव का सिर गायब कर दिया गया । यह शव किसी उग्रवादी का समझा जाता है । पुलिस को आशंका है कि उसकी हत्या उग्रवादियों ने की है । शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

एक और हत्या

पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने कल रात बल्टोहा थाने के कोटली बसावा सिंह गांव में बंता सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । वह उस समय अपने ट्यूबवैल पर सो रहा था ।

जमींदार की हत्या

पटियाला (भूषण): एक राजपूत जमींदार जोगेंद्र सिंह चौहान (32) की कल रात यहां से 8 कि.मी. दूर बहादुरगढ़ में एस्कार्टस फैक्टरी के निकट फार्म हाऊस पर गोली मार कर हत्या कर दी गई जबकि एस्कार्ट्स फैक्टरी का एक चौकीदार किरपाल सिंह घायल हो गया । पिस्तौलों और राइफलों के साथ 4 नकाबपोश आतंकवादी फार्म हाऊस में आए । छत पर सो रहे जोगेंद्र सिंह को जगा कर उग्रवादी नीचे ले आए और सारे लाइसैंसी हथियार हवाले करने को कहा । जोगेंद्र सिंह एक उग्रवादी के साथ उलझ गया । अन्य उग्रवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।

इसी दौरान जोगेंद्र सिंह के 15 वर्षीय बेटे जसदेव सिंह ने अपने पिता की बंदूक उठा कर उग्रवादियों पर फायरिंग शुरू कर दी । इस पर उग्रवादी भाग निकले । गोलियों की आवाज सुन कर एस्कार्ट्स का चौकीदार किरपाल सिंह वहां आ गया और उसने उग्रवादियों को ललकारा । उग्रवादियों ने गोली चला कर उसे घायल कर दिया । उग्रवादी खेतों से होते हुए फरार हो गए । पुलिस कर्मचारी 15 मिनट में वहां पहुंच गए और कुछ और अनचले कारतूस कब्जे में ले लिए । भागते समय एक उग्रवादी की जेब से पर्स वहां गिर गया, जिसमें राडा गांव के बघेल सिंह का नाम दर्ज था । पर्स में एक होम्योपैथिक डाक्टर द्वारा लिखी गई पर्ची भी है । पुलिस ने सारा सामान कब्जे में ले लिया ।

दसूहा (झावर): थाना दसूहा के गांव गग-सुलतान में कल रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने सुदेश कुमारी के ईंटों के भट्ठे पर भूसी के एक छप्पर को आग लगा कर राख कर दिया । सुदेश कुमारी के पति कृष्ण कुमार ने बताया कि आग आधी रात अढ़ाई बजे लगाई गई और आधे घंटे में छप्पर जल



फतेहाबाद के निकट हुए बस यात्री हत्याकांड के 4 मृतक, जिन

वी
(पृ

पत्र स्पष्ट है, उसक
श्री सिंह ने इ
आर्थिक अपराधियों
हाल में उठाए हैं ।
प्रत्येक सवाल उन्ह
और मंत्री के रूप में
की । इसे स्पष्ट
वाणिज्यमंत्री बनने
प्रबन्ध में श्रमिकों
तत्काल कदम उठा
सिंह से उन लोगों
स्विट्जरलैंड के बैंक
प्रधानमंत्री को चि
कहा... "मैं नाम नहीं
तो कानूनी प्रावधा
स्विट्जरलैंड सरक

इस सवाल के
अपराधियों के खि
घरानों पर छापे म
राजनीतिज्ञों को ब
ठोस जानकारी के
एक निर्धारित प्रक्रि
उनका प्रयास राज
गठजोड़ की व्यवस्
काम नहीं है । उन
वित्त मंत्री के रूप में
जानकारियां आई उ
सब प्रकार के लो
सार्वजनिक रूप से
और लेने वाले दोनों
कार्रवाई होनी चाहि

यह पूछे जाने
निष्कासित मंत्रियों
तो उन सबके साथ
खिलाफ संघर्ष और
सिंह ने कहा, "जन
का मंच समाप्त हुआ
से बोलूंगा ।"

श्री सिंह ने पार्टी
कहा कि इस संबंध
सभी दलों पर लागू

"जय प्रकाश
एक छोटा आदमी हूं
आज यह टिप्पणी उ
ने पूछा कि क्या
नारायण जैसा आंदो
ने कहा, "उनके स
हर व्यक्ति को अच्छ
है ।"

भूतपूर्व केंद्रीय
आज अनेक नेताओं
निष्ठा जताई । श
सिंह से भेंट की
इस्तीफा देकर अपने
लिया । उन्होंने श्री
दारा करें और जनता

ential/Industrial/Commercial Plots in
VIJAY NAGAR
Main G.T. Road, only @ 35/- per Sq. Yd.
SHAM NAGAR
@ 60/- per Sq. Yd.
Contact :
FIELD PROPERTY CENTRE,
ain Bus Stand, AMBALA CANTT. (Ph. : 23059).
lable under 'Group Housing Scheme' on 12 months instalments basis in 'MAYUR VIHAR' on G.T. Road).

सेल सेल
सेल–सिर्फ़ 3 दिन
में पहली बार तहलका, गर्मियों की हर
मुफ़्त के भाव मिलेगी ।
सिर्फ़ 2/- रु. में
सिर्फ़ 30/- रु. में
सिर्फ़ 35/- रु. में
गड़ हाऊस के बड़े हाल में ।
ऊस, नियर पी.डब्ल्यू.डी. रैस्ट हाऊस, घुमार मंडी रोड, लुधियाना ।

Punjabi Sanstan

कम्युनिस्ट नेता सहित 9 निर्दोषों की हत्या

चंडीगढ़, 22 जुलाई (वार्ता): पंजाब में कल रात [illegible] तक गोलीबारी की विभिन्न घटनाओं में नौ [illegible] मारे गए और कई घायल होगए । अमृतसर [illegible] के झब्बाल थाना क्षेत्र के सोहल गांव में [illegible]कवादियों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता [illegible] सिंह, उनकी मां, पत्नी, पुत्री और एक नौकर [illegible] हत्या कर दी । आतंकवादियों ने स्वर्ण सिंह के [illegible] पर उस समय हमला किया, जब वे लोग सो [illegible] । होशियारपुर जिले के माहलपुर इलाके में [illegible] प्रातः दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर [illegible] दो को घायल कर दिया जबकि एक व्यक्ति [illegible] में कष्ट लगने से दम तोड़ गया । जालन्धर [illegible] करतारपुर थाना क्षेत्र के सराय खास गांव में [illegible]वादियों ने एक दम्पति की गोली मारकर हत्या [illegible] और एक व्यक्ति को घायल कर दिया ।

[illegible]स्ट नेता और 4 की हत्याएं

अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर जिला के [illegible] थाना के गांव सोहल में आतंकवादियों ने [illegible]स्ट नेता स्वर्ण सिंह के घर में घुस कर [illegible] फायरिंग करके स्वर्ण सिंह (38), उनकी [illegible] कौर (33), माता दत्तो, बेटी राजवंत [illegible] और नौकर हीरा सिंह की हत्या कर दी तथा [illegible] वरिन्दर कौर (18) नरिन्दर कौर (12) [illegible] घायल कर दिया, जिन्हें प्रातः सिविल [illegible] में भर्ती करवा दिया गया ।

[illegible] सूचना के अनुसार रात को लगभग सवा [illegible] पांच आतंकवादी, जिनके पास पिस्तौल, [illegible] स्टेनगन थीं, गांव में आए, 4 आतंकवादी [illegible] खड़े हैं, जबकि एक दीवार के साथ छत [illegible] सीढ़ियों के सहारे छत पर जा चढ़ा और वहां [illegible] सिंह और नौकर हीरा सिंह की गोलियां [illegible] हत्या कर दी । गोलियों की आवाज़ सुन [illegible] आंगन में रहे परिवार के अन्य सदस्यों ने [illegible] शुरू कर दी । इस पर घर के बाहर [illegible] आतंकवादियों ने झरोखों में से फायरिंग करके [illegible] परिवार के दो अन्य सदस्यों की हत्या [illegible] और वरिन्दर कौर तथा नरिन्दर कौर को [illegible] दिया । वरिन्दर की पीठ में दाईं ओर गोली लगी है जबकि नरिन्दर कौर की दाईं टांग में गोली लगी है । यह सारा घटनाक्रम आधा घंटे में पूरा हुआ । जाते समय उग्रवादी खालिस्तान और भिंडरांवाला समर्थक नारे लगाते और परिवार को गालियां देते रहे । बताया जाता है कि आतंकवादी स्वर्ण सिंह की बंदूक भी साथ ले गये । घायल वरिन्दर कौर ने बताया कि वह अपनी 3 बहनों के साथ ट्रैक्टर ट्राली के नीचे छिप गई । आंगन में उसकी बुआ 3 बच्चों के साथ सो रही थी और वह बिल्कुल नहीं हिली । वह सभी बच गए । उसका एक भाई गुरबिंदर भी चुपचाप लेटा रहा । वरिंदर ने बताया कि उनका घर गांव से आधा कि.मी. दूर खेतों में बना हुआ है । आतंकवादियों के चले जाने के बाद उसकी बुआ गांव में गई और घटना के बारे में बताया, लगभग 12.30 बजे गांव वाले वहां पहुंचे और तड़के झब्बाल थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रातः 6 बजे पुलिस और सुरक्षा बल वहां पहुंचे । वरिन्दर ने बताया कि उसके पिता को कभी भी धमकी भरा पत्र नहीं मिला था, दोनों घायल बहनों की हालत खतरे से बाहर है ।

'भाटिया' के अनुसार फायरिंग में 2 पशु भी घायल हुये । जाते समय उग्रवादी वहां एक पत्र छोड़ गए जिस पर पिपल सिंह का नाम लिखा हुआ था । पत्र में लिखा था कि कामरेड कम्युनिस्टों द्वारा उग्रवादियों के विरुद्ध चलाए गये अभियान में हिस्सा लिया करता था ।

स्वर्ण सिंह कम्युनिस्ट पार्टी की जिला परिषद के सदस्य तथा जिला किसान सभा के उपाध्यक्ष थे ।

घटनास्थल से पुलिस ने विभिन्न हथियारों के 50 से अधिक खाली कारतूस बरामद किये हैं । क्षेत्र के कई निकटवर्ती गांवों की छानबीन की गई, लेकिन कोई उग्रवादी नहीं पकड़ा गया । पिपल सिंह का गिरोह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के अधीन वारदातें करता है । एस.एस.पी. इजहार आलम ने बताया कि घटनास्थल से 9 एम.एम. के 19, 445 बोर के 2, स्प्रिंग फील्ड राईफल का एक, 303 बोर के 30 और 12 बोर के 5 कारतूस बरामद किये गये हैं । धमकी पत्र में लिखा गया है कि "साम्प्रदायिक सद्भावना का प्रचार करने वालों को यह सबक सिखाया गया है ।"

उग्रवादी हथियारों सहित बंदी

श्री आलम ने विज्ञप्ति में कहा है कि जिला पुलिस ने कुछ आतंकवादियों को हथियारों और बिना नम्बर की मारुति कार सहित पकड़ा है । इनमें हरप्रीत सिंह उर्फ़ रंगी उर्फ़ राजू (रणजीत एवेन्यू अमृतसर) शामिल है । इससे मारुति कार, जो कुछ समय पूर्व सिविल लाइन्स क्षेत्र से छीनी गई थी, बरामद हो गई है । एक अन्य आतंकवादी गुरदेव सिंह पुप्पी (मकबूल रोड) को सिविल लाईन्स पुलिस ने 32 की रिवाल्वर सहित पकड़ा है । इसी प्रकार तरसेम सिंह उर्फ़ सांभा (ग्रीन एवेन्यू) को एक चोरीशुदा जापानी ट्रांज़िस्टर और हरप्रीत सिंह मिंटू (आनंद एवेन्यू) को मारुति कार के कागज़ों सहित बंदी किया गया है ।

भिखी विंड पुलिस ने हरबंस सिंह उर्फ़ कर्म सिंह (चूसलेवार) तथा बलदेव सिंह (भिखीविंड) को 12 बोर के 2 पिस्तौलों और कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है । रमदास पुलिस ने 2 आतंकवादियों गुरमीत सिंह (बल सिकंदर), बलजिन्दर (टोहरा कलां) से एक 303 बोर का पिस्तौल, 6 कारतूस, 12 बोर के चार, 9 एम.एम. के सात और 318 बोर के चार कारतूस बरामद किये हैं, इनके अलावा 2 अन्य को भी पकड़ा गया है । अमृतसर थाना बी डिविज़न पुलिस ने जसविन्दर सिंह बिल्ला (तेजनगर) को गिरफ्तार किया है । वह मलकीयत सिंह अजनाला गिरोह को हथियार और गोलियां सप्लाई किया करता था ।

2 घुसपैठिये मरे

अमृतसर के खेमकरण सैक्टर की मियांवाली चौकी के पास बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में 2 पाक घुसपैठिए मारे गए ।

3 मरे

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न) की सूचना है कि आज प्रातः लगभग सात बजे यहां से 25 किलोमीटर दूर माहलपुर में तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी और 2 को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि एक स्टेनगन और एक रिवाल्वर से लैस तीन उग्रवादी माहलपुर सब्ज़ी मंडी में आए । अभी सब्ज़ी की नीलामी शुरू नहीं हुई थी, लोग वहां जमा हो रहे थे । एक ट्रक भी वहां खड़ा था । आतंकवादियों ने ट्रक की दूसरी तरफ अपना स्कूटर खड़ा कर दिया और ब्लाक कांग्रेस के प्रधान श्री दुर्गा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भ्रष्टाचार के विरुद्ध सबसे बड़ी जंग मेरी सरकार ने ही छेड़ी : राजीव

नई दिल्ली, 22 जुलाई (वार्ता): प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने आज लोगों को आह्वान दिया कि वे उन तत्वों से सावधान रहें जो विदेशी ताकतों से सांठगांठ करके देश में समस्याएं खड़ी करना चाहते हैं । दिल्ली और उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से अपने निवास स्थान पर बड़ी संख्या में आये लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने यह आह्वान दिया । ये लोग उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस (इ) प्रत्याशी श्री आर. वेंकटरमन की विजय पर बधाई देने आये थे ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति देश को कमजोर नहीं कर सकता । उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ देश की आर्थिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए भी कृत-संकल्प है । श्री गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी ने जो मार्ग दिखाया है, देश की उन्नति और विकास के लिए उसी पर चला जायेगा ।

श्री गांधी ने कहा कि कुछ लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक निजी आंदोलन शुरू किया है परन्तु कांग्रेस (इ) ने तो ऐसा अभियान डेढ़ वर्ष से भी पहले ही शुरू कर दिया था । उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोगों ने प्रैस का उपयोग करके भी अभियान शुरू किया है । जनता को इस प्रकार के लोगों और उनकी गतिविधियों से सतर्क रहना होगा । उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जैसी जंग छेड़ी है वैसा आज तक किसी सरकार ने नहीं किया ।

श्री गांधी ने कहा है कि उनकी सरकार की खास चिंता यह है कि निर्धनों को गरीबी की रेखा से कैसे ऊपर उठाया जाये । उन्होंने कहा कि अमरीका, सोवियत संघ और यूरोपीय देशों के नेताओं के साथ वार्ताओं में भी भारत की जनता की गरीबी दूर करना ही मुख्य विषय रहा है ।

श्री राजीव गांधी ने कहा कि यदि भारत को अपनी स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखना है तो उसे अपने ही पक्ष का अवलम्बन करना होगा । किन्तु यह सुनिश्चित करने के लिए देश को सुदृढ़ रहना होगा और ऐसे सभी दबावों का प्रतिरोध करना होगा जो देश को कमजोर करते हैं । उन्होंने [illegible]

[illegible]ल द्वारा राजीव पर मुकद्दमे की अनुमति देने से इन्कार

[illegible] दिल्ली, 22 जुलाई (वार्ता): राष्ट्रपति ज्ञानी [illegible] ने बोफोर्स तथा अन्य रक्षा सौदों के बारे में [illegible] पुरी को प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के [illegible] मुकद्दमा चलने की अनुमति देने से इन्कार [illegible] है । उन्होंने कहा है कि इस मामले में [illegible] के विरुद्ध प्रथम दृष्टया (प्राइमा फेसी) [illegible] नहीं बनता

[illegible] भवन में श्री पुरी को प्राप्त पत्र के [illegible] राष्ट्रपति ने उनके (श्री पुरी) द्वारा प्रस्तुत [illegible] पर सावधानी के साथ विचार किया और [illegible] निष्कर्ष पर पहुंचे कि प्रधानमंत्री के विरुद्ध [illegible] और कांग्रेस (इ) संसदीय दल की उनको नेता चुनने के लिए कोई बैठक भी नहीं हुई थी । श्री पुरी ने कहा कि ऐसी बात का कहीं उदाहरण नहीं मिलता ।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने स्वयं यह स्वीकार किया था कि उन्होंने राजीव गांधी को प्रधानमंत्री पद की शपथ नेहरू परिवार के प्रति अपनी कृतज्ञता के कारण दिलाई थी । ऐसा लगता है कि उनके वर्तमान फैसले का कारण भी यही है । तथापि देश का भाग्य कोई निजी मामला नहीं है, जिसमें पारिवारिक सदस्य तथा मित्र संलिप्त हों बल्कि [illegible]

आग लगाकर आत्महत्या

जालन्धर, 22 जुलाई (क.): गत दिन जालन्धर कैन्टोनमैंट बोर्ड के एक दर्जा चार कर्मचारी राम चन्द ने अपने मकान में स्वयं को आग लगा कर आत्महत्या कर ली ।

एड्स के रोगियों की पुनः डाक्टरी जांच के निर्देश

जालन्धर, 22 जुलाई (क.): पंजाब के स्वास्थ्य [illegible]







जिला होशि[illegible] खून, जहां स[illegible] रघु नाथ के [illegible]









Punjabi Sanjaal



जिला होशियारपुर के कस्बा माहलपुर में उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक अन्य घबराहट में करंट लगने से दम तोड़ गया । (1) मृतक सुदेश, (2) मिर्चों के बीच बिखरा पड़ा खून, जहां सुदेश ने दम तोड़ा, (3) मृतक कृष्ण लाल, (4) जहां कृष्ण लाल की हत्या की गई, (5) करंट लगने से मारा गया ड्राईक्लीनर रघु नाथ, (6) सुदेश (इनसैट), (7) कृष्ण लाल और (8) रघु नाथ के बिलखते परिवार । (छाया : मूनलाईट), (9) करतारपुर के गांव सराय खास में मारा गया बंसी लाल, (10) पत्नी पुष्पा मेहता, (11) घायल मास्टर सता सिंह । (छाया : प्यारे)



थाना अब्बाल के गांव सोहल में उग्रवादियों ने कम्युनिस्ट नेता स्वर्ण सिंह और 4 अन्य की हत्या कर दी । (1) कामरेड स्वर्ण सिंह, (2) उनकी पत्नी सुरेंद्र पाल कौर, (3) बेटी राज वैत कौर, (4) माता दातो, (5) नौकर हीरा सिंह के शव, (6) फायरिंग में घायल कामरेड स्वर्ण सिंह की बेटी नरिंद्र कौर, (7) दूसरी घायल बेटी वरिंदर कौर, (8) फायरिंग में घायल हुई भैंस (9 से 11) शोकग्रस्त परिवार के सदस्यों में पिता कपूर सिंह, बहन प्रसन्न कौर आदि ।

(छाया : रवि भंडारी)

इंका कार्यकारिणी द्वारा वी.पी. सिंह, नेहरू, शुक्ल, आरिफ़ के निष्कासन की पुष्टि : पार्टी में असंतोष का कारण व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा : राजीव

Punjabi Sanatan

कम्यूनिस्ट नेता सहित हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दास आढ़ती की दकान पर आए और आते ही उस पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिससे दर्शा दास तो गम्भीर घायल हो गए, मगर उसका अपना बेटा गोलियां लगने से घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया । एक और सब्जी विक्रेता कृष्ण लाल उर्फ शम्भू की भी गोली मार कर हत्या कर दी । एक अन्य दुकानदार बलबीर सिंह गम्भीर घायल हो गया । बलबीर सिंह और दर्शा दास को सिविल अस्पताल होशियारपुर में भर्ती करवा दिया गया है । मगर हालत गम्भीर होने पर दर्शा दास को सी.एम.सी. लुधियाना भेज दिया गया है ।

बताया गया है कि दर्शादास उग्रवादियों की हिट लिस्ट में था । पुलिस अधीक्षक श्री सरेश अरोड़ा ने बताया कि उन्हें गनमैन की पेशकश की गई थी, मगर उन्होंने लेने से इन्कार कर दिया था । बताया जाता है कि जब गोलियां चलने लगीं तो सब्जी विक्रेता किशन लाल बड़े वेग से भागा और भागते हुये उग्रवादियों के स्कूटर से जा टकराया । उन्होंने समझा कि हमारा स्कूटर लेकर भागने लगा है । इसलिये उन्होंने उसकी भी गोलियां मार दीं और वह भी मर गया। वैसे वे केवल दर्शा दास को ही मारने आये थे । उग्रवादी घटना के बाद फगवाड़ा रोड पर भागे । इस दौरान वहां गश्त करते हुये सी.आर.पी. का एक दस्ता पहुंच गया । उसने उग्रवादियों का कोई 15 किलोमीटर तक पीछा किया । गांव ढियाना के निकट उनकी जीप उलट गई, जिसका लाभ उठा कर उग्रवादी फरार हो गये । जीप उलटने से सी.आर.पी. के चार जवान सुरजीत सिंह, वज़ीर राम, हरदेव उद्दीन और सुशील कुमार घायल हो गये । उनको भी सिविल अस्पताल होशियारपुर में दाखिल करवा दिया गया है ।

करंट से मौत

जब गोली चली और अफरा-तफरी में लोग भागने लगे व दुकानदारों ने अपने शटर गिराने शुरू कर दिये तो एक व्यक्ति रघुनाथ, जो कि जनता ड्राईक्लीन का मालिक है, दुकान बंद करने लगा तो बिजली का करंट लगने से उसकी मौत हो गई । पुलिस अधीक्षक श्री अरोड़ा ने भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी है । पता चला है कि मरने वालों की लाशें पोस्टमार्टम के लिये गढ़शंकर अस्पताल को भेज दी हैं ।

पूर्ण हड़ताल

माहलपुर में पूर्ण हड़ताल कर दी गई, लोगों में भारी रोष पाया जाता है ।

उग्रवादी पकड़ लिया

फगवाड़ा (खोसला): यहां से लगभग 18 किलोमीटर दूर बहराम-माहलपुर रोड पर थाना बंगा के गांव सिधवां में एक उग्रवादी ने एक डाक्टर प्यारे लाल की पिस्तौल से हत्या करने की कोशिश की । बताया जाता है कि उक्त डाक्टर एक मरीज को दवाई दे रहा था कि एक उग्रवादी ने आते ही एक हाथ से डाक्टर का गला पकड़ लिया और दूसरे हाथ से पिस्तौल तान ली । इस बीच डाक्टर ने उग्रवादी को जफ्फा मार लिया और पिस्तौल भी पकड़ लिया जिसके कारण पिस्तौल न चल सका । दोनों तीन चार बार गुत्थमगुत्था हुए । डाक्टर के शोर मचाने पर उग्रवादी भाग निकला । मगर लोगों ने पीछा करके उसे पकड़ लिया और बंगा पुलिस के हवाले कर दिया ।

कुत्ते ने बाज पकड़ लिया

Punjabi Archive

उग्रवादियों द्वारा बाप-बेटे और महंत सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

भिंडरांवाला के 2 पूर्व अंगरक्षकों सहित कई बंदी, विदेशी हथियार, बम मिले

मुठभेड़ में बी श्रेणी का आतंकवादी मारा गया

चंडीगढ़, 23 जुलाई (वार्ता): पंजाब में कल रात से विभिन्न घटनाओं में आतंकवादियों ने 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि मुठभेड़ में 'बी' श्रेणी का एक आतंकवादी मारा गया । 'बी' श्रेणी के दो उग्रवादियों सहित कई आतंकवादियों को गिरफ्तार करके स्वचालित और विदेशी हथियारों के अलावा बम बरामद किए गए । आतंकवादियों ने कल रात फरीदकोट जिले के बधनी कलां पुलिस थाना के अन्तर्गत बधनी खुर्द गांव में महंत मल्कियत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी उनकी 12 बोर की एक बंदूक तथा नकदी भी ले गए । मुक्तसर से 25 कि.मी. दूर ईन खेड़ा में बाप-बेटे की हत्या कर दी गई । कादियां पुलिस थाना के अन्तर्गत भगवान गांव में गुरनाम सिंह की उनकी आटे की चक्की पर कल लगभग आधी रात को तेज धार हथियार से हत्या कर दी । भटिंडा के निकट गांव गिल पट्टी में सी.आर.पी.एफ. के एक जवान के भाई की हत्या कर दी गई । एक अन्य घटना में अमृतसर जिले के जंडियाला पुलिस थाना के अन्तर्गत रसूलपुर गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति करतार सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । शाहकोट थाना के गांव तलवंडी संघेड़ा में रतन सिंह की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी गई । फगवाड़ा में गत दिनों गोलियों से घायल एक व्यक्ति हरबिलास ने सी.एम.सी. लुधियाना में कल दम तोड़ दिया ।

बाप बेटे को मार डाला

मुक्तसर (दर्दी): यहां से 25 किलो मीटर दूर गांव ईनखेड़ा में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने डंडे मारकर बाप बेटे की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार बाप-बेटा दोनों घर में सोए हुए थे कि कुछ व्यक्ति सफेदे के पेड़ की टहनियां तोड़ कर ले आए और दोनों को पीट-पीटकर मार डाला। बाप ने तो तत्काल दम तोड़ दिया जबकि बेटे की मृत्यु अस्पताल ले जाते समय हो गई । अज्ञात व्यक्ति जाते समय महिलाओं की बालियां भी उतरवा कर लेगए ।

जैल सिंह की ठिठोली

नई दिल्ली, 23 जुलाई : राष्ट्रपति श्री जैल सिंह ने कल उनसे विदाई भेंट करने आए कांग्रेस (इ) के महासचिवों के साथ अच्छी खासी ठिठोली की ।

उन्होंने ठहाकों के मध्य कहा कि "यदि आप मुझ से मिलने के लिए आते रहते तो विपक्ष के नेता मेरे पास नहीं फटकते ।" श्री जैल सिंह सभी इंका महासचिवों को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं । उन्होंने उन्हें विदाई के अनेकों शेर सुनाए । श्रीमती नजमा हेपतुल्ला जिन्हें उर्दू शायरी का अच्छा ज्ञान है, ने भी कुछ जवाबी शेर कहे ।

राष्ट्रपति से भेंट करने आए इंका महासचिवों में सर्वश्री जी. के. मूपनार, नवल किशोर शर्मा, भगवत झा आजाद, आर. एल. भाटिया व श्रीमती नजमा हेपतुल्ला शामिल थीं ।

महंत की हत्या

मोगा (आजाद): थाना बधनी के गांव बधनी खुर्द में तीन संदिग्ध उग्रवादियों ने डेरे के एक महंत की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस प्रवक्ता के अनुसार तीन उग्रवादी महंत के डेरे में आए और उसकी हत्या करके 12 बोर की दुनाली बंदूक और नौ हजार रुपए लेकर फरार हो गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

उग्रवादी मारा गया

एक अन्य सूचना के अनुसार आज प्रातः 3 बजे के करीब दौधखड्डी के निकट सड़क पर दो स्कूटर सवार आतंकवादियों के सुरक्षा बल के साथ मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया जबकि दूसरा भागने में सफल हो गया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्कूटर पर जा रहे कथित उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने रोका, जिसपर उन्होंने गोली चला दी । जवाबी फायरिंग में एक उग्रवादी मारा गया जबकि दूसरा अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया । मृतक उग्रवादी से जर्मनी का बना हुआ एक 32 बोर का रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । उसकी शिनाख्त हरदेव सिंह के रूप में की गई है । वह 'बी' श्रेणी का उग्रवादी था और हत्या की चार वारदातों समेत कई मामलों में उसकी तलाश थी ।

तीन उग्रवादी गिरफ्तार

गत रात्रि कोटली अबलू गांव थाना जैतो के निकट से सुरक्षा बलों ने तीन स्कूटर सवार

(शेष पृष्ठ 6 पर)

तमिलों बारे समझौता तैयार

कोलम्बो, 23 जुलाई : श्रीलंका रेडियो के अनुसार श्रीलंका की तमिल समस्या के बारे में एक अंतिम समझौता तैयार हो गया है । राष्ट्रपति जयवर्धने द्वारा बनाए गए समझौता फार्मूले को सरकारी संसदीय दल ने मंजूरी दे दी है ।

राजीव कोलम्बो जाएंगे

'गंगा' से पूर्व 'गंगोत्री' का प्रदूषण साफ होना जरूरी : वी.पी. सिंह

नई दिल्ली, 23 जुलाई (ह.स.): भूतपूर्व रक्षामंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज यहां तीस हजारी अदालत परिसर में वकीलों की एक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान शुरू करूंगा और यह तब तक जारी रहेगा

सजा से पहले 'कारण बताओ' नोटिस दिया जाता है परन्तु कांग्रेस (इ) हाईकमान ने तो निष्कासित किए जाने का भी नोटिस नहीं दिया । यही नहीं पता कि निष्कासन का कारण क्या है ।

भूतपूर्व रक्षामंत्री ने आरोप लगाया कि उन्हें

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के नाम दर्शन सिंह, गुरमेल सिंह तथा राजेन्द्र सिंह हैं । पलिस ने रात 11.30 बजे नाकाबंदी की हुई थी कि स्कूटर पर सवार यह उग्रवादी वहां पहुंचे । उन्हें रुकने का संकेत दिया गया जिसपर उन्होंने गोली चला दी । सुरक्षा कर्मियों ने जवाबी गोली चलाई । लगभग 35 मिनट तक गोली बारी के बाद तीन व्यक्ति काबू कर लिए गए । बताया गया है कि दर्शन सिंह और गुरमेल सिंह भिडरांवाला के अंगरक्षक रह चुके हैं । उन्होंने स्वीकार किया कि जो हथियार उनसे बरामद हुए हैं वे ब्लू स्टार आप्रेशन के दौरान सुबेग सिंह ने उन्हें दिए थे । दोनों 'बी' श्रेणी के आतंकवादी हैं । उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने बड़िंग गांव में आठ व्यक्तियों की हत्या की थी, स्टेट बैंक आफ पटियाला की जैतो शाखा में डाका डालना था । उनसे दो अमरीकी स्टेनगन, 455 बोर का पिस्तौल और एक पैट्रोल बम बरामद किया गया ।

6 और काबू

एस.एस.पी. गोबिंद राम ने बताया कि दो उग्रवादियों स्वर्ण सिंह व कमलजीत सिंह को जैतो के निकट गिरफ्तार करके एक पिस्तौल, दो बम, कारतूस और चोरीशुदा मोटर साइकिल बरामद किया गया । 3 अन्य उग्रवादी मन्ना सिंह, गुरदेव सिंह और गुरमीत सिंह को कोटकपूरा क्षेत्र में गिरफ्तार करके 3 पिस्तौलें और कारतूस बरामद किए । सी.आर.पी. एफ. की गश्ती टुकड़ी ने एक आतंकवादी को मोगा के निकट कोकरी कलां में पकड़ा । कई हत्याओं और लूटपाट की घटनाओं में इन सभी से पूछताछ जारी है । उन्होंने पूछताछ के दौरान बताया कि वह जिला में आतंकवादी घटनाएं करने जा रहे थे ।

घायल चल बसा

फगवाड़ा (खोसला): लगभग 6 मास पूर्व स्थानीय रेलवे माल गोदाम के निकट एक व्यक्ति हरबिलास को गोलियां मारकर घायल कर दिया गया था । गोली उसकी रीढ़ की हड्डी में लगी थी जो निकाली न जा सकी । इसी दौरान सी.एम.सी. लुधियाना में उसका इलाज जारी रहा, परन्तु कल हालत खराब होकर उसकी मृत्यु हो गई ।

हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी, वा.): तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने रसूलपुर गांव में एक वृद्ध करतार सिंह (60) की हत्या कर दी, जबकि पट्टी क्षेत्र के बहादर गांववासियों ने कल रात चार आतंकवादियों के हमले को नाकाम कर दिया । पुलिस ने बताया कि रसूलपुर गांव का किसान करतार सिंह अपने घर में सो रहा था । दो आतंकवादियों ने घर में घुसकर उसे गोली मार दी । उसे आज तड़के जब अस्पताल ले जाया जा रहा था, तो उसने रास्ते में दम तोड़ दिया ।

उग्रवादी भागने पर मजबूर

पट्टी नगर के बाहरी क्षेत्र में चार आतंकवादियों ने प्रभु दयाल तथा उसके पुत्र सुरिन्दर कुमार के घर में घुसकर हत्या का प्रयास किया । इसके पहले कि आतंकवादी गोली चलाते प्रभुदयाल की आंख खुल गई और वह एक उग्रवादी पर झपट पड़ा । इस धक्का-मुक्की में ही हमलावर की बंदूक गिर गई । इसी दौरान प्रभुदयाल का बेटा भी जाग गया । वह एक अन्य उग्रवादी से उलझ गया, और उसकी पिस्तौल छीन ली । इस झगड़े के दौरान पहरेदारी कर रहे दो आतंकवादियों ने पिता पुत्र पर गोलियां दागीं, परन्तु वे बच गए । बंदूक चलने की आवाज़ सुनते ही सुरक्षा बल ने पीछा किया तो आतंकवादी दो हथियार पगड़ी और चप्पलें छोड़कर भाग गए ।

अंत्येष्टि

भारतीय क
सिंह तथा उनके
संस्कार के समय
उन्हें श्रद्धांजलि
जुलाई को आधी
उनके परिवार के
झब्बाल थाना क्षे
मारकर हत्या क
जारी विज्ञप्ति मे
शव लाल झंडों म
बनाई गई थी ।
के नेताओं और
समय धार्मिक
ताकतों के खिला
दोहराया ।

जवान के भाई

भटिंडा (ह
सिंह की आज प्र
पट्टी गांव में खे
इस घटना के पीछे
नहीं किया है क्यों
में जवान है ।

पिस्तौल की नो

कपूरथला
निकटवर्ती गांव
सिंह के घर (जो
सशस्त्र व्यक्तिय
कि रात को स्टेन
व्यक्ति उसके घ
गए जबकि चार
पिस्तौल की नो
दोनाली बंदूक अ
लिए । फिर 9
हजार के आभू
केस में डालकर
तलाश जारी है
सुलतानपुर लोधी
संतनाम सिंह औ
गया सामान, आ
दोनों को बाका
जबकि तीन अन्य
लिया गया ।

चक्की में हत्य

जालन्धर
व्यक्तियों ने क
गुरनाम सिंह की
वारदात के समय

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

पत्राचार द्वारा B.Ed, M.Ed., BTC/JBT, LT/OT करें : हायर सैकेंडरी पास Direct B.A., B.Com. Final करें । दसवीं पास इंटर तथा बिना किसी प्रमाणपत्र के Matric करें, वैद्यविशारद तथा आयुर्वेदरत्न करें । नियमावली कलियर 10/- M.O. द्वारा भेजें । S.G. College of Correspondence, Railway Road, Ambala City.

Rampion College, Opposite Telephone Exchange, Ambala City. Ph. 56336, आठवीं फ़ेल दसवीं, दसवीं पास इंटर (10+2), इंटर/B.A.I. पास सीधे B.A./B.Com., B.A. पास M.A. (One Sitting) करें, सरकारी मान्यता प्राप्त RMP, LL.B, Engineering Degree/Polytechnic Diploma, Sanitary, Food Inspector Course हेतु परामर्श लें ।

RMP रजिस्ट्रेशन 10 दिन में, बिना आठवीं मैट्रिक । दसवीं फ़ेल इंटर । दसवीं पास सीधा बी.ए. गारंटिड सितम्बर में । गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

R.M.P. रजिस्ट्रेशन (Patna), मैट्रिक पास वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न करें । मैट्रिक पास या ग्यारहवीं फ़ेल Inter/+2 करें । B.A. Final (After Prep)., मिलें-कीरती कालेज, कैलाश सिनेमा चौक, लुधियाना ।

वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न करके डाक्टर बनें । मैट्रिक, +2 बी.ए., एम.ए., LL.B. हेतु मिलें । राजा डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

(JD)

आवश्यकता

एक टाईपिस्ट (लड़की), जो बी.ए. पास हो, और इंगलिश की टाईप अच्छी जानती हो, वेतन 500/- रुपए महीना । विज कमर्शियल कालेज, चौक हुसैनपुरा, शिवाला रोड, अमृतसर ।

Shiv Devi Girls High School, Subhash Nagar, Mai-Hiran Gate, Jalandhar City. Wanted a J.B.T. Lady Teacher for Primary Department against a permanent apporved post. Apply to the Manager with all testimonials till 3.8.87. Interview on 5.8.87 at 11.00 A.M.

Wanted sales representative in Punjab for sale of Hemacol S.H. synthetic resin-adhesive excellent for use in Various Industries, furniture, handicrafts, leminations, book binding and toy-making. Apply to M/s. M.S. Sales Corporation Fly-Over, Chowk Hussainpur, Amritsar. Phone : 32857.

गुमशुदा

मिलिटरी प्रिंट ग्रीन का थैला, जिसमें बहुत ज़रूरी कागज़ और एक छोटा थैला भी था, 16 Down गाड़ी में फगवाड़ा और लुधियाना के बीच में गुम हो गया है ।

लुधियाना : हर इतवार, यार्क-होटल, घंटाघर, मिलने का समय 10 से 2
बाकी दिन भटिंडा

हाई टोन

मर्दों की खोई हुई सेहत और तंदरुस्ती फौरन



(1) सुल्तानविंड में मुठभेड़ के दौरान मारा गया सी.आर.पी.एफ. का जवान करतार सिंह, (2) आतंकवादी अवतार सिंह, (3) चौक मेहता के गांव दाऊद में मारी गई भू.पू. सरपंच हरबंस कौर, (4) उसका घायल पति वरयाम सिंह, (5) इसी थाने के गांव भलाईपुर में घायल इंका वर्कर वस्सन सिंह, (6) अमृतसर के गांव रसूलपुर में गत दिवस मारा गया करतार सिंह (छाया : भंडारी), (7) धारीवाल के गांव बबरी नंगल में मारा गया महंगा सिंह, (8) उसका बेटा चनन सिंह, (9) हयात नगर में घायल मास्टर बलवंत सिंह (छाया : विनोद), (10) खन्ना के निकट सेह गांव में मारा गया हरदीप सिंह, (11) उसका भाई दलबीर सिंह, (12) वह स्थान जहां उग्रवादी साईकल छोड़ गए । (छाया : शर्मा स्टूडियो)

मुठभेड़ में आतंकवादी और एक जवान मरा, 9 अन्य की हत्याएं

चंडीगढ़, 24 जुलाई (वार्ता): पंजाब में कल रात से कुल 9 व्यक्ति मारे गए तथा कई अन्य घायल हुए । केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक जवान, कम्युनिस्ट पार्टी के एक नेता की मां तथा एक आतंकवादी शामिल है । कई आतंकवादी गिरफ्तार किए गए ।

सुरक्षा बल धर्मस्थल में प्रविष्ट

आज रात्रि अमृतसर के तरनतारन के एक धर्मस्थल में पुलिस व सुरक्षा बल प्रविष्ट हो गए ।

मुठभेड़ में जवान, आतंकवादी मरे

अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर के निकटवर्ती गांव सुल्तानविंड में आज तड़के 4.30 बजे सी.आर.पी.एफ. की एक छापामार टुकड़ी और आतंकवादियों के मध्य मुठभेड़ में सी.आर.पी.एफ. का एक जवान लांस नायक करतार सिंह और एक आतंकवादी अवतार सिंह मारे गए । आतंकवादी से एक .455 बोर की पिस्तौल बरामद हुई । सी.आर.पी.एफ. को एक पुष्ट सूचना मिली थी कि गांव सुल्तानविंड में कुछ आतंकवादी छिपे हैं । आज तड़के घर की घेराबंदी कर ली गई । जब लांस नायक करतार सिंह ने दरवाजा खुलवाया तो अन्दर छिपे एक आतंकवादी ने पिस्तौल से एक गोली उसके पेट में मारी और वह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया । जवाबी फायरिंग में अवतार सिंह मारा गया और उसका एक साथी कंवलजीत सिंह भाग निकला । सुरक्षा बल बड़ी संख्या में वहां पहुंच गए और क्षेत्र को घेरे में लेकर घर-घर की तलाशियां शुरू कर दीं । बताया जाता है कि कंवलजीत सिंह घायल होने के बावजूद भाग निकला । कंवलजीत के कुछ रिश्तेदारों को हिरासत में ले लिया गया है । अवतार सिंह किसी केस में जमानत पर रिहा हुआ था ।

पुलिस को बाद में पता चला कि कंवलजीत सिंह वही उग्रवादी था जिसे उसके साथी 27 अप्रैल को कचहरी से छुड़ा ले गए थे ।

एक पकड़ा भी गया

बाद में एस.एस.पी. मोहम्मद इजहार आलम ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक जवान और एक आतंकवादी मारा गया, एक आतंकवादी पकड़ा गया, जबकि एक भाग गया । अवतार सिंह को स्थानीय पंचायत द्वारा विश्वास दिलाए जाने के बाद नाभा जेल से जमानत पर रिहा किया गया था ।

हत्या

उग्रवादियों ने अमृतसर के जंडियाला थाना क्षेत्र के ग्राम हरफूलपुर में करतार सिंह की हत्या कर दी ।

अमृतसर पुलिस ने घरिंडा क्षेत्र में मान सिंह व जीवन सिंह नामक उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए जिनसे एक बंदूक व एक रिवाल्वर बरामद हुआ ।

उग्रवादियों ने अमृतसर के अजीत नगर क्षेत्र में नरेन्द्र पाल सिंह से हीरो होंडा मोटर साइकिल छीन ली । सिविल लाइन्स के कम्पनी बाग क्षेत्र में विनोद कुमार से उसका स्कूटर छीन लिया गया ।

दस हजार की लूट

अमृतसर के हरीके थाना क्षेत्र के ग्राम कोटबुड्ढा में ग्रामीण सहकारी बैंक की शाखा से मारुति कार में आए तीन उग्रवादियों ने 10592 रु. लूट लिए व गनमैन की राइफल भी साथ ले गए ।

पुलिस ने भडाला ग्राम के एक प्रिंटिंग प्रैस के मालिक सरवंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया जो कमांडो फोर्स, भिंडरावाला खालिस्तान टाइगर्स फोर्स के वे लैटरपैड छापा करता था जो लोगों से धन वसूलने में प्रयुक्त किए जाते थे ।

महिला की हत्या

अमृतसर जिला में थाना मेहता के दो गांवों भलाईपुर राजपूतां और दाऊद में एक ही आतंकवादी गिरोह ने फायरिंग करके भूतपूर्व महिला सरपंच हरबंस कौर (65) की हत्या कर दी और इसके पति वरयाम सिंह (70) तथा भलाईपुर के इंका कार्यकर्त्ता वस्सन सिंह (55) को घायल कर दिया । 3 आतंकवादियों का गिरोह, जिनके पास बंदूकें थीं, रात साढ़े दस बजे गांव दाऊद में सरपंच कामरेड कलदीप सिंह के घर ब्लात घुस गया और कलदीप सिंह के बारे में पूछा । इसी दौरान कुलदीप की माता हरबंस कौर भी आ गई । आतंकवादियों ने छाती और गर्दन में गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी । इसी बीच कुलदीप सिंह भाग निकला ।

जब कुलदीप सिंह घर में नहीं मिला तो आतंकवादी हाथ जोड़े खड़े वरयाम सिंह को भी गोलियां मार गए, जो उसके हाथों में लगीं । वरयाम सिंह जब नीचे गिर गया तो उग्रवादी उसे मृत समझकर चले गए । वरयाम सिंह के दाएं हाथ का अंगूठा गोली लगने से उड़ गया, जबकि बाएं हाथ की कलाई टूट गई । वरयाम सिंह भी गांव का सरपंच रह चुका है ।

यही तीनों आतंकवादी मेहता थाना के ही गांव दाऊद में गए और इंका कार्यकर्त्ता वस्सन सिंह (55) को बंदूक की नोक पर घर से बाहर चलने को कहा उन्होंने इससे पूछा कि क्या वह अमृतधारी है । आतंकवादियों ने कहा कि वह तो कम्युनिस्टों को मारने आए थे, लेकिन गलती से उन्हें ही ले आए हैं । इसके बाद आतंकवादियों ने वस्सन सिंह से कम्युनिस्टों के घरों के बारे में पूछा । अनभिज्ञता जाहिर करने पर उससे हाथापाई होने लगी । जब उसने कहा कि उसके पास हथियार नहीं हैं तो उसकी बाईं टांग में गोली मारी गई । इसके बाद तीनों आतंकवादी वहां से चले गए । यह घटना रात 11.45 बजे की है । वस्सन सिंह को घायलावस्था में अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

घायलों के घर वालों ने आरोप लगाया कि रास्ते में सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक कर काफी पूछताछ की । इसके अलावा जब घटना की सूचना देने थाने पहुंचे तो पुलिस वालों ने लाचारी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पास कोई वाहन नहीं है, अतः वह उनके गांव नहीं पहुंच सकते ।

बाबा बकाला से 'प्रेम मेहरा' के अनुसार वस्सन सिंह का भाई प्रमुख जिला इंका नेता हरबंस सिंह भलाईपुर है और उग्रवादी उसी को मारने आए थे लेकिन उसे घर में न पाकर वस्सन सिंह को घायल कर गए । हरबंस सिंह रैय्या मार्कीटिंग कमेटी के सदस्य हैं ।

2 भाइयों की हत्या

खन्ना (पूर्ण चन्द): आज प्रातः सात बजे के लगभग दो उग्रवादियों ने गांव सेह के दो युवकों दलबीर सिंह और उसके छोटे भाई दलीप सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । थाना सदर पुलिस तरन्त वहां पहुंच गई । तमाम रास्ते सील कर दिए । दलबीर सिंह वह व्यक्ति है जिसके बताने पर खन्ना पुलिस ने सगरूर में छापा मारकर जरनैल सिंह हलवारा को पकड़ने की कोशिश की थी । मगर वह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था । कहा जाता है कि आज प्रातः दोनों आतंकवादी गांव के पास सवा के पुल पर बैठे थे । जब दलबीर सिंह व उसका छोटा भाई अपने खेतों को जा रहे थे और जब वे निकट पहुंचे तो दोनों उग्रवादियों ने उन पर गोली चला दी । दोनों भाई घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए । उनकी हत्या करने के बाद दोनों गांव माजरा की ओर चले गए । रास्ते में उनको एक स्कूल मास्टर स्कूटर पर आते हुए मिला । उग्रवादियों ने उसका स्कूटर पिस्तौल दिखाकर छीन लिया और फिर वे दोनों स्कूटर पर बैठकर चले गए ।

आतंकवादियों का यह भी सोचना था कि संत हरचंद सिंह लौंगोवाल के मुख्य हत्यारे खुंखार आतंकवादी जरनैल सिंह हलवाड़ा की एक पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत के लिए दलबीर सिंह जिम्मेदार था ।

लुधियाना से 'जोशी' के अनुसार बताया जाता है कि मृतक दलबीर सिंह कुछ मास पूर्व बैंक आफ

(शेष पृष्ठ 8 पर)

राजीव सत्ता में रहने के लिए आपात स्थिति घोषित कर सकते हैं : अडवानी

नई दिल्ली, 24 जुलाई (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण अडवानी ने आज यहां कहा कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन को संविधान की अवहेलना करने के किसी भी प्रयास में भागीदार नहीं बनना चाहिए । पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तीन दिवसीय बैठक का उद्घाटन करते हुए श्री अडवानी ने कहा कि राष्ट्र श्री वेंकटरमन से आशा करता है कि वह राष्ट्रपति पद सम्भालने के बाद संविधान के रक्षक के रूप में कार्य करेंगे । श्री अडवानी ने कहा कि गत कुछ सप्ताह की घटनाएं इस बात की अशुभ चेतावनी समझी जानी चाहिएं कि यह सरकार सत्ता पर बने रहने के लिए 1975 की तरह आपातकाल की घोषणा करने में नहीं हिचकिचाएगी ।

श्री अडवानी ने कहा कि जनसाधारण के मन में यह धारणा घर कर गई है कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी न केवल अक्षम हैं बल्कि भ्रष्ट भी हैं । भ्रष्टाचार और अदूरदर्शिता के आरोपों के संदर्भ में श्री गांधी को सत्ता पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है । कार्यकारिणी की बैठक की जानकारी देते हुए पार्टी के सचिव जगदीश प्रसाद माथुर ने आज यहां पत्रकार सम्मेलन में बताया कि श्री अडवानी ने कल अपनी श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से भेंट के बारे में जानकारी दी । इस ब्यौरे के अनुसार श्री सिंह ने कहा कि निष्कासन के बाद वह अपने को कांग्रेसी नहीं मानते जबकि उनके अन्य सहयोगियों का मत है कि निष्कासन के बाद भी वे कांग्रेसी ही हैं ।

श्री माथुर और वहां उपस्थित पार्टी महासचिव केदारनाथ साहनी इस प्रश्न का उत्तर टाल गए कि क्या उनकी पार्टी श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को

(शेष पृष्ठ 8 पर)



पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

इंडिया में डाले गए डाके में अभियक्त था । इस डाके में 9 लाख की चोरी हुई थी और दलबीर सिंह के कब्जे से पुलिस ने 28 हजार रुपए बरामद कर लिए थे, जो उसने अपने शरीर के साथ बांध रखे थे । इस डाके के केस में दलबीर सिंह पुलिस का गवाह बन गया था । उसने पूछताछ के दौरान रहस्योदघाटन किया था कि जरनैल सिंह हलवाड़ा बैंक डकैती में शामिल था ।

गुरदासपुर (विनोद): गत रात जिला गुरदासपुर में दो विभिन्न वारदातों में आतंकवादियों ने बाप-बेटे की हत्या कर दी जबकि एक रिटायर्ड अध्यापक को जख्मी कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार लगभग 11.30 बजे दो आतंकवादी धारीवाल थाने के अंतर्गत गांव बबरी नंगल निवासी महंगा सिंह के घर आए और गोली चला कर महंगा सिंह और उसके पुत्र चनन सिंह की हत्या कर दी । आतंकवादियों द्वारा 12 बोर की पिस्तौल का प्रयोग किया गया । पुलिस ने गुरदासपुर अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा कर लाशें उनके वारिसों को दे दी हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. विरदी के अनुसार यह वारदात करने वाले दो आतंकवादियों में से एक की शिनाख्त हो गई, जो कि धारीवाल थाने के अंतर्गत गांव मानेपुर का आतंकवादी रूपा है ।

रिटायर्ड अध्यापक ज़ख्मी

गत रात तीन आतंकवादियों ने गुरदासपुर सदर के गांव हयातनगर निवासी बलवंत सिंह, जो कि कामरेड और भूतपूर्व अध्यापक है, के उसके घर में आकर जख्मी कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात लगभग एक बजे, तीन आतंकवादियों, जिनके पास रिवाल्वर थे, बलवंत सिंह के घर दीवार फांद कर आए और टार्च से बलवंत सिंह को उठा कर उससे रिवाल्वर मांगने लगे । बलवंत सिंह ने कहा कि उसके पास कोई रिवाल्वर नहीं । जिस पर आतंकवादियों ने उसे पचास हजार रुपया देने को कहा । बलवंत सिंह द्वारा इंकार करने पर एक आतंकवादी ने उस पर फायर किए, जो उसकी टांग में लगे । आतंकवादी भाग गए । बलवंत सिंह को गुरदासपुर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

मुठभेड़ के बाद आतंकवादी गिरफ्तार

श्री जे.पी. विरदी ने बताया है कि गत रात पुलिस तथा बी.एस.एफ. ने काहनूवान क्षेत्र के गांव कोटली हरचंदा पुल पर नाका लगा रखा था कि एक बजे चार व्यक्ति दिखाई दिए । जवानों द्वारा उन्हें रुकने को कहे जाने पर आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । जवानों द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई और जवानों ने पीछा कर हरभजन सिंह निवासी बलपरियां को गिरफ्तार कर उससे एक काटी हुई दोनाली बंदूक, दो जीवित तथा दो चले हुए कारतूस बरामद किए हैं । उसके तीन साथी भागने में सफल हो गए ।

गोली मार कर हत्या

जालंधर (वार्ता): नूरमहल पुलिस थाना क्षेत्र के भंगाला गांव में कल देर रात चार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की उसके घर पर ही गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक का नाम पवित्तर सिंह था। खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के आतंकवादियों ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है । सूत्रों के अनुसार मृतक के शव के पास एक पत्र पाया गया है, जिस पर लिखा है उसका पिता सोहन सिंह पुलिस का मुखबिर था, इसलिए उसकी हत्या की गई । एक पुलिस रिपोर्ट के अनुसार पवित्तर सिंह की हत्या इसलिए की गई क्योंकि उसने दो दिन पूर्व छुरा घोंप कर इसी गांव में घायल किए गए महंत राम कृष्ण दास की हत्या की थी ।

जालंधर के थाना नूरमहल क्षेत्र के ग्राम भंगाला में चार दिन पूर्व उग्रवादियों ने जिस महंत राम किशन दास को छुरा मार कर घायल कर दिया था, उनकी आज मृत्यु हो गई ।

घायल कर दिया

जालंधर के ही सदर थाना क्षेत्र के हमीरा खेड़ा गांव में कल रात कुछ आतंकवादियों ने अवतार सिंह पर हमला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया और उसका पर्स छीन लिया । अवतार सिंह उस समय घर लौट रहा था । उग्रवादियों ने 12 बोर की पिस्तौल से गोलियां चलाई और उससे आठ सौ रु. छीन लिए । उग्रवादियों ने प्रतिरोध किए जाने पर अवतार सिंह को गोली मारी ।

फिल्लौर (भाखड़ी): फिल्लौर उपमंडल की कम्युनिस्ट पार्टी, सी.पी.आई. व सी.पी.एम. के नेताओं की आपातकालीन बैठक हुई जिसमें कम्युनिस्ट नेताओं की उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध हत्याओं पर गहरा शोक व्यक्त किया गया । सभी नेताओं ने कामरेड गुरदयाल सिंह व अमृतसर के निकट गांव सोहल में कम्युनिस्ट नेता स्वर्ण सिंह व उनके परिवार की हत्या की निंदा की । इस शोक सभा में विभिन्न नेताओं, जिनमें कामरेड करनैल सिंह, कामरेड देव, महिन्दरपाल, प्यारा सिंह, जोगेन्द्र सिंह व सी.पी.आई. के कामरेड हरजीत सिंह व कामरेड दर्शन लाल के नाम मुख्य हैं, द्वारा कामरेड गुरदयाल सिंह व कामरेड स्वर्ण सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई व शोक में दो मिनट का मौन रखा गया । दुखी परिवारों के साथ सहानुभूति प्रकट की गई ।

कपूरथला, (शर्मा) : एस.पी. श्री पी.एम. दास ने आज यहां पत्र-प्रतिनिधियों को बताया कि गत प्रातः सुल्तानपुर लोधी के इलैक्ट्रीशियन सतनाम सिंह और जगजीत सिंह निहंग से मौजा हाजीपर के श्री अवतार सिंह के घर डाके के आभूषण और कपड़े बरामद किए गए थे । इन दोनों के बताने पर पुलिस ने नाके के दौरान भजन सिंह उर्फ हरभजन सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से एक 32 बोर का रिवाल्वर और 50 गोलियां बरामद की हैं । इसके अलावा जगजीत सिंह निहंग से 9 एम.एम. की एक पिस्तौल, 4 गोलियां, सोने के कांटे और कपड़े

Punjabi Sanjam

आतंकवादियों द्वारा पंजाब में 4 हत्याएं : दिन-दहाड़े बैंक लूटा

24 उग्रवादी और उनको पनाह देने वाले गिरफ्तार, एक औरत भी बंदी

डेरा बाबा नानक के निकट फायरिंग में एक घायल

चंडीगढ़, 27 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान संदिग्ध आतंकवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी, अमृतसर में एक बैंक से दिन दहाड़े 2 लाख रुपए से अधिक की रकम लूट ली । पुलिस ने राज्य के विभिन्न भागों से 24 संदिग्ध आतंकवादी और उनको पनाह देने वाले पकड़े । इनमें बब्बर खालसा गिरोह का 'बी' श्रेणी का कट्टर आतंकवादी राज गुरबख्श सिंह भी शामिल है । भटिंडा पुलिस ने आतंकवादियों को हथियार पहुंचाने वाली एक औरत को भी पकड़ा ।

बैंक डकैती

अमृतसर (अशोक सोनी): आज यहां दिन-दहाड़े पंजाब एंड सिंध बैंक की खालसा कालेज बांच से पांच पिस्तौलधारी आतंकवादियों ने, जिन्होंने अपने चेहरे ढांप रखे थे, 2 लाख रुपए से अधिक की राशि लूट ली । बताया जाता है कि यह आतंकवादी प्रातः 10 बज कर 20 मिनट पर बैंक में आए । इन 5 में से 2 बैंक के गेट के करीब ही खड़े रहे जबकि शेष तीन बैंक के अंदर चले गए । अंदर घुसे आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर सारे स्टाफ को आतंकित कर दिया तथा कैशियर को सारी नकदी उनके हवाले करने को कहा । कैशियर से रुपया लेने के बाद इन आतंकवादियों ने बैंक के स्ट्रांग रूप से भी रकम लूटी । यह सारी रकम जो लगभग 2 लाख रुपए थी, लूटने के बाद पांचों आतंकवादी बड़े आराम से कालेज की पिछली ओर चले गए तथा फिर गायब हो गए । घटना की सूचना पाकर पुलिस व सी.आर.पी. अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए तथा सुरक्षा बलों ने सारे खालसा कालेज के क्षेत्र को घेरे में ले लिया और जांच शुरू कर दी । अभी तक आतंकवादियों का कोई सुराग नहीं लगाया जा सका । बाद में चौकीदार तथा कैशियर को पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया ।

बैंक के मैनेजर श्री वालिया ने बताया कि सेफ में पड़ी बैंक के चौकीदार की बंदूक को आतंकवादियों ने हाथ नहीं लगाया । इसी बैंक में यह दूसरा बड़ा डाका है । गत वर्ष के डाके में 2 लाख 19 हजार रुपए लूटे गए थे । एक सूचना के अनुसार आज की घटना में स्ट्रांग रूम में से आतंकवादी 2,01,352 रुपए ले गए ।

स्त्री की हत्या

गत रात गांव ढोटियां में तीन आतंकवादियों ने पुलिस के एक बरतर्फशुदा कांस्टेबल गुरदीप सिंह की पत्नी सुरजीत कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि लगभग साढ़े 9 बजे तीन आतंकवादी गुरदीप सिंह के घर में घुसे जबकि गुरदीप सिंह अपने परिवार के साथ बैठक में टैलीविजन देख रहा था । आहट पाकर जब गुरदीप सिंह ने आतंकवादियों को देखा तो वह अपने मकान की दीवार फांद कर बाहर चला गया । आतंकवादियों ने गुरदीप सिंह की पत्नी से गुरदीप सिंह के बारे में पूछा लेकिन जब सुरजीत कौर कोई संतोषजनक उत्तर न दे सकी तो आतंकवादियों ने उसे ही गोली मार दी, जिससे वह वहीं दम तोड़ गई ।

वार्ता के अनुसार गुरदीप सिंह के घर में घुसे आतंकवादियों की संख्या 6 थी, जिन्होंने पुलिस की वर्दियां पहन रखी थीं । इन लोगों के पास स्टेनगनें तथा राइफलें थीं । गुरदीप सिंह को आतंकवादियों के साथ कथित संबंधों के आरोप में बर्खास्त किया गया था ।

घर में घुस कर हत्या

गत रात्रि अमृतसर जिला के गांव लालू घुमान थाना झब्बाल में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मदन लाल की हत्या कर दी । प्राप्त सूचनानुसार 2 पिस्तौलधारी आतंकवादी मदन लाल के घर में रात एक बजे के करीब घुसे और घर के अंदर घुसते ही उन्होंने सोये हुए मदन लाल पर गोलियां बरसाईं जिससे उसकी वहीं मृत्यु हो गई ।

बी श्रेणी का आतंकवादी गिरफ्तार

अमृतसर के सुपरिंटैंडेंट पुलिस (डिटेक्टिव) श्री राजेन्द्र सिंह ने आज पत्रकार सम्मेलन में बताया कि अमृतसर पुलिस ने कुख्यात आतंकवादी राज गुरबख्श सिंह निवासी चौगावां थाना लोपोके जो 'बी' श्रेणी का आतंकवादी है तथा बब्बर खालसा से संबंधित है, को पकड़ा है । इस आतंकवादी ने गांव जोधानगरी थाना अजनाला में सी.आर.पी. के जवानों पर घात लगा कर हमला करके सी.आर.पी. के 3 जवानों की हत्या की थी । श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि इसके अलावा अमृतसर पुलिस ने 10 और आतंकवादी भी गिरफ्तार किए हैं ।

इस संबंध में विवरण देते हुए श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि राज गुरबख्श सिंह 5-6 महीने पहले भी गिरफ्तार किया गया था लेकिन वह कुछ अर्सा पहले जेल से जमानत पर रिहा होकर आया था और उसने फिर से अपने गिरोह के साथ मिल कर आतंकवादी गतिविधियां शुरू कर दी थीं । श्री सिंह के अनुसार पुलिस ने राज गुरबख्श सिंह को लगभग 69 वारदातों जिनमें मुख्यतया चौगावां में हत्या, एक नायब तहसीलदार पर घातक हमला, गांव बोपाराय में एक बन्दूक छीने जाने की घटना आदि शामिल हैं, के संबंध में पकड़ा था । इन वारदातों के संबंध में उस पर केस चला तथा वह जेल चला गया था । कुछ समय पहले वह जमानत पर रिहा होकर आया तो फिर से अपराधों में सक्रिय हो गया जिनमें थाना अजनाला के गांव जोधानगरी में सी.आर.पी. की गश्ती पार्टी पर हमला भी शामिल है । इसके अलावा भी उसने कई वारदातें कीं जिनके बारे में जांच अभी जारी है । श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि राज गुरबख्श सिंह के कब्जे से पुलिस ने एक 12 बोर की बन्दूक, चार कारतूस बरामद किए । उन्होंने बताया कि यह आतंवादी बब्बर खालसा का सक्रिय सदस्य है और यह बब्बर खालसा के उसी गिरोह का आदमी है जिसने कुछ महीने पहले जालन्धर में एक सिनेमा के बाहर शक्तिशाली बम फैंका था ।

उन्होंने बताया कि अमृतसर की मजीठा पुलिस ने एक आतंकवादी गुरमुख सिंह निवासी गांव जगदेव कलां को 12 बोर की एक पिस्तौल समेत गिरफ्तार किया । इस आतंवादी ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान जब्बोवाल हत्या केस, चंडीगढ़ में इंस्पैक्टर हरजीत सिंह उर्फ गब्बर सिंह की हत्या, तरसिक्का में सरपंच की हत्या, गुरुद्वारा परिसर में सत्ती नामक व्यक्ति की हत्या के अलावा 12 डकैतियों में संलिप्तता स्वीकार की है । गुरमुख सिंह से डकैती का काफी सामान बरामद भी हुआ है ।

श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने एक और आतंकवादी गुरमुख सिंह निवासी गांठ सधवां थाना भिखीविंड को भी गिरफ्तार किया है । यह अपने अन्य साथी आतंकवादियों को पनाह दिया करता था । श्री राजेन्द्र सिंह ने एक व्यक्ति अश्विनी कुमार निवासी भिखीविंड को भी गिरफ्तार किए जाने की रोचक कहानी बताई । उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया है कि अश्विनी कुमार ने अपने ही गांव के एक व्यक्ति जोगिन्दर पाल की हत्या कराने के लिए 2 आतंकवादियों परगट सिंह आदि को 10 हजार रुपए दिए थे । श्री सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा पकड़ा गया अपनी तरह का यह पहला केस है । उन्होंने बताया कि आतंकवादी परगट सिंह की सास महेन्द्र कौर निवासी फतेहपुर को पुलिस ने पकड़ा है क्योंकि जांच में पाया गया कि महेन्द्र कौर आतंकवादियों के हथियार एक जगह से दूसरी ले जाने का काम करती रही थी । उन्होंने बताया कि पुलिस ने दो अन्य आतंकवादियों जगदीश उर्फ दीशा तथा चरण सिंह निवासी गांव उझोके को गिरफ्तार किया है ।

श्री सिंह ने बताया कि पुलिस ने विभिन्न केसों में वांछित 5 और आतंकवादियों को भी पकड़ा है जिनमें को-आप्रेटिव सोसाइटी का इंस्पैक्टर जोगेन्द्र सिंह निवासी इलाका थाना धारीवाल (गुरदासपुर) जिसके कब्जे से पांच 32 बोर के कारतूस बरामद हुए हैं । इसके अलावा जसबीर सिंह निवासी गांव मांगे सराए, रछपाल सिंह निवासी रूपेवाली, राजेन्द्र सिंह निवासी निजामपुरा, बलविन्दर सिंह आदि को भी पकड़ा गया जो विभिन्न वारदातों में संलिप्त हैं । झब्बाल पुलिस ने एक आतंकवादी अमरदीप सिंह निवासी गांव धोतियां को गिरफ्तार किया है । उन्होंने बताया कि यह व्यक्ति राणा ग्रुप के आतंकवादियों को पनाह देता रहा है और उसके कब्जे से विभिन्न बोर के भारी मात्रा में कारतूस मिले हैं ।

गत रात्रि गांव ढोटियां में बरतर्फ शुदा कांस्टेबल गुरदीप सिंह की पत्नी सुरजीत कौर की आतंकवादियों द्वारा की गई हत्या के बारे में श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गुरदीप सिंह के चार वर्ष

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब, हिमाचल द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध संयुक्त रणनीति

शिमला, 27 जुलाई (ह.स.): पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश ने आतंकवाद से लड़ने तथा इसे समाप्त करने के लिए एक संयुक्त रणनीति अपनाने का निर्णय किया है । इस नीति में आतंकवादियों की गतिविधियों बारे सूचनाओं का शीघ्र आदान-प्रदान, एक-दूसरे की सहयोगी गश्त, राज्य की सीमाओं पर कड़ी जांच तथा एक-दूसरे के राज्यों में बसों की पर्याप्त सुरक्षा आदि किया जाना शामिल है ।

आतंकवादियों से युद्ध के दौरान दोनों राज्यों के पुलिस उच्चाधिकारियों की निरंतर बैठकों का आयोजन किया जाता रहेगा । इस बारे निर्णय आज यहां पंजाब के राज्यपाल श्री रे तथा हिमाचल के मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह के बीच हुई एक बैठक में लिया गया । बैठक का आयोजन श्री रे के चार दिन के दौरे की समाप्ति पर चंडीगढ़ वापसी के पूर्व किया गया था।

श्री वीरभद्र सिंह ने पंजाब के राज्यपाल को उन सभी प्रबन्धों से अवगत कराया जो हिमाचल में आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए किए गए हैं । उन्होंने कहा कि हिमाचल को आतंकवादियों की 'शरणस्थली' नहीं बनने दिया जाएगा । उन्होंने बताया कि राज्य सरकार राज्य में अल्पसंख्यकों की हर कीमत पर सुरक्षा के लिए वचनबद्ध है । उन्होंने श्री रे को आश्वासन दिया कि जो लोग अल्पसंख्यकों पर हमले करने या उनको तंग करने के दोषी पाए जाएंगे उनको बख्शा नहीं जाएगा । उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही के बंद में जिन्होंने गरखड़ में लूटपाट की थी, उनको गिरफ्तार कर लिया गया है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

नींद लाने का नुस्खा

बैंक लूट कर भा
जगतार ग्रामीण

इंदौर, 27 जुलाई (वार्ता): आतंकवादी बलवन्त सिंह उर्फ जगतार सिंह ने इंदौर से 20 कि.मी. दूर

पहले आतंकवादियों से संबंध होने तथा उन्हें पनाह देने के आरोप में बस्ती में किया गया था तथा गिरफ्तार किया गया था । अभी वह पिछले सप्ताह ही जेल से छूट कर आया था । उन्होंने कहा कि सुरजीत कौर की हत्या के कारणों के बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता, पुलिस छानबीन कर रही है । लालू घुमान में मदन लाल की हत्या के बारे में श्री सिंह ने कहा कि यह हत्या आपसी शत्रुता का परिणाम प्रतीत होती है ।

श्री सिंह ने बताया कि पंजाब एंड सिंध बैंक में डकैती प्रातः लगभग बैंक खुलते ही हुई । पुलिस ने संदेह में बैंक के कैशियर नरेन्द्र सिंह तथा गनमैन गुरदयाल सिंह को हिरासत में लिया है ।

नम्बरदार को लूट लिया

अजनाला से ज्ञानी की सूचनानुसार थाना मजीठा के गांव झंडेर में 6 सशस्त्र व्यक्तियों ने गांव के नम्बरदार अजीत सिंह के घर से गत रात 50 हजार रुपए की नकदी व लगभग एक लाख रुपए के आभूषण लूट लिए ।

आतंकवादी भाग गए

अजनाला थाना के गांव धर्मकोट में 6 संदिग्ध आतंकवादी गत रात एक व्यक्ति चरण सिंह के घर में लूटमार के इरादे से दाखिल हुए । नम्बरदार ने मौके पर चौकन्ना होकर शोर मचा दिया जिस पर गांव वाले इकट्ठे हो गए । गांव वासियों ने उनमें से तीन आतंकवादियों को पकड़ लिया जबकि 3 भागने में सफल हो गए । पकड़े गए आतंकवादियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया । पुलिस ने उनसे एक दोनाली बंदूक एक पिस्तौल बरामद किया ।

लाश मिली

मजीठा खरड़ा के बाहर खेतों में से एक सिख युवक की गला सड़ा शव मिला । पोस्टमार्टम कराने के बाद इसका पुलिस ने अंतिम संस्कार कर दिया क्योंकि इसे लावारिस घोषित कर दिया गया था ।

बलविन्दर सिंह गिरफ्तार

होशियारपुर (प्रद्युम्न): टांडा पुलिस ने बलविन्दर सिंह उर्फ भिंडी को गिरफ्तार किया है और उसका 29 जुलाई तक रिमांड ले लिया । पुलिस के अनुसार उसने छीना झपटी की कई वारदातों का इकबाल किया है । स्मरण रहे कि भिंडी और जीता पुलिस हिरासत से फरार हो गए थे । बाद में जीता पुलिस मुकाबला में अमृतसर में मारा गया था ।

कमांडो फोर्स ने जिम्मेदारी ली

खालिस्तान कमांडो फोर्स के जसबीर सिंह लाली और परमजीत सिंह पम्मा ने माहिलपुर की 2 हत्याओं और मुद्दड्डा कलां (फिल्लौर के निकट) में कामरेड गुरदयाल सिंह की हत्या करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है ।

घायल कर दिया

बटाला (कोछड़): पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात जिला गुरदासपुर के थाना डेरा बाबा नानक के गांव पखोके में तीन अज्ञात नकाबपोशों ने मंजीत सिंह नामक व्यक्ति को गोली मार कर गम्भीर घायल कर दिया । घटना के समय मंजीत सिंह अपने घर में सो रहा था । उसे अमृतसर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । इस घटना के संबंध में पुलिस ने 6 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे : भाजपा नेता सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

होशियारपुर में ग्रामीणों के साथ मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया

पत्रकार कुंदन लाल कमलेश पर घातक हमला

चंडीगढ़, 28 जुलाई (वार्ता, हस, विभिन्न संवाददाता) : उग्रवादियों ने आज जिला अमृतसर में एक भाजपा नेता सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि पत्रकार श्री कुंदन लाल कमलेश पर फायरिंग करके उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया । थाना मेहता जिला अमृतसर में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गये । जिला होशियारपुर में एक उग्रवादी-लुटेरे को लोगों ने मुकाबला करके मार दिया जबकि उसके साथी भाग निकले । इसी मध्य पंजाब में लूटमार की घटनाएं जारी रहीं और कुछ उग्रवादी गिरफ्तार भी किये गये ।

भाजपा नेता की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): आज दोपहर लगभग 2 बजे नगर के आंतरिक क्षेत्र महा सिंह गेट में स्थित एक दुकान में संदिग्ध उग्रवादियों ने फायरिंग करके भाजपा के नेता श्री पूर्ण चंद भाटिया की हत्या कर दी । श्री भाटिया भाजपा के कार्यालय सचिव हैं । बताया जाता है कि हत्या करने वाले उग्रवादियों की संख्या दो थी और उन्होंने छः गोलियां चलाईं । फायरिंग से श्री भाटिया बुरी तरह घायल हो गए और उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । घटनास्थल थाना कोतवाली के निकट ही है । पुलिस अधिकारी घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए लेकिन तब तक साइकिल सवार उग्रवादी भाग निकले थे । श्री भाटिया पर जब हमला किया गया, उस समय वे अपनी दुकान पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे ।

बंद की अपील

भारतीय जनता पार्टी ने श्री भाटिया की हत्या पर रोष व्यक्त करने के लिए बुधवार को अपने कारोबार बंद रखने और शव यात्रा में शामिल होने की अपील की है । श्री भाटिया की अन्त्येष्टि बुधवार को प्रातः 9 बजे दुर्गाना श्मशानघाट पर होगी ।

'कमलेश' पर हमला

आज प्रातः अमृतसर के सुल्तानविंड रोड की आबादी ईस्टमोहन नगर अमृतसर के प्रमुख संवाददाता श्री कुंदन लाल कमलेश के घर में घुस कर दो आतंकवादियों ने उन्हें गोलियां मार कर गम्भीर घायल कर दिया और भागने में सफल हो गए ।

गम्भीर रूप से घायल

इस संबंध में विवरण देते हुये एस.पी. सिटी श्री बलदेव सिंह ने बताया कि आज प्रातः लगभग 8.30 बजे दो आतंकवादी ईस्टमोहन नगर में स्थित श्री कुंदन लाल कमलेश के घर में घुसे और उन्होंने श्री कमलेश पर उनके घर की ड्योढ़ी में एक आतंकवादी ने पिस्तौल से तीन फायर किये, जिनमें से एक गोली उनके बाएं कंधे में और दूसरी और उनकी बाईं जांघ में लगी, जबकि तीसरी गोली उन्हें न लगी। गोलियां लगने से श्री कमलेश बुरी तरह घायल होकर गिर गए जबकि आतंकवादी घटना स्थल पर एक हस्तलिखित पर्ची फैंक कर भाग गए । श्री बलदेव सिंह के अनुसार दोनों आतंकवादियों ने गली के मोड़ पर भी एक फायर किया ताकि लोगों में से कोई उनका पीछा न कर सके । एस.पी. ने बताया कि घटना स्थल से 9 एम.एम. का एक कारतूस मिला है, जिससे पता चलता है कि उग्रवादियों ने 9 एम.एम. के पिस्तौल से श्री कमलेश पर फायरिंग की । घटना की सूचना पाकर सी.आर.पी.एफ. और पुलिस के अधिकारी तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे और श्री कमलेश को अस्पताल पहुंचाया गया । अस्पताल में श्री कमलेश बेहोश रहे ।

'पर्ची' पड़ी मिली

एस.पी. सिटी ने बताया कि घटना स्थल से मिली हस्तलिखित पर्ची में सबसे ऊपर 'प्रैस नोट' लिख कर नीचे पंजाबी में लिखा है कि कमलेश सिख शहीदी कौम के नेताओं के विरुद्ध लिखता है, इसीलिये उसे सोधा गया है । नीचे लाभ सिंह का नाम दिया हुआ है । बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस की घटना की गहराई से जांच कर रही है और संबंधित आतंकवादियों के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है ।

घर के बाहर प्रतीक्षा कर रहे थे

'हस' के अनुसार श्री कमलेश उग्रवादियों की 'हिट लिस्ट' में हैं । उन्हें धमकीपूर्ण पत्र मिल रहे थे । पुलिस के अनुसार आतंकवादी श्री कमलेश के घर के बाहर उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे । श्री कमलेश पास के ही पूजा स्थल से लौट कर जैसे ही अंदर घर में घुसे, आतंकवादियों ने पीछे से उन पर गोली चला दी । आतंकवादी हमले के बाद भागने में सफल रहे । पास ही राजस्व विभाग के दो सुरक्षा गार्डों ने आतंकवादियों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे ।

वरिष्ठ पुलिस एवं नागरिक अधिकारी, राजनीतिक नेता श्री कमलेश को देखने अस्पताल पहुंचे । भाजपा के उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश और राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के अध्यक्ष डा. बलदेव चावला भी श्री कमलेश को देखने अस्पताल आये । अमृतसर के जिलाधीश श्री सर्वजीत सिंह और सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. बिंक भी श्री कमलेश को देखने अस्पताल गए । अमृतसर के पत्रकारों ने इस घटना की कड़ी निंदा की और पत्रकारों को पर्याप्त सुरक्षा देने की मांग की है ।

पुलिस ने कहा है कि उग्रवादियों ने श्री कमलेश पर अंधाधुंध फायरिंग की, लेकिन वे उग्रवादियों से भिड़ गये । एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने 'हत्यारों' की शिनाख्त कर ली है और आशा व्यक्त की कि उन्हें

(शेष पृष्ठ 6 पर)



अमृतसर के पत्रकार कुन्दन लाल कमलेश को उग्रवादियों ने उनके घर क
कमलेश, (2) घर की ड्योढ़ी पर बिखरा खून, (3) कमलेश का मकान,
दुकान पर उग्रवादियों ने फायरिंग की, (5) फायरिंग में मृत श्री भाटिया

भजन के दामाद की फर्म के विरुद्ध कार्रवाई की सिफारिश

चंडीगढ़, 28 जुलाई (राकेश संधी) : हरियाणा सरकार ने केंद्रीय उद्योग मंत्रालय को हिसार में भारत में निर्मित विदेशी शराब तथा देसी शराब बनाने वाले एक औद्योगिक यूनिट मैसर्स एसोसिएटिड डिस्टिलरीज के विरुद्ध औद्योगिक विकास एवं नियमन कानून 1951 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा है । इस यूनिट का मालिक केंद्रीय पर्यावरण मंत्री तथा हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल का दामाद अनूप बिश्नोई है ।

इस औद्योगिक यूनिट के विरुद्ध आरोप यह है कि इसने केंद्रीय सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदी के बावजूद तथा केंद्रीय सरकार से अनमति लिए बगैर, जोकि कानून के अन्तर्गत जरूरी है, भारत निर्मित विदेशी शराब तथा देसी शराब बनाना शुरू कर दी । वर्ष 1984 में जब उक्त यूनिट ने केंद्रीय सरकार को औद्योगिक लाइसैंस लेने के लिए आवेदन दिया तो इसको कहा गया था कि वह अपने आपको डायरैक्टर जनरल आफ टैकनीकल डिवैलपमैंट के पास रजिस्टर कराए । आश्चर्य की बात है कि इस यूनिट ने जरूरी रजिस्ट्रेशन के लिए डायरैक्टर जनरल से सम्पर्क करने की जरूरत नहीं समझी तथा राज्य के कराधान व आबकारी विभाग से आशयपत्र (लैटर आफ इन्टैंट) प्राप्त कर लिया जिसने इसे केंद्रीय सरकार से मंजूरी लेने की शर्त पर जारी किया था जोकि इस यूनिट ने कभी नहीं ली हालांकि कानून के अंतर्गत ऐसा आवश्यक है ।

जब इस सिफारिश के बारे में पूछा गया तो हरियाणा के उद्योगमंत्री प्रो. सम्पत सिंह ने कहा कि भारत सरकार से औद्योगिक लाइसैंस लेना जरूरी है । चाहे लघु स्तरीय सहायक अथवा मध्यम स्तरीय उद्योग हो । उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा में 1975 में भारत निर्मित विदेशी शराब/देसी शराब की पैदावार की अतिरिक्त क्षमता पैदा करने पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद केंद्र

बोफोर्स पर संसद के

नई दिल्ली, 28 जुलाई (वार्ता.ह.स.): संसद के दोनों सदनों में आज बोफोर्स प्रकरण पर चर्चा की मांग को लेकर अभूतपूर्व हंगामा हुआ और अंततः कार्रवाई कल तक के लिए स्थगित कर दी गई । दोनों सदनों में विपक्ष ने क्रियात्मक रूप से कार्रवाई न चलने दी ।

लोकसभा में विपक्ष ने प्रश्नकाल स्थगित कर काम-रोको प्रस्ताव पर चर्चा की मांग की जिसे अस्वीकार कर दिए जाने के कारण सदन की कार्रवाई पहले भोजनावकाश तक तथा बाद में कल तक के लिए स्थगित करनी पड़ी । राज्यसभा में कार्रवाई दो बार स्थगित करने के बाद सारे दिन के लिए स्थगित कर दी गई ।

राज्यसभा में उपसभापति श्रीमती प्रतिभा पाटिल ने प्रश्नकाल स्थगित रखने की विपक्ष की मांग अस्वीकार कर दी और प्रश्नकाल केवल दो मिनट के लिए चला ।

सदन की कार्रवाई कल तक के लिए स्थगित करने से पूर्व श्रीमती पाटिल ने सदन को बताया कि प्रधानमंत्री के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन के दो प्रस्ताव टिप्पणी के लिए श्री राजीव गांधी के पास भेज दिए गए हैं । उन्होंने बताया कि ये नोटिस भाजपा के श्री जसवंत सिंह और मार्क्सवादी श्री दीपेन घोष व अन्य सदस्यों ने दिए थे । श्रीमती पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री की टिप्पणी प्राप्त होने के बाद ही इन प्रस्तावों पर सदन में विचार किया जा सकता है ।

श्रीमती पाटिल ने क
सदस्यों के आचरण की
कि इस तरह के आचरण
पास शब्द नहीं हैं ।
उन्होंने कहा कि

अजिता

जैनेवा, 28 जुलाई
अधिकारियों के अनुसार प्र
बच्चन के भाई अजिताभ
आवासीय परमिट पाने के
वह यहां हाल ही में स्था
कम्पनी के एक सांझेदार
कम्पनी का नाम 'आर्कोल
बताया जाता है कि अ
जिसमें श्री बच्चन एक ब
आर्कोलैब के 50 प्रति
स्थित' एक कम्पनी के
रहस्योद्घाटन से श्री बच्च
गए यह बयान गलत सिद्ध
में उनकी सहभागिता नाम
बेकर्स' ही इसके प्रमुख
स्विटजरलैंड में आव

पाक-अमरीका टकराव बढ़ा

वाशिंगटन, 28 जुलाई (वार्ता): पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर पाकिस्तान और अमरीका के बीच एक ऐसा खतरनाक टकराव तेज होता जा रहा है जिससे क्षेत्र में सम्पूर्ण राजनीतिक

ईरान के साथ पाकिस्तान का टकराव तो है ही, अब तो अमरीका के बारे में भी पाक विदेश नीति भयंकर संकट में पड़ गई है । अमरीका के कार्टर प्रशासन ने 1979 में पाकिस्तान की मदद बंद कर दी थी

श्रीलंका में 'शांति समझौते पर आज : 24 घंटे में युद्ध विरा

Punjabi Sanstani

मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे : भाजपा नेता सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

होशियारपुर में ग्रामीणों के साथ मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया

पत्रकार कुंदन लाल कमलेश पर घातक हमला

चंडीगढ़, 28 जुलाई (वार्ता, हस, विभिन्न संवाददाता) : उग्रवादियों ने आज जिला अमृतसर में एक भाजपा नेता सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि पत्रकार श्री कुंदन लाल कमलेश पर फायरिंग करके उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया । थाना मेहता जिला अमृतसर में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गये । जिला होशियारपुर में एक उग्रवादी-लुटेरे को लोगों ने मुकाबला करके मार दिया जबकि उसके साथी भाग निकले । इसी मध्य पंजाब में लूटमार की घटनाएं जारी रहीं और कुछ उग्रवादी गिरफ्तार भी किये गये ।

भाजपा नेता की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): आज दोपहर लगभग 2 बजे नगर के आंतरिक क्षेत्र महा सिंह गेट में स्थित एक दुकान में संदिग्ध उग्रवादियों ने फायरिंग करके भाजपा के नेता श्री पूर्ण चंद भाटिया की हत्या कर दी । श्री भाटिया भाजपा के कार्यालय सचिव हैं । बताया जाता है कि हत्या करने वाले उग्रवादियों की संख्या दो थी और उन्होंने छः गोलियां चलाई । फायरिंग से श्री भाटिया बुरी तरह घायल हो गए और उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । घटनास्थल थाना कंतवाली के निकट ही है । पुलिस अधिकारी घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए लेकिन तब तक साईकिल सवार उग्रवादी भाग निकले थे । श्री भाटिया पर जब हमला किया गया, उस समय वे अपनी दुकान पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे ।

बंद की अपील

भारतीय जनता पार्टी ने श्री भाटिया की हत्या पर रोष व्यक्त करने के लिए बुधवार को अपने कारोबार बंद रखने और शव यात्रा में शामिल होने की अपील की है । श्री भाटिया की अन्त्येष्टि बुधवार को प्रातः 9 बजे दुर्याना श्मशानघाट पर होगी ।

'कमलेश' पर हमला

आज प्रातः अमृतसर के सुलतानविंड रोड की आबादी ईस्टमोहन नगर अमृतसर के प्रमुख संवाददाता श्री कुंदन लाल कमलेश के घर में घुस कर दो आतंकवादियों ने उन्हें गोलियां मार कर गम्भीर घायल कर दिया और भागने में सफल हो गए ।

गम्भीर रूप से घायल

इस संबंध में विवरण देते हुये एस.पी. सिटी श्री बलदेव सिंह ने बताया कि आज प्रातःलगभग 8.30 बजे दो आतंकवादी ईस्टमोहन नगर में स्थित श्री कुंदन लाल कमलेश के घर में घुसे और उन्होंने श्री कमलेश पर उनके घर की ड्योढ़ी में एक आतंकवादी ने पिस्तौल से तीन फायर किये, जिनमें से एक गोली उनके बाएं कंधे में और दूसरी ओर उनकी बाईं जांघ में लगी, जबकि तीसरी गोली उन्हें न लगी। गोलियां लगने से श्री कमलेश बुरी तरह घायल होकर गिर गए जबकि आतंकवादी घटना स्थल पर एक हस्तलिखित पर्ची फैंक कर भाग गए । श्री बलदेव सिंह के अनुसार दोनों आतंकवादियों ने गली के मोड़ पर भी एक फायर किया ताकि लोगों में से कोई उनका पीछा न कर सके । एस.पी. ने बताया कि घटना स्थल से 9 एम.एम. का एक कारतूस मिला है, जिससे पता चलता है कि उग्रवादियों ने 9 एम.एम. के पिस्तौल से श्री कमलेश पर फायरिंग की । घटना की सूचना पाकर सी.आर.पी.एफ. और पुलिस के अधिकारी तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे और श्री कमलेश को अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में श्री कमलेश बेहोश रहे ।

'पर्ची' पड़ी मिली

एस.पी. सिटी ने बताया कि घटना स्थल से मिली हस्तलिखित पर्ची में सबसे ऊपर 'प्रैस नोट' लिख कर नीचे पंजाबी में लिखा है कि कमलेश सिंह शहीदों, कौम के नेताओं के विरुद्ध लिखता है, इसीलिये उसे सोधा गया है । नीचे लाभ सिंह का नाम दिया हुआ है । बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस की घटना की गहराई से जांच कर रही है और संबंधित आतंकवादियों के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है ।

घर के बाहर प्रतीक्षा कर रहे थे

'हस' के अनुसार श्री कमलेश उग्रवादियों की 'हिट लिस्ट' में हैं । उन्हें धमकीपूर्ण पत्र मिल रहे थे । पुलिस के अनुसार आतंकवादी श्री कमलेश के घर के बाहर उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे । श्री कमलेश पास के ही पूजा स्थान से लौट कर जैसे ही अंदर घर में घुसे, आतंकवादियों ने पीछे से उन पर गोली चला दी । आतंकवादी हमले के बाद भागने में सफल रहे । पास ही राजस्व विभाग के दो सुरक्षा गार्डों ने आतंकवादियों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे ।

वरिष्ठ पुलिस एवं नागरिक अधिकारी, राजनीतिक नेता श्री कमलेश को देखने अस्पताल पहुंचे । भाजपा के उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश और राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के अध्यक्ष डा. बलदेव चावला भी श्री कमलेश को देखने अस्पताल आये । अमृतसर के जिलाधीश श्री सर्वजीत सिंह और सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क भी श्री कमलेश को देखने अस्पताल गए । अमृतसर के पत्रकारों ने इस घटना की कड़ी निंदा की और पत्रकारों को पर्याप्त सुरक्षा देने की मांग की है ।

पुलिस ने कहा है कि उग्रवादियों ने श्री कमलेश पर अंधाधुंध फायरिंग की, लेकिन वे उग्रवादियों से भिड़ गये । एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने 'हत्यारों' की शिनाख्त कर ली है और आशा व्यक्त की कि उन्हें

(शेष पृष्ठ 6 पर)





अमृतसर के पत्रकार कन्दन लाल कमलेश को उग्रवा... कमलेश, (2) घर की ड्योढ़ी पर बिखरा खून, (3) ... दुकान पर उग्रवादियों ने फायरिंग की, (5) फायरिं...

भजन के दामाद की फर्म के विरुद्ध कार्रवाई की सिफारिश

चंडीगढ़, 28 जुलाई (राकेश संधी) : हरियाणा सरकार ने केंद्रीय उद्योग मंत्रालय को हिसार में भारत में निर्मित विदेशी शराब तथा देसी शराब बनाने वाले एक औद्योगिक यूनिट मैसर्स एसोसिएटिड डिस्टिलरीज के विरुद्ध औद्योगिक विकास एवं नियमन कानून 1951 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा है । इस यूनिट का मालिक केंद्रीय पर्यावरण मंत्री तथा हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल का दामाद अनूप बिश्नोई है ।

इस औद्योगिक यूनिट के विरुद्ध आरोप यह है कि इसने केंद्रीय सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदी के बावजूद तथा केंद्रीय सरकार से अनमति लिए बगैर, जोकि कानून के अन्तर्गत जरूरी है, भारत निर्मित विदेशी शराब तथा देसी शराब बनाना शुरू कर दी । वर्ष 1984 में जब उक्त यूनिट ने केंद्रीय सरकार को औद्योगिक लाइसैंस लेने के लिए आवेदन दिया तो इसको कहा गया था कि वह अपने आपको डायरैक्टर जनरल आफ टैकनीकल डिवैलपमैंट के पास रजिस्टर कराए । आश्चर्य की बात है कि इस यूनिट ने जरूरी रजिस्ट्रेशन के लिए डायरैक्टर जनरल से सम्पर्क करने की जरूरत नहीं समझी तथा राज्य के कराधान व आबकारी विभाग से आशयपत्र (लैटर आफ इन्टैंट) प्राप्त कर लिया जिसने इसे केंद्रीय सरकार से मंजूरी लेने की शर्त पर जारी किया था जोकि इस यूनिट ने कभी नहीं ली हालांकि कानून के अंतर्गत ऐसा आवश्यक है ।

जब इस सिफारिश के बारे में पूछा गया तो हरियाणा के उद्योगमंत्री प्रो. सम्पत सिंह ने कहा कि भारत सरकार से औद्योगिक लाइसैंस लेना जरूरी

बोफोर्स पर संस...

नई दिल्ली, 28 जुलाई (वार्ता, हस.) : संसद के दोनों सदनों में आज बोफोर्स प्रकरण पर चर्चा की मांग को लेकर अभूतपूर्व हंगामा हुआ और अंततः कार्रवाई कल तक के लिए स्थगित कर दी गई । दोनों सदनों में विपक्ष ने क्रियात्मक रूप से कार्रवाई न चलने दी ।

लोकसभा में विपक्ष ने प्रश्नकाल स्थगित कर काम-रोको प्रस्ताव पर चर्चा की मांग की जिसे अस्वीकार कर दिए जाने के कारण सदन की कार्रवाई पहले भोजनावकाश तक तथा बाद में कल तक के लिए स्थगित करनी पड़ी । राज्यसभा में कार्रवाई दो बार स्थगित करने के बाद सारे दिन के लिए स्थगित कर दी गई ।

राज्यसभा में उपसभापति श्रीमती प्रतिभा पाटिल ने प्रश्नकाल स्थगित रखने की विपक्ष की मांग अस्वीकार कर दी और प्रश्नकाल केवल दो मिनट के लिए चला ।

सदन की कार्रवाई कल तक के लिए स्थगित करने से पूर्व श्रीमती पाटिल ने सदन को बताया कि प्रधानमंत्री के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन के दो प्रस्ताव टिप्पणी के लिए श्री राजीव गांधी के पास भेज दिए गए हैं । उन्होंने बताया कि ये नोटिस भाजपा के श्री जसवंत सिंह और मार्क्सवादी श्री दीपेन घोष व अन्य सदस्यों ने दिए थे । श्रीमती पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री की टिप्पणी प्राप्त होने के बाद ही इन प्रस्तावों पर सदन में विचार किया जा सकता है ।

Punjab Sanskriti



अमृतसर के पत्रकार कुन्दन लाल कमलेश को उग्रवादियों ने उनके घर की ड्योढ़ी में गोली मार कर घायल कर दिया । (1) अस्पताल में घायल कमलेश, (2) घर की ड्योढ़ी पर बिखरा खून, (3) कमलेश का मकान, (4) अमृतसर के महासिंह गेट क्षेत्र में भाजपा नेता पूर्ण चन्द भाटिया की दुकान पर उग्रवादियों ने फायरिंग की, (5) फायरिंग में मृत श्री भाटिया । (छाया : रवि भंडारी)



(1) होशियारपुर के निकटस्थ गांव आहरकट में गांव वालों की गोली से मारा गया आतंकवादी, (2) घटनास्थल से थोड़ी दूर पड़ी खिलौना स्टेनगन जिसका प्रयोग आतंकवादियों ने गांव की सहकारी कृषि सेवा समिति का गोदाम लूटने के लिए किया । मृत आतंकवादी के साथी भाग निकले, (3) होशियारपुर के एस.एस.पी. सुरेश अरोड़ा गांव सहकारी समिति के 3 चौकीदारों को उनके साहस के लिए पुरस्कार प्रदान करते हुए, (4) सहकारी समिति का गोदाम जहां से आतंकवादियों ने चौथी बार सामान लूटा । (छाया : मूनलाइट स्टूडियो)

Punjabi Sanatani

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

शीघ्र ही दबोच लिया जाएगा । बाद में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार श्री कमलेश की हालत खतरे से बाहर बताई गई है ।

जिला प्रशासन ने लगभग एक सप्ताह पूर्व पत्रकारों को बता दिया था कि उनमें से पांच आतंकवादियों की हिट लिस्ट में हैं । श्री कमलेश का नाम भी इन पांच में था ।

श्री कमलेश पर घातक हमले के विरोध में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने बुधवार को 'अमृतसर बंद' का आह्वान किया है ।

अमृतसर जिला कांग्रेस (इ) ने भी बुधवार को व्यापारिक संस्थान बंद करने के आह्वान का समर्थन किया है । जिला प्रशासन नगर की स्थिति पर नजर रखे हुए है ।

आर्य समाज श्रद्धानंद बाजार अमृतसर ने भी बुधवार को 'अमृतसर बंद' का आह्वान किया है ।

पत्रकारों द्वारा निंदा

आज अमृतसर के पत्रकारों की हंगामी बैठक सर्कट हाऊस में शाम को हुई, जिसमें श्री कमलेश पर घातक हमले पर चिंता व्यक्त की गई और इसे पत्रकारिता पर हमला बताया गया । बैठक में पारित एक प्रस्ताव में श्री कमलेश पर हमले की निंदा की गई, दूसरे प्रस्ताव में जिला प्रशासन से मांग की गई कि वह श्री कमलेश की चिकित्सा व सुविधाओं पर आने वाला व्यय वहन करे । तीसरे प्रस्ताव में श्री कमलेश को वित्तीय सहायता देने की मांग की गई । आज सायं सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जिला प्रशासन ने कई मांगें मान ली हैं ।

राज्यपाल द्वारा निंदा

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने श्री कमलेश पर हुए घातक हमले की निंदा की है । श्री रे ने इस घटना को लोकतांत्रिक देश में स्वतंत्र प्रैस का गला घोंटने का प्रयास बताया । श्री रे ने कहा है कि गत कुछ वर्षों में पंजाब में कई पत्रकारों ने गोलियों का सामना किया है लेकिन उग्रवाद और राष्ट्र विरोधी तत्व उन्हें निडरता और सुदृढ़ता से लिखने से रोक नहीं सके । उन्होंने श्री कमलेश के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की कामना की है ।

आल इंडिया न्यूज पेपर एडीटर्स कांफ्रैंस के प्रधान विश्वबंधु गुप्ता ने श्री कमलेश पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है ।

दो व्यक्तियों की हत्या

जिला अमृतसर के गांव धोतियां में दो संदिग्ध व्यक्तियों ने विरसा सिंह और दिलबाग सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक किसान और उसका नौकर था । वे अपने ट्यूबवैल पर सोये हुये थे, जब उन पर हमला किया गया ।

शस्त्र लेने गए थे

अशोक सोनी के अनुसार उग्रवादी पहले बलविंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति के पास गए थे और उन्होंने उससे विरसा सिंह और दिलबाग सिंह के बारे में पूछा । विरसा सिंह और दिलबाग सिंह के पास पहुंच कर उग्रवादियों ने उनसे शस्त्र मांगे । इन्कार किये जाने पर उग्रवादियों ने उनकी हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार चारों आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली है । पुलिस अभियुक्तों को पकड़ने के लिये सरगर्म हो गई है ।

पुलिस ने बाद में कहा है कि गांव होतियां में हत्या उग्रवादी गिरोहों की गुट-प्रतिद्वंद्वता का परिणाम है । कहा गया है कि संदेह किया जाता है कि मृतक के पास आकर उग्रवादी ठहरते थे । जिन्होंने उसकी हत्या की, वे उससे पुलिस मुकाबले में मारे गए एक संदिग्ध उग्रवादी द्वारा उसके पास रखे शस्त्रों को मांग रहे थे ।

एक अन्य घटना में 6-7 संदिग्ध व्यक्तियों के गिरोह ने आज प्रातः एक सिनेमा घर को लूटने के लिए उस पर हमला कर दिया । उनमें से एक पकड़ा गया क्योंकि वह गेट पर शीशे लगने से घायल हो गया।

मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे

बाबा बकाला (प्रेम मेहरा) : यहां से थोड़ी दूर थाना मेहता के अंतर्गत गांव चंदनके के नाले के पास रात्रि में लगभग 2.30 बजे सुरक्षा बल व पंजाब पुलिस के गश्ती दल पर खेतों के पास से कुछ उग्रवादियों ने फायरिंग की । इसके प्रत्युत्तर में सुरक्षा बल तथा पुलिस के जवानों ने भी फायरिंग की । 15 मिनट तक फायरिंग जारी रही जिसमें 2 उग्रवादी मारे गये तथा उनके कुछ साथी भागने में सफल हो गये । मृत उग्रवादियों की पहचान नहीं हो सकी थी । पुलिस को घटना स्थल से एक 303 का पिस्तौल, एक दुनाली बंदूक व बड़ी संख्या में चले हुये कारतूस मिले हैं । कारतूसों पर पाकिस्तानी चिन्ह अंकित थे ।

'गब्बर' का हत्यारा मारा गया

अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार आज चौक मेहता क्षेत्र में पुलिस के साथ हुए मुकाबले में मारे गए दो उग्रवादियों की पहचान हो गई है । उनमें से एक हरदयाल सिंह डोला निवासी गांव तरसिक्का है । वह उग्रवादियों के संगठन बब्बर खालसा के साथ सम्बद्ध है । वह पुलिस को कई हत्या कांडों में वांछित था । इनमें से एक हत्या पुलिस इंस्पैक्टर स. हरजीत सिंह उर्फ गब्बर सिंह की है, जिनको उसने चंडीगढ़ में हुए मुकाबले के दौरान मारा था । थाना अजनाला के गांव जोधा नगरी में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सी.आर.पी.एफ. पर फायरिंग की थी, जिसमें 3 कांस्टेबल मारे गए थे । गांव जब्बोवाल में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई थी । गांव तरसिक्का के सरपंच और एक अन्य व्यक्ति बृजलाल की भी उसने हत्या की थी ।

गड़गज्ज मारा गया

दूसरा मृत उग्रवादी अवतार सिंह गड़गज्ज है, वह लुधियाना का रहने वाला था । उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बाबा बकाला में डी.एस.पी. स. हरपाल सिंह की हत्या की थी । यह जानकारी जिला पुलिस अधीक्षक श्री मुहम्मद इजहार आलम ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान दी ।

एक और हत्या

जिला अमृतसर के गांव नुहारके में आज सायं चार बजे दो अज्ञात व्यक्तियों ने अमरीकसिंह नामक एक व्यक्ति की फायरिंग करके हत्या कर दी । एस.एस.पी. मुहम्मद इजहार आलम ने बताया कि पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयत्न कर रही है कि यह घटना निजी शत्रुता का परिणाम तो नहीं ।

दुर्दांत उग्रवादी पकड़ा गया

पुलिस ने एक अन्य कुख्यात उग्रवादी गुरदयाल सिंह को भी गिरफ्तार करने का दावा किया है, जो पंजाब में उग्रवाद के परिपेक्ष्य में हुई प्रथम हत्या सहित हत्या के कई मामलों में वांछित था । एस.एस.पी. श्री इजहार मुहम्मद आलम के अनुसार इस उग्रवादी ने आनंदपुर साहिब में सादी राम आगरा की हत्या की । श्री आलम ने कहा कि गुरदयाल पांच वर्ष की आयु से गुरुद्वारा गुरदर्शन प्रकाश चौक मेहता में रह रहा था और जरनैल सिंह भिंडरांवाले ने उसे उग्रवाद में दीक्षित किया था । पुलिस ने उसके कब्जे से पाकिस्तानी 18 कारतूस, जो विभिन्न शस्त्रों के हैं, बरामद किए हैं ।

24 बर्मी गिरफ्तार

पुलिस ने गत रात्रि घरिंडा क्षेत्र से 24 बर्मी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने कहा है कि वे अवैध रूप से सीमा पार करके पाकिस्तान जाने की इच्छा से वहां जमा हुये थे ।

'अमृतधारी' के घर से 25000 का माल लूट ले गए

भिखीविंड (शर्मा): यहां से 11 किलोमीटर दूर मनिहाला जै सिंह गांव में कुछ अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति अमरीक सिंह के घर से 20-25 हजार रुपये मूल्य के स्वर्णाभूषण व नगदी लूट कर ले गये । अमरीक सिंह, जो अमृतधारी है, की लड़की की शादी कुछ दिन पहले हुई थी । उसने बताया कि अभियुक्तों ने आते ही कहा कि चुपचाप जो कुछ भी है हमारे सुपुर्द कर दो, शोर मचाया तो मार देंगे ।

ग्रामीणों ने उग्रवादी मार गिराया

होशियारपुर से अश्विनी और अविनाश ने समाचार दिया है कि कल रात यहां से 22 किलोमीटर दूर मौजा आहरकूट में आतंकवादियों और देहातियों के मध्य भिड़ंत और फायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके बाकी साथी ट्रक में भागने में सफल हो गये । मृत आतंकवादी की अभी तक पहचान नहीं हो सकी ।

बताया जाता है कि कल रात लगभग डेढ़ बजे एक ट्रक में 7-8 आतंकवादी आहरकूट की कोआपरेटिव एग्रीकल्चर सर्विस सोसायटी के गोदाम पर आये और खाद की लगभग 100 बोरियां ट्रक में लाद लीं, मगर चौकीदार ने जो सामने संत राम के डेरे में था, फौरन गांव के सरपंच श्री जसजीत सिंह को जो इस सोसायटी के चेयरमैन और जिला संयुक्त अकाली जत्थे के प्रधान भी हैं, तथा देहातियों को आकर इस घटना की सूचना दी, जो फौरन लाठियां, हथियार आदि लेकर आतंकवादियों के मुकाबले के लिये आ गए । देहातियों को देखते ही आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिस पर देहातियों ने भी जवाब में फायरिंग की । कुछ देर दोनों ओर से गोलियों का आदान-प्रदान होता रहा, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया । शेष ट्रक में सवार होकर भाग गये ।

चौथी बार आये थे...

बताया जाता है कि इस कोआपरेटिव सोसायटी से पहले भी 70-80 हजार रुपये की खाद की बोरियां लूटी जा चुकी हैं । आतंकवादी तीसरी बार भी इस सोसायटी को लूटने आये थे मगर असफल रहे थे । यह इसे लूटने की चौथी कोशिश थी ।

'प्रद्युम्न' की सूचना के अनुसार जब गांव आहर आहरकूट में लुटेरों ने रात्रि लगभग डेढ़ बजे लोगों को आते देखा तो एक व्यक्ति ने ट्रक से उन पर टार्च की लाईट मारी जबकि दूसरे ने ट्रक के ऊपर से उन पर गोली चला दी, जिसके जवाब में सरपंच जसजीत सिंह ने ट्रक की ओर निशाना लगा कर गोली चला दी, जो ट्रक में खाद की बोरी फैंककर वापस जा रहे व्यक्ति को लगी । इतने में ट्रक को ड्राइवर ने भगा दिया । घायल व्यक्ति ट्रक में न चढ़ सका । जो दो और नीचे थे, वे चो की ओर भाग खड़े हुए । सरपंच ने बन्दूक के बाद रिवाल्वर से भी गोलियां चलाईं । कुल पांच गोलियां चलाई गईं । लुटेरे लगभग एक दर्जन थे ।

घटनास्थल पर अभियुक्तों की तलाश के लिए खोजी कुत्ते भी मंगवाए गए । पुलिस पार्टियां भुलत्थ, टांडा, भोगपुर रवाना हो गई हैं । मृत अभियुक्त की शिनाख्त करने की कोशिशें जारी हैं ।

चौकीदार को ईनाम

सोसायटी के चेयरमैन और सरपंच श्री जसजीत सिंह ने बताया कि सोसायटी पर दो बार हमला हो चुकने के कारण चौकीदार ने रात को सोसायटी के कार्यालय या गोदाम पर रहने से इन्कार कर दिया था । तब उसे सामने संत राम के डेरे में रहने को कह दिया गया था । कल रात भी चौकीदार डेरे में बैठा था । घटना की सूचना मिलते ही एस.एस.पी. होशियारपुर श्री सुरेश अरोड़ा तथा अन्य पुलिस-अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गये । श्री सुरेश अरोड़ा और सोसायटी ने चौकीदार को एक-एक हजार रुपया ईनाम देने की घोषणा की । घटनास्थल पर एक खिलौना स्टेनगन मिली । पता चला है कि पुलिस ने इस संबंध में कुछ स्थानों पर छापे मारे हैं । अधिक विवरण की प्रतीक्षा है ।

ग्रामीणों को एक लाख रुपए इनाम

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने गांव आहरकूट के ग्रामीणों को उन द्वारा गत रात्रि उग्रवादियों के विरुद्ध शौर्य प्रदर्शित करने पर अपने स्वैच्छिक कोष से एक लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है । श्री रे ने यह राशि होशियारपुर के जिलाधीश को भेज दी है ताकि इसे गांव में नागरिक सुविधाएं उन्नत करने पर व्यय किया जाए ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): ...न.पी. श्री पी.एम. दास ने पत्रकारों को बताया कि गत रात्रि थाना सदर कपूरथला के क्षेत्र में गुरुद्वारा तांबी साहिब के निकट नाकाबंदी के दौरान संक्षिप्त मुकाबले के बाद पुलिस ने दो कथित खतरनाक उग्रवादियों सतविन्द्र सिंह निवासी सिद्धवां दोना और अरविन्द्र सिंह निवासी कस्सो चाहल को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 8 गोलियों सहित एक 315 बोर की राइफल और 2 कारतूसों सहित 12 बोर का एक पिस्तौल बरामद किया है ।

कई वारदातों की स्वीकारोक्ति

श्री दास ने बताया कि रात्रि के समय नाकाबंदी के समय पुलिस पार्टी ने दो युवकों को रुकने के लिए कहा, जिस पर उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस पार्टी ने भी जवाबी फायरिंग की लेकिन दोनों तरफ से कोई घायल नहीं हुआ । इन गिरफ्तार दोनों उग्रवादियों ने पुलिस को प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान बताया कि उन्होंने अपने 8-9 साथियों के साथ दिसम्बर 1986 में गांव काहलवां के श्री सरस्वती मंदिर में डाका डाल कर 20 तोले स्वर्णाभूषण, 4 हजार रुपए नगद और एक ट्रांजिस्टर लूटा था । जनवरी 1987 में अपने सशस्त्र साथियों के साथ जैन राइस मिल्स कपूरथला से 29000 रुपए नगद और 10 गोलियों के साथ एक रिवाल्वर लूटा था । सचदेवा राइस मिल्ज कपूरथला से फरवरी, 1987 में 5500 रुपए लूटे थे । गांव खेड़ा दोना के पंजाब एंड सिंध बैंक में मार्च, 1987 को डाका डाल कर 92085 रुपए और 9 कारतूसों के साथ 12 बोर का एक पिस्तौल

पति-पत्नी को लूटने के बाद अभी ... रहे हैं

थाना सदर के गांव फोलेवाल में ग... रिवाल्वरों से लैस दो युवक रात्रि के समय ... आए श्री लाल सिंह और उसकी पत्नी को डर... कर नगदी व 7 तोले स्वर्णाभूषण पिस्तौल ... पर छीन कर ले गए । जाती बार यह धम... गये कि यदि पुलिस को सूचना दी तो खत्म क... 25 जुलाई की रात्रि को उन्हें डराने के लि... हवाई फ़ायरिंग की गई । ये पति-पत्नी 18... को विदेश से आये और 20 जुलाई की रात्रि... लिये गये, 25 जुलाई को हवाई फ़ायरिंग कर... डराया गया ।

'शगुन' भी ले गए

फगवाड़ा (कौड़ा): गत सायं स्थान... गोविंदनगर में हरबंस चावला नामक एक ... के घर में घुस कर 3 संदिग्ध उग्रवादियों ने ... नोक पर उसकी स्त्री के कानों की बालियां ... रुपए छीन लिए और भाग गए । बताया जा... तीन अभियुक्तों में से 2 तो बाहर रहे जबकि ... चावला की पत्नी श्रीमती राज रानी को घर में ... देखकर अन्दर घुस गया और चाकू दिखाकर ... और नगदी उसके हवाले करने के लिए ... श्रीमती राज रानी ने बालियां और दुपट्टे में ... शगुन देने के लिए 51 रुपए बांधे हुए थे, 5... खोल कर उसके हवाले कर दिये । जब अ... ने कहा कि घर के अन्दर जो नगदी है, वह भी ... तो श्रीमती राज रानी ने कहा कि सामने अल... सारी नगदी पड़ी है, जाकर ले आओ ... अभियुक्त अन्दर गया तो श्रीमती राजरानी ... मचाया और भागती हुई बाहर निकली, ... तीनों अभियुक्त भाग निकले ।

घायल चल बसा

गुरदासपुर से विनोद ने सूचना दी है कि ... बाबा नानक थाना के गांव पक्खोके में परसों रा... आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मनजीतसिंह को ... कर दिया था । कल रात उसकी गुरदासपुर ... अस्पताल में मौत हो गई । पोस्ट-मार्टम ... पुलिस ने लाश उसके वारिसों के हवाले कर...

आतंकवादी गिरफ्तार

गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. बि... कहा कि जिले में बी श्रेणी का एक आतंकवादी ... तीन अन्य व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं । ... सदर पुलिस ने बी श्रेणी के आतंकवादी चंचल ... को गिरफ्तार किया है । वह दो हत्याओं और ... की दो घटनाओं में संलिप्त था और पुलि... इश्तहारी मुजरिम घोषित कर रखा था ।

शरण देने पर गिरफ्तार

गुरदासपुर थाना सदर की पुलिस ने स... सिंह कादियांवाली और गुरिन्द्र सिंह गुरदास... खतरनाक आतंकवादियों को शरण देने और ... साथ संबंध रखने के अभियोग में गिरफ्तार ... है । बताया जाता है कि वह पंथक कमेटी के ... भाई बस्सन सिंह और चंचल सिंह आतंकवा... शरण दिए हुए थे ।

धमकी पूर्ण पत्र लेखक गिरफ्तार

विनोद ने यह सूचना भी दी है कि सिटी पुलि... गुरदासपुर के एक युवक नछत्तर सिंह ... आतंकवादी संगठनों की ओर से लोगों को धमकी ... पत्र लिखने के अभियोग में गिरफ्तार किया है ...

उग्रवादी गिरफ्तार

जालन्धर (ह.स.): पुलिस ने एक स... उग्रवादी सुरेन्द्र सिंह उर्फ शिंदा, जो गत दिनों ... करतारपुर के निकटवर्ती क्षेत्र सराय खास में प... मुकाबले में मारे गए सोहन सिंह उर्फ सोनी ... सहयोगी है, को गिरफ्तार करने का दावा किया ... शिंदा डाकाजनी और लूटमार की कई घटना... संलिप्त है ।

स्कूटर, 5000 रु. लूट लिए

जिला जालन्धर में थाना बंगा के गांव संध... निकट गत रात्रि दो संदिग्ध उग्रवादियों ने एक व्य... से एक स्कूटर और 5000 रुपए छीन लिए ...

स्कूटर छीन लिया

शाहकोट से चोपड़ा ने सूचना दी है कि ब... मल्सियां के निकट दो आतंकवादियों ने पिस्तौल ... नोक पर अमरजीत सुपुत्र बेरूराम, मौजा का... का स्कूटर नम्बर पी.जे.एक्स. 8831 छीन लि... और उस पर सवार होकर फरार हो गए । पुलि... अभियुक्तों का पीछा किया मगर वे हाथ न आ...

वृद्ध किसान की हत्या

फिरोजपुर (बागी): जिला फिरोजपुर के था... जीरा के गांव लुचगढ़ में चार अज्ञात उग्रवादियों ... 62 वर्षीय एक छोटे किसान बागीचा हि की रविव... रात्रि को हत्या कर दी और 5 कारतूसों के स... उसकी डबल बैरल बंदूक छीन कर भाग गए ... एस.एस.पी. श्री सुमेघ सिंह सैनी ने यहां बताया ... उग्रवादियों ने किसान का दरवाजा खटखटाया अ... उसे अपनी बंदूक देने के लिये कहा । श्री सैनी ...

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

पत्राचार द्वारा B.Ed, M.Ed., BTC/JBT, LT/OT करें : हायर सैकेंडरी पास Direct B.A., B.Com. Final करें । दसवीं पास इंटर तथा बिना किसी प्रमाणपत्र के Matric करें । नियमावली के लिये 10/- M.O द्वारा भेजें । S.G College of

प्रवेश सूचना

Courses starting August 1987. (1) Degree/Diploma in Mechanical Engineering 5 yrs./3 Yrs. (2) Degree/Diploma in Electronics Engineering 4 yrs./3 yrs. Recognised by Central/State Govern-

Punjabi Sanatari

कस्सी चाहल को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 8 गोलियों सहित एक 315 बोर की राइफल और 2 कारतूस सहित 12 बोर का एक पिस्तौल बरामद किया है ।

कई वारदातों की स्वीकारोक्ति

श्री दास ने बताया कि रात्रि के समय नाकाबंदी के समय पुलिस पार्टी ने दो युवकों को रुकने के लिए कहा, जिस पर उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस पार्टी ने भी जवाबी फायरिंग की लेकिन दोनों तरफ से कोई घायल नहीं हुआ । इन गिरफ्तार दोनों उग्रवादियों ने पुलिस को प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान बताया कि उन्होंने अपने 8-9 साथियों के साथ दिसम्बर 1986 में गांव काहलवां के श्री सरस्वती मंदिर में डाका डाल कर 20 तोले स्वर्णाभूषण, 4 हजार रुपए नगद और एक ट्रांजिस्टर लूटा था । जनवरी 1987 में अपने सशस्त्र साथियों के साथ जैन राइस मिल्स कपूरथला से 29000 रुपए नगद और 10 गोलियों के साथ एक रिवाल्वर लूटा था । सचदेवा राइस मिल्ज कपूरथला से फरवरी, 1987 में 55000 रुपए लूटे थे । गांव खेड़ा दोना के पंजाब एंड सिंध बैंक में मार्च, 1987 को डाका डाल कर 92085 रुपए और 9 कारतूसों के साथ 12 बोर का एक पिस्तौल लूटे थे । गांव बाण कांसा और जैमल बबड़ी से मार्च 1987 में एक राइफल, 3 बन्दकें और एक 32 बोर का रिवाल्वर पिस्तौल की नोक पर छीने थे । करतारपुर के गुरु के घर से एक लाख नगद, 32 बोर का विदेशी पिस्तौल और 2 ट्रांजिस्टर लूटे थे । श्री दास ने बताया कि उग्रवादियों के दूसरे साथियों को गिरफ्तार करने की कोशिशें की जा रही है । इस गिरोह से कपूरथला नगर और क्षेत्र के सभी डाकों का सुराग मिल जाने की पूर्ण आशा है । उन्होंने कहा कि उग्रवादियों के गुरुद्वारा बेर साहिब से पकड़े गए गिरोह के बाद यह दूसरा बड़ा गिरोह है, जिसने बहुत अधिक डाके डाले हैं ।

एक और पकड़ा गया

पुलिस ने एक दर्दात उग्रवादी जसवंत सिंह उर्फ जस्सा उर्फ काका को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 5 गोलियों सहित 32 बोर का एक रिवाल्वर बरामद किया है । उसे सुभानपुर चौक में बसों की चैकिंग के दौरान पकड़ा गया । उसके विरुद्ध 5-6 केस पहले ही चल रहे हैं, वह अपने पिता की भी हत्या करने की कोशिश में था ।

PUNJAB ARCHIVES

संशोधन

(शेष पृष्ठ 8 पर)

दी ।

(रीडियो फोटो : बनौत्रा)

उग्रवादियों द्वारा 2 कांस्टेबलों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 30 जुलाई (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज पंजाब में अलग-अलग घटनाओं में 2 कांस्टेबलों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक हैडकांस्टेबल को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । एक कांस्टेबल जिला होशियारपुर में मारा गया, जबकि हैडकांस्टेबल घायल हो गया । जिला होशियारपुर में एक अन्य व्यक्ति की हत्या की गई और शराब के एक ठेके को लूट कर 2 व्यक्तियों को घायल कर दिया गया । फगवाड़ा में पैट्रोल पम्प लूट लिया । जिला अमृतसर के क्षेत्र बाबा बकाला में डेरे के मुखिया निहंग की हत्या कर दी गई । जिला लुधियाना के थाना सिद्धवांबेट के क्षेत्र में भी एक कांस्टेबल की हत्या कर दी गई ।

कांस्टेबल सहित 2 की हत्या, 3 घायल

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): उग्रवादियों ने यहां जिले में एक घटना में एक कांस्टेबल की हत्या कर दी और हैडकांस्टेबल को घायल कर दिया जबकि एक अन्य व्यक्ति उग्रवादियों की फायरिंग से मारा गया । उग्रवादियों की फायरिंग से 2 अन्य व्यक्ति घायल भी हुए हैं । घायलों में एक की दशा गम्भीर है, जिसे पी.जी.आई. चंडीगढ़ ले जाया गया है ।

ठेका लूटा, 1 की हत्या

पहली वारदात यहां से 40 किलो मीटर दूर रंधावा गांव में हुई । कल रात साढ़े 8 बजे तीन अज्ञात व्यक्ति शराब के ठेके पर आए, जहां ठेकेदार का कारिंदा दारा पैसे गिन रहा था । उग्रवादियों ने उसे पैसे हवाले करने को कहा । जब पैसे उनके हवाले कर दिए गए तो जाती बार उग्रवादियों ने कारिंदे को यह कह कर कि तुम शराब बेचना बंद नहीं करोगे...उस पर दो गोलियां दाग दीं । एक उसके हाथ में लगी और दूसरी शरीर के दूसरे हिस्से पर । बाद में पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि छीनी गई रकम 1100 रुपए थी । उक्त वारदात करने के बाद उग्रवादी जफर गांव की ओर सम्पर्क मार्ग से भाग गए । घटनास्थल से थोड़ी दूर सम्पर्क नहर के किनारे कुलरां गांव के निवासी दो व्यक्ति मोहन सिंह और यशपाल खड़े थे । जब उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी तो वे चौकन्ने हो गए लेकिन उग्रवादियों ने समझा कि वे दोनों उन्हें रोकने के लिए आए हैं । उन्होंने उन दोनों पर भी फायरिंग शुरू कर दी । साइकिल सवार मोहन सिंह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया । यशपाल को दसूहा अस्पताल में ले जाया गया । डी.एस.पी. प्रेम नाथ मेहरा, जो उस समय गश्त पर था, घटनास्थल पर पहुंच गया । उसे घायल दारा ने बताया कि उग्रवादी जफर गांव की ओर भागे हैं । पुलिस ने उनका पीछा किया । उन पर गोलियां भी चलाई गईं, मगर वे फरार होने में सफल हो गए ।

सिपाही मारा गया, हैडकांस्टेबल घायल

दूसरी घटना यहां से 15 किलो मीटर दूर पजरोड गांव में हुई, जहां एक सिपाही धर्मवीर मारा गया और हैडकांस्टेबल सुरजीत सिंह घायल हो गया । घटनास्थल पर जाकर हमारे प्रतिनिधि ने समाचार दिया है कि वह आदमी एक कच्ची सड़क पर से हरियांबेला की ओर से पजरोड को जा रहे थे । उधर होशियारपुर सदर पुलिस को सूचना थी कि जसबीर सिंह उर्फ लाली, जोकि खतरनाक आतंकवादी है, इस क्षेत्र में घूम रहा है, चुनांचे सादा कपड़ों में सुरजीत सिंह और धर्मवीर को पजरोड की ओर भेजा गया । दुर्भाग्य से पजरोड की सड़क पर उनका आमना-सामना हो गया । हैड कांस्टेबल सुरजीत सिंह ने जसबीर सिंह को पहचान लिया । चुनांचे उसने स्कूटर खड़ा करके जसबीर सिंह को 'जफ्फा' मार लिया । लाली के साथ वाले दूसरे आदमी ने उस पर स्टेनगन से गोली चला दी । सुरजीत सिंह घायल हो गया । लाली के पास स्टेनगन थी, जिसे उसने तौलिए में लपेट रखा था । उसने स्टेनगन से धर्मवीर पर गोलियों की बौछार कर दी । सुरजीत सिंह के अनुसार वह वहीं ढेर हो गया । सुरजीत सिंह ने यह भी बताया कि जब उसने लाली को पकड़ रखा था तो गांव के कई लोग आस-पास मौजूद थे, मगर कोई भी उसकी सहायता को नहीं आया । एस.एस.पी. ने कहा कि इन दोनों को पूरी सहायता दी जाएगी । लाली निहंग नेता निहाल सिंह हरियांबेला वाले का भतीजा है ।



(1) उग्रवादियों द्वारा होशियारपुर के निकट पजरोड में कत्ल किया गया सिपाही धर्मवीर, (2) घटना में घायल हैडकांस्टेबल सुरजीत सिंह अस्पताल में उपचाराधीन, (3) गांव रंधावा का शराब का ठेका, जहां से उग्रवादी 1100 रुपए लूट कर भाग गए । (इन्सैट) राहगीर मोहन सिंह का चित्र, जो ठेका लूट कर भाग रहे उग्रवादियों की गोली का शिकार हो गया, (4) मोहन सिंह की पत्नी अपने तीन बच्चों और संबंधियों के साथ विलाप करते हुए ।

(छाया : मूनलाईट स्टूडियो, प्रद्युम्न)

शहीद कांस्टेबल व घायल हैडकांस्टेबल पुरस्कृत होंगे

अश्विनी के अनुसार डी.आई.जी. आप्रेशन श्री सी. पाल सिंह ने चब्बेवाल के निकट उस स्थान का निरीक्षण करने के बाद जहां आतंकवादियों ने कांस्टेबल धर्मवीर सिंह की हत्या कर दी और हैड कांस्टेबल सुरजीत सिंह को घायल कर दिया, घोषणा की कि सरकार से इन दोनों को वीरता के इनाम देने की सिफारिश की जा रही है । ये दोनों किसी अन्य काम के लिए जा रहे थे कि आतंकवादियों को देख कर उन्होंने अत्यन्त साहस और कर्त्तव्य परायणता दिखाई । उन्होंने बताया कि जिला में कानून-व्यवस्था काबू में रखने के लिए अर्ध सैनिक बलों को भेजा गया है ।

हैडकांस्टेबल गिरफ्तार

नगर पुलिस होशियारपुर ने आज सायं हैडकांस्टेबल जसवंत सिंह को आतंकवाद अधिनियम की धारा 3/4 और 212/16-ए के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया है । एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने उसे गत दिवस नौकरी से निकाल दिया ।

डेरे के मुखिया निहंग की हत्या

अमृतसर (ह.स.): दो निहंगों ने बाबा बकाला में एक व्यक्ति के घर में घुस कर कल रात उसकी हत्या कर दी । मृतक जंडियाला थाने के अंतर्गत निम्मोवाल गांव में डेरा बाबा फारी में सेवादार था । पुलिस ने घटनास्थल से कुछ खाली कारतूस बरामद किए हैं । हत्यारों को पहचान लिया गया है । पुलिस ने व्यक्तिगत शत्रुता के कारण हत्या की

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sahadan

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सम्भावना से इंकार नहीं किया ।

मृतक के लड़कों का बयान

रैय्या से जसपाल सिंह ने सूचना दी है कि थाना जंडियाला के गांव निम्मोवाल में डेरा गुरुद्वारा फरीद साहब के निहंग मुखी शहीद तारा सिंह की दो सशस्त्र निहंगों द्वारा गोली मार कर हत्या करने के संबंध में मृतक के लड़कों ने बताया कि रात लगभग 10 बजे निहंग जरनैल सिंह उर्फ डी.सी. तथा बलि सिंह उर्फ बलिया डेरे पर आए । उनको देखकर दोनों भाई वहां से भाग गए । उनके पिता तारा सिंह निहंग, जो अंदर सोए हुए थे, पर हमलावरों ने चार गोलियां चलाईं जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई । मृतक निहंग बाबाअजीत सिंह ग्रुप से संबंधित था ।

जूतों के व्यापारी पर फायरिंग

एक अन्य घटना में जूतों के एक व्यापारी जोगेन्द्र सिंह को आज दोपहर यहां अंतर्यामी कालोनी में उसके घर में घुस कर दो संदिग्ध व्यक्तियों ने गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे नाजुक दशा में गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करवाया गया । अभियुक्त साइकिलों पर भाग निकले ।

'सोनी' के अनुसार श्री जोगेंद्र सिंह राजा सांसी शिरोमणि अकाली दल यूथ विंग अमृतसर के प्रधान हैं । वे भाजपा के नेता श्री तरसेम सिंह बहार के निकट सम्बन्धी हैं ।

क्षत-विक्षत शव मिला

इसी मध्य मजीठा पुलिस को अमृतसर डेरा बाबा नानक प्रखंड पर स्थित जहांगीर रेलवे स्टेशन के बाहर रेलवे लाइन के साथ एक युवक का लावारिस शव मिला है । शव बुरी तरह क्षत-विक्षत है ।

एक सूचना के अनुसार शव पर गोलियों के काफी निशान हैं ।

घर को लूट लिया

थाना गोइंदवाल जिला अमृतसर के गांव दाऊरदा में 4 संदिग्ध व्यक्ति आज दोपहर एक व्यक्ति जगबीर सिंह के मकान में घुस गए और उससे उसका लायसैंसी शस्त्र मांगा । जगबीर सिंह ने उसे बताया कि उसके पास कोई शस्त्र नहीं, इस पर उग्रवादियों ने घर को लूट लिया और 11000 रुपए नगद, 26000 रुपए मूल्य के स्वर्णाभूषण और 3 कलाई घड़ियां ले उड़े । अभियुक्त 315 बोर की राईफल के साथ हवा में तीन गोलियां चलाते हुए मंड क्षेत्र में भाग गए ।

गत रात्रि भिखीविंड क्षेत्र के गांव मोहालदा में दो संदिग्ध व्यक्ति एक व्यक्ति कश्मीर सिंह के घर से उसकी लायसैंसी बंदूक, कुछ कारतूस और बर्तन उठा कर ले गए ।

पत्रकार को कार के नीचे कुचलने की कोशिश

इसी मध्य रैय्या के पत्रकारों ने आरोप लगाया है कि कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने एक स्थानीय पत्रकार श्री प्रेम मेहरा को गत सायं अपनी कार के नीचे कुचलने की कोशिश की । उन्होंने घटना की निंदा करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग की ।

वस्त्र विक्रेता घायल

एक वस्त्र विक्रेता को आज दो संदिग्ध व्यक्तियों ने गोली मारकर घायल कर दिया । अभियुक्त मोटर साइकल पर भाग निकले ।

लुधियाना (वार्ता, मुसाफिर): जिला लुधियाना के सिद्धवांबेट थाने के बड़साल गांव में दो आतंकवादियों ने आज सुबह एक कांस्टेबल कमिक्कर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादी पैदल ही आए और गांव के एक खेत में खड़े कांस्टेबल कमिक्कर को गोली मार कर पास ही में पड़ी हुई एक साइकिल से निकल भागे । गम्भीर रूप से घायल कांस्टेबल को जगरांव अस्पताल ले लाया गया, जहां उसे दयानन्द अस्पताल ले जाने को कहा गया । दयानन्द अस्पताल में भर्ती कराए जाने के कुछ ही समय बाद उसने दम तोड़ दिया । मृतक कांस्टेबल जगरांव में आतंकवाद विरोधी दस्ते में तैनात था ।

महेंद्रा, जोशी के अनुसार सिपाही कमिक्कर सिंह की तड़के 5.30 बजे दो उग्रवादियों ने उस समय गोली मार कर हत्या कर दी जब वह शौच निवृत्ति के लिए खेतों में गया हुआ था । मृतक सिपाही अपने घर आया हुआ था ।

सरपंच घायल, शस्त्र लूटे

लुधियाना से महेंद्रा के अनुसार गत रात्रि दो उग्रवादियों ने थाना सदर के गांव चूहड़पुर में भूतपूर्व सरपंच के घर में जाकर उसे गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । हमलावर उसकी रिवाल्वर लेकर फरार हो गए । भूतपूर्व सरपंच को घायल अवस्था में लुधियाना के दयानन्द अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

डाकखाना लूटा

लुधियाना से महेंद्रा के अनुसार आज सायं 4 बजे चौक चीमा (इंडस्ट्रियल एरिया-ए) में 2 उग्रवादियों ने डाकखाना लूट लिया । स्कूटर पर दो सशस्त्र उग्रवादी आए और पिस्तौल की नोक पर 7800 रुपए लूट कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

'धीमान' के अनुसार उग्रवादी डाकघर से 13000 रुपए लूटकर ले गए ।

शराबी या उग्रवादी ?

'धीमान' के अनुसार एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि पुलिस को आज रात्रि सूचना मिली कि एक लाल मारुति कार में कुछ उग्रवादी देखे गए हैं । इस पर पुलिस ने मारुति कार का पीछा किया और जगरांव पुल के पास मारुति कार को रोक लिया । कार में शराबी सवार थे । पुलिस ने कार और शराबियों को हिरासत में ले लिया है । कार में

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का मुहम्मद रियाज़, उम्र तकरीबन 18 साल, कद 5'-9", रंग गंदमी, बहरा और गूंगा है, उसके बाज़ू पर अंग्रेज़ी में मुहम्मद रियाज़, मालेरकोटला पंजाब लिखा हुआ है, 19.7.87 को सहारनपुर से चला, घर नहीं पहुंचा । सूचना देने या पहुंचाने वाले को सफर खर्च के अलावा 500/- रुपए शुक्राना दिया जाएगा ।

मुहम्मद शरीफ,
पता मुहम्मद शरीफ़ एंड सन्स,
लोहा बाज़ार, मालेरकोटला, फोन नं. 121.

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

RMP रजिस्ट्रेशन 10 दिन में, बिना आठवीं मैट्रिक । दसवीं फेल इंटर । दसवीं पास सीधा बी.ए. गारंटिड सितम्बर में । गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

R.M.P. रजिस्ट्रेशन (Patna), मैट्रिक पास वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न करें । मैट्रिक पास या ग्यारहवीं फेल Inter/+2 करें । B.A. Final (After Prep)., मिलें–कीरती कालेज, कैलाश सिनेमा चौक, लुधियाना ।

वैद्यविशारद या तजुर्बे के आधार पर R.M.P. डाक्टर बनें । R.M.P. डाक्टर एक साल में B.A.M.S. पास करें । Also Contact for Direct B.A., M.A., M.Sc. (Pre-sitting)

आवश्यकता

आवश्यकता है दो सेल्समैन तथा दो हैल्पर, डिपार्टमैंटल स्टोर के लिए, अनुभव वाले को प्राथमिकता, मिलें–Rakesh Traders, Sector-14 (Pb. Uni.) (Main Market), Chandigarh.

Wanted two graduate clerks for labour and accounts. Meet personally. M/s. Shiv Shakti Processors, Near Central Jail, Ajnala Road, Amritsar.

M.G.S. Holy Heart Public School, Lambra. Wanted trained lady teachers in Math, Science, Hindi. Handsome salary. Direct Interview on 2nd Aug. 1987 at 11 A.M. in the school campus.—Principal.

एक कुक कोठी में काम करने के लिए, एक ड्राइवर

Punjabi Sanstan

धारीवाल के पास बैंक मैनेजर सहित 4 बस यात्रियों की हत्या

काहनूवान से बटाला जा रही बस पर चार उग्रवादियों द्वारा हमला, एक घायल की हालत गम्भीर

महंत सहित 3 अन्य लोगों की हत्याएं, 1.13 लाख की लूट

चंडीगढ़, 31 जुलाई (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज सायं गुरदासपुर जिले के धारीवाल क्षेत्र में एक बस पर हमला करके चार बस यात्रियों की हत्या कर दी व दो को घायल कर दिया । इसके अतिरिक्त लुधियाना जिले में एक महंत की, भटिंडा जिले में एक वैद्य की, गुरदासपुर जिले में एक अन्य महिला की भी उग्रवादियों ने हत्या कर दी । एक उग्रवादी का शव अमृतसर जिले में पाया गया । उग्रवादियों ने वारदातें करने के इरादे से दो सफेद मारुति कारें भी छीनीं । जालंधर जिले में एक बैंक से 1.13 लाख रु. उग्रवादियों ने लूट लिए ।

चार बस यात्रियों की हत्या

बटाला से ह.स., वार्ता, कोछड़, चौधरी, अशोक सोनी आदि के अनुसार स्वचालित शस्त्रों से लैस चार उग्रवादियों ने आज सायं 6.30 बजे पंजाब रोडवेज़ बटाला डिपो की काहनूवान से बटाला जा रही बस नम्बर पी.जे.जी. 701 के एक ही समुदाय के चार व्यक्तियों की थाना धारीवाल के ग्राम पीरुशाह (एक सूचना के अनुसार बीरुमल ग्राम) के बस स्टैंड पर हत्या कर दी । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार काहनूवान से यह आखिरी बस बटाला के लिए सायं 6 बजे चली थी और 6.30 बजे ग्राम पीरु शाह के बस स्टैंड पर पहुंची । कुछ यात्री वहां उतरे । तभी वहां पहले से खड़े चार उग्रवादियों में से दो उग्रवादी बस में चढ़ आए । एक उग्रवादी बस के अगले दरवाजे से और एक उग्रवादी बस के पिछले दरवाजे से चढ़ा । बस के अंदर उन्होंने महंत भिंडरांवाला ज़िंदाबाद, खालिस्तान ज़िंदाबाद के नारे लगाए और फिर एक समुदाय के यात्रियों को बस से उतरने को कहा । इस बीच बस के यात्रियों में नीचे उतरने के लिए भगदड़ मची तो एक उग्रवादी ने गोली चला दी जिससे दो यात्री बस के अंदर ही मारे गए और दो घायल हो गए । तभी कुछ यात्री बस से उतर कर बाहर भागे जिन पर नीचे खड़े दो उग्रवादियों ने फायरिंग कर दी,जिससे दो यात्री बस से बाहर मारे गए । इसके बाद उग्रवादी वहां से नारे लगाते हुए और हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए ।

मृतकों में बैंक मैनेजर शामिल

तब तक वहां अन्य ग्रामीण पहुंच गए जिन्होंने घायलों को बस से निकाला । मृतकों में से एक की शिनाख्त कादियां थाना के ग्राम शेखवां स्थित इलाहाबाद बैंक के मैनेजर अशोक के रूप में हुई है, जिसका तबादला सोनीपत हो गया था और वह रिलीव होकर जा रहा था । घायलों में से एक सुखदेव भी इसी बैंक की इसी शाखा का कैशियर है । दूसरे घायल प्रेम चंद की हालत गम्भीर है और उसे अमृतसर अस्पताल भेजा गया है । वह होशियारपुर जिले के गढ़शंकर का रहने वाला है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

35 वर्षीय अशोक कुमार बटाला की बैंक कालोनी में रहता था और शेखवां से फेयरवेल पार्टी से लौट रहा था ।

दूसरा मृतक पंजाब बिजली बोर्ड काहनूवान के कार्यालय का कैशियर बावा राम था जो बटाला का रहने वाला था । उसकी आयु भी 35 वर्ष थी ।

तीसरा मृतक जोगेंद्र पाल कोट जोगराज काहनूवान के गवर्नमैंट प्राइमरी स्कूल का हेडटीचर था ।

चौथे मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

हत्यार उग्रवादी पैदल ही फरार हुए । पुलिस ने कादियां, धारीवाल, बटाला सदर के 12 ग्रामों पर छापे मारे हैं और उग्रवादियों की घर-घर तलाश की जा रही है जिस जगह वारदात हुई, वहां के 12 लोग हिरासत में लिए गए हैं । विभिन्न इका नेताओं आदि ने घटना की निंदा की है ।

बस से निकाल कर मारा

एक सूचना के अनुसार बस जैसे ही पीरुशाह ग्राम के बस स्टैंड पर रुकी, चार उग्रवादी उसमें चढ़ गए और उन्होंने ड्राईवर को बस आगे ले चलने को कहा । थोड़ा आगे जाकर उन्होंने बस रुकवाई और

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Rupinder Chahal

बस यात्रियों की हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

एक ही समुदाय के चार लोगों को बस से नीचे उतार कर एक लाइन में खड़ा किया और उन पर स्वचालित शस्त्रों से फायरिंग कर दी ।

उल्लेखनीय है कि 6 जुलाई को उग्रवादियों ने पटियाला जिले के लालड़ क्षेत्र में हरियाणा रोडवेज की ऋषिकेश जा रही बस के 41 यात्रियों की हत्या की थी और अगले ही दिन 7 जुलाई को हरियाणा के हिसार जिले में हरियाणा रोडवेज की दो बसों के 38 यात्रियों की हत्या की थी ।

महिला की हत्या

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार जिला गुरदासपुर में थाना सुक्खा राजी में गत रात्रि तीन अज्ञात युवकों ने फ़ायरिंग करके एक महिला अजीत कौर की हत्या कर दी और एक अन्य महिला अमीर कौर को घायल कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त युवक इस घर में हथियार बंद होकर लूटपाट करके आए थे । घायल महिला ने अपनी सोने की बालियां वगैरह उतार कर उन्हें दे दीं । दूसरी महिला द्वारा इंकार करने पर अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

महंत की हत्या

लुधियाना से महेंद्रा ने खबर दी है कि कल रात सिधवां बेट क्षेत्र में एक डेरा के महंत की गोली मार कर हत्या कर दी गई । पुलिस ने बताया कि कल रात पांच सशस्त्र आतंकवादी डेरा में आए तथा रात वहां ही ठहरे । उन्होंने महंत मुड्ढ मल के चेले तथा उसके तीन-चार साथियों को कमरे में बंद कर दिया और महंत की हत्या कर दी । आज प्रातः जब उनको कमरे से निकाला गया तब वारदात का पता चला । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

जगराओं में हड़ताल

एक अन्य सूचना के अनुसार महंत की लाश सिधवां नहर में पाई गई जोकि इन दिनों सूखी हुई है । इस संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी । महंत का आज अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस हत्या के विरोध में आज लुधियाना जिला के कस्बा जगराओं में हड़ताल रही ।



अमृतसर की अंतर्यामी कालोनी में वीरवार को उग्रवादियों की गोली से घायल यूथ अकाली नेता जोगेन्द्र सिंह । (छाया : रवि भंडारी)

बैंक से 1 लाख रुपए लूटे

जालन्धर (क.) : जिला जालन्धर के गांव नंग ढेसियां में आज बाद दोपहर दो स्कूटर सवार आतंकवादी पंजाब एंड सिंध बैंक की ब्रांच से एक लाख रुपया लूट कर ले गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी भागते समय बैंक के गनमैन की राइफल तथा कुछ कारतूस भी ले गए । उच्च पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए और मामले की जांच शुरू कर दी ।

गिराया से 'हीरा' के अनुसार लुटेरे बैंक से 113307 रुपए 40 पैसे लूटकर ले गए । बैंक के गनमैन बिक्कर सिंह ने बताया कि उसने एक ग्राहक के अन्दर जाने के लिए दरवाजा खोला ही था कि तीन व्यक्ति हाथ में बोरी लिए अन्दर घुस गए । उनमें से एक ने आते ही उसकी बंदूक पर टांग दे मारी तथा पिस्तौल निकाल लिया जबकि दूसरे ने सारे स्टाफ को पिस्तौल की नोक पर खड़े कर लिया और हाथ ऊपर करा दिए । तीसरा लुटेरा कैशियर के पास चला गया तथा सारा कैश बोरी में डाल लिया । तीनों लुटेरे बैंक में पैदल ही आए थे । इसी दौरान उसके करीब खड़े लुटेरे ने उसकी बंदूक तथा बाहर पड़े 9 कारतूस अपनी बोरी में डाल लिए । तीसरे ने टैलीफोन तोड़ने के बाद देखा कि कैशियर के पास जो कैश है वह बहुत कम है तो उसने खजांची तथा मैनेजर को गालियां दीं व उनसे स्ट्रांग रूम की चाबियां मांगीं तथा फिर स्ट्रांग रूम से भी कैश निकाला जो मिलाकर 113304/40 रुपए हुआ । बैंक मैनेजर श्री सर्वदीप सिंह ने बताया कि यह रुपया थोड़ी देर पहले ही बैंक में आया था । बैंक के एक क्लर्क कम कैशियर अवतार सिंह ने बताया कि लुटेरों में से एक ने काली व दूसरे ने क्रीम रंग की पगड़ी बांधी हुई थी । सभी ने काली ऐनकें लगा रखी थीं । इनकी आयु 20 से 25 वर्ष के मध्य थी । मैनेजर ने बताया कि उस समय वहां खड़े एक ग्राहक को लुटेरों ने थप्पड़ मारकर कहा कि तुमने सिख होकर दाढ़ी और मूंछें क्यों काट रखी हैं । लुटेरे सिर्फ 15 मिनट तक बैंक के अन्दर रहे । जब वे लूट रहे थे तो स्थानीय कालेज की 5 महिला टीचर [illegible]

आतंकवादी की लाश बरामद

आज प्रातः भिखीविंड क्षेत्र में गांव बांका में एक नाले के निकट एक सिख युवक की गोलियों से छलनी लाश मिली । पुलिस के अनुसार यह लाश किसी आतंकवादी की है क्योंकि आतंकवादियों की आपसी लड़ाई में मारा गया है । लाश की पहचान नहीं हो सकी ।

हथियार छीने

एक अन्य वारदात में चार संदिग्ध व्यक्ति कोट खालसा में एक व्यक्ति तारा सिंह के घर में जा घुसे तथा उनका लाइसैंसशुदा रिवाल्वर तथा 12 बोर की बंदूक छीन कर ले गए ।

संदिग्ध व्यक्तियों ने एक चार-पांच सदस्यीय गिरोह ने सदर थाना के गांव थोलकलां में भूतपूर्व सरपंच गुरनाम सिंह के घर से उसकी लाइसैंसशुदा बंदूक, करतार सिंह के घर से टेप रिकार्डर तथा रूलदू राम के घर से 75,000 रुपए के सोने के जेवर लूट लिए ।

चूड़ियां छीनीं

एक अन्य वारदात में दो सशस्त्र व्यक्ति आज प्रातः बसंत एंक्लेव में एक घर में घुस गए तथा गृहिणी से उसकी सोने की चूड़ियां छीन कर फरार हो गए ।

ए.एस.आई. का रिवाल्वर छीना

एस.एस.पी. श्री इजहार आलम ने बताया कि आज शाम अमृतसर जिला के गांव नूरपुर थाना लोपोके में तीन आतंकवादियों ने पुलिस के एक ए.एस.आई. शाम सिंह से उसका सर्विस रिवाल्वर छीन लिया । श्री आलम ने बताया कि उक्त ए.एस.आई. किसी केस की पड़ताल के लिए नूरपुर गांव में गया था । आतंकवादी उसका स्कूटर भी ले गए । उन्होंने एक हैडकांस्टेबल को भी घायल कर दिया ।

6 आतंकवादी गिरफ्तार

बरनाला से सिधवानी ने खबर दी है कि पुलिस ने जिला फरीदकोट व संगरूर में लूटमार तथा हत्याएं करने वाले आतंकवादियों के एक गिरोह के 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है । उनके कब्जे से शस्त्रास्त्र व एक जीप बरामद हुई । संगरूर के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह गंधू ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने भदौड़ रोड के पास वृक्षों के झुंड में छुपे बैठे इस गिरोह के 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । यह लोग वहां बैठ कर बरनाला में लूटमार तथा कत्लेआम करने की योजना बना रहे थे । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम अमरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, बसदेव सिंह उर्फ बब्बू, हरदेव सिंह उर्फ बल्ली तथा ज़ोरा सिंह है । उनके पास से जो जीप मिली है उसमें सवार होकर वे लूटमार तथा हत्याएं करते थे । उनके कब्जे से 315 बोर का पिस्तौल, 12 [illegible]

स्कूटर छीना

पटियाला (भूषण) : आज यहां उस समय सनसनी फैल गई जब दो संदिग्ध उग्रवादियों ने जूतों के एक व्यापारी से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया ।

उक्त व्यापारी अमरजीत फ़ाउंड्री के पास से अपने स्कूटर पर जा रहा था,जब उग्रवादियों ने उसे रोक कर स्कूटर छीन लिया । व्यापारी ने बहादुरी से काम लिया और एक उग्रवादी को जफ्फा मार कर उसका पिस्तौल छीन लिया,लेकिन दोनों उग्रवादी स्कूटर छीन कर फ़रार होने में सफल हो गए । पुलिस चीफ़ ए.एस. बराड़ के अनुसार अपराधियों की तलाश में शहर में चारों ओर नाकाबंदी कर दी गई है।

शरण देने पर गिरफ्तार

पुलिस चीफ़ ने पत्रकारों को बताया कि गत 29 जुलाई को मंडी गोबिन्दगढ़ के एक व्यापारी के लड़के गुरचरण सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में यहां गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है कि उसने उग्रवादियों को शरण दी थी ।

कैशियर को लूट लिया

आज बाद दोपहर दो अज्ञात स्कूटर सवार युवकों ने गवर्नमैंट कालेज फ़ार फिज़ीकल एजुकेशन के कैशियर से 7482 रु. छीन लिए । बताया जाता है कि अभियुक्तों ने कैशियर का दरवाजा खटखटाया । उसके दरवाजा खोलने पर वे अन्दर दाखिल हुए तथा पिस्तौल दिखा कर रुपए लूट कर फ़रार हो गए । लूटी गई रकम छात्रों से इकट्ठी की गई फ़ीसों की थी ।

आतंकवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी) : पुलिस ने एक आतंकवादी रणजीत सिंह मौज़ा कोलड़ियां को गिरफ्तार किया । एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि उसके कब्जे से 32 बोर का रिवाल्वर बरामद किया गया । श्री अरोड़ा ने बताया कि अभियुक्त पुलिस को कई वारदातों में वांछित था । दसूहा सब-डिवीजन में बिजली बोर्ड के कार्यालय से पिस्तौल की नोक पर रुपए लूटने की वारदात में भी वह संलिप्त था । इस केस के शेष अभियुक्त पहले ही पकड़े जा चुके हैं ।

तेजधार हथियारों से हमला

पुलिस ने बताया कि कल रात जालन्धर जिला के फिल्लौर थाना क्षेत्र में नागर गांव के बाली राम को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तेजधार हथियार से हमला करके घायल कर दिया । उसे अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

कैप्टन का कथित हत्यारा बंदी

कपूरथला (शर्मा): सुप्रिंटैंडैंट पुलिस श्री पी.एम. दास ने पत्रकारों को बताया कि जिला पुलिस ने मौजा डडविंडी के कैप्टन प्रीतम सिंह प्रधान जिला फ्रीडम फाइटर्स एसोसिएशन के एक और कथित हत्यारे सतनाम सिंह उर्फ सत्ता को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक बारह बोर की बंदूक व चार कारतूस बरामद किए हैं । 30 जुलाई को नाकाबंदी के दौरान मौजा आलूवाल के निकट उग्रवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता निवासी शेरपुर लद्दा थाना सुल्तानपुर लोधी को गिरफ्तार किया गया । प्रारम्भिक

ज़रूरी सूचना

श्री सुभाष कुमार महाजन सुपुत्र श्री प्रकाश चंद महाजन,चरपत मुहल्ला,चम्बा (हि.प्र.), जिसकी तस्वीर दी जा रही है,की शादी मेरी पत्नी जीवन आशा से लगभग 13 साल पहले हुई थी और उससे चार बच्चे पैदा हुए । उनमें से दो मर गए । एक लड़का धीरज कुमार पांच साल तथा नीतू देवी लड़की चार साल जीवित हैं । मेरी लड़की तथा उसके बच्चे पिछले चार साल से मेरे पास रह रहे हैं और श्री सुभाष चंद उनको चम्बा नहीं ले जाता ।



ज्ञान चंद महाजन पुत्र श्री धनपत राम,
कोतवाली बाज़ार, धर्मशाला (हि.प्र.)

प्रैस नोट

अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों के लिये स्टेट मैडिकल/डैंटल कालेजों में एम.बी.बी.एस./बी.डी.एस. कोर्सों में प्रवेश के लिये उत्तीर्ण-अंकों का प्रतिशत कम किया जाना

सर्वसाधारण के लिये यह अधिसूचित किया जाता है कि पंजाब सरकार ने, केवल सत्र 1987 के लिये, अनुसूचित जातियों/जनजातियों के उम्मीदवारों के लिये एमबीबीएस/बीडीएस. कोर्सों में प्रवेश के लिये पीएमटी टैस्ट में उत्तीर्ण-प्रतिशत को 35% से घटा कर 25% करने का निर्णय किया है । सम्बद्ध अनुसूचित जातियों/जनजातियों के उम्मीदवारों को प्रिंसीपल मैडिकल कालेज, पटियाला को **7.8.87** तक सायं **5 बजे** तक आवेदन करना चाहिए तौर इंटरव्यू **10.8.87** को प्रिंसीपल मैडिकल कालेज, पटियाला के कार्यालय में होगी । डीएस उम्मीदवारों के लिये इंटरव्यू, जो 3.8.87 को होनी थी, अब **11.8.87** को होगी ।

(पृथीपाल सिंह)
डायरैक्टर, रिसर्च एंड मैडिकल एजुकेशन

R/2401/31.7.87

Punjabi Sanatan

एक ने आते ही उसकी बंदक पर टांग दे मारी तथा पिस्तौल निकाल लिया जबकि दूसरे ने सारे स्टाफ को पिस्तौल की नोक पर खड़े कर लिया और हाथ ऊपर करा दिए । तीसरा लुटेरा कैशियर के पास चला गया तथा सारा कैश बोरी में डाल लिया । तीनों लुटेरे बैंक में पैदल ही आए थे । इसी दौरान उसके करीब खड़े लुटेरे ने उसकी बंदक तथा बाहर पड़े 9 कारतूस अपनी बोरी में डाल लिए । तीसरे ने टैलीफोन तोड़ने के बाद देखा कि कैशियर के पास जो कैश है वह बहुत कम है तो उसने खजांची तथा मैनेजर को गालियां दीं व उनसे स्ट्रांग रूम की चाबियां मांगीं तथा फिर स्ट्रांग रूम से भी कैश निकाला जो मिलाकर 113304/40 रुपए हुआ । बैंक मैनेजर श्री सर्वदीप सिंह ने बताया कि यह रुपया थोड़ी देर पहले ही बैंक में आया था । बैंक के एक क्लर्क कम कैशियर अवतार सिंह ने बताया कि लुटेरों में से एक ने काली व दूसरे ने क्रीम रंग की पगड़ी बांधी हुई थी । सभी ने काली ऐनकें लगा रखी थीं । इनकी आयु 20 से 25 वर्ष के मध्य थी । मैनेजर ने बताया कि उस समय वहां खड़े एक ग्राहक को लुटेरों ने थप्पड़ मारकर कहा कि तुमने सिख होकर दाढ़ी और मूंछें क्यों काट रखी हैं । लुटेरे सिर्फ 15 मिनट तक बैंक के अन्दर रहे । जब वे लूट रहे थे तो स्थानीय कालेज की 5 महिला टीचर वहां आ गईं । लुटेरों ने उन्हें कुर्सियों पर बिठाकर कहा कि बहन जी हम आपको कुछ नहीं कहेंगे । सिर्फ थोड़ी देर हमें अपना काम करने दो, फिर तुम अपना काम कर लेना ।

इसी बीच जालन्धर से 15 किलोमीटर दूर गांव तूत कलां में दो संदिग्ध व्यक्ति निर्मल सिंह से उसका स्कूटर छीन कर फ़रार हो गए । निर्मल सिंह कपूरथला जा रहा था ।

एक और उग्रवादी मरा

जालंधर के नकोदर थाना क्षेत्र के ग्राम महलटी के पास सी.आर.पी. व पुलिस द्वारा पीछा किए जाने से दो किलोमीटर तक दौड़ने के उपरांत एक उग्रवादी अचानक गिर कर मर गया । उसकी मृत्यु के कारण दिल का दौरा, लू या थकान कुछ भी हो सकता है । नाका पार्टी ने उसे साइकिल पर आते देख कर रुकने का संकेत दिया तो वह साइकिल छोड़ कर भाग निकला था ।

स्कूटर छीन कर फ़रार

फगवाड़ा (कौड़ा) : आज बाद दोपहर फगवाड़ा-बंगा रोड पर गांव वीर सारंगल में दो स्कूटर सवार युवक एक व्यक्ति सुरेंद्र पाल सिंह का स्कूटर छीन कर फ़रार हो गए । पुलिस ने बताया कि लुटेरे बहराम की ओर फ़रार हुए । स्कूटर का नम्बर पी.बी.के. 8168 बताया गया है ।

मारुति कार छीनी

नकोदर में 2 आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर एक व्यापारी से उसकी सफेद मारुति कार छीन कर फ़रार हो गए ।

4 गिरफ्तार

फगवाड़ा में सुरक्षा बलों ने तीन बड़े होटलों पर छापे मार कर चार संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

दुकानदार को घायल किया

अमृतसर (डोगरा) 2 उग्रवादियों ने रीजैंट टाकीज़ के निकट एक रैडीमेड कपड़े के लीफाफे में तीन आतंकवादियों ने पुलिस के एक ए.एस.आई. शाम सिंह से उसका सर्विस रिवाल्वर छीन लिया । श्री आलम ने बताया कि उक्त ए.एस.आई. किसी केस की पड़ताल के लिए नूरपुर गांव में गया था । आतंकवादी उसका स्कूटर भी ले गए । उन्होंने एक हैडकांस्टेबल को भी घायल कर दिया ।

6 आतंकवादी गिरफ्तार

बरनाला से सिंधवानी ने खबर दी है कि पुलिस ने जिला फरीदकोट व संगरूर में लूटमार तथा हत्याएं करने वाले आतंकवादियों के एक गिरोह के 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है । उनके कब्जे से शस्त्रास्त्र व एक जीप बरामद हुई । संगरूर के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने भदौड़ रोड के पास वृक्षों के झुंड में छुपे बैठे इस गिरोह के 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । यह लोग वहां बैठ कर बरनाला में लूटमार तथा कत्लेआम करने की योजना बना रहे थे । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम अमरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, जसदेव सिंह उर्फ बब्बू, हरदेव सिंह उर्फ बल्ली तथा ज़ोरा सिंह हैं । उनके पास से जो जीप मिली है उसमें सवार होकर वे लूटमार तथा हत्याएं करते थे । उनके कब्जे से .315 बोर का पिस्तौल, 10 कारतूस, 315 बोर की राइफल, कुछ कारतूस, .12 बोर का पिस्तौल, 20 कारतूस, 38 बोर का रिवाल्वर 10 कारतूस, 9 एम.एम. का पिस्तौल बरामद हुए । एस.एस.पी. ने बताया कि इन आतंकवादियों के अधिकतर शस्त्रास्त्र लोगों से छीने थे । इसी गिरोह के आदमियों ने मुक्तसर में शराब के एक ठेकेदार को गोली मार कर घायल कर दिया था । तीन पूर्व ज़िला संगरूर के ठेकेदार को भी उन्होंने लूटा था । मुक्तसर में डेढ़ लाख रुपए लूटने की वारदात उन्होंने की थी । 2 महीने पहले इस गिरोह के लोग बरनाला में 2 लाख रुपए लूट कर ले गए थे । एक ट्रक मालिक को घायल करके उन्होंने एक लाख रुपया व ट्रक छीना था । बाद में ट्रक उलट गया था और वे उसे छोड़ कर भाग गए थे ।

पिस्तौल, स्कूटर बरामद

धूरी (सिंगला) : अकालगढ़ मूनक पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध आतंकवादी बाबा सिंह लहरागागा को गिरफ्तार किया । उससे एक पिस्तौल तथा चोरीशुदा स्कूटर बरामद हुआ ।

घायल कर दिया

फाज़िल्का (नागपाल) : चार संदिग्ध आतंकवादियों ने आज प्रातः यहां से 27 किलोमीटर दूर फाजिल्का सब-डिवीजन के गांव बन्नी वाला में रत्न सिंह के घर पर धावा बोला लेकिन वहां सो रहे सोहन सिंह के शोर मचा देने पर आतंकवादी सोहन सिंह को घायल करने के बाद भाग गए । सोहन सिंह को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

2 कैदी फ़रार

मालेरकोटला (म.) : गत रात दो कैदी मालेरकोटला जेल से फरार हो गए । उनके नाम दया सिंह तथा प्रीतम सिंह हैं । यह दोनों एक चोरी के मामले में संलिप्त थे । पुलिस इंस्पैक्टर हरइन्द्रजीत सिंह को बताया कि दोनों कैदियों का आतंकवादियों से कोई सम्बन्ध नहीं है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

अभियुक्त पुलिस की कई वारदातों में वांछित थे । दसूहा सब-डिवीजन में बिजली बोर्ड के कार्यालय से पिस्तौल की नोक पर रुपए लूटने की वारदात में भी वह संलिप्त था । इस केस के शेष अभियुक्त पहले ही पकड़े जा चुके हैं ।

तेजधार हथियारों से हमला

पुलिस ने बताया कि कल रात जालन्धर जिला के फिल्लौर थाना क्षेत्र में नागर गांव के बाली राम को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तेजधार हथियार से हमला करके घायल कर दिया । उसे अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

कैप्टन का कथित हत्यारा बंदी

कपूरथला (शर्मा): सुप्रिंटैंडैंट पुलिस श्री पी.एम. दास ने पत्रकारों को बताया कि जिला पुलिस ने मौजा डडविंडी के कैप्टन प्रीतम सिंह प्रधान जिला फ्रीडम फाइटर्स एसोसिएशन के एक और कथित हत्यारे सतनाम सिंह उर्फ सत्ता को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक बारह बोर की बंदक व चार कारतूस बरामद किए हैं । 30 जुलाई की नाकाबंदी के दौरान मौजा आलूवाल के निकट उग्रवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता निवासी शेरपुर लद्दा थाना सुल्तानपुर लोधी को गिरफ्तार किया गया । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान इस उग्रवादी ने पुलिस को बताया कि 8 जुलाई की रात को उसने मौजा डडविंडी में अपने साथियों के साथ मिलकर कैप्टन प्रीतम सिंह की हत्या कर दी थी तथा उसकी बंदक व उसके लड़के का रिवाल्वर ले गए थे । 23 जुलाई को गिरफ्तार किए गए कथित उग्रवादियों जगजीत सिंह, हरभजन सिंह से कैप्टन प्रीतम सिंह के लड़के का रिवाल्वर बरामद हो चुका है ।

जिला मैजिस्ट्रेट कपूरथला ने जिला में लगी विभिन्न पाबंदियों की अवधि 31 अगस्त, 1987 तक बढ़ा दी है ।

एस.पी. आफिस में कार्यरत हैडकांस्टेबल रणदेव सिंह को पुलिस सेवा से जबरी रिटायर कर दिया गया ।

वैद्य की हत्या

भटिंडा जिले के ग्राम सीवियां में उग्रवादियों ने वैद्य बलराज की गोली मार कर हत्या कर दी । वह बुल देवाला ग्राम का था पर उसका दवाखाना सीवियां में था ।

भाजपा-पुलिस मुठभेड़ें

(पृष्ठ 1 का शेष)

पुलिस ने गोली भी चलाई जबकि पुलिस ने इसका खंडन किया । कार्यकर्त्ताओं ने कहा कि एक आदमी के पांव में गोली लगी जबकि पुलिस ने कहा कि आंसूगैस के गोले का घाव हो सकता है । एक समाचार के अनुसार पुलिस ने 6 राऊंड गोली चलाई ।

एम समाचार के अनुसार कार्यकर्ताओं ने श्री बूटा सिंह के आवास के बाहर लगभग डेढ़ घंटे तक प्रदर्शन किया । वहां आसपास खड़ी बसों की हवा निकाल दी । उन्हें क्षति पहुंचाई और स्वागत कक्ष में तोड़फोड़ की । इस बीच नारे लगाते हुये उन्होंने वहां पुलिस आयुक्त वेदमरवाहा का घेराव किया और उनके साथ धक्का मुक्की की । इसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिये लाठीचार्ज किया और आंसू गैस छोड़ी ।

Punjab Sahitya

राष्ट्रपति के चुनाव को चुनौती : वेंकटरमन को नोटिस

19वीं पुण्य तिथि पर















(1) पंजाब रोडवेज़ बटाला की वह अभागी बस, जिसमें सवार चार व्यक्तियों की अधिकारी मृतक अशोक कुमार दुआ (3) मृतक जोगिन्द्र पाल, जो अध्यापक था (4) बिजली विनोद) (5) गांव सुखराजी की मृतका अमीर कौर जो गत रात आतंकवादियों के हाथों मारी गई काहनूवान-बटाला-रोड पर गांव पीरूशाह के निकट आतंकवादियों ने हत्या कर दी (2) बैंक कर्मचारी मृतक बाबा राम (5) एक मृतक, जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी (छाया : (7) घायल अजीत कौर । (छाया : मोहन लाल)



कपूरथला जिला पुलिस की ओर से सुलतानपुर लोधी और कपूरथला क्षेत्र में पकड़े गए खतरनाक आतंकवादियों के दो ग्रुपों के 11 सदस्यों से बरामद शस्त्रास्त्र, बी.सी.आर. तथा अन्य सामान को एस.पी. श्री पी.एम. दास अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ देख रहे हैं । (छाया : आर.के. स्टूडियो)



दक्षिणी दिल्ली में गत बीरवार को दो भाजपा नेताओं की उग्रवादियों द्वारा हत्या किए जाने के मामले में बंदी बस चालक हीरा सिंह को भारी सुरक्षा प्रबन्धों के मध्य शुक्रवार को पटियाला हाऊस स्थित अदालत में ले जाते हुए पुलिस कर्मचारी ।

Punjabi Sanatan

हवालदार की हत्या, थानेदार पर हमला, 5 घायल

चंडीगढ़, 2 अगस्त (वार्ता): विगत 24 घंटों के दौरान पंजाब में उग्रवादियों ने एक हवलदार की हत्या कर दी, एक थानेदार को मारने का प्रयास किया, खोखे जलाए और स्टेनगन सहित कई हथियार और रुपए छीने ।

हवालदार की हत्या

अमृतसर (सोनी): अमृतसर पुलिस थाना 'सी' डिविज़न के मुंशी हवालदार रूप लाल की दो साइकल सवार आतंकवादियों ने आज प्रातः 6.30 बजे हत्या कर दी । 45 वर्षीय रूप लाल कोट मंगल सिंह क्षेत्र, जहां वह रहता था, में डेयरी पर दूध लेने गया था । रास्ते में उग्रवादियों ने पिस्तौल से गोलियां चलाकर उसकी हत्या कर दी और साइकलों पर ही चले गए । 'डोगरा' के अनुसार उग्रवादियों की संख्या पुलिस ने चार बताई है ।

11 खोखे जला दिए

बाबा बकाला (प्रेम): गत रात लगभग डेढ़ बजे यहां से आठ कि.मि. दूर जी.टी. रोड पर गांव खलचियां में कुछ उग्रवादियों ने मीट, शराब, पूड़ी, हलवाई, दर्जी, नाई और ढाबे के 11 खोखे मिट्टी के तेल डाल कर जला दिए । सूचना मिलते ही सुरक्षा बल डी.एस.पी. रावत के नेतृत्व में रैपो से वहां पहुंचे, लेकिन गांव वालों द्वारा सहयोग न दिए जाने के कारण सारे खोखे जल गए । एक लाख रुपए की क्षति होने का अनुमान है । खोखा मालिकों ने आर्थिक सहायता की मांग की है ।

ए.एस.आई. की हत्या का प्रयास

रोपड़ (ह.स.): आज प्रातः रोपड़ जिला में नहर के पास दो उग्रवादियों ने मोटर साइकल पर जा रहे एक ए.एस.आई. हरबंस लाल की हत्या का प्रयास किया । दर्ज की गई प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार श्री हरबंस लाल ने एक उग्रवादी को पहचान लिया है । श्री हरबंस लाल भरतगढ़ पुलिस थाने के इंचार्ज हैं ।

दो उग्रवादी बंदी

फिरोज़पुर (धी.): एस.पी. (आप्रेशन) श्री एच.बी. चांद ने आज यहां बताया कि पुलिस ने 'बी' श्रेणी के दो उग्रवादी जंड सिंह तलवंडी जलेखा निवासी और बलवान सिंह उर्फ पप्पी खोसा निवासी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है ।

नौ हजार रु. लूटे

जीरा से मोगा जा रही प्राइवेट बस में सवार जालन्धर के उपदेश कुमार से कल सायं चार बजे दो उग्रवादियों ने लोहारां के निकट पिस्तौल दिखाकर नौ हजार रु. लूट लिए और फरार हो गए । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई ।

स्टेनगन, मारुति कार छीनी

मोरिंडा (म.): कल रात निकटवर्ती गांव सलाहपुर में रिटायर्ड कैप्टन साध सिंह से दो उग्रवादियों ने स्टेनगन और एक भरी हुई मैगज़ीन लूट ली । एक अन्य घटना में दो उग्रवादियों ने कल सायं काजोली में भाखड़ा मुख्य नहर पुल पर एक

(शेष पृष्ठ 8 पर)



हवालदार रूप लाल जिसकी रविवार को आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । (छाया : रवि भंडारी)



खलचियां में उग्रवादियों द्वारा शनिवार रात को जलाए मास, नाई, दर्जी आदि के 11 खोखे (छाया : प्यारे)

हवलदार की हत्या
(पृष्ठ 3 का शेष)

मारुति कार छीन ली । कल रात देर गए एक स्थानीय व्यापारी निर्मल कुमार के घर से उग्रवादी कानों की बालियां छीन ले गए । शोर मचाने पर उग्रवादियों ने निर्मल सिंह के सिर पर गम्भीर चोटें पहुंचाईं ।

दो बंदूकें छीनीं

कपूरथला (शर्मा): कपूरथला थाना कोतवाली के गांव सुन्दर जगीर में गत रात लगभग दो बजे तीन अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने दो व्यक्तियों के घरों पर दाखिल होकर 12 बोर की दो बंदूकें व दस कारतूस छीन लिए । बताया जाता है कि उग्रवादी पहले सोहन सिंह के मकान पर गए और मकान की छत पर चढ़ गए तथा सोए हुए सोहन सिंह को जगाकर उसकी 12 बोर की दोनाली लाइसैंसी बंदूक व 10 कारतूस छीन लिए । बाद में उग्रवादी जीवन सिंह के घर पर गए व वहां उसके पुत्र धर्मजीत सिंह से उसकी 12 बोर की एकनाली लाइसैंसी बंदूक छीन कर भाग गए ।

300 रुपए लूटे

पता चला है कि थाना सुल्तानपर लोधी के गांव बलणी बस्ती में तीन उग्रवादियों ने एक व्यक्ति ज्ञान सिंह के घर में घुसकर तलाशी ली व उसके घर में पड़े 400 रुपए में से 300 रुपए लूट ले गए तथा 100 रुपए उसके लिए छोड़ गए ।

दो घुसपैठिए मरे

श्रीगंगानगर (वार्ता): कल रात अनूपगढ़ सैक्टर में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में दो घुसपैठिए मारे गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान से आए चार घुसपैठियों में से एक मारा गया,जबकि तीन अन्य वापस भाग गए । एक अन्य घटना में समेजा चौकी के निकट पांच व्यक्तियों ने भारत में घुसने की कोशिश की । ललकारे जाने पर घुसपैठियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फ़ायरिंग में एक घुसपैठिया मारा गया और शेष चारों अंधेरे में वापस पाकिस्तान भाग गए ।

दो लुटेरे लोगों ने पकड़ लिए

रामपुराफूल (सरस्वती): आज यहां दो लुटेरों को लोगों ने उस समय पीछा करके पकड़ लिया, जब वे एक स्त्री के आभूषण लूट कर साइकल पर भाग रहे थे । बताया जाता है कि लुटेरे प्यारा सिंह आफ़ गांव नथाना और नछत्तर सिंह आफ़ गांव नपोर ने, जो स्त्री को मार्किट कमेटी रामामंडी के कर्मचारी बताते हैं, को स्त्री के शोर मचाने के बाद लोगों ने पकड़ लिया । अभियुक्तों को पुलिस के हवाले कर दिया गया । डी.एस.पी. श्री हरचरण सिंह गिल ने घोषणा की कि तीन नवयुवकों गुरमेल सिंह, जसविंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह और सिपाही गुरतेज सिंह को लुटेरों को पकड़ने में शौर्य प्रदर्शन पर पुरस्कार दिया जाएगा । पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है ।

रिवाल्वर छीना

जालन्धर (ह.स.): तीन उग्रवादियों ने नूरमहल थाना के गांव लखनपाल के भू.पू. सरपंच आसा राम के घर से एक .32 बोर का रिवाल्वर और कुछ कारतूस लूट लिये ।

स्कूटर छीना

एक अन्य घटना में दो उग्रवादियों ने जालन्धर जिला के गांव लोहियां के निकट करम चन्द नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

पाबंदी

होशियारपुर (अश्विनी): जिला मैजिस्ट्रेट श्री जी.एस. संधु ने एक आदेश जारी करके जिला-भर में प्राइवेट व सरकारी बसें रात साढ़े सात बजे से प्रातः साढ़े पांच बजे तक चलाने पर पाबंदी लगा दी है । यह पाबंदी तीस सितम्बर तक लागू रहेगी । आदेश में कहा गया है कि बसों के चलने का कार्यक्रम इस तरह बनाया जाए कि हर बस रात साढ़े सात बजे तक अपने ठिकाने पर पहुंच जाए । एक अन्य आदेश के अंतर्गत समूचे जिला में तीस सितम्बर तक के लिए धारा 144 लगा दी गई है । इसके अतिरिक्त रात आठ बजे से लेकर प्रातः साढ़े पांच बजे तक ट्रक, कारें, मैटाडोर व अन्य वाहन चलाने पर पाबंदी भी तीस सितम्बर तक जारी रहेगी । इस अवधि में ट्रैक्टर चलाने की अनुमति होगी । थ्री व्हीलर रात दस बजे तक चल सकेंगे । यह आदेश भी तीस सितम्बर तक लागू रहेगा । एक अन्य आदेश द्वारा सरकारी अधिकारियों व प्रमुख व्यक्तियों के अतिरिक्त शेष सभी छोटे अफसरों व व्यापारियों आदि को अपनी कारों पर लाल बत्ती लगाने की मनाही की गई है । इस अवधि में लाऊडस्पीकरों के प्रयोग पर भी पाबंदी रहेगी ।

सात उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स.): फरीदकोट जिला पुलिस ने सात खतरनाक उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । इनमें से वीर सिंह और जरनैल सिंह, जो गत वर्ष अबोहर के निकट खुब्बा में सात व्यक्तियों की हत्या में वांछित थे, को मुक्तसर के निकट एक विदेशी रिवाल्वर और .303 पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया गया । तीन अन्य उग्रवादियों कुलबिंदर सिंह, जगतार सिंह और बलबीर सिंह को एक चोरीशुदा स्कूटर पर लुधियाना से फरीदकोट जिला में प्रवेश करते समय पकड़ा गया । उन्होंने बताया कि वह आज रात को अंधाधुंध फ़ायरिंग करके हत्याएं करने वाले थे । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ललकारे जाने पर उग्रवादी स्कूटर छोड़ कर भागने लगे, लेकिन नाकापार्टी ने इन्हें पकड़ लिया । इनसे कुछ हथियार भी पकड़े गए हैं । सुरक्षा बलों ने दीपसिंह वाला के निकट दो उग्रवादियों रजिन्दर सिंह (श्रीगंगानगर) और बलदेव सिंह पकड़ा । वह क्षेत्र में आतंक फैलाने के लिए हत्याएं करने वाले थे ।

5 घायल

बटाला (कोछड़): आज रात साढ़े 8 बजे यहां के निकटवर्ती गांव बिजलीवाल में एक ट्यूबवैल पर नहा रहे व्यक्तियों पर कुछ उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । परिणामस्वरूप 5 व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए । घायलों में राज कुमार, बचन, शाम लाल व जोगिन्दर शामिल हैं । उन्हें अमृतसर अस्पताल में दाखिल कराया गया है । राज कुमार रमदासिया है और इसी गांव का रहने वाला है जबकि चार हनुमानगढ़ के रहने वाले हैं । पुलिस ने मौके पर पहुंच कर नाकेबंदी कर ली है । दोषियों की तलाश जारी है ।

पाबंदी बढ़ी

पटियाला (भूषण): जिला मैजिस्ट्रेट डा. डी.सी. गुप्ता ने दुकानों को बंद करने के समय और दोपहिया वाहनों के जिला में चलने पर पाबंदी की अवधि में वृद्धि कर दी है । इस आदेशानुसार जिले की सभी दुकानें सायं पौने आठ बजे तक बंद कर दी जाएंगी । इनमें हलवाई, ढाबे व दवाइयों की दुकानें नहीं शामिल हैं जो केवल दस बजे तक खुली रखी जा सकती हैं । ठेका शराब इंगलिश व देसी की दुकानें तथा उनके साथ के अहाते, बार व रेहड़ियां नौ बजे तक बंद करनी पड़ेंगी । दो पहिया वाहनों पर रात्रि साढ़े आठ से सुबह साढ़े पांच बजे तक पाबंदी लगी रहेगी ।

करतारपुर (साहनी): स्थानीय पुलिस ने अवतार सिंह नामक एक उग्रवादी का पांच अगस्त तक का रिमांड लिया है । ज्ञात हुआ है कि यह व्यक्ति यहां गत दिनों हुए दो गोली कांडों में शामिल था ।

खान दुर्घटना में 120 मरे

मनीला, 2 अगस्त : माऊंट दि बालबाल, मोंकायो दावाओं देल नोर्टे और दक्षिण पूर्वी मिंदानाओं में भारी वर्षा से खानों की सुरंगें धंस जाने के कारण कम से कम 120 व्यक्तियों के मार जाने की आशंका है ।

मुठभेड़ के बाद महिला,पुरुष से 20 किलो हैरोइन पकड़ी गई

जलालाबाद, 2 अगस्त (राकेश मलिक): आज तड़के पुलिस और बी.एस.एफ. के संयुक्त बलों ने यहां से 12 किलोमीटर दूर माधीवाड़ा गांव के

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

Punjabi Sanatan

(छाया : प्रेम मेहरा)

(छाया : देवव्रत) (4) सुभानपुर थाना के एक गांव में उग्रवादियों के हाथों घायल पंसारी कश्मीरी लाल । (छाया : शर्मा)

उग्रवादियों द्वारा दो साथियों सहित 6 की हत्या, 1.75 लाख लूटे, डी.आई.जी. की बम से हत्या का प्रयास

चंडीगढ़, 3 अगस्त (वार्ता, ह.स.): विगत 24 घंटों के दौरान पंजाब में उग्रवादियों ने अपने दो साथियों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी, कई अन्य को घायल कर दिया, विभिन्न स्थानों पर लगभग पौने दो लाख रु. की नकदी, आभूषण, हथियार, वाहन आदि छीने, पुलिस चौकी पर फायरिंग की ।

उग्रवादियों ने पटियाला में डी.आई.जी. (रेलवे) श्री आर.एल. वधवा की 4 घंटे में 2 बार हत्या के प्रयास किये ।

उग्रवादियों ने दो साथी मारे

बाना बकाला (प्रेम मेहरा): यहां से पंद्रह किलोमीटर दर थाना ब्यास के गांव सुधार में बब्बर खालसा के तीन उग्रवादियों ने अपने दो साथियों की हत्या कर दी । कल रात पांच सशस्त्र उग्रवादी एक किसान गुरबख्श सिंह के खेतों में बने घर में आए और वहां मौजद महेंद्र कौर और उसकी पत्रवधू परमजीत कौर से कहा कि वह रात को वहीं ठहरेंगे । जब उनसे कहा गया कि उनके पास बिस्तर और चारपाइयां नहीं हैं, तो उन्होंने धमकी दी कि इंतजाम हम कर लेंगे ।" डर कर महिलाओं ने अपनी चारपाइयां उन्हें दे दीं और स्वयं एक कमरे में चली गईं । गुरबख्श सिंह का लड़का खेतों में कुछ दूरी पर सोया हुआ था, जिसका उग्रवादियों को पता नहीं चला, दो घंटे बाद दो उग्रवादी घर के बाहर चक्कर लगाने गए । जब वह वापिस आए तो दो उग्रवादी पूरी तरह से सोए हुए थे । शेष तीन उग्रवादियों ने आपस में कुछ बातचीत करके दो साथियों के पेट, गर्दन, सिर, आंखों और बाजुओं में गोलियां मार कर हत्या कर दी और उनके हथियार लेकर यह कहते हुए चले गए कि "साले गरीब बूढ़े को लूटते थे और गरीबों, महिलाओं को तंग करते थे ।" प्रात: पुलिस को सूचित किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए । डी.आई.जी. (आप्रेशन) सी. पाल सिंह ने बताया कि यह उग्रवादियों की आपसी लड़ाई का नतीजा है । घटनास्थल से 315, 303 और 32 बोर के जीवित कारतूस भी मिले हैं । मृत उग्रवादियों की जेबों से कुछ पत्र मिले हैं, जिससे उनके साथियों को पकड़ने में आसानी रहेगी । दोनों उग्रवादी अमृतधारी थे ।

अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार अमृतसर के पुलिस प्रमुख श्री मोहम्मद इजहार आलम ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा है कि मृतक आतंकवादी की शिनाख्त हो गई है । वह गांव लहा मंडा निवासी सरबजीत सिंह है । यह पुलिस को कई हत्याओं के सम्बन्ध में वांछित था ।

मारे गए दूसरे आतंकवादी की शिनाख्त थाना मेहता के गांव चन्नणके निवासी अजीत सिंह के रूप में की गई है ।

विज्ञप्ति में बताया गया है कि गत रात थाना ब्यास के गांव सुधार के एक व्यक्ति गुरबख्श सिंह के फार्म हाऊस पर पांच व्यक्ति आए थे । उस समय घर में कोई पुरुष नहीं था तथा केवल गुरबख्श की पत्नी व उसकी चार लड़कियां थीं । प्रात: पुलिस को सूचना मिली थी कि इस घर में 5 आतंकवादियों ने दो के शव पड़े हैं जिनकी हत्या उनके अपने ही साथियों ने की है ।

श्री आलम के अनुसार प्रारम्भिक पूछताछ से पता चला है कि ये दो हत्याएं आतंकवादियों में आपसी झगड़े के परिणामस्वरूप हुई हैं । झगड़ा युवा महिला को फुसलाने पर हुआ था ।

डाक्टर व रिक्शा चालक की हत्या

दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज रात्रि 8.30 बजे अमृतसर के खालड़ा क्षेत्र में डाक्टर अजीत कुमार की गोलियां मारकर हत्या कर दी । इससे पूर्व शहर के निकटवर्ती पडोरी ग्राम के पास सवारियां ले जा रहे एक रिक्शा चालक की तीन उग्रवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

कुख्यात आतंकवादी गिरफ्तार

श्री आलम के अनुसार झब्बाल पुलिस ने कसेल निवासी हीरा सिंह नामक एक कुख्यात आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । उसने गांव ढंड में डा. चिरंजीलाल की हत्या, गांव गिलवाली में सी.पी.आई. नेता की हत्या, इसी गांव में सो रहे तीन महंतों की हत्याएं तथा स्कूटर छीनने की घटनाएं की थीं ।

शरण देने वाले काबू

एस.एस.पी. ने बताया है कि कोहार्टविंड निवासी कुलदीप सिंह व गुरबख्श सिंह तथा गांव दलारा के सतनाम सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

पाकिस्तान से लौटा आतंकवादी पकड़ा

विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस ने गांव झाजियां निवासी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता को गिरफ्तार किया है जो पाकिस्तान में दो वर्ष रहने के बाद लौटा है । इससे पूछताछ की जा रही है ।

पिस्तौल छीना

इसी गांव में रात ढाई बजे कुछ उग्रवादी सुरजीत सिंह के घर से एक पिस्तौल और कारतूस लूट ले गए । सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की नाकेबंदी कर रखी है । पुलिस ने दावा किया है कि इस गिरोह के शेष सदस्यों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा ।

पुलिस चौकी पर फायरिंग

अमृतसर (सोनी): कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने आज तड़के सुल्तानविंड गांव के निकट एक पुलिस चौकी पर गोलियां चलाई जिसमें कोई घायल नहीं हुआ । चौकी से जवाबी फायरिंग न किए जाने पर उग्रवादी अंधेरे में भाग गए ।

बंदूक, पिस्तौल लूटी

थाना मजीठा के गांव तरागढ़ में कल रात पांच उग्रवादियों ने गुरचरण सिंह के घर से लाइसैंसशुदा बंदूक (बारह बोर) पिस्तौल और दो दर्जन कारतूस लूट लिए । स्टेनगनों, रिवाल्वरों से लैस उग्रवादियों ने घर के सदस्यों की पिटाई भी की ।

जिम्मेदारी ली

भिंडरांवाला टाइगर्स आफ खालिस्तान के स्वयंभू जनरल स्वर्णजीत ने 'वार्ता' कार्यालय में फोन करके गत दिवस पंजाब पुलिस के हैडक्वार्टर्स बल रूप लाल की हत्या की जिम्मेवारी फोर्स के ऊपर ली है । उसने कहा कि रूप लाल सिख युवकों को टार्चर किया करता था ।

3479 रु. लूटे

'कपूर' के अनुसार यहां प्राप्त एक सूचना के अनुसार परसों सुबह बाबा बकाला के नजदीक गांव बुताला और सठियाला के बीच तीन सशस्त्र लुटेरों ने एक मारुति वैन को रोक कर उसमें सवार दो व्यक्तियों से 3479 रु. लूट लिए । अमृतसर के एक थोक कपड़ा व्यापारी के सेल्जमैन उगाही की रकम लेकर मारुति वैन में आ रहे थे । गांव बुताला के नजदीक सड़क खराब होने की वजह से वैन कुछ धीमी हुई तो अचानक तीन उग्रवादियों ने वैन को घेर लिया और ड्राइवर की कनपटी पर पिस्तौल रख दी । वह वैन में बैठे सेल्जमैन से पिस्तौल की नोक पर बैग जिसमें 3479 रु. के अलावा कुछ जरूरी कागजात व लेजर बुकें थीं, लेकर फरार हो गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

की 25 प्र. श. फसल नष्ट, व पेयजल का संकट उत्पन्न

अपेक्षा इस वर्ष 15 लाख हैक्टेयर ई की गई थी ऊपर से बीजी गई से जल स्तर में गिरावट के कारण, ई है ।

या कि इस समय भाखड़ा बांध तथा पौंग बांध के जलाशयों से हा है तथा किसानों को उनकी करने के लिए 10 से 12 घंटे रही है । उन्होंने कहा कि वर्षा में में वृद्धि से भीषणतम सूखे का हा है । श्री गिल ने कहा कि यदि वर्षा न हुई तो स्थिति अत्यंत । उन्होंने बताया कि मक्की की इस बार गत वर्ष के 2.60 लाख 1.95 लाख हैक्टेयर है ।

या कि 14 मई के बाद यहां सिर्फ तथा 21 जुलाई को पटियाला, के कुछ क्षेत्रों में वर्षा नहीं हुई ा कि कृषि विभाग उन क्षेत्रों में सम्भावनाओं का पता लगाने का धान की बिजाई नहीं हो सकी

बोर्ड लगभग 440 यूनिट र रहा है जिसमें से 200 लाख ी जा रही है । उन्होंने बताया द्र को सूखे के बारे अवगत करा संगरौली तथा बैरासयल ाब को अतिरिक्त बिजली रहा है ।

अनुसार हरियाणा के भूतपूर्व श्री शमशेर सिंह सुर्जेवाला ने हरियाणा को सूखाग्रस्त क्षेत्र

सूखे से उत्पन्न स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केन्द्र और राज्य सरकारों से युद्ध स्तर पर राहत कार्य करने की मांग की ।

पंजाब सरकार 26.50 करोड़ के ऋण लेगी

चंडीगढ़, 3 अगस्त (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने खुली मार्किट से 26.50 करोड़ रुपए के ऋण लेने का निर्णय किया है। इस सम्बन्धमें कार्रवाई 17 अगस्त से शुरू होगी ।

सुरक्षा प्रस्ताव दर्शन सिंह ने ठुकराया

अमृतसर, 3 अगस्त (ह.स.): सिख संघर्ष के 'लक्ष्य' पर विचार-विमर्श व फैसला करने के लिए शिरोमणि कमेटी के परिसर में तेजा सिंह समन्दी हाल में आयोजित किए जाने वाले विवादास्पद सिख सम्मेलन की सुरक्षा संबंधी पुलिस अधिकारियों के प्रस्ताव को अकाल तख्त के प्रधान प्रोफैसर दर्शन सिंह ने ठुकरा दिया है । यह सम्मेलन प्रोफैसर दर्शन सिंह ने बुलाया है ।

इस सम्मेलन में सिख संगठनों, संतों, धार्मिक व राजनीतिक नेताओं, उग्रवादी संगठनों, ए.आई.एस.एस.एफ. के वर्गों, बुद्धिजीवियों तथा स्कूलों व कालेजों के प्राध्यापकों को आमंत्रित किया गया है ।

आज सुबह जिलाधीश सर्वजीत सिंह गुरदास हाल में स्थित उनके निवास पर उनसे मिलने आए थे । इसके बाद मुख्यग्रंथी ने पत्रकारों को बताया कि यह शुद्ध रूप से सिखों का मामला है तथा सुरक्षा के लिए किसी प्रकार के भी सरकारी प्रबंध इसके लिए अवांछित हैं ।

जाएगा और ऐसा हुआ तो यह निन्दनीय होगा । सबों का कहना है कि सम्मेलन के उद्देश्य के प्रति मुख्य ग्रंथी और कुछ उग्रवादी संगठनों में आपसी मतभेद होने की सूचनाओं के कारण ही प्रशासन ने सुरक्षा का प्रस्ताव किया था ।

इसी बीच अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने स्थिति का अनुमान लगा लिया है तथा वह इस पर सतर्क निगाह रखे हुए हैं । इस सम्बन्ध में एडीशनल डी.आई.जी. पंजाब पुलिस के पी.एस. गिल ने प्रशासन व पुलिस अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया तथा स्थिति का पुनरीक्षण भी किया ।

मुख्यग्रंथी ने कहा है कि सम्मेलन का स्थल बदलने या इसे स्थगित करने का कोई प्रश्न नहीं पैदा होता । उन्होंने कहा कि स्थिति से निपटने के लिए समुचित सावधानियां बरती गई हैं । उन्होंने लगभग 500 संगठनों और व्यक्तियों को आमंत्रित

सिख युवकों को झूठे मुकाबलों में मारने का आरोप पूर्णतया गलत : उमरानंगल

फगवाड़ा, 3 अगस्त (कोहली, खोसला): "पंजाब में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन सहित उग्र धड़ों के युवा सिख संगठनों की ओर से बार-बार यह आरोप लगाया जा रहा है कि सिख युवकों को झूठे मुकाबला में मारा जा रहा है लेकिन ये आरोप पूर्णतया गलत हैं ।" यह बात लौंगोवाल अकाली दल के वयोवृद्ध नेता श्री जीवन सिंह उमरानंगल ने आज यहां कही । उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरो के गत सप्ताह पंजाब के तीन सीमांत जिलों के दौरे के दौरान लोगों ने इस सम्बन्ध में उन्हें प्रमाण दिए ।

श्री उमरानंगल आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने सिख जगत से अपील की कि वह 4 अगस्त को अकाल तख्त के जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह द्वारा अमृतसर में आमंत्रित बोगस सिख प्रसभा का बहिष्कार करें । इसमें सिख युवकों को और अधिक गुमराह किया जाएगा । माहौल में और विष फैलेगा और इससे न केवल सिखों को बल्कि पंजाब और देश के हितों को भी क्षति पहुंचेगी । कोई भी सच्चा सिख इस प्रसभा में नहीं जाएगा ।

उन्होंने प्रोफैसर दर्शन सिंह पर आरोप लगाया कि उन्होंने अकाल तख्त के आकार को बढ़ाकर स्वयं अकाल तख्त की पवित्रता को भंग किया है । उन्होंने कहा कि यदि केन्द्र ने उग्रवादियों या प्रोफैसर दर्शन सिंह से बातचीत की तो यह राजीव की राजनीतिक मृत्यु के समान होगा । मिजोरम आदि में उग्रवादियों से समझौता करके उन्होंने वहां की समस्याओं को और पेचीदा बना दिया है । केन्द्र यदि पंजाब में स्थिति सुधारना चाहता है तो बरनाला अकाली दल से बातचीत ही एक मात्र रास्ता है ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस (इ) ने गत दिनों जनसम्पर्क का जो अभियान शुरू किया था, वह मात्र धोखा था । कांग्रेस के नेता लौंगोवाल गांव से प्रारम्भ करेगा । स्थान-स्थान पर बैठकें करके लोगों को उग्रवाद के विरुद्ध खड़ा किया जाएगा । श्री उमरानंगल ने सभी राजनीतिक दलों और सिखों से अपील की कि इस अभियान में वे उन्हें पूर्ण सहयोग दें । श्री उमरानंगल ने पांचों सिंह साहिबान से अपील की कि यदि वे गुरुओं के बताए मार्ग पर चलते हैं तो वे भी इस अभियान में शामिल हों और यदि वे उग्रवाद के समर्थक हैं तो इस अभियान से दूर रहें ।

श्री उमरानंगल ने पंजाब विधान सभा बहाल करने की मांग की । उन्होंने श्री राजीव गांधी को परामर्श दिया कि वे दरबार साहब अमृतसर में

(शेष पृष्ठ 6 पर)

राजीव गांधी पर आत्मघाती हमले की आशंका : मानोचाहल गिरोह दिल्ली में

चंडीगढ़, 3 अगस्त (टैली.): दिल्ली में हुई सबसे बड़ी घुसपैठ के रूप में गत कुछ दिनों से दर्जनों आतंकवादी गुरबचन सिंह मानोचाहल के नेतृत्व में आतंकवादियों का गिरोह दिल्ली में प्रवेश कर चुका है । इतना ही नहीं कैनेडा मूल के 20 आतंकवादी भी दिल्ली में हैं । इनके पास, 'राकेट लांचर' सहित अत्याधुनिक शस्त्र हैं तथा ये 20 आतंकवादी पाकिस्तान सीमा पार करके भारत में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की हत्या के एकमात्र उद्देश्य से आए हैं । इन सभी बातों के दृष्टिगत गुप्तचर सूत्रों ने सभी पुलिस व अर्ध सैनिक एजेंसियों को सतर्क कर दिया है ।

मानोचाहल के गिरोह का उद्देश्य दिल्ली में एक ही समुदाय के व्यक्तियों की हत्या करके तनाव पैदा विशेषकर स्वतन्त्रता दिवस समारोह में व्यवधान डालने के लिए 'रिहर्सल' के स्थान को अपना निशाना बना सकता है । कैनेडा मूल के 20 आतंकवादी, जो गत कुछ सप्ताह से दिल्ली में हैं यदि आवश्यकता पड़ी तो 'आत्मघाती हमला' भी करने को भी तैयार हैं । पुलिस को प्राप्त सूचनाओं के अनुसार इस गिरोह के दो धड़े हैं एक में सात सदस्यहैं दूसरे में चार या पांच हैं जबकि शेष व्यक्तिगत रूप से सक्रिय हैं परन्तु सम्भवत: उनका दोनों धड़ों से मेल-जोल है ।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि इन 20 व्यक्तियों में से अधिकांश 'इंटरनैशनल सिख यूथ फैडरेशन' से सम्बद्ध हैं तथा यहां 'आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (गुरजीत) इन का पोषक है । गुप्तचर सूत्रों की आशंका है कि इनमें से कुछ 'बब्बर खालसा'

Punjab Sanatan







(1, 2) थाना ब्यास के गांव सुधार में उग्रवादियों द्वारा मारे गए अपने ही 2 साथियों के शव (राणा स्टाईयां), (3) घटनास्थल पर बिखरा खून, (4) 303, 315 और 32 बोर के जीवित कारतूस, (5) घटनास्थल का जायजा लेते हुए जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस (आप्रेशन) सी. पाल सिंह और अन्य अधिकारी, (6) वह मकान जहां वारदात हुई । (छाया : प्रेम मेहरा)




(1) संगरूर जिला पुलिस द्वारा बरनाला में पकड़े गए 6 खूंखार आतंकवादियों से बरामद 15000 रु. के करंसी नोट, बिना नम्बर की जीप, 315 बोर की राईफल, 5 रिवाल्वर तथा सैंकड़ों कारतूस । (छाया : सिंधवानी), (2) जगराव में आतंकवाद विरोधी स्टाफ का सदस्य सिपाही कमिकर सिंह, जिसकी गत दिनों बरसाल में आतंकवादियों ने हत्या कर दी, (3) सिंधवां बेट क्षेत्र में गत दिनों एक डेरे के महंत मिड्ढ मल की 5 उग्रवादियों ने हत्या करके शव सिंधवां नहर में फैंक दिया । महंत की शव यात्रा का दृश्य (छाया : देवव्रत) (4) सुभानपुर थाना के एक गांव में उग्रवादियों के हाथों घायल पंसारी कश्मीरी लाल । (छाया : शर्मा)

उग्रवादियों द्वारा दो साथियों सहित 6 की हत्या, 1.75 लाख लूटे, डी.आई.जी. की बम से हत्या का प्रयास

चंडीगढ़, 3 अगस्त (वार्ता, ह.स.): विगत 24 घंटों के दौरान पंजाब में उग्रवादियों ने अपने दो साथियों सहित 6 व्यक्तिगों की हत्या कर दी, कई अन्य को घायल कर दिया, विभिन्न स्थानों पर लगभग पौने दो लाख रु. की नकदी, आभूषण, हथियार, वाहन आदि छीने, पुलिस चौकी पर फायरिंग की ।

उग्रवादियों ने पटियाला में डी.आई.जी. (रेलवे), श्री आर.एल. वधवा की 4 घंटे में 2 बार हत्या के प्रयास किये ।

उग्रवादियों ने दो साथी मारे

बाना बकाला (प्रेम मेहरा): यहां से पंद्रह किलोमीटर दूर थाना ब्यास के गांव सुधार में बब्बर खालसा के तीन उग्रवादियों ने अपने दो साथियों की हत्या कर दी । कल रात पांच सशस्त्र उग्रवादी एक किसान गुरबख्श सिंह के खेतों में बने घर में आए और वहां मौजद महेंद्र कौर और उसकी पत्रवधू परमजीत कौर से कहा कि वह रात को वहीं ठहरेंगे । जब उनसे कहा गया कि उनके पास बिस्तर और चारपाइयां नहीं हैं, तो उन्होंने धमकी दी कि 'इंतजाम हम कर लेंगे ।" डर कर महिलाओं ने अपनी चारपाइयां उन्हें दे दीं और स्वयं एक कमरे में चली गईं । गुरबख्श सिंह का लड़का खेतों में कुछ दूरी पर सोया हुआ था, जिसका उग्रवादियों को पता नहीं चला, दो घंटे बाद दो उग्रवादी घर के बाहर चक्कर लगाने गए । जब वह वापिस आए तो दो उग्रवादी पूरी तरह से सोए हुए थे । शेष तीन उग्रवादियों ने आपस में कुछ बातचीत करके दो साथियों के पेट, गर्दन, सिर, आंखों और बाजओं में गोलियां मार कर हत्या कर दी और उनके हथियार लेकर यह कहते हुए चले गए कि "साले गरीब बढ़े को लूटते थे और गरीबों, महिलाओं को तंग करते थे ।" प्रात: पुलिस को सूचित किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए । डी.आई.जी. (आप्रेशन) सी. पाल सिंह ने बताया कि यह उग्रवादियों की आपसी लड़ाई का नतीजा है । घटनास्थल से 315, 303 और 32 बोर के जीवित कारतूस भी मिले हैं । मृत उग्रवादियों की जेबों से कुछ पत्र मिले हैं, जिससे उनके साथियों को पकड़ने में आसानी रहेगी । दोनों उग्रवादी अमृतधारी थे ।

अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार अमृतसर के पुलिस प्रमुख श्री मोहम्मद इजहार आलम ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा है कि मृतक आतंकवादी की शिनाख्त हो गई है । वह गांव लहा मंडा निवासी सरबजीत सिंह है । यह पुलिस को कई हत्याओं के सम्बन्ध में वांछित था ।

मारे गए दूसरे आतंकवादी की शिनाख्त थाना मेहता के गांव चन्नणके निवासी अजीत सिंह के रूप में की गई है ।

विज्ञप्ति में बताया गया है कि गत रात थाना ब्यास के गांव सुधार के एक व्यक्ति गुरबख्श सिंह के फार्म हाऊस पर पांच व्यक्ति आए थे । उस समय घर में कोई पुरुष नहीं था तथा केवल गुरबख्श की पत्नी व उसकी चार लड़कियां थीं । प्रात: पुलिस को सूचनामिली थी कि इस घर में 5 आतंकवादियों में से दो के शव पड़े हैं जिनकी हत्या उनके अपने ही साथियों ने की है ।

श्री आलम के अनुसार प्रारम्भिक पूछताछ से पता चला है कि ये दो हत्याएं आतंकवादियों में झगड़े के परिणामस्वरूप हुई हैं । झगड़ा युवा महिला को फुसलाने पर हुआ था ।

डाक्टर व रिक्शा चालक की हत्या

दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज रात्रि 8.30 बजे अमृतसर के खालड़ा क्षेत्र में डाक्टर अजीत कुमार की गोलियां मारकर हत्या कर दी । इससे पूर्व शहर के निकटवर्ती पडोरी ग्राम के पास सवारियां ले जा रहे एक रिक्शा चालक की तीन उग्रवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

कुख्यात आतंकवादी गिरफ्तार

श्री आलम के अनुसार झब्बाल पुलिस ने कसेल निवासी हीरा सिंह नामक एक कुख्यात आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । उसने गांव ढंड में डा. चिरंजीलाल की हत्या, गांव गिलवाली में सी.पी.आई. नेता की हत्या, इसी गांव में सो रहे तीन महंतों की हत्याएं तथा स्कूटर छीनने की घटनाएं की थीं ।

शरण देने वाले काबू

एस.एस.पी. ने बताया है कि कोहार्टबिड निवासी कुलदीप सिंह व गुरबख्श सिंह तथा गांव दलारा के सतनाम सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

पाकिस्तान से लौटा आतंकवादी पकड़ा

विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस ने गांव झांजियां निवासी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता को गिरफ्तार किया है जो पाकिस्तान में दो वर्ष रहने के बाद लौटा है । इससे पूछताछ की जा रही है ।

पिस्तौल छीना

इसी गांव में रात ढाई बजे कुछ उग्रवादी सुरजीत सिंह के घर से एक पिस्तौल और कारतूस लूट ले गए । सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की नाकेबंदी कर रखी है । पुलिस ने दावा किया है कि इस गिरोह के शेष सदस्यों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा ।

पुलिस चौकी पर फायरिंग

अमृतसर (सोनी): कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने आज तड़के सुल्तानविंड गांव के निकट एक पुलिस चौकी पर गोलियां चलाईं जिसमें कोई घायल नहीं हुआ । चौकी से जवाबी फायरिंग न किए जाने पर उग्रवादी अंधेरे में भाग गए ।

बंदूक, पिस्तौल लूटी

थाना मजीठा के गांव तरागढ़ में कल रात पांच उग्रवादियों ने गरचरण सिंह के घर से लाइसैंसशुदा बंदूक (बारह बोर) पिस्तौल और दो दर्जन कारतूस लूट लिए । स्टेनगनों, रिवाल्वरों से लैस उग्रवादियों ने घर के सदस्यों की पिटाई भी की ।

जिम्मेदारी ली

भिंडरांवाला टाइगर्स आफ खालिस्तान के स्वयंभू जनरल स्वर्णजीत ने 'वार्ता' कार्यालय में फोन करके गत दिवस पंजाब पुलिस के हैडकांस्टेबल रूप लाल की हत्या की जिम्मेवारी फोर्स केऊपर ली है । उसने कहा कि रूप लाल सिख युवकों को टार्चर किया करता था ।

3479 रु. लूटे

'कपूर' के अनुसार यहां प्राप्त एक सूचना के अनुसार परसों सुबह बाबा बकाला के नजदीक गांव बुताला और सठियाला के बीच तीन सशस्त्र लुटेरों ने एक मारुति वैन को रोक कर उसमें सवार दो व्यक्तियों से 3479 रु. लूट लिए । अमृतसर के एक थोक कपड़ा व्यापारी के सेल्जमैन उगाही की रकम लेकर मारुति वैन में आ रहे थे । गांव बुताला के नजदीक सड़क खराब होने की वजह से वैन कुछ धीमी हुई तो अचानक तीन उग्रवादियों ने वैन को घेर लिया और ड्राइवर की कनपटी पर पिस्तौल रख दी । वह वैन में बैठे सेल्जमैन से पिस्तौल की नोक पर बैग जिसमें 3479 रु. के अलावा कुछ जरूरी कागजात व लेजर बुकें थीं, लेकर फरार हो गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

25 प्र. श. फसल नष्ट, पेयजल का संकट उत्पन्न

इस वर्ष 15 लाख हैक्टेयर ई थी ऊपर से बीजी गई स्तर में गिरावट के कारण,

इस समय भाखड़ा बांध ंग बांध के जलाशयों से तथा किसानों को उनकी के लिए 10 से 12 घंटे । उन्होंने कहा कि वर्षा में ढि से भीषणतम सूखे का । श्री गिल ने कहा कि यदि न हुई तो स्थिति अत्यंत ोंने बताया कि मक्की की र गत वर्ष के 2.60 लाख 5 लाख हैक्टेयर है ।

14 मई के बाद यहां सिर्फ 21 जुलाई को पटियाला,

सूखे से उत्पन्न स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केन्द्र और राज्य सरकारों से युद्ध स्तर पर राहत कार्य करने की मांग की ।

पंजाब सरकार 26.50 करोड़ के ऋण लेगी

चंडीगढ़, 3 अगस्त (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने खुली मार्कीट से 26.50 करोड़ रुपए के ऋण लेने का निर्णय किया है। इस सम्बन्ध में कार्रवाई 17 अगस्त से शुरू होगी ।

सिख युवकों को झूठे मुकाबलों में मारने का आरोप पूर्णतया गलत : उमरानंगल

फगवाड़ा, 3 अगस्त (कौड़ा, खोसला): "पंजाब में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन सहित उग्र धड़ों के युवा सिख संगठनों की ओर से बार-बार यह आरोप लगाया जा रहा है कि सिख युवकों को झूठे मुकाबलों में मारा जा रहा है लेकिन ये आरोप पूर्णतया गलत हैं ।" यह बात लौंगोवाल अकाली दल के वयोवृद्ध नेता श्री जीवन सिंह उमरानंगल ने आज यहां कही । उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरो के गत सप्ताह पंजाब के तीन सीमांत जिलों के दौरे के दौरान लोगों ने इस सम्बन्ध में उन्हें प्रमाण दिए ।

श्री उमरानंगल आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने सिख जगत से अपील की कि वह 4 अगस्त को अकाल तख्त के जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह द्वारा अमृतसर में आमंत्रित बोगस सिख प्रसभा का बहिष्कार करें । इसमें सिख युवकों को और अधिक गुमराह किया जाएगा । माहौल में और विष फैलेगा और इससे न केवल सिखों को बल्कि पंजाब और देश के हिंदुओं को लौंगोवाल गांव से प्रारम्भ करेगा । स्थान-स्थान पर बैठकें करके लोगों को उग्रवाद के विरुद्ध खड़ा किया जाएगा । श्री उमरानंगल ने सभी राजनीतिक दलों और सिखों से अपील की कि इस अभियान में वे उन्हें पूर्ण सहयोग दें । श्री उमरानंगल ने पांचों सिंह साहिबान से अपील की कि यदि वे गुरुओं के बताए मार्ग पर चलते हैं तो वे भी इस अभियान में शामिल हों और यदि वे उग्रवाद के समर्थक हैं तो इस अभियान से दूर रहें ।

श्री उमरानंगल ने पंजाब विधान सभा बहाल करने की मांग की । उन्होंने श्री राजीव गांधी को परामर्श दिया कि वे दरबार साहब अमृतसर में

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सुरक्षा प्रस्ताव दर्शन सिंह ने ठुकराया

अमृतसर, 3 अगस्त (ह.स.): सिख संघर्ष के जाएगा और ऐसा हुआ तो यह निन्दनीय होगा । सूत्रों का कहना है कि सम्मेलन के उद्देश्य के प्रति

राजीव गांधी पर आत्मघाती हमले की आशंका : मानोचाहल गिरोह दिल्ली में

Punjab Archive








(1, 2) थाना ब्यास के गांव सुधार में उग्रवादियों द्वारा मारे गए अपने ही 2 साथियों के शव (राणा स्टूडियो), (3) घटनास्थल पर बिखरा खून, (4) 303, 315 और 32 बोर के जीवित कारतूस, (5) घटनास्थल का जायजा लेते हुए जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस (आप्रेशन) सी. पाल सिंह और अन्य अधिकारी, (6) वह मकान जहां वारदात हुई । (छाया : प्रेम मेहरा)






(1) संगरूर जिला पुलिस द्वारा बरनाला में पकड़े गए 6 खूंखार आतंकवादियों से बरामद 15000 रु. के करंसी नोट, बिना नम्बर की जीप, 315 बोर की राईफल, 5 रिवाल्वर तथा सैंकड़ों कारतूस । (छाया : सिधवानी), (2) जगराव में आतंकवाद विरोधी स्टाफ का सदस्य सिपाही कर्मिकर सिंह, जिसकी गत दिनों बरसाल में आतंकवादियों ने हत्या कर दी, (3) सिधवां बेट क्षेत्र में गत दिनों एक डेरे के महंत भिड़ू मल की 5 उग्रवादियों ने हत्या करके शव सिधवां नहर में फैंक दिया । महंत की शव यात्रा का दृश्य (छाया : देवव्रत) (4) सुभानपुर थाना के एक गांव में उग्रवादियों के हाथों घायल पंसारी कश्मीरी लाल । (छाया : शर्मा)

उग्रवादियों द्वारा दो साथियों सहित 6 की हत्या, 1.75 लाख लूटे, डी.आई.जी. की बम से हत्या का प्रयास

चंडीगढ़, 3 अगस्त (वार्ता, ह.स.): विगत 24 घंटों के दौरान पंजाब में उग्रवादियों ने अपने दो साथियों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी, कई अन्य को घायल कर दिया, विभिन्न स्थानों पर लगभग पौने दो लाख रु. की नकदी, आभूषण, हथियार, वाहन आदि छीने, पुलिस चौकी पर फायरिंग की ।

उग्रवादियों ने पटियाला में डी.आई.जी. (रेलवे), श्री आर.एल. वधवा की 4 घंटे में 2 बार हत्या के प्रयास किये ।

उग्रवादियों ने दो साथी मारे

बाना बकाला (प्रेम मेहरा): यहां से पंद्रह किलोमीटर दर थाना ब्यास के गांव सुधार में बब्बर खालसा के तीन उग्रवादियों ने अपने दो साथियों की हत्या कर दी । कल रात पांच सशस्त्र उग्रवादी एक किसान गुरबख्श सिंह के खेतों में बने घर में आए और वहां मौजूद महेंद्र कौर और उसकी पुत्रवधू जब उनसे कहा गया कि उनके पास बिस्तर और चारपाइयां नहीं हैं, तो उन्होंने धमकी दी कि 'इंतजाम हम कर लेंगे ।" डर कर महिलाओं ने अपनी चारपाइयां उन्हें दे दीं और स्वयं एक कमरे में चली गईं । गुरबख्श सिंह का लड़का खेतों में कुछ दूरी पर सोया हुआ था, जिसका उग्रवादियों को पता नहीं चला, दो घंटे बाद दो उग्रवादी घर के बाहर चक्कर लगाने गए । जब वह वापिस आए तो दो उग्रवादी पूरी तरह से सोए हुए थे । शेष तीन उग्रवादियों ने आपस में कुछ बातचीत करके दो साथियों के पेट, गर्दन, सिर, आंखों और बाजुओं में गोलियां मार कर हत्या कर दी और उनके हथियार लेकर यह कहते हुए चले गए कि "साले गरीब बूढ़े को लूटते थे और गरीबों, महिलाओं को तंग करते थे ।" प्रातः पुलिस को सूचित किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए । डी.आई.जी. (आप्रेशन) सी. पाल सिंह ने बताया कि यह दो के शव पड़े हैं जिनकी हत्या उनके अपने ही साथियों ने की है ।

श्री आलम के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि ये दो हत्याएं आतंकवादियों में झगड़े के परिणामस्वरूप हुई हैं । झगड़ा युवा महिला को फुसलाने पर हुआ था ।

डाक्टर व रिक्शा चालक की हत्या

दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज रात्रि 8.30 बजे अमृतसर के खालड़ा क्षेत्र में डाक्टर अजीत कुमार की गोलियां मारकर हत्या कर दी । इससे पूर्व शहर के निकटवर्ती पडोरी ग्राम के पास सवारियां ले जा रहे एक रिक्शा चालक की तीन उग्रवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

कुख्यात आतंकवादी गिरफ्तार

श्री आलम के अनुसार झब्बाल पुलिस ने कसेल चिरंजीलाल की हत्या, गांव गिलवाली में सी.पी.आई. नेता की हत्या, इसी गांव में सो रहे तीन महंतों की हत्याएं तथा स्कूटर छीनने की घटनाएं की थीं ।

शरण देने वाले काबू

एस.एस.पी. ने बताया है कि कोहार्टविड निवासी कुलदीप सिंह व गुरबख्श सिंह तथा गांव दलारा के सतनाम सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

पाकिस्तान से लौटा आतंकवादी पकड़ा

विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस ने गांव झाजियां निवासी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता को गिरफ्तार किया है जो पाकिस्तान में दो वर्ष रहने के बाद लौटा है । इससे पूछताछ की जा रही है ।

पिस्तौल छीना

गए । सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की नाकेबंदी कर रखी है । पुलिस ने दावा किया है कि इस गिरोह के शेष सदस्यों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा ।

पुलिस चौकी पर फायरिंग

अमृतसर (सोनी): कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने आज तड़के सुल्तानविंड गांव के निकट एक पुलिस चौकी पर गोलियां चलाई जिसमें कोई घायल नहीं हुआ । चौकी से जवाबी फायरिंग न किए जाने पर उग्रवादी अंधेरे में भाग गए ।

बंदूक, पिस्तौल लूटी

थाना मजीठा के गांव तरागाढ़ में कल रात पांच उग्रवादियों ने गुरचरण सिंह के घर से लाइसैंसशुदा बंदूक (बारह बोर) पिस्तौल और दो दर्जन कारतूस लूट लिए । स्टेनगनों, रिवाल्वरों से लैस उग्रवादियों ने घर के सदस्यों की पिटाई भी की ।

जिम्मेदारी ली

Punjabi Sanatan

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

इस घटना की पुलिस थाना ब्यास में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।

1.06 लाख लूटे

जालंधर (वार्ता): नगर में कैनाल रैस्ट हाऊस स्थित एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के कार्यालय से आज दोपहर दो आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर 1.06 लाख रुपए लूट कर भाग गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी जबरन इंजीनियर ए.एस. गिल के कार्यालय में घुस गए और पिस्तौल दिखाकर रुपया लूट ले गए । यह रकम कर्मचारियों के वेतन की थी ।

'ह.स.' के अनुसार उग्रवादी 1.12 लाख रु. का चैक भी ले गए । पुलिस ने निकटवर्ती बैंक से रुपए निकलवा कर लाने वाले पांच अधिकारियों को हिरासत में ले लिया है । उग्रवादी बैंक से ही विभाग की जीप के पीछे लग गए थे । पुलिस के अनुसार एक उग्रवादी ने नकदी छीनी और दूसरा स्कूटर पर ही बैठा रहा । केवल दो कर्मचारियों ने उग्रवादियों का प्रतिरोध किया । शेष लगभग 150 कर्मचारी और 100 किसान मूकदर्शक बने रहे । घटना के समय कार्यालय के दोनों टैलीफोन 'डैड' होने के कारण एग्जीक्यूटिव इंजीनियर स्वयं थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गये ।

स्थानीय मिलाप चौक में आज दोपहर दो उग्रवादी एक व्यक्ति नरेंद्र सिंह से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन ले गए । नरेंद्र सिंह अपना बिना नम्बर का स्कूटर अभी खड़ा करने लगा था कि पीछे से दो उग्रवादी स्कूटर पर आए और पिस्तौल दिखा कर उसका स्कूटर ले गए ।

जालंधर पुलिस द्वारा गत दिनों गिरफ्तार किए गए सात पुलिस कर्मचारियों को अदालत में पेश करके पुनः पांच अगस्त तक पुलिस रिमांड और ले लिया गया । पुलिस ने उन्हें आतंकवादियों को पनाह देने व इनसे सम्बन्ध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था ।

दो पिस्तौल बरामद

जालंधर (ह.स.): आज यहां जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में पुलिस ने दावा किया है कि गत 23 जुलाई को गिरफ्तार मोहन सिंह तथा गुरप्रताप सिंह नामक दो संदिग्ध व्यक्तियों से एक बारह बोर का तथा एक देसी पिस्तौल बरामद किया गया है ।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि गत रात छापे के दौरान पुलिस ने जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

शोकसभाएं, हड़तालें

बटाला (कोछड़): गत दिनों बटाला-काहनवान सड़क पर हुए बस यात्री हत्याकांड के दौरान इलाहाबाद बैंक के प्रोबेशनरी आफिसर की हत्या किए जाने के विरोध में आज यहां सभी बैंकों की क्लियरिंग बंद रही और स्थानीय इलाहाबाद बैंक के बाहर शोकसभा की गई, जिसमें सभी बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए । इसी कांड में बिजली बोर्ड के एक कैशियर बाबा राम की हत्या के रोष स्वरूप आज बिजली बोर्ड के शहरी और ग्रामीण डिवीजनों के सभी कर्मचारियों ने हड़ताल रखी । इसी बस के अन्य यात्री सरकारी मुख्याध्यापक जोगेंद्र पाल की हत्या के विरोध में आज जिला गुरदासपुर के सभी सरकारी स्कूलों में हड़ताल रही और शोकसभाएं की गई ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स ने गुरदासपुर जिले के धारीवाल थाने के पीरूशाह ग्राम के पास चार बस यात्रियों की हत्या की जिम्मेदारी ली है ।

लुधियाना के बैंक क्लीयरिंग हाऊस में भी आज काम निलंबित रहा ।

छः हिरासत में

कल रात निकटवर्ती गांव बिजलीवाल में उग्रवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने के सम्बन्ध में स्थानीय सदर पुलिस ने पूछताछ के लिए छः संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है । उल्लेखनीय है कि एक 303 बोर की पिस्तौल तथा चार कारतूस बरामद हुए हैं ।

साहनेवाल में दो की हत्या

लुधियाना से 'धीमान' ने समाचार दिया है कि यहां से 14 किलोमीटर दूर साहनेवाल में आज सायं आर्य कालेज लुधियाना के प्रोफैसर श्री किशन चंद कपिला और साहनेवाल के एक व्यापारी श्री मंगत राम पाठक की तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । श्री कपिला श्री पाठक की दुकान के सामने खड़े थे, दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

प्रोफैसर कपिला के चाचा डाक्टर बलदेव चंद, जो साहनेवाल में रहते हैं, ने हमारे संवाददाता को बताया कि उनका भतीजा प्रोफैसर कपिला निरंकारी था और हिटलिस्ट पर था । उसे एक सिक्योरिटी गार्ड भी मिला हुआ था । श्री बलदेव चंद ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड उग्रवादियों की ओर गोलियां चलाने की अपेक्षा विरोधी दिशा में गोलियां चलाता रहा । प्रोफैसर कपिला को बाऊन अस्पताल में लाया गया, डाक्टरों ने इसे मृत घोषित कर दिया था ।

एस.एस.पी. श्री पांडे और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए । पुलिस के अनुसार उग्रवादी जीप में सवार होकर आए थे, जाती बार वहां पड़ा एक स्कूटर भी ले गए ।

'मुसाफिर' के अनुसार यह स्कूटर एक व्यक्ति योगराज का है जिसे आतंकवादियों ने उससे छीन लिया । पाठक साहनेवाल में टैंट डीलर है । 'धीमान' के अनुसार एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उग्रवादियों में एक 6 फुट लम्बा दुबला-सा युवक भी था और जब प्रोफैसर कपिला को गोली मारी गई तो वहां खड़े पीले मोटर साइकिल के निकट दो पुलिस कर्मचारी भी खड़े थे । गोली चलने पर वे निकट की एक दुकान में जा घुसे । उग्रवादियों में से एक के पास स्टेनगन और दूसरे के पास पिस्तौल था । प्रोफैसर कपिला पर उग्रवादियों ने एक मास पहले भी आक्रमण किया था ।

डा. बलदेव चंद कपिला भाजपा लुधियाना देहाती के प्रधान हैं । प्रो. कपिला की आयु 35 वर्ष थी ।

ठेके का सेल्जमैन घायल

लुधियाना (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात लुधियाना जिले के जगरांव थाना के तहत लम्मा जाटपुरा गांव में शराब की दुकान के एक सेल्जमैन को गोली मार कर घायल कर दिया । घायल चरणजीत सिंह ने आज बताया कि जब वह दुकान में सो रहा था तब आतंकवादियों ने उस पर गोली चलाई । उसके बाएं हाथ में चोट लगी है और वह खतरे से बाहर है । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

पिस्तौल, स्वर्णाभूषण, नकदी चोरी

होशियारपुर (वार्ता): दो संदिग्ध लोगों ने कल स्थानीय माडल टाऊन स्थित अजविंदर सिंह के घर से .32 बोर की पिस्तौल, 23 कारतूस, 13 तोले स्वर्णाभूषण और 10,5000रु. चुरा लिए । चोरी के समय घर में कोई नहीं था । घटना का पता उस समय लगा जब पड़ोसियों ने इसकी सूचना मकान



जिला होशियारपुर के गांव टूट-मजारा का साधु सिंह, जो गोली लगने से घायल हो गया । (छाया : प्रद्युम्न)

फायरिंग से दुकानदार घायल

कपूरथला (शर्मा): थाना सुभानपुर के गांव मत्तवाल में कल रात्रि लगभग नौ बजे एक दुकानदार कश्मीरी लाल को एक संदिग्ध उग्रवादी ने गोली मार कर घायल कर दिया । किरयाना विक्रेता कश्मीरी लाल अपनी दुकान बंद कर रहा था कि एक युवक पैदल ही उसके पास आया और उसे गोली मार दी, जो उसकी छाती के बाएं भाग के पास बांह में लगी । उसे घायलावस्था में सिविल अस्पताल कपूरथला में दाखिल करवाया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है । फायरिंग बारह बोर की पिस्तौल से की गई । कश्मीरी लाल का सात-आठ वर्ष का लड़का भी उस समय उसके पास खड़ा था, जो सौभाग्य से बाल-बाल बच गया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । अभियुक्त भागने में सफल हो गया ।

नेता के घर की तलाशी

अबोहर (स): पुलिस और सुरक्षा बलों ने गत दिवस अजीमगढ़ में एक राजनीतिक पार्टी के नेता, जो पार्टी की कार्यसमिति का सदस्य है और इसके यूथ विंग का वरिष्ठ पदाधिकारी रह चुका है, के घर में उग्रवादियों की तलाश में छापा मारा । यद्यपि नेता घर में नहीं मिला । पता चला है कि उसके रिश्तेदारों और एक अजनबी से पूछताछ की गई । डी.ए.वी. कैम्पस की यज्ञशाला की पवित्रता भंग करने वालों की सूची में उक्त नेता का नाम उभर कर आया था ।

61000 रुपए लूट लिए

फगवाड़ा से 'कौड़ा' की सूचना है कि दो स्कूटरों पर सवार चार संदिग्ध उग्रवादियों ने निकटवर्ती कस्बा हदियाबाद में पंजाब बिजली बोर्ड की शाखा से पिस्तौलों और स्टेनगन की नोक पर 60969 रुपए लूट लिए । यह वारदात आज साढ़े चार बजे बाद दोपहर हुई । जाने से पूर्व उग्रवादी बोर्ड के कार्यालय के लगभग 25 स्टाफ-मैंबरों को कमरों में बंद कर गए । कार्यालय के टैलीफोन की तारें काट कर टैलीफोन को बाहर फैंक दिया । बताया जाता है कि इन चार उग्रवादियों में से दो अंदर चले गए और उन्होंने कैशियर की कैबिन को दोनों तरफ से घेर लिया और तीसरे उग्रवादी ने कार्यालय के कमरों की बाहर से कुंडियां लगा दी ।

बाद में ये उग्रवादी एस.डी.ओ. श्री गुरदयाल डी.आई.जी. (रेलवे) श्री आर.एल. वधवा की हत्या का प्रयास किया । एक विस्फोट 1-10 बजे दोपहर को गार्डन स्कूल के पास नाले में व दूसरा विस्फोट सायं 5.02 बजे डी.आई.जी. रेलवे के कार्यालय के गेट पर हुआ । पहले विस्फोट से नाले की दीवार में दो फुट की दरार पड़ गई व ईंटें इधर-उधर जा गिरीं । दूसरे विस्फोट से 10 फुट गहरा गढ़ा बन गया, 10 फुट की दीवार गिर गई, एक वृक्ष की शाखाएं टूट कर गिर गईं व एक रेहड़ी वाला घायल हो गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने पटियाला रेंज के डी.आई.जी. (रेलवे) आर.एल. वधवा की हत्या का प्रयास किया था । आज दोपहर 1.10 बजे जो बम रोज गार्डन में फटा था, उसके बारे में पता चला है कि उग्रवादियों ने डी.आई.जी. श्री आर.एल. वधवा की कार के नीचे चुम्बकीय ढंग से चिपकाया हुआ था । उस समय कार में केवल चालक ही था । महाकाली मन्दिर के पास यह बम किसी वजह से कार से गिर गया । डी.आई.जी. की कार के पीछे एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी की कार आ रही थी जिसका नाम सुरक्षा कारणों से गुप्त रखा जा रहा है । इस कार के चालक ने अगली कार के नीचे से गिरी वस्तु उठा ली और उसे मैकेनिक के पास ले गया जिसने बताया कि यह बम है । चालक ने घबराकर बम को रोज गार्डन स्कूल के पास के नाले में फैंक दिया जहां यह तेज आवाज के साथ फट गया । जब उग्रवादियों को पता जला कि उनका यह प्रयास विफल रहा है तो उन्होंने डी.आई.जी. पुलिस (रेलवे) के कार्यालय के मुख्य द्वार के निकट एक टाइम बम लगाया परन्तु श्री वधवा बाल-बाल बच गए । एस.एस.पी. श्री ए.एस. बराड़ ने जनता को चेतावनी दी है कि किसी भी अज्ञात वस्तु को न छुआ जाए ।

एस.एस.पी. श्री बराड़ ने बताया कि कार में लगा टाइम बम माल रोड पर गिर पड़ा जिसे एक सिपाही ने उठा लिया परन्तु प्लास्टिक की वस्तु में तारें लिपटी देख कर उसने उसे फैंक दिया जो नाले की दीवार से टकरा कर फट गया । दूसरा बम उग्रवादियों ने डी.आई.जी. कार्यालय के बाहर एक रेहड़ी में फिट किया जो सायं 5 बजे फटा जिस समय सामान्यतः डी.आई.जी. आफिस से वापस जाते हैं । यह बम तब फटा जब पालिका स्टाफ सड़क पर खड़ी रेहड़ियां हटवा रहा था । तभी विस्फोट हुआ जिससे रेहड़ी के टुकड़े हो गए और एक व्यक्ति बम के टुकड़ों से घायल हो गया ।

खाद्य तेलों का वितरण बढ़ेगा

नई दिल्ली, 3 अगस्त (वार्ता): बाजार में खाद्य तेलों की उपलब्धता और उनकी बढ़ती हुई कीमतों को देखते हुए सरकार ने अगस्त माह में आयातित खाद्य तेल का वितरण बढ़ाने का निर्णय लिया है । यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार अगस्त माह में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिये बिक्री के लिए एक लाख बीस हजार टन आयातित खाद्य तेल जारी किया जाएगा जो जुलाई माह में जारी तेल से 70 प्रतिशत अधिक है ।

हम कौन थे, क्या हो गए,

रायल गवर्नमैंट आफ भूटान

जैकपोट वीकली

टिकट: नू/रु०1/- केवल
ड्रा: हर सोमवार

स्रोत पर आयकर की कोई कटौती नहीं

फुंटशोलिंग भूटान में 3.8.87 को बाद दोपहर 1.30 बजे निकाले गए 73वें ड्रा का परिणाम :-

1st Prize : (1) NU/Rs. 1,00,000/- JD-606517
(Common to all series) (Bombay)
2nd Prize (1) NU/Rs. 5,000/- JD-236934
(Common to all series) (Delhi)
3rd Prize (23) NU/Rs. 500/- 06517
(Ending with last 5 digits of 1st Prize)
4th Prize (216) NU/Rs. 50/- 6517
(Ending with last 4 digits of 1st Prize)
5th Prize (2160) NU/Rs. 10/- 517
(Ending with last 3 digits of 1st Prize)
6th Prize (2,37,600) NU/Rs. 6/- 7
(Ending with last one digit of 1st Prize)

आगामी ड्रा 10.8.1987 को बाद दोपहर 1.30 बजे ।

पूर्ण शुद्धता के लिए कृपया सरकारी गज़ट को देखें ।

सोल आर्गेनाईसर्ज :

Punjab Sanatani

दौरान पुलिस ने जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

शोकसभाएं, हड़तालें

बटाला (कोछ): गत दिनों बटाला-काहनुवान सड़क पर हुए बस यात्री हत्याकांड के दौरान इलाहाबाद बैंक के प्रोवेशनरी आफिसर की हत्या किए जाने के विरोध में आज यहां सभी बैंकों की क्लियरिंग बंद रही और स्थानीय इलाहाबाद बैंक के बाहर शोकसभा की गई, जिसमें सभी बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए । इसी कांड में बिजली बोर्ड के एक कैशियर बावा राम की हत्या के रोष स्वरूप आज बिजली बोर्ड के शहरी और ग्रामीण डिवीजनों के सभी कर्मचारियों ने हड़ताल रखी । इसी बस के अन्य यात्री सरकारी मुख्याध्यापक जोगेंद्र पाल की हत्या के विरोध में आज जिला गुरदासपुर के सभी सरकारी स्कूलों में हड़ताल रही और शोकसभाएं की गईं ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स ने गुरदासपुर जिले के धारीवाल थाने के पीरूशाह ग्राम के पास चार बस यात्रियों की हत्या की जिम्मेदारी ली है ।

लुधियाना के बैंक क्लीयरिंग हाऊस में भी आज काम निर्लावित रहा ।

छः हिरासत में

कल रात निकटवर्ती गांव बिजलीवाल में उग्रवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने के सम्बन्ध में स्थानीय सदर पुलिस ने पूछताछ के लिए छः संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है । उल्लेखनीय है कि इस फायरिंग में पांच लोग गंभीर घायल हुए थे ।

तीन लुटेरे गिरफ्तार

लुधियाना (ह.स.): आज यहां एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया है कि डेलों पुलिस ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार करके स्कूटर, नगदी तथा आभूषण आदि छीनने की घटनाओं की गुत्थी सुलझा ली है । कमिक्कर सिंह उर्फ काला, गुरदेव सिंह उर्फ रोडा तथा टहल सिंह उर्फ भोला नामक इन व्यक्तियों से

उग्रवादियों में एक 6 फुट लम्बा दुबला-सा युवक भी था और जब प्रोफैसर कपिला को गोली मारी गई तो वहां खड़े पीले मोटर साइकिल के निकट दो पुलिस कर्मचारी भी खड़े थे । गोली चलने पर वे निकट की एक दुकान में जा घुसे । उग्रवादियों में से एक के पास स्टेनगन और दूसरे के पास पिस्तौल था । प्रोफैसर कपिला पर उग्रवादियों ने एक मास पहले भी आक्रमण किया था ।

डा. बलदेव चंद कपिला भाजपा लुधियाना देहाती के प्रधान हैं । प्रो. कपिला की आयु 35 वर्ष थी ।

ठेके का सेल्जमैन घायल

लुधियाना (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात लुधियाना जिले के जगरांव थाना के तहत लम्मा जाटपुरा गांव में शराब की दुकान के एक सेल्जमैन को गोली मार कर घायल कर दिया । घायल चरणजीत सिंह ने आज बताया कि जब वह दुकान में सो रहा था तब आतंकवादियों ने उस पर गोली चलाई । उसके बाएं हाथ में चोट लगी है और वह खतरे से बाहर है । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

पिस्तौल, स्वर्णाभूषण, नकदी चोरी

होशियारपुर (वार्ता): दो संदिग्ध लोगों ने कल स्थानीय माडल टाऊन स्थित अजबिदर सिंह के घर से .32 बोर की पिस्तौल, 23 कारतूस, 13 तोले स्वर्णाभूषण और 10,5000रु. चुरा लिए । चोरी के समय घर में कोई नहीं था । घटना का पता उस समय लगा जब पड़ोसियों ने इसकी सूचना मकान मालिक के भाई को दी ।

फायरिंग से डाक्टर घायल

'अश्विनी, प्रद्युम्न' के अनुसार मोहलपुर के निकट जंडियाला-टूटू मजारा रोड पर प्राईवेट डाक्टर साधु सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया गया । एस.एस.पी. श्री अरोड़ा ने बताया कि उक्त डाक्टर अपने भाई शिंगारा सिंह के साथ जंडियाला से टूटू मजारा जा रहा था कि जंडियाला के निकट एक युवक भूपेंद्र सिंह ने डाक्टर साधु सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । डाक्टर को स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । श्री अरोड़ा ने बताया कि यह निजी शत्रुता की घटना हो सकती है लेकिन घायल डाक्टर ने अस्पताल में बताया कि उनकी भूपेंद्र सिंह के साथ कोई शत्रुता न थी ।

दोहरी सवारी की अनुमति

जिला मैजिस्ट्रेट श्री जी.एस. संधु ने दिन के समय जिले भर में स्कूटरों पर पर्फों की दोहरी सवारी की आज्ञा दे दी है । श्री संधु ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि प्रातः सात से सायं सात बजे तक स्कूटरों और अढ़ाई हार्स पावर तक के मोटर साइकलों पर दोहरी सवारी की आज्ञा होगी । यह आदेश तत्काल लागू हो गया ।

स्कूटर छीना

यहां से 35 किलो मीटर दूर बाड़िया के निकट दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति महेन्द्र सिंह का स्कूटर छीन लिया ।

नेता के घर की तलाशी

अबोहर (स): पुलिस और सुरक्षा बलों ने गत दिवस अजीमगढ़ में एक राजनीतिक पार्टी के नेता, जो पार्टी की कार्यसमिति का सदस्य है और इसके यूथ विंग का वरिष्ठ पदाधिकारी रह चुका है, के घर में उग्रवादियों की तलाश में छापा मारा । यद्यपि नेता घर में नहीं मिला । पता चला है कि उसके रिश्तेदारों और एक अजनबी से पूछताछ की गई । डी.ए.वी. कैम्पस की यज्ञशाला की पवित्रता भंग करने वालों की सूची में उक्त नेता का नाम उभर कर आया था ।

61000 रुपए लूट लिए

फगवाड़ा से 'कौड़ा' की सूचना है कि दो स्कूटरों पर सवार चार संदिग्ध उग्रवादियों ने निकटवर्ती कस्बा हदियाबाद में पंजाब बिजली बोर्ड की शाखा से पिस्तौलों और स्टेनगन की नोक पर 60969 रुपए लूट लिए । यह वारदात आज साढ़े चार बजे बाद दोपहर हुई । जाने से पूर्व उग्रवादी बोर्ड के कार्यालय के लगभग 25 स्टाफ-मैंबरों को कमरों में बंद कर गए । कार्यालय के टैलीफोन की तारें काट कर टैलीफोन को बाहर फैंक दिया । बताया जाता है कि इन चार उग्रवादियों में से दो अंदर चले गए और उन्होंने कैशियर को कैबिन को दोनों तरफ से घेर लिया और तीसरे उग्रवादी ने कार्यालय के कमरों की बाहर से कुंडियां लगा दीं ।

बाद में ये उग्रवादी एस.डी.ओ. श्री गरदयाल सिंह के कार्यालय में गए और वहां भी टैलीफोन की तारें काट कर टैलीफोन बाहर फैंक दिया । उल्लेखनीय है कि एक महिला कर्मचारी बाहर से बोर्ड के कार्यालय में दाखिल होने लगी तो बाहर खड़े उग्रवादी ने उसे रोक लिया ।

रकम लूटने के बाद चारों उग्रवादी दो स्कूटरों पर सवार होकर गंडरवाल की ओर भाग गए । सूचना मिलने पर बिजली बोर्ड के एक्स-ई-एन आई.पी.एस. बैंस, एस.एस.ए. सुभाष चंद सभ्रवाल, स्थानीय पुलिस और सी.आर.पी. के जवान घटनास्थल पर पहुंच गए । उग्रवादियों में एक क्लीनशेव भी शामिल था । तीन उग्रवादियों के पास रिवाल्वर और एक के पास स्टेनगन थी । घटना के बाद उक्त महिला कर्मचारी ने कुंडियां खोल कर कर्मचारियों को बाहर निकाला ।

फरीदकोट (जिबल): जिला मैजिस्ट्रेट ने फरीदकोट जिला में सायं छः से प्रातः छः बजे तक 3.5 हार्स पावर या इससे अधिक शक्ति के मोटर साइकिल चलाने पर पाबंदी तीस अगस्त तक बढ़ा दी है । रात्रिकालीन शो और लाऊड स्पीकर पर भी प्रतिबंध लगा रहेगा । सभी दुकानें 7.45 बजे बंद होंगी । शराब की दुकानें, होटल, ढाबे 9.30 बजे तक खुले रह सकेंगे ।

पटियाला (भूषण): दो उग्रवादियों ने आज दोपहर यहां से साठ किलोमीटर दूर पातड़ां मंडी में राज कुमार से एक स्कूटर नं. पी.ए.पी. 8679 छीन लिया ।

गए । एस.एस.पी. श्री ए.एस. बराड़ ने जनता को चेतावनी दी है कि किसी भी अज्ञात वस्तु को न छुआ जाए ।

एस.एस.पी. श्री बराड़ ने बताया कि कार में लगा टाइम बम माल रोड पर गिर पड़ा जिसे एक सिपाही ने उठा लिया परन्तु प्लास्टिक की वस्तु में तारें लिपटी देख कर उसने उसे फैंक दिया जो नाले की दीवार से टकरा कर फट गया । दूसरा बम उग्रवादियों ने डी.आई.जी. कार्यालय के बाहर एक रेहड़ी में फिट किया जो सायं 5 बजे फटा जिस समय सामान्यतः डी.आई.जी. आफिस से वापस जाते हैं । यह बम तब फटा जब पालिका स्टाफ सड़क पर खड़ी रेहड़ियां हटवा रहा था । तभी विस्फोट हुआ जिससे रेहड़ी के टुकड़े हो गए और एक व्यक्ति बम के टुकड़ों से घायल हो गया ।

खाद्य तेलों का वितरण बढ़ेगा

नई दिल्ली, 3 अगस्त (वार्ता): बाजार में खाद्य तेलों की उपलब्धता और उनकी बढ़ती हुई कीमतों को देखते हुए सरकार ने अगस्त माह में आयातित खाद्य तेल का वितरण बढ़ाने का निर्णय लिया है । यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार अगस्त माह में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिये बिक्री के लिए एक लाख बीस हजार टन आयातित खाद्य तेल जारी किया जाएगा जो जुलाई माह में जारी तेल से 70 प्रतिशत अधिक है ।

हम कौन थे, क्या हो गए, क्या होंगे अभी

झांसी, 3 अगस्त (वार्ता): "हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी आओ विचारें आज मिलकर ये समस्याएं सभी ।" राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त की इस प्रसिद्ध काव्य पंक्ति को उद्धृत करते हुए देश की एकता व अखंडता को नष्ट करने की साजिश में लगी विघटनकारी शक्तियों से लोगों को आगाह किया है ।

मुख्यमंत्री के खिलाफ एक और आरोप पत्र

शिमला, 3 अगस्त (ख): हिमाचल प्रदेश जनता पार्टी की अध्यक्षा कुमारी श्यामा शर्मा मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के खिलाफ एक और आरोप पत्र राष्ट्रपति को सप्ताह भर में देने वाली हैं । आज यहां संवाददाताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि यह आरोप पत्र श्री वीरभद्र सिंह के खिलाफ दूसरे आरोप पत्र की पहली किस्त होगी ।

राजीव पर हमला करने वाला उग्रवादी संगठन का सदस्य

कोलम्बो, 3 अगस्त : प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर 30 जुलाई को हमला करने वाला नौसैनिक विजय मुनि उग्रवादी राजनीतिक संगठन जनता विमुक्त पेरुमुना का सदस्य है । उससे भारतीय सुरक्षा अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं ।

इड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 3.8.87 Rs. 46/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.35 per Dozen.

व्यापार

अपने घर, फैक्टरी, दफ्तर, बगीचे वगैरह की सिऑक व अन्य कीड़ों-मकोड़ों से बचाने के लिए मिलें—Anti termite treatments available. Pretty Protectors, 14-Parkash Nagar, Jalandhar. Phone-3709.

प्रवेश सूचना

टैलीविजन/Colour, इलेक्ट्रीशियन, बार-

पंजाब में छः लोगों की हत्यायें, मुठभेड़ में उग्रवादी मारा गया

मृतकों में सरपंच, पुत्र, दुकानदार, सिपाही, ग्रंथी, पंचायत सचिव शामिल

घायल महंत भी दम तोड़ गया, कई जगह लूटपाट, दो घुसपैठिये भी मरे

चंडीगढ़, 4 अगस्त (ह.स.): उग्रवादियों ने अमृतसर जिले में एक सरपंच सहित तीन लोगों की हत्या कर दी । इसके अतिरिक्त पंजाब में उग्रवादियों ने एक ग्रंथी, एक सिपाही व एक पंचायत सचिव की हत्याएं कीं । मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । एक स्थान पर मुठभेड़ में दो पाक घुसपैठिए मारे गए ।

शव मिला

तरनतारन पुलिस ने अलादीनपुर ग्राम में एक महिला का गोलियां से बिधा शव बरामद किया है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

तीन हत्याएं

आज रात्रि अमृतसर जिले के छहटां थाना क्षेत्र के ग्राम बासरके भैनी में उग्रवादियों ने दो जगह अंधाधुंध फायरिंग करके तीन लोगों की हत्या कर दी । एक घटना में सरपंच गुरदयाल सिंह व उसका पुत्र परगट सिंह मारा गया जबकि दूसरी घटना में एक दुकानदार गणेश मारा गया । गणेश की आयु तीस वर्ष थी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 6 थी । वे पहले गणेश की दुकान पर गए । गणेश दुकान बंद कर रहा था । उग्रवादियों को देख कर वह भागा और दूसरी दुकान में घुस कर अपनी जान बचाने की कोशिश की परन्तु उग्रवादियों ने पीछा करके उस पर कई गोलियां चलाईं । उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

इसके बाद उग्रवादी सरपंच के फार्म हाऊस पर गए व वहां उसकी व उसके पुत्र की हत्या करके पैदल ही फरार हो गए ।

एक आतंकवादी मरा, 2 काबू

अमृतसर (सोनी, ह.स.): अमृतसर जिले के अजनाला इलाके में आज तड़के पुलिस और सुरक्षा बल के संयुक्त दस्तों के साथ हुई दो अलग-अलग मुठभेडों में एक आतंकवादी मारा गया और दो अन्य पकड़े गए । पुलिस ने बताया कि पहली मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और दूसरी में दो अन्य पकड़े गए । पुलिस ने बताया कि पहली मुठभेड़ रात दो बजे लोपोके रोड पर हुई । स्कटर सवार दो आतंकवादियों को पुलिस की नाका पार्टी ने रुकने का इशारा किया । आतंकवादियों ने रुकने की बजाए पुलिस पर गोलियां चलाईं । पुलिस ने भी जवाबी गोलियां चलाईं, जिसमें एक आतंकवादी लखबीर सिंह (ख्याला खुर्द) मारा गया । दूसरा भाग निकला ।

जिला पुलिस चीफ मोहम्मद इजहार आलम ने बताया कि मृत उग्रवादी से बरामद रिवाल्वर और स्कूटर वही हैं, जो उसने कुछ दिन पूर्व ए.एस.आई. शाम सिंह से छीने थे । यह उग्रवादी यूथ अकाली नेता हरजीत सिंह झब्बाल, उसके परिवार, भू.पू. मंत्री सतनाम सिंह बाजवा व 4 अन्य की हत्याओं में वांछित था । यह उग्रवादी काला के नाम से जाना जाता था और खालिस्तान कमांडो फोर्स के रणजीत सिंह ठास और मलकीयत सिंह अजनाला गिरोह से सम्बद्ध था ।

दूसरी मुठभेड़ सुबह चार बजे रामदास रोड स्थित सक्की पुल पर हुई, जिसमें कुछ देर तक दोनों ओर से हुई गोलीबारी के बाद दो आतंकवादियों को दबोच लिया । इनके नाम कड़ा सिंह (निवासी बानियांके) और स्वर्ण सिंह (निवासी कोटली) हैं । इनके कब्जे से एक देसी पिस्तौल और छह कारतूस बरामद हुए ।

नकली पिस्तौल से लूटने आया बंदी

आज दोपहर हाल गेट के निकट एक डाक्टर गुरजीत सिंह को लूटने आए दो आतंकवादियों में से एक को लोगों ने पकड़ लिया । लगभग पौने एक बजे दो उग्रवादियों ने कमाण्डर प्रेम कुमार को नकली पिस्तौल दिखा कर दस हजार रुपए मांगे । प्रेम कुमार द्वारा शोर मचाने पर दोनों उग्रवादी भाग निकले, लेकिन लोगों ने उनका पीछा किया । इस पर उन्होंने नकली पिस्तौल फैंक दी । सामने से आ रहे युवकों ने एक उग्रवादी को पकड़ लिया । लोगों ने उसकी खूब धुनाई की । इन्हीं आतंकवादियों ने दो दिन पहले उक्त डाक्टर की दुकान में चिट्ठी फैंकी थी कि वह मंगलवार को दोपहर साढ़े बारह बजे दस हजार रुपए लेने आएंगे । लोगों ने नकली पिस्तौल सहित आतंकवादी को सी.आर.पी.एफ. के हवाले कर दिया ।

ग्रन्थी की हत्या

पटियाला (भूषण): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के कर्मचारी 35 वर्षीय ग्रन्थी निरंजन सिंह की कल सायं यहां हत्या कर दी गई । उसका शव स्थानीय गुरुद्वारा दुख निवारण सरोवर के किनारे पड़ा मिला । प्रबन्धकों ने शव पुलिस को सौंप दिया । निरंजन सिंह पटियाला के निकट चौरा गांव का रहने वाला था । वह पहले रेलवे फाटक नं. 22 के गुरुद्वारे में ग्रन्थी था, लेकिन शिरोमणि कमेटी ने बाद में उसे गुरुद्वारा गंडा सिंह में स्थानांतरित कर दिया । पुलिस दो थ्यूरियों पर काम कर रही है । एक तो उसकी दो पत्नियां थीं और एक अन्य के साथ उसका इश्क चल रहा था । दूसरी थ्यूरी यह है कि उग्रवादियों ने उसकी हत्या की है, क्योंकि वह उससे खुश नहीं थे ।

स्थानीय एस.डी.एम. एस.के. आहलूवालिया ने सब इंस्पैक्टर दीदार सिंह की हत्या के सम्बन्ध में गिरफ्तार बरिंदर सिंह दाखा को 11 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया । 10 हत्याओं, लूटमार और हिंसा की वारदातों में संलिप्त दाखा को 14 जुलाई को लुधियाना में पकड़ा गया था । दीदार सिंह की हत्या गत फरवरी माह में स्टेट बैंक आफ पटियाला चौक में गई थी ।

सिपाही की हत्या

पंजाब सशस्त्र पुलिस के एक कांस्टेबल रणजीत सिंह की 3 कार सवार उग्रवादियों ने आज दोपहर सरहिन्द थानांतर्गत गांव बछड़े के निकट गोलियां मार कर हत्या कर दी । कांस्टेबल रणजीत सिंह भाखड़ा नहर के डालोमाजरा पुल पर तैनात था । वह अखबार खरीदने के लिए निकटवर्ती गांव साधुगढ़ में गया । जब वह सादा कपड़ों में लौट रहा

(शेष पृष्ठ 6 पर)





दरबार साहिब परिसर, अमृतसर के तेजा सिंह समंदरी हाल में दर्शन सिंह मंगलवार को सिख कन्वैंशन को सम्बोधित करते हु

जूनियर डाक्टरों द्वारा ह
धमकी : रैलियां व जलूस

चंडीगढ़, 4 अगस्त (संघी): पंजाब के जूनियर डाक्टरों ने आज अपनी मांगों के समर्थन में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की । चंडीगढ़ के जूनियर डाक्टरों ने भी पंजाब के जूनियर डाक्टरों के समर्थन में आज जनरल हास्पिटल में एक रैली की । इसी बीच पंजाब सीनियर डाक्टर्स एसोसिएशन ने जूनियर डाक्टरों की मांगों का समर्थन करते हुए पंजाब के राज्यपाल श्री रे से आग्रह किया है कि वह इन डाक्टरों की उचित मांगों को शीघ्र स्वीकार करें ।

अमृतसर (अशोक): जूनियर डाक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. रविन्दर सिंह सेठी, पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. बी.एस. दिल्लों तथा डा. एम.एस. ग्रेवाल ने एक संयुक्त वक्तव्य में सरकार को धमकी दी है कि अगर सरकार ने डाक्टरों की मांगों को तुरन्त माने जाने की घोषणा नहीं की हड़ताल करेंगे । डाक्टरों ने आज की ।

जालन्धर मे डाक्टरों ने अपनी डाक्टरों ने काले जिलाधीश के क जिलाधीश को अ भी दिया । पंजाब प्रैस सचिव डा. र बताया कि डाक्ट स्वीकृत मांगों को प्रति अपना रोष प्र

डाक्टरों की प्र

उग्रवादी अलग-थलग पड़ गये : बरनाला

चंडीगढ़, 4 अगस्त (वि.प्र.): पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला ने कहा है कि आज अमृतसर में अकाल तख्त के अध्यक्ष श्री दर्शन सिंह खालसा द्वारा बुलाए गए सिख सम्मेलन ने जो फैसला किया है उससे स्पष्ट होता है कि उग्रवादी अलग-थलग पड़ गए हैं और सही सोच वाले लोग आनंदपुर प्रस्ताव लागू करने के लिए अकाली दल की

श्री बरनाला ने बताया कि आज यहां उनकी पार्टी की कार्य समिति, विधायकों, सांसदों, शिरोमणि कमेटी के सदस्यों और जिला अकाली जत्थों के प्रधानों की मीटिंग हुई जिसमें राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर गौर किया गया । फैसला किया गया कि बीस अगस्त को गांव लौंगोवाल में स्वर्गीय संत हरचंद सिंह लौंगोवाल की दूसरी बरसी

सिखों को उत्तर भारत में एक ऐसा क्षे
की गरिमा से रह सकें : अमृतसर

अमृतसर, 4 अगस्त (ह.स.): अकाल तख्त की ओर से आज बुलाए गये सिख सम्मेलन ने सिखों के वर्तमान संघर्ष के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुये कहा है कि इसका उद्देश्य "उत्तरी भारत में एक ऐसे क्षेत्र तथा राजनीतिक ढांचे को प्राप्त करना है जहां सिख स्वतंत्रता की गरिमा के साथ रह सकें ।"

अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह की ओर से इस आशय का एक संक्षिप्त प्रस्ताव एकीकृत अकाली दल के सचिव श्री मनजीत सिंह ने पेश किया तथा इसे सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों ने "जो स्वर्ण मंदिर परिसर में तनाव व्याप्त था ।

सम्मेलन आरम्भ होने के लगभग दो घंटे पूर्व ही युवकों के प्रतिद्वंद्वी दलों ने गुरु राम दास सराय और गुरुनानक निवास के बाहर अड्डा जमा लिया था । वे अपने-अपने दृष्टिकोण के समर्थन में अभियान चला रहे थे । सतर्कता के तौर पर स्वर्ण मंदिर परिसर के द्वार के बाहर पुलिस और सुरक्षा बल भारी संख्या में तैनात थे ।

पर गुरुचरणों तरफ से श्री अक खालसा समागम सिद्धांतों पर पहरा नहीं हैं । इन नेत गुरुधामों के हत्या भारत के संविधान नेताओं का गुरु के च

Punjabi Gazette



मंगलवार की रात को जिला अमृतसर में छहर्टा के निकट गांव बासरके भैणी गांव में आतंकवादियों ने (1) सरपंच गुरदयाल सिंह, (2) उसके बेटे परगट सिंह, (3) दुकानदार रमेश कुमार की हत्या कर दी, (4, 5) सरपंच के घर और रमेश कुमार के हत्या स्थल पर बिखरा खून, (6) परगट सिंह की अचेत पत्नी और नन्हा बच्चा, (7) रमेश कुमार की बिलखती पत्नी, (8) गुरदयाल सिंह के शोक संतप्त संबंधी (छाया : भंडारी), (9, 10, 11) ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में फाजिल्का उपमंडल के गांव चक बनवाला में मारे गए 3 उग्रवादी । (छाया : शर्मा)

Punjabi Sanatani

उग्रवादी मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

था तो 3 आतंकवादियों ने उसे ललकारा, इसपर रणजीत सिंह खेतों की तरफ भागा । उग्रवादियों ने उसे 5 गोलियां मारीं और वह वहीं दम तोड़ गया । उग्रवादी भाग निकलने में कामयाब हो गए ।

एक हत्यारे की शिनाख्त

लुधियाना(धीमान): स्थानीय आर्य कालेज के प्रो. कृष्ण कुमार कपिला और व्यापारी मंगत राम की कल सायं आतंकवादियों द्वारा साहनेवाल में की गई हत्याओं के संबंध में एक अभियुक्त की पहचान कर ली गई है । एस.एस.पी. श्री पांडे के अनुसार यह इस जिले के मौजा कडानी का बलदेव सिंह है, जो काफी अर्से से अपने घर से गायब है और आतंकवादी गतिविधियों में सरगर्म है । पुलिस ने हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए कल और आज कई स्थानों पर छापे मारे । प्रो. कपिला ने 1978 में अमृतसर में निरंकारियों के समागम के संबंध में 13 अकालियों के विरुद्ध करनाल में जो मुकद्दमा चला था, उसमें गवाही दी थी । तब से उनका नाम हिटलिस्ट पर था । हत्यारे जाती बार दो स्कूटर भी ले गए ।

साहनेवाल में आज पूर्ण हड़ताल रही, यहां तक कि चाय की छोटी-छोटी दुकानें भी बंद रहीं । दोनों मृतकों प्रो. कपिला और मंगतराम का आज इकट्ठा ही दाह संस्कार कर दिया गया । दोनों की अर्थियां भी इकट्ठी ही निकाली गईं और चिताएं भी साथ-साथ ही बनाई गईं । अर्थियों के साथ लगभग दस हजार शोकाकुल लोग चल रहे थे । आर्य कालेज लुधियाना के प्रिंसीपल और प्रबन्धक समिति के सदस्यों ने प्रो. कपिला के शव पर दोशाला चढ़ाया । इस अवसर पर पंजाब व्यापार मंडल के प्रधान श्री तुलसी दास जेतवानी, लुधियाना भाजपा के श्री कृष्ण गुप्ता, चौ. संत प्रकाश और श्री सुनील मेहरा भी मौजूद थे । अर्थी में सिख भी भारी संख्या में शामिल हुए । कई रो रहे थे ।

कपिला से थानेदार 2 बार मिला था

इस संबंध में रहस्योद्घाटन हुआ है कि वारदात के दिन एक थानेदार प्रातः 11 बजे और फिर वारदात से आधा घंटा पहले प्रो. कपिला के पास आया था । उसने प्रो. कपिला से कहा था कि साहनेवाल में कुछ आतंकवादी घूम रहे हैं इसलिए वह सतर्क रहें । यह भी पता चला है कि आतंकवादी रेलवे स्टेशन की ओर से आए थे और मंडी में से होकर गए थे । जब उन्होंने फायरिंग की थी तो प्रो. कपिला और श्री मंगत राम दोनों एक रेढ़ी पर चाय पी रहे थे । मंगत राम ने चाय का गिलास ही एक आतंकवादी पर दे मारा था । फायरिंग के समय बाजार में काफी भीड़ थी मगर लोग लेट गए थे । आज वहां के लोगों ने शिकायत की है कि इस वारदात के बावजूद साहनेवाल में पुलिस की ओर से सुरक्षा के कोई प्रबन्ध नहीं किए थे ।

इसी दौरान अमृतसर में गुरुनानक देव विश्वविद्यालय शिक्षक एसोसिएशन ने श्री कपिला की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए इसे पूरी मानवता की हत्या करार दिया । सचिव गुरनाम सिंह ने कहा कि निर्दोष लोगों की हत्याओं की कड़ी निंदा की जानी चाहिए । शांति प्रिय लोगों की हत्याएं मानवता के

जालन्धर के सदर थाना क्षेत्र के लाम्बड़ा ग्राम में हरीश कुमार से आज रात्रि उग्रवादियों ने उसका स्कूटर छीन लिया ।

घायल महंत दम तोड़ गया

नवांशहर (शर्मा): गत दिनों उग्रवादियों की गोलियों से घायल महंत दशरथ राज जयपुर ले जाते समय दम तोड़ गया । दशरथ राज को गम्भीरावस्था में सी.एम.सी. लुधियाना में भर्ती कराया गया था । हालत नाजुक होने पर जब उन्हें जयपुर ले जाया जा रहा था तो वह रास्ते में ही दम तोड़ गया । इस गोलीकांड में महंत का चेला मनी राम मारा गया था । इसके बाद मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया था और एक थानेदार घायल हो गया था ।

धमकी पत्र

धूरी (सिंगला): धूरी के आढ़ती प्रकाश चंद को पंजाबी में लिखा एक धमकी पत्र डाक द्वारा मिला है, जिसमें लिखा गया है कि वह संगरूर वाली कोठी के निकट वृक्ष के नीचे एक लाख रुपया रखे, वरना गम्भीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे । पत्र पुलिस को सौंप दिया गया है ।

खरड़ (शशि): यहां से 10 किलोमीटर दूर कुराली में 3 उग्रवादियों ने एक तेल मिल में घुस कर उसके मालिक धनी राम से पिस्तौल की नोक पर 'कार सेवा' के लिये 50 हज़ार रु. मांगे । धन लाने के बहाने धनी राम बाहर चला गया । तभी मिल के एक कर्मचारी ने उग्रवादियों पर औज़ार से प्रहार किया इससे घबरा कर उग्रवादी गोलियां चलाते हुये भाग गये, कोई घायल नहीं हुआ, पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

दोहरी सवारी प्रतिबंधित

रोपड़ के अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट सर्वेश कौशल ने सभी दोपहिया वाहनों पर दोहरी सवारी करने की पाबंदी तत्कालिक रूप से लगा दी है । 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे, महिलाएं, पुलिस, सुरक्षा बल कर्मी तथा परमिट प्राप्त लोग दोहरी सवारी कर सकेंगे । सायं 8 से प्रातः 6 बजे तक सरकारी और प्राईवेट बसें चलाने पर भी प्रतिबंध रहेगा ।

20 उग्रवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी): एस. एस. पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने आज यहां बताया कि जिला में जुलाई के महीने में 20 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । 2 आतंकवादी पुलिस से भिड़ंतों में मारे मारे गए । छह व्यक्तियों को आतंकवादियों को पनाह देने पर गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से एक स्टेनगन, एक आटोमैटिक गन, एक बंदूक, एक पिस्तौल 303 बोर का एक पिस्तौल और 15 कारतूस बरामद हुए । इसके अतिरिक्त कुछ स्कूटर व लूटा गया 35000 रुपया भी बरामद किया गया ।

डाक घर से 1200 लूटे

होशियारपुर से अश्विनी, प्रद्युम्न की सूचना है कि आज साढ़े 12 बजे के लगभग माहिलपुर थाना के गांव जेजों के डाक घर से दो उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर 1200 रुपए लूट कर ले गए । दोनों स्कूटर पर आए और स्कूटर पर फ़रार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।



ग्रंथी निरंजन सिंह, जिसका शव गुरुद्वारा दुख निवारण पटियाला के सरोवर के निकट पड़ा मिला । (छाया : राजू)

प्रयत्न किया कि मालिक सुरिन्दर सिंह की अचानक आंख खुल गई और उसने अपने रिवाल्वर से उन पर गोली चला दी । पहले तो वे इधर-उधर हो गए, मगर सुरिन्दर सिंह के निरन्तर 6 गोलियां चलाने पर भाग गए । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

एक अन्य सूचनानुसार इस गांव में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा को लूटने की नाकाम कोशिश की । ये लोग बैंक के रोशनदान की ग्रिलें तोड़ कर अंदर दाखिल हो गए मगर न तो वे सेफ तोड़ सके और न अलमारी खोल सके । इस दौरान बाहर हुई किसी आहट के कारण उसी रास्ते में निकल गए जहां से आए थे । पुलिस ने केस दर्ज कर के जांच शुरू कर दी है ।

फगवाड़ा पुलिस ने हरियाणा में पंजाब बिजली बोर्ड की शाखा से 60900 रुपए लूटने के आरोप में मेहता ग्राम में घर-घर की तलाशी लेकर 6 लोग पकड़े हैं ।

3 उग्रवादी ढेर

कपूरथला (वार्ता): सिधवांडोन नाले के समीप कल आधी रात हुई एक अन्य मुठभेड़ में तीन आतंकवादी पुलिस ने हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिये ।

पंचायत सचिव की हत्या

बटाला (वार्ता): दो आतंकवादियों ने आज सुबह तलवंडी ढाबावाली गांव में पंचायत सचिव सविन्दर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । यह गांव यहां से दो कि.मी. दूर बटाला-फतेहगढ़ चूड़ियां मार्ग पर है । पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने गांव के पंजपीर डेरा पहुंच कर उसके पुजारी से सविन्दर सिंह के बारे में पूछताछ की । जब पुजारी ने बताया कि वह अभी उसका नाश्ता लेकर नहीं आया तो आतंकवादी इंतजार करने लगे । श्री सिंह जब डेरा पहुंचे तो आतंकवादियों ने उनसे पूछा कि क्या वहीं पंचायत सचिव हैं । हां में जवाब मिलने पर आतंकवादी श्री सिंह पर छः गोलियां दाग कर भाग गए । पंचायत सचिव की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । हत्यारे पैदल ही गांव में आए थे । सुरक्षा बलों के जवानों ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए क्षेत्र में घेराबंदी कर दी ।

इस सम्बन्ध में पुलिस ने चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । उनसे पूछताछ की जा रही है ।

चौधरी के अनुसार सरकार या तो ग्रामीण क्षेत्रों के बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध करे

अमृतसर सम्मेलन के प्रस्ताव

(पृष्ठ 3 का शेष)

करते थे । कोठियों, कारों, बच्चों तथा कुर्सी का मोह नहीं करते थे । चमड़ी बचाने के लिए सिखों के हत्यारे, गुरुधामों को तबाह करने वाले संविधान में रहने का समर्थन नहीं करते थे । केवल अंतिम सांस तक नीति के अनुसार अपना स्वतंत्र व्यक्तित्व बरकरार रखते थे ।

आज के नेता, जिनकी कोई 'रहत' नहीं, कोई बलिदान नहीं, किसी के शरीर पर खरोंच नहीं आई, किसी के परिवार का कोई सदस्य शहीद नहीं, केवल पंजीवाद रजवाड़ाशाही बचाने की खातिर यह कह रहे हैं कि आनन्दपुर प्रस्ताव ही सिखों का असली हक है । भारत सरकार ताकत के नशे में कह रही है कि दिमाग के खोखले सिख युवक खालिस्तान की मांग कर रहे हैं, गुरुधामों को गिरा रहे हैं घोषणा करके भाग जाते हैं, सिखों की हानि करवा रहे हैं । आज तक सिखों या किसी अन्य को बिना नुक्सान के किसी ने दिया क्या है । यदि बच्चा न रोए तो मां भी दूध नहीं देती है । इन नेताओं को हम स्पष्ट कह देना चाहते हैं कि सिख युवक अमृतधारी हैं, 'नित्तनेमी' हैं, नाम बाणी के धनी हैं । घर उजाड़ने, झुग्गी में गुजारा करने वाले हैं । बिजली के करंट सहने, आंखों में मिर्चें डलवाने, शरीर 'कीमा' करवाने, जेलों की सलाखों में सड़ने, प्रतिदिन गोलियां खाने के आदि हैं ।

सिख युवकों की इच्छा के अनुसार दमदमी टकसाल के 14वें जत्थेदार संत बाबा जरनैल सिंह खालसा भिंडरांवाले ने, जिनको अकाली नेता शरारती तत्व बताते हैं, कांग्रेस का एजैंट बताते हैं, इतिहास स्थापित किया है तथा सिख युवकों को उसी इतिहास की तरह दृढ़ रहने को तैयार किया है ।

पुरातन इतिहास को ध्यान में रख कर दमदमी टकसाल द्वारा नवाब कपूर सिंह जी की तरह श्री अकाल तख्त साहिब जी के समक्ष बुलाए 'सरबत खालसा' में संगत ने निर्णय किया तथा सिखों को धार्मिक राजनीतिक दिशा देने के लिए पांच सिंह 'पंच परवान' 'पंच परधान' के कथन के अनुसार अमृतधारी नित्तनेमी, सच्चे जीवन वाले, कुर्बानी वाले सिंहों का ग्रुप बनाया, जिसका नाम 'पंथक कमेटी' रखा गया ।

पंथक कमेटी श्री अकाल तख्त की महान हस्ती द्वारा बुलाए सम्मेलन में पुरातन इतिहास की जानकारी देते हुए निम्न विचार पेश करती है, जिनसे सिखों को पूरा हक मिल सकता है ।

☆ जिन सिख नेताओं ने कौम को धोखा दिया, कुर्सी प्राप्त की, समझौते में शामिल हुये, उनको कड़ी सज़ा दी जाए ।

☆ श्री अकाल तख्त साहब जी की 'हज़री' में इतनी सख्ती होने के बावजूद जो सरबत खालसा हुये तथा इनमें प्रस्ताव पास करके जो अरदास की गई है, उसके अनुसार 'पहरा' देने के लिये हर सिख, विद्वान, धार्मिक नेता, बुद्धिजीवी, डाक्टर, वकील, न्यायाधीश तथा राजनीतिक नेता को लगाया जाए । खालिस्तान के अलावा और कोई मांग सिख कौम की क्षतिपूर्ति नहीं कर सकती ।

☆ यदि सिंह-साहिबान या किसी संगठन को 'सरबत खालसा' द्वारा पृष्ट खालिस्तान की घोषणा

उपस्थिति में इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए शुद्ध हृदय से बैठे गुरसिखों का समूह जो आदेश कौम को दे उसकी प्राप्ति और उस पर क्रियान्वयन श्री अकाल तख्त साहब के जत्थेदार साहब का प्रमुख दायित्व है । आज के संदर्भ में ऐसा आदेश किस तरह प्राप्त हो जिसे सिख जगत की नब्ज, उनके दिल की धड़कन या उनकी आत्मा की आवाज कहा जा सके ? इस समूह को इस प्रश्न का उत्तर स्पष्ट रूप में देना चाहिए क्योंकि यह बात तो स्पष्ट है कि आज का सम्मेलन अपने आप में सम्पूर्ण नहीं और प्राकृतिक तौर पर इसके फैसले और उन पर होने वाली कार्रवाई बड़े उद्देश्य की पूर्ति की ओर कुछ मध्यम से प्रयास से अधिक कुछ नहीं ।

समचे सिख जगत को यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि यदि उन्होंने सिखी के मार्ग अर्थात् पंथक मार्ग पर चलना है तो सरकारी ढांचे जिसकी बुनियाद अयोग्य शक्ति के प्रयोग पर होती है, साथ सदा टकराव में रहेंगे । "राज बिना नहि धर्म चले है, धर्म बिना सब दले मले हैं" के अर्थ में समझने की आवश्यकता है ।

आत्मा की आवाज के अनुसार जीना मानव का जन्म सिद्ध अधिकार है और यही आज तक की सभी सामाजिक और राजनीतिक बगावतों और इंकलाबों का वास्तव में स्रोत रहा है और यह निरंतर दस गुरु साहबान और अन्य धार्मिक नेताओं ने अपने उपदेशों द्वारा समय-समय पर बताया है । आज भी सिख पंथ के 'जुझारु' इसे आत्मा की आवाज की आजादी के लिए संघर्ष कर रहे हैं ।

1947 से पूर्व महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और अन्य कांग्रेसी नेताओं की ओर से किए गए वादों का उल्लंघन ब्राह्मणवादी मक्कार रुचि की अभिव्यक्ति थी, जो झूठ बोलने के रूप में आज भी रेडियो, टैलीविजन आदि पर सरकारी झूठे प्रचार द्वारा प्रचलित है । इसकी जाति-पाति और नसली अभिव्यक्ति 'नीला तारा' कार्रवाई और नवम्बर 1984 में सिखों के नरसंहार के रूप में सामने आई और आज भी झूठे पुलिस मुकाबलों के रूप में जारी है ।

इसी के दृष्टिगत उपजे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सिख अंग्रेज़ से निरंतर झगड़ते रहे, परन्तु देश को स्वतंत्रता मिलने के समय सिखों ने अपने अलग देश की प्राप्ति का अधिकार जवाहर लाल नेहरू के इस विश्वास पर छोड़ दिया कि उन्हें भारत के उत्तर पश्चिम में एक ऐसा क्षेत्र और राजनीतिक ढांचा तैयार करने में कोई आपत्ति नहीं, जहां सिख भी आज़ादी का आनन्द ले सकें । इस सम्मेलन को पंडित नेहरू इन कथनों के अनुसार कि सिखों के लिए एक ऐसे क्षेत्र और राजनीतिक ढांचे की मांग खुलकर करनी चाहिए और उसके लिए आवश्यक संगठनात्मक ढांचा बनाया जाए जिसमें शुद्ध हृदय से सर्वसम्मति की स्वीकृति लेकर निडर, बुद्धिमान और साफ हृदय वाले सिखों के हाथ कौम का नेतृत्व सौंपा जाए ।

महात्मा गांधी ने कहा था "मैं आपको (सिखों को) अपने शब्दों और प्रस्तावों द्वारा यह बात कहता हूं कि कांग्रेस किसी व्यक्ति को कभी धोखा नहीं देगी, किसी भाईचारे की तो बात ही छोड़ो । उसने यदि कभी ऐसा सोचा या किया तो वह अपनी मौत को ही नहीं बल्कि देश की मौत को भी आमंत्रित करेगी । इसके अतिरिक्त सिख तो बहुत बहादुर लोग हैं और

Punjabi Sahit

वह सतर्क रहें । यह भी पता चला है कि आतंकवादी रेलवे स्टेशन की ओर से आए थे और मंडी में से होकर गए थे । जब उन्होंने फायरिंग की थी तो प्रो. कपिला और श्री मंगत राम दोनों एक रेढ़ी पर चाय पी रहे थे । मंगत राम ने चाय का गिलास ही एक आतंकवादी पर दे मारा था । फायरिंग के समय बाजार में काफी भीड़ थी मगर लोग लेट गए थे । आज वहां के लोगों ने शिकायत की है कि इस वारदात के बावजूद साहनेवाल में पुलिस की ओर से सुरक्षा के कोई प्रबन्ध नहीं किए थे ।

इसी दौरान अमृतसर में गुरुनानक देव विश्वविद्यालय शिक्षक एसोसिएशन ने श्री कपिला की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए इसे पूरी मानवता की हत्या करार दिया । सचिव गुरनाम सिंह ने कहा कि निर्दोष लोगों की हत्याओं की कड़ी निंदा की जानी चाहिए । शांति प्रिय लोगों की हत्याएं मानवता के नाम पर धब्बा हैं ।

स्कूटर छीना

आज प्रातः सराभा नगर में मल्हार सिनेमा के पास 2 उग्रवादियों ने एक अरविन्द शर्मा से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया और फरार हो गये ।

धर्मस्थल में विस्फोट

गत रात्रि लुधियाना के गुरुद्वारा भाई नंद कौर में एक विस्फोट से आतंक फैल गया । एस.पी. सिटी संजीव गुप्त ने बताया कि यह बम विस्फोट नहीं था बल्कि कुछ शरारती तत्वों ने वहां एक पटाखा रखा था जिसमें विस्फोट हुआ । पटाखे में कोई धातु नहीं थी । घटनास्थल से अधजली सुतली बरामद हुई । कोई हताहत नहीं हुआ । ऐसा ही विस्फोट गत माह गुरद्वारा दुख निवारण में भी हुआ था ।

रिवाल्वर बरामद

जालंधर (ह.स.):जिला होशियारपुर के थाना माहलपुर के अंतर्गत गांव भाम के निवासी एक कांस्टेबल संतोख सिंह से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने एक .32 बोर का रिवाल्वर और आठ कारतूस बरामद किए हैं । उसे हाल ही में गिरफ्तार किया गया था ।

पैट्रोल पम्प लूटा

2 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज सायं बंगा थानांतर्गत गांव सूंध के निकट एक पैट्रोल पम्प से 5 हजार रु. लूट लिए और भाग गए ।

2 आतंकवादी पुलिस से भिड़तें में मारे गए । छह व्यक्तियों को आतंकवादियों को पनाह देने पर गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से एक स्टेनगन, एक आटोमैटिक गन, एक बंदूक, एक पिस्तौल 303 बोर का एक पिस्तौल और 15 कारतूस बरामद हुए । इसके अतिरिक्त कुछ स्कटर व लूटा गया 35000 रुपया भी बरामद किया गया ।

डाक घर से 1200 लूटे

होशियारपुर से अश्विनी, प्रद्युम्न की सूचना है कि आज साढ़े 12 बजे के लगभग माहिलपुर थाना के गांव जेजों के डाक घर से दो उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर 1200 रुपए लूट कर ले गए । दोनों स्कटर पर आए और स्कूटर पर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स.): फरीदकोट जिला पुलिस और सुरक्षा बलों ने आज एक आतंकवादी गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया । इनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ । जिला पुलिस प्रमुख ने यहां बताया कि आतंकवादियों के कब्जे से एक विदेशी राइफल, तीन पिस्तौल तथा भारी संख्या में कारतूस मिले हैं । उन्होंने बताया कि इस गिरोह का फरीदकोट और जालन्धर जिलों में लाइसैंसशुदा पिस्तौलें छीनने, पैट्रोल पम्प लूटने और ऐसे ही अन्य अपराधों में हाथ था ।

गिरफ्तार आतंकवादियों में सिख छात्र महासंघ की जालन्धर जिले की नकोदर इकाई का अध्यक्ष बलबीर सिंह, नकोदर का ही जसपाल सिंह और कपूरथला का हरबिन्दर सिंह तथा गुरदियाल सिंह शामिल है । जिला पुलिस प्रमुख के अनुसार चारों फरीदकोट में अपना अड्डा स्थापित करने आए थे । वहां की स्थिति प्रतिकूल देख कर उन्होंने लुधियाना जिले के जगराओं के बलबीर सिंह उर्फ बीरा के साथ सम्पर्क किया । अपने जगराओं अड्डे से वे फरीदकोट भागने की कोशिश कर रहे थे, तभी पुलिस और सुरक्षा बलों ने उन्हें पकड़ लिया । उनके पास से दो चोरी के स्कूटर बरामद हुए ।

लूटने की दो नाकाम कोशिशें

फगवाड़ा (कौड़ा) : कल रात लगभग 11 बजे संदिग्ध आतंकवादियों ने यहां से चार कि. मी. दूर मौजा पलाही में एक फाऊंडरी में घुसने की नाकाम कोशिश की । जब पंजाब ने बताया कि उनकी नाकाम कोशिश की पूरी रिपोर्ट मिल चुकी है ।

☆ जिन सिख नेताओं ने कौम को धोखा दिया, कुर्सी प्राप्त की, समझौते में शामिल हुये,उनको कड़ी सज़ा दी जाए ।

☆ श्री अकाल तख्त साहब जी की 'हजूरी' में इतनी सख्ती होने के बावजूद जो सरबत खालसा हुये तथा इनमें प्रस्ताव पास करके जो अरदास की गई है, उसके अनुसार 'पहरा' देने के लिये हर सिख, विद्वान, धार्मिक नेता, बुद्धिजीवी, डाक्टर, वकील, न्यायाधीश तथा राजनीतिक नेता को लगाया जाए । खालिस्तान के अलावा और कोई मांग सिख कौम की क्षतिपूर्ति नहीं कर सकती ।

☆ यदि सिंह-साहिबान या किसी संगठन को 'सरबत खालसा' द्वारा पृष्ट खालिस्तान की घोषणा बारे अभी भी संदेह है तो श्री अकाल तख्त के समक्ष सम्मेलन बुला कर पुनः निर्णय लिया जा सकता है कि सिख खालिस्तान चाहते या आनंदपुर प्रस्ताव ।

☆ यदि सभी राजनीतिक संगठन खालिस्तान की घोषणा की पुष्टि कर दें, श्री अकाल तख्त साहब की स्वतंत्र सर्वोच्चता अनुसार चलने का प्रण लें, मौत का भय मन से निकाल दें तो हम कुछ ही समय में अत्याचार बंद करा सकते हैं तथा दुनिया के हर देश का समर्थन प्राप्त कर सकते हैं ।

☆ इतिहास में आए हक़ीक़त सिंह की मां की तरह 'अणख' और स्वाभिमान सिखों को सौंप कर बेटे को जंजीरों से छुड़ाने, सिंह जेलों में निकलवाने, जुल्म बंद करवाना सिख इतिहास को कलंकित करने वाली बात है ।

☆ यदि संयुक्त अकाली दल ने श्री अकाल तख्त जी के नाम का प्रयोग करना है तो खालिस्तान की घोषणा करे । तख्त का भवन भारतीय संविधान ने गिराया है । संगत गोलियों से भूनी गई है, अतः यह संविधान नहीं माना जा सकता ।

☆ सिख इतिहास को सम्मुख रख कर सिखों को लक्ष्य की पूर्ति के लिये झूठे पुलिस मुकाबलों को कड़ा जवाब देकर इन्हें बंद करवाने के लिये, जेलों से सिखों को रिहा कराने के लिये दिल्ली सरकार को बातचीत के लिये मजबूर करना, यह सेहरा सिख युवकों के जुझारू संगठनों के सिर है,न कि कुर्सी के चाहवान सिख नेताओं के सिर । संत जरनैलसिंह जी खालसा भिंडरांवाले के वचनों पर फूल चढ़ाए जाएंगे, खालिस्तान की प्राप्ति के लिये लड़ाई जारी रखी जाएगी तथा खालिस्तान के 'एजैंडे' पर ही सरकार से बातचीत होगी ।

सिख वकीलों की ओर से पढ़ा गया 'बिनै पत्र'

अमृतसर में सिख सम्मेलन के दौरान पंजाब सिख वकील कौंसिल की ओर से पढ़े गए 'बिनै' पत्र का मूल पाठ इस प्रकार है–

ऐसी सिख समस्या की जड़ें सिख सिद्धांत, सिख इतिहास, नवीन युग के सिख समाज और आम सिखों की उन कमजोरियों में मिलती है जो उनकी 'किरत-कमाई' रहन-सहन और आम व्यवहार से जन्म लेती हैं ।

सिखी के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी की ओर से दिखाए मार्ग पर चले हुए 'हलीमी राज' की प्राप्ति के लिए लम्बे संघर्ष में सिखों की यह लड़ाई एक कड़ी है और इस संदर्भ में श्री अकाल तख्त साहब की भूमिका एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रकाश पुंज । अकाल तख्त साहब पर श्री गुरु ग्रंथ साहब की

पंडित नेहरू इन कथनों के अनुसार कि सिखों के लिए एक ऐसे क्षेत्र और राजनीतिक ढांचे की मांग खुलकर करनी चाहिए और उसके लिए आवश्यक संगठनात्मक ढांचा बनाया जाए जिसमें शुद्ध हृदय से सर्वसम्मति की स्वीकृति लेकर निडर, बुद्धिमान और साफ हृदय वाले सिखों के हाथ कौम का नेतृत्व सौंपा जाए ।

महात्मा गांधी ने कहा था "मैं आपको (सिखों को) अपने शब्दों और प्रस्तावों द्वारा यह बात कहता हूं कि कांग्रेस किसी व्यक्ति को कभी धोखा नहीं देगी, किसी भाईचारे की तो बात ही छोड़ो । उसने यदि कभी ऐसा सोचा या किया तो वह अपनी मौत को ही नहीं बल्कि देश की मौत को भी आमंत्रित करेगी । इसके अतिरिक्त सिख तो बहुत बहादुर लोग हैं और यदि आवश्यकता पड़े तो वे हथियारों का प्रयोग करके भी अपने अधिकारों की रक्षा करना जानते हैं ।"

जब अब तक के असंख्य शांति पूर्वक सिख मोर्चे दिल्ली के शासकों ने खून में डुबो दिए तो सिख युवक महात्मा गांधी के कथन के अनुसार हथियार-बंद संघर्ष पर उतर आए ।

परन्तु किसी भी संघर्ष की सफलता के लिए उसे एक विशाल जनसमर्थन की जरूरत होती है,जिसकी प्राप्ति के लिए सिख विचारकों को पूरी गम्भीरता से उच्च स्तर पर हिम्मा डालने की आवश्यकता है ।

कौमों की स्वायतता के अधिकार की प्राप्ति एक विश्व-प्रसिद्ध ऐतिहासिक नियम है । अपनी जनसंख्या वाले क्षेत्र से अपने घर जैसा अपनत्व उसके प्राकृतिक साधनों की ओर वहां बसने वाले मनुष्यों की 'किरत-कमाई' की रक्षा, सभी कौमों की तरह सिखों का मानवीय और जन्मसिद्ध अधिकार है । सिखों के लिए इस अधिकार के पूरे प्रयोग और उसकी पालना करना बिल्कुल उचित है । गुरमति के अनुसार आत्मा की आवाज़ की आज़ादी सिख जीवन का मूल सिद्धांत है । इस 'जुझारू' 'खाड़कू' और पंथक मार्ग के 'गडीरना' पर चलते हुए हमें प्रयत्न करना चाहिए कि गरीब, दलित, अल्पसंख्यक और मानवीय अधिकारों से वंचित लोगों को साथ लेकर अपनी शक्ति के बल पर दिल्ली दरबार के ज़ालिम, जाबर, साम्प्रदायिक और नसलवादी शासकों को पराजय देकर देश में गुरबाणी के आशय के अनुसार :

"हलि हकमु होआ मिहरवानदा,
पै कोई ना किसे रञाणदा !
सब सुखाली वुठिया इहु होआ हलेमी राजु जीओ ॥"
–धनासरी महला पंजवां
श्री गुरु ग्रंथ साहब पृष्ठ 73-74

अर्थात् 'हलीमी राज' की स्थापना करें । हम आज के सम्मेलन से अनुरोध करते हैं कि जेलों में बंद सिंहों (सिखों) के बहुत साधारण निर्वाह और कानूनी सहायता की आवश्यकता पूरी करने के लिए शहीदों के परिवारों की उचित सहायता के लिए कुछ सम्माननीय सिंहों की एक स्थायी संस्था बना दी जाए जिसके पैसे का हिसाब सिख संगत की जानकारी के लिए सदा खुला हो ।

सिखों के आए दिन बहाए जा रहे खून को रोकने के लिए पंजाब से अर्ध सैनिक बलों की वापसी, काले कानूनों को रद्द किया जाना, सिखों पर अत्याचार करने वालों को उचित सज़ाएं, सिख भाईचारे के सभी राजनीतिक कैदियों की रिहाई और उनके विरुद्ध वारंट रद्द किए जाने, ये सभी मांगें किसी बातचीत के लिये प्रथम पग के रूप में स्वीकार करवाकर चलना जरूरी है ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

जायदाद

4 एकड़ भूमि, पक्की सड़क पर, धार ब्लाक में, पुर-अमन शांत माहौल–एक कमरे सहित बिकाऊ है । **कीमत** 80000/-. बाक्स 221, पंजाब केसरी, जालंधर ।

आम सूचना

मैं,अवतार सिंह सभ्रवाल, 78, गुरु नानक नगरी, जालंधर यह बयान करता हूं कि मैंने अपने लड़के सुरिंद्र सिंह गली डोरवाली, मोरी गेट, दिल्ली को अपनी सभी चल और अचल जायदाद का हिस्सा दे दिया है। उसका मेरे से कोई लेन-देन नहीं है । कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा ।

दाखला सूचना

National Institute of Technology &

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 4.8.87 Rs. 46/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.35 per Dozen.

दुकान बिकाऊ

Shop for sale, in the heart of city well furnished. Contact/Write : A.K. Bhatia, 81, Tyagi Road, Dehradun (UP).

किराए पर

अमृतसर में लारेंस रोड के निकट दकानें किराया पर खाली हैं । बैंक/शोरूम/आफिस के लिए जगह उपलब्ध । सम्पर्क करें–राजेश सेठ, फोन आफिस : 45769; निवास : 32164.

चिकित्सा

सी सी आई

सीमेन्ट कारपोरेशन

उग्रवादियों द्वारा पंजाब में 2 लोगों की हत्याएं, सुरक्षा बलों, ग्रामीणों ने 3 उग्रवादी मार गिराये

कई खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार, अपहृत की गई बस बरामद

पुलिस हिरासत से एक उग्रवादी फरार

चंडीगढ़, 5 अगस्त (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने पंजाब में 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में तीन उग्रवादी मारे गए, शस्त्रों सहित कई उग्रवादी पकड़े गए, गुजरात का एक उग्रवादी आनन्दपुर साहब पुलिस की हिरासत से भाग निकला, एक अपहृत बस बरामद कर ली गई ।

उग्रवादी भागा

सुरिंदर नगर (गुजरात) का एक उग्रवादी गुरदयाल सिंह आज जिला रोपड़ में आनंदपुर साहिब पुलिस की हिरासत से भाग निकला । वह हत्या की वारदातों में संलिप्त था । पता चला है कि पुलिस उसे जीप में बिठा कर कहीं ले जा रही थी । रास्ते में वह भाग निकला । अब पुलिस उसकी तलाश कर रही है । अभी यह पता नहीं चल सका कि उसके हथकड़ी लगी हुई थी या नहीं ।

गुरदयाल को गुरुद्वारा केसगढ़ साहब में हुई एक हत्या के सम्बन्ध में गिरफ्तार किया गया था और उसे अमृतसर ले जाया जा रहा था ।

3 उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए

फाजिल्का (प्रफुल्ल) : फाजिल्का सदर पुलिस, सी.आर.पी. तथा ग्रामीणों के घेरे में आकर गत रात्रि यहां से दस किलो मीटर दूर गांव चकवनवाला में तीन उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए । बताया जाता है कि तीन उग्रवादी, जिनकी आयु लगभग 23 साल बताई जाती है, फाजिल्का से 13 किलो मीटर दूर गांव टाहलीवाला बोदला में प्रितपाल सिंह के शराब के ठेके पर आए । दो उग्रवादी दुकान के अन्दर चले गए, जबकि एक अन्य उग्रवादी अपनी दोनाली बंदूक लेकर बाहर खड़ा रहा । सशस्त्र उग्रवादियों ने प्रितपाल सिंह से रुपया मांगा जिस पर उसने अपना नकदी का थैला, जिसमें 805 रुपए थे, उन्हें दे दिया । बाद में उग्रवादियों ने शराब की बोतलें तोड़नी शुरू कर दीं । अभी वे 20-25 बोतलें ही तोड़ पाए थे कि प्रितपाल सिंह के रिश्तेदार थम्मन सिंह ने शोर मचाना शुरू कर दिया । इस पर उग्रवादी टाहलीवाला गांव की ओर भाग खड़े हुए । प्रितपाल सिंह पुलिस थाने में सूचना देने के लिए गया । उसे रास्ते में पुलिस व सी.आर.पी. का संयुक्त गश्ती दल मिल गया । उग्रवादियों के बारे में सूचना मिलते ही पुलिस व सी.आर.पी. ने उग्रवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया । शोर मचने पर अन्य गांव वालों ने भी लाठियों, तेजधार हथियारों व लाइसैंसी आग्नेयास्त्रों सहित पुलिस के साथ मिलकर उग्रवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया । काफी पीछा करने पर गांव टाहलीवाला के पुल पर उग्रवादियों व पुलिस में गोलियों का आदान-प्रदान शुरू हो गया । बाद में उग्रवादी साथ लगते हुए गन्ने के खेतों में भाग खड़े हुए । इसी बीच पंजाब पुलिस व सी.आर.पी. के डी.एस.पी. भारी पुलिस दल के साथ वहां पहुंच गए । उन्होंने छिपे हुए उग्रवादियों से कहा कि वे पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कर दें लेकिन उग्रवादियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । लगभग 25 मिनट तक हुई फायरिंग के बाद एक उग्रवादी, जिसके पास 303 का पिस्तौल था, को क्रुद्ध गांव वालों ने पीट-पीट कर मार डाला । बाद में जब गोलीबारी बंद हुई तो घटनास्थल पर अन्य दो उग्रवादियों को मृत पाया गया । एक उग्रवादी के पास एक नाली बंदूक व चार जीवित कारतूस तथा दूसरे के पास एक पिस्तौल तथा चले हुए कारतूस पाए गए । उनके पास प्रितपाल सिंह के ठेके से लूटे हुए रुपयों का थैला, उसकी मोटर साइकल की रजिस्ट्रेशन तथा ड्राइविंग लाइसैंस भी मिले । तीनों मृत उग्रवादियों की पहचान नहीं हो सकी है । पुलिस इनकी पहचान का प्रयास कर रही है ।

फिरोजपुर (बागी): फिरोजपुर सदर थाने के गांव मिलछे में हरबंस सिंह की हत्या करके छीनी गई एक 12 बोर की दोनाली बंदूक नछत्तर सिंह और उसके तीन साथियों से बरामद की गई है ।

होशियारपुर (अश्विनी कपूर) : आज प्रातः स्थानीय बस स्टैंड से पंजाब रोडवेज जालन्धर डिपो की एक बस चोरी होने के बाद भोगपुर के निकट खड़ी मिली है । बस ड्राइवर की शिकायत पर नगर पुलिस ने दंड विधान की धारा 379 के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया । ड्राइवर ने बताया कि उसने कल शाम सात बजे बस स्टैंड पर अपनी बस खड़ी की थी । आज प्रातः जब वह बस स्टैंड पहुंचा तो वहां से बस गायब थी । पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि इस वारदात में उग्रवादियों का हाथ होने की सम्भावना को रद्द नहीं किया जा सकता था इसलिए इस संदर्भ में राज्य भर की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया ।

फगवाड़ा (खोसला): स्थानीय पुलिस ने एक आतंकवादी हरमेश सिंह उर्फ मेशी को गिरफ्तार

(शेष पृष्ठ 6 पर)

19 अगस्त को 2.25 लाख टीचर संसद की ओर मार्च करेंगे

चंडीगढ़, 5 अगस्त (एन.एस. परवाना): आल इंडिया फैडरेशन आफ यूनिवर्सिटीज और कालेज टीचर्स आर्गेनाईजेशन के आह्वान पर सवा 2 लाख टीचर 19 अगस्त को नई दिल्ली में संसद की ओर कूच करेंगे । इस प्रकार वे अपनी मांगें मनवाने के लिए विशाल प्रदर्शन करेंगे । यह बात आज यहां आर्गेनाईजेशन के महासचिव प्रोफैसर एम. भट्टाचार्य ने बताई । पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उसी दिन शाम को नई दिल्ली में फैडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी जिसमें आगामी रणनीति तय की जाएगी । प्रोफैसर भट्टाचार्य ने दावा किया कि आज दूसरे दिन भी देश के कोने-कोने में टीचरों ने हड़ताल की व प्रदर्शन किए ।

उन्होंने कहा कि यह पहला अवसर है कि जब यूनिवर्सिटी और कालेज टीचर अनिश्चितकाल के लिए देश भर में हड़ताल कर रहे हैं । उन्होंने दावा किया कि उनका संगठन 158 विश्वविद्यालयों तथा 6536 कालेजों में काम करने वाले 2 लाख 25 हजार टीचरों का प्रतिनिधित्व करता है । उन्होंने बताया कि असम में टीचरों को इतनी रियायत दे दी गई है कि वे परीक्षाएं होने दें । असम में 4 वर्ष बाद परीक्षाएं हो रही हैं । प्रो. भट्टाचार्य का कहना है कि कुछेक राज्य सरकारें महारोत्रा समिति की रिपोर्ट के अनुसार तुरन्त नए वेतनमान लागू करने पर सहमत हो गई हैं । इस संबंध में उन्होंने आंध्र प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश का विशेष रूप से उल्लेख किया और कहा कि पंजाब सरकार ने भी इसी प्रकार के फीलर फैंके हैं । उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि इस हड़ताल में देश भर के कृषि व तकनीकी विश्वविद्यालयों के टीचर भी हिस्सा ले रहे हैं । उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि हमारे बार-बार अनुरोध करने के बावजूद वर्तमान

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sahadat

तीन उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

किया है । उसने रामगढ़िया कालेज के प्रिंसीपल श्री के.पी. सूद से 8 मास पूर्व स्कूटर छीनने के अभियोग को स्वीकार किया है । यह स्कूटर हरगोबिन्दनगर से पिस्तौल की नोक पर छीना गया था । इसी दौरान दो दिन पूर्व हदियाबाद के बिजली घर में खजांची से 60969 रुपए चार स्कूटर सवार छीन कर फरार हो गए थे । अभी तक पुलिस किसी को मनोनीत नहीं कर सकी तथापि पुलिस ने अभियुक्तों की तलाश में कई स्थानों पर छापे मारे हैं । एक दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में भी लिया गया । मगर कुछेक को जांच में शामिल करके, शेष को छोड़ दिया गया ।

महिला को घायल कर दिया

अबोहर (सदोष): दो संदिग्ध युवकों ने नई आबादी में व्यापार मंडल के महामंत्री और नगर इंका के प्रचार मंत्री श्री ब्रह्म प्रकाश के घर में जबरदस्ती घुस कर उनकी पुत्रवधु रीटा पर किसी घातक हथियार से हमला कर दिया । उन्हें शक था कि श्री ब्रह्म प्रकाश घर में ही है । वह उससे चाबियों की भी मांग कर रहे थे । इन्कार करने पर उन्होंने उस पर हमला कर दिया था । श्री ब्रह्म प्रकाश की पत्नी द्वारा शोर मचाने पर दोनों उग्रवादी रेलवे स्टेशन की ओर पैदल ही भाग गए । श्रीमती रीटा को सिविल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । वरिष्ठ पुलिस व सी.आर.पी. अधिकारियों ने अपराधियों की तलाश में शहर की नाकाबंदी कर दी है ।

टीचरों की रोष हड़ताल आज

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में कल हड़ताल का आह्वान किया गया है । यह आह्वान टीचर्स रोष संघर्ष समिति की जिला इकाई ने किया है । इस समिति के महासचिव मास्टर रघुबीर सिंह ने बताया कि यह हड़ताल गत दिनों बटाला के निकट हुए बस यात्री हत्या कांड में मृतक सरकारी मुख्याध्यपक जोगेन्द्र पाल की हत्या के रोष स्वरूप की जाएगी । कल प्रातः नौ बजे डी.ए.वी. हाई स्कूल बटाला, सरकारी हायर सैकेंडरी स्कूल गुरदासपुर और शिमला पहाड़ी पठानकोट में रोष रैलियां आयोजित करके अधिकारियों को ज्ञापन दिए जाएंगे । ज्ञापनों में मांग की गई है कि लोगों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाए और मृतक अध्यापकों के परिवारों को पुलिस ढांचे पर सहायता दी जाए ।

हत्यारों की शिनाख्त

एस.एस.पी. जे.पी. बिरदी ने बताया कि कल प्रातः निकटवर्ती गांव तलवडी ढाबांवाली में पंचायत सचिव सविंदर सिंह की हत्या के सम्बन्ध में दो आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है । इनमें एक गुरिंदर सिंह (भागोवाल) और गुरनाम सिंह (ढाबांवाली) हैं । दोनों ही पुलिस को कई हत्याओं और डकैतियों में वांछित हैं ।

मुकाबिले के बाद गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक 32 बोर का एक पाकिस्तानी रिवाल्वर, चार कारतूस तथा एक 12 बोर की बंदूक 5 कारतूसों सहित बरामद किए हैं । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में एक जिला गुरदासपुर के मौजा मुल्लांवाल का सुच्चा सिंह उर्फ जोगा सिंह बी. श्रेणी का इनामी आतंकवादी है । इसका सम्बन्ध मौजा नंगल लबाना के आतंकवादी जागीर सिंह के गिरोह के साथ है, जो अपने आपको खालिस्तान सुरक्षा बल कहलवाता है और 6 हत्याओं में पुलिस को वांछित है । दूसरा आतंकवादी सुखदेव सिंह सकना बगोवाली का निवासी है । प्रारम्भिक जांच में दोनों ने पुलिस को बताया कि उनके गिरोह ने दसहा के मौजा डगरी में अप्रैल 1987 को एक पुजारी स्वर्ण कुमार की हत्या की । मई 1987 में दसहा के रौशन लाल को सख्त घायल किया था । दो-तीन मास पूर्व मौजा कलियां के एक व्यक्ति और मौजा टाहली के सरपंच धर्म सिंह से 12 बोर की बंदूकें छीनी थीं । आतंकवादी सुच्चा सिंह अ.भा. सिख छात्र संघ का सरगर्म कार्यकर्त्ता है । जांच जारी है ।

पुलिस के अनुसार सुरक्षा बल की गश्ती टुकड़ी को देखते ही सुच्चा सिंह और उनके दो साथियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी थीं । पुलिस के साथ कुछ देर की मुठभेड़ के बाद आतंकवादी पकड़ लिए गए जबकि इनका तीसरा साथी बच कर निकल गया ।

कपूरथला पुलिस चीफ ने बताया कि आप्रेशन ब्लू स्टार के बाद लबाना गांव में छः व्यक्तियों की हत्या करके सुच्चा सिंह पाकिस्तान भाग गया था । वह वहां फैसलाबाद जेल में करीब दो साल रहा ।

उग्रवादी बंदी

अमृतसर (ह.स.): पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त नाका पार्टी ने आज तड़के मुठभेड़ के बाद मेहता चौक के निकट 3 उग्रवादियों मुखत्यार सिंह, अजीत सिंह और दिलबाग सिंह को गिरफ्तार कर लिया । मुठभेड़ के दौरान उनके 3 साथी बच निकले ।

हत्या

आज सायं अमृतसर के झब्बाल थाना क्षेत्र के ग्राम मीरांपुर में दो उग्रवादियों ने 47 वर्षीय विश्वनाथ के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी और स्कूटर पर फरार हो गए ।

राइफल छीनने वाला पकड़ा गया

अमृतसर में आज शाम 6.30 बजे दरबार साहब के गेट नम्बर तीन लाइब्रेरी प्वायंट पर तैनात सी.आर.पी. के एक जवान ने गोली चलाई जब एक युवक ने उससे राइफल छीनने की कोशिश की ।

प्राप्त सूचना में बताया गया है कि दरबार साहब के गेट पर सी.आर.पी. के जवान अपनी ड्यूटी पर तैनात थे कि एक युवक ने सी.आर.पी. के एक जवान पर हमला करके उसकी राइफल छीनने की कोशिश की जिस पर उस जवान ने आत्म रक्षा में फायर किया, लेकिन यह गोली किसी को नहीं लगी । इसी दौरान वहां पर तैनात अन्य जवानों की मदद से उस

पुनः बंदी

लुधियाना (महेंद्रा): डाक्टर राजेंद्र पाल सिंह को आज जगराओं पुलिस ने पुनः गिरफ्तार कर लिया । पहले उसे 4 जुलाई को आपत्तिजनक भाषण करने पर गिरफ्तार किया गया था । बाद में 27 जुलाई को 10 हजार रुपए की जमानत पर रिहा किया गया था ।

कमांडो फोर्स ने जिम्मेदारी ली

गत दिनों साहनेवाल में एक कालेज टीचर सहित 2 व्यक्तियों की हत्या की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स ने अपने ऊपर ली है । इस आशय का एक टैलीफोन फोर्स के 'एरिया कमांडर' फतेहसिंह ने वार्ता कार्यालय में किया ।

दुकानें बंद करने का समय

'नेपाल' के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट एस.एस. बराड़ ने एक आदेश जारी करके ढाबे, रैस्टोरेंट और खाने-पीने की अन्य दुकानें रात 10 बजे बंद करने के आदेश दिये हैं । जिला मुख्यालय में ठेके तथा अहाते 10 बजे तथा अन्य क्षेत्रों में 8 बजे बंद होंगे । यह आदेश 3 अक्तूबर तक जारी रहेगा ।

छापे, एक दर्जन हिरासत में

पटियाला (भूषण): कल यहां पुलिस ने अ.भा. सिख छात्र संघ के कार्यालय पर जो गुरुद्वारा दुख निवारण के बाहर स्थित है, छापा मारा और एक दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया । उनकी स्क्रीनिंग जारी है । यह छापा ग्रंथी निरंजन सिंह की हत्या के सम्बन्ध में मारा गया । ग्रंथी की लाश पानी के टैंक के निकट पड़ी पाई गई ।

हत्या में एक उग्रवादी बंदी

कुछ माह पूर्व बहादुरगढ़ में एस्कार्ट्स फैक्टरी के पिछवाड़े जोगेन्द्र सिंह की उसके फार्म हाऊस में हत्या करने वाले चार उग्रवादियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है । उग्रवादी वहां हथियार छीनने आए थे । एस.एस.पी. ए.एस. बराड़ ने बताया कि ग्रंथी निरंजन सिंह, जिसका शव कल गुरुद्वारा दुखनिवारण साहिब से बरामद हुआ था, बहुत घटिया चरित्र वाला था और उसके उग्रवादियों से सम्बन्ध थे । उन्होंने बताया कि गत सोमवार को हुए दो बम विस्फोटों के सम्बन्ध में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है । तीन माह पहले गुप्तचरों ने सूचना दी थी कि खालिस्तान कमांडो फोर्स ने कुछ आधुनिक बम प्राप्त किए हैं । यह दो बम उसी किस्म के थे ।

स्कूटर छीना

2 उग्रवादियों ने आज सायं यहां से 25 कि.मी. दूर राजपुरा टाऊनशिप में गुरुद्वारा रोड पर विनोद कुमार से उसका स्कूटर पी.ए.पी.-3818 पिस्तौल की नोक पर छीन लिया ।

किसान की हत्या

जालन्धर (वार्ता): जालन्धर जिले के यूसुफपुर दड़ेवाल गांव में कल रात तीन आतंकवादियों ने तेज हथियारों से एक किसान की हत्या कर दी । पुलिस ने मृतक का नाम जागीर सिंह (45) बताया है । पहले मिली खबर में कहा गया था कि जागीर सिंह की गोली मार कर हत्या की गई थी । पुलिस सूत्रों ने कहा कि हत्यारों को आशंका थी कि जागीर सिंह

जिम्मेदारी ली

खालिस्तान कमांडो फोर्स के चीफ जनरल लाभ सिंह ने यहां हिन्द समाचार पत्र समूह कार्यालय में भेजे एक प्रैस नोट द्वारा जिला अमृतसर के गांव बासरके भैणी (थाना छहर्टा) में गुरदयाल सिंह सरपंच, उसके लड़के प्रगट सिंह और दुकानदार रमेश कुमार की हत्या की जिम्मेदारी ली और कहा कि तीनों की हत्या इसलिए की गई क्योंकि ये पुलिस के मुखबिर थे । भाई लाभ सिंह ने सरबजीत सिंह गांव लद्दा मुंडा और उसका साथी अजीत सिंह के बारे कहा कि वे दोनों लूटेरे थे । उनका किसी संगठन से सम्बन्ध नहीं था । उनकी हत्या की जिम्मेदारी भी खालिस्तान कमांडो फोर्स लेती है और चेतावनी देती है कि जो मुखबरी करेंगे और सिखों के घरों से हथियार व पैसे छीनेंगे, अवश्य 'सोधे' जाएंगे । सरकार लोगों को खरीद कर सिख विरोधी काम कराती है । इससे आम जनता को सतर्क रहने की आवश्यकता है ।

स्कूटर छीना

आज यहां प्रताप बाग जालंधर के पास 2 उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

ट्रैवल एजेंसी लूटी

3 उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर आज नामदेव चौक में सरूप ट्रैवल एजैंसी से 740 रु. लूट लिये । उग्रवादी सायं 4 बजे चुपचाप उक्त एजैंसी में घुसे और सारी नकदी लेकर पैदल ही साथ वाली गली में गायब हो गए । पुलिस जांच कर रही है । न.न.अ. के अनुसार उग्रवादी एक कैलकुलेटर भी ले गये । एजैंसी के फील्ड अफसर श्री एम.एम. संगर ने बताया कि तीन उग्रवादी, जिनमें 2 पगड़ीधारी थे तथा एक क्लीनशेव था, उनके कार्यालय में दाखिल हुये । इनमें से 2 के पास रिवाल्वर थे । उन्होंने आते ही उन्हें गोली मारने की धमकी देकर 10 हजार रुपया मांगा । इसके साथ ही उन्होंने टैलीफोन की तारें काट दीं । कार्यालय की तलाशी लेकर उन्हें कुछ नहीं मिला । सेफ में से 740 रुपये तथा कुछ पासपोर्ट लेकर ही वे फरार हो गये । उस समय एक लड़का मिश्र लाल अपने भाई के पासपोर्ट का पता करने के लिये वहां खड़ा था । उग्रवादियों ने उसे थप्पड़ मारे । 10-15 मिनट के बाद पुलिस वहां पहुंची । पुलिस का कहना है कि यह उग्रवाद की घटना मालूम नहीं होती । हो सकता है कि हमलावरों का एजैंसी मालिक के साथ कोई झगड़ा हो ।

वी.पी. सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि बोफ़ोर्स सौदे पर बिठाई गई संसदीय जांच समिति वांछित उद्देश्य पूरा नहीं कर पाएगी, क्योंकि इस समिति को मामले की विस्तृत जांच के अधिकार नहीं दिए गए हैं । श्री सिंह यहां महात्मा गांधी नगर में बुद्धिजीवियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि समिति को मंत्रालय से कुछ पूछने, सम्बद्ध मामले के कागजात देखने अथवा बोफोर्स से बात करने तक का तो अधिकार नहीं, फिर

Punjab Samachar

पत्नी द्वारा शोर मचाने पर दोनों उग्रवादी रेलवे स्टेशन की ओर पैदल ही भाग गए । श्रीमती रीटा को सिविल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । वरिष्ठ पुलिस व सी.आर.पी. अधिकारियों ने अपराधियों की तलाश में शहर की नाकाबंदी कर दी है ।

टीचरों की रोष हड़ताल आज

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में कल हड़ताल का आह्वान किया गया है । यह आह्वान टीचर्स रोष संघर्ष समिति की जिला इकाई ने किया है । इस समिति के महासचिव मास्टर रघुबीर सिंह ने बताया कि यह हड़ताल गत दिनों बटाला के निकट हुए बस यात्री हत्या कांड में मृतक सरकारी मुख्याध्यापक जोगेन्द्र पाल की हत्या के रोष स्वरूप की जाएगी । कल प्रातः नौ बजे डी.ए.वी. हाई स्कूल बटाला, सरकारी हायर सैकेंडरी स्कूल गुरदासपुर और शिमला पहाड़ी पठानकोट में रोष रैलियां आयोजित करके अधिकारियों को ज्ञापन दिए जाएंगे । ज्ञापनों में मांग की गई है कि लोगों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाए और मृतक अध्यापकों के परिवारों को पुलिस ढांचे पर सहायता दी जाए ।

हत्यारों की शिनाख्त

एस.एस.पी. जे.पी. बिरदी ने बताया कि कल प्रातः निकटवर्ती गांव तलवंडी ढाबांवाली में पंचायत सचिव सविंदर सिंह की हत्या के सम्बन्ध में दो आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है । इनमें एक गुरिंदर सिंह (भागोवाल) और गुरनाम सिंह (ढाबांवाली) हैं । दोनों ही पुलिस को कई हत्याओं और डकैतियों में वांछित हैं ।

दो खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): एस.पी. श्री पी.एम. दास ने बताया कि गत रात थाना भोलक पुलिस ने नंगल-लबाना सड़क पर नाकाबंदी की हुई थी कि तड़के दो खतरनाक आतंकवादियों को मामूली गए जबकि इनका तीसरा साथी बच कर निकल गया ।

कपूरथला पुलिस चीफ ने बताया कि आप्रेशन ब्लू स्टार के बाद लुबाना गांव में छः व्यक्तियों की हत्या करके सुच्चा सिंह पाकिस्तान भाग गया था । वह वहां फैसलाबाद जेल में करीब दो साल रहा ।

3उग्रवादी बंदी

अमृतसर (ह.स.): पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त नाका पार्टी ने आज तड़के मुठभेड़ के बाद मेहता चौक के निकट 3 उग्रवादियों मुखत्यार सिंह, अजीत सिंह और दिलबाग सिंह को गिरफ्तार कर लिया । मुठभेड़ के दौरान उनके 3 साथी बच निकले ।

हत्या

आज सायं अमृतसर के झब्बाल थाना क्षेत्र के ग्राम मीरांपुर में दो उग्रवादियों ने 47 वर्षीय विश्वनाथ के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी और स्कूटर पर फरार हो गए ।

राइफल छीनने वाला पकड़ा गया

अमृतसर में आज शाम 6.30 बजे दरबार साहब के गेट नम्बर तीन लाइब्रेरी प्वायंट पर तैनात सी.आर.पी. के एक जवान ने गोली चलाई जब एक युवक ने उससे राइफल छीनने की कोशिश की ।

प्राप्त सूचना में बताया गया है कि दरबार साहब के गेट पर सी.आर.पी. के जवान अपनी ड्यूटी पर तैनात थे कि एक युवक ने सी.आर.पी. के एक जवान पर हमला करके उसकी राइफल छीनने की कोशिश की जिस पर उस जवान ने आत्म रक्षा में फायर किया, लेकिन यह गोली किसी को नहीं लगी । इसी दौरान वहां पर तैनात अन्य जवानों की मदद से उस नौजवान को काबू कर लिया गया । सी.आर.पी. वाले पूछताछ के लिए उसे अपने साथ ले गए हैं ।

अमृतसर के घरिण्डा क्षेत्र में 2 स्थानों से 52 बंगलादेशी नागरिक पकड़े गए जो पाकिस्तान भागने का प्रयास कर रहे थे ।

स्क्रीनिंग जारी है । यह छापा ग्रंथी निरंजन सिंह की हत्या के सम्बन्ध में मारा गया । ग्रंथी की लाश पानी के टैंक के निकट पड़ी पाई गई ।

हत्या में एक उग्रवादी बंदी

कुछ माह पूर्व बहादुरगढ़ में एस्कार्ट्स फैक्टरी के पिछवाड़े जोगेन्द्र सिंह की उसके फार्म हाऊस में हत्या करने वाले चार उग्रवादियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है । उग्रवादी वहां हथियार छीनने आए थे । एस.एस.पी. ए.एस. बराड़ ने बताया कि ग्रंथी निरंजन सिंह, जिसका शव कल गुरुद्वारा दुखनिवारण साहिब से बरामद हुआ था, बहुत घटिया चरित्र वाला था और उसके उग्रवादियों से सम्बन्ध थे । उन्होंने बताया कि गत सोमवार को हुए दो बम विस्फोटों के सम्बन्ध में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है । तीन माह पहले गुप्तचरों ने सूचना दी थी कि खालिस्तान कमांडो फोर्स ने कुछ आधुनिक बम प्राप्त किए हैं । यह दो बम उसी किस्म के थे ।

स्कूटर छीना

2 उग्रवादियों ने आज सायं यहां से 25 कि.मी. दूर राजपुरा टाऊनशिप में गुरुद्वारा रोड पर विनोद कुमार से उसका स्कूटर पी.ए.पी.-3818 पिस्तौल की नोक पर छीन लिया ।

किसान की हत्या

जालन्धर (वार्ता): जालन्धर जिले के युसुफपुर दड़ेवाल गांव में कल रात तीन आतंकवादियों ने तेज हथियारों से एक किसान की हत्या कर दी । पुलिस ने मृतक का नाम जागीर सिंह (45) बताया है । पहले मिली खबर में कहा गया था कि जागीर सिंह की गोली मार कर हत्या की गई थी । पुलिस सूत्रों ने कहा कि हत्यारों को आशंका थी कि जागीर सिंह पुलिस का मुखबिर है और इसलिए उन्होंने उसकी हत्या कर दी । हत्या का पता आज सवेरे लगा ।

स्कूटर छीना

कल रात खाम्बड़ा गांव में जालन्धर निवासी हरीश कुमार से उग्रवादियों ने उसका स्कूटर छीन लिया ।

अधजला स्कूटर मिला

पुलिस सूत्रों के अनुसार आज प्रातः शाहकोट पुलिस थानांतर्गत गांव बाठकलां के बाहर एक बिना नम्बर का अधजला लावारिस स्कूटर पड़ा मिला ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

मशीनरी बिकाऊ

Complete Units of Nuts & U-Bolts, draw bench, nut cutting, tapping, linco press, lathe, Dynamo 300 Amp. Contact Sanjay Electronics, Main Road, Gangyal, Jammu.

लीज़

Rice Sheller one Ton Capacity New Plant for Lease. Contact : Dhaliwal, Dhuri Road, Amargarh (Sangrur).

ड्राईविंग सीखें

ड्राइविंग हैवी ट्रक कार (लाइसेंस समेत), टैलीविज़न, इलैक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपैंटर RCC बार-बैंडर, वैल्डिंग कोर्स । रिहायश फ्री, मिलें : नैशनल इंजीनियरिंग कालेज, पीछे बस स्टैंड की पानी वाली टैंकी, लुधियाना, फोन : 31437, ※सामने मेन गेट, बस स्टैंड, अमृतसर और खन्ना, ※184, मोता सिंह नगर, जालंधर ।

कार, मैटाडोर, जीप, मारुति सीखें । हिमाचल-विद्यार्थियों हेतु फीस 300/- महीना । खुल्लर ड्राईविंग स्कूल, सामने बरयाम सिंह अस्पताल, यमुनानगर (अम्बाला) ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 5.8.87 Rs. 44/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.10 per Dozen.

प्रवेश सूचना

National Institute of Technology & Management, SCO 378/32-D, Chandigarh invites applications from boys/girls for Degree/Diploma courses in Mechanical/Electronics Engineering, recognised by Central and State Governments. Matriculates or equivalent with Science and Maths may apply immediately. Prospectus with admission form can be obtained from the institute by sending Rs. 18/- through ucrossed postal orders/ Bank Drafts or Rs. 15/- at counter.

आवश्यकता

सेल्ज़ गर्ल्ज़ चाहिएं । हमारे प्रोडक्ट को डोर-टू-डोर बेचने के लिये वेतन/कमीशन पर सेल्ज़ गर्ल्ज़ चाहिएं, मिलें : 8-विकास नगर, सामने कांग्रेस दफ्तर, जी.टी. रोड, लुधियाना, फोन : 36981.

25 सिक्योरिटी गार्ड FCI गोदाम सोनीपत के

Last 3 Days

Ladies	—Rs. 50/-
Gents	—Rs. 75/-
Children	—Rs. 25/-

सेल मेल

BIG SALE

BE FIRST TO GET FIRST OF YOUR CHOICE

LADIES GENTS & CHILDREN SHOES

SUNDAY OPEN

nanda & nanda shoes

12 Old Courts, G. T. Road, JALANDHAR



भारतीय रेलवेज़,

में घुसे और सारी नकदी लेकर पैदल ही साथ वाली गली में गायब हो गए । पुलिस जांच कर रही है । न.न.अ. के अनुसार उग्रवादी एक कैलकुलेटर भी ले गये । एजैंसी के फील्ड अफसर श्री एम.एम. संगर ने बताया कि तीन उग्रवादी, जिनमें 2 पगड़ीधारी थे तथा एक क्लीनशेव था, उनके कार्यालय में दाखिल हुये । इनमें से 2 के पास रिवाल्वर थे । उन्होंने आते ही उन्हें गोली मारने की धमकी देकर 10 हजार रुपया मांगा । इसके साथ ही उन्होंने टैलीफोन की तारें काट दीं । कार्यालय की तलाशी लेकर उन्हें कुछ नहीं मिला । सेफ में से 740 रुपये तथा कुछ पासपोर्ट लेकर ही वे फरार हो गये । उस समय एक लड़का मिश्र लाल अपने भाई के पासपोर्ट का पता करने के लिये वहां खड़ा था । उग्रवादियों ने उसे थप्पड़ मारे । 10-15 मिनट के बाद पुलिस वहां पहुंची । पुलिस का कहना है कि यह उग्रवाद की घटना मालूम नहीं होती । हो सकता है कि हमलावरों का एजैंसी मालिक के साथ कोई झगड़ा हो ।

वी.पी. सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहाकि बोफ़ोर्स सौदे पर बिठाई गई संसदीय जांच समिति वांछित उद्देश्य पूरा नहीं कर पाएगी, क्योंकि इस समिति को मामले की विस्तृत जांच के अधिकार नहीं दिए गए हैं । श्री सिंह यहां महात्मा गांधी नगर में बुद्धिजीवियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि समिति को मंत्रालय से कुछ पूछने, सम्बद्ध मामले के कागजात देखने अथवा बोफोर्स से बात करने तक का तो अधिकार नहीं, फिर यह अपना मकसद कैसे पूरा कर पाएगी ।

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा जब तक राजनीतिक दलों का लोकतांत्रिकरण नहीं हो जाता, तब तक देश में स्थानीय स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्य पनप नहीं सकते हैं । श्री सिंह ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि जिन पार्टियों ने वर्षों से अपने संगठनात्मक चुनाव नहीं कराए उनसे अन्य क्षेत्रों में लोकतांत्रिक आदर्शों की उपेक्षा कैसे की जा सकती है । उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मर्यादा के तहत पहले तो सार्वजनिक उपक्रमों की प्रबन्ध व्यवस्था में श्रमिकों की भी भागीदारी होनी चाहिए और इसके बाद निजी कंपनियों के प्रबन्ध में भी उनकी भागीदारी होनी चाहिए ।

उन्होंने इस बात के संवैधानिक प्रावधान की मांग की कि राज्यों के स्थानीय निकायों के चुनाव महज मुख्यमंत्रियों और सत्तारूढ़ दलों की मर्जी से टाले न जाएं ।

काले झंडे

भूतपूर्व रक्षामंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को यहां रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ताओं ने काले झंडे दिखाए । इस दौरान पुलिस के लाठीचार्ज में दो कार्यकर्त्ता घायल हो गए । दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोगों ने विश्वनाथ प्रताप सिंह का गर्म जोशी से स्वागत किया । स्वागत करने वालों में गुजरात के भूतपूर्व मुख्यमंत्री चिमनभाई पटेल और महापौर जसपाल सिंह भी थे । श्री सिंह गुजरात की तीन दिन की यात्रा पर आए हैं ।

नई आवास कालोनी बनेगी

होशियारपुर, 5 अगस्त (अश्विनी) : होशियारपुर इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट ने स्थानीय माल रोड पर एक नई आवास कालोनी बनाने का फैसला किया है ।

Punjabi Samaten

दो उग्रवादियों, 5 कार सवारों सहित 11 मरे

चंडीगढ़, 6 अगस्त (हस): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान दो दुर्दांत आतंकवादियों सहित 11 व्यक्ति मारे गये । इनमें आतंकवादियों द्वारा मारे गये एक कार में सवार पांच व्यक्ति भी शामिल हैं । इस दौरान कई आतंकवादियों को विदेशी हथियारों तथा हैंड ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार किया गया ।

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा

अमृतसर (अशोक सोनी): स्वर्ण मंदिर परिसर की तंग गलियों में आज सुबह छत्तीस खुई चौक क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक खतरनाक आतंकवादी मारा गया । दोनों ओर से लगभग पांच मिनट तक चली गोलियों में एक नागरिक भी घायल हो गया । घटनास्थल पर तत्काल पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार मृतक एक कट्टर आतंकवादी था ।

मृतक के पास से एक हथगोला, जर्मन माऊज़र, स्वचालित पिस्तौल और पच्चीस कारतूस बरामद हुए ।

पुलिस ने कहा कि धर्म स्थल से निकले साईकल पर सवार दो आतंकवादियों को रुकने के लिये कहा गया तो उन्होंने केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की चौकी पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । इसके जवाब में सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं । दूसरा आतंकवादी भाग निकलने में सफल रहा । भाग रहे उग्रवादी की पगड़ी एक छीने गये साइकल पर ही रह गई, जिसमें से एक पिस्तौल बरामद हुई है । क्षेत्र की तलाशियों के आदेश दे दिये गये हैं ।

एस.एस.पी: श्री मोहम्मद इज़हार आलम ने बताया कि मृतक उग्रवादी अमरजीत सिंह उर्फ परमजीत सिंह, उर्फ बिट्टू, उर्फ शर्मा जिससे एक विदेशी पिस्तौल माऊज़र और 2 भरे हुये मैगज़ीन प्राप्त हुये हैं, कई मामलों में वांछित था । उसने अमृतसर जिला कचहरी से 3 विचाराधीन कैदियों को भगाया था । वह दरबार साहब परिक्रमा में सुखदेव सिंह, हंसली बाज़ार में पंजाब पुलिस के 2 सिपाहियों, ढाब बस्ती में इंका नेता गुलशन कुमार की हत्याओं सहित 22 आतंकवादी घटनाओं में वांछित था । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का सदस्य था ।

कल सायं इस क्षेत्र में एक उग्रवादी ने सुरक्षा कर्मी से राइफल छीनने की कोशिश की थी । इस पर जवान ने गोली चलाई लेकिन वह बच निकला । इस घटना के संबंध में क्षेत्र में कड़ी गश्त के निर्देश दिये थे ।

सरपंच ने उग्रवादी मारा

दूसरी वारदात शहर के बाहर सदर थाने के धौलपुर गांव में हुई । तीन आतंकवादी गांव के सरपंच चनण सिंह के घर में घुसे और सरपंच से ही पूछा कि उसका घर किधर है । चनण सिंह ने पास के एक घर की ओर इशारा कर दिया । ज्यों ही हमलावर दूसरे घर की ओर चले, त्यों ही सरपंच ने अपनी चारपाई के नीचे रखी लाइसैंसी बंदूक निकाली और उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । एक आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारा गया और दो अन्य भाग निकले । भागते समय इन दोनों ने गांव के बाहर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ ।

मृतक आतंकवादी की शिनाख्त थाना सदर अमृतसर के सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा के रूप में की गई है, जो कई आतंकवादी घटनाओं में संलिप्त था ।

रिटायर्ड तहसीलदार की हत्या

अमृतसर जिले के झब्बाल थाने के मिगनपुर गांव में कल रात करीब एक बजे तीन आतंकवादी एक घर में घुसे । उन्होंने सेवानिवृत्त तहसीलदार 60 वर्षीय पूरन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । श्री पूरन सिंह उस समय सो रहे थे । इस गांव में गत दिनों विश्वनाथ नामक व्यक्ति की भी इसी प्रकार हत्या कर दी गई थी ।

एक और हत्या

आज प्रातः अजनाला थाना के गांव हडाला में 2 उग्रवादियों ने एक ग्वाले सुदेश कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस उग्रवादियों की तलाश कर रही है ।

डाक्टर की हत्या

आज सायं अमृतसर के हरिके थानांतर्गत गांव परिगड़ी में दो आतंकवादियों ने एक डाक्टर कर्म चंद की गोलियां मार कर हत्या कर दी । डाक्टर अपनी दुकान में बैठा था, जब उग्रवादियों ने उस पर फ़ायरिंग की । कर्म चंद घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया ।

कम्युनिस्ट नेता श्री सतपाल डांग ने बताया कि 35 वर्षीय कर्म चंद सी.पी.आई. का सदस्य और पैरामैडीकल इम्प्लाईज़ यूनियन का महामंत्री था ।

घटनास्थल पर पाए गए एक पत्र के अनुसार कर्म चन्द की हत्या की जिम्मेदारी उग्रवादी रंजीत सिंह राणा के गिरोह ने ली है । उग्रवादी कर्म चन्द का स्कूटर भी साथ ले गए ।

अस्पताल में दम तोड़ गया

अमृतसर के जहाजगढ़ क्षेत्र में घायल पाया गया एक अज्ञात व्यक्ति अस्पताल में दम तोड़ गया । वह उत्तर प्रदेश का निवासी बताया जाता है ।

पांच कार सवारों की हत्या

अमृतसर-तरनतारन रोड पर बाद दोपहर लगभग 3-30 बजे मारुति कार सवार आतंकवादियों, जिनकी संख्या ज्ञात नहीं हो सकी, द्वारा फिएट कार में सवार जिन पांच व्यक्तियों की हत्या की गई, उन सभी मृतकों की शिनाख्त कर ली गई है । सभी मृतक अमृतसर की बाह्य आबादी गोल्डन एवैन्यू के रहने वाले थे और उनमें से चार एक ही परिवार के थे जबकि एक उनका पड़ौसी था । मृतकों के नाम इस प्रकार हैं :

जोगेन्द्र पाल (55), जोगेन्द्र पाल का बेटा राजेश कुमार (23), जोगेन्द्र पाल का भतीजा सुदेश कुमार (22), जोगेन्द्र पाल की बहन का लड़का प्रवीण कुमार (27), जोगेन्द्र पाल का पड़ौसी कुलवंत राय (30) । बताया जाता है कि सभी मृतक यहां कबाड़ी का कारोबार करते थे और सभी पंजाब रोडवेज के जगरांव डिपो में किसी नीलामी पर गए हुए थे ।

बताया जाता है कि ये लोग जगरांव से अमृतसर वापस आ रहे थे कि रास्ते में बिस्कुटी रंग की मारुति कार में आतंकवादियों ने स्टेनगन से मृतकों की फिएट कार पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे फिएट कार वालों ने आतंकित होकर कार सम्भवतया पुनः तरनतारन की ओर मोड़ ली लेकिन इसके बावजूद आतंकवादियों ने लगभग 100 गज तक उनकी कार पर स्टेनगन से फायरिंग की तथा बाद में मारुति आगे लाकर फिएट कार को रोक लिया । फिर मारुति कार में से एक आतंकवादी उतरा और उसने कार के अंदर बैठे लोगों पर फायरिंग की, जिसमें कार में बैठे सभी पांचों व्यक्ति मारे गए । यह घटना जिस स्थान पर हुई है, वहां काफी दुकानें हैं और वहां काफी रौनक होती है ।

पुलिस के अनुसार उग्रवादियों ने 50 से अधिक गोलियां चलाईं । पांचों मृतकों के शरीरों से चार-चार, पांच-पांच गोलियां निकलीं । कार के मालिक व मृत सुरेश कुमार के पिता सतपाल महाजन ने बताया कि उनकी पत्नी की उग्रवादियों ने गत वर्ष हत्या की थी और इसी वर्ष एक दुर्घटना में उनका दूसरा पुत्र भी मारा गया था । केवल सुरेश कुमार ही उनके परिवार में रह गया था । उन्होंने

(शेष पृष्ठ 6 पर)



दीवार को उग्रवादियों ने तरनतारन रोड पर दुबुर्जी के पास एक कार सवार, एक ही समुदाय के पांच लोगों की (चित्र 1-5) की हत्या कर दी, (6) कार का निरीक्षण करते हुए आई.जी. व डी.आई.जी., (7) एक मृतक का पिता व अन्य शोकग्रस्त लोग, (8) कार के अंदर खून का ढेर आदि । *(छाया : रवि भंडारी)*

Punjab Sanatan

चुनाव खुद करती तो फ़ायदा सदर ज़िया को होता : बेनज़ीर



कहा कि मैं अगर कोई दूसरा रास्ता अपनाती तो कई अफ़वाहें फैलतीं, जो हानिकारक हो सकती थीं । उन्होंने बताया कि रिश्ता उनकी मां और आसिफ़ की सौतेली मां ने किया था, और उनके (बेनज़ीर के) घर वालों ने स्पष्ट कर दिया था कि राजनीति में उनका

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

रोते हुए कहा, 'उग्रवादी मुझे भी मार देते तो अच्छा होता । उन्होंने बताया कि ये लोग 5 हजार रु. लेकर कबाड़ खरीदने जा रहे थे । सी.आर.पी. के आई.जी.सी. सुब्राह्मण्यम, डी.आई.जी. श्री विर्क उपायुक्त आदि ने घटनास्थल का दौरा किया । पुलिस ने आस पास के ग्रामों की तलाशी ली पर कोई पकड़ा न जा सका ।

यह घटना अमृतसर से लगभग 15 किलोमीटर दूर गांव कोट दसौंधी मल के निकट हुई और कार में तीन या चार उग्रवादी सवार थे ।

आज 'बंद'

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति अमृतसर के प्रधान डा. बलदेव चावला ने रात्रि एक वक्तव्य में उक्त पांचों हत्याओं के विरोध में 7 अगस्त को अमृतसर बंद का आह्वान किया है ।

6 गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के लिए काम करने के आरोप में कल रात अमृतसर जिले में छापे मार कर 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । इनकी शिनाख्त मुखत्यार सिंह, अजीत सिंह, दिलबाग सिंह, धीर सिंह, बचन सिंह और सुखदेव सिंह के रूप में हुई है ।

फ़ायरिंग में सरपंच घायल

फगवाड़ा (कौड़ा): आज बाद दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे जिला कपूरथला के थाना सुलतानपुर लोधी के गांव कालड़ में एक स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों ने गांव के सरपंच पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं और स्कूटर नम्बर पी.यू.सी. 3772 चेतक बजाज पर फ़रार हो गए । सरपंच गोलियों से घायल हो गया, जिसे सिविल अस्पताल कपूरथला में दाखिल कराया गया ।

पुलिस ने बताया कि आज अपरान्ह दो स्कूटर सवार उग्रवादी सरपंच के घर आए और उसके पुत्र से सरपंच के बारे में पूछताछ की । उग्रवादियों के हाथों में रिवाल्वर देख कर सरपंच के पुत्र ने शोर मचा दिया । इससे वहां ग्रामीण आ गए । उन्हें देख कर उग्रवादी भाग गए । इसी बीच किसी ग्रामीण ने पुलिस को सूचित किया कि सरपंच की हत्या कर दी गई है । जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो पता चला कि घटना के समय सरपंच घर पर नहीं थे ।

उग्रवादी बंदी

संगरूर (गोयल): जिला पुलिस ने एक उग्रवादी बशीर उर्फ़ मोठू (जमालपुर) को गिरफ़्तार करके एक देसी पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए ।

जेल में मुठभेड़, एक काबू

पटियाला (भूषण) : कल आधी रात को सैंट्रल जेल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी जोगेन्द्र सिंह (बैरोवाल) पकड़ा गया और 3 अन्य भाग गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार 4 संदिग्ध व्यक्तियों को सैंट्रल जेल के मुख्य द्वार पर घूमते हुए देख कर सुरक्षा बलों ने ललकारा । इस पर दोनों ओर से फ़ायरिंग हुई, जिसमें जोगेन्द्र सिंह पकड़ा गया ।

'ह.स.' के अनुसार पुलिस ने घटना इस प्रकार बताई है । 4 उग्रवादी लूट के लिए एक घर में घुसे । शोर मचाने पर लोग उनके पीछे भागे । कुछेक ने गोलियां भी चलाई हैं । 2 उग्रवादी एक स्कूटर पर सैंट्रल जेल की तरफ़ भागे । सामने से पुलिस पार्टी को आते देख कर उन्होंने स्कूटर वहीं छोड़ा और जेल परिसर में भाग गए । वहां से एक उग्रवादी को पकड़ लिया गया ।

छुरा घोंप दिया

आज दोपहर सवा 12 बजे यहां लोकल बस स्टैंड और कालोनी के बीच 3 उग्रवादियों ने एक 19 वर्षीय युवक योगेश की पीठ में दाईं और छुरा घोंप दिया । उसे गम्भीरावस्था में राजेन्द्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

मोटर साइकिल छीना

दो उग्रवादियों ने आज दोपहर यहां से 25 कि.मी. दूर राजपुरा की प्रताप नगर कालोनी में विशाल नामक युवक से उसका नया बिना नं. हीरो होंडा मोटर साइकिल छीन लिया । उग्रवादी अपना स्कूटर पी.ए.आई. 77 वहीं छोड़ गए ।

लुधियाना (मुसाफिर): डी. आई. जी. (आप्रेशन्ज) श्री सी पाल सिंह ने आज यहां अर्द्ध सैनिक बलों के अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें निर्देश दिया कि वे अधिकाधिक सतर्क रहें और उग्रवादियों के विरुद्ध अपना अभियान और तेज कर दें । इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही न दिखाएं । उग्रवाद की रोक थाम के लिए कड़े पग उठाएं और गश्त तेज कर दें ।

4 उग्रवादी बंदी

मोगा (वार्ता): फरीदकोट जिला पुलिस ने गत रात विभिन्न स्थानों पर नाकेबंदियों के दौरान 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके 4 पिस्तौलें और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए हैं । इनकी शिनाख्त महेंद्र सिंह, मेहताब सिंह, दर्शन सिंह और पिपल सिंह के रूप में हुई है । इन्होंने गत माह कोटकपूरा के निकट चन्नीवाल में ठेके के मालिक की हत्या करने के अलावा स्कूटर और ट्रैक्टर छीनने की वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है ।

हथगोले सहित बंदी

भटिंडा से प्राप्त एक सूचना के अनुसार पुलिस ने एक उग्रवादी रणधीर सिंह उर्फ़ धीरा को नाईयांवाला गांव के निकट गिरफ्तार करके उससे एच.ई.-36 किस्म का हथगोला बरामद किया है ।

घायल कर दिया

जालन्धर (ह.स.): आज प्रातः यहां भार्गव गांव के निकट अज्ञात व्यक्तियों ने रत्न लाल नामक व्यक्ति को तेज़धार हथियारों से घायल कर दिया । उसे स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी दशा खतरे से बाहर है ।

खेतों की तलाशियां

गुरदासपुर (वार्ता): कल रात उग्रवादियों और हथियारों की खोज में सुरक्षा बलों ने जिला पुलिस चीफ जे.पी. बिरदी के नेतृत्व में दीनानगर-बहरामपुर सड़क क्षेत्र में खेतों में तलाशियां लीं । 4 घंटे तक चली इस खोजबीन से सुरक्षा बलों के हाथ क्या लगा है, इस बारे अधिकारी चुप्पी साधे हुये हैं ।

टीचरों द्वारा रोष हड़ताल

बटाला-काहनूवान सड़क पर बस यात्री हत्याकांड में सरकारी मुख्याध्यापक जोगेंद्र पाल की हत्या के विरोध में जिला भर के सरकारी और मान्यता प्राप्त प्राईवेट स्कूलों के टीचरों ने आज रोष हड़ताल, रैलियां और प्रदर्शन किया । गुरदासपुर के नेहरू पार्क में लगभग 1000 टीचरों ने रैली की और जलूस के रूप में जिलाधीश को एक ज्ञापन दिया । इसमें मांग की गई कि मारे जाने वाले टीचरों के परिवारों को पुलिस ढांचे के अनुसार सहायता दी जाए तथा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जाएं । स्कूल का समय एक घंटा घटा दिया जाए ताकि सभी समय पर घर पहुंच सकें । हिटलिस्ट में शामिल टीचरों को सुरक्षित स्थानों पर तबदील किया जाए । टीचरों के प्रवक्ता ने बताया कि अब तक जिला में 19 शिक्षक मारे जा चुके हैं । बटाला और पठानकोट में भी हड़ताल, रैलियों, प्रदर्शन और ऐसे ही ज्ञापन दिये जाने की सूचनाएं मिली हैं ।

फरार कैदी गिरफ्तार

धूरी से सिंगला के अनुसार दया सिंह नामक एक कैदी, जो गत 13 जुलाई को मालेरकोटला की उप जेल से फरार को गया था, को बुधवार को पटियाला के गांव राखेड़ा से गिरफ्तार कर लिया गया । यह जानकारी पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह संधु ने दी ।

जम्मू में तीन संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

जम्मू (सच्चर): कल रात पुलिस के एक उड़न दस्ते ने दिल्ली के नम्बर प्लेट वाली एक कार का पीछा करके कार में सवार तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके पास से दो बन्दूकें और कुछ तेज धार हथियार बरामद किए हैं । कार का ड्राइवर व एक अन्य व्यक्ति अंधेरे में फरार हो गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

उग्रवादी बंदी

श्रीनगर : श्रीनगर पुलिस ने आज यहां एक आतंकवादी सरबजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पंजाब पुलिस तलाश कर रही थी । पुलिस सूत्रों के अनुसार सरबजीत सिंह पंजाब के कपूरथला जिले का रहने वाला है ।



पटियाला में उग्रवादियों ने छुरा मार कर 19 वर्षीय योगेश कुमार को घायल कर दिया । (छाया : राजू)



पटियाला के सैंट्रल जेल का मुख्य द्वार जहां से उग्रवादी जेल के अन्दर प्रविष्ट हुए । (छाया : राजू)

शिक्षा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

लुधियाना, 6 अगस्त (धीमान): पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना ने शिक्षा सत्र पुनः स्थगित कर दिया है । यह सत्र 4 अगस्त से प्रारम्भ होना था, जिसे 11 अगस्त पर स्थगित कर दिया गया था, अब इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है । कुलपति डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि 11 अगस्त को इस मामले पर पुनर्विचार होगा, फिर नई तिथियों का निर्णय होगा । बताया जाता है कि शिक्षा सत्र स्थगित करने का एक कारण विश्वविद्यालय के अध्यापकों की हड़ताल भी है ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 6.8.87 Rs. 44/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.10 per Dozen.

शिक्षा

सातवीं, आठवीं, नौवीं फ़ेल शर्तिया व गारंटी से मैट्रिक पास करें । मैट्रिक पास या 10+1 फ़ेल 10+2 करें । Metro College, Bazar Narsinghdass (Near Majith Mandi), Amritsar. Phone : 47664.

प्लाट बिकाऊ

गोबिन्दपुरी, सामने महसूल चुंगी, फिरोजपुर रोड, लुधियाना में शानदार प्लाट खरीदिये । राज प्रापर्टी डीलर्ज़, गोबिन्दनगर, अम्बाला छावनी, फोन : 21685 (पंजाब ब्रांच)-शामनगर निकट जनरल बस स्टैंड, लुधियाना ।

हकलाना

सावधान, हमसे इलाज करवा कर गये कुछ लड़कों ने हरियाणा, यू.पी., राजस्थान में नकली स्कूल खोले हुए हैं । वहां सही इलाज नहीं हो रहा, कहीं बाद में आपको पछताना न पड़े । पब्लिक सीनियर हंसीनगर



Punjabi Sanatani

अगस्त तक की नाजुक अवधि के दौरान आतंकवादी वारदातों में वृद्धि होगी । राज्य भर के सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है ।

आतंकवादियों ने कल आधी रात के वक्त जगदेव कलां गांव में 12 व्यक्तियों को गोलियों से मार डाला । यह अमृतसर में अब तक का भीषणतम नरसंहार है । आतंकवादी 40 मिनट तक गोलीबारी करते रहे । अमृतसर जिला में 3 अन्य व्यक्तियों की हत्याएं भी की गईं।

लुधियाना जिले में 3 और गुरदासपुर में एक व्यक्ति की हत्या की सूचना मिली है । जालन्धर जिले में एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया ।

12 व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर (भाटिया, सोनी): कल आधी रात के आसपास एक वारदात में चौदह आतंकवादियों ने अमृतसर से लगभग 20 किलो मीटर दूर जगदेवकलां गांव में 12 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

यहां राज्य मुख्यालय में प्राप्त आधिकारिक खबरों के अनुसार स्टेनगन, राइफलों और बंदूकों से लैस आतंकवादियों ने आधी रात के समय गांव को घेर लिया और नरसंहार शुरू कर दिया ।

40 मिनट की अपनी रक्त-रंजित कार्रवाई में सब से पहले उन्होंने घर के बाहर सो रहे परिवार के 6 सदस्यों को गोलियों से भून डाला । इसके बाद उन्होंने एक और परिवार पर हमला करके एक महिला सहित 4 सदस्यों की हत्या कर दी । बाद में उन्होंने 2 अन्य व्यक्तियों को गोली मार दी ।

पैदल भाग निकलने से पहले उन्होंने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए । वारदात के छः घंटे बाद आज सुबह, मृतकों के एक सम्बन्धी ने पुलिस को घटना की सूचना दी ।

आतंकवादी सब से पहले रवीन्द्र कुमार के घर गए और उसे लेकर अर्जुन दास के घर पहुंचे । वहां उन्होंने रवीन्द्र कुमार, अर्जुन दास और पांच अन्य को एक कतार में खड़ा कर उन्हें गोलियों से भून दिया । सातों व्यक्तियों की वहीं मृत्यु हो गई ।

इसके बाद हत्यारे इन्द्रजीत के घर गए और वहां सो रहे चार व्यक्तियों की हत्या कर दी । बाद में उन्होंने सुदेश कुमार की उसके घर पर हत्या कर दी । सुदेश कुमार के दोनों भाइयों ने मकान की पहली मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई ।

मृतकों में छुट्टी पर घर आया सेना का एक जवान बलराज कुमार, उसके पिता इन्द्रजीत (65), और उसके भाई संजीव कुमार शामिल हैं ।

अन्य मृतकों में अर्जुन दास (53), उसके चार लड़के रमेश कुमार (35), ओम प्रकाश (30), बिट्टो (25) और मन्ना (15) और उनके भतीजे शिव कुमार (35), रत्न देवी (86), रविंद्र कुमार (46) और नवविवाहित सुदेश कुमार (27) शामिल हैं ।

घटनास्थल पर उस समय बड़ा मार्मिक दृश्य पैदा हो गया जब मृतकों के रिश्तेदार लाशों पर बिलख-बिलख कर रोने लगे, शवों को चारपाइयों पर डालकर गांव की डिस्पैंसरी ले जाया गया, जहां दी थी । सी.आर.पी.एफ. के आई.जी. सी. सुब्रह्मण्यम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल, एस.एस.पी. इजहार आलम सहित वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

अशोक सोनी के अनुसार रात्रि 12.30 बजे के लगभग एक दर्जन उग्रवादी थाना मजीठा के ग्राम जगदेव कलां में आए और गांव के हिन्दुओं के परिवारों के पुरुषों को चुन-चुन कर मार डाला । जिस प्रकार से उग्रवादियों ने घटना क्रम शुरू किया उसके बारे में बताया जाता है कि सबसे पहले यह आतंकवादी गांव के एक किरयाना दुकानदार रविन्दर कुमार के घर गए और उसे बन्दूक की नोक पर घर से बाहर ले आए । इसके बाद रविन्दर कुमार को इन उग्रवादियों ने निर्देश दिया कि वे उनके साथ चल कर जानकी दास के घर आवाज लगाए ताकि अर्जुन दास दरवाजा खोले । इस पर रविन्दर कुमार उनके साथ चल पड़ा और उसने अर्जुन दास के घर जाकर आवाज लगाई । अर्जुन दास के दरवाजा खोलते ही सभी उग्रवादी अर्जुन दास के घर में घुस गए और घर की छत पर सोए अर्जुन दास के चारों बेटों व अर्जुन दास के भाई दुर्गा दास के अलावा शिव कुमार को छत से नीचे उतार लिया और सभी सातों व्यक्तियों को घर से बाहर ले आए और साथ वाले घर की दीवार के साथ खड़े करके इन सातों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस परिवार को समाप्त करने के बाद ये उग्रवादी सुरेश कुमार के घर में घुसे । उग्रवादियों को घर में घुसते देख कर सुरेश कुमार के दो भाई तरसेम लाल और मनोहर लाल जो एम. बी. बी. एस. डाक्टर हैं, घर की छत से छलांगें लगा कर बाहर भाग गए लेकिन अभागा सुरेश कुमार भाग न पाया । उग्रवादियों ने सुरेश को गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । सुरेश की हत्या का सर्वाधिक दुखद पहलू यह है कि सुरेश कुमार के विवाह को दो माह भी अभी पूरे नहीं हुए थे और उसकी नवविवाहिता पत्नी रजनी बाला सदमे को बर्दाश्त न करते हुए मूर्छित हो गई है । इसके बाद उग्रवादी इंद्रजीत के घर में घुस गए और इंद्रजीत, उसके बेटे बलराम, इंद्रजीत के भाई अमरचंद के लड़के संजीव कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जब उग्रवादी इनकी हत्या कर रहे थे उनकी दादी रत्न देवी बलराम व संजीव के ऊपर लेट गई तो उग्रवादियों ने उसे भी गोली मार का मार डाला । बलराम ई.एम.ई. का कर्मचारी था और एक सप्ताह पूर्व ही छुट्टी पर आया था । रविन्दर कुमार अपने पीछे अपनी विधवा पत्नी व तीन नन्हें बच्चों रजनीश, ऋषि व अनुराधा छोड़ गया है । अर्जुन दास का सबसे बड़ा बेटा रमेश उर्फ रमन कुमार अपने पीछे विधवा सरोज व दो छोटे बच्चे मीनू और मनु छोड़ गया है । इस लोमहर्षक नरसंहार की सूचना पुलिस को आज प्रातः 6 बजे मिली और एस.एस.पी. इजहार आलम, डी.आई.जी. सी.आर.पी. एस.एस. बिर्क, अमृतसर के उपायुक्त, आई.जी.सी.आर.पी.सी. सुब्राह्मण्यम, अन्य पुलिस व सी.आर.पी. कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे । श्री इजहार आलम ने बताया कि यह कार्रवाई खालिस्तान कमांडो फोर्स द्वारा की गई है जिसमें रंजीत सिंह राणा के गिरोह का पूर्ण योगदान है ।

सिखों ने अल्पसंख्यकों की रक्षा का आश्वासन दिया था । जगदेव कलां के चार-पांच कम्युनिस्ट युवकों के पास लाइसैंसी बन्दूकें हैं लेकिन दुर्भाग्य से ये युवक घटना वाली रात किसी कारणवश ग्राम से बाहर थे । अब जगदेव कलां के शेष हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए सी.आर.पी. की चौकी पुनः बहाल कर दी गई है । यहां यह उल्लेखनीय है कि गत माह 25 जुलाई को इसी ग्राम के एक शिष्टमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से कहा था कि चौकी हटाए जाने से हिन्दुओं को काफी खतरा उत्पन्न हो गया है पर पुलिस ने उनके आग्रह पर ध्यान नहीं दिया । श्री इजहार आलम ने कहा कि इस बात की पूरी आशंका है कि उग्रवादी और तेजी से वारदातें करेंगे और सामूहिक नरसंहारों में 40-50 लोगों की हत्या कर सकते हैं क्योंकि अब उग्रवादी अपनी पूरी ताकत और अपने सभी उपलब्ध हथियारों के साथ वारदातें करने को बाहर आ गए हैं । उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश यही है कि हम उग्रवादियों को अपनी गतिविधियों में सफल न होने दें लेकिन हमारी मजबूरी है कि उग्रवादियों की पहचान नहीं है जबकि हमारी पहचान हमारी वर्दियां हैं हम तो हाल्ट कह कर गोली चलाते हैं पर उग्रवादियों को कोई मजबूरी नहीं है और फिर हर गांव व हर नागरिक को सुरक्षा नहीं दी जा सकती और न ही वर्तमान पुलिस बल से ऐसा सम्भव हो सकता है । उन्होंने कहा कि पुलिस कितनी भी अधिक क्यों न हो, सभी को सुरक्षा देना सम्भव नहीं है । उग्रवादियों को भगाने के लिए जनता ही सहयोग दे सकती है और ऐसा करने के लिए लाइसैंस शुदा लोगों को ही अपने हथियारों से उग्रवादियों का मुकाबला करना होगा । इसीलिए ग्रामों में सुरक्षा समितियां बनाई जा रही हैं ।

3 और हत्याएं

तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्त्ता तिलक राज की कल रात गोली मार कर हत्या कर दी और पार्टी के एक अन्य कार्यकर्त्ता दलबीर सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । घटना के समय ये लोग सो रहे थे ।

दो व्यक्तियों की तरनतारन थाना के नौरंगाबाद गांव में हत्या कर दी गई । इनके शव आज सुबह ईंटों के भट्ठे के निकट से बरामद हुए । मृतकों में एक का नाम मोहन लाल बताया जाता है । पुलिस का कहना है कि यह हत्याएं आतंकवादियों ने की हैं ।

कर्फ्यू खत्म

एस.एस.पी. मोहम्मद इजहार आलम ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने कल अमृतसर बंद का आह्वान वापिस ले लिया है । इस आश्वासन के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू आज सायं छः बजे हटा लिया । तरनतारन के निकट मारे गए पांच व्यक्तियों जोगेंद्र पाल, उसके बेटे राजेश कुमार, दो रिश्तेदारों सुदेश कुमार और प्रवीण कुमार तथा पड़ोसी कुलवंत के शवों को जब अंत्येष्टि के लिए कड़े सुरक्षा प्रबन्धों के बीच दुर्ग्याणा श्मशानघाट ले जाया जा रहा था तो हाथी गेट के पास पथराव शुरू हो गया । क्रुद्ध युवकों ने पुलिस पर पथराव किया और पुलिस विरोधी नारेबाजी की, जबकि पुलिस ने गोली चलाई । गोली चलाए जाने से तीन युवक प्रदीप कुमार (23), अनिल कुमार आठ पुलिस कर्मियों सहित कुल 11 व्यक्ति घायल हुए हैं । दो व्यक्ति पुलिस फायरिंग और एक व्यक्ति सिनेमा पर पथराव के कारण घायल हुआ । जिलाधीश ने कहा कि पुलिस ने सात चक्र गोलियां चलाईं । भीड़ ने पुलिस कर्मियों पर फायरिंग की, एक स्कूटर को जलाया, लोक सम्पर्क विभाग की प्रचार गाड़ी, जो कर्फ्यू लगाए जाने की घोषणा कर रही थी, को तोड़ डाला, एक समुदाय के लोगों को पीटा, पुलिस कर्मियों को घसीटा और ट्रैफिक पुलिस वालों की बुरी तरह पिटाई की । एक प्रश्न के उत्तर में जिलाधीश ने कहा कि लाठीचार्ज अथवा आंसू गैस इसलिए सम्भव नहीं थी, क्योंकि उस समय पुलिस भीड़ के घेरे में थी । श्री आलम ने पुलिस के संयम की सराहना की ।

बंद आंशिक

अमृतसर में आज अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगने से पूर्व कल तरनतारन के निकट 5 कार सवारों की हत्या के विरोध में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के आह्वान पर बंद का प्रभाव आंशिक रहा । पट्टी, अजनाला, तरनतारन, रैय्या और बाबा बकाला में एक ही समुदाय के लोगों ने अपनी दुकानें बंद रखीं ।

जिला लुधियाना में 2 हत्याएं

लुधियाना (महिन्द्रा): कल रात जिला लुधियाना के मौजा कोनकेकलां में दो आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । बताया जाता है कि लगभग आधी रात को आतंकवादी एक व्यक्ति बीरसिंह के घर गए । वह अपने मकान की छत पर सो रहा था । उन्होंने छत पर चढ़कर उसे सोते में ही गोली मार दी, जिससे वह घटनास्थल पर ही मर गया । इसके बाद वे इसी गांव में पंचायत के सदस्य श्री पाल सिंह के घर गए । उसकी भी सोते समय ही गोली मार कर हत्या कर दी गई । पुलिस के अनुसार आतंकवादी पैदल आए थे और हत्याएं करके पैदल ही चले गए ।

एस.एस.पी. ए.पी. पांडे ने बताया कि बीर सिंह के भाई मोहन सिंह की भी गत वर्ष अक्तूबर में उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी । इस हत्या कांड में वांछित दल्ले गांव का दर्शन सिंह अभी भी फरार है । कल रात हुए हत्या कांड में भी वह संलिप्त था ।

शव मिला

लुधियाना जिला में भाटियां गांव के निकट जी.टी. रोड पर एक शव बरामद हुआ है । इसकी शिनाख्त कस्तूरी लाल (35) के रूप में हुई है ।

गुरदासपुर के निकट हत्या

गुरदासपुर (विनोद): चार आतंकवादियों ने कल रात श्रीहरगोबिन्दपुर थाना के गांव बलपुर में एक व्यक्ति अवतार सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना रात साढ़े नौ बजे हुई और आतंकवादी वारदात के बाद फरार हो गए । 'कोछड़' के अनुसार मृतक का नाम अपार सिंह था और भूत आदि निकालता था । उग्रवादियों ने उसे घर से बाहर बुलाकर हत्या कर दी ।

एक आतंकवादी गिरफ्तार

गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने

(शेष पृष्ठ 10 पर)



जगदेव कलां में मारे गये लोगों के शव (1-12), बिलखते परिवारजन (13-16), शवों को चारपाइयों पर ले जाते हुए ग्रामीण (17) (छाया : भंडारी)

केन्द्र ने आतंकवादी गतिविधियां बढ़ने की आशंका से उत्तर भारतीय प्रदेशों को अलर्ट कर दिया

नई दिल्ली, 7 अगस्त (जी.एस. चावला): आतंकवादियों द्वारा आगामी 8-10 दिनों में किसी

राजधानी में आतंक

स्कूली बच्चों की गाड़ियों में भी सुरक्षा गार्ड भेजने का

में हुई वृद्धि से भी चिन्ता है ।

Punjabi Sanjhani

श्रद्धांजलि

VINSAN
STAINLESS STEEL KITCHEN SET
Marketed by:
SUN TRACK HOME MAKERS
SCO 284, Sector 32-D, Chandigarh

CITY EDITION ★

THE TRIBUNE

Regd. No. NW/CH-1

107TH YEAR OF PUBLICATION

Vol. 107 No. 218

Chandigarh : Saturday, August 8, 1987

Re 1

GEMCO
ELECTRIC MOTORS
1/2 H.P. To 40 H.P. WITH CLASS 'E' INSULATION
MANUFACTURED BY
GENERAL ELECTRICAL MFG CO (REGD.)
OFFICE 71 QUEENS ROAD AMRITSAR
FACTORY 267 A FAST SATHAN NAGAR
PHONES: OFFICE: 63597 RESI: 64679

12 massacred in Amritsar village

From P.P.S. Gill

JAGDEV KALAN (Amritsar), Aug 7 — In a ghastly act, the terrorists shot dead 12 persons, all belonging to one community, in this large village shortly after midnight last night.

(Seven more persons, including a terrorist, were killed in other incidents during the past 24 hours in Punjab).

The stillness of the moon-lit night was shattered by the echo of bullets fired by a dozen armed men who went to four houses in the middle of the village. Scaling walls, the targets were carefully picked and shot at point blank range.

The assailants, according to the police, spent about 40 minutes in the village and used an assortment of weapons to snuff out innocent lives. The Senior Superintendent of Police, Mr Izhar Alam, told this correspondent that he thought the "Khalistan Commando Force", was behind the gruesome killings. The operation could have been carried out by the gang of Ranjit Singh Rana, Karaj Singh and Malkiat Singh, he added.

The first to be picked up by the terrorists was Ravinder Kumar (40) from his House. He was brought to the house of Arjan Das (55), who lived with his brother Durga Dass and other members of the family. According to Durga Dass (60), the terrorists abused and woke up the other members and took them out to a street corner. "Just outside my house all seven were shot dead."

Those killed were Ravinder Kumar, Arjan Das and his four sons — Raman Kumar (35), Om Parkash (30), Bittu (28) and Manna (25). The seventh to be shot was Shiv Kumar (30), son of Durga Dass, who had adopted him.

Sitting cross-legged on a wooden bench in his house, Durga Dass said he escaped by jumping from the rooftop where he was sleeping. In the process, he sprained his ankle and bruised his back and belly. "I am unable to walk and join others in the village dispensary where the bodies have been kept," he sighed, wiping a tear.

Raman Kumar leaves his widow Saroj and daughter Monu, 28 and five years old respectively.

Durga Dass pointed towards a wooden ladder which the terrorists had used to scale the high wall and jump on the rooftop where the family was asleep. "The women and children were not touched."

Ravinder Kumar leaves his widow, Preet, and three teen-age children — Avnish and Rishi (sons) and Anuradha. While Shiv Kumar has left his widow, Neelam, and three teen-age children — two daughters, Kiran Bala and Tripat Devi, and a son, Prince Kumar. So shocked and dazed was Durga Dass that he had to ask a neighbour for the names of his family members. The neighbour, a young Sikh woman, had brought water for him and pleaded with him to have at least tea.

The next target of the terrorists was Sudesh Kumar, an employee of the PSEB. Sudesh was married less than two months ago and leaves his widow, Ranjana, to mourn his loss.

He lived with his brothers, Tarsem Kumar and Dr Manohar Lal, who said: "We woke up like the rest of the people on hearing the sound of firing and shuffling of feet. We jumped into neighbour Jarnail Singh's house and thus escaped sure death."

Both brothers asked the Deputy Commissioner, Mr Sarbjit Singh: "What use is it to have the police in the village now?" He said the police picket was removed from the village on July 26. Despite the pleas of the Hindu families it was not posted back. "The Superintendent of Police, whom we met in the absence of the SSP, said: 'Our police is not safe in the village'. If that was so, how about us — 12-odd families? were enquired".

The police picket was shifted to Khatari Kalan, 8 km away.

The last target was the house of the village elder, Inderjit (65). The terrorists shot him dead along with his son, Bal Ram Kumar (26), who was with the E.M.E. and was on leave. In the same house were gunned down Sanjeev Kumar (17) and Mrs Ratna Devi, an 85-year-old widow and mother of Inderjit.

According to Tilak Raj, only two assailants jumped over the wall, while the rest stood outside. It was around 12.45 a.m. and "we were awake having heard the noise and commotion but could not comprehend what was going on". After a pause he went on: "It was Inderjit who brought us up. He is no more. Why did they not kill me instead?", he sobbed uncontrollably.

Sanjeev Kumar is the son of Ram Chander, a brother of Tilak Raj. "My son had just got admission in plus two. What shall we do now?" his father wailed. It was a pathetic scene with wives of Tilak Raj (Darshna Devi) and Ram Chander (Tripta) splitting their hair and beating their breasts near pools of blood.

Ranjana sat beside the body of her husband, Sudesh Kumar. There were no tears in her eyes, the shock had frozen them. They were married only two months ago.

Preet, mother of three teen-age children, including two sons, sat dazed beside her mother-in-law, Suhagwanti, on the yellowing grass on the village hospital lawns. On one of the cots lay her husband, Ravinder Kumar, who was the first to be forced out of his newly acquired house. She could not utter a word.

Neelam is the wife of Shiv Kumar, who was adopted by his uncle, Durga Dass, some 30 years ago. Having brought him up and settled him in his own shop, the old man had woven dreams about his grandchildren-grandson Prince and granddaughters, Kiran and Tripta. "What face will I show to the world?" he sobbed. Like other widows, Neelam too had been a witness to the killings.

Saroj, with her two children kept awake the whole night with Meena and Monu clinging close to her bosom. For fear of the return of the terrorists, no one stirred out of his house in the village the whole night. Everyone must have been awake waiting for the dawn — a black day. Bittu, her "devar", is said to have died moaning for a sip of water. Each bled to death. Saroj's husband, Raman Kumar, is one of the four brothers to have been shot along with their father. Their mother was away.

Tripta Devi is the mother of Sanjeev Kumar, who had returned home the other day on getting admission to the plus two class. The family's hopes and aspirations have been dashed to the ground. Also gone is Tripta's husband's elder brother and his son.

The gun which snuffed out 12 lives has left six widows and several toddlers. There is an indelible mark of fear on the minds of the families. And the trail of misery? No amount of compensation can wipe that out.

As this correspondent walked through the eerie silence of the village lanes, women and children stood on rooftops or sat dazed on the door-steps of their houses. The only sound was of the shuffling of feet and wails. A pall of gloom hung over the village. As this correspondent entered the village, about 15 km from Amritsar, Sikhs were seen carrying the dead on cots to the village dispensary for post-mortem. The entire village followed, sobbing.

"I have never seen the whole village cry like this," remarked the CRPF D.I.G., Mr S.S. Virk.

Several people, including Bakshi Ram, a shopkeeper, were critical of the security forces. "After the death of our sarpanch, Harbhajan Singh, who was killed along with the Congress (I) leader, Mr Satnam Singh Bajwa, at Bhaini Gillan village on July 10, we felt insecure. Our pleas for protection with the administration fell on deaf ears," was the unanimous verdit of the villagers.

It was Bakshi Ram who informed the police at Khatri Kalan at 5 a.m. The police had no vehicle and expressed helplessness.

The CRPF Inspector-General, Mr C. Subramaniam, said "At least 100 rounds were fired from very close range. Most of the faces are difigured having been blown."

The village has always been dominated by Comrades. The CPI-ML District Secretary, Mr Sarbjit Singh Sandhu, and the Punjab Students Union General Secretary, Mr Kuldip Singh Dhaliwal, who is the younger brother of the slain sarpanch, Harbhajan Singh, blamed the administration for the killings since it never took any precautions despite representations to the Governor.

Mr Alam, when confronted with this allegation of the villagers, said the "choice was between Jagdev Kalan and Khatri Kalan, where also a dozen Hindu families live. Since Comrades of this village gave full protection to the Hindus we shifted the police picket there", he added.

Mrs Niranjan Kaur, mother of Mr Kirpal Singh, a member of the panchayat who was also killed along with the sarpanch at Bhaini Gillan, told the D.I.G., Mr Virk, "All those killed are our children".

AMRITSAR (FOC): Three unidentified terrorists shot dead a CPI leader and President of the Paramedical Union, Tilak Raj, and

Continued on page 16 col 3



Wailing relatives and neighbours gather around the bodies of terrorist victims lined up at the health centre in Jagdev Kalan village, near Amritsar, on Friday. —A Tribune photograph

Schools tighten security

NEW DELHI, Aug 7 (UNI) — School authorities here have taken special measures to guard gainst any terrorist act in view of threats received by some that extremists might indulge in violence around August 15.

Security in and around school campuses has been tightened with extra police and increased patrolling.

Children have been advised not to talk to strangers and avoid touching unclaimed objects. Teachers in charge of school buses will ensure that there was no suspicious-looking object in the vehicles before the pupils boarded them.

A spokesman for a public school said: "Our aim is to ensure that no sense of panic or insecurity develops in the minds of the children-...the period they spend studying is comfortable and without tension."

A few schools received threatening letters recently. Among the steps taken for security was the posting of guards at entry and exit points. At least one public school had requisitioned armed police guards to man the gates.

At other schools parents had been requested to desist from visiting premises during working hours. "If they really have to, they are required to sign the visitor's register kept by guards at the gate...and the wards are advised not to consume food stuff offered by strangers."

The schools authorities which hired Delhi Transport Corporation buses had requested the corporation to ask the bus crews to maintain extra vigil.

CHANDIGARH WEATHER

LUDHIANA (FOSC): Two persons, Paul Singh and Bir Singh, were shot dead by the terrorists at Kaunke Kalan village in Jagraon subdivision on Thursday night, according to information received here on Friday.

CHANDIGARH (UNI): One person was gunned down by four suspected terrorists outside his house at village Balpur under Sri Hargobindpur police station on Thursday night, a report from Batala said.

The police identified the victim as Apar Singh (35).

The police said the terrorists called him out side his house and shot him dead.

One terrorist was killed in an encounter with the security forces near Haripur village on Friday morning, a report from Jalandhar said.

The police claimed to have recovered one .12-bore gun along with 12 cartridges from the person of the slain terrorist.

The Amritsar unit of the Communist Party of India (CPI) demanded that the Army should be called out to help the civil administration in the district in view of the increased number of killings of innocent persons by terrorists.

In a statement conveyed on the telephone from curfew-bound area of the city, a party spokesman said the demand was made at an emergency meeting of the party district council.

LUDHIANA (PTI): Mr Krishan Lal Maini, member of the BJP National Executive and a former Minister, demanded forthwith handing over of the control of the border districts of Amritsar, Ferozepore and Gurdaspur to the Army.

Mr Maini strongly condemning the dastardly massacre of 19 persons by terrorists in Punjab warned that mere routine handling of the law and oder situation in the State was not sufficient to stop ever-increasing innocent killings.

Mr Maini charged the Prime Minister Rajiv Gandhi with "being more concerned" about the integration of Sri Lanka and doing nothing to save "our country" from the grave threats to its security and integrity.

Meanwhile the visit of a five-men committee of the Unified Akali Dal to Amritsar tomorrow has been postponed.

Pandemonium at UAD meeting

From Our Staff Correspondent

LUDHIANA, Aug 7 — Mr Mal Singh Ghuman, General Secretary of the SGPC, was injured seriously in a free for all at Gurdwara Manji Sahib, Alamgir, 13 km from here, today when activists of the AISSF captured the stage. Pandemonium continued to prevail for about one hour.

The five-man committee of the Unified Akali Dal headed by Mr Ujjagar Singh Sekhwan, acting President, came here today to meet supporters of the aspirants for different offices of the district rural and urban units of the party.

As the committee arrived in the gurdwara, supporters of Mr Ranjit Singh Naaz raised pro-Naaz slogans. This was followed by slogans in favour of Mr Hira Singh Gabria and Mr Narain Singh by their supporters. Slogan shouting continued and AISSF activists captured the stage.

According to eyewitnesses, it was announced from the public address system that traitors of the Panth would not be tolerated.

Mr Mal Singh Ghuman was caught by youths and allegedly manhandled. The turban of Mr Ghuman fell down and he was allegedly hit on the head as he was bleeding when he was taken out of the gurdwara. Some of the other aspirants were also manhandled.

Mr Basant Singh Khalsa, MLA, was whisked away from the gurdwara when his supporters learnt that it was his turn now. Mr Basant Singh Khalsa was sitting in the office of the gurdwara when trouble arose in the main dewan hall of the gurdwara. He did not go to the stage.

After about an hour, the meeting was held again and members of the committee addressed workers who had collected in the gurdwara.

All five members, including Mr Sukhdev Singh Dhindsa, Mr Shaminder Singh Bhai, Mr Ranjit Singh Brahampur and Sant Ajit Singh were present.

JVC® RANGE OF MUSIC COMPACTS
ONIDA
AMBA ELECTRONICS
Shop No.343/32-D, Chandigarh.

CROWN TV
Colour & Black/White TV.
Available on easy instalments
* Prompt after Sale-Service guaranteed
* Best Service of Transistor, car-stereo, Two-in-one, TV & VCR/VCP
RAMA TRADERS
SCF-6, 27-D, Chandigarh. Ph 41140

Stock Clearance Sale — for limited period —
STATEWAY
25% OFF On all Fresh Stock
Shop Going Under Renovation
Rush to emmell garments
SEC. 17-C CHANDIGARH OPP. NEELAM
art & advt.

All Jodhpur detenus' cases to be reviewed

NEW DELHI, Aug 7 (UNI) — The Government has decided to review the cases of all undertrial prisoners lodged in the Jodhpur jail, Minister of State for Home P. Chidambaram informed the Lok Sabha today.

The detenus are those held in connection with the "waging war" case which is at present pending in the Additional Special Court at Jodhpur, the Minister said in a written answer.

In another reply, the Minister said the Government had decided to recruit 1000 ex-servicemen as constables in the Delhi Police. Already 97 people had been recruited between January 1, 1986, and June 30, 1987, he said.

To another question he said the Government proposed to raise five additional battalions of the Indo-Tibetan Border Police for deployment on Jammu and Kashmir-Tibet and UP-Tibet borders.

RAKHI MUBARIK
If you want fresh & pure sweets then
VISIT
SINDHI SWEETS
Sector 17, CHANDIGARH
(Pure desi ghee preparations)
OUR SPECIALITIES:-
MALAI LADOO, PAN PERA, PATLI CREAM BARFI, CHOCBAR BARFI, MILK PUDDING, PURE KAJOO BARFI, PISTA BARFI, TRIPPLE TASTE BARFI, COCONUT BARFI, SPECIAL BARFI, DODA BARFI, CHANDER KALA, KESAR MALAI CHAP, MALAI PURA.
THIRTY MORE DELICACIES

CLEARANCE **SALE**

Gents Shoes	100, 150, 200
Gents Sports Shoes	125, 180
Ladies Sandles	50, 80, 100, 150
Ladies Shoes	80, 100, 125, 150
Ladies Chappals	50
Gents Slippers & Sandles	80, 100
Children Shoes & Sandles	40

All Stock on Sale
SHOP GOING FOR RENOVATION
CHIEF BOOT HOUSE
SECTOR 17-D, CHANDIGARH

Now take home a PHX Trendset Colour TV At a very special price



Colours so natural, it's almost like being there
PHX TRENDSET
Peico Electronics and Electricals Ltd.
An affiliate of N.V. Philips of Holland
Hurry! Offer open till 28.8.87
Valid only in the Union Territory of Chandigarh
offer made by Philips dealers:
DEEPAK RADIOS
Sector 17-D, (Opp. Fountain), Chandigarh. Phone: 29419

AVANTI GARELLI
50 CC MOPED
PRICES REVISED
EFFECTIVE 18 AUGUST 1987



	VIP II	VIP III
Present Price -	5515/-	6425/-
Revised Price -	5765/-	6725/-

LIMITED STOCK
RUSH IMMEDIATELY TO YOUR NEAREST STOCKIST

ARVINDRA AUTOS — SCO 1112, Sector 22-B, Chandigarh.
THE MOBIKE SHOP — 85-86, Sector 34-A, (Adjacent Piccadilly Cinema), Chandigarh.
SONU ENTERPRISES — SCO 295, Sector 35-B, Chandigarh.
BHATINDA: Manohar Motors, Zila Parishad Market, Ph: 3788; HOSHIARPUR: Dharmendra Bros., Railway Road, Ph: 3112; JALANDHAR: Kesar Service Station, G.T. Road, Ph: 72849; LUDHIANA: Nirdosh Bros., 16-A, Industrial Estate, Link Road, Ph: 37921; MORINDA: Modern Autos, Mill Road, Ph: 247; NAWANSHAHAR: Keshav Chand Krishan Kumar, Railway Road, Ph: 219; PATIALA: Goel Motors, The Mall, Ph: 74124; Wheel Spin Enterprises, near Modi College, Lower Mall; PATHANKOT: Cosmo Enterprises, Dhangu Chowk, Ph: 1596; JAMMU: Karstile Auto Garage, B.C. Road, Rehari.

THE NEW BUSH UPRIGHT
with Electronic Colour Preference Control.



Come, take it home.
BUSH TV
In tune with tomorrow.

Editor-in-Chief : V. N. Narayanan
Printed and published for the Trustees of THE TRIBUNE by O. P. Lamba at the Tribune Press, Chandigarh.
Copyright © The Tribune Trust, 1987.

Punjab Archive

मुकाबले में 2 उग्रवादी मरे, सरपंच की हत्या : डाकघर, रेलवे स्टेशन लुटा

चंडीगढ़, 8 अगस्त (वार्ता, ह.स., विभिन्न सम्वाददाता): पंजाब में आज भी लूटमार और हिंसा की घटनाएं जारी रहीं, जिला अमृतसर में उग्रवादियों ने एक भूतपूर्व सरपंच की हत्या कर दी, जबकि दो उग्रवादी सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबलों में मारे गए, वहां एक उग्रवादी पकड़ा गया । उग्रवादियों ने लुधियाना में एक डाक घर को और पटियाला के निकट रेलवे स्टेशन को लूट लिया । सामाना के निकट गांव गज्जू माजरा में बिजली बोर्ड कार्यालय से 18895 रुपए लूट लिए गए ।

जिला अमृतसर में तीन की हत्या

अमृतसर (वार्ता): अमृतसर जिले में कल रात्रि और आज दोपहर तक हुई तीन अलग-अलग घटनाओं में एक भूतपूर्व सरपंच और दो आतंकवादी मारे गए ।

उग्रवादी मारा गया

पुलिस के अनुसार सदर पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत सुल्तानविंड पुल पर कल रात सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । सुरक्षा बल की नाका पार्टी ने वहां से गुज़र रहे आतंकवादियों को रुकने के लिए कहा तो आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिसपर सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाईं और एक आतंकवादी मारा गया, दूसरा आतंकवादी भाग निकलने में सफल रहा । मृत आतंकवादी के पास से एक राइफल और तीन गोलियां भी बरामद की गईं ।

तलाशी अभियान जारी था

'अशोक सोनी' के अनुसार सुल्तानविंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान चल रहा था कि रात्रि लगभग 12.30 बजे सुरक्षा बलों ने दो युवकों को संदिग्धावस्था में गुज़रते हुए देखा, जिस पर सुरक्षा बलों ने उन्हें रुकने का संकेत किया । इसपर इन युवकों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं ।

भूतपूर्व सरपंच की हत्या

पुलिस ने बताया कि दूसरी घटना वैरोवाल पुलिस स्टेशन के बहादरपुर गांव में हुई, जहां तीन आतंकवादियों ने गांव के भूतपूर्व सरपंच उज्जल सिंह की हत्या कर दी ।

बाबा बकाले से गुरादित्ता के अनुसार बाबा बकाला से दस किलो मीटर दूर थाना वैरोवाल के गांव बहादरपुर में रात्रि लगभग 11 बजे संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा गांव के भूतपूर्व सरपंच एवं जमींदार यूनियन पंजाब के भूतपूर्व प्रधान जत्थेदार उज्जल सिंह (50) की फ़ायरिंग करके हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार जत्थेदार उज्जल सिंह गांव से बाहर की ओर अपने खेतों में लगे ट्यूबवैल पर सोया हुआ था कि उग्रवादियों ने उसको आवाज़ मारी । आवाज़ सुनकर जत्थेदार सीढ़ी द्वारा नीचे उतर रहा था कि उग्रवादियों ने स्टेनगन के बस्ट मारकर उसकी हत्या कर दी । हत्या करने के बाद अभियुक्त पैदल ही भाग गए । पता चला है कि मृतक मोटर चालू करके अपने नौकर को पानी के 'नाके' खोलने के लिए कहकर अभी लेटा ही था कि हत्यारों ने उसको आवाज़ मारी । मृतक का सारा परिवार ही अमृतधारी बताया जाता है । घटना की सूचना मिलते ही डी.एस.पी. तरनतारन स. नरिंद्र पाल सिंह भारी पुलिस फ़ोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए । पुलिस ने शव कब्ज़े में लेकर पोस्ट-मार्टम के लिए भेजा है । पुलिस को घटनास्थल से 9 एम.एम. के चले हुए कुछ कारतूस मिले हैं । पुलिस ने क्षेत्र की कड़ी नाकाबंदी कर दी है ।

'अशोक सोनी' के अनुसार अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने बताया है कि उज्जल सिंह कथित उग्रवादियों दलबीर सिंह उर्फ़ बिल्ला और हरदेव सिंह आदि को अपने फ़ार्म हाऊस में आश्रय देता रहा है, जिसके कारण पुलिस उसके फ़ार्म हाऊस की समय-समय पर तलाशियां लेती रही है । श्री आलम के अनुसार गत रात्रि जब मृतक उज्जल सिंह अपने फ़ार्म हाऊस में सोया हुआ था तो आतंकवादियों ने उसे जगाया और उससे बलदेव सिंह पिंडिया के शस्त्र व गोली-सिक्का मांगा, उज्जल सिंह के इंकार करने पर उग्रवादियों ने इसकी फ़ायरिंग करके हत्या कर दी ।

डेरे के बाबा का शव मिला

यहां प्राप्त एक अन्य सूचना में बताया गया है कि अमृतसर पुलिस को आज प्रातः थाना भिखीविंड के गांव सुरसिंह में स्थित बाबा गेंडे शाह के डेरे के बाबा जरनैल सिंह की लाश मिली है । पुलिस को संदेह है कि उसकी किसी विरोधी ने हत्या करके उसकी लाश वहां फैंक दी ।

ठेका जला दिया

गत रात्रि बाबा बकाला से दस किलो मीटर दूर खलचियां जी.टी. रोड पर स्थित शराब के ठेके को कुछ शरारतियों ने आग लगा दी । हमारे पत्रकार की सूचना है कि रात्रि लगभग 12 बजे शराब के ठेके की छत फाड़कर अन्दर मिट्टी का तेल फैंक कर आग लगा दी गई, जिससे काफ़ी क्षति होने की सूचना मिली है । उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व भी इसी स्थान पर 12 अलग-अलग ठेकों को आग लगाकर जला दिया गया था ।

एक उग्रवादी मारा गया, एक पकड़ा गया

नगर के महासिंह गेट क्षेत्र में आज दोपहर सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के बीच हुई एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों की गोली से एक आतंकवादी मारा गया तथा एक अन्य आतंकवादी बंदी बना लिया गया । पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों ने वहां जा रहे तीन आतंकवादियों को जब रुकने के लिए कहा तो उन्होंने गोली चला दी । सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारा गया । दूसरे आतंकवादी को सुरक्षा बलों ने धर दबोचा, जबकि तीसरा बच निकला ।

मृत उग्रवादी के पास से एक 7.63 बोर की स्वचालित अमरीकी भरी हुई पिस्तौल बरामद हुई ।

गोलियों से छलनी शव मिला

जिला अमृतसर के भिखीविंड क्षेत्र में गांव सुरसिंहवाला के निकट आज प्रातः एक शव मिला, शव गोलियों से छलनी है । पुलिस के अनुसार शव की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

भाजपा द्वारा आर्थिक सहायता

आज यहां भाजपा के एक प्रवक्ता ने बताया कि भाजपा के महासचिव श्री कृष्ण लाल शर्मा ने आज प्रातः पंजाब भाजपा के प्रधान डाक्टर बलदेव प्रकाश के साथ गांव जगदेव कलां का दौरा किया और मृतकों के शोक संतप्त परिवारों से अपनी संवेदना व्यक्त की । श्री शर्मा ने बाद में दुखी परिजनों को भाजपा की ओर से आर्थिक सहायता के रूप में 11000 रुपए देने की घोषणा की । (शेष पृष्ठ 10 पर)

मच्छरों को उड़ाने वाली नई इलैक्ट्रानिक मशीन



देश भर में कामयाब विज्ञानिक जापानी खोज

Now Made in India

गोल्ड नाईट

घर-घर की भरोसेमंद

बटन को दबाएं, मच्छरों से छुटकारा पाएं

आफिस : बम्बई, देहली, लुधियाना, चंडीगढ़ ।

REDUCTION Sale
scount on
ndle, Chapple
unt on
LIBERTY
Phone : 36767
son SHOES
zar, LUDHIANA
AY, 10th Aug. 1987

Punjabi Sanatam

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

बिजली बोर्ड कार्यालय लुटा

सामाना (बर्मा): यहां से 20 किलो मीटर दूर गांव गज्जू माजरा में बिजली बोर्ड के सब-स्टेशन के कार्यालय में दो उग्रवादियों ने खड़ांची गुरुदत्त कौशल से पिस्तौल की नोक पर 18895 रुपए लूट लिए और हल्के हरे रंग के स्कूटर पर सवार होकर फ़ायरिंग करते हुए भाग गए । सामाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

रेलवे स्टेशन लुटा

नई दिल्ली (ह.स.): उत्तर रेलवे के धूरी-पटियाला खंड पर छींटावाला रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को आज सुबह तीन हथियार-बंद आतंकवादियों ने लूट लिया ।

उत्तर रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार आतंकवादी एक स्कूटर पर आए थे । तीनों युवा थे । उन्होंने अपने चेहरे को ढंका हुआ था और कुर्ता-पायजामा पहना हुआ था । तीनों ने स्टेशन मास्टर की तरफ पिस्तौलें तान दीं और लगभग तेरह हजार रुपए लूटकर ले गए ।

प्रवक्ता के अनुसार लूटपाट के बाद तीनों आतंकवादी स्कूटर से नाभा की तरफ भाग गए ।

कर्मचारियों को वेतन देना था

धूरी से सिंगला के अनुसार जब तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने छींटावाला रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर से राइफल की नोक पर 12885 रुपए लूटे, उस समय एक यात्री गाड़ी स्टेशन पर खड़ी थी । गाड़ी में सुरक्षा-कर्मी भी उपस्थित थे, लेकिन वे भी उग्रवादियों को पकड़ने में सफल न हो सके । स्टेशन मास्टर यह धन-राशि स्टेशन के कर्मचारियों का वेतन देने के लिए पटियाला से लाया था ।

पैट्रोल पम्प लुटा

धूरी से 12 किलोमीटर दूर गांव कांजला के पैट्रोल पम्प से आज दो सशस्त्र उग्रवादी 5000 रुपए लूट कर फ़रार हो गए । अभियुक्त स्कूटर पर आए थे । यह पैट्रोल पम्प बरनाला के मा.बूजलाल का है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और क्षेत्र की कड़ी नाकाबंदी कर ली है ।

स्कूटर छीना

पटियाला से भूषण के अनुसार आज उप-मंडल में नाभा-मालेरकोटला सड़क पर दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति तरसेम लाल से उसका स्कूटर छीन लिया । तरसेम लाल नाभा से मालेरकोटला आ रहा था । अभियुक्त भागने में सफल हो गए ।

डाक घर लुटा

लुधियाना (ह.स.): दो संदिग्ध उग्रवादियों ने आज यहां गिल रोड पर एक डाक घर से 2000 रु रुपए लूट लिए । उग्रवादी पैदल ही आए थे और वारदात के बाद पैदल ही भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

महेन्द्रा के अनुसार यह डाक घर लुधियाना के मिल्लर गंज क्षेत्र में कलमियां वाली गली में स्थित है। डाकघर से उग्रवादी 1371 रुपए छीन कर ले गए ।

उग्रवादियों द्वारा कार में मारे गए पांच व्यक्तियों में शाहकोट का शैलर मालिक मोहन लाल और ड्राइवर तीर्थ राम शामिल थे । श्री मोहन लाल शाहकोट में अपने शैलर के आवश्यक पुर्जे आदि लाने के लिए तरनतारन गए थे । वापसी पर वे मारुति कार पी.जे.सी. 1400 पर आ रहे थे कि उग्रवादियों ने उन्हें गोली का निशाना बना दिया । श्री मोहन लाल सुल्तानपुर के रहने वाले थे और शाहकोट में नया शैलर लगा रहे थे । ड्राइवर तीर्थ राम आजमगढ़ का रहने वाला था, जिसके ऊपर दो परिवारों का बोझ था । उक्त मारुति कार वह किराए पर ले गया था । इन हत्याओं के विरोध में स्थानीय दाना मंडी बंद रही । प्रमुख नागरिकों ने एक बैठक में उक्त घटना की निंदा की और मृतकों को श्रद्धांजलि भेंट की । आज मृतकों की यहां अंत्येष्टि कर दी गई ।

बाघा पुराना से 'मित्तल' के अनुसार गोनियाना पुलिस ने अमरगढ़ निवासी रंधीर सिंह उर्फ धीरा नामक उग्रवादी को एच.ई.-36 हथगोले व कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर लिया जो स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिंसा की योजना बना रहा था । उसने छः कत्ल किए थे व कई बैंक लूटे थे ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स.): सुरक्षा बलों ने आज नगर में विभिन्न स्थानों से 6 संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 2 राईफलें और दो पिस्तौलें बरामद कीं । कोतवाली पुलिस और सी.आई.ए. स्टाफ़ ने चार उग्रवादियों को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे जेल रोड पर रहस्यपूर्ण परिस्थितियों में घूम रहे थे । इनकी किकर सिंह, बूटा सिंह, मेजर सिंह और बलकार सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । इन चारों ने स्वीकार किया है कि इनकी आज फरीदकोट के एक प्रमुख राजनीतिक नेता की हत्या की योजना थी । दूसरी घटना में फरीदकोट नगर में सी.आर.पी.एफ. ने दो उग्रवादियों जुगराज सिंह और गुरार सिंह को गिरफ्तार किया है ।

स्कूटर छीन लिया

जालन्धर, (ह.स.) : थाना सदर के गांव जौहन के निकट दो संदिग्ध युवकों ने पिस्तौल की नोक पर आज एक व्यक्ति मनमोहन सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बताया जाता है कि मनमोहन सिंह एक टी.वी. मकैनिक है ।

जालन्धर के नकोदर थाना के ग्राम बज़ुआकलां में तीन उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके के कर्मचारी सुरजीत लाल से पिस्तौल की नोक पर 725 रु. व शराब की 6 बोतलें लूट लीं ।

बोफोर्स कांड की जांच के लि
स्वीडन भेजना चाहे तो सरक

हैदराबाद, 8 अगस्त (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज कहा कि बोफ़ोर्स तोपों के सौदे से उठे विवाद की जांच के लिए यदि विपक्षी दल स्वीडन अपना प्रतिनिधिमंडल भेजते हैं तो सरकार इसका पूरा स्वागत करेगी । उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों

Punjab Digital Library

मलेरकोटला आ रहा था । अभियुक्त भागने में सफल हो गए ।

डाक घर लुटा

लुधियाना (ह.स.): दो संदिग्ध उग्रवादियों ने आज यहां गिल रोड पर एक डाक घर से 2000 रु रुपए लूट लिए । उग्रवादी पैदल ही आए थे और वारदात के बाद पैदल ही भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

महेन्द्रा के अनुसार यह डाक घर लुधियाना के मिल्लर गंज क्षेत्र में क्लसियां वाली गली में स्थित है। डाकघर से उग्रवादी 1371 रुपए छीन कर ले गए ।

2000 रु. लूट लिए

'ह.स.' के अनुसार आज दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से लुधियाना में 2000 रुपए लूट लिए ।

स्कूटर छिना

एक अन्य घटना में कल लुधियाना के हैबोवाल क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक आटा मिल मालिक से उसका स्कूटर और कुछ नगदी छीन ली । पुलिस ने बताया कि बाद में स्कूटर सराभा नगर कालोनी में मिल गया ।

हीरो होंडा छीन ले गए

राजपरा (मासम) : गत दोपहर यहां भरे बाजार में से पिस्तौल की नोक पर एक स्कूटर छीना गया था । आज फिर दो नवयुवकों ने एक नया हीरो होंडा मोटर साइकल छीन लिया । ये मोटर साइकल यहां के राईस शैलर के मालिक जयदेव का था । उनका लड़का विशाल एन.टी.सी. ग्राउंड के निकट प्रताप कालोनी में मोटर साइकल चला रहा था कि दो नवयुवकों ने अपना स्कूटर खड़ा कर व उसे ताला लगाकर विशाल को थप्पड़ मारकर मोटर साइकल छीन लिया । पुलिस ने स्कूटर कब्जे में ले लिया है ।

13500 रुपए लूट लिए

दोराहा (आनन्द): आज यहां से 8 किलो मीटर दूर गांव जंडियाली रोड पर दो साइकिल सवार संदिग्ध उग्रवादियों ने एक व्यापारी पवन कुमार से 13500 रुपए लूट लिए । व्यापारी करनाल का रहने वाला है । अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी कि पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज किया है अथवा नहीं ?

उग्रवादी गिरफ्तार

फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि स्थानीय पुलिस ने एक संदिग्ध उग्रवादी जगदीप सिंह उर्फ जोगा को गिरफ्तार करके उसे आज स्थानीय न्यायिक दंडाधिकारी के सामने पेश किया । अदालत ने उसका दस अगस्त तक पुलिस को रिमांड दे दिया ।

शरण देने पर केस दर्ज

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): टांडा थाना के एक गांव उम्मान शहीद में एक युवक जसबीर सिंह के विरुद्ध धारा 212/216 के अन्तर्गत केस दर्ज किया गया है । उसके विरुद्ध आतंकवादियों को शरण देने का आरोप है । एक अन्य सूचनानुसार एस.एस.पी. ने बताया कि माहलपुर के गांव पालदी में निरंजन सिंह का छीना हुआ मोटर साइकल बरामद कर लिया गया है । बताया जाता है कि दो आतंकवादी गांव में आए, लोगों को शक हो गया । इस पर दोनों आतंकवादी मोटर साइकल छोड़कर भाग गए ।

पुलिस के विरुद्ध अधीक्षक से शिकायत

कपूरथला (शमा): थाना सुलतानपुर लोधी के अन्तर्गत गांव हाजीपुर के सरपंच अजीत सिंह ने भारी संख्या में गांव वालों के साथ यहां पुलिस कप्तान श्री

एक ही परिवार के 3 सदस्यों सहित 6 की हत्या, 2 उग्रवादी मरे

चंडीगढ़, 9 अगस्त (ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने पंजाब में 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मृतकों में एक ग्रंथी के परिवार की दो महिलाओं सहित, तीन सदस्य शामिल हैं । अलग-अलग घटनाओं में आतंकवादियों ने 18645 रुपये, एक लाइसैंसशुदा बंदूक तथा एक मोटर साइकल छीना । दो मठभेड़ों में दो दर्दात उग्रवादी मारे गए । सुरक्षा बलों ने संक्षिप्त मठभेड़ के बाद एक संदिग्ध आतंकवादी सहित करीब आधा दर्जन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है ।

एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

आनन्दपुर साहिब (गिरि): गत रात यहां से एक किलोमीटर दूर गांव चक्क होलगढ़ में आतंकवादियों ने एक ग्रन्थी गेजा सिंह के परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी । घटना के समय गेजा सिंह घर पर नहीं था । बताया गया है रात को लगभग 12 बजे के करीब चार आतंकवादियों ने ग्रन्थी की पत्नी गुरनाम कौर (45), बेटी भूपेन्द्र कौर (14) तथा पुत्र देवेन्द्र सिंह (10) को तेज धार हथियारों से मौत के घाट उतार दिया ।

दो बच्चे, किसी तरह अपनी जान बचा कर भागने में सफल हो गए । इन्होंने बताया कि आतंकवादी कृपाणों से लैस थे तथा उनके मुंह पर कपड़े बंधे हुए थे ।

शराब ठेका कर्मी की हत्या

एक अन्य घटना में कल रात जिला रोपड़ के सोहना क्षेत्र में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने शराब के ठेके के एक कर्मचारी की हत्या कर दी ।

मुकाबले के बाद एक गिरफ्तार

गुरदासपुर (दिनोद): जिला के पुलिस मुखिया श्री जे. पी. बिरदी ने आज यहां बताया कि गत रात पुलिस ने मामूली मुकाबले के बाद एक आतंकवादी बलजीत सिंह निवासी चक अमृतसरियां, थाना सामाना, जिला पटियाला को गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि कार वाला पल के निकट उग्रवादी ने पुलिस को देख कर भागने की कोशिश की परन्तु पुलिस ने उसका पीछा किया तो उसने पुलिस पर गोली चला दी । जबाबी फायरिंग के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया । उसके कब्जे से एक 303 बोर का पिस्तौल, तीन कारामद कारतूस, एक चला हुआ कारतूस और 3110 रुपए नकद बरामद किए गए । उसने स्वीकार किया कि उसने 6 अगस्त से 1987 को सिविल लाइन्ज पटियाला क्षेत्र में एक डाक्टर से 4500 रुपए छीने थे और सामाना थाने के एक गांव से ट्रैक्टर-ट्राली चोरी की थी ।

सहकारी बैंक लूटा

कहनूवान थाना के गांव मांगोवाल के एक सहकारी बैंक से कल 2 आतंकवादी 3 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए ।

तीन गिरफ्तार

धूरी (सिंगला): जिला संगरूर पुलिस ने गांव साफीपुर कलां के तीन संदिग्ध व्यक्तियों परगट सिंह, अमरजीत सिंह तथा अमरनाथ को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 12 बोर की तीन पिस्तौलें तथा कुछ जीवित कारतूस बरामद किए हैं ।

व्यापारी लूटा

पुलिस थाना दीरबा के तहत गांव कक्कड़ों में एक कपड़े के व्यापारी से एक स्कूटर सवार ने तीन कपड़े की गांठें तथा 645 रुपए नगद लूट लिए ।

बैंक डकैती में गिरफ्तार

भुलत्थ (घुम्मन): गत रात्रि कपूरथला पुलिस ने थाना भुलत्थ के मौजा खसन में छापा मार कर एक खतरनाक उग्रवादी सुखविंदर को सुलतानपुर में हुई एक बैंक डकैती के केस में गिरफ्तार कर लिया । उससे खतरनाक हथियार और भारी मात्रा में करंसी मिलने की सूचना है । यह खतरनाक उग्रवादी पुलिस को दर्जनों केसों में वांछित था तथा यह शिरोमणि कमेटी के धार्मिक प्रचारक ज्ञानी दलीप सिंह का पुत्र है ।

संदिग्ध उग्रवादी पकड़ा

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): जिला पुलिस ने आज केवल सिंह नामक एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । यह ऊनकारी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भारत को आज़ादी मिल गई लेकिन स्वतंत्रता सेनानियों के सपने पूरे न हुए

बम्बई, 9 अगस्त (वार्ता): 'भारत छोड़ो' आंदोलन की 45वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज अगस्त क्रांति मैदान में अनेक स्वतंत्रता सेनानी एकत्रित हुए । उनके लिए यह समारोह 45 वर्ष के बाद पुनर्मिलन का एक अवसर भी प्रदान कर गया । अपनी जवानी के दिनों में ये जवांमर्द महात्मा गांधी के 'करो या मरो' के आह्वान पर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े थे ।

इन स्वतंत्रता सेनानियों ने जहां आज एक-दूसरे का कुशलक्षेम पूछा, वहां उन्होंने देशभक्ति की उस महान भावना के ह्रास पर चिंता भी जाहिर की जो स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान विद्यमान थी । देश की वर्तमान स्थिति पर उन्होंने निराशा जाहिर की जो स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान विद्यमान थी । देश की वर्तमान स्थिति पर उन्होंने निराशा जाहिर की । वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी और 1942 में सतारा में गठित हुई समानांतर सरकार के सूत्रधार नाथजी लाड ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा जिन विचारों को मूर्तिमान करने के लिए समानांतर सरकार ने 45 वर्ष पूर्व काम किया था उनमें से दस प्रतिशत को भी वर्तमान सरकार ने साकार नहीं किया है ।

श्री लाड ने इस बात पर अफसोस जाहिर किया कि राष्ट्र ने जो स्वप्न संजोया था वह पूरा नहीं हो पाया । व्यवस्था को भ्रष्टाचार का घुन लग गया है और स्वतंत्रता के फल निर्धन जनता तक नहीं पहुंच पाए हैं । उन्होंने कहा कि जिस समानांतर सरकार का गठन स्वतंत्रता सेनानियों ने 45 वर्ष पूर्व किया था वह मद्यपान करने वालों को दंडित किया करती थी और शराब की दुकानों पर धरने दिए जाते थे । श्री लाड ने कहा, "मुझे यह देखकर दुख होता है कि कांग्रेस की सुनिधारित मद्यनिषेध नीति की तुलना में आज कांग्रेसजनों को शराब की दुकानों के लिए लाइसैंस और ठेके दिए जा रहे हैं ।"

श्री लाड ने सरकार की इस बात के लिए भी आलोचना की स्वतंत्रता सेनानियों को पैंशन देने के लिए वह ब्रिटिश सरकार ने दोषपूर्ण रिकार्डों पर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

छोटी सी बात

Punjabi Sanjha.com

के इस दावे को खंडन किया जा सके कि अधिकांश सिख पंजाब समस्या के शांतिपूर्ण हल के पक्ष में हैं ।

सूत्रों ने कहा कि अकाल तख्त के नए कार्यवाहक जत्थेदार की नियुक्ति भी दीपावली के सरबत खालसा के अवसर पर की जाएगी ।

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

देते हुए जिला पुलिस प्रमुख श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि यह व्यक्ति शस्त्र छीनने की कई घटनाओं में वांछित था । उन्होंने बताया कि इसके तीन साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

लोगों द्वारा काबू

निकटवर्ती गांव टाहली में कुछ लोगों ने एक संदिग्ध आतंकवादी को पकड़ लिया । बाद में उसे सुरक्षा बलों के हवाले कर दिया गया । उससे पूछताछ की जा रही है ।

किसान की हत्या

अमृतसर (ह.स.): प्राप्त सूचनाओं के अनुसार तीन आतंकवादियों ने गत रात थाना झब्बाल के गांव पट्टी मसूरादी में बलविंदर सिंह नामक एक किसान की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार ये आतंकवादी पैदल ही बलविंदर सिंह के घर आए और उसकी हत्या के बाद भागने में सफल हो गए ।

महिला की हत्या

अमृतसर के बाबा बकाला क्षेत्र में तीन उग्रवादियों ने एक महिला की हत्या कर दी व एक अन्य को घायल कर दिया । मृत महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है । उग्रवादी फरार हो गए ।

2 उग्रवादी मारे गए

अमृतसर की एक सूचना है कि एक अगस्त को गुरदासपुर जिले के धारीवाल थाना क्षेत्र के ग्राम पीरुशाह के पास एक बस के चार यात्रियों की हत्या का मुख्य अभियुक्त कुख्यात उग्रवादी रूप सिंह कल सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया । अमृतसर के एस.एस.पी. मोहम्मद इजहार आलम ने बताया कि रूप सिंह के कई छद्मनाम थे । रूप सिंह बस स्टैंड के पास हुई मुठभेड़ में मारा गया जबकि सुल्तान विंड क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में उग्रवादी जोगेन्द्र सिंह मारा गया । रूप सिंह उर्फ रूपा, उर्फ सत्ता उर्फ अमली धारीवाल क्षेत्र में 8 हत्याओं में वांछित था । जोगेन्द्र सिंह ने अमृतसर में दो कत्ल किए थे ।

रूप सिंह एक प्रैस रिपोर्टर की हत्या, तलवंडी ग्राम में एक नहर के किनारे चार लोगों को घायल करने, मानेपुर में एक ग्रामीण की, फतेहगढ़ में एक अन्य व्यक्ति की, कोटला चोहाट में एक व्यक्ति की, धारीवाल में मार्केट कमेटी के उपाध्यक्ष अकाली नेता प्रीतम सिंह की व एक डाक्टर की हत्या, बकरीवाल में दो लोगों की हत्या में भी वांछित था । जोगेन्द्र सिंह गिलवाली ग्राम में एक व्यक्ति की हत्या व चार्टीविंड नहर के पास भजन सिंह की हत्या में वांछित था ।

डेरे से 15000 लूटे

भटिंडा (हि.स.): गत रात यहां से दस किलोमीटर दूर गांव बैहमन में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक धार्मिक डेरे से 15000 रुपए लूट लिए । इसके अलावा वे एक लायसैंस शुदा बंदूक तथा एक मोटर साइकल भी ले गए ।

हत्यारे को पत्थरों से मार डाला

हाथों में खेल रहे थे ।

















आनन्दपुर साहब में उग्रवादियों ने ग्रंथी (इनसैट) के परिवार के 3 सदस्यों की हत्या कर दी । (1) ग्रंथी के 10 वर्षीय बेटे देवेन्द्र, (2) 45 वर्षीया पत्नी गुरनाम कौर के शव, (3) तीनों की लाशें एक स्थान पर, (4) 16 वर्षीया बेटी भूपेंद्र कौर का मृत शरीर (छाया : गिरि), (5) पिछले दिनों जगरांव क्षेत्र के काऊंके कलां गांव में मारे गए पाल सिंह, (6) बीर सिंह के शव (छाया : देवव्रत), (7) बाबा बकाला में आतंकवादियों के हाथों मारी गई नवविवाहिता कुलवंत कौर, (8) उसका घायल देवर भूपेंद्र सिंह । (छाया : मेहरा)

Punjabi Sanatani

गई नवविवाहिता कुलवंत कौर, (8) उसका घायल देवर भूपेंद्र सिंह । (छाया : मेहरा)

नाथ शेट्टी ने 23 जुलाई को मान हानि याचिका की

उग्रवादियों द्वारा 2 महिलाओं सहित 4 की हत्या, घायल कम्युनिस्ट नेता चल बसा

चंडीगढ़, 10 अगस्त (नि.स.): विगत 24 घंटों के दौरान पंजाब में आतंकवादियों ने 2 महिलाओं सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । कई अन्य को घायल कर दिया । एक घायल कम्युनिस्ट नेता दलबीर सिंह नागोके अमृतसर में दम तोड़ गया । दोबुर्जी के निकट 5 कार सवारों की हत्या के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा है । हत्याकांड में प्रयुक्त मारुति कार बरामद करके एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । विभिन्न मुठभेड़ों, छापों के दौरान बब्बर खालसा गिरोह के 3 आतंकवादियों सहित कई उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं । उनसे विदेशी हथियारों सहित बड़ी संख्या में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए हैं ।

*** 5 कार सवारों की हत्या में प्रयुक्त मारुति कार बरामद, एक बंदी**
*** विभिन्न मुठभेड़ों, छापों के दौरान बब्बर खालसा के 3 उग्रवादियों सहित कई बंदी, विदेशी हथियारों सहित बड़ी संख्या में शस्त्रास्त्र बरामद**

महिला की मृत्यु

बाबा बकाला (प्रेम मेहरा): गत रात यहां कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने एक मकान में घुस कर गोलियां चलाईं,जिससे एक विवाहिता कुलवंत कौर (22) की मौत हो गई, जबकि उसका ससुर अजीत सिंह, सास गुरदीप कौर तथा देवर भूपेंद्र सिंह घायल हो गए । मृतका का डेढ़ वर्षीय बच्चा इस गोलीकांड में बाल-बाल बच गया । अजीत सिंह को अमृतसर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी दशा गंभीर बताई जाती है । उसके पेट में गोलियां लगी हैं ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रात नौ और दस बजे के बीच दो पिस्तौलधारी युवक घर के साथ वाले कोठे से सीढ़ी द्वारा घर में घुसे । उस समय सारा परिवार आंगन में चारपाइयों पर बैठा था । इन युवकों ने आते ही भूपेंद्र सिंह से पूछा, रवेल सिंह (उसका बड़ा भाई) कहां है ? यह बताने पर कि रवेल सिंह किसी काम से जंडियाला गया है तो उन्होंने रवेल सिंह के डेढ़ वर्षीय बेटे को उठा लिया । इस पर रवेल सिंह की पत्नी कुलवंत कौर ने बेटे को छोड़ देने की मिन्नतें कीं तो इन युवकों ने बच्चे को छोड़ दिया पर कुलवंत कौर पर गोली चला दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । घायल भूपेंद्र सिंह ने बताया कि कुलवंत कौर को गोली मारने के बाद उन्होंने उसके पिता अजीत सिंह पर गोलियां चलाईं । इस पर वह तथा उसकी माता अजीत सिंह को बचाने के लिए आगे बढ़े तो उनको भी छर्रे लगे । उसने बताया कि आतंकवादी जिस रास्ते से आए उसी रास्ते से भाग गए । घटना के सम्बन्ध में पुलिस थाना ब्यास में सूचना दर्ज कराई गई है ।

यहां यह बात उल्लेखनीय है कि यहां रक्खड़ का मेला लगा हुआ है तथा पुलिस (वी.आर.पी. लगातार गांवों की गश्त कर रही है । अजीत सिंह के घर के आसपास उसके सम्बन्धियों के ही घर हैं ।

कुछ हिरासत में

बाद में प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल भूपेंद्र सिंह ने आतंकवादियों को पहचान लिया था तथा उसने पुलिस को उनके बारे बता दिया है । पुलिस ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को शक के आधार पर हिरासत में लिया है । एक एजेंसी का कहना है कि यह घटना जायदाद-विवाद का नतीजा है ।

महिला को मार डाला

अमृतसर (वार्ता): कादगिल गांव में कल रात संदिग्ध आतंकवादियों की गोली से घायल श्रीमती सुरिन्द्र कौर ने आज यहां गुरु तेगबहादुर अस्पताल में दम तोड़ दिया । पुलिस के अनुसार करीब पंद्रह संदिग्ध आतंकवादियों का एक गिरोह कल रात श्री मुख्तयार सिंह के मकान में घुसा और श्री मुख्तयार सिंह और उनकी पत्नी पर गोलियां चलाईं । श्री मुख्तयार सिंह बाल-बाल बच गए जबकि उनकी पत्नी को घायलावस्था में यहां गुरु तेगबहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह दम तोड़ गयी ।

घायल कम्युनिस्ट नेता चल बसा

'अशोक सोनी' के अनुसार गत दिनों खड़ूर साहिब में आतंकवादियों ने कम्युनिस्ट नेता तिलक राज की हत्या कर दी थी और कामरेड दलबीर सिंह नागोके को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था । श्री नागोके ने आज यहां अस्पताल में दम तोड़ दिया । यह बात सी.पी.आई. की जिला परिषद के सचिव हरभजन सिंह ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताई है । कामरेड दलबीर सिंह खड़ूर साहब ब्लाक समिति (सी.पी.आई.) के सचिव थे ।

घायल कर दिया

बल्लोहा थाने के अंतर्गत पुनियां गांव में कल रात तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने एक ईसाई श्री हयादत को गाली मार कर घायल कर दिया । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

पांच कारसवारों की हत्या का सुराग मिला

पुलिस ने गत गुरुवार को अमृतसर-तरनतारन मार्ग पर गोलबार के निकट एक कार में सवार पांच व्यक्तियों की हत्या के मामले में महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगने का दावा किया है । तरनतारन थाने के अंतर्गत कादगिल गांव के एक मकान से एक मारुति कार पी.जी.ओ. 1400 बरामद की गई है । अपराध में आतंकवादियों द्वारा कथित प्रयोग की गई इस मारुति कार को सुरक्षा बल के जवानों ने पूरन

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sahitani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह के मकान पर छापा मार कर बरामद किया । पूरन सिंह ने आतंकवादियों को पनाह दी थी । पूरन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है । यह छापा बागड़ियां गांव के निकट मुठभेड़ के बाद मारा गया । इस मुठभेड़ में दस मिनट की गोलीबारी के बाद तीन आतंकवादी भाग निकलने में कामयाब हो गए । मुठभेड़ में कोई घायल भी नहीं हुआ ।

उग्रवादियों की साथिन गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी कपूर, प्रद्युम्न): एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि टांडा पुलिस ने एक महिला सुरेंद्र कौर, जो नारायाणगढ़ जिला अम्बाला की रहने वाली है, को भुलत्थ थाने के गांव बेगोवाल से आतंकवादी कानून की धारा 3-4 और भारतीय दंड विधान की धारा 153A/124 एक के अंतर्गत गिरफ्तार किया है । उन्होंने बताया कि इस महिला के उग्रवादियों के साथ सम्बन्ध हैं और वह उन्हें आश्रय देने के अतिरिक्त उनके शस्त्र एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का कार्य भी करती थी । पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ।

तीन चोर पकड़े गए

श्री अरोड़ा ने बताया कि हाजीपुर पुलिस ने चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों कुलवीर सिंह, बलविंद्र सिंह और सुखविंद्र सिंह उर्फ़ सुक्खा को गिरफ्तार किया है । ये लोग लोहा चोरी किया करते थे ।

गांव में गोली चली

प्रद्युम्न के अनुसार होशियारपुर से तीन किलोमीटर दूर हलवाड़ा में दिन के समय गोली चल गई । यह गोली एक व्यक्ति अमरीक सिंह की बंदूक से चलाई गई । यह गोली किसने और क्यों चलाई, इस बारे में पुलिस जांच कर रही है । दो पुलिस अधिकारी उक्त गांव में गए और कुछ जांच किए बिना लौट आए । लोग इस बारे में तरह-तरह की बातें कर रहे हैं ।

हत्या

जालंधर के थाना भोगपुर के ग्राम बहराम के एक फार्म हाऊस में उग्रवादियों ने परमजीत सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

तीन उग्रवादी बंदी

जालंधर (न.न.ए.): जालंधर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक स्कूटर नं. पी.बी.ओ. 7833, 303 बोर का एक देसी पिस्तौल एक 12 बोर की दोनाली बंदूक और कुछ कारतूस बरामद किए हैं । आज यहां जारी एक प्रैस नोट में एस.एस.पी. श्री एस.एस. बैंस ने बताया कि थाना बंगा की पुलिस ने गश्त के दौरान गांव तलवंडी के निकट दो स्कूटर सवारों को रोक कर तलाशी ली । उनसे एक 12 बोर की बंदूक, चोरी का स्कूटर तथा एक चोरी का स्टीरियो बरामद किया । इन दोनों ने नाम मक्खन व रणजीत सिंह उर्फ़ राणा हैं । ये गांव जगतपुरा के रहने वाले हैं ।

इसी तरह थाना नवांशहर की पुलिस ने गांव मजुरकलां के पुल पर नाकाबंदी के दौरान सुखविंदर सिंह उर्फ़ सुक्खा को गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से 303 बोर का एक देसी पिस्तौल बरामद किया है । वह राहों का रहने वाला है । पुलिस द्वारा इनसे पूछताछ जारी है ।

दोनाली लूट ली

फिल्लौर थाना के गांव भाओ साहब में तीन उग्रवादियों ने हरमीत सिंह के घर से एक दोनाली बंदूक, 21 कारतूस, कुछ नकदी, आभूषण और कीमती सामान लूट लिया ।

घुसपैठिया मरा

फाज़िल्का (नागपाल): यहां पांच किलोमीटर दूर फाज़िल्का सैक्टर में कल बी.एस.एफ़. के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । बी.एस.एफ. की नाका पार्टी ने जब दो पाकिस्तानी घुसपैठिये को ललकारा तो उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फ़ायरिंग में एक घुसपैठिया मारा गया जबकि एक अंधेरे में भाग गया । मृतक की जेब से 30 रु. की पाकिस्तानी करंसी मिली है ।

पैट्रोल पम्प लुटा

बुढलाडा (गुप्ता): दो आतंकवादियों ने कल सायं भिक्खी रोड पर एक पैट्रोल पम्प से 2500 रु. पिस्तौल की नोक पर लूट लिए और अपने स्कूटर पर भाग निकले । सूचना पाकर पुलिस ने उनका पीछा शुरू कर दिया और खेतों में पड़ा स्कूटर बरामद कर लिया । उग्रवादियों की तलाश जारी है ।

बब्बर खालसा के 3 उग्रवादी बंदी

फरीदकोट (ह.स.): जिला पुलिस ने झाखड़वाला के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद बब्बर खालसा गिरोह के 3 उग्रवादियों बलबीर सिंह, बलतेज सिंह और धर्म सिंह को गिरफ्तार व के 2 विदेशी हथियारों सहित कई शस्त्रास्त्र बरामद किए । मोटर साइकिल सवार 3 आतंकवादियों को नाका पार्टी ने रुकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी । नाका पार्टी ने भी जवाबी फ़ायरिंग की । उग्रवादियों ने खेतों से होकर भागने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें धर दबोचा । उनसे एक विदेशी माऊज़र, .315 बोर की विदेशी राइफल, एक पिस्तौल और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए । एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इन तीनों आतंकवादियों की हत्याओं सहित कई आतंकवादी घटनाओं में तलाश थी ।

मुक्तसर पुलिस ने 3 और आतंकवादियों सुक्खा सिंह, बलविन्दर सिंह और जसबीर सिंह को गिरफ्तार करके 2 पिस्तौलें और 12 बोर की एक बन्दूक बरामद की है ।

मोपेड सवार की हत्या

मोगा (आज़ाद): आज बाघा पुराना के गांव

Punjabi Sanjayati

एक उग्रवादी मुठभेड़ में मरा : दूसरा साथियों ने मार दिया, तीसरे ने आत्म हत्या कर ली : सरपंच सहित 2 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 11 अगस्त (ह.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटे के दौरान 3 आतंकवादियों सहित चार व्यक्ति मारे गए । आतंकवादियों ने एक लाख रुपए से अधिक की नकदी तथा आभूषण लूट लिए । सुरक्षा बलों ने इस दौरान कई आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । अमृतसर की जिला अदालत परिसर में आज तीन आतंकवादियों ने धावा बोल कर एक उग्रवादी की हत्या कर दी । एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया, जबकि एक अन्य ने आत्महत्या कर ली ।

आतंकवादियों द्वारा साथी की हत्या

अमृतसर (वार्ता, ह.स.): आज दोपहर यहां भीड़-भाड़ वाली जिला अदालत में तीन आतंकवादियों ने अपने एक साथी की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी । मृतक भगवन्त सिंह यहां से 20 किलोमीटर दूर हर्ष छीना गांव का रहने वाला था । आधिकारिक जानकारी के अनुसार भगवन्त सिंह इस वर्ष के शुरू में नक्सली नेता बलदेव सिंह मान की हत्या में संलिप्त था । हत्यारों ने बार काउंसिल के दफ्तर के बाहर उस पर कम से कम चार गोलियां चलाईं । गोलियां उसके सिर में लगीं और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई । हत्यारे एक जीप में बैठकर अजनाला की ओर भाग निकले ।

पुलिस और सुरक्षा बल ने बाद में हत्यारों की जीप का पीछा किया । वरिष्ठ अधिकारियों ने बाद में घटनास्थल का मुआयना किया । इनमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उपमहानिरीक्षक एस. एस. विर्क और जिला पुलिस प्रमुख इजहार आलम भी शामिल थे । घटना के समय अदालत में पुलिस और सुरक्षा बल कर्मी बड़ी संख्या में मौजूद थे । इस गोली कांड से वहां आतंक फैल गया । मौजूद लोग या तो जमीन पर लेट गए या जान बचाकर भागे ।

27 अप्रैल के बाद अदालत में घटी यह दूसरी गम्भीर घटना है । पहली बार आतंकवादियों के एक गिरोह ने वहां पुलिस की हिरासत से अपने तीन साथियों को दिन-दहाड़े छुड़ा लिया था ।

अशोक सोनी के अनुसार जब आतंकवादियों ने कचहरी में गोली चलाई तो पुलिस कर्मी विपरीत दिशा में दौड़ पड़े । जब हत्यारे वहां से चले गए और लोग इकट्ठे हो गए तो पुलिस वाले बाहर निकल आए । एक सूचना में कहा गया है कि सूत्रिज्ञ सूत्रों के अनुसार इस हत्याकांड में रैड गार्डों का हाथ हो सकता है । पुलिस चीफ मोहम्मद इजहार आलम ने इसे आपसी दुश्मनी का नतीजा करार दिया है । उन्होंने कहा है कि एफ.आई.आर. में मृतक के सम्बन्धियों ने हत्यारों के नाम भी लिखवा दिए हैं ।

कमांडो फोर्स का उग्रवादी मरा

श्री आलम ने बताया कि खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक दुर्दांत उग्रवादी अजमेर सिंह थाना घरिंडा क्षेत्र में आज तड़के पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । अजमेर सिंह अमृतसर तथा गुरदासपुर पुलिस को विभिन्न हत्याकांडों में वांछित था । घटनास्थल से 315 बोर की राइफल और कुछ कारतूस बरामद किए गए । मुठभेड़ के दौरान उसके दो साथी बच निकले । श्री आलम ने बताया कि अजमेर सिंह उफोके गांव में आठ व्यक्तियों की हत्या, सोहिया (श्रीहरगोबिंदपुर) गांव में एक ठेके के कर्मचारी की हत्या, चाटीविंड क्षेत्र और मियांपुर गांव में दो व्यक्तियों की हत्याओं के अलावा लूट की विभिन्न वारदातों में शामिल था ।

श्री आलम ने बताया कि जांच के दौरान पता चला है कि 3 दिन पूर्व अमृतसर बस स्टैंड के निकट मुठभेड़ में मारा गया उग्रवादी अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ शर्मा भाजपा नेता पूर्ण चन्द भाटिया की हत्या और स्थानीय पत्रकार कुन्दन लाल कमलेश पर हमले में भी संलिप्त था ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)







(1) अमृतसर जिला कचहरी में आतंकवादियों ने अपने एक साथी भगवत सिंह की हत्या कर दी (2) घटनास्थल पर बिखरा खून (3) बार रूम, जिसके सामने वारदात हुई (4) कचहरी में सुरक्षा बलों का खाली पड़ा मोर्चा (छाया : पंजाब केसरी) (5) बड़ैच गांव लूटने के बाद जलाई गई दुकान ।

(छाया : गुरादित्ता)

पंजाब पुलिस में आधा दर्जन अधिकारी डैपुटेशन पर

Punjabi Samachar



40 वर्षीय जसबीर सिंह जिसे सोमवार को पटियाला में 2 अज्ञात व्यक्तियों ने छुरा मार कर घायल कर दिया । उसे राजेंद्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया है । (छाया : राजू)

उग्रवादी मरे
(पृष्ठ 3 का शेष)

दुकान जला दी

बाबा बकाला (गुरांदित्ता): थाना ब्यास के गांव बड़ैच में अर्धरात्रि को शरारती तत्वों ने बिशन सिंह की करियाने की दकान लूट कर उसे आग लगा दी । पड़ोसियों ने जब आग की लपटें उठती देखीं तो शोर मचाया । ग्रामीणों ने इकट्ठे होकर आग बुझाई लेकिन तब तक दुकान जल चुकी थी । गांव के रास्ते में आटे की बोरी और साबुन के कुछ पैकेट मिले हैं । क्षति का अनुमान लगभग दस हजार रुपए लगाया गया है ।

आतंकवादी द्वारा आत्महत्या

बढ़लाडा (गुप्ता): गत दिनों एक पैट्रोल लूटने वाले दो उग्रवादियों में से एक ने पुलिस द्वारा पकड़े जाने से पहले कोई जहरीला पदार्थ खा लिया, जिस कारण उसकी अस्पताल में मृत्यु हो गई । उसके एक 38 बोर की पिस्तौल, पातड़ां मंडी से छीना गया स्कूटर पी.ए.पी. 8679 तथा पैट्रोल पम्प से छीने गए 3500 रुपए बरामद किए गए । मृत उग्रवादी की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

एक माह में 18 हथियार पकड़े गए

संगरूर (गोयल): जिला पुलिस ने जुलाई माह में 18 व्यक्तियों से विदेशी हथियारों सहित 18 आग्नेयास्त्र तथा असला पकड़ा । एस.पी. एम.एम. कपर ने बताया कि उग्रवादियों से पकड़े गए कुछ हथियार बहुत आधुनिक किस्म के थे । ऐसे हथियार पुलिस के पास भी नहीं हैं ।

सरपंच की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): बीती रात चार अज्ञात आतंकवादियों द्वारा श्री हरगोबिन्द थाने के अन्तर्गत गांव चीमा खुर्द में सरपंच सुरजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई । पूछताछ के लिए 6 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार जिस समय सरपंच सुरजीत सिंह की हत्या की गई वह अपने ट्यूबवैल पर सोया हुआ था । आतंकवादी हत्या कर भागने में सफल हो गए ।

ह.स. के अनुसार गुरदासपुर जिले के पुलिस प्रमुख जे.पी. बिरदी ने सम्वाददाताओं को बताया कि आतंकवादी मृतक के ट्यूबवैल पर आए और उससे छीन लिया ।

उग्रवादी गिरफ्तार

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): सुरक्षा कर्मियों ने गत रात्रि गांव रानीपुर के बलविन्दर सिंह नामक एक उग्रवादी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 12 बोर का पिस्तौल व 15 कारतूस बरामद किए हैं ।

घर-घर की तलाशियां

सुरक्षा कर्मचारियों ने निकटवर्ती गांव हरदामपर में निरंतर पांच घंटे तक छापे मारे व घर-घर की तलाशी ली, परन्तु कोई अवांछनीय तत्व नहीं मिला ।

स्कूलों के आसपास कड़े सुरक्षा प्रबन्ध

पंजाब में आतंकवादियों की तरफ से इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस को 'मातमी दिवस' के रूप में मनाने व तब तक राज्य में हिंसा की बाढ़ ला देने की योजनाओं, स्कूली छात्रों को उड़ा ले जाने व उनके कत्ल की धमकियों इत्यादि के दृष्टिगत फगवाड़ा व आसपास के क्षेत्रों के कुछ स्कूलों में कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए जा रहे हैं । इस संदर्भ में आज क्षेत्र के स्कूलों के मुख्याध्यापकों की सुरक्षा अधिकारियों के साथ लम्बी मीटिंग में निर्णय किया गया कि 16 अगस्त तक सभी स्कूलों के खुलने व बंद होने के समय एक ही रखे जाएं । इस दौरान सभी स्कूलों के इर्द-गिर्द सुरक्षा कर्मियों की गश्त तेज की जाए, आधी छुट्टी के समय बच्चों को स्कूलों से बाहर निकलने की आज्ञा न दी जाए, स्कूलों में छात्रों के सगे सम्बन्धियों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध रहे, छुट्टी के समय तरुण छात्र छोटे छात्रों को स्वयं सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएं, स्कूलों के पास 200 गज तक किसी छाबड़ी वाले को खड़े न होने दिया जाए, इत्यादि । पता चला है कि सुरक्षा कर्मियों ने स्वतंत्रता दिवस तक राज्य भर में कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए हैं व सभी क्षेत्रों में दिन-रात गश्त तेज कर दी गई है । पता चला है कि स्कूली छात्रों के कत्लों व उन्हें उठा ले जाने की धमकियों को बहुत गम्भीरता से लिया गया है ।

फिल्लौर (भाखड़ी): स्थानीय पुलिस ने तीन 'उग्रवादियों' को खोखे जलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है । इन्होंने निकटवर्ती गांव अपरा में मीट, नाइयों व सिगरेटों के खोखों को आग लगा दी थी । इनमें से क्लीन शेव हिन्द परिवार के सदस्य हैं व एक सिख है । इन्होंने आग लोगों में भय फैलाने के लिए लगाई थी । उक्त तीनों युवक अपरे के निकट के गांव के ही रहने वाले हैं ।

फिल्लौर (भाखड़ी): गत आधी रात एक किसान हरमीत सिंह के घर तीन आतंकवादियों ने घुस कर हरमीत सिंह की दोनाली बंदूक व 21 कारतूस छीन लिए । हरमीत सिंह यहां के निकटवर्ती गांव माओ साहिब का रहने वाला है व उसने इस घटना की रिपोर्ट स्थानीय पुलिस के पास लिखवा दी है ।

आतंकवादी की गोली से बचा

होशियारपुर (प्रद्युम्न): कल रात यहां से 33 किलो मीटर दूर मौजा बैरीवाल में उस समय सनसनी फैल गई जब तीन अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति

हैं ।

फरीदकोट के जिलाधिकारी भूपेन्द्र सिंह सिद्धू ने 31 अगस्त तक के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी ।

जिला प्रशासन ने गुरुद्वारों के प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी अज्ञात व्यक्ति को रात में न ठहरने दें । अगर कोई रुकता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें ।

सेल्समैन की हत्या

मोगा (आजाद): निकटवर्ती गांव बक्कनवाली में गत रात दो आतंकवादियों ने कपड़े की दुकान के एक सेल्समैन मुख्तयार चन्द की गोलियां मारकर हत्या कर दी । वह शाम को मोगा से अपने गांव जाकर अभी नहाने लगा था कि किसी ने दरवाजा खटखटाया । जब उसने दरवाजा खोला तो आतंकवादियों ने अन्दर घुस पर उसकी हत्या कर दी । उग्रवादी परिवार के अन्य सदस्यों को एक कमरे में बंद करके पैदल ही चले गए । डी.एस.पी. मोहकम सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गया । इस सम्बन्ध में 10 व्यक्ति हिरासत में लिए गए हैं ।

फरीदकोट जिला पुलिस ने विशेष नाकेबंदी के दौरान जसवन्त सिंह और त्रिलोचन सिंह (गंगानगर) को गिरफ्तार करके 12 बोर की बंदूक और 32 बोर का रिवाल्वर बरामद किया ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार

बाघापुराना (मित्तल): यहां से 8 कि. मी. दूर घोलियां कलां के निकट पुल पर नाकेबंदी के दौरान स्थानीय पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन उग्रवादियों गुरसेवक सिंह, नगेन्द्र सिंह और मनजिंदर सिंह को गिरफ्तार करके एक 315 बोर की राइफल, एक 12 बोर की पिस्तौल तथा कारतूस बरामद किए । नहर के किनारे संदिग्ध अवस्था में घूम रहे इन आतंकवादियों को जब नाका पार्टी ने ललकारा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पांच मिनट तक मुठभेड़ के बाद तीनों पकड़े गए । पूछताछ के दौरान पता चला कि कई हत्याओं और लूटपाट की घटनाओं में संलिप्त यह उग्रवादी कहीं वारदात करने जा रहे थे ।

चार पुलिस अफसर जबरी रिटायर

लुधियाना (महिन्द्रा): लुधियाना के चार पुलिस सब-इंस्पैक्टर जबरी तौर पर रिटायर कर दिए गए हैं । एस.एस.पी. श्री ए.पी. पाण्डे के आदेशानुसार यह कार्रवाई की गई है । इनमें गुरजीत सिंह, हरनेक सिंह, बलदेव सिंह तथा मुख्तयार सिंह शामिल हैं । इनको जबरी रिटायर करने का कारण इनका खराब रिकार्ड है ।

सांसद के पी.ए. सहित 3 बंदी

पटियाला (भूषण): एकीकृत अकाली दल के एक सांसद चरणजीत सिंह वालिया के निजी सहायक सहित तीन व्यक्तियों को आतंकवाद विरोधी कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है । इनके नाम हैं : तेजेन्द्र पाल सिंह, गुरमेज सिंह (मेहमान चक) तथा मंजीत सिंह मुक्तसर । तेजेन्द्र सिंह श्री वालिया के गत 6 माह से निजी सहायक हैं, जबकि मंजीत सिंह स्वर्णकार है । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक खास समुदाय के लोगों की हत्या के लिए हथियार

Punjab Sprakam

कारण उसकी अस्पताल में मृत्यु हो गई । उससे एक 38 बोर की पिस्तौल, पातड़ा मंडी से छीना गया स्कूटर पी.ए.पी. 8679 तथा पैट्रोल पम्प से छीने गए 3500 रुपए बरामद किए गए । मृत उग्रवादी की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

एक माह में 18 हथियार पकड़े गए

संगरूर (गोयल): जिला पुलिस ने जुलाई माह में 18 व्यक्तियों से विदेशी हथियारों सहित 18 आग्नेयास्त्र तथा असला पकड़ा । एस.पी. एम.एम. कपूर ने बताया कि उग्रवादियों से पकड़े गए कुछ हथियार बहुत आधुनिक किस्म के थे । ऐसे हथियार पुलिस के पास भी नहीं हैं ।

सरपंच की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): बीती रात चार अज्ञात आतंकवादियों द्वारा श्री हरगोबिन्द थाने के अन्तर्गत गांव चीमा खुड़ी में सरपंच सुरजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई । पूछताछ के लिए 6 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार जिस समय सरपंच सुरजीत सिंह की हत्या की गई वह अपने ट्यूबवैल पर सोया हुआ था । आतंकवादी हत्या कर भागने में सफल हो गए ।

ह.स. के अनुसार गुरदासपुर जिले के पुलिस प्रमुख जे.पी. बिरदी ने सम्वाददाताओं को बताया कि आतंकवादी मृतक के ट्यूबवैल पर आए और उससे अपने साथ चलने के लिए कहा । आतंकवादियों ने निहंग फुम्मन सिंह के डेरे के निकट सुरजीत सिंह के हाथ बांध दिए और उसकी छाती पर चार गोलियां चलाईं जिससे उसकी तत्काल मृत्यु हो गई । आतंकवादी पैदल आए और पैदल ही चले गए ।

सीमा पर घूमने, फिरने की पाबंदी

जिला मैजिस्ट्रेट श्री डी.एस. कल्ला ने जिला गुरदासपुर की भारत पाक सीमा पर आतंकवादियों की गतिविधियों को देखते हुए सीमा से 300 मीटर क्षेत्र में शाम 7.30 बजे से सुबह 6 बजे तक घूमने फिरने पर पाबंदी लगा दी है । यह आदेश 7 अक्तूबर तक लागू रहेगा । यह आदेश सेना, अर्ध सैनिक बलों, पुलिस, होम गार्ड, ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा ।

बटाला से कोछड़ के अनुसार आज सायं 8.15 बजे दो उग्रवादियों ने पुरानी माल मंडी क्षेत्र में सुभाष कबाड़िया से बजाज चेतक पी.ए.ए. 2208 स्कूटर

स्वतंत्रता दिवस तक राज्य भर में कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए हैं व सभी क्षेत्रों में दिन-रात गश्त तेज कर दी गई है । पता चला है कि स्कूली छात्रों के कत्लों व उन्हें उठा ले जाने की धमकियों को बहुत गम्भीरता से लिया गया है ।

फिल्लौर (भाखड़ी): स्थानीय पुलिस ने तीन 'उग्रवादियों' को खोखे जलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है । इन्होंने निकटवर्ती गांव अपरा में मीट, नाइयों व सिगरेटों के खोखों को आग लगा दी थी । इनमें से क्लीन शेव हिन्दू परिवार के सदस्य हैं व एक सिख है । इन्होंने आग लोगों में भय फैलाने के लिए लगाई थी । उक्त तीनों युवक अपरे के निकट के गांव के ही रहने वाले हैं ।

फिल्लौर (भाखड़ी): गत आधी रात एक किसान हरमीत सिंह के घर तीन आतंकवादियों ने घुस कर हरमीत सिंह की दोनाली बंदूक व 21 कारतूस छीन लिए । हरमीत सिंह यहां के निकटवर्ती गांव माओ साहिब का रहने वाला है व उसने इस घटना की रिपोर्ट स्थानीय पुलिस के पास लिखवा दी है ।

आतंकवादी की गोली से बचा

होशियारपुर (प्रद्युम्न): कल रात यहां से 33 किलो मीटर दूर मौजा वैरीवाल में उस समय सनसनी फैल गई जब तीन अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति दर्शन सिंह के घर में दाखिल होकर उस पर गोली चला दी मगर वह बाल-बाल बच गया । बताया जाता है कि दर्शन सिंह अपने घर के आंगन में बैठा था कि एक युवक दीवार फांद कर अन्दर आया । उसके हाथ में दोनाली बंदूक थी । दर्शन सिंह उस पर झपटा लेकिन उसने गोली चला दी जो एक खिड़की में जा लगी । इसके बाद उसका दूसरा साथी अन्दर आ गया और वह अपने पहले साथी को लेकर बाहर चला गया । फिर तीसरे ने जो बाहर ट्रक पर खड़ा था, फायरिंग शुरू कर दी । इतने में गांव के लोग वहां जमा होने लगे, जिन्हें देख आतंकवादी भाग गए । इस बीच पुलिस ने सरहाली गांव के एक व्यक्ति हरबंस सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

बलाचौर (ज.): एक सरपंच की हत्या के आरोप में उग्रवादी सतनाम सिंह को गिरफ्तार कर उसका 17 अगस्त का पुलिस रिमांड ले लिया गया । उसके चार साथी पहले ही पकड़े जा चुके

उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पांच मिनट तक मुठभेड़ के बाद तीनों पकड़े गए । पूछताछ के दौरान पता चला कि कई हत्याओं और लूटपाट की घटनाओं में संलिप्त यह उग्रवादी कहीं वारदात करने जा रहे थे ।

चार पुलिस अफसर जब्री रिटायर

लुधियाना (महिन्द्रा): लुधियाना के चार पुलिस सब-इंस्पैक्टर जब्री तौर पर रिटायर कर दिए गए हैं । एस.एस.पी. श्री ए.पी. पाण्डे के आदेशानुसार यह कार्रवाई की गई है । इनमें गुरजीत सिंह, हरनेक सिंह, बलदेव सिंह तथा मुख्त्यार सिंह शामिल हैं । इनको जब्री रिटायर करने का कारण इनका खराब रिकार्ड है ।

सांसद के पी.ए. सहित 3 बंदी

पटियाला (भूषण): एकीकृत अकाली दल के एक सांसद चरणजीत सिंह वालिया के निजी सहायक सहित तीन व्यक्तियों को आतंकवाद विरोधी कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है । इनके नाम हैं : तेजेन्द्र पाल सिंह, गुरमेज सिंह (मेहमान चक) तथा मंजीत सिंह मुक्तसर । तेजेन्द्र सिंह श्री वालिया के गत 6 माह से निजी सहायक हैं, जबकि मंजीत सिंह स्वर्णकार हैं । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक खास समुदाय के लोगों की हत्या के लिए हथियार जुटाने के लिए श्री वालिया के गनमैन सतनाम सिंह की हत्या की योजना बनाते समय इन्हें पासी रोड स्थित एक पार्क से गिरफ्तार किया गया । पूछताछ के आधार पर उग्रवादी घटनाओं बारे कई महत्वपूर्ण सुराग मिलने की सम्भावना है ।

भटिंडा पुलिस ने भामेकियां ग्राम की सहकारी समिति के कैशियर से 50000 रु. लूटने वाले उग्रवादी गुरजंट सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से लूट के धन में से सात हजार रु., एक रिवाल्वर, कई कारतूस बरामद किए । एक अन्य उग्रवादी काबुल सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से संत गुरदयाल सिंह की गत जून माह में गुरदासपुर से चोरी गई .45 बोर की रिवाल्वर बरामद की गई । संत गुरदयाल सिंह संत हरचंद सिंह लौंगोवाल के पूर्ववर्ती हैं । उसके पास से कुछ अन्य हथियार भी बरामद हुए । काबुल सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने यह रिवाल्वर गुरदयाल सिंह के सिक्यूरिटी गार्ड पंजाब पुलिस के सिपाही से बीस हजार में खरीदी थी ।

जालंधर में डी.ए.वी. कालेज के निकट पुलिस ने एक लावारिस स्कूटर बरामद किया । पुलिस को संदेह है कि स्कूटर किसी अपराध के उपरान्त वहां छोड़ दिया गया है ।

एक लाख की डकैतियां

जालन्धर (वार्ता): आतंकवादियों के दो गिरोहों ने आज तड़के जालन्धर सदर पुलिस थाने के अन्तर्गत आधा घंटे के भीतर दो गांवों में डकैती डालकर एक लाख रुपए मूल्य के स्वर्णाभूषण तथा नकदी लूट ली ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार भोजेवाल गांव में बंदूकों तथा तलवारों से लैस लगभग 14 आतंकवादियों के एक गिरोह ने दर्शन सिंह के घर से 60000 रुपए मूल्य के 20 तोले सोने के आभूषण लगभग एक हजार रुपए नकद, 25 सूट और उसके बेटे की एक पुलिस वर्दी लूट लिए । भागने से पहले आतंकवादियों ने महिलाओं और पुरुषों को अलग-अलग कमरों में बंद कर दिया ।

दूसरी घटना नंगल शामा में हुई । लगभग आठ आतंकवादियों ने रात दो बजे त्रिलोचन सिंह के घर से 4500 रुपए तथा कुछ आभूषण लूट लिए । इन

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

रोज़गार

भारतीय वायुसेना में पुलिस, टैलीफोन आप्रेटर, मोटर ड्राइवर, क्लर्क आदि के अनेक पद रिक्त हैं । योग्यता मैट्रिक । आयु सीमा-16 से 19 वर्ष । अंतिम तिथि-28.8.87. आवेदन पत्र तथा नियमावली हेतु 10 रुपए मनीआर्डर शीघ्र भेजें । National School of Competitions, Ambala City-134003.

नए रोज़गार (Approved) पुस्तक 200 कारोबार, 2000 औद्योगिक फार्मूले 400 पृष्ठ हिन्दी या उर्दू 30 रुपए, पोस्टेज 6 रुपए वी.पी. मंगाएं । निराला जोगी मासिक (बिहाईंड बस स्टैंड), पानीपत ।

व्यापार

हमारे यहां हर किस्म की लकड़ी की पेटियां order पर बनती हैं । अपनी Local और Export Supplies के लिए मिलें :- Vijay Industries, Backside P&T Colony, Near Shastri

सार्वजनिक सूचना

सरदार बलबीर सिंह सुपुत्र सरदार प्रीतम सिंह, पठानकोट निवासी जो कि हमारी फर्म में टाईपिस्ट-कम-क्लर्क का काम करता था, एक जून 1987 से बिना बताए चला गया है । सब को सूचित किया जाता है कि हमारी जिम्मेदारी पर कोई भी किसी तरह का उससे लेन-देन न करे । सागर रैफ्रीजिरेशन वर्क्स, डल्हौजी रोड, पठानकोट ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 11.8.87 Rs. 42/- without trays. NECC Suggested Retail Price 5.90 per Dozen.

चिकित्सा

बिना आप्रेशन नाक व कान रोगों और शुगर से छुटकारा हेतु मिलें या लिखें । गंगा फार्मेसी, 80-

Punjabi Sanjaj

अन्य हथियार भी बरामद हुए । काबुल सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने यह रिवाल्वर गुरदयाल सिंह के सिक्यूरिटी गार्ड पंजाब पुलिस के सिपाही से बीस हजार में खरीदी थी ।

जालंधर में डी.ए.वी. कालेज के निकट पुलिस ने एक लावारिस स्कूटर बरामद किया । पुलिस को संदेह है कि स्कूटर किसी अपराध के उपरान्त वहां छोड़ दिया गया है ।

एक लाख की डकैतियां

जालन्धर (वार्ता): आतंकवादियों के दो गिरोहों ने आज तड़के जालन्धर सदर पुलिस थाने के अन्तर्गत आधा घंटे के भीतर दो गांवों में डकैती डालकर एक लाख रुपए मूल्य के स्वर्णाभूषण तथा नकदी लूट ली ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार भोजेवाल गांव में बंदूकों तथा तलवारों से लैस लगभग 14 आतंकवादियों के एक गिरोह ने दर्शन सिंह के घर से 60000 रुपए मूल्य के 20 तोले सोने के आभूषण लगभग एक हजार रुपए नकद, 25 सूट और उसके बेटे की एक पुलिस वर्दी लूट लिए । भागने से पहले आतंकवादियों ने महिलाओं और पुरुषों को अलग-अलग कमरों में बंद कर दिया ।

दूसरी घटना नंगल शामा में हुई । लगभग आठ आतंकवादियों ने रात दो बजे त्रिलोचन सिंह के घर से 4500 रुपए तथा कुछ आभूषण लूट लिए । इन उग्रवादियों के पास बंदूकें, तलवारें और भाले थे ।

स्कूटर छीना

कल रात गोराया थाना के गांव चाहल कलां के निकट आतंकवादियों ने जरनैल सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया ।

स्कूटर छीनने का प्रयास

गोराया से 'सेहरा' ने समाचार दिया है कि आज सायं साढ़े 4 बजे थाना फिल्लौर के गांव समराही में दो अज्ञात आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर डा. इंद्रजीत से स्कूटर छीनने का प्रयास किया । स्कूटर पर सवार डाक्टर के न रुकने पर उस पर गोली चला दी गई, जो उसके बाज़ू पर लगी, परन्तु घायलावस्था में भी वह स्कूटर चला कर अपने गांव तलहेटा में ले आया । पहले उसे बड़ापिंड अस्पताल में दाखिल कराया गया, मगर बाद में सिविल अस्पताल जालन्धर ले जाया गया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

घायल किया

आज रात्रि लुधियाना जिले के खुमानू ग्राम में 2 उग्रवादियों ने एक शराब ठेके के कर्मचारी को गोली मार कर घायल कर दिया ।

बम मिले

जम्मू (सच्चर): राजौरी पुलिस ने विदेशी चिन्ह वाला एक बम एक मार्केट में से बरामद किया है । क्षेत्र के लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी कि वहां कोई अजीब वस्तु पड़ी हुई है । पुलिस ने तत्काल क्षेत्र को घेरे में ले लिया । सेना के विशेषज्ञों को बुलाया गया जिन्होंने बम को वहां से हटाया ।

बूटा सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

हसन और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मोहसिना किदवई के नामों पर भी चर्चा हुई है, लेकिन अधिकतर नेताओं की राय में श्री बूटा सिंह अधिक उपयुक्त रहेंगे । इन नेताओं के अनुसार श्री बूटा सिंह कांग्रेस के प्रति हमेशा निष्ठावान रहे हैं । साथ ही राज्यसभा का संचालन भी कुशलता से कर सकेंगे । उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए

Punjabi Sanatani

पंजाब में बब्बर खालसा के 2 आतंकवादियों सहित 5 मरे

ज़िला गुरदासपुर में हथियारों की मिनी फ़ैक्टरी पकड़ी गई

शरण देने पर एकीकृत अकाली दल का नेता गिरफ़्तार

चंडीगढ़, 12 अगस्त (वार्ता, हस): गत 24 घंटों में पंजाब में 2 आतंकवादियों सहित 5 व्यक्ति हिंसा की घटनाओं में मारे गये । जिला गुरदासपुर में हथियारों की फ़ैक्टरी पकड़ी गई, जबकि 29 संदिग्ध आतंकवादी व उनको शरण देने वाले गिरफ्तार किये गये । पटियाला में एक और शक्तिशाली बम पाया गया । पाकिस्तान से घुसपैठ रोकने के लिये भारत-पाक सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई । आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में एकीकृत अकाली दल के एक नेता को भी गिरफ्तार किया गया । आतंकवादियों के साथ संबंध होने के शक में तीन पुलिस कर्मियों को संगरूर पुलिस ने गिरफ्तार किया ।

3 मरे

अमृतसर (ह.स.): एक खूंखार आतंकवादी लखविंद्र सिंह बाबा बकाला क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बल के संयुक्त दस्ते द्वारा मारा गया । आतंकवादी घटना से दो घंटे पहले ही जंडियाला क्षेत्र में पुलिस हिरासत से हथकड़ी समेत भाग निकला था । जिला पुलिस प्रमुख इज़हार आलम ने बताया कि लखविन्द्र सिंह हत्या के आठ मामलों में शामिल था । कल उसे एक पुलिस दल द्वारा शस्त्र और गोला बारूद बरामद करने के लिए जीप में एक गांव ले जाया जा रहा था । जिस समय जीप का अगला टायर बदला जा रहा था, लखविन्द्र सिंह एक कांस्टेबल मंजीत सिंह को चकमा देकर हथकड़ी समेत भाग निकला । लखविंद्र सिंह की हथकड़ी कांस्टेबल के हाथ में थी । पुलिस नाका दल ने बाबा बकाला के निकट लखविंद्र सिंह को देखा । पुलिस ने उसे आत्म-समर्पण करने के लिए कहा । इसके इन्कार करने पर उसे गोली का निशाना बना दिया गया ।

श्री आलम ने बताया कि एक अन्य कुख्यात आतंकवादी पुलिस और सुरक्षा बल के संयुक्त नाका टुकड़ी के साथ मुठभेड़ में मारा गया । मेहता चौक थाने के अन्तर्गत गांव रहसमपुरा में दो आतंकवादियों के साथ नाका दल की मुठभेड़ हुई । एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दूसरा भाग निकला । घटनास्थल से एक चीन निर्मित बंदूक, 17 कारतूस और कारतूस के 20 खाली बरामद किए गए । श्री आलम ने बताया कि मृत आतंकवादी की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी । संदेह है कि वह बब्बर खालसा संगठन का सदस्य था । बाद में उसका नाम गुरमीत सिंह मालूम हुआ ।

एक और आतंकवादी मरा

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार तीसरा संदिग्ध आतंकवादी बंडी गांव के पास मारा गया । उसे संदेहावस्था में घूमते देखकर सुरक्षा बलों ने उसको रुकने का संकेत दिया । उसके न रुकने पर उसे गोली मार दी गई जिससे वह वहीं मर गया । इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

आलम का बयान

श्री आलम ने बताया कि तरसिक्का निवासी गुरमीत सिंह उर्फ डिप्टी उर्फ बाबी पुलिस को अनगिनत हत्याओं में वांछित था । वह गांव शेरों में चार सी.आर.पी. जवानों, बाबा बकाला में एक एस.पी. तथा चंडीगढ़ में इंस्पैक्टर हरजीत सिंह की हत्या में भी संलिप्त था । उन्होंने कहा कि लखविंद्र सिंह उर्फ सुखदेव सिंह उर्फ कुलदीप सिंह उर्फ लक्खा डकैतियों के अलावा हत्या के 8 केसों में वांछित था ।

इसके अलावा एक किसान बेअन्त सिंह अमृतसर शहर के बाहर इलाके में सदर थाने के अन्तर्गत मालपिड गांव में अपने ट्यूबवैल के निकट मृत पाया गया । श्री आलम ने बताया कि किसान का गोलियों से छलनी शव आज सुबह उसकी बेटी ने देखा ।

एक सेवानिवृत्त सूबेदार ने कल पुलिस को सूचना दी कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने 24 जुलाई को उनके मकान से उसका लाइसैंसशुदा रिवाल्वर चुरा लिया है ।

'अशोक सोनी' के अनुसार पुलिस ने बेअन्त

(शेष पृष्ठ 6 पर)



बटाला सदर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 3 उग्रवादि
निकट एक आरे से पकड़ी गई हथियार फैक्टरी में मिले
हिस्से-पुर्जे ।

सच कहूंगा तो आग की ल
कहूंगा तो गुनाहकार बनू



नई दिल्ली, 12 अगस्त : (महेंद्र खन्ना) : भू.पू. राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिंह ने आज शाम एक विशेष भेंट में पंजाब की स्थिति के बारे में यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की, "अगर मैं सच कहूंगा तो आग की लपटें उठने लगेंगी और अगर झूठ कहूंगा तो गुनाह होगा और मैं गुनाहगार नहीं बनना चाहता ।" यह कहते हुए श्री ज़ैल सिंह ने पंजाब की वर्तमान स्थिति पर कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया । अपने नए निवास पर उन्होंने कहा, "पंजाब के बारे में चुप रहने में भी कष्ट है,पर मैं यह सोच कर चुप हूं कि शायद समस्या का कोई हल निकल आए और मुझे मुंह न खोलना पड़े ।" जब कहा गया कि रोज़ खून में नहा रहा पंजाब आप जैसे वरिष्ठ राजनीतिज्ञ का मार्ग दर्शन चाहता है,तो उन्होंने कहा, 'किससे कहूं, मेरी कौन सुनेगा ? खून के दाग खून से नहीं धुलते ।" उन्होंने कहा कि हिन्दू-सिख एकता का नारा लगाने वाले शरारती तत्व हैं । हिन्दू और सिख हैं ही एक, उनमें एकता लाने वाली कौन-सी बात है । सिखों, भारतीय मुसलमानों व इसाइयों के पूर्वज हिन्दू ही थे । धर्म बदल गया तो क्या हुआ,संस्कृति और संस्कार थोड़े ही बदलते हैं ।

भू.पू. राष्ट्रपति से अभी भी प्रतिदिन लगभग 100 लोग मिलने आते हैं । आज श्री बलराम जाखड़ भी उनसे मिलने आए । श्री ज़ैल सिंह के निकट सूत्रों का कहना है कि पंजाब की वर्तमान स्थिति से वे बहुत दखी हैं,परन्तु सार्वजनिक रूप से वे इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं । वे पंजाब के बारे में कोई चर्चा नहीं करते । सूत्रों का कहना है कि

पंजाब को
तरह आह
गृहमंत्री
समस्या
तत्कालीन
कहा था
कोई हस्त
पंजाब के
बल्कि अ
आपरेशन
नहीं ली
मंदिर प
किए थे-
इतने क

15 अगस्त को सम्भावित गड़बड़ के दृष्टिगत सुरक्षा-प्रबन्ध पूर्ण : प्रत्येक ज़िला में कमांडो स्क्वैड स्थापित : सिद्दीकी

होशियारपुर, 12 अगस्त (अश्विनी): जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री सिद्दीकी ने आज यहां पत्र प्रतिनिधियों को बताया कि आतंकवादियों द्वारा 15 अगस्त को सम्भावित गड़बड़ के दृष्टिगत सभी सुरक्षा प्रबन्ध पूर्ण कर लिए गए हैं । श्री सिद्दीकी के अनुसार अमृतसर के अलावा चार अन्य जिलों में हालात प्रायः शांतिपूर्ण हैं । किसी स्थान से किसी बड़ी घटना का पता नहीं चला । अमृतसर और गुरदासपुर जिलों में और अर्ध सैनिक बल भेज दिए गए हैं । उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा पट्टी की कोई ज़रूरत नहीं है, क्योंकि उस पर कार्यान्वयन सम्भव न हो सकेगा ।

श्री सिद्दीकी ने कहा कि सरकार सिख राजनीति के उतार-चढ़ाव पर पूरी नज़र रखे हुए है । अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई । कुछ दिनों तक इसके स्पष्ट होने की सम्भावना है । उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिला में कमांडो स्क्वैड स्थापित कर दिए गए हैं ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री सिद्दीकी ने बताया कि ए.एस.आई. पुलिस की जो सीधी भरती की जा रही है, उससे हैडकांस्टेबलों की तरक्की पर कोई असर नहीं पड़ेगा । वह प्रत्येक को समय आने पर

प्रकार की गड़बड़ नहीं करने दी जाएगी । हम आतंकवादियों की धमकियों का सामना करेंगे । उन्होंने कहा कि अमृतसर के हालात ऐसे नहीं कि वहां सेना बुलाई जाए । हम सुरक्षा बलों से ही उनका सामना कर सकते हैं ।

श्री सिद्दीकी ने कहा कि प्रो. दर्शन सिंह के अकाल तख्त से चले जाने से अभी तक सिद्ध नहीं होता कि आतंकवादी सिखों से अलग-थलग हो गए हैं । चार अगस्त को अमृतसर में सिख प्रसभा में पास किया गया प्रस्ताव स्पष्ट नहीं है । उन्होंने बताया कि गत वर्ष जालन्धर मंडल में लगभग एक सौ पुलिस मकाबले हुए जो अधिकतर अमृतसर और गुरदासपुर जिलों में हुए हैं ।



Punjab Sahapedia

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह की हत्या के आपसी शत्रुता का परिणाम होने की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद, कोछड़): जिला पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल ने मामूली मुठभेड़ के बाद के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनकी निशानदेही पर धारीवाल इलाके के क्षेत्र रनियां से अवैध शस्त्र बनाने की फ़ैक्टरी बरामद करके वहां से कुछ हथियार तथा हथियार बनाने वाले औज़ार बरामद किए हैं ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि गत रात बटाला सदर के क्षेत्र दियालगढ़-सतकोहा के एक नाले के पुल पर सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस ने नाकाबंदी कर रही थी कि तीन अज्ञात आदमी आते दिखाई दिए । जब जवानों ने इन्हें रुकने को कहा तो इन आतंकवादियों ने जवानों पर फ़ायर कर दिया जिसके जवाब में जवानों द्वारा भी कुछ फ़ायर किए गए,पर जल्दी ही जवानों ने घेराबंदी करके इन तीनों पर काबू पा लिया । इन तीनों की पहचान बलवन्त सिंह निवासी दीवेवाली (कलानौर), दर्शन सिंह निवासी रनियां और रणजीत सिंह निवासी गोदरपुरा (दोनों थाना धारीवाल) के रूप में हुई है और मौके पर उनसे एक देसी पिस्तौल, दो कारामद कारतूस तथा एक चला हुआ कारतूस हुआ है । आतंकवादियों ने गिरफ्तारी के समय खालिस्तान समर्थक नारे भी लगाए ।

अवैध शस्त्र फ़ैक्टरी पकड़ी गई

श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि इन आतंकवादियों से पुछताछ के आधार पर पुलिस ने धारीवाल थाने के अन्तर्गत रनियां गांव के दर्शन सिंह, जो कि रात को मुकाबले में पकड़ा गया था,के घर से अवैध शस्त्र बनाने वाली फ़ैक्टरी बरामद की है । उन्होंने बताया कि पता चलते ही पुलिस तथा बी.एस.एफ. ने दर्शन सिंह के घर छापा मारा और एक कमरे से अवैध हथियार बनाने वाले 80 के करीब औज़ार और 7 रिवाल्वर बरामद किए हैं । श्री बिरदी ने बताया कि इन्होंने स्वीकार किया है कि यह अवैध फ़ैक्टरी दो महीने पहले ही शुरू की गई है और इसके बने शस्त्र जिला गुरदासपुर के कुछ आतंकवादियों को सप्लाई किए जाते थे । श्री बिरदी के अनुसार इनसे पुछताछ जारी है और कुछ और गिरफ्तारियों की भी सम्भावना है । गिरफ्तार किए गए लोगों में रंजीत सिंह धारीवाल मिल में कर्मचारी है और वहीं से हथियार बनाने के लिए पाइपें आदि चोरी करके लाया करता था ।

एकीकृत अकाली दल का नेता बंदी

आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है,जिनमें भूतपूर्व अकाली विधायक तथा एकीकृत अकाली दल के जिला गुरदासपुर यूनिट का भूतपूर्व प्रधान महेन्द्र सिंह सरूपवाली भी शामिल है । पुलिस सूत्रों ने शेष तीन अभियुक्तों के नाम धर्म सिंह,जो कि महेन्द्र सिंह सरूपवाली का निकट सम्बन्धी है, बटाला का बलविंदर सिंह तथा निकटवर्ती तारागढ़ गांव का लखविंदर सिंह बताए हैं ।

व्यापक सुरक्षा प्रबन्ध

बटाला (ह.स.): सीमा सुरक्षा बल के आई.जी. श्री चमन लाल ने बताया कि गड़बड़ की आशंका के दृष्टिगत स्वतंत्रता दिवस पर व्यापक सुरक्षा प्रबन्ध किए गए हैं । श्री चमन लाल सभी दलों की बैठक में सदस्यों से बातचीत कर रहे थे । श्री लाल ने सभी पार्टियों से अपील की कि वे साम्प्रदायिक सद्भावना कायम रखें और कहा कि भारत-पाक सीमा के साथ गश्त बढ़ा दी गई है तथा पाकिस्तान की ओर से आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए निरंतर चौकसी रखी जा रही है ।

इसी बीच जिला पुलिस चीफ़ श्री बिरदी ने बताया कि आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के बाद पाकिस्तान भाग जाने वाले लगभग 300 युवकों ने पंजाब पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण किया था । इनमें से 18 आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त थे । श्री बिरदी ने बताया कि जिला में सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न भिड़तों में 15 पाक प्रशिक्षित उग्रवादी मारे गए और इस वर्ष जनवरी से जुलाई तक उग्रवादियों को पनाह देने के आरोप में 135 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आकर पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण करने वालों पर निरंतर नज़र रखी जा रही है । पुलिस चीफ़ ने जिला की बटाला, गुरदासपुर तथा पठानकोट सब डिवीजनों में बार्ड स्तर पर सब कमेटियां बनाने का आश्वासन दिया । भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान से घुसपैठ रोकने के लिए सुरक्षा पट्टी बनाने की मांग की जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने और बैंस कमेटी की सिफ़ारिशों पर रिहा किए गए व्यक्तियों की पड़ताल कराए जाने की मांग की ।

कुख्यात आतंकवादी पकड़े गए

होशियारपुर (प्रद्युम्न): जिला पुलिस चीफ़ श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि कल रात विभिन्न स्थानों से तीन कुख्यात आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । उन्होंने बताया कि तलवाड़ा का जगमोहन सिंह सरपंच ओंकार नाथ की तथा जोगेन्द्र सिंह व रणबीर सिंह, स्वर्ण राम की हत्या में संलिप्त थे । उनसे कुछ हथियार भी पकड़े गए । जगमोहन सिंह एक एस.डी.ओ. का लड़का है ।

स्कूटर छीन लिया

आज लगभग साढ़े बारह बजे मौज़ा नाइयां में मवेशियों के अस्पताल के डाक्टर महेन्द्र प्रकाश से आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन लिया तथा फ़रार हो गए ।

बारियां खुर्द ग्राम से मेटियां जा रहे बलकार सिंह से 2 उग्रवादियों ने पी.ए.ओ. 472 स्कूटर छीन लिया ।

जैतो (पराशर): गत दिवस दोपहर के दो बजे के लगभग तीन संदिग्ध उग्रवादियों ने पैट्रोल पम्प से लगभग 3000 रुपए का सामान लूट लिया और फ़रार हो गए । अभियुक्त नई लाल रंग की मारुती कार में आए थे । पैट्रोल पम्प दर्शन कुमार एंड कम्पनी का था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

कपूरथला (शर्मा): थाना भुलत्थ के गांव नडाला के निकट तीन सशस्त्र अज्ञात नवयुवकों ने एक व्यक्ति नाज़र सिंह की चाक तथा किरपानें मार कर निर्मम हत्या कर दी तथा दो साइकल लेकर भाग गए । बताया जाता है कि रात्रि लगभग नौ बजे यह नवयुवक मृतक नाज़र सिंह के ट्यूबवैल से उसके नौकर से साइकल छीन कर ले गए । पता लगने पर नाज़र सिंह नौकर के साथ दूसरे साइकल पर उनके पीछे गया और ढिलवां सड़क पर मिज़ापुर के निकट वह मिल गया । नौकर भाग आया तो युवकों ने नाज़र सिंह की हत्या कर दी और दूसरा साइकल भी ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

कल रात सुलतानपर लोधी के मौजा बोसोवाल में 6 संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सोहन उर्फ़ बिलायता का अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि इन लोगों ने बिलायता के घर में दाखिल होकर उससे एक लाख रुपया मांगा । जब उसने इन्कार किया तो वे उसे ज़बरदस्ती उठाकर ब्यास नदी के मंड क्षेत्र की ओर ले गए । गांव वाले तथा पुलिस उसकी खोज कर रही है,परन्तु कहीं से कोई सुराग नहीं मिला ।

3 पुलिस कर्मी गिरफ्तार

भटिंडा (गोबर): जिला संगरूर पुलिस ने गांव ख्यालीवाला जिला भटिंडा के काबुल सिंह के बताने पर आतंकवादियों के साथ सम्बन्धों के आरोप में तीन पुलिस कर्मियों हरतेज सिंह, भाग सिंह और भूपेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है । काबुल सिंह को आतंकवादी गतिविधियों के आरोप में हाल ही में पकड़ा गया था । पुलिस ने उससे दो विदेशी रिवाल्वर तथा भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए थे । काबुल सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने एक रिवाल्वर उक्त पुलिस कर्मियों से 20000 रुपए में खरीदा था । यह तीन पुलिस कर्मी मार्कफैड के भूतपूर्व अध्यक्ष और अकाली विधायक गोबिंद सिंह कांजला तथा ऐतिहासिक गुरुद्वारा लौंगोवाल के इंचार्ज संत गुरदयाल सिंह के गनमैन रहे हैं । पुलिस सूत्रों ने बताया कि संत गुरदयाल सिंह ने गत जून में पुलिस के पास अपने 450 बोर के रिवाल्वर की चोरी की रपट दर्ज कराई थी ।

फल विक्रेता की हत्या

धूरी (सिंगला): कल मालेरकोटला बस स्टैंड पर एक पुलिस कर्मी प्रीतम सिंह ने फल विक्रेता नूर मुहम्मद की हत्या कर दी । प्रीतम सिंह लुधियाना में तैनात है । वह लुधियाना से बरास्ता पटियाला जाने वाली बस पी.जे.जी. 7120 में पुलिस सुरक्षा गार्ड के साथ जा रहा था । बताया जाता है कि नूरमुहम्मद ने प्रीतम सिंह से पांच सौ रुपए लेने थे । रुपए मांगने पर प्रीतम सिंह ने उसको गोली मार दी । एस.डी.एम. श्री ग्रेवाल ने बताया कि प्रीतम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है । मालेरकोटला में आज इस हत्या के विरोध में हड़ताल रही । स्कूल भी बंद रहे ।

पुलिस का बयान

पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि संगरूर से लुधियाना जा रही बस पर तैनात हवलदार प्रीतम सिंह की स्टेनगन से कल रात अचानक गोली चल गई जिससे फल विक्रेता नूरमुहम्मद की मृत्यु हो गई ।

एक आतंकवादी गिरफ्तार

बरनाला से सिधवानी की सूचना है कि बरनाला के पुलिस इंस्पैक्टर श्री इकबाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक आतंकवादी मिट्ठू सिंह वल्द बचन सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से छीना हुआ स्कूटर एच.आर.एक्स. 5905, एक देसी पिस्तौल, 5 कारतूस बरामद किए हैं । अभियुक्त ने 28 जून को कर्मगढ़ के निकट बरनाला के एक आढ़ती अशोक कुमार से उक्त स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीना था । अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने गांव सैंगड़ा में एक बैंक लूटने की कोशिश की थी,जिसमें वह सफल न हो सका था ।

बम मिला

पटियाला (भूषण): आज यहां माल पर स्थित आफ़िस कम्पलैक्स के बाहरी गेट के निकट एक और उच्च क्षमता वाला बम पाया गया । इसी जगह डी.आई.जी. पुलिस (रेलवे) का भी कार्यालय है । तीन अगस्त को इसी गेट के सामने वाले हिस्से में एक बम फटा था,जो कि सम्भवतः डी.आई.जी. पुलिस (रेलवे) श्री आर.एल. वधवा की हत्या का प्रयास था ।

आज प्रातः नौ बजे जब सावधानी पग के तौर पर मुख्य गेट के निकट झाड़ियां साफ की जा रही थीं तो कुछ तारें दिखाई पड़ीं तथा 15 इंच ब्यास वाला एक प्लास्टिक कंटेनर जमीन में दबा पाया गया । पुलिस अधिकारी भी तुरन्त वहां पहुंचे और कंटेनर के गिर्द रेत की बोरियां लगा दी गईं ।

बम नाकारा बनाया गया

बाद का समाचार है कि चंडीगढ़ से आए विस्फोटक विशेषज्ञों ने बम को नाकारा कर दिया । यह पाया गया कि यह प्लास्टिक कंटेनर एक लंच बाक्स था जिसमें तीन डैटोनेटर तथा अनेक नट बोल्टों सहित शक्तिशाली विस्फोट भरे थे । यह अत्यन्त खतरनाक बम करीब 50 मीटर की दूरी पर तारों द्वारा गवर्नमैंट फ्रूट नर्सरी क्षेत्र में जोड़ा गया था । प्लास्टिक कंटेनर में दो अगस्त का एक पंजाबी समाचार पत्र भी पाया गया ।

आतंकवादियों की जमानत

नामजद अदालत के विशेष जज श्री एम.एल. सिंगल ने संदिग्ध आतंकवादियों जोगेन्द्र सिंह पौपी राजपुरा तथा बलजीत सिंह को जमानत पर रिहा कर दिया । दोनों अभियुक्त सिख छात्र महासंघ से सम्बन्धित हैं ।

10 आतंकवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (वार्ता): जिला पुलिस चीफ श्री गोबिंद राम ने बताया कि गत 24 घंटों के दौरान जिला फरीदकोट में दस आतंकवादी गिरफ्तार किए गए जिनसे भारी मात्रा में हथियार व गोली सिक्का बरामद हुआ । उन्होंने बताया कि बरामद किए गए हथियारों में दो बारह बोर के विदेशी रिवाल्वर, एक एच.ई. 36 हथगोला, तीन 315 बोर के पिस्तौल, एक 12 बोर का पिस्तौल तथा लगभग 6 दर्जन कारामद व 6 खाली कारतूस शामिल हैं । श्री गोबिंद राम ने कहा कि पुछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने अनेक हत्याओं, डकैतियों, हथियार व स्कूटर छीनने की वारदातों में संलिप्त होने का इकबाल किया है ।

पैट्रोल पम्प लूटने का प्रयास

लुधियाना (महिन्द्रा): आज बाद दोपहर दो बजे जालन्धर बाईपास के निकट एग्रो इंडस्ट्रीज के पैट्रोल पम्प को लूटने की कोशिश नाकाम बना दी गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार दो स्कूटर सवार उग्रवादी इस पैट्रोल पम्प पर आए तथा पिस्तौल दिखाकर सारा कैश उनके हवाले कर देने की धमकी दी । इसी बीच पैट्रोल पम्प के कर्मचारी उग्रवादियों से उलझ पड़े । दूसरी ओर इन उग्रवादियों से पिस्तौल न चल सका । ज्ञात हुआ है कि पिस्तौल नकली था अतः उग्रवादी स्कूटर छोड़कर भाग निकले । पुलिस ने स्कूटर कब्ज़े में लेकर जांच शुरू कर दी ।

5 लुटेरे गिरफ्तार

आज 5 लुटेरों को जिन पर आतंकवादी होने का शक है, पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार कर लिया । पुलिस का कहना है कि यह सभी लुटेरे एक निकटवर्ती गांव में डाका डालने तथा एक सरपंच की हत्या की योजना बना रहे थे । पुलिस ने इनसे एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल, 12 बोर की एक बंदूक व 20 कारतूस बरामद किए । उनसे एक फ़िएट कार पी.ए. डब्ल्यू. 561 भी बरामद की गई । इन लुटेरों के नाम जुगराज सिंह, बलविंदर सिंह उर्फ़ बिंदा, जगपिंदर सिंह, कर्मवीर सिंह, परमजीत सिंह उर्फ़ पाली बताए गए हैं ।

लुधियाना (मुसाफिर): जिला जालंधर के शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य श्री सतनाम सिंह को आज सलाहकार बोर्ड ने रिहा कर दिया । उन्हें रासुका के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया था । आज उन्हें बोर्ड के सामने पेश किया गया था ।

कल रात्रि लुधियाना जिले के खुमानों मंडी ग्राम में तीन उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके के दो कर्मचारियों को गोली मार कर घायल कर दिया और फ़रार हो गए ।

रोपड़ में कुराली रोड पर दो सशस्त्र उग्रवादियों ने सूरज प्रकाश की दुकान लूटने का प्रयास किया,पर सूरज प्रकाश ने उनसे प्रतिरोध किया, जिस पर उग्रवादी गोली चलाते हुए भाग निकले ।

आज सायं जालंधर में नाज़ सिनेमा के पास दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने कैम्पा कोला के एक ट्रक के चालक से 2500 रु. छीन लिए ।

इसी मध्य आज बाद दोपहर थाना नूरमहल के अन्तर्गत बिलगा गांव के निकट एक व्यक्ति रूपलाल से उसका स्कूटर छीन लिया गया ।

रिवाल्वर बरामद

फगवाड़ा (कौड़ा): पता चला है कि गत दिवस नूरमहल पुलिस के एक दल ने फगवाड़ा से एक संदिग्ध नौजवान को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से एक रिवाल्वर बरामद किया है । पुलिस के अनुसार सम्भवतः यह रिवाल्वर निकटवर्ती गांव लखनपाल के सरपंच से गत मास छीना गया था ।

जाली विश्वविद्यालय प्रमाण पत्र पकड़े गए, 2 गिरफ्तार

नई दिल्ली, 12 अगस्त (उमेश): सब्जी मंडी पुलिस ने विश्वविद्यालय और माध्यमिक शिक्षाबोर्डों के जाली प्रमाण-पत्र और मार्कशीट भारी संख्या में बरामद करके प्रकाश चंद और सतपाल को गिरफ्तार कर लिया है । ये लोग फ़र्ज़ी कालेज खोल कर ये जाली प्रमाण पत्र छात्रों को देते थे । सतपाल आठवीं फ़ेल है, लेकिन अपने को डा. सतपाल एम.ए.,एल.एल.बी. गोल्ड मैडलिस्ट बताता था ।

उत्तरी भारत में धूलभरी आंधी

चंडीगढ़, 12 अगस्त (वार्ता): उत्तर-पश्चिमी भारत में आज धूलभरी आंधी चलती रही और हिमाचल में कुछ और स्थानों पर वर्षा हुई । हिमाचल की सम्पूर्ण कांगड़ा घाटी क्षेत्र में पिछले 24 घंटों में भारी वर्षा हुई,जिससे घाटी क्षेत्र में नष्ट हो रही खरीफ़ की फसल का एक बड़ा भाग बच जाने की आशा बंधी है । धर्मशाला में कल शाम से आज प्रातः 8.30 बजे तक 102 मिली मीटर वर्षा हुई । कुल्लू, सोलन, मंडी में आज प्रातः तक 35.5 मिलीमीटर वर्षा होने की सूचना मिली है । अगले 24 घंटों में हिमाचल में दूर-दूर तक और पंजाब तथा हरियाणा में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की सम्भावना है । पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली पर धूल भरे बादल छाए रहे । हिमाचल में वर्षा के बावजूद उत्तरी भारत में तापमान सामान्य से सात डिग्री सैंटीग्रेड अधिक रहा । फगवाड़ा से अशोक कौड़ा के अनुसार कल रात्रि लगभग 11 बजे भीषण अंधड़ आया । पंजाब बिजली बोर्ड ने राज्य में कई तरह से बिजली कटौती लागू कर रखी है । जम्मू, ऊधमपुर, निकटवर्ती क्षेत्रों में रात्रि में वर्षा हुई ।

HIND SAMACHAR

Requires

An Accounts Clerk Knowing E.S.I. & Provident Fund work. Age no bar. Candidate should preferably be Graduate with atleast four years of working experience in the similar capacity in a Company of Repute. Good Salary as per 'Palekar Award'. Apply in confidence with salary drawn and expected to :—

The Secretary,

THE HIND SAMACHAR LIMITED,

JALANDHAR CITY.

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

सार्वजनिक सूचना

सरना ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन, 33, कपूरथला रोड, जालंधर । हमारा टैलीफोन नं. 79932 से बदल कर 71398 हो गया है, नोट करें ।

मेरा भाई रामकरण पुत्र भरत सिंह हमारे कहने से बाहर है । भविष्य में उसके किसी मामले में मैं या हमारा परिवार जिम्मेवार न होगा । राजमल पुत्र भरत सिंह, गांव निजामपुर (सोनीपत) ।

शिक्षा

पत्राचार द्वारा B.Ed, M.Ed., BTC/JBT, LT/OT करें : हायर सैकेंडरी पास Direct B.A., B.Com. Final करें । दसवीं पास इंटर तथा बिना

जायदाद बिकाऊ

शानदार कमर्शियल बिल्डिंग, निकट जनरल बस स्टैंड, जी.टी. रोड, अम्बाला छावनी एवं शानदार रिहायशी प्लाट, निकट प्रीतनगर 50 रु. गज बिकाऊ । इसके अतिरिक्त हर प्रकार की काश्तकारी ज़मीन व प्लाटों को खरीदने/बेचने के लिए मिलिए । साहनी प्रापर्टी डीलर्ज़, गोबिंदनगर, अम्बाला छावनी । फोन-20239 PP, 21742 PP.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 12.8.87 Rs. 42/- without trays. NECC Suggested Retail Price 5.90 per Dozen.

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का ललित कुमार उर्फ़ बूटा, 13/14 साल, रंग गंदमी, ऊपर के होंठ पर कटिंग का निशान, कुर्ता-पाजामा पहने हुए 7 अगस्त गांव

Punjab Kesari

जालंधर में एक पत्रकार के चार सुरक्षा गार्डों की रहस्यपूर्ण हत्या

घायल होने के बावजूद बैंक गार्ड ने एक उग्रवादी को मार गिराया

पंजाब में 4 व्यक्ति मरे और दो शव भी मिले

लुधियाना में बिजली बोर्ड खजांची से डेढ़ लाख लूटे : मगर वर्करों ने उग्रवादी को पकड़ लिया

चंडीगढ़, 13 अगस्त (ह.स., नि.स., वा.): विगत 24 घंटों के दौरान जालंधर में दैनिक अकाली पत्रिका के सम्पादक रत्नेश सोढी के चार सुरक्षा गार्डों की रहस्यपूर्ण परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। एक एजेंसी के अनुसार ये हत्याएं उग्रवादियों ने कीं। इसके अलावा पंजाब में चार व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, दो अन्य के शव मिले जबकि बैंक के एक गनमैन ने घायल होने के बावजूद एक उग्रवादी को मार गिराया।

सुरक्षा गार्डों की हत्या

जालन्धर (क): गत रात किसी समय पंजाबी दैनिक अकाली पत्रिका के सम्पादक श्री रत्नेश सिंह सोढी की यहां माडल टाऊन स्थित कोठी पर तैनात तीन पुलिस सुरक्षा गार्डों प्रेम, बलजीत सिंह व सुन्दर सिंह तथा श्री सोढी के एक गनमैन मक्खन सिंह की रहस्यपूर्ण ढंग से गोलियां मार कर हत्या कर देने का समाचार मिला है। इस हत्या का श्री सोढी को प्रातः 6.00, 6.30 बजे उस समय पता चला जब उनका ड्राइवर देव सिंह प्रातः उनकी हिदायत अनुसार उनकी कोठी पर आया और वह ऊपर की मंज़िल पर गनमैन को जगाने गया, जहां उसे खून में लथपथ एक शव नज़र आया। उसी पांव लौट कर उसने श्री सोढी को सूचित किया। तब श्री सोढी आदि घर के लोगों ने ऊपर जाकर देखा तो पहली मंज़िल के कमरे में चारपाइयों पर सोए दोनों सुरक्षा गार्डों के शव नीचे गिरे पड़े थे। इस पर वह इससे ऊपर की छत पर सुरक्षा गार्डों को देखने गए तो उन्हें भी चारपाइयों पर खून में लथपथ मृत पाया।

श्री सोढी ने तुरन्त एस.एस.पी. श्री एस.एस. बैंस को सूचित किया जिसके बाद श्री बैंस तथा अन्य पुलिस अधिकारी जांच के लिए मौका पर पहुंच गए।

श्री बैंस ने मौका पर गए संवाददाताओं को बताया कि श्री सोढी की कोठी पर हैडकांस्टेबल मरजीत सिंह के अतिरिक्त जागीर सिंह तथा उक्त तीन हताहत सुरक्षा गार्ड तैनात थे, जिनमें से सुरजीत सिंह व जागीर सिंह गैर हाजिर हैं। उनकी तलाश के लिए पुलिस दल भेज दिए गए हैं। श्री सोढी के साथ तीन गनमैनों में से नवनीत कुमार छुट्टी पर था और आज प्रातः लौट आया जबकि जय किशन भी छुट्टी पर गया हुआ था और मक्खन सिंह रात वहीं सोया था, जो मारा गया।

श्री बैंस ने बताया कि सुरक्षा गार्डों की पांच 303 की राइफलें तथा 9 एम.एम. की तीनों स्टेनगन वहीं पड़ी पाई गई हैं और कोई हथियार कम या ग़ायब नहीं। घटनास्थल से चले हुए पांच 9 एम.एम. कारतूस तथा एक 303 राइफल का कारतूस मिला है। उपरोक्त स्टेनगनों में से एक के मैगज़ीन में से कुछ कारतूस कम हैं। खाली खोल शस्त्र विशेषज्ञों को यह जानने के लिए भेजा जा रहा है कि यह किस हथियार में से चले हैं।

श्री बैंस ने कहा कि हत्याओं के कारण व उद्देश्य बारे अभी कुछ भी कहना कठिन है। यह मौका पर आपसी झगड़ा का परिणाम भी हो सकता है, पूर्व झगड़े के कारण साथी पुलिस कर्मियों द्वारा हत्या की जा सकती है और इस बात का भी जायज़ा लिया जाएगा कि यह कहीं उग्रवादी घटना तो नहीं।

श्री बैंस ने बताया कि रात मेन गेट बंद था और श्री सोढी के परिवार अनुसार जिस हिस्से में ऊपर सुरक्षा गार्ड ठहरते थे, उसकी सीढ़ियों के नीचे के प्रवेश द्वार पर जंगले वाला दरवाजा लगा है, जिसे अंदर से पीतल का एक ताला लगा होता है। घर वालों के अनुसार रात भी यह ताला लगा हुआ था किन्तु प्रातः ताला में चाबी लटकी थी और गेट थोड़ा खुला था।

घटनास्थल के निरीक्षण से लगता है कि यदि कोई व्यक्ति बाहर से आया या अंदर से बाहर गया, वह मेन गेट से नहीं बल्कि दीवार आदि फांद कर ही गया होगा। श्री बैंस का कहना था कि क्योंकि प्रातः वर्षा आ जाने के कारण सम्भव है कि दीवार आदि पर चढ़ने अथवा खून से सने पांव के निशान मिट गए हों किन्तु अभी इस बारे कुछ नहीं कहा जा सकता।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सिपाही द्वारा सहायक कमांडैंट की हत्या, दो राहगीर गंभीर घायल कर दिए

कपूरथला, 13 अगस्त (शर्मा): आज दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे स्थानीय सनातन धर्म सभा में तैनात बी.एस.एफ. की कम्पनी के एक कांस्टेबल मनीश कुमार ने अपने सहायक कमांडैंट परमजीत सिंह को गोलियां मार कर मार डाला। उसके बाद वह दीवार फांद कर भाग गया। भागते हुए जब मनीश पर संतरी ने गोली चलाई तो उसने जवाबी फायरिंग की तथापि उन दोनों में से कोई घायल नहीं हुआ। उसके बाद अभियुक्त मुहल्ला जटपुरा की तरफ भागा, वहां दो युवक एक स्कूटर पर जा रहे थे। उसने उनका स्कूटर छीनने की कोशिश की। उन्होंने इन्कार किया तो गोली मार कर एक युवक कंवलजीत सिंह को घायल कर दिया। उसे गम्भीरावस्था में सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया है।

बाद में उसने जालन्धर रोड पर खोसला फ्रैन्स के सामने लुधियाना से कार में आ रहे एक व्यक्ति नरेन्द्र कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया। जो सिविल अस्पताल कपूरथला में बेहोश पड़ा है।

अभियुक्त अपनी सर्विस राइफल एस.एल.आर. को साथ लेकर भागा है। पुलिस उसका पीछा कर रही है। मगर अभी तक उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सका। बताया गया है कि कुछ समय पहले मृतक ने कोई अपराध करने पर अभियुक्त को सज़ा दी थी।

प्रणव को अध्यक्ष पद से हटाया जाएगा

नई दिल्ली, 13 अगस्त (वार्ता): राष्ट्रीय समाजवादी कांग्रेस के कुछ नेता और कार्यकर्त्ता अपनी पार्टी के कांग्रेस (इ) से विलय के खिलाफ हैं। पार्टी के अध्यक्ष और भूतपूर्व केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री प्रणव मुखर्जी पार्टी के कांग्रेस (इ) में विलय के लिए प्रयत्नशील हैं। कांग्रेस (इ) के भूतपूर्व महासचिव श्याम सुन्दर महापात्र ने आज यहां सम्वाददाताओं को बताया कि उन्होंने पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की उस बैठक का 'बहिष्कार' किया था, जो 11 अगस्त को यहां हुई थी। उन्होंने कहा कि नेताओं द्वारा विलय का कड़ा विरोध किए जाने के कारण कोई निर्णय नहीं लिया जा सका था।



(1, 4) माडल टाऊन जालंधर में दैनिक अकाली पत्रिका के सम्पादक रत्नेश सोढी के 4 सुरक्षा गार्डों की हत्या कर दी गई। (5) वह मकान, जहां हत्याएं की गईं, (6) जांच करते हुये पुलिस अधिकारी, (7) वह चारपाइयां, जहां 2 पुलिस कर्मियों की हत्या की गई, (8) वह कमरा, जहां 2 अन्य सुरक्षा गार्डों की हत्या की गई और जहां सभी हथियार सुरक्षित पड़े हैं, (9) कमरे में बिखरा पड़ा सामान और बीयर की बोतलें, जो सुरक्षा गार्डों ने रात के समय पीं।

(छाया : कपूर, चित्र 6 प्यारे)

देश की जनता आतंकवादी शक्तियों के आगे नहीं झुकेगी

नई दिल्ली, 13 अगस्त (वार्ता): राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन ने आज यहां कहा कि देश की जनता समाज को नुक्सान पहुंचाने वाली आतंकवादी शक्तियों के सामने कभी नहीं झुकेगी। संसद के केंद्रीय कक्ष में स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक समारोह में श्री वेंकटरमन ने कहा कि आज के ऐतिहासिक दिन पर हम सभी ऐसी ताकतों को स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि जो भी तत्व हमारी श्रद्धा, संस्कृति, सिद्धांतों तथा राष्ट्र की बुनियादी संस्थाओं को नुक्सान पहुंचाने की कोशिश में अपना मन टटोलें तथा आत्मालोचन करें।

श्री वेंकटरमन ने कहा कि आज हमारा प्रयास भारतीयता की भावना का विकास करने की ओर होना चाहिए जो लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि 'लोकतंत्र में बहस की गुंजाइश तो रहती है किन्तु टकराव की नहीं। राष्ट्रीय सवालों पर हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि सबकी सहमति हो और इसे ही हम काम करने की अपनी सामान्य पद्धति बनाएं।

अंतर्राष्ट्रीय मामलों में दूरदर्शिता और बहादुरी के साथ नीतिवान भूमिका निभाने के लिए भारत सरकार को बधाई देते हुए कहा 'भारत के लिए यह सौभाग्य की बात है कि इसे दूसरे देशों में आपस में जूझ रहे विरोधियों के बीच तनाव कम करने तथा पुनः विश्वास कायम करने के लिए कहा गया है। श्रीलंका का नाम लिए बगैर श्री वेंकटरमन ने कहा कि अन्य देश में शांति कायम करने में भारत की यह भूमिका पूर्णतः हमारी परम्परा और हमारी प्रतिभा

वर्षगांठ मनाने के लिए गठित राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष भी हैं, यह सभा आयोजित करने के संसद के निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की पुकार पर जो लोग स्वतंत्रता आंदोलन में शरीक हुए, उन्हें यह उम्मीद नहीं थी कि उनका सपना जीवनकाल में साकार हो जाएगा। 'आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने वाले जिन लोगों को स्वतंत्रता की 40वीं साल गिरह देखने का मौका मिला है, यह अवसर उन्हें गौरवान्वित कर देगा।'

धर्म-निरपेक्ष शक्तियां उग्रवाद के

Punjabi Sansthan

सुरक्षा गार्डों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री बैंस ने बताया कि ऊपर की मंजिल पर तो दोनों कांस्टेबल सोए ही मारे गए लगते हैं, जबकि निचली मंजिल वालों में से एक ने तो अवश्य मुकाबला किया लगता है । उसकी स्टेनगन भी जमीन पर गिरी हालत में उसके साथ पड़ी थी । नीचे वाले दोनों मृतकों की बनियान आदि भी फटी हुई बताई गई है ।

'वार्ता' के अनुसार श्री सोढी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने रात को करीब 11.30 बजे इनमें से दो सिपाहियों को घर के अंदर और बाहर घूमते देखा था । जिला पुलिस चीफ को संदेह है कि यह हत्याकांड सिपाहियों की आपसी कहा-सुनी के बाद हुआ । पुलिस को अनुमान है कि यह घटना मध्य रात्रि के आसपास हुई । घटना स्थल से बीयर की तीन खाली बोतलें मिली हैं, जिससे लगता है बीयर पीने के बाद सिपाहियों में आपस में कहा-सुनी हुई होगी ।

पुलिस के अनुसार हत्यारों ने छत पर सो रहे दो सिपाहियों के सिर में एक-एक गोली मारी । कमरे में मृत पाए गए सिपाहियों में एक के माथे पर तथा दूसरे के सिर के पिछले भाग में गोली का घाव पाया गया है । पुलिस को आशंका है कि हत्याएं जमीन पर गिरी हुई स्टेनगन से की गई हैं क्योंकि इसकी मैगजीन में कुछ गोलियां कम हैं । श्री सोढी के अनुसार जब आधी रात से पहले गनमैन सोने के लिए ऊपर कमरे में गए, तब उनमें से एक बहुत खुश था । संदेह है कि कमरे में झगड़े के बाद 2 कांस्टेबलों की हत्या करने के बाद हत्यारे ऊपर गए और वहां सो रहे 2 अन्य गनमैनों की हत्या कर दी। घर के किसी भी सदस्य ने गोली की आवाज नहीं सुनी क्योंकि सभी कमरे बंद करके और डैजर्ट कूलर चला कर सो रहे थे । घर के पिछवाड़े भी एक स्कूल का भवन है, जहां केवल चौकीदार होता था । बाद में एक पड़ौसी ने बताया कि उसने 2 व्यक्तियों को, जो केवल कच्छा, बनियान पहने थे, सीढ़ियों से तेजी से उतरते देखा । उसकी जाग गोलियों की आवाज से खुल गई थी । पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले गई है ।

उल्लेखनीय है कि गत माह श्री सोढी के निवास से अज्ञात कारणों की वजह से गार्ड हटा लिए गए थे, लेकिन 3 सप्ताह पूर्व ही इन्हें पुनः तैनात किया गया था । 2 गनमैनों को ड्यूटी से नहीं हटाया गया था ।

दोनों पुलिस कर्मी मिले

'ह.स.' के अनुसार बाद में सूचना मिली है कि गार्ड के 2 लापता सदस्य हैडकांस्टेबल सुरजीत सिंह और कांस्टेबल जागीर सिंह अपने निकटवर्ती गांव में मिल गए हैं, वह बिना छुट्टी लिए कल रात श्री सोढी के निवास से अपने घर चले गए थे । चारों पुलिस कर्मियों को गोलियां मारी गईं, लेकिन किसी ने गोली चलने की आवाज़ नहीं सुनी । उनके हथियार भी सही-सलामत पाए गए और न ही श्री सोढी पर हमले की कोशिश की गई ।

पुलिस ने बताया कि इसी बीच केंद्रीय रिजर्व पुलिस की गोली से एक स्कूटर चालक घायल हो गया । इस व्यक्ति को सुरक्षा बल के जवान ने रुकने का संकेत दिया था परन्तु स्कूटर चालक ने अपना वाहन नहीं रोका था । घायल व्यक्ति की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

सुरक्षा बलों की 12 अतिरिक्त कम्पनियां

जालंधर से 'न.न.अ.' के अनुसार देश की स्वतंत्रता की चालीसवीं वर्षगांठ संबंधी समारोह मनाए जाने के दृष्टिगत यहां सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए हैं । पंजाब सरकार ने सी.आर.पी.एफ, बी.एस.एफ. और पी.ए.सी. की 12 अतिरिक्त कम्पनियां यहां भेज दी हैं । पुलिस हल्कों के अनुसार यहां पहले ही सुरक्षा बलों की 25 कम्पनियां हैं जिनकी संख्या बढ़ कर अब 37 हो गई है ।

गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में हो रहे समारोह में राज्यपाल श्री एस.एस. रे भाग लेंगे । इस अवसर पर समारोह स्थल में ब्रीफकेस, पर्स इत्यादि ले जाने की पाबंदी लगा दी गई है ।

एक व्यक्ति की हत्या

कल रात नूरमहल थाना के गांव अधेकली में एक व्यक्ति की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी । मृतक ठाकर राम गांव के सरपंच का भाई था और उसकी हवेली में सो रहा था । पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्या का केस दर्ज कर लिया है ।

खुद भी बच गए और पैसे भी

नवांशहर (शर्मा): गत सायं दाता भेदी के

हत्या

गुरदासपुर (बिनोद): कल रात तुफलवाल गांव स्थित अपने ट्यूबवैल पर सो रहे एक व्यक्ति दलबीर सिंह की उग्रवादियों ने तेज़ धार हथियारों से हत्या कर दी । जिला पुलिस चीफ जे.पी. बिरदी के अनुसार यह आपसी शत्रुता का मामला है । इसी गांव के कश्मीर सिंह, लक्ष्मण सिंह, अजीत सिंह और दलीप सिंह के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया गया है । चारों फ़रार हैं ।

2 उग्रवादी काबू

गुरदासपुर (बिनोद): गत रात सीमा सुरक्षा बल और पुलिस के साथ मामूली भिड़ंत के बाद दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस अधीक्षक श्री बिरदी ने बताया कि प्रातः तीन बजे सुरक्षा बलों ने कलानौर थाना के एक गांव के निकट नाकाबंदी कर रखी थी । जब दो उग्रवादी आते हुए दिखाई दिए तो उनको रुकने का संकेत किया गया । मगर उन्होंने सुरक्षा बलों पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फ़ायरिंग करते हुए सुरक्षा बलों ने घेरा डाल कर उनको पकड़ लिया । दोनों थाना बिर्क के दाना मसीह और खजीद मसीह हैं । उनके कब्जे से 2 पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद हुए हैं । उन्होंने बिर्क गांव की ही एक महिला हरजीत कौर की हत्या और उसकी बहन अमीर कौर को घायल करने की घटना को स्वीकार किया है ।

गुरदासपुर और फरीदकोट जिले में अखिल भारतीय सिख छात्र संघ और एकीकृत अकाली दल के कार्यकर्ताओं को एहतियात के तौर पर हिरासत में लेने की खबर मिली है । गुरदासपुर में इस तरह से 30 व्यक्तियों को पकड़ा गया है ।

दुकानदार घायल

सुनाम (नागपाल): यहां से 28 किलो मीटर दूर लहरागागा के बाजार में गत दिवस दो उग्रवादियों ने तरसेम चंद नामक सर्राफ को उस वक्त घायल कर दिया जब वह दुकान में बैठ काम कर रहा था । यहां कहा जाता है कि गोली उसकी टांग में लगी । आक्रमणकारी उसका स्कूटर उठा कर फरार हो गए । घायल को राजेन्द्रा अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । टांग से खून अधिक बह जाने के कारण उसकी हालत गम्भीर हो गई थी । उक्त स्कूटर बाद में लेहलां गांव के निकट लावारिस पड़ा मिला ।

पिस्तौल बरामद

सुनाम से 12 किलो मीटर दूर गुरद्वारा कैम्बोवाल के संत बाबा हर दयाल सिंह का 455 बोर का रिवाल्वर जो 3 मई को गुम हो गया था, वह मिल गया है । इस संदर्भ में उसके गनमैन महेन्द्र सिंह और सिपाही सरतेज सिंह को गिरफ्तार किया है । बताया जाता है कि महेंद्र सिंह ने रिवाल्वर चुरा कर सरतेज सिंह को दे दिया । जिसने उसे अपने ससुर के पास 20 हजार रु. में बेच दिया ।

अध्यापिका लूटी

धूरी (संतपाल): संगरूर के निकट कलौदी सड़क पर 2 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक स्कूल टीचर शकुंतला ग्रोवर, जो स्कूल जा रही थी, को रोक उसकी सोने की बालियां उतरवा लीं और भाग गए ।

हैं, में नाभा व पटियाला जेल अधिकारियों को धमकी दी गई है कि सिख कैदियों के साथ जेल नियमावली के अनुसार व्यवहार किया जाए । गुरमुखी में लिखे गए पत्र में कहा गया है कि कैदियों को घटिया दर्जे का भोजन दिया जाता है तथा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती । कैदियों से भेंट करने आने वालों को भी तंग किया जाता है । जेल स्टाफ को धमकी दी गई है कि यदि उन्होंने अपने व्यवहार में सुधार नहीं किया तो उनकी दशा भी श्री कटोच के समान की जाएगी ।

6 लुटेरे पकड़े गए

लुधियाना (महिन्द्रा, धीमान): जिला पुलिस ने आज यहां लुटेरों के एक 6 सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार करने का दावा किया है । एस.एस.पी. श्री पांडे ने बताया कि जांच के दौरान अभियुक्तों ने डाके की पांच घटनाओं को कबूल किया । उनके कब्जे से चोरीशुदा टी.वी., कूलर, गैस सिलैंडर, बर्तन, साड़ियां आदि 31000 रुपए का सामान बरामद किया गया । इनमें अवतार सिंह उर्फ पप्पू, सुरिन्दर सिंह उर्फ छिन्दा, जोगिन्दर सिंह उर्फ मानू, उमरपाल उर्फ पप्पू, बुध राम उर्फ बेली और भजन सिंह उर्फ भज्जी शामिल हैं ।

लूटने आया उग्रवादी पकड़ा गया

पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक कार्यालय में लूटने आए दो संदिग्ध उग्रवादियों के प्रयास को कर्मचारियों की चौकसी ने न केवल विफल कर दिया अपितु एक उग्रवादी को पकड़ लिया । घटना के समय कार्यालय में 1.5 लाख रुपए मौजूद थे ।

सुपरिंटैंडिंग इंजीनियर श्री जगतार सिंह ने बताया है कि दो देसी पिस्तौलधारी युवक कार्यालय में आए तथा एक ने पिस्तौल की नोक पर कैशियर से सारी नगदी सौंप देने को कहा । कैशियर जब नगदी एक कपड़े में डाल रहा था तो उसने उस आतंकवादी से कहा कि वह भी उसकी मदद करे ताकि उनका काम जल्दी से हो जाए । ज्यों ही वह मदद करने के लिए हिला तो कैशियर ने उसे काबू कर लिया ।

जब बाहर खड़े लुटेरे ने अंदर वाले की पुकार सुनी तो वह भी भीतर गया और उसे भी पकड़ लिया गया, परन्तु बाद में वह भागने में सफल हो गया । श्री जगतार सिंह ने कहा है कि इस कर्मचारी को उचित इनाम दिया जाना चाहिए । पकड़े गए उग्रवादी का नाम मंजीत सिंह उर्फ मौजा बताया गया है ।

बैंक के घायल गनमैन ने उग्रवादी मारा

संगरूर (गोयल): आज सायं यहां पंजाब व सिंध बैंक की शाखा गनमैन की होशियारी और बहादुरी से लूटने से बच गई । बताया जाता है कि पौने चार बजे जब 2 संदिग्ध आतंकवादी डाका डालने के लिए बैंक में दाखिल होने लगे तो गनमैन बहादुर सिंह ने उनसे अंदर जाने का कारण पूछा । इस पर उन्होंने तेजधार हथियार से उस पर हमला कर दिया, मगर गनमैन ने साहस नहीं छोड़ा और अपनी दुनाली से उन पर फायरिंग कर दी जिससे एक आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारा गया जबकि दूसरा भागने में सफल हो गया । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल गनमैन को अस्पताल भिजवाया । आतंकवादी की लाश को भी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया । उसकी पहचान नहीं हो सकी । बैंक मैनेजर ने कहा कि गनमैन को पुरस्कृत किया जाएगा ।

3 उग्रवादी बंदी

फिरोजपुर (धीमान): एक नाकेबंदी के दौरान पुलिस और सुरक्षा बलों ने 3 उग्रवादियों कश्मीर, तरसेम और अजय सिंह (तीनों धर्मकोट थाना क्षेत्र निवासी) को गिरफ्तार करके एक देसी पिस्तौल, एक देसी एक नाली बन्दूक, एक किरपाण और 9 कारतूस बरामद किए ।

राष्ट्रीय जल नीति शीघ्र

नई दिल्ली, 13 अगस्त (वार्ता): राष्ट्रीय जल नीति शीघ्र घोषित किए जाने की आशंका है । जल संसाधन मंत्री बी. शंकरानन्द ने आज लोकसभा में निर्मला कुमारी शाक्तावत, मानक रेड्डी एवं अन्य सदस्यों को दिए गए उत्तर में यह जानकारी दी ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

प्लाट बिकाऊ

गोबिन्दपुरी, सामने महसूल चंगी, फिरोज़पुर रोड, लुधियाना में शानदार प्लाट खरीदिये । राज प्रापर्टी डीलर्ज़, गोबिन्दनगर, अम्बाला छावनी, फोन : 21685 (पंजाब ब्रांच)-शाम नगर, निकट जनरल बस स्टैंड, लुधियाना ।

रोज़गार

एयरफ़ोर्स द्वारा भर्ती की घोषणा, योग्यता मैट्रिक, फ़ार्म प्रास्पैक्टस वास्ते 10 रुपए मनिआर्डर भेजें । Bright Careers, Samalkha (Karnal).

आवश्यकता

बेकरी के लिए एक मेहनती तजुर्बाकार कारीगर चाहिए, सोनी बेकरी, रेलवे रोड, नवांशहर दोआबा ।

एक मेहनती अनुभवी डैंटर Dentor की ज़रूरत है । वेतन योग्यता के अनुसार, पी.पी. डैंटिंग एंड पेंटिंग वर्क्स, कोर्ट रोड, नवांशहर दोआबा ।

WANTED

M.A. (Trained) English, Economics, History, Pol. Sc., Hindi, Punjabi. Two Clerks (Either sex). Hostel Wardens (Women), One Peon, One Cook. Interview on 16.8.87. at 10 a.m. in college office.

GURU GOBIND SINGH COLLEGE OF EDUCATION, GARHA, JALANDHAR.

Experienced Sales Officer, Purchaser, Typist. Persons with Cash Security need apply, कपड़ा बनाना सीखने हेतु लड़कियां । Wearwell, 69, Globe Colony, Jalandhar.

Wanted Experienced accountant and clerks. Handsome salary offered, local candidates preferred. Apply Box 319, Punjab Kesari, Jalandhar.

बिकाऊ

For immediate sale of one Kirloskar

जायदाद

मेन गिल रोड पर शाप-कम-फ्लैट्स, शैड्ज़, गोदाम, फ़ैक्टरी समेत कनैक्शन, दफ्तरों के लिये जगह बिकाऊ है । बजाज प्रापर्टी डीलर्ज (रजि.), जेल रोड, लुधियाना । फोन : 38812.

हकलाना

सावधान, हमसे इलाज करवा कर गये कुछ लड़कों ने हरियाणा, यू.पी., राजस्थान में नकली स्कूल खोले हुए हैं । वहां सही इलाज नहीं हो रहा, कहीं बाद में आपको पछताना न पड़े । पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Eggrate for 13.8.87 Rs. 42/- without trays. NECC Suggested Retail Price 5.90 per Dozen.

शिक्षा

पत्राचार द्वारा B.Ed, LL.B/OT/LT/JBT करें । GAMS (One year after Ayurved Rattan) (RMP Registration B.A., B.Com., B.Sc. Final (One sitting), इंटर, मैट्रिक गारंटी से करें । परीक्षा केंद्र अम्बाला । Send Rs. 10/- by M.O. for Prospectus. Nehru College, Chhota Bazar, Ambala City.

RMP रजिस्ट्रेशन 10 दिन में, मैट्रिक-इंटर, बी.ए. गारंटिड सितम्बर में । गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

वैद्यविशारद या तजुर्बे के आधार पर R.M.P. डाक्टर बनें । R.M.P. डाक्टर एक साल में B.A.M.S. पास करें । Also Contact for Direct B.A., M.A., M.Sc. (One sitting), B.Ed., M.B.A., O.T., LL.B. (Professional), Engineering. Guru Gobind Singh College, Mohan Nagar, Amritsar.

सातवीं, आठवीं, नौवीं फ़ेल शर्तिया व गारंटी से मैट्रिक पास करें । मैट्रिक पास या 10+1 फ़ेल

रस्म पगड़ी

आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित कर रहे हैं कि हमारी पूज्य माता **श्रीमती सोभा वंती जी** (धर्मपत्नी स्व. श्री सोहन लाल जी मदान) 2.8.87 को स्वर्ग सिधार गई हैं ।

उनकी आत्मिक शांति के निमित्त रखे गरुड़-पुराण का भोग एवं रस्म पगड़ी तिथि 14.8.87 दिन शुक्रवार को हमारे निवास स्थान **129, शक्ति नगर, जालंधर** में दोपहर 3.00 से 4.00 बजे तक होगी ।



शोकग्रस्त :

प्रकाश इण्डस्ट्रीज़	राम प्रकाश मदान (सुपुत्र)
टांडा रोड, जालंधर	ओम प्रकाश मदान ,,
फोन : 74789-72144.	योगेन्द्र पाल मदान ,,

रस्म पगड़ी

बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि प्रो. के.के. कपिला का दिनांक 3.8.87 को आकस्मिक निधन हो गया है, उनके निमित्त रस्म पगड़ी दिनांक शनिवार 15.8.87 को 1 P.M. से 3 P.M. तक अनाज मंडी, साहनेवाल, ज़िला लुधियाना में सम्पन्न



Punjabi Sahit

शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

सुरक्षा बलों की 12 अतिरिक्त कम्पनियां

जालंधर से 'न.न.अ.' के अनुसार देश की स्वतंत्रता की चालीसवीं वर्षगांठ संबंधी समारोह मनाए जाने के दृष्टिगत यहां सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए हैं । पंजाब सरकार ने सी.आर.पी.एफ, बी.एस.एफ. और पी.ए.सी. की 12अतिरिक्त कम्पनियां यहां भेज दी हैं । पुलिस हल्कों के अनुसार यहां पहले ही सुरक्षा बलों की 25 कम्पनियां हैं जिनकी संख्या बढ़ कर अब 37 हो गई है ।

गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में हो रहे समारोह में राज्यपाल श्री एस.एम. रे भाग लेंगे । इस अवसर पर समारोह स्थल में ब्रीफकेस, पर्स इत्यादि ले जाने की पाबंदी लगा दी गई है ।

एक व्यक्ति की हत्या

कल रात नूरमहल थाना के गांव अधेकली में एक व्यक्ति की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी । मृतक ठाकर राम गांव के सरपंच का भाई था और उसकी हवेली में सो रहा था । पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्या का केस दर्ज कर लिया है ।

खुद भी बच गए और पैसे भी

नवांशहर (शर्मा): गत सायं दाना भेदी के बाहर तेल कोल्हू के मालिक गज्जू राम का गला घोंट कर 2 उग्रवादी कैश बाक्स ले भागे । नौकर द्वारा शोर मचाने पर लोगों ने उग्रवादियों का पीछा किया । उग्रवादी कैश बाक्स छोड़ कर भाग गए । गज्जू राम को जब होश आया तो उन्होंने जेब में पड़ी नकदी भी सुरक्षित पाई ।

दुकानदार की हत्या

अमृतसर (बातो): तीन कथित आतंकवादियों ने खेमकरण थाने के अंतर्गत भरे करीमपुर गांव में राजपाल नामक एक दुकानदार की कल रात गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार हत्यारे राजपाल के घर पैदल आए और उसकी हत्या करने के बाद भाग गए ।

शव मिला

स्थानीय बस स्टैंड में खड़ी एक बस के नीचे से एक शव मिला है । शव की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

एग्रो. इंडस्ट्री कर्मी लूटा

बटाला (कोछड़): गत रात थाना डेरा बाबा नानक के गांव कोटली सूरतमल्ली में पंजाब एग्रो. इंडस्ट्री के एक कर्मचारी चतर सिंह से दो अज्ञात सशस्त्र युवकों ने 7035 रुपए छीन लिए ।

दिया जब वह दकान में बैठा काम कर रहा था । यहां कहा जाता है कि गोली उसकी टांग में लगी । आक्रमणकारी उसका स्कूटर उठा कर फरार हो गए । घायल को राजेन्द्रा अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । टांग से खून अधिक बह जाने के कारण उसकी हालत गम्भीर हो गई थी । उक्त स्कूटर बाद में नेहलां गांव के निकट लावारिस पड़ा मिला ।

पिस्तौल बरामद

सुनाम से 12 किलो मीटर दूर गुरुद्वारा कैम्बोवाल के संत बाबा हर दयाल सिंह का 455 बोर का रिवाल्वर जो 3 मई को गुम हो गया था, वह मिल गया है । इस संदर्भ में उसके गनमैन महेन्द्र सिंह और सिपाही सरतेज सिंह को गिरफ्तार किया है । बताया जाता है कि महेंद्र सिंह ने रिवाल्वर चुरा कर सरतेज सिंह को दे दिया । जिसने उसे अपने ससुर के पास 20 हजार रु. में बेच दिया ।

अध्यापिका लुटी

धूरी (सतपाल): संगरूर के निकट कलौदी सड़क पर 2 हिंदू सवार उग्रवादियों ने एक स्कूल टीचर शकुंतला देवी, जो स्कूल जा रही थी, को रोक उसकी कानों की बालियां उतरवा लीं और भाग गए ।

दोहरी सवारी की अनुमति

कपूरथला (शर्मा): जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश द्वारा जिला में प्रातः 5.30 बजे से सायं 7.30 बजे तक स्कूटर और मोपेड पर दोहरी सवारी की अनुमति दे दी है ।

कार सवार की हत्या

उग्रवादियों ने जालन्धर-कपूरथला सड़क पर मंसूरवाल के निकट आज दोपहर मारुति कार में सवार एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । वह व्यक्ति जालन्धर आ रहा था, जब उग्रवादियों ने उसे रोक कर बिल्कुल निकट से गोली मारी ।

शव मिला

होशियारपुर जिला के माहिलपुर थानांतर्गत गांव फतेहपुर के निकट झाड़ियों से करतार सिंह नामक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है । वह विगत कई दिनों से लापता था । बुरी तरह से क्षत-विक्षत शव को अमृतसर के गव. मैडिकल कालेज में भेज दिया गया है ।

जेल अधिकारियों को धमकी

बलाचौर (सुभाष): डाक द्वारा प्राप्त खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटर हैड पर लिखे एक पत्र, जिसके नीचे तथाकथित जनरल जसबीर सिंह लाली और लैफ्टिनैंट जनरल परमजीत के हस्ताक्षर

Punjab Sahaara

कुछ युवक त्रिचूर में भी पकड़े गए हैं । इन सभी से पूछताछ की जा रही है कि वे केरल क्या करने आए थे ।

इंस्पैक्टर नं. जे. 95 अमृतसर), सरदूल सिंह (इंस्पैक्टर नं. जे. 165 लुधियाना), शामसुंदर (हैडकांस्टेबल नं. 521/एफ.डी.के. फरीदकोट),

नई दिल्ली, 14 अगस्त (वार्ता): दूरदर्शन कल प्रातः 6.20 बजे से स्वाधीनता दिवस समारोह का लाइव प्रसारण करेगा ।

गतिविधियां में पुनः वृद्धि बारे उन्होंने कहा कि आगामी तीन मास में उनकी गतिविधियां और भी बढ़ सकती हैं परन्तु राज्य सरकार उनकी चुनौती से निपटने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है । विशेष

जानकारी देने के लिए एक दस्तावेजी फिल्म बनाने का निर्णय किया गया है । पुलिस मुकाबलों में निर्दोष लोगों की हत्या के आरोप का खंडन करते हुए श्री

(शेष पृष्ठ 14 पर)

अमृतसर में महिला की हत्या, बच्चे का अपहरण : खालसा कालेज छात्रावास में फ़ायरिंग

चंडीगढ़, 14 अगस्त (वा.): विगत 24 घंटों के दौरान पंजाब में एक महिला की उग्रवादियों ने हत्या कर दी, एक बच्चे का अपहरण कर लिया । अमृतसर में खालसा कालेज के छात्रावास में सिख छात्र संघ के दो धड़ों में सशस्त्र संघर्ष होने के बाद सुरक्षा बलों को हवाई फ़ायरिंग करनी पड़ी ।

महिला की हत्या

अमृतसर (ह.स.): एक चिकित्सक डा. मदन लाल की पत्नी श्रीमती दर्शन कुमारी की कल आधी रात के आसपास तरनतारन की कृष्णानगर कालोनी में उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । इस वारदात के समय चिकित्सक घर से बाहर गया हुआ था । उसका क्लिनिक निकट के राजू सिंहवाला गांव में है ।

बच्चे का अपहरण

कल रात चार संदिग्ध आतंकवादी तरनतारन थाने के दलेके गांव में सरदूल सिंह के घर में जबरन घुस गए और उनसे उनकी लाइसैंसी राइफल मांगी । श्री सरदूल सिंह ने जब यह जवाब दिया कि उनकी राइफल पुलिस के पास जमा है, तो वे उनके पुत्र हरवीर सिंह उर्फ 'हैप्पी' को तथा उनका स्कूटर उठाकर ले गए । पुलिस ने बच्चे की खोज शुरू कर दी है ।

खालसा कालेज होस्टल में गड़बड़

खालसा कालेज के होस्टल में रहने वाले अखिल भारतीय सिख छात्र संगठन के दो गुटों के संघर्षरत छात्रों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आज सुबह हवा में गोलियां चलाईं । इससे कोई घायल नहीं हुआ । छात्रों के संघर्ष में दो युवक घायल हो गए । छात्रों में गोलियां भी चलीं और पथराव भी हुआ । संघर्ष में लोहे की छड़ों और लाठियों का खुला प्रयोग हुआ । बाद में तलाशियों के दौरान कुछ कमरों से खून से सने कपड़े बरामद किए गए । यह लड़ाई एक गुट के सदस्य की प्रतिद्वन्द्वी गुट द्वारा पिटाई को लेकर शुरू हुई ।

कालेज के निकट आयोजित धार्मिक समारोह में सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षा कर्मी दौड़कर घटनास्थल पर आ गए और हवा में गोली चला दी । इससे छात्र तितर-बितर हो गए । बाद में सुरक्षा बलों की अतिरिक्त टकड़ियां भी भेजी गईं । उन्होंने छात्रावासों की तलाशी ली । छात्रावास के वार्डन ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दो छात्रों हरपाल सिंह और हरबीर सिंह को हिरासत में लिया है । इनमें से एक के सिर में गहरी चोट आई है । गड़बड़ आधी रात से कुछ पहले शुरू हुई और दो बजे तक जारी रही । पत्रकारों ने स्वयं देखा कि होस्टल में ईंटें बिखरी पड़ी थीं । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जांच कर रहे हैं, कृषि विभाग के छात्रों ने कृषि विषय के एक छात्र को हिरासत में लिए जाने के विरोध में आज परीक्षा का बहिष्कार किया ।

'वार्ता' के अनुसार गड़बड़ उस समय शुरू हुई जब फैडरेशन के एक गुट ने दूसरे गुट पर शराब पीने का आरोप लगाया ।

4 स्कूटर बरामद

संगरूर (गोयल): कल यहां पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करके चार चोरीशुदा स्कूटर बरामद किए । इनकी शिनाख्त मोहम्मद साबिर और मोहम्मद इस्लाम के रूप में हुई है ।

भिड़ंत के बाद उग्रवादी काबू

होशियारपुर (अश्विनी, पुरम): कल रात पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत के बाद एक उग्रवादी गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया । पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश अरोड़ा ने आज यहां बताया कि कल रात गढ़शंकर-बंगा रोड पर रेलवे क्रासिंग के निकट पुलिस और सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी कर रखी थी, दो युवक एक स्कूटर पर आते दिखाई दिए तो उनको रुकने का संकेत दिया गया मगर उन्होंने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोली चलाई, मगर कोई घायल न हुआ । उसके बाद एक को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा भाग गया । गिरफ्तार किए गए उग्रवादी का नाम सुरेन्द्र सिंह उर्फ छिंदा है, जो गांव कोराला थाना टांडा का रहने वाला है, जबकि भागने वाले का नाम लैहम्बर सिंह बताया जाता है । छिंदा से एक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद हुए हैं । एक छीना हुआ स्कूटर पी.बी.जे. 4132 भी उससे बरामद हुआ है ।





गत दिवस पंजाब सिंध बैंक की संगरूर शाखा को लूटने आया उग्रवादी जसबीर सिंह (बाएं) बैंक के गनमैन बहादुर सिंह (दाएं) के हाथों मारा गया । बहादुर सिंह भी घायल हो गया । (छाया : सिटी लाइट)

तलाशियां

इस बीच आज प्रातः 5 बजे से 8 बजे तक पुलिस और सुरक्षा बलों ने माडल टाऊन क्षेत्र में घर-घर की तलाशी ली । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अन्य मुहल्लों में भी तलाशियां ली जा रही हैं ।

कार ले गए

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि कुछ संदिग्ध उग्रवादी यहां के निकटवर्ती गांव म्यानी में एक व्यक्ति कुलवन्त सिंह के घर से उसकी फिएट कार लेकर फरार हो गए । उन्होंने शटर में लगे हुए ताले को तोड़ा और कार ले गए । कार का नम्बर जे.के.क्यू. 9885 है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

छूट दे दी जाएगी

आज भुंगा में शांति एवं विकास समिति की पहली बैठक में एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने घोषणा की कि जिन लोगों ने अपने लाइसैंसी हथियार जमा करा रखे हैं, इन समितियों की सिफारिश पर उन्हें वापस दे दिए जाएंगे । उनको हथियार साथ लेकर चलने की अनुमति भी दे दी जाएगी । उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में दो सौ देहात में ऐसी समितियां स्थापित की जा रही हैं ।

एक आतंकवादी गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): एस.पी. श्री पी.एम. दास ने बताया कि भोलक पुलिस ने एक कथित आतंकवादी करनैल सिंह को एक पिस्तौल और कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ जारी है ।

बंदूक छीन ली

लुधियाना (महिन्द्रा): थाना रायकोट के गांव उमरपुरा में दो उग्रवादियों ने सरपंच तेजा सिंह के घर से स्टेनगन की नोक पर 12 बोर की बंदूक छीन ली ।

ठेके लूटे

खमानों में जिन दो उग्रवादियों ने शराब के ठेके पर गोली चला कर एक कर्मचारी को घायल कर दिया था, उन्होंने अंग्रेजी शराब के ठेके से 2500 रुपए और देसी शराब के ठेके से 13,171 रुपए लूट लिए ।

दोहरी सवारी 10 बजे तक

जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश जारी करके दोपहिया वाहनों पर प्रातः 6 से रात्रि 10 बजे तक दोहरी सवारी की छूट दे दी है । एक सवारी के साथ यह वाहन 24 घंटे चलाए जा सकेंगे ।

रहस्य का पर्दा

जालन्धर (क.): परसों आधी रात के लगभग स्थानीय माडल टाऊन में पंजाबी दैनिक अकाली पत्रिका के सम्पादक श्री रत्नेश सिंह सोढ़ी की कोठी पर तैनात तीन सुरक्षा गार्डों तथा उनके एक गनमैन की गोलियां मारकर हत्या की जो घटना हुई थी, उसके कारण तथा हत्यारों की पहचान अभी तक रहस्य बनी हुई है । पुलिस अभी तक किसी परिणाम तक नहीं पहुंची । इस सम्बन्ध में एस.एस.पी. श्री एस.एस. बैंस ने बताया कि जांच का काम एस.पी. डिटैक्टिव श्री स्वर्ण सिंह को सौंपा गया है, जो विभिन्न दिशाओं में जांच कर रहे हैं । श्री सोढ़ी की 5 सदस्यीय सुरक्षा गार्ड टीम के तीन सदस्य मारे गए थे जबकि उनका इंचार्ज हैड कांस्टेबल सुरजीत सिंह तथा एक कांस्टेबल जागीर सिंह उस रात गैर हाजिर थे । उनमें से जागीर सिंह को तो कल सायंही पुलिस दल उसके गांव से पकड़ लाया था, जबकि हैड कांस्टेबल आज समाचार पत्रों में घटना को पढ़ कर स्वयं यहां आ गया । दोनों से प्राथमिक पूछताछ से लगता है कि वह इस घटना में संलिप्त नहीं ।

श्री बैंस ने कहा कि जहां तक चारों के आपस में तकरार के बाद हत्याएं किए जाने की थ्यूरी का सम्बन्ध है, उस बारे अभी कोई निश्चित मत नहीं । इस संदर्भ में पहली मंजिल के कमरे में मारे गए [illegible] स्टेबलों के निकट पड़ी एक स्टेनगन तथा एक बंदूक से उंगलियों के निशान लेकर विशेषज्ञों को भेजे गए हैं । इसके अतिरिक्त जो 6 गोलियां पोस्टमार्टम पर चारों शवों से मिली हैं, वह भी शस्त्र

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sat ata

अकालियों की आपसी लड़ाई से हालात और बिगड़ेंगे : शर्मा

होशियारपुर, 14 अगस्त (प्रद्युम्न) : यहां पत्र-प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के संयोजक श्री जयकृष्ण शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपति-शासन पर जो लोगों का विश्वास था, वह पूरा तो नहीं हुआ तथापि इसे हटाया जाना ठीक नहीं होगा । उनके अनुसार अमृतसर, गुरदासपुर और फरीदकोट जिलों में जहां हालात अधिक खराब है, सेना बुलाने में कोई हर्ज नहीं मगर सेना स्थायी हल नहीं है । उन्होंने कहा कि समिति 15 सितम्बर तक कम से कम एक लाख कौमी रक्षक भरती करेगी जिसमें हिन्दू-सिख दोनों होंगे । उन्होंने कहा कि सुरक्षा समिति हिन्दू-सिख दानिश्वरों की एक संयुक्त बैठक बुलाएगी । उन्होंने कहा कि अकालियों की आपसी लड़ाई से हालात और बिगड़ेंगे । वे एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए गर्म से गर्म नारे लगाएंगे ।

महिला की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

विशेषज्ञों को भेज दी गई हैं । इन गोलियां में से दो शवों से दो-दो और दो शवों से एक-एक गोली निकली । उक्त दोनों प्रकार के विशेषज्ञों की रिपोर्टों से ही यह बात स्पष्ट हो सकेगी कि यह गोलियां उनकी स्टेनगन तथा बंदूक से चली थीं या अन्य किसी हथियार से और यह हथियार स्वयं मृतकों ने चलाए या किसी अन्य ने । उल्लेखनीय है कि घटनास्थल से 5 कारतूसों के खोल 9 एम.एम. के चार और एक खोल .303 की गोली का मिला था ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री बैंस ने कहा कि कोठी के मेन गेट की चाबी मालिकों के पास ही होती है, सुरक्षा गार्डों के पास नहीं । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यद्यपि आसपास के लोगों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी बताई गई है, किन्तु अभी उन्होंने कोठी से 150 गज दूर माडल थाना के कर्मियों से इस बारे पूछताछ नहीं की ।

इस बीच औतिरक्त महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल गत रात जालन्धर पहुंचे । उन्होंने आज वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से उक्त घटना तथा अभी तक की जांच बारे जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए ।

उग्रवादी गिरफ्तार

कल रात नकोदर के निकट नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने एक उग्रवादी लखविंदर सिंह को गिरफ्तार करके एक बंदूक और 26 कारतूस बरामद किए । पुलिस ने वह स्कूटर भी कब्जे में ले लिया, जिस पर वह जा रहा था ।

गिरफ्तार उग्रवादी सिख छात्र संघ (गुरजीत गुट) का सदस्य है और उससे एक शाट गन और कारतूस बरामद हुए हैं ।

लखविन्दर सिंह से एक चीनी असाल्ट राइफल, भारी परिमाण में कारतूस 303 बोर की पिस्तौल बरामद हुई । उसने गत 21 जुलाई को दोसांझ कलां के पास कम्युनिस्ट नेता डाक्टर गुरदयाल सिंह की हत्या की थी । इसके अलावा आदमपुर थाना के जंडसिंघा के पंचायत सदस्य अमरीक सिंह को उग्रवादियों को शरण देने में गिरफ्तार किया गया ।

फिल्लौर के सुरेन्द्र सिंह औजला उर्फ छिन्दा नामक उग्रवादी को हथियारों के साथ पकड़ा गया ।

गोली मार दी

बाद दोपहर जिला के गांव जंडियाला में श्री सुरेन्द्र कुमार को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उस समय गोली मार दी जब वह स्कूटर पर गांव से जालन्धर की ओर आ रहे थे । यह गोली उनके दाएं बाजू में लगी और उन्हें तुरन्त सिविल अस्पताल जंडियाला में ले जाया गया, जहां से उन्हें जालन्धर के अस्पताल में लाया गया है ।

उग्रवादी उससे 8500 रुपए और सोने की चेन भी छीन ले गए ।

जालन्धर के लांगरोया ग्राम पर छापा मार कर मलकीयत सिंह, मोता सिंह, चैन सिंह और सुरमीत सिंह को 36 बोरी पोस्त चूरा के साथ गिरफ्तार किया गया ।

JAI

A.C. Induction Motors
ALTERNATORS
SINGLE PHASE & THREE PHASE
COOLANT PUMP FOR MACHINE TOOLS
ACCORDING TO ISI SPECIFICATION No. IS:4029-1967 & IS:7572-1974



APPROVED & QUALITY MARKED BY Ph. GOVT.



प्राचीर से भारत के किसी भी प्रधानमंत्री का यह सबसे लम्बा भाषण था ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने घोषणा की कि जब तक उग्रवाद खत्म नहीं हो जाता या उग्रवादी पूरी तरह एक होकर सामना करना है । प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि साम्प्रदायिकता और धर्म के नाम पर देश को कमजोर करने वालों के लिए भारत में कोई स्थान नहीं है । उन्होंने कहा कि नफरत की भावना फैलती है । श्री गांधी ने कहा कि खतरनाक अपराधियों और धर्म के दुरुपयोग को रोकने के लिए लड़ाई केवल कानूनी मशीनरी से नहीं लड़ी जा सकती । उन्होंने कहा कि हर नागरिक को










लखन कलां गांव में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) सरपंच हरबंस लाल, (2) उसकी पत्नी कांता देवी, (3) बेटे कुलदीप कुमार, (4) दलजीत राय, (5) उसी गांव का निवासी पूरन सिंह (छाया : विनोद), (6) कपूरथला के शेखुपुर गांव में मारा गया मिस्त्री जोगेंद्र पाल तथा (7) घायल हलवाई नरेंद्र और (8) भाजपा नेता जितेंद्र पासी (इनसैट) की दुकान, जहां उन्हें घायल किया गया । (छाया : शर्मा)

एक ही परिवार के 4 सदस्यों सहित 9 निर्दोषों की हत्या : भाजपा नेता सहित कई घायल

चंडीगढ़, 15 अगस्त (ह.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी और भाजपा नेता सहित कई अन्य को घायल कर दिया । मृतकों में गांव का सरपंच और उसके परिवार के 3 सदस्य शामिल हैं ।

कपूरथला (शर्मा): यहां से तीन किलोमीटर सुलतानपुर सड़क पर स्थित गांव शेखुपुर में दो आतंकवादियों ने प्रातः सवा आठ बजे चार व्यक्तियों जिनमें गांव का सरपंच तथा कपूरथला नगर भाजपा का प्रधान श्री जितेंद्र पासी (सदस्य कार्यकारिणी प्रदेश भाजपा) भी शामिल हैं, को गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । एक घायल श्री जोगेंद्रपाल मिस्त्री की सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि सशस्त्र आतंकवादियों ने प्रातः जनता कालेज के सामने श्री संदीप कुमार आनंद को गले में गोली मार घायल कर दिया और उसका स्कूटर नं. पी.सी.यू. 7246 लेकर गांव के सरपंच श्री जितेंद्र पासी की दुकान पर आकर पासी को चार गोलियां मारीं । एक गोली सर में आरपार हो गई । दुकान पर एक बैठा लड़का छुप कर बच गया । थोड़ी दूरी पर एक हलवाई श्री नरेंद्र कुमार को गोली मार कर घायल करने के पश्चात गांव खालू की ओर भागते हुए बेड़ के पल के निकट उग्रवादियों ने मोपेड पर आ रहे मिस्त्री जोगेंद्र पाल को गोली मार कर घायल कर दिया । जोगेंद्रपाल की बाद में मृत्यु हो गई । सरपंच पासी तथा संदीप आनंद को सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया है । दोनों की स्थिति काफ़ी गम्भीर बताई जाती है । गत कुछ दिनों से नगर में यह चर्चा थी कि आतंकवादी मानोचाहल अपने ग्रुप के साथ यहां किसी बड़ी कार्रवाई के लिए आया हुआ है । पुलिस ने छापे भी मारे थे । नगर व क्षेत्र में काफ़ी आतंक है ।

5 व्यक्तियों की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): गत रात अज्ञात आतंकवादियों ने कलानौर थाने के अंतर्गत गांव लखन कलां में एक परिवार के चार सदस्यों समेत पांच व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार लगभग 11.30 बजे तीन आतंकवादी जो कि 12 बोर की बंदूक से लैस थे, गांव लखन कलां आए और जैसे ही वह इस गांव के पूरन सिंह के घर के पास से निकलने लगे तो पूरन सिंह ने किसी कार्यवश अपनी घर की लाईट जलाई तो आतंकवादियों ने पूरन सिंह को बंदूक की नोक पर अपने साथ चलने पर मज़बूर कर दिया और वहां से वह सीधे गांव के सरपंच हरबंस लाल के घर गए । वहां आतंकवादियों ने हरबंस लाल के घर का बाहर वाला दरवाजा तोड़ कर और उसके घर में प्रवेश होकर सरपंच हरबंस लाल (55), उसके दोनों लड़कों कुलदीप कुमार (30), दलजीत राय (25) और हरबंस लाल की पत्नी कांता देवी (50) की गोली मार कर हत्या कर दी ।

हरबंस लाल की एकमात्र लड़की पुष्पा देवी (18) ने बताया कि आतंकवादी जब उसे गोली मारने लगे तो उसकी मां कांता उसके आगे आ गई और गोली उसे लगी और वह बच गई और आतंकवादी जाते समय पूरन सिंह, जिसे साथ लाए थे, को भी गोली मार गए । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने 20 से 25 फ़ायर किए और गांव

(शेष पृष्ठ 10 पर)

कहा कि सूखे से निपटने के लिए विशाल सामुदायिक प्रयास जरूरी है केंद्र सहायता देगा पर असली काम राज्य सरकारों को करना है । केंद्र तो अपने तौर पर पूरी मदद देगा ही ।

साथ-साथ प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि सूखे की समस्या के कारण विकास का काम रुकना नहीं चाहिए । नए साधन ढूंढने चाहिएं, किफायत और सादगी से चलें । गैर-जरूरी खर्च कम करने के बारे में उन्होंने मंत्रालय को पत्र लिखा है और राज्य सरकारों को भी ऐसे ही कदम उठाने चाहिएं । प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्भव है कि कुछ समाज विरोधी तत्व सूखे का फायदा लेकर पैसा बनाने की कोशिश करें । मुनाफाखोरी, जमाखोरी खत्म करनी होगी । इसके लिए अगर जरूरी हो तो सरकार अधिक अधिकार भी लेगी । प्रधानमंत्री ने सूखे का मुकाबला करने में हर वर्ग, विधायक, सांसद, विरोधी दल, विशेषज्ञ और प्रैस सभी से सहयोग की अपील की । उन्होंने कहा इसके लिए राष्ट्रीय प्रक्रिया बनानी है ।

40 वर्ष की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए श्री गांधी ने कहा कि देश की दो-तिहाई जनता अब गरीबी की रेखा से ऊपर है जबकि कुछ ही साल पहले दो-तिहाई लोग गरीबी की रेखा के नीचे थे । खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी की सूझबूझ और किसानों के पसीने से अब भारत को अनाज के लिए किसी के आगे झुकना नहीं पड़ता । उद्योगों में प्रगति हुई है पर साथ-साथ श्री गांधी ने याद दिलाया कि 'रास्ता अभी लम्बा है, उद्योगों का विस्तार रोजगार दिलाना, उत्पादकता बढ़ाना, गरीबी हटाना आदि काम अभी करना है, उन्होंने कहा कि अगर दृढ़ता से काम किया जाए तो सब को रोजगार दिलाना असम्भव नहीं है ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 'तुच्छ राजनीतिक स्वार्थों के लिए जनता का विश्वास और स्थापित परंपराएं तोड़ने वालों' का मुकाबला करने का आह्वान किया है । उन्होंने कहा, 'हमें देखना है कि कोई अंदर से या बाहर से ऐसी साजिश न कर पाए जिससे देश कमजोर हो । जो गलत करे उसे इसकी सजा मिलनी ही चाहिए ।' प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोग 40 साल से चल रही राजनीतिक प्रणाली को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं जिसका मुकाबला करना ही होगा ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता

पटियाला, इंस्टीच्यूट आफ़ के.एन.एन.एस. शिविर लगा कर अवसर पर 50 करने की घोषणा

10 विद्रो

काग्नान डी ओ फिलिपीनी सेना के विद्रोहियों को तोप से मोटर बोट में सवार

भारत

जांच

स्टाकहोम, 15 वकील ने कहा है कि सौदे की जांच कराने यह जांच करने में क करेंगे या नहीं, इसके 19 अगस्त को करें बोफ़ोर्स पर आरोप विशाल धन-राशि उसने बड़ी रकम दल कहा, स्वीडन के भ्र जांच शुरू करने की

लाल किले पर ध्वजारोहण के प्रेरण

बम्बई, 15 अगस्त : स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लाल किले की प्राची एक लम्बी और रोचक कहानी है, जिसका श्रेय 85 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी श्री सी.आर. वारद को जाता है । श्री वारद इन दिनों बम्बई के अस्पताल में इला की यादें स्मरण करते हुए आज भी उनकी आंखों में चमक आ जाती है । आज सम्वाददाता से बातचीत के दौरान श्री वारद ने बताया कि नेता जी सुभाष चंद्र शुरू किया, तब उनकी पहली घोषणा थी "चलो दिल्ली, लालकिला लेंगे, ति

श्री वारद ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की इच्छा के अनुसार उन्ह कांग्रेस कमेटी में तीन अगस्त, 1947 को एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें प्र तिरंगा राष्ट्रध्वज फहराने की सिफ़ारिश की गई थी ।

बम्बई में श्री वारद को राष्ट्रध्वज संहिता के नाम से ही पहचाना जाता है में जो भी नियम है, उनका पालन होता है अथवा नहीं, इसकी वह जानकारी रखते वर्षों तक राष्ट्रपति भवन और विभिन्न राजभवनों पर उनके अपने ध्वज भी फ बताया कि यह अलग ध्वज वाली नीति 14 अगस्त, 1971 तक चल रही थी उन्हें काफ़ी संघर्ष करना पड़ा और अंत में इसे खत्म करवाने में सफल रहे । ध्व श्री वारद ने आसक प्रयास किए । इन दिनों श्री वारद अपनी जीवनी लिख

RAM SINGH PATHANIA
MEMORIAL FESTIVAL
A TRADITIONAL FESTIVAL
IN THE MEMORY OF
WARRIOR

वी. पी. सिंह ने आरोपों के उत्तर में प्रधा

नई दिल्ली, 15 अगस्त (स्टे.): भूतपूर्व वित्त मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें 13 नवम्बर, 1986 को लिखे गए पत्र को जारी कर दिया है, जिसमें उन्होंने श्री सिंह को दहिया ट्रस्ट और विशेष रूप से राम जानकी ट्रस्ट के मामलों से आरोप विमुक्त कर दिया है ।

पत्र में कहा गया है कि "मैंने आपका दहिया ट्रस्ट से सम्बन्धित पत्र अच्छी तरह से पढ़ा है तथा इसके साथ भेजे गए दस्तावेजों की भी जांच कर ली है । ट्रस्ट के मामलों में और उनके पुत्र पर लगाए गए आरोपों के प्रत्युत्तर में जारी किया है । कुछ दिन पहले श्री राय ने एक पत्रकार सम्मेलन में कहा था कि श्री राजीव गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री वी. पी. सिंह के खिलाफ आरोपों की जांच करने को कहा है ।

श्री वी. पी. सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री वीर बहादुर सिंह द्वारा प्रदेश विधानसभा में 3 सितम्बर को दिया गया बयान भी जारी किया है । इसमें कहा गया है कि श्री वी. पी. सिंह का दहिया

442417 गिनी हुई उच्च न्यायालय ने श्री आरोप खारिज कर दि

श्री वीर बहादुर सि पी. सिंह ने अपने मुख्य इस मामले में जो कुछ पक्ष में था, दहिया ट्रस्ट भी किया जा रहा है

निर्दोषों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

के लोग घरों से बाहर नहीं निकले । आतंकवादी भागने में सफल हो गए । पुलिस के अनुसार काता देवी की मौत गुरदासपुर अस्पताल लाते समय रास्ते में हुई । हरबंस लाल के परिवार में अब उसकी लड़की पुष्पा देवी, उसकी पुत्र वधु (कुलदीप की पत्नी), जो अपने दो बच्चों के साथ अपने मायके गांव दोरंगला गई हुई थी, बचे हैं । इस हत्याकांड से गांव लखन कला में मातम छाया हुआ था और लोग काफ़ी सहमे हुए थे । पुलिस ने गुरदासपुर अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा कर पांचों मृतकों की लाशें उनके वारिसों को दे दी हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी अपनी देख-रेख में स्वयं इलाके में आतंकवादियों की खोज में लगे हैं । इस सम्बन्ध में लगभग एक दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

पास देने की अनुमति

जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा ने अपने एक लिखित बयान में बताया है कि इलाका काहनुवान में रात के समय किसानों के खेतों को पानी देते समय बी.एस.एफ. तथा केंद्रीय रिज़र्व पुलिस द्वारा तंग किए जाने की शिकायतों को देखते हुए इस इलाके के सरपंचों को निर्देश दिए हैं कि वह रात को खेतों में जाने वाले किसानों को रात्रि-पास जारी कर सकते हैं, परन्तु यह आदेश रात्रि कर्फ़्यू वाले गांवों में लागू नहीं होगा ।

ठेके की बोतलें तोड़ डालीं

फगवाड़ा (खोसला): कल रात लगभग 8 बजे यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव रुड़की खालसा गांव में पिस्तौलों से लैस दो उग्रवादियों ने शराब के ठेके में लगभग 150 शराब की बोतलें उस समय तोड़ डालीं, जब कर्मचारी ने उन्हें बताया कि दिन भर की बिक्री ठेकेदार ले गया है, उसके पास कोई पैसा नहीं ।

स्कूटर छीन लिया गया

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): आज यहां से 20 किलोमीटर दूर नंगल खुर्द के निकट दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति वीरेंद्र पाल का स्कूटर छीन लिया । वह माहलपुर की ओर आ रहा था ।

ज़िम्मेदारी ली

आनंदपुर साहिब (नि.स.): आज यहां जारी एक हस्तलिखित प्रैस विज्ञप्ति में दष्ट सोध कमांडो फ़ोर्स ने गत दिनों जालन्धर में दैनिक 'अकाली पत्रिका' के सम्पादक रत्नेश सिंह सोढी के घर पर उनके अंगरक्षकों की हत्याओं की ज़िम्मेवारी ली है । यह विज्ञप्ति भाई सुचेत सिंह, जनरल कंवर सिंह, लैफ़्टीनैंट जनरल गड़गज्ज सिंह द्वारा आज यहां जारी की गई । कमांडो फ़ोर्स ने चेतावनी दी है कि आनंदपुर साहिब पुलिस विगत दिनों हुए हत्याकांड में सम्बन्धित महिला को गिरफ़्तार न कर सकी तो फ़ोर्स ग्रन्थी परिवार हत्याकांड में सम्बन्धित कातिलों व पुलिस के खिलाफ़ कार्रवाई करेगी ।

उग्रवादी गिरफ़्तार

फाज़िल्का (ह.स.): आज यहां नाकेबंदी के दौरान थाना सदर पुलिस ने एक आतंकवादी राज हंस सिंह (राहलीवाला खोजका) को गिरफ़्तार करने में

गोली मारकर लूट लिया

थाना नूरमहल के गांव सभराओं के निकट स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने एक अन्य स्कूटर सवार व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया तथा उसकी सोने की चैन तथा नगदी लेकर फ़रार हो गए । घायल व्यक्ति की शिनाख्त सुरेन्द्र कुमार के रूप में हुई है ।

ठेका लूटा

दो उग्रवादियों ने कल रात गोराया थाने के धड़का गांव स्थित शराब के एक ठेके से 1500 रुपए लूट लिए । पुलिस के अनुसार लुटेरों ने पिस्तौल तान कर दुकानदार बलबीर कुमार से ये रुपए लूटे । अपराधियों ने भागने से पहले शराब की कई बोतलें भी फोड़ दीं ।

थाना करतारपुर के गांव मस्तापुर के गवर्नमैंट हाई स्कूल के भवन पर भी एक खालिस्तानी झण्डा लगा पाया गया । बाद में पुलिस ने इसे उतार दिया ।

हत्या

आज थाना बंगा के गांव महला के निकट दो संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक बंगा के प्रसिद्ध गुरद्वारा 'चरण कमल' में 'माथा टेक' कर आ रहा था । उसकी शिनाख्त ज्ञानी हरबंस सिंह निवासी गांव भौरा के रूप में की गई है । वह साइकल पर अपने गांव लौट रहा था कि हमलावरों ने अत्यन्त निकट से उस पर गोली चला दी ।

सोढी कांड में हैडकांस्टेबल लापता

जालन्धर से ही एक अन्य सूचना के अनुसार 13 अगस्त को अकाली पत्रिका के सम्पादक रतनेश सिंह सोढी के आवास पर 4 सिपाहियों की हत्या के बारे में अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है परन्तु इस हत्याकांड के रहस्य ने उस समय नया मोड़ लिया जब पता चला कि घटना की रात्रि लापता हैड कांस्टेबल सुरजीत सिंह अभी तक नहीं लौटा । उसके साथ सिपाही जागीर सिंह भी गया था । पहले खबर थी कि सुरजीत सिंह लौट आया है और उसके खिलाफ कोई तथ्य नहीं मिला पर बाद में बताया गया कि यह खबर गलत थी । जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री सिद्दीकी ने बताया कि पुलिस दो थ्योरियों पर काम कर रही है । एक थ्योरी यह है कि सिपाहियों में आपस में ही झगड़ा हुआ, दूसरी थ्योरी है कि हमला बाहर से हुआ । पुलिस सुरजीत सिंह की तलाश कर रही है ।

स्कूटर छीना

आज बाद दोपहर जालन्धर की शिव नगर कालोनी में दो संदिग्ध आतंकवादियों ने हंस राज नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने बताया है कि ये दोनों व्यक्ति बलपूर्वक घर में घुसे तथा हंसराज से पिस्तौल की नोक पर चाबियां लेकर स्कूटर उड़ा ले गए ।

लुधियाना (ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल शाम यहां से करीब 38 किलोमीटर दूर जगराओं गांव के सरपंच दलीप सिंह की 38 बोर की रिवाल्वर छीन ली । पुलिस के अनुसार सरपंच जब रिक्शा से कहीं जा रहा था तो स्कूटर पर दो आतंकवादियों ने आकर उनके सामने पिस्तौल तान दी और अपना रिवाल्वर हवाले करने के लिए कहा । रिवाल्वर लेकर आतंकवादी भाग गए ।



(बाएं) स्वतं
(दाएं)

स्वतं

आह्वान किया
लगन से जुट जा
श्री जंजुआ ने क
संग्राम में गौरवप
के पश्चात् पंजा
विशेषकर देश क
बनाने में भरपूर

श्री जंजुआ
ली, जिसमें पंज
आदि ने भाग लि
शो तथा अन्य
जंजुआ ने उन्हें
में छट्टी की घोष

पंजाब इंट
स्वतंत्रता दिवस
महासचिव श्री बृ
यूथ कांग्रेस के सं
ने नया बाज़ार में
जिसमें यूथ कांग्रे
श्री वधवा के अ
मोहन लाल ग्रोवर
सम्बोधित किया

नकोदर में ए
ने ध्वजारोहण कि
श्री जे. बी. गोयल
एस. डी. एम. ने

लुधियाना (
बराड़ ने गुरु नान
सलामी ली । इ
राज्य का विकास
कर इसके लिए क
श्री कर्णवीर सिंह

कपूरथला में
राष्ट्रीयध्वज लह
मालेरकोटला, ब
बाघापुराना, बीर
धूरी, जगराओं,
रामपुराफूल, ना
दिवस मनाए जा

बटाला (को

Punjabi Sanchani

पास देने की अनुमति

जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा ने अपने एक लिखित बयान में बताया है कि इलाका काहनुवान में रात के समय किसानों के खेतों को पानी देते समय बी.एस.एफ. तथा केंद्रीय रिज़र्व पुलिस द्वारा तंग किए जाने की शिकायतों को देखते हुए इस इलाके के सरपंचों को निर्देश दिए हैं कि वह रात को खेतों में जाने वाले किसानों को रात्रि-पास जारी कर सकते हैं, परन्तु यह आदेश रात्रि कर्फ़्यू वाले गांवों में लागू नहीं होगा ।

ठेके की बोतलें तोड़ डालीं

फगवाड़ा (खोसला): कल रात्रि लगभग 8 बजे यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव रुड़की थाना गोराया में पिस्तौलों से लैस दो उग्रवादियों ने शराब के ठेके में लगभग 150 शराब की बोतलें उस समय तोड़ डालीं, जब कर्मचारी ने उन्हें बताया कि दिन भर की बिक्री ठेकेदार ले गया है, उसके पास कोई पैसा नहीं ।

स्कूटर छीन लिया गया

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): आज यहां से 20 किलोमीटर दूर नंगल खुर्द के निकट दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति वीरेंद्र पाल का स्कूटर छीन लिया । वह माहलपुर की ओर आ रहा था ।

ज़िम्मेदारी ली

आनंदपुर साहिब (नि.स.): आज यहां जारी एक हस्तलिखित प्रैस विज्ञप्ति में दुष्ट सोध कमांडो फ़ोर्स ने गत दिनों जालन्धर में दैनिक 'अकाली पत्रिका' के सम्पादक रत्नेश सिंह सोढी के घर पर उनके अंगरक्षकों की हत्याओं की ज़िम्मेवारी ली है । यह विज्ञप्ति भाई सुचेत सिंह, जनरल कंवर सिंह, लैफ़्टीनैंट जनरल गड़गज्ज सिंह द्वारा आज यहां जारी की गई । कमांडो फ़ोर्स ने चेतावनी दी है कि आनंदपुर साहिब पुलिस विगत दिनों हुए हत्याकांड से सम्बन्धित महिला को गिरफ्तार न कर सकी तो फ़ोर्स ग्रन्थी परिवार हत्याकांड से सम्बन्धित कातिलों व पुलिस के खिलाफ़ कार्रवाई करेगी ।

उग्रवादी गिरफ्तार

फाज़िल्का (ह.स.): आज यहां नाकेबंदी के दौरान थाना सदर पुलिस ने एक आतंकवादी राज हंस सिंह (टाहलीवाला बोदेला) को गिरफ्तार करके एक 12 बोर की पिस्तौल और 2 कारतूस बरामद किए हैं ।

छापा

पटियाला (भूषण): गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब से जुड़ी सराय में कल रात छापा मार कर पुलिस ने लगभग एक दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया । इनकी स्क्रीनिंग जारी है ।

शव मिला

पठानकोट, (गुप्ता) : यहां से 4 किलोमीटर दूर मैमन छावनी क्षेत्र से एक अज्ञात युवक का शव मिला है ।

शव मिला

जालन्धर, (ह.स.): गोलियों से छलनी युवक का शव आज तड़के पतारा गांव केनिकट बरामद हुआ है । शव के पास से हाथ से लिखी एक चिट्ठी मिली है । कहा जाता है कि चिट्ठी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स की है । चिट्ठी की बातों का तुरन्त पता नहीं लग सका । पुलिस ने अन्य परीक्षण के लिए लाश अस्पताल भेज दी ।

Creating Sensation at Delhi U.P.

हत्या

आज थाना बंगा के गांव महला के निकट दो संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक बंगा के प्रसिद्ध गुरुद्वारा 'चरण कमल' में 'माथा टेक' कर आ रहा था । उसकी शिनाख्त ज्ञानी हरबंस सिंह निवासी गांव भौरा के रूप में की गई है । वह साइकल पर अपने गांव लौट रहा था कि हमलावरों ने अत्यन्त निकट से उस पर गोली चला दी ।

सोढी कांड में हैडकांस्टेबल लापता

जालन्धर से ही एक अन्य सूचना के अनुसार 13 अगस्त को अकाली पत्रिका के सम्पादक रतनेश सिंह सोढी के आवास पर 4 सिपाहियों की हत्या के बारे में अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है परन्तु इस हत्याकांड के रहस्य ने उस समय नया मोड़ लिया जब पता चला कि घटना की रात्रि लापता हैड कांस्टेबल सुरजीत सिंह अभी तक नहीं लौटा । उसके साथ सिपाही जागीर सिंह भी गया था । पहले खबर थी कि सुरजीत सिंह लौट आया है और उसके खिलाफ कोई तथ्य नहीं मिला पर बाद में बताया गया कि यह खबर गलत थी । जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री सिद्दीकी ने बताया कि पुलिस दो थ्योरियो पर काम कर रही है । एक थ्योरी यह है कि सिपाहियों में आपस में ही झगड़ा हुआ, दूसरी थ्योरी है कि हमला बाहर से हुआ । पुलिस सुरजीत सिंह की तलाश कर रही है ।

स्कूटर छीना

आज बाद दोपहर जालन्धर की शिव नगर कालोनी में दो संदिग्ध आतंकवादियों ने हंस राज नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने बताया है कि ये दोनों व्यक्ति बलपूर्वक घर में घुसे तथा हंसराज से पिस्तौल की नोक पर चाबियां लेकर स्कूटर उड़ा ले गए ।

लुधियाना (ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल शाम यहां से करीब 38 किलोमीटर दूर जगरांव गांव के सरपंच दलीप सिंह की 38 बोर की रिवाल्वर छीन ली । पुलिस के अनुसार सरपंच जब रिक्शा से कहीं जा रहा था तो स्कूटर पर दो आतंकवादियों ने आकर उनके सामने पिस्तौल तान दी और अपना रिवाल्वर हवाले करने के लिए कहा । रिवाल्वर लेकर आतंकवादी भाग गए ।

बंदूक लूटी

देर से प्राप्त सूचना के अनुसार गत बुधवार की रात को गांव उमरपुर के सरपंच तेजा सिंह से चार आतंकवादियों ने स्टेनगन की नोक पर उसकी 12 बोर की बंदूक छीन ली । लुटेरे पैदल ही भाग गए ।

खालिस्तानी झंडा

फगवाड़ा (अ.): गत रात्रि आदमपुर नगरपालिका के गेट पर कुछ संदिग्ध शरारती आतंकवादियों ने तथाकथित खालिस्तान का झंडा लहरा दिया । जिसे सूचना मिलने पर तत्काल आदमपुर पुलिस ने उतरवा दिया ।

कराची में दंगे

कराची, 15 अगस्त : कराची में आज फिर दंगे भड़क उठने से कम से कम 35 दुकानें जल गईं या आंशिक रूप से नष्ट हुई जबकि कई लोग घायल हो गए । पुलिस ने यह नहीं बताया कि दंगे क्यों हुये । चश्मदीद गवाहों के मुताबिक, झगड़ा उस समय शुरू हुआ जब उर्दू भाषी मुहाजिर कौमी मूवमैंट के समर्थकों ने एक इमारत पर अपना झंडा फहराया जिस पर पंजाबी पठान संगठन ने एतराज किया । झंडे को हटा कर पंजाबियों ने अपना झंडा फहरा दिया । इसके बाद मुहाजिरों की दुकानों की लटपाट

लगन से जुट जाए,जै
श्री जंजुआ ने कहा
संग्राम में गौरवपूर्ण य
के पश्चात् पंजाब ने
विशेषकर देश को अ
बनाने में भरपूर हिस

श्री जंजुआ ने इ
ली, जिसमें पंजाब
आदि ने भाग लिया
शो तथा अन्य रंगा
जंजुआ ने उन्हें मिठा
में छुट्टी की घोषणा

पंजाब इंटक
स्वतंत्रता दिवस म
महासचिव श्री बृज ल
यूथ कांग्रेस के संयुक्त
ने नया बाज़ार में ए
जिसमें यूथ कांग्रेसी ब
श्री वधवा के अतिरि
मोहन लाल ग्रोवर व
सम्बोधित किया ।

नकोदर में एस.
ने ध्वजारोहण किया
श्री जे. बी. गोयल त
एस. डी. एम. ने ध्व

लुधियाना (नेप
बराड़ ने गुरु नानक
सलामी ली । इस
राज्य का विकास त
कर इसके लिए काय
श्री कर्णवीर सिंह ने

कपूरथला में
राष्ट्रीयध्वज लहरा
मालेरकोटला, बर
बाघापुराना, जीरा,
धूरी, जगराओं, गि
रामपुराफूल, नाभा
दिवस मनाए जाने

बटाला (कोछा
स्वाधीनता समारोह
गया । एस.डी.एम
राष्ट्रीयध्वज फहरा
गीत गाए । सिटी
में राष्ट्रीयध्वज वि
कर लोगों को सद
प्रेरणा दी । गुरदा
कल्हा ने व पठान
बांगा ने राष्ट्रीयध्व

करतारपुर (स
कालेज में स्वतंत्र
गया । इस अव
चौधरी जगजीत
छात्र-छात्राओं ने
किए ।

फगवाड़ा (कौ
के बावजूद आज
व्यवस्था में स्वतं
सम्पन्न हो गए ।
प्रांगण में एस.डी
राष्ट्रीयध्वज लहर
फिल्लौर, बंगा,
इत्यादि से भी स्व

Punjabi Samatan



...भिशाप...विगत दिनों वर्षा न होने से हिमाचल में
...ल फटने से मौतें हो रही हैं । बाढ़ ने शेष बची
...। (छाया : ज्ञान बड़ोला)

घायल भाजपा नेता पासी का देहांत, आदमपुर में दुकानदार की हत्या

होशियारपुर के लापता महंत का शव मिला

कनाडा के उग्रवादियों के साथी सहित कई बंदी

सरपंच ने आक्रमणकारियों को भगा दिया

चंडीगढ़, 16 अगस्त (वार्ता): विगत 24 घंटों के दौरान पंजाब में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई, एक लापता संत की लाश के टुकड़े बरामद हुए हैं जबकि कपूरथला के निकट घायल भाजपा नेता जितेंद्र पासी का सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में देहांत हो गया । कनाडा के उग्रवादियों से सम्बन्धित एक दर्दांत उग्रवादी सहित कई अन्य गिरफ्तार किए गए हैं ।

दुकानदार की हत्या

जालन्धर (ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात जालन्धर जिले में आदमपुर पुलिस थाने के कोझे गांव में एक दुकानदार प्यारा राम नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी और उनकी पुत्री शीला रानी को घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि स्टेनगन और पिस्तौलों से लैस तीन आतंकवादी प्यारा राम के घर में घुस गए और उन पर गोलियां चलाई जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु होगई । उनकी पुत्री जिसके कंधे पर गोली लगी है, को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उसकी हालत खतरे से बाहर है । आतंकवादी अंधेरे में भाग निकले । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

6500 रुपए लूट लिए

दो संदिग्ध उग्रवादियों ने आज प्रातः जिला जालंधर में थाना फिल्लौर के अंतर्गत गांव रायपुर राइयां में गुरदयाल सिंह के घर से 6500 रुपए लूट लिए । उग्रवादी भागने में सफल हो गए ।

आज रात्रि जालंधर के पत्तड़कलां ग्राम में दो उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके पर आकर ठेका मालिक चानन सिंह को धमकी दी कि यदि एक सप्ताह में ठेका न बंद किया गया तो गंभीर परिणाम होंगे । इसके उपरांत वे फायरिंग करते हुए भाग गए ।

आज रात्रि ही करतारपुर में शिव कुमार से उग्रवादियों ने उसका स्कूटर छीन लिया ।

करतारपुर (साहनी): आज सायं दो उग्रवादियों ने चीनी व्यापारी तेजा सिंह से 800 रु. छीन लिए जो वह किसी से लेकर अपने थैले में डाल रहा था । इसके बाद उग्रवादियों ने एक एस.डी.ओ. से उसका स्कूटर पी.ए.जे. 8210 छीन लिया ।

लापता संत का शव मिला

होशियारपुर, (अश्विनी, प्रद्युम्न): यहां से 30 किलो मीटर दूर माहलपुर के निकट एक गांव चांदसुजट्टां में कोट फतुई-सैला रोड पर स्थित संत चूड़दास के मन्दिर के पुजारी श्री नौमी राम की हत्या किए जाने की सूचना मिली है । गांव के सरपंच श्री कुलदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि नौमी राम की लाश नग्नावस्था में एक कपड़े में लिपटी हुई मन्दिर से थोड़ी दूर खेतों में पड़ी पाई गई । उसके गले में फंदा डाला गया था और गर्दन आधी कटी हुई थी । लाश पर और कई जगह भी घाव थे । लाश के निकट एक कस्सी पड़ी हुई मिली है । ख्याल किया जाता है कि उसकी दो-तीन दिन पूर्व किसी ने हत्या कर दी होगी । जब वह दिखाई नहीं दिया तो लोगों ने समझा कि वह कहीं बाहर चला गया है, परन्तु जब उसके कमरे में खून के धब्बे पाए गए तो संदेह होने लगा कि उसकी किसी ने हत्या न कर दी हो । फिर उसकी लाश एक व्यक्ति भजन लाल के खेत में पड़ी हुई मिल गई । लाश का मुंह बंद था ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

'लोग खालिस्तानी उग्रवादियों की हिंसा से निराश हो चुके हैं'

जालंधर, 16 अगस्त : सी.पी.आई. (एम) के जनसंपर्क जत्थों का प्रत्येक स्थान पर जोरशोर से स्वागत किया जा रहा है । स्वागतकर्ताओं में किसान, खेत मजदूर और समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल होते हैं जो जत्थों को गांव में दाखिल होने पर गर्मजोशी से स्वागत करते हैं । जत्थों को चाय, मिठाइयां, नींबू जल, भोजन आदि दिया जाता है और जत्थों के नेताओं को बड़े ध्यान से सुनते हैं । लोग जत्थों को न केवल धन ही देते हैं, बल्कि ट्रालियां में अगले स्थान तक भी ले जाते हैं । लोगों के व्यवहार से प्रतीत होता है कि वे शांति और सामान्य स्थिति चाहते हैं और खालिस्तानी उग्रवादियों की हिंसक गतिविधियों से निराश हो चुके हैं ।

सी.पी.आई. (एम.) की पंजाब समिति के नेता श्री चरण सिंह बिर्दी द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पठानकोट में जत्थे को छः हजार रुपए दिए । कामरेड दिलीप सिंह जौहल, विजय मिश्रा, विशन सिंह और मुल्ख राज के अतिरिक्त पंजाब समिति के कार्यकारी मंत्री का. गुरचरण सिंह रंधावा ने पंजाब की बिगड़ रही स्थिति पर शोक व्यक्त किया, जिसने राष्ट्रीय एकता को खतरे में डाल दिया है । कामरेड रंधावा ने केंद्रीय सरकार की आलोचना करते हुए उसकी अवसरवादी और पंजाब के प्रति संकीर्ण पक्षपातपूर्ण नीतियों की निंदा की । उन्होंने केंद्र को राजनीतिक पहल करके पंजाब समस्या राजीव-लौंगोवाल समझौते के आधार पर हल करने का आग्रह किया ।

उन्होंने एकीकृत अकाली दल और अकाल तख्त के कार्यकारी जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह को आग्रह किया कि वे पृथकतावादियों और उग्रवादियों को स्पष्ट रूप से चिन्हित करें और इन राष्ट्र विरोधी तत्वों को सिखों से अलग-थलग कर दें ।

का. सरबन सिंह चीमा के नेतृत्व में जत्थे ने लगभग दो हजार लोगों की बुंडाला में रैली को संबोधित किया । इसी जत्थे ने गढ़ा, सुभाना, संसारपुर, धीना, जमशेर, खेड़ा, दीवाली, कंगनीवाल, लखनपाल, सरहाली में भी रैलियां कीं । प्रत्येक गांव में जत्थे का भव्य स्वागत किया गया ।

जिला होशियारपुर में जत्थे ने 15 गांवों का दौरा किया और मुकेरियां में भारी जन-रैली और दसूहा में शांति रैली का आयोजन किया ।

पंथक कमेटी द्वारा उग्रवादी नेतृत्व को शीघ्र सम्पर्क करने की अपील

अमृतसर, 16 अगस्त : पंथक कमेटी ने प्रैस के नाम विज्ञप्ति जारी करते हुए तथाकथित अकाली नेतृत्व को चेतावनी दी है कि वह दिल्ली सरकार के इशारे पर सिख नौजवानों के मार्ग में रुकावट बनने के लिए फिर सक्रिय हो गया है ।

यद्यपि सिंह साहब प्रो. दर्शन सिंह ने सिख नवयुवकों को नेतृत्व करने का अवसर दिया है, यह फ़ोर्स के प्रमुख भाई लाभ सिंह तथा फ़ैडरेशन के नेताओं से अपील की है कि श्री दर्शन सिंह ने सिख नवयुवकों को नेतृत्व करने का जो अवसर दिया है इस अवसर को सम्मुख रख कर 15 दिन में जल्दी पंथक कमेटी के सदस्यों के साथ सम्पर्क किया जाए ताकि विचार-विमर्श करके कुर्बानी वाली व पक्के इरादे वाली लीडरशिप सिख समुदाय को दी जा सके । इस

काण्ड का उठा रहा है : पंत

सहायता दी जाएगी ।

राज्यसभा में जपा नेता एम.एस. गुरुपाद स्वामी

घायल चल बसा

भाजपा नेता का देहांत

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक विचार यह भी है कि लाश को टुकड़े करके कपड़े में बांधा गया था । पुलिस ने धारा 302 के अन्तर्गत केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । बताया जाता है कि मृतक 5-6 मास पूर्व गांव में आया था और इर्द-गिर्द के देहात से रोटी मांग कर लाता, खुद खाता, दूसरों को खिलाता था । यह भी पता चला है कि वह प्रायः शराबी हालत में रहता था ।

पासी चल बसे

कपूरथला (शर्मा): गत दिवस निकटवर्ती गांव शेखुपुरा में आतंकवादियों ने गोलियां मारकर एक व्यक्ति जोगेन्द्र पाल मिस्त्री की हत्या कर दी थी और भाजपा नेता जितेन्द्र पासी सहित 3 अन्य को घायल कर दिया था । श्री पासी का आज सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में देहांत हो गया जिससे मृतकों की संख्या दो हो गई । एक गोली उनके सिर के आर-पार हो गई थी । सी.एम.सी. में भर्ती एक और घायल युवक संदीप कुमार की हालत अभी भी गम्भीर बनी हुई है । स्व. पासी गांव शेखुपुरा के सरपंच और राज्य भाजपा की कार्यकारिणी के सदस्य थे । उनका शव अन्तिम संस्कार के लिए यहां लाया गया । स्थानीय अस्पताल में भर्ती चाय विक्रेता नरेन्द्र की हालत खतरे से बाहर है । श्री पासी अपने पीछे विधवा, दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गए हैं ।

श्री पासी की अंत्येष्टि के अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के कन्वीनर श्री जयकृष्ण शर्मा भी उपस्थित थे । उन्होंने दिवंगत नेता के परिवार के साथ हार्दिक संवेदना व्यक्त की ।

कपूरथला बंद आज

उक्त गोली कांड के विरोध में हिन्दू शिव सेना ने कल 'कपूरथला बंद' का आह्वान किया है । शिव सेना की बैठक आज यहां हुई । सेना के उपप्रधान श्री प्रेम नाथ ने बताया कि बैठक में पंजाब को सेना के हवाले करने की मांग की गई क्योंकि पुलिस उग्रवाद को रोकने में विफल रही है । श्री प्रेम नाथ ने आरोप लगाया कि सारी पुलिस को स्वतंत्रता दिवस समारोह की सुरक्षा पर तैनात करके शहर को उग्रवादियों की दया पर छोड़ दिया गया ।

भाजपा द्वारा भी बंद का आह्वान

कपूरथला से प्राप्त एक अन्य समाचार के अनुसार पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष श्री स्वर्ण राम ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने भी भाजपा नेता जितेंद्र दत्त पासी की हत्या के विरोध में कल कपूरथला बंद का आह्वान दिया है ।

उग्रवादियों को भगा दिया

अमृतसर (अशोक सोनी): जिला के गांव बड़िंग सूबा सिंह के सरपंच ज्ञान सिंह ने बड़ी दिलेरी के साथ आतंकवादियों को भगा दिया । गत आधी रात को 3 उग्रवादी पिस्तौलें लिए ज्ञान सिंह के घर में घुसे । उन्होंने ज्ञान सिंह को अपनी लाइसैंसशुदा बंदूक उनके हवाले करने को कहा । बंदूक लेने के लिए जब एक कमरे में घुसा तो उसने भरी हुई बंदूक उठाकर उग्रवादियों पर फ़ायर किए । उग्रवादियों ने भी फ़ायरिंग शुरू कर दी । ज्ञान सिंह को मुकाबला करते देखकर उग्रवादी भाग निकले ।

दो गिरफ्तार

गुरदासपुर (ह.स.): कल बटाला सब-डिवीजन के गांव किलालपुर में खालिस्तानी झंडे लहराने और नारे लगाने के आरोप में दो उग्रवादियों हरभजन सिंह और प्यारा सिंह को गिरफ्तार किया गया है ।

मोपेड उठा ली

कल बटाला के रिफ्यूजी कैम्प क्षेत्र में एक फैक्टरी के बाहर खड़ी एक मोपेड को दो युवक उठा ले गये । पुलिस ने रविन्द्र गुप्ता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार

सुनाम (नागपाल): 40 किलो मीटर दूर मोनिक में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने कल बाद दोपहर मोनिक-पातड़ा रोड पर मैसर्स श्री राम प्यारा लाल के पैट्रोल पम्प को बंदूक की नोक पर लूट लिया और फ़रार हो गए । आतंकवादी प्यारा लाल के लड़के अमृत लाल से 400 रुपए नकद और सोने की अंगूठी छीनकर जब भागे तो मोनिक के एस.एच.ओ. ने पुलिस बल के साथ उनका पीछा किया । एक घंटे के बाद पुलिस बल ने मौजा नवांगराओं-होशीपुर में उन्हें पकड़ लिया । उनके कब्जे से हथियार, नकदी और स्कूटर बरामद कर लिया गया । स्कूटर उन्होंने 12 अगस्त को लहरागागा में तरसेम चन्द सर्राफ से छीना था । उन्होंने गोली मारकर तरसेम को घायल भी कर दिया था । यह भी पता चला है कि इनको कुछ राजनीतिज्ञों का समर्थन प्राप्त है । अधिक रहस्योद्घाटन की सम्भावना है ।

स्कूटर छीना

बाघापुराना (मित्तल): कल सायं दो सशस्त्र उग्रवादियों ने निहालसिंहवाला थाना के गांव मेनियां के निकट एक ईंट भट्ठा मालिक से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया ।

दुर्दांत उग्रवादी पकड़ा गया

करनाल (पूनम दत्त): दो दिन पहले हरियाणा पुलिस ने केन्द्रीय गुप्तचर ब्यूरो को वांछित एक दुर्दांत उग्रवादी कुलविंदर सिंह को पानीपत के निकट गांव मेहमतपुर में गिरफ्तार कर लिया । सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार कुलविंदर सिंह, जिसके कनाडा में उग्रवादियों के साथ सम्बन्ध हैं, के बारे में राज्य पुलिस को सूचना गुप्तचर ब्यूरो और 'रा' ने भेजी थी । गुप्तचर ब्यूरो को कुलविंदर का अपने जासूसों के माध्यम से पता चला था । राज्य पुलिस अभी इस गिरफ्तारी बारे चुप्पी साधे हुए है, लेकिन पता चला है कि गुप्तचर ब्यूरो के एक डी.आई.जी. ने कुलविंदर से पूछताछ की है । उससे पूछताछ के दौरान कनाडा स्थित उग्रवादियों की भारत को अस्थिर करने की योजनाओं बारे पता चल सकेगा ।

बंदूक चोरी

आनन्दपुर साहिब (गिरी): गत रात यहां से 15 कि.मी. दूर गांव तख्तगढ़ (नूरपुर बेदी) में कुछ शरारती तत्वों ने पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से ताला तोड़कर दो नाली बंदूक चुरा ली । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

इंडियन एयर लाइन्ज़ को भारी हानि

नई दिल्ली, 16 अगस्त : नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 1989 में 19 एयर बसों के पहुंचने तक इंडियन एयर लाइन्ज को अतिरिक्त बोइंग-737 तथा एयर बस-300 विमान पट्टे पर लेने से रोक दिया है । मंत्रालय ने डच फर्म ट्रांसाविया को तीन बोइंग 737 के पट्टे के रूप में दी गई 179,000 डालर प्रति मास की रकम में बहुत-सी अनियमितताएं पाई हैं जबकि अन्य अंतर्राष्ट्रीय फर्मों ने 140,000 से 160,000 डालर मासिक की पेशकश की थी । नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा वित्त मंत्रालय क्षेत्रों ने ही उस तरीके पर आपत्ति की है जिस तरह पट्टे की राशि अदा की गई । सूत्रों ने बताया कि इंडियन एयर लाइन्ज ने पट्टे की राशि रिजर्व बैंक आफ इंडिया की अनुमति लिए बगैर मार्च्यिल में अपने आई.ए.टी.ए. खाते से अदा कर दी । नागरिक उड्डयन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यह 'फेरा' (विदेशी मुद्रा नियमन कानून) के खुले उल्लंघन का मामला है परन्तु अभी तक अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। सिर्फ इस पट्टे के सौदे में ही इंडियन एयर लाइन्ज को 2.75 करोड़ रुपए की हानि हुई है और यदि मंत्रालय ने नौ अतिरिक्त विमान लेने की स्वीकृति दे दी होती तो यह हानि ग्यारह करोड़ रुपए तक पहुंच सकती थी ।

देवीलाल के पोते की अंत्येष्टि

चंडीगढ़, 16 अगस्त (ह.स.): हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल के पोते और लोकदल विधायक रणजीत सिंह के बेटे 19 वर्षीय संदीप का आज उनके पैतृक गांव चौटाला में अंतिम संस्कार कर दिया गया । संदीप की कल एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी । इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोकदल वर्कर, विधायक, राज्य लोकदल प्रधान एवं सांसद ओम प्रकाश, मुख्यमंत्री देवी लाल का एक और बेटा प्रताप सिंह तथा वरिष्ठ अधिकारी

Sintex
SALE



बिजली बोर्ड का परिपत्र 'किसान मारो' परिपत्र

लुधियाना, 16 अगस्त (नेपाल) पंजाब बिजली बोर्ड के 29 जुलाई के इस परिपत्र कि राज्य के 118 खंडों में से 66 मनोनीत खंडों में न तो नए कनैक्शन दिये जाएंगे और न ही बिजली की मोटरों के लोड में वृद्धि की जाएगी, की किसानों और कृषि-विशेषज्ञों पर भारी प्रतिक्रिया हुई है । किसानों ने इसे किसान मार परिपत्र कहा । उनका कहना है कि जिन खंडों में यह पाबंदी लगाई गई है, वहां के लगभग 70 प्रतिशत किसान छोटे हैं जो बुरी तरह प्रभावित

स्विस ... जानका...

नई दिल्ली, 16 अ... के कानून में ऐसा कोई... अन्य देश में कर-चोरी... उल्लंघन करने वालों... बैंक से लिया जा सके... आधिकारिक सूचना... केवल आपराधिक माम... ब्यौरा मांग सकती है औ... कानून का उल्लंघन वहां... हाल ही में भारत सरकार... चार सदस्यीय प्रतिनिधि... और नियमों का अध्ययन... है ।

प्रतिनिधिमंडल का... गवर्नर ए. घोष ने किया... बैंक के मुख्य कानूनी स... मंत्रालय में आर्थिक... उप-विभाग में संयुक्त... विदेश मंत्रालय में कान... निदेशक डा. पी.एस. रा...

पाक को हथि... अमरीका भ... पर ध्यान...

वाशिंगटन, 16 अ... डैमोक्रेटिक सदस्य म... सरकार से मांग की है कि... सामानों की आपूर्ति करना... और विश्व शांति की... गांधी के योगदान को ध्... में कल श्री डिमले ने क... अमरीका के सैनिक स... अमरीका के आपसी स... विश्व के महान तथा स... की कुछ बुनियादी बातों... रहा है । श्री डिमले ने... अब तक जो सैनिक स... अमरीका से मिला है वह... लिए अनुपयोगी है औ... भारत के विरुद्ध करेगा...

उन्होंने भारतीय... शांति स्थापित करने के... करते हुए कहा कि भार... पूरी तरह भारतीय पहर... सांसद ने भारत की गुट... और कहा कि उसने दो... को कम करने की दिशा... कहा कि अमरीका द्वारा... को नहीं दिए जाने के... सोवियत संघ की ओर... कि पिछले दस वर्ष... हथियारों को ब्रिटेन, फ्र... जैसे पश्चिम देशों से प्र...

उग्रवादियों व...

(पृष्ठ 5...

Punjab Sanatan

बरी मस्जिद
री गिरफ्तार

गस्त (वार्ता): बाबरी मस्जिद
ग 200 कार्यकर्त्ताओं ने
के एक धार्मिक स्थल के
ों करने के विरोध में' आज
र गिरफ्तारियां दीं, इन
द सदस्य तथा दस विधायक
भी लोग नई दिल्ली जामा
था गिरफ्तारियां देने से पहले
हां धरना दिया ।
र्ष संघर्ष समिति के एक
ा अध्यक्ष बलराम जाखड़
सभापति प्रतिभा पाटिल को
ा ।
या था कि 'बाबरी मस्जिद'
में' को फैसले के लिए उच्च
ीठ को सौंप दिया जाए ।
कया गया है कि 15 अगस्त,
क स्थलों की जो स्थिति थी,
रक्षा करने के लिए कानून

की श्रीमती राजिंद्र कौर ने
ए धरने में हिस्सा लिया ।
) विधायक अनवर अहमद
की तरफ से धरने में हिस्सा





इंका नेता सहित दो की हत्या, कई घायल : कपूरथला बन्द

चंडीगढ़, 17 अगस्त (ह.स.):पंजाब में पिछले 24 घंटे के दौरान एक महिला और इंका नेता सहित दो व्यक्ति मारे गए तथा विभिन्न स्थानों से 23 आतंकवादियों एवं उनको शरण देने वालों को गिरफ्तार किया गया । सुरक्षा बल ने अमृतसर के एक पूजास्थल से 12 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया । इस बीच आज भाजपा नेता श्री जितेन्द्र दत्त पासी की हत्या के विरोध में कपूरथला बंद पूरी तरह सफल रहा ।

सरपंच, महिला की हत्या

होशियारपुर (गुप्ता, अश्विनी, प्रद्युम्न) : यहां से 25 किलो मीटर दूर गांव कंधाला शेखां में 2 उग्रवादियों ने कांग्रेस (इ) के नेता और टांडा मार्केट कमेटी के भूतपूर्व अध्यक्ष चौधरी प्रकाश चंद और एक महिला रेशम कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा दलजीत कौर को घायल कर दिया । होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि गत रात्रि लगभग 8.30 बजे श्री प्रकाश चंद, जो गांव के सरपंच भी हैं और उनका पावरलूमों का एक कारखाना भी है, अपने कारखाने के सामने चारपाई पर बैठे थे कि उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । प्रकाश चंद को घायलावस्था में सिविल अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया । उनके साथ बैठी महिला दलजीत कौर घायल हो गई । उल्लेखनीय है कि प्रकाश चंद को 3-4 मास पूर्व एक धमकीपूर्ण पत्र मिला था, लेकिन उन्होंने पुलिस को सूचित नहीं किया था । श्री अरोड़ा ने बताया कि दोनों उग्रवादियों ने गांव में आकर श्री प्रकाश चंद से पूछा कि गांव का सरपंच कौन है । उन्होंने कहा कि मैं ही सरपंच हूं । इसके बाद अभियुक्तों ने 9 एम.एम. पिस्तौल से प्रकाश चंद पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं ।

स्वर्गीय प्रकाश चन्द फिरोजपुर के डिवीजनल कमिश्नर दर्शन कुमार के बड़े भाई थे ।

महिला की हत्या

श्री अरोड़ा ने बताया कि सरपंच की हत्या के बाद उग्रवादी पैदल जा रहे थे कि कुछ महिलाएं शौच निवृत्ति के बाद लौट रही थीं कि उग्रवादियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे रेशम कौर नामक एक महिला मौके पर ही दम तोड़ गई ।

एक दर्जन हिरासत में

घटनास्थल से थोड़ी दूर एक चादर और 2 जूते मिले । पुलिस ने खोजी कुत्तों को बुलाया । जिन घरों में ये कुत्ते गए उनसे पूछताछ की जा रही है । पुलिस ने लगभग एक दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया है ।

टांडा से 'गुप्ता' की सूचना है कि घायल दलजीत कौर सरपंच के पास फैसला करवाने आई थी । प्रकाश चंद का लड़का भी फायरिंग में घायल हुआ है । उसे अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

कपूरथला, शेखूपुर में हड़ताल

कपूरथला (शर्मा): गांव शेखूपुर में 15 अगस्त को प्रात: हुए गोली कांड के विरुद्ध रोष प्रकट करने के लिए सभी राजनैतिक तथा सामाजिक संगठनों के आह्वान पर यहां नगर तथा शेखूपुर में आज पूर्ण हड़ताल है । यहां के सर्राफा बाजार में आज हुए शोक तथा श्रद्धांजलि समारोह में राजनैतिक तथा संयोजक पार्टियों के प्रतिनिधियों ने शेखूपुर गोली कांड में आतंकवादियों की गोलियों से मारे गए जितेन्द्र दत्त पासी सरपंच, प्रधान कपूरथला भाजपा व सदस्य प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी तथा श्री जोगेन्द्रपाल को श्रद्धांजलि भेंट की तथा शेखूपुर गोली कांड की कड़े शब्दों में निन्दा की । मृतकों के परिवारों को एक-एक लाख रुपए देने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की गई । इस बात पर दुख प्रकट किया गया कि जिलाधीश की कोठी में तीन नई एम्बुलैंस गाड़ियां खड़ी रहती हैं, परन्तु पासी को सी.एम.सी. लुधियाना ले जाने के लिए जो एम्बुलैंस दी गई, वह सिविल अस्पताल के बाहर ही खराब हो गई और प्राईवेट गाड़ी का प्रबन्ध करके श्री पासी को लुधियाना ले जाया गया । एस.पी. श्री पी.एम. दास ने इस बात का खंडन किया है कि स्वतंत्रता दिवस पर नगर तथा क्षेत्र में सुरक्षा के पूरे प्रबन्ध नहीं थे ।

उग्रवादियों का पता चला

जिला बार एसोसिएशन और क्लर्क एसोसिएशन ने भी आज हड़ताल रखी । एस.पी.

(शेष पृष्ठ 6 पर)

राजीव के शासनकाल में 183 रक्षा सौदे किए गए

बम्बई, 17 अगस्त (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा है कि पिछले ढाई वर्ष में सुरक्षा सेनाओं को मजबूत बनाने के लिए की गई कार्रवाई से देश अत्यन्त सुदृढ़ तथा उन्नत बना है । श्री गांधी ने कहा कि उनके प्रधानमंत्री कार्यभार ग्रहण करने के बाद 183 रक्षा सौदों को अंतिम रूप दिया गया है ।

बम्बई से प्रकाशित गुजराती साप्ताहिक 'चित्रलेखा' को दिए गए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा सौदों में हुई बढ़ौतरी को मात्र संख्या के रूप में नहीं बल्कि रक्षा मंत्रालय के सुचारु रूपेण कामकाज के अर्थ में लिया जाना चाहिए ।

"यदि कोई गड़बड़ी हुई है तो हम कार्रवाई करेंगे लेकिन उन्होंने (अमिताभ ने) मुझे आश्वस्त किया था कि कोई गड़बड़ नहीं हुई है तथा कोई गलत काम नहीं किया गया है । फिलहाल हमें कुछ दिन इंतजार करना है । यह पूछे जाने पर कि क्या अमिताभ फिर इलाहाबाद से चुनाव लड़ सकते हैं, प्रधानमंत्री ने कहा, "यह तो बहुत दूर की बात है । देखेंगे कि मामला क्या करवट लेता है ।"

इंका संगठन पर सरकार हावी

Punjabi Sansar

वस्था की नहीं बल्कि राजनैतिक है ।
क पंजाब में आतंकवादियों का सफाया
नाओं को सर्वाधिक प्राथमिकता दी
। श्री बंसल ने कहा कि दुर्भाग्य की
ाब पिछले पांच वर्षों से आतंकवादी
ट में है । अन्नाद्रमुक के वल्लमपुरी
क बरनाला सरकार को यह कह कर
क वह आतंकवाद को खत्म करने में
। लेकिन आज भी आतंकवाद की
जैसे बनी हुई है और केंद्र इसे नियंत्रित
कल हो चुका है ।
र्टी के बाबुल रेड्डी का सुझाव था कि
तंकवाद को खत्म करने के लिए सिख
तचीत के लिए बुलाया जाए । तेलगू
य मोहन रेड्डी ने भी बरनाला सरकार
करने की निंदा की । कांग्रेस (इ) के
की मांग थी कि आतंकवादियों को शरण
ों के साथ हमें सख्ती का सलूक करना

दल के जगजीत सिंह अरोड़ा ने विधेयक
रते हुए कहा कि राष्ट्रपति शासन लागू

राष्ट्रपति शासन लागू किया गया ।

भारतीय जनता पार्टी के अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि जनता के सहयोग से ही पंजाब में आतंकवाद से निपटा जा सकता है । गांवों में रक्षा दल बनाए जाने चाहिए और उन्हें हथियार दिए जाने

(शेष पृष्ठ 6 पर)

बनाया जाना चाहिए ।

संयुक्त अकाली दल की श्रीमती राजिंद्र कौर ने भी समिति द्वारा दिए गए धरने में हिस्सा लिया । अकाली दल (लौंगोवाल) विधायक अनवर अहमद खान ने भी अपने दल की तरफ से धरने में हिस्सा लिया ।

यहां से 25 किलो मीटर दूर गांव कंधाला शेखां में 2 उग्रवादियों ने कांग्रेस (इ) के नेता और टांडा मार्कीट कमेटी के भूतपूर्व अध्यक्ष चौधरी प्रकाश चंद और एक महिला रेशम कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा दलजीत कौर को घायल कर दिया । होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने

अरोड़ा ने बताया कि दोनों उग्रवादियों
आकर श्री प्रकाश चंद से पूछा कि गांव
कौन है । उन्होंने कहा कि मैं ही सरपंच हू
बाद अभियुक्तों ने 9 एम.एम. पिस्तौल
चंद पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं ।

स्वर्गीय प्रकाश चन्द फिरोजपुर के
कमिश्नर दर्शन कुमार के बड़े भाई थे ।

महिला की हत्या

श्री अरोड़ा ने बताया कि सरपंच की
बाद उग्रवादी पैदल जा रहे थे कि कुछ महि
निवृत्ति के बाद लौट रही थीं कि उग्रवादि
पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे रेशम
एक महिला मौके पर ही दम तोड़ गई ।

एक दर्जन हिरासत में

घटनास्थल से थोड़ी दूर एक चादर
मिले । पुलिस ने खोजी कुत्तों को बुला
घरों में ये कुत्ते गए उनसे पूछताछ की ज
पुलिस ने लगभग एक दर्जन लोगों को हि
लिया है ।

टांडा से 'गुप्ता' की सूचना है कि घाय



(1) टांडा के निकट उग्रवादियों के हाथों मारा गया सरपंच और इंका नेता प्रकाश चंद, (2) उसका बिलखता परिवार, (3) निकट ही मारी महिला रेशम कौर, (4) बिलखता परिवार । (छाया : प्रद्युम्न)

लिए शंकर प्रत्याशी

र्व विपक्ष और सत्तारूढ़ दल के बीच
पद के प्रत्याशी के लिए श्री शंकर
और श्री पी.एन. भगवती के नामों के बारे
ो गई है । अंतिम फैसला कांग्रेस (इ)
ोर्ड पर छोड़ दिया गया ।
पति पद के लिए चुनाव जरूरी होने पर
र को होगा । कल नामांकन पत्र भरने
तारीख है । अभी तक 18 नामांकन
चुके हैं । श्री शर्मा कल अपना नामांकन
यह चुनाव उपराष्ट्रपति आर.वेंकटरमन
निर्वाचित होने से रिक्त हो गया था ।
न पत्रों की जांच के समय यदि डा. शर्मा
कन पत्र वैध पाया गया और अन्य सभी
वैध ठहरा दिए गए । जैसी सम्भावना है
र्ा को 21 अगस्त को उपराष्ट्रपति पद के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

राजीव के 183 रक्ष

बम्बई, 17 अगस्त (वार्ता): प्रधान
गांधी ने कहा है कि पिछले ढाई वर्ष में सु
को मजबूत बनाने के लिए की गई कार
अत्यन्त सुदृढ़ तथा उन्नत बना है ।
कहा कि उनके प्रधानमंत्री कार्यभार ग्रह
बाद 183 रक्षा सौदों को अंतिम रूप दि

बम्बई से प्रकाशित गुजराती
'चित्रलेखा' को दिए गए इंटरव्यू में प्रधान
कि रक्षा सौदों में हुई बढ़ौतरी को मात्र
में नहीं बल्कि रक्षा मंत्रालय के सु
कामकाज के अर्थ में लिया जाना चाहि

इस प्रश्न के उत्तर में कि इटली की
ब्लैक लिस्ट की गई एक फर्म को माच
तारपीडो की सप्लाई के लिए 30 कर
आर्डर दिया गया हालांकि ये तारपीडो
गए थे, श्री गांधी ने कहा कि उन्हें इस
नहीं है लेकिन उन्होंने मामले की जा
दिया ।

सत्पुरुष होना घाटे का सौदा

क्या इस देश में सत्पुरुष होना ला
प्रधानमंत्री राजीव गांधी के अनुस
इंटरव्यू में श्री गांधी ने कहा कि ऐसा ल
सत्पुरुष होकर आपको वाहियात
सामना करना पड़ता है लेकिन श्री गां
मेरा व्यक्तिगत विश्वास है कि सही

न चड्ढा का वास्तविक नाम क्या विशेशर नाथ है ?

ऊ, 17 अगस्त : बोफोर्स दलाली
बहुचर्चित विन चड्ढा मूल नाम का कोई
ीं है, न ही हर्ष चड्ढा उसका अपना पुत्र
नहीं जानता कि विशेशर नाथ चड्ढा किस

पूछना चाहते हैं उनसे हमारा कोई सम्बन्ध नहीं है । उनसे हमारा तीस-पैंतीस साल से कोई टच (सम्पर्क) नहीं रहा ।

बातचीत को बढ़ाने की कोशिश किए जाने पर

कीं । विशेशर नाथ को उन्होंने विशेष रूप से पढ़ाया । वकालत भी कराई । शायद यह सोच कर कि विशेशर उनकी खूब चलती वकालत को संभाल लेगा । लेकिन, विशेशर की विन बनने की आकांक्षा उन्हें दूर सत्ता केंद्रों के निकट ले गई । उन्होंने पहले

यहां रहते थे । वे बस्ती में क्या करते थे, यह वे नहीं बता पाई । किन्तु जिला पुलिस अधीक्षक सरदार हरभजन सिंह का यह ख्याल सही लगा कि चूंकि पूर्वी उ.प्र. की कई चीनी मिलों के मालिक और अधिकारी पंजाबी थे इसलिए पाकिस्तान बनने पर उनके कुछ

Punjab Sanaj Akhi

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

पी.एम. दास ने कहा कि इस गोलीकांड के जिला जिम्मेवार उग्रवादियों का पता लगा लिया गया है और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस पार्टियां भेज दी गई हैं ।

3 गिरफ्तार

बटाला (ह.स.): श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस ने 2 व्यक्तियों को राष्ट्र विरोधी नारे लगाने और भड़काऊ भाषण देने पर देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस चीफ जे.पी. बिरदी के अनुसार यह दोनों व्यक्ति सूरत सिंह और बलदेव सिंह श्री हरगोबिन्दपुर के निवासी हैं । एक अन्य व्यक्ति महेंद्र सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

10 उग्रवादी गिरफ्तार

मोगा (आजाद): फरीदकोट पुलिस ने गत 3 दिनों के दौरान 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके 10 विदेशी और स्वदेशी हथियार बरामद किए हैं । बाघापुराना पुलिस ने उग्रवादियों को हथियार सप्लाई करने वाले परमजीत सिंह (रोडे) से एक आस्ट्रेलियाई (7.65 एम.एम.) पिस्तौल, मैगजीन, 10 कारतूस, लम्बी थाना पुलिस ने बलोचकेरा गांव के जस्सा सिंह में एक राइफल, तिहाड़ गांव के बलदेव सिंह उर्फ बिल्लू से फरीदकोट सदर पुलिस ने एक बोर की पिस्तौल, 4 कारतूस, तखानवध के प्रीतम सिंह जो दुर्दांत उग्रवादी हुस्ना का साथी है, से मेहना पुलिस ने 315 बोर की पिस्तौल और 4 कारतूस, रोड़ीकपूरा के भोला सिंह (बब्बर खालसा) से कोटकपूरा सदर पुलिस ने 38 बोर की एक रिवाल्वर, 4 कारतूस, गुलाबेवाला के मेजर सिंह (बब्बर खालसा) से कोटकपूरा सदर पुलिस ने एक पिस्तौल और 2 कारतूस, सैदको के मेजर सिंह से 12 बोर की पिस्तौल और 2 कारतूस, इसी गांव के ही मेजर सिंह पुत्र रूप सिंह से एक दोनाली बंदूक, 12 कारतूस, पत्तो हीरा सिंह के गुरदीप सिंह से एक पिस्तौल और 2 कारतूस तथा बुर्ज हमीर के फौजा सिंह से एक पिस्तौल और 4 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

11 शरणदाता बंदी

जगरूप सिंह, गुरजंट सिंह, हुस्ना, मलकीयत सिंह, हरभजन सिंह और कुलवंत सिंह जैसे दुर्दांत उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में जिला पुलिस ने 11 व्यक्तियों पाला सिंह (खुखराना), बंता सिंह (कोकरी वाहनीवाला), जसविन्दर (बुकांवाला), तारा सिंह (घल्ल कलां), हरी सिंह (बुकांवाला) सरवन सिंह (धालेके), रणजीत सिंह (धालेके), सुखदेव सिंह (धालेके), मलकीयत सिंह (दौलतपुरा उच्चा), गुरबख्श सिंह (घल्ल कलां), जगरूप सिंह (धालेके) को गिरफ्तार किया है ।

घर में घुस कर लूट लिया

लुधियाना (महेंद्रा): आज दोपहर लगभग 12 बजे 2 उग्रवादी यहां डुगरी रोड पर एक व्यक्ति बिमल कुमार के मकान में घुस गए तथा घर में मौजूद महिलाओं से पिस्तौल की नोक पर सोने की 2 चूड़ियां और 350 रुपए लेकर फरार हो गए । अभियुक्त पैदल ही आए और पैदल ही भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

पुलिस कर्मी पुरस्कृत

भटिंडा (ह.स.): भटिंडा जिले के बूटा थाने के दो सिपाहियों ओम प्रकाश तथा जगमोहन सिंह को 9 अगस्त को बुडलाढा में पैट्रोल पम्प से 2700 रु. लूट कर भागे एक उग्रवादी को पकड़ने के लिये 5-5 सौ रुपए के इनाम और प्रशंसा पत्र दिए गए हैं । गश्त पर निकले इन दोनों सिपाहियों ने उन्हें दबोच लिया था । लूट की राशि स्कूटर तथा रिवाल्वर उनके पास से बरामद हो गई थी । ए.एस.आई. शिंगारा सिंह तथा दो सिपाहियों अमरजीत सिंह और दर्शन सिंह को अपनी ड्यूटी बहादुरी और ईमानदारी से निभाने पर इनाम एवं प्रशस्ति पत्र दिए गए हैं ।

स्कूटर छीना

फगवाड़ा (कौड़ा): गत सायं दो आतंकवादी यहां से 12 किलो मीटर दूर गांव 'कुक्कड़ पिंड' के निकट जैल सिंह नामक एक किसान से पिस्तौल की नोक पर उसका पीले रंग का बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.सी.जे. 1516 छीन कर फरार हो गए ।

घायल कर दिया

जालन्धर (क): आज तड़के 6.30 बजे यहां अड्डा टांडा क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब दो उग्रवादी मल्हीत्रा बुक डिपो पर आए और उसके कैशियर विजय कुमार को गोली मार कर फरार हो गए । दोनों उग्रवादी पैदल आए थे और घटनास्थल से पैदल ही अड्डा होशियारपुर की ओर भागे और फिर एक युवक सुभाष चंद्र का स्कूटर नं. पी.ए.यू. 7957 पिस्तौल की नोक पर छीन कर उस पर फरार हुए । घायल विजय कुमार को तुरन्त पहले सिविल अस्पताल में ले जाया गया और फिर वहां से इसलिए बाबा अस्पताल में दाखिल कराया गया, क्योंकि अस्पताल में नर्सों के वर्क-टू-रूल तथा जूनियर डाक्टरों की हड़ताल के कारण डाक्टरी सेवा प्रभावित नजर आई ।

सूचना मिलने पर अतिरिक्त एस.पी. श्री एस.के. शर्मा, एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री स्वर्ण सिंह फोर्स के साथ मौका पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी । चारों ओर नाकों को भी चौक्स कर दिया गया । घटना का विवरण इस प्रकार बताया गया कि दो युवक कल सायं पड़ोस की दुकान से यह पूछने आए थे कि यह दुकान प्रातः कितने बजे खुलती है । आज प्रातः 6 बजे वह पुनः आए और उसी दुकान से पूछा कि यह दुकान कब खुलेगी और उसके यह बताने पर कि अभी थोड़ी देर में खुल जाएगी, वह निकट ही कहीं प्रतीक्षा में खड़े हो गए । जब विजय कुमार ने दुकान खोल ली और माल को ठीक ठाक रखने लगा तो दोनों युवक दुकान पर आ गए और एक ने अन्दर घुस कर काऊंटर के पास खड़े विजय कुमार को रिवाल्वर दिखा कर कैश हवाले करने को कहा । जब विजय कुमार ने कहा कि कैश तो मालिक ले जाते हैं, तो उस युवक ने विजय कुमार को पकड़ कर दरवाजा तक घसीट लिया और फिर गोली दाग दी जो बाएं कंधे से कुछ नीचे मगर दिल से कुछ ऊपर लगी । एकाध व्यक्ति ने पीछा करने की कोशिश की तो उसे रिवाल्वर दिखा कर डरा दिया । विजय कुमार को लगी गोली कंधे से चल कर नीचे पेट की ओर चली गई बताई गई है जिसका आप्रेशन अभी किया जाना है ।

क्षेत्र के विधायक वैद्य ओम प्रकाश दत्त जो सूचना मिलने पर तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे और बाद में अस्पताल गए, ने एक वक्तव्य में इस घटना पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त की और प्रशासन से मांग की कि वह उग्रवाद के विरुद्ध और कड़े पग उठाए तथा नगर में सुरक्षा प्रबन्ध भी और कड़े करें ।

ग्रामीण को लूटा

पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात्रि में नकोदर थानांतर्गत गांव खीवा में पिस्तौल व बन्दूकधारी 6-7 उग्रवादियों ने एक व्यक्ति हरी सिंह के घर में घुस कर 1050 रुपए, एक सोने की अंगूठी तथा हाथ घड़ी लूट ली ।

बिजली बोर्ड कार्यालय लूटा

आज यहां से 55 किलो मीटर दूर अपरा में संदिग्ध आतंकवादियों ने पंजाब बिजली बोर्ड का कार्यालय लूट लिया । पुलिस सूचना के अनुसार लुटेरे कार्यालय में आए तथा पिस्तौल की नोक पर कैशियर से नगदी छीन कर भाग गए । लूटी गई राशि का पता नहीं चल सका है ।

800 रुपए छीने

गत रात करतारपुर में दो अज्ञात व्यक्तियों ने तेजा सिंह नामक व्यक्ति से 800 रुपए छीन लिए ।

धर्मस्थल से 12 गिरफ्तार

अमृतसर (वार्ता): अमृतसर में सुरक्षा बलों ने आज अपरान्ह में तरनतारन मार्ग पर स्थित गुरुद्वारा शहीदां में तलाशी लेकर वहां से लगभग एक दर्जन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है । पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को इस बात की सूचना मिली थी कि वहां कुछ संदिग्ध उग्रवादी छिपे हैं । इन सूत्रों ने बताया कि वहांएक घंटे तक तलाशी जारी रही । वहां से हथियार आदि बरामद नहीं हुए । गिरफ्तार किए गए लोगोंके बारे में जांच-पड़ताल की जा रही है ।

बर्मा नागरिक गिरफ्तार

फाजिल्का से प्राप्त एक सूचना के अनुसार बी.एस.एफ. ने एक बर्मा नागरिक को गिरफ्तार किया है जो पाकिस्तान से भारत में प्रवेश कर रहा था । उस पर 'भारतीय पार पत्र कानून' के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है ।

प्याज की महंगाई पर लोकसभा में चिंता

नई दिल्ली, 17 अगस्त : प्याज की बढ़ती हुई महंगाई पर आज लोकसभा में गहरी चिंता प्रकट की गई । कृषि मंत्री श्री ढिल्लों ने कहा कि नाफेड से



भारतीय जनता पार्टी की राज्य शाखा की कार्यकारिणी के सदस्य और शेखूपुरा गांव के सरपंच श्री जितेन्द्र दत्त पासी जिन्हें गत 15 अगस्त को कपूरथला के निकट गांव शेखूपुरा में अंधाधुंध फायरिंग करके उग्रवादियों ने घायल कर दिया था । गत 16 अगस्त को सी.एम.सी. लुधियाना में उनका देहांत हो गया ।

पंजाब में स्टाम्प पेपरों की कमी शीघ ही समाप्त हो जाएगी

जालन्धर, 17 अगस्त : इंस्पैक्टर जनरल आफ रजिस्ट्रेशन (पंजाब) जालन्धर ने प्रैस विज्ञप्ति में यहां बताया कि राज्य में स्टाम्प पेपर की कमी के दृष्टिगत राज्य सरकार ने नासिक प्रैस से रेलवे वैगनों द्वारा स्टाम्प पेपर लाने के लिए प्रभावशाली पग उठाए हैं । उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक स्टाम्प पेपर लाने के लिए वैगन चल पड़ी हैं और इससे पंजाब में स्टाम्प पेपरों की कमी सर्वथा समाप्त हो जाएगी ।

लाखों रुपए की सरकारी जमीनों को खुर्द-बुर्द करने का स्कैंडल

कपूरथला, 17 अगस्त (शर्मा): विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि कपूरथला नगर तथा क्षेत्र में लाखों रुपए कीमत की सरकारी जमीनें कुछ प्रभावशाली व्यक्ति तथा कुछ अधिकारी आपसी मिलीभगत से खुर्द-बुर्द कर रहे हैं । पुनर्वास विभाग की इस जमीन के घपले में संलिप्त कई लोगों के नाम लिए जा रहे हैं । स्थानीय तहसील में भी कई कथित अनियमितताओं के आरोप लगाए जा रहे हैं । इस सम्बन्ध में नागरिकों ने राज्यपाल से उच्च स्तरीय जांच की मांग भी की है ।

4 दुर्घटनाओं में 1 मरा, 5 दर्जन घायल

फगवाड़ा, 17 अगस्त (कौड़ा): विगत 24 घंटों में फगवाड़ा व आसपास में हुई 4 विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला की मृत्यु हो गई जबकि पांच दर्जन व्यक्ति घायल हो गए । विभिन्न दुर्घटनाओं में कार, टांगा, बस, जीप व स्कूटर शामिल थे तथा ये सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं । घायलोंको फगवाड़ा, जालन्धर, लुधियाना, बंगा, फिल्लौर के अस्पतालों में दाखिल करवाया गया है ।

मुहल्ला निवासियों को न उजाड़ने की मांग

जालन्धर, 17 अगस्त : पंजपीर मुहल्ला बस्ती बावा खेल के निवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आल इंडिया भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री मनोरंजन कालिया के नेतृत्व में आज कृषि भूमि कलैक्टर स. सेवा सिंह से भेंट की और मांग की कि लैदर काम्प्लैक्स के निर्माण के लिए उन्हें न उजाड़ा जाए । यदि यह बहुत ही आवश्यक हो तो उनके आवास का वैकल्पिक प्रबन्ध किया जाए और उपयुक्त मुआविजा दिया ।

हत्या कांड में संलिप्त पति-पत्नी केस से डिस्चार्ज

गुमशुदा माल की तलाश

2000/- रुपए इनाम

12.8.87 शाम को एक रिक्शा वाला हौजरी का तैयार माल—जो कि तीन बड़े थैलों में था—लेकर डिवीजन नं. 3 से चला और केसर गंज रोड से गायब हो गया । माल में REVERSIBLE स्वैटर था तथा उस पर 'REGALIA' का लेबल लगा हुआ था । पता देने वाले को दो हज़ार रुपए नकद इनाम दिया जाएगा ।

M/S नवकेतन निटवियर्ज़,

निकट डिवीज़न नं. 3, लुधियाना । Ph. : 35094, 34880.

REGAL INTERNATIONAL,

Regal Building, Clock Tower, LUDHIANA. Ph. : 36799, 20762.

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

किराए के लिए

10 दुकानें, मिट्ठा बाज़ार, नज़दीक माई हीरां गेट, 1st Floor+2nd Floor हर किस्म के कारोबार करने के लिए उपलब्ध हैं । सम्पर्क करें । सेठ ज्यूलर्ज़, अटारी बाज़ार, जालंधर शहर, Off. : 74203, Res. : 78173.

फैक्टरी बिकाऊ

सिलाई मशीन के पुर्ज़ों की फैक्टरी (किराए के शैड में) बिकाऊ है । कीमत लगभग 2 लाख रु. । मिलें : न्यू गुडविल ट्रेडर्ज़, 3731/3, माडल टाऊन रोड, लुधियाना-2.

शिक्षा

चिकित्सा

सैंकड़ों रोगों की जड़ पेट के ज़हरीले कीड़े सप्ताह में खत्म—कोर्स 1½ मास, 50 रु. भेज कर हेयरवैल-151-ए, अजीत नगर, अम्बाला छावनी से मंगवाएं ।

सार्वजनिक सूचना

मेरा लड़का राकेश बग्गा मेरे कहने से बाहर है । मेरा उससे कोई सम्बन्ध नहीं रहा । सतीश बग्गा, शाहपुर कंडी (पठानकोट) ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 17.8.87 Rs. 43/- without trays. NECC Suggested

विफल : संसद क सांसद मरा

ललतमुदाली समेत 6 मंत्री व 20 ल : कोलम्बो में कड़े सुरक्षा पग

नाम एक विशेष म और प्रधानमंत्री ी बाईं तरफ खून वह इन छींटों को आक्रमण के लिए राया और सिंहली । श्री जयवर्धने ा,जब वह अपनी स्यों की बैठक की

तीन विस्फोटों की तो गोली चली है

ूपति खिल

की कल शाम ध में हुई बातचीत प्रधान न्यायाधीश ति व्यक्त की गई के नाम पर निर्णय ीय बोर्ड पर छोड़ द अब यह लगभग ूपति पद के लिए ए जाएंगे । अभी पने नामांकन पत्र कन पत्र कल जांच ीं होने के कारण ।

विस्फोट संसद की बैठक के चालीस मिनट पहले हुआ, लेकिन आज की बैठक में श्रीलंका-भारत समझौते पर विचार नहीं होना था । स्वास्थ्यमंत्री रंजीत अत्त पट्टू ने घायलों को अस्पताल में देखने के बाद बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं और गंभीर रूप से घायलों की स्थिति स्थिर है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

दलाली की जांच संबंधी फैसला इसी सप्ताह

स्टाकहोम (स्वीडन), 18 अगस्त (ए.पी.): स्वीडन के सरकारी वकील लार्स रिनबर्ग ने कहा है कि बोफोर्स सौदे में दलाली की जांच संबंधी मामले पर वह इसी सप्ताह अंतिम तौर पर फैसला कर लेंगे । श्री रिनबर्ग ने आज यहां बताया कि वह बोफोर्स कम्पनी द्वारा भारत को एक अरब चालीस करोड़ रुपए की बंदकें बेचने में दलाली के मामले के बारे में स्वीडन की राष्ट्रीय आऊट ब्यरो की रिपोर्ट का अध्ययन कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि वह इस मामले की जांच करने के बारे में अपना अंतिम निर्णय इसी सप्ताह 20 अगस्त के बाद कर लेंगे ।

श्री रिनबर्ग ने कहा कि वह आऊट ब्यरो की रिपोर्ट का अध्ययन करने के तुरन्त बाद इस बारे में फैसला दे देंगे । उन्होंने कहा कि वह रिपोर्ट के कई पहलुओं पर स्वीडन के कुछ विश्वस्त सूत्रों से स्पष्टीकरण भी लेंगे लेकिन उन्होंने सूत्रों के बारे अधिक जानकारी देने से इंकार कर दिया । श्री रिनबर्ग ने कहा कि उन्हें भारत के करीब एक सौ सांसदों द्वारा भेजा गया तार अभी नहीं मिला है ।



लुधियाना के निकट 4 उग्रवादियों से बरामद 2 दोनाली, 1 एक-नाली बंदूक, एक पिस्तौल और कुछ कारतूस दिखाते हुए जिला पुलिस चीफ ए.पी. पांडे तथा डी.एस.पी.राज कृष्ण बेदी। (छाया : काम्बोज)

परिवार के 3 सदस्यों व सी.आर.पी. जवान की हत्या, जालन्धर जिले में 2 लाख लूटे

कपूरथला के पास आतंकवादी गिरोह के 6 सदस्य काबू, शस्त्र बरामद

चंडीगढ़, 18 अगस्त, (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी पर हमला करके एक जवान की हत्या कर दी, एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी । जालन्धर जिले में 2 बैंकों, 3 डाक खानों, बिजली बोर्ड के एक कार्यालय से 191613 रु. लूटे । कपूरथला के पास उग्रवादियों के एक गिरोह के 6 सदस्य शस्त्रों सहित गिरफ्तार किए गए ।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या

फिरोजपुर (ह.स.): आतंकवादियों ने आज सुबह बाघापुराना थाना के गांव कालेके में गोली मारकर एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी तथा दो को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । भागने से पहले उग्रवादी मकान को भी आग लगा गए । पुलिस के अनुसार कुछ आतंकवादी आज सुबह गुरदयाल सिंह के घर में घुस आए और आधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं । गुरदयाल सिंह, उनके भाई निरंजन सिंह तथा निरंजन सिंह की पत्नी गुरमीत कौर की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । गुरदयाल सिंह की पत्नी गुरनाम कौर और बेटी शिंदर सिंह घायल हो गए । घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । उच्च अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं तथा जांच कर रहे हैं ।

कार्बाइन लूटी

इससे पूर्व घातक कलां गांव में उग्रवादी जगजीत सिंह के घर में घुस कर कार्बाइन लूट कर ले गए । उस समय जगजीत सिंह घर में नहीं था ।

हड़ताल

गत दिवस होशियारपुर में फिरोजपुर डिवीजन के कमिश्नर श्री दर्शन कुमार के भाई तथा इंका नेता प्रकाश चन्द की हत्या के विरोध में आज फिरोजपुर जिला के वकीलों ने हड़ताल की । स्थानीय बार एसोसिएशन ने शोक प्रस्ताव पास करके उग्रवाद के कचलने के लिए कठोर पग उठाने की मांग की ।

2 बैंक, 3 डाक-खाने, बिजली बोर्ड कार्यालय लूटे

जालन्धर (क.): जालन्धर जिला में उग्रवादियों ने दो बैंकों, तीन डाक-खानों और बिजली बोर्ड कार्यालय से 1,91,613 रुपए लूट लिए । बैंक लूटने की बड़ी घटना गोराया में हुई,जहां कोआपरेटिव बैंक में से दो उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर लगभग साढ़े दस बजे 1,16,432 रुपए लूट कर स्कूटर पर फ़रार हो गए । बैंक लूटने की दूसरी घटना जालन्धर नगर में हुई,जब दो उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर सोढल चौक स्थित पंजाब नैशनल बैंक ब्रांच से 3200 रुपए लूट कर ले जाने में सफल हो गए । रुपए लूटने के बाद वह जिस स्कूटर नं. पी.सी.ए. 1014 पर फ़रार हुए, उसकी भी अपनी एक दिलचस्प कहानी है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार स्कूटर पी.सी.ए. 1014 एक मास पूर्व हंसराज से उग्रवादियों द्वारा छीना गया था और एक सप्ताह बाद यह स्कूटर एक डाकखाना लूटने की वारदात में इस्तेमाल किए जाने के बाद छोड़ दिया गया, जिसे कब्ज़ा में लेकर पुलिस ने इसे हंसराज के हवाले कर दिया था । मगर अभी एक सप्ताह पूर्व यह स्कूटर पुनः हंसराज के मकान से उड़ा लिया गया था और आज वही स्कूटर बैंक लूटने में इस्तेमाल हुआ ।

डाक-खाने लूटने की तीन वारदातों में से एक घटना अड्डा होशियारपुर के निकट एक डाकखाना में हुई, जो पहली मंज़िल पर स्थित है । वहांदो उग्रवादी स्कूटर पर आए और एक ने पिस्तल दिखाकर आधी दर्जन कर्मियों तथा पांच ग्राहकों को दीवार की ओर मुंह करके खड़े होने को कहा और फिर 9800 रुपए लूटकर फ़रार हो गए ।

दूसरा डाकखाना शक्तिनगर में लूटा गया, जहां

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अनिश्चितता के दृष्टिगत पंजाब-समस्या का हल क्या हो, कुछ समझ में नहीं आता : बूटा सिंह

गुरदासपुर, 18 अगस्त (विनोद): पंजाब समस्या को हल करने के लिए केंद्र सरकार को केवल दो हल दिखाई देते हैं : एक तो आतंकवादी संगठनों से समझौता और दूसरा अधिक ताकत का प्रयोग । उक्त विचार केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने पंजाब से कांग्रेस (इ) के एक शिष्टमंडल,जो बीते दिनों दिल्ली में उनसे मिला था, से बातचीत करते हुए कही । उन्होंने कहा कि पंजाब में अभी तक अनिश्चितता बनी हुई है और पंजाब समस्या का हल क्या है, कुछ समझ में नहीं आता । उन्होंने कहा कि पंजाब में अभी समझौता कर पाना कठिन है, क्योंकि पंजाब में कोई ऐसा संगठन नहीं है और न ही कोई राजनीतिक नेता है,जो सभी संगठनों को कंट्रोल कर सके । उन्होंने कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं से कहा कि श्रीलंका तथा नागालैंड में समझौता हो जाने का केवल एक ही कारण है कि यहां आतंकवादी संगठनों की संख्या ज्यादा नहीं थी, परन्तु पंजाब में बहुत ज्यादा संगठन बन चुके हैं और सब अपनी-अपनी डफली बजा रहे हैं । खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स और इसके संबंधित संगठन स्पष्ट घोषणा कर चुके हैं कि वे खालिस्तान से कम बात नहीं करेंगे और भारत सरकार कभी भी इस विषय पर किसी से बातचीत नहीं करेगी । इस बातचीत में पंजाब के सभी संसद सदस्य भी शामिल थे ।

श्री बूटा सिंह ने कहा कि इस सब को देखते हुए केंद्र के पास दूसरा रास्ता बन जाता है कि अधिक ताकत का प्रयोग किया जाए और पंजाब को सेना के हवाले किया जाए, परन्तु केंद्र अब यह खतरा नहीं लेना चाहता, क्योंकि उनका पिछला परीक्षण विफल रहा,जब ब्ल्यू स्टार आप्रेशन के बाद सेना के प्रयोग से कोई हल न निकला ।

उन्होंने कहा कि केंद्र को यह भी पता है कि कुछ पुलिस कर्मचारी आतंकवादियों को सहयोग देते हैं और अर्द्ध-सैनिक बलों को आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में सहयोग नहीं देते, और विशेष कर छोटे रैंक

(शेष पृष्ठ 6 पर)

यों को रूसकी तरहदीर्घावधि के लिए देश के क्षेत्रों में बंद कर देना चाहिए : उमरानंगल

ना): अकाली दल दार जीवन सिंह समस्या को हल घोषणा की है ।

के सामने उनको अपने पापों की माफी मांगने के लिए कहें, और यदि आतंकवादी अकाल तख्त के सामने नहीं जाना चाहते तो उन्हें श्री केसगढ़ साहब ले जाएं ताकि वे अपने गुनाहों की माफी मांगें और राष्ट्रीय

आकर हत्यारों का साथ देते हैं या अकाली दल का । श्री उमरानंगल ने कहा कि जो लोग सिख युवकों को पथ भ्रष्ट करके हत्याएं आदि करवा रहे हैं, आज उनकी हालत बहुत पतली हो गई है । यदि वे

4 हैडग्रंथियों द्वारा उग्रवादी युवक संगठनों को 'संगठित' होने का आदेश

अमृतसर, 18 अगस्त (ह.स.): चार सिख हैड ग्रंथियों ने आज सिख उग्रवादी युवक संगठनों को 'आदेश' दिया है कि वे अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह द्वारा उपलब्ध कराए गए मौके के अन्तर्गत सिखों के मामलों का नियंत्रण

सामाजिक व आर्थिक समस्याओं पर गम्भीरता तथा गहराई के साथ विचार करना चाहिए ताकि वे सिख कौम का पुराने सिखों की भांति नेतृत्व कर सकें । उन्होंने सिख युवकों से कहा कि वे सिखों की शान व प्रतिष्ठा को कायम रखने के लिए आगे बढ़ें

Punjab Sanatan

परिवार के 3 सदस्यों व सी.आर.पी. जवान की हत्या, जालन्धर जिले में 2 लाख लूटे

कपूरथला के पास आतंकवादी गिरोह के 6 सदस्य काबू, शस्त्र बरामद

चंडीगढ़, 18 अगस्त (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी पर हमला करके एक जवान की हत्या कर दी, एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी । जालन्धर जिले में 2 बैंकों, 3 डाक खानों, बिजली बोर्ड के एक कार्यालय से 191613 रु. लूटे । कपूरथला के पास उग्रवादियों के एक गिरोह के 6 सदस्य शस्त्रों सहित गिरफ्तार किए गए ।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या

फिरोजपुर (ह.स.): आतंकवादियों ने आज सुबह बाघापुराना थाना के गांव कार्लके में गोली मारकर एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी तथा दो को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । भागने से पहले उग्रवादी मकान को भी आग लगा गए । पुलिस के अनुसार कुछ आतंकवादी आज सुबह गुरदयाल सिंह के घर में घुस आए और आधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं । गुरदयाल सिंह, उनके भाई निरंजन सिंह तथा निरंजन सिंह की पत्नी गुरमीत कौर की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । गुरदयाल सिंह की पत्नी गुरनाम कौर और बेटा शिंदर सिंह घायल हो गए । घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । उच्च अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं तथा जांच कर रहे हैं ।

कार्बाइन लूटी

इससे पूर्व घोलक कलां गांव में उग्रवादी जगजीत सिंह के घर में घुस कर कार्बाइन लूट कर ले गए । उस समय जगजीत सिंह घर में नहीं था ।

हड़ताल

गत दिवस होशियारपुर में फिरोजपुर डिवीजन के कमिश्नर श्री दर्शन कुमार के भाई तथा इक्का नेता प्रकाश चन्द की हत्या के विरोध में आज फिरोजपुर जिला के वकीलों ने हड़ताल की । स्थानीय बार एसोसिएशन ने शोक प्रस्ताव पास करे उग्रवाद को कुचलने के लिए कठोर पग उठाने की मांग की ।

2 बैंक, 3 डाक-खाने, बिजली बोर्ड कार्यालय लुटे

जालन्धर (क.): जालन्धर जिला में उग्रवादियों ने दो बैंकों, तीन डाक-खानों और बिजली बोर्ड कार्यालय से 1,91,613 रुपए लूट लिए। बैंक लूटने की बड़ी घटना गोराया में हुई,जहां कोआपरेटिव बैंक में से दो उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर लगभग साढ़े दस बजे 1,16,432 रुपए लूट कर स्कूटर पर फ़रार हो गए । बैंक लूटने की दूसरी घटना जालन्धर नगर में हुई,जब दो उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर सोढल चौक स्थित पंजाब नैशनल बैंक ब्रांच से 3200 रुपए लूट कर ले जाने में सफल हो गए । रुपए लूटने के बाद वह जिस स्कूटर नं. पी.बी. 10 जे 1014 पर फ़रार हुए, उसकी भी अपनी एक दिलचस्प कहानी है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार स्कूटर पी.बी. 10 जे 1014 एक मास पूर्व हंसराज से उग्रवादियों द्वारा छीना गया था और एक सप्ताह बाद यह स्कूटर एक डाकखाना लूटने की वारदात में इस्तेमाल किए जाने के बाद छोड़ दिया गया, जिसे कब्ज़ा में लेकर पुलिस ने इसे हंसराज के हवाले कर दिया था । मगर अभी एक सप्ताह पूर्व यह स्कूटर पुनः हंसराज के मकान से उड़ा लिया गया था और आज वही स्कूटर बैंक डाके में इस्तेमाल हुआ ।

डाक-खाने लूटने की तीन वारदातों में से एक घटना अड्डा होशियारपुर के निकट एक डाकखाना में हुई, जो पहली मंज़िल पर स्थित है । वहां दो उग्रवादी स्कूटर पर आए और एक ने पिस्तौल दिखाकर आधी दर्जन कर्मियों तथा पांच ग्राहकों को दीवार की ओर मुंह करके खड़े होने को कहा और फिर 9800 रुपए लूटकर फ़रार हो गए ।

दूसरा डाकखाना शक्तिनगर में लूटा गया, जहां

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अनिश्चितता के दृष्टिगत पंजाब-समस्या का हल क्या हो, कुछ समझ में नहीं आता : बूटा सिंह

गुरदासपुर, 18 अगस्त (विनोद): पंजाब समस्या को हल करने के लिए केंद्र सरकार को केवल दो हल दिखाई देते हैं : एक तो आतंकवादी संगठनों से समझौता और दूसरा अधिक ताकत का प्रयोग । उक्त विचार केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने पंजाब से कांग्रेस (इ) के एक शिष्टमंडल, जो बीते दिनों दिल्ली में उनसे मिला था, से बातचीत करते हुए कहीं । उन्होंने कहा कि पंजाब में अभी तक अनिश्चितता बनी हुई है और पंजाब समस्या का हल क्या है, कुछ समझ में नहीं आता । उन्होंने कहा कि पंजाब में अभी समझौता कर पाना कठिन है, क्योंकि पंजाब में कोई ऐसा संगठन नहीं है और न ही कोई राजनीतिक नेता है, जो सभी संगठनों को कंट्रोल कर सके । उन्होंने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से कहा कि श्रीलंका तथा नागालैंड में समझौता हो जाने का केवल एक ही कारण है कि यहां आतंकवादी संगठनों की संख्या ज्यादा नहीं थी, परन्तु पंजाब में बहुत ज्यादा संगठन बन चुके हैं और सब अपनी-अपनी डफली बजा रहे हैं । खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स और इसके संबंधित संगठन स्पष्ट घोषणा कर चुके हैं कि वे खालिस्तान से कम बात नहीं करेंगे और भारत सरकार कभी भी इस विषय पर किसी से बातचीत नहीं करेगी । इस बातचीत में पंजाब के सभी संसद सदस्य भी शामिल थे ।

उन्होंने कहा कि पंजाब-समस्या के हल के लिए देश-भर के साधु-महात्माओं द्वारा भी सद्भावना यात्रा की गई और संसद सदस्य भी इसमें शामिल हुए

श्री बूटा सिंह ने कहा कि इस सब को देखते हुए केंद्र के पास दूसरा रास्ता बन जाता है कि अधिक ताकत का प्रयोग किया जाए और पंजाब को सेना के हवाले किया जाए, परन्तु केंद्र अब यह खतरा नहीं लेना चाहता, क्योंकि उनका पिछला परीक्षण विफल रहा,जब ब्ल्यू स्टार आप्रेशन के बाद सेना के प्रयोग से कोई हल न निकला ।

उन्होंने कहा कि केंद्र को यह भी पता है कि कुछ पुलिस कर्मचारी आतंकवादियों को सहयोग देते हैं और अर्द्ध-सैनिक बलों को आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में सहयोग नहीं देते, और विशेष कर छोटे रैंक

(शेष पृष्ठ 6 पर)

4 हैडग्रंथियों द्वारा उग्रवादी युवक संगठनों को 'संगठित' होने का आदेश

अमृतसर, 18 अगस्त (ह.स.): चार सिख हैड ग्रंथियों ने आज सिख उग्रवादी युवक संगठनों को 'आदेश' दिया है कि वे अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार प्रोफ़ैसर दर्शन सिंह द्वारा उपलब्ध कराए गए मौके के अन्तर्गत सिखों के मामलों का नियंत्रण सम्भालने के लिए 'संगठित' हो जाएं । जत्थेदार दर्शन सिंह द्वारा सिख मामलों के 'पीपुल्स कोर्ट' के

सामाजिक व आर्थिक समस्याओं पर गम्भीरता तथा गहराई के साथ विचार करना चाहिए ताकि सिख कौम का पुराने सिखों की भांति नेतृत्व कर सकें । उन्होंने सिख युवकों से कहा कि वे सिखों की शान व प्रतिष्ठा को कायम रखने के लिए आगे बढ़ें ।

ज्ञानी जसवन्त सिंह ने बैठक के बाद जारी में

Punjabi Sanam

कारी उपक्रमों के 21 लाख र्मियों को अंतरिम राहत

ई दिल्ली, 18 अगस्त (वार्ता): सरकार ने ी क्षेत्र के 21 लाख कर्मचारियों को अंतरिम ा देना स्वीकार कर लिया है । केंद्रीय ी बसंत साठे, श्रम मंत्री पी.ए. संगमा और ी यूनियनों के नेताओं के बीच आज इस का समझौता हुआ । अंतरिम सहायता एक 1986 से प्रभावी मानी जाएगी । इससे पर प्रति वर्ष 450 करोड़ रुपए का क्त भार पड़ेगा ।

मझौते के अनुसार 700 रुपए तक मूल वेतन ले कर्मचारियों को प्रति मास 100 रुपए की सहायता दी जाएगी तथा 701 रुपए से रुपए तक मूल वेतन वाले कर्मचारियों को रुपए की अंतरिम राहत दी गई है ।

हजार रुपये से अधिक मूल वेतन वाले रियों को अंतरिम सहायता उन्हीं दरों पर दी जिसकी घोषणा पहले की जा चुकी है ।

नोपयोगी वस्तुओं के भावों में द्ध से जनसाधारण परेशान

धियाना, 18 अगस्त (नेपाल): गत दो मास में स्तेमाल तथा खाद्य पदार्थों में महंगाई ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए जिसके कारण जनसाधारण परेशान हैं, क्योंकि उनकी आय में तो वृद्धि ई मगर खर्चे बढ़ गए हैं । मक्की का आटा चार रुपए किलो हो गया । गेहूं के आटे का रुपए बोरी, सूजी और मैदे का भाव भी 20 बढ़ गया है । घी के भाव भी निरन्तर बढ़ते रहे हैं । देसी घी के भावों में 16 रुपए किलो हो गई है । देसी साबन का भाव भी 13 रु. क गया है । चीनी का भाव 30 रु. बोरी बढ़ा क बढ़िया चीनी का भाव 675 रु. बोरी हो गया ब के भावों में 50 पैसे किलो वृद्धि हो गई है । भाव दगने हो गए हैं । गरीब जनता की कि कीमतों को कम किया जाए अन्यथा ारण का जीना दूभर हो जाएगा ।

बिन चड्ढा
(पृष्ठ 3 का शेष)

न्ती । अधिकारी के अनुसार "फेरा उल्लंघन न मूलतः प्रत्यर्पण संधि के प्रावधानों में नहीं है ।" संधि पर हस्ताक्षर होने के लंबे द इसे जोड़ा गया था ।

कन दूतावास सूत्रों का मत है कि चड्ढा और त्र को भारत भेजा जा सकता है क्योंकि उनके यात्रा पत्र नहीं है तथा उनके पासपोर्ट जब्त गए हैं । उनका कहना है कि प्रत्यर्पण की घकालिक प्रक्रिया है तथा इनके निबटने में समय लगता है जबकि भारत सरकार त्र की यथाशीघ्र वापसी चाहती है । विधि कहते हैं कि ऐसी किसी स्थिति में चड्ढा अदालत की शरण ले सकता है । तब छ और ही करवट ले सकते हैं । यह भी हो कि न्यायाधीश चड्ढा के पक्ष में ही फैसला

ड्ढा ने 1971 में कुछ समय एक अमरीकी के लिए काम किया था । इस लिहाज़ से ता है कि वह ग्रीन कार्डधारी है । वैसे इस ष्टि नहीं हुई है । विश्वस्त सूत्र कहते हैं

पंजाब में हत्यायें
(पृष्ठ 3 का शेष)

से दो उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर 5481 रुपए लूट कर ले गए बताए गए हैं ।

तीसरा डाकखाना गढ़ा में लूटा गया,जहां से दो सशस्त्र उग्रवादी 1700 के लगभग रुपए लूटकर फ़रार हो गए ।

पुलिस सूत्र इन घटनाओं बारे कुछ भी बताने में असमर्थ रहे । यद्यपि सूचना मिलने पर उसने इन घटनाओं की जांच शुरू कर दी और केस रजिस्टर कर लिए । अभी तक यह अनुमान नहीं लगाया जा सका कि कोई एक गिरोह किन्हीं दो या अधिक घटनाओं में संलिप्त था या अलग-अलग गुट ।

'ह.स.' के अनुसार पुलिस का अनुमान है कि 3 डाकखानों और पंजाब नैशनल बैंक के एक्टैंशन काऊंटर में डकैती में दो उग्रवादियों ने गली और एक ही स्कूटर पी.सी.जे. 1014 का प्रयोग किया । खबर है कि आज प्रातः दस बजकर दस मिनट पर जालन्धर सैंट्रल को आपरेटिव बैंक की गोराया ब्रांच से दो लुटेरे 1,16,343 रुपए 86 पैसे लेकर फ़रार हो गए। बैंक के गनमैन श्री त्रिभुवन नाथ ने बताया कि दो युवक पैदल ही बैंक के गेट पर आए, उनकी आयु 20 से 25 वर्ष के लगभग थी । एक ने ऐनक लगा रखी थी जबकि दूसरे ने पीले रंग की पगड़ी बांध रखी थी । उन्होंने कहा कि गेट खोल दो,हमने रुपए जमा करवाने हैं । गनमैन ने जब पूछा कि बैंक की कापी कहां है, दिखाओ तो एक युवक ने तुरन्त पिस्तौल दिखाकर कहा कि गेट खोलते हो या चलाऊं गोली । गनमैन ने बताया कि पिस्तौल देखते ही उसने गेट खोल दिया । अन्दर आते ही उन्होंने पहला काम यह किया कि गनमैन से उसकी बंदूक तथा 10 कारतूस छीन लिए । एक ने उसके गाल पर जोर से थप्पड़ भी मारा । दूसरे ने स्टेनगन जैसे एक हथियार को उठाकर स्टाफ़ को हाथ खड़े करने का आदेश दिया । बैंक मैनेजर श्री अर्जन सिंह के अनुसार बैंक के स्टाफ़ में तीन लड़कियां तथा छः लड़के शामिल हैं । सभी हाथ ऊपर करके खड़े हो गए । फिर उसने गनमैन से पूछा कि मैनेजर कौन है ? जब उसने मेरी ओर इशारा किया तो एक लुटेरा मेरे पास आ गया तथा एक थैला आगे करके कहा कि हमारे पास समय बहुत कम है, जितनी नकदी है सभी इसमें डाल दो । मैनेजर ने बताया कि उसने थैला लुटेरे से पकड़ लिया तथा फिर खज़ांची के पास जाकर जितना कैश बाहर पड़ा था,सभी उसमें डाल दिया । उस समय बैंक के अन्दर स्टाफ़ के अतिरिक्त इंस्पैक्टर तेजा सिंह भी मौजूद था । लुटेरे बैंक के अन्दर सिर्फ दो-तीन मिनट ही रहे तथा कैश लेकर भाग गए । मैनेजर के अनुसार उन्होंने सायरन बजाने का समय भी नहीं दिया । जब सूचना मिलने पर लगभग पौने ग्यारह बजे हमारा पत्रकार वहां पहुंचा तो बैंक का स्टाफ़,विशेषकर लेडी स्टाफ़ काफ़ी घबराया हुआ था । लड़कियों ने पानी के गिलास पीने के बाद अपने होश हवास ठीक करते हुए बताया कि वे परमात्मा की बहुत धन्यवादी हैं कि उनकी जान बच गई है । मैनेजर ने बताया कि आतंकवादी लुटेरे जाती बार गेट को बाहर से ताला लगाकर चाबी अपने साथ ले गए तथा पंजाबी में लिखा हुआ एक पत्र वहां छोड़ गए जो एक अखबार के प्रतिनिधि के नाम है । पत्र तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स की ओर से है । बैंक के बाहर खड़े लोगों ने बताया कि बैंक से रुपए लूटने के बाद दोनों लुटेरे एक स्कूटर पर सवार होकर फगवाड़ा की ओर फ़रार हो गए । डी.एस.पी. फिल्लौर और गोराया पुलिस मौका पर पहुंच गई ।

(तलवंडी चौधरियां), हरजेब सिंह (कस्सो चाहल), सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा (खसन), नरेन्द्र सिंह (खुसरोपुर), सोहन सिंह (हरनामपुरा) तथा हरिन्द्र सिंह (तलवंडी चौधरियां) को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक राइफल 303, एक रिवाल्वर 32 बोर, एक पिस्तौल 303 व एक पिस्तौल 12 बोर और 19 गोलियां बरामद की हैं । इन आतंकवादियों ने प्राथमिक पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उनकी योजना एक सम्प्रदाय के लोगों, पुलिस तथा अर्ध सैनिक बलों के अधिकारियों की हत्याएं करने के अतिरिक्त सरकारी भवनों, रेलवे लाइनों तथा पोस्ट आफिसों को क्षति पहुंचाने की थी ।

श्री दास ने कहा कि गांव कस्सोचाहल में बाबा अनप सिंह द्वारा एक गुरुद्वारा का निर्माण करके वहां आतंकवादियों को सेवादारों के रूप में रखा गया था । यह आतंकवादी रात्रि को बाबा अनप सिंह की योजना के अनुसार आतंकवादी सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा के नेतृत्व में हथियारों तथा दूसरे सामान की लूटमार करते थे । बाबा अनप सिंह समेत इस गिरोह के पांच सदस्य भारी शस्त्रों के साथ पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं । इस गिरोह ने कपूरथला नगर तथा क्षेत्र में शस्त्र, बैंक तथा दूसरी लूटों की कई वारदातें स्वीकार की हैं । पूछताछ जारी है ।

इसी बीच जिला रैडक्रास के मंत्री ने कहा कि शेखुपरा गोली कांड में घायल भाजपा नेता श्री जितेन्द्र पासी की सी.एम.सी. लुधियाना ले जाते हुए रास्ते में खराब होने वाली एम्बुलैंस सिविल अस्पताल की थी, रैडक्रास का इससे कोई सम्बन्ध नहीं है ।

हथियारों समेत 4 बंदी

लुधियाना (नेपाल): गत रात बहादुरके गांव को जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी के दौरान लुधियाना पुलिस ने चार उग्रवादियों गुरबचन सिंह, भूपेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह उर्फ कंडा तथा मंजीत सिंह उर्फ काका (सभी हैबोवाल निवासी) को गिरफ्तार करके दो दोनाली बंदूकें, एक एक नाली बंदूक, एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए । विभिन्न लूट मार की वारदातों में वांछित इन उग्रवादियों ने यह दोनाली बंदूकें 7 जुलाई को बालोके तथा 11 जुलाई को काकोवाल गांव से लूटी थीं ।

वैसे इस गिरोह के कुल नौ सदस्य हैं । गिरफ्तार संदस्यों ने एक दर्जन वारदातों को कबूल किया है । इनको थाना सदर के ए.एस.आई. श्री मनजीत सिंह ने रोका तो लुटेरों ने उन पर गोली चला दी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग के बाद इन्हें दबोच लिया । एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में रहस्योद्घाटन किया कि प्रथम जुलाई के बाद अब तक लुटेरों और बटमारों के 12 गिरोह पकड़े गए हैं । इनसे छः लाख की चोरियों और लूट का रहस्योद्घाटन हुआ है । उसमें से लगभग अढ़ाई लाख का सामान बरामद भी कर लिया गया है । श्री पांडे ने बताया कि इन गिरोहों के 57 सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं । इन लुटेरों ने पैट्रोल पम्प लूटे और शहरी क्षेत्रों की डकैती का भी पता चला है । इस सम्बन्ध में एक अभियुक्त वेद प्रकाश को पकड़ा है जो चौक ढोलेवाल का रहने वाला है । इस गिरोह के चार सदस्य हैं । इन अभियुक्तों से 27 पिस्तौलें, 2 रिवाल्वर, 4 बंदूकें और 250 कारतूस बरामद किए गए ।

श्री पांडे ने बताया कि ये लोग अपनी अय्याशी के

एक लड़के सुरेन्द्र कुमार की गला घोंट कर हत्या कर दी गई थी, इस सम्बन्ध में पुलिस ने धारा 302 आई.पी.सी. के अधीन केस दर्ज कर लिया है । स्थानीय पुलिस प्रमुख श्री सुदेश कुमार शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि दोषियों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा ।

धमकी पत्र

बलाचौर (जोशी): आज दुष्ट शोध खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल जसबीर सिंह लाली व चरणजीत सिंह चन्ना लैफटीनैंट जनरल द्वारा लैटर पैड पर लिखा पत्र डाक द्वारा हमारे बलाचौर सिथत सम्वाददाता को मिला, जिसमें पुलिस को चेतावनी दी गई है कि यदि हमारे साथी हरिन्द्र पाल सिंह बब्बू को जो 24 जुलाई को मालड़ी साहिब गुरुद्वारा (नकोदर) से पकड़ा गया है को पुलिस मुकाबला बनाकर मारने की कोशिश की गई या नाजायज जुल्म किया गया तो इसका शीघ्र बदला लिया जाएगा और उसे पकड़ने वाले पुलिस कर्मचारियों को भी परिवार सहित सोध दिया जाएगा । पता चला है कि हरिन्द्र पाल सिंह गोगा के भाई से पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी है । इस सम्बन्ध में डी.जी.पी., पंजाब, एस.एस.पी. जालन्धर व नकोदर के एस.एच.ओ. को 20 अगस्त को गोगा को अदालत में पेश करने के नोटिस जारी कर दिए गए हैं ।

धूरी (सिंगला): अरगढ़ थाना के गांव भल्लाराइयां के गरजैट सिंह से स्कूटर पी.ए.आई. 2248 उग्रवादियों ने छीन लिया । वह यह स्कूटर अपने मित्र से मांग कर लाया था ।

3 उग्रवादी बंदी

संगरूर (गोयल): जिला पुलिस ने कल शाम तीन उग्रवादियों को भारी शस्त्रास्त्र के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है । ये उग्रवादी कल शाम थाना तपा के दराज गांव में आए और देसी शराब के एक ठेके से नकदी लूटकर फरार हो गए । वह एक बिना नम्बर के स्कूटर पर थे । पुलिस ने सूचना मिलते ही उनका पीछा किया और बगड़ा नहर के निकट उन्हें जा पकड़ा । उग्रवादियों के कब्जे से 38 बोर का एक पिस्तौल,302 बोर का रिवाल्वर और 12 बोर का एक पिस्तौल बरामद हुआ । पुलिस के अनुसार नत्थू सिंह संधू खुर्द थाना फूल, नछत्तर सिंह गांव राइयां थाना फूल, चमकौर सिंह थाना भदौड़ के रहने वाले हैं । उनके कब्जे से एक स्कूटर भी बरामद हुआ है ।

गिरफ्तार किए गए 3 उग्रवादी कालेज छात्र निकले

सूत्रों से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए तीन उग्रवादियों में से एक हैड कांस्टेबल सहित दो पुलिस कर्मचारियों की हत्या के अतिरिक्त कई बैंक डकैतियों में भी शामिल है । इन उग्रवादियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वे सेवाएं समाप्त कर दी जाने के बाद आतंकवादियों से सांठ-गांठ करके

सुनाम से नागपाल के अनुसार मुनिक और लहरागागा के क्षेत्रों में लूटमार की घटनाएं करने वाले जो तीन उग्रवादी गिरफ्तार किए गए थे, वे संगरूर के एक कालेज के छात्र निकले हैं । अभियुक्त मुनिक में पैट्रोल पम्प लूटने के बाद नवां ग्रांव में शराब पीकर जश्न मना रहे थे कि मुनिक पुलिस के एस.एच.ओ. शिव कुमार शर्मा ने पुलिस पार्टी के साथ छापा मारकर उन्हें दबोच लिया । उनके कब्जे से एक स्टेनगन, एक पिस्तौल और भारी संख्या में कारतूस मिले हैं । अभियुक्त लहरागागा के सर्राफ तरसेम चन्द से उसका स्कूटर छीन कर भागे तो पुलिस ने उनका पीछा किया था मगर वे बच निकलने में सफल हो गए थे । एक युवक का बाप एक गांव का सरपंच है, उसे भी पकड़ लिया गया ।

दो बैंकों में डकैती के असफल प्रयास

कठुआ (म): पुलिस व बैंक सूत्रों के अनुसार गत



मंगलवार को असंतुष्ट इक बोफोर्स स्कैंड

बोफ़ो द्वार

नई दिल्ली, गैर-कांग्रेस (इ) आज बोफ़ोर्स मा स्वीडिश दतावा कांग्रेस (इ) के दो दूतावास में उस प नें स्वीडन के प्र मामले की जांच गैर-कांग्रेस (इ) भेजा गया था ।

स्वीडिश दूत गोल्फ़ीन ने राजदू तरफ से पत्र स्वीक

दूतावास जाने प्रताप सिंह, पी. आचार्य, दीपेन ए.एस. गुरुपदस्व (कम्यूनिस्ट), अट अडवानी (भाजपा एस.) के अलावा क आरिफ मुहम्मद ख कांग्रेस (इ) के दो और सतपाल मलि

भारतीय जनत अडवानी के बाद स्वीडन के दूतावा आश्वासन दिया कि ही टैलैक्स के मा

उग्रवा जालन्ध

जालन्धर, 18 सूत्रों से पता चला है कि

Punjab Sonaar

त कुछ और ही करवट ले सकते हैं । यह भी हो
ा है कि न्यायाधीश चड्ढा के पक्ष में ही फैसला
।

चड्ढा ने 1971 में कुछ समय एक अमरीकी
ी के लिए काम किया था । इस लिहाज़ से
जाता है कि वह ग्रीन कार्डधारी है । वैसे इस
की पुष्टि नहीं हुई है । विश्वस्त सूत्र कहते हैं
मरीका सरकार इस बात की सच्चाई का पता
सकती है । अमरीकी विदेश विभाग और
ीय अधिकारी अब भी इस मामले पर ग़ौर कर
। वे सरसरी तौर पर इस संभावना से इंकार
करते हैं कि चड्ढा ग्रीनकार्डधारी हैं ।

यूयार्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में
नक प्रकट होने के बाद इस देश में चड्ढा के
ठिकाने का अब तक पता नहीं लगना निश्चित
क पहेली बन गया है तथा यह अब भी अस्पष्ट है
ा वास्तव में उसका पता लग पाएगा । प्रेक्षक
हैं कि पता लग गया तो भी चड्ढा भारत
र के खिलाफ़ अपील कर प्रत्यर्पण की कार्रवाई
सकता है ।

टैंकर में आग से 4 मरे

कलकत्ता, 18 अगस्त : हावड़ा-खड़गपुर
ान के अंतर्गत दासनगर स्टेशन पर रेलवे पुल के
से गुज़र रहे तेल के एक टैंकर में आज तड़के
लग जाने से कम से कम चार व्यक्ति मारे गए।

रिबैरो
(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि लोग पुलिस के अत्याचार बारे
ार करते हैं परन्तु निर्दोष लोगों की हत्याओं के
ध में खुल कर मुंह नहीं खोलते । उन्होंने कहा
ोग आतंकवाद के खिलाफ इसलिए नहीं बोलते
क वे उनसे डरते हैं परन्तु पुलिस के खिलाफ
ए बोलते हैं कि वे और कुछ नहीं कर सकते ।
ाब में आतंकवाद प्रेम से समाप्त करना चाहता

उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों की हत्या करने
जत्थेदार दर्शन सिंह की बात सुनने को भी
नहीं हैं । यदि ये नवयुवक अपने हथियार
दें तो हम उनके खिलाफ हथियार इस्तेमाल नहीं
। उन्होंने सभा में कहा कि यदि किसी गांव का
वक या किसी का लड़का नहीं मिल रहा हो तो
पुलिस पर शक होता है परन्तु इस सम्बन्ध में
ने भी कोई शिकायत नहीं की । उन्होंने
त्तगत रूप से भी लोगों की शिकायतें सुनीं ।
ने पंचों व सरपंचों से अपील की कि वे अपनी
ायतों के बारे में उच्चाधिकारियों को बताएं
उन्हें दूर किया जा सके ।

तथा पंजाबी में लिखा हुआ एक पत्र वहां छोड़ गए जो एक अखबार के प्रतिनिधि के नाम है । पत्र तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से है । बैंक के बाहर खड़े लोगों ने बताया कि बैंक से रुपए लूटने के बाद दोनों लुटेरे एक स्कूटर पर सवार होकर फगवाड़ा की ओर फ़रार हो गए । डी.एस.पी. फिल्लौर और गोराया पुलिस मौका पर पहुंच गई । पुलिस पार्टियां लुटेरों की तलाश में रवाना हो गई हैं ।

लुटेरों ने अपने पत्र में गोराया के सभी उद्योगपतियों को आदेश दिया है कि गेहूं की दो-दो बोरियां दरबार साहब अमृतसर भेज दें । गेहूं वहां पहुंचाने का जिम्मा एक उद्योगपति जोध सिंह का लगाया गया है । पत्र में आतंकवादियों ने गोराया पुलिस को भी चेतावनी दी है कि यदि उसने उनके साथियों (सिख युवकों) को अनुचित रूप से तंग करना बंद न किया तो उनकी (पुलिस वालों की) हड्डियां कीरतपुर ले जाने-वाला भी कोई नहीं रहने दिया जाएगा ।

55000 रुपए लूटे

फिल्लौर (भाखड़ी): फिल्लौर के निकट कस्बा अएरा में बिजली विभाग से दो संदिग्ध आतंकवादियों ने पिस्तौल दिखाकर 55000 रुपए लूट लिए । अमृत लाल कैशियर ने बताया कि दो उग्रवादी टैलीफोन करने के बहाने दफ्तर में घुस गए और अन्दर आते ही कहा कि जो कुछ है वह दे दो, नहीं तो गोली से उड़ा दिए जाओगे । सहमे हुए कर्मचारी ने सारी रकम लुटेरों के हवाले कर दी, आतंकवादी निकट खड़े स्कूटर पर चढ़कर भाग गए । स्थानीय पुलिस ने सूचना पाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया । उग्रवादियों की खोज जारी है ।

जला हुआ स्कूटर मिला

स्थानीय पुलिस को यहां के निकटवर्ती गांव गन्नापिंड में रास्ते में एक जला हुआ स्कूटर मिला जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

उग्रवादी गिरफ्तार

स्थानीय पुलिस ने एक संदिग्ध आतंकवादी हरदीप सिंह उर्फ दीपा को गिरफ्तार किया है व गांव भौरों से रमेश लाल नामक व्यक्ति से छीना गया चेतक स्कूटर नं. पी.ए.जे. 2189 बरामद किया है । दीपा गांव गरचा-नवांशहर का रहने वाला है व पुलिस को कई घटनाओं में वांछित था ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): जिला पुलिस कप्तान श्री पी.एस. दास ने बताया कि गत रात्रि जिला पुलिस ने गांव खड़ा दोना के निकट रेलवे फाटक पर नाकाबंदी के दौरान 6 कथित आतंकवादियों महिन्द्र सिंह

अभियुक्त वेद प्रकाश को पकड़ा है जो चौक ढोलेवाल का रहने वाला है । इस गिरोह के चार सदस्य हैं । इन अभियुक्तों से 27 पिस्तौलें, 2 रिवाल्वर, 4 बंदूकें और 250 कारतूस बरामद किए गए ।

श्री पांडे ने बताया कि ये लोग अपनी अय्याशी के लिए रुपया लूटते थे और रात के समय हैबोवाल में ठहरते थे और घटना के बाद वहीं पर लूटे हुए माल को आपस में बांटते थे ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री पांडे ने बताया कि शिरोमणि प्रबन्धक समिति के सचिव श्री मल सिंह घुम्मन के सम्बन्ध में कोई केस दर्ज नहीं किया गया जिन्हें आलमगीर गुरुद्वारा में भारी चोटें आई थीं । श्री पांडे के अनुसार किसी ने थाने में रिपोर्ट ही दर्ज नहीं कराई । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि श्री घुम्मन को सुरक्षा गार्ड उपलब्ध नहीं कराए गए, क्योंकि उन्होंने इसकी मांग नहीं की ।

श्री पांडे ने बताया कि हिंद शिव सेना के नेता श्री जगदीश तांगड़ी के विरुद्ध धारा 457-480 के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है । यह केस एक व्यक्ति की दरख्वास्त पर दर्ज किया गया, जिसने दरख्वास्त में आरोप लगाया कि श्री तांगड़ी ने उसकी दुकान पर कब्जा करके उसका सामान निकाल लिया । श्री पांडे के अनुसार सैशन जज ने श्री तांगड़ी की अग्रिम जमानत की दरख्वास्त भी रद्द कर दी है ।

श्री पांडे ने यह भी बताया कि हिंदू सुरक्षा समिति के कार्यकर्त्ताओं राजेश मल्होत्रा और अशोक सूद को आतंकवाद-कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है । तांगड़ी के बारे में श्री पांडे ने यह भी बताया कि तांगड़ी ने उनके मिल कर बताया है कि उक्त दुकान में वे हिस्सेदार हैं । पुलिस इस मामले की जांच कर रही है । यह मामला पत्रकार सम्मेलन में उठाया गया था ।

स्कूटर छीन लिया

होशियारपुर (अश्विनी और प्रद्युम्न): पिंडोरी बाबी और हुकड़ों के मध्य दो सशस्त्र आतंकवादियों ने एक युवक विक्रमजीत सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका चेतक बजाज स्कूटर पी.ए.डब्ल्यू. 8790 छीन लिया और फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

उग्रवादी राइफल ले गए

नूरपरबेदी (चौधरी): गत रात्रि यहां के निकटवर्ती कस्बा तख्तगढ़ में पंजाब एंड सिंध बैंक की ब्रांच से उग्रवादी ताले तोड़कर एक लाइसैंसी राइफल और कारतूस ले गए ।

स्कूटर बरामद

करतारपुर (साहनी): आज स्थानीय पुलिस को गांव दयालपुर के पास से खेतों में पड़ा हुआ एक स्कूटर पी.ए.जे. 8210 मिला । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह स्कूटर गत दिवस दो संदिग्ध उग्रवादियों ने एक एस.डी.ओ. से छीन लिया था । गत दिवस

दो बैंकों में डकैती के असफल प्रयास

कठुआ (म): पुलिस व बैंक सूत्रों के अनुसार गत रात स्टेट बैंक साम्बा और स्टेट बैंक राजपुरा (हीरानगर) में डकैती के असफल प्रयास किए गए । स्टेट बैंक राजपुरा में कथित डकैत खिड़की की ग्रिल तोड़ कर अन्दर दाखिल हुए और दो दरवाजे तोड़ कर सेफ तोड़ने की कोशिश की गई लेकिन वे उसे तोड़ने में असफल रहे । कई अलमारियों के ताले तोड़े गए लेकिन डाकू कुछ भी ले जा पाने में असफल रहे । वहां पड़ी बन्दूक भी वे साथ नहीं ले गए । ऐसा लगता था कि वे केवल नकदी की तलाश में आए थे । पुलिस के फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ और कुत्ता स्कवाड मौके पर लाए गए लेकिन असफल रहे । पुलिस केस दर्ज करके जांच कर रही है । इसी प्रकार साम्बा में बैंक के पिछले दरवाजे से दाखिल होकर कथित डाकुओं ने अपनी चाबियों से सेफ खोलने की कोशिश की लेकिन वे किसी कारण से चाबियां सेफ में लगी छोड़ कर असफलता की स्थिति में भाग गए यहां से भी वे बन्दूक नहीं ले गए । साम्बा का स्टेट बैंक जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित है । दोनों बैंकों के मुख्य द्वारों के ताले उसी प्रकार लगे रहे ।

एक और जासूसी गिरोह का पर्दाफाश

जम्मू : पुलिस ने आज मुहम्मद बट्टा नामक व्यक्ति को गिरफ्तार करके जम्मू जिले में सक्रिय एक अन्य पाक जासूसी गिरोह का पर्दाफाश करने का दावा किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार मुहम्मद बट्टा को सीमा के समीप जम्मू क्षेत्र में घुसने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किया गया है । सूत्रों ने बताया कि बट्टा ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि पाकिस्तानी गुप्तचर विभाग की इकाई ने उसे तोड़फोड़ के लिए भेजा था । सूत्रों ने बताया कि यह गुप्तचर इकाई उत्तरी भारत, खास कर पंजाब और जम्मू-कश्मीर में तोड़-फोड़ की गतिविधियों का संचालन करती है ।

सी.आर.पी. जवान की हत्या

आज रात्रि अमृतसर जिले के भिक्खीविंड क्षेत्र के ग्राम माणिकपुर के पास सी.आर.पी. की एक जीप पर सवार गश्ती दल पर उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला किया और फायरिंग करके सी.आर.पी. के एक जवान की हत्या कर दी व दो को घायल कर दिया । मृत जवान जीप चला रहा था ।

45000 की डकैती

गत रात अमृतसर शहर के निकट गांव पंडोरी बड़ैच में हरबंस सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस कर छः संदिग्ध उग्रवादियों ने 45000 रुपए मूल्य के आभूषण व नगदी लूट ली । लुटेरे स्टेनगनों तथा पिस्तौलों से लैस थे ।

बन्दूक छीनी

गत रात थाना बल्टोहा के गांव असुल औतर में अजीत सिंह नामक व्यक्ति से तीन संदिग्ध उग्रवादियों ने उसकी 12 बोर की लाइसैंसशुदा बन्दूक छीन ली ।

आज रात्रि जालन्धर के सदर थाना क्षेत्र के ग्राम कचवल के पास दो उग्रवादियों ने सुरेन्द्र पाल को गोली मारकर घायल कर दिया व उसका स्कूटर छीनने का प्रयास किया । सुरेन्द्र पाल शहर से अपने ग्राम जा रहा था ।

जन सुविधा हायर पर्चेस एण्ड
हाउसिंग फाइनांस कार्पोरेशन
(जन सुविधा फाइनांस एंड इन्वैस्टमैंट कम्पनी लि. का एक यूनिट)
घोषणा करते हैं
मकान बनाने, खरीदने, सुधार करने और विस्तार करने आदि के लिए एक
निराली योजना

आवश्यकता है
1. जे.बी.टी. टीचर : उम्मीदवार कम से कम मैट्रिकुलेट, जे.बी.टी. सहित, होना चाहिए और कुछ अध्यापन अनुभव होना चाहिए ।
2. चपड़ासी : उम्मीदवार कम से कम मिडल पास होना चाहिए ।
इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन-पत्रों और सर्टिफिकेटों

जालन्धर
जालन्धर, 18 अगस्त
सूत्रों से पता चला है कि जि
एक हैड कांस्टेबल सहित उ
सेवाएं समाप्त कर दी हैं जि
आतंकवादियों से सांठगांठ
किया गया था ।
नौकरी से निकाले गए
सिंह हैड कांस्टेबल, हरदि
हरभजन सिंह, अश्विनी क
(सभी कांस्टेबल) तथा कां
सिंह शामिल हैं ।
हैड कांस्टेबल गुरदे
कांस्टेबलों पर, गतवर्ष पी.
महानिदेशक श्री रिबैरो पर
बर्खास्त किए दो हैड कांस्ट

आपको बड़े
श्रीमती नंद रानी
सोमवार 17.8.
उठाला वीरवार 2
मंदिर, लारैंस रोड
भजन लाल मेहरा
मदन लाल मेहरा
बनवारी लाल मे
राजेश मेहरा
नोट : कोई

"TILL
YOU W
परम सम्मानित औ
हमारे आदरणीय एवम्
जो हम सबको बिलखता
परमात्मा की गोद में च
पुण्य तिथि पर हम बड़े
अर्पित करते हैं तथा उन
का प्रण लेते हैं ।
श्रीमती सुहागवंती बजाज
श्रीमती सुभाष बजाज (पत्
सोम बजाज (भाई)
कंचन बजाज
पप्पू बजाज (भाई)
अमृत बजाज (बेटा)
रंजू बजाज (पुत्रवधू)
M/S
BAGH KH

भारी शोक
हम आपको
हमारी पूज्य

Punjabi Bastan



(1,6) जिला जालंधर के गांव मुस्तापुर में केंद्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह के 6 रिश्तेदार आतंकवादियों के हाथों मारे गए (7) जालंधर अस्पताल में उपचाराधीन एक घायल, (8) नवविवाहिता, जो ससुराल में आने के 3 घंटे बाद ही विधवा हो गई, (9) रसोई घर में बिखरी रोटियां और अन्य सामान, (10) शोक संतप्त बूटा सिंह, सिद्धार्थ शंकर रे, माया रे और रिश्तेदार, (11) महिलाओं के साथ संवेदना व्यक्त करती हुई श्रीमती रे (छाया : कपूर) (12, 13) बटाला के गांव लाड़ूभाना में मारे गए दो भाई अमरीक सिंह और सुलक्खन सिंह (छाया : कोछड़), (14) दित्तुपुर (जिला पटियाला) के निकट मारा गया ए.एस.आई. रछपाल सिंह (छाया : राजू), (15) कपूरथला के निकट बाबा अनूप सिंह गिरोह के 6 सदस्यों से पकड़े गए हथियार । (छाया : शर्मा)

Punjabi Sanatani

सिद्धू पर हमले के अभियुक्त को

भारत-श्रीलंका समझौते पर परा अमल होने के

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुबह चक्कर लगाने आते हैं, लेकिन रात को यहां चौकसी के लिये कोई चौकी नहीं है ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब मंगल सिंह ने गोली से घायल होने के बाद चीख मारी तो एक उग्रवादी 20 मीटर तक लौट कर आया और दोबारा उसकी गर्दन में गोली मारने के बाद उसे गालियां देते हुए वापस गया ।

'न.न.अ.' के अनुसार मस्तापुर हत्याकांड के संबंध में तीन लोग हिरासत में लिए गए हैं ।

पुलिस अधिकारी की हत्या

पटियाला (भूषण): भादसों थाने के ए.एस.आई. रछपाल सिंह की 5 कार सवार क्लीनशेव उग्रवादियों ने कल रात लगभग साढ़े 9 बजे हत्या कर दी और कांस्टेबल भीमसेन को घायल कर दिया । दोनों पुलिस-कर्मी जीप में भादसों-पटियाला सड़क पर रश्त कर रहे थे । एक सफ़ेद मारुति कार उनका पीछा कर रही थी । जीप को दित्तूपुर के निकट एक पैट्रोल पम्प पर रोक लिया गया । कार से उतर कर उग्रवादियों ने पुलिस कर्मियों से हथियार मांगे । इन्कार करने पर उग्रवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । भीमसेन ने जवाबी फ़ायरिंग की तो उग्रवादी भाग निकले । दोनों घायल पुलिस कर्मियों को राजेंद्रा अस्पताल में लाया गया, जहां रछपाल सिंह दम तोड़ गया ।

मृतक खिलाड़ी था

अमलोह से मुद के अनुसार खेमकरण (अमृतसर) निवासी रछपाल सिंह राष्ट्रीय स्तर का पहलवान था और उसने 26 जुलाई को ही नौकरी ज्वायन की थी ।

उग्रवादियों को भगा दिश

कल यहां से 20 कि.मी. दूर नाभा थाना के गांव चौधरी माजरा के निकट ग्रामीणों ने उग्रवादियों को मोपेड छोड़ कर भागने के लिये मजबूर कर दिया । डेढ़राला डींडसा गांव के सहकारी बैंक के मैनेजर सोहन लाल जब गांव चौधरी माजरा के पास पहुंचे तो 2 उग्रवादियों ने उससे पिस्तौल की नोक पर मोपेड छीन ली । 2 ग्रामीणों ने स्कूटर पर उग्रवादियों का पीछा किया और एक उग्रवादी की पीठ के निचले भाग में किरपान घोंप दी । इस पर आतंकवादी आतंकित हो कर बीड़ दोसांझ नामक जंगल में घुस गये । पुलिस ने सारा दिन जंगल की खोजबीन की, किन्तु उग्रवादियों का पता नहीं चल सका ।

2 हिरासत में

पुलिस ने गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब की सराय की देखभाल करने वाले जसवंत सिंह और किचन इंचार्ज सेवा सिंह को कल पूछताछ के लिये हिरासत में ले लिया । उन पर उग्रवादियों को शरण देने का आरोप है ।

गुरुद्वारे से मोटर साईकल मिला

जंडियाली गांव के दर्शन सिंह से धालीवाल गांव के निकट गत सायं छीना गया मोटर साईकल नाभा के एक गुरुद्वारे से बरामद कर लिया गया है, लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है ।

उग्रवादी बंदी

संगरूर (गोयल, ह.स.): कल रात यहां से 45 कि.मी. दूर तपा थाना के गांव दराज में एक ठेके को लूट कर छीने गये स्कूटर पर भाग रहे 3 सशस्त्र उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार कर लिया । पुलिस और सी.आर.पी. की संयुक्त गश्ती टुकड़ी ने उग्रवादियों का 5 कि.मी. तक पीछा किया । गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त नत्थ सिंह, नछत्तर सिंह (दोनों जिला भटिंडा निवासी) तथा चमकौर सिंह (संगरूर जिला) के रूप में की गई है । उनसे चोरी का स्कूटर, 3 पिस्तौलें और कई कारतूस बरामद हुये ।

पाबंदियां

जिला मैजिस्ट्रेट ने पिस्तौल और कम्बाइन लेकर चलने, ढाबों, तंदूरों तथा ठेकों के रात के 9 बजे के बाद खुलने और बसों के 7.30 बजे के बाद व प्रातः 5 बजे से पहले चलने पर पाबंदी लगा दी है । रात को 9 बजे से 12 बजे तक के सिनेमा शो भी बंद कर दिया है । ये पाबंदियां 12 अक्तूबर तक लागू रहेंगी ।

2 भाइयों की हत्या

बटाला (कोछड़): गत रात बटाला थाना सदर के गांव लाडूभाना में दो अज्ञात युवकों ने फ़ायरिंग करके दो भाइयों अमरीक सिंह (28) व सुलक्खन सिंह (26) की हत्या कर दी । अधिकृत सूचना के अनुसार गत रात लगभग 8.30 व 9.00 बजे स्टेनगनों से लैस दो आतंकवादियों ने गांव में आकर मृतकों के घर से उनके बड़े भाई मक्खन सिंह के बारे में पूछा, लेकिन वह घर पर नहीं था, जिस पर उन्होंने स्टेनगन से फ़ायरिंग करके उनकी हत्या करदी । फ़ायरिंग की आवाज़ सुन कर सारे गांव के लोग घरों में दुबक गये और प्रातः 8.30 बजे के लगभग 12 घंटे बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई । मृतक जालंधर रोड पर स्थित गांव अम्मनगंल में दूध की डेयरी चलाते थे । पुलिस को घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का पैड, जिस पर जनरल लाभ सिंह के हस्ताक्षर हैं, मिला है, मगर उस पर कुछ नहीं लिखा हुआ है ।

एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री जे.पी. त्रिपाठी के अनुसार एक हत्यारे की शिनाख्त कर ली गई है और 6 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है । हत्यारों की खोज पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा सक्रियता से की जा रही है । इस संबंध में 6 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

श्री त्रिपाठी के अनुसार पुलिस ने फतेहगढ़ चूड़ियां में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे 12 बोर की दोनाली बंदूक, एक .303 का पिस्तौल व सात कारतूस बरामद किये हैं । उनकी शिनाख्त राजिन्द्र सिंह व निर्मल सिंह के रूप में की गई है । यह बंदूक बुड़ नंगल में किसी से छीनी गई थी । इसके अलावा उन्होंने एक घर से 10 हज़ार व एक से 4 हज़ार लूटे थे ।

भगौड़ा उग्रवादी मरा

अमृतसर (अशोक सोनी): गत रात पुलिस की हिरासत से निकल भागने वाला एक दुर्दांत उग्रवादी अजमेर सिंह हरे गांव के निकट मारा गया, उसे अमृतसर पुलिस किसी बरामदगी के लिये वडाला गांव की ओर लेकर जा रही थी । वह रास्ते में हिरासत में से भाग निकला । इस पर पुलिस पार्टी ने मुख्यालय को सूचित किया । भारी पुलिस फ़ोर्स और सुरक्षा बलों को वहां भेजा गया । रात पौने 12 बजे हरे गांव के निकट सुरक्षा बलों ने हथकड़ी लगे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा । सुरक्षा बलों द्वारा गोली चलाए जाने से वह मारा गया, बाद में उसकी शिनाख्त अजमेर सिंह के रूप में हुई ।

अजमेर सिंह गत वर्ष लुधियाना में 7.50 करोड़ की बैंक डकैती में संलिप्त था । एस.एस.पी. मोहम्मद इब्राहार आलम के अनुसार वह अमृतसर के डी.एस.पी. ब्रह्मदेव राज सहित कई लोगों की हत्याओं और डकैतियों में भी वांछित था ।

हमले में जवान मरा

गत रात मानकपुरा गांव के निकट आतंकवादियों ने घात लगा कर सी.आर.पी.एफ. की एक गश्ती टुकड़ी पर हमला करके जीप ड्राईवर नायक चक्रवर्ती की हत्या कर दी और 2 जवानों को घायल कर दिया, जिन्हें पट्टी के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । उनकी हालत खतरे से बाहर है । उग्रवादियों ने इस टुकड़ी पर आधुनिक

हत्या में 2 गिरफ्तार

फरीदकोट (वार्ता): गत सोमवार की रात को बाघापुराना थाने के गांव कालेके में एक परिवार के 3 सदस्यों की हत्या और 2 अन्य को घायल करने के आरोप में कोटकपूरा थाना के एक गांव से 2 व्यक्तियों जरनैल सिंह और भजन सिंह को गिरफ्तार करके 2 रिवाल्वर और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किये हैं ।

मोगा: कथित 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' ने बाघापुराना थाने के कलेके गांव में गत सोमवार की रात एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या की जिम्मेदारी का दावा किया है । 'फोस' द्वारा आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में तीनों मृतकों पर पुलिस का भेदिया होने का आरोप लगाते हुये उन्हें कुछ दिन पूर्व हुये पुलिस 'मठभेड़ों' में सुखमिंदर सिंह लोहम तथा कलदीप सिंह रोकी के मारे जाने के लिये जिम्मेदार ठहराया गया है । विज्ञप्ति में मुख्तियार चंद अरोड़ा की भी हत्या की जिम्मेदारी का दावा करते हुये कहा गया है कि वह भी पुलिस का भेदिया था । मोगा प्रखंड के मुकांवाला गांव में पिछले सप्ताह मुख्तियार की हत्या कर दी गई थी ।

पंजाब में सैनिक शासन

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि 1985 में सिर्फ अकालियों के साथ समझौता करके केंद्र ने भयंकर भूल की थी । इससे और अधिक समस्याएं पैदा हो गईं क्योंकि यह एक पक्षीय समझौता था । उन्होंने कहा कि पंजाब के 45 प्रतिशत हिन्दू कोई ऐसा समझौता स्वीकार नहीं करेंगे जिसमें वे एक पक्ष न हों । यदि सरकार पंजाब समस्या हल करने में ईमानदार है तो इसको सभी पक्षों से विचार-विमर्श करना चाहिए । कोई भी एक पक्षीय समाधान हिन्दुओं को स्वीकार नहीं होगा ।

उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे हिंसा नहीं करेंगे क्योंकि यह हमारे धर्म, संस्कृति तथा परम्परा के विरुद्ध है लेकिन वे सरकार के किसी भी अनुचित तथा अन्यायपूर्ण निर्णय का प्रतिरोध करेंगे ।

उन्होंने कहा कि पंजाब समस्या कोई राजनीतिक समस्या नहीं है अपितु साम्प्रदायिक समस्या है । उन्होंने विस्तारपूर्वक बताया कि किस प्रकार अकाली नेता आनंदपुर साहब प्रस्ताव के बारे में अपने स्टैंड बदलते रहे हैं । उन्होंने कहा कि सिखों के साथ कोई पक्षपात नहीं हो रहा बल्कि इसकी बजाए उन्हें ज्यादा अधिकार प्राप्त हैं । उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि 1947 से लेकर पंजाब से कोई हिन्दू केंद्रीय मंत्री नहीं बना तथा हमेशा सिखों को ही मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व दिया गया ।

बोफोर्स सौदे में

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक प्रतिनिधिमंडल को भेजने की सूचना दी । स्वीडन के राजदूत से भेंट करने वालों में पी. उपेन्द्र, सी. माधव रेड्डी, अटल बिहारी वाजपेयी, के.पी. उन्नीकृष्णन, एस.एस. गुरुपदस्वामी, वीरेन्द्र वर्मा, सत्य प्रकाश मालवीय, मुरसोली मारन तथा डा. दत्ता सामंत शामिल थे । कल की तरह आज भी असम गण परिषद का कोई नेता स्वीडन दूतावास नहीं गया ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

सार्वजनिक सूचना

मैं चिमन लाल पुत्र कांशी राम, वासी भटिंडा हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लड़का राजू कुमार उम्र 22 साल और उसकी पत्नी मेरे कहने से बाहर है । इसलिए मैं उनको अपनी जायदाद से बे-दखल करता हूं, मैं उनके किसी भी लेन-देन का जिम्मेवार नहीं होऊंगा ।

रोज़गार

भारतीय वायुसेना में पुलिस, टैलीफोन आपेटर, मोटर ड्राइवर, क्लर्क आदि के अनेक पद रिक्त हैं । योग्यता मैट्रिक । आयु सीमा-16 से 19 वर्ष । अंतिम तिथि-28.8.87. आवेदन पत्र तथा नियमावली हेतु 10 रुपए मनीआर्डर शीघ्र भेजें — National School of Competitions, Ambala City-134003.

ड्राइविंग सीखें

दाखला शुरू है । लाईट एंड हैवी ड्राइविंग सिखाई जाती है । होस्टल फ्री । मिलें : प्रिंसीपल, हिमाचल मोटर ट्रेनिंग कालेज रवि., निकट दादा मोटर्ज, जी.टी. रोड, जालंधर ।

लड़की चाहिए

आवश्यकता है एक स्टाफ नर्स की, जो विदेश जाने की इच्छुक हो, 27 वर्षीय ब्राह्मण, पंजाबी युवक के लिए । जातिबंधन नहीं, मिलें—जेतली, 83, थामपसन रोड, नई दिल्ली ।

UDCI

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 19.8.87 Rs. 43/- without trays. NECC Suggested

रूप में हुई ।

अजमेर सिंह गत वर्ष लुधियाना में 7.50 करोड़ की बैंक डकैती में संलिप्त था । एस.एस.पी. मोहम्मद इज़हार आलम के अनुसार वह अमृतसर के डी.एस.पी. ब्रह्मदेव राज सहित कई लोगों की हत्याओं और डकैतियों में भी वांछित था ।

हमले में जवान मरा

गत रात मानकपुरा गांव के निकट आतंकवादियों ने घात लगा कर सी.आर.पी.एफ. की एक गश्ती टुकड़ी पर हमला करके जीप ड्राईवर नायक चक्रवर्ती की हत्या कर दी और 2 जवानों को घायल कर दिया, जिन्हें पट्टी के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । उनकी हालत खतरे से बाहर है । उग्रवादियों ने इस टुकड़ी पर आधुनिक हथियारों से दीवार की ओर से हमला किया । जवानों ने भी जवाबी फ़ायरिंग की । नायक चक्रवर्ती घटनास्थल पर ही मारा गया जबकि कांस्टेबल ए.एस. टांगरे के कंधे और इंस्पैक्टर मलकीयत सिंह की टांग में गोली लगी । 10-15 मिनट मुकाबला चला, अतः उग्रवादी भाग निकले । जिला मुख्यालय में सूचना मिलते ही सभी नाकों को मज़बूत कर दिया गया ।

इसी दौरान थाना भिखीविंड की नाका पार्टी भी सतर्क हो गई । उसने एक ट्रक को आते देखा तो उसे रुकने का इशारा किया गया । उग्रवादियों ने ट्रक को रोकने की बजाए भगा लिया । इस पर जीप द्वारा ट्रक का पीछा किया गया । रास्ते में जीप ट्रक से टकरा गई और ट्रक भाग निकला । झाड़ में छानबीन के दौरान ट्रक लावारिस खड़ा बरामद हुआ । पुलिस को शक है कि घात लगा कर हमला करने वाले आतंकवादी इस ट्रक में सवार थे । टक्कर में घायल दोनों जवानों आर.पी. सिंह और भगवंत शर्मा (दोनों कांस्टेबल) को पट्टी के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

2 गिरफ़्तार

जिले के रमदास थाने की पुलिस ने कल रात दो कथित आतंकवादियों को गिरफ़्तार कर लिया । इनके नाम अजीत सिंह और गोपाल सिंह बताए गए हैं । उनसे 303 की एक पिस्तौल और बारह जीवित कारतूस बरामद हुए हैं ।

सुनार की हत्या

'वार्ता' के अनुसार 4 उग्रवादियों ने आज दोपहर अमृतसर पुलिस थाना 'बी' डिवीजन के क्षेत्र चौक टालीवाला में एक सुनार भूपेंद्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । हत्यारे साइकिलों पर आए थे और हत्या करके भाग निकले ।

स्कूटर छीना

फगवाड़ा (कोड़ा, खोसला): आज प्रातः 11 बजे स्थानीय मोहल्ला हरगोबिन्दनगर में पीली पगड़ीधारी 2 आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक करियाना विक्रेता रमेश कुमार अग्रवाल से उसका स्कूटर छीन लिया । नीले रंग का चेतक बजाज स्कूटर पी.ए.के. 7626 छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

77500 रुपए लूट लिए

गोराया (सीहर): आज यहां जी. टी. रोड पर बाद दोपहर एक लोहे की फर्म दि गोबिन्दगढ़ सेल्स कार्पोरेशन से केवल दो मिनट में 77500 रुपया पिस्तौल की नोक पर लूट लिया गया । फर्म के मालिक राधा कृष्ण ने बताया कि वारदात से केवल 20 मिनट पूर्व वह बैंकों से चैक कैश करवा कर

चला, अतः उग्रवादी भाग निकले । जिला मुख्यालय में सूचना मिलते ही सभी नाकों को मजबूत कर दिया गया ।

इसी दौरान थाना भिखीविंड की नाका पार्टी भी सतर्क हो गई । उसने एक ट्रक को आते देखा तो उसे रुकने का इशारा किया गया । उग्रवादियों ने ट्रक को रोकने की बजाए भगा लिया । इस पर जीप द्वारा ट्रक का पीछा किया गया । रास्ते में जीप ट्रक से टकरा गई और ट्रक भाग निकला । बाद में छानबीन के दौरान ट्रक लावारिस खड़ा बरामद हुआ । पुलिस को शक है कि घात लगा कर हमला करने वाले आतंकवादी इस ट्रक में सवार थे । टक्कर में घायल दोनों जवानों आर.पी. सिंह और भगवंत शर्मा (दोनों कांस्टेबल) को पट्टी के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

2 गिरफ्तार

जिले के रमदास थाने की पुलिस ने कल रात दो कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इनके नाम अजीत सिंह और गोपाल सिंह बताए गए हैं । उनसे 303 की एक पिस्तौल और बारह जीवित कारतूस बरामद हुए हैं ।

सुनार की हत्या

'वार्ता' के अनुसार 4 उग्रवादियों ने आज दोपहर अमृतसर पुलिस थाना 'बी' डिवीजन के क्षेत्र चौक टाली वाला में एक सुनार भूपेंद्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । हत्यारे साइकिलों पर आए थे और हत्या करके भाग निकले ।

स्कूटर छीना

फगवाड़ा (कौड़ा, खोसला): आज प्रातः 11 बजे स्थानीय मोहल्ला हरगोबिन्दनगर में पीली पगड़ीधारी 2 आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक करियाना विक्रेता रमेश कुमार अग्रवाल से उसका स्कूटर छीन लिया । नीले रंग का चेतक बजाज स्कूटर पी.ए.के. 7626 छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

77500 रुपए लूट लिए

गोराया (सीहर): आज यहां जी. टी. रोड पर बाद दोपहर एक लोहे की फर्म दि गोबिन्दगढ़ सेल्स कार्पोरेशन से केवल दो मिनट में 77500 रुपया पिस्तौल की नोक पर लूट लिया गया । फर्म के मालिक राधा कृष्ण ने बताया कि वारदात से केवल 20 मिनट पूर्व वह बैंकों से चैक कैश करवा कर अपनी दुकान पर आया ही था कि दो युवक स्कूटर पर आए । एक मजदूर के अनुसार दोनों ने पहले सरिये का रेट पूछा । फिर पिस्तौल की नोक पर सभी 6 मजदूरों के हाथ खड़े करवाए और धमकी दी कि कोई भी हिला तो गोली मार दी जाएगी । इसके बाद कैश लेकर फगवाड़ा की तरफ फरार हो गए । बाद में दो स्कूटरों और एक ट्रक में उनका पीछा किया गया मगर वे निकल गए । सूचना मिलने पर पुलिस भी उनके पीछे गई ।

लधियाना के खन्ना क्षेत्र के ग्राम डिधेरी में 2 उग्रवादियों ने सुभाष चंद्र से उसका स्कूटर छीन लिया ।

धूप से आग लग गई

कपूरथला (वार्ता): आज तड़के भानोलेंगा गांव में एक धर्म स्थल में पवित्र धार्मिक ग्रंथ को आग लग गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार धर्म स्थल के ग्रंथी ने उक्त ग्रंथ के निकट जलती हुई धूप छोड़ दी, जिससे आग लग गई ।

Punjab Kesari Archive

उग्रवादियों द्वारा स्कूल की प्रिंसीपल सहित 6 की हत्या

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया : कई गिरफ्तार : हथियार बरामद

चंडीगढ़, 20 अगस्त (ह.स., वार्ता): विगत 24 घंटों के दौरान उग्रवादियों ने एक स्कूल की प्रिंसीपल सहित 6 लोगों की हत्या कर दी, जबकि एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया । विभिन्न स्थानों पर छापों, नाकों के दौरान कई उग्रवादी पकड़े गए और उनसे विदेशी और स्वदेशी हथियार बरामद किए गए ।

महिला प्रिंसीपल की हत्या

मोहाली (नबंदा, संधी): आज प्रातः यहां फेज़-3 में उग्रवादियों ने सीनियर सैकेंडरी स्कूल की प्रिंसीपल श्रीमती अनवंत कौर की गोलियां मार कर उस समय हत्या कर दी, जब वह रिक्शा में बैठ कर स्कूल जा रही थी । पुलिस सूत्रों के अनुसार अभी तक यह पता नहीं चल सका कि उग्रवादी कितने थे और वह घटनास्थल से किस तरह वाहन द्वारा फ़रार हुए । स्कूल के निकट ही हुई इस वारदात के बारे में जब आस-पड़ोस वालों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ पटाखों के चलने जैसी आवाज़ें सुनी गई थीं । कोई भी यह बताने को तैयार नहीं है कि उग्रवादी कितने थे और कैसे भागे ।

जब श्रीमती कौर को गोलियां लगीं तो रिक्शा चालक ने समझा कि उसकी रिक्शा का टायर फट गया है । जब उसने रिक्शा रोक कर पीछे देखा तो श्रीमती कौर खून से लथपथ थीं । वह यह सब देख कर घबरा गया और हमलावरों की तरफ देख भी नहीं पाया । उसने कहा कि उसने एक सफ़ेद रंग की कार को उस समय तेज़ी से गुज़रते हुए अवश्य देखा था । स्कूल की तरफ़ जा रहे कुछ बच्चों और टीचरों ने प्रिंसीपल को खून से लथपथ देखा तो एक कार द्वारा उन्हें पी.जी.आई. ले गए । वहां आप्रेशन करके पांच गोलियां शरीर से निकाल दी गईं, लेकिन दो घंटे बाद वह दम तोड़ गईं । श्रीमती कौर के प्रति श्री इंद्रपाल सिंह, जो पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के निदेशक हैं, के अनुसार उन्हें कभी भी धमकियां नहीं मिलीं । श्रीमती कौर को इसी सप्ताह पदोन्नत करके हैडमिस्ट्रैस से प्रिंसीपल बनाया गया था । 50 वर्षीय श्रीमती कौर की मृत्यु पर आज मोहाली के सभी सरकारी और प्राईवेट स्कूल बंद रहे । इसी बीच पता चला है कि किसी अज्ञात युवक ने कुछ दिन

(शेष पृष्ठ 6 पर)



शंकरानंद द्वारा इस्तीफे की पेशकश

नई दिल्ली, 20 अगस्त (वार्ता): जल संसाधन विकास मंत्री बी. शंकरानंद ने अपने पद से त्यागपत्र देने का प्रस्ताव किया है ।

श्री शंकरानंद ने बोफोर्स तोप सौदे की जांच के लिए प्रस्तावित संसदीय जांच समिति के लिए नामांकन पत्र भरने के बाद त्यागपत्र देने का प्रस्ताव किया है ।

इस बात के संकेत हैं कि श्री शंकरानद को समिति का अध्यक्ष बनाया जा सकता है । वह पिछले 3 महीनों में राजीव मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देने वाले छठे मंत्री हैं ।

न्यायिक अधिकारियों के कहे बिना पुलिस दीवानी मामलों में हस्तक्षेप न करे : रिबैरो

रोपड़, 20 अगस्त (बैंस): पंजाब पुलिस महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ने राज्य पुलिस को निर्देश दिए हैं कि वह न्यायिक अधिकारियों के कहे बिना दीवानी मामलों में हाथ न डालें । आज रोपड़ में वरिष्ठ नागरिकों की सभा को सम्बोधित करते हुए श्री रिबैरो ने कहा कि उन्हें इस तरह की कई शिकायतें मिली हैं कि राजनेता व प्रभावी लोग जमीन का कब्जा खाली कराने व कब्जा लेने या सम्पत्ति आदि के अन्य मामलों में पुलिस का दुरुपयोग करते हैं । श्री रिबैरो ने कहा कि इस बारे जिला पुलिस प्रमुखों, जिला न्यायाधीशों को निर्देश भेज दिए गए हैं तथा दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं ।

श्री रिबैरो ने कहा कि पुलिस बल से भ्रष्ट तत्वों को निकालने का अभियान शुरू किया गया है । उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में केवल जालन्धर क्षेत्र में ही 19 अधिकारियों को बर्खास्त किया जा चुका है तथा पटियाला व फिरोजपुर क्षेत्र में भी ऐसी कार्रवाई की जा रही है । उन्होंने कहा कि पुलिस को शांतिप्रिय लोगों को तंग नहीं करने दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि पुलिस व अर्ध सैनिक बल अधिकारियों को कहा गया है कि वे पुलिस थानों पर अकस्मिक छापे मारकर इस बात को सुनिश्चित करें कि कहीं वहां किसी निर्दोष को बंद न करके रखा गया हो । श्री रिबैरो ने स्पष्ट किया कि जनता को तंग करने वाले पुलिस अधिकारी को धारा 311 के तहत बर्खास्त किया जाएगा ।

श्री रिबैरो ने कहा कि झूठे पुलिस मुकाबलों का जो झूठा प्रचार किया जा रहा है उसका सामना करने कहा कि वह स्वयं ऐसा करने के पक्ष में नहीं हैं । उन्होंने कहा कि उग्रवादी प्रवक्ताओं को उन मारे गए व्यक्तियों की सूची जारी करनी चाहिए जो उनके हिसाब से निर्दोष थे ।

श्री रिबैरो ने कहा कि जो पुलिस अधिकारी एक जिले में 5 वर्षों से नियुक्त हैं तथा जो पुलिस अधिकारी एक महीने में दस वर्षों से नियुक्त हैं उनको सम्बद्ध जिलों व मंडल से तबदील किया जाएगा ।

स्थानीय नागरिकों के भाजपा नेता श्री एम.एम. मित्तल ने सुझाव दिया कि सरकार को उग्रवादियों के झूठे प्रचार का मुकाबला करने के लिए सरकारी प्रचार माध्यमों का बड़े पैमाने पर प्रयोग करना चाहिए । भारतीय सेवक समाज के प्रधान श्री हजूरा सिंह ने कहा कि अफवाहों पर काबू पाने के लिए सरकार को मोहल्ला स्तरीय कमेटियां बनानी चाहिएं । नेता जी सुभाष चन्द्र क्लब रोपड़ के अध्यक्ष श्री बी.पी. सैनी तथा स्थानीय स्कूल के मुख्याध्यापक श्री एम.एल. चोपड़ा के अलावा इस अवसर पर जिलाधीश श्री जे.आर. कुंदल व एस.पी. श्री चन्द्रशेखर ने भी सम्बोधित किया ।

पाक पर उग्रवादियों को प्रोत्साहन का आरोप

नई दिल्ली, 20 अगस्त : भारत ने आज कड़े शब्दों में कहा कि पाकिस्तान को भारत-श्रीलंका समझौते पर छींटाकशी करने का कोई अधिकार नहीं



(1) मोहाली में उग्रवादियों के हाथों मारी गई प्रिंसीपल श्रीमती अनवंत कौर का पुराना चित्र, (2) वह रिक्शा जिसमें अनवंत कौर को गोलियां मारी गईं, (3) खून से लथपथ रिक्शा की सीट और गद्दी, (छाया : पुरी), (4) फगवाड़ा के गांव उच्चा पिंड में मारा गया भगत सिंह, (5) घायल नौकर राममूर्ति, (छाया : कौड़ा), (6) धारीवाल थाना के गांव मानेपुर में मारा गया किसान रणजीत सिंह. (छाया : विनोद), (7) करतारपुर के मुस्तापुर गांव में आतंकवादियों के हाथों गम्भीर घायल अमरजीत और (8) मंगल सिंह अमृतसर में उपचाराधीन (छाया : भंडारी), (9) बाघापुराना के निकट मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी और पास पड़ी हुई उसकी कार्बाइन । (छाया : मित्तल)

बोफ़ोर्स मामले में सरकार कुछ छिपा रही है या किसी को बचाना चाहती है : विपक्ष का आरोप : वाकआऊट

नई दिल्ली, 20 अगस्त (ह.स., वार्ता): राज्यसभा में आज विपक्ष ने बोफोर्स तोप सौदे के बारे में परस्पर विरोधी वक्तव्य देने के लिए सरकार को आड़े हाथों लिया और उसपर आरोप लगाया कि वह या तो कुछ छुपा रही, या किसी को बचाने की कोशिश कर रही है और इस प्रक्रिया में संसद को तथा जनता को गुमराह कर रही है ।

अटल बिहारी वाजपेयी, एम.एस. गुरुपद स्वामी, दीपेन घोष और एस.पी. मालवीय समेत अनेक विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि सौदे के बारे में संदेह बढ़ गए हैं । कुछ सदस्यों ने इस बारे में दिन पूर्व बोफोर्स सौदे के बारे में दिए गए उत्तर को संशोधित करते हुए आज वक्तव्य दिया, कई स्पष्टीकरण मांगे ।

रक्षा राज्यमंत्री शिवराज पाटिल के 12 और 14 अगस्त के बयानों को विरोधाभासपूर्ण बताते हुए मार्क्सवादी श्री दीपेन घोष और भाजपा के श्री अटल के बोफोर्स के बारे में पहले दिए गए दो पृथक बयानों के आज के स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं थे । उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रक्षा मंत्री कृष्ण चन्द्र पंत विपक्ष द्वारा मांगी जानकारी देने से कतरा रहे हैं ।

बस
गि
बस में
30 घ
पठानकोट, 20
लगभग 9 बजे यहां से
कंडी के निकट थीन डै
शाहपर कंडी में कर्म
जा रही थी और एक
अचानक 300 फुट ग
एक स्त्री सहित 7 व्य
गई और 30 व्यक्ति
4 की दशा नाज़ुक ब
नाज़ुक अवस्था में सी.
गया है, जबकि 2 को
करवाया गया है । शे
अस्पताल में दाखिल
मृतकों की पहचा
सिंह सुपरवाईजर आ
25 वर्ष, हरदेव सिंह
196
द्वारा
नई दिल्ली, 20
जनवरी से 30 जून
की चोरी के आरोप में
फौजदारी मामले दा
बी.के. गढवी ने आज
में यह जानकारी दी
वोल्टाज लिमिटेड के
की चोरी के आरोप
कल 8.34 करोड़ र
की चोरी के सिलसिले
नाम चार "कारण
गए ।
श्री गढवी ने बता
उद्योगपतियों के खि
कार्रवाई कर रहा
मोरारजी, श्री डी.सी
टाटा समूह शामिल
कि विक्रम एक्सपोर्ट्स
फिल्मी कलाकारों
कार्रवाई की जा रही
टोबेको कम्पनी लि
केन्द्रीय उत्पाद शुल्

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

पहले स्कूल के अधिकारियों को धमकी दी थी कि यदि इस स्कूल के छात्रों ने स्वतंत्रता दिवस की चालीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होने वाले शांति-मार्च में भाग लिया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे ।

इस हत्याकांड के संबंध में 2 अज्ञात उग्रवादियों के विरुद्ध धारा 302 और शस्त्र कानून के तहत केस दर्ज किया गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार 20 से 25 वर्ष उम्र के उग्रवादी हीरो होंडा मोटर साइकिल पर बैठ कर आए थे और रिवाल्वर से श्रीमती अनवंत कौर के 6 गोलियां मारी गईं । श्रीमती कौर का अंतिम संस्कार कल किया जाएगा ।

स्कूटर छीना

जिला रोपड़ के गांव अकालगढ़ के निकट दो अज्ञात व्यक्तियों ने आज त्रिलोचन सिंह नामक एक स्कूल अध्यापक से उसका स्कूटर छीन लिया ।

फिरोजपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार किए गए ।

एक उग्रवादी मरा, कई बंदी

मोगा (बंसल): फरीदकोट के पुलिस अधीक्षक श्री गोविंद राम ने एक बयान में बताया है कि गत 24 घंटों में पुलिस के साथ मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया और नाकाबंदियों और छापों में कई खतरनाक उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं । गत रात एक स्कूटर पर सवार दो उग्रवादियों को घोड़िया खुर्दों का लैला गांव (थाना बाघापुराना) के बीच एक जगह पर पुलिस पार्टी ने रुकने को कहा तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग से एक उग्रवादी मारा गया और दूसरा भाग गया । उनके बजाज स्कूटर पी.सी.एन. 718 की डिग्गी से एक स्टेनगन व 30 कारतूस, 315 बोर का रिवाल्वर व 7 कारतूस बरामद हुए और फ़ायरिंग की जगह से 9 एम.एम. के दस खाली कारतूस भी मिले । उसके अतिरिक्त खन्ना में दरबारा सिंह को संदिग्धावस्था में घूमते हुए पकड़ लिया गया । उसके कब्जे से 303 बोर का पिस्तौल और 12 कारतूस बरामद हुए । उसका साथी भाग गया । पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वे फरीदकोट के एक नेता की हत्या करने जा रहे थे । गांव सबेखियां के निकट पीछा करने के बाद जरनैल सिंह व हरभजन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । उसके कब्जे से 38 बोर और 32 बोर के दो रिवाल्वर और 15 कारतूस बरामद हुए । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों ने पूछताछ में बताया कि वे खतरनाक उग्रवादी रंजीत सिंह गिरोह के सदस्य हैं और गत दिवस कालोके में एक ही परिवार के जिन तीन लोगों की हत्या की गई थी, उनके हत्यारों में वह भी शामिल थे । दो और उग्रवादी परमजीत सिंह और बलदेव सिंह गांव कोलियोंवाला थाना बाघापुराना के निकट एक नाकाबंदी में गिरफ्तार किए गए । उनके कब्जे से दो पिस्तौल और कारतूस मिले हैं । एक और उग्रवादी अवतार सिंह रामूवाले गांव थाना बाघापुराना से छापे के दौरान गिरफ्तार किया गया है । पता चला है कि उसकी किसी बस को लूटने की योजना थी । अवतार सिंह गांव शामखेड़ा थाना मुक्तसर का है ।

नया स्कूटर छीना

बस्सी पठाना (रूपाल): सुभाष चंद नामक युवक से दो उग्रवादियों ने डडहेड़ी गांव के निकट नया स्कूटर पिस्तौल दिखा कर लूट लिया । एक उग्रवादी ने उसे पिस्तौल से गोली मारने की कोशिश की तो दूसरे उग्रवादी ने उसे रोक दिया ।

तीन काबू

लुधियाना (वा): सिटी पुलिस ने तीन और लुटेरों को नाकेबंदी के दौरान कल रात पकड़ कर दो लूटे हुए बजाज स्कूटर, 12 बोर के दो पिस्तौलें, एक एकनाली बंदूक, एक खिलौना पिस्तौल और छः कारतूस बरामद किए। एस.पी. सिटी संजीव गुप्ता के अनुसार इनकी गिरफ्तारी से डकैती, लूट की 18 वारदातों का पता चला है । इस गिरोह के चार सदस्य गत मंगलवार को पकड़े गए थे । इस गिरोह के दो सदस्यों की अभी तलाश है ।

ठेका जला दिया

विलम्ब से प्राप्त एक सूचना के अनुसार मंगलवार की रात को साहनेवाल थाना के गांव कंडियाना में उग्रवादियों ने एक ठेके को जला दिया और इसके कर्मचारी बलबीर सिंह को घायल कर दिया ।

निहंग ने उग्रवादियों से बैंक मैनेजर को बचाया

नाभा (ग): निकटस्थ गांव दंदराला ढींडसा के सरकारी बैंक के मैनेजर श्री मोहन लाल गत दिवस जब नाभा के बैंक से बीस हजार रुपया निकलवा कर मोपेड पर जा रहे थे तो यहां से छः किलोमीटर दर गांव कोलकमेली के पास दो उग्रवादियों ने उन्हें पिस्तौल की नोक पर रोक कर उन्हें घायल करके सारी रकम छीन ली । तभी एक राहगुजर निहंग वहां आ गया । उसने तलवार निकाल कर उग्रवादियों को ललकारा । उसकी ललकार सुन कर उग्रवादी घबराहट में अपना राजदूत मोटर साइकिल छोड़ कर भाग गए । उन्होंने जो रकम छीनी थी, वह भी फैंक गए ।

कार्बाइन, पिस्तौल लूटी

जालंधर (वार्ता): चार उग्रवादी एकीकृत दल के नेता, जतिंदर सिंह कारीहा के निवास स्थान से एक कार्बाइन और नौ एम.एम. की एक अर्द्धस्वचालित पिस्तौल तथा कुल 48 गोलियां कल रात लूट ले गए । घटना बंगा थाना क्षेत्र के कारीहा गांव की है । पुलिस के अनुसार भूतपूर्व अकाली विधायक श्री कारीहा अपने घर में आराम कर रहे थे कि दो स्कूटरों पर सवार चार सशस्त्र युवक वहां पहुंचे, जिनमें से तीन युवकों ने घर में दाखिल होकर पिस्तौल की नोक पर हथियार लूट लिए ।

लूट कर घायल कर गए

तीन उग्रवादियों ने धनुलकलां गांव में जीत राम के घर से सोने की बालियां लूट लीं । आते समय उग्रवादी जीत राम के सिर में लाठी का प्रहार करके उसे गंभीर रूप से घायल कर गए । जीत राम को स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

जालन्धर पुलिस ने गोराया के डालेवाल निवासी बलविन्दर सिंह उर्फ खालसा को 9 डैटोनेटर 940 ग्राम विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार कर लिया। वह यह विस्फोटक पदार्थ कहीं लगाने जा रहा था और नाका पार्टी को देख कर उसने भागने का प्रयास किया पर पुलिस ने पीछा करके उसे पकड़ लिया ।

मुस्तफापुर कांड : चार हिरासत में

'क' के अनुसार परसों रात यहां से 16 किलोमीटर दूर करतारपुर थाना के गांव मुस्तफापुर में उग्रवादियों द्वारा छः व्यक्तियों की हत्या किए जाने के संबंध में करतारपुर पुलिस ने चार व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार हिरासत में लिए गए इन युवकों में करतारपुर सिख छात्र संघ का प्रधान गुरदयाल सिंह उर्फ लाली भी शामिल है । अभी इस सिलसिले में छापे जारी हैं । यह भी पता चला है कि जिन युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, उनमें एक-दो मुस्तफापुर के ही बताए गए हैं ।

रोष हड़ताल

'संघी' के अनुसार इस हत्याकांड के विरुद्ध पंजाब तथा हरियाणा हाईकोर्ट के वकीलों ने आज रोष हड़ताल की और अदालतों का बहिष्कार किया ।

कार चोरी

पटियाला (ह.स.): गत रात पटियाला के बाहरी क्षेत्र में स्थित राजपुरा कालोनी से एक फिएट कार चुरा ली गई । कार मालिक सुरजीत सिंह अपने भाई के पास ठहरा हुआ था । उसने पुलिस को बताया कि रात को कार मकान के बाहर खड़ी की गई थी, परन्तु प्रातः वह वहां नहीं थी ।

स्कूटर छीनने का प्रयास

राजपुरा (मासूम): टाउनशिप से बहादुरगढ़ स्थित अपने भट्ठे पर जा रहे रमेश कुमार नामक युवक से दो मोटर साइकिल सवार आतंकवादियों ने स्कूटर छीनने की कोशिश की । जब रमेश ने देखा कि पिस्तौल नकली है, तो वह उग्रवादियों से उलझ गया । इस पर नकली पिस्तौल की बट से उसके सिर पर प्रहार किए तो उग्रवादी भाग गए ।

घर से बुलाकर हत्या

गुरदासपुर (विनोद): गत रात थाना धारीवाल के अंतर्गत गांव मोनपुर निवासी रणजीत सिंह की पांच आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात 11 बजे आतंकवादियों ने आवाज़ देकर रणजीत सिंह को उसके घर से बाहर बुलाया और उसको गोली मार दी । पुलिस ने गुरदासपुर अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा कर लाश वारिसों को दे दी है ।

कार ड्राइवर की हत्या

बटाला (कोछड़): बटाला-डेराबाबा नानक सड़क पर गांव सरकाली के निकट गत रात लगभग 10.30 दो उग्रवादियों ने एक मारुति वैन के ड्राइवर लखविंदर सिंह की हत्या कर दी । अधिकृत पुलिस सूत्रों के अनुसार ध्यानपुर डेरे के महंत बलदेव राज सफ़ेद मारुति वैन पी.डी.ए. 2151 में ध्यानपुर जा रहे थे । सरवाली के निकट कार का शीशा कुछ टकराने से टूट गया और ड्राइवर लखविंदर सिंह को कुछ घाव आए । उसकी हालत लगातार खराब होने लगी । महंत पहले लखविंदर को ध्यानपुर ले गए, लेकिन वहां उसकी हालत खराब होती देख कर अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में ले गए । वहां जा कर पता चला कि लखविंदर को गोली लगी है । अस्पताल में लखविंदर की मृत्यु हो गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार वैन में 303 बोर की दो गोलियां लगीं । एक गोली वैन के दरवाजे को चीरती हुई ड्राइवर की कमर में दाईं ओर लगी । घटना के समय वैन में ड्राइवर लखविंदर सिंह, महंत बलदेव राज, उसकी पत्नी कैलाशवती और एक सेविका प्रकाश कौर बैठी थीं, मृतक जिला अमृतसर के थाना घरिंडा के गांव घोंघे का रहने वाला था । पोस्टमार्टम के बाद शव वारिसों के हवाले कर दिया गया है । डेराबाबा नानक पुलिस ने इस घटना के संबंध में कस दर्ज कर लिया है ।

अज्ञात व्यक्तियों की संदिग्ध उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । कहा जाता है कि पहले इन दोनों मृतकों का आज यहां माल मंडी क्षेत्र से अपहरण किया गया था ।

पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश से आए दो श्रमिकों का तीन स्थानीय व्यापारियों ने आज अपराह्न माल रोड क्षेत्र में अपहरण करके उनकी हत्या कर दी । जब हत्यारे शव खुर्दबुर्द करके एक मारुति कार में शहर वापस आ रहे थे, सुरक्षा बलों ने अजनाला रोड पर राजासांसी हवाई अड्डे के पास उन्हें रोक लिया । उन्होंने बताया कि एक का शव शहर से छः किलोमीटर दूर मीराकोट के पास फैंका गया, दूसरे का शव कुम्कड़ावाला ग्राम के पास फैंका गया । दोनों शव बरामद हो गए । शवों पर गोलियों के निशाान हैं और उनके गले भी घोंटे गए हैं ।

'वार्ता' के अनुसार गिरफ्तार तीनों लोग व्यापारी नहीं बल्कि कुख्यात उग्रवादी हैं ।

2 गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): कपूरथला पुलिस ने कल रात खीरांवाली और बहू गांवों में छापे मार कर दो उग्रवादियों रणबीर सिंह और सुखविंदर सिंह को गिरफ्तार करके उनसे दो पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए ।

12000 लूटे

दो सशस्त्र उग्रवादियों ने कल सदर थाना के गांव सिधवां में एक विधवा प्रीतो के घर में घुस कर 12000 रु. लूट लिए ।

आनंदपुर हत्याकांड में महिला बंदी

आनंदपुर साहिब (गिरी): विगत दिनों निकटवर्ती गांव चक्क होलगढ़ में ग्रंथी गेजा सिंह के परिवार के तीन सदस्यों की हत्या के संबंध में वांछित महिला को आज प्रातः स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उल्लेखनीय है कि यह महिला हत्याकांड के बाद कुछ समय पुलिस की हिरासत में रह कर फ़रार होने में सफल हो गई थी । इस कांड के संबंध में उक्त महिला का पति हरजीत सिंह व पुत्र मलकीयत सिंह पहले ही पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जा चुके हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस कांड में पुलिस को कई सुराग मिले हैं और पुलिस सूत्रों से पता चला है कि इस कांड में शामिल बाकी अपराधी भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा पुत्र दिनेश कुमार, उम्र 19-20 साल, कद 5'-5", रंग गोरा, जिस्म दरमियाना, करीब 1½ महीना पहले घर से चला गया है । जिसको मिले, पहुंचाने का कष्ट करे । उपयुक्त ईनाम दिया जाएगा । यदि खुद पढ़े तो घर आ जाए, घर वाले बहुत परेशान हैं ।

फकीर चंद सब्ज़ी वाले,
रेलवे रोड, निकट ढोडा चौक, कोटकपूरा

प्रिय बेटे श्याम सुन्दर



जहां कहीं भी हो, शीघ्र घर वापिस आ जाओ । पैसों की कोई चिंता न करो ।

मेहर चन्द जैन, 41-वल्लभनगर शिवपुरी रोड, लुधियाना ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

पत्राचार द्वारा B.Ed, LL.B/OT/LT, JBT करें । GAMS (One year after Ayurved Rattan) (RMP Registration B.A., B.Com., B.Sc. Final (One sitting), इंटर, मैट्रिक गारंटी से करें । परीक्षा केंद अम्बाला Send Rs. 10/- by M.O. for Prospectus. Nehru College, Chhota Bazar, Ambala City.

वैद्यविशारद या तजुर्बे के आधार पर R.M.P.

ड्राइविंग सीखें

दाखला शुरू है । लाईट एंड हैवी ड्राइविंग सिखाई जाती है । होस्टल फ्री । मिलें : प्रिंसीपल, हिमाचल मोटर ट्रेनिंग कालेज रजि., निकट दादा मोटर्ज, जी.टी. रोड, जालंधर ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 20.8.87 Rs. 44/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.10 per Dozen.

किराए के लिये

'शानदार बिज़नैस चान्स फिल्म जगत में प्रवेश का

हमने पंजाब के लिए दो फिल्मों की डिस्ट्रीब्यूशन प्राप्त की है, जिनमें से एक फिल्म हमने दस लाख रुपया लगा कर खुद तैयार की है (यह फिल्म सैंसर हो गई है) हम डिस्ट्रीब्यूशन के व्यापार को छोटे पैमाना पर शुरू करना चाहते हैं, जिसके लिए हमें सिर्फ़ पचास-पचास हज़ार रुपया लगाने वाले चार या पच्चीस-पच्चीस हज़ार रुपया लगाने वाले आठ

स्विस बैंक

(पृष्ठ 3 का शेष)

अन्य उत्तर में बताया कि संसाधनों की कमी के कारण 1987-88 की योजना के लक्ष्यों को कम नहीं किया जाएगा ।

बैंक डकैतियां : वित्त राज्यमंत्री जनार्दन पुजारी ने स्वीकार किया कि हाल के वर्षों में देश के सरकारी बैंकों में डकैती की घटनाओं में वृद्धि हुई है । उन्होंने बताया कि एक जनवरी 1983 से 30 जून 1985 के बीच बैंक डकैती की 192 घटनाओं में डकैत 313.23 लाख रुपए उड़ा ले गए जबकि एक जनवरी 1985 से 30 जून 1987 के बीच 239 बैंक डकैतियों में 1232.27 लाख रुपए की राशि लूटी गई ।

इस्तीफे की पेशकश

(पृष्ठ 3 का शेष)

Punjabi Sahitani

कार ड्राइवर की हत्या

बटाला (कोछड़): बटाला-डेरा बाबा नानक सड़क पर गांव सरकाली के निकट गत रात लगभग 10.30 दो उग्रवादियों ने एक मारुति वैन के ड्राइवर लखविंदर सिंह की हत्या कर दी । अधिकृत पुलिस सूत्रों के अनुसार ध्यानपुर डेरे के महंत बलदेव राज सफ़ेद मारुति वैन पी.डी.ए. 2151 में ध्यानपुर जा रहे थे । सरकाली के निकट कार का शीशा कुछ टकराने से टूट गया और ड्राइवर लखविंदर सिंह को कुछ घाव आए । उसकी हालत लगातार खराब होने लगी । महंत पहले लखविंदर को ध्यानपुर ले गए, लेकिन वहां उसकी हालत खराब होती देख कर अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में ले गए । वहां जा कर पता चला कि लखविंदर को गोली लगी है । अस्पताल में लखविंदर की मृत्यु हो गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार वैन में 303 बोर की दो गोलियां लगीं । एक गोली वैन के दरवाजे को चीरती हुई ड्राइवर की कमर में दाईं ओर लगी । घटना के समय वैन में ड्राइवर लखविंदर सिंह, महंत बलदेव राज, उसकी पत्नी कैलाशवती और एक सेविका प्रकाश कौर बैठी थीं, मृतक जिला अमृतसर के थाना घरिंडा के गांव घोंगे का रहने वाला था । पोस्टमार्टम के बाद शव वारिसों के हवाले कर दिया गया है । डेरा बाबा नानक पुलिस ने इस घटना के संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

किसान की हत्या

फगवाड़ा (वार्ता): यहां से लगभग छः कि.मी. दूर उच्चा पिंड गांव में कल देर रात एक किसान की गोली मार कर हत्या कर दी गई तथा एक खेत मज़दूर को घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार मृतक का नाम भगत सिंह है । गंभीर रूप से घायल खेत मज़दूर राम मूर्ति (18 वर्ष) को लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल भेज दिया गया है । पुलिस को घटना की जानकारी आज प्रातः मिली । राममूर्ति खून से लथपथ अचेत अवस्था में एक ट्यूबवैल के निकट एक खाट पर पड़ा पाया गया । उसके पास ही एक दूसरी खाट पर भगत सिंह का शव मिला ।

तीन उग्रवादी गिरफ्तार

भटिंडा (ग्रोवर): जिला पुलिस ने एक उग्रवादी गमदूर सिंह को गिरफ्तार करके सात हजार रु. बरामद किए हैं, जो उसे भामेकलां बैंक डकैती के हिस्से के रूप में मिले थे । इस डकैती में संलिप्त एक उग्रवादी को मानसा पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है । एस.एस.पी. आर.एस. गिल ने बताया कि लैलेवाला गांव में लूट की वारदात में विफल रहने वाले दो उग्रवादियों साधु सिंह (जोधपुर पाखर) और मंजीत सिंह (भटिंडा) को गिरफ्तार करके एक विदेशी रिवाल्वर, एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

घायल कर दिया

अमृतसर (ह.स.): कल रात पांच आतंकवादियों ने वेरोवाल थाना क्षेत्र के गांव वड्डिंग सूबा सिंह में एक किसान करनैल सिंह को घर में घुस कर गोलियां मारीं और गंभीर रूप से घायल कर दिया ।

एक गिरफ्तार

कल रात अमृतसर शहर से बाहर गिलवाली में एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके .32 बोर की जर्मन रिवाल्वर और चार कारतूस बरामद किए ।

2 की हत्या

अमृतसर में राजासांसी हवाई अड्डे के निकट दो

वर्ष 23 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 71
शनिवार, 22 अगस्त, 1987 तदनुसार, 6 भाद्रपद, 2044 मूल्य 75 पैसे, विमान द्वारा 90 पैसे

खालिस्तान गुरिल्ला फोर्स का जनरल शमशेर सिंह मारा गया

बटाला के पास हवलदार की हत्या, मुस्तफापुर कांड में घायल अमरजीत चल बसा, कई उग्रवादी बंदी

बर्खास्तगी के बाद 7 पुलिस कर्मचारी नज़रबंद

चंडीगढ़, 21 अगस्त (वार्ता, ह.स.): विगत 24 घंटों के दौरान मुठभेड़ में एक 'बी' श्रेणी का आतंकवादी और खालिस्तान गुरिल्ला फोर्स का कथित जनरल शमशेर सिंह मारा गया, 'बी' श्रेणी के 2 उग्रवादियों सहित कई गिरफ्तार किए गए। उनसे हथगोले सहित कई हथियार बरामद किए गए, एक शव मिला जबकि आतंकवादियों को शरण और सहायता देने के आरोप में 7 पुलिस कर्मियों को बर्खास्त करके रास्का में नजरबंद कर दिया गया है। आज रात्रि उग्रवादियों ने बटाला के पास एक हवलदार की हत्या कर दी। मंगलवार को मुस्तापुर ग्राम में उग्रवादियों की फायरिंग से घायल, गृहमंत्री बूटा सिंह का चचेरा भाई अमरजीत सिंह आज अस्पताल में दम तोड़ गया।

अमरजीत भी चल बसा

गत मंगलवार को करतारपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुस्तफापुर में केंद्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह के 6 रिश्तेदारों की उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी व 5 को घायल कर दिया था। घायलों में से एक अमरजीत सिंह (28) आज रात्रि अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दम तोड़ गया। वह बटा सिंह का भाई लगता था। दूसरे घायल मंगल सिंह की हालत गम्भीर है।

बूटा सिंह अमृतसर में

अमरजीत की मृत्यु के कुछ मिनट बाद ही श्री बूटा सिंह उसे देखने विमान द्वारा अमृतसर पहुंचे।

मुस्तफापुर कांड में अब तक गृहमंत्री के 7 रिश्तेदारों की मृत्यु हो चुकी है। जैसे ही गृहमंत्री भारी सुरक्षा में अपनी कार से अस्पताल के मेन गेट पर उतरे, तभी उन्हें अमरजीत सिंह की मृत्यु की सूचना दी गई।

अमरजीत को बचाने के लिए डाक्टर बलवंत सिंह तुंग के नेतृत्व में डाक्टरों की टीम ने अथक प्रयास किए। परन्तु अमरजीत के फेफड़ों व हृदय ने काम करना बंद कर दिया।

श्री बूटा सिंह के साथ उनकी पत्नी व अन्य रिश्तेदार भी आए थे। उन्होंने मंगल सिंह के स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ की। वे अमरजीत के बैड पर गए जहां डाक्टर उस समय भी अमरजीत को कृत्रिम ढंग से सांस दिलाने का प्रयास करके हार चुके थे पर एक डाक्टर उसकी नब्ज देखने का प्रयास कर रहा था। बाद में गृहमंत्री दिल्ली लौट गए। उनके साथ अस्पताल में उपायुक्त, डी.आई.जी. सी.आर.पी., एस.एस.पी. व अन्य पुलिस अधिकारी भी अस्पताल आए थे। गृहमंत्री की रक्षा दिल्ली से आए ब्लैक कैट कमांडो कर रहे थे। अस्पताल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

1 उग्रवादी मरा, 4 काबू

अमृतसर (भाटिया): आज तड़के सुल्तानविंड थाना क्षेत्र में नहर के पुल पर हुए पुलिस मुकाबले में एक 'बी' श्रेणी का कुख्यात आतंकवादी लखविन्दर सिंह उर्फ़ कुलदीप सिंह उर्फ़ जनरल शमशेर सिंह, जोकि स्वयं को गुरिल्ला फ़ोर्स का स्वयं-भू जनरल कहलवाता था, मारा गया। जिला पुलिस चीफ़ श्री इजहार आलम ने बताया कि जब पुल पर मौजूद सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों, जो उनकी तरफ आ रहे थे, को रुकने को कहा तो आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्यवाही से एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दो अन्य अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकले। मृतक आतंकवादी की पहचान बाद में जनरल शमशेर सिंह के रूप में की गई। वह 12 सदस्यीय गिरोह का मुखिया था व कत्ल और लूटमार की दर्जनों वारदातों में शामिल था। श्री आलम ने बताया कि मृतक के पास से एक 315 बोर का पिस्तौल व 2 कारतूस भी बरामद हुए।

एस.पी. (डिटैक्टिव) राजिन्दर सिंह ने बताया कि लखविन्दर का गिरोह धमकी पत्रों द्वारा पैसे ऐंठता था और दूसरे सबसे बड़े सिख धर्मस्थल गुरुद्वारा शहीदां से काम करता था। गत सप्ताह पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए छापा मारा था, लेकिन वह अपने साथियों सहित निकल भागा था। वह गत माह रामपुर (जंडियाला) गांव में नर्स सहित 4 व्यक्तियों की हत्या के अलावा 5-6 अन्य हत्याकांडों तथा सैकड़ों डकैतियों और हथियार छीनने की वारदातों में संलिप्त था। इस गिरोह ने अपने एक साथी जीता को मार कर 2 माह पहले उसका शव गुरुद्वारा शहीदां के निकट एक नहर में फैंक दिया था। इस गिरोह का खालिस्तान कमांडो अथवा किसी अन्य फ़ोर्स से संबंध नहीं था।

एक अन्य मुठभेड़ में लोपोके पुलिस ने 'बी' श्रेणी के बाज सिंह नामक आतंकवादी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक पिस्तौल (303) बरामद किया। उसके 2 अन्य साथी भागने में सफल हो गए।

अमृतसर से 12 कि.मी. दूर राम तीर्थ के निकट पुलिस नाका पार्टी ने दो भाइयों सरिन्दर और निशान सिंह को गिरफ्तार करके कुछ छोटे हथियार बरामद किए।

इस गिरोह के एक सदस्य सुखदेव सिंह को गांव वालों ने मार डाला था, जब वे तरनतारन क्षेत्र में डकैती डालने गए थे। जसपाल सिंह नामक 'बी' श्रेणी के उग्रवादी को शहीद ऊधम सिंह नगर से गिरफ्तार किया गया है और उससे एच.ई.-36 किस्म का हथगोला बरामद हुआ है।

प्रिंसीपल की अंत्येष्टि

मोहाली (नबंदा): स्थानीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल की प्रिंसीपल श्रीमती अनवंत कौर जिनकी कल उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, का

(शेष पृष्ठ 10 पर)

सरकार ने उबोके को दी 'एस्कोर्ट' वापिस ली

चंडीगढ़, 21 अगस्त (परवाना): ज्ञात हुआ है कि पंजाब सरकार ने बरनाला मंत्रिमंडल के मंत्री श्री मेजर सिंह उबोके को दी गई 'एस्कोर्ट' (गार्ड) वापिस ले ली है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि कथित रूप से श्री उबोके ने बलाचौर के निकट जमीन पर एक अवैध कब्जा करने के एक झगड़े में इस 'एस्कोर्ट' का कथित दुरुपयोग किया था। मंत्रिमंडल से निकाले जाने के बाद श्री उबोके जब भी कभी कार द्वारा चंडीगढ़ से बाहर जाते हैं तो यह 'एस्कोर्ट' उनके साथ चलती है।

सरकारी क्षेत्रों ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि श्री उबोके की चंडीगढ़ में सरकारी कोठी और गांव में स्थित मकान पर अभी सशस्त्र गार्ड मौजूद हैं। वरिष्ठ सरकारी क्षेत्रों के अनुसार श्री उबोके, श्री साईंवाला और श्री चंदमाजरा को दिए गए सरकारी गनमैन भी वापिस बुला गए हैं। ज्ञात हुआ है कि श्री साईंवाला ने तो स्वयं ही गनमैन वापिस कर दिया है जबकि चंदमाजरा इस समय जेल में हैं। शेष सभी भूतपूर्व मंत्रियों ने अभी तक गनमैन ले रखे हैं। इसके अलावा चंडीगढ़, जहां वे आज कल रह रहे हैं तथा गांवों में स्थित उनके मकानों पर सशस्त्र गार्ड तैनात हैं।

कुछ भूतपूर्व अकाली मंत्रियों ने तो सी.आर.पी.एफ. की भी सेवाएं ले रखी हैं। सरकारी सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि यदि कोई राजनीतिज्ञ अपनी पसंद का गार्ड लेना चाहता है तो वह पुराने नियमों के अनुसार सरकार की अनुमति से ऐसा कर सकता है। इस सम्बन्ध में उस राजनीतिज्ञ को यह लिख कर देना होगा कि वह अमुक व्यक्ति को अपना गनमैन रखना चाहता है। सरकार, छानबीन के बाद, यदि निजी गनमैन ठीक पाया गया तो, उसका खर्च उठाएगी।

स्विस बैंकों में भारतीय पूंजी

Punjab Samachar

खालिस्तान गुरिल्ला फोर्स

(पृष्ठ 1 का शेष)

आज चंडीगढ़ में अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र और शिक्षक उपस्थित थे । इलाका के डी.एस.पी. धर्म सिंह मान ने बताया कि हत्यारों का पता लगाने के लिए गत रात से मोहाली में छापे मारे जा रहे हैं और आधा दर्जन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है । इसी दौरान खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने कथित जनरल खेड़ा सिंह ने इस हत्या की जिम्मेवारी लेते हुए धमकी दी है कि उक्त स्कूल में 15 दिन के अंदर केसरी पगड़ियां लागू की जाएं । विभिन्न संगठनों ने श्रीमती कौर की घिनौनी हत्या की निन्दा की ।

हड़ताल आज

'संघी' के अनुसार श्रीमती कौर की हत्या के विरोध में जिला रोपड़ के सरकारी स्कूल टीचर कल हड़ताल करेंगे । पंजाब अधीनस्थ सेवा संघ के महासचिव रणबीर सिंह ढिल्लों के अनुसार कल जिला-भर में कई रैलियां की जाएंगी ।

नहर से लाश मिली

फाज़िल्का (नागपाल): यहां से 5 किलो मीटर दूर गांव करनी खेड़ा में सदर पुलिस ने नहर के पुल के पास पड़ी एक अज्ञात युवक की लाश बरामद की है । लाश सड़ चुकी थी और नहर में बहते हुए इस पुल के पास आकर फंस गई थी । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

3 उग्रवादी बंदी

कपूरथला (शर्मा): जिला पुलिस कप्तान श्री पी.एम. दास ने बताया कि पुलिस को हत्या आदि के कई मामलों में वांछित तीन कथित खतरनाक आतंकवादियों कुलविन्दर सिंह उर्फ़ मिन्टा (टिब्बा), दलजीत सिंह (डडबिडी), जगतार सिंह (रामपुर जागीर) को अपने यहां शरण देने के आरोप में 4 व्यक्तियों बलबीर सिंह उर्फ़ मीरा (सैयदपुर), सर्वजीत सिंह (सैयदपुर), बख्शीश सिंह (हाजीपुर) और अजीत सिंह (फ़ज़लाबाद) के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है । बलबीर सिंह, सर्वजीत सिंह तथा बख्शीश सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है । कथित आतंकवादियों तथा शरण देने वालों को पकड़ने के लिए पुलिस पार्टियां छापे मार रही हैं ।

पता चला है कि आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया बलबीर सिंह उर्फ़ भीरा एक भूतपूर्व अकाली मंत्री का संबंधी है । कुछ महीने पूर्व स्थानीय सैंट्रल जेल से दो सुरक्षा जवानों की हत्या करके भगाए गए दो खतरनाक आतंकवादियों को शरण देने के कथित आरोप में भी इसको पकड़े जाने की सूचना है ।

पुलिस अभ्यास

कपूरथला में हैदराबाद से प्रशिक्षण के लिए आए हुए दो आई.पी.एस. अधिकारियों को आतंकवादियों के विरुद्ध पुलिस की सतर्कता दिखाने के लिए गत दिवस दोपहर के समय कोतवाली पुलिस तथा डी.एस.पी. हैड क्वार्टर को टैलीफोन पर सूचना दी गई कि गांव मंसूरवाल के पैट्रोल पम्प पर दो सिख युवक मारुति कार में आए और पैट्रोल डलवाने के पश्चात् पैसे देने के स्थान पर पिस्तौल की नोक पर पैट्रोल पम्प से 5-6 हज़ार रुपए लूट कर ले गए । सूचना मिलते ही पुलिस तथा डी.एस.पी. शीघ्र घटनास्थल पर पहुंच गए तो पता चला कि यह केवल अभ्यास किया जा रहा था ।

2 बंदी

बाघापुराना (मित्तल): कल सायं पुलिस ने फुल्लेवाला गांव में छापा मार कर 2 उग्रवादियों बलदेव सिंह और प्रभजीत सिंह को गिरफ्तार करके एक राइफल, एक पिस्तौल और 21 कारतूस बरामद किए । दोनों कई आतंकवादी घटनाओं में वांछित थे ।

बन्दूक लूटी

दसूहा (झावर): गत रात दसूहा थाना के तहत गांव कैंठा में राजकुमार नामक व्यक्ति के घर का दरवाजा तोड़ कुछ अज्ञात व्यक्ति अन्दर घुस आए तथा उसकी दोनाली बन्दूक व 10 कारतूस ले गए ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि माहिलपुर पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों ने आज तड़के साढ़े 3 बजे मौजा नमोलिया के पास संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 2 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । बताया जाता है कि नाका पार्टी ने 2 व्यक्तियों को स्कूटर पर आते देखा और रुकने का संकेत किया । पीछे बैठे युवक ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । नाका पार्टी ने जवाबी फायरिंग की तो उन्होंने हाथ खड़े कर दिए । ये दोनों हरजिन्दर सिंह उर्फ बिन्दा (मौजा खेड़ा) और महिन्दर सिंह (मौजा बनून) हैं । इनके कब्जे से 12 बोर का एक पिस्तौल, चार कारतूस तथा बिना नम्बर का स्कूटर बरामद किया गया है । पूछताछ जारी है ।

किसान को घायल कर दिया

जालन्धर (वार्ता): एक युवा किसान को 3 नकाबपोश आतंकवादियों ने कल रात 9.30 बजे नवांशहर थाना के गांव शेखुपुर बाठ में गोली मार कर घायल कर दिया । घायल हरजिन्दर सिंह के बाएं कंधे में गोली लगी है और नवांशहर सिविल अस्पताल में उसकी हालत खतरे से बाहर है । वह अपने मित्रों के साथ ट्रैक्टर पर बलाचौर से अपने गांव गोपालपुर जा रहा था, अचानक अंधेरे में मुंह ढापे 3 उग्रवादी स्कूटर पर आ धमके और ट्रैक्टर के आगे खड़े हो गए । एक उग्रवादी ने हरजिन्दर पर गोली चलाई और फिर सभी भाग गए ।

स्कूटर छीना

इसी थाना के गांव करीमपुर के निकट 4 उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर कल सायं हंसराज नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

दोनाली छीनी

थाना सदर के गांव नौली में 3 उग्रवादियों ने नम्बरदार चरण सिंह के घर से 12 बोर की दोनाली छीन ली ।

हथियार न मिले, स्कूटर ले गए

शाहाकोट थाना के गांव सरदारवाला में 2 उग्रवादी संतोख सिंह के घर में आए और लाईसैंसी









अमृतसर के माल रोड क्षेत्र में मारे गये काले गांव के दो व्यक्ति सुरजीत सिंह और घोला (ऊपर)। (नीचे बाएं) एस.पी. कार्यालय के बाहर धरना देकर बैठे गांववासी और रिश्तेदार,(दाएं) न्याय का विश्वास दिलाते हुए एस.पी. । *(छाया : भंडारी)*

दो मज़दूरों की हत्या आतंकवादी घटना नहीं

अमृतसर, 21 अगस्त (भाटिया): कल सायं दो मजदूरों की हत्या की गई थी और उनकी लाशें राजासांसी हवाई अड्डे के निकट मिली थीं । इस

कुमार व उसके साथियों ने क्रिकेट की विकेटों से पीट-पीट कर दोनों को मार डाला । बाद में लाशों को खुर्द-बुर्द करने व आतंकवादी रंग देने के लिए





रणजीत सागर डैम प्रोजैक्ट की बस वीरवार को शाहपुर कंडी के [illegible] कर्मचारी) तथा श्रीमती शिमला रानी धर्मपत्नी रोशन लाल ।

उग्रवादी और स्कूटर छीनने वाले गिरफ्तार किए गए हैं । यहां से 15 कि.मी. दूर रुड़की गांव क्षेत्र में एक छोटे पुल पर 3 स्कूटर सवारों को पीछा करते पकड़ लिया गया । इनमें से 2 बलदेव सिंह और सरूप इद्र सिंह पहले ही खोखा जलाने के केस में जमानत पर रिहा हैं । तीसरे का नाम लखविन्दर है । उनसे एक सर्विस रिवाल्वर, एक 12 बोर की पिस्तौल और 12 बोर की पिस्तौल से बनाई गई 'स्टेनगत' बरामद की गई है । इस गिरोह बारे सूचना खुद को एक अकाली सांसद का पी.ए. बताने वाले तजिन्दर सिंह उर्फ टोनी उर्फ बाबा टकसालिया ने दी थी । कुल 5 स्कूटर और 2 मोपेड बरामद किए गए हैं । दर्शन सिंह निहंग, निर्मल जीत सिंह, बलजीत सिंह और गुरदीप सिंह को स्कूटर छीनने की विभिन्न वारदातों के संबंध में गिरफ्तार किया गया है । निर्मलजीत सिंह डकाला गांव के महंत बाबा मोनी की हत्या में भी संलिप्त था । इन सभी से पूछताछ जारी है और महत्वपूर्ण सुराग मिलने की सम्भावना है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

लुधियाना (महिन्द्रा): कल रात नगर पुलिस ने नाकाबंदी करके तीन आतंकवादियों दलजीत सिंह उर्फ एप्पी (लुधियाना), शिवराज सिंह (जिला फिरोजपुर) और बलविन्दर सिंह (जिला लुधियाना) को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से 12 बोर का एक पिस्तौल, 4 कारतूस बरामद किए गए । एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि 13 अगस्त को गिल रोड स्थित पंजाब बिजली बोर्ड के कार्यालय में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने एक आतंकवादी मनजीत सिंह को डेढ़ लाख रुपए लूटते वक्त पकड़ लिया था, वह कल रात पकड़े गए गिरोह का नेता था । गिरोह के उक्त तीनों सदस्यों ने गिल रोड पर शराब का ठेका लूटने का अभियोग भी कबूल किया है ।

स्वीकारोक्तियां

'जोशी' के अनुसार यहां के उच्च पुलिस सूत्रों ने बताया है कि थाना सदर की पुलिस ने 17-18 अगस्त की मध्यवर्ती रात को जिन चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था तथा जिनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए थे, वे उन्होंने 7.7.87 तथा 11.7.87 को मौजा बलोके और काकोवाल से लूटे थे । उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तारी वाली रात ये सब उन हथियारों से लैस होकर कोई बड़ी वारदात करने जा रहे थे । उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने 5.7.87 को हैबोवाल के डाकखाने से 20940 रु., 4.6.87 को पनसप गैस एजैंसी से 13965 रु., 20.7.87 को [illegible]



जालंधर में हड़ताल निकाला ।

हो सकती है । [illegible] और साफ-सथरी स्वयं रोगों का शि[illegible] है, बल्कि रोगियों [illegible] सिद्ध हो सकती हैं [illegible] में नर्सों को 125- जबकि यहां मात्र

श्रीमती चीम[illegible] त्यौहार या प्रत्येक पड़ती है और वह न मना कर अपने मगर इसके लिए आदि नहीं देती । है जो कि महिल[illegible] खतरनाक सिद्ध हो सरक्षा का प्रबन्ध विशेष सुविधा तो कर रही है ।

श्रीमती चीम[illegible] नर्सों को साढ़े तीन के प्रशिक्षण वाले जा रहा है । इन[illegible] कर्मियों को सिर्फ इससे वंचित हैं ।

उन्होंने कहा आश्वासन देकर मगर बाद में उस एसोसिएशन तब तक उनकी मांगें जाएगा ।

दूसरे दिन भी

Punjab Kesari





अमृतसर के माल रोड क्षेत्र में मारे गये काले गांव के दो व्यक्ति सुरजीत सिंह और घोला (ऊपर)। (नीचे बाएं) एस.पी. कार्यालय के बाहर धरना देकर बैठे गांववासी और रिश्तेदार,(दाएं) न्याय का विश्वास दिलाते हुए एस.पी. । (छाया : भंडारी)

दो मज़दूरों की हत्या आतंकवादी घटना नहीं

अमृतसर, 21 अगस्त (भाटिया): कल सायं दो मजदूरों की हत्या की गई थी और उनकी लाशें राजासांसी हवाई अड्डे के निकट मिली थीं । इस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझा कर जिला पुलिस चीफ श्री इज़हार आलम ने पत्रकारों को बताया कि माल रोड पर कोठी नं. 46 के सुशील कुमार, उसके ड्राइवर मुखविन्दर सिंह व दो अन्य साथियों प्रगट सिंह और जगदीश ने मिल कर इन दो मज़दूरों की पीट-पीट कर हत्या कर दी । घटना का विवरण देते हुए श्री आलम ने कहा कि मुखविन्दर सिंह ड्राइवर ने मृतक सुरजीत सिंह और घोला को उनके गांव धन्नपर काले में जाकर कहा कि उन्हें मालिक सुशील कुमार ने बुलाया है । जिस पर वह कार में बैठ कर कोठी में आ गए । वहां पर सुशील कुमार ने उन पर यह आरोप लगाया कि उन्होंने कोठी से 80,000 रु. के ज़ेवरात चोरी किए हैं । सुशील कुमार व उसके साथियों ने क्रिकेट की विकेटों से पीट-पीट कर दोनों को मार डाला । बाद में लाशों को खुर्द-बुर्द करने व आतंकवादी रंग देने के लिए उनके गले में रस्सी डाल दी व एक लाश को राजासांसी के निकट नहर में फैंक दिया । लोगों ने उन्हें ऐसा करते हुए देख लिया और सी.आर.पी. की गश्ती पार्टी को सूचित किया । सी.आर.पी. ने मीराकोट के निकट मारुति कार पी.सी.ओ. 1561 को दबोच लिया । जिसमें से एक अन्य लाश बरामद की गई । पुलिस ने चारों व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 302, 364 के अधीन मुकद्दमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है ।

इसी दौरान काले गांव के एक हजार निवासियों ने जिलाधीश के कार्यालय के बाहर ज़ोरदार प्रदर्शन करके हत्यारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की ।

जालन्धर (भाटा): एक युवा किसान को 3 नकाबपोश आतंकवादियों ने कल रात 9.30 बजे नवांशहर थाना के गांव शेखुपुर बाठ में गोली मार कर घायल कर दिया । घायल हरजिन्दर सिंह के बाएं कंधे में गोली लगी है और नवांशहर सिविल अस्पताल में उसकी हालत खतरे से बाहर है । वह अपने मित्रों के साथ ट्रैक्टर पर बलाचौर से अपने गांव गोपालपुर जा रहा था, अचानक अंधेरे में मुंह ढापे 3 उग्रवादी स्कूटर पर आ धमके और ट्रैक्टर के आगे खड़े हो गए । एक उग्रवादी ने हरजिन्दर पर गोली चलाई और फिर सभी भाग गए ।

स्कूटर छीना

इसी थाना के गांव करीमपुर के निकट 4 उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर कल सायं हंसराज नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

दोनाली छीनी

थाना सदर के गांव नौली में 3 उग्रवादियों ने लम्बरदार चरण सिंह के घर से 12 बोर की दोनाली छीन ली ।

हथियार न मिले, स्कूटर ले गए

शाहाकोट थाना के गांव सरदारवाला में 2 उग्रवादी संतोख सिंह के घर में आए और लाईसैंसी हथियार मांगे । संतोख सिंह ने बताया कि बंदूक और रिवाल्वर दोनों थाने में जमा हैं, तो उग्रवादियों ने घर की तलाशी ली । कुछ न मिलने पर वह घर में खड़ा स्कूटर ले गए ।

विस्फोटक जालन्धर लाए जा रहे थे

'ह.स.' के अनुसार कल गोराया के निकट 8 डैटोनेटरों और 940 ग्राम विस्फोटक सहित पकड़े गए उग्रवादी बलविन्दर सिंह उर्फ खालसा ने स्वीकार किया है कि वह यह विस्फोटक जालन्धर में किसी सार्वजनिक स्थल पर लगाने के लिए ले जा रहा था ।

7 पुलिस-कर्मी नज़रबंद

'क' के अनुसार गत 25 जुलाई को जालन्धर पुलिस के 7 कर्मचारी, एक हैडकांस्टेबल गुरदेव सिंह और 6 कांस्टेबल हरविन्दर सिंह, संतोख सिंह, हरभजन सिंह, अश्विनी कुमार व अशोक कुमार तथा सी.आई.डी. का कांस्टेबल सरूप सिंह, जो उग्रवादियों को शह, पनाह देने तथा उन्हें अपने वाहनों द्वारा सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने आदि के आरोप में गिरफ्तार किए गए थे और जांच पूरी होने पर जिन्हें गत 18 अगस्त को नौकरी से हटा दिया गया था, उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अधीन नज़रबंद कर दिए जाने का समाचार मिला है । पुलिस सूत्रों के अनुसार एक अन्य पुलिस-कर्मी भी गिरफ्तार किया गया है, जिसकी उग्रवादी समर्थक सरगर्मियों बारे जांच चल रही है ।

उल्लेखनीय कि जहां अश्विनी कुमार और अशोक कुमार कुछ लुटेरों के साथ मिल कर लूटपाट व छीना-झपटी की वारदातें करते थे, वहां बाकी के पांच पुलिस-कर्मी दो खतरनाक उग्रवादियों जसपाल सिंह उर्फ़ धन्ना सिंह तथा अजीत सिंह की मदद करते व उन्हें शरण आदि देते थे । यह दोनों उग्रवादी पी.ए.पी. के भूतपूर्व हैड-कांस्टेबल थे और पुलिस महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो पर हमले के बाद से फ़रार थे और बर्खास्त कर दिए गए थे ।

इसी बीच जालन्धर जिला पुलिस अभी तक मुख्तापर हत्याकांड जिसमें गृहमंत्री श्री बूटा सिंह के छः संबंधी उग्रवादियों द्वारा मार दिए गए थे, की जांच में कोई विशेष प्रगति नहीं कर पाई, यद्यपि उसने कुछ संदिग्ध उग्रवादी युवकों व सिख छात्र संघ से सम्बद्ध युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ।

फिरोजपुर) और हरविन्दर सिंह (जिला लुधियाना) को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से 12 बोर का एक पिस्तौल, 4 कारतूस बरामद किए गए । एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि 13 अगस्त को गिल रोड स्थित पंजाब बिजली बोर्ड के कार्यालय में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने एक आतंकवादी मनजीत सिंह को डेढ़ लाख रुपए लूटते वक्त पकड़ लिया था, वह कल रात पकड़े गए गिरोह का नेता था । गिरोह के उक्त तीनों सदस्यों ने गिल रोड पर शराब का ठेका लूटने का अभियोग भी कबूल किया है ।

स्वीकारोक्तियां

'जोशी' के अनुसार यहां के उच्च पुलिस सूत्रों ने बताया है कि थाना सदर की पुलिस ने 17-18 अगस्त की मध्यवर्ती रात को जिन चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था तथा जिनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए थे, वे उन्होंने 7.7.87 तथा 11.7.87 को मौजा बलोके और काकूवाल से लूटे थे । उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तारी वाली रात ये सब उन हथियारों से लैस होकर कोई बड़ी वारदात करने जा रहे थे । उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने 5.7.87 को हैबोवाल के डाकखाने से 20940 रु., 4.6.87 को पनसप गैस एजैंसी से 13965 रु., 20.7.87 को दीवान गैस सर्विस से 3000 रु., 25.6.87 को अमृत गैस कम्पनी से 6165 रु., 7.7.87 को मौजा बलोके से हथियार छीने, 11.7.87 को काकूवाल से हथियार छीने, 2.7.87 को जालन्धर रोड की चुंगी से 3549 रु., फिरोजपुर रोड की चुंगी से 8931 रु., 23.7.87 को पंजाब कृषि वि.वि. के पैट्रोल पम्प से 1014 रु., 2.2.87 को कृषि वि.वि. में एक आदमी से 335 रु., 30.7.87 इंडस्ट्रियल एरिया डाकखाना से 2889 रु. । इसी प्रकार बस्सी जोदेवाल के सरदार फिलिंग स्टेशन से 400 रु. और हेबोवाल के एक दुकानदार से 2000 रु. लूटे थे । उन्होंने स्वीकार किया कि ये वारदातें पिस्तौल की नोक पर की गईं । इस खतरनाक गिरोह के कुल 9 सदस्य हैं । गिरफ्तार अभियुक्त हैबोवाल के रहने वाले हैं जबकि दो सदस्य अमृतसर के हैं । उन्होंने जांच के दौरान बताया कि वारदातों के बाद वे हैबोवाल में अपने-अपने घरों में चले जाते थे और जिन हथियारों से वारदातें की जाती थीं, उन्हें प्लास्टिक के थैलों में जमीन के अंदर दबा कर छुपा दिया जाता था ।

स्कूटर छीना

आज दोपहर पायल थाना के गांव धमोट के निकट 3 उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर कमलजीत से स्कूटर छीन लिया ।

स्कूटर चोरी

संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार यहां अखबारों के एजैंट श्री विनोद कुमार जब किसी संबंधी को स्कूटर बाहर खड़ा करके सिविल अस्पताल दिखाने गए तो वापस आने तक उनका स्कूटर चोरी हो चुका था । स्कूटर का नम्बर पी.जे.डी. 5578 बताया गया है ।

हवलदार की हत्या

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार आज रात्रि बटाला-जालन्धर रोड पर उग्रवादियों ने फायरिंग करके होमगार्ड के 45 वर्षीय हवलदार मंगल सिंह की हत्या कर दी । वह बटाला सदर थाने में तैनात था तथा रात में ड्यूटी खत्म करके अपने ग्राम चाहल जा रहा था । वह पहले पंजाब पुलिस तथा बी.एस.एफ. में भी रह चुका था ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

दाखिला शुरू

B/W, Colour टैलीविज़न कोर्स करें, रात्रि कक्षा आरम्भ, नैशनल इलैक्ट्रानिक्स ट्रेनिंग कालेज, गुरदासपुर रोड, पठानकोट ।

किराए के लिए

10 दुकानें, मिट्ठा बाज़ार, नज़दीक माईहीरां गेट, 1st Floor+2nd Floor, हर किस्म के कारोबार करने के लिये उपलब्ध हैं । सम्पर्क करें : सेठ ब्रदर्ज़, अटारी बाज़ार, जालंधर शहर, Off : 74203, Res. : 78173.

शिक्षा

LL.B/B.Ed.
(Graduate, 40%-45% Eligible)
From UP-Rajasthan, Prospectus Rs. 10/-.
GURU GOBIND SINGH COLLEGE,
Garha, JALANDHAR CITY.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 21.8.87 Rs. 44/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.10 per Dozen.

नीलामी सूचना

Auction of Brick Kiln for five years by Gram Panchayat Raison (Nilokheri) on 8.9.1987 at High School Raison at 10 A.M. Area for Auction about 9 Acres.

चिकित्सा

औरतों का सभी प्रकार का इलाज़ चेहरे के दाग आदि की दवाई लेने के लिये मिलें : **वैद्य** बी.एस., नूरदी बाज़ार, तरनतारन (अमृतसर) ।

ताज-उल-हिकमत (प्रैक्टिस आफ मैडीसन) समस्त रोग डाक्टरी/आयुर्वेदिक/यूनानी/होम्योपैथिक चिकित्सा 1344 पृष्ठ, 150 रंगीनी चित्र, सजिल्द गोल्ड हिन्दी या उर्दू 200 रुपए, स्वतंत्रता छूट (31 अगस्त तक) 50 रुपए पोस्टेज 10 रुपए वी.पी. 160 रुपए मंगाएं । निराला जोगी आयुर्वेद मासिक (बिहाइंड बस स्टैंड), पानीपत-132103.

जगराता

होशियारपुर में फ्रैंडशिप क्लब की तरफ से 22

...rays. NECC Suggested
...per Dozen.

...मी सूचना

...rick Kiln for five years by
...t Raison (Nilokheri) on
...h School Raison at 10
...ction about 9 Acres.

...कित्सा

...प्रकार का इलाज़ चेहरे के दाग
...लिये मिलें : वैद्य बी.एस., नूरदी
...मृतसर) ।

...त (प्रैक्टिस आफ मैडीसन)
...आयुर्वेदिक/यूनानी/होम्योपैथिक
...ठ, 150 रंगनी चित्र, सजिल्द
...00 रुपए, स्वतंत्रता छूट (31
...पोस्टेज 10 रुपए वी.पी. 160
...जोगी आयुर्वेद मासिक (बिहाइंड
...32103.

...गराता

...डेशिप क्लब की तरफ से 22
...ा स्टेज, नई आबादी में विशाल
...त्तर भारत के प्रसिद्ध कलाकार
...टी लुधियाना, विनोद कुमार
...नत्थू एंड पार्टी जालंधर तथा
...ाग लेंगी । चाय और लंगर की
...ाउशाला बाज़ार वाले करेंगे ।
...प्रधान तथा समस्त प्रबंधक

...ा सूचना

...or Practicel, Sanitary
...S (one year after
...MP), Pass M.A./M.
...ne sitting. B.A./B.Sc./
...ter/B.A.I. Inter (B.A.I.)
...dmission guidance for
...T.Prospectus Rs. 10/-
...Singh College, Garha,
...std-1984.

...ोतिष

...ल, बताए जीवन का हाल, ऋषि
...5, माडल टाऊन, लुधियाना ।

...श्यकता

...रत है । हमें अपने आटो पार्ट्स
...में निम्न की जरूरत है ।
...कम 5साल का इंजीनियरिंग
...कों से काम लेन का अनुभव,
...ीन पर 3-4 साल का तजुर्बा,
...Vernier पढ़ने के साथ-साथ
...ानकारी जरूरी । उपरोक्त
...10से 1 बजे तक Precision
...Corporation, C-96,
...e, जालंधर बाईपास रोड पर
...652.

...की तुरन्त आवश्यकता है ।
...School, Bagh Jhanda

...हाई स्कूल, जालंधर छावनी में
...ं, प्रभाकर, ओ.टी. सरकारी
...ता है । आवेदन पत्र मैनेजर के
...क भेजें ।

आरोप में गिरफ्तार किए गए थे और जांच पूरी होने पर जिन्हें गत 18 अगस्त को नौकरी से हटा दिया गया था, उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अधीन नज़रबंद कर दिए जाने का समाचार मिला है । पुलिस सूत्रों के अनुसार एक अन्य पुलिस-कर्मी भी गिरफ्तार किया गया है, जिसकी उग्रवादी समर्थक सरगर्मियों बारे जांच चल रही है ।

उल्लेखनीय कि जहां अश्विनी कुमार और अशोक कुमार कुछ लुटेरों के साथ मिल कर लूटपाट व छीना-झपटी की वारदातें करते थे, वहां बाकी के पांच पुलिस-कर्मी दो खतरनाक उग्रवादियों जसपाल सिंह उर्फ़ धन्ना सिंह तथा अजीत सिंह की मदद करते व उन्हें शरण आदि देते थे । यह दोनों उग्रवादी पी.ए.पी. के भूतपूर्व हैड-कांस्टेबल थे और पुलिस महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो पर हमले के बाद से फ़रार थे और बर्खास्त कर दिए गए थे ।

इसी बीच जालन्धर जिला पुलिस अभी तक मुस्तापुर हत्याकांड जिसमें गृहमंत्री श्री बूटा सिंह के छः संबंधी उग्रवादियों द्वारा मार दिए गए थे, की जांच में कोई विशेष प्रगति नहीं कर पाई, यद्यपि उसने कुछ संदिग्ध उग्रवादी युवकों व सिख छात्र संघ से सम्बद्ध युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है । अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में पुलिस द्वारा छापों का सिलसिला जारी बताया गया है ।

इसके अतिरिक्त जालन्धर के माडल टाऊन में अकाली पत्रिका समाचार पत्र के सम्पादक श्री आर.एस. सोढी की कोठी पर तैनात चार सुरक्षा गार्डों की हत्या भी अभी तक रहस्य बनी हुई है और जांच में कोई प्रगति नहीं हुई बताई गई । इस बीच अतिरिक्त पुलिस महा-निदेशक श्री के.पी.एस. गिल आज यहां आए । पता चला है कि उन्होंने उक्त दोनों हत्याकांडों की जांच की प्रगति बारे जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए ।

जालन्धर पुलिस ने फिल्लौर थाना क्षेत्र के बेगमपुर से सुरजीत सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया ।

नकोदर थाना क्षेत्र के हरिपुर बाढ़ ग्राम के पास 7 अगस्त को मठभेड़ में मारे गए उग्रवादी की शिनाख्त हरेन्द्र पाल सिंह उर्फ़ गोगी के रूप में हुई है जिसने 7 अप्रैल को होशियारपुर के मालाबाद में हरपाल सिंह व उनकी बहन की, 26 मार्च को जालन्धर के साहिलपुर के पास एक स्कूटर सवार की, 2 फरवरी को बलाचौर के तोशा ग्राम में अजीत पेपर मिल के कैशियर की, 10 मई को बलाचौर के पास 2 व्यक्तियों की हत्याएं की थीं ।

7 उग्रवादी बंदी

फिरोज़पुर (धीमान): फाजिल्का में नाकाबंदी के दौरान 3 उग्रवादियों खजान सिंह, परगट सिंह और बख्शीश सिंह (सभी रत्ताखेड़ा निवासी) को गिरफ्तार करके 3 पिस्तौलें बरामद की हैं ।

कल 4 उग्रवादियों को माल्लांवाला पुलिस ने गिरफ्तार किया था ।

2 गिरफ्तार

धूरी (वर्मा): अकालगढ़ मूनक पुलिस ने 2 उग्रवादियों करनैल सिंह, बाबा सिंह (दोनों लहरागागा) को गिरफ्तार करके 2 पिस्तौल, कुछ कारतूस और एक लूटा हुआ स्कूटर बरामद किया है ।

8 उग्रवादी गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): एस.पी. कंवर आर.एस. गिल के अनुसार विगत 24 घंटों के दौरान 8 दिया जाता था ।

स्कूटर छीना

आज दोपहर पायल थाना के गांव धमोट के निकट 3 उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर कमलजीत से स्कूटर छीन लिया ।

स्कूटर चोरी

संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार यहां अखबारों के एजैंट श्री विनोद कुमार जब किसी संबंधी को स्कूटर बाहर खड़ा करके सिविल अस्पताल दिखाने गए तो वापस आने तक उनका स्कूटर चोरी हो चुका था । स्कूटर का नम्बर पी.जे.डी. 5578 बताया गया है ।

हवलदार की हत्या

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार आज रात्रि बटाला-जालन्धर रोड पर उग्रवादियों ने फायरिंग करके होमगार्ड के 45 वर्षीय हवलदार मंगल सिंह की हत्या कर दी । वह बटाला सदर थाने में तैनात था तथा रात में ड्यूटी खत्म करके अपने ग्राम चाहल जा रहा था । वह पहले पंजाब पुलिस तथा बी.एस.एफ. में भी रह चुका था ।

दर्शन सिंह ...

(पृष्ठ का शेष)

पत्रकारों ने उनसे मिलने का पुनः प्रयत्न किया परन्तु उन्हें बताया गया कि वह किसी अज्ञात स्थान की ओर चले गए हैं ।

इसी बीच पता चला है कि प्रोफैसर दर्शन सिंह को गिरफ्तार करने के लिए एक पुलिस पार्टी दिल्ली से रवाना हो चुकी है ।

'एन.एस. परवाना' के अनुसार प्रोफैसर दर्शन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती मनजीत कौर ने चंडीगढ़ से जीरकपुर पहुंचे कुछ पत्रकारों को बताया कि कल 22 अगस्त को सिंह साहब के मौन व्रत का अन्तिम दिन है । पुलिस पार्टी के वहां पहुंचने बारे श्रीमती मनजीत कौर ने बताया कि 'अभी तक कोई पुलिस वाला नहीं आया ।' इससे पूर्व चंडीगढ़ में स्थित कुछ प्रमुख पत्रकारों को दर्जनों टैलीफोन आए कि क्या सिंह साहब की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली से रवाना हुई पुलिस पार्टी जीरकपुर पहुंच चुकी है ? श्रीमती मनजीत कौर का कहना है कि सिंह साहब जहां कहीं भी हैं वह एकांत वास में हैं और शनिवार सायं या रविवार प्रातः ही मिल सकेंगे ।

दुर्घटना में 60 मरे

जोहांसबर्ग, 21 अगस्त (वार्ता): दक्षिण अफ्रीका में आज एक बस के घाटी में गिर जाने से उसमें सवार कम से कम 60 खान श्रमिकों की मृत्यु हो गई ।

लौंगोवाल की बरसी पर हिन्दू संस्थाओं का सहयोग

बरनाला, 21 अगस्त (सिंधवानी): कल मौजा लौंगोवाल में सन्त लौंगोवाल की दूसरी बरसी के अवसर पर कई हिन्दू संस्थाओं ने भी भरपूर सहयोग दिया । भा. महावीर दल और सेवा-समिति के एक हजार स्वयं सेवक ठंडा पानी पिलाने की सेवा करते रहे । पता चला है कि मार्केट कमेटी ने उन्हें पानी पिलाने के लिए 300 गिलास देने का फैसला किया मगर केवल 190 गिलास ही दिए गए । इस प्रकार 110 गिलासों की राशि कमेटी का कोई अधिकारी स्वयं ही डकार गया मालूम होता है ।

Punjabi Sanitari

...ल्म को सिनेमा हाल में देखें क्योंकि वीडियो पर

...क्या हुआ जब...

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार, 23 अगस्त, 1987 तदनुसार, 7 भाद्रपद, 2044

दो उग्रवादी साथियों ने मार डाले, तीसरा पुलिस भिड़ंत में मारा गया

पंजाब भर में 10 निर्दोषों की हत्या : विभिन्न स्थानों पर 11 बंदी

तरनतारन क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशियां

चंडीगढ़, 22 अगस्त (ह.स., वार्ता, विभिन्न सम्वाददाता): पंजाब में हिंसा एवं लूटमार की घटनाएं निरंतर बढ़ रही हैं । जिला अमृतसर में उग्रवादियों ने एक हैडकांस्टेबल, ससुर व दामाद सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि जिले के दो विभिन्न स्थानों पर 3 शव बरामद हुए हैं । जिला जालन्धर के एक गांव में गली में बाहर सोए हुए दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि रोपड़ में एक पुजारी तेजधार शस्त्रों से मार दिया गया। बलाचौर में एक कंपाऊडर की हत्या कर दी गई । जिला गुरदासपुर में उग्रवादियों ने अपने ही 2साथियों की हत्याएं कर दीं । सुरक्षा बलों ने जिला अमृतसर में 1, जिला जालन्धर में 2, जिला फरीदकोट में 7 और धूरी के निकट से एक उग्रवादी गिरफ्तार किया है ।

ज़िला अमृतसर में हत्याएं

अमृतसर (ह.स): जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ ।

हैडकांस्टेबल की हत्या

सरकारी सूचना के अनुसार झब्बाल क्षेत्र में हैडकांस्टेबल मंगल सिंह को आज तड़के दो संदिग्ध आतंकवादियों ने गोली मार दी । वह उस समय ड्यूटी से घर लौट रहा था ।

ससुर, दामाद की हत्या

लोपोक थाना क्षेत्र के एपम कोट गांव में हुई एक अन्य वारदात में छः संदिग्ध आतंकवादियों ने चमन लाल और उसके दामाद कृष्ण लाल की गोली मार कर हत्या कर दी । सूचना के अनुसार हमलावर चमन लाल के घर में जबरन घुस गए और सोने के जेवरात तथा अन्य मूल्यवान चीजें मांगीं । मना करने पर उन्होंने उपस्थित दो महिलाओं से जबरन कान की बालियां और जेवर छीन लिए । उसके बाद उन्होंने चमन लाल और उनके दामाद को घर के बाहर ले जाकर गोली मार दी । एक अन्य सूचना के अनुसार जिस गांव में यह घटना हुई, उसका नाम दयाराम है ।

किसान की हत्या

अमृतसर के बलटोहा थाना के अंतर्गत पूनियां गांव में आतंकवादियों ने कल रात एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार जोगिन्दर सिंह नामक यह व्यक्ति जब अपने फार्म हाऊस पर सोया हुआ था, तब आतंकवादियों ने आकर उसे जगाया और उससे उसकी दोनाली बंदूक मांगी । उसने अपनी बंदूक दे दी, फिर भी आतंकवादियों ने उसकी हत्या कर दी, इसके बाद वे भाग निकले ।

मुकाबले में उग्रवादी मारा गया

'अशोक सोनी' के अनुसार जिला अमृतसर के तरनतारन सब डिवीजन में आज बाद दोपहर सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया । मृतक के कब्जे से सुरक्षा बलों को एक सर्विस रिवाल्वर भी मिला है । मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

सुरक्षा बलों पर छः गोलियां चलाईं

आज सायं डी.आई.जी.सी.आर.पी.एफ. श्री सर्वजीत सिंह विर्क ने बताया कि आज बाद दोपहर लगभग एक बजे सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया । श्री विर्क ने कहा कि तरनतारन थाना सदर के गांव संघे में आज प्रातः से सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा था । उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि कल इस गांव में से सुरक्षा बलों पर फायरिंग हुई थी । इसलिए आज प्रातः से इस गांव में तलाशी अभियान चल रहा था कि एक युवक एक घर से निकल कर किसी दूसरे स्थान पर छिपने के लिए बाहर आया । सुरक्षा बलों ने जब उसे रुकने को कहा तो उसने जवानों पर रिवाल्वर से फायरिंग की । जवाब में सुरक्षा बलों द्वारा फायरिंग की गई, जिससे वह आतंकवादी मारा गया । श्री विर्क ने बताया कि इस आतंकवादी ने सुरक्षा बलों पर 6 गोलियां चलाईं, जो किसी भी जवान को न लगीं । तलाशी पर मृत उग्रवादी से .455 बोर का सर्विस रिवाल्वर मिला है । मृत उग्रवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । श्री विर्क ने बताया कि तरनतारन उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में जो तलाशी अभियान चल रहे हैं, वे सभी उनकी व अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इजहार

(शेष पृष्ठ 10 पर)

सिख नेतृत्व आतंकवाद के विरुद्ध लड़ने से डरता है : बूटा सिंह

मद्रास, 22 अगस्त : केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने पंजाब की वर्तमान स्थिति को "आंशिक रूप से बेहतर और आंशिक रूप से ना-बेहतर" करार दिया है । यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री सिंह ने कहा कि स्थिति को इस दृष्टि से बेहतर करार दिया जा सकता है कि लोगों का प्रशासन तंत्र में और खास कर सुरक्षा बलों में विश्वास बढ़ा है । लेकिन स्थिति को इस दृष्टि से ना-बेहतर कहा जा सकता है कि सिख नेतृत्व आतंकवाद के विरुद्ध लड़ने से डरता है ।

श्री सिंह ने अकाली नेतृत्व पर आतंकवाद के विरुद्ध कोई पक्का स्टैंड लेने से बचने का आरोप लगाया और कहा कि अन्य राजनीतिक दल इस बुराई के खिलाफ लड़ने के लिये एक जुट हो गये हैं । उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकार पंजाब में आतंकवाद को खत्म करने के लिये कृतसंकल्प है ।

यहां राज भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुये गृहमंत्री ने कहा कि पहले कुछ अकाली नेता छुपे तौर पर आतंकवादियों को सहायता दिया करते थे लेकिन अब खुशी की बात यह है कि अकाली पार्टी अब खुले तौर पर आतंकवादियों को समर्थन नहीं दे रही ।

श्री बूटा सिंह ने कहा कि आतंकवाद की समाप्ति के लिए मैं अपने प्राण भी देने को तैयार हूं । उन्होंने कहा कि देश के शत्रुओं के एजैंटों द्वारा देश के विभाजन की अनुमति नहीं दी जा सकती । अब आतंकवादी शत्रु के एजैंटों के तौर पर काम कर रहे हैं । हमारे शत्रु उन्हें धन, हथियार और प्रशिक्षण दे रहे हैं । जब उनसे शत्रु का नाम लेने को कहा गया तो उन्होंने कहा कि शत्रु सीमा पार से यह सब कुछ कर रहा है ।

उन्होंने कहा कि पंजाब के कुछ गुरुद्वारों के अंदर शत्रु जम कर बैठे हैं । उन्होंने कहा कि अकाली नेतृत्व को चाहिए कि वह अपने आपको इनकी जकड़ से मुक्त करे । इसके बाद ही आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई प्रभावी ढंग से की जा सकेगी ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बोफ़ोर्स सौदे में दलाल के पर्याप्त प्रमाण मौजूद : वी.पी. सिंह

नई दिल्ली, 22 अगस्त (वार्ता): भूतपूर्व वित्त एवं रक्षामंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा है कि बोफोर्स तथा अन्य रक्षा सौदों में रिश्वत या दलाली के भुगतान के मामलों में जो प्रमाण मिल चुके हैं वे पूरी तरह पर्याप्त हैं । उन्होंने कहा कि इसके बावजूद केंद्र सरकार अपना कर्त्तव्य पूरा नहीं कर रही है ।

छोटी सी बात

टी-72 टैंक का सफल परीक्षण

मद्रास, 22 अगस्त : भारत में ही हिस्से पुर्जे जोड़ कर तैयार किये पहले टी-72 एम-1 का आज यहां से 24 किलोमीटर अवाड़ी की भारी वाहन फैक्टरी में सफल परीक्षण किया गया । सोवियत संघ में बना यह टैंक मंझोले आकार का है । रक्षामंत्री श्री के.सी. पंत ने बटन दबा कर पहला गोला दागा । श्री पंत ने इस परीक्षण को सफल करार देते हुये इसे देश की रक्षा की दिशा में







नकोदर के निकटवर्ती गांव धालीवाल में उग्रवादियों द्वारा (2) बद्रीनाथ (छाया : गगन), (3) पटियाला पुलिस द्वारा गत हथियार और कारतूस ।

मुझे अपनी गिरफ्तारी जब चाहे गिरफ्ता

चंडीगढ़, 22 अगस्त (परवाना): अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह खालसा ने पांच दिनों का अज्ञातवास खत्म करने के बाद घोषणा की है कि मैं सिख समुदाय के आदेश से भागा नहीं हूं । यदि पारस्परिक वातावरण ठीक हो जाए और लड़ाकू युवकों, जो हमारे बच्चे हैं, के दिल से सभी भ्रांतियां दूर हो जाएं तो मुझे वापस अमृतसर जाने में कोई आपत्ति नहीं । आज यहां से लगभग 12 किलो मीटर दूर जीरकपुर में अपनी कोठी 'कीर्तन विला' में पत्र-प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यदि बच्चों (लड़ाकू युवकों) के मन में विश्वास हो जाए कि अकाल तख्त का जत्थेदार कोई गलत काम नहीं करता और वह कौम के भले के लिए ही मार्ग दर्शन करता है तो इस प्रकार का विश्वास ही सारा

रहस्योद्घाटन
से मैं अमृतसर
हजारों लोग अ
लड़ाकू जत्थेबं
उन्होंने कहा
गुरतेज सिंह ब
उन्होंने पेशकश
सुलह-सफाई क
कहा कि इस स
एकता की अत्य
की यह आवाज
हो । उन्होंने
कौम और लड़ा
कौम इस प्रका

Punjabi Sanjatani

ज्यादा है । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं है और उनका एकमात्र लक्ष्य हत्याएं करना

का कोई भी मामला उनके ध्यान में लाएं । उन्होंने कुख्यात आतंकवादी रणजीत सिंह राणा का

की कुचलने का
अपराधियों को क

डाले,
गया
र 11 बंदी
ाशियां

कि तलाशी अभियान की
ी क्योंकि कल इस गांव में से
ा हुई थी । इसलिए आज
ाशी अभियान चल रहा था
से निकल कर किसी दूसरे
बाहर आया । सुरक्षा बलों
कहा तो उसने जवानों पर
। जवाब में सुरक्षा बलों
उससे वह आतंकवादी मारा
या कि इस आतंकवादी ने
नयां चलाईं, जो किसी भी
ाशी पर मृत उग्रवादी से
रिवाल्वर मिला है । मृत
नाख्त नहीं हो सकी । श्री
ारन उपमंडल के विभिन्न
यान चल रहे हैं, वे सभी
एस.एस.पी. श्री इजहार
0 पर)

क विरुद्ध
ा सिंह

क आतंकवाद की समाप्ति
ने को तैयार हूं । उन्होंने
के एजैंटों द्वारा देश के
हीं दी जा सकती । अब
के तौर पर काम कर रहे
हथियार और प्रशिक्षण दे
का नाम लेने को कहा गया
ीमा पार से यह सब कुछ

के कुछ गुरुद्वारों के अंदर
उन्होंने कहा कि अकाली
पने आपको इनकी जकड़
द ही आतंकवादियों के
से की जा सकेगी ।
10 पर)

टैंक का


1


2


3

नकोदर के निकटवर्ती गांव धालीवाल में उग्रवादियों द्वारा मारे गए (1) जगन्नाथ और (2) बद्रीनाथ (छाया : गगन), (3) पटियाला पुलिस द्वारा गत दिवस उग्रवादियों से पकड़े गए हथियार और कारतूस । *(छाया : राजू)*

Punjabi Sanatani

इंक
वर्ष
मुझे भ्रष

शिमला,
हिमाचल प्रदेश
नई करवट ले
इंका विधायक
पार्टी विरोधी गति
पार्टी से निष्कासि

श्री मनकोटि
आज यहां प्रदेश
पार्टी के महासचि
इस प्रस्ताव का
किया ।

पार्टी प्रवक्
अपने बचाव में
नहीं पाया गया थ
गया है कि वह ले
हुए विधानसभा
लड़ें । श्री मनक
चुनाव क्षेत्र का

श्री संत राम
बहुत पहले निक
कहा कि उस स

अकाल
की

चंडीगढ़,
मुख्यमंत्री श्री सु
प्रतिक्रिया व्यक्त
के महासचिव
बरनाला के नेतृत
तथा केंद्र में का
असंगत है । इ
राष्ट्रपति शासन
गिनना भी असं
शासन के दौरान
अकाली मंत्री भ

मुझे अपनी गिरफ्तारी का कोई डर नहीं
जब चाहे गिरफ्तार कर ले : दर्शन

चंडीगढ़, 22 अगस्त (परवाना): अकाल तख्त

रहस्योद्घाटन किया कि गत दो सप्ताह के दौरान जब

हूं कि मैं लोगों की



केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह अमृतसर में गुरुतेग बहादुर अस्पताल में गांव मुस्तफापुर के एक घायल को देखते हुये । (छाया : रवि भंडारी)

उग्रवादी मरे
(पृष्ठ 3 का शेष)

आलम की उपस्थिति में चल रहे हैं ।

मृतक बी प्लस श्रेणी का उग्रवादी

सुरक्षा बलों ने तरनतारन उपमंडल के गांवों से उग्रवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर रखा है । आज सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में जो उग्रवादी मारा गया है, वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के रंजीतसिंह राणा का साथी बी प्लस श्रेणी का उग्रवादी रेशम सिंह समझा जाता है । सुरक्षा बलों ने खडूर साहिब क्षेत्र में भी घर-घर की तलाशी ली ।

कई हत्याओं के लिये जिम्मेवार था

एक अन्य सूचना के अनुसार मृत दुर्दांत रेशम सिंह मल्लजोरी उग्रवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स के दलबीर सिंह बिल्ला गुट से संबद्ध था । बिल्ला तरनतारन उप मंडल में एक समुदाय के कम से कम 100 लोगों की हत्या के लिये जिम्मेवार था । जिला अमृतसर के तरनतारन और अजनाला क्षेत्र से अल्पसंख्यक समुदाय के पलायन के लिये भी यही जिम्मेवार था । मृत दुर्दांत उग्रवादी तीन मास पूर्व अपने पैतृक गांव मल्लजोरी में परिवार के पूर्ण सफाए के अतिरिक्त एक विशेष समुदाय के लगभग 50 व्यक्तियों की हत्या के लिये उत्तरदायी था ।

मनजीत रिहा और गिरफ्तार

एकीकृत अकाली दल के महासचिव मनजीत सिंह कलकत्ता को आज उनके जमानत पर रिहा होने के बाद पुनः गिरफ्तार कर लिया गया । पार्टी के सचिव मनजीत सिंह तरनतारनी ने रिहाई के बाद पुनः गिरफ्तारी को 'लोकतंत्र की हत्या' बताया है ।

वार्ता के अनुसार सैंट्रल जेल से रिहा होने के तुरन्त बाद मंजीत सिंह रहस्यमय ढंग से लापता हो गये । उस समय एकीकृत अकाली दल के नेता प्रकाश सिंह मजीठा, मंजीत सिंह तरनतारनी, दलबीर सिंह, हरी सिंह वहां जेल के गेट पर उनके स्वागत के लिए उपस्थित थे । उनका आरोप है कि पुलिस ने मंजीत सिंह को रिहाई के तुरन्त बाद गिरफ्तार कर लिया जबकि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उन्हें दोबारा गिरफ्तार किये जाने का खंडन किया ।

अविनाशी सिंह, डा. बराड़ का पता नहीं चला

श्री भान सिंह ने आरोप लगाया है कि सरकार ने अभी तक श्री अविनाशी सिंह और डा. बलदेव सिंह बराड़, जो गत पांच मास से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हैं, का पता नहीं चला है । उन्होंने कहा कि हमारी मांग पर यह केस सी.बी.आई. के हवाले भी किया जा चुका है लेकिन अभी तक इस केस में कोई प्रगति नहीं हुई जान पड़ती क्योंकि कोई भी अधिकारी हम से कुछ पूछने अथवा बताने नहीं आया ।

तीन शव बरामद

पुलिस ने अमृतसर से दस किलोमीटर दूर अजनाला में आज सुबह एक सड़क के किनारे दो अज्ञात व्यक्तियों की गोलियों से छलनी लाशें बरामद कीं । इसके अलावा गुमटाला गांव में मकबरे के निकट एक तालाब से एक अन्य युवक की लाश भी बरामद की गई ।

किसान घायल

मजीठा पुलिस थाना क्षेत्र के लस्करी नांगल गांव में कल रात एक किसान इंदर सिंह को कुछ लोगों ने गोली मार कर घायल कर दिया । उसे गुरु तेगबहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

अमृतसर पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति राज बरिन्दर सिंह को गिलवाली गांव से गिरफ्तार कर लिया है । उसके पास से 455 बोर की एक रिवाल्वर भी बरामद हुई है ।

दो व्यक्तियों की हत्या

जालंधर (ह.स.): संदिग्ध उग्रवादियों ने गत रात्रि थाना नकोदर के गांव धालीवाल में दो व्यक्तियों की फायरिंग करके हत्या कर दी । पुलिस ने कहा है कि आक्रमणकारियों ने इनदोनों व्यक्तियों की उस समय हत्या की जब वे गली में सोए हुए थे । मृतकों में से एक का नाम जगन्नाथ और दूसरे का नाम बद्रीनाथ है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए और क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी गई है । मृतक जगन्नाथ की आयु 75 वर्ष और बद्रीनाथ की आयु 35 वर्ष थी । नकोदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । घटना का पता प्रातः उस समय लगा जब एक पड़ौसी ने दोनों के रक्तरंजित शव चारपाइयों पर पड़े देखे ।

कांस्टेबल घायल

आज प्रातः यहां केसर पैट्रोल पम्प के निकट एक अन्य घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स का एक कांस्टेबल उस समय घायल हो गया, जब उसके सहयोगी की राइफल अचानक चल गई । घायल को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

जालंधर पुलिस ने बलविंदर सिंह उर्फ बिंदा तथा साहिब सिंह उर्फ साबी को जंडियाला गांव से गिरफ्तार किया है । दोनों आतंकवादी कपूरथला जिले के सैफलाबाद गांव के निवासी हैं ।

जालन्धर के नूरमहल थाना क्षेत्र के ग्राम कंगनीवाल के पास 2 उग्रवादियों ने राज कुमार से उसका स्कूटर छीन लिया । नवांशहर के ग्राम बरूआ के पास भी उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

ठेके को जला दिया

गत रात्रि जिला जालंधर के गांव लितरां में शराब के एक ठेके को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगा दी गई ।

आभूषण उड़ा लिए

फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि फगवाड़ा व इर्द-गिर्द के क्षेत्रों में हुई तीन विभिन्न वारदातों में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने दो महिलाओं के कानों से सोने की बालियां उतार लीं व दो विभिन्न मकानों से लगभग पच्चीस हजार रुपए का सामान सेंध लगा कर चुरा लिया । पुलिस मामलों की जांच कर रही है ।

फगवाड़ा से 8 किलो मीटर दूर मानक पिंड में एक शराब के ठेके से शराब की 70 बोतलें लूट ली गई ।

पुजारी की हत्या

रोपड़ (ह.स.): उग्रवादियों ने कल रात्रि चमकौर साहिब जिला रोपड़ में चालूमाजरा सड़क पर एक पुजारी नारायण गिरि की तेजधार शस्त्रों से हत्या कर दी ।

एक अन्य सूचना के अनुसार पुजारी की हत्या गांव सालू माजरा में एक धार्मिक स्थल में की गई ।

स्कूटर छीन लिया

खन्ना (पूर्ण): खन्ना से 10 किलो मीटर दूर स्थित गांव डडहेड़ी के निकट उग्रवादियों ने पिस्तौल दिखा कर सुभाष चंद्र नामक एक व्यक्ति से उसका नया बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया ।

कम्पाऊंडर की हत्या

धलाचौर (सुभाष जोशी): कल रात यहां से चार किलोमीटर दूर गांव लोहट में कुछ आतंकवादियों ने डा. उजागर सिंह सूरी के घर पर गोलियां चला कर उसके कम्पाऊंडर जोगिन्दर सिंह को सख्त घायल कर दिया जिसकी बाद में पी.जी.आई. चंडीगढ़ में मौत हो गई । बताया जाता है कि मृतक डा. सूरी का रिश्तेदार था और उसके पास काम करता था । रात को भी वहीं ठहरता था । रात जब वह खाना खाकर घर के पिछली तरफ गया तो वहां खड़े कुछ व्यक्तियों ने 12 बोर की बंदूक से उस पर गोलियां चला दीं ।

पुरानी दुश्मनी ?

होशियारपर से 'प्रद्युम्न' के अनुसार डा. सूरी बलाचौर में क्लीनिक चलाता था और रात को अपने गांव लोटियां चला जाता था । जोगिन्दर सिंह उसके पास कम्पाऊंडर था । जब वे गांव वापस आए तो डाक्टर नहाने के लिए स्नानालय चला गया, जोगिन्दर सिंह आंगन में बैठा था । गोली की आवाज सुन कर जब डाक्टर बाहर आया तो जोगिन्दर सिंह को उसने खून से लथपथ पाया । एक सशस्त्र व्यक्ति उस पर गोली चला कर भाग गया था । एस.एस.पी. का विचार है कि यह घटना पुरानी दुश्मनी का परिणाम भी हो सकती है ।

सात उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स.): पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने 24 घंटों में जिला फरीदकोट में विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी के दौरान सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से छः पिस्तौलें, एक 12 बोर की बंदूक और चार दर्जन कारतूस बरामद किए हैं । जिले के पुलिस अधीक्षक श्री गोविंद राम के अनुसार ये उग्रवादी जिला फरीदकोट के लूटमार, डाकाजनी, स्कूटर छीनने और बैंक लूटने के सात मामलों में संलिप्त हैं । एस.एस.पी. ने बताया कि इन उग्रवादियों ने बब्बर खालसा के अनोख सिंह दुर्दांत उग्रवादी को पुलिस हिरासत में लुधियाना की कचहरियों में से छुड़ा लिया था । अभियुक्तों ने स्वीकार किया था कि उनकी जिले में कुछ महत्वपूर्ण नेताओं की हत्या की योजना थी ।

देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार

धूरी (सिंगला): बरनाला पुलिस ने गांव हमीदी के मिट्ठू सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से पांच कारतूसों के साथ एक देसी पिस्तौल बरामद की है । पुलिस ने दावा किया है कि उसके कब्जे से गांव नूड़ के अशोक कुमार से छीना हुआ स्कूटर भी बरामद हुआ है ।

उग्रवादियों द्वारा दो साथियों की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): जिले के पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. विरदी ने आज यहां बताया कि गुरदासपुर सदर के गांव मसीत के पास खेतों में से दो अज्ञात युवकों के शव मिले हैं । श्री विरदी ने बताया कि आज प्रातः गांव मसीत के सरपंच ने पुलिस को उक्त दो शवों की सूचना दी । पुलिस ने मौके पर जा कर देखा कि दोनों शव एक-दूसरे से लगभग एक किलोमीटर के अंतर पर पड़े थे । गांव के पास पड़े शव के पास से एक 12 बोर की बंदूक और राइफल तथा कुछ कारतूस मिले हैं । इस शव पर तेजधार शस्त्रों के निशान भी देखे गए हैं । श्री विरदी के अनुसार दूसरा शव जो पहले शव से एक किलोमीटर दूर पड़ा था, उस पर चार गोलियों के निशान पाए गए । दोनों शवों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । श्री विरदी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि ये हत्याएं उग्रवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम है तथा ऐसे लगता है कि उग्रवादियों के मध्य परस्पर हाथापाई भी हुई हो ।

केंद्र उग्रवादी संगठनों से बातचीत करे

भटिंडा (गोबर): आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के प्रचार सचिव (मंजीत) शरबेग सिंह ने चार मुख्य सिख ग्रंथियों की उस अपील का स्वागत किया है जिसमें उन्होंने तमाम उग्रवादी संगठनों को एक मंच पर जमा होने और नेतृत्व करने के लिए कहा है । शरबेग सिंह ने बूढ़े अकाली नेतृत्व को समाप्त हो चुकी शक्ति बताते हुए कहा कि यह सिखों की मांगें मनवाने में असफल रही है । उन्होंने केंद्र से उग्रवादी संगठनों से बातचीत करने के लिए कहा है ।

गैस एजैंसी को लूट लिया

पटियाला (भूषण): आज दोपहर यहां राजबाह रोड पर स्थित राजेंद्रा गैस एजैंसी के मालिक से दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर 4900 रुपए छीन लिए । अभियुक्त बिना नम्बर के स्कूटर पर आए और एजैंसी को लूटने के बाद भाग गए ।



ओलिम्पिक हाकी खिलाड़ी सुरेन्द्र सिंह सोढी, जिसे पदोन्नति देकर डी.एस.पी. नियुक्त किया गया है ।

शंकरानन्द का इस्तीफा मंजूर

नई दिल्ली, 22 अगस्त : राष्ट्रपति ने केंद्रीय जल संसाधन मंत्री बी. शंकरानन्द का केंद्रीय मंत्रिमंडल से त्यागपत्र प्रधानमंत्री की सलाह पर स्वीकार कर लिया है ।

पुरी चेयरमैन भी नियुक्त

चंडीगढ़, 22 अगस्त (संघी): पंजाब सरकार ने एस.डी.ओ. (सी) मानसा श्री जगजीत पुरी को अतिरिक्त कार्यभार सौंप कर उन्हें मानसा इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट का चेयरमैन भी नियुक्त किया है ।

लाभ सिंह ने ज़िम्मेदारी ली

अमृतसर, 22 अगस्त : खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल लाभ सिंह ने गांव मुस्तफापुर थाना करतारपर जिला जालंधर में श्री बूटा सिंह के नज़दीकी रिश्तेदारों की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि बूटा सिंह के रिश्तेदारों पर इसलिए हमला किया गया है कि बूटा सिंह सिंघों के खिलाफ बयान देते रहते हैं तथा उनका भाई अमरीक सिंह व भाभी कुलवंत कौर सिंघों के विरुद्ध सरेआम प्रचार करते थे कि पंजाब में सिंघ खत्म किए जाएंगे । अमरीक सिंह ने अपने गांव में पंचायत से अलग होकर ठेके की जगह दी थी तथा ठेका भी खुद ही चलाता था । इसी क्षेत्र में गत दिवस कमांडो फोर्स

गुमशुदा की तलाश
नवीन (पुत्र
गोपाल स्वामी, इंद्रा
[redacted]



Punjab Sanstan

उग्रवादियों द्वारा एस.पी. सिटी के गनमैन सहित चार लोगों की हत्या : चार आतंकवादी मारे गये

अमृतसर के गगन सिनेमा व एस.एस.पी. आवास के पास एस.पी. सिटी पर फायरिंग

कई उग्रवादी गिरफ्तार, लूटपाट की विभिन्न वारदातें

चंडीगढ़, 23 अगस्त (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज सायं अमृतसर के घनी आबादी वाले क्षेत्र विजय नगर में एक महिला व एस.पी. सिटी के गनमैन की हत्या कर दी । जवाबी मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया व दूसरा पकड़ लिया गया । उग्रवादियों ने अमृतसर के वल्टोहा क्षेत्र में एक किसान, लोपोके क्षेत्र में एक अन्य व्यक्ति की, फरीदकोट में भी एक व्यक्ति की हत्या कर दी । विभिन्न स्थानों पर कई उग्रवादी गिरफ्तार किए गए । स्कूटर लूटने आदि की कई वारदातें हुई ।

गुरदासपुर के पास बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में तीन उग्रवादी मारे गये व उग्रवादियों का शस्त्रागार पकड़ लिया गया ।

महिला, गनमैन, उग्रवादी मरे

अमृतसर की एक सूचना के अनुसार आज सायं दो उग्रवादियों ने घनी बस्ती वाले मोहल्ले विजयनगर में गगन सिनेमा और एस.एस.पी. इजहार आलम के आवास के निकट एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी और वहां से भागने लगे । वहां भीड़ एकत्र हो गई । एस.पी. सिटी बलदेव सिंह अपनी एस्कोर्ट पार्टी के साथ वहां से निकले व भीड़ देखकर रुक गए । जब वह घटना के बारे में पूछताछ कर रहे थे, भाग रहे उग्रवादियों ने रुक कर उन पर फायरिंग की जिससे एस.पी. सिटी तो बाल-बाल बच गए पर उनका गनमैन सिपाही सुखदेव सिंह मारा गया । एस.पी. सिटी की एस्कोर्ट पार्टी ने जवाबी फायरिंग की जिससे एक उग्रवादी मारा गया । पुलिस ने दूसरे उग्रवादी को पकड़ लिया ।

महिला नहीं मरी, उग्रवादी नहीं पकड़ा गया

ह.स. के अनुसार उग्रवादी महिला को मारपीट करके भाग रहे थे । इस एजेंसी ने इस समाचार के गलत बताया कि मुकाबले के बाद एक उग्रवादी पकड़ लिया गया ।

विवरण

पुलिस के अनुसार उग्रवादी संत नगर के टी.बी. अस्पताल के पास एक घर में लूटपाट करने घुसे और एक महिला की पिटाई की और हवाई फायरिंग की जिससे घर वाले घबराकर बाहर निकलकर माल रोड पर आ गए और मदद के लिए शोर मचाया । एस.पी. सिटी उस समय उसी क्षेत्र में थे जो घटनास्थल पर पहुंचे । जब वे तथा उनकी एस्कोर्ट पार्टी वाहनों से उतर रही थी तभी उग्रवादियों ने उन पर फायरिंग की जिससे गनमैन मारा गया । जवाबी फायरिंग में एक उग्रवादी मारा गया पर दूसरा भाग निकला । प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने हवाई फायरिंग की । कुछ क्षेत्रों को सील कर दिया गया है ।

किसान की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात वल्टोहा थाने के अन्तर्गत माने के गांव में एक किसान तेजा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार हत्यारे बारह बोर की बंदूक से लैस थे और वारदात के बाद पैदल ही भाग निकले ।

आभूषण न देने पर हत्या

अधिकृत सूचनाओं के अनुसार जिला अमृतसर के थाना लोपोके के अंतर्गत गांव जयराम कोट में कुछ अज्ञात व्यक्ति चमन लाल नामक आदमी के घर आए तथा बंदूक की नोक पर उससे सोने के आभूषण मांगे । उसके इंकार करने पर उन्होंने उसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

2 घायल

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि गत रात थाना मजीठा के गांव लश्करी नंगल में कुछ व्यक्ति इंद्र जीत सिंह के मकान पर आए तथा उसको गोली मारकर घायल कर दिया । फ़ायरिंग की एक अन्य घटना में कुछ अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने अमृतसर सदर थाना के गांव बहला में करनैल सिंह पर गोली चलाई जिससे वह सख्त घायल हो गया । अमृतसर नगर में एक मैडीकल कालेज छात्र चरण जीत सिंह को घायल कर दिया गया ।

3 उग्रवादी मरे

गुरदासपुर (विनोद): आज रात्रि बी.एस.एफ. के साथ हुई एक मुठभेड़ में तीन उग्रवादी मारे गये और उग्रवादियों का शस्त्रागार पकड़ लिया गया । एस.एस.पी. श्री विरदी ने बताया कि मुखबिर के

(शेष पृष्ठ 10 पर)







अमृतसर में जूनियर डाक्टरों की हड़ताल का छठा दिन । आऊट लगा दिया । रोगियों को मालूम नहीं था कि यह नहीं खुलेगा । वे बाहर बैठ कर गरीब रोगियों को देखा और उन्हें मुफ़्त दवाइयां

हड़ताली जूनियर डाक्टरों व नर्सों की मांगों बारे फैसला वेतन आयोग की सिफ़ारिशों के आधार पर होगा : वैष्णव

फगवाड़ा, 23 अगस्त (कौड़ा, खोसला): पंजाब के मुख्य सचिव श्री वैष्णव ने आज यहां घोषणा की कि पंजाब वेतन आयोग की रिपोर्ट मिल गई है जिसे इस मास के अन्त में प्रकाशित कर दिया जाएगा । हड़ताली जूनियर डाक्टरों तथा नर्सों की मांगों के बारे में फैसला वेतन आयोग की सिफ़ारिशों के आधार पर ही किया जाएगा । अब सरकार इस मामले में कुछ करने में बेबस है । फसलों की बीमा स्कीम पंजाब में लागू करने का कोई फायदा नहीं । यह स्कीम महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों के लिए उपयुक्त है ।

सूखे में फसलों के नुक्सान के मुआविज़े के सिलसिले में गरदावरी के बाद अक्तूबर में केन्द्र से फ़ंड की मांग की जाएगी । पंजाब में आतंकवाद से सभी सम्प्रदायों को इकट्ठे होकर लड़ना चाहिए । समय नाज़ुक है, यह समस्या केवल लोकतांत्रिक सरकार या राष्ट्रपति-शासन से सम्बन्ध नहीं रखता । लोग पूर्ण चौकसी से काम लें । आतंकवादियों का न कोई धर्म है, न ही वे किसी सम्प्रदाय के दोस्त हैं । वे इन्सानियत के दुश्मन हैं ।

खोसला के अनुसार श्री वैष्णव ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को दी जाने वाली अन्तरिम राहत की घोषणा इसी मास के अन्त में कर दी जाएगी । वह यहां सर्किट हाऊस में पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि पंजाब में सूखे से उत्पन्न हालात भिन्न हैं । बाकी राज्यों में पीने के पानी और चारे का भारी अभाव है । फिर भी आगामी कुछ मास में जिला भटिंडा और फिरोज़पुर के क्षेत्रों में कुछ समस्याएं पैदा हो सकती हैं । किसानों को दिए गए मुआविज़े के वितरण में अनियमितताओं के आरोपों की जांच जारी है । दोषी पाए जाने वालों को सख्त सज़ा दी जाएगी । उन्होंने विश्वास दिलाया कि सरकार अखबारी कर्मचारियों को विशेष रियायतें देने के बारे में विचार कर रही है ।

मूल्य सूचकांक बढ़ा

नई दिल्ली, 23 अगस्त : सरकारी थोक मूल्य सूचकांक 8 अगस्त को समाप्त सप्ताह में बढ़कर 404.08 हो गया ।

'हाल' द्वारा अत्याधुनिक हल्के लड़ाक

नई दिल्ली, 23 अगस्त : रक्षा मंत्रालय के प्रतिष्ठान हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स ने देश में पहली बार अत्याधुनिक हल्के लड़ाकू हैलीकाप्टर (एडवांस लाइट हैलीकाप्टर) का डिजाइन तैयार करने में सफलता प्राप्त कर ली है । अब देश में ही पश्चिमी जर्मनी के सहयोग से इन अत्याधुनिक लड़ाकू हैलीकाप्टरों को विकसित किया जा रहा है । इन अत्याधुनिक हैलीकाप्टरों का प्रथम प्रोटोटाइप' 1989 तक सेना को सौंप दिया जाएगा ।

इन हैलीकाप्टरों में विश्व की नवीनतम राडार और हथियार प्रणाली लगी होगी । इन हैलीकाप्टरों को आधुनिक मिजाइलों, राकेट और तारपीडो से लैस किया जाएगा ।

हाल ही में दिल्ली के सम्वाददाताओं के एक दल ने बेंगलूर स्थित हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स में इस हैलीकाप्टर के विकास कार्य को देखा । इसी के साथ हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स देश में पहली बार हल्के लड़ाकू विमान तथा वैज्ञानिकी उपकरणों का निर्यात भी कर रहा है । पहली बार देश में अत्यन्त परिष्कृत किस्म के वैमानिकी उपकरणों का निर्यात भी यहां शुरू किया गया है ।

हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स के अध्यक्ष एयर मार्शल एस एस ढी. तनेजा ने बताया कि 1989 में इस हैलीकाप्टर के दो उड़ने वाले नमूने तैयार हो जाएंगे । इसके बाद 1990-91 में इनका परीक्षण किया जाएगा तथा 1992-93 तक इनका निर्माण शुरू हो जाएगा । इस हैलीकाप्टर के दो रूप बनाए जाएंगे । एक सेना के लिए तथा दूसरा नौसेना के लिए । यह हैलीकाप्टर विश्व की नवीनतम तकनीक पर आधारित होगा तथा बहुद्देश्यीय भूमिका निभा सकेगा । इस हैलीकाप्टर का डिजाइन इस तरह किया गया है कि यह हैलीकाप्टर कई भूमिकाएं निभा सकता है । इसकी सहायता से सैनिकों को अग्रिम क्षेत्रों में भेजा जा सकेगा तथा दुर्गम स्थानों पर तैनात सैनिकों को जरूरत पड़ने पर वहां से निकालने में भी इस हैलीकाप्टर की मदद ली जा सकेगी ।

इसके अलावा युद्ध के दौरान इसमें घातक हथियार भी लगाए जा सकेंगे । इसमें 'गन' के अलावा टैंकरोधी राकेट अथवा मिजाइल तथा पनडुब्बी मारक तारपीडो भी लगाए जा सकेंगे ।

इन हैलीकाप्टरों की रफ्तार लगभग 280 किलो मीटर प्रति घंटा तक होगी । सब से बड़ी बात है कि ये हैलीकाप्टर खराब से खराब मौसम और रात्रि में भी उड़ान भर सकेंगे ।

ए.एल. हैलीकाप्टर में फ्रांस में बने टर्बो मेका .333 किस्म के दो इंजन लगाए जाएंगे जिनके सहारे बारह व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला यह हैलीकाप्टर विकसित [illegible] लड़ाकू वि[illegible] जरूरतों [illegible]

एयर [illegible] परा ध्यान [illegible] और लड़ा[illegible] समय की [illegible] इन हैलीक[illegible] जरूरतों [illegible] विमानों [illegible] परम्परागत [illegible] मजबूत [illegible] हनीकाम्ब [illegible] यह तकनी[illegible] उपलब्ध [illegible]

यहां [illegible] विमानों [illegible] मार्शल [illegible] विमानों में [illegible] उन्होंने [illegible]

दिल्ली में पुलिस व ग्रामीणों में मुठभेड़, फ़ायरिंग, कई घायल

नई दिल्ली, 23 अगस्त (वार्ता): इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट आज यहां पुलिस तथा ग्रामीणों के बीच संघर्ष में अनेक लोग घायल हो

आयोजन दिल्ली देहात संघर्ष समिति ने किया था । समिति का दावा है कि वह दिल्ली के 360 गांवों का प्रतिनिधित्व करती है । लगभग 500

Punjabi Samtani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

जरिये सूचना मिलने पर सी.एस.एफ. ने धारीवाल थाना क्षेत्र के ग्राम सोहल के रेलवे फाटक के पास प्रीतम सिंह के डेरे पर छापा मारा । वहां छिपे उग्रवादियों और बी.एस.एफ. में तीन घंटे तक जबरदस्त गोलियां चलीं । अंत में डेरे के मालिक प्रीतम सिंह सहित तीन उग्रवादी मारे गये । दो मृत उग्रवादियों की शिनाख्त नहीं हो सकी । डेरे से चीन की बनी ए.के.-47 असाल्ट राइफलें, चीन व पाकिस्तान की बनी राइफलें, स्टेनगनें, पिस्तौलें, हजारों की संख्या में कारतूस व मैगजीनें बरामद हुईं । डी.आई.जी. बी.एस.एल. श्री चमन लाल आदि वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गये हैं ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): गत रात बटाला सब डिवीजन में विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर पुलिस ने पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । पुलिस चीफ श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि इन आतंकवादियों के नाम जसवन्त सिंह, त्रिलोचन सिंह (दोनों गांव संगरवा), सर्वजीत सिंह, हरेन्द्र सिंह (गांव मराड़) तथा अमरीक सिंह (भागोवाल) हैं ।

जिम्मेदारी ली

जालन्धर (वार्ता): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स ने आज बद्रीनाथ और जगन नाथ की हत्या की जिम्मेदारी ली जिन्हें शुक्रवार की रात को थाना नकोदर के गांव धालीवाल में गोली मार दी गई थी । फोर्स की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि बद्रीनाथ शिव सेना का वर्कर था । विज्ञप्ति में शुक्रवार की रात को ही बटाला के निकट गांव चाहल में होमगार्ड के हैड कांस्टेबल मंगल सिंह की हत्या की जिम्मेदारी भी ली गई है । यह कहा गया है कि उसकी हत्या उसके आतंकवाद विरोधी रवैये के कारण की गई क्योंकि उसने गत वर्ष बटाला के निकट बी.एस.एफ. के साथ भिड़ंत में मारे गए उग्रवादियों रणजीत सिंह बावा तथा गुरमेज सिंह गेजा की लाशों को ठड्डे मारे थे ।

कार चोरी

संदिग्ध आतंकवादी आज जालन्धर में रैडक्रास भवन के बाहर से एक एम्बैसेडर कार चोरी करके ले गए । पुलिस ने बताया कि कार के मालिक ओम प्रकाश भवन के अन्दर गया और जब वापस आया तो कार वहां नहीं थी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

बस्सी पठानां से 'रुपाल' ने खबर दी है कि गांव कसुभड़ी के निवासी गुरमीत सिंह जो खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में कार्यरत है, की ओर से थाना बस्सी पठानां में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि शुक्रवार बाद दोपहर जब वह गांव जा रहा था तो रास्ते में सड़क के किनारे स्कूटर खड़ा करके जब दोस्त को मिलकर वापिस आया तो स्कूटर वहां से गायब था ।

बालियां खींच लीं

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से चार किलोमीटर दर सघड़ीवाला में दो अज्ञात व्यक्ति जो लाठियों इत्यादि से लैस थे, एक महिला निर्मल कौर के घर में रात 12 बजे दाखिल हो गए और सोई हुई के कानों से सोने की बालियां खींच लीं तथा उसे घायल करने के बाद फरार हो गए क्योंकि घर के बाकी लोग जाग उठे थे ।

स्कूटर छीने

गत रात्रि दो संदिग्ध आतंकवादियों ने जिला होशियारपुर में थाना बलाचौर के अन्तर्गत गांव पोजेवाल में पंजाब नैशनल बैंक के मैनेजर श्री अमरीक सिंह से उनका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने बताया कि श्री अमरीक सिंह पोजेवाल से थाना नवांशहर के गांव चार माजरा जा रहे थे । एक अन्य घटना में थाना नूरमहल के गांव कंगनीवाल के निकट राजकुमार से स्कूटर छीन लिया गया ।

तेज़धार हथियारों से हत्या

फरीदकोट (जिदल) : सरकारी सूत्रों के अनुसार कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मुक्तसर में एक व्यक्ति मक्खन सिंह की तेज़धार हथियारों से हत्या कर दी ।

शांता कुमार

(पृष्ठ 8 का शेष)

मुक्त नहीं हो पाए हैं । उन्होंने भारतीय प्रैस परिषद् के अध्यक्ष से आग्रह किया कि वे इस मामले को स्वयं गम्भीरता से लें ।

कांगड़ा जिला पत्रकार यूनियन ने भी उपरी शिमला क्षेत्र में भेजे जाने वाले समाचार पत्रों का गत दिवस शिमला में जब्त किए जाने की निंदा की है । यूनियन ने मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से आग्रह किया है कि वह दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें । अन्यथा यही समझा जाएगा कि इस प्रकार की कार्रवाई करके समाचार पत्रों पर अप्रत्यक्ष रूप से सैंसर लगाने के काम में सरकार की भी मिलीभगत है । शिमला, (खजूरिया) : हिमाचल भाजपा विधायक दल के नेता श्री जगदेव चंद ने मांग की है कि गत 21 अगस्त को पुलिस द्वारा समाचार पत्रों को जब्त किए जाने के मामले की सत्र न्यायाधीश से न्यायिक जांच करवाई जाए ।

सूखे का संकट

(पृष्ठ 3 का शेष)

अधिकृत सूत्रों के अनुसार हरियाणा में सूखे के कारण लगभग 700 करोड़ रुपए मूल्य की फसलें नष्ट हो चुकी हैं । गत माह वर्षा नहीं होने के कारण धान की लगभग साठ प्रतिशत फसल बोई ही नहीं जा सकी । इसके अलावा वर्षा के अभाव के कारण बोई गई लगभग 50 प्रतिशत फसल नष्ट हो गई । सर्वाधिक 90 प्रतिशत बाजरे की फसल प्रभावित हुई । इसके अलावा कपास, दालों तथा तिलहन की पचास प्रतिशत से अधिक फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है । राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में ट्यूबवैल चलाने के लिए ज्यादा से ज्यादा बिजली उपलब्ध करा रही है । राज्य सरकार को स्थिति से निपटने के लिए पांच करोड़ रुपए की तदर्थ सहायता दी गई है ।

एक अनुमान के अनुसार हिमाचल प्रदेश में लगभग एक सौ करोड़ रुपए मूल्य की फसल नष्ट हो चुकी है । राज्य के विभिन्न स्थानों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मक्का की साठ प्रतिशत तथा धान की 70 से 80 प्रतिशत फसल नष्ट हो चुकी है । सरकारी प्रवक्ता के अनुसा कांगड़ा तथा शिमला जिले सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं । राज्य के अधिसंख्य क्षेत्र खेती के लिए वर्षा पर आधारित हैं । वर्षा नहीं होने के कारण अनेक क्षेत्रों में फसलों की बुआई नहीं हो सकी । कई स्थानों पर धान तथा मक्का की फसलें बोई गई लेकिन वहां भी पानी के अभाव में नष्ट होती फसलों को पशुओं के चारे के रूप में इस्तेमाल कर लिया गया ।

खाद्यान्न नष्ट होने के साथ-साथ राज्य के लगभग 51 लाख पशुओं के लिए चारे की भी समस्या पैदा हो गई है । राज्य को केन्द्र से राहत कार्यों के लिए हाल ही में पांच करोड़ रुपए की सहायता दी गई है ।

मूल्य 5 से 25 प्रतिशत बढ़े

लखनऊ : उत्तर प्रदेश में भयंकर सूखे का उपभोक्ताओं पर सीधा प्रभाव पड़ा है और दैनिक उपयोग की तमाम वस्तुएं पिछले एक माह में पांच से 25 प्रतिशत तक महंगी हुई हैं । इस दौरान गेहूं, चावल, दालें, तेल, तिलहन जैसी आवश्यक वस्तुओं के दामों पर भी प्रभाव पड़ा है ।

इस भयानक महंगाई से निम्न आय वर्ग तथा मध्यम आय वर्ग के लोग खास तौर पर प्रभावित हुए हैं ।

सर्वेक्षण से पता चला है कि महंगाई का सर्वाधिक असर खाद्य तेलों पर पड़ा है और विभिन्न तेलों के दामों में एक महीने में आठ से 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । पिछले महीने की तुलना में सरसों के तेल में आठ प्रतिशत, अलसी के तेल में 13 प्रतिशत तथा सोयाबीन के तेल में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।

तिलहन के बाद आवश्यक वस्तुओं में सबसे ज्यादा प्रभाव चावल के दामों पर पड़ा है । बिलासपुरी चावल इस समय लगभग सवा चार रुपए बिक रहा है जो पिछले महीने की अपेक्षा लगभग 14 प्रतिशत अधिक है । बासमती चावल के दामों में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है । जौ, मक्का, मूंग, उड़द के दामों में भी एक महीने में 12 से 15 प्रतिशत की तेज़ी आई है । मसूर के दामों में पिछले एक महीने में लगभग 25 प्रतिशत वृद्धि हुई है ।

गैर जिम्मेदार मंत्रियों का



पंजाब के शासकीय व अर्धशासकीय कर्मचारियों के
एकता व अन्य आर्थिक मांगों के लिए देश भगत याद
राणा की अध्यक्षता में किये गये ए

कर्मचारियों द्वारा वेतन
31 अक्तूबर तक पेश क

जालन्धर, 23 अगस्त : पंजाब के सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कर्मचारियों की संघर्ष समिति के आह्वान पर आज यहां देश भगत यादगार हाल में हुई एक प्रसभा में पंजाब वेतन आयोग की अंतिम रिपोर्ट 31 अक्तूबर, 1987 तक प्रत्येक दशा में प्रस्तुत करने की मांग की गई और अल्टीमेटम दिया गया कि यदि उनकी उक्त व अन्य मांगों को सितम्बर के प्रथम सप्ताह तक स्वीकार न किया गया तो 8 सितम्बर को पंजाब वेतन आयोग के कार्यालय के समक्ष धरना दिया जाएगा । प्रसभा में अक्तूबर में जिला स्तर पर बैठकें, गेट मीटिंगें, प्रदर्शन करने और नवम्बर के प्रथम पखवाड़े में चंडीगढ़ में राज्य स्तरीय विशाल प्रदर्शन करने का भी निर्णय किया गया ।

प्रसभा को कर्मचारी नेताओं सर्वश्री नाज़र सिंह, निर्मल सिंह गिल, बोध सिंह चुम्मन, लाल सिंह, एस.एस. वालिया, अशोक कुमार, किशन संगरूरी, एच.एस. मिन्हास, हरकंवल सिंह, सतनाम सिंह, इंद्रजीत शर्मा आदि नेताओं ने संबोधित किया । प्रसभा में लगभग 2000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो पंजाब अधीनस्थ सर्विसिज़ फैडरेशन, टैक्नीकल सर्विसिज यूनियन, पंजाब गवर्नमैंट टीचर्स यूनियन पंजाब, पी.एस.टी.मी. इम्प्लाईज, पंजाब रोडवेज इम्प्लाइज, पैरा मैडीकल इम्प्लाइज, पी. डब्ल्यू.डी. के तीनों विंगों के जूनियर इंजीनियरों और लगभग सभी ही विभागों के संगठनों से संबंधित थे । संघर्ष समिति के संयोजक श्री त्रिलोचन सिंह राणा ने प्रसभा की अध्यक्षता की ।

प्रसभा आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हुए कर्मचारियों, लोकतांत्रिक शक्तियों के नेताओं और निर्दोषों को श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए दो मिनट का मौन धारण करने के साथ प्रारम्भ हुई । प्रसभा ने कर्मचारियों की मांगों के प्रति सरकार के निष्ठुर रवैये की भी आलोचना की ।

प्रसभा में पारित एक प्रस्ताव में निम्नलिखित मांगें की गईं—(1) पंजाब वेतन आयोग की अंतिम रिपोर्ट 31 अक्तूबर 1987 तक प्रत्येक दशा में आ जाए । (2) सभी कर्मचारियों को 25 प्रतिशत और कम से कम 150 रुपए अंतरिम राहत दी जाए । (3) सभी कर्मचारियों को 8.33 प्रतिशत बोनस दिया जाए । (4) आतंकवादियों के हाथों मारे गए कर्मचारियों के परिवारों को पुलिस पद्धति पर आर्थिक सहायता दी जाए और आवश्यक सुरक्षा

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

बुकान बिकाऊ

एक दुकान सदर बाजार, अम्बाला छावनी में तुरन्त बिकाऊ है । सम्पर्क करें—राम प्रकाश गुप्ता, 5186, सदर बाजार, अम्बाला छावनी । फोन-21489.

बस बिकाऊ

PUQ 7125,लेलैंड, 1975, चालू हालत में, सम्पर्क करें । अटवाल टूरिस्ट बस सर्विस, गढ़शंकर रोड, बलाचौर, ज़िला होशियारपुर ।

दाखिला शुरू

B/W. Colour टैलीविज़न कोर्स करें, रात्रि कक्षा आरम्भ, नैशनल इलैक्ट्रानिक्स ट्रेनिंग कालेज, गुरदासपुर रोड, पठानकोट ।

ज्योतिष

कम्प्यूटर का कमाल, बताए जीवन का हाल, ऋषि ऐस्ट्रो सिस्टम, R-135, माडल टाऊन, लुधियाना ।

लुधियाना में यूथ इंका नेता की हत्या के बाद अनिश्चितकालीन कर्फ़्यू

तरनतारन में 6 गिरफ्तार, अमृतसर में फायरिंग से 3 घायल

मालवा केसरी कमांडो फोर्स का स्वयंभू 'जनरल' रणजीत मारा गया

चंडीगढ़, 24 अगस्त (वार्ता,ह.स.): आज प्रातः आतंकवादियों ने लुधियाना में यूथ इंका नेता राधे श्याम मल्होत्रा की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला फरीदकोट में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड में कथित आतंकवादी रणजीत सिंह कालके मारा गया । उस पर पचास हजार रुपए का ईनाम घोषित था । यूथ इंका नेता की हत्या के बाद उत्पन्न तनाव को देखते हुए लुधियाना के कुछ क्षेत्रों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया । अमृतसर में टहल रहे लोगों पर आतंकवादियों ने पायरिंग की जिससे तीन लोग घायल हो गए । तरनतारन में धर्मस्थान से छः संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार किए गए । बटाला के निकट एक निहंग को गोली मार कर घायल कर दिया गया । जिला फरीदकोट व जिला संगरूर में दस आतंकवादी गिरफ्तार किए गए, जबकि फगवाड़ा में ठेका लूटा गया ।

जालन्धर में 8, पटियाला में 3, कपूरथला में 5, फरीदकोट में 6, संगरूर में 4, अमृतसर में 4 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए ।

यूथ कांग्रेस नेता की हत्या

लुधियाना (महिंद्रा, जोशी, धीमान, भगाफिर, नेपाल, भाम्बी, प्रदीप): आज प्रातः दस बज कर चालीस मिनट पर आतंकवादियों ने एक बार फिर शहर में जबरदस्त वार करके हलचल पैदा कर दी जबकि यूथ कांग्रेस (इ) लुधियाना के प्रधान राधे श्याम मल्होत्रा की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । श्री मल्होत्रा प्रातः अपनी सफेद रंग की मारुति कार पी.सी.एम. 2401 में अपने घर से गिल रोड स्थित अपने कारखाने में रोजाना के अनुसार पहुंचे । इसके बाद किसी काम के लिए वह अपनी कार में दस बजकर चालीस मिनट पर कहीं जाने लगे । अभी वह कार स्टार्ट करने ही लगे थे कि दो आतंकवादियों जिन्होंने अपने सिर पर काले पटके पहने हुए थे और सफेद स्कूटर पर सवार थे, ने श्री मल्होत्रा की कार के अंदर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी । ज्ञात हुआ है कि श्री मल्होत्रा को बाजू, पीठ और छाती पर तीन गोलियां लगीं । वारदात के बाद आतंकवादी घुरी रेलवे लाइन की ओर भाग गए, जबकि श्री मल्होत्रा का छोटा भाई श्याम सुन्दर उसी गाड़ी में श्री मल्होत्रा को सी.एम.सी. ले गया परन्तु उनकी रास्ते में ही मृत्यु हो गई थी । अस्पताल में डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । श्री मल्होत्रा की मृत्यु की खबर शहर में जंगल की आग की तरह फैल गई । परिणामतः हजारों यूथ कांग्रेसी वर्कर अस्पताल पहुंच गए जहां उन्होंने आतंकवादियों के विरुद्ध भारी

सतपाल पराशर, ओम प्रकाश गुप्ता के विरुद्ध नारे लगाए । संसदसदस्य श्री सतपाल मित्तल, जो अंत्येष्टि में भाग लेने के लिए दिल्ली से आए थे, के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया । श्री बेअंत सिंह, सतपाल पराशर और ओम प्रकाश गुप्ता को श्मशानघाट से जाने पर विवश कर दिया गया ।

राधेश्याम की अंत्येष्टि

श्री राधेश्याम मल्होत्रा का आज कर्फ्यू के बावजूद गऊशाला श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया । अंतिम संस्कार में करीब 15 हजार लोग शामिल हुए । प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष बेअंत सिंह तथा अन्य नेताओं पर पथराव हुआ तथा कुछेक को मारपीट भी की गई । संसद सदस्य श्री सतपाल मित्तल बेहोश हो गए । जब शोकाकुल लोग पुलिस डिवीजन नम्बर 3 के करीब पहुंचे तो उन्होंने गुस्से में आकर कई साईन बोर्ड तोड़ डाले । विधायक सतपाल पराशर को पुलिस की सुरक्षा में बीच में बिठा कर ले जाया गया । यह पहला मौका है कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी के विरुद्ध जबरदस्त नारेबाजी की गई । अंतिम संस्कार के समय सभी पार्टियों के लोग मौजूद थे । जब लोगों ने पंजाब पुलिस के विरुद्ध नारे लगाए तो पंजाब पुलिस को वहां से वापस बुला लिया गया ।

अंत्येष्टि के समय गड़बड़

एक अन्य सूचना के अनुसार अंत्येष्टि के अवसर पर बहुत गड़बड़ हुई । पहले लोग कांग्रेस (इ) के प्रधान श्री बेअंत सिंह और विधायक श्री सतपाल पराशर के पीछे पड़ गए । बड़ी कठिनाई से उन्हें वहां से निकाल कर ले जाया गया । इसके बाद पुलिस को देख कर भीड़ ने पंजाब पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए और उस पर पथराव शुरू कर दिया । इसके पश्चात पुलिस ने सख्त लाठीचार्ज किया, जिससे एक दर्जन से अधिक व्यक्ति घायल हो गए । जिलाधीश श्री एस.एस. बराड़, एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे पुलिस की भारी फोर्स के साथ प्रबन्ध कर रहे थे । सी.आर.पी.एफ. और बी.एस.एफ. भी तैनात थी ।

'संयम से काम लिया'

जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ और एस.एस.पी. श्री पांडे ने बताया कि हमने बहुत संयम से काम लिया क्योंकि हम ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न नहीं होने देना चाहते थे, जिससे कीमती शहरों का असम्मान हो । शव यात्रा में कुछ समाज-विरोधी तत्व घुस गए थे, जिन्होंने शराब पी रखी थी । इससे पूर्व कुछ जिम्मेदार नागरिकों की प्रार्थना पर जिला प्रशासन ने जलूस के आगे चल रही पुलिस को हटा लिया था । समाज विरोधी तत्वों ने इतनी गंदी भाषा का प्रयोग किया कि लिखी नहीं जा सकती । इन तत्वों की पहचान कर ली गई है ।

बेअंत सिंह घायल

पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह पत्थर लगने से घायल हो गए । विधायक श्री सतपाल पराशर को भी मारपीट की गई । पथराव से आधा दर्जन पुलिस वाले भी घायल हुए ।

संगरूर में पांच गिरफ्तार

संगरूर (गर्ग): जिला पुलिस ने कल शाम पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में शस्त्रादि बरामद करने का दावा किया है । जिला पुलिस प्रमुख ने आज यहां पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त कर ली गई है । इनके नाम गुरपाल सिंह लंगहेरी, मुख्तार सिंह गांव नवां दाओं, मक्खन सिंह नथाणा जिला भटिंडा, तारा सिंह व रंजीत सिंह दोनों जिला पटियाला के हैं । इन उग्रवादियों के पास से एक कार्बाइन नौ एम.एम., चार पिस्तौलें व 48 जीवित कारतूस बरामद किए गए हैं । शस्त्रादि के अतिरिक्त उग्रवादियों के पास से चोरी के दो स्कूटर तथा लूटी गई नकद राशि भी बरामद की गई है । पुलिस प्रमुख ने बताया कि पकड़े गए उग्रवादी जिले में एक ही सम्प्रदाय के लोगों को मारने व डकैतियों की योजना बना रहे थे । पुलिस ने इनके विरुद्ध केस दर्ज करके पूछताछ आरम्भ कर दी है । अब यह पता लगाया जा रहा है कि यह उग्रवादी किस उग्रवादी ग्रुप के साथ सम्बन्धित हैं ।

'बी' श्रेणी का आतंकवादी

'गोयल' के अनुसार मक्खन सिंह 'बी' श्रेणी का आतंकवादी है । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ने बताया कि उक्त मक्खन सिंह आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (गुरजीत ग्रुप) का उपप्रधान था । भटिंडा और संगरूर जिलों में आतंकवादियों की डकैतियों और लूटमार की वारदातें मक्खन सिंह की देखरेख में ही होती थीं । प्रारंभिक पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने रेल पटरियों पर बम रखने, रेलवे स्टेशनों को उड़ाने तथा सरकारी भवनों को जलाने की वारदातों में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की है ।

तीन आतंकवादी मरे

गुरदासपुर (बिनोद): गत रात्रि धारीवाल थाने के अंतर्गत गांव सोहल के बाहर एक डेरे पर सीमा सुरक्षा बल तथा आतंकवादियों में हुए मुकाबले में डेरे का मालिक, दो आतंकवादी मारे गए और उनसे भारी मात्रा में विदेशी आधुनिक हथियार बरामद हुए हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री बे.पी. बिरदी ने बताया है कि किसी की सूचना पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने सोहल गांव के बाहर रेलवे स्टेशन के पास डेरे पर जब छापा मारा तो डेरे के अंदर से आतंकवादियों ने स्टेनगन से बी.एस.एफ. पर फायरिंग शुरू कर दी । जवानों की संख्या कम होने पर उन्होंने वायरलैस पर सूचित करके अतिरिक्त फोर्स मंगवा ली और फोर्स आने तक घेराबंदी किए रखी । सूचना मिलते ही बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री चमन लाल, जिला पुलिस प्रमुख और जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और लगभग एक घंटा लगातार मुकाबले के बाद डेरे का मालिक [illegible] सिंह और दो आतंकवादी मारे गए । अधिकारियों को उनकी लाशों के पास से भारी मात्रा में विदेशी आधुनिक हथियार बरामद हुए हैं ।









Punjabi Sonami

स्थित अपने कारखाने में रोजाना के अनुसार पहुंचे । इसके बाद किसी काम के लिए वह अपनी कार में दस बजकर चालीस मिनट पर कहीं जाने लगे । अभी वह कार स्टार्ट करने ही लगे थे कि दो आतंकवादियों जिन्होंने अपने सिर पर काले पटके पहने हुए थे और सफेद स्कूटर पर सवार थे, ने श्री मल्होत्रा की कार के अंदर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी । ज्ञात हुआ है कि श्री मल्होत्रा को बाजू, पीठ और छाती पर तीन गोलियां लगीं । वारदात के बाद आतंकवादी धुरी रेलवे लाइन की ओर भाग गए, जबकि श्री मल्होत्रा का छोटा भाई श्याम सुन्दर उसी गाड़ी में श्री मल्होत्रा को सी.एम.सी. ले गया परन्तु उनकी रास्ते में ही मृत्यु हो गई थी । अस्पताल में डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । श्री मल्होत्रा की मृत्यु की खबर शहर में जंगल की आग की तरह फैल गई । परिणामतः हजारों यूथ कांग्रेसी वर्कर अस्पताल पहुंच गए जहां उन्होंने आतंकवादियों के विरुद्ध भारी प्रदर्शन किया । श्री मल्होत्रा की मृत्यु की खबर मिलते ही जिलाधीश श्री बराड़ और एस.एस.पी. श्री पांडे भारी पुलिस फोर्स के साथ अस्पताल पहुंचे । जिलाधीश ने बताया कि सतर्कता के तौर पर डिवीजन नम्बर एक से लेकर चार के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में अनिश्चितकाल का कर्फ्यू लगा दिया गया है । श्री मल्होत्रा की आयु 37 वर्ष थी । जब भारी संख्या में कांग्रेसी वर्कर अस्पताल पहुंचे तो उन्हें अंदर जाने से रोका गया । इस पर उत्तेजित भीड़ ने सी.एम.सी. पर पथराव शुरू कर दिया जिससे दरवाजों व खिड़कियों के शीशे टूट गए परन्तु पुलिस ने शीघ्र ही हालात पर काबू पा लिया । दूसरी ओर तनाव के दृष्टिगत सी.एम.ओ. ने श्री मल्होत्रा की लाश का पोस्टमार्टम भी सी.एम.सी. में ही किया । पोस्टमार्टम के बाद लाश वारिसों को सौंप दी गई ।

पंजाब यूथ कांग्रेस (इ) के प्रधान वीरेंद्र सिंह राणा, लुधियाना यूथ कांग्रेस के सचिव नीरज जोशी, लुधियाना सिटी इंका प्रधान दीवान जगदीश चंद, पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष श्री खुशी राम, भूतपूर्व मंत्री सरदारी लाल कपूर, विधायक ओम प्रकाश गुप्ता, राकेश पांडे, रमेश जोशी, दर्शन अरोड़ा आदि ने इस हत्या की कड़ी निंदा की है ।

उत्तेजनापूर्ण नारेबाजी

श्री राधेश्याम मल्होत्रा के शव को पोस्टमार्टम केबाद उनके घर गंजी छप्पड़ी में लाया गया, फिर पूरे सम्मान के साथ प्रेम मंदिर में रखा गया । वहां यूथ कांग्रेस (इ) के वर्करों ने 'राधेश्याम मल्होत्रा अमर रहे' के नारे लगाए और शव पर फूल चढ़ाए । श्मशानघाट पर हद से अधिक उत्तेजित कुछ तत्वों ने केंद्रीय सरकार, पंजाब पुलिस, कांग्रेसी विधायकों



(1) लुधियाना में सोमवार को उग्रवादियों की गोली से मारा गया इंका नेता राधे श्याम मल्होत्रा (इनसेट) का शव, (2) मारुति कार की सीट पर बिखरा खून । उन्हें कार के अंदर ही गोली मारी गई, (3) उनकी फैक्टरी जिसके बाहर यह वारदात हुई । गोलों के बीच वे जगहें जहां गोलियां के खोल मिले, (4) डिप्टी कमिश्नर श्री बराड़ मृतक के पिता को दिलासा देते हुए, (5) हत्या का समाचार मिलते ही बेहोश हुई श्री मल्होत्रा की पत्नी बिलखते परिवार के बीच । (छाया : कम्बोज)



(1), (2), (3) धारीवाल थानांतर्गत गांव सोहल में रविवार रात को एक डेरे में पुलिस तथा बी.एस.एफ. के साथ मुकाबले में मारे गए 3 आतंकवादी । (4), (5), (6) डेरे में मृत आतंकवादियों से मिले हथियार और गोली-सिक्का । (7) डेरे का वह भाग जहां से आतंकवादियों ने गोलियां चलाईं । (छाया : विनोद) (8) अमृतसर में मजीठा रोड के पास उग्रवादियों की गोली से मरे एस. पी. के गनमैन सुखदेव सिंह का शव, (9) मारे गए सरदूल सिंह का शव, (10) घटनास्थल पर बिखरा खून, (11) सुखदेव सिंह का विलाप कर रहा परिवार । (छाया : भंडारी)

पंजाब में आतंकवादियों के पास राकेट, मोर्टार, रिमोट कण्ट्रोल विस्फोटक व हैलीकाप्टर

6 खूंखार उग्रवादियों द्वारा आत्मसमर्पण, एक महिला गिरफ्तार

अमृतसर, 24 अगस्त (अशोक सोनी): अमृतसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री इजहार आलम ने बताया कि गत दिवस 5 खूंखार आतंकवादियों, जिनमें दो बब्बर खालसा के तथा शेष तीन मलकीयत सिंह अजनाला के गिरोह से सम्बन्धित हैं, द्वारा आत्म-समर्पण किए जाने से आतंकवाद ने एक मोड़ ले लिया है । उन्होंने स्पष्ट किया कि गत दिनों तरनतारन के गांव संघे में सुरक्षा बलों के साथ मारा गया आतंकवादी रेशम सिंह नहीं बल्कि रणजीत सिंह ठरू गिरोह का अमरजीत सिंह चप्पी था । इसके अतिरिक्त अमृतसर पुलिस ने एक महिला को आतंकवादी गिरोह खालिस्तान कमांडो फोर्स के हथियार एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

श्री आलम ने आज बाद दोपहर बुलाई गई एक प्रैस कांफ्रैंस में बताया कि अमृतसर जिला में गत दिवस पांच कुख्यात आतंकवादियों, जिनमें से तीन मलकीयत सिंह अजनाला गिरोह से सम्बन्धित हैं और जिनके नाम राजविंदर सिंह उर्फ गोरा निवासी गांव इब्बन, डाक्टर बलबीत सिंह निवासी गांव गिलवाली और भूपेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू हैं, ने हथियारों सहित पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण किया है । आत्म-समर्पण करने वाले दो अन्य आतंकवादी जग्गा निवासी गांव सरजा थाना जंडियाला और चंचल सिंह निवासी गांव लोले है । यह दोनों बब्बर खालसा से सम्बन्धित हैं । उन्होंने बताया कि यह पांचों आतंकवादी हत्याओं की वारदातों में संलिप्त रहे तथा किसी डकैती या छीना-झपटी की वारदातों में नहीं ।

श्री आलम ने बताया कि राजविंदर सिंह से पुलिस को .455 बोर का रिवाल्वर मिला है और उसने गिलवाली गांव में एक कामरेड की हत्या की थी । गिलवाली गांव में ही उसने तीन महंतों की भी हत्या की थी । यह 'बी' श्रेणी का आतंकवादी है । दूसरा आतंकवादी डाक्टर बलबीत सिंह आर.एम.पी. है । उसके कब्जे से पुलिस के एक .32 बोर का रिवाल्वर मिला है जो विदेशी चिन्ह वाला है । यह रिवाल्वर उन्होंने झब्बल गांव में एक व्यक्ति से छीना था । उसने अपने साथियों के साथ इसी रिवाल्वर से तीन महंतों की हत्या की थी । भूपेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू से पुलिस ने भारी मात्रा में गोली सिक्का पकड़ा । इस आतंकवादी ने बासरके गांव के सरपंच, उसके बेटे व एक अन्य व्यक्ति की हत्या की थी ।

श्री आलम ने बताया कि जग्गा और चंचल सिंह से पुलिस को कुछ नहीं मिला । उन्होंने बताया कि इन आतंकवादियों को उनके साथियों ने धमकी दी थी कि यदि उन्होंने पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण किया तो वे उन्हें और उनके परिवारों को जिंदा नहीं छोड़ेंगे परन्तु उन्होंने पुलिस का शिकंजा कसता हुआ देखकर आत्म-समर्पण करने में ही बेहतरी समझी । इन आतंकवादियों ने पुलिस को यह भी बताया कि आतंकवादियों को नई भर्ती में कठिनाई आ रही है अतः अब वे हर उस नौजवान को जो उनके सम्पर्क में आता है, मनाकर अथवा धमका कर उसमें आतंकवादी कार्रवाइयां करवाते हैं । एक बार हाथ रंगे जाने के बाद वे आतंकवादी गतिविधियों में पूरी तरह से संलिप्त हो जाते हैं ।

अमरजीत सिंह चप्पी ने 50 हत्याएं कीं : इजहार आलम

उन्होंने बताया कि पहले आतंकवादी गिरोहों के सरगना युवकों को घेर कर उनसे प्रशिक्षण के लिए छोटे-छोटे अपराध कराते थे लेकिन अब नई भर्ती में कठिनाई आ जाने से वे सीधे नौसिखिए युवकों से हत्या की वारदातें ही कराते हैं । श्री आलम ने यह भी कहा कि वह इन आत्म-समर्पण करने वाले युवकों के केसों पर विशेष रूप से विचार करेंगे और ऐसे ही अन्य युवक जो आत्म-समर्पण करेंगे, उनकी व उनके परिवारों की सुरक्षा का विशेष प्रबन्ध करेंगे । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के बयान से एक बात स्पष्ट है कि अमृतसर जिला में आतंकवादियों ने एक नई प्रवृत्ति अपनाई है ।



डालेगी । पुलिस कप्तान के अनुसार जिले भर में नाकेबंदी कर दी गई है । गोलियों से जख्मी तुलसी राम बिश्नोई की हालत अब खतरे से बाहर है । वह गंगानगर अस्पताल में भर्ती है । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों की संख्या चार थी, जो चीनी निर्मित स्टेनगनों से लैस थे । उन्होंने 40-45 गोलियां चलाईं जिससे दो पुलिस कर्मचारी व एक बस ड्राइवर मौके पर ही मारा गया । हत्या कांड में सी.आई.डी. पुलिस के थानेदार जगदीश चंद्र ने बस के नीचे छिप कर जान बचाई । अभियुक्तों का अभी कोई सुराग नहीं लगा है । डी.आई.जी. नमो नारायण मीणा भी यहां पहुंच गए हैं ।

...अभूतपूर्व ...ध

...राजधानी स्थित ...दोबस्त कर दिए ...कई बटालियनें ...। जेल के प्रत्येक ...गाया गया है । ...भी की जा रही ...होंगे । कार्यकारी ...अनुसार दिल्ली ...इसको लागू किया ...का दौरा करने के ...र भागों में बांटा ...-अलग अधीक्षक ...ही अधीक्षक होता ...में डबल रोटी दी ...य भी दी जा रही

4 की हत्या, कई बंदी, मुस्तफापुर कांड की जांच में प्रगति, लुधियाना में कर्फ़्यू खत्म

चंडीगढ़, 25 अगस्त (ह.स., वार्ता): विगत 24 घंटों के दौरान पंजाब में उग्रवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी, एक अन्य को घायल कर दिया जबकि पुलिस ने छापों, नाकों और मुठभेड़ों के दौरान कई आतंकवादियों और उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार किया । लुधियाना के कुछ भागों में लागू कर्फ्यू आज प्रातः 5 बजे उठा लिया गया । जालन्धर पुलिस ने मुस्तफापुर हत्या कांड की गुत्थी सुलझा लेने का दावा किया है ।

किसान की हत्या

अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि दो बजे के लगभग 6 आतंकवादियों ने कसेल गांव थाना झब्बाल में एक किसान प्रीतम सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी तथा जाते समय एक पत्र छोड़ गए, जिस पर तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू जनरल अवतार सिंह ब्रह्मा, ब्रिगेडयर बिट्टू सिंह, कमांडर एच.एस. टोहरा के हस्ताक्षर थे । पुलिस सूत्रों के अनुसार इन 6 आतंकवादियों में से चार की पहचान कर ली गई है । वे हैं कुलदीप सिंह, सुखदेव सिंह, प्रताप सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह । जल्दी ही इनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

2 और हत्याएं

अमृतसर पुलिस के अनुसार कल रात्रि कत्थू नंगल थाना के ग्राम जेठोवाल में तीन उग्रवादियों ने हरबंस कौर के घर में घुस कर हरबंस कौर व एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । हरबंस कौर का पति विदेश में रहता है ।

एक गिरफ्तार

झब्बाल पुलिस ने गत रात्रि मेवा सिंह उर्फ सुखा (नथू चक) को खालिस्तान के पक्ष में लोगों को भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका दूसरा साथी परगट सिंह भाग गया । पुलिस उसकी तलाश में है ।

जेवर व नकदी लूटी

बाबा बकाला से 'मेहरा' के अनुसार गत रात यहां से 6 किलो मीटर दूर थाना ब्यास के गांव बुलेनंगल में चार सशस्त्र लूटेरों ने आसा सिंह के घर से तीस हजार रुपए के जेवर और 3500 रुपए की नकदी लूट ली । बताया जाता है कि 70 वर्षीय आसा सिंह और उसकी भाभी अपने घर के आंगन में सोए हुए थे । लूटेरे दीवार फांद कर आए और उन्होंने आसा सिंह को उठाकर उसे कमरों के ताले खोलने के लिए कहा । उसके इन्कार करने पर उसे बंदूक के बट मारकर घायल कर दिया । भयभीत आसा सिंह ने कमरों के ताले खोल दिए । लुटेरे 13 तोले सोना और नकदी ले गए । यह भी पता चला है कि दो लुटेरे गली में खड़े रहे और दो मकान के अन्दर गए । जाते हुए उन्होंने हवाई फायर भी किए और वहां शराब की एक खाली बोतल छोड़ गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

कर्फ्यू समाप्त

लुधियाना (जोशी): लुधियाना नगर में आज सुबह पांच बजे से कर्फ्यू हटा लिया गया । लुधियाना युवा कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राधे श्याम मल्होत्रा की हत्या के बाद कल नगर के कुछ भागों में एहतियातन कर्फ्यू लागू किया गया था ।

6 हिरासत में

लुधियाना पुलिस ने आज यहां दुकानें बंद करा रहे 6 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । पुलिस का कहना है कि लगभग 150 युवक आज बाजारों में पंजाब पुलिस और पंजाब सरकार विरोधी नारे लगाने शुरू कर दिए । इसपर दुकानदारों ने शटर गिरा दिए । सी.आर.पी.एफ. ने वहां पहुंच कर युवकों को खदेड़ा एस.पी. सिटी संजीव गुप्ता ने बताया कि नगर में स्थिति नियंत्रण में है ।

घायल कर दिया

कल रात निकटवर्ती गांव रूपालां में दो स्कटर सवार उग्रवादियों ने डा. हरबंस सिंह को गोलियां मारकर घायल कर दिया । डा. हरबंस सिंह उस समय एक ठेके के बाहर खड़े थे । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी दशा खतरे से बाहर है ।

बंदूक चोरी

राजपुरा (मासूम): गत रात यहां से चार कि.मी. दूर गांव पिलखनी के सुरिन्दर सिंह के घर से उनकी लाइसैंसी 12 बोर एक नाली बंदूक चोरी हो जाने की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है । जबकि चर्चा है कि सुरिन्दर सिंह घर में नहीं था उसकी पत्नी गुरबचन कौर से दो नवयुवक पिस्तौल की नोक पर बंदूक ले गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanatan

उग्रवादियों द्वारा हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्रीगंगानगर (गुरदीप): जिले की सादुलशहर थाना पुलिस ने पंजाब के जिला फिरोजपुर के गांव कोट करोड़ के निवासी गुरुदेव सिंह को एक 12 बोर की पिस्तौल तथा जिन्दा कारतूसों समेत गिरफ्तार किया है । इसी प्रकार सी.आई.ए. स्टाफ ने गांव कमरानियां में सुरजीत सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 32 बोर नजायज पिस्तौल बरामद किया । नगर कोतवाली पुलिस ने स्थानीय नेहरू पार्क के समीप संदिग्धावस्था में घूम रहे जागीर सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया । पुलिस ने उसके कब्जे से किरपाण बरामद की है । जागीर सिंह नकोदर रोड जालन्धर का रहने वाला है । पुलिस उससे विस्तृत पूछताछ कर रही है ।

पनाह देने वाली गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): धारीवाल थानांतर्गत गांव सोहल में स्थित डेरे से, जिसका मालिक प्रीतम सिंह गत दिवस बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारा गया था, मृतक की पत्नी अविनाश कौर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । उस पर उग्रवादियों को पनाह देने का आरोप है ।

15 गिरफ्तार

बटाला (ह.स.): बटाला पुलिस ने दोहरी सवारी के प्रतिबंध का उल्लंघन करने के आरोप में 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इसके अलावा गांधी कैम्प और काले नंगल में अवैध रूप से वीडियो फिल्म चलाने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है ।

मुस्तफापुर हत्या कांड की जांच में प्रगति

जालन्धर (क.): गत 18-19 अगस्त की रात को केन्द्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह के पैतृक गांव मुस्तफापुर थाना करतारपुर में ट्रक सवार उग्रवादियों द्वारा श्री बूटा सिंह के नवविवाहित चचेरे भाई अमरीक सिंह तथा 6 अन्य की हत्या के सम्बन्ध में जालन्धर पुलिस की जांच टीम एक अभियुक्त गुरदयाल सिंह को गिरफ्तार करने में सफल हो गई है । यह दावा करते हुए एक पुलिस प्रवक्ता ने यहां बताया कि एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री स्वर्ण सिंह के नेतृत्व में जांच कर रही पुलिस टीम के सामने उग्रवादी ने पूछताछ के दौरान घटना में संलिप्तता स्वीकार की है तथा इस गिरोह के सरगना अवतार सिंह तथा तीन अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं, जिनमें गुरमीत सिंह उर्फ अमरीक सिंह उर्फ जीता मैंटलो निवासी चहेड़ू, भाग सिंह निवासी भंगाला, थाना नूरमहल, तथा देवसिंह उर्फ छोटू निवासी हेरां थाना नकोदर शामिल हैं । मरगना अवतार सिंह थाना करतारपुर के गांव बिसरामपुर का निवासी है और खालिस्तान कमांडो फोर्स का सदस्य है । इन्हें अभी गिरफ्तार किया जाना है ।

गुरदयाल सिंह जो कि करतारपुर सर्कल सिख छात्र संघ इकाई का महासचिव है, ने जांच दल को बताया है कि उनका यह गिरोह सराय खास में श्रीमती पूनम तथा उसके पति, गांव कुक्कर में दुकानदार जनकराज, गांव सेमी में बाबा जीत राम, गांव धालीवाल में पं. बद्रीनाथ व जगन्नाथ, गांव भंगाला में बाबा रामकिशन दास तथा सुखविंदर सिंह की हत्याओं के लिए जिम्मेदार है । पुलिस ने गुरदयाल सिंह से एक 12 बोर का पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए । प्रवक्ता ने बताया कि जालन्धर पुलिस ने एक उग्रवादी गुरमेल सिंह निवासी मलकों तरारां को गिरफ्तार किया है । यह उग्रवादी एम.बी.डी., अड्डा टांडा के कैशियर विजय कुमार पर हमला करने की वारदात में शामिल था । उससे स्कूटर पी.ए.यू. 7957 भी बरामद किया गया है जो उसने एक युवक सुभाष चन्द्र से फरार होने के लिए छीना था । उसका दूसरा साथी कुलदीप सिंह अभी गिरफ्तार किया जाना है । यह दोनों सिंचाई विभाग के कैशियर से 6000 रुपए तथा थाना डिविजन नं. चार के क्षेत्र की एक फीड शाप से 10,000 रुपए लूटने की वारदात के लिए जिम्मेदार थे ।

नकोदर पुलिस ने एक व्यक्ति दर्शीधा सिंह को गिरफ्तार कर उससे एक 303 का देसी पिस्तौल बरामद किया है । जबकि नूरमहल पुलिस ने कोट बादल खान के केवल सिंह और गांव लखनपाल की श्रीमती भिंडो को गिरफ्तार कर उनसे क्रमशः दस किलो व दो कि. पोस्त चूरा बरामद किया है ।

पुत्र के बाद अब पिता की हत्या

नकोदर (गगन) : यहां से 21 किलोमीटर दूर जंडियाला-नूरमहल सड़क पर गांव भंगाला में आज बाद दोपहर साइकलों पर सवार 2 उग्रवादियों ने 50 वर्षीय सोहन सिंह सुपुत्र बन्ता सिंह की फायरिंग करके हत्या कर दी । बताया जाता है कि सोहन सिंह को तीन गोलियां उस समय मारी गईं, जब वह बस से उतर कर अड्डे से किसी वस्तु का बीज लेकर गांव को जा रहा था । गत चार पांच मास में गांव में यह पांचवीं हत्या है । पहले इस छोटे से गांव में 2 ग्रंथियों की हत्या की गई, फिर एक महंत को मारा गया और आज से 20 दिन पूर्व मृतक सोहन सिंह के लड़के लखविंद्र सिंह की हत्या की गई जबकि आज उसकी हत्या कर दी गई । उल्लेखनीय है कि पिछली हत्याओं के कारण इस गांव में पुलिस की चौकी बिठा दी गई थी । उग्रवादियों ने जब सोहन सिंह के बेटे की हत्या की थी तो कह गए थे कि अब सोहन सिंह की बारी है । इस लिए मृतक सोहन सिंह जब बाहर जाता था, पुलिस की गार्द उसके साथ होती थी, लेकिन आज ही वह अकेला गया था और उसे गोली मार दी गई । बताया जाता है कि जब महंत की हत्या हुई थी तो सोहन सिंह के परिवार ने उसके शव को सम्भाला था, इस लिए उग्रवादी उसके विरुद्ध हो गए थे ।

खेतों का घेरा

आज जब सोहन सिंह को गोलियां मारी गईं तो गांव के लोग लाठियां आदि लेकर उग्रवादियों के पीछे भागे तो उग्रवादी गन्ने के खेतों में छिप गए । इसी दौरान एस.पी. डिटैक्टिव श्री स्वर्ण सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स वहां पहुंच गई । पुलिस ने चारों तरफ खेतों को घेर लिया है और तलाश जारी है । उल्लेखनीय है कि इसी गांव से उग्रवादियों के भय से 9 परिवार पलायन करके जा चुके हैं । यह गांव जंडियाला से केवल डेढ़ किलोमीटर दूर थाना नूरमहल में पड़ता है ।

ह.स. के अनुसार नूरमहल थाना के गांव लिट्टड़ां में गत रविवार की रात को गांव वासियों की सतर्कता के कारण उग्रवादी वारदात न कर सके । विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने गांव पर धावा बोला और गांव वासियों को आतंकित करने के लिए हवाई फायरिंग की । लाईसैंसधारी ग्रामीणों ने भी फायरिंग शुरू कर दी, जिससे उग्रवादी भागने पर मजबूर हो गए ।

उग्रवादी स्कूटर छोड़ गए

जंडियाला गांव के निकट पुलिस की नाका पार्टी ने दो स्कूटर सवारों को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह स्कूटर छोड़ कर भाग निकले । पुलिस ने स्कूटर कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है ।

स्कूटर छीना

गोराया थाना के गांव पड्डी जागीर के निकट दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर परमजीत सिंह से स्कूटर छीन लिया ।

मुठभेड़ के बाद 4 काबू

कपूरथला (वार्ता): सरकारी सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने कपूरथला जिला में कोतवाली थानांतर्गत गांव ढेंपुर में एक पुलिया के पास मुठभेड़ के बाद चार आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया ।

5 गिरफ्तार

फरीदकोट (जिदल): एस.एस.पी. गोबिंद राम ने आज यहां बताया कि विगत 24 घंटों के दौरान जिला पुलिस ने पांच और आतंकवादियों को गिरफ्तार करके चार पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं । इनकी शिनाख्त सुखदेव सिंह (मड्डक), गुरबचन सिंह (सुखानन्द), बलबीर सिंह उर्फ काला (बोहना), बख्तावर सिंह (मन्दिर) तथा करम सिंह (डल्ला) को गिरफ्तार किया है । गुरबचन और बख्तावर सिंह ने कथित आतंकवादियों के साथ सम्बन्धों, उन्हें आर्थिक और यातायात सुविधा उपलब्ध कराने की स्वीकारोक्ति की है ।

एक और बंदी

गत जून में मोगा में हुई एक हत्या के सम्बन्ध में एक और उग्रवादी तेज सिंह (गांव हकीमां) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।

22 महीने में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

न्यायालय ने अपने दिनांक 25 जुलाई के आदेश के तहत रोक दी है ।

राज्यसभा में आज बताया गया कि सरकार के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि पाकिस्तानी रेंजर्स भारतीय तथा पाकिस्तान के पंजाब राज्यों के

आग लगने से 5 लाख की क्षति

शिमला, 25 अगस्त : आज शाम यहां अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल के पास एक चार मंजिले भवन में आग लग जाने से भवन का बहुत बड़ा भाग जलकर नष्ट हो गया । भवन में स्थित एक कम्पनी का कोयले का गोदाम भी नष्ट हो गया । आग के कारण कुल पांच लाख का नुकसान होने का अनुमान है । आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं हो सका ।

एक अन्य सूचना के अनुसार एक तीन मंजिली इमारत फलाज आग लग जाने से पूरी तरह जल गई जबकि इसके पास 100 वर्ष पुराना भवन 'रूप महल' बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । आग इमारत की दूसरी मंजिल में स्थित एक फैक्टरी से लगनी शुरू हुई थी । स्थानीय युवकों की मदद से फायर ब्रिगेड एक घंटा तक आकाश को छू रही लपटों पर काबू पाने की कोशिश करते रहे और उसे दूसरे भवनों तक पहुंचने से बचाया ।

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति एक लाख रक्षक भर्ती करेगी

पटियाला, 25 अगस्त (भूषण): लोगों की जान माल की रक्षा व आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा समिति एक लाख 'मरजीवड़े' राष्ट्रीय रक्षक भर्ती करेगी ।

फारूक बाल-बाल बचे

श्रीनगर, 25 अगस्त (वार्ता): जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला कल एक सड़क दर्घटना में बाल-बाल बचे ।

आर्य समाज आंदोलन को स्वतंत्रता संग्राम के रूप में मान्यता

नई दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता): सरकार ने निवर्तमान हैदराबाद रियायत में आर्य समाज आंदोलन को स्वतंत्रता संग्राम मान लिया है तथा इस आंदोलन में भाग लेने वाले सभी लोग स्वतंत्रता सेनानियों को मिलने वाली पैंशन पाने के हकदार होंगे । आज राज्यसभा में यह घोषणा करते हुए गृह राज्यमंत्री श्री चिंतामणि पाणिग्रही ने कहा कि हैदराबाद स्क्रीनिंग कमेटी तथा गैर सरकारी आर्य समाज स्क्रीनिंग कमेटी को पैंशन के लिए चार हजार आवेदनपत्र मिले थे । इनमें से सिर्फ 1400 से 1600 आवेदनपत्र की फैसले के लिए लम्बित हैं ।

वे उग्रवादी नहीं निकले

राजपुरा, 25 अगस्त (मासूम): गत दिवस यहां एक भू.पू. अकाली मंत्री, जो शाम आठ बजे अपने गनमैनों के साथ चंडीगढ़ से अपने घर आ रहा था कि रास्ते में एक और कार, जिसमें बंदूकधारी बैठे थे, ने उसकी कार को दो बार क्रास किया तो उसे उग्रवादियों का शक हो गया । इस पर वह कार भगा कर राजपुरा शहर में आ गया व उसने सीनियर पुलिस अफसर को दूसरी कार का नम्बर बताया । मंत्री के साथ तीन गनमैन होने पर भी एक पुलिस टुकड़ी ने अपनी छत्रछाया में उसे घर पहुंचाया । अधिकारियों ने दूसरी कार की तलाश की तो वह भी पटियाला के पास खड़ी मिल गई । वह कार एक अन्य मंत्री की थी जिसमें उसके रिश्तेदार गनमैनों के साथ चंडीगढ़ से वापिस आ रहे थे । दोनों मंत्री दोस्त बताये जाते हैं । दूसरे मंत्री द्वारा पहले मंत्री को तसल्ली देने पर पहले मंत्री का डर दूर हुआ । सारी रात पुलिस भाग-दौड़ करती रही ।

6.87 अरब की पूरक मांगें पास

नई दिल्ली, 25 अगस्त (ह.स.): लोकसभा ने आज 6,87,77,00,000 रुपए की अनुपूरक मांगों को स्वीकृति दे दी । मांगों पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए वित्त राज्यमंत्री बी.के. गधवी ने कहा कि इन अनुपूरक मांगों से बजट घाटा नहीं बढ़ने दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि मूल बजट पेश करते समय ही प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि अनुपूरक मांगों की जरूरत पड़ने पर उसे बचत का या राजस्व में वृद्धि करके पूरा किया जाएगा ।

सोडल का मेला 6 सितम्बर को

जालन्धर, 25 अगस्त : पंजाब का ऐतिहासिक मेला श्री सिद्ध बाबा सोडल इस वर्ष रविवार 6 सितम्बर को होगा । इस अवसर पर श्री सिद्ध बाबा सोडल ट्रस्ट की ओर से प्रातः हवन होगा और सारा दिन लंगर जारी रहेगा ।

बस-ट्रैक्टर दुर्घटना में 3

भारतीय खाद्य निगम

निविदा सूचना

जिला पटियाला में खरीफ 1987-88 के दौरान, भारतीय खाद्य निगम द्वारा संचालित की जाने वाली मंडियों के लिए, एक वर्ष के लिये जिसे निगम के विवेक पर तीन मास के लिये उन्हीं दरों पर बढ़ाया जा सकता है, मंडी श्रम ठेकेदारों और ट्रांस्पोर्ट ठेकेदारों की नियुक्ति के लिये मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं ।

निविदा पत्रक, जिसमें सभी विवरण दिये गये हैं, भारतीय खाद्य निगम, जिला कार्यालय 2-निहाल बाग पटियाला से किसी दिन **2.9.1987** तक 25 रुपए (पच्चीस रुपए) प्रति निविदा पत्रक चुकाने पर प्राप्त किये जा सकते हैं । मंडी श्रम अनुबंध और परिवहन अनुबंध के लिये निविदाएं क्रमशः **3.9.1987** को अप. **2.30** बजे और **4.9.87** को अप. **2.30** बजे प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन सायं 3 बजे निविदकों के सामने खोली जाएंगी जो उपस्थित होना चाहेंगे । जिला प्रबंधक, किसी या सभी निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं ।

जिला प्रबंधक,
भारतीय खाद्य निगम, पटियाला

(Bhushan/C)

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

सातवीं, आठवीं, नौवीं फेल शर्तिया मैट्रिक पास करें । मैट्रिक पास या 10+1 फ़ेल 10+2 करें । Metro College, Bazar Narsinghdass (Near Majith Mandi), Amritsar. Phone : 47664.

RMP (सरकारी मान्य) सबसे कम फीस, आठवीं फेल/पास सितम्बर/खर्च में मैट्रिक गारंटिड पास करें, +1 फ़ेल +2 (Direct), ग्रैप/ग्यारहवीं पास डायरैक्ट B.A./B.Com./B.Sc. करें । J.B.T./ OT/B.Ed. (Correspondence) LL.B. (Professional, 40% Graduate Eligible),

RMP रजिस्ट्रेशन 10 दिन में, मैट्रिक-इंटर, बी.ए. गारंटिड सितम्बर में : गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

लीज़ पर

गुरमेल राइस मिल, रायकोट (जिला लुधियाना) लीज़ पर लेने के लिए सम्पर्क करें, फोन-127, रायकोट ।

आवश्यकता

Wanted an experienced TV Mechanic on Salary or Commission Basis. Contact—Pathak Electronics, Chowk Shastri Market, Amritsar.

रणजीत सिंह राणा और भाई मुठभेड़ में मरे, 2 पुलिस कर्मियों सहित 6 की हत्या

कई घायल, अनेक उग्रवादी बंदी, दरबार साहिब सरोवर में शव मिला, पंजाब-भर में अलर्ट

चंडीगढ़, 26 अगस्त (राकेश संधी): पंजाब में पिछले चौबीस घंटे के भीतर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में खतरनाक आतंकवादी रणजीत सिंह राणा तथा उसका भाई मारा गया, जबकि आतंकवादियों ने दो पुलिस कर्मियों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी और कई अन्य को घायल कर दिया । दरबार साहिब के सरोवर में एक शव मिला है । राणा के मारे जाने के बाद राज्य-भर में अलर्ट जारी कर दिया गया है,क्योंकि आतंकवादी 'बदले' की कार्रवाई कर सकते हैं ।

2 पुलिस कर्मियों की हत्या, 6 घायल

2 आतंकवादियों ने आज प्रातः यहां सैक्टर 35 में आधुनिक हथियारों से अंधाधुंध फ़ायरिंग करके सब-इंस्पैक्टर रैंक के 2 पुलिस कर्मचारियों की हत्या कर दी, जबकि 6 अन्य सब-इंस्पैक्टर घायल हो गये । यह घटना उस समय हुई जब पुलिस डिटैक्टिव ट्रेनिंग स्कूल में प्रशिक्षणार्थ आए 20 सब-इंस्पैक्टर प्रातः दैनिक परेड के लिये ग्राऊंड में इकट्ठे हुये । लगभग 5.35 बजे 25-30 वर्ष आयु के दो उग्रवादी ग्राऊंड में आए । ज्यों ही जवानों ने पी.टी.आई. शुरू की तो उग्रवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिससे अंडेमान निकोबार पुलिस का 30 वर्षीय सब-इंस्पैक्टर भास्कर घोष और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का 25 वर्षीय सब-इंस्पैक्टर विनोद कुमार मौके पर ही दम तोड़ गए । पंजाब पुलिस के 2 एस.आई. भूपेंद्र सिंह बराड़ (30) और रामजी लाल (45), हिमाचल पुलिस के दो एस.आई. हीरा सिंह (30) और अजय सिंह (30), हरियाणा के हीरा सिंह (53) व केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के बिन्देश्वर घायल हो गये । सभी घायलों को तुरन्त पी.जी.आई. में भर्ती कराया गया, जहां हीरा सिंह (हरियाणा) और भूपेंद्र सिंह (पंजाब) की हालत चिन्ताजनक है ।

घटना की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गये । चंडीगढ़ पुलिस के आई.जी. श्री वी.एन. सिंह ने बताया कि यह उग्रवादी फ़ायरिंग करने के बाद सफ़ेद रंग की फ़िएट कार में फ़रार हो गये । उन्होंने बताया कि परेड कर रहे लगभग 20 जवान गोलियों की आवाज़ सुन कर भागते समय 8 पुलिस कर्मियों को गोलियां लगीं । उन्होंने कहा कि अन्य कर्मचारियों का बचाव इसलिये हो गया, क्योंकि इन्हें ऐसी स्थिति से बचने का प्रशिक्षण प्राप्त था । घटना-स्थल से 61 चले हुये कारतूस मिले हैं । पुलिस का मत है कि इस वारदात में कम से कम 4 उग्रवादी संलिप्त हो सकते हैं ।

घनी आबादी में स्थित इस ट्रेनिंग स्कूल के आसपास के लोगों से जब पूछा गया तो कुछेक ने बताया कि वह समझे कि बिना साईलैंसर के कोई मोटर साईकल स्टार्ट हुआ है, जबकि कुछ अन्य ने समझा कि कोई ट्रांसफ़ार्मर जल गया है, लेकिन चीख पुकार सुन कर जब लोग बाहर निकले तो उग्रवादी भाग चुके थे ।

गार्ड बर्खास्त

उग्रवादियों द्वारा 2-3 मिनट तक गोलीबारी किये जाने के बावजूद 100 गज़ की दूरी पर तैनात 4 गार्डों ने न तो मुकाबला किया और न ही पीछा । चंडीगढ़ के प्रशासक एस.एस.रे ने इन चारों पुलिस कर्मियों सतपाल (हैडकांस्टेबल), गुरमेल सिंह, गुरदित सिंह और दविन्दर कुमार (सभी कांस्टेबलों) को बर्खास्त कर दिया है । यह बर्खास्तगी नए कानून के तहत की गई है, जिसके तहत ऐसे मामलों में जांच की आवश्यकता नहीं ।

चंडीगढ़ के एस.एस.पी. आर.पी. सिंह ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 302, 307, शस्त्र कानून तथा उग्रवादी निरोधक कानून के तहत केस दर्ज कर लिया गया है । कड़ी खोजबीन के बावजूद कार और उग्रवादियों का पता नहीं चल सका । शहर में कई जगह छापे मारे गए और कुछ संदिग्ध युवकों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया है । गत दिसम्बर माह में उग्रवादियों ने इसी सैक्टर में पंजाब पुलिस के आई.जी. रैंक के अधिकारी टी.सी. कटोच की हत्या कर दी थी । इस केस की गुत्थी अभी उलझी हुई है ।

ईनाम की घोषणा

आई.जी. पी.एन.सिंह ने बताया कि इस घटना में संलिप्त उग्रवादियों बारे सूचना देने वाले को 25 हज़ार रु. ईनाम दिया जाएगा, नाम गुप्त रखा जाएगा और गवाहों की सूची में भी उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा ।

ग्रांट

चंडीगढ़ प्रशासन ने मृतक भास्कर घोष और विनोद शर्मा के परिवारों को 1-1 लाख रु. ग्रांट देने की घोषणा की है । गम्भीर घायलों को 5-5 हज़ार और 4 घायलों को 2-2 हज़ार रु. की आर्थिक सहायता दी जाएगी ।

श्री सिंह ने बताया कि उस वारदात में चीन-निर्मित "ए.के.-47" एसाल्ट राइफल का प्रयोग किया गया, जो एक मिनट में कम से कम 600 गोलियां दाग सकती है।चंडीगढ़ पुलिस ने हरियाणा और पंजाब की पुलिस से भी सम्पर्क बना रखा है ।

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक श्री एस.एस. रे. आज घायलों को देखने पी.जी.आई. गए । वह घटना स्थल पर भी गए । उनके सलाहकार के. बैनर्जी और वरिष्ठ अधिकारी भी थे ।

एक खबर के अनुसार एक मृतक का नाम विनोद सिंह था और गम्भीर घायल का नाम हीरा लाल है, जो कि सब-इंस्पैक्टरों को प्रशिक्षण दे रहा था । कुछ प्रशिक्षणार्थियों का कहना है कि 2 उग्रवादी दीवार फांद कर मैदान में आ गए जबकि एक अन्य कार में बैठा रहा । पुलिस द्वारा सफ़ेद रंग की मारुति और फ़िएट कारों की कड़ी चैकिंग की जा रही है ।

आतंकवादी एक निजी बंगले में चल रहे ट्रेनिंग स्कूल और परेड मैदान के बीच की सड़क के बजाए दूसरे रास्ते से आए । उन्होंने अपनी कार मैदान की दूसरी ओर कुछ मकानों के पीछे खड़ी की थी ।

विभिन्न लोगों द्वारा उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त वाहन को कभी फ़िएट, कभी मारुति कार और कभी जिप्सी बताए जाने से पुलिस उलझन में फंस गई है । इन वाहनों के नम्बर भी अलग-अलग बताए जा रहे हैं । उग्रवादियों के हुलिए बारे भी तरह-तरह की बातें पुलिस को बताई जा रही हैं । एफ़.आई.आर. में सफ़ेद फ़िएट कार का ही उल्लेख है ।

इस हत्याकांड के विरुद्ध पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने आपात् बैठक बुलाई और दोपहर बाद हड़ताल करने का फ़ैसला किया । निर्दोषों की रक्षा की मांग को लेकर कल भी अदालत के काम का बहिष्कार किया जाएगा ।

राणा और भाई मारे गए

'वार्ता' के अनुसार पंजाब का एक खूंखार आतंकवादी रणजीत सिंह राणा फरीदकोट जिले में आज तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । मुठभेड़ में उसका भाई इंद्रपाल सिंह भी मारा गया । पंजाब पुलिस प्रमुख जे.एफ. रिबैरो ने आज यहां यह जानकारी दी ।

पंजाब के अतिरिक्त सुरक्षा सचिव तथा पुलिस महानिदेशक जूलियस रिबैरो ने रणजीत सिंह राणा के मारे जाने की घटना को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया । उन्होंने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि मुठभेड़ गुरुहर सहाय-सादिक रोड पर हुई । उस समय पुलिस तथा केंद्रीय रिज़र्व पुलिस के संयुक्त छापा दल ने स्कूटर से जा रहे तीन व्यक्तियों को रुकने का संकेत दिया । उनसे जैसे ही रुकने के लिये कहा गया, उन लोगों ने गोलीबारी शुरू कर दी । संयुक्त छापा मार दल ने भी जवाबी गोली चलाई, जिससे राणा और इंदर पाल सिंह वहीं ढेर हो गए, जबकि तीसरा भाग निकला । चीन निर्मित एक घातक हथियार ए.के. 47 एसाल्ट राइफल, 12 बोर की एक बंदूक तथा 63 गोलियां मृतकों के पास से बरामद हुई ।

श्री रिबैरो ने कहा कि रणजीत सिंह राणा का तरनतारन में रेलवे के शस्त्रागार में डाका डालने के अलावा बीस लोगों की हत्या में भी हाथ था । उस शस्त्रागार से 16 राइफलों की चोरी हुई थी । पंजाब में अन्य तेरह व्यक्तियों की हत्या में भी उसका हाथ था । इनमें भू.पू. मंत्री सतनाम सिंह बाजवा, अकाली दल युथ विंग का प्रधान हरजीत सिंह और उसके परिवार के 5 अन्य सदस्य शामिल थे ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



जूनियर डाक्टर अपनी मांगों के पक्ष में बुधवार को सिविल अस्पताल जालन्धर में अपनी डिग्रियों की फोटो प्रतियां जलाते हुए । (छाया : प्यारे)

इंका संसदीय दल की बैठक 28 को

नई दिल्ली, 26 अगस्त (ह.स.): इंका संसदीय दल की एक सामान्य बैठक 28 अगस्त को होगी । इस बैठक में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी मुख्य वक्ता होंगे । इस बैठक से पहले इसी दिन पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक होगी ।

बोफोर्स ने तोपें बेचने के लिए 410 लाख डालर दिये : कम्पनी के चेयरमैन ने स्वीकार किया

...तो और भी मरते

Punjabi Sarathi

















(1, 4)केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण केंद्र, चंडीगढ़ में उग्रवादियों के हाथों घायल 4 सब इंस्पैक्टर पी.जी.आई. में उपचाराधीन, (5) एक घायल का हालचाल पूछते हुए राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे और श्रीमती माया रे, (6) घटनास्थल से बरामद खाली कारतूस, (7) गुप्तचर ट्रेनिंग केंद्र, (8) x चिन्ह वाली जगह जहां वारदात हुई और वह टैंट जहां गार्ड बैठे थे और निष्क्रिय रहे । (छाया : पुरी)

Punjabi Sanatani

रणजीत सिंह राणा

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि हाल में हरियाणा के फतेहाबाद में बस यात्रियों की हत्या में भी वह शामिल था । उसने तरनतारन के ओरिएंटल बैंक आफ़ कामर्स से 4.55 लाख रु. भी लूटे थे ।

उसके भाई इंदर पाल का पिछले साल मार्च में नकोदर में आठ व्यक्तियों की हत्या में हाथ था । खबर है कि दिल्ली पुलिस ने कुछ समय पहले उसे गिरफ्तार किया था,परन्तु बाद में वह ज़मानत पर छूट गया था ।

श्री रिबैरो ने बताया कि राणा जब पाकिस्तान गया तो फ़ैसलाबाद जेल में उसकी मुलाकात गुरजीत सिंह और अकाल फ़ैडरेशन के सदस्य अजायब सिंह से हुई । वहां से लौट कर वह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का स्वयंभू जनरल बन गया । कुछ समय बाद वह गुरबचन सिंह मानोचाहल की भिंडरांवाला टाईगर्स फ़ोर्स में शामिल हो गया,लेकिन खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू चीफ जनरल लाभ सिंह के मनाने पर वापस के.सी.एफ. में आ गया । वापसी पर उसे सबसे पहला काम फतेहाबाद के बस यात्रियों की हत्या का सौंपा गया । श्री रिबैरो ने कहा कि राणा वास्तव में दुर्दांत उग्रवादी था ।

श्री रिबैरो ने कहा कि राणा पर एक लाख रु. का ईनाम था,वह फतेहाबाद में 38 बस यात्रियों की हत्या का मुख्य अभियुक्त था ।

फरीदकोट से 'जिन्दल' के अनुसार राणा उर्फ़ कालिया उर्फ़ शर्मा लगभग 100 हत्याओं और इंदर पाल सिंह उर्फ़ बिल्लू एक दर्जन हत्याओं में वांछित था । पुलिस ने एक बिना नम्बर का स्कूटर और कुछ दस्तावेज़ भी बरामद किये हैं । मुकाबला 10 मिनट तक जारी रहा ।

2 हत्याएं, एक शव मिला

अमृतसर (अशोक, नारंग): आज सायं यहां एस.एस.पी. मोहम्मद इज़हार आलम ने बताया कि गत रात 3 आतंकवादियों ने कैरों थाना के गांव लीका में गुरदयाल सिंह नम्बरदार के घर में घुस कर उनके परिवार पर फ़ायरिंग की,जिससे उसका बेटा परगट सिंह मारा गया ।

थाना अजनाला के गांव दीनाबाली में 2 आतंकवादियों ने शशपाल सिंह के घर में घुस कर उसके पिता संता सिंह की हत्या कर दी और उसकी भतीजी अमरजीत कौर को घायल कर दिया । एस.एस.पी. ने इसे आपसी दुश्मनी का मामला बताया है । उन्होंने कहा कि 2 हत्यारों की शिनाख्त तरसेम सिंह 'सेमा' और सतनाम सिंह 'सत्ता' के रूप में की गई है । पुलिस उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आज प्रातः दरबार साहब के सरोवर में अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता पाया गया, जिसे प्रबंधकों ने पुलिस को सौंप दिया । अभी तक पता नहीं चल सका कि यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का । शव का चेहरा कपड़े से ढका हुआ था ।

ठीकरी पहरा

जिलाधिकारियों ने सिंचाई नहरों, विद्युत प्रतिष्ठानों पर ठीकरी पहरे के आदेश दिये हैं, जो 23 फरवरी 1988 तक लागू रहेंगे ।

घायल कर दिया

कल सायं 3 बजे अमृतसर की घनी आबादी हकम सिंह रोड, गली नं. 5 में दो आतंकवादियों ने डा. सुखदेव लाल मेहता को घर में घुस कर 3 गोलियां मार कर घायल कर दिया । श्री मेहता की हालत ठीक है । एक सूचना के अनुसार डा. मेहता को कोई गोली नहीं लगी ।

स्कूटर छीना

कल सायं 7.30 बजे के लगभग कोर्ट रोड पर एक आतंकवादी ने पिस्तौल की नोक पर प्रेम पाल का नया बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया ।

एक काबू

गत रात्रि चोहला साहिब पुलिस ने देस राज सुपत्र सरदार मसीह,जोकि प्रेम नगर अमृतसर का निवासी है, को गिरफ्तार कर लिया । उससे 12 बोर के नाजायज पिस्तौल मिलने की सूचना है ।

बालियां छीनीं

बाबा बकाला (प्रेम): गत रात पटे गांव में दो घरों में घुस कर लुटेरों ने सो रही महिलाओं के कानों की बालियां उतार लीं । जब घर वाले जाग गए तो उन्होंने सिरों में लाठियों के प्रहार करके भाग गए । मेहताब कोट गांव के एक घर में भी दो महिलाओं की बालियां उतारने की कोशिश की गई । उन्हें पकड़ने के प्रयास में दो व्यक्ति लाठियों से घायल हो गया । वज़ीर भुल्लर गांव में लुटेरे दो महिलाओं की बालियां उतार ले गए । इन घटनाओं के संबंध में कई व्यक्ति हिरासत में लिए गए हैं ।

आत्मसमर्पण

जालंधर (सत्ता): 'बी' श्रेणी के एक आतंकवादी नरिन्दर सिंह निंदी ने कल कादियां में सीमा सुरक्षा बल के आगे आत्मसमर्पण कर दिया । बी.एस.एफ. द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार निंदी थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के मंडियाला गांव, (जिला गुरदासपुर) का रहने वाला था ।

ठेके लूटे

3 स्कूटर सवार आतंकवादियों ने कल सायं नवांशहर थाना के 2 गांवों में एक ही व्यक्ति सोहन सिंह के ठेकों से 2392 रु. लूट लिये । गरचा में सरबजीत सिंह के ठेके से 792 रु. और भरता कलां से 1600 रु. लूट लिये । उग्रवादी गोलियां चलाते हुये भाग गए ।

2 संगठनों ने जिम्मेदारी ली

लुधियाना (मुसाफिर): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने लुधियाना यूथ इंकाब के प्रधान श्री राधेश्याम मल्होत्रा की हत्या की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है । आज पत्रकारों को फ़ोर्स के 'जनरल' लाभ सिंह की ओर से मिले पंजाबीमें लिखे पत्र में यह जिम्मेदारी ली गई है । पटियाला से 'हम' के अनुसार बब्बर खालसा ने इस हत्या कांड की जिम्मेवारी अपने ऊपर ली है ।

'शस्त्र लेकर चलने पर पाबंदी

लुधियाना के जिला मैजिस्ट्रेट ने आज नगरनिगम की सीमा में शस्त्र लेकर चलने पर 26 अगस्त से 24 अक्तूबर तक प्रतिबंध लगा दिया ।

बच्चे सहित दो की हत्या

संगरूर (गर्ग): गत रात यहां से 25 कि.मी. दूर गांव भट्टीवाल में उग्रवादियों ने 2 माह के बच्चे और उसके बाप गुरचरण सिंह को गोलियां मार कर मार डाला और उसकी मां नछत्तर कौर को घायल कर दिया । बच्चा मौके पर ही मारा गया, जबकि गुरचरण सिंह अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ गया । घायल महिला की हालत चिंताजनक है । 'गोयल' का कहना है कि ये हत्याएं गुरचरण के भाई नछत्तर सिंह से घरेलू झगड़े के कारण की हैं ।

दो घायल

लहरागागा में कुछ आतंकवादियों ने एक महिला सहित दो व्यक्तियों को तेजधार हथियारों से घायल कर दिया । घायल व्यक्ति का नाम तरसेम चंद है ।

3 गिरफ्तार

होशियारपुर (सर्वमित्र): बाघा पुराना पुलिस ने कल सुबह सुखदेव (मुगर) को सादिक गांव के निकट गिरफ्तार करके उससे भरी हुई पिस्तौल बरामद की । एस.एस.पी. गोबिन्द राम के अनुसार बख्तावर सिंह (मंदीरां) तथा गुरमेल सिंह (फल्लेवाल) को गिरफ्तार करके खालिस्तानी साहित्य बरामद किया गया है ।

2 बर्खास्त

फरीदकोट (जिन्दल): एस.एस.पी. गोबिन्द राम ने बताया कि 2 कांस्टेबलों बलजिन्दर सिंह और बेअंत सिंह को उग्रवादियों के साथ संबंध रखने, भ्रष्टाचार और आमतौर पर अनुपस्थित रहने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है ।

तीन गिरफ्तार

आनंदपुर साहिब (गिरी): गत दिवस यहां से 9 कि.मी. दूर कीरतपुर साहिब में सी.आर.पी.एफ. ने गुरुद्वारा पातालपुरी से तीन संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया है । पता चला है कि इनके बारे में सी.आर.पी. को पहले कोई गुप्त सूचना मिली थी ।

3 गिरफ्तार

बटाला (ह.स.): उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गत रात्रि 3 व्यक्तियों मक्खन सिंह, उसके भाई बच्चन सिंह तथा दिलबाग सिंह (खान प्यारा) को गिरफ्तार किया गया ।

धारीवाल (गुप्ता): गत दिवस सीमा सुरक्षा बल के साथ मठभेड़ में प्रीतम के सोहल गांव स्थित डेरे में मारे गये दो व्यक्ति देवी दास और थेह तिक्खे गांव के रहने वाले थे । बताया गया है कि उक्त दोनों युवकों की प्रीतम सिंह की पत्नी से मुलाकात अमृतसर में हुई थी । तब वह डेरे में आने जाने लगे । इस गांव में 5 उग्रवादियों के पकड़े जाने के बाद पुलिस को डेरे में उग्रवादियों और हथियारों के होने की जानकारी थी । इस पर सीमा सुरक्षा बल ने वहां नज़र रखनी शुरू कर दी । गत दिवस इन दोनों को थैले पकड़े डेरे में जाते देखा गया । बाद में डेरे को घेर लिया गया और एक घंटे तक मठभेड़ हुई । उस समय उग्रवादी शराब पी रहे थे । तीनों उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए ।

सब कुछ सामान्य रहा !

चंडीगढ़, 26 अगस्त (ह.स.): सैक्टर 35 में आतंकवादियों द्वारा आज तड़के किए गए हमले में दो पुलिस कर्मियों की हत्या के बावजूद शहर में आम जनजीवन सामान्य रहा । आम दिनों की तरह आज कामकाज हुआ । सैक्टर 35 के स्कूलों में बच्चों-बच्चियों ने आम दिनों की तरह प्रार्थना सभा तथा खेल कूद के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया । सड़कों पर वाहनों तथा राहगीरों का आना-जाना सामान्य रहा । साइकिल रिक्शे, मोपेड, स्कूटर, मोटर साइकिल तथा कारों की भीड़-भाड़ अन्य दिनों की तरह थी । छः महीने के भीतर पुलिस कर्मियों को मारने की इस दूसरी बड़ी वारदात के बावजूद कोई दहशत नहीं फैली । पुरुष, औरतें, बच्चों तथा आम लोगों की चहल-पहल सैक्टर 35 सहित पूरे शहर में पूर्ववत है ।

टैनरीज ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

यह भारी घाटे का शिकार हो चुकी थी ।

गलत कमाई नहीं की

श्री सल्लन के यह भी स्पष्ट किया कि टैनरीज के पूर्व चीफ एग्जैक्टिव श्री एस.एस. सुरांह ने अपने दौर में जो भी कच्चा चमड़ा खरीदा वह बिक गया । टैनरीज के रिकार्ड में एक लाख रुपए का खराब क्वालिटी का चमड़ा खरीदने की कोई एंट्री नहीं, जिससे उन्होंने कुछ गलत कमाई की हो ।

श्री सल्लन ने कहा है कि जहां तक पूर्व कच्चा चमड़ा खरीद मैनेजर श्री जगदीश सिंह का संबंध है, उसके विरुद्ध पूर्व मैनेजिंग डायरैक्टर श्री बी.एन. श्रीवास्तव ने निश्चय ही एस.एस.पी. को एफ.आई.आर. दर्ज करने के लिए 19.10.82 को एक लिखित आरोप पत्र भेजा था किन्तु एस.एस.पी. कार्यालय ने 10.8.85 को एक पत्र द्वारा सूचित किया था कि यह एफ.आई.आर. जांच के बाद कैंसल कर दी गई है ।

श्री सल्लन ने इस स्पष्टीकरण में स्वीकार किया है कि पूर्व मैकेनिकल इंजीनियर श्री एस.एल. भारद्वाज 30000 रुपए की हेराफेरी कर फरार हो चुका है और उसके विरुद्ध बाकायदा केस दर्ज कराया हुआ है किन्तु अभी तक उसका अता पता नहीं चल सका ।

श्री सल्लन ने टैनरीज को लीज पर दिए जाने या बेचे जाने के प्रयास की चर्चा करते हुए स्पष्ट किया है कि यदि ऐसा हुआ तो टैनरीज के वर्करों को लीज पर टैनरीज लेने वाली फर्म काम पर लेने की पाबन्द की जाएगी और इसके बारे में पूर्व वित्त मंत्री ने विधानसभा में आश्वासन भी दिया था ।

जयवर्धने पर हमले के सम्बन्ध में प्रहरी की तलाश

कोलम्बो, 26 अगस्त (ए.पी.): श्रीलंका के राष्ट्रपति जे.आर. जयवर्धने की हत्या के प्रयास के आरोप में अधिकारियों को संसद भवन के अंशकालिक प्रहरी की तलाश है । जांचकर्ताओं के अनुसार अनुरा कुमार रणसिंघे की तलाश की जा रही है । रणसिंघे और उसकी पत्नी अपने घर से हमले के दिन से ही लापता हैं ।

सूत्रों ने हमलावर के बारे में कोई विवरण नहीं दिया और यह भी नहीं बताया कि क्या हथगोले फैंकने का संदेह उसी पर है ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

ज्योतिष

कम्प्यूटर का कमाल, बताए जीवन का हाल, ऋषि ऐस्ट्रो सिस्टम, R-135, माडल टाऊन, लुधियाना ।

तीर्थ यात्रा

Madhok Travels की तरफ से 13.9.87 को श्री हेमकुंट साहिब की यात्रा, किराया 375/- रु. । मिलें–Popular Electronics, Near Dhuri Phatak, Ludhiana.

दाखिला सूचना

National Institute of Technology and Management, SCO 378, Sector 32-D, Chandigarh. Admissions are in Progress to 5 Yrs. recognised degree/3 Yrs. diploma in Mechanical Engineering Course. Matrics with Maths, Science are eligible. Desirous students should see the principal with original documents before 31 Aug.

रोज़गार

बैंकों में P.O. की पोस्टें, योग्यता बी.ए., प्रास्पैक्टस-एप्लाई फ़ार्म हेतु 10/- भेजें:– Janta Enterprises, Near G.P.O., Jalandhar.

आईटैस्टिंग

Eye Testing on Super German Machine, Latest spects Frames Sunglasses Sodhi & Sons, Chaura Bazar, Ludhiana. Sunday open after noon.

पोल्ट्री

Regrets. Printing of declared rates stands suspended in good faith to create good-will. All concerned please bear with us. NECC.

बिकाऊ

3 एक्सपैलर 6x33 तथा एक 27x5, मोटर 20 H.P. 1 फिल्टर प्रैस 16x16 बिकाऊ

मिलिटरी इंजीनियर सर्विसिज़

मैरिज़न इंजीनियर (नार्थ), अम्बाला छावनी द्वारा अम्बाला में पानीपत लाइन्स



हर जगह 10 से 4 बजे तक मिलो । सेहत, तंदरुस्ती, पेशाब की खराबियों, शुगर, बवासीर,

मुठभेड़ में 'मैंटल' मारा गया, मार्क्सी कार्यकर्त्ता सहित 3 की हत्या

कई घायल, मुकाबले के बाद 2 उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

चंडीगढ़, 27 अगस्त (ह.स., वार्ता): विगत 24 घंटों के दौरान मुस्तफापुर में गृहमंत्री बूटा सिंह के छः रिश्तेदारों की हत्या में वांछित दर्दांत उग्रवादी गुरमीत उर्फ़ 'मैंटल' मारा गया जबकि दो अन्य ने मुकाबले के बाद आत्मसमर्पण कर दिया । इसके अलावा कई उग्रवादी गिरफ्तार किए गए । आतंकवादियों ने पंजाब में एक मार्क्सी वर्कर सहित तीन लोगों की हत्या कर दी और कई अन्य को घायल कर दिया ।

मैंटल मारा गया

'ह.स.' के अनुसार गृहमंत्री बूटा सिंह के छः रिश्तेदारों के हत्याकांड में शामिल संदिग्ध मुख्य हत्यारा गुरमीत सिंह उर्फ़ अजीत सिंह मैंटल आज सुबह अमृतसर के पास छापियांवाली गांव में एक मुठभेड़ में मारा गया ।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक के.एफ. रिबैरो ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस और पंजाब पुलिस के संयुक्त गश्ती दल पर कुछ व्यक्तियों ने एक बाग के पास आज तड़के गोलियां चलाईं । पुलिस की जवाबी गोली में गुरमीत सिंह 'चहेड़ू' उर्फ़ 'मैंटल' घटनास्थल पर ही मारा गया । उसके तीन साथी भाग निकले । पुलिस ने उस स्थान से एक स्टेनगन और कुछ कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस के अनुसार वहां मिले खाली कारतूसों से पता चलता है कि आतंकवादियों ने चीनी एसाल्ट राइफल का प्रयोग किया । केंद्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह के छः नज़दीकी रिश्तेदारों की हाल ही में जालंधर के मुस्तफापुर में हत्या कर दी गई थी ।

श्री रिबैरो ने कहा कि घटनास्थल पर गिरे खून से पता चलता है कि मैंटल के कुछ साथी भी गोलीबारी में घायल हुए हैं लेकिन भागने में कामयाब रहे ।

'वार्ता' के अनुसार जालंधर रेंज में पुलिस उप-महानिरीक्षक ए. सिद्दीकी ने आज बताया कि मुठभेड़ स्थल से एक स्टेनगन एवं उसकी दो मैगज़ीन, नौ मिलीमीटर के पांच तथा .303 के चार कारतूस बरामद किए गए ।



बलजीत सिंह उर्फ़ काला, जिसे वीरवार रात्रि को ऊधम सिंह नगर जालंधर में सिक्का अस्पताल के सामने उग्रवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग करके घायल कर दिया । (छाया : प्यारे)

श्री सिद्दीकी ने बताया कि कल रात एक स्कूल की चारदीवारी के पीछे से आतंकवादियों ने रिज़र्व पुलिस के गश्ती दल पर गोलियां चलाईं । बदले में गश्ती दल ने भी गोलियां चलाईं । उन्होंने कहा कि बाद में इस स्थान की बारीकी से छानबीन करने पर गुरमीत सिंह का शव तथा शस्त्रास्त्र बरामद हुए । उन्होंने बताया कि घटनास्थल से दो प्रकार के कारतूस व उनके खाली खोल मिलने से पुलिस को संदेह है कि मुठभेड़ के समय एक से अधिक आतंकवादी उपस्थित थे ।

मृतक फगवाड़ा सदर थाने के चहेड़ू गांव का रहने वाला है । जालंधर पुलिस द्वारा गिरफ्तार आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (गुरजीत सिंह) की करतारपुर शाखा के अध्यक्ष गुरदयाल सिंह ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया था कि मुस्तफापुर हत्याकांड के लिए 'खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स' जिम्मेदार है । उसने जिन चार अन्य लोगों के नाम बताए थे, उनमें गुरमीत सिंह भी शामिल था । शेष तीन अभी भी फ़रार हैं । पुलिस के अनुसार हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त अवतार सिंह 'खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स' का सदस्य है ।

दो आतंकवादियों द्वारा आत्मसमर्पण

अमृतसर (ह.स.): दो आतंकवादियों ने कल रात अजनाला क्षेत्र में शोपियां पुल पर सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ के बाद आत्मसमर्पण कर दिया । उनका एक पाकिस्तानी साथी भाग निकला । गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम जरनैल सिंह और

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanjaal





(ऊपर) नकोदर के निकट उग्रवादियों के हाथों मारा गया मार्क्सी वर्कर महेंद्रपाल और (नीचे)शोक संतप्त गांववासी और मार्क्सी नेता । (छाया : गगन)

विन चड्ढा की कम्पनी की याचिका रद्द

नई दिल्ली, 27 अगस्त । उच्चतम न्यायालय ने आज विन चड्ढा की एनाट्रोनिक्स जनरल कम्पनी की याचिका को नामंजूर कर दिया । स्वीडन की ए.बी. बोफोर्स कम्पनी की भूतपूर्व एजेंट इस कम्पनी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी । दिल्ली उच्च न्यायालय ने कम्पनी के भारतीय बैंक खाते बंद करने के आदेश के खिलाफ उसकी अपील को नामंजूर कर दिया था ।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रघुनंदन स्वरूप पाठक और न्यायमूर्ति एम.एच. कानिया की खंडपीठ ने एनाट्रोनिक्स के वकील एस.एन. ककड़ और एच.एल. आनंद तथा सरकारी पक्ष की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जी. रामास्वामी के तर्क सुनने के बाद यह फैसला किया ।

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई जांच में कम्पनी के महानिदेशक विन चड्ढा और उनके पुत्र हर्ष चड्ढा विदेशी मुद्रा कानून के तहत दोषी पाए गए थे ।

इस पर भारतीय रिजर्व बैंक ने कम्पनी के खाते सील करने के आदेश दिए थे । बहस के दौरान श्री रामास्वामी ने कहा कि विन और हर्ष चड्ढा इस समय अमरीका में हैं और समन भेजे जाने के बावजूद वे भारत में अदालत के सामने उपस्थित नहीं हुए ।



Punjab Sanatani

...र्स तोपों में खराबी

(पृष्ठ 3 का शेष)

...ा इस संदर्भ में स्वीडन के कानून में ... हानि का दावा नहीं कर सकती । ... जानकारी को गोपनीय रखें ।"

...रक्षा उत्पादन संयुक्त सचिव ने ...न्ध निदेशक को टैलेक्स दिया और संवाद समिति एसोसिएटिड ...ापने स्वीडन सैंट्रल बैंक को बताया ... एजैंट को कमीशन का भुगतान ... किया गया था ।" "कृपया जवाबी ...म्ब बताएं यह कमीशन किस सौदे ... । यह करार कब हुआ था । क्या ... तरफ से इस करार पर हस्ताक्षर ...—बोफोर्स के प्रबन्ध निदेशक ने ...यो और संवाद समिति द्वारा लगाए ... । 1986 में किए गए करार के ...न नहीं दिया गया, कोई बिचौलिया ...रे में किसी भारतीय कम्पनी से भी ... ।"

...लेक्स द्वारा भेजे गए जवाब के ... के अध्यक्ष ने रक्षा सचिव और ...ाद सचिव को पत्र में कहा, "24 ... हस्ताक्षर हुए करार के बारे में ...हीं दी गई । कमीशन के बारे में ...ीय कम्पनी से भी कोई समझौता ...25—संयुक्त रक्षा उत्पादन सचिव ...क्स दिया, "कुछ समाचार पत्रों का ...4 मार्च 1986 के करार के ...शन का प्रावधान है । कृपया पुष्टि ...कोई प्रावधान नहीं है । मई ... अध्यक्ष का जवाबी टैलेक्स न तो ...र के परिशिष्ठ में न ही किसी अन्य ... का कोई प्रावधान है ।"

...स्वीडन के विदेश मंत्रालय की प्रैस ...सरकार के अनुरोध पर राष्ट्रीय ...जांच-पड़ताल के अनुसार तोप सौदा ...मीशन तय करने (सैटलमैंट) का ... इस करार के संदर्भ में भारी मात्रा ....इसी दौरान बोफोर्स ने कई और ...हैं जिसका कारण और भुगतान पाने ... नाम ब्यूरो को उपलब्ध कराए गए ...ट नहीं हो सके । केवल बोफोर्स ...ारा किए गए भुगतानों का ब्यौरा दे ... चार : स्वीडन सरकार ने भारत ...," स्विस बैंक ने आडिट ब्यूरो को ...र्त पर दी थी कि कुछ अंश गोपनीय ...लिए रिपोर्ट के कुछ अंश निकाल ...डन सरकार ने बोफोर्स कंपनी से ...की बाकी परिस्थितियों के बारे में ...को कहा है ।"

...डन दूतावास द्वारा भारत के विदेश ... गया संदेश "बोफोर्स कम्पनी के ... आपराधिक जांच चल रही है । ...आडिट ब्यूरो की रिपोर्ट का इस्तेमाल ... जांच के लिए नहीं कर सकती । ...र्ट स्वीडन के महाअधिवक्ता ...ल) को भेज दी जाएगी ।" जून ... ने बोफोर्स के अध्यक्ष को लिखा ...हले और सौदा होने के समय भारत

मेंटल मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

जोगिन्दर सिंह हैं । पाकिस्तानी नागरिक का नाम यूसुफ़ अली दाऊद है । आतंकवादियों के कब्ज़े से एक पाकिस्तानी बंदूक, एक बारह बोर की पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए । दोनों आतंकवादियों से पूछताछ की जा रही है ।

17 घुसपैठिए पकड़े गए

कल रात घरिडा क्षेत्र में भारत-पाक सीमा पर रोडेवाला चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल ने 17 घुसपैठियों को पकड़ा, जिनमें अधिकांश बंगला देशी हैं । इन सभी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है ।

अमृतसर से पुलिस के हवाले से मिली रिपोर्ट के अनुसार आज एक धार्मिक स्थल के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए भटिंडा के लाभ सिंह को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस सूत्रों ने बताया कि इसके पास से एक देशी पिस्तौल, केंद्रीय रिज़र्व पुलिस के कुछ बिल्ले तथा रिवाल्वर की एक डोरी मिली है ।

आज अमृतसर सैंट्रल जेल से एकीकृत अकाली दल के महासचिव मंजीत सिंह को रिहा करके उन्हें विमान से कलकत्ता भेज दिया गया । उन्हें 21 अगस्त को रिहा किया गया था, पर मंगलवार को नए मामलों में उन्हें पुनः गिरफ्तार कर लिया गया था । अभी पता नहीं चल सका कि उन्हें ज़मानत पर छोड़ा गया या उनके खिलाफ केस वापस लिया गया ।

घुसपैठिया मरा

कल रात्रि अमृतसर के राजाताल के पास बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ में एक घुसपैठिया मारा गया, पर उसका दूसरा साथी वापस पाकिस्तान भाग गया ।

आज हरीके थाना क्षेत्र के थेड़ ग्राम के जसवंत सिंह के घर में घुसकर दो उग्रवादियों ने उसकी राइफल व कारतूस छीन लिए ।

कारज सिंह बच निकला

सोधना ग्राम में उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में इकबाल सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने वहां कारज सिंह को पकड़ने को छापा मारा था, पर वह बच निकला ।

फगवाड़ा (खोसला): कल रात यहां से 11 कि.मी. दूर गांव भाखड़ियाना थाना फगवाड़ा के देसी शराब के ठेके से तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों ने लगभग 150 बोतल शराब तथा 400 रु. नकद लूट लिए ।

महिला की हत्या

फिरोज़पुर (धीमान): चार उग्रवादियों ने आज तड़के मक्खू थाना के गांव वादेसुलेमान के भू.पू. सरपंच दमन सिंह की पत्नी की गोली मार कर हत्या कर दी । विवरण की प्रतीक्षा है ।

दुकानदार की हत्या, कई घायल

मलोट (गोयल): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने आंधियां गांव में सो रहे एक दुकानदार रामदयाल ग्रोवर की हत्या कर दी । दानेवाला गांव में काला सिंह और उसकी पत्नी को, कब्रवाला गांव में गुरमेल सिंह, उसकी पत्नी सरबजीत और साली दर्शन कौर को सोते समय तेज़धार हथियारों से घायल कर दिया गया । डबवाली ढाब गांव में उग्रवादी रात के समय मोहकम सिंह के घर आए, लेकिन उसे जागते देख कर वह भाग गए । तरखानवाला गांव में

महेंद्रपाल ने हत्यारों का कड़ा मुकाबला किया । आज प्रातः जब का. महेंद्रपाल की हत्या का समाचार फैला तो सैंकड़ों मार्क्सी कार्यकर्त्ता उनकी लाश को लेने सिविल अस्पताल नकोदर पहुंच गए । उनका अंतिम संस्कार आज सायं उनके गांव मध में किया गया । मार्क्सी नेता का. सरवन सिंह चीमा ने इस हत्या की कड़ी निंदा की है ।

डेरा लूट लिया

शाहकोट (चोपड़ा): कल रात्रि साढ़े ग्यारह बजे थाना शाहकोट के गांव हांडा में तीन व्यक्तियों, जिन्होंने मुंह ढांप रखे थे, ने बलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति के डेरे से दस तोले आभूषण, दो हजार रुपए नकद पिस्तौल की नोक पर लूट लिए । जाते समय बलबीर सिंह, उसकी पत्नी और मां को कमरे के अंदर बंद कर गए, जिन्हें आज प्रातः गांव वालों ने बाहर निकाला । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरंभ कर दी है ।

उग्रवादी को आश्रय देने वाला गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): कोतवाली पुलिस ने मुहल्ला लक्ष्मी नगर से एक युवक जगविन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । उस पर उग्रवादियों को आश्रय देने का आरोप है । बताया जाता है कि उसके पास खतरनाक उग्रवादी सुखदेव सिंह, बागीचा सिंह और झिलमिल सिंह आश्रय लिया करते थे । पुलिस ने अदालत से उसका 31 अगस्त तक का रिमांड ले लिया है । बताया जाता है उसका तीन-चार बसों को आग लगाने के केस में भी हाथ है ।

तलाशियां

होशियारपुर (प्रद्युम्न): गत रात थाना टांडा की पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने घोड़ाबाग में घर-घर की तलाशी ली है । यद्यपि पुलिस इस सम्बन्ध में मौन है, तथापि कुछ लोग हिरासत में लिए गए हैं और पूछताछ जारी है । एक अन्य सूचनानुसार मौजा सरहाली मुंडियां के एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

आदमपुर का उग्रवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (प्रद्युम्न): टांडा पुलिस ने मस्तीवाल थाना आदमपुर के कथित उग्रवादी बूटा सिंह को गिरफ्तार करके दसूहा की सी.डी. गुप्ता की अदालत से 31 अगस्त तक का रिमांड ले लिया है । पुलिस के अनुसार उसने यह बात मान ली है कि उसने ईसापुर के एक व्यक्ति सुरेन्द्र कुमार को 5.5.86 को गोली मारी थी, जिससे वह घायल हो गया था ।

शरण देने में चार बंदी

गुरदासपुर (विनोद): एस.एस.पी. श्री विरदी ने बताया कि मौज़ा भुगराना के चंचल सिंह और मौजा सिधवां के तीन सगे भाइयों दलीप सिंह, प्रीतम सिंह और अमरीक सिंह को आतंकवादियों को शरण देने और उनसे सम्बन्ध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । श्री विरदी ने बताया कि पठानकोट के एक व्यक्ति विजय कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है । उसके कब्ज़े से 303 बोर का पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए थे ।

रामधन सहित 5 इंका....

(पृष्ठ 3 का शेष)

अनुशासन के नाम पर कार्रवाई की जाती है ।

जी.एस. चावला के अनुसार कल की इंका

जगन्नाथ मिश्र, ... करुणाकरन को भी ... जाएगा । अभी यह ... पवार को एस.बी. ... मुख्यमंत्री बनाया ज... जाएगा । चवन को ... केंद्र में लिया जाए... उप-चुनाव लड़ने ... को केंद्र में लाया गय... रैंक में योजना ... जाएगा । शरद पव... समर्थकों ने प्रधानम... जाने की मांग की ।

सम्भावना है ... परिवर्तन नहीं किय... तबदीलियां होंगी औ... चले आ रहे रिक्त ... जाएंगी । इस समय ... पूरे ज़ोर-शोर से प्रह... विश्वसनीयता एकद... बहुत से लोगों को मं... नहीं कर सकते, भले ... चाहते हैं । इसके ... प्रतिभाएं भी नहीं हैं, ... मंत्रिमंडल में अभी 6... मंत्री के रूप में पी.शि... है । यह भी सम्भा... बलराम जाखड़ को ... बनाया जाए । पहले ... फिर उपराष्ट्रपति बन... था, परन्तु अधिकांश ... समर्थन देने के पक्ष ... विपक्षी नेताओं से ... जाखड़ अप्रसन्न हैं ... अधिकारियों को मं... स्थिति के दौरान ... गुरदयाल सिंह ढिल्ल... परिवहन मंत्री बनाय... भगत को मंत्री बनाया ... में मंत्री बनाया जाता ... के लिए तीन नामों क... दिनेश सिंह, जगन्ना... में लिया जाएगा य... जाएगा । तमिलनाड... अध्यक्षों को भी हटाय... इंका मुख्यमंत्री भी ह...

ट्रेन पर हमला...

लखनऊ, 27 अ... शाहजहांपुर रेलवे स्टे... 61 अप. यात्री गाड़ी में ... रेलवे पुलिस के एक ... एक को घायल कर ... प्राप्त सूचना के अनु... पांच-छः थी तथा ये ए... ददई खुर्द स्टेशन से च... छिपे इन लोगों ने बाहर ... कन्नौजिया को मार ... बाहर फैंक दिया ।

बदमाशों ने अन्य ... तथा एक यात्री को ...

Punjabi Sanstani

कर दी । विवरण की प्रतीक्षा है ।

दुकानदार की हत्या, कई घायल

मलोट (गोयल): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने आधियां गांव में सो रहे एक दुकानदार रामदयाल ग्रोवर की हत्या कर दी । दानेवाला गांव में काला सिंह और उसकी पत्नी को, कब्बवाला गांव में गुरमेल सिंह, उसकी पत्नी सरबजीत और साली दर्शन कौर को सोते समय तेज़धार हथियारों से घायल कर दिया गया । डबवाली ढाब गांव में उग्रवादी रात के समय मोहकम सिंह के घर आए, लेकिन उसे जागते देख कर वह भाग गए । तरखानवाला गांव में उग्रवादियों ने एक जमींदार को लूट लिया ।

खुड्डा कांड के अभियुक्त की ज़मानत

पटियाला (भूषण): अमृतसर जिला निवासी दो दुर्दांत उग्रवादियों मेजर सिंह और सुखदेव सिंह, जिन्हें खुड्डा बस यात्री हत्याकांड के संबंध में गिरफ्तार किया गया था, को जिला जेल नाभा में डैज़िगनेटिड कोर्ट के स्पैशल जज एम.एल. सिंगल ने ज़मानत पर रिहा करने के आदेश दे दिए । सफ़ाई पक्ष के वकील ने कहा कि एक भू.पू. मंत्री का पी.ए. मेजर सिंह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का कर्मचारी है और बारदाना करने वाले दिन वह ड्यूटी पर था, जहां उसकी हाज़िरी लगी हुई है ।

पुलिस रिमांड

सब-इंस्पैक्टर दीदार सिंह की पटियाला में हत्या के आरोप में गिरफ्तार वरिंदर सिंह उर्फ़ बिंदर (दाखा) का एस.डी.एम. नेचार सितम्बर तक पुलिस रिमांड दे दिया है ।

उग्रवादी गिरफ्तार

संगरूर (गर्ग): जिला पुलिस ने डेल्हों थाना के चोमू गांव के निवासी एक उग्रवादी बलविंदर सिंह को गिरफ्तार करके उससे 12 बोर की पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

सब-इंस्पैक्टर बर्खास्त

भटिंडा (ह.स.): भटिंडा जिला पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर शरद कुमार तथा दो हैडकांस्टेबलों हरनेक सिंह व हरी सिंह को जबरी रिटायर कर दिया गया है । जिला पुलिस प्रमुख श्री आर.एस. गिल ने बताया कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के साथ-साथ इस सब-इंस्पैक्टर का सेवा रिकार्ड भी अच्छा नहीं था । दोनों ही हैडकांस्टेबलों को भी इसी आरोप में सेवा मुक्त किया गया है ।

श्री गिल ने बताया कि ज़िले में पुलिस कर्मियों की व्यापक रूप से स्क्रीनिंग की जा रही है ।

फ़ायरिंग से घायल

जालन्धर, (क) : आज स्थानीय ऊधम सिंह नगर में सिक्का अस्पताल के निकट उग्रवादियों, जो दो स्कूटरों पर सवार थे, सिराजगंज के एक व्यक्ति बलजीत सिंह पुत्र अमरनाथ को गोली मार कर घायल कर दिया और फरार हो गए । बलजीत सिंह को तीन गोलियां एक दाईं भुजा, एक टांग, एक पीठ में लगी हैं । उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है, जहां उस की दशा नाज़ुक बताई जाती है ।

उग्रवादी का रिमांड

जालंधर पुलिस ने जिला जालंधर के गांव ब्यास के उग्रवादी हरबंस सिंह संधी को गिरफ्तार कर उसका अदालत से रिमांड ले लिया । अभियुक्त को एक मास पूर्व जालंधर पुलिस ने कुलदीप सिंह काला के साथ गिरफ्तार किया था, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर भाग गया था ।

मार्क्सी कार्यकर्त्ता की हत्या

नकोदर से गगन ने खबर दी है कि यहां से सात

खुड्डा बस यात्री हत्याकांड के संबंध में गिरफ्तार किया गया था, को जिला जेल नाभा में डैज़िगनेटिड कोर्ट के स्पैशल जज एम.एल.सिंगल ने ज़मानत पर रिहा करने के आदेश दे दिए । सफ़ाई पक्ष के वकील ने कहा कि एक भू.पू. मंत्री का पी.ए. मेजर सिंह शिरोमणि गरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का कर्मचारी है और वारदात करने वाले दिन वह ड्यूटी पर था, जहां उसकी हाज़िरी लगी हुई है ।

पुलिस रिमांड

सब-इंस्पैक्टर दीदार सिंह की पटियाला में हत्या के आरोप में गिरफ्तार बरिंदर सिंह उर्फ़ बिंदर (दाखा) का एस.डी.एम. ने चार सितम्बर तक पुलिस रिमांड दे दिया है ।

उग्रवादी गिरफ्तार

संगरूर (गर्ग): जिला पुलिस ने डेल्हों थाना के चोम गांव के निवासी एक उग्रवादी बलविंदर सिंह को गिरफ्तार करके उससे 12 बोर की पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

सब-इंस्पैक्टर बर्खास्त

भटिंडा (ह.स.): भटिंडा जिला पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर शरद कुमार तथा दो हैडकांस्टेबलों हरनेक सिंह व हरी सिंह को जबरी रिटायर कर दिया गया है । जिला पुलिस प्रमुख श्री आर.एस. गिल ने बताया कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के साथ-साथ इस सब-इंस्पैक्टर का सेवा रिकार्ड भी अच्छा नहीं था । दोनों ही हैडकांस्टेबलों को भी इसी आरोप में सेवा मुक्त किया गया है ।

श्री गिल ने बताया कि जिले में पुलिस कर्मियों की व्यापक रूप से स्क्रीनिंग की जा रही है ।

फायरिंग से घायल

जालन्धर, (क) : आज स्थानीय ऊधम सिंह नगर में सिक्का अस्पताल के निकट उग्रवादियों, जो दो स्कूटरों पर सवार थे, सिराजगंज के एक व्यक्ति बलजीत सिंह पुत्र अमरनाथ को गोली मार कर घायल कर दिया और फरार हो गए । बलजीत सिंह को तीन गोलियां एक दाईं भुजा, एक टांग, एक पीठ में लगी हैं । उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है, जहां उस की दशा नाज़ुक बताई जाती है ।

उग्रवादी का रिमांड

जालंधर पुलिस ने जिला जालंधर के गांव ब्यास के उग्रवादी हरबंस सिंह सोढी को गिरफ्तार कर उसका अदालत से रिमांड ले लिया । अभियुक्त को एक मास पूर्व जालंधर पुलिस ने कुलदीप सिंह काला के साथ गिरफ्तार किया था, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर भाग गया था ।

मार्क्सी कार्यकर्त्ता की हत्या

नकोदर से गगन ने खबर दी है कि यहां से सात किलोमीटर दर जालंधर-नकोदर मार्ग पर मौज़ा मध के बाहरी गेंट के पास इसी गांव के सी.पी.आई. (एम.) के सरगर्म कार्यकर्त्ता 32 वर्षीय का. महेंद्र पाल सुत्र करतार चंद को कल रात अज्ञात युवकों ने तेज़धार हथियारों से धान के खेतों में हत्या कर दी और फ़रार हो गए । मृतक रिक्शा चलाता था और रात पौने आठ बजे नकोदर से अपने गांव लौट रहा था कि उसकी हत्या कर दी गई । मौत का पता प्रातः उस समय लगा, जब उसके गांव के लोग रात को घर न आने पर उसकी तलाश में नकोदर जा रहे थे । पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके केस दर्ज कर लिया है । उसकी लाश पोस्टमार्टम के बाद वारिसों के हवाले कर दी गई । धान के खेत की हालत देख कर पता चलता है कि मरने से पहले

तत्काल सहायता दी जानी चाहिए ।

'सुब्रहमण्यम' के नाम से जाना जाता था । श्री जयेंद्र

निरंतर परिगत बना रहे हैं । जब भी श्री जयेन्द्र

परेशानी अथवा विचलित नहीं होनी चाहिए । मठ का काम हमेशा की तरह चलेगा ।"

विचार-विमर्श किया था । नए शंकराचार्य शंकर विजयेंद्र सरस्वती भी प्रैस कांफ्रैंस में मौजूद थे ।

यह जानकारी आज यहां फ़ैडरेशन आफ़ जालन्धर एसोसिएशन के महासचिव श्री चमन लाल

3 महीनों में ज़िला अमृतसर में 34 आतंकवादी भिड़ंतों में मारे गए

चंडीगढ़, 27 अगस्त : सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए जबरदस्त आतंकवादी विरोधी अभियान के परिणामस्वरूप 1 मई से 31 जुलाई 1987 के दौरान 270 कुख्यात आतंकवादी गिरफ्तार किए गए जबकि मुठभेड़ों में 34 आतंकवादी मारे गए । इनमें से कुछ आतंकवादी ललित माकन और उनकी धर्मपत्नी, भूतपूर्व सेनाध्यक्ष जनरल ए.एस. वैद्य और पंजाब के भूतपूर्व मंत्री सतनाम सिंह बाजवा की हत्या के मामले में संलिप्त थे ।

यह रहस्योद्घाटन आज यहां पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने किया तथा कहा कि इस अवधि के दौरान आतंकवादियों ने 109 निर्दोष लोगों की हत्या की, जिनमें 65 सिख और 44 हिन्दू थे । मृतकों में 7 स्त्रियां तथा 4 बच्चे शामिल थे । इसी अवधि में 13 आतंकवादी आपसी धड़ेबंदी में मारे गए । प्रवक्ता ने यह भी कहा कि सुरक्षा बलों के प्रयासों से इस अवधि में कुछ हद तक अपराधों में कमी हुई है । राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने के तुरन्त बाद लोगों को ऐसा विश्वास था कि पंजाब में शांति स्थापित हो जाएगी । वास्तव में यह भावना कुछ हद तक सच्ची सिद्ध हुई क्योंकि गुमराह युवकों/उग्रवादियों के गिरोह जो कि गांवों में रुपए बटोरते थे, धमकी भरे पत्र लिखते थे, शराब के ठेके, नाइयों व मीट की दुकानें जलाते थे, लूट हो गए । विश्वविद्यालय और कालेज परिसर में छात्रों व टीचरों ने राहत की सांस ली क्योंकि कुछ अपराधी जो कि भारी बहुमत को बंधक बनाए फिरते थे, लुप्त हो गए । उन्हें यह अहसास हो गया कि मजबूत इरादे वाले प्रशासन के आगे उनके ऐसे कृत्य नहीं चल सकेंगे । जिन लोगों को बंदूक की नोक पर तथाकथित सामाजिक सुधार मानने पर बाध्य किया गया था, उन्हें इस अत्याचार से मुक्ति दिलाई गई । समानांतर सत्ता जिसने वैधानिक सत्ता को लगभग समाप्त कर दिया था, को प्रभावहीन कर दिया गया तथा पंजाब के लोगों में धीर-धीरे लेकिन स्थिरता से सुरक्षा व विश्वास की नई भावना उत्पन्न होनी शुरू हो गई ।

प्रवक्ता ने कहा कि यदि उक्त अभियान को जारी रहने दिया जाता तो इसने राज्य में कानून और व्यवस्था के सम्पूर्ण ढांचे को नष्ट कर देना था और आज स्थिति निकृष्ट रूप धारण कर चुकी होती । साड़-फूंक, हथियारों की छीना-झपटी, वाहन छीनने, लूटपाट की घटनाएं काफी कम हुई हैं तथा स्थिति में उल्लेखनीय बेहतरी हुई है । प्रवक्ता ने कहा कि उन्मादी अपराधी सभी समुदायों के निर्दोष लोगों की प्रयोजनहीन हत्याएं जारी रख सकते हैं लेकिन उनके विरुद्ध संघर्ष अन्त तक जारी रहेगा और यही उनको एकमात्र जवाब है । प्रवक्ता ने कहा कि जिला अमृतसर में मारे गए आतंकवादियों की सूची जारी की जा रही है ताकि जनता अवगत हो सके तथा फैसला कर सके कि 'नकली भिड़ंतों' के प्रचार में कितनी सच्चाई है ।

प्रवक्ता ने प्रश्न किया कि ऐसे आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ कैसे 'नकली' हो सकती है, जो निर्दोष व्यक्तियों की जानें लेते हैं । पुलिस और अर्ध सैनिक बलों ने हत्यारों के साथ उसी तरीके से निपटा है जिसके वे पात्र हैं और उन्होंने अपनी निजी सुरक्षा के काननी अधिकार का ही प्रयोग किया है अतः जनता को स्थिति की गम्भीरता को समझना चाहिए और निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा अपने अल्पकालिक लाभ के लिए चलाए जा रहे अभियान से गुमराह नहीं होना चाहिए । उन्होंने कहा कि पुलिस इस बात को सुनिश्चित बना सकती है कि प्रत्यक्ष

इनमें से कुछ ललित माकन, ए.एस. वैद्य और सतनाम सिंह बाजवा की हत्या में संलिप्त थे : भिड़ंतों में 21 पुलिस कर्मी शहीद हुए : इस अवधि में 109 निर्दोष उग्रवादियों की गोलियों का शिकार हुए, 13 आतंकवादी आपसी धड़ेबंदियों में मारे गए

अराजकतावादी तत्वों को तुरन्त नियंत्रित किया जाए लेकिन कट्टर आतंकवादियों को नियंत्रित करने में कुछ और समय लगेगा । प्रवक्ता ने लोगों से अनुरोध किया कि वे वांछित उग्रवादियों के अड्डों का पता बताकर उन्हें पकड़ने में सुरक्षा बलों की मदद करें । निश्चित रूप से उनकी सहायता से आतंकवादी पकड़े जाएंगे तथा सजा पाएंगे । इससे प्रशासन राज्य में कम से कम सम्भव समय में शांति बहाल कर सकेगा तथा अर्थ व्यवस्था को भी वापस पटरी पर लाया जा सकेगा ।

नीचे मारे गए आतंकवादियों तथा उनके द्वारा किए गए अपराधों की पृष्ठभूमि दी जा रही है :–

हरदयाल सिंह पुत्र हरबंस सिंह निवासी भैरोवाल तथा तरसेम सिंह पुत्र पूर्ण सिंह निवासी लोपोके । जून 5 को 1987 को कोट खालसा में हुई भिड़ंत में मारे गए । वे खालिस्तान कमांडो फोर्स के सदस्य थे । वे पहले लूटेरे थे पर बाद में उग्रवादी बन गए । उनसे 12 बोर की एक पिस्तौल, एक कारामद तथा 4 खुली कारतूस बरामद हुए ।

अवतार सिंह पुत्र सरूप सिंह निवासी कांगड़ा कालोनी अमृतसर, हरसिंह/हरबिंदर सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी राहों तथा बब्बर खालसा का सदस्य 22 मई 1987 को गोइंदवाल साहब में एक नाका के दौरान सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए । एक पाक निर्मित पिस्तौल, 5 कारामद तथा 3 खाली कारतूस अवतार सिंह से तथा एक .30 स्प्रिंग फील्ड 4.5 राइफल व कुछ कारतूस हरि सिंह से बरामद हुए । इससे पहले यह दोनों कट्टर आतंकवादी पुलिस की हिरासत से भाग गए थे जब उन्हें माल बरामद करने के लिए मौके पर ले जाया जा रहा था । उनके द्वारा मारे गए लोगों की सूची इस प्रकार है :–

1. चमन लाल शिव सेना नेता, 2. कृष्ण नगर अमृतसर में मारे गए 11 व्यक्ति : विजय कुमार, गुरदर्शन सिंह, राम सरन, हरबंस लाल, मनमोहन, पूर्ण चन्द, छिंदा, सतपाल, जवाहर सिंह, भागा पतंगवाला और राम सरन सिंह । 3. उग्रवादियों द्वारा एक धार्मिक सम्मेलन पर की गई फायरिंग में दो व्यक्ति मारे गए : तरसेम सिंह पुत्र सागर सिंह तथा भगवान सिंह निवासी जंडियाला जबकि 4 व्यक्ति घायल हुए । 4. हरबंस सिंह और उसकी पत्नी की हत्या, 5. केहर सिंह और गुरदेव सिंह की हत्या तथा बाद में केहर सिंह की हत्या । 6. एडवोकेट तरसेम प्रकाश सचिव शिव सेना जालन्धर । 7. सब्जी मंडी नकोदर में फायरिंग में दीना नाथ, गुलजारी लाल और बलदेव राज की हत्या, 9 घायल । 8. दिल्ली के ट्रांजिस्टर बम कांड में नारंग को पुलिस के हवाले करने में मदद के संदेह में मदन लाल छबड़ा चक्की वाले की हत्या । 9. शिव सेना के कार्यकर्त्ता डाक्टर राम किशन परागपुर की हत्या । 10. सुरेन्द्र सिंह की हत्या की गई क्योंकि वह उग्रवादियों को मुख्य धारा में ला रहा था । 11. कोट खालसा में गोली चलाकर कांस्टेबल भगवान सिंह को घायल कर दिया गया । 12. मकबूलपुरा में पुलिस पार्टी से हथियार छीने गए ।

राजेन्द्र सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी भोमा वडाला थाना मजीठा 20 मई 1987 को गांव बरगीकलां में उस समय मारा गया जब उसने व उसके 4 साथियों ने एक नाके पर सी.आर.पी. की पार्टी पर हमला किया । उसके अन्य साथी फरार हो गए । उससे एक राइफल .316 बोर व 7 खाली कारतूस पकड़े गए । वह अरुण कुमार पुत्र इंस्पैक्टर ब्रह्म देवराज एस.एच.ओ. थाना 'डी' डिवीजन की हत्या में तथा बिजली विभाग अमृतसर से सात लाख पांच हजार रुपए लूटने के केस में वांछित था ।

हरजिंदर सिंह पुत्र सरदूल सिंह निवासी मोडा धरेऊ 21 मई 1987 को गांव मज्जुपुरा में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया जबकि उसके दो साथी भाग गए । वह हजारा और उसके परिवार के 5 सदस्यों गुरमेल कौर, देवेन्द्र सिंह, विरसा सिंह, गुरमेज सिंह तथा लखविंदर सिंह की हत्या में वांछित था ।

सज्जन सिंह पुत्र सुरता सिंह निवासी सोहल 30 मई 1987 को सी.आर.पी. के साथ भिड़ंत में मारा गया । जब उसे रुकने के लिए कहा गया तो वह भाग निकला । उसका पीछा करके सी.आर.पी. ने गोली चलाई, जिससे वह मर गया ।

भूपेंद्र सिंह उर्फ लाली पुत्र कश्मीर सिंह निवासी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanstha

3 मास में 34 आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

झब्बाल कलां, सुखजिन्दर सिंह पुत्र मस्सा सिंह निवासी फतेहपुर तथा शमशेर सिंह पुत्र बहाल सिंह निवासी धीन कालरा 20 मई 1987 को मारे गए । वे ठरू के रणजीत सिंह राणा के गिरोह से संबंधित थे । उनसे एक .32 बोर का पिस्तौल, कारतूस, एक राइफल .315 बोर व कारतूस, एक डबल बैरल गन कारतूसों सहित बरामद हुई ।

वे इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे :

(1) रिटायर्ड ए.एस.आई. जोगेन्द्र सिंह, (2) सुरजीत सिंह, (3) रिटायर्ड ए.एस.आई. जोगेन्द्र सिंह के फार्म पर 3 सिख श्रमिकों की हत्या व उनकी लाशों को जलाने की वारदातें, (4) एक परिवार के चार सदस्यों महेंद्र कौर, जीवन प्रकाश कौर, मनदीप कौर व रानी की हत्या करके लाशों को जलाया, (5) गांव ढंड में डाक्टर चिरंजी लाल की हत्या, (6) जमीन के झगड़े में अमरीक सिंह, उजागर सिंह तथा बलविन्दर सिंह की हत्या ।

बिरसा सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी सुर सिंह, सतनाम सिंह पुत्र वसाखा सिंह निवासी चकवालियां थाना खेमकरण व मंगल सिंह पुत्र सरमा सिंह निवासी गेजात थाना खेमकरण 10 मई को गांव नबीपुर में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए । उनके तीन साथी भाग निकले । उनसे एक डबल बैरल गन .12 बोर व कारतूस, एक राइफल .303 बोर व कारतूस, एक पिस्तौल .12 बोर व कारतूस बरामद हुए । यह आतंकवादी इन लोगों की हत्या में वांछित थे :

(1) पीताम्बर दास सरपंच धरयाला, (2) चोला साहब में फकीर चंद व पूर्ण चंद, (3) ए.एस.आई. शिव सिंह व दो अन्य, (4) गांव तूर में गरमेज सिंह, बचन कौर, दलबीर सिंह, लखबीर सिंह, सुरेन्द्र कौर व दलबीर कौर के पूरे परिवार का खात्मा, (5) घात लगा कर सी.आर.पी. की पार्टी पर किए गए हमले में एस.आई. बंता राम तथा के. राम की हत्या, (6) सी.आर.पी. की टुकड़ी पर घात लगा कर किए गए हमले में चार जवानों कृष्ण लाल, धर्म वीर सिंह, के.वी. नैयर व जे.एस. कालिया की मौत, (7) पुलिस पार्टियों पर फायरिंग में सिपाही मुलख राज व सुरेन्द्र कुमार घायल, (8) थाना सरहाली पर फायरिंग, (9) भूतपूर्व सरपंच धर्म सिंह पर फायरिंग, (10) नक्सली नेता दीपक धवन की हत्या, (11) कर्नल संत सिंह व उनकी पत्नी की हत्या, (12) मंड क्षेत्र में हैलीकाप्टर पर फायरिंग जहां पुलिस पार्टी छानबीन कर रही थी ।

बलदेव सिंह पुत्र हरभजन सिंह निवासी चोला साहब 5 मई 1987 को मुठभेड़ में मारा गया । उससे एक पाक निर्मित पिस्तौल व अन्य हथियार मिले । राम सिंह उर्फ रामू पुत्र तुलसी भगत हरिजन निवासी परती थाना शाह तबोई जिला बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) जोकि खालिस्तान कमांडो फोर्स का सदस्य था, 5 जून को दोबुर्जी रोड पर भिड़ंत में मारा गया । उससे एक पिस्तौल .32 बोर का मिला । वह अपने एक अन्य साथी समेत इन हत्याओं में वांछित था :

(1) चरण दास व सुरेन्द्र पाल, (2) अमृतसर औद्योगिक कार्यालय के चार कर्मचारी जगदीश चंद, अशोक कुमार, रमेश चंद्र, एस.के. झिगन तथा तिलक राज ।

16 जून को गांव जमादी की सरहाली में सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत में राणा प्रताप सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी तरसिक्का और बलविन्दर सिंह पुत्र रंधीर सिंह (दोनों बब्बर खालसा के सदस्य) मारे गए । इनके दो साथी भागने में सफल हो गए । इनसे एक डबल बैरल गन .12 बोर, एक पिस्तौल 313 बोर 17 खाली कारतूसों सहित बरामद हुआ । इससे पूर्व राणा प्रताप सिंह पुलिस हिरासत से भाग निकला था । वे बाबा बकाला में डी.एस.पी. हरपाल सिंह व उसके पुत्र की हत्या में संलिप्त थे । 19 जून को कोट आत्मा सिंह में खालिस्तान कमांडो फोर्स का सदस्य रणजीत सिंह पुत्र मन्ना सिंह निवासी समामपुर थाना नवांशहर मारा गया । उसके कब्जे से एक रिवाल्वर .38 बोर, दो कारतूस तथा एक चोरी शुदा स्कूटर बरामद किया गया ।

बाबा सिंह पुत्र बंता सिंह निवासी राजू बेला थाना राहनवाल अपने एक साथी सहित 7 जून को एक भिड़ंत में मारा गया । उनसे कुछ हथियार बरामद हुए । बाबा सिंह पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह का विशेष साथी तथा भिडरांवाला टाइगर फोर्स का सदस्य था । वह वडाला के डाक्टर सतीश कुमार, गांव हसनपुरा के बलवंत सिंह, बीरा सिंह प्रधान गुरुद्वारा काहनवान तथा गांव बागड़ियां के शिव सेना कार्यकर्त्ता की हत्या में संलिप्त था ।

हरशरण सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी राहवाल, निर्मल सिंह पुत्र वस्सन सिंह निवासी हरमेद, सुखदेव सिंह उर्फ सक्खी पुत्र चरण सिंह निवासी मल्ल नंगल (सभी खालिस्तानी कमांडो फोर्स से संबंधित) सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए जबकि उनके 5 साथी भाग निकले । उनसे काफी मात्रा में हथियार मिले । यह लोग ध्यानपुर के बलदेव राज, प्रकाश मसीह तथा जग्गा, इसबाल के ए.एस.आई. कुंदन सिंह, डेरा बाबा नानक के सुनार देवी दयाल की हत्या तथा एक लाख रुपए से अधिक की रकम बटोरने में संलिप्त थे ।

रणजीत सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी झंजियां कलां, थाना फतेहगढ़ चूड़ियां, जोकि खालिस्तान कमांडो फोर्स ग्रुप से संबंधित था, कोटली मज्जा सिंह के फौजी की हत्या, प्रसिद्ध लोक गायक हरदेव सिंह खुशदिल तथा गांव खोदे बंगड़ के बिशन चंद की हत्या के लिए जिम्मेदार था । वह 7 जून 1987 को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

मलहीना सिंह उर्फ हरविन्दर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह निवासी चौरे मछरे थाना श्रीहरगोविन्दपुर गुरदासपुर 1 जुलाई 1987 को भिड़ंत में मारा गया । उससे अन्य हथियारों के अलावा एक चीन निर्मित एल.एम.जी. 55 बोर भी मिली । उसने दिल्ली में ललित साकन व उनकी पत्नी, अर्जन दास तथा पुणे में जनरल ए.एस. वैद्य की हत्या की थी । इसके अलावा गुजरात, पुणे व बम्बई में भी वह कई अपराधों में वांछित था ।

सुखवंत सिंह उर्फ फौजी पुत्र देसा सिंह थाना खेमकरण गांव जोधपुर में नाका ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया । उसका दूसरा साथी फरार होने में सफल हो गया । उससे एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए । सुखवंत सिंह गांव तेरा कलां के अजीत सिंह, हरजीत सिंह झब्बाल, झब्बाल में तीन अन्य लोगों और वल्टोहा में एक सिख की हत्या के लिए जिम्मेदार था ।

अवतार सिंह पुत्र रणधीर निवासी सुलतानविंड थाना सदर अमृतसर 24 जुलाई को सुरक्षा बलों से भिड़ंत में मारा गया । इस भिड़ंत में सी.आर.पी. का एक जवान भी मारा गया । कंवलजीत सिंह व रंधीर सिंह बच निकले थे । एक .455 बोर रिवाल्वर व कुछ कारतूस उससे बरामद हुए । अवतार सिंह को नाभा जेल से रिहा किया गया था जबकि कंवलजीत सिंह जिला कचहरी से भाग निकला था ।

जस्सा सिंह उर्फ हरदयाल सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी सहरा, हरदयाल सिंह पुत्र शिंगारा सिंह निवासी जड़िक्का 28.7.87 से गांव चानने के पास मारे गये । जस्सा सिंह को आप्रेशन ब्लू स्टार के बाद मरा हुआ बताया गया था लेकिन वास्तव में वह जीवित था तथा जाली नाम से बब्बर खालसा की सभी गतिविधियों में शामिल था । यह टानी सी.आर.पी. की दो पार्टियों पर हमले के लिए जिम्मेदार थे जिसमें उनके जवान टी.डी. करूप, जगन्नाथ तथा राजपाल मारे गए थे तथा तीन अन्य घायल हो गए थे । जब्बोवाल में इन्होंने पूर्ण सिंह तथा फौजा सिंह की हत्या की थी । उन्होंने तरसिक्का गांव के सरपंच सुरमंत सिंह की हत्या की थी ।

यशपाल सिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी नंगल बैरां थाना नकोदर 25.7.87 को गांव नंगल के नजदीक पुलिस के साथ भिड़ंत में मारा गया । उससे एक डबल बैरल गन .12 व कारतूस मिले । उसके अन्य साथी फरार हो गए । यशपाल सिंह हरजीत सिंह झब्बाल व तीन अन्य, भूतपूर्व मंत्री सतनाम सिंह बाजवा व 4 अन्य, हरचरण सिंह उर्फ जज व दो अन्य की हत्या में शामिल था ।

सविन्दर सिंह उर्फ शिंदा उर्फ दीदार सिंह पुत्र मेहर सिंह निवासी हरीके 11.7.87 को गांव राम रौनी में मारा गया जहां उसने अपने 3-4 साथियों सहित मस्सा सिंह से उसकी लाइसैंसशुदा बन्दूक व 15 कारतूस छीने थे । बाद में उसने हितपाल सिंह को लूटने की कोशिश की जिस पर उसने अपनी बन्दूक से गोली चला दी । परिणामस्वरूप सविन्दर सिंह मारा गया ।

नीचे 13 व्यक्तियों की सूची दी जा रही है जोकि आतंकवादी ग्रुपों की आपसी शूटिंग में मारे गए ।

भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का बलदेव सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी पिंडियां 9.5.87 को मारा गया । वह विभिन्न स्थानों पर 2 सिखों समेत 22 लोगों की हत्या में वांछित था । इनमें से कुछ के नाम इस प्रकार हैं : निर्मल कुमार, राकेश कुमार, रणजीत सिंह, देसराज, बलबीर कौर, चमन लाल, मुन्ना, अश्विनी कुमार, शहाबुद्दीन, अमीर चंद, गरचरण सिंह, रणजीत कौर, एम. हुसैन, पूर्ण चंद, हरी लाल, बिशन लाल, प्रकाश चंद, सरस्वती पाल, माया दास, अमर नाथ, रत्न चंद, कमल किशोर व राजपाल ।

हरजिन्दर सिंह शहीद उर्फ हरपाल सिंह पुत्र प्यारा सिंह निवासी सुलतानपुर 6.7.87 को गांव कलेर में मारा गया । वह गांव वडाला जौहल में महंत किरपाल दास की हत्या के अलावा कई लाइसैंस-शुदा हथियार छीनने की वारदातों में शामिल था । अवतार सिंह उर्फ पप्पू पुत्र करनैल सिंह निवासी बीबी भानी दी हवेली अमृतसर 17.7.87 को अटारी में मारा गया । जीती उर्फ अजीत सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी उड़मुड़ टांडा । इनके अलावा तीन सिर विहीन शव पाए गए थे जिनकी बाद में पहचान इकबाल सिंह चीमा खालिस्तान कमांडो फोर्स का सदस्य, धर्म सिंह बब्बर खालसा का सदस्य तथा गुरचरण सिंह 'राणा ठरू ग्रुप' के सक्रिय सदस्य के रूप में हुई । यह पहचान उनके शवों के पास मिले प्रमाणों के आधार पर हुई । हरभजन सिंह 1 जून को खड़र साहब में, वस्सन सिंह 2 जून को हरीके क्षेत्र में, जम्मू 2 जून को दरबार साहब परिसर अमृतसर में, स्वर्ण सिंह 19 जून को, सकत्तर सिंह सत्त 24 जून को भैनी गुरमुख सिंह, लखबीर सिंह उर्फ हैपी 27 जून को मारा गया ।

प्राध्यापकों को संशोधित वेतनमान देना स्वीकार

चंडीगढ़, 27 अगस्त (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने विश्वविद्यालय, सरकारी व गैर-सरकारी कालेजों के प्राध्यापकों को केन्द्र द्वारा संशोधित वेतनमान, एक जनवरी 1986 से देना स्वीकार कर लिया है । सरकार ने प्राध्यापकों से अपील की है कि वे काम पर लौट आएं ताकि छात्रों की पढ़ाई की क्षति न हो ।

राज्यपाल जांच कराएंगे

(पृष्ठ 3 का शेष)

गई । इस संबंध में स्टील अथारिटी आफ़ इंडिया के रोल की ओर राज्यपाल का ध्यान दिलाते हुए उसे उद्योग विरोधी बताया गया और आरोप लगाया गया कि जालन्धर स्थित सेल के कुछ अधिकारी भी छोटी इकाइयों को स्टील सप्लाई करने की बजाए ब्लैक में बेचने के लिए व्यापारियों को उठवा देना पसंद करते

बोफोर्स तोपों में खराबी

(पृष्ठ 3 का शेष)

चलाने को कहा था इस संदर्भ में स्वीडन के कानून में कोई कम्पनी मान हानि का दावा नहीं कर सकती । कृपया व्यापारिक जानकारी को गोपनीय रखें ।"

मई 14–रक्षा उत्पादन संयुक्त सचिव ने बोफोर्स के प्रबन्ध निदेशक को टैलेक्स दिया "स्वीडन रेडियो और संवाद समिति एसोसिएटिड प्रैस के अनुसार आपने स्वीडन सैंट्रल बैंक को बताया था कि भारतीय एजैंट को कमीशन का भुगतान करार के अंतर्गत किया गया था ।" "कृपया जवाबी टैलेक्स से अविलम्ब बताएं यह कमीशन किस सौदे के लिए दिया गया । यह करार कब हुआ था । क्या भारत सरकार की तरफ से इस करार पर हस्ताक्षर हैं ।" मई 15–बोफोर्स के प्रबन्ध निदेशक ने जवाब दिया "रेडियो और संवाद समिति द्वारा लगाए गए आरोप झूठे हैं । 1986 में किए गए करार के लिए कोई कमीशन नहीं दिया गया, कोई बिचौलिया नहीं था । इस बारे में किसी भारतीय कम्पनी से भी कोई करार नहीं है ।"

मई 17–टैलेक्स द्वारा भेजे गए जवाब के अलावा बोफोर्स के अध्यक्ष ने रक्षा सचिव और संयुक्त रक्षा उत्पाद सचिव को पत्र में कहा, "24 मार्च, 1986 को हस्ताक्षर हुए करार के बारे में कोई कमीशन नहीं दी गई । कमीशन के बारे में किसी अन्य भारतीय कम्पनी से भी कोई समझौता नहीं है ।" मई 25–संयुक्त रक्षा उत्पादन सचिव ने बोफोर्स को टैलेक्स दिया, "कुछ समाचार पत्रों का कहना है कि 24 मार्च 1986 के करार के परिशिष्ठ में कमीशन का प्रावधान है । कृपया पुष्टि करें कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है । मई 25–बोफोर्स के अध्यक्ष का जवाबी टैलेक्स न तो 24 मार्च के करार के परिशिष्ठ में न ही किसी अन्य करार में कमीशन का कोई प्रावधान है ।"

जून चार : स्वीडन के विदेश मंत्रालय की प्रैस विज्ञप्ति "भारत सरकार के अनुरोध पर राष्ट्रीय आडिट ब्यूरो की जांच-पड़ताल के अनुसार तोप सौदा होने के बाद कमीशन तय करने (सैटलमैंट) का करार हुआ है.....इस करार के संदर्भ में भारी मात्रा में भुगतान हुआ है.....इसी दौरान बोफोर्स ने कई और भुगतान भी किए हैं जिसका कारण और भुगतान पाने वाले व्यक्तियों के नाम ब्यूरो को उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों में स्पष्ट नहीं हो सके । केवल बोफोर्स कंपनी ही अपने द्वारा किए गए भुगतानों का ब्यौरा दे सकती है ।" जून चार : स्वीडन सरकार ने भारत सरकार को लिखा," स्विस बैंक ने आडिट ब्यूरो को जानकारी इस शर्त पर दी थी कि कुछ अंश गोपनीय रखे जाएंगे । इसीलिए रिपोर्ट के कुछ अंश निकाल दिए गए हैं । स्वीडन सरकार ने बोफोर्स कंपनी से इस गोपनीयता की बाकी परिस्थितियों के बारे में स्पष्टीकरण देने को कहा है ।"

जून 4: स्वीडन दूतावास द्वारा भारतके विदेश मंत्रालय को भेजा गया संदेश "बोफोर्स कम्पनी के खिलाफ प्रारम्भिक आपराधिक जांच चल रही है । स्वीडन सरकार आडिट ब्यूरो की रिपोर्ट का इस्तेमाल स्वयं आपराधिक जांच के लिए नहीं कर सकती । ब्यूरो की रिपोर्ट स्वीडन के महाअधिवक्ता (प्रोसीक्यूटर जनरल) को भेज दी जाएगी ।" जून 16 : रक्षा सचिव ने बोफोर्स के अध्यक्ष को लिखा कि सौदा होने से पहले और सौदा होने के समय भारत सरकार ने बार-बार कहा था कि कोई बिचौलिया या कमीशन सहन नहीं किया जाएगा । स्वीडन रेडियो की रिपोर्ट के बाद बोफोर्स कम्पनी का एक-एक खंडन, आश्वासन और कमीशन नहीं होने की पुष्टि इस पत्र में गिनवाई गई है ।

रक्षामंत्री के अत्यधिक कड़े शब्दों में लिखे पत्र में इसके बाद आडिट ब्यूरो के निष्कर्ष बताकर लिखा गया है, "इसे देखते हुए मैसर्स ए.बी. बोफोर्स ने भारत की इच्छा के विरुद्ध काम किया है और सरकार को दिए गए सभी आश्वासनों और वायदों को तोड़ा है । आप 15 दिन के अन्दर बताएं कि भारत के साथ किए गए करारों में कब किसको, कितने पैसे का भुगतान किस तरह, किस स्थान पर और किस लिए किया गया । अगर भुगतान कम्पनियों को किया गया है तो उनके निदेशकों, मालिकों और भागीदारों के नाम बताइए ।" जून 17 : विदेश मंत्रालय ने दिल्ली स्थित स्वीडन दूतावास को लिखा, "तोप का सौदा होने से पहले श्री गांधी ने स्वीडन के प्रधानमंत्री श्री पामे के सामने बिचौलिया और कमीशन नहीं

Punjab Kesari

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

वैद्यविशारद आयुर्वेदरत्न करें । पास छात्र 10 दिनों में रजिस्ट्रेशन करवाएं । मैट्रिक, +2, B.A., M.A., LL.B. करें : राजा डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

ज़मीन-जायदाद

RMP रजिस्ट्रेशन 10 दिन में, मैट्रिक-इंटर, बी.ए. गारंटिड सितम्बर में : गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

सातवीं, आठवीं, नौवीं फेल शर्तिया मैट्रिक पास करें । मैट्रिक पास या 10+1 फेल 10+2 करें । Metro College, Bazar Narsinghdass (Near Majith Mandi), Amritsar. Phone :

वर्ष 23 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar
शनिवार, 29 अगस्त, 1987 तदनुसार, 13 भाद्रपद, 2044 मूल्य 75 पैसे, विमान द्वारा 90 पैसे,

हत्याकांड में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से गुरजंट सिंह का हाथ मानती है । पुलिस ने जंटा के परिवार वालों

पुष्टि करते हु
हाथ है । पु

भटिंडा फिरोजपुर मार्ग पर 'पंजाब मेल' को उड़ाने का षड्यंत्र विफल

भटिंडा के पास राष्ट्रीयकृत बैंक लूटा गया, उग्रवादियों की फायरिंग से 2 घायल

तरनतारन सदर थाने के थानेदार व बटाला के पास दुकानदार की हत्याएं

चंडीगढ़, 28 अगस्त (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में संदिग्ध आतंकवादियों ने 2 व्यक्तियों को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस ने बब्बर खालसा के आतंकवादियों की भटिंडा-फिरोज़पुर मार्ग पर 'पंजाब मेल' को उड़ाने की योजना नाकाम बना दी । भटिंडा के निकट एक राष्ट्रीयकृत बैंक लूट लिया गया । जालन्धर में एक 'बी' श्रेणी आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया । कपरथला में चंगी लूट ली गई । अमृतसर में एक अधिकारी का गनमैन अचानक बंदूक चल जाने से घायल हो गया । उग्रवादियों ने आज रात्रि तरनतारन क्षेत्र में एक सब-इंस्पैक्टर तथा श्री हरगोबिंदपुर के पास एक दुकानदार की हत्याएं कर दीं ।

सब इंस्पैक्टर की हत्या

अमृतसर के तरनतारन सदर थाना क्षेत्र के ग्राम बागड़ियां में उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस के एक सब इंस्पैक्टर कृष्ण गोपाल शर्मा की हत्या कर दी ।

मृत सब इंस्पैक्टर कृष्ण गोपाल शर्मा तरनतारन सदर थाना का एस.एच.ओ. था और घटना के समय बागड़ियां ग्राम में उस घर पर छापा मारने गया था जहां उग्रवादियों के छिपे होने का संदेह था । उग्रवादियों ने पुलिस दल को देखते ही फायरिंग कर दी और उसकी हत्या करके भागते समय उसकी रिवाल्वर भी ले गए ।

बाद में सरक्षा बलों ने आसपास के कई ग्रामों को घेर कर तलाशियां लेना शुरू कर दिया ।

अपनी ही गोली से घायल

अमृतसर : जिला परिवहन अधिकारी का सरकारी गनमैन गुलजार सिंह अपनी ही बंदूक से अचानक चली गोली से घायल हो गया । गोली उस समय चली,जब वह बंदूक की जांच कर रहा था । उसे गुरु तेग बहादर अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उसकी छाती में घाव लगा है ।

'हिन्दुओं को मारने की योजना थी'

'नारंग' के अनुसार अमृतसर के सी.आई.डी. स्टाफ़ ने गत रात्रि अर्जुन सिंह पुत्र दीदार सिंह एवं धर्मवीर सिंह को गांव 'डारिके' में गिरफ्तार कर लिया । धर्मवीर सिंह से 12 बोर की राईफल, 6 कारतूस बरामद किए गए । पुलिस के अनुसार इन दोनों ने गोपालपुर गांव के हिन्दुओं को मारने की योजना बना रखी थी । छहर्टा पुलिस ने गुरनाम सिंह पुत्र सुरजन सिंह जाट निवासी 'रामबाच' पुलिस थाना छहर्टा को गत रात्रि आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । बताया जाता है कि गुरनाम सिंह उग्रवादियों को हथियार सप्लाई करता था तथा दुर्दांत उग्रवादी मुलकीयत सिंह व कारज सिंह इसके घर में ठहरते थे ।

आतंकवादी महिला गिरफ्तार

थी डिवीज़न थाना अमृतसर की पुलिस ने एक आतंकवादी महिला को कल सायं गिरफ्तार कर लिया । यह 'शिवाग्रासी' पुलिस थाना फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) की रहने वाली है । कल सायं अमृतसर के बी मंडी इलाके में वह खालिस्तान ज़िन्दाबाद, भिंडरांवाला ज़िन्दाबाद के नारे लगा रही थी । उस वक्त काफी भीड़ इकट्ठी हो गई । बी. डिवीजन की पुलिस को किसी नागरिक ने सूचना दे दी । उन्होंने आकर उसे दबोच लिया ।

निहंग पर हमला

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार गत रात्रि लगभग 8-9 बजे यहां से 12 कि. मी. दूर थाना जंडियाला के गांव रत्नगढ़ में एक निहंग रणधीर सिंह उर्फ़ धीरा पर हमला करके कुछ संदिग्ध लोगों ने उसे घायल कर दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार हमलावर उसके घर आए तथा उसको बाहर से आवाज़ दी कि उसकी बहन, जो कि कोचीन में रहती है, का पत्र आया है आकर ले लो । धीरा ने उन्हें अन्दर से ही कहा कि वे दरवाजे में से पत्र अन्दर फैंक दें । हमलावरों ने उत्तर में कहा कि दरवाजा खोलकर पानी तो पिला दो । धीरा की पत्नी ने दरवाजा खोलकर उनको आंगन में एक चारपाई पर बिठा दिया । धीरा ने उन्हें पीने के लिए पानी दिया । इसी बीच एक आतंकवादी ने अपना पिस्तौल निकालने की कोशिश की,जिस पर धीरा को संदेह हो गया । डर कर वह जान बचाने के लिए कमरे की ओर भागा तो एक आतंकवादी ने उस पर गोली चलाई । उसकी पीठ तथा बाज़ू में गोलियां लगीं,जिससे वह ज़मीन पर गिर पड़ा । हमलावर जिनकी गिनती चार थी, वारदात के बाद फ़रार हो गए । यह भी पता चला है कि दो कथित आतंकवादी उसके घर के अन्दर गए जबकि दो बाहर गली में खड़े रहे । इतने में सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी उधर आ निकली,जिसने अपनी जीप में डालकर धीरा को सिविल अस्पताल पहुंचाया । उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है । सी.आर.पी. ने पूरे क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली है । अभियुक्तों की खोज में जगह-जगह छापे मारे गए हैं,लेकिन अभी तक किसी को पकड़ा नहीं जा सका । पता चला है कि रणधीर सिंह उर्फ़ धीरा स्वर्गीय बाबा कहन सिंह का पी.ए. रह चुका है । उनकी मृत्यु के बाद वह

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सुरक्षा बलों का घेरा तंग होने के कारण आतंकवादियों की सरगर्मियों में वृद्धि हुई है : रिबैरो

लुधियाना, 28 अगस्त (जोशी): पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ने स्वीकार किया कि राष्ट्रपति शासन के बाद आतंकवादियों की सरगर्मियों में वृद्धि हुई है । उन्होंने स्पष्ट किया कि [illegible] सुरक्षा बलों का घेरा बहुत तंग हो गया है, इसके साथ ही सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई अब शिखर पर पहुंच गई है । श्री रिबैरो तहसील जगराओं में जनसम्पर्क अभियान के सम्बन्ध में थे । श्री रिबैरो ने रहस्योद्घाटन किया कि एस.एस.पी. की सतह से थाना की सतह तक यह निर्देश जारी कर दिया गया है कि पुलिस के हाथों कोई मासूम शहरी परेशान न हो । उन्होंने घोषणा की

मिन्ना पर गोली कैसे चली ?

नई दिल्ली, 28 अगस्त (ह.स.): गत रात्रि पंजाब केसरी के दिल्ली संस्करण के सम्पादक श्री अश्विनी मिन्ना पर गोली चलाए जाने के मामले में परस्पर विरोधी तथ्यों की जानकारी पुलिस को दी गई है । लारेंस रोड थाने में दर्ज कराई गई एफ.आई.आर. के अनुसार श्री मिन्ना ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके दो कर्मचारियों ने उन पर तब गोली चलाई जब वे उनके साथ यूनियन के मामलों पर बातचीत कर रहे थे । उन पर गोली उन्हीं के लाईसैंसी पिस्तौल से चलाई गई जो उनकी टेबल पर पड़ी थी । पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) श्रीमती किरन बेदी ने बताया कि पुलिस को जो दूसरी जानकारी दी गई है उसके अनुसार श्री मिन्ना ने गोली स्वयं चलाई । अब सैंट्रल फारैंसिक साईंटिफिक लेबोरेट्री के बैलेस्टिक एक्सपर्ट श्री मिन्ना के कार्यालय की छानबीन कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि गोली कहां से चलाई गई । पुलिस ने अभी तक दोनों कर्मचारियों लक्ष्मी नारायण शीतल और अशोक दत्त शर्मा में से किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया है । श्रीमती किरन बेदी के अनुसार परस्पर विरोधी तथ्यों के कारण जांच पूरी होनेतक किसी को भी गिरफ्तार करना उचित नहीं होगा । श्रीमती किरन बेदी ने बताया कि गोली श्री मिन्ना की कुर्सी के साथ पड़े एक बोर्ड में से होती हुई पीछे पड़ी एक फोटो कापी मशीन में घुस गई । अब बैलेस्टिक एक्सपर्ट ही यह साबित करेंगे कि गोली किसने चलाई ।

अश्विनी मिन्ना पर घातक हमले की कड़ी निंदा

अम्बाला छावनी, 28 अगस्त (ग्रोवर): दिल्ली में दैनिक पंजाब केसरी के सम्पादक श्री अश्विनी मिन्ना पर घातक आक्रमण की यहां के मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ के महासचिव श्री हीरा नन्द शर्मा की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में कड़ी निंदा की गई और दिल्ली प्रशासन से मांग की गई कि इस घटना की सी.बी.आई. से जांच कराई जाए । बैठक में श्री अश्विनी की दीर्घायु के लिए कामना की गई ।

संगरूर (गोयल): संगरूर वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन की बैठक आर.पी. गोयल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें शरारती तत्वों द्वारा श्री अश्विनी मिन्ना पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की गई तथा गृहमंत्री से मांग की गई कि पत्रकारों की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपाय किए जाएं ।

भटिंडा : विभिन्न राजनीतिक दलों ने श्री अश्विनी मिन्ना की हत्या के प्रयास की कड़ी निंदा की है । भाजपा के सचिव जगदीश राय मोंगा, इंका के उपाध्यक्ष कुलवंत राय, इंका के महासचिव हरमिन्दर सिंह जस्सी, कौमी एकता के अध्यक्ष गुरबक्श सिंह, आर्य समाज के अध्यक्ष प्रो. ओ.पी. मौंगा, भाजपा अध्यक्ष वज़ीर चन्द ने अलग-अलग बयानों में कहा कि श्री मिन्ना पर हमला एक कायराना हरकत है और दोषियों के खिलाफ़ कठोर

Punjab Sanstha

था ।

8.30
क्षेत्र के
ानदार
फरार
दूकान

बब्बर
प्रयास
गोबिन्द
लिस ने
रेलवे
निकट
पुलिस
लेकिन
लया ।
ा चला,
काका
निवासी
को पृथी
न बम
गन व
तीसरा
फल हो
क्या कि
साथ
ल्ली जा
।
को कई
ारदात
हवाला
रने की
में एक
घायल
भाई के
या गांव
ार कर

6 संदिग्ध गिरफ्तार

जिला पुलिस ने विभिन्न स्थानों से 6 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । उनके कब्ज़े से एक 32 बोर का रिवाल्वर तथा 5 अलग-अलग बोर के पिस्तौल बरामद किए गए । बाघापुराना पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति जगराज सिंह गांव उधोके को गिरफ्तार किया । उसके कब्ज़े से एक .315 बोर का पिस्तौल व 7 कारतूस मिले । पुलिस ने एक व्यक्ति बसन्त सिंह को गिरफ्तार करके उससे 315 बोर का पिस्तौल व 5 कारतूस पकड़े । जगराज सिंह तथा बसन्त सिंह साइकलों पर सवार होकर घोलियां खुर्द की ओर जा रहे थे । वह मालवा केसरी कमांडो फ़ोर्स के तथाकथित जनरल राणा के ग्रुप से सम्बन्ध रखते हैं । पूछताछ के दौरान उन्होंने पुलिस को बताया कि वे राणा की मौत का बदला लेने की योजना बना रहे थे ।

सदर पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति जरनैल सिंह निवासी दुलेकेवाल को जोगेवाल में गिरफ्तार किया । उसका एक साथी भागने में सफल हो गया । उसके कब्ज़े से एक 12 बोर का पिस्तौल व तीन कारतूस मिले । पुलिस ने एक और संदिग्ध व्यक्ति अमरजीत सिंह को गिरफ्तार करके उससे 12 बोर का पिस्तौल तथा तीन कारतूस बरामद किए । उन्होंने कल कुछ स्त्रियों की बालियां छीनी थीं ।

मलोट सदर पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति बीरसिंह निवासी लुहारवाला को पकड़ा है । उसने पंजाब रोडवेज़ के एक कंडक्टर से नकदी का थैला छीन कर भागने की कोशिश की थी । उसका एक अन्य साथी भागने में सफल हो गया । पुलिस उसको पकड़ने का प्रयास कर रही है । मलोट पुलिस ने स्थानीय सिनेमा के निकट फला नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा । उससे 315 बोर का पिस्तौल व कारतूस मिले ।

धमकी

अहमदगढ़ (पूरी): यहां कुछ धार्मिक स्थानों की दीवारों पर तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के 'जनरल' लाभ सिंह की ओर से लगाए गए पोस्टर देखे गए हैं, जिनमें खालिस्तान का विरोध करने पर पुलिस और हिन्दुओं को गम्भीर परिणामों की धमकी दी गई है ।

स्कूटर छीना

लुधियाना : यहां किचलू नगर में कल रात दो संदिग्ध आतंकवादियों ने विपन मेहरा से स्कूटर छीन लिया । एक अन्य घटना में यहां से लगभग 32 किलो मीटर दूर बस्सियां गांव में पैट्रोल पम्प के एक कर्मचारी रमेश कुमार से दो आतंकवादियों ने 1500 रुपए तथा चांदी की एक अंगूठी छीन ली ।

पुलिस रिमांड

महिन्द्रा के अनुसार वरिन्द्र सिंह उर्फ़ विदल जिसे लुधियाना पुलिस ने कई कत्लों और डकैतियों के केसों में गिरफ्तार किया है, को पटियाला की किसी वारदात के बारे एस.डी.एम. पटियाला की अदालत में पेश किया है । पुलिस ने बताया कि एस.डी.एम. ने चार सितम्बर तक उसका पुलिस रिमांड दे दिया है ।

मार्क्सी नेता पर हमला

'धीमान' ने खबर दी है कि आज रायकोट में मार्क्सवादी नेता विजय कुमार गुरिल्ला पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया । उन पर तीन गोलियां चलाई गईं लेकिन कम्युनिस्ट नेता जिसके हाथ में दरांती थी, ने उसी के साथ आतंकवादियों का मुकाबला किया । परिणामस्वरूप आतंकवादी भाग गए । उनकी पहचान कर ली गई है । उनकी गिरफ्तारी किसी भी समय सम्भावित है ।

पिस्तौल दिखाकर लूटा

अबोहर (सदोष) : गांव अचाड़िकी में एक ठेकेदार के यहां काम कर रहे मिस्त्री व मज़दूरों को भागसर गांव के चार व्यक्तियों ने पिस्तौल दिखाकर लूट लिया । इस आशय की रपट थाना खुईयांसर्वर में लिखवाई गई है ।

ठेका कर्मचारी घायल

फगवाड़ा (कौड़ा): यहां से 12 किलो मीटर दूर सदर थाने के वहानी गांव में कल रात 20 संदिग्ध आतंकवादियों ने देसी शराब के एक ठेका के कर्मचारी जसवीर सिंह को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया । उसे गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

पुलिस ने बताया कि दो संदिग्ध आतंकवादियों ने ठेके पर हमला कर उक्त युवक को तब गोली मारी, जब उसने उनकी ठेका लूटने की कार्रवाई में अड़चन डाली । हमलावरों ने भागने से पहले दुकान में तोड़-फोड़ की तथा शराब की बातलें भी तोड़ दीं । जसवीर सिंह की दाईं जांघ व कमर में गोली लगी । पता चला है कि दोनों आतंकवादियों ने मुंह पर कपड़े बांध रखे थे ।

एक अन्य सूचना के अनुसार फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव हदियाबाद में कल रात शराब के एक ठेके से कुछ अज्ञात व्यक्ति 5,000 रुपए मूल्य की शराब तथा 400 रुपए नकद चुरा कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

'बी' श्रेणी का आतंकवादी ढेर

जालन्धर : जालन्धर के एस.एस.पी. द्वारा जारी किए गए एक प्रैस वक्तव्य में कहा गया है कि स्थानीय पुलिस ने एक 'बी' श्रेणी आतंकवादी जोगेन्द्र सिंह उर्फ़ जोगा पुत्र दर्शन सिंह निवासी फोलड़ीवाल थाना सदर को गिरफ्तार करके उससे स्कूटर नम्बर पी.ए.क्यू. 438 बरामद किया है,जो कि उसने थाना नूरमहल के गांव बिलगा के रूप लाल से छीना था । उसने पतारा में एक शराब के ठेके के कर्मचारी अमर की हत्या और 2000 रुपए लूटने, स्कूटर नम्बर पी.ए.एल. 5128 छीनने, परतापुर में पैट्रोल पम्प से 1800 रुपए लूटने व नंगल फ्लोर मिल के राज कुमार को घायल करने, पातड़ां के सोहन लाल से 850 रुपए छीनने, गाखल के सरदार सिंह से स्कूटर छीनने की कोशिश व उसे घायल करने तथा डरौली में शराब के ठेके को लूटने की घटनाओं में हाथ होना स्वीकार किया है ।

पुलिस ने परमजीत सिंह पुत्र पूरनाम सिंह तथा नरेश कुमार पुत्र प्रीतम दास निवासी आबादपुरा को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने सतनाम सिंह से कार नम्बर पी.यू.क्यू. 3225 छीनी थी । उनसे कार बरामद कर ली गई है । पुलिस ने राज कुमार निवासी धर्मपुरा को गिरफ्तार करके उससे .303 का पिस्तौल व कारतूस बरामद किए ।

स्कूटर छीना

जालंधर के गाजीगुल्ला मोहल्ले में दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर पी.ए.डी. 762 छीन लिया । स्कूटर सवार से हाथापाई में एक उग्रवादी की पगड़ी वहीं रह गई ।

चुंगी लूट ली

कपूरथला (शर्मा): यहां जालन्धर रोड पर स्थित महसूल चुंगी पर गत रात लगभग सवा नौ बजे मुंह ढांपे हुए दो युवक हाथों में पिस्तौल लिए आए तथा गोली मार देने की धमकी देकर वहां से 919.40 रुपए मुहर्रिर श्री जसपाल सिंह से लूट कर ले गए । जाते हुए उन्होंने हवाई फ़ायर भी किया तथा खालिस्तान ज़िंदाबाद के नारे लगाए । आज नगर पालिका कर्मचारियों ने पालिका कार्यालय के बाहर धरना दिया तथा आरोप लगाया कि रात की घटना के बाद जालन्धर महसूल चुंगी स्टाफ़ के साथ पुलिस ने दुर्व्यवहार किया है । उनकी मांग है कि चुंगियों पर सुरक्षा की व्यवस्था की जाए । पुलिस का कहना है कि महसूल चुंगी स्टाफ़ से कहा गया है कि निर्देशों के अनुसार उन्हें दरवाजे आदि बंद करके काम करना चाहिए था ।

बैंक लूट लिया

भटिंडा (के.एल. ग्रोवर): कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने आज प्रातः यहां से 5 किलो मीटर दूर गांव जस्सी पौ वाली में एक राष्ट्रीयकृत बैंक से लगभग पच्चास हज़ार रुपए लूट लिए । वे बैंक के गार्ड की बंदूक भी ले गए । लूटी गई राशि का अभी हिसाब लगाया जा रहा है । एस.पी. डिटैक्टिव श्री एस.के. शर्मा भारी पुलिस फ़ोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए हैं. यह बैंक राष्ट्रीय राज मार्ग पर स्थित है ।

वार्ता के अनुसार बैंक से लूटी गई रकम 7700 रुपए थी ।

ठेका लूटा

धूरी (सिंगला): यहां से 6 किलो मीटर दूर गांव भसौर में पांच आतंकवादी एक देसी शराब के ठेके पर आए और सेल्समैन हरबंस सिंह से शराब की बोतलें व 20,000 रुपए छीन कर ले गए ।

घर-घर तलाशी

होशियारपुर (अश्विनी): पुलिस और सुरक्षा बलों ने गत रात्रि चंडीगढ़ रोड पर स्थित मुहल्ला इस्लामाबाद में घर-घर की तलाशी ली । ख्याल है कि अन्य मुहल्लों में भी घर-घर तलाशी ली जाएगी ।

तीन लुटेरे गिरफ्तार

होशियारपुर : पुलिस ने आज यहां लुटेरों के एक गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ने का दावा किया है । उनके पास से हरयाना पुलिस थाने के अंतर्गत अरन कुंटा के स्टोर से लूटी गई 120 बोरी खाद बरामद हुई है । इन अभियुक्तों के नाम जसवंत सिंह, कृपाल सिंह और दयाल सिंह हैं । पुलिस ने एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया है, जिसे इन लुटेरों ने लूट के समय इस्तेमाल किया था । यह स्टोर पिछले दो महीनों में तीन बार लूटा गया है । तीसरी बार लूट के समय एक लुटेरा गांव वालों के साथ मुकाबले में मारा गया था ।

स्क्रीनिंग शुरू

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ने गत दिनों भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए पुलिस की स्क्रीनिंग की जो घोषणा की थी, उसके अनुसार राज्य की सभी तीन पुलिस रेंजों जालन्धर, पटियाला और फिरोजपुर में इंस्पैक्टर रैंक तक के पुलिस अफ़सरों की स्क्रीनिंग आरम्भ हो गई है । स्क्रीनिंग कमेटियां बना दी गई हैं और उनसे कहा है कि वह अपना काम तेज़ी से पूर्ण करके रिपोर्ट दें । यह कमेटियां कांस्टेबल से इंस्पैक्टर दर्जे तक के उन पुलिस कर्मियों की भी स्क्रीनिंग करेंगी जिनकी सेवा 25 वर्ष से अधिक हो चुकी है या आयु 50 वर्ष से ज्यादा हो चुकी है । जो लोग दोषी पाए गए उनमें से 50 वर्ष से ज्यादा आयु वालों को जबरी रिटायर कर दिया जाएगा जबकि अन्य को धारा 311 के अन्तर्गत अपदस्थ कर दिया जाएगा ।

चोरी की कार बरामद

पटियाला (भूषण): यहां 20-21 अगस्त की रात को राजपुर रोड कालोनी से चोरी की गई फिएट कार नम्बर एच.पी.ए. 1797 दिल्ली के आजाद नगर क्षेत्र से शालीमार बाग के निकट लावारिस पड़ी पाई गई । आशंका व्यक्त की जा रही है कि कुछ अभियुक्तों ने इसका प्रयोग दिल्ली में घुसपैठ के लिया किया ।

बच्चों को उठाने और उनके निकालने की घटनाओं से लोगों

रोपड़, 28 अगस्त (बैंस): गत कुछ दिनों से रोपड़ के विभिन्न क्षेत्रों में अवयस्क लड़कों और बच्चों को किसी गिरोह द्वारा उठाए जाने की घटनाओं से लोगों में आतंक व्याप्त है । गत एक सप्ताह के दौरान रोपड़ और चमकौर साहब से दो लड़कों को उठाने, उनका खून निकालने के समाचार मिले हैं । पहली घटना चमकौर साहब के निकटवर्ती गांव डैहर मुंडिया के अखबारों के हाकर जगतार के साथ गुजरी, जब वह सुबह-सुबह गांव से चमकौर साहब अखबार लेने जा रहा था तो दो जीप सवारों ने उसे जीप को धक्का लगाने के बहाने बुलाया और उसे जीप में धकेलकर, साथ लेकर भाग गए । जगतार को जब होश आया तो वह जालंधर-अमृतसर मार्ग पर वीरान जगह पर पड़ा था । एक ट्रक चालक की सहायता से वह अपने घर पहुंचा । बाद में डाक्टरों ने उसकी जांच करके बताया कि उसके शरीर में से अधिकतर खून निकाल लिया गया है । खून निकाल जाने के कारण वह बेहोश हो गया । अभी भी उसे चक्कर आते रहते हैं ।

दूसरी घटना रोपड़ की अनाज मंडी के पास चाय की दूकान पर काम करते दस वर्षीय मुसलमान लड़के रियासत के साथ गुजरी । 23 अगस्त को सुबह वह मंडी की तरफ पाखाने के लिए गया तो वहां साधु के भेस में बैठे एक आदमी ने रियासत को जबरदस्ती पकड़ कर कुछ सुंघाया और फिर उसे एक बोरी में डाल कर ले गया । जब रियासत को होश आया तो वह बलाचौर के पास सड़क के किनारे पड़ा था । वह साधु तब भी वहां मौजूद था । सामने से एक ट्रक आने के गया । संयोगवा उ.प्र.) के व्यक्ति पहचान लिया अ के शरीर से खून नहीं हो सकी । की मांग की है

अनुसूचित आरक्षण

नई दिल्ली नागालैंड, मेघ लोकसभा व विधानसभाओं सीटों के आरक्ष संविधान का 5 बहुमत से पारि

फ़ायदा उ करने के घ

चंदौसी (व कांग्रेस के वरिष्ठ कहा है कि कां वाले नेता ही अ कर रहे हैं ।

महिलाओं

नई दिल्ली लदान आदि का कर्मचारियों के लोकसभा में श

उपाध्यक्ष श्र प्रकट किया कि सम्बन्धित है जनता सरकार कि यह महिला इनके मामले प जा सकता है ।

इंडियन ए को शा य

नई दिल्ली लाइन्स ने मंगल में यात्रियों को लगा दी है । स लगाने पर भी विचार कर रहे

'आतंकवादियों' की गिरफ्तारी के मामले में बड़ौदा दूसरे स्थान पर

नई दिल्ली, 28 अगस्त (ह.स.): अमृतसर के पश्चात पुलिस द्वारा गिरफ्तार 'आतंकवादियों' के मामले में बड़ौदा दूसरे स्थान पर है ।

भाजपा के केंद्रीय सचिव श्री मकरंद देसाई द्वारा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री पी. चिदम्बरम को दिए गए एक ज्ञापन में कहा गया है कि आतंकवाद निवारण कानून के तहत बड़ौदा पुलिस ने लगभग 245 व्यक्तियों को पकड़ा था । इनमें से लगभग 145 व्यक्तियों ने ज़मानत अर्ज़ियां दी थीं तथा अधिकांश की ज़मानतें मंज़ूर हो गई थीं ।

श्री देसाई ने कल भाजपा अध्यक्ष श्री अडवानी तथा सांसद श्री एस. एस. बघेला के साथ श्री चिदम्बरम से भेंट करके उनसे अनुरोध किया था कि वे बड़ौदा पुलिस द्वारा उक्त कानून के दुरुपयोग को रोकने के तुरन्त उपाय करें । समझा जाता है कि श्री चिदम्बरम ने उनको आश्वासन दिया है कि वह तुरन्त ही इस मामले पर ध्यान देंगे ।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिस तरह ज़मानतें मंज़ूर हुई हैं, उससे पता चलता है कि न्यायालय के अनुसार ये गिरफ्तारियां आतंकवाद निवारण कानून के तहत नहीं आती हैं या फिर 'अभियुक्तों' ने कोई आतंकवादी कार्रवाई नहीं की है ।

श्री देसाई, जो बड़ौदा के भूतपूर्व विधायक हैं, ने आरोप लगाया है कि इस कानून के तहत ये गिरफ्तारियां इसी बात की द्योतक हैं कि वर्तमान सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों को दबाने के लिए किस तरह पुलिस का प्रयोग करती है । ज्ञापन में दावा किया गया है कि इस कानून के तहत गिरफ्तार व्यक्तियों में दो-तिहाई अल्प-संख्यक हैं ।

इस कानून के तहत गिरफ्तार व्यक्तियों की सूची में बड़ौदा नगर निगम के महापौर श्री जसपाल सिंह, उप-महापौर नलिन भट्ट, सांसद प्रमोद महाजन, विधायक अशोक भट्ट आदि भी शामिल हैं ।

स्टेट बैंक आफ पटियाला द्वारा मैट्रिक में पहले तीन स्थान पाने वाले छात्रों को ट्राफियां

जालन्धर, 28 अगस्त : पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड की तरफ से वर्ष 1986 के दौरान आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्टेट बैंक आफ पटियाला की ट्राफियां आज यहां आयोजित एक समारोह में बैंक के प्रबन्ध निदेशक श्री एन. राय ने प्रदान कीं ।

इस अवसर पर श्री राय ने बताया कि वर्ष 1986 के दौरान बैंक की ओर से नए शुरू किए गए कार्यक्रम के अधीन 526 लाख 74 हज़ार रुपए के ऋण 10 हज़ार व्यक्तियों को बांटे गए जिनमें मुर्गी-झींपड़ियों में रहने वाले लोग, शारीरिक तौर पर अपंग, कैदी, भूतपूर्व कैदी, भूतपूर्व सैनिक और प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ित व्यक्ति शामिल हैं । इसके अतिरिक्त बैंक की ओर से 45 रक्तदान शिविरों, 44 चिकित्सा शिविरों और 86 परिवार कल्याण शिविरों का भी आयोजन किया गया जिससे लगभग 20 हज़ार लोग लाभान्वित हुए ।

श्री राय ने यह भी बताया कि बैंक ने 20 गरीब अ पाल्जि बच्चों को भी अपनाया है । बैंक उनके सभी ताल्लीमी खर्चे उठा रहा है ।

पाक व अमरीका में गुप्ता समझौता

इस्लामाबाद, 28 अगस्त :एक नौ सदस्यीय पाकिस्तानी शिष्टमंडल अगले सप्ताह अमरीका जाकर अमरीकी मदद पर लगी 105 दिन की रोक हटवाने का प्रयास करेगा । उधर पाकिस्तान के भू.पू. मंत्री मुबाशिर हसन के अनुसार पाकिस्तान ने अमरीका से एक गुप्त समझौता किया है जिसके अंतर्गत पाक भूमि पर अमरीकी कानून लागू हो सकेंगे ।

पाक सीमा पार बम दस्ते बदले में फूल नहीं मिलेंगे

इस्लामाबाद, 28 अगस्त (ह.स.): पाकिस्तान के विपक्षी नेता खान अब्दुल वली खान ने आरोप लगाया है कि संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान दस्तावेजों के अनुसार कोई भी राजनीतिक पार्टी जो अमरीका के हितों की उपेक्षा करती है, को सत्ता में आने की अनुमति नहीं दी जाएगी । श्री वली खान ने एक इंटरव्यू में बताया कि इन दस्तावेजों और उनके अस्तित्व से स्पष्ट है कि देश की नीतियां वाशिंगटन में बनती हैं ।

श्री खान ने कहा कि लेकिन अमरीका को यह अहसास हो गया कि मार्शल लॉ ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकता इसलिए सरकार को जन-प्रतिनिधि स्वरूप प्रदान करने के लिए देश में गैर पार्टी आधार पर चुनाव कराए गए । उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले जनरल जिया उल हक एक बहुत बड़ी गलती कर चुके हैं । उन्होंने जनमत संग्रह कराया और जनता से पूछा कि क्या वह देश में इस्लामी व्यवस्था चाहती है । 'हां' का मतलब था जनरल जिया के लिए पांच साल का कार्यकाल, इसके बावजूद उस समय भी केवल सात प्रतिशत लोगों ने मतदान में भाग लिया ।

देश में बम विस्फोटों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह बम दस्ते बनाम बम दस्ते का मामला है । अगर आप सीमा पार बम दस्ते भेजेंगे तो बदले में आपको फूल नहीं मिलेंगे ।

श्री वली खान ने कहा कि पहले जनरल जिया इन बम विस्फोटों को अफगान नीति से जोड़ते थे लेकिन जब उन्हें अहसास हुआ कि जनता उन्हें अपनी अफगान नीति बदलने के लिए मजबूर कर देगी तो उन्होंने देशों पर मढ़ना एक मंत्री ने, जि कि बम विस्फोट बलूचिस्तान जाने पर उन्होंने में अमरीका का है । चाहे शाह पर उन्होंने बता और लगान से उ यह है कि यहां उ में उनकी पूजा

''ह.स.'' के 18 महीनों में 265 से घटक सरगनों के 40 रिबैरो ने कहा उग्रवादियों के अपने परिवारों कहा कि उग्र इंडस्ट्रियल एरि करोड़ रुपयों अलावा और उग्रवादियों के राइफलें'' हैं ।

''धीमान'' गया कि क्या अ शस्त्रास्त्र मिलने उन्होंने एक प्रश्न के पास जो शस्त्र उनके साथ उग्र बैसे उन्हें नए ह उनके प्रशिक्षण

स्वर्ण मंदि

में बने कमरों प पर भी उन्ही जत्थेदार प्रो. द दमदमी टकसा सिंह ही अकाल सम्पन्न करते कमेटी के नज़र जगह आये हरि अधिकारों का गुरुद्वारा प्रबंधक उग्रवादियों द्वारा पद से इस्तीफा दे ले लिया । शि सर्वाधिक सक्रिय रामदास अस्पता के साथ मार्च में उग्रवादियों ने उ दिये हैं । सिख गुरुद्वारा प्रबंधक माह की छुट्टी आवेदन रद्द प्रबंधक कमेटी के दिया गया है या रहने को कहा ग सरायों में रहने की युवतियों को दैनिक चढ़ावा अ

नवविवाहिता की कथित हत्या के बारे में राज्यपाल को पत्र

जालंधर, 28 अगस्त (क): पी.ए.पी. लाइन्ज जालंधर छावनी के निकट के मुहल्ला बेअंत नगर के निवासी शाम लाल तथा उनका परिवार अपनी



अनीता रानी

नव-विवाहिता युवा बेटी अनीता रानी की कथित हत्या पर बिलख रहा है । उसका कहना है कि उसकी लड़की को उसके ससुराल वालों ने जला कर मार दिया है । उनकी पीड़ा और भी अधिक इसलिए बढ़ गई है कि पुलिस ने उस मामला को अचानक आग लगने की घटना प्रकट करके रफादफा कर दिया है और उसकी नजर में दोषी साफ बच गए हैं ।

राज्यपाल पंजाब श्री एस.एस. रे को लिखी अपनी पत्कार में शाम लाल ने कहा है कि उसकी बीस

शाम लाल का आरोप है कि उसके यह कहने के बावजूद कि उसकी लड़की को दहेज के लोभ में उसके ससुराल वालों ने जला कर मार दिया है, सम्बन्धित ए.एस.आई. ने उसकी एक नहीं सुनी बल्कि उससे गुमराह करके एक लिखित बयान पर हस्ताक्षर करवा लिए जिसके बारे बाद में पता चला कि उसने उसके आरोप को उस बयान में शामिल नहीं किया । यह सब उसने अनीता के ससुराल वालों के साथ मिलीभगत के कारण किया ।

शाम लाल ने राज्यपाल से अपील की है कि वह उसकी लड़की अनीता देवी की इस प्रकार हुई मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच करवाएं ताकि दोषियों को सजा मिल सके । शाम लाल अभी इस प्रतीक्षा में हैं कि राज्यपाल कब इस जांच के आदेश देते हैं ।

उग्रवादियों की शरणस्थली

(पृष्ठ 1 का शेष)

संवेदनशील धार्मिक स्थल पर यहां सोमावती अमावस्या के दिन विशाल मेला लगता है 30-40 हजार लोगों की हाजिरी होती है, वहां मात्र दो सिपाही व्यवस्था के लिये लगा रखे थे जिनके पास हथियारों के नाम पर मात्र दो बैंतें थीं ।

सुरक्षा पगों के नाम पर पंजाब व हरियाणा प्रांतों से जुड़ती सीमाओं पर बनाई गई 'निगरानी चौकियां' सामान्य वाहनों के लिए हैं । प्रभावशाली लोगों के वाहन धड़ल्ले से इन चौकियों से गुज़र जाते हैं फिर चाहे उन वाहनों में उग्रवादी आ-जा रहे हों अथवा तस्करी का सामान या नाजायज असला ।

राज्य के पुलिस महानिदेशक पूर्ण चंद मिश्रा ने आज कहा कि राजस्थान पुलिस को आधुनिक हथियारों की जरूरत है । राज्य की पुलिस के पास

Punjabi Parichay

फ़ारैस्ट कार्पोरेशन लिमिटिड,
कैंग डिवीज़न, चोपाल

नाम सूचना

न के रोडसाइड पर सरैन में स्टैक्ड अनुमानतः
की बिक्री के लिए खुली नीलामी (श्री प्रताप सिंह
धोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 4.9.87 को सुबह
लिए सिक्योरिटी राशि 8000/- रुपए होगी और
समाप्ति पर जमा करानी होगी । यह एफ़डीआर/
भी जमा कराई जा सकती है या बोलीदाता से नकद
ा की धरोहर राशि, लिए गए कार्य की सफल पूर्ति
। विस्तृत शर्तें, नीलामी के समय पर सुनाई
ने हित में सलाह दी जाती है कि वे नीलाम किए जा
तः 300 m³ पल्पवुड और फ़्यूलवुड की नीलामी
पर होगी और अनुमानतः 100 m³ स्टैक्ड, नई

—हस्त.
डिवीजनल मैनेजर



इड विज्ञापन

ज्योतिष
कम्प्यूटर का कमाल, बताए जीवन का हाल, ऋषि एस्ट्रो सिस्टम, R-135, माडल टाऊन, लुधियाना ।

बिकाऊ
सिरसा में एक प्लाट 100 गज बेगू रोड पर, शानदार जगह, जानकारी मंगवाएं । पोस्ट बाक्स नं. 21, मोहाली (रोपड़) ।

कार बाजार

अदालती नोटिस

न्यायालय श्री महासिंह सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां पानीपत, रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, हरियाणा के अधिकारों का प्रयोग करते हुये।

पार्टीज़

The Daily Pioneer Research, Jalandhar
रविवार, 30 अगस्त, 1987 तदनुसार, 14 भादों, 2044

कहा इस मामले में राज्य सरकार जैसा मदद चाहेगा हम जरूर करेंगे ।

उन्होंने बताया कि पार्टी से निष्कासन के बाद श्री

रायपुर जायेंगे बाद वह राज्य

सवाल के जवाब

जब्बोवाल में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में संदिग्ध आतंकवादी मारा गया

तरनतारन के ग्रामों में व्यापक खोजबीन, जालन्धर में शिक्षिका को लूटा

थानेदार के पुत्र की हत्या, शराब ठेका लूट कर एक को घायल किया

चंडीगढ़, 29 अगस्त (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में विभिन्न स्थानों पर एक एस.एच.ओ. सहित दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि एक संदिग्ध आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया । जालंधर में कल दिन-दहाड़े दो स्कूटर सवार लुटेरे एक अध्यापिका की सोने की चैन छीन कर ले गए । विभिन्न स्थानों से आठ संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार किए गए, जबकि एक आतंकवादी ने बी.एस.एफ़. के आगे आत्म-समर्पण कर दिया । पुलिस व सी.आर.पी. की संयुक्त टुकड़ी पर हुए हमले के संबंध में तरनतारन सबडिवीजन के गांवों में आतंकवादियों की व्यापक स्तर पर खोजबीन शुरू की गई । भटिंडा में एक थानेदार के पुत्र की हत्या कर दी गई । जालंधर जिले में शराब के ठेके को लूट कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया गया ।

मुकाबले में आतंकवादी मरा

बाबा बकाला (मेहरा): गत रात यहां से 17 किलोमीटर दूरथाना जौंडयाला के गांव जब्बोवाल के नहर पुल के पास सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक संदिग्ध आतंकवादी मारा गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों ने रात लगभग 1.30 बजे तरसिक्का की तरफ से तीन संदिग्ध आतंकवादियों को आते देख कर उन्हें ललकारा जिस पर उन्होंने गोली चला दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोली चलाई । लगभग 15 मिनट तक हुई गोलीबारी के बाद जब सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की तलाश शुरू की तो उन्हें एक आतंकवादी का शव मिला, जिसे कई गोलियां लगी थीं । उसके कब्ज़े से एक दोनाली व कई कारतूस मिले हैं, जो चीनी 'मार्का' के थे । अन्य दो आतंकवादी फ़रार हो गए ।

धमकी-भरा पत्र

एक सूचना के अनुसार गांव जब्बोवाल के सरपंच गोपाल सिंह व भू.पू. सरपंच गुरजीत सिंह को सुखदेव सिंह के हस्ताक्षरों से युक्त बब्बर खालसा का एक धमकीपूर्ण पत्र मिला है ।

आतंकवादियों की तलाश

अमृतसर (वार्ता): पुलिस ने बताया कि गत रात थाना तरनतारन के अंतर्गत गांव बागड़ियां में पंजाब पुलिस तथा सी.आर.पी. की एक संयुक्त पार्टी पर आतंकवादियों के हमले के बाद जिसमें एस.एच.ओ. कृष्ण गोपाल शर्मा की मृत्यु हो गई थी, सुरक्षा बलों ने तरनतारन सबडिवीजन के गांवों में व्यापक खोजबीन शुरू की है । पुलिस ने कहा कि पंजाब पुलिस तथा सी.आर.पी. ने गांव बागड़ियां में बूटा सिंह के घर पर छापा मारा था क्योंकि सुरक्षा बलों को अग्रिम सूचना मिली थी कि आतंकवादी वहां छुपे हुये हैं । जब एस.एच.ओ. कृष्ण गोपाल शर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा बलों को घर की ओर आते हुए देखा तो बूटा सिंह की पत्नी जोगेंद्र कौर ने शोर मचा कर संकेत दे दिया कि सुरक्षा बल पहुंच गये हैं ।

आतंकवादियों ने, जिनकी संख्या 5 थी और जो आधुनिकतम हथियारों से लैस थे, ने छापामार पार्टी पर गोलियां बरसाईं, जिससे एस.एच.ओ. की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई । घटना की सूचना मिलने पर तरनतारन के डी.एस.पी. घटनास्थल पर पहुंचे ।

सुविज्ञ सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों के जवानों ने, जिनकी संख्या 20 थी, आतंकवादियों का मुकाबला नहीं किया, जिसके परिणाम-स्वरूप आतंकवादी बूटा सिंह के परिवार के सदस्यों के साथ भाग निकले । आतंकवादी पैदल ही निकटवर्ती खेतों के रास्ते से फ़रार हो गये । आश्चर्य की बात यह है कि एस.एच.ओ. कृष्ण गोपाल छापा मार पार्टी से लगभग 20 गज़ आगे था, परिणामतः वह आतंकवादियों की गोलियों का निशाना बन गया ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने पूर्ण सिंह पूनिया को पकड़ने के लिये यह छापा मारा था । पुलिस को कुछ मास पहले सी.आर.पी. की एक टुकड़ी पर शेरों गांव में हुये हमले के संबंध में पूनिया की तलाश थी । उक्त हमले में सी.आर.पी. के 3 जवान मारे गये थे । पुलिस ने मकान के मालिक व उसकी पत्नी को हिरासत में ले लिया है ।

अंत्येष्टि

कल आतंकवादियों के हाथों मारे गए

(शेष पृष्ठ 10 पर)



टिचू राम, जिसे उग्रवादियों ने जालन्धर जिले के पतारा ग्राम में घायल किया । (छाया : कपूर)

बैरागी की सास और 2 अन्य का न्यायिक रिमांड

नई दिल्ली, 29 अगस्त (ह.स.): कुख्यात उग्रवादी रोशन लाल बैरागी को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किये गये तीन अभियुक्तों, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं, का मैट्रोपौलिटिन मैजिस्ट्रेट श्री जैन ने 15 सितम्बर का न्यायिक रिमांड दे दिया है । तीनों अभियुक्तों सम्पूर्ण कौर, लाजवन्ती और निर्मल सिंह को दिल्ली पुलिस ने गत फरवरी में पश्चिम दिल्ली से गिरफ्तार किया था । सम्पूर्ण कौर बैरागी की सास है । बैरागी गत जनवरी में पंजाब पुलिस की हिरासत से भाग गया था जब उसे दिल्ली से अमृतसर ले जाया जा रहा था ।

चार पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

संगरूर, 29 अगस्त (गोयल): एस.एस.पी. श्री पी. एस. संधू ने बताया है कि जिला पुलिस ने संगरूर के दो एस.एच.ओ. सहित चार पुलिस अधिकारियों को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है । उन्होंने बताया कि अपने काम के प्रति लापरवाही करने के आरोप में हाल ही में दो अन्य अधिकारी भी बर्खास्त किए जा चुके हैं ।

मोहकम सिंह व सूरत सिंह फिर गिरफ्तार

अमृतसर, 29 अगस्त (ह.स.): पुलिस ने आज यहां कोतवाली में दमदमी टकसाल के प्रवक्ता मोहकम सिंह और एकीकृत अकाली दल के नेता सूरत सिंह के विरुद्ध देशद्रोह का केस दर्ज किया है । ये केस उनके जम्मू और अम्बाला जेल से रिहा होने के बाद दर्ज किए गए । ये दोनों उक्त जेलों में रासुका के अंतर्गत नज़रबंद थे । पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों को पुनः गिरफ्तार कर लिया गया ।

लैक्चरारों द्वारा 31 से प्रशासनिक अवज्ञा आंदोलन की घोषणा

अमृतसर, 29 अगस्त (अशोक): आल इंडिया फैडरेशन आफ यूनिवर्सिटी एंड कालेज टीचर्ज आर्गेनाईजेशन के उप प्रधान प्रोफैसर वी.के. तिवारी ने कहा है कि आगामी 31 अगस्त से 'प्रशासनिक अवज्ञा' की घोषणा से कालेज और यूनिवर्सिटी लैक्चरारों द्वारा गत 25 दिन से चलाया जा रहा आंदोलन गुणवाचक आयाम में दाखिल हो जाएगा ।

प्रोफैसर तिवारी आज यहां यूनिवर्सिटी और कालेज लैक्चरारों के विशाल समूह को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने केंद्र पर देश की 158 यूनिवर्सिटियों और लगभग 5 हज़ार कालेजों में शिक्षण व्यवस्था पंगु बनाने का आरोप लगाया तथा कहा कि केंद्र के कठोर रवैये के समक्ष विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा यूनिवर्सिटी और कालेज अध्यापकों के साथ बातचीत किये जाने की अपील भी कोई महत्व नहीं रखती ।

प्रोफैसर तिवारी ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हा राव के उस बयान की भी आलोचना की है जिसमें श्री राव ने कहा है कि नए वेतनमानों की संरचना यूनिवर्सिटी कालेज टीचरों की आर्गेनाइजेशन के साथ बातचीत के बाद घोषित की गई थी । श्री तिवारी ने कहा कि वास्तविकता तो यह है कि आर्गेनाइजेशन के साथ परामर्श सरकार ने वेतनमानों की संरचना को अपनी स्वीकृति देने के बाद किया था ।

श्री तिवारी ने सरकार द्वारा वर्तमान तीन स्तरीय वेतनमानों को सात स्तरों में विच्छेदित करने और हर ऊपरी स्तर को पाने के लिये प्राध्यापकों को अखिल भारतीय स्तर की परीक्षाएं पास करने की शर्त रखने की आलोचना की ।

विपक्षी पार्टियों द्वारा समर्थन

पंजाब फैडरेशन आफ यूनिवर्सिटी एंड कालेज टीचर्ज आर्गेनाइजेशन के जनरल सैक्रेटरी श्री तरसेम बाहिया की ओर से जारी प्रैस नोट में बताया गया कि आज देशभक्त हाल जालंधर में हुई एक क्षेत्रीय रैली में इंका, सी.पी.आई., सी.पी.एम. और भाजपा सहित सभी विपक्षी पार्टियों ने हड़ताली यूनिवर्सिटी और कालेज लैक्चरारों का पूर्ण समर्थन किया । इस रैली में जिला जालंधर, होशियारपुर और कपूरथला के सरकारी व प्राइवेट कालेजों के लगभग दो हजार लैक्चरारों ने भाग लिया ।

तदर्थ लैक्चरार नियमित किए जाएं

श्री बाहिया ने पंजाब सरकार द्वारा 1.1.86 से संशोधित वेतनमान लागू किए जाने के फैसले की प्रशंसा की और अन्य मांगें जिनमें सरकारी कालेजों के तदर्थ लैक्चरारों की सेवाएं नियमित करना, छुट्टी के नियमों में एकरूपता इत्यादि भी स्वीकार करने का अनुरोध किया । उन्होंने आशा व्यक्त की कि पंजाब

(शेष पृष्ठ 10 पर)







कम्युनिस्टों द्वारा भाजपा के साथ मोर्चे में शामिल होने से इन्कार से राजीव के विरुद्ध संयुक्त संघर्ष में बाधा

नई दिल्ली, 29 अगस्त (कुलदीप नैयर): कम्युनिस्टों द्वारा ऐसे किसी मोर्चे में शामिल होने से इन्कार किये जाने, जिसमें भाजपा शामिल हो, से राजीव गांधी के विरुद्ध संयुक्त संघर्ष में बाधा पड़

के बगैर वह ज्यादा जन समर्थन प्राप्त कर सकते हैं । भारतीय जनता पार्टी मोर्चे में शामिल होने के लिये कोई शर्त नहीं लगा रही लेकिन वह कम्युनिस्टों के रवैये से बहुत रुष्ट है । कम्युनिस्टों की ओर से

कम से कम दो गैर इंका मुख्यमंत्री आंध्र प्रदेश के श्री एन.टी. रामाराव और हरियाणा के श्री देवी लाल कम्युनिस्टों के व्यवहार के लिए उन्हें माफ नहीं कर रहे । हाल ही में दिल्ली में विपक्षी दलों की एक

बूटा षड्

हत्याकं

जालंधर, 2
जांच-पड़ताल से
बूटा सिंह के रि
मंदिर परिसर
जत्थेदार प्रो. दश
पुनः उग्रवादियों
में तैयार किया
श्री बूटा सिं
गांव मुस्तफापुर
सिंह के सात रिश
चार अन्य व्यक्ति
संलिप्त पांच अ
स्वर्ण मंदिर परि
हत्याकांड को क
करतारपुर
में सबसे पहले
लाली को गत
गिरफ्तार किया
किया कि उसे
अवतार सिंह ने
गांव पहुंचने के
अवतार सिं
सम्बन्धित एक
अप्रैल से लापता
से 13.21 ला
लुधियाना के ए
रुपए की राशि
गुरदयाल सिं
बचने तथा उग्रवा
पुनः विश्वास पैद
में रह रहा था ।
16 अगस्त को
दिन बताया था कि
है कि उसने
विश्वासघात तो
सोहन सिंह उर्फ स
जुलाई को करता
गांव में पुलिस के
सोहन सिंह उ
थानांतर्गत) का रह

Punjabi Sanjatani



वीरवार की रात को फगवाड़ा के निकट गांव बहामी में उग्रवादियों द्वारा घायल किया गया जसबीर सिंह। (छाया : कौड़ा)

आतंकवादी मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

एस.एच.ओ. कृष्ण गोपाल शर्मा का आज बाद दोपहर अमृतसर में पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । पुलिस व सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी इस मौके पर मौजूद थे ।

इसी बीच भिंडरांवाले टाइगर्स फ़ोर्स ने श्री शर्मा की हत्या का ज़िम्मा लिया है । इस उग्रवादी संगठन ने कारज सिंह घांडे को 'लैफ्टीनैंट जनरल' नियुक्त करने की घोषणा की ।

3 गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): बटाला पुलिस ने 3 समाज-विरोधी तत्वों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्ज़े से 2 धमकीपूर्ण पत्र, एक पिस्तौल और 4 कारतूस बरामद किये हैं । इनकी पहचान चरणजीत सिंह राणा और काबुल सिंह के रूप में की गई है । ये निकटवर्ती गांव दयाल नगर के निवासी हैं । इनके अलावा गांव मल्लूद्वारा के जोगेंद्र सिंह उर्फ़ जिन्दरी को भी गिरफ्तार किया गया है । पुलिस चीफ़ श्री बिरदी ने बताया कि ये कल बस स्टैंड पर उत्तेजक भाषण दे रहे थे ।

घर में घुस कर हत्या

कल रात संदिग्ध आतंकवादियों ने श्री हरगोबिन्दपुर थाना के गांव भोमा में दर्शादास की उसके घर में घुस कर गोली मार कर हत्या कर दी । इस संबंध में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है ।

दर्शादास को गोली मार पर भाग रहे उग्रवादी मार्ग में नरेंद्र सिंह को भी गोली मार कर घायल कर गए ।

श्री हरगोबिंदपुर क्षेत्र में पुलिस ने गुरुनानक नगर अमृतसर निवासी दलीप सिंह नामक तस्कर को 95 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

आत्म-समर्पण

गुरदासपुर (बिनोद): कल जिला गुरदासपुर में गांव भाम्बड़ी भुमली में एक संदिग्ध आतंकवादी ने बी.एस.एफ. के आगे आत्मसमर्पण कर दिया । हयात नगर के निवासी अभियुक्त ने 3 दिन पहले गांव में फ़ायरिंग की थी ।

न्यायिक रिमांड

जालंधर (क.): जालंधर पुलिस ने पिछले दिनों बब्बर खालसा से सम्बद्ध जिस उग्रवादी हरबंस सिंह सोढी निवासी गांव ब्यास जिला जालंधर को गिरफ्तार किया था, उसका पुलिस डिवीजन छः ने जो शारीरिक रिमांड लिया था, वह 27 अगस्त को समाप्त होने पर अदालत ने उसे जुडीशियल हवालात में भेज दिया । पता चला है कि उसे किसी अन्य जिला की पुलिस भी पूछताछ के लिए ले जाना चाहती है ।

महिला टीचर से चैन छीनी

वार्ता के अनुसार गत सायं जालंधर में गाड़ी गुल्ला में दो स्कूटर सवार लुटेरों ने एक सरकारी प्राइमरी स्कूल की अध्यापिका से उसके घर के बाहर लोगों की मौजूदगी में 7000 रुपए मूल्य की सोने की चैन छीन ली । अध्यापिका तथा उसके छोटे लड़के ने भाग रहे लुटेरों का पीछा किया, दोनों को पकड़ लिया और उनसे गुत्थम-गुत्था हो गए लेकिन दिन का उजाला होने पर भी कोई उनकी मदद के लिए नहीं आया । वारदात सायं लगभग 5.30 बजे की है । अध्यापिका ने बताया कि छीना-झपटी में एक लुटेरे की पगड़ी भी गिर गई तथा स्कूटर की फ़ुटमैट भी गिर गई । अध्यापिका व उसका लड़का लुटेरों से चैन का एक टुकड़ा छीन लेने में सफल हो गए जबकि लुटेरे,जो कि हथियारबंद नहीं थे, चैन के बड़े हिस्से के साथ नीले रंग के स्कूटर पी.ए.डी. 764 पर भाग जाने में सफल हो गए । पुलिस ने पहले क्षेत्र के लोगों की अफवाह पर स्कूटर छीनने का केस दर्ज किया था, आज अध्यापिका द्वारा की गई शिकायत पर इसमें संशोधन किया गया ।

नवांशहर के पास करम सिंह से दो उग्रवादियों ने उसका स्कूटर उस समय छीन लिया जब वह नवांशहर से अपने ग्राम शेखूपुर जा रहा था ।

शराब ठेका लूटा, एक घायल

जालंधर जिले के सदर थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम में आज रात्रि तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके से 1800 रु. तथा शराब की बोतलें लूट लीं व वहां एक व्यक्ति टैंचू राम को गोली मार कर घायल कर दिया ।

संदिग्ध गिरफ्तार

करतारपुर (साहनी): गत रात स्थानीय पुलिस के इंचार्ज श्री सुदेश कुमार शर्मा ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव नौगज्जा के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा । जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 12 बोर की एक अवैध पिस्तौल तथा तीन कारतूस बरामद हुए । अभियुक्त का नाम गुरमीत सिंह पुत्र करतार सिंह है तथा यह गांव ईशरवाल थाना आदमपुर का रहने वाला है । पुलिस सूत्रों के अनुसार अभियुक्त से और पूछताछ की जा रही है तथा इससे और कई सुराग मिलने की आशा है ।

दो गिरफ्तार

खरड़ (भूषि): निकटवर्ती कस्बा मोरिंडा की पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान दो युवकों बलजीत सिंह उर्फ़ बिट्टू तथा नरेंद्र सिंह उर्फ़ निंदी को गिरफ्तार करके उनसे पिस्तौलें, कारतूस व दो एच.ई. 36 हथगोले बरामद किए । उनके विरुद्ध शस्त्रास्त्र कानून, विस्फोटक पदार्थ एक्ट तथा आतंकवाद निरोधक कानून के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया गया । यह दोनों एक स्कूटर पर जा रहे थे,जोकि 19 अगस्त को कुराली के निकट छीना गया था ।

शरणदाता गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक सब-डिवीजनल इंजीनियर दलजिंदर सिंह को पुलिस ने आतंकवाद एवं विध्वंसक गतिविधियां (निरोधक) कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया है । उसके विरुद्ध आरोप है कि वह आतंकवादियों को शरण देता था ।

चार आतंकवादी गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): सुपिंटैंडैंट पुलिस श्री पी.एम. दास ने बताया कि कपूरथला जिला पुलिस ने 27-28 अगस्त की मध्य रात्रि को थाना सुभानपुर के क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान चार कथित आतंकवादियों पलविंदर सिंह निवासी अमानीपुर, कश्मीर सिंह उर्फ़ काला निवासी डोले, अमरीक सिंह काला निवासी तलवंडी चौधरियां तथा इकबाल सिंह निवासी भगवानपुर को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से चार पिस्तौल 12 बोर व दस कारतूस बरामद किए । यह चारों आतंकवादी जिला मौजा सईदपुर के दर्दांत उग्रवादी महेंद्र सिंह के गिरोह के सदस्य हैं । महेंद्र सिंह पहले ही अपने तीन साथियों समेत गिरफ्तार किया जा चुका है । इस तरह अब तक इस गिरोह के मखिया सहित आठ सदस्य गिरफ्तार किए जा चुके हैं । इन आतंकवादियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने गिरोह के साथ मौजा सूजो कालिया और डोले आदि गांवों में लूटने की वारदातें की थीं ।

मृत आतंकवादी का भाई गिरफ्तार

कुछ महीने पहले पुलिस से मुठभेड़ में मारे गए खतरनाक उग्रवादी जसबीर सिंह उर्फ़ झट्टो के भाई मंजीत सिंह को थाना सदर कपूरथला के मौजा लधवां में लोगों को विद्रोह के लिए भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया है । मंजीत सिंह रासुका के केस में जेल से रिहा होकर आया हुआ था ।

कांग्रेसियों पर हमला

लुधियाना (महिन्द्रा): यहां से 35 किलोमीटर दूर लदड़ां गांव में कुछ लोगों ने दो कांग्रेसी वर्करों पर तेज़धार हथियारों से हमला करके उन्हें घायल कर दिया । जरनैल सिंह और अजीत सिंह दोनों कांग्रेसी वर्कर प्रदेश इंका अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह के निकट समझे जाते हैं । उन्हें सी.एम.सी. अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । हमलावर फ़रार हो गये हैं ।

भाजपा वर्कर पर हमला

स्थानीय भारतीय जनता पार्टी वर्कर श्री खरैती लाल पर कुछ लुटेरों ने हमला करके उसे ज़ख्मी कर दिया और उसके कब्ज़े से 2652 रुपये लूट लिये । ज़ख्मी वर्कर को सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । वह परसों रात जी.टी. रोड पर शहर की तरफ आ रहा था,जब उस पर हमला किया गया । पुलिस ने तीन व्यक्तियों को पकड़ लिया है ।

दुकानदार घायल

एक अन्य सूचना के अनुसार लुधियाना में एक किरयाना व्यापारी कुलवंत सिंह भी घायल हो गया तथा लुटेरे उससे दो हजार रुपए व एक घड़ी छीन कर ले गए ।

प्रकाश चंद को श्रद्धांजलियां

होशियारपुर (ह.स.): इंका संसदीय सचिव श्री कमल चौधरी, पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (इ) के महामंत्री डा. केवल कृष्ण, भूतपूर्व मंत्री मा. गुरमेल सिंह और फिरोजपुर डिवीजन के आयुक्त सुदर्शन कुमार ने आज टांडा ब्लाक के ईका प्रधान प्रकाश चंद को उनके पैतृक गांव कंधाला जट्टां में उनके भोग पर आज भीनी श्रद्धांजलि भेंट की । श्री प्रकाश चंद की 16 अगस्त को उग्रवादियों ने एक स्त्री के साथ हत्या कर दी थी ।

स्कूटर छीना

भटिंडा (गोबर): गत सायं यहां अग्रवाल कालोनी में 2 अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति राजेश कुमार से उसका बजाज सुपर स्कूटर नं. जे.के.आर.-2421 छीन लिया ।

थानेदार के पुत्र की हत्या

भटिंडा पुलिस दयालपरा थाने के प्रभारी चंद्र सिंह के पुत्र भूपिंद्र सिंह की हत्या के सिलसिले में रविंदर सिंह राजेंद्र सिंह तथा बीका सिंह की खोज में हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार ये दोनों युवक कल सायं थानेदार के घर पर आए थे । भूपिंद्र सिंह तथा उसके चाचा उनके साथ जीप पर गए । यह जीप थानेदार दयालपुर के नहरी इलाके से जब्त करके लाए थे । करीब नौ बजे रात में वही जीप थानेदार के घर के पास आ कर रुकी तो उसमें भूपिंद्र सिंह की लाश पड़ी थी । उसके शरीर पर तेज धार हथियार के वार के निशान थे । मृतक के चाचा ने प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि सर्विस रिवाल्वर देने से इंकार करने पर उन लोगों ने भूपिंद्र की हत्या कर दी ।

नायर सी.बी.आई. के नए निदेशक

नई दिल्ली, 29 अगस्त (वार्ता): केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) के अतिरिक्त निदेशक सी. एम. राधाकृष्ण नायर जांच ब्यूरो के अगले निदेशक होंगे ।

गुप्तांग पर पाईप नहीं चढ़ाई : फकीर चंद का स्पष्टीकरण

होशियारपुर, 29 अगस्त (प्रद्युम्न): सिंचाई विभाग में कार्यरत श्री फकीर चंद ने एक हल्फ़िया बयान देकर कहा है कि "मैंने अपनी बीमारी के कारण एक संन्यासी से एक छल्ला लिया था,जो तंग था, मगर मैंने उसे अपने गुप्तांग पर चढ़ा लिया । तंगी महसूस करने पर मैंने उसे कटवा दिया । यह बात बिल्कुल गलत है कि मैंने वासनापूर्ति के लिए एक पाईप का इस्तेमाल किया था ।

शरणार्थी का दर्जा पाने के इच्छुक द्वारा हत्या की स्वीकारोक्ति

ओटावा, 29 अगस्त: अप्रैल 1986 में आकर शरणार्थी का दर्जा पाने के इच्छुक एक सिख की इस स्वीकारोक्ति ने अप्रवासी अधिकारियों को हैरत में डाल दिया कि उसने भारत छोड़ने से पहले दो व्यक्तियों की हत्या की थी ।

गत पांच मार्च को इस सिख युवक कुलबीर सिंह बिर्क ने अपने हल्फिया बयान में स्वीकार किया कि उसने अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों की जान ली । उसने पुलिस प्रमुख की हत्या के निर्णय में भी शामिल होना स्वीकार किया और बताया कि ये सभी निर्णय सिख छात्र संगठन ने किये थे, जिसका वह भी एक सदस्य है ।

बिर्क को बाद में ज़बानी गारंटी के बाद छोड़ दिया गया था । उसने अप्रवासी अधिकारियों को टोरंटो में अपने निवास और उस बेकरी का पता भी बताया था जहां वह काम करता था । पर एक महीने से न वह अपने निवास पर गया है और न ही दो महीने से उस बेकरी पर ही गया है ।

बिर्क ने अपने बयान में बताया कि सिख छात्र संगठन ने ही उसका पासपोर्ट बनवाया था और नई दिल्ली से कनाडा जाने के लिए वीजा व टिकट आदि की व्यवस्था की थी । ओटावा में भारतीय दूतावास के एक प्रवक्ता ने बताया कि अभी तक बिर्क के खिलाफ कोई भी भारतीय वारंट जारी नहीं हुआ है । वांसी अधिकारियों को दिये गये उसके बयानों के बारे में नई दिल्ली को आवश्यक संदेश भेज दिये गये है ।

अब तक तीन हजार सिखों के मामले सलाहकार समिति के सामने आ चुके हैं उनमें से एक दर्जन से अधिक को शरणार्थियों का दर्जा दिया जा चुका है ।

539 विद्रोही बंदी

मनीला (फिलीपीन्स), 29 अगस्त (ए.पी.): फिलीपीन्स में सैनिक सूत्रों ने आज कहा कि फिलीपीन्स की राष्ट्रपति कोरा जोन एक्विनों को अपदस्थ करने की कल की गई एक कोशिश के बाद 539 विद्रोही सैनिक या तो कपड़े जा चुके हैं या उन्होंने आत्म समर्पण कर दिया है । सूत्रों ने कहा कि 43 विद्रोही सैनिकों ने आज सुबह आत्मसमर्पण कर दिया और क्यूजोन कस्बे में अग्युनाल्डो छावनी से 34 विद्रोही सैनिक पकड़ लिये गये । सैनिक सूत्रों ने कल बताया था कि 462 विद्रोही सैनिकों को पकड़ा जा चुका है ।

इससे पहले सेनाध्यक्ष जनरल फिदेल रामोस ने कहा था कि विद्रोही सैनिकों को बंदी बनाने का अभियान जारी है । उन्होंने सम्भावना व्यक्त की कि राजधानी में कानून तथा व्यवस्था आज शाम तक बहाल कर ली जायेगी ।

बूटा सिंह के रिश्तेदारों...

(पृष्ठ 3 का शेष)

वहां पानी पिया । इस जगह अवतार सिंह ने गुरदयाल सिंह से कहा कि अब वह अकेला ही जाए और अगले दिन उसे दरबार साहब परिसर में मिले । जब गुरदयाल सिंह ने कहा कि वह रात के समय सुरक्षित रूप से फरार नहीं हो सकता । उसके साथ एक दूसरे उग्रवादी को भेज दिया गया ।

गुरदयाल ने दूसरे उग्रवादी के साथ अपने मित्र के घर में रात बिताई । इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी कि अगले दिन जब उसे बुल्लोवाल बस स्टैंड पर पकड़ा गया तब उस समय उसका साथी उग्रवादी वहां पर था अथवा नहीं । गुरदयाल सिंह की शिनाख्त उसके बाप ने की जिसे पुलिस उसके बेटे की तलाश करने के लिये साथ लाई थी क्योंकि 10 जुलाई के मुकाबले के बाद गुरदयाल सिंह के लापता हो जाने के आधार पर इस कांड में उसके संलिप्त होने के बारे में संदेह किया जा रहा था ।

स्थानीय लायलपर खालसा कालेज से ग्रैजुएट गुरदयाल सिंह स्थानीय आई.टी.आई. का छात्र था । उसने मोल्डर के लिये डिप्लोमा की वार्षिक परीक्षा अभी देनी थी ।

अवतार सिंह भी गुरदयाल सिंह की तरह करतारपुर पुलिस थाने के अंतर्गत एक गांव का रहने वाला है। वह विश्रामपुर गांव का है। मुस्तफापुर भी करतारपुर थाने के अंतर्गत आता है ।

अवतार सिंह के अलावा इस केस में वांछित दो अन्य अभियुक्तों में स. भाग सिंह गांव भंगाला थाना नूरमहल और देव सिंह उर्फ छोटू गांव हेराम नकोदर थाने का रहने वाला है । दोनों गांव जालंधर जिला में हैं ।

बी. नागी... साहिब प...

नई दिल्ली, 2... दक्षिण भारत के सुप्र... रेड्डी को प्रतिष्ठित '... की घोषणा की है... अनुसार इस पुरस्क... अलावा एक लाख ... जाएगी । इससे... राजकपूर तथा श्री... फिल्म निर्माताओं व...

अ... (पृ...

के राज्यपाल श्री... समाप्त करने और... सरकार से उठा... अध्यापक 31 अ... सामूहिक गिरफ्ता...

इस अवसर... संयोजक प्रोफैसर ... किए जो सर्वसम्मत... प्रस्तावों में पंजा... अध्यापकों के संघ... किया गया और ह... का समर्थन किया...

'वर्ल्ड फ़ैडरेशन...

पटियाला (भू... प्रतिनिधित्व कर ... आर्गेनाइज़ेशन' ... यूनिवर्सिटी एंड ... मांगों का समर्थन ... गांधी को भेजे ए... सहानुभूति से वि...

सरकार के रवै...

होशियारपुर ... वहां लैक्चरारों ... लैक्चरारों की 25... बारे सरकार के ... डी.ए.वी. कालेज... बढ़-चढ़ कर भा... के रूप में सांसद श्... और उनसे प्रार्थ... सहयोग दें । श्री... श्री राजीव गांधी... करेंगे । बाद में...

जलील करने...

गुरदासपुर ... सरकारी काले... यूनिवर्सिटी औ... जिला स्तर की... सम्बोधित करते... एस.एस. सोढी... अधीन अध्यापक... कर रही है जिस... जिम्मेदार बन... लाख मां-बाप ... चिंतित हैं ।

उन्होंने प्र... इस समस्या क... स्थिति को बिग... अध्यापक वर्ग ... सामाजिक नेता...

कार दु... और...

होशियार... स्थानीय के.के... शर्मा की आ... मृत्यु हो गई... एक अन्य लड़... के अस्पताल... आज प्रातः पौ... मिलने के लि... निकट पहुंचन... सुमन शर्मा... स्वर्गीया लाय... हैं । मृतका ... शर्मा की भती...

आज तक की सबसे सैक्सी फिल्म



4 सितम्बर से : ज्योति-जालन्धर

इन्साफ़
2रा सप्ताह :
सुखराज-भटिंडा
न्यू कैपीटल-अम्बाला कैंट

2रा सप्ताह :-
न्यू मैट्रो-फरीदाबाद
भारी रश :
प्लेडियम-श्रीनगर,
फूल-पटियाला

कच्ची कली
सितारे :

तेरे नयना तलाश करें जिसे....
खाई है रे हमने कसम
संग रहने की....
पलकों के पीछे से क्या
तुमने कह डाला.....
ओ.पी. रल्हन की
गोल्डन जुबली

तलाश
(नए प्रिंट्स) (रंगदार)

धर्मेंद्र-फिरोज़ खां के बीच ज़बरदस्त टक्कर
बी.आर. चोपड़ा का—
आदमी और इंसान
भारी रश : (रंगदार)
संदीप-अबोहर

धर्मेंद्र और गब्बर सिंह की टक्कर
जी.पी.सिप्पी की डायमंड जुबली हिट
शोले
(रंगदार)
सितारे : धर्मेंद्र, हेमामालिनी, अमिताभ बच्चन, जय भादुड़ी, संजीव कुमार और अमजद खां (गब्बर सिंह) ।

जुबली निर्दे...
सितारे : ...
आनंद और...
भारी रश :

Punjab Kesari

हरजिन्दर सिंह जिंदा और सतनाम सिंह बावा गिरफ्तार

उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइन्स क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद भारी परिमाण में विदेशी हथियार आदि बरामद

पंजाब में बी.एस.एफ. अधिकारी सहित दो की हत्याएं

चंडीगढ़, 30 अगस्त (ह.स., वार्ता): आज सायं उत्तर दिल्ली में एक मुठभेड़ के बाद कुख्याद उग्रवादी हरजिंदर सिंह जिंदा और सतनाम सिंह बावा को गिरफ्तार कर लिया गया। गत रात्रि फतेहगढ़ चूड़ियां (गुरदासपुर) के पास उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. के एक वाहन पर घात लगा कर हमला करके एक सब-इंस्पैक्टर की हत्या कर दी और दो जवानों को घायल कर दिया । अमृतसर के मजीठा क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक दोधी की हत्या कर दी । पंजाब में स्कूटर छीनने, लूटपाट की कई वारदातें हुईं । आधा दर्जन उग्रवादी गिरफ्तार किए गए ।

जिंदा-बावा गिरफ्तार

नई दिल्ली, (उमेश लखनपाल, हस.,वार्ता): दिल्ली पुलिस ने आज एक मुठभेड़ के बाद दुर्दांत आतंकवादी हरजिन्दर सिंह जिंदा और उसके साथी सतनाम सिंह बावा को गिरफ्तार कर लिया। जिन्दा पर एक लाख रुपए का इनाम था ।

सांसद ललित माकन एवं उनकी पत्नी गीतांजलि माकन व जनरल अरुण श्रीधर वैद्य की हत्या के सिलसिले में वांछित जिंदा और खतरनाक आतंकवादी सतनाम के साथ उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइन्स क्षेत्र में पुलिस की मुठभेड़ हुई जिसमें जिन्दा घायल हो गया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दोनों आतंकवादियों से भारी मात्रा में विदेशी हथियार, विस्फोटक सामग्री, सोने के ज़ेवरात तथा नकदी मिली है । हरजिन्दर सिंह जिंदा को फरार घोषित किया जा चुका था । पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात तथा दिल्ली पुलिस को लूटपाट, बैंक डकैतियों तथा अनेक आतंकवादी गतिविधियों में जिंदा की तलाश थी । इस आतंकवादी पर एक लाख रु. का इनाम था । पुलिस इन दोनों को पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले गई है । जिंदा को पिछले साल दिल्ली में गिरफ्तार किया गया था । इसके बाद एक बैंक डकैती के सिलसिले में उसे अहमदाबाद लेजाया गया था । अहमदाबाद में वह अन्य आतंकवादियों की मदद से पुलिस के चुंगल से निकल भाग था ।

सतनाम सिंह बावा इस वर्ष 12 फरवरी को लुधियाना में पंजाब नैशनल बैंक से 5.70 करोड़ रु. लूटे जाने की वारदात में शामिल था । देश की इस सबसे बड़ी बैंक डकैती में मथुरा सिंह (अब मृत), हरजिंदर सिंह जिंदा, सतनाम सिंह बावा, सुखदेव सिंह सुखा उर्फ़ सुखा सिपाही उर्फ़ जनरल लाभ सिंह



हरजिंदर सिंह जिंदा



सतनाम सिंह बावा

सहित लगभग दो दर्जन उग्रवादियों ने भाग लिया था ।

'जिंदा और बावा दोनों खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू जनरल थे । खालिस्तान कमांडो फोर्स का चीफ जनरल लाभ सिंह उर्फ सुक्खा सिपाही उर्फ सुखदेव सिंह सुक्खा है जिस पर कम से कम दो सौ लोगों की हत्याओं का आरोप है । आतंकवादियों की धर-पकड़ के अभियान में यह सबसे बड़ी सफलता है ।

पुलिस के एक गश्ती दल ने आज माल रोड के निकट डी.डी.के. 2778 नम्बर के दोपहिया स्कूटर पर दो व्यक्तियों को जाते देखा जिसमें से एक की शक्ल उन्हें जिंदा से मिलती जुलती लगी । पुलिस ने उस स्कूटर का पीछा किया और उन्हें मजनू का टीला के निकट जा घेरा । पुलिस द्वारा घेरे जाने पर जिंदा ने अपनी पिस्तौल से गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई जिससे जिंदा घायल हो गया ।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह मुठभेड़ सुबह करीब ग्यारह बजे हुई । मुठभेड़ होने से पहले जिंदा उर्फ विजय खन्ना उर्फ विजय अरोड़ा उर्फ विक्की बजाज स्कूटर की पिछली सीट पर बैठा था, जबकि सतनाम सिंह बावा उर्फ सुरजीत सिंह उर्फ अनिल उर्फ मुकेश स्कूटर चला रहा था ।

पुलिस को इस खूंखार आतंकवादी की ललित माकन, अर्जुन दास तथा जनरल ए.एस. वैद्य की हत्याओं के अलावा उदयपुर में दो पुलिस अधिकारियों की हत्या तथा पंजाब में कई डकैतियों के मामले में तलाश थी । लुधियाना में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 5.78 करोड़ रुपए की डकैती में भी जिंदा शामिल था ।

जिंदा के साथ गिरफ्तार किया गया सतनाम सिंह बावा आतंकवादी गतिविधियों के संचालन में प्रमुख भूमिका निभाता रहा है और लुधियाना बैंक डकैती में इसका मुख्य हाथ था । तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स द्वारा हाल ही में किए गए आतंकवादी अपराधों में उसकी प्रमुख भूमिका थी । बावा की गिरफ्तारी पर भी एक लाख रुपए का ईनाम घोषित था । एक की टांग में गोली लगने से दोनों ने पैदल भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने इन्हें दबोच लिया । जिंदा की दोनों टांगों में गोलियां लगी बताई जाती हैं ।

जिंदा की टांगों में तीन गोलियां लगी हैं और उसकी हालत खतरे से बाहर है ।

पुलिस ने जिंदा और बावा से दो भरी हुई विदेशी पिस्तौलें बीस कारतूस तथा तीन लाख रुपए मूल्य के सोने के बिस्कुट बरामद किए हैं । पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चीन में बनी एक राइफल तथा एक स्टेनगन और 145 कारतूस भी बरामद किए ।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि इन दोनों को पकड़ने वाली पुलिस पार्टी को उचित ईनाम दिया जाएगा ।

पिछले वर्ष उदयपुर में पुलिस उपअधीक्षक और एक अन्य पुलिस अधिकारी की हत्या में भी जिंदा का हाथ होने का संदेह है ।

पुलिस ने बताया कि अहमदाबाद से फरार होने के बाद जिंदा ने देश के अंदर ही आतंकवादियों के एक खतरनाक गिरोह का संगठन कर लिया था ।

राजधानी के पश्चिमी क्षेत्र में कीर्तिनगर में 31 जुलाई, 1985 को सांसद ललित माकन, उनकी पत्नी गीतांजलि माकन और कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ता की हत्या में जिंदा सहित चार आतंकवादियों का हाथ होने का संदेह था । इसके बाद चार सितम्बर 1985 को कांग्रेस (इ) नेता और महानगर पार्षद अर्जुन दास तथा उनके अंगरक्षक की नृशंस हत्या में भी जिंदा का ही हाथ होने का पता चला था ।

दिल्ली पुलिस के मुख्य मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट ने सात नवम्बर 1986 को जिंदा को वांछित अपराधी घोषित किया । सात दिसम्बर 1986 को जिंदा के खिलाफ वारंट जारी किया गया था । फिर सात अप्रैल 1987 को उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया गया था ।

जनरल वैद्य की हत्या गत वर्ष अगस्त में की गई थी जब वे अपनी पत्नी भानुमति के साथ पुणे के छावनी क्षेत्र में एक मारुति कार में जा रहे थे । इंका सांसद ललित माकन व उनकी पत्नी गीतांजलि तथा एक अन्य इंका वर्कर की हत्या जुलाई 1985 में दिल्ली में की गई थी । सितम्बर 1985 में दिल्ली में ही इंका के महानगर पार्षद अर्जुन दास की हत्या की गई थी ।

सब-इंस्पैक्टर की हत्या

बटाला (कोछड़): गत रात लगभग दस बजे फतेहगढ़-लारचूड़ सड़क पर पुल के नीचे घात लगा कर बैठे उग्रवादियों ने फ़ायरिंग करके बी.एस.एफ़. के सब-इंस्पैक्टर कुंदन सिंह की हत्या कर दी और लांसनायक चमन लाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया । उग्रवादियों ने सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल पर उस समय हमला किया,जब वह एक मोटर वैन में जा रहा था ।

सीमा सुरक्षा बल के मुख्यालय से प्राप्त एक समाचार में बताया गया है कि बल के सब-इंस्पैक्टर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पाक ने 1957 में बल प्रयोग द्वारा कश्मीर हथियाने की धमकी दी थी

वाशिंगटन, 30 अगस्त : पाकिस्तान ने 1957 में अमरीका से अपने सैनिक संबंध तोड़कर गुट-निरपेक्ष कुटुम्ब में शामिल होने की धमकी दी थी । पाकिस्तान का कहना था कि अमरीका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कश्मीर के मुद्दे पर 'निर्णायक कार्रवाई' करे अथवा वह अमरीका से अपना सैनिक गठजोड़ खत्म करके गुटनिरपेक्ष बन जाएगा या कश्मीर हासिल करने के लिए बल प्रयोग करेगा ।

अमरीकी विदेश मंत्रालय द्वारा हाल में प्रकाशित दस्तावेजों से यह रहस्योद्घाटन हुआ है । पहले ये दस्तावेज गोपनीय थे ।

संयुक्त राष्ट्र में अमरीका के स्थाई प्रतिनिधि हेनरी कैबटलॉज ने 1957 में विदेश मंत्रालय को भेजी एक रिपोर्ट में पाकिस्तान के तत्कालीन विदेशमंत्रीसरफिरोजखाननून के हवाले से कहा था, कि यदि अमरीका ने कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान को ठोस समर्थन न दिया,तो श्री नून इस्तीफा दे देंगे और पाकिस्तान गुटनिरपेक्षता की तरफ मुड़ सकता है,जिसके अलावा वह कम्युनिस्ट देश चीन और सोवियत संघ के साथ [illegible]

जैसा है जिसमें किसी राज्य को शामिल तो किया जा सकता है, लेकिन किसी राज्य के अलग हो जाने का कोई प्रावधान नहीं है । पाकिस्तान के मंत्री फिरोज खान नून के साथ अपनी बातचीत का विवरण देते हुए संयुक्त राष्ट्र में अमरीकी प्रतिनिधि श्री लॉज ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि पूरी बातचीत में श्री नून का रवैया चिड़चिड़ा और उग्र रहा । वे बल प्रयोग द्वारा कश्मीर समस्या हल करना चाहते थे और वहां के हिंदुओं पर दबाव डालना चाहते थे, ताकि वे खुद ही समझौता कर लें । श्री लॉज का कहना था कि संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के लिए ईरान-ईराक, जोर्डन

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बूचड़खाना गिराने की कोशिश कर रहे लोगों पर आंसूगैस, कुंदों से प्रहार

नई दिल्ली, 30 अगस्त (ह.स) : [illegible]

पंजाब के मामलों में आतंकवादी कार्रवा

लुधियाना, 30 अगस्त (धीमान) : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अटलबिहारी वाजपेयी ने आज यहां रहस्योद्घाटन किया कि पंजाब के मामलों के सम्बन्ध में राष्ट्रपति को परामर्श देने के लिए संसद के दोनों सदनों की शीघ्र ही एक संयुक्त संसदीय समिति गठित की जा रही है,जिसकी पहली बैठक पंजाब में होगी । श्री वाजपेयी आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की ओर से की जा रही कार्रवाइयां वास्तव में देश के विरुद्ध एक युद्ध है, और युद्ध को युद्ध की तरह लड़ा जाना चाहिए । श्री वाजपेयी ने इस मांग को दोहराया कि आतंकवादियों पर काबू पाने के लिए सीमा पर सुरक्षा पट्टी बनाई जाए, और कहा कि यह पट्टी पंजाब की सीमा के अलावा गुजरात और राजस्थान की सीमा के साथ भी बनाई जाए । यह सुरक्षा पट्टी कितने क्षेत्र पर आधारित हो, इसका फैसला सैनिक विशेषज्ञों के परामर्श के साथ किया जाए ।

श्री वाजपेयी ने कहा कि आतंकवाद का शिकार होने वालों के लिए 20 हजार रुपए मुआविज़े की राशि बहुत कम है, इसे बढ़ाकर एक लाख रुपया किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि आज पंजाब में जो निर्दोष मर रहे हैं, वे सरकार की निस्पंदता और कार्यहीनता के कारण ही मर रहे हैं । आतंकवादियों को अलग-थलग करने के लिए सर्वदलीय अभियान शुरू किया जाए और भाजपा न केवल उस अभियान में शामिल होने के लिए तैयार है, बल्कि आतंकवादियों के विरुद्ध अभियान में प्रत्येक दल के साथ सहयोग करने को तैयार है । उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में उनकी पार्टी की सी.पी.आई. और सी.पी.एम. (मार्क्सी) के साथ बातचीत चल रही है और हम इस मामले में इन दोनों पार्टियों के साथ सहयोग करने के लिए भी तैयार हैं ।

श्री वाजपेयी ने बताया कि सरकार ने राज्य सभा में यह रहस्योद्घाटन किया है कि आतंकवादियों को

हरियाणा की 6

फतेहाबाद, सिरसा, हिसार

चंडीगढ़, 30 अगस्त (ह.स., वार्ता): हरियाणा में लगभग 15 वर्षों के बाद पहली बार हुये नगर पालिका चुनावों में प्रदेश के लगभग 12 लाख मतदाताओं में से 60 प्रतिशत मतदाताओं ने 1015 पालिका सदस्यों के चुनाव के लिए आज उत्साहपूर्वक मतदान किया । प्रदेश की 65

पंजाब पुलिस की स्क्रीनिंग

पटियाला, 30 अगस्त (भूषण): आज यहां प्रकाश भवन में पटियाला जिला शहरी और ग्रामीण इंका समितियों की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (इ) की संयुक्त सचिव श्रीमती अमरजीत कौर की अध्यक्षता में हुई । इस बैठक में पंजाब में उग्रवादियों द्वारा निर्दोष व्यक्तियों की लगातार हत्याएं किये जाने के प्रति चिंता व्यक्त की गई तथा पुलिस बल में सभी स्तरों पर पूरी छानबीन किये जाने की मांग की ।

आतंकवाद का मुकाबला करने के लिये ग्रामीण सुरक्षा समितियां और मोहल्ला समितियां गठित करने का सुझाव दिया गया । ग्रामीण क्षेत्रों के कुछ

सी.आर.पी. की 10 नई बटालियनें कायम होंगी : सुब्रह्मण्यम

फगवाड़ा, 30 अगस्त (ह.स.): सी.आर.पी.एफ. के इंस्पैक्टर जनरल श्री सी. सुब्रह्मण्यम ने बताया कि सी.आर.पी. को सुदृढ़ बनाने के लिए बहुत से पग उठाए जा रहे हैं । यहां पत्रकारों से बातचीत के

Punjabi Sanatani

जिंदा, बाबा गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

व लांसनायक इस हमले में बुरी तरह घायल हो गए थे । उन्हें तुरंत गुरु तेगबहादर अस्पताल अमृतसर में ले जाया गया,जहां कंदन सिंह की मौत हो गई । बताया गया है कि जब वैन पर हमला किया गया तो वह इतना तीव्र था और शस्त्रास्त्र इतने आधुनिकतम थे कि वैन के एक ओर चली गोली दूसरी ओर जा कर निकल गई । सुरक्षा बल कर्मियों ने भी गोलियां चलाईं,मगर उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए ।

एक गनमैन भी घायल

सूत्रों के अनुसार चमन लाल की हालत खतरे से बाहर है । पुलिस और सुरक्षा बल संयुक्त रूप से क्षेत्र की छानबीन कर रहे हैं । पूछताछ के लिए अनेक लोगों को हिरासत में लिया गया है । एक अन्य सूचना में कहा गया है कि गन्ने के खेत में छुपे उग्रवादियों द्वारा गश्ती दल पर स्टेनगन से किए गए हमले से एक गनमैन भी घायल हो गया ।

स्कूटर मिला

फगवाड़ा (खोसला): यहां खेड़ा रोड पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने19 अगस्त को दोपहर के समय पिस्तौल की नोक पर श्री रमेश कुमार अग्रवाल से स्कूटर नम्बर पी.ए.के. 7626 छीन लिया था । वह आज थाना सदर फगवाड़ा के नज़दीक लावारिस पड़ा हुआ पुलिस ने कब्जे में ले लिया ।

स्कूटर चुराते पकड़ा गया

होशियारपुर (अश्विनी कपूर): पुलिस ने स्कूटर चोरी करने वाले एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है, जो बल्लोवाल का रहने वाला है । एस.एस.पी. श्री अरोड़ा ने बताया कि गत सायं स्थानीय माडल टाऊन से संदिग्ध आतंकवादी ने श्री गुरमेज सिंह का स्कूटर (पी.जे.क्यू. 3468) चोरी कर लिया । जब वह फ़रार होने लगा तो लोगों ने शोर मचा दिया । तभी वहां से एक पुलिस दल गुज़रा,जिसने उसका पीछा करके पकड़ लिया । उसके कब्ज़े से एक छुरा बरामद हुआ ।

दोधी की हत्या

अमृतसर (वार्ता): पुलिस ने थाना मजीठा के गांव झंडेर से आज प्रातः एक शव बरामद किया । पुलिस ने बताया कि यह हत्या कल रात की गई प्रतीत होती है । शव की शिनाख्त सतपाल के रूप में की गई,जोकि इसी गांव का दूध विक्रेता था । शव गांव से बाहर खेतों में पड़ा मिला । पुलिस ने कहा कि इस हत्या में आतंकवादियों का हाथ होने की सम्भावना रद्द नहीं की जा सकती ।

दो आतंकवादी पकड़े गए

'सुभाष' के अनुसार सी.डिवीजन थाना पुलिस ने गत रात्रि आतंकवादियों के गढ़ 'आटा मंडी' अमृतसर में दो आतंकवादियों, सुरेंद्र सिंह पुत्र महिन्द्र सिंह और रेशम सिंह पुत्र अमरीक सिंह को खालिस्तान के पक्ष में नारे लगाने तथा एक समुदाय के लोगों को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । पुलिस बहुत पहले से ही इन दोनों आतंकवादियों की तलाश में थी । 28-29 अगस्त की मध्य रात्रि में 'लोपोके' पुलिस थाना के अंतर्गत 'मुताला' गांव में चार आतंकवादी आए,जो कि शस्त्रों से लैस थे । उन्होंने हरपाल सिंह पुत्र करतार सिंह के घर में घुस कर उससे 4800 रुपए नकद, तीन तोले सोने के गहने, दो घड़ियां छीन लीं तथा एक व्यक्ति जसबंत सिंह पुत्र करतार सिंह को गोलियों से घायल कर दिया । दोषी फ़रार हो गए । पुलिस का कहना है कि जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

बैंक का फ़र्नीचर ही ले गए

स्टेट बैंक आफ़ इंडिया अटारी के मैनेजर ने पुलिस में रिपोर्ट लिखवाई है कि गत रात्रि बैंक में चोर घुस आए और सारा फ़र्नीचर ले गए । चोर नकदी नहीं ले जा सके ।

18000 रुपए छीने

अमृतसर की '100 फुटी' सड़क पर कल सायं दो आतंकवादी एक कारखानेदार से 18000 रुपए पिस्तौल की नोक पर छीन ले गए ।

ज़िम्मेदारी ली

तथाकथित भिंडरांवाले टाइगर्स फ़ोर्स ने गुरदासपुर जिले के भोमा गांव में दर्शा दास नामक व्यक्ति की हत्या की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर ली है । हत्या शुक्रवार की रात की गई स्वयं को फ़ोर्स का एक प्रवक्ता बताने वाले एक व्यक्ति ने आज यहां यूनीवार्ता ब्यूरो को फोन पर सम्बन्धित अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि 'नकली मुठभेड़ों' में सिख युवकों की हत्याएं तत्काल नहीं रोकी गईं तो वे भी इसी तरह से लोगों को गोलियां मारते रहेंगे ।

स्कूटर छीन लिया

जंडियाला से मेघराज ने सूचना दी है कि आज दोपहर लगभग पौने बारह बजे कंगनीवाल और जंडियाला के मध्य दो संदिग्ध आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति गुरचरण सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । बताया जाता है कि गुरचरण सिंह दुबई में रहता है और अब पंजाब आया हुआ है । वह अपनी पत्नी शारदा देवी के साथ स्कूटर पर जंडियाला को आ रहा था कि दो उग्रवादियों ने उन्हें घेर कर स्कूटर उनके हवाले करने के लिए कहा । गुरचरण सिंह ने उनसे कहा कि वे स्कूटर न छीनें,परन्तु उसकी पत्नी ने रोते हुए कहा कि जान से कोई चीज़ प्रिय नहीं, स्कूटर उन्हें दे दो । दोनों अभियुक्तों की आयु बीस-बाईस वर्ष के बीच थी । नूरमहल थाना में रिपोर्ट लिखवाई गई है ।

कल थाना नवांशहर के गांव शाहपुर में दो युवकों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । पुलिस ने कर्म सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया ।

आतंकवादी गिरफ्तार

संगरूर (गर्ग): संगरूर पुलिस ने गत दिवस एक संदिग्ध आतंकवादी हज़ूरा सिंह निवासी गांव शेरों को गिरफ्तार किया । उसके कब्ज़े से एक इटली निर्मित 32 बोर का रिवाल्वर तथा कई कारतूस बरामद हुए ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा भाई **गुरमीत सिंह,** उम्र 23 साल, रंग गंदमी, 16.8.87 से अम्बाला शहर से गुम है । अगर खुद पढ़े तो घर आ जाए, घर वाले परेशान हैं । पता देने वाले को शुकराना दिया जाएगा ।—

गुरदीप लाल, गांव रायपुर रसूलपुर, जिला जालंधर ।

गुमशुदा की तलाश



प्रक्षेपास्त्रों के विकास में भारी प्रगति

नई दिल्ली, 30 अगस्त (ह.स.) : भारत ने उन्नत प्रक्षेपास्त्रों के विकास में तेजी से प्रगति की है तथा देश को आत्म-निर्भर बनाने के लिए आवश्यक दक्षता और योग्यता प्राप्त कर ली है । तात्कालिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए थोड़ी दूरी के ज़मीन से हवा में मार करने वाले प्रक्षेपास्त्रों का स्वदेशीकरण करने तथा तीनों सेनाओं के लिए सांझी शस्त्र प्रणाली के तौर पर मध्यम दूरी के जमीन से हवा से मार करने वाले प्रक्षेपास्त्रों के विकास के प्रयत्न जारी हैं । प्रतिरक्षा मंत्रालय के अनुसंधान एवं विकास विभाग की रिपोर्ट में कहा जाता है कि इंटैगरेटिड गाडगिड मिज़ाइल बनाने का एक महत्वाकांक्षा-पूर्ण कार्यक्रम शुरू किया गया है ।

हैदराबाद में रक्षा शोध और विकास अनुसंधानशाला 'डी' आर. डी.एल.' के वैज्ञानिकों के एक रेडियो प्रोक्सनिटीफ़्यूज का विकास किया है । यह उपकरण आयुध की विस्फोटक प्रक्रिया शुरू करता है । डी.आर.डी.एल. के वैज्ञानिकों ने कमांड गाइडिड यूनिट का भी विकास किया है,जो मध्यम दूरी और कम दूरी के जमीन से हवा में मार करने वाले हथियारों के लिए महत्वपूर्ण उपकरण है । यह तंत्र जमीन पर लगे ट्रांसमीटर द्वारा मार्ग निर्देशन को प्राप्त करने में काम आता है । वैज्ञानिकों इनर्शियल गाइडैंस सिस्टम पर भी कार्य कर रहे हैं । इस नवीनतम प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल काफ़ी हद तक सतह से सतह और सतह से ज़मीन पर मार करने वाले प्रक्षेपास्त्रों में किया जा रहा है ।

संक्षिप्त बीमारी के बाद जगन्नाथन का देहांत

चंडीगढ़, 30 अगस्त (ह.स.) : मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) टी.वी. जगन्नाथन का संक्षिप्त बीमारी के बाद गत रात तलवाड़ा टाऊनशिप में देहांत हो गया । सेना में शानदार कैरियर के बाद उन्होंने ब्यास प्रोजैक्ट के महाप्रबंधक और नैशनल हाईड्रो कारपोरेशन के चेयरमैन के रूप में अद्वितीय कार्य किया। दक्षिण से आए श्री जगन्नाथन सेवा निवृत्ति के बाद तलवाड़ा में ही स्थायी रूप से रहने लगे थे । उनका आज अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

भूतपूर्व विधायक सेठ खुशाल चंद चल बसे

जलालाबाद, 30 अगस्त (मलिक): भारतीय जनता पार्टी के नेता व भूतपूर्व विधायक सेठ खुशाल चंद की दिल का दौरा पड़ जाने से लुधियाना के अस्पताल में आज प्रातः छः बजे मृत्यु हो गई । वह अपने पीछे विधवा, तीन पुत्र और पांच पुत्रियां छोड़ गए हैं ।

अश्विनी मिन्ना पर हमले की निंदा

मंडी, 30 अगस्त (हेम): हिमाचल प्रदेश युवा जनता के वरिष्ठ नेता श्री हेमकांत, जिला जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री दीना नाथ शास्त्री, नगर पालिका मंडी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र पाल चोपड़ा तथा हिमाचल प्रदेश पत्रकार संघ के कोषाध्यक्ष श्री हेमकांत कात्यायन इन सबने पंजाब केसरी दिल्ली के सम्पादक श्री अश्विनी मिन्ना पर हमला किए जाने की कड़ी निंदा की है । उन्होंने सरकार से मुख्य पत्रकारों को समुचित सुरक्षा प्रदान करने का आग्रह किया है ।

धर्म को राजनीति से अलग नहीं रखा जा सकता : दर्शन सिंह

लुधियाना, 30 अगस्त (मुसाफिर): अकाल तख्त के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. दर्शन सिंह ने आज यहां रंधीर सिंह नगर में एक कीर्तन के बाद भाषण करते हुए खाड़कुओं से कहा कि वे अपने सांझे दुश्मन के विरुद्ध संगठित होकर लड़ें । उनकी शत्रु है केंद्रीय सरकार । उन्होंने कहा कि धर्म को राजनीति से अलग नहीं किया जा सकता । सारी दुनिया में हर धर्म के लोग धर्म और राजनीति को एक साथ लेकर चलते हैं । उन्होंने सिख युवकों को कहा कि वे किसी तरह गुमराह न हों और अपना काम जारी रखें ।

हरेकृष्ण-अनुयायियों द्वारा मास्को में प्रदर्शन

मास्को, 30 अगस्त (वार्ता): सोवियत संघ में हरे कृष्ण पंथ के 100 से अधिक सदस्यों ने कल शाम यहां अपने कुछ साथियों की रिहाई के लिये प्रदर्शन किया । वे मांग कर रहे थे कि चौराहे पर भजन गाने के आरोप में 17 अगस्त को गिरफ्तार किये गये उनके दस से अधिक साथियों को रिहा किया जाए ।

सरकार काला धन इकट्ठा करने वालों को हाथ नहीं लगा सकती : साठे

कलकत्ता, 30 अगस्त : केंद्रीय ऊर्जामंत्री बसंत साठे ने कहा है कि देश की हजारों करोड़ रुपए के बिना हिसाब किताब के धन पर देशव्यापी बहस कराई जानी चाहिए ताकि इस खतरनाक प्रवृत्ति पर काबू करने के लिए कोई हल ढूंढा जा सके । श्री साठे आज यहां एक सम्वाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि सरकार उन कुछ लोगों पर अपना हाथ नहीं लगा सकती है जो धन इकट्ठा कर रहे हैं ।

इस मुद्दे पर योजनाकारों को बहस करनी चाहिए । श्री साठे ने बताया कि निकट भविष्य में कोयले के दामों का पुनर्निरीक्षण नहीं किया जाएगा । उन्होंने कहा "नैतिक रूप से मैं कोयले का मूल्य का पुनर्निरीक्षण करने के खिलाफ हूं यद्यपि मजदूरी निवेश की कीमतों में बढ़ोत्तरी हो रही है ।"

बसंत साठे ने आज यहां कहा कि प्रदूषण की तरह भ्रष्टाचार भी देश के वातावरण में घुल चुका है । श्री साठे यहां 'भारत की स्वतंत्रता के चालीस वर्ष : आकलन और संभावनाएं' विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि यह कहना अपने-आपको धोखा देना है कि भ्रष्टाचार केवल कुछ लोगों तक ही समिति है । श्री साठे ने कहा कि राष्ट्रीय सम्पत्ति का अधिकांश हिस्सा जब तक कुछ लोगों के हाथों में रहेगा तब तक देश का चहुमुखी विकास नहीं हो सकता । उन्होंने सवाल किया कि अगर चालीस हजार करोड़ रुपए हम गरीबी की रेखा को मापदंड मानें तो हम सब लोग जिनकी आमदनी गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले तीस करोड़ भारतीय की आय से अधिक है, गांधी जी के हिसाब से 'चोर' हैं । उन्होंने कहा कि हम मंत्री, सांसद और विधायक, सरकारी सेवा अथवा निजी व्यापार से सम्बद्ध सभी लोग गरीबी की रेखा से नीचे रहने वालों से दस गुना ज्यादा खर्च करते हैं । इसलिए हमें भ्रष्टाचार के बारे में बात करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है ।

श्री साठे ने अधिक उत्पादन एवं उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए उद्योगों के कामकाज में सुधार लाने की आवश्यकता पर बल दिया । आज यहां पूर्वी क्षेत्रीय बिजली बोर्ड के बीस करोड़ रुपए की लागत से बने 'कम्प्यूटरीकृत लोड डिस्पैच सैंटर' के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने योजना निर्माताओं, मुख्यमंत्रियों तथा सम्बद्ध केंद्रीय मंत्रियों से अनुरोध किया कि वे उद्योगों की उत्पादकता और उत्पादन में सुधार लाने के निश्चित उपाय करें ।

ग्रेवाल की सजा की पुष्टि

ओटावा, 30 अगस्त : ब्रिटिश कोलंम्बिया के उच्चतम न्यायालय ने भारतीय मूल के वेनकूवर निवासी हरमेल सिंह ग्रेवाल को 12 साल कैद की सजा की पुष्टि की है । इस व्यक्ति ने अपने साथी की हत्या के लिए एक हत्यारे से सौदा किया था । 43 वर्षीय हरमेल सिंह ग्रेवाल ने शराब की दुकान में हुई

Punjab Sanation

बब्बर खालसा का कुख्यात उग्रवादी अनोख सिंह मारा गया

उग्रवादियों द्वारा शिक्षक, पटवारी सहित 4 लोगों की निर्मम हत्याएं, कई घायल

बम विस्फोटों से नरसंहार की आशंका के दृष्टिगत अमृतसर भर में अलर्ट

रिबैरो, आलम, भजन, हित की हत्या के षड्यंत्र का पर्दाफाश : जिंदा, बावा की गिरफ्तारी से सुराग मिले, देश भर में उग्रवादियों की धरपकड़ तेज़

चंडीगढ़, 31 अगस्त (हंस.वार्ता) : भिदरांवाला टाइगर्स फोर्स के उग्रवादियों ने आज अमृतसर शहर में तहसील कार्यालय में फायरिंग करके एक पटवारी सहित दो लोगों की हत्या कर दी और तीन अन्य को घायल कर दिया । खड़र साहब के पास एक शिक्षक की हत्या कर दी । अमृतसर पुलिस ने चेतावनी दी है कि उग्रवादी व्यापक नरसंहार के इरादे से विस्फोटक सामग्री ले आए हैं और बम विस्फोट करेंगे । अमृतसर जिले में ही एक मुठभेड़ में खतरनाक उग्रवादी अनोख सिंह मारा गया, जो बब्बर खालसा का नेता था । विभिन्न स्थानों पर कई उग्रवादी गिरफ्तार किए । गुरदासपुर जिले में भी एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । स्कूटर छीनने, ठेके लूटने की भी कई वारदातें हुईं । कल उत्तरी दिल्ली में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए उग्रवादी हरजिन्दर सिंह जिन्दा व सतनाम सिंह बावा से पूछताछ के दौरान मिली सूचनाओं के आधार पर देश भर में उग्रवादियों को धरपकड़ तेज कर दी गई और छापामार दस्ते रवाना हो गए ।

पुलिस ने एक उग्रवादी अमरदीप सिंह को गिरफ्तार करके उग्रवादी संगठन बब्बर खालसा के सुखदेव सिंह बब्बर व जिम्मी नारंग आदि द्वारा रिमोट कंट्रोल युक्त विस्फोटकों से पंजाब पुलिस के महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो, अमृतसर के पुलिस चीफ इजहार आलम की हत्या, पुलिस व अर्धसैनिक बलों के वाहनों, ट्रेनों को ध्वस्त करने के षड्यंत्र का पर्दाफाश किया है ।

2 की हत्या

अमृतसर (विप्र., अशोक सोनी, सुभाष नारंग, हंस, वार्ता): आज दोपहर 12.30 बजे तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने (एक सूचना के अनुसार दो साईकल सवार उग्रवादियों ने) अमृतसर के मुख्य बस स्टैंड के पास रामबाग पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनीपुरा क्षेत्र तहसील कार्यालय के अहाते में स्वचालित शस्त्रों से अंधाधुंध फ़ायरिंग करके वडाला ग्राम (जंडियाला गुरु) के पटवारी 45 वर्षीय राजपाल की और प्रीतम नगर सुल्तानविंड रोड के एक स्थानीय प्रापर्टी डीलर 50 वर्षीय इंद्रजीत शर्मा की निर्मम हत्या कर दी और अजायबसिंह, वरिन्दर कुमार, निर्मल सिंह, केवल कृष्ण को घायल कर दिया, जिनकी हालत गम्भीर बताई जाती है । उनकी छाती, बाँहों और टांगों में गोलियां लगी हैं । राजपाल की मृत्यु घटना स्थल पर हो गई, जबकि इंद्रजीत की मृत्यु गुरु तेगबहादुर अस्पताल में हुई । जिला पुलिस चीफ़ मोहम्मद इजहार आलम ने सी.आर.पी. के डी.आई.जी. एस.एस. विर्क के साथ अस्पताल जाकर घायलों का हालचाल पूछा । उन्होंने बताया कि उग्रवादियों ने राजपाल की हत्या की और फ़ायरिंग की आवाज़ सुनकर वहां से भाग रहे लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं । घायल वरिन्दर कुमार एक छोटा-सा दुकानदार है, जो साईकल पर मसालेदार चने बेचता है । उसने बताया कि गोलियों की आवाज़ सुन कर वह अपना सामान छोड़ कर भाग रहा था, जब उसकी बाईं जांघ पर गोली लगी । अजायब सिंह व केवल कुमार ग्रामीण किसान हैं, जो मई माह में वर्षा से हुई फसलों की क्षति के लिये मुआवज़ा प्राप्त करने तहसील आये थे । पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने तहसील पहुंच कर पहले पटवारी राजपाल को उसके कार्यालय से बाहर बुलाया । राजपाल जैसे ही बाहर निकले, उग्रवादियों ने उन्हें गोली मार दी । इस हत्याकांड की जिम्मेवारी भिदरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स ने ली है । फ़ोर्स के प्रवक्ता ने फोन पर बताया कि यदि राजस्व अधिकारियों ने कृषकों को मुआविज़ा देने में पक्षपात करना जारी रखा तो उनकी चुन-चुन कर हत्या कर दी जाएगी ।



अमृतसर के तहसील कार्यालय में सोमवार को उग्रवादियों द्वारा फ़ायरिंग से मारे गए (1) और (2) तथा घायल हुए (3), (4) और (5) व्यक्ति, (6) तहसील कायालिय, जहां यह वारदात हुई, घटनास्थल पर फैला खून । (छाया : रवि भंडारी)

अनोख सिंह मारा गया

रैयां से प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात थाना हरसां के गांव डुपलां के निकट एक खतरनाक उग्रवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । प्राप्त विवरण के अनुसार रात 1.45 बजे पुलिस व सुरक्षा बल के जवान कुछ जीपों में किसी स्थान पर छापा मारने की कार्रवाई के लिये जा रहे थे कि उपलां गांव के निकट अगली जीप पर उग्रवादियों ने एक ओर से घात लगा कर हमला किया और फ़ायरिंग की । जीप के ड्राइवर ने बड़ी होशियारी से जीप को बचा लिया । इतनी देर में जवानों ने जीपों से नीचे उतर कर पोज़ीशनें ले लीं तथा दोनों ओर से गोलियां चलीं । 15 मिनट के मुकाबले के बाद जब दूसरी ओर से गोली चलनी बंद हो गई तो पुलिस को घटना स्थल पर एक लाश, चीनी ए.के.-47 असाल्ट राइफल व कुछ कारतूस मिले । मृत उग्रवादी की शिनाख्त अनोख सिंह के रूप में की गई ।

बहुत बड़ी उपलब्धि

अमृतसर में पुलिस चीफ़ श्री इज़हार आलम ने बताया कि ए श्रेणी के कुख्यात उग्रवादी अनोख सिंह को मार गिराना पुलिस की बहुत बड़ी उपलब्धि है । उसके सिर पर पंजाब, दिल्ली, हरियाणा सरकारों ने एक-एक लाख रुपये के कई ईनाम घोषित कर रखे थे । वह बब्बर खालसा के कुख्यात नेताओं में से एक था । 12 फ़रवरी 1987 को वह लुधियाना में अभी तक सबसे बड़ी 5.7 करोड़ की बैंक डकैती वाले दिन पुलिस हिरासत से फ़रार हो गया था । श्री इज़हार आलम के अनुसार वह उग्रवादियों का वास्तविक विस्फोटक एक्सपर्ट था । दिल्ली, हरियाणा के ट्रांज़िस्टर बम विस्फोटों के पीछे भी अनोख सिंह का हाथ था । हाल ही में पटियाला व जालंधर में हुये बम विस्फोटों के पीछे भी उसी का दिमाग काम कर रहा था । श्री इज़हार आलम ने बताया कि मुठभेड़ एक घंटे तक चली । चंडीगढ़ में पंजाब पुलिस के महानिदेशक व राज्य के आंतरिक सुरक्षा सचिव जे.एफ. रिबैरो ने भी उसे सबसे बड़ा विस्फोटक विशेषज्ञ बताया । वह ग्राम बड़िग सूबा सिंह का रहने वाला था । वही इस वर्ष जालंधर के फ्रैंड्ज़ सिनेमा के पास बम विस्फोट के लिये व पटियाला में रिमोट कंट्रोल चालित विध्वंसक से डी.आई.जी. रेलवे पुलिस आर.एल.वधवा की हत्या के प्रयास के लिये जिम्मेवार था । 12 फरवरी को लुधियाना में पुलिस हिरासत से फरार होते समय वह दो सिपाहियों की हत्या कर गया था । उसे दिल्ली ट्रांज़िस्टर बम कांड के संबंध में उस दिन कचहरी लाया गया था ।

अमृतसर में बम विस्फोटों की आशंका

पुलिस ने आज अमृतसर जिले के नागरिकों को सतर्क किया कि निकट भविष्य में घनी बस्ती के इलाकों में आतंकवादी बम विस्फोट कर सकते हैं । पुलिस के शहर अधीक्षक बलदेव सिंह ने बताया कि सूचना के अनुसार विस्फोटक सामग्री काफ़ी मात्रा में शहर में आ चुकी है । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने घनी आबादी वाले इलाकों, बाजारों

(शेष पृष्ठ 6 पर)



अनोख सिंह

ट्रक खड्ड में गिरा, 6 मरे

शिमला, 31 अगस्त (हंस.) : गत रात्रहां से 50 कि. मी. दूर चैल के पास एक ट्रक के '000 फुट गहरे खड्ड में गिर जाने से ट्रक में सवार 6 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई । मरने वालों में एक का क्लीनर भी शामिल है । मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

'वार्ता' के अनुसार मृतकों में ट्रक चालक भी शामिल है । इस दुर्घटना के कारण का पता नहीं लग सका है ।

यह खाली टक चैल से शिमला जा रहा था ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पश्चिमी जर्मनी से हुए पनडुब्बी सौदे बारे पूरी जानकारी की मांग

नई दिल्ली, 31 अगस्त (वार्ता): विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार से पश्चिमी जर्मनी से हुए पनडुब्बी सौदे के बारे में पूर्ण सूचनाएं देने की मांग की है ।

विपक्षी नेताओं ने रक्षामंत्री कृष्ण चन्द्र पंत द्वारा इस सौदे के बारे में आज शाम राज्यसभा में दिए गए वक्तव्य को 'अपूर्ण' बताया और इस पर असंतोष प्रकट किया ।

रक्षामंत्री कृष्ण चंद्र पंत ने आज राज्यसभा में कहा कि पनडुब्बी सौदे की जांच में तत्कालीन रक्षामंत्री बी.पी. सिंह द्वारा जल्दबाजी में जांच की घोषणा से बाधा पड़ रही है ।

आज सदन की बैठक शुरू होते ही विपक्षी दलों ने पनडुब्बी सौदे के बारे में सरकार द्वारा संसद को गलत जानकारी देने का आरोप लगाया था और इस बारे में पूरे तथ्य मांगे थे ।

श्री पंत ने कहा कि पनडुब्बी बनाने वाली जर्मन कम्पनी एच.डी.डब्ल्यू. ने सरकार को सूचित किया है कि 'ग्लोब टैंक' नामक एक एजैंसी को भारत में फर्म के कागजातों के आदान प्रदान, कार्यालय सुविधा और होटल विमान बुकिंग आदि के लिए एक लाख

ने इसमें उनका साथ नहीं दिया ।

इस बीच संसदीय कार्यमंत्री हरकिशन लाल भगत ने सदन को बताया कि इस बारे में शाम को सदन में बयान दिया जाएगा । विपक्षी सदस्य वह में शाम को सदन में लौट भी आए ।

राज्यसभा सत्र स्थगित

नई दिल्ली, 31 अगस्त (वा): राज्यसभा कामकाज आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया । राज्यसभा का यह 143वां सत्र था ।

सुक्खा, बावा, जिंदा और मंजी के वारंट

लुधियाना, 31 अगस्त (धीमान): चीफ़ जुडीशियल मैजिस्ट्रेट लुधियाना की ओर से तीन खतरनाक उग्रवादियों सुखदेव सिंह उर्फ़ सुक्खा एर्फ़ जनरल लाभ सिंह, सतनाम सिंह उर्फ़ बब्बा, हरजिंदर सिंह उर्फ़ जिंदा और मनजीत सिंह एर्फ़

नगर पालिका चुनावों कांग्रेस (इ) का सफाया

...स., वार्ता): हरियाणा ...बाला, पानीपत और ...र्टी ने भारी बहुमत ...ों पर लोकदल (ब) ...जयी रहे । इंका को ...सफलता प्राप्त नहीं ...क पूर्णत: सफाया हो ...(ब) का पलड़ा भारी

...श को पूर्ण बहुमत

...ाला छावनी में यहां ...य जनता पार्टी ने 27 ...त कर पूर्ण बहुमत से ...कोदो, बहुजन समाज ...य प्रत्याशी विजयी

...र्मा): गत दिवस ...चुनाव हुआ जिसमें से ...हुए हैं । वार्ड नं. 17 ...कब्जा कर लिया था ...भी तीन सितम्बर को ...फ्तार कर लिया

प्रत्याशियों को इक्कीस सीटें मिली हैं ।

सोनीपत (सपरा): पालिका चुनावों के लिए वार्ड नं. 15 में मतदान पेटियां उठा ले जाने के कारण इस वार्ड में पुन: मतदान होगा । वार्ड नं. 9, 19, 23 व 30 में अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त होने के कारण पुन: मतगणना की जाएगी । सोनीपत पालिका चुनावों में भाजपा नौ सीटें प्राप्त करके सबसे पहले स्थान पर रही है । इंका को केवल तीन स्थान ही प्राप्त हुए हैं, जबकि 16 निर्दलीय प्रत्याशी जिनमें से अधिकांश को लोकदल का समर्थन प्राप्त था, विजयी घोषित किए गए हैं । वार्ड नं. दस में चुनाव स्थगित कर दिए गए थे । वार्ड नं. तेरह से भाजपा उम्मीदवार श्री हंस राज भूटानी निर्विरोध चुने गए हैं ।

नीलोखेड़ी, (शर्मा) : नीलोखेड़ी और तरावड़ी में हाल ही में सम्पन्न हुए नगरपालिका चुनावों में भाजपा स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने से वंचित रह गई

(शेष पृष्ठ 6 पर)

58वां संविधान संशोधन बिल पास

जूनियर डाक्टर 28 सितम्बर को सचिवालय का घेराव करेंगे

चंडीगढ़, 31 अगस्त (संघी): पंजाब की नर्सों ने अपनी मांगों के समर्थन में आज चंडीगढ़ पहुंच कर करेंगी । पंजाब नर्सिंज़ एसोसिएशन ने धमकी दी है कि यदि 2 सप्ताह के अंदर उनकी मांगें मंजूर नहीं दिन में प्रवेश कर गई ।

है । एसोसिएशन के नेता श्री भूपेंद्र जीत सिंह ने

Punjab Sahitari

(6) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 1 सितम्बर, 1987



बाघा पुराना के निकटस्थ गांव आलमवाला में आतंकवादियों के हाथों मारा गया सज्जन सिंह उर्फ पप्पी । (छाया : मित्तल)

अनोख सिंह मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

तथा ऐसे ही भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बम विस्फोट करने की योजनाएं बनाई हैं ।

श्री बलदेव सिंह ने आशंका व्यक्त की कि पहले उग्रवादी छोटे-छोटे विस्फोट करेंगे,जिससे भीड़ जमा हो जाए और तब बड़े विस्फोट करेंगे,जिससे भारी प्राण-हानि हो । उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे विस्फोट होने की स्थिति में एक स्थान पर एकत्र न हों । उल्लेखनीय है कि इस आशय की सूचनाएं मिली हैं कि उग्रवायिदों ने राकेट, मोर्टार और शक्तिशाली विस्फोटक पदार्थ प्राप्त कर लिये हैं ।

श्री इज़हार आलम ने बताया कि अमृतसर में विस्फोटक लाने की सूचना बब्बर खालसा के अमरदीप सिंह उर्फ डिम्पी से पूछताछ के दौरान मिली जिसे कुछ दिनों पूर्व गिरफ्तार किया गया था । उन्होंने जनता से अपील की कि कोई भी विस्फोट की स्थिति में जनता विस्फोट स्थल से आधा किलोमीटर दूर रहे । उन्होंने बताया कि ऐसी सूचना मिली है कि उग्रवादी खड़े स्कूटर आदि किसी छोटे वाहन में रिमोट कंट्रोल से विस्फोट करेंगे और उसके बाद कार आदि किसी अन्य वाहन में 30 किलो तक की शक्ति के बमों का विस्फोट करेंगे ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कि अमरदीप उर्फ डिम्पी ने बताया कि उसने बब्बर खालसा के सुखदेव सिंह बब्बर के साथ मिल कर अमृतसर के एस.एस.पी. इज़हार आलम व पंजाब पुलिस के महानिदेशक जे.एफ़. रिबैरो की रिमोट कंट्रोल युक्त विस्फोटों से हत्या का षड्यंत्र रचा था । डिम्पी और जिम्मी नारंग 130 किलो विस्फोटक सामग्री लेकर अमृतसर आये थे और पुलिस तथा अर्ध सैनिक बलों के वाहनों, ट्रेनों को ध्वस्त करने की योजना बना रहे थे ।

चार सूत्री योजना

पुलिस के अनुसार डिम्पी ने बताया कि बब्बर खालसा ने खालिस्तान की स्थापना के लिये पंजाब में उग्रवादी गतिविधियां करने को चार सूत्री योजना बनाई थी । इस योजना के अंतर्गत ही चंडीगढ़ में श्री रिबैरो की व अमृतसर में श्री इज़हार आलम की हत्या की जानी थी और पुलिस व अर्ध सैनिक बलों के वाहन व ट्रेनें आदि उड़ाई जानी थीं ।

बब्बर खालसा के जिम्मी नारंग ने कल केंद्रीय मंत्री भजन लाल, उनके पुत्र, भाजपा नेता हित अभिलाषी, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति चंडीगढ़ के प्रवीण कुमार की हत्या की भी योजना बनाई थी । श्री इज़हार आलम ने बताया कि डिम्पी, जो रानी का बाग अमृतसर का रहने वाला है, ने पाकिस्तान से लौटने के बाद आत्मसमर्पण कर गया था व सदाचरण का आश्वासन देने पर उसे छोड़ दिया गया था । वह जब पाकिस्तान में था, तब उसकी भेंट वहां बब्बर खालसा के सुखदेव सिंह बब्बर, अनोख सिंह (जो आज मारा गया), रवींद्र पाल सिंह उर्फ़ जिम्मी नारंग (करतार सिंह नारंग, दिल्ली ट्राज़िस्टर बम कांड का अभियुक्त) से हुई, जो खालिस्तान बनाने के लिये भाषण दिया करते थे और कहते थे कि भारत-पाक सीमा पर पंजाब की किसी एक तहसील में हिन्दुओं या सिखों की हत्या करके उस तहसील पर कब्ज़ा कर लिया जाए तो उसे पाकिस्तान, संयुक्त राष्ट्र व अन्य देशों से मान्यता दिला देंगे और उन्हें खालिस्तान बनाने के लिये धन, हथियार भी देंगे । डिम्पी ने बताया कि भारत लौटने पर सुखदेव सिंह बब्बर, अनोख सिंह, जिम्मी आदि उससे हाल बाज़ार में मनिन्दर सिंह दुकान पर भेंट करते थे तथा उसे व उसके साथियों से कहते थे कि खालिस्तान बन चुका है और उन लोगों को उच्च पद दिये जाएंगे । उनके कहने पर डिम्पी ने कंवर पाल सिंह बिट्टू के साथ उग्रवादी गतिविधियों में पूर्ण सक्रियता से भाग लेना शुरू कर दिया । श्री रिबैरो पर हमले के षड्यंत्र के बारे में डिम्पी ने बताया कि उन्होंने चंडीगढ़ के सैक्टर 16, 17, 10 या 9 में तीखे मोड़ों पर श्री रिबैरो की कार की गति धीमी होने पर सुसाइड स्क्वाड (आत्मघाती दस्ते) के किसी सदस्य द्वारा संचालित विस्फोटकों से भरी कार श्री रिबैरो की कार से टकरा देनी थी । जिम्मी नारंग ने बताया था कि उसने पूरी योजना तैयार कर ली है । इसके अलावा फ्रैंड्स सिनेमा जालंधर के पास व पटियाला के रेलवे डी.आई.जी. की कार में बम रखने का उद्देश्य भी श्री रिबैरो की हत्या करना था । बड़े पुलिस अधिकारी की मृत्यु पर जब उनकी अंत्येष्टि के अवसर पर श्री रिबैरो आदि वरिष्ठ अधिकारी आते तो श्मशान घाट में पहले से ही छिपाए गये विस्फोट में रिमोट कंट्रोल से विस्फोट कर दिया जाता, परन्तु इस कार्य में सफलता, इसलिये नहीं मिली क्योंकि कई उग्रवादी नये थे । उन्होंने भजन लाल, हित अभिलाषी, प्रवीण कुमार आदि की हत्या के भी प्रयास किये, जो विभिन्न कारणों से सफल न हो सके । पुलिस अर्ध सैनिक बलों के वाहन उड़ाने के षड्यंत्र के बारे में डिम्पी ने बताया कि उन्होंने इस कार्य के लिये 130 किलो विस्फोटक प्राप्त कर लिये थे । यह कार्य सड़कों के नीचे विस्फोटक छिपा कर और उन्हें रिमोट कंट्रोल के ज़रिये विस्फोटित करके किया जाना था, पर इसके लिये अंतिम निर्देश नहीं आये । अमृतसर के एस.एस.पी. इज़हार आलम की हत्या के षड्यंत्र के बारे में उसने बताया कि यह षड्यंत्र हाल बाजार में मनिन्दर सिंह की दुकान पर ही रचा गया था । जब एस.एस.पी. की कार कचहरी चौक के पास तीखे मोड़ पर धीमी होती, तभी उनकी कार के आगे विस्फोटकों से भरी जीप या कार खड़ी करके उसे डिम्पी या कंवर पाल सिंह बिट्टू रिमोट कंट्रोल से ध्वस्त कर देता । डिम्पी व बिट्टू ने क्षेत्र का सर्वे भी किया, पर उन्हें यह पता नहीं चल सका कि एस.एस.पी. किस समय कार्यालय से निकलते हैं ।

मनोचाहल पंथक कमेटी में

अमृतसर में पंथक कमेटी की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि विभिन्न मतभेदों के कारण अप्रैल में पंथक कमेटी छोड़ कर गया भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स का चीफ़ गुरबचन सिंह मानोचाहल वापस पंथक कमेटी में लौट आया है । उसके लिये जसपाल सिंह ने पंथक कमेटी से इस्तीफ़ा दिया ।

शिक्षक की हत्या

अमृतसर से 50 किलोमीटर दूर ऐतिहासिक खडूर साहिब में आज सुबह एक स्कूल शिक्षक बलबीर सिंह की गोलियों से छलनी लाश मिली । पुलिस ने बताया कि जत्थेवाल गांव के निवासी बलबीर सिंह खडूर साहिब स्थित उच्चतर माध्यमिक सरकारी स्कूल में पढ़ाते थे । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और वह मामले की जांच कर रही है ।

श्री इज़हार आलम ने बाद में दावा किया कि शिक्षक बलबीर सिंह ने निजी कारणों से आत्म हत्या की थी । उसने अपने रिवाल्वर से अपनी कनपटी में गोली मारी ।

वल्टोहा गांव में पुलिस ने गत रात्रि नाका लगाया हुआ था, दो उग्रवादी 'भाई लडगू' गांव की तरफ से आये, पुलिस के साथ छोटी-सी भिड़ंत के बाद दोनों उग्रवादी पकड़े गये, जिनसे एक 12 बोर की गन, एक अमरीकन पिस्तौल, 24 कारतूस तथा आपत्तिजनक साहित्य बरामद किया गया । पकड़े गये उग्रवादियों के नाम हैं—गुरमेज सिंह उर्फ़ गेजा पुत्र सच्चा सिंह वासी 'भोया फतेहगढ़' थाना कत्थूनंगल, सर्वजीत सिंह पुत्र अजमेर सिंह गांव 'ढडेर' पुलिस थाना रामपुराफूल जिला भटिंडा । पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये दोनों उग्रवादी कई हत्याओं में पुलिस को वांछित थे । इनसे पूछताछ जारी है ।

गत रात्रि अमृतसर की टेलर रोड पर एवं सुलतान विंड रोड पर दो अलग-अलग घटनाओं में आतंकवादियों द्वारा दो व्यक्तियों से स्कूटर छीनने की सूचना मिली है ।

घुसपैठिया गिरफ्तार

इस बीच बी.एस.एफ. ने पाकिस्तान से घुसपैठ करके आने वाले एक घुसपैठिये को भारत-पाक सीमा पर घरिंडा के पास पकड़ लिया है, उसका एक साथी भाग गया ।

ठेका लूटा

आया। उसने राजपुरा में एक बम अम्बाला जाने वाली हरियाणा रोडवेज़ की एक बस में रखा, जो अम्बाला में फट गया। दो बम शाहाबाद में बसों में नरेंद्र सिंह और भजनवीर उर्फ लाली द्वारा रखवाये गये। करनाल में पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के क्लर्क गुरदर्शन सिंह द्वारा रखवाया गया।

पुलिस ने कलदीप सिंह से एक आयातित शाम्पसन स्टेनगन और आयातित 32 बोर का एक रिवाल्वर बरामद किया है।

पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है जो पंजाबी विश्वविद्यालय की सेवा में रहते हुये पाकिस्तान होकर आया। गुरदर्शन सिंह मुख्य रूप से शस्त्र इकट्ठे करने और उन्हें उग्रवादियों में बांटने का कार्य करता था। भाजपा नेता शम्भू प्रसाद की हत्या में प्रयुक्त शस्त्र भी गुरदर्शन सिंह ने उपलब्ध कराए थे।

भाजपा नेता शम्भू प्रसाद की हत्या के बारे में पुलिस चीफ ने बताया कि उनके दो हत्यारे बब्बर खालसा के सुलक्खन सिंह और सुरजीत सिंह पुलिस मुठभेड़ों में मारे गये, एक हत्यारे जागीर सिंह को घटना के बाद ही पकड़ लिया गया, चौथा हत्यारा इकबाल सिंह बाला फरार है। सी.आर.पी. पर फायरिंग में गिरफ्तार भजन वीर सिंह लाली स्कूटर चला रहा था जबकि पिछली सीट पर बैठे सुलक्खन सिंह ने गोलियां चलाई थीं। डी.आई.जी. रेलवे श्री आर.एल. बधवा की हत्या के लिये तीन अगस्त को तीन बम अनोख सिंह ने लगवाये थे।

एक अन्य रिमोट कंट्रोल-युक्त बम उनके कार्यालय के मुख्य द्वार के पास फिट किया गया था, जिसके विस्फोट से कोई हताहत नहीं हुआ। तीसरा बम जापानी पद्धति के रिमोट कंट्रोल से युक्त था, जिसे मुख्य द्वार के पिछले हिस्से में रखा गया, जो नहीं फटा। उसे 12 अगस्त को बरामद करके निष्क्रिय किया गया। इस मामले में हैड-कांस्टेबल कुलदीप सिंह, पंजाबी विश्वविद्यालय का क्लर्क गुरशरण सिंह, स्टेट बैंक आफ इंडिया के कैशियर नरेंद्र पाल सिंह, भजन वीर सिंह उर्फ लाली गिरफ्तार किये गये हैं, जबकि दो उग्रवादी अभी भी फरार हैं। पशु चिकित्सक साहब सिंह, सुरेंद्रपाल सिंह चड्ढा, नरेंद्र सिंह (सभी खूंखार उग्रवादी) हथियार खरीदने व उन्हें उग्रवादियों की सप्लाई करने के आरोप में पकड़े गये हैं। उग्रवादियों को संरक्षण देने में जो 7 उच्च पदस्थ अधिकारी पकड़े गये हैं उनसे 1986 में उग्रवादी सुलक्खन सिंह को 23 हजार रु. तथा दर्दात उग्रवादी अनोख सिंह को 18 हजार रु. दिये। ये दोनों ही उग्रवादी मुठभेड़ों में मारे जा चुके हैं। सुरजीत सिंह ट्रक मालिक, हरविन्दर सिंह व हरभजन सिंह शैंटी, पंजाब बिजली बोर्ड के एस.डी.ओ. दलजिन्दर सिंह, जतिन्दर सिंह, मनोहर सिंह को भी उग्रवादियों को शरण देने में गिरफ्तार किया गया।

इस मामले में प्रशासन व सरकारी विभागों में उच्च पदों पर बैठे उग्रवादियों का पर्दाफाश हुआ है। रैडक्रास सोसाइटी के सचिव मनोहर सिंह के उग्रवादी निकलने से प्रशासन स्तब्ध रह गया है। वह कई वर्षों से जिला प्रशासन की एक प्रमुख हस्ती था, सोसायटी का फंड उसके पास रहता था और सोसाइटी के विभिन्न कार्यक्रम वही आयोजित कराता था। परन्तु रैडक्रास सोसाइटी के ढीले प्रशासन के कारण उस पर किसी को संदेह भी नहीं हुआ।

पंजाब बिजली बोर्ड के तीन अधिकारियों की गिरफ्तारी बिजली बोर्ड के उग्रवादियों की घुसपैठ का मुंह बोलता प्रमाण है। एस.डी.ओ. दलजिन्दर सिंह को राजपुरा रोड पर सरकारी कालोनी में मकान अलाट किया गया था और यही वह मकान था, जो पटियाला में उग्रवादी गतिविधियों का मुख्य केंद्र था और सारी गतिविधियों की योजना यहीं में तैयार होती थी तथा उग्रवादी वारदातों के बाद यहीं आकर छिपते थे। मजेदार बात यह है कि पंजाबी विश्वविद्यालय का क्लर्क गुरशरण सिंह विश्वविद्यालय से ट्रेनिंग लेने के लिये बाकायदा अवकाश लेकर गया और पाकिस्तान जाकर ट्रेनिंग ली तथा लौट कर पुनः ड्यूटी पर आ गया। वहीं हथियार खरीद कर उग्रवादियों को बांटता था। ये लोग कीर्तनी जत्थे के बहाने घूमते जुमते रहते थे। और गिरफ्तारियां भी शीघ्र संभावित हैं।

3 उग्रवादी गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): पुलिस ने तीन संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 12 कारतूसों सहित .38 बोर तथा .32 बोर के 2 रिवाल्वर बरामद किये हैं। जिले में पुलिस अधीक्षक ने आज यहां बताया कि अभियुक्तों की निकटवर्ती गांव दयाल नगर के हरदेव सिंह और वस्सन सिंह तथा थाना डेराबाबा नानक के गांव दालिम नंगल के वीरेंद्र सिंह के रूप में की गई है।

सिपाही की बंदूक ले गए

गत रात्रि थाना कलानौर के गांव पीरोवाल में से 2 उग्रवादियों ने सिपाही इंद्रसिंह की बंदूक उसके पिता कर्म सिंह के घर से लूट ली। कांस्टेबल सी.आई.ए. स्टाफ कपूरथला में तैनात है। श्री विर्दी ने कहा कि एक अभियुक्त की गांव कोटला मुगलां के बलबीर सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है, जो भगौड़ा था।

गुरदासपुर (विनोद): जिला मैजिस्ट्रेट श्री डी.एस. कल्हा ने अपने एक आदेश द्वारा जिला भर में सैनिक गाड़ियों के रंग जैसे मोटर साइकिलों और अन्य गाड़ियों को प्राईवेट लोगों द्वारा प्रयोग पर लगाई पाबंदी 20 अक्तूबर तक बढ़ा दी है।

घर में सोए व्यक्ति की हत्या

बटाला (कोछड़): गत रात्रि थाना सदर बटाला के गांव हरदां में घर में सोए हुये एक व्यक्ति की तीन उग्रवादियों ने हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने मृतक की 26 वर्षीय जसवंत सिंह के रूप में शिनाख्त की है, जो अमरीक सिंह नामक एक व्यक्ति का बहनोई था। अमरीक सिंह पहले उग्रवादी था, अब वह एक कानून-प्रिय नागरिक बन गया है। मृतक बटाला सहकारी समिति का एक सचिव था। गांव हरचोवाल का जत्थेदार अमरीक सिंह मृतक के पास एक मास से रह रहा था, लेकिन कुछ दिन पूर्व ही वहां से चला गया था।

पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. विर्दी ने आज कहा कि इस बात की संभावना है कि उग्रवादी अमरीक सिंह की हत्या करने आये थे, लेकिन उसे न पाकर उसके बहनोई की हत्या कर गये। एक उग्रवादी चारदीवारी फांद कर घर में घुसा और अंदर का दरवाजा खोल कर बाकी उग्रवादियों को अंदर बुला लिया, जिन्होंने हत्या की। अमरीक सिंह को उग्रवादियों ने 3 मास पूर्व गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था।

एक अभियुक्त की शिनाख्त

एक अन्य सूचना के अनुसार मृतक जसवंत सिंह उग्रवादियों की हिट-लिस्ट पर था। पुलिस ने एक उग्रवादी की शिनाख्त थाना सदर के गांव भूकेनंगल के बरयाम सिंह के रूप में की है। पुलिस ने इस संबंध में 4 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है।

उग्रवादी साईकिल छोड़ कर भागे

आज दोपहर लीकावाला तालाब लक्कड़ मंडी क्षेत्र में अपनी दुकान पर बैठा दुकानदार प्रितपाल सिंह चमत्कारिक रूप से बच गया, जब दो उग्रवादियों ने उस पर फायरिंग की। पुलिस ने अभियुक्तों का पीछा किया लेकिन अभियुक्त अपनी साईकिलें छोड़ कर भाग निकले। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1986 में प्रितपाल सिंह के बड़े भाई, जो सरपंच भी थे, जरनैल सिंह की उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी।

घर में घुस कर हत्या

कपूरथला (शर्मा): आज पौने दो बजे बाद दोपहर थाना सुल्तानपुर लोधी के गांव आलीकलां में एक व्यक्ति बंता राम बाबा की हत्या कर दी गई। 2 सशस्त्र व्यक्ति उसके घर में घुस गए और गोलियां मार कर श्री बाबा की हत्या करके नदी के गंद की ओर भाग गए। पता चला है कि पुलिस ने गांव के ही दो व्यक्तियों को अभियुक्त नामजद किया है।

रिवाल्वर छीन ले गए

फगवाड़ा (खोसला-कौड़ा): यहां से 5 किलोमीटर दूर गांव वरक थाना गोराया में पिस्तौलों से लैस 2 स्कूटर सवार उग्रवादी सरकारी डाक्टर प्यारा सिंह के घर में घुस गए। उस वक्त डाक्टर अपनी ड्यूटी पर थे। उग्रवादियों ने डाक्टर की पत्नी और उनके बेटे को पिस्तौल की नोक पर हुकम दिया कि जो रिवाल्वर उनके पास है, वह तुरन्त दे दें वरना गोली चला देंगे। मां बेटे ने भयभीत होकर रिवाल्वर और 6 कारतूस उनके हवाले कर दिये और वह लेकर फरार हो गए।

ठेके से 2500 रुपए लूट लिये

फगवाड़ा (ह.स.): दो संदिग्ध उग्रवादियों ने गत रात्रि नगर में शराब के एक ठेके से पिस्तौल की नोक पर 2500 रुपए लूट लिये। अभियुक्त साइकल पर आये थे और सेल्समैन भारत भूषण से रकम छीन कर भाग गए।

पैट्रोल पम्प लूट लिया

संगरूर (ह.स.): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने कल यहां से 25 किलोमीटर दूर घराचों गांव के एक पैट्रोल पम्प से लगभग 6,000 रुपये लूट लिये। लूट के बाद वे फरार हो गए।

जिंदा की मां गिरफ्तार

अमृतसर (वार्ता): अमृतसर पुलिस ने कथ्यात आतंकवादी हरजिन्दर सिंह जिन्दा की मां को कल रात जंडियाला पुलिस स्टेशन के गांव गिंडाली से हिरासत में ले लिया। पुलिस सूत्रों ने यह सूचना दी है। खतरनाक आतंकवादी तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू जनरल हरजिन्दर सिंह जिन्दा को दिल्ली पुलिस ने गत 30 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था।

30000 रुपए छीन लिए

अमृतसर (हस): दो संदिग्ध सशस्त्र व्यक्तियों ने आज दोपहर सरहाली थाने के गांव थट्टियां में सहकारी बैंक के मैनेजर से 30,000 रुपए लूट लिये। पुलिस की सूचनाओं के अनुसार मैनेजर 50000 रुपयों से भरे दो थैले लेकर जा रहा था, जब वह बैंक में दाखिल होने वाला था, दरवाजे पर उसे दो उग्रवादियों ने पकड़ लिया और एक इस राशि से भरा एक थैला छीन कर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमृतसर के सरहाली थाना के ग्राम जौल्हेवाला में तीन उग्रवादियों ने दीदार सिंह के घर में घुस कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

अमृतसर शहर के बाह्य क्षेत्र स्थित ग्राम संगारा से पुलिस ने दलजीत सिंह नामक उग्रवादी को देसी पिस्तौल के साथ व कत्थूनंगल पुलिस ने साहनेवाल ग्राम के हीरा सिंह को एक पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

जालन्धर जिले में हत्या

जालन्धर जिले के बलनाव गांव में संदिग्ध परिस्थिति में मोहन सिंह नामक व्यक्ति आज मरा पाया गया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर मकददमा दर्ज कर लाश को शव परीक्षण के लिए भेज दिया है। मृतक के पुत्र निहंग मेजर पर हाल ही में आतंकवादियों ने घातक हमला किया था। उसका इलाज नकोदर सिविल अस्पताल में चल रहा है।

स्कूटर सवार

दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने आज प्रातः नवांशहर थाने के सहलों गांव के समीप एक महिला को गोली मार कर घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने घायल महिला का नाम गुरबख्श कौर बताया है। सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने अपने वकील पति गुरचरन सिंह के साथ स्कूटर पर जा रही महिला का पीछा कर पीछे से गोलियां चलाईं, जिससे वह गिर पड़ी, पर उसका पति स्कूटर भगा ले गया। नवांशहर अस्पताल में भरती गुरबख्श कौर की हालत गम्भीर बताई जाती है। बताया जाता है कि महिला को घायल अवस्था में पड़े देख कर भी किसी ने उसकी मदद न की। बाद में वह स्वयं किसी तरह पास के एक घर में पहुंची। उधर उसके पति का स्कूटर आगे जाकर खराब हो गया, तब वह अपनी पत्नी को देखने लौटा।

जालन्धर पुलिस ने सूरा उर्फ बबलू व राजू उर्फ बेदी नामक दो उग्रवादियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया।

मोहाली से नर्बदा के अनुसार रोपड़ के जिलाधिकारी जे. आर. कुंडल ने रात्रि 8 से प्रातः 6 बजे तक रोडवेज़ तथा प्राइवेट बसों को चलाने पर रोक लगा दी है।

कार में अवांछित तत्व ?

भटिंडा (ग्रोवर): आज यहां पुलिस नियंत्रण कक्ष ने बैंकों पर तैनात सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया कि कुछ अवांछित तत्व नगर में एक नीले रंग की मारुति कार में घूमते हुए पाए गए हैं। इस सूचना के बाद सुरक्षा प्रबन्ध कड़े कर दिए गए हैं।

छात्रों को स्कालरशिप

चंडीगढ़, 2 सितम्बर (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने प्राइमरी, मिडल और हायर सैकेंडरी स्कूलों में कार्यरत उन अध्यापकों के 60 प्रतिशत अंक से परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले बच्चों को राष्ट्रीय स्कालरशिप योजना के अंतर्गत 48 स्कालरशिप देने का निर्णय किया है जिनकी आय 500 रुपए प्रतिमास से अधिक न हो।



थाना मोरिंडा के एस.एच.ओ. श्री गुरमुख सिंह, जिनकी मंगलवार को उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी, का शव भूमि पर गिरा पड़ा दिखाई दे रहा है। (छाया : नर्बदा)

जिंदा नोएडा में रह रहे सतनाम से मिलने जाया करता था

गाजियाबाद, 2 सितम्बर (वार्ता): खूंखार आतंकवादी हरजिंदर सिंह जिंदा दिल्ली से लगे नोएडा क्षेत्र में नहीं रहता था, लेकिन वहां पिछले महीने से रह रहे अपने साथी सतनाम सिंह उर्फ बाबा से अक्सर मिलने आता था। दोनों मिलकर दिल्ली में कुछ अतिविशिष्ट लोगों की हत्या की योजना बना रहे थे। यह जानकारी आज यहां पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्री एस.के. दत्ता ने दी। उन्होंने बताया कि जिंदा को गत वर्ष बीस जनवरी को करोल बाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। वह गत अप्रैल में अहमदाबाद पुलिस की हिरासत से निकल भागा था। उस समय इस मामले में गैर मौजूदगी में जिंदा के खिलाफ मुकदमा चला दुबारा सुनवाई के लिए शुरू हुआ है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली पुलिस ने जिंदा को गत वर्ष बीस जनवरी को करोल बाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। वह गत अप्रैल में अहमदाबाद पुलिस की हिरासत से निकल भागा था। उस समय इस मामले में गैर मौजूदगी में जिंदा के खिलाफ मुकदमा चला

क्लासीफाइड विज्ञापन

आवश्यकता

तुरन्त आवश्यकता है—चार महिला क्लर्क, वेतन प्रतिमास 1000 से 1250 तक, निवास सुविधा फ्री, इच्छुक महिला 8 सितम्बर को 10 बजे प्रातः मिलें : शांति निकेतन, महाविद्यालय, छत्ता जम्बूदास, सहारनपुर।

आवश्यकता है—खरादिए, वैल्डर, फिटर। वेतन योग्यतानुसार। कम से कम 5 वर्ष का अनुभव। स्वयं मिलें : गुरु नानक एंटरप्राइज़िज़, 41-42, कमल मार्क, नज़दीक अमन नगर, जालंधर शहर।

Graduate Smart Lady Typist for Electrostat Shop. Salary Negotiable. Global House, Opp. Local Bus Stand, Jalandhar Cantt.

डाबर

FOREMAN FOR POWER HOUSE

Required a Foreman to operate/maintain 2200 KVA Sulzer Diesel Generating Set. Applicant should be diploma/ITI and be experienced in diesel engine overhauling, maintenance and operation in a company of repute/ocean going liner. Selected candidates will be sent abroad for training.

Besides housing, company offers attractive salary commensurating with qualification and experience.

Please apply within 15 days to

The Dy. Chief Executive,
SOMANY-PILKINGTON'S LTD

एक उग्रवादी को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला : एक ने आत्महत्या कर ली

सिपाही सहित 3 बंदी : पुलिस हिरासत से बिट्टू फरार

निहंग व एक महिला की हत्या : महंत घायल

चंडीगढ़, 3 सितम्बर (वार्ता, ह.स., विभिन्न संवाददाता) : गत रात्रि जिला अमृतसर के गांव में वारदात करने आए उग्रवादियों में से एक को ग्रामीणों ने दिलेरी करके पकड़ लिया व पीट-पीट कर उसे मार डाला जबकि एक अन्य गांव में एक अन्य उग्रवादी ने मुकाबले के दौरान घिर जाने पर गोली मार कर आत्महत्या कर ली । अमृतसर नगर में एक उग्रवादी पुलिस हिरासत से भाग निकला । जालन्धर पुलिस ने एक सिपाही को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में पकड़ा है, जबकि केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह के संबंधियों को गनमैन उपलब्ध किए गए हैं । आज तड़के जिला कपूरथला में पुलिस ने बी. श्रेणी के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । फाजिल्का में सीमा पार करने की कोशिश करते हुए एक स्त्री गिरफ्तार की गई है । उग्रवादियों ने जिला संगरूर में एक महंत को गोली मार कर घायल कर दिया जबकि होशियारपुर में एक स्त्री और लुधियाना के निकट एक निहंग की हत्या कर दी ।

उग्रवादी को पीट-पीट कर मार डाला

अमृतसर (ह.स.) : भाई माधव गांव के लोगों ने कल रात एक संदिग्ध उग्रवादी को पीट-पीट कर जान से मार डाला । भिंडीविंड थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बारे में पुलिस ने बताया कि दो संदिग्ध आतंकवादियों ने भाई माधव गांव में कुलदीप सिंह के घर पर गोली चलाई । कुलदीप सिंह ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से जवाब में गोली चलाई । गोली चलने की आवाज सुनकर गांव वाले लाठियां लेकर वहां पहुंच गए । एक उग्रवादी को उन्होंने पकड़ लिया और पीट-पीट कर उसे मार डाला । उसका दूसरा साथी भाग निकला ।

पुलिस हिरासत से उग्रवादी भाग निकला

अमृतसर नगर की बाहरी बस्तियों में गत रात्रि एक संदिग्ध उग्रवादी भूपेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू पुलिस हिरासत से भाग निकला । पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस उससे उग्रवाद की घटनाओं में कथित रूप से प्रयुक्त शस्त्रों को छहर्टा क्षेत्र के एक गांव में से बरामद करवाने के लिए जीप में ले जा रही थी कि उसने जीप से छलांग लगाई और फरार हो गया पुलिस ने उसके विरुद्ध एक और केस दर्ज कर लिया है ।

उग्रवादी द्वारा आत्महत्या

रैय्या से 10 किलोमीटर दूर गांव धनजवड़ी में एक संदिग्ध उग्रवादी ने स्वयं को गोली मार कर उस समय आत्महत्या कर ली जब उस व्यक्ति ने दर्शन सिंह नामक एक किसान से 500 रुपए की मांग उसके खेत में जाकर की । दर्शन सिंह द्वारा शोर मचाने पर आस-पास के खेतों के किसान इकट्ठे हो गए तथा उन्होंने संदिग्ध उग्रवादी को घेरा डालने के अलावा उसके बारे में बटाला में स्थित सी.आर.पी. की चौकी को भी सूचित कर दिया । थोड़ी देर पश्चात् सी.आर.पी. मौके पर पहुंच गई तो संदिग्ध उग्रवादी ने धान के खेतों में छुप कर फायरिंग शुरू कर दी । बाद में इस संदिग्ध उग्रवादी ने भागने का कोई मार्ग न देख कर स्वयं को गोली मार कर आत्महत्या कर ली । उसके पास से एक 12 बोर का देसी रिवाल्वर तथा चार जीवित कारतूस पड़े मिले । जंडियाला पुलिस ने केस दर्ज करके लाश पोस्टमार्टम के लिए अमृतसर भेज दी है ।

'कमांडो फोर्स' की धमकी

खालिस्तानी कमांडो फोर्स द्वारा आज अमृतसर में जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उग्रवादी पंजाब में सामाजिक बराइयों और पुलिस के मुखबिरों के विरुद्ध अपने अभियान को फिर चलाएंगे । वक्तव्य में पुलिस के मुखबिरों, शराब के ठेकेदारों, दहेज लेने वाले, देने वाले और भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों को अपने धंधे बंद करने के लिए कहा गया है ।

उग्रवादियों को शरण देने वाला सिपाही गिरफ्तार

जालन्धर (ह.स.) : पुलिस ने खालिस्तानी कमांडो फोर्स के कथित उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में जिला जालन्धर में सेवारत एक और सिपाही आत्मा सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । इसी जिले में गिरफ्तार पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ कर कुल नौ दो गई है । यहां जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कांस्टेबल आत्मा सिंह थाना सदर के गांव नूरपुर का रहने वाला था । उसे जालन्धर के थाना डिवीजन नं. 5 में उसके विरुद्ध दर्ज केस के संबंध में गिरफ्तार किया गया था । उससे अन्य अपराधों में उसकी संलिप्तता के बारे में पूछताछ की जा रही है । उल्लेखनीय है कि एक हैडकांस्टेबल गुरदेव सिंह सहित पांच पुलिसकर्मियों को 25 जुलाई को उग्रवादियों को शरण देने और उनकी सहायता करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था जबकि दो पुलिस कर्मियों को लूटमार और छीना-झपटी करने का उग्रवादियों के साथ षड्यंत्र करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था । एक अन्य कांस्टेबल को हाल ही में गिरफ्तार किया गया था ।

दो अन्य गिरफ्तार

इसी मध्य थाना सदर की पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों सूरज और रज्जे को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से .303 की एक पिस्तौल विभिन्न प्रकार के कुछ कारतूसों सहित बरामद की गई है ।

स्कूल के ऊपर खालिस्तानी झंडा

थाना सदर के जालन्धर के गांव धातीवाल में विधायक चौधरी जगजीत सिंह के आवास के निकट एक हाई स्कूल के भवन के ऊपर एक खालिस्तानी झंडा लगा हुआ पाया गया । पुलिस ने कहा है कि एक गश्ती पार्टी ने प्रातः इसे देखा, जिसने पुलिस थाना सदर में इसकी सूचना दी । बाद में पुलिस पार्टी ने आकर झंडा हटाया ।

बूटा सिंह के रिश्तेदारों को 2 गनमैन

जिला जालन्धर की पुलिस ने केंद्रीय गृहमंत्री

(शेष पृष्ठ 8 पर)



दिल्ली में आयोजित सूखाग्रस्त क्षेत्रों के राज्यों के सिद्धार्थ शंकर रे व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री (छाया : पाना)

रे में पूछने ली में कौन आया

करते हुए अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त एस.एन. सिन्हा ने कहा कि राज्य की पुलिस को तीन बड़े अपराधों के सिलसिले में जिन्दा की तलाश है । ये तीनों अपराध इस प्रकार हैं : जनवरी 1986 में गाहर के बाहरी इलाके में पंजाब नैशनल बैंक में डकैती, अप्रैल 1986 में यहां पुलिस हिरासत से भागना और पंजाब नैशनल बैंक को लूटने में शामिल चार अपराधियों में से 'बिट्टू' के साथ सांठ-गांठ । चारों अभियुक्तों में से जिन्दा सहित तीन को पकड़ा जा चुका है जबकि बिट्टू फरार है लेकिन श्री सिन्हा ने यह स्पष्ट किया कि जिन्दा से दिल्ली में ही पूछताछ की जाएगी, उसे गुजरात नहीं लाया जाएगा ।

उग्रवाद के विरुद्ध लड़ाई में हम जल्दी ही जीतेंगे : रिबैरो

पटियाला 3 सितम्बर (भूषण) : पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री रिबैरो ने आज पटियाला में कार

करने दी ।



Himachal Sahitya

उग्रवादी पीट कर मार डाला

(पृष्ठ 3 का शेष)

बूटा सिंह के नजदीकी रिश्तेदारों को 12 सशस्त्र अंगरक्षक दिए हैं । पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि अंगरक्षक जल्लोवाल, मुस्तफापुर और शाहकोट में तैनात किए गए हैं, जहां उनके रिश्तेदार रह रहे हैं । इसके अलावा मुस्तफापुर में दो प्लाटून अर्द्ध सैनिक बल तैनात किए गए हैं ताकि इस तरह की घटना न घटे । मुस्तफापुर में 18 अगस्त की रात को बूटा सिंह के सात रिश्तेदारों की संदिग्ध आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी ।

श्री बूटा सिंह और राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे ने गत 19 अगस्त को मुस्तफापुर की स्थिति का जायजा लेने के लिए वहां का दौरा किया था ।

एस.एच.ओ. गिरफ्तार

भोगपुर के एस.एच.ओ. तिलक राज, जो मुअत्तिल था, को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है । तिलकराज का सर्विस रिवाल्वर लगभग तीन मास पूर्व कथित संदिग्ध उग्रवादियों ने उस समय छीन लिया था, जब वह भोगपुर जाने के लिए काला बकरा में एक बस में सवार हुआ था । जांच पूर्ण होने पर एस.एच.ओ. को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

युवक का शव मिला

जालंधर नगर में हंसराज स्टेडियम के निकट आज बाद दोपहर एक युवक का शव पड़ा पाया गया । शव की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

स्कूटर छीन लिया

जालंधर-नकोदर रोड पर गांव नानकसर के निकट आज दो सशस्त्र संदिग्ध उग्रवादियों ने परमजीत सिंह नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने कहा है कि परमजीत सिंह जालंधर जा रहा था, जब यह घटना हुई ।

होशियारपुर (अश्विनी): नगर पुलिस ने गांव कोटली थाना टांडा के एक व्यक्ति केवल सिंह को चार दिन पहले माडल टाऊन होशियारपुर से महिंद्र सिंह के साथ मिल कर एक व्यक्ति गुरमेल सिंह का स्कूटर छीनने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। महिंद्र सिंह को उसी दिन पकड़ लिया गया था । सी.आई.ए. स्टाफ ने चोरी का एक मोपेड (पी.पी.एच. 9507) जरनैल सिंह जगरां से बरामद किया है ।

महिला की हत्या

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): कल रात सवा ग्यारह बजे कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मौजा खड़ियाला सैनियां में एक 55 वर्षीय महिला श्रीमती निरंजन कौर की तेज धार हथियारों से हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि मृतका घर में सो रही थी जबकि उसकी बहू श्रीमती सुरजीत कौर (जिसका पति सीमा सुरक्षा बल में कर्मचारी है), उसका पोता राजीव, सुरजीत कौर की माता और उसकी ननद के बच्चे बाहर आंगन में सोए हुए थे, जब इन लोगों ने निरंजन कौर का शोर सुना तो दौड़कर अन्दर आए, मगर वह दम तोड़ चुकी थी । उन्होंने एक युवक को बाहर भागते देखा जिसने सिर पर पटका बांध रखा था । श्री अरोड़ा ने बताया कि अभियुक्त घर में चोरी की नीयत से आए थे मगर निरंजन कौर के शोर मचाने पर उन्होंने उसकी हत्या कर दी, पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

जासूस स्त्री गिरफ्तार

फाजिल्का (नागपाल) : आज यहां से पांच किलोमीटर दूर चौकी मौजम के निकट बी.एस.एफ. के जवानों ने नाकाबंदी के दौरान एक 35 वर्षीय स्त्री की सीमा पार करके पाकिस्तान जाने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया । वह जासूस समझी जाती है । थाना सदर की पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

डेरे का महंत घायल

संगरूर (गर्ग) : गत रात्रि यहां से 35 किलोमीटर दूर गांव उबोके में तीन अज्ञात व्यक्ति एक डेरे के महंत हरिकिशन को घायल करके उसकी 12 बोर की बंदूक और 19 कारतूस लेकर फरार हो गए । अभियुक्त स्कूटर पर आए थे । और स्कूटर पर सवार होकर ही भाग निकले ।

हलचल मची

फगवाड़ा (कौड़ा): हाल ही में गिरफ्तार किए



हंस राज स्टेडियम जालंधर के निकट वीरवार को मिला किशोर युवक का शव, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

गए कुख्यात आतंकवादी हरजिंदर सिंह जिंदा व सतनाम सिंह बाबा द्वारा हाल ही में किए गए अनेक सनसनीखेज रहस्योद्घाटनों के बाद पंजाब पुलिस द्वारा की गई आतंकवादियों की धरपकड़ व सरकारी विभागों में उग्रवादियों के सैलों में प्रकाश में आ जाने की कहानियों ने सरकारी विभागों में हलचल मचा दी है । यहां यह उल्लेखनीय है कि इसी सम्वाददाता ने 21 जनवरी 1986 के दैनिक पंजाब केसरी में सरकारी विभागों में उग्रवादियों के सैल होने का पहली बार रहस्योद्घाटन किया था, जो समय के साथ-साथ अक्षरशः सत्य प्रमाणित हो रहा है ।

कर्मचारियों की स्क्रीनिंग का निर्णय

सुविज्ञ सूत्रों से विदित हुआ है कि कल पटियाला में गिरफ्तार किए गए सात संदिग्ध सरकारी अधिकारियों द्वारा अनेक सनसनीखेज रहस्योद्घाटन करने की प्रबल सम्भावना है । पता चला है कि राज्य सरकार ने अब अति गुप्त रूप से पंजाब रोडवेज, पंजाब राज्य बिजली बोर्ड, सी.आर.पी.एफ., बैंक कर्मचारियों, पंजाब यूनिवर्सिटी, पंजाबी यूनिवर्सिटी, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, प्रशासकीय विभागों, उद्योग विभाग इत्यादि में उग्रवादियों के साथ प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सम्बन्ध रखने वाले कर्मचारियों की छांटी हेतु खुफिया स्क्रीनिंग करवाने का तात्कालिक रूप से निर्णय किया है । पता चला है कि पंजाब पुलिस में भ्रष्टाचार के नाम पर की गई स्क्रीनिंग में भी आतंकवादियों के साथ सम्बन्ध रखने वाले कई पुलिस कर्मचारी लपेट में आए हैं ।

कड़ी कार्रवाई होगी

यह भी पता चला है कि उपरोक्त विभागों में गुप्त स्क्रीनिंग के बाद संदिग्ध कर्मचारियों को जबरी रिटायर किया जाएगा जबकि आतंकवादियों के साथ सम्बन्धों के प्रमाणित हो जाने पर उन्हें अपदस्थ कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

कड़े सुरक्षा पग

पता चला है कि आतंकवादियों के साथ पंजाब में चल रही अन्तिम चरण की इस लड़ाई में पंजाब सरकार किसी तरह का कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहती व राज्य में उग्रवादी घटनाओं में अचानक वृद्धि की प्रबल सम्भावना हेतु राज्य में अनेक कड़े सुरक्षा पग उठाए जा रहे हैं । राज्य भर के जिलाधीशों व पुलिस अधीक्षकों को सितम्बर व अक्तूबर मास के नाजुक महीनों में अति चौकसी से कार्य करने व परस्पर तालमेल बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं ।

'बी' श्रेणी के दो उग्रवादी गिरफ्तार

कपूरथला (ह.स., शर्मा) : पुलिस ने आज तड़के थाना सदर के क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान 2 संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । एस.पी. श्री पी.एम. दास ने बताया कि अभियुक्तों की शिनाख्त कपूरथला जिला के वीरेंद्र सिंह और रणजीत सिंह के रूप में की गई है । दोनों 'बी' श्रेणी के उग्रवादी हैं । उनकी तलाशी लेने पर उनके कब्जे से दो विदेशी रिवाल्वर और 12 कारतूस बरामद किए गए । प्रारम्भिक पूछताछ के बाद उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि उन्होंने ये शस्त्र थाना सदर कपूरथला के गांव बनाला और जैन राईस मिल्ज कपूरथला से छीने थे । इन दोनों ने रहस्योद्घाटन किया कि वे अनूप सिंह, जो हाल ही में जिला कपूरथला पुलिस द्वारा अपने 12 सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया गया था, के गिरोह के सक्रिय सदस्य थे ।

निहंग सिंह की हत्या

लुधियाना (महिन्द्रा) : आज दोपहर के समय दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने मौजा राड़े साहब में मनियारी की दुकान कर रहे एक निहंग सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार राम सिंह निहंग अपनी दुकान पर बैठा था जब उस पर हमला हुआ । इस वारदात से पहले इन आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर गांव खडानीकलां के निकट एक व्यक्ति हरमिन्दर सिंह से उसका स्कूटर छीना था । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी ।

धीमान के अनुसार वारदात का समाचार मिलते ही उच्च अधिकारी राड़े साहब पहुंच गये ।

इसके अतिरिक्त एक अन्य वारदात में यहां से 5 किलोमीटर दूर मौजा अमालीकलां में दो संदिग्ध आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक कर एक शराब का ठेका लूट लिया और करिन्दे से 2500 रुपया छीन कर फरार हो गये ।

निहंग सिंह गुरुद्वारे के बाहर सड़क पर चूड़ियां बेचा करता था । पहले वह एक भैया था, उसके बाद केश रख कर निहंग बन गया था ।

उग्रवादी से पूछताछ जारी

पटियाला (भूषण): पुलिस सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि जो उग्रवादी एक स्थानीय अकाली जत्थेदार ने गुरुद्वारा दुख निवारण से पकड़वाया था, उसकी पुलिस स्क्रीनिंग, अभी जारी है । इस बात का पता लगाया जा रहा है कि इस उग्रवादी का सम्बन्ध किन-किन लोगों से है । बब्बर खालसा से सम्बन्धित कई उग्रवादियों को आश्रय देने वाले कई अधिकारियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस सतर्क हो गई है और यह निर्णय किया गया है कि उग्रवादियों की आर्थिक सहायता करने वाले या उन्हें आश्रय देने वाले प्रभावी लोगों में से किसी को न छोड़ा जाए । इस उग्रवादी ने स्थानीय अकाली जत्थेदार को फोन पर 50000 रुपए गुरुद्वारे में लाकर देने का आदेश दिया था लेकिन उक्त जत्थेदार ने दिलेरी से कार्य करते हुए अपने साथियों सहित जाकर इस उग्रवादी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । उग्रवादियों को शरण देने वाले सरकारी अधिकारी निकलने के सम्बन्ध में लोगों द्वारा कर्मचारियों और अधिकारियों की स्क्रीनिंग करने की मांग की जा रही है।

वकील आज अदालती काम का बहिष्कार करेंगे

चंडीगढ़, 3 सितम्बर (संघी): पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की आज यहां हंगामी बैठक में धारा 25 में किये गये संशोधन पर रोष प्रकट करने के लिए कल 4 सितम्बर को अदालती काम का बहिष्कार करने का फैसला किया गया । इस नये संशोधन के अनुसार पुलिस के सामने किसी भी अपराधी की ओर से दिये गये बयान को मुकद्दमे के दौरान गवाही के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकेगा । वकील इस नये संशोधन के विरुद्ध हैं ।

जज तबदील

चंडीगढ़, 3 सितम्बर (संघी) : पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब के दो अतिरिक्त जिला व सैशन जजों के तबादले कर दिए हैं । जारी किए गए आदेश के अनुसार गुरदासपुर के श्री निरंजन सिंह को जालन्धर का अतिरिक्त जिला सैशन जज लगाया गया है जबकि जालन्धर के श्री जी.एस. खुराना को गुरदासपुर भेज दिया गया है ।

दो सुपरिंटैंडैंट अंडर सैक्रेटरी नियुक्त

पटियाला, 3 सितम्बर (भूषण): पंजाब राज्य बिजली बोर्ड ने निम्नलिखित नियुक्तियां व तबादले किए हैं । सर्वश्री प्रीतम सिंह सुपरिंटैंडैंट पदोन्नत करके ए.एन. जोशी के स्थान पर अंडर सैक्रेटरी नियुक्त किए गए हैं । ए.एन. जोशी अवकाश पर चले गए हैं । सी.एल. जोशी सुपरिंटैंडैंट पदोन्नत करके आर.पी. चब्बा के स्थान पर अंडर सैक्रेटरी नियुक्त किए गए हैं । आर.पी. चब्बा 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गए ।

लड़ाई जीतेंगे : रिबैरो

(पृष्ठ 3 का शेष)

नेताओं को धन्यवाद दिया । उन्होंने कहा कि उग्रवाद के विरुद्ध जनता व सरकार दोनों को ही मिलकर लड़ाई लड़नी है ।

राजीव

(पृष्ठ 3 का शेष)

जाता है इससे उनके योजना संसाधनों पर बुरा प्रभाव पड़ता है । उन्होंने कहा कि हरियाणा में लगातार चार साल से सूखा पड़ रहा है लेकिन मौजूदा खरीफ में सूखे के सभी रिकार्ड टूट गए हैं । उन्होंने कहा कि अगर सतलुज-यमुना लिंक नहर समय से बन गई होती तो शायद हरियाणा में सूखे का इतना भारी नुक्सान नहीं होता । इस नहर का निर्माण हरियाणा के जीवन-मरण के प्रश्न से जुड़ा हुआ है ।

उन्होंने सुझाव दिया कि मुख्य नदियों को जोड़ कर बाढ़ वाले क्षेत्रों से पानी अन्य कमी वाले राज्यों में ले जाने के उपाय पर विचार किया जाना चाहिए । उन्होंने प्रधानमंत्री से यह अनुरोध किया कि सूखा सहायता के अलावा हरियाणा की वर्ष 1987-88 की योजना में शामिल कार्यक्रमों को लागू करने के लिए केन्द्रीय सरकार से कम से कम 200 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की जाए ।

'उमेश' के अनुसार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह ने केन्द्र से आग्रह किया कि वह राज्य में सूखे की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अन्तरिम पग के रूप में तुरन्त 25 करोड़ रुपए की सहायता दे । उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में सूखे तथा आकस्मिक बाढ़ों से हुई क्षति का जायजा लेने के लिए एक केन्द्रीय दल तुरन्त हिमाचल भेजा जाए । उन्होंने कहा कि लम्बे सूखे तथा बाढ़ों से राज्य में 284.28 करोड़ रुपए की हानि हुई है, जिन किसानों की फसलों को क्षति पहुंची है उनको राहत की योजना पर अमल के लिए 208.29 करोड़ रुपए की मांग राज्य द्वारा की गई है । उन्होंने कहा कि खरीफ फसलों को 90 करोड़ रुपए की क्षति का अनुमान है । राज्य में 65 से 81 प्रतिशत तक खरीफ फसल नष्ट हो गई है । सूखे से पशुधन की भी हानि हुई है । हाल ही में राज्य में हुई वर्षा से पानी की समस्या आंशिक रूप से सुलझी है लेकिन राज्य की निचली पट्टी के क्षेत्रों को पेयजल की सप्लाई की समस्या अब भी बाकी है । उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि राज्य में चल रही कुछ नलकूप सिंचाई योजनाओं की पूर्ति के लिए अतिरिक्त धन राशि दी जाए ।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गेहूं, ज्वार और चावल सस्ती दरों पर लोगों को देने की योजना बना रही है लेकिन इन पर 20 से 40 प्रतिशत सबसिडी देने को 200 करोड़ रुपया खर्च होगा । अतः इस काम में राज्य को मदद की जरूरत है । उन्होंने कहा कि यद्यपि सूखे से सारा राज्य प्रभावित है, शिमला जिले में ज्योड़ी के निकटस्थ 50 वर्ग किलो मीटर के क्षेत्र में आकस्मिक बाढ़ों से पांच करोड़ रुपए की क्षति हुई, वहां राहत कार्य के लिए दो करोड़ रुपया अलग से मांगा गया है । उन्होंने 11000 क्विंटल गेहूं बीज प्राप्त करने में केन्द्र से सहायता का भी आग्रह किया ।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोती लाल बोरा ने राज्य में लगातार चौथे वर्ष सूखे से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार से युद्ध स्तर पर सहायता देने की मांग की । श्री बोरा ने कहा कि मध्य प्रदेश को तत्काल तेजी से नलकूप खोदने वाली 45 रिग, 12 लाख गरीब किसानों को ऋण राहत, 10000 टन खाद्य तेल और 35 हजार टन चावल का कोटा चाहिए । उन्होंने कहा कि 45 लाख हैक्टर भूमि में फसल प्रभावित हुई है जिसकी हानि 394 करोड़ रुपए है । राज्य के 45 में से 32 जिले सूखे से बुरी तरह प्रभावित हैं ।

श्री बोरा ने कहा कि इस बार वर्षा इतनी देर से और इतनी कम हुई है कि तीन वर्ष के सूखे का प्रभाव कतई कम नहीं हुआ है । राज्य सरकार इस वर्ष मार्च से जुलाई तक सूखे से पीड़ित 1.30 करोड़ लोगों को राहत देने के लिए 30 करोड़ रुपए खर्च चुकी है । राहत कार्यों में जोर जल संचय योजनाओं, लघु तथा अति लघु सिंचाई योजनाओं तथा वन रोपण कार्यों पर दिया जा रहा है ।

गुजरात में पड़े भीषण सूखे के कारण इस साल सर्वाधिक 16 हजार गांव प्रभावित हो गए हैं । यह जानकारी राज्य के मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी ने दी और कहा कि स्थिति का जायजा लेने के बाद 16 हजार गांवों को सूखे से प्रभावित घोषित करना पड़ सकता है । इससे पहले 1985-86 में 12,390 और 1986-87 में 11631 गांव सूखे से प्रभावित घोषित किए गए थे ।

उन्होंने कहा कि सूखे से प्रभावित लोगों की मदद के लिए इस साल 25 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना पड़ सकता है । पिछले साल यह

संख्या मुश्
के लिए सह
की अपील
कर्नाट
लगातार च
केंद्रीय मद
अनुदान के
की सिफारि
श्री हेगड़े ने
रहे सूखे के
करोड़ रुप
रुपए केंद्र
जबकि शे
करनी पड़
अपने संस
इसलिए
राज्यों द्वार
चाहिए ।
कार्यों के
इसमें से रो
रुपए और
रुपए मांगे
जम्मू-
अब्दुल्ला ने
दृष्टिगत के
है । आज
सम्बोधित
राहत अनुद
योजना सहा
मुख्यमं
रुपए की म
हैं । उन्होंने
दिए । इस
तक प्रति स
शामिल है
रोजगार के
सरकार का
का भी बिचा
रुपए की
पेयजल तथा
आपेक्षित है
केंद्र सर
द्वारा गठित
सिफारिशों
राहत समिति
बताया कि
सचिवालय
संबंध में सा
दो दिन के
राष्ट्रीय सूख
सिफारिश
जुटाने वाले
जाएंगे । ये
के अलावा

शिक्षक

नई दि
महाविद्याल
आंदोलन के
के एक लाख
दिन एक दि
विश्वविद्या
हड़ताल का

6 वर्षी
ज

बरना
आठ किलो
सिंधु के घ
चार वर्ष
घटनाएं ब
वर्ष पूर्व इ
एक मिस्त्री
आयु में ज
मृत्यु हो ग
सहेलियों
भी सुनाती
वस्तुएं भी
मनाल जा
लड़की की
जन्म के रि
हैं । वह
उनके सा

मिंदो की रहस्यमय मौत

फगवाड़ा, 3 सितम्बर (खोसला): यहां से 30 किलो मीटर दूर दड़वीकलां में विवाहिता हरिजन महिला मिंदो की मौत और उसके बाद उसकी लाश को उसके ससुराल वालों की ओर से रहस्यमय ढंग से जलाने की सूचना मिली है ।

आत्महत्या का प्रयास

लुधियाना, 3 सितम्बर (मुसाफिर): निकटवर्ती गांव की एक महिला श्रीमती दविन्दर कौर ने पति अमरीक सिंह द्वारा चाल-चलन पर शक किए जाने

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

बिना आठवीं मैट्रिक, दसवीं फ़ेल इंटर, दसवीं पास बी.ए. हिन्दी, पत्राचार द्वारा एम.ए., बी.एड., आयुर्वेदिक कोर्स करके RMP डाक्टर बनें । दसवीं पास एक वर्षीय टीचर ट्रेनिंग/ड्राइंग डिप्लोमा करें । [illegible]

+1 फ़ेल +2 करें (Arts, Science, Commerce) मैट्रिक, इंटर, वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न (केंद्र हमारा कालेज) R.M.P. रजिस्ट्रेशन (Patna) 15 दिनों में । कीरती कालेज, कैलाश सिनेमा चौक, लुधियाना ।

मशीनरी

हिमाचल प्रदेश कृषि वि

आर.आर.एस., हि.प्र. कृ.वि.वि. सालूनी, जिल
दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास सम्बद्ध ट्रेड के
मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं ।

क्रमांक	कार्य का नाम	अ

कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को

प्रसन्न हैं । उन्होंने आशा प्रकट की कि पुलिस

28 सब डिवीजनों का दौरा कर चुके हैं पर अभी तक

झूठे पुलिस मुकाबलों का एक केस भी उनके सामने

श्री रिबैरो ने स्पष्ट तौर पर कहा कि उग्रवाद में

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मालवा केसरी कमांडो फोर्स के 7 खूंखार उग्रवादी शस्त्रास्त्रों के साथ गिरफ्तार

भिड़ंत में एक आतंकवादी मरा, बस की तलाशी ले रहे बी.एस.एफ. जवान को घायल करने वाले उग्रवादी द्वारा आत्महत्या

बिजली बोर्ड के कैशियर सहित 3 की हत्यायें, 1 शव मिला

चंडीगढ़, 4 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पिछले 24 घंटों में पंजाब में बिजली बोर्ड के एक कैशियर की हत्या करके उससे 13277 रुपए लूट लिए गए, एक शराब के ठेकेदार की हत्या कर दी गई जबकि सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक व्यक्ति मारा गया । जिला फ़रीदकोट की पुलिस ने तथाकथित मालवा केसरी कमांडो फ़ोर्स के 7 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जो कि मोगा सब-डिवीजन में निर्दोषों की हत्याएं करने तथा लूटमार करने का षड्यंत्र कर रहे थे । सीमा सरक्षा बल ने गुरदासपुर के दीनानगर क्षेत्र में विश्व सिख संगठन के एक सदस्य को गिरफ्तार किया । लुधियाना के पास एक उग्रवादी ने बस की तलाशी ले रहे बी.एस.एफ. के जवान को घायल करने के बाद स्वयं आत्महत्या कर ली ।

अमृतसर से प्राप्त एक अन्य सूचना में कहा गया कि कुछ व्यक्तियों ने कल रात थाना अजनाला के गांव बगाकलां में एक व्यक्ति गिरधारी लाल की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज बताया कि गिरधारी लाल के लड़के शिव कुमार ने दो कथित हत्यारों कला तथा गुरचरण सिंह को पहचान लिया ।

जालन्धर सिविल अस्पताल में आज एक लाश पोस्टमार्टम के लिए लाई गई,जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

लुधियाना पुलिस ने बब्बर खालसा के एक उग्रवादी को गिरफ्तार करके उससे 7 हथगोले, 5 देसी बम बरामद किए ।

गिरोह का सफाया

फरीदकोट (वार्ता, जिंदल): पुलिस ने मालवा केसरी कमांडो फोर्स के आतंकवादियों के एक गिरोह का सफाया करने तथा उनमें से 7 को गिरफ्तार करने का दावा किया है । उनके कब्जे से बैल्जियम की बनी एक.12 बोर की डबल बैरल गन, विभिन्न बोरों के 5 पिस्तौल, एक एच.ई. 36 हथगोला तथा 3 दर्जन कारतूस बरामद किए गए । जिला पुलिस चीफ श्री गोबिन्द राम ने बताया कि बाघापुराना पुलिस की एक पार्टी ने गत रात्रि गांव बेरोके में दो दुर्दांत आतंकवादियों मेजर सिंह निवासी गांव दुनेके तथा सुरजीत सिंह निवासी गांव कालेके को उस समय गिरफ्तार किया जब वे साइकलों पर जा रहे थे । तलाशी लेने पर सुरजीत सिंह से बैल्जियम निर्मित बंदूक तथा 8 कारतूस बरामद हुए । एक एच.ई. 36 हथगोला मेजर सिंह के थैले में से बरामद हुआ । पुछताछ पर सुरजीत सिंह और मेजर सिंह ने स्वीकार किया कि वे मालवा केसरी कमांडो फोर्स से सम्बन्ध रखते हैं और उन्हें फरार आतंकवादी गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला ने बाघापुराना थाने के पुलिस कर्मियों की हत्या के लिए नियुक्त किया था ताकि रणजीत सिंह कालेके की मौत का बदला लिया जा सके, जो कि कुछ दिन पहले पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था । उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बंदूक तथा हथगोला भी उन्हें गुरजंट सिंह ने दिया था ।

5 आतंकवादी पकड़े

श्री गोबिन्द राम ने कहा कि मोगा की एक सतर्क पुलिस पार्टी ने 5 आतंकवादियों के एक और गिरोह का भी सफाया किया है । यह पुलिस पार्टी बाघापुराना क्षेत्र में छापे मारने जा रही थी कि उसने एक ट्रैक्टर ट्राली देखी जिसमें पांच संदिग्ध युवक सवार थे । पुलिस पार्टी को देखकर इन लोगों ने भागने की कोशिश की तथा पुलिस पार्टी पर कुछ गोलियां भी चलाईं तथापि उन पर काबू पा लिया गया तथा उन्हें आत्म समर्पण करने पर विवश कर दिया गया । पुलिस ने उनके कब्जे से साठ हजार रुपए मूल्य का 35 बोरी पोस्त चूरा और तीन पिस्तौल व 80 कारतूस बरामद किए ।

पुछताछ के दौरान वे सभी मालवा केसरी कमांडो फोर्स के नए रंगरूट निकले । उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें कुख्यात आतंकवादी रणजीत सिंह कालेके ने भर्ती किया था । उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने मोगा सब डिवीजन में निर्दोष लोगों की हत्याएं करनी थीं तथा शराब के ठेके व पैट्रोल पम्प लूटने थे ।

मोगा से सर्वमित्र ने मालवा केसरी कमांडो फ़ोर्स के पकड़े गए पांच नए रंगरूटों के नाम भजन सिंह घालकलां, सुरजीत सिंह, बूटा सिंह, कटार सिंह तथा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

रे द्वारा निकट भविष्य में पालिका चुनाव की सम्भावना रद्द

चंडीगढ़, 4 सितम्बर (एन.एस. परवाना): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने निकट भविष्य में नगरपालिका चुनाव कराने की संभावना रद्द कर दी है । पता चला है कि आज यहां उन्होंने इस बारे सभी दलों के प्रतिनिधियों की बैठक बला कर उनके साथ विचार-विमर्श किया । एक पार्टी के अतिरिक्त शेष सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों ने विचार व्यक्त किया कि कानून-व्यवस्था के मामले पर राज्य का माहौल ठीक नहीं है इसलिए इस समय नगरपालिका चुनाव न कराए जाएं ।

आज की बैठक में इंका, अकाली दल (ल), सी.पी.आई., भाजपा, मार्क्सवादी पार्टी और जनता पार्टी के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया जबकि एकीकृत अकाली दल ने बैठक का बायकाट किया । पता चला है कि एक पार्टी के वरिष्ठ नेता ने सझाव दिया कि यदि सरकार हालात पर नियंत्रण और चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष करा सकती है तो फिर चाहे अक्तूबर या नवम्बर मास में पालिका चुनाव करा

नगरपालिकाओं के चुनाव पांच वर्ष के लिए दस जून, 1979 को बादल सरकार के समय में हुए थे जिनकी अवधि जून, 1984 में समाप्त हो गई थी । तब से लेकर नवम्बर, 1985 तक इन चुनी हुई नगरपालिकाओं की अवधि संबंधित एक्ट में संशोधित करके छः-छः मास के लिए तीन बार बढ़ा दी गई । मगर गत दो वर्ष से सभी नगरपालिकाएं भंग हैं और उनका प्रबंध अफसरशाही के हाथ में है जिसके लिए सरकार ने प्रशासक नियुक्त कर रखे हैं ।

रे द्वारा बरनाला सरकार का फैसला बदलने से इंकार

चंडीगढ़, 4 सितम्बर (वि.प्र.): पता चला है कि पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने बरनाला सरकार का वह फैसला बदलने से इंकार कर दिया है जिसके अनुसार सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर प्रोजेक्ट के चीफ इंजीनियर श्री एन.एस. गिल के कार्यकाल में

श्वविद्यालय ाल वापस

बाद रीडर बन सकेंगे । समिति के ें बाद में फैसला होगा । समिति चयन ता और शोध कार्य को ध्यान में रखेगी, खुली प्रतियोगिता से भी रीडर का जो लोग रीडर पद के उपयुक्त नहीं नकी भी चयन समिति के माध्यम से 00 रुपए के वेतनमान में पदोन्नति हो प्रावधान पर अभी और विचार पद पर नियुक्त होने वाले पी.एच.डी. ने तीन तथा एम फ़िल प्राप्त लोगों को दोन्नति दी जाएगी और सेवाकाल में भी वरीयता दी जाएगी । सरकार महासंघ देखते हुए वरिष्ठ प्रोफैसर ऑफ़ को समाप्त कर सकती है । पदोन्नति ट बनाए रखने के लिए बड़ी मात्रा में ोफैसर पद बनाए जाएंगे । सरकार ाक्षकों और लाइब्रेरियनों के नए म्र घोषित करेगी । मानव संसाधन नय सभी कृषि विश्वविद्यालयों और नी इसी प्रकार के वेतनमान देने को

द्यालय शिक्षकों के महासंघ द्वारा जारी गया है कि हड़ताली शिक्षकों को दंडित आश्वासन के संदर्भ में आशा की जाती है ने अवधि का वेतन नहीं काटा जाएगा । वासन दिया है कि अतिरिक्त कक्षाओं ोर छुट्टियों को क्लासें लगाकर छात्रों की जाएगी । महासंघ ने केंद्र सरकार से झौते के संदर्भ में वह राज्य सरकारों से शिक्षकों को रिहा करने का अनुरोध

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बंधी सिफारिशें ो भेजी गईं

म होगा ।

ग की राय है कि साधारण तथा सरल यालयों को सौंप कर शीघ्र निपटाए स्थानीय लोगों को इस प्रक्रिया में ये मामले शीघ्र निपट सकेंगे । हर में एक प्रशिक्षित जज और दो होंगे । इनमें कमजोर वर्गों और यों आदि को भी प्रतिनिधित्व दिया यायालयों को दीवानी और फौजदारी र प्राप्त होंगे । सामान्य जज जनता करेंगे । इनके नामों का पैनल बनाने जिला और सैशन जज तथा जिला ने का सुझाव दिया गया है । इन क्षण हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस दो सहायता से करेंगे ।

में है डक्वार्टर बनाने की पेशकश

Punjabi Tribune

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

आत्मा सिंह बताए हैं ।

शराब के ठेकेदार की हत्या

मोगा (सर्वमित्र): गत रात तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने जिला फ़रीदकोट में कोटकपूरा के गांव ढिलवां कलां के प्रीतम सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी,जबकि वह अपने शराब के ठेके पर बैठा था । प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादी ठेके पर आए और शराब मांगी । जब उसने उनसे पैसे मांगे तो उन्होंने उस पर गोलियां चला दीं । पुलिस ने तुत्काल क्षेत्र को घेरे में ले लिया, लेकिन हत्यारे बचकर भाग जाने में सफल हो गए ।

बंदूक छीन ली

बरनाला से सिंधवानी के अनुसार यहां से 12 किलो मीटर दूर गांव उगोके के महंत हरकिशन सिंह के डेरे से तीन आतंकवादियों ने एक दोनाली बंदूक तथा 9 कारतूस छीन लिए । स्कूटर सवार केशधारी आतंकवादियों ने पहले आकर कहा कि डेरे में एक संदिग्ध स्त्री के होने की सूचना मिली है और वे तलाशी लेना चाहते हैं ।

विदेशी सिख गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला में बीती रात सीमा सुरक्षा बल तथा एक पुलिस दल ने नाकाबंदी के दौरान विश्व सिख संगठन के सक्रिय सदस्य एक विदेशी को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी के अनुसार भारत-पाक सीमा के पास नाकाबंदी के दौरान आधी रात को लगभग पौने तीन बजे सीमा सुरक्षा बल और पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिससे पूछताछ के बाद अनेक रहस्योद्घाटन हुए हैं । इस व्यक्ति का नाम दलजीत सिंह उर्फ गुरमुख सिंह है और यह टोरंटो (कनाडा) का रहने वाला है । उसने स्वीकार किया है कि वह विश्व सिख संगठन का सक्रिय सदस्य है । यह संगठन पाकिस्तान के सहयोग से आतंकवादियों को आर्थिक सहायता देता है । दलजीत सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह जुलाई 1987 के अन्त में कुछ कट्टर आतंकवादियों के साथ भारत आया था और ये लोग काफी संख्या में चीन निर्मित स्टेनगनें भी साथ लाए थे । श्री बिरदी ने स्टेनगनों की संख्या बताने से इन्कार कर दिया और कहा कि ये लोग भारत-पाक सीमा पर घूम कर आवश्यक सूचनाएं आतंकवादियों को पहुंचाते हैं । श्री बिरदी ने बताया कि यह पहला मौका है कि पंजाब में विश्व सिख संगठन का कोई विदेशी आतंकवादी सिख गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने कहा कि दलजीत से पूछताछ जारी है और उससे अनेक रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने एक अन्य सूचना में बताया कि सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस ने थाना कलानौर के अन्तर्गत गांव सलेलाल में से एक आतंकवादी बलदेव सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से एक 12 बोर का पिस्तौल, एक कारतूस तथा बहुत से खालिस्तान समर्थक इश्तहार बरामद किए हैं । इसके अलावा सीमा सुरक्षा बल ने एक पाकिस्तानी नागरिक को भी गिरफ्तार किया है जिसका नाम शारिफ है और वह गुजरांवाला के अल्लारक्खा का बेटा है ।

फगवाड़ा में छापे

फगवाड़ा (कौड़ा): आज तड़के स्थानीय रामगढ़िया पालिटैक्निक व आई.टी.आई. के होस्टलों में पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने अचानक तीन घंटे तक घेरा डाला व होस्टलों में छापा मारकर आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के पोस्टर, तीन दातरे, एक तलवार, रसीद बकें इत्यादि बरामद करके दो छात्रों को हिरासत में ले लिया । स्थानीय डी.एस.पी. श्री दीवान चन्द के अनुसार पुलिस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर रही है । पता चला है कि कई फैडरेशन नेता भूमिगत हो गए । इसी मध्य इन छापों के रोष स्वरूप आज आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के छात्रों ने रामगढ़िया पोलिटैक्निक व आई.टी.आई. में हड़ताल कर दी ।

कैशियर की हत्या

जालन्धर (ह.स.): आज बाद दोपहर थाना आदमपुर के गांव डरोली कलां में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड कार्यालय के कैशियर ओंकार सिंह की हत्या करके आतंकवादी 13277 रुपए लूटकर ले गए । पुलिस ने कहा कि हमलावरों की संख्या का पता नहीं चल सका । जब आतंकवादी वहां आए उस समय किसान अपने बिलों का भुगतान कर रहे थे । वारदात दोपहर करीब पौने एक बजे हुई ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने यहां सिविल अस्पताल में पत्रकारों को बताया कि आतंकवादियों ने कैशियर से पिस्तौल की नोक पर नकदी मांगी । ओंकार सिंह ने उन्हें नकदी देने से इन्कार कर दिया तथा शोर मचा दिया । आतंकवादियों ने वहां मौजूद स्टाफ और लोगों को भयभीत करने के लिए हवा में दो फायर भी किए । इसके बाद आतंकवादियों ने कैशियर से फिर नकदी मांगी । उसके प्रतिरोध करने पर उन्होंने उस पर गोलियों की बौछार कर दी । आतंकवादियों ने स्टेनगन तथा रिवाल्वर का प्रयोग किया । आतंकवादी रुपए लेकर फरार हो गए । ओंकार सिंह का शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल जालन्धर लाया गया । उच्च पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए तथा जांच शुरू कर दी ।

न.नि.यू. के अनुसार से कर्मचारी ओंकार सिंह तथा हरमीत सिंह अलग अलग खिड़कियों के आगे बैठे थे । उनके पास बिलों की रकम मौजूद थी । आतंकवादियों की धमकी पर हरमीत सिंह ने तो अपनी रकम लगभग 13,277 रुपए उनके हवाले कर दी,जबकि ओंकार सिंह ने प्रतिरोध किया । आतंकवादियों ने उस पर 6 गोलियां चलाईं । ओंकार सिंह भूतपूर्व सैनिक था और 6 वर्ष पूर्व बिजली बोर्ड की नौकरी में आया था । वह गांव पदमाना का रहने वाला था । उल्लेखनीय है कि वास्तविक कैशियर आज छुट्टी पर था और ओंकार सिंह उसकी जगह काम कर रहा था पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक 303 बोर की पिस्तौल, एक .12 बोर का पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं । आज यहां पुलिस द्वारा जारी एक प्रैस नोट के अनुसार थाना नूरमहल की पुलिस ने परमिंदर सिंह उर्फ भिंदी (गांव समराये) को गिरफ्तार करके उससे 303 बोर की देसी पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए । वह पुलिस को कई मामलों में वांछित था और थाना नूरमहल में उसके विरुद्ध केस दर्ज था । इसी प्रकार इसी थाना की पुलिस ने जोगा सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक .12 बोर का पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

खालिस्तानी झंडा

आज प्रातः जिला जालंधर के थाना सदर के गांव धालीवाल में एक हाई स्कूल की इमारत पर खालिस्तानी झंडा लगा पाया गया । पुलिस ने तत्काल इसको हटा दिया ।

भिड़ंत में मरा

अमृतसर (भरत): पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात्रि गांव रानोवाल (खेमकरण) में स्थित मास्टर निर्मल सिंह के मकान में कुछ आतंकवादी छुपे होने की सूचना सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों को मिली और उन्होंने मास्टर निर्मल सिंह के मकान को घेरा डाल लिया । गुप्तचर विभाग के अनुसार मास्टर निर्मल सिंह ने समझा कि उसके मकान में कुछ आतंकवादी हमला करने के लिए दाखिल हो गए हैं । मास्टर निर्मल सिंह और उनके भाई चरण सिंह और पिता सच्चा सिंह ने अपनी बंदूक से फायर करना शुरू कर दिया । जवाब में सीमा सुरक्षा बल ने भी गोलियां चलाईं जिससे मा. निर्मल सिंह का पिता सच्चा सिंह मौके पर ही दम तोड़ गया । पुलिस ने निर्मल सिंह और उसके भाई चरण सिंह को गिरफ्तार करके एक 12 बोर की बंदूक और 8 जीवित कारतूस बरामद किए हैं । सीमा सुरक्षा बल के अनुसार यह परिवार तस्करों से सम्बन्धित था ।

जेवर, नकदी ले गए

गांव खोहाली में अर्जुन सिंह के मकान में गत रात्रि छः आतंकवादी दाखिल हुए जिनके पास एक बंदूक और एक पिस्तौल थी । इन आतंकवादियों ने अपने हथियार दिखाकर अर्जुन सिंह से कमरे की चाबियां लीं और तीन तोले सोने का एक हार, छः तोले सोने की अंगूठियां, चार सौ रुपया नकद लेकर फरार हो गए । पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है पर अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई ।

बंदूकें लूटीं

अमृतसर जिले में हुई अन्य वारदातों में कुछ संदिग्ध आतंकवादी राम दिवानी हिन्दुआं गांव में जोगेन्द्र सिंह तथा एक अन्य गांव में हरबंस सिंह के घरों से दो 12 बोर की डबल बैरल बंदूकें तथा 50 कारतूस लूटकर ले गए ।

तलाशी की निंदा

अमृतसर से प्राप्त एक समाचार के अनुसार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति ने "ऐतिहासिक गुरुद्वारा छहटां साहिब की पुलिस द्वारा कथित तलाशी की कार्रवाई की निंदा की है । तलाशी कल ली जाने की खबर है । प्रबन्धक समिति ने आज यहां जारी एक वक्तव्य में कहा कि पुलिस तथा सुरक्षा बल ने घेराबंदी कर गुरुद्वारा,उसके कार्यालय तथा कर्मचारियों के मकानों की तलाशी ली । छापे में पुलिस को कोई सबूत नहीं मिला । पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस खबर के बाद वहां तलाशी ली गई थी कि कुछ वांछित व्यक्ति वहां छिपे हुए हैं ।

आतंकवादी गिरफ्तार

लुधियाना (महिंद्रा): पुलिस ने यहां से बीस किलोमीटर दूर भौड़ा चौंटा के तेजिन्द्र सिंह उर्फ़ तेजा सिंह को बब्बर खालसा के आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि इस आतंकवादी के मकान से सात एच.ई. 36 हथगोले, पांच देसी बम, एसाल्ट चीनी राइफल के बीस कारतूस बरामद हुए । उसने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह अनोख सिंह, सुलक्खन सिंह, इकबाल सिंह उर्फ़ बाला आदि आतंकवादियों को पनाह देता रहा है । वह स्वयं को अखंड कीर्तनी जत्थे का सदस्य कहता था । उसके मकान में आतंकवादी हथियार जमा करते थे ।

'वार्ता' के अनुसार तेजिन्दर सिंह ने स्वीकार किया कि उसने गांव से दो किलोमीटर बाहर एक मकान किराया पर लिया हुआ था । उसने बताया कि उसके मकान पर जमा हथियार 'खालिस्तान' की स्थापना के लिए इस्तेमाल किए जाने थे ।

एक और उग्रवादी द्वारा आत्महत्या

लुधियाना (मुसाफिर): आज सायं सवा पांच बजे यहां से 45 किलोमीटर दूर अखाड़ा नहर के पुल पर बी.एस.एफ. का एक जवान मेहर सिंह आयु 30 वर्ष एक उग्रवादी की गोली से गम्भीर रूप से घायल हो गया । बाद में उग्रवादी ने स्वयं को गोली मार कर आत्महत्या कर ली । बताया जाता है कि नहर के पुल पर बी.एस.एफ. ने नाकाबंदी कर रखी थी । जबकि बी.एस.एफ. के जवान एक बस की तलाशी ले रहे थे तो उसमें बैठे उग्रवादी ने एक जवान पर अचानक गोली चला दी, जो जवान की छाती के दाईं ओर आरपार निकल गई । उसको गम्भीरावस्था में सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल करवाया गया है ।

इसके बाद उग्रवादी युवक ने देखा कि वह कहीं भाग नहीं सकेगा और पकड़ा जाएगा, अतः उसने स्वयं को गोली मार ली तथा मौके पर ही दम तोड़ गया । उसकी जेब से कालेज के दो शिनाख्ती पत्र मिले हैं लेकिन फिर भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । सूचना मिलते ही उच्च पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं ।

सिपाही की हालत ठीक

धीमान ने समाचार दिया है कि गांव अखाड़ा में आज रात्रि एक उग्रवादी पुलिस के साथ संघर्ष में मारा गया और बी.एस.एफ. का एक सिपाही मेहर सिंह घायल हो गया । उसे ब्राऊल अस्पताल में लाया गया, जहां उसकी हालत ठीक है । इस घटना के सम्बन्ध में दो बयान हैं । एक यह कि उग्रवादी मुकाबले में मारा गया । दूसरा यह कि पहले उग्रवादी ने मेहर सिंह पर गोली चलाई और फिर अपने आपको गोली मार ली ।

गुरदेव सिंह गिरफ्तार

रोपड़ पुलिस ने एक संदिग्ध आतंकवादी गुरदेव सिंह को गिरफ्तार किया,जिसके कई नाम बताए जाते हैं । उसने जिला कपूरथला के अनूप सिंह की हत्या में संलिप्त होने का इकबाल किया है ।

अध्यापकों की हड़ताल

(पृष्ठ 1 का शेष)

पफकटो व पटा द्वारा स्वागत

पंजाब फैडरेशन आफ यूनिवर्सिटी एंड कालेज टीचर्स आर्गेनाइजेशन (पफकटो) और पंजाब यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ने समझौते का स्वागत किया है । पफकटो के प्रधान श्री जी.एस. सेखों और पटा के प्रधान श्री प्रीतम सिंह तुंग ने कल प्रातः 11 बजे यू.टी. सचिवालय के पास सैक्टर 9 में एकत्रित होने वाले पंजाब और चंडीगढ़ के अध्यापकों से 'विजय दिवस' में शामिल होने का अनुरोध किया है ।

देश भर में कल मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों को अपनी जिम्मेवारियों की याद दिलाई है । राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि हमारे यहां शिक्षक की हैसियत शिक्षा के पात्र संयोजक की ही नहीं संस्कृति के : एक प्रतीक और आदर्श गुरु की रही है जो व्यक्तियों के जीवन का निर्माण करता है । हजारों वर्षों से शिक्षकों के प्रति हमारा यही सम्मानपूर्वक व्यवहार रहा है । प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपने संदेश में याद दिलाया है कि भारत उन्नति और विकास के एक नए युग में पदार्पण कर रहा है । हमारे सभी प्रयासों की सफलता सभी स्तर पर हमारे लोगों की क्षमता पर निर्भर करेगी । शिक्षा ही इसे सशक्त बना सकती है । शिक्षा ही मानव विकास का माध्यम है । हमारे शिक्षकों पर यह बड़ी जिम्मेदारी है ।

अदालती सूचना

न्यायालय श्री ओ.पी. गोयल सीनियर सब जज, लुधियाना

सी.एस. नं. 26/21.1.84

मै. बी.एस. कोहली सिंथैटिक्स प्रा.लि., 141, इंडस्ट्रीयल एरिया, 'ए' लुधियाना, इंडियन कम्पनीज एक्ट 1956 के अधीन एक निगमित संस्था, बजरिया इसके प्रबंध-निदेशक : श्री के.के. कोहली ।

बनाम

पटियाला ट्रांस्पोर्ट कं.

नोटिस बनाम—

1. मै. आर.वी. एंड कं., 735/2, नई आबादी, कटड़ा नील, चांदनी चौक, दिल्ली-6, 2. श्री ए.के. नागपाल पार्टनर मै. आर.वी. एंड कं., 735/2, नई आबादी, कटड़ा नील, चांदनी चौक, दिल्ली-6,3. श्री सतिन्दर नंद, प्रोप. मै. एस.आर. एजैंसीज़, 42ए, फर्स्ट फ्लोर, कृष्णा



पंजाब केसरी
The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार, 6 सितम्बर, 1987 तदनुसार, 21 भाद्रपद, 2044

कि अपनी मांगें पूरी तरह स्वीकार होने तक डाक्टर हड़ताल जारी रखेंगे । उन्होंने कहा कि जूनियर डाक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का कठोर पग कलम छोड़ हेड़ताल, नियमानुसार कार्य और

रुपए खर्च कर सक
भी 60 लाख रुपए
इसी बीच जूनि
समानांतर ओ.पी.

9 खूंखार आतंकवादी गिरफ्तार : दुष्ट सोध कमांडो फोर्स का सफाया

कपूरथला में 5 पुलिस कर्मी रिटायर, गुरदासपुर में 7 बर्खास्त

2 उग्रवादी मुठभेड़ में मरे, थानेदार के भाई सहित 3 की हत्याएं

चडीगढ़, 5 सितम्बर (वार्ता, ह. स.) : आज रात्रि अमृतसर जिले में उग्रवादियों ने दो लोगों की हत्या कर दी, दो आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए, एक आतंकवादी ने आत्म हत्या कर ली,जबकि आतंकवादियों ने एक थानेदार के भाई की हत्या कर दी । रोपड़ पुलिस ने 9 खूंखार आतंकवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार करके तथाकथित 'दुष्ट सोध कमांडो फोर्स' का सफ़ाया करने का दावा किया । कपूरथला में 5 पुलिस-कर्मी खराब रिकार्ड के कारण जबरी रिटायर किए गए जबकि जिला गुरदासपुर में 7 पुलिस-कर्मी इसी आधार पर डिसमिस किए गए ।

9 खूंखार आतंकवादी गिरफ्तार

रोपड़ (वार्ता): पुलिस ने 9 खूंखार आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे बड़ी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं । उनमें एच.इ. 36 किस्म के दो हथगोले, प्वाइंट 12 बोर के 6 पिस्तौल तथा तीस गोलियां हैं । इन आतंकवादियों की हत्या सहित अनेक आतंकवादी वारदातों के सिलसिले में तलाश थी ।

एक साथ गिरफ्तार पांच आतंकवादियों में से गुरदेव सिंह के छः छदम नाम हैं जबकि दूसरों के नाम बस्सन सिंह (फोर्स के जनरल), गुरमीत सिंह, अमरीक सिंह तथा जसविंदर सिंह हैं । अन्य चार हैं बलजीत सिंह, नरिन्दर सिंह, धर्म सिंह तथा गुरदेव सिंह । सब से पूछताछ जारी है ।

गुरदेव सिंह तथाकथित दुष्ट सोध कमांडो फोर्स का स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल बताया जाता है ।

पंचायत को इनाम

रोपड़ के उपायुक्त ने छोटी मदोली ग्राम पंचायत को पांच हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है । इस पंचायत के लोगों ने आतंकवादियों के गिरोह को खदेड़कर एक को मार दिया था । वह गत 31 अगस्त को एक घर में घुस गया था ।

अपने साथी की हत्या की थी

आनन्दपुर साहब से 'गिरि' के अनुसार उपरोक्त सभी आतंकवादी विभिन्न धर्मस्थलों से पकड़े गए । गत दिनों आनन्दपुर साहब में एक ग्रंथी के परिवार की हत्या में यह गिरोह संलिप्त था । उन्होंने अपने ही एक साथी अनूप सिंह (16) की गला घोंट कर दो महीने पहले हत्या करके लाश दबा दी थी । पुलिस ने उनकी निशानदेही पर लाश बरामद कर ली । इनका 7 सितम्बर तक पुलिस रिमांड ले लिया गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार इन व्यक्तियों का सम्बन्ध किसी बड़े गिरोह से है । अनूप सिंह की लाश पंजाब टूरिस्ट हट्स के पास एक 200 फुट गहरे 'चो' से बरामद हुई जो कि बोरी में डालकर दबा दी गई थी । लाश पूरी तरह गल चुकी है तथा सिर्फ अस्थि पिंजर ही बचा है । मृतक युवक अमृतसर क्षेत्र का रहने वाला था ।

सफ़ाया करने का दावा

'बैंस' के अनुसार जिला पुलिस ने दावा किया कि तथाकथित 'दुष्ट सोध कमांडो फ़ोर्स' के सभी प्रमुख सदस्य गिरफ्तार कर लिए गए हैं और गिरोह का सफ़ाया कर दिया गया है । जिलाधीश श्री चन्द्र शेखर ने बताया कि इस फ़ोर्स के प्रमुख मुख्तार सिंह उर्फ़ जनरल कंवर सिंह के साथ एक औरत को भी गिरफ्तार किया गया । यह गिरोह गुरुद्वारा केसगढ़ साहब आनन्दपुर साहब से अपनी गतिविधियां चलाता था । इसका प्रमुख मई 87 में हाईकोर्ट से ज़मानत पर छूटा था । आनन्दपुर साहब के निकट एक गुरुद्वारा के ग्रंथी गेजा सिंह, उसकी पत्नी और दो बच्चों की हत्या इसी गिरोह ने की । इस गिरोह ने अमृतसर में तीन लाख रुपए तथा हरियाणा में एक बैंक लूटा था । गिरोह का प्रमुख मुख्तार सिंह हरियाणा के गांव गुहला का निवासी है । इस गिरोह ने आनन्दपुर साहब और आस-पास के गांवों से जबरी पैसे भी वसूल किए । उन्होंने बताया कि गुरदेव सिंह के साथ पकड़ी गई औरत का नाम सतवन्त कौर है । 'दुष्ट सोध कमांडो फ़ोर्स' ने 15 अगस्त को रोपड़ तहसील में खालिस्तान का झंडा लहराने की नाकाम कोशिश की थी ।

श्री चन्द्र शेखर ने बताया कि मोरिंडा के एस.एच.ओ. मुख्तार सिंह के कातिल पहचान लिए गए हैं तथा उनकी गिरफ्तारी किसी भी समय सम्भव है ।

पाबंदी बढ़ी

जिला मैजिस्ट्रेट रोपड़ ने जिला में रात 8 बजे से प्रातः 6 बजे तक सभी बसें बंद रखने का आदेश दिया है । इनमें प्राइवेट व मिनी बसें भी शामिल हैं । आदेश दो अक्तूबर तक लागू रहेगा ।

खरड़ से शशि के अनुसार मजात ग्राम में उग्रवादियों ने परगट सिंह का स्कूटर छीन लिया ।

फगवाड़ा में पुलिस ने शांति भंग के अंदेशे से एकीकृत अकाली दल के स्थानीय अध्यक्ष राजिन्दर सिंह शेरा को गिरफ्तार कर लिया ।

जेवर लूट लिए

जालंधर (ह.स.) : संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात जिला के थाना भोगपुर के गांव किंगरा चो वाला में केवल सिंह के घर से 12,000 रुपए मूल्य के सोने के जेवर लूट लिए ।

फगवाड़ा पुलिस ने एकीकृत अकाली दल के स्थानीय प्रधान राजेन्द्र सिंह शेरा को आज शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया ।

5 जबरी रिटायर

कपूरथला (शर्मा): जिला पुलिस कप्तान श्री पी.एम. दास ने बताया कि पुलिस सर्विस में अच्छा रिकार्ड न होने के कारण एक कमेटी की रिपोर्ट पर तीन ए.एस.आई. मनमोहन सिंह, हरभजन सिंह तथा जगदीश चन्द व दो पुलिस हैड कांस्टेबलों अवतार सिंह व अजीत सिंह को नौकरी से जबरी रिटायर कर दिया गया है । इससे पूर्व एक पुलिस इंस्पैक्टर, एक सब इंस्पैक्टर तथा एक ए.एस.आई. को जबरी रिटायर किया जा चुका है । अब तक जिला में 8 पुलिस कर्मचारी जबरी रिटायर किये जा चुके हैं । श्री दास ने कहा कि ब्यास नदी के मंड में नावों द्वारा एक बड़ा मंड आप्रेशन जारी है । अवैध शराब के अड्डों को समाप्त किया जा रहा है । काफी शराब व लाहन पकड़ा गया है । ब्यास नदी में नावों द्वारा सशस्त्र गश्त चालू कर दी गई है ।

2 की हत्या

अमृतसर जिले के चौक मेहता थाना क्षेत्र के ग्राम सददके में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 2 लोगों की हत्या कर दी और एक को गंभीर रूप से घायल कर दिया ।

वार्ता के अनुसार घायलों की संख्या दो है, जिन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भरती कराया गया है । उग्रवादी की संख्या लगभग आधा दर्जन थी, जो फरार हो गए ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विभिन्न स्थानों से तीन स्कूटर, तीन राइफल, कुछ नकदी तथा गहने लूटे जाने की भी खबर है ।

बंदूक ले गए

अमृतसर (अशोक सोनी): गत आधी रात के बाद जिला अमृतसर के गांव पट्टी में 6 आतंकवादियों द्वारा एक व्यक्ति धर्म सिंह के घर से उसकी लाइसैंसशुदा बंदूक छीन कर ले जाने का समाचार मिला है । एक अन्य सूचना के अनुसार

(शेष पृष्ठ 10 पर)

दिल्ली में पंजाब के शर

नई दिल्ली, 5 सितम्बर (वार्ता): केंद्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह के घर के निकट प्रदर्शन कर रहे पंजाब के विस्थापितों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आज यहां आंसू गैस के गोले छोड़े तथा लाठीचार्ज किया ।

पुलिस के अनुसार प्रदर्शनकारियों द्वारा पथराव किए जाने के कारण पुलिस को यह कार्रवाई करनी पड़ी । पुलिस सूत्रों ने बताया कि पथराव में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ओ.पी. तिवारी को चोट लगी है ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस ने आंसू गैस के करीब 50 गोले छोड़े तथा महिलाओं व बच्चों पर भी लाठीचार्ज किया । प्रदर्शनकारियों के मुताबिक पुलिस के लाठी चार्ज किए जाने से पच्चास से भी अधिक लोग घायल हुए ।

'ह.स' के अनुसार प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच बूटा सिंह के निवास के बाहर जम कर हाथापाई हुई ।

पुलिस का कहना है कि जब भीड़ ने बैरियर तोड़ कर गृहमंत्री की कोठी की तरफ जाने का प्रयास किया तो उन्हें लाठियों से डराया गया । भीड़ की तरफ से पथराव हुआ । इस कारण हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े । पुलिस द्वारा लाठियां चलाने से भीड़ में भगदड़ मच गई । कुछ छोटे बच्चे भीड़ में दब गए । कुछ को चोटें भी आईं । पथराव और लाठीचार्ज से भी कई लोगों के चोट आई । पुलिस का कहना है कि आंसू गैस के

छः-सात गोले छो
ज्यादा गोले घटना
हिन्दू पीड़ित संगठ
से दस लोग घायल
लगभग बारह
थी । आंसू गैस
शरणार्थियों को पी
शरणार्थी सरकार
गृहमंत्री की कोठी
वरिष्ठ पुलिस अ
थे ।

अधिकारी सं
समस्या सुलझाने
लगभग आठ सौ
महिलाएं और ब
निवास के सामने



शनिवार को नई
गया ।

आज़ाद भी मंत्रिपद छोड़ने लगे ?

नई दिल्ली, 5 सितम्बर (वार्ता): केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री गुलाम नबी आज़ाद ने अब पार्टी संगठन के लिए काम करने का प्रस्ताव किया है और त्यागपत्र देने की पेशकश की है । पार्टी अध्यक्ष और प्रधानमंत्री राजीव गांधी को आज लिखे पत्र में श्री आजाद ने पार्टी संगठनात्मक कार्य के लिए अपनी सेवाएं पार्टी को अर्पित करने का प्रस्ताव किया है ।

श्री आजाद ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी से मिल कर आज उन्हें यह पत्र दिया । उन्होंने अपने त्यागपत्र की खबर का खंडन किया है । उन्होंने श्री गांधी को कहा कि सरकार में जो लोग संगठन से आए हैं उन्हें इस राष्ट्रीय कार्य के लिए अपनी सेवाएं अर्पित करनी चाहिएं ।

'ए' श्रेणी के 16 उग्रवादी पकड़ने बाकी

चंडीगढ़, 5 सितम्बर : पंजाब में अभी भी 16 'ए' श्रेणी के ऐसे ईनामी आतंकवादियों को पकड़ना बाकी है, जिन पर कुल साढ़े बारह लाख रुपये के ईनाम घोषित हैं इनमें 9 एक लाख वाले और 7 पचास-पचास हज़ार रुपये वाले हैं ।

यहां प्राप्त अधिकृत विवरण के अनुसार, एक लाख रुपये के ईनाम वाले आतंकवादियों के नाम बाबा गुरबचन सिंह, सुखदेव सिंह, अवतार सिंह उर्फ ब्रह्मा, सुखदेव सिंह उर्फ बाबा उर्फ भाजी, बस्सन सिंह, गुरजीत सिंह, गुरदेव सिंह, जसवीर सिंह उर्फ लाली तथा दर्शन सिंह हैं । पहला सुखदेव सिंह दअेसुवान तथा दूसरा पंजावर गांव का है ।

पचास हज़ार रुपये के ईनाम वाले आतंकवादियों में इकबाल सिंह उर्फ बाला उर्फ बिक्कर सिंह, मल्कीयत सिंह उर्फ बलविंदर सिंह उर्फ बिन्दा, सुखदेव सिंह उर्फ पंडित उर्फ पाटिल, स्वर्ण जीत सिंह उर्फ सुक्खा उर्फ काला, गुरनाम सिंह एवं सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा हैं । पहला सुखदेव सिंह झमका गांव का तथा दूसरा फन्तूडिग्गा का है । ये सारे आतंकवादी अमृतसर, गुरदासपुर, फिरोज़पुर, कपूरथला, होशियारपुर तथा लुधियाना जिलों के गांवों के हैं ।

जिंदा और बावा को पनाह देने के आरोप में 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली, 5 सितम्बर : खूंखार आतंकवादी हरजिन्दर सिंह जिन्दा और उसके साथी सतनाम सिंह बावा को पनाह देने के आरोप में कल तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि इन व्यक्तियों को मध्य दिल्ली के पटेलनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है ।

सूत्रों के बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के नाम हैं : कर्म सिंह ढिल्लों, बलदेव सिंह और उजागर सिंह । सूत्रों के अनुसार इन व्यक्तियों के विरुद्ध लुधियाना की पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से लूटी रकम रखने का भी आरोप है । जिन्दा सहित अनेक आतंकवादियों ने इस साल के शुरू में लुधियाना के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 5.75 करोड़ रुपए लूटे थे । सूत्रों ने बताया कि इन व्यक्तियों से 1.58 लाख रुपए भी बरामद किए गए हैं । इन व्यक्तियों को आज अतिरिक्त मुख्य मैट्रोपालिटन मैजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया । मैजिस्ट्रेट ने इन्हें पांच दिन के लिए पुलिस हिरासत में दे दिया ।

इससे पूर्व विशेष सरकारी वकील श्री आर.डी. शर्मा ने अदालत में कहा कि इन व्यक्तियों को 10 दिन के लिए पुलिस हिरासत में दिया जाए । उन्होंने कहा कि इन व्यक्तियों के पंजाब में सक्रिय अन्य आतंकवादियों से भी संबंध हैं ।

अभियुक्तों द्वारा प्राप्त किए गए हथियार और गोली सिक्का अभी बरामद किया जाना है तथा दिल्ली में उनके समर्थक सूत्रों की खोज की जानी है । बताया जाता है कि जो धन राशि पकड़ी गई है वह लुधियाना बैंक से लूटी गई रकम में से जिन्दा का हिस्सा था ।

न्यायालय को बताया गया कि एक परिवहन रविवार को उत्तरी दिल्ली के माल रोड चौराहे पर एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था । इस मुठभेड़ में घायल जिंदा की हालत में अब सुधार हो रहा है । मुठभेड़ के दौरान जिंदा के पांव में गोलियां लगी थीं ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अगर जिंदा और उसके सहयोगी को समय रहते तो रविवार गिरफ्तार न किया जाता तो दिल्ली और उसके आसपास के राज्यों में कई निर्दोष लोगों की हत्याएं हो सकती थीं । जिंदा और बावा ने स्वयं भी पूछताछ के दौरान कबूल किया कि उन्होंने ऐसी योजना बनाई थी । जिंदा और बावा की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार तीन व्यक्तियों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि ऐसा षड्यंत्र रचा गया था ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिंदा और बावा धन तथा अत्याधुनिक हथियार जमा कर रहे थे । वे अपराध करने के बाद छुपने के लिए नए-नए सम्पर्क तथा ठिकाने भी ढूंढ रहे थे ।

ऐसा समझा जाता है कि जिंदा और उसके साथी दिल्ली दंगों में कथित रूप से संलिप्त लोगों की हत्याएं करना चाहते थे ।

सूत्रों ने बताया कि इसी बीच जिन्दा और सतनाम सिंह बावा से पूछताछ से पता चला है कि लुधियाना बैंक डकैती से अपना हिस्सा लेने के बाद बावा "ठीक से ज़िन्दगी" गुज़ारना चाहता था । इसी इरादे से दो बच्चों के पिता सतनाम ने दिल्ली उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित नोयेडा क्षेत्र में एक मकान किराए पर लिया था । सूत्रों ने बताया कि बावा का इरादा यहां से देश के उत्तर-पूर्व में किसी स्थान पर जाकर बसने का था ।

सूत्रों के अनुसार दौरान जिन्दा ने सतनाम सिंह

उग्रवादियों की गिरफ्तारी के मामले में सरपंचों को विश्वास में लें : रिबैरो द्वारा पुलिस को आदेश

रोपड़, 5 सितम्बर (बैंस): पंजाब पुलिस के

व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण ही लोगों के मन में पुलिस

Punjab Satata

पंजाब में पु
के दबाव
भाग रहे

मदुरै, 5 सित
मंत्री पी. चिदम्बरम
तथा सुरक्षा बलों द्वा
डाला जा रहा है औ
सामने आ रहे हैं ।
आतंकवादी पुलिस
भाग कर आसपास

उन्होंने कहा
आसपास के राज्यों
सतर्क कर दिया
आतंकवादियों की
चिदम्बरम ने बताय
संख्या में सीमा सुर
है । उन्होंने बताया
भाग गए थे । श्रील
ने कहा कि भारत स
बिखरी अर्थ व्यवस्था
करने के लिए बातच

कस्टम अ
को ट्रिब्यून

नई दिल्ली, 5
कस्टम तथा एक्स
खिलाफ अपीलों पर
ट्रिब्यूनल गठित क
संविधान की धारा 3
जाने वाले इस ट्रिब्य
उच्च न्यायालय की
घोषणा वित्त मंत्री न
यहां कस्टम सैंट्रल
कलैक्टरों की बैठक

आतंकवादी गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादी धर्म सिंह के घर से छः हजार रुपए भी ले गए ।

6 गिरफ्तार

पुलिस ने कल रात अमृतसर में विभिन्न जगहों से छः संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से अवैध अस्त्र शस्त्र बरामद किए । लक्खा सिंह सदर थाने के गांव से तथा अमरजीत सिंह, नरिन्दर सिंह और मक्खन सिंह वेरोवाल थाने के जौहल धनीवाला गांव से तथा अमरीक सिंह एवं हरजीत सिंह छहर्टा इलाके से पकड़े गए । एक 32 बोर की रिवाल्वर, एक 12 बोर की बंदूक तथा एक 12 बोर की देसी पिस्तौल और उनकी गोलियां उनके पास से बरामद हुई हैं ।

निषेधाज्ञाएं

पटियाला (भूषण): जिला मैजिस्ट्रेट ने धारा 144 के अन्तर्गत लागू निषेधाज्ञाएं 8 अक्तूबर तक बढ़ा दी हैं । आदेश के अनुसार सभी शापिंग सैंटर, बाजार रात 7.45 बजे बंद होंगे । अंग्रेजी व देसी शराब के ठेके नौ बजे रात बंद होंगे, जबकि हलवाइयों की दुकानें, ढाबे तथा कैमिस्टों की दुकानें रात दस बजे बंद होंगी । रात 8.30 बजे से प्रातः 5.30 बजे तक सभी तरह के दोपहिया वाहन (साइकल को छोड़कर) चलाने की अनुमति नहीं होगी । एक अन्य आदेश के अन्तर्गत जो कि 13 अक्तूबर तक लागू रहेगा, मकान मालिकों को अपने किराएदारों के बारे में पूरा ब्यौरा नजदीकी थाने को देना होगा । सायं 6 बजे के बाद बसों के चलाने पर पाबंदी 15 अक्तूबर तक लागू रहेगी । तथापि चार रूट इस आदेश से मुक्त रहेंगे, जो कि अम्बाला-चंडीगढ़ वाया डेरा बस्सी, चंडीगढ़, संगरूर वाया पटियाला, पटियाला-मालेरकोटला तथा पटियाला जिले का जी.टी. रोड वाला हिस्सा है । घातक हथियारों को लेकर चलने पर लगाई गई पाबंदी इस मास के अन्त तक लागू रहेगी ।

भिड़ंत में 2 आतंकवादी मरे

लुधियाना (महिंद्रा, धीमान, नेपाल, जोशी): पुलिस से हुई मुठभेड़ में कल रात दो आतंकवादी मारे गए । पुलिस अधीक्षक ए.पी. पांडे ने आज बताया कि सिधवां बेट थाना क्षेत्र के गांव गिदड़ पिंडी में नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने दो स्कूटर सवारों को रुकने के लिए कहा तो उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस द्वारा जवाब में चलाई गई गोलियों से दोनों आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारे गए । श्री पांडे ने बताया कि उनके पास से एक दोनाली बंदूक, दो पिस्तौलें तथा अनेक कारतूस बरामद हुए । मृतकों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है । कल शाम अखाड़ा गांव में एक बस की चैकिंग कर रहे बी.एस.एफ. के जवान केहर सिंह पर गोली चलाने के बाद एक कथित उग्रवादी ने आत्म हत्या कर ली थी ।

इस अज्ञात उग्रवादी के पास से 38 बोर का एक रिवाल्वर और गोलियां बरामद की गईं । बी.एस.एफ. के घायल जवान की स्थिति संतोषजनक बताई गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

श्री पांडे ने बताया कि आत्महत्या करने वाले उग्रवादी की जेब से एक शिनाख्ती कार्ड मिला है जिस पर संतोख सिंह पुत्र गुरमेल सिंह आफ जनता ट्रांस्पोर्ट ग्वालियर लिखा है ।

रिवाल्वर और कारतूस छीने

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): कल बाद दोपहर गढ़शंकर के पास गांव बसेला में एक व्यक्ति महिन्दर सिंह के घर से दो आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर उस का लाइसैंसी रिवाल्वर (32 बोर) और 7 कारतूस लेकर फरार हो गए । बताया जाता है कि दो आतंकवादी मोहिन्दर सिंह की अनुपस्थिति में उसके घर में घुसे और उसकी पत्नी यशपाल कौर से पिस्तौल की नोक पर रिवाल्वर मांगा । उसके इन्कार पर उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया और स्वयं घर की तलाशी लेने लगे । दूसरे कमरे से उन्हें रिवाल्वर और कारतूस मिल गए । इसके बाद वे अपने नीले रंग के स्कूटर पर फरार हो गए । एक अन्य सूचनानुसार वे पैदल आए थे और पैदल ही चले गए ।

टांडा में एक आतंकवादी गिरफ्तार

अश्विनी के अनुसार टांडा पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादी हरजिन्दर सिंह उर्फ काला को धारा 382 तथा 3/4 के अन्तर्गत गिरफ्तार किया है । उससे पूछताछ की जा रही है ।

बुड्ढा जौहड़ कांड में प्रयुक्त जीप छिनी हुई थी

मलोट (गोयल): 23 अगस्त को यहां से कुछ व्यक्तियों ने राजस्थान जाने के लिए जीप नं. आर.आर.सी. किराए पर ली । जीप के ड्राइवर नैब सिंह की उसी दिन पीलीबंगा (राजस्थान) के निकट हत्या कर दी गई । कुछ दिन बाद पीलीबंगा के एस.एच.ओ. श्री सीता राम मिश्रा को नैब सिंह का शव मिला, जिसे लावारिस घोषित करके जला दिया गया । पीलीबंगा के एस.एच.ओ. समाचार पत्रों में प्रकाशित एक समाचार के आधार पर मलोट पहुंचे और मृतक के माता-पिता को मृतक के कपड़े एवं फोटो दिखाई, जिसकी उन्होंने शिनाख्त कर ली । जीप का अभी तक पता नहीं चला । श्री सीता राम ने बताया कि इस जीप का प्रयोग उग्रवादियों ने बुड्ढा जौहड़ की घटना में किया, जिसमें दो पुलिस कर्मचारियों सहित तीन व्यक्ति मारे गए थे ।

थानेदार के भाई की हत्या

बटाला (कोछड़): कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने कल देर रात गुरदासपुर जिले के श्री हरगोबिन्दपुर थाने के अन्तर्गत घुम्मन गांव में एक फार्म हाऊस पर पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक बलदेव राज के भाई कंसराज की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार हत्यारे पैदल आए थे और वारदात के बाद भाग निकले । गांव के सरपंच ने आज सुबह पुलिस को इस वारदात की खबर दी । पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

7 पुलिस कर्मी डिसमिस

गुरदासपुर (विनोद): पुलिस ने कलानौर क्षेत्र से गिरफ्तार संदिग्ध आतंकवादी बलदेव सिंह के कब्जे से एक .12 बोर की पिस्तौल बरामद की । जिला पुलिस प्रमुख जे.पी. बिरदी ने आज दो उपनिरीक्षकों सहित सात पुलिस कर्मियों को उनके खराब सर्विस रिकार्ड के कारण डिसमिस कर दिया ।

डिसमिस पुलिस कर्मियों में उपनिरीक्षक गुडा सिंह, लछमन दास, सहायक उपनिरीक्षक आसा सिंह और जरनैल सिंह, हैड कांस्टेबल मस्तान सिंह और शरण सिंह व कांस्टेबल बी सिंह शामिल हैं ।

औरत की हत्या

एक सरकारी प्रवक्ता ने आज चंडीगढ़ में बताया कि जिला गुरदासपुर में गांव सैदो जा रहे एक भाई-बहन से तीन युवकों ने कीमती सामान छीन लिया तथा फरार होने से पहले श्रीमती दर्शना देवी नामक औरत की गला घोंट कर हत्या कर दी । उसका भाई बेबसी की हालत में आंतकवादियों को अपनी बहन की हत्या करते देखता रहा ।

बाल-बाल बचा

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार गत रात हरदीप सिंह नामक आतंकवादी के गिरोह के एक सदस्य ने यहां के डाक्टर दर्शन सिंह पर कातिलाना हमला करने की कोशिश की परन्तु सौभाग्य से वह बाल-बाल बच गया । यह भी बताया जाता है कि जिस समय आतंकवादी ने उन्हें मारने के लिए पिस्तौल निकाला, उसी समय संयोगवश सुरक्षा बलों की एक गश्ती टुकड़ी उधर से आ निकली । उसे देखकर आतंकवादी ने भागने की चेष्टा की । गश्ती टुकड़ी ने उसका पीछा किया तो वह खेतों में छुप गया । सुरक्षा बलों ने बाद में उसको पकड़ने के लिए घर-घर जाकर तलाशी ली । अभी तक उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सका ।

ठीकरी पहरे का आदेश

फरीदकोट का समाचार है कि जिला मैजिस्ट्रेट ने सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक 3.5 हार्स पावर या इससे अधिक के मोटर साइकलों चलाने और दोपहिया वाहनों पर दोहरी सवारी तथा देर रात के सिनेमा शो पर लगी पाबंदी 30 सितम्बर तक बढ़ा दी है । उन्होंने सभी स्वस्थ व्यक्तियों को रेलवे [illegible] सरकारी संस्थानों पर ठीकरी पहरा देने का भी निर्देश दिया है ।

कटास राज के लिए सरकार एक हजार का जत्था ले जाने दे

यमुनानगर, 5 सितम्बर (वि.प्र.): भारत के विदेश मंत्रालय ने आगामी मास की 15 तारीख से आरम्भ होने वाली श्री कटासराज की यात्रा की पुष्टि के लिए केस पाकिस्तान सरकार को भेज दिया है । यद्यपि पाकिस्तान सरकार ने अभी अपना जवाब भारत सरकार को नहीं भेजा, परंतु इस बात की सम्भावना है कि श्री कटासराज की यात्रा के लिए जाने वाले जत्था 15 अक्तूबर को प्रातः अमृतसर से लाहौर पहुंच जाएगा । अगली सुबह यह जत्था श्री कटासराज रवाना होगा और वहां दो दिन ठहरने के बाद बीस अक्तूबर को लाहौर होते हुए वापस अमृतसर पहुंच जाएगा ।

श्री बजाज ने मांग की कि भारत सरकार इस भेदभावपूर्ण व्यवहार को समाप्त करके इस बार पाकिस्तान से एक हजार हिंदुओं को कटासराज की यात्रा की अनुमति दिलाए, क्योंकि यात्रा पर जाने वालों की सूची हजारों लोगों पर आधारित है ।

स्टील के मूल्यों में वृद्धि सरकार के विचाराधीन

नई दिल्ली, 5 सितम्बर (टाई.): समझा जाता है कि केंद्रीय सरकार भारी घाटों के कारण आंशिक रूप से बंद होने वाले इस्पाल उद्योग को बचाने के लिए स्टील के मूल्यों में वृद्धि करने पर गम्भीरता से विचार कर रही है । यहां प्राप्त संकतों के कारण मूल्यों में लगभग 12 प्रतिशत वृद्धि होगी, जिसका अर्थ अनुमानतः 600 रुपए टन की वृद्धि है, जिसके सम्बन्ध में स्टील एवं खान उद्योग द्वारा विचार किया जा रहा है । समझा जाता है कि मंत्रालय शीघ्र ही अपने प्रस्तावों को मंत्रिमंडल की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत कर देगा । उल्लेखनीय है कि स्टील के मूल्यों में वृद्धि की गत एक वर्ष के दौरान कई बार योजना बनाई गई है, जो सिरे न चढ़ सकी । यह बात भी दिलचस्प है कि गत वर्षों में कोयले के मूल्यों में दो बार वृद्धि हुई है लेकिन स्टील के मूल्यों में फरवरी 1985 से लेकर अभी तक एक बार भी वृद्धि नहीं की गई ।

फिलस्तीनी ठिकानों पर हमले, 41 मरे

बेरूत, 5 सितम्बर (डी.पी.ए.): इसरायली विमानों ने आज सुबह फिलस्तीनी छापामारों के सिडोन स्थित ठिकानों पर हमला किया जिसमें 41 व्यक्ति मारे गए ।

नैशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीच्यूट
(आई.सी.ए.आर.)
करनाल

सैक्रेटरी, इंडियन कौंसिल आफ़ एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीच्यूट, करनाल की ओर से, 10,000 [illegible]

डिविज़न आफ़ फर एनिमल ब्रीडिंग,
गारसा (जिला कुल्लू) हि.प्र.
नीलाम सूचना

फर एनिमल ब्रीडिंग गारसा, जिला कुल्लू, हि.प्र. के इस डिविज़न में पड़ी लगभग 300 कि.ग्रा. से [illegible]



चनियोट का सालाना यज्ञ भंडारा
हवन सोमवार 7.9.87
सवेरे 8 बजे
101 रामायणों का भोग दोपहर 3.30 बजे, यज्ञ 8.9.87 मंगलवार।
3413, हरिमंदिर बाबा टहलदास जी,

Punjabi Sanatani

जगदेवकलां नरसंहार के मुख्य अभियुक्त सविंदर सहित तीन आतंकवादी मारे गए

किशोरों, महिलाओं का संदेश-वाहकों के रूप में इस्तेमाल

बंधक बना कर उनसे व्यभिचार भी किया जाता है : इज़हार आलम





अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इजहार आलम ने रविवार को पत्रकारों के समक्ष इन्द्रजीत सिंह पेश किए जिन्हें सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के चंगुल से छुड़ाया के लिए मौके पर हथियार पहुंचाने के लिए इस्तेमाल करते थे ।

अमृतसर जिले में एक हत्या, फरीदकोट में वरयाम सिंह गिरोह के दो सदस्य बंदी

चंडीगढ़, 6 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): आज रात्रि उग्रवादियों ने अमृतसर जिले में एक व्यक्ति की हत्या कर दी । पंजाब में दो उग्रवादी सुरक्षा बलों से मठभेड़ में मारे गए । इनमें एक 'बी' प्लस श्रेणी का आतंकवादी सविंदर सिंह था, जो कि जगदेवकलां नरसंहार का मुख्य अभियुक्त था । फरीदकोट पुलिस ने 2 कुख्यात आतंकवादियों को गिरफ्तार करके वरयाम सिंह खपियांवाला टाइगर फोर्स नामक संगठन को बेनकाब करने का दावा किया । फरीदकोट पुलिस ने छः अन्य आतंकवादियों को भी गिरफ्तार किया । अमृतसर पुलिस ने एक बालक को पकड़ कर छहर्टा में लोमहर्षक खूनी कांड को विफल बनाने का दावा किया । एक उग्रवादी की विरोधी गुट ने हत्या कर दी ।

हत्या

अमृतसर के वल्टोहा थाना क्षेत्र के झंड ग्राम में छः उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके सुच्चा सिंह नामक एक श्रमिक की हत्या करदी और काबल सिंह नामक राजमिस्त्री को घायल करदिया । घटना के समय वे सरपंच नगेन्द्र पाल सिंह के खेत में एक नए ट्यूबवैल की बोरिंग कर रहे थे ।

खूनी कांड टल गया

अमृतसर (सोनी): गत 31 अगस्त को अमृतसर के क्षेत्र छहर्टा में 'भिडरांवाला टाइगर फ़ोर्स आफ़ खालिस्तान' के आतंकवादी एक लोमहर्षक खूनी कांड की तैयारी में थे,लेकिन इसका भंडा फूट जाने के कारण वे इसमें सफल न हो सके । यह बात आज यहां अमृतसर के एस.एस.पी. मुहम्मद इजहार आलम ने एक पत्रकार सम्मेलन में बताई । पत्रकार सम्मेलन में श्री आलम ने रात रात एक 'बी' श्रेणी आतंकवादी सविंदर सिंह के पुलिस मुकाबले में मारे जाने, तीन आतंकवादियों अमरजीत सिंह, मक्खन सिंह तथा सुरेंद्र सिंह के हथियारों समेत पकड़े जाने व आतंकवादियों के हाथों महेंद्र सिंह गांव लालपुरा तथा कर्म सिंह गांव वईपुई के मारे जाने के बारे में भी बताया ।

श्री आलम ने बताया कि भिडरांवाला टाइगर फ़ोर्स खालिस्तान अमृतसर के निकटवर्ती कस्बा छहर्टा में गत 31 अगस्त को एक लोमहर्षक खूनी कांड शाम के समय करने की तैयारी में था,लेकिन इसका पहले ही पता चल जाने के कारण आतंकवादी अपने इरादों में सफल न हो सके । श्री आलम ने इस संबंध में संवाददाताओं के समक्ष एक 14 वर्षीय बालक प्रदीप सिंह निवासी बौली इंद्रजीत सिंह को भी पेश किया,जिसे हत्या कांड की योजना बनाने वाले आतंकवादियों ने भिडरांवाला टाइगर फ़ोर्स आफ़ खालिस्तान के लैटरपैड पर धमकी-भरा पत्र लिख कर घटनास्थल को रवाना किया था तथा वारदात के बाद वह पत्र उस बालक ने घटनास्थल पर फैंकना था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

आतंकवादियों की मदद करने के लिए सशस्त्र अज्ञात व्यक्ति भारत में घुसे

जम्मू, 6 सितम्बर (ह.स.): पुलिस सूत्रों के अनुसार राज्य में विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर सरक्षा प्रबन्धों को तीव्र करके उग्रवादियों के विरुद्ध और कड़े पग उठाए गए हैं । इन सूत्रों ने कहा है कि पंजाब के दो दुर्दांत उग्रवादियों की हाल ही में जम्मू से गिरफ्तारी के दृष्टिगत ये पग उठाए गए हैं ।

इन सूत्रों ने कहा है कि इन उग्रवादियों ने प्रारम्भिक पूछताछ के बाद रहस्योद्घाटन किया है कि उन्होंने तोड़फोड़ और विध्वंसक कार्रवाइयां करने की एक निश्चित योजना के साथ जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की थी । इन सूत्रों के अनुसार इन आतंकवादियों के साथी राज्य,विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र में शांति नष्ट करने के उद्देश्य से आधुनिक शस्त्र लेकर दाखिल हुए थे ।

इन सूत्रों ने कहा कि पंजाब और पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर के प्रशिक्षण प्राप्त उग्रवादियों के कुछ ग्रुप कोई बड़ी कार्रवाई करने के लिए सम्भवतः जम्मू-कश्मीर में घुस आए हैं, क्योंकि पंजाब में सुरक्षा बलों ने गड़बड़ डालने वाली इन शक्तियों के विरुद्ध व्यापक अभियान छेड़ रखा है । इसी मध्य जम्मू के बख्शी नगर थाने में दर्ज करवाई गई एक प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहा गया है कि भारी संख्या में पंजाब से और पाकिस्तान से प्रशिक्षण प्राप्त अज्ञात व्यक्ति उग्रवादियों की मदद करने के लिए विध्वंसक और गड़बड़पूर्ण गतिविधियां करने के लिए भारी मात्रा में शस्त्र और गोली-सिक्का लेकर भारतीय सीमा में घुस आए हैं । इन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध शत्रु एजैंट अध्यादेश की धारा 3 के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है ।

राज्य में हाल ही में गठित उग्रवाद विरोधी सैल ने उग्रवादियों के विरुद्ध व्यापक अभियान छेड़ा है और उनके छिपने के स्थानों पर छापे मारे हैं । बताया जाता है कि ये उग्रवादी शांति और साम्प्रदायिक सौहार्द को छिन्न-भिन्न करने के लिए जम्मू-कश्मीर में घुसे हैं । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार पंजाब के दोनों दुर्दांत उग्रवादियों मनजीत सिंह और जोगेन्द्र सिंह, जो तथाकथित 'दशमेश रैजीमैंट' के सदस्य हैं, से पूछताछ के आधार पर ये छापे मारे गए ।

इन सूत्रों के अनुसार उक्त दोनों दुर्दांत उग्रवादियों ने संकेत दिया है कि पंजाब के अधिकारियों के जाल से बचने के लिए भारी संख्या में दुर्दांत उग्रवादी अत्याधुनिक शस्त्रों के साथ जम्मू क्षेत्र में घुस आए हैं ।

मनजीत सिंह ने बताया कि वह सुखदेव सिंह उर्फ़ फौजी के साथ पाकिस्तान जाने वाला था । 'फौजी' 'सैफ़रन टाइगर्स' उग्रवादी संगठन का एक सक्रिय सदस्य था और जो कई बार पाकिस्तान जा चुका है । पाकिस्तान में मनजीत सिंह को हथियार खरीदने की योजना थी ।

प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में हवाई अड्डों, बैंक, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है । इसके अलावा पंजाब से लगी रावी नदी के किनारों पर भी नज़र रखी जा रही है ताकि उग्रवादियों की जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ को रोका जा सके ।

पत्थरों से दोस्त की हत्या करने के मामले में तीन गिरफ्तार

रोपड़, 6 सितम्बर (बैंस): रोपड़ पुलिस ने यहां से साठ किलोमीटर दूर नंगल में 27 वर्षीय जसबीर सिंह की फरवरी मास में हुई हत्या के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार करके इस हत्याकांड की गत्थी सुलझा ली है । हत्या का कोई सुराग न मिल पाने के कारण पुलिस के लिए यह एक पहेली बना हुआ था । इस केस की जांच के लिए अब तक पांच अधिकारी तबदील किए जा चुके थे । जसबीर भाखड़ा-ब्यास प्रबंधक बोर्ड का कर्मचारी था ।

रोपड़ के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जसबीर की हत्या के आरोप में सुनील कुमार वासुदेव, अशोक कुमार और माया ईश्वर दत्त के विरुद्ध धारा 302 के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है । जसबीर की पत्थर मार-मार कर हत्या की गई थी और नंगल के लोगों ने उस समय दोषियों की गिरफ्तारी की मांग के समर्थन में थाने का घेराव भी किया था ।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जसबीर 18 फरवरी को अपने तीन मित्रों सहित एक अन्य मित्र बिमल कुमार की शादी में शामिल होने गया था । शादी नंगल में ही हो रही थी । जसबीर ने वहां अधिक शराब पी ली थी और स्त्रियों के साथ भंगड़ा डालने लगा । इसी बीच उसने बिमल कुमार की बहन से भी कुछ छेड़खानी की । कुछ लोगों ने जसबीर को बारात से बाहर निकाल दिया । उसके मित्र भी साथ ही बाहर आ गए ।



जसबीर सिंह

लड़ते-झगड़ते चारों मित्र डोबेटा कालोनी में अशोक कुमार के घर पहुंचे,जहां उन्होंने पुनः शराब पी । जसबीर ने पुनः तीनों को गालियां निकालनी शुरू कर दीं । गिरफ्तारी के बाद अशोक कुमार ने स्वीकार किया कि जब जसबीर गालियां निकाल रहा था तो उसने (अशोक ने) उसके कंधे पर लोहे की एक भारी छड़ से प्रहार किया । इस बीच जसबीर हिल गया और प्रहार उसके सिर पर हुआ ।

रो उग्रवादियों की जान को !

अमृतसर, 6 सितम्बर (डोगरा): बच्चा रो रहा था । मां से खर्च करने को पैसे मांग रहा था । मां के पास देने को पैसे नहीं थे क्योंकि मां खुद मेहनत करके रोटी चलाती है । जब बच्चा मां से पैसे मांगने की ज़िद करने लगा तो मां ने रो कर बच्चे को गाली निकालते हुए कहा, "उग्रवादियों की जान को रो, जिन्होंने हमें अनाथ बना दिया है ।"

यह बात गत दिवस अमृतसर जिले के

कश्मीर घाटी में स सेवन से कई युवकों

श्रीनगर, 6 सितम्बर (वार्ता): कुछ लोगों का कहना है कि कश्मीर घाटी नशीले पदार्थों के तस्करों के लिए स्वर्ग बनती जा रही है । श्रीनगर की पुलिस ने पिछले सप्ताह तीस तस्करों और नशेड़ियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से भारी मात्रा में ब्राऊन शुगर (स्मैक) बरामद की । गत वर्ष घाटी में एक विदेशी सहित 44 तस्कर गिरफ्तार किए गए थे और उनसे करोड़ों रुपए की स्मैक बरामद की गई थी । पुलिस का कहना है कि घाटी में मादक पदार्थ दिल्ली और बम्बई से लाए जा रहे हैं तथा यहां युवकों में नशे की लत भी बढ़ती जा रही है । इस बीच नशे के कारण कई युवकों की मृत्यु भी हो चुकी है ।

एक स्थानीय अस्पताल के डाक्टरों ने कहा है कि प्रतिदिन दो से तीन नशेड़ियों का यहां इलाज किया जाता है । इन डाक्टरों के सेवन से भार कम होता है और अंत में

एक सर्वेक्षण के तथ्य सामने आया है कि मध्य के लोग, जिनमें पर काम करने वाले होते हैं, स्मैक को सिग हैरोइन का कच्चा रू खतरनाक है । कुछ का प्रचलन शुरू हुआ इसका मूल्य पचास प्र **लड़कियां पीछे नहीं**

छात्र, विशेष रूप से सेवन स्याही चूस के मा शुगर या स्मैक के मिश्र है ।

केंद्र साहस व बुद्धि से काम ले : गोपाल सिंह

अमृतसर, 6 सितम्बर : अकाली दल (लौंगोवाल) की अनुसूचित जाति विंग के महासचिव गोपाल सिंह तथा पिछड़ी जातियों के अध्यक्ष सरजीत सिंह शाम ने एक संयुक्त बयान में कहा है कि केंद्र पंजाब समस्या से राजनीतिक लाभ उठाने की नीति छोड़ कर साहस व बुद्धि से काम लेते हुए पंजाब समस्या को तुरंत हल करे । उन्होंने जोधपुर के कैदियों की रिहाई की मांग करते हुए कहा कि पंजाब में लोकतांत्रिक सरकार कायम की जाए ताकि उग्रवादी शक्तियों को पछाड़ा जा सके तथा शांतिप्रिय व देश-भक्त शक्तियों को राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से उभर कर पंजाबियों में उग्रवाद का बहादुरी के साथ सामना करने का साहस पैदा किया जा सके ।

उक्त दोनों नेताओं ने कहा कि जन-जागरण व पंजाब यात्राओं का सही स्थान प्रधानमंत्री का निवास स्थान है न कि पंजाब । उन्होंने कहा कि इन अभियानों का न कोई परिणाम निकला है और न ही निकलेगा । यह पंजाबियों के साथ मजाक के सिवा कुछ नहीं है ।

अफसरों के उत्पीड़न का शिकार सिपाही

भोपाल, 6 सितम्बर (वार्ता): एक पुलिस कांस्टेबल ने अपने अधिकारियों के उत्पीड़न से बचने के लिए सेवानिवृत्त होने की पेशकश की है । छतरपुर तथा टीकमगढ़ जिलों में हुई मूर्ति चोरियों की खोजबीन करने वाले एक पुलिस कांस्टेबल ने सेवानिवृत्ति की पेशकश इस आधार

पाल्मे कम्पनी

वाशिंगटन, 6 अपराध विशेषज्ञों का पूर्व-प्रधानमंत्री ओल्फ और निर्यात लाइसैंस की के अधिकारी कार्ल एल्जे जाने का सम्बन्ध बोफोस है ।

स्टाकहोम से प्रेषि "वाशिंगटन पोस्ट" में प्र बोफोर्स हथियार कम्पनी सौदों पर है और विश्व उनके दाम निर्धारित सम्भावित यूरोपीय करा किया गया है जिसमें स्व है ।

रिपोर्ट में भारत को में कथित रिश्वत देने क किया गया है लेकिन खा देशों को बोफोर्स द्वारा रि पर विस्तृत जानकारी दी है कि हथियार बेचने क लगता है कि श्री पाल्मे शांति स्थापित करने

Punjabi Sansar

3 उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री आलम ने वह पत्र संवाददाताओं को दिखाया, जिस पर लिखा हुआ था कि यह कांड भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स ने किया है तथा यह 'बदला' फ़ोर्स के जनरल रणजीत सिंह राणा को मारे जाने के परिणाम-स्वरूप लिया गया है । श्री आलम ने बताया कि इस बालक को सुरक्षा बलों ने छहर्टा के निकट काबू किया तथा इसकी तलाशी लेने पर इसके कब्ज़े से यह धमकीपूर्ण पत्र बरामद हुआ,जिस पर सुरक्षा बल तुरन्त चौकन्ने हो गये । उन्होंने बताया कि इस बालक के साथ एक और बालक भी था,जिसके पास हथियार आदि थे और जो उस बालक ने हत्याकांड करने वाले आतंकवादियों को घटनास्थल के करीब ही सप्लाई करने थे,परन्तु वह हथियार लाने वाला बालक प्रदीप सिंह के पकड़े जाने पर भाग जाने में सफल हो गया । प्रदीप सिंह के अलावा श्री आलम ने 15 वर्षीय एक अन्य बालक नरेंद्र सिंह निवासी गांव जंडियाली थाना सदर जालंधर को भी पेश किया । श्री आलम ने बताया कि इन दोनों बालकों से की गई पूछताछ से दरबार साहब की परिक्रमा में बैठे आतंकवादियों की जो छवि उभरी है, वह यह है कि यह आतंकवादी दरबार साहब में दर्शनों के लिये आने वाले अथवा घरों से भागे बालक जो दरबार साहब जाते हैं, को ज़बरदस्ती ग़ायब कर लेते हैं तथा उनसे गुदा-मैथुन तो करते ही हैं, इसके अलावा उनको (बालकों को) हथियार एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिये भी इस्तेमाल करते हैं तथा न केवल यह बल्कि इन बालकों से दरबार साहब के बाहर विचरते उग्रवादियों से सम्पर्क स्थापित करने का (संदेश-वाहक का) काम भी लेते हैं । उन्होंने बताया कि ठीक इसी प्रकार यह आतंकवादी महिलाओं,जिनमें अधिक संख्या गरीब या विधवाओं की होती है, से भी सम्भोग करने के साथ-साथ उन्हें संदेशवाहक या हथियार एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने का काम लेते हैं । इसके बदले में उन्हें 200 से 500 रुपये तक पारिश्रमिक अदा करते हैं ।

प्रदीप सिंह ने बताया कि वह बौली इंद्रजीत सिंह (बटाला के निकट) का रहने वाला है । उसने बताया कि वह गांव के सरकारी हाई स्कूल में 10वीं का विद्यार्थी है और लगभग 14-15 दिन पहले घर में वह अपने मां-बाप से झगड़ कर दरबार साहब आ गया था । उसने बताया कि परिक्रमा में कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया तथा वे उससे अपनी 'सेवाएं' कराते रहे । उसने बताया कि उसे सुरक्षा बलों ने 5-6 दिन पहले छहर्टा से पकड़ा था और उसकी तलाशी लेने पर उक्त 'चिट्ठी' मिली थी । प्रदीप सिंह ने बताया कि वह आटो रिक्शा में बैठ कर छहर्टा पहुंचा था और उसकी ड्यूटी थी कि उसने वह 'चिट्ठी' जहां बताया जाएगा,वहीं फैंकनी है तथा फिर चले जाना है । प्रदीप सिंह का पिता बेअंत सिंह, जो अपने बेटे को वापस लेने के लिये आया हुआ था, ने संवाददाताओं को बताया कि वह कौम से जाट है तथा बटाला की सैनिक कैंटीन में काम करता है । उसने बताया कि उसने अभी तक अपने बेटे के घर से गायब होने के संबंध में पुलिस में रपट दर्ज नहीं कराई थी, क्योंकि अभी वह अपने रिश्तेदारों से ही पूछताछ कर रहा था कि कल शाम पुलिस ने उसके बेटे के बारे में सूचना दी और आज वह अपने बेटे को ले जाने के लिये यहां आया है ।

एस.एस.पी. द्वारा पत्रकार सम्मेलन में पेश किये गये दूसरे लड़के नरेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी आयु 15 वर्ष है तथा वह जालंधर जिले के गांव जंडियाली का निवासी है । वह आठवीं कक्षा में पढ़ता है । एस.एस.पी. ने बताया कि आतंकवादियों ने इस बालक को पाकिस्तान ले जाने का कार्यक्रम बनाया हुआ था । नरेंद्र सिंह ने बताया कि वह लगभग 25 दिन से दरबार साहब में रह रहा था । उसने बताया कि उसे परिक्रमा के कमरा नं. 30 में कमल जीत सिंह उर्फ़ वाहेगुरु,जिसकी आयु 22-23 वर्ष है, ने रखा हुआ था और उससे अपनी 'सेवा' कराता रहता था । नरेंद्र ने बताया कि कमलजीत सिंह उसे अपने गांव सरभाली थाना डेरा बाबा नानक (निकट बटाला) ले गया था और 5-6 दिन पहले ही उसे पुनः दरबार साहब लाया था । नरेंद्र सिंह ने बताया कि वह आतंकवादियों की बातें सुन कर घबरा गया था और चार दिन पहले ज्यों ही बाहर भागा तो बाहर तैनात सी.आर.पी.एफ. ने पकड़ लिया । नरेंद्र सिंह का पिता केहर सिंह, जो अपने इकलौते बेटे को वापस ले जाने के लिये एस.एस.पी. कार्यालय में उपस्थित था, ने घबराहट में बताया कि वह पहले सेना में सेवारत था और वहां से रिटायरमैंट लेने के बाद आजकल जालंधर रोडवेज़ में गेटकीपर है । इसी घबराहट में मेहर सिंह ने बताया कि करीब 25-30 दिन पहले उसका बेटा मध्य प्रदेश में अपनी महिला रिश्तेदार के पास गया था,लेकिन वास्तव में वहां न जाकर कहीं और (दरबार साहब) चला गया । उसने बताया कि उसने पुलिस को इसकी कोई रिपोर्ट नहीं दी थी क्योंकि उसे आशा थी कि उसका लड़का मध्य प्रदेश में ही होगा, लेकिन उसे कल शाम पुलिस ने उसके पकड़े जाने की सूचना दी और उसे वापस ले जाने को कहा था ।

जगदेव कलां कांड में संलिप्त था

श्री आलम ने बताया कि गत रात सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के मध्य थाना लोपोके के गांव मदोके में हुई मुठभेड़ में सविंदर सिंह उर्फ़ बिल्ला नामक आतंकवादी मारा गया,जबकि उसके 2 साथी बच कर भाग निकले । वह आतंकवादी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का सदस्य था और 'बी' श्रेणी का आतंकवादी था । उन्होंने बताया कि मृतक के कब्ज़े से एक 12 बोर की दोनाली बंदूक मिली है । वह थाना अजनाला के गांव बग्गे खुर्द का निवासी था । उन्होंने बताया कि सविंदर सिंह गत मास जगदेव कलां में हुए नरसंहार का मुख्य अभियुक्त था तथा उसी ने थाना अजनाला के गांव दादरां में पुलिस के हवालदार की गोली मार कर हत्या की थी ।

श्री आलम ने गत रात जिला अमृतसर में आतंकवादियों के हाथों हुई दो हत्याओं का विवरण देते हुए बताया कि एक घटना गत रात थाना सदर तरनतारन के गांव लालपुरा में हुई,जहां करीब छः आतंकवादी महेंद्र सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुसे और उससे उसका लाइसैंसशुदा रिवाल्वर मांगा । महेंद्र सिंह के इन्कार करने पर उन्होंने उसे गोली मार दी,जिससे वह वहीं दम तोड़ गया । इसके बाद वे उसका रिवाल्वर लिए बगैर ही चले गए ।

दूसरी घटना के बारे में श्री आलम ने बताया कि गत रात ही गांव वईपुई में कुछ आतंकवादी, जो भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स आफ़ खालिस्तान के कुख्यात आतंकवादी सत्ता निवासी पंडोरी मेहमा गिरोह से संबंधित थे, कर्म सिंह के घर गए तथा उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । श्री आलम ने बताया कि मृतक एक अन्य गिरोह के आतंकवादियों को पनाह दिया करता था तथा वह उस आतंकवादी गिरोह की कार्रवाइयों में भी संलिप्त था ।

एस.पी. (डी) श्री राजेंद्र सिंह ने इस अवसर पर बताया कि अमृतसर पुलिस ने तीन आतंकवादियों अमरजीत सिंह निवासी गांव मल्ला, सरबजन सिंह निवासी गांव जौहल धार्यवाल तथा नरेंद्र सिंह निवासी मठरेवाल को हथियारों समेत गिरफ्तार किया । वे कई हथियार छीनने की वारदातों में संलिप्त थे । श्री आलम ने थाना मेहता के गांव सैदोके में दो व्यक्तियों की हत्या तथा एक के घायल होने की घटना में स्पष्ट किया कि अभी तक इसके आतंकवादी घटना होने का कोई प्रमाण नहीं मिला है । यह घटना आपसी शत्रुता का परिणाम भी हो सकती है ।

उन्होंने बताया कि अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार कुछ व्यक्ति गांव के एक फार्म हाऊस में बैठे शराब पी रहे थे कि उनका आपस में झगड़ा हो गया । इसी दौरान आपसी बीच-बचाव पर झगड़ा खत्म हो गया । इनमें से तीन व्यक्ति अपने-अपने गांव को चले गए,परंतु इसके बाद फिर शेष लोगों के दो धड़ों में झगड़ा हो गया,जिसमें गोलियां भी चलीं और दो व्यक्ति मर गए ।

'हस' के अनुसार श्री आलम ने कहा कि हाल ही में 12 से 15 वर्ष की आयु के 4 लड़कों तथा इतनी ही संख्या में औरतों को पकड़ा गया था । श्री आलम ने बताया कि आतंकवादियों को नई भर्ती करने में मुश्किल हो रही है । इसी कारण वे घर से भागे हुये लड़कों को पकड़ कर उन्हें प्रशिक्षित कर रहे हैं । इन लड़कों तथा औरतों को काम का प्रशिक्षण देने के बाद दरबार साहब में बंधक बना कर रखा जाता है । श्री आलम ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि कुछ आतंकवादियों से पूछताछ करने पर मालूम हुआ है कि उनके पास जी.एफ. राइफलें हैं, जोकि ग्रेनेड फैंकने के लिये इस्तेमाल की जाती हैं । उन्होंने और ब्यौरा देने से इन्कार कर दिया ।

आतंकवादी मारा गया

बटाला (कोछड़): सदर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत धर्मकोट बग्गा गांव में कल रात एक आतंकवादी सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । गुरदासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जे.पी. बिरदी ने बताया कि दो आतंकवादियों ने सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस के संयुक्त नाका दल पर गोली चलाई,जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने गोली चलाई और एक आतंकवादी मारा गया,जबकि दूसरा आतंकवादी भागने में सफल हो गया । पुलिस ने घटना स्थल से प्वाइंट 38 बोर का एक रिवाल्वर तथा दो कारतूस बरामद किये हैं ।

जिला गुरदासपुर में मारे गये आतंकवादी की शिनाख्त कर्म सिंह के रूप में हुई है । वह भी 'बी' प्लस श्रेणी का आतंकवादी था ।

शव मिला

गुरदासपुर जिले के बटाला उप-मंडल में श्री हरगोबिन्दपुर शहर के पास एक नाले में से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है । पुलिस के अनुसार, स्थानीय नगरपालिका ने पोस्ट मार्टम के बाद शव का संस्कार कर दिया । श्री-हरगोबिन्दपुर की पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है ।

हथगोला बरामद

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार बटाला के सी.आई.ए. स्टाफ़ के कार्यालय के निकट एक एच.ई. 36 हथगोला मिला है । पता चला है कि किसी ने पुलिस को सूचना दी कि उसने सी.आई.ए. स्टाफ़ कार्यालय के निकट एक गोले जैसी वस्तु देखी है । जब पुलिस ने उसे देखा तो वह एच.ई. 36 किस्म का हथगोला निकला ।

धमकी भरे पत्र लिखना स्वीकार

आनंदपुर साहिब (गिरी): रोपड़ पुलिस द्वारा गत दिवस दुष्ट सोध कमांडो फ़ोर्स गिरोह का भंडाफोड़ किए जाने से आतंकवादी काफी हिल गये हैं । पूछताछ के दौरान दो कुख्यात आतंकवादियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने आनंदपुर साहिब में लोगों को धमकी-पत्र लिखे हैं व कई लोगों से पैसे भी वसूल किये हैं । कुख्यात आतंकवादी कुलदीप सिंह उर्फ़ सुचेत सिंह ने बताया कि वह आनंदपुर साहिब में बहुत बड़ा कत्ल कांड करने जा रहे थे । कत्लों के लिये पूरी स्कीम बन चुकी थी । परन्तु स्थानीय पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. के तीन दिन की कड़ी नाकाबंदी और धार्मिक स्थलों से पांच आतंकवादियों के गिरफ्तार कर लिये जाने से उनकी योजना विफल हो गई ।

गिरोह का पता चला

मोगा (सर्व मित्र): फरीदकोट पुलिस ने जिला में सरगर्म वरयाम सिंह खपियांवाली टाइगर फ़ोर्स नामक आतंकवादी संगठन को बेनकाब किया है तथा इसके दो कट्टर आतंकवादी सदस्यों सुखदेव सिंह फौजी डरोली भाई तथा चरण सिंह उर्फ़ चन्ना गांव दूनेके को गिरफ्तार कर लिया । यह दोनों थाना धालकलां क्षेत्र के निवासी हैं । एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इनके कब्ज़े से एक बजाज स्कूटर पी.ए.डी. 772 बरामद किया गया । इसके अतिरिक्त दो भरे हुये रिवाल्वर तथा बड़ी मात्रा में कारतूस भी बरामद हुये । श्री गोबिन्द राम ने कहा कि दोनों आतंकवादी,जो कि इस क्षेत्र में घूम रहे थे और उन्होंने एक गश्ती पार्टी पर गोलियां चलाईं,जो थाना सदर के निकट एक्साइज़ के छापे मारने गई थी । पुलिस पार्टी ने भी तुरन्त जवाबी फ़ायरिंग की तथा उन दोनों को काबू कर लिया । इसी प्रकार दो अन्य कट्टर आतंकवादी गुरचरण सिंह दीपावाली तथा अजायब सिंह मक्कीके से मुक्तसर की एक पुलिस पार्टी ने काबू किया जबकि पुलिस पार्टी क्षेत्र में नहर-कटाव की रोकथाम के लिये ड्यूटी पर थी । श्री गोबिन्द राम ने बताया कि पुलिस ने उनसे एक भरा हुआ रिवाल्वर तथा कई कारतूस बरामद किये । जिला फरीदकोट पुलिस ने क्षेत्र में सरगर्म तीन अन्य आतंकवादियों पिपल सिंह भाग सिंह वाला, गुरबचन सिंह कोट मेहर सिंह वाला आदि को भी पकड़ा । उन्होंने भी दीप सिंह वाला गांव के निकट पुलिस की एक पार्टी पर फ़ायरिंग की थी । उनसे एक भरा हुआ रिवाल्वर तथा कई कारतूस मिले । थाना लम्बी की पुलिस ने एक अन्य आतंकवादी भिंडर सिंह को भी पकड़ा तथा उससे एक रिवाल्वर बरामद किया । पूछताछ के दौरान उक्त आतंकवादियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने इस क्षेत्र में अपने लक्ष्यों पर आक्रमण करने की योजना बनाई थी,लेकिन पुलिस की सक्रिय भूमिका के कारण वे ऐसा नहीं कर सके ।

बदला लेना चाहते थे

फरीदकोट पुलिस द्वारा पकड़े गए आतंकवादी वरयाम सिंह खपियांवाली की मौत का बदला लेने की योजना बना रहे थे । वरयाम सिंह उस गिरोह का नेता था जिस

ADMISSION GUIDANCE & COACHING

L.L.B.

PROFESSIONAL
3 Years, 40-45%
Graduate Eligible.

(From AGRA/RAJASTHAN/U.P.)

COME PERSONALLY OR
PROSPECTUS Rs. 10/- BY M.O.

SWAMI VIVEKANAND COLLEGE

1810/Sector 22-B, Chandigarh.

–: फ़ेल विद्यार्थी निराश न हों :-

– बिना आठवीं मैट्रिक, दसवीं फ़ेल (हिन्दी में पास) इंटर हिन्दी करके बी.ए. करें ।
– मैट्रिक पास सीधे बी.ए. (हिन्दी) करें ।
– पत्राचार द्वारा एम.ए., बी.एड. करें ।
– आयुर्वैदिक कोर्स करके आर.एम.पी. रजिस्टर्ड डाक्टर बनें ।

आई.टी.आई. में प्रवेश प्रारम्भ

हरिद्वार में सरकार द्वारा स्थायी मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. में हर प्रांत के छात्र के लिये सत्र 1987-88 हेतु निम्नलिखित ट्रेड्ज़ में प्रवेश दिया जा रहा है :

टर्नर, मशीनिस्ट, फिटर, इलैक्ट्रोनिक्स, रेडियो, टी.वी., वैल्डर (गैस एवं इलैक्ट्रिक) ।

छात्र, प्रवेश पत्र एवं नियमावली प्राप्त करने के लिये निम्नलिखित कार्यालय में पत्र व्यवहार करें या स्वयं 8 बजे

Punjab Sarkari





की मोहाली में फेस-3 में स्थित कोठी नं. 345 का पिछला
ान से चिन्हित स्थान) तीन लाख रुपये का सोना बरामद
(छाया : नबंदा)

सिपाही सहित 5 की हत्या, ट्रेन दुर्घटना-ग्रस्त करने का प्रयास, सी.आर.पी. पर हमला

ग्रामीणों ने उग्रवादी मारा; समराला में 50 हजार की लूट; डेरा बाबा नानक में दो घायल; जालन्धर में दो पैट्रोल पम्प लूटे

जिंदा की कोठी से डेढ़ किलो सोना मिला, शुबेग सिंह एक्शन फोर्स के 3 उग्रवादी बंदी

चंडीगढ़, 7 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियो ने गत 24 घंटों के दौरान एक कांस्टेबल व उसके लड़के की हत्या कर दी तथा दो व्यक्तियों को घायल कर दिया । संगरूर के एक गांव में ट्रक सवारों की फायरिंग से 2 व्यक्ति मर गए । मोहाली में कुख्यात आतंकवादी जिंदा के मकान पर छापा मार कर 3 लाख रुपए मूल्य का सोना तथा एक लाख रुपए मूल्य की सावधि खाता रसीदें बरामद कीं । समराला में बिजली बोर्ड के एस.डी.ओ. से 50,000 रुपए तथा स्कूटर छीन लिया गया व ठेका लूट लिया गया । लुधियाना पुलिस ने खालिस्तान जनरल सुबेग सिंह एक्शन फोर्स के 3 आतंकवादी गिरफ्तार किए । उग्रवादियों ने आज सांय फगवाड़ा के पास एक स्कूटर सवार की हत्या कर दी । बरनाला के पास ग्रामीणों ने एक उग्रवादी मार गिराया । अमृतसर में उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला करके सी.आर.पी. के पांच जवान घायल कर दिए । सोलन के पास उग्रवादियों ने ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त करने का प्रयास किया ।

कालका मेल दुर्घटनाग्रस्त करने का प्रयास

सोलन से वीना के अनुसार उग्रवादियों ने कल सायं कोटी सुरंग के पास रेलवे की सिगनल लाइनें खराब करके कालका मेल दुर्घटनाग्रस्त करने का प्रयास किया । एस.पी. श्री ओर छ. सिंह के अनुसार सिगनल वायर ट्रांसमिशन पर आई बाधा में उग्रवादियों ने पत्थर भर कर सिगनल तार जाम कर दीं । वहां से कुछ देर बाद ही कालका जाने वाली मेल ट्रेन आने वाली थी । पुलिस के अनुसार वहां से गुजर रहे एक सिपाही ने कुछ सिंजाबी केसधारी युवकों को केबलों से छेड़छाड़ करते देखा था जो बाद में स्कूटर पर फरार हो गये थे ।

उग्रवादियों द्वारा सी.आर.पी. पर हमला

अमृतसर (ह.स.): आज रात्रि अमृतसर से 55 किलोमीटर दूर मिलीविड के पास उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला करके सी.आर.पी. के कंपनी कमांडर एस. के. मिश्र सहित सी.आर.पी. के पांच लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया । घायलों में से एक जवान की हालत गंभीर है । कंट्रोल रूप को मिली सूचना के अनुसार 19वीं बटालियन के जवान एक जीप में गश्त कर रहे थे, जब उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला किया । दोनों तरफ से रात में देर तक गोलीबारी होती रही और सी.आर.पी. की अतिरिक्त कंपनियां घटनास्थल की ओर भेजी गई हैं ।

रंजीत सिंह राणा, अनोख सिंह आदि कुख्यात उग्रवादियों के मारे जाने व जिंदा आदि के पकड़े जाने के उपरान्त काफी अरसे तक चुप रहने वाले उग्रवादियों ने यह कार्रवाई की है । श्री एस.के. मिश्र के नेतृत्व में सी.आर.पी. की 19वीं बटालियन की गश्ती टुकड़ी की जीप पर खालड़ा से भाटी मेग ग्राम की ओर जा रही थी । एक मोड़ पर जब जीप धीमी हुई तब उग्रवादियों ने चीन निर्मित ए.के.-47 असाल्ट राइफलों से फायरिंग की ।

बाप, बेटे की हत्या

अमृतसर (वार्ता) :अमृतसर के लोपोके पुलिस थाने के चीगावां गांव में संदिग्ध आतंकवादियों ने कल आधी रात को पंजाब पुलिस के सिपाही जोगिन्दर सिंह और उसके पुत्र बलकार सिंह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार पांच-छह आतंकवादी कल रात जोगिन्दर सिंह के घर में घुसे और उस पर स्टेनगन से गोलियां बरसा दीं । पिता, पुत्र दोनों की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई । जोगिन्दर सिंह अजनाला पुलिस थाने में तैनात था ।

'सोनी' के अनुसार इस घटना के बारे में थाना लोपोके में नाम लेकर केस दर्ज हुआ है जिस पर पुलिस इसको आपसी शत्रुता का नतीजा करार दे रही है परन्तु दूसरी ओर आज किसी अज्ञात व्यक्ति ने सम्बाददाताओं को फोन करके अपने आपको 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' का गब्बर सिंह बताते हुए, कांस्टेबल तथा उसके लड़के की हत्या की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने गत रात्रि अमृतसर जिला में एक मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादी गिरफ्तार कर लिए । इनके नाम हैं : सुखदेव सिंह, कबुल सिंह तथा बलबीर सिंह ।

दो संदिग्ध गिरफ्तार

बाबा बकाला से 'गुरादित्ता' के अनुसार पुलिस ने थाना मेहता क्षेत्र के गांव ऊधोनंगल के निकट दो संदिग्ध व्यक्तियों अमरीक सिंह तथा रणजीत सिंह कम्बोज को गिरफ्तार कर लिया । उनसे एक 12 बोर की देसी पिस्तौल व तीन कारतूस बरामद किए गए । यह दोनों गांव रामदआई के निकट खालिस्तान समर्थक नारे लगा रहे थे ।

छः गिरफ्तार

लुधियाना (महिन्द्रा, जोशी, नेपाल, धीमान): लुधियाना पुलिस ने शनिवार और रविवार की रात को नाकेबंदियों के दौरान छः संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । इन लोगों के कब्जे से एक डबल बैरल गन, दो 303 के देसी पिस्तौल, एक हथगोला तथा कुछ कारतूस मिले । जिला पुलिस चीफ श्री ए.पी. पांडे ने कहा कि बलदेव सिंह, परमजीत सिंह उर्फ पम्मी और इंद्रजीत सिंह उर्फ जीती को थाना रायकोट के अंतर्गत बरनाला चौक में की गई नाकाबंदी में पकड़ा गया । दूसरी नाकाबंदी गांव मस्तीआना में की गई थी जहां रछपाल सिंह, हरदीप सिंह उर्फ बिल्ला तथा गुरमीत सिंह उर्फ गीता को पकड़ा गया ।

पकड़े गए तीन आतंकवादी 21 सदस्यीय खालिस्तान जनरल शुबेग सिंह एक्शन फोर्स से सम्बन्ध रखते हैं । श्री पांडे ने बताया कि हरदीप सिंह उर्फ बिल्ला, गुरदीप सिंह तथा रशपाल सिंह आदि स्कूटर पर जा रहे थे कि पुलिस ने उन्हें रुकने का संकेत दिया । उन्होंने पुलिस पर एक एच.ई. 36 हथगोला फैंका जोकि फट न सका । इस गिरोह के दो सदस्य हाल ही में इस जिला में गिद्दड़पिंडी नहर पुल पर पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे ।

श्री पांडे ने कहा कि इस गिरोह के सदस्य गत तीस जुलाई को गांव बरसाल के निकट पंजाब पुलिस के तस्करी निरोधक दस्ते के एक सिपाही की हत्या में संलिप्त थे । उन्होंने बताया कि यह गिरोह जिला में कई आतंकवादी कार्रवाइयों के लिए जिम्मेदार था । पुलिस ने इस फोर्स की छपी हुई स्टेशनरी भी बरामद की जिसमें इसका मुख्यालय आनंदपुर साहब बताया गया है ।

उग्रवादियों की शिनाख्त

इसी बीच एक संदिग्ध आतंकवादी जिसने तीन दिन पहले एक बस में बी.एस.एफ. के सिपाही मेहर

(शेष पृष्ठ 6 पर)

बंदेलखंड एक्सप्रैस को उलटाने का प्रयास विफल : संदिग्ध उग्रवादी गिरफ्तार

टीकमगढ़ (म.प्र.), 7 सितम्बर (वा) : टीकमगढ़ जिला पुलिस ने मध्य रेलवे के झांसी—मानिकपुर खंड पर ओरछा के निकट बुंदेलखंड एक्सप्रैस को उलटाने का प्रयास विफल कर दिया ।

पुलिस ने गत गुरुवार को ओरछा से पांच कि.मी. दूर रेल पटरी के 11 स्लीपरों की चाबियां निकालने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । इनमें से एक पर पंजाब का फरार आतंकवादी होने का संदेह है । इनके नाम हैं रमेश सिंह निवासी ग्राम झुडपुर, थाना सुजानपुर, जिला गुरदासपुर, पंजाब तथा सलीम खां निवासी झांसी (यू.पी.) ।

निवाड़ी के पुलिस उप-अधीक्षक एम.पी. द्विवेदी ने बताया कि यह एक संयोग ही था कि ये अपराधी पकड़े गए तथा उनकी साजिश विफल हो गई ।

निवाड़ी के नगर पुलिस निरीक्षक एम.पी. तिवारी तथा ओरछा के थाना प्रभारी दूबे अपने दल के साथ मूर्तिचोरों की गिरफ्तारी हेतु दबिश देने निकले थे कि उन्होंने ओरछा स्टेशन से पांच कि.मी. दूर रेल पटरी पर कुछ आवाज सुनी जब वे वहां पहुंचे तब तक ये दोनों रेलवे स्लीपरों से 11 चाबियां निकाल चुके थे । उनके पास से ये चाबियां, पटरियां खोलने के औजार, एक कट्टा तथा दो कारतूस बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया

बम्बई के अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दो रूसी नागरिक लापता

बम्बई, 7 सितम्बर (टा.इ.): सुरक्षा पुलिस व एयरोफ्लोट एयरलाइन के अधिकारी गत वीरवार को सहार अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर माइग्यूल 2 के ट्रांजिट लाऊंज से दो यात्रियों, जिन्हें रूसी नागरिक समझा जाता है, के रहस्यपूर्ण ढंग से लापता हो जाने के कारण हक्के-बक्के से रह गए हैं ।

हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार एयरोफ्लोट के एक विमान एस.यू. 545 को मास्को से कोलम्बो जाते समय किसी तकनीकी वजह से बम्बई उतरना पड़ा । यात्री विमान से उतर कर लाऊंज में बैठ गए और इसके कोलम्बो रवाना होने की प्रतीक्षा करने लगे । विमान के चले जाने के बाद सुरक्षा पुलिस व एयर लाइन अधिकारियों को पता चला कि दो यात्री इस विमान पर सवार ही नहीं हुए थे ।

इस घटना से एक सप्ताह पहले ब्रिटिश एयरवेज का एक विमान भी एक यात्री को छोड़ कर लंदन रवाना हो गया था । हालांकि उस यात्री ने विमान में सवार होने का कार्ड ले रखा था । पाल डाचर नामक 21 वर्षीय युवक हवाई अड्डे पर रात के 10.30 बजे पहुंचा था जबकि लंदन जाने वाले विमान को रात्रि एक बजे उड़ान भरनी थी । समय बिताने के लिए अपने परिवार के साथ एक रैस्टोरैंट में चला गया । जब यह युवक दोबारा हवाई अड्डे पर पहुंचा तो उसे पता चला कि विमान अपने निश्चित समय से पहले ही रवाना हो चुका था । हवाई अड्डे के सूत्रों को आश्चर्य है कि ब्रिटिश एयरवेज व हवाई अड्डे के अधिकारियों ने एक यात्री के बिना विमान को उड़ान भरने की इजाजत कैसे दे दी जबकि उसका सामान विमान में रखा जा चुका था । इस प्रकार का सामान सुरक्षा नियमों के अनुसार उतार दिया जाता है ।

इन सूत्रों ने प्रश्न किए कि एयर लाइन स्टाफ ने इस बात की पुष्टि की है कि सभी यात्री विमान में सवार हो चुके हैं ? क्या विमान रवाना होने से पहले लापता यात्री के बारे में घोषणा की गई थी ? इस मामले को किस तरह दबा दिया गया ?

उल्लेखनीय है कि इस साल के शुरू में आस्ट्रेलिया से निकाल दिए गए एक फ्रांसीसी नागरिक को जब बम्बई से होते हुए लंदन ले जाया जा रहा था तब वह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लाऊंज से खिसक गया था । इससे पहले एयरोफ्लोट का एक विमान जब तकनीकी कारणों से बम्बई रुका था तो एक वृद्ध महिला आराम के साथ इस विमान में दुबकी हुई मिली थी । एक वर्ष पहले इंडियन एयर

(शेष पृष्ठ 6 पर)

दंगाइयों पर पुलिस फायरिंग से आठ मरे

कलकत्ता, 7 सितम्बर (वार्ता): पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में हिंसा पर उतारू दो गुटों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस द्वारा कल चलाई

Punjab Archive

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह को गोली मारने के बाद आत्महत्या कर ली थी, की पहचान गुरदीप सिंह उर्फ दीपा के रूप में हुई है । वह गांव दौलतपुर का रहने वाला था तथा गत जून में हुई एक डकैती में संलिप्त था । वह स्थानीय गुरू नानक पालीटैक्नीक का तृतीय वर्ष का छात्र था और गत छः मास से वहां से अनुपस्थित था । श्री पांडे ने बताया कि पांच सितम्बर की रात को पुलिस से भिड़ंत में मारे गए उग्रवादियों की शिनाख्त जोगेंद्र सिंह उफ सोही तथा शमशेर सिंह उर्फ शामा के रूप में हुई है ।

लुधियाना पुलिस द्वारा पकड़े गए आतंकवादी जिला में हत्याओं, हत्या के प्रयास तथा चोरियां व छीना-झपटी करने, खोखे जलाने व लोगों को धमकी भरे पत्र लिखकर रुपए बटोरने की वारदातों में संलिप्त थे । श्री पांडे ने बताया कि जिला में आध दर्जन के करीब आतंकवादी सरगर्म हैं जिनमें एक 'ए' श्रेणी का है ।

दो पकड़े

फिल्लौर पुलिस ने दो आतंकवादियों जगतार सिंह निवासी अट्टा तथा कुलबीर सिंह निवासी संधड़ां को गिरफ्तार किया जोकि हथियार छीनने व डकैती की वारदातों में संलिप्त बताए जाते हैं ।

एस.डी.ओ. से 50 हज़ार लूटे

समराला (भारद्वाज) : आज प्रातः यहां बिजली बोर्ड आर.ई.सी. समराला उपमंडल के एस.डी.ओ. से कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर 50 हजार रुपए तथा स्कूटर छीन लिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार एस.डी.ओ. श्री नरेंद्र पाल सिंह स्टाफ का चैतून लेकर जब अपने स्कूटर नं. पी.ए.एल. 1311 पर स्थानीय रामामंडी क्षेत्र में स्थित अपने कार्यालय पहुंचे तो वहां आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उनका स्कूटर व नकदी छीन ली । उन्होंने एस.डी.ओ. को जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए । 20 हजार रुपए, जो लाइन सुपरिंटैंडेंट के पास थे, बच गए ।

स्कूटर मिल गया

'मुसाफिर' के अनुसार बाद में स्कूटर कुछ दूरी पर पड़ा मिल गया जिसे कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी ।

डेढ़ किलो सोना मिला

मोहाली (नर्बदा, वार्ता): केंद्रीय जांच ब्यूरो ने आज तड़के पंजाब के मोहाली कस्बे के उस घर पर छापा मार कर करीब तीन लाख रुपए मूल्य का डेढ़ किलो सोना बरामद किया जिसे खूंखार आतंकवादी हरजिंदर सिंह जिंदा अपने रहने के लिए इस्तेमाल कर चुका है । जिंदा अभी दिल्ली पुलिस की हिरासत में है । जांच ब्यूरो के एक दल ने दिल्ली और पंजाब के रोपड़ जिले की पुलिस के साथ संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की । जांच ब्यूरो का यह दल गत 16 फरवरी की लुधियाना के एक बैंक से 5.70 करोड़ रुपए की लूट की जांच कर रहा है ।

चंडीगढ़ के निकट मोहाली कस्बे का 345 नम्बर का यह मकान जिंदा और उसके साथियों का छुपने का ठिकाना रहा है । जानकार सूत्रों ने बताया कि सोना मकान के आंगन से खोद कर निकाला

4 आतंकवादी गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद) : पुलिस ने गत रात्रि जिला गुरदासपुर में चार आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि पुलिस ने कलानौर के निकट एक कट्टर आतंकवादी बलबीर सिंह उर्फ गिल्ली को गिरफ्तार किया । वह हथियार छीनने की कई वारदातों में वांछित था । श्री बिरदी ने बताया कि तीन अन्य व्यक्तियों को कुछ कुख्यात आतंकवादियों को पनाह देने पर गिरफ्तार किया गया । उनके नाम सुखविंदर सिंह, अनूप सिंह तथा हरबंस सिंह बताए जाते हैं ।

उग्रवादी मारा गया

कल रात्रि संगरूर जिले के बरनाला सब डिवीजन के नैनावालिया ग्राम में ग्रामीणों ने एक उग्रवादी को गोली मार कर गिराया । 5-6 उग्रवादी एक घर को लूटने के इरादे से वहां घुसे थे परन्तु घर की महिलाओं द्वारा शोर मचाए जाने पर ग्रामीण वहां पहुंच गए । उन्होंने पीछा करके एक उग्रवादी मार गिराया ।

ठेका लूटा

संगरूर (गर्ग) : आज प्रातः 6 बजे यहां से 25 किलो मीटर दूर गांव मीमसा में आतंकवादियों ने शराब का ठेका लूट लिया । आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर ठेके के करिंदे से 5000 रुपए छीने तथा सभी शराब की बोतलें तोड़ डालीं ।

दो की हत्या

गत शाम यहां से 60 किलोमीटर दूर गांव खनौरी में ट्रक सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली चलाए जाने से दो व्यक्ति मारे गए तथा तीन अन्य घायल हो गए ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम खनौरी ट्रक यूनियन में ट्रक पर सवार व्यक्तियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं । जिसके परिणामस्वरूप जसवंत सिंह व जीत सिंह नामक व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा सरवण सिंह, निधान सिंह व फूला सिंह घायल हो गए । पुलिस जांच कर रही है ।

बंदूक ले भागे

जालंधर : जिला जालन्धर के गांव नत्तन में दो संदिग्ध आतंकवादी सरपंच प्रीतम सिंह के घर से एक .12 बोर की बंदूक लेकर भाग गए । पुलिस ने बताया कि घटना के समय प्रीतम सिंह घर पर नहीं था ।

जालंधर में लूटपाट

जालंधर जिले में उग्रवादियों ने दो पैट्रोल पम्प लूट लिए व एक मारुति कार छीन ली । एक पैट्रोल पम्प से बीस हजार रु. लूटे गए ।

उग्रवादियों ने एक ठेका नूरमहल के जंडियाला ग्राम में लूटा व दूसरा ठेका नकोदर रोड पर लूटा ।

चार गिरफ्तार

जालंधर पुलिस ने आदमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर में एक बच्चे की हत्या करने वाले व कई जगह लूटपाट करने वाले चार उग्रवादियों जगतार उर्फ पापा, कुलबीर सिंह, राजबीर सिंह व एक अन्य मफरूर आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया ।

स्कूटर सवार की हत्या

खालिस्तानी पो
कठुआ (म.)
पुलिस थाने के
पोस्टर मिले हैं ।
बन कर रहेगा ।
डरेगा ।

अश्लील
आय

नई दिल्ली,
एवं प्रसारण मंत्री
भारतीयों के माध
फिल्मों की जांच
कि अनिवासी भा
वाली इन फिल्मों
मिलने के कारण
यह जांच मंत्राल
करेगा ।

उल्लेखनीय
इंका सांसदों ने इस
था कि सूचना एवं
देश में अश्लील
रहा है । इन
पहुंच महानगरों
तक हो गई है
श्रीमती वैजयंती
लोनली लेडी' तथा
के प्रदर्शन की कट

मूर्ति विस

बलसार
गुजरात के दक्षि
समुद्र में आठ
मूर्तियों का विसर्ज
गई ।

अल्कोहल

नई दिल्ली,
के मूल्यों में वृद्धि
राज्यमंत्री आर.के
उन्होंने बताया कि
120 रु प्रति ट

औद्योगिक
और पीने के काम
41 पैसे प्रति ली
सभी वृद्धि एक अ

कालेज
आंदो

होशियारपुर
एक मास पश्चात
कालेजों में खुब
एक प्रवक्ता ने
सितम्बर तक
आंदोलन कर दि

हिमाच

Punjab Sanatan

बनकर दो और फरार हो गए । 20 हजार रुपए, जो लाइन सुपरिंटैंडैंट के पास थे, बच गए ।

स्कूटर मिल गया

'मुसाफिर' के अनुसार बाद में स्कूटर कुछ दूरी पर पड़ा मिल गया जिसे कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी ।

डेढ़ किलो सोना मिला

मोहाली (नर्बदा, वार्ता): केंद्रीय जांच ब्यूरो ने आज तड़के पंजाब के मोहाली कस्बे के उस घर पर छापा मार कर करीब तीन लाख रुपए मूल्य का डेढ़ किलो सोना बरामद किया जिसे खूंखार आतंकवादी हरजिंदर सिंह जिंदा अपने रहने के लिए इस्तेमाल कर चुका है । जिंदा अभी दिल्ली पुलिस की हिरासत में है । जांच ब्यूरो के एक दल ने दिल्ली और पंजाब के रोपड़ जिले की पुलिस के साथ संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की । जांच ब्यूरो का यह दल गत 16 फरवरी की लुधियाना के एक बैंक से 5.70 करोड़ रुपए की लूट की जांच कर रहा है ।

चंडीगढ़ के निकट मोहाली कस्बे का 345 नम्बर का यह मकान जिंदा और उसके साथियों का छुपने का ठिकाना रहा है । जानकार सूत्रों ने बताया कि सोना मकान के आंगन से खोद कर निकाला गया । जिंदा द्वारा कुछ बैंकों में खोले गए सावधि जमा खातों की रसीदें भी मकान से मिली हैं लेकिन जमा राशि का विवरण अभी ज्ञात नहीं हुआ है । केंद्रीय जांच ब्यूरो और सुरक्षा बलों ने गत 23 जून को भी इस मकान पर छापा मारा था लेकिन तब जिंदा उन्हें चकमा देकर निकल भागा था और उसके बाद वह कभी इस मकान में लौट कर नहीं आया ।

दो सावधि जमाखातों की रकम लगभग एक लाख रुपए बताई गई है । यह मकान जिंदा ने इसके मालिक अशोक कुमार से खरीदा था तथा इसकी रजिस्ट्री एक औरत के नाम पर है । जब छापा मारा गया उस समय घर में कोई नहीं था ।

एक अन्य सूचना के अनुसार यह छापा हरजिंदर सिंह जिंदा के साथ पकड़े गए आतंकवादी सतनाम सिंह बाबा द्वारा दी गई सूचना पर मारा गया । छापे में एक प्लास्टिक का डिब्बा मिला जिसमें 1058.7 ग्राम सोना, जेवर तथा तीन सावधि खातों की रसीदें थीं । सोने व जेवरों की कीमत 3.50 लाख रुपए बताई गई है ।

जं के अनुसार बरामद सामान में सोने के दो बिस्कुट, तीन कड़े, दो चूड़ियां, गले का हार, अमरीका में बना प्लेटिनम का एक आभूषण शामिल है । यह कोठी जिंदा ने 2.75 लाख रु. में सतनाम सिंह बाजवा की पत्नी कमलजीत कौर उर्फ अमरजीत कौर बाजवा के नाम पर खरीदी थी । ये आभूषण आदि प्लास्टिक के एक टिफिन में बंद थे ।

2 घायल

बटाला (कोछड़) : गत रात 5 अज्ञात युवकों द्वारा फायरिंग किए जाने से दो व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए । घायलों के नाम तरसेम सिंह तथा जमशेद कुमार गांव तोरा बताए जाते हैं जोकि जिला गुरदासपुर के थाना डेरा बाबा नानक क्षेत्र के रहने वाले हैं । दोनों घायलों को नाजुक हालत में गुरु तेगबहादुर अस्पताल अमृतसर में दाखिल कराया गया है ।

एक अन्य एजैंसी ने घायल होने वालों के नाम तरसेम लाल (एक पुलिस सब-इंस्पैक्टर मदन लाल का पुत्र) तथा शमशेर लाल बताए हैं ।

फूला सिंह घायल हो गए । पुलिस जांच कर रही है ।

बंदूक ले भागे

जालंधर : जिला जालन्धर के गांव नत्तन में दो संदिग्ध आतंकवादी सरपंच प्रीतम सिंह के घर से एक .12 बोर की बंदूक लेकर भाग गए । पुलिस ने बताया कि घटना के समय प्रीतम सिंह घर पर नहीं था ।

जालंधर में लूटपाट

जालंधर जिले में उग्रवादियों ने दो पैट्रोल पम्प लूट लिए व एक मारुति कार छीन ली । एक पैट्रोल पम्प से बीस हजार रु. लूटे गए ।

उग्रवादियों ने एक ठेका नरमहल के जंडियाला ग्राम में लूटा व दूसरा ठेका नकोदर रोड पर लूटा ।

चार गिरफ्तार

जालंधर पुलिस ने आदमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर में एक बच्चे की हत्या करने वाले व कई जगह लूटपाट करने वाले चार उग्रवादियों जगतार उर्फ पापा, कुलबीर सिंह, राजबीर सिंह व एक अन्य मफरूर आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया ।

स्कूटर सवार की हत्या

फगवाड़ा की एक सूचना के अनुसार आज सायं फगवाड़ा के पास पलाही ग्राम के निकट दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोली चला कर एक स्कूटर पर जा रहे हरमेल सिंह उर्फ मेला की हत्या कर दी व उसके साथी पलाही ग्राम के परगन सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

दोहरी सवारी पर पाबंदी

भटिंडा (ग्रोवर): जिला मैजिस्ट्रेट श्री जोगेंद्र सिंह कौमी ने एक आदेश द्वारा साढ़े तीन हार्स पावर के मोटर साइकिलों पर प्रातः पांच बजे से रात साढ़े आठ बजे तक दोहरी सवारी करने पर पाबंदी लगा दी है जबकि रात साढ़े आठ बजे से प्रातः पांच बजे तक इन वाहनों के चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा । यह आदेश शनिवार से प्रभावी हुआ और चार नवम्बर तक लागू रहेगा ।

रुपए छीन लिए

धूरी (सिंगला): यहां से 32 किलोमीटर दूर गांव मंडेआ में दो संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से चार सौ रुपए छीन लिए तथा भाग गए ।

घर की छत पर सोए पति, पत्नी घायल

सुनाम (नागपाल): गत रात्रि यहां दो अज्ञात व्यक्तियों ने खाई बस्ती लहरागागा में अपने मकान की छत पर सो रहे पति तरसेम चंद और पत्नी वीना रानी को छुरे मार कर घायल कर दिया और भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले इसी बस्ती में दो उग्रवादियों ने तरसेम चंद नाम के ही एक सर्राफ को गोली मार कर घायल कर दिया था और उसका स्कूटर छीन कर फरार हो गए थे । बाद में दोनों उग्रवादी छीने गए स्कूटर सहित पकड़े गए थे ।

मोगा थाना क्षेत्र के मेहना के पास ग्राम कोकरीकलां में सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी ने पोस्त चूरा तस्कर के वेश में सक्रिय उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से 3.50 लाख रु. की 259 बोरी पोस्त चूरा बरामद हुआ । फरीदकोट में पिछले सप्ताह सुरक्षा बलों ने पोस्त चूरे की तस्करी करने वाले पांच उग्रवादी गिरफ्तार किए थे जिनसे 60 हजार रु. का पोस्त चूरा बरामद हुआ था ।

Punjab Sahitya

ਭਿੱਖੀਵਿੰਡ ਵਿਚ ਸੀ.ਆਰ.ਪੀ.ਐੱਫ. ਦੀ ਜੀਪ 'ਤੇ ਘਾਤ ਲਾ ਕੇ ਹਮਲਾ : 3 ਹਲਾਕ, 4 ਜ਼ਖ਼ਮੀ

ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿਚ ਛੇ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦ ਮਰਿਆ : ਜਲੰਧਰ ਨੇੜੇ ਇਕ ਕਤਲ

ਮੋਗਾ 'ਚ 10 ਖਤਰਨਾਕ ਅੱਤਵਾਦੀ ਗ੍ਰਿਫ਼ਤਾਰ : ਦੋ ਵਿਅਕਤੀ ਜ਼ਖਮੀ

ਜ਼ਿਲਾ ਫਰੀਦਕੋਟ ਵਿਚ ਬੈਂਕ ਵਿਚੋਂ 2.50 ਲੱਖ ਰੁਪੈ ਲੁੱਟੇ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 8 ਸਤੰਬਰ (ਯੂ. ਐਨ. ਆਈ., ਭਾਸ਼ਾ)—ਪਿਛਲੇ 24 ਘੰਟਿਆਂ ਦੌਰਾਨ ਪੰਜਾਬ ਪੁਲਸ ਅਤੇ ਸੁਰੱਖਿਆ ਬਲਾਂ ਨਾਲ ਹੋਏ ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿਚ ਇਕ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦ ਮਾਰਿਆ ਗਿਆ । ਜ਼ਿਲਾ ਫਰੀਦਕੋਟ ਵਿਚ ਇਕ ਬੈਂਕ ਵਿਚੋਂ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੇ 2.50 ਲੱਖਰੁਪਏ ਲੁਟਲਏ । ਇਸੇ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਪੁਲਸ ਨੇ 10 ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦ ਨੂੰ ਗ੍ਰਿਫਤਾਰ ਕਰ ਲਿਆ। ਕਲ ਰਾਤ ਭਿੱਖੀਵਿੰਡ ਨੇੜੇ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਵਲੋਂ ਸੀ. ਆਰ. ਪੀ. ਐਫ. ਦੀ ਜੀਪ ਤੇ ਘਾਤ ਲਾ ਕੇ ਹਮਲਾ ਕਰਨ ਨਾਲ ਜ਼ਖਮੀ ਹੋਏ ਤਿੰਨ ਜਵਾਨ ਦਮ ਤੋੜ ਗਏ ।

3 ਜ਼ਖਮੀ ਮਰੇ

ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਤੋਂ ਭਰਤ ਅਨੁਸਾਰ ਬੀਤੀ ਰਾਤ ਸੀ. ਆਰ. ਪੀ. ਐਫ. ਦੀ 19ਵੀਂ ਬਟਾਲੀਅਨ ਦੇ 7 ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਦੀ ਜਿਸ ਜੀਪ ਉਤੇ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੇ ਭਿੱਖੀਵਿੰਡ ਨੂੰ ਜਾਣ ਵਾਲੇ ਮੋੜ ਉਤੇ ਘਾਤ ਲਾ ਕੇ ਫਾਇਰਿਗ ਕੀਤੀ ਸੀ, ਉਸ ਵਿਚ ਜ਼ਖਮੀ ਹੋਣ ਵਾਲੇ ਤਿੰਨ ਜਵਾਨਾਂ ਦੀ ਅਜ ਮੌਤ ਹੋ ਗਈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਇਕ ਕੰਪਨੀ ਕਮਾਂਡਰ ਵੀ ਸ਼ਾਮਲ ਹੈ ਜਦੋਂ ਕਿ ਦੋ ਮ੍ਰਿਤਕ ਕਾਂਸਟੇਬਲ ਸਨ । ਕੰਪਨੀ ਕਮਾਂਡਰ ਸ਼੍ਰੀ ਐਮ. ਕੇ. ਮਿਸ਼ਰਾ ਅਤੇ ਜੀਪ ਦਾ ਡਰਾਈਵਰ ਮੌਕੇ ਤੇ ਦਮ ਤੋੜ ਗਏ । ਜ਼ਖਮੀ ਸਿਪਾਹੀ ਚੰਦਰ ਪਾਲ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਹਸਪਤਾਲ ਪੁਜਦੇ ਹੀ ਦਮ ਤੋੜ ਗਿਆ ।

ਡਾਕਟਰਾਂ ਅਤੇ ਨਰਸਾਂ ਦੀ ਹੜਤਾਲ ਹੋਣ ਕਾਰਨ ਜ਼ਖਮੀ ਸਿਪਾਹੀਆਂ ਦੀ ਦੇਖ ਭਾਲ ਕਰਨ ਵਿਚ ਕਾਫੀ ਮੁਸ਼ਕਲ ਆ ਰਹੀ ਹੈ । 4 ਜ਼ਖਮੀਆਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਵੀ ਗੰਭੀਰ ਦੱਸੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ।

ਪੁਲਸ ਅਨੁਸਾਰ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਵਲੋਂ ਗੋਲੀਆਂ ਚਲਾਉਣ ਨਾਲ ਜੀਪ ਦਾ ਟਾਇਰ ਫਟ ਗਿਆ । ਸਮਝਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੇ ਹਮਲੇ ਵਿਚ ਚੀਨ ਦੀਆਂ ਬਣੀਆਂ ਏ. ਕੇ. 47 ਰਾਈਫਲਾਂ, ਸਟੇਨਗੰਨ ਅਤੇ ਦੇਸੀ ਰਾਈਫਲਾਂ ਦੀ ਵਰਤੋਂ ਕੀਤੀ ।

ਸੀ. ਆਰ. ਪੀ. ਐਫ. ਦੇ ਆਈ. ਜੀ. ਸ਼੍ਰੀ ਸੀ. ਸੁਬਰਾਮਨੀਅਮ ਨੇ ਘਟਨਾ ਦਾ ਵੇਰਵਾ ਦਿੰਦੇ ਹੋਏ ਦਸਿਆ ਕਿ ਲਗਭਗ 12 ਤੋਂ 15 ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦ ਜਿਹੜੇ ਪੰਥਕ ਕਮੇਟੀ ਮੈਂਬਰ ਬਾਬਾ ਹੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ ਮਾਨੋਚਾਹਲ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਹੇਠਲੇ ਭਿੰਡਰਾਂਵਾਲਾ ਟਾਈਗਰ ਫੋਰਸ ਨਾਲ ਸੰਬੰਧ ਰੱਖਦੇ ਸਨ, ਨੇ ਯੋਜਨਾਬੱਧ ਢੰਗ ਨਾਲ ਇਹ ਹਮਲਾ ਕੀਤਾ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਚੀਨ ਦੀ ਬਣੀ ਅਸਾਲਟ ਰਾਈਫਲ ਨਾਲ ਇਕ ਮਿੰਟ ਵਿਚ 600 ਗੋਲੀਆਂ ਚਲਾਈਆਂ ਜਾ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਦੂਜੇ ਜ਼ਖਮੀਆਂ ਨਾਇਕ ਕੇ. ਸੀ. ਜੋ. ਮੋਬਯੂ, ਕਾਂਸਟੇਬਲ ਅਨਿਲ ਕੁਮਾਰ, ਬਿਮਲ ਕੁਮਾਰ ਅਤੇ ਯੂ. ਕੇ. ਹੁਡਾ ਨੂੰ ਤੁਰੰਤ ਭਿੱਖੀਵਿੰਡ ਹਸਪਤਾਲ ਲਿਜਾਇਆ ਗਿਆ ਜਿੱਥੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਭੇਜ ਦਿਤਾ ਗਿਆ । ਮ੍ਰਿਤਕ ਕੰਪਨੀ ਕਮਾਂਡਰ ਦੇ 12 ਗੋਲੀਆਂ ਲਗੀਆਂ । ਦੂਜੇ ਮ੍ਰਿਤਕ ਦੇ ਵੀ ਏਨੀ ਗਿਣਤੀ ਵਿਚ ਹੀ ਗੋਲੀਆਂ ਲੱਗੀਆਂ । ਸ਼੍ਰੀ ਸੁਬਰਾਮਨੀਅਮ ਅਨੁਸਾਰ ਜ਼ਖਮੀ ਦੋ ਜਵਾਨਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਕਾਫੀ ਗੰਭੀਰ ਹੈ ਜਦੋਂ ਕਿ ਦੋ ਦੀ ਹਾਲਤ ਨੂੰ ਡਾਕਟਰਾਂ ਨੇ ਖਤਰੇ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਕਰਾਰ ਦੇ ਦਿਤਾ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸੀ. ਆਰ. ਪੀ. ਐਫ. ਜਵਾਨਾਂ ਨੇ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੂੰ ਫੜਣ ਦਾ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਟਿਕਾਣਿਆਂ ਤੇ ਵੀ ਛਾਪੇ ਮਾਰੇ

(ਬਾਕੀ ਸਫ਼ਾ 6 ਤੇ)

ਸਿੰਘ ਸਾਹਿਬਾਨ ਪੰਥ ਨੂੰ ਸਿਆਸੀ ਦਲਦਲ 'ਚੋਂ ਕੱਢਣ ਲਈ ਫੈਸਲਾਕੁੰਨ ਅਗਵਾਈ ਦੇਣ—ਸੰਧੂ

ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ 8 ਸਤੰਬਰ (ਭਾਸ਼ਾ)—ਆਲ ਇੰਡੀਆ ਸਿੱਖ ਸਟੂਡੈਂਟਸ ਫੈਡਰੇਸ਼ਨ (ਮਨਜੀਤ ਧੜਾ) ਨੇ ਸਿੰਘ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੂੰ ਅਪੀਲ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਸਿੱਖ ਪੰਥ ਨੂੰ ਮੌਜੂਦਾ ਭਿਆਸਾਂ ਦਲਦਲ ਵਿਚੋਂ ਕੱਢਣ ਲਈ ਸਿੱਖਾਂ ਨੂੰ ਫੈਸਲਾਕੁੰਨ ਅਗਵਾਈ ਪ੍ਰਦਾਨ ਕਰਨ ।

ਜੋਧਪੁਰ ਜੇਲ ਵਿਚੋਂ ਫੈਡਰੇਸ਼ਨ ਦੇ ਜਨਰਲ ਸਕੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਹਰਮੰਦਰ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ ਵਲੋਂ ਜਾਰੀ ਕੀਤੇ ਗਏ ਇਕ ਬਿਆਨ ਵਿਚ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪੰਥ ਦੇ ਨਿਸ਼ਾਨਿਆਂ ਦੀ ਪੂਰਤੀ ਲਈ ਸੰਘਰਸ਼ ਕਰ ਰਹੀਆਂ ਵੱਖ-ਵੱਖ ਖਾੜਕੂ ਜਥੇਬੰਦੀਆਂ ਦੀ ਆਪਸੀ ਲੜਾਈ ਨੂੰ ਧਿਆਨ ਵਿਚ ਰਖਦਿਆਂ ਇਸ ਸਮੇਂ ਸਿਰਫ ਸਿੰਘ ਸਾਹਿਬਾਨ ਹੀ ਆਪਣੇ ਠੋਸ ਅਗਵਾਈ ਨਾਲ ਸਹੀ ਰਾਹ ਦਿਖਾ ਸਕਦੇ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਿੰਘ ਸਾਹਿਬਾਨ ਸਿੱਖਾਂ ਲਈ ਸਰਵਉੱਚ ਅਥਾਰਟੀ ਹਨ, ਇਸ ਲਈ ਉਹ ਪੰਥ ਦੇ ਨਿਸ਼ਾਨਿਆਂ ਅਤੇ ਨੀਤੀਆਂ ਬਾਰੇ ਲੋੜ ਪੈਣ ਤੇ ਸਪਸ਼ਟ ਰਾਏ ਪੈਦਾ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ ।

ਸ. ਸੰਧੂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਏਕੀਕ੍ਰਿਤ ਅਕਾਲੀ ਦਲ, ਆਲ ਇੰਡੀਆ ਸਿੱਖ ਸਟੂਡੈਂਟਸ ਫੈਡਰੇਸ਼ਨ ਅਤੇ ਦਮਦਮੀ ਟਕਸਾਲ ਨੇ ਸ਼ਾਨਦਾਰ ਸਿੱਖ ਰਵਾਇਤਾਂ ਨੂੰ ਸੁਰਜੀਤ ਕਰਕੇ ਪੰਥ ਦੀ ਵਡਮੁੱਲੀ ਸੇਵਾ ਕੀਤੀ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੁਖ ਪ੍ਰਗਟ ਕੀਤਾ ਕਿ ਖਾੜਕੂ ਜਥੇਬੰਦੀਆਂ ਦੀ ਆਪਸੀ ਲੜਾਈ ਕਾਰਨ ਸਮੁਚੇ ਸਿੱਖ ਜਗਤ ਦੇ ਭਵਿੱਖ ਤੇ ਇਕ ਸਵਾਲੀਆ ਨਿਸ਼ਾਨ ਲੱਗ ਗਿਆ ਹੈ ।

ਸ. ਸੰਧੂ ਨੇ ਸਿੰਘ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੂੰ ਅਪੀਲ ਕੀਤੀ ਕਿ ਉਹ ਪਹਿਲਾ ਕਦਮ ਖਾੜਕੂ ਜਥੇਬੰਦੀਆਂ ਵਿਚਕਾਰ

(ਬਾਕੀ ਸਫ਼ਾ 6 ਤੇ)





ਅੱਤਵਾਦੀਆਂ ਵਲੋਂ ਘਾਤ ਲਾ ਕੇ ਸੋਮਵਾਰ ਦੀ ਰਾਤ ਨੂੰ ਜ਼ਿਲਾ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਦੇ ਪਿੰਡ ਮਾੜੀ ਮੇਘਾ ਕੋਲ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਮਲੇ ਵਿਚ (1) ਮਾਰੇ ਗਏ ਸੀ. ਆਰ. ਪੀ. ਦੇ ਇਕ ਜਵਾਨ ਦੀ ਲਾਸ਼, (2 ਤੋਂ 5) ਹਮਲੇ ਵਿਚ ਜ਼ਖਮੀ ਜਵਾਨ ਕਮਾਂਡਾਰ ਵਿਮਲ ਕੁਮਾਰ, ਆਰ. ਕੇ. ਹੁੱਡਾ, ਅਨਿਲ ਕੁਮਾਰ ਤੇ ਸੀ. ਐੱਸ. ਮੈਬਯੂ । (ਤਸਵੀਰਾਂ—ਭੰਡਾਰੀ) (6) ਅੱਤਵਾਦੀਆਂ ਹੱਥੋਂ ਫਗਵਾੜਾ ਨੇੜੇ ਪਲਾਹੀ ਰੋਡ 'ਤੇ ਮਾਰਿਆ ਗਿਆ ਪਰਗਨ ਸਿੰਘ । (ਫੋਟੋ—ਕੱਤਾ)

ਪੰਜਾਬ ਤੇ ਜੰਮੂ-ਕਸ਼ਮੀਰ 'ਚ ਗੜਬੜ ਦੀ ਯੋਜਨਾ ਬੇ

ਜੰਮੂ, 8 ਸਤੰਬਰ (ਭਾਸ਼ਾ)—ਖੁਫੀਆ ਸੂਤਰਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲੱਗਾ ਹੈ ਕਿ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਨੇ ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਜੰਮੂ ਕਸ਼ਮੀਰ ਵਿਚ ਵੱਡੇ ਪੱਧਰ ਉਤੇ ਗੜਬੜ ਫੈਲਾਉਣ ਲਈ ਇਕ ਯੋਜਨਾ ਬਣਾਈ ਹੈ ।

ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਤੋਂ ਭਾਰਤੀ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਆਣ ਵਾਲੇ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਉਦੇਸ਼ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਗੜਬੜ ਫੈਲਾਉਣੀ ਅਤੇ ਭੰਨ-ਤੋੜ ਕਾਰਵਾਈਆਂ ਕਰਨਾ ਹੈ ।

ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਅਤੇ ਭੰਨ-ਤੋੜ ਰੋਕੂ ਕਾਨੂੰਨ

ਕੀਤੇ ਗਏ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੇ ਦਸਿਆ ਕਿ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਵਿਚ ਦਰਜਨਾਂ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦ ਸਿਖਲਾਈ ਕੈਂਪ ਚਲਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਤਿੰਨ ਮੁਜ਼ਫਰਾਬਾਦ ਨੇੜੇ ਦਲਾਈ ਵਿਚ, ਦੱਰਾ ਹਾਜੀ ਪੀਰ

ਵਿਖੇ ਲੇਯਾਬਾਦ ਵਿਚ ਅ
ਹਨ । ਪੁਲਸ ਨੇ ਖੁਫੀਆ ਏ
ਇਕ ਪਾਕਿਸਤਾਨੀ ਜਾਸੂਸੀ
ਹੈ । ਇਹ ਗਿਰੋਹ ਮਕਬੂਜ਼
ਅਤੇ ਕੱਟਲੀ ਵਿਚ ਸਰਗ

ਇੰਕਾ ਵਿਰੋਧ

ਵੀ.ਪੀ. ਸਿੰ

ਨਵੀਂ ਦਿੱਲੀ, 8 ਸ
ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਵਿਰੋਧੀ ਪਾ
ਨੇਤਾਵਾਂ ਦੀ ਮੀਟਿੰਗ ਕਲ
ਵਿਚ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ । ਇਸ ਵਿਚ
ਤਿਆਰ ਕਰਨ ਲਈ ਨਵੇਂ
ਜਾਵੇਗਾ ।

ਜਾਣਕਾਰ ਸੂਤਰਾਂ ਅਨੁ
ਸਾਬਕਾ ਰਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਸ਼੍ਰੀ
ਕਾਂਗਰਸ (ਏ) ਦੇ ਹੋਰ ਬਾਗੀ
ਲੋਕ ਦੀ ਭਾਰੀ ਸੰਭਾਵਨਾ ਹੈ
ਜਨਤਾ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਨੁਮਾਇੰਦੇ
ਦੋਵਾਂ ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਪਾਰਟੀਆ
ਵੱਖ ਰਹਿਣ ਦੀ ਸੰਭਾਵਨਾ ਹੈ

ਇਹ ਮੀਟਿੰਗ ਜਨਤਾ ਨੇ
ਮੁਖ ਮੰਤਰੀ ਸ਼੍ਰੀ ਆਰ. ਕੇ. ਹੇ
ਵਿਚ ਆਂਧਰ ਪ੍ਰਦੇਸ਼ ਦੇ ਮੁਖ ਮੰਤ
ਰਾਓ, ਹਰਿਆਣਾ ਦੇ ਮੁਖ ਮੰਤ
ਦਲ (ਬ), ਲੋਕ ਦਲ (ਅ)
ਜਨਤਾ ਨੇਤਾ ਸ਼੍ਰੀ ਬੀਜੂ ਪ
ਫਰਨਾਡੀਜ਼ ਤੋਂ ਭਾਰਤੀ ਜਨ
ਐਲ. ਕੇ. ਅਡਵਾਨੀ ਦੇ ਸ
ਹੈ ।

ਮਾਰਕਸਵਾਦੀ ਕਮਿਊਨਿ
ਦਫਤਰ ਦੇ ਇਕ ਬੁਲਾਰੇ ਨੇ ਦ
ਮੀਟਿੰਗ ਬਾਰੇ ਕੋਈ ਜਾਣਕ
ਜਾਣ ਤੇ ਕਿ ਕੀ ਪਛਮੀ ਬੰ
ਜਯੋਤੀ ਬਾਸੂ ਅਤੇ ਤ੍ਰਿਪੁਰਾ ਦੇ
ਚਕਰਵਰਤੀ ਇਸ ਮੀਟਿੰਗ
ਬੁਲਾਰੇ ਨੇ ਕਿਹਾ, "ਸਾਨੂੰ ਨ

ਉੱਜ ਵੀ ਕਲ ਚਾਰ ਖੱ
ਪੀ. ਆਈ., ਮਾਰਕਸੀ ਪਾਰਟੀ
ਫਾਰਵਰਡ ਬਲਾਕ ਦੇ ਨੇਤ
ਵਿਚ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ
ਵਿਰੁਧ ਵੱਖਰੀ ਮੁਹਿੰਮ ਛੇੜਨ ਦ
ਕਾਂਗਰਸ (ਏ) ਵਿਰੁਧ ਅਜਿ

Punjabi Sanatani

ਕਤਲ

(ਸਫ਼ਾ 3 ਦੀ ਬਾਕੀ)

ਗਏ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਨਾਲ ਲਗਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਛਾਪੇ ਮਾਰੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਪਾਸੋਂ ਪੁੱਛਗਿਛ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਤਲਾਸ਼ੀ ਆਪਰੇਸ਼ਨ ਜਾਰੀ ਹੈ ਅਤੇ ਆਸ ਹੈ ਕਿ ਹਮਲਾਵਰ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਫੜ ਲਿਆ ਜਾਵੇਗਾ ।

ਸ਼ੀ ਸੁਬਰਮਨੀਅਮ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜਵਾਨਾਂ ਨੇ ਪੁਜੀਸ਼ਨਾਂ ਲੈ ਕੇ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਦੀ ਫਾਇਰਿੰਗ ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ 85 ਗੋਲੀਆਂ ਚਲਾਈਆਂ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਵਾਰਦਾਤ ਦੀ ਸੂਚਨਾ ਮਿਲਣ ਤੇ ਸੀ. ਆਰ. ਪੀ. ਦੀ ਇਕ ਹੋਰ ਗਸ਼ਤੀ ਜੀਪ ਉਥੇ ਪੁਜੀ ਹੋਰ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਦੇ ਭੱਜਣ ਦੇ ਰਸਤੇ ਵਿਚ ਘੇਰਾ ਪਾ ਲਿਆ ਗਿਆ ਸੀ ਪਰ ਉਹ ਫਰਾਰ ਹੋ ਗਏ ।

ਸ਼ੀ ਸੁਬਰਮਨੀਅਮ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਦੀ ਗਿਣਤੀ ਬਾਰੇ ਅਜੇ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕਿਹਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਕਿਉਂਕਿ ਹਨੇਰਾ ਹੋਣ ਕਾਰਨ ਤਲਾਸ਼ੀ ਆਪਰੇਸ਼ਨ ਰੋਕ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਵੇਰਵਾ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਤਲਾਸ਼ੀ ਆਪਰੇਸ਼ਨ ਦੌਰਾਨ ਕੁਝ ਹਥਿਆਰ ਬਰਾਮਦ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਏ. ਕੇ. ਰਾਈਫਲਾਂ ਵੀ ਸ਼ਾਮਲ ਹਨ ।

'ਅੰਕਿਤ ਸੋਨੀ' ਅਨੁਸਾਰ ਕੰਪਨੀ ਕਮਾਂਡਰ ਸ਼ੀ ਐਸ. ਕੇ. ਮਿਸ਼ਰਾ ਦੀ ਲਾਸ਼ ਦਿੱਲੀ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਾਰਸਾਂ ਪਾਸ ਭੇਜ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ । ਦੂਜੇ ਮ੍ਰਿਤਕਾਂ ਡਰਾਈਵਰ ਕਾਸਟੇਬਲ ਜੱਗਾ ਪ੍ਰਸਾਦ ਅਤੇ ਕਾਸਟੇਬਲ ਚੰਦਰ ਪਾਲ ਸਿੰਘ ਦੀਆਂ ਲਾਸ਼ਾਂ ਦੇ ਪੋਸਟ ਮਾਰਟਮ ਦੇ ਬਾਅਦ ਅੰਤਿਮ ਸੰਸਕਾਰ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਦੌਰਾਨ ਕਈ ਸ਼ੱਕੀ ਬੰਦਿਆਂ ਨੂੰ ਹਿਰਾਸਤ ਵਿਚ ਲੈ ਲਿਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੇ ਗਸ਼ਤੀ ਜੀਪ 'ਤੇ ਰਾਤ ਨੂੰ 9.50 ਵਜੇ ਹਮਲਾ ਕੀਤਾ । ਉਹ ਸਫ਼ਰ ਦੇ ਚੱਕੀ ਪਾਸੇ ਝਾੜੀਆਂ ਵਿਚ ਲੁਕੇ ਹੋਏ ਸਨ । ਜੀਪ ਦੇ ਡਰਾਈਵਰ ਨੇ ਜਦੋਂ ਸੜਕਪਰ ਕੁਝ ਰੁਕਾਵਟ ਦੇਖੀ ਤਾਂ ਜੀਪ ਰੋਕ ਦਿਤੀ ਤਾਂ ਜੀਪ ਦੇ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੇ ਹਮਲਾ ਕਰ ਦਿਤਾ । ਇਸ ਵੇਲੇ ਡਰਾਈਵਰ ਪਾਸ ਸਿਰਫ਼ ਤਿੰਨ ਗੋਲੀਆਂ ਹੀ ਸਨ । ਮ੍ਰਿਤਕ ਚੰਦਰ ਪਾਲ ਸਿੰਘ ਦੇ ਢਿੱਡ ਵਿਚ ਗੋਲੀਆਂ ਲੱਗੀਆਂ ਸਨ । ਜੱਖਮੀਆਂ ਦੀਆਂ ਲੱਤਾਂ ਅਤੇ ਬਾਹਾਂ ਵਿਚ ਗੋਲੀਆਂ ਲੱਗੀਆਂ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੁਢਲੇ ਇਲਾਜ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਅੱਜ ਬਾਅਦ ਦੁਪਹਿਰ ਹਸਪਤਾਲ ਤੋਂ ਛੁੱਟੀ ਦੇ ਦਿਤੀ ਗਈ । ਨਾਇਕ ਸ਼ੀ ਸੋਮਿਊ ਦੀ ਪਿਠ ਵਿਚ ਗੋਲੀ ਲੱਗਣ ਨਾਲ ਜ਼ੱਖਮ ਲਕਵਾ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਉਸ ਨੂੰ ਅਜੇ ਤਕ ਹਸਪਤਾਲ ਰੱਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ।

ਇਕ ਹੋਰ ਲਾਸ਼ ਬਰਾਮਦ

ਉਧਰ ਖਟਨਾ ਵਾਲੀ ਥਾਂ ਦੇ ਨੇੜਿਓਂ ਹੀ ਸਿੱਜਾਈ ਵਿਭਾਗ ਦੇ ਇਕ ਚੌਕੀਦਾਰ ਮੰਗਲ ਸਿੰਘ ਦੀ ਲਾਸ਼ ਬਰਾਮਦ ਕੀਤੀ ਹੈ, ਜਿਸ ਉਤੇ ਗੋਲੀਆਂ ਦੇ ਨਿਸ਼ਾਨ ਹਨ । ਪੁਲਸ ਨੂੰ ਸ਼ੱਕ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਤੋਂ ਸ਼ੀ ਅਤੇ ਸ਼ੀ ਸੋਮਿਊ ਦੀ ਫਾਇਰਿੰਗ ਸਮੇਂ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਵਿਚ ਆ ਕੇ ਮਾਰਿਆ ਗਿਆ । ਪੁਲਸ ਮਾਮਲਾ ਦਰਜ ਕਰ ਲਈ ਹੈ ।

ਸਕੂਟਰ ਖੋਹ ਲਿਆ

ਪ੍ਰਤਿਮਾਪੁਰੀ ਤੋਂ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਅਜਨਾਲੀ

ਕਲਾਸੀਫ਼ਾਈਡ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ

ਲੋੜ ਹੈ

ਸੀ. ਐਚ. ਆਰ. ਫਾਰਮਾ ਸੀਨੀਅਰ ਸੈਕੰਡਰੀ ਸਕੂਲ, ਨਾਰਥ ਵਰਡ, ਸੰਗਰੂਰ ਨੂੰ ਇਕ ਪ੍ਰਸ਼ਿਖਤ ਮਾਸਟਰ (Trained) ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ (Leave vacancy) ਇੰਟਰਵਿਊ 14.9.87 ਨੂੰ ਦਿਨ ਦੇ ਦਿਨ ਹੋਵੇਗੀ । ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ।

ਸਿਖਿਆ

ਸਰਕਾਰੀ ਅਨਦਰ ਪ੍ਰਮਾਣ ਅਤੇਪਰਾ ਦੇਸ਼/ਪਾ ਸਭਨੀ ਕਲਾਂ । ਮੈਟ੍ਰਿਕ (Matric) ਮੈਰਿਜ (B.A. Hindi) ਸਾਲ 1987 ਵਿਚ ਬਹਤ ਘਟ ਦਿਨ ਰਹਾਂਦੇ ਨਾਮ ਦਰਜ ਕਰੋ । ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਦੇ ਰੂਪ ਸਾਡਾ ਕਰਵਾ । Principal, Candrmukh Degree College, Nabhe Road, Malerkotla.

Go Matric without Middle, Diploma 10+2, after Matric, Direct B.A./B.Com after Prep. All exams November 1987 at our own Institution. Faid Vishard Ayurvedratna, Diploma in B.Ed., LL.B. Prospectus 10/-. Last dates very near. P.S. Bagga Educational Consultancy Systems (India) 645, Mahgate, Nakodar.

ਡਾਕ ਰਾਹੀਂ B. Ed, M.Ed., BTC/JBT, LT/CT ਕਰੋ । ਯਾਦਵ ਸਿੱਖਿਆ ਪ੍ਰੀਸ਼ਦ (Direct) B.A., B.Com Final ਕਰਨ । ਸਭਨੀ ਪਾਸ ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਪੂਰਾ ਪੂਰਾ ਪੋਸਟ ਦੇ Matric ਕਰਨ । ਵੱਧ ਜਿਆਦਾ ਅਤੇ ਜਾਣਕਾਰੀ ਲਈ ਪੱਤਰ ਲਿਖੋ ਜਾਂ ਮਿਲੋ (ਸਾਡੀ ਫ਼ੀਸ ਨਹੀਂ) ਜਰੂਰ ਭੇਜੋ । S.G. College of Commonsonance, Railway Road, Amritsar.

ਰੋਜ਼ਗਾਰ

ਆਰਮੀ ਕਲਰਕ ਸਲਾਟਰ ਗਰੁੱਪ ਕਵੈਲਿਫ਼ਾਈ ਕਰਨ ਲਈ ਸਿਖਿਅਕ ਆਫ਼ਿਸ ਆਰਮੀ ਨੰ ਸਿੱਖਿਆ 5/- ਰੁਪਏ ਦਾ ਮਨੀਆਰਡਰ ਅਤੇ ਸਵੈ ਸਰਨਾਈ ਪਤਾ ਲਿਖਕੇ Principal, Army Clerks Railway Telegraph College, Ambala City.

ਸੁਚਨਾ

ਮਾਂ ਬਗਲਾਮੁਖੀ ਪੂਜਾ 18-19 ਸਤੰਬਰ ਮਾਂ ਦੀ ਚੌਕੀ ਵਿਚ ਹੋਵੇਗੀ ਜਿਸ ਵਿਚ ਮਾਂ ਦੇ ਭਗਤ ਤੇ ਸੇਵਾਦਾਰ ਪਹੁੰਚ ਕੇ ਆਪਣੀ ਹਾਜ਼ਰੀ ਲਗਵਾਉਣ । ਇਸ ਪੂਜਾ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਹੋਣ ਵਾਲੇ ਭਗਤਾਂ ਨੂੰ ਕੁਝ ਨਿਯਮਾਂ ਦਾ ਪਾਲਣ ਕਰਨਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ । ਵਧੇਰੇ ਜਾਣਕਾਰੀ ਲਈ ਮਿਲੋ ਜਾਂ ਲਿਖੋ : ਮਾਂ ਬਗਲਾਮੁਖੀ ਮੰਦਰ, ਮਕਾਨ ਨੰ. 1, ਸੈਕਟਰ ਅਮ੍ਰਿਤਸਰ ।

ਸੇਲਜ਼

ਕੈਮੀਕ੍ਰੋਜ਼ ਦਾ ਕਾਰਜ, ਮੰਗ ਸੀਮਤ ਦਾ ਹਲ । ਜਿਲੇ ਮੋਜਦ ਵਿਕਰ, R-135, ਮਾਡਲ ਟਾਊਨ, ਫ਼ਗਵਾੜਾ ।

ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਸੂਚਨਾ

Sunday open (9 A.M. To 2 P.M.) RMP (valid for Practice), B.A. Final after B.A. I. years' pm ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਖਿਲਾ ਪ੍ਰਮਾਣ ਪੱਤਰ ਮੈਟਿਕ ਕਰਨ । M.Ed./B.T.C./JBT after 10+2/JBT after 10 Prospectus Rs. 10/- Guru Gobind Singh College, Garha Jalandhar (affiliated).

ਨਾਂ ਦੀ ਤਬਦੀਲੀ

ਮੈਂ ਬਾਬਾ ਸਿੰਘ ਪੁਤਰ ਮਹਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਚੰਨਪੁਰ (ਬਲੋਚਪੁਰ) ਨੇ ਆਪਣਾ ਨਾਂ ਬਦਲਕੇ ਕਰਮਵਿਜਯ ਸਿੰਘ ਰੱਖ ਲਿਆ ਹੈ । ਸਿੱਖਰ ਨੰਦ ਕਰਨ ।

ਮੈਂ ਗੁਰਦੀ ਪਤਨੀ ਸਕਰਾਰ ਬੰਘਲਾਨੀਵ ਸਿੰਘ (ਗਰਨ ਸਲੋਚਪਰ ਵਰਮਾ) ਨਾਗਰਿਕਤਾ ਦਿਹ ਸਿਆਨ ਕਰਨੀ ਹਾਂ ਕਿ ਮੈਂ ਆਪਣਾ ਨਾ ਬਦਲ ਕੇ ਮੰਨਿਵਰ ਕੌਰ ਸਿੰਘ ਰੱਖ ਲਿਆ ਹੈ ।

I, **Daljit Singh** S/o Mr. Gurbachan Singh Village Dhamrai, Distt. Gurdaspur, Punjab (India) now at West Germany, have changed my name to Daljit Singh Prasser. All concerned may note.

ਅਨੁਸਾਰ ਅਜ ਸਵੇਰੇ ਲਗਭਗ ਸਾਢੇ 7 ਵਜੇ ਇਥੋਂ 20 ਕਿਲੋਮੀਟਰ ਦੂਰ ਘੋੜਾਬਾਹਾ ਦੇ ਨੇੜੇ 2 ਹਥਿਆਰਬੰਦ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੇ ਇਕ ਸਕੂਲ ਮਾਸਟਰ ਫਰੈਸੀ ਮਸੀਹ ਪਾਸੋਂ ਉਸ ਦਾ ਚੇਤਕ ਬਜਾਜ ਸਕੂਟਰ ਨੰ. ਪੀ. ਏ. ਕਿਊ 1978 ਖੋਹ ਲਿਆ ।

10 ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦ ਫੜੇ

ਫਰੀਦਕੋਟ ਦੇ ਐਸ. ਐਸ. ਪੀ. ਸ਼ੀ ਗੋਬਿਦ ਰਾਮ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪੁਲਸ ਨੇ ਵੱਖ-ਵੱਖ ਸਥਾਨਾਂ ਤੇ ਛਾਪੇ ਮਾਰ ਕੇ ਰੰਗਰੇਟਾ ਕਮਾਂਡੋ ਫੋਰਸ ਦੇ 10 ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੂੰ ਗ੍ਰਿਫ਼ਤਾਰ ਕਰ ਲਿਆ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸੋਂ ਭਾਰੀ ਮਾਤਰਾ ਵਿਚ ਅਸਲਾ ਵੀ ਬਰਾਮਦ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਫੜੇ ਗਏ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦ ਫੋਰਸ ਦੇ ਹੁਸਨਾ ਗਰੁੱਪ ਨਾਲ ਸੰਬੰਧ ਰੱਖਦੇ ਹਨ । ਹੁਸਨਾ ਸਟੇਨ ਗੰਨ ਸਮੇਤ ਫਰਾਰ ਹੋਣ ਵਿਚ ਸਫਲ ਹੋ ਗਿਆ । ਫੜੇ ਗਏ ਹਥਿਆਰਾਂ ਵਿਚ 12 ਬੋਰ ਦੀ ਰਿਵਾਲਵਰ, 12 ਬੋਰ ਦੀਆਂ ਤਿੰਨ ਪਿਸਤੌਲਾਂ ਅਤੇ ਤਿੰਨ ਦਸਤਕ ਕਾਰਤੂਸ ਸ਼ਾਮਲ ਹਨ । ਰੋਡੇ ਅਤੇ ਡਾਲੇ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਮਾਰੇ ਗਏ ਛਾਪਿਆਂ ਵਿਚ ਜਿਹੜੇ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦ ਫੜੇ ਗਏ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਂਅ ਇਸ ਪ੍ਰਕਾਰ ਹਨ : ਸੁਰਜੀਤ ਸਿੰਘ ਕਾਲੇਕੇ, ਦਲਜੀਤ ਸਿੰਘ, ਓਲਾ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਬਲਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਆਦਿ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੇ ਪਛਰਿਹਰ ਦੇਵਾਨ ਮੰਦਿਆ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਫੋਰਸ ਕਿਵ ਜਬਰਦਸਤੀ ਸ਼ਾਮਲ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਅਤੇ ਇਹ ਧਮਕੀ ਦਿਤੀ ਗਈ ਸੀ ਕਿ ਜੇਕਰ ਉਹ ਫੋਰਸ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਨਾ ਹੋਏ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਪਰਿਵਾਰਾਂ ਸਮੇਤ ਸਾਨੂੰ ਮਾਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇਗਾ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਫਿਰ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦੀ ਗਤੀਵਿਧੀਆਂ ਵਿਚ ਆਪਣੀ ਸ਼ਮੂਲੀਅਤ ਸਵੀਕਾਰ ਕੀਤੀ ਹੈ ।

ਫਰੀਦਕੋਟ ਸਦਰ ਦੇ ਐਸ. ਐਚ. ਓ. ਰਘਬੀਰ ਸਿੰਘ ਨੇ ਭਾਰੀ ਪੁਲਸ ਫੋਰਸ ਸਮੇਤ ਪਿਛਲੀ ਰਾਤ ਪਿਡ ਗੋਲੇਵਾਲਾ ਕਲਾਂ ਛਾਪਾ ਮਾਰ ਕੇ ਤਿੰਨ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੂੰ ਗ੍ਰਿਫ਼ਤਾਰ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦ ਮਾਲਵਾ ਕੰਮਾਂਡੋ ਫੋਰਸ ਨਾਲ ਸੰਬੰਧ ਰੱਖਦੇ ਹਨ । ਇਕ ਹੋਰ ਸੂਚਨਾ ਅਨੁਸਾਰ ਪੁਲਸ ਨੇ ਪਿਛਲੀ ਰਾਤ ਪਿੰਡ ਸਦਾ ਸਿੰਘ ਵਾਲਾ ਕਲਾਂ ਵਿਚ ਕੀਤੇ ਤੜ ਤੋਂ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਦੀ ਭਾਲ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੂੰ ਸੋਹੀ ਹਾਲਤ ਵਿਚ ਘੇਰਿਆ ਗਿਆ ਸੀ ਪਰ ਉਹ ਪੁਲਸ ਪਾਰਟੀ ਤੇ ਗ੍ਰਨੇਡ ਸੁਟ ਕੇ ਫਰਾਰ ਹੋ ਗਏ ਦੱਸੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ।

ਮੋਗਾ ਸਦਰ ਪੁਲਸ ਨੇ ਤਿੰਨ ਹੋਰ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਜਿਹੜੇ ਨਵੀਂ ਬਣੀ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦੀ ਸੰਸਥਾਂ ਖਾਲਿਸਤਾਨ ਲਿਬਰੇਸ਼ਨ ਫੋਰਸ ਨਾਲ ਸੰਬੰਧਤ ਦਸੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ, ਨੂੰ ਗ੍ਰਿਫ਼ਤਾਰ ਕਰਨ ਦਾ ਦਾਅਵਾ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਪੁਲਸ ਅਨੁਸਾਰ ਇਹ ਤਿੰਨੇ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦ ਪਿਛਲੇ ਦਿਨੀਂ ਮੋਗਾ ਵਿਚ ਹੋਏ ਬੈਂਕ ਡਾਕੇ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਸਨ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸੋਂ 315 ਬੋਰ ਦਾ ਇਕ ਪਿਸਤੌਲ ਅਤੇ ਉਸ ਦੇ ਤਿੰਨ ਕਾਰਤੂਸ ਮਿਲੇ ਹਨ, ਤਥ ਇਹ ਪਿਸਤੌਲ ਉਹ ਹੈ ਜੋ ਮੰਨਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹੀ ਪਿਸਤੌਲ ਹੈ ਜੋ ਬੈਂਕ ਡਾਕੇ ਵਿਚ ਪੁਲਸ ਜਾਂਚ ਦੌਰਾਨ

2 सिपाहियों, 2 ग्रंथियों की हत्यायें, जालन्धर में सोना लूटने वाले 2 उग्रवादी बंदी

भिंडरांवाला टाईगर्स फोर्स द्वारा पीलीभीत में उग्रवादी वारदात, जालन्धरवासियों ने एक उग्रवादी को घायल कर दिया

बी.एस.एफ. से मुठभेड़ों में घुसपैठिया व तस्कर मारे गये

चंडीगढ़, 9 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): आज जालन्धर में एक आभूषणों की दुकान लूटकर भाग रहे 3 में से 2 आतंकवादियों को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । गुरदासपुर पुलिस ने कथित आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । थाना नकोदर के एक गांव में अपराधियों की आपसी लड़ाई में एक व्यक्ति मारा गया जबकि अमृतसर जिले में बी. एस. एफ. से हुई दो अलग-अलग मुठभेड़ों में एक तस्कर व एक घुसपैठिया मारा गया । पीलीभीत (उत्तर प्रदेश) में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के उग्रवादियों ने दो सिपाहियों व दो ग्रंथियों की हत्या कर दी ।

4 की हत्या

पीलीभीत से 'वार्ता' के अनुसार पांच सिख युवकों ने कल रात पीलीभीत के पास पुरनपुर के निकट एक गुरुद्वारे के ग्रंथी, उसकी पत्नी तथा 2 कांस्टेबलों की गोली से हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार युवकों ने ग्रंथी से सोना तथा हथियार मांगे । ग्रंथी के इन्कार पर उन्होंने ग्रंथी और उसकी पत्नी की हत्या कर दी तथा एक जीप में फरार हो गए ।

वारदात के बाद फरार होते हुए युवकों ने रात्रि ड्यूटी दे रहे दो सिपाहियों को गोलियां चला कर मार डाला । अपराधी इन सिपाहियों की राईफलें और गोलियां भी उठा ले गए । एक पखवाड़े में इस तरह की यह तीसरी घटना है । जीप बाद में शाहजहांपुर के युवायां क्षेत्र से मिल गई ।

पहले सूचना थी कि ग्रंथी व उसकी पत्नी की हत्या की गई है ।

हत्यारों की, जो आतंकवादी समझे जाते हैं, वाले आतंकवादियों की चार जिलों की पुलिस जोर-शोर से तलाश कर रही है । उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक आर.एन. गुप्त तथा गृहमंत्री गोपीनाथ दीक्षित इस मामले में लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, सीतापुर तथा शाहजहांपुर जिलों की पुलिस के संयुक्त अभियान की देखरेख के लिए लखनऊ से पीलीभीत रवाना हो गए हैं । बताया जाता है कि जिस जीप में वे फरार हुए वह एक गुरद्वारे की थी ।

मृत सिपाहियों के नाम उमेश यादव व लक्ष्मीकांत तिवारी बताए गए हैं । मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार का अनुदान घोषित किया गया है । मृत ग्रंथी का नाम बाज सिंह व मृत पुजारी का नाम ज्योति प्रसाद है । वे कुछ दिन पूर्व ही पंजाब के गुरदासपुर जिले के बटाला में एक भंडारे में भाग ले कर लौटे थे ।

एक सूचना के अनुसार यह पांचों उग्रवादी भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स से सम्बद्ध थे । इसकी जानकारी उन उग्रवादियों द्वारा फैंके गए पर्चों से मिली ।

घुसपैठिया मारा गया

अमृतसर के लोपोके थाना क्षेत्र के ग्राम वेरा में पाकिस्तान सीमा के निकट बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया । उसका साथी पाकिस्तान फरार हो गया ।

तस्कर मारा गया

अमृतसर के अजनाला थाना क्षेत्र की फतेहपुरी चौकी के पास आज सायं बी.एस.एफ. और तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में एक तस्कर मारा गया जबकि उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया ।

4 गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने बताया है कि गुरदासपुर सदर पुलिस ने जिला गुरदासपुर के कुछ प्रमुख आतंकवादियों को शरण देने तथा उनसे सम्बन्ध रखने के आरोप में सेवा सिंह और हरबंस सिंह निवासी चक्क राइयां और पलविन्द्र सिंह और सर्वजीत सिंह निवासी ख्यातनगर को गिरफ्तार किया है ।

वाहनों पर पाबंदी

जिला मैजिस्ट्रेट श्री डी.एस. कल्हा ने अपने एक आदेश-अनुसार जिला-भर में 3.5 या इससे अधिक क्षमता वाले मोटर साइकल चलाने पर पाबंदी लगा दी है और साथ ही 3.5 हार्स पावर से कम क्षमता वाले स्कूटर, मोटर साइकल पर शाम आठ बजे से सुबह छः बजे तक चलने पर भी पाबंदी लगा दी है ।

आदेश में जिला-भर में दोहरी सवारी के रूप में सुबह 6 बजे से 8 बजे शाम तक औरतों तथा बच्चों को और नगर पालिका सीमा के अन्दर पुरुषों को दोहरी सवारी की सुबह 6 से शाम 7 बजे तक छूट रहेगी और यह आदेश 6 नवम्बर तक लागू रहेगा ।

एक और आदेश के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट ने जिला गुरदासपुर में रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक प्रत्येक बस सेवा पर पाबंदी लगा दी है और यह आदेश भी 6 नवम्बर तक लागू रहेगा ।

घर में घुसकर लूटा

जालन्धर (क): गत आधी रात कस्बा नूरमहल

(शेष पृष्ठ 8 पर)

इंका के विरुद्ध आंदोलन में वामपंथी दल भाजपा से मिल कर संघर्ष को तैयार : हेगड़े

नई दिल्ली, 9 सितम्बर (वार्ता): कर्नाटक के मुख्यमंत्री राम कृष्ण हेगड़े के अनुसार वामपंथी दल वर्तमान इंका सरकार के विरुद्ध संघर्ष में भाजपा सहित सभी विपक्षी दलों के साथ संघर्ष को तैयार हैं, लेकिन विपक्ष के जीतने की स्थिति में वह भाजपा के साथ सरकार में शामिल नहीं होने चाहते । श्री हेगड़े ने सम्वाददाताओं को बताया कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु के हाल के वक्तव्य का उनके अनुसार यही अर्थ है । एक सम्वाददाता के पूछने पर उन्होंने कहा, "शायद वह (वामपंथी दल) 1977 के जनता शासन जैसी स्थिति की बात कर रहे हैं ।" कांग्रेस (इ) से निष्कासित भूतपूर्व मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और कुछ अन्य राजनीतिज्ञों तथा बुद्धिजीवियों की लगभग दो घंटे चली बैठक के बाद उन्होंने कहा कि वह वामपंथी दलों के दृष्टिकोण के बारे में अन्य राजनीतिक दलों से बातचीत करेंगे । यह पूछे जाने पर कि वह वामपंथी दलों द्वारा भाजपा के बारे में दिए गए अल्टीमेटम पर क्या कहेंगे, श्री हेगड़े ने कहा, "मैं इसे उस नजर से नहीं देखता ।" उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि सभी विपक्षी दलों को साथ आना चाहिए । श्री हेगड़े द्वारा बुलाई गई इस बैठक में सर्वश्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, लोकदल (अ) के अध्यक्ष अजीत सिंह, जनता पार्टी के महासचिव यशवंत सिन्हा, हिन्दुस्तानी आंदोलन के अध्यक्ष मधु मेहता, विचारक रजनी कोठारी और इंद्र कुमार गुजराल और श्रीमती मेनका गांधी उपस्थित थीं । श्री हेगड़े ने सवालों के जवाब में स्पष्ट किया कि इस बैठक का सक्रिय राजनीति से कोई मतलब नहीं था और इसमें उपस्थित सभी लोग अपनी निजी हैसियत में आए थे ।

एक सम्वाददाता द्वारा बैठक में राजनीतिक मामलों पर विचार-विमर्श के बारे में पूछे जाने पर श्री हेगड़े ने कहा, "यह बैठक कतई राजनीतिक नहीं थी । इसमें किसी राजनीतिक विषय पर चर्चा नहीं हुई । उन्होंने कहा कि आज की बैठक के बारे में सम्भवतः लोकदल (अ) के महासचिव सुब्रह्मण्यम स्वामी के कल के वक्तव्य से भ्रम पैदा हुआ ।" श्री हेगड़े ने कहा कि हम लोगों की गैर राजनीतिक बैठक पिछले तीन-चार माह से चल रही है, श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह बैठक में पहली बार शामिल हुए । उन्होंने बताया बैठक में मूल्य वृद्धि, चुनाव सुधार, भ्रष्टाचार आदि विषयों पर चर्चा हुई । इसके अतिरिक्त श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने अपने हाल ही के अनुभवों के बारे में हमें जानकारी दी । श्री हेगड़े ने बताया कि सत्रह सितम्बर को होने वाली गैर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में उग्रवाद के विरुद्ध संघर्ष नाजुक दौर में प्रविष्ट

नई दिल्ली, 9 सितम्बर (जी.एस. चावला): पंजाब में उग्रवाद के विरुद्ध संघर्ष नाजुक चरण में पहुंच गया है और उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार इस संघर्ष के परिणाम देखने के उपरांत ही पंजाब समस्या के समाधान के लिए राजनीतिक स्तर पर कोई प्रयास

उग्रवाद के खिलाफ पूरे तालमेल के साथ छेड़े गए संघर्ष से केन्द्र सरकार पूरी तरह संतुष्ट है । पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, चंडीगढ़ के प्रशासन उग्रवादियों के बारे में पूरे तालमेल से सूचनाओं का आदान-प्रदान कर रहे हैं । इसी के फलस्वरूप पिछले कुछ सप्ताहों

सिद्धार्थ शंकर रे के इस सुझाव पर विचार कर रही है कि पंजाब की तहस-नहस हुई अर्थ व्यवस्था को सुधारने और युवकों को रोजगार देने के लिए आर्थिक उपाय किए जाएं । पंजाब के इंका सांसदों ने भी केन्द्र को ऐसे ही सुझाव भेजे हैं । हालांकि केन्द्र सरकार ने 5 माह पूर्व जोधपुर जेल के नजरबंदों के

Punjab Sanad.com

उग्रवादी गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

में आधी दर्जन संशस्त्र व्यक्ति दर्शन सिंह के मकान में घुसकर उसके नौकर को पिस्तौल आदि से डराकर दर्शन सिंह का 22 बोर का रिवाल्वर तथा 5 तोले सोने की चैन एवं एक तोले की अंगूठी छीनकर ले गए । प्राप्त विवरण के अनुसार दर्शन सिंह परिवार के साथ फिलिपाइन से गत रात लौट रहे अपने लड़के को लाने के लिए दिल्ली गया हुआ था और पीछे नौकर लैहम्बर को छोड़ गया था । बताया गया है कि लैहम्बर एक दोषी बिक्की निवासी गांव उप्पल कलां को पहचान गया था । नूरमहल पुलिस ने केस रजिस्टर करके दोषियों की तलाश शुरू कर दी है ।

हत्या

गत रात थाना नकोदर के गांव हरीमपुर में गांव के दो व्यक्तियों कुलदीप सिंह व सुखचैन सिंह द्वारा रैंच मारकर एक व्यक्ति महेन्द्र पाल उर्फ़ गुरनाम सिंह की हत्या कर दिए जाने का समाचार मिला है । प्राप्त विवरण के अनुसार दोनों कथित दोषी अवैध शराब का धंधा करते हैं और उन्हें शंका थी कि गत कुछ समय के दौरान उन पर जो छापे पड़े, वह महेन्द्र पाल की शिकायत पर मारे गए । सूचना मिलने पर उच्च पुलिस अधिकारी नकोदर से मौका पर पहुंच गए,मगर दोनों कथित दोषी फ़रार हो गए ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

आज बाद दोपहर स्थानीय बाज़ार कलां में स्यालकोटी ज्यूलर्ज़ से सोना लूटकर फ़रार होने वाले दो उग्रवादियों को लोगों ने पीछा करके पकड़ किया जब कि एक भाग जाने में सफल हो गया । पकड़े गए दो उग्रवादियों में से एक को तो लोगों ने पत्थर मारकर सख्त घायल कर दिया । दोनों को बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया । इनमें से घायल हरमिन्दर सिंह सिविल अस्पताल में दाखिल है, जबकि दूसरे परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मी से पुलिस अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं । हरमिंदर सिंह पत्ती उप्पलां गांव जंडियाला थाना नूरमहल का तथा पम्मी गांव भंगाला थाना नूरमहल का निवासी है । यह हाल ही में गांव धालीवाल में एक व्यक्ति बद्रीनाथ और एक अन्य व्यक्ति की हत्या तथा गांव भंगाला में एक युवक सोहन सिंह की हत्या के मामलों में वांछित बताए गए हैं ।

प्राप्त विवरण के अनुसार तीन उग्रवादी पैदल स्यालकोटी ज्यूलर्ज़ की दुकान पर आए और उनमें से दो पिस्तौल लेकर अन्दर दाखिल हो गए और सोना हवाले करने को कहा । सोने को थैले में डाल कर वह बाहर निकल कर फुल्लां वाले चौक की ओर निकल गए,मगर इस बीच एक उग्रवादी के हाथ से पिस्तौल या रिवाल्वर गिर गया । इस पर कुछ लोगों को शंका हुई और शोर मच गया । कुछ लोग उस पर टूट पड़े । ज्यूलर्ज़ के करिंदे भी दौड़े आए । लोगों ने पम्मी को दबोच लिया जबकि हरमिन्दर भाग निकला । इस पर रास्ते में कुछ लोगों ने उस पर ईंटें मारीं,जिससे उसका सिर फूट गया और वह वहां लोगों के काबू आ गया ।

एक सूत्र के अनुसार उनसे दो रिवाल्वर पिस्तौल बरामद हुए तथा लूटा सोना भी मिल गया, जिसकी मात्रा के बारे में अलग-अलग सूचना है । यह भी बताया गया है कि हरमिंदर ने भागते हुए पिस्तौल की गोली चलाने की कोशिश की,मगर पिस्तौल चल ही नहीं सका । इसके कब्ज़ा से एक चाकू भी मिला बताते हैं ।

सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी फ़ोर्स के साथ तुरन्त मौका पर गए । सी.आर.पी. दस्ता सब से पहले पहुंचा ।

इससे पहले की सूचनाओं में कहा गया था कि एक आतंकवादी ने अपने-आपको गोली मारकर घायल कर लिया है ।

एक अन्य एजैंसी के अनुसार आतंकवादियों की संख्या चार थी । इनमें से दो भाग निकले । सी.आर.पी. की गश्ती टुकड़ी ने तुरन्त कार्रवाई करके आतंकवादियों की योजना सिरे न चढ़ने दी । भागते हुए आतंकवादियों ने लोगों को भयभीत करने के लिए हवा में कुछ फ़ायर किए ।

दोनों उग्रवादी नूरमहल थाना क्षेत्र की भंगला में एक व्यक्ति व उसके पुत्र की हत्या व एक पुजारी की हत्या में वांछित थे । उन्होंने जालन्धर जिले में विभिन्न स्थानों पर लूटपाट की थी ।

स्कूटर चोरी

आज जिला जालन्धर के कस्बा बंगा में एक धर्म स्थान के बाहर से एक व्यक्ति का स्कूटर चोरी कर लिया गया । पुलिस ने कहा कि गुरदासराम नामक व्यक्ति ने स्कूटर धर्म स्थान के बाहर खड़ा किया था । जब वह वापस आया तो स्कूटर गायब था ।

जालन्धर के नवांशहर थाना क्षेत्र के राहों में 2 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक पैट्रोल पम्प के सेल्समैन अशोक कुमार से 2900 रुपए लूट लिए ।

एक लुटेरा पकड़ा गया

मुक्तसर (दीपक): गत रात 8.30 बजे दो लुटेरों ने एक कंडक्टर से उसका थैला छीनने की कोशिश की । कंडक्टर उस समय थैले सहित साइकल पर अपने घर जा रहा था । लुटेरों को संदेह था कि थैले में नकदी है,लेकिन नकदी तो वह जमा करवा आया था तथा थैले में घर का सामान ही था । जब लुटेरों ने उससे थैला छीना तो वहां खड़े कुछ व्यक्तियों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की,लेकिन वे दौड़ पड़े । कुछ लोगों ने पीछा करके उनमें से एक लुटेरे को पकड़ लिया,जिसके पास पिस्तौल थी । उसका दूसरा साथी भाग निकला । यह वारदात संसद सदस्य भाई शमिंदर सिंह के घर के निकट हुई । पकड़े गए लुटेरे को पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

आतंकवाद अंतिम सांस पर

(पृष्ठ 3 का शेष)

औद्योगिक विकास निगम व थापर ग्रुप का संयुक्त उपक्रम है । इस फैक्टरी से 1200 लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा ।

अवैध कटाई, तस्करी के संबंध में 4 बड़े अफसर तबदील

श्रीनगर, 9 सितम्बर (ह.स.): राज्य सरकार ने आज एक आदेश जारी करके वन विभाग के चार अधिकारियों का तत्काल स्थानांतरण कर दिया है और उन्हें मुख्य सचिव के कार्यालय से जोड़ दिया गया है । इनमें वन विभाग में कमिश्नर कम सचिव श्री जी.आर. सोफी, प्राजैक्ट डायरैक्टर आर.के. मट्टू, एच.एच. अबरोल और जी.क्यू. केंग शामिल हैं । इन अधिकारियों के स्थानांतरण परियांचाल रेंज में अवैध रूप से 300 वृक्षों की कटाई और तस्करी के दृष्टिगत किए गए हैं । उल्लेखनीय है कि वन विभाग के 7 वरिष्ठ अधिकारी पहले गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

इंका के विरुद्ध आंदोलन में

(पृष्ठ 3 का शेष)

कांग्रेस (इ) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक अब सम्भवतः इस माह नहीं हो सकेगी । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी के इसी तिथि से कर्नाटक की यात्रा पर आने की सूचना की वजह से बैठक टाल दी गई । श्री हेगड़े ने बताया कि बाद में स्वयं प्रधानमंत्री का कार्यक्रम भी टल गया और अब वह शायद 27 सितम्बर को राज्य का दौरा करेंगे । श्री हेगड़े ने कहा कि वह कल बेंगलूर रवाना होने से पहले कुछ विपक्षी नेताओं से विचार-विमर्श करेंगे ।

श्री हेगड़े ने सम्वाददाताओं को बताया कि यह बैठक अनौपचारिक थी और यह राष्ट्रीय सवालों पर विपक्षी दलों के विचारों में सहमति लाने की निरन्तर प्रक्रिया को शृंखला की एक कड़ी थी । जब उनसे यह पूछा गया कि इस बैठक में कांग्रेस (इ) के खिलाफ़ विपक्षी दलों द्वारा मुहिम छोड़ने के लिए मोर्चा गठित करने के बारे में विचार किया गया तो श्री हेगड़े ने कहा, "कोई ठोस निर्णय इस बारे में नहीं लिया गया है ।" क्या इस प्रस्तावित मोर्चे में भाजपा और कम्युनिस्टों को एक साथ शामिल करने के बारे में इस बैठक में विचार किया गया, श्री हेगड़े ने कहा, "मेरी समझ में चुनाव सुधार, उच्च पदों पर भ्रष्टाचार मिटाने और बढ़ती कीमतों को रोकने जैसे राष्ट्रीय सवालों पर सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट होना चाहिए ।"

श्री हेगड़े ने कहा कि वे कल 10 सितम्बर को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव ई.एम.एस. नम्बूद्रीपाद से मिलेंगे । यह पूछे जाने पर आप लोगों ने ढाई घंटे तक क्या विचार किया । श्री हेगड़े ने उत्तर दिया, "वी.पी. सिंहने अब अपने महाराष्ट्र दौरे और इस दौरान मिले जनसमर्थन के बारे में हम सब को अवगत कराया ।"

उधर जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री चंद्र शेखर ने कहा है कि वह तत्काल कांग्रेस (इ) की सरकार हटाने के लिये सभी विपक्षी दलों को मिला कर एक मोर्चा बनाने और आंदोलन चलाने के हक में हैं । यह बात उन्होंने कलकत्ता के एक हिन्दी साप्ताहिक से बातचीत के दौरान कही है । जनता अध्यक्ष ने कांग्रेस (इ) को राष्ट्रीय लज्जा की सरकार बताते हुये कहा कि विकल्प तभी तैयार होगा जब राष्ट्रीय सवालों पर विभिन्न विपक्षी दलों में आपसी सहमति हो । श्री चंद्र शेखर ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि वह समान विचार वाले विपक्षी दलों का विलय चाहेंगे लेकिन इसके लिये यह तय करना पड़ेगा कि समान विचार वाले लोग कौन हैं ।

जनता अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीयर सवालों पर वैचारिकसाम्य के बारे में काफी गहराई और सफाई से बातचीत होनी चाहिए । इसके बिना विलय पायेदार नहीं होगा । श्री चंद्रशेखर ने यह भी कहा कि जब तक विभिन्न दलों के बीच वैचारिक सहमति नहीं होती तब तक फ्रंट (मोर्चा) बना कर भी राजीव सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ी जाए ।

दूसरी तरफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव ई. एम. एस. नम्बूद्रीपाद ने आज भूतपूर्व रक्षा मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और उनके सहयोगियों से यह स्पष्ट करने को कहा कि वे वामपंथी और धर्म-निरपेक्ष ताकतों के साथ हैं या दक्षिणपंथी ताकतों के दबाव में आकर उनके हाथ मजबूत करेंगे ।

उन्होंने कहा कि जो लोग वामपंथी दलों और भारतीय जनता पार्टी दोनों को साथ लेकर विरोधी दलों की एकता की बात कर रहे हैं, वे हवा में तीर चला रहे हैं क्योंकि 'भारतीय जनता पार्टी हमारे साथ और हम उसके साथ मेलजोल नहीं चाहते ।"

उग्रवाद कुचल ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

शामिल हुए । इस अमन मार्च में आंध्र, बिहार, बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, गुजरात, असम, मणिपुर, दिल्ली और यू.टी. चंडीगढ़ से आए डैलीगेटों ने भाग लिया । यह हिन्दु-सिख एकता के नारे लगाते जालन्धर शहर के बड़े बाजारों में से हुए देश भक्त हाल पहुंचे । यह शांति मार्च 5 सितम्बर को चंडीगढ़ से चला और पटियाला, संगरूर, बरनाला, लुधियाना, जगराओं, मोगा, फिरोजपुर, अमृतसर, कपूरथला होते हुए जालन्धर पहुंचा है । देश भक्त हाल में अमन रैली को सम्बोधित करते हुए श्री दलबीर ढिल्लों ने दूसरे राज्यों से आए डैलीगेटों का स्वागत किया । उन्होंने कहा कि टीचर वर्ग पंजाब की एकता के लिए हर कुर्बानी देने के लिए तैयार है । इस अवसर पर श्री रणजीत गिल अध्यक्ष गवर्नमैंट सैकेंडरी स्कूल यूनियन, श्री मुकन्द कुलकर्णी, अध्यक्ष आल इंडिया सैकेंडरी फैडरेशन और श्री हरदयाल सिंह ने पंजाब की एकता के लिए अपने विचार प्रकट किए ।

कपूरथला: श्री मुकन्द कुलकर्णी की अध्यक्षता में शिक्षकों का शांति मार्च आज कपूरथला में पहुंचा । शिक्षक संघ के नेताओं ने शांति मार्च का स्वागत किया । एक रैली की गई जिसमें अनेकों शिक्षण व सरकारी कर्मचारी शामिल हुए । बाद में शांति मार्च शहर के विभिन्न बाजारों से होकर गुजरा ।

गुप्ता को अपने विरुद्ध याचिका पर उत्तर के लिए नोटिस जारी

चंडीगढ़, 9 सितम्बर (ह.स.): हरियाणा उच्च न्यायालय के अतिरिक्त रजिस्ट्रार डी.आर. त्रिखा ने हरियाणा के उपमुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता से 11 सितम्बर को यह जवाब देने को कहा है कि उनके भिवानी विधानसभा चुनाव को रद्द करने की प्रतिपक्षी उम्मीदवार कांग्रेस (इ) के श्री शिव कुमार की याचिका पर क्यों न अमल किया जाए । श्री कुमार ने अपनी याचिका में यह आरोप लगाया है कि मतदान के समय मतदान केंद्रों पर जबरन कब्जा किया गया तथा मतगणना के समय भी अनियमितता बरती गई । श्री कुमार की यह शिकायत भी है कि श्री गुप्ता के समर्थकों ने मतगणना के समय उनके तथा उनके मतगणना एजैंटों के साथ हाथापाई की और उनकी मतपेटियां हटा दीं । इस स्थिति से ऊब कर निर्वाचन अधिकारी भी उठ कर चले गए थे ।

पाक सेनाओं द्वारा भारतीय ठिकानों पर फायरिंग

जम्मू, 9 सितम्बर (ह.स.): सीमावर्ती कस्बे पुंछ से चार किलोमीटर उत्तर में बाग्यालदर्रा और सोकर इलाके में पाकिस्तानी फौजियों ने भारतीय ठिकानों पर अकारण गोलीबारी की । यहां सरकारी तौर पर मिली खबरों के मुताबिक पाकिस्तानी जवान भारतीय सीमा में खाइयां खोदने व सैनिक ठिकानों पर कब्जे के फिराक में थे । भारतीय सैनिकों द्वारा इसका विरोध करने पर उन्होंने अंधाधुंध गोलाबारी शुरू कर दी ।

भारतीय सुरक्षा सेना ने भी जवाबी गोलीबारी की । करीब 8 घंटे रुक-रुक कर गोली चलती रही । आखिरी खबर मिलने तक गोलीबारी जारी थी । गोलीबारी में मध्यम श्रेणी की मशीनगन जैसे छोटे हथियारों का इस्तेमाल किया गया है । किसी के हताहत होने की खबर नहीं है ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

ज़मीन-जायदाद

दिल्ली में मकान, दुकान, प्लाट, फ़ैक्टरी, फ़ार्म लेने-देने के लिये प्रिंस एस्टेट एजैंसी, चौक हौज़काज़ी, चावड़ी बाज़ार, दिल्ली, फोन : 269695.

रोज़गार

सहायक स्टेशन मास्टर, टिकट कलैक्टर, गार्ड, टैलीफोन आप्रेटर आदि बनने के इच्छुक पांच रुपए

ज्योतिष

कम्प्यूटर का कमाल, बताए जीवन का हाल । ऋषि ऐस्ट्रो सिस्टम, R-135, माडल टाऊन, लुधियाना ।

दुकानें बिकाऊ

At Pathankot, double storey house vacant, three shops (2700 Sq.ft.) Central Marsena Hotel City Tel.

वायुदूत Vayudoot

FLIES ON DELHI-BATHINDA SECTOR





थाना बटाला सदर के गांव चौधरीवाल के निकट सुरक्षा बलों और पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया खालिस्तान रिज़र्व फ़ोर्स का स्वयं भू डायरैक्टर जनरल जसवंत सिंह उर्फ़ बघेल सिंह उर्फ़ बाबा। (छाया : खोछड़)



रोपड़ पुलिस द्वारा 7 उग्रवादियों से पकड़े 7 पिस्तौल, एक बंदूक, 2 हथगोले और 35 कारतूस। (छाया : दर्दी)



दिल्ली में सब्ज़ी मंडी के निकटस्थ कबीर बस्ती में अवैध हथियारों की एक फ़ैक्टरी पर मारे गए छापे में पकड़े गए हथियार तथा विस्फोटक।

खालिस्तान रिज़र्व फ़ोर्स का जनरल बघेल सिंह मुठभेड़ में मारा गया

लुधियाना के पास मुठभेड़ में एक और उग्रवादी मरा, मल्होत्रा का एक हत्यारा बूंदी, फ़रार उग्रवादी के पिता का एक गिरोह द्वारा कत्ल

पुलिस पर हमला करके 'दाखा' को छुड़ा लिया गया, पंजाब में 3 हत्याएं

चंडीगढ़, 10 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ गुरदासपुर जिले में हुई मुठभेड़ में लालडू बस-नरसंहार का एक अभियुक्त और खालिस्तान रिज़र्व फोर्स का स्वयंभू महानिदेशक जनरल बघेल सिंह उर्फ जसवन्त सिंह मारा गया जबकि उसका साथी कथित लैफ्टिनैंट जनरल तेजेन्द्र सिंह उर्फ जग्गा को गिरफ्तार कर लिया गया। गुरदासपुर जिले में ही एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। लुधियाना के पास भी एक कख्यात उग्रवादी मारा गया, जबकि इक्का नेता राधेश्याम मल्होत्रा के एक हत्यारे उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया गया उग्रवादियों ने अमृतसर जिले में एक वांछित उग्रवादी सतनाम सिंह के पिता की हत्या कर दी, सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक संदिग्ध व्यक्ति मारा गया। भटिंडा जिले में एक व्यापारी की हत्या कर दी, और जालन्धर जिले में एक किसान की हत्या कर दी पर ग्रामीणों ने उसके हत्यारे को पीट-पीट कर मार डाला। पटियाला के पास उग्रवादियों ने पुलिस दल पर हमला करके एक कख्यात उग्रवादी बरिन्दर सिंह दाखा को छुड़ा लिया जबकि उग्रवादियों ने लूटपाट की कई वारदातें कीं। पंजाब भर में विभिन्न स्थानों से डेढ़ दर्जन उग्रवादी गिरफ्तार किए गए।

बघेल सिंह मारा गया

बटाला (खोछड़): लालडू बस हत्याकांड, हरियाणा रोडवेज बस यात्री हत्याकांड व आई.जी. श्री मांगट के बेटे की हत्या सहित लगभग 100 लोगों की हत्याओं में वांछित खतरनाक आतंकवादी खालिस्तान रिज़र्व फ़ोर्स का तथाकथित महानिदेशक जनरल जसवन्त सिंह उर्फ़ बघेल सिंह बघेल उर्फ़ बाबा रात रात बटाला थाना सदर के क्षेत्र चौधरीवाल के निकट बी.एस.एफ. व पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया, जबकि उसका साथी लैफ्टीनैंट जनरल तेजेन्द्र सिंह उर्फ़ जरनैल सिंह जग्गा, पूर्ण सिंह व सतनाम सिंह सत्ता पकड़े गए।

जिला गुरदासपुर पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी और बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री चमन लाल ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि गत रात सुरक्षा बलों व पुलिस ने जब जालन्धर रोड पर नाके लगा रखे थे कि मेहता चौक खोजेवाल की ओर नहर के निकट से एक संदिग्ध युवक से 38 बोर की पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद करके जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपने-आपको मुकेरियां क्षेत्र का तेजिन्द्र सिंह उर्फ़ जरनैल सिंह जग्गा लैफ्टीनैंट जनरल खालिस्तान रिज़र्व फ़ोर्स बताया और बताया कि वह अपने डायरैक्टर जनरल बघेल सिंह के साथ कोई बड़ा हत्याकांड करने की योजना के लिए स्थान तय कर रहे थे और प्रातः सैर करने वाले लोग मुख्यतः उनका निशाना थे।

सुरक्षा बल व पुलिस अधिकारी तुरन्त चौकस हो गए और तेजी से आसपास के गांवों की खोजबीन आरम्भ कर दी। गांव चौधरीवाल के निकट नहर पर कुछ संदिग्ध युवकों को देख ललकारा गया तो उन्होंने सुरक्षा बलों की ओर हथगोला फैंका जो हवा में ही जोरदार विस्फोट से फट गया। दोनों ओर से फायरिंग के बाद सुरक्षा बलों व पुलिस को वहां एक गाव, उसके निकट एक एच.ई. 36 हथगोला, 12 बोर की दोनाली कटी हुई बंदूक .12, .38, .303 व स्टेनगन के अनगिनत चले हुए कारतूस मिले।

श्री बिरदी ने बताया कि जब मृतक संदिग्ध युवक गिरफ्तार तेजेन्द्र सिंह को दिखाया गया तो उसने उसकी शिनाख्त जिला पटियाला, थाना घग्गा के गांव बकराह के जसवन्त सिंह उर्फ बघेल सिंह बघेल उर्फ़ बाबा डायरैक्टर जनरल खालिस्तान रिज़र्व फ़ोर्स के रूप में की।

श्री बिरदी ने आगे बताया कि इसके बाद उस सारे क्षेत्र की खोजबीन का काम इनके अन्य संदिग्ध साथियों को पकड़ने के लिए जारी रखा गया और प्रातः लगभग पांच बजे सुरक्षा बलों व पुलिस की संयुक्त पार्टी ने गांव भबोई के एक स्मगलर हरबंस सिंह लंगड़ा के डेरा से इनके दो अन्य साथियों पूर्ण सिंह व सतनाम सिंह को पकड़ लिया, यह दोनों भी मुकेरियां क्षेत्र के हैं।

श्री बिरदी ने पत्रकारों को आगे बताया कि खालिस्तान रिज़र्व फ़ोर्स के लैफ्टीनैंट जनरल सतनाम सिंह उर्फ़ जरनैल सिंह जग्गा ने और पूछताछ के दौरान बताया कि इनके गिरोह में 13 सदस्य थे जिन्होंने लालडू बस यात्री हत्या कांड में 34 बेगुनाह लोगों, हरियाणा रोडवेज बस यात्रियों की सामाना-पातड़ां सड़क पर पांच बेगुनाह यात्रियों की, आई.जी. पंजाब श्री डी.एस. मांगट के बेटे डा. मंजीत

(शेष पृष्ठ 8 पर)

जिन्दा को पनाह देने के आरोप में एक और व्यक्ति हिरासत में

नई दिल्ली, 10 सितम्बर : दिल्ली पुलिस ने दुर्दांत उग्रवादी हरजिन्दर सिंह जिंदा तथा सतनाम सिंह बावा को, जिन्हें 30 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था, पनाह देने के आरोप में उत्तरी दिल्ली के करोल बाग क्षेत्र के एक व्यक्ति अमरजीत सिंह उर्फ़ बोनी को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अमरजीत सिंह ने जिंदा के लिए तस्करी का दो किलो सोना प्राप्त करने का प्रबंध किया था। वह काफी समय से सोने की तस्करी का धंधा कर रहा था और उसके कई तस्करों से सम्बन्ध हैं।

अमरजीत सिंह उर्फ़ बोनी, जिसकी उम्र 30 वर्ष के लगभग है, को विधिवत गिरफ्तार कर लिए जाने की संभावना है।

इसी बीच जिंदा से की गई पूछताछ से पता चला है कि वह गत फरवरी में राजधानी में आया था और तब से यहां अपनी कार्रवाइयों का अड्डा बनाने की कोशिशें कर रहा था।

.. पुलिस ने कल रात महावीर सिंह भारद्वाज को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया जिसने कख्यात आतंकवादी सतनाम सिंह बावा को नौएडा के एक मकान की चाबियां सौंपी थीं। गाजियाबाद के पुलिस अधीक्षक विभूति नारायण राय ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि मकान मालकिन श्रीमती सावित्री देवी ने शकरपुर की एक कंपनी के मालिक श्री भारद्वाज को उस मकान में अलमारियां, पंखे तथा बिजली की फिटिंग आदि का ठेका दिया था।

ज्ञातव्य है कि बाबा को नोएडा में मकान दिलाने वाले स्वर्ण सिंह चिब और उसे गाजियाबाद ने नेहरू

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सिख समझ चुके हैं कि उग्रवादी उनको कहीं का नहीं छोड़ेंगे : चिरंजीव सिंह

Punjab Sanatan

बघेल सिंह मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

मांगट की पटियाला के निकट सुल्तानविंड क्षेत्र अमृतसर में गुरुद्वारा शहीदां के पास दो सी.आर.पी. व दो अन्य की, हिमाचल में थाना हाज़ीपुर के घेरा गांव में ओंकार नाथ की, बादशाहपुर में एक आढ़ती गुरांलाल व उसकी पत्नी की, सन्सारीवाल में एक व्यक्ति की हत्या के साथ-साथ दरबार साहब में होशियारपुर के भंगाला ग्राम के सरपंच मेहल सिंह की हत्या की थी । करंट लगाकर यह हत्या इसलिए की थी कि इन्हें संदेह था कि इसने आतंकवादी मनबीर सिंह दहेड़ू को पकड़ाने में मुखबरी की है । उसे अत्यन्त यातना देकर बिजली का करंट लगाकर मारा था और शव गटर में फैंक दिया था । श्री बिरदी के अनुसार इसके साथ-साथ इन्होंने अन्य कई हत्या कांडों, डकैतियों, लूटमार व आगज़नी व हथियार छीनने की वारदातों के सम्बन्ध में पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है । श्री बिरदी ने बताया कि मृत खतरनाक आतंकवादी की जेब से एक डायरी भी बरामद हुई है, जिस पर हथियार खरीदने व कई खूंखार आतंकवादियों के अलावा अन्य कई रहस्यमय जानकारियां हैं ।

श्री बिरदी ने आगे बताया कि कई हत्याकांडों में इनके साथ भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स व खालिस्तान कमांडो फोर्स के खूंखार आतंकवादी भी शामिल थे, जिनमें लालडू बस यात्री हत्या कांड,जिसमें 34 लोग मारे गए थे,मुख्य है ।

श्री बिरदी ने बताया कि तेजिन्द्र सिंह के पुलिस को बताए अनुसार इनके गैंग में 13 सदस्य थे, जिनमें से अब केवल हरभजन सिंह, नछत्तर सिंह व हरिसिंह फ़रार हैं, अन्य अलग-अलग जिलों में गिरफ्तार किए जा चुके हैं । इनमें नछत्तर सिंह इस गैंग का चीफ़ सैक्रेटरी जनरल है ।

श्री बिरदी ने दावा किया कि खालिस्तान रिज़र्व फ़ोर्स के डायरैक्टर जनरल बघेल सिंह के मुठभेड़ में मारे जाने व लैफ़्टीनैंट जनरल तेजिन्द्र सिंह के पकड़े जाने के बाद इस गैंग का लगभग सफ़ाया हो गया है और आने वाले दिनों में बटाला क्षेत्र में कोई बड़ा खूनी कांड होने से टल गया है ।

विनोद के अनुसार इस गिरोह ने लूट, डकैतियां व मुकेरियां क्षेत्र में बसों को आग लगाने आदि की भी घटनाएं की थीं ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार

श्री बिरदी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने किसी अज्ञात व्यक्ति की सूचना पर कलानौर में अवतार सिंह उर्फ़ तारी के ट्यूबवैल पर छापा मारकर तीन कथित आतंकवादियों अवतार सिंह कलानौर, बचन सिंह मीरांकोट तथा बलजीत सिंह कोहाली (डेरा बाबा नानक) को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से तीन बंदूकें व 18 कारतूस बरामद किए हैं ।

उन्होंने 14 अगस्त को कलानौर के गांव लखनकलां में सरपंच हरबंस लाल के परिवार के चार सदस्यों व भूतपूर्व सरपंच पूर्ण सिंह की हत्या की थी ।

देश-विरोधी नारों के आरोप में 9 गिरफ्तार

श्री बिरदी ने बताया कि धारीवाल पुलिस ने एक बधशाला पर कब्ज़ा करके वहां 'निशान साहब' गाड़ने, खालिस्तान समर्थक व देश-विरोधी नारे लगाने के आरोप में गांव कलेर खुर्द के हजारा सिंह, गुरदीप सिंह, केहर सिंह, इकबाल सिंह, गुरदयाल सिंह, देसा सिंह, हरबंस सिंह, सुबेग सिंह व एक अन्य को गिरफ्तार किया है ।

हत्या

उग्रवादियों ने गुरदासपुर जिले के दयालपुर थाना के ग्राम दुलोवाल में टेकराम महाजन की हत्या कर दी और जोगेन्द्र कुमार को घायल कर दिया ।

उग्रवादी मारा गया

लुधियाना (धीमान, महेन्द्रा, जोशी, मुसाफ़िर, नेपाल, भाम्बी, प्रदीप आदि): लुधियाना के निकट आज सुबह एक आतंकवादी पुलिस के साथ हुई मठभेड़ में मारा गया,जबकि दो अन्य भागने में सफल हो गए । जिला पुलिस प्रमुख ए.पी. पांडे ने बताया कि यहां से 34 किलो मीटर दूर सिधवां नहर के निकट नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने आज सुबह स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों को जब ललकारा तो उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । जवाब में पुलिस के गोली चलाए जाने से एक आतंकवादी मारा गया तथा अन्य दो भागने में सफल हो गए । पुलिस ने बिना नम्बर के उस स्कूटर के अलावा मारे गए आतंकवादी से एक रिवाल्वर और 29 कारतूस बरामद किए हैं ।

मल्होत्रा का एक हत्यारा बंदी

लुधियाना पुलिस ने जिला युवक कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष राधेश्याम मल्होत्रा की हत्या के तीन आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया है । जिला पुलिस प्रमुख पी. पांडे ने आज यहां बताया कि उग्रवादी रूपिंदर सिंह को पुलिस ने कल रात नाकेबंदी के दौरान गिरफ्तार किया । पुलिस के अनुसार रूपिंदर सिंह पंजाब कृषि विश्वविद्यालय का छात्र है और पुलिस ने उससे एक टाइम बम तथा एक देसी बम भी बरामद किया । श्री पांडे ने कहा कि रूपिंदर सिंह की गिरफ्तारी से इस हत्या-कांड की गुत्थी सुलझ गई है और इस हत्या कांड में शामिल दो अन्य उग्रवादियों का भी सुराग मिल गया है । युवा कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राधेश्याम मल्होत्रा की गत 24 अगस्त को तीन उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी ।

उग्रवादी बंदी

जिला पुलिस ने आज दावा किया है कि नारंगवाल के गांव वालों ने एक उग्रवादी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है । एस.एस.पी. श्री पांडे ने आज बताया कि 8-9 सितम्बर की रात को तीन उग्रवादियों ने कैनेडा से आए हुए एक युवक को लूटने की कोशिश की । यह युवक कुलदीप सिंह कैनेडा से अपने गांव अपना विवाह कराने आया था । रात के 10.30 बजे तीन उग्रवादियों ने उसके मकान में घुसने की कोशिश की । कुलदीप सिंह के भाई कुलबीर सिंह, जो भूतपूर्व फ़ौजी बताया जाता है, ने इन उग्रवादियों को घर में दाखिल होने से रोका और दो गोलियां भी चलाईं,जब वह न रुके तब उन्होंने गांव में शोर मचा दिया, गांव वाले बाहर निकल आए, उन्होंने एक उग्रवादी को काबू कर लिया मगर उसके दो साथी भाग गए । पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया उग्रवादी इन्द्रजीत सिंह हलवाड़ा है,जो डाक्टर गुरमेल सिंह का भाई है । डा. गुरमेल सिंह पहले ही संत हरचंद सिंह लौंगोवाल कत्ल केस में दोषी है और वह जेल में है ।

व्यापारी की हत्या

भटिंडा की एक सूचना के अनुसार कल रात्रि उग्रवादियों ने रामपुराफूल थाना क्षेत्र के ग्राम दल्लेवाल में एक व्यापारी लक्खू राम की हत्या कर दी व उसके पुत्र जोगेन्द्र कुमार को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

पुलिस दल पर हमला, उग्रवादी छुड़ा लिया

कुछ आतंकवादी पटियाला जिला में कल रात एक पुलिस दल पर हमला करके अपने एक साथी को छुड़ा ले गए । प्राप्त आधिकारिक सूचना के अनुसार पुलिस वाले एक आतंकवादी, वरिंदर सिंह दाखा को लेकर हथियार आदि बरामद करने जा रहे थे कि भाखड़ा मुख्य नहर के पटियाला-सरहिंद मार्ग पर लगभग 11 आतंकवादियों ने पुलिस दल पर अचानक हमला कर दिया । खबर है कि हमला करने वाले आतंकवादियों में से कुछेक ने पुलिस की वर्दियां पहन रखी थीं । आतंकवादी अपने साथी दाखा को छुड़ा ले गए । दाखा 'बी' श्रेणी का कुख्यात उग्रवादी है । किसी पुलिस कर्मी के हताहत होने की खबर नहीं है ।

दाखा इंस्पैक्टर दीदार सिंह आदि की हत्या में वांछित था । हमलावर उग्रवादी मारुति कार में सवार थे और पुलिस वर्दी पहने थे ।

पटियाला जिले के सामाना में 1 सितम्बर को गिरफ्तार किये गये उग्रवादी कुलवंत सिंह का मैजिस्ट्रेट ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया ।

चंडीगढ़ प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू करके नारे लगाने, धरने देने, हथियार लेकर चलने, सिनेमाहालों में बक्से, हैंडबैग, कैमरे आदि लेकर जाने पर रोक लगा दी है ।

उग्रवादी के पिता की हत्या

अमृतसर से पुलिस हवाले से मिली एक सूचना के अनुसार 'बी' श्रेणी के एक फ़रार आतंकवादी सतनाम सिंह के पिता दारा सिंह की आज तड़के अजनाला इलाके के पट्टी थाना क्षेत्र के गांव कोठी में हत्या कर दी गई । पुलिस को संदेह है कि यह हत्या किसी प्रतिद्वंदी आतंकवादी गुट द्वारा की गई है ।

एक मारा गया

अमृतसर के लोपोके थाना क्षेत्र के ग्राम वेरा के पास सीमा पार कर रहा एक संदिग्ध व्यक्ति सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया ।

सुरक्षा बलों ने अमृतसर जिले में उग्रवादियों की व्यापक खोज शुरू कर दी है । इस सप्ताह के प्रारम्भ में उग्रवादियों ने सी.आर.पी.के एक, डी.एस.पी. सहित चार लोगों की हत्या कर दी थी ।

किसान की हत्या

जालन्धर (क, न न अ, ह.स., वार्ता): एक किसान की कल रात करतारपुर पुलिस थाना अन्तर्गत सलोबाली गांव में तेज़धार वाले हथियार से हत्या कर दी गई तथा उसके निकट सो रहा एक श्रमिक लापता है । पुलिस के अनुसार मृत किसान हरदेव सिंह के साथ एक श्रमिक कल रात ट्यूबवैल के पास सो रहा था । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

हत्यारे को मार डाला

बाद की सूचना है कि ग्रामीणों ने हरदेव सिंह उर्फ़ गुरदेव सिंह के हत्यारे श्रमिक की पीट-पीट कर हत्या कर दी । श्रमिक सुबह से ही गायब था । ग्रामीणों ने अपरान्ह में उसे ढूंढ निकाला और उसे पीट-पीट कर मार डाला ।

दो कथित आतंकवादियों ने कल रात नकोदर थाना के अन्तर्गत गांव पंडोरी के एक शराब के ठेके से 612 रुपए लूट लिए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

जालन्धर के प्रीत नगर क्षेत्र में सोढल मंदिर के पास दो उग्रवादियों ने राजेन्द्र शर्मा का स्कूटर छीन लिया ।

मोगा :(ब) आज अपरांह 2.30 बजे दो उग्रवादियों ने मैजेस्टिक रोड पर सत्येन्द्र कुमार का स्कूटर छीन लिया ।

वीरभद्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

इससे पहले भी अनेक बार मेरे (मुख्य मंत्री) विरुद्ध वन माफ़िया द्वारा अनेक बार आरोपपत्र दिए गए हैं तथा उन्हें समाचारपत्रों द्वारा छापा गया था । इसके अतिरिक्त प्रदेश में अनेक ऐसी घटनाएं हुईं,जिनसे राज्य सरकार की स्थिति काफ़ी उलझनपूर्ण हो सकती थी,लेकिन सरकार ने कभी भी समाचारपत्रों को ज़ब्त करने का कदम नहीं उठाया था तथा न ही कभी समाचारपत्रों को किसी क्षेत्र में जाने से रोका ।

यदि पुलिस अधिकारियों को किसी विशेष समाचार को रोकने के उद्देश्य से पत्रों को रोकने का निर्देश दिया गया होता तो वह समाचारपत्रों की प्रत्येक कापी की जांच नहीं करते । यह कार्य तो वह सभी समाचारपत्रों की एक-एक प्रति कुछ मिनटों में देखकर कर सकते थे ।

श्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि वह प्रैस की स्वतंत्रता के प्रबल पक्षधर हैं तथा इसे वह लोकतांत्रिक प्रणाली का एक अभिन्न अंग समझते हैं ।

हैडग्रंथियों का आह्वान

(पृष्ठ 3 का शेष)

अपील नज़र अंदाज़ की जाए : मान

फगवाड़ा (कौड़ा) : अनुसूचित जाति सिखों के धार्मिक संगठन आल इंडिया रंगरेटा दल के अध्यक्ष जोगिन्द्र सिंह मान (विधायक) ने चार मुख्यग्रंथियों व आतंकवादियों के मध्य हुए गठबंधन की कटु आलोचना की है व इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि चार मुख्य ग्रंथियों की तरफ से आतंकवादी

डाक्टरों द्वारा रक्तदान

(पृष्ठ 3 का शेष)

होशियारपुर, (अश्विनी): जूनियर डाक्टरों की क्रमिक भूखहड़ताल के सम्बन्ध में आज डाक्टर प्रमोद गुप्ता व डा. जसविंदर पुरेवाल ने भूखहड़ताल आरम्भ की । जे.डी.ए. की तरफ से स्थानीय सिविल अस्पताल में रक्तदान कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 40 के लगभग जूनियर डाक्टरों तथा स्थानीय मैडीकल कालेज आफ इलैक्ट्रोपैथी के छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया । इस कैम्प का उद्घाटन जिलाधीश की धर्मपत्नी श्रीमती साधना संधू ने किया । जे.डी.ए. के अध्यक्ष डा. भूपेन्द्र जीत सिंह ने बताया कि जूनियर डाक्टरों की तरफ से आरम्भ की गई ओ.पी.डी. सेवा में अब तक 5 हज़ार रोगियों की जांच करके उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गई है । उन्होंने कहा कि होशियारपुर सिविल अस्पताल में आपातकालीन सेवा को छोड़ कर बाकी सभी विभाग बंद करवा दिए गए हैं ।

नर्सों की हड़ताल 21वें दिन में प्रवेश कर गई । जिला नर्सिंग एसोसिएशन की प्रधान श्रीमती अमरजीत कौर ने आज घोषणा की कि 13 सितम्बर को पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे के होशियारपुर आगमन पर जिला भर की नर्सें श्री रे के विरुद्ध काले झंडों से प्रदर्शन करेंगी । श्रीमती अमरजीत कौर ने दावा किया कि उनकी हड़ताल के कारण जिला भर में परिवार-नियोजन कार्यक्रम बिल्कुल ठप्प हो गया है तथा जिला के ग्रामों व कस्बों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा अस्पताल बंद हो गए हैं । नर्सों की तरफ से स्थानीय सिविल अस्पताल में धरना आज भी जारी रहा ।

अलाटमैंट रद्द

(पृष्ठ 3 का शेष)

भजन लाल का प्लाट रद्द

हिसार से नांदवाल की सूचना है कि केंद्रीय मंत्री भजन लाल को हिसार के सैक्टर 15-A में स्वैच्छिक कोटे से दिए गए हुड्डा प्लाट का आबंटन भी रद्द कर दिया गया है । इस प्लाट पर निर्माण कार्य चल रहा था ।

हरियाणा योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष तथा भूतपूर्व वित्तमंत्री श्री मूलचंद जैन ने मत व्यक्त किया है कि इस फैसले के परिणाम स्वरूप मुकद्दमेबाजी शुरू हो जाएगी ।

भूतपूर्व मंत्री और वरिष्ठ इंका नेता श्री शमशेर सिंह सुर्जेवाला ने कहा कि यह फैसला मनमाना है तथा इसका उद्देश्य लोगों को परेशान करना है । श्री सुर्जेवाला ने कहा कि बंसी लाल सरकार द्वारा अलाट किए गए प्लाटों की अलाटमैंट-रद्द करने के वर्तमान सरकार के पहले फैसले को ही कई लोगों ने अदालत में चुनौती दे रखी है ।

जिन्दा को पनाह

(पृष्ठ 3 का शेष)

नगर में किराए का मकान दिलाने वाले हरमिंदर सिंह तथा स्वर्णजीत सिंह को पुलिस पहले ही हिरासत में ले चुकी है ।

श्री राय ने बताया कि नेहरू नगर वाला मकान गत एक अगस्त को ही किराए पर लिया गया था, परन्तु उसमें कोई नहीं रहता था । उन्होंने बताया कि हरमिंदर सिंह तथा स्वर्णजीत सिंह जब उस मकान को खाली करके जा रहे थे तो बावा ने उनसे संपर्क किया और संभवत: कुछ कमीशन देकर यह मकान किराए पर ले लिया । दिल्ली पुलिस के गुप्तचर अधिकारी दोनों अभियुक्तों से पूछताछ करने के लिए यहां आए हैं ।

जूनियर इंजीनियरों का धरना

फगवाड़ा, 10 सितम्बर (कौड़ा): पंजाब-भर में चल रही डिप्लोमा जूनियर इंजीनियरों की हड़ताल के चौबीसवें दिन में आज लगभग एक सौ जूनियर इंजीनियरों ने स्थानीय नेशनल हाईवे डिवीजन के एग्जैक्टिव इंजीनियर के कार्यालय के समक्ष अपनी मांगों के पक्ष में धरना दिया ।

रोडवेज कर्मियों के संघर्ष का दूसरा चरण 14 से

जालंधर, 10 सितम्बर (क.): पंजाब गवर्नमैंट नैशनल मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्ज यूनियन ने पंजाब रोडवेज की मांगों के समर्थन में संघर्ष तेज करने का निर्णय किया है । यह घोषणा करते हुए यूनियन के महासचिव श्री जसवंत सिंह समरा ने एक भेंट में

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

जायदाद

पानीपत-सनौली रोड बिल्कुल सस्ते प्लाट केवल

चिकित्सा

आयुर्वेदिक चमत्कार । हमारी अपनी तैयार

वर्ष 23 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 92
शनिवार, 12 सितम्बर, 1987 तदनुसार, 27 भाद्रपद, 2044 मूल्य 75 पैसे, विमान द्वारा 90 पैसे

अमरीक सिंह उर्फ़ शबेग सिंह सहित पटियाला में सोलह आतंकवादी गिरफ़्तार

जालन्धर में बैंक लूटने की कोशिश नाकाम : गनमैन घायल

पिपल सिंह की पत्नी गिरफ़्तार : पंजाब में दो हत्याएं

चंडीगढ़, 11 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने गत 24 घंटों के दौरान 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी,जबकि लगभग दो दर्जन आतंकवादी पकड़े गए,जिनमें खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का 'कमांडर' अमरीक सिंह उर्फ़ शबेग सिंह तथा दर्दात आतंकवादी पिपल सिंह की पत्नी भी शामिल हैं । जालन्धर में बैंक डकैती का एक प्रयास बैंक के गनमैन ने विफल बना दिया । गुरदासपुर पुलिस ने खालिस्तान रिज़र्व फ़ोर्स के कमांडर तथा सहायक कमांडर को गिरफ्तार किया । अमृतसर में एक भाजपा नेता के घर हथगोला पड़ा मिला ।

16 आतंकवादी गिरफ्तार

पटियाला (भूषण सरहिन्दी): 16 दर्दात आतंकवादी, जिनमें अमरीक सिंह उर्फ़ शबेग सिंह, जो कि खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के स्वयंभू जनरल पिपल सिंह का पर्सनल असिस्टैंट है, भी शामिल है, जिला पटियाला में सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार किए हैं । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री बी.एस. बराड़ ने दी । उन्होंने कहा कि अमरीक सिंह उर्फ़ शबेग सिंह 23 लोगों की हत्या के लिए ज़िम्मेदार है,जिनमें गांव जगदेव कलां में 13 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या भी शामिल है । श्री बराड़ ने पत्रकारों को बताया कि अमरीक सिंह ने गत वर्ष मई में जिला गुरदासपर में गांव खोजेवाल में दो हिन्दुओं की हत्या की थी । उसने एक स्कूल टीचर सरदूल सिंह, सुखवन्त सिंह, उसके दो लड़कों तथा एक लड़की की, पटियाला के निकट बहादरगढ़ में जोगिंदर सिंह की, गुरुद्वारा दुख निवारण में ग्रंथी निरंजन सिंह की, अमृतसर के गांव जगदेवकलां में 13 व्यक्तियों की, अमृतसर के गांव ढोट्टियां में एक स्त्री की तथा गत अप्रैल में गोइंदवाल में एक व्यक्ति की हत्या की । अमरीक सिंह,जो जिला गरदासपुर के गांव कोट संतोखगढ़ से सम्बन्ध रखता है, की सी.आर.पी. तथा बी.एस.एफ. के साथ कई मुठभेड़ें हुईं और उसने कांग्रेस (इ) विधायक ब्रह्म महेन्द्र तथा अकाली नेता सरदार सिंह कोहली की हत्या की योजना बनाई थी ।

पिपल सिंह की पत्नी गिरफ्तार

पटियाला पुलिस ने तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के स्वयंभू जनरल पिपल सिंह की पत्नी बलबीर कौर को भी गिरफ्तार कर लिया । बलबीर कौर थाना धर्मकोट के गांव कल्याण के सच्चा सिंह की लड़की है । लगभग दो महीने पहले वह अपने पिता सच्चा सिंह तथा दो भाइयों मनजीत सिंह और बूटा सिंह के साथ गांव नैनाकोट (थाना पटियाला सदर) में आ गई थी ताकि आतंकवादी गतिविधियां चला सकें । इन सभी को पुलिस ने आतंकवाद निरोधक कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया है ।

एस.एस.पी. के अनुसार वे बड़े पैमाने पर हिन्दुओं की हत्या की योजना बना रहे थे ताकि हिन्दुओं को पंजाब छोड़ कर चले जाने के लिए बाध्य किया जा सके । इसके अलावा वे उग्रवादियों को पनाह भी दे रहे थे । पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अन्य आतंकवादी यह हैं : रछपाल सिंह गांव रौनी, अमरीक सिंह गांव कौली, दीदार सिंह गांव भगराना, परमजीत सिंह गांव भगराना, मोहन सिंह और पाल सिंह गांव रौनी (सभी जिला पटियाला), प्रीतम सिंह, गुरमेज सिंह गांव मेहमा, शेर सिंह राजपुरा रोड आफ़िसर्ज़ कालोनी पटियाला, नरेन्द्र सिंह गांव टोहरा आदि ।

पुलिस ने उनके कब्ज़े से 6 मोटर साइकल व स्कूटर, एक .315 बोर गन, एक .455 विदेशी रिवाल्वर, एक .12 बोर पिस्तौल तथा 2,000 रुपए नकद बरामद किए । इसके अलावा बड़ी मात्रा में कारतूस भी पकड़े गए ।

श्री बराड़ ने कहा कि अमरीक सिंह पंजाब में सरगर्म प्रमुख आतंकवादियों में से एक है,लेकिन उसका नाम आतंकवादियों की वर्गीकृत सूची में नहीं है,क्योंकि वह विभिन्न फ़र्ज़ी नामों से काम करता था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



गुरदासपुर के थाना कादियां के गांव वडाला ग्रंथियां में उग्रवादियों की फ़ायरि
जोगिंदर सिंह ।



बैंक आफ इंडिया की गढ़ा (जालन्धर) शाखा का गनमैन गुरमीत सिंह जिस
को 'जफ्फा' मार लिया । बाद में वह उग्रवादियों की गोली से घायल हो

हैडग्रन्थियों को पदों से हटाने के प्रयास : शिरोमणि कमेटी की बैठक आज

चंडीगढ़, 11 सितम्बर (वि.प्र.): हैडग्रंथियों को उनके पदों से हटाने के प्रयास शुरू हो गए हैं । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की कार्यकारिणी की एक अत्यावश्यक बैठक कल 12 सितम्बर को चंडीगढ़ में बुलाई गई है जिसमें चार हैडग्रंथियों द्वारा उग्रवादियों के समर्थन में दिए गए बयान से उत्पन्न स्थिति पर विचार किया जाएगा ।

दिल्ली के अकाली नेता जत्थेदार हरचरण सिंह जोश, जो शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं, ने कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष हरेंद्र सिंह को लिखे एक पत्र में सुझाव दिया है कि दरबार साहिब के हैडग्रंथी ज्ञानी पूरण सिंह और अकाल तख्त के हैडग्रंथी ज्ञानी कश्मीर सिंह को उनके पदों से हटा दिया जाए क्योंकि ये दोनों शिरोमणि कमेटी के कर्मचारी हैं और उन्होंने दर्शनी ड्योढ़ी से अकाल तख्त के जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह खालसा के खिलाफ बयान देकर सिख के बारे उनके स्थान पर विचार-विमर्श करने की खातिर अकाल तख्त के जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह हैडग्रंथी ज्ञानी पूर्ण सिंह और ज्ञानी कश्मीरा सिंह को मीटिंगों में बुलाते रहे हैं ।

विचार-विमर्श के बाद अंतिम फैसला अकाल तख्त का जत्थेदार ही करता है । दर्शनी ड्योढ़ी से अकाल तख्त के अध्यक्ष के खिलाफ गैरजिम्मेदाराना बयान देकर अकाल तख्त की शान में गुस्ताखी की गई है जो सर्व खालसा पंथ का अपमान है ।

पत्र के अंत में जत्थेदार हरचरण सिंह ने कहा है कि खालसा पंथ की परम्पराओं की की गई उल्लंघना और दो सिंह साहिबान को हटाने के मामले पर गौर किया जाए । इस पत्र की प्रतिलिपियां श्री हरचरण सिंह ने आज रात यहां जारी की हैं ।

बस दुर्घटना के दो घायल चल बसे



हड़ताली नर्सों पर लाठीच
भर में जूनियर डाक्टरों

जालन्धर, 11 सितम्बर (क.) : पंजाब नर्सिंज़ एसोसिएशन की जालन्धर ईकाई की क्रमशः अध्यक्ष व महासचिव श्रीमती सर्वजीत चीमा तथा शोभा सहोता ने कल नवांशहर में हड़ताली नर्सों के साथ पुलिस के दुर्व्यवहार की कड़ी निन्दा की है । आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कुछ नर्सों को पत्रकारों के समक्ष पेश किया, जिन्हें नवांशहर में पुलिस के डंडाचार्ज से चोटें आई हैं । जालन्धर व होशियारपुर ज़िलों से नर्सें वहां स्वास्थ्य सचिव स्वर्ण सिंह बोपाराय का घेराव करने गई थीं, जहां वह किसी समारोह में शामिल होने गए थे । दोनों नेताओं ने कहा कि पुलिस ने पैरा-मैडीकल यूनियन के श्री रमेश शर्मा सहित कुछ नेताओं को ज़बरदस्ती वहां से हटा दिया तो नर्सें प्रौटैस्ट करने के लिए थाना नवांशहर पहुंच गईं । उन्होंने पंजाब के राज्यपाल से उनकी उचित मांगें तत्काल स्वीकार कर लेने का आग्रह किया । पंजाब नर्सिंज़ एसोसिएशन की एक विज्ञप्ति में दावा किया गया कि कल नवांशहर में नर्सों ने स्वास्थ्य सचिव स्वर्ण सिंह

बहुत कठिनाई पेश
10 गांवों के सरप
डाक्टरों ने शहर में

पंजाब जूनियर
आर.एस. सेठी ने
अस्पतालों में जाक
देखें । उन्होंने दावा
मिलने के कारण अ
एक घटना का ज़िक्र
की गर्भवती पत्नी
अस्पताल में दाखिल
डाक्टरों की उचित म
की निन्दा की ।

(शेष

एच.सी

चंडीगढ़, 11
सरकार ने राज्य के

Punjabi Sahitani

तथा श्री अकाल तख्त के गौरव और महानता को पांवों तले रौंद दिया है । आज यहां एक इंटरव्यू में श्री उमरानंगल ने आरोप लगाया कि जिन महान सिखों ने धर्म और देश के लिए बलिदान दिए थे और नाम कमाया था, उसके नाम और शहादत पर झाड़ू फेरने की कोशिश की गई है । उन्होंने कहा कि कुछ नेतृत्व करें । यदि उनमें साहस नहीं तो वे आतंकवादियों को शह देने का काम क्यों करते हैं । अकाली नेता ने सिख युवकों से अनुरोध किया कि वे अपने भले के लिए स्वयं सोचें, दिमाग से काम लें और गुमराह न हों । जत्थेदार उमरानंगल ने रहस्योद्घाटन किया कि उन्होंने पहले ही कह दिया



गुरदासपुर के थाना कादियां के गांव वडाला ग्रंथियां में उग्रवादियों की फ़ायरिंग से मरा शराब ठेके का कारिंदा जोगिंदर सिंह । (छाया : कोछड़)



बैंक आफ इंडिया की गढ़ा (जालन्धर) शाखा का गनमैन गुरमीत सिंह जिसने बैंक लूटने आए उग्रवादियों को 'जफ्फा' मार लिया । बाद में वह उग्रवादियों की गोली से घायल हो गया । (छाया : कपूर)

हड़ताली नर्सों पर लाठीचार्ज : राज्य भर में जूनियर डाक्टरों के प्रदर्शन

जालन्धर, 11 सितम्बर (कं.) : पंजाब नर्सिंज़ एसोसिएशन की जालन्धर ईकाई की क्रमशः अध्यक्ष व महासचिव श्रीमती सर्वजीत चीमा तथा शोभा सहोता ने कल नवांशहर में हड़ताली नर्सों के साथ पुलिस के दुर्व्यवहार की कड़ी निन्दा की है । आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कुछ नर्सों को पत्रकारों के समक्ष पेश किया, जिन्हें नवांशहर में पुलिस के डंडाचार्ज से चोटें आई हैं । जालन्धर व होशियारपुर ज़िलों से नर्सें वहां स्वास्थ्य सचिव स्वर्ण सिंह बोपाराय का घेराव करने गई थीं, जहां वह किसी समारोह में शामिल होने गए थे । दोनों नेताओं ने कहा कि पुलिस ने पैरा-मैडीकल यूनियन के श्री रमेश शर्मा सहित कुछ नेताओं को ज़बरदस्ती वहां से हटा दिया तो नर्सें प्रोटैस्ट करने के लिए थाना नवांशहर पहुंच गईं । उन्होंने पंजाब के राज्यपाल से उनकी उचित मांगें तत्काल स्वीकार कर लेने का आग्रह किया । पंजाब नर्सिंज़ बहुत कठिनाई पेश आ रही है । रैली में निकटवर्ती 10 गांवों के सरपंच व पंच भी शामिल थे । डाक्टरों ने शहर में जलूस भी निकाला ।

पंजाब जूनियर डाक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.एस. सेठी ने राज्यपाल से कहा है कि वह अस्पतालों में जाकर गरीब लोगों की दुर्दशा को देखें । उन्होंने दावा किया कि चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण अनेक रोगी मर गए हैं । उन्होंने एक घटना का ज़िक्र किया जिसमें एक रिक्शा चालक की गर्भवती पत्नी की मृत्यु हो गई, क्योंकि उसको अस्पताल में दाखिल न कराया जा सका । उन्होंने डाक्टरों की उचित मांगों के प्रति सरकार के हठी रवैये की निन्दा की । इसी बीच डाक्टरों की क्रमिक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Janatani

पंजाब में उग्रवाद की जड़ें कहां....

(पृष्ठ 3 का शेष)

सामान्य होगी ?

श्री रे ने कहा कि यह कहना तो कठिन है लेकिन मैं समझता हूं कि जिस दिन मैं और मेरी पत्नी बिना किसी भय व सुरक्षा कर्मियों के बगैर दरबार साहब में मत्था टेकने जा सकेंगे उस दिन मैं समझूंगा कि पंजाब में स्थिति सामान्य हो गई है । और पंजाब में शांति व खुशहाली के पुराने दिन लौट आए हैं ।

अब क्या किया जाए ?

अब हम यहां से कहां जाएं ? प्रो. दर्शन सिंह द्वारा हाल ही में बुलाए गए सम्मेलन जिसमें 'सिखों के लिये एक अलग राज्य की मांग की गई थी' खालिस्तान की ही मांग अप्रत्यक्ष रूप में की गई थी । क्या किसी सरकार के लिये यह बुद्धिमतापूर्ण कदम होगा कि वह उनके साथ बातचीत करे ? मेरे विचार में बिल्कुल नहीं । यह लोग सिखों की विचारधारा का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं क्योंकि सिख जनता का बहुमत सिखों के लिये किसी पृथक राज्य का विरोधी है । सिख इस बात को अच्छी तरह समझते हैं कि खालिस्तान खालसा पंथ के लिये 'विनाशकारी' सिद्ध होगा ।

सरकार को अब यह करना चाहिए कि राष्ट्रवादी सिखों (जिनकी संख्या सिख समुदाय का 99 प्रतिशत है) के हाथों को मजबूत करे । उनकी शिकायतें दूर करे । पहला और प्रमुख यह कार्य किया जाना चाहिए कि सरकार आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के कारण हुई हानि व निर्दोष यात्रियों की हत्या के लिये बिना शर्त माफी मांगे तथा प्रायश्चित करे ।

क्षमादान तब तक नहीं किया जा सकता जब तक इसके लिये प्रार्थना नहीं की जाएगी । सरकार जब तक अपने इस स्टैंड पर अड़ी रहती है कि स्वर्ण मंदिर में सेना भेजने के सिवाय इसके पास कोई चारा नहीं था और सेना ने जो भी किया वह न्यायोचित है तब तक सिख ग्रुपों और सरकार के मध्य कोई उद्देश्यपूर्ण बातचीत नहीं हो सकती है—और न ही उन भारतीयों का, जो सरकारी कार्रवाई का समर्थन करते हैं, और सिख समुदाय का आपस में मेलजोल बढ़ सकता है । पंजाब में बेहतर हालात लाने के लिये मात्र एक साहसपूर्ण कार्य की आवश्यकता है और यह कार्य श्री राजीव गांधी को करना ही पड़ेगा ।

एक और बात जो सिखों के हित में बसी हुई है वह यह है कि नवम्बर के सिख-विरोधी दंगों के किसी भी अपराधी को अब तक दंड देने की अपेक्षा, सरकार जांच के लिये आयोगों की नियुक्ति करके सांप के चले जाने के बाद लकीर को पीटने की कोशिश कर रही है । कम से कम राजीव गांधी इतना तो अवश्य कर सकते हैं कि वह एच.के.एल. भगत और जगदीश टाइटलर जैसे मंत्रियों को निकाल दें, जिन्हें स्वतंत्र रूप से जांच करने वाले आयोगों ने अपराधियों में शामिल पाया है । ये मंत्री चाहें तो वे उन पर अपराधी होने का आरोप लगाने वालों के खिलाफ मुकद्दमा करके अपनी छवि सुधार सकते हैं ।

1984 के नरसंहार की योजना बनाने वालों के खिलाफ मुकद्दमा चलाने में अनिच्छा दिखा कर श्री राजीव गांधी सिख समुदाय में अपनी विश्वसनीयता खो रहे हैं तथा इस आरोप को बल मिल रहा है कि सिखों को उनकी सरकार से न्याय प्राप्त नहीं होगा । अपराधियों को दंड न मिले जाने के कारण उग्रवादियों की संख्या में वृद्धि हुई है ।

जोधपुर व अन्य जेलों में 3 साल से नजरबंद सिखों को या तो रिहा कर दिया जाना चाहिए या उनके खिलाफ मुकद्दमा चलाया जाना चाहिए । किसी भी सभ्य देश की सरकार को अपने नागरिकों को उनके खिलाफ सबूत जुटाने के लिये उन्हें एक निश्चित अवधि से ज्यादा देर तक कैद नहीं रखना चाहिए ।

सरकार ने बार-बार उचित कार्रवाइयां करके सिद्ध कर दिया है कि कोई धर्म स्थल चाहे वह कितना भी पवित्र क्यों न हो देश के कानून की पहुंच से बच नहीं सकता । अपराधी जहां पर भी हों, पुलिस को वहां जाने का अधिकार है । यदि सिख अपने गुरुद्वारों से अपराधियों का सफाया नहीं करना चाहते हैं या वह इसके लिये अयोग्य हैं तो उन्हें कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए जब पुलिस उनके लिये धर्म स्थलों से अपराधियों का सफाया करती है ।

जब ये सब आवश्यक पग उठाये जाएंगे तभी औद्योगिकीकरण व आर्थिक पैकेजों का लाभ हो सकता है अ
है ।



हरियाणा
छात्र प्रेम
बी.एस.सी
विश्वविद्या
स्थान

ब

चंडी
भूतपूर्व म
जिला रो
अभियान
हर गांव
एक फाम
आज
बरनाला
अभियान
लाख लो
तीस
(ल) के
ज्ञापन दे
बंडल
वेंकटरम
श्री बरन
भारत
विश्वास
'काले

परामर्श करें :

कविराज पं. दुर्गादत्त शर्मा वैद्य वाचस्पति



- पक्षाघात
- पागलपन
- स्नायु दौर्बल्य
- हिस्टीरिया
- भगन्दर
- रक्त विषाक्तता
- हृदय रोग
- हाज़मा की खराबी
- मधुमेह
- सफेद दाग
- दमा
- बवासी नासूर

नोट : वैद्य जी, परामर्श के लिए, कल्पा फार्मेसी, आदर्श नगर, कपूरथला चौक, जालंधर शहर (फोन 72401) में नवम्बर 1987 के अंत तक उपलब्ध होंगे । 19, 20 और 21 सितम्बर 1987 के अलावा, जब वह नई दिल्ली में होटल मरीना, जी-ब्लॉक, कनाट सर्कस, फोन : 344658 में होंगे । उक्त कार्यक्रम को नोट करें और उपर्युक्त तथा अन्य निढाल कर देने वाले रोगों के लिए उनका दक्ष परामर्श प्राप्त करें ।



KALPA PHARMACY

डीलर्स चाहिएं

एक प्रगतिशील हवाई चप्पल बनाने वाली कम्पनी को समस्त उत्तरी भारत (हिमाचल, पंजाब व जम्मू-कश्मीर) में डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर व एजैंट की आवश्यकता है, पूरी वित्तीय स्थिति सहित सम्पर्क करें :-

MONA RUBBER P. LTD.,
B-34, Manak Vihar (Tihar),
NEW DELHI-110018.

Punjab Sanatan

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार, 13 सितम्बर, 1987 तदनुसार, 28 भाद्रपद, 2044

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इन लोगों के साथ तब किसी भी प्रकार की बातचीत नहीं करेगी जब

के बारे में विच
कि हमने तो

कपूरथला के एस.पी. की हत्या का प्रयास, कोट-कपूरा में इंडियन आयल का डिपो उड़ाने की साज़िश

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के बाद 10 उग्रवादी गिरफ्तार, 2 पुलिस कर्मी घायल

अमृतसर में 2 हत्याएं, 2 उग्रवादी मारे गए

चंडीगढ़, 12 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि कपूरथला के एस.पी. श्री पी.एम. दास को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । कोटकपूरा में बब्बर खालसा के आतंकवादियों की इंडियन आयल के डिपो को उड़ाने की योजना पुलिस ने नाकाम बना दी । श्रीगंगानगर में पंजाब के दो आतंकवादी पकड़े गए । फिरोजपुर में पाकिस्तान के साथ लगने वाली सीमा के 500 मीटर क्षेत्र में रात के समय आम लोगों के आवागमन पर पाबंदी लगा दी गई । जिला अमृतसर में गत रात आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । अजनाला थाना क्षेत्र में एक आतंकवादी पुलिस की गोली से मारा गया । आज रात्रि भी अमृतसर में एक स्थान पर उग्रवादियों ने घात लगाकर सुरक्षा बलों पर हमला किया जिसके बाद हुई मुठभेड़ में उग्रवादी धर्म सिंह मारा गया ।

कपूरथला के एस.पी. पर फायरिंग

आज रात्रि उग्रवादियों ने कपूरथला के पुलिस अधीक्षक श्री पी.एम. दास को उस समय कपूरथला के मंड क्षेत्र में गोली मार कर गंभीर रूपसे घायल कर दिया जब वे वहां उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का संचालन कर रहे थे । उनकी छाती में गोली लगी है । वे 1982 के बैच के आई.पी.एस. अफसर थे, जिन्होंने कुछ माह पूर्व ही कपूरथला के एस.पी. का पदभार ग्रहण किया था ।

घटना के समय अमृतसर, कपूरथला, फिरोजपुर जिलों के मंड क्षेत्र में उग्रवादियों के खिलाफ अभियान चल रहा था ।

श्री पी.एम. दास भारत के प्रसिद्ध पर्वतारोही हैं तथा पंजाब के राज्यपाल के भूतपूर्व ए.डी.सी. रह चुके हैं और विभिन्न पर्वतों के शिखिरों पर सफलता पाने वालों में से एक हैं, जो भारतीय पुलिस सेवा में आए ।

यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार श्री दास को लगभग तीन किलो मीटर पैदल उठाकर चलना पड़ा, उसके बाद सुल्तानपुर लोधी पहुंचने के लिए जीप का प्रबन्ध किया जा सका । सुल्तानपुर लोधी में उन्हें प्राथमिक सहायता देने के बाद कपूरथला में आपात आप्रेशन के लिए भेज दिया गया ।

'शर्मा' के अनुसार आज सायं सुल्तानपुर लोधी के मंड क्षेत्र में उग्रवादियों की गोली श्री दास की छाती के बाईं ओर दिल से कुछ अन्तर पर लगकर पार हो गई । उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल में आप्रेशन के लिए लाकर दाखिल कराया गया । जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री ए.ए. सिद्दीकी भी सूचना मिलने पर अस्पताल में पहुंच गए । मंड क्षेत्र में उग्रवादी छिपे हुए हैं, उनके गिर्द घेरा डाला हुआ है और उन्हें पकड़ने की जबरदस्त कोशिशें की जा रही हैं । बताया जाता है कि एस.पी. श्री पी.एम. दास सी.आर.पी. और पुलिस की भारी फोर्स के साथ मंड क्षेत्र में गए थे । उग्रवादियों को काबू करने के लिए 3 आप्रेशन पार्टियां बनाई गईं । एक आप्रेशन पार्टी का नेतृत्व श्री दास, दूसरी पार्टी का नेतृत्व सुल्तानपुर के डी.एस.पी. तथा तीसरी का नेतृत्व एस.पी. आप्रेशन कर रहे थे । जब आप्रेशन पार्टियां आगे बढ़ीं तो उग्रवादियों की ओर से एक फायर किया गया । इस पर आप्रेशन पार्टियों ने लेट कर पोजीशनें सम्भाल लीं और दोनों तरफ से गोलियां चलने लगीं । काफी देर तक मुकाबला जारी रहा । इसी मध्य एक उग्रवादी ने लाठी घास में से एक वृक्ष पर चढ़कर गोली चलाई, जो एस.पी. श्री दास को लगी । यह मुकाबला आनी कलां गांव की पिछली ओर मंड क्षेत्र में हुआ ।

जिला पुलिस चीफ श्री दास के अलावा इस 'आप्रेशन मंड' में एस.पी. (आप्रेशन), इकबाल सिंह,

(शेष पृष्ठ 10 पर)

जुलाई में 37 उग्रवा

चंडीगढ़, 12 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में सुरक्षा बलों ने जुलाई माह के दौरान आतंकवादी व राष्ट्र विरोधी शक्तियों पर जबरदस्त प्रहार करते हुए 37 आतंकवादियों को मुठभेड़ों में मार डाला ।

37 आतंकवादी मारे गए

चंडीगढ़ से एन.एस. परवाना के अनुसार पंजाब में सुरक्षा बलों ने जुलाई के महीने में आतंकवादी तथा राष्ट्र विरोधी शक्तियों को जबरदस्त आघात लगाया । यह बात राज्य पुलिस मुख्यालय में प्राप्त आंकड़ों से सामने आई है । इस अवधि में कुल 398 आतंकवादी पकड़े गए जबकि 37 पुलिस से मुठभेड़ों में मारे गए । इस मास के दौरान आतंकवाद के विरुद्ध जेहाद में कुल 10 पुलिस कर्मियों की जान गई ।

अनेक महत्वपूर्ण हत्याकांडों में संलिप्त तीन प्रमुख आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ों में मारे गए । इनमें से एक मथुरा सिंह उर्फ हरबिंदर सिंह उर्फ हरजीत सिंह उर्फ दलबीर सिंह उर्फ चाचा पुत्र गुरदीप सिंह निवासी चौरा मधरे गांव थाना श्री हरगोबिंदपुर जिला गुरदासपुर था ।

मथुरा सिंह एक कट्टर तथा दुर्दांत आतंकवादी था जो कि दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र व गुजरात में कई आतंकवादी गतिविधियों में वांछित था । वह जनरल वैद्य हत्याकांड, माकन हत्याकांड, अर्जुन दास हत्याकांड, लुधियाना बैंक डकैती तथा

गुजरात और
वांछित था ।
जिंदा का साथी
ने गिरफ्तार

गुरदेव सिं
धारपुर, थाना
महीने में पु
लुधियाना बैंक
नेता श्री चनन
राज्य के विभि
अपराधों में म
सुखविंदर सिंह
धाल खुर्द जिल
तथा अन्य अप
पुलिस ने एक
गिरफ्तार किए
के बच्चित्तर सिं
हत्याकांड, पं
में टिक्का जग
भूतपूर्व सरपं
अन्य हत्याक

एक अन्य
भी गिरफ्तार
बलों ने बड़ी
जिनमें 128
3 स्टेनगनें,

शिरोमणि कमेटी द्वारा 4 सिंह साहिब

चंडीगढ़, 12 सितम्बर (हस): अकाली राजनीति ने आज एक महत्वपूर्ण करवट ली, जब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने नीति संबंधी मामलों पर बयान देने के 4 सिंह साहिबान की अथारिटी को चुनौती दी और इन सिंह साहिबान द्वारा अकाल तख्त के कार्यकारी जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह और अकाली नेतृत्व की आलोचना को "अत्यन्त आपत्तिजनक और निन्दनीय" करार दिया और कहा कि नीति संबंधी बयान देने का अधिकार केवल अकाल तख्त के जत्थेदार को है ।

'परवाना' ने लिखा है : चार सिंह साहिबान ने हाल ही में स्वर्ण मंदिर की 'दर्शनी ड्योढ़ी' से सिखों को आतंकवादियों का समर्थन करने की जो अपील की थी, उससे उत्पन्न स्थिति पर विचार करने के लिये आज यहां शिरोमणि कमेटी की कार्यकारिणी की आपात बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता शिरोमणि कमेटी के कार्यवाहक प्रधान श्री हरिन्द्र सिंह ने की । बैठक में दिल्ली के एक अकाली नेता श्री हरचरण सिंह के इस पत्र पर गर्मागर्म बहस हुई कि दो मुख्यग्रंथियों ज्ञानी पूर्ण सिंह तथा ज्ञानी कश्मीरा सिंह को उनके पदों से हटा दिया जाए क्योंकि उन्होंने खालसा पंथ की परम्पराओं का उल्लंघन किया है ।

ज्ञात हुआ है कि इस बैठक में बरनाला ग्रुप के सदस्यों ने भी खुल कर बहस में भाग लिया । उनका मत था कि स्वर्ण मंदिर परिसर से गैर दायित्वपूर्ण

बयान जारी
बैठक में इस
सका अतः बैठ
कर दी गई ।
श्री हरचरण
सदस्य अकाल
सिंह से मिलने

उल्लेखनी
गुरचरण सिंह
छोड़ कर का
लिया । इनमें
मल सिंह घम
सप्ताहपूर्ण इस

आज की

अमरीका द्वारा विन चड्ढा को भारत लौटाने से इन्कार

वाशिंगटन, 12 सितम्बर (वार्ता): विन चड्ढा और उसके पुत्र हर्ष को वापस भारत लाने के भारत सरकार के प्रयास विफल हो गए हैं । अमरीका के आव्रजन एवं नागरिकता पदाह करने सम्बन्धी सरकार को जवाब देने के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा, "दोनों ने अमरीका के किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं किया है ।" प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी अमरीकी निवासी के पासपोर्ट को

ट्रक और वैन की टक्कर में 2 मरे एक घायल

महादेवी वर्मा की

कपूरथला के एस.पी.
(पृष्ठ 3 का शेष)

डी.एस.पी., कुलतार सिंह भाग ले रहे थे । यह घटना सायं साढ़े छः बजे हुई परन्तु श्री दास के घायल होने के बावजूद वहां उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रही ।

बाद में श्री दास को सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया क्योंकि उनकी पसलियां क्षतिग्रस्त हो गई थीं जिससे खून बहुत बह गया था । यह गोली उग्रवादी जरनैल सिंह जैला ने चलाई । श्री दास के 313 बोर की गोली लगी है और इस बोर की बंदूक केवल जैला के पास है ।

दो गिरफ्तार

कपूरथला पुलिस ने आज दो संदिग्ध व्यक्तियों दर्शन सिंह उर्फ बिल्ला तथा सुरजीत सिंह उर्फ काला को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 32 बोर का एक रिवाल्वर, पांच गोलियां तथा एक बारह बोर का देसी पिस्तौल बरामद किया है । दर्शन गांव सुधार थाना सुलतानपुर लोधी से 32 बोर के रिवाल्वर और पांच गोलियों के साथ पकड़ा गया जबकि थाना भुलत्थ क्षेत्र में गिरफ्तार किए गए सुरजीत गांव मस्तफाबाद, थाना सुभानपुर से बारह बोर के देसी पिस्तौल के साथ पकड़ा गया । दोनों से पूछताछ जारी है ।

ज़ख्मी करके लूट लिया

फगवाड़ा (खोसला): कल रात यहां से चार किलोमीटर दूर गांव नारंग शाहपुर में आठ व्यक्तियों जो कि कृपाणों, लाठियों तथा अन्य तेज हथियारों से लैस थे, ने वहां के एक निवासी नाजर राम के घर आकर नाजर राम से मारपीट करके उसे ज़ख्मी कर दिया तथा बाकी घर के सदस्यों को एक कमरे में बंद करके घर से ज़ेवर, नकदी तथा कपड़े आदि ले गए, जिसकी कीमत 10-12 हजार बताई जाती है । इस घटना से निकटवर्ती गांवों में दहशत फैल गई है । थाना सदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

गनमैन को पुरस्कार

जालन्धर (क.): बैंक आफ इंडिया कोमैनेजमैंट ने निकटवर्ती गांव गढ़ा स्थित बैंक ब्रांच से उग्रवादियों द्वारा लाखों रुपए लूटे जाने की कोशिश को असफल कर देने वाले गनमैन श्री गुरमीत सिंह को 50000 रुपए नकद इनाम देने का निर्णय किया है ।

यह घोषणा आज यहां करते हुए बैंक के नार्थ-वैस्टर्न ज़ोन चंडीगढ़ के ज़ोनल मैनेजर श्री टी.के. कपर ने सम्वाददाताओं को बताया कि बैंक गनमैन के शौर्य पर गर्व अनुभव करता है । उन्होंने यह भी घोषणा की कि गुरमीत सिंह के स्वस्थ होने तक इलाज का सारा खर्च बैंक बरदाश्त करेगा तथा यह सारी अवधि विशेष छुट्टी के रूप में मानी जाएगी । इससे पूर्व श्री कपर तथा स्थानीय बैंक अधिकारी सिविल अस्पताल में श्री गुरमीत सिंह को मिलने तथा उसके स्वास्थ्य बारे पूछताछ करने गए ।

अपराधियों का रिमांड बढ़ा

आनन्दपुर साहिब (गिरि): गत दिवस रोपड़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए 'दुष्ट सोध कमांडो फ़ोर्स' के 6 सदस्यों जिनमें एक महिला सतनाम कौर भी शामिल है, को आज 21 सितम्बर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । उनको आज आनन्दपुर साहिब की अदालत में पेश किया गया । इन सभी पर हत्याओं, लूटमार, धमकी-पत्र लिखने व अवैध रूप से पैसे वसूलने के गम्भीर आरोप हैं । गत दिनों इनमें से एक सदस्य ने आनन्दपुर साहिब के दीवान हाल के पास से एक 16 वर्षीय लड़के का शव बरामद करवाया था ।

सीमा क्षेत्र में आने-जाने पर पाबंदी

फिरोज़पुर (बागी): जिलाधिकारियों ने घुसपैठ को रोकने के लिए पाकिस्तान के साथ लगती सीमा के 500 मीटर क्षेत्र के अन्दर सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक सामान्य लोगों के आने-जाने पर पाबंदी लगा दी है । यह आदेश 31 अक्तूबर तक लागू रहेगा । एक अन्य आदेश द्वारा जिलाधिकारियों ने आग्नेयास्त्र, घातक हथियार, तेजाब, लाठियां, टकुये व गंडासे आदि लेकर चलने पर पाबंदी लगा दी ।

पाबंदियां

लुधियाना (नेपाल): जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने जिला-भर में लगाई गई धारा 144 की अवधि 9 नवम्बर तक बढ़ा दी है । उन्होंने जिला-भर में लाऊड स्पीकरों के इस्तेमाल पर भी 12 नवम्बर तक पाबंदी लगा दी । उन्होंने आम जनता के अपने मोटर साइकलों पर पीला रंग करने पर भी 12 नवम्बर तक पाबंदी लगा दी ।

1600 रुपए लूट लिए

लुधियाना (धीमान): यहां से 14 किलो मीटर दूर साहनेवाल में दो उग्रवादियों ने पैट्रोल पम्प पर उसके डीलर श्री रामपाल कपिला को पिस्तौल दिखाकर कहा कि जितना भी कैश है, बाहर दे दो । श्री कपिला ने कहा कि मैं तो यहां केवल हस्ताक्षर करने का कार्य करता हूं । इतनी ही देर में ट्रैक्टर और स्कूटर आ गया तथा उग्रवादी वहां से फरार हो गए । यहां से केवल डेढ़ किलो मीटर दूर जी.टी. रोड पर नन्दपुर के पैट्रोल पम्प के सेल्समैन से पिस्तौल दिखाकर 1600 रुपए लूट लिए और फरार हो गए ।

भटिंडा जिले के गांव नथाना के समीप तीन आतंकवादी रणजीत सिंह और उसके साथी से स्कूटर छीन कर भाग गए । घटना कल रात हुई ।

उग्रवादी पकड़ा गया

श्रीगंगानगर (जिंदल): गंगानगर जिले की नोहर थाना पुलिस ने एक उग्रवादी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से दो हथगोले बरामद किए । गिरफ्तार उग्रवादी का नाम हरनेक सिंह उर्फ नोगी है, जो कि पंजाब के बुर्जवाला गांव का निवासी है । पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है ।

जीता गिरफ्तार

श्रीगंगानगर पुलिस ने पंजाब के कुख्यात उग्रवादी जंगीर सिंह उर्फ जीता को गांव मसानी में गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस चीफ़ श्री कन्हैया लाल ने बताया कि जंगीर सिंह जिला अमृतसर के गांव तरसिक्का का निवासी है । पुलिस के अनुसार जंगीर की पंजाब पुलिस को कई मामलों में तलाश है, इसलिए वह यहां छुपा हुआ था । पुलिस के अनुसार उसने तरनतारन, अमृतसर, फिरोज़पुर आदि में 8 लूटपाट की वारदातें कबूल की हैं ।

स्वीटी को छोड़ दिया

पटियाला (मृधन): सिख छात्र सैंघ (मनजीत धड़ा) के पटियाला शहर यूनिट के प्रधान बलबीर सिंह स्वीटी, जिसे 29 अगस्त को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था, को कल छोड़ दिया गया । उसने पत्रकारों को बताया कि सिख छात्र संघ (मनजीत) हिंसा में विश्वास नहीं रखता तथा उसका हिंसक गतिविधियों से कोई सम्बन्ध नहीं है ।

ज़िम्मेदारी ली

अमृतसर (ह.स.): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने आज जिला गुरदासपुर के गांव बडाला ग्रंथियां के एक शराब के ठेके के वारिदे जोगिंदर सिंह की हत्या की ज़िम्मेदारी स्वीकार की । स्वयंभू 'जनरल' लाभ सिंह ने एक बयान में कहा कि जोगिंदर सिंह शराब के ठेके पर काम करता था, इसलिए उसको मारा गया ।

अमृतसर जिले में दो हत्याएं

'अशोक लोनी' के अनुसार गत रात जिला अमृतसर में आतंकवादियों ने गोलियां मारकर दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । इनमें से एक वारदात अजनाला सब-डिवीजन में हुई, जबकि कुछ आतंकवादियों ने गांव कक्कड़ तारियां थाना लोपोके में मेला सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । गोली मारने से पहले आतंकवादी मेला सिंह को उसके घर से उठाकर उसे लगभग 800 गज दूर ले गए थे। खेतों में ले जाकर उसकी हत्या की । घटनास्थल के निकट से जो पत्र मिला है, वह खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के 'जनरल' अवतार सिंह ब्रह्मा का है ।

दूसरी वारदात भी अजनाला सब-डिवीजन में ही हुई, जबकि थाना अजनाला के गांव कुट्टीवाल में अज्ञात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सुखदेव सिंह निवासी गांव तुर की गोलियां मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि सुखदेव सिंह गांव के सरपंच गुरबचन सिंह का साला था और वह घटना वाली रात गुरबचन सिंह के घर सोया हुआ था कि आतंकवादी जो कि सरपंच की हत्या करने आए थे, गलती से सुखदेव सिंह को गुरबचन सिंह समझकर गोलियां मार गए । सूत्रों ने बताया कि सरपंच को पहले धमकी-भरे पत्र मिल चुके हैं ।

आतंकवादी मारा गया

थाना अजनाला क्षेत्र में एक आतंकवादी दविन्द्र सिंह पुलिस की गोली से मारा गया । पुलिस ने बताया कि उसे गिरफ्तार करके थाने ले जाया जा रहा था कि उसने भागने के लिए एक कांस्टेबल की राइफल छीनने की कोशिश की, जिस पर एक अन्य पुलिस कर्मी ने उसको गोली मार दी ।

पुलिस को धमकी

आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन (गुरजीत धड़ा) के कार्यवाहक महासचिव सतपाल सिंह ढिल्लों को किशनपुरा के सुरेन्द्र सिंह के साथ 'गिरफ्तार' कर लिया गया है । यह आरोप फ़ैडरेशन के कार्यवाहक अध्यक्ष गुरजीत सिंह ने लगाया है । उसने पुलिस को चेतावनी दी कि यदि उन्हें 'झूठे' केसों में फंसाया गया तो इसके गम्भीर परिणाम होंगे । तथापि पुलिस ने उक्त लोगों की गिरफ्तारी का खंडन किया है । पुलिस के एक वरिष्ठ प्रवक्ता ने कहा कि सतपाल सिंह ढिल्लों जिला जालन्धर में कई केसों में वांछित है, जिनमें एक हथियारों से भरा ट्रक पकड़े जाने का मामला भी शामिल है ।

सुरक्षा बलों पर हमला, उग्रवादी मरा

अमृतसर वेरोवाल थाना क्षेत्र के वहुं पुई क्षेत्र में उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला किया परन्तु मुठभेड़ में एक उग्रवादी धर्म सिंह मारा गया । उसके पास से एक चीनी ए.के.-47 असाल्ट राइफल बरादं हुई है ।

यह मुठभेड़ सी.आर.पी. की 29वीं बटालियन के साथ हुई । बटालियन की गश्ती टुकड़ी पर जब उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला किया तो सी.आर.पी. ने जवाबी फायरिंग की जिससे धर्म सिंह मारा गया । उसके पास से 'ए.के.-47' के अलावा 167 गोलियां, 38 बोर की पिस्तौल, 2 बैटरी सैल व विस्फोटक सामग्री बरामद हुई । मुठभेड़ में एक अन्य उग्रवादी घायल हो गया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया । उग्रवादी विस्फोटक सामग्री कहीं रखने जा रहे थे ।

वार्ता के अनुसार मृत उग्रवादी का नाम दर्शन सिंह था जो 'बी' श्रेणी का उग्रवादी था ।

ठेका लूटा

भटिंडा (गोवर): एक रिपोर्ट के अनुसार तीन आतंकवादियों ने कल रात थाना भौड़ मंडी के गांव माइसर खाना में शराब की दकान से पिस्तौल का भय दिखाकर 700 रुपए लूट लिए और शराब की कुछ बोतलें फोड़ डालीं ।

आयल डिपो उड़ाने का प्रयास

फरीदकोट (जिंदल): आतंकवादियों द्वारा कोटकपूरा के इंडियन आयल डिपो को उड़ा देने का प्रयास कल रात फरीदकोट पुलिस ने विफल कर दिया तथा एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दस आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । फरीदकोट जिला पुलिस प्रमुख श्री गोविंद राम के अनुसार पांच आतंकवादी बचकर भाग गए । मुठभेड़ के दौरान दो पुलिस अधिकारी घायल हुए ।

जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि पुलिस ने दो रिवाल्वर, चार पिस्तौल स्टेनगन की दो भरी हुई मैगज़ीन, एक शक्तिशाली पैट्रोल बम तथा लगभग 250 ग्राम विस्फोटक पाऊडर के अतिरिक्त चार दर्जन कारतूस बरामद किए हैं । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दस आतंकवादियों में से सात बब्बर खालसा ग्रुप के हैं । वे अपने नेता अनोख सिंह बब्बर के मारे जाने का बदला लेना चाहते थे । अनोख सिंह सुरक्षा बल के साथ हुई एक मुठभेड़ में हाल ही में मारा गया था । श्री गोबिन्द राम ने बताया कि उनकी जिले में कुछ प्रमुख राजनीतिक नेताओं की हत्या करने की भी योजना थी । उन्होंने गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम भोला सिंह (गोंदरा गांव), भलवान सिंह उर्फ भोला गांव गोंदरा, जगतार सिंह, मंजीत सिंह उर्फ पप्पू, दर्शन सिंह, भोला सिंह, स्वर्ण सिंह पंजगराई, (सभी बब्बर खालसा ग्रुप) रंजीत सिंह, रोशन सिंह तथा गुरभेज सिंह बताए हैं ।

बताया जाता है कि लगभग एक दर्जन आतंकवादी कोटकपूरा-कोहारवाला लिंक सड़क पर मक्की के खेत में छुपे हुए थे । सुरक्षा बलों ने लाऊड स्पीकर पर आतंकवादियों को आत्म समर्पण करने के लिए कहा जिस दी । जवाब में गु दौरान हैड कांस्टे चंदन सिंह घायल कि इन लोगों को बाला यहां लाया सप्लाई किए थे उठाते हुए तीन अ गया ।

श्री गोबिंद रा आतंकवादियों रण सिंह उर्फ रोशा वारदातों में संलि

एक अन्य ने सुरक्षा बलों ईडियन आयल वाले आतंकवा बचकर भाग



बैंक आफ इ में आकर ग पूछताछ की

सिंह

मा-बाप अ लड़के ने के विभागों में के लिए आ के बाद उग्र पुलिस अधि दिया है । अभियुक्त हुई पंजाबी

संशोधन

9.9.87 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 6 पर प्रकाशित हिमालयन लाटरी के 66वें ड्रा के परिणाम में सीरीज़ HX, HY और HZ के पहले ड्रा में छठा पुरस्कार के समक्ष 'HZ' पढ़ें ।

YOU WON'T BE COMING HOME IN ONE PIECE
Keeping Audience

N. C. MEDICAL & RESEARCH CENTRE
884P, Sector 8, (Main Road Between Sector 7 & 8)
PANCHKULA Phones : 8-4992, 8-4639
HEALTH IS WEALTH
Timings : 8 A.M. to 1 P.M.
4 P.M. to 7 P.M.

The only Centre in this region having following facilities, under the supervision of well qualified staff for the :

DISEASES OF HEART
- Echocardiography (2D & M-Mode)
- 24 Ambulatory ECG Monitoring
- Exercise ECG (Stress test)
- X-Ray & ECG
- Mental Strain Analysis
- Cardiac Profile

DISEASES OF ABDOMEN
- Ultrasound (Linear & Sector)
- Gastroscopy
- Colonoscopy
- Proctoscopy
- X-Ray
- Liver Profile and other relevant laboratory investigations

DISEASES OF LUNGS
- Computerised Lung Functions Testing
- X-Ray
- Allergy Testing & Immunotherapy
- Sputum Analysis & relevant lab.
- Electric-aerosol Therapy
- Oxygen Therapy

DISEASES OF OB-GYNAE & KIDNEYS
- Ultrasound
- X-Ray
- Obstetric Profile
- Renal Profile
- Infertility Evaluation
- Family Planning

DISEASES OF HEAD & NECK
- EEG
- X-Ray
- Ultrasound of Brain in New Born
- Ultrasound of Thyroid & Carotid arteries
- Thyroid Profile

DISEASES OF MUSCLES, BONES & JOINTS
- X-Ray
- Arthritic Profile
- Microelectro Therapy
- Electro Acupunture
- Infrared Rays Therapy
- Biofeed Therapy

Executives (Whether Healthy or Sick) Just in 40

Punjabi Samachar

कौंसिल आफ नागालैंड के विद्रोहियों का दमन करने के बारे में विचार कर रही है तो श्री बूटा सिंह ने कहा कि हमने तो अपनी और सुरक्षा बलों को अपनी

गुहनेता ने कहा कि यह घटना सुरक्षा व्यवस्था की खामियों के कारण हुई । नैशनल सोशलिस्ट कौंसिल आफ नागालैंड पर प्रतिबंध लगाने के सम्बन्ध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा

श्री बूटा सिंह ने कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार इस क्षेत्र में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात हैं । उन्होंने कहा कि अगर आवश्यकता पड़ी तो हम और भी सुरक्षा बल भेजेंगे ।

श्री बूटा सिंह ने कहा कि चकमा शरणार्थियों की वापसी के बारे में बातचीत करने के लिए बंगला देश के अधिकारियों का एक दल शीघ्र ही दिल्ली पहुंचेगा ।

7 उग्रवादी मारे गये

पंजाब में
कवादी व
करते हुए
ला ।

र पंजाब
वादी तथा
आघात
में प्राप्त
में कुल
पुलिस से
दौरान
पुलिस

प्त तीन
में मारे
दर सिंह
चा पत्र
ाना श्री

तंकवादी
महाराष्ट्र
वांछित
याकांड,
ती तथा

गुजरात और मध्य प्रदेश में अनेक हत्याकांडों में वांछित था । वह दर्दांत आतंकवादी हरजिंदर सिंह जिंदा का साथी था जिसे कुछ दिन पूर्व दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था ।

गुरदेव सिंह उर्फ देवा पुत्र गुरचरण सिंह निवासी धीरपुर, थाना करतारपुर जिला जालन्धर भी इसी महीने में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया । वह लुधियाना बैंक डकैती, होशियारपुर में सी.पी.आई. नेता श्री चनन सिंह धूत, महेंद्र सिंह हत्याकांड तथा राज्य के विभिन्न भागों में कुछ अन्य आतंकवादी अपराधों में संलिप्त था । तीसरा मृत आतंकवादी सुखविंदर सिंह पुत्र बसंत सिंह निवासी लोहाम थाना धाल खुर्द जिला फिरोजपुर है । वह कई हत्याकांडों तथा अन्य अपराधों में संलिप्त था । इस अवधि में पुलिस ने एक प्रमुख आतंकवादी बरिन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया जो कि जिला लुधियाना में रायकोट के बचित्तर सिंह का पुत्र है । बरिन्द्र सिंह लौंगोवाल हत्याकांड, पटियाला में दीदार सिंह की हत्या, दाखा में टिक्का जगजीत सिंह निरंकारी की हत्या, दाखा के भूतपूर्व सरपंच सुखजंत सिंह की हत्या तथा अनेक अन्य हत्याकांडों में वांछित था ।

एक अन्य कुख्यात आतंकवादी गरबाज सिंह को भी गिरफ्तार किया गया । इसके अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में हथियार व गोली सिक्का पकड़ा जिनमें 128 पिस्तौलें, 26 रिवाल्वर, 7 कार्बाइनें, 3 स्टेनगनें, एक एल.एम.जी. । एस.एम.जी., 4

(शेष पृष्ठ 10 पर)

चार सिंह साहिबान के विरुद्ध केस दर्ज होने की सम्भावना

उग्रवादी उनसे बयान दिलवाकर भेस बदल दरबार साहिब से निकल गए

खालिस्तानी नेता ने कार सेवा के लिए आई महिला की इज्ज़त लूटी

उग्रवादियों को शस्त्र सप्लाई में महिलाओं का प्रयोग

अमृतसर, 12 सितम्बर (वि.प्र.) : अमृतसर के एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेंद्र सिंह ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में कहा कि सिंह साहिबान ने उग्रवादियों के समर्थन में जो वक्तव्य दिया है, वह उग्रवादियों के नेताओं के दबाव के तले दिया गया मालूम होता है क्योंकि हमारी सूचना है कि चोटी के तीन-चार उग्रवादी सिंह साहिबान से यह वक्तव्य दिलवाने के बाद भेष बदल कर रातों रात दरबार साहिब से फरार हो गए । सिंह साहिबान के वक्तव्य का कानूनी रूप से आयजा लिया गया है और यह वक्तव्य कानून की लपेट में आता है । इनके विरुद्ध किसी भी समय मुकद्दमा दर्ज हो सकता है यद्यपि इस सम्बन्ध में निर्णय करना और निर्देश देना सरकार का काम है । सिंह साहिबान का यह वक्तव्य धारा 124-ए, और उग्रवादी कानून की धारा 3/4 की लपेट में आता है । इस वक्तव्य का अभी तक जनता में कोई प्रभाव दिखाई नहीं दिया । पुलिस और सुरक्षा बल पूर्णतया चौकस हैं ।



अमरीक कौर, जिसकी खालिस्तानी नेता ने इज्जत लूटी

एस.पी. डिटैक्टिव ने पत्रकारों के समक्ष एक 30 वर्षीय युवती अमरीक कौर पत्नी दर्शन सिंह निवासी खप्परखेड़ी (थाना सदर अमृतसर) को प्रस्तुत किया । यह स्त्री उग्रवादियों के साथ रही है । उसने बताया कि वह डेढ़ वर्ष पूर्व दरबार साहिब में कार सेवा के लिए आई थी क्योंकि वह बीमार रहती थी । दरबार साहिब में उसे एक स्त्री सुरेंद्र कौर सैहनसरा, जो सैहनसरा साहिब के नाम से प्रसिद्ध है, के पास ले गई । (सुरेंद्र सिंह सैहनसरा खालिस्तान लिबरेशन फोर्स नेताओं में से एक है) सैहनसरा साहिब ने उसे एक पिस्तौल दिया कि वह गांव सैहनसरा में विक्रम जीत सिंह को दे आए। उसे इस आशय के लिए 100 रुपए भी दिए गए । वह इस पिस्तौल को थैले में डालकर ले गई थी और उसे विक्रमजीत सिंह के हवाले कर दिया था । जब उसने गांव में जाकर अपने पति को यह बात बताई तो उसने उसे झाड़ डाली थी कि वह स्वयं तो मरेगी, उसे भी मरवाएगी । कुछ दिनों के बाद वह पुनः कार सेवा के लिए दरबार साहिब आई तो उसे सैहनसरा साहिब ने एक और पिस्तौल विक्रमजीत सिंह को देने के लिए दिया था और इस कार्य को पूर्ण करने के लिए उसे 50 रुपए दिए गए । तीसरा पिस्तौल बाद में एक लड़के जज्जी को पहुंचाने के लिए दिया गया और 60 रुपए भी दिए गए । लगभग डेढ़ मास पूर्व उसे सहनसरा साहिब एक सिनेमा में ले गया और बाक्स में उसकी इज्जत लूटी गई । यह सारा काम उसे डरा धमका कर किया गया । उसके चार बच्चे—एक लड़का और तीन लड़कियां—हैं । लड़का 13-14 वर्ष का है, जो लड़कियों से बड़ा है ।

एम.पी. डिटैक्टिव ने बताया कि सुरेंद्र सिंह सहनसरा एक बड़ा उग्रवादी है, जोकि बड़े-बड़े केसों में वांछित है । जिनमें हत्या भी शामिल है । अमरीक कौर को नगर से गिरफ्तार किया गया है लेकिन गिरफ्तारी के बाद वह इस सीमा तक सहमी हुई है कि उसने उग्रवादियों का साथ देने से तौबा कर ली है, इसलिए उसे उसके पति के हवाले किया जा रहा है ।

एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि उग्रवादियों को शस्त्र सप्लाई करने वाली पांच स्त्रियों को गिरफ्तार किया जा चुका है । जिनमें से तीन पुलिस की हिरासत में हैं क्योंकि गिरफ्तारी के समय उनसे शस्त्र बरामद हुआ था लेकिन लखविन्द्र कौर और इस स्त्री अमरीक कौर से गिरफ्तारी के समय शस्त्र नहीं मिले और इन दोनों ने भविष्य के लिए तौबा कर ली है, इसीलिए इन्हें छोड़ दिया गया है । पुलिस भविष्य में इन स्त्रियों की सरगर्मियों पर कड़ी नज़र रखेगी ।

एस.पी. डिटैक्टिव ने एक 19 वर्षीय लड़के सुखबीर सिंह (मोहाली) को पेश किया, जिसके

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ह साहिबान की अथारिटी को चुनौती

ी अपील
करने के
किरणी
ध्यक्षता
हरिन्द्र
ली नेता
हस हुई
ा ज्ञानी
या जाए
ाओं का

ा ग्रुप के
। उनका
यित्वपूर्ण

बयान जारी करने का क्रम बंद किया जाए । इस बैठक में इस विषय पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका.अतः बैठक कल 13 सितम्बर के लिये स्थगित कर दी गई । इसके तुरन्त पश्चात श्री हरिन्द्र सिंह, श्री हरचरण सिंह तथा कार्यकारिणी के कुछ अन्य सदस्य अकाल तख्त के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. दर्शन सिंह से मिलने ज़ीरकपुर चले गए ।

उल्लेखनीय बात है कि आज की बैठक में श्री गुरचरण सिंह टोहरा, जो आंकल नज़रबंद हैं, को छोड़ कर कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने भाग लिया । इनमें शिरोमणि कमेटी के महासचिव श्री मल सिंह घुम्मन भी शामिल हैं जिन्होंने कुछ सप्ताहपूर्ण इस पद से त्यागपत्र दे दिया था ।

आज की बैठक में पारित एक प्रस्ताव में श्री घुम्मन पर गुरुद्वारा आलमगीर में हुए हमले की कड़ी आलोचना की गई तथा उनसे अनुरोध किया गया कि वह अपना त्यागपत्र वापिस ले लें । एक अन्य प्रस्ताव के द्वारा कार्यकारिणी ने कहा है कि गत कुछ दिनों में मुख्य ग्रंथियों ने जो बयान दिये हैं उनको इस तरह के बयान देने का कोई हक नहीं है । प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया है कि इस तरह के नीति विषय बयान देने का हक केवल अकाल तख्त के जत्थेदार को ही है । कार्यकारिणी ने चार मुख्य ग्रंथियों द्वारा नेतृत्व तथा अकाल तख्त के जत्थेदार के विरुद्ध प्रयुक्त शब्दों की भी कड़ी आलोचना की है ।

कार्यकारिणी ने कहा है कि 4 अगस्त को सिंह साहिबान की उपस्थिति में हुये सम्मेलन के प्रस्तावों पर सारा सिख जगत पाबंद है । आज की बैठक में उन प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया । उल्लेखनीय है उस सम्मेलन में मांग की गई थी उत्तरी भारत में एक ऐसा स्थान बनाया जाए जहां सिख आज़ादी से रह सकें ।

आज की बैठक में शिरोमणि कमेटी की सदस्या श्रीमती जोगिन्द्र कौर फागूवालिया और उच्चतम न्यायालय के वकील श्री हरबंस सिंह की मौत पर दुख व्यक्त किया गया । ज्ञात हुआ है कि ज़ीरकपुर में इस बात के प्रयास किये जा रहे हैं कि प्रो. दर्शन सिंह अमृतसर वापिस लौट चलें ।

र्मा की राजकीय
के साथ अंत्येष्टि

आधुनिक
देवी वर्मा
सम्मान के
80 वर्षीया
बाद उनके
द घाट पर



बटमचारी राजीव का साथ

पंजाब से बाहर की उग्रवादी घटनाएं जिंदा की देख-रेख में हुईं

Punjabi Soch

हमला, उग्रवादी मरा

...ल थाना क्षेत्र के वई पुई क्षेत्र में ... बलों पर घात लगाकर हमला ... में एक उग्रवादी धर्म सिंह मारा ... से एक चीनी ए.के.-47 असाल्ट ... ।

...र.पी. की 29वीं बटालियन के ...न की गश्ती टुकड़ी पर जब ... लगा कर हमला किया तो ... फायरिंग की जिससे धर्म सिंह ...ास से 'ए.के.-47' के अलावा ...ोर की पिस्तौल, 2 बैटरी सैल ... बरामद हुई । मुठभेड़ में एक ... हो गया जिसे गिरफ्तार कर ... विस्फोटक सामग्री कहीं रखने

...र मृत उग्रवादी का नाम दर्शन ... का उग्रवादी था ।

...):= एक रिपोर्ट के अनुसार तीन ... रात थाना मौड़ मंडी के गांव ...ब की दकान से पिस्तौल का ... रुपए लूट लिए और शराब की ...लीं ।

...ने का प्रयास

...बल): आतंकवादियों द्वारा ... आयल डिपो को उड़ा देने का ...कोट पुलिस ने विफल कर दिया ...भेड़ के बाद दस आतंकवादियों ...या । फरीदकोट जिला पुलिस ... के अनुसार पांच आतंकवादी ... मुठभेड़ के दौरान दो पुलिस ... ।

...ख ने बताया कि पुलिस ने दो ...ल स्टेनगन की दो भरी हुई ...शाली पैट्रोल बम तथा लगभग ...क पाऊडर के अतिरिक्त चार ... किए हैं । उन्होंने बताया कि ...कवादियों में से सात बब्बर ... अपने नेता अनोख सिंह बब्बर ... लेना चाहते थे । अनोख सिंह ... हुई एक मुठभेड़ में हाल ही में ... गोबिन्द राम ने बताया कि ...मुख राजनीतिक नेताओं की ...जना थी । उन्होंने गिरफ्तार ...म भोला सिंह (गोंदरा गांव), ...ला गांव गोंदरा, जगतार सिंह, ... दर्शन सिंह, भोला सिंह, स्वर्ण ... बब्बर खालसा ग्रुप) रंजीत ... गुरमेज सिंह बताए हैं ।

... है कि लगभग एक दर्जन ...रा-कोहारवाला लिंक सड़क पर ...हुए थे । सुरक्षा बलों ने लाऊड ...दियों को आत्म समर्पण करने

...शोधन

...जाब केसरी के पृष्ठ 6 पर ...लाटरी के 66वें ड्रा के परिणाम ... और HZ के पहले ड्रा में छठा ...HZ' पढ़ें ।

...T BE COMING ...N ONE PIECE

बैंक आफ इंडिया चंडीगढ़ के जॉनल मैनेजर टी. आर. कपूर ने शनिवार को ... में आकर गढ़ा, जालन्धर की बैंक आफ इंडिया की शाखा के गनमैन गुरमीत ... पूछताछ की जिसे उग्रवादियों ने कल घायल कर दिया था ।

सिंह साहिबान के विरुद्ध केस

(पृष्ठ 3 का शेष)

मा-बाप अब गंगानगर (राजस्थान) में रहते हैं । इस लड़के ने केसरी पगड़ी बांधी हुई थी । सरकारी विभागों में नौकर उसके दो बड़े भाई भी उसे ले जाने के लिए आए हुए थे । इस लड़के के भी गिरफ्तारी के बाद उग्रवादियों का साथ देने से तौबा कर लेने पर पुलिस अधिकारियों ने उसके भाइयों के हवाले कर दिया है । इस लड़के की तलाशी से उसके कब्जे से अभियुक्त जिंदा की प्रशंसा में उसके हाथों की लिखी हुई पंजाबी में कविता मिली है, जो उसके अनुसार आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन की पत्रिका 'शमशीरे दस्त' में छपवाई जानी थी । उसने पुलिस अधिकारियों के समक्ष बताया कि उसने ब्ल्यू स्टार आप्रेशन से पूर्व 1983 में जब वह खालसा कालिज में दाखिल हुआ था, कालेज के अंदर दो बसें जलाने में भाग लिया था और फैडरेशन के अभियान में भाग लेते हुए परीक्षा केंद्रों में पेपर भी जलाए थे । वह आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन की सरगर्मियों में शामिल रहा है ।

एस.पी. डिटैक्टिव ने बताया कि यह देखने में आया है कि बहुत से गिरफ्तार लोगों को उग्रवादी गलत रूप से भड़का कर उग्रवादी गतिविधियों में शामिल कर लेते हैं । जब इन गिरफ्तार लोगों से खालिस्तान के संबंध में पूछा जाता है तो वे कोई उत्तर देने के योग्य नहीं होते और न जानते हैं कि खालिस्तान क्या बला है ।

काहलों के विरुद्ध केस दर्ज

इसी मध्य पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के भूतपूर्व संयोजक श्री हरिंद्र सिंह काहलों, जो नजरबंद हैं, के विरुद्ध एक और राजद्रोह का केस दर्ज किया है । यह केस चौक मेहता थाने में चौक मेहता के एक गुरुद्वारे में एक पुराने आपत्तिजनक भाषण के संबंध में दर्ज किया गया है ।

कई उग्रवादी खिसक गए

'ह.स.' के अनुसार श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सिंह साहिबान द्वारा सिखों को उग्रवादियों का समर्थन करने का आह्वान करने से पूर्व कई कट्टर उग्रवादी, जो दरबार साहब में छिपे हुए थे, दरबार साहब से भाग गए क्योंकि उन्हें भय था कि पुलिस दरबार साहब में फिर आ जाएगी । एस.पी. ने इकट्ठे हुए 16 उग्रवादी संगठनों, जैसा कि सिंह साहिबान ने बताया था, के बारे में किए गए दावे को हास्यास्पद बताया और कहा कि ये मात्र चार संगठन बब्बर खालसा, खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स, खालिस्तान लिब्रेशन फ़ोर्स और भिंडरांवाले टाइगर्स फ़ोर्स हैं, शेष का नाम ही है ।

कानून से कोई ऊपर नहीं

एस.पी. ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सिंह साहिबान कानून से ऊपर नहीं हैं और कोई भी पुलिस को उन्हें गिरफ्तार करने से रोक नहीं सकता । उन्होंने कहा कि यदि उनको गिरफ्तार किया जाता है तो इससे सिखों में कोई हलचल उत्पन्न न होगी क्योंकि यह सभी जानते हैं कि सिंह साहिबान उग्रवादियों की मात्र कठपुतलियां हैं ।

उग्रवादी आत्म-सम...

उन्होंने बताया कि ... द्वारा आत्म-समर्पण क... और उग्रवादियों द्वारा ... संख्या अब बढ़कर अ... सम्बन्ध में और जानक... उन्होंने कहा कि अभि... वालों और उन उग्रवा... है, जो गम्भीर अपराध... कहा कि यह उन्हें स्वय... लिए है ।

भाई के...

अमृतसर, 12 ... पट्टी में सुखवन्त सिं... गुरमुख सिंह के सिर प... उसकी मृत्यु हो गई ... जमीन के मामले पर ... ही पड़ी जलाने वाली ... भाई के सिर पर दे... घटनास्थल पर ही मृ...

महादेवी ...

नई दिल्ली, 1... कवयित्री श्रीमती म... सिलसिले में सिखों क... चाहती थीं लेकिन स... नहीं दी ।

महादेवी वर्मा ने ... एक महिला सम्मेलन ... महादेवी का निधन ...

महादेवी वर्मा ने ... लगती है तो केवल ... लपटों के सिवाय कु... हमारे घर में आग ल... दूसरी चीजों की तर...

सम्मेलन का विष... योगदान" था । उ... योगदान क्या हो अ... सोचेंगे लेकिन इस ... बारे में सोचें । जिस... रहा है ।

महादेवी वर्मा ने ... इस बात का अहसा... और बहनें हैं । उ... पुरुष वर्ग से बात ... महिलाओं से बात ... अपने को विधवा य... होना चाहती हो । ... को, बेटों को और ... करने से, मार-का...

तीन ...

हैदराबाद, 1... राव गिरोह के तीन... जाता है कि इनकी... उग्रवादियों ने की ...

ANOTHOR MASTER-PIECE FULL OF ACTION & MELODRAMA

Punjabi Sahib

अमृतसर पुलिस के साथ मुठभेड़ों में 2 खूंखार आतंकवादी मारे गये

इनमें से एक बूटा सिंह के रिश्तेदारों की हत्या में संलिप्त, पुलिस व सेना की वर्दियां मिलीं

सामूहिक हत्याओं की योजना में 7 बंदी, 2 हत्याएं

चंडीगढ़, 13 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): गत रात अमृतसर पुलिस के साथ हुई दो भिड़ंतों में दो खूंखार प्लस बी श्रेणी के आतंकवादी मारे गए । उनसे भारी मात्रा में हथियार व पुलिस और सेना की वर्दियां मिलीं । इनमें से एक गृहमंत्री बूटा सिंह के रिश्तेदारों की हत्या में संलिप्त था । होशियारपुर के गांव में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई,जबकि एक अन्य को घायल कर दिया गया । कल रात उग्रवादियों की फ़ायरिंग से घायल हुए कपूरथला के एस.पी. श्री दास की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । फिरोज़पुर पुलिस ने सात आतंकवादियों को गिरफ्तार करके जिला में सामूहिक हत्याओं की साज़िश विफल बना दी । राज्य में विभिन्न स्थानों पर एक दर्जन से अधिक आतंकवादी न उनको शरण देने वाले पकड़े गए । जालंधर जिले में भी आज रात्रि एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

2 खूंखार आतंकवादी मरे

अमृतसर (अशोक सोनी): आज यहां एक सरकारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया कि गत रात अमृतसर जिला के वेरोवाल थाना के अन्तर्गत सुरक्षा बलों के साथ दो मुठभेड़ों में दो खूंखार आतंकवादी, जिन्होंने कई हत्याएं की थीं और जिनके सिरों पर 50-50 हज़ार रुपए का इनाम था, मारे गए । दोनों के कब्ज़े से चीनी चिन्ह वाली ए के-47 असाल्ट और 315 बोर की राइफल तथा भारी मात्रा में गोली सिक्का, बमों का बारूद, रीमोट कंट्रोल उपकरण तथा पुलिस व सेना की वर्दियां बरामद हुई हैं । दोनों मृतक प्लस 'बी' श्रेणी के आतंकवादी थे ।

विज्ञप्ति में मुठभेड़ों का विवरण देते हुए बताया गया है कि पहली मुठभेड़ वेरोवाल के गांव वईं पई में हुई जबकि सायं 6.30 बजे के करीब सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति लखविंदर सिंह के फार्म हाऊस को घेरा डाला जिसके बारे में पुलिस को सूचनाएं थीं कि वह आतंकवादियों को पनाह देने के लिए प्रयोग किया जाता है । घेरा डाले जाने पर फार्म हाऊस के अन्दर से दो आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग की । यह फायरिंग चीनी असाल्ट राइफल तथा 315 बोर की राइफलों से की गई थी । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी गोली चलाए जाने से एक आतंकवादी जो कि चीनी राइफल से फायरिंग कर रहा था, मारा गया जबकि दूसरा भाग निकलने में सफल हो गया ।

विज्ञप्ति में बताया गया कि मृत आतंकवादी की शिनाख्त धर्म सिंह उर्फ धर्मा निवासी गांव वईं पई के रूप में हुई तथा यह आतंकवादी दरबार साहब में बाबा उत्तम सिंह द्वारा अकाल तख्त की कराई जा रही कार सेवा का इन्चार्ज था । यही आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स के 'जनरल' लाभ सिंह का एकमात्र प्रतिनिधि था तथा यह अमृतसर में हुए सभी हत्याकांडों जो कि खालिस्तान कमांडो फोर्स ने किए थे, के लिए जिम्मेदार था । इसी आतंकवादी ने केन्द्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह के 7 निकट सम्बन्धियों की हत्या के निर्देश जारी किए थे ।

विज्ञप्ति के अनुसार इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने व्यापक खोजबीन शुरू कर दी तथा लगभग आधी रात के समय गांव मल्लां में एक और आतंकवादी के साथ मुठभेड़ हुई जो कि मुठभेड़ के दौरान मारा गया । इसकी शिनाख्त सर्बजीत सिंह जौहल निवासी गांव जौहल जिला होशियारपुर के रूप में की गई । प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार जौहल होशियारपुर में कई हत्याओं के लिए जिम्मेदार था जिनमें एडवोकेट श्री बख्शी, सी.आई.डी. हवालदार स्वर्ण सिंह, टांडा के निकट डाक्टर जोगिन्द्र सिंह, जालन्धर के गांव जंडसिंघा में तीन व्यक्तियों की तथा जिला कपूरथला में सुल्तानपुर लोधी में एक निरंकारी की हत्या शामिल है ।

5 आतंकवादी पकड़े

इसी बीच कल रात अमृतसर जिले के गांव वनिएके के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पांच आतंकवादी सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार किए । इनके नाम जसबीर सिंह, गुरमेज सिंह, दिलबाग सिंह, बलदेव सिंह आदि हैं । उनसे एक डबल बैरल 12 बोर गन, दो सिंगल बैरल 12 बोर गन, एक देसी 12 बोर की पिस्तौल व अनेक कारतूस पकड़े गए ।

सरहाली पुलिस ने आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में आसा सिंह, गुरबख्श सिंह, परमजीत सिंह व सुरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

शव मिला

आज सुबह जिला अमृतसर के थाना हरीके के गांव निभड़ के निकट एक अज्ञात व्यक्ति का गला-सड़ा शव मिला ।

दास खतरे से बाहर

लुधियाना (महिंद्रा): आतंकवादियों की गोली से कल शाम घायल कपूरथला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री पी.एम दास की स्थिति में सुधार हो रहा है और वे खतरे से बाहर हैं । उनका इलाज क्रिश्चियन मैडिकल कालेज अस्पताल में चल रहा है । गोली निकालने के लिए कल रात उनका आप्रेशन किया गया था । श्री दास कपूरथला जिले के मंड इलाके में सुरक्षा बल के साथ जा रहे थे जब आतंकवादियों ने उन पर गोली चलाई । गोली से उनकी चार पसलियां छलनी हो गई ।

लुधियाना के पुलिस अधीक्षक ए.पी. पांडे ने बताया कि श्री दास आप्रेशन के बाद खतरे से बाहर हैं । पंजाब में आंतरिक सुरक्षा सचिव तथा पुलिस महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ने भी कल आधी रात को भगतानाल में आकर श्री दास की दिलेरी की सराहना की । वे करीब दो घंटे अस्पताल में रहे ।

आतंकवादियों की शिनाख्त

लुधियाना के पुलिस चीफ़ ने बताया कि शुक्रवार की रात को नाकेबंदी के दौरान गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम सुखदेव सिंह उर्फ़ सुक्खा गांव उटाला, परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मी समराला तथा राजेंद्र सिंह उर्फ़ घोना हैं । श्री पांडे ने बताया कि पछताछ के दौरान इन तीनों ने थाना समराला के क्षेत्र में डकैती तथा पिस्तौल छीनने की वारदातों, गांव खिरनियां में फ़ायरिंग की घटना में संलिप्त होने का इकबाल किया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)





(1) होशियारपुर-टांडा रोड पर अस्लपुर गांव में गत रात उग्रवादियों राय (2) मृतक धनपत के पिता श्री गोबिन्द राम पुलिस को घटना के अश्विनी (3) जि. फिरोजपुर के गांव मेहरसिंहवाला का 60 वर्षीय लाल (इनसैट) की गत दिवस आतंकवादियों ने हत्या कर दी । शोक तथा निकट सम्बन्धी ।



केन्द्रीय गृहमंत्री स. बूटा सिंह पुरस्त फ़ापुर में रविवार को अपने सम्बन्धियों, मार दिया था, को श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए आयोजित पाठ के भोग में भाग पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (इ) के अध्यक्ष स. बेअंत सिंह, ससत्सदस्य जनरल राजनीतिक दलों के नेता दिखाई दे रहे हैं ।

केन्द्रीय सचिवों के विभागों में भारी फेरबदल की सम्भावना

नई दिल्ली, 13 सितम्बर (मेल): केन्द्र सरकार के सचिवों में आगामी कुछ दिनों में भारी फेरबदल किए जाने की सम्भावना है । जानकार सूत्रों के अनुसार इस परिवर्तन से 22 सचिवों के प्रभावित होने की सम्भावना है । इन प्रभावित होने वाले लोगों में प्रधानमंत्री के सचिव श्री गोपी कृष्ण अरोड़ा, केन्द्रीय वित्त सचिव एस. वेंकटरमन, केन्द्रीय उद्योग विकास सचिव श्री बोरडिया आदि शामिल बताए जाते हैं । यह भी बताया जाता है कि सात सचिवों को उनके पदों से इसलिए हटाया जा रहा है क्योंकि वह अपने पदों पर रहते हुए कोई रचनात्मक कार्य जारी नहीं दिखा पाए या फिर वह अन्य मंत्रालयों के साथ तालमेल रख पाने में विफल रहे ।

गोपी अरोड़ा जो प्रधानमंत्री के अत्यन्त निकट समझे जाते हैं, उन्हें वित्त सचिव बनाए जाने की सम्भावना है, जबकि वर्तमान वित्त सचिव श्री एस. वेंकटरमन को प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव नियुक्त किए जाने की सम्भावना है । अभी श्रीमती सरला ग्रेवाल इस पद पर कार्य कर रही हैं ।

1957 के बैच के आई.ए.एस. अधिकारी श्री विमा बोरडिया सम्भवतः केन्द्रीय ऊर्जा विभाग के सचिव लगाए जाएंगे । श्री बोरडिया प्रधानमंत्री सचिवालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कोयला, इस्पात तथा विद्युत विभागों का काम देखा करते थे । श्री एच.के. खान को उद्योग विकास सचिव नियुक्त किए जाने की सम्भावना है । गुजरात कैडर के वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी श्री खान इस समय पैट्रो कैमिकल्स विभाग में सचिव हैं । केन्द्रीय वाणिज्य सचिव श्री प्रेम कुमार को रक्षा सचिव नियुक्त किए जाने की सम्भावना है । वर्तमान रक्षा सचिव श्री एस.के. भटनागर जो एक अत्यन्त कुशल अधिकारी समझे जाते हैं इस समय विवादास्पद रक्षा सौदों के कारण अतिरिक्तता के घेरे में घिरे हुए हैं ।

केन्द्रीय भूपरिवहन सचिव श्री पी.पी. नैयर को सम्भवतः गृह मंत्रालय में स्थानांतरित किए जाने की सम्भावना है । इस बात की चर्चा है कि उन्हें गृह मंत्रालय में विशेष अधिकारी (सचिव स्तरीय) नियुक्त किया जाएगा । उन्हें पंजाब तथा अन्य अशांत क्षेत्रों के मामले देखने का काम सौंपा जाएगा । श्री नैयर को वैसे काफी चतुर व कुशल अधिकारी माना जाता है । वह बिहार में श्री जगन्नाथ मिश्रा के समय मुख्य सचिव रह चुके हैं । भूपरिवहन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव श्री पी.एम. अब्राह्म को श्री नैयर के स्थान पर भूपरिवहन विभाग का सचिव बनाए जाने की सम्भावना है ।

अन्य जिन सचिवों को उनके वर्तमान विभागों से अन्यत्र हटाए जाने की चर्चा गहां चल रही है, उनमें रक्षा उत्पादन सचिव श्री पी.सी. जैन, पर्सोनल एवं पैंशन विभाग के सचिव श्री पी.पी. त्रिवेदी के नाम भी लिए जा रहे हैं । श्री त्रिवेदी असम में असम आंदोलन के दिनों में मुख्य सचिव थे । केन्द्रीय नागरिक उड्डयन विभाग के सचिव श्री एस.एस. सिद्धू सेवानिवृत्त होने वाले हैं अतः इस विभाग में भी किसी नए सचिव के आने की सम्भावना है ।

यह भी कहा जाता है कि कुछ सचिवों के अपने मंत्रियों के साथ 'तनावपूर्ण' सम्बन्ध भी चल रहे थे ।

सचिवों के विभागों में भारी परिवर्तन का यह अभियान सात माह पूर्व प्रारम्भ किया जाने वाला था लेकिन कैबिनेट सचिव श्री बी.जी. देशमुख इस मामले में उस समय कोई कार्रवाई नहीं कर पाए थे । बताया जाता है कि इससे प्रभावित होने वाले कुछ सचिवों ने इसके विरुद्ध अभियान शुरू कर दिया था ।

प्रधानमंत्री द्वारा कठोर रवैया अपनाए जाने के कारण अब श्री देशमुख ने सचिवों में परिवर्तन किए जाने के लिए कदम उठाया है ।

पूर्व राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के लिए आजीवन आवास व्यवस्था

नई दिल्ली, 13 सितम्बर (वा) : भविष्य में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को अपने पद से अवकाश ग्रहण करने के बाद सरकार की ओर से आजीवन पूरी आवास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी । जानकार सूत्रों के अनुसार इस आशय का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है और इस संबंध में एक आदेश तैयार किया जा रहा है । अवकाश प्राप्त राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के निधन के बाद उन्हें मिलने वाली आवास सुविधा उनकी पत्नी को आजीवन उपलब्ध कराई जाएगी ।

सरकार का मत है कि अवकाश प्राप्त करने वाले राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति को निशुल्क आवास एवं सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराना उनके हित में होगा । इस मामले पर राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा भी विचार किया गया है। अवकाश प्राप्त करने वाले राष्ट्रपतिया उपराष्ट्रपति को उनके निजी एवं अन्य कार्यों के लिए भी कर्मचारी उपलब्ध कराए जाएंगे ।

पिपल सिंह के गिरोह के छिपे होने मिलने पर ही मंड में छापा मार

जालन्धर, 13 सितम्बर (ह.स.). जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री ए.ए. सिद्दीकी ने बताया कि पुलिस को इस बात की निश्चित सूचना मिली थी कि दुर्दांत उग्रवादी पिपल सिंह का 9 सदस्यीय गिरोह मंड क्षेत्र में छिपा हुआ है । कपूरथला के पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास के नेतृत्व में पुलिस दल मंड क्षेत्र में इन लोगों को पकड़ने के लिए गया था ।

श्री सिद्दीकी ने बताया कि आज प्रातः भी सुरक्षा बलों ने गिरोह को पकड़ने के लिए इस क्षेत्र में पुनः खोजबीन की । उन्होंने कहा कि कल शाम मंड क्षेत्र में पुलिस दल का नेतृत्व करते हुए श्री दास की छाती पर गोली लगी थी । श्री दास सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में उपचाराधीन हैं तथा उनकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

कपूरथला से प्राप्त समाचारों में कल सायं हुई घटना के सम्बन्ध में और विवरण प्राप्त हुए हैं । बताया जाता है कि मंड क्षेत्र में छापा मारने गए सुरक्षा बल ने अपने वाहन गांव अली कलां के पास छोड़ दिए थे तथा वहां से क्षेत्र की ओर पैदल गए ।

जब सुरक्षा बलों एक उग्रवादी ने इन पर सुरक्षा बल के ज यह फायरिंग लगभग इसी गोलीबारी में ए और ऐसा लगा कि क दास वास्तविक स्थि जैसे ही उठे कि एक लगी तथा वह नीचे गि को 100 गज तक पड़ा । पुलिस जवान कर घायल श्री दास में सुल्तानपुर लोधी तथा प्राथमिक उपचा लुधियाना भेज दिया

बताया जाता हैकि उग्रवादियों को पकड़ सुबह मारे जाते हैं लेकि उठाने की आवश्यक को शाम में यह कार्र

हिमाचल में दो उग्रवादी ग्रुपों की घुस

शिमला, 13 सितम्बर (ह.स., खजूरिया) : साम्प्रदायिकता तनाव और भय उत्पन्न करने के लिए बी.आई. पीज़ और वरिष्ठ अधिकारियों की हत्या सहित व्यापक स्तर पर नरसंहार और ट्रेनों को बमों से उड़ाने के लिए हिमाचल प्रदेश में उग्रवादियों के दो गुटों के कथित दाखिल होने के समाचार के दृष्टिगत राज्य में रैड अलर्ट कर दिया गया है ।

राज्य के पुलिस महानिदेशक श्री आई.बी. नेगी ने आज यहां यह रहस्योद्घाटन करते हुए बताया कि इन अभियुक्तों का पता लगाने के लिए राज्य भर में व्यापक छापे और तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है । यह पहली बार है कि पड़ौसी राज्य पंजाब में सरगर्म उग्रवादियों ने हिमाचल प्रदेश में व्यापक स्तर पर कार्रवाई करने की योजना बनाई है ।

श्री नेगी ने कहा कि सूचना है कि उग्रवादियों का एक गुट शिमला क्षेत्र में घुसपैठ कर गया है, जबकि दूसरे उग्रवादी गुट द्वारा कांगड़ा क्षेत्र में हिंसा करने की आशंका है ।

उन्होंने कहा कि सुविज्ञ सूत्रों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार शिमला के क्षेत्र में घुसे उग्रवादियों के गुट में 7 सदस्य शामिल हैं, जिनका गुरमेल सिंह (नेता), सुखवंत सिंह, सुखविंद्र सिंह, जसमल सिंह और जसमिन्द्र सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । इस गुट का उद्देश्य वी.आई. पीज़ और वरिष्ठ अधिकारियों की हत्या करना है ।

उन्होंने बताया कि दूसरा गुट पठानकोट और जोगेंद नगर के मध्य ट्रेनों को बमों से उड़ाने के कार्य के साथ नंगल की ओर से कांगड़ा क्षेत्र में घुसा है और इसका नेता जसमल सिंह है । इसके अन्य सदस्य जसवंत सिंह, सतविन्द्र सिकंदर सिंह हैं ।

श्री नेगी ने बताया विदेश में शस्त्रों का प्र उद्देश्य हिमाचल प्रदेश चलाना है । सुविज्ञ सूत्रों रहस्योद्घाटन किया उग्रवादी साहित्य की त है । श्री नेगी ने कहा पूरा न कर सकें, इसल उठाए जा रहे है ।

उन्होंने कहा संवेदनशील क्षेत्रों और

जिंदा से सम्पर्क रखने वाले वरिष्ठ अकाली नेताओं से पूछताछ

75 गौओं से लदे चार ट्रक

Punjabi Tribune

खूंखार आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्कूटर सवारों से असला बरामद

समराला (भारद्वाज): तीन स्कूटर सवारों से समराला पुलिस तथा सी.आई.ए. स्टाफ द्वारा की गई नाकाबंदी के दौरान दो पिस्तौल तथा कुछ गोला बारूद बरामद करने का दावा किया गया है । एस.एच.ओ. श्री टेक सिंह के अनुसार यह व्यक्ति एक बिना नम्बर के स्कूटर पर सवार थे । ये तीनों जिला लुधियाना में उटालां, चड़ी तथा समराला के रहने वाले बताए जाते हैं ।

दोनों घायल दम तोड़ गए

बटाला (कोछड़): थाना डेरा बाबा नानक के गांव धारोवाली में गत 6 सितम्बर को रात 9 बजे आतंकवादियों ने सब इंस्पैक्टर एक्साइज श्री मदन लाल के घर फ़ायरिंग करके उसके दामाद तरसेम सिंह व कुंदम जमशेद कुमार को गम्भीर घायल कर दिया था, जो गत 9 सितम्बर को सी.एम.सी. लुधियाना में दम तोड़ गए ।

गत दिवस कुछ पत्रकार उस गांव में गए तो ज्ञात हुआ कि जब आतंकवादियों ने फायरिंग की तो उस दिन सब इंस्पैक्टर मदन लाल नकोदर एक्साइज स्टाफ से छुट्टी लेकर घर आए हुए थे । जब लगभग 15 लोगों का परिवार खाना खा रहा था तो कुछ अज्ञात युवकों ने अन्दर घुसकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी । मदन लाल तुरन्त छत पर चढ़ गया व सरकारी रिवाल्वर से फायर किए जिससे आतंकवादी चले गए अन्यथा शायद एक बड़ा हत्या कांड घटित होता और 15 के 15 लोग ही मारे जाते । घर में चारों ओर गोलियों के निशान लगे थे । गांव के लोगों ने बताया कि रात के समय गांव में कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं । बी.एस.एफ. व पुलिस गश्त करने नहीं आती । उन्होंने यह भी मांग की मृतक तरसेम सिंह की विधवा को शिक्षित होने से आर्थिक सहयोग के लिए तुरन्त सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए ।

विभिन्न क्षेत्रों में खोजबीन

किसी गुप्त सूचना के आधार पर आज प्रातः बी.एस.एफ. व पुलिस ने बटाला बस स्टैंड की चारों ओर से नाकाबंदी करके बसों, यात्रियों व अन्य लोगों की जांच की । इसी प्रकार बटाला क्षेत्र के कुछ अन्य मुहल्लों में भी खोजबीन का काम किया गया । इस सारी कार्रवाई में कोई संदिग्ध व्यक्ति काबू आया है या नहीं इस सम्बन्ध में सरकारी तौर पर कोई जानकारी अभी तक उपलब्ध नहीं की गई ।

युवक की हत्या

होशियारपुर (अश्विनी): यहां से 15 किलोमीटर दूर अस्लपुर में कल रात एक युवक गोली लगने से मारा गया, दूसरा सख्त घायल हो गया और तीसरे ने भाग कर जान बचाई । बताया जाता है कि एक हरिजन श्री गोबिन्द राम के दो नौजवान बेटे राम प्रकाश और धनपत राय भैंसों का व्यापार करते हैं । व्यापारी लोग प्रायः उनके पास आते-जाते रहते हैं । कल रात हिमाचल प्रदेश के गांव खबली का रहने वाला एक युवक प्रकाश चन्द उनके पास आया हुआ था । रात के लगभग 11 बजे 5 सशस्त्र व्यक्ति आए और नीचे सोए हुए राम प्रकाश से पूछा कि व्यापारी कहां सोया हुआ है ? जब उसने बताने में आनाकानी की तो दो उसके पास गए । उसके द्वार पर दस्तक दी । जब वह बाहर आया तो पिस्तौल की नोक पर आदेश दिया कि अपनी सिंगल बैरल गन उनके हवाले कर दे । उसके बाद वे वहां से बन्दूक और 2 कारतूस लेकर फ़रार हो गए ।

इसी प्रकार दसूहा के निकट मौज़ा बरोल में भी रात 10 बजे चार सशस्त्र आतंकवादी एक व्यक्ति जगजीत सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसकी डबल बैरल गन और 6 कारतूस छीन से गए । जगजीत सिंह एक व्यक्ति सोहन सिंह का किराएदार है । दसूहा पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है ।

लाश मिली

होशियारपुर से 4 किलोमीटर दूर गांव अज्जोवाल में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है । लाश पर बहुत से ज़ख्मों के निशान हैं । यह लाश हरभजन सिंह के खेत में से मिली है । लाश नग्नावस्था में थी तथा पास ही कपड़े पड़े हुए थे । गांव की पंचायत ने पुलिस को सूचना दे दी है ।

होशियारपुर के गढ़शंकर थाना क्षेत्र के बगवाली ग्राम के दिलबाग सिंह से उग्रवादियों ने 7685 रु. उसकी साइकिल छीन ली ।

सामूहिक हत्याओं का षड्यंत्र विफल

फिरोज़पुर (सत्यपाल वागी): फिरोज़पुर पुलिस ने आतंकवादियों द्वारा फिरोज़पुर तथा मल्लांवाला में सामूहिक हत्याओं की खतरनाक साज़िश नाकाम बनाने तथा सात आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । यह रहस्योद्घाटन करते हुए एस.एस.पी. श्री समेध सिंह सैनी ने आज बताया कि सूचना मिलने पर फिरोज़पुर पुलिस ने गांव बहादुरसिंहवाला थाना फिरोज़पुर सदर में एक मकान पर छापा मारा, जहां तीन आतंकवादी सामूहिक हत्याओं की योजना बना रहे थे । पुलिस ने उन्हें चुनौती दी तो उन्होंने फ़ायरिंग की । दोनों ओर से फ़ायरिंग के बाद तीन आतंकवादियों को हथियारों सहित पकड़ लिया गया । इनके नाम जम्बर सिंह पुत्र गुलज़ार सिंह गांव बंडाला थाना मल्लांवाला जिला फिरोज़पुर, जोकि 'ए' श्रेणी आतंकवादी गुरनाम सिंह का छोटा भाई है, इश्तहारी अभियुक्त बलविंदर सिंह उर्फ़ बल्ली पुत्र शबेग सिंह गांव जैमलसिंहवाला थाना बल्टोहा जिला अमृतसर और जसवंत सिंह पुत्र कंधारी सिंह गांव मुठियांवाली थाना मल्लांवाला हैं । उनसे एक वैम्बलेस्कॉट-32 पिस्तौल तथा गोली-सिक्का बरामद किया गया ।

श्री सैनी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने रहस्योद्घाटन किया कि उन्हें गुरदेव सिंह उस्मानवाला ने फिरोज़पुर में सामूहिक हत्याएं करने के लिए नियुक्त किया था । पुलिस चीफ़ ने रहस्योद्घाटन किया कि मल्लांवाला की गश्ती पुलिस पार्टी ने कल रात सतलुज नदी के तट पर बैठे चार आतंकवादियों को चुनौती दी । दोनों ओर से फ़ायरिंग के बाद चारों आतंकवादी माहल सिंह पुत्र दया सिंह, दरबारा सिंह पुत्र ऊधम सिंह, बलजीत सिंह पुत्र भाग सिंह (सभी मल्लांवाला निवासी) तथा सुखदेव सिंह पुत्र कुलवंत सिंह गांव झौके हरिहर जिला फिरोज़पुर गिरफ्तार कर लिए गए । उनसे एक बारह बोर की डबल बैरल गन, एक 232 बोर पिस्तौल, एक 315 बोर पिस्तौल व एक एक रिवॉल्वर बरामद हुआ ।

चकमगलानी ग्राम व
ने उसकी लाइसैंसी

खिलाड़ी बाल-

जालंधर के स
आज रात्रि उग्रवा
स्वचालित नौ एम.
वहां एक टूर्नामैंट
होने की सूचना नहं

'वार्ता' के अनु
सायं 4.30 बजे ज
एक स्कूटर सवार
की ।

विजय कु
शिरोमणि

अलीगढ़,13
अपने द्वितीय वार्षि
11 पत्रकारों को
साहित्यकारों को स
अलंकृत किया । इ
कमांडर राजीव र
शिरोमणि पत्रकार
नाम इस प्रकार हैं

शिरोमणि
समूह के सम्पादक
जोशी, राजेन्द्र मा
प्रसाद चतुर्वेदी, वि
महेंद्र पाल सिंह,
मोहन ।

शिरोमणि
'सुमन', डा. प्र
मन्मथनाथ गुप्त,
हंसराज रहबर, र
चंद 'सुमन', निर्भ
पालीवाल, डा. सु

चु

जालन्धर, 1
का चुनाव इस प्र
उपप्रधान धर्मपाल
मंत्री दीदार सिंह,



श्री एन.एन. जम

Punjab Sahitya

चारों ओर गोलियों के निशान लगे थे । गांव के लोगोंने बताया कि रात के समय गांवों में कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं । बी.एस.एफ. व पुलिस गश्त करने नहीं आती । उन्होंने यह भी मांग की मृतक तरसेम सिंह की विधवा सुशिक्षित हैउसे आर्थिक सहयोग के लिए तुरन्त सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए ।

विभिन्न क्षेत्रों में खोजबीन

किसी गुप्त सूचना के आधार पर आज प्रात: बी.एस.एफ. व पुलिस ने बटाला बस स्टैंड की चारों ओर से नाकाबंदी करके बसों, यात्रियों व अन्य लोगों की जांच की । इसी प्रकार बटाला क्षेत्र के कुछ अन्य महत्वूर्ण में भी खोजबीन का काम किया गया । इस सारी सर्चवाई में कोई संदिग्ध व्यक्ति काबू आया है या नहीं इस सम्बन्ध में सरकारी तौर पर कोई जानकारी अभी तक उपलब्ध नहीं की गई ।

युवक की हत्या

होशियारपुर (अश्विनी) : यहां से 15 किलोमीटर दूर अस्लपुर में कल रात एक युवक गोली लगने से मारा गया, दूसरा सख्त घायल हो गया और तीसरे ने भाग कर जान बचाई । बताया जाता है कि एक हरिजन श्री गोविन्द राम के दो नौजवान बेटे राम प्रकाश और धनपत राय भैंसों का व्यापार करते हैं । व्यापारी लोग प्राय: उनके पास आते-जाते रहते हैं । कल रात हिमाचल प्रदेश के गांव खाली का रहने वाला एक युवक प्रकाश चन्द उनके पस आया हुआ था । रात के लगभग 11 बजे 5 सशस्त्र व्यक्ति आए और नीचे सोए हुए राम प्रकाश से पूछा कि व्यापारी कहां सोया हुआ है ? जब उसने बताने में आनाकानी की तो उसके पास खड़े रहे और शेष तीन व्यापारी को ढूंढने लगे । इस बीच उन्होंने छत पर दो चारपाइयां देखीं और लकड़ी की सीढ़ीसे ऊपर चढ़ने लगे । इतने में व्यापारी राम प्रकाश ने उन्हें देख लिया और वह छत से छलांग लगाकर भाग खड़ा हुआ । जब धनपत राय ने उनमें से एक को पकड़ने की कोशिश की तो उसे गोली मार दी गई नीचे आकर उन्होंने राम प्रकाश को गोली मार दी । राम प्रकाश और धनपत राय को सिविल अस्पताल लाया गया जहां धनपतराय की मौत हो गई और राम प्रकाश को एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने 1000 रुपए नकद देकर पी.जी.आई. चंडीगढ़ भेज दिया है । धनपतराय के बेटे ने चारपाई के नीचे छुप कर अपनी जान बचाई ।

श्री अरोड़ा के अनुसार यह आतंकवाद की घटना है । गांववालों ने बताया कि वारदात के बाद गांव के बाहर एक कार के स्टार्ट होने की आवाज़ आई थी, जिससे प्रतीत है कि आतंकवादी वारदात के बाद कार में फ़रार हो गए । थाना सदर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

प्रद्युम्न के अनुसर इस घटना के बारे में दो विचार पाए जाते हैं—एक यह कि यह आतंकवाद की घटना है, क्योंकि ये लोग बूचड़ों को पशु बेचा करते थे । आर राय यह है कि ये सशस्त्र व्यक्ति रुपए लूटने के लिए व्यापारी के आने की सूचना पाकर यहां आए थे ।एक व्यक्ति ने बताया कि कुछ व्यक्तियों को एक-दो दिन पहले भी गांव में घूमते देखा गया था ।

हथियार छीनने की दो घटनाएं

होशियारपुर से 40 किलोमीटर दूर मौज़ा कल्लोवालमें चार सशस्त्र संदिग्ध आतंकवादी रात साढ़े 12 बजे एक व्यक्ति हरदयाल सिंह के घर पुलिस ने गांव बहादुरसिंहवाला थाना फिरोज़पुर सदर में एक मकान पर छापा मारा, जहां तीन आतंकवादी सामूहिक हत्याओं की योजना बना रहे थे । पुलिस ने उन्हें चुनौती दी तो उन्होंने फ़ायरिंग की । दोनों ओर से फ़ायरिंग के बाद तीन आतंकवादियों को हथियारों सहित पकड़ लिया गया । इनके नाम जम्बर सिंह पुत्र गुलज़ार सिंह गांव बंडाला थाना मल्लांवाला जिला फिरोज़पुर, जोकि 'ए' श्रेणी आतंकवादी गुरनाम सिंह का छोटा भाई है, इशतहारी अभियुक्त बलविंदर सिंह उर्फ़ बल्ली पुत्र शबेग सिंह गांव जैमलसिंहवाला थाना वल्टोहा जिला अमृतसर और जसवंत सिंह पुत्र कंधारी सिंह गांव मुठियांवाली थाना मल्लांवाला हैं । उनसे एक वैम्बलेस्कॉट-32 पिस्तौल तथा गोली-सिक्का बरामद किया गया ।

श्री सैनी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने रहस्योद्घाटन किया कि उन्हें गुरदेव सिंह उस्मानवाला ने फिरोज़पुर में सामूहिक हत्याएं करने के लिए नियुक्त किया था । पुलिस चीफ़ ने रहस्योद्घाटन किया कि मल्लांवाला की गश्ती पुलिस पार्टी ने कल रात सतलुज नदी के तट पर बैठे चार आतंकवादियों को चुनौती दी । दोनों ओर से फ़ायरिंग के बाद चारों आतंकवादी माहल सिंह पुत्र दया सिंह, दरबारा सिंह पुत्र ऊधम सिंह, बलजीत सिंह पुत्र भाग सिंह (सभी मल्लांवाला निवासी) तथा सुखदेव सिंह पुत्र कुलवंत सिंह गांव झोके हरिहर जिला फिरोज़पुर गिरफ्तार कर लिए गए । उनसे एक बारह बोर की डबल बैरल गन, एक 232 बोर पिस्तौल, एक 315 बोर पिस्तौल व एक प्राक निर्मित 32 बोर रिवाल्वर बरामद हुआ । पुलिस ने गांव बंडाला थाना मल्लांवाला के सरपंच कुलवंत सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया ।

श्री सैनी ने रहस्योद्घाटन किया कि गिरफ्तार आतंकवादियों ने स्वीकार किया कि उन्हें गुरदेव सिंह उस्मानवाला ने मल्लांवाला में नरसंहार के लिए तैनात किया था । श्री सैनी ने बताया कि ज़ीरा पुलिस ने गत रात्रि रणजीत सिंह उर्फ़ काका निवासी अलीकलां थाना सुल्तानपुर लोधी जिला कपूरथला को गांव लुचगढ़ में एक वृद्ध सिख किसान की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया । उसने मृतक की लाइसेंसशुदा बंदूक भी छीन ली थी ।

संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

करतारपुर (साहनी): गत रात स्थानीय पुलिस के इंचार्ज श्री बलदेव राज शर्मा ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव नौगज्जा के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा । जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक 315 बोर की अवैध पिस्तौल तथा तीन कारतूस बरामद हुए । अभियुक्त का नाम बलबीर सिंह पुत्र मेहर सिंह है तथा यह इला थाना भोगपुर का रहने वाला है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस आतंकवादी से और पूछताछ की जा रही है तथा इससे और कई सुराग मिलने की आशा है ।

हत्या

जालंधर के करतारपुर थाना क्षेत्र के समस्तपुर ग्राम के लम्बरदार करतार सिंह की उग्रवादियों ने उसके घर में घुस कर हत्या कर दी व 12 बोर की पिस्तौल, नकदी, आभूषण आदि छीन ले गए ।

जालंधर के ही नकोदर थाना क्षेत्र के

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन



श्री एन.एन. ज

भार

इस्लामाबाद,
में भारत के राजदू
है कि जगले कु
भारत-पाक वार्ता
भेंटवार्ता में उन्होंने
के दौरान बैठक के
गए हैं ।

उन्होंने इस
बताया है कि पाकि
सैनिक एकत्रित क
तरह की ख़बरों से
तथा असद्भाव पैद

श्री सिंह ने कह
समय भारत-पाक
दोनों देशों के आपसी
एक सवाल के जव
पाकिस्तान सरकार
व्यापार की अनुमति
के कल मूल्य पर प्र

ऋण

नई दिल्ली, 1
ने तीन वर्षीय उससे
पीड़ित क्षेत्रों से ऋण
फैसला किया है । स
पर अलग से ग़ौर क
निश्चित करने तथ
किस्तों में ऋण वसू

Punjab Sanad

उग्रवादियों द्वारा जालन्धर ज़िले में एक निरंकारी नेता की निर्मम हत्या

दो डाकघर लूटे, पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर लौटे कई उग्रवादी मुठभेड़ के बाद बंदी, तीन घुसपैठिये मारे गये

अमृतसर, फ़िरोजपुर, कपूरथला के मंड में उग्रवादियों के विरुद्ध अभियान जारी

चंडीगढ़, 14 सितम्बर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने जालन्धर जिले में एक निरंकारी नेता शिक्षक की हत्या कर दी । जालन्धर शहर में एक डाक घर लूट लिया । उधर अमृतसर, फिरोजपुर, कपूरथला के मंड क्षेत्र में उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान जारी रहा । फगवाड़ा में भी उग्रवादियों ने एक डाक घर लूटा । होशियारपुर में मठभेड़ के बाद चार कुख्यात उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए गए, जो पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर लौटे थे । कई अन्य स्थानों पर उग्रवादियों ने लूटपाट की जबकि सुरक्षा बलों ने कुछ अन्य उग्रवादी भी गिरफ्तार कर लिए ।

अमृतसर के पास सीमा क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में तीन पाक घुसपैठिए मारे गए ।

जालन्धर (ह.स., वार्ता, क., न.न.स.): आज अपरान्ह स्कूटर सवार दो उग्रवादियों ने थाना सदर के वडियाना ग्राम के सरकारी स्कूल के शिक्षक सुखदयाल सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । सुखदयाल सिंह नंगल शामा ग्राम के रहने वाले थे और वहां से प्रतिदिन पढ़ाने के लिए वडियाना के सरकारी स्कूल आया करते थे । आज जब वे स्कूल में पढ़ा रहे थे, उग्रवादी उनके बारे में पूछताछ करते हुए स्कूल पहुंच गए और एकदम निकट से उन्हें रिवाल्वर से गोलियां मारीं । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । गोलियों की आवाज सुनकर स्कूल में भगदड़ मच गई ।

शिक्षक निरंकारी था, हत्यारे बब्बर खालसा के

फगवाड़ा से 'कौड़ा' के अनुसार आज बाद दोपहर दो लड़के उनके कार्यालय में आए और यह सूचना देकर चले गए कि बड़याना गांव में जिस निरंकारी अध्यापक की हत्या हुई है वह बब्बर खालसा ने की है ।

उल्लेखनीय है कि 13 अप्रैल 1978 को अमृतसर में निरंकारी सम्मेलन के समय निरंकारी चीफ बाबा गुरबचन सिंह के अनुयायियों और सिख नेता जरनैल सिंह भिंडरांवाला के समर्थकों के बीच हुए झगड़े में भिंडरांवाला के 13 साथी मारे गए थे । इसके बाद से उग्रवादियों ने बाबा गुरबचन सिंह सहित अनेकों निरंकारियों की हत्याएं की हैं ।

एक सूचना के अनुसार एक गोली लगने के बावजूद सुखदयाल सिंह घायल होने के बावजूद भागा पर उग्रवादियों ने उसे कई और गोलियां मारीं, 100 गज दौड़कर वह गिर पड़ा और दम तोड़ गया ।

डाकखाना लूटा

आज दोपहर एक बजे स्कूटर पर सवार उग्रवादियों ने शहर के लाजपतनगर स्थित एक डाकघर से स्टेनगन की नोक पर 1414 रुपए लूट लिए । उग्रवादी बिना नम्बर के स्कूटर पर सवार थे और एक के पास स्टेनगन व एक के पास रिवाल्वर थी ।

बीड़ियां छीन ले गए

करतारपुर से 'द' के अनुसार उत्तर प्रदेश से आए कुछ श्रमिक जब हमीरा के पास एक वृक्ष के नीचे बैठकर बीड़ियां पी रहे थे तब पिस्तौलों से लैस उग्रवादियों ने उनकी पिटाई की और धमकी दी कि खालिस्तान में बीड़ी पीने वालों की हत्या कर दी जाएगी । उग्रवादी उनकी बीड़ियों के बंडल और रोटी के डिब्बे छीन ले गए ।

करतारपुर के नौगजा क्षेत्र में बलबीर सिंह

(शेष पृष्ठ 8 पर)



चंडीगढ़ में सोमवार को शपथ ग्रहण करने के बाद हरियाणा के 5 मल, लच्छमन दास कम्बोज, भागी राम, सचदेव त्यागी और रतन लाल के साथ ।

भ्रष्टाचार भारत के लिए

बोफोर्स कांड में गुणात्मक भि

लंदन, 14 सितम्बर : भूतपूर्व केन्द्रीय रक्षामंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा है कि बोफोर्स तोप सौदे में सरकार का रवैया देखकर यह आभास होता है कि इस मामले में कहीं कुछ छिपाया जा रहा है । श्री सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार भारत के लिए नया नहीं है लेकिन बोफोर्स सौदे के मामले में गुणात्मक भिन्नता है, जो मौजूदा विवाद का केन्द्र बिन्दु है । श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आजादी से पहले और आजादी के बाद के 40 वर्ष में देश के लिए बहुत कुछ किया है लेकिन इसमें आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है । कांग्रेस पार्टी में पिछले 15 वर्ष से किसी स्तर पर चुनाव नहीं हुए और पार्टी अध्यक्ष श्री गांधी समेत सभी पदाधिकारियों की नियुक्तियां ही होती रही हैं ।

श्री सिंह ने कहा कि राजनीतिक गतिविधियों का लोकतंत्रीकरण किए बिना हम देश में लोकतांत्रिक माहौल पैदा नहीं कर सकते । देश का शासन अब भी सामन्तवादी पद्धति पर चल रहा है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस (इ) यदि अब अपना नेतृत्व बदल दे तो भारतीय लोकतंत्र परिपक्व हो जाएगा। पिछले 40 साल में पार्टी पार्टी नेतृत्व में परि ही होता आया है कभी यह योजना न राजीव के खिलाफ कभी सोचा ही न परिवार के बहुत सराहना करते हुए सदस्य लोकतांत्रिक हालांकि राजीव ग हत्या के बाद लोग

श्री सिंह ने क गांधी से बहुत आ कि राजीव एक न माहौल तैयार कर सकेंगे लेकिन वक आया कि फैसले क

श्री सिंह ने भागीदार थे इसलि कर सके ।

जिन्दा से मिली जानकारी के आधार पर भूतपूर्व अकाली मंत्री से पूछताछ

नई दिल्ली, 14 सितम्बर (ह.स.): हरजिंदर सिंह जिंदा तथा सतनाम सिंह बाबा के कथित साथियों ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने धमकी तथा दबाव के कारण दुर्दांत आतंकवादियों की सहायता की है ।

नई दिल्ली के विभिन्न भागों से गिरफ्तार इन नौ व्यक्तियों ने पुलिस जांच दल को बताया है कि आतंकवादियों ने इनको धमकी दी थी कि यदि इन्होंने उनकी मदद न की या इनके बारे किसी को बताया तो इनके परिवारों को समाप्त कर दिया जाएगा । पुलिस सूत्रों ने बताया है कि कुछ अकाली नेता, जिनमें बरनाला मंत्रिमंडल का एक मंत्री भी शामिल है, से जिंदा व बाबा से मिली जानकारी के आधार पर पूछताछ की गई । जांच से यह भी पता चला है कि आतंकवादियों को पंजाब और देश के अन्य शहरों की कुछ गुरुद्वारा प्रबंधक समितियां आर्थिक सहायता दे रही थीं । उग्रवादियों ने पिछले कुछ महीनों में जिस प्रकार स्वर्ण मंदिर और अनेक प्रमुख गुरुद्वारों पर कब्जा किया है, उससे भी इस बात की पुष्टि हो जाती है ।

सूत्रों ने कहा कि जिंदा की गिरफ्तारी के दिन, तीस अगस्त को ही घोषित अपराधी दलजीत सिंह उर्फ बिट्टू और सुखविंदर सिंह को भी ललित माकन हत्याकांड के संबंध में गिरफ्तार कर लिया जाता क्योंकि उस दिन शाम को वे जिंदा से भेंट करने वाले थे । सूत्रों ने कहा कि जिंदा की गिरफ्तारी की खबर बड़े पैमाने पर प्रचारित हो जाने से ऐसा नहीं हो सका ।

खूंखार आतंकवादी हरजिंदर सिंह जिंदा और सतनाम सिंह बाबा की मदद करने के आरोप में

छोटी सी बात

रंगा

नौसिखुए राजनीति में कर्णधार बन बैठे हैं
—मुफ्ती मोहम्मद सईद



केन्द्रीय मंत्रिमंडल व अफसरशाही में अनिश्चित

नई दिल्ली, 14 सितम्बर (जी.एस. चावला): केन्द्र में छाये राजनीतिक संकट के दौरान ही मंत्रिमंडल और सचिव स्तर पर अफसरशाही में परिवर्तन की सम्भावनाओं के कारण सरकार के सभी कार्य ठप्प पड़ गए हैं और कोई भी मंत्री या अधिकारी किसी प्रकार का महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए तैयार

उधर विपक्ष का मनोबल भी कुछ खास ऊंचा नहीं है । वी.पी. सिंह वामपंथी व दक्षिण पंथी विपक्षी दलों से सहयोग लेने के विवाद में उलझे हुए हैं । उधर अरुण नेहरू का भ्रमजाल भी टूट सकता है । यदि प्रधानमंत्री संचार मंत्री अर्जुन सिंह से साथ छुड़ा लें तो सम्भव है अरुण नेहरू अपने चहेते भाई राजीव

वही पुराना ढर्रा ल

एक और बा प्रधानमंत्री के सल पी.वी. नरसिम्हा राजीव के उतने नि

निरंकारी अध्यापक की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

नामक उग्रवादी को 315 बोर की रिवाल्वर के साथ पकड़ा गया ।

गोली मार कर घायल किया

हमीरा से जालन्धर के फतह जलाल जा रहे सुन्दर सिंह को कुछ उग्रवादियों ने किरपानों से घायल कर दिया ।

शिव सेना प्रधान बाल-बाल बचा

करतारपुर शिवसेना के प्रधान राधा कृष्ण अग्निहोत्री की अठौला ग्राम में दो स्टेनगनधारी युवकों ने गोलियां मार कर हत्या करने का प्रयास किया परन्तु वे बाल-बाल बच गए । अग्निहोत्री अठौला ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित वालीबाल, कबड्डी टूर्नामैंट में उपस्थित होने के लिए गवर्नमैंट स्कूल के पास खड़े थे जब पीले रंग के स्कूटर पर सवार उग्रवादियों ने स्टेनगन उनकी ओर की । इस पर वे भाग निकले तो उग्रवादियों ने गोली चला दी । अग्निहोत्री जमीन पर लेट कर शोर मचाने लगे जिस पर भीड़ एकत्र हो गई तो उग्रवादी फरार हो गए ।

केस झूठा निकला

जालंधर पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार नूरमहल के कंडोला खुर्द के पाल चंद द्वारा लिखाई गई यह रिपोर्ट जांच किए जाने पर झूठी निकली कि उग्रवादियों ने मेहसमपुर के शराब ठेके से 2091 रु. लूट लिए व बोतलें तोड़ दीं । पाल चंद ठेके का कारिंदा है और उसने रुपयों का गबन करके रुपए अपने दोस्त लुभाया के पास जमा कर दिए थे ।

आतंकवादी हथियारों समेत काबू

नकोदर (गगन): नकोदर से तीन किलोमीटर दूर वीर पिंड गांव के लोगों ने गांव में वारदात करने आए एक आतंकवादी मक्खन सिंह (निवासी संगतपुर थाना फिल्लौर) को पकड़ कर सी.आर.पी.एफ. की एक गश्ती टुकड़ी के हवाले कर दिया । उससे 315 बोर का रिवाल्वर मिला । उसकी बनियान पर पंजाब पुलिस लिखा हुआ था । बताया जाता है कि यह आतंकवादी आज सुबह साढ़े पांच बजे गांव में एक किरयाना दुकानदार श्री केहर सिंह की दुकान पर आया तथा उसके लड़के मंगत सिंह से उसका स्कूटर व पांच सौ रुपए नकद मांगे । पिस्तौल की नोक पर उसने कहा कि ये दोनों चीजें मेरे हवाले कर दो वरना मार दिए जाओगे । मंगत सिंह ने स्कूटर व सिर्फ पचास रुपए आतंकवादी को दिए । घर के कुछ मैम्बरों को पता लगने पर उन्होंने शोर मचा कर गांव वालों को इकट्ठा कर लिया तथा कुछ एक सदस्यों ने इस आतंकवादी पर ईंटों की वर्षा शुरू कर दी । इस आतंकवादी ने भागने की कोशिश की मगर गांव के लोगों ने घेरा डाल कर इसे पकड़ लिया तथा सी.आर.पी.एफ. के हवाले कर दिया ।

मां घायल

रात 8 बजे मंगत सिंह के घर जब सब लोग खाना खा रहे थे तभी दो उग्रवादी वहां आये । जब मंगत सिंह की मां बेअंत कौर खाना बना के निकली तो उग्रवादियों ने उस पर गोलियां चलाई जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का रजिन्द्र कुमार उर्फ राजू, उम्र 15 साल, कद 5 फुट, रंग गोरा, शरीर पतला, खाकी पैंट, सफेद शर्ट और चप्पल पहनी हुई है, 12.9.87 से स्कूल से लापता है । पहुंचाने वाले को 500 रुपए ईनाम दिया जाएगा । खुद पढ़े तो शीघ्र पहुंचे । उसके माता जी बहुत बीमार हैं ।

M/s. Mohan Lal Romesh Kumar,
H.No. 869, Pati Molhoki, Moga.

आप्रेशन मंड जारी

अमृतसर (ह.स., वार्ता, दीपक, सोनी, भरत, वि.प्र.): उग्रवादियों के खिलाफ अमृतसर, फिरोजपुर, कपूरथला जिलों के मंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा छेड़ा गया अभियान अभी चल रहा है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस क्षेत्र में हाथी घास बहुत घनी और ऊंची उग आई है जहां उग्रवादियों के छिपने के अड्डे बन गए हैं । शनिवार को इसी क्षेत्र में कपूरथला के एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास को उग्रवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया था । आप्रेशन मंड के परिणाम नहीं बताए गए । वरिष्ठ सुरक्षा व पुलिस अधिकारी इस कार्रवाई की स्वयं निगरानी कर रहे हैं ।

धर्म सिंह कार सेवा का सदस्य नहीं

अकाल तख्त साहब की कार सेवा कर रहे बाबा उत्तम सिंह ने पुलिस के इस आरोप का खंडन किया है कि वेई पुईं के पास सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया पचास हजार रुपए का इनामी बी. श्रेणी का उग्रवादी धर्म सिंह उनसे अथवा कार सेवा जत्थे से सम्बद्ध था ।

3 घुसपैठिए मारे गए

आज तड़के अमृतसर के अटारी क्षेत्र की रूड़ेवाला चौकी के पास बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । 6 घुसपैठिए भारत आने का प्रयास कर रहे थे और बी.एस.एफ. द्वारा चुनौती दिए जाने पर उन्होंने गोली चला दी । बी.एस.एफ. द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से 3 घुसपैठिए मारे गए व अन्य फरार हो गए ।

2 शव मिले

भिक्खीविंड क्षेत्र के राजोके के पास बी. एस. एफ. ने खेतों से 2 सड़े गले शव बरामद किए हैं । एक की शिनाख्त काबुल सिंह के रूप में हुई है जबकि दूसरे की शिनाख्त नहीं हुई ।

एक और डाकखाना लूट लिया

फगवाड़ा से खोसला व कौड़ा ने सूचना दी है कि आज प्रातः साढ़े11 बजे यहां महल्ली गेट के पास सब पोस्ट आफिस में दो उग्रवादी आए । एक के हाथ में पिस्तौल था । उसने पिस्तौल दिखाकर सारा कैश हवाले करने को कहा । अतः लगभग 275 रुपए नकद लेकर वे फरार हो गए । दोनों स्कूटर पर आए थे । थाना सदर ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

4 उग्रवादी बंदी

होशियारपुर से प्रद्युम्न और अश्विनी के अनुसार गत रात स्थानीय पुलिस तथा सुरक्षा बलों के साथ हुई संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद चार आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । आज प्रातः एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि गत रात लगभग एक बजे पुलिस और सुरक्षा बलों की ओर से गढ़शंकर के निकटवर्ती गांव छौरी के क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान चार संदिग्ध व्यक्तियों को घूमते देखा । जवानों ने उन्हें रुकने के लिए आवाज दी जिस पर आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग पर चारों आतंकवादियों ने हाथ खड़े करके स्वयं को पुलिस के हवाले कर दिया । एस.एस.पी. ने बताया कि ये चारों आतंकवादी जिला गुरदासपुर के रहने वाले हैं । इनके नाम हैं : मनजीत सिंह उर्फ मन्नी, हरदयाल सिंह उर्फ पटवारी, हरजिंदर सिंह उर्फ पिन्दा और जतिन्दर पाल सिंह उर्फ निक्कू । मनजीत सिंह ने अपने दो साथियों के साथ मोहाली में बैंक डकैती की कोशिश की थी । इस वारदात में उसका साथी केवल बैंक के गनमैन की गोली से मारा गया था जबकि मनजीत तथा उसके अन्य साथी भागने में सफल हो गए थे । उसके एक साथी स्वर्ण सिंह को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है । मनजीत सिंह कुछ अरसा पहले ए.एस.आई. अजीत सिंह को घायल करके उसका रिवाल्वर लेकर भाग गया था ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि मनजीत सिंह ने पिन्दा और पटवारी के साथ मिलकर माडल टाऊन, जालन्धर में रह रहे अपने मामा श्री इकबाल सिंह वकील के घर जाकर अपनी मामी से 12 बोर का रिवाल्वर और कुछ कारतूस लेकर भाग गया था । उससे वही रिवाल्वर बरामद कर लिया गया है । एस.एस.पी. ने यह भी बताया कि दूसरा आतंकवादी



पीलीभीत के निकट आतंकवादियों द्वारा मारे गए 2 पुलिस कर्मी (1) उमेश कुमार सिंह तथा (2) ल गया मुख्यग्रंथी का शिष्य बाज सिंह और (4) गुरुद्वारे का मुख्य ग्रंथी ज्योति प्रसाद ।

पटवारी डेढ़ वर्ष तक पाकिस्तान में प्रशिक्षण लेने के पश्चात वापस आया था, बाद में उसने गुरदासपुर के एस.एस.पी. के सामने हथियार डाल दिए थे और आज कल वह पंजाब बिजली बोर्ड में नौकरी करता था । मनजीत सिंह अपने साथी पटवारी के साथ कल हथियार जमा कर रहे थे और वह मोहाली जाकर उक्त गनमैन को खत्म करने की तैयारी कर रहे थे ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि मंजीत सिंह स्थानीय पालीटैक्नीक का भूतपूर्व छात्र है और पालीटैक्नीक में ही बम फेंकने में पकड़ा भी गया था ।

मंजीत सिंह ने एक अन्य उग्रवादी के साथ जहानखेला के पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में एक ए.एस.आई. अजीत सिंह पर हमला किया था परन्तु अजीत सिंह ने जवाबी गोली चलाकर मंजीत सिंह को घायल कर दिया था पर वह बच निकला था । हरदयाल सिंह ने पाकिस्तान से लौटकर आत्म समर्पण किया था जिस पर उसे लाइनमैन बना दिया गया था पर वह उग्रवादी हरकतें करता रहा । जोगेन्द्रपाल पाकिस्तान व अन्य स्रोतों से शस्त्र लाकर मंजीत सिंह को देता था । इलाका मैजिस्ट्रेट ने इन सब का 21 तक रिमांड दे दिया ।

स्कूल जला दिया

दसूहा के निकट तेली चक में ग. हाई स्कूल को किसी ने आग लगा दी । चौकीदार सोहन लाल के अनुसार तड़के दो बजे जब वह शोर सुनकर उठा तो उसने देखा कि स्कूल को आग लगी हुई थी । लोगों ने मिलकर आग बुझाई । पुलिस ने धारा 436 के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया और जांच आरम्भ कर दी ।

साइकिल और नकदी छीन ली

गांव बगोई के दिलबाग राय से कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उसका साइकिल, 1685 रुपए नकद और एक घड़ी छीन ली । दिलबाग राय साइकिल से गांव कालेवाल जा रहा था कि उससे बम जैसी चीज दिखाकर दो युवकों ने उसे रोक लिया और चीजें छीन लीं ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

लुधियाना से 'महेंद्रा' की सूचना है कि जिला पुलिस ने गांव ढले पट्टी थाना सधार में दो उग्रवादियों दरबारा सिंह उर्फ बारा निवासी कैनपर और करनैला सिंह रमदासिया निवासी दाखा को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से दो पिस्तौल 12 बोर और 15 बोर, 12 कारतूस और एक बजाज स्कूटर बरामद हुआ है । बताया जाता है कि वे गांव बल्लोवाल की ओर से आ रहे थे कि पुलिस ने उन्हें चैलेंज किया, जिस पर उन्होंने गोली चला दी । पुलिस ने जवाब में गोली चलाई और उन्हें काबू कर लिया । यह रहस्योद्घाटन करते हुए एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि उग्रवादियों से पूछताछ की जा रही है ।

जमानत

लुधियाना के विशेष न्यायाधीश आर.एस. सोहल ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के छात्र और कथित उग्रवादी कर्मवीर सिंह को दस हजार रु. की जमानत पर रिहा कर दिया ।

12 बंगलादेसी गिरफ्तार

बटाला : सीमा सुरक्षा बल ने कल रात पाकिस्तान से भारत की सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे बंगला देश के 12 नागरिकों को पकड़ लिया इनमें एक महिला भी थी । ये सभी गुरदासपुर जिले के डेराबाबानानक क्षेत्र में घुस रहे थे । गुरदासपुर जिला पुलिस प्रमुख जे.पी. बिरदी ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने सभी बारह व्यक्तियों को पूछताछ के लिए जिला पुलिस के हवाले कर दिया ।

उग्रवादी बंदी

नंगल (ज): नंगल के अड्डा मार्केट क्षेत्र से सी.आर.पी. ने करनैल सिंह जरनैल सिंह नामक उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसके साथी फरार हो गए । उसने स्वीकार किया कि वह पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आया था ।

जमानत

पटियाला (भूषण): एडीशनल सैशन जज एस. एस. चाहल ने उग्रवादी जीवनजोत सिंह की 5 हजार रुपए की जमानत पर रिहा कर दिया ।

रिहा

विशेष जज एम. एल. सिंघल ने राम स्वरूप आढ़ती की दुकान पर फायरिंग करके ज्योति प्रकाश इंस्पैक्टर खाद्यापूर्ति विभाग व राम रछपाल की हत्या करने में गिरफ्तार उग्रवादियों जागीर सिंह, जगरूप सिंह व सुच्चा सिंह को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया ।

भारत में 1 करोड़ पाक घुसपैठिए

इंदौर, 14 सितम्बर : भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष बलराज मधोक ने आज यहां कहा कि भारत में इस समय एक करोड़ पाकिस्तानी घुसपैठिए हैं ।

बलदेव मित्र बिजली को श्रद्धांजलियां

टांडा, 14 सितम्बर (गुप्ता): उड़मुड़ टांडा में प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी बलदेव मित्र बिजली की रस्म पगड़ी के अवसर पर प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों तथा राजनीतिज्ञों ने उन्हें श्रद्धांजलियां भेंट कीं । श्रद्धांजलियां भेंट करने वालों में पं. सरवन राम विधायक गढ़शंकर, श्री नन्द लाल आहूजा, प्रधान स्वतंत्रता सेनानी एसो. पंजाब, और मा. कुन्दन सिंह, प्रधान होशियारपुर कांग्रेस के नाम उल्लेखनीय हैं ।



स्वतंत्रता सेनानी श्री बलदेव मित्र बिजली, जिनका गत 4 टांडा में सोमवार को श्रद्धांजलि समारोह हुआ ।

मनकोटिया के विरुद्ध

शिमला, 14 सितम्बर (खजूरिया): हिमाचल प्रदेश विधान सभा में सम्भवतया प्रथम बार एक विधायक के विरुद्ध सदन की मान हानि का मामला सदन में आया है । इंका के विधायक श्री नत्था सिंह ने विधायक श्री विजय सिंह मनकोटिया के विरुद्ध मर्यादा का यह प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि श्री मनकोटिया ने कुछ समाचार पत्रों को यह खबर दी कि विधान सभा की अध्यक्षा द्वारा उनके बहुत से प्रश्न विषय सूची में शामिल नहीं किए गए और उन्हें विधान सभा में कई मामले उठाने की आज्ञा नहीं दी जा रही है, जिससे उनके अधिकारों का हनन हो रहा है तथा उनका यह आरोप कि विधान सभा में उनसे पक्षपात किया जा रहा है, विधान सभा के अध्यक्ष व विधान सभा की मर्यादा के विरुद्ध है । इस प्रकार के आरोप लगाकर श्री मनकोटिया ने सदन की अवमानना की है । इस पर अध्यक्षा श्रीमती विद्या स्टोक्स ने यह मामला मर्यादा समिति को सौंपने की घोषणा की, इस पर जब श्री मनकोटिया ने बोलना

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

कम्प्यूटर

अपने भविष्य, विवाह, लग्न और वर्षफल बारे कम्प्यूटर से पूछें–S.B. Computer Centre, 106, Lawrence Road, Amritsar. Phone : 65214. एजैंट मिलें ।

जायदाद

One Kothi for exchange in Mohali/ Chandigarh against kothi in Faridabad, Sec-15A, Size 250 Sq.yds. Contact : Upkar Estate Agency, 55, Ist Floor, Neelam Chowk, Faridabad-121001. PH : 26147.

प्रवेश सूचना

Sunday open (9 AM to 2 PM) RMP (Valid for Practice), B.A. Final after B.A.I., दसवीं पास इंटर तथा बिना किसी प्रमाणपत्र मैट्रिक करें । B.Ed./BTC/JBT/OT का दाखला शुरू । Prospectus Rs. 10/-. Guru Gobind Singh College, Garha, Jalandhar (affiliated).

बिकाऊ

पैटाडोर सीटर (स्टैंडर्ड-20), माडल-83, अच्छी हालत में बिकाऊ है । शीघ्र सम्पर्क करें–भगवती फर्नीचर हाऊस, सब्जी मंडी, पेहवा ।

एक वैल्डिंग रॉड बनाने की फैक्टरी भोपाल में स्थित चालू एवं अच्छी हालत में बिकाऊ है । इच्छुक व्यक्ति शीघ्र मिलें या लिखें–राजा राम रिखी राम, कैथल मंडी, फोन कैथल-2601, भोपाल फोन-65905.

एक गत्ता फैक्टरी (स्टाबोर्ड) सनड्राइ जो संगरिया-हनुमानगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित है, बिकाऊ है । क्षमता प्रतिदिन 5 टन गत्ता, चालू हालत में है, सम्पर्क सूत्र : परस राम शुभकरण, संगरिया (श्रीगंगानगर) राजस्थान, फोन नं. 74.

टी.वी. ट्रेनिंग

टैलीविज़न/Colour VCR, TV-ट्रांज़िस्टर, इलैक्ट्रीशियन/वायरमैन ड्राइविंग हैवी ट्रक, कार (लाइसैंस समेत), रैफ्रीजिरेशन, RCC बार बैंडर, प्लम्बर, वैल्डिंग, मोटर मैकेनिकल कोर्स, रिहायश उपलब्ध, दाखले हेत मिलें : प्रिंसीपल, टी.आई.टी.

रायल गर्वनमैंट आफ भूटान

लाटरी

सतम्बर, 1987

ारी

.स., वार्ता, दीपक, सोनी, भरत, ादियों के खिलाफ अमृतसर, थला जिलों के मंड क्षेत्र में सुरक्षा या अभियान अभी चल रहा है । नुसार इस क्षेत्र में हाथी घास बहुत उग आई है जहां उग्रवादियों के न गए हैं । शनिवार को इसी क्षेत्र एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास को ी मारकर घायल कर दिया था । रिणाम नहीं बताए गए । वरिष्ठ अधिकारी इस कार्रवाई की स्वयं हैं ।

सेवा का सदस्य नहीं

साहब की कार सेवा कर रहे बाबा स के इस आरोप का खंडन किया है न सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा रुपए वा इनामी बी. श्रेणी का उनसे अथवा कार सेवा जत्थे से

रे गए

अमृतसर के अटारी क्षेत्र की पास बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में सपैठिए मारे गए । 6 घुसपैठिए ास कर रहे थे और बी.एस.एफ. ाने पर उन्होंने गोली चला दी । जवाबी फायरिंग किए जाने से 3 व अन्य फरार हो गए ।

त्र के रातोके के पास बी. एस. सड़े गले शव बरामद किए हैं । बल सिंह के रूप में हुई है जबकि नहीं हुई ।

ाना लूट लिया

सला व कौड़ा ने सूचना दी है कि बजे यहां महली गेट के पास सब उग्रवादी आए । एक के हाथ में ने पिस्तौल दिखाकर सारा कैश हा । अतः लगभग 275 रुपए र हो गए । दोनों स्कूटर पर आए केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर

से प्रद्युम्न और अश्विनी के थानीय पुलिस तथा सुरक्षा बलों के ठभेड़ के बाद चार आतंकवादियों र लिया गया । आज प्रातः श अरोड़ ने बताया कि गत रात लिस और सुरक्षा बलों की ओर से टवर्ती गांव छडोरी के क्षेत्र में चार संदिग्ध व्यक्तियों को घूमते उन्हें रुकने के लिए आवाज दी दियों ने फायरिंग शुरू कर दी । चारों आतंकवादियों ने हाथ खड़े लिस के हवाले कर दिया । या कि ये चारों आतंकवादी जिला वाले हैं । इनके नाम हैं :



पीलीभीत के निकट आतंकवादियों द्वारा मारे गए 2 पुलिस कर्मी (1) उमेश कुमार सिंह तथा (2) लक्ष्मी कांत तिवारी । इसी स्थान पर मारा गया मुख्यग्रंथी का शिष्य बाज सिंह और (4) गुरुद्वारे का मुख्य ग्रंथी ज्योति प्रसाद । (छाया : न्यू पूनम)

पटवारी डेढ़ वर्ष तक पाकिस्तान में प्रशिक्षण लेने के पश्चात वापस आया था, बाद में उसने गुरदासपुर के एस.एस.पी. के सामने हथियार डाल दिए थे, और आज कल वह पंजाब बिजली बोर्ड में नौकरी करता था । मनजीत सिंह अपने साथी पटवारी के साथ कल हथियार जमा कर रहे थे और वह मोहाली जाकर उक्त गनमैन को खत्म करने की तैयारी कर रहे थे ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि मंजीत सिंह स्थानीय पालीटैक्नीक का भूतपूर्व छात्र है और पालीटैक्नीक में ही बम फैंकने में पकड़ा भी गया था ।

मंजीत सिंह ने एक अन्य उग्रवादी के साथ जहानखेला के पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में एक ए.एस.आई. अजीत सिंह पर हमला किया था परन्तु अजीत सिंह ने जवाबी गोली चलाकर मंजीत सिंह को घायल कर दिया था पर वह बच निकला था । हरदयाल सिंह ने पाकिस्तान से लौटकर आत्म समर्पण किया था जिस पर उसे लाइनमैन बना दिया गया था पर वह उग्रवादी हरकतें करता रहा । जोगेन्द्रपाल पाकिस्तान व अन्य स्रोतों से शस्त्र लाकर मंजीत सिंह को देता था । इलाका मैजिस्ट्रेट ने इन सब का 21 तक रिमांड दे दिया ।

स्कूल जला दिया

दसूहा के निकट तेली चक में ग. हाई स्कूल को किसी ने आग लगा दी । चौकीदार सोहन लाल के अनुसार तड़के दो बजे जब वह शोर सुनकर उठा तो उसने देखा कि स्कूल को आग लगी हुई थी । लोगों ने मिलकर आग बुझाई । पुलिस ने धारा 436 के

उग्रवादी बंदी

नंगल (ज): नंगल के अड्डा मार्केट क्षेत्र से सी.आर.पी. ने करनैल सिंह जरनैल सिंह नामक उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसके साथी फरार हो गए । उसने स्वीकार किया कि वह पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आया था ।

जमानत

पटियाला (भूषण): एडीशनल सैशन जज एस. एस. चाहल ने उग्रवादी जीवनजोत सिंह की 5 हजार रुपए की जमानत पर रिहा कर दिया ।

रिहा

विशेष जज एम. एल. सिंघल ने राम स्वरूप आढ़ती की दुकान पर फायरिंग करके ज्योति प्रकाश इंस्पैक्टर खाद्यापूर्ति विभाग व राम रछपाल की हत्या करने में गिरफ्तार उग्रवादियों जागीर सिंह, जगरूप सिंह व सुच्चा सिंह को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया ।

भारत में 1 करोड़ पाक घुसपैठिए

इंदौर, 14 सितम्बर : भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष बलराज मधोक ने आज यहां कहा कि भारत में इस समय एक करोड़ पाकिस्तानी घुसपैठिए हैं ।

बलदेव मित्र बिजली को श्रद्धांजलियां

टांडा, 14 सितम्बर (गुप्ता): उड़मुड़ टांडा में प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी बलदेव मित्र बिजली की रस्म

सीमैंट से लदा ट्रक चोरी

बाबा बकाला, 14 सितम्बर (मेहरा): यहां से दो किलोमीटर दूर बाबा बकाला मोड़ पर एक होटल के बाहर खड़ा ट्रक नं. एच.वाई.एक्स. 1095, जिसमें दो सौ बोरी सीमैंट लदा हुआ था कल रात चोरी हो गया । चालक तारा सिंह के अनुसार रात को वह ट्रक के बाहर सो रहा था जबकि क्लीनर जसबीर सिंह ट्रक में ही सो रहा था पर ट्रक प्रातः गायब था ।

श्रीलंका में कानून-व्यवस्थ के लिए भारतीय पुलि

कोलंबो, 14 सितम्बर (ह.स., वार्ता, न्यू.टु.): श्रीलंका में निरंतर बिगड़ रही कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए भारत सरकार भारतीय पुलिस श्रीलंका भेजने पर गंभीरता से विचार कर रही है । सरकारी सूत्रों का कहना है कि भारतीय शांति सेना को सामान्य कानून-व्यवस्था की स्थिति से नहीं निपटना चाहिए । भारत सरकार अपनी पुलिस केवल श्रीलंका सरकार के आग्रह पर ही भेजेगी । भारतीय उच्चायोग के सूत्रों का कहना है कि तमिलों व मुसलमानों के बीच संघर्ष निहित स्वार्थी तत्वों ने कराया है । इसके अलावा विभिन्न तमिल उग्रवादी गुटों में भी आपसी झगड़े चल रहे हैं ।

श्रीलंका में प्रतिद्वंद्वी तमिल उग्रवादी गुटों के

जालन्धर पुलिस

जालन्धर, पुलिस कर्मी गिर मैं उग्रवादियों किए गए पुलिस है ।

कल मुस्तफ हुए डी.आई.जी. कि पुलिस की स्क्र कुछ और पुलिस परन्तु इन गिरफ ठीक संख्या बता है ।

इससे पहले उर्फ धन्ना सिंह आरोप में हैड क संतोख सिंह, हर कांस्टेबल) सहि गए थे । पंजा पिछले दिनों ह उग्रवादी जसपा पी.ए.पी. में हैड था ।

भारत

नई दिल्ली विदेशी मुद्रा गिरावट आई है सितम्बर को करोड़ रुपये क रुपये कम है रुपये की थी 6543 करोड़ अवधि की तुल का है ।

सेना मुख्याल विचार-विमर्श

प्रवक्ता ने विस्तृत रिपोर्ट तमिल गुटों व उपाय किए ज

लिबरेशन एक शीर्षस्थ कुमार और उ मद्रास में श्रील लेने के बाद श्री व्यक्त किया ज कनकरत्न ने

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों द्वारा हैड कांस्टेबल, रागी जत्थे के कर्मचारी सहित 3 की हत्याएं

दो युवतियों का पुलिस वर्दीधारी आतंकवादियों द्वारा अपहरण, बलात्कार के बाद हत्या का संदेह, उस्मानवाला गिरोह के चार बंदी, थानेदार बर्खास्त

मुठभेड़ों में उग्रवादी व घुसपैठिया मरे, फ़िरोज़पुर, जालन्धर में नरसंहार टले

चंडीगढ़, 15 सितम्बर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने एक हैड कांस्टेबल, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के एक कर्मचारी, एक महिला आदि तीन लोगों की हत्या कर दी जबकि सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में एक उग्रवादी व एक घुसपैठिया मारे गए ।

पुलिस ने गुरदेव सिंह उस्मानवाला के गिरोह के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार कर फिरोज़पुर में तथा 5 उग्रवादियों को जालंधर में गिरफ्तार कर नरसंहार की दो बड़ी योजनाएं विफल कर दीं । उग्रवादी दो युवतियों का भी अपहरण कर ले गए और संदेह है कि बलात्कार के बाद उन दोनों युवतियों की हत्या कर दी । कई अन्य उग्रवादी गिरफ्तार किए गए जबकि उग्रवादियों ने कई जगह लूटपाट की । उग्रवादियों से सम्बन्ध रखने के आरोप में एक ए.एस.एच.ओ. को बर्खास्त कर दिया गया ।

एक आतंकवादी मारा गया

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): यहां से 40 किलो मीटर दूर काबागढ़ शंकर के निकट ग्राम रामपुर बिरदों में आज तड़के तीन बजे पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया और चार फरार हो गए ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री सुरेश अरोड़ा ने पत्रप्रतिनिधियों को बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों की एक पार्टी गश्त कर रही थी कि उन्होंने पांच आतंकवादियों को गुजरते देखा और उन्हें रुकने के लिए आवाज दी मगर उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी । जवाबी फायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया और चार भाग जाने में सफल हो गए । मारे गए आतंकवादी के पास से 32 बोर का एक रिवाल्वर, 5 कारतूस मिले । दूसरे आतंकवादियों की तलाश जारी है ।

स्कूटर छीना

बलाचौर (जोशी): आज अपराह्न डेढ़ बजे नवांशहर-राहों रोड पर एक दुकानदार किशन लाल से उग्रवादियों ने उसका बजाज चेतक पी.ए.क्यू. 9436 स्कूटर छीन लिया ।

महिला की हत्या

जालन्धर से क व नकोदर से गगन के अनुसार बीती रात नकोदर से तीन किलो मीटर दूर नूरमहल सड़क पर स्थित बीरपिंड गांव की एक औरत श्रीमती बेअन्त कौर (42 साल) की आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि उक्त औरत जब रोटी पका कर बाहर निकली तो उस पर फायरिंग की गई । उसे तुरन्त सख्त जख्मी हालत में नकोदर सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसकी रात 11 बजे मृत्यु हो गई ।

यह घटना वाला वही स्थान है जहां कल श्रीमती बेअन्त कौर के परिवार के सदस्यों के साथ गांव के लोगों ने इकट्ठे होकर आतंकवादी मक्खन सिंह को उस वक्त घेर कर पुलिस को सौंप दिया था जब वह स्कूटर छीन कर फरार होने की कोशिश कर रहा था । गांव के लोगों व इलाका के लोगों ने इस घटना को होने के लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहराया क्योंकि जब पुलिस को पता था कि आज सुबह गांव में इतनी बड़ी घटना घटी है तो यहां सख्त पहरा रखा जाता मगर ऐसा नहीं हुआ । पुलिस का कहना है कि यह वारदात आतंकवादियों ने सुबह की घटना के बदले में की है । घर वालों ने लाश का संस्कार करने के लिए





नकोदर से 3 किलो मीटर दूर गांव बीर में उग्रवादियों द्वारा मारी गई स्त्री बेअंत कौर (ऊपर) का शव । (नीचे) बेअंत कौर के सम्बन्धी शोकग्रस्त दिखाई दे रहे हैं । (छाया : गगन)

पुलिस सुरक्षा की मांग की तथा बाकी परिवार को भी सुरक्षा देने के लिए कहा । पुलिस इस सम्बन्ध में हत्यारों की खोज कर रही है तथा कुछ व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया है ।

एस.एस.पी. के अनुसार मक्खन सिंह ने बताया कि उसके गिरोह में बीर पिंड का परमजीत सिंह, 2 बिलगा का अवतार सिंह, बीर पिंड का ही अमरजीत सिंह शामिल है जो फरार हैं । यह सभी उग्रवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स के सदस्य हैं और इन्होंने मल्लियां में एक ठेका जलाया था, नकोदर में पैट्रोल पम्प, लिदरां में एक ठेका, सिधवा में एक दुकानदार, जंडियाला में पैट्रोल पम्प से 20 हजार रु. व स्कूटर चकमिगलानी के भू.पू. सरपंच से दोनाली बंदूक व रिवाल्वर लूटा था ।

व्यापारी को घायल करके लूटा

बीती रात 9.30 बजे के करीब नकोदर के एक व्यापारी श्री विशन दास जो कि बस स्टैंड के बाहर रिफरैशमैंट की दुकान करता है, को रात के समय अज्ञात व्यक्तियों 8000/- रुपए नकद छीन कर सख्त जख्मी करके भाग गए ।

जालंधर में नरसंहार टला

जालंधर पुलिस ने 5 ऐसे उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है जो खालिस्तान बनाने के लिये हिन्दुओं की हत्याएं करने वाले थे । मुखबिरी के आधार पर पुलिस ने शाहकोट थाना में धारा 24, 54, 59 के अंतर्गत केस दर्ज करके नल ग्राम के नाले के पुल पर नाका लगाया । रात में दो चोरी के स्कूटरों पी.ए.के.-5004, पी.जे. एक्स 8331 पर सवार 5 उग्रवादी आते दिखाई दिये जिन्हें पीछा करके पकड़ लिया गया । उनके पास से पिस्तौल, एच.ई.-36 हथगोले और गोलियां बरामद हुई । स्कूटर भी चोरी के थे । गिरफ्तार उग्रवादियों के नाम सुखचैन सिंह, मलकियत सिंह, बलविंदर सिंह, बलवंत सिंह, जसविन्दर सिंह बताये गये हैं ।

पिपल सिंह बच निकला

आनन्दपुर साहब (गिरि): गत दिवस पुलिस को सूचना मिली कि कुख्यात उग्रवादी पिपल सिंह बस अड्डे पर वेश बदल कर घूम रहा है । पुलिस ने नाकाबंदी की पर पिपल सिंह फरार हो गया ।

करनैल सिंह गिरफ्तार

सी.आर.पी. द्वारा नंगल में गिरफ्तार किए गए करनैल सिंह से पूछताछ से पता चला है कि पंजाब में हिंसा करने व नरसंहार करने की विशेष ट्रेनिंग पाकिस्तान से लेकर आया था । उसके पांच साथी फरार हो गए ।

सिपाही की हत्या

अमृतसर (ह.स., वार्ता, वि.प्र., सोनी, भरत, नारंग): आज दोपहर लोपोके थाना क्षेत्र में अमृतसर-चुगावां रोड पर कोहाली ग्राम के कनाल रैस्ट हाऊस के पास दो उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला करके पंजाब पुलिस के एक हैड कांस्टेबल सुरजीत सिंह की हत्या कर दी । वह कोहाली ग्राम के सरपंच मदन लाल का सरकारी गनमैन था । दोनों एक मोटर साइकिल पर जा रहे थे जब उग्रवादियों ने एक नाले के पीछे छिपकर उन पर स्टेनगन से गोलियां चलाईं । सरपंच बाल-बाल बच गया ।

उग्रवादी पहले भी कई बार मदन लाल शाह की हत्या के प्रयास कर चुके हैं ।

शिरोमणि कमेटी के कर्मचारी की हत्या

अमृतसर के शहीद ऊधम सिंह नगर क्षेत्र में तीन उग्रवादियों ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के एक कर्मचारी सरजन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी व उसकी पत्नी नरेन्द्र जीत कौर को घायल कर दिया । उग्रवादियों ने रात में सरजन सिंह के घर जाकर उसके दरवाजे पर दस्तक दी और उसे बाहर बुलाया । जैसे ही वह बाहर आया उग्रवादियों ने उस पर फायरिंग कर दी जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि उसके पीछे आई नरेन्द्र जीत कौर उर्फ देवेन्द्र कौर घायल हो गई । सरजन सिंह स्वर्ण मन्दिर के एक रागी जत्थे का तबला वादक था । पुलिस का कहना है कि यह घटना उग्रवादियों के गुटों के आपसी संघर्ष का परिणाम है ।

सरजन सिंह के युवा पुत्र जसपाल सिंह को

(शेष पृष्ठ 6 पर)

हिमाचल में सूखे से 280 करोड़ की फसल, फल क्षतिग्रस्त : केन्द्र से 230 करोड़ मांगे

शिमला, 15 सितम्बर (ह.स.): हिमाचल प्रदेश में वर्तमान सूखे के कारण लगभग 280 करोड़ रुपए की खरीफ की फसल और फल क्षतिग्रस्त हो गए । राज्य विधान सभा में आज

मांग की गई है ।

उन्होंने कहा कि अभी तक कोई केन्द्रीय सहायता प्राप्त नहीं हुई है । उन्होंने कहा कि केन्द्र

मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह ने कांग्रेस (इ) के अजय बहादुर के प्रश्न के उत्तर में इस बात की पुष्टि की हरियाणा के कुछ लोगों ने अन्तर्राज्यीय सीमा पर

का दौरा किया । जिलाधीश ने केन्द्रीय दल से प्रभावित किसानों को पशु चारे की आपूर्ति का प्रबन्ध करने हेतु धन उपलब्ध करवाने का आग्रह किया ।

Punjabi Sanatan

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादी होने के आरोप में पुलिस ने दो सप्ताह पूर्व गिरफ्तार किया था जिससे एक बम मिला था । आज सुरजन सिंह की अंत्येष्टि में भाग लेने के लिये अधिकारियों ने जसपाल सिंह को अनुमति दी पर उसे हथकड़ी लगाए रखी गई ।

घुसपैठिया मारा गया

अमृतसर के अटारी क्षेत्र में रुड़ेवाला ग्राम के पास बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

दम्पति गिरफ्तार

आज तड़के अमृतसर के अटारी क्षेत्र के काहनगढ़ क्षेत्र में बी.एस.एफ. ने पाकिस्तान जा रहे एक बंगला देशी दम्पति को गिरफ्तार कर लिया ।

संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार गत रात्रि 8 बजे थाना ढिलवां पुलिस ने एक व्यक्ति जोगेंद्र सिंह निवासी गांव भंडाल बेट को संदिग्धावस्था में गिरफ्तार कर लिया । उससे 303 बोर का एक देसी पिस्तौल और 5 कारामद कारतूस बरामद हुए हैं । पुलिस ने उसे अदालत में पेश करके उसका रिमांड ले लिया है ।

एस.एच.ओ. बर्खास्त

बटाला (कोछड़): गुरदासपुर के श्री हरगोबिन्दपुर थाने के ए.एस.एच.ओ. को उग्रवादियों से सम्पर्क रखने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया ।

ए.एस.आई. जबरी रिटायर

बटाला थाने के ए.एस.आई. बलवन्त सिंह को ऐसे ही मामलों में जबरी रिटायर कर दिया गया । यह जानकारी एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री बिरदी ने दी ।

नरसंहार टला, 4 उग्रवादी बंदी

फिरोजपुर (बागी, धीमान): फिरोजपुर जिले में एक समुदाय के लोगों के सामूहिक नरसंहार के षड्यंत्र का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने 4 दिनों के अन्दर पंथक कमेटी के सदस्य दुर्दांत उग्रवादी गुरदेव सिंह उस्मानवाला के गिरोह के चार और इनामी उग्रवादियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया जिनमें उस्मानवाला का भाई भी शामिल है । पुलिस ने मुखबिरी के आधार पर मल्लांवाला थाना के उस्मानवाला ग्राम में गुरदेव सिंह उस्मानवाला के घर पर कल रात्रि छापा मारा । पुलिस को पता चला था कि उग्रवादी उस घर में किसी नरसंहार का षड्यंत्र रच रहे हैं, पर उग्रवादियों ने पुलिस बल को आते देखकर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । एक सूचना के अनुसार गुरदेव सिंह उस्मानवाला बचकर फरार हो गया पर थोड़ी मुठभेड़ के बाद उसके भाई सतनाम सिंह, दर्शन सिंह, जगतार सिंह उर्फ ढोला, लखन सिंह को गिरफ्तार कर लिया । उनसे एक स्टेनगन, 38 बोर की एक व 32 बोर की दो रिवाल्वरें, भारी संख्या में गोलियां बरामद हुईं । उन्होंने पूछताछ के दौरान बताया कि उस्मानवाला ने उन्हें सामूहिक नरसंहार के लिए नियुक्त किया था । इसके अलावा उधेवाला ग्राम के ऊधम सिंह को गुरदेव सिंह उस्मानवाला व उग्रवादी गुरनाम सिंह बडाला को शरण देने में गिरफ्तार कर लिया गया ।

दो उग्रवादियों की जमानत

लुधियाना (महेन्द्र, धीमान, जोशी, मुसाफिर, नेपाल, भाम्बी, वार्ता): अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस.एस. सोहल ने एक जुलाई को इंडस्ट्रियल एरिया के एक कारखाने के सिख मालिक से खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल लाभ सिंह की ओर से 54000 रुपए हथियार खरीदने के लिए मांगने के आरोप में गिरफ्तार जोगेन्द्र सिंह व हरजीत सिंह नामक उग्रवादियों को दस-दस हजार की जमानत पर रिहा कर दिया ।

कालेज बंद रहे

आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन (गुरजीत) के आह्वान पर आज लुधियाना के सभी कालेज बंद रहे ।

उग्रवादी दो युवतियां उठा ले गए

धूरी (सिंगला): सफेद मारुति कार में आए 6 पुलिस वर्दीधारी उग्रवादियों ने बागड़िया ग्राम से दो युवतियों भोली और सुरेन्द्रपाल कौर का अपहरण कर लिया । युवतियां रजबाहे पर कपड़े धो रही थीं । आशंका है कि उनसे बलात्कार कर उनकी हत्या कर दी गई है ।

पंच को धमकी

राजपुरा (मा.): सलेमपुर शेखां के पंच बंता सिंह को खालसा कमांडो फोर्स ने पत्र भेजकर धमकी दी है कि उसकी उसके परिवार सहित हत्या कर दी जाएगी । ग्राम के सरपंच जीत सिंह को भी सपरिवार समाप्त करने की धमकी दी गई है ।

फाजिल्का सैक्टर में सुरक्षा बलों ने हुम्मी ग्राम के पास एक बंगला देशी अब्दुल समद को सीमा पार करके पाकिस्तान जाते समय पकड़ लिया ।

स्त्री घायल

अमलोह से सूद के अनुसार कल यहां से 8 किलो मीटर दूर गांव हिम्मतगढ़ में अज्ञात व्यक्तियों ने जसबीर कौर पत्नी नाजर सिंह को हरगोबिंद इकबाल सिंह नामक व्यक्ति के घर गोलियां मार कर घायल कर दिया । पति-पत्नी हरगोबिंद इकबाल सिंह के घर में रहते थे । गोलियों की आवाज सुनकर हरगोबिन्द इकबाल सिंह ने भी अपनी बंदूक से फायरिंग की, जिस पर अज्ञात व्यक्ति फायरिंग करते हुए फरार हो गए । जसबीर कौर को पटियाला के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

उग्रवादी बंदी

अबोहर से राज सदोष के अनुसार 60 डाउन उद्यान आभा एक्सप्रैस के यात्रियों की चैकिंग के दौरान पंजाब सशस्त्र पुलिस ने उग्रवादी छिन्दा को 12 बोर की पिस्तौल, गोलियां, काफी नगदी आदि के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

एक और उग्रवादी बंदी

जलालाबाद (मलिक): जलालाबाद पुलिस ने सैदीक चक ग्राम के उग्रवादी मेजर सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया ।

वी.पी. सिंह घायल

लखीमपुरखीरी, 15 सितम्बर (वार्ता): भूतपूर्व रक्षामंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह आज मामूली रूप से घायल हो गये जब किसी व्यक्ति ने उनके माथे पर पत्थर मारा । श्री सिंह उस समय स्थानीय वाई.डी. कालेज में एक जनसभा को संबोधित करने जा रहे थे ।

इससे पहले लखीमपुर खीरी जाते समय सीतापुर जिले में सड़क के किनारे खड़े लोगों ने उन्हें काले झंडे दिखाए ।

गुमशुदा की तलाश



दिनेश कुमार (24), पुत्र श्री चंदू लाल, रंग सांवला, कद 5'-2", 7 अगस्त 1987 को अमृतसर से घर के लिए रवाना हुए हैं । 8 अगस्त को आखरी बार नई दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर देखा गया था । उनके बारे सूचित करने वाले को 2000/- ईनाम व मार्ग खर्चा दिया जाएगा । दिनेश स्वयं पढ़े, तुरन्त सूचित करे । तुम्हारे पिता की [illegible] है व पूरा परिवार परेशान है ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का प्रदीप कुमार, आयु 15 वर्ष, कद 4 फुट 7 इंच, रंग सांवला, चेहरा गोल, 23 अगस्त से गुम है, सूचना देने या पहुंचाने वाले को सफर खर्च के अलावा 1000 रु. इनाम

36 करोड़ की पांच परियोजनाओं को स्वीकृति

चंडीगढ़, 15 सितम्बर (ह.स.): पंजाब के परियोजना स्वीकृति बोर्ड ने राज्य में 36 करोड़ रुपए की पांच परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी है । यह जानकारी देते हुए उद्योग सचिव श्री ए.एस. चट्ठा ने बताया कि यह स्वीकृति कल राज्यपाल श्री रे की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में दी गई ।

इन परियोजनाओं में 12 करोड़ की 'ओपन एंड स्पिनिंग' परियोजना जिला होशियारपुर में, 7.5 करोड़ रुपए की 'हाई प्रैशर गैस सिलंडर' परियोजना, 9.5 करोड़ रुपए की 'पेपर पल्प मोल्डिंग' यूनिट डेरा बस्सी जिला पटियाला, चार करोड़ की 'इलैक्ट्रोनिक टैलैक्स मशीनरी' परियोजना तीन करोड़ की 'फैसीमाइल इक्विपमैंट' परियोजना मोहाली शामिल हैं । इन परियोजनाओं से 1200 व्यक्तियों को सीधा रोजगार मिलेगा ।

श्री चट्ठा ने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास को गतिशील किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि अगले चार महीनों में राज्य में दस नई परियोजनाएं उत्पादन शुरू कर देंगी तथा इनसे 2750 युवकों को रोजगार मिलेगा ।

बोफोर्स वार्ता

(पृष्ठ 3 का शेष)

नहीं । रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार बोफोर्स के अध्यक्ष तथा नोबल इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष 17 सितम्बर तक यहां रहेंगे । भारत सरकार ने बोफोर्स कम्पनी से उन लोगों के नाम बताने का अनुरोध किया है जिन्हें तोपों की खरीद के लगभग पन्द्रह सौ करोड़ रुपए के सौदे में कथित दलाली अथवा घूस दी गई है ।

बम्बई : जनता पार्टी के नेता जार्ज फर्नांडीस ने इन दिनों नई दिल्ली में आए बोफोर्स के प्रमुख पर आब मोरबर्ग को भारतीय दंड विधान की धारा 165 (अ) के तहत तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है । श्री फर्नांडीस ने यहां सम्वाददाता सम्मेलन में कहा कि स्वीडिश नैशनल आडिट ब्यूरो के प्रमुख बो. सेंडबर्ग की रपट के आधार पर बोफोर्स प्रमुख को गिरफ्तार किया जा सकता है । रपट में कहा गया है कि इस सौदे में 'भारतीय रक्षा मंत्रालय तथा सत्ताधारी दल के सदस्यों को रिश्वत दी गई है ।'

किसान मजदूर केंद्र उलट दें : देवी लाल का

अमरोहा, 15 सितम्बर : हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल ने देश के सभी किसानों और मजदूरों से एकजुट होकर केंद्र सरकार को उखाड़ फैंकने का आह्वान किया है । उन्होंने कहा कि कितनी बड़ी विडम्बना है कि देश की जनसंख्या का अस्सी फीसदी भाग गांवों में रहता है वही चंद पूंजीपतियों और पुश्तैनी परम्परा के समर्थकों के समक्ष क्षमा याचक बना हुआ है । श्री देवी लाल आज अपने जनजागरण अभियान के तहत यहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि केंद्र की वर्तमान सरकार किसान विरोधी है यह सरमायेदार लोग देश की जनता को भड़का रहे हैं आज वक्त की यह मांग है कि किसान आर्थिक आधार पर संगठन बनायें तथा सत्ता को हथियाने का प्रयास करें ।

उन्होंने पूछा जो सरकार करोड़ों रुपया सिर्फ खेलों पर खर्च कर सकती है क्या वही पैसा विकास कार्यक्रम के ऊपर नहीं खर्च किया जा सकता है । क्या सभी जगहों पर बांध बना कर पानी एवं सिंचाई की समस्या को खत्म नहीं किया जा सकता, या बड़ी-बड़ी नदियों के पानी, अन्य शहरों एवं गांवों में नहरों के जरिये नहीं पहुंचाया जा सकता ।

उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा बेहिसाब ऋण बांटने की आलोचना करते हुये कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार ने हरियाणा के पिछले चुनाव में मात्र पंद्रह दिनों में 293 करोड़ रुपये ऋण के रूप में बांट दिये और दूसरी तरफ वह उनकी सरकार द्वारा किसानों के ऋण माफी आलोचना कर रही है । श्री देवी लाल ने पिछले कुछ दिनों मेरठ में हुये साम्प्रदायिक दंगों के लिये प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया ।

मुख्यमंत्री ने कह[illegible] बाद भड़की हिंसा पर [illegible] न केवल काबू पाया [illegible] की वस्तुएं भी लोगों [illegible] विपरीत मेरठ के दंगों [illegible] लापरवाही बरती । [illegible] कांफ्रैंस में कहा कि ह[illegible] मुख्यमंत्री कोटे से अ[illegible] किया है उनमें 45 [illegible] तीनमूर्ति में कार्यरत [illegible] गये थे । इसके अला[illegible] कमेटी के नाम पर आ[illegible] हैं ।

रामलीला फिर शुरू

लुधियाना, 15 सितम्बर (धी): दरेसी मैदान में चल रही रामलीला पुलिस के रवैये के विरोध में चार दिन बंद रही पर आज रामलीला कमेटी व कुछ अन्य लोगों के प्रयासों से समझौता हो गया । रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सतपाल पुरी के प्रयासों से रामलीला आज से फिर शुरू हो गई जो पांच अक्तूबर तक चलेगी व दशहरा दो अक्तूबर को होगा ।

पंजाब भाकपा का शांति जत्था 22 को जलियांवाला बाग से रवाना होगा

जालन्धर, 15 सितम्बर (क.): पंजाब भाकपा ने 22 सितम्बर को साम्प्रदायिक सौहार्द तथा राष्ट्रीय एकता के समर्थन में एक जत्था दिल्ली भेजने का निर्णय किया है जो जलियांवाला बाग से चलेगा और राज्य के विभिन्न स्थानों से होता हुआ 29 सितम्बर को दिल्ली पहुंचेगा ।

यह जानकारी देते हुए पंजाब भाकपा के सचिव श्री प्यारा सिंह दियोसी ने आज एक सम्वाददाता सम्मेलन में बताया कि इस जत्था का नेतृत्व पार्टी के प्रमुख नेता श्री अवतार सिंह मल्होत्रा, श्री जगजीत सिंह आनंद आदि करेंगे । यह 'जत्था मार्च' पार्टी के कौमी एकता व शांति के समर्थन में जनमत जुटाने के अभियान की अंतिम कड़ी है ।

श्री दियोसी ने कहा कि दिल्ली में होने वाली रैली का उद्देश्य केंद्र सरकार पर दबाव डालना है ताकि वह पंजाब समस्या के हल बारे आम राष्ट्रीय सहमति के लिए राजनीतिक पहल करे ताकि उग्रवादियों व अलगाववादियों को अलग-थलग किया जा सके और साम्राज्यवादी शक्तियों के इरादे विफल किए जा सकें । रैली द्वारा सरकार पर यह भी दबाव डाला जाएगा कि वह सिखों की आहत भावनाओं पर मरहम लगाए तथा पंजाब के अंदर और बाहर सभी अल्प संख्यकों को सुरक्षा की गारंटी दे ।

श्री दियोसी ने कहा कि जहां पंजाब की सीमा को सख्ती से सील किए जाने की जरूरत है, वहां अलगाववादियों तथा उनके पोषक साम्राज्यवादी तत्वों के विरुद्ध भी सख्त पग उठाए जाने चाहिएं । उन्होंने कहा कि धर्म का लबादा ओढ़े राष्ट्र विरोधी तथा अलगाववादी शक्तियां भारत में अस्थिरता पैदा करने पर तुली हुई हैं और चार मुख्यग्रंथियों का वक्तव्य उन्हें मात्र प्रोत्साहन देने वाला है किन्तु यह संतोष का विषय है कि मुख्यग्रन्थी पंजाब के देशभक्त पंजाबियों और विशेष कर सिखों को गुमराह नहीं कर पाए ।

श्री दियोसी ने कहा कि संयुक्त अकाली दल तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के नेतृत्व के लिए यह बात समझ लेने का समय आ गया है कि उनकी उग्रवादियों को खुश करने, धर्म को राजनीति में मिलाने तथा धर्म स्थानों का राजनीतिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल करने की नीति के भयानक परिणाम निकल सकते हैं । उन्हें अपनी यह नीति तुरन्त बदल लेनी चाहिए । उन्होंने कहा कि यदि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी अपना कर्त्तव्य पालन नहीं करती और धर्म स्थानों की पवित्रता बहाल नहीं करती तो उसके खतरनाक परिणाम निकल सकते हैं । उन्होंने अकाली दल (ल) के हाल ही के स्टैंड की सराहना की किन्तु कहा कि अभी उसे और खुल कर और साहस के साथ उग्रवादियों के विरुद्ध मैदान में आने की जरूरत है ।

पंजाब में 4 नई चीनी सहकारी मिलें

पाक समर्थक भावनाएं बढ़ीं

श्रीनगर, 15 सितम्बर (आर्ग): कश्मीर घाटी के स्कूलों के मुस्लिम बच्चों में पाक समर्थक भावनाएं बलवती होती जा रही हैं और वे समय-समय पर [illegible]

10 जो[illegible] गन्तव्य [illegible]

नई दिल्ली, 15 [illegible] क्षेत्रों में रेल लाइनों में [illegible] की तरफ जाने वाली [illegible] हैं । दस जोड़ा गाड़ि[illegible] हैं या उन्हें गन्तव्य से [illegible] है । उत्तर रेलवे के [illegible] जोड़ा गाड़ियों को [illegible] किया गया है । रद्द [illegible] 102 राजधानी [illegible] 103 और 104 [illegible] और 156 तिनसु[illegible] हिमगिरी एक्सप्रैस, [illegible] एक्सप्रैस, 917 अ[illegible] और 192 मगध ए[illegible] और हावड़ा ए[illegible] वाराणसी-धनबाद [illegible] 915 और 916 [illegible] जाएगी । दून एक्स[illegible] के बीच, जनता एक्स[illegible] दिल्ली हावड़ा एक्स[illegible] बीच, तूफान एक्स[illegible] बीच, हावड़ा पंजाब [illegible] बीच, सियालदाह [illegible] बीच, बम्बई हाव[illegible] इलाहाबाद के बी[illegible] एक्सप्रैस इलाहाब[illegible]

लुधियाना ([illegible] नई रेल गाड़ियां [illegible] के समय में परिवर्त[illegible] के एक प्रवक्तानुस[illegible] जाएगी और इस[illegible] सहारनपुर दिल्ली [illegible] एक बजे चल [illegible] आएगी, जालंधर [illegible] प्रातः साढ़े नौ [illegible] फिरोजपुर पहुंचे[illegible] चल कर सायं 6 [illegible] मेल अब पठान[illegible] रुकेगी । वह जा[illegible] से वाराणसी जाने [illegible] तक विस्तार कर [illegible] दिन चलेगी । [illegible] होगी ।

पंजाब सम[illegible] में देख[illegible]

नई दिल्ली [illegible] सरकार के मुख्य[illegible] राष्ट्रीय एकता [illegible] कमेटी की एक [illegible] श्री कृष्ण कांत [illegible] पत्रकारों, शिक्षा[illegible] ने भाग लिया [illegible]

बैठक का [illegible] लिए पंजाब से [illegible] देखा जाना चाहि[illegible] पर ध्यान केन्द्रि[illegible]

Punjabi Sanjeevani

बाघा पुराना के एस.एच.ओ., गनमैन व 2 स्कूली बच्चों की आतंकवादियों द्वारा हत्या

बब्बर खालसा ने जिम्मेदारी ली : ममदोट सीमा पर 2 जासूस मारे गए

पुलिस की गोली से नम्बरदार मरा, ग्रंथी की फ़ायरिंग से सिपाही घायल

चंडीगढ़, 16 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): कल रात से आज प्रात: तक पंजाब में विभिन्न आतंकवादी घटनाओं में 2 पुलिस कर्मियों सहित 4 व्यक्ति मारे गए तथा 7 घायल हुए । मृतकों में बाघापुराना का एस.एच.ओ. व उनका एक अंगरक्षक तथा 2 स्कूली बच्चे शामिल हैं । पटियाला के नाभा क्षेत्र में पुलिस की गोली से एक व्यक्ति मारा गया जबकि एक अन्य घायल हो गया । एक ग्रंथी की गोली से एक कांस्टेबल घायल हो गया । खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू जनरल व दो अन्य ने फरीदकोट पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया ।

दो जासूस मारे गए

कल रात फिरोजपुर जिले के ममदोट सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर जल्लोके के पास दो पाक जासूस मारे गए जो भारतीय सेना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण कागजात पाकिस्तान ले जाने की कोशिश कर रहे थे । दोनों जासूस भारतीय नागरिक बताए गए हैं । जब सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने सीमा पार करने की कोशिश करते समय उन्हें रोका तो उन्होंने गोली चला दी । जवाबी फायरिंग पर दोनों मारे गए । उनके पास से भारतीय सेना के एक लैफ्टीनैंट कर्नल तथा भारतीय सेना के बारे में कुछ गोपनीय कागजात बरामद हुए । उनके नामों का पता नहीं चल सका । उनके पास से एक भारतीय सैनिक अधिकारी का पता भी मिला ।



गढ़शंकर जिला होशियारपुर के क्षेत्र में स्थित गांव रामपुर बिलड़ो में पुलिस के साथ मुकाबले में मारे गये उग्रवादी का शव ।

थानेदार की हत्या

मोगा (सर्वभित्र): बाघापुराना पुलिस थाने के इंचार्ज श्री मितसिंह की आज उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या कर दी । उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग से मित सिंह के अंगरक्षक प्रकाश सिंह तथा दो स्कूली बच्चों की भी मृत्यु हो गई । श्री मित सिंह उग्रवादियों की हिटलिस्ट में शामिल थे ।

प्राप्त विवरण के अनुसार श्री मित सिंह जिनका आवास पुलिस थाने से मात्र 100 गज की दूरी पर है, जब अपने दो अंगरक्षकों के साथ थाने की ओर आ रहे थे और वहां से केवल 50 गज दूर ही रह गए थे तो उन पर उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । श्री मित सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा उनके साथ आ रहे दो गनमैन अमरीसिंह व प्रकाश सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए जिनमें से बाद में प्रकाश सिंह की मृत्यु हो गई ।

उग्रवादियों द्वारा की जा रही इसी फायरिंग के दौरान माडल स्कूल के बच्चों को लेकर वहां से एक रिक्शा गुजर रहा था । उग्रवादियों की फायरिंग से दो बच्चों की मृत्यु हो गई तथा छः बच्चे घायल हो गए । सभी घायलों को सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना भेजा गया है । गोलियों की आवाज सुनते ही थाने में तैनात सिपाहियों ने भी उग्रवादियों पर गोलियां चलाई लेकिन उग्रवादी भागने में सफल हो गए ।

उग्रवादियों ने 50 से 70 तक गोलियां चलाईं । आज बाघापुराना में इस हिंसक घटना के विरोध में हड़ताल हो गई । पुलिस व सुरक्षा बलों ने हमलावर उग्रवादियों की खोज में सारे बाघापुराना शहर की नाकेबंदी कर दी है ।

उल्लेखनीय है कि पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री रिबैरो परसों जब बाघापुराना आए थे तो उन्होंने श्री मित सिंह की सराहना करते हुए कहा था कि पंजाब पुलिस को ऐसे ही कर्त्तव्यनिष्ठ व साहसी पुलिस अधिकारियों की आवश्यकता है । उन्होंने कहा था कि अगर उन्हें ऐसे पुलिस अधिकारी मिल जाएं तो पंजाब में उग्रवाद का वह आसानी से अन्त कर सकते हैं । फायरिंग में मृत एक पांच वर्षीय बच्चा प्रसिद्ध कांग्रेसी नेता श्री राजेन्द्र पाल का पोता है । सख्त घायलों में चार बच्चे सुरेन्द्र सिंह (5 वर्ष), गौरव कुमार (साढ़े चार वर्ष), संदीप कुमार (5 वर्ष) तथा एक लड़की (5 वर्ष) शामिल हैं ।

थानेदार व उसके अंगरक्षक के शव पुलिस फोर्स के साथ पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल मोगा ले जाए गए । जिस समय फायरिंग हो रही थी कुछ लोग तो भाग गए जबकि कुछ बाजार में सड़क पर लेटे रहे । पुलिस, बी.एस.एफ. बाघापुराना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर उग्रवादियों की तलाश कर रही है । एक सूचना के अनुसार मित सिंह का मुंह गोलियों से छलनी हो गया ।

बाघापुराना पुलिस थाना क्षेत्र आतंकवादी गतिविधियों का केन्द्र बना हुआ था तथा पिछले कुछ दिनों में यहां काफी बड़ी संख्या में आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं अथवा मारे गए हैं ।

फोटो न लेने दिए

प्रैस फोटोग्राफर जब मृतकों के चित्र लेने गए तो पुलिस ने उनके कैमरे छीन लिए तथा किसी को भी फोटो खींचने की अनुमति नहीं दी । पंजाब में शायद यह पहला मौका है कि प्रैस फोटोग्राफरों से दुर्व्यवहार किया गया ।



गत दिवस गढ़शंकर पुलिस द्वारा पकड़े गए 4 आतंकवादियों में से मनजीत सिंह से बरामद 32 बोर का रिवाल्वर व कारतूस । (छाया : हरिदेव)

पूरे क्षेत्र में श्री मित सिंह और एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम का आतंकवाद पर पूर्ण नियंत्रण था तथा पिछले तीन माह में उनके प्रयत्नों से जिला फरीदकोट में विभिन्न तरह के 405 हथियार पकड़े गए थे तथा बड़ी संख्या में उग्रवादी गिरफ्तार किए गए थे ।

आत्म समर्पण

आजाद के अनुसार फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने बताया कि खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैफ्टीनैंट जनरल गुरमेल सिंह निवासी गांव काउके कलां और उसके साथी एरिया कमांडर बलबीर सिंह निवासी गांव कमालपुर जिला लुधियाना और कमलजीत ने पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया है । उनके कब्जे से एक विदेशी रिवाल्वर 455 बोर व 12 कारतूस, 32 बोर का एक रिवाल्वर व 8 कारतूस, एक दोनाली बंदूक 12 बोर व 12 कारतूस, 12 बोर की देसी पिस्तौल व 28 कारतूस बरामद हुए हैं ।

बाघापुराना थाने में आत्म समर्पण करने वाले उग्रवादियों ने बताया कि उन्होंने पुलिस प्रमुख श्री रिबैरो के स्मालसर में दिए गए बयान के बाद आत्म समर्पण का फैसला किया । श्री रिबैरो ने कहा था कि आत्म समर्पण करने वालों के विरुद्ध कानून के अनुसार ही कार्रवाई की जाएगी और ऐसा करते समय विशेष रूप से उदारता से काम लिया जाएगा । आत्म समर्पण करने वालों ने स्वीकार किया कि उन्होंने जिला फरीदकोट और लुधियाना में लूटमार की कई वारदातें कीं ।

इसके अतिरिक्त एक 13 वर्षीय लड़का गुरदयाल सिंह भी पुलिस के सामने पेश हो गया है । काउके कलां के निवासी इस लड़के ने स्वीकार किया कि वह गुरजंट और मल्कियत सिंह किटू गिरोह से मिल कर काम करता था । वह किसी बात से नाराज होकर घर से भाग गया था । वह उग्रवादियों को वारदातें करने के लिए रास्तों की जानकारी देता था और एक से दूसरे स्थान पर हथियारों की सप्लाई व संदेश पहुंचाता था । श्री गोबिंद राम ने बताया कि लड़के को शीघ्र ही उसके माता-पिता के हवाले कर दिया जाएगा ।

आतंकवादी दो थे

बाघापुराना से ज्ञान मित्तल ने खबर दी है कि आतंकवादी दो थे । मृतक एस.एच.ओ. मई मास में जैतो से तबदील होकर यहां आया था । एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एक स्कूटर स्टार्ट हालत में ज्ञानी जैल सिंह मार्केट में खड़ा था तथा दोनों आतंकवादी फायरिंग करके उस पर बैठ कर फरार हो गए । आतंकवादियों ने फरार होते समय नजदीक खड़ा एक स्कूटर ले जाने की कोशिश की । वह स्टार्ट तो हो गया लेकिन उसे ताला लगा होने के कारण आतंकवादी उसे ले जा न सके । एक प्रत्यक्षदर्शी का कथन है कि आतंकवादियों की आयु 25 वर्ष के आसपास थी तथा वे खाकी रंग के स्कूटर पर सवार होकर फरार हुए ।

मित सिंह के शरीर में तीन गोलियां लगीं जबकि गनमैन प्रकाश सिंह को दो गोलियां लगीं । फायरिंग की आवाज़ सुनते ही दुकानदार अपनी दुकानें छोड़ कर भाग गए । मरने वालों बच्चों में से एक के सिर में तथा दूसरे के पेट में गोली लगी । फ़रार होते समय आतंकवादी मित सिंह का सर्विस रिवाल्वर भी ले गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने आटोमैटिक चीनी राइफलों का प्रयोग किया । घटनास्थल पर खून ही खून बिखरा पड़ा था तथा कारतूसों के खोल दिखाई दे रहे थे ।

4 अस्पताल में

लुधियाना से मुसाफिर की सूचना है कि बाघापुराना में आतंकवादियों की फायरिंग से घायल

(शेष पृष्ठ 8 पर)





(1) बाघापुराना खून । उग्रवादिय पुलिस अधिकारी सी.एम.सी. लुधि गुरचरण सिंह ।

शिरोम

टकरा

अमृतसर, 16 गुरुद्वारा प्रबन्धक कमे सीधा टकराव अपरिहा मिनट की संयुक्त बैठक लिए गए परस्पर विरोध स्पष्ट हो जाती है ।

आज रात्रि तरनतार सम्पर्क किए जाने पर कमेटी के कार्यवाहक अ किया, "शिरोमणि कमेट लिया है और आत्म-सम नहीं उठता है । मैं चाहता परन्तु शिरोमणि सहायक सचिव द्वारा पढ़ आप दोनों पक्षों को अल हैं ।"

बाद में शिरोमणि प्रवक्ता ने कहा कि कार्यकारिणी ही वापस कार्यकारिणी ही इसके की नियुक्ति का अ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी हैं और यदि हैडग्रंथी को परम्पराओं व रीतियों शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन हटा भी सकती है । एक कहा कि चारों हैडग्रंथी को प्रो. दर्शन सिंह की कार्यवाहक जत्थेदार ना अकाल तख्त का हैड ज होता । ज्ञानी कश्मीर सिं और उनका अकाल त नवाजना, अकाल तख्त सिंह के एक वर्ष के अवक किया गया है ।

प्रवक्ता ने कहा कि तख्त केसगढ़ साहिब के अपने (चार मुख्यग्रंथियों सिखों को उग्रवादियों की किया था, को वैध बनाने

पुलिस डिटैक्टिव स्कूल चंडीगढ़ में 3 सब इंस्पैक्टरों की हत्या करने वाले 3 उ

चंडीगढ़, 16 सितम्बर (एजेंसी) स्थानीय पुलिस ने इस का खुलासा करते हुए बताया है कि आटोमैटिक मार्क-1 एक बैल्जियन मेक 12 बोर की फिएट कार में बैठ

Punjab Sanatan



(1) बाघापुराना में उग्रवादियों के हाथों मारे गए एस.एच.ओ. मित सिंह का शव, (2) मृत थानेदार का पुराना चित्र, (3) आटो रिक्शा में फैला खून । उग्रवादियों की गोलियों से इस रिक्शा में सवार दो स्कूली बच्चे मारे गए और दो घायल हो गए, (4) घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारी । (छाया : ज्ञान मित्तल) । (5, 6) इसी घटना में घायल दो पुलिस कांस्टेबल जगजीत सिंह और परमजीत सिंह, जो सी.एम.सी. लुधियाना में उपचाराधीन हैं (छाया : कम्बोज), (7) होशियारपुर के गांव रजमा में उग्रवादियों की गोली से घायल नम्बरदार गुरचरण सिंह । (छाया : प्रद्युम्न)

Punjabi Bhatani

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी और हैडग्रन्थि
टकराव अपरिहार्य; कमेटी ने प्रस्ताव वापस नहीं लिया :

अमृतसर, 16 सितम्बर (ह.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी और चार हैडग्रंथियों में सीधा टकराव अपरिहार्य हो गया है । आज की 90 मिनट की संयुक्त बैठक के उपरांत दोनों पक्षों द्वारा लिए गए परस्पर विरोधी स्टैंडों से टकराव की स्थिति स्पष्ट हो जाती है ।

आज रात्रि तरनतारन में प्रैस ट्रस्ट द्वारा टैलीफोन पर सम्पर्क किए जाने पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक

इसलिए किया गया है क्योंकि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की कार्यकारिणी ने अपने 12 सितम्बर के प्रस्ताव में कहा था कि नीति सम्बन्धी वक्तव्य देना अकाल तख्त के हैड जत्थेदार का विशेषाधिकार है, अन्य चार मुख्यग्रंथियों का नहीं ।

इससे पूर्व वि.प्र. तथा ह.स. ने कहा था कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने उस विवादास्पद प्रस्ताव को वापस ले लिया है जिसमें उग्रवादियों को समर्थन देने के मुख्यग्रंथियों के

ने आज यहां हुई बैठक के उपरांत सम्वाददाताओं को यह जानकारी दी ।

उन्होंने कहा कि तीन मुख्यग्रंथियों तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के चार सदस्यों ने आज यहां बंद कमरे में हुई अपनी बैठक में इस प्रस्ताव से उत्पन्न मतभेदों को दूर करने का रास्ता निकाला । उन्होंने मुख्यग्रंथियों की आलोचना के लिए खेद प्रकट किया ।

मुख्यग्रंथी ने कहा कि चारों मुख्यग्रंथियों की

प्रबन्धक कमेटी के सदस्यों के
किया जाएगा तथा ज़रूरी हो
जाएगी ।

आज यहां शिरोमणि गुरु
की कार्यकारिणी की बैठक, जो
होनी थी, दो बजे के करीब
बाहर सिंह साहिब भाई कश्मी
हुई, जिसमें शिरोमणि गुरुद्वा
कार्यवाहक प्रधान श्री हरिन्द्र

ज्ञानी कश्मीर सिंह
के कार्यवाहक ज

अमृतसर, 16 सितम्बर (ह
ग्रंथी ज्ञानी कश्मीर सिंह प्रो.
अवकाश पर जाने के कारण उ
अकाल तख्त के हैड जत्थेदा
सम्भालेंगे । यह घोषणा केश
ज्ञानी सविन्दर सिंह ने की । उ
मामलों से पीछे हटने से पूर्व प्रो
चाहते थे । ज्ञानी सविन्दर सिंह
तख्त के हैड जत्थेदार का पद
सकता । इस पद पर हर स
ज़रूरी है ।

राजीव इस्तीफा

कलकत्ता, 16 सितम्बर
बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति
गोरखालैंड की मांग को लेकर
नहीं होने दिया जाएगा । उन्होंने
गांधी से त्यागपत्र की मांग करते
पिछले लगभग ढाई वर्षों के
कामकाज पर पुनः जनादेश प्राप्त
आज यहां एक किसान रैली को
कहा कि इस समय देश अब तक
से गुजर रहा है । इस संकट ने
और अधिक गहरा किया है और
भंडाफोड़ से सरकार ने जनता
है । उन्होंने कहा कि श्री गांधी
में दलाली लेने के आरोप का
गुमराह किया है लेकिन उन्हें
कारण मामले की जांच के लिए
करने पर मजबूर होना पड़ा
अब प्रधानमंत्री कहने लगे हैं
उन्होंने और न ही उनके परिवा
दलाली ली ।

ने उनसे कहा कि यह सब
करें । इस पर कहा-सुनी हो
ना गरमा गया कि सब
। छात्र-छात्राएं निहत्थे थे,
क कर्मचारी हाकी और डंडे
रियों और युवकों में जम कर
तक एक-दूसरे पर फैंके
पुलिस होटल में नहीं थी ।

यह भी कहना है कि होटल
ाफरों के कैमरे झपटने का
न्यवान कैमरों को भी नुक्सान
ने होटल में पहुंच कर स्थिति
वा नेताओं का कहना है कि
अधिकारी के इशारे पर
आक्रमण किया, जबकि पांच

बैरियर बनाए गए हैं । मेले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के काम में 4000 पुलिस कर्मी लगाए जाएंगे । 3000 होमगार्ड भी वहां ड्यूटी पर तैनात रहेंगे ।

बताया कि सरकार को इस प्रतिनिधमंडल के साथ बातचीत करने की बजाए कह देना चाहिए था कि वह संसदीय जांच समिति के सामने पेश होकर घूस लेने वालों के नाम बता दे ।

4 अस्पताल में

लुधियाना से मुसाफिर की सूचना है कि बाघापुराना में आतंकवादियों की फायरिंग से घायल

(शेष पृष्ठ 8 पर)

तख्त केसगढ़ साहिब के मुख्यग्रंथी सविंदर सिंह ने अपने (चार मुख्यग्रंथियों) वक्तव्य, जिसमें उन्होंने सिखों को उग्रवादियों की सहायता देने का आह्वान किया था, को वैध बनाने के लिए की है । ऐसा

कैम सिंह नम्बरदार अपनी लाइससशुदा बंदूक लेकर आ गया तथा गलती से पुलिस पार्टी को आतंकवादी समझ बैठा । जब उसने पुलिस वालों को चुनौती दी तो उन्होंने फ़ायरिंग की जिससे कर्म सिंह सख्त घायल हो गया । जब उसे अस्पताल ले

पुलिस डिटैक्टिव स्कूल चंडीगढ़ में 3 सब इंस्पैक्टरों की हत्या करने वाले 3 उग्रवादी शस्त्रों सहित गिरफ्तार

चंडीगढ़, 16 सितम्बर (संघी): स्थानीय पुलिस ने 3 उग्रवादियों सुरजीत सिंह, सुच्चा सिंह व नैब सिंह को गिरफ्तार करके गत 26 अगस्त को यहां सैक्टर 35 में स्थित पुलिस डिटैक्टिव ट्रेनिंग स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 3 सब-इंसपैक्टरों की हत्या करने व 5 अन्य को घायल करने की वारदातों को हल कर लिया है ।

चंडीगढ़ के आई.जी. पुलिस श्री वी.एन. सिंह ने आज सायं यहां बताया कि अभी तक यह नहीं कहा जा सकता कि ये तीनों किन-किन अपराधों में संलिप्त हैं । इन गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्जे से 4 ए.के. 47 चीनी एसाल्ट, एक पाकिस्तानी निर्मित एस.एल.आर., एक .315 राईफल, एक अमरीकी आटोमैटिक माऊजर, एक बैल्जियन मेक 12 बोर की बंदूक व लगभग 200 जीवित कारतूस बरामद किये गये हैं ।

श्री वी.एन. सिंह ने बतायाकि इन तीनों व्यक्तियों को कल रात्रि लगभग 9.20 बजे गांव पुर्वा व रायपुर के मध्य स्थित रेलवे फाटक पर उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे बिना नम्बर प्लेट की फिएट कार में बैठ कर जा रहे थे । चंडीगढ़ पुलिस व सी.आर.पी. एफ. के जवानों ने जैसे ही कार को रोका, तो कार का ड्राईवर अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकला जबकि कार में सवार अन्य तीनों व्यक्तियों को शस्त्रों सहित गिरफ्तार कर लिया गया । ये सभी शस्त्र उनकी कार में से बरामद किये गए ।

श्री वी.एन. सिंह ने बताया कि नम्बर प्लेट डी.एच.बी.-5579 को कार में से बरामद किया गया है । उन्होंने बताया कि सुरजीत सिंह व सुच्चा सिंह, जो भाई हैं, जिला रोपड़ के गांव टंगोरी के रहने वाले हैं जबकि नैब सिंह रायपुर कलां गांव का रहने वाला है । इन तीनों का कार्यकारी दंडाधिकारी श्री डी.डी. गौतम की अदालत से 25 सितम्बरतक का पुलिस रिमांड ले लिया गया है ।

चंडीगढ़ पुलिस द्वारा उग्रवादियों से इतनी अधिक मात्रा में शस्त्र पकड़े जाने का यह प्रथम अवसर है ।

श्री वी.एन. सिंह ने बताया कि एक सफेद रंग की फिएट कार नं. 118 को सैक्टर 39 थाने के क्षेत्र में वीरान स्थान पर खड़ी पाया गया है । सम्भव है कि यह कार पुलिस ट्रेनिंग स्कूल की घटना में उग्रवादियों ने प्रयुक्त की । उन्होंने कहा कि अभी गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ जारी है । इसलिये इस चरण पर उनके लिये अधिक जानकारी देना संभव नहीं है ।

इसी मध्य विदित हुआ है कि ये उग्रवादी यहां सैक्टर 21 में पंजाब एंड सिंध बैंक के एक मैनेजर के घर पर ठहरते रहे हैं । पुलिस इस बैंक मैनेजर से भी पूछताछ कर रही है । प्राप्त समाचारों के अनुसार ये उग्रवादी यहां पंजाब विश्वविद्यालय के होस्टल नं: 1 में भी ठहरते रहे हैं और वहां बैठ कर अपने शिकार की योजना बनाते रहे हैं ।

एक अन्य सूचना के अनुसार अभियुक्तों से 6000 रुपए भी बरामद किये गये ।

जानकार सूत्रों के अनुसार सी.एच.ए.-118 नम्बर की जो कार बरामद की गई है, वह किसी अमरजीत सिंह नामक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है, परन्तु जांच करने पर पता चला कि रजिस्ट्रेशन के लिये दिया गया नाम व पता गलत है । दूसरी कार जिस पर ये आतंकवादी सफर कर रहे थे, दक्षिण दिल्ली में गत मई मास में हुये नरसंहार में इस्तेमाल की गई । पुलिस इन आतंकवादियों को शहर में शरण देने वालों की भी तलाश कर रही है ।

इन आतंकवादियों की गिरफ्तारी से चंडीगढ़ के एक अकाली नेता श्री साहनी पर गत जून मास में हुये कथित हमले की घटना के भी हल हो जाने की उम्मीद है । सूत्रों के अनुसार ये आतंकवादी पंजाब के अधिकारियों की हत्या करने की योजना बना रहे थे ।





उग्रवादियों की सूची मेरे पास, रिबैरो मांगें तो दूंगा : निहालसिंहवाला

लुधियाना, 16 सितम्बर (मुसाफिर): पंजाब कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ नेता और विधायक श्री गुरचरण सिंह निहालसिंहवाला ने दावा किया है कि उनके पास उग्रवादियों की सूची है । यदि पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो चाहें तो उन्हें

...के अध्यक्ष कल संसदीय ...ति के सामने पेश होंगे

...सितम्बर : बोफोर्स शस्त्र ...स घोषणा के साथ नाटकीय ...स्त्रनिर्माता फर्म के दो मुख्य ...सितम्बर को संसद के दोनों ...केसामने पेश होंगे । रक्षा ...आज शाम अकस्मात यह ...भारत सरकार के वरिष्ठ ...के अध्यक्ष पेर ओव मोरबर्ग ...गाथलिन से दिन भर ...हा । श्री गाथलिन "नोबेल ...नाहकार भी हैं, जिसकी कि ...कम्पनी है । भारत सरकार ...फोर्स अधिकारियों में आज ...आठ घंटे बातचीत हुई । ...अधिकारी सोमवार को यहां ...की जांच के लिए संसदीय ...दलों के कड़े विरोध के बाद ...भी तक केवल एक ही बैठक ...ई है । दूसरी बैठक 18 ...में बोफोर्स के दोनों मुख्य ...।

...लए 155 एम.एम. की ...रने वाली कम्पनी बोफोर्स ...और नोबेल इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष तथा कानूनी सलाहकार सोमवार 14 सितम्बर की रात दिल्ली पहुंचे थे । इन दोनों अधिकारियों ने कल काफी देर तक वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के एक दल से बातचीत की थी । बोफोर्स कम्पनी के अधिकारियों के सत्रह सितम्बर को वापस स्वदेश लौटने की आशा थी लेकिन अब वह इस तिथि के बाद भी यहां रुकेंगे और संयुक्त संसदीय समिति के सामने पेश होंगे ।

बोफोर्स कम्पनी के साथ वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों की बातचीत के दौरान यह एक नया मोड़ आया है, जब कम्पनी के पदाधिकारियों ने संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष पेश होने की बात स्वीकार कर ली । संसद के वर्षाकालीन अधिवेशन के दौरान बोफोर्स तोपों की खरीद में हुए कथित घोटाले की जांच करने के लिए इस संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया था लेकिन सभी प्रमुख दलों ने इस समिति का बहिष्कार किया है ।

बोफोर्स के अध्यक्ष पेर ओव मोरबर्ग और नोबेल इंडस्ट्री के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कानूनी सलाहकार श्री गोथलीन तथा वरिष्ठ भारतीय अधिकरियों के बीच आज दूसरे दिन भी बंद कमरे में सात-आठ घंटे तक विस्तृत बातचीत हुई । रक्षा मंत्रालय बातचीत के ब्यौरे के बारे में पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है । जानकार सूत्रों के अनुसार बातचीत का दूसरा दौर आज सुबह साऊथ ब्लाक स्थित रक्षा मंत्रालय में शुरू हुआ और दो-तीन घंटे तक चलता रहा । बाद में दोपहर के भोजन के बाद बातचीत का तीसरा दौर लगभग तीन बजे शुरू हुआ और कई घंटे तक चलता रहा ।

बोफोर्स के अधिकारियों को कड़ी सुरक्षा में दक्षिण दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में ठहराया गया है । श्री मोरबर्ग और श्री गोथलीन तथा वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के बीच वार्ता का प्रारम्भिक दौर कल शुरू हुआ था । आज सुबह यह बातचीत आगे शुरू हुई । रक्षा सचिव एस.के. भटनागर के नेतृत्व में भारतीय अधिकारियों के दल में विधि मंत्रालय के सचिव पी.के. कारथा, प्रधानमंत्री के विशेष सचिव गोपी कृष्ण अरोड़ा और रक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एन.एन. वोहरा भी शामिल हैं । रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव तपस कुमार बनर्जी वार्ता में सहयोग दे रहे हैं । सूत्रों के अनुसार बातचीत के दौरान बोफोर्स तोपों के सौदे के कई पहलुओं पर चर्चा हुई । भारत और बोफोर्स कम्पनी के बीच हुए लगभग पन्द्रह सौ करोड़ रुपए के सौदे के

रंगा

...घटेंगे



हड़ताल... नर्सें...

शिमला, 16... सरकार ने जूनियर ... आज हड़ताली इंटर... कर दिया । यह जा... प्रवक्ता ने दी ।

डाक्टरों ने जल... तक आंदोलन जारी ... नेता डा. जीवानंद च... कि स्नातकोत्तर छ... किया जाएगा तथा ... करने दिया जाएगा


* ROD
* SHEETS
* PIPES
* STRIPS E...
EXTRUDED...
ACCORDING...
Specification...

...र 3 सब-इसपेक्टरों की हत्या
...को घायल करने की वारदातों को

...न संसदीय ...श होंगे

...नूनी सलाहकार सोमवार 14 ... दिल्ली पहुंचे थे । इन दोनों ...न काफी देर तक वरिष्ठ भारतीय ...क दल से बातचीत की थी । ... अधिकारियों के सत्रह सितम्बर ...लौटने की आशा थी लेकिन अब ...बाद भी यहां रुकेंगे और संयुक्त ... सामने पेश होंगे ।

...नी के साथ वरिष्ठ भारतीय ...बातचीत के दौरान यह एक नया ...ब कम्पनी के पदाधिकारियों ने ...मिति के समक्ष पेश होने की बात ... संसद के वर्षाकालीन अधिवेशन ...तोपों की खरीद में हुए कथित ...रने के लिए इस संयुक्त संसदीय ...कय गया था लेकिन सभी प्रमुख ... का बहिष्कार किया है ।

...यक्षपेर ओव मोरबर्ग और नोबेल ...उपाध्यक्ष एवं कानूनी सलाहकार ... वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के ...न भी बंद कमरे में सात-आठ घंटे ...त हुई । रक्षा मंत्रालय बातचीत ... पूर्ण तरह चुप्पी साधे हुए है । ...अनुसार बातचीत का दूसरा दौर ...ब्लाक स्थित रक्षा मंत्रालय में ...तीन घंटे तक चलता रहा । बाद ...के बाद बातचीत का तीसरा दौर ...शुरू हुआ और कई घंटे तक चलता

...धिकारियों को कड़ी सुरक्षा में ...क पंच सितारा होटल में ठहराया ...र्ग और श्री गोथलीन तथा वरिष्ठ ...यों के बीच वार्ता का प्रारम्भिक ... था । आज सुबह यह बातचीत ...रक्षा सचिव एस.के. भटनागर के ... अधिकारियों के दल में विधि ...पी.के. कारथा, प्रधानमंत्री के ... कृष्ण अरोड़ा और रक्षा मंत्रालय ...व एन.एन. वोहरा भी शामिल ... में संयुक्त सचिव तपस कुमार ...योग दे रहे हैं । सूत्रों के अनुसार ... बोफोर्स तोपों के सौदे के कई ...ई । भारत और बोफोर्स कम्पनी ...पन्द्रह सौ करोड़ रुपए के सौदे के ...रतीय थल सेना के लिए 155 ...ग चार सौ तोपें देगा । सौदे के ...ग में भारत को कुछ तैयार तोपें दी ...चरण में इनके कलपुर्जों को जोड़ ... बनाया जाएगा । तीसरे चरण में ...सहयोग से इन तोपों का देश में ही ...गा । भारत को इन तोपों की ...की है । इस खेप के साथ बोफोर्स

...ष पृष्ठ 8 पर)

है । इन गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्जे से 4 ए.के. 47 चीनी एसाल्ट, एक पाकिस्तानी निर्मित एस.एल.आर., एक .315 राईफल, एक अमरीकी

व्यक्तियों को कल रात्रि लगभग 3.20 बजे नाथ पुर्वा व रायपुर के मध्य स्थित रेलवे फाटक पर उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे बिना नम्बर प्लेट

...गया । ये सभी शस्त्र उनकी कार में से बरामद किये गए ।





चंडीगढ़ पुलिस द्वारा पकड़े गये उग्रवादियों से मिली कारें, हथियार चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें व पाकिस्तानी राइफलें आदि । (छाया : परी)

...वाला है । इन ती...
डी.डी. गौतम की ...
पुलिस रिमांड ले ...
चंडीगढ़ पुलि...
अधिक मात्रा में ...
अवसर है ।
श्री वी.एन. ...
फिएट कार नं. 1 ...
वीरान स्थान पर ...
यह कार पुलिस ट्रे...
ने प्रयुक्त की । ...
व्यक्तियों से पूछ...
पर उनके लिये ...
है ।
इसी मध्य वि...
सैक्टर 21 में पंजा...
घर पर ठहरते रहे ...
पूछताछ कर रही ...
उग्रवादी यहां पंजा...
में भी ठहरते रहे ...
की योजना बनाते ...
एक अन्य ...
6000 रुपए भी ...
जानकार सूत्रों ...
नम्बर की जो का...
अमरजीत सिंह ना...
है, परन्तु जांच कर...
लिये दिया गया ना...
जिस पर ये आतं...
दिल्ली में गत मई ...
की गई । पुलिस ...
शरण देने वालों ...
इन आतंकवा...
एक अकाली नेता ...
कथित हमले की ...
उम्मीद है । सूत्रों ...
के अधिकारियों की ...
थे ।

उग्रवादिय... पास, ... दूंगा :

लुधियाना, ...
कांग्रेस (इ) के ...
गुरचरण सिंह नि...
उनके पास उग्रवा...
पुलिस महानिदेश...
यह सूची उपलब्ध...
कि उग्रवादियों ...
सभी राजनीतिक ...
चाहिए । श्री नि...
व्यक्त किया कि ...
हुई थी, अब तस्...
हैं । अकालियों ...
बार शासन कर...
असफल रहे । ...
नहीं कर सके ।

Punjabi Sanjaj



लाश मिली

फाजिल्का (नागपाल): आज यहां से पांच किलो मीटर दूर गांव आलमशाह में नहर से एक गला-सड़ा शव मिला । लाश के कुछ हिस्से जानवरों ने खा लिए हैं । फाजिल्का पुलिस जांच कर रही है ।

एडवोकेट गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना भुलत्थ पुलिस ने राष्ट्र विरोधी प्रचार करने के कथित आरोप में एक एडवोकेट मुखविन्दर सिंह, जो कि जिला जालन्धर का रहने वाला है, को आतंकवादी एक्ट के अधीन गिरफ्तार किया है । उसका 18 सितम्बर तक रिमांड प्राप्त किया गया है । थाना डिलवां पुलिस ने एक व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह से एक पिस्तौल 303 साथ 3 गोलियां पकड़कर उसको गिरफ्तार किया है ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार

जालन्धर (न.न.ए.): जालन्धर पुलिस ने चार आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक बंदूक .12 बोर, एक पिस्तौल 12 बोर और एक पिस्तौल 303 बोर का बरामद किया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नकोदर की एक पुलिस पार्टी ने कचहरी से प्रोडक्शन वारंट लेकर उक्त चार आतंकवादियों जिनमें दलवन्त सिंह उर्फ मंगी, बलबीर सिंह (दोनों गांव बोपाराय), हरजीत सिंह (गांव मंगल सोल), सोहन सिंह (गांव भंगाला) शामिल हैं, को मध्य प्रदेश के जिला सागर से गिरफ्तार किया है । ये चारों आतंकवादी जालन्धर पुलिस को लूट व छीना-झपटी की कम से कम एक दर्जन घटनाओं में वांछित थे । इन्होंने पुलिस के समक्ष कई स्कूटर, कारें छीनने, ठेका शराब और किरयाना की दुकानों से नकदी लूटने की अनेक वारदातें करना स्वीकार किया है ।

नम्बरदार मरा

पटियाला (भक्षा): गत सायं यहां से 15 किलो मीटर दूर नाभा रोड पर घमरौदा गांव के निकट नाकाबंदी के दौरान पुलिस द्वारा फायरिंग किए जाने से नम्बरदार कर्मसिंह की मृत्यु हो गई जबकि एक व्यक्ति रशविंदर सिंह घायल हो गया । गश्ती पुलिस पार्टी ने नम्बरदार से अपनी पहचान बताने को कहा था । उसके इन्कार करने पर पुलिस ने गोली चला दी । रशविंदर सिंह को अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

ग्रंथी द्वारा फायरिंग

गत रात पटियाला से पांच किलो मीटर दूर गांव चरूड़ा में गुरुद्वारा के ग्रंथी पूर्ण सिंह द्वारा गोली चला दिए जाने से एक पुलिस कांस्टेबल ज्वाला सिंह घायल हो गया । जब पुलिस ने कुछ संदिग्ध आतंकवादियों के छुपे होने के संदेह में पूर्ण सिंह के घर पर छापा मारा तो ग्रंथी ने तुरन्त बत्ती बंद कर दी तथा अंधेरे में पुलिस पर गोली चला दी । कांस्टेबल की दाईं गाल में गोली लगी । उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया । ग्रंथी अंधेरे में फरार हो गया ।

तीन वारदात

होशियारपुर (प्रद्युम्न): जिला में तीन वारदातों में एक नम्बरदार गुरचरण सिंह घायल हो गया जबकि दो राइफलें व एक शॉटगन छीन लिया गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात यहां से 15 किलो मीटर दूर राजियां गांव में 7 पिस्तौलों आदि से लैस व्यक्ति गुरचरण सिंह नम्बरदार के घर आए और उसे अपनी दोनाली बंदूक देने के लिए कहा । उसने उनके कहने पर उन्हें चाबियां तो दे दीं लेकिन यह न बताया कि बंदूक कहां है । आखिर उन्होंने अलमारियां खोलकर बंदूक ले ली । एक सूचना के अनुसार गुरचरण सिंह ने वहां से खिसकने की कोशिश की जिस पर एक ने उस पर गोली दाग दी जो उसकी पीठ में लगी । एक अन्य वारदात जो सम्भवत: इसी गैंग ने की, होलरां गांव में हुई जहां ये लोग रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे कश्मीर सिंह के घर में दाखिल होकर उसकी एक नाली बंदूक ले गए । यहां से 40 किलो मीटर दूर बोदल गांव में दो सशस्त्र नौजवान दसूहा के एक व्यक्ति सुरजन सिंह से उसकी हीरो मैजेस्टिक मोपेड ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिए हैं ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार

होशियारपुर से अखिलेश ने सूचना दी है कि गत रात मुकेरियां के निकट नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने दो खतरनाक आतंकवादियों तरसेम सिंह व हरजिंदर सिंह को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि इन दोनों के पास खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू लै. जनरल तेजिन्दर सिंह और रणधीर सिंह आते-जाते रहते थे । इनसे पूछताछ में पता चला है कि इन दोनों ने तीन अन्य आतंकवादियों के साथ मिलकर मुकेरियां हाइडल प्रोजैक्ट नम्बर 4 से कैश लूटने की योजना बनाई थी । ये पांचों वहां गए मगर कैश आफिस पहले ही बंद हो चुका था । उसी कैश आफिस पर पुन: डाका डालने की इनकी योजना थी । इनके कब्जे से एक छीना गया स्कूटर भी बरामद किया गया जो कुछ अरसा पूर्व थाना सदर क्षेत्र में छीना गया था । इनसे आगे पूछताछ जारी है ।

अपराध स्वीकार

समराला (भारद्वाज): एस.एच.ओ. समराला श्री टेक सिंह के अनुसार पुलिस द्वारा काबू किए गए तीन कथित अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान माना है कि उन्होंने 18.7.87 को चमकौर साहिब में स्थित एक मंदिर के पुजारी का कत्ल किया था तथा 24.8.87 को लोपोके ठेके पर बैटरनरी फार्मासिस्ट हरबंस सिंह को गोली मारने का अपराध भी उन्होंने माना है । इसके अलावा गांव खीरनियां के ठेके के कारिंदे को चाकू मार कर घायल करने का अपराध भी उन्होंने पुलिस के सामने स्वीकार किया ।

आतंकवादी गिरफ्तार

ज्योरी (भंडारी): हिमाचल में उग्रवादियों के प्रवेश से लोग काफ़ी परेशान हैं, किन्तु पुलिस की सतर्कता से आज भावा (कठगांव) जिला किन्नौर हि.प्र. में दो आतंकवादी पकड़े गए, जिन्हें रामपुर पुलिस की हिरासत में रखा गया है ।

बाधा पुराना में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

चार व्यक्तियों को यहां सी.एम.सी. अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । इनमें एक चार वर्षीय लड़की शालिनी और पांच वर्षीय लड़का संदीप शामिल हैं । संदीप की दशा गम्भीर बताई जाती है । इनके अलावा दो सिपाही जगजीत सिंह और परमजीत सिंह भी दाखिल कराए गए हैं । इनमें से जगजीत सिंह की दशा चिन्ताजनक बताई जाती है ।

बब्बर खालसा ने जिम्मेदारी ली

मुक्तसर से दर्दी की सूचना है कि उसको एक पत्र मिला है जिसमें बब्बर खालसा इंटरनैशनल ने बाधापराना हत्या कांड की जिम्मेदारी ली है तथा कहा है कि यह कदम इसलिए उठाया गया है कि पुलिस 'झूठे मुकाबलों' का सिलसिला बंद करे ।

रेडियोधर्मी पैंसिल की चोरी के सम्बन्ध में दो व्यक्ति गिरफ्तार

कलकत्ता, 16 सितम्बर (ह.स.): बंगाल में एक औद्योगिक संस्थान से कल एक रेडियोधर्मी पैंसिल और एक सीसे के बर्तन की चोरी के सम्बन्ध में पुलिस ने आज दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । दक्षिण चौबीस परगना जिले के पुलिस अधीक्षक अबानी ज़ोरदार ने प्रैस ट्रस्ट को बताया कि इनसे पूछताछ के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर बर्तन बरामद कर लिया गया ।

पुलिस ने रेडियोधर्मी पैंसिल की तलाश का काम तेज़ कर दिया है ।

शिरोमणि कमेटी-हेडग्रंथी टकराव

(पृष्ठ 3 का शेष)

अंत में यह निर्णय लिया गया कि परिसर के निकट अकाल तख्त के मुख्यग्रंथी भाई कश्मीर सिंह के मकान पर बैठक कर ली जाए । यह बैठक दो घंटे तक चली ।

बैठक में यह प्रस्ताव पारित करते हुए कहा गया कि शिरोमणि कमेटी सिंह साहिबान का पूरा आदर करती है तथा उनके अधिकारों को चुनौती देने का सवाल ही नहीं होता । अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह द्वारा धर्मी और जुझारू सिंहों को पंथ का नेतृत्व करने का जो अवसर प्रदान किया गया है उसको शिरोमणि कमेटी की कार्यकारिणी ने चुनौती नहीं दी है । शिरोमणि कमेटी समूचे सिख जगत में एकता चाहती है और किसी वाद-विवाद में नहीं पड़ना चाहती है ।

बैठक के बाद भाई सविन्दर सिंह ने एक प्रश्न के उत्तर में संवाददाताओं को बताया कि शिरोमणि कमेटी ने आज की अपनी बैठक में इस बात को स्पष्ट कर दिया है कि अपनी किसी बैठक में मुख्यग्रंथियों के अधिकारों को चुनौती देने वाला कोई भी प्रस्ताव पास नहीं किया । समाचारपत्रों ने इस संबंध में खबरों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है ।

उन्होंने कहा कि जल्दी ही सिंह साहिबान की बैठक बुला कर उनके अधिकारों पर विचार किया जाएगा ।

यहां इस बात की बड़ी चर्चा है कि उग्रवादी संगठनों के दो प्रमुख नेताओं ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को विशेष संदेशवाहक के द्वारा बुलवाया था तथा उन्हें इस बात के लिये प्रताड़ित किया था कि वह सिंह साहिबान से टकराव में न पड़ें, वरना अपने परिणाम के बारे में अंदाजा लगा लें । यह चर्चा है कि शिरोमणि कमेटी ने इस धमकी के आगे घुटने टेक दिए ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के विवादास्पद प्रस्ताव को वापस लिये जाने के संबंध में मुख्य ग्रंथियों द्वारा की गई घोषणा की पुष्टि करने के लिये शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का कोई भी पदाधिकारी उपलब्ध नहीं हो सका । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री हरिन्दर सिंह तथा उपाध्यक्ष श्री उजागर सिंह रंगरेटा बैठक के स्थल से अत्यन्त जल्दबाज़ी में अपने गांव को चले गए । उन्होंने वहां प्रतीक्षारत पत्रकारों से कोई भी बातचीत नहीं की ।

वैसे उनकी ओर से एक संक्षिप्त वक्तव्य शिरोमणि कमेटी के सहायक सचिव श्री कुलदीप सिंह भाटिया ने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सभी सिंह साहिबान का आदर करती है तथा उनके अधिकारों को चुनौती दिये जाने का प्रश्न नहीं उठता है ।

बैठक के स्थल के बारे में अपने कड़े रुख के अलावा मुख्य ग्रंथियों ने इस बात पर भी बल दिया कि शिरोमणि कमेटी की कार्यकारिणी के तीन सदस्य सर्वश्री हरचरण सिंह (दिल्ली), शिव सिंह खुशीपुर तथा महासचिव श्री माल सिंह घुम्मन, जिन्होंने चंडीगढ़ की बैठक में प्रस्ताव पेश किया था, को आज की बैठक में उपस्थित होना चाहिए ताकि उस स्पष्टीकरण मांगा जा सके ।

श्री शिव सिंह खुशीपुर के अतिरिक्त अन्य दो में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ । दमदमा सा के मुख्यग्रंथी ज्ञानी जसवन्त सिंह भी आज की बै में उपस्थित नहीं थे ।

श्री सविन्दर सिंह ने कहा कि मुख्यग्रंथियों शिरोमणि कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा दिए उस स्पष्टीकरण से संतोष नहीं हुआ है जिसमें उन्ह कहा था कि शिरोमणि कमेटी द्वारा चंडीगढ़ में पा प्रस्ताव को समाचारपत्रों ने तोड़-मरोड़ कर किया है । उन्होंने कहा कि अगर यह बात सही तो फिर कार्यकारिणी ने व्यापक रूप से समाचार

लेट फीस तिथि बढ़ी

चंडीगढ़, 16 सितम्बर (संधी): पंजाब शिक्षा बोर्ड की ओर से 10+2 परीक्षाओं के लिए 50 रुपए लेट फीस के साथ फार्म भरने की अन्तिम तिथि बढ़ा कर अब 30 सितम्बर कर दी गई है ।

कम दहेज के कारण विवाहिता युवती 14 मास से कमरे में कैद

भटिंडा, 16 सितम्बर (ग्रोवर): भटिंडा पुलिस ने 30 वर्षीय युवती गुड्डो उर्फ़ सुखजीत कौर को बरामद किया है, जिसे उसके ससुराल वालों ने बिरला मिल रोड, भटिंडा में 14 मास से एक कमरे में रखा हुआ था । एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल के निर्देश पर पुलिस ने उस कमरे पर छापा मारा था ।

सुखजीत कौर ने आज यहां पत्रकारों को बताया तैयार करती । उसने इस समय में कभी भी दाल या सब्जी को नहीं देखी । उसके नहाने और धोए हुए कपड़े न पहनने दिये जाते थे । कमरे को अक्सर ताला लगा रहता था । सुखजीत कौर ने बताया कि उसकी 9 वर्ष की लड़की गांव में अपने मामा के पास रहती है ।

सुखजीत कौर ने रहस्योद्घाटन किया कि इससे पूर्व भी उसको उसकी लड़की के साथ 3 वर्ष कमरे में

बोफोर्स तोप सौदे में तकनीक का हस्तांतरण भी शामिल

Punjabi Sanstan

अमृतसर में 3 जगह फ़ायरिंग, 7 मरे, मुठभेड़ के बाद 'जनरल' लाभ सिंह फरार

महंत की हत्या, शव मिला, जालन्धर में महिला को घायल कर लाखों के गहने लूटे

दो जगह मुठभेड़ों में 4 आतंकवादी मारे गए

चंडीगढ़, 17 सितम्बर (वार्ता, ह. स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि अमृतसर में अंधाधुंध फायरिंग करके 7 लोगों की हत्या कर दी । पंजाब में विभिन्न स्थानों पर चार आतंकवादी मारे गए जिनमें 'ए' श्रेणी का आतंकवादी बलजीत सिंह टुंडा भी शामिल है जबकि कख्यात आतंकवादी 'जनरल' लाभ सिंह बचकर निकलने में सफल हो गया । जालन्धर में आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर एक औरत को घायल कर दिया तथा लाखों रुपए के गहने आदि ले गए । अमृतसर पुलिस ने एक मिनी शस्त्र फैक्टरी पकड़ी । करतारपुर पुलिस ने एक लाश बरामद की । थाना मानसा क्षेत्र में एक महंत की हत्या कर दी गई ।



बीरवार को प्रातः अमृतसर के ढाब बस्ती राम क्षेत्र में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के बाद (1) उग्रवादी अपने जूते छोड़ कर भाग गए, (2) घटनास्थल पर बिखरा दो मृत उग्रवादियों का खून, (3) घटनास्थल पर लोगों की भीड़ । (छाया : रवि भंडारी)



गुजरांवाला ज्यूलर्ज की आदर्श नगर जालंधर स्थित वह कोठी,जहां से बीरवार को उग्रवादी लाखों रुपये का सामान लूट ले गए । (इन्सैट) कोठी में उग्रवादियों की गोली से घायल किरण जैन । (छाया : प्यारे)

7 की हत्या

अमृतसर में आज रात्रि उग्रवादियों ने चीनी एम-47 असाल्ट राइफलों से तीन जगह फायरिंग करके 7 लोगों की हत्या कर दी व डेढ़ दर्जन लोगों को घायल कर दिया । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार एक दर्जन आतंकवादियों के एक गिरोह ने तीन गुटों में बंट कर और सकाल के अवसर पर खजाना गेट काली मंदिर के पास उधम सिंह नगर में पैट्रोल पम्प के पास 5 व्यक्तियों, इंदिरा कालोनी में 8 लोगों को, झब्बाल रोड पर तीन लोगों को गोलियां मारीं । मृतकों में ओम प्रकाश, पवन कुमार, छज्जू राम, सीता राम, मुन्नी लाल शामिल हैं जबकि दो की शिनाख्त नहीं हो सकी । घायलों में प्रेम चंद, जुगल किशोर, सुरजीत सिंह, गुलजारी लाल, हरजिंदर सिंह, मंगल सिंह, बाबू लाल कालिया, यशपाल, काका शामिल हैं, जिनकी हालत गंभीर है । एक सूचना के अनुसार उग्रवादी पैदल थे जबकि अन्य सूचनाओं के अनुसार उग्रवादी साइकिल अथवा स्कूटरों पर सवार थे । सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों की कड़ी छानबीन शुरू कर दी परन्तु वे फरार होने में कामयाब हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार आज हंसली गेट पर दो उग्रवादियों के मारे जाने का बदला लेने के लिए उग्रवादियों ने यह कार्रवाई की ।

पुलिस के अनुसार उग्रवादियों ने मंदिर के पास का स्थान इसलिए चुना क्योंकि संक्रांति के कारण वहां श्रद्धालुओं की काफी भीड़ थी ।

आज अमृतसर बंद

इन उग्रवादी घटनाओं के विरोध में शिव सेना के नेता सुरेन्द्र डोगरा ने कल शुक्रवार को अमृतसर बंद का आह्वान किया है ।

चौक मेहता क्षेत्र में फायरिंग

आज रात्रि चौक मेहता क्षेत्र के एक ग्राम में उग्रवादियों ने फायरिंग करके सुखदेव सिंह नामक व्यक्ति को घायल कर दिया ।

3 आतंकवादी मरे

अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर शहर व जिला में पिछले 12 घंटों के दौरान सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में 3 आतंकवादी मारे गए जबकि दो अन्य भाग जाने में सफल हो गए । विवरण के अनुसार पहली मुठभेड़ गत रात रामतीर्थ रोड पर गांव कोहाली में हुई जबकि सुरक्षा बलों की एक नाका पार्टी पर दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने उस समय फायरिंग की जब नाका पार्टी ने उन्हें रुकने का संकेत किया । नाका पार्टी रामतीर्थ रोड पर नहर के पुल के पास तैनात थी,, । नाका पार्टी ने भी जवाबी फायरिंग की । सुरक्षा बलों की फायरिंग के दौरान आतंकवादी वहां से स्कूटर निकाल कर ले गए । कहा जाता है कि कुछ दूरी पर सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को स्कूटर समेत गिरते देखा जिस पर सुरक्षा बल उनकी ओर लपके । इस दौरान एक आतंकवादी वहां से स्कूटर लेकर भाग निकलने में सफल हो गया । सुरक्षा बलों को घटनास्थल से दूसरे

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatan



फिल्लौर पुलिस को गत दिवस सड़क पर बेहोश पड़ा मिला अज्ञात युवक जो बाद में अस्पताल में दम तोड़ गया। (छाया : निर्मल)

अमृतसर में 3 जगह फायरिंग ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादी की लाश मिली । मृतक के कब्जे से एक 315 बोर का पिस्तौल, एक चला हुआ कारतूस तथा 5 अनचले कारतूस मिले ।

दूसरी वारदात आज प्रातः अमृतसर शहर के आंतरिक क्षेत्र ढाब वस्ती राम के हंसली बाजार क्षेत्र में हुई । बताया गया है कि तीन आतंकवादी जो कि दो साइकलों पर सवार थे, प्रातः आठ बजे के लगभग हंसली बाजार में सुरक्षा बलों की चैक पोस्ट के निकट से ज्यों ही निकले उन्होंने सुरक्षा बलों की ओर फायरिंग की । सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से दो आतंकवादी मारे गए जबकि उनका तीसरा साथी भाग निकलने में सफल हो गया । मृतकों में से एक के कब्जे से पुलिस को .355 बोर की पिस्तौल तथा दूसरे के कब्जे से .315 बोर की पिस्तौल मिली । इसके अलावा भारी परिमाण में कारतूस भी बरामद हुए । मृतकों की शिनाख्त कलविंदर सिंह और परगट सिंह के रूप में की गई । यह दोनों ही 'बी' श्रेणी के आतंकवादी बताए गए हैं । पुलिस सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा बलों को पूर्व सूचना थी कि कुछ आतंकवादी अमृतसर के बाजार में फायरिंग करके हत्याएं करने वाले हैं अतः शहर में तैनात सुरक्षा बलों को चौकसी बरतने के लिए कह दिया गया था और इसी का परिणाम है कि सुरक्षा बल दो आतंकवादियों को मारने में सफल हुए हैं । सूत्रों ने बताया कि तीसरा आतंकवादी भगदड़ के दौरान भाग निकला ।

मिनी शस्त्र फैक्टरी पकड़ी गई

पुलिस सूत्रों ने बताया है कि अमृतसर के छहटां क्षेत्र में एक व्यक्ति जसवन्त सिंह को पकड़ा गया है जिसके घर से पुलिस को कुछ निर्मित और कुछ अर्ध निर्मित आग्नेय शस्त्र मिले हैं । बताया जाता है कि जसवन्त सिंह शस्त्र बनाकर आतंकवादियों को सप्लाई किया करता था ।

एस.एस.पी. का बयान

अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इजहार आलम ने तीन आतंकवादियों के मारे जाने के बारे में जारी एक विज्ञप्ति में कहा है कि गत रात थाना लोपोके के क्षेत्र में सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा भाग निकला । मृतक की शिनाख्त सोहन सिंह निवासी गांव संगना ठांडा सदर अमृतसर के रूप में की गई है । यह आतंकवादी गांव वासरके में तीन निर्दोष व्यक्तियों की हत्या के अलावा गांव जगदेव कलां में 12 निर्दोषों की हत्या करने वाले गिरोह में भी शामिल था ।

दरबार साहब के निकटवर्ती क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादियों के कब्जे से एक अमरीकी माउजर तथा एक .455 बोर का सर्विस रिवाल्वर व एक दर्जन गोलियां बरामद हुई हैं । मृतकों में कलविंदर सिंह निवासी गांव टिब्बा जिला कपूरथला भी शामिल है, जो 'बी' श्रेणी आतंकवादी था और उसके सिर पर 50,000 रुपए का इनाम था । वह अमृतसर और कपूरथला पुलिस को एक दर्जन से ज्यादा हत्या की वारदातों में वांछित था । वह भिंडरांवाले टाइगर फोर्स से सम्बन्धित था । दूसरा आतंकवादी परगट सिंह पट्टी निवासी था । वह पुलिस को करीब आध दर्जन हत्याओं के केसों में वांछित था जिनमें जत्थेदार जीवनसिंह उमरानंगल के बेटे सुखदेव सिंह उमरानंगल तथा उमरानंगल गांव में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के 5 अधिकारियों की हत्याएं भी शामिल हैं ।

अमृतसर क्षेत्र के लिए 80 वाहन

अमृतसर में आज सी.आर.पी. के आई.जी.श्री सुब्रह्मण्यम ने कहा कि आतंकवादियों के विरुद्ध हाल ही में शुरू किया गया जबरदस्त अभियान पूरी शक्ति से जारी रखा जा रहा है । पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही की सफलताओं से उत्साहित होकर फोर्सिज को ज्यादा अत्याधुनिक हथियारों, संचार सुविधाओं तथा वाहनों से लैस किया जा रहा है । पंजाब में फोर्स को मिले 200 वाहनों में से 80 वाहन अमृतसर क्षेत्र के लिए मंजूर किए गए हैं ।

मुकाबले के हथियार

उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों को आतंकवादियों के पास मौजूद चीनी असाल्ट राइफलों के मुकाबले के हथियार देने का भी फैसला किया गया है । यह फैसला 8 सितम्बर को गांव मढ़ी मेघा में सी.आर.पी. पर घात लगाकर किए गए हमले के बाद किया गया । इस हमले में डी.एस.पी. श्री मिश्रा समेत सी.आर.पी. के तीन कर्मी मारे गए थे ।

श्री सुब्रह्मण्यम ने कहा कि घात लगाकर किए गए इस हमले के दृष्टिगत रात की गश्त का तरीका बदल दिया गया है तथा भविष्य में कम से कम दो वाहन, जिन पर एस.एस.पी. सिख होंगी, पर जाएंगे । उनके अलावा सुरक्षा बलों को निर्देश दिया गया है कि घात लगाकर हमला करने वालों पर पूरी शक्ति से जवाबी प्रहार किया जाए । उन्होंने कहा कि आज सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ों में चार कट्टर आतंकवादियों को मार डाला ।

टुंडा मारा गया

खन्ना (के.एल. सहगल): यहां से आठ किलो मीटर दूर मौजा कोटला बडला में एक व्यक्ति अमरसिंह जाट की कोठी पर पुलिस और दो खतरनाक आतंकवादियों के मध्य अढ़ाई घंटे तक हुई फायरिंग के बाद 'ए' श्रेणी का आतंकवादी बलजीत सिंह टुंडा मारा गया जबकि तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का जनरल लाभ सिंह भागने में सफल हो गया । बताया जाता है कि अमर सिंह जाट की खेतों में दो कोठियां हैं । एक में वह स्वयं रहता है और दूसरी काफी अरसे से आतंकवादियों की पनाहगाह बनी हुई है । अमृतसर में गिरफ्तार किसी आतंकवादी ने पूछताछ के दौरान इस कोठी का रहस्योद्घाटन किया था जिसके आधार पर अमृतसर की पुलिस पार्टी थाना खन्ना आई तथा वहां से खन्ना पुलिस को साथ लेकर इस कोठी पर छापा मारा गया । इस मौके पर वहां खालिस्तान कमांडो फोर्स का तथाकथित जनरल लाभ सिंह (सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा) और 'ए' श्रेणी का आतंकवादी बलजीत सिंह टुंडा मौजूद थे । दोनों ओर से अढ़ाई घंटे तक हुई फायरिंग में बलजीत सिंह टुंडा मारा गया जबकि सुक्खा उर्फ जनरल लाभ सिंह फरार होने में सफल हो गया ।

टुंडा इश्तहारी अभियुक्त था तथा हत्या की कई वारदातों में संलिप्त था । उसका कद साढ़े छः फुट था । बताया जाता है कि यह दोनों पिछले दस दिनों से इस कोठी में ठहरे हुए थे । पुलिस अमर सिंह को पूछताछ के लिए पकड़ कर ले गई ।

आत्म समर्पण

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): गांव कन्धाला शेखां के 'बी' श्रेणी के एक आतंकवादी इन्द्रजीत सिंह धुग्गा ने आत्म समर्पण कर दिया है । जिला पुलिस प्रमुख श्री सरेश अरोड़ा ने बताया कि धुग्गा थाना हरयाना में स्कूटर छीनने की घटना में वांछित था और उसे इश्तहारी अभियुक्त घोषित किया गया था । घटना के बाद वह बम्बई चला गया था । बाद में पुलिस ने उसे अनेक लूटमार की घटनाओं में भी मनोनीत कर दिया परन्तु अब पूछताछ के बाद पुलिस इस परिणाम पर पहुंची है कि धुग्गा केवल स्कूटर छीनने की घटना में ही जिम्मेदार था ।

श्री अरोड़ा के अनुसार जो अन्य आतंकवादी भी आत्म समर्पण करेंगे, उनके प्रति नरम रवैया अपनाया जाएगा ।

दुनाली और स्कूटर छीन लिया

आज प्रातः साढ़े छः बजे दो सशस्त्र आतंकवादियों ने माहलपुर के निकट गांव बम्बेली में एक व्यक्ति विजय कुमार के घर से उसकी दोनाली बंदूक छीन ली और फरार हो गए ।

दूसरी घटना प्रातः आठ बजे बलाचौर के निकटवर्ती गांव ऊधनोवाल में हुई । एक व्यक्ति रोडा से दो सशस्त्र उग्रवादियों ने उसका चेतक बजाज स्कूटर (नम्बर 3306) छीन लिया और उसी पर सवार होकर फरार हो गए । पुलिस ने दोनों केस दर्ज कर लिए हैं और जांच आरम्भ कर दी है ।

लाखों के गहने लूटे

जालन्धर (क.): आज प्रातः साढ़े आठ बजे के लगभग स्थानीय आदर्श नगर क्षेत्र में सनसनी फैल गई जब तीन उग्रवादी गुरु नानक मिटगुमरी माडल स्कूल के सामने गुजरांवाला ज्यूलर्ज की कोठी में घुस गए और शस्त्रों की नोक पर उनका लाइसैंसी रिवाल्वर तथा लाखों रुपए के सोने के गहने लूटकर स्कूटर पर बैठकर फरार हो गए जिस पर वह आए थे । दाखिल होते ही कोठी के सेहन में बैठी घर की बहू श्रीमती किरण जैन को उन्होंने गोली मार दी थी जो उसकी टांग के निचले भाग में लगी । घायल किरण जैन को तुरन्त निकट के बतरा अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां आप्रेशन करके गोली निकाल दी गई । उसकी हालत खतरा से बाहर बताई गई है । उग्रवादियों के पास एक रिवाल्वर तथा एक स्टेनगन बताई गई है ।

पुलिस देर से पहुंची

यद्यपि किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम को उग्रवादियों के आने के दो-तीन मिनट बाद ही फोन पर सूचना दे दी थी किन्तु पुलिस 20-25 मिनट बाद पहुंची । आसपास के लोगों का कहना है कि यदि पुलिस आठ-दस मिनट पहले पहुंचती तो उग्रवादी मौका पर ही पकड़े जा सकते थे क्योंकि वह 15 मिनट से कम कोठी में नहीं रहे ।

प्राप्त विवरण के अनुसार तीन उग्रवादियों ने जब कोठी का दरवाजा खटखटाया तो घर की बजुर्ग महिला ने समझा कि उनके यहां काम कर रहे मिस्त्री आए हैं मगर जब दरवाजा खोला तो उन्होंने प्रवेश करते ही महिला पर पिस्तौल तान दिया जिस पर वह भागकर एक कमरे में चली गई । तब एक उग्रवादी ने सेहन में बैठी उस महिला की विधवा बहू किरण जैन, जिसका पति अभी दो मास पूर्व मनाली के निकट डूब कर अचानक चल बसा था, को गोली मार दी, जो उसकी टांग में लगी और वह अचेत हो गई । गोली की आवाज सुनकर किरण जैन का जेठ विनोद जैन कमरे से बाहर निकला तो उग्रवादियों ने उस पर



जालंधर में जिला जेल के बाहर सुरक्षा पग तथा बीच-बीच में निरीक्षण मीनारें खड़ी क

शस्त्र तान कर उस गहने आदि हवाले करने कहा । उसने तब घर की चाबियों का गुच्छा उन हवाले कर दिया ।

उधर उग्रवादियों ने लूटपाट शुरू कर दी औ इधर अड़ोस-पड़ोस में हलचल शुरू हो गई, पुलि को भी फोन कर दिया गया । छतों पर चढ़ कर शो भी मचाया जाने लगा । कुछ लोग गली में भी गए । सामने स्कूल की दूसरी मंजिल के छात्र खिड़कियों से झांकने लगे । जब उग्रवादी गठ बांधकर बाहर गली में निकले तो एक कार ड्राइवर कुछ फासले से उन पर जोर से ईंट मारी । मुहल्ले एक अन्य व्यक्ति ने एक छत से अपने पिस्तौल से उ पर फायर भी किया, जो उन्हें नहीं लगा और स्कूटर पर गली के कपूरथला रोड की ओर निकल वाले रास्ते पर भाग गए ।

बताया गया है कि उग्रवादियों ने घर में घुस यह भी कहा कि तुम लोगों ने हमारे दो साथी पह पकड़वाए थे । अब उसका बदला लिया गया है उल्लेखनीय है कि 10-12 दिन पूर्व दो उग्रवा बाजार कलां में किसी और ज्यूलर्ज की दुकान से म लूटने के बाद लोगों द्वारा पकड़ लिए गए थे पुलिस के हवाले कर दिए गए थे ।

ए.एस.पी. श्री सुरिन्दर मोहन शर्मा त डी.एस.पी. सिटी श्री बलदेव राज शर्मा आदि फोस साथ मौका पर पहुंचे । चारों ओर नाकों को सूचित कर दिया गया मगर अभी तक किसी के पक जाने का समाचार नहीं मिला ।

जांच का आदेश

न.न.ए. के अनुसार पुलिस सूचना मिलने के मिनट बाद पहुंची । विधायक श्री ओम प्रकाश ने पुलिस के देरी से पहुंचने की निंदा की है । उन कहा कि यदि पुलिस समय पर पहुंच जाती आतंकवादी पकड़े जा सकते थे । उन एस.एस.पी. तथा जिलाधीश से भी इस सम्बन्ध शिकायत की । एस.एस.पी. ने इसकी जांच का आदेश दे दिया तथा दोषी के विरुद्ध कार करने का विश्वास दिलाया । इस सम्बन्ध एस.पी. हैड क्वार्टर ने भी स्वीकार किया कि पु देर से पहुंची ।

गिरोह का सफाया

शाहकोट पुलिस ने उग्रवादियों के एक गिरोह का सफाया करने का दावा किया है, जो प्र व्यक्तियों को धमकी-भरे पत्र लिखकर रुपए ए था तथा पिस्तौल की नोक पर वाहन और हथि छीनता था । गिरोह के तीन सदस्य पकड़े ग जिनके नाम जोगा सिंह पुत्र बख्शीश सिंह, त्रि सिंह पुत्र इन्द्र सिंह तथा परमजीत सिंह पुत्र उज सिंह (सभी गांव सरदारवाला थाना शाहकोट निवासी) हैं । इनसे एक स्कूटर पी.ए.ए 9355 बरामद हुआ । इनसे कड़ी पूछताछ जाएगी तथा बहुत से मामलों का सुराग मिलने सम्भावना है ।

पनाह देने वाले गिरफ्तार

जालन्धर पुलिस ने आतंकवादियों को पनाह के आरोप में सरनजीत सिंह पुत्र जगीर सिंह नि मकान नम्बर 32, दशमेश नगर जालन्धर जसबीर सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी मकान नं ई.एच. 36, लाडोवाली रोड जालन्धर को गिरफ किया है । उनसे पूछताछ की जा रही है ।

मकान पर फायरिंग

करतारपुर (देवदत्त): गत रात साढ़े नौ पिस्तौलों से लैस तीन आतंकवादी हमीरा के ह लाल के मकान में घुस गए और बल्ब तोड़ डा जब श्री हरबंस लाल आंगन में यह देखने के आए कि बिजली किसने बंद की तो आतंकवादि फायर किए परन्तु पिस्तौल में खराबी होने के क गोलियां मिस हो गईं । श्री हरबंस लाल ने उठाकर उग्रवादियों पर मारी । शोर मचने भाग गए । यह आतंकवादी पैदल ही आए हरबंस लाल दयालपुर के सरपंच दर्शन लाल भतीजा है जिनकी आतंकवादियों ने 5 सित 1986 को हत्या कर दी थी ।

आतंकवादी घूमते रहते हैं

आम चर्चा है कि करतारपुर में संदिग्ध उग्र घूमते रहते हैं । पुलिस की गश्त का कोई प्रब होने के कारण लोगों में डर पैदा हो गया है तथा की मांग है कि करतारपुर में गश्त के सी.आर.पी. को लगाया जाए ।

लाश मिली

करतारपुर पुलिस ने गांव रायपुर बहल निकट नाले के करीब से एक लाश बरामद जिसके शरीर पर तेजधार हथियारों के कई नि हैं ।

रिवाल्वर ले गए ।

करतारपुर थाना क्षेत्र के गांव राजव में आ दोपहर दो संदिग्ध व्यक्ति एक आदमी से रिवाल्वर छीन कर ले गए ।

'साहनी' के अनुसार उग्रवादी रजव गांव जसबीर सिंह से इस कारतूस छीन कर ले गए

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

वैद्यविशारद या तजुर्बे के आधार पर R.M.P. डाक्टर बनें । R.M.P. के बाद एक साल में B.A.M.S. पास करें । Also Pass B.Ed., LL.B., B.A., B.Sc., M.A., M.Sc. one sitting : Guru Gobind Singh College, Mohan Nagar, Sultanwind Road, Amritsar.

सातवीं, आठवीं, नौवीं फेल शर्तिया व गारंटी से मैट्रिक पास करें । मैट्रिक पास 10+2 करें । Metro College, Bazar Narsinghdass (Near Majith Mandi), Amritsar. Phone : 47664.

बिना आठवीं मैट्रिक, दसवीं फेल इंटर, दसवीं पास बी.ए. हिन्दी, पत्राचार द्वारा एम.ए., बी.एड., आयुर्वेदिक कोर्स करके RMP डाक्टर बनें । दसवीं पास एक वर्षीय टीचर ट्रेनिंग/ड्राईंग डिप्लोमा करें । शांति निकेतन महाविद्यालय, छत्ता जम्बूदास, सहारनपुर ।

मैट्रिक, इंटर, बी.ए., एम.ए., लॉ., वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न करके (RMP) बनें । फोन-25270. गांधी मैमोरियल कालेज, नजदीक लक्ष्मी सिनेमा, यमुनानगर ।

+1 फेल +2 करें (Arts, Science, Commerce) मैट्रिक, इंटर, वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न (केंद्र हमारा कालेज) R.M.P. रजिस्ट्रेशन (Patna) 15 दिनों में । कीरती कालेज, कैलाश सिनेमा चौक, लुधियाना ।

Matric without Middle, Inter (B.A.I) after Prep or 10+1 fail (Bihar/M.P.) B.A./B.Com., M.A./M.Com., M.Sc. (one sitting) ANM (Nursing) BAMS (one year after Ayurvaid Rattan) OT/J.B.T./B.Ed. from (Varanasi or Allahabad) Examination Centre our College. RMP (Valid for practice) LL.B. Professional, Prospectus Rs. 10/-. Vivekanand College, Kothi 21, Sector 21-A, Chandigarh.

R.M.P. रजिस्ट्रेशन 10 दिनों में/मैट्रिक/इंटर/बी.ए./वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न गारंटिड दिसम्बर में । जनता शिक्षा सदन, रोहतक रोड, निकट पुलिस स्टेशन, सोनीपत ।

RMP (बहुत कम फीस) सरकारी मान्य रजिस्ट्रेशन 15 दिनों में । आठवीं फेल/पास Matric (पंजाब/दिल्ली) मार्च में व +1 Fail +2/इंटर (Direct) गारंटिड पास करें । JBT/OT/B.Ed. (Regular/Correspondence)/LLB (Professional). Hostel for Girls available. Prospectus Rs. 10/- by M.O. सोनीपत डिग्री कालेज, 403, सैक्टर-14, सोनीपत (हरियाणा)।

अंग्रेजी, जर्मन, फ्रैंच, स्पेनश सीखें । स्वयं मिलें : Ajanta School of Foreign Languages, Majitha Road, Amritsar.

आवश्यकता

Wanted Gynaecologist and medical specialist immediately. Contact/Write Administrator, Simla Sanitarium and Hospital, Shimla-171 004.

Wanted three, M.A., two graduate teachers. Metro College, Bazar Narsingh dass. Amritsar.

रोज़गार

सहायक स्टेशन मास्टर, टिकट कलैक्टर, गार्ड, टैलीफोन आप्रेटर आदि बनने के इच्छुक पांच रुपए मनीआर्डर भेज कर जानकारी और फार्म मंगवाएं । Principal, National Railway Telegraph College, Ambala City.

चिकित्सा

आयुर्वेदिक चमत्कार । हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत, तंदरुस्ती हासिल करें । बालचर (बाल झड़ना) का खास इलाज । डाक्टर सत्यपाल बहल, चौक निमवाला, लुधियाना 141008.

निराशा, सुस्ती पेशाबी बीमारियां जबरदस्त ईलाज 80/-. Stammering हकलाना 75/-, बवासीर, अफीम छड़वाएं । Chanana Medical Hall, Chowk Deepak Cinema, Ludhiana

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 17.9.87 Rs. 51/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.95 per Dozen.

प्रवेश सूचना

Centre-State Govt. recognised courses. Pass Matric without Middle, Inter+2 after Matric or 10+1 fail, B.A., B.Com. after Prep; M.A./M.Com./M.Sc. one sitting; ANM (Nursing 1½ years), BAMS (One year after Ayurvaid Rattan); Sanitary Inspector/Lib. Science, OT/LT/JBT/B.Ed., LL.B. Professional, RMP forms being sent. Classes started. Come with original cetrificates/fee. Prospectus Rs. 10/-. Last date near. Oxford College, 47-L, Model Town, Jalandhar.

सूचना

हमारा किताबों का थैला जिसमें 1983-84 से लेकर 1986-87 की Accounts Books.

From Today
Nandan-Amritsar
Daily 4 Shows
Full of Sex
He's a Winner in every Game and Zero is never be side his name He's Number One.

Punjabi Sahanthi

जिन्दा को रिहा कराने के लिए उग्रवादियों द्वारा बूटा सिंह के बाडीगार्ड कमांडो की पत्नी का अपहरण

नई दिल्ली, 17 सितम्बर (वार्ता, उमेश): केंद्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह की सरक्षा व्यवस्था में लगे एक कमांडो की पत्नी का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया है । नैशनल सिक्योरिटी गार्ड के कमांडैट वी.एस. राव की पत्नी 35 वर्षीय श्रीमती निर्मला राव को कल दक्षिण दिल्ली स्थित आई.टी.आई. के निकट से चार आतंकवादी एक अम्बैसेडर कार में ले उड़े । यह जानकारी इंटैलीजैंस के सूत्रों ने दी ।

आतंकवादियों द्वारा अपहरण किए जाने के पांच घंटे बाद श्रीमती राव ने किसी अज्ञात स्थान से टैलीफोन पर अपने पति को इस घटना की जानकारी दी । सूत्रों ने बताया कि श्रीमती राव ने अपने पति को रोते हुए बताया कि चार आतंकवादी उन्हें बधक बनाए हुए हैं तथा उसकी जिन्दगी खतरे में है । इसके बाद टैलीफोन कट गया । सूत्रों ने इस खबर की पुष्टि करने से इंकार किया कि श्रीमती राव के अपहरणकर्त्ताओं ने कुख्यात सिख आतंकवादी हरजिन्दर सिंह जिन्दा की रिहाई की मांग की है ।

श्रीमती राव, जो तीन बच्चों की मां है, दोपहर दो बजे अरविन्द मार्ग से 'नैशनल कौंसिल आफ एजूकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग' कार्यालय से एक आटो रिक्शा में अपने नानकपुरा निवास जा रही थी । रास्ते में आटो रिक्शा खराब हो गया व श्रीमती राव अन्य किसी वाहन का इंतजार करने लगी । तभी आटो रिक्शा का पीछा कर रही एक अम्बैसेडर कार वहां आई जिसमें से चार उग्रवादी उतरे और पिस्तौल की नोक पर उन्हें कार में डाल कर भाग निकले । घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी उपलब्ध नहीं था । पुलिस श्रीमती राव द्वारा टैलीफोन पर दी गई जानकारी पर ही निर्भर कर रही है ।

श्री राव, जो सी.आर.पी.एफ. से संबंधित हैं, काफी समय से राजधानी में अति विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा का दायित्व सम्भाले हुए हैं । सूत्रों के अनुसार श्री राव को दिल्ली छोड़ देने के लिए धमकी भरे पत्र प्राप्त हो रहे थे । ऐसा एक पत्र उन्हें कल भी मिला था । श्री राव द्वारा हौजखास पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस को सतर्क कर दिया गया है । घटना की छानबीन कर रहे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटना का ब्यौरा देने से इंकार किया है । पुलिस कुछ निश्चित सूत्रों के आधार पर कार्य कर रही है ।

खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का लाभ सिंह उग्रवादियों को धन देने दिल्ली आने वाला था

नई दिल्ली, 17 सितम्बर (वार्ता): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू जनरल लाभ सिंह उर्फ सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा सिंघोवाल हरजिंदर सिंह जिंदा के सहयोगी उग्रवादियों को धन बांटने के लिए दिल्ली आने वाला था । सुखदेव सिंह सुक्खा ने ही 12 फरवरी को लुधियाना के एक बैंक में से 6 करोड़ रु. की डकैती की योजना तैयार की थी । यह जानकारी आज यहां एडीशनल चीफ मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट की अदालत में जिंदा का साथी होने के आरोप में गिरफ्तार टैक्सी चालक कुलवंत सिंह उर्फ लाली के वकील की याचिका पर सरकारी वकील आर.डी. शर्मा ने दी । कुलवंत सिंह की गिरफ्तारी के बारे में विस्तृत विवरण जांच में बाधा पड़ने के आधार पर देने से इंकार करते हुए श्री आर.डी. शर्मा ने कहा कि दिल्ली ट्रांजिस्टर बम कांड के एक अभियुक्त और कुलवंत सिंह का बहनोई गुरदीप सिंह सहगल इस समय लुधियाना में है, जिसे लाभ सिंह ने 13 लाख रुपए दिए थे । कुलवंत सिंह जिंदा व सतनाम सिंह बाबा से मिलता रहता था और उनकी मदद करता था । लाली लाभ सिंह के अलावा पंजाब के अन्य दर्जन उग्रवादियों को भी जानता है ।

क्या 'जिंदा' एक बार फिर पुलिस के मजबूत शिकंजे से बच निकलने में सफल हो जाएगा ? जानकार सूत्रों का कहना है कि कुख्यात आतंकवादी हरजिंदर सिंह उर्फ जिंदा भले ही पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को न तोड़ पाए लेकिन यह आशंका है कि इस बार वह कानूनी दांवपेंचों के कारण छूटने में सफल हो सकता है ।

लिया । इसमें पुलिस द्वारा गोलियां चलाई गई थीं परिणामस्वरूप हरजिन्दर सिंह जिंदा इसमें घायल हो गया था । दोनों आतंकवादियों की गिरफ्तारी के बाद तुरन्त ही उन्हें वहां से हटा कर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया था ।

सूत्रों का कहना है कि 'जिंदा' बड़ा ही शातिर अपराधी है उससे महत्वपूर्ण राज़ उगलवाना आसान नहीं है । पिछले चार दिनों से वह पुलिस के सवालों के जवाब नहीं दे रहा है और खामोशी अख्तियार किए हुए है ।

सूत्रों का कहना है कि 'जिंदा' ने पूछताछ के दौरान पुलिस को गुमराह करने और झांसे देने के प्रयास भी किए हैं । गत चार दिनों से पूछताछ करने वाले अधिकारियों को बड़ी ही कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि वह तरह-तरह के बहाने बना कर पुलिस अधिकारियों को उलझाए हुए है । इन दिनों में वह हां अथवा न के अलावा कोई विशेष बात नहीं बता रहा है जिसके कारण पुलिस अधिकारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

आतंकवादियों के ल

होशियारपुर, 17 सितम्बर (प्रद्युम्न, अश्विनी): जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री सिद्दीकी ने आज यहां बताया कि गत दिनों गढ़शंकर के निकट रामपुर

उसे बेदखल

एक प्रश्

Punjab Sampadi

वर्ष 23 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 99
शनिवार, 19 सितम्बर, 1987 तदनुसार, 3 आश्विन, 2044 मूल्य 75 पैसे, विमान द्वारा 90 पैसे

निर्माताओं से अपील की कि वह ज्वलंत समस्याओं पर फिल्में बनाएं तथा कोई भी फिल्म बनाते समय पुराने मूल्यों का ध्यान रखें ।

राष्ट्रपति ने 1986 के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करते हुए आज यहां कहा कि भारतीय सिनेमा

प्रदान किए
कुमार पांड
थीं । श्री
और हिंसा
को ऐसा न

तरनतारन सब-डिवीज़न में 4 शिक्षकों, 2 अन्य की आतंकवादियों द्वारा हत्या

शिक्षकों की हत्या स्कूलों में घुस कर की गई : लुधियाना में 30 हज़ार रुपये लूटे

चंडीगढ़, 18 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने आज जिला अमृतसर की तरनतारन सब-डिवीजन में एक ही समुदाय के चार शिक्षकों व दो अन्य की हत्या कर दी । पिछले 24 घंटों में आतंकवादियों द्वारा जिला में यह दूसरा बड़ा हत्याकांड है । कल के हमले में सात व्यक्ति मर गए थे तथा आठ घायल हुए थे । यह सभी एक ही समुदाय के थे । हत्याओं के विरोध में अमृतसर में आज कई कालेज बंद रहे ।

आज जालंधर-अमृतसर जी.टी. रोड पर दयालपुर के निकट पुलिस से मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का एक आतंकवादी मारा गया । फगवाड़ा के करीब एक लाश मिली । लुधियाना में एक दलाल से तीस हजार रुपए छीन लिए गए ।

हत्या करके स्कूटर ले गए

फरीदकोट जिले में उग्रवादियों ने जसवंत सिंह व सविन्दर सिंह नामक दो शिक्षकों की अलग-अलग स्थानों पर हत्या कर दी और उनके स्कूटर भी छीन ले गए ।

6 हत्याएं

अमृतसर (अशोक सोनी): आज बाद दोपहर अमृतसर जिला के कस्बा तरनतारन के पांच विभिन्न गांवों में आतंकवादियों के विभिन्न गिरोहों ने चार शिक्षकों तथा दो दुकानदारों की, जो कि एक ही समुदाय के थे, हत्या कर दी । जिला मुख्यालय में पहुंची सूचनाओं के अनुसार दोपहर 12.30 बजे से लेकर शाम चार बजे के मध्य तरनतारन सब-डिवीजन के पांच गांवों में गोलियां बरसा कर निर्दोष व्यक्तियों की हत्या की । शिक्षकों की हत्याएं आतंकवादियों ने विभिन्न स्कूलों में घुस कर की ।

बताया जाता है कि गांव शाहपुर में दो आतंकवादियों ने एक शिक्षक कुलदीप राय की गोलियां मारकर स्कूल में हत्या कर डाली । दो आतंकवादियों के एक अन्य गिरोह ने गांव चंदेल में एक शिक्षक बलराम की स्कूल में गोलियां मार कर हत्या की । मृत वारदात पहली वारदात से आधा घंटा के अन्तर से हुई । एक अन्य गांव दुग्गलवाड़ा में शिक्षक सरदूल मोहन की हत्या की गई जबकि गांव मलमीड़ी में कुछ आतंकवादियों ने एस.के. भुल्लर नामक शिक्षक की गोली मार कर हत्या की ।

सूचनाओं के अनुसार गांव नंदपुरा में तीन मोटर साइकल सवार आतंकवादियों द्वारा मारा गया दुकानदार तारा चंद और पोस्टमास्टर वेदप्रकाश हैं । यह वारदात अप. लगभग 3.30 बजे हुई ।

इन हत्याओं की खबर मिलते ही अमृतसर से उच्च पुलिस एवं सी.आर.पी. अधिकारी मौका पर रवाना हो गए ।

आतंकवाद का शिकार पहला हिजड़ा

कल शाम अमृतसर में आतंकवादियों की गोली से भद्रकाली क्षेत्र में एक हिजड़ा अजीत बाबा भी मर गया । पंजाब में आतंकवादियों द्वारा पहली बार एक हिजड़े की हत्या की गई है ।

कड़ी निगरानी

जिलाधीश सरबजीत सिंह के अनुसार कल शाम की घटना के बाद अमृतसर शहर में तनाव को देखते हुए कड़ी निगरानी रखी जा रही है । उन्होंने कहा कि स्थिति अभी सामान्य है । शिवसेना के बंद के आह्वान का शहर में कोई असर नहीं हुआ है । प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की गश्त जारी है ।

उन्होंने बताया कि एक मृतक का शव उत्तर प्रदेश और अन्य का शव होशियारपुर जिले में तलवाड़ा भेजा जा रहा है । प्रशासन के खर्चे पर शवों को भेजने का प्रबन्ध किया गया है । आठ घायलों में से दो की हालत गम्भीर बताई गई है ।

पुलिस ने कहा कि हत्यारों के बारे में अभी कुछ भी कहना सम्भव नहीं है । शहर में आतंकवादियों के छिपने के सभी सम्भावित ठिकानों पर छापे मारे गए हैं । छापे मारने का काम कल रात भर जारी रहा ।

जिम्मेदारी ली

कल रात अमृतसर के खज़ाना गेट क्षेत्र में हुई गोलीबारी की घटना की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन 'भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स' ने ली है । अपने आपको 'फ़ोर्स' का प्रवक्ता बताने वाले एक व्यक्ति ने एक समाचार समिति के दफ़्तर में टैलीफोन करके कहा कि यह हत्याएं कल सुरक्षा बलों द्वारा दो आतंकवादियों को मारे जाने का बदला लेने के लिए की गई । टैलीफोन करने वाले ने धमकी दी कि यदि उग्रवादियों को मारना जारी रखा गया तो वे पुलिस अफसरों व उनके परिवारों को निशाना बनाएंगे ।

सुरक्षा बलों ने कल दो 'बी' श्रेणी आतंकवादियों कुलविंदर सिंह तथा परगट सिंह को मार डाला था, जो कि 'टाइगर फ़ोर्स' से सम्बन्धित थे ।

मोपेड छीन कर हत्याएं की

पुलिस ने बताया कि भिंडरांवाले टाइगर फोर्स के दो आतंकवादियों ने तरनतारन क्षेत्र में एक व्यक्ति से मोपेड छीनी तथा उस पर सवार होकर गोलियां बरसाते चले गए । आतंकवादी प्रत्येक स्थान पर कागज छोड़ गए जिन पर लिखा था कि यह हत्याएं पुलिस के हाथों आतंकवादियों की मौत का बदला लेने के लिए की गई हैं । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह हत्याएं बड़े नियोजित ढंग से की गई । अन्तिम समाचार आने तक सुरक्षा बल आतंकवादियों का पीछा कर रहे थे । राज्यपाल श्री रे को पत्रकार सम्मेलन के दौरान उच्चाधिकारियों ने इन हत्याओं की जानकारी दी ।

दयालपुर के निकट खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का उग्रवादी भिड़न्त में मरा

आतंकवादी मारा गया

कपूरथला (शर्मा): आज प्रातः जालन्धर-अमृतसर जी.टी. रोड पर गांव दयालपुर के निकट पुलिस तथा आतंकवादियों के मध्य भिड़ंत में एक आतंकवादी मारा गया । मृत आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्धित था और उसका नाम लैहम्बड़ सिंह बताया जाता है । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार पुलिस की एक छापा मार पार्टी पर तीन आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया । जब पुलिस ने गोली चलाई तो एक आतंकवादी मारा गया जबकि दो अन्य भाग निकले । मृत आतंकवादी के कब्ज़े से एक .12 बोर का पिस्तौल व चार चले हुए कारतूस मिले । जिला पुलिस चीफ़ श्री डी.आर. भट्टी सहित उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए ।

'वार्ता' का कहना है कि आतंकवादियों ने दयालपुर गांव के निकट जालन्धर के एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री स्वर्ण सिंह की कार पर घात लगाकर हमला करने की कोशिश की थी । श्री स्वर्ण सिंह के अंगरक्षकों द्वारा फायरिंग किए जाने से लैम्बहर सिंह मारा गया ।

फगवाड़ा (अ.क.): पंजाब में आतंकवादियों द्वारा हिंसक घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि की संभावनाओं के दृष्टिगत राज्य भर में आगामी 3-7 दिन असाधारण व अधिकतम सतर्कता के आदेश जारी किए गए हैं । सूत्रों के अनुसार पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल अधिकारियों, सांसदों, विधायकों, सामाजिक व राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों, धार्मिक व्यक्तियों सहित राज्य भर में महत्वपूर्ण व्यक्तियों को इन दिनों असाधारण चौकस रहने, अपनी गतिविधियां सीमित रखने, अपने परिवारों का ध्यान रखने व इस संबंधी पूर्ण सतर्कता से कार्य लेने की

(शेष पृष्ठ 8 पर)



खन्ना के पास स्थित व डला गांव के बाहर पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी बलजीत सिंह टुंडा । (छाया : शर्मा स्टूडियो)





जिला फिरोज़पुर के ममदोट सैक्टर में भारत-पाक सीमा पार करते समय बी.एस.एफ़. के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो जासूस (1) जगजीत सिंह और (2) अजीत सिंह । (छाया-जीपू पायलट)

बोफ़ोर्स अध्यक्ष से सौदे के बारे में 'ठोस जानकारी' मिली

बोफोर्स-याचिका की सुनवाई न हो सकी

नई दिल्ली, 18 सितम्बर (वार्ता): बोफोर्स के

हत्यारे 7 दि पकड़ लिए

कोई भी फिल्म बनाते समय
रखें ।
6 के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार
हां कहा कि भारतीय सिनेमा

कुमार पांजा तथा कई फिल्मी हस्तियां उपस्थित थीं । श्री वेंकटरमण ने कहा कि फिल्मों से सैक्स और हिंसा समाप्त होनी चाहिए क्योंकि इससे समाज को ऐसा नुक्सान होता है जिसे बाद में सुधारा नहीं जा

पुरस्कारों के लिए निर्णायक मंडल का नेतृत्व साहित्यकार श्री भीष्म साहनी ने किया । वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार कन्नड़ फिल्म 'तबारिना कथे' को दिया गया । फिल्म के निर्माता

क्रमशः चारुहसन (तबारिना कथे) तथा मोनिशा (नक्षतांगल-मलयालम) के लिए प्रदान किया गया ।

सर्वश्रेष्ठ मनोरंजन फिल्म का पुरस्कार तमिल फिल्म "समसाराम आधु मिनसाराम" को तथा

जो क्षेत्रीय फिल्में पुरस्कृत की गई उनमें बान (असमी), फेरा (बंगाली), मिर्च मसाला (हिन्दी), शंखानंदा (कन्नड़), कुफ (मलयालम), स्वाक्षि मुथ्यम (उड़िया) और वाचमैन (अंग्रेजी) भी हैं ।

...कों, ...त्या

...कमांडो ...मरा

...जाने का बदला लेने के लिए ...ने वाले ने धमकी दी कि यदि ...जारी रखा गया तो वे पुलिस ...कारों को निशाना बनाएंगे । ...ी 'बी' श्रेणी आतंकवादियों ...गट सिंह को मार डाला था,जो ...म्बन्धित थे ।

...याएं की

...भिंडरावाले टाइगर फोर्स के ...नतारन क्षेत्र में एक व्यक्ति से ...पर सवार होकर गोलियां ...आतंकवादी प्रत्येक स्थान पर ...पर लिखा था कि यह हत्याएं ...वादियों की मौत का बदला ...हैं । पुलिस अधिकारियों ने ...एं बड़े नियोजित ढंग से की ...धार आने तक सुरक्षा बल ...ा कर रहे थे । राज्यपाल श्री ...के दौरान उच्चाधिकारियों ने ...कारी दी ।

...या

...): आज प्रातः जालन्धर-...पर गांव दयालपर के निकट ...दियों के मध्य भिड़ंत में एक ...गया । मृत आतंकवादी ...फोर्स से सम्बन्धित था और ...सिंह बताया जाता है । प्राप्त ...पुलिस की एक छापा मार पार्टी ...यों ने घात लगाकर हमला ...ने गोली चलाई तो एक ...या जबकि दो अन्य भाग ...वादी के कब्जे से एक .12 बोर ...ले हुए कारतूस मिले । जिला ...र. भट्टी सहित उच्चाधिकारी

...ना है कि आतंकवादियों ने **...निकट जालन्धर के एस.पी. ...र्ण सिंह की कार पर घात ...ने की कोशिश की थी । श्री ...कों द्वारा फायरिंग किए जाने** ...त गया ।

...): पंजाब में आतंकवादियों ...ओं में अप्रत्याशित वृद्धि की ...त उच्च स्तर में आगामी 3-7 ...अधिकतम सतर्कता के आदेश ...संवेदनशील क्षेत्रों के अनुसार पुलिस व ...धिकारियों, सांसदों, विधायकों, ...तिक नेताओं, पत्रकारों, धार्मिक ...श्य भर में महत्वपूर्ण व्यक्तियों ...साधारण चौकस रहने, अपनी ...रखने, अपने परिवारों का ध्यान ...र्ण सतर्कता से कार्य लेने की

(पृष्ठ 8 पर)



अमृतसर में बीरवार रात को खजाना गेट के पास शहीद ऊधम सिंह कालोनी और इंदिरा कालोनी ब्यास रोड के पास उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग से (1-7) मारे गए लोगों के शव, (8-14) अस्पताल में उपचाराधीन घायल, (15-18) मृतकों के परिवार विलाप करते हुए, (19-23) जगह-जगह चारपाई, दुकानों, मकान के बाहर, बाज़ार में फैला खून, (24) राजनीतिक तथा सामाजिक नेता व लोग अंतिम संस्कार के समय श्मशानघाट पर, (25) इलाका,जहां वारदात हुई तथा शहर में बंद का दृश्य, (26) राज्यपाल श्री रे अस्पताल में घायलों को देखने गए (27) इस अवसर पर जूनियर डाक्टरों द्वारा प्रदर्शन किया गया । *(छाया : रवि भंडारी)*

...रे 7 दिन के अंदर ...ड़ लिए जाएंगे : रे

...सितम्बर (वि.प्र.): पंजाब के ...शंकर रे ने आज यहां पत्रकार ...से घोषणा की कि खालिस्तान ...जीत करने वाले किसी धार्मिक

बिल्कुल बातचीत नहीं होगी ।

श्री रे ने कहा कि पंजाब में 99% लोग खालिस्तान नहीं चाहते । वे पंजाब में शांति तथा भाईचारे से रहना चाहते हैं अतः पंजाब में सरकार

अमृतसर में हुए हत्याकांड की व्यापक निंदा

अमृतसर, 18 सितम्बर (अशोक सोनी): अमृतसर में गत रात्रि भद्रकाली क्षेत्र में तीन विभिन्न स्थानों पर आतंकवादियों द्वारा सामान्य नागरिकों पर अंधाधुंध फायरिंग करके सात व्यक्तियों की हत्या व सात अन्य को घायल किए जाने की व्यापक निंदा की जा रही है । 'नारंग' के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के अध्यक्ष ला. जगदेव राज जोबन

बूटा सिंह के सुरक्षा-कर्मी की पत्नी के अपहरण में आतंकवादियों का हाथ नहीं

नई दिल्ली, 18 सितम्बर : नेशनल सिक्यूरिटी गार्ड्स यूनिट के अधिकारी की पत्नी श्रीमती निर्मला राव के गायब होने का रहस्य ज्यादा गहराता जा रहा है ।

पुलिस को इस बात का संदेह है कि श्रीमती

तक का तहकीकात से पता चला है कि वे "फ... लाइफ" जीने में विश्वास करती हैं ।

Punjabi Sanatan

शिक्षकों की हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

सलाह दी गई है । दूसरी तरफ राज्य भर में भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, महत्वपूर्ण बाजारों, सब्जी मंडियों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों इत्यादि पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है । पंजाब भर के जिलाधीशों व पुलिस अधीक्षकों को संबंधित जिलों में चौकसी कार्य बढ़ाने व सुरक्षा बलों को दिन रात पैट्रोलिंग के आदेश दिए गए हैं । रेलवे पुलों, बिजली घरों, थर्मल प्लांटों इत्यादि पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है ।

नहर से शव बरामद

फगवाड़ा (कौड़ा): आज बाद दोपहर यहां से चार किलो मीटर दूर प्लाही में गांव के निकट एक नहर में लगभग 40 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिला है । समझा जाता है कि किसी ने हत्या के बाद उसका शव नहर में फैंक दिया । शव की खोपड़ी काटी हुई थी । उसकी दाढ़ी मौलवियों की भांति थी । थाना सदर की पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भेज दिया है ।

एक घंटा फ़ायरिंग

लुधियाना से 'महिन्द्रा' ने खबर दी है कि कल रात थाना साहनेवाल के गांव छिदड़ां में पुलिस और आतंकवादियों में ज़बरदस्त भिड़ंत हुई और दोनों तरफ से एक घंटा गोलियां चलती रहीं,परन्तु इसके बाद आतंकवादी भागने में सफल हो गए । बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स का तथाकथित जनरल स्वर्णजीत सिंह और उसका साथी रूपिंदर सिंह उर्फ़ बबली वहां छुपे हुए हैं अतः लुधियाना से भारी पुलिस फ़ोर्स वहां पहुंच गई । आतंकवादियों ने पुलिस पर फ़ायरिंग शुरू कर दी जिस पर पुलिस ने भी जवाबी फ़ायरिंग की,लेकिन कोई आतंकवादी पकड़ा न जा सका ।

तीस हज़ार रुपए लूटे

लुधियाना के फ़ोकल प्वाइंट क्षेत्र में आज दो स्कूटर सवार संदिग्ध आतंकवादी एक दलाल अशोक कुमार से तीस हज़ार रुपए लूट कर ले गए । खबरों में कहा गया है कि आतंकवादियों ने पिस्तौल दिखाकर दलाल को रोका तथा उसे नकदी वाला बैग उनके हवाले कर देने को कहा । बैग लेकर वे भाग जाने में सफल हो गए ।

भागने वाला सुखा नहीं था

खन्ना (पूर्ण): यहां से आठ किलोमीटर दूर स्थित गांव बडला कोटला में कल प्रातः लगभग छः बजे उग्रवादियों और पुलिस पार्टी में जो मुकाबला हुआ और जिसमें एक उग्रवादी बलजीत सिंह उर्फ़ टुंडा निनासी दकोहा जिला गुरदासपुर मारा गया और दूसरा भाग गया था, भाग गए उग्रवादी के संबंध में आज पता चला है कि वह सुखा सिपाही उर्फ़ जनरल लाभ सिंह नहीं, बल्कि सुखदेव सिंह उर्फ़ सुखा दूना फत्तेवाल है । पता चला है कि ये दोनों उग्रवादी आठ दिन से उक्त गांव में अमर सिंह के ट्यूबवैल पर ठहर रहे थे । उनका एक और साथी भी उनके साथ था । उनकी खन्ना में कोई वारदात करने की योजना थी । वारदात के लिए उनका तीसरा साथी अमृतसर से लेने के लिए गया हुआ था कि उसको पुलिस ने पकड़ लिया । उसके बताने पर ही अमृतसर की पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ अमृतसर के एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में खन्ना के गांव में अमर सिंह ने ट्यूबवैल पर छापा मारा,जहां बलजीत सिंह व सुखा दोनों उपस्थित थे । पुलिस को देखते ही दोनों उग्रवादी साथ वाले खेत में छिप गए । पुलिस ने गन्ने के खेत को घेर कर मोर्चा बना कर फ़ायरिंग शुरू कर दी । उग्रवादियों ने भी फ़ायरिंग की । अंततः बलजीत सिंह पुलिस की गोली से मारा गया । उसके कराहने की आवाज़ सुनकर जब पुलिस गन्ने के खेत में दाखिल हुई तो सुखदेव सिंह सुखा भाग जाने में सफल हो गया ।

फ़रार उग्रवादी की तलाश

उग्रवादी बलजीत सिंह के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद पुलिस ने कल खन्ना में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया । पुलिस भाग गए सुखा की आसपास के गांवों में तलाश कर रही है । अमृतसर पुलिस की फुर्ती से जहां उग्रवादी बलजीत सिंह मारा गया, वहीं नगर बारदात से बच गया ।

चंडीगढ़ व रोपड़ में छापे

चंडीगढ़ पुलिस तथा सी.आर.पी. ने आज चंडीगढ़ तथा जिला रोपड़ में छापे मारकर लगभग दस व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया । यह कार्रवाई बधवार को चंडीगढ़ में तीन छात्र आतंकवादियों की गिरफ्तारी तथा उनसे भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र बरामद होने के बाद की गई है ।

एक और शिक्षक की हत्या

मोगा से सर्वोमित्र के अनुसार फरीदकोट जिले के बड़ा कलां थाना क्षेत्र के तखानवाड़ ग्राम में दो उग्रवादियों ने 26 वर्षीय सविंदर सिंह उर्फ़ छिन्दा नामक स्कूल शिक्षक की उस समय गोली मार कर हत्या कर दी जब वह स्कूल जा रहा था । उसकी अभी हाल ही में शादी हुई थी । उग्रवादी उसका स्कूटर भी ले गये ।

अमृतसर के खेमकरण सैक्टर में बी.एस.एफ. ने 24 बंगलादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार कर लिए ।

नवांशहर पुलिस ने चार उग्रवादियों जसवंत सिंह, बलबीर सिंह, सतपाल सिंह, बख्तावर सिंह को दो पिस्तौलों, दो छीने गए स्कूटरों व एक मोपेड के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

ठेके के कर्मचारी घायल

फिरोज़पुर (धीमान): गत रात दस बजे के करीब थाना घाल के अन्तर्गत गांव तलवंडी भाई में तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने गोली चलाकर शराब के ठेके के कर्मचारियों राकेश कुमार और रामबहादुर को घायल कर दिया । दोनों घायलों को फरीदकोट अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है। तलवंडी भाई से मित्तल के अनुसार केवल एक व्यक्ति घायल हुआ,जिसका नाम नरेश कुमार है ।

पटियाला (भूषण): कुख्यात आतंकवादी पिपल सिंह के सहायक आतंकवादी अमरीक सिंह तथा पिपल सिंह की पत्नी बलबीर कौर, जिन्हें हाल ही में पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार किया था, का स्थानीय एग्ज़ीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट ने 30 सितम्बर तक न्यायिक रिमांड दे दिया । अमरीक सिंह 23 व्यक्तियों की हत्या में संलिप्त है,जिनमें जिला अमृतसर के जगदेव कलां गांव में एक समुदाय के



शुक्रवार को
अभिनेता बा
अनिकेत सेन

हत्या

कि हत्याकांड
जानकारी तत्
कहा कि आत
नहीं थी ।

राज्यपाल
पर गए तथा पी
अस्पताल गए त
कि आठ व्यक्ति
गया था और दू
गई लेकिन डाक्
बच जाएंगे ।
जाने का संदेह है
है जबकि दूसरे

राज्यपाल
हरकत' बताया
सभी मृतक व घ
हैं । उन्होंने क
आतंकवादियों
हुए । श्री रे ने
जगह पर एक क
वे भिड़ंतों में ह

पीड़ितों को स

आज यहां
हाऊस में हुई जि
सम्बोधित करते
की आबादियों उ
में आतंकवादियों
स्थानीय अधिक
शोकाकुल परि
नाकारा हुए लोग
जाएगी । सरक
गया और इसके
अधिकारियों में
उन्होंने मुझे क
को सात दिन के
दिलाया । राज्
सितम्बर के दौ
सफलता मिली

Punjab Sahara

पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भेज दिया है ।

एक घंटा फ़ायरिंग

लुधियाना से 'महिन्द्रा' ने खबर दी है कि कल रात थाना साहनेवाल के गांव छिंदड़ां में पुलिस और आतंकवादियों में ज़बरदस्त भिड़ंत हुई और दोनों तरफ से एक घंटे गोलियां चलती रहीं, परन्तु इसके बाद आतंकवादी भागने में सफल हो गए । बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स का तथाकथित जनरल स्वर्णजीत सिंह और उसका साथी रूपिंदर सिंह उर्फ़ बबली वहां छुपे हुए हैं, अतः लुधियाना से भारी पुलिस फ़ोर्स वहां पहुंच गई । आतंकवादियों ने पुलिस पर फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिस पर पुलिस ने भी जवाबी फ़ायरिंग की, लेकिन कोई आतंकवादी पकड़ा न जा सका ।

तीस हज़ार रुपए लूटे

लुधियाना के फ़ोकल प्वाइंट क्षेत्र में आज दो स्कूटर सवार संदिग्ध आतंकवादी एक दलाल अशोक कुमार से तीस हज़ार रुपए लूट कर ले गए । खबरों में कहा गया है कि आतंकवादियों ने पिस्तौल दिखाकर दलाल में रोका तथा उसे नकदी वाला बैग उनके हवाले करदेने को कहा । बैग लेकर वे भाग जाने में सफल होगए ।

भागने वाला सुखा नहीं था

खन्ना (पूर्ण): यहां से आठ किलोमीटर दूर स्थित गांव बडलाकोटला में कल प्रातः लगभग छः बजे उग्रवादियों और पुलिस पार्टी में जो मुकाबला हुआ और जिसमें एक उग्रवादी बलजीत सिंह उर्फ़ टुंडा निनासी दकोह जिला गुरदासपुर मारा गया और दूसरा भाग गया था, भाग गए उग्रवादी के संबंध में आज पता चला है कि वह सुखा सिपाही उर्फ़ जनरल लाभ सिंह नहीं, बल्कि सुखदेव सिंह उर्फ़ सुखा ढंगा फत्तेवाल है । पता चला है कि ये दोनों उग्रवादी आठ दिन से उक्त गांव में अमर सिंह के ट्यूबवेल पर रह रहे थे । उनका एक और साथी भी उनके साथ था । उनकी खन्ना में कोई वारदात करने की योजना थी । वारदात के लिए उनका तीसरा साथी अमृतसर शस्त्र लेने के लिए गया हुआ था कि अमृतसर में

गुमशुदा की तलाश



राज किशोर, 13 वर्ष, कद 4 (फुट) रंग गेहुंआ, हरे रंग की पैंट व सफेद शर्ट पहने है, गत 29 जुलाई से लापता है । सूचना देने वाले को किराए के अतिरिक्त 500/- ईनाम दिया जाएगा । राज किशोर घर लौट आओ, मां-बाप आपके वियोग में बहुत दुखी हैं ।

पता: श्री रामलल(ए.डी) द्वारा डा, हरिकृष्ण गुप्ता, चंदसर बस्ती, बीबी वाला रोड, भटिंडा (पं.)

चंडीगढ़ पुलिस तथा सी.आर.पी. ने आज चंडीगढ़ तथा जिला रोपड़ में छापे मारकर लगभग दस व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया । यह कार्रवाई बुधवार को चंडीगढ़ में तीन दुर्दांत आतंकवादियों की गिरफ्तारी तथा उनसे भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र बरामद होने के बाद की गई है ।

एक और शिक्षक की हत्या

मोगा से सर्वमित्र के अनुसार फरीदकोट जिले के बढ़ा कलां थाना क्षेत्र के तखानवाड़ ग्राम में दो उग्रवादियों ने 26 वर्षीय सविंदर सिंह उर्फ़ छिन्दा नामक स्कूल शिक्षक की उस समय गोली मार कर हत्या कर दी जब वह स्कूल जा रहा था । उसकी अभी हाल ही में शादी हुई थी । उग्रवादी उसका स्कूटर भी ले गये ।

अमृतसर के खेमकरण सैक्टर में बी.एस.एफ. ने 24 बंगलादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार कर लिए ।

नवांशहर पुलिस ने चार उग्रवादियों जसवंत सिंह, बलबीर सिंह, सतपाल सिंह, बख्तावर सिंह को दो पिस्तौलों, दो छीने गए स्कूटरों व एक मोपेड के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

ठेके के कर्मचारी घायल

फिरोजपुर (धीमान): गत रात दस बजे के करीब थाना घाल के अन्तर्गत गांव तलवंडी भाई में तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने गोली चलाकर शराब के ठेके के कर्मचारियों राकेश कुमार और रामबहादुर को घायल कर दिया । दोनों घायलों को फरीदकोट अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है। तलवंडी भाई से मित्तल के अनुसार केवल एक व्यक्ति घायल हुआ, जिसका नाम नरेश कुमार है ।

पटियाला (भूषण): कुख्यात आतंकवादी पिपल सिंह के सहायक आतंकवादी अमरीक सिंह तथा पिपल सिंह की पत्नी बलबीर कौर, जिन्हें हाल ही में पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार किया था, का स्थानीय एग्ज़ीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट ने 30 सितम्बर तक न्यायिक रिमांड दे दिया । अमरीक सिंह 23 व्यक्तियों की हत्या में संलिप्त है, जिनमें जिला अमृतसर के जगदेव कलां गांव में एक समुदाय के एक दर्जन व्यक्तियों की हत्या भी शामिल है ।

संगरूर : दो संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात यहां कालेज रोड स्थित गोविन्दपुरा बस्ती में गोली मार कर एक महिला की हत्या कर दी । यहां प्राप्त सूचनानुसार, हमलावर, सैंट्रल को-आप्रेटिव बैंक के अवकाश प्राप्त प्रबन्धक श्री प्रीतम सिंह के घर में घुस गए और उनकी पत्नी श्रीमती गुरनाम कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । उस समय वह घर में अकेली थी । हमलावर बाद में वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति का स्कूटर छीन कर उसी पर भाग गए ।

होशियारपुर से प्रद्युम्न के अनुसार एस.एस.पी. सुरेश अरोड़ा ने बताया कि सैदपुर दाता गांव का मुखविन्द्र सिंह एडवोकेट, जो सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन का भूतपूर्व सचिव है, को गिरफ्तार कर लिया गया था, अब उसे होशियारपुर पुलिस यहां ले आई है और उससे हैडकांस्टेबल स्वर्ण सिंह की हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है । यह उग्रवादी किसी समय फैडरेशन का बहुत महत्वपूर्ण नेता रहा है ।

PHARMACEUTICAL STOCKISTSHIP WITH PROPAGANDA RIGHT BLISTER PACK TABS/CAPS/OINTS

Offers invited from parties of good fi...

Punjabi Sahitani

पंजाब केसरी

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.

रविवार, 20 सितम्बर, 1987 तदनुसार, 4 आश्विन, 2044

कहा कि आतंकवादी उसे सड़क मार्ग से किसी स्थान पर ले जा रहे थे कि वह मथुरा के निकट आतंकवादियों के कब्जे से बच निकली । श्रीमती राव ने कहा कि उसे आतंकवादी गिरोह की एक महिला सदस्य ने बच निकलने में मदद दी । वह आटो रिक्शा से आज अपराह्न अपने घर लौटी ।

आतंकवादी गिरोह की में मदद इस शर्त पर का) नाम जाहिर नहीं

राष्ट्रीय सुरक्षा रा राव की पत्नी ने कहा उत्कल एक्सप्रैस द्वारा

उग्रवादियों द्वारा नवांशहर में अंधाधुंध फायरिंग : 5 व्यक्तियों की हत्या, 12 घायल

खडूर साहब में सुरक्षा बलों पर हमला करने वाला निहंग और एक उग्रवादी पुलिस भिड़ंत में मारा गया

गुरदासपुर में उग्रवादी शस्त्र छोड़ कर भागे : महिला की हत्या : दसूहा में अकाली नेता का पैट्रोल पंप लूटा

कुराली में आढ़ती के मुनीम की हत्या करके 60000 रुपए छीन लिए

चंडीगढ़, 19 सितम्बर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने जालंधर जिले के नवांशहर कस्बे में अंधाधुंध फायरिंग करके एक महिला सहित पांच लोगों की हत्या कर दी और 12 लोगों को घायल कर दिया, जिसके विरोध में वहां आज पूर्ण हड़ताल रही । इसके अलावा उग्रवादियों ने रोपड़ जिला के कुराली में एक आढ़ती के मुनीम की हत्या कर 60000 रु. लूट लिए, गुरदासपुर जिले के फतेहगढ़ चड़ियां के एक ग्राम में एक महिला की हत्या कर दी । सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में अमृतसर में एक उग्रवादी व एक निहंग मारे गए । गुरदासपुर में उग्रवादी साइकिल छोड़ कर भाग निकले । होशियारपुर के दसूहा में एक अकाली नेता का पैट्रोल पम्प लूट लिया गया ।

नवांशहर में पांच हत्याएं

जालंधर (ह.स., वार्ता, क. न.न.अ., अ.क., आदि): आज प्रातः जालंधर जिले के नवांशहर में दो स्कूटरों पर सवार उग्रवादियों ने रेलवे रोड से सलोह रोड के क्षेत्र में कई स्थानों पर अंधाधुंध फायरिंग करके नरेंद्र नाथ, धर्म सिंह, दर्शन सिंह, सरजीवन कुमार तथा बिन्दर (पत्नी बचन सिंह) की हत्या कर दी व सुरेन्द्र कुमार, रामस्वरूप, विनोद कुमार, सतपाल, दर्शन सिंह, दौलती राम, बख्शीश सिंह, सुशील कुमार, रछपाल सिंह, ज्ञान चंद, जोगराज, रामरतन, ओम प्रकाश को गंभीर रूप से घायल कर दिया जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार आज प्रातः 11.45 बजे हरे व नीले रंग के दो स्कूटरों पर सवार स्टेनगनों से लैस उग्रवादी नेहरू गेट से रेलवे रोड पर आए पर स्टेट बैंक आफ इंडिया के पास सी.आर.पी. को देखकर वापस लौटे । रास्ते में हाफिजनामियों की हलवाई की दुकान पर उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग की, इसके बाद अटैची केसों की एक दुकान पर फायरिंग की और फिर सलोह रोड पर आकर किरयाने की एक दुकान पर फायरिंग की । इस किरयाना विक्रेता की दो माह पूर्व ही शादी हुई थी । उग्रवादियों ने रास्ते में कई अन्य स्थानों पर भी फायरिंग की । इसके बाद वे सलोह ग्राम में गए व वहां बचन आदधर्मी के घर में घुस कर उसकी पत्नी बिन्दर की हत्या की । उग्रवादी वारसाद्दयां ग्राम के पास अपना स्कूटर पी.यू.एस. 8481 छोड़ कर वहां से किसी अन्य वाहन में सवार होकर फरार हो गए । घटना की खबर शहर में आग की तरह फैल गई जिससे हड़ताल हो गई और शहर में आतंक व तनाव व्याप्त हो गया । जालंधर के उपायुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डी.आई.जी., सी.आर.पी. के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया तथा मृतकों के परिजनों को बीस-बीस हजार व घायलों के परिजनों को दो-दो हजार रु. का अनुदान देने की घोषणा की । आई.जी. श्री गिल ने बताया कि इस घटना में लिप्त एक उग्रवादी की शिनाख्त हो गई है । इसमें तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के 'ए' श्रेणी के उग्रवादी हरबीर सिंह लाली के गिरोह का हाथ है । उग्रवादियों ने इस हत्याकांड में चीनी ए.के.-47 असाल्ट राइफलों का इस्तेमाल किया । घायलों को नवांशहर, लुधियाना, जालंधर व चंडीगढ़ के अस्पतालों में भर्ती कराया गया ।

एस.एच.ओ. निलम्बित

जिला जालंधर के पुलिस अधीक्षक श्री एस.एस. बैस ने ड्यूटी में कोताही के आरोप में नूरमहल के एस.एच.ओ. हरभिंद्र सिंह सहित तीन पुलिस अधिकारियों को मुअत्तिल कर दिया है । ए.एस.आई. जोगेंद्र सिंह और चौधरी मदन लाल को मुअत्तिल किया गया है ।

उग्रवादी गिरफ्तार

करतारपुर (देव): पुलिस ने थाना करतारपुर के गांव अमीया तोफ़ा से संदिग्ध उग्रवादी जसबन्त सिंह पुत्र महंगा सिंह को गिरफ्तार किया है । अभियुक्त को बाद में सी.आई.ए. स्टाफ जालन्धर के हवाले कर दिया गया ।

निहंग द्वारा हमला

अमृतसर (अशोक सोनी): आज तड़के जिला अमृतसर के थाना वैरोवाल के क्षेत्र में खडूर साहिब में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान एक डेरे में से सुरक्षा बलों पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने फायरिंग की, जिससे सी.आर.पी.एफ. का एक कांस्टेबल रणबीर सिंह (22) गोली लगने से घायल हो गया । इसी दौरान सरदूल सिंह नामक एक निहंग द्वारा अन्य सुरक्षा कर्मी के.बी. लोटे (33) पर किरपाण से हमला किया गया और उसे घायल कर दिया । निहंग तीसरे जवान रमेश चन्द्र पर किरपाण से हमला करने जा रहा था कि तीसरे जवान ने फायरिंग की, जिससे निहंग घटनास्थल पर ही मारा गया ।

तलवार चलाता निहंग मारा गया

इस घटना के सम्बन्ध में प्राप्त विवरणों के अनुसार कल तरनतारन में आतंकवादियों द्वारा की गई वारदातों, जिनमें चार स्कूल अध्यापक और एक पोस्ट मास्टर की उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी के सम्बन्ध में उग्रवादियों की खोज में तरनतारन उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में तलाशी अभियान चल रहा था । खडूर साहिब में भी सी.आर.पी.एफ. का तलाशी अभियान जारी था, जो चार बजे तक जारी था । लगभग साढ़े चार बजे जब सुरक्षा बलों ने खडूर साहिब में बाबा उत्तम सिंह के डेरे की तलाशी के लिए घेरा डाला था, तो 31 वर्षीय एक निहंग सरदूल सिंह ने सुरक्षा बलों के घेरे को तोड़कर जबरदस्ती डेरे के अन्दर घुसने की कोशिश की । सुरक्षा बलों द्वारा उसे अन्दर न घुसने देने पर सरदूल सिंह ने के.बी. लोटे नामक एक सुरक्षा कर्मी पर किरपाण से प्रहार किया तथा इसे घायल कर दिया । जब उसने कांस्टेबल राबचन्द्र पर फायरिंग करने की कोशिश की तो रमेश चन्द्र द्वारा आत्म रक्षा में चलाई गई गोली से सरदूल सिंह मारा गया । सुरक्षा बलों ने कुल पांच राऊंड गोलियां चलाईं, जबकि अज्ञात व्यक्ति ने सुरक्षा बलों पर दो राऊंड गोलियां चलाईं । सिपाही रणबीर सिंह के ऊपरि भाग में गोली लगी, जो पेट से आर-पार हो गई जबकि श्री लोटे की आंखों और कान के निकट घाव आए हैं ।

एक उग्रवादी मरा, साथी भाग निकला

आज तड़के थाना अजनाला के गांव कुकाला के क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया । पुलिस ने बताया है कि मुकाबला तब हुआ, जब सुरक्षा बलों ने स्कूटर पर सवार होकर जा रहे उग्रवादियों को रुकने का संकेत किया । उग्रवादियों ने रुकने की अपेक्षा सुरक्षा बलों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में एक उग्रवादी गुरबख्श सिंह मौके पर ही मारा गया, जबकि उसका साथी भाग निकला । उसके कब्जे से दो बोर की सिंगल बैरल बंदूक तथा 6 कारतूस बरामद किए गए हैं । गुरबख्श सिंह चोगावां गांव का रहने वाला था ।

उग्रवादी का बाप था

मृतक गुरबख्श सिंह 'बी' श्रेणी के कुख्यात उग्रवादी राज गुरबख्श सिंह का पिता है । सुरक्षा

(शेष पृष्ठ 10 पर)







आतंकवादियों द्वा का स्कूटर जो भाग

सूखे

नई दिल्ली, 19 सूखा और बाढ़ राह रुपए के नए कर 1987-88 के लि 220 करोड़ रुपए करोड़ रुपए की आ

वित्त सचिव ब बुलाई प्रैस कांफ्रैंस में ज्यादा आय वाले प्रतिशत अतिरिक्त केवल 1988-89 बाद खत्म हो जाएग

66000 तक

सरचार्ज 500 आय पर लगने वाले के वित्त विधेयक के काटने के बाद लेगे कुल आय वालों अर्थात् केंद्र सरका अधिकारी को आय

यह अधिभार 89 के लिए ही देय जाएगा । 5000 करदाताओं के अधि कम आय वाले कर नहीं पड़ेगा । अ 80% करदाता इस फैसले को वित्त विधे हुए एक अध्यादेश जा रहा है । ऐसा अधिक के सभी निग जा रहा है । 500 मतलब होगा कि 5

छोटी सी बात

रंगा



अब तो हमारा नारा 'गरीबी हटाओ' नहीं रह गया है बल्कि अब तो यह 'गद्दी बचाओ' हो गया है ।

सिख 22 को अरदास दिवस मनाएं, मुख्यग्रंथियों द्वारा आदेश जारी

अमृतसर, 19 सितम्बर (वि.प्र.): सिखों के चारों मुख्य ग्रंथियों ने आज एक 'आदेश' जारी किया कि 22 सितम्बर को सभी सिख 'अरदास दिवस' (प्रार्थना दिवस) मनाएं । मुख्य ग्रंथियों ने सिखों को निर्देश दिया है कि वे यह 'अरदास' करें कि सिख समुदाय में एकता कायम हो, उन पर दमन खत्म हो, उनको शांति मिले और उन्हें धर्मयुद्ध मोर्चे में सफलता मिले ।

सिख ग्रंथियों ने आदेश दिया है कि देश और विदेश के सभी गुरुद्वारों में 'जपजी साहिब' और 'चौपायी साहिब' का पाठ किया जाए ताकि सिख समुदाय की 'गरिमा' बनी रहे ।

अकाल तख्त के लैटर पैड पर हस्तलिखित इस आदेश पर मुख्य ग्रंथियों ज्ञानी सविदर सिंह, ज्ञानी जसबंत सिंह, ज्ञानी पूर्ण सिंह तथा ज्ञानी कश्मीर सिंह के हस्ताक्षर हैं । जब पत्रकारों ने मुख्य ग्रंथियों तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मध्य वर्तमान विवाद के बारे में प्रश्न पूछे तो मुख्य ग्रंथियों ने उस पर कोई भी टिप्पणी करने से साफ इंकार कर दिया । उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वे किसी भी मामले पर कोई भी प्रश्न न पूछें । मुख्यग्रंथियों ने गत दो दिनों में बंद कमरे में कई बैठकें की हैं ।

ज्ञानी कश्मीर सिंह का बयान

इसी बीच अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी कश्मीर सिंह ने इन आरोपों का खंडन किया है कि उनके घर पर दिल्ली एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष श्री हरचरण सिंह, शिरोमणि कमेटी के सचिव श्री मल सिंह घुम्मन तथा कार्यकारिणी के सदस्य श्री शिव सिंह खुशीपुर की हत्या का षड्यंत्र रचा गया था । यह आरोप कल श्री हरचरण सिंह ने एक पत्रकार सम्मेलन में लगाया था । उन्होंने कहा था कि यह षड्यंत्र इसलिए रचा गया क्योंकि उन्होंने मुख्यग्रंथियों द्वारा सिखों को आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए दिए गए आह्वान की आलोचना की थी ।

इन आरोपों पर सख्त आपत्ति करते हुए ज्ञानी कश्मीर सिंह ने कहा कि उनकी श्री हरचरण सिंह से कोई निजी शत्रुता नहीं है लेकिन कहा कि जो कोई भी अकाल तख्त की अथारिटी को चुनौती देता है, उसके विरुद्ध सिख परम्पराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जा सकती है । उन्होंने कहा कि श्री हरचरण सिंह ने शिरोमणि कमेटी के जिन सदस्यों के नाम लिए हैं, उन्होंने मुख्यग्रंथियों के साथ एक बैठक की थी जिसमें कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री हरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष श्री उजागर सिंह रंगरेटा तथा शिव सिंह खुशीपुर उपस्थित थे । ज्ञानी कश्मीर सिंह ने संदेह व्यक्त किया कि श्री हरचरण सिंह ने मुख्यग्रंथियों को बदनाम करने के लिए एक साजिश के अंतर्गत उक्त बयान दिया था ।

बोफ़ोर्स ने विन चड्ढा की कम्पनी को 0

Punjabi Content

पैंतीस वर्षीया श्रीमती राव ने कहा कि आतंकवादी गिरोह की महिला सदस्य ने उसे भागने में मदद इस शर्त पर दी कि उसका (महिला सदस्य का) नाम ज़ाहिर नहीं किया जाएगा ।

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के एक अधिकारी बी.पी. राव की पत्नी ने कहा कि वह मथुरा रेलवे स्टेशन से उत्कल एक्सप्रैस द्वारा आज अपराह्न दिल्ली पहुंची

सितम्बर को एन.सी.ई.आर.टी. के अरविंद मार्ग स्थित कार्यालय ले जाना था । पति के समय पर नहीं पहुंचने पर वह आटोरिक्शा करके स्वयं चली गई । घर लौट रही थी तो आटो रिक्शा खराब हो गया । वह आटो रिक्शा से उतर पर दूसरे किसी वाहन का इंतज़ार कर रही थी कि सफ़ेद रंग की एम्बैसेडर कार पास आकर रुकी । कार में से एक व्यक्ति

ठिठक गई । तभी कार सवारों ने पिस्तौल से डरा कर मुझे कार में खींच लिया । कार के गति पकड़ते ही उन लोगों ने मेरे मुंह पर कोई पाऊडर-सा डाला और मैं बेहोश हो गई ।

श्रीमती निर्मला राव ने कहा कि जब उन्हें होश आई तो उन्होंने अपने को हथियारों और गोली-सिक्के से भरे कमरे में पाया । उन्हें कमरे में

भागने में मदद दी । उसके बांधे हुए और उसके पहने हुए ज़ेवरों को किसी ने नहीं छुआ ।

निर्मला ने, जिसे उसके पति ने थामा हुआ था, कहा, "वे लोग मुझे मार डालते !"

निर्मला राव के लौटने का समाचार पाते ही पुलिस वरिष्ठ अधिकारी उसके घर पहुंच गए और

(शेष पृष्ठ 10 पर)



आतंकवादियों द्वारा नवांशहर में की गई अंधाधुंध फायरिंग में (1-5) मरने वालों के शव, (6-10) वे लोग जो घायल हो गये, (11) दुकान के शटर पर गोलियों के निशान, (12) आतंकवादियों का स्कूटर जो भागते हुये छोड़ गए,
(फोटो : अशोक कौड़ा)

Punjabi Sahatari

सूखे से निपटने के लिए 550 करोड़ के नये कर

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (वार्ता): सरकार ने सूखा और बाढ़ राहत कार्यों के लिए 550 करोड़ रुपए के नए कर लगाए हैं । ये कर वित्त वर्ष 1987-88 के लिए ही लागू होंगे । प्रत्यक्ष करों से 220 करोड़ रुपए और कस्टम ड्यूटियों से 250 करोड़ रुपए की आय होगी ।

तकरीबन सभी लघु औद्योगिक इकाइयां इस अतिरिक्त अधिभार से मुक्त रहेंगी । इसे भी एक वर्ष की अवधि के लिए ही लागू किया जा रहा है तथा अध्यादेश के जरिए प्रभावी होगा । इसके साथ ही सम्पत्ति कर पर 1988-89 के मूल्यांकन वर्ष के लिए दस प्रतिशत का अधिभार लगाया गया है ।

इसके कार्यान्वयन के लिए उपयुक्त विधाई उपाय शीघ्र उठाए जाएंगे ।

कच्चे पैट्रोल पदार्थ तथा वर्तमान में पूरक शुल्क से मुक्त सभी वस्तुओं को छोड़ कर सभी आयात पर स्थित मूल्य (एड बेलोरम) पांच प्रतिशत का अधिभार लगाया गया है । इससे मुक्त वस्तुओं में

खाद्य तेल, उर्वरक, जीवन रक्षक दवाएं तथा कुछ मूलभूत रसायन आदि शामिल हैं । सरकार यदि आवश्यक समझे तो वह अन्य सामग्रियों को भी इससे मुक्त रख सकेगी । घरेलू, विमान किरायों तथा रेलों के वातानुकूलित और प्रथम श्रेणी के रेल किरायों में भी दस प्रतिशत का अधिभार लगाया गया है । इस

नवांशहर में हत्यायें

(पृष्ठ 9 का शेष)

बलों के साथ मुकाबले में अपने बाप के मारे जाने के बाद राज गुरबख्श सिंह भाग निकला ।

जिला अमृतसर के पुलिस अधीक्षक श्री इज़हार आलम ने बताया है कि राज गुरबख्श सिंह हाल ही में पुलिस की हिरासत से भाग गया था ।

मुकाबले में मरे उग्रवादी की शिनाख्त

बाबा बकाला से प्रेम मेहरा के अनुसार खडूर साहिब के निकट हुए मुकाबले में मारे गए उग्रवादी का नाम सरदूल सिंह था जबकि दो पुलिस कर्मचारी घायल हुए हैं । उनके नाम मनबीर सिंह और के.बी. लोटे हैं, घायलों को अमृतसर के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

धर्मस्थलों पर छापे

पुलिस ने उग्रवादियों की तलाश में आज तड़के नगर के और नगर के बाहर स्थित दस छोटे धर्मस्थलों पर छापे मारे ताकि उग्रवादियों को गिरफ्तार किया जा सके । पुलिस के अनुसार दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया था, लेकिन 5-6 के अतिरिक्त सभी को रिहा कर दिया गया है । धार्मिक स्थलों विवेकसर और रामसर पर छापे मारे गए ।

चार अध्यापकों की अंत्येष्टि

जिला अमृतसर में तरनतारन, संघे और भुल्लर गांवों में आज चार स्कूल अध्यापकों सर्वश्री कुलदीप राय, सुरेंद्र मोहन, सुरेंद्र कुमार और बलराम गुप्ता, जिनकी कल उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, की अंत्येष्टि कर दी गई । इस अवसर पर भारी संख्या में अध्यापक, छात्र एवं ग्रामीण उपस्थित थे । जिला अमृतसर टीचर्स यूनियन ने नृशंस हत्याओं की कड़ी भर्त्सना की है और सोमवार को अमृतसर में जिले के अध्यापकों की रैली करने का निर्णय किया है । सोमवार को उन्होंने सभी स्कूलों में हड़ताल करने का निर्णय किया है ।

उग्रवादी शस्त्र छोड़ कर भागे

गुरदासपुर से विनोद ने खबर दी है कि कल रात थाना हरगोबिन्दपुर के गांव तलवाड़ा के निकट पुलिस के साथ भिड़ंत के बाद दो आतंकवादी अपने हथियार और साइकल छोड़ कर भागने में सफल हो गए । एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि गांव तलवाड़ा के पास पुलिस का एक ए.एस.आई. और एक सिपाही गश्त कर रहे थे कि दो साइकल सवार आते दिखाई दिए । दोनों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाब में कुछ फायर किए । वे साइकल छोड़कर भाग निकले । साइकल पर लटके दो बैग पुलिस ने बरामद किए । उनमें से दो कटी हुई दुनाली बंदूकें, एक कटी हुई 315 बोर की राइफल, एक 303 का पिस्तौल और 60 कारतूस बरामद किए गए ।

खतरनाक उग्रवादी गुरदासपुर में घुस आए हैं !

बटाला (कोछड़): जिला अमृतसर और जिला गुरदासपुर में गत कुछ दिनों से आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियां पुनः तेज़ कर दी हैं । पुलिस व सुरक्षा बलों के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कुछ खतरनाक व खूंखार आतंकवादी आधुनिक तथा विदेशी हथियारों के साथ जिला गुरदासपुर क्षेत्र में आ गए हैं और वे किसी भी क्षण कोई हिंसक घटना कर सकते हैं । इन्हीं सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने पंथक कमेटी के सदस्य बस्सन सिंह के साथी बलदेव सिंह को पकड़ा है, और उससे पूछताछ के दौरान रहस्योद्घाटन हुआ है कि एक खतरनाक आतंकवादी बाबा हरिसिंह उर्फ सुखविंदर सिंह सुक्खा उर्फ ओधी राम भारी संख्या में हथियारों सहित इस क्षेत्र में आया हुआ है, जिसके सिर पर एक लाख का इनाम है । इसका असली नाम भी अभी तक ज्ञात नहीं । यह भेस बदलने में माहिर है । वह हिंसक कार्रवाइयों में सक्रियता से लग गया हुआ है ।

खोज अभियान शुरू

बताया जाता है कि इस क्षेत्र में किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अधिक सतर्कता बरती जा रही है और इन खतरनाक आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बी.एस.एफ. और पंजाब पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में खोजबीन शुरू कर दी है । नाकाबंदी करके छापे मारे जा रहे हैं । वाहनों की जांच के भी कड़े आदेश दिए गए हैं ।

स्त्री की हत्या

बटाला के चौधरी के अनुसार आज सायं लगभग 6 बजे दो उग्रवादियों, जो मोटर साइकल पर सवार थे, ने फतेहगढ़ चूड़ियां के निकटवर्ती गांव सारचूहड़ के फ़ोकल प्वायंट में एक घर में घुसकर एक स्त्री पर अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिससे सुरेन्द्र कौर नामक यह स्त्री मौके पर ही मारी गई।उसकी आयु लगभग 24-25 वर्ष थी । उग्रवादी मोटर साइकल पर फ़रार हो गए ।

हत्या करके लूट लिया

खरड़ (शशि जैन): दो अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात सुदर्शन कुमार नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उसके पास से हजारों रुपए छीन कर भाग गए । जिस समय उसकी हत्या की गई,वह अपने स्कूटर पर कुराली की ओर जा रहा था । सुदर्शन कुमार कुराली की एक प्रमुख व्यापारिक फर्म का कर्मचारी था,जो कि खरड़ तथा अन्य शहरों में माल क्रैडिट पर सप्लाई करता है । वह कल शाम छः बजे तक खरड़ से पैसे वसूल करता रहा तथा हजारों रुपए लेकर कुराली वापस जा रहा था । इस हत्या के विरुद्ध रोष-स्वरूप आज खरड़ तथा कुराली के व्यापारियों ने पूर्ण हड़ताल की । यहां तक कि चाय विक्रेता तथा सब्ज़ी वाले भी हड़ताल पर रहे ।

अंत्येष्टि सम्पन्न

आज कुराली में श्री सुदर्शन कुमार की अंत्येष्टि कर दी गई । विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने मांग की है कि सरकार निर्दोष व्यक्तियों के जान-माल की रक्षा के लिए तुरन्त कदम उठाए । कुराली पुलिस ने केस रजिस्टर करके जांच शुरू कर दी है ।

अकाली नेता का पैट्रोल पम्प लूटा

होशियारपुर से अश्विनी, प्रद्युम्न की सूचना है कि यहां से 40 किलो मीटर दूर दसूहा के निकट स्कूटर पर सवार उग्रवादी ने कल रात साढ़े छः बजे के लगभग चीमा फिलिंग स्टेशन से 4942 रुपए लूट कर फरार हो गए । यह पैट्रोल पम्प अकाली नेता श्री सम्पूर्ण सिंह चीमा का है । श्री चीमा ने बताया कि वह किसी केस में जिलाधीश होशियारपुर को मिलने गए थे और पैट्रोल पम्प पर अपने दो कारिंदे गुरदेव चन्द और राजेन्द्र सिंह को छोड़ गए थे । बताया गया है कि वह दोनों एक गाड़ी में पैट्रोल डालने के बाद अन्दर गए कि उनके पीछे दो उग्रवादी अन्दर आ गए । उनमें से एक ने पिस्तौल तान कैश बाक्स की चाबियां मांगीं । दोनों कारिंदों ने थैले की ओर संकेत किया जिस पर उन्होंने चाबियां निकाल कर 4942 रुपए कैश बाक्स से निकाल लिए ।

कर्मचारी साथ ले गए थे

उन्होंने बताया कि दूसरा कारिंदा राजेन्द्र सिंह बाहर ही खड़ा रहा । दोनों उग्रवादी रुपया लूटकर दरवाजा बंद करने के बाद राजेन्द्र सिंह को अपने साथ लेकर चल पड़े । लगभग 500 गज की दूरी पर जाकर राजेन्द्र सिंह को छोड़ दिया और वहां खड़े एक स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गए । आश्चर्य की बात यह है कि उस वक्त पैट्रोल पम्प पर 40 के लगभग ट्रक खड़े थे और दो बसें भी वहां से गुजरी थीं । मगर डर के मारे लोग दुबके बैठे रहे ।

उग्रवादी गिरफ्तार

जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि मुकेरियां पुलिस ने उग्रवादी महंगा सिंह को गिरफ्तार किया है, जो गांव लड़ोआ का रहने वाला है । उसे आतंकवाद निरोधक कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया है । वह खालिस्तान रिजर्व फोर्स का सदस्य था । वह मुकाबले में मारे गए बघेल सिंह का निकटतम साथी था । वह मुकेरियां क्षेत्र में बसों को आग लगाने की कई घटनाओं में वांछित था ।

फायरिंग से एक मरा

बस्सी पठानां से रूसाल ने सूचना दी है कि कल सायं यहां से पांच किलो मीटर दूर घुमंडगढ़-रूसालहेड़ी सड़क पर स्थित गांव बहेड़ के निकट स्कूटर पर सवार दो अज्ञात लोगों ने गांव जगतपुरा के एक संत सुखदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । कहा जाता है कि संत मोपेड पर सवार होकर अपने साथी सहित बस्सी पठानां से गांव की ओर जा रहा था कि पीछा कर रहे दो स्कूटर सवारों ने बराबर आकर बिल्कुल निकट से उस पर गोलियां चलाईं, जिनमें से एक उसके सिर में लगी जबकि उसके साथी ने दौड़ते हुए खेत में छिपकर जान बचाई । मरने वाले की आयु 30 वर्ष थी और उसने शादी नहीं करवाई थी । यह भी चर्चा सुनने में आई है कि उसका सम्बन्ध उग्रवादी संगठन से रहाहै। कहा जाता है कि उसकी जमीन के बारे में भी एक सम्बन्धी से दुश्मनी चल रही थी । पुलिस ने सूचना पाकर मिनटों में सारे क्षेत्र को घेरे में ले लिया और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

पाक घुसपैठी मारा गया

गुरहरसहाय (भंडारी): आज प्रातः लगभग पौने पांच बजे यहां से 12 किलोमीटर दूर भारत-पाक सीमा पर बहादरके चौकी के निकट बी.एस.एफ. के साथ मुकाबले में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया, जबकि दूसरा फरार हो गया । उसके कब्जे से 13 किलो अफीम व दो जीवित कारतूस बरामद किए गए हैं ।

जासूसों की शिनाख्त

फिरोज़पुर (बागी): बुधवार की रात्रि को ममदोट क्षेत्र में जालोकी सीमा के निकट पाकिस्तान में घुसने की कोशिश करते हुए पाकिस्तान के लिए काम कर रहे दो अज्ञात जासूस बी.एस.एफ. की फ़ायरिंग से मारे गए थे, अधिकारियों ने उनकी शिनाख्त कर ली है । एक गांव लखोकी थाना ममदोट जिला फिरोज़पुर का जगजीत सिंह और दूसरा कपूरथला का अजीत सिंह था, जो पाक जासूसों के रूप में काम करते थे और भारतीय सेना के सम्बन्ध में सूचनाएं एकत्रित करते थे । इंटैलीजैंस की सूचनाओं में कहा गया है कि बी.एस.एफ. ने उनके कब्ज़े से भारतीय सेना के कई गुप्त दस्तावेज़

मवय मांझी ब्रावयाली

सगर्व नीचे लिखे वीडियो एवं आडियो कैसेट नम्बर पेश करते हैं

कैसेट नं. :

SSG 101 यात्रा श्री हेमकुण्ट साहिब, कार सेवा अमृतसर एवं शब्द कीर्तन (9 प्रमुख रागी)

SSG 102 जीवन कथा श्री गुरु नानक देव जी एवं शब्द गुरवाणी

SSG 103 प्रमुख रागियों द्वारा गाये 19 शब्द

SSG 104 प्रमुख रागियों द्वारा गाये 19 शब्द

SSG 105 'यात्रा श्री हजूर साहिब एवं प्रमुख रागियों द्वारा गाये 11 शब्द

SSG 106 प्रमुख रागियों द्वारा गाये 12 शब्द

1299 (आडियो) रागी भाई बलबिंद्र सिंह (रंगीला) को बनजारो राम को (कथा भगत रविदास जी)

1604-कलसी नगर,
ढोलेवाल चौक, लुधियाना,
फोन-37838.

Tealaw The right choice

25 Tealaw years of commitment to the consumer

भंडार नियंत्रक, हिमाचल प्रदेश
शिमला–171002
अल्प निविदा सूचना नम्बर–9/1987-88 (एस.पी.)

निम्नलिखित स्टोर्ज़ की आपूर्ति के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर मोहरबंद निविदाएं भंडार नियंत्रक, हिमाचल प्रदेश, निगम विहार, शिमला–171002 द्वारा प्रत्येक आइटम के सामने लिखी तिथि को सुबह 11.30 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और ये उसी तिथि को दोपहर 12 बजे खोली जाएंगी । यदि अंतिम तिथि को अवकाश दिवस आ जाता है, तब निविदाएं अगले कार्यदिवस को प्राप्त की जाएंगी और खोली जाएंगी ।

नीचे दिया गया ब्यौरा संक्षेप में है । पूर्ण विवरण और निविदा पत्रक भंडार नियंत्रक से किसी कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से अप. 1.30 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं । निविदाएं निर्धारित तिथियों को केवल सुबह 11 बजे तक बेची जाएंगी ।

निविदा पत्रक का मूल्य, जो प्रतिदेय नहीं है, 25 रुपए प्रति निविदा सैट है, जो कैश या मनीआर्डर द्वारा देय है ।

क्र.	कोड नं.	विवरण (इनके लिए रेट कंट्रैक्ट)	खुलने की तिथि
1.	एम–54	बी-हाइव्स और बी–कीपिंग असैसरीज़	12.10.87

मूल्य वरीयता 17½% हिमाचल प्रदेश में कुटीर और लघु उद्योगों को और 5% मध्यम और बड़े उद्योगों को दी जा सकती है, जहां हिमाचल प्रदेश के उद्योग विभाग से ताज़ा ग्राह्यता प्रमाण पत्र उपलब्ध किया जाता है ।

राज्य भंडार क्रय संगठन के पास या महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान/राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के पास पंजीकृत सभी औद्योगिक इकाइयों को निविदा पत्रक, उद्योग विभाग का स्थायी पंजीयन प्रमाण पत्र और औद्योगिक इकाई के रूप में पहचान प्रमाण



हर माह 21-3 तक अम्बाला शहर में
सुस्त, मायूस मर्द ज़बरदस्त इलाज के लिये मिलें

डा. आनन्द क्लीनिक
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

डा. साहब के इलाज से हज़ारों निराश स्त्री-पुरुष सफल जीवन व्यतीत कर रहे हैं

निराश क्यों ? खुशियां ही खुशियां !!

Punjabi Sanchi







...गों की हत्या के विरुद्ध तथा आतंकवादियों द्वारा मारे गये ...व हिन्दू परिषद की ओर से अमृतसर में 21-रामचरित ...क दृश्य । (छाया : ओम भंडारी)

उग्रवादियों द्वारा 2 पुजारियों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या

पड़ोसी की मदद करने आए व्यक्ति को लूटने के बाद आतंकवादियों ने मार डाला

छत और गली में सोये लोगों को भी न बख्शा

चंडीगढ़, 20 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में उग्रवादियों द्वारा निर्दोषों की हत्याओं और लूटमार का दौर आज भी जारी रहा । उग्रवादियों ने गत रात्रि मालेरकोटला क्षेत्र में 2 पुजारियों की हत्या कर दी, जबकि जिला अमृतसर में 4 व्यक्तियों की हत्या करके 4 अन्य को घायल कर दिया। जि.अमृतसर के एक गांव में एक व्यक्ति और बाप-बेटा उस समय सोए हुए थे, जब उग्रवादियों ने उनकी हत्या की । उग्रवादी थाना करतारपुर के एक गांव से एक व्यक्ति की बंदूक उठा ले गए ।

2 पुजारियों की हत्या

धूरी से सिंगल ने खबर दी है कि यहां से 12 किलोमीटर दूर गांव मानवी में कल एक मंदिर में जो डेरा काली माई मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है, अज्ञात आतंकवादियों ने 2 पुजारियों इंद्र दास और जोध राम की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस मंदिर के तीसरे पुजारी संत वरयाम दास ने बताया कि वह कल प्रातः लगभग साढ़े 11 बजे जब गांव से मंदिर में आया तो एक पुजारी रसोई में मरा पड़ा था और दूसरा एक तख्तपोश पर, तथा दोनों की छाती में एक-एक गोली लगी थी । दोनों लाशों का अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

स्कूटर छीन ले गये

वहीद के अनुसार नाभा रोड पर गांव बागड़ियां के निकट 2 आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक युवक से उसका स्कूटर छीन लिया और फ़रार हो गये । इस बारे भी थाने में केस दर्ज करा दिया गया है ।

4 निर्दोषों की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी, वार्ता): जिला अमृतसर में निरन्तर तीसरे दिन अर्थात विगत रात्रि भी उग्रवादियों ने अपने आतंक का बाजार गर्म रखा, जब तीन विभिन्न गांवों में गोलियों के खेल से चार निरपराध व्यक्तियों की जानें लीं और चार अन्य, जिनमें एक महिला भी शामिल है, को गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

हत्या कर दी, बंदूक ले गए

जिला मुख्यालय में पहुंची सूचनाओं के अनुसार रात्रि लगभग 10.30 बजे जिला अमृतसर के गांव मैहसमपुरा थाना मैहता में लगभग 7 व्यक्ति गुरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुसे और पिस्तौल की नोक पर उसका 12 बोर की लायसैंस वाली दुनाली बंदूक ले गये । उसके उपरांत यही सातों आतंकवादी चरण सिंह नाम के व्यक्ति के घर में बलात् घुसे और चरण सिंह की हत्या कर दी । हत्या के बाद सातों उग्रवादी भाग निकलने में सफल हो गये । एक सूचना के अनुसार मैहसमपुरा में 3 व्यक्ति घायल हो गये ।

सोए व्यक्ति की हत्या, 4 घायल

दूसरी घटना जिला अमृतसर के गांव मोरचियां ब्राह्मणां थाना जंडियाला में हुई,जबकि लगभग अर्ध रात्रि को तीन सशस्त्र उग्रवादी इंद्रजीत नामक एक व्यक्ति के घर में घुसे और सोए हुए इंद्रजीत नामक व्यक्ति पर फ़ायरिंग की, जिससे वह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया । गोलियों की आवाज़ सुन कर घर के शेष सदस्य जब गिड़गिड़ाने लगे तो आतंकवादियों ने निर्दयतापूर्वक महिला आशा रानी सहित घर के चार सदस्यों को गोलियां मार कर घायल कर दिया । इससे देसराज, अनिल कुमार और बिशम्भर दास गोलियां लगने से घायल हो गए, जिन्हें अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । घायलों की हालत खतरे से बाहर है ।

बताया जाता है कि इन्द्रजीत कुमार मार्क्सी कम्युनिस्ट पार्टी की ग्रामीण शाखा का एक सदस्य था ।

बाप-बेटे की हत्या

थाना वैरोवाल के गांव मियांविंड में आतंकवादियों के शिकार बाप व बेटा बने, जब रात्रि लगभग 12.30 बजे तीन सशस्त्र आतंकवादी चरणदास नामक व्यक्ति के घर में घुसे और सोए हुए वृद्ध चरणदास (75) और उसके युवा पुत्र तरसेम कुमार की फ़ायरिंग करके हत्या कर दी । हत्याएं करने के बाद उग्रवादी भाग निकले । गांव मियांविंड में उग्रवादियों की फ़ायरिंग से 2 व्यक्ति घायल भी हो गये ।

घर के बाहर सोए हुये थे

एक सूचना के अनुसार गांव मियांविंड और मोरचियां ब्राह्मणां में तीन आतंकवादियों के गिरोह ने रक्तपात किया । उन्होंने छज्जों पर और मकानों

(शेष पृष्ठ 8 पर)







जिला अमृतसर के थाना वैरोवाल के गांव मियांविंड में शनिवार की रात्रि को उग्रवादियों की गोलियों का शिकार बने (1) चरण दास और उसके बेटे तरसेम लाल की हत्या पर विलाप करता हुआ उसका परिवार, (2) भोरचियां ब्राह्मणां में उग्रवादियों द्वारा मारे गए इंद्रजीत का परिवार विलाप करता हुआ, (3) भोरचियां ब्राह्मणां गांव में ही उग्रवादियों के हाथों घायल अरुण कुमार और उसके पिता के घर के बाहर लगी वह सीढ़ी, जिस द्वारा उग्रवादी छत पर चढ़े । (छाया : मेहरा)

...रोड़ का काला धन बनता है : वी.पी.

...ने आज ...कया कि ...रित माप ...र अगर ...ई की गई ... नोबल ... किया है ...कए गए ...तिरिक्त ...ी जनता को बताएं कि क्या जब सौदा किया गया तब कम्पनी के पास गोले के अतिरिक्त पुर्जे तैयार थे ।

श्री सिंह ने कहा कि अगर गोले और पुर्जे ही नहीं हैं तो सैंकड़ों करोड़ रुपयों के इस सौदे का क्या लाभ है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देशवासियों को यह भी बताए कि क्या भारत सरकार ने बोफोर्स से उनके द्वारा दी गई दलाली वापस करने के लिए कहा है ।

उन्होंने कहा कि पश्चिम जर्मनी से पनडब्बियों के सौदे में सात प्रतिशत कमीशन दिया जाने की बातें हमें अपने राजदूत ने टेलेक्स द्वारा छः महीने पूर्व ही बता दी थी । मगर प्रधानमंत्री ने उस पर आज तक कोई कारवाई नहीं की ।

काले झंडे

अपने आगमन पर काले झंडों का प्रदर्शन करने वाले इंका कार्यकर्त्ताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब तो सब जानते हैं कि दाल में कुछ काला है । इस तरह काले झंडे दिखाने से कालेधन का कालापन धुलने वाला नहीं है ।

तरनतारन में शहीद अध्यापक जो कुछ दिनों में मैजिस्ट्रेट बनने वाला था

अमृतसर, 20 सितम्बर (भाटिया): तरनतारन सबडिवीजन में पिछले दिनों जो चार अध्यापक उग्रवादियों के हाथों शहीद हुये हैं उनमें एक अध्यापक श्री एस.के. भुल्लर ने पी.सी.एस. का इम्तहान पास कर लिया था तथा वह चंद ही दिनों के बाद ही मैजिस्ट्रेट लगने वाला था । लेकिन वाह री किस्मत शहीद भुल्लर और उसके परिवार के तमाम सपने धरे के धरे रह गये ।

...आतंकवादियों को कुछ ही ...र सकते हैं : सुब्रह्मण्यम

...र.पी. के ...हां एक ...ाब में ...इसलिए ... की जा ...ा गलत ...बलों में ...क है । ...जाब में ...ों मारा, ...कि यदि ... हमला ...फायरिंग कारण बंधे हुए हैं । केंद्र का निर्देश है कि हम परिसर के अंदर न जाएं । यदि अनुमति मिल जाए तो कुछ दिनों में ही इनका सफाया किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि मेरी कमान में सी.आर.पी. के जो सिख युवक काम कर रहे हैं, वे ड्यूटी के पाबंद और देश के वफ़ादार हैं । सी.आर.पी. में हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोग शामिल हैं ।

दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन मरे चार घायल

फाजिल्का, 20 सितम्बर (लूना): गत रात्रि दो विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई । फाजिल्का-मुक्तसर रोड पर [illegible]

गवाही सम्बन्धी 'काले कानून' के विरुद्ध 28 को अकाली दल (ल) के प्रदर्शन और धरने

Punjabi Sanatani

किया
श्वास

ि जाने वाले कई
ड टाल गए

बाव डाला गया है । उन्होंने
कई पत्र मिले थे, और हमने यह
प्रति स्पष्ट कर दें । लेकिन जब
ह के प्रमाण देने पर और विवाद
ने यह सिलसिला रोक दिया ।
इस भेंट वार्ता के दौरान स्वीडी
ारियों के चेहरे का मनोभाव
ी बेचैनी के चिन्ह उभरते तो
ड़त के । जब उनसे यह सीधा
जिन लोगों को दलाली दी गई
म्बर और उनकी कम्पनियों के
उनकी बेचैनी देखने लायक
ी साध लेते, उनमें से कोई एक
त उलझन में पड़ जाता तो वे
ा में सलाह मशविरा करते ।
र कुछ भी कहने से इन्कार कर
ाना यह था कि संयुक्त संसदीय
गई बातें प्रकट न करने के लिए

और उनकी कम्पनी ऐनाट्रा
ाथ बोफोर्स के सम्बन्ध के बारे
श्री गोथलीन ने बताया कि
5 तक वह (चड्ढा) उनके
में नियुक्त था । 1985 में
पृष्ठ 8 पर)



पंजाब में एक ही समुदाय के निर्दोष लोगों की हत्या के विरुद्ध तथा आतंकवादियों द्वारा मारे गये लोगों की आत्मिक शांति के लिये विश्व हिन्दू परिषद की ओर से अमृतसर में 21-रामचरित मानस के सामूहिक अखंड पाठ का एक दृश्य । (छाया : ओम भंडारी)

उ
स

पड़ोस

छट

चंडीगढ़
उग्रवादियों द्वा
का दौर आज
मालेरकोटला
जबकि जिल
करके 4 अन्य
एक गांव में
सोए हुए थे,
उग्रवादी थाना
की बंदूक उठा

2 पुजारियों

धुरी से
किलोमीटर
डेरा काली मा
आतंकवादियों
की गोलियां
तीसरे पुजारी
प्रातः लगभग
आया तो एक
दूसरा एक
एक-एक गोली
में पोस्टमार्टम
करके जांच

ं हर वर्ष 40000 करोड़ का काला धन बनता है

म्बर (वार्ता): पूर्व केंद्रीय मंत्री
ने कहा कि देश में चालीस
काला धन प्रति वर्ष बनता है
ाने वालों के खिलाफ कोई
ी क्योंकि इसी काले धन से
सभा के चुनाव लड़े जाते हैं ।
तीस कि.मी. दूर भिलाई नगर
एक आम सभा में बोलते हुए
थी दलों से आग्रह किया कि वे
कर देश से भ्रष्टाचार मिटाने
एवं अखंडता के लिए काम
इस्पात संयंत्र के श्रमिकों से
में भागीदारी के लिए आंदोलन
न करेंगे ।

भोपाल : श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज यहां प्रधानमंत्री राजीव गांधी से सवाल किया कि बोफोर्स कम्पनी ने होवित्जर तोपों के निर्धारित माप दंड वाले गोले सप्लाई किए हैं अथवा नहीं और अगर नहीं किए हैं तो उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है । उन्होंने कहा कि स्वीडिश कम्पनी नोबल इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष ने हाल ही में स्वीकार किया है कि भारत सरकार द्वारा तोपों के लिए किए गए भुगतान की आधी धन राशि गोलों तथा अतिरिक्त पर्जों के लिए थी । श्री राजीव गांधी देश की जनता को बताएं कि क्या जब सौदा किया गया तब कम्पनी के पास गोले के अतिरिक्त पुर्जे तैयार थे ।

श्री सिंह ने कहा कि अगर गोले और पुर्जे ही नहीं हैं तो सैंकड़ों करोड़ रुपयों के इस सौदे का क्या लाभ है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देशवासियों को यह भी बताए कि क्या भारत सरकार ने बोफोर्स से उनके द्वारा दी गई दलाली वापस करने के लिए कहा है ।

उन्होंने कहा कि पश्चिम जर्मनी से पनडुब्बियों के सौदे में सात प्रतिशत कमीशन दिया जाने की बातें हमें अपने राजदूत ने टेलेक्स द्वारा छः महीने पूर्व ही बता दी थी ।
कोई कार्रवाई

काले झंडे

अपने
वाले इंका
कहा कि अब
है । इस
कालाधन

अनुमति मिले तो आतंकवादियों को कुछ ही

तरनतार
कुछ दिनों
अमृतसर

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

से बाहर सोए हुये लोगों पर गोलियां बरसाईं । गांव मैहसमपुर में उग्रवादियों की गोली से मारे गये श्री चरण सिंह अपने पड़ौसी गुरदयाल सिंह की मदद करने गये, जिनकी लायसैंस वाली बंदूक आतंकवादी छीनने की कोशिश कर रहे थे । तीनों वारदातों में सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों की तलाश की, लेकिन उग्रवादी भागने में सफल रहे ।

घर से थोड़ी दूर ले जाकर हत्या की

बाबा बकाला से गरदित्ता के अनुसार गांव मैहसमपरा में भूतपूर्व सैनिक गुरदयाल सिंह की बंदूक छीनने के बाद उन्होंने चरण सिंह के घर से 2-3तोले स्वर्ण भूषण लूट लिये और चरण सिंह को यह कह कर साथ ले चले कि उसे जत्थेदार से मिलाना है । बाद में उन्होंने चरण सिंह को घर से थोड़ी दूर जाकर गोली मार दी ।

छत पर जा चढ़े थे

थाना भोरचियां ब्राह्मणां के संबंध में बताया गया है कि उग्रवादी गांव में घरों की छतों पर चढ़ गये और लोगों को ललकारते हुये कहा कि उनके पास जो कुछ है, वह उन्हें दे दें । इस पर छतों पर सोए लोग, जहां स्थान मिला, छिप गए । एक 28 वर्षीय युवक इंद्रजीत सिंह एक मकान में छिपता हुआ उग्रवादियों ने देख लिया । एक उग्रवादी ने उसकी पत्नी से पूछा कि अंदर कौन है ? इंद्र जीत की पत्नी ने कहा कि अंदर कोई नहीं । इस पर छत के ऊपर खड़े बैटरी वाले उग्रवादी ने कहा कि हमने एक व्यक्ति को अंदर घुसते देखा है । इसके बाद उग्रवादियों ने मकान का दरवाज़ा तोड़ दिया और अंदर कोठरी में छिपे इंद्रजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसके बाद उग्रवादी फिर छतों पर जा चढ़े और फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिससे चार व्यक्ति घायल हो गये ।

आज स्कूल बंद, अध्यापक प्रदर्शन करेंगे

तरनतारन सब-डिवीजन में 18 सितम्बर को आतंकवादियों ने 4 स्कूल अध्यापकों की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । इस घिनौने हत्याकांड के विरुद्ध 21 सितम्बर को जिला-भर के स्कूल-अध्यापक सभी प्राइमरी स्कूल बंद रखेंगे । यह घोषणा आज यहां गवर्नमैंट टीचर्स यूनियन के महासचिव श्री चरणजीत सिंह ने की । उन्होंने बताया कि 21 सितम्बर को प्रात: 10 बजे सभी अध्यापक जिला शिक्षाधिकारी के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे । उन्होंने मृत अध्यापकों के परिवारों को पुलिस पद्धति पर एक लाख रुपए की सहायता राशि व अन्य सुविधाएं देने की मांग की ।

भद्रकाली हत्याकांड में कोई कार्रवाई नहीं

अमृतसर (भाटिया): ईदरा कालोनी और माता भद्रकाली कालोनी में जो हत्याकांड हुआ है, उसका मुकाबला जगदेव कलां कांड से किया जाता है । इसमें कुछ हिन्दू और हरिजनों के परिवारों के व्यक्ति शहीद हुये हैं । पुलिस की ओर से इसके बारे में कोई दिलचस्पी नहीं ली जा रही । पुलिस इस तरह इस केस को दबाए बैठी है कि जैसे अमृतसर में कुछ हुआ ही नहीं, हालांकि अमृतसर के लोगों के इस कांड से दिल दहल गये हैं । लोग राज्यपाल के उस बयान की प्रतीक्षा में बैठ गये हैं कि वह दिन कितना अच्छा होगा, जब राज्यपाल के अनुसार इस कांड के जिम्मेवार तमाम व्यक्ति गिरफ्तार कर लिये जाएंगे । लोगों में इस घोषणा का कोई ज्यादा असर दिखाई नहीं देता क्योंकि अब तक जितने भी कांड हुये हैं, उनकी रोशनी में यह कहा जा सकता है कि पुलिस वाले ऐसे कांडों के बाद हाथ पर हाथ रख कर बैठ जाते हैं और अगले खूनी कांडों की प्रतीक्षा में रहते हैं ।

मंच कलाकारों को धमकीपूर्ण पत्र

खन्ना (पूर्णचंद): खन्ना के आर्टिस्ट मनजीत सिंह राही व दलजीत कौर को आतंकवादियों का एक पत्र मिला है । पत्र भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स की तरफ से लिखा गया है, जिसमें धमकी दी गई है कि तुम लोग स्टेज पर गंदे गाने छोड़ कर धार्मिक गाने गाओ । अगर आप बाज़ न आए तो आपको जीवन से हाथ धोना पड़ेगा । इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है ।

पाक तस्कर मारा गया

फ़िरोज़पुर (ह.स.): एक पाकिस्तानी तस्कर जलालाबाद सैक्टर में भादुके चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

सूचना के अनुसार दूसरा व्यक्ति भाग निकला । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने इन दो तस्करों को सीमा पार करने की फ़िराक में देखा । चुनौती दिये जाने पर इन्होंने गोली चला दी । जवाबी गोलीबारी में एक तस्कर मारा गया । उसके कब्ज़े से बीस हजार रुपये मूल्य की अफ़ीम और पाकिस्तानी निशान वाले दो कारतूस बरामद हुये ।

बंदूक उठा ले गये

जालंधर (ह.स.): दो संदिग्ध आतंकवादी कल रात जिले के करतारपुर थानांतर्गत अमरगढ़ गांव में हरजीत सिंह के मकान से उसकी बंदूक उठा ले गये । पुलिस ने आज यह जानकारी दी ।

पुलिस से मज़ाक

जालन्धर से न.न.ए. के अनुसार आज प्रात: लगभग साढ़ेग्यारह बजे थाना डिवीजन नं. 5 में उस समय पुलिस चौकस हो गई जबकि किसी व्यक्ति ने थाने में फोन करके अपने आपको सुखदेव सिंह उर्फ सुखा एवं 'खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स' का जनरल लाभ सिंह बताकर कहा कि आप तैयारी कर लो (तुहाडे) आपके क्षेत्र (बस्ती क्षेत्र) में मैं वारदात करने आ रहा हूं । इसके बाद फोन एकदम कट गया । जब उक्त टैलीफोन के सम्बन्ध में थाने में पूछा गया तो वहां मौजूद पुलिस कर्मचारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि चाहे किसी ने शरारत या मज़ाक किया है या इसमें असलीयत है, परन्तु डिवीजन नं. 5 के क्षेत्र में पुलिस अवश्य चौकस कर दी गई है । जब सीनियर पुलिस अधिकारियों से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसे गम्भीरता से लेते हुए कहा कि बस्ती के सारे क्षेत्र में पुलिस व सी.आर.पी. की गश्त तेज करके सारे ज़िले की पुलिस को सचेत कर दिया गया है ।

लावारिस कार बरामद

आज दोपहर 12 बजे थाना नवांशहर की राहों पुलिस चौकी के गांव जलवाहा से पुलिस ने सफेद रंग की एक मारुति लावारिस कार बरामद की है, जिस पर कोई नम्बर प्लेट नहीं थी । पुलिस इस बात की पुष्टि कर रही है कि कहीं यह कल नवांशहर में फायरिंग करने वाले उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त कार तो नहीं है, जिसका उन्होंने अपने स्कूटरों को छोड़ने के बाद प्रयोग किया । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

मृतकों की अंत्येष्टि

नवांशहर से शर्मा के अनुसार कल यहां गोली कांड में मरने वाले नरेन्द्र पाल व धर्मपाल का आज यहां और हरदर्शन सिंह व बिंदु देवी का गांव सलोह में अन्तिम संस्कार कर दिया गया । श्री सरजीवन कुमार का अन्तिम संस्कार कल उनके पैतृक गांव बखलौर में कर दिया गया था । नवांशहर के सिविल अस्पताल में इस समय केवल एक घायल दर्शन सिंह दाखिल है । उसने बताया कि वह बाजार से दवाइयां मंगवाकर इलाज करवा रहा है ।

एक दर्जन हिरासत में

इसी मध्य पुलिस ने कल के फायरिंग कांड के सम्बन्ध में लगभग एक दर्जन संदिग्ध युवकों को हिरासत में ले लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है ।

तनाव मौजूद

फगवाड़ा (कौड़ा): नवांशहर में कल गोली कांड के दौरान छाया आतंक व तनाव का वातावरण आज भी विद्यमान है । इस सम्वाददाता ने कल गोली कांड के तत्काल बाद नवांशहर के दौरे के बाद शहर में एक अजीब चीखो-पुकार व सिहरन-सी पाई । रेलवे रोड के एक दुकानदार ने हमें बताया कि सब काम सामान्य-सा चल रहा था कि अचानक गोलियों की ताबड़-तोड़ आवाज़ ने लोगों में अफ़रा-तफ़री मचा दी । अनेक दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों का काफ़ी सामान बाहर ही छोड़कर दुकानें बंद कर गए । आतंकवादियों की अंधाधुंध फ़ायरिंग से अनेक राहगीर बुरी तरह घायल हो गए ।

उग्रवादियों के पास चीनी राइफलें थीं

एक अन्य दुकानदार ने बताया कि बाजार में उस समय सामान्य-सी ही भीड़ थी ।

जब दो हरे व नीले रंग के स्कूटरों पर अचानक स्टेनगनों से लैस पांच आतंकवादी उभर आए । वे अभी रेलवे रोड की तरफ चल ही रहे थे कि उन्होंने अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी । इस पर बाजार में भगदड़ मच गई । दुकानदार अपनी दुकानों के शटर गिराने लगे । कुछ ही क्षणों में बाजार खाली हो गया । आतंकवादियों ने अपने स्कूटर वहीं छोड़ दिए और पैदल ही रेलवे रोड की तरफ भाग गए । उनके भागने के बाद बाजार में घायल लोगों की चीख-पुकार सुनाई दी ।

अशव ने आतंकवादियों पर काबू पाने में एक बार फिर पुलिस को नाकाम बना दिया । यद्यपि अब कुछ नौजवान हिरासत में लिए गए हैं । पर अभी तक पुलिस किसी की विधिवत गिरफ्तारी करने में असफल रही है । हालांकि उग्रवादी जाते-जाते अपना एक स्कूटर भी रास्ते ही में फैंक गए थे ।

दूसरी तरफ सी.आर.पी.एफ. की लापरवाही के भी नवांशहर थाने में अनेक चर्चे सुनने को मिल रहे हैं । लोगों में यह आज चर्चा रही कि ज्यों ही रेलवे रोड पर पांच उग्रवादियों ने सी.आर.पी. के गश्ती दल को देखकर अपने स्कूटर वापस मोड़ लिए व वापसी में फ़ायरिंग शुरू कर दी, परन्तु सी.आर.पी. या उक्त गश्ती दल अपने स्थान से टस से मस न हुआ जबकि स्टेट बैंक आफ़ इंडिया पर तैनात सुरक्षा गार्ड भी एक दर्शक बने रहे । देखते-देखते ही पूरा नवांशहर कस्बा वीरान नज़र आने लगा । नवांशहर में आज दूसरे दिन भी भारी सुरक्षा प्रबन्ध किए गए थे व केन्द्रीय आरक्षण बल व महिला पुलिस की अतिरिक्त टकड़ियां तैनात की गई थीं ।

मानवता से गिरा हुआ कृत्य

बंगा (खोसला): बंगा से निर्वाचित विधायक स. बलवंत सिंह सरहाल ने नवांशहर के रक्तपात की कड़ी निंदा की है और उसे मानवता से गिरा हुआ कृत्य बताया है । उन्होंने पंजाब के राज्यपाल से नवांशहर कांड के संबंध में त्यागपत्र देने की मांग की ।

रेलवे कैश लूटने की कोशिश असफल बना दी

भटिंडा (ह.स.): रेलवे सुरक्षा बल के एक नायक राम सिंह की सूझबूझ और वीरता से गत रात्रि बढ़लाडा रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध उग्रवादियों की रेलवे के कैश को लूटने की कोशिश असफल बना दी । 6 में से 5 उग्रवादियों पर तत्काल काबू पा लिया गया । सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार छ: संदिग्ध व्यक्तियों ने उस कैश बाक्स को छीनने की कोशिश की, जिसमें रेलवे स्टेशन के रेलवे स्टाफ़ के वेतनों का भुगतान करने के लिए लाखों रुपए रखे हुए थे । यह कैश बाक्स जनता एक्सप्रैस के एक डिब्बे में रखा जा रहा था । नायक राम सिंह शोर मचाते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति के साथ भिड़ गया । रेलवे सुरक्षा बल के आन-ड्यूटी कर्मचारी को शोर मचाते सुनकर अन्य कर्मचारियों ने उक्त रेल के डिब्बे को घेर लिया और उनमें से पांच को गिरफ्तार कर लिया । फिर भी उनका एक साथी भागने में सफल हो गया ।

अंत्येष्टि के अवसर पर 60000 रुपए इकट्ठे करके दिए

खरड़ (शशि): गत दिवस कुराली के व्यक्ति सुदर्शन कुमार, जिसकी 18 सितम्बर को उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, के अंतिम संस्कार के अवसर पर वहां उपस्थित लोगों ने उसके परिवार को वित्तीय सहायता उपलब्ध करने के लिये लगभग 60000 रुपए एकत्रित करके एक नया उदाहरण उत्पन्न किया । मार्केट कमेटियों के भूतपूर्व अध्यक्ष धनी राम ने बताया कि मृतक के परिवार को और वित्तीय सहायता दिये जाने का प्रयत्न किया जा रहा है ।

मृतक भूतपूर्व सैनिक था

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज यहां पत्रकारों के समक्ष

भारी भीड़

के साथ चल रहा है

18 सितम्बर से कुरुक्षेत्र में सालारपुर रोड पर



इस वर्ष के नए हैरत-भरे खेल, जो इससे पहले आपने किसी भी सर्कस में नहीं देखे होंगे ।

टिकट दर—6/-, 4/- रुपए ।

शो टाइम : 12, 3, 6 बजे ।

मेला के दिनों में अधिक शो होंगे ।

बेदखली

मैं सुंदर खेती, विधवा स्वर्गीय श्री रामूर्ति खेती, निवासी 15-बी, माडल टाऊन फगवाड़ा, सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरा बेटा राजीव खेती, उम्र तकरीबन 30 वर्ष, जो कि न्यू पब्लिक हाई स्कूल फगवाड़ा के साथ सम्बद्ध था, बुरी संगत का शिकार होकर गलत राहों पर चल निकला है । चुनांचे मैंने उसे अपने घर व जायदाद से बेदखल करके अपने बेटे के तौर पर सभी हक और अधिकारों से वंचित कर दिया है । अत: राजीव खेती सुपुत्र स्वर्गीय राममूर्ति खेती को मेरे परिवार या उक्त स्कूल की तरफ से किसी किस्म का लेन-देन या इकरार व समझौता करने का कोई अख्तियार नहीं है । अगर कोई उसके साथ किसी किस्म का लेन-देन करेगा तो मैं, मेरा परिवार या मेरी जायदाद चल व अचल उसके किसी तरह जिम्मेदार न होंगे । 19.9.87.

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

Punjab Sentinel

है कि उग्रवादी गांव में घरों की छतों पर चढ़ गये और लोगों को ललकारते हुये कहा कि उनके पास जो कुछ है, वह उन्हें दे दें । इस पर छतों पर सोए लोग, जहां

बताया कि 21 सितम्बर को प्रातः 10 बजे सभी अध्यापक जिला शिक्षाधिकारी के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे । उन्होंने मृत अध्यापकों के परिवारों

भारी भीड़

के साथ चल रहा है

18 सितम्बर से कुरुक्षेत्र में सालारपुर रोड पर



इस वर्ष के नए हैरत-भरे खेल, जो इससे पहले आपने किसी भी सर्कस में नहीं देखे होंगे ।

टिकट दर–6/-, 4/- रुपए ।

शो टाइम : 12, 3, 6 बजे ।

मेला के दिनों में अधिक शो होंगे ।

बेदखली

मैं सुंदर खेती, विधवा स्वर्गीय श्री राममूर्ति खेती, निवासी 15-बी, माडल टाऊन फगवाड़ा, सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरा बेटा राजीव खेती, उम्र तकरीबन 30 वर्ष, जो कि न्यू पब्लिक हाई स्कूल फगवाड़ा के साथ सम्बद्ध था, बुरी संगत का शिकार होकर ग़लत राहों पर चल निकला है । चुनांचे मैंने उसे अपने घर व जायदाद से बेदखल करके अपने बेटे के तौर पर सभी हक और अधिकारों से वंचित कर दिया है । अतः राजीव खेती सुपुत्र स्वर्गीय राममूर्ति खेती को मेरे परिवार या उक्त स्कूल की तरफ से किसी किस्म का लेन-देन या इकरार व समझौता करने का कोई अख्तियार नहीं है । अगर कोई उसके साथ किसी किस्म का लेन-देन करेगा तो मैं, मेरा परिवार या मेरी जायदाद चल व अचल उसके किसी तरह जिम्मेदार न होंगे । 19.9.87.

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

चिकित्सा

सांप ही सांप हैं, सैंकड़ों रोगों की जड़ पेट के ज़हरीले कीड़े हफ़्ते में खत्म । कोर्स 1½ माह, 50/- रुपए भेज कर । स्पैशल क्लीनिक, A-151, अजीत नगर, अम्बाला छावनी से मंगवाएं ।

किराए पर

शैड, दुकानें कनैक्शन सहित–बिना कनैक्शन, किराए पर खाली हैं । परफैक्ट इंजीनियरिंग वर्क्स, 149, अमन नगर, नज़दीक दोआबा चौक, जालंधर शहर ।

शिक्षा

किसी भी प्रकार का मैडिकल कोर्स या रजिस्ट्रेशन करवाने से पूर्व मुफ़्त सलाह लें । मैडिकल हाऊस, 4653, कुतुब रोड, दिल्ली-1.

वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न करें । पास छात्र 10 दिनों में रजिस्ट्रेशन करवाएं । मैट्रिक, +2, B.A., M.A., LL.B. करें । राजा डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

आयुर्वैदिक मैडिकल कोर्स, अध्ययन पत्राचार प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, वैद्यविशारद, आयर्वेदरत्न पास डाक्टरी RMP रजिस्ट्रेशन कराएं । इलैक्ट्रोपैथी, मग्नेटोपैथी, MRSH (London) Medical Society Membership हेतु सलाह लें । Indian Career Institute, Krishna Nagar (Bus

बिकाऊ

लोहे की एक टैंकी 25000 लिटर क्षमता वाली बिकाऊ । मिलें–गुरुद्वारा सिंह सभा, अमन नगर, न्यू कालोनी, जालंधर ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 20.9.87 Rs. 51/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.95 per Dozen.

ड्राइविंग सीखें

ड्राइविंग हैवी ट्रक, कार (लाइसैंस समेत), टैलीविज़न/Colour TV/रेडियो, इलैक्ट्रीशियन, वायरमैन, रैफ्रीजिरेशन, RCC बार-बैंडर, प्लम्बर, वैल्डिंग, मोटर मैकेनिक कोर्स, रिहायश उपलब्ध, दाखले हेतु मिलें : प्रिंसीपल, टी.आई.टी. कालेज, ※232, डिफैंस कालोनी, निकट चौक खालसा कालेज, जालंधर शहर । ※निकट मेन गेट, सामने बस स्टैंड, लुधियाना ।

सूचना

मेरा लड़का धर्मा 10 वर्ष से घर से बाहर रहता है । मेरी ओर से वह बेदखल है । उसके लेन का मैं जिम्मेवार न हूंगा । माम चन्द, मुकारबपुर, तहसील जगाधरी ।

मेरी एक M. Copy 1 to 50 गुम हो गई है ।

खन्ना (पूर्णचंद): खन्ना के आर्टिस्ट मनजीत सिंह राही व दलजीत कौर को आतंकवादियों का एक पत्र मिला है । पत्र भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स की तरफ से लिखा गया है, जिसमें धमकी दी गई है कि तुम लोग स्टेजों पर गंदे गाने छोड़ कर धार्मिक गाने गाओ । अगर आप बाज़ न आए तो आपको जीवन से हाथ धोना पड़ेगा । इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है ।

पाक तस्कर मारा गया

फिरोज़पुर (ह.स.): एक पाकिस्तानी तस्कर जलालाबाद सैक्टर में भादुर्के चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

सूचना के अनुसार दूसरा व्यक्ति भाग निकला । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने इन दो तस्करों को सीमा पार करने की फ़िराक में देखा । चुनौती दिये जाने पर इन्होंने गोली चला दी । जवाबी गोलीबारी में एक तस्कर मारा गया । उसके कब्ज़े से बीस हजार रुपये मूल्य की अफ़ीम और पाकिस्तानी निशान वाले दो कारतूस बरामद हुये ।

बंदूक उठा ले गये

जालंधर (ह.स.): दो संदिग्ध आतंकवादी कल रात जिले के करतारपुर थानांतर्गत अमरगढ़ गांव में हरजीत सिंह के मकान से उसकी बंदूक उठा ले गये । पुलिस ने आज यह जानकारी दी ।

पुलिस से मज़ाक

जालन्धर से न.न.ए. के अनुसार आज प्रातः लगभग साढ़े ग्यारह बजे थाना डिवीजन नं. 5 में उस समय पुलिस चौकस हो गई जबकि किसी व्यक्ति ने थाने में फोन करके अपने आपको सुखदेव सिंह उर्फ



खेतान

पंखों में पहला नाम

यहाँ उपलब्ध

मै. बुढलाडा सेल्स कार्प.,

आर्य समाज चौक, पटियाला

फोन : 77330.

HTA 3120

है ।

मृतकों की अंत्येष्टि

नवांशहर से शर्मा के अनुसार कल यहां गोली कांड में मरने वाले नरेन्द्र पाल व धर्मपाल का आज यहां और हरदर्शन सिंह व बिंदु देवी का गांव सलोह में अन्तिम संस्कार कर दिया गया । श्री सरजीवन कुमार का अन्तिम संस्कार कल उनके पैतृक गांव बखलौर में कर दिया गया था । नवांशहर के सिविल अस्पताल में इस समय केवल एक घायल दर्शन सिंह दाखिल है । उसने बताया कि वह बाजार से दवाइयां मंगवाकर इलाज करवा रहा है ।

एक दर्जन हिरासत में

इसी मध्य पुलिस ने कल के फायरिंग कांड के सम्बन्ध में लगभग एक दर्जन संदिग्ध युवकों को हिरासत में ले लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है ।

तनाव मौजूद

फगवाड़ा (कौड़ा): नवांशहर में कल गोली कांड के दौरान छाया आतंक व तनाव का वातावरण आज भी विद्यमान है । इस सम्वाददाता ने कल गोली कांड के तत्काल बाद नवांशहर के दौरे के बाद शहर में एक अजीब चीखो-पुकार व सिहरन-सी पाई । रेलवे रोड के एक दुकानदार ने हमें बताया कि सब काम सामान्य-सा चल रहा था कि अचानक गोलियों की ताबड़-तोड़ आवाज़ ने लोगों में अफ़रा-तफ़री मचा दी । अनेक दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों का काफ़ी सामान बाहर ही छोड़कर दुकानें बंद कर गए । आतंकवादियों की अंधाधुंध फ़ायरिंग से अनेक राहगीर बुरी तरह घायल हो गए ।

उग्रवादियों के पास चीनी राइफलें थीं

एक अन्य दुकानदार ने बताया कि बाज़ार में उस समय सामान्य-सी ही भीड़ थी ।

जब दो हरे व नीले रंग के स्कूटरों पर अचानक स्टेनगनों से लैस पांच आतंकवादी उभर आए । वे अभी रेलवे रोड की तरफ चल ही रहे थे कि उन्होंने केन्द्रीय आरक्षण बल के एक गश्ती दल को देखा व तत्काल अपने स्कूटर वापस मोड़ लिए व जाते-जाते एक हलवाई, एक ग्राहक, एक किरयाना मर्चैंट, एक राहगीर स्कूटर सवार व घर में बैठी एक महिला को मौत के घाट उतारने के साथ-साथ एक दर्जन अन्य राहगीरों को गम्भीर घायल कर गए । पता चला है कि आतंकवादियों के पास चीनी ए.के. 47 (असाल्ट) राइफलें भी थीं ।

पुलिस को चेतावनी मिली थी

दूसरी तरफ एक सनसनीखेज़ रहस्योद्घाटन हुआ है । लोगों में आम चर्चा है कि खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के 'ए' श्रेणी के जसबीर सिंह लाली गिरोह ने नवांशहर पुलिस को अप्रत्यक्ष रूप से अपने शहर में सक्रिय हो जाने की चेतावनी कई दिन पूर्व दे दी थी । यहां यह बात उल्लेखनीय है कि इतनी बड़ी वारदात हो जाने के बाद फगवाड़ा, जालन्धर के पत्रकार पहले नवांशहर पहुंच गए, जबकि वरिष्ठ अधिकारी जालन्धर से सायं तीन बजे अर्थात् घटना के सवा तीन घंटे बाद पहुंचे । यद्यपि नवांशहर पुलिस ने एस.एच.ओ. चंचल सिंह के नेतृत्व में उग्रवादियों का पीछा करने का प्रयत्न किया, परन्तु वाहनों उपयुक्त हथियारों व पुलिस कर्मियों के

कृत्य बताया है । उन्होंने पंजाब के राज्यपाल से नवांशहर कांड के संबंध में त्यागपत्र देने की मांग की ।

रेलवे कैश लूटने की कोशिश असफल बना दी

भटिंडा (ह.स.): रेलवे सुरक्षा बल के एक नायक राम सिंह की सूझबूझ और वीरता से गत रात्रि बुढलाडा रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध उग्रवादियों की रेलवे के कैश को लूटने की कोशिश असफल बना दी । 6 में से 5 उग्रवादियों पर तत्काल काबू पा लिया गया । सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार छः संदिग्ध व्यक्तियों ने उस कैश बाक्स को छीनने की कोशिश की, जिसमें रेलवे स्टेशन के रेलवे स्टाफ़ के वेतनों का भुगतान करने के लिए लाखों रुपए रखे हुए थे । यह कैश बाक्स जनता एक्सप्रैस के एक डिब्बे में रखा जा रहा था । नायक राम सिंह शोर मचाते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति के साथ भिड़ गया । रेलवे सुरक्षा बल के आन-ड्यूटी कर्मचारी को शोर मचाते सुनकर अन्य कर्मचारियों ने उक्त रेल के डिब्बे को घेर लिया और उनमें से पांच को गिरफ्तार कर लिया । फिर भी उनका एक साथी भागने में सफल हो गया ।

अंत्येष्टि के अवसर पर 60000 रुपए इकट्ठे करके दिए

खरड़ (शशि): गत दिवस कुराली के व्यक्ति सुदर्शन कुमार, जिसकी 18 सितम्बर को उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, के अंतिम संस्कार के अवसर पर वहां उपस्थित लोगों ने उसके परिवार को वित्तीय सहायता उपलब्ध करने के लिये लगभग 60000 रुपए एकत्रित करके एक नया उदाहरण उत्पन्न किया । मार्कीट कमेटियों के भूतपूर्व अध्यक्ष धनी राम ने बताया कि मृतक के परिवार को और वित्तीय सहायता दिये जाने का प्रयत्न किया जा रहा है ।

मृतक भूतपूर्व सैनिक था

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस के अधिकारिक सूत्रों ने आज यहां पत्रकारों के समक्ष स्पष्ट किया कि कल थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव सारचूर में दो अज्ञात युवकों की फायरिंग से मृत व्यक्ति का नाम चैन सिंह फौजी है । वहां कोई स्त्री नहीं मरी, जैसाकि कुछ समाचारपत्रों में समाचार छपा है । इस फायरिंग के सम्बन्ध में एक युवक मित्रमान सिंह की शिनाख्त कर ली गई है ।

सूत्रों ने आगे बताया कि 29 अगस्त को गांव सारचूर के निकट गांव जांगले, जहां बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी पर घात लगाकर फायरिंग करने वाले संदिग्ध युवकों की भी शिनाख्त कर ली गई है, इनकी गिरफ्तारी के लिए इनके छिपने के स्थानों पर निरंतर छापे मारे जा रहे हैं । उल्लेखनीय है कि इस फायरिंग में बी.एस.एफ. के एक सब इंस्पैक्टर कुन्दन सिंह की मृत्यु व ड्राइवर चमन लाल घायल हो गए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार सम्भवतया चैन सिंह मुखबिर होने के संदेह में मारा गया ।

धार्मिक स्थल की तलाशी

पुलिस और सुरक्षा बलों ने आज यहां गुरुद्वारा कंध साहिब परिसर और आसपास के कुछ भवनों की संयुक्त रूप से तलाशी ली । बटाला के डी.एस.पी. श्री हरजीत सिंह के अनुसार पुलिस ने परिसर से 12 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया, जिनको पूछताछ के पश्चात छोड़ दिया ।

उन्होंने यह सहयो
मांग की ।

मुफ़्ती इंव

नई दिल्ली, 20
मुफ़्ती सईद को कां
गतिविधियों के आ
है । उनके निलम्बन
जी.के. मूपनार ने
राजीव गांधी ने किया

पानी की व

उदयपुर, 20
नगरी उदयपुर मे
पश्चिमी रेलों ने
गाड़ियों को अजमे
एक्सप्रैस गाड़ी भी

उदयपुर रेल
एस.के. सूद ने बता
43-अप उदयपु
131-अप व 13
तथा 227-आ
सादड़ी-मावली ट्रेन

श्री सूद ने
पेयजल संकट के
एक मात्र स्टीम
सकता है । उन्हों
अभियांत्रिकी विभ
वाले पानी से पता
कारण रेलों को चला
इस कारण मज्बून

शिरोमा
की नि

पटियाला, 20
गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी
से 32 किलोमीटर दूर
में 12 सितम्बर को प्र
दोहराया गया जिसमें
उग्रवादियों का समर्थन
अधिकार को चुनौती दे
कार्यकारिणी ने कहा था
संबंधी बयान जारी कर
है । कार्यकारिणी ने
अपना प्रतिनिधिमंडल
जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह
भेजेगी ताकि उन्हें
लिये मनाया जा सके

कार्यकारिणी ने दूसरा
ज्ञानी कश्मीर सिंह की
हैडग्रंथी के पद पर चर
नियुक्ति की पुष्टि
आधार पर किया गया है
प्रीतम सिंह लम्बी छुट्टी

Jamboo Rake

J.K. CEMENT (Nimbahera)

Punjab Sanjani

जिंदा का साथी सर्वप्रीत सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया

स्वर्ण मंदिर परिक्रमा में थड़ा साहब के ग्रंथी को अधमरा कर दिया, होशियारपुर में हत्या

बटाला में किसान का गला काट दिया : जालंधर में बिजली दफ्तर से 80000 रुपए लूट लिए

ढिल्लों व 8 अन्य उग्रवादी गिरफ्तार, लाखों रु., शस्त्र मिले

चंडीगढ़, 21 सितम्बर (वार्ता, ह.स., विभिन्न सम्वाददाता): पंजाब में उग्रवादियों द्वारा हिंसा और लूटमार की घटनाएं आज भी जारी रहीं । गत रात्रि जिला अमृतसर में कुख्यात जिंदा का साथी खूंखार उग्रवादी सर्वप्रीत सिंह सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में मारा गया, जबकि आठ उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए गए । इन उग्रवादियों से अन्य शस्त्रों के अतिरिक्त एच.ई.-36 हथगोला भी बरामद हुआ है । कुछ उग्रवादियों ने गत रात्रि स्वर्ण मन्दिर की परिक्रमा के एक कमरे में एक ग्रंथी को मार-मार कर अधमरा करके परिसर से बाहर फैंक दिया, जबकि जिला अमृतसर के गांव में एक ग्रंथी, उसकी पत्नी व एक सम्बन्धी को गोलियां मारकर घायल कर दिया । चंडीगढ़ में एक खूंखार उग्रवादी अपने साथी के साथ पकड़ा गया है, जबकि जालन्धर नगर में उग्रवादी बिजली बोर्ड के कार्यालय से 80000 रुपए लूटकर भाग गए । जिला गुरदासपुर के एक गांव में उग्रवादियों ने एक किसान का गला काट दिया । होशियारपुर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई जबकि जालंधर में आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लाखों रु. व भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र पकड़े गए ।

अमृतसर : जिला अमृतसर में कल रात अलग-अलग घटनाओं में एक आतंकवादी मारा गया और तीन व्यक्ति घायल हो गए, जिनमें एक ग्रंथी और उसकी पत्नी शामिल है, जबकि 7 उग्रवादी शस्त्रों के साथ गिरफ्तार कर लिए गए । एक उग्रवादी से हथगोला भी बरामद हुआ है ।

ग्रंथी की बुरी तरह पिटाई

हमारे विशेष प्रतिनिधि के अनुसार आज सिटी कोतवाली में एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेन्द्र सिंह ने पत्रकारों को बताया कि अमृतसर के सरकारी अस्पताल में एक ग्रंथी सुलक्खन सिंह को गम्भीर रूप से घायल अवस्था में दाखिल करवाया गया है, जिसे दरबार साहब की परिक्रमा के कमरा नं. 29 में उग्रवादियों ने बुरी तरह पीटा और उसे लाठियों और लोहे के सरिए मार-मारकर अधमरा कर दिया । यह ग्रंथी दरबार साहब से संलग्न थड़ा साहब में पाठ करके कल सायं लगभग 7.15 बजे उठा ही था कि उसे दर्शनी ड्योढ़ी में से 8-9 उग्रवादी ज़बरदस्ती घसीट कर दरबार साहब की परिक्रमा के कमरा नं. 29 में ले गए और उसे रस्से के साथ बांधने के बाद बुरी तरह से पीटा गया । वे उसकी हत्या कर देना चाहते थे । उसकी हड्डियां तोड़ दी गईं ।

घायल ग्रंथी ने पत्रकारों को बताया कि उसपर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाकर उसे पीटा गया । इस घटना के सम्बन्ध में जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस को घटना की सूचना देर से मिली, इसलिए अभियुक्त दरबार साहब परिसर से फ़रार होने में सफल हो गए । वैसे भी दरबार साहब परिसर में पुलिस का प्रवेश उचित नहीं समझा जाता । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने उसे मरा समझ कर दरबार साहब परिसर से बाहर फैंक दिया था । घायल ग्रंथी को आज तड़के सुरक्षा बलों ने गुरुद्वारे के बाहर पड़ा पाया ।

बताया जाता है कि घायल ग्रंथी को रजाई में लपेट कर बुरी तरह पीटा गया । बताया जाता है कि ऐसी पिटाई से मांसपेशियां और मांस हड्डियों से अलग हो जाता है और व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है ।

ग्रंथी, पत्नी, रिश्तेदार घायल कर दिए

एक अन्य सूचना के अनुसार थाना भिखीविंड के क्षेत्र में गांव मड़ी गौड़ सिंह में गुरुद्वारा बाबा शहीदां में रात्रि लगभग 9 बजे कुछ उग्रवादी दाखिल हुए । गुरुद्वारे की छत पर लेटे ग्रंथी सेवा सिंह (50), उसकी पत्नी जोगेन्द्र कौर (40) और उसके मामा पूर्ण सिंह (65) को छत से नीचे उतार कर ले आए और फ़ायरिंग करके घायल कर दिया । उन्हें

(शेष पृष्ठ 8 पर)

इनर लाइन परमिट अन्य राज्यों पर न लागू होगा

नई दिल्ली, 21 सितम्बर (वार्ता): केंद्र ने अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और नागालैंड में लागू 'इनर लाइन परमिट' को पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य राज्यों में लागू करने की मांग को ठुकरा दिया है । गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार असम, मेघालय तथा क्षेत्र के अन्य राज्यों ने यह प्रतिबंध अपने यहां लागू करने की मांग की थी । उनकी दलील है कि ऐसा नहीं किए जाने से बाहरी लोग स्थानीय जनसंख्या पर

4 वामपंथी दल देवी लाल द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग नहीं लेंगे

नई दिल्ली, 21 सितम्बर : चार वामपंथी दलों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री देवीलाल द्वारा 23 सितम्बर को आयोजित विपक्षी नेताओं की बैठक में भाग नहीं लेने का फैसला किया है । यह फैसला आज मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी फारवर्ड ब्लाक और क्रांतिकारी सोशलिस्ट पार्टी के नेताओं की बैठक में किया गया । मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक प्रवक्ता ने बताया कि चौ. देवीलाल ने 23 सितम्बर की बैठक के बारे में न तो कार्यसूची भेजी है और न ही बैठक में शामिल होने वाले नेताओं के नाम ही भेजे है । वामपंथी दलों ने इसी आधार पर बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया जिससे श्री देवी लाल के प्रयासों को धक्का लगा है । चारों दलों की विज्ञप्ति में कहा गया है कि वामपंथी पार्टियों ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि वे भारतीय जनता पार्टी जैसी साम्प्रदायिक तथा विघटनकारी शक्तियों से हाथ नहीं मिला सकतीं ।

चार वामपंथी दलों की बैठक का आयोजन साम्प्रदायिकता तथा पृथकतावाद के संबंध में अक्तूबर के द्वितीय सप्ताह में दिल्ली में आयोजित किये जाने वाले सम्मेलन और संसद के शरद ऋतु के सत्र तथा बाद राहत कार्यों में और कीमत की बैठक 23 सितम्बर को बाद दोपहर 3 बजे शुरू होगी, प्रातः 6 बजे नहीं जैसा कि पहले प्रस्ताव था । उन्होंने कहा कि कुछ गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्रियों ने बैठक बाद दोपहर 3 बजे तक स्थगित करने का अनुरोध किया था । उन्होंने कहा कि कल यहां विपक्षी नेताओं की अनौपचारिक बैठक होगी जिसमें समस्याओं का हल ढूंढने और बुधवार की बैठक के लिये सांझे मुद्दे तैयार करने की कोशिश की जाएगी । श्री यादव ने आशा प्रकट की कि वे सभी लोग, जो कांग्रेस (इ) की भ्रष्ट नीतियों के विरुद्ध हैं, बैठक में भाग लेंगे ।

उन्होंने कहा कि कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर दक्षिण पंथी और वामपंथी ताकतें सहमत हैं । संसद में भी विपक्ष ने कई मुद्दों पर सांझा स्टैंड लिया था । श्री यादव ने कहा कि श्री देवी लाल और अन्य पार्टी नेता एक सांझा कार्रवाई-कार्यक्रम तैयार करने के लिये परस्पर सम्पर्क बनाये हुये हैं । ख्याल है कि वे 23 सितम्बर की बैठक के लिये प्रस्ताव का प्रारूप तैयार कर लेंगे ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)





दरबार साहिब का ग्रन्थी सुलक्खन सिंह, जिसे आतंकवादियों ने पि
दो घंटे तक बुरी तरह मारपीट करके सख्त घायल कर दिया, (2
अमृतसर के मड़ी गौड़ सिंह के गुरुद्वारे के ग्रन्थी सेवा सिंह,
(4) मामा सेवा सिंह को गोलियों से घायल कर दिया ।





जिला अमृतसर के जंडियाला थानांतर्गत गांव भोरचिया बाह्मणां में उग्रव
(1) अरुण कुमार, (2) आशा रानी, (3) देसराज, (4) विशम्बर दास ।

Punjab Archive

जहां वैवाहिक विज्ञापनों की आड़ में महिलाओं को वे

त सुरक्षा
ारा गया

का गला काट दिया : जालंधर
से 80000 रुपए लूट लिए

खों रु., शस्त्र मिले

समझा जाता । बताया जाता है कि उग्रवादियों उसे मरा समझ कर दरबार साहब परिसर से र फैंक दिया था । घायल ग्रंथी को आज तड़के क्षा बलों ने गुरुद्वारे के बाहर पड़ा पाया ।

बताया जाता है कि घायल ग्रंथी को रजाई में ट कर बरी तरह पीटा गया । बताया जाता है कि ो पिटाई से मांसपेशियां और मांस हड्डियों से ग हो जाता है और व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है ।

थी, पत्नी, रिश्तेदार घायल कर दिए

एक अन्य सूचना के अनुसार थाना भिखीविंड के में गांव मड़ी गौड़ सिंह में गुरुद्वारा बाबा शहीदां रात्रि लगभग 9 बजे कुछ उग्रवादी दाखिल हए । रुद्वारे की छत पर लेटे ग्रंथी सेवा सिंह (50), सकी पत्नी जोगेन्द्र कौर (40) और उसके मामा र्ण सिंह (65) को छत से नीचे उतार कर ले आए र फ़ायरिंग करके घायल कर दिया । उन्हें

(शेष पृष्ठ 8 पर)

देवी लाल द्वारा
भाग नहीं लेंगे

बैठक 23 सितम्बर को बाद दोपहर 3 बजे शुरू गी, प्रातः 6 बजे नहीं जैसा कि पहले प्रस्ताव था । न्होंने कहा कि कुछ गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्रियों ने ठक बाद दोपहर 3 बजे तक स्थगित करने का नुरोध किया था । उन्होंने कहा कि कल यहां पक्षी नेताओं की अनौपचारिक बैठक होगी जिसमें मस्याओं का हल ढूंढने और बुधवार की बैठक के ये साझे मुद्दे तैयार करने की कोशिश की एएगी । श्री यादव ने आशा प्रकट की कि वे सभी ोग, जो कांग्रेस (इ) की भ्रष्ट नीतियों के विरुद्ध हैं, ठक में भाग लेंगे ।

उन्होंने कहा कि कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर क्षिण पंथी और वामपंथी ताकतें सहमत हैं । संसद भी विपक्ष ने कई मुद्दों पर साझा स्टैंड लिया था । ी यादव ने कहा कि श्री देवी लाल और अन्य पार्टी ता एक साझा कार्रवाई-कार्यक्रम तैयार करने के लिये परस्पर सम्पर्क बनाये हुये हैं । ख्याल है कि वे 23 सितम्बर की बैठक के लिये प्रस्ताव का प्रारूप यार कर लेंगे ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



दरबार साहिब का ग्रन्थी सुलक्खन सिंह जिसे आतंकवादियों ने परिक्रमा के कमरा नम्बर 29 में दो घंटे तक बुरी तरह मारपीट करके सख्त घायल कर दिया, (2) आतंकवादियों द्वारा जिला अमृतसर के मड़ी गौड़ सिंह के गुरुद्वारे के ग्रन्थी सेवा सिंह, (3) पत्नी देविंदर कौर और (4) मामा सेवा सिंह को गोलियों से घायल कर दिया । (छाया : पंजाब केसरी)



जिला अमृतसर के जंडियाला थानांतर्गत गांव भोरचियां ब्राह्मणां में उग्रवादियों की गोलियों से घायल (1) अरुण कुमार, (2) आशा रानी, (3) देसराज, (4) विशम्बर दास । (छाया : रवि भंडारी)

Punjabi Sanatani

पंथक
हटाने

यह एक

चंडीगढ़, 21 सित
अकाली नेता श्री हरचरण
फ्राड करार दिया है और
किया है कि वह इस कमेटी
के लिये खुल कर मैदान

आज यहां पत्रकारों
दौरान श्री हरचरण सिंह
अकाल तख्त के हैडग्रंथी
कमेटी के नाम से सरक
करने वाले और उत्तरदा
सिख पंथ में फूट डालने

श्री सिंह ने कहा कि
वह अकाल तख्त के जत
शिरोमणि कमेटी के प्रधा
प्रकाश सिंह बादल जैसे
उछालें ।

श्री हरचरण सिंह ने
का कोई सदस्य है तो व
बताये नहीं तो लोग यही
कश्मीर सिंह के नाम प
में झोंकने के लिये ढोंग
स्पष्ट किया कि हम 'धर्म
झुकते हैं क्योंकि वे कभ

इंका में
जगह है,

नई दिल्ली, 21 सि
निलम्बित भूतपूर्व केन्
सईद ने आरोप लगाया
गांधी ने मेरी आवाज दब
है । उन्होंने कहा कि
द्वारा तीन गैर भारतीय व
दिए जाने की स्वीकार
कम्पनियों के भारत में

श्री मुफ्ती मुहम्मद
व्यक्त किया कि पार्टी
कमजोर होने के बावजू
काम के तरीके में कोई
उन्होंने कहा कि आलो
भला नहीं होगा । 'जि
व्यक्त किए उसे ही प

श्री सईद ने आ
सम्वाददाताओं से बात
में आंतरिक लोकतंत्र
अध्यक्ष का निवास ही

(8) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 22 सितम्बर 1987



अमृतसर के ग्रीन एवेन्यू क्षेत्र की एक कोठी में विस्फोट से रसोई घर की छत गिर गई तथा इमारत को भी काफी क्षति पहुंची । (छाया : ओम भंडारी)

जिंदा का साथी मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

गोलियों के छर्रे लगे बताए गए हैं । उनपर हमले का कारण विदित नहीं हो सका । इन तीनों घायलों को भी सरकारी अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

जिंदा का साथी मुकाबले में मारा गया

जिला अमृतसर के पुलिस अधीक्षक श्री इज़हार आलम ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि गत रात्रि सुरक्षा बलों के साथ रणजीत नगर आबादी में हुए मुकाबले में एक खूंखार उग्रवादी सर्वप्रीत सिंह, जो कैथल (हरियाणा) का रहने वाला है और जनरल वैद्य की हत्या के आरोप में गिरफ्तार हरजिन्द्र सिंह उर्फ़ जिंदा का सरगर्म साथी था, सुरक्षा बलों के हाथों मारा गया । पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों ने रात्रि के समय सिविल लाइन्स क्षेत्र में नाकाबंदी कर रखी थी, जबकि मारा जाने वाला उग्रवादी उधर से निकला । जब उसे रुकने के लिए कहा गया तो उसने तत्काल खेत में लेट कर कार्बाइन से सुरक्षा बलों के जवानों की ओर फ़ायरिंग की, लेकिन सुरक्षा बलों की जवाबी फ़ायरिंग से सर्वप्रीत सिंह मौके पर ही मारा गया । उसके पास से कार्बाइन और कुछ चले हुए, कुछ जीवित कारतूस मिले हैं ।

कई केसों में वांछित

बताया जाता है कि यह उग्रवादी गम्भीर किस्म की वारदातों में पुलिस को वांछित था, जिनमें अमृतसर के बिजली घर में सात लाख की डकैती, अमृतसर की जिला कचहरियों से 27 अप्रैल 1987 को पुलिस पर फ़ायरिंग करके तीन उग्रवादियों को छुड़ा ले जाने, 30 मई को अमृतसर के गोपाल नगर क्षेत्र में दो प्रमुख हिन्दुओं श्री प्रेम व्यास और श्री अरुण कुमार की हत्या कर देने, 26 अगस्त 1987 को चंडीगढ़ के सैंट्रल डिटैक्टिव स्कूल पर अपने साथियों के साथ फ़ायरिंग करके गुप्तचर विभाग के दो अधिकारियों की हत्या करने तथा कुछ को घायल कर देने इसके अतिरिक्त पुतली घर क्षेत्र में 17 जून, 1987 को प्रमुख कांग्रेसी नेता कृष्ण लाल शर्मा की गोलियां मारकर हत्या कर देने की वारदातें शामिल हैं ।

पुलिस अधीक्षक (खुफिया) श्री रजिन्दर सिंह ने बताया कि दिल्ली में जिन्दा और बाबा से पूछताछ के दौरान सर्वप्रीत के बारे में जानकारी मिली थी । जिन्दा और बाबा को 30 अगस्त को दिल्ली पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था ।

सात उग्रवादी गिरफ्तार

थाना सदर अमृतसर के क्षेत्र में उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के साथ एक और मुकाबले में सात खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार कर लिए गए, जिनके पास से एक बंदूक, दो पिस्तौलें और कुछ गोलियां बरामद की गईं । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों में कुलदीप सिंह जंडियाला गुरु, हरिंद्र सिंह गांव दालम, कुलदीप सिंह खातड़ां, चरणजीत सिंह और अवतार सिंह गांव हुब्बन कलां, जसवन्त सिंह बीलोवाल और बलदेव सिंह पंजवड़ शामिल हैं ।

पुलिस की प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार ये लोग थोड़े बहुत शस्त्रों के साथ 'अग्रिम दल' के रूप में आए थे ताकि उनके पीछे-पीछे आने वाले वास्तविक उग्रवादी गुजरने में सफल हो जाएं, लेकिन उनका सुरक्षा बलों के साथ मुकाबला हो गया और उनको काबू कर लिया गया । जांच के दौरान इन उग्रवादियों ने बताया कि वे भी हत्याएं करने का कार्यक्रम बनाकर निकले थे ।

हथगोले समेत गिरफ्तार

एक अन्य उग्रवादी इन्द्रसिंह को सुरक्षा बलों की ओर से चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से ई-36 हैंड ग्रेनेड मिला है ।

बम विस्फोट ?

इस बीच पुलिस आज तड़के सिविल लाइन्स के ग्रीन एवेन्यू क्षेत्र के एक मकान में हुए बम विस्फोट के बारे में छानबीन कर रही है, विस्फोट से मकान को व्यापक क्षति पहुंची । धमाके से मकान के रसोईघर कीछत उड़ गई । अब तक पुलिस का ख्याल है कि यह विस्फोट गैस सिलैंडर से गैस रिसने के कारण हुआ, जैसा कि मकान में रहने वालों ने बताया । पुलिस के अनुसार मलबा हटाने के बाद ही सही स्थिति का पता चलेगा ।

हत्याओं की ज़िम्मेदारी ली

इस बीच आतंकवादी गुट भिंडरांवाले टाइगर्स फ़ोर्स ने कल जिले में हुई चार हत्याओं में से तीन की ज़िम्मेदारी अपने सिर ली है । गुट ने यहां कार्यालय में टैलीफोन करके एक व्यक्ति ने मियांविंड और भोरचियां ब्राह्मणां में तीन व्यक्तियों की हत्या करने की बात स्वीकार की और कहा कि उन्होंने बृहस्पतिवार को यहां बाजार में सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादियों प्रगट सिंह और कुलविन्दर सिंह की मौत का बदला लेने के लिए उन ग्रामीणों को मारा गया । यह गुट उन दो आतंकवादियों की मौत के बदले में अब तक 16 व्यक्तियों को मौत के घाट उतारने का ज़िम्मा ले चुका है । इनमें शहर के पश्चिमी भाग में सात व्यक्तियों की हत्या शामिल है ।

कई गांवों में छापे

इसी बीच पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बल ने आतंकवादियों की खोज में जिले के अनेक गांवों पर छापा मारा । ये गांव अधिकांश तरनतारन उपमंडल में स्थित हैं । पुलिस ने कई व्यक्ति हिरासत में ले लिए हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है ।

उग्रवादी या लुटेरे ?

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार गत रात्रि दो बजे यहां से आठ किलो मीटर दूर गांव गग्गड़ भाना में कुछ उग्रवादियों ने एक घर में दाखिल होकर बलविंद्र सिंह (18) नामक एक युवक को दांतरों एवं कुल्हाड़ी मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उग्रवादियों ने घर की चाबियां मांगी थीं, परन्तु बलविंद्र सिंह ने इन्कार कर दिया । बाबा बकाला सिविल अस्पताल में बताया कि उग्रवादियों ने लम्बे-लम्बे काले कुर्ते पहने हुए थे, सिरों पर पटके बांधकर मुंह ढंके हुए थे । अभियुक्त अपने दांतरे और कुल्हाड़े भी वहीं फैंक गए ।

खूंखार उग्रवादी साथी सहित गिरफ्तार

चंडीगढ़ (संघी): चंडीगढ़ पुलिस ने आज रात्रि लगभग 1.30 बजे यहां के सैक्टर 18 के मकान नं. 1622 में छापा मार कर आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फ़ैडरेशन (गुरजीत सिंह ग्रुप) के कार्यकारी महामंत्री सतपाल सिंह ढिल्लों और फ़ैडरेशन की जिला रोपड़ शाखा के प्रधान सुरेन्द्र सिंह किशनपुरा को नए उग्रवाद निरोधक कानून की धारा 4 व भारतीय दंड संहिता की धारा 124-ए, व 153-ए के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया । सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार इन गिरफ्तार व्यक्तियों से भारी मात्रा में फ़ैडरेशन तथा खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बद्ध अवैध सामग्री भी बरामद की गई है । पंजाब पुलिस ने सतपाल सिंह ढिल्लों की गिरफ्तारी के लिए 50000 रुपए के इनाम की घोषणा कर रखी थी । वह पंजाब पुलिस को कई केसों में वांछित था । अब तक की पूछताछ से पता चला है कि फ़ैडरेशन के ये दोनों सदस्य कई अपराधों में संलिप्त हैं । फिलहाल चंडीगढ़ पुलिस ने इन गिरफ्तार फ़ैडरेशन कार्यकर्त्ताओं के बारे में कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया ।

'ह.स.' के अनुसार आरम्भिक जांच-पड़ताल के दौरान अनेक क्षेत्रीय वारदातों में दोनों उग्रवादियों का हाथ होने की जानकारी मिली है । ढिल्लों अत्यन्त खूंखार उग्रवादी माना जाता है ।

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार सतपाल सिंह ढिल्लों को पंजाब पुलिस ने 'बी' श्रेणी का उग्रवादी घोषित कर रखा था, जो दो कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं व एक पुलिस कर्मचारी की हत्या करने व बैंक डकैतियों जैसे 8 कांडों में पुलिस को वांछित था, इन दोनों व्यक्तियों ने यह मकान किराए पर ले रखा था । इन दोनों का एक सप्ताह का आज एग्ज़ीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट की अदालत से पुलिस रिमांड ले लिया गया है ।

बड़े कांड की धमकी

बस्सी पठानां (रुपाल): खालिस्तान रिज़र्व फ़ोर्स के जनरल भाई चढ़त सिंह ने यह चेतावनी दी है कि भाई बघेल सिंह को झूठा पुलिस मुकाबिला बनाकर शहीद करने वाले पुलिस अधिकारियों से शीघ्र ही बदला लिया जाएगा । एक अन्तर्देशीय पत्र द्वारा इस सम्वाददाता के नाम भेजे गए बयान में पुलिस के इस दावे का भी खंडन किया गया है कि फ़ोर्स का सफ़ाया हो गया है । भाई चढ़त सिंह ने कहा है कि शीघ्र ही फ़ोर्स की एक बैठक बुलाकर नया मुखिया चुना जाएगा । पत्र में पुलिस को यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि उसने भाई पूर्ण सिंह व भाई सतनाम सिंह को झूठा मुकाबिला बनाकर मारने का प्रयत्न किया तो इसके बदले में लालड़ू बस कांड से भी बड़ा बस-कांड किया जाएगा । इस पत्र पर भाई चढ़त सिंह के हस्ताक्षर हैं और कार्यालय सचिव जीवन सिंह खालसा द्वारा जारी किया गया है ।

किसान की गला काट कर हत्या

बटाला (ह.स.): चार संदिग्ध व्यक्तियों ने कल रात थाना सदर के गांव विजवां में एक 55 वर्षीय किसान कश्मीर सिंह का गला काट कर उसे मौत के घाट उतार दिया । पुलिस के अनुसार कश्मीर सिंह पर कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने तेज़धार हथियारों से हमला किया और उसे मौके पर ही मार डाला । पुलिस ने इस सिलसिले में पूछताछ के लिए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

'कोछड़' के अनुसार 50 वर्षीय जमींदार कश्मीर सिंह की मृत्यु के संबंध में डी.एस.पी. श्री हरजीत सिंह ने बताया कि कश्मीर सिंह की मृत्यु दुर्घटनावश हुई है । थाना सदर के इंस्पैक्टर श्री गुरपाल सिंह ने तुरन्त जांच करके निष्कर्ष निकाला है कि रात को पशु बांधते समय इसके अकस्मात गिर जाने से ज़मीन में गाढ़ी खूंटी इसके गुप्त अंग में तीव्रता से लगने से इसकी मृत्यु हो गई । पोस्टमार्टम के बाद शव उसके वारिसों को सौंप दिया गया है ।

उद्योगपति घायल

आज सायं यहां साढ़े सात बजे मसीत वाली गली के औद्योगिक क्षेत्र में एक अज्ञात युवक ने फायरिंग करके न्यू अनमोल फाऊंडरी के पार्टनर श्री इंद्रजीत सिंह को घायल कर दिया, जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उसकी हालत खतरे से बाहर है । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सी.आर.पी. मौके पर पहुंच गई ।

80000 रु. लूट ले गए

नर्सों की भी 2 मांगें स्वीकार

राज्यपाल ने नर्सिंग स्टाफ की भी
मान लिया है । नर्सिंग स्टाफ को
के लिए अध्ययन-अवकाश नि
प्रशिक्षण अवकाश प्रदान किया ज

नर्सिंग छात्राओं की छात्रवृत्ति
है । अब इन छात्राओं को प्रशिक्ष
300 रुपए निश्चित छात्रवृत्ति
दूसरे वर्ष में उन्हें 400 रु. तथा ती
रु. मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा
तक इन नर्सिंग छात्राओं को प्रथ
दूसरे वर्ष में 125 तथा 13
छात्रवृत्ति मिलती थी ।

नर्सों की अन्य मांगों पर विच

इसी बीच एक सरकारी प्रव
नर्सों की मांगों पर आज राज्यपाल

बरतर्फ़ मंत्री
सकेंगे; लौ

चंडीगढ़, 24 सितम्बर (वि
पंजाब के राज्यपाल परिषद की
शंकर रे की अध्यक्षता में हुई, वि
गया कि भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुर
तथा उनके अन्य सहयोगी ल
बरतर्फशुदा अकाली मंत्रियों को
लिए सरकारी कोठियों में रिहायश
दे दी जाए । यह लोग 12 मई से
इन कोठियों में रह रहे हैं । इन्हें
नियमों के अनुसार इन कोठियों
करना होगा ।

परिषद ने यह फैसला भी वि
प्रथम श्रेणी अधिकारी आतंकवा
परिणामस्वरूप मारा जाता है तो
किसी भी सदस्य को प्रथम श्रेणी
लिए भर्ती किया जा सकता है बश

रा गया, दोधी व स्त्री की हत्याएं, 2 शव मिले

न अभियुक्त भाग निकले ।
कहा कि सुरक्षा बल भाग रहे
ए गोली नहीं चला सकी क्योंकि
द्धालुओं की भारी भीड़ थी ।

गिरफ्तार किए हैं और उन्हें पुलिस को सौंप दिया है । इनमें से अधिकांश बंगलादेशीय हैं, जो अवैध रूप से भारत में घुस आए । अमृतसर नगर में एक और बंगला देश का नागरिक सैदुल्ला गिरफ्तार

पकड़ा गया जबकि उसके साथी मुकाबले के बाद भाग निकले ।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार दर्शन सिंह को सरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग के दौरान

ग्रंथी मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

विभिन्न स्थानों से दो शव बरामद किए । एक पगड़ीधारी युवक का शव जिला जालंधर के थाना नूरमहल के गांव धाईंपिड के निकट मिला, जिस पर कई घावों के चिन्ह थे । दूसरा शव नकोदर-मेहतपुर रोड पर मिला है । उससे बरामद स्कूटर ड्राइविंग लांइसैंस से उसकी बलविंद्र सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टपार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है ।

युवक घायल

जालन्धर के बंगा थाना क्षेत्र के ग्राम मदेर में दो उग्रवादियों ने ब्रिटेन से लौटे 27 वर्षीय नरेन्द्र सिंह को उस समय गोली मार कर घायल कर दिया जब वह अपनी पत्नी के साथ स्कूटर पर लड़ोई ग्राम में अपनी बहन से मिलने जा रहा था । उसे सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया ।

मनजीत कुमार की अंत्येष्टि

बटाला (चौधरी, कोछड़): गत सायं यहां जी.टी. रोड पर स्थानीय उद्योगपति श्री मनजीत कुमार की उग्रवादियों द्वारा गोली मार कर हत्या करने के विरुद्ध क्षेत्र में भारी रोष व्यक्त किया जा रहा है । नगर के उद्योगपतियों ने विरोधस्वरूप आज और कल 25 सितम्बर को अपना कारोबार बंद करने की घोषणा की है । यह निर्णय ज्वायंट बोर्ड आफ इंडस्ट्रीज की एक हंगामी बैठक में किया गया । गत 48 घंटों में जी.टी. रोड के साथ दो वारदातें हो चुकी हैं । श्री मनजीत कुमार का स्थानीय श्मशानघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर दो हजार से अधिक लोग उपस्थित थे । उनमें काफी रोष नजर आ रहा था । शहरी भाजपा के प्रधान श्री बलदेव मित्तल ने श्री मनजीत कुमार को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए कहा कि यह बात दःखद है कि बटाला में रैड अलर्ट के बावजूद कुछ घंटों में दो वारदातें हुई हैं । उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पुलिस नाममात्र है । इस अवसर पर प्रमुख उद्योगपति श्री जगदीश शुक्ला ने कहा कि सरकार को उद्योगपतियों के जान-माल की सुरक्षा को सुनिश्चित बनाना चाहिए ।

स्थिति तनावपूर्ण

एस.डी.एम. बटाला ने आज सभी कालेज बंद रखने का आदेश दिया । नगर में स्थिति तनावपूर्ण है । यह बात उल्लेखनीय है कि गांव अम्मोनंगल में उग्रवादियों ने तीन व्यक्तियों को घायल कर दिया था, वहां पुलिस लगभग पौना घंटा लेट पहुंची ।

चौकसी बढ़ाई गई

गत कुछ दिनों से बटाला क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों व हिंसक वारदातों में वृद्धि के दृष्टिगत पुलिस व सुरक्षा बलों की चौकसी बढ़ा दी गई है । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन हिंसक घटनाओं के दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए उच्च पुलिस व सुरक्षा बलों के अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में खोजबीन का काम तेजी से किया जा रहा है । प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस व सुरक्षा बलों के उच्चाधिकारियों को पहले से ही यह जानकारी मिल रही थी कि गत कई दिनों से इस क्षेत्र में खतरनाक व आधुनिक हथियारों सहित खतरनाक आतंकवादी आए हुए हैं और वे यहां हिंसक वारदातें करेंगे ।

युवा दोधी की हत्या

आज सायं लगभग छः बजे थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव बहादरपुर में निकटवर्ती गांव बुल्हापर के 18-19 वर्षीय दोधी अमरजीत सिंह को गोलियां मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । वह बटाला अस्पताल लाते हुए रास्ते में दम तोड़ गया । पता चला है कि आज अष्टमी पर गांव बहादरगढ़ में अष्टमी का मेला हुआ था, जब यह घटना हुई ।

डी.एस.पी. डिसमिस

होशियारपुर (अश्विनी): पंजाब सरकार ने राज्य के एक प्रशिक्षण ले रहे डी.एस.पी. को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है । उसकी बर्खास्तगी के आदेश पंजाब पुलिस महानिदेशक श्री जी.एफ. रिबैरो ने जारी किए हैं । यह डी.एस.पी. जिला होशियारपुर में तैनात था । उसके प्रोबेशन की अवधि समाप्त होने में थोड़ा समय ही रह गया था । इस अधिकारी को डिसमिस करने का कारण अज्ञात है ।

उग्रवादी रूपोवाली गिरफ्तार

आज यहां उग्रवादी गुरदीप सिंह रूपोवाली थाना टांडा को गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार यह जसवंत सिंह झांवां ग्रुप से संबंध रखता था । इस गिरोह के शेष लोग पकड़े जा चुके हैं । उसने होशियारपुर में कई वारदातें की थीं । लमीन पिंडोरी के एक व्यक्ति अजीत सिंह थाना मुकेरियां को भी गिरफ्तार कर लिया गया है । उसके विरुद्ध उग्रवादियों को आश्रय देने का आरोप है ।

हत्या की जिम्मेवारी ली

होशियारपुर से अश्विनी व प्रद्युम्न के अनुसार भिडरांवाला टाईगर फोर्स के तथाकथित लैफ्टिनैंट जनरल स्वर्णजीत सिंह ने यहां से बीस किलोमीटर दूर घम्मियां गांव के विजय चंद को मारने की जिम्मेवारी स्वीकार की है । आगे कहा गया है कि उन्होंने अपने साथियों सर्वजीत सिंह जौहल और कुलविंद्र सिंह आदि की हत्या का बदला ले लिया है ।

तीन बंदूकें लूटने वाला गिरफ्तार

एस.एस.पी. सुरेश अरोड़ा ने बताया कि पुलिस ने खुनखुनकलां गांव में तीन स्थानों से तीन राइफलें छीनने की वारदातों में वांछित एक व्यक्ति गुरदित्त सिंह टायरवाला को गिरफ्तार कर लिया है । उसके साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

स्कूटर छीना

चंडीगढ़ (संधी): आज दोपहर कुराली के निकट दो अज्ञात युवक एक स्कूटर नं. सी.एच.आई. 2306 छीन कर ले गए ।

बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

उसमान, इब्राहीम और हसैन सलेमान सिंधी बताए



दिल्ली पुलिस द्वारा जारी दो उग्रवादियों के चित्र (बाएं) 5 इंच, आयु 23-24 वर्ष, क्लीनशेव, गोल चेहरा, (5 इंच, आयु 20

फ़ेयरफ़ैक्स को भार मुफ़्त करने के लिए नु

नई दिल्ली, 24 सितम्बर : ठक्कर-नटराजन आयोग के वकील जी. रामास्वामी ने आज आयोग को बताया कि रिलायंस के मामले में बाम्बे डाइंग के अध्यक्ष, नुसली वाडिया ने ही फ़ेयरफ़ैक्स डिटैक्टिव एजैंसी को अनुबंधित किया था ।

श्री रामास्वामी ने आज आयोग के समक्ष अपनी गवाही समाप्त की । उन्होंने कहा कि इस बात की पूरी सम्भावना है कि तत्कालीन प्रवर्तन निदेशक भूरे लाल ने श्री वाडिया का उपयोग किया हो । उक्त अमरीकी एजैंसी के श्री माईकेल हर्शमैन को गत नवम्बर में भारत बुलाने के लिए श्री वाडिया ही जिम्मेदार हैं ।

अपने तीन घंटे की गवाही के अंत में श्री रामास्वामी ने आयोग से कहा, "यह एक चेतावनी है । इस बात के विरुद्ध कि किसी निहित स्वार्थ वाले को अपने विरोधी के बारे में भारत सरकार के माध्यम से पता लगाने की अनुमति दी जाए और एक ऐसी एजैंसी को नियुक्त किया जाए, जिसके सम्पर्क सबको मालूम हैं ।"

श्री रामास्वामी ने कहा कि इस बात की प्रबल सम्भावना है कि श्री वाडिया ने फ़ेयरफ़ैक्स को धन दिया ताकि वह भारत सरकार के लिए मुफ़्त काम कर सके । यह एक तथ्य है कि भारत सरकार ने फ़ेयरफ़ैक्स ग्रुप को कोई अदायगी नहीं की, अतः दिलचस्पी रखने वाले किसी दूसरों ने अवश्य ही उसे धन दिया होगा । उन्होंने कहा कि यह निर्विवाद है कि श्री हर्शमैन नवम्बर में दिल्ली के ओबराय होटल में ठहरे थे ।

श्री वाडिया के वकील राम जेठमलानी शनिवार को अपना अंतिम उत्तर शुरू करेंगे ।

श्री रामास्वामी ने श्री हर्शमैन पर गैर-जिम्मेदाराना प्रैस बयान देने का आरोप लगाते हुए कहा कि अभी भी श्री नुसली वाडिया से उनका सम्पर्क बना हुआ है और वह उन्हें बचाने की

APEEJAY SCHOOL
JALANDHAR

APEEJAY SCHOOL,
NEW JAWAHAR NAGAR, JALANDHAR
WANTED

Teachers for Junior/Pre-Primary Section : Should be M.A. in English with B.Ed. or B.A. with B.Ed. to teach Primary/K.G. Classes. Fluent in English. Persons who have already applied need not apply. Applicants to appear for Interview on 27th September, 1987 at 9 A.M. with applications on prescribed forms (available from School Office), alongwith Rs. 10/- postal order.

S.C. SHARMA, PRINCIPAL

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

किराए पर

दो कमरों का सैट किराए पर खाली है । मिलें : 224, भाई दित सिंह नगर, मुहल्ला ढन, जालंधर । फोन : 72044.

मकान बिकाऊ

मकान नं. 107, दित्त सिंह नगर, ढन मुहल्ला, जालंधर में बिकाऊ है । मिलें : श्री गिरधारी लाल EN-273, कोटपक्षियां, जालंधर ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 24.9.87 Rs. 51/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.95 per Dozen.

प्रवेश सूचना

Sunday Open (9 AM to 2 PM) RMP (Valid for Practice) B.A. Final after B.A.I., दसवीं पास इंटर तथा बिना किसी प्रमाणपत्र मैट्रिक करें । B.Ed./BTC/JBT/OT का दाखला शुरू । Prospectus Rs. 10/-, Guru Gobind Singh College, Garha, Jalandhar (affiliated).

चिकित्सा

निराशा, सुस्ती, पेशाबी बीमारियां ज़बरदस्त इलाज 80/- Stammering हकलाना 75/-, बवासीर, अफ़ीम छुड़वाएं । Chanana Medical Hall, Chowk Deepak Cinema, Ludhiana.

आयुर्वेदिक चमत्कार ! हमारी अपनी तैयार

वर्ष 23 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 106
शनिवार, 26 सितम्बर, 1987 तदनुसार, 10 आश्विन, 2044 मूल्य 75 पैसे, विमान द्वारा 90 पैसे

बार-बार अनुरोध किया है कि वह अब बिना किसी देरी के वापस अमृतसर जाकर 'कौम' का नेतृत्व करें ।

पता चला है कि प्रोफैसर दर्शन सिंह ने यह बात

आतंकवादियों ने हैडकांस्टेबल सहित 3 की हत्या कर दी : 4 घायल

खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर गिरफ्तार : बटाला में हड़ताल

फरीदकोट में उग्रवादियों से अपहृत स्त्री छुड़ाई गई

चंडीगढ़, 25 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने एक हैड कांस्टेबल सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक कांस्टेबल को घायल कर दिया । थाना तरनतारन के अंतर्गत गांव गगो बुआ में आतंकवादियों तथा सुरक्षा बलों के मध्य मुठभेड़ हुई । फगवाड़ा के निकट दो होम गार्डों को संदिग्ध आतंकवादियों ने घायल कर दिया । बंगा के करीब एक स्कूटर सवार गोली लगने से घायल हो गया । होशियारपुर पुलिस ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के 'एरिया कमांडर' को गिरफ्तार किया जबकि फरीदकोट पुलिस ने 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक अपहृत स्त्री को भी बरामद किया ।

युवक की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): गत रात्रि थाना सरहाली के अन्तर्गत गांव नन्दपुर के बाहर तीन आतंकवादियों ने एक युवक सुरेन्द्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार वह अपने मामा के साथ खेतों से लौट रहा था जब आतंकवादियों ने उस पर गोलियों की बौछार कर दी जो कि उसके सिर, छाती, बाजू तथा टांगों में लगीं । उसको सिविल अस्पताल तरनतारन में दाखिल कराया गया जहां से उसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर लाया गया । वहां आज प्रातः उसकी मृत्यु हो गई ।

गत रात ही थाना तरनतारन के गांव गगो बुआ में नहर के पुल के करीब सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के एक गिरोह के मध्य फायरिंग हुई । यह फायरिंग तब हुई जब आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की एक गश्ती पार्टी पर घात लगा कर हमला किया । दोनों ओर से हुई फायरिंग में कोई जख्मी नहीं हुआ और आतंकवादी भाग निकलने में सफल हो गए ।

दुकानदार को लूट लिया

गत रात ही विजय नगर क्षेत्र में एक दुकानदार जगदीप शर्मा से दो संदिग्ध व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर 600 रुपए छीन लिए । वह मोपेड पर सवार होकर अपने घर जा रहा था ।

एक व्यक्ति की हत्या

बटाला (कोछड़): गत रात जिला गुरदासपुर के थाना श्री हरगोबिंदपुर के अन्तर्गत गांव बहादुरपुर रजोआ के निकट दो संदिग्ध व्यक्तियों ने एक व्यक्ति अमरजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार संदिग्ध व्यक्तियों ने अमरजीत सिंह पर उस समय फायरिंग की जब वह एक मेले में शामिल होकर साइकल पर अपने गांव लौट रहा था । उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

हथियार फैंक गए

एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि कल सायं थाना श्रीहरगोबिंदपुर के क्षेत्र बहादुरपुर रजोआ में एक युवक अमरजीत सिंह (20) को व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण गोली मारी गई थी । यह गोली उसे गांव में भूरीवाला बाबा के मेले में लगभग तीन हजार की भीड़ में मारी गई जिसमें सभी समुदायों के लोग शामिल थे । जब लोगों ने हत्यारों को पकड़ने का प्रयास किया तो वे वहां एक कटी 12 बोर की दोनाली बंदूक, दो 12 बोर के पिस्तौल, 19 कारतूस फैंक कर भाग गए । श्री बिरदी के अनुसार चाहे यह गोली निजी दुश्मनी के कारण मारी गई, लेकिन फिर भी यह आतंकवादियों से सम्बन्धित घटना है । श्री बिरदी ने सम्भावना व्यक्त की कि इन सभी हिंसक वारदातों के दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

एक गिरफ्तार

एस.एस.पी. ने बताया कि स्थानीय थाना सदर ने एक संदिग्ध युवक दविन्द्र सिंह नत्थवाल को आतंकवाद निरोधक एक्ट में गिरफ्तार किया है ।

श्री बिरदी ने बताया कि बटाला क्षेत्र की तीनों हिंसक वारदातें एक ही गिरोह ने की हैं और सभी में 455 बोर का रिवाल्वर प्रयोग किया गया है ।

उद्योग व ट्रक ट्रांस्पोर्ट आज भी बंद

गत 23 सितम्बर को बटाला-अमृतसर सड़क पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा फायरिंग करके एक उद्योगपति मनजीत कुमार अग्रवाल की हत्या करके तीन अन्य को घायल करने के रोष स्वरूप आज भी स्थानीय उद्योग पूर्ण बंद रहे । इसका आह्वान ज्यांइट बोर्ड आफ इंडस्ट्री के प्रमुख प्रतिनिधियों ने किया था । सभी उद्योगपतियों ने आज यहां एक बैठक करके नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित बनाने पर बल दिया है । इसी रोष स्वरूप आज यहां की नई बनी ट्रांस्पोर्टर्ज ट्रेडर्ज ट्रक आप्रेटर यूनियन ने भी हड़ताल रखी । यह हड़ताल प्रधान रामरत्न शर्मा व सचिव जगदीश साहनी के अहवान पर की गई । कल भी हड़ताल रखी गई थी ।

होमगार्ड के दो जवान घायल

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): गत रात्रि लगभग एक बजे यहां से सात किलो मीटर दूर गांव जमालपुर में आठ संदिग्ध आतंकवादियों ने लाठियों, गंडासों व तलवारों से हमला करके होमगार्ड के दो जवानों ओंकार सिंह व सुरजीत कुमार को गम्भीर घायल कर दिया, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । पता चला है कि इन उग्रवादियों ने

(शेष पृष्ठ 12 पर)

निर्दोषों की हत्या करने वाले हैवानों को जिन्दा नहीं छोड़ेंगे : रिबैरो

अमृतसर, 25 सितम्बर (वि.प्र.): अमृतसर जिला में आज गांव खलचियां में लोक शक्ति समागम जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह की अध्यक्षता में हुआ जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए । समागम में गांव के सरपंच श्री गुरदयाल सिंह ने पंजाब पुलिस के प्रमुख श्री जे.एफ. रिबैरो को सरोपा भेंट किया ।

श्री रिबैरो ने इस मौका पर बोलते हुए कहा कि मैं न किसी कौम के खिलाफ हूं और न ही इंसानियत के बल्कि हर वह आदमी जो कानून के खिलाफ बेगुनाहों की हत्याएं करता है, उसे सिख कहना उचित नहीं और न ही ऐसे व्यक्ति का कोई धर्म होता है । ऐसे हैवानों को हम जिन्दा नहीं छोड़ेंगे ।

श्री रिबैरो ने कहा कि नांदेड़ साहब में सिख मेरे निकट हैं । वे अब भी जब मैं जाता हूं, बड़े प्यार से मिलते हैं । सिख हमेशा ही देश की तरक्की और रक्षा में आगे रहे हैं । देश को उन पर गर्व है । सिखों में नेतत्व की भावना है । उग्रवाद के विरुद्ध भी सिखों को नेतृत्व करना चाहिए ताकि इन उग्रवादियों को खत्म करने में ठोस मदद मिले ।

श्री रिबैरो ने कहा कि मैंने पुलिस और सी.आर.पी. को स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं कि वे किसी निर्दोष को तंग न करें लेकिन निर्दोषों की हत्याएं करने वालों को माफ नहीं किया जाएगा । मैं पंजाब में अन्याय करने नहीं बल्कि आतंकवाद का खात्मा करने आया हूं । सेना की तरह हमारी भी ड्यूटियां हैं । जिस तरह सेना सीमाओं पर लड़ती है, हमें उग्रवाद के विरुद्ध लड़ना पड़ता है । मैं उग्रवादियों के पक्ष में किसी तरह की सिफारिश सुनने को तैयार नहीं क्योंकि वे देश और कौम के शत्रु हैं । उनका दरबार साहब आज कत्लगाह का रूप धारण कर चुका है । वह बूचड़खाना बन गया है जहां रोजाना इन्सानों का जानवरों की तरह कत्ल करने की योजनाएं तैयार होती हैं । न सिर्फ वहां पंजाब के बल्कि देश के दूसरे हिस्सों के समाज विरोधी तत्व इकट्ठे हो चुके हैं ।

पाकिस्तान का कब्जा

जत्थेदार उमरानंगल ने कहा कि ज्ञानी जैल सिंह ने तीन आदमियों को पंजाब में उग्रवाद का दोषी ठहराया था परन्तु मैं तीन की जगह चार को जिम्मेदार ठहराता हूं । राजनीति में धर्म को दाखिल करके सिखी का बेड़ा गर्क किया गया है । यह कहा जा रहा है कि खालिस्तान का झंडा सबसे पहले मैंने उठाया था परन्तु मैंने आनंदपुर साहिब प्रस्ताव के दायरे में रह कर उसकी पूर्ति के लिए झंडा उठाया था । मैंने निर्दोषों की हत्या के लिए झंडा नहीं उठाया था । यह उग्रवादी हथियार व धन प्राप्त करने के

(शेष पृष्ठ 12 पर)

सामूहिक बलात्कार कर महिला को बाजारों में नंगा घुमाया, पाक असैम्बली से मंत्रियों का भी वाकआऊट

इस्लामाबाद, 25 सितम्बर : स्यालकोट में कुछ लोगों द्वारा एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार करके उसे नग्न करके बाजारों में घुमाने के मामले पर जब पाकिस्तान की नैशनल असैम्बली के डिप्टी

चुके हैं और न्यायालय में मामला विचाराधीन है अतः असैम्बली में चर्चा की इजाजत नहीं दी जा सकती । महिला सदस्य उपाध्यक्ष के इस तर्क से संतुष्ट नहीं हुईं और उन्होंने इसपर सदन में पूरी चर्चा की मांग









(1) अमृतसर का गुरुद्वारा शहीदां जहां वीरवार को हैडग्रंथी हत्या की, (2) निरबैर सिंह का शव, (3-4) खून के
(5) तरनतारन में आतंकवादियों के हाथों मरे सुरेंद्र सिंह का

साबुनों के मूल्यों में कटौती

नई दिल्ली, 25 सितम्बर : साबुन उद्योग ने लक्स, हमाम तथा संसार जैसे कुछ लोकप्रिय नहाने के साबुन के ब्रांडों के मूल्यों में 20 पैसे तथा लाइफब्वाय और ओ.के. साबुन के मूल्य में प्रति टिकिया पांच पैसे कम करने का निर्णय किया है ।

इस निर्णय की घोषणा आज यहां केन्द्रीय खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री हरकिशन लाल भगत

बागी अ

करनाल, कि भू.पू. केंद्री क्षेत्र में लाने के प्रदेश के मुख्य जानकारी के

देरी के वापस अमृतसर जाकर 'कौम' का नेतृत्व करें ।

पता चला है कि प्रोफैसर दर्शन सिंह ने यह बात सिंह साहिबान अपने भावी कार्यक्रम के बारे गत रात और आज प्रातः कई पंथक नेताओं से विचार-विमर्श करते रहे । इनमें एकीकृत अकाली एक प्रैस कांफ्रैंस में श्री दूमछेड़ी ने प्रोफैसर दर्शन सिंह से अपील की कि वह दीवाली के मौके पर अकाल तख्त से आनंदपुर प्रस्ताव लागू कराने के लिए लिए शांतमय संघर्ष करेंगे । युवा विंग हर तरह की हिंसा के विरुद्ध है । परन्तु किसी को भी इस बात की अनमति नहीं दी जा सकती कि वह दरबार साहब

वामपंथी दल राजीव आंदोलन में भाग न

सुरजीत का देवीलाल के साथ बातचीत

नई दिल्ली, 25 सितम्बर : वामपंथी दलों ने आज स्पष्ट किया है कि उनका गैर कम्युनिस्ट विपक्षी दलों की सूरजकुंड की बैठक में राजीव सरकार के खिलाफ संयुक्त संघर्ष चलाने के फैसले से कोई लेना-देना नहीं है ।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य हरकिशन सिंह सुरजीत ने आज सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि सूरजकुंड बैठक में पारित प्रस्ताव "काफी निराशाजनक" है क्योंकि इसमें भूमि सुधार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को शामिल नहीं किया गया है । श्री सुरजीत ने सूरजकुंड बैठक भारतीय जनता पार्टी और संयुक्त अकाली दल को आमंत्रित करने पर कड़ी आपत्ति की । उन्होंने कहा कि गैर कम्युनिस्ट विपक्षी दलों की यह "खिचड़ी एकता" कभी सफल नहीं होगी ।

श्री सुरजीत सिंह ने यह दोहराया कि जिस संघर्ष या आंदोलन में भाजपा शामिल होगी, उसमें वामपंथी दल किसी भी हालत में भाग नहीं लेंगे । उन्होंने कहा कि चारों वामपंथी दलों में इस बारे में पूर्ण सहमति है । श्री सुरजीत ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल ने कल उनसे टैलीफोन पर सम्पर्क किया था और विस्तृत बातचीत करना चाहते थे लेकिन मैंने यह कह कर मना कर दिया कि "बातचीत से कोई फायदा नहीं होगा ।"

मार्क्सवादी नेता ने कहा कि साम्प्रदायिकता और राष्ट्रीय एकता से जुड़े मुद्दों को दर-किनार करके राजीव सरकार के खिलाफ संघर्ष नहीं चलाया जा सकता । उन्होंने कहा कि सूरजकुंड बैठक के फैसले और श्री श्री देवी लाल की कल की प्रैस कांफ्रैंस से स्थिति और जटिल हो गई है ।

श्री सुरजीत ने सूरजकुंड बैठक में भाग लेने वाले विपक्षी दलों में दोहरी सदस्यता और केंद्र-राज्य सम्बन्धों जैसे मुद्दों पर अपने स्टैंड से पीछे हटने का आरोप लगाया । उन्होंने आश्चर्य प्रकट किया कि संयुक्त अकाली दल जैसी पार्टी को, जो पंजाब में आतंकवाद को खुले तौर पर प्रोत्साहन दे रही है, किस प्रकार सूरजकुंड बैठक में आमंत्रित किया गया ।

यह पूछने पर कि क्या वामपंथी दल साम्प्रदायिकता और पृथकतावाद के विरुद्ध आयोजित किए जाने वाले सम्मेलन में श्री देवी लाल को आमंत्रित करेंगे, श्री सुरजीत सिंह ने कहा कि हम उन लोगों की चिन्ता क्यों करें जो यह कहते हैं कि भाजपा एक साम्प्रदायिक पार्टी नहीं है । उन्होंने आंध्र के मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव के इस वचन पर आश्चर्य प्रकट किया कि वह व्यक्तिगत हैसियत में सूरजकुंड बैठक में शामिल हुए थे, तेलगू देशम के अध्यक्ष के रूप में नहीं । कामरेड सुरजीत ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री के विरुद्ध आंदोलन मुख्यमंत्रियों ने ही चलाना है तो राजनीतिक दलों की प्रासंगिकता क्या रह जाती है ?

ढोंग और अवसरवाद : भगत

पटना (वार्ता): केंद्रीय संसदीय और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री हरकिशन लाल भगत ने सूरजकुंड (हरियाणा) में हुई विपक्षी नेताओं की बैठक को 'ढोंग और अवसरवाद' की संज्ञा दी है । श्री भगत ने कल रात यहां सम्वाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार स्थिर है तथा किसी भी स्थिति से निपटने में पूरी तरह सक्षम है । उन्होंने कहा कि वह भली-भांति जानते हैं कि विपक्ष का कोई भी वर्ग सरकार को गिराने में कामयाब नहीं हो सकता ।

कोटा रद्द ?

चंडीगढ़, 25 सितम्बर (संधी): हरियाणा सरकार ने प्लाट आबंटन का पूर्व निर्धारित मुख्यमंत्री स्वैच्छिक कोटा रद्द किया है या नहीं यह मामला अभी प्रश्न चिन्ह बना हुआ है ।

बी.एस. डोगरा नामक एक व्यक्ति ने पंजाब, हरियाणा उच्च न्यायालय में एक सिविल सम्बन्धी याचिका दायर करके हरियाणा सरकार से यह वचन लेने की मांग की है कि वह किसी को भी मुख्यमंत्री स्वैच्छिक कोटे से प्लाट नहीं देगी और उसने यह कोटा समाप्त कर दिया है ।

याचिका की सुनवाई के समय सरकारी वकील ने अपना जवाब दायर करने के लिए अदालत से समय की मांग की । वकील ने यह दलील दी कि वह सरकार से निर्देश लेकर ही जवाब दायर करेगा । जिस पर न्यायाधीश श्री आर.एन. मित्तल ने सुनवाई 20 अक्तूबर तक के लिए स्थगित कर दी ।



(1) अमृतसर का गुरुद्वारा शहीदां जहां वीरवार को हैडग्रंथी निरवैर सिंह की आतंकवादियों ने हत्या की, (2) निरवैर सिंह का शव, (3-4) खून के निशान और एकत्रित भीड़, (5) तरनतारन में आतंकवादियों के हाथों मरे सुरेंद्र सिंह का शव । (छाया : ओम भंडारी)



उत्तर प्रदेश के एक गांव में एक महिला द्वारा अपने पति पुराना चित्र ।

साबुनों के मूल्यों में कटौती

नई दिल्ली, 25 सितम्बर : साबुन उद्योग ने लक्स, हमाम तथा संसार जैसे कुछ लोकप्रिय नहाने के साबुन के ब्राडों के मूल्यों में 20 पैसे तथा लाइफब्वाय और ओ.के. साबुन के मूल्य में प्रति

बागी कांग्रेसी व देवी लाल वी.पी. सिंह को अपने-अपने खेमों में लाने के चक्कर में

करनाल, 25 सितम्बर (गांधी): ज्ञात हुआ है । गए प्रस्ताव में प्रदेश की वर्तमान सरकार को लटेरों

Punjabi Sansar

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 1 का शेष)

होमगार्ड के पहरा दे रहे जवानों को निकटवर्ती शराब के ठेके के मालिक से चाबियां लाकर देने को कहा, उनके इन्कार करने पर उग्रवादियों ने उन पर आक्रमण कर दिया । सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

उग्रवादी बंदी

कपूरथला के सुलतानपुर लोधी थाना क्षेत्र के ग्राम शेर सिंह शन्ना से सुरक्षा बलों ने 'बी' श्रेणी के उग्रवादी रसाल सिंह को नागरिकों के सहयोग से पकड़ लिया । रसाल सिंह फत्तूढींगा पुलिस चौकी के 4 सिपाहियों की 1983 में हत्या करने में वांछित था । कार्यवाहक जिला पुलिस चीफ डी.आर. भट्टी ने बताया कि जस्सा सिंह से भूमि विवाद पर बेला सिंह ने रसाल सिंह की मदद मांगी । रसाल सिंह ने वहां आकर जस्सा सिंह पर दो गोलियां चलाईं पर वह बच गया । इसी बीच वहां भीड़ भी एकत्र हो गई और मंड क्षेत्र से सुरक्षा बल भी आ गए जिन्होंने मिल कर रसाल सिंह को उसकी रायफल के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

हैड कांस्टेबल की हत्या

रोपड़ (वार्ता, बैंस): आज प्रातः यहां कल्याण सिनेमा के निकट दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने एक हैड कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी तथा एक कांस्टेबल को घायल कर दिया । हैड कांस्टेबल का नाम सोहन सिंह बताया गया है जबकि घायल कांस्टेबल का नाम हरपाल सिंह है । पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद आतंकवादी गांव हवेली की ओर फरार हो गए । उच्च पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए तथा क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई तथापि कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी ।

रोपड़ के पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रशेखर के अनुसार हैड कांस्टेबल सोहन सिंह आतंकवादियों की हिट लिस्ट में था । उसने दो महीने पूर्व मोहाली में एक आतंकवादी का पीछा करके उस पर गोली चलाई थी । सोहन सिंह थाना मोहाली में तैनात था । सोहन सिंह तथा हरपाल सिंह रिश्तेदार है । कांस्टेबल हरपाल सिंह खरड़ थाने में तैनात हैं । दोनों के परिवार रोपड़ में रहते हैं । सोहन सिंह कल एक कोर्ट केस के सम्बन्ध में यहां आया था । घटना के समय दोनों घर से बस स्टैंड की ओर जा रहे थे । श्री चन्द्रशेखर ने बताया कि एक आतंकवादी की पहचान कर ली गई है । पुलिस ने एक अन्य संदिग्ध व्यक्ति को सतलुज नदी के किनारे से पकड़ा है । वह वहां स्कूटर खड़ा करके अपने कपड़े धो रहा था । पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने गांव हवेली को घेर कर घर-घर की तलाशी ली । तलाशी के परिणाम अभी प्राप्त नहीं हुए । डी.आई.जी. पटियाला रेंज श्री जी.एस. भुल्लर भी यहां पहुंचे हुए हैं ।

एरिया कमांडर गिरफ्तार

होशियारपुर (प्रद्युम्न): जिला पुलिस ने गुरचरण सिंह बिलगा उर्फ चरणी उर्फ जसबीर सिंह को गिरफ्तार करने का दावा किया है जिसे हाल ही में तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का 'एरिया कमांडर' नियुक्त किया गया था । होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश अरोड़ा ने पत्रकारों को बताया कि बिलगा को गांव परहीरां तथा बोहन पट्टी के मध्य की गई नाकेबंदी के दौरान पकड़ा गया । पुलिस ने उससे एच. ई. 36 हथगोला भी बरामद किया । उसने जिला कपूरथला में थाना फगवाड़ा के गांव ढड्डा में सरपंच निर्मल सिंह व उसकी पत्नी की हत्या तथा जालन्धर जिले के गांव हिलरां में एक सहकारी सोसायटी से 27010 रुपए लूटने की वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है ।

हैड कांस्टेबल बर्खास्त

गरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि हैड कांस्टेबल दर्शन सिंह को आतंकवादियों से सम्बन्ध रखने के आरोप में धारा 311 के अन्तर्गत बर्खास्त कर दिया गया है ।

बाडी गार्ड मिल गया

भटिंडा (के.एल. गोयल): जिला फरीदकोट के सी.पी.आई. नेता श्री एस.एस. धालीवाल का निकट सम्बन्धी तथा बाडीगार्ड दलजीत सिंह उर्फ गोरा जिसका 16 सितम्बर को फरीदकोट से अज्ञात युवकों ने अपहरण कर लिया था, का पता चल गया है । जम्मू के निकट वह अपहरणकर्त्ताओं के चंगुल से बच निकला तथा जी.आर.पी. से मदद मांगी । अब वह जम्मू पुलिस की सुरक्षित हिरासत में है । सूचना मिलने पर फरीदकोट पुलिस उसे लेने गई लेकिन जम्मू पुलिस ने दलजीत सिंह को उसके हवाले करने से इन्कार कर दिया क्योंकि वह बहुत आतंकित है । पुलिस सूत्रों के अनुसार फरीदकोट की पुलिस पार्टी के पास दलजीत सिंह को वापस लाने के लिए वांछित दस्तावेज भी नहीं थे ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (वार्ता, जिंदल): फरीदकोट पुलिस ने जिला में विभिन्न स्थानों पर नाकेबंदियों के दौरान 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिंद राम ने बताया कि पुलिस ने 4 पिस्तौल, 2 बंदूकें तथा बड़ी मात्रा में कारतूस तथा एक स्कूटर बरामद किया ।

मोगा से 'आजाद' के अनुसार एक अपहृत स्त्री भी उग्रवादियों के पंजे से छुड़ाई गई और उसे उसके वारिसों के हवाले कर दिया गया । गुरमीत सिंह तथा टेका उर्फ टेक सिंह नामक दो उग्रवादियों को कोटकपूरा पुलिस ने पकड़ा जब वे बजाज चेतक स्कूटर पर जा रहे थे । उन्होंने स्कूटर के पीछे एक सुन्दर विवाहित बिठा रखी थी जिसे वे पिस्तौल की नोक पर कोटकपूरा से अपहरण करके लाए थे । कोटकपूरा-जैतो सड़क पर स्थित नहर के पुल पर पुलिस की ओर से की गई नाकेबंदी के दौरान इन आतंकवादियों को पकड़ा गया तथा इनसे एक नाली बंदूक, एक पिस्तौल, 22 कारतूस तथा स्कूटर बरामद किया गया । इनके पंजे से विवाहित स्त्री को छुड़ा कर उसके वारिसों के हवाले कर दिया गया । जैतो पुलिस ने सुच्चा सिंह तथा महेन्द्र सिंह दो आतंकवादियों को पकड़ा । यह आतंकवादी पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा भटिंडा-फरीदकोट जिलों की सीमा पर स्थित गांव रूमानाजीत सिंह पर मारे गए छापे के दौरान पकड़े गए । इनसे एक विदेशी बंदूक, एक पिस्तौल तथा 9 कारतूस बरामद हुए । छापे के दौरान उनके कुछ साथी फरार होने में सफल हो गए । पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि वे सुखमंदर सिंह लुहाम तथा रणजीत सिंह कालके ग्रुप से सम्बन्ध रखते हैं, जो पुलिस मुकाबले में मारे जा चुके हैं ।

मोगा सब-डिवीजन के गांव दारापुर में छिंदर सिंह तथा गांव संधुवाला के चरण सिंह नामक दो उग्रवादियों को मोगा सदर पुलिस ने गिरफ्तार किया । उनसे 2 पिस्तौल, 7 कारतूस बरामद किए गए । इन उग्रवादियों पर गांव दारापुर के एक व्यक्ति गनमोहन सिंह की हत्या का आरोप है ।



फगवाड़ा के पास स्थित गांव जमालपुर में आतंकवादियों के हाथों घायल होमगार्ड का जवान ओंकार सिंह । (छाया : कौड़ा)

अजिताभ को स्विटजरलैंड में आवासी परमिट न मिला

जैनेवा, 25 सितम्बर (ए.पी.): प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता और भूतपूर्व सांसद अमिताभ बच्चन के छोटे भाई अजिताभ को स्विस अधिकारियों ने आवासीय परमिट देने से इन्कार कर दिया है । जैनेवा के पुलिस प्रमुख बर्नार्ड जीगलर ने कहा कि श्री अजिताभ का आवेदन 'नैतिक आधार पर' नामंजूर किया गया है । उन्होंने कहा कि अधिकारी बेवजह के प्रचार से बचना चाहते हैं ।

टैलीफोन पर जैनेवा से अजिताभ बच्चन ने बताया कि उसने स्विस अधिकारियों के फैसले के खिलाफ अपील की है ।

जय बोलो दूरदर्शन क

पटियाला, 25 सितम्बर (भूषण): दिल्ली दूरदर्शन पर 'मनोरंजन' धारावा पूर्व हिन्दी समाचार सुनाते हुए वाच मनोरंजन का सामान उपलब्ध करा समाचार वाचक ने समाचार सुनाया कि मुस्लिम विश्व विद्यालय के अध्यापकों ने हड़ताल समाप्त कर दी और वे कल से आज से) पढ़ना शुरू कर देंगे । श्रोता है कि अध्यापकगण पढ़ा करेंगे या पढ़ाया क समाचार वाचक भद्रपुरुष समाचार सु अगले समाचार पर छलांग लगा गए । यह आवश्यक नहीं समझा कि भूल को लिया जाए और सही समाचार सुनादिया

अधिकारियों के तबा व नियुक्तियां

चंडीगढ़, 25 सितम्बर (वि. प्र.) सरकार ने एक आदेश जारी करके कुछ अ के तबादले व नियुक्तियां की हैं । इस आदेशानुसार 'मार्फफैड' के अतिरिक्त निदेशक श्री जी.एस. नूरपुरी को 'स्पिन प्रबन्ध निदेशक नियुक्त किया गया है, श्री गोयल को संयुक्त विकास आयुक्त लगाया श्री गुरमेल सिंह, अवर सचिव स्थानीय नि समाज कल्याण कार्यालय में प्रशासनिक लगाया गया है ।



शुक्रवार को बाबा बकाला के निकट खलचियां में एक जनसभा को संबोधित करते हुए (ऊपर पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरो, वरिष्ठ अकाली नेता श्री जीवन सिंह उमरानंगल और अमृ जिलाधीश श्री सरबजीत सिंह (छाया : प्रेम

रिबैरो
(पृष्ठ 1 का शेष)

लिए पाकिस्तान के इशारों पर नाचते हैं । दरबार साहब में बैठ कर खालिस्तान के प्रस्ताव पास करते हैं । ये आतंकवादी उनसे हाथ मिलाते हैं और गले मिलते हैं, जिन्होंने हमारे गुरुओं की हत्याएं कीं । मैं साफ कहता हूं कि पाकिस्तान ने अपने एजैंटों के माध्यम से दरबार साहिब पर कब्जा कर रखा है । जत्थेदार उमरानंगल ने कहा कि बेशक दिल्ली ने पंजाब और सिखों से न्याय नहीं किया लेकिन इसका

जिलाधीश ने कहा कि उग्रवाद का ह गोली से होता है । यह उग्रवाद हमारे स पैदावार नहीं है । हमने इकट्ठे होकर इसक करना है । इसको और फैलने नहीं देना । इस उग्रवाद को समाप्त करने के लिए पूरा रही है ।

श्री सर्बजीत सिंह ने कहा कि इस बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के लि सी.आर.पी., बी.एस.एफ. और आई.टी.बी अर्ध सैनिक बलों में भर्ती करने का निर्णय कि केंद्र पहले ही इसकी स्वीकृति दे चुका है

जय माता दी ! जय माता दी !

जगराता

(पवित्र ज्योति का ज्वालाजी से आगमन 6 बजे)

आज 26.9.87 गली नम्बर 4, सैंट्रल टाऊन, जालन्धर में मनाया जा रहा है

: पार्टियां :

चैताली एंड पार्टी (दिल्ली वाले)
(चैताली जी 44 आवाज़ों में गाएंगी) ।
गीतांजलि एंड पार्टी
विजय राजा एंड पार्टी (जालंधर)
महंत लेख राज
कीमती लाल सेठी (तरनतारन)

भवन की शोभा देखने योग्य लंगर, चाय, खीर सेवा मुफ्त

एडवर्टाईज़मैंट कर्त्ता :
विनोद चोपड़ा, प्रधान नवयुवक सभा, फगवाड़ा गेट, जालंधर

FIRST TIME IN INDIA
HEARWELL
Introduces invisible Hearing Aids
(in the ear canal)
Fitted and tested with Computer
Manufacturers & Distributors
HEARING-AID CENTRE Kailash Cinema Chowk, Ludhiana-141001
Trade Enquiries Solicited

नैशनल इंश्योरैंस कम्पनी लिमिटिड
उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय,
जीवन विकास, 30-31ए, आसफ अली रोड,
नई दिल्ली-110002.

शुद्धि पत्र

अब पिक्चर रंगीन 3 साल की गारंटी के साथ
BAHADUR ELECTRONICS, VAY ROAD, STT. LUDHIANA.

डेरा बाबा नानक में आटा चक्की मालिक की हत्या

फतेहगढ़ साहब के मुख्य ग्रंथी का अपहरण, बाद में रिहा ?

3 उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

नकोदर क्षेत्र में अध्यापक व बेटे पर हमला

चंडीगढ़, 26 सितम्बर (ह.स.): गत रात उग्रवादियों ने डेरा बाबा नानक क्षेत्र में एक आटा चक्की मालिक की हत्या कर दी, नकोदर क्षेत्र में एक अध्यापक और उसके पुत्र को गम्भीर रूप से घायल कर दिया तथा नंगल खंगा में सी.आई.डी. के इंस्पैक्टर से स्कूटर छीन लिया । फरीदकोट में 3 युवकों ने पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । जिला गुरदासपुर में सुरक्षा बल की गश्ती टुकड़ी पर हमला करने वाले दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

बटाला (बाता, कोछड़): डेरा बाबा नानक थाना क्षेत्र के गांव कोठे खड़ालपुर में कल आतंकवादियों ने एक आटा चक्की मालिक की सोते समय हत्या कर दी । पुलिस ने मृतक का नाम जसवन्त सिंह बताया है । हत्यारे हत्या करके फरार हो गए । हत्या की जानकारी आज प्रातः उस समय हुई जब मृतक के रिश्तेदार उसकी चक्की पर पहुंचे । पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है ।

दो गिरफ्तार

जिला पुलिस ने गत माह मुठभेड़ों में मारे गए सीमा सुरक्षा बल के एक दरोगा की कथित हत्या के सम्बन्ध में दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है ।

जिला पुलिस प्रमुख जे.पी. बिरदी ने बताया कि आतंकवादी फतेहगढ़ चूड़ियां थाना के पाखोवाल गांव का सिमर सिंह उर्फ काला और मित्रमान सिंह लाडा गांव सारचूर हैं ।

श्री बिरदी के अनुसार प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान सिमर सिंह उर्फ काला ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों सहित 29 अगस्त 1987 को गांव सारचूर के निकट रात के समय सुरक्षा बल की "पैट्रोलिंग" गाड़ी पर फायरिंग की थी जिसमें सुरक्षा बल के इंस्पैक्टर श्री कुन्दन सिंह की मृत्यु हो गई थी और ड्राइवर चमन लाल घायल हो गया था ।

श्री बिरदी के अनुसार इन्होंने कुछ समय पूर्व गांव नासरके में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 15 हजार रुपए लूटना भी स्वीकार किया है । अगे इनसे पूछताछ जारी है ।

घर में घुस कर हत्या

अमृतसर (ह.स.): गत रात तीन व्यक्तियों ने हरजीत सिंह नामक युवक के घर में घुसकर उसकी हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार उक्त व्यक्तियों ने हरजीत की दादी के कानों से सोने के टॉप्स छीनने का प्रयास किया । परिवार के सदस्यों के प्रतिरोध करने पर उक्त व्यक्तियों ने पथराव शुरू कर दिया । एक पत्थर हरजीत के सिर पर लगा और उसकी मृत्यु हो गई । दोषी फरार हो गए ।

ग्रंथी का अपहरण

अमृतसर पुलिस ने कुछ उग्रवादियों के विरुद्ध दरबार साहब परिसर से ऐतिहासिक गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहब के ग्रंथी श्री मोहन सिंह का अपहरण कर लिए जाने के आरोप में केस दर्ज किया है । पुलिस के अनुसार उक्त ग्रंथी के मित्र सुरजीत सिंह की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 364, 506 और 342 के अन्तर्गत केस दर्ज किया

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjab Archive

मुख्यग्रंथी का अपहरण

(पृष्ठ 3 का शेष)

गया है ।

जिला फिरोजपुर में कल खुद पुलिस स्टेशन के गांव लहियां निवासी सुरजीत सिंह ने बताया कि उग्रवादियों ने परिक्रमा में उन दोनों का पिस्तौलों की नोक पर अपहरण करने का प्रयास किया । मुरजात सिंह एक दर्दात उग्रवादी बलविंदर सिंह जो कुछ मास पूर्व नाभा जेल से अपने साथियों सहित फरार होने के प्रयास में मुठभेड़ के दौरान मारा गया था, का पिता है । उसने बताया कि वह किसी तरह से भाग निकलने में सफल हो गया जबकि उसके मित्र ग्रंथी को उग्रवादियों का एक गुट किसी कमरे में ले गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने ग्रंथी की रिहाई के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अधिकारियों से सम्पर्क किया परंतु अंतिम समाचार मिलने तक इस संबंध में कोई समाचार नहीं मिला कि ग्रंथी का क्या बना ? एक अपुष्ट समाचार के अनुसार उग्रवादियों ने बाद में ग्रंथी को रिहा कर दिया और वह अपने गांव चला गया ।

गिरफ्तार उग्रवादियों का रिमांड

जालन्धर (न.न.अ.): जालन्धर पुलिस ने गत दिनों गिरफ्तार किए गए 6 आतंकवादियों को कल अदालत में पेश करके उनका 27 सितम्बर तक का पुलिस रिमांड प्राप्त कर लिया । उल्लेखनीय है कि पुलिस ने इनसे भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया था ।

7 शरणदाता गिरफ्तार

नवांशहर (शर्मा): पुलिस ने उन तमाम अभियुक्तों को मनोनीत कर दिया है जिन्होंने पिछले सप्ताह यहां अंधाधुंध फायरिंग कर पांच लोगों की हत्या कर दी और 13 को घायल कर दिया था । पांचों अभियुक्त जिला होशियारपुर के रहने वाले हैं और जसबीर सिंह लाली उसका नेता है । पुलिस को बहुत जल्द कातिलों को गिरफ्तार करने की आशा है । इसके अतिरिक्त जो दूसरे सात व्यक्ति उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं, उनके नाम हैं : प्रेम सिंह गांव जेतो सरदा थाना सदर बटाला, हरभजन सिंह वैटरनरी फार्मासिस्ट शेखपुर तहसील नवांशहर, बलराज सिंह भोली, स्वर्ण सिंह, गुरमुख्यार, यशपाल उर्फ बिट्टू तमाम शाहपुर थाना नवांशहर ।

हत्या के सम्बन्ध में एक गिरफ्तार

इसी बीच पता चला है कि नवांशहर पुलिस ने गत 25 सितम्बर को हुई हत्या के सम्बन्ध में गांव लोधीपुर निवासी बलजीत सिंह पुत्र साधु सिंह को गिरफ्तार किया है । हत्या में प्रयुक्त स्कूटर पी.यू.एस. 9491, कुछ कपड़े और उसकी दुकान में अभियुक्तों द्वारा छोड़ा गोली-सिक्का पुलिस ने बरामद किया है । बलजीत शेखुपुर गांव में प्रैक्टिस करता है । हत्या का षड्यंत्र वारदात के एक दिन पूर्व उसी की दुकान में बना था । इसके अतिरिक्त कुछ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है इन सभी से अभी पूछताछ जारी है ।

कर्मी घायल

आज प्रातः सदर पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत मुहल्ला दशमेश नगर में चार युवकों ने जिलाधीश कार्यालय के एक कर्मचारी सुरजीत राम को घायल कर दिया ।

पिता-पुत्र घायल

नकोदर (गगन): नकोदर से 30 किलो मीटर दूर गांव काकड़कलां में एक अध्यापक श्री रामलुभाया व उनके पुत्र श्री संदीप कमार को बीते दिनों सात हमलावरों द्वारा सख्त जख्मी कर देने का समाचार मिला है । इन हमलावरों ने उपरोक्त अध्यापक के घर उस समय धावा बोला जब गांव में आधी रात के समय बिजली गायब थी । हमलावरों ने घर में घुसकर अध्यापक से हथियारों की तथा स्कूटर की मांग की परन्तु अध्यापक ने कहा कि मेरे पास कोई हथियार नहीं हैं । इसी बीच घर के सभी सदस्य कुछ हमलावरों से उलझ गए तथा हमलावर अध्यापक व उसके पुत्र को सख्त जख्मी करके बिना कुछ लूटे फरार हो गए ।

लोग पलायन को विवश

'गगन' के अनुसार गत दो सप्ताह के दौरान 'नकोदर' से तीन किलो मीटर नूरमहल सड़क पर स्थित गांव 'वीर पिंड' से आतंकवादियों के डर के कारण अनुसूचित जाति के 13 परिवार अज्ञात स्थानों पर चले गए हैं । इसी गांव के लोगों ने दो सप्ताह पहले गांव में आए एक खतरनाक आतंकवादी को घेरा डाल कर सी आर पी एफ. के हवाले कर दिया था । पुलिस द्वारा इसे खतरनाक आतंकवादी कहने के बावजूद गांव में कोई खास सुरक्षा प्रबन्ध नहीं किए गए और गिरफ्तार आतंकवादी के साथियों, जोकि वीर पिंड के ही रहने वाले बताया जाते हैं, ने उसी शाम श्री मंगत सिंह की [illegible] को गोलियों से भून डाला था । आज तक तहसील व जिला के किसी भी अधिकारी द्वारा इस गांव का एक भी दौरा नहीं किया गया । सी.आर.पी.एफ. की चौकी, जो उक्त हत्या के बाद गांव में तैनात की गई है, वह कुछ दिन ही और रहेगी ।

इस स्थिति के परिणामस्वरूप लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है और लोग गांव छोड़ कर जा रहे हैं । गांव में आज तक सी.पी.एम. के नेताओं के अतिरिक्त किसी भी पार्टी ने गांव में आने का साहस नहीं किया । सी.पी.एम. के नेता व वर्कर लगातार गांव वालों से संबंध रखे हुए हैं ।

स्कूटर छीना

दसूहा (झावर): कुछ अज्ञात युवकों ने अमृतसर में सी.आई.डी. इंस्पैक्टर अमृत लाल से पिस्तौल की नोक पर उनका स्कूटर पी.बी.ओ. 3972 छीन लिया । यह वारदात टांडा पुलिस स्टेशन के गांव नंगल खुंगा के निकट हुई ।

अपहर्ताओं से बचकर अस्पताल में

भटिंडा (ह.स.): भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला फरीदकोट के सचिव श्री एस.एस. धालीवाल का अंगरक्षक व निकटवर्ती सम्बन्धी दलजीत सिंह उर्फ गोरा जिसका गत 16 सितम्बर को फरीदकोट से अपहरण कर लिया गया था, जम्मू से मिल गया है ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार अंगरक्षक के रिश्तेदार और फरीदकोट की एक पुलिस पार्टी जम्मू पुलिस से सूचना मिलने पर वहां पहुंची और गोरा को अपहरणकर्त्ताओं द्वारा दी गई यातनाओं से पीड़ित अस्पताल में उपचार कराते हुए पाया । उल्लेखनीय है कि गोरा का फरीदकोट की बाहरी आबादी में उस समय अपहरण कर लिया गया था जब वह जीप में अपने बड़े भाई से मिलने जा रहा था । बाद में जीप संधवां गांव के निकट मिल गई थी ।

दलजीत के एक सम्बन्धी ने यहां वापस आने पर बताया कि जम्मू पुलिस ने दलजीत को मामले की छानबीन से पूर्व छोड़ने से इन्कार कर दिया है । उसने बताया कि दलजीत यद्यपि स्पष्ट रूप से बोल पाने में असमर्थ है परन्तु उसने बताया कि वह जम्मू रेलवे स्टेशन पर जी.आर.पी. की सहायता से अपहर्त्ताओं के चंगुल से बच गया ।

फरीदकोट (बिंदल): जिला फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री गोविंद राम ने मुक्तसर डिवीजन के 6 थानों में गत रात छापे मारकर पुलिस हिरासत में अवैध रूप से रखे 5 व्यक्तियों को रिहा कर दिया । उन्होंने इस सम्बन्ध में 6 पुलिस कर्मचारियों को लाईन हाजिर कर दिया है ।

आज यहां उक्त जानकारी एस.एस.पी. ने दी और गांवों के पंचों-सरपंचों से अपील की कि वे ऐसे अन्य केस भी उनके नोटिस में लाएं ताकि दोषी पुलिस कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके ।

3 युवकों द्वारा आत्म-समर्पण

श्री गोबिन्द राम ने बताया कि आज प्रातः उनके समक्ष तीन ऐसे युवकों ने आत्म-समर्पण किया जो उग्रवादियों के शिकंजे में फंसे हुए थे । उन्होंने बताया कि आत्म-समर्पण करने वाले बलजिंदर सिंह, सुखदेव सिंह और नाज सिंह की रक्षा की जाएगी । इन्हें दो उग्रवादियों गुरजंट सिंह और जगरूप सिंह ने काबू किया हुआ था तथा वे इन पर निर्दोष लोगों की हत्या करने के लिए दबाव डाल रहे थे ।

पोस्त का चूरा बरामद

धूरी (सिंगला): जिला संगरूर पुलिस ने दो तस्करों साहब सिंह और सिका मसीह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 40 किलो पोस्त का चूरा, 12 बोर की एक बंदूक और 25 कारतूस बरामद किए ।

उग्रवादी रिहा

पटियाला (भूषण): नाभा जेल में डैजीगनेटिड कोर्ट के विशेष जज ने फिरोजपुर के उग्रवादी सतनाम सिंह जिस पर जिला गुरदासपुर में एक हत्याकांड का केस चल रहा था, को आज पर्याप्त प्रमाण न मिलने के कारण रिहा कर दिया ।



डेरा बाबा नानक थानांतर्गत गांव खुशहालपुर के आटा चक्की मालिक जसवंत सिंह का शव । उसकी हत्या उग्रवादियों ने कर दी । (छाया : विनोद)

तमिल नेता की मृत्यु

कोलम्बो, 26 सितम्बर : लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम के नेता अमृतलिंगम दिलीपन की आज जाफना के पास बल्लर कंडास्वामी मन्दिर में अपने आमरण अनशन के 12वें दिन मृत्यु हो गई ।

यहां मिली खबरों के मुताबिक श्री दिलीपन की जो पिछले कुछ दिनों से नीम बेहोशी की हालत में थे, आज सुबह 11 बजे से कुछ पहले मृत्यु हो गई ।

श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त ज्योतीन्द्र नाथ दीक्षित 'तमिल टाइगर्स' के आंदोलन से उत्पन्न गतिरोध को समाप्त करने के लिए 'टाइगर्स' के नेता वेलुपिल्ले प्रभाकरन से बातचीत करने आज ही जाफना पहुंचे ।

श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त जे.एन. दीक्षित और लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के नेता वी. प्रभाकरन ने आज आशा प्रकट की कि उनकी बातचीत के ठोस परिणाम सामने आएंगे और देश में स्थिति सामान्य होगी । लिट्टे की मांगों पर देर तक चली दूसरे दौर की बातचीत के बाद श्री दीक्षित और श्री प्रभाकरन द्वारा जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि उन्होंने विस्तारपूर्वक और लाभप्रद बातचीत की । उन्होंने कहा कि बातचीत में कुछ प्रगति भी हुई है ।

7 दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन

नई दिल्ली, 26 सितम्बर : श्री पी.एच. वैष्णव, मुख्य सचिव पंजाब ने बताया कि राज्य सरकार दिल्ली प्रशासन (पंजाबी अकादमी) के सहयोग से राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब की भूमिका पर प्रकाश डालने हेतु एक 7 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर रही है । 1947 का वर्ष भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक शानदार अध्याय है। उनकी इच्छा थी कि स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित समारोहों के अवसर पर प्रत्येक राज्य राजधानी में कम से कम एक समारोह का आयोजन करता, जिससे देशवासियों को प्रत्येक राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों की ओर से आजादी प्राप्ति के लिए दिए गए बलिदानों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलता । उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चलाए गए अभियानों की एक लम्बी कड़ी है । जैसा कि देव समाज, आर्य समाज, ब्रह्म समाज, स्वतंत्रता संग्राम की ऐसी कड़ियां हैं जोकि आजादी प्राप्ति के लिए विभिन्न ढंगों से प्रयत्नशील रहीं । गदर पार्टी, बब्बर, गुरु का मोर्चा, रोलेट एक्ट भारत छोड़ो आंदोलन, कूका आंदोलन, अहिंसा और अवज्ञा आंदोलन आदि सब स्वतंत्रता संग्राम का ही भाग हैं ।

मंत्रिमंडल में फेरबदल टलने से 'उम्मीदवार' निराश

नई दिल्ली, 26 सितम्बर (जी.एस. चावला): मंत्रिमंडल में आज सम्भावित फेरबदल न हो पाने से इच्छुक सांसदों को एक बार फिर से निराशा का सामना करना पड़ा है ।

सत्ताधारी दल के अनेकों सांसदों, जो मंत्रिमंडल में लिए जाने की आशा रखते थे, को परी आशा थी कि शनिवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल में विस्तार किया जाएगा । पार्टी द्वारा विस्तार का संकेत दिए जाने के अतिरिक्त उन्हें पता था कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति दोनों शनिवार को राजधानी में ही होंगे और इसके बाद पांच दिन की यात्रा पर रवाना हो जाएंगे । मंत्रिमंडल में शामिल होने के इच्छुक सांसद दूर-दूर से आए हुए थे ताकि यदि विस्तार सूची में उनका नाम आ जाए तो वे मौका हाथ से न गंवा दें ।

ये इच्छुक सांसद दिन भर अपने निवास स्थानों में टैलीफोन से चिपके प्रधानमंत्री निवास स्थान से खबर आने की प्रतीक्षा करते रहे । वे किसी से मिलने बाहर कहीं नहीं गए । यहां तक कि प्रतीक्षित संदेश के लिए उन्होंने अपने टैलीफोन की लाइन बिना रुकावट के चालू रखने के निर्देश दे रखे थे । इस बीच वे बार-बार अपने सूत्रों व पत्रकार मित्रों को टैलीफोन करके पूछते रहे कि क्या आज मंत्रिमंडल का विस्तार होगा या नहीं ।

कहा जाता है कि मंत्रिमंडल के परिवर्तन में विलम्ब का कुछ कारण प्रधानमंत्री द्वारा निर्णय नहीं

पंजाब समस्या प्रशा... हल नहीं की जा स...

कानपुर, 26 सितम्बर : पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सरजीत सिंह बरनाला ने आज कहा कि पंजाब समस्या प्रशासनिक उपायों से नहीं सुलझाई जा सकती । आज यहां सम्वाददाताओं के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि पंजाब के मौजूदा सामाजिक, आर्थिक हालात को मद्देनजर रखते हुए किसी राजनीतिक हल द्वारा ही वहां का संकट दूर हो सकता है । उन्होंने कहा "अगर पंजाब समझौता ईमानदारी से लागू किया जाता तो सिखों का केन्द्र सरकार की गम्भीरता पर विश्वास जम जाता ।" श्री बरनाला ने साफ-साफ कहा कि उन्हें राजनीतिक मदद न मिलने से वह राज्य की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं ला सके ।

उन्होंने कहा कि पंजाब समझौते पर कार्यान्वयन की मांग करने का मुख्य उद्देश्य उग्रवादियों को अलग-थलग करना है । उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने के बाद से वहां कानून व्यवस्था की हालत नित्य प्रति बिगड़ रही है । उन्होंने कहा कि मेरी सरकार इस बहाने से डिसमिस की गई थी कि वह पंजाब में हत्याएं रोकने में नाकाम रही है लेकिन अब वहां क्या हो रहा है ? उन्होंने कहा कि मैं उग्रवादियों को अलग-थलग करने तथा समूचे सिख समुदाय को संगठित करने का

सती की अफवाह

जयपुर, 26 सितम्बर : सीकर जिले के एक गांव में सती होने के प्रयास की एक सूचना बाद में अफवाह निकली ।

दिवराला की पुलिस चौकी में कल शाम किसी ने टैलीफोन पर सूचना दी कि पास के हरदारपुरा गांव में कुमार जाति की एक महिला अपने मृत पति के साथ सती होने की तैयारी कर रही है । सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल उस गांव में गई । पहुंचने पर पता चला कि वहां कोई मौत ही नहीं हुई है ।

अपनी मांगों के पक्ष में... कल सभी मुख्यालय...

जालन्धर, 26 सितम्बर (क): अकाली दल (ल) ने पंजाब समझौते को लागू करने, उग्रवाद व तोड़-फोड़ की रोकथाम सम्बन्धी अध्यादेश 1987 तथा एबीडैंस एक्ट में विशेष संशोधन सम्बन्धी बिल नं. 84 आफ 1987 को तुरन्त वापस लेने, जोधपुर के नजरबंदों को रिहा करने, बाकी रह गए भगोड़े सैनिकों को रिहा कर नौकरियों पर बहाल करने, नवम्बर 1984 के दंगों के दोषियों को सख्त सजाएं देने आदि मांगों के समर्थन में 28 सितम्बर को सभी जिला मुख्यालयों पर 11 बजे से 1 बजे तक धरने मारने का निर्णय किया है, जिसमें सम्बन्धित जिला के अकाली विधायक, एस.जी.पी.सी. सदस्य, जत्थेदार तथा सक्रिय अकाली कार्यकर्त्ता भाग लेंगे ।

यह जानकारी देते हुए अकाली दल के वरिष्ठ नेता व पूर्व वित्त मंत्री श्री बलवन्त सिंह ने आज यहां सम्वाददाताओं को बताया कि ये धरने शांतिपूर्ण होंगे तथा इस दौरान पाठ भी रखे जाएंगे । धरने के अन्त पर डिप्टी कमिश्नरों को ज्ञापन दिए जाएंगे जिनमें उक्त मांगों के अतिरिक्त यह भी मांग की जाएगी कि पुलिस व अर्ध सैनिक बलों का जनता के प्रति अन्यायपूर्ण तथा अत्याचारी रवैया बंद किया जाए और इन बलों के जो सदस्य किसी बेकसूर की हत्या या उसे घायल करने में दोषी पाए गए हैं उन्हें सजाएं दी जाएं ।

ज्ञापन में यह भी मांग की जाएगी कि बेकसूरों की हत्या करने वाले उग्रवादियों से सख्ती से निपटा जाए तथा लोग उनका बायकाट करें आदि ।

20 लाख हस्ताक्षर

श्री बलवन्त सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने एबीडैंस एक्ट में शोध कर जो यह व्यवस्था की है कि कोई दोषी यदि डी.एस.पी. स्तर के पुलिस अधिकारी के सामने दोष स्वीकार कर लेगा, यह व्यवस्था एक तो अदालती कार्रवाई को व्यर्थ बना देने वाली है और दूसरे संवैधानिक बुनियादी अधिकारों के भी विरुद्ध है । इसलिए यह असह्य है । इसके विरुद्ध दल ने 28 सितम्बर तक दस लाख हस्ताक्षर कराने का जो निशाना नियत किया था, वह पूरा हो चुका है, किन्तु कार्यकर्त्ताओं की मांग पर यह निशाना बीस लाख कर दिया गया है और अन्तिम तिथि 28 सितम्बर की

शिव मंदिर गिराने के सम्बन्ध में 2 युवक हिरासत में

अमृतसर, 26 सितम्बर (डोगरा): पुलिस ने घी मंडी बाजार पट्टियां में भगवान शिवजी का मंदिर गिराने वाले इस्माइल को हिरासत में ले लिया है जबकि मुन्ना नामी एक मुसलमान युवक अभी तक फरार है । घटना इस प्रकार बताई जाती है कि घी





Punjab Sahitri

अलावलपुर के गीता भवन बाजार में अंधाधुंध फायरिंग से पांच मरे

अमृतसर में 40 हजार रु. का सोना लूट लिया, उग्रवादियों को शरण देने में गिरफ्तार

अजनाला के मोहल्ले में फायरिंग से 2 मरे, 4 घायल

चंडीगढ़, 28 सितम्बर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने आज रात्रि पंजाब में 2 जगह अंधाधुंध फायरिंग करके कम से कम 7 लोगों की हत्या कर दी और एक दर्जन लोगों को घायल कर दिया ।

अंधाधुंध फायरिंग से 5 मरे

जालन्धर (वार्ता, ह.स.): आज रात्रि यहां से लगभग 15 किलो मीटर दूर कस्बा अलावलपुर में गीता भवन के निकट बाजार में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग से कम से कम 5 व्यक्ति मारे गए जबकि 6 गम्भीर रूप से घायल हो गए । घायलों को यहां सिविल अस्पताल में लाकर दाखिल करवाया गया है ।

मृतकों में विनय कुमार, रोशन लाल चोडा, सुरेश, जोगेन्द्र लाल, संजय शामिल हैं । घायलों में रमेश चंद्र, नरेन्द्र कुमार, अजीत कुमार तीन बच्चे इंद्रजीत, राकेश, रोशन लाल शामिल हैं । एक सूचना के अनुसार संजय का शव अलावलपुर बाजार में पड़ा हुआ है ।

घायलों में इंद्रजीत व रोशन लाल भाई भाई हैं ।

6 मरे ?

अपुष्ट सूचनाओं के अनुसार संजय के अलावा एक और व्यक्ति का शव अलावलपुर बाजार में पड़ा है ।

गोलियां चलने से कुछ मिनट पूर्व ही वहां बिजली बंद हो गई और गोली चलने के तुरन्त बाद बिजली आ गई ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो पैदल उग्रवादियों ने स्वचालित शस्त्रों से पहले अलावलपुर उप-डाकघर के पास फायरिंग की और फिर गीता भवन के सामने फायरिंग की । इसके बाद वे अंधाधुंध फायरिंग करते हुए आदमपुर रोड की ओर भाग गए । संजय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि अन्य की मृत्यु अस्पताल ले जाए जाते समय हुई । उग्रवादियों की संख्या अधिक होने की आशंका है क्योंकि उग्रवादी बाद में एक जीप में भागे । यह जीप बाजार के बाहर ही खड़ी थी । घटना की सूचना पाकर एस.एस.पी. आदि मौके पर पहुंच गए । घटनास्थल से 150 मीटर दूर ही रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित झांकी दिखाई जा रही थी पर वहां सुरक्षा प्रबन्धों के कारण उग्रवादी उस ओर न गए ।

नरेन्द्र कुमार की छाती में दाईं ओर गोली लगी है और उसकी हालत नाजुक है । तीनों बच्चों का आपरेशन कर गोलियां निकाल दी गई ।

पुलिस सूत्रों ने कहा है कि उग्रवादी रात्रि आठ बजे पैदल ही घूमते देखे गए । उन्होंने एकदम अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी ।

सिविल अस्पताल जालन्धर में दाखिल घायलों की दशा के बारे में अभी कुछ बताना सम्भव नहीं है । उग्रवादी निर्दोषों की हत्या करने के बाद फरार हो गए । गत दस दिनों में उग्रवादियों द्वारा जिला जालन्धर में फायरिंग करने की यह दूसरी घटना है । इससे पूर्व उग्रवादियों ने 19 सितम्बर को नवांशहर में 5 निर्दोषों की हत्या कर दी थी ।

कपूर के अनुसार उग्रवादियों ने गीता भवन चौक, पुराना कमेटी घर चौक तथा सराय चौडा चौक पर फायरिंग की ।

चौकीदार को पहले ही 'चुप' करवा दिया था

जालन्धर (क): गत सायं 5 बजे नगर निगम जालन्धर के कार्यालय में महसूल चुंगी के जमा किए 66250 रुपए चार उग्रवादियों द्वारा शस्त्रों की नोक पर लूटे जाने की घटना के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों का पता चला है । बताया गया है चारों उग्रवादी अपने दोनों स्कूटर निगम की लाइब्रेरी की ओर रख कर कमिश्नर के कार्यालय के बरामदे में ठीक पांच बजे पहुंच गए थे और उन्होंने वहां खड़े चौकीदार को पिस्तौल दिखा कर बरामदे में चुपचाप बिठा दिया था । ठीक पांच मिनट बाद कैश लेकर जीप आ गई थी, जिसमें कैशियर और गनमैन लोहे के गेट के पास ही उतर कर उक्त बरामदे के सामने वाले कैश रूम की ओर आ गए जबकि ड्राइवर को जीप समेत वहीं से वापस भेज दिया । उन दोनों के आते ही चारों ने झपट कर गनमैन की बन्दूक छीन ली । बताया गया है कि इन चारों के पास दो-दो पिस्तौल थे, जिनमें से एक-एक उन्होंने कमर में लटका रखा था ।

पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं

घटना के बाद निगम क्षेत्रों में भारी परेशानी व कुछ रोष भी पाया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार परेशानी इसलिए पाई जाती है कि निगम का कैश लूटे जाने की यह केवल एक घटना नहीं थी । इससे पहले भी तीन चार बार राशि लूटी जा चुकी और अब तक निगम के डेढ़ लाख रुपए से अधिक लूटे जा चुके हैं ।

लापरवाही किस की ?

रोष इस बात का बताया जाता है कि निगम अधिकारी तीन चार बार जिलाधीश व एस.एस.पी. का ध्यान निगम परिसर में सुरक्षा तथा कैश लाने आदि के दौरान सुरक्षा बारे दिला चुके हैं और फोर्स देने की मांग कर चुके हैं किन्तु फोर्स की कमी बता कर उस मांग की पूर्ति नहीं की गई । यह भी पता चला है कि निगम के बजट में कुछ पुलिस फोर्स का खर्चा वहन करने का प्रस्ताव भेजा गया था किन्तु स्थानीय निकाय निदेशालय ने उस प्रस्ताव की स्वीकृति नहीं दी हालांकि अमृतसर तथा लुधियाना के नगर निगमों ने पुलिस फोर्स ले रखी है । पता चला है कि अब निगम अधिकारी जहां जमा राशि की सुरक्षा के नए उपाय कर रहे हैं, वहां पुलिस फोर्स प्राप्त करने के संबंध में भी प्रशासन को पुनः लिख रहे हैं ।

2 मरे

दूसरी घटना में आज 4 उग्रवादियों ने जिला अमृतसर के उपमंडल अजनाला में एक बाहरी आबादी में अंधाधुंध फायरिंग करके 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । उग्रवादी वारदात करने के बाद भाग निकले । (शेष पृष्ठ 8 पर)



जालन्धर के अलावलपुर क्षेत्र में सोमवार की (1-4) चार लोगों के शव । एक शव अलाव अस्पताल नहीं लाया गया । अन्य चित्र घायलों

उग्रवादियों के दावे के दृष्टिगत शिरोमणि कमेटी की बैठक का महत्व बढ़ा

अमृतसर, 28 सितम्बर (वार्ता): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की 16 अक्तूबर को होने वाली साधारण सभा की बैठक का महत्व इस बात के दृष्टिगत बहुत बढ़ गया है कि उग्रवादियों का दावा है कि वे सिखों को योग्य नेतृत्व प्रदान करने के लिए 'सुदृढ़ स्थिति' में हैं । चुनाव ऐसे समय में हो रहा है जब विभिन्न अकाली धड़ों में तीव्र मतभेद मौजूद हैं ।

सूत्रों के अनुसार असंतुष्ट नेताओं ने आज जिन नामों पर विचार किया उनमें लोक संघर्ष समिति तथा जन संघर्ष समिति भी शामिल है । सूत्रों के अनुसार फोरम का झंडा तिरंगा होगा लेकिन उसमें चरखा नहीं होगा । फोरम की कोई सदस्यता न होकर केवल संकल्प पत्र होगा जिसे उसमें शामिल होने वालों को भरना होगा । फोरम की शाखाएं राज्य, जिला और ब्लाक स्तर पर भी कायम की जाएंगी और इस प्रकार पूरे देश में संगठनात्मक आधार खड़ा किया जाएगा । फोरम के दरवाजे उन सभी लोगों के लिये खुले होंगे जो संकल्प पत्र में लिखे उद्देश्यों से सहमत और संघर्ष करने के लिये तैयार होंगे ।

सूत्रों का कहना है कि असंतुष्ट नेताओं ने कल तथा आज की बैठक में देश के विभिन्न भागों में अब तक चलाए गये अभियान पर भी विचार किया और इस अभियान के दौरान मिले जनता के विभिन्न वर्गों के सहयोग पर संतोष व्यक्त किया । बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं की सूरजकुंड की बैठक और उसके प्रति वामपंथी दलों के रुख पर भी विचार किया गया । श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह तथा श्री अरुण नेहरू ने अन्य नेताओं को सूरज कुंड की बैठक के बारे में जानकारी दी । सूत्रों के अनुसार बैठक में कई सदस्यों की राय थी कि अपने अभियान में दक्षिणपंथ और वामपंथ के विवाद में पड़े बिना सभी दलों का सहयोग लेने का प्रयास किया जाना चाहिए ।

पंजाब में हत्यामें

(पृष्ठ 3 का शेष)

इसका पता नहीं चल सका ।

दो धड़ों में संघर्ष

खालसा कालेज अमृतसर में आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के दो धड़ों में संघर्ष होने से एक छात्र घायल हो गया । पुलिस के अनुसार संघर्ष कालेज के कृषि विभाग में हुआ और कुछ गोलियां चलने की भी आवाज सुनाई दी । गत एक मास में दूसरी बार यह संघर्ष हुआ है ।

मृतक साला, जीजा थे

अमृतसर जिले के अजनाला बस स्टाप पर गत रात्रि दो संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी, मृतक सुरेन्द्र कुमार और महेन्द्र पाल सिंह परस्पर साला व बहनोई थे । सुरेन्द्र कुमार अपनी दुकान बंद करके जब अपने गांव ओटियां लौट रहा था तो बस स्टाप के पास पहुंचते ही उसे गोली मार दी गई । सुरेन्द्र कुमार वहीं मर गया, जबकि उसका बहनोई अस्पताल में मरा ।

दो पैट्रोल पम्पों पर चोरी

रैया (जसपाल): गत रात्रि यहां से आठ किलो मीटर दूर गांव सठियाला में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक पैट्रोल पम्प के ताले तोड़ कर वहां से 500 रुपए की नगदी, एक एच.एम.टी. की घड़ी और एक कमीज की जेब में पड़ी 100 रुपए की नगदी चुरा ली । घटना के समय पैट्रोल पम्प के दो कर्मचारी छत पर सो रहे थे । इसी प्रकार एक अन्य पैट्रोल पम्प पर चोरी हो गई तथा चोर 1000 रुपए की नगदी चुरा कर ले गए ।

स्कूटर छीन लिया, धमकी भी दे दी

बाबा बकाला (मेहरा): थाना रैया के क्षेत्र गांव बुटरी और लोहारावाला में गत सायं 6 बजे दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति डा. तरसेम लाल से उसका बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.ए.क्यू. 9644, जो हल्के हरे रंग का है, छीन लिया । कहा जाता है कि उग्रवादियों ने उसको रोक कर कहा कि वह कल तक एक लाख रुपए तैयार रखे, नहीं तो जान से मार दिया जाएगा । डा. तरसेम लाल आज थाने में केस दर्ज करवाने गया था, परन्तु अभी तक इस सम्बन्ध में कोई कार्रवाई नहीं की गई । घटना की सूचना मिलते ही सी.आर.पी. एफ. ने क्षेत्र को घेर लिया लेकिन उग्रवादी फरार हो गए ।

5 उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स.): जिला पुलिस ने स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल और एरिया कमांडर सहित पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से भारी मात्रा में गोली सिक्का एवं शस्त्र बरामद किए हैं । जिले के पुलिस अधीक्षक श्री गोविंद राम ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुरिल्ला रैजिमैंट के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल परमजीत सिंह उर्फ पम्मी और उसके सहयोगी स्वयंभू एरिया कमांडर मंधीर सिंह के सिरों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम था । मुक्तसर पुलिस ने गत सायं जब जिले के गांव झिंडवाला के निकट एक ट्यूबवैल पर उग्रवादियों के आश्रयस्थल पर छापा मारा तो दोनों ओर से बिना कोई गोली चले उग्रवादियों ने आत्म समर्पण कर दिया ।

चीनी, पाकिस्तानी शस्त्र

श्री गोविंद राम ने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से एक चीनी सैल्फ लोडिंग राइफल, दस कारामद कारतूस, एक पाकिस्तानी .32 बोर का रिवाल्वर व 17 कारतूस बरामद हुए हैं । दो उग्रवादियों ने कहा है कि इन दो उग्रवादियों ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान हत्या लूटमार और धमकीपूर्ण पत्र लिखने की कई वारदातों की स्वीकारोक्ति की है ।

अन्य तीन उग्रवादियों की मलकीयत सिंह, बूटा सिंह और दर्शन सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है, जिन्हें जिले के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है । मलकीयत सिंह को मोगा पुलिस ने बस स्टैंड मोगा के निकट संदिग्धावस्था में घूमते हुए गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से एक पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए गए हैं । पूछताछ के दौरान उसने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दुर्दांत उग्रवादियों गुरजंट सिंह और परिवार सिंह से अपने सम्बन्धों की स्वीकारोक्ति की है । एस.एस.पी. ने कहा कि मलकीयत सिंह इन उग्रवादियों के लिए शस्त्रों के वाहक के रूप में काम करता था । श्री गोविंद राम ने बताया कि उग्रवादी बूटा सिंह को सिद्दीक थाने की पुलिस पार्टी ने गांव जंड साहिब के निकट गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा दो कारतूस बरामद किए । उसने भी खालिस्तानी कमांडो फोर्स के एक दुर्दांत उग्रवादी के साथ अपने सम्बन्धों को स्वीकार किया है । श्री गोविंद राम ने बताया कि उग्रवादी दर्शन सिंह को सुरक्षा बलों ने गत रात्रि मुक्तसर नगर में पकड़ा । उसके कब्जे से एक पिस्तौल और पांच कारतूस मिले हैं । पूछताछ पर उसने मुक्तसर में एक धार्मिक स्थान पर एक कुख्यात उग्रवादी गुलजार सिंह से मिलने और बाद में मुक्तसर में पैट्रोल पम्प लूटने की स्वीकारोक्ति की है ।

अलावलपुर कांड : मृतकों की संख्या 6 हुई

जालन्धर (क): गत रात लगभग 8 बजे थाना आदमपुर के गांव अलावलपुर में तीन उग्रवादियों द्वारा गीता मन्दिर बाजार में की गई अंधाधुंध गोलीबारी में मरने वालों की संख्या आज प्रातः तक 6 हो गई, जब एक घायल नरेन्द्र कुमार गत आधी रात के बाद यहां सिविल अस्पताल में दम तोड़ गया ।

अन्तिम संस्कार

आज प्रातः 11 बजे इन सभी मृतकों का अन्तिम संस्कार करुणापूर्ण चीत्कार करते उनके रिश्तेदारों तथा सैंकड़ों शोकाकुल ग्रामवासियों की उपस्थिति में अलावलपुर में कर दिया गया । उस समय सुरक्षा बलों का भारी प्रबन्ध था और एस.एस.पी. श्री एस.एस. बैंस के अतिरिक्त जिले के अनेक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा एस.डी.एम. श्री एस.एस. सोढी भी उपस्थित थे । अन्तिम संस्कार के समय राष्ट्रीय सुरक्षा समिति जालन्धर के प्रधान श्री उत्तम चन्द शर्मा ने मृतकों को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए लोगों को आह्वान किया कि वे साहस से काम लें और उग्रवादियों का मौके पर मुकाबला करने को आगे आएं । इससे पूर्व सभी शवों का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल जालन्धर में हुआ, जिसका परिसर उनके सम्बन्धियों के हृदयविदारक विलाप से प्रभावित नजर आता था । इस अवसर पर मृतकों के बंधु बांधव तथा सम्बन्धी महिलाएं बेहोश होते देखे गए । भाजपा विधायक वैद्य ओम प्रकाश दत्त सिविल अस्पताल में आए और शोकाकुल परिवारों को सांत्वना दी ।

मृतकों, घायलों की सूची

इस हत्या कांड में मरने वालों के नाम हैं—विनय कुमार सुपुत्र श्री रामस्वरूप, संजीप कुमार सुपुत्र हीरा लाल चोडा तथा नरेन्द्र कुमार (उक्त तीनों दोआबा कालेज जालन्धर के क्रमशः बी.ए. फाइनल, +1 तथा बी.ए. पार्ट दो के छात्र थे), संजीव कुमार का चाचा रोशन लाल चोडा (35), सुरेश कुमार (24) सुपुत्र श्री राम चन्द्र, जिसकी शादी अगले मास होने वाली थी तथा जोगिन्दर पाल (28) सुपुत्र श्री करतार चन्द जो रेलवे कर्मचारी बताया गया है । घायलों में शामिल हैं, जीत राम (48), रमेश चन्द (जो मृतक सुरेश कुमार का भाई है), रोशन लाल (12) व इन्द्रजीत (6) दोनों सुपुत्र श्री वैसाखी राम तथा राकेश कुमार (10) सुपुत्र श्री केहर सिंह । इनमें से जीत राम की हालत गम्भीर चल रही है ।

उग्रवादियों के पास स्टेनगन, रिवाल्वर थे

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन उग्रवादी जिनमें से कम से कम एक के पास स्टेनगन थी और अन्यों के पास रिवाल्वर थे, मेन बाजार स्थित डाकखाना के साथ लगती गली में से बाजार में पैदल आए और पहले उन्होंने डाकखाना के निकट थड़े पर बैठे विनय कुमार, संजीव तथा नरेन्द्र कुमार, जो तीनों क्रिकेट के उत्तम बाउलर थे और 200 गज दूर निकट की गली में से आ रहे राम डोला की प्रतीक्षा कर रहे थे, पर

सुस्त थानेदार

अलावलपुर के लोगों में इस बात पर भारी रोष पाया जाता है कि यद्यपि दशहरा कमेटी ने जिला प्रशासन से 3 अक्तूबर तक राम लीला मनाने की अनुमति 25 सितम्बर से ले ली थी और थाना आदमपुर में इसकी सूचना दे दी थी किन्तु झांकियों आदि के साथ पुलिस फोर्स तैनात करने की कोई व्यवस्था नहीं की गई बल्कि एस.एच.ओ. ने रात की वारदात की सूचना के बाद भी जो तेजी दिखानी चाहिए थी, वह नहीं दिखाई ।

हत्यारों में पुलिस कर्मी भी शामिल था ?

कुछ लोगों ने इस बात की आशंका भी व्यक्त की कि शायद तीन उग्रवादियों में कोई न कोई पुलिस कर्मी भी शामिल न हो । गांव वालों की मांग है कि वहां बाकायदा सी.आर.पी. की टुकड़ी तैनात की जाए । श्री बैंस ने बाद में बताया कि सारे क्षेत्र से 9 एम.एम. के 18 खोल, एक मिस कर गया कारतूस तथा एक जिन्दा कारतूस, पांच .455 बोर के खोल तथा 7.455 बोर के खोल मिले हैं । एस.डी.एम. श्री एच.एस. सोढी भी मौका पर गए थे और उन्होंने मृतकों के परिवारों व घायलों को मुआवजा देने बारे कागजात तैयार किए । इस रिकार्ड के अनुसार मृतक रोशन लाल चोडा की विधवा पत्नी के अतिरिक्त पांच छोटे बच्चे हैं ।

दोआबा कालेज बंद रहा

अपने तीन छात्रों की हत्या के शोक में आज दोआबा कालेज जालन्धर बंद कर दिया गया । बाद में प्रिंसीपल श्री एस.सी. नन्दा तथा प्रो. सत्यपाल चड्ढा अलावलपुर गए और मृतकों के घर में जाकर शोक व सहानुभूति व्यक्त की । वैद्य ओम प्रकाश दत्त विधायक भी जालन्धर से अलावलपुर पहुंचे और अपने दल भाजपा की ओर से मृतकों के परिवारों से सहानुभूति प्रगट की । बाद में एक वक्तव्य में वैद्य ओम प्रकाश दत्त ने पुलिस की लापरवाही की कड़ी निन्दा की और अलावलपुर में सी.आर.पी. की तैनाती की मांग का समर्थन किया । पंजाब विधान सभा के स्पीकर श्री एस.एस. मिन्हास भी अलावलपुर गए और प्रत्येक मृतक के घर जाकर उनसे शोक व सहानुभूति प्रगट की । उन्होंने इससे पूर्व अस्पताल में जाकर घायलों को भी देखा ।

स्कूटर, मोपेड छीन लिया

जालन्धर (ह.स.): जिला जालन्धर में आज एक स्कूटर सवार और एक मोपेड सवार से उनके वाहन छीन लिए गए । पुलिस ने कहा है कि दो सशस्त्र युवकों ने आज दोपहर जिला जालन्धर के थाना बंगा के गांव समाना के निकट एक व्यक्ति विजय बहादुर सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । एक अन्य घटना में थाना नकोदर के गांव छानियां के निकट एक व्यक्ति हरबंस लाल से उसकी मोपेड छीन ली । हरबंस लाल गांव डेरियां से अपने गांव छानियां जा रहा था, जब उग्रवादियों ने उसे पिस्तौल की नोक पर रोका और उसके मोपेड पर सवार होकर भाग गए ।

3 उग्रवादी, 2 शरणदाता गिरफ्तार

जालन्धर पुलिस ने 3 संदिग्ध उग्रवादियों और उनके दो शरणदाताओं को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से दो पिस्तौलें और कुछ गोली-सिक्का बरामद किया है । आज सायं पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों का विवरण इस प्रकार है : थाना बंगा के गांव लोधीपुर तीन तस्करों से 3 किलो अफीम और 14000 रुपए नकद छीन लिए

स्कूटर चोरी

धूरी में एक मैटर्निटी होम के बाहर खड़ा एक नया स्कूटर पी.सी.यू. 2501 चुरा लिया गया । स्कूटर का मालिक आर.के. शर्मा स्कूटर बाहर खड़ा करके मैटर्निटी होम में किसी काम के लिये गया था ।

2 व्यक्तियों की हत्या, कई घायल

गुरदासपुर (विनोद): आज रात्रि लगभग साढ़े सात बजे थाना काहनवां के गांव भैणी मीलिया में चार उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके दो व्यक्तियों की हत्या कर दी और कइयों को घायल कर दिया । बी.एस.एफ. ने इस हत्या कांड के दृष्टिगत कस्बा काहनवां में हो रही राम लीला बंद करवा दी है ताकि उग्रवादी कोई बड़ी वारदात न कर सकें । सूत्रों के अनुसार उग्रवादी इस क्षेत्र में सरगर्म हैं ।

मृतकों के नाम अशोक कुमार और गोपाल सिंह बताए गए हैं । घायल कश्मीर सिंह और शुभ लता को निकटवर्ती सैनिक अस्पताल तिबड़ी में दाखिल करवाया गया है ।

'शरण' देने पर 3 गिरफ्तार

फिरोजपुर (धीमान): मलबानवाला थाने के गांव वटोहा के हरचन्द सिंह और घाल थाने के गांव भाई कावडा के मंडर सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है । उनके कब्जे से एक सिंगल बैरल की बंदूक, एक 12 बोर की पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए गए हैं । जीरा पुलिस ने भी उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में सुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया है ।

केरल भवन में बम की अफवाह

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (वार्ता): राजधानी के केरल भवन में आज बम होने की अफवाह से कुछ देर तक खलबली मच गई । सूत्रों के अनुसार किसी ने केरल भवन को फोन करके कहा कि वहां कर्मचारी क्वार्टरों में एक सूटकेस में बम रखा हुआ है । इसके बाद अधिकारियों ने लावारिस सूटकेस देखकर पुलिस को बुला लिया और पुलिस के साथ बम विशेषज्ञ दस्ता भी केरल भवन पहुंचा । सूटकेस खोलकर देखा गया तो उसमें कागज भरे हुए मिले ।

कठुआ की अदालत के बाहर हंगामा

कठुआ, 29 सितम्बर (महाजन): आज यहां जिला मोबाइल एंड ट्रैफिक जज श्री पी.एन. राजदान की अदालत में मेजर विजय सिंह मनकोटिया की पेशी के मौके पर अदालत के कमरे के बाहर हंगामा हो गया । बताया जाता है कि उनके विरुद्ध एक व्यक्ति मुकेश कुमार ने मान हानि कादावा कर रखा है । आज उसकी सुनवाई की तारीख थी । मेजर मनकोटिया के समर्थकों ने मुकेश कुमार तथा उसके वकील को अदालत में दाखिल होने से रोका तथा नारे लगाए । अदालत ने हालात को देखते हुए पुलिस बुलाकर मेजर मनकोटिया के समर्थकों को अदालत के कमरे से बाहर निकाल दिया । बाद में अदालत ने मेजर मनकोटिया की 1,000 रुपए की जमानत मंजूर कर ली तथा अगली तिथि 30 अक्तूबर निश्चित कर दी ।

दसूहा में शिव से
की हत्या

दसूहा, 29 सितम्बर (झावर) सेना दसूहा के उपप्रधान विजय कु सिंह तथा चरणजीत सिंह ने रवि खोलने के सवाल पर हुए झगड़े दिया । बताया जाता है कि वि उसका भाई मनोज कुमार सिटी ल बलबीर सिंह तथा चरणजीत सिंह कर रहे थे । बातचीत के दौरान तथा बलबीर सिंह व चरणजीत सिं विजय कुमार तथा मनोज कुमार प कर दिया । यह घटना इमली चौक विजय कुमार की सी.एम.सी. अस्प रास्ते में ही मृत्यु हो गई जबकि नाजुक हालत में सी.एम.सी. में दा है । शिव सेना के संयुक्त मंत्री अनुसार मनोज कुमार का एक गया है और उसको 8 बोतल खून लेकिन उसकी हालत बहुत नाजुक की एक शोक सभा हुई जिसमें श्रद्धांजलि भेंट की गई । फोटो आज बंद रहीं ।

लापता जूनियर
कोई सुराग

होशियारपुर, 29 सितम्बर 15 किलोमीटर दूर चब्बेवाल में एक जूनियर इंजीनियर कुछ अस गया था, अभी तक उसका कोई है । उसके अभिभावकों ने इस लगाने के लिए चंडीगढ़ पुलिस अब पता चला है कि चंडीग एस.डी.ओ. तथा एक एक्सीएन लिए वारंट प्राप्त किये थे लेकिन पेशगी जमानत करा ली ।

पैंशन राशि
जालन्धर, 29 सितम्बर

फाइटर्ज कौंसिल के प्रधान श्री आज यहां एक वक्तव्य में कहा स्वतंत्रता सेनानियों की पैंशन में करने तथा कुछ अन्य सुविधाएं है ।

श्री उप्पल ने उक्त बात अ वापस आने के बाद बताई और शीघ्र ही उक्त निर्णयानुसार घो

उन्होंने बताया कि उन्हें मि अनुसार स्वतंत्रता सेनानियों के में एक वर्ष की वृद्धि की जा रही है को उनकी मृत्यु के समय दो ह सेनानी की अर्थी व किरया आदि करेगा ।

सरला ग्रेवाल का का

नई दिल्ली, 29 सितम्बर प्रधानमंत्री की सचिव श्रीमती कार्यकाल दो वर्ष के लिए बढ़ा अक्तूबर को समाप्त हो रहा था

चाहिए ।

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

इसका पता नहीं चल सका ।

दो धड़ों में संघर्ष

खालसा कालेज अमृतसर में आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के दो धड़ों में संघर्ष होने से एक छात्र घायल हो गया । पुलिस के अनुसार संघर्ष कालेज के कृषि विभाग में हुआ और कुछ गोलियां चलने की भी आवाज सुनाई दी । गत एक मास में दूसरी बार यह संघर्ष हुआ है ।

मृतक साला, जीजा थे

अमृतसर जिले के अजनाला बस स्टाप पर गत रात्रि दो संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी, मृतक सुरेन्द्र कुमार और महेन्द्र पाल सिंह परस्पर साला व बहनोई थे । सुरेन्द्र कुमार अपनी दुकान बंद करके जब अपने गांव ओटियां लौट रहा था तो बस स्टाप के पास पहुंचते ही उसे गोली मार दी गई । सुरेन्द्र कुमार वहीं मर गया, जबकि उसका बहनोई अस्पताल में मरा ।

दो पैट्रोल पम्पों पर चोरी

रैया (जसपाल): गत रात्रि यहां से आठ किलो मीटर दूर गांव सठियाला में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक पैट्रोल पम्प के ताले तोड़कर वहां से 500 रुपए की नगदी, एक एच.एम.टी. की घड़ी और एक कमीज की जेब में पड़ी 100 रुपए की नगदी चुरा

समर्पण कर दिया ।

चीनी, पाकिस्तानी शस्त्र

श्री गोबिंद राम ने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से एक चीनी सैल्फ लोडिंग राइफल, दस कारामद कारतूस, एक पाकिस्तानी .32 बोर का रिवाल्वर व 17 कारतूस बरामद हुए हैं । दो उग्रवादियों ने कहा है कि इन दो उग्रवादियों ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान हत्या लूटमार और धमकीपूर्ण पत्र लिखने की कई वारदातों की स्वीकारोक्ति की है ।

अन्य तीन उग्रवादियों की मलकीयत सिंह, बूटा सिंह और दर्शन सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है, जिन्हें जिले के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है । मलकीयत सिंह को मोगा पुलिस ने बस स्टैंड मोगा के निकट संदिग्धावस्था में घूमते हुए गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से एक पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए गए हैं । पूछताछ के दौरान उसने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दुर्दांत उग्रवादियों गरजंट सिंह और परिवार सिंह से अपने सम्बन्धों की स्वीकारोक्ति की है । एस.एस.पी. ने कहा कि मलकीयत सिंह इन उग्रवादियों के लिए शस्त्रों के वाहक के रूप में काम करता था । श्री गोबिंद राम ने बताया कि उग्रवादी बूटा सिंह को सिद्दीक थाने की पुलिस पार्टी ने गांव जंड साहिब के निकट गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा दो कारतूस बरामद किए । उसने भी खालिस्तानी कमांडो फोर्स के एक दुर्दांत उग्रवादी के साथ अपने सम्बन्धों को स्वीकार किया है । श्री

नजर आता था । इस अवसर पर मृतकों के बंधु बांधव तथा सम्बन्धी महिलाएं बेहोश होते देखे गए । भाजपा विधायक वैद्य ओम प्रकाश दत्त सिविल अस्पताल में आए और शोकाकुल परिवारों को सांत्वना दी ।

मृतकों, घायलों की सूची

इस हत्या कांड में मरने वालों के नाम हैं–विनय कुमार सुपुत्र श्री रामस्वरूप, संजीव कुमार सुपुत्र हीरा लाल चोडा तथा नरेन्द्र कुमार (उक्त तीनों दोआबा कालेज जालन्धर के क्रमशः बी.ए. फाइनल, +1 तथा बी.ए. पार्ट दो के छात्र थे), संजीव कुमार का चाचा रोशन लाल चोडा (35), सुरेश कुमार (24) सुपुत्र श्री राम चन्द, जिसकी शादी अगले मास होने वाली थी तथा जोगिन्दर पाल (28) सुपुत्र श्री करतार चन्द जो रेलवे कर्मचारी बताया गया है । घायलों में शामिल हैं, जीत राम (48), रमेश चन्द (जो मृतक सुरेश कुमार का भाई है), रोशन लाल (12) व इन्द्रजीत (6) दोनों सुपुत्र श्री वैसाखी राम तथा राकेश कुमार (10) सुपुत्र श्री केहर सिंह । इनमें से जीत राम की हालत गम्भीर चल रही है ।

उग्रवादियों के पास स्टेनगन, रिवाल्वर थे

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन उग्रवादी जिनमें से कम से कम एक के पास स्टेनगन थी और अन्यों के पास रिवाल्वर थे, मेन बाजार स्थित डाकखाना के साथ लगती गली में से बाजार में पैदल आए और पहले उन्होंने डाकखाना के निकट थड़े पर बैठे विनय कुमार, संजीव तथा नरेन्द्र कुमार, जो तीनों क्रिकेट के उत्तम बाउलर थे और 200 गज दूर निकट की गली में से आ रहे राम डोला की प्रतीक्षा कर रहे थे पर गोलियां बरसाईं, जिससे विनय व संजय तो वहीं दम तोड़ गए जबकि नरेन्द्र घायल हो गया । जब उग्रवादी डोला वाली गली की ओर गए तो एक व्यक्ति ने नरेन्द्र को घसीट कर वहां से ले जाने की कोशिश की मगर उग्रवादियों के गोली मार देने की धमकी पर वह तुरन्त बचकर निकल गया ।

फर्लांग तक गोलियां चलाते गए

इसके बाद उग्रवादियों ने रामगढ़िया गुरुद्वारा के आगे तक मेन बाजार का लगभग एक फर्लांग का फासला पैदल तय किया और रास्ते में गोलियां चलाते गए । दूसरे नम्बर पर उन्होंने दोनों नन्हें भाइयों रोशन लाल वह इन्द्रजीत को गोलियां मारकर घायल किया । इसके बाद राकेश कुमार को घायल किया, थोड़ी दूर बाद सुरेश कुमार की हत्या की और उसके भाई रमेश चन्द्र को घायल किया । इनका भाई गवर्नमैंट गर्ल्ज हाई स्कूल में वर्षों से चपड़ासी है । उसके बाद गीता मन्दिर के बाहर डोला की प्रतीक्षा कर रहे रोशन लाल चोडा की हत्या की । एक अन्य युवक भूषण पर भी गोली चलाई मगर उसने मन्दिर के अन्दर दौड़ कर जान बचाई । उसके बाद आर्य समाज मन्दिर के सामने के मकान के दरवाजे पर खड़े जोगिन्दर पाल पर गोलियां चलाईं । वह घायल होकर अपने घर में घुसा तो उग्रवादियों ने दरवाजे पर जाकर फायरिंग की और उसकी हत्या कर दी । इसके बाद अभियुक्त फायरिंग करते रामगढ़िया मुहल्ला की ओर गए । इतने में पीछे से एक साइड वाली गली से स्कूटर पर जीत राम बाजार में पहुंचा और रामगढ़िया गुरुद्वारा की ओर गया । उसे तब तक दुर्घटना का पता न था । उग्रवादियों ने समझा कि वह उनका पीछा न कर ले, इसलिए उस पर कई गोलियां चलाईं और वह घायल अवस्था में 20-25 गज दूर जाकर स्कूटर समेत गिर गया । तब उग्रवादी बाजार से बाहर खेतों की ओर पैदल ही निकल गए जहां एक छोटा कच्चा रास्ता बना हुआ है । प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि जब

CEMENT
Contact for OPC Portland Cement. Plastic (HDPE) Packing.
LAXMI BRAND CEMENT
Daily Truck reaching from factory
ASHWANI ENTERPRISES,
9, Kairon Market, Hall Bazar, Amritsar Phones : 48456, 43458, 62973, 65818.

कट व पंक्चर से टायर-ट्यूब जब लगे बेकार... तब देखना हमारा चमत्कार।
OMNI
Tyre & Tube Repairs
अमरीकी तकनीक से बनाई गई
पुराने टायर ट्यूब में नई जान!

केरल भवन में बम की अफवाह

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (वार्ता): राजधानी के केरल भवन में आज बम होने की अफवाह से कुछ देर तक खलबली मच गई । सूत्रों के अनुसार किसी ने केरल भवन को फोन करके कहा कि वहां कर्मचारी क्वार्टरों में एक सूटकेस में बम रखा हुआ है । इसके बाद अधिकारियों ने लावारिस सूटकेस देखकर पुलिस को बुला लिया और पुलिस के साथ बम विशेषज्ञ दस्ता भी केरल भवन पहुंचा । सूटकेस खोलकर देखा गया तो उसमें कागज भरे हुए मिले ।

कठुआ की अदालत के बाहर हंगामा

कठुआ, 29 सितम्बर (महाजन): आज यहां जिला मॉबाइल एंड ट्रैफिक जज श्री पी.एन. राजदान की अदालत में मेजर विजय सिंह मनकोटिया की पेशी के मौके पर अदालत के कमरे के बाहर हंगामा हो गया । बताया जाता है कि उनके विरुद्ध एक व्यक्ति मुकेश कुमार ने मान हानि का दावा कर रखा है । आज उसकी सुनवाई की तारीख थी । मेजर मनकोटिया के समर्थकों ने मुकेश कुमार तथा उसके वकील को अदालत में दाखिल होने से रोका तथा नारे लगाए । अदालत ने हालात को देखते हुए पुलिस बुलाकर मेजर मनकोटिया के समर्थकों को अदालत के कमरे से बाहर निकाल दिया । बाद में अदालत ने मेजर मनकोटिया की 1,000 रुपए की जमानत मंजूर कर ली तथा अगली तिथि 30 अक्तूबर निश्चित कर दी ।

लगाने के लिए चंडीगढ़ पुलिस
अब पता चला है कि रंडी
एस.डी.ओ. तथा एक एक्सी
लिए वारंट प्राप्त किये थे लेकि
पेशगी जमानत करा ली ।

पैंशन राशि

जालन्धर, 29 सितम्बर
फाइटर्ज कौंसिल के प्रधान श्री
आज यहां एक वक्तव्य में क
स्वतंत्रता सेनानियों की पैंशन
करने तथा कुछ अन्य सुविधा
है ।

श्री उप्पल ने उक्त बत
वापस आने के बाद बताई गै
शीघ्र ही उक्त निर्णयानुसार

उन्होंने बताया कि उन्हें
अनुसार स्वतंत्रता सेनानियों
में एक वर्ष की वृद्धि की जारह
को उनकी मृत्यु के समय दो
सेनानी की अर्धांगिनी को किराया
करेगा ।

सरला ग्रेवाल का

नई दिल्ली, 29 सितम्ब
प्रधानमंत्री की सचिव श्रीम
कार्यकाल दो वर्ष के लिए ब
अक्तूबर को समाप्त हो रहा

प्रथम पुण्य तिथि
चौ. रोशन सिंह जी



आज उनक
पुण्य तिथि 30
1987 पर ह
हार्दिक श्रद्धांजलि
करते हैं और उ
दर्शाए गए सत्
दया और धर्म
पर चलने क
हैं ।

विनीत :

चौधरी हरि सिंह
चौधरी प्रताप सिंह
Er. पाल सिंह
सुपुत्र

तथा समस्त परिवार

Ch. Roshan Singh Charitable Maternity Hospital, Bathinda
Ch. Roshan Singh Industries, Bar Bathinda
M/s. Hari Singh Partap Singh, Raman
M/s. Krishna Cotton Factory, Bathind
M/s. Shiv Cotton & General Mills, Sirs

तस्करों से अफीम छीन ली

धूरी (सिंगला): 3 अज्ञात व्यक्तियों, जिन्होंने

Punjab Samachar

धमकी पर वह तुरन्त बचकर निकल गया ।

फर्लांग तक गोलियां चलाते गए

इसके बाद उग्रवादियों ने रामगढ़िया गुरुद्वारा के आगे तक मेन बाजार का लगभग एक फर्लांग का फासला पैदल तय किया और रास्ते में गोलियां चलाते गए । दूसरे नम्बर पर उन्होंने दोनों नन्हें भाइयों रोशन लाल वह इन्द्रजीत को गोलियां मारकर घायल किया । इसके बाद राकेश कुमार को घायल किया, थोड़ी दूर बाद सुरेश कुमार की हत्या की और उसके भाई रमेश चन्द्र को घायल किया । इनका भाई गवर्नमैंट गर्ल्ज हाई स्कूल में वर्षों से चपड़ासी है । उसके बाद गीता मन्दिर के बाहर डोला की प्रतीक्षा कर रहे रोशन लाल चोड़ा की हत्या की । एक अन्य युवक भूषण पर भी गोली चलाई मगर उसने मन्दिर के अन्दर दौड़ कर जान बचाई । उसके बाद आर्य समाज मन्दिर के सामने के मकान के दरवाजे पर खड़े जोगिन्दर पाल पर गोलियां चलाईं । वह घायल होकर अपने घर में घुसा तो उग्रवादियों ने दरवाजे पर जाकर फायरिंग की और उसकी हत्या कर दी । इसके बाद अभियुक्त फायरिंग करते रामगढ़िया मुहल्ला की ओर गए । इतने में पीछे से एक साइड वाली गली से स्कूटर पर जीत राम बाजार में पहुंचा और रामगढ़िया गुरुद्वारा की ओर गया । उसे तब तक दुर्घटना का पता न था । उग्रवादियों ने समझा कि वह उनका पीछा न कर ले, इसलिए उस पर कई गोलियां चलाईं और वह घायल अवस्था में 20-25 गज दूर जाकर स्कूटर समेत गिर गया । तब उग्रवादी बाजार से बाहर खेतों की ओर पैदल ही निकल गए जहां एक छोटा कच्चा रास्ता बना हुआ है । प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि जब फायरिंग शुरू हुई तो बिजली चली गई और फायरिंग बंद होने से कुछ क्षण पूर्व ही आई । उग्रवादी लगभग 15 मिनट मौत का खेल खेलते रहे । उनका कहना था कि यदि डोला कहीं चन्द मिनट लेट न हो जाता तो दर्जनों व्यक्ति विशेषकर छोटे बच्चे शायद मारे जाते ।

पुलिस घंटा भर लेट पहुंची

प्रत्यक्षदर्शियों ने जालन्धर से गए सम्वाददाताओं को यह भी बताया कि आदमपुर पुलिस नौ बजे के बाद ही पहुंच पाई हालांकि उसे साढ़े आठ बजे तक पूरी तरह सूचित किया जा चुका था । एस.एस.पी. श्री बैंस ने इस तथ्य की पुष्टि करते हुए एक अतीव चिन्ताजनक बात बताई कि उन्हें साढ़े नौ बजे अतिरिक्त जिलाधीश ने फोन पर घटना बारे सूचित किया तो उन्होंने कंट्रोल रूम जालन्धर से सम्पर्क किया, जिसने कहा कि वहां अभी तक ऐसी कोई सूचना नहीं । उसके बाद ही श्री बैंस ने डी.एस.पी. स्वर्ण सिंह, एस.पी. आप्रेशन आदि को अलावलपर तुरन्त पहुंचने का आदेश दिया और स्वयं भी ए.डी.सी. के साथ वहां गए । डी.आई.जी. श्री ए.ए. सिद्दीकी भी उनसे पूर्व मौका पर पहुंच चुके थे ।

15-20 व्यक्ति हिरासत में

श्री बैंस ने बताया कि घटनास्थल का जायजा लेने के बाद आदमपुर, भोगपुर, करतारपुर तथा जालन्धर सदर थानों के लगभग बीस पुलिस दल सारे क्षेत्र में फैला दिए गए, जिन्होंने अनेक गांवों में छापे मारे । लगभग 15-20 व्यक्तियों को हिरासत में भी लिया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है । श्री बैंस ने कहा कि यद्यपि अभी कोई सुराग उनके पास नहीं किन्तु आशा है कि जिला पुलिस इस गुत्थी को सुलझा लेगी ।

खुशखबरी

सिंह के कब्जे से 12 बोर के दो पिस्तौल बरामद किए गए हैं । उग्रवादियों को शरण देने वाले थाना नूरमहल के गांव भंगाला के स्वर्ण सिंह और कुलविंद्र सिंह हैं ।

इन अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान थाना सदर के क्षेत्र में स्कूटर छीनने, करतारपुर के क्षेत्र में मोटर साइकल छीनने, गांव चकराला के ग्रंथी को घायल करने, गांव पासना में एक घर में घुसकर एक स्त्री को घायल करके लूटने की वारदातों की स्वीकारोक्ति की है । बलजीत सिंह नवांशहर फायरिंग केस में पुलिस को वांछित था ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

संगरूर (गोयल) : जिला पुलिस ने दो उग्रवादियों, जिनमें से एक 'बी' श्रेणी का अजायब सिंह पुत्र भूला सिंह निवासी बरनाला शामिल है, को गिरफ्तार किया है । दूसरा उग्रवादी स्वर्ण सिंह पुत्र गुरनाम सिंह गांव खेड़ी सोढ़ियां थाना अमरगढ़ का रहने वाला है । एस.एस.पी. मुख्यालय ने यह सूचना देते हुये बताया कि इन उग्रवादियों से एक स्कूटर भी बरामद किया गया है । उन्होंने उक्त स्कूटर बजाज चेतक 9.5.87 को गांव गुजरां थाना दिड़बा से छीना था । कांजला थाना धुरी के पैट्रोल पम्प से भी इन्होंने 5000 रुपए लूटे थे । अजायब सिंह ने स्वीकार किया है कि गांव चोढियां थाना मूनक में पुलिस के साथ मुकाबले में वह भागे गया था जबकि उसके 5 साथी पकड़े गये थे । इनकी दोनों साम्प्रदायों में फूट डालने के लिये महत्वपूर्ण लोगों की हत्या करने की भी योजना थी ।

तस्करों से अफीम छीन ली

धुरी (सिंगला): 3 अज्ञात व्यक्तियों, जिन्होंने अपने चेहरे छिपा रखे थे, ने यहां से 40 किलोमीटर दिड़बा थाने के गांव झालूरुड़ के निकट हरियाणा के

सुपर

HIM

टिकट रु०1/- केवल

Result of the 69th Draw of S

DRAW FOR SERIES SHM, SHN, SHP, SHQ&

1st Prize (1) Rs. 1,00,000/- (Common to all Ser

SHN-142495

2nd Prize (1) Rs. 5,000/- (Co Series)

SHN-476504

3rd Prize (24) Rs. 1,000/- each last 5 digits of 1st prize)

42495

4th Prize (225) Rs. 500/- each last 4 digits of 1st prize).

2495

5th Prize (2250) Rs. 20/- each last 3 digits of 1st prize).

495

Punjab Sarkar.com

दो शिक्षकों की हत्याएं, 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' के 2 'कमांडर' बंदी

अलावलपुर हत्याकांड का एक और घायल चल बसा : आरेवाला पर हमला 'कमांडो फोर्स' ने किया

सुरक्षा बलों ने बैंक लूटने की योजना असफल बना दी

चंडीगढ़, 30 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने गुरदासपुर व अमृतसर जिलों में दो अलग-अलग वारदातों में दो शिक्षकों की हत्याएं कर दीं जबकि पुलिस ने होशियारपुर में मुठभेड़ के बाद दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनकी बैंक लूटने की योजना विफल कर दी । फरीदकोट पुलिस ने मोगा से खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दो स्वयंभू कमांडरों सहित 3 उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए । अलावलपुर हत्याकांड के मृतकों की संख्या एक घायल के दमतोड़ देने के साथ सात हो गई ।

बैंक लूटने की कोशिश नाकाम

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): आज दोपहर साढ़े 12 बजे यहां कोर्ट रोड पर स्टेट बैंक आफ़ इंडिया को लूटने की कोशिश पुलिस और सुरक्षा बलों ने असफल बना दी । पुलिस और सुरक्षा बलों के मध्य संघर्ष के पश्चात् पुलिस ने 2 उग्रवादियों को पकड़ लिया ।

पीछा करने पर फ़ायरिंग

बताया जाता है कि 4 उग्रवादी बैंक आफ इंडिया की मेन शाखा लूटने के उद्देश्य से बैंक के सामने स्थित ग्रीन न्यू पार्क में वाटर टैंक के नीचे लेटे हुए थे । 2 लेटे हुए थे जबकि एक उनके पास बैठा हुआ था और चौथा साइकल पर उनके निकट आया और वहां बैठ गया । इसी दौरान पुलिस का एक हैडकांस्टेबल सफ़ेद कपड़ों में वहां आ गया । वैसे भी पुलिस को इस बात की सूचना मिली थी कि आज यहां कोई घटना होने वाली है, इसलिए पुलिस सतर्क थी । हैडकांस्टेबल की सूचना पर जब पुलिस वहां पहुंची, वे लेटे हुए भी तत्काल उठ खड़े हुए तथा पार्क की ओर के गिरजाघर की ओर भागे । जब पुलिस ने पीछा किया तो फ़ायरिंग शुरू कर दी ।

2 पकड़े गए, 2 भाग गए

बताया गया है कि पुलिस द्वारा की गई जवाबी फ़ायरिंग पर 2 ने हाथ खड़े करके आत्मसमर्पण कर दिया । आत्मसमर्पण करने से पूर्व वे गोली से बचने के लिए भूमि पर लेट गए । फिर उनके हाथ खड़े करवाए गए और उनको पकड़ लिया गया । दूसरे दो उग्रवादी खेतों की ओर भाग गए । इसके साथ ही आबादी भी है, पुलिस को संदेह है कि वे कहीं किसी घर में न घुस गए हों, इसलिए क्षेत्र की छानबीन की जा रही है ।

बाद की सूचना है कि जो 2 युवक पकड़े गए हैं, उनमें से एक का नाम महेंद्र सिंह है, जो मुहल्ला टिब्बा साहिब होशियारपुर का रहने वाला है, जबकि दूसरा हरभजन सिंह, गांधी चौक बहादुरपुर होशियारपुर का रहने वाला है ।

घरों की तलाशी

इस अवसर पर एस.पी. श्री हरभजन सिंह बाजवा, एस.पी. आप्रेशन जी.एस. साही और दूसरे अधिकारी मौके पर पहुंच गए । उग्रवादियों की तलाश में खेतों के साथ-साथ घरों की भी छानबीन की जा रही है । घटना के तत्काल बाद लोग वहां जमा हो गए थे । जब संघर्ष शुरू हुआ तो सुरक्षा बलों ने स्टेट बैंक के आगे पोजीशनें सम्भाल ली थीं। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ शुरू कर दी गई हैं । पुलिस इस बात का भी पता लगा रही है कि क्या वे पैदल ही वहां आए या कोई वाहन उनको वहां छोड़ कर गया । उग्रवादियों की एक साइकिल अभी भी पार्क में खड़ी है ।

पुलिस अलर्ट

पुलिस का विचार है कि आज बहुत से विभाग स्टेट बैंक से वेतनों के बिल वसूल करने आते थे, हो सकता है कि वे किसी को लूटने आए हों । आज के दिन अध्यापक बैंक से चैक कैश करवा कर अक्सर अपने वेतन इसी पार्क में बैठ कर बांटते हैं, हो सकता है कि वे उन्हें लूटने के लिए आए हों । आज नगर में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है, क्योंकि भागने वाले उग्रवादियों के पास स्टेनगन है । पुलिस को आशंका है कि वे कहीं कोई वारदात न कर दें या अपने साथियों की गिरफ्तारी के बाद क्रुद्ध होकर अंधाधुंध फ़ायरिंग करके निर्दोषों की हत्याएं कर दें ।

मृतक दोनों समुदायों के थे

अमृतसर (वार्ता): पंजाब में अमृतसर जिले के मेहता चौक थाना क्षेत्र के चाननके गांव में गत रात्रि आतंकवादियों द्वारा मारे गए छः लोग दोनों समुदायों के थे, लेकिन उनमें से दो सगे भाई थे । प्रारम्भिक खबरों में कहा गया कि सभी मृतक एक ही परिवार के थे ।

3 दलों ने 2-2 मारे

जिला पुलिस अधीक्षक इज़हार आलम ने संवाददाताओं को बताया कि तीन दलों में बंटे छः आतंकवादियों ने रात लगभग आठ बजे उस गांव पर धावा बोला । आतंकवादियों ने छः लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी और एक अन्य को घायल कर दिया । श्री आलम ने मृतकों के नाम बलविन्दर सिंह, लखविन्दर सिंह (दोनों भाई), निशान सिंह, कुलदीप सिंह, प्रभदयाल तथा गुरदयाल सिंह बताए हैं । घायल गुरदयाल सिंह मृतक बलविन्दर सिंह तथा लखविन्दर सिंह का भाई है ।

एक और घायल

चानन के गांव में हुई अंधाधुंध फ़ायरिंग के संबंध में एक और घायल व्यक्ति सर्वजीत सिंह को श्री गुरु तेग़ बहादुर अस्पताल में आज प्रातः दाखिल करवाया गया ।

पीछा करके हत्या की

बताया जाता है कि 6 उग्रवादियों ने 6000 की आबादी वाले इस गांव में 4 स्थानों पर लगभग 50 राऊंड फ़ायरिंग की । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक मृत निशान सिंह गांव के अमृतधारी दुकानदार का लड़का है । उग्रवादियों ने उसका कई घरों में पीछा किया और बाद में उसको ढूंढ निकाला । उस समय वह मकान की दीवार फांद रहा था, जब उसे गोली मारी गई । उसकी मौके पर ही मौत हो गई । ग्रामीणों के अनुसार निशान सिंह का गत वर्ष ही विवाह हुआ था और उसकी कुछ मास की लड़की है ।

मां-बाप से मिलने आया, मारा गया

20 वर्षीय प्रभदयाल भी मारा गया है, वह उग्रवादियों से बचने के लिए अपने परिवार के साथ करनाल में चला गया था, वह कल ही करनाल से अपने मां-बाप से मिलने के लिए आया था । वह एक वृक्ष के नीचे खड़ा अपने मित्रों से बातचीत कर रहा था कि उग्रवादियों ने उसे गोली मारी । उग्रवादियों ने एक समुदाय के लोगों को स्वयं ही अलग होने के लिए कहा । प्रभदयाल ने खतरा भांप कर भागने की कोशिश की, लेकिन पीछा करके उसको गोली मारी गई ।

नहा रहे युवक की हत्या

उग्रवादियों ने सबसे पहले एक निम्न जाति के क्लीनशेव सिख के घर पर हमला किया । उन्होंने पहले 25 वर्षीय बलविंद्र सिंह की हत्या की, जो नहा रहा था । उसका भाई पन्द्रह वर्षीय लखविंदर सिंह बंदक की आवाज़ सुनकर बाहर से अंदर भागा आया और आकर रोटियां पका रही अपनी माता की गोद में गिर गया । उग्रवादियों ने उसे उसकी मां की गोद से निकाल कर गोली मार कर हत्या कर दी । उसका तीसरा भाई 18 वर्षीय देवेंद्र सिंह पड़ौसियों के घर में टैलीविज़न देख रहा था । उग्रवादियों ने उसे भी गोली मार दी, जो उसके सिर में लगी । मारे गए दो अन्य व्यक्ति क्लीनशेव सिख दर्जी गुरदयाल सिंह (55) और गांव का एक दुकानदार कुलदीप राय था ।

'खालिस्तानी नारे' लगाते रहे

एक अन्य दुकानदार मदन लाल चमत्कारिक रूप से बच गया । जब उग्रवादियों ने उसकी दकान का दरवाजा तोड़ा, वह खाद्यान्न की बोरियों के पीछे

(शेष पृष्ठ 8 पर)

देवी लाल भाई-भतीजावाद फैला रहे हैं, सूखा राहत कोष के नाम पर लूट : भजन लाल

चंडीगढ़, 30 सितम्बर (वि.प्र.): केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भजन लाल ने कहा है कि हरियाणा की 50 प्रतिशत जनता देवी लाल सरकार बनने से दुखी है । इस वर्ष के अन्त तक 75 प्रतिशत लोग मायूस हो जाएंगे । जब सारी जनता ही असंतुष्ट हो गई तो सरकार एक महीना नहीं टिकने दूंगा । उन्होंने कहा मेरे पास इसके अनेक तरीके हैं जो मैं समय आने पर ही बताऊंगा ।

श्री भजन लाल गत दो दिनों से चंडीगढ़ में अपने पुराने राजनीतिक मित्रों से वार्ता कर रहे थे । आज नई दिल्ली जाने से पूर्व यहां पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री भजन लाल ने मुख्यमंत्री श्री देवी लाल पर भाई-भतीजावाद का आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक उन्होंने अपने 40 रिश्तेदारों को महत्वपूर्ण स्थानों पर नियुक्त किया है । उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में भी असाधारण विस्तार करके 32 मंत्री रखे गए हैं, जबकि मैंने 24 से अधिक मंत्री नहीं रखे थे । उन्होंने कहा सूखे की हालत में इतना बड़ा मंत्रिमंडल बनाए जाने का कोई औचित्य नहीं है ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री भजन लाल ने कहा कि इंक आठ नवम्बर को होने वाले तीन विधान सभा क्षेत्रों पर जमकर लड़ेगी । उन्होंने कहा कि इन तीन स्थानों करनाल, फतेहाबाद व जंडला में हमारे प्रत्याशी पुराने ही होंगे या नए, यह निर्णय हाई कमान लेकर दो लाख रुपए तक का वार्षिक आयकर देता है और उनके किसी भी बेटे के नाम हिसार में स्वैच्छिक कोटे के प्लाट नहीं है । हमने हिसार में तब प्लाट लिए जब वहां कोई खरीदार नहीं था । श्री भजन लाल ने मांग की कि वर्तमान राज्य सरकार अपने उन मंत्रियों के नाम भी बताए जिन्होंने देवी लाल सरकार के दौर में प्लाट लिए हैं ।

श्री भजन लाल ने कहा कि स्वैच्छिक कोटा उन्होंने शुरू नहीं किया था यह उनसे पहले से ही चल रहा है । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पंचकुला में उनकी पत्नी के नाम एक प्लाट है पर वह स्वैच्छिक कोटे से नहीं है । उन्होंने दावा किया कि उन्होंने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है ।

श्री भजन लाल ने आरोप लगाया कि दरियापुर बस कांड के नाम पर मेरी राजनीतिक प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने का प्रयास किया गया है । उन्होंने कहा, वह प्रधानमंत्री के निर्देश से रातों-रात संवेदना व्यक्त करने दरियापुर आए थे । उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी बदले की भावना से काम नहीं किया है । वह चाहते तो देवी लाल के खिलाफ अपने काल में कई केस बना सकते थे । उन्होंने कहा उन्होंने आतंकवादियों से खुलकर टक्कर ली थी पर वर्तमान सरकार उन्हें बचाने के प्रयास में है ।

श्री बी.पी. सिंह को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा वह देशद्रोही हैं तथा उनके निजी विचार से श्री

Punjabi Sahajan

था । (छाया : विनोद) । बुधवार को होशियारपुर में ग्रीन व्यू पार्क में पुलिस और उग्रवादियों के मध्य हुए मुकाबले के दौरान, (7) गेट के निकट पानी की टूटी पर भी गोलियां (चिन्हित) लगीं, (8) उग्रवादी अपना साइकल छोड़ कर भाग गए । (छाया : मून लाईट)

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

गिर गया । उग्रवादियों ने सोचा कि शायद वह कहीं भाग गया । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उग्रवादी 45 मिनट से अधिक गांव में रहे और खालिस्तानी नारे लगाते रहे । ग्रामीणों के शस्त्र उग्रवादियों द्वारा छीन लिए जाने के भय से पुलिस के पास जमा हैं । गांव में इतना आतंक था कि घटना के बाद कोई भी पुलिस को सूचना देने के लिए जाने को तैयार न था, बाद में सारी पंचायत पुलिस को सूचित करने गई ।

कार छीन ली

अमृतसर से लगभग 12 किलोमीटर दूर गांव मानांवाला के निकट आज सायं 4 सशस्त्र उग्रवादियों ने डा. अशोक गुप्ता से उसकी मारुति कार छीन ली । डा. गुप्ता दिल्ली से अमृतसर जा रहे थे कि रास्ते में उग्रवादियों ने उन्हें व उनके परिवारों के सदस्यों को कार में से उतरने के लिए विवश कर दिया । बाद में उग्रवादी कार जंडियाला की ओर भगा कर ले गए ।

बमनुमा डिब्बा

अमृतसर से नारंग के अनुसार आज प्रातः 6 बजे अमृतसर के लारैंस रोड पर दयानन्द नगर में श्री जगमोहन लाल, जोकि लक्ष्मी घी मिल के मालिक हैं, की कोठी के बाहर एक बमनुमा डिब्बा कोई रख गया । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए ।

घर में घुस कर हत्या

थाना मेहता, जिला अमृतसर के गांव तरसिक्का में आज प्रातः दो संदिग्ध व्यक्तियों ने एक व्यक्ति सुरजीत सिंह की हत्या कर दी । मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि संदिग्ध उग्रवादी उसके घर में घुसे थे और उसके पति पर किरपाण से हमला करके उसके पति की हत्या कर दी । मृत सुरजीत सिंह कामरेड मक्खन सिंह तरसिक्का का भाई था और एक स्कूल में शिक्षक था ।

गुरुद्वारे की तलाशी

अमृतसर की सादा कपड़ों में पुलिस ने आज प्रातः नगर के दक्षिणी भाग में स्थित गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह की तलाशी ली । पुलिस को सूचना मिली थी कि वहां कुछ उग्रवादी छिपे हुए हैं । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि तलाशी के दौरान एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया, उस व्यक्ति का नाम ज्ञात नहीं हो सका ।

ज़िम्मेवारी स्वीकार की

इसी मध्य खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने कल शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य श्री हरि सिंह आरेवाला के परिवार के सदस्यों पर अमृतसर नगर के रामबाग क्षेत्र में हमला करने की ज़िम्मेवारी स्वीकार की है । उग्रवादियों के इस हमले में श्री आरेवाला का साला मारा गया था और श्री आरेवाला, उनकी पत्नी और भाई घायल हो गए थे ।

आरेवाला पर हमले की निंदा

चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार एकीकृत अकाली दल के महामंत्री श्री मनजीत सिंह कलकत्ता और

संशोधन

साप्ताहिक मणिपुर स्टेट लाटरी

उक्त लाटरी के 29.9.87 को निकाले गए 801 वें ड्रा के परिणाम में, जो हमारे समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ, 7वां पुरस्कार (4,000) 50/- रुपए प्रत्येक के अंतर्गत विजेता टिकट नं. 3568 की बजाए 3578 पढ़ें । असुविधा के लिए खेद है ।

संशोधन

29.9.87 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 2 पर प्रकाशित चेरापूंजी साप्ताहिक लाटरी के 166 वें ड्रा के परिणाम में, दूसरा पुरस्कार में PR-99054 की बजाए PR-99059, तीसरा पुरस्कार में PR-26634 की बजाए PR-46634, PN-70332 की बजाए PN-00332, चौथा पुरस्कार में 14454 की बजाए 15454 तथा आठवां पुरस्कार में 521 की बजाए 531 पढ़ें ।

Punjabi Sanarani

सचिव मनजीत सिंह तरनतारनी नेशिरोमणि कमेटी के सदस्य श्री हरिसिंह आरेवाला पर किए गए घातक हमले की कड़ी भर्त्सना की है । आज यहां एक वक्तव्य में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी अत्यन्त उत्तेजना के बावजूद सुखद वातावरण बनाने के लिए प्रयास जारी रखेगी । उन्होंने कहा कि इस समय इस तरह का हमला करना हमारी कोशिशों को तारपीडो करना है । अकाली दल और शिरोमणि कमेटी के सदस्य इस प्रकार के हथकंडों के बावजूद दबाए न जा सकेंगे । हम पंथक संगठनों के अस्तित्व और मान मर्यादा कायम रखने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे ।

श्री शेर सिंह दमछेड़ी ने भी हरिसिंह पर किए गए हमले की निंदा की है ।

शिक्षक की हत्या

बटाला से कोछड़ के अनुसार आज रात्रि 8 बजे थाना डेरा बाबा नानक के ग्राम भोलेके में चार उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक शिक्षक हरदेव सिंह की हत्या कर दी । मृतक ग्राम के सरपंच पृथीपाल सिंह का भाई था ।

3 दुर्दांत उग्रवादी पकड़े गए

मोगा (ह.स.): फरीदकोट पुलिस ने आज मोगा नगर में रतन सिनेमा के निकट 'खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स' से सम्बद्ध तीन दर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से एक विदेशी रिवाल्वर, एक 12 बोर की डबल बैरल बन्दूक, एक 315 बोर की पिस्तौल और उक्त शस्त्रों के कई कारतूस बरामद किए गए हैं । इन गिरफ्तार उग्रवादियों की परवर सिंह, जगतार सिंह और हरनेक सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । जिला पुलिस अधीक्षक श्री गोविन्द राम ने कहा कि परवर सिंह और जगतार सिंह खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर हैं । उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान तीनों ने हत्याओं और बैंकों की लूटने आदि की कई घटनाओं में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की है । एस.एस.पी ने कहा कि इन उग्रवादियों की अंधाधुंध फ़ायरिंग करने और निर्दोषों की हत्या की योजना थी ।

पीछा करके फ़ायरिंग की

गुरदासपुर (बिनोद): गत सायं कहनूवान थाने के गांव भैनी-मिलवा में चार अज्ञात आतंकवादियों द्वारा फ़ायरिंग करके दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई और दो को घायल कर दिया गया था। इस संवाददाता ने जब प्रातः गांव का दौरा किया तो पाया कि सारा गांव गोली कांड से आतंकित था, लोग किसी से कोई विशेष बात करने को तैयार नहीं थे । मृतक गोपाल सिंह (45) किरयाने की दुकान करता था और बहुत ही धार्मिक वृत्ति का आदमी था । आतंकवादियों द्वारा जब गोपाल सिंह पर फ़ायरिंग की गई तो उस समय उसकी दुकान पर अशोक कुमार (15) भी कोई घरेलू सामान लेने आया हुआ था । आतंकवादियों द्वारा फ़ायरिंग करने पर अशोक कुमार तो दुकान के अंदर ही मारा गया और गोपाल सिंह दुकान छोड़ कर साथ वाले घर में भाग गया । आतंकवादियों ने पीछा करके उसकी वहां हत्या कर दी और वहीं पर कश्मीर सिंह तथा शुभलता नामक महिला ज़ख्मी हुए । घायलों को तुरन्त नज़दीकी सैनिक अस्पताल तिबड़ी ले जाया गया,जहां शुभलता को प्राथमिक सहायता देकर छुट्टी दे दी गई जबकि कश्मीर सिंह का इलाज वहां चल रहा है । डाक्टरों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है । मगर डाक्टरों ने कश्मीर सिंह से मिलने तथा उसकी फोटो

गई और दो को घायल कर दिया गया था। इस संवाददाता ने जब प्रातः गांव का दौरा किया तो पाया कि सारा गांव गोली कांड से आतंकित था, लोग किसी से कोई विशेष बात करने को तैयार नहीं थे । मृतक गोपाल सिंह (45) किरयाने की दुकान करता था और बहुत ही धार्मिक वृत्ति का आदमी था । आतंकवादियों द्वारा जब गोपाल सिंह पर फ़ायरिंग की गई तो उस समय उसकी दुकान पर अशोक कुमार (15) भी कोई घरेलू सामान लेने आया हुआ था । आतंकवादियों द्वारा फ़ायरिंग करने पर अशोक कुमार तो दुकान के अंदर ही मारा गया और गोपाल सिंह दुकान छोड़ कर साथ वाले घर में भाग गया । आतंकवादियों ने पीछा करके उसकी वहां हत्या कर दी और वहीं पर कश्मीर सिंह तथा शुभलता नामक महिला ज़ख्मी हुए । घायलों को तुरन्त नज़दीकी सैनिक अस्पताल तिबड़ी ले जाया गया, जहां शुभलता को प्राथमिक सहायता देकर छुट्टी दे दी गई जबकि कश्मीर सिंह का इलाज वहां चल रहा है । डाक्टरों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है । मगर डाक्टरों ने कश्मीर सिंह से मिलने तथा उसकी फोटो लेने की इजाज़त नहीं दी । गांव वालों ने बताया कि गोपाल सिंह बहुत ही धार्मिक विचारधारा का आदमी था और उसने गांव में ही एक बहुत सुन्दर मंदिर बनवाया हुआ था । लोग उसे भक्त जी के नाम से पुकारते थे । गोपाल सिंह द्वारा बनाए मंदिर में उसका नाम भी लिखा था । गुरदासपुर अस्पताल से रात को ही मृतकों का पोस्टमार्टम करवा लाशें उनके वारिसों को सौंप दी गईं ।

रंगरेटा फ़ोर्स ने ज़िम्मेदारी ली

बस्सी पठानां (रुपाल): खड़क सिंह रंगरेटा कमांडो फ़ोर्स ने गत 18 सितम्बर को बहेड़ के निकट मारे गए सुखदेव सिंह की हत्या की ज़िम्मेदारी ली है । यह रहस्योद्घाटन एक पत्र में किया गया है । बस्सी पठानां-सरहिन्द के जनरल गुरमीत सिंह ने एक पत्र में कहा है कि सुखदेव सिंह की इसलिए हत्या की गई क्योंकि उसके उग्रवादियों से संबंध थे । फ़ोर्स ने बस्सी-सरहिन्द के युवकों से अपील की है कि वे रंगरेटा कमांडो फ़ोर्स में भर्ती हों ताकि देश में से गद्दारों का और विशेषतः पंजाब में से पाकिस्तान के भाड़े के टट्टुओं का सफ़ाया किया जा सके । यह पत्र आज सुबह यहां हमारे संवाददाता के कार्यालय के द्वार में पड़ा मिला ।

एक और घायल चल बसा

जालन्धर (ह.स.): अलावलपुर में उग्रवादियों द्वारा 28 सितम्बर को की गई फ़ायरिंग से घायल व्यक्तियों में से एक जीत राम की आज सिविल अस्पताल जालन्धर में मृत्यु हो जाने से इस कांड में मृतकों की संख्या बढ़ कर 7 हो गई है । पुलिस सूत्रों के अनुसार अभी तक हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिल सका, लेकिन पुलिस ने इस कांड के सम्बन्ध में कुछ और व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है ।

हत्या के आरोप में स्त्री गिरफ्तार

फगवाड़ा (खोसला): थाना सदर पुलिस ने एक स्त्री अवतार कौर उर्फ़ तारो को धारा 302 के अंतर्गत गिरफ्तार करके न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत से उसका कल तक के लिए पुलिस रिमांड ले लिया । उससे पूछताछ शुरू कर दी गई है । भाखड़याना थाना फगवाड़ा में एक मास पूर्व कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक कुंवारी लड़की की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । बताया जाता है कि इस स्त्री तारो ने मृतका के घर जाकर धमाकर्या दी थीं, जिसके आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया ।

पाक ने भारत पर आक्रामक

बटाला के गांव मसानियां में आतंकवादियों द्वारा 9 व्यक्तियों की निर्मम हत्या

एक घंटे तक गांव में मौत का ताण्डव, घरों, दुकानों में घुस कर लोगों को गोलियां मारीं, 3 हत्यारों की शिनाख्त

भू.पू. मंत्री ख्याला की हत्या का प्रयास, ट्रेन यात्रियों व वायु सैनिक अफसरों की हत्या का षड्यंत्र विफल

नरसंहार शुरू होते ही बिजली गुल : पुलिस को 12 घंटे बाद सूचना मिली : मोगा के निकट एक हत्या : उग्रवादी भिड़ंत में मरा

चंडीगढ़, 1 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने अचानक अपनी गतिविधियां तेज़ करते हुए कल रात बटाला के निकटवर्ती गांव मसानियां में अंधाधुंध गोलियां बरसा कर एक ही समुदाय के 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी । फ़ायरिंग में दो व्यक्ति घायल हो गए । आतंकवादियों ने एक घंटा तक गांव में अपना राज कायम किए रखा तथा घरों व दुकानों में घुस-घुस कर लोगों को गोलियां मारीं । पुलिस को इस हत्या कांड की जानकारी पूरे 12 घंटे बाद ही मिली ।

इस जघन्य हत्या-कांड के लिए बब्बर खालसा को ज़िम्मेदार ठहराया गया है तथा पुलिस ने तीन हत्यारों की पहचान कर लेने का दावा किया है ।

अमृतसर पुलिस ने ट्रेन यात्रियों व वायु सेना अधिकारियों की हत्या के एक घातक षड्यंत्र को विफल कर दिया ।

कार सवार आतंकवादियों ने जिला भटिंडा में मानसा बस स्टैंड के निकट भूतपूर्व अकाली मंत्री श्री बलदेव सिंह ख्याला पर गोली चलाई, लेकिन वह बाल-बाल बच गए । श्री ख्याला अपने गांव जा रहे थे । थाना मानसा में केस दर्ज कराया गया है ।

9 की हत्या

बटाला (विनोद, कोछड़): पंजाब में गुरदासपुर जिले के मसानियां गांव में आतंकवादियों ने कल रात अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा दो अन्य को घायल कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना कल रात करीब सात बजे हुई, लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी पूरे 12 घंटे बाद आज सुबह सात बजे दी गई ।

इस घटना में मारे गए व्यक्तियों की शिनाख्त कर ली गई है । मृतकों के नाम इस प्रकार हैं : अजीत कुमार (18), जनक राज (20), रत्न लाल (45), कंस राज (35), रामरखा मल (60), दसविंदर सिंह (20), बनारसी लाल (50), मोहन लाल (40) और रघुबीर सिंह (20) ।

गांव वालों के मुताबिक हत्यारों की संख्या तीन से अधिक थी और उन्होंने गांव को तीन तरफ से घेर लिया और फिर हर एक घर तथा दुकान में घुस कर गोलियां चलाईं । इन घटना में मारे गए अधिकतर व्यक्ति दुकानदार हैं । गांव वालों के अनुसार इस घटना के समय पूरे गांव की बिजली गुल हो गई । गांव की कुल आबादी करीब दस हजार है ।

रामरखा मल को आतंकवादियों ने उसके मकान की छत पर उस समय मारा, जब वह भागने का प्रयास कर रहा था । गांव वाले नरसंहार की इस घटना से इतने अधिक भयभीत हो गए कि उन्होंने सीमा सुरक्षा बल के उस गश्ती दल को भी इसकी सूचना नहीं दी, जो सुबह 6 बजे गांव से गुज़रा था । गांव के सभी लोग अपने घरों के दरवाज़े बंद किए अन्दर ही बैठे रहे । सूत्रों ने बताया कि पुलिस को घटनास्थल के करीब 150 खाली कारतूस मिले हैं, जिससे लगता है कि आतंकवादियों ने खुलकर गोलियां बरसाई हैं । सूत्रों ने बताया कि बरामद खाली कारतूस प्लाइंट 9 एम.एम., प्वाइंट 455 एम. एम. और प्वाइंट 445 एम.एम. के थे ।

ज्ञातव्य है कि जालन्धर जिले में गत सोमवार को तीन स्टेनगनधारियों ने एक कस्बे में जब सात व्यक्तियों की हत्या की थी तो उस समय भी गांव की बिजली गुल हो गई थी । मसानियां गांव में आज सुबह कामकाज सामान्य दिनों की तरह चल रहा था और किसान अपने खेतों में काम कर रहे थे, लेकिन गांव के बस स्टैंड पर वीरानी छाई हुई थी । गांव के लोग कल रात की घटना से भयभीत दिखाई दे रहे थे और बहुत कम लोग इस बारे में विवरण देने को तैयार थे ।

बटाला सदर थाने में इस घटना की सूचना देने वाले प्रत्यक्षदर्शी ने गुरदासपुर में बताया कि आतंकित गांव वालों को यही डर लग रहा था कि आतंकवादी अभी गांव में ही मौजूद हैं । उसने बताया कि गांव में पहली गोली की आवाज़ आते ही बिजली चली गई और गांव पूरी रात अंधेरे में डूबा रहा ।

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि सभी हत्यारों की दाढ़ी-मूंछें साफ़ थीं । उसने कहा कि कई व्यक्ति तो चिकित्सा सुविधा के अभाव में दम तोड़ गए होंगे । आतंकवादियों ने गांव में सब से पहले हमला किरयाना के एक दुकानदार कंसराज और उसके पुत्र पर किया, जो घटनास्थल पर ही मारे गए । कंसराज के दूसरे पुत्र विजय कुमार ने भाग कर अपनी जान बचाई ।

कंसराज की दुकान से होकर आतंकवादी रत्न लाल की दुकान पर पहुंचे और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी, लेकिन उन्होंने मृतक की पत्नी कैलाश रानी पर गोली नहीं चलाई । रत्न लाल के पुत्र मंगा ने भाग कर अपनी जान बचाई । इसके बाद आतंकवादी बलकार सिंह की दुकान पर गए, जहां सामान खरीदने आए बनारसी लाल को उन्होंने अपना निशाना बनाया । आतंकवादियों ने दुकानदार पर हमला नहीं किया । उसके बाद हत्यारों ने पप्पू की हत्या की और फिर बलकार सिंह के घर गए, जहां कोई विवाह समारोह चल रहा था । आतंकवादियों ने वहां घर के भीतर दसविंदर सिंह और डाक्टर मोहन लाल की हत्या की ।

आतंकवादियों ने इसके बाद खैराती लाल के घर धावा बोला, जहां उन्होंने उसके पुत्र जनकराज की गोली मारकर हत्या की । खैराती लाल ने भाग कर अपनी जान बचाई । रामरखामल ने आतंकवादियों को देखते हुए अपनी जान बचाने के लिए घर की छत पर भागने का प्रयास किया, लेकिन आतंकवादियों ने उसका पीछा करके उसे गोली मार दी । आतंकवादियों ने अमरजीत सिंह और अमरीक कौर को उसके घर में गोली मारकर घायल किया । उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आतंकवादी करीब आधे घंटे तक गांव में हत्याएं करते रहे और लोगों से गाली-गलौच भी की, जो अपनी जान बचाने के लिए भागने का प्रयास कर रहे थे । आतंकवादियों ने खालिस्तान समर्थक नारे भी लगाए ।

बब्बर खालसा का हाथ

आतंकवादियों द्वारा गुरदासपुर जिले के मसानियां गांव में कल रात 9 व्यक्तियों की हत्या के पीछे बब्बर खालसा को ज़िम्मेदार समझा जाता है । पुलिस द्वारा दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार बटाला से लगभग आठ कि.मी. दूर इस गांव में आतंकवादियों के जिस गिरोह ने यह अपराध किया, उसका नेतृत्व गुट का प्रमुख सुखदेव सिंह कर रहा था । प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार अपराध में वरियाम सिंह तथा लखविंदर सिंह को भी शामिल बताया गया है । वरियाम सिंह भूरे नंगल गांव का और लखविंदर सिंह बटाला सदर पुलिस थाना के अन्तर्गत मलिकपुर गांव का रहने वाला है । पुलिस सूत्रों के अनुसार वारदात के समय मौजूद लोगों तथा कुछ अन्य प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा इन आतंकवादियों के फोटो पहचानने के आधार पर उनकी पहचान की गई है ।

वरियाम सिंह गत सप्ताह पुलिस की पकड़ से निकल भागा था । बटाला की धरमपुरा कालोनी में गत सप्ताह वरियाम सिंह अपने एक साथी बलजीत सिंह के साथ स्कूटर पर जा रहा था । बलजीत सिंह पकड़ा गया, लेकिन वरियाम भाग गया । बलजीत सिंह ने ही बाद में बताया था कि उसके साथ वरियाम सिंह ही था ।

अंतिम संस्कार कर दिया गया

बटाला से कोछड़ ने खबर दी है कि मृतकों का अंतिम संस्कार उनके गांव में कर दिया गया है । इस अवसर पर भारी संख्या में सुरक्षा बल वहां मौजूद थे । इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल, जालन्धर क्षेत्र के उपपुलिस महानिरीक्षक श्री ए. सद्दीकी, सीमा सुरक्षा बल के उपमहानिरीक्षक श्री चमन लाल भी मौजूद थे । श्री सिद्दीकी का कहना है कि हत्यारों की पहचान कर ली गई है और उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा । उन्होंने यह भी बताया कि पूछताछ के लिए 14 लोगों को हिरासत में लिया गया है । कई स्थानों पर छापे मारे गए हैं ।

योजनाबद्ध हत्याएं

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों व गांव गए पत्रकारों द्वारा गांव के विभिन्न लोगों से एकत्र जानकारी के अनुसार अज्ञात उग्रवादियों की संख्या व वाहन आदि का किसी को विशेष ज्ञान नहीं । गांव के कुछ लोगों को लगा कि कोई पटाखे चला रहा है । जब उन्हें पता चला कि आतंकवादी फ़ायरिंग कर रहे हैं तो सभी दहशत व भय से जहां थे, वहीं दुबक गए । सभी ने घरों के अन्दर से किवाड़ बंद कर लिए । आतंकवादी लगभग एक घंटा तक गांव में फिर-फिर कर और चुन-चुन कर हत्याएं करते रहे । पुलिस के एक उच्चाधिकारी के अनुसार यह हत्याएं योजनाबद्ध तरीके से की गईं । आतंकवादियों को

(शेष पृष्ठ 8 पर)



जिला गुरदासपुर में बटाला सदर के गांव मसानियां में आतंकवादियों के हाथों मारे गये (1) दसबीर सिंह, (2) बनारसी लाल, (3) रत्न लाल, (4) रघुबीर सिंह, (5) रामरखा मल, (6) कंस राज, (7) डा. मोहन लाल, (8) कुलजीत कुमार, (9) जनकराज, (10) पुलिस मैटाडोर में पड़े 9 शव, (11) घायल अमरीक कौर । (छाया : विनोद)

साईचिन पर कब्ज़े का एक और पाक प्रयास विफल

श्रीनगर, 1 अक्तूबर : भारतीय सेना ने साईचिन क्षेत्र पर पाकिस्तानी सेना के कब्ज़ा जमाने का एक और प्रयास को विफल कर दिया है । लद्दाख में सीमावर्ती नुबराघाटी के साईचिन ग्लेशियर क्षेत्र में पिछले सप्ताह भारी नुक्सान उठा कर खदेड़ दिए जाने के बाद पाकिस्तानी सैनिकों ने कल फिर कब्ज़ा जमाने की कोशिश की ।

रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी सेना ने सालतोरो रिज पर स्थित चौकी से भारतीय सेनाओं पर हमला किया लेकिन उसे विफल कर

छोटी सी बात

रंगा

बिजली बंद होने की जांच होगी : गिल

बटाला, 1 अक्तूबर : पंजाब पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने मसानियां गांव के स्कूल में पत्रकारों को बताया कि आतंकवादियों ने गांव में 6 स्थानों पर अंधाधुन्ध फ़ायरिंग की । मृतकों में से एक दसविंदर सिंह क्लीन शेवन सिख था । वह विदेश से लौटा था । इस गोली कांड में घायल महिला अमरीक कौर को नाज़ुक हालात में गुरदासपुर के अस्पताल में दाखिल

समूचा पंथ किसी दूसरे को अकाल तख्त का जत्थेदार बनाए तो मुझे आपत्ति नहीं : दर्शन सिंह

चंडीगढ़, 1 अक्तूबर (वार्ता): अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह ने आज दावा किया है कि सिखों के एक गुट द्वारा उनके स्थान पर नियुक्त किए गए किसी भी व्यक्ति को पंथ मान्यता

हुआ है । उन्होंने कहा कि पंथक कमेटी ने उनका उस समय विरोध करना शुरू कर दिया था, जब उन्होंने ऐसे पोस्टरों का विरोध किया जिनमें एक वर्ग के सदस्यों की हत्याओं की वकालत की गई थी ।

सकते हैं ।

उल्लेखनीय है कि पंथक कमेटी प्रो. दर्शन सिंह को अकाल तख्त के अध्यक्ष पद से हटाने के लिए

सकते हैं और कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि जैसे ही स्वर्ण मंदिर परिसर में सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित होगा, वे वहां लौट जाएंगे क्योंकि वे सिख पंथ में

बटाला में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

पहले से जानकारी थी कि एक समुदाय के लोगों की दुकानें किस-किस ओर हैं व घर कहां हैं । इस गांव में लगभग 2 हजार मकान हैं और यह बहुत पुराना व बड़ा गांव है । इसे चौधरियों का गांव कहा जाता है । हिन्दुओं के भी 2 सौ के लगभग घर हैं ।

यह भी ज्ञात हुआ है कि आधी रात के समय कुछ नौजवानों ने घरों से निकलने का प्रयास किया,लेकिन उनके परिवार वालों ने उन्हें बाहर नहीं आने दिया । जिस-जिस दुकान व मकान के अन्दर फ़ायरिंग की गई,प्रातः पुलिस के जाने तक शव लगभग 12 घंटे वहीं पड़े रहे । एक-एक मृतक को 10 से 12 तक गोलियां लगी बताई जाती हैं । एक मृतक के घर दीवार पर कम से कम 20 गोलियों के निशान लगे देखे गए । सारा घटनास्थल देखने पर लगता है कि यह वारदात शहर से केवल 6 किलोमीटर पर नहीं बल्कि किसी जंगल में की गई हो । उल्लेखनीय है कि इस सारे क्षेत्र के आसपास बी.एस.एफ़. के सैंकड़ों जवान तैनात किए गए हैं । गत दो सप्ताहों से सूचना मिल रही थी कि इस क्षेत्र में खतरनाक आतंकवादी आए हुए हैं और जिला-भर में अति सतर्कता रखी गई है ।

ग्राम में हिन्दुओं के 10 परिवार पंजाब से पहले ही बाहर चले गए थे, कुछ परिवार पिछले दिनों बाहर चले गए । श्री गिल के अनुसार ग्रामीणों ने शिकायत की कि पहले इस ग्राम में पुलिस चौकी थी पर 45 दिन पूर्व वह चौकी तीन किलो मीटर दूर खोजेवाल भेज दी गई । हताहतों के परिजनों ने बताया कि उग्रवादी ग्राम से जाने से पूर्व खालिस्तानी नारे लगाते हुए और हवाई फायरिंग करते हुए यह कह गए कि यदि एक विशेष समुदाय के लोग ग्राम से नहीं चले गए तो उन सबकी हत्या कर दी जाएगी । ग्राम के सरपंच बलवंत सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व दो उग्रवादियों ने ग्राम में आकर धमकी दी थी कि एक समुदाय के लोग ग्राम छोड़ कर चले जाएं नहीं तो उन्हें कत्ल कर दिया जाएगा । इसकी सूचना सुरक्षा बलों को दे दी गई थी । परन्तु सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि वह अलग ही मामला था और इस घटना से उसका कोई संबंध नहीं । सरपंच ने बताया कि ग्राम के सभी लाइसैंसी शस्त्र धारकों ने उग्रवादियों द्वारा छीने जाने के भय से अपने हथियार पुलिस के पास जमा करा दिए थे ।

जिला गुरदासपुर सी.पी.आई. (एम) के कमेटी मैम्बर कामरेड रणबीर सिंह विर्क ने इस कांड की निंदा करते हुए कहा कि दो सप्ताह पहले ही जिलाधीश की मीटिंग में उन्होंने कहा था कि गांवों में सुरक्षा व्यवस्था नहीं की जा रही, यह हत्याकांड उसी का परिणाम है । स्थानीय भाजपा प्रधान श्री बलदेव मित्र कांसरा, इंका प्रधान चमन लाल भागी व सी.पी.आई. नेता कामरेड करतार सिंह दालम और गुरमीत सिंह ने इस हत्या कांड की कड़ी निंदा की है ।

जिला गुरदासपुर की सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने,जिनमें कांग्रेस के जिला प्रधान श्री रघुनाथ सहाय पुरी, जिला महासचिव श्री तिलक राज गुप्ता, विधायिका कुमारी सुशील महाजन, भाजपा विधायक मास्टर मोहन लाल तथा राम लाल, भाजपा के जिला प्रधान श्री एल.आर. वासुदेवा, अकाली दल (ल) के प्रीतम सिंह भाटिया ने इन हत्याओं की निन्दा करते हुए सरकार से आतंकवादियों को सख्ती से कुचलने की अपील की और सैक्टर स्कीम में सुधार करने की मांग की है क्योंकि इस घटना का 12 घंटे बाद पुलिस तथा सुरक्षा बलों को पता चला ।

उग्रवादी को मार डाला

बरनाला (सिंधवानी) : गत दिवस मौजा अबोके में तीन उग्रवादी भाग सिंह के खेत में गए तथा उस पर गंडासों से हमला कर दिया । भाग सिंह ने अपनी राइफल उठा कर शोर मचाया । इस दौरान वहां लोग आ गए । लोगों ने तीनों उग्रवादियों को घेर लिया । तीनों कपास के खेत में घुस गए । इनमें से 2 तो फ़रार हो गए,लेकिन एक को लोगों ने दबोच लिया तथा मार-मार कर उसको सख्त ज़ख्मी कर दिया । उसको अस्पताल पहुंचाया जा रहा था कि रास्ते में उसकी मौत हो गई । उसकी आयु 50 वर्ष बताई जाती है । अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

स्कूटर छीन कर फ़रार

जंडवाला के निकट उग्रवादी मदन लाल पुत्र फ़कीर चन्द का बजाज चेतक स्कूटर पी.यू.जी. 3091 लेकर फ़रार हो गए ।

उग्रवादी ड्रेनेज विभाग का वेतन लूटने आए थे

होशियारपुर, (अश्विनी) : होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने आज यहां बताया कि कल पुलिस ने स्टेट बैंक के सामने मुठभेड़ के बाद जिन दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था,उन्होंने रहस्योद्घाटन किया है कि उनकी ड्रेनेज विभाग के कर्मचारियों का वेतन लूटने की योजना थी । श्री अरोड़ा ने बताया कि जो 2 उग्रवादी फ़रार हो गए थे, उनमें निआड़ा गांव का मल्कीयत सिंह और स्थानीय दीप नगर का करतार सिंह भी शामिल था । श्री अरोड़ा ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयत्नशील है तथा इन लोगों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा । उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व इन आतंकवादियों ने यहां बाई-पास रोड पर एक व्यक्ति केशव कुमार से उसका स्कूटर छीन लिया था । बाद में उन्होंने बस्सी गुलाम हुसैन में स्थित शराब के ठेके से ठेके के कर्मचारी देवेन्द्र कुमार से 140 रुपए लूटे । जब यह उग्रवादी बाद में पुर हीरापुर गांव में स्थित शराब के ठेके को लूटने के लिए गए तो वहां खड़ी गश्ती पुलिस दल की जीप को देख कर वापस लौट गए थे ।

स्कूटर छीना

जिला होशियारपुर के थाना गढ़शंकर के अंतर्गत एक गांव में दो युवकों ने एक व्यक्ति पुरुषोत्तम से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया ।

सिख छात्र संघ का नेता गिरफ्तार

लुधियाना (महिन्द्र) : गत दिवस पुलिस ने अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के रायकोट सर्कल के अध्यक्ष सोहन सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस को उसके कब्ज़े से एक रिवाल्वर 32 बोर और 2 कारतूस मिले हैं । पुलिस के अनुसार उसे आतंकवाद विरोधी कानून के अधीन पकड़ा गया है ।

लुधियाना (धीमान): आज रात्रि 10.15 बजे लक्कड़ बाजार में बारदाने की एक दुकान के कारिंदे हीरा लाल को दो उग्रवादियों ने दुकान लूटने के प्रयास में गोली मार कर घायल कर दिया ।

उग्रवादी सहित दो मरे

मोगा (आज़ाद): आज प्रातः दस बजे सादिक थाना क्षेत्र के गांव दीपसिंहवाला में बस अड्डे पर तीन आतंकवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग करके एक व्यक्ति अजायब सिंह की हत्या कर दी । फ़ायरिंग करने के बाद वे फ़रार हो गए लेकिन पुलिस तथा अर्ध सैनिक बलों के जवानों ने सूचना मिलने पर तत्काल उनका पीछा किया। एक भागते हुए आतंकवादी को गोली मारकर मार डाला । आतंकवादियों द्वारा भी पुलिस पर फ़ायरिंग की गई । दो आतंकवादी भागने में सफल हो गए । यह जानकारी जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिंद राम ने दी । उन्होंने बताया कि मृतक के कब्ज़े से पुलिस ने .455 तथा .32 बोर के रिवाल्वर बरामद किए थे । 36 कारतूस तथा 10 खाली खोल भी बरामद हुए । श्री गोबिन्द राम ने बताया कि फ़रार होने वाले दोनों आतंकवादियों की सरगर्मी से खोज की जा रही है ।

जीत राम का अन्तिम संस्कार

जालन्धर (ह.स.): यहां से 15 किलो मीटर दूर अलावलपुर में हुए गोली कांड के 7वें मृतक जीत राम का आज अन्तिम संस्कार कर दिया गया । शव यात्रा में अलावलपुर तथा निकटवर्ती गांवों के सैंकड़ों लोग शामिल हुए । इस कांड के चार घायलों की दशा खतरे से बाहर बताई जाती है । इसी मध्य श्री राम नाटक दशहरा कमेटी अलावलपुर ने जिला मैजिस्ट्रेट की मंजूरी के बावजूद राम डोला को सुरक्षा प्रदान करने में पुलिस की विफलता के विरोध में इस वर्ष दशहरा न मनाने का फैसला किया है ।

दस हजार रुपए बरामद

'ह.स' के अनुसार पुलिस ने गत रविवार को जालन्धर नगर निगम के दफ्तर से लूटी गई रकम में से दस हजार रुपए बरामद कर लिए हैं तथा तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है । चार संदिग्ध आतंकवादियों ने जालन्धर नगर निगम दफ्तर से 66250 रुपए लूट लिए थे । पुलिस को आशा है कि इस घटना में संलिप्त दो अन्य व्यक्तियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

जालन्धर के नकोदर थाना क्षेत्र के ग्राम धेहड़ा के सरपंच तरसेम सिंह के घर से दो उग्रवादी आज रात्रि उसकी लाइसैंसी दोनाली बंदूक व रिवाल्वर छीन ले गए ।

दो गिरफ्तार

संगरूर : जिला पुलिस ने आज दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया,जिनमें एक 'बी' श्रेणी का आतंकवादी अजायब सिंह शामिल है । पुलिस ने दूसरे आतंकवादी का नाम स्वर्ण सिंह बताया है । पुलिस के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि दोनों एक समुदाय के लोगों की हत्याएं करने की योजना बना रहे थे ।

मोटर साइकल छीना

पटियाला (भूषण): यहां से 6 किलो मीटर दूर सनौर कस्बा में संजीव कुमार नामक एक व्यापारी से तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने कल पटियाला नदी पुल के निकट उसका यामा मोटर साइकल छीन लिया । बताया जाता है कि जब संजीव कुमार सनौर से चला तो एक व्यक्ति ने उससे पटियाला तक लिफ़्ट मांगी । उसने उसे मोटर साइकल पर बिठा लिया । जब वे पटियाला नदी पुल के निकट पहुंचे तो उसके पीछे बैठे व्यक्ति ने पिस्तौल निकालकर उसकी पीठ पर रख दिया । इतने में उसके दो साथी भी वहां आ पहुंचे तथा मोटर साइकल छीन कर हरियाणा के गुहला क्षेत्र की ओर फ़रार हो गया । संजीव कुमार ने यहां कोतवाली पुलिस के पास केस दर्ज कराया है ।

भूतपूर्व मंत्री ख्याला की कार पर फायरिंग

मानसा (मेहता): गत सायं यहां ठीकरीवाला चौक में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने काले शीशों वाली एक बैन से पंजाब के भूतपूर्व पंचायत और सामाजिक विकास मंत्री श्री बलदेव सिंह ख्याला पर फायरिंग की । श्री ख्याला ने चौक में अपनी व्यक्तिगत कार उस समय रोकी ही थी और उनका गनमैन कुछ खरीदारी के लिए कार में से नीचे उतरा था, जब फायरिंग हुई । श्री ख्याला ने अपनी निजी रिवाल्वर से और उनके गनमैन ने अपनी बंदूक से फायरिंग का उत्तर दिया । काले शीशों वाली बैन फायरिंग करने के बाद अभियुक्त भगाकर ले गए । फायरिंग से बस स्टैंड में खड़ी पंजाब रोडवेज अमृतसर की एक बस के शीशे टूट गए । श्री ख्याला ने तत्काल पुलिस को सूचित किया, जिसने तत्काल अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी। इस घटना के बाद ठीकरीवाला चौक में सभी दुकानें बंद हो गई ।

ट्रेन यात्रियों की हत्या का षड्यंत्र

अमृतसर के पुलिस चीफ इजहार आलम के अनुसार खालिस्तान कमांडो फोर्स के मल्कियत सिंह अजनाला के गिरोह के 6 में से 4 उग्रवादियों बलबीर सिंह उधोवाल, सुखदेव सिंह, सुखविन्दर सिंह, गुरेन्द्र सिंह को एक दोनाली बन्दूक, एक एक नाली बन्दूक, 12 अन्य बन्दूकों सहित गिरफ्तार कर लिया । इन लोगों ने गुरदासपुर जिले के बटाला के बस स्टैंट के पास एक बस कंडक्टर की और बेरी औलख ग्राम के बलबीर सिंह की हत्याएं की थीं । वे रामदास के निकट ट्रेन यात्रियों की तथा राजासांसी के पास वायु सेना व पुलिस के अधिकारियों की हत्याओं की योजना बना रहे थे । गिरोह ने कई जगह हथियार लूटे थे, धमकी भरे पत्र भेज कर धन वसूला था ।

एक अन्य उग्रवादी हरबंस सिंह को रामा नामक व्यक्ति पर गोली चला कर भागते समय गिरफ्तार कर लिया गया ।

वी.पी. सिंह का जन मोर्चा आज

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (ह.स.): पूर्व रक्षामंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और उनके साथियों ने अपने राष्ट्रीय संगठन का नाम "जन मोर्चा" रखा है । इसकी विधिवत घोषणा श्री सिंह कल 2 अक्तूबर को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में करेंगे ।

श्री सिंह के निकटवर्ती सूत्रों के अनुसार, इस मोर्चे का संयोजक कांग्रेस (इ) के भूतपूर्व महासचिव एवं सांसद रामधन को बनाया गया है । मोर्चे का एक स्वतंत्र झंडा होगा । इस बारे में भी कल घोषणा की जाएगी ।

सूत्रों ने बताया कि मोर्चे का सदस्य बनने के लिए एक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा । शपथ पत्र के फार्म की कीमत एक रुपए होगी । श्री सिंह के निवास पर कल 11 बजे श्री सिंह के समर्थक सांसदों, विधायकों एवं कार्यकर्त्ताओं का समागम होगा, जिसमें मोर्चे के स्वरूप एवं कार्यक्रमों को मंजूरी दी जाएगी ।

असंतुष्ट नेताओं ने जिनमें भूतपूर्व रक्षामंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, रामधन, अरुण नेहरू, मुफ्ती मोहम्मद सईद, आरिफ मोहम्मद खां, विद्याचरण शुक्ल, राज कुमार राय, सत्यपाल मलिक, मानवेन्द्र सिंह तथा राम पूजन पटेल सभी सांसद शामिल हैं, आज अपनी बैठक में संकल्प पत्र, मोर्चे के गठन और झंडे की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया । इन नेताओं के निकटवर्ती सूत्रों के अनुसार बैठक में मंच के लिए निर्धारित तिरंगे झंडे की सफेद पट्टी में लाल चक्र शामिल किया गया है । सूत्रों का कहना है कि लाल रंग क्रांति का प्रतीक है और असंतुष्ट नेता भ्रष्टाचार इत्यादि मुद्दों पर संघर्ष के साथ व्यवस्था में परिवर्तन के प्रश्न पर भी आंदोलन चलाएंगे । इसीलिए उन्होंने मंच के झंडे में लाल चक्र शामिल किया है ।

कपूर को अतिरिक्त पदभार

चंडीगढ़, 1 अक्तूबर (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने वित्तायुक्त एवं लोक सम्पर्क सचिव श्री एस.एल. कपूर को आबकारी एवं कराधान वित्तायुक्त का अतिरिक्त पदभार दिया है । श्री जी. बालाकृष्णन अब वित्तायुक्त (वित्त) होंगे । आबकारी एवं कराधान विभाग पहले ही श्री बालाकृष्णन के पास है ।



गवर्नमैंट कालेज, गुरदासपुर की अल्का गुप्ता ने 480/800 अंक प्राप्त कर जी.एन.डी.यू. की एम.ए. भाग- दो (अर्थ शास्त्र) की परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।



श्री बलदेव कृष्ण खुल्लर, जिन्हें सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने टैलीफोन सलाहकार समिति जालंधर का सदस्य मनोनीत किया है ।

एस.के. शर्मा को अतिरिक्त चार्ज

लुधियाना, 1 अक्तूबर (महिन्द्रा): स्थानीय कार्यकारी मैजिस्ट्रेट श्री एस.के. शर्मा को एस.डी.एम. का अतिरिक्त चार्ज भी दिया गया है । एस.डी.एम. कुमारी कल्पना मित्तल छुट्टी पर चली गई हैं ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

आवश्यकता

Vacancies of Probationary Officers, marketing trainees, clerks. For details/Application form send Rs. 4/- by M.O. :— 'प्रतियोगिता और हम' अम्बाला शहर ।

पेंटरों की ज़रूरत है । चाहवान सज्जन 6.10.87, मंगलवार मिलें । डाक्टर बलविंदर सिंह वालिया, सामने बस स्टैंड, अमृतसर ।

Wanted a Graduate or Post Graduate Lady Gynaecologist and Obstetrician and Lady Nursing Helper for R.B. Sewak Ram Maternity Hospital, Jalandhar. Salary negotiable. Apply/ contact Secretary immediately. (Dr. K.K. Pasricha) M.D. Secretary.

Wanted an experienced and trained Principal for Co-Educational Hindi medium middle school at Ludhiana. Apply with full bio-data to Box 962, Punjab Kesari, Jalandhar.

Central Public School, 126 Rani Ka Bagh, Amritsar. Wanted trained/ untrained experienced female teachers. Contact Principal.

Wanted for immediate employment Intercom Mechanics or ITI Trained Radio, TV mechanics. Contact—Tecnoimpex (India), Garha Road, Opp. Bus Stand, Jalandhar.

Wanted a boiler attendant with C/B/A certificate. Apply before 15th October, 1987. Contact : Modi Ginning & Oil Mills, Patiala.

One retired man who may deal correspondence independently & one degree holder, Engineer, one diploma holder Engineer, one draftsman. New Shere Hind Foundry Workshop, Chittra Talkies Road, Amritsar.

Wanted lady headmistress for A.N.M. Hindu Model School, Kapurthala. Well qualified (atleast B.A., B.Ed.) and person with sanatanists views and missionary zeal preferred. Salary and perks according to merit. Interested may come for Interview on 11.10.1987 at 11 A.M. in the office of Principal, Hindu Kanya College, Kapurthala with all original documents and certificates. President, Hindu Educational Society, Kapurthala.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 1.10.87 Rs. 55/- without trays. NECC Suggested Retail Price 7.45 per Dozen.

टैलीविज़न सीखें

B/W, Colour TV कोर्स का दाखिला शुरू । नैशनल इलैक्ट्रानिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने बस स्टैंड, पठानकोट ।

किराए पर

One shop available on rent. Size 24'x12' with two doors fitted with shutters on main road, Bhagat Singh Chowk, Jalandhar. Interested parties contact : Ashok Chopra, Telephone No. 75399 Resi, 73417 Office, Jalandhar.

रोज़गार

नए रोज़गार (गवर्नमैंट स्वीकृत) 200 लघु उद्योगों पर सम्पूर्ण पुस्तक 400 पृष्ठ हिन्दी या उर्दू 30 रुपए, पोस्टेज 6 रुपए । वी.पी. मंगाएं, निराला जोगी मासिक (बिहाइंड बस स्टैंड), पानीपत ।

बिकाऊ

Deruesh Rice Mill, Dineshpur (Rudrapur) Nainital (U.P.) for sale. Contact—Phone No. 37.

शिक्षा

पत्राचार R.M.P./Pharmacist डाक्टर बनने हेतु लिखें/मिलें—P.M.T. Medical College and Hospital, Daldali Road, Patna.

Matric (आठवीं फ़ेल/पास) मार्च में (पंजाब/दिल्ली/बिहार) गारंटिड पास करें । +1 Fail, Inter/+2 इसी वर्ष करें, B.A./B.Com./B.Sc. (one sitting) करें । J.B.T./OT/B.Ed. (Correspondence) LL.B. graduate 40% eligible. R.M.P. (valid). Prospectus Rs. 5/- by M.O. Guru Nanak College of Education, Thana Chowk, Tanda. (College has no branch).

RMP रजिस्ट्रेशन 10 दिनों में । मैट्रिक/इंटर/बी.ए./ वैद्यविशारद/ आयुर्वेदरत्न गारंटिड दिसम्बर में—गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

अंग्रेज़ी, जर्मन, फ्रैंच, स्पेनिश सीखें । स्वयं मिलें : Ajanta School of Foreign Languages, Majitha Road, Amritsar.



God Blessed Movies
R.K. Nayyar Films Presentation
नारी के लिये पति ही उसका परमेश्वर होता है—
पति परमेश्वर

लव 86 की सिल्वर जुबली के बाद
प्राण लाल मेहता पेश करते हैं
नोट : फिल्म को सिनेमा हाल ही में देखें, क्योंकि वीडियो में एक घंटा फिल्म कम है ।
सितारे : राज कुमार, गोविन्दा, करहा, शक्ति कपूर, ओमपुरी ।

23 अक्तू
*अनपढ़ का ज
*उपर चढ़के स
प्रोड्यू

समाधि राजघाट तथा लाल बहादुर शास्त्री की समाधि विजय घाट पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की और वहां आयोजित सर्व धर्म प्रार्थना सभा में भाग लिया । प्रधानमंत्री के साथ दोनों समाधियों पर

टी हजार सुरक्षा कर्मचारियों ने पी फैटन से पहले ही घेरा डाल दिया था । राजघाट के आसपास कड़ी नाकेबंदी की गई । सुबह साढ़े आठ बजे तक गांधी समाधि को आम लोगों के लिए बिल्कुल बंद कर दिया

ओर चप्पे-चप्पे पर यहां तक कि पेड़ों पर भी सुरक्षा कर्मचारियों को तैनात किया गया था । कुछ सुरक्षा कर्मचारी दूरबीन लेकर सारे इलाके पर निगरानी

गांधी वहां 18 मिनट तक रहे । इसके बाद उपराष्ट्रपति डा. शंकरदयाल शर्मा सुबह 7.25 पर

(शेष पृष्ठ 12 पर)









शुक्रवार की रात्रि को जालंधर के चुगिट्टी क्षेत्र में एस.पी. डिटैक्टिव की हत्या का प्रयास करने में हुए मुकाबले में मारे गए दो उग्रवादी पप्पू व बलविन्दर सिंह । (छाया: कपूर)

एस.पी. डिटैक्टिव की हत्या के प्रयास में 2 उग्रवादी मारे गये, 3 पुलिसियों सहित 4 का हत्यारा मरा

अकाली नेता की हत्या का प्रयास, बन्दूकों की दुकान लूटी, कई जगह हिंसा, महिला कांस्टेबल घायल

पंचायत सदस्य सहित 2 अन्य की हत्याएं, शव मिला

चंडीगढ़, 2 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): आज सायं उग्रवादियों ने अमृतसर जिले में तीन पुलिस कर्मियों सहित 4 लोगों की घात लगा कर फायरिंग करके हत्या कर दी परन्तु जब वे फरार हो रहे थे तब सुरक्षा बलों ने पीछा करके उनमें से एक उग्रवादी को मार गिराया जो 'ए' श्रेणी का बताया जाता है । अमृतसर जिले में एक अन्य ग्रामीण की, बाघापुराना क्षेत्र में एक पंचायत सदस्य की हत्याएं की गई जबकि लुधियाना में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ । फिरोजपुर जिले में भी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक अन्य उग्रवादी मारा गया । जालन्धर जिले में एस. पी. डिटेक्टिव की हत्या का प्रयास करने वाले दो उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए । जालन्धर जिले में उग्रवादियों ने एक महिला सिपाही को लूटने के प्रयास में घायल कर दिया जबकि एक अन्य महिला को लूटने का प्रयास किया गया । अमृतसर में कथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के कथित चीफ जनरल लाभ सिंह ने बन्दूकों की एक दुकान लूट ली एक अकाली नेता की हत्या का प्रयास किया ।

3 पुलिस कर्मियों सहित 4 की हत्या

उग्रवादियों ने आज सायं अजनाला थाना के अन्तर्गत राजा सांसी हवाई अड्डे के निकट अंधाधुंध फ़ायरिंग करके 3 पुलिस कर्मियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

सूचनाओं के अनुसार पुलिस अधिकारी हैड-कांस्टेबल रणजीत सिंह और कांस्टेबल सेवा सिंह व लेखराज दूलो नंगल गांव से एक आटो रिक्शा में लौट रहे थे कि चार सशस्त्र उग्रवादियों ने घात लगाकर उन पर हमला किया और घटनास्थल पर ही गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी । आटो रिक्शा का ड्राइवर भी मारा गया । यह पुलिस दल आबकारी एवं कराधान टीम के साथ गांव में छापा मारने गया था । पुलिस कर्मियों के पास उनके शस्त्र नहीं थे ।

हत्यारा उग्रवादी मारा गया

यह हत्याकांड करके फरार हुए उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने पीछा करके घेर लिया । दोनों तरफ से हुई फायरिंग में एक 'ए' श्रेणी का उग्रवादी सुखदेव सिंह उर्फ पदरी मारा गया जो चमियारी ग्राम का रहने वाला था । उसके साथी भाग निकले जिनका पीछा जारी है ।

50 हत्याओं में वांछित था

अमृतसर के पुलिस चीफ श्री इजहार आलम के अनुसार सुखदेव सिंह पदरी कम से कम 50 हत्याओं में वांछित था और उसके सिर पर 60 हजार रु. का इनाम घोषित था । उसके पास से घातक चीनी ए.के.-47 असाल्ट राइफल व भारी परिमाण में गोलियां आदि बरामद हुई । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का सदस्य था । उसने आज की इन चार हत्याओं के अलावा तीन माह पूर्व एक हैड कांस्टेबल व एक सब इंस्पेक्टर की हत्या की थी । श्री इजहार आलम ने बताया कि आज मृत हैड कांस्टेबल रंजीत सिंह, सिपाही सेवा राम व लेख राज एक्साइज विभाग से सम्बद्ध थे । जब ये सायं 5 बजे एक श्री व्हीलर में जा रहे थे, तब उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला किया व श्री व्हीलर चालक सहित उन चारों की हत्या कर दी तथा दो स्कूटरों पर भाग निकले । सी.आर.पी. की एक टुकड़ी ने अमृतसर चौगांवा रोड पर इन उग्रवादियों को घेर लिया जिस पर उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी और एक नाले के साथ ऊंची हाथी घास में छिप कर भागने की कोशिश करने लगे परन्तु सी.आर.पी. की जवाबी फायरिंग में उनमें से एक उग्रवादी मारा गया जिसकी शिनाख्त सुखदेव सिंह के रूप में हुई ।

अकाली नेता की हत्या की कोशिश

अमृतसर (ह.स.): कुछ उग्रवादियों ने आज प्रातः एक अकाली नेता श्री जसबीर सिंह पर यहां कृष्ण नगर में फ़ायरिंग करके उनकी हत्या की कोशिश की, लेकिन वे बाल-बाल बच गए । पुलिस के अनुसार श्री जसबीर सिंह ने अपने लाइसैंसी शस्त्र से फ़ायरिंग करके उग्रवादियों को भागने पर विवश कर दिया ।

युवक को चाकू मार दिया

इसी मध्य तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने आज तड़के यहां महासिंह गेट में गुरदासपुर के श्री बचन सिंह के लड़के टीटू को चाकू मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि संदिग्ध व्यक्ति बच कर एक पूजा घर में भाग गए ।

बंदूकों की दुकान लूट ली

उग्रवादियों ने आज दोपहर अमृतसर नगर में बंदूकों की एक दुकान को लूट लिया । बताया गया है कि चार उग्रवादी मारुति कार में सवार होकर नगर में अशोक सिनेमा के निकट 'दिल्ली गन हाऊस' नामक बंदूकों की दुकान में गए और वहां से छः डबल बैरल बंदूकें, एक सिंगल बैरल बंदूक, एक .315

(शेष पृष्ठ 12 पर)

श्रीलंकाई सैनिकों द्वारा एक भारतीय शांति सैनिक की गोली से हत्या

कोलम्बो, 2 अक्तूबर (ए.पी.): श्रीलंका के पूर्वी त्रिकोमाली कस्बे में एक वाहन पर सवार बंदूकधारियों ने आज भारतीय शांति सेना के एक जवान की गोली मारकर हत्या कर दी और एक अन्य जवान को घायल कर दिया । सैनिक अधिकारियों ने यह जानकारी दी । भारत तथा श्रीलंका के बीच हुए शांति समझौते को लागू करने के लिए गत जुलाई में लगभग दस हजार भारतीय सैनिकों के श्रीलंका आने के बाद गोली मारकर जवान की हत्या करने की यह पहली घटना है । इससे पूर्व गत अगस्त में भारतीय शांति सेना के तीन जवानों की उस समय मृत्यु हो गई थी, जब वे एक बारूदी सुरंग को नष्ट करने की कोशिश कर रहे थे ।

कोलम्बो स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक वक्तव्य में कहा है कि हत्या में उपयोग में लाया गया वाहन एक श्रीलंकाई सैनिक छावनी में बरामद किया गया ।

मृत सैनिक का नाम गोलख राम है जबकि घायल सैनिक नायक बलदेव सिंह है ।

भारतीय उच्चायोग के प्रवक्ता ने कहा कि गोलीबारी के बाद हमलावरों की वैन श्रीलंका सुरक्षा बल के कोआर्डीनेशन अफसर के कार्यालय से चली गई । वैन का पीछा कर रहे शांति सेना के जवानों ने जब उक्त अफसर से वैन के बारे में कहा तो उसने कहा कि वैन तो श्रीलंका के सैनिकों को भोजन बांटने गई थी ।

इस बीच श्रीलंका ने पूर्वी प्रांत में तीन दिन के चल रही जातीय हिंसा को देखते हुए कर्फ्यू की अवधि बढ़ा दी है । पुलिस की कार्रवाई में दस लोग मारे गए तथा 35 घायल हो गए ।

रेडियो के अनुसार बुधवार को लगाया गया कर्फ्यू कल सुबह 6 बजे तक त्रिकोमाली तथा निकट के शहर रीना खाड़ी व उप्पुवेली में कर्फ्यू जारी रहेगा ।

श्रीलंका के अखबारों ने लिखा है कि गत रात हिंसा में तीन और लोग मारे गए । यह नहीं पता चला कि मरने वाले तमिल हैं या सिंहली ।

श्रीलंका का प्रांतीय परिषद विधेयक देश के संविधान में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने वाला है । भारतीय राज्य विधान सभाओं के अनुरूप उसमें कुछ नए उपबंध जोड़े गए हैं । काफी लम्बी बहस के बाद श्रीलंका मंत्रिमंडल ने कल इस विधेयक को मंजूरी दी ।

ये परिषदें अपने-अपने प्रांतों में स्वायत्त निकाय के रूप में काम करेंगी । इनमें राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और मंत्रिमंडल के सदस्यों के अधिकारों तथा कर्त्तव्यों की अलग सूची बनी है । प्रांतीय परिषद विधेयक के साथ एक पृथक संविधान संशोधन विधेयक भी संसद में शीघ्र ही पेश किया जाएगा जिसमें प्रांतीय परिषद विधेयक के प्रावधान शामिल होंगे । प्रांतीय परिषद विधेयक में प्रत्येक प्रांत के लिए एक प्रांतीय कोष का भी प्रावधान है । ज्ञातव्य है कि यह विधेयक भारत-श्रीलंका शांति समझौते का परिणाम है ।

बैंकाक : श्रीलंका के भूमि मंत्री गामिनी दिसानायक ने कहा है कि दिसम्बर में होने वाले प्रांतीय चुनावों से पहले भारतीय शांति सेना छापा-मारों से सारे हथियार ले लेगी ।

देश भर में विजय दशमी उत्साह से मनाई गई

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (ह.स.): असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजय दशमी का पर्व आज देश-भर में सोत्साह मनाया गया । उत्तर भारत में आज नगर में रामलीलाओं में राक्षसत्व के

होगा, जिसके साथ ही समारोह की समाप्ति होगी ।

भारी संख्या में भारतीय और विदेशी पर्यटक घाटी में पहुंचे हुए हैं तथा रोजाना और लोग पहुंच रहे हैं । कल्लू में पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए वायदूत ने दिल्ली और चंडीगढ़ से अतिरिक्त उड़ान

देवी तालाब पर सर्वश्री कैलाश कपूर, श्री राज कुमार सहगल, श्री राम नाथ चड्ढा, नगर निगम जालंधर के आयुक्त श्री आई.एस. डावरा, बल्टन पार्क में श्री रमेश पाल अग्रवाल, श्री धर्मवीर अग्रवाल, श्री अविनाश चड्ढा, पं. नरोत्तम देव तथा

फतेहाबाद व जुंडला 8 नवम्बर को नहीं

आयुक्त अभी तक ... करनाल, जुंडला ... चुनाव कराने के ... मंत्री श्री देवी लाल ... राज्य सरकार ने ये ... सिफारिश की है । ... उक्त आयुक्त ने ... राज्य सरकार ने ... जबकि यह काम ... जाता है कि यह ... हो सकेंगे । ... लिए भी चुनाव की ... 2 दिन का नोटिस

आपेक्षित होता है । क्योंकि अभी तक चुनाव कार्यक्रम सरकारी रूप से घोषित नहीं किया गया अतः किसी भी राजनीतिक पार्टी ने अभी कोई चुनाव प्रचार शुरू नहीं किया है । इंका तीनों स्थानों पर प्रत्याशी खड़े कर रही है तथा लोकदल भाजपा गठजोड़ भी तीनों स्थानों पर मैदान में उतरेगा । करनाल व फतेहाबाद से भाजपा प्रत्याशी मैदान में हैं तथा जुंडला (आरक्षित) से लोकदल (ब) के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे ।

ज्ञात हुआ है कि हरियाणा के चुनाव विभाग ने कुछ दिन पूर्व जिलाधिकारियों से कह दिया था कि वे आठ नवम्बर के चुनाव के दृष्टिगत तैयारी शुरू कर दें और अब चुनाव आगे जाने बारे भी जिला अधिकारियों को संकेत दे दिया गया है ।

स-विरोधी नहीं : देवरस

राष्ट्रीय स्वयं ... लासाहब देवरस ने ... कांग्रेस विरोधी ... पर आयोजित ... कहा कि संघ के ... नेता थे और वह ... तुष्टिकरण की ... झकर उससे बाहर

... में कांग्रेस विरोधी ... । संघ किसी भी ... न होकर केवल

राष्ट्रहित में काम करने वाला संगठन है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज टूटने के कगार पर है लेकिन इसका कारण कोई बाहरी दबाव न होकर उसकी आंतरिक गुटबंदी, भ्रष्टाचार, भाईभतीजावाद और व्यक्ति पूजा है ।

श्री देवरस ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नहीं चाहता कि केंद्र कमजोर हो लेकिन जातकवाद, पृथकतावाद, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और कांग्रेस के बिखराव के कारण देश की स्थिति गंभीर हो गई है । उन्होंने कहा कि विपक्षी दल बिखरे हुए हैं और कांग्रेस का कोई विकल्प नहीं है । आज कांग्रेस की यह हालत इसलिए हो गई है कि उसमें अवसरवादी और स्वार्थी लोग भर गए हैं । कांग्रेस पार्टी अब वह पार्टी नहीं रह गई है जिसके नेता केंद्र में राजेंद्र प्रसाद, जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री और राज्यों में गोविंद वल्लभ पंत विधान चंद्र राय और यशवंत राव थे । इन नेताओं के गुजरने के बाद जो नेता रह गए हैं वे स्वार्थी हैं और जैसे भी हो सत्ता में बने रहना चाहते हैं ।

वादियों बैरो

... कानूनी तौर पर ... बन्धक कमेटी से

Punjabi Sanjhi

अक्तूबर, 1987

कौन है ?

ह तो समय ही बताएगा कि सरकारिया कौन सरकार के इशारों पर कार्रवाई को परेशानी में डाल रहा है । कौन के लैटरपैड का दुरुपयोग करके धमकी । कौन इन लैटर पैडों पर धमकियां त्र कर रहा है । यह सब कुछ सरकार र ही किया जा रहा है । न केवल मैं ठाकुर सिंह भी इन लोगों से दखी हैं । ीन बार मुझसे अपनी दुख-भरी कहानी कहा है कि वह इनसे छुटकारा पाना मेरा अकाल तख्त पर बैठना नहीं बल्कि थ विचरण करना ज़रूरी होता है । पर बैठना ग्रन्थी का काम होता है तथा हब पर पहरा देना होता है ।

लावा प्रो. दर्शन सिंह ने बताया कि वह स जीरकपुर चले जाएंगे । उन्होंने कहा कहीं भी रहेंगे अपने कर्त्तव्य का पालन ।

ए

दर्शन सिंह जब श्री हरी सिंह आरेवाले म पूछने के बाद भाई गुरदास हाल में र्जन हथियारबंद युवकों के साथ पहुंचे कमरे को जाने वाले गलियारे को ताला । जिस सेवादार के पास चाबियां थीं, अपने गांव गया हुआ था । अन्य कोई कर प्रो. दर्शन सिंह की उपस्थिति में गे ताले को हथौड़ों से तोड़ा गया तथा खाड़ कर दरवाजा खोला गया । ताला त: इसे तोड़ने के लिए एक बंदूकधारी गोली मार कर खोलने का भी सुझाव

मांग

ना (रुपाल): सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार से मांग की है कि वह अपने पद से । यहां प्राप्त एक प्रैस विज्ञप्ति में सिंह द्वारा पांच सदस्यीय पंथक कमेटी का फ़ैडरेशन ने सख्त नोटिस लिया

एस. व पी.सी.एस. री इम्प्रूवमैंट ट्रस्टों के अध्यक्ष

2 अक्तूबर (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने स. एवं आई.ए.एस. अधिकारियों को ट ट्रस्टों का अध्यक्ष नियुक्त किया है । ी एक आदेश के अनुसार बाज सिंह अबोहर, सरवन सिंह चन्नी को जी.एस. सिद्धू को भटिंडा, बी.एल. ाजिल्का, एस.पी. सिंह को गुरदासपुर, को जगरांव, जे.एस. सोढी को खन्ना, ह को कोटकपुरा, अमरीक सिंह को जीत सिंह को मोगा, समीर कुमार को र. रैड्डी को पटियाला, कंवलवीर सिंह वाड़ा, एम.एस. सभ्रवाल को राजपुरा व को संगरूर इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट का अध्यक्ष है ।

ज्ञापन

पोल्ट्री

Delhi Egg rate for 2.10.87 Rs. out trays. NECC Suggested 7.45 per Dozen.

टेलीविज़न सीखें

, टेलीविज़न कोर्स करें । रात्रि कक्षा ational Electronics Training ने बस स्टैंड, पठानकोट ।

बिकाऊ

ार, नूरपुर (हिमाचल प्रदेश) में र वाली दुकान बिकाऊ है । बाक्स केसरी, जालंधर ।

प्रवेश सूचना

sion Notice-1987-88.JBT/ LT/B.Ed. Admission open for courses for few vacant seats 0.87. Correspondence Courses. s Rs. 10/- by M.D. Swami d College (Affiliated), 1610/ -B, Chandigarh.

किराए पर

hop available on rent. Size ith two doors fitted with n main road, Bhagat Singh landhar. Interested parties Ashok Chopra, Telephone No. i, 73417 Office, Jalandhar.

आवश्यकता

rla plot or Two Bed Rooms ning with Annexies Kothi in Contact : Paul, N.D.-63, , Jalandhar City. (13672/22)

लिये आफ़िस-कम-सेल्ज़ सुपरवाइज़र, शनिस्ट (ग्रैजुएट), हैल्पर, पब्लिसिटी टरी मैनेजर, जो कि आयुर्वेदिक यनिट का तजुर्बा रखता हो । दो कुक

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

राईफल, एक .32 बोर की पिस्तौल और एक .32 बोर का रिवाल्वर लूट लिया । उग्रवादी दुकान को लूटने के बाद भाग गए । लूटमार का क्रम लगभग पांच मिनट चला ।

एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने कूपर रोड पर स्थित बंदूकों की इस दुकान से पिस्तौल की नोक पर अन्य शस्त्र लूटने के अतिरिक्त भारी मात्रा में गोली सिक्का भी लूट लिया ।

लाभ सिंह ने नेतृत्व किया

पुलिस सूत्रों ने संदेह व्यक्त किया है कि 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के स्वयंभू अध्यक्ष जनरल लाभ सिंह ने बंदूकें लूटने वाले पांच सदस्यीय गिरोह का नेतृत्व किया । इनमें से तीन घटनास्थल पर लाल रंग की मारुति कार में आए जबकि दो पैदल आए ।

उग्रवादी गिरोह ने नगर में सुरक्षा बलों की सतर्कता की कमी का लाभ उठाया क्योंकि अधिकांश सुरक्षा बल के कर्मचारी दशहरे के सम्बन्ध में ड्यूटियां दे रहे थे ।

बताया जाता है कि उग्रवादी दुकान में लगभग 2.30 बजे घुसे और इसके शटर अन्दर से बंद कर लिए और दुकान में मौजूद दुकान के मालिक के लड़के को पिस्तौल की नोक पर शस्त्रों की अल्मारियां खोलने के लिए कहा । बाद में उग्रवादियों ने दुकान के दरवाजे के निकट ही खड़ी कार में शस्त्रों को लाद लिया ।

पुलिस सूत्रों ने कहा है कि भागते समय गिरोह के नेता ने दुकान के मालिक से पूछा कि क्या वह उसे पहचानता है ? जब उसने नकारात्मक उत्तर दिया तो गिरोह के नेता ने अपनी काली ऐनक उतार दी और उसको बताया कि वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का जनरल लाभ सिंह है । बाद में सभी उग्रवादी भाग निकले ।

गांव भिंडर में हत्या

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार आज सायं लगभग साढ़े 4 बजे यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव भिंडर में 3 अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति पाल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । अभियुक्त स्कूटर पर सवार होकर वहां आए थे । वारदात के पश्चात वे फरार हो गए । सूचना मिलने पर सी.आर.पी.एफ. और पंजाब पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए ।

मुकाबले में उग्रवादी मारा गया

फिरोज़पुर (बागी): वीरवार दोपहर को थाना गुरुहरसहाय के गांव चुग्गा के गन्ने के खेतों में एक अज्ञात उग्रवादी पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों के साथ हुए मुकाबले में मारा गया, जबकि उसके दो साथी भाग गए । एस.एस.पी. श्री बी.एस. सैनी ने यह रहस्योद्घाटन करते हुए यहां यह बताया कि पुलिस ने अभियुक्त के मृत शरीर के निकट से एक 455 बोर की सर्विस रिवाल्वर, एक 22 बोर की देसी पिस्तौल और एक थैले में पड़े ए.के. 47 चीनी राइफल के भरी संख्या में कारतूस बरामद किए हैं । श्री सैनी ने मुकाबले के विवरण देते हुए कहा कि सशस्त्र उग्रवादी जिला फरीदकोट में गांव दीप सिंह के बस स्टैंड पर खड़े अजैब सिंह की हत्या करने के पश्चात् जिला फिरोज़पुर में घुसे थे, जहां गुरुहरसहाय के एस.एच.ओ. ने थोड़ी सी पुलिस के साथ उग्रवादियों को गन्ने के खेतों में घेर लिया और 80 मिनट घेरा जारी रहा । इसी मध्य और पुलिस और अर्द्ध सैनिक बल वहां पहुंच गए । फ़ायरिंग के दौरान एक उग्रवादी मारा गया । पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों ने क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है ।

पंचायत सदस्य की हत्या

बाघापुराना (मिलन): गत रात्रि निकटवर्ती गांव लंडे में छः सशस्त्र उग्रवादियों ने पंचायत के सदस्य मुख्तियार सिंह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार रात्रि साढ़े 9 बजे मुख्तियार सिंह अपने फार्म में काम कर रहा था कि पिस्तौलों और स्टेनगनों से लैस 6 उग्रवादी उसके फार्म में पैदल ही आए और उसकी हत्या करके पैदल ही भाग खड़े हुए । पुलिस को इस घटना की आज प्रातः सूचना मिली और उसने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

मित सिंह के घर पर फ़ायरिंग

बाघा पुराना में ही गत रात्रि उग्रवादियों ने थानेदार मित सिंह, जिसकी गत 16 सितम्बर को उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, के घर को चहुं ओर से घेर कर परिवार के सदस्यों पर फ़ायरिंग की । यह घटना लगभग 9.30 बजे रात्रि हुई । घर में तैनात सुरक्षा बलों द्वारा भी जवाबी फ़ायरिंग की गई । दोनों तरफ से 10 मिनट तक गोलीबारी होती रही । घटनास्थल पर लगभग 60 चले हुए कारतूस पाए गए हैं । फ़ायरिंग में मित सिंह के परिवार का कोई सदस्य घायल नहीं हुआ । हमलावर 12 बोर के पिस्तौल और स्टेनगनों से लैस थे । पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच प्रारम्भ कर दी है ।

गांव को 'मसान' बना दिया

बटाला (कोछड़): स्थानीय बटाला-श्री हरगोबिन्दपुर सड़क पर स्थित गांव मसानियां में बुधवार 30 सितम्बर, 1987 की रात को कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने गोलियों की बौछारें करके और चुन-चुन कर 9 सहजधारियों की निर्मम हत्या करके 'मसान' बना दिया था। मृतकों में महाशय, कुम्हार, सुनार, नाई बिरादरी के साथ-साथ विदेश से लौटा एक जमींदार का बेटा भी शामिल हैं । वह केवल इसलिए मारा गया कि वह सहजधारी था ।

घायलों को सुबह तक किसी ने पानी भी न पिलाया

गांव के लोगों से और मिली जानकारी के वर्षीय दुकानदार राजबीर सिंह की कराहटें पड़ोसी आधी रात्रि तक सुनते रहे । इस हत्याकांड का समाचार उसी रात्रि आसपास के गांवों में फैल गया था । कहा जाता है कि एक-दो लोगों ने इस वारदात की जानकारी अमरपुरा व कादियां चुंगी पर तैनात बी.एस.एफ. को भी दी, लेकिन उन्होंने अनसुनी कर दी ।

सहजधारी गांव छोड़ने लगे

गांव के लगभग सभी सहजधारियों ने गांव 'मसानियां' को छोड़ने का निर्णय किया है । उनका सबसे अधिक आक्रोश केंद्र सरकार व जिला गुरदासपुर पुलिस तथा नागरिक प्रशासन के विरुद्ध है । उनका कहना है कि 'नागरिकों की सुरक्षा' का ढोंग अखबारों की खबरों तक ही सीमित है ।

तीन परिवारों द्वारा पलायन

जिला गुरदासपुर में थाना डेरा बाबा नानक के गांव खोदे बागर से किशन चंद, बलदेव राज व ओम प्रकाश अपने परिवारों सहित पलायन करके स्थानीय विश्व हिन्दू परिषद के कार्यालय में आकर रह रहे हैं । उन्होंने बताया कि 18 मई 87 को अज्ञात युवकों ने फ़ायरिंग करके किशन चंद की हत्या करके उसकी माता लीलावती को घायल कर दिया था । उसके बाद उन लोगों को लगातार गांव छोड़ने के लिए धमकियां मिलने लगीं । उपरोक्त तीनों परिवार अपने मकान, हवेली, दुकानें व जमीन छोड़ कर ध्यानपुर चले गए हैं और अब वहां से यहां आ गए हैं । वे पंजाब के राज्यपाल व केंद्र से अपने निर्वाह के लिए याचना कर रहे हैं ।

इसी प्रकार फतेहगढ़ चूड़ियां, काला अफगान व अन्य स्थानों से भी कई हिन्दू परिवारों के पलायन करने के समाचार मिल रहे हैं ।

पाबंदी की अवधि बढ़ी

फरीदकोट के जिलाधीश श्री भूपेंद्र सिंह सिद्धू ने जिले में सार्वजनिक स्थानों पर आग्नेयास्त्र और अन्य शस्त्र ले जाने पर लगे प्रतिबन्ध को 24 अक्तूबर तक बढ़ा दिया है ।

एस.पी. डिटेक्टिव की हत्या का प्रयास, 2 उग्रवादी मरे

जालन्धर से 'वार्ता' के अनुसार चुगिट्टी-नंगलशामा रोड पर रात्रि साढ़े 10 बजे के लगभग पुलिस व उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार एक स्कूटर व एक मोपेड पर सवार उग्रवादियों ने एस.पी. डिटेक्टिव की गश्ती जीप पर फायरिंग करके उनकी हत्या कर प्रयास किया परन्तु जीप पर सवार पुलिस कर्मियों ने जवाबी फायरिंग करके दो उग्रवादियों को मार गिराया जबकि उनके साथ के दो उग्रवादी फरार हो गए । मृत उग्रवादियों के पास से पिस्तौल व रिवाल्वरें बरामद हुई एस.पी. डिटेक्टिव स्वर्ण सिंह हमले में बाल-बाल बच गए । स्कूटर पर सवार दो उग्रवादी मारे गए जबकि मोटर साइकिल पर सवार दो उग्रवादी भाग निकले । पुलिस को सुबह से संदेह था कि कुछ उग्रवादी मोटर साइकिलों व स्कूटरों पर वारदात करने के इरादे से शहर में घूम रहे हैं । इसी सम्बन्ध में कई जगह नाके लगाए गए थे व एस.पी. डिटेक्टिव रात्रि में चुगिट्टी क्षेत्र में नाके की चैकिंग करने गए थे जब उनकी कार पर फायरिंग की गई ।

इन दोनों उग्रवादियों की शिनाख्त पप्पू, माडल हाऊस, जालंधर तथा बलविंदर सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र निरंजन सिंह गांधी कैम्प जालंधर के रूप में हुई है । इन दोनों ने अगस्त व सितम्बर माह में जालंधर जिले में एक बैंक व चार पोस्ट आफिस (भगतांवाला बाजार, बूटा मंडी, लाजपत नगर, शक्ति नगर, गढ़ा आदि में) तथा गुजरांवाला ज्वैलर्स के घर में घुस कर लाखों रुपए की लूटपाट की थी ।

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व दो उग्रवादियों ने अटारी बाजार में स्यालकोटी ज्वैलर्स की दुकान लूटने वाले दो उग्रवादियों को पकड़ लिया था जबकि उनके दो साथी फरार होते समय कह गए थे कि वे बदला लेंगे । फिर उन्होंने आदर्श नगर में गुजरांवाला ज्वैलर्स वालों की कोठी में घुस कर एक लाख रु. से अधिक की नगदी व आभूषण, एक रिवाल्वर व एक बी.सी.आर. लूटा था व एक महिला को घायल कर दिया था । स्यालकोटी ज्वैलर्स की कोठी गुजरांवाला ज्वैलर्स की कोठी के साथ है ।

महिला कांस्टेबल मुकाबले में घायल

जालन्धर (क): गत रात्रि थाना सदर के गांव कंगनीवाल में एक महिला पुलिस कांस्टेबल श्रीमती महेन्द्र कौर द्वारा आधी दर्जन से अधिक लुटेरों का मुकाबला करने तथा उनकी लाठियों से घायल होने का समाचार मिला है । श्रीमती महेंद्र कौर इस समय सिविल अस्पताल जालन्धर में उपचाराधीन हैं । डाक्टरों के अनुसार उनके बाएं बाजू की हड्डी टूटी है ।

सात या आठ थे

अस्पताल में श्रीमती महेन्द्र कौर ने एक भेंट में घटना का विवरण बताते हुए कहा कि गत रात सात-आठ लुटेरे लाठियों से लैस उसके फार्म पर आए और लाठियां बरसा कर दरवाजा तोड़ने की कोशिश की, जिस पर उन्होंने दरवाजा खोल दिया और उनमें से दो लुटेरे बाहर खड़े रहे जिनके पास बन्दूक होने का संदेह है जबकि अन्य अन्दर आ गए और गहने, नकदी आदि हवाले करने को कहा । उस समय घर में उसके अतिरिक्त उसके दो लड़के जसबीर सिंह व रंजीत सिंह के अतिरिक्त उनका एक रिश्तेदार गुरमेज सिंह थे । जब इन लोगों ने लुटेरों की बात नहीं मानी तब उन्होंने लाठियां बरसानी शुरू कर दीं । इस पर उसने (महेन्द्र कौर) भी हाकी उठा कर उन पर हमला शुरू कर दिया ।

सोना, नगदी लेकर भाग गए

इस बीच उसका लड़का रंजीत सिंह किसी प्रकार छत से बाहर छलांग लगा कर गांव के सरपंच राम सिंह के पास पहुंचा और लुटेरों के बारे में सूचित किया तब गांव के गुरुद्वारे से लाऊड स्पीकर पर गांव वालों को महेन्द्र कौर के फ़ार्म हाऊस पर तुरन्त

राइफल लूट कर ले गए

थाना नकोदर के गांव हीरां के सरपंच के निवास से दो संदिग्ध उग्रवादी उसकी लाइसैंसी .315 बोर की राइफल लूट कर भाग गए । पुलिस ने सरपंच का नाम तरसेम सिंह बताया है । इस संबंध में केस दर्ज कर लिया गया है ।

कर्मचारी गोली लगने से घायल

लुधियाना से मिली रिपोर्ट के अनुसार खाली बोरियों के एक व्यापारी का कर्मचारी हीरा लाल कल रात लक्कड़ बाजार इलाके में गोली लगने से घायल हो गया । तीन व्यक्ति उसकी दुकान पर आए और तिजोरी की चाबी मांगने लगे । हीरा लाल ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिस पर हमलावरों ने उस पर गोली चला दी । उसे ब्राऊन मैमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । जिला उपायुक्त एस.एस. बराड़ और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री पांडे घटनास्थल पर तत्काल पहुंच गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

शव मिला

लुधियाना से महेन्द्रा के अनुसार गत दिवस पुलिस को स्थानीय बसंत पार्क से एक लाश मिली है । पुलिस के अनुसार शव की पहचान नहीं हो सकी ।

बंदूक की नोक पर दुकानदारों को लूट लिया

मोहाली (नर्बदा): यहां फेस-3 की दवाइयों की दुकान के मालिकों को अज्ञात व्यक्तियों ने कल सायं बन्दूक की नोक पर लूट लिया । प्राप्त समाचार के अनुसार 3 युवक, जिनकी आयु 20 से 25 वर्ष के मध्य थी, दवाइयां लेने दुकान पर आए तथा बन्दूक दिखा कर आस-पड़ौस के दोनों दुकानदारों से 1800 रुपए नगद, घड़ी तथा कैलकुलेटर लेकर अंधेरे में गायब हो गए । मोहाली में एक वीडियो लाइब्रेरी से गत रात्रि 15000 रुपए की वीडियो कैसेटें चुरा ली गईं ।

ख्याला पर उग्रवादियों ने हमला नहीं किया

भटिंडा (ह.स.): पुलिस ने वरिष्ठ अकाली नेता और भूतपूर्व मंत्री श्री बलदेव सिंह ख्याला पर गत दिवस मानसा में बस स्टैंड के निकट कथित हमले में उग्रवादियों का हाथ होने की सम्भावना से इन्कार किया है । यहां पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह राजनीतिक या व्यक्तिगत शत्रुता का मामला है ।

स्कूटर छीन लिया

होशियारपुर (ह.स.): दो उग्रवादियों ने आज दोपहर यहां से लगभग 48 किलोमीटर दूर गढ़शंकर के निकट गांव भौरा में एक व्यक्ति पुरुषोत्तम लाल से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया ।

तिब्बत में विद्रोह शुरू, हिंसा में कई मरे

ल्हासा, 2 अक्तूबर (ए.एफ.पी.): तिब्बती बौद्धों के सर्वाधिक महत्वपूर्ण मंदिर जोखांग से तिब्बतियों ने चीनी आधिपत्य के खिलाफ विद्रोह का झंडा बुलंद कर दिया और व्यापक हिंसा की जिसमें कई लोग मारे गए व एक थाना व 5 पुलिस वाहन जला दिए गए ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने आज यह जानकारी दी । एक अमरीकी नागरिक रिचर्ड क्रोम्बी ने बताया कि संघर्ष कल सुबह तिब्बत की राजधानी ल्हासा के मध्य जोह्कांग मंदिर के चौराहे पर शुरू हुआ । उसने बताया कि भीड़ ने पुलिस स्टेशन में लगी आग को बुझाने पहुंची दमकल गाड़ियों पर पथराव किया ।

ज़िया द्वारा साइचिन बारे टिप्पणी करने से इंकार

मुजफ्फराबाद (पाकिस्तान), 2 अक्तूबर (वार्ता): पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल ज़िया उल हक ने आज कहा कि उन्हें साइचिन प्रकरण के मामले में और कुछ नहीं कहना है ।

चीन की भूल

पेईचिंग, 2 अक्तूबर : कम्युनिस्ट चीन ने कल "वामपंथ" को अपने 38 वर्ष के इतिहास में सबसे बड़ी भूल बताते हुए दोबारा वर्ग संघर्ष में न उलझने की प्रतिज्ञा की । सरकारी दैनिक "पीपुल्स डेली" ने सम्पादकीय में कहा है कि इतिहास से हमें सबक मिलता है कि हमें 1949 के बाद से अब तक सबसे बड़ी गलती "वामपंथी" को अपना कर की । यह सबसे बड़ा खतरा है । इसके निवारण की ओर हमें विशेष ध्यान देना चाहिए । वर्ग संघर्ष के राजनीतिक अभियान न तो हम अपना सकते हैं, न अपनाएंगे ।

भारतीय तेल वाहक पर ईरानी हमला

मनामा, 2 अक्तूबर (ए.पी.): ईरान ने एक भारतीय तेलवाहक पर दक्षिणी खाड़ी क्षेत्र में हमला किया । तोप नौकाओं ने सुबह सवा चार बजे तेल वाहक इमरान्ड पर हमला किया, जिससे उसमें आग लग गई । जहाज़ ने सहायता के लिये संदेश भेजे हैं ।

बी.पी. सिंह

(पृष्ठ 1 का शेष)

समय विश्वनाथ प्रताप सिंह के समर्थकों ने लगाए जिनमें एक नारा था, "राजा नहीं भारत की तकदीर हैं ।" इस मौके पर उ एवं अन्य हिन्दी-भाषी राज्यों से आये कार्यकर्त्ताओं ने "बी.पी. सिंह तेरे लिये हम देंगे, जान भी देंगे," "अरुण-रामधन- वि जिंदाबाद-जिंदाबाद", "तोप दलाली की नहीं चलेगी-नहीं चलेगी", "देश का नेता बी.पी. सिंह जैसा हो" आदि के नारे कार्यकर्त्ताओं ने उन सभी नेताओं की जय लगाये जिन्होंने आज लगभग डेढ़ घंटे के सम संबोधित किया ।

कांग्रेस (इ) से निकाले गये नेताओं निष्कासन अथवा निलम्बन के अढ़ाई माह अपने संगठन 'जन मोर्चा' की घोषणा की (इ) आला कमान ने गत 15 जुलाई को सांस नेहरू, सांसद विद्याचरण शुक्ल और सांसद मुहम्मद खां को बड़े ही नाटकीय ढंग से निकालने की घोषणा की । श्री विश्वना सिंह समर्थक इन तीनों सांसदों को पार्टी गतिविधियों के नाम पर पार्टी से निकाला

कांग्रेस (इ) नेतृत्व की इस कार्रवाई के आवाज उठाने के कारण श्री सिंह को भी इस चार दिनों बाद 19 जुलाई को पार्टी गतिविधियों के नाम पर पार्टी से निकाल दिया

श्री सिंह एवं अन्य निष्कासित नेता समर्थन करने वाले पांच कांग्रेस (इ) सांसदों से निकाला तो नहीं गया लेकिन उन्हें गत 27 को पार्टी से निलम्बित कर दिया गया । सांसद थे सर्वश्री रामधन, राम पूजन पटे कुमार राय, मानवेंद्र सिंह और सत्यपाल इसके बाद घटनाक्रम ने ऐसा मोड़ लिया कि प्रदेश के परिवहन मंत्री और बी.पी. सिंह सम संजय सिंह ने वीर बहादुर सिंह सरकार से इस दिया लेकिन इसी दिन उन्हें पार्टी से निकाल घोषणा उ.प्र. कांग्रेस (इ) कमेटी के अध्यक्ष प्रसाद ने की । इससे पूर्व कश्मीर के ने राजीव मंत्रिमंडल के पर्यटन मंत्री मुफ्ती सईद ने भी इस्तीफा दे दिया । श्री सईद को में अन्य पांच सांसदों की तरह पार्टी से निका बजाय निलम्बित कर दिया गया । इस त विश्वनाथ प्रताप सिंह का कारवां बढ़ता ग 'जनमोर्चा' का गठन हुआ ।

उड़ीसा प्रदेश कांग्रेस (इ) के महासचिव बहेड़ा श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के 'जन म शामिल हो गए हैं । यह जानकारी आज य मोर्चा के संयोजक रामधन ने दी ।

श्री बहेड़ा ने हाल ही में उड़ीसा प्रदेश (इ) महासचिव पद से इस्तीफ़ा दे दिया था

राजघाट पर कड़ी सुरक्षा

(पृष्ठ 1 का शेष)

वहां पहुंचे और उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित राष्ट्रपति वेंकटरमन सुबह 7.52 पर आ उन्होंने समाधि पर सूत और फूलों की माल की । सुरक्षा संबंधी कारणों से इस साल पह तीनों अति विशिष्ट व्यक्तियों का राजघाट और प्रस्थान कार्यक्रम अलग-अलग रखा ग

राजघाट पर उपस्थित सभी धर्मों के प शांति पाठ किया । उसके बाद गांधी जी कीर्तन 'रघुपति राघव राजा राम' और 'वैष तेणे कहिए' गाए गए । इस अवसर पर वि उपराज्यपाल हरकिशन लाल कपूर, महापं सिंह साथी और अनेक केंद्रीय मंत्री उपस्थि

इसके बाद राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री स्वर्गीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर के समाधि स्थल विजय घाट गए । वहां शास्त्री जी की 83 वीं जयन्ती के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । केंद्रीय बूटा सिंह, खाद्य और नागरिक आपूर्ति हरकिशन लाल भगत, पर्यावरण मंत्री भज रक्षा राज्यमंत्री शिवराज पाटिल सहित गण्यमान्य व्यक्तियों ने विजय घाट जाकर श को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

शास्त्री जी की पत्नी श्रीमती ललिता उनके पुत्र हरिकृष्ण शास्त्री और सुनील श आज सुबह आठ बजे विजयघाट गए और श की समाधि पर फूलमालाएं चढ़ाईं ।

विजयघाट में विभिन्न धर्मों के पाठ औ भजनों का आयोजन किया गया । बड़ी लोगों ने विजयघाट पर फूलमालाएं चढ़ाईं

पंजाब, हरियाणा में गांधी जयं

(पृष्ठ 1 का शेष)

माल पर हुए एक समारोह में हिमाच एवं ग्रामोद्योग के कर्मचारियों ने महात्मा स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर श श्रद्धांजलि भेंट की । नाहन में एक समारो जी को श्रद्धांजलि भेंट की गई । इसी समारोह सोलन, मंडी, सुन्दरनगर, कुल्लू ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और धर्मशाला

पाक-अमरीका संबंधों में अनिश्चित

वाशिंगटन, 2 अक्तूबर : पाकिस्तान को अमरीकी परमाणु कानून में मिली छह साल की छूट की अवधि कल आधी रात को समाप्त हो गई । इससे अमरीका के सबसे महत्वपूर्ण सामरिक मित्र देश के साथ सम्बन्धों का वर्तमान दौर अनिश्चय के घेरे में पड़ गया है ।

वाशिंगटन पोस्ट ने कल कहा कि पाकिस्तान को अमरीकी सहायता स्थगित रखने का फैसला शायद अस्थायी हो सकता है या नहीं भी हो सकता है । पोस्ट ने कहा कि छह साल से पाकिस्तान को करेगा । रीगन प्रशासन इन सूचनाओं साधे बैठा है कि पाकिस्तान ने अपने गोपनी संयंत्र में यूरेनियम का 95 प्रतिशत परिष्क लिया है ।

अमरीका से उच्च किस्म का इस्पात करके ले जाने के मामले में एक पाकि गिरफ्तारी से पहले कांग्रेस और सीनेट मामलों की समितियों ने पाकिस्तान सिमिंगटन संशोधन में दो साल की छूट मं थी लेकिन इस गिरफ्तारी के बाद श्री सो

Punjabi Sahar.com

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

गई फल, एक .32 बोर की पिस्तौल और एक .32 बोर का रिवाल्वर लूट लिया । उग्रवादी दुकान को लूटने के बाद भाग गए । लूटमार का क्रम लगभग पांच मिनट चला ।

एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने कूपर रोड पर स्थित बंदूकों की इस दुकान से पिस्तौल की नोक पर अन्य शस्त्र लूटने के अतिरिक्त भारी मात्रा में गोली सिक्का भी लूट लिया ।

लाभ सिंह ने नेतृत्व किया

पुलिस सूत्रों ने संदेह व्यक्त किया है कि 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के स्वयंभू अध्यक्ष जनरल लाभ सिंह ने बंदूकें लूटने वाले पांच सदस्यीय गिरोह का नेतृत्व किया । इनमें से तीन घटनास्थल पर लाल रंग की मारुति कार में आए जबकि दो पैदल आए ।

उग्रवादी गिरोह ने नगर में सुरक्षा बलों की सतर्कता की कमी का लाभ उठाया क्योंकि अधिकांश सुरक्षा बल के कर्मचारी दशहरे के सम्बन्ध में ड्यूटियां दे रहे थे ।

बताया जाता है कि उग्रवादी दुकान में लगभग 2.30 बजे घुसे और इसके शटर अन्दर से बंद कर लिए और दुकान में मौजूद दुकान के मालिक के लड़के को पिस्तौल की नोक पर शस्त्रों की अलमारियां खोलने के लिए कहा । बाद में उग्रवादियों ने दुकान के दरवाजे के निकट ही खड़ी कार में शस्त्रों को लाद लिया ।

पुलिस सूत्रों ने कहा है कि भागते समय गिरोह के नेता ने दुकान के मालिक से पूछा कि क्या वह उसे पहचानता है ? जब उसने नकारात्मक उत्तर दिया तो गिरोह के नेता ने अपनी काली ऐनक उतार दी और उसको बताया कि वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का जनरल लाभ सिंह है । बाद में सभी उग्रवादी भाग निकले ।

गांव भिंडर में हत्या

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार आज सायं लगभग साढ़े 4 बजे यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव भिंडर में 3 अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति लाल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । अभियुक्त स्कूटर पर सवार होकर वहां आए थे । वारदात के पश्चात वे फरार हो गए । सूचना मिलने पर सी.आर.पी.एफ. और पंजाब पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए ।

मुकाबले में उग्रवादी मारा गया

फिरोज़पुर (बागी): वीरवार दोपहर को थाना गुरुहरसहाय के गांव चुग्गा के गन्ने के खेतों में एक अज्ञात उग्रवादी पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों के साथ हुए मुकाबले में मारा गया, जबकि उसके दो साथी भाग गए । एस.एस.पी. श्री बी.एस. सैनी ने यह रहस्योद्घाटन करते हुए यहां यह बताया कि पुलिस ने अभियुक्त के मृत शरीर के निकट से एक 455 बोर की सर्विस रिवाल्वर, एक 22 बोर की देसी पिस्तौल और एक थैले में पड़े ए.के. 47 चीनी राइफल के भरी संख्या में कारतूस बरामद किए हैं । श्री सैनी ने मुकाबले के विवरण देते हुए कहा कि सशस्त्र उग्रवादी जिला फरीदकोट में गांव दीप सिंह के बस स्टैंड पर खड़े अजैब सिंह की हत्या करने के पश्चात् जिला फिरोज़पुर में घुसे थे, जहां गुरुहरसहाय के एस.एच.ओ. ने थोड़ी सी पुलिस के

वर्षीय दुकानदार राजबीर सिंह की कराहटें पड़ोसी आधी रात्रि तक सुनते रहे । इस हत्याकांड का समाचार उसी रात्रि आसपास के गांवों में फैल गया था । कहा जाता है कि एक-दो लोगों ने इस वारदात की जानकारी अमरपुरा व कादियां चौकी पर तैनात बी.एस.एफ. को भी दी, लेकिन उन्होंने अनसुनी कर दी ।

सहजधारी गांव छोड़ने लगे

गांव के लगभग सभी सहजधारियों ने गांव 'मसानियां' को छोड़ने का निर्णय किया है । उनका सबसे अधिक आक्रोश केंद्र सरकार व जिला गुरदासपुर पुलिस तथा नागरिक प्रशासन के विरुद्ध है । उनका कहना है कि 'नागरिकों की सुरक्षा' का ढोंग अखबारों की खबरों तक ही सीमित है ।

तीन परिवारों द्वारा पलायन

जिला गुरदासपुर में थाना डेरा बाबा नानक के गांव खोदे बांगर से किशन चंद, बलदेव राज व ओम प्रकाश अपने परिवारों सहित पलायन करके स्थानीय विश्व हिन्दू परिषद के कार्यालय में आकर रह रहे हैं । उन्होंने बताया कि 18 मई 87 को अज्ञात युवकों ने फ़ायरिंग करके किशन चंद की हत्या करके उसकी माता लीलावती को घायल कर दिया था । उसके बाद उन लोगों को लगातार गांव छोड़ने के लिए धमकियां मिलने लगीं । उपरोक्त तीनों परिवार अपने मकान, हवेली, दुकान व जमीन छोड़ कर ध्यानपुर चले गए हैं और अब वहां से यहां आ गए हैं । वे पंजाब के राज्यपाल व डी.सी. से अपने निर्वाह के लिए याचना कर रहे हैं ।

इसी प्रकार फतेहगढ़ चूड़ियां, काला अफगान व अन्य स्थानों से भी कई हिन्दू परिवारों के पलायन करने के समाचार मिल रहे हैं ।

पाबंदी की अवधि बढ़ी

फरीदकोट के जिला धीश श्री भूपेंद्र सिंह सिद्धू ने जिले में सार्वजनिक स्थानों पर आग्नेयास्त्र और अन्य शस्त्र ले जाने पर लगे प्रतिबन्ध को 24 अक्तूबर तक बढ़ा दिया है ।

एस.पी. डिटेक्टिव की हत्या का प्रयास, 2 उग्रवादी मरे

जालन्धर से 'वार्ता' के अनुसार चौगिट्टी-नंगलशामा रोड पर रात्रि साढ़े 10 बजे के लगभग पुलिस व उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार एक स्कूटर व एक मोपेड पर सवार उग्रवादियों ने एस.पी. डिटेक्टिव की गश्ती जीप पर फायरिंग करके उनकी हत्या कर प्रयास किया परन्तु जीप पर सवार पुलिस कर्मियों ने जवाबी फायरिंग करके दो उग्रवादियों को मार गिराया जबकि उनके साथ के दो उग्रवादी फरार हो गए । मृत उग्रवादियों के पास से पिस्तौलें व रिवाल्वरें बरामद हुई एस. पी. डिटेक्टिव स्वर्ण सिंह हमले में बाल-बाल बच गए । स्कूटर पर सवार दो उग्रवादी मारे गए जबकि मोटर साईकिल पर सवार दो उग्रवादी भाग निकले । पुलिस को सुबह से संदेह था कि कुछ उग्रवादी मोटर साईकिलों व स्कूटरों पर वारदात करने के इरादे से शहर में घूम रहे हैं । इसी सम्बन्ध में कई जगह नाके लगाए गए थे व एस.पी. डिटेक्टिव रात्रि में चुगिट्टी क्षेत्र में नाके की चैकिंग करने गए थे जब उनकी कार पर फायरिंग की गई ।

इन दोनों उग्रवादियों की शिनाख्त पप्पू, माडल हाऊस, जालंधर तथा बलविंदर सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र निरंजन सिंह गांधी कैम्प जालंधर के रूप में हुई है । इन दोनों ने अगस्त व सितम्बर माह में जालंधर जिले

राइफल लूट कर ले गए

थाना नकोदर के गांव हीरां के सरपंच के निवास से दो संदिग्ध उग्रवादी उसकी लाइसैंसी .315 बोर की राइफल लूट कर भाग गए । पुलिस ने सरपंच का नाम तरसेम सिंह बताया है । इस संबंध में केस दर्ज कर लिया गया है ।

कर्मचारी गोली लगने से घायल

लुधियाना से मिली रिपोर्ट के अनुसार खाली बोरियों के एक व्यापारी का कर्मचारी हीरा लाल कल रात लक्कड़ बाजार इलाके में गोली लगने से घायल हो गया । तीन व्यक्ति उसकी दुकान पर आए और तिजोरी की चाबी मांगने लगे । हीरा लाल ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिस पर हमलावरों ने उस पर गोली चला दी । उसे ब्राउन मैमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । जिला उपायुक्त एस.एस. बराड़ और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री पांडे घटनास्थल पर तत्काल पहुंच गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

शव मिला

लुधियाना से महेन्द्रा के अनुसार गत दिवस पुलिस को स्थानीय बसंत पार्क से एक लाश मिली है । पुलिस के अनुसार शव की पहचान नहीं हो सकी ।

बंदूक की नोक पर दुकानदारों को लूट लिया

मोहाली (नर्बदा): यहां फेस-3 की दवाइयों की दुकान के मालिकों को अज्ञात व्यक्तियों ने कल सायं बन्दूक की नोक पर लूट लिया । प्राप्त समाचार के अनुसार 3 युवक, जिनकी आयु 20 से 25 वर्ष के मध्य थी, दवाइयां लेने दुकान पर आए तथा बन्दूक दिखा कर आस-पड़ौस के दोनों दुकानदारों से 1800 रुपए नगद, घड़ी तथा कैलकुलेटर लेकर अंधेरे में गायब हो गए । मोहाली में एक वीडियो लाइब्रेरी से गत रात्रि 15000 रुपए की वीडियो कैसेटें चुरा ली गईं ।

ख्याला पर उग्रवादियों ने हमला नहीं किया

भटिंडा (ह.स.): पुलिस ने वरिष्ठ अकाली नेता और भूतपूर्व मंत्री श्री बलदेव सिंह ख्याला पर गत दिवस मानसा में बस स्टैंड के निकट कथित हमले में उग्रवादियों का हाथ होने की सम्भावना से इन्कार किया है । यहां पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह राजनीतिक या व्यक्तिगत शत्रुता का मामला है ।

स्कूटर छीन लिया

होशियारपुर (ह.स.): दो उग्रवादियों ने आज दोपहर यहां से लगभग 48 किलोमीटर दूर गढ़शंकर के निकट गांव भौरा में एक व्यक्ति पुरुषोत्तम लाल से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया ।

तिब्बत में विद्रोह शुरू, हिंसा में कई मरे

ल्हासा, 2 अक्तूबर (ए.एफ.पी.): तिब्बती बौद्धों के सर्वाधिक महत्वपूर्ण मंदिर जोखांग से तिब्बतियों ने चीनी आधिपत्य के खिलाफ विद्रोह का झंडा बुलंद कर दिया और व्यापक हिंसा की जिसमें कई लोग मारे गए व एक थाना व 5 पुलिस वाहन जला दिए गए ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने आज यह जानकारी दी । एक अमरीकी नागरिक रिचर्ड क्रोम्बी ने बताया कि संघर्ष कल सुबह तिब्बत की राजधानी ल्हासा के मध्य

Punjab Sentinel

दिलगीर व तलविन्दर को ब्रिटेन प्रवेश की अनुमति नहीं

लंदन, 5 अक्तूबर (अस्तर): ब्रिटिश सरकार ने तथाकथित खालिस्तान के स्वयंभू विदेशमंत्री हरजिन्दर सिंह दिलगीर के ब्रिटेन प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है । दिलगीर अपने आपको अन्तर्राष्ट्रीय दल खालसा का संयोजक भी कहता है ।

ज्ञात हुआ है कि दिलगीर जो इन दिनों नार्वे में रह रहा है, ने एक 'रिसर्च स्कालर' के रूप में प्रवेश चाहा था परन्तु ब्रिटेन सरकार ने उसकी याचिका अस्वीकार कर दी ।

दिलगीर गत वर्ष फ्रांस होते हुए ब्रिटेन आना चाहता था तब भी उसे अनुमति नहीं दी गई थी । दिलगीर कुछ समय पूर्व पाकिस्तान भी गया था और लाहौर होते हुए वह डेरा साहिब गुरुद्वारा में गया था तथा वहां एक कमरा लेकर उसने उसके बाहर अपने नाम तथा पद का बोर्ड भी लगा दिया था । वहां उसे कई आतंकवादी मिलने आते थे । पंजाब में पकड़े गए आतंकवादी दलजीत सिंह ने इस बात की पुष्टि की थी कि गुरुद्वारा डेरा साहिब आतंकवादियों का गढ़ बन चुका है । एक अन्य सूचना के अनुसार बब्बर खालसा के तलविंदर सिंह जो इस समय कैनेडा में हैं, को भी ब्रिटेन प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई है ।

अमृतसर के मंड क्षेत्र में छानबीन शीघ्र

अमृतसर, 5 अक्तूबर (ह.स.): जिला अमृतसर के मंड क्षेत्र में 'सघन छानबीन' शीघ्र किए जाने की सम्भावना है । सी.आर.पी. एफ. के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार गुप्तचर रिपोर्टों से पता चला है कि आतंकवादी मंड क्षेत्र को अपनी कार्रवाइयों के संचालन के लिए पुनः अड्डा बनाने की कोशिश कर रहे हैं ।

मंड का क्षेत्र सतलुज और ब्यास नदियों के बीच दलदल वाला इलाका है, जो कि जिला फिरोजपुर तक फैला हुआ है । अधिकारी ने बताया कि सी.आर.पी. की 79वीं बटालियन की एक कम्पनी मंड क्षेत्र में 600 मीटर अन्दर तक तैनात है । आतंकवादियों के खिलाफ अभियान को मजबूत बनाने के लिए केन्द्र से सी.आर.पी. की अतिरिक्त बटालियनें जिला अमृतसर में भेजने को कहा गया है ।

इस समय पंजाब में सी.आर.पी. की 235 कम्पनियां हैं जिनमें से 72 कम्पनियां सिर्फ जिला अमृतसर में ही तैनात हैं । 42 कम्पनियां ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात हैं जबकि शेष अमृतसर नगर में तैनात हैं । गुप्तचर विभाग द्वारा 'रैड अलर्ट' जारी किए जाने के दृष्टिगत जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में रात की गश्त तेज कर दी गई है ।

चैम्बर आफ कामर्स के सदस्यों से अपील

सोनीपत, 5 अक्तूबर (ह.स.): पंजाब, हरियाणा व दिल्ली चैम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष श्री मनमोहन सिंह ने चैम्बर के सदस्यों से आग्रह किया है कि वे शताब्दी के इस अभूतपूर्व सूखे का सरकार द्वारा सामना करने में मदद देने के लिए प्रधानमंत्री सूखा राहत कोष में दिल खोल कर धन दें ।

उग्रवाद पीड़ित परिवारों को 1-1 लाख रुपए की सहायता दी जाए

जालन्धर, 5 अक्तूबर (क): आर्य प्रतिनिधिसभा पंजाब का जो डैलीगेट सैशन कल यहां सम्पन्न हुआ, उसमें पारित एक प्रस्ताव में पंजाब की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुए सीमा पर सुरक्षा पट्टी बनाने, प्रत्येक युवक को सैनिक शिक्षा देने, गांव-गांव में उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए सशस्त्र शक्ति दल गठित

मरणव्रत प
बद्री प्रसाद

सोनीपत, 5 अक्तूबर (ह.स.): ऐच्छिक का वरण करने का प्रणधारण करने वाले जै बद्रीप्रसाद महाराज के दर्शनों के लिए श्रद्धाल अंतहीन भीड़ यहां जैन मंदिर में उमड़ पड़ी

82 वर्षीय जैन मुनि का मरणव्रत आज माह में प्रवेश हो चुका है । उन्होंने स एस.एस. जैन सभा में गत पांच अगस्त से अ परित्याग किया हुआ है । मुनि बद्री प्रसा भवन की दूसरी मंजिल पर एक कोने में लक एक तख्ते पर पड़े रहते हैं । जैन प्रथा के अ उनके कमरे में बिजली का भी उपयोग नहीं ह

श्रद्धालु भवन की पहली मंजिल के खुले से ही मुनि के दर्शन कर सकते हैं । म अनुयायियों के अनुसार प्रतिदिन डेढ़-दो श्रद्धालु मुनि के दर्शनों के लिए आते हैं । समाधि' के इस स्थान ने जैन तीर्थ का रूप ले है । लगभग 1.60 लाख श्रद्धालु अब तक दर्शन कर चुके हैं ।

जैनियों के लिए 'संथारा' एक पवित्र है । एक महान आत्मा द्वारा सांसारिक वस्तु परित्याग करके परलोक में जाने के लिए की वाली तैयारी से उन्हें प्रोत्साहन मिलता है । अनुयायियों ने पत्रकार को बताया कि ऐच्छिक के वरण का यह ढंग सत्याग्रह या आत्महत्या से है क्योंकि इसे किसी विशेष मांग या सांसारिक पल्ला छुड़ाने का ढंग नहीं कहा जा सकता ।

जो चिकित्सा विशेषज्ञ मुनि के स्वास्थ्य समय-समय पर जांच करते रहे हैं । उन्होंने क कि उनके शरीर की प्रक्रिया सामान्य है । शरीर निर्बलता के कारण हड्डियों का ढांचा मा गया है । मुनि पिछले कई दिनों से दिन-भर में दो घंटे ही सो पाते हैं । इस समय वह अ अवस्था में हैं तथा उनके शिष्य दिन-भर सूक्तियों और भागवत गीता का पाठ करते रहते

मुनि के दो पुत्र प्रकाश मुनि जी व रामा महाराज उनके कुछ निकट शिष्यों के साथ मु पास रहते हैं । मुनि ने अपनी वसीयत में लिखा मरणोपरांत उनके शव पर 'चादर' नहीं जाए ।

मुनि को 1975 में कैंसर हो गया था 'तपस्या' और कुछ धार्मिक अनुष्ठान करके उन स्वयं को चंगा कर लिया था । गत 19 जुला दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्होंने 'संथारा' व्रत का निश्चय कर लिया । व्रत लेने के 24 घंटे जुलाब व अन्य बीमारियां स्वतः दूर हो गई थी

जनमोर्चे के नेताओं की बैठ

नई दिल्ली, 5 अक्तूबर (वार्ता): भूतपूर्व के मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा गठित जनमोर्च विभिन्न नेताओं ने आज मोर्चे के स्वरूप तथा उ रणनीति के बारे में विचार-विमर्श किया । वै मोर्चे के राष्ट्रीय संयोजक सांसद रामधन के नि पर हुई जिसे मोर्चे का केंद्रीय कार्यालय बनाया है । बैठक में श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, रामध अरुण नहेरू, विद्याचरण शुक्ल, आरिफ मोहम्म खान, सत्यपाल मलिक, राज कुमार राय आदि उपस्थित थे ।

भुवनेश्वर : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के भूतपूर्व महासचिव तथा राष्ट्र समाजवादी कांग्रेस (आर.एस.सी.) के नेता एस.ए महापात्र ने भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री विश्वनाथ प्रताप सि के नेतृत्व वाले जनमोर्चा को पूरा समर्थन देने वायदा किया है । श्री महापात्र ने आज भेजे एक त में कहा है कि मोर्चा "श्री राजीव गांधी के भ्रष्ट त पाखंडपूर्ण आचरण से स्तब्ध कांग्रेसियों को निस्संदे एक मंच देगा ।" उन्होंने 'मोर्चा' के आदर्शों प्रचार-प्रसार के लिए आर.एस.सी. की सहायता दे की पेशकश भी की है ।

पासी के हत्यारे अभी भी घूम रहे हैं : भाजपा शिष्टमंडल आई.जी. से मिला

फगवाड़ा, 5 अक्तूबर (अशोक कौड़ा): गत मास उग्रवादियों की गोलियों का शिकार हुए कपूरथला ब्लाक भाजपा अध्यक्ष श्री जतिंदर दत्त पासी के परिवार को बाद में भी धमकीपूर्ण पत्र लिखने वाले अभियुक्तों की शिनाख्त के बावजूद पुलिस अभी तक उनके विरुद्ध कोई कारवाई करने में क्यों हिचकिचा रही है ? गत दिवस भारतीय जनता पार्टी के एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल जिसमें जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रामस्वरूप अरोड़ा, वैद्य ओम प्रकाश दत्त विधायक इत्यादि शामिल थे, ने पुलिस महानिरीक्षक श्री डी.एस. मांगट का ध्यान इस ओर आकर्षित किया तथा उनसे मांग की कि इस सम्बन्ध में कड़ी कार्रवाई की जाए ।

श्री अरोड़ा ने आज यहां बताया कि श्री पासी के भाई पुरुषोत्तम दास को कुछ व्यक्तियों द्वारा धमकीपूर्ण पत्र लिखे गए हैं कि यदि उन्होंने स्वर्गीय पासी की दुकान खोलने का प्रयत्न किया तो उनके परिवार को समाप्त कर दिया जाएगा । उन्होंने बताया कि कपूरथला के जिला पुलिस अधीक्षक श्री पी.एम. दास के प्रत्यनों से घटना के कुछ दिनों बाद ही अभियुक्तों का पता भी लगा लिया गया परन्तु अभी तक अभियुक्त गांव शेखुपुर में पूर्ववतः दनदनाते फिर रहे हैं ।

कार्बाइड केस भारत से अमरीका लाने की रिट रद्द

होशियारपुर जिले में महिला सहित 6 की सामूहिक हत्या

उद्योगपति से बैंक डकैती का 5.40 लाख रुपया बरामद, खन्ना में पिता-पुत्र घायल, बटाला के पास बी.एस.एफ.की गाड़ी पर फायरिंग

फरीदकोट में पाक प्रशिक्षित उग्रवादी सहित 5 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 6 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि होशियारपुर जिले में एक महिला सहित 6 लोगों की सामूहिक हत्या कर दी व खन्ना में पिता-पुत्र को घायल कर दिया । फरीदकोट पुलिस ने पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त एक आतंकवादी सहित पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । इनमें एक बरतर्फशुदा कांस्टेबल है । जिला फिरोजपुर में सायं 5 बजे के बाद बसें चलाने की मनाही कर दी गई । सरहिंद में शराब का ठेका लूटा गया व एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल किया गया । बटाला के निकट सुरक्षा बलों की गश्ती टुकड़ी पर घात लगाकर हमला करने के अभियुक्तों की व्यापक खोजबीन जारी है । जालन्धर पुलिस ने एक मकान पर छापा मारकर चार संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर लिया । जिला भटिंडा में सब इंस्पैक्टर पर हमला करने वाले संदिग्ध उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया गया । लुधियाना में एक कारखानेदार से बैंक डकैती का कुछ रुपया बरामद हुआ ।

6 की हत्या:

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' के अनुसार आज रात्रि 9 बजे यहां से दस किलोमीटर दूर मौजा रोडियां तथा भट्टियां में ट्रैक्टर सवार 5 उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 6 लोगों की हत्या कर दी जिनमें एक महिला भी शामिल है । मृतकों में सोहन लाल, सोहन सिंह, बुद्ध राम, ऊषा देवी, रामदास शामिल हैं ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार ट्रैक्टर सवार उग्रवादियों ने ग्राम में आकर एक जगह खड़े पांच लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग की जिसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि शेष दो ने सिविल अस्पताल होशियारपुर में दम तोड़ दिया ।

हमारे प्रतिनिधि ने घटनास्थल का दौरा करके सूचित किया कि एक ट्रैक्टर नम्बर पी.बी.एच. 4156 पर पांच उग्रवादी आए और ट्रैक्टर ग्राम के बाहर खड़ा कर दिया और रामदास की हवेली तक आए जहां कपिल देव से उन्होंने पूछा कि यह घर किस का है । जब कपिल देव ने उनके पास हथियार देखे तो वह भाग निकला । उग्रवादियों ने उस पर गोली चलाई पर वह बच निकला लेकिन वहां बैठे रामदास और बुद्ध राम गोलियां लगने से मारे गए । इसके बाद उन्होंने सोहन सिंह और सोहन लाल पर गोली चलाई जिसे दोनों घायल हो गए । फायरिंग के दौरान जब तीन साहसी लड़के इन दोनों घायलों को स्कूटर पर लाद कर अस्पताल लाने लगे तो उन पर भी गोली लाई और फिर ट्रैक्टर की ओर बढ़े । रास्ते में डाक्टर बनारसी दास का पोता खड़ा था । एक उग्रवादी उसके पीछे दौड़ा तो उसने अपने घर में घुस कर दरवाजा बंद कर लिया । उग्रवादियों ने बंद दरवाजे पर गोलियां चला कर छेद किया और छेद में से अंदर गोली चलाई । अंदर बनारसी दास का लड़का मदन लाल रोटी खा रहा था । उसकी पत्नी ऊषा शर्मा जब खिड़की का दरवाजा बंद कर रही थी तभी एक उग्रवादी ने उसे भी गोली मार दी । इसके बाद उग्रवादी आगे भट्टियां ग्राम गए जहां तीन लोग पहरा दे रहे थे । उग्रवादियों ने भटराना जाने का मार्ग पूछा । उनमें से एक ग्रामीण बहादर सिंह ने उन्हें रास्ते बताया तो उसे भी गोली मार दी गई । इधर राम चंद, परमजीत, मनोहर लाल, मंगत राम अपने खेतों से वापस आ रहे थे । ट्रैक्टर सवार उग्रवादियों ने उन्हें खड़े होने को कहा पर वे भाग निकले । आगे जाकर उग्रवादी भटराने के जंगल में ट्रैक्टर खड़ा करके भाग निकले ।

पाक से ट्रेनिंग लेकर आया उग्रवादी गिरफ्तार

मोगा (बांसल): जिला फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री गोविंद राम ने आज यहां बताया कि गत 24 घंटों के दौरान पुलिस ने एक खतरनाक उग्रवादी जसपाल सिंह उर्फ रछपाल सिंह उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है जो श्रीगंगानगर के कर्णपुर क्षेत्र

(शेष पृष्ठ 6 पर)

राजीव इस्तीफा देकर दोबारा चुनाव लड़ें : वी.पी. सिंह

मथुरा, 6 अक्तूबर (वार्ता): भूतपूर्व रक्षामंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी से इस्तीफा देकर फिर से जनता का विश्वास हासिल करने की मांग की है । श्री गांधी ने यहां से 45 किलोमीटर दूर कोसीकलां में आज एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री गांधी दिल्ली में बैठकर भले की यह समझते हों कि उन्हें पूर्ण जनमत प्राप्त है, लेकिन वास्तव में जनता का उनके ऊपर से पूरी तरह विश्वास हट चुका है । उन्होंने कहा कि देश की जनता ने 1984 के चुनावों में जिन उम्मीदवारों के साथ कांग्रेस (इ) को चुना था वे सभी उम्मीदें चकनाचूर हैं और इसलिए उन्होंने सत्ता और व्यवस्था में परिवर्तन के लिए 'जनमोर्चा' गठित किया है ।

भूतपूर्व रक्षामंत्री ने कहा कि देश में जगह-जगह पर धर्म, जाति तथा भाषा के नाम पर दंगे हो रहे हैं लेकिन सरकार उन पर काबू पाने में पूरी तरह असफल रही है । उन्होंने कहा कि देश की सत्तर करोड़ जनता का सिर तो उसी दिन शर्म से झुक गया था जिस दिन प्रधानमंत्री ने संसद में यह कहा था कि उन्होंने या उनके परिवार के किसी भी सदस्य ने बोफोर्स तोप सौदे में दलाली नहीं ली है । श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री को यह बयान देने से पहले अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था ।

इससे पहले श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को तीन स्थानों पर सिक्कों से तोला गया । उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व परिवहन मंत्री संजय सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बात-बात पर लोकतंत्र की दहाई देने वाली सरकार के अपनी पार्टी में ही पिछले बीस वर्ष से चुनाव नहीं हुए हैं । इन नेताओं के अलावा जनसभा को भूतपूर्व मंत्री आरिफ मोहम्मद खां, विद्याचरण शुक्ल और कांग्रेस (इ) के भूतपूर्व महासचिव रामधन ने भी संबोधित किया ।

विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बोफोर्स प्रकरण की तुलना उस दुश्चरित्र महिला के अवैध शिशु से की जिसके पैदा होने पर महिला परिवारवालों से पूछती फिरे कि बताओ यह बच्चा किसका है । ऐसी ही स्थिति सरकार की है जो जनता से पूछ रही है कि वह बोफोर्स तोप सौदे में कमीशन खाने वालों के नाम बताए । उन्होंने शासन संचालन के

भारत पाक परमाणु संयंत्रों पर हमले की ताक में : जिया

ओमान, 6 अक्तूबर (वार्ता): पाक राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वे [illegible] से शांति युद्ध कर रहा है पर शांति नहीं हुई है । यह एक तथ्य है कि भारत ने ही पाकिस्तान के [illegible]

सूखा राहत कोष में विनम्र





रात दिनों हिंद समाचार पत्र समूह द्वारा सूखा राहत के लिये अपनी अ
सहायता कोष में विनम्र योगदान के रूप में 31000 रुपये का ड्राफ्ट श्री अश्वि
पंजाब केसरी, दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को दिया गया ।

स्मरण रहे कि हिन्द समाचार पत्र समूह इससे पूर्व भी राष्ट्रीय संकटों के अ
चुका है :

- ☐ 1966 में जब बिहार में अकाल पड़ा तो पत्र समूह ने बिहार सहायत
इकट्ठे करके बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री महामाया प्रसाद सिह
- ☐ 1971 में बंगला देश युद्ध के समय भी प्रभावित लोगों के सहायतार्थ
करके दिये गए ।
- ☐ 1977 में आंध्र के तूफान पीड़ितों की सहायता के लिए 640000 रु
राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सौंपे गए ।
- ☐ 1986 में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के सहायता कोष में पत्र समूह
रुपए हिमाचल के भूकम्प पीड़ितों की सहायता के लिये दिए ।

Punjabi Sahara

होशियारपुर में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

का रहने वाला है तथा एक वर्ष तक ट्रेनिंग लेने के बाद एक अक्तूबर को राजस्थान सीमा पार करके भारत आया था । उसने पूछताछ के दौरान बहुत से रहस्योद्घाटन किए हैं । मुक्तसर सब डिवीजन पुलिस ने उसे लम्बी के निकट उसके अड्डे से गिरफ्तार किया है । उससे एक 455 बोर का रिवाल्वर तथा 4 कारतूस बरामद हुए । उसने स्वीकार किया कि वह स्वर्ण सिंह और बसन्त सिंह, जो कि गंगानगर के हैं, के साथ एक वर्ष तक पाकिस्तान में ट्रेनिंग लेता रहा तथा अब कर्णपुर के निकट राजस्थान सीमा पार करके हथियारों सहित भारत में दाखिल है । बसंत सिंह तथा स्वर्ण सिंह जालन्धर व फिरोजपुर जिलों में हिंसक कार्रवाइयां करने के लिए चले गए जबकि मेरी ड्यूटी फरीदकोट में एक्शन के लिए लगाई गई । मैंने यहां अन्य आतंकवादियों के साथ मिल कर हत्या व लूटपाट की वारदातें करनी थीं । श्री गोविंद राम ने बताया कि एक बरतफ शुदा कांस्टेबल अमरजीत सिंह पुत्र करतार सिंह गांव चूहड़ चक मोगा सर्वडिवीजन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जो एक साजिश में शामिल था जबकि उसके साथियों ने इसी गांव की सीतारानी व उसके पिता राम प्रकाश पर 15 अगस्त को हमला करके सख्त घायल कर दिया था । यह आतंकवादी अमरजीत सिंह के घर में ठहरे थे तथा वहां ही उन्होंने यह साजिश तैयार की थी । उसके विरुद्ध थाना माहना में एक और केस दर्ज है । उसके विरुद्ध खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के जगतार सिंह को पनाह देने का भी आरोप है । पुलिस ने सुखचरण सिंह पुत्र जरनैल सिंह ढुढिके को गिरफ्तार किया है और उसके विरुद्ध आतंकवादी दर्शन सिंह बटर तथा दर्शन सिंह डल्ला को पनाह देने का आरोप है । 'बी' श्रेणी का आतंकवादी दर्शन सिंह बटर एक मुठभेड़ के बाद सुखचरण सिंह के घर से 24 सितम्बर को पकड़ा गया था लेकिन दर्शन सिंह डल्ला व सुखचरण सिंह भाग निकले थे ।

माहना पुलिस ने एक और व्यक्ति जगीर सिंह उर्फ जगीरा मौजा ढुढिके को अजीतवाल के निकट गिरफ्तार किया है जबकि जगीरा एक अन्य व्यक्ति के साथ संदिग्ध हालात में घूम रहा था । जगीरा का दूसरा साथी भाग निकला । उसके कब्जे से 303 बोर का रिवाल्वर व दो कारतूस मिले । पूछताछ के दौरान जगीरा ने स्वीकार किया कि उनकी योजना अजीतवाल के निकट पैट्रोल पम्प लूटने तथा इसी गांव के एक अमीर किसान के घर डाका डालने की थी । उग्रवादी बूटा सिंह बालियाना थाना कोट भाई को पुलिस ने काबू किया है जबकि वह और उसका एक साथी डकैती की वारदात के बाद वापस आ रहे थे । उसका साथी भाग निकला । बूटा सिंह से 315 बोर का पिस्तौल, दो कारतूस तथा 65 ग्राम चांदी बरामद हुई । उसने स्वीकार किया कि वह हत्या तथा डकैती की वारदातों में संलिप्त है । उसने अपने साथियों के नाम भी बताए हैं जिन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस प्रयत्नशील है ।

जसपाल सिंह ने पूछताछ के दौरान रहस्योद्घाटन किया कि तीनों को विशिष्ट हस्तियों की हत्या का जिम्मा पाकिस्तान में कंवर सिंह ने सौंपा था । उन्हें आतंक पैदा करने को भी कहा गया था ।

पुलिस ने एक बर्खास्त सिपाही अमरजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया है । उस पर "खालिस्तान लिबरेशन फोर्स" के शीर्षस्थ आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप है ।

सक्खा सिंह, जागीर सिंह तथा बूटा सिंह नाम के आतंकवादी भी पकड़े गए हैं । उनके पास से तीन पिस्तौल और बड़ी मात्रा में अस्त्र-शस्त्र बरामद हुए हैं ।

सब-इंस्पैक्टर पर हमला

भटिंडा (गोबर, वार्ता): पुलिस ने गत दिवस मलोट-अबोहर रोड पर एक संदिग्ध आतंकवादी को नाकेबंदी के दौरान उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह बस में उतरा था । पुलिस ने उसका नाम भजन सिंह उर्फ मलकीयत सिंह बताया है, जो जिला में तीन डकैतियों में वांछित है । पुलिस ने बताया कि जैसे ही बस नाके पर रुकी भजन सिंह तेजी से नीचे उतरा तथा सब-इंस्पैक्टर निरंजन सिंह पर तलवार से हमला कर दिया । इस पर कांस्टेबल तेजा सिंह ने अपनी राइफल से गोली दाग दी जिससे अभियुक्त घायल हो गया ।

भट्ठे से रुपए लूटे

सामाना (वर्मा): कल शाम लगभग 6 बजे तीन अज्ञात स्कूटर सवार जो रिवाल्वरों से लैस थे, ने गांव अजीमगढ़ में एक भट्ठे के मालिक से 400 रुपए छीन लिए तथा स्कूटर पर ही फरार हो गए ।

गश्ती पार्टी पर फायरिंग

बटाला (कोछड़): गत रात लगभग 8 बजे बटाला-जालन्धर सड़क पर गांव मनन के निकट तीन साइकल सवार अज्ञात युवकों ने घात लगाकर बी.एस.एफ. की गश्त कर रही गाड़ी पर फायरिंग कर दी । गाड़ी में सवार सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की लेकिन अज्ञात युवक निकट के गन्ने के खेतों में घुस गए । किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं । पुलिस व बी.एस.एफ. के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तुरन्त सारे गन्ने के खेतों को घेर कर खोजबीन शुरू कर दी गई, खोजबीन के लिए जिला में कार्यरत बी.एस.एफ. की अन्य कम्पनियों से भी सहायता ली गई । खोजबीन का काम प्रातः तक चलता रहा । बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री चमन लाल ने स्वयं इस खोजबीन कार्य का नेतृत्व किया ।

दस किलो मीटर में छानबीन

आज प्रातः पुलिस व बी.एस.एफ. के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस खोजबीन में उन्हें गन्ने के खेतों से दो साइकल व एक पगड़ी मिली है । प्रातः से गांव दयालगढ़ से रंगड़नंगल तक के लगभग दस कि.मी. के क्षेत्र में फिर खोजबीन तेजी से की जा रही है । इन सूत्रों का कहना है कि इस सारे क्षेत्र में 10-10 फुट ऊंचे गन्ने के खेतों ने मंड क्षेत्र का रूप धारण कर रखा है ।

कई परिवारों द्वारा पलायन

निकटवर्ती गांव मसानियां जहां 30 सितम्बर रात को अज्ञात आतंकवादियों ने फायरिंग करके नौ लोगों की हत्या कर दी थी से लगभग दस परिवार अपना सारा सामान लेकर बटाला के विभिन्न क्षेत्रों में रहने आ गए हैं । इनमें उक्त फायरिंग में मरने वालों के कुछ परिवार भी शामिल हैं । जिला गुरदासपुर प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब गांव में

CEMENT
PORTLAND CEMENT AVAILABLE
FOR JAMMU.
INTERESTED PARTIES CAPABLE TO LIFT BULK QUANTITY MAY CONTACT.
BOX 61, PUNJAB KESARI, JALANDHAR.

पठानकोट में उप-विक्रेता चाहिएं
स्वराज माज़दा लाइट कमर्शियल वाहनों तथा अन्य आटोमोबाइल-उत्पादों के लिए । वित्तीय रूप से सुदृढ़ तथा सेवामूलक पार्टियां कृपया पूर्ण विवरणों के साथ आवेदन करें :



अमृतसर की बाहरी आबादी प्रताप नगर में उग्रवादियों की फायरिंग से एकव्यक्ति मारा गया तथा 3 घायल हो गये, चित्रों में (1) मृतक मदन लाल चोपड़ा, (2) घायल कमल किशोर, (3) घायल जितेंद्र कुमार, (4) घायल सुरजीत कुमार, (5) मृतक मदन लाल चोपड़ा का बिलखता परिवार, (6) घायल सुरजीत कुमार और मृतक चोपड़ा का बिखरा खून (7) कमल और जितेंद्र का बिखरा खून (छाया : रवि भंडारी)

कनिष्क दुर्घटना की जांच में बाधा नहीं पड़ेगी : सोलिस्टर जनरल

ओटावा, 6 अक्तूबर (ए.स): एयर इंडिया जम्बो जैट कनिष्क की जून 1985 में हुई दर्घटना की जांच का कार्य इस रहस्योद्घाटन के बाद भी प्रभावित नहीं होगा कि रैनेडियन सिक्यूरिटी इंटैलिजैंस सर्विस ने पंजाब के एक भूतपूर्व मंत्री मलकियत सिंह सिद्धू की हत्या के प्रयास के मामले की पूछताछ में हेराफेरी की है । यह रहस्योद्घाटन आज यहां कनाडा के सोलिस्टर जनरल श्री जैम्ज कैलहन ने किया । उन्होंने कहा कि उन्हें रायल कैनेडियन माऊंटेड पुलिस के कमिश्नर श्री नारमन इंकस्टर ने विश्वास दिलाया है कि उनकी फोर्स के सदस्य विमान दुर्घटना की जांच शीघ्र पूर्ण कराने पर बल दे रहे हैं ।

श्री कैलहन ने दोहराया कि चाहे जून 1985 में एक आम सुरक्षा का आदेश जारी कर दिया गया था क्योंकि भय था कि उग्रवादी एयर इंडिया के किसी विमान पर हमला कर सकते हैं परन्तु उस समय यह पता नहीं था कि किसी विशेष उड़ान में बम रखेंगे ।

एक भूतपूर्व सुरक्षा एजैंट ने दावा किया है कि सी.एस.आई.एस. काफी समय पहले से जानता था कि एयर इंडिया की उड़ान में बम रखा जा सकता है । अधिकारियों ने इस दावे का खंडन किया है । गत दिनों एक अन्य रहस्योद्घाटन भी हुआ कि श्री सिद्धू पर हमले बारे भी यहां की पुलिस को आठ दिन पूर्व पता चल गया था, जबकि सिद्धू पर हमले के तुरन्त बाद सोलिस्टर जनरल ने कहा कि उन्हें पता ही नहीं था कि पंजाब का कोई मंत्री यहां आ रहा है ।

नर्सों द्वारा रैलियां

जालंधर, 6 अक्तूबर (क): सरकारी अस्पतालों की नर्सों की हड़ताल के 48वें दिन आज सभी जिला मुख्यालयों पर जिला स्तरीय रैलियां आयोजित की गईं । जालंधर में यह रैली सिविल अस्पताल में हुई जिसे पंजाब नर्सिंस एसोसिएशन की संघर्ष समिति की सदस्यों क. रूथ चौधरी तथा श्रीमती शोभा सहोता ने सम्बोधित किया । क. रूथ चौधरी व श्रीमती शोभा सहोता ने कहा कि स्वास्थ्य सचिव के वक्तव्य सरासर तथ्य-विरोधी हैं । इस सम्बन्ध में उन्होंने आज 22 मई के उस समझौते की प्रतियां भी समाचारपत्रों को भेजीं जिसमें नर्सों की वह स्वीकृत मांगें दर्ज हैं जिन्हें आज स्वास्थ्य सचिव तथा राज्य सरकार के कथित प्रवक्ता वेलायुधन को सौंपे जाने की चर्चा कर रहे हैं । इस समझौते को 16 अगस्त

प्रो. दर्शन सिंह ने केन्द्र से समझौता किया : पंथक कमेटी

अमृतसर, 6 अक्तूबर (वार्ता): पांच सदस्यीय

पगड़ी मिली है । प्रातः से गांव दयालगढ़ से रंगड़नंगल तक के लगभग दस कि.मी. के क्षेत्र में फिर खोजबीन तेजी से की जा रही है । इन सूत्रों का कहना है कि इस सारे क्षेत्र में 10-10 फुट ऊंचे गन्ने के खेतों ने मंड क्षेत्र का रूप धारण कर रखा है ।

कई परिवारों द्वारा पलायन

निकटवर्ती गांव मसानियां जहां 30 सितम्बर रात को अज्ञात आतंकवादियों ने फायरिंग करके नौ लोगों की हत्या कर दी थी से लगभग दस परिवार अपना सारा सामान लेकर बटाला के विभिन्न क्षेत्रों में रहने आ गए हैं । इनमें उक्त फायरिंग में मरने वालों के कुछ परिवार भी शामिल हैं । जिला गुरदासपुर प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब गांव में स्थायी तौर पर सामा सुरक्षा बल को तैनात कर दिया गया है ।

बटाला पुलिस ने श्री हरगोबिन्दपुर के सतनाम सिंह सत्ता नामक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है ।

दुकानदार व बेटे को घायल कर दिया

लुधियाना से 'मुसाफिर' के अनुसार आज रात्रि 8.30 बजे खन्ना में दो उग्रवादियों ने एक दुकानदार करम चंद व उसके पुत्र श्री राम को गोली मार कर घायल कर दिया जिन्हे सिविल अस्पताल खन्ना में भरती कराया गया है । दोनों घटना के समय दुकान बंद करके घर जा रहे थे ।

उद्योगपति गिरफ्तार

लुधियाना (धीमान): एस. एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि पुलिस ने एक स्थानीय कारखानेदार अवतार सिंह, जो मच्छपुर का रहने वाला है तथा कबीर रम फैक्टरी का मालिक है, को गिरफ्तार किया है । उसकी फैक्टरी फोकल प्वाइंट में है । श्री पांडे ने बताया कि अवतार सिंह के विरुद्ध आरोप है कि वह उग्रवादियों को शरण देता था । इस वर्ष 12 फरवरी को पंजाब नैशनल बैंक में जो 5 करोड़ 70 लाख रुपए की डकैती हुई थी, उसमें शामिल उग्रवादी सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा सिपाही उर्फ जरनल लाभ सिंह, सतनाम सिंह बाबा और हरजिंदर सिंह उर्फ जिंदा को उसने पनाह दी थी । अवतार सिंह के कब्जे से बैंक में से लूटे गए रुपए में से 5,40,500 रुपए भी बरामद किए गए । जिंदा और बाबा को दिल्ली पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है तथा ऐसी सम्भावना है कि सी.बी.आई. उन्हें लुधियाना लाने वाली है ।

ठेके रात दस बजे बंद होंगे

जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने सभी रेस्तरां, ढाबे तथा खाने-पीने की दुकानें रात दस बजे बंद करने का आदेश दिया है । जिला मुख्यालयों पर सभी शराब की दुकानें तथा अहाते रात दस बजे बंद होंगे, जबकि सब-डिवीजन मुख्यालयों पर यह रात 8 बजे बंद होंगे । यह आदेश 3 दिसम्बर तक लागू रहेगा ।

बंदूक व जेवर लूटे

गत रात लुधियाना से पांच किलोमीटर दूर मौजा भट्टियां में आठ संदिग्ध आतंकवादी एक जमींदार महेंद्र सिंह के घर गए । जब उसके कुत्ते भौंकने लगे तो आतंकवादियों ने उनको पकड़ कर बांध दिया । उन्होंने महेंद्र सिंह को उठाकर कहा कि वह अपनी बंदूक उनके हवाले कर दे । जब उसने बंदूक दे दी तो उन्होंने कहा कि नकदी व जेवर भी दे दो वरना खत्म कर देंगे । इस पर महेंद्र सिंह ने बीस तोले के जेवर भी उनको दे दिए तथा कहा कि घर में इस समय कोई नकदी नहीं है । बंदूक और जेवर लेकर वे जीप में फरार हो गए जो उन्होंने कुछ दूरी पर खड़ी कर रखी थी । लूटे गए सामान की कीमत लगभग 65000 रुपए बताई गई है ।

Punjabi Sanjaran

ए । तुरन्त सम्पर्क

1186-87,

कमिश्नर, पंजाब
22-बी, चंडीगढ़

न

सीखें

कोर्स करें । रात्रि कक्षा
ctronics Training
पठानकोट ।

ा

ाठवीं फेल/पास मैट्रिक
स/+1 फेल+2 करें ।
गारंटी लिख कर लें ।
र्ग डिग्री कालेज, निकट
ल (पंजाब) ।

ation (Patna) 15
र्वेदरत्न द्वारा रजिस्टर्ड
ज) +1 फेल +2 करें
। (After Prep)
लश सिनेमा चौक,

टी., बी.एड., पत्राचार,
पास इंटर, मैट्रिक पास
म्बर हेतु । एच.पी.
131001 (हरियाणा)

/पास) इसी वर्ष करें ।
10+2 करें ।
me sitting) करें ।
te eligible. J.B.T.
के लिए मिलें ।
- by M.O. Guru
Education, Thana

15 दिनों में करें ।
वर्ष में तथा R.M.P. के
u Nanak College.

ल शर्तिया व गारंटी से
खुद मिलें–Metro
rsingdass (Near
rritsar. Phone-

सीखें । स्वयं मिलें :
reign Languages,
ar.

M.Ed., BTC/JBT,
पास Direct B.A.,
ारद तथा आयुर्वेदरत्न
/– M.O. द्वारा भेजें ।
Correspondence,
City.

शामिल उग्रवादी सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा सिपाही उर्फ जरनल लाभ सिंह, सतनाम सिंह बाबा और हरजिंदर सिंह उर्फ जिंदा को उसने पनाह दी थी । अवतार सिंह के कब्जे से बैंक में से लूटे गए रुपए में से 5,40,500 रुपए भी बरामद किए गए । जिंदा और बाबा को दिल्ली पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है तथा ऐसी सम्भावना है कि सी.बी.आई. उन्हें लुधियाना लाने वाली है ।

ठेके रात दस बजे बंद होंगे

ज़िला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने सभी रेस्तरां, ढाबे तथा खाने-पीने की दुकानें रात दस बजे बंद करने का आदेश दिया है । जिला मुख्यालयों पर सभी शराब की दुकानें तथा अहाते रात दस बजे बंद होंगे, जबकि सब-डिवीजन मुख्यालयों पर यह रात 8 बजे बंद होंगे । यह आदेश 3 दिसम्बर तक लागू रहेगा ।

बंदूक व जेवर लूटे

गत रात लुधियाना से पांच किलोमीटर दूर मौजा भट्टियां में आठ संदिग्ध आतंकवादी एक जमींदार महेंद्र सिंह के घर गए । जब उसके कुत्ते भौंकने लगे तो आतंकवादियों ने उनको पकड़ कर बांध दिया । उन्होंने महेंद्र सिंह को उठाकर कहा कि वह अपनी बंदूक उनके हवाले कर दे । जब उसने बंदूक दे दी तो उन्होंने कहा कि नकदी व जेवर भी दे दो वरना खत्म कर देंगे । इस पर महेंद्र सिंह ने बीस तोले के जेवर भी उनको दे दिए तथा कहा कि घर में इस समय कोई नकदी नहीं है । बंदूक और जेवर लेकर वे जीप में फरार हो गए जो उन्होंने कुछ दूरी पर खड़ी कर रखी थी । लूटे गए सामान की कीमत लगभग 65000 रुपए बताई गई है ।

चार संदिग्ध व्यक्ति काबू

जालन्धर (क): गत रात स्थानीय बस्ती पीरदाद में पुलिस ने एक मकान पर छापा मार कर चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । इन व्यक्तियों ने पहले पुलिस पर फायरिंग की लेकिन पुलिस ने उन्हें गोली सिक्के सहित काबू कर लिया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस ने शाहकोट क्षेत्र से पकड़े कुछ शक्की व्यक्तियों के बताने पर गत आधी रात को बस्ती पीरदाद के मलकीत सिंह के मकान पर छापा मारा था । इस अवसर पर फोर्स के साथ एस.एस.पी. तथा एस.पी. आप्रेशन भी थे ।

स्कूटर छीना

आज रात्रि जालन्धर से जंडियाला जा रहे युवक रछपाल से कंगनीवाल ग्राम के पास 2 उग्रवादियों ने उसका स्कूटर छीन लिया ।

ठेका लूट लिया

पटियाला (भूषण): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने गत रात यहां से 32 किलो मीटर दूर सरहिंद में हरजीत सिंह राकेश कुमार एंड कम्पनी के शराब के ठेके से सात हजार रुपए लूट लिए ।

छुरा मार कर हत्या

पटियाला (भूषण): गत रात यहां बारादरी में कुछ अज्ञात लोगों ने छोटू राम नामक व्यक्ति की छुरे मार कर हत्या कर दी ।

शिक्षिका से मोपेड छीनी

अमृतसर (वि.प्र.): दो अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने आज थाना सदर के गांव रोड़ीवाला में एक शिक्षिका श्रीमती गुरशरण कौर से पिस्तौल की नोक पर उसकी मोपेड छीन ली ।

बातचीत में पाकि
मिलने वाली अमर
की संभावना है ।

कनाडा में कड़ी

ओटावा : क
है कि अगले सप्ता
के प्रधानमंत्रियों के
समुचित सुरक्षा प्र
के उच्चायुक्त ए
प्रधानमंत्री राजीव
और कनाडा के अ
1984 में कार्यवा
विन्नीपेज में कु
हाथापाई के बाद
काफ़ी आलोचना
बार-बार कह रहे
रही राष्ट्रमंडल दे
और केलोवना बी
प्रदर्शन करेंगे ।
है कि वे श्री गांधी
नेताओं की सुरक्ष
रखेंगे । वैंकवर
इनमें से अधिकां
खालिस्तान का स

लि
(

टाइगर्स आफ़ त
बनाकर रखे गए श्
हत्या की कड़ी नि
प्रवक्ता ने आज यह
कार्रवाई न केवल
व्यवहार के अंतर
बल्कि सभ्यता के

अंतिम

चंडीगढ़, 6
शिक्षा बोर्ड ने अग
जमा एक तथा ज
उम्मीदवारों के दा
अंतिम तिथि बढ़ा
इससे पूर्व यह तिथि
बोर्ड द्वारा जारी वि
फ़ार्म पांच रुपए ले
150 रुपए लेटी
पहले की तरह ही

श

बटाला, 6 अ
टाऊन के निकट से
मिला है, जिसकी
के रूप में की गई

अध्यापक व
प्रकट कर

बटाला, 5 अ
अध्यापक संघर्ष स
अक्तूबर के जिला
स्कूलों में हड़ताल
सितम्बर, 87 को
भोलेके में आतंक
अध्यापक श्री हरदे
करने के लिए की

Punjab Sanchar

हमारा, सलामत रहे दोस्ताना हमारा



ज़िला होशियारपुर के दो गांवों रोडियां और भट्टियां में मंगलवार रात को एक ट्रैक्टर पर सवार उग्रवादियों ने गोलियों से 6 लोगों की हत्या कर दी तथा कुछ अन्य को घायल कर दिया । (चित्रों) में गोलियों से मारे गए (1) राम दास, (2) बुद्धूराम, (3) सोहन सिंह, (4) उषा देवी, (5) सोहन लाल (गांव रोडियां में मरे) और (6) बहादुर सिंह (भट्टियां गांव में मरा) के शव । (7) घायल डा. बनारसी दास, (8) राम दास की वह हवेली जहां राम दास तथा 3 अन्य को गोली मारी गई, (9) उषा और उसका पति घर में रोटी खा रहे थे लेकिन मौत ने उषा को आ दबोचा और रोटी धरी की धरी रह गई और चारों तरफ बिखर गया खून, (10) उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त ट्रैक्टर जो बाद में भटराना के पास जंगल में खड़ा मिला, (11) डा. बनारसी दास के घर का दरवाजा जिसमें छेद करके उसमें से उग्रवादियों ने घर के अंदर गोलियां चलाईं । (12) उषा का बिलखता परिवार, (13) बहादुर सिंह का बिलखता परिवार. (14) बुद्धूराम और सोहनसिंह के बिलखते परिवार

(छाया : प्रद्युम्न)

पंथक कमेटी का सदस्य गुरदेव सिंह उस्मानवाला मठभेड़ में मारा गया : पंजाब में 8 की हत्या

Punjabi Santan



गए (1) राम दास, (2) बुद्धूराम, (3) सोहन सिंह, (4) उषा देवी, (5) सोहन लाल (गांव ...) ... वह हवेली जहां राम दास तथा 3 अन्य को गोली मारी गई, (9) उषा और उसका पति घर में रोटी खा रहे थे लेकिन मौत ने उषा को आ दबोचा और रोटी धरी की धरी रह गई और चारों तरफ बिखर गया खून, (10) उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त ट्रैक्टर जो बाद में भटराना के पास जंगल में खड़ा मिला, (11) डा. बनारसी दास के घर का दरवाजा जिसमें छेद करके उसमें से उग्रवादियों ने घर के अंदर गोलियां चलाईं । (12) उषा का बिलखता परिवार, (13) बहादुर सिंह का बिलखता परिवार. (14) बुद्धूराम और सोहनसिंह के बिलखते परिवार (छाया : प्रद्युम्न)

पंथक कमेटी का सदस्य गुरदेव सिंह उस्मानवाला मुठभेड़ में मारा गया : पंजाब में 8 की हत्या

चंडीगढ़, 7 अक्तूबर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने अमृतसर जिले में चार विभिन्न वारदातों में आठ लोगों की हत्या कर दी जबकि पंजाब पुलिस व सुरक्षा बलों को एक उल्लेखनीय बड़ी सफलता उस समय मिली जब उसने पंथक कमेटी का एक सदस्य कुख्यात उग्रवादी गुरदेव सिंह उस्मानवाला जालंधर के पास मुठभेड़ के बाद मार गिराया । उसके सिर पर एक लाख रु. का इनाम था । इसके बाद रैड अलर्ट जारी कर दी गई । रोपड़ में एक 'बी' श्रेणी के उग्रवादी ने आत्मसमर्पण कर दिया । फरीदकोट पुलिस ने भिंडरांवाला के भू.पू. गनमैन व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया । मोगा में उग्रवादियों ने एक आढ़ती को घायल कर एक लाख रु. लूट लिए । कल रात होशियारपुर जिले में हुई छः हत्याओं के तीन अभियुक्त नामजद कर लिए गए ।

उस्मानावाला मारा गया

जालन्धर (क): गत रात 11 बजे के लगभग थाना शाहकोट के गांव मेहड़ां व मैहमोवाल के बीच हुए एक मुकाबले में एक अज्ञात उग्रवादी मारा गया, जबकि इसके दो साथी फ़रार होने में सफल हो गए । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार रात को घटनास्थल पर पुलिस व सुरक्षा बलों का नाका लगा हुआ था कि एक ओर से तीन व्यक्ति पैदल आते हुए दिखाई दिए । जब सुरक्षा बलों ने उन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने उन पर फ़ायरिंग शुरू कर दी जिस पर सुरक्षा बलों को अपनी रक्षा के लिए जवाबी फ़ायरिंग करनी पड़ी, जो 20 मिनट तक जारी रही ।

प्रवक्ता ने बताया कि जब दूसरी ओर से फ़ायरिंग बंद हो गई तो सुरक्षा बलों ने वहां जा कर एक उग्रवादी को मरा पड़ा पाया जबकि उसके दो साथी फ़रार हो चुके थे । सुरक्षा बलों को मृतक उग्रवादी के निकट से एक 9 एम.एम. का रिवाल्वर, दो कारामद कारतूस तथा 6 खोल पड़े मिले जबकि उसकी जेब से मिले बटुवे में से सात करंसी नोट पचास रुपए के, दो पांच रुपए के तथा दो दो-दो रुपए के नोट मिले ।

न.न.स. ने खबर दी है कि पुलिस के अनुसार गुरदेव सिंह के शव के पास से एक एच.ई. 36 हथगोला भी मिला ।

चंडीगढ़ में पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ने बताया कि शाहकोट के निकट मारा गया कुख्यात आतंकवादी पंथक कमेटी का सदस्य गुरदेव सिंह उस्मानवाला था । श्री रिबैरो ने बताया कि उस्मानवाला कमेटी के 'मूल' सदस्यों में से एक था, जिसने स्वर्ण मन्दिर में 'खालिस्तान' के गठन की घोषणा की थी । उस्मानवाला की गिरफ्तारी के लिए एक लाख रुपए का ईनाम घोषित था । 'मूल कमेटी' के दो अन्य सदस्य अरूड़ सिंह तथा धन्ना सिंह पहले ही पुलिस की हिरासत में हैं । श्री रिबैरो ने बताया कि उस्मानवाला कई हत्याओं में पुलिस को वांछित था ।

रैड अलर्ट

उस्मानवाला के मारे जाने के कारण आज जिले भर में रैड अलर्ट जारी कर दी गई व सभी थानों, चौकियों को उग्रवादियों के हमले की आशंका से सर्वाधिक सतर्क रहने को कहा गया । सभी सिनेमा हालों, रेलवे स्टेशानों आदि पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई ।

मोपेड छीनी

जिला जालंधर के थाना नूरमहल में गांव सरहाली के निकट एक व्यक्ति मनोहर लाल से दो युवक छुरे की नोक पर मोपेड छीन कर फ़रार हो गये ।

4 लोगों की हत्या

अमृतसर के लोपोके थाना क्षेत्र के ग्राम बोपाराय में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 4 लोगों की हत्या कर दी व एक को घायल कर दिया । मृतकों ने नाम भगवान दास, उसका पुत्र विनोद कुमार, पुरुषोत्तम लाल, उसका पुत्र परमजीत लाल हैं ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सभी मृतक दुकानदार थे । दस उग्रवादियों ने बोपाराय कलां में भगवान दास के घर में घुस कर फ़ायरिंग की । दोनों परिवार आपस में रिश्तेदार थे ।

अमृतसर के झब्बाल थाना क्षेत्र के ग्राम छिछरवाल के पास खेमकरण रोड पर उग्रवादियों ने एक साइकिल सवार सुखदेव राज की गोली मार कर हत्या कर दी ।

प्राप्त विवरण के अनुसार उग्रवादियों ने खेमकरण रोड पर पहले एक ट्रक रोकने की कोशिश की लेकिन ट्रक चालक उग्रवादियों के पास हथियार देखकर ट्रक को तेजी से भगा ले गया । ट्रक के पीछे न्यू माडल ट्रांस्पोर्ट की एक बस आ रही थी, जिसमें कुछ यात्री बैठे थे । ट्रक वाले ने आगे जाकर पुलिस की एक टुकड़ी को घटना की सूचना दी और बताया कि उसके पीछे आ रही बस बीच में ही रोक ली गई

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंथक कमेटी द्वारा 'खालिस्तान परिषद' के गठन की घोषणा

अमृतसर, 7 अक्तूबर (वार्ता): पांच सदस्यीय पंथक कमेटी ने आज यहां तथाकथित खालिस्तान के अपने उद्देश्य के परिप्रेक्ष्य में 11 सदस्यीय 'खालिस्तान परिषद' के गठन की घोषणा की । कमेटी के एक प्रवक्ता ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की और कहा कि पूरे सिख पंथ के मार्ग दर्शन के दृष्टिगत यह परिषद गठित की गई है ।

पंथक कमेटी ने 30 मई, 1986 को यहां एक प्रैस कान्फ्रैंस में 'खालिस्तान' को अपना लक्ष्य घोषित किया था, जिसकी पुष्टि नवम्बर 1986 में दीवाली के अवसर पर स्वर्ण मंदिर परिसर में अकाल तख्त पर आयोजित हुये सरबत खालसा में की गई थी ।

पंथक कमेटी के प्रवक्ता ने आज ग्यारह पृष्ठों की एक विज्ञप्ति जारी करते परिषद के सदस्यों के नामों की घोषणा की । कमेटी ने दावा किया है कि इसमें 'खालिस्तान' की स्थापना के लिये देश ही नहीं विश्व भर में संघर्षरत उग्रवादी संगठनों को प्रतिनिधित्व दिया गया है । इनमें अमरीका और कनाडा में सक्रिय उग्रवादी संगठन भी शामिल हैं ।

पंथक कमेटी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार गुरमीत सिंह औलख को परिषद का प्रधान मनोनीत किया गया है । परिषद के अन्य सदस्य इस प्रकार हैं—अरजिंदर सिंह (अमरीका), तजेंद्र सिंह बब्बर (कनाडा), तेजपाल सिंह धामी (कनाडा), हरजिन्दर सिंह (नार्वे), शमशेर सिंह (अकाल फैडरेशन), सतनाम सिंह पौंटा, गुरनाम सिंह बंडाला, बधावा सिंह बब्बर, रेशम सिंह मलमौड़ी और सकत्तर सिंह (सिख छात्र संगठन गुरजीत गुट)। परिषद का एक सदस्य पंथक कमेटी के सदस्य व भिंडरांवाला टाईगर फोर्स आफ खालिस्तान के कमांडर-इन-चीफ गुरबचन सिंह मानोचाहल से विचार-विमर्श के बाद खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से मनोनीत किया जाएगा । इसके अतिरिक्त एक सदस्य इंगलैंड में रहने वाले सिख समुदाय से विचार-विमर्श के बाद मनोनीत किया जाएगा । उल्लेखनीय है कि 1980 में पंजाब के भूतपूर्व मंत्री जगजीत सिंह चौहान ने भी आनंदपुर साहब से 'नैशनल कौंसिल आफ खालिस्तान' के गठन की घोषणा की थी, यद्यपि वह देश छोड़ गये थे ।

विज्ञप्ति में कहा गया-16 उग्रवादी संगठनों के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

हालात 1975 जैसे, लेकिन आपात्काल की घोषणा आसान नहीं होगी : अडवानी

इन्दौर, 7अक्तूबर : भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष और सांसद लालकृष्ण अडवानी ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक हालात सन् 1975 जैसे हैं, लेकिन राजीव सरकार के लिए औपचारिक रूप से 'आपात्काल' की घोषणा करना आसान नहीं होगा ।

श्री अडवानी ने संवाददाताओं से कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के कार्यकाल में सन् 1975 के दौरान गुजरात राज्य को छोड़कर शेष प्रदेशों में कांग्रेस सरकारें थीं परन्तु इस समय 12 राज्यों में विपक्षी दलों की निर्वाचित सरकारों की वजह से प्रधानमंत्री राजीव गांधी उतनी आसानी से 'आपात्काल' लागू नहीं कर सकेंगे । इसलिए श्री गांधी अन्य अधिनायकवादी कानूनों का अधिकाधिक सहारा लेकर देश में चारों ओर सरकार के प्रति उफनते असंतोष को दबाने का प्रयास कर सकते हैं । इस बारे में उन्होंने पिछले दिनों इंडियन एक्सप्रैस समाचार पत्र समूह पर मारे गए छापों का उल्लेख भी किया ।

श्री अडवानी ने कहा कि वर्तमान राजीव सरकार के हालात वैसे ही हैं जैसे सन् 1975 में श्रीमती इंदिरा गांधी के समय थे । फेयरफैक्स, बोफोर्स तोप और जर्मन पनडब्बी खरीद मामलों में भ्रष्टाचार उजागर हो गया है । इन मामलों को हालांकि किसी अदालत अथवा आयोग ने 'सिद्ध' नहीं पाया है पर जनता इसे प्रमाणित ही मान रही है ।

किया जाएगा ।

उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दलबदल कानून में संशोधन करने के प्रस्तावों पर विचार करने पर तीव्र आपत्ति की । उन्होंने कहा कि दलबदल विधेयक के मूल प्रस्ताव में किसी दल से निष्कासित सांसद अथवा विधायक की सदस्यता समाप्त करना शामिल था, लेकिन विपक्ष के कड़े विरोध के कारण सरकार ने उसे वापस ले लिया था लेकिन अब संशोधन द्वारा ऐसा प्रावधान करना कि दल से निष्कासन की अवस्था में सांसद या विधायक की सदस्यता खत्म हो जाए सत्तारूढ़ कांग्रेस (इ) की राजनीतिक विकृति होगी ।

श्री अडवानी ने चुनाव प्रणाली में संशोधन के लिए केंद्र सरकार से मांग की है कि वह आम सहमति के मुद्दों और चुनाव आयोग की सिफारिशों को लागू करें । मतदान की उम्र 18 वर्ष की जाए ।

पंथक कमेटी सरबत खालसा बुलाने की अधिकारी नहीं : ढींढसा

सुनाम, 7 अक्तूबर (नागपाल) : एकीकृत अकाली दल के महामंत्री श्री सुखदेव सिंह ढींढसा ने

अपने विधानसभा क्षेत्र के 13 देहात के दौरे के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सुखे

दिवराला सती कांड के व पुलिस अधीक्षक दो

जयपुर, 7 अक्तूबर (वार्ता): केन्द्रीय गुप्तचर विभाग ने दिवराला (सीकर) में हुए सती कांड के लिए तत्कालीन जिलाधीश तथा पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदार ठहराया है । विभागीय सूत्रों के अनुसार इन अधिकारियों ने इतने भयंकर कांड को लेकर राज्य सरकार को न केवल अंधेरे में रखा, अपितु अपनी तरफ से भी कोई ऐसी कार्रवाई नहीं की है, जिससे इस मामले को तूल पकड़ने से रोका जा सके । केन्द्र को प्रेषित अपनी विस्तृत रिपोर्ट में गुप्तचर विभाग के अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि यदि इन अधिकारियों की प्रशासन पर पकड़ होती तो इस कांड को रोका जा सकता था ।

रिपोर्ट के अनुसार अकेले दिवराला गांव में जो सरकारी मशीनरियां कार्यरत हैं, जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जलदाय विभाग, पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग शामिल है । रिपोर्ट के अनुसार इन मशीनरियों से जुड़े अधिकतर लोग घटना के समय गांव में मौजूद थे तथा उन्हें घटना की जानकारी थी, किन्तु उन्होंने पुलिस या उच्चाधिकारियों को उसकी सूचना देना ज़रूरी नहीं समझा । रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से कुछ लोग हाज़िरी रजिस्टरों पर अवकाश अंकित कर सीकर भाग गए, जहां उन्होंने मैडिकल सर्टिफ़िकेट बनवाए । रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां तक पुलिस का सवाल है, निकवटर्ती पुलिस चौकी को भी इसकी सूचना 4 सितम्बर को

Punjabi Sanatani



अमृतसर ज़िले के लोपोके थानांतर्गत गांव बोपाराय में उग्रवादियों द्वारा 4 लोगों की हत्याएं कर दी गईं । चित्रों में (1) मृतक भगवान दास, (2) मृतक पुरुषोत्तम दास, (3) मृतक परमजीत और (4) मृतक विनोद कुमार के शव, (5) किरयाना की दुकान में फैला खून, (6) चौक में फैला खून, (7 से 10) मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के बिलखते सदस्य, (11) जिस घर के सामने वारदात हुई, (12) परिजनों की लाशों के पास बिलखता एक प्रौढ़, (13) अमृतसर से चौगावां क्षेत्र में बैहडकलां के पास जहां मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया, (14) मृत उग्रवादी । (छाया : ओम भंडारी)

Punjabi Sanatani



खन्ना में गत रात्रि गोली कांड में घायल श्री राम । उसके शरीर पर छर्रों के 41 घाव हैं । (छाया : शर्मा स्टूडियो)

उस्मानवाला मरा
(पृष्ठ 3 का शेष)

है । इस पर जब पुलिस बस की तलाश में रवाना हुई तो उसे रास्ते में सुखदेव राज का शव मिला ।

ट्रक पर फायरिंग

एक सूचना के अनुसार तरनतारन-भिक्खीविंड रोड पर की इस घटना में उपरोक्त ट्रक पर कई लोग सवार थे और 10 उग्रवादियों के गिरोह ने ट्रक पर भी फ़ायरिंग की थी, जिसकी सूचना ट्रक चालक ने भिक्खीविंड थाने को दी ।

किसान की हत्या

आज शाम तरनतारन सब-डिवीजन के गांव सेरों में तीन उग्रवादियों ने एक किसान कश्मीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि वह फायरिंग में सख्त घायल हुआ था तथा अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ गया ।

2 की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस के हवाले से मिली सूचना के अनुसार दो उग्रवादियों ने जिले के बलटोहा कस्बे में दर्शन सिंह नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी तथा लखविंदर सिंह को घायल कर दिया । तरनतारन थाने के पखोपर गांव में एक भूतपूर्व सैनिक तीर्थ सिंह की तेज़ धार वाले हथियार से हत्या कर दी गई । पुलिस ने बताया कि घटना उस समय हुई जब तीर्थ सिंह, उनका पुत्र और नौकर अपने फ़ार्म हाऊस में सो रहे थे । पुलिस को यह आपसी रंजिश का मामला लगता है।

भिडरां का गनमैन गिरफ्तार

मोगा (बांसल): फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ़ मोगा ने कल रात नौ बजे मोगा-बुकनवाला रोड पर दो आतंकवादियों इन्द्रजीत सिंह (बी श्रेणी), मौज़ा बुट्टर मोगा सब-डिवीजन तथा भूपिन्दर सिंह पुत्र गुरदर्शन सिंह मोगा को गिरफ्तार किया है । पहले उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोली चलाई तथा फिर जवाबी फ़ायरिंग पर भाग खड़े हुए । पुलिस पार्टी ने पीछा करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया । इन्द्रजीत सिंह से 32 बोर का रिवाल्वर, 6 कारतूस जबकि भूपिन्दर सिंह से .315 बोर का पिस्तौल व पांच कारतूस बरामद हुए । इन्द्रजीत सिंह ने स्वीकार किया कि वह भिडरांवाले का गनमैन व निकट साथी था तथा ब्लू स्टार आप्रेशन के बाद पाकिस्तान भाग गया था ।

पाकिस्तान में वह कसूर, फ़ैसलाबाद तथा लाहौर में दूसरे सिख युवकों के साथ एक वर्ष तक ट्रेनिंग लेता रहा है । उनको शहाबुद्दीन भट्टी तथा मेजर अकबर खां ट्रेनिंग देते रहे हैं । उसने बताया कि सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन के गुरजीत सिंह, केवल सिंह तथा इन्द्रपाल सिंह व सुखदेव सिंह बब्बर आमतौर पर कसूर, फ़ैसलाबाद तथा लाहौर आते रहते थे । वह इन ट्रेनिंग कैम्पों में आते तथा कहते कि ट्रेनिंग के बाद भारत वापस जाकर एक ही समुदाय के लोगों की हत्या करनी है । हो सके तो पुलिस कर्मचारियों को भी मारना है । इस आतंकवादी ने रहस्योद्घाटन किया कि ट्रेनिंग के बाद हथियार लेकर वह वापस भारत आ गया । उसने बताया कि 1986 में उसने खालसा कालेज अमृतसर में एक पुलिस इंस्पैक्टर जरनैल सिंह की हत्या की थी और उसके साथी कर्मचारियों को घायल किया था । उन्होंने जोधपुर जेल से लाए गए एक आतंकवादी को छुड़ाने की कोशिश की थी । 9 जनवरी को उन्होंने मौज बुट्टर में सुभाष चन्द्र को घायल किया । उसने सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन के साथ अपने सम्पर्क का भी रहस्योद्घाटन किया और कहा कि गुरजीत सिंह ने उसको एरिया कमांडर नियुक्त किया था तथा उसको निर्देश दिया था कि अन्य सिख युवकों को भी कमांडो फ़ोर्स में भर्ती किया जाए । इन्द्रजीत सिंह व भूपिन्दर सिंह ने बताया कि उन्होंने दो मास पहले बकनवाला के मुख्तार सिंह की यह कहकर हत्या कर दी थी कि वह पुलिस का मुखबिर है । वह इसके दो और आदमियों को भी मारने जा रहे थे कि पकड़े गए । श्री गोबिन्द राम ने बताया कि भूपिन्दर सिंह नया रंगरूट मालूम होता है ।



सेहत, तंदरुस्ती, पेशाब, बवासीर, शूगर का पक्का इलाज और हर प्रकार के नशे छोड़ो ।

डा. बलविन्दर सिंह वालिया,
खानदानी डाक्टर पट्टी वाले
सामने बस स्टैंड,
नज़दीक संगम सिनेमा, अमृतसर ।

घायल करके एक लाख लूटे

आज प्रातः साढ़े दस बजे मोगा की नई अनाज मंडी में दो आतंकवादी पैदल ही आए तथा मैसर्ज़ गंगाराम सोहन लाल फ़र्म के कच्चा आढ़ती कृष्ण लाल पर पिस्तौल से गोलियां चला कर उसे सख्त घायल कर दिया । वे उससे एक लाख रुपए से अधिक की राशि लूटकर फ़रार हो गए । कृष्ण लाल के पेट में गोलियां लगी हैं तथा वह बेहोश है । उसे सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में भेजा गया है । सरकारी तौर पर बताया गया है कि हमलावर तीन थे और वे एक जीप पर सवार होकर आए थे । जीप को मंडी से बाहर थोड़ी दूरी पर खड़ी करके एक व्यक्ति उसके पास ठहर गया और शेष दो मंडी में दाखिल हो गए । रुपए लूटने के बाद वे भागे तथा जीप पर सवार होकर फ़रार हो गए । एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम अचानक यहां आए हुए थे । वारदात की सूचना मिलते ही वह घटनास्थल पर पहुंच गए तथा अब अभियुक्तों की तलाश कर रही पुलिस पार्टियों का नेतृत्व कर रहे हैं ।

ठीकरी पहरा

जिला मैजिस्ट्रेट श्री भूपेन्द्र सिंह सिद्धू ने जिला में रेलवे लाइनों, सरकारी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए इस मास के अन्त तक ठीकरी पहरा लगाने का आदेश दिया है । जिला में स्थिति में 'सुधार' के दृष्टिगत सिनेमा घरों को रात नौ बजे से आधी रात तक शो चलाने की अनुमति दे दी गई है । जिला पुलिस चीफ तथा जिला मैजिस्ट्रेट ने लोगों से कहा है कि वे अफ़वाहों से खबरदार रहें और आतंकवादियों का मिलकर मुकाबला करें । उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की पर्याप्त गश्त तथा लोगों को आत्म रक्षा के लिए उदारतापूर्वक हथियारों के लाइसैंस देने का विश्वास दिलाया ।

सहायता राशि घोषित

होशियारपुर (अश्विनी कपूर): गत रात्रि उग्रवादियों के हाथों मारे गए रौंडियां तथा भट्टियां ब्राह्मणां के आध दर्जन लोगों के शवों के पोस्टमार्टम आज स्थानीय सिविल अस्पताल में डाक्टरों की तीन टीमों ने किए । पोस्टमार्टम के समय दोनों ग्रामों के लोग भारी संख्या में सिविल अस्पताल में मौजूद थे । होशियारपुर के जिलाधीश श्री जी.एस. संधू ने आज प्रातः ग्राम में जाकर उग्रवादियों के हाथों मारे गए लोगों के परिवारों के साथ भेंट करके सभी मृतकों के परिवारों को बीस-बीस हजार रुपए की सहायता तथा परिवार में एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की ।

बिजली बंद हो गई

उग्रवादियों के हाथों घायल हुए श्री बनारसी दास ने इस सम्वाददाता को बताया कि इस घटना से पहले सारे ग्राम में बिजली बंद थी, जब उग्रवादी ग्राम में दाखिल हुए तो बिजली पुनः चालू हो गई । उन्होंने बताया कि उग्रवादी, जो स्टेनगनों तथा राइफलों से लैस थे, गंदी गालियां निकाल रहे थे । घटनास्थल से 303, 9 एम.एम व .12 बोर के खाली कारतूस भारी संख्या में बरामद हुए हैं

तीन अभियुक्त नामज़द

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस गोली कांड में शामिल पांच उग्रवादियों में से तीन जसबीर सिंह उर्फ़ लाली, परमजीत सिंह उर्फ पम्मा तथा परमजीत सिंह उर्फ़ फ़ौजी घटना की एफ.आई.आर. में नामज़द किए गए हैं । उग्रवादियों ने इस घटना में जिस ट्रैक्टर का इस्तेमाल किया, उसे उग्रवादियों ने 5-6 अक्तूबर की रात्रि के मध्य जियान ग्राम के गुरुद्वारा अंगीठां साहब के संत उजागर सिंह के खेतों से चोरी किया था ।

जिला पुलिस तथा अर्ध सैनिक बलों की तरफ से आज प्रातः से थाना सदर के अन्तर्गत चन्नेवाल, हंदोवाल चो, लैहली कलां ग्राम की झिड़ी तथा कुछ अन्य स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं ।

कल जिला होशियारपुर में मारे गए सभी 6 व्यक्तियों का आज बाद दोपहर अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

मृतकों की संख्या अधिक होती यदि...

'वार्ता' के अनुसार कल रात जिला होशियारपुर में 6 व्यक्तियों की हत्या में 'खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स' का हाथ होने का संदेह है । मरने वालों में एक 70 वर्षीय नेत्रहीन तथा एक महिला शामिल थी । सूत्रों ने बताया कि यदि गांव में एक भूतपूर्व सैनिक ने फ़ायरिंग न की होती तो ज्यादा लोगों की हत्या की जा सकती थी । होशियारपुर के जिलाधीश ने इस भूतपूर्व सैनिक को 5,000 रुपए का इनाम देने की घोषणा की है । उसके नाम को सुरक्षा कारणों से गोपनीय रखा गया है ।

9 गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): जिला पुलिस ने सितम्बर मास के दौरान नौ संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन 'बी' श्रेणी के हैं । इनसे तीन रिवाल्वर, तीन पिस्तौल, 26 कारतूस तथा तीन चाकू मिले । जिला पुलिस चीफ़ श्री भट्टी ने आज कहा कि यह लोग हत्या सहित अनेक अपराधों में संलिप्त थे ।

श्री भट्टी ने इस आरोप का खंडन किया कि भाजपा नेता जितेन्द्र पासी के हत्यारे क्षेत्र में घूम रहे हैं । उन्होंने कहा कि श्री पासी की हत्या में दो व्यक्तियों को नामज़द किया गया था, जिनमें से एक अमृतसर जिला में मारा गया है जबकि दूसरे को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा ।

श्री भट्टी ने बताया कि जिला कपूरथला की फगवाड़ा सब डिवीजन में विभिन्न वारदातों में लूटे गए लगभग 1,94,000 रुपए आतंकवादियों से बरामद किए गए हैं ।

गिरफ्तार आतंकवादी वरिन्द्र सिंह (कस्सो चाहल), रंजीत सिंह राणा, सुखदेव सिंह (कस्सो चाहल), मुखविंद्र सिंह (सैयदपुर), रसाल सिंह (बह), साधू सिंह (टिब्बा), कुलवन्त सिंह (डडविंडी), शिंगारा सिंह (रूपवाल), हरबंस सिंह (शेखमांगा) हैं । श्री भट्टी ने बताया कि श्री पासी के परिवार को धमकी भरा पत्र लिखने वाले नवयुवक राजीव आनन्द को गिरफ्तार कर लिया गया था । उससे तथा बताए गए दूसरे लोगों और एक लड़की से पूछताछ की गई है, परन्तु हत्या में उनका हाथ नहीं पाया गया है । इनका दुकानदारी के सम्बन्ध में आपसी झगड़ा था । उन्होंने कहा कि फगवाड़ा के क्षेत्र में एक ग्रंथी की ओर से एक व्यक्ति को घायल करने का केस आपसी झगड़े का मामला है । श्री भट्टी ने कहा कि गत दिनों जिला अमृतसर के गांव भिडर के निकट पुलिस के साथ भिड़ंत में मारा गया आतंकवादी बलविंद्र सिंह बाबा कपूरथला पुलिस को डी.एस.पी. श्री जरनैल सिंह बराड़ को घायल करने तथा गोलियां मारकर कपूरथला नगर में सात निर्दोष व्यक्तियों की हत्या के केस में वांछित था ।

आतंकवादी द्वारा आत्म-समर्पण

रोपड़ की खबर है कि एक खतरनाक 'बी' श्रेणी आतंकवादी विक्रमजीत सिंह ने रोपड़ जिला पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया है । मक्कोवाल के जसवन्त सिंह का पुत्र विक्रमजीत सिंह आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन से सम्बन्धित है तथा वह पंजाब रोडवेज़ की एक बस को जलाने, लूट व छीना झपटी की अनेक वारदातों में संलिप्त था ।

'दर्दी' के अनुसार अधिकारियों का कहना है कि चूंकि विक्रमजीत सिंह ने पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण किया है, अतः उसके साथ नर्मी का व्यवहार किया जाएगा । जिला पुलिस ने चोरों के एक गिरोह का भी सफ़ाया करने का दावा किया है तथा इसके तीन सदस्यों को गिरफ्तार करके उनसे 33,000 रुपए का चोरी का माल बरामद किया गया ।

घायल लुधियाना भेजे गए

खन्ना (पूर्ण चन्द): 6 अक्तूबर की रात को आठ बजे आतंकवादियों ने गोली मार कर जिन दो व्यक्तियों को घायल कर दिया था, उन दोनों कर्मचन्द तथा उसके लड़के श्रीराम को सिविल अस्पताल खन्ना से लुधियाना अस्पताल भेज दिया गया है । कर्मचन्द के माथे व बाजू पर गोलियों के तीन निशान हैं जबकि श्री राम की छाती पर गोली लगने के 41 व बाजू पर 6 निशान हैं । कर्मचन्द की हालत तो संतोषजनक है, परन्तु श्री राम की नाज़ुक है ।

निषेधाज्ञा बढ़ी

बटाला (कोछड़): जिला मैजिस्ट्रेट गुरदासपुर श्री डी.एस. कल्हा ने जिला भर में 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के इकट्ठे होने, जलूस निकालने आदि पर लगाई गई पाबंदी प्रथम दिसम्बर 1987 तक बढ़ा दी है ।

सरपंच घायल

बटाला से कोछड़ के अनुसार भैनी पटवाल ग्राम के सरपंच को उग्रवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया ।

स्कूटर छीन लिया

लुधियाना : आज बाद दोपहर फिरोज़पुर रोड पर एक संदिग्ध आतंकवादी ने एक व्यक्ति प्रितपाल सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी ने, जोकि पैदल ही था, प्रितपाल सिंह से कहा कि एक चोर का पीछा करने के लिए उसको स्कूटर की ज़रूरत है । जब उसने स्कूटर देने से इंकार किया तो आतंकवादी ने चाकू निकाल लिया तथा स्कूटर छीन कर फ़रार हो गया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बसंत दादा पाटिल इस्तीफा दें : शालिनी



शालिनी ताई

बम्बई, 7 अक्तूबर (टे.): राजस्थान के वर्तमान राज्यपाल तथा महाराष्ट्र के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री बसंत दादा पाटिल को उनकी पत्नी श्रीमती शालिनी ताई पाटिल ने सुझाव दिया है कि वह महाराष्ट्र की राजनीति में हस्तक्षेप जारी रखने की बजाय अपने पद से त्यागपत्र दे दें ।

श्रीमती पाटिल ने कहा कि वह पिछले तीन वर्षों से अपने पति से नहीं मिली हैं । उन्होंने कहा कि वह खुद यह अनुभव करती हैं कि श्री पाटिल द्वारा पार्टी हाईकमान को 'धमकियां' देते रहना अनुचित बात है । उन्होंने कहा कि श्री पाटिल को प्रतिष्ठापूर्ण तरीके से अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए । उन्हें राज्यपाल के पद पर रहते हुए महाराष्ट्र की राजनीति में टांग नहीं अड़ानी चाहिए । अगर वह महाराष्ट्र की राजनीति में आना ही चाहते हैं तो उन्हें पहले राजस्थान के राज्यपाल के पद से त्यागपत्र देना चाहिए ।

बैंक डकैती कांड के

राबुका की घोषणा गवर्नर जनरल द्वा

कैनबरा (आस्ट्रेलिया), 7 अक्तूबर (ए.पी.): फिजी के गवर्नर-जनरल रातु सर पेनइया गनिलाऊ ने अपने देश के फौजी नेता सितिवेनी राबुका की गणराज्य की घोषणा को स्वीकार करने से इंकार कर दिया है । यह जानकारी आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बाब हाक ने गनिलाऊ से टैलीफोन पर बात करने के बाद दी है । उधर आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड ने भी कर्नल राबका की घोषणा को स्वीकार करने से इंकार किया है और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री डेविड लांगे ने फिजी को दी जाने वाली सहायता में भी कमी करने की घोषणा की है ।

राष्ट्रकुल के महासचिव श्री एस. रामफल ने आज फिजी को गणतंत्र बनाने की घोषणा को अस्वीकार कर दिया ।

आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने गनिलाऊ से टैलीफोन पर बात करने के बाद बताया है कि फिजी के गवर्नर-जनरल ने अपने रुख से महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को भी अवगत करा दिया है । आस्ट्रेलिया के विदेशमंत्री ने फिजी से अपने राजनयिक स्तर में कमी लाने और न्यूजीलैंड ने सैनिक सहयोग का नवीनीकरण न करने की चेतावनी दी है ।

श्री हॉक ने बताया कि गनिलाऊ से उनकी टैलीफोन पर दूसरी बार वार्ता हुई है और वह शुक्रवार को राष्ट्रकुल सम्मेलन में भाग लेने के लिए

खालिस्तानी परिषद्
(पृष्ठ 3 का शेष)

एकत्रित हो जाने के बाद चार सिंह साहिबान के निर्देश पर 9 सितम्बर को 'खालिस्तान परिषद' का गठन किया गया था । कमेटी ने विदेश से 'परिषद' को हर संभव सहायता देने की अपील की है जिसके बारे कमेटी ने दावा किया कि वह 'स्वतंत्र सिख राज्य' की स्थापना के लिये संघर्ष कर रही है ।

विज्ञप्ति में विश्व भर के सिखों से भी 'परिषद' के समर्थन में खुल कर सामने आने का आह्वान किया गया । कमेटी की विज्ञप्ति के अनुसार परिषद का गठन उग्रवादी संगठनों जिनमें खालिस्तान कमांडो फोर्स, बब्बर खालसा, भिंडरांवाला टाईगर्स फोर्स आफ खालिस्तान, सिख छात्र संगठन (गरजीत), सिख बुद्धिजीवी और भूतपूर्व सैनिक शामिल हैं, से विचार-विमर्श के बाद किया गया ।

पंथक कमेटी ने पूरे सिख पंथ को नकली सिख संगठनों जिनमें अकाल तख्त के कार्यवाहक चीफ प्रोफैसर दर्शन सिंह भी शामिल हैं, से 'सतर्क' रहने के 'निर्देश' जारी किये । कमेटी ने आरोप लगाया कि ये तत्व खालिस्तान के घोषित उद्देश्य में बाधाएं उत्पन्न कर रहे हैं ।

विज्ञप्ति में घोषणा की गई कि अपने निर्धारित लक्ष्य से पीछे हटने वाले 'परिषद' के सदस्यों, यहां तक कि पूरी परिषद को 'सरबत खालसा' बुला कर भंग करने का पंथक कमेटी को अधिकार है । इस तरह 'परिषद' के सदस्यों को हटाने का अधिकार अपने पास रख कर पंथक कमेटी ने स्वयं को 'परिषद' से भी सर्वोच्च रखा है । उल्लेखनीय है कि पंथक कमेटी ने 29 सितम्बर को प्रैस कान्फ्रैंस में घोषणा की थी कि सिख पंथ के मार्ग दर्शन के लिये निश्चित व विशेष कार्यक्रम घोषित किया जाएगा ।

पंथक कमेटी द्वारा आज जारी विज्ञप्ति पर इसके सभी पांच सदस्यों गुरबचन सिंह मानोचहल, वस्सन सिंह, गुरदेव सिंह, दलबीर सिंह और दलविंदर सिंह के हस्ताक्षर हैं । 26 जनवरी, 1986 को स्वर्ण मंदिर परिसर में अकाल तख्त में हुए सरबत खालसा में यह कमेटी बनाई गई थी ।

विज्ञप्ति में सिखों पर हुए 'दमन का संक्षिप्त इतिहास' भी दिया गया । इसमें आप्रेशन ब्लू स्टार, नवम्बर के दंगे, फर्ज़ी मठभेड़ों में सिख युवकों को मारे जाने तथा स्वर्ण मन्दिर और अन्य सिख धार्मिक स्थलों में बार-बार पुलिस प्रवेश का उल्लेख किया गया है । एक महत्वपूर्ण बात यह है कि आज की घोषणा अमृतसर शहर के संस्थापक तथा चौथे सिख गुरु रामदास जी की वर्षगांठ से एक दिन पहले की गई है ।

विज्ञप्ति में कहा गया कि नई 'परिषद' अब राजनीतिक, आर्थिक, प्रशासनिक, सामाजिक और खालिस्तान के विदेशी मामले स्वयं देखेगी । 'खालिस्तान की धरती' से भारत के संविधान में विश्वास रखने वाले किसी संगठन व सरकार को काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

कमेटी ने सिखों से परिषद को समर्थन देने की अपील की ताकि 'खालिस्तान की धरती' से भारतीय ताकतों को निकाला जा सके । नई परिषद की 10 सूत्रीय कार्यप्रणाली का भी उल्लेख किया गया है ।

1. परिषद के 11 सदस्य हैं, जो बढ़ाए भी जा सकते हैं ।

2. इसके विश्वास का आधार गुरुग्रंथ साहब होगा, निर्देश अकाल तख्त से लेगी और इसके सदस्य 'अमृतधारी' व 'शस्त्रधारी' होंगे ।

3. परिषद सिख छात्र संगठन के माध्यम से 'खालिस्तान के शहीदों' का रिकार्ड रखेगी । ऐसे 'शहीदों का सम्मान अकाल तख्त पर बुलाए गए सरबत खालसा में होगा और उनके स्मारक उचित स्थान पर बनाए जाएंगे ।'

4. खालिस्तान प्राप्ति के संघर्ष को प्रमुखता देने के लिए परिषद तालमेल समिति गठित करेगी ।

5. भारतीय संविधान में विश्वास रखने वाले उग्रवादियों, सिख नेताओं और सिख संगठनों को परिषद का सदस्य नहीं बनाया जाएगा ।

FUJI Sangam

मुठभेड़ों में 4 आतंकवादी मारे गए : बटाला में बैंक लूटा गया

बंगा क्षेत्र में शव मिला : जिला संगरूर में पैट्रोल पम्प कर्मी घायल

2 लोगों की हत्याएं, झब्बाल थाने पर फायरिंग

चंडीगढ़, 8 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): गत रात्रि जिला अमृतसर में विभिन्न स्थानों पर मुठभेड़ों में 4 आतंकवादी मारे गए, जिनमें एक बरतफ़रशदा पुलिस कांस्टेबल भी शामिल है । बटाला में एक बैंक से लगभग 86000 रुपए लूटे गए । मोगा पुलिस ने दो कट्टर उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । बटाला सब-डिवीज़न में सरक्षा बलों ने गांवों में छानबीन तीसरे दिन भी जारी रखी । थाना बंगा के गांव लद्दियां में एक व्यक्ति की लाश मिली । धूरी-बरनाला रोड पर एक पैट्रोल पम्प कर्मचारी को घायल करके नगदी लूट ली गई । अमृतसर के घरेंडा क्षेत्र में एक किसान की हत्या कर दी गई व झब्बाल थाने पर फायरिंग की गई । होशियारपुर जिले में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

किसान की हत्या, 3 घायल

आज शाम जिला अमृतसर के सीमांत थाना घरेंडा के गांव मावा में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक किसान गरनाम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी तथा उसके परिवार के तीन सदस्यों को सख्त घायल कर दिया ।

आज सायं अमृतसर के बहादर नगर क्षेत्र में 2 उग्रवादियों ने एक स्कूटर सवार राजेन्द्र सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

थाने पर फायरिंग

आज रात्र अमृतसर खेमकरण रोड पर स्थित झब्बाल पुलिस थाने पर एक ट्रक पर सवार कई उग्रवादियों ने सायं 7.37 से 7.40 बजे तक अंधाधुंध फायरिंग की और फिर भारत पाक सीमा पर अटारी की ओर भाग गए । उग्रवादियों ने थाने के आगे ट्रक रोक कर फायरिंग की थी । सुरक्षा बलों द्वारा पीछा जारी है ।

4 आतंकवादी मारे गए

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिला के बाबा बकाला सैक्टर, अजनाला सैक्टर तथा सरहाली के क्षेत्र में गत रात्रि चार आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ों में मारे गए, जिनमें एक बरतफ़रशदा पुलिस कांस्टेबल गुरमेज सिंह भी शामिल है । यहां प्राप्त सूचना के अनुसार बाबा बकाला के डी.एस.पी. हरपाल सिंह की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार दो आतंकवादियों गुरमेज सिंह तथा बलदेव सिंह को पुलिस पार्टी गत रात हथियारों की बरामदगी के लिए कहीं लेकर जा रही थी, जबकि थाना ब्यास के क्षेत्र में चार-पांच आतंकवादियों ने गिरफ्तारशुदा आतंकवादियों को छुड़ाने के लिए पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया । काफी देर तक दोनों ओर से गोलियां चलती रहीं और दोनों आतंकवादी फ़ायरिंग की चपेट में आकर मारे गए । आज पुलिस के उच्च अधिकारी मौका देखने गए ।

सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के मध्य एक और भिड़ंत अजनाला सैक्टर में हुई, जहां अटारी-चौगावां बाईपास पर गांव शहरा के करीब रात 11.30 बजे सी.आर.पी. की गश्ती पार्टी पर हमला किया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों ओर से फ़ायरिंग हुई । एक आतंकवादी को मौका पर मरे हुए पाया गया, जिसके करीब .303 पिस्तौल, दो चले हुए कारतूस और एक कारामद कारतूस मिला । इसके अलावा .315 बोर के चले हुए कारतूस भी वहां पड़े पाए गए । मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

गत रात्रि थाना सरहाली के क्षेत्र में सी.आर.पी. की एक पार्टी के साथ गांव जौड़ा के करीब नहर के पुल के साथ नाकाबंदी के समय हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । उसके निकट एक 12 बोर की सिंगल बैरल गन मिली । उसका दूसरा साथी फ़रार हो गया ।

एस.एस.पी. श्री इजहार आलम ने बताया कि गुरमेज सिंह 'बी' श्रेणी का आतंकवादी था । वह सरकारी शस्त्रागार में से आतंकवादियों को हथियार सप्लाई किया करता था और बाबा बकाला के डी.एस.पी. श्री हरपाल सिंह की हत्या सहित दर्जनों हत्याओं में वांछित था ।

अधिकृत बयान

अधिकृत बयान में कहा गया है कि गुरमेज सिंह तथा बलदेव सिंह से पूछताछ के बाद एक खतरनाक आतंकवादी बलविंदर सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने छापा मारा था, जो कि खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के नेताओं में से एक था । बलविंदर सिंह सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया था । उक्त दोनों आतंकवादियों ने यह भी बताया था कि उनके कुछ साथी कमलजीत सिंह और निर्मल सिंह आदि कोट मेहताब गांव की मस्जिद में ठहरते हैं, अतः पुलिस व सुरक्षा कर्मी इन दोनों को साथ लेकर कोट मेहताब गए । जब वे मस्जिद के निकट पहुंचे तो वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । पुलिस व सुरक्षा बलों ने भी पोज़ीशनें लेकर फ़ायरिंग की । इसी दौरान दोनों गिरफ्तार-शुदा आतंकवादियों ने भागने की चेष्टा की, जिस पर पुलिस को उन पर गोली चलानी पड़ी और दोनों मारे गए, लेकिन मस्जिद में छिपे आतंकवादी भाग निकले । श्री इज़हार आलम ने बताया कि शहरा गांव में मारा गया आतंकवादी मेजर सिंह था, जो पांच निर्दोष व्यक्तियों की हत्या में संलिप्त था ।

बैंक लूटा

बटाला (कोछड़): आज लगभग 11.45 बजे

(शेष पृष्ठ 6 पर)

हड़ताल के 50वें दिन नर्सों द्वारा रैली

जालंधर, 8 अक्तूबर (क.): पंजाब के सरकारी अस्पतालों की नर्सों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज 50वें दिन में प्रवेश कर गई । आज स्थानीय सिविल अस्पताल में हड़ताली नर्सों की रैली हुई जिसे पंजाब नर्सिज एसोसिएशन की संघर्ष समिति की सदस्य श्रीमती सर्वजीत चीमा तथा शोभा सहोता व श्रीमती नरेंद्र सैनी ने सम्बोधित किया और सरकार के रवैये की कट आलोचना की ।

बाद में श्रीमती चीमा ने एक भेंट में इस बात को विडम्बना व एक आश्चर्य बताया कि पंजाब सरकार को नर्सों की वर्दी का भाव पता लगाने आदि के लिए पे-कमीशन दरकार है ।

उन्होंने कहा कि कुछ समय से स्वास्थ्य सचिव लोगों को यह बता रहे हैं कि नर्सों की वर्दी भत्ता तथा धुलाई आदि की मांगें पे-कमीशन को विचार के लिए सौंप दी गई हैं । हालांकि नर्सें वर्दी बनवाने तथा उसकी नियमित धुलाई की दरों में गत तीस वर्ष के दौरान कई गुणा वृद्धि हो गई है जिसे देखते हुए वह तीस वर्ष पूर्व निर्धारित 15 रुपए वर्दी भत्ता तथा दस रुपए धुलाई भत्ता में वृद्धि की मांग करती आ रही थीं । श्रीमती चीमा ने कहा कि यदि इन भत्तों के लिए साधारण मार्केट से कीमतों का पता लगाने की बजाए पे-कमीशन द्वारा छानबीन की जरूरत होती तो पहले पे-कमीशन इन दरों में कुछ न कुछ वृद्धि जरूर करते मगर यह भत्ते विचार के लिए सरकार के अधिकारियों के रहम पर रहे और आखिर सतत संघर्ष के बाद गत 22 मई को स्वयं स्वास्थ्य सचिव ने उनकी ये मांगें जायज स्वीकार करते हुए उन्हें मान लिया और दो मास में उन्हें लागू करने का लिखित विश्वास भी दिलाया ।

श्रीमती चीमा ने कहा कि मोड़ तब आया जब दो मास में उक्त मांगें लागू नहीं की गईं और नर्सों ने चरणबार संघर्ष शुरू कर दिया । इस पर स्वास्थ्य सचिव के झूठे अहंकार को चोट लगी और उन्होंने केवल नारी आधारित इस सेवा पर कुठाराघात करने का मन बना लिया और अपने आश्वासन से पीछे हट कर उनकी साधारण मूल्य वृद्धि की मांग को पे-कमीशन को भेज दिया जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है । उन्होंने राज्यपाल से अपील की कि वह इस तथ्य को जानें तथा स्वयं दखल देकर स्थिति को सम्भालें ।

पाक परमाणु तकनीक का उपयोग 'सैनिक सुरक्षा' के लिए करेगा : जिया

वाशिंगटन, 8 अक्तूबर : पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया उल हक ने कहा है कि परमाणु पाकिस्तान एक इस्लामिक राष्ट्र है इसीलिए अमरीका को डर है कि पाकिस्तान के यह तकनीक

राजनीतिक गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी

बीजिंग, 8 अक्तूबर (ए.पी.): भारत ने चीन को आश्वासन दिया है कि तिब्बतियों के धार्मिक गुरु दलाई लामा को भारत में राजनीतिक कार्यकलाप की अनुमति नहीं दी जाएगी । यह जानकारी चीन की सरकारी समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने दी है और

Punjab Sanatan

चार आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

बटाला के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र अमृतसर रोड पर स्थित मस्जिद वाली गली में यूनियन बैंक आफ़ इंडिया की ब्रांच से 5-6 सशस्त्र अज्ञात युवकों ने लगभग 75000 रुपए लूट लिए । बैंक के अन्दर गए ग्राहकों, बैंक कर्मचारियों तथा पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 11.45 बजे 5 अज्ञात युवक बैंक के अन्दर आए । उनमें से एक के पास स्टेनगन व शेष के पास रिवाल्वर थे । बैंक के गार्ड कुलदीप सिंह से उसकी बंदूक छीन कर तोड़ दी । इन सशस्त्र लुटेरों ने सभी लोगों को ज़मीन पर लेट जाने की चेतावनी दी । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार इन लूटे गए रुपयों में अधिकतर धन राशि बैंक की व शेष ग्राहकों का रुपया था ।

बताया जाता है कि इन लुटेरे उग्रवादियों में से एक युवक ने अपने साथियों से कहा कि यहां पांच व्यक्तियों की हत्या कर दो,लेकिन उसके साथियों ने उसे ऐसा करने से रोका तथा कहा कि हम बैंक लूटने आए हैं,लोगों की हत्या करने नहीं ।

इन लुटेरों ने बैंक में आए एक ग्राहक श्री सुशील कुमार के पैर पर कोई वज़नी चीज़ मार कर उसे घायल कर दिया । उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

उग्रवादी लुटेरे बाद में बाहर से बैंक का दरवाजा बंद करके भाग गए । कोई भी व्यक्ति यह नहीं बता पाया कि लुटेरे किस वाहन से बैंक लूटने आए थे और किस प्रकार वहां से भागे । घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । एक अन्य सूचना के अनुसार लूटी गई राशि 86,632 रुपए है ।

दोनों ओर से फ़ायरिंग

ह.स. के अनुसार बैंक लुटेरों का बी.एस.एफ़. की एक पार्टी ने पीछा किया तो वे गन्ने के खेत में जा छुपे । बी.एस.एफ़. ने खेत को घेर लिया तथा दोनों ओर से फ़ायरिंग होती रही । एक अन्य समाचार के अनुसार बी.एस.एफ़. की आतंकवादियों के साथ दो घंटे तक मुठभेड़ हुई । किसी भी ओर से किसी के हताहत होने का समाचार नहीं मिला ।

सुरक्षा बलों की ओर से बटाला सब-डिवीजन के गांवों में छानबीन आज तीसरे दिन भी जारी रही । अधिकृत सूत्रों के अनुसार मंगलवार को बटाला-जालन्धर रोड पर बी.एस.एफ़. की एक पार्टी पर घात लगाकर हमला किए जाने के बाद से अब तक 45 गांवों में छानबीन की जा चुकी है । यह मालूम नहीं हो सका कि क्या कोई व्यक्ति या हथियार पकड़े गए हैं ।

पिस्तौल ले गए

इसी बीच कल रात थाना डेरा बाबा नानक के गांव रस्सीके में चार उग्रवादी एक व्यक्ति गुरपाल सिंह से उसका .32 बोर पिस्तौल तथा कुछ कारतूस छीन कर ले गए ।

सरपंच बाल-बाल बचा

गुरदासपुर (बिनोद): गत रात्रि थाना काहनुवान के गांव भैणी पसवाल का सरपंच तथा उसका एक मित्र जब स्कूटर पर घर जा रहे थे तो कुछ आतंकवादियों ने उन पर गोली चलाई लेकिन वे बाल-बाल बच गए । सम्पर्क सड़क के साथ स्थित एक खेत में से गोलियां चलाए जाने के बाद सरपंच व उसका साथी स्कूटर छोड़ कर भाग निकले । सरपंच मनजीत सिंह व उसके मित्र रछपाल सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । पुलिस का ख्याल है कि यह हमला उग्रवादियों के उसी ग्रुप का काम है, जिसने 29 सितम्बर को निकटवर्ती गांव भैणी मीरबां में गोली चलाकर दो व्यक्तियों की हत्या की थी और एक स्त्री सहित दो अन्य को घायल किया था ।

कर्फ़्यू भत्ता देने की मांग

भारत-पाक सीमा पर स्थित लगभग 64 गांवों, जहां लगभग दो वर्ष से आतंकवाद के कारण रात्रि कर्फ़्यू चल रहा है, के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें कर्फ़्यू भत्ता दिया जाए क्योंकि इन गांवों में शाम सात बजे से सुबह छः बजे तक कर्फ़्यू रहता है जिस कारण यह लोग अपना काम-धंधा कहीं कर पा रहे और इनकी आर्थिक दशा खराब हो रही है । इन गांव वालों ने मांग की है कि इन गांवों के परिवारों के एक व्यक्ति को योग्यता-अनुसार नौकरी भी दी जाए ताकि यह अपना गुज़ारा चला सकें ।

पैट्रोल पम्प कर्मी घायल

संगरूर (गर्ग): आज दोपहर एक बजे के बाद यहां से लगभग 30 किलो मीटर दूर धूरी-बरनाला रोड पर थाना शेरपुर के मौज़ा बुल्लोवाल में स्कूटर सवार तीन आतंकवादियों ने पैट्रोल पम्प के कर्मचारी रामजी दास को गोली मारकर घायल कर दिया तथा नकदी लूट कर फ़रार हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार कर्मचारी ने उन्हें नकदी देने से इन्कार किया था । उच्चाधिकारी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे तथा सारे क्षेत्र की घेराबंदी करके जांच शुरू कर दी । पांच संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । बताया जाता है कि वारदात से कुछ देर पहले पैट्रोल पम्प का मालिक नकदी ले गया था तथा बहुत थोड़े पैसे वहां बचे थे ।

स्कूटर छीने

बरनाला (सिंधवानी): गत सायं गांव मनाल के निकट कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से नया स्कूटर छीन लिया । यह स्कूटर लड़की के विवाह में देने के लिए लाया गया था, जिसका अभी नम्बर भी अलाट नहीं हुआ था । धूरी से सिंगला के अनुसार बरनाला क्षेत्र में एक व्यक्ति मदन लाल का बजाज चेतक स्कूटर पी.सी.यू. 3091 दो संदिग्ध आतंकवादी छीन कर ले गए ।

स्कूटर छीन लिया

बस्सी पठानां (रुपाल): यहां से 13 किलो मीटर दूर सरहिन्द-चुन्नी रोड पर गांव रायपुर के निकट दो अज्ञात पिस्तौलधारी युवकों ने स्थानीय धोबी मुहल्ला के अशोक कुमार से सुबह साढ़े नौ बजे स्कूटर नं. पी.सी.पी. 485 छीन लिया और फ़रार हो गए ।

ए.एस.आई. जख्मी रिटायर

सुनाम (नागपाल): जिला पुलिस चीफ़ परमजीत सिंह संधु ने बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ़ मालेरकोटला के ए.एस.आई. स्वर्ण सिंह को जख्मी रिटायर कर दिया गया है । उसका रिकार्ड ठीक न होने के कारण यह कार्रवाई की गई । इसी तरह हवालदार गुरमीत सिंह को बर्खास्त कर दिया गया है । उस पर तस्करों से मिलीभगत का आरोप था ।

खोखा जलाया

राजपुरा (मासूम): गत रात्र गवर्नमैंट हाई स्कूल राजपुरा के बाहर महेन्द्रगंज के निकट रामचन्द का चाय, सिगरेट का खोखा किन्हीं व्यक्तियों ने जला दिया । पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया । हानि का अनुमान 4,000 रुपए लगाया गया है ।

उग्रवादी गिरफ्तार

पुलिस ने एक उग्रवादी देवेन्द्र सिंह उर्फ़ बिल्लू को गिरफ्तार किया है । उस पर हिन्दुओं को पलायन के लिए विवश करने तथा खालिस्तान समर्थक गतिविधियों का आरोप है ।

आढ़ती को एक गोली लगी थी

मोगा (बांसल): कल मोगा के एक कच्चा आढ़ती कृष्ण लाल पर हुए हमले के बारे में यह स्पष्टीकरण दिया गया है कि कृष्ण लाल को एक गोली लगी थी, जो कि मोगा के अस्पताल में ही निकाल दी गई । उसकी हालत अब संतोषजनक बताई गई है । उसको सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल नहीं कराया गया,जैसा कि पहले की खबरों में कहा गया था । यद्यपि लूटी गई रकम सरकारी तौर पर नहीं बताई गई,लेकिन कहा जाता है कि यह काफ़ी कम राशि थी । कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के एक प्रवक्ता ने बताया कि कल शुरू की गई हड़ताल किसानों के हित को देखते हुए समाप्त कर दी गई है ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

सर्वमित्र के अनुसार गत रात मोगा के डी.एस.पी. श्री मोहकम सिंह ने न्यू सिविल लाइन एरिया में संदिग्ध उग्रवादियों के छिपने के स्थानों पर छापे मारे तथा दो उग्रवादियों को एक मकान में से हथियारों सहित गिरफ्तार किया । गिरफ्तारी से पहले पुलिस ने फ़ायरिंग भी की । मकान की मालिक औरत को हिरासत में ले लिया गया है, पकड़े गए उग्रवादियों के नाम नहीं बताए गए,लेकिन कहा जाता है कि वे कट्टर आतंकवादी हैं । पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है ।

शव मिला

जालन्धर (ह.स.): आज बाद दोपहर जिला जालन्धर के थाना बंगा के गांव लहियां के निकट एक व्यक्ति का शव मिला, जिसकी पहचान नहीं हो सकी । शव पर तेज़धार हथियार के निशान हैं ।

मुकेरियां के पास हत्या

होशियारपुर (प्रद्युम्न सिंह): यहां से 60 किलोमीटर दूर तहसील मुकेरियां के गांव हेमां मांगट में आज सायं साढ़े सात और आठ बजे के बीच चार उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिससे एक व्यक्ति मलकियत सिंह मौके पर मारा गया जबकि रंजोध सिंह और बाली राम घायल हो गये । रंजोध को लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में और बाली राम को मुकेरियां अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

पता चला है कि उग्रवादियों ने पहले उच्ची बस्सी और मुकेरियां के बीच गौसपुर रेलवे फाटक नम्बर 99 के गेटमैन भट्टियां जट्टां के रंजोध सिंह को गोली मार कर घायल किया और फिर एम्मा मांगट गांव की ओर आए थे ।

पहले गांव रोड़ियां और भट्टीयां में उग्रवादियों ने जिन छः लोगों की हत्या की थी उसकी जिम्मेदारी भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स ने अपने ऊपर ली है । फोर्स के स्वयं भू लैफ्टिनैंट जनरल स्वर्णजीत सिंह ने एक बयान में कहा है कि यह हत्याएं अमृतसर में कलविंदर सिंह और प्रमट सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए की गई हैं ।

तीन उग्रवादियों की शिनाख्त जसबीर सिंह लाली, परमजीत सिंह पम्मा परमजीत सिंह बुलोवाल के रूप में की गई है ।

स्कूटर बरामद

होशियारपुर (प्रद्युम्न): टांडा पुलिस ने दो कथित उग्रवादियों बलविंदर सिंह तथा महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार करके उनसे महेन्द्र सिंह आफ़ रोडपुर का स्कूटर नम्बर एच.पी.सी. 1968 बरामद किया है ।

'संघी' के अनुसार चंडीगढ़ पुलिस ने सैक्टर 32 के एक ड्राईक्लीनर व एक मीट शाप के मालिक को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया ।

अंत्येष्टि

कल लोपोके थाना क्षेत्र के ग्राम बोपाराय कलां में मारे गए भगवान दास उसके बेटे विनोद कुमार, भाई पुरुषोत्तम लाल व उसके पुत्र परमजीत लाल की अंत्येष्टि के अवसर पर ग्राम के सभी 1200 हिंदू व सिख परिवार उपस्थित थे । ग्रामीण महिलाओं ने सुबकते हुए बताया कि ग्राम में पूरा भाईचारा था और कभी किसी तरह की कोई वारदात नहीं हुई थी । मृत लोग भी बहुत लोकप्रिय थे । कल की घटना की चार और विधवाओं ने दारुण दृश्य के बीच अपने पतियों की चिताओं पर अपने सुहाग की निशानी चूड़ियां तोड़ीं । विनोद की पत्नी श्रीमती रानी को उसके दो छोटे बच्चे सहारा दिए हुए थे जबकि परमजीत लाल की नवविवाहित गर्भवती विधवा पछाड़ें खा रही थी । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उग्रवादियों ने पहले बी.एस.एफ़. के डिवीजनल हैडक्वार्टर खासा में अपनी खाद व किरयाने की दुकानें बंद कर के लौट रहे कपिल देव व राकेश कुमार को रोक कर पिस्तौल की नोक पर उनसे धन व आभूषण मांगे । कपिल देव ने 3500 रु. उन्हें दे दिए व घर से आभूषण लाने का वायदा किया । घर के बाहर शोर सुनकर चारों शिकार बाहर आए तो उग्रवादियों ने उन्हें कतार में खड़ा करके उन्हें गोली मार दी । इसी बीच कपिल देव व राकेश कुमार वहां से भाग निकले तो उग्रवादियों ने पीछे से गोली चलाई जिससे राकेश कुमार घायल हो गया । फिर भी वे खेतों में जाकर छिप गए । बाद में महिलाओं की चीखें सुनकर भी वे डर के कारण घर नहीं लौटे । जब पुलिस आई तभी वे लौटे । पूरे ग्राम में कोई लाइसैंसी हथियार नहीं है । तीन लोगों के पास लाइसैंसी हथियार थे जो उन्होंने थाने में जमा कराए हुए हैं । उग्रवादियों ने बीस मिनट तक हत्याएं कीं और पैदल ही वहां से चले गए ।

जालन्धर शहरी इंका में दरार

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिन्होंने गत विधानसभा चुनावों में पार्टी के उम्मीदवारों का खुला विरोध किया । इसी प्रकार कुछ अन्य पदाधिकारी नियुक्त कराए हैं जो या तो पार्टी के सदस्य ही नहीं रहे या पार्टी का विरोध करते रहे हैं । इतना ही नहीं, श्री सहगल ने स्वर्गीय श्री गुरदयाल सैनी, जिन्होंने गत चुनाव में पार्टी से त्यागपत्र दे दिया था, के लड़के श्री हेमंत सैनी को सचिव मनोनीत करवाया है और यह सब नियुक्ति आपने की है ।

उन्होंने श्री बेअंत सिंह का ध्यान विशेष रूप से इस ओर दिलाया है कि श्री सहगल ने गत दिनों पार्टी की रसीद बुकों की बजाय अपने द्वारा छपवाई रसीद बुकों पर पार्टी फंड इकट्ठा किया जबकि असली रसीद बुकें खजांची श्री बावा के पास पड़ी हैं ।

श्री शर्मा के अनुसार ऐसी हालत में उनके लिए पार्टी में रहना कठिन है और वह समझते हैं कि पार्टी नेतृत्व पंजाब में भी कांग्रेस की दुर्दशा हरियाणा जैसी करवा कर छोड़ेगा ।

वी.पी.

(पृष्ठ 3 का शेष)

से शुरू की और वह जनता के सामने कोई ठोस कार्यक्रम नहीं रख सके । जनता अब उनकी बातों को अच्छी तरह समझ गई है ।

न्यूयार्क : न्यूयार्क टाइम्स को दी गई भेंटवार्ता में श्री वी.पी. सिंह ने कहा कि वे अपने राजनीतिक कदम की आलोचना की परवाह नहीं करते । इस समय तो भारत सरकार की विश्वसनीयता में गंभीर ह्रास है । भारत के मतदाता ईमानदारी व जिम्मेदारी, दोनों ही बातों पर अब बहुत जोर देते हैं । श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी से मेरा कोई व्यक्तिगत विरोध नहीं है । श्री गांधी के जन्मदिन पर मैंने उन्हें शुभकामनाएं भी भेजी थीं । उन्होंने कहा, भारत की जनता ने हमेशा उसी नेता को आदर्श माना है जिसमें देश के लिए त्याग करने की भावना हो । जिस नेता में इस भावना का अभाव हो, वह भारत में सफल नहीं हो सकता । श्री सिंह ने कहा कि हमें हैरत होती है कि सुदूर गांवों में झोंपड़ियों में रहने वाले लोग सारे हालात को किस खूबी से समझ लेते हैं । हमसे पहले "हमारा संदेश उन तक पहुंच जाता है ।" कांग्रेस से निष्कासित एक अन्य नेता अरुण नेहरू ने 'न्यूयार्क टाइम्स' को बताया कि वह और श्री गांधी लम्बे समय से साथ काम कर रहे थे । उन्होंने कहा, "दरअसल मूल बात यह है कि देशवासी परिवर्तन चाहते हैं ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

चिकित्सा

आयुर्वेदिक चमत्कार । हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत, तंदरुस्ती हासिल करके आनंदमयी जीवन व्यतीत करें तथा पोलियो, बालचर, बाल झड़ने, सीकरी, गंजेपन का खास इलाज । डाक्टर सत्यपाल बहल, चौक नीमवाला, लुधियाना-141008.

टैलीफोन

Wanted Telephone at Ludhiana. Contact : M/s. बधावा राम कृष्ण लाल, बारदाना मर्चेंट, लकड़ बाज़ार, लुधियाना । Phone No. : 23593.

कोचिंग

सातवीं, आठवीं नवीं फ़ेल शर्तिया व गारंटी से मैट्रिक पास करने के लिए हमें खुद मिलें–Metro College, Bazar Narsingdass (Near Majith Mandi), Amritsar. Phone-47664.

शिक्षा

बिना आठवीं मैट्रिक (पंजाब), इंटर (भोपाल) गारंटी से करें । गांधी मैमोरियल कालेज, यमुनानगर ।

मैट्रिक, इंटर, बी.ए., एम.ए., वैद्य विशारद, आयुर्वेद रत्न, R.M.P. गारंटी से करें । बी.एड., ला करें । गांधी मैमोरियल कालेज, यमुनानगर ।

बिना आठवीं मैट्रिक, दसवीं बिना गैप इंटर करें । मैट्रिक/प्रैप डायरैक्ट बी.ए. करें । मान्य R.M.P. डाक्टर बनने हेतु मिलें/लिखें–परीक्षा केंद्र राष्ट्रीय डिग्री कालेज, पुरानी सब्ज़ी मंडी, हिसार-125001.

अंग्रेज़ी, जर्मन, फ्रैंच, स्पेनिश सीखें । स्वयं मिलें : Ajanta School of Foreign Languages, Majitha Road, Amritsar.

किसी भी प्रकार का मैडिकल कोर्स या रजिस्ट्रेशन करवाने से पूर्व सलाह लें तथा चिकित्सा व स्वास्थ्य सम्बन्धी पुस्तकों का सूची-पत्र मुफ़्त मंगवाएं । मैडिकल हाऊस, 3653, कुतुब रोड, दिल्ली-6.

जे.बी.टी., बी.टी.सी., ओ.टी., बी.एड., पत्राचार, बिना प्रमाण पत्र मैट्रिक, दसवीं पास इंटर, मैट्रिक पास डायरैक्ट बी.ए. गारंटिड नवम्बर हेत । एच.पी. कालेज, गोहाना रोड, सोनीपत-131001 (हरियाणा)।

+1 प्लेस +2 करें (Arts, Science, Commerce) मैट्रिक, इंटर, B.A. Final (After Prep), वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न (केंद्र हमारा कालेज) R.M.P. Registration (Patna) 15 दिनों में । कीरती कालेज, कैलाश सिनेमा चौक, लुधियाना ।

R.M.P. (Valid) पटना 15 दिनों में करें । B.A.M.S. मैट्रिक के बाद पांच वर्ष में तथा R.M.P. के बाद एक वर्ष में करें । Guru Nanak College, Thana Chowk, Tanda.

मेंहदी

Special arrangement for Mehndi on Karva Chouth At Teena Beauty Parlour, 372, Adarsh Nagar, Jalandhar.

बिकाऊ

Fully Equipped Brick Kiln near Nangal-Bhoor on National Highway is for sale. Contact: Luxmi Watch Co., Dhangu Road, Pathankot. Phone : 20665.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 8.10.87 Rs. 60/- without trays. NECC Suggested Retail Price 8/- per Dozen.

आवश्यकता

डाक्टर की दुकान पर काम करने वाले लड़के/लड़की की ज़रूरत है । मिलें : Dr. S.L. Jaggi, New Railway Road, Arora Market, Jalandhar.

डी.ए.वी. सीनियर सैकेंडरी स्कूल, अमृतसर, आवश्यकता है एक जे.बी.टी. टीचर की, ग्रेड 480/880, तुरन्त आवेदन करें –प्रिंसीपल ।

डाक्टर G.A.M.S. या M.B.B.S., एक स्टाफ नर्स (A.N.M.) दसवीं पास काम सीखने के चाहवान लड़के/लड़कियां और टीवारी पेंटर मंगलवार 13.10.87 सुबह 10 बजे मिलें : डा. बलविंदर सिंह बालिया, सामने बस स्टैंड, अमृतसर ।

20 वैल्डरों तथा 10 फ़िटरों की आवश्यकता है । शीघ्र मिलें : सोनालिका फैक्टरी, इंडस्ट्रीयल एरिया, जालंधर रोड, होशियारपुर ।

हमें खरादियों और फ़िटरों की ज़रूरत है । तनख़ाह 600/- से 800/- रु.तक, 7 दिन के अंदर मिलें । पता : Gupta Mfg. Co., 3 Sodal Nagar, Jalandhar. Phone : 75465.

Applications from male/female candidates are invited for the post of Principal in Bal Vikas Air Force School, Pathankot in pay scale of Rs. 850-50-1300-60-1500. Essential Qualifications : M.A./M.Sc., B.Ed. with five years teaching and 3 years administrative experience. Higher pay may be considered on merit. Apply to Chairman, Management Committee by 15 Oct. 87.

Wanted Assistant for Chemist shop immediately. Contact : Kamal Medicine Centre, Industrial Area, Opp. Bank of India, Jalandhar City.

जनता की मांग पर
आज से–
संगीत-लुधियाना
रोज़ाना 4 शो

जय माता दी
मेरे दुश्मन तू मेरी दोस्ती को तरसे...
जुबली निर्माता J. Om Parkash
का सिल्वर जुबली शाहकार
आये दिन बहार के

100 सप्ताह चलने वाली
आज से :
नवल-पानीपत में
10 सुपरहिट गानों के साथ

जनता की पुरज़ोर मांग पर
एक बार फिर
दो रास्ते

जनता
आज से :
खुशबू

चार आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

बटाला के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र अमृतसर रोड पर स्थित मस्जिद वाली गली में यूनियन बैंक आफ़ इंडिया की ब्रांच से 5-6 सशस्त्र अज्ञात युवकों ने लगभग 75000 रुपए लूट लिए । बैंक के अन्दर गए ग्राहकों, बैंक कर्मचारियों तथा पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 11.45 बजे 5 अज्ञात युवक बैंक के अन्दर आए । उनमें से एक के पास स्टेनगन व शेष के पास रिवाल्वर थे । बैंक के गार्ड कुलदीप सिंह से उसकी बंदूक छीन कर तोड़ दी । इन सशस्त्र लुटेरों ने सभी लोगों को ज़मीन पर लेट जाने की चेतावनी दी । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार इन लूटे गए रुपयों में अधिकतर धन राशि बैंक की व शेष ग्राहकों का रुपया था ।

बताया जाता है कि इन लुटेरे उग्रवादियों में से एक युवक ने अपने साथियों से कहा कि यहां पांच व्यक्तियों की हत्या कर दो,लेकिन उसके साथियों ने उसे ऐसा करने से रोका तथा कहा कि हम बैंक लूटने आए हैं,लोगों की हत्या करने नहीं ।

इन लुटेरों ने बैंक में आए एक ग्राहक श्री सुशील कुमार के पैर पर कोई वज़नी चीज़ मार कर उसे घायल कर दिया । उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

उग्रवादी लुटेरे बाद में बाहर से बैंक का दरवाजा बंद करके भाग गए । कोई भी व्यक्ति यह नहीं बता पाया कि लुटेरे किस वाहन से बैंक लूटने आए थे और किस प्रकार वहां से भागे । घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । एक अन्य सूचना के अनुसार लूटी गई राशि 86,632 रुपए है ।

दोनों ओर से फ़ायरिंग

ह.स. के अनुसार बैंक लुटेरों का बी.एस.एफ़. की एक पार्टी ने पीछा किया तो वे गन्ने के खेत में जा छुपे । बी.एस.एफ़. ने खेत को घेर लिया तथा दोनों ओर से फ़ायरिंग होती रही । एक अन्य समाचार के अनुसार बी.एस.एफ़. की आतंकवादियों के साथ दो घंटे तक मुठभेड़ हुई । किसी भी ओर से किसी के हताहत होने का समाचार नहीं मिला ।

सुरक्षा बलों की ओर से बटाला सब-डिवीजन के गांवों में छानबीन आज तीसरे दिन भी जारी रही । अधिकृत सूत्रों के अनुसार मंगलवार को बटाला-जालन्धर रोड पर बी.एस.एफ़. की एक पार्टी पर घात लगाकर हमला किए जाने के बाद से अब तक 45 गांवों में छानबीन की जा चुकी है । यह मालूम नहीं हो सका कि क्या कोई व्यक्ति या हथियार पकड़े गए हैं ।

पिस्तौल ले गए

इसी बीच कल रात थाना डेरा बाबा नानक के गांव रस्सीके में चार उग्रवादी एक व्यक्ति गुरपाल सिंह से उसका .32 बोर पिस्तौल तथा कुछ कारतूस छीन कर ले गए ।

सरपंच बाल-बाल बचा

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि थाना काहनूवान के गांव भैणी पसवाल का सरपंच तथा उसका एक मित्र जब स्कूटर पर घर जा रहे थे तो कुछ आतंकवादियों ने उन पर गोली चलाई लेकिन वे बाल-बाल बच गए । सम्पर्क सड़क के साथ स्थित एक खेत में से गोलियां चलाए जाने के बाद सरपंच व उसका साथी स्कूटर छोड़ कर भाग निकले । सरपंच मनजीत सिंह व उसके मित्र रछपाल सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । पुलिस का ख्याल है कि यह हमला उग्रवादियों के उसी ग्रुप का काम है, जिसने 29 सितम्बर को निकटवर्ती गांव भैणी मीरवां में गोली चलाकर दो व्यक्तियों की हत्या की थी और एक स्त्री सहित दो अन्य को घायल किया था ।

कर्फ़्यू भत्ता देने की मांग

भारत-पाक सीमा पर स्थित लगभग 64 गांवों, जहां लगभग दो वर्ष से आतंकवाद के कारण रात्रि कर्फ़्यू चल रहा है, के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें कर्फ़्यू भत्ता दिया जाए क्योंकि इन गांवों में शाम लगभग 7 बजे से सवेर छः बजे तक कर्फ़्यू रहता है जिस कारण यह लोग अपना काम-धंधा कहीं कर पा रहे और इनकी आर्थिक दशा खराब हो रही है । इन गांव वालों ने मांग की है कि इन गांवों के परिवारों के एक व्यक्ति को योग्यता-अनुसार नौकरी भी दी जाए ताकि यह अपना गुज़ारा चला सकें ।

पैट्रोल पम्प कर्मी घायल

संगरूर (गर्ग): आज दोपहर एक बजे के बाद यहां से लगभग 30 किलो मीटर दूर धूरी-बरनाला रोड पर थाना शेरपुर के मौज़ा बुल्लोवाल में स्कूटर सवार तीन आतंकवादियों ने पैट्रोल पम्प के कर्मचारी रामजी दास को गोली मारकर घायल कर दिया तथा नकदी लूट कर फ़रार हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार कर्मचारी ने उन्हें नकदी देने से इन्कार किया था । उच्चाधिकारी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे तथा सारे क्षेत्र की घेरेबंदी करके जांच शुरू कर दी । पांच संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । बताया जाता है कि वारदात से कुछ देर पहले पैट्रोल पम्प का मालिक नकदी ले गया था तथा बहुत थोड़े पैसे वहां बचे थे ।

स्कूटर छीने

बरनाला (सिधवानी): गत सायं गांव मनाल के निकट कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से नया स्कूटर छीन लिया । यह स्कूटर लड़की के विवाह में देने के लिए लाया गया था, जिसका अभी नम्बर भी अलाट नहीं हुआ था । धूरी से सिंगला के अनुसार बरनाला क्षेत्र में एक व्यक्ति मदन लाल का बजाज चेतक स्कूटर पी.सी.यू. 3091 दो सशस्त्र आतंकवादी छीन कर ले गए ।

स्कूटर छीन लिया

बस्सी पठाना (रूपाल): यहां से 13 किलो मीटर दूर सरहिन्द-चन्नी रोड पर गांव रायपुर के निकट दो अज्ञात पिस्तौलधारी युवकों ने स्थानीय धोबी मोहल्ला के अशोक कुमार से सवा साढ़े नौ बजे स्कूटर नं. पी.सी.पी. 485 छीन लिया और फ़रार हो गए ।

ए.एस.आई. जख्मी रिटायर

सुनाम (नागपाल): जिला पुलिस चीफ़ परमजीत सिंह संधु ने बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ़ मालेरकोटला के ए.एस.आई. स्वर्ण सिंह को जख्मी रिटायर कर दिया गया है । उसका रिकार्ड ठीक न होने के कारण यह कार्रवाई की गई । इसी तरह हवालदार गुरमीत सिंह को बर्खास्त कर दिया गया है । उस पर तस्करों से मिली भगत का आरोप था ।

खोखा जलाया

राजपुरा (मासूम): गत रात गवर्नमैंट हाई स्कूल राजपुरा के बाहर महेन्द्रगंज के निकट रामचन्द का चाय, सिगरेट का खोखा किन्हीं व्यक्तियों ने जला दिया । पड़ौसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया । हानि का अनुमान 4,000 रुपए लगाया गया है ।

उग्रवादी गिरफ्तार

पुलिस ने एक उग्रवादी देवेन्द्र सिंह उर्फ़ बिल्ल को गिरफ्तार किया है । उस पर हिन्दुओं को पलायन के लिए विवश करने तथा खालिस्तान समर्थक गतिविधियों का आरोप है ।

आढ़ती को एक गोली लगी थी

मोगा (बांसल): कल मोगा के एक कच्चा आढ़ती कृष्ण लाल पर हुए हमले के बारे में यह स्पष्टीकरण दिया गया है कि कृष्ण लाल को एक गोली लगी थी, जो कि मोगा के अस्पताल में ही निकाल दी गई । उसकी हालत अब संतोषजनक बताई गई है । उसको सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल नहीं कराया गया,जैसा कि पहले की खबरों में कहा गया था । यद्यपि लूटी गई रकम फोर्स के स्वयं भू लैफ्टिनैंट जनरल स्वर्णजीत सिंह ने एक बयान में कहा है कि यह हत्याएं अमृतसर में कुलविंदर सिंह और प्रगट सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए की गई हैं ।

तीन उग्रवादियों की शिनाख्त जसबीर सिंह लाली, परमजीत सिंह पम्मा परमजीत सिंह बुल्लोवाल के रूप में की गई है ।

स्कूटर बरामद

होशियारपुर (प्रद्युम्न): टांडा पुलिस ने दो कथित उग्रवादियों बलविंदर सिंह तथा महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार करके उनसे महेन्द्र सिंह आफ़ रोडपुर का स्कूटर नम्बर एच.पी.सी. 1968 बरामद किया है ।

'संधी' के अनुसार चंडीगढ़ पुलिस ने सैक्टर 32 के एक ड्राईक्लीनर व एक मीट शाप के मालिक को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया ।

अंत्येष्टि

कल लोपोके थाना क्षेत्र के ग्राम बोपाराय कलां में मारे गए भगवान दास उसके बेटे विनोद कुमार, भाई पुरुषोत्तम लाल व उसके पुत्र परमजीत लाल की अंत्येष्टि के अवसर पर ग्राम के सभी 1200 हिंदू व सिख परिवार उपस्थित थे । ग्रामीण महिलाओं ने सुबकते हुए बताया कि ग्राम में पूरा भाईचारा था और कभी किसी तरह की कोई वारदात नहीं हुई थी । मृत लोग भी बहुत लोकप्रिय थे । कल की घटना की चार और विधवाओं ने दारुण दृश्य के बीच अपने पतियों की चिताओं पर अपने सुहाग की निशानी चूड़ियां तोड़ीं । विनोद की पत्नी श्रीमती रानी को उसके दो छोटे बच्चे सहारा दिए हुए थे जबकि परमजीत लाल की नवविवाहित गर्भवती विधवा पछाड़े खा रही थी । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उग्रवादियों ने पहले बी.एस.एफ़. के डिवीजनल हैडक्वार्टर खासा में अपनी खाद व किरयाने की दुकानें बंद कर के लौट रहे कपिल देव व राकेश कुमार को रोक कर पिस्तौल की नोक पर उनसे धन व आभूषण मांगे । कपिल देव ने 3500 रु. उन्हें दे दिए व घर से आभूषण लाने का वायदा किया । घर के बाहर शोर सुनकर चारों शिकार बाहर आए तो उग्रवादियों ने उन्हें कतार में खड़ा करके उन्हें गोली मार दी । इसी बीच कपिल देव व राकेश कुमार वहां से भाग निकले तो उग्रवादियों ने पीछे से गोली चलाई जिससे राकेश कुमार घायल हो गया । फिर भी वे खेतों में जाकर छिप गए । बाद में महिलाओं की चीखें सुनकर भी वे डर के कारण घर नहीं लौटे । जब पुलिस आई तभी वे लौटे । पूरे ग्राम में कोई लाइसैंसी हथियार नहीं है । तीन लोगों के पास लाइसैंसी हथियार थे जो उन्होंने थाने में जमा कराए हुए हैं । उग्रवादियों ने बीस मिनट तक हत्याएं कीं और पैदल ही वहां से चले गए ।

जालन्धर शहरी इंका में दरार

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिन्होंने गत विधानसभा चुनावों में पार्टी के उम्मीदवारों का खुला विरोध किया । इसी प्रकार कुछ अन्य पदाधिकारी नियुक्त कराए हैं जो या तो पार्टी के सदस्य ही नहीं रहे या पार्टी का विरोध करते रहे हैं । इतना ही नहीं, श्री सहगल ने स्वर्गीय श्री

हड़ताली

पथ

लुधियाना, 8
सिख स्टूडैंट्स
विश्वविद्यालय
गुरु नानक इंजी
खालसा कालेज
सम्बद्ध कालेजों
परीक्षाओं का
कालेज व गवर्नमैं
गिल रोड के साम
में उस समय स्थि
कालेज के हड़ताल
रोडवेज की बसों
रही एक बस पर
टूट गए जिसके
गया । हड़ताल
कार्यालयों में का
प्रधान गुरजीत
संयुक्त बयान में
वालों (संकेत अ
दर्शन सिंह की अ
नहीं किया जाएग

खालिस्तान

भारत क

जालन्धर,
सी.पी.एम. के ने
पंथक कमेटी ने
करके एक समा
भारत सरकार क
अध्यक्ष एक अम
विस्तारवादी शा
परिसर क दरुप
कर रही हैं ।

युवा ल

होशियारप
किलो मीटर दू
लड़की के अपह
राम सिंह उत्तर
साल से इसी गा
मौत हो गई ।
साला जसबीर
ताकि वह वहां
सकें । पिछले
तो वापस नहीं
शुरू कर दी है

अमृतस

6.3

अमृतसर,
के त्यौहार पर
देखते हुए अमृत
में सभी दुका

Punjabi Sanjani

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

चिकित्सा

आयुर्वेदिक चमत्कार । हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत, तंदरुस्ती हासिल करके आनंदमयी जीवन व्यतीत करें तथा पोलियो, बालचर, बाल झड़ने, सीकरी, गंजेपन का खास इलाज । डाक्टर सत्यपाल बहल, चौक नीमवाला, लुधियाना-141008.

मेंहदी

Special arrangement for Mehndi on Karva Chouth At Teena Beauty Parlour, 372, Adarsh Nagar, Jalandhar.

बिकाऊ

Fully Equipped Brick Kiln near Nangal-Bhoor on National highway is for sale. Contact: Lurmi Watch Co. Dhuri

दिया । पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया । हानि का अनुमान 4,000 रुपए लगाया गया है ।

उग्रवादी गिरफ्तार

पुलिस ने एक उग्रवादी देवेन्द्र सिंह उर्फ़ बिल्लू को गिरफ्तार किया है । उस पर हिन्दुओं को पलायन के लिए विवश करने तथा खालिस्तान समर्थक गतिविधियों का आरोप है ।

आढ़ती को एक गोली लगी थी

मोगा (बांसल): कल मोगा के एक कच्चा आढ़ती कृष्ण लाल पर हुए हमले के बारे में यह स्पष्टीकरण दिया गया है कि कृष्ण लाल को एक गोली लगी थी, जो कि मोगा के अस्पताल में ही निकाल दी गई । उसकी हालत अब संतोषजनक बताई गई है । उसको सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल नहीं कराया गया,जैसा कि पहले की खबरों में कहा गया था । यद्यपि लूटी गई रकम सरकारी तौर पर नहीं बताई गई,लेकिन कहा जाता है कि यह काफ़ी कम राशि थी । कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के एक प्रवक्ता ने बताया कि कल गुरू की गई हड़ताल किसानों के हित को देखते हुए समाप्त का दी गई है ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

सर्वमित्र के अनुसार गत रात मोगा के डी.एस.पी. श्री मोहकम सिंह ने न्यू सिविल लाइन एरिया में संदिग्ध उग्रवादियों के छिपने के स्थानों पर छापे मारे तथा दो उग्रवादियों को एक मकान में से हथियारों सहित गिरफ्तार किया । गिरफ्तारी से पहले पुलिस ने फ़ायरिंग भी की । मकान की मालिक औरत को हिरासत में ले लिया गया है। पकड़े गए उग्रवादियों के नाम नहीं बताए गए,लेकिन कहा जाता है कि वे लेटर आतंकवादी हैं । पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है ।

शव मिला

जालन्धर (ह.स.): आज बाद दोपहर जिला जालन्धर के थाना बंगा के गांव लहियां के निकट एक व्यक्ति का शव मिला, जिसकी पहचान नहीं हो सकी । शव पर तेज़धार हथियार के निशान हैं ।

मुकेरियां के पास हत्या

होशियारपुर (प्रद्युम्न सिंह) : यहां से 60 किलोमीटर दूर तहसील मुकेरियां के गांव हेमां मांगट में आज सायं साढ़े सात और आठ बजे के बीच चार उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिससे एक व्यक्ति मलकियत सिंह मौके पर मारा गया जबकि रंजोध सिंह और बाली राम घायल हो गये । रंजोध को लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में और बाली राम को मुकेरियां अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

पता चला है कि उग्रवादियों ने पहले उच्ची बस्सी और मुकेरियां के बीच गौसपुर रेलवे फाटक नम्बर 99 के गेटमैन भट्टियां जट्टां के रंजोध सिंह को गोली मार कर घायल किया और फिर एम्मा मांगट गांव की ओर आए थे ।

पहले गांव रोड़ियां और भट्टियां में उग्रवादियों ने जिन छः लोगों की हत्या की थी उसकी जिम्मेदारी भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स ने अपने ऊपर ली है ।

सरहाली के गांव में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या : युवक की लाश मिली

मिल्क सोसायटी कर्मी से 10 हजार रुपए छीने : घायल चल बसा

आतंकवादियों को शरण देने पर 7 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 9 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): आज अमृतसर जिला में एक तांगा चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई । बटाला बैंक डकैती के दो अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली गई, एक सहकारी मिल्क सोसायटी के कर्मचारी से दस हजार रुपए छीन लिए गए जबकि आधी दर्जन के करीब आतंकवादियों को शरण देने वाले गिरफ्तार किए गए । थाना सरहाली के गांव सेरों में एक युवक की लाश मिली ।

तांगे वाले की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): आज बाद दोपहर अमृतसर जिला के थाना सरहाली के गांव नंदपुर में अज्ञात व्यक्तियों ने एक तांगा चालक श्री हरभजन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । समाचारों के अनुसार यह हत्या आज बाद दोपहर अढ़ाई बजे के करीब हुई । हत्यारों की संख्या अभी तक ज्ञात नहीं हो सकी । अभी यह भी निश्चित नहीं है कि यह हत्या आतंकवादी घटना है या आपसी शत्रुता का परिणाम है । 'वार्ता' के अनुसार मृतक कांग्रेस (इ) का वर्कर था ।

लाश मिली

अमृतसर जिला मुख्यालय में पहुंची सूचनाओं के अनुसार सेरों गांव में एक युवक वीरेंद्र कुमार की लाश मिली है । लाश पर तेज़धार हथियारों के निशान हैं ।

बताया जाता है कि वीरेंद्र कुमार कुछ दिनों से अपने घर नहीं पहुंचा था तथा घर वाले उसकी खोज कर रहे थे ।

एक अन्य वारदात में छहर्टा क्षेत्र में घनुपर काले में तीन सशस्त्र व्यक्ति एक घरेलू गैस एजेंसी के काऊंडर से 5 हजार रुपए लूट कर फ़रार हो गए ।

घायल चल बसा

सोमवार की रात को प्रताप नगर क्षेत्र में आतंकवादियों की फ़ायरिंग में घायल होने वाला सुरजीत कुमार आज गुरु तेग बहादर अस्पताल में दम तोड़ गया । इस वारदात में एक व्यक्ति घटनास्थल पर ही मर गया था,जबकि सुरजीत कुमार सहित 4 व्यक्ति घायल हुए थे । सुरजीत कुमार टी.वी. मकैनिक था ।

दो लुटेरों की शिनाख्त

बटाला (कोछड़): बी.एस.एफ. व पंजाब पुलिस के अधिकारिक सूत्रों ने आज स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि कल स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र मसीत वाली गली में स्थित यूनियन बैंक आफ इंडिया की शाखा से आठ अक्तूबर को हथियारबंद लुटेरे कुल 44257 रुपए लूट कर ले गए हैं । इनमें से 31210 रुपए ग्राहकों के थे । इन सूत्रों ने दावा किया है कि उन लुटेरों में से दो की शिनाख्त कर ली गई है और उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा । सूत्रों ने आगे कहा कि इसके मैनेजर, असिस्टैंट मैनेजर, हैड-कैशियर व उसके सहायक, चारों के पास खतरे के अलार्म के स्विच लगे हैं,लेकिन उन्होंने उनका प्रयोग नहीं किया ।

दस हजार रुपए लूटे

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल सायं थाना कादियां के गांव डल्ला के निकट से दो सशस्त्र अज्ञात युवक मुरादपुर मिल्क स्कीम सोसायटी के सैक्रेटरी श्री सतनाम सिंह से दस हजार रुपए लूट कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

दो गिरफ्तार

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार थाना श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस ने दो व्यक्तियों मंगल सिंह गांव लंगेवाली व दिलबाग सिंह गांव भोलेवाल को आतंकवाद निरोधक कानून में गिरफ्तार किया है ।

हत्यारे 5 थे

होशियारपुर (प्रद्युम्न सिंह): यहां से 60 किलो मीटर दर ऐमा मांगट में हुई वारदात,जिसमें मास्टर मलकीयत सिंह की हत्या कर दी गई तथा 4 अन्य लोग घायल हो गए, के बारे में वहां जाकर जो जानकारी प्राप्त हुई है, उसके अनुसार पांच आतंकवादी पंडोरी की ओर से आए थे। शाम लाल की दकान पर मास्टर मलकीयत सिंह, जो कि जहांपुर में सीनियर लैक्चरर था, बैठा था । उसे गोलियां मारी गईं । उसके 6 गोलियां लगीं । बाकी सभी लोग इधर-उधर हो गए तथा लोगों ने दकानों के शटर गिरा दिए । इसके बाद आतंकवादियों ने कलदीप सिंह एंड कम्पनी के शराब के ठेके पर, जो कि खुला था, गोली चलाई । वहां मौजूद भूपिंदर सिंह ने तत्काल शटर गिरा दिया,परन्तु आतंकवादी गोली चलाते रहे,जिससे भूपिंदर सिंह, जो कि अन्दर था, को गोली लगी,परन्तु वह ज्यादा घायल नहीं हुआ । इस दौरान मंगल दास, जो कि बाजा चक का रहने वाला है, को गोली लगी जिसको दसूहा के अस्पताल में दाखिल कराया गया । इसके अलावा उन्होंने डाक्टर गरदयाल, बालक राम की दकान पर भी गोली चलाई, जिससे वहां से गुजर रहा बेली राम मामूली घायल हुआ । इसके बाद आतंकवादी रेल लाइन पार करके आगे बढ़े तो फाटक वाले ने देखा तथा वह छुप गया परन्तु गैंगमैन रणजोध सिंह को उन्होंने गोलियां मारीं । वह घायल हो गया और उसे सी.एम.सी. लुधियाना पहुंचाया गया । भूपिंदर सिंह के अनुसार पुलिस मौका पर तो पहुंच गई,परन्तु उस तरफ नहीं गई जिधर हमने बताया था बल्कि उसने मीरथल की ओर नाका लगा दिया । उधर पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार पुलिस ने पटवाल तक उनका पीछा किया

(शेष पृष्ठ 10 पर)



(1) मुकेरियां क्षेत्र में उग्रवादियों के हाथों मारे गये मा. मलकीयत सिंह (इन्सैट) का शव, (2) मृतक का बिलखता परिवार, (3) उग्रवादियों की गोली से घायल मंगल दास । (छाया : प्रद्युम्न)

गों ने यदि कश्मीर से अलग होने की उन्हें चुप कराना कठिन होगा : गुप्ता

उनके पिता विदेशी शक्तियों की सहायता से पूरा नहीं कर पाए थे । जम्मू के प्रति अस्सीम भेदभाव बरत कर डा. अब्दुल्ला जम्मू के लोगों को मजबूर कर रहे हैं कि वे कश्मीर से अलग होने की मांग करने लग पड़ें ।

उन्होंने कहा कि अमरीका के इशारे पर संयुक्त राष्ट्रसंघ के एक प्रतिनिधि व आस्ट्रेलिया के एक जज श्री ओवन डिक्सन ने सुझाव दिया था कि गैर मुस्लिम बहुसंख्यक क्षेत्र लद्दाख व जम्मू को कश्मीर से अलग करके भारत के साथ ही रखा जाए तथा कश्मीर घाटी उपनिवेश बन कर रह जाएगा और जब लोग कश्मीर से अलग राज्य की मांग करनी शुरू कर देंगे तो हमें उनकी आवाज दबाने में बहुत कठिनाई हो जाएगी ।

उन्होंने कहा कि इंका-नैकां गठजोड़ सरकार की स्थापना के बाद जम्मू क्षेत्र के साथ भेदभाव बढ़ गया है और इस आरोप को सिद्ध करने के लिए उन्होंने कई उदाहरण दिए । उन्होंने कहा कि जम्मू में 100 मैगावाट थर्मल प्लांट की योजना रद्द कर दी गई । केन्द्र द्वारा स्वीकृति मिल जाने के बावजूद जम्मू में

Punjabi Sahara

सरहाली के गांव में हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

और उन लोगों ने ब्यास के किनारे खड़े नाविकों को पिस्तौल की नोक पर विवश किया कि वे नौका में उन्हें नदी पार कराएं तथा वे गुरदासपुर जिला में चले गए ।

टीचर हड़ताल करेंगे

इसी बीच स्कूल टीचर संगठनों की ओर से 12 अक्तूबर को जिला में मास्टर मलकीयत सिंह की हत्या के विरोध में हड़ताल करने का निर्णय किया गया है ।

पनाह देने वाले बंदी

फिरोज़पुर (बागी): पुलिस ने आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में ज़ीरा थाने के दो गांवों से कल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । बोटियांवाला गांव के जरनैल सिंह तथा बुआंवाला गांव के जोरा सिंह की गिरफ्तारी की जानकारी फिरोज़पुर के पुलिस अधीक्षक (कार्रवाई) श्री चांद ने आज दी ।

पुलिस रिमांड

लुधियाना (महिन्द्रा): गत दिवस स्थानीय न्यायिक दंडाधिकारी श्री जी.सी. सुमन ने आतंकवाद निरोधक एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार अवतार सिंह का दो दिन के लिए पुलिस रिमांड दे दिया ।

पिस्तौलें बरामद

पुलिस ने दो गांवों में छापे मार कर दो अवैध पिस्तौलें व चार कारतूस बरामद किए और लक्खा सिंह तथा एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया ।

तीन गिरफ्तार

'संघी' के अनुसार चंडीगढ़ पुलिस ने तीन नवयुवकों को शहर में आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । उक्त जानकारी देते हुए चंडीगढ़ के एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवकों में यहां के सैक्टर 32 का जसपाल सिंह, सैक्टर 46 का हरजीत सिंह तथा सैक्टर 37 का रणजीत सिंह शामिल हैं । इनके घरों पर मारे गए छापों के दौरान उनके कब्ज़े से आपत्तिजनक छपी हुई सामग्री भी बरामद की गई ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री सिंह ने कहा कि अभी यह कहना कठिन है कि यह किन आतंकवादियों को पनाह देते रहे हैं । इन युवकों को नए आतंकवादी एवं विध्वंसक गतिविधि (निरोधक) कानून की धारा चार के अधीन केस दर्ज करके एग्ज़ीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट श्री गौतम की अदालत में पेश किया गया, जिन्होंने उनका 21 अक्तूबर तक पुलिस रिमांड दे दिया ।

निषेधाज्ञा

पटियाला (भूषण): जिला मैजिस्ट्रेट श्री बी.सी. गुप्ता ने तीन नवम्बर तक रात 8.30 बजे से प्रातः 5.30 बजे तक पूरे जिला में दोपहिया वाहन (साइकिल को छोड़कर) चलाने की मनाही कर दी है । इसके साथ ही सभी दुकानों के बंद होने का समय शाम 7.45 बजे कर दिया गया है । हलवाइयों, ढाबे, कैमिस्टों की दुकानें रात 10 बजे तक खुल सकेंगी । अंग्रेज़ी शराब की दुकानें रात नौ बजे बंद होंगी ।

ज़मानत पर रिहा

बब्बर खालसा आतंकवादी गिरोह के तीन कथित सदस्यों पशु चिकित्सक डाक्टर साहब सिंह, पंजाब बिजली बोर्ड के क्लर्क सरेन्द्रपाल सिंह तथा स्टेट बैंक आफ़ इंडिया के कैशियर नरेंद्र सिंह जिन्हें हाल ही में आतंकवाद निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया था, को नाभा में नामज़द अदालत के विशेष जज श्री एम.एल. सिंगल ने दस-दस हजार रुपए की ज़मानत पर रिहा कर दिया । इस केस में पहले बिजली बोर्ड के एक सब-डिवीजनल इंजीनियर दलजिंदर सिंह को अदालत ने ज़मानत पर रिहा कर दिया था ।

नागालैंड में चुनाव 18 नवम्बर को

नई दिल्ली, 9 अक्तूबर (वार्ता): साठ सदस्यीय नागालैंड विधानसभा के लिए 18 नवम्बर को मतदान होगा । मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वी.एस. पेरी शास्त्री ने आज संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की । इससे पहले दिन में उन्होंने राज्य के मुख्यसचिव, पुलिस महानिरीक्षक और अन्य अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया । श्री पेरी शास्त्री द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल 16 अक्तूबर को अधिसूचना जारी करेंगे ।

जम्मू क्षेत्र के लोग

(पृष्ठ 1 का शेष)

में आंशिक रूप से लाए जाने के सम्बन्ध में सरकार द्वारा किए गए फैसले के विरोध में वकीलों द्वारा हड़ताल कर देने के कारण यहां की अदालतों में कामकाज ठप्प हो गया । बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी संघर्ष पर विचार करने के लिए आज सायं को एक मीटिंग कर रही है ।

जम्मू चैम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के सचिव श्री वाई.पी. शर्मा ने सरकार के इस फैसले पर चिन्ता व्यक्त करते हुए इस पर पुनर्विचार करने की अपील की है ।

नैशनल मजदूर कांफ्रैंस के अध्यक्ष श्री सुभाष शास्त्री ने कहा है कि सरकार द्वारा पुरानी परम्परा को समाप्त करने की कार्रवाई से विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की भावनात्मक एकता पर बुरा प्रभाव पड़ेगा । प्रदेश विधानसभा के निर्दलीय सदस्य श्री एच.एस. बाली ने मुख्यमंत्री श्री फारूक अब्दुल्ला से अपील की है कि वह इस फैसले पर पुनर्विचार करें तथा उन षड्यंत्रों के प्रभाव में न आएं, जिनसे उनकी स्थिति प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कमजोर पड़ सकती है । फैडरेशन आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के महासचिव श्री विनोद कुमार अवस्थी ने भी मुख्यमंत्री से फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है । इंका के भूतपूर्व प्रदेश सचिव, पूर्व विधायक व पूर्व केंद्रीय मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद के समर्थक श्री पूर्ण सिंह ने भी सरकार के इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि गठजोड़ की सरकार प्रदेश की एकता को हानि पहुंचाना चाहती है ।

कारीगरों की शीघ्र आवश्यकता है
एग्रीकल्चरल इम्पलीमैंट्स बनाने वाली फैक्टरी को अनुभवी
फिटरों/वैल्डरों/टर्नरों/हैल्परों
की आवश्यकता है । इच्छुक शीघ्र मिलें :
सोनालिका फैक्टरी,
आई.टी.आई. कालेज के सामने,
जालंधर रोड, होशियारपुर

कल

Punjab Kesari

मसानियां हत्याकांड का अभियुक्त मुठभेड़ में मरा : पंजाब में 3 की हत्या

फरीदकोट में 6 खूंखार आतंकवादी गिरफ्तार, खालसा रासुका में नज़रबंद

जालंधर नगर निगम डकैती में 2 उग्रवादी बंदी

चंडीगढ़, 10 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान जिला अमृतसर में आतंकवादियों ने एक किसान समेत 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । जिला गुरदासपुर में एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया, जो कि मसानियां हत्या-कांड में संलिप्त था । विभिन्न स्थानों से लगभग डेढ़ दर्जन आतंकवादी व उन्हें शरण देने वाले गिरफ्तार किए गए । जालन्धर नगर निगम कार्यालय में डकैती के दो अभियुक्त गिरफ्तार कर लिए गए ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (वार्ता): जिला फरीदकोट पुलिस ने गत दो दिनों के दौरान तीन विभिन्न स्थानों से पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस चीफ श्री गोबिंद राम ने इनके नाम दर्शन सिंह, जसपाल सिंह, सुरजीत सिंह उर्फ सीता, सुरेन्द्र सिंह तथा मिट्ठू बताए हैं । उनसे चार पिस्तौल, एक बंदूक तथा बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद हुए ।

पूछताछ के दौरान दर्शन सिंह व जसपाल सिंह ने स्वीकार किया कि वे बुधसिंहवाला के गुरजंट सिंह की खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बन्ध रखते हैं । सुरजीत सिंह ने कहा कि उसके कुख्यात आतंकवादी निर्मल सिंह मल्लियां से सम्बन्ध हैं । सुरेन्द्र सिंह व मिट्ठू ने बताया कि उनको आतंकवाद के रास्ते पर कुख्यात आतंकवादी मलकीयत सिंह रोडे ने डाला तथा वे उसी के आदेश पर डकैतियां डालते रहे हैं ।

जिंदल के अनुसार श्री गोबिंद राम ने बताया कि मौजा मानोके थाना बाघापुराना के गुरमीत सिंह को पुलिस ने उस समय मुकाबला के बाद काबू किया जब वह आज प्रातः पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से चेतक स्कूटर छीन कर भाग रहा था । मुकाबले में दोनों ओर से गोलियां चलीं ।

आतंकवादी मारा गया

गुरदासपुर (विनोद, वार्ता): गत रात थाना धारीवाल के अन्तर्गत गांव ढेरीवाल दारोगा में, बटाला के निकट गांव मसानियां में एक अक्तूबर को 9 लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों में से एक सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । जिला पुलिस चीफ श्री जे.पी. बिरदी ने मृत आतंकवादी का नाम हीरा सिंह गांव घुमान खुर्द थाना श्री हरगोबिंदपुर बताया । श्री बिरदी ने दावा किया कि मुठभेड़ के स्थान पर एक दोनाली बंदूक, .12 बोर की बंदूक, 5 कारामद कारतूस तथा 3 खाली कारतूस मिले । उन्होंने बताया कि उसके जो साथी फरार हो गए हैं, उनकी पहचान कर ली गई है तथा उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

श्री बिरदी ने बताया कि मुठभेड़ उस समय हुई जब चार आतंकवादियों को पुलिस व बी.एस.एफ. की एक संयुक्त नाका पार्टी ने रुकने का संकेत दिया और उन्होंने गोली चलानी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की । मुठभेड़ आध घंटा जारी रही । बाद में घटनास्थल पर हीरा सिंह की लाश पड़ी मिली । श्री बिरदी ने कहा कि मृतक बटाला के निकट गांव पीरोशाह में चार बस यात्रियों की हत्या के अलावा गोलीबारी की 5 अन्य वारदातों में भी संलिप्त था ।

आतंकवादी पकड़ा गया

श्री बिरदी ने बताया कि कलानौर पुलिस ने एक संदिग्ध आतंकवादी को दबोच किया । उसका नाम कुलदीप सिंह उर्फ पीपा बताया गया तथा वह कलानौर का निवासी है ।

रात्रि कर्फ्यू बढ़ा

जिला मैजिस्ट्रेट श्री डी.एस. कल्हा ने भारत-पाक सीमा पर समाज विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए सीमा के साथ लगती 300 मीटर पट्टी पर शाम 6.30 से सुबह 7 बजे तक का कर्फ्यू 7 दिसम्बर तक बढ़ा दिया है ।

चाचा, भतीजा की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): जिला मुख्यालय में पहुंची सूचनाओं के अनुसार गत रात थाना भिखीविंड के गांव बांके में तीन पिस्तौलधारी आतंकवादियों ने एक दुकानदार तेलू राम (55) और उसके भतीजे सुभाष चन्द (23) की गोली मारकर हत्या कर दी । तीनों आतंकवादी रात 8 बजे के करीब तेलू राम के घर पहुंचे और आते ही तेलू राम व सुभाष चन्द पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । सूचना पाकर पुलिस व सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे । घटनास्थल पर मिले चले हुए कारतूसों से पता चलता

(शेष पृष्ठ 10 पर)

का उल्लंघन कर : एकीकृत दल

बयान के अंत में इन नेताओं ने दोनों सिंह साहिबान से सम्मान सहित पूछा है कि अकाली दल की 30 लाख की भर्ती है और यह सिखों की राजनीतिक रूप से प्रतिनिधि पार्टी है जिसका लक्ष्य आनन्दपुर साहब का प्रस्ताव है । दो सिंह साहिबान ने कितने सिखों की सहमति लेकर खालिस्तान के समर्थन की घोषणा की है । बहुमत सिखों के सुझाव लिए बिना खालिस्तान के लिए आदेश देना और एक ग्रुप की बात करना धार्मिक पदों का दुरुपयोग है । बयान देने वालों में सर्वश्री उजागर सिंह सेखवां, हरिन्दर सिंह (तरनतारन), सुखदेव सिंह, सरूप सिंह, बंचित्र सिंह, हरजिन्दर सिंह, हरबंस सिंह, मेजर जगजीत सिंह और सतनाम सिंह शामिल हैं ।

Punjabi Sanatani

मसानियां हत्याकांड का अभियुक्त

(पृष्ठ 3 का शेष)

है कि आतंकवादियों ने इस हत्या कांड में 9 एम.एम. के पिस्तौल इस्तेमाल किए ।

किसान की हत्या

पुलिस ने बताया कि कल रात थाना बल्टोहा के गांव असल अवतार में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने एक किसान बाबा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि संदिग्ध व्यक्तियों ने बाबा सिंह को, जो कि घर में सो रहा था, जगाया तथा उसे खेतों में ले जाकर गोली मार दी ।

खालसा रासुका में नज़रबंद

पटियाला (भूषण): सिख स्टूडैंटस फ़ैडरेशन के भूतपूर्व प्रधान हरविंदर सिंह खालसा, जिसको हाल ही में भटिंडा जेल से यहां सैंट्रल जेल में लाया गया था, को रासुका के अन्तर्गत नज़रबंद कर लिया गया है ।

चंदूमाजरा का रिमांड

इसी मध्य पंजाब के भूतपूर्व मंत्री प्रेमसिंह चंदमाजरा, जिसे गत मई में आतंकवाद एवं विध्वंसक गतिविधियां (निरोधक) कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया था, का न्यायिक रिमांड 9 नवम्बर तक बढ़ा दिया गया है ।

5 गिरफ्तार

करतारपुर : करतारपुर पुलिस ने पांच अपराधियों अवतार सिंह, सतविंदर सिंह, सुखचैन सिंह, बलवन्त सिंह तथा अनूप सिंह आदि को गिरफ्तार किया है । इन्होंने एक व्यक्ति अमरजीत के घर से लगभग एक लाख रुपए के चांदी के बर्तन, घड़ियां, टेप रिकार्डर आदि लूटे थे । इनसे लूटा गया सारा सामान बरामद कर लिया गया है ।

फैडरेशन नेता बंदी

होशियारपुर (अश्विनी): एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि सिख स्टूडैंटस फ़ैडरेशन होशियारपुर यूनिट के कार्यालय सचिव बघेल सिंह को कथित तौर पर उग्रवादियों को पनाह देने व उनकी मदद करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया ।

प्रतिनिधिमंडल मिला

आतंकवादी गतिविधियों से प्रभावित गांवों रोडियां तथा भटियां ब्राह्मणां के लोगों ने विधायक श्री हरिमित्र हंस के नेतृत्व में एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा से मिलकर मांग की कि उनके गांवों में लोगों के जान-माल की पूरी सुरक्षा की जाए । इन गांवों में कुछ दिन पूर्व 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई थी । श्री अरोड़ा ने उन्हें विश्वास दिलाया कि इन गांवों में आज से ही सी.आर.पी. की एक टुकड़ी तैनात की जा रही है । उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांवों में रात को 5-5 लोगों का ठीकरी पहरा देने का प्रबन्ध करें, प्रशासन की ओर से उन्हें हथियार दिए जाएंगे ।

उग्रवादियों को शरण देने पर गिरफ्तार

खन्ना (पूर्ण): खन्ना पुलिस ने गत दिवस अवतार सिंह नामक एक युवक, जो चक मयानी का रहने वाला है, को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । बताया जाता है कि 17 सितम्बर को गांव बडैला में पुलिस मुकाबले में

श्री अरोड़ा ने उन्हें विश्वास दिलाया कि इन गांवों में आज से ही सी.आर.पी. की एक टुकड़ी तैनात की जा रही है । उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांवों में रात को 5-5 लोगों का ठीकरी पहरा देने का प्रबन्ध करें, प्रशासन की ओर से उन्हें हथियार दिए जाएंगे ।

उग्रवादियों को शरण देने पर गिरफ्तार

खन्ना (पूर्ण): खन्ना पुलिस ने गत दिवस अवतार सिंह नामक एक युवक, जो चक मयानी का रहने वाला है, को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । बताया जाता है कि 17 सितम्बर को गांव बड़ला में पुलिस मुकाबले में बलजीत सिंह टुंडा नामक दुर्दांत उग्रवादी मारा गया था और दूसरा भाग जाने में सफल हो गया था । ये दोनों उग्रवादी पहले अवतार सिंह निवासी चक मयानी के पास आए । फिर अवतार सिंह इनको बड़ला में जसमेल सिंह के पास छोड़ आया । इसके बाद ये दोनों कभी जसमेल सिंह के घर ठहरते, कभी अमरसिंह के घर । अमृतसर पुलिस को जब पता चला तो उसने सीधे ही बड़ला में इन उग्रवादियों को जा घेरा । खन्ना पुलिस ने अब अवतार सिंह के विरुद्ध उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है तथा अभियुक्त को ज्युडिशियल हवालात लुधियाना में भेज दिया है ।

पनाह देने पर 6 गिरफ्तार

जालन्धर (न.न.ए.): जालन्धर पुलिस ने आधी दर्जन व्यक्तियों को आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । यह जानकारी देते हुए पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में हरविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह (दोनों भाई रामामंडी जालन्धर), कुलबीर सिंह (बस्ती पीरदाद), भूपिंदर सिंह (गांव नूरपुर), सरवन सिंह व कुलविंदर सिंह (दोनों गांव भंगाला) आदि शामिल हैं ।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इनकी गिरफ्तारी गत दिनों गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों की निशानदेही पर की गई । पुलिस के अनुसार इन गिरफ्तार व्यक्तियों में से कुलबीर सिंह ने प्राथमिक जांच के दौरान बताया कि गत दिनों शाहकोट के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में मारा गया पंथक कमेटी का सदस्य गुरदेव सिंह उस्मानवाला भी उसके पास ठहरा करता था । शेष व्यक्तियों से पूछताछ जारी है तथा उनकी निशानदेही पर कुछ और आतंकवादी पकड़े जाने की सम्भावना है ।

लूटी राशि बरामद

गत दिनों जालन्धर नगर निगम कार्यालय से 66000 रुपए लूटने वाले चार आतंकवादियों में से पुलिस ने दो को गिरफ्तार करके उनसे लूटी हुई राशि में से 2500 रुपए बरामद कर लिए हैं । पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार किए गए यह आतंकवादी जसविंदर पाल उर्फ हैप्पी (मुहल्ला करार खां) व सरबन जीत सिंह उर्फ घन्नू (मुहल्ला गोपाल नगर) हैं । पुलिस के अनुसार सरबन जीत सिंह से एक हजार रुपया तथा जसविंदर पाल उर्फ हैप्पी से लूट के 1500 रुपए बरामद किए गए । पूछताछ के दौरान इन लोगों ने शहर में स्कूटर छीनने की कई वारदातों में संलिप्त होने की बात स्वीकार की है । उनके दो फरार साथी जिला अमृतसर के रहने वाले हैं । पुलिस उनकी तलाश में सरगर्म है ।

भटिंडा पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (गुरजीत) की मानसा इकाई के जसबीर सिंह को तथा राम सिंह को रिवाल्वरों आदि के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

Punjabi Tribune

उग्रवादियों द्वारा अमृतसर के एक गांव में मां-बेटी की हत्या

आतंकवादियों की फ़ायरिंग से घायल युवक की अस्पताल में मृत्यु

अबोहर में एक हत्या, पटियाला में शिवसेना वर्कर घायल

चंडीगढ़, 11 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला अमृतसर के एक गांव में एक घर में घुस कर मां व बेटी की हत्या कर दी, जबकि अमृतसर के कोट खालसा क्षेत्र में गत चार मई को उग्रवादियों की फायरिंग से घायल एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई । अबोहर में आज रात एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । पटियाला में शिव सेना के एक वर्कर को चाकू घोंप कर घायल कर दिया ।

मां-बेटी की हत्या

अमृतसर (वार्ता): अमृतसर जिले के ब्रह्मपुरा गांव में चार आतंकवादियों ने कल रात दो महिलाओं की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार इस घटना में मरने वाली महिलाएं एक सेवानिवृत्त कैप्टन हेमसिंह की पत्नी लता (45) और पुत्री रंजीत कौर (22) हैं । दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने कैप्टन हेमसिंह के घर में ज़बरदस्ती प्रवेश किया और इन दोनों महिलाओं की गोली मार कर हत्या करने के बाद भागने में सफल हो गए । पुलिस के अनुसार उग्रवादी चीनी असाल्ट राइफलों ए.के.47 और रिवाल्वरों से लैस थे । उग्रवादियों ने घर में घुस कर अंधाधुंध फ़ायरिंग की ।

ह.स. के अनुसार पुलिस वारदात के आधे घंटे के अन्दर-अन्दर घटनास्थल पर पहुंच गई और सारे क्षेत्र को घेरे में ले लिया । पुलिस ने घटनास्थल से विभिन्न बोरों के दो दर्जन खाली कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि अभियुक्त वारदात करने के बाद स्कूटर पर सवार होकर फ़रार हो गए । उन्हें पकड़ने के लिए निकटवर्ती गांवों में छापे मारे जा रहे हैं । उग्रवादी संगठन 'खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स' का स्वयंभू जनरल और दुर्दांत उग्रवादी अवतार सिंह भी इसी गांव का रहने वाला है ।

हत्या का कारण भूमि-विवाद

अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार मां-बेटी की हत्या भूमि-विवाद के सम्बन्ध में उग्रवादियों से करवाई गई है । प्राप्त समाचारों के अनुसार ब्रह्मपुरा गांव का निवासी एक व्यक्ति हेम सिंह, जो सेना में कैप्टन था, की पहली पत्नी से दो बेटियां थीं और कोई लड़का नहीं था, जिस पर कैप्टन हेमसिंह ने लड़का उत्पन्न करने की लालसा में महाराष्ट्र के पूना नगर से एक महिला श्रीमती लता से विवाह कर लिया । कहा जाता है कि श्रीमती लता से हेम सिंह के तीन बच्चे उत्पन्न हुए, जिनमें पहली लड़की और उसके बाद दो लड़के पैदा हुए । इसी दौरान ब्लू स्टार आप्रेशन के दौरान हेम सिंह कैप्टन की मृत्यु हो गई । हेम सिंह की मृत्यु के बाद हेम सिंह की दोनों पत्नियों में भूमि-विवाद को लेकर काफ़ी तनाव उत्पन्न हो गया । पुलिस के अनुसार पहली पत्नी क्योंकि इसी गांव से सम्बन्धित थी, अतः उसका क्षेत्र में अच्छा परिचय था और इसी का लाभ उठा कर उसने कुछ आतंकवादी गिरोहों से सम्बन्ध उत्पन्न करके गत रात्रि कैप्टन हेमसिंह की दूसरी पत्नी श्रीमती लता और उसकी युवा लड़की रंजीत कौर की हत्या गोलियां मरवा कर करवा दी । पुलिस ने यह भी बताया कि श्रीमती लता के दो छोटे लड़कों को आतंकवादियों ने कुछ नहीं कहा, जबकि श्रीमती लता और उसकी बेटी को घर से बाहर निकाल कर उन्हें गोलियां मारीं । अभी यह पता नहीं चल सका कि हेमसिंह की पहली पत्नी को पुलिस ने इस हत्या कांड का षड्यंत्र रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है कि नहीं । इस हत्या-कांड का पुलिस को प्रातः पता चला जबकि हत्या-कांड आधी रात्रि के समय हुआ था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Hindi Sahayata

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

एक घायल चल बसा

इसी मध्य यहां गत चार मई को कोट खालसा क्षेत्र में उग्रवादियों की फ़ायरिंग से गम्भीर रूप से घायल एक व्यक्ति भूपेन्द्र सिंह की आज यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में घावों की ताब न सहते हुए मृत्यु हो गई ।

उग्रवादियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि देने से भी रोक दिया

अमृतसर से भाटिया के अनुसार पंजाबी का एक मुहावरा है कि 'नाले मारना ते नाले रोन न देना', ऐसी हालत मसानियां गांव की है, जहां गत दिनों उग्रवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग करके दस निर्दोषों को शहीद कर दिया था । गांव तथा क्षेत्र के लोगों ने यह निर्णय किया था कि जिस प्रकार जगदेवकलां के लोगों ने खूनी कांड के बाद शहीदों की रस्म भोग गुरुद्वारे में की थी, और जिसमें क्षेत्र के सभी सम्प्रदायों के लोगों ने भाग लेकर इन शहीदों को श्रद्धांजलि भेंट की थी, इसी प्रकार का श्रद्धांजलि समारोह गांव मसानियां के गुरुद्वारे में किया जाए । गांव के सरपंच ने इसके लिए लोगों को पत्र भी भेज दिए लेकिन जब उग्रवादियों को पता चला कि मसानियां के गुरुद्वारे में शहीदों को श्रद्धांजलियां भेंट करने के लिए समारोह हो रहा है तो उन्होंने सरपंच को धमकी-भरा पत्र लिखा कि यदि गुरुद्वारे में ऐसा कोई समारोह हुआ तो उसको भी सोध दिया जाएगा । इन शहीदों के कुछ सम्बन्धी, जो अमृतसर तथा जिले के कुछ दूसरे गांवों में रहते हैं, श्रद्धांजलि समारोह में शामिल होने के लिए जाने वाले थे, लेकिन उनको रोक दिया गया है । इस प्रकार सरपंच ने गांव में घोषणा कर दी है कि गांव के गुरुद्वारे में कोई ऐसा श्रद्धांजलि समारोह नहीं हो रहा है और उसके नाम पर कोई 'इकट्ठ' नहीं हो रहा । इस पर अब लोगों ने शहीदों के घरों में ही रस्म भोग करने का निर्णय किया है ।

किसान को घायल कर दिया

डेरा बाबा नानक थाने के गांव सरवाली में आज सायं दो उग्रवादियों ने एक किसान सरदार चंद को घायल कर दिया । सरदार चंद को गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर में दाखिल करवाया गया है । अस्पताल के सूत्रों के अनुसार सरदार चंद के पेट में गोलियां लगी हैं, उसकी दशा गंभीर है ।

पिस्तौल सहित एक गिरफ्तार

बंगा (ह.स.): बंगा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से कुछ कारतूस और .12 बोर का एक पिस्तौल बरामद किया है । पुलिस सूत्रों ने अभियुक्त का नाम पूर्ण सिंह बोधी बताया है ।

बंगा थाने के गांव करनावा के एक व्यक्ति लैंबर राम का स्कूटर चुरा लिया गया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच प्रारंभ कर दी है ।

शिव सेना का वर्कर घायल

पटियाला (ह.स.): शिवसेना के एक कार्यकर्ता को दो अज्ञात व्यक्तियों ने यहां टी.बी. अस्पताल के पास कल रात छुरा मारकर घायल कर दिया । घायल व्यक्ति का नाम विजय कुमार है । उसे तुरन्त अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गम्भीर है ।

बताया जाता है कि विजय कुमार को उस समय छुरा घोंपा गया, जब वह एक धार्मिक समारोह की तैयारी कर रहा था ।

शिव सेना का आरोप

इसी मध्य पटियाला हिन्दू शिव सेना ने पंजाब के राज्यपाल का ध्यान इस बात की ओर आकृष्ट किया है कि अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने मैडीकल रिपोर्ट में लिखा है कि कुंद धार हथियार से हमला किया गया, जबकि लिखा यह जाना चाहिए था कि तेज़धार शस्त्र से हमला किया गया । शिव सेना ने डाक्टर के व्यवहार की जांच करवाने की मांग की है ।

पटियाला से भूषण के अनुसार स्पैशल जज श्री एम.एल. सिंगल ने फैक्टरी एरिया पटियाला के हरविंद्र सिंह, जिसे पुलिस ने उग्रवाद निरोधक कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया था, को 5000 रुपए की ज़मानत पर रिहा करने का आदेश दे दिया है । इस्तगासा के अनुसार हरविंद्र सिंह, मनोहर सिंह, सुरजीत सिंह और मनोहर सिंह (दूसरा) मुहल्ला कश्मीरियां राघोमाजरा में सुरजीत सिंह के मकान पर एकत्रित हुए उन्होंने षड्यंत्र किया कि एक सम्प्रदाय के व्यक्तियों की हत्या करके आतंक उत्पन्न किया जाए तथा खालिस्तान की प्राप्ति के लिए कार्य किया जाए । पुलिस ने सूचना मिलने पर सुरजीत सिंह के मकान पर छापा मारा । जोगेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति ने पुलिस को बयान दिया कि वह इत्तिफ़ाक से इस मार्ग से गुज़रा तो उसने सुरजीत सिंह के मकान पर उक्त लोगों को षड्यंत्र रचते सुना । सफ़ाई वकील श्री के.एस. नागरा ने जोगेन्द्र सिंह का हल्फ़िया बयान अदालत में पेश कर दिया कि वह अभियुक्तों को जानता ही नहीं । अदालत ने यह निर्णय दिया है कि अभियुक्त के विरुद्ध उग्रवाद निरोधक कानून के अन्तर्गत केस बनता ही नहीं, अतः उसको ज़मानत पर रिहा करने का आदेश दे दिया ।

स्पैशल जज श्री एम.एल. सिंगल ने चार संदिग्ध उग्रवादियों प्रकाश सिंह, बलवन्त सिंह, ज्ञान सिंह और गुरचरण सिंह, जिन पर धारा 302/392/120-बी और शस्त्र कानून के अन्तर्गत मुकद्दमा चल रहा था, को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया । इन सभी पर 29 नवम्बर, 1985 को थाना ममदोट के पुलिस सब-इंस्पैक्टर नछत्तर सिंह और कांस्टेबल निर्मलजीत सिंह की हत्या करने का आरोप था ।

स्कूटर छिनने के बाद बरामद

लुधियाना (महिन्द्रा): परसों रात्रि लगभग आठ बजे एक आतंकवादी ने स्थानीय जम्मू कालोनी से एक व्यक्ति से उसका बजाज स्कूटर छीन लिया । डी.एस.पी. श्री धर्म सिंह ने बताया कि पुलिस को तुरन्त पता चल गया । पुलिस ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के सभी भीतरी गेट बंद करवा दिए । बाद में यह स्कूटर मिल गया, जो उसके मालिक को सौंप दिया गया ।

राजद्रोह के केस में गिरफ्तार

भटिंडा (ह.स.): भटिंडा पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन (गरजीत) के प्रधान जसबीर सिंह को राजद्रोह के केस में गिरफ्तार किया है ।

कम्युनिस्ट नेता की गोली से घायल

जालन्धर (ह.स., क.): कम्युनिस्ट पार्टी के नेता नाज़र सिंह द्वारा थाना शाहकोट के गांव तलवंडी मंघेड़ा में लाइसैंसी पिस्तौल से फ़ायरिंग करने से एक व्यक्ति घायल हो गया ।

पुलिस ने बताया कि श्री नाज़र सिंह जब उस गांव में एक जनसभा में भाषण कर रहे थे तो जसविंदर सिंह, रणधीर सिंह और रोशन सिंह नाम के व्यक्तियों ने संदिग्ध आतंकवादियों के बारे में उनकी टिप्पणी पर आपत्ति की । ये व्यक्ति बाद में श्री सिंह से उलझ गए तो उन्होंने गोली चला दी, जिससे जसविंदर सिंह घायल हो गया । पुलिस के अनुसार जसविंदर सिंह को गम्भीर हालत में लुधियाना अस्पताल में भर्ती कराया गया है । अभी यह पता नहीं चल सका है कि अन्य दो व्यक्ति पकड़े गए या भाग गए । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । उन्होंने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है ।

डाके के नौ अभियुक्त पकड़े गए

करतारपुर (साहनी): गत बीस अप्रैल को यहां अमरजीत सिंह सोढी के घर में पड़े डाके, जिसमें लगभग एक दर्जन उग्रवादी नकदी, सोना, चांदी आदि लूट कर ले गए थे, के संबंध में स्थानीय पुलिस ने नौ अभियुक्तों सुखदेव सिंह, बरिन्द्र सिंह, अरविन्द्र सिंह उर्फ निक्का, हरजिन्द्र सिंह, रणजीत सिंह आदि को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अभियुक्त सुखा तथा सतनाम सिंह, जो गांव खसन तथा तलवंडी चौधरियां के रहने वाले हैं, अभी फरार हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार अभियुक्तों से दोनाली राइफलें, सिंगल नाली रिवाल्वर काफी मात्रा में गोली-सिक्का तथा लगभग एक लाख रुपए के चांदी के बर्तन, सोने के आभूषण, नकदी आदि भी बरामद हुई है । पुलिस ने अभियुक्तों का रिमांड प्राप्त कर लिया है ।

अबोहर में एक हत्या

जलालाबाद, (मलिक) : प्राप्त सूचना के अनुसार आज रात नौ बजे संदिग्ध उग्रवादियों ने यहां से 60 किलोमीटर दूर अबोहर के क्लब में फायरिंग करके एक व्यक्ति इंद्रमोहन सेतिया की हत्या कर दी जबकि एक अन्य को घायल कर दिया । घायल को अस्पताल में दाखिल किया गया है । बताया जाता है कि एक हमलावर लाल रंग की पगड़ी तथा सफेद पैंट पहने हुए था ।

12 पिस्तौलें बरामद

करनूल, 11 अक्तूबर: कोयलकुंतल में एक छापे में छः व्यक्तियों के पास से बारह देसी पिस्तौलें बरामद की गई । पुलिस के अनुसार, अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है ।



शिव सेना का कार्यकर्त्ता विजय कुमार, जिसे शनिवार की रात्रि को दो अज्ञात व्यक्तियों ने छुरा मार कर घायल कर दिया । अस्पताल में दाखिल विजय कुमार की दशा गम्भीर बताई जाती है । (छाया : राजू)

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का राजीव कुमार, आयु 17 वर्ष, रंग गंदमी, कद 5'-7", बाएं बाज़ू पर काला निशान, 26 सितम्बर, 1987 से लापता है ।

सूचना देने वाले को सफ़र खर्च के अलावा 200/- रुपए इनाम दिया जाएगा ।

राजीव खुद पढ़े तो सीधा घर चला आए, उसकी माता सख्त बीमार है ।

रामनाथ, गांव नत्थूवाड़, डाकखाना कोटली खास, होशियारपुर

न्यू जैमसन मोटर्स,
(NEW JEMSON MOTORS)
बटाला रोड, अमृतसर, फोन-46868.
कार और स्कूटर खरीदें व बेचें
नोट : अब हमारी दुकान का नाम जैमसन मोटर को बदल कर न्यू जैमसन मोटर्स रख दिया गया है और अब हमारा नया पता नोट करें — **न्यू जैमसन मोटर्स**, सिक्का गैस कम्पनी के साथ, बटाला रोड, अमृतसर ।

MSTC
METAL SCRAP TRADE CORPORATION LIMITED
(A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE)
'प्रकाश दीप' (7वीं मंज़िल)
7-राजेन्द्र पार्क, नई दिल्ली-110001

मंत्री पर बम से हमला
(पृष्ठ 3 का शेष)

जयवर्धने पर भारत-श्रीलंका समझौते का उल्ल करने का आरोप लगाया है । उधर पुलिस ने मद्रास में इंदिरा नगर में स्थित लिट्टे कार्यालय छापा मार कर तलाशी ली ।

इंदिरा नगर में लिट्टे के दो वर्करों के घरों बाकीटाकी सैट पकड़े गए । अपुष्ट समाचा अनुसार वेदारण्यम और रामेश्वरम में लिट्टे सम से शक्तिशाली संचार उपकरण मिले हैं ।

लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम जाफना के भूतपूर्व क्षेत्रीय कमांडर कृष्णकुमार 'किट्टू' ने कहा है कि उनके नेता वेलुपिल्लै प्रभाव गिरफ्तार नहीं हुए हैं और वे उत्तरी श्रीलंका कहीं हैं ।

आधिकारिक सूत्रों ने लंका प्रबंध संवाद सं को बताया कि भारतीय शांति सेना लिट्टे के खिल जोरदार अभियान छेड़े हुए है । शांति सेना ने की उस मशीन को नष्ट कर दिया है जिसके जा 'स्लाइडेक्स कार्ड' पर गुप्त संदेश छाप छापामारों को बांटा जाता था । कोलम्बो-मद्रा रामेश्वरम के बीच लिट्टे के दो गुप्त रेडियो सं सम्पर्कों का पता लगा लिया है ।

लंका प्रबंध के अनुसार लिट्टे ने इस रेडियो सं के जरिए अपने छापामारों को शांति सेना से लड़ने संदेश भेजा था । अब छापामारों से कहा गया है वे खुले आम संदेश भेजें । इन संदेशों में एक क किया हुआ सवाल भी शामिल था । सवाल यह "क्या भोजन आ गया है ।"

इस बीच सूत्रों का कहना है कि लिट्टे के ने वेलुपिल्लै प्रभाकरन ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी भेजे एक संदेश में उनका ध्यान जाफना की 'गंभ और संकटपूर्ण स्थिति' की ओर आकर्षित किया है इस संदेश में श्री प्रभाकरन ने कहा है कि लिट्टे अप कार्डर को बचाने की कोशिश कर रहा है और भा ने एक ऐसे संगठन के खिलाफ हथियार उठाया जिसे व्यापक जनसमर्थन प्राप्त है । संदेश में क गया बताते हैं कि भारतीय शांति सेना की लिट्टे खिलाफ कार्रवाई से शांति समझौते का उल्लंघ हुआ है । इस स्थिति के लिए भारत जिम्मेवार है

संदेश में श्री गांधी से कहा गया है कि भारती शांति सेना को फौरन अपना अभियान बंद करने निर्देश दें ।

श्रीलंका सेना हरकत में

श्रीलंका प्रसारण निगम ने आज रात घोषणा की कि देश के पूर्वी हिस्से के गांवों में श्रीलंका की सेना सिंहलियों के बचाव के लिए चली गई है । यह घोषणा राष्ट्रपति श्री जयवर्धने के इस प्रसारण के बाद की गई कि भारतीय शांति सेना को उन गांवों में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी । उन्होंने कहा कि ये गांव सिंहलियों के हैं और सेना उनकी रक्षा के लिए भेजी गई है ।

कोलम्बो में भारतीय उच्चायोग के प्रवक्ता ने बताया कि शांति सेना ने बडमरच्ची, नवडकुली और जाफना तथा उत्तरी जिले के वावुनिया, मुल्लैतीव और मन्नार स्थित लिट्टे के शिविरों पर हमला किया । हमले में करीब साठ छापामार मारे गए । उच्चायोग के प्रवक्ता ने इस खबर को गलत बताय कि जाफना के पुनेरिन में आज सुबह बारूदी सुरंग फटने से दो भारतीय सैनिक मारे गए । प्रवक्ता ने कहा कि तीन जवान विस्फोट में घायल हुए लेकिन किसी की मृत्यु नहीं हुई है ।

देखते ही गोली मारने का आदेश

नई दिल्ली में आज सरकारी तौर पर घोषणा की गई कि भारतीय शांति सेना ने आज जाफना नगर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया तथा देखते ही गोली मार देने का आदेश जारी कर दिया । यह आदेश भारतीय शांति सेना पर लिट्टे के हमले जारी रहने के दृष्टिगत जारी किया गया ।

नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने मद्रास से प्रसारित इस समाचार को 'झूठा, बेबुनियाद और शरारत भरा' बताया है कि श्रीलंका के अशांत क्षेत्रों में श्रीलंका की सेना और भारतीय शांति सेना संयुक्त रूप से गश्त लगा रही है । मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि भारत-श्रीलंका समझौते की शर्तों के अनुसार श्रीलंका की सेना बैरकों से बाहर नहीं निकली है । प्रवक्ता ने बताया कि तमिलों और सिंहलियों की निर्मम हत्या करने वाले और पहले मुसलमानों के खिलाफ़ तथा अब भारतीय शांति सेना के खिलाफ़ हिंसक कार्रवाई करने वाले लोगों ने यह

Punjab Sanatan

(3) दोनों मृतक बच्चने के लिए घर के अंदर भागे,लेकिन उग्रवादियों ने वहीं जाकर गोली मार दी, (4) घायल किशन चंद, (5) घायल सुरजीत सिंह, (6) वह जगह,जहां जगराता हो रहा था । दायरों में वे जगहें हैं,जहां गोलियां लगीं, (7) स्वर्ण सिंह का शोक संतप्त परिवार, (8) तरसेम सिंह का शोकाकुल परिवार । (छाया : प्रद्युम्न)

(1) मोगा के निकट पुलिस से मुठभेड़ में मारे गए एक अज्ञात उग्रवादी का शव । पास ही उसके द्वारा प्रयुक्त स्कूटर और राइफल पड़ी है (2) इस उग्रवादी से मिले हथियार और गोली-सिक्का (छाया : जिंदल) (3) जिला गुरदासपुर के गांव सरवाल में आतंकवादियों की गोलियों से घायल होकर अमृतसर अस्पताल में दम तोड़ गए सरदार चंद। (छाया : ओम भंडारी)

उग्रवादियों द्वारा सी.आर.पी. के डी.आई.जी. विर्क की हत्या का प्रयास, ट्रक कार पर चढ़ा दिया, डी. एस. पी. मरा, गनमैन ड्राइवर घायल

चंडीगढ़, 12 अक्तूबर (ह.स., वार्ता): खुंखार उग्रवादी जनरल लाभ सिंह उर्फ सुक्खा सिपाही के गिरोह खालिस्तान कमांडो फोर्स ने कल रात्रि सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क की हत्या का प्रयास किया और उग्रवादियों ने उनकी उस कार पर ट्रक चढ़ा दिया जिसमें श्री विर्क अपने साथियों सहित चंडीगढ़ जा रहे थे । इसके



गुरचरण सिंह

फलस्वरूप श्री विर्क, कार चालक व उनका गनमैन घायल हो गए जबकि आगे की सीट पर बैठे डी.एस.पी. गुरचरण सिंह घटना स्थल पर ही मारे गए । उग्रवादियों ने लुधियाना जिले में दो भाइयों, होशियारपुर जिले में भगवती जागरण में भाग लेकर लौट रहे दो लोगों, अबोहर में एक जमींदार, अमृतसर जिले में दो किसानों सहित तीन लोगों की हत्याएं कर दीं । रोपड़ के पास एक फैक्टरी के कैशियर से 1.92 लाख रु. व बटाला में बाल विकास प्रोजेक्ट कार्यालय से 54268 रु. लूट लिए । मोगा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जबकि अमृतसर में हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी घायल हो गया ।

डी.आई.जी. घायल, डी.एस.पी. की मृत्यु

सी.आर.पी. के अमृतसर मुख्यालय को मिली जानकारी के अनुसार कल रात्रि करनाल (हरियाणा) में जी.टी. रोड पर हुई एक घटना में सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क, कार चालक, गनमैन घायल हो गए जबकि उनके साथ जा रहे डी.एस.पी. गुरचरण सिंह की मृत्यु हो गई ।

पहले सूचना मिली थी कि यह एक दुर्घटनामात्र थी परन्तु रात में खालिस्तान कमांडो फोर्स के प्रवक्ता ने 'वार्ता' व 'भाषा' के कार्यालयों को टैलीफोन करके कहा कि खालिस्तान कमांडो फोर्स के आत्मघाती दस्ते के उग्रवादियों ने अपना ट्रक सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क की कार पर चढ़ा कर उनकी हत्या का प्रयास किया पर श्री विर्क घायल हो गये जबकि डी.एस.पी. की मृत्यु हो गई ।

जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स ने ली, पंजाब में 2 भाइयों, जमींदार, किसान सहित 8 लोगों की हत्या, एक फर्म से 192000, विकास अधिकारी से 55000 रु. लूटे, मुठभेड़ में एक उग्रवादी मरा, 4 द्वारा आत्मसमर्पण ।

श्री विर्क, डी.एस.पी. गुरचरण सिंह, ड्राइवर, गनमैन के साथ किसी खास मिशन से नई दिल्ली जा रहे थे । रास्ते में करनाल के पास कर्ण झील के रेस्तरां में वे लोग चाय पीने ठहरे । उग्रवादियों का ट्रक उनकी कार का पीछा कर रहा था । वह भी पीछे आकर रुक गया । उसमें से एक व्यक्ति उतरा जिसने बाहर खड़ी कार के चालक से पूछा कि वह कौन है, उसके साथ कौन लोग हैं और किस काम से कहां जा रहे हैं । पूछताछ के बाद वह वहां से चला गया । इसी बीच श्री विर्क व उनके साथी चाय पीकर आ गए और कार में सवार होकर दिल्ली की ओर चले । उग्रवादी अपना ट्रक पहले दिल्ली की ओर आगे ले गए और फिर रास्ते में मुड़कर पीछे लौटे तथा पीछे आ रही श्री विर्क की कार को ट्रक द्वारा सामने से टक्कर मार कर फरार हो गए । उनके साथ आ रही एस्कोर्ट पार्टी उग्रवादियों का पीछा नहीं कर सकी क्योंकि वह अपने अधिकारियों के बचाव में लग गई ।

श्री विर्क आज अमृतसर लौट आए जहां उन्हें उपचार के बाद अस्पताल से छोड़ दिया गया । कार चालक व गनमैन अस्पताल में हैं ।

मृत डी.एस.पी. गुरचरण सिंह कपूरथला में डी.एस.पी. थे और हाल ही में फिल्लौर से तबदील होकर कपूरथला आए थे पर अभी चार्ज नहीं लिया था । वे पहले डी.एस.पी. सिटी अमृतसर भी रह चुके थे ।

2 भाइयों की हत्या

लुधियाना से मसाफिर की सूचना है कि गत रात्रि यहां से कुछ किलो मीटर दूर आठ-दस उग्रवादी एक व्यक्ति हरभेष सिंह के मकान में दाखिल हो गए और उससे कहा कि जो कुछ तुम्हारे पास है, हमारे हवाले कर दो । हरभेष सिंह ने विरोध किया । इस पर उग्रवादियों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी । इतनी देर में उसका दूसरा भाई दरबारा सिंह वहां आ गया, उग्रवादियों ने उसकी भी गोली मारकर हत्या कर दी । उसके बाद उग्रवादी मकान से 20 तोले सोना और नगदी लूट कर ले गए ।

इसी प्रकार की एक घटना 4 अक्तूबर को गांव भट्टियां में भी हुई थी और वहां से उग्रवादी 20 तोले सोना लूट कर ले गए थे ।

'अजीज' गिरफ्तार

'महिन्द्रा' के अनुसार स्थानीय सराभा नगर पुलिस ने छापा मारकर एक व्यक्ति संता सिंह 'अजीज' को देशद्रोह के मुकद्दमे में गिरफ्तार किया है । पुलिस ने उसके कब्जे से प्रतिबंधित 1000 पुस्तकें 'ऐसी दशा हमारी' भी बरामद की गई हैं ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

ज़ैल सिंह की हालत में सुधार, दिल्ली लाकर आयुर्विज्ञान संस्थान में दाखिल किया गया

नई दिल्ली, 12 अक्तूबर : पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को आज अपराह्न अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज के लिये भर्ती किया गया ।

आयुर्विज्ञान संस्थान के सूत्रों के अनुसार उन्हें संस्थान के सघन चिकित्सा कक्ष में दाखिल किया गया है । श्री जैल सिंह को इससे पूर्व बलिया से वायु सेना के हैलीकाप्टर द्वारा वाराणसी लाया गया,जहां से एक विशेष विमान में दिल्ली लाये गये । श्री सिंह को कल बलिया में दिल का दौरा पड़ने के बाद वहां के जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था ।

ज्ञानी जैल सिंह हैलीकाप्टर से बीस मिनट की यात्रा के बाद बलिया से वाराणसी पहुंचे । बाबतपुर हवाई अड्डे पर 40 मिनट के विश्राम करने के पश्चात् वायुसेना के विशेष विमान से दिल्ली रवाना हुए । श्री जैल सिंह चैतन्य थे और डाक्टरों से बातचीत कर रहे थे ।

श्री जैल सिंह को विमान से दिल्ली लाने के लिये केन्द्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह और गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम कल ही बलिया पहुंच गये थे । श्री सिंह के साथ यू.पी. के गृहमंत्री श्री गोपी नाथ दीक्षित और श्री सिंह की पुत्री डा. गुरदीप कौर और भतीजा श्री बसंत सिंह भी थे । पूर्व राष्ट्रपति की बीमारी की खबर मिलते ही कल राजधानी के कुछ वरिष्ठ डाक्टरों का एक दल बलिया चला गया था । श्री जैल सिंह जय प्रकाश नारायण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में भाग लेने के लिये बलिया गये थे । वहीं उन्हें दिल का हल्का दौरा पड़ा ।

आयुर्विज्ञान संस्थान के डाक्टरों के अनुसार श्री जैल सिंह चेतना अवस्था में हैं और उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है ।

पूर्व राष्ट्रपति श्री सिंह कल जब कार द्वारा बलिया जा रहे थे तो वहां से दस मील पहले ही उन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई और वे अचेत हो गए । उनकी कार के पीछे चल रही एम्बूलैंस से उन्हें तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई गई । श्री सिंह का रक्त-चाप काफी घट गया था ।

शाम को बलिया अस्पताल में दिल्ली, लखनऊ तथा वाराणसी से गये डाक्टरों ने श्री सिंह को देखा और उनकी चिकित्सा की । जिन डाक्टरों ने उनकी चिकित्सा की उनमें गोविन्द वल्लभ पंत अस्पताल के डा. एमतर यल्लीउल्ला, जयप्रकाश नारायण अस्पताल के डा. पी.सी. निगम और राष्ट्रपति के निजी चिकित्सक डा. ब्रिगेडियर डी.एन. ग्रोवर शामिल थे ।

भूतपूर्व रक्षामंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह तथा जनमोर्चा के संयोजक रामधन ने ज्ञानी जैल सिंह की अस्वस्थता पर चिंता व्यक्त की है । दोनों नेताओं ने श्री जैल सिंह को उत्तर प्रदेश के बलिया से जिले के

श्रीलंका में शांति के लिए उपयुक्त कदम उठाए जाएंगे : राजीव

टोक्यो,12 अक्तूबर(वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज कहा कि वह श्रीलंका में शांति तथा सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए भारत-श्रीलंका समझौते के अंतर्गत उपयुक्त कदम उठाएंगे । श्री गांधी राष्ट्रकुल सम्मेलन में भाग लेने के लिए वैन्कूवर जाते समय यहां थोड़ी देर रुके और इस दौरान उन्होंने जापान के प्रधानमंत्री नकासोने से बात की ।

बताया जाता है कि श्री नकासोने ने श्रीलंका में शांति स्थापित करने के लिए भारत-श्रीलंका

डालर के ऋण के अलावा है ।

समझा जाता है कि जापान ने श्रीलंका को जाफना प्रायद्वीप में पुनर्निर्माण कार्यों के लिए वित्तीय सहायता देने की भी पेशकश की है । दोनों नेताओं के बीच हुई लगभग एक घंटे की बातचीत में श्री गांधी ने श्रीलंका में शांति स्थापित करने के लिए भारत की भूमिका से श्री नकासोने को अवगत कराया । प्रवक्ता ने बताया कि श्री गांधी ने जापान के प्रधानमंत्री को श्रीलंका में चल रहे वर्तमान संघर्ष की भी जानकारी दी और बताया कि अब तक साठ

पंजाब में सलाहक गठित करने का फै

चंडीगढ़, 12 अक्तूबर (एन.एस. परवाना): पता चला है कि पंजाब सरकार ने राज्य भर की नगर पालिकाओं के लिए प्रमुख शहरियों पर आधारित

Punjabi Sahat.com

उग्रवादियों ने सी.आर.पी....

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस निरीक्षक हरबंस सिंह ने बताया कि उसे ऊधम सिंह नगर में एक स्थान से गिरफ्तार किया गया ।

1.92 लाख रुपए लूट लिए

रोपड़ (ह.स.): आज दोपहर जिला रोपड़ के गांव माहिलपुर के निकट तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने पंजाब बैंक प्लांट के कैशियर से 1,92000 रुपए लूट लिए । उग्रवादियों ने गांव के निकट रेलवे का गेट नीचे करके उस कार को जबरदस्ती रोक लिया, जिसमें कैशियर यात्रा कर रहा था । कार रुकते ही उग्रवादियों ने कैशियर से थैला छीना । समझा जाता है कि अभियुक्त लूट की रकम के साथ रोपड़ की ओर भाग गए ।

2 मारे गए, 6 घायल

होशियारपुर से प्रद्युम्न और अश्विनी ने सूचना दी है कि गत रात्रि यहां से 40 किलो मीटर दूर दसूहा के निकट गांव रधावा में एक मज़हबी सिख शिंगारा सिंह के घर पर जगराता हो रहा था । उसने मन्नत मानी हुई थी । जगराता रात्रि नौ बजे शुरू हुआ, लगभग 12 बजे तीन उग्रवादी, जिनके पास स्टेनगनें थीं, वहां आए । उन्होंने शिंगारा सिंह से कहा कि तुम सिख होकर जगराता करवाते हो, यह बात असहनीय है । इसके साथ ही उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिससे दो व्यक्ति तरसेम सिंह और स्वर्ण सिंह उर्फ़ सोनी मारे गए जबकि छः व्यक्ति चमन सिंह फौजी, बहादर सिंह, कुलदीप सिंह उर्फ़ दीपा, सुरजीत सिंह, बचन सिंह और बंसी लाल घायल हो गए । पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश अरोड़ा ने आज यहां पत्रकारों को इस घटना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि चार घायलों को सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल करवाया गया है । उनकी दशा संतरनाक बताई जाती है । दो घायल दसूहा के सिविल अस्पताल में चिकित्साधीन हैं । जिला रैडक्रास ने गम्भीर रूप से घायल चार व्यक्तियों के इलाज के लिए एक-एक हजार रुपए दिए हैं ।

गांव वालों ने जानकारी न दी

श्री सरेश अरोड़ा के अनुसार उग्रवादियों की गोलियों की आवाज़ सुनकर एक नाके पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवान शिंगारा सिंह के मकान पर आए लेकिन घर वालों ने यह समझा कि उग्रवादी पुनः आ गए हैं, जिस पर उन्होंने मकान का दरवाज़ा न खोला । गांव वालों ने यह भी न बताया कि उग्रवादी किस ओर गए हैं ।

'वार्ता' के अनुसार आतंकवादी पैदल आए थे और गोलियां चलाने के बाद बचकर भाग गए । सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल से प्राप्त खाली कारतूसों से पता चलता है कि आतंकवादियों ने 303 बोर की राइफल और बारह बोर की बंदूक इस्तेमाल कीं ।

होशियारपुर के जिलाधीश ने घायल चार व्यक्तियों को 1000-1000 रुपए की तुरन्त सहायता देने की घोषणा की है ।

चित्रों पर भी गोलियां चलाईं

'प्रद्युम्न' के अनुसार उग्रवादियों ने जगराता स्थल पर पहुंचते ही कहा कि जगराता बंद कर दो । वहां बाबा बालक नाथ का जगराता हो रहा था । जब प्रबन्धकों ने जगराता बंद कर दिया तो पहले उग्रवादियों ने स्टेज पर रखे हुए चित्रों को गोली मारी और फिर वहां मौजूद लोगों पर फ़ायरिंग करने लग पड़े, जिससे 6 व्यक्ति घायल हो गए । इसके बाद शिंगारा सिंह और उसकी मां ने हाथ जोड़ कर उनको निवेदन किया कि लोगों को न मारें, परन्तु उन्होंने कहा कि हम ने नहीं 'बख्शना' । उस समय वहां 35-40 व्यक्ति मौजूद थे । उनमें से दो घायल तरसेम सिंह और स्वर्ण सिंह उसी घर के एक कमरे में जा छिपे, परन्तु उग्रवादियों ने कमरे में जाकर उनकी हत्या कर दी । दो दिन पूर्व भी इसी गांव में शराब का एक ठेका लूट लिया गया था तथा एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी । उल्लेखनीय है कि जिला होशियारपुर में उग्रवादी निरंतर वारदातें कर रहे हैं और 6,8 और 11 अक्तूबर को तीन वारदातें हुई थीं, जिनमें 9 व्यक्तियों की हत्या हुई ।

हैड-कांस्टेबल की हत्या

अमृतसर (ह.स.): हरिके थाना क्षेत्र के मेहरना गांव में आज दोपहर कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने गोलियां चलाकर एक भूतपूर्व हैड-कांस्टेबल की हत्या कर दी और एक किसान को घायल कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार दस से बारह सशस्त्र व्यक्तियों ने भूतपूर्व हैड-कांस्टेबल करतार सिंह और उसके रिश्तेदार बलकार सिंह पर गोलियां चलाईं । हमले के समय दोनों व्यक्ति खेत में काम कर रहे थे । करतार सिंह घटनास्थल पर ही मारा गया जबकि बलकार सिंह गम्भीर रूप से घायल हुआ । गोलियां चलने की आवाज़ और खतरे का अहसास करके सीमा सुरक्षा बल के सब-इंस्पैक्टर पूर्ण सिंह ने हवा में गोलियां चलाईं, इस पर आतंकवादी कार और स्कूटरों पर बैठ कर फ़रार हो गए । उग्रवादियों ने करतार सिंह के ट्रैक्टर को भी आग लगा दी । हमलावरों को पकड़ने के लिए पुलिस बड़े पैमाने पर छानबीन कर रही है । घटनास्थल से उसने 60 खाली कारतूस बरामद किए हैं ।

बताया जाता है कि उग्रवादियों ने करतार सिंह फौजी को कहा कि वे उग्रवादी ब्रह्मा धड़े के सदस्य हैं और वे उसकी लाइसैंस वाली बंदूक लेना चाहते हैं । करतार सिंह ने अपनी बंदूक उठाई और उग्रवादियों पर फ़ायर किया, लेकिन उग्रवादियों की फ़ायरिंग से करतार सिंह फौजी मारा गया ।

उग्रवादी मुकाबले में घायल

मंड इलाके में सरहाली थाने के गांव कैरों के निकट कल देर रात गए सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में एक संदिग्ध आतंकवादी गुरदीप सिंह घायल हो गया । यह इलाका यहां से करीब 45 किलो मीटर दूर है । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात को जा रहे तीन संदिग्ध आतंकवादियों को जब सुरक्षा बल के गश्ती दल ने संदेह होने पर रुकने का संकेत दिया तो उन्होंने गश्ती पार्टी पर गोली चलानी शुरू कर दी । गोलीबारी से उनमें से एक घायल हो गया । अन्य दो भाग निकले । गुरदीप सिंह को कैरों सिविल अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है । एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादियों की संख्या चार थी, जबकि एक घायल होने पर उसके तीन साथी भाग निकले ।

मुकाबले के बाद चार उग्रवादियों द्वारा

पास सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ के दौरान अपने साथी के साथ भाग निकला था ।

लापरवाही या अज्ञानता ?

पटियाला (भूषण): पंजाब में उग्रवाद के विरुद्ध सरकारी अभियान का कमज़ोर पक्ष यह है कि उग्रवादियों के विरुद्ध मुकद्दमे अदालतों में फ़ेल होते जा रहे हैं, जिसका महत्वपूर्ण कारण पुलिस की जांच मशीनरी की कमजोर कार्य क्षमता है । कानूनी-पक्ष की पूर्ण जानकारी न होने के कारण जांच अधिकारी ऐसी भूलें कर जाते हैं कि अदालतों में जाते ही मुकद्दमे फ़ेल हो जाते हैं । गत दिनों बब्बर खालसा केस से तीन अभियुक्त इसलिए ज़मानत पर रिहा कर दिए गए कि उनके इकबाली बयान हैड-कांस्टेबल या ए.एस.आई. अधिकारियों ने लिए थे, हालांकि साक्ष्य कानून में नए संशोधन के अनुसार भी इकबाली बयान एस.पी. के समक्ष होना चाहिए । यह भी देखा गया है कि अक्सर पुलिस के गवाह अदालत में जाते ही बदल जाते हैं । ज़मानतों के मामले में बचाव पक्ष ऐसे गवाहों में हल्फ़िया बयान पेश कर देता है, जिसमें गवाह अपने बयान से बदल जाता है । प्रकट है कि जांच अधिकारी सतर्क नहीं होते । विशेषज्ञों की ओर से यह सझाव भी दिया जा रहा है कि पुलिस की जांच मशीनरी और इस्तगासा में निकटतम सम्बन्ध स्थापित किया जाए ताकि अभियुक्तों के विरुद्ध चालान कानूनी पक्षों के अनुसार हो और केस कमज़ोर आधार पर न हो ।

लोगों ने दो उग्रवादी काबू कर लिए

पटियाला से भूषण के अनुसार सरहंद में एक आढ़ती से 1,23000 रुपए से भरा थैला छीनने की कोशिश कर रहे दो स्कूटर सवार संदिग्ध उग्रवादियों पर लोगों ने काबू पा लिया । इन उग्रवादियों की पाला सिंह और अजीत सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । अभियुक्तों को बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

हाकी की नोक पर स्कूटर छीन लिया

कपूरथला (शर्मा): कपूरथला-जालन्धर सड़क पर खोसला-फ़ैन्स के निकट प्रातः दस बजे हाकी की नोक पर छीना गया स्कूटर नं. 1177 पी.ए.डी. सायं के समय कपूरथला में पंजाब नैशनल बैंक के निकट चाबियों व सामान सहित खड़ा मिल गया । बताया जाता है कि हाकी से लैस युवक ने स्कूटर छीनते समय कहा था कि दस मिनट के बाद स्कूटर वापस मिल जाएगा, लेकिन जब स्कूटर के मालिक ने हाथापाई करने की कोशिश की तो उसने धमकी दी कि उसके पास शस्त्र भी है और अब स्कूटर दो घंटे के बाद मिलेगा । पंजाब नैशनल बैंक के निकटवर्ती लोगों का कहना है कि दोपहर से यह स्कूटर वहां पर खड़ा था ।

उग्रवादी मुठभेड़ में मरा

मोगा (आज़ाद, बांसल): कम्युनिस्ट नेता सुखमिंदर सिंह के परिवार के 6 सदस्यों और 2 पुलिस कांस्टेबलों को मारने वाला एक आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । फरीदकोट के ए.एस.पी. श्री एस.एस. चोपड़ा जब मोगा सब-डिवीजन के थानों की चैकिंग के बाद निहालसिंहवाला की ओर से बाघापुराना लौट रहे थे तो रात के समय जब उनकी कार बाघापुराना के पास पहुंची तो जैल सिंह मार्केट के पास दो स्कूटर सवारों ने

रॉयल गर्वनमेंट ऑफ भूटान

जैकपोट वीकली

ड्रा हर सोमवार

टिकट: नू/रु. 1/- केवल

स्त्रोत पर आयकर की कोई कटौती नहीं



83वें ड्रा का परिणाम जो 12.10.1987 को फुंटशोलिंग, भूटान में निकाला गया :–

1st Prize : (1) Nu/Rs. 1,00,000/- (Common to all series)
JP-175164

2nd Prize (3) Nu/Rs. 5,000/- each (One in each series)
JP-450766 JR-772874 JS-700410

3rd Prize (300) NU/Rs. 500/- each (Applicable to all series ending with last 5 digits).
07993 47485 15415 32184 72765 77847 28223 80768 41981 06982

4th Prize (3,000) Nu/Rs. 50/- each (Applicable to all series ending with last 4 digits).
7759 9483 4223 6408 2280 1364 2199 7484 4460 2099

5th Prize (3,000) Nu/Rs. 20/- each (Applicable to all series ending with last 4 digits)

Punjabi Sanstha

लिंग, भूटान में
ries)
es)
all series ending
41981 06982
all series ending
4460 2099
all series ending
7274 9575
all series ending
lottery ticket.
किसी अशुद्धि के लिए
नम्बरों को अंतिम रूप
डिप्टी सैक्रेटरी,
लाटरी निदेशालय,
ल गव. आफ भूटान,
फुंटशोलिंग, भटान
करती है
मर
रु.100/-
क प्रिपेड
कीजिए
लाख टिकट
0
00
,000
,000
0,000
0,000
,00,000
पन

मंड इलाके में सरहाली थाने के गांव करीके निकट कल देर रात गए सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में एक संदिग्ध आतंकवादी गुरदीप सिंह घायल हो गया । यह इलाका यहां से करीब 45 किलो मीटर दूर है । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात को जा रहे तीन संदिग्ध आतंकवादियों को जब सुरक्षा बल के गश्ती दल ने संदेह होने पर रुकने का संकेत दिया तो उन्होंने गश्ती पार्टी पर गोली चलानी शुरू कर दी । गोलीबारी से उनमें से एक घायल हो गया । अन्य दो भाग निकले । गुरदीप सिंह को कैरों सिविल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादियों की संख्या चार थी, जबकि एक घायल होने पर उसके तीन साथी भाग निकले ।

मुकाबले के बाद चार उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

अशोक सोनी के अनुसार जिला अमृतसर के पुलिस अधीक्षक श्री इज़हार आलम ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया है कि गत रात्रि थाना मजीठा के क्षेत्र में गांव नागकलां में पुलिस और सी.आर.पी.एफ. की संयुक्त पार्टी के साथ चार खतरनाक उग्रवादियों का मुकाबला हो गया । इस प्रकार काफी फ़ायरिंग होती रही । अन्ततः इन चारों उग्रवादियों ने हाथ खड़े करके आत्म-समर्पण कर दिया । बाद में उनकी अजमेर सिंह उर्फ़ टीटा आफ गांव मन्न कोट कर्मचन्द के लोक विजय सिंह, डेरा बाबा नानक के गांव मिजिया के सुखदेव सिंह और भला पिंड के दिलबाग सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । ये चारों उग्रवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के सरगर्म सदस्य हैं । उनसे 9 एम.एम. की स्टेनगन, दो 12 बोर की बंदूकें और .315 बोर की राइफल के अतिरिक्त काफी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं ।

झब्बाल में हत्या

जिला अमृतसर के झब्बाल पुलिस स्टेशन के गांव कोट खुर्द में उग्रवादियों ने आज रात एक व्यक्ति हरदीप सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

घायल चल बसा

डेरा बाबा नानक पुलिस स्टेशन के गांव सरवाली में गत रात्रि उग्रवादियों की गोलियों से घायल किसान सरदार चंद की आज गुरु तेग बहादुर अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

क्लब में जमींदार की हत्या

अबोहर (सदोष): गत रात्रि एक अज्ञात व्यक्ति ने अबोहर क्लब में एक जमींदार इन्द्र मोहन सेतिया (50) की गोली मारकर हत्या कर दी । क्लब के एक कर्मचारी रत्न लाल को भी गोलियों के घाव आए हैं । घटना की सूचना मिलते ही सी.आर.पी. घटनास्थल पर पहुंच गई । क्लब के सदस्यों ने बताया कि पंजाब पुलिस घटनास्थल पर लगभग 30 मिनट लेट पहुंची । एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि सवा आठ बजे रात्रि एक हवाई फ़ायर हुआ, जिसकी सदस्यों ने उपेक्षा कर दी । उन्होंने यह सोचा कि शायद किसी विवाह वालों ने पटाखा छोड़ा होगा । यह सोचते हुए क्लब के सदस्य ताश आदि खेलने में व्यस्त हो गए । दूसरी गोली की आवाज़ उस समय सुनी गई, जब रत्न लाल चीखा । एक अन्य सदस्य चिल्लाया कि इन्द्र मोहन सेतिया को बरामदे के साथ वाले कमरे में गोली मार दी गई है । इसके बाद सभी सदस्य बचाव के लिए इधर-उधर भाग गए । बाद में जब श्री सेतिया को अस्पताल में लाया गया तो उनके शरीर से बरी तरह रक्त बह रहा था । अज्ञात हत्यारे ने श्री सेतिया पर निकट से गोली चलाई, जो उनकी गर्दन में लगी, जो घातक सिद्ध हुई ।

धमकी दी कि उसके पास शस्त्र भी है और अब स्कूटर दो घंटे के बाद मिलेगा । पंजाब नैशनल बैंक के निकटवर्ती लोगों का कहना है कि दोपहर से यह स्कूटर वहां पर खड़ा था ।

उग्रवादी मुठभेड़ में मरा

मोगा (आज़ाद, बांसल): कम्युनिस्ट नेता सुखमिंदर सिंह के परिवार के 6 सदस्यों और 2 पुलिस कांस्टेबलों को मारने वाला एक आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । फरीदकोट के ए.एस.पी. श्री एस.एस. चोपड़ा जब मोगा सब डिवीजन के थानों की चैकिंग के बाद निहालसिंहवाला की ओर से बाघापुराना लौट रहे थे तो रात के समय जब उनकी कार बाघापुराना के पास पहुंची तो जैल सिंह मार्केट के पास दो स्कूटर सवारों ने उन पर हमला कर दिया जिससे कार का एक टायर पट गया । गनमैनों द्वारा की गई जवाबी फ़ायरिंग में एक उग्रवादी मारा गया और एक फरार हो गया ।

घटनास्थल पर एक बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.बी.एल. 7985 तथा एक 36 बोर का रिवाल्वर, दस जीवित कारतूस तथा 6 खाली कारतूस तथा 303 की राइफल भी मिली, जो इन उग्रवादियों ने पुलिस कांस्टेबल सुखमिंदर पाल सिंह से छीनी थी । सुखमिंदर पाल सिंह की हत्या उग्रवादियों ने गत 9 जुलाई को की थी । स्कूटर की डिक्की में एक बैल्ट भी मिली, जो सिपाही अवतार सिंह की थी । अवतार सिंह की 26 अगस्त को उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी ।

फरीदकोट से जिला के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री गोबिंद राम ने एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि पुलिस के साथ मुकाबले में मारे गए उग्रवादी ने कम्युनिस्ट वर्करों और दो पुलिस कर्मचारियों की हत्या की थी । बाघापुराना के इंस्पैक्टर मित सिंह की भी इसी ने हत्या की थी । इस उग्रवादी की बाघापुराना के एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की हत्या की योजना थी ।

श्री गोबिंदराम ने बताया कि उग्रवादियों की ए.एस.पी. श्री एस.एस. चोपड़ा की हत्या की योजना थी, जिसे असफल बना दिया गया ।

डेरे के महंत से रिवाल्वर मिला

मोगा से सर्वमित्र के अनुसार बाघापुराना पुलिस ने कल यहां समालसर गांव के एक डेरे के एक महंत को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से एक 303 का रिवाल्वर और आधा दर्जन कारतूस बरामद किए । यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार पुलिस ने उसके डेरे पर छापा मारा था ।

अमरेन्द्र रे से मिले

चंडीगढ़, 12 अक्तूबर (वि.प्र.): कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने आज सायं यहां राज्यपाल श्री एस.एस. रे से मुलाकात की जो लगभग 15 मिनट तक चली । पता चला है कि इस अवसर पर राज्य की ताज़ा राजनीतिक स्थिति बारे बातचीत की गई ।

साथ बहस करे
तेलगुदेशम
साम्प्रदायिकता
करेंगे तो उनकी
वरिष्ठ राजनयि
शक्तिशाली ए
साम्प्रदायिकता
उन्होंने कहा कि
को भड़काता है,
कवयित्री अमृता
की बुराई के प्र
ज़रूरत है । फ़ा
हमें सभी तरह
चाहिए ।

हंगामा

सुप्रसिद्ध शि
टिप्पणी पर सम्मे
प्रो. रईस अ
सभी राजनीतिक
और भाकपा भी
रुझान वाली बै
उनके इतना भर
बड़े वर्ग ने प्रो.
नारेबाज़ी शुरू क
इस पर श्री
सबत भी हैं, जि
लेकिन होहल्ला
आयोजकों ने कड़
बाद में माक
अपने भाषण में
संकेत करते हुए
हैं, लेकिन आज
फिरकापरस्ती औ
वामपंथी दल ही
पंजाबी कथा
हम जड़ों से कट
कर सके । उन्हों
में गांवों में टैल
दिखाई देंगे, किन्त
उन्होंने कहा कि
संस्कृति की तरफ
कांग्रेस (स)
शिवसेना जैसी सा
माहौल बनाना पड़
उसको अंधार्मिक
जाएगा ।
भूतपूर्व केंद्री
किसाम्प्रदायिकता
में घुस गई है ।
ज़रूरत है । उन
मेरठ और अहमद
परिणाम हैं । इन
बुनियादी सोच में

शिरोमणि प्रबन्धक
सदस्यों की गिरफ्तारियें

चंडीगढ़, 12 अक्तूबर (वि.प्र.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्षीय चुनाव के अवसर पर सदस्यों की गिरफ्तारियों का क्रम शुरू कर दिया है । एकीक
अनुसार अब तक
हरचरण सिंह दिल
अमर सिंह अलीग
है ।

400 इंका सांसद सती

Punjabi Sahitya

बताया कि सवा आठ बजे रात्रि एक हवाई फ़ायर हुआ, जिसकी सदस्यों ने उपेक्षा कर दी । उन्होंने यह सोचा कि शायद किसी विवाह वालों ने पटाखा छोड़ा होगा । यह सोचते हुए क्लब के सदस्य ताश आदि खेलने में व्यस्त हो गए । दूसरी गोली की आवाज़ उस समय सुनी गई, जब रत्न लाल चीखा । एक अन्य सदस्य चिल्लाया कि इन्द्र मोहन सेतिया को बरामदे के साथ वाले कमरे में गोली मार दी गई है । इसके बाद सभी सदस्य बचाव के लिए इधर-उधर भाग गए । बाद में जब श्री सेतिया को अस्पताल में लाया गया तो उनके शरीर से बुरी तरह रक्त बह रहा था । अज्ञात हत्यारे ने श्री सेतिया पर निकट से गोली चलाई, जो उनकी गर्दन में लगी, जो घातक सिद्ध हुई ।

फिरोज़पुर से 'वागी' के अनुसार हत्यारे ने खिड़की में से कमरे में श्री सेतिया पर गोली चलाई ।

54268 रुपए लूट कर ले गए

बटाला (कोछड़): स्थानीय कादियां सड़क पर स्थित अर्बन एस्टेट में बाल विकास प्रोजैक्ट कार्यालय से आज दोपहर लगभग 12.30 बजे चार सशस्त्र अज्ञात युवक 54268.65 रुपए लूटकर ले गए । घटना की सूचना मिलते ही पंजाब पुलिस व बी.एस.एफ. के उच्च अधिकारी भारी संख्या में फ़ोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए व आसपास के क्षेत्रों की नाकाबंदी करली । इस कार्यालय की सोना निवासी प्रोजेक्ट आफ़िसर श्रीमती भूपिन्द्र कौर गिल ने बताया कि यह राशि कार्यालय के 122 गांवों के केन्द्रों में नियुक्त 244 कर्मचारियों को वेतन देने के लिए लाई गई थी । पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह कार्यालय शहर से बाहरी क्षेत्र में है और यह राशि 8 अक्तूबर से लाकर सेफ़ में रखी हुई है । आज वेतन देना था तो भी पुलिस को सूचना नहीं दी गई । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अज्ञात युवकों ने आफ़िस प्रोजैक्ट आफ़िसर से सेफ़ की चाबियां मांगीं, उसके न देने पर उन्होंने उसकी पिटाई की व चाबी छीन ली । लुटेरे साइकलों पर आए थे और लूटकर साइकलों पर ही फ़रार हो गए ।

इत्तिफ़ाक से गोली चली : 1 मरा

कल रविवार 11 अक्तूबर को थाना डेरा बाबा नानक के गांव सरवाली में गोली चलने के कारण 45 वर्षीय सरदार मसीह भट्टी आर.एम.पी. डाक्टर के ज़ख्मी होने के सम्बन्ध में एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री जे.पी. बिरदी ने स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि रिवाल्वर देखते समय उससे अचानक गोली चल गई थी । यह आतंकवादियों की कार्रवाई नहीं है । श्री बिरदी ने बताया कि जिला होशियारपुर में ड्यूटी पर तैनात पुलिस का एक ए.एस.आई. शिव सिंह मसीह जो कि सरदार मसीह का रिश्ते में भाई लगता है, वह इस के पास आया हुआ था । शाम को जब सारा परिवार बैठा हुआ था तो सरदार मसीह ने शिव सिंह से उसका सर्विस रिवाल्वर देखने के लिए पकड़ लिया और उससे अचानक गोली चल गई । वह घायल हो गया और उसे अमृतसर अस्पताल में ले जाया गया, जहां आज प्रातः उसकी मृत्यु हो गई है । पोस्ट-मार्टम के बाद उसकी लाश घर वालों को सौंप दी गई है ।

'बी' श्रेणी का उग्रवादी गिरफ्तार

बटाला से मिली एक अन्य खबर के अनुसार पुलिस ने कल रात सदर थाने में नाकेबंदी के दौरान हरबिंदर सिंह नामक एक प्लस 'बी' श्रेणी के आतंकवादी को गिरफ्तार करने का दावा किया है । हरबिंदर सिंह 8 अक्तूबर की रात में बिनवां गांव के

एस.एस.रे के नुक तक चली । पुत्रा की ताजा गर्ज़ी

शिरो सदस्य

चंडीगढ़, 1 गुरुद्वारा प्रबन्धक अवसर पर सदस्यो

400 होने को

नई दिल्ली रक्षामंत्री वेंक प्रधानमंत्री राजी कहा कि "उन्हों आज सती होने

श्री सिंह ने सम्मेलन को संब दिवराला गांव में संदर्भ में यह टि प्रधानमंत्री द्वारा करने पर रूप ने लेकिन मझे नहीं उनकी पीठ ठो लिए सती हो

श्री सिंह की तालियां बजाकर

वी.पी. सम इका

लखनऊ, 1 कांग्रेस (इ) के अध्य सलाह पर आज रा सदस्यों को शपथ दिया । ये तीनों दीक्षित, उन्नाव गाजीपुर के सरेन्द्र प्रताप सिंह के समर्थ (इ) मुख्यालयइन्द्र विधायकों को हाई रहने के कारण ने

दीक्षित के

कानपुर, 1 कार्यकर्त्ताओं के विश्वनाथ प्रताप विधायक वीरेन्द्र तोड़फोड़ की और (इ) विधायक श्री स्थानीय मुख्यालय बाद में दोनों पक्षों हंगामे के बाद स्था प्रशासन ने घटनास्थ पुलिस तैनात कर दी बंद हो गई । बड़ा नाकाबंदी कर उन्हें के कार्यालय पर ए

x 1
x 10
x 100
x 1,000
x 1,000
x 10,000
x 10,000
x 1,00,000

ापन

कऊ
atic Hydraulic injection
. Capacity 200 gram.
Box 140, Punjab Kesari,

eo Running Shop at
iana, with all furniture,
Stereo Deck Record
d Audio Cassettes for
ood four figures income.
B-XII/316, Shahpur
one : 27004.

ाऊंट्स
Accounts Problems
up of Professional
act: Bahl Associates,
Exchange, Amritsar.

ोतिष
ल, बताए जीवन का हाल ।
R-135, मॉडल टाउन,
शास्त्री, मसंद मुहल्ला,

श्यकता
(1) इलैक्ट्रीकल फ़ोरमैन
निंग । उम्मीदवार सुअनुभवी
: पूजा फ़ोर्ज प्रा., 1/41,
एस्टेट, 13/6, मथुरा रोड,

ल्टी
Egg rate for 12.10.87
rays. NECC Suggested
r Dozen.

सूचना
otice-1987-88. JBT/
Admission open for
s for few vacant seats
respondence Courses.
0/- by M.D. Swami
e (Affiliated), 1810/
digarh.

Notice 1987-88.
cognised (Guidance &
without Middle, 10+2
../B.Com./M.A., One
A.N.M.) after Matric,
after Ayurvaid Rattan'
Professional, DT/LT/
mination forms being
ear. Prospectus Rs.
Singh College, Garha,

उग्रवादियों ने अमृतसर जिले के शाहपुर ग्राम्म में 4 लोगों की हत्या कर दी । (1) उग्रवादियों ने सरपंच अनोख सिंह को जहां पर घसीट कर मारा वहां बिखरे जूते व अन्य सामान, (2)बलविन्दर सिंह का खून से लथपथ बिस्तर, (3) तथा 4) चारों मृतकों के बिलखते परिवार वाले, (5) जली हुई ट्रैक्टर ट्राली, (6) गुरदीप सिंह के साथ उग्रवादियों की मुठभेड़ में टूटी बन्दूक की नाल । (छाया : ओम भंडारी)

बताया कि पहले जारी किए गए कार्यक्रम में बिना लेट फीस फार्म हासिल करने की तिथि 30 अक्तूबर तय की गई थी । इसके बाद 16 नवम्बर तक 5 रुपए लेट फीस से और अब 5 रुपए लेट फीस के साथ 30 नवम्बर तक फार्म लिए जाएंगे ।

मैच : भारत बनाम न्यूजीलैंड
स्थान : बंगलौर (भारत)
टी.वी. : सीधा प्रसारण प्रात: 8.50 से और मुख्य अंश रात 9.50 से

4 लोगों की हत्या, डेढ़ दर्जन उग्रवादी बंदी, कई जगह लूटपाट, कई घायल

चंडीगढ़, 13 अक्तूबर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने अमृतसर जिले में चार लोगों की निर्मम हत्या कर दी, जबकि पंजाब भर में कई जगह लूटपाट की वारदातें हुईं, जिनमें कई लोग घायल हुए । राज्य में लगभग डेढ़ दर्जन उग्रवादी पकड़े गए ।

चार व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर के लोपोके थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में आतंकवादियों ने कल रात भारी खूनखराबा किया तथा एक संयुक्त परिवार के चार सदस्यों को गोली से उड़ा दिया । एक व्यक्ति इस गोलीबारी में घायल हो गया । पुलिस के अनुसार मारे गए लोगों की तरलोक सिंह, उसके बेटे गुरदीप सिंह, तरलोक सिंह के भाई करनैल सिंह तथा कलविन्दर सिंह के रूप में पहचान की गई है । कलविन्दर सिंह करनैल सिंह का बेटा था । पुलिस के अनुसार तरलोक सिंह गांव के सरपंच थे । घायल व्यक्ति मृत सरपंच का पुत्र मक्खन सिंह है ।

पुलिस ने बताया कि हथियारों से लैस छः आतंकवादी सरपंच तरलोक सिंह के घर में घुसे और अंधाधुंध गोलियां चला कर भाग निकले । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और इलाके की नाकेबंदी कर दी गई है ।

पुलिस ने हत्यारों में से तीन की शिनाख्त कर ली है और उनके नाम शाहपुर का कलबंत सिंह, डेरा बाबा नानक का मान सिंह और लोपोके थाना क्षेत्र के ग्राम भिंडी औलख का कुलबंत सिंह बताए गए हैं । उग्रवादी हथियारों की नोक पर घर के बरामदे में सो रहे लोगों को उठा कर बाहर लाए और फिर उन्हें गोलियां मारीं । घटना स्थल से एक नाली बन्दूक से चले, दो नाली बन्दूक से चले व स्टेनगन से चले 9 एम एम के 90 खाली कारतूस बरामद किए ।

अशोक सोनी के अनुसार अमृतसर के एस. एस. पी. श्री इजहार आलम ने बताया कि हमलावर उग्रवादी शराब पिए हुए थे । उग्रवादियों ने पहले भू.पू. सरपंच सरमेल सिंह के घर में घुस कर उसकी व उसके पुत्र बलविन्दर सिंह की हत्या की । इसके बाद वे वर्तमान सरपंच अनोख सिंह के घर में घुसे और अनोख सिंह व उसके लड़के गुरदीप सिंह की हत्या की और मक्खन सिंह को घायल कर दिया । उग्रवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध थे और जस्सा सिंह, बिलबाग सिंह, रशम सिंह के गिरोहों के सदस्य थे । उनका मक्खन सिंह व गुरदीप सिंह ने मुकाबला भी किया था और दो उग्रवादी पकड़ लिए थे पर तीसरे उग्रवादी ने उन्हें पास से गोली मार दी । गुरदीप सिंह के परिवार को उपायुक्त ने 5 हजार रुपए व मक्खन सिंह को दो हजार रुपए दिए । मृत लोगों के परिजनों के आग्रह पर तीन उग्रवादियों को पुलिस कड़े पहरे में जेल से श्मशान घाट तक अंत्येष्टि में शामिल करने के लिए लाई ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स ने जिम्मेदारी ली

तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स ने सरपंच तरलोक सिंह और उसके परिवार के तीन अन्य सदस्यों की हत्या की जिम्मेदारी ली है । 'फोर्स' के स्वयंभ जनरल लाभ सिंह के कथित हस्ताक्षर से जालन्धर में जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सुखदेव सिंह चमियारी को 'झूठे पुलिस मुकाबले' में मारने का यह बदला लिया गया है ।

पिस्तौल छीन ली

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार गत रात्रि 10 बजे थाना ब्यास के गांव बीसदपुर में तीन उग्रवादियों ने मेहर सिंह नामक एक किसान के घर में दाखिल होकर उसकी 32 बोर की लाइसैंसी पिस्तौल तथा 6 कारतूस छीन लिए । इससे उनकी तसल्ली न हुई तो उन्होंने परिवार के सदस्यों को एक कमरे में बंद करके घर के सामान की तलाशी ली तथा वहां से आभूषण, कपड़े और नगदी लूट ली । वे अपने साथ देसी और विदेशी शराब की कुछ बोतलें भी ले गए । बताया जाता है कि मेहर सिंह गांव के बाहर मकान बना कर परिवार सहित रहता है । ये कपड़े-गहने उसने अपनी लड़की के विवाह के लिए बनवाए थे । वह विदेश रहता है, जहां से वह शराब की बोतलें विवाह के लिए लाया था ।

ट्रैक्टर जला दिया, कार ले गए

लूट की दूसरी घटना थाना बैरोवाल के गांव गगरेवाल में हुई । 4-5 उग्रवादी एक व्यक्ति रणधीर सिंह डाक्टर के घर में दाखिल हुए और उन्होंने डाक्टर से उसकी लाइसैंसी बन्दूक मांगी । जब डाक्टर ने कहा कि उसने अपनी बन्दूक बेच दी है तो उन्होंने क्रोध में आकर आंगन में खड़ी डाक्टर की फिएट कार में से पैट्रोल निकाला और ट्रैक्टर पर फैंक कर ट्रैक्टर को जला दिया । उसके बाद वे उसी कार में सवार होकर वहां से फरार हो गए । रास्ते में सी.आर.पी. की नाका पार्टी को देख कर वे कार को खेतों में छोड़ कर पैदल ही फरार हो गए ।

डकैती

लूट की तृतीय घटना गत रात्रि 3.30 बजे थाना ब्यास के गांव चीमेबाठ में हुई, जबकि 3 उग्रवादी एक व्यक्ति करनैल सिंह पुत्र बहादुर सिंह के घर में दाखिल हो गए । उन्होंने अपने चेहरे ढांपे हुए थे । उन्होंने धमका कर करनैल सिंह घर में नहीं था । उन्होंने डरा-धमका कर उसकी पत्नी निर्मल कौर से उसके कानों की बालियां उतरवा लीं तथा 400 रुपए की नगदी छीन ली । बाद में उन्होंने कमरों की तलाशी ली तथा कुछ विदेशी घड़ियां तथा कुछ नगदी लूट ली । इसके बाद वे साथ लगते घर, जिसका मालिक जरनैल सिंह लीबिया गया हुआ है, में दाखिल हो गए । उसकी पत्नी सुखविन्दर कौर को डरा-धमका कर उन्होंने सोने के बिस्कुट देने के लिए कहा, जो उसके पति ने विदेश से भेजे हैं । सुखविन्दर कौर ने बताया कि उनके पास सोने के बिस्कुट नहीं हैं । वे बहुत गरीब हैं और उसका पति ऋण लेकर ही विदेश गया है । परन्तु इससे उग्रवादियों की तसल्ली न हुई । उन्होंने अंदर दाखिल होकर सोने के बिस्कुट लेने के चक्कर में घर के सामान की तलाशी ली । कुछ न मिलने पर सुखविन्दर कौर के कानों की बालियां उतरवा कर तथा कुछ नगदी लेकर फरार हो गए । थाना ब्यास ने केस दर्ज कर लिए हैं ।

नवांशहर में 2 घायल

तीन उग्रवादियों ने आज अपरान्ह जालन्धर जिले के नवांशहर कस्बे के एक पैट्रोल पम्प को लूटने का प्रयास किया और पैट्रोल पम्प के दो कर्मचारियों को गोली मार कर घायल कर दिया । जब लूटने आए उग्रवादियों का प्रतिरोध किया गया तो उन्होंने रिवाल्वरों से गोलियां चलाईं । भीड़ ने व पुलिस ने उग्रवादियों का पीछा किया तो एक उग्रवादी गन्ने के खेतों में घुस गया,जबकि दो फरार हो गए । पुलिस ने गन्ने के खेत घेर कर उनकी छानबीन शुरू कर दी । घायलों को अस्पताल में भरती कराया गया ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

छोटी सी बात — रंगा

जब कोई पार्टी काले धन के बल पर अगर चुनाव जीते तो उसकी सरकार स्वच्छ कैसे हो सकती है ?
—एच.एन. बहुगुणा



भाई साहब,हम ऐसी सरकार को 'क्लैक एंड व्हाइट' कह सकते हैं ।

Punjabi Parichay

में आज प्रकाशित एक इंटरव्यू में श्री गांधी ने चेतावनी दी कि ऐसा नहीं होने की स्थिति में जो कठोर कदम उठाने पड़ेंगे उनके घाव गहरे होंगे । श्री गांधी ने कहा कि श्रीलंका में भारतीय शांति सेना केवल आत्म रक्षा तथा मासूम लोगों की जान बचाने की

आस्ट्रेलिया भी है, जिसका मानना है कि इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए और इस मामले को वहां के नागरिकों द्वारा सुलझाया जाना

(शेष पृष्ठ 6 पर)



उग्रवादियों ने अमृतसर जिले के शाहपुर ग्राम्म में 4 लोगों की हत्या कर दी । (1) उग्रवादियों ने सरपंच अनोख सिंह को जहां पर पसीट कर मारा वहां बिखरे जूते व अन्य सामान, (2)बलविन्दर सिंह का खून से लथपथ बिस्तर, (3) तथा 4) चारों मृतकों के बिलखते परिवार वाले, (5) जली हुई ट्रैक्टर ट्राली, (6) गुरदीप सिंह के साथ उग्रवादियों की मुठभेड़ में टूटी बन्दूक की नाल । (छाया : ओम भंडारी)

नर्सों की मांगें मानने का आग्रह

चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार पंजाब स्त्री सभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने श्रीमती ओशिमा रेली के नेतृत्व में पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे से भेंट की और उन्हें नर्सों की मांगें मानने का आग्रह किया ।

नर्सों के समर्थन में अनशन

गुरदासपुर से 'विनोद' के अनुसार स्थानीय सिविल अस्पताल में नर्सों की हड़ताल के समर्थन में पंजाब अधीनस्थ सेवा महासंघ की ओर से पंजाब रोडवेज के दो कर्मचारियों सुरजीत और अशोक कुमार ने एक दिन का अनशन रखी । नर्सों की हड़ताल से अस्पताल का कामकाज काफी प्रभावित है और यह हड़ताल चल रही है, अस्पताल में कोई भी आपरेशन नहीं हो सका । इस हड़ताल के कारण मरीजों को प्राइवेट नर्सिंग होमों का सहारा लेना पड़ रहा है और कुछ नर्सिंग होम वाले मनचाहे पैसे वसूल कर रहे हैं ।

अनशन जारी

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार पंजाब नर्सिंग एसोसिएशन की महामंत्री श्रीमती जगमोहन कौर द्वारा किया जा रहा 96 घंटे का अनशन आज यहां दूसरे दिन में दाखिल हो गया । आज एसोसिएशन की ओर से राजेंद्रा अस्पताल में एक भारी रैली की गई ।

दाखिला फार्म देने की तिथि बढ़ी

चंडीगढ़, 13 अक्तूबर (वि.प्र.): पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सीनियर सैकेंडरी सर्टीफिकेट परीक्षा प्रथम व द्वितीय भाग जो कि आगामी वर्ष मार्च मास में होने हैं, के लिए रैगुलर छात्रों के दाखिला फार्म और फीस प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 नवम्बर निर्धारित की है । बोर्ड के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि पहले जारी किए गए कार्यक्रम में बिना लेट फीस फार्म हासिल करने की तिथि 30 अक्तूबर तय की गई थी । इसके बाद 16 नवम्बर तक 5 रुपए लेट फीस से और अब 5 रुपए लेट फीस के साथ 30 नवम्बर तक फार्म लिए जाएंगे ।



किशोर कुमार

हंसते-हंसते जमाने से और किशोर कुमार

बम्बई, 13 अक्तूबर (वार्ता): अपनी अनूठी गायन शैली से करोड़ों लोगों का दिल जीतने वाले सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक किशोर कुमार अब इस दुनिया में नहीं रहे । किशोर कुमार का आज शाम यहां अपने निवास स्थान पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया । वह 58 वर्ष के थे । उनके निधन का समाचार सुनते ही फिल्म नगरी में शोक की लहर दौड़ गई । कई प्रमुख फिल्मी हस्तियां उनके घर पहुंचीं जिनमें सुप्रसिद्ध संगीत निदेशक राहुल देव बर्मन भी थे । लगभग चार दशक से फिल्मों से जुड़े किशोर कुमार के सम्मान में फिल्म स्टूडियो तथा रिकार्ड कंपनियों ने आज अपना निर्धारित काम बीच में ही रोक दिया । किशोर कुमार का पहला विवाह रूमा गुहा से हुआ था, जिससे अमित का जन्म हुआ । दूसरा विवाह मधुबाला से, तीसरा योगिता बाली से व चौथा लीना चन्द्रावरकर से । लीना से उसका दूसरा पुत्र हुआ ।

किशोर कुमार के पिता कुंजबिहारी गांगुली मध्य प्रदेश में खंडवा के जाने-माने वकील थे और उनके बड़े भाई अशोक कुमार ने सबसे पहले फिल्म उद्योग में प्रवेश किया ।

अशोक कुमार को फिल्मों में सफलता मिलने पर किशोर कुमार और उनके छोटे भाई अनूप कुमार ने भी फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया । इन तीनों भाइयों ने 'चलती का नाम गाड़ी' फिल्म बनाई, जिसे अपार सफलता मिली और फिल्मों में इनकी किस्मत चमक उठी ।

किशोर
सफलता 'शा
है शादी' गी
'खंडली दगर्ल
में अपना स्थ
किशोर
'लुको चुरी'
रिकार्ड तोड़
संगीत दिया
किशोर
उलझी रही
में उन्होंने व
उनकी जाती
पहली पत्नी
नाम से बंग
यह शादी ज
की बौनस दे
ओर किशो
उन्होंने उस
के कहने पर



आज के मैच
14.10.87

पूल : ए
मैच : भारत बनाम न्यूजीलैंड
स्थान : बंगलौर (भारत)
टी.वी. : सीधा प्रसारण प्रातः 8.50 से और मुख्य अंश रात 9.50 से

अव
त
चंडीगढ़
गुरुद्वारा प्र
मामला आ
एकीकृत अ
सरजीत सिं
सिखी से नि
सदस्य ने भी
संभावित प्र
के आदेश व
आज स
कार्यवाहक प्र
सैक्रेटरी मंजी
बलविंदर सि
और सुजान
में शिरोमणि
की कि वे श्री
न डालें ।
स्पष्ट हो गई

4 लोगों की हत्या, डेढ़ दर्जन उग्रवादी बंदी, कई जगह लूटपाट, कई घायल

चंडीगढ़, 13 अक्तूबर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने अमृतसर जिले में चार लोगों की निर्मम हत्या कर दी, जबकि पंजाब भर में कई जगह लूटपाट

गया । पुलिस के अनुसार मारे गए लोगों की तरलोक सिंह, उसके बेटे गुरदीप सिंह, तरलोक सिंह के भाई करनैल सिंह तथा कुलविन्दर सिंह के रूप में

उग्रवादियों को पुलिस कड़े पहरे में जेल से श्मशान घाट तक अंत्येष्टि में शामिल करने के लिए लाई ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स ने जिम्मेदारी ली

खेतों में छोड़ कर पैदल ही फरार हो गए ।

डकैती

लूट की तृतीय घटना गत रात्रि 3.30 बजे थाना

Punjabi Sanatan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

वार्ता के अनुसार उग्रवादी दो थे, जो स्कूटर पर सवार थे । उन्होंने नवांशहर थाना क्षेत्र के राहों के पैट्रोल पम्प से 6000 रु. लूटे और भागते समय अपना स्कूटर छोड़ कर पैट्रोल पम्प पर खड़ा दूसरा स्कूटर ले गए । घायलों में सेल्समैन कुलदीप चंद के सीने व कंधे पर तथा उसके सहायक रंजीत सिंह की जांघ पर गोलियां लगी हैं । उग्रवादी पैट्रोल लेने के बहाने आए थे ।

डकैती

करतारपुर (साहनी) : गत रात्रि थाना करतारपुर के गांव नाहरपुर में एक व्यक्ति बलदेव सिंह के घर से चार उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर सोने की बालियां, एक टेप रिकार्डर तथा कैमरा लूट लिया । बताया जाता है कि बलदेव सिंह अपने परिवार सहित ट्यूबवैल पर सो रहा था कि रात के लगभग 11 बजे चार उग्रवादी आए तथा उनमें से एक ने पिस्तौल निकाल ली और कहा,जो कुछ तुम्हारे पास है, हमें दे दो । बलदेव सिंह के इंकार करने पर कहा कि तुमने जो ज़मीन की रजिस्टरी करवानी है, उसके रुपए तुम्हारे पास हैं, वह दे दो,नहीं तो तुम्हारे बच्चों को मार दिया जाएगा तथा साथ ही उसकी पत्नी के कानों से सोने की बालियां उतार लीं तथा कहा कि बाकी बात हमारे 'बॉस' से कर लो । इसके साथ ही वह अपने बॉस को बुलाने गए । इस पर उसने मौका पाकर पड़ोसी ट्यूबवैल वालों को जगाया जिससे शोर सुन कर वह भाग गए ।

प्रिंटिंग प्रैस मालिक बंदी

लुधियाना से महेंद्रा के अनुसार सराभा नगर पुलिस ने एक प्रिंटिंग प्रैस मालिक प्रद्युम्न सिंह बेदी को संता सिंह अजिज की वह किताब छापी थी, जो पंजाब सरकार जब्त कर चुकी है । उधर संता सिंह का न्यायिक रिभांड दे दिया गया ।

5 उग्रवादी गिरफ्तार

मोगा से आज़ाद के अनुसार पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त पार्टियों ने विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर 5 और उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने उनके कब्ज़े से एक 12 बोर की बन्दूक, एक दोनाली बन्दूक, उसके 4 कारतूस और काफ़ी मात्रा में दूसरे बोरों के अनचले कारतूस बरामद किए हैं । उनकी शिनाख्त गुरतेज सिंह, परमजीत सिंह, बूटा सिंह, तारा सिंह और शमशेर सिंह के रूप में की गई है ।

लूटमार की योजना थी

पता चला है कि दो उग्रवादियों परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा पुत्र जीवन सिंह निवासी भाई रूपा जिला भटिंडा तथा गुरतेज सिंह पुत्र हरनेक सिंह निवासी गांव चीक मेहना जिला भटिंडा को जैतो में उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे संदिग्धावस्था में स्थानीय दाना मंडी में घूम रहे थे । उनके कब्ज़े से 303 बोर का पिस्तौल तथा पांच कारतूस बरामद किए गए । पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उन्होंने दिसम्बर, 1986 में डबवाली रोड भटिंडा में रेलवे क्रासिंग पर एक व्यक्ति का स्कूटर छीना था । इसी मास उसी क्षेत्र में एक और व्यक्ति का स्कूटर छीना । 26.9.87 को जैतो के एक पैट्रोल पम्प से उन्होंने 5622 रुपए की नगदी छीनी थी । कल भी वे किसी स्थान पर लूट-मार करने के उद्देश्य के साथ ही घूम रहे थे ।

लम्बी पुलिस थाने की पुलिस ने एक उग्रवादी बूटा सिंह निवासी गांव संघे को गिरफ्तार किया है । उसके कब्ज़े से 12 बोर की दोनाली बन्दूक और कारतूस बरामद हुए हैं । पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि उसकी कुछ धनी व्यक्तियों को लूटने की योजना थी ।

शस्त्र बरामद

2 उग्रवादियों तारा सिंह गांव आसी बुटर जिला भटिंडा और शमशेर सिंह बबेआना को मुक्तसर में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया । उनके कब्ज़े से 2 पिस्तौल और 6 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

35 हजार लूटे

पटियाला से भूषण के अनुसार इंडस्ट्रियल एरिया में कल अपराह्न दो उग्रवादियों ने जगत राइस मिल के कर्मचारी मिस्त्री मोहन लाल तलवाड़ से 35 हजार रु. छीन लिए और उन्हें गोली मार कर गम्भीर



धारीवाल के गांव डेरीवाल दारोगा में पुलिस से मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी हीरा सिंह का शव । (छाया : विनोद)

रूप से घायल कर दिया ।

उग्रवादियों की वर्कशाप

पटियाला पुलिस ने चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया में छापा मार कर वह आटोमोबाइल वर्कशाप पकड़ी है, जहां 'उग्रवादी' लूटे हुए वाहनों के रजिस्ट्रेशन नम्बर,रंग आदि बदलवाते थे । एस.पी. हैड क्वार्टर आर.एस. गिल ने बताया कि वर्कशाप के तीनों भागीदार सुखविन्दर सिंह रामगढ़िया, चंडी मंदिर थाना क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ के एक लोहार और नैनीताल जिले के ग्राम चारूबर्द के बलबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया । इन उग्रवादियों ने 18 अगस्त को भादसों थाना के ए.एस.आई. रछपाल सिंह की हत्या कर दी थी । उग्रवादी एक मारुति वाहन में सवार थे । इसकी सूचना पुलिस ने सभी ओर फैला दी थी,फिर भी वह मारुति वाहन चंडीगढ़ लाकर इसी वर्कशाप में ठीक किया गया । यह वाहन बरामद हो गया है । ए.एस.आई. रछपाल सिंह ने मरने से पूर्व उग्रवादियों पर गोली चलाई थी,जिससे एक खूंखार उग्रवादी मंजीत सिंह उर्फ़ मंज मारा गया था । उसकी अंत्येष्टि में उग्रवादियों की मदद करने के आरोप में लोहगढ़ के निहंग नसीब सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । उग्रवादी गतिविधियों के मामले में लोहगढ़ गुरुद्वारा के निहंग जत्थेदार हरकीरत सिंह व उसके पुत्र काला की पुलिस तलाश कर रही है ।

9 उग्रवादी बंदी

एस.पी. श्री गिल ने बताया कि हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ की विभिन्न वारदातों में वांछित पूरन सिंह के गिरोह के पूरन सिंह सहित 7 उग्रवादियों जस्सा सिंह, जसबीर सिंह, शमशेर सिंह, दर्शन सिंह, गुरनाम सिंह, कश्मीरा सिंह को गिरफ्तार करके उनके पास से तीन लूटे हुए स्कूटर, एक राइफल, 6 पिस्तौलें, भारी परिणाम में कारतूस आदि बरामद किए । पूरन सिंह ने देवीगढ़ व पस्याना में पैट्रोल पम्प, पटियाला में एक आढ़ती से 42 हजार रु. लूटे थे । गिरोह के तीन अन्य सदस्य कपूरथला जिले के हैं,जिनकी गिरफ्तारी अभी की जानी है । कल सरहिन्द में लोगों ने दो उग्रवादियों पाला सिंह व अजीत सिंह को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था । उनसे पूछताछ से पता चला है कि उन्होंने कई वारदातें की थीं ।

सेतिया की हत्या में सिपाही बंदी

फिरोज़पुर से सत्यपाल बागी के अनुसार फिरोज़पुर के एस. पी. हैड क्वार्टर जी. एस. ग्रेवाल ने बताया कि रविवार को अबोहर क्लब में इंद्र मोहन सेतिया की हत्या के मामले में अबोहर टैलीफोन एक्सचेंज के गार्ड सिपाही भगहर सिंह नम्बर 441 को गिरफ्तार कर लिया गया । सेतिया की हत्या में प्रयुक्त गोलियों के खाली खोल से इस हत्या का रहस्य खुला । अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह शराब पीने के बाद क्लब गया, जहां शादी हो रही थी । उसने अपनी सर्विस रिवाल्वर से दो गोलियां चला कर सेतिया की हत्या की व एक कर्मचारी को घायल कर दिया ।

ईरानी बंदी

ममदोट पुलिस ने अवैध रूप से सीमा पार करने के आरोप में 13 ईरानियों, 7 अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया और उन्हें लाने वाले एजैंट मेहर सिंह को भी पकड़ लिया । वे भारत होते हुए पश्चिमी देशों को जाना चाहते थे ।

डकैती

पट्टी पुलिस थानाक्षेत्र के ग्राम चुसलेवाड़ में 6 उग्रवादियों ने गुरदीप सिंह के घर से 12 तोले सोने के आभूषण, 5 तोले चांदी के आभूषण, 5 सौ रु. नकद लूट लिए और स्कूटर पर फरार हो गए ।

मुठभेड़

आज रात्रि लोपोके के पास सुरक्षा बलों के साथ उग्रवादियों की कड़ी मुठभेड़ हुई पर उग्रवादी फरार हो गए । उग्रवादियों ने सी.आर.पी. की 38वीं बटालियन की गश्ती टुकड़ी पर हमला किया और दोनों तरफ से चालीस मिनट तक जबर्दस्त फायरिंग हुई । घटनास्थल से दो सौ खाली कारतूस बरामद हुए । कोई उग्रवादी घायल भी हुआ है क्योंकि घटनास्थल पर खून बिखरा हुआ था ।

जबलपुर में 3 बंदी

जबलपुर : पंजाब के तीन खूंखार आतंकवादियों को पुलिस ने यहां गिरफ्तार कर जबलपुर सैंट्रल जेल भेज दिया है । पुलिस ने इनके नाम बलवंत सिंह, बलविन्दर सिंह और सतनाम सिंह बताए हैं । इन आतंकवादियों पर कई हत्याओं तथा लूट की वारदातों के आरोप हैं ।

इन तीनों उग्रवादियों को नाभा जेल पंजाब से यहां कड़ी सुरक्षा में विशेष विमान से लाया गया । प्रकाश सिंह बादल भी जबलपुर सैंट्रल जेल में कैद हैं ।

SINGER

त्यौहारों का उपहार

फैशन मैकर पर
200रु
की छूट



लापता

मेरा भाई सुरेश पाल, 23 वर्ष, कद 5'-7", रंग साफ, दिमागी हालत ठीक नहीं, लंगड़ा कर चलता है, ठीक बोल नहीं सकता, हरी पैंट, हरी

Punjabi Sonatan

अमृतसर के गांव में 2 व्यक्तियों की हत्या: नरसंहार का षड्यंत्र विफल

चंडीगढ़, 15 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.) : उग्रवादियों ने आज जिला अमृतसर में 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि जिला फिरोज़पुर की पुलिस ने गत रात्रि 'बी' श्रेणी के एक उग्रवादी समेत 5 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उग्रवादियों का एक समुदाय के निर्दोष सदस्यों की हत्या करने का षड्यंत्र विफल बना दिया । जिला होशियारपुर में उग्रवादियों ने एक रिटायर्ड सैनिक अधिकारी और उसके भाई को गोलियां मार कर घायल कर दिया । मोगा में उग्रवादी एक व्यक्ति से बंदूक छीन कर ले गए ।

2 व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर (ह.स.) उग्रवादियों ने आज सायं थाना मजीठा के गांव जगदेव कलां के निकट नहर के पुल पर 2 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक सरपंच, एक नम्बरदार

दोनों मृतकों में से एक की शिनाख्त जगदेव कलां से तीन कि.मी. दूर स्थित लोहारके गांव के सरपंच महेंद्र सिंह के रूप में की गई है, जबकि दूसरा गांव लोहारके का नम्बरदार हरि सिंह है । दोनों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई । वे गांव कटड़ियां में स्थित सी.आर.पी.एफ. की चौकी से लौट रहे थे । उग्रवादी उनकी राईफल भी ले गए ।

बताया जाता है कि सरपंच और नम्बरदार स्कूटर पर सवार थे और उन्हें बड़ी निकट से गोली मारी गई ।

पांच उग्रवादी पकड़े गए

फिरोज़पुर (बागी, धीमान): फिरोज़पुर के पुलिस अधीक्षक श्री एस.एस. सैनी ने आज यहां रहस्योद्घाटन किया कि फिरोज़पुर पुलिस ने प्लस 'बी' श्रेणी के एक उग्रवादी सहित पांच उग्रवादियों को संक्षिप्त मुकाबले के बाद गिरफ्तार किया है । इस संबंध में विवरण देते हुए श्री सैनी ने बताया कि पुलिस ने एक सूचना पर मल्लांवाला थाने के गांव ढोलेवाला में छापा मारा और संक्षिप्त मुकाबले के बाद प्लस 'बी' का सदा सिंह, बख्शीश सिंह, इकबाल सिंह, सेवा सिंह, बलवंत सिंह गिरफ्तार कर लिए गए । उनके कब्ज़े से एक .303 की सर्विस राईफ़ल, दो बारह बोर की बंदूकें, एक बारह बोर का रिवाल्वर और एक .38 बोर का रिवाल्वर बरामद हुआ है । प्रारंभिक पूछताछ के बाद उन्होंने कई डकैतियों, लूटमार तथा संधे हाशिम की पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने की स्वीकारोक्ति की है ।

'ह.स.' के अनुसार एस.पी. आप्रेशंस श्री बी.चांद ने कहा है कि उग्रवादियों को उस समय काबू किया गया, जब वे एक समुदाय के निर्दोष लोगों की हत्या करने के मिशन पर जा रहे थे ।

तीन और गिरफ्तार

श्री सैनी ने आगे बताया कि पुलिस ने दो व्यक्तियों ज्ञान सिंह और दया सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में उग्रवाद-विरोधी कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया है । पुलिस ने गांव बट्टर जिला अमृतसर के जगतार सिंह को भी गिरफ्तार किया है, जिसके कब्ज़े से 12 बोर की एक पिस्तौल और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया है ।

बंदूक छीन ले गए

मोगा (सर्वमित्र): बुधवार की रात्रि को स्टेनगनों से लैस तीन अज्ञात व्यक्ति थाना बाघापुराना के गांव राजीएना में एक व्यक्ति काला सिंह के घर में घुस गए और उसकी बंदूक पिस्तौल की नोक पर छीन ली । उन्होंने ग्रामीणों को धमकी दी कि यदि उन्होंने मामले की पुलिस को सूचना दी और केस दर्ज करवाया तो कड़ी सज़ा दी जाएगी ।

रिटायर्ड कैप्टन, हवलदार को घायल कर दिया

होशियारपुर से 'अविनाश, प्रद्युम्न व अश्विनी' ने समाचार दिया है कि गत रात्रि यहां से 25 किलोमीटर दूर गांव अजनोहा में चार अज्ञात उग्रवादियों ने रिटायर्ड कैप्टन कुलदीप सिंह और उसके भाई रिटायर्ड हवलदार हरबंस सिंह को गोलियां चला कर घायल कर दिया और कुलदीप सिंह का विदेशी रिवाल्वर छीन कर ले गए । एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा के अनुसार रात्रि लगभग सवा आठ बजे कुलदीप सिंह अपने भाई व परिवार के साथ टी.वी. पर प्रोग्राम देख रहे थे कि चार उग्रवादियों में से दो घर के अंदर दाखिल हो गए और दो बाहर खड़े रहे । घर में दाखिल होने वाले उग्रवादियों ने पिस्तौल दिखा कर कुलदीप सिंह से अपना रिवाल्वर उनके हवाले करने के लिए कहा । रिवाल्वर उनको दे दिया गया, लेकिन जब वे जाने लगे तो दोनों भाई एक-एक उग्रवादी से गुत्थमगुत्था हो गए । इस पर बाहर खड़े उग्रवादियों ने अंदर आकर बंदूक से गोली चला दी जिससे दोनों भाई छर्रों से घायल हो गए । दोनों खतरे से बाहर हैं । भागते समय एक उग्रवादी अपना पिस्तौल छोड़ गया और दूसरे की पगड़ी वहीं रह गई ।

भगौड़ों की पहचान

होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि कल बलाचौर के निकट जो दो आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद फ़रार हो गए थे, को नामज़द कर लिया गया है । उनमें एक परमजीत सिंह उर्फ़ फौजी मौजा भुंगा जबकि दूसरा बलविंदर सिंह उर्फ़ भन्नी मौजा कुक्कड़ां है । उनका स्कूटर नम्बर पी.ए.पी. 237 खराब हो गया था, जिसे वे छोड़कर फ़रार हो गए थे । पुलिस ने स्कूटर कब्ज़े में ले लिया है ।

स्कूटर छीन लिया

'अश्विनी' के अनुसार कल बाद दोपहर दो आतंकवादियों ने बलाचौर के निकट एक दुकानदार सरूप सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका चेतक बजाज स्कूटर नम्बर 6375 छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया ।

ट्रेनों के आगे पायलट इंजन चला करेंगे

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): गत रात्रि जालंधर-पठानकोट रेलवे मार्ग पर आतंकवादियों द्वारा रेलवे लाइनों में भंगाला स्टेशन के निकट बम रखे जाने व 34 डाऊन कश्मीर मेल को उड़ाने के षड्यंत्र से यद्यपि भारी बचाव हो गया, तथापि उत्तरी रेलवे ने पंजाब-भर में रेलवे स्टेशनों व रेलवे लाइनों की सुरक्षा हेतु अत्यंत कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं । रेलवे सूत्रों के अनुसार रेलवे लाइनों की दिन-रात पैट्रोलिंग का प्रबंध किया गया है व इसके लिए होमगार्ड सहित अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं । सूत्रों के अनुसार रात्रिकालीन महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों के आगे-आगे पायलट इंजन चलाए जाया करेंगे । गत रात्रि इस घटना से जालंधर-पठानकोट रेलवे मार्ग पर छः घंटे से अधिक समय तक रेल यातायात अवरुद्ध रहा व रात्रि लगभग 11.30 बजे रेलवे यातायात तब बहाल हो सका, जब सैनिक विशेषज्ञों ने बमनुमा वस्तु को निष्क्रिय कर दिया, इससे 34 डाऊन कश्मीर मेल, 28 जयंती एक्सप्रैस, स्यालदह एक्सप्रैस, जेहलम एक्सप्रैस व जालंधर-पठानकोट यात्री ट्रेनें प्रभावित हुईं ।

जालंधर से वार्ता के अनुसार कल रात्रि जालंधर-पठानकोट सैक्शन पर भंगाला रेलवे स्टेशन के पास रेल पटरी की फिश प्लेट के नीचे जो बम पाया गया था, वह दरअसल एक बिजली का टूटा हुआ उपकरण था । (शेष पृष्ठ 8 पर)

में पश्चिमी देशों
वास बढ़ रहा है

: प्रधानमंत्री श्री
विश्वास पुनः
शासनकाल के
के बाद एक नया
थी । यूरोपीय

दिखाया था ।"

फ्रांस के एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री ने कहा है कि "राजीव को अपने अंतर्मन और आंतरिक प्रेरणा पर विश्वास करना सीखना चाहिए तथा वह जो ठीक समझें उसी को आधार मान कर निर्णय लें ।

उग्रवादियों द्वारा 21 हत्याएं

अगरतला, 15 अक्तूबर (वार्ता): फिर से भड़की हिंसा में आदिवासी (टी.एन.वी.) छापा मारों ने त्रिपुरा में गत मंगलवार से अब तक 21 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने कहा कि ट्राइबल नैशनल वालंटियरों के अत्याधुनिक

शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष पद के लिये अकाली दल (लौं.) के उम्मीदवार की घोषणा आज

चंडीगढ़, 15 अक्तूबर (वि.प्र.): अकाली दल (ल) के अध्यक्ष श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने घोषणा की है कि वह कल 16 अक्तूबर को शिरोमणि कमेटी के अध्यक्षीय चुनाव के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा करेंगे ।

कोशिश थी कि शिरोमणि कमेटी की प्रतिष्ठा को बरकरार रखा जाए । उन्होंने कहा कि गत वर्ष के दौरान शिरोमणि कमेटी की प्रतिष्ठा घटी है । अब हम यह चुनाव एक आदर्श को सामने रख कर लड़

Punjabi Sanatan

नरसंहार का षड्यंत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

मेजर की गलती से हत्या कर गए ?

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि गुरदासपुर सदर के गांव तुंग और बरसोला के बीच अज्ञात आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर सेना के एक मेजर अभिभट्टाचार्य की हत्या कर दीगई थी, के सम्बन्ध में जिला पुलिस प्रमुख श्री जे. पी. विरदी ने बताया है कि यह घटना रात्रि 11.30 पर हुई । श्री विरदी के अनुसार आशंका है कि यह हमला उन्होंने सीमा सुरक्षा बल की गाड़ी समझ कर किया । इस हमले में आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग की गई और वारदात की जगह से लगभग 50 खाली कारतूस मिले हैं, जोकि ए.के. 47 चीन निर्मित गन और थामसन गन के हैं, जिससे पता चलता है कि आतंकवादियों का इरादा खतरनाक था ।

कोई मदद को न आया

यह इलाका हरदोछनी रोड पर स्थित है,जहां यह वारदात हुई । वहां आस्पास के गांव वालों के अनुसार फायरिंग बहुत ज्यादा और तेज थी और सेना की गाड़ी के चालक द्वारा गाड़ी भगा कर ले जाने की कोशिश में गाड़ी एक गड्ढे में फंस गई । लोगों के अनुसार सैनिक ऊंची-ऊंची आवाज में मदद के लिए तथा गाड़ी को गढ्ढे से निकालने के लिए पुकारते रहे, परन्तु पास में आबादी होने के बावजूद कोई भी सहयोग के लिए नहीं आया और सैनिकों ने काफी जोर लगा कर गाड़ी गढ्ढे से निकाली । श्री विरदी ने बताया कि इस घटना की सूचना देर से मिली क्योंकि यह गाड़ी सीधी पठानकोट चली गई थी और अब बी.एस.एफ. और पुलिस इस सारे क्षेत्र की घेराबंदी करके तलाशियां ले रही है ।

वापस आए परिवार संपर्क करें

गुरदासपुर के एसडीएम श्री दिलशेर सिंह ने बताया है कि जिले गुरदासपुर के जो परिवार आतंकवाद के कारण दूसरे राज्यों में पलायन कर गए थे और अब वापस आ गए हैं,उन्हें सूचित किया जाता है कि वे परिवार इलाके के एस.डी.एम. तथा जिला शिकायत अधिकारी गुरदासपुर से संपर्क करें ताकि उन्हें सरकार के आदेश के अनुसार सुविधाएं, जिसमें किराया भत्ता, ट्रक का किराया आदि शामिल है और जरूरत अनुसार कर्ज़ा दिया जा सके ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

गुरदासपुर पुलिस ने अनेक वारदातों में वांछित दो कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । इनके नाम मस्सा सिंह और संत सिंह बताए गए हैं । पिछली दो अक्तूबर को कहनूवान थाना क्षेत्र के गांव रड़ा बट्टर में एक व्यक्ति कंस राज की हत्या में भी उनका हाथ बताया गया है ।

7 सदस्यीय गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

जालंधर (ह.स.): जिला पुलिस ने सात संदिग्ध व्यक्तियों के गिरोह, जिसका मुखिया एक स्थानीय व्यक्ति निदी है, का भांडा फोड़ किया है और उसके तीन सदस्यों को गत सप्ताह गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि जालंधर नगर निगम से हाल ही में लूटे गए 66250 रुपयों में से 15000 रुपयों की राशि उनसे बरामद कर ली है । बताया जाता है कि निदी गिरोह के सदस्यों को शस्त्र और गोली सिक्का सप्लाई करता था । पुलिस ने कहा है कि गिरफ्तार व्यक्तियों ने कबीरी एकता कमेटी जालंधर के प्रधान बी.के. खुल्लर और श्री अशोक पल्टा की हत्या सहित कई हत्याएं करने और पी.एस. जैन कामप्लैक्स को लूटने की योजना बनाई थी । पुलिस ने गिरोह के अन्य सदस्यों को भी शीघ्र गिरफ्तार करने की आशा व्यक्त की है ।

पटियाला से भूषण के अनुसार दो उग्रवादियों ने नाभा के पास दुलादी ग्राम में दशमेश राइसशैलर के मालिक नरेंद्र कुमार से उनका नया स्कूटर छीन लिया ।

उग्रवादियों की अन्त्येष्टि

संगरूर से गर्ग के अनुसार कल यहां केंद्रीय जेल में जो तीन उग्रवादी मारे गए थे, उनके शवों का पोस्टमार्टम करने के बाद अन्त्येष्टि कर दी गई । इस अवसर पर उनके संबंधी भारी संख्या में उपस्थित थे । ये उग्रवादी थे--जगदीश सिंह, बलविंदर सिंह और बलविंद्र सिंह । इसी प्रकार घायल हुए दो उग्रवादियों बसंत सिंह और रणजीत सिंह की हालत गम्भीर होने के कारण उनको राजेंद्रा अस्पताल पटियाला में भेज दिया गया है ।

पटियाला से भूषण के अनुसार संगरूर जेल में घायल दो दुर्दांत उग्रवादियों रणजीत सिंह और बलदेव सिंह का आज यहां राजेन्द्रा अस्पताल में आप्रेशन किया गया, जो सफल रहा ।

रासुका के अन्तर्गत भगौड़ा घोषित

चंडीगढ़ (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने शरीअत जिला गुरदासपुर के हरजिंद्र सिंह उर्फ़ बिंदा पुत्र वस्सन सिंह को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अन्तर्गत भगौड़ा घोषित कर दिया है । जिंदा से कहा गया है कि वह 30 दिनों के अन्दर-अन्दर एस.पी. गुरदासपुर के समक्ष स्वयं को पेश कर दे । उसके बाद उसके विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अन्तर्गत कारवाई शुरू कर दी जाएगी ।

फिजी के गवर्नर-जनरल द्वारा इस्तीफा

वैंकवर, 15 अक्तूबर : फिजी के गवर्नर-जनरल सर पेनाइआ गनिलाऊ ने अज्ञ अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ ने स्वीकार कर लिया तथा कहा कि फिजी के नागरिकों को अपने भाग्य का फैसला स्वयं करना होगा राष्ट्रकुल शिखर सम्मेलन गवर्नर जनरल पेनैया गनिलाऊ के इस्तीफे के परिप्रेक्ष्य में फिजी के हालात से निबटने के लिए कड़े कदम उठाने पर विचार कर रहा है ।

दस हज़ार रुपए ईनाम



मिलिट्री इंजीनियर सर्विसिज

छोड़कर चला गया । (2) किशोर की पत्नी लीना चंडाबरकर, पुत्र अमित और नन्हा बेटा सुमीत, जिसे यह अहसास होने में वर्षों लगेंगे कि उसने क्या खो दिया है । (3) बम्बई से अंतिम विदा के समय फूलों से ढका किशोर का पार्थिव शरीर, (4) सुरेश वाडेकर तथा दूसरे लोग पार्थिव शरीर को घर से बाहर लाते हुए । (5) रोते हुए अशोक कुमार (किशोर के बड़े भाई), श्री मिश्र, प्रोड्यूसर अनिल नागरथ और निर्देशक-निर्माता कारदार, (6) रोते हुए किशोर के भाई अनूप कुमार, (7) शोकाकुल के.एन. सिंह और मनमोहन कृष्ण । (छाया : दुर्गा प्रसाद)

जाता । श्रीलंका सरकार द्वारा समझौते के उल्लंघन संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर श्री पंत ने कहा कि हमें श्रीलंका सरकार से बातचीत करनी पड़ेगी । श्री पंत ने कहा कि उन्हें श्री प्रभाकरन की युद्धविराम

पंजाब में एक हत्या : 'बी' श्रेणी उग्रवादी का शव मिला

चंडीगढ़, 16 अक्तूबर (ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि एक महिला को घायल कर दिया । पुलिस को 'बी' श्रेणी के एक उग्रवादी का शव मिला जबकि 22 उग्रवादियों व उन्हें शरण देने वालों को गिरफ्तार कर लिया गया । उग्रवादियों ने अमरगढ़ स्थित एक पैट्रोल पम्प से 3578 रुपए लूट लिए ।

पटियाला के बाहरी क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने लालडू बस हत्याकांड में संलिप्त कुख्यात उग्रवादी जगजीत सिंह उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया ।

कलेर गांव में 1 की हत्या

अमृतसर (अशोक, वार्ता): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात लोपोके पुलिस थाने के कलेर गांव में 1 व्यक्ति की हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि डेरा में रहने वाले सरिन्द्र सिंह की छह व्यक्तियों के एक गिरोह ने कल आधी रात को गोली मार कर हत्या कर दी । स्टेनगन से लैस आतंकवादी डेरा में घुसे और लाईसैंसी हथियार मांगे । सरिन्द्र सिंह द्वारा मना करने पर आतंकवादियों ने उसे गोली मार दी। इसके बाद उग्रवादी मृतक की एक बंदूक और एक पिस्तौल ले गए ।

तस्कर घायल

दूसरी घटना में कल रात यहां से 30 किलो मीटर दूर अटारी क्षेत्र के दाओके गांव में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक तस्कर लखविन्द्र सिंह घायल हो गया । तीन तस्करों के एक गिरोह द्वारा पाकिस्तानी क्षेत्र से घुसपैठ करते समय सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें चुनौती दी जिस पर तस्करों ने गोली चलाई । इसके जवाब में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी गोली चलाई जिससे एक तस्कर घायल हो गया । दो अन्य भाग गए ।

भाकपा कार्यकर्त्ता घायल

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का एक कार्यकर्त्ता बलविन्द्र सिंह अपनी ही पिस्तौल से अचानक गोली चल जाने से घायल हो गया । बलविन्द्र सिंह पार्टी के कार्यालय में ड्यूटी पर था । उसकी 12 बोर की पिस्तौल से चली गोली उसके शरीर के निचले हिस्से में जाकर लगी । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग के रहने वाले एक भारतीय नागरिक गुलाब नबी को कल रात उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह पाकिस्तानी क्षेत्र से अवैध रूप से अटारी क्षेत्र के रुड़ेवाला क्षेत्र में घुस गया । उसे पुलिस को सौंप दिया गया है ।

काले गांव से एक गिरफ्तार

इस बीच भिखीविंड क्षेत्र के काले गांव से एक संदिग्ध व्यक्ति सुखवंत सिंह को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से एक 12 बोर की पिस्तौल बरामद की गई । पुलिस ने बताया कि उससे पूछताछ की जा रही है ।

महिला घायल

गत रात गांव मानके थाना बल्लोहा में तीन उग्रवादियों ने दर्शन सिंह के घर में घुस कर उसकी पत्नी हरभजन कौर को घायल कर दिया । उग्रवादी रात लगभग एक बजे उनके घर में घुसे । हरभजन कौर के हाथ में गोली लगी है । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

शव मिला

झब्बाल पुलिस को एक 'बी' श्रेणी के उग्रवादी स्वर्ण सिंह का गोलियों से छलनी शव मिला है । पुलिस को यह शव लगभग आज प्रातः 11 बजे जटालिया के खेतों में पड़ा हुआ मिला । शव के पास से चार 12 बोर के और एक खोल 303 बोर का मिला है ।

पुलिस के अनुसार यह हत्या ब्राह्मण गिरोह ने की है । पुलिस को स्वर्ण की कई हत्याओं व डकैती के केसों में तलाश थी ।

शस्त्रास्त्र की फैक्टरी पकड़ी गई

लुधियाना से धीमान ने खबर दी है कि यहां से 28 किलोमीटर दूर जोहानी में पुलिस को उग्रवादियों की शस्त्रास्त्र बनाने की एक फैक्टरी मिली है । इस संदर्भ में 5 व्यक्तियों जगसिंह, केवल सिंह, हरविन्द्र सिंह उर्फ मिट्ठू, बहादर सिंह सामाना को गिरफ्तार किया है । उनसे 315 बोर का एक देसी पिस्तौल, दो 12 बोर के देसी पिस्तौल और हथियार बनाने का बहुत सा सामान भी बरामद हुआ है । पुलिस का कहना है कि ये लोग कोई वारदात करने की योजना बना रहे थे ।

बस से एक गिरफ्तार

फगवाड़ा (कौड़ा) : गत सायं यहां से 25 किलोमीटर दूर गांव खटकड़कलां के पास सुरक्षा बलों ने चंडीगढ़ जा रही एक बस की तलाशी करने के उपरांत बस से एक संदिग्ध युवक जसपाल सिंह पंडोरी को गिरफ्तार कर लिया । अभी यह पता नहीं चल सका कि उनके कब्जे से कुछ मिला या नहीं । उसके पिता सच्चा सिंह, जो स्वतन्त्रता सेनानी हैं, ने इस सन्दर्भ में प्रधानमंत्री राजीव गांधी, श्री रिबेरो व राज्यपाल को तारें दी हैं कि उनके पुत्र का पता बताया जाए ।

कांजली से दो गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): जिला पुलिस कप्तान श्री पी.एम. दास ने बताया कि पुलिस ने आज कपूरथला के निकट कांजली गांव के समीप दो आतंकवादियों जतिन्द्र सिंह गांव कोट गोबिन्दपुर तथा हरनेक सिंह गांव बिशनपुरा जटां को एक स्कूटर पर सवार होकर राष्ट्र विरोधी नारे लगाते हुए गिरफ्तार करके उनके कब्जा से एक 12 बोर का पिस्तौल, 5 कारतूस तथा एक खिलौना पिस्तौल पकड़ा है । पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस को बताया कि जिस चेतक बजाज स्कूटर नं. पी.ए.डी. 1177 पर वह सवार थे । वह स्कूटर उन्होंने 11 अक्तूबर को गांव धालीवाल के निकट से छीना था ।

3 गिरफ्तार

बटाला (कोछड़) : एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री जे.पी. बिरदी ने आज यहां बताया कि स्थानीय थाना सदर पुलिस ने आज रात गश्त के दौरान तीन संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम कुलविन्दर सिंह गांव अतरपर, सवन्दिर सिंह, बलविन्दर सिंह गांव अठवात हैं । इनसे एक 32 बोर का पिस्तौल मेड इन यू.एस.ए. व एक .22 की राइफल बरामद की गई है । यह 32 बोर का पिस्तौल इन्होंने सात अक्तूबर को थाना डेरा बाबा नानक के गांव रसीका के गुरपाल सिंह से छीना था । श्री बिरदी ने आगे बताया कि इनसे खालिस्तान सिक्यूरिटी फोर्स के लैटरपैड मिले हैं । एक लैटरपैड पर इन्होंने स्थानीय उमरपुरा के सच्चा सिंह को 50,000 रुपए देने के लिए धमकीपूर्ण पत्र लिख रखा था जिसके नीचे कुलविन्द्र सिंह ने स्वयं को लैफ्टीनैंट जनरल खालिस्तान सिक्यूरिटी फोर्स लिखा हुआ है । इनसे पूछताछ जारी है ।

दो लुटेरे गिरफ्तार

श्री बिरदी ने आगे कहा कि इन युवकों ने पूछताछ के दौरान बताया है कि गिरफ्तारी के समय ये बटाला क्षेत्र में कोई वारदात करने के लिए जा रहे थे । उन्होंने बताया कि थाना सदर पुलिस ने दो लुटेरों प्रेम रिफ्यूजी कैम्प बटाला व काला जागोवाल बेट कहनूवान को गिरफ्तार करके उनसे एक

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjab Sahapedia

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

टी.बी.एस. मोपेड टी.सी.बी. 431 बरामद किया है जिसे इन्होंने 15 अगस्त को स्थानीय कादियां फाटक के निकट से रविन्द्र कुमार गुप्ता से छीना था । उन्होंने बताया कि इन्होंने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान बटाला के गुरुनानक नगर में डाकखाना लूटने व कई अन्य लूटपाट की वारदातें करने की स्वीकृति की है ।

देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार

श्री विरदी ने बताया कि हाल ही में गांव धर्मकोट रंधावा में सरकार विरोधी और खालिस्तान समर्थक नारे लगाने वाले लखविंदर सिंह को देशद्रोह के केस में गिरफ्तार किया गया है ।

पैट्रोल पम्प लूटा

संगरूर से गर्ग के अनुसार आज प्रातः यहां से 35 किलोमीटर दूर गांव अमरगढ़ में दो आतंकवादियों ने एक पैट्रोल पम्प लूट लिया । बताया गया है कि प्रातः 10 बजे के करीब दो व्यक्ति स्कूटर नं. पी.ए.बी. 56 पर आए तथा उन्होंने पैट्रोल पम्प के कर्मचारी से पिस्तौल की नोक पर 3578 रुपए लूट लिए । पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर रखी है ।

5 उग्रवादी, 3 शरणदाता गिरफ्तार

मोगा से बांसल ने खबर दी है कि जिला फरीदकोट में गत 24 घंटों में 5 उग्रवादी और तीन अन्य व्यक्तियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । उनके कब्जे से 38 बोर के दो रिवाल्वर, 3 पिस्तौल और दो दर्जन कारतूस बरामद किए गए हैं । फरीदकोट के पुलिस अधीक्षक श्री गोबिन्द राम ने बताया कि सूचना मिली थी कि कोटकपूरा के बस अड्डे पर उग्रवादी वारदात करने वाले हैं और उन्होंने एक सम्प्रदाय के लोगों को मारने की योजना बनाई है । इस सम्भावित हमले को रोकने के लिए फरीदकोट और कोटकपूरा की पुलिस को सफेद कपड़ों में बस अड्डे पर तैनात कर दिया गया, जब उपरोक्त उग्रवादी वहां पहुंचे तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया । इनके नाम हैं—नछत्तर सिंह, महेंद्र सिंह, सूरत सिंह । इनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद हुए हैं ।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक खतरनाक उग्रवादी अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जो लोहारन गांव का रहने वाला है और उसके बाप का नाम बहाल सिंह है । उसके कब्जे से भी 38 बोर का रिवाल्वर और चार कारतूस मिले हैं । उसने पूछताछ के दौरान रहस्योद्घाटन किया कि वह जगदीश सिंह जोरा जो फिरोजपुर पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया है, को शरण दिया करता था । एक और उग्रवादी जोरा सिंह को पुलिस ने रोमाना के निकट पकड़ा है । वह अपने साथी के साथ जा रहा था । जब पुलिस ने उसे ललकारा तो जोरा सिंह तो पकड़ लिया गया मगर दूसरा भाग गया । जोरा सिंह ने बताया कि वह गांव रोमाना में जमींदार के घर डाका डालने के लिए जा रहे थे ।

शरण देने के आरोप में बंदी

उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में संघावाला के बलदेव सिंह, अवतार सिंह, कुलदेव सिंह मुच्छल को गिरफ्तार किया गया है ।

कैदियों द्वारा प्रोटैस्ट

पटियाला (भूषण): गत 14 अक्तूबर को संगरूर जेल में हुए झगड़े के दौरान तीन उग्रवादियों के मारे जाने के प्रोटैस्ट में यहां से लगभग 25 किलोमीटर दूर नाभा जेल में कैद उग्रवादियों ने आज प्रातः से ही भोजन नहीं लिया और जेल में अदालत की किसी कार्रवाई में भाग लेने से भी इन्कार कर दिया । सायं जेल अधिकारियों के हस्तक्षेप से कैदियों ने भोजन लिया । अधिकारियों के अनुसार जेल में स्थिति अब सामान्य है ।

लालडू बस हत्याकांड का दोषी गिरफ्तार

आज सायं यहां संगरूर रोड पर सुरक्षा बलों ने दुर्दांत उग्रवादी जगजीत सिंह उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया । खालिस्तान कमांडो फोर्स का नेता काला पुलिस को लालडू बस हत्याकांड में वांछित था और उस पर 25000 रुपए का ईनाम था । काहनगढ़ निवासी काला इन दिनों जीरकपुर के निकट गुरुद्वारा लोहगढ़ में रह रहा था । इस गुरुद्वारा का निहंग जत्थेदार हरकीरत सिंह पहले ही फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है । आरोप है कि यह निहंग और उसके साथी उग्रवादियों को शरण देते हैं । पछताछ से जगजीत से बहुत-सी

जानकारी मिलने

स्कूटर छीना

बगा से 'ख

उग्रवादियों ने ए

छीन लिया और

किलोमीटर दूर

शराब के ठेके से

दी ।

शिरो

अजीत सिंह ने

मुकाबले में को

भान सिंह ने जग

टोहरा 16वीं ब

से प्रधान चुने ग

चुनाव लड़ने के

है लेकिन यह

सुनाई न गई ।

उपप्रधान पद

जिसका शिव सि

अनुमोदन किय

उप प्रधानपद

प्रस्तुत किया,

लिबड़ा ने अनु

प्रधान तथा को

भी सर्वसम्मति

माहलपुरी ने

घुम्मन का नाम

तथा गोपाल सिं

कोई और प्रत्य

महासचिव चुने

पर ही गुरुद्वारा

की आम बैठक

11 सदस्य स

सिंह खुशीपुर,

सिंह जोश,

हरजिन्दर सिंह

बराड़, हरि

दिल्ली ।

जब वह च

ओंकार सिंह म

दल (ल) से नि

अकाली दल मे

आज की बैठक

अनुपस्थित पा

बचन सिंह बा

घुम्मन बैठक

बरनाला का

इसी बीच

ग्रुप के सदस्यो

बरनाला ने प

हुए कहा कि च

नहीं किए थे अ

कमेटी की ओर

पर बुलाई गई

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

मैट्रिक (पंजाब, हरियाणा, भोपाल) 10+2 भोपाल गारंटी से पास करें । अंतिम तिथि 25 अक्तूबर । गांधी मैमोरियल कालेज, नजदीक लक्ष्मी सिनेमा, यमुनानगर ।

Matric (आठवीं फेल/पास) इसी वर्ष करें । 10+1 फेल इसी वर्ष 10+2 करें । B.A./B.Com./B.Sc. (One sitting) करें । B.Ed./LL.B, All graduate eligible. JBT, O.T., ANM के दाखले के लिये मिलें । Prospectus Rs. 5/- by M.O. Guru Nanak College of Education, Thana Chowk, Tanda.

अंग्रेजी, जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश सीखें । स्वयं मिलें : Ajanta School of Foreign Languages, Majitha Road, Amritsar.

M.A. English (Punjab & Punjabi) T.O.C. II, III, +1, +2. India College, Chowk Neemwala, Ludhiana.

पत्राचार द्वारा B.Ed., LL.B./OT/JBT करें । GAMS (One year after Ayurved Rattan) (RMP Registration) B.A., B.Com., B.Sc. Final (One sitting), इंटर, मैट्रिक गारंटी से करें । परीक्षा केंद्र अम्बाला । Send Rs. 10/- by M.O. for Prospectus. Nehru College, Chhota Bazar, Ambala City.

आवश्यकता

Wanted by reputed Hotel one receptionist Male/Female with pleasing personality having two years experience. 2. Accounts Clerks preferably B.Com. 3. Kitchen Supervisor with two years experience. Apply Immediately to the

चिकित्सा

सुस्ती, पेशाबी रोग, बवासीर, मोटापा पक्का इलाज । मिलें : दवाखाना डाक्टर हरिचंद मुलतानी (बिहाइंड बस स्टैंड), पानीपत । फोन-2939.

जायदाद बिकाऊ

अम्बाला शहर, माडल टाऊन, पालिका बाजार के साथ मेन रोड पर एक कनाल का मकान । दुकानों, नर्सिंग होम, दफ्तर के लिये बढ़िया जगह । बालिया, क्वाइंट आफिस, 4, सैक्टर 35-A, चंडीगढ़ । टैलीफोन : 33326.

अकाऊंट्स

Solve Your Accounts Problems through a group of Professional Accountants. Contact : Bahl Associates, Chowk Telephone Exchange, Amritsar.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 16.10.87 Rs. 62/- without trays. NECC Suggested Retail Price 8.30/- per Dozen.

मशीनरी बिकाऊ

8 इंच की मिल, खराद, सेपर पॉवर प्रैस 50 टन और बैल्डिंग सैट बिकाऊ है । सम्पर्क करें : प्रितपाल सिंह एंड संज, गुरुद्वारा बिल्डिंग, टांडा रोड, जालंधर ।

Punjabi Sanatani

टूटे के प्रतिरोध का सामना
फना के पूर्व में भारतीय
में आगे बढ़ रहे हैं लेकिन
ड़ों और बंकरों में छिपे
सामना करना पड़ रहा
राकेटों का भी इस्तेमाल

अक्तूबर से तीन दिन के लिए बंद रखने के आदेश दिए हैं । यह कदम सुरक्षात्मक दृष्टि से उठाया गया है ।

मुख्य पुजारी के साथ अच्छे सम्बन्ध बना रखे हैं मुख्य पुजारी पिछले वर्ष जाफना में श्रीलंका सेना व कार्रवाई के दौरान घायल हो गया था । समझा जाता

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा, ग्रामीण व एफ.सी.आई. कर्मचारी की हत्याएं

चंडीगढ़, 18 अक्तूबर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने आज रात्रि होशियारपुर जिले में एक ग्रामीण की हत्या कर दी व तीन अन्य को घायल कर दिया । कपूरथला में उग्रवादियों ने एम.एम.सी.आई. कर्मचारी की हत्या कर दी । अमृतसर में एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया । राज्य में 11 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए ।

उग्रवादी मरा

अमृतसर (अशोक, वार्ता): गत रात थाना वैरोवाल क्षेत्र में एक उग्रवादी नरेन्द्र सिंह उर्फ नंदी उर्फ प्रताप सिंह उर्फ नाग सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के दौरान मारा गया । प्राप्त विवरण के अनुसार लगभग आधी रात के समय सुरक्षा बलों ने थाना वैरोवाल के गांव चक्र खान के नहर के पुल पर नाका लगाया हुआ था । नाका पार्टी ने गांव अलीवाल से एक संदिग्ध व्यक्ति को अपनी ओर आते देखा,जिस पर नाका पार्टी ने उसे ललकारा । बताया जाता है कि इस पर संदिग्ध व्यक्ति ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । जवानों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में वह मारा गया । उसके कब्जे से 12 बोर का देसी पिस्तौल, चार जीवित कारतूस और एक चला हुआ कारतूस बरामद हुए । नरेन्द्र थाना जंडियाला क्षेत्र का निवासी था ।

पुलिस के अनुसार नरेंद्र 5 से 6 हत्या के मामलों और बहुत से डकैती के केसों में वांछित था ।

बबली गिरफ्तार

जालंधर (ह.स.): पुलिस ने आज सायं आबादपुरा क्षेत्र से एक उग्रवादी गुरमीत सिंह उर्फ बबली को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बोर का पिस्तौल और 4 कारतूस बरामद किये हैं । इसके अतिरिक्त पुलिस को रणजीत नगर के निकट सड़क के किनारे पड़ा एक देसी पिस्तौल और कुछ कारतूस मिले हैं ।

भारतीय खाद्य निगम कर्मी की हत्या

कपूरथला (वार्ता): साइकिल पर सवार दो आतंकवादियों ने आज प्रातः यहां से निकट गौरा गांव में भारतीय खाद्य निगम के एक कर्मचारी की गोली मार कर हत्या कर दी, जबकि उसका एक अन्य साथी बच निकला । मृतक का नाम मांगे बताया गया है । वह खुखरिया से अपने साथी के साथ साइकिल पर कपूरथला आ रहा था । आतंकवादियों ने मांगे के सिर पर छः गोलियां मारीं । वह तत्काल ढेर हो गया ।

पुलिस ने बताया कि उसका साथी पास के एक खेत में भाग गया । उसे कोई चोट नहीं आई । पुलिस का दावा है कि उसने दो में से एक की शिनाख्त कर ली है और उसका नाम बगीचा सिंह बताया है । पुलिस का कहना है कि वह मांगे के गांव का ही रहने वाला है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

फगवाड़ा से कौड़ा के अनुसार एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास ने बताया कि चन्नू नामक हरिजन के लड़के 'मंगी' की हत्या बी श्रेणी के उग्रवादियों जसमल सिंह और रघुबीर सिंह फौजी ने की है ।

उग्रवादियों की मरहम पट्टी

भटिंडा (ग्रोवर) : पता चला है कि गत दिवस प्रोफैसर शाम लाल की गोली से घायल उग्रवादियों ने भटिंडा के ही एक डाक्टर से मरहम-पट्टी कराई । उग्रवादी भागते समय घटनास्थल पर जो स्कूटर छोड़ गए थे, उसका पंजीकरण भटिंडा का ही है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

पुलिस ने गत रात लगभग 7 बजे धोबी बाजार से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । वे हीरो हांडा मोटर साइकिल पर जा रहे थे । दो यैज़दी मोटर साइकिलों पर उनका पीछा कर रहे पांच पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें स्वयं को उनके (पुलिस) हवाले कर देने को कहा और बाद में उन्हें कोतवाली ले गए ।

हत्या की योजना बनाते हुए 4 गिरफ्तार

फिरोज़पुर (बागी) : पुलिस ने चार उग्रवादियों को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वे विभिन्न गांवों में एक समुदाय के लोगों की हत्या

(शेष पृष्ठ 8 पर)

हमारा अपहरण नहीं हुआ

चंडीगढ़, 18 अक्तूबर (वि.प्र.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के दो सदस्यों श्री गुरबचन सिंह और श्री गुरमेज सिंह ने कमेटी के अध्यक्षीय चुनाव के बाद अकाली दल (ल) के अध्यक्ष श्री सुरजीत सिंह बरनाला के इस बयान का खंडन किया है कि 'हम दोनों का अपहरण कर लिया गया है ।' अलग-अलग बयानों में उन्होंने कहा कि हमारा लौंगोवाल अकाली दल से कोई सम्बन्ध नहीं । हमने आनन्दपुर साहब में हुई शिरोमणि कमेटी की आम बैठक में हिस्सा लिया, हमारा किसी ने अपहरण नहीं किया । गुरमेज सिंह ने कहा कि हरचरण सिंह हुडियारा की अध्यक्षता में शिरोमणि कमेटी की जो समानांतर कार्यकारिणी चुनी गई, मुझे उसकी सदस्यता स्वीकार नहीं है, हमारे प्रधान गुरचरण सिंह टोहरा हैं ।

निलम्बित

तूबर (ह.स.): आल इंडिया
न के नज़रबंद अध्यक्ष ने
ए फैडरेशन के गुरजीत धड़े
को संगठन में फूट डाने के
दिया है ।
जारी एक विज्ञप्ति में मंजीत
जीत सिंह को 15 दिन का
है कि गत 23 सितम्बर को
मेलन करके उन्होंने खुद को
लिए उन्हें पार्टी से क्यों न
ए ।
को गुरजीत धड़े ने पुनर्गठन
अध्यक्ष बना दिया था तथा
द से हटा दिया था, जो तब
म धड़े के अध्यक्ष थे ।
रजीत धड़े के प्रतिनिधि
फैसले को रद्द करते हुए
कों से अपने नेतृत्व वाले
ने का आह्वान किया है ।
है कि गुरजीत सिंह ने संगठन
नुक्सान पहुंचाया है तथा
विरोधी और सरकार
। मंजीत सिंह ने कहा है कि
क उत्तर नहीं दिया तो उन्हें
जाएगा ।

का चुनाव
देव प्रकाश

ों ने सरबत खालसा
है । एस.जी.पी.सी. का
ओट में पीछे हटना, इस
ाता है कि आतंकवादी
। डा. बलदेव प्रकाश ने
या कि वे आतंकवाद का
हमेशा सतर्क रहें ।
ति के प्रधान डा. बलदेव
की है कि किसी भी स्थिति
दे । उन्होंने इस सम्बन्ध
तथा सी.आर.पी. के वरिष्ठ
म द्वारा दिए गए बयानों का
डा. चावला ने कहा कि इस
ा आयोजित किया जाता है
तनावपूर्ण स्थिति और

उग्रवादी
ांछित थे

ारपुर के अध्यक्ष तथा
श्री निरंजन सिंह बड़ला की

अब टैक्स माफ
कुन्दन टी वी

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

करने और लूटपाट करने की योजना बना रहे थे । फिरोजपुर के पुलिस अधीक्षक (आप्रेशन) श्री एच.बी.चाद ने आज यहां बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने गत रात पुलिस स्टेशन सदर के गांव लालीवाल में जसवंत सिंह के ट्यूबवैल पर छापा मार कर जसवंत सिंह, जसबीर सिंह, गुरमेज सिंह और बलकार सिंह को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से एक 38 बोर का, एक 455 बोर का, एक 12 बोर का रिवाल्वर, गोली-सिक्का और खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के 'लैटर पैड' बरामद हुए ।

दो हैंडग्रनेड व पिस्तौल बरामद

'धीमान' के अनुसार पुलिस ने ज़िला फिरोज़पुर में दो डाके डालने, कोट सेखां में शक घर को आग लगाने और दो ट्रक जलाने के अपराध में संलिप्त चार डकैतों को गत रात पुलिस द्वारा मारे गए छापे के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया ।

पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री जी.एस. ग्रेवाल ने आज यहां बताया कि गिरफ्तार डकैत गांव ढोलेवाल का बूटा सिंह, कोट सेखां का इन्द्रजीत सिंह, बहरे जट्टां का दीदार सिंह और जोहल बाग का सुखविंदर सिंह है ।

श्री ग्रेवाल ने बताया कि उनके कब्जे से दो हैंडग्रनेड, एक 12 बोर का और एक 303 बोर का पिस्तौल बरामद हुआ है । प्राथमिक पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि वे ज़िला के धर्मकोट क्षेत्र में डाका डालने की योजना बना रहे थे ।

मुठभेड़ में दो उग्रवादी मरे : तस्कर गिरफ्तार

फरीदकोट (डिक्सन): ज़िला फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि ज़िला पुलिस ने दो तस्करों व चार आतंकवादियों को पिछले 24 घंटों में गिरफ्तार किया है । उन्होंने कहा कि पकड़े गए तस्कर के पास से 303 की एक राइफल, एक रिवाल्वर, 5 पिस्तौलें और दो दर्जन से अधिक कारतूस बरामद किए गए हैं । इसके अतिरिक्त उससे तीस हज़ार रुपए से अधिक मूल्य का सामान भी बरामद किया गया है । उससे एक चेतक बजाज स्कूटर भी बरामद किया गया ।

श्री गोबिन्द राम ने बताया कि दूसरे तस्कर से पांच किलो अफीम बरामद की गई । यह तस्कर मोगा का रहने वाला है ।

इन अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने ज़िला फरीदकोट व संगरूर में डकैती आदि की वारदातें की थीं ।

श्री गोबिन्द राम ने बताया कि आतंकवादी मोहन सिंह उर्फ मोनी जो गांव सैंडोके का रहने वाला है तथा मलकीयत सिंह जो गांव बधवीर का निवासी है, को निहालसिंहवाला पुलिस ने गांव हिम्मतपुरा में नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया । उन्होंने कहा कि यह दोनों उग्रवादी स्कूटर पर आ रहे थे तो पुलिस दल ने इन्हें रोका । इन दोनों उग्रवादियों ने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । आधे घंटे की फायरिंग के उपरांत दोनों उग्रवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । इनसे एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल, 5 कारतूस व एक बजाज स्कूटर बरामद किए गए हैं । इस स्कूटर का नम्बर पी.ए.आर. 5487 है । उन्होंने यह स्कूटर एक माह पूर्व निहालसिंहवाला के एक व्यक्ति गुरदेव सिंह से पिस्तौल की नोक पर छीना था । इन्होंने गांव बुर्ज हमीरा के एक व्यक्ति सुखविंदर सिंह के घर पर भी डाका डाला था तथा तीस हज़ार रुपए का सामान लूटकर ले गए थे ।

श्री गोबिन्द राम ने बताया कि एक अन्य आतंकवादी केवल सिंह को सुरक्षा बलों ने मुक्तसर मार्केट कमेटी के पास पकड़ा । पुलिस ने उससे 12 बोर का एक पिस्तौल व कारतूस बरामद किये हैं ।

पुलिस ने एक अन्य व्यक्ति को भी पकड़ा है, उसके पास से पिस्तौल व कारतूस पकड़े गए हैं ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार

मोगा (आज़ाद) : ज़िला फरीदकोट में गत 24 घंटे के दौरान पुलिस व सुरक्षा बलों ने छापे मार कर 6 उग्रवादियों, एक हकैत और एक तस्कर को गिरफ्तार किया है । ज़िला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम के अनुसार उनके कब्जे से बरामद हथियारों में 303 बोर की एक राईफल, एक रिवाल्वर, पांच पिस्तौल, 12 जीवित कारतूस शामिल हैं । इसके अतिरिक्त 30 हज़ार रुपए नकद, एक चेतक स्कूटर और 5 किलो अफीम भी बरामद की गई है ।

दो उग्रवादियों मोहन सिंह सैंडोके और मलकीयत सिंह गांव बुर्ज हमीरा को गांव हिम्मतपुरा के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया । उनके कब्जे से एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल, 5 कारतूस व चेतक स्कूटर पी.ए.आर. 5487 बरामद किया गया । यह स्कूटर उन्होंने निहालसिंहवाला के एक व्यक्ति गुरदेव सिंह से छीना था ।

दो उग्रवादियों लाल सिंह गांव दौधर और कुलवंत सिंह उर्फ कान्ति गांव लड़ोया के कब्जे से 303 बोर की राईफल व 5 कारतूस, 12 बोर का पिस्तौल व 3 कारतूस बरामद किए गए हैं । ये दुर्दांत उग्रवादी दर्शन सिंह गिरोह से सम्बन्धित हैं । केवल सिंह नामक उग्रवादी से 12 बोर का पिस्तौल व 22 कारतूस बरामद हुए हैं । एक अन्य उग्रवादी विनोद कुमार से 315 बोर का एक पिस्तौल व दो कारतूस बरामद हुए हैं ।

ग्रामीण की हत्या

प्रद्युम्न के अनुसार आज रात्रि होशियारपुर के दसूहा थाना क्षेत्र के ग्राम जलोटा में उग्रवादियों ने बख्शीश सिंह नामक एक ग्रामीण की हत्या कर दी व तीन अन्य को घायल कर दिया ।

अमृतसर टैलिकोम. ज़िला

केबल्स बिछाने के लिए निविदा-तिथि की वृद्धि

निविदा सूचना नं. सीएस 157/4 तिथि 26.8.87 में संशोधन, जो तिथि 30.8.87 के इस समाचारपत्र में प्रकाशित हुआ । अंडर ग्राऊंड केबल के लिए निविदाओं की प्राप्ति और खुलने की तिथि निम्न प्रकार पढ़ी जाए :

i)	दस्तावेजों की बिक्री की अंतिम तिथि	: 6.11.87
ii)	निविदाओं की प्राप्ति की अंतिम तिथि	: 10.11.87 अप 1 बजे तक
iii)	निविदाओं की खुलने की तिथि	: 10.11.87 सायं 3 बजे

निविदा पत्रक ज़िला प्रबंधक, टैलिकोम, अमृतसर के कार्यालय से 20/- रुपए (केवल बीस रुपए) कैशियर के पास जमा करा कर या 30/- रुपए (तीस रुपए) का

शिरोमणि कमेटी के उप-कार्यालय पर कब्ज़े का प्रयास विफल

अमृतसर, 18 अक्तूबर (ह.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री हरेन्द्र सिंह ने आज आरोप लगाया कि अकाली दल (ल) ने कल चंडीगढ़ में शिरोमणि कमेटी के उप-कार्यालय पर कब्जा करने का विफल प्रयास किया । उन्होंने एक बयान में कहा कि फतेहगढ़ साहब, गुरुद्वारा बट्टा साहब तथा आनंदपुर साहब से एस.जी.पी.सी. का स्टाफ समय पर पहुंच गया जिससे उनका प्रयास सफल न हो सका । श्री हरेन्द्र सिंह ने कहा कि नई कार्यकारिणी कल चंडीगढ़ में होने वाली अपनी बैठक में इस मामले पर विचार करेगी ।

Punjab Sanatan

हिंसा

जीव

धर्म का
होंगी

आशा

ये ही निकला ।
ई इन समस्याओं से
य धारा में वापस आ
ी भी बने । उन्होंने
रा यह विश्वास और
बातचीत की जानी
करते हैं और हिंसा का

984 के लोकसभा
था सुधार" के लिए
हित स्वार्थी तत्वों के
जनादेश के अनुरूप
ने कहा कि विरोध
के अनुरूप काम करने
सान हो रहा है । श्री
ी वचनबद्धता व्यक्त
लोकतंत्र का हमारा
है ।
की एक टिप्पणी से
में हंसी का फव्वारा
ने यह टिप्पणी थी
निक व्यक्तियों को
च्छी है क्योंकि इससे
को) शिक्षा मिलती





(1) जालन्धर के सूरानुस्सी क्षेत्र में स्थित एक फैक्टरी के चौकीदार महंगा राम का शव । उसकी हत्या गत रात्रि कर दी गई, (2) घायल किया गया जगदीश चंद्र । *(छाया : कपूर)*



बंगा के निकट बेड़ से मिला शव जिसकी पहचान नहीं हो सकी । सम्भवतः उसकी हत्या कर शव बेड़ में फैंक दिया गया । *(फोटो : हरि कृष्ण)*

पुलिस भिड़ंत में खूंखार उग्रवादी मरा, निरंकारी सहित 3 की हत्या : चार घायल

अमृतसर के देहात में नकदी व आभूषण छीने : विभिन्न क्षेत्रों से तीन स्कूटर ले उड़े

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर (ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के दौरान फरीदकोट क्षेत्र में 'बी' श्रेणी का एक उग्रवादी मारा गया । उग्रवादियों ने पंजाब में विभिन्न स्थानों पर तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा चार अन्य को घायल कर दिया । बलाचौर के पास एक युवक का शव मिला । विभिन्न स्थानों से तीन स्कूटर, सोने के जेवर और नकदी लूट ली गई ।

जालन्धर नगर पालिका के कैशियर से 66250 रुपए छीनने वाले 4 में से 3 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।

उग्रवादियों ने हमला करके अमृतसर जिला में सी.आर.पी.एफ. की 19वीं बटालियन के तीन जवानों को घायल कर दिया ।

सी.आर.पी. पर हमला

अमृतसर के जिलीविड क्षेत्र के ग्राम सुरसिंहवाला में उग्रवादियों ने घात लगाकर सी.आर.पी. की 19वीं बटालियन की गश्ती टुकड़ी पर हमला किया जिससे कम से कम तीन जवान घायल हो गये । उग्रवादी एक घर में छिपे थे और जब गश्ती टुकड़ी बाजार से निकली उस पर गोलियां चला दीं ।

घायलों में लांस नायक ईश्वर सिंह, सिपाही प्रेम नाथ, पी. कृष्णन शामिल हैं ।

सी.आर.पी. की अतिरिक्त टुकड़ियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर उग्रवादियों को पकड़ने के लिए जब गांव को घेरा तो उग्रवादियों ने उन पर भी हमला किया और फरार हो गए । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों का पीछा किया जा रहा है ।

उग्रवादियों ने भागते समय निकटवर्ती गांव पजविड में ग्रामीणों पर भी फायरिंग की ।

सी. आर. पी. एफ. के घायल दो जवानों को भिसीविड सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

गश्ती दल पर रात लगभग 8 बजे सुरसिंह वाला के मुख्य बाज़ार में फायरिंग की गई । विश्वास किया जाता है कि उग्रवादियों ने ए. के. 47 चीनी असाल्ट राईफल का प्रयोग किया । हमलावर उग्रवादियों की संख्या का भी पता नहीं चल सका ।

उग्रवादी मरा

फरीदकोट (बा.) : बाघा पुराना थाना क्षेत्र के जीत सिंह वाला गांव के निकट आज तड़के एक कुख्यात आतंकवादी बंत सिंह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोविंद राम के अनुसार बंत सिंह मोगा तथा फिरोजपुर जिलों में 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' का कमांडर था । बारह कत्ल तथा लूटपाट की अनेक घटनाओं में पुलिस को उसकी तलाश थी ।

श्री गोबिंद राम के अनुसार रात अढ़ाई बजे के लगभग जब सुरक्षा बल संगतपुरा, बुध सिंह वाला, मनवाला तथा चौधरी वाला गांवों में आतंकवादियों के अड्डों पर छापे मारने जा रहे थे तो स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं ।

एक अन्य समाचार के अनुसार फरीदकोट जिले के बाघापुराना थाने के जीत सिंह वाला गांव के पास नाले पर जब स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों को रुकने का संकेत दिया गया तो उन्होंने गोली चला दी । जवाबी गोली में बंत सिंह तत्काल मारा गया । उसका साथी भाग निकला ।

मोगा से 'आजाद' के अनुसार मुठभेड़ गांव चौधरी वाला के निकट हुई । मृत उग्रवादी गांव लखानबध का रहने वाला था । मृतक से एक 12 बोर की दोनाली बंदूक, उसके कारतूस व 7 चले हुए कारतूस मिले । उसका कम्युनिस्ट नेता सुखमिंदर सिंह और उसके परिवार के तीन सदस्यों की हत्या के पीछे भी हाथ था । उससे जो बंदूक मिली है, वह उसने सुखमिंदर सिंह के लड़के से ही छीनी थी । शिक्षक जसवंत सिंह की हत्या भी बढ़िपुर गांव के बस स्टैंड पर उसी ने की थी । (शेष पृष्ठ 8 पर)

पंथक कमेटी द्वारा बुलाए गए सरबत खालसा से शिरोमणि कमेटी का संबंध नहीं : हरिन्दर

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर (वि.प्र.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के कार्यवाहक प्रधान श्री हरिंदर सिंह तरनतारनी ने घोषणा की है कि दीवाली के अवसर पर पंथक कमेटी ने अमृतसर में जो सरबत खालसा बुलाया है उसका शिरोमणि कमेटी से कोई सम्बन्ध नहीं । सरबत खालसा केवल अकाल तख्त कमेटी की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे ।

इस अवसर पर श्री भान सिंह ने बताया कि हमने श्री गरचरण सिंह टोहरा के नेतृत्व में शिरोमणि कमेटी की नव निर्वाचित टीम की कारवाई का विवरण 17 अक्तूबर को अमृतसर से रजिस्ट्री द्वारा वह इस बारे सिख गुरुद्वारा न्यायिक कमिशन के पास अपील कर सकता है । कार्यकारिणी ने आगामी आदेश तक तख्त केसगढ़ साहब के हैडग्रंथी ज्ञानी बलबीर सिंह को इस तख्त का जत्थेदार और तख्त दमदमा साहब के हैडग्रंथी ज्ञानी मेहर सिंह को इस तख्त के जत्थेदार के तौर पर सेवा निभाने के लिए

युवा अकाली दल के प्रधान श्री शेर सिंह दमछेड़ी तथा महासचिव श्री हरदीप सिंह ने भी तीन सिंह साहिबान की गिरफ्तारी की आलोचना की । उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व युवा विंग के कार्यकर्त्ता तख्त श्री केसगढ़ के जत्थेदार भाई सविंदर सिंह से मिले थे तथा उनसे अपील की थी कि वह सिख एकता

Punjabi Sanatan

ा तो श्री गांधी ने कहा
की वजह से हुआ है
नहीं चाहता ।'

है, न कार्यक्रम
ी ने अपने देश के
र आरोप लगाया है कि
त है और न ही कोई
के लिए, इन दोनों का
ने कहा कि उन्हें यह
ये विपक्षी पार्टियां अपने
ाने का प्रयास कर रही
को नीति सम्बंधी मुद्दों
ा अच्छा मौका मिलता

जब कभी सरकार ने
हत्व के मुद्दों पर विचार
है उन्होंने (विपक्षी दलों
ा सुनी हो लेकिन अपने
क्षी पार्टियों के पास कोई
और वे कभी किसी ठोस
इससे लोकतंत्र कमजोर
का मुख्य उद्देश्य सिर्फ
कर चुनावों में लोगों के

में हाल ही में हुये चुनाव
रते हुए कहा कि विपक्षी
ा हासिल करने के लिए
मीलने पर सभी के ऋण

राजीव गांधी आज जब
म्बोधित कर रहे थे तो
विश्व संगठन के बाहर
रत सरकार के खिलाफ

कांड की
च की मांग

बर (भूषण) : एकीकृत
अमरेंद्र सिंह ने पंजाब के
ने मांग की है कि संगरूर
की न्यायिक जांच कराई
मर गए थे तथा 25 अन्य
ा कहा कि सरकार ने
ो आदेश जारी किया है,
क्योंकि अतीत में पंजाब
जांच संदिग्ध रही है और
हीं लेता । इसके अलावा
ोनी चाहिए ताकि रिपोर्ट
होंने यह भी मांग की कि
दियों को इलाज के लिए
जा जाना चाहिए ।

जम्मू-श्रीनगर सड़क
(पृष्ठ 3 का शेष)

गिरने से तीन व्यक्ति घायल हो गए ।

कुहासे के कारण परिवहन में बाधा

शिमला में भारी कुहासे के कारण गाड़ियों के आवागमन में बाधा पड़ी है । धुंध के कारण दिल्ली-शिमला 7-बायुदूत उड़ान जुब्बर हट्टी हवाई अड्डे पर नहीं उतर सकी । केन्द्रीय योजना मंत्री सुखराम आज सुबह गाड़ी से दिल्ली भी नहीं जा सके ।

कुहासे के कारण भारी वाहनों की गति भी धीमी रही और बत्तियां जलाकर धीरे-धीरे आगे बढ़े । सोलन, बिलासपुर, मंडी, कल्लू, छम्ब तथा शिमला के ऊपर इलाकों में भी भारी वर्षा हुई ।

चंडीगढ़ (ह.स.): केन्द्र शासित चंडीगढ़ सहित पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में वर्षा होने और बर्फ गिरने से अचानक मौसम ठंडा हो गया है । चंडीगढ़ में कल रात से ही रह-रहकर वर्षा हो रही है । आकाश में बादल छाये हुए हैं और फुहारें जारी हैं । अमृतसर तथा लुधियाना से भी वर्षा होने की खबर है ।

लुधियाना तथा उसके आसपास के इलाके में कल रात से लगातार वर्षा होने से निचले हिस्सों में पानी भर गया है । वर्षा के कारण छात्र अपने स्कूल, कालेजों तथा कर्मचारी अपने दफ्तरों में समय पर नहीं पहुंच सके ।

The Prime Minister gave a forthright assessment of Islamabad's efforts to make a nuclear bomb to President Reagan's National Security Adviser, Mr Frank Carlucci, and Mr John Whitehead, Acting Secretary of State, who called on him separately here last night.

Mr Gandhi told Mr Whitehead of how Pakistan, through clandestine methods, was proceeding with its nuclear weapons programme. He stressed that Islamabad be stopped in its drive in the interest of peace and security in the area.

At the same time, India made it clear that it would not yield to pressures to sign the nuclear non-proliferation treaty (NPT) because it was discriminatory. "There is no change in India's position", The Minister of State for External Affairs, Mr K. Natwar Singh, told newsmen here.

Before flying from New York to Washington, Mr Gandhi told a luncheon meeting of the Foreign Policy Association that Pakistan was engaged in a "furtive, clandestine and determined effort to acquire nuclear weapons by any and every means." Islamabad's drive to acquire nuclear weapons must be halted, he stressed.

The region, he said, was not tranquil. "Parts of our region are being drawn into rivalry or others, and there is the imminent, growing danger of nuclear proliferation in our neighbourhood", he added.

Continued on page 9 col 1

Century by Rameez Raja

KARACHI: Pakistan defeated England by seven wickets to register their fourth successive victory in Group "B" of the Reliance Cup here on Tuesday. Their win was highlighted by an explosive century (113) by opener Rameez Raja.

Scores: England 244 for nine in 50 overs. Pakistan 246 for three wickets.

Today's match

GROUP "B"

West Indies versus Sri Lanka at Kanpur.

Doordarshan to telecast match live from 8-50 a.m. onwards. TV highlights of the match at 9.50 p.m.

Reports on page 14

30 die as train collides with bus

KARACHI, Oct 20 (AFP) – At least 30 persons were killed and 50 injured when a train collided with a passenger bus near Moro in the southern Sind province today, the Associated Press of Pakistan said.

It said the accident took place at an unmanned railway crossing.

"Babbar Khalsa" opposes call for convention

AMRITSAR, Oct 20 (PTI) – A militant underground organisation, the "Babbar Khalsa International", today criticised the summoning of a "Sarbat Khalsa" convention at Akal Takht on Divali day.

The organisation chief, Sukhdev Singh Babbar, said in a Press statement that any convention organised by a few individual Sikh organisations could not be described as a "traditional Sarbat Khalsa" meeting.

He warned that forcing any decisions on the Panth through a so-called "Sarbat Khalsa" convention amounted to "ridiculing and lowering the Sikh traditions".

The "Babbar Khalsa" is the third organisation after the SGPC and the Unified Akali Dal to criticise the summoning of the convention.

Other pages

- CHANDIGARH CALLING – page 3.
- PREM BHATIA analyses the political fallout of the launching of Mr V. P. Singh's Jan Morcha ... AT RANDOM – page 4.
- Massive sell-off engulfs New York stock market – page 5.
- Levy on spending in plush hotels – page 6.
- Mugging panic in Faridabad – page 10.
- Heart patients and sex life – page 11.
- High Court cases – page 12.
- Roop Kanwar was "dragged" to the pyre, a report on Deorala's sati incident – page 13.
- PSEB in quarter-finals of the DCM Football Tournament. Our Sports Reporter writes from Delhi – page 14.
- Janaher Khan whips Jahangir Khan in the World Open Squash Championship – page 15.

SGPC to move gurdwara panel

From P.P.S. Gill

AMRITSAR, Oct 20 – The SGPC will shortly move the Sikh Gurdwara Judicial Commission here to seek "disqualification" of the members who constitute the "parallel" set of office-bearers and the Executive as announced by the Akali Dal (L) after a separate meeting at Anandpur Sahib on October 16.

It is reliably learnt that the SGPC is seeking "legal opinion" on the matter for appropriate action against those members who acted in violation of the Sikh Gurdwara Act, 1925, under which the SGPC was formed. All SGPC annual general elections are held under the rules specificed by the Election Commission. These were notified by the Punjab Government on August 27,1965.

As per the Act and the election rules, only that meeting of the SGPC general house is considered valid and constitutional which is presided over either by the SGPC President or, in his absence, by any one of the other three office-bearers (Senior Vice-President, Junior Vice-President and General Secretary). The SGPC Secretary is the Returning Officer.

Moreover, the agenda for such a meeting must mention three things: place, date and time. As such, SGPC sources told The Tribune, only the meeting presided over by the Senior Vice-President, Mr Harinder Singh, could be considered legal since he had fulfilled all constitutional requirements. Therefore, the "parallel" meeting as claimed by the Akali Dal (L) had no validity.

A spokesman pointed out that the SGPC was a "corporate body". It could not be "split" as had been made out by media reports in the wake of the Anandpur Sahib developments. There was, therefore, no question of there being "two sets" of office-bearers and the Executive.

The spokesman categorically scotched all rumours that the Government could intervene and cause harm to the Sikh institution.

The Government could take such a step only after it first scrapped the existing Act. As an institution, the SGPC had certain minimum constitutional safeguards. Its members were elected every five years and the entire electoral system was managed by the Government.

The last SGPC elections were held in March, 1979. Although the present house had outlived its term, the rules were that a member could continue till the next elections. Every year at the annual general meeting the SGPC had been adopting a resolution impressing upon the Government to

Continued on page 9 col col 2



Woolmark

essma

Pure new wool SHAWLS

3M-721.

Distributor for PUNJAB
P.K. CHOPRA & COMPANY
498, Basant Avenue, AMRITSAR-143 001.
Phone: Off: 41019, Res: 62809

Distributor for H.P.
NATIONAL AGENCY.,
1726/10, Beri Gate, AMRITSAR.

(शेष पृष्ठ 13 पर)

अमृतसर और जालंधर में दो हत्यायें, 3 घायल : 3 उग्रवादी मरे

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों में 3 उग्रवादी मारे गए । दो उग्रवादी बटाला में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मरे जबकि एक उग्रवादी का शव कपूरथला जिले में मिला । आज रात अमृतसर के वैरोवाल क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि जालन्धर की दो कालोनियों में स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोलीबारी की जिससे 4 लोग घायल हो गए, जिनमें से एक बाद में दम तोड़ गया । जिला फिरोजपुर में उग्रवादियों को शरण देने पर 7 लोग गिरफ्तार किए गए । जिला संगरूर में उग्रवादी पैट्रोल पम्प से 2000 रुपए लूट ले गए ।

इसी मध्य दिल्ली में उग्रवादियों द्वारा किए गए हत्याकांड के दृष्टिगत हरियाणा और चंडीगढ़ में नए 'अलर्ट' जारी किए गए हैं । पंजाब और दिल्ली के प्रवेश एवं निकास मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ।

बटाला (कोछड़): आज सायं लगभग 4.45 बजे यहां बक्करखाने के निकट पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध युवकों के मारे जाने की सूचना मिली है । जिला गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी के अनुसार ये दोनों युवक आज बाद दोपहर तीन-साढ़े तीन बजे स्थानीय रेलवे रोड पर फायरिंग करके एक व्यक्ति बनारसी दास को घायल करने के बाद भाग निकले थे । पुलिस व बी.एस.एफ. ने सूचना पाकर उनका पीछा किया । बक्करखाने के निकट दोनों अभियुक्तों ने पुलिस और बी. एस.एफ. को अपनी ओर आते देखकर उन पर फायरिंग की । इस पर पुलिस और बी.एस.एफ. द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दोनों संदिग्ध युवक मारे गए । श्री बिरदी ने बताया कि पुलिस को घटनास्थल से दो पिस्तौल तथा कुछ चले एवं अनचले कारतूस मिले हैं । मृतकों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

श्री बिरदी ने बताया कि जिला गुरदासपुर विशेष रूप से बटाला की कड़ी नाकाबंदी कर दी गई है ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति बनी रहे ।

बनारसी दास को सिविल अस्पताल बटाला में दाखिल करवाया गया है । वह पठानकोट के एक वकील का मुंशी है । वह बटाला में अपने ग्राहकों से भेंट करने आया था कि बाजार में चलते हुए दो साइकल सवार युवकों ने उसके पास आकर उसे 5000 रुपए देने के लिए कहा । बनारसी दास द्वारा इन्कार करने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । फायरिंग की आवाज सुनकर लोग अभियुक्तों को पकड़ने के लिए भागे, लेकिन वे फरार हो गए थे । इस पर लोगों ने सुरक्षा बलों को वारदात की सूचना दी ।

उग्रवादी का शव मिला

कपूरथला (ह.स.): कपूरथला-गोयंदवाल मार्ग पर मुंडी चन्ना गांव के पास सड़क के किनारे एक संदिग्ध आतंकवादी का शव बरामद किया है । शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है । शव पर घाव का कोई निशान नहीं है ।

7 उग्रवादी, 2 शरणदाता गिरफ्तार

मोगा (ह.स., आज़ाद): सुरक्षा बलों ने गत 24 घंटे के दौरान जिला फरीदकोट में सात उग्रवादी और उन्हें शरण देने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । जिला पुलिस प्रमुख श्री गोविंद राम ने बताया कि उनके कब्जे से एक विदेशी राइफल, दो रिवाल्वर और तीन कारतूसों सहित चार पिस्तौल बरामद किए गए हैं । गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त सरदूल सिंह, पप्पू, टिंडा,

(शेष पृष्ठ 14 पर)

दीपावली अवकाश

दीपावली के उपलक्ष्य में 22 अक्तूबर को पंजाब केसरी कार्यालय बंद रहेंगे । अतः 23 अक्तूबर का अंक प्रकाशित नहीं होगा । एजेंट व पाठक कृपया नोट करें । (सम्पादक)

Punjabi Sanatani

स्थिति की समीक्षा

आज राजधानी में कानून और
समीक्षा की और कल रात की
देखते हुए उठाए जाने वाले
र्श किया । इस घटना में 10
ाधिकारिक सूत्रों के अनुसार
सिंह ने आज सुबह दिल्ली के
ान लाल कपूर और पुलिस
के साथ स्थिति पर विचार

को मुआवजा

कपूर ने दक्षिण दिल्ली में कल
में मारे गए लोगों के निकट
-20 हजार रुपए तथा गम्भीर
व्यक्तियों को 5000 रुपए
घोषणा की । उपराज्यपाल
कहा है कि आतंकवादियों का
कड़ने वाले पुलिस कर्मियों को
या जाए ।

ल बाद पूरी दिल्ली में 'रैड
गए एहतियाती कदमों के
। पुलिस नाके की संख्या
तपूर्ण स्थानों पर वाहनों की

कटरमन ने कल रात दक्षिण
द्वारा निर्दोष लोगों की जघन्य
की निंदा करते हुए इसे
के खिलाफ" बताया है । श्री
एक वक्तव्य में कहा कि
कार्यों में लगे लोगों की हत्या
ध है बल्कि जीवन के सभी
है । राष्ट्रपति ने इस घटना
ारों के प्रति गहरी संवेदना
से अपील की कि वे इस
तेजित हुए बिना मर्यादा और
खें ।

स्ट पार्टी के पोलिट ब्यूरो न
वादियों के शिकार लोगों के
सहानुभूति व्यक्त की ।
पुलिस की असफलता की भी
भारतीय जनता पार्टी की
मदन लाल खुराना ने इस
ते हुए इसके लिए केंद्रीय गृह
दार ठहराया । उन्होंने श्री
करने की मांग की है ।

(इ) के अध्यक्ष श्री बेअंत
क बयान में दिल्ली में हुए
र्तना की । उन्होंने कहा कि
के खिलाफ एक जघन्य
ों ने किया, जो साम्प्रदायिक
पर तुले हुए हैं ।

ालिस्ट पार्टी के संसदीय दल
वितरंजन पार्क में हुई हत्याओं
शंका व्यक्त की कि हो सकता
समुदाय से बदला लेना चाहते
ाज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे जुड़े

दल के नेता प्रोफैसर मधु







जालन्धर में उग्रवादियों की गोलीबारी से बुधवार रात को घायल (1) जसवंत, (2) भीखू राम और (3) चंद्रशेखर । (छाया : कपूर)

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

गुरजंट सिंह, सुरेन्द्र सिंह, नछत्तर सिंह और पप्पा सिंह के रूप में की गई है । प्राथमिक पूछताछ के दौरान उन्होंने जिला में कई हत्याओं, डकैतियों और छीना-झपटी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । श्री गोबिंद राम ने बताया कि शरणदाताओं में एक वैद्य और एक ट्रांस्पोर्टर शामिल हैं ।

पैट्रोल पम्प लूटा

संगरूर (गर्ग): आज दोपहर डेढ़ बजे यहां से 25 किलो मीटर दूर गांव बडवर में दो उग्रवादियों ने 'नसीब चन्द हरबंस लाल' के पैट्रोल पम्प से पिस्तौल की नोक पर 2000 रुपए लूट लिए । जाते समय उग्रवादी टैलीफोन की तारें भी काट गए । सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई । भीखू की जानेवाली [illegible]

के मजदूर हैं । जसवन्त सिंह के पेट और और छाती में गोलियां लगी हैं । भीखू और चन्द्रशेखर की बांह में गोलियां लगी हैं, बीरा की छाती और गर्दन में गोलियां लगी थीं ।

बीरा की बाद में अस्पताल में मौत हो गई ।

स्कूटर छीन लिया

जालन्धर (ह.स.): आज सायं थाना अलावलपुर रोड पर धोगड़ी के निकट दो संदिग्ध उग्रवादियों ने एक व्यक्ति नत्थू राम से उसका स्कूटर नं. पी.बी.पी. 1119 छीन लिया । नत्थू राम अलावलपुर से जालन्धर आ रहा था कि उग्रवादियों ने पिस्तौल दिखाकर उसे रोका और स्कूटर छीनकर भाग गए ।

मोपेड छिनी

जिला होशियारपुर में गढ़शंकर के निकट एक व्यक्ति से दो संदिग्ध व्यक्तियों ने मोपेड नं. पी.ए.सी. 2551 छीन ली ।

इका नेता की हत्या का मामला सुलझा

होशियारपुर (ह.स.): पुलिस ने कंधाला शेखां फायरिंग कांड, जिसमें इंका नेता एवं गांव के सरपंच श्री प्रकाश चन्द की हत्या कर दी गई थी और दो अन्य को घायल कर दिया गया था, उसी गांव के मल्कीयत सिंह और हरशरण सिंह को दो उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार करके हल करने का दावा किया है । इन गिरफ्तार व्यक्तियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने दो उग्रवादियों दलजीत सिंह उर्फ जीता और अमरजीत सिंह उर्फ टोनी उर्फ पप्पू के साथ सम्बन्ध बनाए ताकि सरपंच की हत्या करके सरपंच द्वारा कुछ समय पूर्व की गई स्वर्ण सिंह की हत्या का बदला ले सकें । पुलिस ने कहा कि दोनों अभियुक्तों ने गिरफ्तार व्यक्तियों द्वारा उपलब्ध करवाई जानकारी के आधार पर इंका नेता श्री प्रकाश चन्द की उनके घर में हत्या कर दी ।

सुरक्षा प्रबन्ध कड़े किए गए

चंडीगढ़ (ह.स.): सी.आर.पी.एफ. के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि चंडीगढ़ में कल डकैती की कोशिश और दिल्ली में हत्याओं के दृष्टिगत केन्द्रीय प्रदेश चंडीगढ़ में सुरक्षा प्रबन्ध और कड़े कर दिए गए हैं । उन्होंने कहा कि विशेष रूप से गठित दल अभियुक्तों के निकटवर्ती ठिकानों पर छापे मारने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए भेज दिए गए हैं । सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. श्री आर. के. मेहता ने चंडीगढ़ ज्यूलर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सी.आर.पी.एफ. द्वारा और सुरक्षा के सुझाव पर चंडीगढ़ प्रशासन के साथ बातचीत की जाएगी । श्री मेहता ने कांस्टेबल धर्मपाल और उसके साथियों का आभार व्यक्त किया, जिनकी सतर्कता से डकैती टल गई । कांस्टेबल धर्मपाल और उसके साथियों को उचित पुरस्कार देने की सिफारिश की जा रही है ।

राष्ट्रपति को दीपावली की बधाई

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (वार्ता): समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों और कई संगठनों ने आज राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन को दीपावली की बधाई दी । दक्षिण भारत में आज दीपावली मनाई जाती है । लोगों ने राष्ट्रपति का मुंह मीठा कराया तथा उन्हें फूल भेंट किए ।

नर्सों की हड़ताल समाप्त

राजीव

वाशिंगटन,
राजीव गांधी ने प
सिख नेताओं से बा
दोहराई । श्री गां
और सरकार दोन
हैं । वाशिंगटन
ने बताया कि वह
बातचीत करने के

उन्होंने कहा
लोग बातचीत क
चाहिए । उन्हों
उनकी मांगें क्या
पंजाब में चुनाव हो
निकला । समाध
पर था किन्तु उन
कि समझौता भी

श्री गांधी ने
की घटनाओं की
सरकार आतंकवा
कृतसंकल्प है ।
सम्पर्क होने पर
हमेशा ही कुछ ऐ
लिए आतंकवाद
आतंकवादियों क
अमरीका और क
प्रशंसा की ।

श्री गांधी ने
विश्व-व्यापी का
में उन्होंने राष्ट्रपति
कहा कि अमरीकी
आश्वासन दिया
(राजीव की) सर
नहीं करेगी ।

दिल्ली लौटे

प्रधानमंत्री
राष्ट्रमंडल शिख
अमरीका के राष्ट्र
करके आज रात स

Punjabi Sahitani

शामिल हैं ।

पैट्रोल पम्प लूटा

संगरूर (गर्ग): आज दोपहर डेढ़ बजे यहां से 25 किलो मीटर दूर गांव बडबर में दो उग्रवादियों ने 'नसीब चन्द हरबंस लाल' के पैट्रोल पम्प से पिस्तौल की नोक पर 2000 रुपए लूट लिए । जाते समय उग्रवादी टैलीफोन की तारें भी काट गए । सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई । क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी गई है ।

वे पुलिस-कर्मी थे या उग्रवादी ?

अमृतसर (अशोक सोनी): गत आधी रात्रि के बाद अमृतसर नगर के कटड़ा शेर सिंह क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन पुलिस वाले एक हिन्दू के घर में सीढ़ी लगाकर उसके घर में जा घुसे और घर वालों को ऊंची-ऊंची आवाज़ में भद्दी गालियां निकाल कर घर के दरवाज़े खोलने के लिए कहा, जिस पर घर वालों ने 'चोर-चोर' का शोर मचा दिया और मुहल्ले के लोग एकदम गली में एकत्रित हो गए । मुहल्ला निवासियों को इकट्ठा होते देखकर सीढ़ी के पास नीचे खड़े एक पुलिस-कर्मी ने ऊपर गए तीन-चार अपने साथियों को नीचे आने को कहा । बताया जाता है कि जब नीचे खड़ा पुलिस कर्मी मुहल्ला वालों से बात कर रहा था तो ऊपर वाले पुलिस-कर्मी उसी सीढ़ी से नीचे उतर कर रात के अंधेरे में ही भाग गए । इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिस को 100 नम्बर पर टैलीफोन कर स्थिति से अवगत किया तो थोड़ी देर में सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंच गए । लोगों ने उन पुलिस कर्मियों का हुलिया घटनास्थल पर आई पुलिस को बताया । सुरक्षा बलों ने लोगों को सुझाव दिया कि उन्हें उन 'आतंकवादी पुलसियों' को घेरना चाहिए था, लेकिन लोगों ने बताया कि उनके पास शस्त्र भी थे । लोग प्रशासन से इस घटना की जांच करवाने की मांग कर रहे हैं कि क्या वे पुलिस कर्मी थे या पुलिस वेश में आतंकवादी ?

घर में घुस कर हत्या

'ह.स.' के अनुसार जिला अमृतसर के थाना वैरोवाल के गांव उप्पल में दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति प्रताप सिंह की उसके घर में हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार उग्रवादी एक स्कूटर पर आए और वारदात करने के बाद फरार हो गए ।

जालन्धर में गोलीबारी

जालन्धर (ह.स.): जालन्धर के पुलिस डिवीजन नम्बर 3 के वसन्त नगर क्षेत्र में आज रात उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग से 3 व्यक्ति घायल हो गए, उन्हें अस्पताल में दाखिल किया गया है । घायलों के नाम भीख राम (23), बीर (27) और जसवन्त (42) है । डी.एस.पी. बलदेव राज ने बताया कि दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने दो जगह गोलीबारी की । पहले उन्होंने चलते स्कूटर से अमन नगर में चाय के एक खोखे के बाहर खड़े लोगों पर गोलियां चलाईं और उसके बाद वसन्त नगर में एक दकान के बाहर बैठे लोगों पर ।

न.न.ए.' के अनुसार गोलीबारी में 4 व्यक्ति घायल हुए थे जिनमें चन्द्रशेखर भी हैं । ये लोग पान-बीड़ी के एक खोखे के बाहर खड़े थे जब उन पर गोलियां चलाई गईं । डाक्टरों के अनुसार जब गम्भीर घायल बीरा को सी.एम.सी. लुधियाना में ले जाने की तैयारी की जा रही थी, तभी वह दम तोड़ गया । शेष घायल खतरे से बाहर हैं । एक घायल चंद्रशेखर स्थानीय व्यक्ति है, जबकि शेष 3 यू.पी.

शनिवार, 24 अक्तूबर, 1987 तदनुसार, 8 कार्तिक, 2044 मूल्य 75 पैसे, किन्नौर द्वारा 90 पैसे

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-चीन वार्ता में पहली बार सीमा विवाद के अलावा अन्य अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों

उग्रवादी मारा गया ध्यान रखना है कि

कपूरथला में मुकाबले के बाद 4 उग्रवादी गिरफ़्तार : निशानदेही पर 'बी' श्रेणी के आतंकवादियों के 3 शव मिले

पंजाब में 4 हत्याएं : चौगावां के एक गांव में सुरक्षा बलों से भिड़ंत में दुर्दांत उग्रवादी बलदेव सिंह मरा

ग्रंथी को घायल कर दिया : बटाला में मानोचाहल गुट के 2 बंदी

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): कपूरथला पुलिस ने गत वीरवार को तड़के जिला कपूरथला में मुकाबले के बाद 'बी' श्रेणी के एक उग्रवादी सहित चार दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से शस्त्र एवं गोली-सिक्का बरामद किया । इन उग्रवादियों की निशानदेही पर पुलिस ने मंड क्षेत्र से 'बी' श्रेणी के तीन उग्रवादियों की अस्थियां और खोपड़ियां बरामद की हैं । उग्रवादियों ने जिला अमृतसर के गांव चोला साहिब में दीवाली मना रहे एक व्यक्ति और रैय्या के एक गांव में एक व्यक्ति और जिला फरीदकोट में एक सरपंच और उसके एक संबंधी की हत्या कर दी जबकि जिला अमृतसर में आज दोपहर 'बी' श्रेणी का एक उग्रवादी सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में मारा गया । बटाला में मानोचाहल गुट के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है । जिला जालन्धर में उग्रवादियों ने एक गुरुद्वारे के ग्रंथी सहित 2 व्यक्तियों को गोली मार कर घायल कर दिया ।

चोला साहिब में हत्या

अमृतसर (वार्ता): अज्ञात आतंकवादियों ने कल दीवाली की रात थाना सरहाली के चोला साहिब गांव में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतक का नाम कांशी राम था । पुलिस ने बताया कि .12 बोर की पिस्तौल और .315 बोर की राइफल के साथ लैस तीन अज्ञात आतंकवादी कल रात कांशी राम के घर में घुसे और उसे गोली से उड़ा दिया । कांशी राम ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । वारदात के समय कांशी राम अपने परिवार के साथ दीवाली मना रहा था । हत्या करने के बाद आतंकवादी फ़रार हो गए ।

बाद में खालिस्तानी नारे लगाए

तरनतारन से संवाददाता के अनुसार यहां से 25 किलो मीटर दूर गांव चोला साहिब में गत रात्रि 8.40 बजे 4 उग्रवादी आए, जिनमें से 3 इंका वर्कर श्री कांशी राम बजाज के मकान की दीवार फांद कर अंदर दाखिल हो गए । उन्होंने कांशी राम की 21 वर्षीय लड़की से कांशी राम के संबंध में पूछा तो उसने उत्तर दिया कि वे अंदर दीवाली की पूजा कर रहे हैं । उग्रवादियों ने अंदर जाकर कांशी राम के सिर, कंधे, पेट और जांघ में गोलियां मारीं । कांशी राम की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई । इसके पश्चात् उग्रवादियों ने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए । उग्रवादियों ने अपने चेहरे ढंके हुए थे । वारदात के समय बिजली बंद थी । सितम्बर 1985 में कांशी राम के साथी इंका वर्कर सोहन लाल और अशोक कुमार की भी उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी । हत्या के विरुद्ध रोष स्वरूप आज चोला साहिब के बाजार बंद रहे ।

दो शव बरामद

अमृतसर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने पिछले दिनों के दौरान सरहाली के मंड क्षेत्र से हरजिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से 'छिदा' हुआ शव बरामद किया । इसी प्रकार जोगिन्दर सिंह नामक एक युवक की लाश सुल्तानविंड क्षेत्र में एक नाले के पास से बरामद हुई ।

एक अन्य सूचना के अनुसार हरजिन्दर सिंह, जो राम नगर आबादी का रहने वाला था, के शव पर चाक के घाव पाए गए हैं जबकि उसका स्कूटर निकट ही पड़ा पाया गया ।

मुकाबले में उग्रवादी मारा गया

अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार आज बाद दोपहर लगभग 2 बजे जिला अमृतसर में गांव भीलोवाल थाना चौगांवां में सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में एक कुख्यात उग्रवादी बलदेव सिंह उर्फ़ काला मारा गया । यह 'बी' श्रेणी का उग्रवादी था और जिला अमृतसर के ही गांव ओठियां का रहने वाला था । प्राप्त विवरणों में बताया गया है कि पुलिस को मिली एक सूचना के आधार पर गांव भीलोवाल में एक मकान पर सुरक्षा बलों ने आज बाद दोपहर घेरा डाला, जिस पर बलदेव सिंह ने सुरक्षा बलों पर फ़ायरिंग की, जिससे यह उग्रवादी मारा गया । घटना की सूचना पाकर अमृतसर से पुलिस एवं सुरक्षा बल के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । अभी तक यह पता नहीं चल सका कि उस मकान में केवल बलदेव सिंह ही छिपा हुआ था अथवा उसके साथ कुछ और भी उग्रवादी थे और न ही अभी इस बात की पुष्टि हो सकी है कि मृतक से कौन कौन से शस्त्र बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार मृतक की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था ।

गांव उप्पल में हत्या

रैय्या से 'जसपाल' के अनुसार गत दिवस यहां से 8 किलो मीटर दूर थाना बैरोवाल के गांव उप्पल में दो संदिग्ध आतंकवादियों ने प्रताप सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । बताया गया है कि घटना के समय मृतक प्रताप सिंह, उसका भाई दर्शन सिंह तथा चचेरा भाई प्रकाश सिंह अपने घर बैठे रेडियो सुन रहे थे कि शाम सात बजे के करीब किसी ने इनके घर का दरवाजा खटखटाया । यह पूछने पर कि कौन है ? आगन्तुक ने अपना नाम दीप सिंह लम्बड़दार बताया । विश्वास हो जाने पर ज्यों ही प्रताप सिंह ने जाकर दरवाजा खोला तो एक आतंकवादी ने गोली चला दी, जो उसके मुंह पर लगी । दूसरे आतंकवादी की गोली उसकी छाती पर लगी और वह वहीं ढेर हो गया । जब मृतक के भाई दर्शन सिंह ने कहा कि हमें क्यों मारते हो ? तो एक आतंकवादी ने कहा, पहले 50 हजार कहते थे, अब एक लाख तैयार रखना नहीं तो आपको गुरुद्वारे की 'पैली' में बिजाई भी नहीं करने दी जाएगी ।

धमकीपूर्ण पत्र मिले थे

बताया गया है कि ये दोनों आतंकवादी स्कूटर पर आए थे तथा उसी पर फ़रार हो गए । इनमें से एक का मुंह बंधा हुआ था तथा इन दोनों ने कर्तें पायजामे पहन रखे थे । प्रताप सिंह तथा दर्शन सिंह का पालन-पोषण उनके चाचा महंत सरवन दास ने किया था । उन्होंने बताया कि उनको कई धमकी पूर्ण पत्र मिले थे, जिनमें 50 हजार रुपए तथा लाइसैंस-शुदा हथियार की मांग की गई थी, परन्तु उसने डर के कारण कभी पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी । सुरक्षा बल तथा पुलिस अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं ।

2 गिरफ्तार, शेष छोड़ दिए

अमृतसर के पुलिस अधीक्षक श्री मुहम्मद इज़हार आलम ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि सुरक्षा बलों ने गत दिवस छापे के दौरान स्वर्ण मंदिर के सराय परिसर से 10 व्यक्तियों को हिरासत में लिया था, उनमें से 2 संदिग्ध व्यक्तियों को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि शेष आठ को छोड़ दिया गया है । गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान खेमकरण के गांव असुल औतार के निर्मल सिंह और संगरूर के गुरमीत सिंह के रूप में की गई है । उन पर उग्रवादियों को शस्त्रों की सप्लाई में सहायता करने का आरोप है । पुलिस ने सराय में छापे के दौरान 250 व्यक्तियों को हिरासत में लिया था, इनमें से 10 के अतिरिक्त शेष

(शेष पृष्ठ 10 पर)







(1) चित्तरंजन प
अस्पताल, नई दि

दिल्ली

नई दिल्ली, 23 अ
रात को हुए हत्या
आतंकवादियों की तल
उनकी खोज के लिए क
पर छापे मारे । एक
बताया कि गोविंदपुरी ग
छापे मार कर घर-घर
कोई लाभ न हुआ । पु
क्षेत्र में भी छापे मारे गए
सकता है कि ये आतंकव
हों ।

चित्तरंजन पार्क में
गई गोलियों की बौछार
हुई थी । एक आतंकव
कुंआं के पास मारा गया

इस मुठभेड़ में घा
अभय सिंह अब खतरे
बहादुरी पर समय पूर्व प्र
लिए नकद ईनाम की भी

श्रीलंका में बारूदी सुरंग के विस्फोट से 4 शांति सैनिक मरे

कोलम्बो, 23 अक्तूबर : पूर्वी बट्टीकलोआ से 25 किलो मीटर दक्षिण कलवांचिकड़ी में आज लिट्टे के छापामारों ने सुरंग विस्फोट के बाद भारतीय शांति सेना पर घात लगा कर गोलाबारी की । इस हमले में 4 भारतीय शांति सैनिक मारे गए और 3 घायल हो गए । लिट्टे के छापामारों ने 4 ए.के. 47 राइफलें बरामद कीं ।

भारतीय शांति सेना द्वारा लिट्टे के खिलाफ मोर्चा सम्भाले जाने के बाद से दस अक्तूबर से अब तक

पंजाब

राज्य

Punjabi Sansar



रैय्या के पास स्थित गांव उप्पल में उग्रवादियों के हाथों मारे गए प्रताप सिंह का पुराना चित्र। (फोटो : जसपाल)

आतंकवादी गिरफ्तार

(पृष्ठ 1 का शेष)

को तत्काल छोड़ दिया था । इनमें से अधिकांश बंगला देश के नागरिक थे, जो लंगर भवन में मुफ्त लंगर खाने के लिए टिके हुए थे ।

चार उग्रवादी गिरफ्तार

कपूरथला (वा) : जिला कपूरथला के थाना सुल्तानपुर लोधी के गांव सरूपदाल के निकट धुस्सी बांध पर बीरवार तड़के पुलिस की गश्ती पार्टी और उग्रवादियों में हुई भीषण फ़ायरिंग के बाद पुलिस ने चार दर्दात उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इन उग्रवादियों से भारी मात्रा में शस्त्र और गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

उग्रवादियों के 3 शव बरामद करवाए

इन गिरफ्तार उग्रवादियों के बताने पर पुलिस ने उक्त गिरोह के अपने साथियों के हाथों मारे गए तीन आतंकवादियों की हड्डियां व खोपड़ियां तथा उनके शस्त्र मंड क्षेत्र से बरामद किए हैं । यह गिरोह तत सालमा (ब्रह्मा ग्रुप) से संबंधित है ।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री पी.एम. दास ने पत्रकारों को बताया कि 22 अक्तूबर को तड़के जिला पुलिस की गश्ती पार्टी के साथ थाना सुल्तानपुर लोधी के अन्तर्गत गांव सरूपबाल के निकट धुस्सी बांध पर आतंकवादियों की हुई भिड़ंत में पुलिस पार्टी ने 20 तथा आतंकवादियों ने 10-12 गोलियां चलाईं । इस भिड़ंत के पश्चात् चार दर्दात आतंकवादी मंड के 'बी' श्रेणी के अमरीक सिंह (सरूपबाल), गुरदेव सिंह (किल्ली-वाड़ा), पाल सिंह उर्फ़ पाला (शेख मांगा) तथा गुरदेव सिंह उर्फ़ फौजी (डुब्बली) जिला अमृतसर को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से एक राईफल 315 बोर, पाकिस्तान का बना हुआ एक रिवाल्वर 32 बोर, दो 2 बोर दोनाली बंदकें, एक शाटगन तथा भारी संख्या में गोली-सिक्का बरामद किया है ।

दो शव 'बी' श्रेणी के उग्रवादियों के

प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान अमरीक सिंह ने मंड क्षेत्र में इंसानी हड्डियां, खोपड़ियां और काफी मात्रा में शस्त्र बरामद करवाए हैं । उसने बताया कि ये शस्त्र तथा हड्डियां तीन दर्दात आतंकवादियों मंड के प्लस 'बी' श्रेणी के उग्रवादी जरनैल सिंह उर्फ़ जैला आफ़ शेख मांगा, जिसके सिर पर 30 हज़ार रुपए का ईनाम घोषित था और 'बी' श्रेणी के उग्रवादी सुरेंद्र सिंह उर्फ़ छिंदर आफ़ सरूपबाल और एक अन्य उग्रवादी (जिसके नाम पता नहीं चल सका), की हैं । श्री दास के अनुसार आपसी झगड़े में इन तीनों की सम्भवतया उनके अपने ही साथियों ने हत्या कर दी । अभियुक्तों से बरामद शस्त्र भी लोगों से छीने हुए प्रमाणित हो गए हैं ।

दो उग्रवादी भाग गए

श्री दास ने बताया कि पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल जब शस्त्र बरामद करने 'मंड' में पहुंचे तो वहां छिपे हुए दो उग्रवादी लम्बी हाथी घास का लाभ उठा कर भाग गए । इनमें एक की शिनाख्त कर ली गई है, वह कपूरथला पुलिस में खराब रिकार्ड के कारण निकाला गया सिपाही जगीर सिंह बटांवाली है ।



थाना सरहाली के गांव चोला साहिब में उग्रवादियों के हाथों दीवाली की रात मारे गये काशी राम के शव के पास बैठा उसका बिलखता परिवार ।

गिरोह का सफाया ?

श्री दास ने इस गिरोह के सफ़ाए का दावा करते हुए कहा कि यह गिरोह सी.आर.पी. की चौकी तथा पुलिस अधिकारियों पर हमलों के अतिरिक्त कपूरथला, अमृतसर, फिरोज़पुर जिलों में हत्याओं, हत्याओं के प्रयास, छीना-झपटी की घटनाओं, डाकों, शस्त्र छीनने तथा भारी रकमें प्राप्त करने के लिए अपहरण करने आदि के कई मामलों में वांछित था । यह गिरोह लगभग एक वर्ष से सुल्तानपुर लोधी के क्षेत्र में उग्रवादी कार्रवाइयां कर रहा था । इस गिरोह के लगभग सफ़ाया से लोगों ने सुख का सांस लिया है, आगे पूछताछ में और शस्त्र बरामद होने तथा कई रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

सराय पर छापा : 45 हिरासत में

पटियाला (भूषण): पुलिस ने दीवाली के अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारा लख निवारण साहिब की सराय पर छापा मार कर 45 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया । इनमें से 2 महिलाएं थीं, जिन्हें तत्काल छोड़ दिया गया ।

मानोचाहल गुट के दो उग्रवादी गिरफ्तार

बटाला (हस): बटाला सदर पुलिस ने कल रात छापों के दौरान गुरबचन सिंह मानोचाहल गुट के दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके पास से 3200 की नकदी भी बरामद हुई । गुरदासपुर जिले के पुलिस अधीक्षक जे.पी.बिरदी ने बताया कि इन संदिग्ध आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है । इनके नाम जसवंत सिंह और हरप्रीत सिंह हैं। श्री बिरदी ने बताया कि दोनों ने लोगों को धमकी भरे पत्र लिख कर रुपये वसूल करने का अपराध कबूल किया है ।

दुकानदार को घायल कर दिया

बटाला से कोछड़ के अनुसार संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात गुरदासपुर जिले में फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस थाना क्षेत्र के तेजकला गांव में एक किरयाना दुकानदार पुरषोत्तम लाल को गोली मार कर घायल कर दिया । घायल को बटाला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । घायल की हालत खतरे से बाहर है और फायरिंग करने वाले दोनों अज्ञात युवकों में से एक की पहचान कर ली गई है ।

तीन गिरफ्तार

जिला गुरदासपुर पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना श्रीहरगोबिंदपुर ने तीन लोगों गुरचरण सिंह गांव तुगलवाला, त्रिलोक सिंह गांव समराए व बलकार सिंह श्रीहरगोबिंदपुर को निरोधक एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार किया है ।

रे के निवास के बाहर धरना देने की घोषणा

एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष उजागर सिंह सेखवां ने आज बटाला में कहा कि उनके दल ने 26 अक्तूबर से पंजाब के राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे के निवास के बाहर धरना देने का फैसला किया है । यह धरना हाल ही में पकड़े गये मुख्यग्रंथियों ज्ञानी सविंदर सिंह, ज्ञानी जसवंत सिंह और ज्ञानी कश्मीर सिंह की रिहाई और फर्जी मुठभेड़ों में कथित रूप से सिख युवकों को मारने और पुलिस का सिख गुरुद्वारों में बार-बार प्रवेश की मांग को लेकर किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य, पार्टी के सभी सांसद और विधायक इस धरने में शामिल होंगे । उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि वह पंजाब समस्या को गम्भीरता से नहीं ले रही है ।

2 स्कूटर ले उड़े

बस्सी पठानां (रुपाल): गत बुधवार को यहां से 7 किलोमीटर दूर खमानों रोड पर भारत भूषण नामक एक व्यक्ति का स्कूटर उस समय उड़ा लिया गया जब वह सड़क पर स्कूटर खड़ा करके निकट ही कहीं गया था । एक अन्य समाचार के अनुसार फतेहगढ़ साहिब तहसील के एक कर्मचारी का नया स्कूटर उस समय दो युवकों ने छीन लिया, जब वह अपनी बहन को मिलने भांबरी गांव जा रहा था ।

तलवंडी के भतीजे की तलाश

चंडीगढ़ से संघी के अनुसार चंडीगढ़ पुलिस गत 26 अगस्त को स्थानीय सैक्टर 35 के पुलिस गुप्तचर प्रशिक्षण स्कूल में तीन प्रशिक्षणार्थी सब-इंस्पैक्टरों की हत्या करने व पांच अन्य को घायल करने की घटना के संबंध में एकीकृत अकाली दल के नेता जगदेव सिंह तलवंडी के भतीजे चरणजीत सिंह है ।

टोनी चंडीगढ़ का इंचार्ज था

गत 17 जून को सैक्टर 22 में श्री साहनी पर हुए हमले की जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि इस कांड में जिन्दा के अलावा मंजीत सिंह उर्फ़ मंज तथा गुरमीत सिंह उर्फ़ टोनी शामिल थे । उन्होंने बताया कि गुरमीत सिंह उर्फ़ टोनी लालड़ हत्या कांड में अपने ही साथियों की गोली का शिकार हो गया था तथा मंजीत सिंह अगस्त माह में पटियाला में हुई एक मुठभेड़ में मारा गया था । श्री सिंह ने बताया कि खालिस्तान कमांडो फोर्स ने टोनी को चंडीगढ़ का इंचार्ज बना रखा था ।

उग्रवादी कुछ भी न ले जा सके

गत 20 अक्तूबर को यहां सैक्टर 22 में एक सराफ़ की दुकान को 5 उग्रवादियों द्वारा लूटने की जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि दुकान के मालिक ने अपनी दुकान में रखे सामान की पूर्ण जांच के बाद बताया है कि उग्रवादी कुछ भी ले जाने में सफल न हो सके । उन्होंने बताया कि इस केस में वांछित उग्रवादियों का फिलहाल कुछ भी पता नहीं चल पाया, लेकिन उग्रवादियों की कार पी.यू.जी. 7024, जो पुलिस ने बरामद की थी, उसके आधार पर इस कांड को हल करने की कोशिश की जा रही है । यह कार अमृतसर में हुए कई अपराधों में भी संलिप्त है तथा इस कार का नम्बर वहां दर्ज कई एफ.आई.आर. में शामिल है । उन्होंने बताया कि अमृतसर में कर्फ्यू लगे होने के कारण कार का पता लगाने के लिए चंडीगढ़ से गई पुलिस पार्टी वापस आ गई है और उसे पुनः अमृतसर भेजा जा रहा है । उन्होंने बताया कि पूछताछ के लिए जिन युवकों को हिरासत में लिया गया था, उन्हें रिहा कर दिया गया है ।

सरपंच, रिश्तेदार की हत्या

फिरोजपुर (ह.स.): मोगा से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार थाना सदर क्षेत्र के गांव उरोलीभाई में चार सशस्त्र अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात्रि जगजीत सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान पर अंधाधुंध फायरिंग करके उसे और उसके एक संबंधी बलबीर सिंह को मार डाला । फायरिंग में एक अन्य व्यक्ति नछत्तर सिंह घायल हो गया । मृत जगजीत सिंह गांव का सरपंच बताया जाता है । हत्यारे एक जीप में आए थे ।

मोपेड-स्कूटर, रुपए छीन

होशियारपुर (प्रद्युम्न): जिला में दो अलग-अलग घटनाओं में एक मोपेड, एक स्कूटर, तीन हजार रुपए और दो घड़ियां छीनी गईं । पहली घटना में एक लोहे के व्यापारी पुरुषोत्तम लाल से उसका मोपेड पी.ए.के. 2687, एक घड़ी और 2800 रुपए छीन लिये और फरार हो गए, दूसरी घटना में सम्बल माजरा के एक व्यक्ति तीर्थ राम से उसका स्कूटर (पी.जे.डी. 3229) उस समय छीन लिया जबकि वह अपने गांव से गढ़शंकर जा रहा था ।

अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

होशियारपुर से प्राप्त एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार टांडा रोड बाईपास के झीरी भट्टी के समीप से पुलिस ने आज प्रातः एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया ।

पैट्रोल पम्प लू

धूरी (सिंग

यहां एक पैट्रोल
बताया गया है कि
भरवा कर जब व
उन्होंने पैट्रोल प
लिया, जिसमें 2
कर्मचारी के शो
काब कर लिया
देसी पिस्तौल से ह
हुए उग्रवादी को
उग्रवादी भाग नि

उग्रवादि

बातचीत के दौरा
परमाणु कार्यक्रम
को समान नजी
अमरीकी नेताओं
परिप्रेक्ष्य में देखें
परमाणु हथियार
देशों के कार्यक्रम
जाता है कि हम
शांतिपूर्ण है । ह
इसमें कोई लुकाव
का परमाणु कार्य
अमरीका शायद
समझ रहा है और
ने आशा व्यक्त क
कार्रवाई करेगा
वास्तव में दबाव ड
पाकिस्तान अपने
करेगा ।

भगव

जालन्धर, 2
बाबा बालक नाथ
जालन्धर में 25
कैलाश नाथ की
रहा है ।



'QUARTZ' टी वी

Binatone

अब पिक्चर ट्यूब

3 साल की गारंटी के साथ

M/s. Pioneer Electronics
Kohara Road, Sahnewal
Distt. Ludhiana.

M/s. Guru Tegh Bahadur Electronics
Railway Road, Doraha
Distt. Ludhiana.

नीलाम सूचना

नगर निगम जालंधर ने विभिन्न कम्पलैक्सों में दुकानें बनाई हैं, जिन्हें निम्न विवरणों के अनुसार नीलाम किए जाने का प्रस्ताव है । नीलामी स्थल पर होगी । इच्छुक व्यक्ति नीलामी शुरू होने से पहले 2000/- रुपए प्रत्येक की धरोहर राशि जमा कराने के बाद बोली में भाग ले सकते हैं । और विवरणों के लिए कृपया सुपरिंटैंडैंट, तह बाज़ारी ब्रांच को किसी कार्यदिवस को सम्पर्क करें ।

Admission Notice 1987-88

Matric without Middle, Inter (10+2) after Matric, B.A./ B.Com./B.Sc./ M.A./ M.Com./M.Sc. one sitting. OT/LT/ B.Ed./JBT/BTC Examination centre our College. RMP (Valid for Practice). LLB (Professional Examination forms being sent upto 10.11.87 with Late Fee.

Vivekanand College of Education,
Kothi 21, Sector 21/A, CHANDIGARH.



Punjab Sanatan

पुलिस ने दीवाली के
हारा दुख निवारण साहिब
कर 45 व्यक्तियों को
इनमें से 2 महिलाएं थीं,
गया ।

-88
B.Com./B.Sc./
3 TC Examination
onal) Examination
cation,
RH.

है । उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य, पार्टी के सभी सांसद और विधायक इस धरने में शामिल होंगे । उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि वह पंजाब समस्या को गम्भीरता से नहीं ले रही है ।

2 स्कूटर ले उड़े

बस्सी पठानां (रुपाल): गत बुधवार को यहां से 7 किलोमीटर दूर खुमानों रोड पर भारत भूषण नामक एक व्यक्ति का स्कूटर उस समय उड़ा लिया गया जब वह सड़क पर स्कूटर खड़ा करके निकट ही कहीं गया था । एक अन्य समाचार के अनुसार फतेहगढ़ साहिब तहसील के एक कर्मचारी का नया स्कूटर उस समय दो युवकों ने छीन लिया, जब वह अपनी बहन को मिलने भांबरी गांव जा रहा था ।

तलवंडी के भतीजे की तलाश

चंडीगढ़ से संघी के अनुसार चंडीगढ़ पुलिस गत 26 अगस्त को स्थानीय सैक्टर 35 के पुलिस गुप्तचर प्रशिक्षण स्कूल में तीन प्रशिक्षणार्थी सब-इंस्पैक्टरों की हत्या करने व पांच अन्य को घायल करने की घटना के संबंध में एकीकृत अकाली दल के नेता जगदेव सिंह तलवंडी के भतीजे चरणजीत सिंह उर्फ़ चन्नी की भी तलाश कर रही है ।

चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आर.पी. सिंह ने बताया है कि इस घटना में संलिप्त पांच आतंकवादियों की शिनाख्त की जा चुकी है । उन्होंने बताया कि इस घटना में चरण जीत सिंह सहित अजीत सिंह, सर्व प्रीत सिंह, सतिन्दर सिंह उर्फ़ बिट्टू तथा पिंटा नामक आतंकवादी संलिप्त पाए गए हैं । उन्होंने बताया कि सर्व प्रीत सिंह गत सप्ताह अमृतसर में हुए एक मुकाबले में मारा गया था जबकि शेष चार की तलाश की जा रही है । पिंटा नामक आतंकवादी का सही नाम पता नहीं चल सका है ।

3 शरणदाता गिरफ्तार

श्री सिंह ने बताया कि आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में शहर से तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि उनके छिपने के ठिकानों आदि पर छापे मारे जा रहे हैं ।

कार मालिक का पता नहीं चला

उन्होंने बताया कि उक्त घटना में प्रयुक्त जो फ़िएट कार नं. सी.एच.ए. 118 बरामद की गई है, उसके मालिक का भी पता नहीं चल सका है । उन्होंने बताया कि कार इसी वर्ष 23 अगस्त को कार बाजार से खरीदी गई थी तथा इसका पंजीकरण अमरजीत सिंह के नाम पर हुआ था जिसका पता सैक्टर 32 मकान नं. 3411 दिया गया था, जो जाली निकला । इसके तीन दिन बाद ही यह कार हत्याकांड में प्रयुक्त हुई थी ।

2 और पकड़े गए

इस दौरान पुलिस ने गत 16 सितम्बर को चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के निकट शस्त्र ले जा रहे जिन युवकों सुरजीत सिंह, नायब सिंह व सच्चा सिंह को पकड़ा था, उनके एक अन्य साथी जगजीत सिंह उर्फ़ काला का भी पता लगा लिया है । यह उस दिन भागने में सफल हो गया था ।

कटोच, साहनी हत्याकांड का चालान इसी मास

श्री आर.पी. सिंह ने बताया है कि डी.आई.जी. (जेल) श्री के.सी. कटोच की हत्या तथा अकाली नेता जोगिन्दर सिंह साहनी की हत्या का प्रयास करने के दोषियों के विरुद्ध इसी माह चालान पेश कर दिया जाएगा । उन्होंने बताया कि इस साल 10 जनवरी

फायरिंग करके उसे और उसके एक संबंधी बलबीर सिंह को मार डाला । फायरिंग में एक अन्य व्यक्ति नछत्तर सिंह घायल हो गया । मृत जगजीत सिंह गांव का सरपंच बताया जाता है । हत्यारे एक जीप से आए थे ।

मोपेड-स्कूटर, रुपए छीन

होशियारपुर (प्रद्युम्न): जिला में दो अलग-अलग घटनाओं में एक मोपेड, एक स्कूटर, तीन हजार रुपए और दो घड़ियां छीनी गईं । पहली घटना में एक लोहे के व्यापारी पुरुषोत्तम लाल से उसका मोपेड पी.ए.के. 2687, एक घड़ी और 2800 रुपए छीन लिये और फरार हो गए, दूसरी घटना में सम्बल माजरा के एक व्यक्ति तीर्थ राम से उसका स्कूटर (पी.जे.डी. 3229) उस समय छीन लिया जबकि वह अपने गांव से गढ़शंकर जा रहा था ।

अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

होशियारपुर से प्राप्त एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार टांडा रोड बाईपास के झीरी भट्टी के समीप से पुलिस ने आज प्रातः एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया ।

ग्रंथी, एक अन्य को घायल कर दिया

जालंधर : जालंधर जिले में रंगड़ा गांव में बेरियांवाला गुरुद्वारा में कल रात आतंकवादियों ने एक ग्रंथी सहित दो व्यक्तियों को गोली मार कर घायल कर दिया । शकर गांव के हरबंस सिंह और तरसेम सिंह ग्रंथी बाबा सुबा सिंह के साथ बैठे थे । उसी समय दो आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलाईं ।

पुलिस ने बताया कि बाबा सुबा सिंह के पेट में गोली लगी और हरबंस सिंह के पैर और हाथ में गोली लगी । दोनों को गम्भीर अवस्था में नकोदर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

2 जगह आग लगी

जालंधर में कल रात्रि मिट्ठापुर रोड पर एक व्यक्ति गुरबिन्द्र सिंह का जनरल स्टोर आग से जल कर राख हो गया । बाजार शेखां में भी एक दकान को आग लगी लेकिन समय पर इसे नियंत्रित कर लिया गया ।

रिवाल्वर लूट ली

3 उग्रवादियों ने जिला जालन्धर के थाना नकोदर के गांव अलूवाल में एक व्यक्ति गुरमेज सिंह के घर से 32 बोर का एक लाइसैंसी रिवाल्वर और 25 गोलियां लूट लीं । पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

कलीश नाथ को अ
रहा है ।

श्री कृष्ण
हांसी
म्यूनि
जो 13
हिंसा
शि
र
के अवस
क

राज्य भर
दिवंगत
परिवार

...क्योंकि कुछ टीवी

क्राउन
Clas

13 लोगों की नृशंस हत्याएं, 3 उग्रवादी भी मारे गये, खेमकरण सैक्टर में भारी परिमाण में शस्त्र मिले

कादियां के पास 5, अमृतसर जिले में 4, कपूरथला में एक, गुरुहरसहाय में 2 लोगों की हत्याएं

हरियांबेला के गुरुद्वारे के ग्रन्थी की नृशंस हत्या, घावों में नमक डाल दिया, फिर गोली मारी

चंडीगढ़, 27 अक्तूबर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने आज सायं गुरदासपुर जिले में अंधाधुंध फायरिंग करके 5 लोगों की हत्या कर दी पर गैर सरकारी सूत्रों ने इस घटना में मृतकों की संख्या 11 बताई है । इसके अतिरिक्त उग्रवादियों ने गुरुहरसहाय में 2 लोगों की, होशियारपुर जिले में एक ग्रंथी, अमृतसर जिले में एक दुकानदार, एक इक्का नेता, एक महिला व एक अन्य,कपूरथला जिले में एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी । अमृतसर जिले में सी.आर.पी. पर हमला करने वाले दो उग्रवादी मारे गए, वल्टोहा क्षेत्र में भी एक उग्रवादी मारा गया । बी.एस.एफ. ने खेमकरण सैक्टर में नौ चीनी राइफलें, गोली-सिक्का बरामद किया, जो उग्रवादियों को सप्लाई करने के लिए लाया गया था ।



(1) होशियारपुर के पास स्थित हरियांबेला गुरुद्वारे के मुख्यग्रन्थी अवतार सिंह फौजी का शव,जिसकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी, (2) गुरुद्वारा हरियांबेला,जहां यह वारदात हुई, (3) गोली मारने से पूर्व उग्रवादियों ने फौजी की टांगों पर दांतर से घाव करके नमक डाला, (4) वह चारपाई,जहां फौजी की हत्या की गई । पास ही नमक और मिर्चों से भरी कटोरियां पड़ी हैं । (छाया : प्रद्युम्न)

पांच की हत्या

बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस सूत्रों ने बताया है कि 7 उग्रवादियों, जिनमें से एक के पास स्टेनगन और चार के पास रिवाल्वरें थीं, ने थाना कादियां के गांव ढपई में अंधाधुंध फायरिंग करके 5 व्यक्तियों की नृशंस हत्या कर दी जबकि एक को घायल कर दिया । जिला गुरदासपुर जिला मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों के नाम नरेन्द्र कुमार, मेघ राज, ब्रह्मा बेदी, लभाया राम बताए गए हैं । पांचवां मृतक उत्तर प्रदेश का एक श्रमिक है, जिसका नाम अभी पता नहीं चल सका । घायल का नाम निर्मल कुमार है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस व सुरक्षा बलों को एक पैंफलैट मिला है, जिस पर खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू जनरल लाभ सिंह के हस्ताक्षर हैं, इसमें लिखा है कि जब तक दरबार साहिब परिसर में सी.आर.पी.एफ. तैनात रहेगी, तब तक हिन्दुओं की बलि जारी रहेगी । शवों को पोस्ट मार्टम के लिए गुरदासपुर भेजा गया है ।

एक सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने पहले एक किराने की दुकान पर हमला किया और इसके मालिक मेघराज, उसके पुत्र नरेंद्र कुमार और एक अज्ञात ग्राहक जो प्रवासी बिहारी श्रमिक लगता है, की हत्या कर दी । बाद में उन्होंने एक वैद्य की दुकान पर हमला किया और इसके मालिक ब्रह्म सिंह को मार दिया तथा उसके भाई को घायल कर दिया । उग्रवादियों ने भागने से पूर्व एक अन्य दुकानदार रोमेश भाण की हत्या कर दी ।

जालंधर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक और गुरदासपुर के जिला पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर बड़ी संख्या में सुरक्षा बल लेकर पहुंच गए हैं । गुरदासपुर जिला पुलिस को पांच व्यक्तियों की हत्या के बाद 'रैड अलर्ट' के तहत सतर्क कर दिया गया है ।

जिले के सभी पुलिस थानों और विभिन्न जगहों पर तैनात सुरक्षा बल को वायरलैस संदेश भेजकर अत्यंत सतर्क रहने के लिए कहा गया है ।

जिले में रेलवे स्टेशनों, सरकारी इमारतों, सिनेमाघरों और अन्य महत्वपूर्ण ठिकानों पर कड़ी नजर रखने के लिए सुरक्षा बल से कहा गया है । रात की गश्त तेज कर दी गई है ।

11 मरे ?

गुरदासपुर से विनोद की सूचना के अनुसार गांव ढपई में उग्रवादियों की फायरिंग से मरने वालों की संख्या गैर सरकारी सूत्रों ने 11 बताई है ।

सीमा पर चीनी राइफलें पकड़ी गईं

अमृतसर (अशोक सोनी): खेमकरण सैक्टर में गत रात्रि बी.एस.एफ. ने नौ चीनी ए.के. 47 एसाल्ट राइफलों सहित भारी मात्रा में शस्त्र काबू किए हैं । इन्हें पाकिस्तान से दो तस्कर ठेलों में डालकर भारत में उग्रवादियों को सप्लाई करने के लिए ला रहे थे । इस संबंध में प्राप्त विवरणों के अनुसार खेमकरण सैक्टर में सीमांत गांव कुलवंत के निकट बी.एस.एफ. की एक गश्ती टुकड़ी ने गत रात्रि लगभग 8.15 बजे दो संदिग्ध व्यक्तियों को पाकिस्तान से कुछ सामान लादे हुए रावी नदी पार कर भारत में घुसते देखा । बताया जाता है कि बी.एस.एफ. द्वारा ललकार जाने पर दोनों संदिग्ध व्यक्ति अपनी-अपनी पीठ पर लदा सामान निकटवर्ती खेतों में फैंक कर भाग खड़े हुए । ये दोनों संदिग्ध व्यक्ति गांव कुलवंत की ओर भागे बताए जाते हैं । इन संदिग्ध व्यक्तियों (शस्त्रों के तस्करों) को काबू करने के लिए बी.एस.एफ. की विभिन्न गश्ती टुकड़ियां चारों ओर फैल गईं,लेकिन दोनों तस्कर भाग निकलने में सफल रहे । इन दोनों तस्करों द्वारा खेतों में फैंके गए सामान की तलाश में बी.एस.एफ. के जवान सारी रात पूरे क्षेत्र की छानबीन करते रहे,लेकिन प्रातः रावी नदी के किनारे खेतों में पड़े उन्हें दो बोरे दिखाई दिए । इन बोरों की तलाशी लेने पर इनमें से नौ चीनी ए.के. 47 एसाल्ट राइफलें बरामद हुईं । इन राइफलों के अतिरिक्त 45 मैग्ज़ीन और भारी मात्रा में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ । भारत-पाक सीमा पर अत्यन्त आधुनिक शस्त्रों के इतनी भारी मात्रा में एकड़े जाने का यह सर्वप्रथम अवसर है ।

महिला की हत्या

अमृतसर की आबादी ईस्ट मोहन नगर में आज सायं दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक स्त्री श्रीमती रमा की चाक मार कर हत्या कर दी । हत्यारे उस समय उसके घर में घुसे जब वह घर में अकेली थी । उग्रवादी अपराध करने के बाद फरार हो गए ।

लाल मारुति कार के सवार

अमृतसर से प्राप्त एक अन्य सूचना में कहा गया है कि जिले भर में सशस्त्र बलों को आज सायं इस सूचना के पश्चात् सतर्क कर दिया कि एक लाल रंग की मारुति कार में कुछ संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं । इसके पश्चात् जिले में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाके लगाए गए । पुलिस द्वारा प्रत्येक मारुति कार की जांच की जा रही है । किसी को भी तत्काल हिरासत में नहीं लिया गया ।

वस्सन सिंह, मानोचाहल के सौदे का मात था

बी.एस.एफ. के आई.जी. श्री प्रकाश सिंह ने एक सम्वाददाता सम्मेलन में खेमकरण सैक्टर में गत रात्रि बी.एस.एफ. द्वारा पकड़ी गई 9 चीनी मार्का ए.के. 47 एसाल्ट राइफलों के सम्बन्ध में बताया कि बी.एस.एफ. को पूर्व सूचना थी कि कथित उग्रवादी वस्सन सिंह और गरबचन सिंह मानोचाहल पाकिस्तान से शस्त्रों सम्बन्धी सौदा कर चुके हैं और उसी सौदे के आधार पर पाकिस्तान से कुछ अत्यन्त आधुनिक किस्म के शस्त्र आ रहे हैं,लेकिन हमें तिथि और समय के सम्बन्ध में कोई निश्चित सूचना नहीं थी । उन्होंने बताया कि इसी सूचना के आधार पर गत रात्रि भी खेमकरण सैक्टर की सीमा पर्यवेक्षक चौकी कुलवन्त में बी.एस.एफ. ने नाका लगाया हुआ था कि रात्रि लगभग आठ बजे नाका पार्टी ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को पाक सीमा पार करके भारत में अवैध रूप से घुसते हुए देखा, जिस पर नाका पार्टी, जिसका नेतृत्व लांसनायक अवतार सिंह कर रहे थे और जिसमें कांस्टेबल हसन अली और कांस्टेबल आजाद सिंह शामिल थे, ने संदिग्ध लोगों को ललकारा, जिस पर वे सभी संदिग्ध लोग, जिनकी संख्या चार हो सकती है, भाग खड़े हुए और भागते हुए उन्होंने दो बोरियों में भरा अपना सामान सरकंडा घास में फैंक दिया ।

जवानों को पदोन्नति

श्री सिंह ने बताया कि प्रातः नायक कश्मीर सिंह और नायक ओम प्रकाश ने यह दोनों बोरियां ढूंढ निकालीं और इनकी तलाशी में इनमें 9 चीनी ए.के. एसाल्ट राइफलें बरामद हुईं । इनके अतिरिक्त 45 मैग्ज़ीन कारतूसों के भी मिले । श्री सिंह ने बताया कि नाका पार्टी के उक्त तीनों कर्मियों को एक-एक रैंक पदोन्नति दे दी गई है जबकि बोरियां ढूंढने वाले दोनों कर्मियों को 500-500 रुपए का पुरस्कार दिया गया है ।

'ह.स.' के अनुसार श्री सिंह ने इसे एक बहुत बड़ी सफलता बताया तथा कहा कि प्रथम बार इतनी अधिक मात्रा में शस्त्र बरामद किए गए हैं । उन्होंने कहा कि इन शस्त्रों पर कोई 'मार्का' नहीं है और कारतूसों एवं मैग्ज़ीनों से चिन्ह मिटा दिए गए पाए गए हैं । यह प्रकट करता है कि ये शस्त्र विध्वंसक तत्वों को सप्लाई करने के लिए विशेष रूप से बनाए गए हैं । उन्होंने कहा कि इन शस्त्रों के बरामद होने से यह बात भी सिद्ध होती है कि कुछ विदेशी शक्तियां उग्रवादियों को शस्त्रों की सप्लाई करके पंजाब में स्थिति को बिगाड़ रही हैं ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि एक चीनी राइफल का 25 से 40 हजार रुपए तक मूल्य है । इससे पूर्व बी.एस.एफ. ने इस वर्ष जनवरी से सितम्बर तक 14 करोड़ रुपए की अवैध वस्तुएं बरामद कीं ।

सरपंच की हत्या

आज बाद दोपहर लगभग अढ़ाई बजे जिला अमृतसर के गांव टांगरा थाना जंडियाला के सरपंच सतीश कुमार की दो मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस संबंध में प्राप्त विवरणों के अनुसार दो मोटर साइकल सवार उग्रवादी सरपंच सतीश कुमार की आढ़त की दुकान पर आए और उसको पिस्तौल से गोलियां मारीं । तीन गोलियां सतीश कुमार को लगीं, जिनमें से एक उसके चेहरे पर, दूसरी उसके कंधे में और तीसरी उसकी पीठ में लगी । सतीश कुमार (32) को घायलावस्था में अमृतसर सिविल अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां डेढ़ घंटे के बाद उसकी मृत्यु हो गई ।

रैय्या से जसपाल के अनुसार टांगड़ा के सरपंच सतीश कुमार की आयु 30 वर्ष थी । उग्रवादियों ने उन पर उस समय गोली चलाई, जब वह मंडी में खड़े होकर धान की बोली देख रहे थे । हत्याकांड के पश्चात् दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं ।

दुकानदार की हत्या

'ह.स.' के अनुसार थाना भिश्शीबिड क्षेत्र के गांव दयालपुर में आज तीन संदिग्ध उग्रवादियों ने एक दुकानदार पाल सिंह की फायरिंग करके हत्या कर दी । बताया जाता है कि पाल सिंह ने जब दुकान खोली तो पिस्तौलों से लैस उग्रवादियों ने उसकी दुकान में ही हत्या कर दी ।

स्कूटर छीन लिया

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार आज दोपहर एक बजे यहां से 15 किलोमीटर दूर गांव बोपाराय में दो संदिग्ध उग्रवादियों ने एक व्यक्ति कलवंत सिंह निवासी गांव जलालुस्मान से पिस्तौल की नोक पर उसका नया स्कूटर छीन लिया । कलवंत सिंह मार्किट कमेटी मेहता का कर्मचारी है और उस समय कार्यालय के काम पर ही कहीं जा रहा था । उसके पास कुछ चैक भी थे,जो उग्रवादियों ने नहीं छीने लिए। उस द्वारा मिन्नतें किए जाने पर कि उसने बड़ी कठिनाई से अपने लिए स्कूटर खरीदा है, उग्रवादियों ने कहा कि वे उससे स्कूटर छीन नहीं रहे हैं अपितु चार दिनों के लिए मांग कर ले जा रहे हैं । उग्रवादियों ने कुर्ते-पाजामे पहने हुए थे और पटके बांध हुए थे ।

सुरक्षा बलों पर हमला, दो उग्रवादी मरे

आज रात्रि अमृतसर के रामदास थाना क्षेत्र ग्राम टोबे के पास सुरक्षा बलों पर उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला किया पर बाद में हुई मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी सुधार ग्राम से टोबे ग्राम की ओर जा रही थी जब पांच उग्रवादियों ने उस पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग में दो उग्रवादी मारे गए पर तीन अन्य फरार हो गए ।

तीसरा उग्रवादी मरा

उधर वल्टोहा थाना क्षेत्र के ग्राम माना के पास हुई एक अन्य मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जबकि दो फरार हो गए । बताया जाता है कि बी.एस.एफ. की नाका पार्टी पर तीन उग्रवादियों ने हमला किया पर बी.एस.एफ. की फायरिंग से एक उग्रवादी मारा गया । उसके पास से एक बारह बोर की पिस्तौल बरामद हुई ।

एक और हत्या

वल्टोहा थाना के ग्राम रुडेसाल में उग्रवादियों ने शहबेग सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर कर हत्या कर दी । मृत व्यक्ति ग्राम सरपंच निरवैर सिंह का भतीजा था ।

ग्रंथी की हत्या

होशियारपुर से प्रद्युम्न ने सूचना दी है कि यहां से

(शेष पृष्ठ 6 पर)



बी.एस.एफ. की 29वीं बटालियन द्वारा सोमवार की रात्रि को खेमकरण सैक्टर (जिला अमृतसर) में बरामद की गई चीनी ए.के.-47 एसाल्ट राइफलें और गोली-सिक्का, जो पाकिस्तानी शस्त्र-तस्कर उग्रवादियों को देने के लिए भारत ला रहे थे । (इन्सैट) बी.एस.एफ. के अधिकारी शस्त्रों का निरीक्षण करते हुए । (छाया : कपूर)

श्रीलंका में जाफना को छोड़ शेष सभी तमिल ज़िलों में पूर्ण शांति

मद्रास, 27 अक्तूबर (वार्ता): जाफना प्रायद्वीप में तो युद्ध क्षेत्र जैसा वातावरण बना हुआ है लेकिन सात अन्य तमिल जिलों में स्थिति पूर्णतः शांतिपूर्ण है । इलम पीपुल्स रेवोल्यूशनरी लिबरेशन फ्रंट के सचिव रजन पदमनाभ ने बैटिटकलो आ की चार दिन की यात्रा से लौटने के बाद यह जानकारी दी । श्री पदमनाभ ने बताया कि बिकेमामी, बैटिटकलो,आ गिरफ्तार किया गया जबकि मदुरै में भी पुलिस ने पार्टी के 300 से अधिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया । मद्रास में प्राप्त समाचारों के अनुसार तिरुचिरापल्ली जिले, अन्या पोनमुत्तुरामलिंगम तथा कामराज नगर जिलों में भी सैकड़ों द्रमुक कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए । राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने संवाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार किए गए

13 लोगों की नृशंस हत्याएं, 3 उग्रवादी भी मारे गये, खेमकरण सैक्टर में भारी परिमाण में शस्त्र मिले

कादियां के पास 5, अमृतसर जिले में 4, कपूरथला में एक, गुरुहरसहाय में 2 लोगों की हत्याएं

हरियाबेला के गुरुद्वारे के ग्रन्थी की नृशंस हत्या, घावों में नमक डाल दिया, फिर गोली मारी

चंडीगढ़, 27 अक्तूबर (हमं, वार्ता): उग्रवादियों ने आज सायं गुरदासपुर जिले में अंधाधुंध फायरिंग करके 5 लोगों की हत्या कर दी पर गैर सरकारी सूत्रों ने इस घटना में मृतकों की संख्या 11 बताई है। इसके अतिरिक्त उग्रवादियों ने गुरुहरसहाय में 2 लोगों की, होशियारपुर जिले में एक ग्रंथी, अमृतसर जिले में एक दुकानदार, एक इंका नेता, एक महिला व एक अन्य,कपूरथला जिले में एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी। अमृतसर जिले में सी.आर.पी. पर हमला करने वाले दो उग्रवादी मारे गए, बल्टोहा क्षेत्र में भी एक उग्रवादी मारा गया। बी.एस.एफ. ने खेमकरण सैक्टर में नौ चीनी राइफलें, गोली-सिक्का बरामद किया, जो उग्रवादियों को सप्लाई करने के लिए लाया गया था।



(1) होशियारपुर के पास स्थित हरियाबेला गुरुद्वारे के मुख्यग्रन्थी अवतार सिंह फौजी का शव,जिसकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी, (2) गुरुद्वारा हरियाबेला,जहां यह वारदात हुई, (3) गोली मारने से पूर्व उग्रवादियों ने फौजी की टांगों पर दांतर से घाव करके नमक डाला, (4) वह चारपाई,जहां फौजी की हत्या की गई। पास ही नमक और मिर्चों से भरी कटोरियां पड़ी हैं। (छाया : प्रद्युम्न)

पांच की हत्या

बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस सूत्रों ने बताया है कि 7 उग्रवादियों, जिनमें से एक के पास स्टेनगन और चार के पास रिवाल्वरें थीं, ने थाना कादियां के गांव ढपई में अंधाधुंध फायरिंग करके 5 व्यक्तियों की नृशंस हत्या कर दी जबकि एक को घायल कर दिया। जिला गुरदासपुर जिला मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों के नाम नरेन्द्र कुमार, मेघ राज, बहमा देवी, लभाया राम बताए गए हैं। पांचवां मृतक उत्तर प्रदेश का एक श्रमिक है, जिसका नाम अभी पता नहीं चल सका। घायल का नाम निर्मल कुमार है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस व सुरक्षा बलों को एक पैंफलैट मिला है, जिस पर खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू जनरल लाभ सिंह के हस्ताक्षर हैं, इसमें लिखा है कि जब तक दरबार साहिब परिसर में सी.आर.पी.एफ. तैनात रहेगी, तब तक हिन्दुओं की बलि जारी रहेगी। शवों को पोस्ट मार्टम के लिए गुरदासपुर भेजा गया है।

एक सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने पहले एक किरयाने की दुकान पर हमला किया और इसके मालिक मेघराज, उसके पुत्र नरेंद्र कमर और एक अज्ञात ग्राहक जो प्रवासी बिहारी श्रमिक लगता है, की हत्या कर दी। बाद में उन्होंने एक वैद्य की दुकान पर हमला किया और इसके मालिक ब्रह्म सिंह को मार दिया तथा उसके भाई को घायल कर दिया। उग्रवादियों ने भागने से पूर्व एक अन्य दुकानदार रामलुभाया की हत्या कर दी।

जालंधर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक और गुरदासपुर के जिला पुलिस अधीक्षक घटास्थल पर बड़ी संख्या में सुरक्षा बल लेकर पहुंच गए हैं। गुरदासपुर जिला पुलिस को पांच व्यक्तियों की हत्या के बाद 'रैड अलर्ट' के तहत सतर्क कर दिया गया है।

जिले के सभी पुलिस थानों और विभिन्न जगहों पर तैनात सुरक्षा बल को वायरलैस संदेश भेजकर 'अत्यंत सतर्क' रहने के लिए कहा गया है।

जिले में रेलवे स्टेशनों, सरकारी इमारतों, सिनेमाघरों और अन्य महत्वपूर्ण ठिकानें पर कड़ी नजर रखने के लिए सुरक्षा बल से कहा गया है। रात की गश्त तेज कर दी गई है।

11 मरे ?

गुरदासपुर से विनोद की सूचना के अनुसार गांव ढपई में उग्रवादियों की फायरिंग में मरने वालों की संख्या पर सरकारी सूत्रों ने 11 बताई है।

सीमा पर चीनी राइफलें पकड़ी गईं

अमृतसर (आलोक सोनी): खेमकरण सैक्टर में गत रात्रि बी.एस.एफ. ने नौ चीनी एके. 47 एसाल्ट राइफलों सहित भारी मात्रा में शस्त्र काबू किए हैं। इन्हें पाकिस्तान से दो तस्कर ठेलों में डालकर भारत में उग्रवादियों को सप्लाई करने के लिए ला रहे थे। इस संबंध में प्राप्त विवरणों के अनुसार खेमकरण सैक्टर में सीमांत गांव कुलवंत के निकट बी.एस.एफ. की एक गश्ती टुकड़ी ने रात लगभग 8.15 बजे दो संदिग्ध व्यक्तियों को पाकिस्तान से कुछ सामान लाद हुए रावी नदी पार कर भारत में घुसते देखा। बताया जाता है कि बी.एस.एफ. द्वारा ललकारे जाने पर दोनों संदिग्ध व्यक्ति अपनी-अपनी पीठ पर लदा सामान निकटवर्ती खेतों में फैंक कर भाग खड़े हुए। ये दोनों संदिग्ध व्यक्ति गांव कुलवंत की ओर भागे बताए जाते हैं। इन संदिग्ध व्यक्तियों (शस्त्रों के तस्करों) को काबू करने के लिए बी.एस.एफ. की विभिन्न गश्ती टुकड़ियां चारों ओर फैल गईं, लेकिन दोनों तस्कर भाग निकलने में सफल रहे। इन दोनों तस्करों द्वारा खेतों में फैंके गए सामान की तलाश में बी.एस.एफ. के जवान सारी रात पूरे क्षेत्र की छानबीन करते रहे, लेकिन प्रातः रावी नदी के किनारे खेतों में पड़े उन्हें दो बोरे दिखाई दिए। इन बोरों की तलाशी लेने पर इनमें से नौ चीनी एके. 47 एसाल्ट राइफलें बरामद हुईं। इन राइफलों के अतिरिक्त 45 मैगजीन और भारी मात्रा में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ। भारत-पाक सीमा पर अत्यंत आधुनिक शस्त्रों के इतनी भारी मात्रा में पकड़े जाने का यह सर्वप्रथम असर है।

महिला की हत्या

अमृतसर की आबादी ईस्ट मोहन नगर में आज सायं दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक स्त्री श्रीमती रमा की चाक मार कर हत्या कर दी। हत्यारे उस समय उसके घर में घुसे जब वह घर में अकेली थी। उग्रवादी अपराध करने के बाद फरार हो गए।

लाल मारुति कार के सवार ?

अमृतसर से प्राप्त एक अन्य सूचना में कहा गया है कि जिले भर में सुरक्षा बलों को आज सायं इस सूचना के पश्चात् सतर्क कर दिया कि एक लाल रंग की मारुति कार में गांवों में कुछ संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं। इसके पश्चात् जिले में विभिन्न स्थानों पर विशेष 'नाके' लगाए गए। पुलिस द्वारा प्रत्येक मारुति कार की चैकिंग की जा रही है। किसी को भी तत्काल हिरासत में नहीं लिया गया।

वस्सन सिंह, मानोचाहल के सौदे का माल था

बी.एस.एफ. के आई.जी. श्री प्रकाश सिंह ने एक सम्बददाता सम्मेलन में खेमकरण सैक्टर में गत रात्रि बी.एस.एफ. द्वारा पकड़ी गई 9 चीनी मार्का ए.के. 47 एसाल्ट राइफलों के सम्बन्ध में बताया कि बी.एस.एफ. को पूर्व सूचना थी कि कुख्यात उग्रवादी वस्सन सिंह और गरबचन सिंह मानोचाहल पाकिस्तान से शस्त्रों सम्बन्धी सौदा कर चुके हैं और उसी सौदे के आधार पर पाकिस्तान से कुछ अत्यन्त आधुनिक किस्म के शस्त्र आ रहे हैं, लेकिन हमें तिथि और समय के सम्बन्ध में कोई निश्चित सूचना नहीं थी। उन्होंने बताया कि इसी सूचना के आधार पर गत रात्रि भी खेमकरण सैक्टर की सीमा पर्यवेक्षक चौकी कुलवन्त में बी.एस.एफ. ने नाका लगाया हुआ था कि रात्रि लगभग आठ बजे नाका पार्टी ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को पाक सीमा पार करके भारत में अवैध रूप से घुसते हुए देखा जिस पर नाका पार्टी, जिसका नेतृत्व लांसनायक भंवर सिंह कर रहे थे और

श्रीलंका में जाफना को छोड़ शेष सभी तमिल ज़िलों में पूर्ण शांति

मद्रास, 27 अक्तूबर (वार्ता): जाफना प्रायद्वीप में तो युद्धक्षेत्र जैसा वातावरण बना हुआ है लेकिन सात अन्य तमिल जिलों में स्थिति पूर्णतः शांतिपूर्ण है। ईलम पीपुल्स रेवोल्यूशनरी लिबरेशन फ्रंट के सचिव रंजन पदमनाभ ने बट्टिकलोआ की चार दिन की यात्रा से लौटने के बाद यह जानकारी दी। श्री तिरुचिरापल्ली जिले अन्ना पोनमुत्तुरायलिंगम तथा वामराज नगर जिलों में भी सैंकड़ों द्रमक कार्यकर्त्ता गिरफ्तार किए गए। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता

punjabitani



बी.एस.एफ. की 29वीं बटालियन द्वारा सोमवार की रात्रि को खेमकरण सैक्टर (जिला अमृतसर) में बरामद की गई चीनी ए.के.-47 एसाल्ट राईफलें और गोली-सिक्का, जो पाकिस्तानी शस्त्र-तस्कर उग्रवादियों को देने के लिए भारत ला रहे थे । (इन्सैट) बी.एस.एफ. के अधिकारी शस्त्रों का निरीक्षण करते हुए ।
(छाया : कपूर)

Punjabi Sanatani

जिसमें कांस्टेबल हसन अली और कांस्टेबल आजाद सिंह शामिल थे, ने संदिग्ध लोगों को ललकारा, जिस पर वे सभी संदिग्ध लोग, जिनकी संख्या चार हो सकती है, भाग खड़े हुए और भागते हुए उन्होंने दो बोरियों में भरा अपना सामान सरकंडा घास में फैंक दिया ।

जवानों को पदोन्नति

श्री सिंह ने बताया कि प्रातः नायक कश्मीर सिंह और नायक ओम प्रकाश ने यह दोनों बोरियां ढूंढ निकालीं और इनकी तलाशी में इनमें 9 चीनी ए.के. एसाल्ट राइफलें बरामद हुईं । इनके अतिरिक्त 45 मैग्ज़ीन कारतूसों के भी मिले । श्री सिंह ने बताया कि नाका पार्टी के उक्त तीनों कर्मियों को एक-एक रैंक पदोन्नति दे दी गई है जबकि बोरियां ढूंढने वाले दोनों कर्मियों को 500-500 रुपए का पुरस्कार दिया गया है ।

'ह.स.' के अनुसार श्री सिंह ने इसे एक बहुत बड़ी सफलता बताया तथा कहा कि प्रथम बार इतनी अधिक मात्रा में शस्त्र बरामद किए गए हैं । उन्होंने कहा कि इन शस्त्रों पर कोई 'मार्का' नहीं है और कारतूसों एवं मैग्ज़ीनों से चिन्ह मिटा दिए गए पाए गए हैं । यह प्रकट करता है कि ये शस्त्र विध्वंसक तत्वों को सप्लाई करने के लिए विशेष रूप से बनाए गए हैं । उन्होंने कहा कि इन शस्त्रों के बरामद होने से यह बात भी सिद्ध होती है कि कुछ विदेशी शक्तियां उग्रवादियों को शस्त्रों की सप्लाई करके पंजाब में स्थिति को बिगाड़ रही हैं ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि एक चीनी राइफल का 25 से 40 हजार रुपए तक मूल्य है । इससे पूर्व बी.एस.एफ. ने इस वर्ष जनवरी से सितम्बर तक 14 करोड़ रुपए की अवैध वस्तुएं बरामद की ।

सरपंच की हत्या

आज बाद दोपहर लगभग अढ़ाई बजे जिला अमृतसर के गांव टांगरा थाना जंडियाला के सरपंच सतीश कुमार की दो मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस संबंध में प्राप्त विवरणों के अनुसार दो मोटर साइकल सवार उग्रवादी सरपंच सतीश कुमार की अढ़त की दुकान पर आए और उसको पिस्तौल से गोलियां मारीं । तीन गोलियां सतीश कुमार को लगीं, जिनमें से एक उसके चेहरे पर, दूसरी उसके कंधे में और तीसरी उसकी पीठ में लगी । सतीश कुमार (32) को घायलावस्था में अमृतसर सिविल अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां डेढ़ घंटे के बाद उसकी मृत्यु हो गई ।

रैय्या से जसपाल के अनुसार टांगड़ा के सरपंच सतीश कुमार की आयु 30 वर्ष थी । उग्रवादियों ने उन पर उस समय गोली चलाई, जब वह मंडी में खड़े होकर धान की बोली देख रहे थे । हत्याकांड के पश्चात् दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं ।

दुकानदार की हत्या

'ह.स.' के अनुसार थाना भिखीविंड क्षेत्र के गांव दयालपुर में आज तीन संदिग्ध उग्रवादियों ने एक दुकानदार पाल सिंह की फायरिंग करके हत्या कर दी । बताया जाता है कि पाल सिंह ने जब दुकान खोली तो पिस्तौलों से लैस उग्रवादियों ने उसकी दुकान में ही हत्या कर दी ।

स्कूटर छीन लिया

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार आज दोपहर एक बजे यहां से 15 किलोमीटर दूर गांव बोपाराय में दो संदिग्ध उग्रवादियों ने एक व्यक्ति कुलवंत सिंह निवासी गांव जलालुस्मान से पिस्तौल की नोक पर उसका नया स्कूटर छीन लिया । कुलवंत सिंह मार्किट कमेटी मेहता का कर्मचारी है और उस समय कार्यालय के काम पर ही कहीं जा रहा था । उसके पास कुछ चैक भी थे, जो उग्रवादियों ने नहीं छीने लिए। उस द्वारा मिन्नतें किए जाने पर कि उसने बड़ी कठिनाई से अपने लिए स्कूटर खरीदा है, उग्रवादियों ने कहा कि वे उससे स्कूटर छीन नहीं रहे हैं अपितु चार दिनों के लिए मांग कर ले जा रहे हैं । उग्रवादियों ने कुर्ते-पाजामे पहने हुए थे और पटके बांध हुए थे ।

सुरक्षा बलों पर हमला, दो उग्रवादी मरे

आज रात्रि अमृतसर के रामदास थाना क्षेत्र ग्राम टोबे के पास सुरक्षा बलों पर उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला किया पर बाद में हुई मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी सुधार ग्राम से टोबे ग्राम की ओर जा रही थी जब पांच उग्रवादियों ने उस पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग में दो उग्रवादी मारे गए पर तीन अन्य फरार हो गए ।

तीसरा उग्रवादी मरा

उधर बल्टोहा थाना क्षेत्र के ग्राम माना के पास हुई एक अन्य मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जबकि दो फरार हो गए । बताया जाता है कि बी.एस.एफ. की नाका पार्टी पर तीन उग्रवादियों ने हमला किया पर बी.एस.एफ. की फायरिंग से एक उग्रवादी मारा गया । उसके पास से एक बारह बोर की पिस्तौल बरामद हुई ।

एक और हत्या

बल्टोहा थाना के ग्राम रुडेसाल में उग्रवादियों ने शहबेग सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर कर हत्या कर दी । मृत व्यक्ति ग्राम सरपंच निरवैर सिंह का भतीजा था ।

ग्रंथी की हत्या

होशियारपुर से प्रद्युम्न ने सूचना दी है कि यहां से

(शेष पृष्ठ 6 पर)



(1), (2), (3) ज़िला अमृतसर के गांवों टोबे और माना के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में मारे गए 3 आतंकवादी, (4) उग्रवादियों द्वारा मारे गए टांगरा गांव के सरपंच सतीश कुमार का शव, (5) अमृतसर शहर के ईस्ट मोहन नगर क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कत्ल की गई महिला श्रीमती रमा का शव (छाया : पंजाब केसरी) । (6) फगवाड़ा के पास खलवाड़ा गांव में मारे गए सुखराम का शव (छाया : अशोक कौड़ा)। कादियां थाने के गांव तुपई में आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध फ़ायरिंग से मारे गए (7) ब्रह्मदेव, (8) रामलुभाया, (9) नरेंद्र कुमार, (10) एक बिहारी मज़दूर जिसकी पहचान नहीं हुई और (11) मेघराज के शव (छाया : विनोद) । गुरहरसहाय के पास चुरुवा गांव में मारे गए (12) गुरमीत सिंह तथा (13) तेज सिंह के शव (छाया : जीपू पायलट)

पंजाब में हत्याएं ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

10 किलो मीटर दूर तरणा दल के मुख्यालय गुरुद्वारा हरियां बेला के मुख्यग्रंथी अवतार सिंह उर्फ़ फौजी को गत रात पहले दरान्तों से सख्त घायल किया गया और बाद में सिर में गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गई । घटनास्थल पर गए हमारे प्रतिनिधि को 14-15 वर्ष के निहंग मनजीत सिंह उर्फ मनदीप सिंह ने बताया कि रात को वह स्वयं तथा एक अन्य निहंग गुरुद्वारे में फ़र्श पर सो रहे थे,जबकि अवतार सिंह चारपाई पर बरामदे में सो रहा था । कुछ लोग पैदल गुरुद्वारे में चले आए और आते ही अवतार सिंह को उठाया ।

पहले घाव किए, फिर घावों पर नमक छिड़का

मनजीत सिंह का कहना है कि उसने केवल तीन लोगों को देखा था, परन्तु वहां मौजूद कुछ अन्य लोगों ने बताया कि आतंकवादियों की संख्या 5-6 थी । अवतार सिंह को जगा कर पहले उन्होंने गालियां दीं, और कहा, तुम सिखों को कुछ भी सिखाते-पिलाते नहीं जबकि पुलिस वालों की बड़ी सेवा करते हो । बाद में उन्होंने उससे शस्त्र मांगे । उन्होंने कहा कि बाबा निहाल सिंह हरियां बेला के जितने भी शस्त्र थे, वे तेरे पास हैं । जब अवतार सिंह ने जवाब दिया कि उसके पास किसी प्रकार के शस्त्र नहीं हैं तो एक ने पास पड़ा दरान्ता उठा कर उसे दे मारा और उसके घावों पर नमक छिड़क दिया । नमक पड़ते ही अवतार सिंह चीखने लगा । आतंकवादी उससे पूछते रहे कि शस्त्र कहां हैं । अवतार सिंह ने एक बार फिर कहा कि उसे पता नहीं । तब उसे एक और दरान्ता मारा गया और उसे बिस्तर से नीचे गिरा दिया गया ।

हत्या से पूर्व नारे लगाते रहे

मनजीत सिंह काफ़ी डरा हुआ लगता था, परन्तु उसने बड़ी चुस्ती से बताया कि थोड़ी देर बाद दो आदमी अंदर आए और उसे एक अन्य कमरे में ले गए । तब तक दूसरे आतंकवादी अवतार सिंह को मारते रहे । जब मनजीत सिंह से पूछा गया कि उस समय कितने बजे थे तो उसने कहा कि एक आतंकवादी के पूछने पर दूसरे ने कहा था कि 10 बज कर 10 मिनट हुए हैं,निहंग ने बताया कि उसके बाद आतंकवादी नारे लगाते रहे । उन्होंने डेरे की जीप चलाने की कोशिश की ताकि अवतार सिंह को जीप में डाल कर किसी अन्य स्थान पर ले जाकर उससे पूछताछ की जाए, मगर जीप स्टार्ट न हो सकी । इसके बाद उन्होंने अवतार सिंह के सिर में गोली मार दी ।

भिन्नलें बेकार गईं

मनजीत सिंह ने बताया कि अवतार सिंह उनसे कहता रहा कि वे उसे न मारें, मगर उन्होंने कहा कि तुम पुलिस के टाऊट हो, और उसे गोली मार दी । बाद में वे लोग पेड़ों के झुंड में से गुज़र कर चले गए । अवतार सिंह काफ़ी अर्सा से डेरे में ही रहता था । हरियां बेला के जत्थेदार बाबा निहाल सिंह आज-कल देश से बाहर किसी देश में गए हुए हैं । घटनास्थल पर जाकर देखा गया तो बर्तन बिखरे पड़े थे और बिस्तर खून से सना था । नमक की प्यालियां भी बिस्तर के निकट पड़ी थीं । निहंग ने बताया कि जाती बार आतंकवादी धमकी दे गए थे कि यदि किसी ने कुछ बताया तो उसे भी मार दिया जाएगा । इसलिए प्रातः सात बजे पुलिस को सूचना दी गई ।

लाली के साथी का काम

पुलिस को संदेह है कि यह काम आतंकवादी जसबीर उर्फ़ लाली के गिरोह का है । लाली पिछले दिनों पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया था । उसके साथी परामन्दर सिंह ने यह काम किया लगता है । मनजीत के अनुसार ये लोग "लाली, ज़िन्दाबाद" के नारे भी लगाते रहे थे । यह बात उल्लेखनीय है कि अवतार सिंह ब्लू स्टार आप्रेशन के दौरान पुलिस हिरासत में था और पुलिस उससे पूछताछ करती रही थी । याद रहे कि चबेवाल के निकट गुरुद्वारा नतरालां,जो तरणा दल के अंतर्गत है, के ग्रंथी को भी गोली मार दी गई थी । पुलिस और अर्द्ध सैनिक बल के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और स्थान-स्थान पर छापे मारे जा रहे हैं ।

दो युवकों की हत्या

गुरुहरसहाय (भंडारी) : यहां से 6 किलो मीटर दूर गांव चरघा में गत रात्रि उग्रवादियों ने दो युवकों की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात्रि लगभग डेढ़ बजे ग्रामीणों ने एक मकान में गोलियां चलने की आवाज़ सुनी लेकिन कोई व्यक्ति भी भय के कारण उस घर की ओर न गया क्योंकि वह मकान गांव से थोड़ा हट कर था । गोली चलनी बंद होने पर कुछ समय के पश्चात् जब लोग वहां गए तो उन्होंने उस मकान में रहने वाले 2 युवकों तेज सिंह (18) और गुरमीत सिंह (20) के शव वहां पड़े देखे । प्रातः 7 बजे इस वारदात की सूचना पुलिस को दी गई । पुलिस को घटनास्थल से गोलियों के 20 खोल मिले हैं, जो ए.के. 47 एसाल्ट राइफल के प्रतीत होते हैं ।

मकान में दोनों ही रहते थे

मृत दोनों युवक परस्पर मित्र थे और दोनों इकट्ठे ही इस मकान में रहते,जबकि इनके परिवारों के शेष सदस्य दूसरे गांव में मज़दूरी करते थे । उग्रवादियों ने इन दोनों के कमरे के अंदर लगी कुंडियां राइफल की बर्स्ट के साथ तोड़ीं । उल्लेखनीय है कि एक मास पूर्व इस गांव में एक उग्रवादी भी मारा गया था ।

शस्त्र भंडार पकड़ा गया

जम्मू (वार्ता, ह.स.): जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सीमावर्ती गांव से आज हथियारों तथा गोलाबारूद का एक बड़ा ज़खीरा पकड़ा है, जिसमें राकेट, हथगोले, राइफल तथा कारतूस हैं । ये शस्त्रास्त्र पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके के हरिबुड़ गांव के पास जंगल में मिले हैं । एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इन हथियारों तथा गोलाबारूद पर चीन तथा पाकिस्तान के निशान अंकित हैं । तोड़फोड़ तथा जासूसी गतिविधियों को तेज़ करने के लिए यह सामान लाए गए बताए जाते हैं ।

पाक गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार

पुलिस ने जम्मू क्षेत्र में तोड़फोड़ की गतिविधियों में लगे एक पाकिस्तानी गिरोह के आठ सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है ।

जालंधर (ह.स.): तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात जालंधर पुलिस थाने के चौगावां गांव में एक शराब की दुकान से 2300 रुपए लूट लिए । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने पिस्तौल दिखाकर बिक्रेता से पैसे मांगे । रुपए लेने के बाद वे स्कूटर पर भाग गए ।

दुकानदार का शव नहर से मिला

बलाचौर (सुभाष जोशी): आज बलाचौर पुलिस ने नवां आहर के मालियारी निवासी राम स्वरूप का शव बिस्त दोआब नहर से पुलियारी पुल के निकट से बरामद किया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़शंकर भेजा है । राम स्वरूप 20 अक्तूबर से गुम था और वह थाना नूरपुर बेदी के क्षेत्र के गांवों में उगाही करने गया था । 24 अक्तूबर को राम स्वरूप के लड़के मुरली मनोहर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके पिता 20 अक्तूबर से गुम हैं । मृतक राम स्वरूप ने अंतिम पेमैंट थाना नूरपुर बेदी के क्षेत्र के गांव अमलालपुर में वसूल की थी; पुलिस ने संदेह के आधार पर गांव चड़ मजारा के अमरजीत सिंह, जो अमृसालपुर में दुकान करता है, को हिरासत में ले लिया है ।

लापरवाही को माफ़ न करेंगे

फगवाड़ा (कौड़ा): आज कपूरथला जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री पी.एम. दास ने स्थानीय रैस्ट हाऊस में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ लम्बी बैठक में पुलिस बलों को और अधिक सतर्कता से कार्य करने व दिन-रात चौकस रहने के निर्देश दिए । श्री दास ने बाद में पत्रकारों को बताया कि यद्यपि-सुरक्षा बलों का आतंकवादियों पर निरन्तर दबाव बना हुआ है, तथापि अभी लापरवाही का समय नहीं है । उन्होंने चेतावनी दी कि ड्यूटी पर लापरवाही दिखाने वाले पुलिस कर्मियों को माफ़ नहीं किया जाएगा,तथापि ड्यूटी में ईमानदारी व तत्परता दिखाने वाले पुलिस-कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा ।

फगवाड़ा के निकट हत्या

गत आधी रात को यहां से चार किलो मीटर दूर गांव खलवाड़ा में दो-तीन अज्ञात व्यक्तियों ने एक तीस वर्षीय व्यक्ति सुखराम एक गुरदास राम की तेज़धार हथियारों से हत्या कर दी । समाचार के अनुसार रात को इन व्यक्तियों ने सुखराम के मकान का बाहर का दरवाज़ा खटखटाया । जब वह दरवाज़ा खोलने आया तो उन्होंने उस पर हमला कर दिया और वह वहीं दम तोड़ गया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । हत्या का कारण निजी शत्रुता भी बताया जाता है ।

पिस्तौल दिखा कर स्कूटर ले गए

आज 12 बजे रेलवे रोड पर दो आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति नरेन्द्र कपूर से उसका नया स्कूटर,जो उसने आज ही खरीदा था, छीन लिया । कहा जाता है कि नरेन्द्र कपूर स्कूटर लेकर एक अन्य व्यक्ति के साथ रेलवे रोड पर एक दुकान पर गया और दुकान के बाहर अपने साथी को खड़ा करके दुकान के अंदर चला गया । इस बीच वहां दो आतंकवादी आए और उन्होंने स्कूटर चला लिया । जब पास खड़े व्यक्ति ने आपत्ति की तो उन्होंने पिस्तौल दिखाया और वे प्रेम नगर की ओर भाग गए ।

सी.आर.पी. के अधिकारियों की बैठक

सैंट्रल रिज़र्व पुलिस फोर्स के डी.आई.जी श्री के.आर.के. प्रसाद ने आज यहां सी.आर.पी.एफ. के वरिष्ठ अधिकारियों से गुप्त मंत्रणा की,जो कि घंटों तक जारी रही । पता चला है कि बैठक में पंजाब के वर्तमान तनावपूर्ण वातावरण में सुरक्षा बलों की की चौकसी के निर्देश दिए गए । उन्होंने फाजिल्का में तैनात सी.आर.पी.एफ. की कम्पनी के कार्यों का निरीक्षण भी किया ।

सरपंचों की जमानत पर 5 आतंकवादी रिहा

रोपड़ (नर्बदा): रोपड़ के एस.पी. श्री चन्द्र शेखर ने बताया कि उग्रवादी गतिविधियों में पकड़े गए 5 युवकों को पंचायत व सरपंचों द्वारा जिम्मेदारी लेने पर रिहा कर दिया गया है,युवक चंडीगढ़ के गुरु गोबिंद सिंह कालेज के छात्र हैं तथा मोहाली व मोरिंडा के रहने वाले हैं । पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि वे लोग हत्या व लूटमार की योजना बना रहे थे ।

शस्त्र लेकर चलने पर पाबंदी

लुधियाना (यू.): जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने आज एक आदेश जारी करके जिले में आग्नेय-शस्त्र, त्रिशूल, तलवार, खंजर, लाठियां, विस्फोटक तत्व, एसिड और ज्वलनशील लेकर जाने-आने पर प्रतिबंध लगा दिया है, यह आदेश 24 दिसम्बर तक लागू रहेगा ।

रामायण को पीपल्स नैशनल एवार्ड

चंडीगढ़, 27 अक्तूबर : शिमला के अखिल भारतीय कलाकार संघ ने इस वर्ष के 'आर्डर आफ दी पीपल्स नैशनल अवार्ड' के लिए रामानंद सागर के लोकप्रिय दूरदर्शन हिन्दी धारावाहिक 'रामायण' को चुना है ।

संघ के अध्यक्ष तथा हिन्दी रंगमंच के अभिनेता सुदर्शन गौड़ ने बताया कि अब तक वह पुरस्कार सिर्फ लखनऊ दूरदर्शन के एक धारावाहिक 'बीवी नातियों वाली' को 1985 में प्रदान किया गया था । श्री गौड़ ने आज यहां बताया कि यह पुरस्कार अगले महीने बम्बई में प्रदान किया जाएगा ।

बोफोर्स संसदीय समिति की बैठक स्थगित

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर : बोफोर्स तोप सौदे की जांच के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति की दो दिवसीय बैठक आज यहां स्थगित हो गई । समिति ने सेना मुख्यालय में हावट्जर तोप के कामकाज के बारे में जानकारी रखने वाले वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञों से पूछताछ की । श्री बी. शंकरानंद की अध्यक्षता में गठित इस समिति ने उपकरण विभाग के महानिदेशक जनरल डी.पी. सिंह और तोपखाना विभाग के महानिदेशक जनरल केर से पूछताछ की । दोनों जनरलों ने बोफोर्स तोप की कीमत और उसके कामकाज के बारे में सूचनाएं दीं ।

जुंडला क्षेत्र का प्रत्याशी तीन दिन से लापता

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर (डी.एस.): हरियाणा में जुंडला सरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से एकता पार्टी के प्रत्याशी श्री जोगी राम तीन दिन से लापता हैं तथा पुलिस उनकी तलाश करने की बजाय उनके निवास पर घेरा डाले बैठी है जिससे क्षेत्र में आतंक व तनाव का वातावरण बना हुआ है ।

इंका प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज

कलकत्ता, 27 अक्तूबर (वार्ता): कांग्रेस (इ) प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए आज यहां पुलिस ने उस समय लाठीचार्ज किया जब वे राज भवन के

रक्त कैंसर से पीड़ित दलबीर सिंह की इंका नेताओं द्वारा उपेक्षा

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर (जी.एस. चावला): हरियाणा से कांग्रेस (इ) के संसद सदस्य, भूतपूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं भूतपूर्व इंका महामंत्री श्री दलबीर सिंह रक्त कैंसर से पीड़ित हैं और इस समय आल इंडिया इंस्टीच्यूट आफ मैडीकल साईंसज़ में उनकी दशा गम्भीर है । बताया जाता है कि इसके लिए केंद्रीय नेताओं (डाक्टरों का नहीं) का उपेक्षापूर्ण रवैया जिम्मेवार है । श्री दलबीर सिंह को गत मास के प्रारम्भ में रोहतक अस्पताल के डाक्टरों ने मैडीकल जांच करवाने की सलाह दी । उन्होंने राज्य स्वास्थ्य मंत्री सरोज खरपड़े को आल इंडिया मैडीकल इंस्टीच्यूट में उनकी जांच करवाने और उसके लिए प्राइवेट कमरे का प्रबन्ध करने के लिए कहा । सरोज खरपड़े ने वायदा किया लेकिन अगले दिन वह फोन करने पर नहीं मिलीं । बाद में विदेश चली गईं । बाद में निजी स्रोतों और मित्रों के माध्यम से जांच करवाई गई और डा. आर.सी. आनंद के माध्यम से कमरा प्राप्त किया गया । जांच के दौरान डाक्टरों ने रक्त कैंसर का संदेह व्यक्त किया और टाटा मैमोरियल अस्पताल में दाखिल करवाने की सिफारिश की । इस सम्बादादाता, जो श्री दलबीर सिंह का मित्र है, ने प्रधानमंत्री के प्रैस सलाहकार श्री एच.बाई. शारदा को फोन किया तथा उन्हें आग्रह किया कि वे दलबीर सिंह को टाटा मैमोरियल अस्पताल में ले जाने और सरोज खरपड़े के व्यवहार से प्रधानमंत्री को अवगत करें । इसके बाद तीन मंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव, बूटा सिंह और एम.एल. फोतेदार श्री दलबीर सिंह का हाल पूछने के लिए आए तथा सभी प्रबन्ध करने का आश्वासन दिया लेकिन आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई । केंद्रीय मंत्री श्री भजन लाल और हरियाणा के उप मुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता भी हाल पूछने के लिए आए और श्री दलबीर सिंह की स्थिति पर चिन्ता व्यक्त की । श्री दलबीर सिंह की यहां मैडीकल इंस्टीट्यूट में स्थिति निरन्तर बिगड़ रही है ।

8 भारतीयों की जाम्बियन नागरिकता समाप्त

लुसाका, 27 अक्तूबर (वार्ता): जाम्बिया ने नशीले पदार्थों का धंधा करने से सम्बद्ध भारतीय मूल के आठ नागरिकों की नागरिकता समाप्त करने तथा उन्हें देश से निकाल बाहर करने का फैसला किया है । समाचारपत्र 'जाम्बिया डेली मेल' में आज गृहमंत्री पाल मालुकटीला के हवाले से कहा गया है कि इस धंधे से सम्बद्ध जाम्बिया एयरवेज के दस कर्मचारियों से पासपोर्ट वापस ले लिए गए हैं तथा उन्हें निलम्बित कर दिया गया है ।

साढ़े तीन करोड़ की अवैध सम्पत्ति जब्त

अहमदाबाद, 27 अक्तूबर (वार्ता): आयकर विभाग ने गुजरात और राजस्थान के खाद्य तेल बिक्रेताओं के यहां अगस्त और सितम्बर में योजनाबद्ध तरीके से छापे मारकर लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपए की अवैध सम्पत्ति जब्त की । सरकारी सूत्रों के अनुसार इन बिक्रेताओं ने लगभग पांच करोड़ रुपए की आयकर की चोरी कबूल की और इसके लिए आयकर देना मंजूर किया । इस अभियान के दौरान गुजरात में खाद्य तेल बिक्रेताओं से 22 लाख रुपए की नकदी जब्त की गई और पांच लाख रुपए की आयकर चोरी पकड़ी गई । इसके अतिरिक्त ट्रैक्टर के एक व्यापारी के यहां अहमदाबाद में छापा मारकर 22 लाख रुपए की अवैध सम्पत्ति जब्त की गई । इसी तरह राजस्थान के जोधपुर, उदयपुर और जयपुर में भी छापे मारकर अवैध सम्पत्ति जब्त की गई और आयकर चोरी पकड़ी गई ।

कर्मचारी नेता द्वारा आमरण अनशन

जालंधर, 27 अक्तूबर (क): पंजाब स्टेट लैदर डिवैलपमैंट कार्पोरेशन प्रशिक्षण योजना कर्मचारी ट्रेड यूनियन के चेयरमैन डाक्टर मेला राम सुमन प्रशिक्षण योजना को बंद करने की बजाय उसे चालू रखने, इस योजना को उक्त निगम के अधिकार क्षेत्र से निकाल कर हरिजन कल्याण विभाग या हरिजन भूमि विकास व वित्त निगम के अधीन करने, उक्त निगम में कथित भ्रष्टाचार की जांच करवाने तथा कथित भ्रष्ट अधिकारियों को निकालने आदि की मांगों के समर्थन में कल सायं आमरण भूखहड़ताल पर बैठ गए ।

इस सम्बन्ध में उक्त ट्रेड यूनियन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि उक्त मांगों बारे एक पत्र पहले भी राज्यपाल श्री रे को भेजा जा चुका है और आज भी उनके नाम एक ज्ञापन डी.सी. को दिया गया है और तुरंत उचित कार्रवाई करने की

वार्ड नं. 4 से फोन: 21515
सांझे उम्मीदवार

वार्ड नं. 25
के कर्मठ व युवा उम्मीदवार

श्याम सुन्दर ग्रोवर
को आप

Punjabi Gazette



(1), (2), (3) ज़िला अमृतसर के गांवों जोधे और गाना के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में मारे गए 3 आतंकवादी, (4) उग्रवादियों द्वारा मार गए टांगरा गांव के सरपंच सतीश कुमार का शव, (5) अमृतसर शहर के ईस्ट मोहन नगर क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कत्ल की गई महिला श्रीमती रमा का शव (छाया : पंजाब केसरी) । (6) फगवाड़ा के पास खलवाड़ा गांव में मारे गए सुखराम का शव (छाया : अशोक कौड़ा)। कादियां थाने के गांव तुपई में आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध फ़ायरिंग से मारे गए (7) ब्रह्मदेव, (8) रामलुभाया, (9) नरेंद्र कुमार, (10) एक बिहारी मज़दूर जिसकी पहचान नहीं हुई और (11) मेघराज के शव (छाया : विनोद) । गुरहरसहाय के पास चुग्घा गांव में मारे गए (12) गुरमीत सिंह तथा (13) तेज सिंह के शव (छाया : जीपू पायलट)

ज़िला अमृतसर में 3 भिड़ंतों में 4 आतंकवादी मारे गये, एक ने आत्महत्या की, एक का शव मिला

मोगा में ठेकेदार की हत्या, पटियाला में उग्रवादी फ़रार : टपई हत्याकांड के सम्बन्ध में 40 हिरासत में

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): गत रात ज़िला अमृतसर में पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ तीन विभिन्न मुठभेड़ों में 4 आतंकवादी मारे गए, जिनमें 2 'बी' श्रेणी आतंकवादी भी शामिल हैं । एक संदिग्ध आतंकवादी ने पुलिस कांस्टेबल की राइफल छीनकर अपने-आपको गोली मार ली, जबकि एक अन्य आतंकवादी की गोलियों से छलनी लाश खेतों में पड़ी मिली । ज़िला फरीदकोट में एक शराब के ठेके के मालिक की हत्या कर दी गई । ज़िला गुरदासपुर के गांव टपई में कल रात के हत्याकांड के सम्बन्ध में 40 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया । एक आतंकवादी पटियाला में पुलिस की हिरासत से फ़रार हो गया ।

रिबैरो घटनास्थल पर

बटाला (कोरड़ा): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ने आज थाना कादियां के गांव टपई का दौरा किया, जहां कल मंगलवार को सायंकाल आतंकवादियों ने चुन-चुन कर एक ही समुदाय के 5 लोगों की हत्या कर दी थी । श्री रिबैरो ने लोगों से आतंकवादियों का संगठित होकर मुकाबला करने के लिए कहा । उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल अपना कर्त्तव्य पूरा कर रहे हैं । उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए कृत-संकल्प होंगे, उन्हें सरकार की ओर से हथियार दिए जाएंगे । इस दौरे में जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री सिद्दीकी, बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री चमन लाल, जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा, एस.एस.पी. श्री जे.पी. थिरडी भी उनके साथ थे । जिलाधीश ने मृतकों के आश्रितों को वित्तीय आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया । कल की घटना में मरने वाले सभी लोगों राम लुभाया, ब्रह्मबेदी, मेघराज व उसके बेटे नरेन्द्र कुमार तथा बिहारी श्रमिक ज़फ़र आलम का आज बाद दोपहर इकट्ठे ही अन्तिम संस्कार कर दिया गया ।

गांव मसानियां की भांति ही इस गांव के सभी हिन्दुओं ने गांव छोड़ देने का फैसला किया है । इस पत्रकार को गांव के सरपंच रिटायर्ड मेजर अनन्त सिंह ने बताया कि आतंकवादियों ने उन पर भी फायरिंग की, लेकिन वह बाल-बाल बच गए । मृतक ब्रह्मबेदी के केशधारी भाई नरेन्द्र सिंह ने आतंकवादियों का ईंटों से मुकाबला किया । ज़फ़र आलम एक जमींदार के पास धान की कटाई का काम करता था तथा डाक्टर ब्रह्मबेदी के पास दवाई लेने आया था ।

'वार्ता' के अनुसार आतंकवादियों से ब्रह्म बेदी के तीसरे भाई नरेन्द्र सिंह ने अपने भाइयों को छोड़ देने के लिए अनुनय की थी लेकिन उन्होंने दोनों भाइयों पर गोलियां बरसा दीं । उन्होंने नरेन्द्र सिंह को कुछ नहीं कहा जो केशधारी सिख है ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आतंकवादियों में से पांच के पास स्टेनगन, रिवाल्वर तथा पिस्तौलें थीं । आतंकवादियों में एक मोना भी था । मसानियां कांड के हत्यारों में भी एक मोना शामिल था ।

एक भी गोली नहीं चलाई

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस गांव के लोगों के पास लगभग 30 लाइसैंसशुदा हथियार हैं लेकिन विडम्बना यह है कि आतंकवादियों को डराने अथवा उनका मुकाबला करने के लिए गांव वालों ने एक भी गोली नहीं चलाई ।

टपई गांव थाना कादियां का सब से बड़ा गांव है और गांव मसानियां की भांति आतंकवादियों ने इस गांव के दोनों ओर से एक ही समुदाय के दुकानदारों पर गोलियों की बौछार की । गांव वालों के अनुसार आतंकवादी कम से कम सात थे तथा वे 30-35 मिनट तक गांव की गलियों में घूमते रहे । उन्होंने खून का बदला खून के नारे भी लगाए । घायल निर्मल बेदी को अमृतसर के अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है । डी.आई.जी. सिद्दीकी के अनुसार घटनास्थल से स्टेनगन, .455, .38, .32 तथा 9 एम.एम. के 40 खाली खोल मिले । इस वारदात के सम्बन्ध में 40 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

मसानियां कांड दोहराने की कोशिश

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार कादियां थाने के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

इनकी वी.पी. से जा मिलने की आशंका थी

नई दिल्ली, 28 अक्तूबर (जी.एस. चावला): केंद्रीय मंत्रिमंडल में विस्तार की सम्भावना में विलम्ब होने से अनेकों इंका सांसदों में निराशा व्याप्त हो गई है । मंत्रिमंडल में शामिल होने की महत्वाकांक्षा रखने वाले सांसदों को पूरी आशा थी कि लोकसभा के 6 नवम्बर को आरम्भ होने वाले अधिवेशन से पहले मंत्रिमंडल में विस्तार किया जाएगा परन्तु अब लगता है कि कम से कम चालू वर्ष में विस्तार सम्भव नहीं है ।

राजनीतिक प्रेक्षकों का विचार है कि मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले महत्वाकांक्षी सांसदों की संख्या बहुत अधिक है तथा मंत्रिमंडल में विस्तार मात्र इस आशंका से नहीं किया जा रहा है कि यदि इनमें से कुछ को मंत्रिमंडल में नहीं लिया गया तो ये लोग जनमोर्चा के नेता श्री वी.पी. सिंह के साथ मिल जाएंगे जिससे श्री वी.पी. सिंह की स्थिति सुदृढ़ हो जाएगी । वी.पी. सिंह पहले ही उत्तर प्रदेश में सत्ताधारी दल के लिए आतंक बन चुके हैं ।

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि वी.पी. सिंह की स्थिति अभी तक उत्तर प्रदेश में ही मज़बूत है, अन्य क्षेत्रों में अभी उनका प्रभाव नहीं पड़ सका है । इसके अतिरिक्त अन्य पार्टियां भी धीरे-धीरे महसूस करने लगी हैं कि वी.पी. सिंह को अधिक महत्व देने से उनका अपना आधार खत्म हो जाएगा । इसलिए वे भी सोच-समझ कर कदम बढ़ा रही हैं । इसलिए राजनीतिक दल को आशंका है कि यदि इस समय मंत्रिमंडल में विस्तार किया जाता है तो अवसर की प्रतीक्षा कर रहे सांसद निराश होकर वी.पी. सिंह की ओर मुड़ सकते हैं । सत्ताधारी दल किसी कीमत पर भी यह खतरा मोल लेना नहीं चाहेगा ।

सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री लगभग दो बार मंत्रिमंडल में विस्तार करने तथा मंत्रियों का फेरबदल करने की योजना बना चुके हैं, परन्तु आखिरी वक्त पर इन्हें स्थगित कर दिया गया । यह फेरबदल वाणिज्य मंत्रालय प्राप्त करने को उत्सुक हैं । पहले समझा जाता था कि कृषि मंत्री जी.एस. ढिल्लों तथा पर्यावरण मंत्री भजन लाल को भी मंत्रिमंडल से निकाल दिया जाएगा । श्री ढिल्लों को कुशल मंत्री नहीं समझा जाता था और भजन लाल के खिलाफ़ भ्रष्टाचारों के पहले आरोपों के अतिरिक्त यह भी आरोप था कि उन्होंने हरियाणा में हाल ही में हुए विधानसभा के चुनावों में इंका पार्टी को हराने के लिए कार्य किया । भजन लाल अब कुछ सम्भल गए हैं तथा मंत्री बने रहने की आशा करते हैं । उन्होंने प्रधानमंत्री पर यह प्रभाव डाला है कि केवल वही हरियाणा में देवी लाल सरकार को गिरा सकते हैं ।

प्रशासकीय स्तर पर सचिवों के फेरबदल में

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पालिकाओं के लिए तियां बनाने का फैसला

पुलिस ब उग्र भीड़ में संघर्ष से एक मरा, 40 घायल

Punjabi Bharan

उग्रवादी मरे ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

अलगांव गांव टपई में आतंकवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग कर एक बार फिर मसानियां कांड (जिसमें एक समुदाय के 9 व्यक्ति मारे गए थे) दोहराने की कोशिश की । कुछ प्रत्यक्षदर्शी, जो रात दो बजे शवों के साथ गुरदासपुर अस्पताल में आए, ने सम्वाददाता को बताया कि आतंकवादियों द्वारा जिनकी संख्या 6 से 7 थी, ने गांव में एक समुदाय के लोगों की दुकानों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । प्रत्यक्षदर्शी जो कि सिख समुदाय का था, ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा फ़ायरिंग एक समुदाय की दुकानों पर करने का मतलब उनको पता था कि कौन-सी दुकान किस की है और कांड करने से पहले आतंकवादियों ने गांव का अच्छी तरह निरीक्षण किया हुआ था । उसने बताया कि आतंकवादियों की योजना मसानियां गांव की तरह थी, क्योंकि वहां एक समुदाय की हत्याओं के आतंक से लोग सारी रात घर से बाहर नहीं निकले थे । परन्तु यहां एक व्यक्ति ने तुरन्त खाडियां थाने में सूचना दे दी । जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि आतंकवादियों पर पुलिस तथा सुरक्षा बलों का दबाव बना रहेगा और आतंकवादियों द्वारा यह वारदात भी बढ़ने के कारण की गई है । श्री बिरदी के अनुसार आतंकवादी हताश होकर कुछ भी कर सकते हैं । परन्तु पुलिस तथा सुरक्षा बल आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई जारी रखेंगे ।

4 आतंकवादी मरे

अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने बताया कि गत रात अमृतसर जिला में तीन विभिन्न स्थानों पर पुलिस के साथ भिड़ंत में चार आतंकवादी मारे गए जिनमें तरसेम सिंह उर्फ़ सेमा निवासी फत्तेवाल थाना अजनाला 'बी' श्रेणी का आतंकवादी और बलवीर सिंह निवासी गांव कैलोवाल थाना लोपोके गांव कुरालियां के निकट सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत में मारे गए । एक आतंकवादी मंजर सिंह निवासी गांव कल्लोवाल सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में गांव फत्तेवाल सुर्दे के करीब मारा गया । एक और आतंकवादी कुलविंदर सिंह उर्फ़ बिट्टू पुलिस के साथ मुठभेड़ में गांव मानके में मारा गया । पुलिस को गांव चीमा के खेतों से एक अज्ञात आतंकवादी का गोलियों से छलनी शव मिला है । अमरीक सिंह उर्फ़ सुबेग सिंह निवासी गुरदासपुर जिसे फिरोज़पुर पुलिस तरनतारन की ओर ले जा रही थी, ने एक पुलिस कांस्टेबल की राइफल छीनकर आत्म-हत्या कर ली ।

श्री आलम की ओर से जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया कि गत रात गांव कुरालियां के एक नाले के पुल पर गत 11 बजे 5 आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की एक गश्ती पार्टी पर घात लगाकर हमला करने की नाकाम कोशिश की और सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फ़ायरिंग पर दो आतंकवादी मारे गए जबकि उनके 3 साथी अंधेरे में भाग निकले । उनके शवों के निकट से एक .12 की दोनाली बंदूक और इसके तीन खाली कारतूस व 6 करामद कारतूस मिले । मृतक बलवीर सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स के

आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम प्रतीत होता है । लाश के करीब से 303 की दो गोलियों के खोल मिले हैं ।

श्री आलम ने बताया कि गुरदासपुर का एक आतंकवादी, जिसे सरहाली पुलिस तरनतारन की ओर ले जा रही थी, ने रास्ते में ही एक कांस्टेबल की राइफल छीन कर अपने-आपको गोली मार ली । उसकी मौके पर ही मौत हो गई । यह आतंकवादी जगदेवकलां हत्याकांड में संलिप्त था । इसी ने गांव सोहल में कामरेड स्वर्ण सिंह व 4 अन्य व्यक्तियों की हत्या की थी । चोला साहब के निकट ए.एस.आई. शिव सिंह व दो बच्चों की हत्या, थाना सरहाली के एस.एच.ओ. हरमिन्दर सिंह पर घातक हमला, जिसमें एक सिपाही घायल हुआ था तथा अमृतसर के एस.एस.पी. पर मंड क्षेत्र में घातक हमले का प्रयास भी इसी आतंकवादी ने किया था ।

औरत की बहादुरी

विज्ञप्ति में थाना सदर अमृतसर के गांव मंडियाला की एक औरत की बहादुरी की प्रशंसा की गई है, जबकि गत रात कुछ आतंकवादी उसके घर आ धमके और उन्होंने बन्दूक से उसे आतंकित करके घर का मुख्य द्वार खोलने के लिए कहा, परन्तु औरत ने हिम्मत से काम लेते हुए दरवाज़ा न खोला और आतंकवादी बंद दरवाज़े पर ही फ़ायरिंग करके लौट गए। विज्ञप्ति में औरत का नाम नहीं दिया गया ।

कंडक्टर को लूट लिया

पंजाब रोडवेज़ तरनतारन की बस नम्बर पी.जी.बी. 4639 के कंडक्टर अमरीक सिंह ने बताया सदर अमृतसर में रिपोर्ट लिखवाई है कि गत शाम खंडोगढ़ से तरनतारन जाते हुए जब उनकी बस सायं 6.15 बजे के करीब अमृतसर से 5 किलो मीटर दूर कुछ यात्रियों को उतारने के लिए रुकी तो दो आतंकवादी भी उसमें सवार हो गए । रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कंडक्टर अमरीक सिंह को पिस्तौल दिखा कर नकदी वाला थैला तथा टिकटें छीन लीं । इसके बाद वे बस रुकवा कर फ़रार हो गए ।

अजनाला पुलिस ने दुर्दांत आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स के मलकीयत सिंह को पनाह देने के आरोप में 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

अजनाला में गिरफ्तार लोगों के नाम प्यारा सिंह, बोहड़ सिंह, जरनैल सिंह, बलविन्दर सिंह, महेन्द्र सिंह व गुरनाम सिंह बताए गए हैं ।

हत्या के विरुद्ध हड़ताल

रैया से जसपाल के अनुसार निकटवर्ती गांव टांगरा के सरपंच की गत दिवस आतंकवादियों द्वारा की गई हत्या के विरुद्ध क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है । इस वारदात के विरुद्ध आज रैया, खलचियां, ब्यास और टांगरा में हड़ताल रही ।

पुलिस के छापे

होशियारपुर (प्रद्युम्न सिंह): स्थानीय सदर पुलिस ने हरियांबला के ग्रंथी अवतार सिंह की हत्या के सम्बन्ध में कई स्थानों पर छापे मारे हैं । कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है । गांव बड़याल के कुछ लोगों

उन्होंने कहा कि आतंकवादी ने ऐसा करके प्रथम अक्तूबर को पुलिस से मुठभेड़ में अपने साथी की मौत का बदला लिया है । तेजा सिंह ने उस भिड़त में सुरक्षा बलों की मदद की थी ।

ठेका मालिक की हत्या

मोगा (सर्व): तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने कल शाम यहां पास ही झंडियाना गांव में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने आज बताया कि मृतक का नाम हरदेव सिंह था । वह शराब की दुकान चलाता था । उस पर उस समय हमला किया गया, जब वह अपनी दुकान में बैठा था ।

आतंकवादी फ़रार

पटियाला (भूषण): जिला गुरदासपुर का गुरमेल सिंह, जिसे आतंकवादी व विध्वंसक गतिविधियां उन्मूलन कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था, आज सुबह स्थानीय राजेन्द्रा अस्पताल से फ़रार हो गया । अभियुक्त को सी.आई.ए. मुख्यालय में रखा गया था । उसने दर्द की शिकायत की, जिस पर उसे कल रात राजेन्द्रा अस्पताल में ले जाया गया था । रात करीब तीन बजे वह अस्पताल से भाग गया । उस पर हत्या की कोशिश तथा शस्त्रास्त्र एक्ट के तहत भी केस चल रहा है । अब उसके विरुद्ध पुलिस हिरासत से भागने का केस दर्ज कर लिया गया है ।

दो लड़के उनके परिवारों के हवाले

भटिंडा के एस.एस.पी. एस.के. शर्मा ने बताया कि साईलगढ़ थाने के ग्राम संघा में पकड़े गए दो उग्रवादी लड़का सुखपाल सिंह व गुरमीत सिंह को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया ।

सी.आर.पी. की कुछ.....

(पृष्ठ 3 का शेष)

पर भी छापा मारा । गहन तलाशी के दौरान विस्फोटकों से भरी बंकरों और बूबी ट्रैप्स का पता चला । इन सभी को नष्ट कर दिया गया ।

नटवर कोलम्बो में

विदेश राज्यमंत्री नटवर सिंह श्रीलंका के राष्ट्रपति जयवर्धने से मिलने आज अचानक कोलम्बो पहुंचे । प्रधानमंत्री राजीव गांधी के विशेष दूत की हैसियत से वह श्री जयवर्धने के साथ भारत-श्रीलंका समझौता लागू करने के बाकी मुद्दों पर बातचीत करने वहां आए हैं ।

श्री नटवर सिंह की यह यात्रा समझौता लागू करने के सिलसिले में चल रहे सलाह-मशविरे का हिस्सा है । वह दक्षेस की बैठक के बारे में प्रारंभिक विचार-विमर्श भी करेंगे । प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कल रात नई दिल्ली में रक्षा तथा विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से जाफना की ताजा स्थिति पर बातचीत की ।

श्री नटवर सिंह की इस अचानक यात्रा को समझौता लागू करने के रास्ते में लिट्टे द्वारा बाधाएं डालने का राजनीतिक हल खोजने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है । श्री सिंह ने श्रीलंका के दीर्घकालीन संघि प्रस्ताव के बारे में राष्ट्रपति जयवर्धने को भारतीय पक्ष की भी जानकारी दी ।

पंजाब में
छः मास

फगवाड़ा, 2
पंजाब में आतंक
हिंसक लहर, रा
राजनीतिक अ
नवम्बर को समा
सरकार ने छः मा
किया है । सुरि
राज्य में लोकप्रि
जारी हैं तथापि व
राष्ट्रपति शासन
इसलिए लोकसभ
पंजाब में राष्ट्रपति
एक सप्ताह पहर
अनुसार राज्य में
लहर, निर्दोषों
शासन समाप्त
जाता है कि हाल
पंजाब के राज्यप
पुलिस के डायरेक्
इस सम्बन्ध में ह

'उग्रवाद से
करेंगे' :

जालन्धर, 2
भगत यादगार हा
की जालन्धर, क
इकाइयों की ओर
गई जिसमें विभि
संगठनों के दो ह
हुए । बाद में त
निकाला गया जि
अखंडता अमर रहे
करेंगे', हिन्दू-सि
लगा रहे थे ।

रैली को सम्
अखिल भारतीय
पंजाब भा.म.स.
तथा सचिव श्
जम्मू-कश्मीर
रविंदर सिंह उल्

वक्ताओं ने
हत्याओं की कड़ी
की विदेशी साजि
की । उन्होंने अ
किया कि वह उ
एक-जुट हो कर

इस अवसर
एकता की रक्ष
रखने का संकल्प

एक प्रस्ताव
उजरत एक हजा
श्रमिकों को 40
आंदोलनों को श

वकील व

Punjabi Sahitari

आतंकवादी कुलविंदर सिंह उर्फ़ बिट्टू पुलिस के साथ मुठभेड़ में गांव मानके में मारा गया । पुलिस को गांव चीमा के खेतों से एक अज्ञात आतंकवादी का गोलियों से छलनी शव मिला है । अमरीक सिंह उर्फ़ सुबेग सिंह निवासी गुरदासपुर जिसे सरहाली पुलिस तरनतारन की ओर ले जा रही थी, ने एक पुलिस कांस्टेबल की राइफल छीनकर आत्म-हत्या कर ली ।

श्री आलम की ओर से जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया कि गत रात गांव कुरालियां के एक नाले के पुल पर रात 11 बजे 5 आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की एक गश्ती पार्टी पर घात लगाकर हमला करने की नाकाम कोशिश की और सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फ़ायरिंग पर दो आतंकवादी मारे गए जबकि उनके 3 साथी अंधेरे में भाग निकले । उनके शवों के निकट से एक .12 की दोनाली बंदूक और इसके तीन खाली कारतूस व 6 कारामद कारतूस मिले । मृतक बलबीर सिंह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्धित बताया गया है । विज्ञप्ति के अनुसार तरसेम सिंह एक छोटे से आतंकवादी गिरोह का नेतृत्व करता था, जिसने गांव तेरा में सरपंच अजीत सिंह की हत्या की थी । इसी गिरोह ने थाना लोपोके के गांव सिधवां के सरपंच व उसके दो और पारिवारिक सदस्यों की हत्या की थी । थाना लोपोके में ही गांव बराड़ के एक व्यक्ति की हत्या की थी । इसी गिरोह ने अजनाला में बाबा मकबूल शाह के डेरा में 5 व्यक्तियों की हत्या की थी तथा अजनाला के निकट गांव में ए.एस.आई. बलकार सिंह की हत्या के अलावा गांव राय दादपुर में एक .12 बोर की बंदूक और गांव चढ़तेवाल से 1200 रुपए नकद व स्वर्णाभूषण लूटे थे ।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि तरसेम सिंह एक अन्य आतंकवादी सुखदेव सिंह उर्फ़ पधारी, जो कि 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था और कुछ अर्सा पहले मुठभेड़ में मारा जा चुका है, का दायां हाथ था । दूसरे आतंकवादी बलबीर सिंह ने फरवरी 86 में ही आतंकवादी गतिविधियां शुरू की थीं जिस पर वह पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया था । 1986 के अन्तिम महीने में वह जमानत पर रिहा होकर आ गया था और उसने दोबारा आतंकवादी कार्रवाइयां आरम्भ कर दीं

श्री आलम ने बताया कि गत रात सुरक्षा बलों की एक और गश्ती टुकड़ी पर गत रात 12.15 बजे के करीब फत्तेवाल खुर्द के निकट घात लगाकर हमला किया गया । सुरक्षा बलों ने पोज़ीशनें लेकर जवाबी फ़ायरिंग की, जिस पर एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके साथी भाग निकले । पुलिस को शक है कि मृत आतंकवादी मेजर सिंह उसी गिरोह से सम्बन्धित था, जिसने गत रात ही सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला करने की कोशिश की थी । मेजर सिंह भी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्धित बताया गया है ।

श्री आलम ने बताया कि मानेके में मारा गया कुलविन्दर सिंह उर्फ़ बिट्टू भी 'बी' श्रेणी का आतंकवादी था । यह एक अन्य 'बी' श्रेणी आतंकवादी कारज सिंह का दायां हाथ था । यह पुलिस को बासरके भैणी में तीन व्यक्तियों की हत्या, बासरके गिल्लां में टैलीविज़न टाबर पर फ़ायरिंग और गांव सुरसिंह में सुरक्षा बलों की गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर हमला करने की वारदातों में वांछित था । श्री आलम के अनुसार यह आतंकवादी भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स से संबंधित था ।

एस.एस.पी. के अनुसार चीमा गांव के पास खेतों में आतंकवादी की जो लाश मिली है, यह

किया है ।

अजनाला में गिरफ्तार लोगों के नाम प्यारा सिंह, बोहड़ सिंह, जरनैल सिंह, बलविन्दर सिंह, महेन्द्र सिंह व गुरनाम सिंह बताए गए हैं ।

हत्या के विरुद्ध हड़ताल

रैया से जसपाल के अनुसार निकटवर्ती गांव टांगरा के सरपंच की गत दिवस आतंकवादियों द्वारा की गई हत्या के विरुद्ध क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है । इस वारदात के विरुद्ध आज रैया, खलचियां, ब्यास और टांगरा में हड़ताल रही ।

पुलिस के छापे

होशियारपुर (प्रद्युम्न सिंह): स्थानीय सदर पुलिस ने हरियाबेला के ग्रंथी अवतार सिंह की हत्या के सम्बन्ध में कई स्थानों पर छापे मारे हैं । कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है । गांव बड़ग़ाल के कुछ लोगों को भी हिरासत में लिया गया है । पुलिस इस सिलसिले में अभी तक किसी खास नतीजे पर नहीं पहुंच सकी ।

दो हिरासत में

फगवाड़ा (डोसला): कल रात थाना सदर और सिटी पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ आठ दर्जन देहात और शहर के कई मुहल्लों में छापे मारकर चैकिंग की । पुलिस को कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के क्षेत्र में आने की सूचना मिली थी, इसलिए कई घरों की तलाशियां ली गईं । इस दौरान दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है ।

दुकान को आग लगा दी

कल रात गांव अथोली में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने फिरयाना विक्रेता गुरदेव चन्द की दुकान को मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी और फ़रार हो गए । क्षति का अनुमान 7 हजार रुपए का लगाया जाता है । यह दुकान उसने किराए पर ले रखी थी । थाना सदर ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

हवाई फ़ायरिंग

कौड़ा के अनुसार गत रात्रि निकटवर्ती गांव चक माईदास में एक ग्रामीण से हथियार लूटने आए कुछ संदिग्ध आतंकवादी उस समय भाग निकले, जब ग्रामीण ने उन्हें ललकारा व हवाई फ़ायरिंग कर दी । बंगा पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है ।

स्कूटर छीना, नकदी लूटी

लुधियाना (वार्ता): पुलिस ने आज बताया कि सोमवार की रात को सराभा नगर आबादी में 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर तथा 8300 रुपए छीन लिए । उक्त व्यक्ति का नाम रमेश गुप्ता बताया गया है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

दो की हत्या

फिरोज़पुर (बागी, धीमान): जिला पुलिस चीफ़ श्री सुमेध सिंह सैनी ने आज कहा कि गत रविवार को इस जिला में थाना गुरुहरसहाय के गांव चीचा में एक संदिग्ध आतंकवादी ने दो कृषि मज़दूरों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों के नाम गुरमीत सिंह तथा तेजा सिंह बताए गए हैं । वे दोनों मित्र थे । श्री सैनी ने बताया कि ए.के. 47 चीनी राइफल से लैस आतंकवादी गुरमीत सिंह के घर में घुस गए तथा उस पर और तेजा सिंह पर उस समय फ़ायरिंग की जबकि वे सो रहे थे । दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

Punjab Sanad

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar
रविवार, 1 नवम्बर, 1987 तदनुसार, 16 कार्तिक, 2044

के बाद बताया कि लम्बी दूरी तक मारक क्षमता वाले हथियारों के भंडार को कम करने के लिए बातचीत

हथियारों को खत्म
है । यह पहला

मुठभेड़ों में 4 उग्रवादी मारे गये, सी.आर.पी. के दो जवानों की हत्या

महिला, व्यापारी, पंच, शिक्षक सहित 4 की हत्याएं

सतनाम सिंह सत्ता का शव बरामद, दो जगह लूटपाट

चंडीगढ़, 31 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में विभिन्न स्थानों पर पांच आतंकवादी मारे गए जबकि आतंकवादियों ने सी. आर.पी. के 2 जवानों व एक महिला सहित 6 लोगों की हत्याएं कर दीं । कल जिला गुरदासपुर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में घायल होने वाले बी.एस.एफ. के जवान की आज मृत्यु हो गई । संदिग्ध आतंकवादियों ने गोराया के निकट एक सहकारी समिति को तथा सुनाम में एक डाकघर को लूट लिया ।

व्यापारी की हत्या, 2 उग्रवादी मारे गए

फिरोज़पुर (बागी): आज सायं जिला फिरोज़पुर के गांव कोट ईसाखां में तीन उग्रवादियों ने बाजार में अंधाधुंध फ़ायरिंग करके राम किशन नामक एक लोहा व्यापारी की मौके पर हत्या कर दी और अरुण कुमार, सुरजीत सिंह और बलदेव सिंह नामक तीन व्यक्तियों को घायल कर दिया । दो घायलों अरुण कुमार और सुरजीत सिंह की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें लुधियाना भेज दिया गया है ।

बताया जाता है कि इसके बाद सी.आर.पी. और पुलिस ने अत्यन्त बीरता के साथ हत्यारों का पीछा किया और 3-4 किलो मीटर पीछा करने के बाद उन्हें गांव कड़ियाल की सीमा में जा घेरा । इसके बाद मुकाबला शुरू हो गया, जिसमें दो उग्रवादी जगरूप सिंह पुत्र गुरचरण सिंह और महेन्द्र सिंह पुत्र गुरचरण सिंह निवासी गांव लोहगढ़ मारे गए जबकि उनका तीसरा साथी बचकर भाग निकला ।

एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने कोट ईसाखां से टैलीफोन पर बताया कि जो तीसरा उग्रवादी फरार हो गया है, उसका पीछा किया जा रहा है । उग्रवादी स्कूटर नम्बर पी.ए.आई. 6752 पर कोट ईसा खां में प्रविष्ट हुए थे । उनमें से एक के पास दोनाली बंदूक व दो के पास रिवाल्वरें थीं । बाजार में आते ही उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । सूचना मिलने पर सी.आर.पी. व पुलिस ने घेरा डाल दिया जिसके बाद हुई मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए । घटनास्थल से एक स्कूटर, 2 दोनाली बन्दूकें, एक 32 बोर का रिवाल्वर मिला है ।

सहकारी सोसाइटी को लूट लिया

गोराया (सीरा): आज बाद दोपहर सवा एक बजे स्कूटर पर सवार तीन आतंकवादी गोराया में एक सहकारी समिति तथा बिजली कार्यालय को लूटने आए । बिजली कार्यालय तो बच गया परन्तु गोराया सहकारी कृषि सेवा सोसाइटी में से आतंकवादी 30469.68 रुपए लूट कर फरार होने में सफल हो गये । सोसाइटी के चौकीदार धर्मा ने बताया कि उसने एक ग्राहक को बाहर निकालने के लिये गेट खोला ही था कि हाथ में पिस्तौल लिये दो आतंकवादी अंदर आ गये तथा उसे अपने साथ धकेल कर कैश वाले कमरे में ले गए ।

सोसाइटी के खजांची जगदीश राय के अनुसार अंदर आते ही एक लड़के ने पिस्तौल तान ली तथा थोड़ी दूरी पर खड़ा हो गया जबकि दूसरे लड़के ने उसके निकट जाकर नकदी मांगी । उसने काऊंटर के ऊपर वाला कैश उसको पकड़ा दिया तो उसने जबरदस्ती नीचे का दराज खोल कर कैश निकाल लिया और फरार हो गए । श्री राय ने बताया कि उस समय कमरे में 4 आडिट अफसर भी थे लेकिन किसी ने आतंकवादियों को रोकने की हिम्मत न की । जाती बार वे टैलीफोन भी तोड़ गए ।

पंजाब बिजली बोर्ड गोराया के खजांची मेहरा राम ने बताया कि पहले आतंकवादी उसके कमरे में आए तथा उसे पिस्तौल की नोक पर नकदी उनके हवाले करने को कहा लेकिन आज हमारे पास नकदी नहीं थी । इस पर उन्होंने स्वयं ही दराज खोल कर देखना शुरू कर दिया । जब कुछ न मिला तो वे वापस चले गए । थोड़ी देर बाद पता चला कि वे सोसाइटी के दफ्तर को लूट कर भाग गये हैं । पुलिस जांच कर रही है ।

जवान दम तोड़ गया

गुरदासपुर (विनोद): कल थाना कलानौर के अन्तर्गत मीड़ गांव में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ बी.एस.एफ. का जवान रामचन्द्र आज प्रातः पठानकोट के सैनिक अस्पताल में दम तोड़ गया । मुठभेड़ में पंजाब नैशनल बैंक लूटकर भाग रहे दो आतंकवादी भी मारे गए थे । जिला पुलिस चीफ श्री जे.पी. बिरदी ने मृत आतंकवादियों के नाम रवेल सिंह (जिला अतिरिक्त सैशन जज का भूतपूर्व अर्दली) तथा हरदयाल सिंह बताए हैं । श्री बिरदी ने बताया कि रवेल सिंह 2 जून को जज के निवास स्थान से .12 की एक डबल बैरलगन, 75 कारतूस तथा छः हजार रुपए लेकर फरार हो गया था और आतंकवादियों से जा मिला था ।

उन्होंने कहा कि बहबलचक गांव निवासी रवेल सिंह ने इसके शीघ्र बाद 12 जून को स्थानीय नमक मंडी क्षेत्र से दस हजार रुपए नकद के एक स्कूटर छीना था । वह 9 जुलाई को गुरदासपुर मार्केट कमेटी के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह की हत्या में भी संलिप्त था । 21 जुलाई को पीरोशाह के निकट चार बस यात्रियों की हत्या में भी उसने हिस्सा लिया था और 20 अगस्त को थाना धारीवाल के गांव मानेपर में परमजीत सिंह की हत्या की थी । उन्होंने कहा कि रवेल सिंह 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' से सम्बन्धित था और 10 अक्तूबर को हुई एक मुठभेड़ में बचकर भाग निकला था जिसमें उसका साथी हीरा सिंह मारा गया था । उन्होंने कहा कि हरदयाल सिंह भी खालिस्तान कमांडो फोर्स का सदस्य था ।

श्री जे.पी. बिरदी ने कल की घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि 6 आतंकवादी बैंक में अपना नया अकाऊंट खोलने के बहाने घुसे और बैंक में प्रवेश करते ही उन्होंने बैंक के गार्ड जसबीर सिंह से उसकी दोनाली बंदूक छीन कर उससे कारतूस निकाल लिए और बंदूक को भी खोल दिया । श्री बिरदी ने बताया कि उसके बाद आतंकवादियों ने अपने हथियार निकाल लिए । आतंकवादियों में से चार के पास स्टेनगन, एक के पास पिस्तौल और एक के पास रिवाल्वर था । आतंकवादियों ने बैंक मैनेजर से बैंक का स्ट्रांग रूम खोलने को कहा परन्तु मैनेजर ने कहा कि स्ट्रांग रूम में कुछ भी नहीं है जिस पर आतंकवादियों ने कैशियर से 23057 रुपए छीने तथा फरार हो गए । श्री बिरदी के अनुसार आतंकवादियों ने भागते समय बैंक के बाहर एक बैंक कर्मचारी के राजदूत मोटर साइकल को भी स्टार्ट करने की कोशिश की परन्तु सफलता न मिली । इस पर एक आतंकवादी साइकल पर और पांच पैदल ही भाग गए । आतंवादियों ने अपने कंधों पर थैले लटका रखे थे जिनमें हथियार छुपा रखे थे ।

श्री बिरदी के अनुसार अचानक ही बी.एस.एफ. की एक गश्ती पार्टी वहां आ गई और उन्होंने पीछा करके दो आतंकवादियों को मार दिया जबकि चार भागने में सफल हो गए । श्री बिरदी के अनुसार घटनास्थल से बैंक से लूटी सारी राशि बरामद कर ली गई है और वहां से एक स्टेनगन, एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल, 381 कारतूस और चार मैगजीन

(शेष पृष्ठ 10 पर)









अमृतसर जिला में आतंकवादियों से भारी परिमाण में पक दिखाये ।

एक वर्ष में ज़िला अ 519 हथियार बर

अमृतसर, 31 अक्तूबर (अशोक सोनी): आज यहां पुलिस लाइन्ज में गत एक वर्ष के दौरान आतंकवादियों से अमृतसर जिला में पकड़े गए विभिन्न किस्म के 519 हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई जिनमें 11 ए.के. 47 चीनी राइफलें भी शामिल हैं । पुलिस लाइन्ज में बुलाए गए एक पत्रकार सम्मेलन में एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि इन हथियारों में विदेशी चिन्हों वाले हथियार भी शामिल हैं । हथियारों का ब्यौरा इस प्रकार है :-

कार्बाइन-3, स्टेनगन 6, स्टेन कार्बाइन 6, स्निपरफील्ड 2, राइफल (303) 7, राइफल (315) 15, राइफल (.410 मस्कट ग्राम रक्षा योजना में प्रयुक्त) 2, दोनाली बंदूक (.12) 40, एक नाली बंदूक (.12 बोर) 43 (इनमें दस बंदूकें बैरल और बट कटी हुई थीं), पिस्तौल (.12 बोर) 179, पिस्तौल (.303) 95, पिस्तौल (.315 बोर) 10, पिस्तौल (.32 बोर) 18, पिस्तौल (.9 एम.एम.) 3, माऊज़र 5, पिस्तौल (.25 बोर) 1, पिस्तौल (.22 बोर) 3, रिवाल्वर (.455) बोर 10, रिवाल्वर (.32 और .38 बोर) 57, एच ई 36 हथगोले 6 और देसी बम 2 के अलावा विभिन्न प्रकार के 6000 कारतूस ।

श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि ए.के. 47 असाल्ट राइफलें जिन 11 आतंकवादियों से बरामद हुई हैं, उनमें से अ
मुठभेड़ों में मारे ज
यह चीनी राइफलें
'ए' श्रेणी आतंकव
बलविंदर सिंह उ
अमृतसर के बाबा
में मारे गए थे ।
तीन आतंकवादियो
धर्म सिंह (खालिस
(बब्बर खालसा ए
(खालिस्तान कमां
यह सुरक्षा बलों
उनके अलावा अज
मारे गए दो आत
(खालिस्तान कमां
सिंह उर्फ काला (बी
थीं ।

प्रथम श्रेणी

नई दिल्ली, 3
प्रथम श्रेणी बातान
नवम्बर से महंगी
सरकार द्वारा घोषि
जा रहा है । यह स
संसाधन जुटाने हेतु
अन्य श्रेणियों को रेल
सुपरचार्ज से रेलवे
अतिरिक्त आय चा
है ।

कार्यालय के लिए आवास चाहिए

सैक्टर-17 चंडीगढ़ में या इसके इर्द-गिर्द के क्षेत्र में लीज आधार पर अधिमानित रूप से फर्स्ट फ्लोर पर लगभग 1500 वर्ग फुट कारपैट क्षेत्र के कार्यालय आवास के लिए पेशकशें आमंत्रित की जाती हैं ।

इच्छुक एस्टेट/सम्पत्ति मालिक, जिनके पास निर्मित स्थान है और जो

खुशखबरी शुभ आरम्भ खुशखबरी
दिल्ली में कल से न्यू भंडारी अस्पताल
अमृतसर की नई ब्रांच की शुरूआत
पता : J-153, राजौरी गार्डन, नजदीक मेन मार्कीट,
नई दिल्ली-110027

दक्षेस राष्ट्र दूसरों की कठपुतली न बनें : भारत की चेतावनी

काठमाडू, 31 अक्तूबर : भारत ने दक्षिण एशियाई देशों को सावधान किया कि वे दूसरों के हाथ की कठपुतली न बनें और सिर्फ अपनी शर्तों पर बाहरी सहयोग लें । विदेश राज्यमंत्री नटवर सिंह आज 'दक्षेस' की मंत्रि परिषद में दक्षेस परियोजनाओं के लिए विदेशी मुद्रा एकत्र करने के उद्देश्य से लाए जा रहे नए प्रस्ताव के संदर्भ में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि नव उपनिवेशवाद दक्षेस के सदस्य देशों पर दबाव डालने में काफी समर्थ है, इसलिए भारत नहीं चाहता कि यह संगठन विदेशी संसाधनों का उपयोग करने के लालच में उनका पिछलग्गू बन जाए ।

दक्षेस के तीसरे शिखर सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं । शिखर सम्मेलन आगामी दो नवम्बर को यहां की भव्य रायल नेपाल अकादमी में शुरू हो रहा है । नेपाल के महाराजा बीरेन्द्र इसका उद्घाटन करेंगे ।

दक्षिण एशियाई देश अगले सप्ताह यहां आतंकवाद के एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करेंगे । दक्षेस के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि दस्तावेज में आतंकवाद के खिलाफ सांझे रूप से काम करने के लिए राजनैतिक और नैतिक रूप से प्रतिबद्धता व्यक्त की जाएगी । दस्तावेज को अंतिम रूप दे दिया गया है । दक्षेस के प्रवक्ता यादव कांत सिलवाल ने बताया कि समझौते पर अभी इसलिए हस्ताक्षर नहीं किए जा रहे हैं ताकि सदस्य देशों के पास उसकी बारीकियों को समझने के लिए समय रहे ।

वैसे समझौते पर हस्ताक्षर के लिए समय-सीमा निश्चित नहीं की गई है । प्रवक्ता ने बताया कि समझौते में सभी सात देशों के विचारों का ध्यान रखा जाएगा ।

सम्मेलन के आयोजन में प्रत्यक्ष रूप से तीन करोड़ नेपाली रुपए खर्च होंगे । इसके मौजूदा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 22 करोड़ नेपाली रुपए खर्च होने की सम्भावना है ।

विदेशी मुद्रा जुटाने के लिए क्षेत्रीय बैंक की स्थापना के बंगला देश का विवादास्पद प्रस्ताव दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन ने स्वीकार

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sahitya

आतंकवादी मुठभेड़ में मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

बरामद हुए हैं । बरामद कारतूसों से पता चलता है कि भागने वाले आतंकवादियों के पास चीन की बनी आधुनिक स्टेनगन थी ।

हत्या कांड का विवरण

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 20 किलो मीटर दूर साधरा में हुई वारदात जिसमें कल रात पंडित शीतल दास मारा गया था,का अधिक विवरण मिला है । उसके अनुसार शीतल दास, जो ग्रैजुएट था, घर के काम के अतिरिक्त अधिकतर भजन-बंदगी में लगा रहता । उसके अन्य चार भाई हैं । गांव के लोगों के अनुसार उसकी किसी से शत्रुता नहीं थी । वह आम तौर पर अपनी चक्की के पीछे सोया करता था । कल रात चक्की बंद करने के बाद अपने बिस्तर पर सोने गया तो दो-तीन लोग उसके पीछे आ गए । उन्होंने आते ही गोलियां बरसानी शुरू कर दीं ।

एक प्रवक्ता के अनुसार वहां स्टेनगन का प्रयोग किया गया । यह चक्की गांव से लगभग एक किलो मीटर दूर है । वहां कुछ हरिजनों के घर हैं । बताया जाता है कि जब यह घटना घटी तो लोग गोलियों की आवाज सुनकर आतंकित हो गए और घरों के अन्दर चले गए । जब यकीन हो गया कि गोलियां चलाने वाले वापिस जा चुके हैं तो वहां आए और पुलिस को सूचना दी गई । अभी तक यह पता नहीं चल सका कि आक्रमणकारियों की संख्या कितनी थी तथापि पुलिस का कहना है कि वे केवल दो थे । गांव के एक व्यक्ति के अनुसार वे घटनास्थल पर पैदल ही आए । यह हो सकता है कि वे कहीं पास ही अपना वाहन छोड़ कर आए हों ।

टीचर की हत्या

लुधियाना (धीमान): आज प्रातः यहां के सराभा नगर के निवासी मास्टर गुरदीप सिंह की यहां से 12 किलोमीटर दूर आलीवाल के रास्ते में दो अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी और उसका स्कूटर छीन कर फरार हो गये । बताया जाता है कि मास्टर ने यह स्कूटर 3-4 दिन पहले खरीदा था । वह गवर्नमैंट मिडल स्कूल आलीवाल में अपनी ड्यूटी पर जा रहा था कि रास्ते में पैदल जा रहे दो व्यक्तियों ने उसे घेर लिया तथा उस पर गोलियां चलाईं जिससे वह सख्त घायल हो गया और वे उसका स्कूटर लेकर फरार हो गये । पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर ट्राली वाले ने मास्टर गुरदीप सिंह को ट्राली में डाल लिया लेकिन अस्पताल के रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई । पुलिस ने इस संबंध में कृषि विश्वविद्यालय के दो दर्जन छात्रों को हिरासत में लिया है ।

लुटेरे पहले भी आए थे

महिन्द्रा के अनुसार कल दोपहर बाद जिस सराफ की दुकान पर उग्रवादियों ने डाका डाला,उस सम्बन्ध में कुछ और विवरण प्राप्त हुए हैं । दुकान के पार्टनर श्री संजीव ढंडा ने बताया कि 24 अक्तूबर को एक उग्रवादी कल वाली महिला के साथ उनकी दुकान पर आया था । उस दिन वे दुकान का जायज़ा लेने के पश्चात् लौट गए । 27 अक्तूबर को वे फिर आए तथा एक अंगूठी 3400 रुपए में खरीदी व कैश बुक में हस्ताक्षर भी किए । 28 अक्तूबर को पुनः उन्होंने एक अंगूठी 615 रुपए में बेची और एक नई अंगूठी 1194 रुपए में खरीदी । श्री संजीव ढंडा ने बताया कि उग्रवादी ने अपना नाम महिन्द्र सिंह तथा पता 735 गऊघाट बताया । महिला ने सलवार-कमीज जामुन रंग की पहनी हुई थी । उग्रवादी केवल सोने के ज़ेवरात के लगभग 17 सैट ले गए हैं । श्री ढंडा ने बताया कि घटना के समय सुरक्षा बलों का कोई कर्मचारी इस क्षेत्र में न था ।

पंचायत सदस्य की हत्या

शाहकोट (चोपड़ा): कल रात निकटवर्ती गांव सोहल खालसा में 3 आतंकवादियों ने गोलियां मार कर पंचायत सदस्य करनैल सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात 10½ बजे के लगभग तीन आतंकवादी पैदल ही खेतों में बनाए गये करनैल सिंह के मकान पर पहुंचे । उन्होंने पहले नौकर को बुलाया तथा कहा कि तुम्हारा मालिक कहां है, उसे बुलाओ । जब करनैल सिंह आया तो उन्होंने उस पर गोलियां चलाईं जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई । हत्या के बाद आतंकवादी आराम से पैदल ही चले गये । पुलिस रात को ही घटनास्थल पर पहुंच गई ।

2 आतंकवादी मरे

अमृतसर (अशोक सोनी): एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि अमृतसर जिला के गांव नूरपुर थाना झब्बाल में सुरक्षा बलों की एक नाका पार्टी के साथ भिड़ंत में खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित दो आतंकवादी सुरिंदर पाल सिंह उर्फ बिट्टू निवासी गांव मत्तन थाना झब्बाल और फतेह सिंह निवासी गांव आरिफके जिला फिरोजपुर मारे गये जबकि उनके 2 साथी भाग निकलने में सफल हो गए । मृतकों के कब्जे से पुलिस को पाकिस्तान निर्मित एक .30 बोर व एक .12 बोर की बंदूक, इसके 6 करामद व चले हुए कारतूस मिले ।

उन्होंने कहा कि सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी ने चार संदिग्ध व्यक्तियों को गांव नूरपर के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुये पाया तथा जब गश्ती पार्टी ने उन्हें रुकने का संकेत किया तो संदिग्ध आतंकवादियों ने गश्ती पार्टी पर फायरिंग की । गश्ती पार्टी ने जवाबी फायरिंग की जिसमें दो आतंकवादी मारे गये । उन्होंने बताया कि सुरिन्दर पाल सिंह प्लस 'बी' श्रेणी का आतंकवादी था और उसके सिर पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था । यह आतंकवादी कुलदीप सिंह मच्छल तथा कारज सिंह के साथ मिल कर गांव सोहल में 4 व्यक्तियों की हत्या तथा गांव खुब्बन में 5 व्यक्तियों की हत्या में संलिप्त था । इसके अलावा भी उसने कई हत्याएं की थीं । फतेह सिंह के बारे में एस.पी. ने बताया कि वह पुलिस की सूची में नहीं था अतः उसके द्वारा की गई वारदातों का ब्यौरा नहीं दिया जा सकता । उन्होंने बताया कि गांव नूरपर में भिड़ंत रात 10.45 बजे हुई थी । घटनास्थल से पुलिस को 9 एम.एम. के भी कुछ कारतूस मिले ।

सत्ता का शव मिला

अमृतसर जिला पुलिस ने आज मल्लियां गांव से एक शव बरामद किया । पुलिस ने बताया कि शव 'बी' श्रेणी के आतंकवादी, सतनाम सिंह सत्ता का था ।

पुलिस का ख्याल है कि सतनाम सिंह उर्फ सत्ता उग्रवादी धड़ों की आपसी लड़ाई में मारा गया ।

निहंग घायल

गत रात्रि खड़र साहब के निकट एक डेरा में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में एक निहंग हरि सिंह तलवार लगने से घायल हो गया । उसे अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का अजय तलवाड़, उम्र 15 साल, कद 5'-2", रंग साफ़, गत सोमवार 26.10.87 से गुम है ।



(1, 2) जिला गुरदासपुर के कलानौर थानांतर्गत गांव बरूशीवाल में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने वाले उग्रवादियों में से 2 के शव जो सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में मारे गए । (3) बैंक की शाखा जिसे लूटा गया । (4) मृत उग्रवादियों से मिले हथियार व गोली-सिक्का । (छाया : पंजाब केसरी) । (5) सीतल कुमार (इनसैट) का शव जिसे उग्रवादियों ने जिला होशियारपुर के गांव साधरा में गोली मार दी । (6) सीतल कुमार का शोक संतप्त परिवार । (छाया : प्रद्युम्न)

शव मिला

अमृतसर के तरनतारन क्षेत्र में एक महिला का गोलियों से बिंधा हुआ शव बरामद हुआ है । संदेह है कि उग्रवादियों ने उसकी हत्या की है ।

गोली मार दी

एक अन्य घटना में लोपोके थाना क्षेत्र के रामतीर्थ क्षेत्र में कोटला ग्राम के पास एक किसान कश्मीर सिंह को उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया ।

टांगरा में फायरिंग

रैय्या से जसपाल के अनुसार गत रात 9.30 बजे के करीब यहां से 8 किलो मीटर दूर गांव टांगरा में कुछ आतंकवादियों ने, जो लाल रंग की मारुति कार में सवार थे, सरपंच सतीश कुमार के घर के सामने आकर फायरिंग की । जवाब में सरपंच के परिवार के सदस्यों ने भी गोली चलाई ।

गोली की आवाज सुनकर गांव में तैनात साइकल चलाने तथा 7 बजे के बाद दुकानें खोलने पर लगाई गई पाबंदियां 30 नवम्बर तक बढ़ा दीं । तथापि उन्होंने 3.5 हार्स पावर से कम के मोटर साइकलों, स्कूटरों तथा मोपेडों पर प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक दोहरी सवारी और इन दोपहिया वाहनों पर प्रातः 6 बजे से रात 9 बजे तक इकहरी सवारी की अनुमति दे दी ।

मृतक गोरखा था

जालन्धर (क): गत रात स्थानीय श्रमन नगर में नाकाबंदी के दौरान पुलिस के साथ मुकाबले में जो व्यक्ति मारा गया था, वह स्थानीय नई आबादी संतोखपुरा का एक गोरखा वीर बहादुर था, जो दो हत्याओं तथा कुछ लूटपाट की वारदातों में वांछित था । पुलिस सूत्रों के अनुसार उसने इंडस्ट्रियल एरिया की फ़ैक्टरी इंटरनैशनल इंडस्ट्रीज़ में गत 9 अप्रैल को चोरी करते हुए उसके चौकीदार की हत्या की थी, गत 25 जून को उत्तर प्रदेश के एक श्रमिक

We Stand By Merit

Real न्यू स्टार Recommend

NEW STAR®
BANK OF QUESTIONS
&
Model Test Papers
for X Class

Punjabi Sahitan

था ।

पुलिस का ख्याल है कि सतनाम सिंह उर्फ सत्ता उग्रवादी धड़ों की आपसी लड़ाई में मारा गया ।

निहंग घायल

गत रात्रि खड़ूर साहब के निकट एक डेरा में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में एक निहंग हरि सिंह तलवार लगने से घायल हो गया । उसे अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का **अजय तलवाड़**, उम्र 15 साल, कद 5'-2", रंग साफ़, गत सोमवार 26.10.87 से गुम है । पहचाने वाले को 500/- शुक्राना दिया जाएगा । यदि अजय खुद यह विज्ञापन पढ़े तो शीघ्र घर आ जाए । उसकी मम्मी सख्त बीमार है ।

गुरसहाय तलवाड़, स्ट्रीट नं. 11, प्रह्लाद नगर, होशियारपुर ।

शव मिला

अमृतसर के तरनतारन क्षेत्र में एक महिला का गोलियों से बिंधा हुआ शव बरामद हुआ है । संदेह है कि उग्रवादियों ने उसकी हत्या की है ।

गोली मार दी

एक अन्य घटना में लोपोके थाना क्षेत्र के रामतीर्थ क्षेत्र में कोटला ग्राम के पास एक किसान कश्मीर सिंह को उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया ।

टांगरा में फायरिंग

रैय्या से जसपाल के अनुसार गत रात 9.30 बजे के करीब यहां से 8 किलो मीटर दूर गांव टांगरा में कुछ आतंकवादियों ने, जो लाल रंग की मारुति कार में सवार थे, सरपंच सतीश कुमार के घर के सामने आकर फायरिंग की । जवाब में सरपंच के परिवार के सदस्यों ने भी गोली चलाई ।

गोली की आवाज़ सुनकर गांव में तैनात सी.आर.पी. की टुकड़ी ने आतंकवादियों का पीछा किया परन्तु वे कार में भाग निकले । उल्लेखनीय है कि सरपंच सतीश कुमार की कुछ समय पूर्व ही आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी ।

पनाह देने पर गिरफ्तार

पट्टी क्षेत्र में लक्खा सिंह नामक व्यक्ति को तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के कट्टर आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया, जबकि एक संदिग्ध आतंकवादी सतविंदर सिंह से देसी पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

पाबंदियां बढ़ीं

कपूरथला (शर्मा): जिला मैजिस्ट्रेट कंवर गुलवन्त सिंह ने आज जिला भर में 5 या इससे ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने, हथियार लेकर चलने, लाऊड स्पीकर के इस्तेमाल, 3.5 हार्स पावर के मोटर साइकल चलाने तथा 7 बजे के बाद दुकानें खोलने पर लगाई गई पाबंदियां 30 नवम्बर तक बढ़ा दीं । तथापि उन्होंने 3.5 हार्स पावर से कम के मोटर साइकलों, स्कूटरों तथा मोपेडों पर प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक दोहरी सवारी और इन दोपहिया वाहनों पर प्रातः 6 बजे से रात 9 बजे तक इकहरी सवारी की अनुमति दे दी ।

मृतक गोरखा था

जालन्धर (क): गत रात स्थानीय अमन नगर में नाकाबंदी के दौरान पुलिस के साथ मुकाबले में जो व्यक्ति मारा गया था, वह स्थानीय न्यू आबादी संतोखपुरा का एक गोरखा वीर बहादुर था, जो दो हत्याओं तथा कुछ लूटपाट की वारदातों में वांछित था । पुलिस सूत्रों के अनुसार उसने इंडस्ट्रियल एरिया की फ़ैक्टरी इंटरनैशनल इंडस्ट्रीज़ में गत 9 अप्रैल को चोरी करते हुए उसके चौकीदार की हत्या की थी, गत 25 जून को उत्तर प्रदेश के एक श्रमिक की हत्या करके उसका शव नहर में फैंक दिया था । 29 सितम्बर को थाना सदर के क्षेत्र में एक स्टीरियो, टी.वी. तथा 13500 रुपए, 15 अक्तूबर को डिवीज़न 3 के क्षेत्र में 42 रुपए की डाक टिकटें डाकखाना से चुराई थीं, उसी क्षेत्र में 19 अक्तूबर को एक टी.वी., टेप रिकार्डर आदि तथा 3850 रुपए चुराए थे और 20 अक्तूबर को उसी क्षेत्र में दो साइकलें चोरी किए थे ।

सी. आर. पी. के 2 जवानों की हत्या

जालन्धर में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार आज रात्रि कपूरथला जिले में सुल्तानपुर लोधी रोड के अलीचक ग्राम में उग्रवादियों द्वारा घात लगा कर किए गए हमले से सी. आर. पी. की 30वीं बटालियन की जीप सवार गश्ती टुकड़ी के दो जवान मारे गए व एक घायल हो गया । उग्रवादियों की संख्या ज्ञात नहीं हो सकी ।

NKOT
on of
TILAK HOSPITAL
– Tilak Raj
M.B.B.S., M.S. (Surgery)
Will Serve
Nagar, Dhangu Road,
ATHANKOT
he Ist November, 1987
at 10 A.M.
R. Banga S.D.M.,
ATHANKOT
te.

heatre.
K-ray.
ervices of Technically qualified staff.
having all Modern facilities.
ply ensured.

Prem Singh Kanwar M.D. (Gynae) Ex. Lt.
A. M.C., Pathankot.
ankot Medical Diagnostic Centre,
ankot.
K.C. Saini M.A. Ex Dean. S.M.D.R.S.D.
ge Pathankot.
Subash Gupta M.D., Pathankot.
Ajay Mahajan M.D., Pathankot.
L. Kukreja S.M.O. Civil Hospital, Pathankot.

एक आओ ! **अनेक आओ !**

हरियाणा मुख्यमंत्री-
सूखा राहत कोष मेला

पंचकूला
(सैक्टर 16 ग्राऊंड)
एकत्रित धन
मुख्यमंत्री हरियाणा
माननीय चौधरी देवी लाल को
1 नवम्बर 1987 को सुबह 11.30 बजे भेंट किया जाएगा

सांस्कृतिक कार्यक्रम :
1. पुष्प सज्जा — अप. 1 बजे से अप. 2 बजे तक
2. संगीत प्रतियोगिता :
   एकल — अप. 2 बजे से सायं 3 बजे
   समूह — सायं 3 बजे से सायं 4 बजे
3. पंचकूला राजकुमारी — हरियाणवी ड्रैस
4. पंचकूला सम्राज्ञी — –तदैव–

सांस्कृतिक कलाकारों को
मान्य चौ. वीरेंद्र सिंह
सिंचाई एवं ऊर्जा मंत्री पुरस्कार वितरित करेंगे
कालेज/स्कूल विद्यार्थी-प्रतियोगियों को
चौ. रणजीत सिंह (एम.एल.ए.) सायं 4 बजे पुरस्कार वितरित करेंगे

पत्नी को पी

अमृतसर, 3
बिजली बोर्ड के
306 के अंतर्गत

घटना इस प्र
पहले इसकी शाद
थी । दोनों सुरसि
शराब पीने का आ
से पैसे मांगता रह
झगड़ा होता रहा
नारायणगढ़ आ गई
घर ले गया । जहां
ने अपने ऊपर मि
ली । उसे गुरुतेग
करवा दिया गया है
है । थानेदार सत
गिरफ्तार कर लिया

चित्तरंजन को

कलकत्ता, 31
मुख्यमंत्री ज्योति ब
नई दिल्ली के
आतंकवादियों के ह
लिए संबंधित अधिक
आग्रह किया । श्री ब
पत्र में कहा है कि चि
जिनमें ज्यादातर बं
हमले का डर है और
रही है । श्री बसु ने
आतंकवादियों द्वारा
व्यक्तियों की हत्या
जानी चाहिए ।

(पृष्ठ

हरियाणा से कांग्रेस क
पांच इंकाई जीते वह
सहायता से जीत पाए
कहा इंका के पांच विध
उठाने के लिए और ए
मुख्यमंत्री ने इस बात
सूखा न पड़ता तो हरिय
दी जानी थीं । चौ.
सरकार ने जो वृद्ध पैंश
का मान बढ़ा है जिन
जनसभा को अन्य जि

Punjabi Sarayan

सुरक्षा बलों से विभिन्न भिड़ंतों में मुच्छल सहित 7 उग्रवादी मरे

लड़की की हत्या करके भाग रहे दो गुंडों को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला

वाडियां कलां में उग्रवादियों द्वारा 6 की हत्या

चंडीगढ़, 1 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत चौबीस घंटों में सात दर्दांत उग्रवादियों सहित 14 लोग मारे गए, जबकि गोलियों से बिंधा हुआ एक स्त्री का शव भी मिला है । मारे गए दुर्दांत उग्रवादियों में 'ए' श्रेणी का कुख्यात उग्रवादी कुलदीप मुच्छल भी शामिल है, जिसके ऊपर एक लाख रुपए का इनाम था । जिला अमृतसर के थाना जंडियाला के क्षेत्र में बब्बर खालसा गिरोह से सम्बद्ध चार उग्रवादी निहंगों और पुलिस के साथ हुए मुकाबले में मारे गए । बटाला के गांव में एक युवती की हत्या करके भागे दो उग्रवादियों में से एक की ग्रामीणों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी जबकि दूसरा सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में मारा गया, जिला होशियारपुर के गांव वाडियां कलां में आज रात 6 लोगों की उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला अमृतसर में पुलिस ने 4 सदस्यीय उग्रवादी गिरोह को भी गिरफ्तार किया है ।

मुच्छल मारा गया

अमृतसर (वि.प्र.): तरनतारन थाना सदर के गांव समस्तपुरा में गत रात्रि सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में 'ए' श्रेणी का उग्रवादी कुलदीप सिंह मुच्छल मारा गया जबकि उसके तीन साथी भाग निकलने में सफल हो गए । मुच्छल खालिस्तान लिब्रेशन फोर्स का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल था तथा उस पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था ।

साथी फरार

आज प्रातः जिला कचहरी स्थित अपने कार्यालय में बुलाए गए एक पत्रकार सम्मेलन में एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गत रात्रि गांव समस्तपुरा (थाना सदर तरनतारन) में सुरक्षा बलों की एक पार्टी पर चार उग्रवादियों ने हमला किया, जिसके उत्तर में सुरक्षा बलों ने भी जवाबी गोलियां चलाईं, जिस पर एक हमलावर मारा गया, जबकि उसके तीन साथी भाग निकलने में सफल रहे । बाद में मृतक की 'ए' श्रेणी के कुख्यात उग्रवादी कुलदीप सिंह मुच्छल के रूप में पहचान की गई । श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि उसके सिर पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था और वही कुख्यात उग्रवादी संगठन 'खालिस्तान लिब्रेशन फोर्स' का स्वयं लैफ्टिनैंट जनरल था ।

उग्रवाद का संस्थापक सदस्य था

श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस को मृतक के कब्जे से एक .12 बोर की बंदूक और एक के 47 एसाल्ट राइफल के तीन चले हुए कारतूस, 9 एम.एम. के चार चले हुए कारतूस और .12 बोर के दो जीवित और चार चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं । मुच्छल पंजाब में आतंकवाद का संस्थापक सदस्य था तथा वह 13 अप्रैल, 1978 में अमृतसर के रेलवे स्टेडियम में हुए निरंकारी भिड़ांवाले संघर्ष में भी शामिल था तथा उसने पंजाब में व पंजाब के बाहर कई निरंकारियों की हत्याएं की थीं ।

कई नरसंहार किए

श्री राजेन्द्र ने बताया कि उग्रवादी मुच्छल ने करज सिंह और सुरेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू के साथ मिलकर 1986 में अबोहर के गांव खुब्बन गांव में बाजार में गोलियां चलाकर 6 व्यक्तियों की हत्या की थी । मुच्छल इसी वर्ष 7 फरवरी को गांव रत्तोकी थाना खालड़ा में पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर मारे गए छापे में से बच निकला था, जब यह अपने सगे भाई के विवाह में शामिल होने के लिए अपने गांव रत्तोकी में आया हुआ था । उन्होंने बताया कि कुलदीप सिंह मुच्छल अपने सिर पर गुरुग्रंथ साहब की बीड़ उठाकर पुलिस को चकमा देकर भाग गया था और उस छापे में शेर सिंह शेर नामक उग्रवादी मारा गया था और सतविंद्र सिंह भोला और अकाली मंत्री श्री साइयांवाला का बेटा हरप्रीत सिंह पुलिस ने काबू कर लिया था ।

मुठभेड़ 15 मिनट जारी रही

'ह.स.' के अनुसार मुच्छल भिडरांवाले का निकट सहयोगी था । पुलिस को घटनास्थल से .12 बोर की बंदूक भी मिली है । मृतक 'ए' श्रेणी के उग्रवादी अवतार सिंह ब्रह्मा के बाद खालिस्तान लिब्रेशन फोर्स का दूसरा सब से बड़ा नेता था । सुरक्षा बलों और उग्रवादियों की मुठभेड़ 15 मिनट जारी रही । पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने अन्य उग्रवादियों की तलाश शुरू कर दी है । पुलिस ने मुच्छल की मृत्यु को उग्रवाद के विरुद्ध एक बड़ी सफलता बताया है । यह गिरोह जिला अमृतसर के मंड क्षेत्र में सक्रिय था ।

किसान को घायल कर दिया

लोपोके थाने के कोटला गांव में कल रात आतंकवादियों ने एक किसान कश्मीर सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया । उसे अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

स्त्री का गोलियों से बिंधा शव मिला

जिला अमृतसर के थाना तरनतारन क्षेत्र के गांव नूरदी के निकट से एक स्त्री का गोलियों से बिंधा शव मिला है । पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी आज यहां दी ।

मुकाबले में 4 उग्रवादी मरे

'ह.स.' के अनुसार अमृतसर से लगभग 20 किलो मीटर दूर थाना जंडियाला के गांव जब्बोवाल में बब्बर खालसा संगठन के चार उग्रवादी निहंगों के एक धड़े और सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में मारे गए । मुकाबला उस समय हुआ, जब उग्रवादियों के छः सदस्यीय गिरोह ने गांव में निहंगों के तरना दल के अजीत सिंह फूला धड़े की निहंगों की छावनी पर हमला कर दिया ।

शस्त्र मिले

एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेन्द्र सिंह ने पत्रकारों को बताया कि सुरक्षा बल, जो उस क्षेत्र में ही थे, उग्रवादियों और निहंगों में गोलियां चलने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे थे । सुरक्षा बल भी गोलियों के आदान-प्रदान में शामिल हो गई, परिणामस्वरूप चार उग्रवादी मेहसमपुरा कलां निरेन्द्र सिंह, भीलोवाल से गुरचरण सिंह और करनैल सिंह और तरसिक्का का सुखदेव सिंह मौके पर ही मारे गए, जबकि उनके दो साथी भाग निकले । चारों मृत उग्रवादियों के शवों के निकट से 455 बोर का एक रिवाल्वर, एक डबल बैरल और एक सिंगल बैरल बंदूक, एक 303 बोर की पिस्तौल और भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद किया गया है । निहंग मूल रूप से तरना दल के बाबा वाहन सिंह के धड़े के हैं, जिनकी उग्रवादियों ने तीन वर्ष पूर्व दशहरे के मौके पर महाराष्ट्र में हत्या कर दी थी । फायरिंग में एक निहंग भी घायल हुआ । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों का उद्देश्य सम्भवतया निहंगों के लाइसैंसी शस्त्र छीनना था ।

निहंगों को पहले पता चल गया था

'वि.प्र.' के अनुसार छः उग्रवादी निहंग बाबा अजीत सिंह फूला के गांव जब्बोवाल में स्थित डेरे में घुसे तो एक निहंग ने एक उग्रवादी के पास किरपाणों

(शेष पृष्ठ 8 पर)







शनिवार की रात्रि को डेरा बाबा नानक थाना क्षेत्र के ग्राम मान में उग्रवादियों द्वारा (1) मारी गई युवती सविन्दर कौर रानो, (2) ग्रामीणों की फायरिंग से मारा गया उग्रवादी जोगेंद्र सिंह (मछराला) तथा (3) कुलदीप सिंह (कादियां राजपूतां) । (छाया : कोछड़)

याकूब खां का इस्तीफा

इस्लामाबाद, 1 नवम्बर (वार्ता): पाकिस्तान के विदेशमंत्री साहबजादा याकूब खां ने आज व्यक्तिगत कारणों से राष्ट्रपति जिया उल हक को 'निजी कारणों से' अपना इस्तीफा दे दिया जिसे उन्होंने 'अनिच्छापूर्वक' स्वीकार कर लिया । आधिकारिक तौर पर आज रात इसकी घोषणा कर दी गई ।

साहबजादा याकूब खां अवकाश प्राप्त जनरल हैं और साढ़े पांच वर्षों से भी अधिक समय से पाकिस्तान के विदेश मंत्री के पद पर कार्यरत थे । वह अमरीका, सोवियत संघ, फ्रांस और जर्मनी में पाकिस्तान के राजदूत भी रह चुके हैं ।

प्रधानमंत्री मोहम्मद खान जुनेजो ने श्री याकूब खां की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश की विदेश नीति का सफलतापूर्वक संचालन किया ।

श्री याकूब खां ने जब यूनेस्को के महानिदेशक पद से अपनी उम्मीदवारी वापस ली थी तब कई राजनीतिक नेताओं ने उनकी आलोचना की थी । इन नेताओं का यह कहना था कि यह देश की विदेशनीति की असफलता का प्रमाण है ।

बताया जाता है कि प्रधानमंत्री मुहम्मद खान जुनेजो ने श्री याकूब खां के इस्तीफे को लेकर कल रात राष्ट्रपति जिया उल हक से बातचीत की थी ।

दो सिपाहियों की हत्या

पटना, 1 नवम्बर : आज रात यहां से दस किलो मीटर दूर मुंगलपुर में अपराध कर्मियों ने दो पुलिस कांस्टेबलों की गोली मारकर हत्या कर दी ।

यूनियन कार्बाइड ने फौजदारी मुकद्दमे वापस लिए जाने की शर्त रखी

भोपाल, 1 नवम्बर : अमरीकी बहुराष्ट्रीय कम्पनी यूनियन कार्बाइड के प्रबन्धकों ने भोपाल गैस पीड़ितों के मुआवजे की राशि न्यायालय के बाहर तय करने के सम्बन्ध में भारत सरकार के समक्ष भोपाल जिला अदालत में चल रहे मुआवजे दावे के मुकद्दमे के साथ-साथ गैस दुर्घटना के सम्बन्ध में दर्ज आपराधिक प्रकरण भी वापस लेने की शर्त रखी है । 30 अक्तूबर को गैस पीड़ितों के मुआवजे के मुकद्दमे की सुनवाई कर रहे भोपाल जिला एवं सत्र न्यायाधीश एम.डब्ल्यू. देव की अदालत में भारत सरकार से चल रही समझौता वार्ता के संदर्भ में अन्तिम निर्णय पर पहुंचने के लिए कुछ और मोहलत मांगने उपस्थित कार्बाइड के एक प्रवक्ता ने बताया कि यदि मुआवजे की राशि पर भारत सरकार से न्यायालय के बाहर समझौता हो जाता है तो उसके विरुद्ध दर्ज आपराधिक प्रकरण भी सरकार को वापस लेना पड़ेगा । उल्लेखनीय है कि तीन वर्ष पूर्व 2-3 दिसम्बर 1984 की रात को यूनियन कार्बाइड के भोपाल स्थित कीटनाशक कारखाने से रिसी विषैली मिथाइल आइसोसायनाइट गैस से हजारों व्यक्तियों की मृत्यु व लाखों लोग बीमार हो गए थे । इस घटना के सम्बन्ध में दर्ज आपराधिक प्रकरण की अभी तक केन्द्रीय जांच ब्यूरो जांच कर रहा है तथा गैस दुर्घटना के संदर्भ में कार्बाइड को दोषी सिद्ध करने सम्बन्धी प्रमाण के सिलसिले में पिछले दिनों कार्बाइड के एक इंजीनियर सुन्दर राजन को पूछताछ के लिए दिल्ली ले जाने के मामले पर भी कार्बाइड ने काफी हल्ला मचाया था ।

मामले की छानबीन कर रहे केन्द्रीय जांच ब्यूरो के उप-पुलिस अधीक्षक स्तर के एक अधिकारी कल भोपाल की गैस पीड़ित बस्तियों के कुछ प्रत्यक्षदर्शियों और कारखाने के कुछ सेवा निवृत्त कर्मचारियों से पूछताछ करने आए थे । उन्होंने इस सम्बवदाता को बताया कि वह अपना जांच कार्य लगभग पूरा कर चुके हैं तथा इस वर्ष के अन्त तक सी.बी.आई. अपनी रिपोर्ट सरकार को दे देगी । विश्वस्त सूत्रों के अनुसार यूनियन कार्बाइड कार्पोरेशन के साथ समझौता वार्ता में शामिल भारत सरकार को कार्बाइड के न्यूयार्क स्थित मुख्यालय से एक वरिष्ठ अधिकारी का पत्र मिला है, जिसमें मुआवजा राशि के समझौते के पूर्व भारत सरकार

भारत-अमरीका से नौसैनिक युद्धक उपकरण खरीदने का इच्छुक

न्यूयार्क, 1 नवम्बर : भारत और अमरीका के बीच रक्षा सहयोग के तहत भारत अमरीका से अपनी

की थी । अमरीका ने संकेत दिया है कि वह एक से अधिक सुपर कम्प्यूटर की बिक्री को मंजूरी दे देगा ।

पंजाब में राष्ट्रपति जारी रहना चाहिए :

56 अति

फालतू

राजनी

नई दिल्ली, 1

में केंद्र सरकार को

के अतिरिक्त भी

सामना करना पड़

फालतू खर्चों में क

लगाये जाने के बाव

नहीं हुआ है, दूसरे

सरकार द्वारा पूरक

भी संभावना नहीं है

देश में व्याप्त

वित्तीय वर्ष में केंद्र

से 1000 करोड़

है । वित्तीय संसाधनों

का महत्व इस कारण

वित्तीय वर्ष के बज

घाटा भी होने वाला

देश की मौजूदा रा

बजट पेश किये जाने

लेकिन सूत्रों ने कहा

स्तर पर अतिरिक्त स

पड़ेगी क्योंकि वह स

वर्ष है इसलिये वि

पड़ेगी ।

वित्त मंत्रालय के

तो लगा था कि करो

परन्तु अब उसमें उ

अभी यह कहना कि

स्थिति होगी क्योंकि

वाले गम्भीर परिणा

परिलक्षित होने लगेंगे

ग्रामीण क्षेत्रों में

मांग भी घटी है अ

विशेषकर एक्साइज़

घट जाने की आशंका

दर रही है । इन स

आयोग और वित्त मंत्र

योजना तैयार करने में

योजना आयोग

1988-89 की केंद्री

वाली राज्यों की योजन

रु. की व्यवस्था क

23677 करोड़ रु.

कहना है कि अगले वर्ष

इस बार की तुलना में

इस वर्ष बचत के

योजनागत खर्चे, विशेष

होने वाले भारी गैर

आयोग की सिफारिशों

प्रभावों के कारण बहुत

व्यय में अत्यन्त साधार

आय संसाधन जुटाने के

वित्तीय रणनीति पर पु

वर्तमान शून्य विकास

खर्चों पर, निरन्तर बढ़

अर्थ व्यवस्था की नीति

और इसी वजह से 198

Punjabi Babuani

संधि में

प्रावधान

पाक मांग ठुकराई

पर चिंता

योग बढ़ाने पर बल दिया गया ।
ग का क्षेत्र बढ़ाने के बारे में सुझाव भी

राजीव गांधी ने आज उन शक्तियों
नया जो कुछ साल पहले तक परमाणु
करने के गुट निरपेक्ष आंदोलन की
क उड़ाते रहे ।
गांधी ने रीगन-गोर्बाच्योव की
का उल्लेख किए बिना कहा कि इसमें
को नष्ट करने के बड़े समझौते की
छी शुरूआत होगी ।
उत्तरी अमरीका यात्रा के बाद की
पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि
न द्वारा परमाणु बम बनाए जाने की
में उसे अमरीकी सैन्य सहायता के
(शेष पृष्ठ 6 पर)



उग्रवादियों द्वारा जिला होशियारपुर के गांव बाड़ियां कलां में रविवार रात को मारे गए (1) गंगा राम, (2) विजय कुमार, (3) घुंघरू दास, (4) राम गोपाल, (5) हरभजन सिंह के पुराने चित्र, (6) जहां शारदा रानी की हत्या की गई । विलाप करते हुए (7) विनोद के घर वाले, (8) ओम प्रकाश के घर वाले, (9) हरभजन सिंह के घर वाले, (10) गंगा राम के घर वाले, (11) राम गोपाल के घर वाले, (12) राम गोपाल ने भागने की कोशिश की लेकिन इस टूटी दुकान में काबू आकर मारा गया, (13) सरपंच की दुकान जिसके पास विनोद कुमार की हत्या की गई, (14) जहां ओम प्रकाश को मारा गया, (15) बैसाखी राम के घर के अंदर बह रहा खून । (छाया : प्रद्युम्न)

सुरक्षा ब

में 3 उ

बाड़ियांकलां में मृतकों की

लोहगढ़ निहंग उ

चंडीगढ़, 2 नवम्बर (वा., ह.स.): आज 3 उग्रवादी मारे गए, जबकि गत होशियारपुर जिले के बाड़ियांकलां उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग रूप से घायल हुए लोगों में से 2 व्यक्ति अस्पताल में मृत्यु हो जाने से मृतकों की स गई है । उग्रवादियों ने आज अमृतसर के गांव में स्थित अमृतसर सैंट्रल कोआपरेटिव शाखा से 9212 रुपए लूट लिए । सुरक्ष इन उग्रवादियों का पीछा किया व उनमें मार गिराया । मृतक की पहचान नहीं हो

लुधियाना पुलिस ने गत रात्रि एक 'बी उग्रवादी जसबीर सिंह को गिरफ्तार कर लि

शव मिला

बटाला से मिली एक खबर के अनुसार शकरपुर के पास एक नाले से 65 वर्षीय सतोख सिंह की लाश बरामद की है पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे

जालंधर जिले के भोजेवाल गांव में आ पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो कथित आतंक गए । पुलिस ने उनके पास से एक राइफल रिवाल्वर बरामद करने का दावा किया । वह स्कूटर भी जब्त कर लिया है जिस

स्तान की बातें करने वालों को सख्ती से कुचल देना चाहिए : वीरभद्र

2 नवम्बर (ख.) : हमें ऐसे लोगों से है जो खालिस्तान की बातें करते हैं अस्थिर बनाना चाहते हैं । ऐसे

कहा कि उत्सव और मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक बपौती के प्रतीक भी हैं,हमारे विश्वास और धर्म के केवल द्योतक ही नहीं हैं । ऐतिहासिक रेणुका मेले के अवसर पर एकत्रित 20 हजार से अधिक लोगों

उपलब्ध करवाने के लिए अतिरिक्त धन उपलब्ध करवाया जाएगा । मुख्यमंत्री ने तालियों की गड़गड़ाहट में घोषणा की कि आगामी चार महीनों में उच्च उपदान पर गेहूं, आटा, दालों की आपूर्ति के

उत्पादन से उचित लाभ प्राप्त कर सकें । उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्यों ने मार्कीट मूल्य में स्थिरता लाई है तथा किसानों की सहायता की है ।

उन्होंने इस बात को दोहराया कि राज्य के सभी

Punjabi Sangam

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

के नीचे छिपा हुआ शस्त्र देख लिया, जिस पर उसने अपने शेष निहंग साथियों को सावधान कर दिया । बताया जाता है कि निहंगों ने एक उग्रवादी को जफ्फा डाल लिया, जिस पर उग्रवादियों ने निहंगों पर फायरिंग शुरू कर दी । निहंगों के सावधान होने के कारण उन्होंने भी उग्रवादियों पर फायरिंग की । इसी दौरान सुरक्षा बल भी वहां पहुंच गए । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार ये उग्रवादी टांगरा में सरपंच और महसमपुरा में एक व्यक्ति की हत्या के लिए भी जिम्मेदार थे ।

नरसंहार की कोशिश असफल करने का दावा

'वार्ता' के अनुसार अमृतसर पुलिस ने चार आतंकवादियों को अमृतसर के मजीठा क्षेत्र में गिरफ्तार कर भीषण नरसंहार का प्रयास असफल करने का दावा किया है । पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र सिंह ने पत्रकारों को बताया कि ये गिरफ्तारियां कल रात की गई । उन्होंने यह बताने से इन्कार कर दिया कि आतंकवादी यह नरसंहार किस गांव में करना चाहते थे । उन्होंने आतंकवादियों के नाम बलविन्दर सिंह, चरणसिंह, जसपाल सिंह तथा बलदेव सिंह बताया । पुलिस ने आतंकवादियों से दो बंदकें, कुछ तलवारें तथा भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं ।

ज्ञानी पूर्ण सिंह को धमकीपूर्ण पत्र समेत युवक गिरफ्तार

एस.पी. श्री राजेन्द्र सिंह ने पत्रकारों को बताया कि अमृतसर पुलिस ने एक युवक जसबीर सिंह निवासी गांव नरूड़ थाना फगवाड़ा को काबू किया है, जिसके कब्जे से उग्रवादी संगठन 'बीर खालसा दल, आनन्दपुर साहिब' द्वारा लिखा गया ज्ञानी पूर्ण सिंह के नाम एक धमकीपूर्ण पत्र मिला है । जसबीर सिंह को उस समय संदिग्ध परिस्थितियों में काबू किया गया, जब वह अमृतसर सैंट्रल जेल में अपने भाई सुखदेव सिंह, जो 'बी' श्रेणी का उग्रवादी है, को मिलने के लिए अन्दर जाना चाहता था । उसकी संदिग्धावस्था को भांपकर पुलिस ने उसे रोका और उसके कब्जे से उक्त पत्र बरामद किया । राजेन्द्र सिंह ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसके भाई सुखदेव सिंह को कुछ समय पूर्व कपूरथला पुलिस ने गिरफ्तार किया था, उसके भाई पर उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है । जसबीर सिंह ने पुलिस को यह भी बताया कि अपने भाई को मिलने और उसे जेल से किसी न किसी तरह छुटकारा दिलाने के लिए वह दरबार साहिब भी गया था और कुछ उग्रवादियों से भी बात की थी । इसी मध्य दरबार साहिब में एक युवक सुखदेव सिंह, जो उन्हीं के गांव का निवासी है, ने उसे बीर खालसा दल वाला ज्ञानी पूर्ण सिंह के नाम लिखा पत्र थमाया और निर्देश दिया कि वह इसे जाकर फगवाड़ा या किसी अन्य नगर से ज्ञानी पूर्ण सिंह के नाम डाक में डाल दे ताकि ज्ञानी पूर्ण सिंह को एहसास हो कि उसे दरबार साहिब के अन्दर से ही उग्रवादियों द्वारा धमकियां नहीं दी जा रहीं, बाहर से भी सिखों द्वारा दी जा रही हैं । इस पत्र में ज्ञानी पूर्ण सिंह से त्याग पत्र भी मांगा गया है । यह पत्र 'बीर खालसा दल' की ओर से प्यारा सिंह और जोगेन्द्र सिंह नामक व्यक्तियों की ओर से लिखा गया है ।

पत्र में अकाल तख्त के जत्थेदार दर्शन सिंह तथा उग्रवादियों के बीच छिड़े विवाद में मुख्यग्रंथियों के रुख की आलोचना की गई है और मुख्यग्रंथियों को मुसीबत में फंसे उग्रवादियों की मदद करने के लिए कहा गया है ।

प्रतिबंध-आदेशों की अवधि बढ़ी

जिला मैजिस्ट्रेट अमृतसर ने नगर व जिले के लिए विभिन्न प्रतिबंधों की अवधियां और दो मास अर्थात् 1 नवम्बर से 29 दिसम्बर तक के लिए बढ़ाए जाने के आदेश जारी किए हैं । जिला मैजिस्ट्रेट श्री सर्बजीत सिंह ने आदेश दिया है कि जिले में सभी दुकानें सायं 6.30 बजे बंद होंगी लेकिन रेस्तरां, ढाबे, बेकरियां, हलवाई की दकानें व अन्य खाद्य सामग्री की दकानें तथा शराब की दुकानें रात्रि 9 बजे तक खुली रहेंगी। सिनेमा 9.30 बजे के शो नहीं दिखा सकेंगे ।

दोहरी सवारी पर प्रतिबंध लगा रहेगा

जिला भर में स्कूटर, मोटर साइकल और मोपेड पर दोहरी मर्दाना सवारी नहीं बैठ सकती, लेकिन 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे व महिलाएं दोहरी सवारी कर सकेंगी । सामान्य नागरिक अपने दोपहिया वाहनों पर पीला रंग भी न करवा सकेंगे।

तीसरे आदेश के अनुसार जिले में कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर आग्नेय या तेजधार शस्त्र लेकर नहीं जा सकता ।

एक अन्य आदेश में नगर निगम अमृतसर की सीमाओं में रहने वाले आवासीय स्थलों के मालिकों को आदेश दिया गया है कि वे अपनी सम्पत्ति बेचते अथवा खरीदते समय अथवा नया किराएदार रखते समय अपने निकटवर्ती पुलिस स्टेशन को सूचित करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

जिले में नागरिकों द्वारा जलूस निकालने, सभाएं करने अथवा प्रदर्शन करने अथवा चार या चार से अधिक लोगों के सार्वजनिक स्थानों पर जमा होने पर भी रोक लगाई गई है । बिना अनुमति के लाऊड स्पीकर का प्रयोग भी नहीं किया जा सकेगा । इसके अंतर्गत न तो नारेबाजी की जा सकेगी तथा न ही आपत्तिजनक टेप बजाए जा सकेंगे ।

एक आदेश में जिला अमृतसर में पड़ती भारत-पाक सीमा पर आम नागरिकों के सीमा के 500 मीटर के घेरे के अंदर सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है । बसें सायं 6 से प्रातः 6 बजे तक न चलाई जा सकेंगी।

मासूम लड़की की हत्या करके भागे दो उग्रवादी मारे गए

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर में थाना डेरा बाबा नानक के गांव मान में रात्रि लगभग दस बजे दो उग्रवादियों द्वारा एक 18 वर्षीय मासूम व बेगुनाह लड़की सविन्द्र कौर 'रानो' की हत्या करने तथा बाद में ग्रामीणों द्वारा एक उग्रवादी की पिटाई और दूसरे की सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में मृत्यु होने का समाचार मिला है ।

जिला गुरदासपुर के पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. बिरदी ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि गत रात्रि दोनों सशस्त्र उग्रवादी गांव मान में दीवार फांद कर एक व्यक्ति बचन सिंह के घर में लूटपाट व हत्या करने के लिए घुस आए और उन्होंने बचन सिंह की पत्नी को जो कुछ घर में है– देने के लिए धमकाना आरम्भ कर दिया । इस पर अपने कमरों में सो रहे बचन सिंह के तीनों बेटे जाग गए और हिम्मत करके लुटेरों से उलझ गए । शोर सुनकर बचन सिंह के भतीजे व गांव के लोग भी जाग गए । मामला बिगड़ता देख एक संदिग्ध युवक ने फायरिंग कर दी जिसके परिणामस्वरूप बचन सिंह की लड़की सविन्द्र कौर 'रानो' गोलियों की लपेट में आ गई व घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई ।

ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार दिया

इस पर गांव के क्रुद्ध लोगों ने संदिग्ध युवकों को दबोच लिया, जिनमें से एक फायरिंग करता हुआ भाग खड़ा हुआ । एक को गांव वालों ने पीट-पीट कर घटनास्थल पर ही मार डाला । श्री बिरदी ने आगे कहा कि डेरा बाबा नानक गुरदासपुर सड़क पर कालवां चौक में पुलिस व बी.एस.एफ. का नाका था । फायरिंग करके भागते युवक की उनसे मुठभेड़ हो गई और वह भी मारा गया ।

श्री बिरदी ने आगे बताया कि दोनों मृतक संदिग्ध युवकों की शिनाख्त थाना डेरा बाबा नानक के गांव कादियां राजपूतां के कुलदीप सिंह और इसी थाना गांव मछराला के जोगिन्द्र सिंह के रूप में की गई है और इनसे एक 303 बोर की काट कर छोटी की दोनाली राईफल, एक 12 बोर की काट कर छोटी की दोनाली बंदूक, एक 12 बोर का पिस्तौल, 20 चले हुए कारतूस तथा लगभग दो दर्जन कारामद कारतूस मिले हैं । श्री बिरदी ने आगे कहा कि मृतक संदिग्ध युवक कुलदीप सिंह पाकिस्तान होकर लौटा हुआ घर से भगौड़ा था जबकि मृतक जोगिन्द्र सिंह भी घर से काफी समय से गायब था ।

मृतका सविन्द्र कौर का शव सिविल अस्पताल बटाला से पोस्ट मार्टम के बाद उसके अभिभावकों को सौंप दिया गया है । जबकि दोनों संदिग्ध युवकों के शव पोस्ट मार्टम के बाद नगर पालिका को संस्कार के लिए दिए गए हैं क्योंकि इनके शव कोई लेने नहीं आया । श्री बिरदी ने दोनों संदिग्ध युवकों का बहादुरी से मुकाबला करने वालों को ईनाम देने की घोषणा की है ।

'चौधरी' के अनुसार दोनों उग्रवादियों की ग्रामीणों की पिटाई से मृत्यु हुई ।

'ह.स.' के अनुसार उग्रवादियों की फायरिंग से घर का मालिक बचन सिंह भी घायल हो गया । लोगों का शोर सुनकर सुरक्षा बल स्वयं ही मौके पर पहुंच गए थे ।

नौकरी की पेशकश

गुरदासपुर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार पुलिस को उग्रवादियों के शवों के निकट से एक थैला भी मिला है, जिसमें 303 एम.एम. के 40 कारतूस थे । बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. चमन लाल श्री बचन सिंह के घर गए और उन्होंने परिवार के एक सदस्य को बी.एस.एफ. में नौकरी देने की पेशकश की ।

जवान का शव उसके घर भेजा गया

पठानकोट (ह.स.): बी.एस.एफ. के जवान राम चन्द्र, जिसकी कल पठानकोट अस्पताल में मृत्यु हो गई थी, का शव आज उसके घर रोहतक (हरियाणा) में भेज दिया गया है । वह गत शुक्रवार को गांव मौड़ के निकट उग्रवादियों के साथ मुकाबले में गम्भीर रूप से घायल हो गया था ।

2 कांस्टेबलों की हत्या : 2 राइफलें, 80 गोलियां भी ले गए

कपूरथला (रघुनाथ शर्मा): कल रात्रि लगभग पौने दस बजे सुलतानपुर लोधी के धुस्सी बंद हुसैनपुर बल्ले के निकट उग्रवादियों ने घात लगाकर सी.आर.पी. एफ. पर हमला करके फोर्स के दो जवानों की हत्या कर दी थी, इस सम्बन्ध में आगे विवरण मिला है । उग्रवादी जवानों की दो राइफलें और 80 गोलियां भी साथ ले गए ।

मंड में अधिकारी छोड़ कर जीप में जा रहे थे

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री ए.ए. सिद्दीकी ने बताया कि सी.आर.पी. की मंड क्षेत्र में तैनात 20वीं बटालियन की एक जीप रात्रि को अपने एक अधिकारी को मंड में छोड़ कर 9.45 बजे वापस आ रही थी, जब उग्रवादियों ने घात लगाकर उस पर हमला कर दिया । जीप में दो कांस्टेबल एक नायक और एक ड्राइवर था । धुस्सी बंध के निकट उग्रवादियों ने घात लगाकर जीप पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे पीछे बैठे दोनों कांस्टेबल शयेल बहादर और बी.डी. बटे गोलियां खाकर जीप से बाहर जा गिरे या उन्होंने छलांग लगा दी । इस दौरान जीप का ड्राइवर विक्रम नायर नायक उत्तम सिंह को लेकर जीप भगाकर ले गया । आगे आकर नायक ने स्टेनगन से जवाबी फायरिंग की । फिर उन्होंने कबीरपुर में सी.आर.पी.एफ. की चौकी पर आकर घटना की सूचना दी । जब वहां से फोर्स मौके पर पहुंची तो देखा कि दोनों जवान मरे पड़े हैं और उग्रवादी उनकी राइफलें भी साथ ले गए थे । घटनास्थल पर पड़े खाली कारतूसों से पता चला है कि इन कांस्टेबलों पर फायरिंग 12 बोर और 303 की राइफलों से की गई थी ।

8-10 व्यक्ति हिरासत में

श्री सिद्दीकी के अनुसार सी.आर.पी. के आई.जी. श्री सुब्रह्मण्यम, डी.आई.जी. सी.आर.पी. श्री एस.एस. विर्क और डी.आई.जी. आप्रेशन सी. पाल सिंह काफी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । इस सम्बन्ध में क्षेत्र के 8-10 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है । इस बात की पुष्टि हो गई है कि क्षेत्र के किसी व्यक्ति ने इन हमलावर उग्रवादियों को खाना खिलाया था ।

घटनास्थल से पंजाबी भाषा में लिखा एक विज्ञापन भी मिला है, जो खालिस्तान लिबरेशन फोर्स की ओर से है । अवतार सिंह ब्रह्मा और जसविंद्र सिंह पप्पू के गिरोह ने इस वारदात की जिम्मेवारी अपने ऊपर ले ली है । श्री सिद्दीकी ने आगे बताया कि ब्रह्मा ग्रुप पर जिला फिरोजपुर और जिला अमृतसर में काफी दबाव था, इसलिए वह कपूरथला में दाखिल हो गए हैं । उसके सम्बन्ध में कपूरथला की पुलिस को सतर्क कर दिया गया था ।

'कोर्ट आफ इंक्वायरी शुरू'

श्री सिद्दीकी ने आगे बताया कि फिरोजपुर, कपूरथला और अमृतसर जिलों की ओर से मंड में उग्रवादियों के विरुद्ध संयुक्त अभियान शुरू कर दिया गया है, जो कल भी जारी रहेगा । उन्होंने दावा किया कि हम शीघ्र ही ब्रह्मा ग्रुप का सफाया करने में सफल हो जाएंगे । इसी दौरान सी.आर.पी.एफ. के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस घटना की कोर्ट आफ इंक्वायरी बिठा दी गई है ।

लुटेरे घर लूट कर ले गए

जालन्धर (क): गत रात थाना सदर जालन्धर के गांव पुरनपुर में एक व्यक्ति गुरजीत सिंह के घर में एक दर्जन के लगभग लुटेरों द्वारा 20 तोले सोने के आभूषण तथा कुछ कैश व घरेलू सामान लूट लिए जाने का समाचार मिला है । बताया गया कि यह लुटेरे एक टैम्पू में आए थे और टैम्पू में ही रजाइयां आदि लाद कर ले गए । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

परसों रात स्थानीय आदर्श नगर की कोठी नं. 60 में कुछ चोर चार गैस सिलैंडर तथा घरेलू सामान लूटकर ले गए । पुलिस डिविजन दो में इसकी रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

पिस्तौल सहित उग्रवादी पकड़ा

जिला जालंधर के थाना बंगा के गांव गोबिंदपुर के निकट एक नहर के पुल पर पुलिस की गश्ती पार्टी ने एक उग्रवादी बलविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक पिस्तौल और तीन कारतूस एवं एक लूटा हुआ स्कूटर बरामद किया है ।

जिंदा के साथी की जमानत

लुधियाना (ह.स.): श्री एस.एस. सोहल की विशेष अदालत ने बैंक डकैती के इतिहास में सब से बड़ी पंजाब नैशनल बैंक लुधियाना में हुई डकैती के एक अभियुक्त और दुर्दांत उग्रवादी हरजिंद्र सिंह जिंदा के एक साथी अवतार सिंह की आज जमानत

दक्षेस के विकास कार्यों के धन लिये जाने का भारत

काठमांडू, 1 नवम्बर (वार्ता): नेपाल की सजी-संवरी राजधानी काठमांडू में कल से दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संघ (दक्षेस) का तीसरा शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है । 3 दिन तक चलने वाले सम्मेलन में मुख्य रूप से यह विचार किया जाएगा कि दक्षेस राष्ट्र विकास कार्य के लिए धन लें अथवा आपस में ही धन एकत्र करें । भारत बाहर से धन लिए जाने का विरोध कर रहा है ।

शिखर सम्मेलन में दक्षिण एशियाई देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने की सम्भावना है जिसमें खाद्यान्न का एक संयुक्त भंडार रखना और आतंकवाद की समाप्ति के लिए कतिपय निर्णय लेना शामिल है ।

सम्मेलन में संघ के सात सदस्य देश भारत, बंगला देश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका दो-दो लाख टन खाद्यान्न का संयुक्त भंडार रखने सम्बन्धी समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे । इसमें भारत सर्वाधिक योगदान देगा । इसके अतिरिक्त इन देशों के विदेश मंत्री अपने राष्ट्राध्यक्षों की उपस्थिति में आतंकवाद से निपटने के लिए एक क्षेत्रीय करार पर हस्ताक्षर करेंगे ।

सम्मेलन के अंत में दक्षेस के नेता एक संयुक्त घोषणा पत्र जारी करेंगे । जिसे काठमांडू घोषणा पत्र के नाम से जाना जाएगा । इस घोषणा पत्र में ये नेता संघ के प्रति अपनी दृढ़ आस्था तथा इसे और गतिशील त करेंगे ।

आतंकवाद

काठमां विदेश मंत्रि तैयार किए ग पर वे अपने करेंगे । यह सरकारों की आगे किसी त जाएगा ।

अगर स अपनी कानून देश इसे लाग रूप से वचन

इस प्रस्त में बनाए गए मेल नहीं खा

दक्षेस वि का नया सद आज रात फै का सदस्य ब विदेश राज्य अनौपचारिक नटवर सिंह ने कि भारत अ बनाने का तह

एक ऐ भौगोलिक सि की इच्छा व्यक इसमें शामिल

शिखर स मंत्रियों की दो विदेश मंत्रियों देने तथा अपने मुद्रा व वित्त क्षे निर्णय लिया है

विदेश मं कि अब समय आर्थिक क्षेत्रों चाहिए क्योंकि सहयोग से ठोस

इस शिख और नए क्षेत्र सदस्य देश चा सहयोग के परि पूरा ध्यान दिय

आर्थिक मुद्दे

बंगला दे क्षेत्रीय और स सम्मेलन में ह विरुद्ध है ।

हालांकि वित्तीय संस्था लिए विशेषज्ञों निर्णय लिया उ संतुष्ट दिखाई

भारत द्वारा

भारत ने सम्बन्धी सुझाव उसका कहना है दक्षेस सामूहिक हट जाएगा । बंगला देश के उ हैं । ये देश क बैंक जैसी किसी को पूरा करना विदेश मंत्रियों गतिविधियां रो है । इसका एव

काठमांडू घ देश विकसित दे संयुक्त राष्ट्र द्वा सम्मेलन में पारि की अपील भी व

दक्षिण एशि दृश्य, श्रव्य आद और टैलीविजन सात सदस्य देश

श्रीलंका के दक्षिण एशियाई शामिल होने के हवाई अड्डे पर ने ने श्री जयवर्धने का स्वागत किया

बम्बई : इ लगभग एक सौ अंतर्राष्ट्रीय हवा जूलियस आर. ज प्रदर्शन किया राष्ट्रपति जयवर्ध जुलाई माह में विरोध कर रहे थे काठमांडू में हो स संघ (दक्षेस) की प परन्तु वह बम्बई

यहां कुछ देर ठह

होशियारपुर के पुलिस कंट्रोल रूम से ट्रंक फोन पर सम्पर्क किए जाने पर उसने कोई विवरण देने में असमर्थता प्रकट की । लेकिन पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेरे में लेकर हमलावरों की खोज शुरू कर दी है ।

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' के अनुसार मृतकों में ओम प्रकाश, गंगा राम, भजन सिंह, धुंधरू, विनोद कुमार और एक फौजी बैंक कर्मचारी शामिल हैं जबकि घायलों में दर्शन राम, विजय कुमार, सुखविंदर कुमार, प्रकाश चंद, प्रेम कुमार और चरणजीत लाल शामिल हैं । इस वारदात के बारे में गांव के लोगों चरणजीत आदि ने बताया कि रात 9.30 बजे के करीब उग्रवादियों के दो ग्रुपों ने अचानक दो तरफ से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । हमलावर उग्रवादी दो-दो या तीन-तीन के ग्रुपों में थे । कुछ लोग तो गोलियां लगने से बाजार में ही मारे गए जबकि उग्रवादियों ने कुछ लोगों को घरों के दरवाजे खुलवा खुलवा कर गोलियां मार कर हत्या की ।

होशियारपुर के जिला पुलिस चीफ एस.पी. डिटैक्टिव और सी. आर. पी. कमांडैंट सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए और घायलों को सिविल अस्पताल होशियारपुर पहुंचाया ।

पहले माहिलपुर थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और फिर होशियारपुर से ।

तेल का टैंकर ले गए

होशियारपुर (अश्विनी): आज बाद दोपहर सवा एक बजे यहां से 53 किलो मीटर दूर होशियारपुर-फगवाड़ा रोड पर गांव कनोली से दो उग्रवादी तेल का टैंकर लेकर फरार हो गए । बताया जाता है कि तेल का टैंकर एम.डब्ल्यू.यू. 3309 कनोली सड़क पर खड़ा था, जब उग्रवादी उसको भगा कर फगवाड़ा की ओर ले गए । थाना सदर होशियारपुर ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । बाद में प्राप्त समाचार के अनुसार टैंकर मिल गया है ।

थानों को 15 दिन बाद शस्त्रों का विवरण देना होगा

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): पंजाब में चल रही उग्रवादी लहर व पुलिस में भ्रष्टाचार व अन्य अनियमितताओं के दृष्टिगत राज्य सरकार ने पंजाब भर में पुलिस स्टेशनों को अपने-अपने शस्त्रों का विस्तृत विवरण प्रत्येक 15 दिन के बाद जिला मुख्यालय को व प्रत्येक जिला मुख्यालयों का विवरण रेंज मुख्यालय व रेंज मुख्यालयों को राज्य मुख्यालयों को देते रहने को कहा है । पता चला है कि विगत वर्षों में राज्य में कुछ गणमान्य व्यक्तियों को अलाट किए सरकारी हथियारों में भी कुछ अनियमितताएं हाल ही में प्रकाश में आई हैं ।

चोरियां बढ़ीं

एक अन्य समाचार के अनुसार फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव पलाही के क्षेत्रों में गत तीन दिनों में कई चोरी की घटनाएं हुईं ।

कराची में दंगा, 2 मरे

कराची, 1 नवम्बर (ए.पी.): यहां पुलिस और मोहाजिर आंदोलन के समर्थकों के बीच आज हुए संघर्षों में दो व्यक्ति मारे गए और 70 घायल हो गए ।

जरूरत है

हमें अपनी फैक्टरी के लिए दो वैल्डरों और हैल्परों की तुरंत आवश्यकता है, खुद मिलें :

विशाल रबड़ प्रोडक्ट,
21, दादा कालोनी,
जालंधर शहर ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

ड्राईविंग सीखें

ड्राईविंग हैवी ट्रक, कार (लाइसैंस समेत) टैलीविजन, ट्राजिस्टर, स्टीरियो, इलैक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपैंटर, RCC बार-बैंडर, बैल्डिंग कोर्स । रिहायश फ्री, मिलें : नैशनल इंजीनियरिंग कालेज, पीछे बस स्टैंड की पानी वाली टैंकी, लुधियाना, फोन : 31437; ※सामने बस स्टैंड, खन्ना; ※184, मोता सिंह नगर, जालंधर ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 1.11.87 Rs. 62/- without trays. NECC Suggested Retail Price 8.30/- per Dozen.

शिक्षा

महिला ग्राम विद्यापीठ से ग्राम विनोदनी (मैट्रिक), महाविदयी (इंटर) करके बी.ए. (भोपाल), भारती (बी.ए.) गारंटी से करके एम.ए. भोपाल करें । केंद्र गांधी मैमोरियल कालेज, यमुनानगर ।

RMP (सरकारी मान्य) रजिस्ट्रेशन, मैट्रिक/इंटर (+2)/बी.ए. (डायरैक्ट) गारंटिड पास करें । OT/ LT/ B.Ed./ JBT/ LLB (Professional)/ M.A./ M.Com./ M.Sc. (one sitting). आयुर्वेद कोर्स (प्रयाग) दिसम्बर '87 में Prospectus Rs. 10/- by M.O. स्वामी विवेकानंद कालेज, 1810/सैक्टर 22-बी, चंडीगढ़ ।

Learn English speaking in three months. Qualification Matric. India College, Gali Ghumaran, Chowk Neemwala, Ludhiana.

आवश्यकता

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

के नीचे छिपा हुआ शस्त्र देख लिया, जिस पर उसने अपने शेष निहंग साथियों को सावधान कर दिया । बताया जाता है कि निहंगों ने एक उग्रवादी को जफ्फा डाल लिया, जिस पर उग्रवादियों ने निहंगों पर फायरिंग शुरू कर दी । निहंगों के सावधान होने के कारण उन्होंने भी उग्रवादियों पर फायरिंग की । इसी दौरान सुरक्षा बल भी वहां पहुंच गए । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार ये उग्रवादी टांगरा में सरपंच और महसमपुरा में एक व्यक्ति की हत्या के लिए भी जिम्मेदार थे ।

नरसंहार की कोशिश असफल करने का दावा

'वार्ता' के अनुसार अमृतसर पुलिस ने चार आतंकवादियों को अमृतसर के मजीठा क्षेत्र में गिरफ्तार कर भीषण नरसंहार का प्रयास असफल करने का दावा किया है । पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र सिंह ने पत्रकारों को बताया कि ये गिरफ्तारियां कल रात की गईं । उन्होंने यह बताने से इन्कार कर दिया कि आतंकवादी यह नरसंहार किस गांव में करना चाहते थे । उन्होंने आतंकवादियों के नाम बलविन्दर सिंह, चरणसिंह, जसपाल सिंह तथा बलदेव सिंह बताया । पुलिस ने आतंकवादियों से दो बंदूकें, कुछ तलवारें तथा भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं ।

ज्ञानी पूर्ण सिंह को धमकीपूर्ण पत्र समेत युवक गिरफ्तार

एस.पी. श्री राजेन्द्र सिंह ने पत्रकारों को बताया कि अमृतसर पुलिस ने एक युवक जसबीर सिंह निवासी गांव नरूड़ थाना फगवाड़ा को काबू किया है, जिसके कब्जे से उग्रवादी संगठन 'बीर खालसा दल, आनन्दपुर साहिब' द्वारा लिखा गया ज्ञानी पूर्ण सिंह के नाम एक धमकीपूर्ण पत्र मिला है । जसबीर सिंह को उस समय संदिग्ध परिस्थितियों में काबू किया गया, जब वह अमृतसर सैंट्रल जेल में अपने भाई सुखदेव सिंह, जो 'बी' श्रेणी का उग्रवादी है, को मिलने के लिए अन्दर जाना चाहता था । उसकी संदिग्धावस्था को भांपकर पुलिस ने उसे रोका और उसके कब्जे से उक्त पत्र बरामद किया । राजेन्द्र सिंह ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसके भाई सुखदेव सिंह को कुछ समय पूर्व कपूरथला पुलिस ने गिरफ्तार किया था, उसके भाई पर उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है । जसबीर सिंह ने पुलिस को यह भी बताया कि अपने भाई को मिलने और उसे जेल से किसी न किसी तरह छुटकारा दिलाने के लिए वह दरबार साहिब भी गया था और कुछ उग्रवादियों से भी बात की थी । इसी मध्य दरबार साहिब में एक युवक सुखदेव सिंह, जो उन्हीं के गांव का निवासी है, ने उसे बीर खालसा दल वाला ज्ञानी पूर्ण सिंह के नाम लिखा पत्र थमाया और निर्देश दिया कि वह इसे जाकर फगवाड़ा या किसी अन्य नगर से ज्ञानी पूर्ण सिंह के नाम डाक में डाल दे ताकि ज्ञानी पूर्ण सिंह को एहसास हो कि उसे दरबार साहिब के अन्दर से ही उग्रवादियों द्वारा धमकियां नहीं दी जा रहीं, बाहर से भी सिखों द्वारा दी जा रही हैं । इस पत्र में ज्ञानी पूर्ण सिंह से त्याग पत्र भी मांगा गया है । यह पत्र 'बीर खालसा दल' की ओर से प्यारा सिंह और जोगेन्द्र सिंह नामक व्यक्तियों की ओर से लिखा गया है ।

पत्र में अकाल तख्त के जत्थेदार दर्शन सिंह तथा उग्रवादियों के बीच छिड़े विवाद में मुख्यग्रंथियों के रुख की आलोचना की गई है और मुख्यग्रंथियों को मुसीबत में फंसे उग्रवादियों की मदद करने के लिए कहा गया है ।

प्रतिबंध-आदेशों की अवधि बढ़ी

जिला मैजिस्ट्रेट अमृतसर ने नगर व जिले के लिए विभिन्न प्रतिबंधों की अवधियां और दो मास अर्थात् 1 नवम्बर से 29 दिसम्बर तक के लिए बढ़ाए जाने के आदेश जारी किए हैं । जिला मैजिस्ट्रेट श्री सर्बजीत सिंह ने आदेश दिया है कि जिले में सभी दुकानें सायं 6.30 बजे बंद होंगी लेकिन रेस्तरां, ढाबे, बेकरियां, हलवाई की दकानें व अन्य खाद्य सामग्री की दकानें तथा शराब की दकानें रात्रि 9 बजे तक खुली रहेंगी। सिनेमा 9.30 बजे के शो नहीं दिखा सकेंगे ।

दोहरी सवारी पर प्रतिबंध लगा रहेगा

जिला भर में स्कूटर, मोटर साइकल और मोपेड पर दोहरी सवारी नहीं बैठ सकती, लेकिन 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे व महिलाएं दोहरी सवारी कर सकेंगी । सामान्य नागरिक अपने दोपहिया वाहनों पर पीला रंग भी न करवा सकेंगे।

तीसरे आदेश के अनुसार जिले में कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर आग्नेय या तेजधार शस्त्र लेकर नहीं जा सकता ।

एक अन्य आदेश में नगर निगम अमृतसर की सीमाओं में रहने वाले आवासीय स्थलों के मालिकों को आदेश दिया गया है कि वे अपनी सम्पत्ति बेचते अथवा खरीदते समय अथवा नया किराएदार रखते समय अपने निकटवर्ती पुलिस स्टेशन को सूचित करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

जिले में नागरिकों द्वारा जलूस निकालने, सभाएं करने अथवा प्रदर्शन करने अथवा चार या चार से अधिक लोगों के सार्वजनिक स्थानों पर जमा होने पर भी रोक लगाई गई है । बिना अनुमति के लाऊड स्पीकर का प्रयोग भी नहीं किया जा सकेगा । इसके अंतर्गत न तो नारेबाजी की जा सकेगी तथा न ही आपत्तिजनक टेप बजाए जा सकेंगे ।

एक आदेश में जिला अमृतसर में पड़ती भारत-पाक सीमा पर आम नागरिकों के सीमा के 500 मीटर के घेरे के अंदर सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है । बसें सायं 6 से प्रातः 6 बजे तक न चलाई जा सकेंगी।

मासूम लड़की की हत्या करके भागे दो उग्रवादी मारे गए

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर में थाना डेरा बाबा नानक के गांव मान में रात रात लगभग 'चौधरी' के अनुसार दोनों उग्रवादियों की ग्रामीणों की पिटाई से मृत्यु हुई ।

'ह.स.' के अनुसार उग्रवादियों की फायरिंग से घर का मालिक बचन सिंह भी घायल हो गया । लोगों का शोर सुनकर सुरक्षा बल स्वयं ही मौके पर पहुंच गए थे ।

नौकरी की पेशकश

गुरदासपुर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार पुलिस को उग्रवादियों के शवों के निकट से एक थैला भी मिला है, जिसमें 303 एम.एम. के 40 कारतूस थे । बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. चमन लाल श्री बचन सिंह के घर गए और उन्होंने परिवार के एक सदस्य को बी.एस.एफ. में नौकरी देने की पेशकश की ।

जवान का शव उसके घर भेजा गया

पठानकोट (ह.स.): बी.एस.एफ. के जवान राम चन्द्र, जिसकी कल पठानकोट अस्पताल में मृत्यु हो गई थी, का शव आज उसके घर रोहतक (हरियाणा) में भेज दिया गया है । वह गत शुक्रवार को गांव मौड़ के निकट उग्रवादियों के साथ मुकाबले में गम्भीर रूप से घायल हो गया था ।

2 कांस्टेबलों की हत्या : 2 राइफलें, 80 गोलियां भी ले गए

कपूरथला (रघुनाथ शर्मा): कल रात्रि लगभग पौने दस बजे सुल्तानपुर लोधी के धुस्सी बंद हुसैनपुर बल्ले के निकट उग्रवादियों ने घात लगाकर सी.आर.पी. एफ. पर हमला करके फोर्स के दो जवानों की हत्या कर दी थी, इस सम्बन्ध में आगे विवरण मिला है । उग्रवादी जवानों की दो राइफलें और 80 गोलियां भी साथ ले गए ।

मंड में अधिकारी छोड़ कर जीप में जा रहे थे

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री ए.ए. सिद्दीकी ने बताया कि सी आर.पी. की मंड क्षेत्र में तैनात 20वीं बटालियन की एक जीप्र रात्रि को अपने एक अधिकारी को मंड में छोड़ कर 9.45 बजे वापस आ रही थी, जब उग्रवादियों ने घात लगाकर उस पर हमला कर दिया । जीप में दो कांस्टेबल एक नायक और एक ड्राइवर था । धुस्सी बंध के निकट उग्रवादियों ने घात लगाकर जीप पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे पीछे बैठे दोनों कांस्टेबल रायल बंगर और बी.डी. बटे गोलियां खाकर जीप से बाहर जा गिरे या उन्होंने छलांग लगा दी । इस दौरान जीप का ड्राइवर विक्रम नायर नायक उपिंदर सिंह को लेकर जीप भगाकर ले गया । आगे आकर नायक ने स्टेनगन से जवाबी फायरिंग की । फिर उन्होंने कबीरपुर में सी.आर.पी.एफ. की चौकी पर आकर घटना की सूचना दी । जब वहां से फोर्स मौके पर पहुंची तो देखा कि दोनों जवान मरे पड़े हैं और उग्रवादी उनकी राइफलें भी साथ ले गए थे । घटनास्थल पर पड़े खाली कारतूसों से पता चला है कि इन कांस्टेबलों पर फायरिंग 12 बोर और 303 की राइफल से की गई थी ।

8-10 व्यक्ति हिरासत में

श्री सिद्दीकी के अनुसार सी.आर.पी. के आई.जी. श्री सुब्रह्मण्यम, डी.आई.जी. सी.आर.पी. श्री एस.एस. विर्क और डी.आई.जी. [illegible]

दक्षेस के विकास कार्यों के लि
धन लिये जाने का भारत ने

काठमांडू, 1 नवम्बर (वार्ता): नेपाल की सजी-संवरी राजधानी काठमांडू में कल से दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संघ (दक्षेस) का तीसरा शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है । 3 दिन तक चलने वाले सम्मेलन में मुख्य रूप से यह विचार किया जाएगा कि दक्षेस राष्ट्र विकास कार्य के लिए धन लें अथवा आपस में ही धन एकत्र करें । भारत बाहर से धन लिए जाने का विरोध कर रहा है ।

शिखर सम्मेलन में दक्षिण एशियाई देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने की सम्भावना है जिसमें खाद्यान्न का एक संयुक्त भंडार रखना और आतंकवाद की समाप्ति के लिए कतिपय निर्णय लेना शामिल है ।

सम्मेलन में संघ के सात सदस्य देश भारत, बंगला देश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका दो-दो लाख टन खाद्यान्न का संयुक्त भंडार रखने सम्बन्धी समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे । इसमें भारत सर्वाधिक योगदान देगा । इसके अतिरिक्त इन देशों के विदेश मंत्री अपने राष्ट्राध्यक्षों की उपस्थिति में आतंकवाद से निपटने के लिए एक क्षेत्रीय करार पर हस्ताक्षर करेंगे ।

सम्मेलन के अंत में दक्षेस के नेता एक संयुक्त घोषणा पत्र जारी करेंगे । जिसे काठमांडू घोषणा पत्र के नाम से जाना जाएगा । इस घोषणा पत्र में ये नेता संघ के प्रति अपनी दृढ़ आस्था तथा इसे और गतिशील तथा म
करेंगे ।

आतंकवाद बा

काठमांडू (
विदेश मंत्रियों ने
तैयार किए गए प्र
पर वे अपने नेता
करेंगे । यह प्र
सरकारों की पुष्टि
आगे किसी तरह
जाएगा ।

अगर सदस्य
अपनी कानून-व्य
देश इसे लागू क
रूप से बचनबद्ध

इस प्रस्ताव
में बनाए गए आ
मेल नहीं खाते हैं

दक्षेस विदेश
का नया सदस्य
आज रात फैसला
का सदस्य बनाने
विदेश राज्यमंत्री
अनौपचारिक बा
नटवर सिंह ने अ
कि भारत अफग
बनाने का तहे दि

एक ऐसा
भौगोलिक स्थिति
की इच्छा व्यक्त
इसमें शामिल हो

शिखर सम्म
मंत्रियों की दो दि
विदेश मंत्रियों ने
देने तथा अपने शी
मुद्रा व वित्त क्षेत्र
निर्णय लिया है

विदेश मंत्रि
कि अब समय आ
आर्थिक क्षेत्रों में
चाहिए क्योंकि
सहयोग से ठोस

इस शिखर
और नए क्षेत्र तल
सदस्य देश चाहते
सहयोग के परिणा
पूरा ध्यान दिया

आर्थिक मुद्दे

बंगला देश
क्षेत्रीय और राष्ट्र

स्वीकार कर ली । पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि पुलिस ने उसके घर पर छापा मारकर उसके कब्जे से 5,40,000 रुपए बरामद किए थे । नोटों के प्रत्येक बंडल पर पंजाब नैशनल बैंक के चिन्ह थे । जिंदा ने बैंक डकैती के पश्चात आठ लाख रुपए अभियुक्त को दिए थे । पुलिस द्वारा दिल्ली में जिंदा से पूछताछ के आधार पर यह छापा मारा गया था ।

उग्रवादियों द्वारा 6 की हत्या

जालन्धर, (ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात जिला होशियारपुर के माहिलपुर थानांगत गांव बाडियां कलां में अंधाधुंध फायरिंग करके 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 6 अन्य को घायल कर दिया ।

उग्रवादी रात 9.45 बजे गांव में घुसे और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी ।

होशियारपुर के पुलिस कंट्रोल रूम से ट्रंक फोन पर सम्पर्क किए जाने पर उसने कोई विवरण देने में असमर्थता प्रकट की । लेकिन पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेरे में लेकर हमलावरों की खोज शुरू कर दी है ।

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' के अनुसार मृतकों में ओम प्रकाश, गंगा राम, भजन सिंह, घुंघरू, विनोद कुमार और एक फौजी बैंक कर्मचारी शामिल हैं जबकि घायलों में दर्शन राम, विजय कुमार, सुखविंदर कुमार, प्रकाश चंद, प्रेम कुमार और

Punjabi Sanstan

उसके कब्जे से उसके पैर बरामद किया । राजेन्द्र सिंह ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसके भाई सुखदेव सिंह को कुछ समय पूर्व कपूरथला पुलिस ने गिरफ्तार किया था, उसके भाई पर उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है । जसबीर सिंह ने पुलिस को यह भी बताया कि अपने भाई को मिलने और उसे जेल से किसी न किसी तरह छुटकारा दिलाने के लिए वह दरबार साहिब भी गया था और कुछ उग्रवादियों से भी बात की थी । इसी मध्य दरबार साहिब में एक युवक सुखदेव सिंह, जो उन्हीं के गांव का निवासी है, ने उसे बीर खालसा दल वाला ज्ञानी पूर्ण सिंह के नाम लिखा पत्र थमाया और निर्देश दिया कि वह इसे जाकर फगवाड़ा या किसी अन्य नगर से ज्ञानी पूर्ण सिंह के नाम डाक में

जरूरत है

हमें अपनी फैक्टरी के लिए दो वैल्डरों और हैल्परों की तुरंत आवश्यकता है, खुद मिलें :

विशाल रबड़ प्रोडक्ट,

21, दादा कालोनी,

जालंधर शहर ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

ड्राइविंग सीखें

ड्राइविंग हैवी ट्रक, कार (लाइसैंस समेत) टैलीविजन, ट्रांज़िस्टर, स्टीरियो, इलैक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपैंटर, RCC बार-बैंडर, वैल्डिंग कोर्स । रिहायश फ्री, मिलें : नैशनल इंजीनियरिंग कालेज, पीछे बस स्टैंड की पानी वाली टैंकी, लुधियाना, फोन : 31437; ☆सामने बस स्टैंड, खन्ना; ☆184, मोता सिंह नगर, जालंधर ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Eggrate for 1.11.87 Rs. 62/- without trays. NECC Suggested Retail Price 8.30/- per Dozen.

शिक्षा

महिला ग्राम विद्यापीठ से ग्राम विनोदनी (मैट्रिक), महाविदुषी (इंटर) करके बी.ए. (भोपाल), भारती (बी.ए.) गारंटी से करके एम.ए. भोपाल करें । केंद्र गांधी मैमोरियल कालेज, यमुनानगर ।

RMP (सरकारी मान्य) रजिस्ट्रेशन, मैट्रिक/इंटर [+2]/बी.ए. (डायरैक्ट) गारंटिड पास करें । OT/ LT/ B.Ed./ JBT/ LLB (Professional)/ M.A./ M.Com./ M.Sc. (one sitting). आयुर्वेद कोर्स (प्रयाग) दिसम्बर '87 में Prospectus Rs. 10/- by M.O. स्वामी विवेकानंद कालेज, 1810/सैक्टर 22-बी, चंडीगढ़ ।

Learn English speaking in three months. Qualification Matric. India College, Gali Ghumaran, Chowk Neemwala, Ludhiana.

करने अथवा प्रदर्शन करने अथवा चार या चार से अधिक लोगों के सार्वजनिक स्थानों पर जमा होने पर भी रोक लगाई गई है । बिना अनुमति के लाऊड स्पीकर का प्रयोग भी नहीं किया जा सकेगा । इसके अंतर्गत न तो नारेबाजी की जा सकेगी तथा न ही आपत्तिजनक टेप बजाए जा सकेंगे ।

एक आदेश में जिला अमृतसर में पड़ती भारत-पाक सीमा पर आम नागरिकों के सीमा के 500 मीटर के घेरे के अंदर सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है । बसें सायं 6 से प्रातः 6 बजे तक न चलाई जा सकेंगी।

मासूम लड़की की हत्या करके भागे दो उग्रवादी मारे गए

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर में थाना डेरा बाबा नानक के गांव मान में गत रात्रि लगभग दस बजे दो उग्रवादियों द्वारा एक 18 वर्षीय मासूम व बेगुनाह लड़की सविन्द्र कौर 'रानो' की हत्या करने तथा बाद में ग्रामीणों द्वारा एक उग्रवादी की पिटाई और दूसरे की सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में मृत्यु होने का समाचार मिला है ।

जिला गुरदासपुर के पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. बिरदी ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि गत रात्रि दोनों सशस्त्र उग्रवादी गांव मान में दीवार फांद कर एक व्यक्ति बचन सिंह के घर में लूटपाट व हत्या करने के लिए घुस आए और उन्होंने बचन सिंह की पत्नी को जो कुछ घर में है– देने के लिए धमकाना आरम्भ कर दिया । इस पर अपने कमरों में सो रहे बचन सिंह के तीनों बेटे जाग गए और हिम्मत करके लुटेरों से उलझ गए । शोर सुनकर बचन सिंह के भतीजे व गांव के लोग भी जाग गए । मामला बिगड़ता देख एक संदिग्ध युवक ने फायरिंग कर दी जिसके परिणामस्वरूप बचन सिंह की लड़की सविन्द्र कौर 'रानो' गोलियों की लपेट में आ गई व घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई ।

ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार दिया

इस पर गांव के क्रुद्ध लोगों ने संदिग्ध युवकों को दबोच लिया, जिनमें से एक फायरिंग करता हुआ भाग खड़ा हुआ । एक को गांव वालों ने पीट-पीट कर घटनास्थल पर ही मार डाला । श्री बिरदी ने आगे कहा कि डेरा बाबा नानक गुरदासपुर सड़क पर कालवां चौक में पुलिस व बी.एस.एफ. का नाका था । फायरिंग करके भागते युवक की उनसे मुठभेड़ हो गई और वह भी मारा गया ।

श्री बिरदी ने आगे बताया कि दोनों मृतक संदिग्ध युवकों की शिनाख्त थाना डेरा बाबा नानक के गांव कोदियां राजपूतां के कुलदीप सिंह और इसी थाना गांव मछराला के जोगिन्द्र सिंह के रूप में की गई है और इनसे एक 303 बोर की काट कर छोटी की दोनाली राईफल, एक 12 बोर की काट कर छोटी की दोनाली बंदूक, एक 12 बोर का पिस्तौल, 20 चले हुए कारतूस तथा लगभग दो दर्जन कारामद कारतूस मिले हैं । श्री बिरदी ने आगे कहा कि मृतक संदिग्ध युवक कुलदीप सिंह पाकिस्तान होकर लौटा हुआ घर से भगौड़ा था जबकि मृतक जोगिन्द्र सिंह भी घर से काफी समय से गायब था ।

मृतका सविन्द्र कौर का शव सिविल अस्पताल बटाला से पोस्ट मार्टम के बाद उसके अभिभावकों को सौंप दिया गया है । जबकि दोनों संदिग्ध युवकों के शव पोस्ट मार्टम के बाद नगर पालिका को संस्कार के लिए दिए गए हैं क्योंकि इनके शव कोई लेने नहीं आया । श्री बिरदी ने दोनों संदिग्ध युवकों का बहादुरी से मुकाबला करने वालों को ईनाम देने की घोषणा की है ।

गिरे या उन्होंने छलांग लगा दी । इस दौरान जीप का ड्राइवर विक्रम नायर नायक उपिंद्र सिंह को लेकर जीप भगाकर ले गया । आगे आकर नायक ने स्टेनगन से जवाबी फायरिंग की । फिर उन्होंने कबीरपुर में सी.आर.पी.एफ. की चौकी पर आकर घटना की सूचना दी । जब वहां से फोर्स मौके पर पहुंची तो देखा कि दोनों जवान मरे पड़े हैं और उग्रवादी उनकी राइफलें भी साथ ले गए थे । घटनास्थल पर पड़े खाली कारतूसों से पता चला है कि इन कांस्टेबलों पर फायरिंग 12 बोर और 303 की राइफल से की गई थी ।

8-10 व्यक्ति हिरासत में

श्री सिद्दीकी के अनुसार सी.आर.पी. के आई.जी. श्री सुब्रह्मण्यम, डी.आई.जी. सी.आर.पी. श्री एस.एस. विर्क और डी.आई.जी. आप्रेशन सी. पाल सिंह काफी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । इस सम्बन्ध में क्षेत्र के 8-10 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है । इस बात की पुष्टि हो गई है कि क्षेत्र के किसी व्यक्ति ने इन हमलावर उग्रवादियों को खाना खिलाया था ।

घटनास्थल से पंजाबी भाषा में लिखा एक विज्ञापन भी मिला है, जो खालिस्तान लिबरेशन फोर्स की ओर से है । अवतार सिंह ब्रह्मा और जसविंद्र सिंह पप्पू के गिरोह ने इस वारदात की जिम्मेवारी अपने ऊपर ले ली है । श्री सिद्दीकी ने आगे बताया कि ब्रह्मा ग्रुप पर जिला फिरोजपुर और जिला अमृतसर में काफी दबाव था, इसलिए वह कपूरथला में दाखिल हो गए हैं । उसके सम्बन्ध में कपूरथला की पुलिस को सतर्क कर दिया गया था ।

'कोर्ट आफ इंक्वायरी शुरू'

श्री सिद्दीकी ने आगे बताया कि फिरोजपुर, कपूरथला और अमृतसर जिलों की ओर से मंड में उग्रवादियों के विरुद्ध संयुक्त अभियान शुरू कर दिया गया है, जो कल भी जारी रहेगा । उन्होंने दावा किया कि हम शीघ्र ही ब्रह्मा ग्रुप का सफाया करने में सफल हो जाएंगे । इसी दौरान सी.आर.पी.एफ. के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस घटना की कोर्ट आफ इंक्वायरी बिठा दी गई है ।

लुटेरे घर लूट कर ले गए

जालन्धर (क): गत रात थाना सदर जालन्धर के गांव पुरनपुर में एक व्यक्ति गुरजीत सिंह के घर में एक दर्जन के लगभग लुटेरों द्वारा 20 तोले सोने के आभूषण तथा कुछ कैश व घरेलू सामान लूट लिए जाने का समाचार मिला है । बताया गया कि यह लुटेरे एक टैम्पू में आए थे और टैम्पू में ही रजाइयां आदि लाद कर ले गए । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

परसों रात स्थानीय आदर्श नगर की कोठी नं. 60 में कुछ चोर चार गैस सिलैंडर तथा घरेलू सामान लूटकर ले गए । पुलिस डिविजन दो में इसकी रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

पिस्तौल सहित उग्रवादी पकड़ा

जिला जालंधर के थाना बंगा के गांव गोबिंदपुर के निकट एक नहर के पुल पर पुलिस की गश्ती पार्टी ने एक उग्रवादी बलविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक पिस्तौल और तीन कारतूस एवं एक लूटाहुआ स्कूटर बरामद किया है ।

जिंदा के साथी की जमानत

लुधियाना (ह.स.): श्री एस.एस. सोहल की विशेष अदालत ने बैंक डकैती के इतिहास में सब से बड़ी पंजाब नैशनल बैंक लुधियाना में हुई डकैती के एक अभियुक्त और दुर्दांत उग्रवादी हरजिंद्र सिंह जिंदा के एक साथी अवतार सिंह की आज जमानत

वाडियां कलां में अंधाधुंध फायरिंग करके व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 6 अन्य को घायल कर दिया ।

उग्रवादी रात 9.45 बजे गांव में घुसे और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी ।

होशियारपुर के पुलिस कंट्रोल रूम से ट्रंक फोन पर सम्पर्क किए जाने पर उसने कोई विवरण देने में असमर्थता प्रकट की । लेकिन पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेरे में लेकर हमलावरों की खोज शुरू कर दी है ।

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' के अनुसार मृतकों में ओम प्रकाश, गंगा राम, भजन सिंह, घुंघरू, विनोद कुमार और एक फौजी बैंक कर्मचारी शामिल हैं जबकि घायलों में दर्शन राम, विजय कुमार, सुखविंदर कुमार, प्रकाश चंद, प्रेम कुमार और चरणजीत लाल शामिल हैं । इस वारदात के बारे में गांव के लोगों चरणजीत आदि ने बताया कि रात 9.30 बजे के करीब उग्रवादियों के दो ग्रुपों ने अचानक दो तरफ से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । हमलावर उग्रवादी दो-दो या तीन-तीन के ग्रुपों में थे । कुछ लोग तो गोलियां लगने से बाजार में ही मारे गए जबकि उग्रवादियों ने कुछ लोगों को घरों के दरवाजे खुलवा खुलवा कर गोलियां मार कर हत्या की ।

होशियारपुर के जिला पुलिस चीफ एस.पी. डिटैक्टिव और सी. आर. पी. कमांडैंट सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए और घायलों को सिविल अस्पताल होशियारपुर पहुंचाया ।

पहले माहिलपुर थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और फिर होशियारपुर से ।

तेल का टैंकर ले गए

होशियारपुर (अश्विनी): आज बाद दोपहर सवा एक बजे यहां से 53 किलो मीटर दूर होशियारपुर-फगवाड़ा रोड पर गांव कनोली से दो उग्रवादी तेल का टैंकर लेकर फरार हो गए । बताया जाता है कि तेल का टैंकर एम.डब्ल्यू.यू. 3309 कनोली सड़क पर खड़ा था, जब उग्रवादी उसको भगा कर फगवाड़ा की ओर ले गए । थाना सदर होशियारपुर ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । बाद में प्राप्त समाचार के अनुसार टैंकर मिल गया है ।

थानों को 15 दिन बाद शस्त्रों का विवरण देना होगा

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): पंजाब में चल रही उग्रवादी लहर व पुलिस में भ्रष्टाचार व अन्य अनियमितताओं के दृष्टिगत राज्य सरकार ने पंजाब भर में पुलिस स्टेशनों को अपने-अपने शस्त्रों का विस्तृत विवरण प्रत्येक 15 दिन के बाद जिला मुख्यालय को व प्रत्येक जिला मुख्यालयों का विवरण रेंज मुख्यालय व रेंज मुख्यालयों को राज्य मुख्यालयों को देते रहने को कहा है । पता चला है कि विगत वर्षों में राज्य में कुछ गणमान्य व्यक्तियों को अलाट किए सरकारी हथियारों में भी कुछ अनियमितताएं हाल ही में प्रकाश में आई हैं ।

चोरियां बढ़ीं

एक अन्य समाचार के अनुसार फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव पलाही के क्षेत्रों में गत तीन दिनों में कई चोरी की घटनाएं हुईं ।

कराची में दंगा, 2 मरे

कराची, 1 नवम्बर (ए.पी.): यहां पुलिस और मोहाजिर आंदोलन के समर्थकों के बीच आज हुए संघर्षों में दो व्यक्ति मारे गए और 70 घायल हो गए ।

निर्णय लिया है ।

विदेश मंत्रियों
कि अब समय आ ग
आर्थिक क्षेत्रों में स
चाहिए क्योंकि स
सहयोग से ठोस ला

इस शिखर स
और नए क्षेत्र तय
सदस्य देश चाहते है
सहयोग के परिणाम
पूरा ध्यान दिया जा

आर्थिक मुद्दे

बंगला देश की
क्षेत्रीय और राष्ट्रीय
धन स्वीकार कर ले
सम्मेलन में हल
विरुद्ध है ।

हालांकि एशि
वित्तीय संस्था गठित
लिए विशेषज्ञों का
निर्णय लिया जा च
संतुष्ट दिखाई नहीं

भारत द्वारा विर

भारत ने बंग
सम्बन्धी सुझाव क
उसका कहना है कि
दक्षेस सामूहिक आ
हट जाएगा । कि
बंगला देश के उक्त
हैं । ये देश कह र
बैंक जैसी किसी वित्त
को पूरा करना उन
विदेश मंत्रियों ने 1
गतिविधियां रोक दे
है । इसका एक प्र

काठमांडू घोष
देश विकसित देशों
संयुक्त राष्ट्र द्वारा
सम्मेलन में पारित
की अपील भी करें

दक्षिण एशिया
दृश्य, श्रव्य आदान
और टैलीविजन से
सात सदस्य देशों

श्रीलंका के रा
दक्षिण एशियाई क्षे
शामिल होने के
हवाई अड्डे पर नेपा
ने श्री जयवर्धने त
का स्वागत किया

बम्बई : ईल
लगभग एक सौ स
अंतर्राष्ट्रीय हवाई
जूलियस आर. जय
प्रदर्शन किया ।
राष्ट्रपति जयवर्धने
जुलाई माह में ह
विरोध कर रहे थे
काठमांडू में हो र
संघ (दक्षेस) की बै
परन्तु वह बम्बई
यहां कुछ देर ठहर

Punjabi Sahatani

श्री पंत ने बहादुरी के साथ लड़कर इन हमलों को विफल करने के लिए भारतीय सैनिकों को बधाई दी । उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में भयानकारी बरतने का कोई मामला नहीं है ।

सचेत हैं और पाक हमले की मुकाबला करने में सक्षम हैं ।

श्री पंत ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि पाकिस्तानी अधिकारियों के सामने पाक सैनिकों के

पर हमला किया । इन हमलों से पूर्व भारी गोलाबारी की गई । पाकिस्तानी सेना ने रॉकेट और मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया । छः-सात अक्तूबर की रात को पाकिस्तानी सेना की एक

यह जानना चाहा कि इस विषय में [illegible] दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (दक्षेस) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पाकिस्तान के

(शेष पृष्ठ 8 पर)





शुक्रवार को (ऊपर) प्रधानमंत्री राजीव गांधी के तिवारी उनका स्वागत करते हुये । (नीचे) केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भजन लाल, भाजपा केंद्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह । (छाया : पाना)

उग्रवादियों द्वारा डी.एस.पी. तारा चन्द व 3 जवानों सहित 9 लोगों की हत्याएं

पाकिस्तान ट्रेंड सहित 19 आतंकवादी गिरफ्तार

बाड़ियांकलां कांड के एक और घायल ने दम तोड़ा

चंडीगढ़, 6 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने पंजाब में एक डी.एस.पी., एक हैड कांस्टेबल, एक सिपाही, एक सी.आर.पी. जवान सहित 9 लोगों की हत्याएं कर दीं व कई अन्य को घायल कर दिया । बाड़ियां कलां फायरिंग कांड का एक और घायल आज दम तोड़ गया । पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आए एक उग्रवादी सहित 19 उग्रवादी व उनके शरणदाता गिरफ्तार किए गए । उग्रवाद छोड़ कर आए तीन युवक उनके परिजनों के हवाले कर दिए गए ।

रासुका की अवधि बढ़ी

राज्य में गड़बड़ की स्थिति जारी रहने के दृष्टिगत पंजाब में रासुका की अवधि तीन मास के लिए बढ़ा दी गई है । पंजाब के अतिरिक्त चीफ सचिव श्री आर.पी. ओझा द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार यह एक्ट आगामी चार फरवरी तक जारी रहेगा । रासुका पंजाब में गत छः फरवरी 1981 को लागू किया गया था ।

डी.एस.पी. व बाप-बेटे की हत्या

आज सायं 6.30 बजे लुधियाना जिले के जगरांव कस्बे में 2 साइकिल सवार उग्रवादियों ने अस्पताल रोड पर एक चक्की पर बैठे 56 वर्षीय ओम प्रकाश व उसके 35 वर्षीय पुत्र सतपाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए । घटना की सूचना मिलने पर डी.एस.पी. तारा चंद ने भारी पुलिस फोर्स के साथ उग्रवादियों का पीछा किया और गांव डल्ला खारेवाला पुल पर पुलिस व उग्रवादियों में मुठभेड़ हुई जिसमें डी.एस.पी. तारा चंद मारे गए ।

2 और पुलिस कर्मी मरे

उग्रवादियों ने आज रात्रि फिरोजपुर जिले के धर्मकोट थाना क्षेत्र के कोट इस्से खान में सुरक्षा बलों की गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर हमला करके सी.आर.पी. के एक जवान व पंजाब पुलिस के एक हैड कांस्टेबल महेंद्र सिंह की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने चार माह पूर्व महेंद्र सिंह के परिवार के चार लोगों की हत्या की थी व उसका घर जला दिया था ।

अमृतसर (वार्ता, अशोक): हरिके पुलिस थाना के अंतर्गत ठठा ग्राम में गत रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी और तीन अन्य को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । घायलों में से दो महिलाएं हैं । पुलिस ने मारे गए व्यक्ति का नाम जागीर सिंह बताया है । पुलिस ने घटनास्थल से एक टूटी हुई टार्च और कुछ कारतूस भी बरामद किए हैं ।

पुलिस ने कहा है कि पांच आतंकवादियों ने बलदेव सिंह के मकान में दाखिल होकर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी थीं और बलदेव सिंह के पिता जागीर सिंह की हत्या कर दी तथा बलदेव सिंह की माता प्रकाश कौर, बहन नरेन्द्र कौर और एक रिश्तेदार तेजा सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उग्रवादी 12 बोर की बंदूकों और देसी पिस्तौलों से लैस थे । बलदेव सिंह ने भी पांच आतंकवादियों में से एक पर हमला करके उसे घायल कर दिया परन्तु सभी आतंकवादी, जिनमें घायल आतंकवादी भी शामिल है, भागने में सफल हो गए ।

तेजा सिंह को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां बाद में उसकी मृत्यु हो गई ।

सरपंच की हत्या

आज सायं दो साइकिल सवार उग्रवादियों ने मेहता चौक पुलिस स्टेशन के गांव उधोके खुर्द के सरपंच सुखदेव सिंह की हत्या कर दी ।

16 गिरफ्तार

आज प्रातः एक संवाददाता सम्मेलन में एस.एस.पी. अमृतसर श्री इज़हार आलम ने बताया कि जिला के पांच विभिन्न स्थानों से 16 आतंकवादियों को पुलिस ने हथियारों सहित गिरफ्तार किया है । पत्रकारों के सामने जिला पुलिस चीफ ने उन तीन युवकों को उनके अभिभावकों के हवाले किया जो 'पहली आतंकवादी कार्रवाई' में ही पुलिस द्वारा पकड़ लिए गए ।

श्री आलम ने बताया कि गिरफ्तार 16 आतंकवादियों व उनके शरणदाताओं से भारी मात्रा में गोली सिक्का भी बरामद हुआ है । उन्होंने बताया कि जंडियाला पुलिस ने सविन्दर सिंह और मुख्तियार सिंह निवासी मेहका के अतिरिक्त सुलखन सिंह, मनजिन्दर सिंह व खजान सिंह (सभी निवासी जंडियाला) को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से पुलिस को दो 12 बोर के पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

जिला पुलिस चीफ ने बताया कि जांच के दौरान पता चला है कि ये उग्रवादी किसी वारदात की योजना बना रहे थे । तरनतारन सिटी पुलिस ने भी पांच उग्रवादियों नरेन्द्र सिंह निवासी गांव भुल्लर, दिलबाग सिंह निवासी रतौल थाना सरहाली, अंग्रेज सिंह निवासी कक्का कंडियाला थाना सदर तरनतारन, लखा सिंह निवासी तरनतारन और धर्म सिंह निवासी थापर बोहड़ जिला फिरोजपुर को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से पुलिस को दो 303 बोर के पिस्तौल और कुछ कारतूस मिले हैं ।

इसी तरह अमृतसर पुलिस ने कपूरथला में डकैती डालने वाले दो उग्रवादियों स्वर्ण सिंह हमीरा और बलविन्दर सिंह निवासी जगाधरी (हरियाणा) को गिरफ्तार किया है । अमृतसर सिटी की राम बाग पुलिस ने बेअंत सिंह निवासी मखू जिला फिरोजपुर और बलविन्दर सिंह निवासी जौहल सिंह दाला थाना सरहाली को गिरफ्तार किया है । ये दोनों व्यक्ति उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं । इनके कब्जे से पुलिस को कुछ गोली सिक्का भी मिला है ।

जिला पुलिस चीफ ने बताया कि झब्बाल पुलिस ने भी स्वर्ण सिंह और विरसा सिंह निवासी झब्बाल को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

श्री आलम ने तीन युवकों तजेन्द्र सिंह (17),

(शेष पृष्ठ 8 पर)

...ा विरोध-जलूस ...ने की सम्भावना

उजागर सिंह सेखवां व कैप्टन अमरेंद्र सिंह आपसी भेद सुलझाने में काफी हद तक सफल हो गए हैं । कैप्टन अमरेंद्र सिंह के निकट सूत्रों का कहना है कि उन्हें श्री ब्रह्मपुरा को हटाए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है । वह स्वयं अनुभव करते हैं कि श्री ब्रह्मपुरा कई बार गलती पर थे । इसकी एक झलक 19 अक्तूबर को पटियाला की बैठक में मिली थी । कैप्टन अमरेंद्र सिंह को इसी बात का गिला है कि श्री दूमछेड़ी को दल के युवा विंग का प्रधान क्यों बनाया गया है । श्री दूमछेड़ी, जिन्हें कल हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार किया था, को कल सायं ही रिहा कर दिया गया था ।

इस दौरान तारा सिंह रोपड़, सुच्चा सिंह छोटेपुर, इंद्रजीत सिंह, ज्ञानी अर्जुन सिंह, तालिब सिंह संधु व जसमेल सिंह नथाना व उनके साथियों ने श्री सेखवां से अपील की है कि वे 29 अक्तूबर के अपने उस निर्णय को रद्द न करें जिसके अनुसार 26 जनवरी से नागरिक अवज्ञा आंदोलन शुरू किया जाना है । इस संयुक्त बयान में इन नेताओं ने कैप्टन अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि बीसवीं सदी में सिख पंथ की प्रतिष्ठा के लिए कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने कई बलिदान दिए हैं । उन्होंने जून माह में सिंह साहिबान को लिखे पत्र में यह सुझाव दिया था कि केंद्र से टक्कर लेने के लिए तीन तख्त साहिबान से दिल्ली की ओर मार्च किया जाए जिसका नेतृत्व सिंह साहिबान करें । इस बयान पर राजा नरेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह मजीठा, जागीर सिंह फूला और संत सिंह धूरी आदि के भी हस्ताक्षर हैं ।

पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव पेश

नई दिल्ली, 6 नवम्बर (वार्ता, हस.): पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि 11 नवम्बर से 6 मास बढ़ाने के लिए आज लोकसभा में प्रस्तुत वैधानिक प्रस्ताव पर बहस के दौरान कांग्रेस (इ) तथा विपक्षी सदस्यों ने एक स्वर से मांग की कि सीमा पार से उग्रवादियों की पंजाब में घुसपैठ रोकने के लिए सीमा सील की जाए । विपक्षी सदस्यों ने पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति का राजनीतिक समाधान ढूंढने की आवश्यकता पर बल दिया । उन्होंने सरकार के इस दावे को ग़लत करार दिया कि पंजाब में स्थिति निरंतर सुधर रही है ।

प्रस्ताव का तेलगु देशम के माधव रैड्डी ने विरोध किया । प्रस्ताव पर चर्चा आज अधूरी रही ।

गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि पंजाब में स्थिति बेहतर हो रही है । आतंकवादियों के साथ राज्य प्रशासन बहुत कठोरता से निपट रहा है, मगर वहां स्थिति ऐसी नहीं है कि वहां जन-प्रतिनिधि सरकार स्थापित की जाए । इससे कार्रवाई में ढील आ जाने की आशंका है ।

उन्होंने कहा कि दस मई को राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद से वहां धार्मिक कट्टरता की उग्र कार्रवाइयां नियंत्रित हुई हैं । मांस और शराब की दुकानों का बंद कराने, स्कूली छात्रों के लिए विशेष प्रकार की वेषभूषा के लिए दबाव डालने के लिए डराने-धमकाने की कार्रवाई बहुत कुछ बंद हो चुकी है । लेकिन आतंकवादी अभी भी अपनी कार्रवाई में लगे हुए हैं । मगर उन पर प्रशासन का शिकंजा काफी मज़बूत हो गया है । काफी आतंकवादी पकड़े [illegible] मनोबल काफी ऊंचा है ।

रही है । उन्होंने कहा कि पंजाब में राजनीतिक स्थिति ऐसी नहीं है कि किसी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया जा सके । अकाली दल कई धड़ों में बंटा हुआ है और भविष्य के बारे में उनकी कल्पनाएं भी बहुत स्पष्ट नहीं हैं । राज्यपाल ने राज्य विधान सभा को पहले की तरह ही निलम्बित रखने की सिफ़ारिश की है । उन्होंने कहा कि पंजाब में आतंकवादी अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं । उनके खिलाफ़ जन-जागृति बढ़ी है । पंजाब से दिल्ली आए हुए 125 परिवार वहां लौट चुके हैं । कुछ और परिवार भी शीघ्र वापस जाने वाले हैं ।

तेलगु देशम के माधव रैड्डी ने राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने का विरोध करते हुए कहा कि राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद से पंजाब की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है । आतंकवादी पंजाब से निकल कर दिल्ली तक धावे बोलने लगे हैं । उन्होंने कहा कि सरकार यदि समझती है कि वहां स्थिति सुधरी है तो राष्ट्रपति शासन आगे जारी रखने की कोई जरूरत नहीं है । कांग्रेस (इ) के रघुनन्दन लाल भाटिया ने कहा कि पंजाब में जिस तेजी से स्थिति सुधर रही है, वह गति बनी रही तो अगले 6 महीनों में वहां का नक्शा बदल सकता है । उन्होंने कहा कि पंजाब में हिन्दू-सिख एकता में कोई दरार नहीं आई है ।

मार्क्सवादी वासुदेव आचार्य ने मई में राष्ट्रपति शासन लागू करने के फैसले को राजनीति-प्रेरित बताया । उन्होंने पंजाब में सर्वदलीय अभियान को फिर से चलाने पर ज़ोर दिया, जिसकी शुरूआत इस वर्ष के प्रारम्भ में की गई थी । कांग्रेस (इ) के जनरल [illegible] राष्ट्रीय समस्या है और हमें इस राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में [illegible]

राजीव मध्य प्रदेश में अर्जुन सिंह की भूमिका से नाराज़

[illegible] संचारमंत्री श्री अर्जुन सिंह तथा मध्य प्रदेश के [illegible]

[illegible] दोनों ने अपनी संयुक्त शक्ति से जिला इकाइयों में [illegible]

Punjabi Sanatan



(1) जगराओं के डी.एस.पी. श्री तारा चंद (इन्सैट) जिनकी शुक्रवार रात को उग्रवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी, शनिवार को जालंधर में पुलिस-सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई । इस अवसर पर श्रीमती तारा चंद को ढाढ़स बंधाता हुआ उनका बेटा । (2) इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों में डी.आई.जी. श्री सिद्दीकी और डी.आई.जी. श्री एम.एस. भुल्लर,लुधियाना के एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे और जालंधर के एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री स्वर्ण सिंह भी थे,(इन्सैट) पुलिस गार्द उलटे हथियार करके सलामी देते हुये (छाया : कपूर) । (3) जगराओं में ही उग्रवादियों के हाथों मारे गये श्री ओम प्रकाश तथा (4) उनका बेटा श्री सतपाल । (छाया : शर्मा)

डा.एस.पी. की हत्या
(पृष्ठ 1 का शेष)

सतपाल सिंह (16) और बलजिन्दर सिंह (17) को पत्रकारों के सामने उनके अभिभावकों के हवाले किया । उन्होंने बताया कि ये तीनों युवक खालसा कालेज में जमा-एक के छात्र हैं और दो दिन पूर्व इन युवकों ने स्थानीय राम तीर्थ रोड पर स्थित एक घर में खिलौना पिस्तौल के बल पर डाका डालने का प्रयास किया था । घर के मालिक ने इन्हें काबू कर लिया और इन तीनों को पुलिस के हवाले कर दिया ।

श्री आलम ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि खालसा कालेज के एक छात्र बलकार सिंह, जो दो मास पूर्व पंजाब एंड सिंध बैंक में हुई डकैती में वांछित है, ने उन्हें बहकाया था । उसके बाद ही वह वारदात के लिए निकले परन्तु पकड़े गए ।

सिपाही की हत्या

पटियाला (ह.स.): दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने आज दोपहर रोपड़ जिले के चमकौर थाने के सिपाही ओम प्रकाश की गोली मार कर हत्या कर दी । यह सिपाही वहां के थानेदार का ड्राइवर था । सरकारी सूत्रों के अनुसार सिपाही ओम प्रकाश यहां बेला रोड पर एक वर्कशाप में सरकारी जीप की मुरम्मत करा रहा था, वहां आतंकवादियों ने उसे गोलियों से बुरी तरह घायल कर दिया । बाद में अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई ।

दो गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): जिला पुलिस कप्तान श्री पी.एम. दास ने बताया कि थाना भुलत्थ के क्षेत्र में जिला पुलिस ने गत दिवस दो कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक 12 बोर पिस्तौल, 5 कारतूस तथा लूटे हुए 10 हजार रुपए व अन्य सामान बरामद किया है । गिरफ्तार



होशियारपुर में मारे गए दुष्ट सोध कमांडो फोर्स के स्वयंभू जनरल परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा व उसके साथियों चरण जीत सिंह, महेन्द्र पाल सिंह पाली, सर्वजीत सिंह छिंदा से बरामद हथियार व गोली-सिक्का । (छाया : पंजाब केसरी)

आतंकवादियों जसवंत सिंह (चुगांवां), कश्मीरा सिंह (इब्राहीमपुर) ने प्राथमिक पूछताछ में पुलिस को बताया कि उनके गिरोह ने गांव इब्राहीमपुर के पुजारी श्री तरसेम लाल का घर लटने के अतिरिक्त डाका व लूटने की कई वारदातें की हैं । इस गिरोह के भागे हुए दो सदस्यों को शीघ्र गिरफ्तार करने के संबंध में पुलिस आशावान है ।

श्री दास ने यह भी बताया कि 22.10.87 को गिरफ्तार किए गए आतंकवादी अमरीक सिंह ने पुलिस को यह जानकारी दी है कि 4.9.87 को मंड आपेशन के दौरान पुलिस ने चारों ओर से मंड में घेरा तंग किया तो दुर्दांत आतंकवादी जरनैल सिंह उर्फ़ जैला ने अपने साथियों के साथ निर्णय किया कि पुलिस के हाथ लगने अथवा पुलिस की गोली से मरने की बजाय आत्महत्या की जाए । जरनैल सिंह उर्फ़ जैला ने अपनी राइफल से गोली मार कर छिन्दर सिंह उर्फ़ छिन्दा व तसवीर सिंह को हलाक कर दिया, जबकि मृत्यु के भय से अमरीक सिंह भाग कर लम्बी घास में छुप गया । इसके पश्चात् जरनैल सिंह उर्फ़ जैला ने स्वयं को गोली मार कर आत्महत्या कर ली । 22.10.87 को अमरीक सिंह ने उनके पिंजर तथा शस्त्र बरामद करवाए थे ।

बाड़ियाकलां का एक और घायल चल बसा

होशियारपुर (अश्विनी): गांव बाड़ियाकलां में आतंकवादियों की गोलियों से घायल आठ में से कल रात सी.एम.सी. लुधियाना में एक और घायल श्री प्रकाश चंद दम तोड़ गए । इस प्रकार इस हत्याकांड में मृतकों की संख्या 9 हो गई है ।

घायल चल बसा

लुधियाना (ह.स.): जिला होशियारपुर के बाड़ियां कलां में उग्रवादियों द्वारा घायल प्रकाश चंद की आज यहां स्थानीय अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

उग्रवादी गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने गांव धौलड़ां के निकट सरहिंद नहर के पुल पर विशेष नाकाबंदी के दौरान पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित एक 'बी' श्रेणी के उग्रवादी लखविन्दर सिंह उर्फ लखा को गिरफ्तार किया है । वह बब्बर खालसा से सम्बद्ध है । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार लखा स्कूटर पर कहीं जा रहा था कि सुरक्षा बलों द्वारा रुकने के दिए गए संकेत की उपेक्षा कर उसने भागने का प्रयास किया, तभी सुरक्षा बलों ने उस पर काबू पा लिया । उसकी राज्य में विभिन्न अपराधों में तलाश थी ।

पूछताछ के दौरान लखा ने बताया कि वह पाकिस्तान से प्रशिक्षण प्राप्त करके भारत आया है । वह खूंखार आतंकवादी चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी के लिए काम करता रहा है । उसके कब्जे से अमरीकी 45 बोर की पिस्तौल, 5 कारतूस तथा एक चेतक बजाज स्कूटर बरामद किया गया है । वह चमकौर साहिब से इस क्षेत्र में आया था । उसने पुलिस को बताया कि खुमानों से उसने गहने तथा एक गांव सोदावी से एक दोनाली तथा प्रोफैसर भूपेंद्र सिंह से उसका 45 बोर का पिस्तौल छीना था । उसने आगे कहा कि उसने गांव अरूड़ सिंह वाला से एक पिस्तौल तथा एक मोटर साइकिल छीना था । उसने बरपाल खेड़ी में एक व्यक्ति सुखदेव सिंह को कत्ल करने की घटना में भी अपना हाथ स्वीकार किया है । लखा ने स्वीकार किया कि उसने कई स्थानों से बन्दूक की नोक पर 5 स्कूटर छीने थे । अनाज मंडी पटियाला से सुभाष नामक व्यक्ति से 1640 रुपए छीने थे ।

पैट्रोल पम्प लूटा

जिला जालंधर के फिल्लौर पुलिस स्टेशन के गांव लसाड़ा में स्थित एक पैट्रोल पम्प से दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने 11500 रुपए लूट लिए । पुलिस ने पैट्रोल पम्प के मालिक की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है ।

IN THE FIELD OF
Water Works Fittings
Bir COMPLETES 40 YEARS
OF GLORIOUS SERVICE TO THE NATION



BIR ENGINEERING WORKS,
G.T. ROAD, MAQSOODAN, JALANDHAR-144008 (Pb.)
Phones : 72876, 76083, 78154, Resi. 3845, 2009, 2114.
GRAMS : FILTER.

TWO BOILERS FOR SALE

Two smoke tube, shell type, husk fired boilers, 1982/83 make of Indra Fabricators, Bombay with current fitness certificates from Boiler Inspector and in excellent running condition, with the following specification,are for sale :—

1. Rating 1611 woking pressure 14 kg./cm². Approx. Price minimum Rs. 4.5 lacs.
2. Rating 850 woking pressure 10 kg./cm². Approx. Price minimum Rs. 3 lacs.

Please write or contact urgently—

The Director,
Govind Rubber Ltd.,

अपील

उत्तर प्रदेश फिल्म उद्योग के न्यायोचित उद्देश्य के समर्थन में, नार्दर्न इंडिया मोशन पिक्चर्ज़ एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से 8.11.87 को सांकेतिक हड़ताल करने

Punjab Kesari

अमृतसर में एक ही परिवार के दो सदस्यों व किसान सहित तीन की हत्या : महिला घायल

बाबा बकाला में मकान जलाया : सीमावर्ती गांवों में रात्रि कर्फ़्यू की अवधि बढ़ी

लुधियाना में 'बी' श्रेणी उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 8 नवम्बर (ह.स.): गत 24 घंटे के दौरान उग्रवादियों ने जिला अमृतसर में एक पिता, पुत्र व एक किसान सहित तीन लोगों की हत्या कर दी, एक महिला को घायल कर दिया और बाबा बकाला में एक घर के सदस्यों को बाहर निकाल कर घर को आग लगा दी तथा जिला होशियारपुर में एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर राइफ़ल छीन ली । जिला लुधियाना में 'बी' श्रेणी के एक उग्रवादी हरदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया ।

जिला गुरदासपुर के सीमावर्ती गांवों में रात के कर्फ़्यू की अवधि बढ़ा दी गई जबकि गुरदासपुर शहर में दोपहिया वाहनों पर दोहरी पुरुष सवारी बैठाने की छूट की अवधि भी बढ़ा दी गई । डेरा बाबा नानक थाना क्षेत्र में उग्रवादियों का साहस से मुकाबला करने वाले पांच लोगों को पुरस्कृत किया गया ।

किसान की हत्या

उग्रवादियों ने आज रात्रि अमृतसर के झब्बाल थाना क्षेत्र के ग्राम डंडकसेल में एक किसान गुरमुख सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी व चरणजीत सिंह को घायल कर दिया ।

पिता-पुत्र की हत्या

अमृतसर (वार्ता, अशोक): छः सशस्त्र आतंकवादियों ने गत रात सरहाली पुलिस थाना के तहत वारिंग ग्राम में एक पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी और एक महिला जसबीर कौर को घायल कर दिया । पुलिस ने मारे गए इन दोनों व्यक्तियों के नाम चन्नन सिंह (पिता) और अजीत सिंह (पुत्र) बताए हैं । अजीत सिंह घटनास्थल पर खत्म हो गया तथा चन्नन सिंह की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई ।

घायल महिला जसबीर कौर अजीत सिंह की पत्नी है । प्राप्त विवरण के अनुसार पांच उग्रवादी रात लगभग 12 बजे अजीत सिंह के घर में घुसे और घर में सोए लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी । जसबीर कौर को अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया है । पुलिस एवं सुरक्षा बल प्रातः सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे ।

मकान जला दिया

बाबा बकाला (मेहरा, जस.): गत रात थाना वैरोवाल के गांव गगरेवाल में चार उग्रवादियों ने एक व्यक्ति सम्मा सिंह के घर बलात् घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की । घर वालों को जान से मार देने की धमकी देकर उग्रवादियों ने महिलाओं को घर से बाहर भेज दिया । बाद में उन्होंने घर की तलाशी ली और फिर सारे घर को आग लगा दी । इससे लगभग बीस हजार रुपए का सामान जल गया । इसमें पांच हजार रुपए नकद भी शामिल हैं ।

उग्रवादियों से जूझने वाले पुरस्कृत

बटाला (ह.स.): जिला गुरदासपुर के जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा और सीमा सुरक्षा बल के डी.आई.जी. श्री चमन लाल ने आज डेरा बाबा नानक पुलिस स्टेशन का दौरा किया जहां सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए थे । उग्रवादी 31 अक्तूबर को 19 वर्षीय सविंदर कौर की हत्या कर भाग रहे कि क्षेत्र के लोगों के सहयोग से सुरक्षा बलों ने उन्हें घेर लिया और मुठभेड़ में वे मारे गए । उग्रवादियों से निपटने में साहस दिखाने वाले पांच लोगों को पांच-पांच हजार रुपए के नकद पुरस्कार दिए गए । जिलाधीश और डी.आई.जी. ने विकास कार्यों के लिए गांव की पंचायत को पचास हजार रुपए का परस्कार भी दिया । एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा कारणों से उन लोगों के नाम गुप्त रखे जा रहे हैं जिन्हें पुरस्कृत किया गया है ।

रात के कर्फ़्यू की अवधि बढ़ी

सरकारी सूत्रों के अनुसार जिला गुरदासपुर के सीमावर्ती गांवों में रात के कर्फ़्यू की अवधि आगामी दो जनवरी तक बढ़ा दी गई है । यह कर्फ़्यू प्रतिदिन सायं 6 से प्रातः साढ़े 6 बजे तक लागू रहा करेगा ।

दोहरी सवारी पर छूट

जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश जारी करके 5 हार्स पावर से कम क्षमता के दोपहिया वाहनों पर गुरदासपुर की पालिका सीमा में दोहरी पुरुष सवारी की अनुमति की अवधि 6 जनवरी तक बढ़ा दी है । साढ़े तीन हार्स पावर के मोटर साइकलों पर पाबंदी पूर्ववत जारी रहेगी । जिला में बसें प्रातः पांच से रात साढ़े सात बजे तक चल सकेंगी ।

दुर्दांत उग्रवादी गिरफ्तार

लुधियाना (जोशी): श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि लुधियाना पुलिस ने एक खतरनाक आतंकवादी हरदेव सिंह को गिरफ्तार किया है । उन्होंने बताया कि यह दुर्दांत आतंकवादी जिन्दा और बावा के गिरोह का सदस्य है । श्री पांडे के अनुसार इसका सम्बन्ध खालिस्तान कमांडो फोर्स से है । पता चला है कि यह सिख फैडरेशन के गुरजीत गुट का भी सदस्य है । खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल लाभ सिंह उर्फ सुखा गिपाही, जिन्दा, बावा तथा बचित्तर सिंह के साथ मिल कर डाके डालता था । इसने पिस्तौल की नोक पर खुमानू जिला लुधियाना के एक राइस शैलर के मालिक बलबीर सिंह से चालीस हजार रुपया छीना । इसने यह भी रहस्योद्घाटन किया है कि उसने लुधियाना के पौने छः करोड़ के डाके का दस लाख रुपया बचित्तर सिंह की मार्फत सुखा सिपाही और जिंदा को पहुंचाया था । यह अमृतसर के गांव झबाल का रहने वाला है । यह लुधियाना पुलिस को बैंक डकैती में वांछित था, और यह डाका 12 फरवरी 1987 को मारा गया था ।

राइफल छीनी

होशियारपुर (अश्विनी): यहां से दस किलो मीटर दूर टांडा रोड पर गांव लाचोवाल में दो सशस्त्र आतंकवादी एक व्यक्ति गुरदेव सिंह से उसकी 315 बोर की लाइसैंसी राइफल और 6 कारतूस छीन कर फरार हो गए । बताया गया है कि आतंकवादी रात 8 बजे सहकारिता अधिकारी गुरदेव सिंह के घर पहुंचे और पिस्तौल की नोक पर उनकी राइफल छीन ली । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

पिस्तौल सहित गिरफ्तार

रोपड़ (दर्दी): जिला पुलिस ने गांव भागोमाजरा के निवासी मोहर सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से 315 बोर का एक देसी पिस्तौल और चार कारतूस बरामद हुए हैं । पूछताछ के दौरान उससे बहुत-सी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की सम्भावना है ।

बंगला देश में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग, 3 मरे

ढाका, 8 नवम्बर : आज दक्षिणी बंगला देश के नगर बारीसाल में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस फायरिंग से 3 लोग मारे गए जबकि कई अन्य घायल हो गए ।

मारुति-मालगाड़ी टक्कर में एक मरा, दो घायल

नई दिल्ली, 8 नवम्बर (वार्ता): आज दोपहर 2.25 बजे उत्तरी रेलवे के अम्बाला-लुधियाना प्रखंड पर साईलगढ़ व सरहंद के बीच एक रेलवे क्रासिंग पर एक मारुति कार को एक मालगाड़ी द्वारा टक्कर मारे जाने से कार में सवार एक वृद्ध व्यक्ति मारा गया व एक वृद्ध महिला व एक साइकिल सवार घायल हो गए ।

दिल्ली के मुनीरका में उग्रवादियों द्वारा हिंसा की योजना

नई दिल्ली, 8 नवम्बर : दिल्ली पुलिस ने आज रात पंजाब के कुछ आतंकवादियों की तलाश में अपना अभियान काफी तेज कर दिया । उसे खबर मिली है कि आतंकवादी दक्षिण दिल्ली के मुनीरका में व्यापक हिंसा की योजना बना रहे हैं । एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस कंट्रोल रूम को टैलीफोन पर बताया कि आतंकवादियों को एक दुपहिये से इस क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा गया है ।

Punjabi Sahapedia

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में 7 आतंकवादी मारे गए

अमृतसर जिले में एक हत्या, लुधियाना जिले में 2 शव मिले, 3 बैंक लूटे

होशियारपुर में बम विस्फोट से दो मरे

चंडीगढ़, 9 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में ल 24 घंटों में 3 विभिन्न स्थानों पर हुई मुठभेड़ों में 7 उग्रवादी मारे गए, जबकि उग्रवादियों ने अमृतसर जले के एक गांव में एक ग्रामीण की हत्या कर दी । तधारक हथियारों से क्षत-विक्षत शव जिला धियाना में मिले । होशियारपुर के लाचोवाल गांव में आज एक ग्रामीण बैंक से 20600 रुपए लूट लिए गए ।

होशियारपुर में बम विस्फोट से 2 व्यक्ति मारे गए । वे कबाड़ में से पीतल उतार रहे थे कि विस्फोट हुआ ।

जालन्धर जिले में भी एक ग्रामीण बैंक से 13978 रुपए लूट लिए गए ।

मृत उग्रवादियों में तीन बी श्रेणी के आतंकवादी भी शामिल हैं । मृत आतंकवादियों में दो खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध थे । इनके सिर पर 50 हजार रुपए के ईनाम थे । सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को शरण देने वाले एक व्यक्ति हरभजन सिंह को भी गिरफ्तार किया है । अमृतसर जिले में मुठभेड़ में मृत आतंकवादी सुरेन्द्र सिंह सोढी उर्फ शिन्दा तथा रेशम सिंह उर्फ रछपाल शामिल हैं । रछपाल अपने को खालिस्तान कमांडो फोर्स का डी.सी. बताया करता था । अमृतसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री इज़हार आलम ने बताया कि सुरेन्द्र सिंह सोढी 50 हत्याओं और रेशम सिंह एक दर्जन हत्याओं के मामले में वांछित था । उन्होंने बताया कि सोढी उस 12 सदस्यीय गिरोह का सरगना था, जिसने 7 अगस्त को मजीठा थाने के अजनाला उपमंडल में 12 व्यक्तियों की हत्या की थी । सोढी मुख्य रूप से गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक, फतेहगढ़ चूड़ियां तथा अमृतसर जिले के अजनाला उपमंडल में लगभग 50 हत्याओं में संलिप्त था । दूसरी मुठभेड़ तरनतारन क्षेत्र के गांव पलासौर में हुई, जिसमें एक उग्रवादी मारा गया ।

तीसरी मुठभेड़ लुधियाना जिले में आज प्रातः रसूलपुर गांव के पास हुई, जिसमें सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 आतंकवादी मारे गए, जबकि उनका पांचवां साथी भागने में सफल हो गया । उग्रवादियों से बड़ी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किए गए ।

बैंक से 2 लाख लूटे

उग्रवादियों ने आज सायं 3.30 बजे संगरूर में को-आप्रेटिव बैंक से 2 लाख रुपए से अधिक लूट लिए । पुलिस के अनुसार लुटेरों की संख्या का पता नहीं चल सका ।

अमृतसर में 3 उग्रवादी मुठभेड़ में मरे

अमृतसर (अशोक): अमृतसर जिले में रात रात्रि में तीन आतंकवादियों के सुरक्षा बलों व पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जाने के समाचार मिले हैं । गांव पालासौर में एक उग्रवादी गुरभेज सिंह मारा गया, जबकि उसके दो साथी भागने में सफल हो गए । गांव वासिके में दो उग्रवादी रेशम सिंह और सुरेंद्र सोढी मारे गए । एक अन्य उग्रवादी हरभजन सिंह को घायल अवस्था में पकड़ लिया गया ।

गांव रत्ता गढ़ी में आतंकवादियों ने कारज सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

अमृतसर जिला मुख्यालय में पहुंचे समाचारों के अनुसार गत रात्रि में गांव वासिके में पुलिस व सुरक्षा बलों की उग्रवादियों के साथ तीखी मुठभेड़ हुई । बताया जाता है कि सुरक्षा बलों को इस बात की सूचना मिली थी कि गांव वासिके में हरभजन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में कुछ वांछित उग्रवादी छिपे हुए हैं । इस पर सुरक्षा बलों ने सम्बन्धित थाना अजनाला के डी.एस.पी. व पुलिस फ़ोर्स को साथ लेकर रात 11 बजे के करीब हरभजन सिंह के घर को घेर लिया । घिर जाने पर घर के अंदर छिपे आतंकवादियों ने पुलिस व सुरक्षा बलों पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । इस पर सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फ़ायरिंग की । लगभग 45 मिनट तक गोलीबारी होती रही । बताया जाता है कि सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों को काबू करने के लिए हथगोलों का भी प्रयोग किया । इस फ़ायरिंग में 2 उग्रवादी मारे गए व तीसरा घायल हो गया ।

उग्रवादियों की ओर से जब फ़ायरिंग बंद हो गई तब पुलिस व सुरक्षा बल घर में घुसे । पुलिस ने बड़ी मात्रा में मृत आतंकवादियों के पास से हथियार व गोली-सिक्का बरामद किए । इनमें एक चीनी मार्के वाली ए.के.47 असाल्ट राइफल, उसके 19 खाली और 12 जीवित कारतूस व एक मैगज़ीन शामिल थी । इसके अतिरिक्त एक 315 बोर की राइफल, 10 खाली व तीन ज़िन्दा कारतूस, एक 12 बोर की पिस्तौल, उसके तीन खाली कारतूस व 2 ज़िंदा कारतूस बरामद किए गए ।

सुरक्षा बलों ने घर के अंदर से घर के मालिक हरभजन सिंह को घायल अवस्था में पकड़ा । प्राप्त सूचनाओं में बताया गया है कि दोनों मृत आतंकवादियों में से एक की पहचान रेशम सिंह उर्फ रछपाल सिंह उर्फ डी.सी. निवासी गांव बराड़ थाना लोपोके के रूप में की गई है । इसकी गिरफ्तारी के

(शेष पृष्ठ 6 पर)









जालन्धर के एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह बैंस (ऊपर) उग्र असाल्ट राइफल दिखाते हुए । (नीचे) उग्रवादियों से पकड़े ग

प्रक्षेपास्त्र गिरने से दस मरे

बगदाद, 9 नवम्बर (ए.पी.): ईरान द्वारा ईराक की राजधानी बगदाद के घनी आबादी वाले इलाके में आज दागे गए एक प्रक्षेपास्त्र से कम से कम दस लोग मरे हैं । इस हमले से 106 व्यक्ति घायल हो गए जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं ।

फारूक दिल्ली रवाना

जम्मू, 9 नवम्बर : जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला बिना किसी पूर्व कार्यक्रम के आज शाम नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए । उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कल सीमावर्ती नगर पुंछ

जालन्धर पुलिस ने कई उ कांडों के अभियुक्तों का

जालन्धर, 9 नवम्बर (क.): जालन्धर पुलिस ने उन दो उग्रवादियों की पहचान कर ली है, जो गत सप्ताह थाना करतारपुर के गांव बल्ला के निकट 3 नवम्बर को मारे गए थे । वह दोनों जसबीर सिंह उर्फ बिल्ला निवासी गोपाल नगर अमृतसर तथा कुलदीप सिंह उर्फ बेदी निवासी अमृतसर थे और हत्या, लूटपाट आदि की आधी दर्जन वारदातों में वांछित थे ।

यह जानका
श्री एस. एस. बैं
और बताया कि
गिरोह से था ।
स्कूटर छीना थ
ज्यूलर्ज की को
रिवाल्वर लूटा
घायल किया था
दत्त के लड़के
सी.आर.पी.एफ
कुलदीप सिंह अ
आयोजित करत
श्री बैंस ने
पुलिस ट्रेनिंग के
कांस्टेबल मख
सिख छात्र संघ
हत्या की अने
स्वयं उसने गो

पराजय सामने देखकर भजन लाल ने फतेहाबाद और करनाल में गड़बड़ कराई : सम्पत सिंह

चंडीगढ़, 9 नवम्बर (वि.प्र.): हरियाणा के दो वरिष्ठ मंत्रियों प्रो. सम्पत सिंह (लोकदल) और डा. कमला वर्मा (भाजपा) ने केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री चौ.

कार्यकर्त्ताओं ने मतदान केन्द्रों पर कब्जा किया है ।

प्रो. सम्पत सिंह ने जो फतेहाबाद में लोकदल-भाजपा प्रत्याशी श्री बलबीर सिंह के

Punjabi Bharati



होशियारपुर में बम विस्फोट में मरे (1) तरकन और (2) रंगनाथ। (छाया : अश्विनी)

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

लिए 30 हजार रुपए का ईनाम घोषित था । दूसरे मृत आतंकवादी की सुरेंद्र सिंह सोढी के रूप में पहचान की गई है । इसके सिर पर 50 हजार रुपए का ईनाम था । यह गांव कमालपुर का रहने वाला था । यह दोनों मृत आतंकवादी पुलिस को कई हत्याकांडों व डकैतियों के मामले में वांछित थे । घायल हरभजन सिंह के बारे में बताया गया है कि वह भागने का प्रयास कर रहा था कि सुरक्षा बलों ने उसे काबू कर लिया ।

एक अन्य सूचना में बताया गया कि गत रात्रि में ही अमृतसर जिले के गांव पालासौर में सुरक्षा बलों की एक नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी गुरमेज सिंह मारा गया । सूचनाओं में बताया गया है कि गांव के बाहर गंदे नाले के निकट सुरक्षा बलों ने नाका लगाया हुआ था कि रात 10.30 बजे उन्होंने तीन व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में अपनी ओर आते देखा । जब सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । नाका पार्टी द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके दो अन्य साथी भागने में सफल हो गए । मृत आतंकवादी गुरमेज सिंह गांव गुमतला का निवासी बताया गया है । इस मृत आतंकवादी के कब्जे से सुरक्षा बलों ने 12 बोर की दुनाली बंदूक और उसके तीन जीवित तथा 8 चले हुए कारतूस बरामद किए । उसके शव के पास से सुरक्षा बलों ने 303 के पांच जीवित कारतूस और 315 बोर का एक जीवित कारतूस भी बरामद किया ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यह उग्रवादी भी 'बी' श्रेणी का आतंकवादी था तथा इसके सिर पर 50,000 रुपए का ईनाम था । यह आतंकवादी भी पुलिस को कई हत्याओं व डकैतियों के केसों में वांछित था ।

जघन्य हत्याकांडों में संलिप्त

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री इज़हार आलम ने आज यहां संवाददाताओं को उन हत्याकांडों की जानकारी दी, जिनमें सुरेन्द्र सिंह सोढी व रेशम सिंह संलिप्त थे । उन्होंने कहा कि यह दोनों गांव वानि-ए-के में 5 तथा गांव बोपारायं में 4 लोगों की हत्या, थाना लोपोके क्षेत्र में हवलदार सरजीत सिंह की हत्या, बैंक की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात हवलदार रणजीत सिंह पर फायरिंग, गांव कोटला में चार हिन्दुओं की हत्या, जीता तेरा हत्याकांड, गांव झनजोटी (थाना अजनाला) में तीन व्यक्तियों की हत्या, गांव गुमानपुरा में एक जगराते में फायरिंग, जिसमें एक व्यक्ति मारा गया था तथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया था । गांव कोहाली में स्वर्ण सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या, सरपंच माहल सिंह से राइफल छीनने, गांव बराड़ से एक व्यक्ति कलवंत सिंह से उसकी 315 बोर की राइफल छीनने, गांव चेतनपुरा में एक व्यक्ति की हत्या, गांव हरर कला में ए.एस.आई. बलकार सिंह की हत्या, एक दुनाली बन्दूक और एक 32 बोर की पिस्तौल छीनने, गांव तोलानंगल में एक पुलिस कर्मी और एक टैम्पू ड्राइवर की हत्या, गांव दीनाबाली में एक कांस्टेबल के पिता संता सिंह की हत्या आदि के मामले में संलिप्त थे ।

अमृतसर से प्राप्त सूचना के अनुसार 44 व्यक्ति सीमा पार करते पकड़े गए हैं । इनमें 27 माहशा चौकी के निकट पाकिस्तान से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे थे । 17 अन्य बंगलादेशी हैं, जो रुटेवाल चौकी से सीमा पार कर पाकिस्तान में प्रवेश का प्रयास कर रहे थे ।

शास्त्री को रिहा करने की मांग

अमृतसर (कपूर): आज यहां स्थानीय हिन्द शिव सेना के प्रधान श्री ओम प्रकाश अरोड़ा की प्रधानगी में मीटिंग हुई जिसमें जम्मू व कश्मीर में हिन्द शिव सेना के प्रधान श्री देवेन्द्र कृष्ण शास्त्री व उनके साथियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की कड़ी निंदा की गई और सरकार से मांग की गई कि श्री शास्त्री और उनके साथियों को बिना देरी किए छोड़ दिया जाए नहीं तो शिव सेना कोई सख्त कदम उठाने पर मजबूर हो जाएगी ।

बाप, बेटा घायल

रैय्या (जसपाल): गत रात्रि यहां से 4 किलोमीटर दूर गांव बुए नंगल में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने महंद्र सिंह तथा उसके लड़के रणजीत अपने परिवार के साथ घर के आंगन में सोया हुआ था कि कुछ व्यक्तियों के चलने की आवाज सुन कर जाग पड़ा, जिस पर घर में दाखिल हुए संदिग्ध व्यक्तियों ने उसको तथा उसके लड़के रणजीत सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । दोनों को अमृतसर में गम्भीरावस्था में भर्ती करवाया गया है । थाना ब्यास की पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): आज दोपहर यहां से 4 किलोमीटर दूर गांव मेहली के निकट दो स्कूटर सवार संदिग्ध हथियारबद्ध उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक पैट्रोल पम्प सोहन फिलिंग स्टेशन से जोगा सिंह सेल्जमैन से पिस्तौल की नोक पर लगभग सात सौ रुपए की राशि लूट ली व स्कूटर पर ही फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर जांच आरम्भ कर दी है ।

बैंक लूट लिया

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): आज होशियारपुर-टांडा रोड पर लाचोवाल के पास 2 उग्रवादियों ने कोटलानूर के एक व्यक्ति जागीर सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर (नम्बर पी.बी.एच.-8274) छीन लिया । उनमें से एक के पास राइफल और दूसरे के पास रिवाल्वर था । बाद में उन्होंने शिवालक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में मैनेजर बख्शीश सिंह से पिस्तौल की नोक पर लगभग 20 हजार रुपए लूट लिए । स्कूटर छीनने की घटना प्रातः 11.45 बजे हुई और बैंक लूटने की घटना 12 बजे हुई बताई जाती है । पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और उग्रवादियों की तलाश जारी है ।

दूसरी बार डकैती

सूत्रों के अनुसार बैंक में कोई सशस्त्र प्रहरी नहीं है । इस बैंक में हाल के कुछ महीनों में यह दूसरी डकैती है । गत 18 जून को इसी बैंक से 5000 रुपया लूट लिया गया था ।

टाइगर फोर्स की धमकी

प्रद्युम्न के अनुसार भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के स्वयंभू जनरल स्वर्णजीत सिंह ने एक बयान में कहा है कि उनके जिन चार व्यक्तियों को जिन्होंने मारा है उनसे बदला लिया जाएगा ।

बम विस्फोट में 2 मरे

अश्विनी के अनुसार होशियारपुर में आज प्रातः लगभग 9.15 बजे स्थानीय फगवाड़ा रोड पर राजकीय कालेज के महिला होस्टल से थोड़ी दूर झुग्गियों के पास एक शक्तिशाली बम फट जाने से एक तमिल युवक की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया । बताया जाता है कि तमिलनाडु से यहां आकर कबाड़ का काम करने वाले लगभग 25 परिवार फगवाड़ा रोड पर झुग्गियों में ठहरे हुए हैं । आज जब इन परिवारों के दो युवक सामान में से लोहा आदि इकट्ठा कर रहे थे तो यह धमाका हुआ । धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज सुनकर 5 मिनट के अंदर ही सैंकड़ों लोग वहां इकट्ठे हो गए । होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री सरब अरोड़ा, सी.आर.पी.एफ. के जिला कमांडैंट चौधरी भगत सिंह भी तुरंत भारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए व पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेरे में ले लिया । श्री अरोड़ा ने घटनास्थल पर बताया कि प्रारंभिक जांच से ऐसा दिखाई देता है कि यह लोग रद्दी के सामान के साथ ही कोई विस्फोटक पदार्थ इकट्ठा करके ले आए और उसके फटने से ही यह दुर्घटना हुई । एस.एस.पी. ने बताया कि आगे की जांच के लिए विस्फोटक विशेषज्ञों की सेवाएं प्राप्त की जा रही हैं । उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दुर्घटना उग्रवादियों की कार्रवाई नहीं है । सिटी पुलिस ने इस घटना के सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

इस दुर्घटना में मृत युवक का नाम तुरकन बताया गया है जबकि गम्भीर रूप से घायल युवक जिसे सी.एम.सी. लुधियाना में उपचार के लिए भेजा गया था, उसकी अस्पताल में मृत्यु हो गई । इस मृत युवक का नाम रंगनाथन बताया गया है । विस्फोट में इस युवक की एक टांग व बाजू उड़ गए थे ।

4 उग्रवादी मुठभेड़ में मरे

लुधियाना (महेंद्र): आज तड़के 3 बजे लुधियाना जिले के गांव रसूलपर के निकट नहर के पुल पर मुठभेड़ में 4 उग्रवादी मारे गए । जिला पुलिस चीफ श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि 5 संदिग्ध उग्रवादी नहर के पुल पर जा रहे थे कि पुलिस की नाका पार्टी ने उन्हें रुकने के लिए आवाज दी । इस पर उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग में 3 उग्रवादी मारे गए तथा एक घायल हो गया । घायल उग्रवादी ने नहर में छलांग लगा दी । बाद में नहर से उसका शव मिला । उनका पांचवां साथी फरार होने में सफल हो गया । मृत उग्रवादियों के कब्जे से अमरीका में बनी एक कार्बाइन, 15 कारतूस, चीन में बना पिस्तौल, उसके चले हुए 5 कारतूस, एक चीनी असाल्ट राइफल, 11 चले हुए कारतूस और 3 कारामद कारतूस बरामद हुए ।

श्री पांडे ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

सरपंच भी शिनाख्त न कर पाए

'जोशी' के अनुसार पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के गांवों के सरपंचों को बुला कर मृत उग्रवादियों की शिनाख्त करवाने का प्रयत्न किया लेकिन किसी ने भी उनकी शिनाख्त नहीं की । पुलिस का विचार है कि ये लोग कोई बड़ी वारदात करने के लिए उस क्षेत्र में आए थे । एडीशनल डी.जी. पुलिस श्री गिल आज लुधियाना आए और उन्होंने एस.एस.पी. श्री पांडे और अन्य अधिकारियों



हुसैनीवाला से चली कांग्रेस (इ) की पदयात्रा गत दिवस मलोट पहुंची

2 शव मिले

लुधियाना से मुसाफिर के अनुसार आज मोती नगर के निकट खेतों में जिस्ती लाल नामक एक प्रवासी श्रमिक का शव मिला, जो हौजरी में काम करता था । पुलिस ने उसके शव का पोस्ट-मार्टम करवाया है । एक अन्य व्यक्ति अमरजीत सिंह का शव स्थानीय किदवई नगर से मिला है, उसकी घड़ी और साइकल गायब पाए गए ।

बैंक लूटा

जालन्धर (ह.स.): कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने जालन्धर के एक ग्रामीण बैंक से 13978 रुपए लूट लिए । स्कूटर पर सवार दो उग्रवादियों ने आदमपुर पुलिस थाना के अंतर्गत गांव मदारा के सहकारी बैंक से 13978 रुपए लूट लिए ।

शराब ठेका लूटा

जालन्धर जिला में एक अन्य लूट की घटना में स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने आज दोपहर में बंगा पुलिस थाना के गांव पट्टी मट्टवाली में शराब के एक ठेके से 1400 रुपए लूट लिए ।

आज रात्रि जालन्धर के डिवीजन नम्बर 6 के क्षेत्र में उग्रवादियों ने सुरेश कुमार से उसका स्कूटर नं. पी.ए.सी. 425 लूट लिया ।

स्कूटर चोरी

धूरी (सिंगला): यहां बिजली बोर्ड के कार्यालय के बाहर से आज एक व्यक्ति श्री ज्ञान सिंह बावरा का बजाज चेतन स्कूटर कोई चुरा ले गया । इस स्कूटर का नम्बर 6949 था ।

जम्मू की सूचना है कि आर.एस. पुरा सैक्टर के ग्राम अरनियां में सुरक्षा बलों ने गुरदासपुर के कोटबड़ुहे के उग्रवादी लखबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

सोपोर में पथराव

श्रीनगर, 9 नवम्बर (वार्ता): सोपोर नगर में पथराव की एक घटना को छोड़ कर आज कश्मीर बंद शांतिपूर्ण रहा । बंद आंशिक से लेकर पूर्ण रहा । कश्मीर व्यापारी तथा उत्पादक एसोसिएशन ने ईद के दिन इस्लामी छात्र लीग के कार्यकर्त्ताओं के एक गुट पर पुलिस लाठीचार्ज तथा आंसू गैस छोड़े जाने के विरोध में इस बंद का आह्वान किया था । श्रीनगर तथा अनंतनाग में हड़ताल आंशिक रही । वहां दुकानें तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे । यहां से दो कि.मी. दूर पुलवामा में बंद का कम असर रहा । यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार बारामूला में लगभग सभी दुकानें खुली थीं ।

श्रीनगर के अधिकांश भागों में दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे लेकिन सड़कों पर सरकारी और निजी वाहन चलते देखे गए ।

जालन्धर पुलिस ने...

(पृष्ठ 3 का शेष)

तथा बलविन्दर सिंह (लिधड़ां) व गोगा (जिन्देवाल) को पकड़ा है जबकि दो उग्रवादी गिरोहों के बलबीर सिंह (मीरपुर) व बलदेव सिंह (मलियां खुर्द) तथा जसबीर सिंह व कुलदीप सिंह उर्फ बेदी पुलिस मुकाबला में मारे गए ।

इस सप्ताह के दौरान पुलिस ने कुल 5 पिस्तौल, एक चीनी राइफल, तीन रिवाल्वर, एक 315 बोर राइफल, एक अमरीकी डबल बैरल गन, 2 मैगजीन, 57 कारतूस बरामद किए ।

श्री बैंस ने बताया कि बलबीर सिंह व बलदेव सिंह भी जहांगीर सरपंच व उसके दामाद की हत्या में वांछित थे । गुरदेव सिंह आदर्श नगर जालन्धर में गुजरांवाला ज्यूलर्ज की कोठी में डाके की वारदात में शामिल था और उससे वहां से लूटा वी.सी.आर. तथा 500 रुपए बरामद किए गए ।

अलावलपुर के हत्यारे नामजद

श्री बैंस ने कहा कि 28 सितम्बर की रात को कस्बा अलावलपुर में हुई हत्याकांड के पांचों दोषी नामजद कर लिए गए हैं यद्यपि उनमें से कोई अभी गिरफ्तार नहीं किया गया । उनके नाम हैं :-कलवंत सिंह जगरावां (भोगपर), चरणजीत सिंह उर्फ चन्ना (जो कि पंथक कमेटी के पूर्व सदस्य धन्ना सिंह का भाई है), रतन सिंह (उसमान शहीद), भिख (जो कि कुछ मास पूर्व हमीरा के निकट मारे गए उग्रवादी लहम्बर सिंह का भाई है) तथा हरमेल सिंह (सिद्ध अवतार) ।

श्री बैंस ने कहा कि गत मास नवांशहर में हुए हत्याकांड के पांचों दोषी नामजद किए गए थे, जिनमें से जसबीर सिंह लाली आदि तीन तो होशियारपुर जिला में हाल ही में दो पुलिस मुकाबलों में मारे जा चुके हैं जबकि अन्य अभी गिरफ्तार किए जाने हैं ।

श्री बैंस ने बताया कि जालन्धर जिला पुलिस ने गत दस मास में 157 केस शस्त्र कानून के अधीन रजिस्टर किए और 157 व्यक्ति गिरफ्तार किए । इनमें उग्रवादी घटनाओं से सम्बन्धित सभी केस शामिल हैं ।

फतेहाबाद सीट से ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

(ब) के रिसाल सिंह चुनाव जीत गए । उन्होंने इका के परन सिंह को 35146 वोटों से हराया ।

रिसाल सिंह को 45088 वोट मिले जबकि पूरन सिंह को 9942 वोट मिले ।

इंका प्रत्याशी की जुंडला में भी जमानत जब्त हो गई ।

लछमन दास जीते

करनाल विधानसभा से भाजपा के लछमन दास चुनाव जीत गए हैं । उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जय प्रकाश गुप्ता को हराया ।

लछमन दास को 32151 वोट मिले जबकि इंका के जय प्रकाश को 26948 वोट मिले । यहां पर 17 प्रत्याशी मैदान में थे ।

सत्तारूढ़ लोकदल (ब)-भाजपा मोर्चे ने जून के विधानसभा चुनाव में क्रमशः 54 तथा 15 सीटें जीत कर कुल 74 स्थान हासिल किए थे । इन तीनों क्षेत्रों में आजाद उम्मीदवारों की मृत्यु हो जाने से चुनाव टल गए थे ।

जून के चुनाव में 87 में से कुल पांच सीटें हासिल कर पाने वाली कांग्रेस (इ) ने इन तीनों ही क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार खड़े किए थे ।

कुछ वरिष्ठ नेता सेखवां-अमरेन्द्र "सुलह" से पीछे हटे

पटियाला, 9 नवम्बर (भूषण): एकीकृत अकाली दल के महासचिव श्री रंजीत सिंह ब्रह्मपुरा व एक अन्य वरिष्ठ नेता संत अजीत सिंह ने दल के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री उजागर सिंह सेखवां व कैप्टन अमरेन्द्र सिंह के बीच कल चंडीगढ़ में हुई "सुलह" से स्वयं को अलग कर लिया है ।

आज यहां जारी एक संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि यह कहना बिल्कुल गलत है कि हम "सुलह" मीटिंग में उपस्थित थे । दरअसल हमारी सलाह भी नहीं ली गई । उन्होंने कहा कि इस सुलह के सम्बन्ध में बाबा जोगेंद्र सिंह को भी विश्वास में नहीं लिया गया जो यहां स्थानीय राजेन्द्र अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती हैं । उक्त दोनों नेताओं ने कहा कि जब तक श्री सेखवां जिला जत्थों के प्रधानों के मनोनयन को रद्द नहीं कर देते, जिन्हें उन्होंने खुद हाल ही में मनोनीत किया था, किसी प्रकार का समझौता असम्भव है ।

एकीकृत अकाली दल के वरिष्ठ नेता बाबा बलदेव सिंह लांगं ने आज रहस्योद्घाटन किया कि दल के अध्यक्ष श्री सिमरनजीत सिंह मान हैं जो आज कल नजरबंद हैं ।

वसन्त दादा पाटिल का इस्तीफा मंजूर

नई दिल्ली, 9 नवम्बर (वार्ता): राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने आज राजस्थान के राज्यपाल वसंत दादा पाटिल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया । इस्तीफा 13 नवम्बर से प्रभावी होगा । आज शाम राष्ट्रपति भवन से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार नई नियुक्ति तक राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जगदीश शरण वर्मा राज्य के राज्यपाल पद का कार्यभार भी सम्भालेंगे ।

भारत व पाक अपने आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप न होने दें

इस्लामाबाद, 9 नवम्बर (वार्ता): भारत और पाकिस्तान को अपने मतभेद बातचीत के जरिए दूर करने चाहिए और किसी विदेशी शक्ति को अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की इजाजत नहीं देनी चाहिए । यह बात भारत के राजदूत एस.के. सिंह ने कल मुल्तान में नैशनल पीपुल्स पार्टी के नेता दोस्त मुहम्मद बाबर द्वारा आयोजित समारोह में भारत पाकिस्तान को विदेशों से मिलने वाली आर्थिक सहायता में किसी प्रकार की अड़चन नहीं डाल रहा है । पाकिस्तान एक सम्प्रभुता सम्पन्न देश है और यह किसी भी विदेशी स्रोत से सहायता ले सकता है ।

भजन लाल ने गड़बड़ कराई

(पृष्ठ 3 का शेष)

को अपने मौत्रमंडल से निकाल बाहर करें । डा. कमला वर्मा जो करनाल क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी श्री लक्ष्मण दास बजाज के चुनाव अभियान में भाग लेती रही हैं, ने रहस्योद्घाटन किया कि कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ताओं ने इस क्षेत्र में अपनी पराजय के दृष्टिगत कल प्रातः साढ़े नौ बजे ही यह अफवाह फैला दी कि कांग्रेस (इ) प्रत्याशी श्री जयप्रकाश गुप्ता को छुरा मार दिया गया है । डा. कमला वर्मा के अनुसार इस अफवाह से भड़क कर कई कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ताओं ने न केवल भाजपा प्रत्याशी के पोस्टर फाड़ डाले बल्कि भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय पर लाठियां बरसाईं, पत्थर और ईंटें फैंकीं । उन्होंने



होशियारपुर में बम विस्फोट में मरे (1) तुरकन और (2) रंगनाथ । (छाया : अश्विनी)

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

लिए 30 हजार रुपए का ईनाम घोषित था । दूसरे मृत आतंकवादी की सुरेंद्र सिंह सोढी के रूप में पहचान की गई है । इसके सिर पर 50 हजार रुपए का ईनाम था । यह गांव कमालपुर का रहने वाला था । यह दोनों मृत आतंकवादी पुलिस को कई हत्याकांडों व डकैतियों के मामले में वांछित थे । घायल हरभजन सिंह के बारे में बताया गया है कि वह भागने का प्रयास कर रहा था कि सुरक्षा बलों ने उसे काबू कर लिया ।

एक अन्य सूचना में बताया गया कि गत रात्रि में ही अमृतसर जिले के गांव पालासौर में सुरक्षा बलों की एक नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी गरमेज सिंह मारा गया । सूचनाओं में बताया गया है कि गांव के बाहर गंदे नाले के निकट सुरक्षा बलों ने नाका लगाया हुआ था कि रात 10.30 बजे उन्होंने तीन व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में अपनी ओर आते देखा । जब सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । नाका पार्टी द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके दो अन्य साथी भागने में सफल हो गए । मृत आतंकवादी गरमेज सिंह गांव गुमतला का निवासी बताया गया है । इस मृत आतंकवादी के कब्जे से सुरक्षा बलों ने 12 बोर की दुनाली बंदूक और उसके तीन जीवित तथा 8 चले हुए कारतूस बरामद किए । उसके शव के पास से सुरक्षा बलों ने 303 के पांच जीवित कारतूस और 315 बोर का एक जीवित कारतूस भी बरामद किया ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यह उग्रवादी भी 'बी' श्रेणी का आतंकवादी था तथा इसके सिर पर 50,000 रुपए का ईनाम था । यह आतंकवादी भी पुलिस को कई हत्याओं व डकैतियों के केसों में

अपने परिवार के साथ घर के आंगन में सोया हुआ था कि कुछ व्यक्तियों के चलने की आवाज सुन कर जाग पड़ा, जिस पर घर में दाखिल हुए संदिग्ध व्यक्तियों ने उसको तथा उसके लड़के रणजीत सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । दोनों को अमृतसर में गम्भीरावस्था में भर्ती करवाया गया है । थाना व्यास की पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): आज दोपहर यहां से 4 किलोमीटर दूर गांव मेहली के निकट दो स्कूटर सवार संदिग्ध हथियारबद्ध उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक पैट्रोल पम्प सोहन फिलिंग स्टेशन से जोगा सिंह सेल्जमैन से पिस्तौल की नोक पर लगभग सात सौ रुपए की राशि लूट ली व स्कूटर पर ही फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर जांच आरम्भ कर दी है ।

बैंक लूट लिया

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): आज होशियारपुर-टांडा रोड पर लाचोवाल के पास 2 उग्रवादियों ने कोटलानूर के एक व्यक्ति जगीर सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर (नम्बर पी.बी.एच.-8274) छीन लिया । उनमें से एक के पास राइफल और दूसरे के पास रिवाल्वर था । बाद में उन्होंने शिवालिक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में मैनेजर बख्शीश सिंह से पिस्तौल की नोक पर लगभग 20 हजार रुपए लूट लिए । स्कूटर छीनने की घटना प्रातः 11.45 बजे हुई और बैंक लूटने की घटना 12 बजे हुई बताई जाती है । पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और उग्रवादियों की तलाश जारी है ।

दूसरी बार डकैती

सूत्रों के अनुसार बैंक में कोई सशस्त्र प्रहरी नहीं है । इस बैंक में हाल के कुछ महीनों में यह दूसरी डकैती है । गत 18 जून को इसी बैंक से 5000 रुपया लूट लिया गया था ।

टाइगर फोर्स की धमकी

प्रद्युम्न के अनुसार भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के स्वयंभू जनरल स्वर्णजीत सिंह ने एक बयान में कहा है कि उनके जिन चार व्यक्तियों को जिन्होंने मारा है उनसे बदला लिया जाएगा ।

बम विस्फोट में 2 मरे

अश्विनी के अनुसार होशियारपुर में आज प्रातः लगभग 9.15 बजे स्थानीय फगवाड़ा रोड पर राजकीय कालेज के महिला होस्टल से थोड़ी दूर झुग्गियों के पास एक शक्तिशाली बम फट जाने से एक तमिल युवक की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया । बताया जाता है कि तमिलनाड से यहां आकर कबाड़ का काम करने वाले लगभग 25 परिवार फगवाड़ा रोड पर झुग्गियों में ठहरे हुए हैं । आज जब इन परिवारों के दो युवक सामान में से लोहा आदि इकट्ठा कर रहे थे तो यह धमाका हुआ । धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज सुनकर 5 मिनट के अंदर ही सैंकड़ों लोग वहां इकट्ठे हो गए । होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा, सी.आर.पी.एफ. के जिला कमांडेंट चौधरी भगत सिंह भी तुरंत भारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए व



हसनीवाला से चली कांग्रेस (इ) की पदयात्रा गत दिवस

2 शव मिले

लुधियाना से मसाफिर के अनुसार आज मोती नगर के निकट खेतों में जिस्ती लाल नामक एक प्रवासी श्रमिक का शव मिला, जो हौजरी में काम करता था । पुलिस ने उसके शव का पोस्ट-मार्टम करवाया है । एक अन्य व्यक्ति अमरजीत सिंह का शव स्थानीय किदवई नगर से मिला है, उसकी घड़ी और साइकल गायब पाए गए ।

बैंक लूटा

जालन्धर (ह.स.): कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने जालन्धर के एक ग्रामीण बैंक से 13978 रुपए लूट लिए । स्कूटर पर सवार दो उग्रवादियों ने आदमपुर पुलिस थाना के अंतर्गत गांव मदारा के सहकारी बैंक से 13978 रुपए लूट लिए ।

शराब ठेका लूटा

जालन्धर जिला में एक अन्य लूट की घटना में स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने आज दोपहर में बंगा पुलिस थाना के गांव पट्टी मट्टवाली में शराब के एक ठेके से 1400 रुपए लूट लिए ।

आज रात्रि जालन्धर के डिवीजन नम्बर 6 के क्षेत्र में उग्रवादियों ने सुरेश कुमार से उसका स्कूटर नं. पी.ए.सी. 425 लट लिया ।

स्कूटर चोरी

धूरी (सिंगला): यहां बिजली बोर्ड के कार्यालय के बाहर से आज एक व्यक्ति श्री ज्ञान सिंह बावरा का बजाज चेतन स्कूटर कोई चुरा ले गया । इस स्कूटर का नम्बर 6949 था ।

जम्मू की सूचना है कि आर.एस. पुरा सैक्टर के ग्राम अब्दुल्यां में सुरक्षा बलों ने गुरदासपुर के कोटेबुड्ढे के उग्रवादी लखबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

सोपोर में पथराव

श्रीनगर, 9 नवम्बर (वार्ता): सोपोर नगर में पथराव की एक घटना को छोड़ कर आज कश्मीर बंद शांतिपूर्ण रहा । बंद आंशिक से लेकर पूर्ण रहा । कश्मीर व्यापारी तथा उत्पादक एसोसिएशन ने ईद के दिन इस्लामी छात्र लीग के कार्यकर्ताओं के एक गुट पर पुलिस लाठीचार्ज तथा आंसू गैस छोड़े जाने के विरोध में इस बंद का आह्वान किया था । श्रीनगर तथा अनंतनाग में हड़ताल आंशिक रही । यहां दुकानें तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे । यहां से दो कि.मी. दूर पुलवामा

फते

(ब) के रिसाल
के परन सिंह के
रिसाल सिंह
पूरन सिंह को 9
इंका प्रत्याश
गई ।

लछमन दास

करनाल वि
चुनाव जीत ग
प्रतिद्वंद्वी जय प्र
लछमन दा
इंका के जय प्रक
पर 17 प्रत्याश
सत्तारूढ़ ल
विधानसभा चु
जीत कर कुल
तीनों क्षेत्रों में अ
से चुनाव टल
जून के च
हासिल कर प
क्षेत्रों में अपने

कुछ वि
अमरेन्द्र

पटियाला,
अकाली दल के
व एक अन्य व
कार्यवाहक अध
अमरेन्द्र सिंह
से स्वयं को अ

आज यहा
कहा कि यह
"सुलह" मीटि
सलाह भी नहीं
के सम्बन्ध में
नहीं लिया गय
उपचार के लि
कहा कि जब
के मनोनयन
हाल ही में
समझौता अस

Punjab Sangam

रुकने का इशारा किया तो उन आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । नाका पार्टी द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके दो अन्य साथी भागने में सफल हो गए । मृत आतंकवादी गुरमेज सिंह गांव गुमतला का निवासी बताया गया है । इस मृत आतंकवादी के कब्जे से सुरक्षा बलों ने 12 बोर की दनाली बंदूक और उसके तीन जीवित तथा 8 चले हुए कारतूस बरामद किए । उसके शव के पास से सुरक्षा बलों ने 303 के पांच जीवित कारतूस और 315 बोर का एक जीवित कारतूस भी बरामद किया ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यह उग्रवादी भी 'बी' श्रेणी का आतंकवादी था तथा इसके सिर पर 50,000 रुपए का ईनाम था । यह आतंकवादी भी पुलिस को कई हत्याओं व डकैतियों के केसों में वांछित था ।

उघन्य हत्याकांडों में संलिप्त

बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री इज़हार आलम ने आज यहां संवाददाताओं को उन हत्याकांडों की जानकारी दी, जिनमें सुरेन्द्र सिंह सोढ़ी व रेशम सिंह संलिप्त थे । उन्होंने कहा कि यह दोनों गांव वानि-ए-के में 5 तथा गांव बोपराय में 4 लोगों की हत्या, थाना लोपोके क्षेत्र में हवलदार सुरजीत सिंह की हत्या, बैंक की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात हवलदार रणजीत सिंह पर फायरिंग, गांव कोटला में चार हिन्दुओं की हत्या, जीता तेग हत्याकांड, गांव झनडोटी (थाना अजनाला) में तीन व्यक्तियों की हत्या, गांव गुमानपुरा में एक डगराते में फायरिंग, जिसमें एक व्यक्ति मारा गया था तथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया था । गांव कोहाली में स्वर्ण सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या, सरपंच माहल सिंह से राइफल छीनने, गांव बराड़ से एक व्यक्ति कलवंत सिंह से उसकी 315 बोर की राइफल छीनने, गांव चेतनपुरा में एक व्यक्ति की हत्या, गांव हरर कलां में ए.एस.आई. बलकार सिंह की हत्या, एक दनाली बन्दूक और एक 32 बोर की पिस्तौल छीनने, गांव तोलानंगल में एक पुलिस कर्मी और एक टैम्प् ड्राइवर की हत्या, गांव हीरावाली में एक कांस्टेबल के पिता संता सिंह की हत्या आदि के मामले में संलिप्त थे ।

अमृतसर से प्राप्त सूचना के अनुसार 44 व्यक्ति सीमा पार करते पकड़े गए हैं । इनमें 27 माहरा वीर के निकट पाकिस्तान से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे थे । 17 अन्य बंगलादेशी हैं, जो रुटेवाल चौकी से सीमा पार कर पाकिस्तान में प्रवेश का प्रयास कर रहे थे ।

शास्त्री को रिहा करने की मांग

अमृतसर (कपूर): आज यहां स्थानीय हिन्द शिव सेना के प्रधान श्री ओम प्रकाश अरोड़ा की प्रधानगी में मीटिंग हुई जिसमें जम्मू व कश्मीर में हिन्द शिव सेना के प्रधान श्री देवेन्द्र कृष्ण शास्त्री व उनके साथियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की कड़ी निंदा की गई और सरकार से मांग की गई कि श्री शास्त्री और उनके साथियों को बिना देरी किए छोड़ दिया जाए नहीं तो शिव सेना कोई सख्त कदम उठाने पर मजबूर हो जाएगी ।

बाप, बेटा घायल

रैय्या (जसपाल): गत रात्रि यहां से 4 किलोमीटर दू गांव बुए नंगल में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने महेंद्र सिंह तथा उसके लड़के रणजीत सिंह को उनके घर में दाखिल होकर तेजधार शस्त्रों से घायल कर दिया । बताया गया है कि महेंद्र सिंह

लगभग 9.15 बजे स्थानीय फगवाड़ा रोड पर राजकीय कालेज के महिला होस्टल से थोड़ी दूर झुग्गियों के पास एक शक्तिशाली बम फट जाने से एक तमिल युवक की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया । बताया जाता है कि तमिलनाडु से यहां आकर कबाड़ का काम करने वाले लगभग 25 परिवार फगवाड़ा रोड पर झुग्गियों में ठहरे हुए हैं । आज जब इन परिवारों के दो युवक सामान में से लोहा आदि इकट्ठा कर रहे थे तो यह धमाका हुआ । धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज सुनकर 5 मिनट के अंदर ही सैंकड़ों लोग वहां इकट्ठे हो गए । होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा, सी.आर.पी.एफ. के जिला कमांडैंट चौधरी भगत सिंह भी तुरंत भारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए व पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेरे में ले लिया । श्री अरोड़ा ने घटनास्थल पर बताया कि प्रारंभिक जांच से ऐसा दिखाई देता है कि यह लोग रद्दी के सामान के साथ ही कोई विस्फोटक पदार्थ इकट्ठा करके ले आए और उसके फटने से ही यह दुर्घटना हुई । एस.एस.पी. ने बताया कि आगे की जांच के लिए विस्फोटक विशेषज्ञों की सेवाएं प्राप्त की जा रही हैं । उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दुर्घटना उग्रवादियों की कार्रवाई नहीं है । सिटी पुलिस ने इस घटना के सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

इस दुर्घटना में मृत युवक का नाम तरकन बताया गया है जबकि अंभीर रूप से घायल युवक जिसे सी.एम.सी. लुधियाना में उपचार के लिए भेजा गया था, उसकी अस्पताल में मृत्यु हो गई । इस मृत युवक का नाम रंगनाथन बताया गया है । विस्फोट में इस युवक की एक टांग व बाजू उड़ गए थे ।

4 उग्रवादी मुठभेड़ में मरे

लुधियाना (महेंद्र): आज सड़के 3 बजे लुधियाना जिले के गांव रसूलपर के निकट नहर के पुल पर मुठभेड़ में 4 उग्रवादी मारे गए । जिला पुलिस चीफ श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि 5 संदिग्ध उग्रवादी नहर के पुल पर जा रहे थे कि पुलिस की नाका पार्टी ने उन्हें रुकने के लिए ललकार दी । इस पर उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग में 3 उग्रवादी मारे गए तथा एक घायल हो गया । घायल उग्रवादी ने नहर में छलांग लगा दी । बाद में नहर से उसका शव मिला । उनका पांचवां साथी फरार होने में सफल हो गया । मृत उग्रवादियों के कब्जे से अमरीका में बनी एक कार्बाइन, 15 कारतूस, चीन में बना पिस्तौल, उसके चले हुए 5 कारतूस, एक चीनी असाल्ट राइफल, 11 चले हुए कारतूस और 3 कारामद कारतूस बरामद हुए ।

श्री पांडे ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

सरपंच भी शिनाख्त न कर पाए

'जोशी' के अनुसार पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के गांवों के सरपंचों को बुला कर मृत उग्रवादियों की शिनाख्त करवाने का प्रयत्न किया लेकिन किसी ने भी उनकी शिनाख्त नहीं की । पुलिस का विचार है कि ये लोग कोई बड़ी वारदात करने के लिए उस क्षेत्र में आए थे । एडीशनल डी.जी. पुलिस श्री गिल आज लुधियाना आए और उन्होंने एस.एस.पी. श्री पांडे और अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विचार-विमर्श किया ।

कोर्टबेड्डे के
कर लिया ।

सोपो

श्रीनगर, 9
पथराव की एक
बंद शांतिपूर्ण
रहा । कश्मी
एसोसिएशन ने
कार्यकर्ताओं के
आंसू गैस छोड़े
आह्वान किया
हड़ताल आंशिक
प्रतिष्ठान बंद रहे
में बंद का कम
अनुसार बारामू
थीं ।

श्रीनगर के
व्यावसायिक प्रति
सरकारी और नि

जा

तथा बलविन्दर
को पकड़ा है
बलबीर सिंह (
तथा जसबीर सि
मुकाबला में मा

इस सप्ताह
एक चीनी राइफ
राइफल, एक
मैगजीन, 57 क

श्री बैंस ने
सिंह भी जहांगी
वांछित थे । गु
गुजरांवाला ज्यु
शामिल था और
500 रुपए ब

अलावलपुर

श्री बैंस ने
कस्बा अलावल
नामजद कर
गिरफ्तार नह
हैं :-कुलवंत
सिंह उर्फ चन्ना
धन्ना सिंह का
भिखु (जो कि क
उग्रवादी लहम्ब
(सिद्ध अवतार

श्री बैंस ने
हत्याकांड के प
से जसबीर सि
जिला में हाल
चुके हैं जबकि

श्री बैंस ने
गत दस मास में
रजिस्टर किए
इनमें उग्रवादी
शामिल हैं ।

इन केसों
मशीनगन, 2
4 स्टेनगन,
बंदूकें, 44 वि

Punjabi Sansar

क्रुद्ध भीड़ ने दो उग्रवादियों को इतना पीटा कि अस्पताल ले जाते रास्ता में दम तोड़ गए

फिल्लौर में शिव सेना नेता की हत्या : बरनाला में बैंक कैशियर से 3 लाख 13 हजार लूटे

मुठभेड़ों में दो मरे, एक पुलिस हिरासत से फरार, कई गिरफ्तार

चंडीगढ़, 10 नवम्बर (हस,वार्ता) : उग्रवादियों ने आज प्रातः जालन्धर से 45 किलोमीटर दूर फिल्लौर में शिव सेना के नेता श्री कुलदीप कुमार शर्मा की अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या कर दी । जबकि श्री शर्मा द्वारा घायल होकर भी की गई जवाबी फायरिंग और लोगों के भारी पथराव से दोनों उग्रवादियों को घायलावस्था में घटनास्थल पर ही पकड़ लिया गया, लेकिन दोनों उग्रवादियों की जालन्धर के अस्पताल में लाते समय मृत्यु हो गई । जिला लुधियाना में कल रात्रि हुए पुलिस मुकाबले में 2 उग्रवादी मारे गए । जिला गुरदासपुर में 4 उग्रवादी व 2 तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं । जिला संगरूर में उग्रवादी बस में सवार सहकारी बैंक के कैशियर से 3.13 लाख रुपए लूट कर ले गए, जब कि पुलिस ने उग्रवादियों को शस्त्रों सहित गिरफ्तार किया है । अमृतसर में एक उग्रवादी पुलिस हिरासत से फरार हो गया ।

शिव सेना के नेता की हत्या, दो उग्रवादी मरे

जालन्धर (ह.स., वार्ता): आज प्रातः यहां से लगभग 45 किलो मीटर दूर फिल्लौर में उग्रवादियों ने हिंद शिव सेना के प्रधान श्री कुलदीप कुमार शर्मा की हत्या कर दी, लेकिन दोनों उग्रवादी श्री कुलदीप कुमार शर्मा द्वारा की गई जवाबी फायरिंग और लोगों द्वारा किए गए पथराव से गम्भीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी जालन्धर में रामामंडी के निकट उस समय मृत्यु हो गई, जब उन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल जालन्धर लाया जा रहा था । स्कूटर सवार उग्रवादियों की फायरिंग से गम्भीर रूप से घायल श्री कुलदीप कुमार शर्मा की सी.एम.सी. लुधियाना में मृत्यु हो गई । दोनों उग्रवादियों के शव सिविल अस्पताल जालन्धर लाए गए हैं लेकिन अभी तक उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी जालन्धर के खटकड़ कलां क्षेत्र में रमेश कुमार से तीन उग्रवादियों ने उसका स्कूटर छीन लिया ।

फिल्लौर से भाखड़ी द्वारा भेजे विवरणों के अनुसार आज प्रातः लगभग नौ बजे स्थानीय शिव सेना के प्रधान श्री कुलदीप कुमार शर्मा को दो आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर घायल कर दिया, जिनकी बाद में मौत हो गई । जिस वक्त श्री शर्मा पर उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं, उसी वक्त लोगों की भीड़ वहां एकत्रित हो गई और उन्होंने उग्रवादियों पर ईंटों और पत्थरों की वर्षा शुरू कर दी । परिणामस्वरूप एक आतंकवादी गम्भीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरा आतंकवादी अपने घायल साथी को उठाकर अपने स्कूटर पर बिठा कर भागने लगा था लेकिन लोगों ने उसका पीछा करके स्कूटर सवार आतंकवादी को भी घायल कर दिया और स्कूटर भी गिरा दिया । आतंकवादी जिस चेतक स्कूटर पर आए वह नीले रंग का था तथा उस पर जाली नम्बर सी.एच.डी. 3281 लगा हुआ था । शिवसेना के प्रधान श्री कुलदीप कुमार शर्मा को यद्यपि छः गोलियां लगीं मगर उसने भी अपनी बंदूक से दो फायर किए । श्री शर्मा जो पुराने बस अड्डे पर एक छोटी-सी जनरल स्टोर आदि की दुकान करता था, आज प्रातः जब वह अपनी दुकान पर आया तो उक्त दोनों आतंकवादी उसकी प्रतीक्षा में खड़े थे । ज्यों ही उसने दुकान खोली, आतंकवादियों ने उस पर गोलियों की बौछार शुरू कर दी । जब लोगों को घटना का पता चला तो उन्होंने ईंटें बरसानी शुरू कर दीं । एक लड़का, जिसकी आयु 20 वर्ष के लगभग है, के सिर पर गोलियों के छर्रे लगे हैं लेकिन उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती है ।

दोनों उग्रवादियों की आयु 20-25 वर्ष के मध्य लगती थी । दोनों ने ही गातरें पहन रखे थे । घटना की सूचना मिलते ही सी.आर.पी.एफ. के डी.एस.पी. श्री रणजीत सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी, इसी मध्य पंजाब पुलिस के ए.एस.आई. चौधरी मुख्तियार चन्द भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए । दोनों उग्रवादियों को भारी पुलिस पहरे में सिविल अस्पताल फिल्लौर में दाखिल करवाया, जहां दोनों की दशा खराब होने पर डाक्टरों ने उन्हें सिविल अस्पताल जालन्धर में ले जाने की सलाह दी । दोनों उग्रवादियों के पास आयातित रिवाल्वर थे और उनके मैगजीनों की सभी गोलियां चल चुकी थीं । पुलिस को उग्रवादियों का एक थैला भी मिला है, जिसमें गोली-सिक्का भरा हुआ था ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)



दिल्ली में इस वर्ष 28 लोगों की उग्रवादियों द्वारा हत्या

नई दिल्ली, 10 नवम्बर : राज्यसभा में आज बताया गया कि इस साल दिल्ली में आतंकवादियों ने 28 लोगों की जान ली और 26 जख्मी हुए । एक आतंकवादी भी मारा गया । श्री सिंह ने बताया कि आतंकवादियों से निपटने के लिए एक विशेष कक्ष स्थापित कर दिया गया है । दिल्ली पुलिस के कर्मचारियों को आधुनिक हथियारों के प्रयोग में भी

Punjabi Sansar

वाले सामान की भी तलाशी लिया जाना निदनीय है।

उचित नहीं होगा ।

के निकट उस समय मृत्यु हो गई, अब उन्हें



उग्रवादियों ने मंगलवार को फिल्लौर में हिन्दू शिव सेना फिल्लौर के प्रधान श्री कुलदीप कुमार शर्मा (इन्सैट) की हत्या कर दी । (1) वह दुकान जहां उग्रवादियों द्वारा फायरिंग की गई, वहां मृतक श्री शर्मा का खून बिखरा दिखाई दे रहा है, (2) उग्रवादियों की फायरिंग से घायल हुआ गांव महसमपुरा का युवक अमरीक सिंह, (3) उग्रवादियों का स्कूटर, (4-5) उग्रवादियों के शव । (छाया : भाखड़ी)

Punjabi Sanatan



फिरोजपुर पुलिस ने उग्रवादियों के अड्डे पर छापा मार कर अत्यन्त घातक शस्त्र बरामद किए । इन शस्त्रों में 6 ए. के. 47 चीनी राइफलें, एक स्टेनगन, दो रिवाल्वर, 4 पिस्तौल, एक सर्विस रिवाल्वर और 600 कारतूस शामिल हैं । (छाया : बागी)

पीट-पीट कर मार डाले

(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादियों का शिकार तीसरा प्रधान

फिल्लौर हिन्दू शिव सेना के प्रधान श्री कलदीप कुमार शर्मा की हत्या के विरोध में कल फिल्लौर बंद का आह्वान किया गया है । शिव सेना के अध्यक्ष जगदीश टागरी और महासचिव तेजपाल साथी ने एक वक्तव्य में फिल्लौर के एस.डी.एम. को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए कहा है कि शिव सेना की फिल्लौर इकाई के तीनों अध्यक्षों की हत्या में उनका हाथ है । इससे पूर्व पिछले दो वर्षों में फिल्लौर इकाई के दो और अध्यक्ष श्री विजय कुमार बरूशी और श्री विजय मोहन उर्फ काला आतंकवादियों की गोली का शिकार हो चुके हैं ।

जालन्धर के एस.एस.पी. श्री एस.एस. बैंस, एस.पी. डिटैक्टिव श्री स्वर्ण सिंह और एस.पी. (आप्रेशन) श्री अश्विनी कुमार सहित जिला पुलिस के अधिकारियों ने फिल्लौर में घटनास्थल का दौरा किया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं ।

श्री कलदीप कुमार शर्मा की हत्या के विरोध में आज फिल्लौर में हड़ताल रही ।

मुकाबले में दो उग्रवादी मारे गए

लुधियाना से महेन्द्रा, जोशी ने समाचार दिया है कि कल रात्रि गांव चूहड़पुर थाना सदर में पुलिस मुकाबले में दो उग्रवादी गोलियों से मारे गए और तीन फरार होने में सफल हो गए । एस.एस.पी. श्री पांडे ने बताया कि गांव चूहड़पुर में एक व्यक्ति बलराज सिंह के घर जगराता हो रहा था । उग्रवादियों ने वहां हमला कर दिया और आते ही फायरिंग शुरू कर दी । वहां बैठे दो व्यक्ति अवतार सिंह और नाहर सिंह वहां से उठे और उन्होंने गश्त कर रहे पुलिस के एक दस्ते को सूचना दे दी । पुलिस अधीक्षक श्री पांडे के अनुसार जब पुलिस पार्टी वहां पहुंची तो उग्रवादियों ने पुलिस पर भी फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिससे दो उग्रवादियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि तीन फरार होने में सफल हो गए । श्री पांडे ने कहा कि मृतकों के कब्जे से दो दनाली बंदूकें बरामद हुई हैं । पता चला है कि इन उग्रवादियों ने एक दनाली बंदूक गांव काकवाल के सरपंच लाभ सिंह से 6 अगस्त को और दूसरी गांव भट्टियां के जाट महेन्द्र सिंह से 4 अक्तूबर को छीनी थी । श्री पांडे ने बताया कि उन्होंने गांव जस्सिया के दो भाइयों के घर 12 अक्तूबर को डाका डाला था और इन दोनों की हत्याएं कर दी थीं । उनके घर से आभूषण आदि लूट कर फरार हो गए थे । 27 अक्तूबर को उन्होंने गांव फगवाल जिला लुधियाना और 30 अक्तूबर को गांव चूहड़पुर में डाका डाला था । इन दोनों गांवों के लोगों ने उनकी शिनाख्त कर ली है और कहा है कि यही डाकू थे लेकिन उनके नामों का पता नहीं चल सका । पिछली दो रातों से जिला लुधियाना में पुलिस मुकाबले में मरने वाले उग्रवादियों की संख्या 6 हो गई है ।

उग्रवादियों का लक्ष्य कोई 'और' था

लुधियाना से महिन्द्रा के अनुसार गत दिवस जगराव में श्री तारा चन्द डी.एस.पी. की हत्या के सम्बन्ध में कुछ और विवरण प्राप्त हुए हैं । उच्च स्तरीय पुलिस सूत्रों ने बताया कि जगराव में उग्रवादियों ने एक योजना तैयार की थी कि जगराव के एक वरिष्ठ सिख पुलिस अधिकारी की हत्या की जाए, क्योंकि वह उग्रवादी दर्शन सिंह 'डल्ला' को गिरफ्तार करने के लिए प्रत्येक दसरे व तीसरे दिन जगराव के निकटवर्ती गांव डल्ला में अवश्य चक्कर लगाता है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने एक योजना बनाई । उन्होंने जगराव के बाहर श्मशान भूमि के समीप एक पराने वीरान कोठे की खोज की तथा उसके इर्द-गिर्द सफेदे और नीम के वृक्षों की टहनियां बिछा दीं । इस प्रकार अपना मोर्चा बनाने के बाद उग्रवादियों ने अंधेरे के समय किसी की हत्या करने की योजना बनाई, वह इसलिए कि जगराव में किसी की हत्या होने के पश्चात वह सिख पुलिस अधिकारी गांव डल्ला की ओर अवश्य आएगा तथा उस पर इस मोर्चा के भीतर से फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी जाएगी । इस योजना के अनुसार उग्रवादियों ने सायं पौने सात बजे दो चक्की



धर्मकोट का हैड कांस्टेबल महेंद्र सिंह, जिसकी उग्रवादियों ने सी.आर.पी.एफ. के 2 जवानों के साथ हत्या कर दी । उग्रवादियों ने 4 मास पूर्व महेंद्र सिंह के पिता और दो भाइयों की भी हत्या कर दी थी । (छाया : बागी)

मालिकों की हत्या कर दी व तुरन्त मोर्चे में दाखिल हो गए तथा पुलिस की प्रतीक्षा करने लगे । डी.एस.पी. तारा चन्द हत्या के समय इस मोर्चे के समीप ही जीप में सवार थे । जब उन्होंने सुना कि उग्रवादी दो व्यक्तियों की हत्या करके इस तरफ फरार हुए हैं, उन्होंने उनका पीछा करने के लिए जीप का मुंह उधर कर लिया । अभी उनकी जीप मोर्चे के समीप ही थी कि उग्रवादियों ने देखे बिना कि जीप में कौन सवार है, जीप पर फायरिंग शुरू कर दी । एक गोली श्री तारा चन्द के सिर पर लगी और वे घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए । एक गोली जीप के टायर की तरफ चलाई गई और जीप का टायर पंक्चर कर दिया गया ।

4 उग्रवादी, 2 तस्कर गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला गुरदासपुर की पुलिस ने चार उग्रवादियों और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. श्री बिरदी ने बताया कि कलानौर पुलिस ने जिन चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, उनमें से तीन के नाम दलबिंद्र सिंह निवासी मौन चौपड़ा, बलविंद्र सिंह आफ भैनी पस्सावाल, उजागर सिंह निवासी गांव झंडा लुबाना हैं । ये लोग धर्म स्थलों पर जाकर लोगों को देश विरोधी कार्रवाइयां करने के लिए भड़काते थे । कादियां पुलिस ने एक नाकाबंदी के दौरान एक उग्रवादी स्वर्ण सिंह निवासी गांव छट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बोर का पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं । उन्होंने बताया कि कलानौर पुलिस ने एक रिपोर्ट मिलने पर दो तस्करों सुखा सिंह निवासी कारचौरा और दीन सिंह निवासी शोरकलां को गिरफ्तार किया है । पहले ये अफीम आदि की तस्करी करते थे लेकिन अब शस्त्रों की तस्करी करने लगे थे । छापामार कर उनके कब्जे से एक अफगानी राइफल बरामद की गई है । उनसे और पूछताछ की गई है ।

मोटर साइकल छीन लिया

बटाला से कोछड़, चौधरी के अनुसार आज प्रातः स्थानीय रेलवे यार्ड से दो अज्ञात युवक श्री केवल कृष्ण अग्रवाल का इंड-सुजुकी मोटर साइकल बी.ए.ओ. 6965 चोरी करके ले भागे । रेलवे पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । श्री अग्रवाल रेलवे गोदाम से अपने कारखाने को जा रहे थे, जब 25-26 वर्ष की आयु के दो उग्रवादियों ने उन्हें रोका और पिस्तौल की नोक पर मोटर साइकल छीन कर फरार हो गए ।

दोपहिया वाहनों पर पाबंदी

जिलाधीश गुरदासपुर श्री डी.एस. कल्हा ने एक आदेश जारी करके जिला गुरदासपुर में नगर पालिका सीमा से बाहर रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक दोपहिया वाहनों के चलने पर प्रतिबंध लगा दिया है व नगर पालिका सीमा के अन्दर रात 8 बजे से प्रातः 7 बजे तक दोपहिया वाहनों पर महिलाओं और बच्चों को छोड़कर दोहरी सवारी पर पाबंदी लगा दी है । ये आदेश 6 जनवरी तक लागू रहेंगे ।

मारुति कार ले उड़े

कल दोपहर लगभग डेढ़ बजे गांव छेतवाल थाना कत्थूनंगल में मारुति कार छीन ली गई । बताया जाता है कि श्री रमन कुमार बटाला से अपनी मारुति कार में अमृतसर जा रहे थे, जब वे छेतवाल के निकट, जहां सड़क बन रही है, पहुंचे तो एक दूसरी कार उनकी कार के आगे आकर खड़ी हो गई । उसमें स्टेनगन और दूसरे शस्त्रों से लैस 6 उग्रवादी सवार थे । उन्होंने पिस्तौल की नोक पर रमन कुमार को तत्काल कार खाली करके नीचे उतर जाने का आदेश दिया । रमन कुमार के कार से नीचे उतरते ही उग्रवादी कार लेकर फरार हो गए ।

अकाली दल (ल) का नेता घायल

आज रात्रि लगभग साढ़े 7 बजे यहां से 12 किलो मीटर दूर थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव कोट मजलिस के सरपंच हरचरण सिंह को उग्रवादियों ने उस समय चरी के खेतों से गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया, जब वे तरनतारन से शुगर मिल का उद्घाटन करने के बाद एक अन्य व्यक्ति के साथ स्कूटर पर घर से खेतों को जा रहे थे । श्री हरचरण सिंह को नाजुकावस्था में सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है लेकिन हालत खराब होने के कारण उन्हें अमृतसर भेज दिया गया । हरचरण सिंह जिला अकाली दल (ल) का महामंत्री है और भूतपूर्व मंत्री श्री नत्था सिंह दालम का पी.ए. रह चुका है । पुलिस के अनुसार उसे 5 गोलियां लगीं ।

सशस्त्र ग्रंथी साथी सहित गिरफ्तार

फिरोजपुर (बागी): एस.पी. आप्रेशन श्री एच.बी. चंद ने आज यहां रहस्योद्घाटन किया कि जिला पुलिस ने पहली बार खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक ग्रंथी को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एक पिन प्वायंट विदेशी पिस्तौल और विदेशी 32 बोर की रिवाल्वर बरामद की है । उसने स्वीकार किया है कि उसको हत्याएं करने के लिए तैनात किया गया था । श्री एच.बी. चंद ने विवरण देते हुए बताया कि जीरा पुलिस और सी.आर.पी.एफ. ने जीरा थाना क्षेत्र के गांव मंडर में नाकाबंदी की हुई थी कि दो व्यक्तियों को जाते देख कर रुकने का संकेत किया लेकिन उन दोनों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी लेकिन संक्षिप्त मुकाबले के बाद उन पर काबू पा लिया गया । इन दोनों में से एक ग्रंथी थम्मन सिंह पुत्र सत्ता सिंह था, जो थाना धर्मकोट के क्षेत्र गांव लोहगढ़ के गुरुद्वारे में ग्रंथी के रूप में काम करता था । उसका साथी सज्जन सिंह पुत्र हरनाम सिंह थाना धर्मकोट के क्षेत्र का ही निवासी है । इन दोनों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि वे खालिस्तान कमांडो फोर्स के सदस्य हैं और कोट ईसा खां में हत्याएं करने जा रहे थे ।

3.13 लाख रुपए लूट लिए

बरनाला (सिधवानी): उग्रवादियों ने कल 9 नवम्बर को बाद दोपहर अढ़ाई बजे गांव चन्ननवाल में सैंट्रल को-आप्रेटिव बैंक के कैशियर से पिस्तौल की नोक पर 3.13 लाख रुपए छीन लिए । खजांची बैंक से रुपया लेकर बरनाला आ रहा था । बस अभी एक किलो मीटर ही चली थी कि उसमें पहले से सवार दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसे रुपया उनके हवाले करने को कहा । उग्रवादियों ने कैशियर को लूटने के बाद ड्राइवर को बस रोकने का आदेश दिया । जैसे ही बस रुकी, वे रुपया लेकर फरार हो गए । बताया जाता है कि खजांची के साथ कोई गनमैन नहीं था । घटना की सूचना मिलते ही ए.एस.पी. श्री गिल और बरनाला के इंस्पैक्टर श्री इकबाल सिंह ने सी.आर.पी. एफ. के सैक्टर कमांडर और बी.एस.एफ. व पुलिस के साथ सारे क्षेत्र को घेर लिया लेकिन अभियुक्त फरार होने में सफल रहे । पुलिस कैशियर पर ही धोखाधड़ी का संदेह कर रही है ।

धूरी से सिंगला के अनुसार इन उग्रवादियों ने बाद में गांव नैनीवाल के निकट एक स्कूटर छीन लिया । कुछ व्यक्ति हिरासत में लिए गए हैं ।

पांच हिरासत में

संगरूर से गोयल के अनुसार उग्रवादी 3.17 लाख रुपए लूटकर ले गए । 5 उग्रवादियों जो स्कूटरों पर सवार थे, ने बस को रुकवा कर सारी धन राशि छीन ली । पुलिस ने इस घटना के सम्बन्ध में 5 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है । इस बात की भी जांच की जा रही है कि बिना सशस्त्र गार्डों के बैंक की राशि एक स्थान से दूसरे स्थान पर क्यों ले जाई गई ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार

बरनाला के डी.एस.पी. श्री परमजीत सिंह गिल के नेतृत्व में तपा पुलिस ने चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्र बरामद हुए हैं । श्री गिल ने बताया कि तपा में पकड़े गए उग्रवादी यहां हिन्दुओं की हत्या करके क्षेत्र में आतंक फैलाने का षड्यंत्र रचकर आए थे । उग्रवादियों ने रहस्योद्घाटन किया है कि उनका उद्देश्य आतंक फैलाना और खालिस्तान के लिए लोगों को उकसाना था । इन अभियुक्तों ने कई पैट्रोल पम्प लूटने और स्कूटर आदि छीनने की कारवाइयों की भी स्वीकारोक्ति की है । गिरफ्तार किए गए इन उग्रवादियों के नाम और इनसे बरामद शस्त्रों का विवरण इस प्रकार है । नायब सिंह निवासी रोडेकेकलां : एक पिस्तौल और 5 कारतूस, औरंग सिंह रोडेकलां : 1 पिस्तौल और 5 कारतूस नछत्तर सिंह निवासी गिल कलां फूल : एक पिस्तौल, 7 कारतूस, पूर्ण सिंह निवासी जगजीतपुरा नरवाना : एक पिस्तौल और 3 कारतूस ।

पुलिस हिरासत से उग्रवादी फरार

आज अमृतसर के मंड क्षेत्र में एक उग्रवादी कलवन्त सिंह पुलिस हिरासत से फरार हो गया । पुलिस उसे हथियार बरामद करने मंड क्षेत्र में ले गई थी जहां लघुशंका के बहाने वह निर्जन स्थान पर गया व साथ गए सिपाही से हथकड़ी छुड़ा कर भाग गया । उसे भिक्खी विंड क्षेत्र से पकड़ा गया था ।

शव मिला

अमृतसर (ह.स.): एक अज्ञात व्यक्ति का सिर कटा शव आज यहां आरामपुर गांव के एक खेत में पड़ा मिला । पुलिस सूत्रों के अनुसार एक किसान ने पुलिस को इसकी सूचना दी ।

कार, स्कूटर छीन लिए

इस बीच चार सौदागर व्यक्तियों से उग्रवादियों ने

रुपया 9.78

नई दिल्ली, 10 नवम्बर
राज्यमंत्री बी.के. गढ़वी ने आज
स्वीकार किया कि स्वतंत्रता प्राप्त
वर्षों में रुपए की कीमत घटकर मात्र
गई है । श्री गढ़वी ने एक अन्य प्र
बताया कि रुपए की कीमत 198
प्रतिशत, 1985-86 में 8.15
1986-87 में 6.96 प्रतिशत घ

श्री गढ़वी ने स्वीकार किया कि
के पहले तीस हफ्तों में थोक मूल्य
प्रतिशत बढ़ा है जबकि 1986-87
86 में इसी अवधि में यह बढ़ोत्तर
प्रतिशत और 4.2 प्रतिशत थी ।
कि केंद्र सरकार पर 16.39 खरब
आंतरिक कर्ज है जिस पर सरकार
10650 करोड़ रुपए का ब्याज दे

लोकसभा में आज कांग्रेस (इ) के
वीरेंद्र पाटिल सहित अनेक सदस्यों
वस्तुओं के मूल्यों में तेज वृद्धि के लि
कड़ी आलोचना की । ये सदस्य मूल्य
पूरक प्रश्न पूछ रहे थे ।

श्री पाटिल ने, जो केंद्रीय मंत्री औ
मुख्यमंत्री रह चुके हैं, कहा कि बढ़ती
देश का प्रत्येक परिवार आज परेशान
कहा कि उपभोक्ताओं को इस बहाने से
नहीं है कि मूल्य क्यों बढ़ रहे हैं । उन्हें
चाहिए ।

श्री पाटिल ने कहा कि रुपए की क्र
होकर केवल 12.5 पैसे रह गई है ।
के लिए सरकार क्या कर रही है ।
कथन का दोनों पक्षों के सदस्यों ने सम

नागरिक आपूर्ति एवं संसदीय
हरकिशन लाल भगत ने श्री पाटिल क
हुए कहा कि सरकार मूल्य वृद्धि के लि
बना रही है बल्कि सूखा, बाढ़, जमाखोरी
ठोस कारण हैं । श्री भगत ने स्वीक
आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ी हैं
के लिए सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं

टाटा बिरला : बड़े औद्योगिक घ
की कुल सम्पत्ति बिड़ला से कम है लेकिन
टाटा ने बिड़ला से अधिक कर पूर्व मुनाफ
उद्योग राज्यमंत्री एम. अरुणाचलम
लोकसभा में एक विवरण सभापटल पर र
अनुसार 1985 में बिड़ला की क
4111.55 करोड़ रुपए थी जिस
154 करोड़ रुपए मुनाफा कमाया ।
सम्पत्ति 3698.84 करोड़ रुपए थी
को उस साल 251.83 करोड़ रु
हुआ । 1000 करोड़ रुपए से अ
सम्पत्ति वाले तीन अन्य समूहों थ
सिंघानिया और रिलायंस में से रिलायंस ने
रुपए का मुनाफा कमाया । थापर और
समूहों की मुनाफे की राशि क्रमशः 22
रुपए और 19.09 करोड़ रुपए थी ।

एक्सप्रैस : वित्त मंत्री नारायण दत्त
आज राज्यसभा में बताया कि वित्त म
प्रवर्तन निदेशालय ने इंडियन एक्सप्रैस
पत्रसमूह और इसके अध्यक्ष राम नाथ गो
दो कारण बताओ नोटिस दिए हैं ।

बैंक : वित्त राज्यमंत्री श्री गढ़वी ने
कृष्ण अडवानी के प्रश्न के उत्तर में ब
सरकार को जिन व्यक्तियों और कम्प
स्विटजरलैंड में गुप्त खाते रखने का
उनकी जांच पड़ताल चल रही है ।

केंद्रीय कर्मी : केंद्र सरकार
कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि देश
स्थिति देखते हुए वे एक जुलाई से देय महं
की किश्त अपनी भविष्यनिधि खाते में
दें । इस संबंध में कर्मचारी प्रतिनिधियों से
चल रही है । वित्त राज्यमंत्री श्री गढ़वी
कि इस बारे में शीघ्र ही निर्णय किया जाए

तस्कर : श्री गढ़वी ने मिर्जा इस्माइल
बताया कि 1984 से 1986 के बीच
2532 तस्करों को सजा मिली है, 285
गए तथा इन तीन वर्षों में 8310 लोग त
आरोप में पकड़े गए ।

ननकाना साहिब में रिसने से महिला की मृ

अमृतसर, 10 नवम्बर : गुरुनानक
समारोह के दौरान पांच नवम्बर को ननकाना
(पाकिस्तान) में एक महिला तीर्थ यात्री की
मृत्यु हो गई जबकि एक महिला सहित दो
घायल हो गए । दुर्घटना उस समय हुई जब
की रसोई में 'लंगर' तैयार करते समय गै
गई । ननकाना साहिब से कल रात लौटने
शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के
गोपाल सिंह ने यह जानकारी दी ।

पाक द्वारा अपनी नौ सेना आक्रामिक बनाने के प्रय

लंदन, 10 नवम्बर : पाकिस्तान ने
नौसेना की आक्रामिक तथा सरक्षात्मक क्षमता
के लिए एक वृहत आधुनिकीकरण कार्यक्रम
किया है । सामरिक अध्ययन संस्थान की
1987-88 के सैनिक संतुलन पर प्रक
वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्त
ब्रिटेन में बने तीन और नीदरलैंड से निर्मित फ्रि
आदेश दिए हैं । रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्
नीदरलैंड को जमीन पर और जमीन से आक
युद्ध करने वाले प्रक्षेपास्त्रों से युक्त दो और फ्रि
भी आदेश दिए हैं । इससे जाहिर है कि पाकि

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 9 & 10.11.87 Rs. 64/- without trays. NECC Suggested Retail Price 8.50/- per Dozen.

गुमशुदा

आवश्यकता

आवश्यकता तजुर्बेकार बी.काम. एकाऊंटैंट, खरादिया, कैप्टन लेथ, सेल्स एजैंट, बाल्वस कॉक्स लाईन तथा पीतल काम का पालिशिया, मिलें–जीडीपीए इण्डस्ट्रीज, बाल्वस कॉक्स निर्माता,



फिरोजपुर पुलिस ने उग्रवादियों के अड्डे पर छापा मार कर अत्यन्त घातक शस्त्र बरामद किए । इन शस्त्रों में 6 ए. के. 47 चीनी राइफलें, एक स्टेनगन, दो रिवाल्वर, 4 पिस्तौल, एक सर्विस रिवाल्वर और 600 कारतूस शामिल हैं । (छाया : बागी)

पीट-पीट कर मार डाले

(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादियों का शिकार तीसरा प्रधान

फिल्लौर हिन्दू शिव सेना के प्रधान श्री कुलदीप कुमार शर्मा की हत्या के विरोध में कल फिल्लौर बंद का आह्वान किया गया है । शिव सेना के अध्यक्ष जगदीश टांगरी और महासचिव तेजपाल साथी ने एक वक्तव्य में फिल्लौर के एस.डी.एम. को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए कहा है कि शिव सेना की फिल्लौर इकाई के तीनों अध्यक्षों की हत्या में उनका हाथ है । इससे पूर्व पिछले दो वर्षों में फिल्लौर इकाई के दो और अध्यक्ष श्री विजय कुमार वरुशी और श्री विजय मोहन उर्फ काला आतंकवादियों की गोली का शिकार हो चुके हैं ।

जालन्धर के एस.एस.पी. श्री एस.एस. खेड़ा, एस.पी. डिटैक्टिव श्री स्वर्ण सिंह और एस.पी. (आप्रेशन) श्री अश्विनी कुमार सहित जिला पुलिस के अधिकारियों ने फिल्लौर में घटनास्थल का दौरा किया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं ।

श्री कुलदीप कुमार शर्मा की हत्या के विरोध में आज फिल्लौर में हड़ताल रही ।

मुकाबले में दो उग्रवादी मारे गए

लुधियाना से महेन्द्रा, जोशी ने समाचार दिया है कि कल रात्रि गांव चूहड़पुर थाना सदर में पुलिस मुकाबले में दो उग्रवादी गोलियों से मारे गए और तीन फरार होने में सफल हो गए । एस.एस.पी. श्री पांडे ने बताया कि गांव चूहड़पुर में एक व्यक्ति बलराज सिंह के घर जगराता हो रहा था । उग्रवादियों ने वहां हमला कर दिया और आते ही फायरिंग शुरू कर दी । वहां बैठे दो व्यक्ति अवतार सिंह और नाहर सिंह वहां से उठे और उन्होंने गश्त कर रहे पुलिस के एक दस्ते को सूचना दे दी । पुलिस अधीक्षक श्री पांडे के अनुसार जब पुलिस पार्टी वहां पहुंची तो उग्रवादियों ने पुलिस पर भी फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिससे दो उग्रवादियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि तीन फरार होने में सफल हो गए । श्री पांडे ने कहा कि मृतकों के कब्जे से दो दुनाली बंदूकें बरामद हुई हैं ।



धर्मकोट का हैड कांस्टेबल महेंद्र सिंह, जिसकी उग्रवादियों ने सी.आर.पी.एफ. के 2 जवानों के साथ हत्या कर दी । उग्रवादियों ने 4 मास पूर्व महेंद्र सिंह के पिता और दो भाइयों की भी हत्या कर दी थी । (छाया : बागी)

मालिकों की हत्या कर दी व तुरन्त मोर्चे में दाखिल हो गए तथा पुलिस की प्रतीक्षा करने लगे । डी.एस.पी. तारा चन्द हत्या के समय इस मोर्चे के समीप ही जीप में सवार थे । जब उन्होंने सुना कि उग्रवादी दो व्यक्तियों की हत्या करके इस तरफ फरार हुए हैं, उन्होंने उनका पीछा करने के लिए जीप का मुंह उधर कर लिया । अभी उनकी जीप मोर्चे के समीप ही थी कि उग्रवादियों ने देखे बिना कि जीप में कौन सवार है, जीप पर फायरिंग शुरू कर दी । एक गोली श्री तारा चन्द के सिर पर लगी और वे घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए । एक गोली जीप के टायर की तरफ चलाई गई और जीप का टायर पंक्चर कर दिया गया ।

4 उग्रवादी, 2 तस्कर गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला गुरदासपुर की पुलिस ने चार उग्रवादियों और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. श्री बिरदी ने बताया कि कलानौर पुलिस ने जिन चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, उनमें से तीन के नाम दलविंद्र सिंह निवासी मान चोपड़ा, बलविंद्र सिंह आफ भैनी पस्सोवाल, उजागर सिंह निवासी गांव झंडा लुबाना हैं । ये लोग धर्म स्थलों पर जाकर लोगों को देश

कार उनकी कार के आगे आकर खड़ी हो गई । उसमें स्टेनगन और दूसरे शस्त्रों से लैस 6 उग्रवादी सवार थे । उन्होंने पिस्तौल की नोक पर रमन कुमार को तत्काल कार खाली करके नीचे उतर जाने का आदेश दिया । रमन कुमार के कार से नीचे उतरते ही उग्रवादी कार लेकर फरार हो गए ।

अकाली दल (ल) का नेता घायल

आज रात्रि लगभग साढ़े 7 बजे यहां से 12 किलो मीटर दूर थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव कोट मजलिस के सरपंच हरचरण सिंह को उग्रवादियों ने उस समय चरी के खेतों से गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया, जब वे तरनतारन से शुगर मिल का उद्घाटन करने के बाद एक अन्य व्यक्ति के साथ स्कूटर पर घर से खेतों को जा रहे थे । श्री हरचरण सिंह को नाजुकावस्था में सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है लेकिन हालत खराब होने के कारण उन्हें अमृतसर भेज दिया गया । हरचरण सिंह जिला अकाली दल (ल) का महामंत्री है और भूतपूर्व मंत्री श्री नत्था सिंह दालम का पी.ए. रह चुका है । पुलिस के अनुसार उसे 5 गोलियां लगीं ।

मुशस्त्र ग्रंथी साथी सहित गिरफ्तार

फिरोजपुर (बागी): एस.पी. आप्रेशन श्री एच.बी. चंद ने आज यहां रहस्योद्घाटन किया कि जिला पुलिस ने पहली बार खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक ग्रंथी को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एक पिन प्वायंट विदेशी पिस्तौल और विदेशी 32 बोर की रिवाल्वर बरामद की है । उसने स्वीकार किया है कि उसको हत्याएं करने के लिए तैनात किया गया था । श्री एच.बी. चंद ने विवरण देते हुए बताया कि जीरा पुलिस और सी.आर.पी.एफ. ने जीरा थाना क्षेत्र के गांव मंडर में नाकाबंदी की हुई थी कि दो व्यक्तियों को जाते देख कर रुकने का संकेत किया लेकिन उन दोनों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी लेकिन संक्षिप्त मुकाबले के बाद उन पर काबू पा लिया गया । इन दोनों में से एक ग्रंथी थम्मन सिंह पुत्र सोहन सिंह था, जो थाना धर्मकोट के क्षेत्र गांव लोहगढ़ के गुरद्वारे में ग्रंथी के रूप में काम करता था । उसका साथी सज्जन सिंह पुत्र हरनाम सिंह थाना धर्मकोट के क्षेत्र का ही निवासी है । इन दोनों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि वे खालिस्तान कमांडो फोर्स के सदस्य हैं और कोट ईसा खां में हत्याएं करने जा रहे थे ।

3.13 लाख रुपए लूट लिए

बरनाला (सिधवानी): उग्रवादियों ने कल 9 नवम्बर को बाद दोपहर अढ़ाई बजे गांव चन्ननवाल में सैंट्रल को-आप्रेटिव बैंक के कैशियर से पिस्तौल की नोक पर 3.13 लाख रुपए छीन लिए । खजांची बैंक से रुपया लेकर बरनाला आ रहा था । बस अभी एक किलो मीटर ही चली थी कि उसमें पहले से सवार दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसे रुपया उनके हवाले करने को कहा । उग्रवादियों ने कैशियर को लूटने के बाद ड्राइवर को बस रोकने का आदेश दिया । जैसे ही बस रुकी, वे रुपया लेकर फरार हो गए । बताया जाता है कि खजांची के साथ कोई गनमैन नहीं था । घटना की सूचना मिलते ही ए.एस.पी. श्री गिल और बरनाला के इंस्पैक्टर श्री इकबाल सिंह ने सी.आर.पी. एफ. के सैक्टर कमांडर और बी.एस.एफ. व पुलिस के साथ सारे क्षेत्र को घेर लिया लेकिन अभियुक्त फरार होने में सफल रहे । पुलिस कैशियर पर ही धोखाधड़ी

रूप
9.
नई दिल्ली
राज्यमंत्री बी के
स्वीकार किया कि
वर्षों में रुपए की
गई है । श्री गढ़
बताया कि रुपए
प्रतिशत, 198
1986-87 में
श्री गढ़वी ने
के पहले तीस हा
प्रतिशत बढ़ा है ज
86 में इसी अव
प्रतिशत और 4
कि केंद्र सरकार
आंतरिक कर्ज है
10650 करोड़
लोकसभा में
वीरेंद्र पाटिल स
वस्तुओं के मूल्यों
कड़ी आलोचना क
पूरक प्रश्न पूछ
श्री पाटिल ने
मुख्यमंत्री रह चुके
देश का प्रत्येक प
कहा कि उपभोक्त
नहीं है कि मूल्य क
चाहिए ।
श्री पाटिल ने
होकर केवल 12
के लिए सरकार
कथन का दोनों प
नागरिक अ
हरकिशन लाल
हुए कहा कि सरक
बना रही है बल्कि
ठोस कारण हैं ।
आवश्यक वस्तुओं
के लिए सरकार
टाटा बिरल
की कुल सम्पत्ति
टाटा ने बिड़ला से
उद्योग राज्यमंत्री
लोकसभा में एक
अनुसार 1985
4111.55 क
154 करोड़ रुप
सम्पत्ति 3698.
को उस साल
हुआ । 1000
सम्पत्ति वाले
सिंघानिया और
रुपए का मुनाफा
समूहों की मुनाफे
रुपए और 19.0
एक्सप्रेस :

Punjabi Tribune

तीन फरार होने में सफल हो गए । एस.एस.पी. श्री पांडे ने बताया कि गांव चूहड़पुर में एक व्यक्ति बलराज सिंह के घर जगराता हो रहा था । उग्रवादियों ने वहां हमला कर दिया और आते ही फायरिंग शुरू कर दी । वहां बैठे दो व्यक्ति अवतार सिंह और नाहर सिंह वहां से उठे और उन्होंने गश्त कर रहे पुलिस के एक दस्ते को सूचना दे दी । पुलिस अधीक्षक श्री पांडे के अनुसार जब पुलिस पार्टी वहां पहुंची तो उग्रवादियों ने पुलिस पर भी फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिससे दो उग्रवादियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि तीन फरार होने में सफल हो गए । श्री पांडे ने कहा कि मृतकों के कब्जे से दो दुनाली बंदूकें बरामद हुई हैं । पता चला है कि इन उग्रवादियों ने एक दुनाली बंदूक गांव काकवाल के सरपंच लाभ सिंह से 6 अगस्त को और दूसरी गांव भट्टियां के जाट महेन्द्र सिंह से 4 अक्तूबर को छीनी थी । श्री पांडे ने बताया कि उन्होंने गांव जस्सियां के दो भाइयों के घर 12 अक्तूबर को डाका डाला था और उन दोनों की हत्याएं कर दी थीं । उनके घर से आभूषण आदि लूट कर फरार हो गए थे । 27 अक्तूबर को उन्होंने गांव फग्गवाल जिला लुधियाना और 30 अक्तूबर को गांव चूहड़पुर में डाका डाला था । इन दोनों गांवों के लोगों ने उनकी शिनाख्त कर ली है और कहा है कि यही डाकू थे लेकिन उनके नामों का पता नहीं चल सका । पिछली दो रातों से जिला लुधियाना में पुलिस मुकाबले में मरने वाले उग्रवादियों की संख्या 6 हो गई है ।

उग्रवादियों का लक्ष्य कोई 'और' था

लुधियाना से महिन्द्रा के अनुसार गत दिवस जगरांव में श्री तारा चन्द डी.एस.पी. की हत्या के सम्बन्ध में कुछ और विवरण प्राप्त हुए हैं । उच्च स्तरीय पुलिस सूत्रों ने बताया कि जगरांव में उग्रवादियों ने एक योजना तैयार की थी कि जगरांव के एक वरिष्ठ सिख पुलिस अधिकारी की हत्या की जाए, क्योंकि वह उग्रवादी दर्शन सिंह 'ढल्ला' को गिरफ्तार करने के लिए प्रत्येक दूसरे व तीसरे दिन जगरांव के निकटवर्ती गांव ढल्ला में अवश्य चक्कर लगाता है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने एक योजना बनाई । उन्होंने जगरांव के बाहर श्मशान भूमि के समीप एक पुराने वीरान कोठे की खोज की तथा उसके इर्द-गिर्द सफेदे और नीम के वृक्षों की टहनियां बिछा दीं । इस प्रकार अपना मोर्चा बनाने के बाद उग्रवादियों ने अंधेरे के समय किसी की हत्या करने की योजना बनाई, वह इसलिए कि जगरांव में किसी की हत्या होने के पश्चात वह सिख पुलिस अधिकारी गांव ढल्ला की ओर अवश्य आएगा तथा उस पर इस मोर्चा के भीतर से फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी जाएगी । इस योजना के अनुसार उग्रवादियों ने साय पौने सात बजे दो चक्की

ही दम तोड़ गए । एक गोली जीप के टायर की तरफ चलाई गई और जीप का टायर पंक्चर कर दिया गया ।

4 उग्रवादी, 2 तस्कर गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला गुरदासपुर की पुलिस ने चार उग्रवादियों और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. श्री बिरदी ने बताया कि कलानौर पुलिस ने जिन चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, उनमें से तीन के नाम दलविंद्र सिंह निवासी मान चोपड़ा, बलविंद्र सिंह आफ भैनी पस्सोवाल, उजागर सिंह निवासी गांव झंडा लुबाना हैं । ये लोग धर्म स्थलों पर जाकर लोगों को देश विरोधी कार्रवाइयां करने के लिए भड़काते थे । कादियां पुलिस ने एक नाकाबंदी के दौरान एक उग्रवादी स्वर्ण सिंह निवासी गांव छट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बोर का पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं । उन्होंने बताया कि कलानौर पुलिस ने एक रिपोर्ट मिलने पर दो तस्करों सुखा सिंह निवासी कारचौरा और दीन सिंह निवासी शोरकलां को गिरफ्तार किया है । पहले ये अफीम आदि की तस्करी करते थे लेकिन अब शस्त्रों की तस्करी करने लगे थे । छापामार कर उनके कब्जे से एक अफगानी राइफल बरामद की गई है । उनसे और पूछताछ की गई है ।

मोटर साइकल छीन लिया

बटाला से कोछड़, चौधरी के अनुसार आज प्रातः स्थानीय रेलवे यार्ड से दो अज्ञात युवक श्री केवल कृष्ण अग्रवाल का इंड-सुजुकी मोटर साइकल बी.ए.ओ. 6965 चोरी करके ले भागे । रेलवे पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । श्री अग्रवाल रेलवे गोदाम से अपने कारखाने को जा रहे थे, जब 25-26 वर्ष की आयु के दो उग्रवादियों ने उन्हें रोका और पिस्तौल की नोक पर मोटर साइकल छीन कर फरार हो गए ।

दोपहिया वाहनों पर पाबंदी

जिलाधीश गुरदासपुर श्री डी.एस. कल्हा ने एक आदेश जारी करके जिला गुरदासपुर में नगर पालिका सीमा से बाहर रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक दोपहिया वाहनों के चलने पर प्रतिबंध लगा दिया है व नगर पालिका सीमा के अन्दर रात 8 बजे से प्रातः 7 बजे तक दोपहिया वाहनों पर महिलाओं और बच्चों को छोड़कर दोहरी सवारी पर पाबंदी लगा दी है । ये आदेश 6 जनवरी तक लागू रहेंगे ।

मारुति कार ले उड़े

कल दोपहर लगभग डेढ़ बजे गांव छेतूवाल थाना कत्थूनंगल में मारुति कार छीन ली गई । बताया जाता है कि श्री रमन कुमार बटाला से अपनी मारुति कार में अमृतसर जा रहे थे, जब वे छेतूवाल के निकट, जहां सड़क बन रही है, पहुंचे तो एक दूसरी

खजांची बैंक से रुपया लेकर बरनाला आ रहा था । बस अभी एक किलो मीटर ही चली थी कि उसमें पहले से सवार दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसे रुपया उनके हवाले करने को कहा । उग्रवादियों ने कैशियर को लूटने के बाद ड्राइवर को बस रोकने का आदेश दिया । जैसे ही बस रुकी, वे रुपया लेकर फरार हो गए । बताया जाता है कि खजांची के साथ कोई गनमैन नहीं था । घटना की सूचना मिलते ही ए.एस.पी. श्री गिल और बरनाला के इंस्पैक्टर श्री इकबाल सिंह ने सी.आर.पी. एफ. के सैक्टर कमांडर और बी.एस.एफ. व पुलिस के साथ सारे क्षेत्र को घेर लिया लेकिन अभियुक्त फरार होने में सफल रहे । पुलिस कैशियर पर ही धोखाधड़ी का संदेह कर रही है ।

धुरी से सिंगला के अनुसार इन उग्रवादियों ने बाद में गांव नैनीवाल के निकट एक स्कूटर छीन लिया । कुछ व्यक्ति हिरासत में लिए गए हैं ।

पांच हिरासत में

संगरूर से गोयल के अनुसार उग्रवादी 3.17 लाख रुपए लूटकर ले गए । 5 उग्रवादियों जो स्कूटरों पर सवार थे, ने बस को रुकवा कर सारी धन राशि छीन ली । पुलिस ने इस घटना के सम्बन्ध में 5 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है । इस बात की भी जांच की जा रही है कि बिना सशस्त्र गार्डों के बैंक की राशि एक स्थान से दूसरे स्थान पर क्यों ले जाई गई ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार

बरनाला के डी.एस.पी. श्री परमजीत सिंह गिल के नेतृत्व में तपा पुलिस ने चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्र बरामद हुए हैं । श्री गिल ने बताया कि तपा में पकड़े गए उग्रवादी यहां हिन्दुओं की हत्या करके क्षेत्र में आतंक फैलाने का षड्यंत्र रचकर आए थे । उग्रवादियों ने रहस्योद्घाटन किया है कि उनका उद्देश्य आतंक फैलाना और खालिस्तान के लिए लोगों को उकसाना था । इन अभियुक्तों ने कई पैट्रोल पम्प लूटने और स्कूटर आदि छीनने की कार्रवाइयों की भी स्वीकारोक्ति की है । गिरफ्तार किए गए इन उग्रवादियों के नाम और इनसे बरामद शस्त्रों का विवरण इस प्रकार है । नायब सिंह निवासी रोडेकेकलां : एक पिस्तौल और 5 कारतूस, औरंग सिंह रोडेकलां : 1 पिस्तौल और 5 कारतूस, नछत्तर सिंह निवासी गिल कलां फूल : एक पिस्तौल, 7 कारतूस, पूर्ण सिंह निवासी जगजीतपुरा नरवाना : एक पिस्तौल और 3 कारतूस ।

पुलिस हिरासत से उग्रवादी फरार

आज अमृतसर के मंड क्षेत्र में एक उग्रवादी कुलवन्त सिंह पुलिस हिरासत से फरार हो गया । पुलिस उसे हथियार बरामद करने मंड क्षेत्र में ले गई थी जहां लघुशंका के बहाने वह निर्जन स्थान पर गया व साथ गए सिपाही से हथकड़ी छुड़ा कर भाग गया । उसे भिक्खी विंड क्षेत्र से पकड़ा गया था ।

शव मिला

अमृतसर (ह.स.): एक अज्ञात व्यक्ति का सिर कटा शव आज यहां आरामपुर गांव के एक खेत में पड़ा मिला । पुलिस सूत्रों के अनुसार एक किसान ने पुलिस को इसकी सूचना दी ।

कार, स्कूटर छीन लिए

इस बीच चार संदिग्ध व्यक्तियों ने रंजीत एवेन्यू के एक निवासी से कल उसकी कार छीन ली । इसके अलावा तरनतारन सदर क्षेत्र में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति चरण सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 9 & 10.11.87 Rs. 64/- without trays. NECC Suggested Retail Price 8.50/- per Dozen.

गुमशुदा

बिल नं. 598 दिनांक 11.10.87 रु. 7628/40 का, तथा फार्म नं. OY-1986/1417401 'हमारा चप्पल हाऊस, गोरखपुर' का जिन्हें रेहड़े वाला माल के साथ [illegible]

आवश्यकता

आवश्यकता तजुर्बेकार बी.काम. एकाऊंटैंट, खरादिया, कैप्टन लेथ, सेल्स एजैंट, वाल्वस कॉक्स लाईन तथा पीतल काम का पालिशिया, मिलें—जीडीपीए इण्डस्ट्रीज, वाल्वस कॉक्स निर्माता, नजदीक रेलवे माल गोदाम, जालंधर शहर ।

व्यापार

25,000 से 50,000 लगाएं । [illegible]

उग्रवादियों द्वारा थानेदार, 2 बच्चियों, कम्युनिस्ट नेता सहित 8 की हत्या

ज्ञानी जैल सिंह के दामाद का पैट्रोल पम्प लूटा : जलालाबाद सैक्टर में पाक घुसपैठिया मरा

एक उग्रवादी मरा, एक पुलिस हिरासत से फरार, 14 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 11 नवम्बर (वार्ता, हस.): उग्रवादियों ने गत 24 घंटों में पंजाब में एक थानेदार, एक स्त्री, 2 नन्हीं लड़कियों और एक कम्युनिस्ट नेता सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी । उग्रवादियों द्वारा तरनतारन के गांव में एक स्त्री सहित तीन व्यक्ति मारे गये, जो एक ही परिवार के सदस्य हैं जबकि भटिंडा में मारी गई नन्हीं लड़कियां एक ए.एस.आई. और एक कांस्टेबल की बेटियां हैं । धूरी में कम्युनिस्ट नेता भूपेंद्र जीत सिंह ढढोगल की हत्या कर दी गई । अमृतसर में थानेदार की हत्या करके भाग रहे उग्रवादियों में से एक सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में मारा गया जबकि गत रात्रि जलालाबाद सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । उग्रवादी जिला भटिंडा में स्थित भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के दामाद के पैट्रोल पम्प से 20000 रुपए लूट कर ले गए, जबकि जिला जालंधर में एक दुकानदार को फायरिंग करके घायल कर दिया । कई जगह दोपहिया वाहन भी छीने गये । पुलिस ने 'बी' श्रेणी के एक उग्रवादी सहित 15 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । हरियाणा पुलिस ने दरियापुर बस-हत्याकांड में संलिप्त 3 और उग्रवादियों को मोगा (पंजाब) से गिरफ्तार किया है ।

एक ही परिवार के 3 सदस्यों की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): जिला अमृतसर के गांव बेहला थाना सदर तरनतारन में गत रात्रि उग्रवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग करके 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मृतकों में एक स्त्री भी शामिल है । पुलिस के अनुसार यह परस्पर शत्रुता का मामला है । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत रात्रि लगभग 11.15 बजे चार व्यक्ति जागीर सिंह, जिसकी कुछ समय पूर्व हत्या हो चुकी है, के घर में बलात् घुसे और घर में घुसते ही घर में सोए लोगों पर अंधाधुंध फ़ायरिंग की, जिससे प्यारा सिंह (70), भान सिंह (50) और श्रीमती तारो (पत्नी जागीर सिंह) की गोलियां लगने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस को घटना की सूचना प्रातः मिली । घटना-स्थल से पुलिस को .12 बोर की बंदूक, .315 बोर की राईफल और कारबाइन के खाली कारतूस मिले हैं । जांच के बाद पुलिस ने इसे परस्पर शत्रुता का परिणाम बताया है, लेकिन साथ ही इस संभावना से इन्कार नहीं किया कि मृतकों की विरोधी पार्टी ने हत्याएं करवाने में उग्रवादियों से सहायता प्राप्त की हो । एक अन्य सूचना के अनुसार हत्यारों ने जागीर सिंह के दामाद देवेंद्र सिंह और उसके नन्हें बच्चे को अनुनय करने पर माफ़ कर दिया ।

सब इंस्पैक्टर की हत्या, 3 घायल

अशोक सोनी, डोगरा के अनुसार आज सायं 7.15 बजे अमृतसर के बस स्टैंड के पास सी.आर.पी. की चौकी पर उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग से पंजाब पुलिस के एक सब इंस्पैक्टर हरभजन सिंह (45) की मृत्यु हो गई जबकि सी.आर.पी. के दो जवान नायक प्रभाती लाल (40), राकेश मिश्र (28) तथा स्टेट बैंक आफ इंडिया की एक शाखा के मैनेजर संत राम गुप्ता (58), घायल हो गए । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सी.आर.पी. की चौकी पर खड़ी सी.आर.पी. की ही एक जीप पर उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की जिससे जीप में सवार नायक प्रभाती लाल की जांघ में राकेश मिश्र के बाजू में गोली लगी, अपनी कार में वहां से गुजर रहे संत राम गुप्ता के पैर में गोली लगी जबकि मोटर साइकिल पर घर जा रहे अमृतसर सी.आई.ए. स्टाफ के सब इंस्पैक्टर हरभजन सिंह की छाती में गोली लगी । हरभजन सिंह को अस्पताल लाए जाते समय उसकी मृत्यु हो गई ।

एक उग्रवादी मारा गया

अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इजहार आलम ने बताया कि जो उग्रवादी जबाबी फायरिंग में मारा गया है, उससे एक रिवाल्वर मिला है । उन्होंने बताया कि मौके पर की गई जांच से ऐसा लगता है कि उग्रवादियों के दो गुट थे, 2 उग्रवादी एक मोटर साइकल पर थे और कुछ उग्रवादी ट्रक में थे । जैसे ही एस.आई. हरभजन सिंह मोटर साइकल पर गुजरा, मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने उस पर गोली चला दी । इसके उत्तर में निकटवर्ती चौकी से सी.आर.पी. ने फायरिंग की । इसी मध्य ट्रक सवार उग्रवादियों ने सी.आर.पी. पर फायरिंग की, जिससे दो जवान घायल हो गए ।

ह.स. के अनुसार ट्रक पर सवार उग्रवादियों ने सी.आर.पी. की 9वीं बटालियन की टुकड़ी पर स्वचालित शस्त्रों से 15 मिनट तक फायरिंग की । घटना से सारे क्षेत्र में आतंक फैल गया और दुकानदार अपनी दुकानें खुली छोड़ कर भाग खड़े हुए ।

पुलिस सूत्रों ने कहा है कि उग्रवादी चीनी एसाल्ट राईफलों एम.के.-47 जैसे अत्याधुनिक शस्त्रों से लैस थे ।

उग्रवादियों के दो गिरोहों ने इस कार्रवाई में भाग लिया । एक गिरोह ने सी.आर.पी. की चौकी पर गोली चला दी, दूसरे गिरोह ने सब इंस्पैक्टर पर ।

मृत उग्रवादी का शव एक पास के स्कूल भवन से मिला । अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

वार्ता के अनुसार उग्रवादियों का एक गिरोह दो स्कूटरों पर सवार था और ट्रक सवार उग्रवादियों के पीछे चल रहा था । स्कूटर सवार उग्रवादियों ने पहले मोटर साइकल सवार सब-इंस्पैक्टर पर फायरिंग की और दूसरी ओर ट्रक सवार उग्रवादियों ने सी.आर.पी. की चौकी पर फायरिंग की ।

2 बच्चों की हत्या, स्त्री घायल

भटिंडा (ग्रोवर): एस.एस.पी. भटिंडा की एस्कोर्ट के ड्राइवर कांस्टेबल हाकिम सिंह की 3 वर्षीय लड़की अमनदीप कौर और बाघापराना में तैनात ए.एस.आई. नागौर सिंह की 12 वर्षीय लड़की बीरपाल कौर की गत रात्रि 2.30 बजे उनके घर भागू रोड भटिंडा में 2 या 3 उग्रवादियों ने हत्या कर दी और ए.एस.आई. नागौर सिंह की पत्नी हरदयाल कौर को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । हरदयाल कौर को सिविल अस्पताल भटिंडा में दाखिल करवाया गया है । उग्रवादियों ने घर में घुसकर फ़ायरिंग करके हत्याएं कीं ।

एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि अभियुक्तों को पकड़ने के लिए घर-घर की तलाशी ली जा रही है । उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को 38 बोर और 12 बोर के शस्त्रों से निकट से गोली मारी गई ।

अमनदीप कौर ए.एस.आई. नागौर सिंह की भतीजी है । घटना के समय वह घर पर नहीं था ।

खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के एक सदस्य गुरजंट सिंह मोगा ने दोनों मासूम लड़कियों अमनदीप कौर और बीरपाल कौर की हत्या की जिम्मेवारी ली है । पुलिस को घटनास्थल से इस आशय का एक हस्तलिखित पत्र मिला है ।

ज़ैलसिंह के दामाद का पैट्रोल पम्प लुटा

भारत में भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिंह के दामाद के गांव जलाल जिला भटिंडा में स्थित पैट्रोल पम्प को कल दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर लूट लिया । अभियुक्त वहां से 20000 रुपए और एक मोपेड छीन पर ले गए । मोपेड बाद में कुछ मील दूर पड़ी मिली ।

चुंगी से 60 रुपए लूट लिए

यहां डबवाली रोड पर स्थित चुंगी को कल दो उग्रवादियों ने लूट लिया । उग्रवादी वहां से 60 रुपए लूट कर ले गए ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार

जिला पुलिस ने गत रात्रि नाकाबंदी के दौरान 6 उग्रवादियों नैबसिंह, अजैब सिंह, मलकीत सिंह, बलविंद्र सिंह, बलबीर सिंह और रणजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया तथा उनके कब्ज़े से दो बारह बोर के और दो 315 बोर के पिस्तौल बरामद कर लिए । एस.एस.पी. श्री शर्मा के अनुसार गिरफ्तार किए गए उग्रवादी विभिन्न डकैती और हत्या कांडों में वांछित थे ।

स्कूटर छीन लिया

दो अज्ञात उग्रवादियों ने आज प्रातः यहां परसराम नगर में दो उग्रवादियों ने नहर के पुल के निकट एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

2 सरपंच मारने की जिम्मेवारी ली

गुरु हरसहाय से भंडारी के अनुसार जनरल लाभ सिंह और सतियावाला के भाई गरदेव सिंह के नेतृत्व वाले खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने 7 नवम्बर को दो सरपंचों की हत्या की जिम्मेवारी ली है । इस सम्वाददाता को लिखे पत्र में आरोप लगाया गया है

(शेष पृष्ठ 8 पर)

होम गार्ड के तीन जवानों द्वारा नवांशहर के नसवार व्यापारी का कत्ल

आनंदपुर साहिब, 11 नवम्बर (सुरेश गिरि): नवांशहर के नसवार के व्यापारी राम स्वरूप, जिसका शव विगत दिनों रोपड़ के नजदीक गांव काठगढ़ (होशियारपुर) नहर में से मिला था, पुलिस ने उसके कत्ल केस की गुत्थी सुलझा ली है । पुलिस सूत्रों के मुताबिक राम स्वरूप का कत्ल होमगार्ड के तीन जवानों जसपाल सिंह, मल्कीयत सिंह और अमरजीत सिंह ने किया, जो कि अब पुलिस हिरासत से फरार हैं । पुलिस ने इस संबंध में 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने मृतक के भाई सुरिंदर कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया था । सुरिंदर कुमार ने पुलिस को बताया था कि उसका भाई 20 अक्तूबर को नसवार से घर आ रहा था । उसके पास 1500 रुपए थे । उसने बताया कि उसके भाई के पास से 1500 रुपए, घड़ी, सोने की अंगूठी और साइकल लूट लिया गया है । पुलिस ने जांच के बाद जसपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया । जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथियों मल्कीयत सिंह और अमरजीत सिंह के साथ मिलकर राम स्वरूप को लूटा था । जसपाल सिंह ने बताया कि उसने राम स्वरूप को रोपड़ के नजदीक नहर के पुल पर रोका था । उसने राम स्वरूप को कहा कि उसके पास हथियार हैं । उसने राम स्वरूप को धमकी दी कि वह उसे मार देगा । उसने राम स्वरूप को पीटा और उसकी साइकल छीन ली । उसने राम स्वरूप को नहर में फेंक दिया । राम स्वरूप तैरकर बाहर आ गया । उसने उसे फिर नहर में फेंक दिया । राम स्वरूप फिर तैरकर बाहर आ गया । उसने उसे फिर नहर में फेंक दिया । राम स्वरूप डूब गया । उसने उसकी साइकल तोड़ दी । बाद में जसपाल सिंह तथा अमरजीत ने उसकी तलाशी ली । उसके पास से केवल 810 रुपए ही निकले, जिनमें से 500 जसपाल व 310 रुपए अमरजीत ने रख लिए । बाद में दोनों ने राम स्वरूप के मृतक शरीर को एक बोरी में बंद किया व साइकल पर लाद कर रोपड़ के नजदीक नहर में फेंक दिया । 20 अक्तूबर से लापता राम स्वरूप का शव

Punjabi Sanatan



तरनतारन जिला अमृतसर के गांव बेहला में उग्रवादियों ने मंगलवार की रात्रि को एक ही परिवार के 3 सदस्यों (1) भान सिंह, (2) करतार कौर और (3) प्यारा सिंह की हत्या कर दी। (4) मृतकों के परिवार के सदस्य विलाप करते हुए, (5-6) मृतकों का घटनास्थल पर खून बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। (छाया : ओम भंडारी)

Punjabi Sanatan

पंजाब सरकार द्वारा प्रशासनिक



अमृतसर बस स्टैंड के पास गत दिवस उग्रवादियों द्वारा सी.आर.पी. की चौकी पर फ़ायरिंग से (1) मारे गए पंजाब पुलिस के सब-इंस्पैक्टर हरभजन सिंह का शव, (2) मुठभेड़ में मारा गया एक उग्रवादी, (3) गोलीबारी में घायल सी.आर.पी. के जवान आर.के. मिश्रा तथा (4) प्रभाती सिंह, (5) जिस जगह वारदात हुई,वहां सड़क पर फैला खून और गिरा पड़ा मृत सब-इंस्पैक्टर का मोटरसाइकल ।

(छाया : ओम भंडारी)

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि मोहरसिंहवाला का सरपंच हरबंस लाल और घंगा कला का सरपंच मुख्तियार सिंह पुलिस के मुखबिर थे । इन सरपंचों को चेतावनी दी गई थी ।

कम्युनिस्ट नेता की हत्या

धूरी (सिंगला): आज सायं चार बजे यहां उग्रवादियों ने फायरिंग करके भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पंजाब के एक नेता कामरेड भूपेन्द्र जीत सिंह ढढोगल की हत्या कर दी । श्री ढढोगल उस समय साइकल पर अपने गांव ढढोगल जा रहे थे । उग्रवादी बिना नम्बर के स्कूटर पर आए थे और हत्या करके फरार हो गए । मृतक कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य परिषद का सदस्य था ।

संगरूर से गोयल के अनुसार संगरूर के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू वायरलैस पर सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स के साथ धूरी पहुंचे । पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार सरक्षा बलों ने सारे क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी है,लेकिन अभियुक्तों का कोई पता नहीं चला ।

पाक घुसपैठी मारा गया

फिरोजपुर (ह.स.): एक पाकिस्तानी घुसपैठिया 8-9 नवम्बर की रात को जलालाबाद सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुठभेड़ में मारा गया, जबकि एक अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला । आज यहां देर से प्राप्त सूचना में यह जानकारी दी गई । संदेह है कि मारा गया घुसपैठिया पाकिस्तानी था ।

दुकानदार को घायल कर दिया

जालन्धर (वार्ता): जालन्धर थाना सदर के क्षेत्र में चगावां ग्राम में कल रात दो आतंकवादियों ने एक दुकानदार को गोली मारकर घायल कर दिया । यह जानकारी पुलिस ने दी है । घायल दुकानदार रमेश कुमार को स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है,जहां उसका उपचार हो रहा है । पुलिस ने जानकारी दी है कि आतंकवादियों ने दुकानदार पर उसकी दुकान में ही पीछे से गोली दागी थी और गोली चलाने के बाद वे वहां से पैदल ही फरार हो गए ।

स्कूटर छीन लिया

गत रात्रि बंगा थाना क्षेत्र के गांव थाना खटकडकलां के निकट तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों के एक व्यक्ति रमेश कुमार से उसका स्कूटर छीन लिया । इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया गया है ।

शिव सेना नेता की अंत्येष्टि

फिल्लौर (भाखड़ी): हिंद शिव सेना फिल्लौर के प्रधान श्री कुलदीप कुमार की आज यहां अंत्येष्टि कर दी गई । आज फिल्लौर पूर्ण बंद रहा, शिक्षा संस्थान भी न खुले । लोगों में इस बात का रोष था कि इस दखी एवं गरीब परिवार को अभी तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी सांत्वना देने न आया था। कहा जाता है कि एक ए.एस.पी. ने घर वालों पर कल ही दबाव डाला था कि वे सायं 5.30 बजे ही श्री कुलदीप कुमार शर्मा की अंत्येष्टि कर दें,लेकिन मृतक के सम्बन्धियों व जनसमुदाय के समक्ष उक्त अधिकारी की एक न चली ।

युवकों ने हिम्मत की

बताया जाता है कि जब श्री कुलदीप कुमार शर्मी शायन होकर गिर गए, उसी समय दो युवकों अमरीक सिंह और रछपाल सिंह ने हिम्मत करके उग्रवादियों को काबू करके पुलिस के हवाले कर दिया । जिलाधीश ने बहादरी दिखाने पर फिल्लौर नगर पालिका को एक लाख रुपए विकास कार्यों के लिए देने की घोषणा की है । उन्होंने मृतक श्री कुलदीप कुमार शर्मा को बहादरी दिखाने पर उनके परिवार को तीस हजार रुपए और अमरीक सिंह व रछपाल सिंह दोनों को पांच-पांच हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है ।

परिवार की मदद का आग्रह

30 वर्षीय कुलदीप कुमार का अभी 5 वर्ष पूर्व ही विवाह हुआ था । उसके अढ़ाई और चार वर्ष के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं । पत्नी की आयु मात्र 22 वर्ष है । कुलदीप कुमार ही घर परिवार में कमाने वाला था । वह कभी किसी को कट न बोलता था। शिव सेना फिल्लौर का प्रधान होने के कारण उन्हें अक्सर धमकीपूर्ण पत्र मिलते रहते थे, जिनके बारे में वह पुलिस को सूचित करता रहता था । परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं । नगर की विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं और राजनीतिक दलों ने एक वक्तव्य में सरकार से आग्रह किया है कि वीरता के प्रदर्शन पर फिल्लौर नगर को विकासार्थ मिलने वाली राशि श्री शर्मा के परिवार को दे दी जाए ।

प्राथमिक सहायता मिल जाती तो...

कुलदीप कुमार शर्मा के 75 वर्षीय पिता श्री सतप्रकाश ने बताया है कि दो दिन पूर्व कुलदीप ने

Punjabi Sansar

करते हुए । (छाया : तरसेम)

कहा था कि उसको फिल्लौर के दो व्यक्तियों से खतरा है । उसने उन व्यक्तियों का नाम भी बताया था । कुलदीप के पिता और अन्य लोगों ने आरोप लगाया है कि जब घायलावस्था में कुलदीप को सिविल अस्पताल फिल्लौर में ले जाया गया तो अस्पताल के डाक्टर ने प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध न की और अशिष्ट व्यवहार किया । बाद में जब लुधियाना में नए दयानन्द अस्पताल में कुलदीप कुमार लाया गया तो डाक्टरों ने अधिक रक्त बहने के कारण जवाब दे दिया । इन डाक्टरों का कहना था कि प्राथमिक चिकित्सा होने पर कुलदीप कुमार शर्मा को बचाया जा सकता था ।

उग्रवादियों के चार-चार नाम थे...

श्री कुलदीप कुमार शर्मा की हत्या करने वाले दोनों उग्रवादियों की शिनाख्त हो गई है, वे बब्बर खालसा के सदस्य थे । इनमें एक निरंकारी कालोनी लुधियाना और दूसरा रोपड़ का निवासी था । पुलिस ने अभी तक इनके नाम नहीं बताए, लेकिन इतना अवश्य बताया है कि इन्होंने चार-चार नाम रखे हुए थे ।

'ह .स.' के अनुसार अंत्येष्टि के समय कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए गए थे । इस अवसर पर सरकार विरोधी नारे भी लगाए गए । मृतकों को श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए पंजाब के विभिन्न स्थानों से हिंद शिव सेना के नेता फिल्लौर आए हुए थे ।

8 उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स.): फरीदकोट पुलिस ने गत 24 घंटों के दौरान 8 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से शस्त्र और गोली-सिक्का बरामद किया है । जिले के पुलिस अधीक्षक श्री गोबिंद राम ने आज यहां बताया कि तीन उग्रवादियों, जिनकी कंवलजीत सिंह, हरजिंद्र सिंह और जोगेन्द्र सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है, को थाना सदर फरीदकोट के निकटवर्ती गांव भगथाला के निकट संक्षिप्त मुकाबले के पश्चात गिरफ्तार कर लिया गया । उन्होंने कहा कि कंवलजीत सिंह 'बी' श्रेणी का उग्रवादी है, उसने हत्या एवं लूटमार के कई केसों में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है । हरजिंद्र सिंह और जोगेन्द्र सिंह ने दुर्दांत उग्रवादियों मलकीयत सिंह उर्फ़ किट्टू, गुरजीत सिंह बुड्ढसिंहवाला और हुस्ना को आश्रय देने की स्वीकारोक्ति की है । इनसे पूछताछ की जा रही है । पांच गिरफ्तार अन्य उग्रवादियों की पाला सिंह, राम सिंह, कौर सिंह, जसवन्त सिंह, दिलीप सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है ।

सरपंच घायल

बटाला (ह.स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि थाना सदर बटाला क्षेत्र के गांव कोट मजलिस में कुछ अज्ञात उग्रवादियों ने गोली मार कर गांव के सरपंच हरचरण सिंह को घायल कर दिया । सरपंच को सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

लुधियाना का भगौड़ा पकड़ा गया

करुक्षेत्र (ह.स.): हरियाणा पुलिस के 3 घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है । इनमें से दो की जिला करुक्षेत्र के थाना गुहला के गांव शिव मजारा के लखबीर सिंह और अमरजीत सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है, जबकि तीसरा लुधियाना का निवासी सुखपाल सिंह है, जो एक हत्याकांड में वांछित था । पुलिस ने सामाना के एक व्यक्ति दिलबाग सिंह को भी गिरफ्तार किया है । ये लोग 3 लाख रुपए का एक ट्रक मात्र 80000 रुपए में बेच रहे थे, जब पकड़े गए ।

दरियापुर बस कांड में 3 और गिरफ्तार

हिसार (नांदवाल) : फतेहाबाद के निकट दरियापुर बस हत्याकांड में संलिप्त तीन दुर्दांत उग्रवादियों को हरियाणा पुलिस ने गत दिवस पंजाब में मोगा के निकट से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस हत्याकांड में पांच उग्रवादियों की शिनाख्त की गई थी, जिनमें से एक पंजाब पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था । इन तीन उग्रवादियों के गिरफ्तार किए जाने की घटना को राज्य पुलिस की काफी सफलता माना जा रहा है । उल्लेखनीय है कि इन आतंकवादियों ने 7 जुलाई को रात्रि को दो बसों में सवार 34 यात्रियों की फायरिंग करके हत्या कर दी थी ।

होशियारपुर से अश्विनी और प्रद्युम्न ने सूचना दी है कि आज पौने सात बजे थाना टांडा के गांव मनक खुर्द में तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने किरयाना मर्चेंट सतपाल को गोलियां मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । लोगों ने हिम्मत करके एक उग्रवादी कुलवन्त सिंह को दबोच लिया । वह गांव माड़ी बुच्चियां जिला गुरदासपुर का रहने वाला है ।

पुलिस हिरासत से फरार

आज रात्रि लुधियाना जिले में एक कुख्यात उग्रवादी पुलिस हिरासत से फरार हो गया । वह रात्रि 8.30 बजे माछीवाड़ा थाने की हवालात से हथकड़ी समेत भाग है । पुलिस ने उसका नाम बताने से इन्कार कर दिया ।

स्त्री की छुरे मार कर हत्या

होशियारपुर में माल रोड पर आज सायं साढ़े 6 बजे छुरों से लैस दो संदिग्ध व्यक्तियों ने देवेन्द्र शू स्टोर कश्मीरी बाजार के मालिक की पत्नी मंजु की हत्या कर दी और भाग गए । बताया जाता है कि कोठी में छोटे दरवाजे से दाखिल होकर अभियुक्तों ने मंजु से पूछा कि क्या उसका पति घर पर है ? उसने कहा नहीं, इसके बाद अभियुक्तों ने उसकी पीठ और पेट में छुरे मारे । घर में 3 छोटी लड़कियां भी थीं, बड़ी लड़की शोर मचाती अभियुक्तों के पीछे गेट तक गई । अभियुक्त क्लीनशेव थे ।

Amarjit Sandhu

आतंकवादियों द्वारा पंजाब में दो की हत्या, 65,000 रुपये लूटे

सुरक्षा बलों द्वारा छः संदिग्ध उग्रवादी बंदी : चोरी की कारें, स्कूटर तथा ट्रैक्टर बरामद

युवक का अपहरण : 3.5 करोड़ की हैरोइन पकड़ी

चंडीगढ़, 12 नवम्बर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने जिला अमृतसर के एक गांव में बाप-बेटे की हत्या कर दी, जबकि अमृतसर नगर से एक युवक का अपहरण कर लिया । अमृतसर में सुरक्षा बलों ने 3.5 करोड़ रुपए की हैरोइन पकड़ी हैं । नकोदर में कल रात्रि आटा चक्की से 32600 रुपए उड़ा दिए गए, जबकि जिला जालंधर पुलिस ने छः संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । पटियाला के निकट सन्नौर मंडी में एक आढ़ती से 4000 रुपए लूट लिए गए । हिंदू शिव सेना फिल्लौर के प्रधान श्री कुलदीप कुमार शर्मा के मारे गए हत्यारों में से एक की शिनाख्त लुधियाना के परमजीत सिंह के रूप में की गई है, जो 'बी' श्रेणी का उग्रवादी था और कई हत्याकांडों में संलिप्त था । संगरूर पुलिस ने कर्म्यूनिस्ट नेता श्री ढढ्ढोगल की हत्या के संबंध में 60 व्यक्ति हिरासत में लिए हैं, जबकि 4 दर्दात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । चंडीगढ़ पुलिस ने गत मास के दौरान 2,43000 रुपए की चोरी की सम्पत्ति बरामद की ।

बाप-बेटे की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी, ह.स.): जिला अमृतसर के थाना मजीठा के क्षेत्र में स्थित गांव धारपई में गत रात्रि चार उग्रवादियों द्वारा गोलियां मार कर शिंगारा सिंह और उसके पुत्र निर्मल सिंह की हत्या कर दी गई । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत आधी रात के लगभग उग्रवादियों ने शिंगारा सिंह के घर में घुसकर उसकी और उसके पुत्र की हत्या कर दी और फरार हो गए । पुलिस ने कहा है कि खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के सदस्यों ने बाप-बेटे की हत्या पुलिस का मुखबिर होने के संदेह में की । हत्यारों ने हत्याएं करने के लिए स्टेनगन और एक डबल बैरल बंदूक प्रयोग की । कहा जाता है कि इन दोनों की हत्या से पूर्व उग्रवादियों ने उन दोनों से कहा कि वे पुलिस के मुखबिर हैं, अतः वे उनकी हत्या कर रहे हैं ।

इस घटना के सम्बन्ध में अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इजहार आलम की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि पुलिस को घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध एक पोस्टर मिला है । पुलिस और सुरक्षा बलों ने क्षेत्र को घेरे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है ।

3.15 करोड़ रुपए की हैरोइन पकड़ी गई

श्री आलम ने एक विज्ञप्ति में थाना लोपोके के गांव उधार धारीवाल में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा 105 किलो हैरोइन छोड़कर भागने के सम्बन्ध में भी बताया है कि 11-12 नवम्बर की मध्य रात्रि को पुलिस ने गांव उधार धारीवाल के निकट नाका लगाया हुआ था कि नाका पार्टी ने तड़के 2.45 बजे एक संदिग्ध ट्रैक्टर को अपनी ओर आते देखा, जिस पर सवार संदिग्ध व्यक्ति ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गए । नाका पार्टी द्वारा ट्रैक्टर की तलाशी लिए जाने पर उसमें से 105 पैकेट हैरोइन के बरामद हुए, जिनमें 105 किलो हैरोइन थी, जिसका मूल्य 3.15 करोड़ रुपए है । पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है ।

दो कारें छीन लीं

जिला अमृतसर में आज दो विभिन्न स्थानों पर आतंकवादियों द्वारा दो मारुति कारें छीन ली गईं ।

युवक का अपहरण

कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने आज यहां सिविल लाइन्स थाने के क्षेत्र में मजीठा रोड पर स्थित एक पैट्रोल पम्प से एक युवक हरजिंद्र सिंह का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार अपहर्त्ता एक मारुति कार में भाग गए ।

मारुति कार छीनी

बटाला (कोछड़): आज प्रातः 4.30 बजे बटाला-अमृतसर सड़क पर थाना कत्थूनंगल के गांव गेटोवाल के निकट 5-6 शस्त्र युवक बटाला के एक उद्योग कुमार इंजीनियरिंग कम्पनी के ड्राइवर सतपाल से मारुति कार पी.सी.वी. 4848 छीन कर भाग गए । ड्राइवर सतपाल के अनुसार जब यह बटाला से अमृतसर अपने मालिक श्री विजय कुमार को लेने जा रहा था तो अमृतसर की ओर से आ रही एक मारुति कार से 5-6 अज्ञात युवक, जिनके पास स्टेनगन व रिवाल्वर थे, उतरे और उससे कार छीन कर भाग गए । उल्लेखनीय है कि 9 नवम्बर को इसी स्थान पर बटाला से अमृतसर जा रही एक मारुति वैन को 5 अज्ञात सशस्त्र युवक छीन कर ले गए थे ।

धमकीपूर्ण पोस्टर

जालन्धर (ह.स.): जिला जालन्धर के गांव जहांगीर में आज सरपंच दान सिंह, जिनकी उग्रवादियों ने गत अक्तूबर को उनके दामाद सहित हत्या कर दी थी, के घर के बाहर एक हस्तलिखित पोस्टर चिपटा हुआ पाए जाने से आतंक फैल गया । दान सिंह और उसके दामाद की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए पोस्टर में गांव के कुछ लोगों को गम्भीर परिणामों की चेतावनी दी गई है । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि पुलिस ने पोस्टर को हटा दिया है और गांव में कड़ी सुरक्षा कर दी गई है ।

6 संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

जालन्धर पुलिस ने छः संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरी का एक स्कूटर, एक ट्रैक्टर और दो किलो चरस बरामद की । पुलिस ने नकोदर थाने के क्षेत्र में स्थित गांव उग्गी से सच्चा सिंह और जगतार सिंह को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एच.एम.टी. 3511 ट्रैक्टर बरामद किया है । यह ट्रैक्टर उन्होंने जिला होशियारपुर के गांव चट्टू जट्टां में कश्मीर चन्द के फार्म से चुराया था । पुलिस ने हिमाचल प्रदेश के निवासी सुरेन्द्र पाल, काला राम और पन्ना पाल को संदिग्धावस्था में घूमते हुए गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से दो किलो चरस बरामद की है । पुलिस ने थाना बंगा के गांव रसूलपुर के एक व्यक्ति कुलदीप सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरी का स्कूटर बरामद किया है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

राजीव भूमिगत विद्रोहियों से वार्ता को तैयार

दीमापुर, 12 नवम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा है कि केंद्र सरकार नागालैंड में विद्रोही गतिविधियां समाप्त करने के लिए भूमिगत विद्रोहियों से बातचीत करने को इच्छुक है । श्री गांधी नागालैंड के दो दिन के चुनावी दौरे के पहले दिन आज यहां एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मिजोरम की ही तरह संवैधानिक ढांचे के भीतर "किसी से भी" बातचीत करने को तैयार है ताकि उन्हें देश की मुख्यधारा में लाया जा सके । उन्होंने कहा कि यद्यपि नागालैंड में विद्रोही गतिविधियां काफी हद तक कम की जा चुकी हैं, लेकिन अब भी कुछ हिस्सों में गड़बड़ी की आशंका है । उन्होंने कहा, "इस सम्बन्ध में हमारा नजरिया उदार है । हथियार डालने तथा हिंसा का रास्ता छोड़ने को इच्छुक कोई भी व्यक्ति मुख्य धारा में शामिल हो सकता है ।"

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अखिल असम छात्र संघ द्वारा नागालैंड की आर्थिक नाकेबंदी किए जाने जैसी किसी भी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेगा ।

प्रथम चरण पर 4 प्रतिशत बिक्री कर लगाने का निर्णय

चंडीगढ़, 12 नवम्बर (संघी): चंडीगढ़ प्रशासन ने कुछ वस्तुओं की बिक्री के प्रथम चरण पर 4 प्रतिशत बिक्री कर लगा दिया है । इन वस्तुओं में आटो टायर, आटो बैटरियां, साइकिल, तिपहिया साइकिल, उद्योग में प्रयोग होने वाली गैसों के अलावा एल.पी.जी., सब तरह के आटे, चने की दाल, बेसन, मैदा, इमारती लकड़ी, प्लाईवुड, कांच के बर्तन, सभी तरह के प्रसाधन, खाने वाले तेल, इलैक्ट्रिक मोटरों को छोड़ कर सब प्रकार की इलैक्ट्रिकल तथा इलैक्ट्रोनिक वस्तुएं, टी.वी. व रेडियो के पुर्जे, फ्रिज, एयर कंडीशन प्लांट तथा इनके पुर्जे, फोटोग्राफी उपकरण, सैनिटरी, फोम, कच्चे माल को छोड़ कर सब तरह की प्लास्टिक की वस्तुएं, कपड़े धोने वाले तथा अन्य साबुन व जूट व सिंथैटिक धागे शामिल हैं ।

सोने में रिकार्ड उछाला

बम्बई, 12 नवम्बर : बम्बई सराफा बाजार में माल की निरंतर तंगी के कारण सोने के भाव आज नई ऊंचाई को छूकर 3330 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया । चांदी में नीरस कारोबार रहा । स्टैंडर्ड सोने के भाव 3320 रुपए से 3330 रुपए तथा 22 कैरट के आभूषण के भाव 3043 रुपए से 3243 रुपए तक बढ़ गए । चांदी के भाव दो रुपए के लाभ के साथ 5778 रुपए पर बंद हुए ।

चंद्रा बाबू नायडू के विरुद्ध तेलगू देशम में असंतोष

विशाखापटनम, 12 नवम्बर (न्यू. टा.): आंध्र प्रदेश के राजस्वमंत्री श्री एन. श्रीनिवासुल रेड्डी ने तेलगू देशम पार्टी के चुनाव संयोजक श्री चंद्रा बाबू नायडू पर आरोप लगाया है कि वह उन्हें पद से हटाने के लिए षड्यंत्र रच रहे हैं ।

गत दिवस यहां जिला कचहरी में सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री रेड्डी ने आरोप लगाया कि चंद्रा बाबू नायडू का एकमात्र उद्देश्य आंध्र प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव के दामाद चंद्रा बाबू नायडू की योजना है कि मुख्यमंत्री के एक अन्य दामाद डा. वेंकटेश्वर राव, तेलगू देशम संसदीय दल के नेता श्री पी. उपेंद्र तथा अन्य कई प्रमुख नेताओं की छवि धूमिल करके स्वयं आगे बढ़ जाएं ।

इसी बीच चंद्रा बाबू के विरुद्ध तेलगू देशम में असंतोष पनप रहा है तथा कई विधायकों का कहना है कि वे चंद्रा बाबू नायडू के निर्देशों पर नहीं चल सकते हैं ।

क गतिविधियां बंद करके संविधान को उनसे बातचीत की जा सकती है : रंधावा

हिन्दुओं-सिखों में भाईचारा पैदा करना ही नहीं बल्कि बड़ा उद्देश्य यह है कि लोगों को आतंकवादियों के विरुद्ध उठ खड़े होने के लिए तैयार किया जाए । उन्होंने मांग की कि आतंकवादियों के हाथों मरने वाले के परिवार को 20 हजार की बजाए एक लाख रुपए का मुआविज़ा दिया जाए तथा मरने वाले अन्य कर्मचारी के परिवार को भी पुलिस वाली सुविधाएं दी जाएं ।

आज जालंधर में

जालंधर (क): पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के 'राष्ट्रीय एकता के लिये शांति-मार्च' कार्यक्रम के अधीन पदयात्री जत्था श्री संतोख सिंह रंधावा, चौ. जगत राम तथा डा. केवल कृष्ण की अगवाई में कल परिसर में राष्ट्रीय एकता पर प्रसभा होगी । दिन में यह जत्था जिला के गांवों ढड्डा, जौहल, ढिलवां जमशेर तथा मिट्ठापुर में जनसभाएं करेगा और 6 बजे वापस जालंधर आ जाएगा । उक्त ग्रामीण सभाओं को श्री आज़ाद तथा अन्य प्रमुख पार्टी नेता संबोधित करेंगे ।

उल्लेखनीय है कि उक्त जत्था में सांसद श्रीमती सुखबंस कौर भिंडर, श्री कमल चौधरी तथा श्री राजिन्दर सिंह स्पैरो, जिला कांग्रेस (इ) गुरदासपुर, होशियारपुर तथा जालंधर के प्रधान क्रमशः श्री

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sanatan



कम्युनिस्ट नेता भूपेंद्रजीत ढढोगल का शव, जिन की गत दिवस धुरी में उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । (छाया : सिंगला)

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

आटे की चक्की से 32600 रु. ले उड़े

नकोदर से 'गगन' के अनुसार गत रात्रि नकोदर की एक आटा चक्की में से कुछ अज्ञात व्यक्ति सेफ़ का ताला तोड़कर उसमें रखे 32600 रुपए उड़ा ले गए । यह चक्की भूतपूर्व नगरपिता श्री हरबंस लाल टक्कर की है । रात को वे प्रतिदिन की भांति अपनी चक्की बंद करके घर चले गए, प्रातः जब चक्की पर आए तो अन्दर सेफ़ को टूटे हुए पाया तथा अन्दर रखी राशि भी ग़ायब थी । बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति आटे की चक्की में छत के मार्ग से घुसे क्योंकि चक्की का बाहरी कोई ताला टूटा हुआ नहीं था । श्री टक्कर के अनुसार यह कम्म कोई जानकार व्यक्ति ही कर सकता है । पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है ।

स्कूटर छीन लिया

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 35 किलो मीटर दूर गांव मूनक के निकट दो उग्रवादियों ने त्रिलोचन सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर नम्बर बी.बी. के. 8713 पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । यह व्यक्ति मयानी गांव की ओर जा रहा था ।

घर लूट लिया

थाना टांडा के गांव दारापुर में हजारा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से चार उग्रवादी एक स्टीरियो टेप, 525 रुपए और दूसरे स्थान पर रखे हुए 1500 रुपए लूट कर ले गए । बताया जाता है कि उस समय सायं के साढ़े छः बजे थे और घर में उस समय कोई भी पुरुष सदस्य नहीं था । लुटेरों ने पहले तो एक स्त्री की बालियां उतार लीं और फिर घर का सामान लूट लिया । तीन लुटेरे पहले चले गए । उस समय घर में घर का ही एक व्यक्ति आया तो वह उन्हें देखकर समझा कि वे कोई अतिथि होंगे । इस पर घर में बैठा अभियुक्त भी उसके घर में आने के बाद फरार होने में सफल हो गया । पुलिस इस केस के सम्बन्ध में चुप है ।

'ह.स.' के अनुसार हजारा सिंह के घर से अभियुक्त 40,000 रुपए लूट कर ले गए ।

आढ़ती को लूट लिया

पटियाला (भूषण): यहां से 6 किलो मीटर दूर सन्नौर मंडी में गत सायं दो सशस्त्र व्यक्तियों ने आढ़ती कुलवन्त राय से 4000 रुपए लूट लिए की स्थिति का जायज़ा लिया । आपसी तालमेल बनाए रखने और उग्रवादियों के विरुद्ध दबाव जारी रखने का भी निर्णय किया गया ।

लुधियाना से लगभग 12 किलो मीटर दूर गांव मलिकपर के निकट दो व्यक्तियों पर कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने हमला कर दिया और उन्हें घायल कर दिया । उनको स्थानीय अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

कपूरथला में कुछ शरारती तत्वों ने मनोहर सिंह नामक एक व्यक्ति की क्राकरी की दुकान में आग लगा दी, जिससे चालीस हजार रुपए मूल्य का सामान जलकर नष्ट हो गया ।

2.43 लाख का चोरी का सामान बरामद

चंडीगढ़ (संघी): चंडीगढ़ पुलिस ने गत अक्तूबर माह में 243000 रुपए का चोरीशुदा सामान बरामद किया है । इसमें एक ट्रैक्टर के अलावा स्कूटर, मोपेड, घड़ियां, कपड़े व आभूषण शामिल हैं । इस अवधि में स्थानीय एवं विशेष कानूनों के तहत 15 व्यक्ति पकड़े गए । आबकारी कानून के तहत 24 बोतलें अवैध शराब बरामद की गईं । इसके अलावा जुआ खेलने के आरोप में 24 व्यक्तियों को तथा सिनेमा टिकट ब्लैक करने के आरोप में 6 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया ।

स्कूटर छीन लिया

होशियारपुर से प्रद्युम्न के अनुसार आज सायं 5 बजे होशियारपुर-चंडीगढ़ रोड पर स्थित गांव समदोड़ा थाना गढ़शंकर में तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने एक व्यक्ति से स्कूटर पी.ए.सी. 575 छीन लिया ।

ढढोगल हत्याकांड : 60 हिरासत में

संगरूर (गोयल): पुलिस ने कम्युनिस्ट नेता भूपेंदरजीत सिंह ढढोगल के हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए हत्यारों के विभिन्न आश्रय स्थलों पर छापे मारे और लगभग 60 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया । एसएसपी श्री संधु ने बताया कि हत्यारों की शिनाख्त कर ली गई है लेकिन उन्होंने इस सम्बन्ध में और कोई विवरण देने से इन्कार कर दिया । श्री संधु ने बताया कि सीमांत जिलों में अपना अस्तित्व खतरे में देखकर दुर्दांत उग्रवादी हाल ही में जिले में घुसे हैं । उन्होंने कहा कि हत्यारे एकाध दिन में गिरफ्तार कर लिए जाएंगे ।

धुरी में हड़ताल रही

कम्युनिस्ट नेता की हत्या के विरोध में आज धुरी में पूर्ण हड़ताल रही ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार

संगरूर पुलिस ने दुर्दांत उग्रवादियों के चार सदस्यों को गिरफ्तार करके भटिंडा और संगरूर में सक्रिय उग्रवादी गिरोह का भंडा-फोड़ करने का दावा किया है । एस.एस.पी. श्री संधु ने बताया कि अभियुक्तों से भारी मात्रा में गोली-सिक्का और तीन पिस्तौलें बरामद हुई हैं । इसके अतिरिक्त अभियुक्तों से दो स्कूटर और काफी धन-राशि बरामद हुई है, जो भटिंडा व संगरूर के विभिन्न भागों से पिस्तौल की नोक पर छीनी गई थी । पुलिस ने अभियुक्तों की नछत्तर सिंह, नारंग सिंह, नैब सिंह और पूर्ण सिंह के रूप में शिनाख्त की है । अभियुक्तों ने कई फ़ायरिंग कांडों और पैट्रोल पम्प लूटने की घटनाओं की स्वीकारोक्ति की है ।

सहोता भाग आया

PunjabSpectator

घर लूट लिया

थाना टांडा के गांव दारापुर में हजारा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से चार उग्रवादी एक स्टीरियो टेप, 525 रुपए और दूसरे स्थान पर रखे हुए 1500 रुपए लूट कर ले गए । बताया जाता है कि उस समय सायं के साढ़े छः बजे थे और घर में उस समय कोई भी पुरुष सदस्य नहीं था । लुटेरों ने पहले तो एक स्त्री की बालियां उतार लीं और फिर घर का सामान लूट लिया । तीन लुटेरे पहले चले गए । उस समय घर में घर का ही एक व्यक्ति आया तो वह उन्हें देखकर समझा कि वे कोई अतिथि होंगे । इस पर घर में बैठा अभियुक्त भी उसके घर में आने के बाद फरार होने में सफल हो गया । पुलिस इस केस के सम्बन्ध में चुप है ।

'ह.स.' के अनुसार हजारा सिंह के घर से अभियुक्त 40,000 रुपए लूट कर ले गए ।

आढ़ती को लूट लिया

पटियाला (भूषण): यहां से 6 किलो मीटर दूर सन्नौर मंडी में गत सायं दो सशस्त्र व्यक्तियों ने आढ़ती कुलवन्त राय से 4000 रुपए लूट लिए और भाग गए । पुलिस के अनुसार अभियुक्तों की अमरीक सिंह और खैरायती राम (दोनों बाजीगर) के रूप में शिनाख्त की गई है । दोनों अभियुक्तों की पुलिस तलाश कर रही है ।

एक हत्यारा 'बी' श्रेणी का उग्रवादी था

लुधियाना (महिन्दा): लुधियाना पुलिस ने बताया है कि पंजाब हिन्दू शिव सेना फिल्लौर के नेता श्री कुलदीप कुमार शर्मा के दो हत्यारों में से एक की शिनाख्त हो गई है, उसका नाम परमजीत सिंह उर्फ़ बलविंदर सिंह था । एस.पी. सिटी श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि यह उग्रवादी 'बी' श्रेणी का था तथा निरंकारी मुहल्ला लुधियाना में रहता था । उन्होंने बताया कि इसी उग्रवादी ने भूतपूर्व मंत्री श्री जोगिन्द्र पाल पांडे, शिव सेना के उपाध्यक्ष श्री कृष्ण महाजन तथा युवा कांग्रेस लुधियाना के अध्यक्ष श्री राधे श्याम मल्होत्रा की हत्या की थी । भूतपूर्व बब्बर खालसा का सरगर्म सदस्य था । यह उग्रवादी उस दल में भी शामिल था, जिसने 12 फरवरी को लुधियाना की अदालत से कथित उग्रवादी अनोख सिंह को पुलिस हिरासत से छुड़ाया था ।

उग्रवादी फ़रार

'मुसाफ़िर' के अनुसार उग्रवादी लखविंदर सिंह उर्फ़ लक्खा के पुलिस हिरासत से भाग जाने की सूचना मिली है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उसे थाना खमानों से माछीवाड़ा की ओर लाया जा रहा था जो उसने पेशाब करने का बहाना किया । उसे पेशाब करने के लिए जीप से उतारा गया तो वह मौका पाकर भाग गया ।

उग्रवादियों के विरुद्ध दबाव जारी रहेगा

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की आज यहां एक बैठक हुई, जिसमें पंजाब पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल, आई.जी. आप्रेशन आर.के. शर्मा, डी.आई.जी. आप्रेशन सी. पाल सिंह, डी.आई.जी. सी.आर.पी. आर.के. मेहता के अतिरिक्त सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक भी शामिल हुए । बैठक में पंजाब की कानून-व्यवस्था

धूरी में हड़ताल रही

कम्युनिस्ट नेता की हत्या के विरोध में आज धूरी में पूर्ण हड़ताल रही ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार

संगरूर पुलिस ने दुर्दांत उग्रवादियों के चार सदस्यों को गिरफ्तार करके भटिंडा और संगरूर में सक्रिय उग्रवादी गिरोह का भंडा-फोड़ करने का दावा किया है । एस.एस.पी. श्री संघ ने बताया कि अभियुक्तों से भारी मात्रा में गोली-सिक्का और तीन पिस्तौलें बरामद हुई हैं । इसके अतिरिक्त अभियुक्तों से दो स्कूटर और काफी धन-राशि बरामद हुई है, जो भटिंडा व संगरूर के विभिन्न भागों से पिस्तौल की नोक पर छीनी गई थी । पुलिस ने अभियुक्तों की नछत्तर सिंह, नारंग सिंह, नैब सिंह और पूर्ण सिंह के रूप में शिनाख्त की है । अभियुक्तों ने कई फ़ायरिंग कांडों और पैट्रोल पम्प लूटने की घटनाओं की स्वीकारोक्ति की है ।

सहोता भाग आया
(पृष्ठ 3 का शेष)

विरोध करने वाले लोगों पर हाकियों से हमला किया था । गत वर्ष उसे गिरफ्तार किया गया परन्तु सरकारी वकील के सुझाव पर उसे यह कहकर रिहा कर दिया गया कि उसके खिलाफ प्रमाण नहीं मिला । लेकिन श्री तरसेम सिंह तूर की हत्या के मामले में उसका नाम आया है । पैट्रिक तिमलिन ने बताया कि उसी को सहोता ने गरमेल सिंह बसरा से मिलाया था । बसरा ने उसे ब्रिटेन में रहने वाले लोगों की हिट-लिस्ट दी थी तथा कहा था कि उनकी हत्या करनी है । उसने बताया कि उसे पहले इन हत्याओं के लिए 6 हजार पौंड तथा बाद में 5 हजार पौंड दिए गए । ब्रिटिश पुलिस अब सहोता की तलाश में है ।

अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि प्राप्त प्रमाणों से यह बात सामने आती है कि गुरमेल सिंह बसरा को हिंसा में विश्वास रखने वाले अपने संगठन में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है । बसरा द्वारा अपने संगठन का गठन आयरलैंड के उग्रवादियों के संगठन के अनुसार गठित किया हुआ है ।

बताया जाता है कि हत्या के लिए हथियार और हत्यारे के लिए भागने के लिए गाड़ी की व्यवस्था बसरा ने की थी । अदालत ने तिमलिन के भाई टेवर को साढ़े 9 वर्ष कैद की भी सज़ा सुनाई है । उसने मिडलैंड में कुछ सिखों पर लोहे के डंडों तथा कुल्हाड़ियों से हमला किया था । श्री तरसेम सिंह तूर पर हमला करने के बाद बसरा द्वारा दी गई कार में भाग गया था, पर रास्ते में कार खराबी हो गई । वह कार छोड़ कर भाग गया । पुलिस को कार में से कई कागज़ात मिले जिनके आधार पर पुलिस ने तिमलिन के मकान पर छापा मारा तथा वह बंदूक बरामद कर ली, जिससे श्री तरसेम सिंह तूर की हत्या की गई थी । पुलिस ने तिमलिन व उसके भाई हापकिंज़ को गिरफ्तार कर लिया ।

पता चला है कि ब्रिटेन के सरकारी वकील ने चेतावनी दी है कि ब्रिटेन में कई गुरुद्वारे आतंकवादियों के अड्डे बने हुए हैं ।

Punjab Digital Library

2 दुर्दांत उग्रवादियों सहित 16 गिरफ्तार : बटाला क्षेत्र में जमींदार की हत्या : 1 शव मिला

चंडीगढ़, 13 नवम्बर (ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में उग्रवादियों ने एक जमींदार की हत्या कर दी, जबकि पुलिस ने दो दुर्दांत उग्रवादियों चुहड़ सिंह और साधू सिंह सहित 16 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । जिला गुरदासपुर से एक शव मिला, पटियाला में एक सब्जी के थोक व्यापारी को उग्रवादियों ने छुरा घोंप दिया और जालंधर में एक स्कूटर छीन लिया । फगवाड़ा में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया । बटाला में उग्रवादियों ने पैट्रोल पम्प लूटने का प्रयास किया । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने कम्युनिस्ट नेता भूपेंद्र सिंह की हत्या की जिम्मेदारी ली है ।

शव मिला

बटाला (कोछड़): आज प्रातः बटाला-श्रीहरगोबिंदपुर सड़क पर गांव खोजेवाल के निकट से एक शव मिला है । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक की शिनाख्त 40 वर्षीय बलबीर सिंह गांव चाहलकलां के रूप में की गई है । मृतक कुम्हार बिरादरी से है और गांव पंजगराइयां में किरयाना की दुकान करता था और प्रतिदिन अपने गांव से दुकान तक जाया-आया करता था । उसके शव पर घावों के निशान मिले हैं ।

जमींदार की हत्या

बटाला पुलिस थाना सदर के क्षेत्र माननगर में गत रात एक प्रमुख जमींदार 75 वर्षीय श्री महेन्द्र सिंह मान की किन्ही अज्ञात लोगों ने तेजधार हथियारों से हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक का परिवार विदेश में रहता है और वह यहां अकेले ही रहते थे । पुलिस के अनुसार कुछ अज्ञात लोग उनकी सोते समय हत्या कर गए । पुलिस ने उक्त दोनों केस दर्ज कर लिए हैं ।

'ह.स.' के अनुसार डेरा बाबा नानक पुलिस ने कल रात गुरदासपुर में भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । गुरदासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज यहां बताया कि दोनों ने यह स्वीकार किया है कि पंजाब में आतंकवादियों को हथियार पहुंचाने तथा पाकिस्तान से हथियार और अफीम की तस्करी में उनका हाथ रहा है ।

गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति निर्मल सिंह तथा रछपाल सिंह क्रमशः हरुवाल तथा मांगियान गांव के निवासी हैं । दोनों गांव गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक थानांतर्गत हैं ।

पैट्रोल पम्प लूटने का प्रयास

बटाला से 'चौधरी' की सूचना है कि आज दोपहर के समय यहां के भीड़-भाड़ के क्षेत्र जालन्धर रोड पर स्थित सचदेवा पैट्रोल पम्प को लूटने की कोशिश नाकाम बना दी गई । पैट्रोल पम्प के एक कर्मचारी के साहस से भारी रकम लूटने से बच गई । बताया जाता है कि लगभग डेढ़-दो बजे दो संदिग्ध आतंकवादी पैट्रोल पम्प पर आए और उन्होंने एक लिटर मोबल आयल मांगा और एक सौ रुपए का नोट दिया । इसके बाद एक लिटर का डिब्बा वापस करते हुए पांच लिटर का डिब्बा मांगा । उनका विचार था कि जब मालिक पैसे वापस करने लगेगा तो वे हमला कर देंगे, मगर मालिक ने अपना गल्ला नहीं खोला जिस पर आतंकवादियों ने पिस्तौल निकाल लिए । वहां मौजूद एक कर्मचारी ने मेज से एक रजिस्टर उठा कर एक आतंकवादी को दे मारा जिससे वह नीचे गिर गया । दूसरे आतंकवादी ने गोली चला दी जो किसी को नहीं लगी । इसके बाद गिरे हुए आतंकवादी ने भी गोली चला दी और फिर दोनों पिस्तौल सहित भागने में सफल हो गए । उनकी आयु 20-25 साल बताई जाती है ।

8 गिरफ्तार

पुलिस चीफ श्री बिरदी ने बताया कि हत्या की इन दोनों वारदातों के सम्बन्ध में पुलिस ने 8 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है लेकिन अभी तक ज्ञात नहीं हो सका कि ये आतंकवाद के मामले हैं या आपसी दुश्मनी के नतीजे ।

श्री मोहिंदर सिंह भारतीय किसान यूनियन पंजाब के प्रधान श्री भूपेंद्र सिंह मान के बड़े भाई थे ।

एक अन्य सूचनानुसार श्री मोहिंदर सिंह की हत्या यहां से लगभग तीन किलोमीटर दूर गांव शुकरपुर में की गई ।

पिस्तौल छोड़ कर फरार

प्राप्त विवरण के अनुसार यहां जालंधर रोड पर दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने पैट्रोल पम्प के कैशियर से नकदी उनके हवाले करने को कहा । कैशियर ने शोर मचा दिया । उग्रवादियों ने उस पर दो गोलियां चलाईं परंतु निशाना सही नहीं बैठा । इसके बाद उग्रवादी एक पिस्तौल वहीं छोड़ कर स्कूटर पर फरार हो गए ।

डी.आई.जी. का सम्बन्धी ?

अमृतसर से 'अशोक' के अनुसार श्री मोहिंदर सिंह की हत्या जिला गुरदासपुर में थाना बटाला के गांव गुमटाला में की गई । तेजधार हथियारों से हत्या करने के बाद उग्रवादियों ने मोहिंदर सिंह को गोलियां भी मारीं । मृतक सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. श्री बिर्क का निकट सम्बन्धी बताया जाता है ।

जमींदार घायल

अमृतसर (ह.स.): गत रात बैरोवाल पुलिस स्टेशन के गांव खड़ूर साहब में तीन उग्रवादियों ने एक जमींदार अजैब सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे यहां गुरु तेग बहादर अस्पताल में दाखिल कराया गया है । पुलिस के अनुसार यह आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

दबोंत उग्रवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी, ह.स.) : जिला पुलिस ने कल रात यहां नियमित जांच-पड़ताल के दौरान कस्बात आतंकवादी चुहड़ सिंह को गिरफ्तार करके आतंकवादियों के एक गिरोह का खात्मा कर दिया । यह गिरोह गांव रोड़ियां बांट्टयां में छः व्यक्तियों और गांव बाड़ियांकलां में नौ व्यक्तियों की हत्या के लिए जिम्मेदार है । यह घटनाएं क्रमशः सात अक्तूबर और एक नवम्बर को हुई थीं ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरेश अरोड़ा ने आज यहां बताया कि गिरोह ने गत 26 अक्तूबर को गुरुद्वारा हरियाबेला में औतार सिंह फौजी की भी हत्या की थी । उन्होंने बताया कि गिरोह के चार

(शेष पृष्ठ 12 पर)

खालिस्तान की पेशगी शर्त रहते किसी व्यक्ति से वार्ता का प्रश्न पैदा नहीं होता : रे

जालन्धर, 13 नवम्बर (क.): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने पुनः यह बात स्पष्ट शब्दों में दोहराई है कि उग्रवादियों या अन्य किसी ऐसे व्यक्ति से वार्ता का प्रश्न ही पैदा नहीं होता,जब तक वह बातचीत के लिए खालिस्तान के मुद्दे पर वार्ता की पेशगी शर्त रखते हैं ।

श्री रे आज दोपहर यहां से 30 कि.मी. दूर कपूरथला जिला स्थित रेलवे कोच फैक्टरी के परिसर में अपने दौरे के दौरान फैक्टरी के उच्च अधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद सम्वाददाताओं से बातचीत कर रहे थे ।

श्री रे ने पंजाब की वर्तमान स्थिति में सुधार बारे उनका मत पूछे जाने पर कहा कि वह इस बारे कुछ अधिक तो नहीं कहना चाहते किन्तु वह महसस करते हैं कि स्थिति में सुधार हुआ है और इसमें और सुधार होगा, क्योंकि पंजाब की जनता की यह प्रबल इच्छा है कि स्थिति सामान्य हो । इसके अतिरिक्त सरकार भी पूरी ईमानदारी से उग्रवादियों के विरुद्ध संघर्ष जारी रखे हुए है जो उग्रवाद के खदेड़े जाने तक चलेगा, यद्यपि यह कहना कठिन है कि इसमें कितना समय लगेगा ।

श्री रे ने यह भी दावा किया कि राज्य की खुफिया एजैंसी की कार्यकुशलता तथा पुलिस व खुफिया एजैंसी में तालमेल जो उनके राज्यपाल पद सम्भालने के समय था, आज उससे कहीं अधिक अच्छा है और उग्रवादियों के विरुद्ध पुलिस व सुरक्षा बलों के हाथ अब ऊपर होने का एक कारण यह भी है ।

कोच फैक्टरी की प्रगति

श्री रे व श्रीमती माया रे जब कोच फैक्टरी पहुंचे तो फैक्टरी के चीफ प्राजैक्ट मैनेजर श्री राजा सिंह तथा अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उसके बाद उन्होंने श्री रे को फैक्टरी निर्माण की अब तक की प्रगति से विस्तारपूर्वक अवगत कराया ।

श्री रे ने उक्त जानकारी के आधार पर सम्वाददाताओं से वार्ता के दौरान फैक्टरी के निर्माण कार्य को काफी संतोषजनक बताया और कहा कि अब तक 60.42 प्रतिशत कार्य मुकम्मल हो चुका है जबकि गत अप्रैल में उनकी पहली फैक्टरी यात्रा के समय 37.80 प्रतिशत कार्य मुकम्मल हुआ था । उनके अनुसार 90 प्रतिशत निर्माण कार्य मार्च, 1988 तक मुकम्मल हो जाएगा जबकि उसी मास में पहला रेल कोच तैयार हो जाएगा जिस पर गत सितम्बर में कार्य शुरू हो चुका है । उन्होंने आशा

Punjab Sahitya

उग्रवादी गिरफ्तार

(पृष्ठ 1 का शेष)

अन्य सदस्य परमजीत सिंह, चरनजीत सिंह, मोहिन्दर सिंह और सुरिन्दर सिंह छिंदर नवम्बर के पहले सप्ताह में होशियारपुर जिले में दो मुठभेड़ों में मारे गए थे ।

दो गिरफ्तार

जालन्धर (ह.स.): जिला पुलिस ने गत रात गश्त के दौरान मंडी रोड, सुल्तानपुर निवासी बाबा सिंह रामगढ़िया के लड़के कुलदीप सिंह और गांव लधे के निवासी मनबीर सिंह के लड़के विक्रमजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । इनके कब्जे से एक 12 बोर का पिस्तौल, एक कारतूस, 32 बोर का एक रिवाल्वर और दो कारतूस बरामद किए हैं ।

स्कूटर छीना

गत रात यहां आदर्श नगर चौक के पास चाकू की नोक पर तीन युवकों ने अश्विनी कुमार उर्फ़ पप्पू से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

कुछ संदिग्ध गिरफ्तार

फगवाड़ा से खोसला ने खबर दी है कि आज तड़के नगर पुलिस थाना सदर और सुरक्षा बलों ने यहां से सात किलो मीटर दर गांव संगतपरा में छापा मारा और घर-घर की तलाशी ली । मालूम हुआ है कि उन्होंने आध दर्जन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है । बताया गया है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बाहर से कुछ संदिग्ध लोग इस गांव में आए हुए हैं,वह कोई वारदात करने वाले हैं ।

जलूस व रैलियों पर पाबंदी

लुधियाना (ह.स.): जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने गत दिवस एक आदेश जारी करके जिला-भर में पांच या इससे अधिक लोगों के इकट्ठे होने, जलूस निकालने और रैलियां करने पर पाबंदी लगा दी है । यह आदेश आगामी वर्ष 9 जनवरी तक जारी रहेगा ।

मोटर साइकलों पर पीला रंग नहीं

एक अन्य आदेशानुसार जनता द्वारा मोटर साइकलों पर पीला रंग कराने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है । यह आदेश क्रमशः 14 नवम्बर और आगामी वर्ष 12 जनवरी तक लागू रहेंगे ।

11 गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स., जिंदल): जिला पुलिस चीफ श्री गोबिंद राम ने बताया कि सुरक्षा बलों ने 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं ।

जैतो के एक 'डेरा' में छापे के दौरान 4 उग्रवादियों साधु सिंह (भाई रूपा), लछमन सिंह (मानवाला), गुरजीत सिंह (बूरेवाल) और रूप सिंह (चड़चक्क) को गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से .445 का एक विदेशी सर्विस रिवाल्वर, 8 बोर का पिस्तौल, दो अन्य पिस्तौल और एक पैट्रोल बम बरामद हुआ है । साधु सिंह 'बी' श्रेणी का उग्रवादी है और वह भटिंडा क्षेत्र में सक्रिय था । 'डेरा' में ये 'प्रचारकों' के रूप में एकत्रित हुए थे ।

साधु सिंह ने कल्याण और गोनियाना गांवों में दो बैंक डकैतियों, स्कूटर छीनने, घंटा गांव से बंदूकें छीनना और जैतो से पैट्रोल पम्प लूटना स्वीकार किया है । जैतो में उनकी व्यापक स्तर पर लूट-संहार की योजना थी ।

मुक्तसर के पास कपास के खेतों से पांच उग्रवादियों पिपल सिंह (गुरु हरसहाय), गुरेन्द्र सिंह, लखबीर सिंह, सुखबीर सिंह (तीनों मुक्तसर) और मुंशा सिंह (फाज़िल्का) को गिरफ्तार किया गया है । उनके कब्जे से दो 12 बोर की बंदकें, तीन पिस्तौल और गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

अन्य दो उग्रवादियों सुबा सिंह और गुरजंट सिंह को गश्ती दल ने सादिक और बाघापुराना क्षेत्र से गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से दो पिस्तौल और 6 कारतूस बरामद हुए हैं ।

'बी' श्रेणी के उग्रवादी सहित 6 गिरफ्तार

एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने बताया कि स्थानीय सी.आई.ए. स्टाफ़ और पुलिस के सहयोग से गत दिवस गांव भागथला में तीन उग्रवादियों कंवलजीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह, हरजिंदर सिंह पुत्र अक्तार सिंह और जोगिंदर सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी गांव चिधा, थाना बाघा पुराना को गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने बताया कि इनके एक साथी ने पुलिस पर गोली चलाई और बाद में पुलिस ने उस पर काबू पा लिया । एस.एस.पी. ने बताया कि कंवलजीत सिंह 'बी' श्रेणी का उग्रवादी है । उससे एक 12 बोर का रिवाल्वर, सात जीवित और चार खाली कारतूस बरामद किए गए हैं । दो पिस्तौल और एक दर्जन जीवित कारतूस हरजिंदर सिंह और जोगिंदर सिंह के कब्जे से बरामद किए गए । पूछताछ के दौरान उग्रवादियों ने दुर्दांत उग्रवादी सुखमिंदर सिंह लुहाम से अपने सम्बन्ध स्वीकार किए हैं । सुखमिंदर गत दिनों जिला फरीदकोट में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के दौरान मारा गया था ।

कंवलजीत ने स्वीकार किया कि शराब के ठेकेदार अमरजीत सिंह की हत्या में उसका हाथ है और बाघापुराना क्षेत्र में उसने बंदक की नोक पर स्कूटर छीना था । हरजिंदर और जोगिंदर ने स्वीकार किया कि वे दुर्दांत उग्रवादी भलकीयत सिंह उर्फ़ कित्तू निवासी गांव रोडे और गुरजंट सिंह बुध सिंहवाला दोनों को शरण देते थे ।

इनके अतिरिक्त पुलिस ने एक उग्रवादी पाला सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से एक बंदक और पांच कारतूस बरामद किए गए हैं । श्री गोबिंद राम ने बताया कि दो अन्य आतंकवादी रामसिंह निवासी किलियां वाली थाना लम्बी और कौर सिंह निवासी रामूवाला (राजस्थान) को भी नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया है । उनके कब्जे से हथियार भी बरामद किए गए हैं ।

छुरा घोंप दिया

पटियाला (भुषण): गत दिवस यहां त्रिपुरी में तीन युवकों ने सब्जी के थोक व्यापारी सुरिंदर से रुपए मांगे,परन्तु उसके इन्कार करने पर उसे छुरा घोंप दिया गया । उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

पंजौली गिरफ्तार

आज यहां सैंट्रल जेल से रिहा होने के तुरन्त बाद पुलिस ने युवा अकाली दल के महासचिव करनैल सिंह पंजौली को गिरफ्तार कर लिया । उसे बस्सी पठानां पुलिस स्टेशन में दर्ज केस के सम्बन्ध में पुनः गिरफ्तार किया गया है ।

जिम्मेदारी ली

धूरी (सिंगला): गत 11 नवम्बर को संगरूर से 13 किलो मीटर दूर धूरी गांव में कम्युनिस्ट नेता भूपेन्द्र सिंह की गोली मार कर हत्या करने की जिम्मेदारी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने ली है । फोर्स के 'नेता' फतेहसिंह ने कहा कि भूपेन्द्र सिंह का हाकिम सिंह को गिरफ्तार कराने में हाथ है ।

हथियार लेकर चलने पर पाबंदी

भटिंडा (ह.स.): जिला मैजिस्ट्रेट श्री जोगिंदर सिंह कौमी ने एक आदेश जारी करके जिला-भर में आग्नेय शस्त्र, विस्फोटक सामग्री और एसिड इत्यादि लेकर चलने पर प्रतिबंध लगा दिया है । कल से लागू होने वाला यह आदेश आगामी वर्ष 12 जनवरी तक जारी रहेगा ।

सारे देश में समान पंचायती राज विचाराधीन

चंडीगढ़, 13 नवम्बर (एन.एस. परवाना): केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री रामानंद यादव ने रहस्योद्घाटन किया है कि सारे देश में एक जैसा पंचायती राज लागू करने की सम्भावनाएं हैं । इस सम्बन्ध में श्री बलवंत राय मेहता, एल. एन. संघावी व अशोक मेहता कमेटियों की सिफारिशों पर विचार किया जा रहा है । इन कमेटियों में से किसी ने तीन स्तरीय पंचायती राज की सिफारिश की है तो किसी ने उसके बिल्कुल उलट सिफारिश की है ।

कल यहां एक भेंट के दौरान श्री यादव ने बताया कि तीन स्तरीय पंचायती राज लागू होने की अधिक सम्भावनाएं हैं । इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री श्री गांधी निजी तौर पर दिलचस्पी ले रहे हैं तथा उन्होंने मुख्यमंत्रियों को पत्र भी लिखे हैं । उन्होंने कहा कि क्योंकि यह राज्य सरकारों का अपना मामला है अतः केंद्र किसी को मजबूर नहीं कर सकता है । परन्तु सारे देश में एक प्रणाली बारे प्रयास जारी हैं ।

हिमाचल प्रदेश वित्तीय निगम,

न्यू हिमरस बिल्डिंग, सर्कुलर रोड, शिमला-171001.

विक्रय-सूचना

ड्रम्स और बैरल्स यूनिट

मै. शिवालिक टूल इण्डस्ट्रीज़, प्लाट नं. 96, इण्डस्ट्रीयल एरिया, मेहतपुर, ज़िला ऊना (हि.प्र.) ड्रमों और बैरलों के निर्माण के लिए स्थापित–की निम्नलिखित परिसम्पत्तियों की खरीद के लिए पेशकशें आमंत्रित हैं ।

भूमि और भवन

प्लाट नं. 96, इण्डस्ट्रीयल एरिया, मेहतपुर (हि.प्र.) पर आधारित भूमि परिमाप 500 वर्ग मीटर, के लीज़ होल्ड-अधिकार उस पर बनी निम्नलिखित आइटमों सहित ।

i) प्रशासनिक ब्लाक लगभग 1158 वर्ग फुट, जिसमें चार कमरे, एक किचन और दो बाथ-कम-लैटरीन्स, आरसीसी रूफिंग सहित हैं ।

ii) गैलरी लगभग 62'x9', आरसीसी रूफिंग सहित

रजि. नं. 10055 स्थापित : 1979

डिवाइन फाइनैंशियल एण्ड सेविंग्स लिमिटेड,

(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड नान बैंकिंग पब्लिक लिमिटेड कम्पनी)

Punjabi Sonari

हुआ है । उनकी दृष्टि में पंजाब में फैले घोर अंधकार में यही बात रौशनी आने की आशा बंधाती

इसे बढ़ा-चढ़ा कर देखते हैं, मानो यहां गली-मुहल्लों में सशस्त्र टकराव हो रहे हों या फिर वह पंजाब की

पंजाब समझौता का जो राजनीतिक हल बताया

(शेष पृष्ठ 8 पर)









...दियों द्वारा मारे गए ...ज़र सिंह (इनसैट), ...चारों व्यक्तियों को ...ई, रक्त पड़ा दिखाई ...तूसों के खोल, (9, (छाया : भंडारी)

उग्रवादियों द्वारा सरहाली के गांव में बाप, दो बेटों और नौकर की हत्या : हाथ पीछे बांध फ़ार्म से घसीट कर ले गए

सी.आर.पी.एफ़. के गश्ती दल पर घात लगाकर हमला : जवाबी हमले से आतंकवादी भाग खड़े हुए

चंडीगढ़, 15 नवम्बर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला अमृतसर के एक गांव में एक परिवार के तीन सदस्यों बाप और उसके दो बेटों तथा उनके नौकर की नृशंस हत्या कर दी, जबकि जिला अमृतसर में थाना मेहता के गांव में सी.आर.पी.एफ. की गश्ती पार्टी पर घात लगाकर हमला किया । सी.आर.पी.एफ. द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर उग्रवादी अपना कुछ सामान छोड़कर भाग निकले । बाघा पुराना के निकट कल उग्रवादियों ने एक सोसाइटी के सचिव से 67000 रुपए छीन लिए, पीछा करने पर यह रकम तो मिल गई लेकिन उग्रवादी हाथ न आए ।

बाप, 2 बेटों, नौकर की हत्या

अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर के थाना सरहाली के क्षेत्र में स्थित गांव खब्बे राजपूतां में गत रात्रि लगभग 7.30 बजे 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' के लगभग 15-16 उग्रवादियों ने गांव के एक किसान नाज़र सिंह (60) और उसके 2 लड़कों सरवन सिंह (25) और रछपाल सिंह (22) के अतिरिक्त घर के एक नौकर हाकम सिंह (65) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटना के बाद उग्रवादी भाग निकलने में सफल हो गए ।

हाथ बांध कर खेतों में गोलियां मारीं

प्राप्त विवरणों के अनुसार गत रात्रि लगभग साढ़े सात बजे 15-16 उग्रवादियों, जो नाजर सिंह के फार्म हाऊस के निकट खेतों में छिपे हुए थे, ने नाज़र सिंह, उसके तीन बेटों और नौकर को घेर लिया, जब वे खेतों में काम करने के बाद ट्रैक्टर पर बैठ कर घर के निकट पहुंचे ही थे । बताया जाता है कि इन पांचों व्यक्तियों को अपने शस्त्रों के घेरे में लेकर वे उन्हें बांध कर उनके फार्म हाऊस से लगभग 150-200 मीटर दूर ले गए । इस दौरान मृतक नाज़र सिंह का एक बेटा सतनाम सिंह उग्रवादियों के चंगुल से किसी तरह भाग निकला । इसके बाद शेष चार लोगों की उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

'सोधने' की धमकी मिली थी

प्राप्त सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने लगभग 25 मिनट घटनास्थल पर गोलियां चलाईं । गोलियों की आवाजों से आतंकित होकर घर के शेष पुरुष एवं महिलाएं घर से निकल कर दूर खेतों में जा छिपे और वहां रात बिताई । बताया जाता है कि इस घटना के लगभग डेढ़ घंटा बाद सुरक्षा बलों की एक पार्टी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी । बताया जाता है कि मृतक नाज़र सिंह का भतीजा काबल सिंह, जो ट्रांस्पोर्ट कम्पनी का मालिक है, को कुछ समय से धमकियां मिल रही थी कि वह आतंकवादी संगठनों को उन द्वारा वांछित धन दे अन्यथा उसे सोध दिया जाएगा लेकिन घटना वाली रात को काबल सिंह तो उग्रवादियों को न मिला, जबकि वे नाज़र सिंह, उसके दो बेटों और नौकर की हत्या कर गए ।

घोड़ियों पर आए थे

सूचनाओं के अनुसार मृतक नाज़र सिंह, उसका भतीजा काबल सिंह और मृतक का भाई सतनाम सिंह, जो गांव का सरपंच भी है, आदि सभी इसी फार्म हाऊस में अलग-थलग भागों में रहते थे । पुलिस के अनुसार उग्रवादी घोड़ियों पर आए थे और घर वालों द्वारा पुलिस को दी गई सूचनाओं के अनुसार यह वारदात खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, जिसका स्वयंभू जनरल अवतार सिंह ब्रह्मा है, ने की है ।

और मारने की धमकी

एक अन्य सूचना के अनुसार पुलिस एवं सुरक्षा बलों को घटनास्थल से एक पम्फलैट मिला है, जो खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू जनरल अवतार सिंह ब्रह्मा की ओर से है । इसमें कहा गया है कि काबल सिंह और उसके साथ मारे गए व्यक्ति पुलिस के मुखबिर हैं और इसलिए उन्हें 'सोधा' गया है । अभी तो चार मारे हैं, बाद में और मारेंगे ।

सौ खाली कारतूस मिले

बताया गया है कि घर की महिलाएं सहम के कारण पूरी रात सर्दी में खेतों में दुबकी रहीं और प्रातः गांव के लोग उन्हें खेतों से सांत्वना देकर लाए । पुलिस को घटनास्थल के निकट से लगभग एक सौ खाली कारतूस मिले हैं, जिनमें ए.के. असाल्ट राइफल के खोल भी शामिल हैं । सुरक्षा बलों ने पूरा क्षेत्र घेरे में ले लिया है और जांच जारी है ।

घर के सभी लोगों को बांध दिया था

'ह.स' के अनुसार उग्रवादियों ने नाज़र सिंह के फार्म हाऊस पर हमला करने के बाद घर की महिलाओं सहित परिवार के सभी सदस्यों के हाथ बांध दिए, बाद में उनमें से चार पुरुषों को घसीट कर फार्म हाऊस से बाहर ले गए और निकटवर्ती खेतों में जाकर उनकी हत्या कर दी ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि काबल सिंह केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल का एक सेवानिवृत्त कर्मचारी है तथा उसके गांव के आसपास नियुक्त सुरक्षा कर्मियों के साथ अच्छे सम्बन्ध हैं । पुलिस ने बताया कि वहां नियुक्त सुरक्षा कर्मी अक्सर काबल सिंह और मृतक नाज़र सिंह दोनों के घर जाते रहते थे । सूत्रों ने कहा कि हो सकता है इसी कारण आतंकवादी समझ बैठे हों कि ये लोग पुलिस के मुखबिर हैं ।

घटनास्थल से लौटे पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि उग्रवादी नाजर सिंह के परिवार, जिसका ट्रांस्पोर्ट का अच्छा बिजनैस है, से एक लाख रुपया मांगते थे । उग्रवादी हत्याएं करके मंड क्षेत्र में भाग गए ।

तरनतारन से संवाददाता की सूचना के अनुसार गांव खब्बे राजपूतां नौशहरा पन्नुआं से लौहुकियां गांव को जाने वाली सम्पर्क सड़क पर है । घटना स्थल पर एकत्रित लोगों ने बताया कि कुछ समय पूर्व नौशहरां पन्नुआं बस-नरसंहार भी इसी सड़क और

(शेष पृष्ठ 8 पर)



भारतीय ज... एक विध... भेंट करते...

उग्र... रहे...

चंडीग... आंतरिक... जे.एफ. ... जाने की ... देश-भक्त... आज इंडि... में उन्होंने... में बहादुर... बनी हुई... मनोवैज्ञा... धारणा क...

श्री ... की रक्षा ... लेता ।

...ी समाप्ति पर 19 को ...ण की घोषणा : आज़ाद

...र बारे किसी को कोई ...नहीं मिली ।

...आज़ाद ने कहा कि ...ीर होगा । इसी ...र, श्रीमती इंदिरा गांधी ...निरपेक्षता को अपनाया ...रा में केंद्र सरकार ...आदि की स्वतंत्रता तथा ...बनाए रखने के लिए ...ही पंजाब में सिखी के ...

...दिनों से वह शांति ...गए हैं और उन्होंने ...क शांति यात्रा योजना ...है, लोगों की अनेक ...और प्रांगण विशेष कर ...में धीरे-धीरे अधिक ...झूठे मुकाबलों की ...

उग्रवाद के विरुद्ध लोक लहर पैदा कर उन लोगों को भी अलग-थलग करना है जो उग्रवादी तैयार करते हैं ।

पंजाब-समझौते बारे प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री आज़ाद ने कहा कि इस की आठ-नौ कलाज़ें तो केंद्र सरकार लागू कर चुकी है, केवल चंडीगढ़ आदि सम्बन्धी दो-तीन मुद्दे रहते हैं । इस बारे में भी केंद्र सरकार ने कोई कमी नहीं दिखाई । यह तो अकाली दल है जो कि एक के बाद दूसरे आयोग स्थापित किए जाने के बाद उनकी चंडीगढ़ के बदले 70,000 एकड़ भूमि देने की सिफारिश को मानने को तैयार नहीं हुआ और मामला लटक रहा है ।

उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि पंजाब में सेना बुलाने की कोई जरूरत नहीं । पुलिस एवं सुरक्षा बल पर्याप्त कार्य कर रहे हैं । उन्होंने सुरक्षा पुट्टी की मांग को भी अव्यावहारिक बताया ।

पंजाब कांग्रेस में धड़ेबंदी बारे प्रश्न के उत्तर में

एकीकृत अकाली द... की स्थिति में, ए...

अमृतसर, 15 नवम्बर (ह.स.): एकीकृत अकाली दल के कार्यवाहक प्रधान श्री उजागर सिंह सेखवां द्वारा हाल ही में पार्टी की बहुत-सी जिला इकाइयों के पुनर्गठन की घोषणा से पार्टी में गुटबंदी सीधे टकराव की स्थिति में पहुंच गई है । पार्टी के एक गुट ने आज उन पुनर्गठित इकाइयों को अवैध और अलोकतांत्रिक बताया तथा कहा कि ऐसी इकाइयों को मान्यता नहीं दी जानी चाहिए । जनरल सैक्रेटरी श्री रणजीत सिंह ब्रह्मपुरा के नेतृत्व वाले इस गुट की ओर से सैक्रेटरी श्री मनमोहन सिंह ने एक बयान में कहा कि इकाइयों का पुनर्गठन गुटबंदी के आधार पर हुआ है । इन्हें तब तक उचित नहीं माना जा सकता जब तक इस उद्देश्य के लिए गत अप्रैल में गठित पांच सदस्यीय उपसमिति इसे स्वीकृति न दे दे । इस उपसमिति में सर्वश्री उजागर सिंह सेखवां, श्री रणजीत सिंह ब्रह्मपुरा, श्री अजीत सिंह, श्री सुखदेव सिंह ढींढसा और श्री शमिन्दर सिंह शामिल हैं ।

श्री मनमोहन सिंह ने कहा कि इकाइयों के

पुनर्गठन ... को चंडीग... शामिल ... पार्टी वक... कहा ।

श्री ... महासचि... और कह... 'वेतनभो... हवाले से... नहीं । ... अधिकार... उन्होंने ... दिए गए ... 12 में से... नहीं कर... किया गए...

श्री ...

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

इसी गांव के निकट हुआ था । चारों मृतकों का आज तरनतारन के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया ।

सुरक्षा बलों पर घात लगा कर हमला

अमृतसर के जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत रात्रि मेहता थाने के गांव जमालपुर के निकट कुछ उग्रवादियों द्वारा घात लगा कर सुरक्षा बलों की एक गश्ती पार्टी पर गोलियां बरसाई गईं लेकिन सतर्क सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग से उग्रवादी भाग गए ।

उग्रवादी जवाबी फायरिंग के सामने न ठहर सके

प्राप्त विवरणों के अनुसार गत रात्रि लगभग 7.00 बजे सी.आर.पी.एफ. की दो सैक्शनें, जो दो विभिन्न जीपों में सवार थीं, जब बटाला-जमालपुर सड़क पर जा रही थीं तो खेतों में छिपे कुछ उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग की, जिस पर सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की ओर जवाबी फायरिंग की । जवाबी फायरिंग पर उग्रवादी भाग गए, उग्रवादियों की फायरिंग से सुरक्षा बलों की एक जीप में गोलियां लगीं लेकिन कोई जवान घायल नहीं हुआ । यह गश्ती पार्टी सब-इंस्पैक्टर हरि प्रशाद के नेतृत्व में गश्त कर रही थी ।

उग्रवादी जूता, शाल छोड़ कर भाग गए

सूचनाओं में कहा गया है कि घटनास्थल की प्रातः जांच करने पर उन खेतों, जहां उग्रवादियों ने घात लगाई थी, में से उग्रवादियों का एक शाल, एक जूता, एक टार्च और कारतूसों के कुछ खोल भी मिले हैं जिनमें ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के खोल भी शामिल हैं ।

फ़ायरिंग से 2 घायल

'ह.स.' के अनुसार अमृतसर के गुरु तेग बहादर अस्पताल में गत रात्रि दो व्यक्ति नौनिहाल सिंह और करतार सिंह को दाखिल करवाया गया । पुलिस के अनुसार बताया जाता है कि उन्हें थाना कत्थ नंगल के क्षेत्र में स्थित गांव चविंडा देवी में से दो अज्ञात व्यक्तियों ने फ़ायरिंग करके घायल कर दिया था ।

सूचना

म्युनिसिपल कमेटी मंडी ने पालिका सीमा के भीतर जो गृह निर्माण चित्र पालिका की स्वीकृति हेतु आते हैं उनसे 200/- फीस प्रति गृह निर्माण चित्र लेने की योजना बनाई है इसलिए यह आम सूचना इश्तहार के 30 दिन के बाद पालिका बनाई गई योजना पर गौर करेगी अतः सभी इच्छुक प्रभावित व्यक्ति निर्धारित समय के अन्दर दोष और सलाह आदि अधोहस्ताक्षरी को भेजें ।

(दुनी चंद शर्मा)
प्रधान,
नगर पालिका, मंडी

15/12 11 87-0

67000 रुपए लूट ले गए

बाघापुराना (ज्ञान): यहां से दस किलो मीटर दूर गांव लंडे के निकट दो सशस्त्र व्यक्तियों ने एक सोसाइटी के सचिव मल्कीत सिंह से पिस्तौल की नोक पर 67000 रुपए की नगदी छीन ली । मल्कीत सिंह द्वारा शोर मचाने पर कुछ लोगों ने उग्रवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया । उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में सुखमिंद्र सिंह और एक अन्य युवक घायल हो गया ।

पीछा करने वालों से ट्रैक्टर भी छीन लिया

बताया जाता है कि कल दोपहर लगभग 12 बजे जब मल्कीत सिंह यह रकम लेकर कस्बा समालसर के बैंक में जमा करवाने जा रहा था तो रास्ते में नहर के किनारे दो साइकल सवार उग्रवादियों ने उसको घेर लिया और पिस्तौल दिखाकर सारी रकम छीन ली । जब मल्कीत सिंह ने शोर मचाया तो ट्रैक्टर पर सवार युवकों ने भी उग्रवादियों का पीछा किया, लेकिन वे उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग से घायल हो गए । बाद में उग्रवादी उनके ट्रैक्टर पर ही भाग गए ।

रकम बरामद, उग्रवादी भाग गए

विवरणों के अनुसार पुलिस ने लोगों के सहयोग से गांव भलूर के एक घर में से लूटी हुई रकम बरामद कर ली लेकिन उग्रवादी भागने में सफल हो गए । पुलिस ने उग्रवादियों की पहचान कर लेने का दावा किया है और कहा है कि शीघ्र ही उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

गांव में फ़ायरिंग

करतारपुर (देवदत्त): आज प्रातः स्कूटर सवार दो उग्रवादियों ने निकटवर्ती गांव बिसरामपुर में एक व्यक्ति लश्कर सिंह की हवेली में घुस कर फ़ायरिंग की । सौभाग्य से लश्कर सिंह बच निकला । बताया जाता है कि दो उग्रवादियों में से एक अवतार सिंह था, जो लुधियाना बैंक डकैती में शामिल था । फ़ायरिंग करने के बाद अभियुक्त भाग गए । उल्लेखनीय है कि अवतार सिंह इसी गांव का रहने वाला है और उसकी लश्कर सिंह के साथ पुरानी शत्रुता है । अवतार सिंह कई केसों में पुलिस को वांछित है ।

उग्रवादियों को शरण देने पर 2 गिरफ्तार

नकोदर (ह.स.): नकोदर पुलिस ने गत रात्रि गांव बधूमकी से दो व्यक्तियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । पुलिस ने इन दोनों की हरभजन सिंह और तरसेम सिंह के रूप में शिनाख्त की है ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

बटाला (ह.स.) जिला गुरदासपुर की पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने बटाला उपमंडल में उग्रवाद से सम्बद्ध कई वारदातें की थीं । गुरदासपुर के जिला अधीक्षक श्री जे. पी. बिरदी ने इनके नाम तरसेम सिंह और भगवान सिंह बताए हैं ।

मारे गए उग्रवादी की शिनाख्त

दसूहा (आनन्द): एस. पी. डिटैक्टिव लुधियाना ने आज यहां बताया कि गत दिनों फिल्लौर में शिव सेना के नेता श्री कुलदीप कुमार शर्मा की हत्या करने आए मारे गए उग्रवादी की पहचान कर ली गई है । उसको लोगों ने पीट-पीट कर मार दिया था । उसकी शिनाख्त कुलदीप सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी गांव दिऊड़ा के रूप में की गई है । वह पुलिस को लूट मार की कई वारदातों में वांछित था । पहले उसका नाम बलविन्द्र सिंह रामगढ़िया पुत्र परमजीत सिंह बताया गया था ।

लूट की घटना

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' के अनुसार आज रात वहां माडल टाऊन क्षेत्र में कुछ संदिग्ध उग्रवादी एक मकान में घुस कर वहां से एक पिस्तौल और 3400 रुपए उड़ा ले गए । उस समय घर वाले बाहर गए हुए थे ।

ऋग्वेद में सती प्रथा का निषेध

हैदराबाद, 15 नवम्बर : सती प्रथा को कभी धार्मिक मान्यता प्राप्त नहीं रही और ऋग वेद में इसके विरुद्ध स्पष्ट आदेश है ।" उस्मानिया विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के व्याख्याता श्री के.नरसिंहचारी ने एक नवीनतम अध्ययन में यह निष्कर्ष प्रकट किया है । उन्होंने कहा कि ऋग वेद ने सती प्रथा को वर्जनीय माना था । यह समझना गलत है कि इस पर पहली बार राजस्थान सरकार के अध्यादेश द्वारा रोक लगाई गई है ।

रिबैरो

(पृष्ठ 3 का शेष)

ढंग गैर लोकतंत्रीय होता है । इसलिए इतिहास साक्षी है कि आतंकवाद कभी भी सफल नहीं हुआ ।

श्री रिबैरो ने आतंकवाद से निपटने के लिए दो ढंग बताए हैं—एक शांति से एवं दूसरा दमनकारी ढंग । उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि आतंकवाद को दृढ़ता से कुचलने के लिए समाज-विरोधी एवं अपराध-पूर्ण पेशे से निपटा जाए एवं इसके साथ-साथ ही लोगों के दिलों को भी जीतना अत्यावश्यक है । श्री रिबैरो ने कहा कि हम आज इसी नीति पर चल रहे हैं ।

इस उद्देश्य के लिए प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शहरों, कस्बों एवं गांवों का दौरा करके लोगों को बताते हैं कि क्या किया जा रहा है और क्या किया जाना है । इसके साथ-साथ ही यह अधिकारी लोगों के साथ हुए अन्याय आदि, जोकि किसी अधीनस्थ कर्मचारियों की ओर से हुआ हो, को दूर कर रहे हैं ।

श्री रिबैरो ने बम्बई में अपने बचपन का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय सिख भद्र पुरुष को वीर एवं साहसी की ख्याति प्राप्त थी परन्तु दुख की बात है कि अब इस सिख को 'आतंकवादी' माना जाता है । उन्होंने कहा कि अब हमने पहली प्रतिष्ठा को बनाना है और देश विदेश के लोगों को बताना है कि सिख आतंकवादी नहीं हैं । यह लोग वीर सिपाही, किसान, सफल व्यापारी, विद्वान, इंजीनियर एवं डाक्टर हैं ।

'संघी' के अनुसार श्री रिबैरो ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और सरपंचों, नम्बरदारों व अन्य प्रमुख शहरियों के व्यापक समर्थन से उग्रवाद के विरुद्ध जनमत तैयार हो रहा है और गांवों व कस्बों में लोगों का डर अब दूर हो रहा है । अब वे उग्रवाद के विरुद्ध बोलने की इच्छा व्यक्त करने लगे हैं । इतना ही नहीं, अब लोगों ने उग्रवादियों के विरुद्ध शारीरिक रूप से भी चुनौती देना शुरू कर दिया है ।

राज
देवर

पटियाला
अतिरिक्त स
राजकौर हत्
सिंह (पति),
(सास) की ओ



श्रीमती राज
है ।

'शराब
ड

क्लॉस्टर
नवम्बर ('डी
वाइन' शराब
कल यहां 3
पश्चिम जर्म
तक इतनी
'1735 ज
निकट कल
(ऑटारियो)
निर्माता ने इ

कोकीन
व

लंदन, 15
केवल अमीरों
नशेड़ियों में भी
कारण कोकीन
भारी गिरावट है
मादक प्रव
अनुसार इस स
इसका आयात
साऊथहैम्पटन
किलो ग्राम शुद्ध
गया ।

निर्वाचन क्षेत्रों के नए
लिए संविधान संशोध

Punjab Sanatan

न्होंने कहा कि अब तक हम लोगों को जागृत
ं लगे थे, इसलिये हमने राजनीति में शामिल
बारे में कोई निर्णय नहीं लिया । उन्होंने कहा
वधान की धारा-370 समाप्त की जानी
क्योंकि अब कई राज्यों ने इस के अन्तर्गत
दर्जे की मांग शुरू कर दी है ।
देवरस ने कहा कि वह श्री विश्वनाथ प्रताप
जनमोर्चा के बारे में अपनी राय बना सकने
ति में नहीं हैं । यह पूछने पर क्या संघ कांग्रेस
सम्भावित विकल्प के रूप में श्री सिंह का
करेगा ? उन्होंने कहा कि श्री सिंह ने इसके
म लोगों से सम्पर्क नहीं किया है । उन्होंने
वह इस सम्बन्ध में उत्सुक नहीं दीखते ।
कहा कि नौकरियों में आरक्षण का आधार
होना चाहिये ।
देवरस ने सती प्रथा का विरोध किया, किन्तु
वल राजपूत समुदाय को जोड़े जाने को गलत
। उन्होंने कहा कि झुंझनूं में रानी सती का
ग्रवाल समुदाय का है । उन्होंने राजस्थान
नून का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे
का समाधान नहीं होगा ।
होंने कहा कि पंजाब में आतंकवाद का
कड़ाई के साथ किया जाना चाहिए और सिखों
ासा दिया जाना चाहिए । श्री देवरस ने

ोमणि कमेटी की बैठक आज

ृतसर, 16 नवम्बर : शिरोमणि गुरुद्वारा
क कमेटी की कार्यकारिणी की आपात् बैठक
कार्यवाहक अध्यक्ष हरिन्दर सिंह ने कल
ड़ साहिब में बुलाई है । कमेटी की विज्ञप्ति
ार बैठक में प्रबन्धक कमेटी के मामलों पर
विमर्श किया जाएगा ।

रुद्ध कार्रवाई
ो हंगामा

में श्री अडवानी ने अपना विशेष उल्लेख
ा उठाते हुए कहा कि यदि इंडियन एक्सप्रेस
क कानूनों का उल्लंघन का कोई मामला था,
डित किया जाना चाहिए था । उन्होंने कहा
प्रेस पर यह अभियोग लगाया गया है कि
म तल पर अपना प्रेस लगाया हुआ है । मैं
हता हूं कि कौन-सा ऐसा समाचार-पत्र है,
स भ्रमितल पर नहीं है ? उनका आरोप था
र की यह कार्रवाई सभी समाचार-पत्रों के
चेतावनी है ।

ी सदस्यों ने जब उच्चतम न्यायालय के
उल्लंघन की बात कही, तो सभापति
ांकर दयाल शर्मा ने टिप्पणी की...
रकार न्यायालय के निर्णय का सम्मान
गी, तो उसे इसके परिणाम भुगतने

ाल की याद ताज़ा

रुकर्नाटक के मुख्यमंत्री रामकृष्ण हेगड़े ने
क्सप्रेस के खिलाफ़ सरकारी कार्रवाई की
निन्दा की । श्री हेगड़े ने कहा कि 'यह
न के दिनों की याद दिलाता है ।' यहां
ने उन्होंने कहा कि सरकार की कार्रवाई
भावना से प्रेरित है । श्री हेगड़े ने कहा कि
ऐसे हजारों मामले होंगे, जिनमें मूल शर्तों
नहीं किया गया ।
ने टिप्पणी की कि ऐसा लगता है कि
रवैया 'कुछ खामियों को खोज कर उनके
धिकार का इस्तेमाल करके प्रैस का मुंह
का हो गया है । (शेष पृष्ठ 6 पर)

बनाने का स्वप्न कभी भी पूरा नहीं होगा । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पंजाब से हिन्दुओं का जितना पलायन हो सकता था, वह नहीं हुआ, इसका श्रेय भी वहां के हिन्दुओं को ही है ।

चंडीगढ़, 16 नवम्बर (वि.प्र.): पंजाब-हरियाणा के बीच नदी जल विवाद के समाधानार्थ गठित इराडी ट्रिब्यूनल की अगली बैठक 27 नवम्बर को नई दिल्ली में हो रही है ।

प्रतिष्ठान आज प्रातः बंद रहे, परन्तु दोपहर के बाद मुस्लिम यूनाइटिड फ्रंट के नेता काजी निसार के आह्वान पर लोगों ने दुकानें खोल लीं ।

श्रीनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मियां

का पद बहाल करके उस पर श्री
किया जाए । बैनर्जी का कार्यकाल
समाप्त हो रहा है ।

सुनील दत्त पर रा
कृपा-दृष्टि कैसे

नई दिल्ली, 16 नवम्बर (सं
की विशेष कृपा से इंका सांसद व फि
सुनील दत्त को रिज़र्व बैंक आफ़ इं
की हाल ही में अमरीका में हुई श
हजार डालर (2.6 लाख रुपए)
है ।

श्री दत्त के लड़के संजय जो खुद
है, की शादी बम्बई की एक सिने ता
से पिछले महीने न्यायार्क में हुई
विदेश में खर्च के लिए, विदेश म
बी.के. गढ़वी की मार्फ़त 40 हजा
लाख रुपए) की स्वीकृति देने के लि
अनुरोध किया था । परन्तु इस अ
दिया गया ।

इसके बाद श्री दत्त ने श्री गढ़व
सीधे प्रधानमंत्री से अपील की, जि
विशेष मामला कह कर आधी रकम
मुद्रा देनी मंज़ूर कर ली । इंका पार्टी
है कि इससे पहले विदेशों में विवाह म
विदेशी मुद्रा की विशेष स्वीकृति कभी
केवल चिकित्सा या शैक्षणिक क
स्वीकृति दी जाती रही है, परन्तु
प्रधानमंत्री ने इस अभिनेता सांसद को
जाने की अनुमति इसलिए दी है कि क
अफ़वाह फैली हुई थी कि सुनील द
शामिल होने जा रहे हैं ।

उग्रवादियों द्वारा 2 की हत्या : बैंक से 7333 रुपये लूटे : कार ले गए

चंडीगढ़, 16 नवम्बर (ह.स.): पंजाब में कल रात से अब तक विभिन्न आतंकवादी घटनाओं में दो व्यक्ति मारे गए । सहकारी बैंक से लूटे गए 67,000 से अधिक रुपए सुरक्षा बलों ने तुरन्त कार्रवाई करके बरामद कर लिए । जबकि दो पुलिस कर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया गया । मृतकों में एक भूतपूर्व सैनिक भी शामिल है ।

जिला गुरदासपुर के एक घर से पिस्तौल की नोक पर सोने के ज़ेवर, जिला अमृतसर में एक बैंक से 7333 रुपए 25 पैसे और एक कार लूट ली गई । पुलिस ने विभिन्न स्थानों से दो तस्करों और 12 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया ।

एक व्यक्ति की हत्या

अमृतसर (अशोक): गत रात थाना सरहाली के गांव बड़े पुई में रात के लगभग दो बजे चार उग्रवादियों ने घर में घुसकर बुध सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक बुध सिंह फौजी के नाम से भी जाना जाता था । मृतक के भाई लखबीर सिंह ने प्रातः पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई ।

बुध सिंह को पुलिस का एजेंट समझकर गोली मारी गई ।

शव मिला

थाना सरहाली की पुलिस को गांव बागड़िया से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है । शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

शव की शिनाख्त

बाद में प्राप्त समाचार के अनुसार प्रातः एक अज्ञात शव झब्बाल पुलिस को गांव बागड़िया से मिला था । शव पर गोलियों के घाव थे । बाद में मृतक की शिनाख्त कश्मीर सिंह निवासी ठट्ठा, थाना तरनतारन के रूप में की गई । पुलिस की जांच के अनुसार इस युवक की हत्या आतंकवादियों ने की और शव खेतों में फैंक दिया ।

बैंक लूटा

आज बाद दोपहर अमृतसर जिला के गांव भरोके, थाना खेमकरण में चार सशस्त्र उग्रवादियों ने 'अमृतसर सैंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक' की शाखा को लूट लिया और जाते हुए बैंक की कार भी ले गए ।

प्राप्त विवरण के अनुसार दोपहर बाद लगभग सवा दो बजे चार उग्रवादी, जिनमें से दो के हाथों में पिस्तौल और दो के हाथों में दोनाली बंदूकें थीं, बैंक की शाखा से 7333 रुपए 25 पैसे ले गए । बताया जाता है कि गेट के बाहर बैंक की एम्बैसेडर कार नम्बर पी.एन.ओ. 8500 जो आसमानी रंग की थी, भी उग्रवादी अपने साथ ले गए । पुलिस व सरक्षा बलों ने इलाके को घेर कर छानबीन शुरू कर दी है । अभी तक आतंकवादियों का कुछ पता नहीं चल सका ।

डेरे पर फ़ायरिंग

रैय्या से 'जस' के अनुसार गत रात यहां से 12 किलो मीटर दूर गांव चुग में अजीत सिंह ठेकेदार पर उग्रवादियों द्वारा फ़ायरिंग किए जाने का समाचार प्राप्त हुआ है । इस फ़ायरिंग में किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार रात लगभग दस बजे दो उग्रवादी गांव के बाहर बने डेरे में आए । उस समय अजीत सिंह अपने तीन लड़कों से बातें कर रहा था । उग्रवादियों ने डेरे के बाहर का दरवाजा खटखटाया । अजीत सिंह के लड़के जसपाल के 'कौन' पूछने पर उत्तर मिला कि "सिंह आए हैं । रात विश्राम करना है ।" जसपाल को संदेह हुआ । उसने अपनी लाइसैंसी बंदूक में गोली भरकर कहा, "आ जाओ, इधर भी सिंह ही बैठे हैं ।" इस पर उग्रवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाब में जसपाल ने भी गोली चलाई । इस पर उग्रवादी फ़रार हो गए । उनके चार साथी जो कुछ दूर गन्ने के खेतों में छिपे थे, भी फ़रार हो गए ।

पता चला है कि श्री अजीत सिंह को बहुत से धमकी-भरे पत्र मिल चुके हैं, जिनमें कहा गया था कि 'तुम सिंहों का हुक्म नहीं मानते, इसलिए तुम्हें सोध दिया जाएगा ।

बाबा बकाला से 'मेहरा' के अनुसार श्री अजीत सिंह के श्री हरगोबिंदपुर क्षेत्र में देसी और अंग्रेजी शराब के ठेके हैं । उग्रवादी जाते समय धमकी दे गए कि 'गुरु का सिख होकर तुमने शराब के ठेके लिए हैं । इसलिए तुझे और तेरे परिवार को सोध दिया जाएगा ।'

चार गिरफ्तार

गुरदासपुर (वार्ता): पुलिस ने कल शस्त्रों के दो तस्करों सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके पास से एक दोनाली बंदूक तथा लूट का माल बरामद किया है ।

जिला पुलिस प्रमुख जे.पी. बिरदी ने तस्करों के नाम निर्मल सिंह उर्फ़ टोटी (गांव नारुवाल) तथा रछपाल सिंह (गांव मागियां) बताए हैं । उन्होंने बताया कि दोनों तस्करों को अमृतसर के पूछताछ केन्द्र भेज दिया गया है ।

श्री बिरदी ने गिरफ्तार अन्य दो व्यक्तियों के नाम भगवान सिंह कलानौर पुलिस थाना अन्तर्गत भलेचाक गांव तथा हरसेम सिंह कादियां पुलिस थाने के अन्तर्गत गांव कोट तोहर मल बताए हैं । उन्होंने बताया कि हरसेम सिंह के पास से बारह बोर की एक बंदूक बरामद की गई । श्री बिरदी ने बताया कि उसके पास से एक वीडियो कैसेट रिकार्डर, एक टेप

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाबी उग्रवादियों से पंजाब को खाली कर
के लिए मैदान में उतरें, सरकार को सहयोग दे

लुधियाना, 16 नवम्बर (महेंद्र, जोशी): पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने पंजाबियों को आह्वान किया कि वे उग्रवादियों से पंजाब को खाली करवाने के लिए मैदान में उतरें और सरकार को सहयोग दें । इस प्रकार पंजाब को उग्रवाद से बचाया जाए ।

उन्होंने कहा कि पंजाब में भूतपूर्व सैनिकों की सहायता के लिए धन की कोई कमी नहीं है । पंजाब एक समृद्ध राज्य है, केवल पंजाब को समृद्धि और प्रगति के मार्ग पर लाने के लिए सुखद वातावरण की आवश्यकता है । उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों को ललकारा कि वे पंजाब में शांति की बहाली के लिए आगे आएं । उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से पंजाब को संकट का सामना है । आज उग्रवाद विश्व-भर में फैला हुआ है, जिससे शांतिप्रिय लोग परेशान हैं । उग्रवादियों की ऐसी कार्रवाइयों से देश को क्षति पहुंच रही है । किसी समय आगे बढ़ रहा पंजाब आज पीछे जा रहा है । समझ में नहीं आता कि ये देश के शत्रु चाहते क्या हैं ? श्री रे ने कहा कि ये उग्रवादी सच्चे सिख नहीं हैं । वे दावे से कह सकते हैं कि गुरु का सिख यदि गुरु महाराज पर विश्वास रखे तो पंजाब कभी पीछे नहीं जा सकता ।

श्री रे ने कहा कि वर्तमान सरकार सिखों के विरुद्ध नहीं है । वे पंजाब के उग्रवादियों और राष्ट्रविरोधी तत्वों में कोई अंतर नहीं समझते । इन सभी के साथ सख्ती से निपटना चाहिए । उन्होंने कहा कि उनकी और उनकी पत्नी की इच्छा है कि वे हरि मंदिर साहिब के दर्शन करें, वे पूछते हैं कि क्या वे वहां जा सकते हैं ? उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से पूछा कि क्या आप बिना सुरक्षा के वहां जा सकते हैं ? उन्होंने अफ़सोस प्रकट किया कि हरि मंदिर साहिब की दशा किस सीमा तक बदल गई है। जो कुछ वहां हो रहा है, उसको किसी प्रकार शीघ्र रोका जाए ।

पुलिस हरि मंदिर साहिब में जाना नहीं चाहती

राज्यपाल ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि

उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों की वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सैनिक अपने देश में आए तूफ़ानों का सामना करते हैं, सरकार उनकी जो सहायता करती है, वह उनकी वीरता की तुलना में कुछ भी नहीं । सारी कौम भूतपूर्व सैनिकों की ऋणी है । उन्होंने कहा कि भारत में गत वर्षों में चारों तरफ से संकट आए थे और पंजाबियों ने उल्लेखनीय रूप से अपने देश की रक्षा में भाग लिया था । सारा देश पंजाब की वीरता को जानता है । आज भी श्रीलंका में पंजाब की दो रैजिमैंटें मौजूद हैं । पंजाब के सैनिक वहां शांति के लिए लड़ रहे हैं । इससे पंजाब का सम्मान बढ़ा है ।

राज्यपाल ने कहा कि उन्हें अभी पता चला है कि 1984 से भूतपूर्व सैनिकों को सुविधाएं प्राप्त नहीं हो सकीं । अतः मैंने तत्काल निर्णय करके भूतपूर्व सैनिकों को दिसम्बर 1987 तक पैंशन आदि की बकाया धन-राशि देने का आदेश जारी कर दिया है । यह बकाया धन-राशि उन भूतपूर्व सैनिकों को दी जाएगी, जिनकी आयु 65 वर्ष से ऊपर है । इन सुविधाओं को जारी रखने पर विचार किया जाएगा । उन्होंने कहा कि वे जब तक राज्यपाल हैं, भूतपूर्व सैनिकों को सुविधाएं मिलती रहेंगी ।

भूतपूर्व सैनिकों को सुविधाएं

भूतपूर्व सैनिकों के लिए कुछ सुविधाएं इस प्रकार हैं : चंडीगढ़ में एक करोड़ रुपए के व्यय से सैनिक भवन का निर्माण किया जा र
अगस्त 1988 से चालू होगा ।
सैनिक रैस्ट हाऊस बनाया जाएगा,
सैनिकों को आज तक कोई पैंशन नहीं
एक जनवरी, 1987 से 31 मार्च,
100 रुपए मासिक ग्रांट दी जाएगी,
का अनुदान 50 रुपए से बढ़ा कर 10
जाएगा, यह ग्रांट विधवाओं को भी
जनवरी, 1987 से उन भूतपूर्व सैनि
जाएगी, जो रोग के कारण बिस्तर पर
'सैमफैक्स' स्कीम जारी की गई है,
भूतपूर्व सैनिकों को ऋण मिलेगा, उन
अंदर अदायगी करनी होगी । भूतपू
शुरू किए गए बड़े प्राजैक्टों के लिए
तक ऋण मिलेगा । 50 हजार
जमानत के बिना मिलेगा, रेल किर
सैनिकों को 75 प्रतिशत रियायत दी
मास के अंदर शिनाख्ती कार्ड जारी

**उग्रवाद की समाप्ति पर औ
मिलेंगी**

भूतपूर्व सैनिकों की रैली यहा
स्टेडियम में हुई । राज्यपाल महोद
भूतपूर्व सैनिकों को कुछ भी आर्थिक
उनके बलिदानों के समक्ष कम से क

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अमृतसर के आतंकवाद-पीड़ित उद्यो
व्यापार को तत्काल राहत दी जाए : त

अमृतसर, 16 नवम्बर (नारंग): अमृतसर प्रिंटर्स एंड प्रोसैसर्स एसोसिएशन अमृतसर, अमृतसर इंडस्ट्रियलिस्ट्स एसोसिएशन, अमृतसर चैम्बर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री व शास्त्री मार्केट एसोसिएशन के महामंत्री श्री रमेश तलवाड़ ने

सहायता क्यों नहीं कर सकती ।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार
हास्यास्पद है कि अमृतसर में नए उद्
नए उद्योग लगाने के लिए सभी प्रो
वायदा किया जा रहा है लेकिन पिछले



Punjab Sahapedia

उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

रिकार्डर तथा एक इलैक्ट्रिक मोटर भी बरामद की गई है ।

बटाला (कोछड़): गुरदासपुर पुलिस ने दो खूंखार उग्रवादियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है, उनमें से एक हरबंस सिंह गांव हरपुरा थाना श्री हरगोबिन्दपुर है, उसके पास से एक 32 बोर का रिवाल्वर तथा दो जीवित कारतूस बरामद हुए हैं । दूसरा उग्रवादी बलविन्दर सिंह उर्फ़ बिन्दा को बटाला में गिरफ्तार किया गया है । उसने एक किरयाना व्यापारी बलबीर सिंह की कथित रूप से हत्या की थी । बलबीर सिंह की लाश 9 नवम्बर को खोजेवाल गांव के पास मिली थी ।

मारुति कार छीन ली

आज बाद दोपहर लगभग 3.30 बजे बटाला-अमृतसर सड़क पर झंडेबालपुल के निकट पांच सशस्त्र अज्ञात युवक बटाला के एक उद्योगपति निर्मल फ़ाऊंड्री की सफ़ेद रंग की मारुति कार पी.सी.बी. 700 छीनकर भाग गए । कार चालक सतपाल ने बताया कि वह अमृतसर सवारियां छोड़कर बटाला आ रहा था कि झंडेबालपुल के निकट अम्बैसेडर कार से दो अज्ञात लोगों के निकलकर कार की ओर फ़ायर किया, जिसपर ड्राइवर सतपाल ने कार रोक दी और वे कार लेकर भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । उल्लेखनीय है कि इस 8-10 किलो के क्षेत्र में गत 15 दिनों में यह तीसरी कार छीनी गई है । यह स्थान बटाला-अमृतसर प्रमुख मार्ग पर स्थित है ।

आभूषण लूटे

पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात पांच अज्ञात युवकों ने फतेहगढ़ चूड़ियां थाना के गांव कल्हार में पिस्तौल की नोक पर बलवन्त सिंह के घर से लगभग पच्चीस हजार रुपए मूल्य के आभूषण लूट लिए ।

रात्रि में वाहन चलाने पर प्रतिबंध

दीनानगर (कपूर): जिला मैजिस्ट्रेट गुरदासपुर श्री डी.एस. कालहा ने एक आदेश द्वारा जिला गुरदासपुर में बसें, टैम्पू और तीन पहिया वाहनों का रात्रि 7.30 बजे से प्रातः 5.30 बजे तक चलाने पर लगी पाबंदी की अवधि 6 जनवरी 88 तक बढ़ा दी है ।

साठ हजार बरामद

फरीदकोट (ह.स.): सुरक्षा बल ने तेज़ी से कार्रवाई कर एक ग्रामीण सहकारी समिति से लूटे गए 60,700 रुपए बरामद कर लिए और फरीदकोट जिले के विभिन्न भागों से अब तक कम से कम 8 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । बाघापुराना थाने के लंडे गांव में सहकारी समिति के सचिव से कल लूटे गए थे रुपए बाद में एक घर से सुरक्षा बल ने बरामद किए । लूट में शामिल दो आतंकवादी भागने में सफल रहे । पुलिस ने उन्हें पहचानने का दावा किया है ।

आतंकवादियों ने भागते समय पीछा कर रहे लोगों पर गोली चलाई, जिससे दो व्यक्ति घायल हो गए ।

8 उग्रवादी गिरफ्तार

जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस और सुरक्षा बल ने कल से अब तक विभिन्न स्थानों से कम से कम आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके पास से अस्त्र-शस्त्र बरामद हुए हैं ।

गिरफ्तार आतंकवादियों में से तीन फरीदकोट जिले के भगथल गांव से उस समय पकड़े गए, जब वे मुठभेड़ होने पर भागने की कोशिश कर रहे थे । जिला पुलिस अधीक्षक के अनुसार गिरफ्तार आतंकवादियों ने यह स्वीकार किया कि कुख्यात आतंकवादियों से उनका सम्बन्ध है और हत्या, स्कूटरों तथा पैट्रोल पम्पों की लूट में उनका हाथ रहा है ।

इस बीच उपायुक्त भूपेन्द्र सिंह सिद्धू ने जिले के सभी समर्थ युवकों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने इलाकों में रेल लाइनों तथा सरकारी प्रतिष्ठानों की रक्षा के लिए चौबीस घंटे गश्त करें । यह आदेश तीन दिसम्बर तक लागू रहेगा ।

दो कांस्टेबल नज़रबंद

जालन्धर (क): जालन्धर पुलिस के दो सिपाही रघबीर सिंह व कुलविन्दर सिंह को परसों 14 नवम्बर से जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अधीन नज़रबंद कर लिया गया । उल्लेखनीय है कि दोनों कांस्टेबलों में से एक माकपा नेता श्री गुरचरण सिंह रंधावा तथा दूसरा अकाली वर्कर श्री सरिन्दर सिंह मक्कड़ के साथ गनमैन के नाते तैनात थे और इसी तैनाती के दौरान इन दोनों ने गत 13 जुलाई को न्यू जवाहर नगर मार्कीट के एक दकानदार को लूटने की कोशिश की थी, जिसने एक को जफ्फा डाल लिया था और छुड़ाने की ज़ोर-आज़माई में उसका एक मैगज़ीन नीचे गिर गया था । साथ ही स्टेनगन से गोली भी चल गई थी, मगर कोई घायल नहीं हुआ था और दोनों कांस्टेबल फ़रार हो गए थे । मगर स्टेनगन के मैगज़ीन के सहारे उसी रात दोनों का पता लगा लिया था और अब उनके विरुद्ध वह केस भी चल रहा है ।

संदिग्ध व्यक्ति

फिल्लौर (भाखड़ी): आज-कल यहां अफ़वाहों का बाजार काफ़ी गर्म है, कुलदीप शर्मा शिव सेना नेता की हत्या के पश्चात् यहां तरह-तरह की अफ़वाहें फैली हुई हैं । पुराने बस स्टैंड पर सुनसान-सी दिखाई देती है । पुराने बस स्टैंड पर कुछ दकानदारों का कहना है कि यहां कुछ संदिग्ध व्यक्ति घूमते देखे गए हैं व दो स्कूटर हल्के हरे रंग के जिनका नम्बर पी.ए.सी. 661 व उसी रंग का दूसरा स्कूटर पी.ए.सी. 861 यहां घूमता देखा गया । स्थानीय पुलिस ने सूचना पाकर शहर में गश्त तेज़ कर दी है और सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस के नाके लगा दिए गए हैं । इसके अतिरिक्त सी.आर.पी. के डी.एस.पी. श्री रणजीत सिंह खुद भी गश्त कर रहे हैं ।



A-24. Naraina Industrial area, Phase-I,
New Delhi-110028. Phones : 537199, 537486

Distributors for : * **AMRITSAR,** VERMA ENTERPRISES, Hall Bazar. Ph. : 47587. * **JALANDHAR,** GIFT CENTRE, Rainak Bazar Chowk. Ph. : 76567. * **CHANDIGARH,** SONDHI ELECTRONICS, Sector 22-B. * **PATIALA,** GUPTA SANITARY STORE, Taowakli Chowk. Ph. : 72774. * **LUDHIANA,** MAINI SALES CORPORATION, Ferozpur Road, Ph. : 24014. * **JAMMU,** KINGSWAY, Gandhi Nagar.

अल्पकालिक निविदा सूचना

निम्न कार्यों के लिए दो रुपए प्रति निविदा चुकाने पर प्राप्य प्रपत्र पर, आइटम/

Punjabi Kesari

सी दिखाई देती है । पुराने बस स्टैंड पर कुछ दुकानदारों का कहना है कि यहां कुछ संदिग्ध व्यक्ति घूमते देखे गए हैं व दो स्कूटर हल्के हरे रंग के जिनका नम्बर पी.ए.सी. 661 व उसी रंग का दूसरा स्कूटर पी.ए.सी. 861 यहां घूमता देखा गया । स्थानीय पुलिस ने सूचना पाकर शहर में गश्त तेज़ कर दी है और सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस के नाके लगा दिए गए हैं । इसके अतिरिक्त सी.आर.पी. के डी.एस.पी. श्री रणजीत सिंह खुद भी गश्त कर रहे हैं ।

मृत उग्रवादियों की शिनाख्त

शिव सेना नेता कुलदीप कुमार शर्मा के दो हत्यारे, जो बाद में मारे गए थे, की शिनाख्त बलविंदर सिंह उर्फ़ परमजीत सिंह उर्फ़ बिल्ला निवासी मिल्लर गंज लुधियाना और गुलज़ार सिंह उर्फ़ गड्ड निवासी मांज फगवल के रूप में की गई है । शिव सेना नेता जिसकी लुधियाना अस्पताल में मृत्यु हो गई थी, ने पुलिस को बयान दिया था कि वह हत्यारों को पहचानता है ।

तीन घायल

लुधियाना में हुई विभिन्न वारदातों में दो सगे भाइयों सहित तीन व्यक्ति घायल हो गए ।

कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विचार

मोगा (सर्व): पंजाब पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज सायं मोगा का दौरा किया और कैनाल रैस्ट हाउस में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विचार-विमर्श किया । बैठक में डी.आई.जी. आप्रेशन, डी.आई.जी. फिरोज़पुर रेंज, डी.आई.जी. बी.एस.एफ. और सी.आर.पी. तथा चार जिलों के एस.एस.पी. शामिल हुए । बाद में श्री गिल ने बताया कि उग्रवादियों से निपटने के लिए पुलिस को अत्याधुनिक हथियार और नए वाहन दिए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि बाघा पुराना पुलिस स्टेशन के इन्चार्ज मित्त सिंह जिनकी कुछ दिन पूर्व उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, की सेवाओं के दृष्टिगत उनके परिवार को उचित अवार्ड दिया जाएगा ।

बाल-बाल बचा

थाना करतारपुर के एक गांव में लश्कर सिंह नामक व्यक्ति उस समय बाल-बाल बच गया जब उसके परिचित एक उग्रवादी ने उससे कुछ बहस के बाद गोली चला दी । लश्कर सिंह ने पुलिस को बताया कि उग्रवादी अवतार सिंह उसी के गांव का निवासी है । अवतार सिंह के घर से लुधियाना बैंक डकैती के 13.26 लाख रुपए बरामद हुए थे । उसी समय (गत 13 अप्रैल) से वह भूमिगत है ।

दोनों सगे भाइयों को ताजपुर सड़क पर स्थित गांव कुलातपुर में तेज़धार हथियारों से गम्भीर रूप से घायल किया गया ।

गत रात ढाबा रोड पर चार अज्ञात लोगों ने मेरठ से लुधियाना में अपने रिश्तेदारों से मिलने आए 22 वर्षीय राज कुमार की निर्ममता से पिटाई की और उससे नकदी व सोने की अंगूठी छीन ली । उसे प्रातः सड़क पर बेहोशी की हालत में पाया गया ।

उग्रवादियों द्वारा निहंग, उसकी पत्नी व दो अबोध बच्चों की हत्या

रामां में ठेका-कर्मी की हत्या : जालंधर में 1500 लूटे : कपूरथला में दुकान जलाई

अमृतसर में 14 आतंकवादी : 2 शरणदाता बंदी

चंडीगढ़, 18 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला अमृतसर के एक गांव में एक डेरे पर हमला करके एक निहंग, उसकी पत्नी और उनके 6 एवं 7 वर्ष के दो नन्हें बच्चों और जिला भटिंडा के गांव रामां में शराब के ठेके के एक कर्मचारी की फ़ायरिंग करके हत्या कर दी । जिला अमृतसर की पुलिस ने 14 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है,जबकि दो व्यक्तियों को कुख्यात उग्रवादियों अवतार सिंह ब्रह्मा, कारज सिंह, बख्शीश सिंह, सुखजिंद्र सिंह बराड़ आदि को शरण देने के आरोप में पकड़ा है । इन उग्रवादियों के कब्ज़े से 2.29 लाख रुपए का लूट का माल और काफी मात्रा में शस्त्र बरामद किए गए हैं । जालन्धर में उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से 1500 रुपए छीन लिए, जबकि कपूरथला में एक किरयाने की दुकान को आग लगा कर भस्म कर डाला ।

निहंग-परिवार के 4 सदस्यों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): जिला अमृतसर के गांव रसूलपुर थाना जंडियाला में गत रात्रि लगभग आधी दर्जन उग्रवादियों द्वारा एक ही परिवार के चार सदस्यों, जिनमें पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं, की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई ।

नन्हें बच्चों को भी न बख्शा

विवरणों के अनुसार लगभग 6 उग्रवादी, जो आटोमैटिक आग्नेय-शस्त्रों ए.के. 47 असाल्ट आदि से लैस थे, निहंग बलदेव सिंह के डेरे 'डेरा रामसर साहिब रसूलपुर कलां' में गत रात्रि लगभग 7.30 बजे घुसे और बलदेव सिंह (32), उसकी पत्नी (26) पर गोलियां चलाईं, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । अपने माता-पिता पर गोलियां चलती देखकर निहंग बलदेव सिंह के दो लड़के, जिनकी आयु 5 और 7 वर्ष थी, साथ वाले कमरे से घटनास्थल पर आ गए । उग्रवादियों ने उन्हें भी गोलियां मार दीं, जिससे वे दोनों भी घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए ।

सुखा गिरोह की करतूत

सूचनाओं में कहा गया है कि मृतक बलदेव सिंह लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व ही इस गांव में आया था और डेरे का संचालन कर रहा था, जबकि इससे पूर्व वह गांव मक्खन विंड में रहता था । इस घटना के सम्बन्ध में थाना जंडियाला में रिपोर्ट दर्ज हो गई है, जिसमें उग्रवादियों के नाम भी दर्ज हैं । यह वारदात सुखदेव सिंह उर्फ़ सुखा निवासी रसूलपुर के गिरोह द्वारा की गई बताई गई है । इस कांड में मृतक बलदेव सिंह के दो छोटे बच्चे, जिनकी आयु एक वर्ष और दूसरे की 6-7 मास बताई जाती है, बच गए बताए गए हैं ।

शिरोमणि कमेटी का भूतपूर्व कर्मी था

'ह.स.' के अनुसार निहंग शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी का एक भूतपूर्व कर्मचारी था, उसने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन के सक्रिय कार्यकर्त्ता नरेन्द्र सिंह, जो कुछ मास पूर्व गुटों की प्रतिद्वंद्विता में मारा गया था, के हत्यारों की शिनाख्त की थी । अपने जीवन को खतरा भांपते हुए उसने अपनी नौकरी से इस्तीफ़ा दे दिया था और अपने पैतृक गांव में बस गया था । पुलिस को विश्वास है कि उग्रवादी 'भिंडरांवाले टाइगर्स फ़ोर्स आफ़ खालिस्तान' से सम्बद्ध थे ।

14 उग्रवादी, 2 शरणदाता गिरफ्तार

अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने बताया कि अमृतसर पुलिस ने गत 24 घंटों के दौरान जिला अमृतसर से 14 उग्रवादियों और उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । पकड़े गए उग्रवादियों से भारी मात्रा में आग्नेय-शस्त्र और गोली-सिक्का व लूट का माल, जिसका मूल्य 2.29 लाख रुपए है, बरामद किया है ।

शस्त्र, लूटमार का सामान मिला

श्री आलम ने बताया कि पट्टी पुलिस ने दस ऐसे उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जो लूटमार की वारदातों में संलिप्त थे । इन उग्रवादियों के नाम रणजीत सिंह उर्फ़ राणा, जसविंद सिंह उर्फ़ बाडा, हरजिंद्र सिंह उर्फ़ जिंदा, रणजीत सिंह उर्फ़ पप्पू, इन्द्र सिंह, बलदेव सिंह, चरण सिंह उर्फ़ बाबा (सभी निवासी पट्टी) और डा. जसबीर सिंह निवासी बल्टोहा बताए गए हैं। श्री आलम के अनुसार इन आतंकवादियों से एक दोनाली बंदूक, एक 303 पिस्तौल, तीन .12 बोर के पिस्तौल और तीन .32 बोर के रिवाल्वर और भारी मात्रा में इन शस्त्रों का गोली-सिक्का बरामद हुआ है । पुलिस जांच में इन आतंकवादियों ने आठ डकैतियों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है और इनसे लूट का बहुत-सा माल, जिसमें स्वर्णाभूषण भी शामिल हैं और जिसका कुल मूल्य 2,29,400 रुपए बनता है, भी बरामद किया गया है । श्री आलम ने बताया कि अमृतसर सी.आई.ए. स्टाफ़ ने चार उग्रवादियों सुखजिंद्र सिंह निवासी अटारी, परमजीत सिंह निवासी भगतांवाला, जोगेन्द्र सिंह निवासी घराला थाना बंगा और कुलवन्त सिंह निवासी जसपाल नगर अमृतसर को पकड़ा है । इनके कब्ज़े से 6 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

ब्रह्मा, कारज सिंह को शरण देते थे

एस.एस.पी. ने बताया कि जंडियाला पुलिस ने दो व्यक्तियों केवल सिंह निवासी बंडाला और मनजीत सिंह निवासी बंडाला को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. ने बताया कि ये उग्रवादी अवतार सिंह ब्रह्मा, सुखजिंद्र सिंह बराड़ और बख्शीश सिंह व कारज सिंह को शरण देते रहे हैं ।

उग्रवादियों से एक रूसी डबल बैरल बंदूक भी बरामद की गई है ।

ठेके के कर्मचारी की हत्या

भटिंडा (गोबर): यहां से 50 किलो मीटर दूर रामांमंडी के गांव रामां में गत रात्रि दो अज्ञात उग्रवादियों ने शराब की दकान के एक कर्मचारी जोगेन्द्र सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने धारा 302 के अन्तर्गत केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । दो व्यक्ति हिरासत में भी लिए गए हैं ।

रामां से शर्मा के अनुसार मृतक जोगेन्द्र सिंह की आयु 55 वर्ष थी तथा यह घटना रात्रि 8.15 बजे हुई, जब जोगेन्द्र सिंह शराब की दुकान बंद करके घर लौट रहा था । अभियुक्तों ने 515 बोर की बंदूक का इस्तेमाल किया । पुलिस इसे व्यक्तिगत शत्रुता का मामला भी समझ रही है ।

'ह.स.' के अनुसार जोगेन्द्र सिंह के भाई की भी कुछ समय पूर्व हत्या हो गई थी और जोगेंद्र सिंह उस कांड में मख्य प्रत्यक्षदर्शी गवाह था ।

शरण देने वालों के विरुद्ध केस दर्ज

होशियारपुर (अश्विनी): माहिलपुर पुलिस ने बड्डोग्राम के एक व्यक्ति बलबीर सिंह के विरुद्ध दर्दांत उग्रवादियों परमजीत सिंह उर्फ़ फौजी तथा रंजीत सिंह राणा आदि को शरण देने तथा उनकी आर्थिक सहायता करने के आरोप में भारतीय दंडावली की धारा 212, 216 ए तथा टी.डी. एक्ट की धारा 314 के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया है । इसकी गिरफ्तारी किसी क्षण भी सम्भावित है ।

इंजीनियर का घर लूट लिया

होशियारपुर से प्रद्युम्न के अनुसार होशियारपुर

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब की 137 मार्कीट कमेटियां भंग, प्रशासक नियुक्त

चंडीगढ़, 18 नवम्बर (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने आज एक नोटिफिकेशन जारी करके राज्य भर की 137 मार्कीट कमेटियां भंग कर दी हैं और उनका प्रबन्ध प्रशासकों को सौंप दिया है । वित्तायुक्त (विकास) श्री मनोहर सिंह गिल ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन ने पंजाब कृषि उत्पादन मार्कीट एक्ट में एक तरह से संशोधन करके राज्य सरकार को इस बात के अधिकार दिए हैं कि वह इन मार्कीट कमेटियों को भंग करके इनके स्थान पर प्रशासक नियुक्त कर दे ।

श्री गिल ने कहा कि एस.डी.ओ. (सिविल), मुख्य कृषि अधिकारी, एग्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट, जिला विकास व पंचायत अधिकारी और जिलाधिकारी शिकायत निवारण को अतिरिक्त कार्यभार देकर इन मार्कीट कमेटियों का प्रशासक लगा दिया गया है । उल्लेखनीय है कि इन मार्कीट कमेटियों के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और सदस्यों का मनोनयन बरनाला सरकार के दौर में किया गया था लेकिन राष्ट्रपति (माडल) एक्ट बनाया जाए। मंडी बोर्ड का वर्तमान वार्षिक बजट 40 करोड़ रुपए का है ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री गिल ने कहा कि वर्तमान एक्ट में मार्कीट कमेटियों का चुनाव कराने का प्रावधान है लेकिन अब तक चुनाव ही नहीं हुआ । हमारा प्रयास है कि को-आप्रेटिव सोसायटियों के समान मार्कीट कमेटियों का भी चुनाव कराया जाए ।

श्री गिल के अनुसार चेयरमैन के अधिकार कम कर दिए गए हैं और फील्ड आफिसरों को अधिकार दिए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि एक और दो श्रेणी कर्मचारियों के सेवा नियम बना दिए गए हैं जबकि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए भी ऐसा ही किया जा रहा है । बोर्ड जिसके कर्मचारियों की संख्या लगभग 10 हजार है, के लिए ग्रैच्युटी, पैंशन और प्रोविडैंट फंड का सिस्टम भी शुरू करने का फैसला भी किया गया है । श्री गिल ने कहा कि मार्कीट कमेटियां भंग की गई हैं ।

Punjab Sarkar



जंडियाला गुरु के गांव रसूलपुर में आतंकवादियों द्वारा मारे गए (1) निहंग बलदेव सिंह, (2) उनकी पत्नी और (3-4) बेटे । (छाया : रवि भंडारी)

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

से 60 किलोमीटर तलवाड़ा में एक टी.बी. इंजीनियर नरेन्द्रपाल के घर में दाखिल होकर 2 संदिग्ध उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर हजारों रुपए के आभूषण और 800 रुपए नकद लूट लिए । नरेन्द्र पाल की पत्नी कांता ने बताया कि सायं लगभग 5 बजे 2 व्यक्ति उसके घर में घुस आए, उस समय उसका पति घर पर न था । उग्रवादियों ने स्त्री को हत्या करने की धमकी देकर एक कमरे में बंद कर दिया और आभूषण एवं नकदी लेकर फ़रार हो गए । बाद में लोगों ने दरवाजा खोल कर स्त्री को बाहर निकाला ।

पिस्तौल खरीदने वाला गिरफ्तार

अमृतसर सीमा पर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है । उसने बताया कि वह पाकिस्तान से पिस्तौल लाया था, उसने एक पिस्तौल जिला होशियारपुर के एक युवक को बेच दिया था। पुलिस ने उसके घर में छापा मार कर उसे हिरासत में ले लिया ।

पैट्रोल पम्प से 2500 रु.छीन कर ले गए

अश्विनी, प्रद्युम्न के अनुसार होशियारपुर से लगभग 15 किलोमीटर दूर गांव डोडो रेहाना में आज साढ़े 3 बजे सायं दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज़ कार्पोरेशन के पैट्रोल पम्प से पिस्तौल की नोक पर सेल्ज़मैन सोहन सिंह से 2500 रुपए लूट लिए । स्कूटर पर नम्बर के स्थान पर 'एप्लाइड फ़ार' लिखा था । एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि थाना सदर की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

दूसरे हत्यारे की भी शिनाख्त

लुधियाना (महिन्द्रा): हिन्दू शिव सेना फिल्लौर यूनिट के प्रधान कुलदीप कुमार शर्मा, जिनकी 2 आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी, उनमें से दूसरे की भी पहचान हो गई है । एस.एस.पी. ने आज यहां बताया कि उसका नाम कुलदीप सिंह उर्फ़ केपा था,जो थाना पायल के गांव महूड़ का था । बताया जाता है कि वह ज़मानत पर था कि फ़रार हो गया । उसके बाद उसने एक स्कूटर छीना और फिर फिल्लौर के शिव सेना नेता की हत्या कर दी । उसे घायलावस्था में जालन्धर लाया जा रहा था कि रास्ते में वह (दूसरे साथी सहित) दम तोड़ गया । पुलिस चीफ़ ने बताया कि उसका दूसरा साथी परमजीत सिंह मोहल्ला निरंकारी लुधियाना का नहीं था । उसके बाप ने बताया कि उसे पुलिस से बचाने के लिए उसने उसकी गलत तौर पर शिनाख्त की थी । वास्तव में यह जिला रोपड़ का था ।

दुकान को आग लगा दी

कपूरथला (ह.स., शर्मा): कुछ शरारतियों ने गत रात्रि रेलवे रोड कपूरथला पर स्थित किरयाना की एक दुकान को आग लगा दी । दुकान के मालिक महेन्द्र पाल के अनुसार 36000 रुपए मूल्य का सामान जलकर नष्ट हो गया । उसने आरोप लगाया कि शरारतियों ने पहले दुकान पर मोबिल आयल छिड़का और दुकान को आग लगा दी । आग की लपटों से निकटवर्ती प्रिंटिंग प्रैस को भी क्षति हुई । प्रैस को लगभग 10000 रुपए की क्षति हुई है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है,लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

दो टैलीविजन उठा कर ले गए

फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि स्थानीय रेलवे रोड पर 'दीपक इलैक्ट्रानिक्स' की दुकान से कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ताले व दरवाजा तोड़कर एक रंगीन टैलीविज़न, एक श्वेत-श्याम टैलीविजन व रिकार्डिंग डैक सहित लगभग तीस हजार रुपए का सामान उड़ा ले जाने की सूचना मिली है । पता चला है कि अपराधी आधी रात को वारदात के बाद दुकान खुली छोड़कर ही भाग निकले । घटना महसूल चुंगी के बिल्कुल साथ की दुकान में हुई । शहर में एक सप्ताह में यह पांचवीं चोरी की घटना है । सिटी पुलिस को सूचना दे दी गई है ।

स्कूटर छिना

दो अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने गत सायं कपूरथला-सुल्तानपुर लोधी पर गांव बिहारीपुर के निकट पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति मनजीत सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

थानेदार से स्कूटर, उसकी पत्नी से आभूषण छीन लिए

फगवाड़ा से खोसला के अनुसार आज सायं लगभग 4 बजे फगवाड़ा-होशियारपुर रोड पर रेहाना जट्टां गांव के बिजली घर के पास स्कूटर पर जा रहे पति-पत्नी से मौलवी टाईप के दो व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर उनका स्कूटर छीन लिया। पत्नी के आभूषण जिनमें बालियां और चेनी शामिल थीं, भी छीने लिए और फ़रार हो गए । पहले उग्रवादियों ने संकेत देकर पति-पत्नी का स्कूटर खड़ा कर लिया था । दोनों अभियुक्त पैदल आए थे । पति का नाम जसबीर सिंह है । होशियारपुर से प्रद्युम्न की सूचना के अनुसार छीने गए स्कूटर का नंबर सी.एच.क्यू. 5936 है । बताया जाता है कि जसबीर सिंह बिजलीलैस का इंस्पैक्टर है और कपूरथला में तैनात है । थाना सदर फगवाड़ा ने केस दर्ज कर लिया है ।

पिस्तौल दिखाकर 1500 रु. लूट लिए

जालन्धर (ह.स.): स्कूटर सवार संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात स्पोर्ट्स कालेज के निकट एक व्यक्ति से पन्द्रह सौ रुपए लूट लिए । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने साइकल से घर लौट रहे रामप्रकाश को रोका और पिस्तौल दिखाकर उससे पन्द्रह सौ रुपए लूट लिए तथा फरार हो गए ।

यू.पी. निवासी से पिस्तौल मिला

सुरक्षा बलों ने बस्ती बाबा खेल जालन्धर में नाकाबंदी के दौरान राम् पुत्र रामबृढ यादव निवासी गांव मेहदेवा थाना बलीहा (यू.पी.) मार्फत गुरमीत सिंह जाट निवासी मीरपुर थाना सदर को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से 12 बोर की एक देसी पिस्तौल, एक कारतूस और हीरो मैजस्टिक नं. पी.बी.सी. 2471 और नैशनल पैरासोनिक का एक स्टीरियो बरामद किया है । पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया है कि उक्त हीरो मैजिस्टिक उसने न्यू जवाहर नगर, जालन्धर के क्षेत्र से चुराई थी, जबकि स्टीरियो गांव मीरपुर के दर्शन आदधर्मी के घर से चुराया था ।

स्कूटर बरामद

धूरी : लुधियाना पुलिस ने धूरी के ज्ञान सिंह का चेतक स्कूटर नं. पी.आर. क 6957 बी लुधियाना से बरामद किया है और धूरी पुलिस को सौंप दिया है । अभियुक्तों का पता नहीं चल सका ।

फैडरेशन का प्रधान गिरफ्तार

चंडीगढ़ (संघी): आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन मोहाली के प्रधान मनमोहन सिंह खालसा को आज चंडीगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।प्राप्त सूचनाओं के अनुसार उसके कब्जे से देशद्रोह से सम्बद्ध कुछ पैंफलेट बरामद किए गए हैं । पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 124 ए, 153 ए, 420, 468 व 471 के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया है । उसके पास से एक ऐसा बस पास भी मिला है, जिस पर फोटो उसी की थी, लेकिन नाम व पता किसी और नवयुवक का था । पुलिस ने उसका क्षेत्रीय दंडाधिकारी की ओर से 20 नवम्बर तक पुलिस रिमांड ले लिया है ।

जोधपुर के नज़रबंदों....

(पृष्ठ 3 का शेष)

बात सोचते हैं । उन्होंने उग्रवादियों द्वारा मारे सभी राजनीतिक व्यक्तियों को बलिदानी बताया, जिनमें विरोधी दलों के नेता भी शामिल हैं ।

अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह द्वारा गत दिवस इस पद से त्यागपत्र दिए जाने पर टिप्पणी करते हुए श्री दरबारा सिंह ने कहा कि इस त्यागपत्र का अर्थ अकाल तख्त को पंथक कमेटी के हवाले कर देना है । उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने उन्हें अकाल तख्त का जत्थेदार नियुक्त किया था,मगर न यह कमेटी दरबार साहिब तथा अन्य गुरुद्वारों का प्रबन्ध हाथ में रख पाई है और न प्रो. दर्शन सिंह उक्त पद पर बने रह सके हैं ।

श्री दरबारा सिंह ने कहा कि उक्त कमेटी की गत कुछ मास में दो बैठकें हुईं,मगर दोनों दरबार साहिब से बाहर हुईं । अभी कुछ देर पहले आनंदपुर साहिब में हुई उसकी बैठक में जो दो धड़ों में हंगामा हुआ और पगड़ियां तक उछाली गईं, वह उन सब के लिए शर्म की बात है । साथ ही ऐसी शर्मनाक घटना से उनके इस विचार की पुष्टि होती है कि धर्म एवं राजनीति को अलग किया जाए और धर्म स्थानों में केवल परमात्मा तथा पवित्र विभूतियां रहें, जहां से किसी के विरुद्ध घृणा का प्रचार न किया जाए ।

अकाली दल पर चोट करते हुए श्री दरबारा सिंह ने कहा कि श्री बरनाला के नेतृत्व में दल की ओर से पिछले दिन दिल्ली में धरना मारा गया,जिसमें अन्य मांगों के अतिरिक्त पंजाब में श्री बरनाला को पुनः सरकार बनाने की मांग की गई । उन्होंने कहा कि अकाली दल की सरकार की बहाली का तो अब प्रश्न ही नहीं उठता,किन्तु उसकी अन्य मांगें भी वैसी हैं जैसी उग्रवादी उठाते हैं ।

उन्होंने खालिस्तान की मांग के रहते हुए उग्रवादियों से वार्ता करने की मांग करने वालों की कड़ी आलोचना की और कहा कि वह खालिस्तान की मांग के असली मन्तव्य को नहीं समझते । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत में अस्थिरता पैदा करना चाहता है । पंजाब भारत का अंग है और यहां वह खालिस्तान की मांग उठवा रहा है, जिसका अर्थ है कि खालिस्तान यदि बनेगा तो वह पाकिस्तान का भाग ही होगा ।

श्री दरबारा सिंह ने कहा कि ऐसी मांग केंद्र कदापि स्वीकार नहीं कर सकती और वह उग्रवादियों को पूरी सख्ती से कुचलेगी । उन्होंने विरोधी दलों की इस मांग को भी अस्पष्ट बताया कि सरकार पंजाब समस्या का राजनीतिक समाधान करे,किन्तु किसी ने इस सम्बन्ध में कोई ठोस सुझाव नहीं प्रस्तुत किया ।

उन्होंने कहा कि जहां तक पंजाब-समझौते का सम्बन्ध है, उस पर केंद्र ने हर सम्भव ढंग से अमल करने का प्रयास किया है, किन्तु अकाली दल ने ही उसे सिरे चढ़ाने में रुकावटें डाली हैं । उसकी डेढ़ वर्ष तक सरकार रही किन्तु इस समझौते बारे वह आयोगों की सिफारिशों को भी नकारती रही । उन्होंने चंडीगढ़ का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी दृष्टि में चंडीगढ़ संयुक्त पंजाब की राजधानी के रूप में केंद्र के पैसे से निर्मित हुआ था, किन्तु बाद में दो भाइयों के अलग हो जाने से एक भाई को यह कहने का क्या हक है कि दूसरा वहां न ठहरे । यही हल नदियों के पानी पर हक का है । अकालियों की यह युक्ति असंगत है कि हरियाणा अब दरियाई क्षेत्र नहीं रहा,जबकि संयुक्त पंजाब के भाग के रूप में वह ऐसा था ।

अमृतसर व गुरदासपुर के जिलों में उग्रवाद के गहरे होने के कारणों की चर्चा करते हुए श्री दरबारा सिंह ने कहा कि वास्तव में 1925 में एस.जी.पी.सी. के वजूद में आने के समय से ही उस पर इस क्षेत्र के अकाली नेता ही हावी रहे और साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र के ही अधिकतर लोग एस.जी.पी.सी. के कर्मचारी के नाते भर्ती किए । स्वाभाविक है कि अकाली दल जो ज़हरीला व साम्प्रदायिक प्रचार करता रहा, उसका इस क्षेत्र के लोगों पर अधिक प्रभाव हो । इसके अतिरिक्त ये दोनों जिले सीमा पर हैं, जहां पाकिस्तान अपने षड्यंत्रों का जाल बिछा सकता है । उन्होंने कहा कि इस सीमा के अतिरिक्त जम्मू-कश्मीर, राजस्थान तथा गुजरात की सीमा से उग्रवादियों की घुसपैठ आदि आसानी से हो सकती है ।

जि. लुधियाना देहाती कांग्रेस कमेटी भंग

लुधियाना (विनोद महेंद्रा) : पंजाब कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष स. बेअंत सिंह ने लुधियाना जिला देहाती कांग्रेस कमेटी को भंग कर दिया है तथा इसके स्थान पर श्री ओम प्रकाश वैक्टर की अध्यक्षता में एक नई समिति का गठन किया है । श्री बेअंत सिंह ने बताया कि यह कमेटी इसलिए भंग की गई है, क्योंकि यह बेजान हो गई थी । इस कमेटी के कई सदस्यों की मृत्यु हो गई थी तथा अधिकांश की आयु 70 साल से ऊपर थी । उन्होंने बताया कि इस कमेटी की गतिविधियां तेज करने के लिए इसके नए पदाधिकारी तथा सदस्य मनोनीत किए गए हैं । उन्होंने बताया कि श्री ओम प्रकाश वैक्टर को पुनः समिति का अध्यक्ष बनाया गया है । श्री जगरूप सिंह गिल भू.पू विधायक वरिष्ठ उपप्रधान होंगे । अन्य पदाधिकारियों के अतिरिक्त 65 सदस्यीय कार्यकारिणी भी मनोनीत की गई है ।

लड़ाई जीती है, जंग जीतनी है :यश

पंजाब के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री यश ने कांग्रेस शांति अभियान की सफल समाप्ति पर जनता और कांग्रेसजनों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है, "पंजाब में हालात ने सुखद करवट ली है । जनसाधारण को ढाढ़स ही नहीं मिला, अपितु भविष्य के प्रति आशाएं भी दृढ़ हुई हैं । यह विश्वास हुआ है कि अब धार्मिक उन्माद और उग्रवाद को सरलता से संरक्षण नहीं मिल सकेगा । श्री राजीव के निर्देशन, श्री रे के कुशल प्रशासन और श्री रिबैरो के निर्भीक संघर्ष ने पासा पलट दिया है । श्री यश ने यह भी कहा कि यह समझना भूल होगी कि उग्रवाद के विरुद्ध जंग जीत ली गई । अभी एक लड़ाई जीती है, जंग जीतनी शेष है ।

श्री यश ने बताया कि इस अभियान के दौरान पंजाब के विभिन्न भागों में कांग्रेस के पांचों जत्थों ने लगभग पांच सौ जनसभाएं कीं और पांच हजार से अधिक देहात का दौरा किया । लाखों व्यक्तियों से सीधा सम्पर्क स्थापित किया है । श्री गुलाम नबी आजाद और सरदार बेअंत सिंह के अतिरिक्त सैंकड़ों प्रमुख कांग्रेस जनों ने इस अभियान में सक्रिय भाग लिया । जनता ने अपूर्व सहयोग दिया ।

कैरों पी.जी.आई. में दाखिल

चंडीगढ़, 18 नवम्बर (वि.प्र.): स्वतंत्रता सेनानी जसवंत सिंह कैरों सख्त बीमार पड़ गए हैं । उन्हें यहां पी.जी.आई. में दाखिल कराया गया है ।

स्टेट बैंक आफ पटियाला

हर्ष सूचित करते हैं कि
वीं वर्षगांठ के अवसर पर
526वीं शाखा
ार (ज़िला भिवानी)
में
क 19.11.1987
खुल रही है ।

SSC

कर्मचारी चयन आयोग

लेखा परीक्षक/कनिष्ठ लेखाकार/
उच्च श्रेणी लिपिक परीक्षा, 1988

सं० 3/5/87-पी० पी० विभिन्न राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों में स्थित भारत सरकार

मिलिटरी इंजीनिय

सीडब्ल्यूई (पी) (प्राजैक्ट), चंडी

तारा मौसतों के चार पदों के लिए

पंजाब में एक सिपाही घायल, 19 उग्रवादी बंदी : लुधियाना बैंक डकैती का कुछ और धन मिला!

चंडीगढ़, 21 नवम्बर (ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस के एक कर्मचारी को घायल कर दिया और उसके घर से लगभग 4000 रुपए लूट कर ले गए । धुरी एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ । पुलिस व सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले निशान सिंह सहित राज्य के विभिन्न स्थानों से 19 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । फगवाड़ा में एक घर लूटने का प्रयास लोगों ने विफल कर दिया जबकि जिला गुरदासपुर पुलिस ने उग्रवाद की आड़ में लूटपाट करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार करके उनसे बरामद सामान मालिकों को लौटा दिया ।

जालंधर से प्राप्त एक समाचार के अनुसार उग्रवादियों द्वारा नियुक्त तख्त केसगढ़ साहब के कार्यवाहक जत्थेदार भाई दलीप सिंह की निशानदेही पर पुलिस ने लुधियाना के एक बैंक से रिजर्व बैंक आफ इंडिया की चैस्ट से लूटी गई 5.70 करोड़ की राशि का कुछ हिस्सा बरामद कर लिया है । यद्यपि पुलिस ने भाई दलीप सिंह की गिरफ्तारी की घोषणा नहीं की परन्तु विश्वसनीय पुलिस सूत्रों के अनुसार जत्थेदार को जालंधर पुलिस ने गत बुधवार को मोहाली नगर, चंडीगढ़ से हिरासत में लिया था । सिख छात्र संगठन (गुरजीत गुट) ने भी गत दिवस दावा किया था कि भाई दलीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

बताया जाता है कि पुलिस ने अभी तक जत्थेदार की निशानदेही पर एक लाख रुपए से अधिक की राशि बरामद की और अभी अधिक बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं । सूत्रों के अनुसार भाई दलीप सिंह के नेतृत्व वाले कुछ लोगों को लूट के माल में से एक करोड़ रुपए हथियार खरीदने और आतंकवादी गतिविधियों के लिए दिए थे । सूत्रों का विश्वास है कि इस राशि से अधिकांश खर्च की जा चुकी है ।

तीन उग्रवादी गिरफ्तार

अमृतसर (अशोक): आज सायं एस.एस.पी. श्री इजहार आलम ने बताया कि अमृतसर जिला पुलिस ने तीन आतंकवादियों को काबू करने में सफलता प्राप्त की है । उनसे हथियार भी मिले हैं । श्री आलम ने बताया कि एक सूचना के आधार पर घरिंडा पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक जिला जालन्धर के गांव नाल, थाना शाहकोट का निवासी बलविन्दर सिंह है और दूसरा जिला अमृतसर के झबाल थाने के गांव भूमे का निवासी गुरमीत सिंह है ।

श्री आलम के अनुसार दोनों उग्रवादियों को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे एक ही समुदाय के लोगों की हत्या करने की योजना बना रहे थे । गुरमीत सिंह पुलिस को लगभग एक दर्जन लूट की वारदातों में वांछित था ।

ज़िला पुलिस चीफ ने बताया कि बल्टोहा पुलिस को सूचना मिली कि घड्डियाला गांव के एक निवासी प्यारा सिंह के फार्म हाऊस में कुछ उग्रवादी शरण लिए हुए हैं । इस पर पुलिस ने उक्त फार्म हाऊस पर छापा मारकर एक उग्रवादी अजय पाल सिंह को काबू कर लिया जबकि उसके अन्य दो साथी भाग निकलने में सफल हो गए ।

श्री आलम के अनुसार इस आतंकवादी के कब्जे से पुलिस को एक 12 बोर का पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । अजय पाल पुलिस को थाना बल्टोहा के गांव जंड के सुच्चा सिंह की हत्या के केस में वांछित था ।

सिपाही के घर हमला

बाबा बकाला से 'मेहरा' के अनुसार गत रात यहां से 15 किलो मीटर थाना जंडियाला गुरु के गांव मल्लियां में तीन उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस के सिपाही पाल सिंह के घर में बलात् घुस कर घर का कीमती सामान उनके हवाले करने को कहा । पाल सिंह की पत्नी के इंकार करने पर उग्रवादियों ने पाल सिंह को बहुत बुरी तरह से पीटा और घर से 4 हज़ार रुपए लेकर फरार हो गए । पाल सिंह की हालत गम्भीर है । उसे अमृतसर के अस्पताल में दाखिल कराया गया है । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । उग्रवादियों ने पाल सिंह को धमकी दी कि पुलिस में रिपोर्ट लिखवाने के गम्भीर परिणाम होंगे । उग्रवादियों ने मुंह ढांपे हुए थे ।

अमृतसर से 'अशोक' के अनुसार तीन उग्रवादियों ने पाल सिंह का दरवाजा खटखटाया । दरवाजा खोलते ही उग्रवादियों ने पाल सिंह पर किरपानों से हमला किया और घर में घुस गए । उग्रवादी घर से 3500 रुपए ले गए । जालन्धर पी.ए.पी. में तैनात पाल सिंह अपने गांव कुछ दिनों की छुट्टी पर आया हुआ था ।

पंथक कमेटी के खिलाफ केस

अमृतसर सिटी कोतवाली पुलिस ने 5 सदस्यीय पंथक कमेटी के खिलाफ धारा 124 ए व 153 ए के अंतर्गत देशद्रोह का केस दर्ज किया है । यह केस दीवाली के दिन 22 अक्तूबर को खालिस्तानी गतिविधि से सम्बद्ध है ।

24 घुसपैठिए गिरफ्तार

सीमा सुरक्षा बल ने गत रात भारत-पाकिस्तान सीमा के तीन स्थानों से 24 पाकिस्तानी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया । खेमकरण क्षेत्र से 15, घरिंडा क्षेत्र के रुड़ेवाली चौकी के निकट पांच और अटारी क्षेत्र में पुल कंजरी चौकी के निकट चार घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया । सभी को पूछताछ के लिए पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sanad.in

उग्रवादी गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

6 गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): एस. एस. पी. गुरदासपर श्री जे.पी. बिरदी ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि स्थानीय थाना सदर पुलिस ने अलग-अलग पुलिस दल भेज कर 6 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इनमें से एक स्थानीय शकरपुरा क्षेत्र का निवासी निशान सिंह है, जिस पर पाकिस्तान के साथ जासूसी करने का संदेह है । यह संदिग्ध व्यक्ति 1974 और 1984 में चांदी की तस्करी के आरोप में दो बार पाकिस्तान की फैसलाबाद जेल में रह चुका है । श्री बिरदी ने बताया कि गांव सरूपवाली के दो अफीम-तस्करों महिन्दर सिंह और जोगिन्दर सिंह को गिरफ्तार करके पूछताछ केंद्र, अमृतसर भेजा गया है । इन पर आतंकवादियों को हथियार सप्लाई करने का संदेह है । इनके अतिरिक्त जिला अमृतसर के थाना मजीठा के गांव लश्करी नंगल के बलजीत सिंह, बटाला के प्रताप सिंह और तलवंडी लाभ सिंह के सुरिन्दर सिंह को आतंकवाद विरोधी एक्ट के अंतर्गत पकड़ा गया है । इनमें से संदिग्ध युवक बलजीत सिंह को 5 जुलाई 1987 को भी स्थानीय माडल टाऊन के निकट एक व्यक्ति से 41 हजार रुपया छीनने के अभियोग में गिरफ्तार किया गया था और उनमें से 20280 रुपए उससे बरामद भी किए गए थे । अब यह जमानत पर था ।

सीमा सुरक्षा बल की अपील

आज स्थानीय सीमा सुरक्षा बल की ओर से शहर में मुनादी करके लोगों से अपील की गई कि धार्मिक तथा विवाह आदि के समारोहों के समय सीमा सुरक्षा बल को सूचित करें और हर प्रकार की चैकिंग में सहयोग दें । यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसके बारे में तुरन्त सूचना दें । बुद्धिजीवियों से भी अपील की गई कि वे गुमराह युवकों को सीधे रास्ते पर लाने का प्रयास करें और उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा में आने की प्रेरणा देकर सहयोग दें ।

चार लुटेरे गिरफ्तार

गुरदासपुर (ह.स): श्री बिरदी ने बताया कि पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने लूटपाट करने वाले लोगों को आतंकित करने वाले चार लुटेरों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चार तलवारें, एक नकली स्टेनगन, लूटे हुए जेवर और लगभग 45000 रुपए का अन्य लूट का माल बरामद किया है ।

श्री बिरदी के अनुसार इनकी शिनाख्त भूपेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू (रामगढ़िया पोलिटैक्निक फगवाड़ा का द्वितीय वर्ष का छात्र), साईंस में स्नातक सतपाल सिंह उर्फ पाली, टांगा चालक जसवंत सिंह उर्फ जस्सा और एक बस कंडक्टर सतनाम सिंह उर्फ सत्ता के रूप में की गई है । ये सभी इस जिला के गांव नूरपुर के निवासी हैं ।

श्री बिरदी ने कहा कि अभियुक्त जिन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया, ने कुछ डकैती की वारदातें करना स्वीकार किया । उन्हें डकैती के मामलों में गिरफ्तार किया गया था, उग्रवाद उन्मूलन कानून के अंतर्गत नहीं । श्री बिरदी ने बताया कि उनके कब्जे से सिख छात्र संगठन फगवाड़ा ब्रांच के दो सौ लैटरपैड भी बरामद किए गए, जिनका प्रयोग वे लोगों को फिरौती मांगने के लिए करते थे ।

जिला पुलिस चीफ ने बताया कि जेवर और एक तलवार सेखवां गांव के अमरजीत सिंह के घर से लूटी गई थी । यह सामान मालिक को लौटा दिया गया है । इसके अतिरिक्त इसी गांव के एक ठेकेदार के घर से लूटा गया कैलकुलेटर और ट्रांजिस्टर भी मालिक को लौटा दिया गया है । जिला पुलिस चीफ के अनुसार ठेकेदार का लड़का फगवाड़ा पोलिटैक्निक के छात्र के साथ पढ़ता है ।

राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में भाग लेने पर गिरफ्तार

काहनूवान (शर्मा): आज यहां पुलिस ने एक व्यक्ति जगमोहन सिंह जफरवाल को गिरफ्तार किया है । उसके विरुद्ध समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में भाग लेने और खालिस्तान के पक्ष में नारे लगाने का आरोप है । पुलिस ने उसके विरुद्ध केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । अंधक कमेटी का सदस्य वरसन सिंह भी इसी गांव का रहने वाला है ।

हथियारों सहित तीन गिरफ्तार

कपूरथला (ह. स.): कपूरथला और होशियारपुर पुलिस ने सात उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया है ।

कपूरथला के जिला पुलिस चीफ श्री पी.एम. दास ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त तारा सिंह गांव भैल, जिला अमृतसर, बाज सिंह गांव शेख मंगा और रछपाल सिंह गांव सरूपवाला, पुलिस स्टेशन सुल्तानपुर लोधी के रूप में की गई है । इनसे 303 बोर की एक राइफल, 12 बोर की एक नाली बंदूक, एक देसी पिस्तौल और 15 कारतूस बरामद हुए हैं । इन्हें सुल्तानपुर लोधी पुलिस स्टेशन के गांव तकिया के निकट गत रात नाके के दौरान गिरफ्तार किया गया ।

चार गिरफ्तार

होशियारपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए उग्रवादियों की शिनाख्त सुखविंदर सिंह और जोगिंदर सिंह गांव शेरपुर खलिद, बकरा का ओंकार सिंह और खुसरोपुर के तरनजीत सिंह के रूप में की गई है । इनके कब्जे से 12 बोर की एक नाली बंदूक और दस कारतूस बरामद किए गए हैं । पुलिस के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादियों ने स्वीकार किया कि गत 13 सितम्बर को जिला होशियारपुर के गांव असालपुर में डकैती के दौरान धनपत राय की हत्या की थी ।

घर को लूटने की कोशिश : एक काबू

फगवाड़ा (खोसला, कौड़ा): स्थानीय मोहल्ला प्रेम नगर में एक व्यक्ति प्यारा के मकान के अंदर घुस कर तीन लुटेरों ने उसकी 45 वर्षीय पत्नी जोगिन्दर कौर का गला दबा कर और पिस्तौल की नोक पर उसकी बालियां उतारने और घर को लूटने की नाकाम कोशिश की । इसी दौरान औरत ने बाहर निकल कर शोर मचा दिया । इस पर लोगों ने पीछा करके एक लुटेरे को पकड़ लिया, जबकि दो अन्य भागने में सफल हो गए । पकड़े गए लुटेरे रमेश उर्फ महेश ने बताया कि वह गोराया में दर्जी की दुकान करता है । उसके दूसरे साथियों में भी एक गोराया का और दूसरा दोसांझकलां का रहने वाला है । लुटेरों की आयु 20-22 साल है । इनमें से दो सिख और एक मोना है । तीनों पैदल आए और पैदल ही भाग गए ।

पुलिस पार्टियां फरार लुटेरों को पकड़ने के लिए गोराया और दोसांझकलां के लिए रवाना हो गई हैं । पुलिस के अनुसार पकड़े गए लुटेरे से बरामद पिस्तौल नकली है । भागने वालों के पास भी नकली पिस्तौलें थीं ।

रुपया छीनने वाला बंदी

करतारपुर (साहनी): स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह जो गांव हमीरा जिला कपूरथला का रहने वाला बताया जाता है, को हिरासत में लिया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार अभियुक्त स्वर्ण सिंह ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उसने तथा उसके साथी सुरजीत सिंह ने गत 17 अगस्त को जालंधर के एक चीनी के व्यापारी से आठ सौ रुपए तथा एक स्कूटर नम्बर 8210 छीना था, जोकि स्थानीय एस.डी.ओ. का था तथा जिसको पुलिस ने बाद में गांव दियालपुर के पास से बरामद कर लिया था । इसने बताया कि उसका साथी सुरजीत सिंह एक दुर्घटना में मारा जा चुका है । पुलिस द्वारा अभियुक्त का अदालत से चार दिन का रिमांड प्राप्त कर लिया गया है ।

अज्ञात लाश मिली

धूरी (सिंगला): नमोल गांव के पास रजबाहा से एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है, जिसके सिर पर बाल नहीं हैं लेकिन चेहरे पर दाढ़ी है । लौंगोवाल पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

घर-घर तलाशी

जलालाबाद से राकेश मलिक ने खबर दी है कि जीरा में सुरक्षा बलों ने कर्फ्यू लगा कर घर-घर की तलाशी ली है । अभी तक कोई आपत्तिजनक सामग्री मिलने या न मिलने की खबर नहीं मिली ।

नगर पालिकाएं एक साल और भंग रहेंगी : अध्यादेश जारी

होशियारपुर, 21 नवम्बर (अश्विनी): राष्ट्रपति ने पंजाब म्युनिसिपल अधिनियम में संशोधन का अध्यादेश जारी किया है, जिसके अनुसार पंजाब की 16 नवम्बर, 1985 को दो वर्ष के लिए भंग की गई नगर पालिकाओं को भंग रखने की अवधि में और एक साल की वृद्धि कर दी गई है । अब ये नगर पालिकाएं 16 नवम्बर, 1988 तक भंग रहेंगी ।

भगत का घेराव करने वालों पर लाठीचार्ज

नई दिल्ली, 21 नवम्बर (वार्ता): पूर्वी दिल्ली की न्यू अशोक नगर कालोनी में कुछ मकान गिराए जाने का विरोध कर रहे और केंद्रीय मंत्री एच.के.एल. भगत का घेराव कर रहे लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिससे तीस लोग घायल हो गए । पुलिस ने 12 लोग गिरफ्तार कर लिए ।

दूरदर्शन पर आज फिल्म 'रास्ते प्यार के'

नई दिल्ली, 21 नवम्बर : दूरदर्शन द्वारा कल 22 नवम्बर सायं 5.45 बजे से हिन्दी फीचर फिल्म 'रास्ते प्यार के' प्रदर्शित की जाएगी । इसके मुख्य कलाकार हैं जितेंद्र, रेखा तथा शबाना आजमी ।

शुद्धि पत्र

पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के दैनिक पंजाब केसरी में 5.11.87 को प्रकाशित विज्ञापन नं. सी.आर.ए.-153 में कृपया योग्यताएं शीर्षक के नीचे भाग (i) को इस प्रकार पढ़ा जाए :–

"मैट्रिक अथवा इसके समकक्ष योग्यता के साथ लाईनमैन, वायरमैन, इलैक्ट्रीशियन के ट्रेड में से अप्रैंटिसशिप पास हो ।"

गुमशुदा की तलाश



मेरा भाई अशोक कुमार,

Punjab Sanaa

बब्बर खालसा के नेता व उसकी पत्नी की आतंकवादियों द्वारा हत्या

'बी' श्रेणी के 2 आतंकवादी भिड़ंत में मारे गए : एक खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू कमांडर

वस्सन सिंह का बाप रासुका में नज़रबंद : कई गिरफ्तार

चंडीगढ़, 23 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने आज पटियाला में बब्बर खालसा गिरोह के एक नेता तथा उसकी पत्नी की गोलियां मारकर हत्या कर दी। जिला अमृतसर में 'बी' श्रेणी के दो आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए जिनमें से एक के कब्जे से 72 गोलियों वाली अमरीकी कार्बाइन बरामद हुई । इनके अलावा पुलिस ने पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह के बाप को रासुका के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया । राज्य में एक दर्जन के लगभग आतंकवादी और उनके शरणदाता गिरफ्तार किए गए ।

बब्बर खालसा नेता, पत्नी की हत्या

पटियाला (भूषण सरहिंदी): पंजाब रेलवे पुलिस के बर्खास्त हैड कांस्टेबल तथा आतंकवादियों के बब्बर खालसा गिरोह के नेता कुलदीप सिंह तथा उसकी पत्नी परमजीत कौर की आज प्रातः सवा छः बजे के लगभग अज्ञात व्यक्तियों ने उस समय गोलियां मारकर हत्या कर दी, जबकि वे दोनों साइकल पर सवार होकर गुरुद्वारा दुख निवारण साहब में माथा टेकने जा रहे थे । कुलदीप सिंह रेलवे पुलिस के डी.आई.जी. आर.एल. वधवा की हत्या के लिए उनके दफ्तर में बम रखने के केस में संलिप्त था ।

कुलदीप सिंह और उसकी पत्नी आर्य समाज चौक के निकट गली पूर्बियां से गुरुद्वारा के लिए रवाना हुए थे । जब वे सैनिक रैस्ट हाऊस के निकट पहुंचे तो हमलावरों ने उनपर गोलियां चलाईं ।

कुलदीप सिंह को हाल में अदालत ने जमानत पर रिहा किया था और उसकी पत्नी परमजीत कौर शिक्षा विभाग में काम करती थी । उनका एक दो वर्ष का लड़का तथा एक डेढ़ वर्ष की लड़की है। उक्त केस में 14 व्यक्ति संलिप्त थे और कुलदीप सिंह इस गिरोह का नेता था ।

सिविल लाइन्ज पुलिस ने कुलदीप सिंह और परमजीत कौर की हत्या के सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

अनोख सिंह का साथी

कुलदीप सिंह कुख्यात आतंकवादी अनोख सिंह का निकट साथी था, जो कि कुछ समय पूर्व पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया था । उसका जन्म 1 मार्च 1959 को अंदल (पश्चिम बंगाल) में हुआ था । 1978 में उसके एक पड़ौसी हैड कांस्टेबल रमेश कुमार ने उसको रेलवे पुलिस में भर्ती कराया था । उसे अबोहर में नियुक्त किया गया था तथा बाद में उसका तबादला पटियाला में कर दिया गया था । फरवरी 1983 में वह अमृतधारी बन गया तथा बब्बर खालसा के एक सदस्य जतिंदर सिंह की प्रेरणा पर भाई रंधीर सिंह के अखंड कीर्तनी जत्थे का सदस्य बन गया । जतिंदर सिंह ने उसकी मुलाकात कुख्यात आतंकवादी अनोख सिंह से गुरुद्वारा दुख निवारण साहब में कराई ।

इस गिरोह की जांच के दौरान सनसनीपूर्ण तथ्य सामने आए । यह पता चला है कि जुलाई 1985 में अनोख सिंह ने कुलदीप सिंह को उससे गुरुद्वारा बंगला साहब दिल्ली में मिलने को कहा । दिल्ली में कुलदीप सिंह को ट्रांजिस्टर बम चलाने की ट्रेनिंग दी गई । इसके बाद अनोख सिंह उसको पश्चिम पटेल नगर दिल्ली में एक वृद्ध के घर ले गया जिसने उसको चार ट्रांजिस्टर बम दिए और कहा कि वह यह बम पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के एक कर्मचारी गुरशरण सिंह को दे दे जो कि बब्बर खालसा गिरोह का सदस्य था । यह बम हरियाणा में चलाए जाने थे ।

बब्बर खालसा गिरोह के सदस्यों से पूछताछ पर पता चला कि अनोख सिंह जून 1987 में पटियाला में कुलदीप सिंह के घर आया और उसे कहा कि पटियाला में एक आई.पी.एस. अधिकारी की हत्या करनी है । उसने यह कहा कि डी.आई.जी. श्री आर.एल. वधवा को निशाना बनाया जाना चाहिए । तथापि कुलदीप सिंह ने ऐसा करने में हिचकिचाहट दिखाई क्योंकि श्री वधवा ने हमेशा उसका पक्ष लिया था और उसको पदोन्नत करके हैड कांस्टेबल बनाया था लेकिन अन्ततः अनोख सिंह के कहने पर कुलदीप सिंह मान गया क्योंकि यह आदेश 'बब्बर खालसा के जनरल' का था । इसी संदर्भ में कुलदीप सिंह ने बम रखने की योजना बनाई यद्यपि उसका मार्ग दर्शन अनोख सिंह ने किया ।

3 अगस्त 1987 को एक बम डी.आई.जी. रेलवे की कार के साथ नत्थी किया गया जो संयोगवश महाकाली मन्दिर के निकट गिर गया । रेलवे पुलिस मुख्यालय परिसर के मुख्य द्वार के निकट रखा गया दूसरा बम डी.आई.जी. के वहां से गुजरने के कुछ मिनट पहले फट गया । तीसरा बम जो कि जापानी स्टाइल का रिमोट कंट्रोल बम था और परिसर के मुख्य द्वार के सामने वाले हिस्से में रखा गया था, फट नहीं सका और इस को बरामद करके 12 अगस्त को नाकारा बना दिया गया ।

ऐसा शक है कि कुलदीप सिंह जो कि जमानत पर रिहा था, और उसकी पत्नी को कुछ आतंकवादियों ने इसलिए मार डाला कि कहीं कुलदीप सिंह केस में वायदा माफ गवाह न बन जाए ।

दो आतंकवादी मारे गए

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि गत रात अमृतसर जिला में 'बी' श्रेणी के दो आतंकवादी रत्न सिंह जिला होशियारपुर तथा सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा रसूलपुर क्षेत्र जडियाला सुरक्षा बलों की नाका पार्टियों के साथ भिड़ंतों में मारे गए । पुलिस ने उनसे खतरनाक किस्म के हथियार कब्जे में लिए हैं ।

इन भिडंतों का विवरण एस.पी. डिटैक्टिव श्री

(शेष पृष्ठ 6 पर)







(1) अमृतसर के एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेंद्र सिंह उग्रवादी से बरामद हथियार देखते हुए, (2) उग्रवादी का शव, (3) उग्रवादी से बरामद अन्य हथियार आदि । (छाया : ओम भंडारी)







(1) पटियाला में मारे गए बब्बर खालसा के उग्रवादी कुलदीप सिंह गया (छाया : राजू) । (4) थाना ब्यास के गांव कोट मेहताब के चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल और कारतूस ।

युद्ध-विराम की स लिट्टे के खिलाफ

नई दिल्ली, 23 नवम्बर (ह.स., वार्ता): आज प्रातः एक पक्षीय 48 घंटे की युद्धविराम की अवधि समाप्त होने के साथ ही भारतीय शांति सेना ने श्रीलंका में लिट्टे के छापामारों के खिलाफ पुनः कार्रवाई शुरू कर दी । इससे पूर्व इस एक पक्षीय युद्धविराम का लिट्टे ने सकारात्मक प्रत्युत्तर नहीं दिया । यह घोषणा आज यहां सरकारी तौर पर की गई ।

पहले की सूचना थी कि आज प्रातः युद्धविराम समाप्त होने के बावजूद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमले नहीं किए थे पर साथ ही दोनों ही पक्षों ने स्पष्ट किया था कि यदि कोई भी पक्ष हमला करेगा तो दूसरा पक्ष जवाबी कार्रवाई करेगा ।

लेकिन तमिल छापामारों ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वे हथियार डाल देंगे । कोलम्बो में भारतीय अधिकारियों ने कहा है कि युद्ध विराम की अवधि बढाने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि लिट्टे ने अपने हथियार डालने की पूर्व शर्तों के रूप में कुछ नई ऐसी शर्तें पेश कर दी थीं जो किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती थीं ।

आज प्रातः सात बजे समाप्त हुए 48 घंटे के युद्ध विराम की अवधि में लिट्टे ने कई तमिलों की हत्या की ताकि नागरिकों को भारतीय शांति सेना को सहयोग देने से रोका जा सके । लिट्टे ने भारतीय रैडक्रास को

अपना काम करने
बंद रखे जाने सम्

प्रवक्ता ने बत
को धमकी भी दी
देने वाले अथवा उ
गम्भीर परिणाम
भारत ने इस स्थि
कि संसद में विदेश
में युद्धविराम सम्ब
की दिशा में कोई उ
की और अब हथि
लिए कई नई शर्तों
इस स्थिति में शांति
था कि वह उत्तरी
भले को देखते हुए
शुरू कर देती ।

प्रवक्ता ने बत
श्रीलंका में युद्धवि
नटवर सिंह ने स्व
अवधि में लिट्टे क
युद्धविराम की अव
ऐसा नहीं हुआ। लि
सहयोग करने के अ
की हत्या की, उन
दूसरा जाफना में म

अंकलेश्वर का तेल क्षेत्र सूखता जा रहा है

बड़ोदरा, 23 नवम्बर (वार्ता): अंकलेश्वर का तेल भंडार क्रमशः खत्म होता जा रहा है । इस तेल क्षेत्र से 70 के दशक में जहां कुल वार्षिक राष्ट्रीय उत्पादन का तीस प्रतिशत लगभग 30 लाख टन तेल निकाला जाता था, वहां अब प्रति वर्ष सिर्फ 14

दरियापुर बस हत्याकांड में प्रयुक्त जीप के चालक का शव मिला : उग्रवादियों के 70 अड्डे अनावृत

चंडीगढ़, 23 नवम्बर (ह.स.): हरियाणा पुलिस ने अंततः उस जीप के चालक के शव को बरामद कर लिया है जिसकी उग्रवादियों ने गत 7 जुलाई की रात्रि

सिंह उर्फ ऊधम सिंह तथा राजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया था उन्हें वीरता पदक प्रदान करने की

बी.बी.सी. का संवाददाता गिरफ्तार

ढाका, 23 नवम्बर (वार्ता): बी.बी.सी. के बंगला देश स्थित संवाददाता उत्ताउस समद को आज तड़के विशेष अधिकार कानून के अंतर्गत हिरासत में ले लिया गया । उन्हें एक महीने के लिए जेल भेज दिया गया । उनकी गिरफ्तारी के कारण

भजन निरोध

चंडीगढ़, 23
ने केंद्रीय पर्यावरण

Punjabi Samatan

बब्बर खालसा के नेता व उसकी पत्नी की आतंकवादियों द्वारा हत्या

'बी' श्रेणी के 2 आतंकवादी भिड़ंत में मारे गए : एक खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू कमांडर

वस्सन सिंह का बाप रासुका में नज़रबंद : कई गिरफ्तार

चंडीगढ़, 23 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने आज पटियाला में बब्बर खालसा गिरोह के एक नेता तथा उसकी पत्नी की गोलियां मारकर हत्या कर दी। जिला अमृतसर में 'बी' श्रेणी के दो आतंकवादी मठभेड़ों में मारे गए जिनमें से एक के कब्जे से 72 गोलियों वाली अमरीकी कार्बाइन बरामद हुई । इनके अलावा पुलिस ने पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह के बाप को रासुका के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया । राज्य में एक दर्जन के लगभग आतंकवादी और उनके शरणदाता गिरफ्तार किए गए ।

बब्बर खालसा नेता, पत्नी की हत्या

पटियाला (भूषण सरहिंदी): पंजाब रेलवे पुलिस के बर्खास्त हैड कांस्टेबल तथा आतंकवादियों के बब्बर खालसा गिरोह के नेता कुलदीप सिंह तथा उसकी पत्नी परमजीत कौर की आज प्रातः सवा छः बजे के लगभग अज्ञात व्यक्तियों ने उस समय गोलियां मारकर हत्या कर दी, जबकि वे दोनों साइकल पर सवार होकर गुरुद्वारा दुख निवारण साहब में माथा टेकने जा रहे थे । कुलदीप सिंह रेलवे पुलिस के डी.आई.जी. आर.एल. वधवा की हत्या के लिए उनके दफ्तर में बम रखने के केस में संलिप्त था ।

कुलदीप सिंह और उसकी पत्नी आर्य समाज चौक के निकट गली पुर्बियां से गुरुद्वारा के लिए रवाना हुए थे । जब वे सैनिक रैस्ट हाउस के निकट पहुंचे तो हमलावरों ने उनपर गोलियां चलाईं ।

कुलदीप सिंह को हाल में अदालत ने जमानत पर रिहा किया था और उसकी पत्नी परमजीत कौर शिक्षा विभाग में काम करती थी । उनका एक दो वर्ष का लड़का तथा एक डेढ़ वर्ष की लड़की है। उक्त केस में 14 व्यक्ति संलिप्त थे और कुलदीप सिंह इस गिरोह का नेता था ।

सिविल लाइन्ज पुलिस ने कुलदीप सिंह और परमजीत कौर की हत्या के सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

अनोख सिंह का साथी

कुलदीप सिंह कुख्यात आतंकवादी अनोख सिंह का निकट साथी था,जो कि कुछ समय पूर्व पुलिस से मठभेड़ में मारा गया था । उसका जन्म 1 मार्च 1959 को अंदल (पश्चिम बंगाल) में हुआ था । 1978 में उसके एक पड़ौसी हैड कांस्टेबल रमेश कुमार ने उसको रेलवे पुलिस में भर्ती कराया था । उसे अबोहर में नियुक्त किया गया था तथा बाद में उसका तबादला पटियाला में कर दिया गया था । फरवरी 1983 में वह अमृतधारी बन गया तथा बब्बर खालसा के एक सदस्य जतिंदर सिंह की प्रेरणा पर भाई रंधीर सिंह के अखंड कीर्तनी जत्थे का सदस्य बन गया । जतिंदर सिंह ने उसकी मुलाकात कुख्यात आतंकवादी अनोख सिंह से गुरुद्वारा दुख निवारण साहब में कराई ।

इस गिरोह की जांच के दौरान सनसनीपूर्ण तथ्य सामने आए । यह पता चला है कि जुलाई 1985 में अनोख सिंह ने कुलदीप सिंह को उससे गुरुद्वारा बंगला साहब दिल्ली में मिलने को कहा । दिल्ली में कुलदीप सिंह को ट्रांजिस्टर बम चलाने की ट्रेनिंग दी गई । इसके बाद अनोख सिंह उसको पश्चिम पटेल नगर दिल्ली में एक वृद्ध के घर ले गया जिसने उसको चार ट्रांजिस्टर बम दिए और कहा कि वह यह बम पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के एक कर्मचारी गुरशरण सिंह को दे दे जो कि बब्बर खालसा गिरोह का सदस्य था । यह बम हरियाणा में चलाए जाने थे ।

बब्बर खालसा गिरोह के सदस्यों से पूछताछ पर पता चला कि अनोख सिंह जून 1987 में पटियाला में कुलदीप सिंह के घर आया और उसे कहा कि पटियाला में एक आई.पी.एस.अधिकारी की हत्या करनी है । उसने यह कहा कि डी.आई.जी. श्री आर.एल. वधवा को निशाना बनाया जाना चाहिए । तथापि कुलदीप सिंह ने ऐसा करने में हिचकिचाहट दिखाई क्योंकि श्री वधवा ने हमेशा उसका पक्ष लिया था और उसको पदोन्नत करके हैड कांस्टेबल बनाया था लेकिन अन्ततः अनोख सिंह के कहने पर कुलदीप सिंह मान गया क्योंकि यह आदेश 'बब्बर खालसा के जनरल' का था । इसी संदर्भ में कुलदीप सिंह ने बम रखने की योजना बनाई यद्यपि उसका मार्ग दर्शन अनोख सिंह ने किया ।

3 अगस्त 1987 को एक बम डी.आई.जी. रेलवे की कार के साथ नत्थी किया गया जो संयोगवश महाकाली मन्दिर के निकट गिर गया । रेलवे पुलिस मुख्यालय परिसर के मुख्य द्वार के निकट रखा गया दूसरा बम डी.आई.जी. के वहां से गुजरने के कुछ मिनट पहले फट गया । तीसरा बम जो कि जापानी स्टाइल का रिमोट कंट्रोल बम था और परिसर के मुख्य द्वार के सामने वाले हिस्से में रखा गया था, फट नहीं सका और इस को बरामद करके 12 अगस्त को नाकारा बना दिया गया ।

ऐसा शक है कि कुलदीप सिंह जो कि जमानत पर रिहा था, और उसकी पत्नी को कुछ आतंकवादियों ने इसलिए मार डाला कि कहीं कुलदीप सिंह केस में वायदा माफ गवाह न बन जाए ।

दो आतंकवादी मारे गए

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि गत रात अमृतसर जिला में 'बी' श्रेणी के दो आतंकवादी रत्न सिंह जिला होशियारपुर तथा सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा रसूलपुर क्षेत्र जंडियाला सुरक्षा बलों की नाका पार्टियों के साथ भिड़ंतों में मारे गए । पुलिस ने उनसे खतरनाक किस्म के हथियार कब्जे में लिए हैं ।

इन भिडंतों का विवरण एस.पी. डिटैक्टिव श्री

(शेष पृष्ठ 6 पर)





(1) अमृतसर के एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेंद्र सिंह उग्रवादी से बरामद हथियार देखते हुए, (2) उग्रवादी का शव, (3) उग्रवादी से बरामद अन्य हथियार आदि । (छाया : ओम भंडारी)





(1) पटियाला में मारे गए बब्बर खालसा के उग्रवादी कुलदीप सिंह गया (छाया : राज) । (4) थाना ब्यास के गांव कोट मेहताब के चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल और कारतूस ।

युद्ध-विराम की लिट्टे के खिलाफ

नई दिल्ली, 23 नवम्बर (ह.स., वार्ता): आज प्रातः एक पक्षीय 48 घंटे की युद्धविराम की अवधि समाप्त होने के साथ ही भारतीय शांति सेना ने श्रीलंका में लिट्टे के छापामारों के खिलाफ पुनः कार्रवाई शुरू कर दी । इससे पूर्व इस एक पक्षीय युद्धविराम का लिट्टे ने सकारात्मक प्रत्युत्तर नहीं दिया । यह घोषणा आज यहां सरकारी तौर पर की गई ।

पहले की सूचना थी कि आज प्रातः युद्धविराम समाप्त होने के बावजूद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमले नहीं किए थे पर साथ ही दोनों ही पक्षों ने स्पष्ट किया था कि यदि कोई भी पक्ष हमला करेगा तो दूसरा पक्ष जवाबी कार्रवाई करेगा ।

लेकिन तमिल छापामारों ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वे हथियार डाल देंगे । कोलम्बो में भारतीय अधिकारियों ने कहा है कि युद्ध विराम की अवधि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि लिट्टे ने अपने हथियार डालने की पूर्व शर्तों के रूप में कुछ नई ऐसी शर्तें पेश कर दी थीं जो किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती थीं ।

आज प्रातः सात बजे समाप्त हुए 48 घंटे के युद्ध विराम की अवधि में लिट्टे ने कई तमिलों की हत्या की ताकि नागरिकों को भारतीय शांति सेना को सहयोग देने से रोका जा सके । लिट्टे ने भारतीय रैडक्रास को अपना काम करने बंद रखे जाने सम्

प्रवक्ता ने बत को धमकी भी दी दि देने वाले अथवा उ गम्भीर परिणाम भ भारत ने इस स्थि कि संसद में विदेश में युद्धविराम सम्ब की दिशा में कोई उ की और अब हथि लिए कई नई शर्तों इस स्थिति में शांति था कि वह उत्तरी भले को देखते हुए शुरू कर देती ।

प्रवक्ता ने बत श्रीलंका में युद्धवि नटवर सिंह ने स्व अवधि में लिट्टे यु युद्धविराम की अव ऐसा नहीं हुआ। लि सहयोग करने के अ की हत्या की, उन दूसरा जाफना में म

अंकलेश्वर का तेल क्षेत्र सूखता जा रहा है

बड़ोदरा, 23 नवम्बर (वार्ता): अंकलेश्वर का तेल भंडार क्रमशः खत्म होता जा रहा है । इस तेल क्षेत्र से 70 के दशक में जहां कुल वार्षिक राष्ट्रीय उत्पादन का तीस प्रतिशत लगभग 30 लाख टन तेल निकाला जाता था, वहां अब प्रति वर्ष सिर्फ 14

दरियापुर बस हत्याकांड में प्रयुक्त जीप के चालक का शव मिला : उग्रवादियों के 70 अड्डे अनावृत

चंडीगढ़, 23 नवम्बर (ह.स.): हरियाणा पुलिस ने अंततः उस जीप के चालक के शव को बरामद कर लिया है जिसकी उग्रवादियों ने गत 7 जुलाई की रात्रि

सिंह उर्फ ऊधम सिंह तथा राजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया था उन्हें वीरता पदक प्रदान करने की सिफारिश की गई है ।

बी.बी.सी. का संवाददाता गिरफ्तार

ढाका, 23 नवम्बर (वार्ता): बी.बी.सी. के बंगला देश स्थित संवाददाता उत्ताउस समद को आज तड़के विशेष अधिकार कानून के अंतर्गत हिरासत में ले लिया गया । उन्हें एक महीने के लिए जेल भेज दिया गया । उनकी गिरफ्तारी के कारण

भजन निरोध

चंडीगढ़, 23 ने केंद्रीय पर्यावरण

Punjab Sanatan



(1) पटियाला में मारे गए बब्बर खालसा के उग्रवादी कुलदीप सिंह और (2) उसकी पत्नी परमजीत कौर के शव, (3) वह जगह जहां उन्हें मारा गया (छाया : राजू) । (4) थाना ब्यास के गांव कोट मेहताब के पास मुठभेड़ में मारे गए दुर्दांत उग्रवादी रत्न सिंह का शव, (5) उससे मिली चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल और कारतूस । (छाया : जसपाल रैय्या)

Punjabi Sanatan

बब्बर खालसा सरगना

(पृष्ठ 3 का शेष)

राजेन्द्र सिंह ने दिया । पत्रकार सम्मेलन में डी.आई.जी. श्री ए.के. सिद्दीकी भी मौजूद थे । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थाना ब्यास के क्षेत्र में गांव कोट महताब के निकट सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी की हुई थी जबकि आधी रात के समय तीन आतंकवादी उधर से गुजरे जिन्हें सुरक्षा बलों ने चुनौती दी । आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग में आतंकवादी रत्न सिंह मारा गया जबकि उसके दो साथी भागने में सफल हो गए । रत्न सिंह 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' का होशियारपुर क्षेत्र का कमांडर था और 'बी' श्रेणी का आतंकवादी था । उसके कब्जे से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल मिली है । रत्न सिंह ने अपने गिरोह के साथ 21 निर्दोषों की हत्या की, जिनमें कम्युनिस्ट नेताओं कामरेड चनन सिंह धत और कामरेड दर्शन सिंह कैनेडियन की जिला होशियारपुर में हुई हत्या भी शामिल है । रत्न सिंह के गिरोह ने ज्यादातर जिला होशियारपुर और जिला जालन्धर में निर्दोषों की हत्या की । इनमें गांव अलावलपुर में 6 निर्दोषों की हत्या भी शामिल है ।

दूसरा आतंकवादी सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा तरनतारन क्षेत्र के गांव बाठ के निकट सुरक्षा बलों के साथ भिड़त में मारा गया जबकि उसे रात के समय अपने दो साथियों के साथ जाते हुए सुरक्षा बलों की नाका पार्टी ने चुनौती दी । सुखदेव सिंह की लाश के करीब अमरीकी कार्बाइन जिसमें 72 गोलियों का मैगजीन फिट था, पड़ी पाई गई । यह कार्बाइन पहली बार पकड़ी गई जिसमें गोल चक्री की तरह का मैगजीन फिट है । मैगजीन में 64 गोलियां मौजूद थीं, जो पत्रकारों को भी दिखाई गईं । इस आतंकवादी ने अपने गिरोह के साथ 14 निर्दोष लोगों की हत्या की जिनमें तरनतारन क्षेत्र में निहंग बलदेव सिंह, उसकी पत्नी व दो छोटे बच्चों की हत्या भी शामिल है । इसी गिरोह ने गत दिनों मुख्तार सिंह कांस्टेबल, ए.एस.आई. जोगेन्द्र सिंह तथा कम्युनिस्ट वर्कर कामरेड अमरीक सिंह की भी हत्या की थी ।

गोलियां चला कर दो पकड़े

'भाटिया' के अनुसार कल शाम 6 बजे के लगभग सुन्दरनगर कालोनी में पुलिस ने गोलियां चला कर दो संदिग्ध आतंकवादियों को काबू कर लिया ।

बीस हज़ार रु. लूटे

अमृतसर के जंडियाला थाना क्षेत्र के ग्राम वडाला में दो उग्रवादियों ने पंजाब बिजली बोर्ड के कार्यालय से बीस हज़ार रुपए लूट लिए ।

उग्रवादियों ने कार्यालय में घुस कर कैशियर को लूटा और स्कूटर पर फ़रार हो गए ।

झब्बाल थाना क्षेत्र के ग्राम कोट धर्मचंद में उग्रवादियों ने पंजाब सिंध बैंक की शाखा से एक दोनाली, एक नाली बन्दूक लूट ली ।

एक दर्जन गिरफ्तार

अमृतसर के अजनाला क्षेत्र के कई ग्रामों में सुरक्षा बलों ने तलाशियां लेकर एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया । इन ग्रामों में मत्तेनंगल, गोरेनंगल, विसहोवा शामिल हैं ।

कार, स्कूटर छीने

जालन्धर : गत रात जिला जालन्धर में दो अलग-अलग वारदातों में संदिग्ध आतंकवादी एक कार तथा एक स्कूटर लेकर फरार हो गए । कुछ अज्ञात व्यक्ति थाना सदर के अन्तर्गत गढ़ा में एक मकान के बाहर खड़ी मारुति कार ले उड़े । कार के मालिक श्री बी.के. गुप्ता जब बाहर आए तो कार गायब थी । कल शाम थाना नवांशहर के अन्तर्गत गांव गढ़ा झंडेवाले के निकट दो आतंकवादी एक व्यक्ति जगीर सिंह से उसका स्कूटर छीनकर ले गए ।

5 गिरफ्तार

पुलिस सूत्रों ने आज जालन्धर में बताया कि दमदमी टकसाल के भाई दलीप सिंह के बताने पर विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर पुलिस ने पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । सूत्रों के अनुसार छापों के दौरान कुछ हथियार और गोला-बारूद भी पकड़ा गया । गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक का नाम बिल्ला बताया गया है । दलीप सिंह को दीवाली पर अमृतसर में हुए तथाकथित सरबत खालसा में उग्रवादियों ने गुरुद्वारा केसगढ़ साहब का जत्थेदार नियुक्त किया था ।

आज सायं जालन्धर के बंगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुलथम में उग्रवादियों ने धनपत राय से उसका स्कूटर पी.एम.के. 7426 छीन लिया ।

सुरक्षा बलों ने धर्मकोट तथा जलालाबाद में राष्ट्र विरोधी तत्वों को खोज निकालने के लिए घर-घर की तलाशी ली । पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ लोगों को पूछताछ के लिए पकड़ लिया गया है ।

8861 रुपए छीने

लुधियाना (महिन्द्रा): आज यहां के मीना बाजार में दो लुटेरों ने मैट्रो टायर्ज के कर्मचारी राकेश अरोड़ा से उसका बैग छीन लिया तथा फरार हो गए । बैग में 8861 रुपए थे ।

लाश मिली

आज थाना जगराओं के मौजा सोहयां में एक 40 वर्षीय व्यक्ति की लाश मिली । उसके शरीर पर तेजधार हथियारों के निशान थे । लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

वस्सन सिंह का बाप गिरफ्तार

4 कारतूस बरामद किए गए हैं । थाना हरयाना से पकड़े गए दो उग्रवादियों सुरजीत सिंह फतेहपुर तथा जसबीर सिंह असलपुर ने 21 सितम्बर को मौजा फम्मियां के विजय कुमार को गोली मार दी थी जिसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई थी । इन दोनों से एक-एक पिस्तौल और एक-एक कारतूस मिला है । इस प्रकार टांडा पुलिस ने अमरीक सिंह और जगजीत सिंह (दोनों हरगोबिन्दपुर के) तथा रणजीत सिंह रामपुरा तलवाड़ा को गिरफ्तार किया है । जगजीत सिंह जो कि बिजली कर्मचारी है, के माध्यम से यह लोग टांडा में जमा हुए थे और वहां से उन्होंने योजना बनाकर एक व्यक्ति सतपाल को 11 नवम्बर को गोली मारकर घायल कर दिया था । उसे जालन्धर अस्पताल ले जाया गया जहां वह उपचाराधीन है । इससे पहले उन्होंने उसी दिन मौजा भोलपुर के निकट एक स्कूटर नम्बर पी.ए.के. 8713 हरपाल सिंह से छीना था । पुलिस ने यह स्कूटर भी बरामद कर लिया है । इसी बीच तथा कथित दुष्ट सोध खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल बघेल सिंह का एक पत्र एक सम्वाददाता को मिला है जिसमें कहा गया है कि अब वह मासूम लोगों को नहीं मारेंगे परन्तु अपने चारों साथियों की हत्या का बदला जरूर लेंगे जो पुलिस से मुठभेड़ में मारे गए हैं ।

हिमाचल के टीचर

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि अध्यापकों को राज्य सरकार पहले ही काफी कुछ सुविधाएं प्रदान कर चुकी है । उन्होंने कहा कि पंजाब से अधिक वेतनमान की मांग को तो स्वीकार नहीं किया जा सकता है लेकिन अन्य मांगों पर सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी । मुख्यमंत्री ने अध्यापकों से आग्रह किया कि वह अपना आन्दोलन समाप्त करें तथा स्थिति की वास्तविकता को समझें । उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग का बजट तिगुना होकर 16 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है । सरकार अध्यापकों की उचित मांगों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण रवैया रखती है लेकिन अध्यापकों को भी यह अनुभव करना चाहिए कि कोई भी आन्दोलन केवल आन्दोलन की खातिर न किया जाए ।

प्राइमरी अध्यापकों द्वारा 500-700 रुपए के वेतनमानों की मांग की जा रही है ।

युद्ध-विराम की समाप्ति

(पृष्ठ 3 का शेष)

है । तमिल सूत्रों ने भी इसी तरह की जानकारी दी है ।

लेकिन यहां से 220 किलोमीटर दूर बाबुनिया में नागरिकों ने बताया कि आज सुबह लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलिम के एक सदस्य की दूसरे छापामार गुट के सदस्य ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

श्रीलंका में लिट्टे ने सितम्बर में विरोधी गुटों पर हमलों की कार्रवाई शुरू की थी जिनमें कम-से-कम 100 व्यक्ति मारे गए थे ।

श्रीलंका के तमिल लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के नेता वी. प्रभाकरन भारतीय

रिक्त स्थान

उद्योग निदेशालय, पंजाब के इंडस्ट्रीयल फैसिलिटेशन सैल–उद्योग सहायक, के लिए एक असिस्टैंट एडवर्टाइज़मैंट मैनेजर के पद पर भर्ती के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित हैं । समन्वित वेतन 1500/- रुपए (सभी कुछ शामिल) प्रति मास से अधिक नहीं । वह किसी अन्य लाभ यथा चिकित्सा-प्रतिपूर्ति, एच.आर.ए., महंगाई भत्ता आदि के लिए अधिकारी नहीं होगा/होगी ।

उम्मीदवार निम्नलिखित योग्यताएं रखते हों :

1. ग्रैजुएट, मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्थान से पत्रकारिता/मास-कम्युनिकेशन में डिग्री सहित और अंग्रेजी भाषा में अच्छी दक्षता ।
2. प्रचार के लिए आर्ट-वर्क का ज्ञान ।
3. मैट्रिक स्तर तक पंजाबी का ज्ञान ।

अधिमान उन व्यक्तियों को दिया जाएगा, जो किसी सरकारी संगठन या प्रतिष्ठित प्राइवेट एडवर्टाइजमैंट एजैंसी में पब्लिसिटी/कमर्शियल आर्ट में अमली अनुभव रखते हों ।

आयु : 35 वर्ष से अधिक नहीं ।

योग्य उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र, सादे कागज पर, पूर्ण ब्यौरा लिखते हुए, अधोहस्ताक्षरी को इस विज्ञापन के 10 दिनों के अंदर भेज दें । योग्यता और अनुभव के प्रमाण पत्रों की सम्पुष्ट फोटो प्रतियां आवेदन पत्र के साथ भेजी जाएं ।

(एस.आर. बंगर)
आई.ए.एस.
मैनेजिंग डायरैक्टर
पंजाब स्माल इंडस्ट्रीज़ एंड एक्सपोर्ट कार्पोरेशन लिमिटेड, पोस्ट बाक्स नं. 11, सैक्टर 17-डी, चंडीगढ़

फिर न कहना बताया नहीं



गागर में सागर कोर्स की बदौलत 80 साल की उम्र में हकीम परस राम की ये सेहत है, आप भी हर उम्र में यह सेहत कायम रख सकते हैं । आज ही यह कोर्स मंगवा कर खाएं ।

पढ़िए खुशखबरी

तीन पुश्ती हकीम **परस राम एंड संस**, G फर्स्ट–87, मदनगीर, नई दिल्ली-62, गागर में सागर बिल्डिंग का हकीम जी द्वारा तैयार किया हुआ गागर में सागर कोर्स खाइए और जिन्दगी का भरपूर लाभ उठाइए । आज ही 120/- मनीआर्डर करके घर बैठे इलाज करें, पूरा हाल लिखें और राज़-ए-जिंदगी मुफ्त हासिल करें ।

Smithson



UNIVERSAL CYLINDRICAL GRINDING MACHINES
Mfrs. SMITHSON ENGG. PRODUCTS PVT. LTD.,
E-49, IND. AREA, JALANDHAR-144004

हरियाणा अर्बन डिवैलपमैंट अथारिटी

हरियाणा में विभिन्न अर्बन एस्टेटों में सभी प्लाट-धारकों तथा प्लाटों के लिए आवेदकों को निम्नलिखित नीति सम्बन्धी निर्णयों से अवगत कराता है

1. **रिहायशी/कमर्शियल प्लाटों के लिए एक्सटैंशन-शुल्क**

i) कब्जे की पेशकश की तिथि से दो वर्ष की अवधि स्थल के निर्माण के लिए अनुमेय है । तीन वर्ष की वृद्धि की अनुमति, निम्न प्रकार प्रति वर्ग मीटर संवृद्धि-शुल्क के साथ दी जा सकती है :

Punjabi Sanatan

गए ।

5 गिरफ्तार

पुलिस सूत्रों ने आज जालन्धर में बताया कि दमदमी टकसाल के भाई दलीप सिंह के बताने पर विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर पुलिस ने पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । सूत्रों के अनुसार छापों के दौरान कुछ हथियार और गोला-बारूद भी पकड़ा गया । गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक का नाम बिल्ला बताया गया है । दलीप सिंह को दीवाली पर अमृतसर में हुए तथाकथित सरबत खालसा में उग्रवादियों ने गुरुद्वारा केसगढ़ साहब का जत्थेदार नियुक्त किया था ।

आज सायं जालन्धर के बंगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुलथम में उग्रवादियों ने धनपत राय से उसका स्कूटर पी.एम.के. 7426 छीन लिया ।

सुरक्षा बलों ने धर्मकोट तथा जलालाबाद में राष्ट्र विरोधी तत्वों को खोज निकालने के लिए घर-घर की तलाशी ली । पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ लोगों को पूछताछ के लिए पकड़ लिया गया है ।

8861 रुपए छीने

लुधियाना (महिन्द्रा): आज यहां के मीना बाजार में दो लुटेरों ने मैट्रो टायर्ज के कर्मचारी राकेश अरोड़ा से उसका बैग छीन लिया तथा फरार हो गए । बैग में 8861 रुपए थे ।

लाश मिली

आज थाना जगराओं के मौजा सोहयां में एक 40 वर्षीय व्यक्ति की लाश मिली । उसके शरीर पर तेजधार हथियारों के निशान थे । लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

वस्सन सिंह को बाप गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने आज यहां बताया कि जिला पुलिस ने पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह के पिता सुरजीत सिंह को रासुका के अन्तर्गत गिरफ्तार किया है । सरजीत सिंह गांव जफरवाल का निवासी है । वस्सन सिंह के विरुद्ध देशद्रोह, हत्याओं आदि के कई केस दर्ज हैं और सरकार ने उसपर दो लाख का इनाम घोषित कर रखा है । सुरजीत सिंह धारीवाल क्षेत्र का काफी समय जत्थेदार रहा है । श्री बिरदी ने बताया कि डेरा बाबा नानक पुलिस ने माहन निवासी कश्मीर सिंह और धर्मकोट रंधावा निवासी अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया है । इनके विरुद्ध आतंकवादियों से सम्बन्ध रखने और प्रमुख आतंकवादियों को शरण देने के आरोप हैं । इनके अतिरिक्त कान्हवान पुलिस ने जफरवाल निवासी जगमोहन सिंह को आतंकवादियों से सम्बन्ध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): जिला होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने आज यहां बताया कि हरयाना पुलिस ने दो उग्रवादियों तथा टांडा पुलिस ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से 3 पिस्तौल और

Punjabi Tribune

उग्रवादियों द्वारा अमृतसर के गांव में एक अध्यापक की हत्या : जालन्धर में 5, लुधियाना में मुकाबले के बाद 3 गिरफ़्तार

चंडीगढ़, 25 नवम्बर (ह.स., वार्ता, स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि ज़िला अमृतसर के गांव में एक अध्यापक की फ़ायरिंग करके हत्या कर दी, जबकि सुरक्षा बलों ने जालन्धर में पांच और लुधियाना में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । ज़िला जालन्धर में उग्रवादियों से सांठगांठ पर दस पुलिस-कर्मी नज़रबंद और 11 पुलिस-कर्मी जब्री रिटायर किए गए हैं । लुधियाना बैंक डकैती कांड के सम्बन्ध में जालन्धर से गिरफ्तार बाबा दलीप सिंह के पास लूट के रखे डेढ़ करोड़ रुपए में से अधिकांश धन-राशि की चीनी ए.के. 47 असाल्ट राईफलें खरीदी गईं । अलावलपुर में सात हत्याएं करने वाला मुख्य अभियुक्त अमृतसर में सुरक्षा बलों में मुकाबले में मारा गया । श्री हरगोबिंदपुर में उग्रवादियों ने बी एस एफ के 3 लोग घायल कर दिए।

अध्यापक की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): यहां प्राप्त एक सूचना के अनुसार अमृतसर में दयानन्द इंडस्ट्रीयल इंस्टीच्यूट के एक अध्यापक श्री रछपाल सिंह की गत रात्रि उग्रवादियों ने उसके गांव लोहारका खुर्द (थाना मजीठा) में गोलियां मार कर हत्या कर दी और फ़रार हो गए । इस सम्बन्ध में मिली सूचना के अनुसार तीन-चार उग्रवादी गत रात्रि रछपाल सिंह के मकान में दाखिल हुए और उस पर अंधाधुंध फ़ायरिंग की, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । सुरक्षा बलों ने अध्यापक के हत्यारों की तलाश में कई स्थानों पर छापे मारे हैं, लेकिन अभियुक्त पकड़े नहीं जा सके ।

घर लूट लिया

अमृतसर से 'ह.स.' के अनुसार चार संदिग्ध व्यक्तियों ने गत रात्रि थाना घरिंडा क्षेत्र के गांव कालीएवाल में बलवन्त सिंह के घर को लूट लिया और लगभग 20000 रुपए लूट कर ले गए । पुलिस ने कहा है कि संदिग्ध व्यक्ति बलवन्त सिंह के घर में घुस गए, जब उसकी पत्नी बलबीर कौर घर में अकेली थी । अभियुक्त ग्रामीणों को दूर भगाने के लिए फ़ायरिंग करते हुए भाग निकले ।

इसी मध्य पुलिस ने एक व्यक्ति दलजीत सिंह को आज गिरफ्तार किया है और उसके कब्ज़े से 12 बोर का एक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए हैं ।

■ आतंकवादियों से सांठ-गांठ पर 9 पुलिस-कर्मी नज़रबंद, 11 जब्री रिटायर ■ बाबा दलीप सिंह के पास रखे डेढ़ करोड़ रु. से चीनी राईफलें पाक से खरीदी गईं ■ अलावलपुर में सात हत्याएं करने वाला मुख्य अभियुक्त मारा गया ■ उग्रवादी शराब की बोलतें उठा कर ले गए।

मुकाबले के बाद 3 उग्रवादी पकड़े गए

लुधियाना (ह.स.): लुधियाना पुलिस ने आज तड़के सोहियां गांव में नहर के पुल के निकट मुकाबले के बाद स्वर्ण सिंह, निर्मल सिंह और हरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया । ज़िला लुधियाना के पुलिस अधीक्षक श्री ए.पी. पांडे ने कहा है कि अभियुक्तों से दो देसी .38 बोर के पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं । श्री पांडे के अनुसार तीनों अभियुक्तों ने शराब की दुकानें लूटने, एक व्यक्ति से राइफल छीनने और एक व्यक्ति को धमकीपूर्ण पत्र लिखकर उससे धन ऐंठने की वारदातों में अपनी स्वीकारोक्ति की है

नज़रबंद

जालन्धर (क): ज़िला जालन्धर के एस.एस.पी. श्री एस.एस. बैंस ने आज यहां एक सम्वाददाता सम्मेलन में बताया कि ज़िला जालन्धर में उग्रवादियों के साथ सांठगांठ के आरोप में एक हैड-कांस्टेबल तथा 9 कांस्टेबल गत चार मास के दौरान नौकरी से डिसमिस किए जा चुके हैं । इन सभी को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अन्तर्गत नज़रबंद कर दिया गया है ।

11 पुलिस-कर्मी जब्री रिटायर

श्री बैंस ने कहा कि इनके अतिरिक्त दो सब-इंस्पैक्टर, तीन ए.एस.आई., एक हैड-कांस्टेबल तथा पांच कांस्टेबल जब्री रिटायर किए गए हैं, जबकि दो कांस्टेबलों को चार्जशीट के बाद डिसमिस किया जा चुका है ।

56 नज़रबंद

श्री बैंस ने कहा कि ज़िले में कुल 56 व्यक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अधीन नज़रबंद हैं, जबकि दो अन्य व्यक्ति जगतार सिंह तथा परविन्दर सिंह फ़रार हैं, जिनके विरुद्ध नज़रबंदी आदेश जारी हो चुके हैं । श्री बैंस ने बताया कि छः व्यक्ति विदेशी मुद्रा की तस्करी के आरोप में नज़रबंद किए गए हैं, जिनमें रविन्दर सिंह आफ़ अली मुहल्ला, अजदेश कुमार आफ़ गुरुनानकपुरा, बनारसी दास आफ़ सुराजगंज, अशोक कुमार आफ़ गांव खानपुरदड्डा, कुन्दन सिंह आफ़ गांव खुसरोपुर तथा नरिन्दर सिंह आफ़ माडल टाऊन जालन्धर शामिल हैं ।

5 उग्रवादी पकड़े गए

श्री बैंस ने बताया कि गत दिन विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी तथा छापों के दौरान पांच उग्रवादी पकड़े गए, जिनसे पांच पिस्तौल व सात कारतूस बरामद हुए । गिरफ्तार उग्रवादियों के नाम हैं—संतोख सिंह गांव जल्ला सिंह, गिड्डसिंह, निर्मल सिंह व शिंगारा सिंह (तीनों कपूरथला ज़िला) तथा अमरजीत सिंह उर्फ़ बिट्टा गांव पनियां । इनसे एक छीना गया स्कूटर पी.जे.पी. 3229 भी बरामद हुआ है ।

सी.बी.आई. द्वारा बाबा दलीप सिंह से पूछताछ

श्री बैंस ने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक लुधियाना में उग्रवादियों द्वारा की गई डकैती की वारदात के सिलसिले में गत सप्ताह गिरफ्तार किए गए बाबा दलीप सिंह से अब सी.बी.आई. की टीम, जो कि उक्त वारदात की जांच कर रही है, जालन्धर में पूछताछ कर रही है ।

उग्रवादी उसके पास डेढ़ करोड़ छोड़ गए थे

श्री बैंस ने कहा कि बाबा दलीप सिंह छठी कक्षा तक पढ़ा हुआ है । चौक मैहता में गुरुद्वारे की सेवा करने तथा बाद में भिंडरांवाले की निकटता के कारण वह उग्रवादियों के निकट आया, किन्तु उसने कभी स्वयं कोई उग्रवादी कार्रवाई नहीं की । उन्होंने बताया कि उग्रवादी उसे विश्वसनीय समझने के कारण उसके पास उक्त बैंक डकैती से लूटा डेढ़ करोड़ रुपया सम्भालने के लिए रख गए थे, बाद में कई लोगों ने वहां से रुपया प्राप्त किया । पुलिस उनकी तलाश कर रही है । श्री बैंस ने कहा कि बाबा दलीप सिंह पहले ही उक्त वारदात के सम्बन्ध में दर्ज केस में वांछित था ।

लूटे धन से चीनी राईफलें खरीदी गईं

श्री बैंस ने बताया कि अब यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि उक्त लूट के रुपए का बहुत बड़ा भाग पाकिस्तान से चीनी राईफलें खरीदने में खर्च हुआ । यह भी पता चला है कि पाकिस्तान में उक्त हथियार सप्लाई करने वालों ने पहले पेशगी रकमें वसूल कीं और उसके दो तीन सप्ताह बाद हथियार सप्लाई किए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

रबंदों की रिहाई धीन : बूटा सिंह

लेकिन उनमें से किसी ने भी चरस की तस्करी में शामिल होना स्वीकार नहीं किया ।

भजन लाल के विरुद्ध अब तक हरियाणा सरकार द्वारा दर्ज के

हिसार, 25 नवम्बर (नांदवाल): हरियाणा सरकार ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भजन लाल 148, 324, 396 व 397 के अंतर्गत चालान किया गया था । इसके बाद 1962 में सदर थाना

Punjabi Samaaj

अध्यापक की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

7 व्यक्तियों की हत्या करने वाला मारा गया

श्री बैंस ने बताया कि गत 28 सितम्बर को अलावलपुर में सात व्यक्तियों की हत्या करने की जो वारदात हुई थी, उसका मुख्य दोषी रत्न सिंह दो दिन पूर्व अमृतसर जिले में मारा गया ।

पुलिस ने लूट के धन से खरीदे गए दो ट्रक और एक मारुति और तीन अन्य कारें बरामद की हैं ।

लूट की और राशि बरामद

'ह.स.' के अनुसार समझा जाता है कि पुलिस ने उग्रवादियों द्वारा नियुक्त तख्त केसगढ़ साहिब के कार्यकारी जत्थेदार बाबा दलीप सिंह से की गई पूछताछ के आधार पर लुधियाना में 5.70 करोड़ की बैंक डकैती में उग्रवादियों द्वारा लूटी गई राशि में से कुछ और राशि बरामद की है । सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार बाबा दलीप सिंह से की गई पूछताछ के दौरान उस द्वारा बताए एक व्यक्ति से चार लाख से अधिक रुपए बरामद किए गए । पुलिस ने उसे 'बी' श्रेणी का उग्रवादी बताया है, जिसके सिर पर 50,000 रुपए का इनाम है । बताया जाता है कि बाबा दलीप सिंह जिस मकान से पकड़ा गया, वह मकान भी लूटी गई रकम से ही खरीदा गया था ।

युवक के अपहरण का केस दर्ज

होशियारपुर (अश्विनी): पुलिस थाना हरयाना में गांव धामियांकलां के रिटायर्ड कैप्टन सरदारा सिंह के आवेदन पर उनके लड़के रणजीत सिंह के अपहरण का केस दर्ज कर लिया है । रणजीत सिंह 17 नवम्बर को सामान लेने घर से गया, लेकिन वापस नहीं लौटा, बाद में सामान और साइकल रास्ते में पड़ा मिल गया था । रणजीत सिंह का 20 नवम्बर को विवाह होने वाला था । श्री सरदारा सिंह ने गांव के तीन व्यक्तियों बहादर सिंह, सोहन सिंह और रणजीत सिंह पर संदेह व्यक्त किया था । श्री सरदारा सिंह ने बताया कि पहले भी ये लोग ऐसी कोशिश कर चुके थे, लेकिन फिर उन्होंने माफ़ी मांग ली थी ।

कचहरी-कांड में छुड़ाए उग्रवादियों की हथकड़ियां मिलीं

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' के अनुसार सुविज्ञ सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि जालन्धर पुलिस ने जिला होशियारपुर के एक गांव बडाला खास के एक प्राइवेट डाक्टर को हिरासत में लिया है । बताया जाता है कि उसके कब्जे से वे दो हथकड़ियां बरामद हुई हैं, जो कुछ समय पूर्व जिला कचहरी जालन्धर में पुलिस कर्मचारियों की हत्या करने के बाद छुड़ाए गए उग्रवादियों को लगी हुई थीं । डाक्टर के कब्जे से कुछ गोला बारूद भी बरामद हुआ बताया जाता है । इस डाक्टर की पकड़-धकड़ गत दिनों एक उग्रवादी द्वारा जांच के दौरान किए गए रहस्योद्घाटन पर की गई । पता चला है कि इस डाक्टर को एक बार पहले भी हिरासत में लिया गया था, लेकिन उससे कुछ बरामद नहीं हुआ था । जिला होशियारपुर पुलिस ने इस मामले में अज्ञानता प्रकट की है ।

पांच परिवार पलायन कर गए

खन्ना (पूर्ण): यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव जगं में अल्पसंख्यक सम्प्रदाय के पांच परिवार गांव लाल पत्र सोंधी राम की बजाजी की दुकान को उग्रवादियों ने आग लगा दी, आग भड़कने से पूर्व दुकान के मालिक के जाग जाने से पड़ौसियों ने आग पर काबू पा लिया । आग बुझाने की कोशिश में दुकान के मालिक का एक हाथ झुलस गया । उल्लेखनीय है कि एक मास पूर्व इसी गांव में एक व्यक्ति रूलदू राम की टैंटों की दुकान भी जला दी गई थी, जिससे सत्तर हजार रुपए की क्षति हुई थी ।

ठेके से बोतलें उठाकर ले गए

फगवाड़ा (खोसला): कल रात्रि यहां से पांच किलो मीटर दूर फगवाड़ा-होशियारपुर सड़क पर स्थित गांव खुर्रमपुर में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने वहां देसी शराब के ठेके के शटर के ताले तोड़ कर देसी शराब की 300 बोतलें एक टैम्पो में भर कर फ़रार हो गए । हानि का अनुमान लगभग 10000 रुपए लगाया गया है ।

उग्रवादियों के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा : रिबैरो

भटिंडा (ह.स.): पंजाब पुलिस के महानिदेशक जूलियस फ्रांसिस रिबैरो ने यह संकल्प दोहराया कि जब तक उग्रवादी अपने हथियार नहीं डालते, निर्दोष लोगों की हत्या बंद नहीं करते और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को तिलांजलि नहीं देते, उनके खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा । श्री रिबैरो भटिंडा जिले के जलाल गांव में "लोक शक्ति समागम" में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि सरकार दरबार साहब परिसर में उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए कृत-संकल्प है, जो धमकी पूर्ण पत्र लिख कर लोगों से धन ऐंठते हैं । उन्होंने कहा कि कोई सच्चा सिख निर्दोष स्त्री, पुरुषों व बच्चों की हत्या नहीं कर सकता । उन्होंने इस आरोप को गलत बताया कि नकली मुठभेड़ में निर्दोषों को मारा जाता है ।

बी.एस.एफ. की जीप पर हमला

बटाला से कोछड़ के अनुसार आज रात्रि दस बजे थाना श्री हरगोबिन्दपुर के ग्राम गंडे के चोने के निकट उग्रवादियों ने घात लगाकर फायरिंग करके बी.एस.एफ. के तीन अधिकारियों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । जिनके नाम नायक सतबीर सिंह, हैड कांस्टेबल राम पाटिल, कांस्टेबल सी.एच. नायर हैं । ये लोग जीप पर गश्त कर रहे थे, जब उन पर हमला किया गया ।

पिस्तौल बरामद

अमृतसर पुलिस ने आज प्रातः थाना डिविजन 'सी' के क्षेत्र में स्थित गांव गुजरपुरा में एक व्यक्ति जगजीत सिंह से एक 12 बोर का पिस्तौल और 3 कारतूस बरामद किए हैं ।

पाक घुसपैठिया मारा गया

फिरोजपुर (धीमान): गत रात्रि फिरोजपुर सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुकाबले में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । बताया गया है कि नाकाबंदी ड्यूटी के दौरान बी.एस.एफ. की पार्टी ने गत रात्रि डारीके के निकट दो पाकिस्तानियों को पाकिस्तान से आते हुए देखा । चुनौती दिए जाने पर उन्होंने बी.एस.एफ. के जवानों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । जवानों द्वारा की गई फायरिंग से एक घुसपैठिया मारा गया जबकि उसका साथी भाग निकला ।

पंजाब इंका के 6 प्रमुख

(पृष्ठ 3 का शेष)

Punjabi Sanjaj

पूर्व अमृतसर जिले में मारा गया ।

पुलिस ने लूट के धन से खरीदे गए दो ट्रक और एक मारुति और तीन अन्य कारें बरामद की हैं ।

लूट की और राशि बरामद

'ह.स.' के अनुसार समझा जाता है कि पुलिस ने उग्रवादियों द्वारा नियुक्त तख्त केसगढ़ साहिब के कार्यकारी जत्थेदार बाबा दलीप सिंह से की गई पूछताछ के आधार पर लुधियाना में 5.70 करोड़ की बैंक डकैती में उग्रवादियों द्वारा लूटी गई राशि में से कुछ और राशि बरामद की है । सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार बाबा दलीप सिंह से की गई पूछताछ के दौरान उस द्वारा बताए एक व्यक्ति से चार लाख से अधिक रुपए बरामद किए गए । पुलिस ने उसे 'बी' श्रेणी का उग्रवादी बताया है, जिनके सिर पर 50,000 रुपए का इनाम है । बताया जाता है कि बाबा दलीप सिंह जिस मकान से पकड़ा गया, वह मकान भी लूटी गई रकम से ही खरीदा गया था ।

युवक के अपहरण का केस दर्ज

होशियारपुर (अश्विनी): पुलिस थाना हरयाना में गांव धामियांकलां के रिटायर्ड कैप्टन सरदारा सिंह के आवेदन पर उनके लड़के रणजीत सिंह के अपहरण का केस दर्ज कर लिया है । रणजीत सिंह 17 नवम्बर को सामान लेने घर से गया, लेकिन वापस नहीं लौटा, बाद में सामान और साइकल रास्ते में पड़ा मिल गया था । रणजीत सिंह का 20 नवम्बर को विवाह होने वाला था । श्री सरदारा सिंह ने गांव के तीन व्यक्तियों बहादर सिंह, मोहन सिंह और रणजोध सिंह पर संदेह व्यक्त किया था । श्री सरदारा सिंह ने बताया कि पहले भी ये लोग ऐसी कोशिश कर चुके थे, लेकिन फिर उन्होंने माफ़ी मांग ली थी ।

कचहरी-कांड में छुड़ाए उग्रवादियों की हथकड़ियां मिलीं

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' के अनुसार सुविज्ञ सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि हाल ही में पुलिस ने जिला होशियारपुर के एक गांव रेहला खास के एक प्राइवेट डाक्टर को हिरासत में लिया है । बताया जाता है कि उसके कब्जे से वे दो हथकड़ियां बरामद हुई हैं, जो कुछ समय पूर्व जिला कचहरी जालन्धर में पुलिस कर्मचारियों की हत्या करने के बाद छुड़ाए गए उग्रवादियों को लगी हुई थीं । डाक्टर के कब्जे से कुछ गोला बारूद भी बरामद हुआ बताया जाता है । इस डाक्टर की पकड़-धकड़ गत दिनों एक उग्रवादी द्वारा जांच के दौरान किए गए रहस्योद्घाटन पर की गई । पता चला है कि इस डाक्टर को एक बार पहले भी हिरासत में लिया गया था, लेकिन उससे कुछ बरामद नहीं हुआ था । जिला होशियारपुर पुलिस ने इस मामले में अज्ञानता प्रकट की है ।

पांच परिवार पलायन कर गए

खन्ना (पूर्ण): यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव जग में अल्पसंख्यक सम्प्रदाय के पांच परिवार गांव छोड़ कर चले गए हैं । दो परिवार खन्ना में, एक लुधियाना, एक अम्बाला, एक फरीदाबाद चला गया है । बताया जाता है कि गांव के एक व्यक्ति मदन

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 25.11.87 Rs. 75/- without trays. NECC Suggested Retail Price 9.85 per Dozen.

ठेके से बोतलें उठाकर ले गए

फगवाड़ा (खोसला): कल रात्रि यहां से पांच किलो मीटर दूर फगवाड़ा-होशियारपुर सड़क पर स्थित गांव खुरमपुर में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने वहां देसी शराब के ठेके के शटर के ताले तोड़ कर देसी शराब की 300 बोतलें एक टैम्पो में भर कर फ़रार हो गए । हानि का अनुमान लगभग 10000 रुपए लगाया गया है ।

उग्रवादियों के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा : रिबैरो

भटिंडा (ह.स.): पंजाब पुलिस के महानिदेशक जूलियस फ्रांसिस रिबैरो ने यह संकल्प दोहराया कि जब तक उग्रवादी अपने हथियार नहीं डालते, निर्दोष लोगों की हत्या बंद नहीं करते और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को तिलांजलि नहीं देते, उनके खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा । श्री रिबैरो भटिंडा जिले के जलाल गांव में "लोक शक्ति समागम" में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि सरकार दरबार साहब परिसर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए कृत-संकल्प है, जो धर्मकी पूर्ण पत्र लिख कर लोगों से धन ऐंठते हैं । उन्होंने कहा कि कोई सच्चा सिख निर्दोष स्त्री, पुरुषों व बच्चों की हत्या नहीं कर सकता । उन्होंने इस आरोप को गलत बताया कि नकली मुठभेड़ में निर्दोषों को मारा जाता है ।

बी.एस.एफ. की जीप पर हमला

बटाला से कॉफ़ड़े के अनुसार आज रात्रि दस बजे थाना श्री हरगोबिन्दपुर के ग्राम गंडे के चोने के निकट उग्रवादियों ने घात लगाकर फायरिंग करके बी.एस.एफ. के तीन अधिकारियों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । जिनके नाम नायक सतबीर सिंह, हैड कांस्टेबल राम पाटिल, कांस्टेबल सी.एच. नायर हैं । ये लोग जीप पर गश्त कर रहे थे, जब उन पर हमला किया गया ।

पिस्तौल बरामद

अमृतसर पुलिस ने आज प्रातः थाना डिविजन 'सी' के क्षेत्र में स्थित गांव गुजरपुरा में एक व्यक्ति जगजीत सिंह से एक 12 बोर का पिस्तौल और 3 कारतूस बरामद किए हैं ।

पाक घुसपैठिया मारा गया

फिरोजपुर (धीमान): गत रात्रि फिरोजपुर सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुकाबले में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । बताया गया है कि नाकाबंदी ड्यूटी के दौरान बी.एस.एफ. की पार्टी ने गत रात्रि डारीके के निकट दो पाकिस्तानियों को पाकिस्तान से आते हुए देखा । चुनौती दिए जाने पर उन्होंने बी.एस.एफ. के जवानों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । जवानों द्वारा की गई फायरिंग से एक घुसपैठिया मारा गया जबकि उसका साथी भाग निकला ।

पंजाब इंका के 6 प्रमुख

(पृष्ठ 3 का शेष)

है । पंडित मोहन लाल को कोषाध्यक्ष तथा श्री जोगिन्दर सिंह मान, श्रीमती रतना, श्री सतपाल पराशर को संयुक्त सचिव एवं श्री अश्विनी कुमार को संगठन सचिव बनाया गया है । श्री आजाद ने बताया कि केवल उन्हीं नेताओं को उनके पदों पर कायम रखा गया है, जिन्होंने इंका के जन सम्पर्क कार्यक्रम में रुचि ली थी । हटाए गए नेताओं में प्रदेश इंका के तीन महासचिव, 2 संयुक्त सचिव तथा एक संगठन के सचिव शामिल हैं । उन्होंने बताया कि प्रदेश इंका के महासचिवों की संख्या 10

Punjabi Samachar

पंजाब में 4 दर्जन दुर्दांत उग्रवादी काबू : भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र और लूट का माल बरामद : बी.एस.एफ़. के जवान सहित 5 की हत्या

चंडीगढ़, 26 नवम्बर (ह.स., वार्ता, स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला गुरदासपुर में दो भाइयों की हत्या कर दी, जबकि आज दोपहर नवांशहर में दो व्यक्तियों को मार दिया । गत रात्रि उग्रवादियों द्वारा बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी पर घात लगाकर किए गए हमले से घायल तीन जवानों में से एक घावों की ताव न सहता हुआ आज दम तोड़ गया । पंजाब में आज लगभग 42 उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सुरक्षा बलों को सफलता मिली है, जिनसे भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद हुए हैं । इन गिरफ्तार उग्रवादियों में से अधिकांश खालिस्तान कमांडो फोर्स और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बद्ध हैं । संगरूर में पकड़े गए उग्रवादी किसी पुलिस अधिकारी और नेता की हत्या करने की योजना बना रहे थे, जबकि फरीदकोट में पकड़े गए उग्रवादियों से लूट के 64640 रुपए भी बरामद किए गए हैं । सी.बी.आई. ने तख्त केसगढ़ के उग्रवादियों द्वारा नियुक्त जत्थेदार बाबा दलीप सिंह के भाई से पुलिस ने 1.20 लाख रुपया बरामद किया है, जो उसने होशियारपुर के बैंक में जमा करवा रखा था । कपूरथला में शराब के ठेके के एक कर्मचारी को घायल करके उग्रवादी ठेके से 8000, जिला जालन्धर की एक सहकारी समिति से 10000 रुपए लूट कर ले गए । जिला जालन्धर में एक उग्रवादी पुलिस हिरासत से फरार हो गया ।

संवाददाता का अपहरण

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि तीन अज्ञात आतंकवादियों ने जालंधर के एक पंजाबी समाचार पत्र के संवाददाता श्री बलदेव सिंह भाटिया निवासी रडियाला का अपहरण कर लिया । जिला पुलिस चीफ़ श्री जे.पी. बिरदी के अनुसार कलानौर के गांव रडियाला में गत रात 9.30 बजे तीन आतंकवादी जिनके पास एक रिवाल्वर व स्टेनगन थी और जो कम्बल ओढ़े हुए थे, श्री बलदेव सिंह भाटिया का उनके घर से अपहरण करके ले गए । श्री बलदेव सिंह की पत्नी सुखविंदर कौर ने बताया कि आतंकवादियों ने उनके सामने कोई मांग नहीं रखी । उन्होंने आते ही श्री भाटिया को साथ चलने को कहा । सुखविंदर कौर के बयान पर कलानौर थाना में केस दर्ज कर लिया गया है । बलदेव सिंह का अभी तक कुछ पता नहीं चला । श्री बिरदी ने बताया कि इन आतंकवादियों में से एक की शिनाख्त कर ली गई है । उन्होंने आशा व्यक्त की कि केस को शीघ्र हल कर लिया जाएगा ।

दो भाइयों की हत्या

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर के थाना श्रीहरगोबिंदपुर की पुलिस चौकी ऊधनवाल क्षेत्र के गांव चौड़ा मदरा में आज तड़के लगभग तीन बजे तीन अज्ञात युवकों ने फ़ायरिंग करके दो सगे भाइयों तरसेम सिंह (40) व सुरजीत सिंह (32) की हत्या कर दी । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तड़के तीन अज्ञात युवक मृतकों के घर आए व सुरजीत सिंह से उसके भाई तरसेम सिंह के बारे में पूछा । उसने बताया कि वह जोगिन्द्र सिंह के घर विवाह में गया है । वह उसे साथ लेकर विवाह वाले घर चले गए । वहां फ़ायरिंग करके दोनों भाइयों की हत्या कर दी । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स की एक चिट्ठी घटनास्थल से प्राप्त हुई है, जिस पर जनरल तूफ़ान सिंह खालसा के हस्ताक्षर हैं व लिखा है कि तरसेम सिंह पुलिस का मुखबिर था, इसलिए इसकी हत्या की गई है । दोनों भाई ईसाई/सांसी बिरादरी के थे व रिक्शा चलाते थे । बटाला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव उनके वारिसों को दे दिए गए ।

कोई भी मदद करने न आया

'ह.स.' के अनुसार सुरजीत सिंह जब उग्रवादियों के साथ विवाह वाले घर में पहुंचा तो उसने खतरा भांप लिया और उग्रवादियों को बताया कि तरसेम सिंह वहां नहीं है । इस अवसर पर एक उग्रवादी ने तरसेम सिंह को आवाज़ लगाई, जैसे ही तरसेम सिंह घर के दरवाजे पर प्रकट हुआ, उसकी गोलियां मारकर हत्या कर दी । सुरजीत सिंह भी बच न सका और वह भी मारा गया । पुलिस ने कहा है कि वारदात के समय घर में मौजूद कई अतिथि जाग रहे थे, लेकिन कोई भी इन दोनों भाइयों की मदद करने न आया । बताया जाता है कि दर्दांत उग्रवादी मथरा सिंह, जो कल मारे गए पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था, इसी गांव का रहने वाला था । पुलिस को दोनों भाइयों की हत्या की वारदात की प्रातः सूचना दी गई ।

मुठभेड़ के पश्चात् दो गिरफ्तार

स्थानीय थाना सदर पुलिस ने गत रात गांव दोबावाली के निकट संक्षिप्त मुकाबले के पश्चात् दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । जिला गुरदासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि इनकी शिनाख्त गांव चीमा खुड्डी के मोहिन्दर सिंह व गांव मड़ियांवाला के हरभजन सिंह के रूप में की गई है और इनसे एक पिस्तौल, दो चले व दो अनचले कारतूस बरामद हुए हैं ।

कई वारदातों की स्वीकारोक्ति

श्री बिरदी ने आगे बताया कि अभियुक्तों ने प्रारंभिक पूछताछ में स्वीकार किया है कि 11 अगस्त 87 को इन्होंने गांव चीमां खुड्डी के नम्बरदार सुरजीत सिंह व 5 सितम्बर 87 को गांव जमालपुर में कंसराज की हत्या की थी । श्री बिरदी ने आगे कहा कि 17 सितम्बर, 87 को इनकी मुठभेड़ श्रीहरगोबिन्दरपुर पुलिस के साथ हुई थी जिसमें ये अपने हथियार दो 12 बोर की दोनाली, एक 315 बोर की राइफल व 303 बोर की पिस्तौल फैंक कर फ़रार हो गए थे । श्री बिरदी ने आगे कहा कि पकड़ा गया हरभजन सिंह गत वर्ष मोहाली में बैंक लूटते मारे गए गत गांव चौधरीवाल के संदिग्ध युवक केवल सिंह का साथी है और जिला होशियारपुर में वारदातें करता रहा है, उससे आगे पूछताछ जारी है ।

पनाह देने में तीन गिरफ्तार

श्री बिरदी ने आगे बताया कि थाना फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस ने निरोधक एक्ट के तहत तीन संदिग्ध लोगों अमरजीत सिंह, हरजिन्दर सिंह व सुखविंदर सिंह गांव दाधुजोध को गिरफ्तार किया है । इन पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप है ।

सीमा सुरक्षा बल की पार्टी पर हमला : 1 जवान मरा, दो घायल

'ह.स.' के अनुसार एक अन्य वारदात में संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात श्रीहरगोबिंदपुर पुलिस थाना क्षेत्र में ही गंडे के छोने गांव के निकट सीमा सुरक्षा बल के एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया और तीन जवानों को घायल कर दिया । इनमें एक जवान श्री राम पाठक की बाद में अस्पताल में आज मृत्यु हो गई ।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि पांच आतंकवादियों के एक गिरोह ने गश्ती दल पर स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाईं और अंधेरे की आड़ में भागने में सफल हो गए ।

घायल जवानों के नाम हैं : हैड-कांस्टेबल के.जी.एस. नायर, ड्राइवर सतवीर सिंह । घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । पुलिस हमलावरों की तलाश के लिए ज़बरदस्त सरगर्म हो गई है ।

दोनों घायल जवानों की दशा भी नाज़ुक बताई जाती है ।

बटाला उग्रवादियों का स्वर्ग नहीं रहा

बटाला से 'ह.स.' के अनुसार गत वर्ष जून से जब सीमा सुरक्षा बल ने आंतरिक सुरक्षा की ड्यूटी सम्भाली, तब से ही उसके उग्रवादियों के विरुद्ध जारी निरंतर अभियानों से सीमांत जिले गुरदासपुर का बटाला उपमंडल उग्रवादियों का स्वतंत्र क्षेत्र नहीं रहा । वास्तव में सीमा सुरक्षा बल ने क्षेत्र में पहुंचते ही अपनी उपस्थिति को अनुभव करवा दिया था, जब उसने 24 जून को गांव कला बामनियां में एक मुठभेड़ में तीन दुर्दांत उग्रवादियों गुरमेज सिंह गंजा, रणजीत सिंह बाबा और मखन सिंह चित्त को मार गिराया था । गुरमेज सिंह के सिर पर एक लाख रुपए का इनाम था, जबकि शेष दोनों उग्रवादियों के लिए 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित था । 30 सितम्बर को निकटवर्ती गांव मसानियां में नौ लोगों की हत्या की घटना को छोड़ कर इस वर्ष उपमंडल में कहीं कोई प्रमुख उग्रवादी वारदात नहीं हुई । यह जानकारी बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री चमन लाल ने दी ।

पलायन रुक गया

बटाला उन 16 उपमंडलों में से एक है, जिसे गत वर्ष गड़बड़ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया था । डी.आई.जी. ने जालन्धर के संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि जब बी.एस.एफ. को क्षेत्र में लाया गया था, उस समय अल्पसंख्यक समुदाय का पलायन जोरों पर था, अब यह आशिक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बादल रिहा होंगे : टोहरा की रिहाई संदिग्ध

चंडीगढ़, 26 नवम्बर (वि.प्र.): पंजाब सरकार के एक वरिष्ठ प्रवक्ता के अनुसार पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल और शिरोमणि कमेटी के प्रधान श्री गुरचरण सिंह टोहरा को दो दिसम्बर को रिहा किया जा रहा है । ये दोनों इस समय मध्य प्रदेश की जेलों में रासुका के तहत बंद हैं । प्रवक्ता ने बताया है कि श्री टोहरा को कल 27 नवम्बर को जोधपुर ले जाया जा रहा है जहां उनके विरुद्ध आपरेशन ब्लयू स्टार के दौरान सरकार के विरुद्ध युद्ध करने का मुकद्दमा चल रहा है ।

प्रवक्ता ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि श्री टोहरा की नजरबंदी दो दिसम्बर को समाप्त हो रही है परन्तु क्योंकि उनके विरुद्ध सी.बी.आई. की जांच चल रही है अतः सम्भव है कि वह जेल से बाहर न आएं और उनको मध्य प्रदेश की रायपुर जेल से जोधपुर जेल में भेज दिया जाए । प्रवक्ता ने बताया है कि इन दोनों नेताओं के विरुद्ध पंजाब सरकार के पास कोई मामला लम्बित नहीं है । क्योंकि इनकी नजरबंदी की अवधि दो दिसम्बर को समाप्त हो रही है लेकिन तकनीकी तौर पर यह आवश्यक नहीं है कि विधिवत इनकी रिहाई के आदेश जारी हों । जेल अधिकारियों को मात्र संकेत ही किया जाना बाकी है

एकीकृत अकाली दल द्वारा दर्शन सिंह के दिल्ली मार्च के समर्थन की घोषणा

अमृतसर, 26 नवम्बर (वि.प्र.): अमृतसर में आज एकीकृत अकाली दल की मीटिंग श्री उजागर सिंह सेखवां की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कैप्टन अमरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह ढींडसा, बलदेव सिंह भूंडर, शमिन्दर सिंह सांसद, रंजीत सिंह ब्रह्मपुरा इत्यादि शामिल हुये । मीटिंग के बाद जत्थेदार उजागर सिंह सेखवां ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि प्रो. दर्शन सिंह ने चार दिसम्बर का दिल्ली मार्च का जो कार्यक्रम बनाया है, हम उसका पूर्ण समर्थन करते हैं और इस मार्च में हम उनके साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे तथा इसके प्रबंध में भी उनकी मदद करेंगे ।

मीटिंग में कुछ प्रस्ताव पारित किये गये, जिनमें कहा गया है कि सिखों के साथ भारत में भेदभावपूर्ण सलूक किया जा रहा है, अतः इस अन्याय के खिलाफ़ संघर्ष करने का फैसला किया गया है और इस उद्देश्य के लिये अन्य जत्थेबंदियों (अकालियों) से भी सम्पर्क किया जाएगा । इस संघर्ष को राष्ट्रीय संघर्ष का नाम दिया जाएगा ।

Punjab Sentinel

5 व्यक्तियों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

रूप से रुक गया है । पलायन की केवल एक मात्र घटना मसानियां गांव में हुई है, जहां पांच परिवार पलायन करके बटाला नगर में आ गए । जिले के पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. बिरदी ने बाद में बताया कि ये सभी परिवार गांव में बी.एस.एफ. की चौकी कायम होने के बाद वापस चले गए हैं । डी.आई.जी. ने कहा कि उग्रवादी आकस्मिक कार्रवाई करते हैं, अब वे उस निर्भयता से कार्रवाइयां नहीं कर सकते, जिस निर्भयता से वे पहले करते थे । अब लगातार सर्वेक्षण, गश्त और छिपने के स्थानों पर छापे पड़ने से उग्रवादी बचाव करने में लगे हुए हैं । उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल अब लोगों के भयों को दूर करने और उग्रवादियों के मनों में भय उत्पन्न करने के योग्य हैं ।

6 उग्रवादी मारे गए

प्रथम बटालियन के कार्यकारी कमांडेंट श्री एच.एस. वर्मा, जिनके पास उपमंडल के 188 गांवों की सुरक्षा का भार है, ने कहा कि इस वर्ष इस क्षेत्र में 6 उग्रवादी मारे गए, जिनमें खालिस्तान रिजर्व फोर्स का स्वयंभू महानिदेशक बघेल सिंह, खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का जनरल मस्तान सिंह भी शामिल है । इस वर्ष दो स्टेनगनें, 5 बन्दूकें, 23 पिस्तौलें, दो हथगोले और 238 चक्र गोलियां बरामद की गई जबकि शस्त्र निर्माण की एक फैक्टरी, चार स्कूटर और 2 मोटर-साइकिल बरामद किए गए । अब तक गिरफ्तार किए गए 104 व्यक्तियों में से 35 उग्रवादी हैं ।

नए बनाम पुराने

श्री वर्मा ने कहा कि यद्यपि बटाला उपमंडल उग्रवादियों का स्वर्ग नहीं रहा लेकिन उग्रवादियों की नई पीढ़ी चिंता का विषय है क्योंकि नई पीढ़ी के लोग अपने काम के प्रति पूर्णतया सन्नद्ध हैं, जबकि उनके पूर्वाधिकारी धन और स्त्रियों से आकर्षित थे । नई पीढ़ी के ये उग्रवादी चरित्र के अच्छे हैं, यह शायद इस कारण है कि यह क्षेत्र 'बब्बर' का एक सुदृढ़ गढ़ रहा है । उन्होंने कहा कि बेकारी और गुरुद्वारों में मुफ्त भोजन इस युवा पीढ़ी को धर्म और राजनीति के प्रभावाधीन उग्रवाद के मार्ग की ओर प्रवृत्त करता है ।

84वीं बटालियन के कमांडेंट श्री एस.एस. बाजवा, जिन पर बटाला नगर की सुरक्षा की जिम्मेवारी है, ने सभी प्रमुख सड़कों पर 18 चौकियां बना कर जनता में विश्वास बहाल करने की कोशिश की है ।

दलीप सिंह के भाई ने 1.20 लाख रु. बरामद करवाया

होशियारपुर (प्रद्युम्न): आज यहां सी.बी.आई. और पुलिस ने एक केस दर्ज करके जल्थेदार दलीप सिंह के भाई जगजीत सिंह बराड़ को साथ लेकर यहां के एक बैंक से 1.20 लाख रुपए बरामद करवाए । यह धन उसने कुछ समय पूर्व बैंक में जमा करवाया था । उसने पुलिस के साथ आकर यह रुपया बैंक से स्वयं निकलवाया । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार यह रुपया लुधियाना बैंक डकैती में लूटा गया था । यह भी रहस्योद्घाटन हुआ है कि जल्थेदार दलीप सिंह ने यह भी बताया कि उसने होशियारपुर के एक व्यक्ति को पांच लाख रुपया दिया था । सी.बी.आई. और पुलिस ने जांच के लिए उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है ।

स्कूटर छीन लिया

आज दोपहर होशियारपुर थाना सदर के गांव चब्बेवाल और ससोली के मध्य दो सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति बिक्रमजीत सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया ।

दो और गिरफ्तार

होशियारपुर पुलिस ने दो अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से कुछ शस्त्र और गोली सिक्का बरामद किया है ।

130 बोरी गेहूं लूटकर ले गए

अमृतसर (भाटिया): कल रात तरनतारन के फूड कॉर्पोरेशन के गोदाम से 13 के करीब उग्रवादियों द्वारा 130 बोरी गेहूं ट्रक में लाद कर ले जाने का समाचार प्राप्त हुआ है । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात्रि लगभग 12 बजे ट्रक में सवार उग्रवादी, जो आग्नेयास्त्रों से लैस थे, ने ड्यूटी पर कमरे में बंद कर दिया । इसके बाद वे एक ट्रक में 130 बोरी गेहूं भरकर फिरोज़पुर की तरफ ले गए। गेहूं की कीमत लगभग पचीस हजार रुपए बताई जाती है । इस गोदाम पर लूट की यह चौथी घटना है ।

उग्रवादी फरार

अमृतसर के तरनतारन थाना से एक उग्रवादी दर्शन सिंह पुलिस हिरासत से फरार हो गया । उसे गत सप्ताह गिरफ्तार किया गया था । वह हवालात की सलाखें तोड़ कर फरार हुआ ।

युवक का शव सरोवर से मिला

गुरुद्वारा दरबार साहिब तरनतारन के प्रबन्धकों ने आज जिला पुलिस को एक युवक का शव सौंपा है । पुलिस ने मृतक की भुपेंद्र सिंह के रूप में शिनाख्त की है, जो गुरुद्वारे के सरोवर में गिर कर मर गया था ।

ठेके को लूटकर कर्मचारी को गोली मार दी

कपूरथला (शर्मा): सुलतानपुर लोधी सड़क पर हुसैनपुर के रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे कोच फैक्टरी के सामने गत सायं लगभग सवा आठ बजे रिवाल्वरों से लैस दो उग्रवादी शराब के ठेके के कर्मचारी मनोहर सिंह को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल करके लगभग आठ हजार रुपए लूट कर ले गए । बताया जाता है कि खेड़ा दौना का ठेका शराब रेलवे कोच फैक्टरी के सामने एक खोखे में चल रहा है । गत शाम दो उग्रवादी पैदल आए और ठेके से रिवाल्वर की नोक पर आठ हजार रुपए लूटकर ठेके के कर्मचारी मनोहर सिंह को गोली मारकर घायल कर भाग गए । गोली मनोहर सिंह के बायें कंधे में लगकर छाती में लगी । सिविल अस्पताल में रात्रि को डाक्टर रजिन्द्र भोला सर्जन ने आप्रेशन करके गोली निकाल दी । अब उसकी हालत खतरा से बाहर है । सूचना मिलने पर पुलिस ने निकटवर्ती गांवों भुलाना, बिहारीपुर खेड़ा दौना आदि में तलाशी ली है । कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । एस.पी. श्री दास के अनुसार उग्रवादियों का पता लगा लिया गया है, उन्हें गिरफ्तार करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान जारी है ।

3 उग्रवादी, 5 तस्कर गिरफ्तार

जिला पुलिस अधीक्षक श्री पी.एम. दास ने बताया कि जिला पुलिस ने तीन संदिग्ध उग्रवादियों तथा पांच खतरनाक तस्करों, जो जिला गुरदासपुर, अमृतसर तथा मेरठ (यू.पी.) के रहने वाले हैं, को गिरफ्तार किया है । तीन कथित उग्रवादियों जसबीर सिंह (चूहे सिकन्दर), भुपेन्द्र सिंह (नौशहरा पन्नुआं), प्रीतम सिंह (तातारी मेरठ) को गिरफ्तार करने के पश्चात उनके कब्जा से तीन पिस्तौल व 7 कारतूस 12 बोर बरामद किए हैं । उग्रवादी जसबीर सिंह तथा भुपेन्द्र सिंह कुछ समय पूर्व गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों मिलखा सिंह तथा सुखचैन सिंह के गिरोह से सम्बन्धित हैं । प्राथमिक पूछताछ में इन उग्रवादियों ने पुलिस को बताया कि इनके गिरोह ने जिला भटिंडा के रामपुराफूल में विदेश से आए एक व्यक्ति की हत्या करके उसका घर लूटा था । गांव चक सिकन्दर तथा अनन्तपुर में भी घर लूटे थे ।

श्री दास ने कहा कि थाना सुल्तानपुर लोधी के क्षेत्र में एक ट्रक नं. पी.ए.टी. 4984 से तीस बोरे पोस्त तथा डेढ़ सौ बोरे आग लगाने वाले पाऊडर के बरामद करके पांच तस्करों मंगल सिंह (बजीर भुलर), मुख्तियार सिंह (भरोयी) कश्मीर सिंह (खोजबी), बलविन्दर सिंह तथा जोगेन्द्र सिंह मुस्तफाबाद को गिरफ्तार किया है ।

जालन्धर (क): सुरक्षा दस्ते ने आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव धीरोवाल के निकट गत रात नाकाबंदी के दौरान दो स्कूटर सवार युवकों को संदिग्ध रूप से जाते हुए पकड़ा तो उनके कब्जे से एक .455 बोर का रिवाल्वर, उसके 24 कारतूस, एक 12 बोर का पिस्तौल व उसके 12 कारतूस बरामद हुए । पूछताछ के दौरान एक उग्रवादी कुलवन्त सिंह निवासी जगरावां थाना आदमपुर निकला जो कि गत 28 अक्तूबर को अलावलपुर कस्बा में सात व्यक्तियों की हत्या करने वालों में शामिल बताया जाता है । उसका दूसरा साथी थाना टांडा के गांव कराला का बलजिंदर सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ बिट्टे है और वह भी कथित उग्रवादी है । उल्लेखनीय है कि अलावलपुर हत्या कांड के जिम्मेदार उग्रवादियों का सरगना रत्न सिंह तीन दिन पूर्व अमृतसर जिले में मारा गया था । अब इस हत्या के तीन दोषी चरणजीत सिंह, जो नजरबंद पंथक कमेटी सदस्य धन्ना सिंह का भाई है, भिखू जो कि मारे गए उग्रवादी लहम्बर सिंह का भाई है और हरमेल सिंह संधू गिरफ्तार किए जाने हैं ।

बिट्टू आज उस समय पुलिस हिरासत से भाग निकला, जब उसे शस्त्र बरामद करने के लिए गांव चाबियारा ला रही थी । पुलिस सूत्रों के अनुसार अभियुक्त पेशाब करने का बहाना करके चम्पत हुआ । वह जिला होशियारपुर के थाना टांडा के गांव कुराला का रहने वाला है ।

10000 रुपए लूट लिए

कोआपरेटिव सोसायटी गांव असरोवाल जिला जालन्धर में से आज उग्रवादियों ने 10000 रुपए लूट लिए । बताया जाता है कि दो उग्रवादी स्कूटरों पर सवार होकर आए थे और लूट का माल लेकर फरार हो गए ।

बिजली लाइनों की रक्षा के आदेश

जिला जालन्धर के जिला मैजिस्ट्रेट श्री सुधीर मित्तल ने 220 वोल्ट की भाखड़ा-जमालपुर लाइनों पर बिजली की लाइनों और एंगल टावरों पर 24 घंटे सतर्कता रखने के आदेश जारी किए हैं । अपने आदेश में जिला मैजिस्ट्रेट ने कहा है कि गांव लसाड़ा, खुर्दा बखलौर, मोहक, खुर्द, सहलों, कड़याम, नवांशहर रेलवे फाटक, सलोह से कड़याम तक पक्की सड़क क्षेत्र और नवांशहर के सभी योग्य वयस्क अगले आदेश तक यह ड्यूटी दें ।

2 की हत्या

नवांशहर (शर्मा) : कल यहां दो भिन्न-भिन्न वारदातों में दो हत्याएं होने की सूचना मिली है । एक वारदात में यहां से 2 किलो मीटर दूर शहर से बाहर कलाम रोड पर एक व्यक्ति कर्मचंद को किसी अज्ञात व्यक्ति ने रात अपनी चक्की पर सोए हुए को छुरे मार कर मार डाला । प्रातः जब पता चला तो पुलिस को सूचना दी गई । पुलिस ने लाश पोस्ट मार्टम कराने के बाद वारिसों के हवाले कर दी और हत्या का केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी ।

दूसरी वारदात में कल सायं 6 बजे नवांशहर चीनी मिल का एक कर्मचारी बलदेव सिंह अपने गांव गढ़बधाना जाते हुए मारा गया । उसकी मृत्यु कैसे हुई, किसी को मालूम नहीं । उसकी मोपेड लाश के पास पड़ी पाई गई । पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद लाश वारिसों के हवाले कर दी और जांच आरम्भ कर दी ।

उग्रवादियों को आश्रय देने पर 5 स्त्रियां गिरफ्तार

फिरोजपुर (हस.): जिला पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में 5 स्त्रियों को गिरफ्तार किया है । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां कहा कि इनकी शिनाख्त प्रीतम कौर, कश्मीर कौर, बलविन्द्र कौर, कुलवन्त कौर और मनजीत कौर के रूप में की गई है ।

10 उग्रवादी गिरफ्तार, शस्त्र मिले

फरीदकोट (जिंदल): एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने पत्रकारों को बताया कि गत 24 घंटों में पुलिस और सुरक्षा बलों ने विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर दस उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार किए गए इन उग्रवादियों में रणजीत सिंह उर्फ बाबा और बलवन्त सिंह उर्फ बिट्टू (दोनों गांव रोडे से सम्बद्ध हैं), अवतार सिंह गांव बलोर, सुखविंद्र सिंह निवासी लखा, गुरबख्श सिंह निवासी नंगल, जगदीश सिंह निवासी मानोके, मिट्ठू सिंह गांव बाड़ा किशनपरा, हरबंस सिंह निवासी कोटली रेल, सुखदेव सिंह निवासी कोट फत्ता और कश्मीर सिंह आफ नानक नगरी मोगा शामिल हैं । पुलिस ने इन आभियुक्तों के कब्जे से .315 की विदेशी एक राइफल, 12 बोर की एक बंदूक, 12 बोर का जापानी रिवाल्वर और एक दर्जन कारतूस व अन्य शस्त्र बरामद किए हैं ।

लूट के रुपए बरामद

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनके कब्जे से 64640 रुपए नगद भी बरामद हुए हैं, जो उन्होंने गांव लंडे थाना बाघापुराना की सहकारी समिति से गत दिनों लूटे थे । इसके अतिरिक्त उनसे एक स्कूटर (चेतक बजाज) और एक मोपेड भी बरामद हुई है, ये दोनों भी उन्होंने लोगों से छीने हुए थे । गोबिंद राम के अनुसार रणजीत सिंह और बलवन्त रोडे व अवतार सिंह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के सदस्य थे, जबकि सुखविंद्र सिंह, हरबंस सिंह और जगदीश सिंह खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के साथ सम्बन्ध रखते थे ।

'ह.स.' के अनुसार इन उग्रवादियों से एक पाकिस्तानी .32 बोर की रिवाल्वर भी बरामद हुई है ।

19 आतंकवादी काबू

सुनाम से नागपाल, फरीदकोट से अज़ीज़, संगरूर से गर्ग के अनुसार संगरूर पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने 19 दर्जन आतंकवादियों को एक साथ काबू करने का दावा किया है । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि ये सभी आतंकवादी धुरी क्षेत्र के गांव लधे में एक गुप्त स्थान पर मीटिंग करके जिला संगरूर में एक ही समुदाय के लोगों, नेताओं की हत्या करने की योजना बना रहे थे । इनके कब्जे से भारी मात्रा में नगदी, पिस्तौलें, कारतूस, हथगोले तथा तीन स्कूटर बरामद हुए हैं । श्री संधू ने बताया कि पकड़े गए आतंकवादियों में गुरमुख सिंह, गुरचरण सिंह, अमरीक सिंह, रणजीत सिंह, सुखदेव सिंह, नाहर सिंह, नन्द सिंह, बिदर

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

हकलाना

हकलाना, तुतलाना सफल इलाज, तजुर्बा 22 साल, दाखला शुरू । पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 26.11.87 Rs. 76/- without trays. NECC Suggested Retail Price 9.95 per Dozen.

किराए पर

डोलबाहा डैम (World Bank Aided) साईट, जिला होशियारपुर में 10 दुकानें 'विजय मार्केट' टाहली अड्डा, डिफैंस रोड पर किराए के लिए खाली, मिलें : राम सरूप सुभाष चंद्र डाईकट्टर, छत्ती गली, चौक सूदां, जालंधर । फोन : 78760.

व्यापार

मिल्क प्लांट जालंधर में चावल भूसी (Rice Husk) की खरीद 35/- प्रति क्विंटल P.M.D. Enterprises, 8-Hotel International, Phone : 3846, Jalandhar.

शिक्षा

मैट्रिक पास वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न दिसम्बर 1987 में गारंटी से करें (केंद्र—हमारा कालेज)/+1 फेल +2 करें (Bhopal), B.A. Final (After Prep.) मिलें—कीरती कालेज, कैलाश सिनेमा चौक, लुधियाना ।

बिना आठवीं मैट्रिक, दसवीं फेल इंटर, दसवीं पास बी.ए. हिन्दी, पत्राचार द्वारा एम.ए., बी.एड., आयुर्वेदिक कोर्स करके RMP डाक्टर बनें । दसवीं पास एक वर्षीय टीचर ट्रेनिंग/ड्राईंग डिप्लोमा करें । शांति निकेतन महाविद्यालय, छत्ता जम्बूदास, सहारनपुर । (UDC)

RMP (सरकारी मान्य) रजिस्ट्रेशन, मैट्रिक/इंटर (+2)/बी.ए. (डायरैक्ट) गारंटिड पास करें । OT/LT/B.Ed./JBT/LL.B. (Professional) M.A./M.Com./M.Sc. (one sitting), आयुर्वेद कोर्स (प्रयाग) दिसम्बर '87 में । Prospectus Rs. 10/- by M.O. स्वामी विवेकानंद कालेज, 1810/सैक्टर 22-बी, चंडीगढ़ ।

अंग्रेज़ी, जर्मन, फ्रैंच, स्पेनिश सीखें । स्वयं मिलें : Ajanta School of Foreign Languages, Maiitha Road, Amritsar.

B.Ed./LL.B. (Recognised university) (Raj./MP/UP) Graduate 35% Eligible. Last date near. Prospecuts Rs. 10/-. Guru Nanak College, Thana Chowk, Tanda.

R.M.P. (Patna Bihar) (Valid for Practice within 15 days. B.A.M.S. after matric within 4 years. RMP/Ayurvaid after Rattan in one year. Guru Nanak College, Thana Chowk, Tanda.

अकाऊंट्स

Learn accountancy within three months. Job assured. Contact—Arora, 5 Soni Market, Near Domoria Pul, Ludhiana.

तीर्थ यात्रा

गंगासागर, जगन्नाथपुरी, नेपाल, डीलक्स बस 29 दिसम्बर से 22 जनवरी । शिव प्रवेश (टेलर मास्टर), लाडवा (कुरुक्षेत्र) ।

चिकित्सा

आयुर्वेदिक चमत्कार ! हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत, तंदरुस्ती हासिल करके आनंदमयी जीवन व्यतीत करें तथा पोलियो, बालचर, बाल झड़ने, सीकरी, गंजेपन का खास इलाज । डाक्टर सत्यपाल बेहल, चौक निमवाला, लुधियाना 141008.

एजैंट चाहिएं

हमें अनुभवी ट्रैरिंग एजैंटों की उचित वेतन या कमीशन पर शीघ्र आवश्यकता है । एग्रीकल्चरल प्रोडक्ट्स बारे कम-से-कम 5 साल का तजुर्बा होना ज़रूरी है । केवल वह व्यक्ति खुद मिलें जिन्होंने पांच साल किसी बड़ी फैक्टरी में बतौर ट्रैरिंग एजैंट काम किया हो । मिलें—मैनेजर, खालसा इंजीनियरिंग वर्क्स रजिस्टर्ड, सोढल रोड, प्रीत नगर, जालंधर ।

प्रवेश सूचना

Matric (आठवीं फेल/पास) इसी वर्ष करें । 10+1 फेल इसी वर्ष 10+2 करें । B.A./B.Com./B.Sc. (one sitting) करें । B.Ed./LL.B. All graduate eligible. J.B.T., O.T., ANM के दाखले के लिए मिलें । Prospectus Rs. 10/- by M.O. Guru Nanak College of Education, Thana Chowk, Tanda.

आवश्यकता

आर्य गर्ल्ज़ हाई स्कूल, लोहगढ़, अमृतसर में अवकाश-रिक्त नियुक्ति के लिए B.Sc. (Medical) B.Ed. अध्यापिका की आवश्यकता है । आवेदनपत्र 4.12.87 तक मुख्याध्यापिका को भेजे जाएं । मैट्रिक तक पंजाबी आवश्यक है ।

Graduate/Matriculate, Male/Female front counter supervisors/receptionists for Guest House at Amritsar, local preferred, salary according to merits, lodging free. Box 720, Punjab Kesari, Jalandhar.

S.A. Jain High School (Boys), Ambala City. Wanted J.B.Ts, Hindi O.T. & Sanskrit O.T. teachers against permanent posts. Apply by 30th Nov. 87. Headmaster

Wanted boutique Saleswoman. Contact : Knock-15, Jawahar Nagar Market, Jalandhar, 9 am to 11 am.

गुमशुदा की तलाश

मेरा पोत्रा विक्की, उम्र 8-9 साल, कद 3 फुट, रंग पक्का, 10.11.87 सुबह से गुम है । यह केवल भाभी-भाभी कहता है । पहुंचाने वाले को 500 रु. शुक्राना और आने-जाने का खर्च दिया जाएगा ।



गौरी शंकर,
भूर मंडी, जालंधर कैंट

प्रभावाधीन उग्रवाद के मार्ग की ओर प्रवृत्त करता है ।

84वीं बटालियन के कमांडैंट श्री एस.एस. बाजवा, जिन पर बटाला नगर की सुरक्षा की जिम्मेवारी है, ने सभी प्रमुख सड़कों पर 18 चौकियां बना कर जनता में विश्वास बहाल करने की कोशिश की है ।

दलीप सिंह के भाई ने 1.20 लाख रु. बरामद करवाया

होशियारपुर (प्रद्युम्न): आज यहां सी.बी.आई. और पुलिस ने एक केस दर्ज करके जत्थेदार दलीप सिंह के भाई जगजीत सिंह बराड़ को साथ लेकर यहां के एक बैंक से 1.20 लाख रुपए बरामद करवाए । यह धन उसने कुछ समय पूर्व बैंक में जमा करवाया था । उसने पुलिस के साथ आकर यह रुपया बैंक से स्वयं निकलवाया । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार यह रुपया लधियाना बैंक डकैती में लूटा गया था । यह भी रहस्योद्घाटन हुआ है कि जत्थेदार दलीप सिंह ने यह भी बताया कि उसने होशियारपुर के एक व्यक्ति को पांच लाख रुपया दिया था । सी.बी.आई. और पुलिस ने जांच के लिए उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है ।

स्कूटर छीन लिया

आज दोपहर होशियारपुर थाना सदर के गांव चब्बेवाल और ससोली के मध्य दो सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति बिक्रमजीत सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया ।

दो और गिरफ्तार

होशियारपुर पुलिस ने दो अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से कुछ शस्त्र और गोली सिक्का बरामद किया है ।

130 बोरी गेहूं लूटकर ले गए

अमृतसर (भाटिया): कल रात तरनतारन के फूड कार्पोरेशन के गोदाम से 13 के करीब उग्रवादियों द्वारा 130 बोरी गेहूं ट्रक में लाद कर ले जाने का समाचार प्राप्त हुआ है । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात्रि लगभग 12 बजे ट्रक में सवार उग्रवादी, जो आग्नेयास्त्रों से लैस थे, ने ड्यूटी पर तैनात पांच चौकीदारों को हथियारों की नोक पर एक कमरे में बंद कर दिया । इसके बाद वे एक ट्रक में 130 बोरी गेहूं भरकर फिरोज़पुर की तरफ ले गए। गेहूं की कीमत लगभग पचीस हजार रुपए बताई जाती है । इस गोदाम पर लूट की यह चौथी घटना है ।

उग्रवादी फरार

अमृतसर के तरनतारन थाना से एक उग्रवादी दर्शन सिंह पुलिस हिरासत से फरार हो गया । उसे गत सप्ताह गिरफ्तार किया गया था । वह हवालात की सलाखें तोड़ कर फरार हुआ ।

युवक का शव सरोवर से मिला

गुरुद्वारा दरबार साहिब तरनतारन के प्रबन्धकों ने आज जिला पुलिस को एक युवक का शव सौंपा है । पुलिस ने मृतक की भूपेंद्र सिंह के रूप में शिनाख्त की है, जो गुरुद्वारे के सरोवर में गिर कर मर गया था ।

ठेके को लूटकर कर्मचारी को गोली मार दी

कपूरथला (शर्मा): सुलतानपुर लोधी सड़क पर हसैनपुर के रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे कोच फैक्टरी के सामने गत सायं लगभग सवा आठ बजे रिवाल्वरों से लैस दो उग्रवादी शराब के ठेके के कर्मचारी मनोहर सिंह को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल करके लगभग आठ हजार रुपए लूट कर ले गए । बताया जाता है कि खेड़ा दौना का ठेका शराब रेलवे कोच फैक्टरी के सामने एक खोखे में चल रहा है । गत शाम दो उग्रवादी पैदल आए और ठेके से रिवाल्वर की नोक पर आठ हजार रुपए लूटकर ठेके के कर्मचारी मनोहर सिंह को गोली मारकर घायल कर भाग गए । गोली मनोहर सिंह के बायें कंधे में लगकर छाती में लगी । सिविल अस्पताल में रात्रि को डाक्टर रजिन्द्र भोला सर्जन ने आप्रेशन करके गोली निकाल दी । अब उसकी हालत खतरा से बाहर है । सूचना मिलने पर पुलिस ने निकटवर्ती गांवों भुलाना, बिहारीपुर खैड़ा दौना आदि में तलाशी ली है । कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । एस.पी. श्री दास के अनुसार उग्रवादियों का पता लगा लिया गया है, उन्हें गिरफ्तार करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान जारी है ।

3 उग्रवादी, 5 तस्कर गिरफ्तार

जिला पुलिस अधीक्षक श्री पी.एम. दास ने बताया कि जिला पुलिस ने तीन संदिग्ध उग्रवादियों तथा पांच खतरनाक तस्करों, जो जिला गुरदासपुर, अमृतसर तथा मेरठ (यू.पी.) के रहने वाले हैं, को गिरफ्तार किया है । तीन कथित उग्रवादियों जसबीर सिंह (चक सिकन्दर), भूपेन्द्र सिंह (नौशहरा पन्नुआं), प्रीतम सिंह (तातारी मेरठ) को गिरफ्तार करने के पश्चात उनके कब्जा से तीन पिस्तौल व 7 कारतूस 12 बोर बरामद किए हैं । उग्रवादी जसबीर सिंह तथा भूपेन्द्र सिंह कुछ समय पूर्व गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों मिलखा सिंह तथा सुखचैन सिंह के गिरोह से सम्बन्धित हैं । प्राथमिक पूछताछ में इन उग्रवादियों ने पुलिस को बताया कि इनके गिरोह ने जिला भटिंडा के रामपुराफूल में विदेश से आए एक व्यक्ति की हत्या करके उसका घर लूटा था । गांव चक सिकन्दर तथा अनन्तपुर में भी घर लूटे थे ।

श्री दास ने कहा कि थाना सुलतानपुर लोधी के क्षेत्र में एक ट्रक नं. पी.ए.टी. 4984 से तीस बोरे पोस्त तथा डेढ़ सौ बोर आग लगाने वाले पाउडर के बरामद करके पांच तस्करों मंगल सिंह (वजीर भुल्लर), मोहिन्दर सिंह (भरोयी) कश्मीर सिंह (लोजबी), बलविन्दर सिंह तथा जोगेन्द्र सिंह मुस्तफाबाद को गिरफ्तार किया है ।

जालन्धर (क): सुरक्षा दस्ते ने आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव धीरोवाल के निकट गत रात नाकाबंदी के दौरान दो स्कूटर सवार युवकों को संदिग्ध रूप में जाते हुए पकड़ा तो उनके कब्जे से एक .455 बोर का रिवाल्वर, उसके 24 कारतूस, एक 12 बोर का पिस्तौल व उसके 12 कारतूस बरामद हुए । पूछताछ के दौरान एक उग्रवादी कुलवन्त सिंह निवासी जगरावां थाना आदमपुर निकला जो कि गत 28 अक्तूबर को अलावलपुर कस्बा में सात व्यक्तियों की हत्या करने वालों में शामिल बताया जाता है । उसका दूसरा साथी थाना टांडा के गांव कराला का बलजिंदर सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ बिट् है और वह भी कथित उग्रवादी है । उल्लेखनीय है कि अलावलपुर हत्या कांड के जिम्मेदार उग्रवादियों का सरगना रत्न सिंह तीन दिन पूर्व अमृतसर जिले में मारा गया था । अब इस हत्या के तीन दोषी चरणजीत सिंह, जो नजरबंद पंथक कमेटी सदस्य धन्ना सिंह का भाई है, भिख् जो कि मारे गए उग्रवादी लहम्बर सिंह का भाई है और हरमेल सिंह संधू गिरफ्तार किए जाने हैं ।

एक उग्रवादी भाग गया

'ह.स.' के अनुसार दोनों उग्रवादियों में से एक बिट्टू आज उस समय पुलिस हिरासत से भाग निकला, जब उसे शस्त्र बरामद करने के लिए गांव चाविंयारा ला रही थी । पुलिस सूत्रों के अनुसार अभियुक्त पेशाब करने का बहाना करके चम्पत हुआ । वह जिला होशियारपुर के थाना टांडा के गांव कुराला का रहने वाला है ।

10000 रुपए लूट लिए

कोआप्रेटिव सोसायटी गांव असरोवाल जिला जालन्धर में से आज उग्रवादियों ने 10000 रुपए लूट लिए । बताया जाता है कि दो उग्रवादी स्कूटरों पर सवार होकर आए थे और लूट का माल लेकर फरार हो गए ।

बिजली लाइनों की रक्षा के आदेश

जिला जालन्धर के जिला मैजिस्ट्रेट श्री सुधीर मित्तल ने 220 वोल्ट की भाखड़ा-जमालपुर लाइनों पर बिजली की लाइनों और एंगल टावरों पर 24 घंटे सतर्कता रखने के आदेश जारी किए हैं । अपने आदेश में जिला मैजिस्ट्रेट ने कहा है कि गांव लसाड़ा, खुर्दा बखलौर, मोहक, खुर्द, सहलों, कड़याम, नवांशहर रेलवे फाटक, सलोह से कड़याम तक पक्की सड़क क्षेत्र और नवांशहर के सभी योग्य वयस्क अगले आदेश तक यह ड्यूटी दें ।

2 की हत्या

नवांशहर (शर्मा) : कल यहां दो भिन्न-भिन्न वारदातों में दो हत्याएं होने की सूचना मिली है । एक वारदात में यहां से 2 किलो मीटर दूर शहर से बाहर कलाम रोड पर एक व्यक्ति कर्मचंद को किसी अज्ञात व्यक्ति ने रात अपनी चक्की पर सोए हुए को छुरे मार कर मार डाला । प्रातः जब पता चला तो पुलिस को सूचना दी गई । पुलिस ने लाश पोस्ट मार्टम कराने के बाद वारिसों के हवाले कर दी और हत्या का केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी ।

दूसरी वारदात में कल सायं 6 बजे नवांशहर चीनी मिल का एक कर्मचारी बलदेव सिंह अपने गांव गढ़बधाना जाते हुए मारा गया । उसकी मृत्यु कैसे हुई, किसी को मालूम नहीं । उसकी मोटर साइकल पास पड़ी पाई गई । पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद लाश वारिसों के हवाले कर दी और जांच आरम्भ कर दी ।

उग्रवादियों को आश्रय देने पर 5 स्त्रियां गिरफ्तार

फिरोजपुर (ह.स.): जिला पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में 5 स्त्रियों को गिरफ्तार किया है । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां कहा कि इनकी शिनाख्त प्रीतम कौर, कश्मीर कौर, बलविन्द्र कौर, कुलवन्त कौर और मनजीत कौर के रूप में की गई है ।

10 उग्रवादी गिरफ्तार, शस्त्र मिले

फरीदकोट (जिंदल): एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने पत्रकारों को बताया कि गत 24 घंटों में पुलिस और सुरक्षा बलों ने विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर दस उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार किए गए इन उग्रवादियों में रणजीत सिंह उर्फ़ बाबा और बलबन्त सिंह उर्फ़ बिट्टू (दोनों गांव रोडे से सम्बद्ध हैं), अवतार सिंह गांव बलोर, सुखविंद्र सिंह निवासी लखा, गरबख्श सिंह निवासी नंगल, जगदीश सिंह निवासी मानोके, मिट्ठू सिंह गांव बाड़ा किशनपरा, हरबंस सिंह निवासी कोटली रेलू, सुखदेव सिंह निवासी कोट फत्ता और कश्मीर सिंह आफ़ नानक नगरी मोगा शामिल हैं । पुलिस ने इन अभियुक्तों के कब्जे से .315 की विदेशी एक राइफल, 12 बोर की एक बंदूक, 12 बोर का जापानी रिवाल्वर और एक दर्जन कारतूस व अन्य शस्त्र बरामद किए हैं ।

लूट के रुपए बरामद

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनके कब्जे से 64640 रुपए नगद भी बरामद हुए हैं, जो उन्होंने गांव लंडे थाना बाघापुराना की सहकारी समिति से गत दिनों लूटे थे । इसके अतिरिक्त उनसे एक स्कूटर (चेतक बजाज) और एक मोपेड भी बरामद हुई है, ये दोनों भी उन्होंने लोगों से छीने हुए थे । गोबिंद राम के अनुसार रणजीत सिंह और बलबन्त रोडे व अवतार सिंह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के सदस्य थे, जबकि सुखविंद्र सिंह, हरबंस सिंह और जगदीश सिंह खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के साथ सम्बन्ध रखते थे ।

'ह.स.' के अनुसार इन उग्रवादियों से एक पाकिस्तानी .32 बोर की रिवाल्वर भी बरामद हुई है ।

19 आतंकवादी काबू

सुनाम से नागपाल, फरीदकोट से अज़ीज़, संगरूर से गर्ग के अनुसार संगरूर पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने 19 दर्जन आतंकवादियों को एक साथ काबू करने का दावा किया है । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि ये सभी आतंकवादी धुरी क्षेत्र के गांव लधे में एक गुप्त स्थान पर मीटिंग करके जिला संगरूर में एक ही समुदाय के लोगों, नेताओं की हत्या करने की योजना बना रहे थे । इनके कब्जे से भारी मात्रा में नगदी, पिस्तौलें, कारतूस, हथगोले तथा तीन स्कूटर बरामद हुए हैं । श्री संधू ने बताया कि पकड़े गए आतंकवादियों में गुरमुख सिंह, गुरचरण सिंह, अमरीक सिंह, रणजीत सिंह, सुखदेव सिंह, नाहर सिंह, नन्द सिंह, बिदर सिंह, वतन सिंह, परगट सिंह, भूपिन्दर सिंह, मजर सिंह, मंडेर सिंह, निर्मल सिंह, बचित्तर सिंह, मनमोहन सिंह, दर्शन सिंह तथा गुलज़ार सिंह शामिल हैं । इनके कब्जे से तीन लाख नौ हजार रुपए नगद, तीन चेतक स्कूटर, 31 बोर की दो पिस्तौलें, 13 कारतूस, एक दोनाली, 303 की एक राइफल, दो 12 बोर की पिस्तौलें तथा सात हथगोले बरामद हुए हैं ।

कई वारदातों में संलिप्त थे

उन्होंने बताया कि इन आतंकवादियों ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान अनेक हत्याओं व लूट के मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । इन्होंने स्वीकार किया है कि उन्होंने सी.पी.आई. नेता मिन्दर सिंह की गत 11 नवम्बर को हत्या की थी, 9 नवम्बर को शहणा में सहकारी बैंक के कैशियर से तीन लाख रुपए लूटे थे तथा अमरगढ़ क्षेत्र में उन्होंने एक व्यक्ति से स्कूटर छीना था । इसके अलावा इन्होंने सुनाम डाक घर से 31 अक्तूबर को 44970 रुपए लूटे थे । श्री संधू ने बताया है कि और पूछताछ चल रही है, जिसमें और रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

दुकान को लूट लिया

मोहाली (नर्बदा): दो उग्रवादियों ने दिन-दहाड़े यहां के फेस सात में स्थित एक कपड़े की दुकान से पांच सौ रुपए नकद तथा 1300 रुपए मूल्य का कपड़ा बंदूक की नोक पर लूट लिया । बताया जाता है कि दो नवयुवक दिन के ग्यारह बजे कपड़ा खरीदने के बहाने से दुकान पर आए तथा दुकान लूटने के बाद स्कूटर पर फरार हो गए ।

अर्जुन टैंक

(पृष्ठ 3 का शेष)

अफसर शामिल थे जो हल्के युद्धक विमान से सम्बन्धित सामान के निर्यात के लिए सम्पूर्ण स्वीकृति देने में सक्षम हैं ।

एक अन्य प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने बताया कि हल्के युद्धक विमान के लिए "मिशन एरिया" सहयोग करार पर भारत सरकार और अमरीका सरकार के बीच इस साल 28 अक्तूबर को हस्ताक्षर हुए । इस करार के अन्तर्गत दोनों सरकार की सम्बन्धित प्रयोगशालाओं के माध्यम से उन्नत वैमानिकी प्रौद्योगिकियों अधिग्रहण एवं समावेश किया जा सकता है । आशा है इससे हल्के युद्धक विमान के लिए यथावश्यक उपकरण प्राप्त करने में सहायता मिलेगी ।

एक अन्य प्रश्न के लिखित उत्तर में रक्षा मंत्री कृष्ण चन्द पंत ने बताया कि पश्चिम जर्मनी पर उन पनडुब्बियों को दूसरे ग्राहकों को सप्लाई करने के लिए रोक नहीं है जो भारत ने खरीदी हैं । दक्षिण अफ्रीका को ये पनडुब्बियां दिए जाने के मामले को भारत सरकार ने मैसर्ज एच.डी.डब्ल्यू. और पश्चिम जर्मनी के साथ उठाया था । मैसर्ज एच.डी.डब्ल्यू. ने बताया है कि यद्यपि दक्षिण अफ्रीका को कुछ पनडुब्बियों के डिजाइनों के कागजात दिए गए हैं लेकिन इनमें भारत सरकार के साथ हुए समझौते के गोपनीय खंड के अन्तर्गत आई कोई वर्गीकृत या गोपनीय सूचना शामिल नहीं थी ।

केन्द्र : उन्होंने बताया कि बेंगलूर और देहरादून के क्षेत्रीय सुदूर संवेदन सेवा केन्द्रों ने कार्य करना शुरू कर दिया है तथा नागपुर, जोधपुर और खड़गपुर में स्थापित किए जा रहे केन्द्र अगले छः माह में कार्य करना शुरू कर देंगे ।

शिक्षकों की हड़ताल खत्म

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन

मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह ने आश्वासन दिया कि किसी भी हड़ताली प्राइमरी अध्यापक के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी ।

अध्यापक आज से ड्यूटी पर जाएंगे

अध्यापक संघर्ष समिति के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र राणा ने मुख्यमंत्री द्वारा दिखाए गए सद्भाव के प्रति धन्यवाद प्रकट किया है । उन्होंने सभी अध्यापकों से अपील की कि वे कल से अपनी ड्यूटी पर जाएं तथा स्कूलों में अध्यापक कार्य प्रारम्भ करें ।

शिक्षा कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन

आज हड़ताली प्राइमरी अध्यापकों ने अपनी मांगों के संबंध में दूसरे दिन भी प्रदेश-भर में ब्लाक शिक्षा कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन किया तथा कई स्थानों पर ब्लाक शिक्षा कार्यालयों को ताले लगाए ।

मालिक मकान पर

होशियारपुर, 26 ... बाईपास के निकट गत ... गया जब एक मालिक ... हरमेश लाल पर, जि... हमला कर दिया और ... लाल ने बताया कि इस ... चल रहे हैं और वर्कशा... मिला हुआ है ।

एकीकृत

(पृष्ठ ...

किसी प्रकार का स... करेंगे । मीटिंग में गि... रिहाई की मांग की ग... गुरुनानक निवास के ...

सुविज्ञ क्षेत्रों ने ब... दल में जो फूट पड़ी है, ... दिल्ली मार्च में रुका... क्योंकि प्रो. दर्शन सि... अकाली दल के समर्थ... एकीकृत अकाली दल... संभावना थी, वह यह... हस्तक्षेप से फिलहाल ... अंदर सुलग रही है ... मीटिंग में आरोप लगाय... अध्यक्ष ने दल में कांग्रेस ... देकर अकाली दल के ... है ।

सेखवां के फैसले र...

एकीकृत अकाली ... नेतृत्व 11 सदस्यीय ... यहां अपनी अलग बैठ... सभी जिला इकाइयों ... परिषद ने प्रो. दर्शन ... दमदमी टकसाल के ... अन्य सिख संतों का ... किया । परिषद के सि... बैठक में कोई प्रस्ताव ... उन्होंने दावा किया कि ... कैप्टन हरचरण सिंह, ... सिंह मंड, जगदेव सि... प्रीजिडियम के सदस्य ... सिंह, बब्बर खालसा ... सिंह और निरंजन सि... बाबा जोगेंद्र सिंह और ... जिला इकाइयों का पुन... गया । इससे पूर्व पार्टी ... ने पार्टी में आंतरिक व...

बेसहारा वि... बा...

गरदासपुर, 26 ... स्थानीय रैडक्रास हा... जिसकी अध्यक्षता स्थ... महाजन ने की । इस ... द्वारा बेसहारा विधव... स्कीम अधीन 30 ह... सिलाई मशीन, ए... विधवाओं को पैंशन ...

पंजाब में ...

नई दिल्ली, 2... आतंकवादी उपद्रवों ... पूंजीनिवेश बढ़ रहा ... ए.एस. चट्ठा ने आज ... में राज्य में नए उद्यो... पूंजीनिवेश हुआ है, ... उद्योगों पर 60 क... उन्होंने कहा कि सा... वित्त संस्थान राज्य ... और प्रवासी भारती... लगाना शुरू कर ... जापान तथा बहरीन ... में सक्रिय दिलचस्पी ...

महंगाई ...

नई दिल्ली, ... महंगाई, बेरोजगा... जैसे सवालों को ... सोशलिस्ट पार्टी ... सप्ताह तक चलेगा ...

फ्रेंड विज्ञापन

अकाऊंट्स

Learn accountancy within three months. Job assured. Contact—Arora, 5 Soni Market, Near Domoria pul, Ludhiana.

तीर्थ यात्रा

गंगासागर, जगन्नाथपुरी, नेपाल, डीलक्स बस 29 दिसम्बर से 22 जनवरी । शिव प्रकाश (टेलर मास्टर), लाडवा (कुरुक्षेत्र) ।

चिकित्सा

आयुर्वेदिक चमत्कार ! हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत, तंदरुस्ती हासिल करके आनंदमयी जीवन व्यतीत करें तथा पोलियो, बालचर, बाल झड़ने, सीकरी, गंजेपन का खास इलाज । डाक्टर सत्यपाल बहल, चौक निमबाला, लुधियाना 141008

एजैंट चाहिएं

हमें अनुभवी टूरिंग एजैंटों की उचित वेतन या कमीशन पर शीघ्र आवश्यकता है । एयरकन्डीशनल प्रोडक्ट्स बारे कम-से-कम 5 साल का तजुर्बा होना जरूरी है । केवल वह व्यक्ति खुद मिलें जिन्होंने पांच साल किसी बड़ी फैक्टरी में बतौर टूरिंग एजैंट काम किया हो । मिलें—मैनेजर, खालसा इंजीनियरिंग वर्क्स रजिस्टर्ड, सोढल रोड, प्रीत नगर, जालंधर ।

प्रवेश सूचना

Matric (आठवीं फेल/पास) इसी वर्ष करें । 10+1 फेल इसी वर्ष 10+2 करें । B.A./B.Com./B.Sc. (one sitting) करें । B.Ed./LL.B. All graduate eligible. J.B.T., O.T., ANM के दाखले के लिए मिलें । Prospectus Rs. 10/- by M.O. Guru Nanak College of Education, Thana Chowk, Tanda.

आवश्यकता

आर्य गर्ल्ज हाई स्कूल, लोहगढ़, अमृतसर में अवकाश-रिक्त नियुक्ति के लिए B.Sc. (Medical) B.Ed. अध्यापिका की आवश्यकता है । आवेदनपत्र 4.12.87 तक मुख्याध्यापिका को भेजे जाएं । मैट्रिक तक पंजाबी आवश्यक है ।

Graduate/Matriculate, Male/Female front counter supervisors/receptionists for Guest House at Amritsar, local preferred, salary according to merits, lodging free. Box 720, Punjab Kesari, Jalandhar.

S.A. Jain High School (Boys), Ambala City. Wanted J.B.Ts, Hindi O.T. & Sanskrit O.T. teachers against permanent posts. Apply by 30th Nov. 87. Headmaster

Wanted boutique Saleswoman. Contact : Knock-15, Jawahar Nagar Market, Jalandhar, 9 am to 11 am.

गुमशुदा की तलाश



मेरा पोत्रा विक्की, उम्र 8-9 साल, कद 3 फुट, रंग पक्का, 10.11.87 सुबह से गुम है । यह केवल भाभी-भाभी कहता है । पहुंचाने वाले को 500 रु. शुक्राना और आने-जाने का खर्च दिया जाएगा ।

गौरी शंकर,
भूर मंडी, जालंधर कैंट

From To-day : Mini Lal Rattan-Jalandhar Daily 4 Shows
Full of Sex & Action



उरा सप्ताह : मि...
जिसका दिल कमज़...



परदेसियों से न अखियां ... | सितारे : जितेंद्र, लीना-मीना ... | सुपरहिट म्यूज़िक, सस्पैंस ... | SULTAN AHMED'S ... | जनता की मांग पर ... | डी रामा नायडु और अप्पी ...

यह महसूस करने लगे हैं कि ये लोग यानी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पुलिस मुठभेड़ में उग्रवादी मरा, सरपंच की हत्या : 16 गिरफ़्तार

दलीप सिंह की निशानदेही पर लुधियाना बैंक डकैती के 4,50,000 रुपये बरामद

चंडीगढ़, 27 नवम्बर (ह.स.): गत 24 घंटे के दौरान उग्रवादियों ने जिला अमृतसर में एक सरपंच की हत्या कर दी जबकि पुलिस हिरासत से एक उग्रवादी को छुड़ाने के प्रयास में उसके साथियों द्वारा पुलिस पार्टी पर किए गए हमले के बाद हई गोलीबारी में बंदी उग्रवादी मारा गया । केसगढ़ के कार्यवाहक जत्थेदार दलीप सिंह की निशानदेही पर लुधियाना बैंक डकैती का साढ़े चार लाख रुपया बरामद किया गया । बटाला में 26500 रुपए नकद और 35000 के जेवर लूट लिए गए जबकि धुरी से कल गिरफ्तार किए गए लोगों से पुलिस ने तीन लाख रुपए व गोली-सिक्का बरामद किया । पंजाब के विभिन्न स्थानों से पुलिस और सुरक्षा बलों ने 16 उग्रवादियों व उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार किया । फिरोजपर क्षेत्र में सीमा पार करते हुए एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सुरक्षा बलों की गोली से मारा गया ।

दलीप की निशानदेही पर साढ़े चार लाख बरामद

जालन्धर पुलिस ने गत दिनों गिरफ्तार किए गए केसगढ़ साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार दलीप सिंह की निशानदेही पर लुधियाना बैंक डकैती की राशि का एक और भाग बरामद किया है और इस सम्बन्ध में 6 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । इनसे 4.50 लाख (साढ़े चार लाख) रुपए बरामद किए हैं । अब तक पुलिस दलीप सिंह से पूछताछ के बाद 9 लाख रुपए बरामद कर चुकी है । पता चला है कि पुलिस को उक्त हिरासत में लिए गए व्यक्तियों से पूछताछ के दौरान लाखों रुपए बरामद होने की आशा है ।

5680 लूटे

दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आदमपर पुलिस स्टेशन के गांव इशरान में कृषि सहकारी सोसायटी के कार्यालय से पिस्तौल की नोक पर 5680 रुपए लूट लिए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार

फगवाड़ा (खोसला): स्थानीय पुलिस ने दो आतंकवादियों जीवन राम उर्फ छिंदा और राकेश कुमार को गिरफ्तार किया है । जीवन राम के कब्जे से 12 बोर का देसी रिवाल्वर, एक कारतूस बरामद किया और राकेश कुमार से एक लेडी साईकिल, जो उसने अपने एक साथी रमेश कुमार उर्फ मेशी के साथ मिल कर पिस्तौल की नोक पर 21 नवम्बर को मोहल्ला प्रीतमनगर में एक महिला जोगिन्दर कौर से छीना था, भी बरामद हुआ है । राकेश और मेशी उस महिला की बालियां भी छीन कर ले गए थे । कल राकेश कुमार को स्थानीय न्यायिक मैजिस्ट्रेट बी.के. राय की अदालत में पेश किया गया । मैजिस्ट्रेट ने पुलिस रिमांड खत्म करके 8 दिसम्बर तक न्यायिक रिमांड पर उसको न्यायिक हवालात में भेज दिया है ।

सरपंच की हत्या

अमृतसर (वि.प्र., भाटिया): यहां प्राप्त सूचनानुसार जिला अमृतसर के थाना जंडियाला के गांव पंडोरी मेहमा में गत रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे चार उग्रवादियों ने गांव के सरपंच शिंगारा सिंह की हत्या कर दी । पिस्तौलों और स्टेनगनों से लैस उग्रवादी सरपंच के घर में घुसे और उस पर फायरिंग कर दी । सरपंच की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । बाद में उग्रवादी गोलियां चलाते हुए फरार हो गए ।

रैया से 'जसपाल' के अनुसार शिंगारा सिंह गांव बडाला से कच्चे रास्ते से पैदल अपने गांव आ रहा था । वह अभी बडाला से डेढ़ किलो मीटर दूर ही गया था कि उस पर हमला कर दिया गया । घटनास्थल से 9 एम.एम. के सात कारतूस और .38 बोर के कारतूस बरामद हुए हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

डाकू नाक भी काट कर ले गए

मुजफ्फर नगर, 27 नवम्बर (हस.): हथियार बंद डाकू एक घर से हजारों रुपए के जेवर व अन्य माल तो ले ही गए परन्तु साथ ही मकान मालिक की नाक भी काट ले गए ।

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार थाना नई मंडी के अंतर्गत ग्राम रेथड़ी में एक दर्जन हथियार बंद डाकुओं ने अब्दुल अजीज के घर पर धावा बोला और सोने के जेवर व कीमती सामान जिसकी मालियत हजारों रुपए में बताई जाती है, लूट लिया । जाते समय गृह स्वामी ने जब डकैतों से कहा कि मुझ पर दया करो तो डाकू ने जाते-जाते धारदार हथियार से उसकी नाक काट कर ले गए । गृहस्वामी को खून में लथपथ व गम्भीर अवस्था में अस्पताल में दाखिल किया गया है ।





Punjab Sanatan



अमृतसर जिले के जंडियाला थानांगर्त गांव पंडोरी मेहमा के सरपंच शिंगारा सिंह (इन्सैट) का शव जिसकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (छाया : जसपाल रैय्या)

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा

(पृष्ठ 1 का शेष)

हत्यारे पैदल ही आए और पैदल ही फरार हो गए । घटनास्थल से पुलिस को स्टेनगन के कारतूसों के सात खोल मिले । मृतक का चेहरा गोलियों से छलनी हो गया था ।

'मेहरा' के अनुसार सरपंच अदालत से अपने गांव वापस आ रहा था कि गांव के निकट अज्ञात व्यक्तियों ने गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी । आवाज सुनकर सरपंच का लड़का और अन्य सम्बन्धी घर से निकले परन्तु तब तक हमलावर फरार हो चुके थे ।

मृतक के लड़के पाल सिंह ने संदेह व्यक्त किया है कि गांव के ही एक व्यक्ति सतनाम सिंह, जो उग्रवादी बना हुआ है, ने उसके बाप की हत्या की है ।

आठ तोले सोना व नकदी लूटी

बाबा बकाला में 'गुरदित्ता' के अनुसार गत रात थाना मेहता के गांव पल्ला में जमींदार तारा सिंह के घर में तीन उग्रवादी आठ तोले सोना, 500 रुपए नकद और दो घड़ियां लूट कर ले गए । बहुमूल्य वस्तुएं देने से इन्कार करने पर उग्रवादियों ने जमींदार के लड़के शिव सिंह से मारपीट भी की । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

1500 रुपए लूटे

थाना मेहता के ही गांव दाऊद में गत रात दो उग्रवादी सुक्खा सिंह पुत्र अर्जुन सिंह के घर दाखिल हुए और 1500 रुपए नकद तथा अन्य बहुमूल्य सामान लूटकर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

वृद्ध की हत्या

रैय्या (जसपाल): गत रात यहां से दस किलोमीटर दूर थाना जंडियाला गुरु के गांव टांगरा में एक वृद्ध श्री तारा सिंह रामगढ़िया को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तेजधार हथियारों के साथ कत्ल करने की सूचना मिली है । प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक तारा सिंह अपने घर में अकेला ही रहता था ।

उग्रवादी मरा

जालन्धर (ह.स., ढल्ल): एक आतंकवादी बलबीर सिंह उर्फ बिल्ला कल देर रात इस जिले के आदमपुर थाने के अन्तर्गत कपूर पिंड के निकट आतंकवादियों की गोली से मारा गया । बिल्ला पिछले एक महीने से पुलिस हिरासत में था और आतंकवादियों का गिरोह उसे छुड़ाने की कोशिश कर रहा था ।

पुलिस ने बताया कि यह आतंकवादी भोगपुर थाने के अन्तर्गत मानकराय गांव का निवासी था और उसे एक पूछताछ केन्द्र ले जाया जा रहा था । आतंकवादियों के एक गुट ने उस जीप पर हमला कर दिया जिसमें आतंकवादी सवार था ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सब इंस्पैक्टर काबल सिंह की पगड़ी में भी एक गोली लगी लेकिन उसे कोई चोट नहीं आई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और पुलिस दल पर हमला करने वाले आतंकवादी गिरोह की तलाश की जा रही है ।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जांच-पड़ताल के दौरान अब पता चला है कि अलावलपुर कांड में बलबीर सिंह समेत छः उग्रवादी शामिल थे जिनमें से गिरोह का सरगना रत्न सिंह भी चार दिन पूर्व अमृतसर जिले में एक मुठभेड़ में मारा गया था । दो अन्य सदस्य कुलवन्त सिंह और बलजिंदर सिंह दो दिन पूर्व पकड़े गए थे किन्तु बलजिंदर सिंह कल सायं पुलिस हिरासत से फरार हो गया था । अब चरणजीत सिंह, भिखी तथा बलजिंदर सिंह गिरफ्तार किए जाने हैं ।

प्रवक्ता ने बताया कि कुलवन्त सिंह के पास से जो .455 का रिवाल्वर बरामद हुआ था, वह अलावलपुर हत्या कांड में भी इस्तेमाल हुआ था और यह रिवाल्वर कुलवन्त सिंह ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर तीन मास पूर्व एक बस में यात्रा कर रहे उस समय के भोगपुर थाना के एस.एच.ओ. श्री तिलक राज से छीना था ।

प्रवक्ता ने बताया कि रत्न सिंह, कुलवन्त सिंह आदि ने अलावलपुर हत्या कांड की योजना निकट के गांव नंगल फरीदा में एक व्यक्ति सेठा के ट्यूबवैल पर चार दिन पूर्व बनाई थी और वारदात के बाद भी वह उसी ट्यूबवैल पर रात को जा ठहरे थे ।

4 गिरफ्तार

'न.न.अ.' के अनुसार जालन्धर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर चार व्यक्तियों को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार

PHARMACEUTICAL STOCKISTSHIP WITH PROPAGANDA RIGHT BLISTER PACK TABS/CAPS/OINTS.

Offers invited from parties of good financial back ground capable of giving guaranteed sale of Ampicillin, Amoxycillin, Cephelexin, Proxicam, Antipyretic, Analgesics in latest combinations like Mefenic Acid & Ibuprofen etc.-etc. and range of ten types of Ointments.

Box 652, Punjab Kesari, Jalandhar.

LIONS CLUB : LUDHIANA
MID TOWN & SHIVALIK

Jointly Organising **Blood Donation Camp** with the help of CRPF JAWANS AT CRPF CAMP, DUGHRI Road, Ludhiana, on 28th Nov. 1987 at 10 A.M.

Suresh Goyal
Secretary
Mid Town

Anil Bhatia
Secretary
Shivalik

आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार अपराधियों में देवेन्द्र सिंह, जसपाल सिंह (गांव कूकड़ थाना सदर), मनोहर सिंह (गांव लादड़ा थाना भोगपुर), मनजीत सिंह (धीरपुर थाना करतारपुर) शामिल हैं । पुलिस ने इनके विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है ।

शरणदाता गिरफ्तार

करतारपुर (साहनी): स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति मनजीत सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार मनजीत के कब्जे से चार कारतूस बारह बोर के भी बरामद हुए हैं । पुलिस ने मनजीत का चार दिन का रिमांड ले लिया है ।

नकदी व जेवर लूटे

बटाला (ह.स., कोछड़): संदिग्ध व्यक्तियों ने गुरदासपुर जिले में बटाला क्षेत्र के मुल्ली सुनाई गांव में दो विभिन्न वारदातों में 26,500 नकद और 35000 के स्वर्ण आभूषण लूट लिए । पुलिस ने बताया कि पांच व्यक्ति अजीत सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान में घुसे और पन्द्रह हजार के स्वर्ण आभूषण तथा पन्द्रह सौ रु. की नकदी लेकर भाग गए ।

इसके बाद ये लुटेरे इसी गांव के अजीत सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति के मकान में घुसे तथा बीस हजार के स्वर्ण आभूषण और पच्चीस हजार आठ सौ नकद लूटकर भाग गए । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।

तीन लाख रुपए व गोली-सिक्का बरामद

धूरी (सिंगला): गत दिवस धूरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार 19 संदिग्ध उग्रवादियों में खालिस्तान कमांडो फोर्स का सक्रिय सदस्य गुरमुख सिंह और लौंगोवाल अकाली दल मालेरकोटला सर्कल का जत्थेदार बचने सिंह भी शामिल हैं । पुलिस ने उनके कब्जे से तीन लाख रुपए से अधिक की राशि के अतिरिक्त हथियार और गोली-सिक्का बरामद किया है ।

घुसपैठिया मरा

फिरोजपुर (ह.स.): पाकिस्तान का एक घुसपैठिया बुधवार रात को फिरोजपुर सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया । सीमा सुरक्षा बल का यह दल बड़ेके के निकट नाकाबंदी ड्यूटी पर तैनात था । इन्होंने दो पाकिस्तानियों को भारत की सीमा में घुसने की कोशिश करते देखा । ललकारे जाने पर घुसपैठियों ने गोली चला दी । जवाबी कार्रवाई में एक घुसपैठिया मारा गया जबकि दूसरा पाकिस्तान की सीमा में वापस भाग गया ।

मुठभेड़ के बाद चार गिरफ्तार

जिला फिरोजपुर पुलिस ने गत रात गुरु हरसहाय पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद चार उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से एक .455 बोर का रिवाल्वर, .32 बोर का एक विदेशी रिवाल्वर और दो एच.ई. 36 हैंड ग्रेनेड बरामद हुए हैं । पुलिस के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त प्रताप सिंह, जसवन्त सिंह, हरदीप सिंह और बलकार सिंह के रूप में की गई है ।

पाबंदी के आदेश में वृद्धि

फरीदकोट के जिला मैजिस्ट्रेट श्री भूपेन्द्र सिंह सिद्धू ने जिला भर में घातक हथियार ले चलने पर लगे प्रतिबंध में 24 दिसम्बर तक वृद्धि कर दी है ।

'बी' श्रेणी के गुलजार सिंह सहित 2 दर्जन से अधिक उग्रवादी गिरफ्तार

अमृतसर के एक गांव में आतंकवादियों, जालंधर की एक आबादी में लुटेरों को खदेड़ दिया

गुरदासपुर में लकड़ी के 13 खोखे जला दिए

चंडीगढ़, 28 नवम्बर (वार्ता, ह.स., स.): जिला फरीदकोट पुलिस ने 'बी' श्रेणी के एक उग्रवादी गुलजार सिंह सहित सात दर्जन उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में शस्त्रों को बरामद करने के अतिरिक्त लूट का माल भी बरामद किया है । जिला गुरदासपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि गुरदासपुर नगर में गत रात्रि 13 लकड़ी के खोखे जला दिए गए । लुधियाना में तीन उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि जालन्धर की एक आबादी में घर लूटने आए उग्रवादियों को लोगों ने भगा दिया । राज्य के कई अन्य भागों में भी कई उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं । जिला होशियारपुर में पकड़े गए उग्रवादियों के साथी डाक्टर ने तीन हथकड़ियां बरामद करवाई हैं, जो जालन्धर की कचहरी में हमला करके छुड़वाए गए उग्रवादियों ने पहन रखी थीं ।

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्थानीय काहनूवान चौक में एक समुदाय से सम्बन्धित 13 लकड़ी के खोखों को आग लगा दी गई, जिसके फलस्वरूप दुकानें पूरी तरह नष्ट हो गईं । पता चला है कि गत रात्रि लगभग 3.30 बजे काहनूवान चौक पर अजीत सिंह द्वारा बना कर किराए पर दिए गए खोखों को आग लगी देखकर फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया और लगभग दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड जब मौके पर पहुंचा तो सभी खोखों को आग ने लपेट में ले लिया था । फायर ब्रिगेड वाले आग बुझाने लगे तो उन्हें पता चला कि गाड़ी में पानी ही नहीं है । इस पर वह पानी लेने चले गए और 6 बजे दोबारा घटनास्थल पर पहुंचे । तब तक तमाम खोखे आग से जल कर बुरी तरह नष्ट हो चुके थे ।

शहर में फायर ब्रिगेड की लापरवाही पर चिंता व्यक्त की जा रही है । सुबह आग बुझने पर देखा गया कि इन खोखों में पड़ी सिलाई की मशीनें, दूध की डेयरी की मशीनें आदि लोहे का सामान आग से पिघल गया था । वहां केवल जला हुआ मलबा दिखाई दे रहा था । पता चला है कि लगभग दो मास पहले ही इन खोखों को किराए पर लिया गया था । आग से लगभग एक लाख रुपए का नुक्सान होने का अनुमान है । उल्लेखनीय है कि इन खोखों में अभी बिजली की सप्लाई नहीं हुई थी ।

'ह.स.' के अनुसार जले हुए खोखों में दर्जी, हलवाई, चाय वाले, सब्जी वाले, फल वाले तथा एक नाई की दुकान थी । एक दुकान में दूध की डेयरी भी थी ।

दो संदिग्ध युवक गिरफ्तार

गत रात्रि गुरदासपुर सदर पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से नाकाबंदी के दौरान तिबड़ी पुल पर दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार करके एक पिस्तौल तथा दो कारतूस बरामद किए हैं । इन युवकों की शिनाख्त गुरपाल सिंह निवासी राजूबेला तथा गुरनाम सिंह निवासी बिजड़र (दोनों थाना काहनूवान के अंतर्गत) के रूप में की गई है । जिला पुलिस चीफ श्री जे. पी. बिरदी के अनुसार इन युवकों से पूछताछ की जा रही है । बताया जाता है कि गिरफ्तार किए जाने पर इन युवकों ने 'खालिस्तान बनाएंगे, हिन्दुओं को भगाएंगे' के नारे भी लगाए ।

उग्रवादियों के शिकार हिन्दू, सिख दोनों

'ह.स.' के अनुसार गुरदासपुर में जालन्धर से गत सप्ताह सम्वाददाताओं के आए एक दल के साथ यहां अपने मुख्यालय में बातचीत करते हुए बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री चमन लाल ने कहा कि उग्रवाद से उत्पन्न त्रासदी कम से कम सीमांत जिले गुरदासपुर में तो हिन्दओं और सिखों के लिए एक जैसी है, जहां उग्रवादियों का गोलियां न किसी सम्प्रदाय से भेदभाव नहीं किया । इस वर्ष जिले में उग्रवादियों ने अब तक 85 व्यक्तियों की हत्या की है, जिनमें से 47 से अधिक हिन्दू, 36 सिख तथा दो ईसाई थे । श्री चमन लाल ने कहा कि उग्रवाद की जड़ें हिन्दू-सिख की समस्या नहीं है, फिर भी उनका विचार है कि मात्र सुरक्षा बल ही इस युद्ध को नहीं

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब में आतंकवाद दो-तीन माह में खत्म हो जाएगा : आज़ाद

लंदन, 28 नवम्बर (वार्ता): कांग्रेस (इ) के महासचिव श्री गुलाम नबी आज़ाद ने कल यहां कहा कि उनकी पार्टी द्वारा आयोजित निचले स्तर की बैठकों के परिणामस्वरूप उत्पन्न जनमत के कारण पंजाब में आतंकवाद दो से तीन महीनों में समाप्त हो जाएगा ।

श्री आज़ाद ब्रिटिश इंडियन सोसायटी के एक स्वागत समारोह में भाग लेने यहां आए थे । उन्होंने भारतीय उच्चायोग में पत्रकारों को बताया कि कांग्रेस (इ) ने सर्वदलीय बैठकों के आयोजन तथा उनमें शामिल होने की नीति बदलकर छोटी निचले स्तर की जनसभाओं के आयोजन की नीति अपनाई है क्योंकि बड़ी बैठकें असफल रही हैं ।

श्री आज़ाद ने कहा—सर्वदलीय बैठकों में हम लोग आपसी लड़ाई में ज्यादा व्यस्त थे । उन्होंने कहा कि छोटी बैठकें वास्तव में सफल रही हैं क्योंकि पंजाब के लोगों की बहुसंख्या आतंकवाद से ऊब चुकी है । इस समय पंजाब में एक जन-आंदोलन उभरा है और यदि यह जारी रहा तो आतंकवाद की समस्या दो से तीन मास में हल हो जाएगी । श्री आज़ाद ने कहा कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन के बाद स्थिति सुधरी है ।

श्री आज़ाद ने कहा कि समूचे अकाली शासन के दौरान सिर्फ एक सौ आतंकवादी मारे गए थे जबकि राष्ट्रपति शासन की संक्षिप्त अवधि में 'ए' और 'बी' श्रेणी के 300 से ज्यादा आतंकवादी मारे जा चुके हैं । उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब में आतंकवादियों की पंक्तियों में कोई नई भर्ती नहीं हो रही ।

श्री आज़ाद ने यहां विराम के दौरान ब्रिटिश सरकार तथा सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के अधिकारियों से मुलाकात की तथा कहा कि उन्हें विश्वास दिलाया गया है कि ब्रिटेन में आतंकवादी गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए 'ठोस पग' उठाए जाएंगे ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

मोतीमो साबुन

Punjab Sahapedia

उग्रवादी पकड़े

(पृष्ठ 3 का शेष)

लड़ सकते, हमें उनसहयोग प्राप्त करना चाहिए । बी.एस.एफ. ने गत वर्ष जून में अपनी आंतरिक सुरक्षा की ड्यूटी सम्भालने के पश्चात 18 मास के अल्पकाल में उचित प्रभावी सतर्कता ढांचा स्थापित किया है । सतर्कता ढांचे की सफलता के कारण ही इसने अपनी उपस्थिति का शीघ्र ही बोध करवा दिया, जब इसने 24 जून को बटाला के निकट एक मुकाबले में 3 दर्जन उग्रवादियों को मार गिराया । इस वर्ष उग्रवादियों के हाथों इसका एक सतर्कता अधिकारी मारे जाने के कारण बी.एस.एफ. को यद्यपि कुछ धक्का लगा लेकिन बी.एस.एफ. ने इस वर्ष कम से कम 27 उग्रवादियों, जिनमें से 9 प्लस बी. और बी. श्रेणी के उग्रवादी शामिल हैं, को मुकाबलों में मार कर उन पर दबाव बनाए रखा ।

कई शस्त्र मिले

श्री चमन लाल ने कहा कि इस वर्ष कम से कम 478 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें 185 उग्रवादियों के शरणदाता शामिल हैं । इनके कब्जे से 195 रिस्तान और 1700 चक्र गोलियां बरामद की गई हैं । इन शस्त्रों में एक जी.-3 राइफल भी शामिल है, जो पाकिस्तानी सेना का एक प्रामाणिक शस्त्र है और यह पाकिस्तान की शस्त्र फैक्टरी में बना हुआ है । इसके अतिरिक्त दो चीनी ए.के. 47 एसाल्ट राइफलें, चार स्टेनगनें, चार चीनी और दो जर्मनी पिस्तौलें भी शामिल हैं । बी.एस.एफ. ने इसवर्ष धारीवाल और पठानकोट में दो शस्त्र बनाने वाली फैक्टरियां भी पकड़ी हैं ।

लोग हिंसा से निराश

डी.आई.जी. ने कहा कि लोग भी अब हिंसा से निराश हो गए हैं क्योंकि उन्होंने इसकी निरर्थकता को समझना शुरू कर दिया है । यह इस बात से परिलक्षित होता है कि उग्रवादियों और उनके छिपने के स्थानों के बारे में अब तेजी से सूचनाएं मिलती हैं । व्यापक गश्त, उग्रवादियों के ठिकानों पर नजर, उनका पीछा और छापों ने बी.एस.एफ. की जनता में विश्वास बहाल करने में बहुत सहायता की है ।

रिबैरो के अभियान की सराहना

उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो के 'जनसम्पर्क अभियान' और पात्र युवकों की पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों में ही पर ही भर्ती ने सुरक्षा बलों की लोगों में अपनी विश्वसनीयता बढ़ाने में भारी सहायता की है । उन्होंने कहा कि श्री रिबैरो द्वारा सम्बन्धित ऐसी सार्वजनिक सभाओं में 27 युवक बी.एस.एफ. में भर्ती किए गए हैं ।

'आत्म-समर्पण करने वालों से अच्छा व्यवहार होगा'

उग्रवादियों को अत्यन्त भ्रमित युवक बताते हुए डी.आई.जी. ने कहा कि पाकिस्तान से लौट कर आत्म-समर्पण करने वाले अधिकांश युवकों ने शांतिपूर्वक रहना प्रारम्भ कर दिया है । फिर भी, उन्होंने स्वीकार किया, कइयों ने सुरक्षा बलों द्वारा मार दिए जाने के भय से आत्मसमर्पण नहीं किया । कुछ अन्य छिपे हुए ऐसे युवक भी हैं, जिन्होंने काफी समय पूर्व एक या दो अपराध किए थे । उन्होंने आत्म-समर्पण करने वालों और भविष्य में सरेंडर द्वारा उनके अच्छे व्यवहार की गारंटी देने वालों के

लिया । पुलिस की नाका पार्टी ने इन्हें ललकारा । जब भागने लगे तो तीन को पकड़ लिया गया । इनके कब्जे से एक दर्जन कारतूस, 3 पिस्तौल बरामद किए गए । इनके चार साथी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकलने में सफल हो गए । पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने छीना-झपटी की अनेक घटनाओं में भाग लिया था ।

तीन उग्रवादी गिरफ्तार

लुधियाना (महेन्द्रा): एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने आज यहां बताया कि पुलिस ने तीन उग्रवादियों चमकौर सिंह गांव नगल, थाना निहालसिंहवाला, चन्दसिंह निवासी गांव भाईसिंह वाला और साधु सिंह निवासी गांव रामा, थाना बधनी (तीनों जिला फरीदकोट) को गत रात्रि गिरफ्तार किया है, उस समय वे स्कूटर पी.सी.इ. 5707 पर सवार होकर जा रहे थे । उन्होंने पुलिस की जांच के दौरान बताया कि उन्होंने यह स्कूटर गांव रामा, थाना बधनी से 17 नवम्बर को छीना था ।

लोगों ने उग्रवादी भगा दिए

जालन्धर (ह.स.): स्थानीय हरदेव नगर के सतर्क नागरिकों ने गत रात्रि कुछ संदिग्ध उग्रवादियों की लूटमार की कोशिश असफल बना दी । पुलिस के अनुसार लगभग चार व्यक्ति उक्त आबादी के एक डाक्टर के घर में घुस गए । घर में रहने वाले लोगों की चीखो-पुकार सुन कर क्षेत्र के निवासी घटनास्थल पर भाग आए । सूचना पाकर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई । पुलिस के अनुसार अभियुक्त पुलिस के घटनास्थल पर आने से पूर्व ही भाग निकले ।

दुर्दांत उग्रवादियों को भगा दिया

अमृतसर (ह.स.): गत रात्रि जिला अमृतसर के गांव बोरेवाल में तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध दुर्दांत उग्रवादियों ने एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह के घर पर हमला कर दिया और अंधाधुंध फायरिंग की लेकिन बहादुर स्वर्ण सिंह ने अपनी लाइसैंसी रिवाल्वर से फायरिंग करके उग्रवादियों को भगा दिया । फायरिंग से कोई भी घायल नहीं हुआ ।

उग्रवादियों के तीन शरणदाता गिरफ्तार

अमृतसर पुलिस ने थाना व्यास के गांव कोटमेहताब में छापा मारकर गांव के एक व्यक्ति अमर सिंह, उसकी पत्नी हरभजन कौर और गांव के गुरुद्वारे के ग्रंथी जोगेन्द्र सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । पुलिस को यह सूचना मिली थी कि अमर सिंह के घर में कुछ उग्रवादी शरण लिए हुए हैं । छापा पड़ने पर घर में छिपे उग्रवादी भाग निकले ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

अमृतसर पुलिस ने थाना क थूनंगल के गांव लहरके में छापा मार कर दो व्यक्तियों स्वर्ण सिंह और उसके पुत्र सतनाम सिंह को उग्रवाद निरोधक कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया है । उनके घर में छिपे उग्रवादी भाग गए ।

होशियारपुर (अश्वनी, प्रद्युम्न): एस.एस.पी. होशियारपुर श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि नकोदर के पुलिस इंस्पैक्टर अमरीक सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने बडाला माही के डा. आसा सिंह को धारा 25/54/59 के अंतर्गत गिरफ्तार किया है ।







जिला संगरूर की पुलिस द्वारा गत दिनों गिरफ्तार किये गये खालिस्तान कमांडो फोर्स के 19 सदस्यों से बरामद (ऊपर) करंसी, हथियार और स्कूटर (नीचे बाएं) वह वीरान भट्ठा, जहां से उग्रवादी गिरफ्तार किये गये (नीचे दाएं) थाना धूरी का बाहरी दृश्य । (छाया : सिटी लाईट)

पुलिस ने कहा है कि डा. आसा सिंह ने उग्रवादी लाभ सिंह की जालन्धर की कचहरियों में पुलिस हिरासत से फरार होने में मदद की थी ।

उग्रवादियों का पुलिस रिमांड

फगवाड़ा (खोसला): कल पुलिस ने जिन दो उग्रवादियों छिंदा और राकेश कुमार को गिरफ्तार किया था, उनका न्यायिक दंडाधिकारी श्री जी.के. राय ने दो दिसम्बर तक का पुलिस को रिमांड दे. दिया ।

3 और उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट पुलिस ने गत रात्रि मोगा उपमंडल में नाकाबंदी के दौरान 3 और उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने उनके कब्जे से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, कुछ कारतूसों समेत एक रिवाल्वर और 1.50 लाख रु. का सोना बरामद किया । गिरफ्तार उग्रवादियों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

चार उग्रवादी गिरफ्तार

गुरुहरसहाय (भंडारी): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है कि कल चार उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं, जो कोई बड़ी वारदात करने जा रहे थे । पुलिस ने उनका चार नवम्बर तक पुलिस रिमांड ले लिया है । प्रवक्ता ने बताया कि अभियुक्तों द्वारा कई रहस्योद्घाटन किए जाने की संभावना है ।

पुलिस की वर्दियां सीने वाला दर्जी पकड़ा गया

पुलिस ने वह दर्जी भी गिरफ्तार कर लिया है, जो

159 यात्रियों सहित विमान दुर्घटनाग्रस्त

जोहान्सबर्ग, 28 नवम्बर (ए.पी.): दक्षिण अफ्रीकी एयर लाइन्स का लापता जम्बो जैट विमान हिन्द महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है । विमान में कुल 159 व्यक्ति सवार थे । दक्षिण अफ्रीका ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मारीशस के निकट विमान का मलबा देखा गया है । इसके पूर्व कार्पोरेशन ने खबर दी थी कि विमान चालकों ने कैबिन से धुआं निकलने के बारे में जानकारी दी । विमान को आज प्रातः मारीशस में उतरना था । जोहान्सबर्ग में कार्पोरेशन के प्रवक्ता ने बताया कि फ्रांस और मारीशस के विमानों ने मलबे का पता लगाया है ।

कठिन हालात में पुलिस ने अच्छा काम किया है : शर्मा

भोपाल, 28 नवम्बर : उपराष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी जान हथेली पर रखकर काम में जुटे भारतीय पुलिस बल के जवानों और अधिकारियों की सराहना की । डा. शर्मा आज यहां देश में अपनी तरह के पहले पुलिस औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) तथा जिम्नाज़ियम का उद्घाटन करने के बाद आयोजित समारोह में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि हमारे देश की पुलिस ने कठिन

Punjabi Sanatani

दो शस्त्र बनाने वाली फैक्टरियां भी पकड़ी हैं ।

लोग हिंसा से निराश

डी.आई.जी. ने कहा कि लोग भी अब हिंसा से निराश हो गए हैं क्योंकि उन्होंने इसकी निरर्थकता को समझना शुरू कर दिया है । यह इस बात से परिलक्षित होता है कि उग्रवादियों और उनके छिपने के स्थानों के बारे में अब तेजी से सूचनाएं मिलती हैं । व्यापक गश्त, उग्रवादियों के ठिकानों पर नजर, उनका पीछा और छापों ने बी.एस.एफ. की जनता में विश्वास बहाल करने में बहुत सहायता की है ।

रिबैरो के अभियान की सराहना

उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो के 'जनसम्पर्क अभियान' और पत्र युवकों की पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों में मौके पर ही भर्ती ने सुरक्षा बलों की लोगों में अपनी विश्वसनीयता बढ़ाने में भारी सहायता की है । उन्होंने कहा कि श्री रिबैरो द्वारा सम्बन्धित ऐसी सार्वजनिक सभाओं में 27 युवक बी.एस.एफ. में भर्ती किए गए हैं ।

'आत्म-समर्पण करने वालों से अच्छा व्यवहार होगा'

उग्रवादियों को अत्यन्त भ्रमित युवक बताते हुए डी.आई.जी. ने कहा कि पाकिस्तान से लौट कर आत्म-समर्पण करने वाले अधिकांश युवकों ने शांतिपूर्वक रहना प्रारम्भ कर दिया है । फिर भी, उन्होंने स्वीकार किया, कइयों ने सुरक्षा बलों द्वारा मार दिए जाने के भय से आत्म-समर्पण नहीं किया । कुछ अन्य छिपे हुए ऐसे युवक भी हैं जिन्होंने काफी समय पूर्व एक या दो अपराध किए थे । उन्होंने आत्म-समर्पण करने वालों और भविष्य में सरपंचों द्वारा उनके अच्छे व्यवहार की गारंटी देने वालों से सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करने का आश्वासन दिया । उन्होंने यह भी बताया कि आंतरिक ड्यूटी के कारण जवानों के प्रशिक्षण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा ।

7 आतंकवादी गिरफ्तार

फरीदकोट से जिन्दल ने खबर दी है कि पिछले 24 घंटों में पुलिस ने सुरक्षा बलों की सहायता से जिला के विभिन्न स्थानों से 7 आतंकवादी गिरफ्तार किए हैं । इनमें एक 'बी' श्रेणी का आतंकवादी गुलजार सिंह शामिल है । यह [illegible] में नगर में घूम रहा था । उसके कब्जे से 315 बोर की भरी हुई पिस्तौल और आधा दर्जन कारतूस बरामद हुए हैं । एस.एस.पी. श्री गोविन्द राम ने बताया कि तीन आतंकवादियों चमकौर सिंह, बलजीत सिंह और अमरजीत सिंह, जो मुक्तसर के रहने वाले हैं, को कल रात पुलिस की एक पार्टी ने काबू कर लिया । इन आतंकवादियों ने पहले पुलिस दल पर गोली चला दी और फिर भाग निकले । फिर पुलिस ने उन्हें गांव मंडवाला के निकट जा पकड़ा ।

लूट का माल व शस्त्र बरामद

उनके कब्जे से 1 लाख 32 हजार रुपए के आभूषण, जो उन्होंने मोगा के दलजीत सिंह के घर से पिस्तौल की नोक पर छीने थे, बरामद किए । इसके अलावा पाकिस्तान की बनी 32 बोर की रिवाल्वर, एक पाकिस्तानी राइफल, 2 पिस्तौल, 2 दर्जन कारतूस और 6 खाली कारतूस भी बरामद किए । इस गिरोह का नेता खतरनाक आतंकवादी सुखमिंदर सिंह था, जो अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गया । एस.एस.पी. ने यह भी बताया कि तीन और आतंकवादियों भूपिन्दर सिंह, अमरजीत सिंह और किशन सिंह को पुलिस के एक गश्ती दस्ते ने पकड़ [illegible] पुलिस के [illegible] पर जाने से पूर्व ही भाग निकले ।

दुर्दांत उग्रवादियों को भगा दिया

अमृतसर (ह.स.): गत रात्रि जिला अमृतसर के गांव बोरवाल में तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध दुर्दांत उग्रवादियों ने एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह के घर पर हमला कर दिया और अंधाधुंध फायरिंग की लेकिन बहादुर स्वर्ण सिंह ने अपनी लाइसैंसी बंदूक से फायरिंग करके उग्रवादियों को भगा दिया । फायरिंग से कोई भी घायल नहीं हुआ ।

उग्रवादियों के तीन शरणदाता गिरफ्तार

अमृतसर पुलिस ने थाना ब्यास के गांव कोटमहताब में छापा मारकर गांव के एक व्यक्ति अमर सिंह, उसकी पत्नी हरभजन कौर और गांव के गुरुद्वारे के ग्रंथी जोगेन्द्र सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । पुलिस को यह सूचना मिली थी कि अमर सिंह के घर में कुछ उग्रवादी शरण लिए हुए हैं । छापा पड़ने पर घर में छिपे उग्रवादी भाग निकले ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

अमृतसर पुलिस ने थाना कथूनंगल के गांव लहरके में छापा मार कर दो व्यक्तियों स्वर्ण सिंह और उसके पुत्र सतनाम सिंह को उग्रवाद निरोधक कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया है । उनके घर में छिपे उग्रवादी भाग गए ।

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): एस.एस.पी. होशियारपुर श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि नकोदर के पुलिस इंस्पैक्टर अमरीक सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने बडाला माही के डा. आसा सिंह को धारा 25/54/59 के अंतर्गत गिरफ्तार किया है । इसी गांव के हरप्रीत सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है । हरप्रीत सिंह मौजा अगोवाल में शराब के ठेके को लूटने व जलाने तथा नसराला में शराब के ठेके पर फायरिंग की घटनाओं में वांछित था । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर रतन सिंह जो पिछले दिनों अमृतसर में पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया था, का करीबी साथी था । उसके कब्जे से 9 एम.एम. के 22 कारतूस बरामद किए गए । पुलिस ने डा. आसा सिंह की निशानदेही पर उसके ट्यूबवैल के निकट जमीन में दबाए गए 32 बोर के 22 कारतूस और 3 हथकड़ियां बरामद कीं । ये हथकड़ियां जालन्धर कचहरी से हमला करके छुड़वाए गए आतंकवादियों ने पहन रखी थीं । उन्हें हथकड़ियों समेत छुड़ा कर ले गए थे । पुलिस डा. आसा सिंह से और पूछताछ कर रही है ।

कमीशन एजैंटों को डकैती का धन दे रखा था

बताया गया है कि गत दिवस जालन्धर में पकड़े गए दिलीप सिंह के रहस्योद्घाटन पर भी पुलिस विचार कर रही है कि आसा सिंह को दिलीप सिंह ने 5 लाख रुपया दिया था, जो लुधियाना बैंक डकैती का था । यह भी रहस्योद्घाटन हुआ है कि आसा सिंह ने कुछ कमीशन एजैंटों को यह रकम दी हुई थी । अब पुलिस कमीशन एजैंटों से यह रकम एकत्रित कर रही है । एक कमीशन एजैंट ने पूछने पर बताया कि उसको आसा सिंह ने कोई रकम नहीं दी थी । मैंने जो रकम उसे दी, वह इस लिए कि डाक्टर का माल (आलू इत्यादि) अक्सर उनके पास आता रहता है । यह भी पता चला है कि दिलीप सिंह ने जो पांच लाख रुपया डा. आसा सिंह को दिया था, उसमें से साढ़े तीन लाख वापस ले लिया था जबकि केवल डेढ़ लाख ही उसके पास था ।

पुलिस ने कहा है कि डा. आसा सिंह ने उग्रवादी लाभ सिंह की जालन्धर की कचहरियों में पुलिस हिरासत से फरार होने में मदद की थी ।

उग्रवादियों का पुलिस रिमांड

फगवाड़ा (खोसला): कल पुलिस ने जिन दो उग्रवादियों छिंदा और राकेश कुमार को गिरफ्तार किया था, उनका न्यायिक दंडाधिकारी श्री जी.के. राय ने दो दिसम्बर तक का पुलिस को रिमांड दे दिया ।

3 और उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट पुलिस ने गत रात्रि मोगा उपमंडल में नाकाबंदी के दौरान 3 और उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने उनके कब्जे से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, कुछ कारतूसों समेत एक रिवाल्वर और 1.50 लाख रु. का सोना बरामद किया । गिरफ्तार उग्रवादियों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

चार उग्रवादी गिरफ्तार

गुरुहरसहाय (भंडारी): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है कि कल चार उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं, जो कोई बड़ी वारदात करने जा रहे थे । पुलिस ने उनका चार नवम्बर तक पुलिस रिमांड ले लिया है । प्रवक्ता ने बताया कि अभियुक्तों द्वारा कई रहस्योद्घाटन किए जाने की संभावना है ।

पुलिस की वर्दियां सीने वाला दर्जी पकड़ा गया

पुलिस ने वह दर्जी भी गिरफ्तार कर लिया है, जो उग्रवादियों को पुलिस की वर्दियां सी कर देता था । यह दर्जी बूटा सिंह मल्लांवाला थाने के लड़हने का रहने वाला है ।

पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में भी एक व्यक्ति अमर सिंह को गिरफ्तार किया है ।

8 वर्षीया से बलात्कार, हत्या कर शव दबा दिया

कुरुक्षेत्र, 28 नवम्बर (ह.स.): पुलिस ने आज एक बाबा की झोंपड़ी में दबा आठ वर्षीय लड़की का शव बरामद किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार बाबा भगवान गिरि को गिरफ्तार कर लिया गया है । पूछताछ के दौरान उसने लड़की से बलात्कार करने के बाद हत्या कर उसे दबा देना स्वीकार किया है ।



आर.एस.एस. के महासचिव श्री वेंकटरमैया शेषाद्रि (सबसे दाएं) चंडीगढ़ यात्रा के दौरान अपने साथियों के साथ । (छाया : पुरी)

Punjabi Sanatani

अमृतसर के एक गांव में थानेदार, सिपाही व एक अन्य की हत्या : ड्राइवर को मार कर ट्रक छीन ले गए

डाकघर लूटकर भाग रहे एक उग्रवादी को ग्रामीणों ने दबोच लिया : एक ही परिवार के 4 सदस्यों को चाकू से घायल कर दिया

'बी' श्रेणी के आतंकवादी सहित 11 गिरफ़्तार : बाघा पुराना में ठेकेदार की हत्या

चंडीगढ़, 1 दिसम्बर (ह.स., वार्ता, स.): उग्रवादियों ने आज दोपहर जिला अमृतसर में पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर और कांस्टेबल तथा सोमवार की रात्रि को एक ट्रक ड्राइवर व एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी । बाघापुराना में शराब के एक ठेकेदार की हत्या की सूचना मिली है । जिला कपूरथला में डाक-घर लूट कर गोलियां चलाकर भाग रहे उग्रवादियों में से एक को ग्रामीणों ने दबोच लिया, जबकि जलालाबाद (जिला फिरोज़पुर) में 3, होशियारपुर में 1, जालन्धर में 1, बटाला में 'बी' श्रेणी के उग्रवादी सहित 7 उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार कर लिया । फाज़िल्का के गांव में उग्रवादियों ने एक ही परिवार के चार सदस्यों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । इसके अतिरिक्त राज्य के विभिन्न भागों से दोपहिया वाहन और कारें छीन लिए जाने के समाचार मिले हैं ।

थानेदार, कांस्टेबल की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): उग्रवादियों ने आज जिला अमृतसर के पट्टी उपमंडल में पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर अमर सिंह और एक पुलिस कांस्टेबल अश्विनी कुमार की फ़ायरिंग करके हत्या कर दी और फ़रार हो गए ।

जांच करने गांव गए थे

यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार आज बाद दोपहर लगभग अढ़ाई बजे उग्रवादियों, जो क्षेत्र में ब्रह्मा गुट के नाम से कुख्यात हैं, ने पुलिस के सब-इंस्पैक्टर अमर सिंह और कांस्टेबल अश्विनी कुमार को उस समय गोलियां मारीं, जब वे मोटर साइकल पर एक केस की जांच के सम्बन्ध में एक गांव की ओर जा रहे थे । उक्त सब-इंस्पैक्टर थाना वल्टोहा में तैनात था और अश्विनी कुमार कांस्टेबल भी उसी थाने में ड्यूटी देता था । उग्रवादियों जो गांव सभरावां से कुछ दूरी पर छिप कर घात लगाए बैठे थे, ने अचानक थानेदार के मोटर साइकल पर फ़ायरिंग करनी शुरू कर दी, जिससे थानेदार और कांस्टेबल मौके पर ही मारे गए । हमला करने वाले उग्रवादियों की ठीक संख्या का पता नहीं चल सका । एक सूचना यह भी है कि उग्रवादी थानेदार का सर्विस रिवाल्वर भी अपने साथ ले गए, लेकिन अभी इस समाचार की पुष्टि नहीं हो सकी ।

तीन पुलिस कर्मी बच गए

'ह.स.' के अनुसार सब-इंस्पैक्टर अमर सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी पट्टी थाना क्षेत्र के सैदू गांव में उग्रवादियों के ठिकाने एक फार्म हाऊस पर छापा मारने गई थी कि वहां सरकंडों में छिपे उग्रवादियों ने उन पर घात लगा कर हमला कर दिया । गोलियों की बौछाड़ से सब-इंस्पैक्टर अमर सिंह और जीप का ड्राइवर कांस्टेबल अश्विनी कुमार मौके पर ही मारे गए । तीन अन्य कांस्टेबल जीप से कूद कर लंबी घास में पांच किलोमीटर तक रेंग कर मंड क्षेत्र में बद्धाकोट की केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की चौकी पर पहुंचे और सारी घटना की सूचना दी । पहले यह समाचार मिला था कि तीनों सिपाही लापता हैं । बताया जाता है कि कांस्टेबल अश्विनी कुमार ने जीप को मोड़ने की कोशिश की लेकिन सफल न हो सका । जीप भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने मुठभेड़ के दौरान चीन में निर्मित ए.के. 47 राइफल जैसे अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया । पूरे क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी गई है । केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के उप-महानिरीक्षक एस.एस. विर्क, पुलिस अधीक्षक (गुप्तचर) राजिंदर सिंह सहित पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए । उनकी देखरेख में वहां आतंकवादियों की तलाश की जा रही है । अभी तक यह पता नहीं चला है कि इस वारदात में कितने आतंकवादी शामिल थे । बताया गया है कि तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के अवतार सिंह ब्रह्मा का गुट मंड क्षेत्र में फिर से गठित हो रहा है ।

खालिस्तान का प्रचार करने वाली अध्यापिका गिरफ्तार

जिला अमृतसर के थाना तरनतारन क्षेत्र के गांव बाठ से एक महिला अध्यापक मिस जोगेंद्र कौर को आज गिरफ्तार किया गया । पुलिस के अनुसार उक्त अध्यापिका पर छात्रों में खालिस्तान का प्रचार करने का आरोप है ।

ट्रक ड्राइवर सहित एक अन्य की हत्या

पुलिस सूत्रों के अनुसार अमृतसर जिले के कत्थूनंगल थाने के साधपुर गांव में कल रात दो आतंकवादियों ने रौला सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । हत्यारे स्कूटर पर फ़रार हो गए । एक अन्य घटना में अमृतसर से 15 कि.मी. दूर जडियाला गांव में कुछ आतंकवादियों ने ट्रक ड्राइवर राजेन्द्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । हत्यारे मृतक का ट्रक लेकर फ़रार हो गए । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 5-6 थी ।

स्कूटर, कार छीन लिए

अमृतसर के बाहरी इलाके में कल रात तीन लोगों ने बंदूक की नोक पर कपिल देव नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया । इसी तरह जिले के मजीठा थानांतर्गत गांव मड़ीकला के पास कल शाम तीन हथियार-बंद लोगों ने अमरीक सिंह से उनकी मारुति कार छीन ली । अमरीक सिंह भूतपूर्व विधायक करनैल सिंह के पुत्र हैं ।

आग बरसाने से पूर्व उग्रवादियों ने 'आग ही आग' देखी

हिसार (नांदवाल): फतेहबाद के निकट दरियापर में बस-यात्री हत्याकांड में संलिप्त उग्रवादियों ने हत्याकांड करने से पूर्व पांच जुलाई की सायं को राजस्थान के हनुमानगढ़ नगर में फिल्म 'आग ही आग' देखी । सूत्रिय सूत्रों के अनुसार उग्रवादी हनुमानगढ़ में काफ़ी समय पूर्व ही पहुंच गए थे तथा उन्होंने निश्चित षड्यंत्र के अनुसार सायं के समय वहां से किराए की जीप लेकर चलना था । समय व्यतीत करने के लिए उन्होंने वहीं एक सिनेमा हाल में फिल्म 'आग ही आग' देखी । 7 जुलाई को उग्रवादियों ने दरियापर के निकट हरियाणा राज्य पथ परिवहन की दो बसों के 36 निर्दोष यात्रियों की आग बरसा कर हत्या कर दी ।

पिस्तौल सहित गिरफ्तार

जालन्धर पुलिस ने गत रात्रि थाना नवांशहर के गांव गढ़ी अजीत सिंह के निकट नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने अभियुक्त के कब्ज़े से 12 बोर का एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं । इस उग्रवादी का नाम प्यारा सिंह बताया गया है । (शेष पृष्ठ 6 पर)

बी.एस.एफ. को श्रेष्ठतम हथियार मिलेंगे

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सीमा प्रहरियों को अच्छे से अच्छे हथियार शीघ्र उपलब्ध कराये जाने का वचन दिया है ताकि देश की सुरक्षा एवं एकता को किसी भी प्रकार की आंच न आ सके । प्रधानमंत्री ने कहा कि अच्छे हथियारों और उपकरणों के अभाव में जवानों का मनोबल गिरता है । देश कृत-संकल्प है कि ऐसा नहीं होने दिया जाएगा ।

श्री गांधी सीमा सुरक्षा बल के आज 23वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर बल के छावला परिसर में परेड का निरीक्षण करने के बाद सीमा प्रहरियों को संबोधित कर रहे थे ।

प्रधानमंत्री ने देश की सीमा की रक्षा आतंकवाद और बगावत पर काबू पाने और नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिये सीमा सुरक्षा बल की भूमिका की सराहना की है ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने साथ ही सीमा-प्रहरियों को सर्वोत्तम प्रशिक्षण के बारे में सचेत भी किया । उन्होंने कहा कि उचित प्रशिक्षण के अभाव में बेहतरीन हथियार भी कारगर सिद्ध नहीं हो सकते । इसलिये जवानों को अच्छे से अच्छा प्रशिक्षण प्राप्त करने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए ।

उन्होंने पिछले 22 वर्ष की उपलब्धियों के लिये बल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये कहा कि बल का काम अब सीमा की चौकसी ही नहीं रह गया है । देश में अमन-चैन में भी इसकी अहम भूमिका है, जिसे इसके जवान बखूबी निभा रहे हैं ।

प्रधानमंत्री ने इस संदर्भ में मादक द्रव्यों की तस्करी का उल्लेख करते हुये कहा कि सीमा पर तैनात बल के जवान मादक द्रव्य तस्करों की कुचेष्टाओं नाकाम करके देश की बहुत बड़ी सेवा कर रहे हैं क्योंकि नशाखोरी से देश का युवा वर्ग कमजोर बनता है ।

प्रधानमंत्री ने बल के 44 अधिकारियों और जवानों को अभूतपूर्व शौर्य तथा विशिष्ट सेवाओं के लिये पदकों से अलंकृत किया । 52 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट, इंद्रजीत सिंह संधु और नायक वाजिद अली को शौर्य के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक दिए गए । शौर्य के पुलिस पदक 43 बटालियन के नायक मकेश कुमार को दिया गया । बल के महानिदेशक गोबिंद प्रसाद भटनागर ने प्रधानमंत्री को बल की उपलब्धियों की जानकारी दी तथा कमांडेंट के.एस. यादव ने परेड का संचालन किया ।

बोफ़ोर्स तोपों के आयात के बदले में निर्यात के लिए किए गए समझौते पर राज्यसभा में गर्मागर्मी

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर : बोफोर्स की एक सौ पचपन एम.एम. की तोपों की खरीद के बदले में निर्यात किए जाने के मामले को लेकर आज राज्यसभा में काफी गर्मागर्मी हुई । विपक्ष ने आरोप लगाया कि तोप सौदे की कमीशन को छुपाने के लिए ही यह व्यापार समझौता किया गया ।

प्रश्नोत्तर काल के दौरान इस बारे में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में कपड़ा राज्यमंत्री राम निवास मिर्धा ने कहा कि बोफोर्स तोपों की खरीद के बदले में निर्यात किए जाने के करार के बीच में कोई बिचौलिया नहीं है । विपक्ष इससे संतुष्ट नहीं हुआ और उन्होंने आरोप लगाया कि बोफोर्स तोपों की खरीद में कमीशन को दूसरे ढंग से अदा करने के लिए यह करार किया गया है ।

बोफोर्स पर उठाया गया यह प्रश्न 40 मिनट से ज्यादा समय तक चलता रहा। विपक्ष ने मांग की कि इस मामले में विस्तृत चर्चा कराई जाए । सभापति डा. शंकर दयाल शर्मा ने विपक्ष की इस मांग को स्वीकार नहीं किया लेकिन इस पर आधे घंटे की चर्चा कराए जाने पर सहमत हो गए । प्रश्नोत्तर काल समाप्त होने पर भी बोफोर्स के मामले को लेकर विपक्षी सदस्य कुछ कहते रहे, जिसे सभापति ने सदन की कार्रवाई से निकाल दिया ।

श्री मिर्धा ने इस आरोप को गलत बताया कि राज्य व्यापार निगम से इस समझौते की फाइलें वाणिज्य मंत्रालय ने मंगा ली हैं ।

मार्क्सवादी दीपेन घोष ने आरोप लगाया कि तोप सौदे के इस अंश पर समझौते में भी कमीशन दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य व्यापार निगम के अध्यक्ष समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद देश से रहस्यमय ढंग से लापता हो गए और जब ब्रिटेन में पहुंचे तो उनके पास ब्रिटेन का पासपोर्ट था । श्री घोष ने कहा कि यह अजीब बात है कि बोफोर्स से सम्बन्धित सभी लोग बीमारी की सहायता ले रहे हैं । विन चड्ढा अमरीका में बीमार है और श्री मल जी ब्रिटेन में उपचार करा रहे हैं ।

श्री मिर्धा ने इन आरोपों को गलत बताया कि निगम के अध्यक्ष इलाज के लिए लंदन गए और कि उनके पास ब्रिटिश पासपोर्ट था । उन्होंने अस्वस्थता के कारण अपने पद से इस्तीफा दिया है । तेलगु देशम के पी. उपेंद्र ने आरोप लगाया कि बोफोर्स ने अपने यहां की कम्पनियों को पत्र लिखा है कि वे भारत से जो कुछ आयात करें बोफोर्स के नाम

क्यों खरीदेगी तो श्री मिर्धा ने कहा कि बोफोर्स कम्पनी के साथ जो अनुबंध हुआ है उसमें वह इन वस्तुओं को खरीद कर तीसरे देशों को बेचेगी । इसके लिए कम्पनी इस तरह के देशों का पता लगा रही है ।

इस पर श्री दीपेन घोष ने कहा कि बोफोर्स के माध्यम से ये चीजें तीसरे देशों को क्यों भेजी जाएं, हम सीधे इन चीजों का निर्यात तीसरे देशों को कर सकते हैं ।

विपक्ष के एक सदस्य ने इस बात पर आपत्ति की कि वाणिज्य मंत्रालय से सम्बन्धित इतने महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर देने के लिए सम्बन्धित मंत्रालय के दोनों मंत्री सदन में उपस्थित नहीं हैं और उनके स्थान पर श्री मिर्धा को उत्तर देने पड़ रहे हैं । सभापति डा. शर्मा ने कहा कि दोनों सम्बन्धित मंत्री नारायण दत्त तिवारी और राज्यमंत्री प्रियरंजन दास मुंशी ने सदन में उपस्थित नहीं रहने के लिए पहले ही सूचित कर दिया था । (शेष पृष्ठ 6 पर)

लुधियाना में दो बच्चों का अपहरण

लुधियाना, 1 दिसम्बर (महिंद्रा, मुसाफिर, धीमान): कल यहां दो बच्चों का अत्यन्त सनसनीपूर्ण परिस्थितियों में अपहरण कर लिया गया । सराभा नगर की हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में रहने वाले राजेंद्र

पुलिस कार्रवाई पंजाब समस्या का हल नहीं : मल्होत्रा

भटिंडा, 1 दिसम्बर (ह.स.): सी.पी.आई. की राष्ट्रीय परिषद के सचिव श्री अवतार सिंह मल्होत्रा ने कहा है कि पुलिस व सुरक्षा बलों की आतंकवादियों व पृथकतावादियों के विरुद्ध कार्रवाई से पंजाब समस्या कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियन्त्रित नहीं हो जाती, तब तक पंजाब बारे कोई बातचीत नहीं की जाएगी । उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक एवं पृथकतावादी ताकतों के विरुद्ध जनमत पैदा करने के

सी.बी.

भोपाल, 1 दिसम्बर
दंडाधिकारी कन्हैया लाल
त्रासदी के सिलसिले में अ
सी.बी.आई. ने इस
और उसकी दो सहयोगी
कार्बाइड कारपोरेशन (
भूतपूर्व एवं वर्तमान अधि
सी.बी.आई. ने अभि
वाला मानव), 326 (घा
उनके अंग-भंग करने की
पत्र पेश किया है । धारा
सी.बी.आई. के पुलिस
नामों तथा 250 दस्तावे
मामले में तीनों कम्प
यू.सी.आई.एल. के अध्य
किशोर कामदार, पूर्व का
उत्पादन प्रबंध एस.पी. चौ
को अभियुक्त बनाया गया
दो-तीन दिसम्बर 19
मीथाइल आईसोसाईनेट (
के अनुसार उनमें से अब त
कर रही है कि क्या ये मौतें
1988 को रखी गई है

सुशील मुनि-द

चंडीगढ़, 1 दिसम्बर (
सुशील ने आज यहां से कू
अकाल तख्त के जत्थेदार प्र
की । पता चला है कि
प्रोफैसर दर्शन सिंह से कह
सहित 4 दिसम्बर की रात
जत्थे के पहुंचने पर उसका
है कि वह बोट क्लब में 5 दि
धरने व रैली को भी संबोधि
कि प्रोफैसर दर्शन सिंह ने
न्याय मार्च में शामिल होने
था ।

पंजाब सरकार क

चंडीगढ़, 1 दिसम्ब
हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टि
जस्टिस एम.एम. पुंछी पर
ओम प्रकाश सुमन औ
आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी के एक
पंजाब के विभिन्न जिलों में
यूनानी अधिकारी नियुक्त
चुनौती सम्बन्धी याचिका
अन्य को 12 जनवरी का

निजी क्षेत्र में

चंडीगढ़, 1 दिसम्ब
मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने
को बिजली उत्पादन बढ़ाने
के उद्देश्य से बिजली संबंधी
की घोषणा की । आज ह
हरियाणा के उद्योगपतियों
करते हुए श्री देवी लाल ने
बिजली का उत्पादन बढ़ा
भरसक प्रयास कर रही है
बढ़ रही बिजली की मांग क
अधिक पूंजी नियोजन की
को आगे आकर विद्युत उ
चाहिए ।

श्री देवी लाल ने कह
ओर से बिजली उत्पादन इ
सभी योजनाओं तथा प्रस्ता
जाएगी । इसके अलावा
किसी विशेष ईकाई में उ
पड़ोसी क्षेत्र में हस्तांत
'बिल्लिंग चार्जिज तथा ट्र
काटने के बाद देगा ।

विपक्षी सम

नई दिल्ली, 1 दिस
जनता, लोकदल (अ) और
की नवगठित समन्वय स
पहली बैठक हुई, जिसमें

Punjabi Sahitya

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

'शराब के ठेकेदार की हत्या

बाघापुराना (ज्ञान मित्तल): गत रात्रि यहां से 7 किलो मीटर दूर गांव कोटला रायका में उग्रवादियों ने शराब के एक ठेकेदार तारा सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात्रि लगभग 8 बजे तीन उग्रवादी उसके घर आए और वारदात के बाद फ़रार हो गए । सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए । उग्रवादियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है ।

इसी मध्य खालिस्तान रंगरेटा कमांडो फ़ोर्स ने इस हत्या की ज़िम्मेदारी ली है । इस सम्बन्ध में फ़ोर्स के एरिया कमांडर हुसनसिंह द्वारा भेजे एक पत्र में इस हत्या का कोई कारण नहीं बताया गया । उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व भी उग्रवादियों ने गांव सिहवाला में ठेके के एक कर्मचारी की हत्या की थी, उसकी हत्या की जिम्मेदारी भी फ़ोर्स ने ले ली है । इस वारदात में और तीन व्यक्ति भी घायल हुए थे ।

'बी' श्रेणी के उग्रवादी सहित 7 बंदी

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने आज यहां सम्वाददाताओं को बताया कि आज पुलिस व सीमा सुरक्षा बल ने पिछले 24 घंटों में नाकाबंदी व छापों के दौरान 7 संदिग्धी लोगों को उग्रवाद निरोधक कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया है । इनकी पहचान क्रमसिंह (गांव कांगड़ा, थाना हरगोबिंदपुर), कश्मीर सिंह (गांव मान), अमरीक सिंह (गांव धर्मकोट रंधावा), अमरजीत सिंह (गांव दादू जोध), सुखविंदर सिंह (गांव पंडेर), सरजीत सिंह (गांव पंचगरइयां), अजीत सिंह (गांव धीरो वाली) ।

श्री बिरदी ने बताया कि इनमें कर्म सिंह 'बी' श्रेणी का आतंकवादी है, जबकि सुखविंदर सिंह पर आतंकवादियों को शरण देने का आरोप है ।

परिवार के चार सदस्यों को घायल कर दिया

फाज़िल्का (नागपाल): यहां से लगभग 14 किलो मीटर दूर गांव शजराना में आधी रात को पांच अज्ञात युवकों ने घर में सोए एक ही परिवार के एक महिला सहित चार सदस्यों को तेज़धार शस्त्रों से घायल कर दिया । घायलों में 65 वर्षीय जरनैल सिंह, उसकी 60 वर्षीय पत्नी सुरजीत कौर, दो लड़के कश्मीरा सिंह 25 और विरसा सिंह 22 शामिल हैं । कश्मीरा सिंह को एक गोली भी लगी है । बताया जाता है कि अभियुक्त पैदल ही आए थे । सभी घायलों को स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । थाना सदर की पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

एक संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी): गत रात सी. आर. पी.एफ़. ने एक संदिग्ध व्यक्ति अवतार सिंह सोढी को जो गांव साहरी का रहने वाला है, गिरफ्तार कर लिया है । उसके कब्ज़े से एक बंदूक और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । पूछताछ में पता चला है कि अवतार सिंह एक खतरनाक आतंकवादी रत्न सिंह को शरण दिया करता था । रत्न सिंह गत दिवस अमृतसर में पुलिस से भिड़ंत में मारा गया था । प्रद्युम्न की सूचनानुसार सी.आर.पी. ने दो व्यक्ति गिरफ्तार किए थे । एक व्यक्ति को छोड़ दिया गया था, अवतार सिंह होशियारपुर में काम करता है ।

स्कूटर छीन लिया

होशियारपुर से अश्विनी व सूद की सूचना है कि आज गढ़शंकर रोड पर टोटोमज़ारी के पास दो सशस्त्र आतंकवादियों ने एक दुकानदार हरमेश लाल से उसका बजाज स्कूटर नम्बर पी.बी.एच. 664 छीन लिया । हरमेश लाल दुकान बंद करके अपने गांव मैगोवाल जा रहा था कि रास्ते में यह घटना हुई ।

6 लाख रुपया बरामद

ह.स. के अनुसार होशियारपुर पुलिस ने एक व्यक्ति जगजीत सिंह से छः लाख रुपया बरामद किया है । समझा जाता है कि यह राशि पंजाब नैशनल बैंक से उग्रवादियों द्वारा लूटी गई 5.70 करोड़ रुपए की धन राशि का एक अंश है ।

'शाम साढ़े 6 के बाद कारें, ट्रक भी न चलाए जाएं'

होशियारपुर के जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश के द्वारा जिले में सायं साढ़े छः बजे तक बसों के चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है । रात्रि 8 बसे से प्रातः 5 बजे तक मोटर कारें, ट्रक और दूसरे फ़ोर व्हीलर भी नहीं चलाए जा सकेंगे । यह आदेश 31 दिसम्बर तक लागू रहेगा । धारा 144 की अवधि में भी 31 दिसम्बर तक वृद्धि कर दी गई है ।

ग्रामीणों ने आतंकवादी दबोच लिया

कपूरथला से रघुनाथ शर्मा की सूचना है कि आज दोपहर लगभग एक बजे थाना भुलत्थ के गांव रायपुर पीरबख्श के पोस्ट आफ़िस के बाहर तीन स्कूटर सवार आतंकवादी आए । इनमें से एक पोस्ट आफ़िस के अन्दर जाकर एक लिफ़ाफ़ा लेकर उस पर कुछ लिखने लगा । थोड़ी देर बाद बाहर खड़े दोनों आतंकवादी भी अन्दर आ गए और कैश उठाकर बाहर खड़े स्कूटर पर फ़रार हो गए । अन्दर खड़ा आतंकवादी पैदल ही भागा । गांव के लोगों ने उसका पीछा किया तो उसने गोली चला दी, जिससे बलबीर सिंह घायल हो गया, परन्तु ग्रामीणों ने आतंकवादी को दबोच लिया । उसका नाम कुलदीप सिंह है और वह नूरपुर जट्टां का है । पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर पूछताछ की तो पता चला कि उसके दोनों साथी बिल्ला और मंगल खानपुर गांव के हैं । पुलिस उनकी तलाश में है ।

बताया गया है कि उग्रवादी डाकघर से 5000 रुपए लूट कर ले गए । पकड़े गए उग्रवादियों की ग्रामीणों ने बड़ी बुरी तरह पिटाई की । उसकी दशा का पता नहीं चल सका, लेकिन उग्रवादियों की फ़ायरिंग से घायल युवक की दशा खतरे से बाहर बताई गई है ।

बताया गया है कि स्टेनगन और पिस्तौल से लैस दो उग्रवादी प्रातः 11 बजे स्कूटर पर डाकघर में आये थे । 5000 रुपए लूट कर जाने के समय उनका स्कूटर सड़क पर फिसल गया और वे स्कूटर

B.A., B.Com., B.Sc. (Magadh University)
One Sitting. This Year Results 100%

INTER (Sc., Arts, Com.) Matric (Bihar/Delhi)
Prabhakar, B.Ed., J.B.T., LL.B (Bihar) R.M.P. Registration.

Be a qualified Registered Pharmacist
from any state and start own shop.

We guide & help.

GIAN JYOTI COLLEGE

Punjab Kesari

पंजाब में ज्योतिषी की हत्या : अंधाधुंध फायरिंग से दुकानदार घायल : 2 उग्रवादी पकड़े गए : छः को क्षमादान

चंडीगढ़, 3 दिसम्बर (वार्ता, ह.स., स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला अमृतसर में एक ज्योतिषी की हत्या कर दी, जबकि एक दुकानदार को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उग्रवादी गुरदासपुर में एक घर से 20000 रुपए के आभूषण और नगदी छीन कर ले गए, जबकि अमृतसर में उग्रवादियों के हमले के दौरान मारे गए कांस्टेबल अश्विनी कुमार की आज गुरदासपुर में पुलिस सम्मान के साथ अन्त्येष्टि कर दी गई । जिला अमृतसर में सीमा सुरक्षा बल ने पाकिस्तान से भारत में घुसते समय एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार कर लिया । जिला होशियारपुर में 2 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि विभिन्न वारदातों में संलिप्त छः युवकों को उनके अभिभावकों और गांव-पंचायत की गारंटी पर छोड़ दिया गया । भटिंडा में कल एक सहकारी बैंक से उग्रवादी 5120 रुपए लूट कर ले गए, जबकि वे एक आढ़ती को लूटने में असफल रहे ।

भारत में दाखिल होते पकड़ा गया

अमृतसर (ह.स.): सीमा सुरक्षा बल ने रात अटारी क्षेत्र में पाकिस्तान से भारत में घुसने का प्रयास कर रहे एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने यह जानकारी दी ।

वाहन छिने

इस बीच कल रात संदिग्ध उग्रवादियों ने अमृतसर में दो अलग-अलग घटनाओं में एक स्कूटर और एक मोटर साइकिल छीन ली ।

कांस्टेबल को घायल कर दिया

पुलिस लाइन क्षेत्र में कल रात कांस्टेबल रमेश कुमार को उसके ही सहयोगी सहायक सब-इंस्पैक्टर ने गोली मारकर घायल कर दिया । कांस्टेबल को गुरु तेग बहादर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । संदेह है कि गोली चलाने वाला सहायक सब-इंस्पैक्टर उस समय शराब के नशे में था । उसने जीप से उतर रहे कुछ कांस्टेबलों पर गोली चलाई । गोली एक कांस्टेबल को लगी, जबकि अन्य बाल-बाल बच गए ।

ज्योतिषी की हत्या, दुकानदार घायल

रैय्या (जसपाल): गत रात्रि यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव बुताला में उग्रवादियों द्वारा की गई गोलाबारी के सम्बन्ध में प्राप्त विवरणों के अनुसार इस गोली कांड में एक ज्योतिषी छज्जू राम मारा गया और एक दुकानदार शाम सुन्दर घायल हो गया । बताया जाता है कि घटना के समय शाम लाल, जो किरयाने की दकान करता है, अपनी दकान में बैठा था । उसने तीन उग्रवादियों को अपनी ओर आते हुए देखकर दकान का दरवाजा बंद कर दिया परन्तु उग्रवादी दरवाजा तोड़कर अन्दर दाखिल हो गए और उन्होंने फायरिंग की, गोलियां उसकी छाती, कंधे और घर की दीवार पर लगीं, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसको गुरु तेग बहादर अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । बताया जाता है कि उक्त वारदात के बाद जब उग्रवादी बाहर खेतों की ओर जा रहे थे तो उस समय छज्जू राम पुत्र कुन्दन लाल शौच निवृत्ति के बाद घर लौट रहा था । उग्रवादियों ने उस पर भी फायरिंग की । उसके सिर और छाती में गोलियां लगीं, जिसके कारण वह वहीं ही गेहूं के खेतों में दम तोड़ गया । पता चला है कि छज्जू राम और उसका पिता कुन्दन लाल गांवों में घूमकर लोगों के हाथ देखते थे और बहुत निर्धन थे । बाद में छज्जू राम की पत्नी लक्ष्मी ने बताया कि गोलियों की आवाज सुनकर उसने और गांव वालों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए । सारी रात छज्जू राम की प्रतीक्षा की जाती रही, परन्तु वह नहीं आया । प्रातः उसकी तलाश की गई तो उसका शव गेहूं के खेतों में पड़ा हुआ मिला । मृतक के पिता कुन्दन लाल ने बताया कि उनकी गांव में किसी से शत्रुता नहीं थी । सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस के अनुसार इस वारदात में शामिल अभियुक्तों का पता चला लिया गया है । वे दोनों भगौड़े और इस क्षेत्र के निवासी बताए जाते हैं । उनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है । घटनास्थल से पुलिस को 9 एम.एम. के तीन चले और एक अनचला कारतूस मिले हैं ।



जंडियाला जिला अमृतसर के गांव बुताला में उग्रवादियों ने बुधवार की रात्रि को फायरिंग करके एक व्यक्ति छज्जू राम (इन्सैट) की हत्या कर दी । (1) छज्जू राम का शव, (2) गेहूं के खेत, जहां छज्जू राम की हत्या की गई, में रक्त बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है, (3) मृतक की मां तथा अन्य विलाप करते हुए, (4) उग्रवादियों ने इसी गांव में एक दुकानदार पर भी फायरिंग करके उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया । दुकान की दीवार पर गोलियां लगी हुई दिखाई दे रही हैं ।
(छाया : जसपाल)

20000 के आभूषण, नगदी लूट लिए

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि दो अज्ञात आतंकवादी गुरदासपुर सदर थाने के गांव अहोहार के निवासी सविन्दर सिंह से बीस हजार रुपए के जेवरात व नकदी लूटकर ले गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात्रि लगभग 10.30 बजे दो अज्ञात सिख युवक, जिनके पास रिवाल्वर थे, सविन्दर सिंह के घर आए और आवाज देकर दरवाजा खुलवाया । उन्होंने पिस्तौल की नोक पर सविन्दर सिंह से

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanatani

ज्योतिषी की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

जेवरात व नकदी की मांग की, जिस पर सविन्दर सिंह ने घर में पड़े लगभग बीस हजार रुपए मूल्य के जेवरात और 1320 रुपए नकद उन्हें दे दिए । आतंकवादी लूट का माल लेकर फरार हो गए । पुलिस ने चार युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है ।

पाबंदी बढ़ी

गुरदासपुर के जिला मैजिस्ट्रेट श्री जी.एस. कल्हा ने जिला भर में पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर इकट्ठा होने तथा जलूस व जलसे इत्यादि पर लगी पाबंदी 31 जनवरी तक बढ़ा दी है । यह आदेश विवाह, पार्टियों, शोक सभाओं व सरकारी कार्यक्रमों पर लागू नहीं होगा ।

कांस्टेबल की अंत्येष्टि

गत दिवस जिला अमृतसर में उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर दो पुलिस कर्मचारियों सब-इंस्पैक्टर अमर सिंह और कांस्टेबल अश्विनी कुमार की हत्या कर दी गई थी, आज यहां अश्विनी कुमार का पुलिस सम्मान के साथ दाह-संस्कार कर दिया गया । कांस्टेबल अश्विनी कुमार गुरदासपुर शहर का निवासी था और 1985 में वह पुलिस में भर्ती हुआ था । स्थानीय श्मशान घाट पर पुलिस कर्मचारियों द्वारा शस्त्र उल्टे करके मृतक को सलामी दी गई । संस्कार के अवसर पर जिला पुलिस मुखी श्री जे.पी. बिरदी, पुलिस अधीक्षक श्री एच.एस. काहलों के अतिरिक्त और भी कई पुलिस अधिकारी शामिल हुए । श्री बिरदी ने बताया कि वह मृतक अश्विनी कुमार के परिवार को जल्दी से जल्दी सभी सुविधाएं दिलाने की कोशिश करेंगे । दाह-संस्कार पर अश्विनी कुमार के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के अतिरिक्त सामाजिक, राजनीतिक तथा धार्मिक नेता भी शामिल हुए और अश्विनी कुमार के परिवार को ढारस बंधाई ।

शहीद की पत्नी सम्मानित होगी

हिन्दू शिव सेना फिल्लौर के प्रधान शहीद कुलदीप शर्मा, जिसकी 10 नवम्बर को आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी, की पत्नी को जिला गुरदासपुर हिन्दू शिव सेना 13 दिसम्बर को एक समारोह में पंजाब शिव सेना एवार्ड से सम्मानित करेगी । हिन्दू शिव सेना पंजाब के उपप्रधान श्री विजय कुमार गिल ने अपने एक लिखित वक्तव्य में बताया है कि शहीद कुलदीप शर्मा ने जिस प्रकार गोलियां लग जाने पर भी जख्मी हालत में बहादुरी दिखाकर उग्रवादियों से उनका रिवाल्वर छीनकर उग्रवादियों पर गोलियां चलाईं यह बात उग्रवाद के विरुद्ध स्वर्णाक्षरों में लिखी जाएगी । ऐसे बहादुर व्यक्ति की पत्नी को 13 दिसम्बर को एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा, जिसमें शिव सेना के नेता श्री जगदीश तांगड़ी, रमाकांत जलोटा, सुरेन्द्र बिल्ला के अतिरिक्त हिमाचल तथा जम्मू-कश्मीर के कई नेता शामिल होंगे । श्री गिल ने आगे कहा कि अब समय की जरूरत को देखते हुए प्रत्येक शिव सेना कार्यकर्त्ता को उग्रवाद के विरुद्ध खड़े होना होगा और उग्रवाद के विरुद्ध प्रशासन द्वारा शुरू की गई लड़ाई में प्रशासन को सहयोग देना प्रत्येक कार्यकर्त्ता का फर्ज बनता है । बाद में एक बैठक में 13 दिसम्बर के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें जिला

उग्रवादियों द्वारा मार्क्सी नेता की हत्या : अमृतसर में सुरक्षा बलों पर फ़ायरिंग

गुरदासपुर में मारुति कार में सवार 5 आतंकवादियों से शस्त्र बरामद

घर को लूटने आए उग्रवादियों को डाक्टर ने फ़ायरिंग करके भगा दिया

चंडीगढ़, 6 दिसम्बर (शर्त, ह.स., स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला गुरदासपुर के गांव में माकर्सी नेता हरभजन सिंह की हत्या कर दी, जबकि अमृतसर के बाह्य क्षेत्र सुल्तानविंड में सुरक्षा बलों की एक नाकापार्टी पर अंधाधुंध फ़ायरिंग की, लेकिन सुरक्षा बलों की जवाबी फ़ायरिंग से उग्रवादी भाग गए । फ़ायरिंग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली

जिला गुरदासपुर के एक गांव में एक मारुति कार में दो राइफलें,एक दोनाली बंदूक, रिवाल्वर, पिस्तौल और साठ कारतूस बरामद किए गए, इस सम्बन्ध में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है । अमृतसर के वल्टोहा क्षेत्र में एक खेत से एक शव मिला है । होशियारपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें से एक भाजपा नेता प्रकाश लाल दुआ के हत्याकांड में वांछित था । किराएदार की सूचना पुलिस को न देने पर होशियारपुर में एक मालिक मकान को गिरफ्तार किया गया है । लुधियाना में एक डाक्टर ने घर लूटने आए दो उग्रवादियों को फ़ायरिंग करके भगा दिया ।

स्कूल अध्यापक की हत्या

गुरदासपुर (चिनोद): गत रात्रि थाना कहनूवान क्षेत्र के गांव तुगलवाद में एक स्कूल अध्यापक, जो जिला सी.पी.एम. का भूतपूर्व प्रधान भी था की चार उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस क्षेत्र के अनुसार कल रात्रि लगभग साढ़े बारह बजे चार उग्रवादी दीवार से चारपाई लगाकर स्कूल अध्यापक हरभजन सिंह (53वर्ष) के मकान में दाखिल हुए । हरभजन सिंह कमरे में सो रहा था । दरवाजा खटखटाए जाने पर जब दरवाजा खोला गया तो उग्रवादियों ने हरभजन सिंह की गोली मारकर मौके पर ही हत्या कर दी । मृतक के लड़के के अनुसार उसके पिता जिला कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सी के भूतपूर्व प्रधान थे और अब वे पेड़ी कलानां में अध्यापक के रूप में नियुक्त थे । पुलिस के अनुसार मृतक हरभजन सिंह खालिस्तान का विरोधी था और इसविरुद्ध प्रचार भी करता था । पुलिस ने घटनास्थल से .315 बोर के दो खाली कारतूस बरामद किए हैं । उसे कई धमकीपूर्ण पत्र भी मिल चुके थे । पुलिस के अनुसार इस वारदात में उसी गांव के उग्रवादी परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा का हाथ दिखाई देता है ।

पम्मा हाल ही में उग्रवाद सम्बन्धी एक अन्य अपराध के सम्बन्ध में छूटकर घर लौटा था ।

कार से शस्त्र बरामद, 5 गिरफ्तार

गत सायं फतेहगढ़ चूड़ियां थाने के गांव काला अफगाना में सुरक्षा बलों ने एक मारुति कार पकड़ कर उसमें से भारी शस्त्र बरामद किए । उसमें सवार पांच व्यक्ति गिरफ्तार कर लिए गए हैं । एस.एस.पी. श्री बिरदी ने बताया कि कल सायं लगभग साढ़े सात बजे एक मारुति कार नं. पी.सी.एम. 222 गांव के बस अड्डे पर रुकी । सुरक्षा बलों और पुलिस ने संदेह होने पर उसकी तलाशी ली तो उसमें से 315 बोर की दो राइफलें, 20 कारतूस, एक दोनाली बंदूक, 9 कारतूस, एक 38 बोर का रिवाल्वर., 20 कारतूस और एक 12 बोर का पिस्तौल बरामद किया । गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम हैं : मुख्तियार सिंह और कश्मीर सिंह (दोनों थाना तरनतारन गांव जहांगीर के), जोगेन्द्र सिंह निवासी प्लेसर थाना तरनतारन, जसविंद्र सिंह निवासी गांव मुखविंडी और जसपाल सिंह निवासी घनिये के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां । पुलिस के अनुसार ऐसा नजर आता है कि ये लोग किसी वारदात के लिए यहां आए थे ।

सुरक्षा बलों पर फायरिंग

अमृतसर (अशोक सोनी): गत रात्रि अमृतसर के बाह्य क्षेत्र सुल्तानविंड रोड पर सुरक्षा बलों की एक नाका पार्टी पर लगभग आधा दर्जन उग्रवादियों ने चीनी असाल्ट राइफलों से लगभग दस मिनट तक भीषण गोलीबारी की लेकिन सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर हमलावर उग्रवादी भागने पर विवश हो गए ।

कोई घायल न हुआ

इस घटना के सम्बन्ध में जिला मुख्यालय में जो सूचनाएं पहुंची हैं, उनके अनुसार गत रात्रि लगभग 8.30 बजे सी.आर.पी.एफ. की एक टुकड़ी ने अमृतसर की बाहरी आबादी सुल्तानविंड रोड पर एक नहर के पुल पर नाका लगाया हुआ था । इस दौरान सुरक्षा बलों की नाका पार्टी ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को नाका पार्टी की ओर आते हुए देखा । 6-7 उग्रवादी सुल्तानविंड गांव की ओर से आ रहे थे । सुरक्षा बलों ने जैसे ही रुकने का आदेश दिया, उग्रवादियों ने तुरन्त पोजीशनें लेकर सुरक्षा बलों पर स्वचालित शस्त्रों से फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की । गोलियों का यह आदान-प्रदान लगभग दस मिनट तक चला और इसके बाद हमलावर उग्रवादियों की ओर से गोलियों की आवाज आनी बंद हो गई तथा आतंकवादी भाग गए । प्रातः सुरक्षा बलों द्वारा घटनास्थल की जांच किए जाने पर वहां से भारी मात्रा में चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल के चले हुए और कारगर कारतूस बरामद हुए । सूचनाओं में बताया गया है कि इस फायरिंग में दोनों पक्षों में से कोई भी हताहत या घायल नहीं हुआ । घटनास्थल का वरिष्ठ पुलिस और सी.आर.पी.एफ. अधिकारियों ने भी दौरा किया ।

लावारिश शव मिला

अमृतसर पुलिस को थाना वल्टोहा के क्षेत्र से एक हिन्दू युवक का लावारिस शव मिला है । शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । सूचनाओं में कहा गया है कि पुलिस को यह शव कल बाद दोपहर थाना वल्टोहा के क्षेत्र में खेतों में पड़ा हुआ मिला । लाश पर कोई घाव नहीं है बल्कि उसके मुंह से रक्त बह रहा था । मृतक ने लुंगी और कमीज पहनी हुई थी ।

20 कैसेटें ले गए

इसी मध्य गत रात्रि यहां लारेंस रोड पर पिस्तौल की नोक पर एक दुकान से दो संदिग्ध व्यक्ति लगभग 20 टेप कैसेटें उठा कर ले गए ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

एक संसदीय दल यह भी है, जिसमें सभी दूल्हे हैं, बाराती कोई नहीं !

पटियाला, 6 दिसम्बर (भूषण): एकीकृत अकाली दल की लोकसभा में जो संसदीय पार्टी है, उसके तीन सदस्य हैं और तीनों पदाधिकारी । साधारण सदस्य कोई नहीं । हाल ही में लोकसभा-सचिवालय ने सांसदों की जो सूची प्रचारित की है, उसमें एकीकृत (बादल धड़े) के तीन सदस्य दिखाए गए हैं—श्री चरणजीत सिंह वालिया (नेता), श्री तरलोचन सिंह तुड़ (मुख्य सचेतक) और श्री चरणजीत सिंह अटवाल (जिन्हें उप-नेतृत्व पेश किया गया परंतु उन्होंने स्वीकार नहीं किया ।)

परंतु एकीकृत अकाली दल ही नहीं, बरनाला के अकाली दल (ल) का भी यही हाल है । लोकसभा में इन के दो सदस्य हैं—श्री बलवंत सिंह रामूवालिया नेता हैं और उनके एक साथी जिन्हें उपनेता समझा जा सकता है । पार्टी में और कोई सदस्य नहीं ।

भाई शमिंदर सिंह और भाई मेवा सिंह गिल दो सदस्यों को श्री बरनाला ने पार्टी के दोफाड़ होते समय सदस्यता से खारिज कर दिया था । अब इनकी हालत 'आजाद' सदस्यों की है । ये दोनों लोकसभा से बाहर एकीकृत अकाली दल के साथ हैं परंतु लोकसभा में आजाद हैं । ये दोनों भी अपने को आजाद अकाली धड़े का नेता और उपनेता कहते हैं ।

अकाली नेता स्वयं इकट्ठे नहीं, वे पंजाबी लोगों की आवाज़ कैसे उठाएंगे, इसका केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है । युद्ध जारी है, परंतु यह केवल कुर्सी का युद्ध है ।

Punjab Sahara

उग्रवादियों द्वारा मार्क्सी नेता की हत्या : अमृतसर में सुरक्षा बलों पर फ़ायरिंग

गुरदासपुर में मारुति कार में सवार 5 आतंकवादियों से शस्त्र बरामद

घर को लूटने आए उग्रवादियों को डाक्टर ने फ़ायरिंग करके भगा दिया

चंडीगढ़, 6 दिसम्बर (वार्ता, ह.स., स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला गुरदासपुर के गांव में एक मार्क्सी नेता हरभजन सिंह की हत्या कर दी, जबकि अमृतसर के बाह्य क्षेत्र सुल्तानविंड में सुरक्षा बलों की एक नाका पार्टी पर अंधाधुंध फ़ायरिंग की, लेकिन सुरक्षा बलों की जवाबी फ़ायरिंग से उग्रवादी भाग गए । फ़ायरिंग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली ।

जिला गुरदासपुर के एक गांव में एक मारुति कार से दो राइफलें, एक दोनाली बंदूक, रिवाल्वर, पिस्तौल और साठ कारतूस बरामद किए गए, इस सम्बन्ध में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है । अमृतसर के बल्टोहा क्षेत्र में एक खेत में एक शव मिला है । होशियारपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें से एक भाजपा नेता लाला लाल दुआ के हत्याकांड में वांछित था । इसी बीच होशियारपुर में एक मालिक मकान को गिरफ्तार कर लिया गया है । लुधियाना में एक डाक्टर ने घर लूटने आए दो उग्रवादियों को फ़ायरिंग करके भगा दिया ।

स्कूल अध्यापक की हत्या

गुरदासपुर (चिनोर): गत रात्रि थाना कहनुवान क्षेत्र के गांव तुगलाबाद में एक स्कूल अध्यापक, जो जिला सी.पी.एम. का भूतपूर्व प्रधान रह चुका था, की चार उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार रात रात लगभग साढ़े बारह बजे चार उग्रवादी दीवार से चारपाई लगाकर स्कूल अध्यापक हरभजन सिंह (53वर्ष) के मकान में दाखिल हुए । हरभजन सिंह कमरे में सो रहा था । दरवाजा खटखटाए जाने पर जब दरवाजा खोला गया तो उग्रवादियों ने हरभजन सिंह पर गोली चलाकर मौके पर ही हत्या कर दी । मृतक के लड़के के अनुसार उसके पिता जिला कम्युनिस्ट पार्टी कमेटी के भूतपूर्व प्रधान थे और अब वे पेड़ी खुरानां में अध्यापक के रूप में नियुक्त थे । पुलिस के अनुसार मृतक हरभजन सिंह खालिस्तान का विरोधी था और इसके विरुद्ध प्रचार भी करता था । पुलिस ने घटनास्थल से .315 बोर के दो खाली कारतूस बरामद किए हैं । उसे कई धमकीपूर्ण पत्र भी मिल चुके थे । पुलिस के अनुसार इस वारदात में उसी गांव के उग्रवादी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा का हाथ दिखाई देता है ।

पम्मा हाल ही में उग्रवाद सम्बन्धी एक अन्य अपराध के सम्बन्ध में छूटकर घर लौटा था ।

कार से शस्त्र बरामद, 5 गिरफ्तार

गत रात्रि फतेहगढ़ चूड़ियां थाने के गांव काला अफगाना में सुरक्षा बलों ने एक मारुति कार पकड़ कर उसमें से भारी शस्त्र बरामद किए । उसमें सवार पांच व्यक्ति गिरफ्तार कर लिए गए हैं । एस.एस.पी. श्री बिरदी ने बताया कि कल सायं लगभग साढ़े सात बजे एक मारुति कार नं. पी.सी.एम. 222 गांव के बस अड्डे पर रुकी । सुरक्षा बलों और पुलिस ने संदेह होने पर उसकी तलाशी ली तो उसमें से 315 बोर की दो राइफलें, 20 कारतूस, एक दोनाली बंदूक, 9 कारतूस, एक 38 बोर का रिवाल्वर, 20 कारतूस और एक 12 बोर का पिस्तौल बरामद किया । गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम हैं : मुख्तियार सिंह और कश्मीर सिंह (दोनों थाना तरनतारन गांव जहांगीर के), जोगेन्द्र सिंह निवासी प्लेसर थाना तरनतारन, जसविंद्र सिंह निवासी गांव मुखविंडी और जसपाल सिंह निवासी चोनियें के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां । पुलिस के अनुसार ऐसा नजर आता है कि ये लोग किसी वारदात के लिए यहां आए थे ।

सुरक्षा बलों पर फायरिंग

अमृतसर (अशोक सोनी)- गत रात्रि अमृतसर के बाह्य क्षेत्र सुल्तानविंड रोड पर सुरक्षा बलों की एक नाका पार्टी पर लगभग आधा दर्जन उग्रवादियों ने चीनी असाल्ट राइफलों से लगभग दस मिनट तक भीषण गोलीबारी की लेकिन सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर हमलावर उग्रवादी भागने में सफल हो गए ।

कोई घायल न हुआ

इस घटना के सम्बन्ध में जिला मुख्यालय में जो सूचनाएं पहुंची हैं उनके अनुसार गत रात्रि लगभग 9.30 बजे सी.आर.पी.एफ. की एक टुकड़ी ने अमृतसर की बाहरी आबादी सुल्तानविंड रोड पर एक नहर के पुल पर नाका लगाया हुआ था । इस दौरान सुरक्षा बलों की नाका पार्टी ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को नाका पार्टी की ओर आते हुए देखा । 6-7 उग्रवादी सुल्तानविंड गांव की ओर से आ रहे थे । सुरक्षा बलों ने जैसे ही रुकने का आदेश दिया उग्रवादियों ने तुरन्त पोजीशनें लेकर सुरक्षा बलों पर स्वचालित शस्त्रों से फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की । गोलियों का यह आदान-प्रदान लगभग दस मिनट तक चला और इसके बाद हमलावर उग्रवादियों की ओर से गोलियों की आवाज आनी बंद हो गई तथा आतंकवादी भाग गए । प्रातः सुरक्षा बलों द्वारा घटनास्थल की जांच किए जाने पर वहां से भारी मात्रा में चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल के चले हुए और कारामद कारतूस बरामद हुए । सूचनाओं में बताया गया है कि इस फायरिंग में दोनों पक्षों में से कोई भी हताहत या घायल नहीं हुआ । घटनास्थल का वरिष्ठ पुलिस और सी.आर.पी.एफ. अधिकारियों ने भी दौरा किया ।

लावारिस शव मिला

अमृतसर पुलिस को थाना बल्टोहा के क्षेत्र से एक हिन्दू युवक का लावारिस शव मिला है । शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । सूचनाओं में कहा गया है कि पुलिस को यह शव कल बाद दोपहर थाना बल्टोहा के क्षेत्र के खेतों में पड़ा हुआ मिला । लाश पर कोई पात नहीं है बल्कि उसके मुंह से रक्त बह रहा था । मृतक ने लुंगी और कमीज पहनी हुई थी ।

20 कैसेटें ले गए

इसी मध्य गत रात्रि महां स्टोर्स रोड पर पिस्तौल की नोक पर एक दुकान से दो संदिग्ध व्यक्ति लगभग 20 टेप कैसेटें उठा कर ले गए ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अरशद परवेज़ पर अ

वाशिंगटन, 6 दिसम्बर (ह.स.) : पाकिस्तान में जन्मे कनाडा के नागरिक अरशद परवेज़ पर कल से फ़िलाडेल्फ़िया में मुकद्दमा चलाया जाएगा । उसे परमाणु हथियार बनाने में काम आने वाले मैरीजिंग इस्पात की पाकिस्तान को तस्करी करने के प्रयास में इस वर्ष जुलाई में गिरफ्तार किया गया था । पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम के बावजूद उसे मदद जारी रखने के लिए अमरीकी फैसले के संदर्भ में यहां और भारत के पर्यवेक्षक एक ही मुद्दा उठा रहे हैं । वह यह है कि क्या अमरीका परवेज़ को महज़ सज़ा देना चाहता है या तस्करी की कोशिश में पाक सरकार का साथ होने के तथ्य सामने लाना चाहता है । यदि रीगन प्रशासन मामले में पाकिस्तान सरकार को शामिल होने की बात पर पर्दा नहीं डालना चाहता है तो मुकद्दमे में सारी सच्चाई सामने लाई जाएगी । उसमें यह सवाल भी शामिल होगा कि पाकिस्तान में परवेज़ का सम्पर्क सूत्र कौन था । उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान में छापामार युद्ध के कारण पाक का महत्व बढ़ गया है ।

पूर्वी जिले पेंसिल्वानिया की जिला अदालत की सहायक एर्णी कुर्लैंड ने बताया कि कल सुबह जूरी का सझाव होगा । मुकद्दमा न्यायाधीश जेम्स गाइल्स की 12 सदस्यीय संघीय जूरी के सामने होगा । मुकद्दमे में दो सप्ताह का समय लग सकता है ।

पहले चलाए गए एक मुकद्दमे में रीगन प्रशासन ने हर संभव प्रयास किया कि मामले में पाकिस्तान सरकार का नाम न आए । अमरीकी सीनेट की इनोयी और स्टेनिस समितियों की कार्रवाई को देखते हुए यह तय है कि मुकद्दमे में पाकिस्तान सरकार को शर्मिंदगी से उबारने की हर कोशिश का कई सीनेटर विरोध करेंगे । इसका मुख्य कारण यह है कि वे किसी भी तरह पाकिस्तान को सहायता जारी करना चाहते हैं । परवेज़ द्वारा तस्करी का मामला पकड़ में आने के बाद यह सहायता बंद कर दी गई थी । इस मुकद्दमे से न सिर्फ तस्करी में परवेज़ का हाथ होने के बारे में तथ्य सामने आ सकते हैं, बल्कि अमरीकी सरकार में भी पता च

इस अमरीकी पेशियो कनाडियन परवेज़ के पासपोर्ट स इससे यह था । उन जानकारी और अप पाकिस्तान ने बताया अरब औ साथ उस

बताया कि उसके प्र इनाम-उ इस्पात स से भी ज्य कहा गया द्वारा अप हित का अधिकार राष्ट्रीय पता चल मज़बूत डालर क

मकान से मिला थ पहले स

रीगन-गोर्बाच्योव

मास्को, 6 दिसम्बर : सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाच्योव तथा अमरीकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के मध्य कल से वाशिंगटन में निशस्त्रीकरण वार्ता शुरू हो रही है, जबकि सोवियत दैनिक 'प्रावदा' ने अमरीका में होने वाले नए घटनाक्रम की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे शिखर वार्ता के लिए उपयुक्त वातावरण पैदा नहीं होता । कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र ने यह रिपोर्ट वाशिंगटन में सोवियत संघ पर एंटी बालिस्टिक मिसाइल संधि के उल्लंघन के आरोप लगाए जाने के बाद प्रकाशित की है । इन आरोपों का बलपूर्वक खंडन करते हुए अखबार ने कहा कि अमरीका द्वारा इन आरोपों को उछालने से शिखर वार्ता के लिए उपयुक्त वातावरण नहीं बनता । इसके साथ ही अखबार ने आशा प्रकट की कि दोनों नेता मानवता को 'एक परमाणुमुक्त अहिंसक विश्व' की ओर ले जाने के लिए पग उठाएंगे । अखबार ने कहा—वाशिंगटन शिखर वार्ता इस बात का फैसला करेगी कि क्या मानवता, जोकि इस समय चौराहे पर खड़ी है, वास्तविक निशस्त्रीकरण की ओर मुड़ सकेगी या और अधिक खतरनाक शस्त्र दौड़ की ओर अग्रसर होगी ।

मास्को में शांति-शृंखला

इसी बीच सोवियत संघ तथा अमरीका के बीच प्रस्तावित शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर कल सैंकड़ों मास्कोवासियों ने यहां अमरीकी दूतावास तथा

एक संसदीय दल यह भी है, जिसमें सभी दूल्हे हैं, बाराती कोई नहीं !

पटियाला, 6 दिसम्बर (भाषण): एकीकृत अकाली दल की लोकसभा में जो संसदीय पार्टी है, उसके तीन सदस्य हैं और तीनों पदाधिकारी । साधारण सदस्य कोई नहीं । हाल ही में लोकसभा-सचिवालय ने सांसदों की जो सूची प्रचारित की है, उसमें एकीकृत (बादल धड़े) के तीन सदस्य दिखाए गए हैं—श्री चरणजीत सिंह वालिया (नेता), श्री तरलोचन सिंह तुड़ (मुख्य सचेतक) और श्री चरणजीत सिंह अटवाल (जिन्हें उप-नेतृत्व पेश किया गया परंतु उन्होंने स्वीकार नहीं किया ।)

परंतु एकीकृत अकाली दल ही नहीं, बरनाला के अकाली दल (ल) का भी यही हाल है । लोकसभा में इन के दो सदस्य हैं—श्री बलवंत सिंह रामूवालिया नेता हैं और उनके एक साथी जिन्हें उपनेता समझा जा सकता है । पार्टी में और कोई सदस्य नहीं ।

भाई शमिंदर सिंह और भाई मेवा सिंह गिल दो सदस्यों को श्री बरनाला ने पार्टी के दोफाड़ होते समय सदस्यता से खारिज कर दिया था । अब इनकी हालत 'आज़ाद' सदस्यों की है । ये दोनों लोकसभा से बाहर एकीकृत अकाली दल के साथ हैं परंतु लोकसभा में आज़ाद हैं । ये दोनों भी अपने को आज़ाद अकाली धड़े का नेता और उपनेता कहते हैं ।

अकाली नेता स्वयं इकट्ठे नहीं, वे पंजाबी लोगों की आवाज़ कैसे उठाएंगे, इसका केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है । युद्ध जारी है, परंतु यह केवल कुर्सी का युद्ध है ।

बादल के कारण अकाली राजनीति में निकट भविष्य में कई धमाके सम्भावित

चंडीगढ़, 6 दिसम्बर (एन.एस. परवाना): पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल के श्री सुरजीत सिंह बरनाला का साथ छोड़कर एकीकृत अकाली दल में शामिल होने का इरादा कर रहे हैं । है कि वह अभी तक क्षेत्रीय और राष्ट्रीय राजनीति के बारे में खुले आम कुछ नहीं कह सके हैं लेकिन इसके भी है कि नई रणनीति तैयार करने के मामले में श्री बादल की धर्म पत्नी श्रीमती सुरिन्द्र कौर भी उनके

Punjab Sahitrani

मार्क्सी नेता की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

30000 रु. का माल लूट ले गए

पांच सशस्त्र व्यक्तियों ने गत रात्रि थाना सरहाली, जिला अमृतसर के गांव रामचाहल में अजीत सिंह नामक व्यक्ति का घर लूट लिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादी घर से 30000 रुपए मूल्य के आभूषण, घड़ियां और अन्य बहुमूल्य वस्तुएं ले गए ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): जिला पुलिस ने एक खतरनाक उग्रवादी रणजीत सिंह छछोली को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने बताया है कि यह उग्रवादी गत दिनों मारे गए दो उग्रवादियों का साथी था और होशियारपुर के भाजपा नेता प्रकाश लाल दुआ की हत्या के मामले में पुलिस को वांछित था । गत रात्रि पिंडौरी महंता के पास नाकाबंदी में बडाला माही के एक व्यक्ति अवतार सिंह को गिरफ्तार किया गया है । तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 302 बोर के सात और नौ एम.एम. के 9 कारतूस बरामद हुए । अवतार सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया है कि वह उग्रवादियों को सहायता देता था और उनके संदेश एक-दूसरे तक ले जाता था ।

किराएदार की पुलिस को सूचना न देने पर गिरफ्तार

प्रवक्ता ने आगे बताया कि होशियारपुर के मुहल्ला सैनी नगर के एक मालिक मकान सुरजीत सिंह को धारा 188 के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया है । उसने एक ऐसी स्त्री को अपना मकान किराए पर दिया था, जिसके उग्रवादियों के साथ सम्बन्ध थे । वह स्त्री पहले ही गिरफ्तार की जा चुकी है । उसे मकान किराए पर देने की सूचना पुलिस को न देने के आरोप में भी गिरफ्तार किया गया है ।

घड़ी, अंगूठी छीन ली

जालन्धर (ह.स.): गत रात्रि दो संदिग्ध उग्रवादियों ने यहां पंजाब रोडवेज की वर्कशाप के निकट एक व्यक्ति से उसकी अंगूठी और कलाई घड़ी छीन ली । पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर दी है ।

पाक जासूस का शारीरिक रिमांड

कथित पाकिस्तानी जासूस केवल सिंह उर्फ़ केला (35), जिसे गत तीन दिसम्बर को नकोदर उप-मंडल के गांव गांदरा से गिरफ्तार किया गया था, का पुलिस ने सात दिसम्बर तक शारीरिक रिमांड प्राप्त कर लिया है । केवल सिंह, जो पाकिस्तान के सादिक बेग का कथित रूप से सहयोगी है, पंजाब के उग्रवादियों के लिए शस्त्र और गोली-सिक्के की तस्करी करने के मामले में संलिप्त है । पुलिस सूत्रों के अनुसार केवल सिंह को और पूछताछ के लिए अमृतसर के जांच केंद्र में भेजा गया है ।

उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध गोली चला कर हरगोबिन्दपुर में 5 व्यक्तियों की हत्या

संगरूर के निकट मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : दूसरा फगवाड़ा में हृदय गति रुक जाने से चल बसा

ए.एस.आई. की हत्या, घुसपैठिया मरा, एक उग्रवादी, एक पुलिस कर्मी घायल

चंडीगढ़, 10 दिसम्बर : पंजाब में उग्रवादियों ने एक ए.एस.आई. सहित 7 लोगों की हत्या कर दी जबकि एक वांछित उग्रवादी, एक दुर्दांत उग्रवादी व एक घुसपैठिया मारे गए ।

गुरदासपुर जिले के सैरोवाल गांव में तीन जगहों पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोली चला कर 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी व एक को घायल कर दिया । एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार लुधियाना के चेत सिंह नगर के गुरुद्वारे के सेवादार भजन सिंह की कल कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी । संगरूर जिले के सिहाल गांव में हुई मुठभेड़ में एक वांछित आतंकवादी मारा गया जबकि उसका एक साथी तथा पुलिस कर्मी घायल हो गये । जिला कपूरथला पुलिस द्वारा गिरफ्तार एक दुर्दांत आतंकवादी 'हार्ट अटैक' से मर गया । इसके अतिरिक्त पुलिस ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से असला आदि भी बरामद किया । अमृतसर में आज रात्रि एक ए.एस.आई. की हत्या कर दी गई । सीमा क्षेत्र में एक घुसपैठिया मारा गया ।

पांच की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): गत रात श्रीहरगोबिंदपुर थाना के गांव सैरोवाल में चार आतंकवादियों ने फ़ायरिंग कर पांच व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी तथा डी.आई.जी. बी.एस.एफ. श्री चमन लाल ने घटनास्थल से वापस आकर बताया कि गत रात लगभग 7.30 बजे चार अज्ञात आतंकवादी गांव सैरोवाल में आए और उन्होंने गांव के बाहर एक घर में प्रवेश करके प्रीतम सिंह (45) और बाबू सिंह (15), जो कि चाचा-भतीजा थे, की गोली मारकर हत्या कर दी । उसके बाद आतंकवादियों ने एक अजीत कुमार उर्फ़ कैरो (28) के घर में प्रवेश कर हत्या कर दी । इसका घर भी गांव से बाहर है ।

आतंकवादी इन तीनों की हत्या करने के बाद हंसराज नामक (60) के घर गए तथा हंसराज की हत्या करके वे गांव के अन्दर दित्ता राम (45) के घर गए और दित्ता राम की भी हत्या कर दी ।

लिबरेशन फ़ोर्स ने जिम्मेवारी ली

समझा जाता है कि हमलावर प्रतिबंधित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के सदस्य हैं । पोस्टमार्टम के बाद अजीत कुमार की जेब से मिले खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के पैड पर लिखे पत्र में कहा गया है कि ये हत्याएं 'फ़र्ज़ी पुलिस मुठभेड़' में आतंकवादी मंजीत सिंह खजाला को मार डालने की घटना का बदला लेने के लिए की गई हैं । पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि 'पुलिस दमन जारी रहा' तो हत्याएं होती रहेंगी । श्री बिरदी ने बताया कि हत्यारों को पहचान लिया गया है तथा उनकी तलाश जारी है । पत्र फ़ोर्स के डायरैक्टर जनरल तूफ़ान सिंह के नाम से लिखा गया है ।

बटाला से चौधरी और काहनूवान से शर्मा के अनुसार उग्रवादियों के हाथों पांच लोग मारे गए हैं, जबकि एक गम्भीर घायल हो गया । पुलिस ने अभियुक्तों को मनोनीत कर दिया है । इस संदर्भ में पता चला है कि पांच उग्रवादी जो अत्याधुनिक शस्त्रास्त्रों से लैस थे, सैरोवाल में आए और गांव के बाहर एक डेरे में गोलियां चला कर दो व्यक्तियों को मार डाला । उसके बाद वे गांव में दाखिल हो गए और वहां अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिनसे तीन व्यक्तियों की तो घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक गम्भीर घायल हो गया । मरने वालों में हंसराज, अजीत कुमार, प्रीतम सिंह, दित्ता राम और बाबू सिंह शामिल हैं, जबकि श्री साधु राम गम्भीर रूप से घायल हो गया ।

घायल साधु राम ने अपने बयान में बताया कि जब वे रात को 7.30 बजे की करीब खाना खा रहे थे, उस समय दस सिख, जिनकी दाढ़ियां बंधी हुई थीं, हमारे मकानों के अन्दर घुसे । हमें धक्के मारकर गिरा दिया।उन सभी के पास हथियार थे तथा उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । घटना की सूचना मिलने पर बी.एस.एफ. तथा पुलिस 8.30 बजे के करीब घटनास्थल पर पहुंच गई,पर हमलावर फरार हो चुके हैं ।

एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री जे.पी. बिरदी ने घटनास्थल का दौरा करने बाद बताया कि उक्त गोली कांड में अभी तक 15 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार मृतकों में दो सिख खेत मजदूर थे तथा जब उनकी हत्या की गई, वे खाना खा रहे थे । बताया गया है कि हत्याओं में 315 और 303 बोर की राइफलों और बारह बोर की बंदूक का इस्तेमाल किया गया ।

श्री चमन लाल ने बताया कि समझा जाता है कि गिरोह का नेतृत्व "खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स" का जगराज सिंह कर रहा था । पुलिस और सुरक्षा बल रात साढ़े नौ बजे के करीब घटनास्थल पर पहुंच गए और कई गांवों की नाकेबंदी कर दी, लेकिन वे आतंकवादियों को नहीं पकड़ सके । समझा जाता है कि आतंकवादी गिरोह "मंड" क्षेत्र से होते हुए होशियारपुर जिले में प्रवेश कर गया । सुरक्षा कर्मियों ने जिले में आतंकवादियों के छिपने के सम्भावित ठिकानों पर भी छापे मारे हैं ।

गिरोह की पहचान

जालन्धर के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री ए.ए. सिद्दीकी ने जालन्धर में बताया कि पुलिस ने सैरोवाल गांव में कल रात पांच व्यक्तियों की हत्या करने वाले आतंकवादी गिरोह को पहचान लिया है । उन्होंने बताया कि आतंकवादी आसपास के गांवों के ही हैं । इनमें गांव दोरंगला तथा ठट्ठे शामिल हैं । उन्होंने इस हत्याकांड के लिए जिम्मेवार आतंकवादियों में से चार के नाम युवराज सिंह, कुलबिंदर सिंह, बलदेव सिंह और बलजीत सिंह बताए हैं ।

पुलिस ने इन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए जबरदस्त अभियान छेड़ दिया है ।

रात्रि कर्फ्यू बढ़ा

एक सरकारी सूचना में कहा गया है कि जिला गुरदासपुर के 300 मीटर के सीमांत प्रदेश में रात्रिकालीन कर्फ्यू की अवधि छः फरवरी तक बढ़ा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

परवेज़ की ज़मानत की अर्ज़ी रद्द

वाशिंगटन, 10 दिसम्बर : पाकिस्तान को परमाणु बम में काम आने वाले उपकरणों की तस्करी के मामले में अभियुक्त अरशद परवेज़ ने कल अदालत में इस लाख डालर राशि की जमानत की अर्ज़ी पेश कर सबको चौंका दिया ।

उनके वकील ने कल फिलाडेल्फिया की एक अदालत में यह याचिका पेश की यहां उस पर सुनवाई चल रही है ।

इससे पूर्व अपने हलफनामे में परवेज़ ने कहा था कि उसके पास कोई पैसा नहीं है बल्कि कनाडा में उसकी ढाई लाख डालर की देनदारी है । इसमें उसने यह भी कहा था कि उसका परिवार पाकिस्तान में है, लेकिन कल उसने कहा कि उसका परिवार कनाडा में रह रहा है । न्यायालय ने उसे यह कह कर जमानत पर छोड़ने से मना कर दिया कि वह कनाडा जा सकता है जहां से उसका प्रत्यार्पण मुश्किल होगा ।

चोरों के 3 अंतर्राज्यीय गिरोह पकड़े गए : 4 लाख का सामान बरामद

चंडीगढ़, 10 दिसम्बर (संघी): स्थानीय पुलिस के निरीक्षक श्री सिंह के नेतृत्व में गठित किए गए विशेष सैल ने चोरों के तीन अंतर्राज्यीय गिरोहों का पता लगाकर उसके दस सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग चार लाख रुपए मूल्य का सामान बरामद किया है ।

चंडीगढ़ के एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह ने आज शाम यहां बताया कि इन गिरोहों की गिरफ्तारी से इस वर्ष के दौरान चंडीगढ़ व मोहाली में हुई लगभग तीस चोरियों के मामले हल हो गए हैं ।

उन्होंने बताया कि पहला गिरोह जिसका सरगना मोहाली का रहने वाला सुदेश अरोड़ा उर्फ बबलू था, को उसके दो अन्य साथियों कुलबीर सिंह (खरड़) व प्रदीप कुमार (चंडीगढ़) सहित गिरफ्तार कर लिया गया है । इस गिरोह के दो अन्य सदस्य रोमी व बिल्ला अभी फरार हैं ।

कब्जे से अभी लाखों रुपए मूल्य का और सामान बरामद होने की उम्मीद है । उन्होंने बताया कि इन गिरोहों का पता उस समय चला जबकि यह एक घर में चोरी करने की योजना बना रहे थे ।

श्री सिंह ने बताया कि इन गिरोहों का पता लगाने वाले इंस्पैक्टर के.आई.पी. सिंह, सब-इंस्पैक्टर राकेश शुक्ला व दो ए.एस.आई. सूरज सिंह व जगदीश चंद्र को शीघ्र ही उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा ।

इटली में कमांडो को प्रशिक्षण बारे सरकार की खामोशी पर आश्चर्य

Punjabi Sanatan



श्री हरगोबिन्दपुर थाने के गांव सरोवाल में गत दिवस आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) प्रीतम सिंह, (2) अजीत कुमार उर्फ कैरो, (3) हंस राज, (4) बाबू सिंह और (5) दित्ता राम । (त्रया : विनोद)

लोक सभा के मध्यावधि

Punjabi Sanathni

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

दी गई है । कर्फ्यू सायं 6.30 बजे से प्रातः सात बजे तक प्रभावी रहेगा ।

लुटने से बचा

बटाला (चौधरी): आज बाद दोपहर यहां से दस किलो मीटर दर सकना भागोवाल में एक आतंकवादी ने पिस्तौल की नोक पर एक दुकानदार को लूटने की कोशिश की । बताया जाता है कि आतंकवादी गांधी नामक एक दुकानदार के पास आया और उससे रुपए मांगे । जब दुकानदार ने रुपए देने से इन्कार कर दिया तो उसने पिस्तौल निकाल लिया, मगर दुकानदार ने होशियारी से उसका पिस्तौल पकड़ लिया । उसने पकड़े-पकड़े ही तीन गोलियां चला दीं मगर निशाना न लग सका । उसके बाद वह अपना पिस्तौल वहीं छोड़कर भाग गया ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा

संगरूर (गोयल): एस.पी. श्री एम.एम. कपूर ने बताया है कि जिला संगरूर के दीरबा पुलिस थाना के गांव सिहाल में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक संदिग्ध आतंकवादी मारा गया, जबकि उसका एक साथी तथा एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया । श्री कपूर ने बताया कि पुलिस पार्टी ने सूचना मिलने पर दो फरार कथित आतंकवादियों नरेन्द्र सिंह उर्फ निंदी तथा अजैब सिंह को गिरफ्तार करने के लिए गांव सिहाल में छापा मारा था । इसी गांव के रहने वाले ये दोनों दोषी एक गन्ने के खेत में छिपे हुए थे ।

श्री कपूर ने बताया कि इन वांछित अभियुक्तों की तलाश में सुलेख सिंह नामक कांस्टेबल जब गन्ने के खेत में गया तो उन्होंने उस पर कृपाण से हमला कर दिया । यह पुलिस कर्मी जब घायल होकर खेत से बाहर भागा, तो पुलिस ने उन दोनों कथित आतंकवादियों को आत्म-समर्पण के लिए कहा । पर उन्होंने पुलिस दल पर गोली चला दी । जवाब में पुलिस की गोली से नरेन्द्रजीत सिंह उर्फ निन्दी मारा गया तथा दूसरा घायल हो गया ।

श्री कपूर ने बताया कि इनके कब्जे से 12 बोर की दो देसी पिस्तौलें तथा कुछ कारतूस बरामद हुआ हैं ।

गर्ग के अनुसार पुलिस के छापा दल का नेतृत्व सब इंस्पैक्टर ओम प्रकाश कर रहे थे । पुलिस को सूचना मिली थी कि ये दोषी एक कुएं पर बैठे हैं, इस पर पुलिस वहां रवाना हुई । कुएं पर जाकर पुलिस ने इन दोषियों को पकड़ने का प्रयास किया पर ये गन्ने के खेतों में जा छिपे । घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

संदिग्ध गिरफ्तार

जालन्धर : एक सूचना के अनुसार जिला जालन्धर के सुरक्षा बलों ने थाना भोगपुर के गांव बम्पाकलां के सुरजीत सिंह उर्फ घोना नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 303 बोर का एक देसी पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं । उसके खिलाफ शस्त्र कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है । पूछताछ जारी है ।

'हाई अलैक' से आतंकवादी मरा

भटिंडा में डी.एस.पी.की हत्या : विरोधी ग्रुप ने दो उग्रवादी मार दिए : लुधियाना बैंक डकैती के और 15 लाख रुपये बरामद

चंडीगढ़, 11 दिसम्बर (ह.स.): भटिंडा थर्मल प्लांट के सुरक्षा प्रभारी उपपुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. बेदी की आज प्रातः उग्रवादियों ने हत्या कर दी और बंगा से 4500 रुपए नकद व दस हजार के ज़ेवर लूट लिए । पंजाब में कुल सात उग्रवादी गिरफ्तार किए गए गत रात अमृतसर के सरहाली क्षेत्र में आपसी दश्मनी में मारे गए दो उग्रवादियों की शिनाख्त कर ली गई । कपूरथला में एक घर में लूटपाट के उद्देश्य से घुसे उग्रवादियों में से, घर वालों ने साहस का परिचय देते हुए एक को दबोच लिया । जालन्धर में एक 'बी' श्रेणी के उग्रवादी और उसके चार अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया । उनसे लुधियाना बैंक डकैती के पांच लाख रुपए भी बरामद कर लिए गए । जालन्धर के नूरमहल क्षेत्र से एक स्कूटर, फगवाड़ा से पैंतीस हजार रुपए और एक पिस्तौल बरामद किया गया । आदमपुर पुलिस स्टेशन के गांव कालरा में खाद की सहकारी सोसायटी के सचिव नानक सिंह से 10738 रुपए लूट लिए ।

डी.एस.पी. की हत्या

भटिंडा (ह.स., ग्रोवर): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने भटिंडा ताप संयंत्र के समीप एक पुलिस उपाधीक्षक श्री ओ.पी. बेदी की आज सुबह गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार उपाधीक्षक अपने कार्यालय जा रहे थे, तभी हमलावरों ने उन पर गोलियों की बौछार कर उनकी हत्या कर दी । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तरन्त घटनास्थल पर पहुंच गये । पूरे इलाके को घेर लिया गया है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार श्री बेदी प्रातः दस बजकर बीस मिनट पर थर्मल प्लांट के गेट नम्बर एक पर ही पहुंचे थे कि हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । हमलावर बाद में स्कूटर पर फरार हो गए ।

मृत उग्रवादियों की शिनाख्त

अमृतसर (वार्ता, वि.प्र.): अमृतसर के सरहाली पुलिस थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लोहार गांव में कल रात मारे गए दोनों व्यक्तियों की शिनाख्त हो गई है । पुलिस के अनुसार दोनों मृतक प्रतिबंधित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के सदस्य थे । मृतक निर्मल सिंह ब्रह्मपुरा गांव तथा खुशयाल सिंह मंडा गांव का निवासी था । पुलिस को दोनों मृतकों की हत्याओं तथा कुछ अन्य मामलों में तलाश थी ।

निर्मल सिंह तथा खुशयाल सिंह दोनों अब अवतार सिंह ब्रह्मा के नेतृत्व वाले "खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट' के सदस्य थे । पुलिस ने कहा कि दोनों लोग आपसी रंजिश को लेकर हुए संघर्ष में मारे गए । इससे पूर्व के समाचारों में कहा गया था कि आतंकवादियों ने इन दोनों की हत्या की थी ।

पुलिस के अनुसार हमले में चीन में निर्मित ए.के. 47 राइफल और स्टेनगनों का इस्तेमाल किया गया । घटनास्थल से राइफल के करीब 45 खाली और तीन जीवित कारतूस तथा तीन स्टेनगन बरामद हुई हैं । हमलावर घटनास्थल पर एक नोट लिखकर छोड़ गए कि मारे गए आतंकवादी बेकसूर लोगों को धमकी-भरे खत लिखकर उनसे पैसा वसूलते थे । यह नोट "खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स" के पैड पर लिखा गया है ।

पुलिस के अनुसार मृतकों के हाथ खुद उनकी पगड़ियों से बांधे हुए पाए गए ।

शव बरामद

तरनतारन से 'पन्न' के अनुसार थाना वैरोवाल के गांव चीमनगिरी में खेतों से एक शव बरामद हुआ है । पुलिस के अनुसार शव बलदेव सिंह उर्फ देवा का है । विश्वास किया जाता है कि उसकी मृत्यु कई दिन पहले हुई थी । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

नकदी व ज़ेवर लूटे

जालन्धर (ह.स.): बंगा पुलिस स्टेशन के गांव भारोमाजरा में हरबंस के पोल्टरी फ़ार्म से दो उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर 4500 रुपए और लगभग दस हजार रुपए के ज़ेवर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

पुलिस के अनुसार एक पिस्तौल और एक दोनाली बंदूक से लैस उग्रवादी पोल्टरी फार्म पर लगभग साढ़े सात बजे अंडे खरीदने के बहाने से आए और रेट बारे झगड़ा करते हुए, फार्म मालिक के साथ लगते घर में जा घुसे जहां उन्होंने नकदी और अन्य बहुमूल्य सामान मांगा तथा बाद में सारा सामान लेकर वे फरार हो गए ।

स्कूटर छीन लिया

गोराया से सेहरा ने खबर दी है कि निकटवर्ती गांव जोहल के पास आज दो अज्ञात व्यक्ति स्कूटर छीनकर फरार हो गए । पता चला है कि बड़ापिंड की बिजली की एक दुकान पर काम करने वाले दो कर्मचारी अवतार और प्यारा दुकान का स्कूटर लेकर जोहल गांव की ओर जा रहे थे कि रास्ते में शौचादि के लिए बैठ गए । तभी दो व्यक्ति जिन की आयु 28 और 30 वर्ष के बीच थी, आए और स्कूटर लेकर फरार हो गए । स्कूटर का नम्बर पी.जे.एक्स. 3551 है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

स्कूटर बरामद, एक गिरफ्तार

इसी बीच गत रात मारे गए छापों के दौरान पुलिस ने नूरमहल थाना के बिलगा क्षेत्र से देसराज उर्फ देसू को गिरफ्तार करके एक स्कूटर पी.जे. एक्स. 6741 बरामद किया है, जो उसने गत 3 अक्तूबर को गांव रामेवट के निवासी से अपने साथी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

मेरा पुत्र दोषी हो तो उसे अधिकतम सज़ा दी जानी चाहिए : अर्जुन सिंह

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर : संचार मंत्री श्री अर्जुन सिंह ने आज लोकसभा में घोषणा की कि मध्य प्रदेश के चुरहट लाटरी कांड में यदि उनका पुत्र दोषी पाया जाए तो कानून के अन्तर्गत उसको अधिकतम सजा मिलनी चाहिए । श्री सिंह ने इस बारे में जनता पार्टी के जयपाल रेड्डी द्वारा उनका नाम लिए जाने पर यह बात कही । श्री सिंह ने कहा कि सदन में पहले इस विषय पर चर्चा के दौरान उन्होंने अपनी जिम्मेदारी कभी स्वीकार नहीं की थी ।

सदन में इस मामले को लेकर थोड़ी देर के लिए शोरगुल हुआ ।

श्री अर्जुन सिंह ने कहा कि चुरहट बाल कल्याण सोसाइटी से उनका कोई लेना-देना नहीं है । इसके पहले जनता पार्टी के ही राम बहादुर सिंह ने आरोप लगाया कि सोसाइटी ने लाटरी की छः श्रृंखला जारी की जबकि उसे केवल एक श्रृंखला निकालने की अनमति मिली थी । उन्होंने कहा कि सोसाइटी द्वारा आवश्यक शर्तों को पूरा किए बिना ही उसे आयकर में छूट दी गई । वित्त राज्यमंत्री बी.के. गढ़वी ने आरोप का खंडन करते हुए उत्तर दिया कि सोसाइटी ने आवश्यक शर्तों को पूरा किया था ।

श्री गढ़वी ने कहा कि आयकर अधिनियम के अन्तर्गत सोसाइटी के अकाउंट की विधिवत लेखा परीक्षण की गई थी । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि इस बारे में मध्य प्रदेश आडिटर जनरल की रिपोर्ट केन्द्र सरकार को प्राप्त नहीं हुई है ।

Punjabi Sahara

डी.एस.पी. की हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

सतनाम सिंह की सहायता से छीना था । पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि वह सतनाम सिंह की तलाश कर रही है ।

5 गिरफ्तार, पांच लाख बरामद

जालन्धर पुलिस ने पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे लुधियाना बैंक डकैती के पांच लाख रुपए बरामद किए हैं । पुलिस के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादियों में 'बी' श्रेणी का उग्रवादी सेवा सिंह भी शामिल है । अन्य चार की शिनाख्त कुराली के अवतार सिंह, सरिंध के हरभजन सिंह, टेहली के बलविंदर सिंह और मोगा के गुरजंट सिंह के रूप में की गई है । इन सभी की गिरफ्तारी उग्रवादियों द्वारा तख्त केसगढ़ के बनाए गए जत्थेदार दलीप सिंह से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी पर की गई । दलीप सिंह को गत 22 नवम्बर को गिरफ्तार किया गया था ।

इससे पूर्व पुलिस दलीप सिंह से 3.10 लाख रुपए और ब्रिटिश निर्मित एक रिवाल्वर बरामद कर चुकी है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने दलीप सिंह को 1.5 करोड़ रुपए सम्भाल कर रखने को दिए थे । यह राशि लुधियाना बैंक डकैती का ही हिस्सा थी । इस राशि का अधिकांश हिस्सा उग्रवादी वापस ले चुके हैं । इसी राशि से चंडीगढ़ के निकट मोहाली में 3.5 लाख रुपए से एक मकान भी खरीदा गया ।

दलीप सिंह भी एक 'बी' श्रेणी का उग्रवादी है और उस पर पचास हजार रुपए का इनाम था । वह बैंक डकैती के केस में घोषित अपराधी था ।

10738 रुपए लूटे

आदमपुर पुलिस स्टेशन के गांव कालरा में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज सायं पिस्तौल की नोक पर खादे की एक सहकारी सोसायटी के सचिव नानक सिंह से 10738 रुपए लूट लिए । एक अन्य सूचनानुसार गांव का नाम कलेर है ।

छः गिरफ्तार

पुलिस ने छापों के दौरान उग्रवादियों के आठ सदस्यीय गिरोह के छः सदस्यों को बंगा पुलिस स्टेशन के क्षेत्र से गिरफ्तार करके उनसे हथियार और गोली सिक्का बरामद किया है । पुलिस के अनुसार ये उग्रवादी जघन्य अपराध करने की योजना बना रहे थे । गिरफ्तार लोगों से दो पिस्तौल, सात कारतूस और चार किरपानें बरामद की गई। गिरफ्तार लोगों की शिनाख्त लखविंदर सिंह उर्फ लखी, संतोष सिंह उर्फ काका (दोनों फगवाड़ा पुलिस स्टेशन के गांव रावलपिंडी निवासी), बंगा पुलिस स्टेशन के लोधीपुर का जसविंदर सिंह उर्फ रतना, नवांशहर पुलिस स्टेशन के तरसेम सिंह उर्फ सती और अवतार सिंह उर्फ ज्ञाना तथा बलवंत सिंह उर्फ बीटा (फगवाड़ा पुलिस स्टेशन के गांव लखपुर का निवासी) के रूप में की गई है । इनके दो साथी चमन और परमजीत उर्फ पम्मा निकल भागने में सफल हो गए ।

पैंतीस हजार रुपए व पिस्तौल बरामद

फगवाड़ा (ह.स.): गत सोमवार को गिरफ्तार उग्रवादी परमजीत से पुलिस पैंतीस हजार रुपए, एक .12 बोर का पिस्तौल और एक कारतूस बरामद कर चुकी है । पुलिस के अनुसार उक्त राशि उसने गत मास गोराया में एक बैंक से लूटी थी । यह राशि और पिस्तौल, विभिन्न हत्याओं व डकैतियों में संलिप्त 6 उग्रवादियों के गिरोह के सदस्य परमजीत सिंह उर्फ अब्बी के बताने पर हदियाबाद गांव के निकट एक कूएं के निकट दबी हुई मिली । एक अन्य सूचना के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादी का नाम प्रताप सिंह है ।



Punjab Kesari

आतंकवादियों द्वारा पटियाला में दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की हत्या

हत्यारे ट्रैक सूट पहने थे, पहले बराड़ व गिल से हाथ मिलाये

चौधरीवाल में उग्रवादी मरा : बाघापुराना के निकट ग्रन्थी की हत्या

फगवाड़ा में बैंक से 65872 रुपये लूटे

चंडीगढ़, 14 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): कुछ देर तक खामोश रहने के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने आज जबरदस्त हमला करके दो आई.पी.एस. अधिकारियों की हत्या कर दी । यह अधिकारी पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री ए.एस. बराड़ तथा पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कंवर आर.एस. गिल हैं । जिला गुरदासपुर में उग्रवादियों के हाथों एक उग्रवादी मारा गया । बाघापुराना क्षेत्र में एक ग्रंथी की हत्या कर दी गई ।

राज्य भर में रैड अलर्ट

चंडीगढ़ से प्राप्त सूचनानुसार आज पटियाला में दो वरिष्ठ आई.पी.एस. अधिकारियों की उग्रवादियों द्वारा की गई हत्या के बाद राज्य भर में रैड अलर्ट जारी कर दिया गया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आवास और कार्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है । रात और सार्वजनिक स्थानों एवं रेल मार्गों पर गश्त बढ़ा दी गई है ।

चंडीगढ़

केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में भी आज रैड अलर्ट जारी कर दिया गया ।

हरियाणा में भी अलर्ट

इन हत्याओं के बाद हरियाणा में भी रैड अलर्ट जारी कर दिया गया है । हरियाणा पुलिस के महानिदेशक श्री एच.आर. स्वां ने बताया कि पंजाब के साथ लगने वाले अम्बाला, कुरुक्षेत्र, हिसार और सिरसा जिलों में सुरक्षा प्रबन्ध कड़े कर दिए गए हैं । हरियाणा-पंजाब सीमा के साथ गश्त बढ़ा दी गई है और संवेदनशील क्षेत्रों में पंजाब से किसी भी तरह की घसपैठ रोकने के लिए वाहनों की चैकिंग की जा रही है ।

2 पुलिस अधिकारियों की हत्या

पटियाला (भूषण सरहिंदी): पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अरविंदर सिंह बराड़ तथा पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कंवर आर.एस. गिल की आज प्रातः यहां 7 बजकर 10 मिनट पर नेता जी सुभाष खेलकूद संस्थान में चार आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । दोनों पुलिस अधिकारी संस्थान के लॉन में रोजाना की तरह चहलकदमी कर रहे थे, जबकि श्री बराड़ की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कंवर आर.एस. गिल को गम्भीर रूप से घायलावस्था में राजेन्द्रा अस्पताल लाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया । गोलियां चलाने के बाद आतंकवादी फरार हो गए । दोनों पुलिस अधिकारियों के अंगरक्षक वारदात के समय घटनास्थल से कुछ दूरी पर थे ।

पुलिस ने हत्यारों की तलाश के लिए जबरदस्त कार्रवाई शुरू कर दी है लेकिन अभी तक उसे कोई सफलता नहीं मिल सकी ।

इस हत्याकांड की आई जांच में पता चला है कि हत्यारे तीन थे, जिनमें से दो क्लीन शेवन थे और ट्रैक सूट पहने हुए थे । जब पुलिस अधिकारी नेता जी सुभाष खेलकूद संस्थान के मुख्य भवन के सामने स्थित लॉन में आए, दोनों क्लीन शेवन अपराधी आगे आए तथा उन्होंने दोनों अधिकारियों से हाथ मिलाए । उसी समय अभियुक्तों ने अपने तीसरे साथी को जो कि कम्बल लपेटे हुए था, इशारा किया जिसके पास ए.के. 47 चीनी असाल्ट गन थी । उसने दोनों अधिकारियों पर गोलियां चलाईं । घटनास्थल से 8 प्रयुक्त कारतूस मिले ।

कहा जाता है कि अभियुक्त पिछले सात दिनों से रोजाना सुबह लॉन में आ रहे थे । दोनों पुलिस अधिकारियों ने भी ट्रैक सूट पहन रखे थे । हैरानी की बात यह है कि दोनों पुलिस अधिकारी एक ही कार में आए तथा गोली चलने के समय ड्राइवर-कम-गनमैन कार में ही था । कार में एक स्टेनगन भी थी ।

एक और हैरानी की बात है कि हत्याओं के बाद तीनों अभियुक्त पैदल ही भाग निकले और किसी ने भी उनका पीछा नहीं किया । यह इस क्षेत्र के बड़े से बड़े गोलीकांडों में से एक है । श्री बराड़ ने आतंकवादियों के बब्बर खालसा गैंग तथा डकैतों के कई अन्य गिरोहों का सफाया किया था ।

रिबैरो पटियाला में

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो आज प्रातः पटियाला पहुंचे । वह दोनों मृत पुलिस अधिकारियों के घर भी गए । श्री बराड़ अपने पीछे पत्नी, साढ़े तीन वर्ष का लड़का तथा डेढ़ वर्ष की लड़की छोड़ गए हैं, जबकि श्री गिल के परिवार में पत्नी तथा एक पांच मास की लड़की है । दोनों ही पुलिस अधिकारी युवा थे । श्री रिबैरो ने उनकी विधवाओं को सांत्वना दी ।

दोनों पुलिस अधिकारी रोजाना जौगिंग के लिए नेता जी सुभाष राष्ट्रीय खेलकूद संस्थान (एन.आई.एस.) जाया करते थे । आतंकवादियों ने उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए उनकी हत्या की योजना बनाई होगी ।

अंत्येष्टि आज

श्री ए.एस. बराड़ की अंत्येष्टि कल जिला फरीदकोट में उनके गांव में की जाएगी । एस.पी. (मुख्यालय) श्री गिल के परिवार के सदस्य आज बाद दोपहर यहां पहुंचे तथा उन्होंने उनका शव जिला अमृतसर में उनके गांव वरपाल ले जाने का फैसला किया जहां कल उनका अन्तिम संस्कार किया जाएगा ।

रे शोक संतप्त परिवारों से मिले

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे आज दोपहर पटियाला आए तथा दोनों पुलिस अधिकारियों के घर जाकर उनके परिवारों को सांत्वना दी ।

आज सुबह पंजाब पुलिस के दो अधिकारियों पर किया गया हमला राज्य में आई.पी.एस

(शेष पृष्ठ 8 पर)







(1) राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला का वह स्थान जहां सोमवा एस.पी. (हैड क्वार्टर) श्री के.आर.एस. गिल की गोलियों से हत्या श्री गिल के पुराने चित्र, (5) श्री बराड़ कुछ दिन पूर्व पटियाला



किसी महिला को सती होने के लिए उकसाने पर मृत्यु दण्ड या उम्रकैद का प्रावधान : बिल पेश

नई दिल्ली, 14 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): केन्द्र सरकार की ओर से आज लोकसभा में सती प्रथा को

तक चुनाव नहीं लड़ सकेगा ।

नियम बना सकेंगी, जम्मू-कश्मीर को छोड़ कर











(1) राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला का वह स्थान जहां सोमवार तड़के उग्रवादियों ने पटियाला जिले के एस.एस.पी. श्री ए.एस. बराड़ और एस.पी. (हैड क्वार्टर) श्री के.आर.एस. गिल की गोलियों से हत्या कर दी, (2) हत्या स्थल पर मिला कारतूस (दायरे में), (3) श्री बराड़ और (4) श्री गिल के पुराने चित्र, (5) श्री बराड़ कुछ दिन पूर्व पटियाला में अपनी अंतिम प्रैस कांफ्रैंस को संबोधित करते हुए । (छाया : राजू)

Punjabi Sanatani



पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे और पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो सोमवार को पटियाला में एस.एस.पी. श्री ए.एस. बराड़ के शोक संतप्त मां-बाप से संवेदना व्यक्त करते हुए ।

पुलिस अधिकारियों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

अधिकारियों पर दूसरा सफल हमला है यद्यपि 1983 से लेकर अन्य दर्जों में 250 से अधिक पुलिस कर्मी मारे जा चुके हैं जिनमें सी.आर.पी. तथा बी.एस.एफ. के जवान भी शामिल हैं। एक आई.पी.एस. अधिकारी पर पहला हमला 1983 में किया गया था, जबकि जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री ए.एस. अटवाल की उस समय गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि वह दरबार साहब अमृतसर से माथा टेकने के बाद हाथ में प्रसाद लिए हुए बाहर निकल रहे थे। इन दो हमलों के अलावा चार अन्य आई.पी.एस. अधिकारियों पर भी हमले किए गए थे, जिनमें पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरो भी शामिल हैं। राज्य में कई पुलिस कर्मचारियों के परिवारों के सदस्यों की भी हत्या की जा चुकी है।

एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे पर 1983 में अमृतसर में तथा 1985 में लुधियाना में, श्री डी.आर. भट्टी पर 1983 में लुधियाना में उनके कार्यालय में तथा कपूरथला के पुलिस चीफ़ श्री पी.एम. दास पर तीन महीने पहले मंड क्षेत्र में हमला किया गया था। दो आई.पी.एस. अधिकारियों के पत्रों की हत्या कर दी गई थी, जिनमें डी.आई.जी. श्री डी.एस. मांगट तथा एस.पी. श्री हरकिशन सिंह कांहलों शामिल हैं। श्री मांगट के पुत्र की पटियाला में हत्या की गई थी, जबकि श्री कांहलों के पुत्र की गुरु नानक देव विश्वविद्यालय परिसर अमृतसर में हत्या की गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 1983 से लेकर तीन वर्षों के दौरान लगभग 100 पुलिस-कर्मी मारे गए हैं। इनमें से 1986 में 42 तथा चालू वर्ष के दौरान हर माह 7-8 पुलिस-कर्मी मारे जाते रहे हैं। कुछ पुलिस-कर्मियों को तो उनके परिवारों सहित मार डाला गया।

श्री बराड़ ने गत जून में जिला पुलिस चीफ़ का पद सम्भाला था। इससे पूर्व वह पुलिस महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो के निजी सुरक्षा अधिकारी थे। उन्होंने गुप्तचर ब्यूरो में भी काम किया था।

इससे पहले की खबरों में कहा गया था कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का एक गार्ड भी मारा गया, लेकिन यह बात गलत निकली, क्योंकि दोनों पुलिस अधिकारी सुरक्षा कर्मियों के बगैर ही थे।

श्री बराड़ इंडियन पुलिस सर्विस के 1979 के बैच से सम्बन्धित थे, जबकि श्री गिल 1982 के बैच के थे। इसे एक संयोग ही कहा जाएगा कि आज की वारदात पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे की इस चेतावनी के एक दिन बाद ही हुई है कि आतंकवादी कोई बड़ी वारदात कर सकते हैं।

श्री ए.एस. बराड़ की धर्मपत्नी श्रीमती सुखजीत कौर पंजाब प्रशासनिक सेवा की एक अधिकारी हैं तथा वह पटियाला में संयुक्त आयुक्त कराधान व आबकारी के तौर पर तैनात हैं। कंवल गिल की पत्नी पटियाला के एक अस्पताल में डाक्टर है। श्री बराड़ जिला फरीदकोट के गांव अबाल खुराना से सम्बन्ध रखते थे तथा उनके पिता श्री गुरदर्शन सिंह पंजाब प्रदेश कांग्रेस के भूतपूर्व महामंत्री हैं। श्री गिल अमृतसर जिला के गांव वरपाल से सम्बन्ध रखते थे।

वर्ष 23 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 189
शनिवार, 19 दिसम्बर, 1987 तदनुसार, 4 पौष, 2044 मूल्य 75 पैसे, विमान द्वारा 90 पैसे

'बी' श्रेणी के 2 आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए : 2 परिवारों के 7 सदस्यों की हत्या

तरनतारन के निकट भिड़ंत के बाद आतंकवादी गिरोह भाग निकला

फगवाड़ा में लूट की वारदात, संगरूर में कैदी फरार

चंडीगढ़, 18 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): कल रात से पंजाब में 'बी' श्रेणी के दो आतंकवादियों सहित नौ लोग मारे गए । इनमें जिला फिरोजपुर में एक रिटायर्ड पटवारी के परिवार के चार सदस्य तथा बटाला के निकट एक परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं । सुरक्षा बलों ने जिला फिरोजपुर में दो आतंकवादियों व आतंकवादियों के एक आश्रयदाता को गिरफ्तार किया । जिला अमृतसर में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी गिरोह भाग निकला । जिला संगरूर में एक आतंकवादी हथकड़ी समेत पुलिस हिरासत से भाग निकला ।

परिवार के तीन लोगों की हत्या

बटाला (कोछड़): स्थानीय थाना सदर के गांव सदारंग में गत रात लगभग 6 अज्ञात लोगों ने फायरिंग करके एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी । मृतकों में सुरिंदर सिंह (45), उसकी पत्नी ज्ञान कौर (40) व उनका बेटा सुखवन्त सिंह (22) हैं । मृतक अनुसूचित श्रेणी मैहरा बरादरी के बताए जाते हैं ।

घटना की सूचना मिलते ही बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री चमन लाल, एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री जे.पी. बिरदी, डी.एस.पी. स. हरजीत सिंह इंस्पैक्टर श्री गुरपाल सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

घटनास्थल के निरीक्षण के पश्चात श्री बिरदी ने यहां पत्रकारों को बताया कि अब तक की जांच से ज्ञात होता है कि यह हत्या कांड निजी दुश्मनी व जमीन के झगड़े के कारण हुआ है । आगे जांच जारी है । हो सकता है कि इस हत्या कांड में किराए के हत्यारे प्रयोग किए गए हों । श्री बिरदी ने बताया कि घटनास्थल से .12 व .315 बोर के चले हुए 18 कारतूस मिले हैं ।

श्री बिरदी ने बताया कि आधी रात के बाद हत्यारों ने आकर मृतकों के घर आवाजें देकर उन्हें बाहर आने के लिए कहा लेकिन उनके दरवाजा न खोलने के कारण हत्यारे एक खिड़की तोड़कर अन्दर चले गए । मरने से पूर्व मृतकों ने हत्यारों का पूरी शक्ति से मुकाबला किया, जिस कारण हत्यारों की दो पगड़ियां, दो गर्म लोइयां व बंदूक की एक नम्बर वाली लकड़ी की पटड़ी घटनास्थल पर ही रह गई, जो पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है लेकिन इस हत्या कांड के आतंकवाद की घटना होने की सम्भावना को भी रद्द नहीं किया जा सकता ।

मृतक सुरिन्दर सिंह व ज्ञान कौर की बेटी जसवन्त कौर (22) ने पुलिस को बताया कि हत्यारों में उसका चाचा कश्मीरा सिंह भी था, पुलिस उसको गिरफ्तार करने के लिए विभिन्न स्थानों पर चली गई है ।मृतक सुरिंदर सिंह हिमाचल राज्य के क्षेत्र सोलन की किसी फैक्टरी में लकड़ी का काम करता था व आज कल गांव आया हुआ था जबकि उनका बेटा सुखवन्त सिंह निकट गांव रंगड़ नंगल के राजकीय स्कूल में दसवीं कक्षा का छात्र था । तीनों शव स्थानीय सिविल अस्पताल से पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के वारिसों को सौंप दिए गए हैं ।

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पुलिस व सुरक्षा बल इस हत्या कांड की सक्रियता से जांच कर रहे हैं ताकि ज्ञात हो सके कि यह निजी दुश्मनी अथवा आतंकवादी घटना है ।

जिला गुरदासपुर के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव तलवंडी में गत सायं कुछ अज्ञात लोगों ने

(शेष पृष्ठ 12 पर)

परवेज़ को अदालत ने दोषी ठहराया, सजा 10 फरवरी को सुनाई जाएगी

फिलाडेल्फिया, 18 दिसम्बर (ए.पी.): पाकिस्तानी मूल के कनाडा के नागरिक अरशद परवेज को कल एक अदालत ने परमाणु हथियारों के निर्माण में काम आने वाले प्रतिबंधित धातुओं के निर्यात की साजिश करने का दोषी ठहराया है पर उसे एक अमरीकी कस्टम एजैंट को घूस देने के आरोप से मुक्त कर दिया है । इससे इस संदेह को बल मिला है कि इस्लामाबाद परमाणु बम बनाने के लिए इधर-उधर से सामान हासिल करने की कोशिश करता रहा है । कनाडियन पास्पोर्टधारी परवेज की जमानत स्वीकार नहीं की गई । परवेज पर कस्टम एजैंट को घूस देकर प्रतिबंधित धातुओं के लिए निर्यात लाइसैंस लेने की कोशिश करने का आरोप था ।

जिला जज जेम्स गिलेस ने सजा सुनाने की तारीख दस फरवरी निश्चित की है । मुकद्दमें में 12 जूरी सदस्य नियुक्त किए गए थे जिनमें सात पुरुष और पांच महिलाएं थीं । इन मामलों में परवेज को अधिकतम 25 वर्ष की कैद तथा दस लाख डालर जुर्माने की सजा मिल सकती है । वह 43 वर्ष का है ।

एक जूरी सदस्य ने बताया कि जूरी मंडल का मत था कि परवेज को एक हजार डालर घूस देने के मामले में फंसाया गया है । परवेज के वकील जेफरी

जिला अदालत ने परवेज के वकील को अदालत के निर्णय के विरुद्ध अपील करने की अनुमति दे दी है । वह 10 फरवरी जिस दिन सजा सुनाई जानी है, के दस दिन के अंदर अपील कर सकेंगे ।

परवेज ने पाकिस्तान के एक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जनरल इनाम उल हक के साथ मिल कर वाणिज्य मंत्रालय को निर्यात लाइसैंस प्राप्ति के लिए झूठे दस्तावेज दिए थे तथा परमाणु हथियार बनाने में उपयोगी बेरीलियम धातु के इस्तेमाल के संबंध में भी झूठा दस्तावेज दिया था । अमरीकी प्रशासन भी इस बात को पहले ही स्वीकार कर चुका है कि 'पाकिस्तान में बेरीलियम का उपयोग परमाणु कार्यक्रम में ही किया जा सकता था ।'

पर्यवेक्षक आज हुए इस फैसले को दूसरे परिप्रेक्ष्य में देख रहे हैं । उनका मानना है कि पाकिस्तान के लिए अब अमरीकी कांग्रेस से चार अरब दो करोड़ डालर की सहायता मंजूर कराना मुश्किल हो जाएगा और रीगन प्रशासन भी कांग्रेस को आश्वस्त नहीं कर पाएगा कि पाकिस्तान परमाणु बम बनाने का प्रयास नहीं कर रहा है ।

पाकिस्तान के लिए आज कुछ अच्छा दिन नहीं रहा । आज ही अमरीकी कांग्रेस ने गुप्त बैठक में पाकिस्तान को आगामी वित्त वर्ष (1988) में 67 करोड़ डालर की सहायता में 6 करोड़ डालर की

राजीव और मंत्रिमंडल ने सरिस्का में दिन बिताया

सरिस्का (अलवर), 18 दिसम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी और उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों ने आज का दिन कंक्रीटों के जंगल से दूर मनोरम घाटियों और ऊंचे पर्वत शिखरों से घिरे सरिस्का वन्य जीव अभयारण्य में बिताया ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने दिल्ली से पहली बार बाहर यहां अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार किया । सरकारी सूत्रों के अनुसार श्री गांधी केंद्रीय मंत्रिमंडल की अध्यक्षता के लिए कल तक यहां रुकेंगे । हालांकि सरिस्का के अंदर 'टाइगर डेन' में क्या पक

Punjabi Sanstari

दो आतंकवादी मारे गये

(पृष्ठ 1 का शेष)

फायरिंग क़रके पंजाब पुलिस के सेवानिवृत्त जिस सिपाही तारा सिंह की हत्या कर दी थी, आज स्थानीय सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव उसके वारिसों को सौंप दिया गया । मृतक 1978 में पंजाब पुलिस से सेवानिवृत्त हुआ था ।

ए.एस.आई. से रिवाल्वर छीना

भटिंडा (ग्रोवर): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने आज प्रातः यहां से सात किलो मीटर दर गुरु हर सेनेवाला गांव के बस स्टैंड पर ए.एस.आई. दीपचन्द से उसका रिवाल्वर व कुछ कारतस छीन लिए । ए.एस.आई. जो कि रामां में तैनात है, सरकारी ड्यूटी पर भटिंडा आ रहा था ।

4 की हत्या

फिरोजपुर (बागी): गत सायं यहां से बीस किलो मीटर दर थाना घाल खुर्द के गांव लोहाग में पांच आतंकवादियों ने रिटायर्ड पटवारी सुरजीत सिंह के परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी । एस.पी. आप्रेशन श्री एच.बी. चांद ने बताया कि मृतकों में सुरजीत सिंह पटवारी की पत्नी शमशेर कौर, उसका लड़का रणदीप सिंह, लड़की पाल कौर व उसकी बहू बलजीत कौर शामिल हैं । बलजीत कौर का पति कुख्यात आतंकवादी नाभा जेल में हुई फायरिंग में मारा गया था । श्री चांद ने बताया कि आतंकवादी एक कार में आए तथा उन्होंने परिवार के लोगों की हत्या करने के लिए चीनी स्टेनगन, ए.के. 47 राइफल का इस्तेमाल किया । सुरजीत सिंह स्वयं घर में नहीं था ।

श्री चांद ने बताया कि पटवारी के दो लड़के बलविंदर सिंह तथा सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा कुख्यात आतंकवादी हैं । बलविंदर सिंह नाभा जेल से भागने की कोशिश में मारा गया था जबकि उसका दूसरा लड़का सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा संगरूर जेल में चार हत्याओं के आरोप में मुकद्दमे का सामना कर रहा है । पुलिस का कहना है कि यह आतंकवादियों की आपसी धड़ेबंदी का मामला है जिन्होंने बदला लेने की कोशिश की है ।

दो आतंकवादी मरे

मोगा (सर्वमित्र): गत रात जिला फरीदकोट के थाना महना के अन्तर्गत गांव चढ़त सिंहवाला में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने यह जानकारी दी । पुलिस ने उनके शवों के पास से एक 12 बोर की बंदूक, एक कार्बाइन तथा बहुत से कारतूस बरामद किए । बाद में इन मृतकों की शिनाख्त बल बहादर उर्फ गोपी तथा मोहन सिंह के रूप में की गई । यह दोनों 'बी' श्रेणी के आतंकवादी थे । उनसे बरामद हुई बंदूक एक लाइसैंसी से छीनी हुई थी । दोनों आतंकवादी अनेक हत्याओं व डकैतियों में संलिप्त थे ।

श्री गोबिंद राम ने बताया कि मोहन सिंह कुछ अर्सा पहले ऊधमपुर में बी.एस.फ. के एक इंस्पैक्टर केहर सिंह की हत्या के मामले में भी संलिप्त था । कुल मिलाकर यह दोनों आतंकवादी हत्या, डकैती व आतंकवाद की दो दर्जन वारदातों में संलिप्त थे ।

श्री गोबिंद राम ने बताया कि पुलिस ने समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध अभियान में कम से कम दो दर्जन तस्करों व जुआरियों को पकड़ा है । पुलिस ने लगभग 12 क्विंटल पोस्त चूरा व बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की ।

दो आतंकवादी बच निकले

गत रात थाना जलालाबाद के अंतर्गत रोहीवाला नाले के निकट सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत के बाद दो आतंकवादी बचकर निकलने में सफल हो गए । दोनों ओर से फायरिंग दस मिनट जारी रही लेकिन कोई घायल नहीं हुआ ।

आतंकवादी फरार

संगरूर (आर.पी. गोयल) : थाना धूरी में एक बंदी आतंकवादी के हथकड़ियों समेत पुलिस हिरासत से फरार होने का समाचार मिला है । यह आतंकवादी कई बैंक व डाक घर डकैतियों, लूट की वारदातों में पिछले मास 27 नवम्बर को अपने गिरोह के 18 आतंकवादियों सहित लहरा कोठी जिला संगरूर से गिरफ्तार किया गया था । इस गिरोह से तीन लाख नौ हजार रुपए व काफी हथियार भी बरामद हुए थे ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार धूरी पुलिस आतंकवादी गुरचरन सिंह उर्फ चरनी वासी गांव राजोमाजरा थाना धूरी को बुधवार सुबह कुछ हथियार जिनमें एक स्टेनगन भी शामिल है बरामद करवाने के लिए ले जा रही थी कि चरनी ने पुलिस वालों से कहा कि उसे निवृत्त करवा दिया जाए । चरनी झाड़ियों के पीछे चला गया लेकिन वापिस नहीं लौटा । उसकी तलाश की जा रही है ।

शव मिला

धूरी (सिंगला): थाना लहरागागा के अन्तर्गत गांव गोबिंदपुरा जवाहर वाले में एक क्लीनशेवन युवक का शव बरामद हुआ । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए संगरूर के सिविल अस्पताल भेज दिया ।

ठेका लूटने पर गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): कपूरथला पुलिस ने कल थाना सदर में अंतर्गत मुल्लाना गांव में एक व्यक्ति सूबा सिंह को गिरफ्तार किया । उस पर हुसैनपुर गांव के शराब के ठेका को लूटने व सेल्ज़मैन कुलदीप सिंह को घायल करने का आरोप है ।

फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि साढ़े नौ बजे स्थानीय टिब्बी महल्ला में दो संदिग्ध उग्रवादियों ने एक व्यक्ति गुरदीप सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका मोपेड नंबर पी.ए.के. 521, 2500 रुपए नकद व उसकी कलाई घड़ी छीन ली । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । फगवाड़ा शहर में इस सप्ताह लूटमार की यह चौथी घटना है । इससे पूर्व स्थानीय माडल टाऊन में उग्रवादियों ने एक बैंक, गांव मानोकी में एक स्कूटर, स्थानीय सिंगला मार्केट से एक वी.सी.आर. छीना था । नागरिकों में फगवाड़ा क्षेत्र में आतंकवाद की बढ़ रही घटनाओं से चिंता व्याप्त है ।

शहर में किसी सम्भावित हिंसक घटना, सड़क यातायात अवरुद्ध करने के किसी प्रयास इत्यादि के दृष्टिगत शहर के संवेदनशील स्थानों के निकट पुलिस व केंद्रीय आरक्षण बल की टुकड़ियां तैनात की गई हैं । उक्त जानकारी स्थानीय डी.एस.पी. श्री दीवान चंद ने आज यहां दी ।

आतंकवादी भाग निकले

अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों का एक गिरोह तरनतारन थाना क्षेत्र के मल्लियां गांव में कल रात पुलिस और सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के बाद भाग निकला । यह सूचना मिलने पर कि कुछ आतंकवादी भजन सिंह नामक व्यक्ति के घर में छिपे हैं, पुलिस ने छापा मारा । तभी आतंकवादियों ने उन पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं । आतंकवादियों के भागने के बाद उस स्थान से एक प्वाइंट 315 राइफल, एक 12 बोर की देसी पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए । घटनास्थल से चीन निर्मित के.के. 47 एसाल्ट राइफल के कु खाली कारतूस भी मिले हैं । 15 से 20 मिनट तक हुई इस मुठभेड़ में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है ।



बटाला थाना सदर के गांव सदारंग में संदिग्ध उग्रवादियों की फायरिंग से मृत (1) सुरेंद्र सिंह, (2) उसकी पत्नी ज्ञान कौर और (3) बेटे सुखवंत सिंह के शव, (4) ज़िला गुरदासपुर के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव तलवंडी में अज्ञात लोगों की फायरिंग से मरे सेवानिवृत्त सिपाही तारा सिंह का शव (छाया : कोछड़), (5, 6) ज़िला फरीदकोट में मुठभेड़ में मरे दो दुर्दांत उग्रवादी बल बहादुर सिंह और मोहन सिंह (छाया : चौधरी)

दंगा पीड़ितों की याचिका पर नोटिस

चंडीगढ़, 18 दिसम्बर (वि.प्र.) : पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री आर. एन. मित्तल तथा श्री एस.डी. बजाज पर आधारित खंडपीठ ने मोहाली के रणजीत सिंह व 310 अन्य की याचिका पर 22 जनवरी 1988 का नोटिस जारी किया है । याचिकाकर्ता, जो 1984 के दंगों के बाद दिल्ली व देश के अन्य स्थानों से यहां आए थे, ने मांग की है कि राज्य सरकार को उनसे वे मकान वापिस लेने से रोका जाए जो उनको बरनाला सरकार ने आबंटित किए थे ।

गैर इंका मुख्यमंत्रियों की मांग राष्ट्र विरोधी

रोपड़, 18 दिसम्बर (बैंस): पंजाब इंका प्रधान श्री बेअंत सिंह तथा महासचिव डा. केवल कृष्ण ने राज्यों को अधिक अधिकार देने बारे सात गैर इंका मुख्यमंत्रियों की मांग को राष्ट्रविरोधी घोषित किया है । आज रोपड़ में कई स्थानों पर जनसम्पर्क अभियान के तहत बैठकों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य, सशक्त केंद्र के बिना कुछ नहीं कर सकते हैं ।

पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने श्री प्रकाश सिंह बादल के इस फार्मूले की भी आलोचना की कि सभी सिख युवकों को रिहा करके आम माफी दी जाए । उन्होंने कहा कि जब तक आतंकवादी शस्त्र न छोड़ें आम माफी का सवाल ही पैदा नहीं होता । उन्होंने श्री बादल के पांच सूत्रीय फार्मूले की भी आलोचना की । उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि काफी पलायनकर्त्ता पंजाब आने शुरू हो गए हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब में इस समय न तो मध्यावधि चुनाव कराए जा सकते हैं न सरकार बनाई जा सकती है ।

शाम के भाव

दिल्ली क्लाथ 28.50, हिन्द मोटर्स 22.50, रिलायंस 98, चांदी (999) 5780, चांदी सिक्का 6230, सोना मद्रास 3300, सोना स्टैंडर्ड 3400, वनस्पति पी.पी. 310-315, हरियाणा 311-315, तेल सरसों टैंकर 240, सोयाबीन 188, राइस ब्रान, खाद्य 190, अखाद्य 124, चर्बी 1400, तेल बिनौला 187

ज़रूरत है डीलर्ज की

Lucas Indian Service Ltd., New Delhi.

जिनकी **JALANDHAR** में शाखा है को **LUCAS-TVS** आटो इलैक्ट्रीकल, **Fan Belts, Bulbs** तथा **Batteries** के लिये डीलर चाहिएं । इच्छुक विक्रेता इस विज्ञापन से 15 दिन के अंदर निम्नलिखित पते पर अपने पूरे ब्यौरे समेत लिखें :–

Regional Manager,

Lucas Indian Service Ltd.,

4E/4, Jhandewalan Extension, New Delhi-110055.

Avail Maximum off. season Discount.
Offer only for 2 days.

RODGERS LLOYD
ZENITH

ON refrigerator

Available at : **Surjit Finance Corp.,**
Bazar Sheikhan, Jalandhar, Tel. 72907.

M/s. Parkash Traders,
Adda Basti Guzan,
Jalandhar.

M/s. Multani Enterprises,
V&P.O. Begowal,
Distt. Kapurthala.

हरियाणा अर्बन डिवैलपमैंट अथारिटी

Punjab Sanatani

बटाला के परिवार के 3 सदस्यों की हत्या भाड़े के उग्रवादियों ने की थी

युवतियों की इज्जत लूटने वाले बदमाश गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के बाद एक बंदी, 5 फरार

चंडीगढ़, 19 दिसम्बर (वार्ता, ह.स., वि.प्र.): पुलिस ने बटाला-उपमंडल के एक गांव में एक ही परिवार के 3 सदस्यों की हत्या के सम्बन्ध में एक अभियुक्त को मुठभेड़ के पश्चात गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके पांच कथित उग्रवादी साथी भाग निकले । बताया गया है कि पकड़े गए अभियुक्त ने एक कनाल जमीन अपने भाई से हथियाने के लिए ये हत्याएं भाड़े के उग्रवादियों से करवाई थीं । पुलिस ने एक हैड-कांस्टेबल और दो सरपंचों को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । पुलिस ने लूटमार करने और युवतियों की इज्जत लूटने वाले उग्रवादी गिरोह के एक अन्य सदस्य को गिरफ्तार किया है ।

भाई ने भाड़े के उग्रवादियों से 3 हत्याएं करवाईं

बटाला (कोछड़): स्थानीय थाना सदर पुलिस ने गत रात निकटवर्ती गांव चौधरीवाल ड्रेन के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात बीरवार-शुक्रवार की मध्य रात को गांव सदारंग में फायरिंग करके अपने सगे भाई सुरिन्दर सिंह, भाभी ज्ञानकौर व भतीजे सुखबन्त सिंह के हत्यारे कश्मीर सिंह (सदारंग) को गिरफ्तार कर लेने का दावा किया है । उसने यह हत्या भाड़े के उग्रवादियों के साथ मिलकर की थी । जिला गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने यह जानकारी देते हुए यहां पत्रकारों को बताया कि इस मुठभेड़ में इसके पांच साथी फरार होने में सफल हो गए हैं जबकि उनकी शिनाख्त तीस हजार रुपए के इनामी खुजाला, जसबीर सिंह समराए, जगराज सिंह चीमा खुड्डी, मंगल सिंह पप्पू से एक 12 बोर की एक नाली बंदूक कुछ चले व कुछ अनचले कारतूस बरामद किए गए हैं । अभियुक्त के भाग गए साथियों ने भी भागने से पूर्व फायरिंग की ।

जमीन का झगड़ा था

श्री बिरदी ने आगे कहा कि कश्मीरा सिंह ने आरम्भिक पूछताछ के दौरान पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि उसका अपने भाई सुरिन्दर सिंह के साथ 6 कनाल जमीन का झगड़ा था और अदालत में मुकद्दमा चल रहा था जिसकी गत 17 दिसम्बर 87 को तारीख थी, जिस कारण सुरिन्दर सिंह हिमाचल से अपने गांव आया हुआ था । सुरिन्दर सिंह सोलन की एक फैक्टरी में बढ़ई था । उसने आगे पुलिस को बताया कि उसने अपने झगड़े की बात अपने दोस्त जगदीश सिंह को कही, क्योंकि वे दोनों अमृतसर की एक फैक्टरी में डेढ़ वर्ष तक इकट्ठे काम करते रहे हैं व एक ही मकान में रहते थे । जगदीश सिंह ने उसे आतंकवादी कुलवन्त सिंह से मिलाया और पैसे देकर अपने काम के लिए साथ ले लिया । हत्या कांड की रात को साढ़े ग्यारह बजे ये सभी पांच लोग कश्मीर सिंह के घर शस्त्रों सहित आ गए और इन्होंने मिलकर एक ही परिवार की एक महिला सहित तीन लोगों की हत्या कर दी । उल्लेखनीय है कि सुरिन्दर सिंह की 12 वर्षीया लड़की जसवन्त कौर ने हत्यारों में से अपने चाचा कश्मीरा सिंह को पहचान लिया था ।

1 कनाल भूमि के लिये 3 का खून बहा दिया

श्री बिरदी ने आगे बताया कि हत्या कांड के समय हत्यारों के पास दो .12 बोर की बंदूकें, एक पिस्तौल व एक .315 बोर की राइफल थी, जिसमें से एक गिरफ्तार हत्यारे कश्मीर सिंह से बरामद कर ली गई है । यह हत्या कांड केवल एक कनाल जमीन के लिए किया गया है क्योंकि कश्मीर सिंह के हिस्से 6 कनाल जमीन में से केवल एक कनाल जमीन ही आती थी । अभियुक्त ने स्वीकार किया है कि उसने विवादास्पद भूमि को हड़पने के लिए

(शेष पृष्ठ 10 पर)

दिल्ली में जाने-माने न्यू भंडारी अस्पताल,
चौक मोनी, अमृतसर की नई ब्रांच शुरू हो चुकी है
पता : J-153, राजौरी गार्डन, पीछे पोस्ट एंड टैलीग्राफ आफिस
नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली-110027. फोन : 5454100

स्वस्थ लड़का होगा या लड़की

* 8 साल से सारे उत्तरी भारत में सबसे पहले क्रोमोसोमल स्टडीज़ वाला टैस्ट न्यू भंडारी अस्पताल, चौक मोनी, अमृतसर ने ही पूरी कामयाबी के साथ शुरू किया था और अन्य किसी ने नहीं । यह सैंटर सबसे पुराना, सस्ता, तजुर्बेकार व सबसे सही नतीजे देने वाला (Poineer) सर्वोत्तम सैंटर है, जो अब भी सफलता के साथ संचालित है, इसके लिये 8 साल पुरानी रिपोर्ट देखें, जो केवल न्यू भंडारी अस्पताल, अमृतसर की ही होगी । इतना महत्वपूर्ण टैस्ट किसी अन्य सैंटर से करवाने से पूर्व उपरोक्त जानकारी अवश्य प्राप्त करें । कुछ लोग बिना डाक्टर की डिग्री लिये न्यू भंडारी अस्पताल अमृतसर में ही स्पैशलिस्ट अनुभवी डाक्टरों के साथ काम करके और लोगों को यह कह कर कि यह टैस्ट अमृतसर में उन्होंने ही शुरू किया था, स्पैशलिस्ट डाक्टरों के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं, ऐसे धोखेबाज लोगों से सावधान रहें ।
* यह टैस्ट गर्भ के 4 महीने पूरे होने या अधिक होने पर होता है, टैस्ट की रिपोर्ट उसी दिन दे दी जाती है, इस टैस्ट द्वारा यह भी जानकारी दी जाती है कि पैदा होने वाला स्वस्थ लड़का है या लड़की । यह टैस्ट Foreign Returned Expert (Post-Graduate Specialist M.D. (Med.) & Ph.D) डाक्टर द्वारा किया जाता है । यहां पर डबल टैस्ट होता है ।
* बिना पेट में सूई डाले फ्री (मुफ्त) अल्ट्रा-साऊंड स्कैनिंग (टी.वी. स्कैन) टैस्ट, क्रोमोसोमल स्टडीज के साथ करवाएं, केवल अल्ट्रा साऊंड स्कैन (टी.वी. स्कैन) पर 4 महीने पूरे का गर्भ टैस्ट तसल्लीबख्श, भरोसेवाला नहीं होता इसलिए क्रोमोसोमल स्टडीज वाला टैस्ट साथ बहुत जरूरी है । अल्ट्रा साऊंड द्वारा गर्भ व पेट की सभी बीमारियों की जानकारी 100/- में ।

डा. पी.एस. भंडारी M.B.B.S. M.D. (Med.) Pb. F.I.C.A. (U.S.A.) F.C.C.P. (U.S.A.), F.R.S.H. (LONDON) P.C.M.S.EX.

न्यू भंडारी हस्पताल

H.O. चौक मोनी, चाटीविंड गेट, अमृतसर, फोन : 33000, 32500.
ब्रांच आफिस : J-153, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-27, फोन : 5454100.

Punjabi Sanatan

बटाला के परिवार की.....
(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंवादियों को भाड़े पर बुलाया था ।

अन्य हत्यारे कुख्यात उग्रवादी

श्री बिरदी ने आगे बताया कि इस हत्या कांड में संलिप्त एक हत्यारा जगदीश सिंह खुजाला शिरोमणि कमेटी का कर्मचारी है, उसके पास इस समय इंस्पैक्टर का पद है और वह कुछ समय पूर्व अमृतसर में पुलिस व सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के जनरल मंजीत सिंह खुजाला का भाई है । इस हत्या कांड की सारी योजना इसी की बनाई हुई है, जबकि आतंकवादी कुलवन्त सिंह उर्फ तूफान सिंह खालसा का ग्रुप मुख्यतः जिला गुरदासपुर के श्रीहरगोबिन्दपुर क्षेत्र में सक्रिय है और पुलिस को कई हत्या कांडों व लूटमार की घटनाओं में वांछित है । श्री बिरदी ने आगे कहा कि इस सारे ग्रुप के सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस व सुरक्षा बल तेजी से खोजबीन का काम कर रहे हैं और इनके छुपने के स्थानों पर छापे मार रहे हैं । उन्होंने सम्भावना व्यक्त की कि इन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

श्री बिरदी ने बताया कि यह गिरोह नौ दिसम्बर को श्रीहरगोबिन्दपुर थाने के गांव सैदोवाल में हुई पांच व्यक्तियों की हत्याओं के लिए जिम्मेवार है ।

उग्रवादियों के शरणदाता हैड कांस्टेबल, 2 सरपंच गिरफ्तार

श्री बिरदी ने यह भी बताया कि सी.आई.डी. कार्यालय बटाला में तैनात हैड कांस्टेबल गुरमेल सिंह और उसके साथी मोहन सिंह, जो थाना दीनानगर के गांव बैंस का रहने वाला है, को उग्रवादियों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । होशियारपुर पुलिस ने थाना हरयाना के गांव भेजगराई के सरपंच नरिंद्र सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

भ्रष्ट अफसरों की सूचियां बनने लगीं

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' के अनुसार सुविज्ञ सूत्रों से विदित हुआ है कि पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरो ने गुप्त एजैंसियों को निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने तौर पर भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों की सूचियां बनाएं । गुप्त एजैंसियों के सब-इंस्पैक्टर छोटे कर्मचारियों की और डी.एस.पी. तथा उससे ऊपर वाले पद पर तैनात अधिकारी सब-इंस्पैक्टर से लेकर डी.एस.पी. तक की सूचियां बनाएंगे ।

युवतियों की इज्जत लूटने वाला एक और उग्रवादी गिरफ्तार

फगवाड़ा (खोसला): गत दिनों थाना सदर की पुलिस ने उग्रवादियों के गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया था, जो लूटमार की वारदातें करने के अतिरिक्त युवतियों की इज्जत भी लूटा करता था । अब इस गिरोह का एक और सदस्य भजन सिंह पुत्र उजागर सिंह गांव दलेल (कपूरथला) गिरफ्तार किया गया है। उसने जांच के दौरान बताया कि वह लुधियाना, जालन्धर, फगवाड़ा और कपूरथला में कईवारदातें करचुके हैं पुलिस ने दावा किया है कि उसने इस गिरोह के और आठ सदस्यों को नामजद कर लिया है ।

पंजाब पुलिस जम्मू पहुंची

जम्मू (वार्ता): दिगियाना में एक मकान से 14 दिसम्बर को गिरफ्तार किए गए दो कथित



पंजाब नैशनल बैंक लुधियाना से उग्रवादियों द्वारा लूटी गई राशि में से जालन्धर पुलिस ने गत दिवस 29 लाख रुपए बाबा दिलीप सिंह तथा उसके साथियों से बरामद किए हैं । यह रुपए इन उग्रवादियों ने प्लास्टिक के ड्रमों में डाल कर जमीन में दबाए हुए थे । (चित्र में) बरामद राशि और वे ड्रम जिनमें ये रुपए छिपाए हुए थे ।

(छाया : वेद कपूर)

दिलीप सिंह से पूछताछ के आधार पर 29 लाख बरामद

3 हथकड़ियां, शस्त्रास्त्र भी मिले : 9 गिरफ्तार

फिरोज़पुर में मुकाबले के बाद 5 उग्रवादी पकड़े गए

चंडीगढ़, 20 दिसम्बर (ह.स., वार्ता, नि.स.): जालन्धर पुलिस ने गुरुद्वारा केसगढ़ साहिब के नव-नियुक्त जत्थेदार दिलीप सिंह, जो प्लस 'बी' श्रेणी का उग्रवादी है और जिसके सिर पर 50,000 रुपए का इनाम घोषित किया था, से पूछताछ पर उसके नौ शिष्यों और शरणदाताओं से लुधियाना बैंक डकैती में उग्रवादियों द्वारा लूटी गई 5.70 करोड़ रुपए की राशि में से 29 लाख रुपए, तीन हथकड़ियां तथा आधुनिकतम शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं । तीन हथकड़ियां उन उग्रवादियों की हैं, जिन्हें उग्रवादी जालन्धर की नईकचहरियों में आधा दर्जन पुलिस कर्मियों की हत्या करके छुड़ा ले गए थे । दिलीप सिंह 21 नवम्बर को जालन्धर छावनी में पकड़ा गया था ।

गत रात्रि जिला फिरोज़पुर में पुलिस के साथ संलिप्त मुकाबले के बाद पांच उग्रवादी पकड़े गए, जबकि फाज़िल्का क्षेत्र में एक घुसपैठिया उस समय बी.एस.एफ. की गोली से मारा गया, जब वह भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था । उसका साथी भाग गया । राज्य में विभिन्न स्थानों पर कुछ वाहन छीनने की घटनाएं भी हुई हैं ।

जालन्धर (ह.स., वार्ता): पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर हाल ही में लुधियाना बैंक से लूटे गए 5.70 करोड़ रुपए में से 29 लाख रुपए, तीन हथकड़ियां, हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए हैं । अमृतसर में आयोजित तथा कथित सरबत खालसा में नियुक्त गुरुद्वारा केसगढ़ साहिब के जत्थेदार दिलीप सिंह से मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने ये छापे मारे थे । दिलीप सिंह को 21 नवम्बर को जालन्धर छावनी के इलाके से गिरफ्तार किया गया था ।

पुलिस द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि दिलीप सिंह के स्वीकार करने पर पुलिस ने नकोदर थाने के अन्तर्गत सरीह गांव के निवासी मंजीत सिंह सरीह के कुएं से 15 लाख रुपए बरामद किए थे । रुपए प्लास्टिक के दो ड्रमों में रखे थे । 3.10 लाख रुपए दिलीप सिंह को पकड़ने पर उसके कब्ज़े से बरामद किए गए थे । पुलिस ने होशियारपुर थाना क्षेत्र के बंडाला माही के निवासी अस्सा सिंह के पास से तीन हथकड़ियां, बत्तीस बोर के 22 कारतूस भी बरामद किए हैं ।

बताया जाता है कि दिलीप सिंह को उग्रवादियों ने लूट के 1.5 करोड़ रुपए सुरक्षित रखने के लिए दिए थे । दिलीप सिंह लुधियाना बैंक डकैती कांड में एक घोषित अपराधी है और 'बी' प्लस श्रेणी का उग्रवादी है । वह जिला फरीदकोट के थाना बाघापुराना के गांव गंडे का रहने वाला है । उसके सिर पर 50,000 रुपए का इनाम था ।

तीन हथकड़ियां दुर्दांत उग्रवादियों सुखदेव सिंह उर्फ सुखा सिपाही उर्फ जनरल लाभ सिंह, स्वर्णजीत सिंह और गरिंद्र सिंह उर्फ भोला की हैं, जिन्हें गत वर्ष उग्रवादियों ने नईकचहरियों में लगभग आधा दर्जन पुलिस-कर्मियों की हत्या करके छुड़ा लिया था । छुड़ाए गए उग्रवादी हिन्द समाचार पत्र समूह के सम्पादक श्री रमेश चन्द्र की हत्या में भी संलिप्त पाए गए थे ।

पुलिस ने दिलीप सिंह के 9 शिष्यों और उसके

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ाई से किसी बड़ी राजनीतिक हलचल की सम्भावना

करने का कट्टर विरोधी है ।

बादल की मुश्किलें अपनी पार्टी के स्टैंड और पहले की घटनाओं के संदर्भ में और भी बढ़ जाती हैं । बादल जो कुछ अपनी गिरफ्तारी से पूर्व कहते और सोचते रहे हैं, उनके लिए मुश्किलें पैदा करेगा । भारतीय संविधान की शपथ ग्रहण करने वाला मुख्यमंत्री बादल हरमंदिर साहब में आतंकवादी तत्वों की उपस्थिति पर क्या स्टैंड अपना थूका कैसे चाटेंगे, समझ में नहीं आता ।

बादल के पंजाब के मुख्यमंत्री तक पहुंचने में उनकी पार्टी मुश्किलें खड़ी कर सकती है । बादल के इस समय के साथियों में जो इस समय संयुक्त अकाली दल में हैं । बाबा जोगिंदर सिंह, सुखजिंदर सिंह और जगदेव सिंह तलवंडी के गुट 'खाड़कुओं' के पक्के समर्थक माने जाते हैं । क्या इनकी सोच बारे पंजाबियों को साथ लेकर चलने के अनुसार है ? यह

और पंजाब के साम्प्रदायिक माहौल ने हालात इस तरह के कर दिए हैं कि केंद्र से समझौता करने वाला सिख नेता राजनीतिक खतरा मोल लिए बिना, शांति की पहल नहीं कर सकता । दूसरी बात 'खाड़कुओं' से भावी मुख्यमंत्री के सम्बन्धों की है । पंथक कमेटी की स्पष्ट घोषणानुसार भारतीय संविधान को मानने वाला कोई भी सिख नेता उसका दुश्मन है । आतंकवादी बादल की सरकार को सुख से चलने

दिलीप सिंह से पूछताछ

(पृष्ठ 3 का शेष)

शरणदाताओं को भी गिरफ्तार किया है और उस द्वारा दिए गए सुराग के आधार पर इन नौ व्यक्तियों से 10.90 लाख रुपए बरामद किए हैं । जिन्हें गिरफ्तार किया गया है, उनकी शिनाख्त जत्थेदार अवतार सिंह, डा. आसा सिंह, बलविंद्र सिंह, हरभजन सिंह, ठेकेदार गुरजंट सिंह, सेवा सिंह उर्फ़ परमजीत सिंह उर्फ़ किरपा सिंह, सरपंच सुरजीत सिंह, जगजीत सिंह और मान सिंह के रूप में की गई है ।

प्रैस विज्ञप्ति में आशा व्यक्त की गई है कि कुछ और गिरफ्तारियां की जाएंगी और अब तक की सब से बड़ी बैंक डकैती की कुछ और राशि शीघ्र ही बरामद कर ली जाएगी । दिलीप सिंह ने बैंक से लूटे हुए रुपयों में से 3.5 लाख रुपए का मकान मोहाली में अपने भाई जगजीत सिंह के नाम पर खरीदा हुआ था ।

जालन्धर पुलिस इससे पूर्व विजयपाल सिंह उर्फ़ सुरेन्द्र सिंह, सरूप सिंह और जगतार सिंह से लूट के 13,85000/- रुपए, दो मैटाडोर गाड़ियां और कुछ अत्याधुनिक शस्त्र बरामद कर चुकी है । एस.पी. डिटैक्टिव श्री स्वर्ण सिंह, जिनके नेतृत्व में यह सारी जांच की गई और दस व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई तथा उक्त राशि बरामद की गई, उक्त तीनों व्यक्तियों से एक मीडियम मशीनगन, दो एल.एम.जी., नौ सब-मशीनगनें, एक स्टेन कार्बाइन, दो रिवाल्वर और विभिन्न प्रकार के 3510 कारतूस बरामद किए गए थे । भाई दिलीप सिंह जनरैल सिंह भिंडरांवाले का ड्राइवर रह चुका है ।





जलालाबाद थाना के अन्तर्गत गांव रूही वाला में नेम नाला पुल पर गत रात पुलिस मुकाबले में पकड़े गए बी श्रेणी के आतंकवादी (ऊपर) अजायब सिंह और (नीचे) संतोख सिंह । (छाया : लीलाधर शर्मा)

पांच उग्रवादी पकड़े गए

फिरोज़पुर (बागी): फिरोज़पुर पुलिस ने गत रात्रि थाना सदर फाज़िल्का के क्षेत्र में स्थित गांव अस्लामवाला में संलिप्त मुठभेड़ के पश्चात पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । एस.पी. मुख्यालय फिरोज़पुर श्री जी.एस. ग्रेवाल ने आज यहां बताया कि एस.एच.ओ. के नेतृत्व में नाका पार्टी ने पांचों व्यक्तियों को रुकने का आदेश दिया था, जिस पर इन उग्रवादियों ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी, लेकिन संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात जोगेन्द्र सिंह, रेशम सिंह, बलकार सिंह, कृपाल सिंह और हरबंस सिंह पकड़े गए । पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने जिला फिरोज़पुर में लूटमार की कई घटनाओं की स्वीकारोक्ति की है । उनके कब्ज़े से 12 बोर और 32 बोर की देसी पिस्तौलें बरामद की गई हैं ।

पाक घुसपैठिया मारा गया

फाज़िल्का (ह.स.): एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गुलबेवाली भैनी चुंगी चौकी के पास सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल ने गत शुक्रवार को गोली से उड़ा दिया । आज यहां देर से प्राप्त सूचना के अनुसार दो पाकिस्तानी घुसपैठिये भारत की सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे थे । जब सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल ने उन्हें ललकारा तो उन्होंने गोली चला दी । जवाबी कार्रवाई में उनमें से एक मारा गया । दूसरा वापस भाग गया । मृतक के पास से 12 बोर की एक देसी पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । मृतक के कब्ज़े से 20 रुपए पाकिस्तानी करंसी के और 7 रुपए भारतीय करंसी के बरामद हुए हैं ।

बराड़ का भोग

मुक्तसर (वर्दी): यहां से 25 किलो मीटर दूर गांव अबुल खुराना में एस.एस.पी. श्री ए एस. बराड़,

Punjab Sanatani

उग्रवादियों द्वारा ग्रन्थी सहित 2 व्यक्तियों की हत्या : 250 बोरी गेहूं लूट ली

चंडीगढ़, 23 दिसम्बर (ह.स., वार्ता, वि.प्र.): उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला फिरोजपुर के एक गांव में एक व्यक्ति और बंगा जिला जालन्धर में गुरुद्वारे के ग्रंथी की हत्या कर दी, अमृतसर में एक पंचायत सदस्य के घर से बंदूक और 20 कारतूस लूटकर ले गए । जंडियाला-फगवाड़ा मार्ग पर एक व्यक्ति को टैम्पो रोककर गोली मारकर घायल कर दिया, जबकि भारतीय खाद्य निगम के एक गोदाम से 250 बोरी गेहूं लूट ली । जालन्धर में एक व्यक्ति से स्कूटर छीन लिया ।

गोली मार कर हत्या कर दी

फिरोजपुर (ह.स.): तीन उग्रवादियों ने गत रात्रि थाना मख्खू के गांव गट्टा बादशाह में एक व्यक्ति सतनाम सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । उग्रवादी भाग निकलने में सफल हो गए ।

पत्रकार को घायल कर दिया

सरहंद (स.) : आज सायं यहां दो सशस्त्र उग्रवादियों ने पत्रकार श्री ज्ञान चंद वर्मा को घायल कर दिया । बताया जाता है कि उग्रवादी दुकान को लूटने के लिए दुकान में घुसे थे लेकिन वे दुकान को लूट न सके । जाती बार वे पिस्तौल की मूंठ से श्री वर्मा को माथे पर चोट करके घायल कर गए तथा फरार हो गए ।

बंदूक, 20 कारतूस ले उड़े

अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर के छहटां क्षेत्र के पंचायत सदस्य श्री सुरेन्द्र पाल के घर में आज प्रातः चार उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर लाइसैंस वाली बंदूक और उसके बीस कारतूस व कुछ नगदी छीन कर ले गए । श्री सुरेन्द्र पाल के अनुसार प्रातः लगभग 6.30 बजे वह खेतों में शौच निवृत्ति के लिए गया हुआ था कि चार उग्रवादी, जो मारुति कार पर सवार थे, उसकी अनुपस्थिति में उसके घर में घुसे और कमरे के अन्दर पड़ी उसकी 12 बोर की लाइसैंस वाली बंदूक और उसके बीस कारतूस लेकर चले गए । सुरेन्द्र पाल के अनुसार उग्रवादी उसके घर में पड़े 500 रुपए नगद भी ले गए । उसने आतंकवादियों को अपने घर से निकलते देखकर शोर मचाया, जिस पर आतंकवादियों ने फायर किए और जाती बार अपनी एक 12 बोर की पिस्तौल घटनास्थल के निकट छोड़ गए । उग्रवादी मारुति कार में भाग निकले । श्री सुरेन्द्र पाल का कहना है कि क्षेत्र में सी.आर.पी.एफ. तैनात है लेकिन इस कार्रवाई के दौरान सी.आर.पी.एफ. भी हरकत में नहीं आई । पुलिस ने उग्रवादियों द्वारा छोड़ी गई पिस्तौल कब्जे में ले ली है । दूसरी ओर छहटां थाने का कहना है कि श्री सुरेन्द्र पाल की बंदूक चोरी हुई है ।

के.आर.एस. गिल की रस्म भोग

आज गुरुद्वारा शहीदां अमृतसर के निकट पटियाला के एस.पी. (मुख्यालय) कंवर रणबीर सिंह गिल, जिनकी गत 14 दिसम्बर को उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, की भोग की रस्म हुई । इस अवसर पर प्रमुख व्यक्तियों में पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो, उनकी पत्नी श्रीमती मैल्वा, आई.जी. आप्रेशन श्री आर.के. शर्मा, डी.आई.जी. सी.आर.पी.एफ. श्री एस.एस. विर्क, डी.आई.जी. श्री ए.ए. सिद्दीकी, डी.आई.जी. पटियाला रेंज श्री एस.एस. भुल्लर, श्री अजीत सिंह डी.आई.जी., जिलाधीश श्री सर्वजीत सिंह, पटियाला के जिलाधीश श्री बी.सी. गुप्ता, अमृतसर के एस.एस.पी., गुरदासपुर, पटियाला, संगरूर, होशियारपुर और फिरोजपुर तथा कई अन्य नगरों के वरिष्ठ नागरिक और पुलिस अधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, श्री बराड़ की विधवा, परिवार के मित्र और हमदर्द उपस्थित थे । इससे पूर्व श्री रिबैरो ने श्री गिल की स्मृति में जी.टी. रोड को पी मंडी के साथ जोड़ने वाली सड़क का नाम 'के.आर.एस. गिल रोड' रखा । श्री रिबैरो अपनी पत्नी के साथ श्री गिल के आवास पर भी गए और श्री

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Archive

दार्जिलिंग क्षेत्र मे
और अर्धसैनिक

दार्जिलिंग, 23 दिसम्बर : दार्जिलिंग क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन की कड़ी कार्रवाई के कारण गोरखा उग्रवादियों ने अब जलपाईगुड़ी के अलीपुरद्वार अनुमंडल में अपनी वारदातें शुरू कर दी हैं । गोरखा उग्रवादियों ने वहां चार सरकारी भवनों को आग लगा दी । जोर-जोर से नारे लगाते हुए गोरखा उग्रवादियों ने अलीपुरद्वार में वन विभाग के कार्यालय और आवास दलसिंहवाडा वन भवन तथा तैमारी और सांत्रावाडी वन कार्यालयों में आग लगा दी । ये सारे भवन पूरी तरह जल गए । दार्जिलिंग में 80 व्यक्ति पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के चंगुल में फंस गए जिनमें पांच दर्जन गोरखा

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

गिल की पत्नी डा. मनदीप कौर गिल के साथ सहानुभूति व्यक्त की ।

गोली मार कर घायल कर दिया

जालन्धर (ह.स.): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति बलविंदर सिंह को आज जंडियाला-फगवाड़ा मार्ग पर गोली चला कर घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि बलविंदर सिंह एक टैम्पो चालक के साथ फगवाड़ा जा रहा था । मार्ग में फोर व्हीलर पर सवार कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने टैम्पो को रोका । तीखी झड़प के बाद एक व्यक्ति ने बलविंदर सिंह के सीने में गोली मार दी । नूरमहल थानान्तर्गत सरहाली गांव के निवासी बलविंदर सिंह को जंडियाला अस्पताल ले जाया गया । वहां से उसे जालन्धर के एक अस्पताल भेज दिया गया । चिकित्सकों ने गोली निकालने के लिए उसका आप्रेशन किया । उन चिकित्सकों ने बताया कि बलविन्दर सिंह की हालत गम्भीर है ।

250 बोरी गेहूं लूट ली

करतारपुर से साहनी व ह.स. के अनुसार जालन्धर जिले में ही कुछ अज्ञात व्यक्ति कल रात लगभग चालीस हजार रुपए मूल्य के 250 बोरे गेहूं लेकर चम्पत हो गए । ये बोरे उन्होंने निकटवर्ती करतारपुर में भारतीय खाद्य निगम के एक गोदाम से ट्रक में लदवाए थे । पुलिस ने खाद्य निगम के करतारपुर में शाखा प्रबन्धक कुलदीप राय की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है ।

स्कूटर छीन लिया

गत रात्रि जालन्धर में तीन युवकों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति सरवैर सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया, जब वह बस्ती मिट्ठू से बस्ती गुजां में अपने घर जा रहा था । पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है ।

ग्रंथी की हत्या

बंगा (ह. स.) : 3 उग्रवादियों ने आज रात्रि थाना बंगा के क्षेत्र में स्थित गांव रसूलपुर के गुरुद्वारे के ग्रंथी मरली मनोहर सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । उग्रवादी भाग जाने में सफल रहे । घायल ग्रंथी मुरली मनोहर सिंह की बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

भूतपूर्व सरपंच को धमकियां

सिरसा : निकटवर्ती गांव साहूवाला के भूतपूर्व सरपंच श्री गुरजंट सिंह को पिछले कई महीनों से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लिखित धमकी भरे पत्र मिल रहे हैं, जिस कारण गुरजंट सिंह के परिवार में भारी बेचैनी व्याप्त है । प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरजंट सिंह को सब से पहले जुलाई 1987 में एक पत्र मिला, जिसमें दस हजार रुपए निश्चित स्थान पर पहुंचा देने के लिए कहा गया था । उसके बाद विगत दिनों दूसरे पत्र में तीन लाख रुपए निश्चित स्थान पर पहुंचाने के लिए पुनः पत्र प्राप्त हुआ । इसके बाद तीसरे पत्र में तीन लाख रुपए न देने पर उसकी लड़की का अपहरण किए जाने की धमकी दी गई है । पता चला है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को टैलीफोन पर कहा कि यदि गुरजंट सिंह ने तीन लाख रुपए निर्धारित समय पर न दिए तो उसका बदला लिया जाएगा व पुलिस को इस मामले में दखल नहीं देना चाहिए । गुरजंट सिंह एवं कई अन्य

Punjab Sabha

उग्रवादियों द्वारा सी.पी.एम. नेता, दम्पति सहित 5 लोगों की हत्याएं

चंडीगढ़, 26 दिसम्बर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने एक सी. पी. एम. नेता सहित 5 लोगों की हत्याएं कर दीं व कई लोगों को घायल कर दिया । कई जगह लूटपाट की वारदातें हुईं ।

अमृतसर (अशोक): 6-7 उग्रवादियों ने गत रात थाना जंडियाला के गांव खलचियां में एक दुकानदार ज्ञान सिंह की हत्या कर दी जबकि उसके 28 वर्षीय नौकर सुखदेव सिंह को घायल कर दिया । उसे अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उसकी हालत चिंताजनक है ।

यहां प्राप्त विवरणानुसार गत रात लगभग साढ़े 8 और 9 बजे उग्रवादी ज्ञान सिंह की दुकान में बलात् घुसे और वहां से कैश लूट लिया । जाते समय उग्रवादियों ने ज्ञान सिंह और उसके नौकर जो दुकान में ही सो रहा था, पर गोलियां बरसाईं जिससे ज्ञान सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । इसकी सूचना सुरक्षा बलों को लगभग आधी रात मिली और उन्होंने आज सड़क घायल को यहां सिविल अस्पताल में पहुंचाया ।

पति-पत्नी की हत्या

सात उग्रवादियों ने थाना कथूनंगल के गांव शहजादा में एक व्यक्ति जागीर सिंह और उसकी पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी जबकि उसकी लड़की को घायल कर दिया ।

सी.पी.एम. नेता की हत्या

थाना मेहता के गांव भट्टीके में उग्रवादियों ने सी.पी.एम. नेता कश्मीर सिंह की हत्या कर दी ।

शव मिला

अजनाला के होतियां ग्राम में आज रात्रि एक युवक का गोलियों से बिंधा शव मिला है ।

15 हजार लूटे

कुछ अज्ञात व्यक्ति कल रात जिले के भिसीविंड थाना क्षेत्र के अकबरपुरा गांव में अमरनाथ नामक व्यक्ति के घर से पिस्तौल दिखा कर पन्द्रह हजार रुपए नकद और कुछ मूल्यवान सामान लूट कर भाग गए । पुलिस के अनुसार लुटेरों ने अमरनाथ से उसका लाइसैंस शुदा पिस्तौल मांगा । जब उन्हें बताया गया कि पिस्तौल थाने में जमा कर दिया गया है तो उन्होंने घर में लूटपाट की । अमरनाथ का परिवार कुछ माह पूर्व ही हरियाणा में जाकर बस गया है ।

एक अन्य समाचार के अनुसार 15 हजार रुपए भिसीविंड थाना के गांव कच्चा पक्का में प्रदीप कुमार के घर से लूटे गए ।

4 घुसपैठिए मरे

गत रात खेमकरण सैक्टर में पाकिस्तान से भारत की सीमा में घुसे घुसपैठियों के एक गिरोह के 4 सदस्य सुरक्षा बलों की गोली से मारे गये, जबकि 7 अन्य बच निकले ।

घायल कर दिया

जालन्धर (ह.स.): आतंकवादियों ने कल रात जिले के शाहकोट थाना क्षेत्र के टूटशेर सिंह गांव में सतविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार हमलावर सतविन्दर के घर में बलात् घुस गए और जब उसने उन्हें लूटपाट नहीं करने दी तो उसकी गर्दन में गोली मार दी । सतविन्दर को जालन्धर सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जाती है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



पंडित परसराम जोशी पत्रकार के सुपुत्र नरेश जोशी का शुभ विवाह श्री सुदर्शन कुमार शर्मा की सुपुत्री सुनीता रानी से बस्ती दानिशमंदा, जालंधर में सम्पन्न हुआ ।

शांति सेना के छः जवान मारे गए

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर (वार्ता): श्रीलंका के त्रिकोमाली के उत्तरी इलाके में भारतीय सेना की चौकी पर कल शाम लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के कार्यकर्त्ताओं द्वारा मोर्टार बम से किए गए हमले में शांति सेना के छः जवान मारे गए तथा आठ घायल हो गए ।

कोलम्बो : जाफना नगर से करीब बीस किलोमीटर दक्षिण-पूर्व वक्कचेरी में भारतीय शांति

दुकानदार की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि लगभग साढ़े सात बजे स्थानीय खोतड़ा सड़क पर तीन आतंकवादियों ने बलकार सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका हल्के हरे रंग का बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.ए.के. 8669 छीन लिया व उसी स्कूटर पर फरार हो गए । बताया जाता है कि बलकार सिंह अपनी बीमार बहन को डाक्टर को दिखाने अपने गांव खेड़ा से फगवाड़ा आ रहा था कि रास्ते में ही दो क्लीन शेव व एक सिख युवक ने उनका रास्ता रोका व पिस्तौल की नोक पर उनका स्कूटर छीन कर उसी स्कूटर पर फरार हो गए । सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच आरम्भ कर दी है ।

स्कूटर छीने

नवांशहर पुलिस स्टेशन के एक गांव के निकट दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर सुरजीत कुमार से उसका स्कूटर छीन लिया और उसी पर फरार हो गए ।

अफगान छापामारों द्वारा 28 बस यात्रियों की हत्या

इस्लामाबाद, 26 दिसम्बर : अफगान छापामारों ने हैरात शहर के पास एक यात्री बस के 28 यात्रियों की निर्मल हत्या कर दी और 18 को घायल कर दिया । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार

Punjabi Sahatabi

बहराम बस अड्डे पर फायरिंग से एक मरा, अमृतसर में एक परिवार के 3 लोगों की हत्या

3 दर्जन से अधिक उग्रवादी व उनके आश्रयदाता गिरफ्तार, हथियार बरामद, कई जगह लूटपाट

चंडीगढ़, 28 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि बंगा के पास बहराम ग्राम के बस अड्डे पर अंधाधुंध फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी व दो को घायल कर दिया । अमृतसर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी गई । राज्य में 38 उग्रवादी व उनके शरणदाता गिरफ्तार किए गए जिनमें फरीदकोट के 7 उग्रवादी शामिल हैं जिनसे भारी परिमाण में हथियार बरामद हुए । अमृतसर में एक समुदाय के लोगों की हत्या की योजना बना रहे 3 उग्रवादी पकड़े गए । एक सहकारी बैंक से उग्रवादी उन्नीस हजार रुपए लूटकर फरार हो गए ।

अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने कल रात यहां से तीस किलो मीटर दूर झब्बाल पुलिस थाने के पधरी कला गांव में एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतकों के नाम अर्जुन सिंह, उनके दो पुत्र अनोख सिंह और बख्शीश सिंह हैं ।

पुलिस नियंत्रण कक्ष में प्राप्त प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार चीनी राइफलों से लैस सात आतंकवादी अर्जुन सिंह के फार्म हाऊस में घुसे और उसे तथा उसके दो पुत्रों को खींच कर आंगन में ले आए तथा नज़दीक से गोली मार दी । हमलावर पैदल ही फ़रार हो गए ।

घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा बल के जवान घटनास्थल पर पहुंचे तथा उन्होंने अपराधियों की खोज शुरू कर दी । घटनास्थल से चीनी राइफल के लगभग तीस खाली कारतूस बरामद हुए ।

तरनतारन से 'प' के अनुसार अर्जुन सिंह की पत्नी ने बताया कि रात को उनके घर का बाहरी दरवाजा बंद था । बाहर से आवाज आने पर उसके बड़े लड़के बख्शीश सिंह ने दरवाजा खोला । दरवाजा खोलते ही एक आतंकवादी ने उसके सिर में गोली मार दी जिससे वह वहीं दम तोड़ गया । इसके बाद उसके तीन अन्य साथी अंदर आ गए । आते ही उन्होंने अर्जुन सिंह तथा उसके दूसरे लड़के अनोख सिंह पर गोलियां चलाई जिससे वे दोनों वहीं ढेर हो गए । आतंकवादियों ने घर में मौजूद स्त्रियों व बच्चों को कुछ नहीं कहा । अर्जुन सिंह के भतीजे शमा सिंह ने बताया कि दो महीने पहले उन्हें एक धमकीपूर्ण पत्र मिला था जिसमें कहा गया था कि उनकी शीघ्र हत्या कर दी जाएगी । अर्जुन सिंह का और कोई बच्चा नहीं है ।

घर पर फायरिंग

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार गत रात थाना जंडियाला के अंतर्गत गांव छज्जल वड्डी में आतंकवादियों ने पंजाब सीवरेज बोर्ड के चेयरमैन रणजीत सिंह के घर पर फायरिंग की । घर वालों की ओर से गोलियों का जवाब दिए जाने पर आतंकवादी फायरिंग करते हुए भाग निकले । एक अन्य सूचना के अनुसार 4-5 आतंकवादियों ने गांव के भूतपूर्व सरपंच के घर के बाहर खालिस्तान के नारे लगाए ।

लुधियाना में जिला पुलिस चीफ श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि पुलिस ने एक आतंकवादी जोरा सिंह को दर्दांत आतंकवादी धर्मा सिंह को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि तीन आतंकवादी निशान सिंह, मुख्तार सिंह, गुरनाम सिंह (सभी अमानत खां गांव के निवासी) उस समय गिरफ्तार किए गए जब वे अपने गांव में एक समुदाय के लोगों की हत्या का षड्यंत्र रच रहे थे । एक अन्य आतंकवादी परमजीत सिंह को वैरोवाल पुलिस ने आतंकवादियों को हथियार सप्लाई करने व उन्हें शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया

फ़ाइलें चुरा लीं

जालन्धर : चार अज्ञात व्यक्ति कल रात यहां बिक्री-कर कार्यालय से कुछ रिकार्ड फ़ाइलें चुराकर भाग गए । पुलिस के अनुसार इन लोगों ने पहले सुरक्षा गार्ड और चौकीदार को एक कमरे में बंद कर दिया और फिर एक अलमारी का ताला तोड़ कर रिकार्ड की फ़ाइलें चुरा लीं । पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है ।

मिट्ठू गिरफ्तार

इसी बीच जालन्धर पुलिस ने नरेश कुमार उर्फ़ मिट्ठू को कट्टर आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया । उससे एक पिस्तौल व 23 कारतूस मिले ।

पनाह देने वाला बंदी

गुरदासपुर (विनोद): गुरदासपुर जिला पुलिस ने आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है । एस.पी. श्री एच.एस. काहलों ने आज यहां बताया कि राजा प्रताप सिंह निवासी सिविल लाइन्ज़ कादियां ने उन आतंकवादियों को पनाह दी थी,जिन्होंने 6 दिसम्बर को काहनूवान थाने के गांव तगलवाल के मास्टर हरभजन सिंह की हत्या की थी । यह आतंकवादी हत्या से पहले और हत्या के बाद में हथियारों समेत राणा प्रताप सिंह के घर ठहरे थे । हरभजन सिंह की हत्या में संलिप्त एक आतंकवादी परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा को पिछले दिनों जम्मू पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है । श्री काहलों ने बताया कि शेष आतंकवादी भी शीघ्र गिरफ्तार किए जाएंगे ।

खरड़ (शशि): कुराली पुलिस स्टेशन के गांव बडोले के निकट दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर संता सिंह नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर नम्बर पी.बी. डब्ल्यू. 2941 छीन लिया । कुराली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

7 आतंकवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (जिंदल): पुलिस ने फरीदकोट जिले में पिछले 24 घंटों में सात संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इनमें से एक 'बी' श्रेणी का आतंकवादी है । इनसे बड़ी मात्रा में हथियार और

(शेष पृष्ठ 6 पर)



तरनतारन जिला अमृतसर के निकटवर्ती गांव वड्डी पदरी के (1) अर्जुन सिंह (पिता), (2) अनोख सिंह (पुत्र) और (3) बख्शीश सिंह, जिनकी रविवार की रात्रि को उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या कर दी ।

एकीकृत अकाली नेता, शिरोमणि कमेटी व जेठमलानी अपना स्टैंड स्पष्ट करें : उमरानंगल

जलन्धर, 28 दिसम्बर (वा.): अकाली दल । स्टूडेंट्स फ़ैडरेशन (गुरजीत ग्रुप) द्वारा गत दिवस







फतहगढ़ साहिब (सरहिंद) में जोड़ मेले के अवसर पर हुई ए कांफ्रैंस को सम्बोधित करते हुए (1) प्रो. दर्शन सिंह, (2) वि (3) भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल, (4) सिख खालिस्तान सम्बन्धी प्रस्ताव पढ़ते हुए, (5) उपस्थिति हा करते हुए ।

हर वक्ता के विच पार्टी के विचार नहीं

चंडीगढ़, 28 दिसम्बर (वि.प्र.): एकीकृत अकाली दल के दो वरिष्ठ नेताओं श्री प्रकाश सिंह बादल तथा कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने यह बात स्पष्ट की है कि उनकी पार्टी का नीति-कार्यक्रम तथा राजनीतिक लक्ष्य आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव है, जिसके लिए हम कई सालों से संघर्ष करते आ रहे हैं । ये दोनों नेता आज यहां फतेहगढ़ साहिब के शहीदी जोड़ मेला पर गत दिवस हुए धार्मिक दीवान बारे कुछ समाचार पत्रों में छपे इन समाचारों पर विचार व्यक्त कर रहे थे कि एकीकृत अकाली दल के सम्मेलन में खालिस्तान समर्थक प्रस्ताव पास किए गए ।

पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि जो सम्मेलन ह दोनों तरह के रखने वाले लो कि सभी वक्ता हों ।

मैं तब वहां

श्री बादल उपस्थिति में नहीं हुआ था । अन्य समारोह व्यक्ति अपने हमारी पार्टी का कहा कि समाच कर पेश किया अकाली दल के दौरान, पंजाब कार्यक्रम शांतिप

इस दौरान के निवास स्थान की बैठक हुई, अमरेन्द्र सिंह, म सिंह, बलविन्दर वडाला आदि ने राजनीतिक स्थि

जब श्रीमती स्टोक्स मुश्किल में पड़ गईं

शिमला, 28 दिसम्बर (ख): हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती विद्या स्टोक्स आज उस समय काफी असमंजस में पड़ गईं जब अचल सम्पत्ति अधिग्रहण बिल को पास करते समय विपक्षके संशोधनों को मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने स्वीकार करने की घोषणा कर दी । श्रीमती स्टोक्स कुछ समय के लिए यह नहीं समझ पाई कि वह अब इस नई स्थिति में मत के लिए बिल

Punjab Sanatan



गत दिवस बाघा पुराना के निकटवर्ती गांव कोटला राय में उग्रवादियों द्वारा मारे गए शराब के ठेकेदार श्री तारा सिंह । (छाया : ज्ञान मित्तल)

बस अड्डे पर फायरिंग

(पृष्ठ 3 का शेष)

गोला-बारूद बरामद किए गए हैं । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों से दो राइफलें, एक विदेशी रिवाल्वर और सात अन्य हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया गया है । प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादियों की अनेक आतंकवादी घटनाओं में खोज की जा रही थी ।

पुलिस ने गत तीन दिनों में तीन लूटमार करने वाले व्यक्तियों तथा 25 तस्करों को गिरफ्तार किया । एस.पी. अप्रेशन श्री देसराज ने बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ ने गत दिवस तीन आतंकवादियों को उस समय पकड़ा, जब वे रोडे चहल लिंक सड़क द्वारा फिरोजपुर में दाखिल होकर किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे । इनमें से दो की शिनाख्त सुरजीत सिंह उर्फ़ काका (मौड़ा राड़ा जिला फिरोजपुर बी श्रेणी) तथा बोहड़ सिंह कालेके के रूप में हुई है ।

उनके कब्जे से 38 बोर का एक रिवाल्वर, दो बंदूकें और दो दर्जन कारतूस बरामद हुए । दूसरे गिरफ्तार किए गए चार उग्रवादियों के नाम हैं मेजर सिंह, ज्ञान सिंह, कुलवन्त सिंह और सुरजीत सिंह । इनको पुलिस ने गश्त के दौरान पकड़ा था । उनके 6 साथियों का पुलिस पार्टी ने काफी दूर तक पीछा किया, परन्तु वे अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए । गिरफ्तार किए गए इन चार उग्रवादियों के कब्जे से चार पिस्तौल और एक दर्जन कारतूस बरामद किए गए । पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे लूटमार की वारदातें करते थे । इसके अतिरिक्त पुलिस ने 83 अन्य अवांछित तत्वों को भी गिरफ्तार किया ।

बैंक लूटा

तलवंडी साबो (राही): आज प्रातः दो अज्ञात बंदूकधारी व्यक्ति स्कूटर पर आए तथा भटिंडा कोआपरेटिव सैंट्रल बैंक ब्रांच गांव मलकाना से उन्नीस हजार रुपए लूटकर ले गए । पुलिस मौका पर पहुंच गई तथा लुटेरों की तलाश शुरू कर दी लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला ।

बस अड्डे पर फायरिंग : 1 सह

उग्रवादियों द्वारा नामधारी गुरु महाराज जगजीत सिंह के निवास पर फ़ायरिंग

बहन के घर जा रहे व्यक्ति की हत्या : दो बैंकों, शराब के ठेके से 25000 लूटे

1984 के भगौड़े सहित कई उग्रवादी बंदी : भारी मात्रा में शस्त्र बरामद

गुरदासपुर के निकट पाक जासूस गिरफ़्तार : करंसी, नक्शे मिले

चंडीगढ़, 30 दिसम्बर (वार्ता,ह.स.,नि.स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि भैणी साहिब जिला लुधियाना में नामधारी गुरु महाराज जगजीत सिंह के निवास पर फ़ायरिंग की । सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उग्रवादियों को भगा दिया । अमृतसर के एक गांव में अपनी बहन के घर जा रहे एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । उग्रवादी जिला भटिंडा के एक सहकारी बैंक और एक सहकारी कृषि सोसायटी से 23000 रुपए तथा जिला जालंधर में शराब के एक ठेके से 2400 रुपए लूट ले गए । पुलिस एवं सुरक्षा बलों ने पंजाब के विभिन्न भागों से एक पाकिस्तानी जासूस और 9 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । इनमें 1984 के ब्ल्यू स्टार आप्रेशन के दौरान भगौड़ा एक व्यक्ति भी शामिल है । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए हैं । लुधियाना पुलिस ने कल जिन दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था, उनकी शिनाख्त हो गई है । उग्रवादियों के एक गिरोह ने जिला अमृतसर में एक फ़ार्म हाऊस को जला दिया ।

नामधारी गुरु के निवास पर फ़ायरिंग

लुधियाना (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात्रि नामधारियों के गुरु महाराज जगजीत सिंह के निवास पर फ़ायरिंग की । नामधारी गुरु का निवास यहां से (लुधियाना)से 25 किलो मीटर दूर भैणी साहब में है । गुरु का निवास नामधारियों का मुख्यालय भी है । प्राप्त सूचनानुसार दो या तीन आतंकवादियों ने नामधारी गुरु के निवास पर कुछ दूरी से लगभग छः गोलियां चलाईं । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों द्वारा जवाबी फ़ायरिंग किए जाने से आतंकवादी भाग निकले । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान ऐहतियात के तौर पर वहां पहले ही से तैनात हैं । पुलिस के अनुसार कोई हताहत नहीं हुआ है ।

उग्रवादियों की शिनाख्त

लुधियाना से महिन्द्रा के अनुसार गत दिवस गुरुद्वारा आलमगीर के समक्ष जिन दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया था, उनकी शिनाख्त हरजीत सिंह तथा हरजीत सिंह उर्फ़ जग्गी के रूप में की गई है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री ए.पी. पांडे ने यह जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि दोनों उग्रवादी न्यू माडल टाऊन लुधियाना के निवासी हैं, जांच के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि यह 38 बोर रिवाल्वर उन्हें एक अन्य उग्रवादी लाली ने उपलब्ध कराई थी ताकि एक थानेदार की हत्या तथा एक डाके की वारदात की जा सके । वे गुरदेव नगर क्षेत्र में एक स्कूटर सवार भगत राम से उसका स्कूटर छीनकर गुरुद्वारा आमलगीर पहुंचे तो वहां एक पुलिस दल ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया । पांडे ने बताया कि उनके कब्ज़े से स्कूटर तथा रिवाल्वर बरामद कर लिए गए हैं ।

फ़ार्म हाऊस जला दिया

अमृतसर (वार्ता): आतंकवादियों के एक गिरोह ने गत रात साधे ग्राम से एक फ़ार्म हाऊस को जला दिया । यह गांव पुलिस थाना सदर तरनतारन में है । पुलिस ने कहा है कि स्टेनगनों और रिवाल्वरों से लैस दस आतंकवादियों के एक गिरोह ने कुलदीप सिंह के फ़ार्म हाऊस पर धावा बोलकर वहां आग लगा दी । पुलिस ने बताया है कि सारा फ़ार्म हाऊस जल गया है । उसने यह भी बताया कि कुलदीप सिंह आतंकवादियों की हिट-लिस्ट में है । कुलदीप सिंह कथित मुखबिर है । इस अग्निकांड में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है, क्योंकि कुलदीप सिंह और उसका परिवार आग लगाए जाने की इस वारदात से काफी पहले ही फ़ार्म हाऊस से ग्राम में स्थित अपने घर पर चला गया था । फ़ार्म हाऊस ग्राम के बाहर है ।

अमृतसर के गांव में हत्या

चार उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला अमृतसर के थाना वल्टोहा के गांव महमूदपुर में एक व्यक्ति त्रिलोक सिंह की उस समय हत्या कर दी, जब वह अपनी बहन के घर जा रहा था । त्रिलोक सिंह पर अंधाधुंध फ़ायरिंग की गई, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

अपनी ही स्टेनगन से चली गोली से घायल

जिला अमृतसर के एक उपमंडल नगर में आज

(शेष पृष्ठ 6 पर)



जिला अमृतसर में सीमा सुरक्षा बल द्वारा पकड़े गए हथियारों के साथ उच्चाधिकारी तथा डी.आई.जी. श्री भारत भूषण । (फोटो : भंडारी)

Punjab Sahitak

उग्रवादियों द्वारा फायरिंग

(पृष्ठ 3 का शेष)

सी.आर.पी.एफ. का एक जवान अपनी स्टेनगन से अचानक गोली चलने से घायल हो गया । पुलिस ने घायल जवान की नायक चन्द्र शेखर के रूप में शिनाख्त की है और वह 10वीं बटालियन का है । पुलिस ने बताया है कि अस्पताल में दाखिल घायल जवान की दशा अब खतरे से बाहर है ।

2 पाक घुसपैठिए गिरफ्तार

अमृतसर पुलिस के अनुसार बी.एस.एफ. ने गत रात्रि चरिंडा क्षेत्र में दो घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है । वे अवैध रूप से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे थे ।

3 उग्रवादी पकड़े गए

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार जंडियाला पुलिस थाना क्षेत्र के गांव टांगरा में पुलिस ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । ये हैं जोगेंद्र सिंह और कर्लविंद्र सिंह । वे दोनों गांव किड़ी थाना श्री हरगोबिंदपुर के निवासी हैं । इनके अतिरिक्त नरेंद्र सिंह निवासी गांव भुल्लर को भी गिरफ्तार किया गया है । इन पर एक समारोह में खालिस्तान समर्थक नारे लगाने का आरोप है । पुलिस ने इनके विरुद्ध केस दर्ज करके इनको जेल भेज दिया है ।

तीन उग्रवादी गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स.): फरीदकोट पुलिस ने तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । आज प्राप्त सूचना के अनुसार फरीदकोट पुलिस ने लम्बी थाना क्षेत्र में एक नाकाबंदी के दौरान तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में हुई डकैतियों और लूटमार के कई मामलों में इन लोगों की तलाश थी । गिरफ्तार किए गए सदी हसन, मकबूल हुसैन और जमाल हुसैन से तीन पिस्तौलें और एक दर्जन कारतूस बरामद किए गए हैं ।

चार उग्रवादी गिरफ्तार

भटिंडा (ह.स.): पुलिस ने कल विशेष नाकाबंदियों और चौकियों पर करीब चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया और उनसे हथियार बरामद किए । हथियारों में 6.315 बोर की पिस्तौलें, एक रिवाल्वर, एक .12 बोर की पिस्तौल और बहुत से कारतूस शामिल हैं । गिरफ्तार आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है । उनके नाम हैं : गुरचरण सिंह, निरंजन सिंह, लाभ सिंह और गमदूर सिंह । गुरचरण सिंह और निरंजन सिंह ने एक लड़के की हत्या की स्वीकारोक्ति की है, जो अपने गांव महराज से गुम था ।

23000 रुपए लूट लिए गए

इस बीच स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों ने मलकाना स्थित सैंट्रल को-आपरेटिव बैंक से बीस हजार रुपए और मालवा गांव की सहकारी कृषि सेवा सोसाइटी से तीन हजार रुपए लूट लिए ।

Punjab Sahapedia